Punjab Files
ਪੰਜਾਬੀ ਸਨਾਤਨੀ ਦੀ ਆਵਾਜ਼



YEAR 1990

के सदस्य ।

(छाया : कपूर)

आदि का आदर करता हूं किन्तु मेरा उनसे आग्रह है

पंजाब में एक परिवार के 3 सदस्यों, 2 होमगार्डों सहित 11 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 31 दिसम्बर (वार्ता, पस): पंजाब में गत रात के बाद से एक परिवार के 3 सदस्यों और दो होमगार्डों सहित 11 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । एक आतंकवादी मारा गया । तरनतारन में कर्फ्यू हटा दिया गया । एक अनाज व्यापारी का अपहरण कर लिया गया । जलालाबाद के एक गांव में आतंकवादियों व ग्रामीण के मध्य एक घंटे तक आमने-सामने फायरिंग हुई ।

घर से घसीट कर हत्या कर दी : अमृतसर (प.स.): आज थाना मेहता चौक के गांव रीठा में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति बलकार सिंह की हत्या कर दी । पुलिस ने कहा कि आतंकवादियों ने बलकार सिंह को उसके घर से बाहर घसीट कर खेतों में ले जाकर गोली मार दी ।

एस.पी.ओ. चौकी पर फायरिंग : इसी दौरान आतंकवादियों ने थाना रमदास के अन्तर्गत गांव बोरे नंगल में एक एस.पी.ओ. चौकी पर हमला किया लेकिन चौकी के जवानों की जवाबी फायरिंग पर वह भाग निकले ।

तरनतारन में कड़ी सतर्कता : अमृतसर के जिलाधीश श्री सर्बजीत सिंह ने आज बताया कि ऐतिहासिक नगर तरनतारन में कड़ी सतर्कता बरती जा रही है और वहां स्थिति सामान्य होती जा रही है । उन्होंने बताया कि अतिरिक्त कालीन कर्फ्यू जिसमें कल शाम पांच बजे एक घंटे की ढील दी गई थी, दोबारा नहीं लगाया गया क्योंकि नगर से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली थी ।

इसी दौरान कल सुरक्षा बलों के हाथों मारे गए अमर सिंह तथा उसकी सम्बन्धी औरत का जेवर और का आज अन्तिम संस्कार कर दिया गया । इस मौका पर लगभग दो हजार व्यक्ति मौजूद थे । जिलाधीश ने मृतकों के परिवारों को मुआवजा देने की घोषणा की है । जबकि प्रशासन दोनों के परिवारों को 20-20 हजार रुपए देगा, रैडक्रास सोसायटी से 10-10 हजार रुपए दिए जाएंगे । रैडक्रास दो घायलों के इलाज का खर्चा भी दे रहा है । नगर में सुरक्षा बलों और पुलिस की तीव्र गश्त जारी है । गड़बड़ वीरवार की रात को आतंकवादियों द्वारा दरबार साहब के बाहर चार सुरक्षा कर्मियों की हत्या किए जाने के बाद शुरू हुई थी ।

एक अनाज व्यापारी का अपहरण, 2 अपहृत लौटे, एक आतंकवादी मरा : तरनतारन में कर्फ्यू खत्म

गिल का तरनतारन का दौरा : पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने आज तरनतारन का दौरा किया और स्थिति का जायजा लेने के लिए वरिष्ठ सिविल और पुलिस अधिकारियों से भेंट की । बैठक में आई.जी. बार्डर एम.एस. भल्लर, जिलाधीश श्री सर्बजीत सिंह उपस्थित थे । श्री गिल ने नागरिकों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी भेंट की और कल फायरिंग की घटना के दोषी पाए जाने वाले लोगों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया । राजनीतिक दलों के नेताओं ने नगर में शांति लाने के लिए सहयोग देने का आश्वासन दिया ।

होम गार्ड का जवान, एस.पी.ओ. मारे गए : मजीठा कस्बे की सब्जी मंडी में आज रात आतंकवादियों ने होमगार्ड के एक जवान और एक विशेष पुलिस अधिकारी की गोली मार कर हत्या कर दी ।

2 होमगार्डों की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के गांव बामनीवाला में आतंकवादियों ने दो होमगार्डों की हत्या कर दी । उनकी लाशें कल रात बरामद हुई । मृतकों के नाम तारा सिंह तथा दिलबाग सिंह बताए गये हैं ।

एक की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव बुचवेंट के निकट गत सायं तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने फायरिंग करके एक व्यक्ति रामलाल (60) की हत्या कर दी । जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार राम लाल उक्त गांव में करियाना की दुकान करता था और कल सायं दुकान से अपने गांव डेरीवाल (धारीवाल) वापस जा रहा था कि आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफल से फायरिंग करके इसकी हत्या कर दी ।

Punjabi Sarani

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

जवाबी गोलीबारी में वह दोनों मारे गये ।

परिवार के 3 सदस्यों की हत्या : गत रात आतंकवादियों ने फिरोजपुर जिले के गलमी वाला गांव में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति प्रीतम सिंह, उसकी पत्नी तथा लड़के की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

कन्तोड़ के अनुसार प्रीतम सिंह की पत्नी का नाम सुरजीत कौर तथा लड़के का नाम जसवंत सिंह उर्फ जस्सा था । हमलावर रात के समय उनके घर में दाखिल हुए तथा तीनों व्यक्तियों पर, जो कि सो रहे थे, ए.के. 47 राइफल से गोलियां बरसाईं । 'धीमान' के अनुसार प्रीतम सिंह एक लेडी पुलिस कांस्टेबल कश्मीर कौर का पिता था । कश्मीर कौर फिरोजपुर में तैनात है ।

व्यापारी का अपहरण : जिला फिरोजपुर के एक गांव अली शाह से एक अनाज व्यापारी हरनाम सिंह दर्दी का आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया ।

गांव वालों व आतंकवादियों में मुकाबला : जलालाबाद (मलिक): यहां से 25 किलोमीटर दूर गांव कुड़ज में कल रात लगभग 9 बजे आतंकवादियों और गांव वालों के बीच करीब एक घंटे तक आमने-सामने फायरिंग होती रही । आतंकवादियों के हमले में 2 व्यक्ति घायल हो गये । प्राप्त सूचना के अनुसार हथियारों से लैस 10-15 आतंकवादियों ने गांव में पहुंचते ही सबसे पहले बाहर गलियों में घूम रहे लोगों को पकड़ कर पीटना शुरू कर दिया । फिर एक व्यक्ति को साथ लेकर मार्कीट कमेटी के पूर्व चेयरमैन व इंका नेता गुरबीर सिंह लाली के घर पहुंच गये । वहां श्री लाली के पिता द्वारा घर का दरवाजा न खोलने पर आतंकवादियों ने घर के लोहे के गेट पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । जवाब में श्री लाली के पिता व बड़े भाई ने भी छत से गोलियां चलाईं । गोलियों की आवाज सुन कर साथ के घरों की छतों से भी आतंकवादियों पर गोलियां चलाई गईं । इस मुकाबले में किसी को गोली नहीं लगी । वहां से भागते समय आतंकवादियों ने 4-5 घरों पर कुछ हैंडग्रेनेड फैंके जिससे दो सगे भाई सुरजीत सिंह और बलजीत सिंह छर्रे लगने से घायल हो गए । बलजीत की हालत नाजुक बताई जाती है । दोनों को फरीदकोट के सरकारी अस्पताल में भर्ती किया गया है । गांव वालों ने सुबह 5 बजे घटना की सूचना जलालाबाद थाना में दी । फाजिल्का के डी.एस.पी. श्री रूपिंदर बाजवा ने पुलिस दल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर [illegible] की नाकाबंदी कर दी है ।

हॉकर का अन्तिम संस्कार : धूरी (सिंगला): आतंकवादियों ने कल जिस सुरेश कुमार नामक हॉकर की हत्या कर दी थी, उसका हजारों लोगों की उपस्थिति में अन्तिम संस्कार कर दिया गया । वह एक गरीब टेलर मास्टर का पुत्र था । पूर्व मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने इस हत्या की निंदा करते हुए दुखी परिवार के साथ सम्वेदना प्रकट की है । संगरूर जिला के सभी एजेंटों ने एक सप्ताह तक जालन्धर का कोई भी समाचार पत्र न बेचने का फैसला किया है ।

आतंकवादी अपनी ही गोली से मरा : सरहिंद, (राकेश): यहां सूद सर्विस स्टेशन से आज सुबह लगभग 11.15 बजे दो आतंकवादियों ने 2891 रुपए लूट लिए । पुलिस के अनुसार दो आतंकवादी उक्त पैट्रोल पम्प पर स्कूटर पर सवार होकर पैट्रोल डलवाने के लिए आए लेकिन जब कैशियर उन्हें बकाया देने लगा तो उन्होंने बंदूक की नोक पर कैशियर से उसका थैला छीन लिया और दौड़ पड़े । बताया जाता है कि दौड़ते समय एक आतंकवादी की राइफल से अचानक गोली चल गई जो उसके स्वयं के ही लग गई तथा उसकी मृत्यु हो गई । दूसरा आतंकवादी भाखड़ा नहर की ओर पैदल ही भागने में सफल हो गया ।

पटियाला से 'भूषण' के अनुसार एस.एस.पी. श्री जे.पी. बिरदी ने बताया कि स्कूटर स्टार्ट करते समय एक आतंकवादी की बंदूक से अचानक गोली चलने के कारण उसका साथी मारा गया । उसका साथी अपनी 12 बोर की बंदूक वहीं फैंक कर मृतक की स्टेनगन लेकर स्कूटर पर फरार हो गया ।

यहां से तीन किलोमीटर दूर गांव नबीपुर में गुरदयाल सिंह नामक एक व्यक्ति के घर से चार आतंकवादियों ने 12 बोर की एक राइफल तथा तीन कारतूस छीन लिए ।

लाश मिली : यहां से चार किलोमीटर दूर गांव मडोफल तथा ऐतिहासिक गुरुद्वारा ज्योति स्वरूप के निकट से एक अज्ञात नवयुवक की लाश मिली है ।

बंदूक व नकदी छीनी : लूट की एक अन्य घटना में पुराने राजपुरा शहर में 5-6 अज्ञात व्यक्ति बचना राम के घर में दाखिल होकर लाइसैंस शुदा बंदूक तथा 9 हजार रुपए छीन कर ले गए ।

Punjabi Sanjat.com

चम भारत में आज भी लोग
रते रहे तथा सूरज की आंख
क्षेत्र में आज भी तापमान
व डिग्री नीचे बना रहा ।

ट्रीय राज मार्ग पर पड़ने वाले
तथा पीर पंजाल पहाड़ियों पर
। इसके अलावा पहलगाम,
हिमपात की खबरें हैं ।
नगर में तापमान शून्य से भी
शिमला और आसपास के
घने बादल छाए रहे ।

सबसे कम तापमान हिसार में
जाब में सबसे अधिक सर्दी
ी गई, वहां न्यूनतम तापमान
चे है । देश की राजधानी में
लम पर 4.5 डिग्री तथा
डिग्री सैल्सियस दर्ज किया
रीब दो डिग्री सैल्सियस नीचे

जंग, पालम, जम्मू, ऊना और
डरा छाया रहा ।
के आसपास के क्षेत्रों में कड़ाके

ाम कार्यालय की भविष्यवाणी
वटों में हिमाचल प्रदेश के एक
न्या हिमपात होगा । क्षेत्र के
ाम प्राय: शुष्क रहने की

रकार्ड टूटा : लुधियाना से
क क्षेत्र में शीत व धुंध ने गत
ड़ दिया है । लुधियाना नगर
के नलों में पानी जम गया ।
ई सड़क दुर्घटनाएं भी हुईं,
घायल हो गए । कल सारा
में धुंध छाई रही ।

कर नहीं' आंदोलन
ाएगा : बिल्ला

दिसम्बर (प.स.): अखिल
ा के अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र कुमार
कि यदि सरकार ने पंजाब में
ादान न की तो 'सुरक्षा नहीं तो
दिया जाएगा । उन्होंने कहा
सहयोग आंदोलन अहिंसक
न्द्र सरकार से आग्रह किया है
क राम जन्म भूमि मन्दिर के
की आज्ञा दे दे अन्यथा सेना
पनाएगी जिसके अन्तर्गत
भूखहड़ताल तथा
ड़ताल भी की जाएगी ।

कि पंजाब के मैडीकल तथा
ढ़ने तथा पढ़ाने वाले हिन्दू
में आतंक छाया हुआ है ।
रकार इनकी सुरक्षा करने में
ी है तो वह हिन्दू शिव सेना
था प्रबन्ध किए जा सकें ।

दलीय बैठक में हिन्दू शिव
ाने सम्बन्धी दलील देते हुए
ना को साथ लिए बगैर अगर
तो वह उन्हें मान्य नहीं

पहले बाहर गलियों में घूम रहे लोगों को पकड़ कर पीटना शुरू कर दिया । फिर एक व्यक्ति को साथ लेकर मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन व इंका नेता गुरबीर सिंह लाली के घर पहुंच गये । वहां श्री लाली के पिता द्वारा घर का दरवाजा न खोलने पर आतंकवादियों ने घर के लोहे के गेट पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । जवाब में श्री लाली के पिता व बड़े भाई ने भी छत से गोलियां चलाईं । गोलियों की आवाज सुन कर साथ के घरों की छतों से भी आतंकवादियों पर गोलियां चलाई गईं । इस मुकाबले में किसी को गोली नहीं लगी । वहां से भागते समय आतंकवादियों ने 4-5 घरों पर कुछ हैंडग्रेनेड फैंके जिससे दो सगे भाई सुरजीत सिंह और बलजीत सिंह छर्रे लगने से घायल हो गए । बलजीत की हालत नाजुक बताई जाती है । दोनों को फरीदकोट के सरकारी अस्पताल में भर्ती किया गया है । गांव वालों ने सुबह 5 बजे घटना की सूचना जलालाबाद थाना दी । फाजिल्का के डी.एस.पी. श्री रूपिंदर बाजवा ने पुलिस दल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर क्षेत्र की नाकाबंदी कर दी है ।

हॉकर का अन्तिम संस्कार : धूरी (सिंगला): आतंकवादियों ने कल जिस सुरेश कुमार नामक हॉकर की हत्या कर दी थी, उसका हजारों लोगों की उपस्थिति में अन्तिम संस्कार कर दिया गया । वह एक गरीब टेलर मास्टर का पुत्र था । पूर्व मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने इस हत्या की निंदा करते हुए दुखी परिवार के साथ हमदर्दी प्रकट की है । संगरूर जिला के सभी एजेंटों ने एक सप्ताह तक जालन्धर का कोई भी समाचार पत्र न बेचने का फैसला किया है ।

आतंकवादी अपनी ही गोली से मरा : सरहिंद, (राकेश): यहां गुरु सर्विस स्टेशन से आज सुबह लगभग 11.15 बजे दो आतंकवादियों ने 2891 रुपए लूट लिए । पुलिस के अनुसार दो आतंकवादी उक्त पैट्रोल पम्प पर स्कूटर पर सवार होकर पैट्रोल डलवाने के लिए आए लेकिन जब कैशियर उन्हें बकाया देने लगा तो उन्होंने बंदूक की नोक पर कैशियर से उसका थैला छीन लिया और दौड़ पड़े । बताया जाता है कि दौड़ते समय एक आतंकवादी की राइफल से अचानक गोली चल गई जो उसके स्वयं के ही लग गई तथा उसकी मृत्यु हो गई । दूसरा आतंकवादी भाखड़ा नहर की ओर पैदल ही भागने में सफल हो गया ।

पटियाला से 'भूषण' के अनुसार एस.एस.पी. श्री जे.पी. बिरदी ने बताया कि स्कूटर स्टार्ट करते समय एक आतंकवादी की बंदूक से अचानक गोली चलने के कारण उसका साथी मारा गया । उसका साथी अपनी 12 बोर की बंदूक वहीं फैंक कर मृतक की स्टेनगन लेकर स्कूटर पर फरार हो गया ।

यहां से तीन किलोमीटर दूर गांव नबीपुर में गुरदयाल सिंह नामक एक व्यक्ति के घर से चार आतंकवादियों ने 12 बोर की एक राइफल तथा तीन कारतूस छीन लिए ।

लाश मिली : यहां से चार किलोमीटर दूर गांव मडोफल तथा ऐतिहासिक गुरुद्वारा ज्योति स्वरूप के निकट से एक अज्ञात नवयुवक की लाश मिली है ।

बंदूक व नकदी छीनी : लूट की एक अन्य घटना में पुराने राजपुरा शहर में 5-6 अज्ञात व्यक्ति बचना राम के घर में दाखिल होकर लाइसैंस शुदा बंदूक तथा 9 हजार रुपए छीन कर ले गए ।

खुदाई में अशोककालीन

Punjab Sanatbi

निश्चल ज्यूल
निश्चल ज्यूल

मीमो नं. एच-
1. डी.जी.एम
भू-पतियों
क्वीन्स रो
स्थापना
अनुमानत
2. निविदाएं
लिए ईमा
खाके के
निम्नतम
500/-
कार्यालय,
अफसर,
जाएं, जो
दिन सायं
होना चाहें
3. डी.जी.एम
निविदाओं
4. सफल नि
5. कोई अन्य
डी.जी.एम
दौरान प्राप

H-I/32/26

कोठी नं. 11
निवि

हरियाणा राज
के लिए अधोहस्ता
प्रपत्र पर हरियाणा
आधार पर (90
में प्रत्येक कार्य के
उसी तिथि और स
उपस्थित होना चा
तब अगले कार्यदि

क्र.	कार्य का नाम

पंजाब में 4 लोगों की हत्याएं, 2 आतंकवादी गुट संघर्ष में मारे गए

एक पाक घुसपैठिया मुठभेड़ में मरा, अपहृत इंजीनियर घर लौटा

चंडीगढ़, 1 जनवरी (प.स., वार्ता): पंजाब में गत रात से एक पुलिस कांस्टेबल समेत छः व्यक्ति आतंकवादी हिंसा का शिकार हुए । इनमें दो मृतक ऐसे पिता-पुत्र हैं जो आतंकवादी गुटों के आपसी संघर्ष में मारे गए बताए जाते हैं । एक पाक घुसपैठिया भी सीमा पर सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारा गया । इस अवधि में आतंकवादियों ने हथियार और नौ हजार रुपए नकद लूट लिए ।

पिता-पुत्र की हत्या : पट्टी (पाठक): पुलिस जिला तरनतारन के थाना हरिके के गांव पनगोहा में आतंकवादियों ने एक पिता-पुत्र की हत्या कर दी । गत सायं लगभग 5.45 बजे 20-25 आतंकवादियों का एक गिरोह गांव में आया और 4-5 गुटों में बंट कर समूचे गांव की नाकाबंदी कर ली । 4-5 आतंकवादी एक व्यक्ति बलबीर सिंह के घर आये और उसका दरवाजा खटखटाया । दरवाजा न खुलने पर आतंकवादी साथ के मकानों की छतों पर चढ़ कर घर में घुस गए और उसके बेटे परमजीत सिंह के बारे में पूछा । उस समय परमजीत सिंह घर में नहीं था । इस पर आतंकवादियों ने बलबीर सिंह के बाजू बांध दिए । इतने में परमजीत भी घर पहुंच गया । तब वे बाप-बेटे के बाजू बांध कर गांव से बाहर ले गये और गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी । घटनास्थल से के.सी.एफ. के लैटरपैड पर लिखा एक पत्र मिला है जिस पर निशान सिंह मस्त के हस्ताक्षर हैं । पत्र में उक्त हत्याओं की जिम्मेवारी ली गई है । बलबीर सिंह हत्या के आरोप में 20 वर्ष की सजा काट कर एक वर्ष पहले ही रिहा होकर आया था ।

एजेंसियों के अनुसार यह घटना आतंकवादी गिरोहों की आपसी दुश्मनी का परिणाम है, जिसमें आतंकवादियों ने अपने ही दो प्रतिद्वंद्वियों को मार डाला । दोनों की गोलियों से छलनी लाशें आज सुबह खेतों में पड़ी मिलीं ।

'प.स.' के अनुसार खालिस्तान कमांडो फोर्स ने आरोप लगाया है कि दोनों बाप-बेटा लूटमार की घटनाओं में संलिप्त थे ।

कांस्टेबल की हत्या : तरनतारन के थाना हरिके के ही गांव रत्ता गुदा में आतंकवादियों ने एक कांस्टेबल की हत्या कर दी । गत रात कुछ आतंकवादी जसवंत सिंह नामक एक व्यक्ति के घर आये । उसका दरवाजा खुलवाया और बाहर ले जाकर उसकी हत्या कर दी । मृतक पुलिस चौकी कच्चा-पक्का में तैनात था ।

अपहृत इंजीनियर लौटा : लगभग 6 दिन पहले पट्टी से राज्य बिजली बोर्ड के जिस कार्यकारी एजीक्यूटिव इंजीनियर हरभजन सिंह मन्न का अपहरण कर आतंकवादी ले गये थे, वह कल सायं 6 बजे सकुशल लौट आया है ।

राइफलें ले गये : कल रात मजीठा की सब्जी मंडी में आतंकवादियों ने दो होमगार्ड जवानों हरविन्दर सिंह और प्रकाश सिंह की हत्या कर दी थी । आतंकवादी जाते समय उनकी .303 राइफलें भी लेते गये । इस घटना में एक नागरिक जगतार सिंह गोली लगने से घायल हो गया ।

बाप-बेटे की हत्या : पत्नी घायल : एक अन्य वारदात में दो आतंकवादियों ने मेहता चौक पुलिस थाना के गांव सैदोके में एक व्यक्ति बूटा सिंह और उसके पुत्र जस्सा सिंह की हत्या कर दी । बूटा सिंह की पत्नी भी गोली लगने से घायल हो गई । उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

दो उग्रवादी काबू : अमृतसर (प.स.): आज रात्रि थाना घरिंडा के गांव लट्टेवाल के निकट एक पुलिस पार्टी के साथ मुठभेड़ में 2 उग्रवादी काबू कर लिए गए । पुलिस ने कहा है कि मुठभेड़ उस समय हुई, जब 3 उग्रवादियों के एक गिरोह ने एस.एच.ओ. घरिंडा एस.आई. प्रितपाल सिंह पर हमला कर दिया । आधा घंटा गोलियों के आदान-प्रदान के पश्चात् 2 उग्रवादी घायल हो गए और काबू कर लिए गए, जबकि तीसरा भागने में सफल रहा । पुलिस ने गिरफ्तार उग्रवादियों के नाम नहीं बताए ।

गश्ती दल पर फायरिंग : जंडियाला गुरु (पवन): प्राप्त जानकारी के अनुसार जी.टी. रोड पर गांव चोरकोट के निकट रात लगभग आठ बजे पुलिस की गश्ती पार्टी पर संदिग्ध युवकों ने फायरिंग की । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग से संदिग्ध युवक रात का लाभ उठाते हुए भाग जाने में सफल हो गए ।

ढाबा मालिक की हत्या : मोहाली (नबंदा) यहां के फेस 6 के करीब जी.टी. रोड पर स्थित पैट्रोल पम्प के पास कुछ अज्ञात युवकों ने गोली मार कर एक 60 वर्षीय निहंग जैमल सिंह की हत्या कर दी । मृतक का वहां एक ढाबा है । रात को जब वह अपने घर जा रहा था तो उसे पीठ पर गोलियां मारी गईं । वह सड़क पर अपनी साइकल के साथ ही खून से लथपथ ढेर हो गया । मृतक के पुत्र की भी कुछ माह पूर्व इसी पैट्रोल पम्प पर कुछ युवकों ने रॉड मार कर हत्या कर दी थी ।

दो कांस्टेबल घायल : छः आतंकवादियों के एक गिरोह ने आज सुबह रोपड़ जिले में रोलू माजरा और सलीमपुर गांव के बीच मोटर साइकिल पर सवार दो कांस्टेबलों पर गोली चलाई । घटना में दोनों कांस्टेबल घायल हो गए ।

9000 रु. लूटे : आतंकवादियों ने राजपुरा कस्बे में एक व्यक्ति बचना राम के घर से उसकी लाइसैंसी बंदूक तथा नौ हजार रुपए नकद लूट लिए ।

घुसपैठिया मरा : फिरोजपुर सैक्टर में भारत-पाक सीमा पर गत रात सुरक्षा बलों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराने में सफलता प्राप्त की है ।

अपहरण : लुधियाना मंडी से गर्ग के अनुसार गत दिवस यहां मंगू राम (35 वर्ष) सुपुत्र हंस राज को 4 संदिग्ध व्यक्ति एक मारुति कार में बिठा कर अपहरण कर ले गए । अभी तक उसका कोई पता नहीं लग सका है ।

बस यात्री बचे : बरनाला से सिधवानी के अनुसार कल दोपहर लगभग 12 बजे के करीब दो आतंकवादियों ने एक प्राइवेट ट्रांसपोर्ट कम्पनी की बस नं. पी.जे.बी. 9296, जोकि मोगा से भदौड़ के रास्ते बरनाला जा रही थी, को रोक लिया तथा उसमें सवार दो हिंदू यात्रियों को, जोकि दवाइयों का काम करते थे, उतरने के लिए कहा । उनमें से प्रेम कुमार

(शेष पृष्ठ 8 पर)

दंडवते की वाक तंत्रिका का आप्रेशन, 10 दिन किसी से न बोलेंगे

बम्बई, 1 जनवरी (वार्ता): केंद्रीय वित्तमंत्री मधु दंडवते की वाक तंत्रिका (वोकलकार्ड) में उभरी एक ग्रंथि का आज एक मामूली आप्रेशन के जरिए काट कर अलग कर दिया गया । वह पूरी तरह ठीक हैं । श्री दंडवते का यहां के टाटा मैमोरियल अस्पताल में आप्रेशन किया गया । उनका आप्रेशन करने वाले डाक्टर एम.आर. कामथ ने बताया कि ग्रंथि में कैंसर का कोई असर नहीं था और चिंता की कोई बात नहीं है । डा. कामथ ने बताया कि वाक तंत्रिका पर अधिक जोर दिए जाने पर इस तरह की ग्रंथि उभर आती है । उन्होंने बताया कि श्री दंडवते को अगले दस दिन तक अधिक बातचीत नहीं करने की सलाह दी गई है । उन्हें दो या तीन दिन में अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी ।

जब तक उग्रवादियों से बात नहीं की जाती पंजाब समस्या का हल नहीं होगा : चंद्रशेखर

नई दिल्ली, 1 जनवरी (ई.पी.ओ.): जनता दल के नेता श्री चंद्र शेखर ने कहा है कि वे पंजाब समस्या का कोई समाधान खोजने के लिए अपनी पार्टी के सहयोगियों, विशेष रूप से जो सरकार में हैं, के आशावाद से सहमत नहीं । वे अनुभव करते हैं कि लुधियाना में सर्वदलीय बैठक से कोई लाभ नहीं होगा क्योंकि जिन व्यक्तियों का पंजाब में वास्तव में कुछ महत्व है, वे सम्भवतया इस बैठक में भी भाग नहीं लेंगे । ऐसी बैठकें और सम्मेलन गत सरकार ने भी किए थे, किन्तु कोई परिणाम नहीं निकला । उन्होंने कहा, "जब तक हम उन लोगों से बात नहीं करते, जो इस मुद्दे में संलिप्त हैं अर्थात् उग्रवादी हैं, तब तक सभी प्रयत्न बेकार जाएंगे ।"

राजधानी से बाहर भुंडसी में भारत यात्रा केंद्र पर पत्रकारों से वार्ता के दौरान उन्होंने संकेत दिया कि सरकार किसी व्यक्ति को आतंकवादियों से बातचीत करने के लिए मनोनीत करे, जैसे स्वर्गीय जय प्रकाश नारायण ने 1970 के दशक में चम्बल के बीहड़ों में डाकुओं से बातचीत करने के लिए किया था । इस कार्य के लिए कुछ ठोस पग उठाने होंगे । सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि जो आतंकवादी वार्ता के लिए आएं, उन्हें परेशान नहीं किया जाएगा ।

श्री चंद्र शेखर आतंकवादियों से मिलने और उनसे बातचीत करने हेतु एक 'सुरक्षित क्षेत्र' बनाने के पक्ष में हैं, जैसा कि श्री मान ने प्रस्ताव किया है । उन्होंने सरकार को श्री मान के साथ व्यावहारिक सावधानी बरतने की चेतावनी दी । उन्होंने कहा कि हम सम्भवतया उनको भी एक और बरनाला या हरचरण सिंह लौंगोवाल न बना दें ।

जब उनको बताया गया कि अब आम लोगों में कोई जे.पी. नहीं तो उन्होंने कहा कि उनके व्यक्तित्व के सम्मान-व्यक्तित्व के अभाव का यह अर्थ नहीं कि ऐसा करने का प्रयत्न छोड़ देना चाहिए । अंततः वे अपने लक्ष्य में इसलिए सफल हुए क्योंकि सरकार ने उन्हें सभी प्रकार की सहायता दी । उन्होंने कहा कि यदि हमने आतंकवादियों से बातचीत करनी है और इस कार्य में सरकार का हार्दिक समर्थन प्राप्त है तो जे.पी. जैसी भूमिका अभिनीत करने के लिए काफी लोग मिल जाएंगे ।

जम्मू-कश्मीर समस्या पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि सबसे अच्छा तो यही है कि केंद्रीय सरकार मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला का समर्थन प्राप्त करे । हम उन्हें पसंद करें या नहीं, किन्तु केवल वही ऐसे व्यक्ति हैं, जो नैशनल कांफ्रैंस के आदमियों और कुछ कांग्रेसी कार्यकर्त्ताओं को साथ लेकर राष्ट्र के पक्ष में आवाज ऊंची कर सकते हैं । वे इस आकलन से सहमत नहीं कि डा. अब्दुल्ला कश्मीर घाटी के लोगों के अवांछित व्यक्ति हैं ।

श्री शेखर ने कहा कि बोफोर्स विवाद को तार्किक निष्कर्ष तक अवश्य पहुंचाया जाना चाहिए और प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह को इस विवाद से संबंधित सभी दस्तावेज संसद में प्रस्तुत करने चाहिएं, चाहे इसमें संवेदनशील दस्तावेज क्यों न शामिल हों क्योंकि राष्ट्र को उन लोगों की भूमिका का अवश्य पता चलना चाहिए जिन्होंने सौदे को हरी झंडी दिखाई ।

फारूक द्वारा लेह के हित सुरक्षित रखने का आश्वासन

जम्मू, 1 जनवरी (नि.स.): लेह मुस्लिम संघ तथा कारगिल जिला की संघर्ष समिति की अखुन रजा तथा शेख अहमद मुहम्मद के नेतृत्व में मुख्यमंत्री डा. फारूक अब्दुल्ला से एक घंटा तक मंत्रणाएं चलीं ।

इस बैठक में लेह तथा कारगिल जिलों की विभिन्न समस्याओं पर बातचीत की गई, जिनमें लेह के बौद्ध बहुसंख्यक स्थानों में अल्पसंख्यकों को सुरक्षा प्रदान करना, क्षेत्र में ताजा विधानसभा चुनाव करवाए जाना तथा लद्दाख मुद्दा पर बहस करना भी शामिल हैं ।

Punjabi Sanjeevni

बताया कि यह कार्य योजना एक समयबद्ध कार्यक्रम के तहत लागू की जाएगी । इस कार्य योजना के अनुरूप सभी मंत्रालय तथा विभाग विस्तृत तथा व्यापक कार्यक्रम बनाएंगे जिसके क्रियान्वयन को सर्वोच्च वरीयता दी जाएगी और इस पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी ।

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

नामक व्यक्ति तो नीचे उतर गया परन्तु दूसरे व्यक्ति ओम प्रकाश ने नीचे उतरने से इन्कार कर दिया । उसने सवारियों से मदद मांगी पर कोई भी उसकी मदद के लिए आगे नहीं आया । तो भी ओम प्रकाश जिद करके बस में ही बैठा रहा । इतने में प्रेम कुमार मौके का फायदा उठा कर वहां से फरार होने में सफल हो गया । आतंकवादियों ने ओम प्रकाश से भी कुछ नहीं कहा परन्तु वह दोनों के ब्रीफकेस लेकर फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

बंदूक छीनी : हरियाना (होशियारपुर) (वीरेन्द्र): कल यहां तीन उग्रवादी भूतपूर्व फौजी सिपाही महिन्द्र सिंह से पिस्तौल की नोक पर उसकी बंदूक छीन कर ले गए ।

ग्राम विकास के लिए अधिक धन राशि की मांग

तिरुअनंतपुरम, 1 जनवरी (वार्ता): जाने-माने अर्थशास्त्री प्रोफैसर के.एन. राज ने ग्रामीण विकास के लिए और अधिक धन राशि आबंटित किए जाने की मांग की ।

दोनों देशों के बीच 9 माह पुराने व्यापार और पारगमन से सम्बन्धित विवाद को सुलझाने के लिए कल यहां आ रहे हैं ।

पाकिस्तान की प्रधानमंत्री श्रीमती बेनज़ीर भुट्टो के विशेष दूत श्री अब्दुल सत्तार अगले सप्ताह यहां पहुंचेंगे । उनकी भारत की यात्रा को राजनीतिक सम्पर्कों के माध्यम से अंतिम रूप दिया जा रहा है ।

इस बीच अमरीकी कांग्रेस के प्रमुख सदस्य श्री स्टीफन सोलार्ज दक्षिण एशियाई देशों की यात्रा के अंतिम चरण में आज यहां पहुंचे । श्री सोलार्ज बंगला देश, मालदीव और श्रीलंका की यात्रा पूरी कर चुके हैं ।

नेपाल : नेपाल के विदेशमंत्री श्री उपाध्याय की भारत यात्रा को दोनों देशों के मध्य सम्बन्धों में सुधार होने की आशा प्रकट की जा रही है । विदेशमंत्री श्री इंद्र कुमार गुजराल के अनुसार नई सरकार अपने नज़दीकी पड़ोसियों के साथ सम्बन्धों में सुधार के कार्य को प्राथमिकता दे रही है । भारत सरकार चाहती है कि पिछले लम्बे समय से चले आ रहे

आरक्षण समर्थकों और विरोधियों में संघर्ष, 10 घायल

नागपुर, 1 जनवरी (प.स.): आरक्षण नीति के समर्थकों और विरोधियों के बीच कल रात हुए एक संघर्ष में कृषि कालेज के कम से कम 10 छात्र घायल हो गए ।

खुदाइयां की खोज तेज़

Punjabi Sanatani

फगवाड़ा (कौड़ा) : आज क्षेत्र भर में भारी धुंध

है. मैं सोचता हूं कि सिख समस्या का एकमात्र हल

पंजाब में 2 उग्रवादी मारे गए, कामरेड सहित 2 की हत्या

चंडीगढ़, 2 जनवरी (वा., प.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान एक उग्रवादी गिरोहों की आपसी लड़ाई में और एक लूटमार की वारदात करते समय मारा गया जबकि उग्रवादियों ने 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी । अमृतसर के सीमांत क्षेत्र में लागू रात्रि कर्फ्यू की अवधि और 2 मास के लिए बढ़ा दी गई है ।

हत्या : जालन्धर : आतंकवादियों ने आज प्रात: जिला जालन्धर के पुलिस थाना भोगपुर के गांव झंडर में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी । मृतक का नाम लाल सिंह बताया गया है ।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाल सिंह तथा जसवंत सिंह गन्ने से लदी एक ट्रैक्टर ट्राली पर भोगपुर चीनी मिल की तरफ आ रहे थे कि संदिग्ध आतंकवादियों ने इन पर गोली चला दी । गोली लाल सिंह को लगी, जबकि उसके साथ बैठा जसवंत सिंह जान बचाने के लिए भाग निकला । लाल सिंह गांव झंडेर का रहने वाला है । लाल सिंह का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है ।

उग्रवादी मारा गया : लुधियाना (धीमान): यहां से 26 किलो मीटर दूर गांव बाबां कलां में चार उग्रवादी जब एक मकान में घुसे तो मालिक मकान कमलजीत सिंह की आंख खुल गई । उसने तुरन्त अपनी बन्दूक उठाई और उन पर गोली चला दी जिससे एक उग्रवादी घटनास्थल पर ही मारा गया जबकि उसके तीन साथी भाग गए । पुलिस जांच कर रही है ।

रात्रि कर्फ़्यू की अवधि बढ़ी : अमृतसर (प.स.): जिला प्रशासन ने जिले में भारत-पाक अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर 500 मीटर की परिधि में आने वाले क्षेत्र में लागू रात्रि कर्फ़्यू की अवधि दो मार्च तक के लिए बढ़ा दी है । इन आदेशों के तहत इस क्षेत्र में रात 6 बजे से प्रात: 6 बजे तक कर्फ़्यू रहेगा ।

एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार इस रात्रि कर्फ़्यू का उद्देश्य सीमा पार से घुसपैठ रोकना है । प्रशासन ने जिले में जलूस निकालने, जनसभाएं करने, चार या अधिक लोगों के इकट्ठे होने, आग्नेयास्त्र लेकर चलने, नारेबाज़ी करने तथा अनुमति के बिना सम्पत्ति बेचने आदि पर लगाए प्रतिबंध की अवधि भी दो मास के लिए बढ़ा दी है । इस दो मास की बढ़ाई गई अवधि में जिले भर में रात 6 बजे से प्रात: 5 बजे तक सभी मार्गों पर बसें चलने पर भी प्रतिबंध रहेगा ।

आतंकवादियों की शिनाख्त : कल जिला के गांव लद्देवाल के पास मुठभेड़ के बाद जिन दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया था, उनकी शिनाख्त जसविंदर सिंह उर्फ़ छिंदा तथा सुखदेव सिंह के रूप में हुई है । इनके कब्ज़े से पुलिस ने दो रिवाल्वर तथा दो हथगोले बरामद किए थे ।

एक की हत्या : गुरदासपुर : आतंकवादियों ने गत रात जिला गुरदासपुर के पुलिस थाना श्रीहरगोबिन्दपुर (पुलिस जिला बटाला) के गांव

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanatan

सुरजीत
(पृष्ठ 3 का शेष)

श्री सुरजीत सिंह ने कहा कि केंद्र में राष्ट्रीय मोर्चे की सरकार की स्थिरता को कतई खतरा नहीं है क्योंकि यहां सरकार संख्याओं पर आधारित नहीं है । उन्होंने इंका के इस दावे को बेबुनियाद बताया कि यह सरकार ज्यादा दिन नहीं चलेगी ।

उन्होंने कहा कि देश की जनता केंद्र में एक गैर इंका सरकार चाहती थी और जनता की आकांक्षाओं को देखते हुए ही वामपंथी और दक्षिण-पंथी दलों ने श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित सरकार को अपना समर्थन दिया है ।

श्री सुरजीत सिंह ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय मोर्चा की स्थिरता इसके काम पर निर्भर करेगी । राष्ट्रीय मोर्चा सरकार के अब तक के कामकाज पर उन्होंने कहा कि "यह सही दिशा में आगे बढ़ रही है ।"

जम्मू और कश्मीर के हालात का जिक्र करते हुए श्री सुरजीत ने विश्वास व्यक्त किया कि वहां राष्ट्र विरोधी ताकतों को जल्दी ही कुचल दिया जाएगा और देश की अखंडता की हर कीमत पर रक्षा की जाएगी ।

श्री सुरजीत ने बताया कि सरकार ने औद्योगिक सम्बन्धों बारे विधेयक समाप्त करने का फैसला किया है तथा श्रमिक वर्ग के साथ विचार विनिमय के बाद नया कानून बनाया जाएगा । उन्होंने कहा कि विश्व शांति की दिशा में सोवियत नेता मिखाइल गोर्बाच्योव ने महत्वपूर्ण काम किया है । तनाव कम करके और शस्त्रों की होड़ कम करके श्री गोर्बाच्योव ने शांति का वातावरण स्थापित किया है ।

देवी लाल
(पृष्ठ 3 का शेष)

तुगलक रोड थानाध्यक्ष, ए.सी.पी. तथा डी.सी.पी. तक सारे अधिकारी इस संबंध में कहने से कतरा रहे हैं क्योंकि उन्हें यह डर भी सता रहा है कि जब अभय चंडीगढ़ में था तो मामला उल्टा पड़ा हैं क्यों ?

इस बीच जब पंजाब केसरी ने जनता दल के केंद्रीय प्रवक्ता श्री जयपाल रेड्डी से इस संबंध में कुछ जानना चाहा तो वह भौंचके रह गये और बोले मैंने ऐसी किसी वारदात के बारे में नहीं सुना, इसलिये कुछ कहना जरूरी नहीं समझता ।

शिकायत निवारण समिति में व्यापारिक प्रतिनिधित्व की मांग

अमृतसर, 2 जनवरी (सोनी): स्थानीय जिला की परचून किरयाना व्यापारी संघ के प्रधान जी.डी. बावला व सचिव चुन्नी लाल छाबड़ा ने एक वक्तव्य में सरकार से मांग की है कि जिला स्तर पर गठित शिकायत निवारण समितियों में राजनीतिक प्रतिनिधियों के साथ व्यापारी व उद्योगपति तथा उनके प्रतिनिधि भी शामिल किए जाएं ।

इन नेताओं ने कहा कि व्यापारी वर्ग का जनता से प्रत्यक्ष सम्बन्ध होने के कारण उनको ही अधिकांश समस्याओं का सामना करना पड़ता है ।

पंजाब में हिंसा
(पृष्ठ 3 का शेष)

मोमनवाल में हज़ारा सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

बंदूक व नकदी लूटी : राजपुरा (मासूम): गत रात आठ बजे पुराना शहर की भारत कालोनी में बचन लाल नामक व्यक्ति के घर तीन-चार अज्ञात व्यक्ति ज़बरदस्ती आ गए और उनको डराकर उनके पास से लाइसैंसशुदा बंदूक, एक हजार रुपए नकद और दो सूट ले गए ।

आपसी लड़ाई में उग्रवादी मारा गया : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव मोमनवाल में गत रात्रि उग्रवादी हज़ारा सिंह (60) नामक एक व्यक्ति को उसके घर से उठा कर ले गए और उसकी हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार यह गिरोहों की आपसी प्रतिद्वंद्वता का मामला है । मृतक कुछ समय पूर्व उग्रवादी निरोधक कानून के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया था और गत मास ही वह ज़मानत पर आया था । घटनास्थल से चीनी असाल्ट राइफल के 3 चले हुए कारतूस बरामद हुए हैं ।

कामरेड की हत्या : थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव हरचोवाल में आज सायं लगभग 6 बजे कुछ उग्रवादियों ने ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल से अंधाधुंध फायरिंग करके सी.पी.आई. के कामरेड बलदेव प्रकाश की हत्या कर दी । बलदेव प्रकाश गांव में दुकान करता था और घटना के समय वह दुकान बंद करके घर जा रहा था ।

विशेष गश्त योजना
(पृष्ठ 3 का शेष)

भी बरामद हुई है । इस महिला को उचित ईनाम दिया जाएगा । उन्होंने इस महिला का नाम बताने से इंकार कर दिया ।

मजीठा पुलिस जिला के चीफ श्री ए.के. शर्मा ने बताया कि आतंकवाद से निपटने के लिए पुलिस की 14 विशेष 'घातक चौकियां' स्थापित की गई हैं । इन चौकियों पर तैनात जवानों को लाइट आटोमैटिक राइफल जैसे अत्याधुनिक शस्त्र दिए जाएंगे ।

तरनतारन पुलिस के चीफ ने बताया कि गत सप्ताह तरनतारन में हुई गड़बड़ के बाद गिरफ्तार 150 लोगों में से 148 को छोड़ दिया गया है । बीच में ही हस्तक्षेप करते हुए जिलाधीश श्री सरबजीत सिंह ने कहा कि तरनतारन में सुरक्षा बलों ने 'हड़बड़ाहट' में जो गोली चलाई थी, जिससे एक महिला सहित दो व्यक्ति मरे थे, उसके बारे अधिकारी जायज़ा ले रहे हैं कि यह सब कैसे हुआ ? अभी तक यह पता नहीं चल सका कि पहले गोली चलाने वाला कौन था, जिसके गोली चलाने के बाद बेतहाशा गोलियां चलीं ।

मजीठा पुलिस के चीफ ने बताया कि उनके जिले में गत दिसम्बर मास में नागरिकों की कम हत्याएं हुई हैं । इस मास 9 व्यक्ति मारे गए जिनमें एक हिन्दू व 8 सिख थे ।

श्री गुप्ता ने बताया कि वर्ष 1989 में पुलिस जिला अमृतसर में 1988 की 132 हत्याओं की अपेक्षा मात्र 38 हत्याएं हुईं ।

रैली में भाग लेने का फैसला
(पृष्ठ 3 का शेष)

के लोग सौ-सौ की टोलियों में श्री खुड्डियां की तलाश के लिए निकल पड़े लेकिन सरकार ने फिर पूरा पानी छोड़ दिया है जिस कारण श्री खुड्डियां की तलाश का काम कठिन हो गया है ।



पार्टी की सांसद बिमल खालसा और राजिन्दर कौर ने इस मौके पर बोलते हुए श्री खुड्डियां के लापता होने को 'राजनीतिक साजिश' बताया । दोनों ने कहा कि हालांकि पंजाब में राज्यपाल बदल गए हैं, लेकिन राज्य प्रशासन का ढांचा वही पुराना है ।

उग्रवादी गुटों को भी विश्वास में लिया जाए : अकाली दल (मान) के प्रधान श्री सिमरनजीत सिंह मान ने कहा है कि पंजाब समस्या उस समय तक हल नहीं हो सकती, जब तक सभी उग्रवादी संगठनों एवं दमदमी टकसाल को सरकार विश्वास में नहीं लेती । उन्होंने हरजिन्द्र सिंह जिंदा, सुखदेव सिंह सुक्खा तथा अतिन्द्रपाल सिंह समेत जेलों में बंद सभी नौजवानों को रिहा करने एवं भगौड़े सैनिकों को बहाल करने की मांग की ।

श्री मान ने आरोप लगाया कि उग्रवादी संगठनों को बदनाम करने के लिए पूर्व सरकार की एजेंसियां आलम सेना, विर्क कमांडोज, रिबैरो कमांडोज लोगों को धमकी पत्र भेज रही हैं । उन्होंने सिखों को उक्त एजेंसियों से सचेत रहने के लिए कहा । उन्होंने कहा कि वह शीघ्र ही निजी तौर पर सुक्खा और जिंदा के मामलों के संदर्भ में कार्रवाई करेंगे । हम किसी भी कीमत पर उनको फांसी नहीं लगने देंगे ।

श्री मान ने कहा कि यदि 11 जनवरी को लुधियाना में हो रही सर्वदलीय रैली में शामिल होने के लिए उनको निमंत्रण दिया गया तो वह उसमें शामिल होंगे तथा अपने विचार पेश करेंगे ।

श्री मान ने चेतावनी दी कि यदि श्री खुड्डियां को सरकार ने शीघ्र नहीं ढूंढ निकाला तो उनकी पार्टी 'कड़ा कदम' उठाएगी । उन्होंने कहा कि यद्यपि सरकार ने श्री खुड्डियां को खोजने के लिए हैलीकाप्टरों की सेवाएं लेने का आश्वासन दिया था लेकिन ऐसा नहीं किया गया ।

जरनैल सिंह भिंडरांवाला के भाई कै. (रिटायर्ड) हरचरण सिंह रोडे ने कहा कि अमृतसर में पार्टी की पांच जनवरी को होने वाली बैठक में 'अगली

Punjab Sanjan

रोपड़ के गांव दौन में आतंकवादियों द्वारा 5 राजस्व कर्मचारियों की हत्या

अमृतसर-खेमकरण रेल पटरी 4 स्थानों पर उड़ा दी गई

पंजाब में अन्यत्र सरपंच सहित 4 की हत्या

चंडीगढ़, 4 जनवरी (वार्ता, प.स.): गत रात के बाद से पंजाब में आतंकवादियों ने राजस्व विभाग के 5 कर्मचारियों व एक सी.आर.पी. जवान समेत 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी । अमृतसर-खेमकरण मार्ग पर 4 स्थानों पर रेलवे लाइन उड़ा दी गई । नए वर्ष के दौरान रेलवे लाइन उड़ाने की यह पहली घटना है ।

नायब तहसीलदार, 4 पटवारियों की हत्या : खरड़ (शशि): तीन आतंकवादियों ने आज यहां के गांव दौन में एक नायब तहसीलदार प्रेम चंद तथा 4 पटवारियों की उस समय गोलियां मार कर हत्या कर दी, जब वे पटवारखाने में लोगों की ज़मीनों से संबंधित मामलों को निपटाने में व्यस्त थे । पटवारियों में कर्म सिंह (मुल्लांपुर), मलकीयत सिंह (तीरा), सुरेंद्र पाल सिंह (झामपुर) तथा जगदीश चंद (रुड़की खास) शामिल हैं ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह तीन आतंकवादी जिनकी आयु 25 से 30 वर्ष के मध्य थी, ए.के. 47 राइफलें लेकर पैदल ही गांव में दाखिल हुए तथा पटवारखाने में बैठे लोगों के विषय में जानकारी प्राप्त की । उन्होंने वहां मौजूद लगभग 200 लोगों को एक ओर बैठ जाने को कहा और फिर एक-एक करके सरकारी कर्मचारियों पर गोलियां बरसानी शुरू कर दीं । पटवारखाने में मौजूद चपरासी व कुछ अन्य लोगों को आतंकवादियों ने गोलियां चलाने से पूर्व ही बाहर निकल जाने को कहा । मौका पाकर एक पटवारी ने पटवारखाने से बाहर आकर भागने की कोशिश की परन्तु आतंकवादियों ने उसे भी कुछ ही दूरी पर गोली मार दी । चार व्यक्ति मौका पर ही दम तोड़ गये जबकि जगदीश चंद की अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में मौत हो गई ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आज राजस्व विभाग के कर्मचारी पहले से ही निर्धारित तिथि पर ज़मीनों के इंतकाल आदि के लिए यहां आए थे । आतंकवादियों में से एक ने अपना चेहरा कपड़े से ढांप रखा था । इस वारदात की सूचना मिलने पर रोपड़ के एस.एस.पी. श्री एच.एस. काहलों कुछ अन्य वरिष्ठ अधिकारियों व सी.आर.पी. के जवानों के साथ मौका पर पहुंचे तथा आतंकवादियों की खोज करने के लिए सारे क्षेत्र की घेराबंदी कर ली परन्तु आतंकवादियों का कोई पता नहीं चला ।

एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि तीनों आतंकवादी हरे रंग के एक स्कूटर पर सवार होकर आये । स्कूटर को गांव के बाहर लिंक सड़क पर खड़ा करके 250 गज तक पैदल चल कर वारदात वाले स्थान पर आये और वारदात करने के बाद बड़े आराम से वापस चले गये । पुलिस को घटनास्थल पर ए.के. 47 राइफल के 23 खाली कारतूस मिले । सारा पटवारखाना खून से लथपथ था । मृतकों की पगड़ियां व रजिस्टर बिखरे पड़े थे ।

इस वारदात से ग्रामीण इतने सहमे हुए थे कि कोई भी पुलिस को आतंकवादियों का हुलिया ठीक ढंग से नहीं बता पा रहा था । एक व्यक्ति ने बताया कि वारदात के बाद फरार होते समय आतंकवादी वहां बैठे लोगों से यह कह गये कि यह लोग पैसे लेकर काम करते हैं अतः उनको दंड दिया गया है । यदि किसी ने हमारा पीछा किया तो उसे भी गोली मार दी जाएगी । इस वारदात में मारे गये नायब तहसीलदार की गत 18 दिसम्बर को ही यहां नियुक्ति हुई थी ।

सरपंच की हत्या : गुरदासपुर (विनोद): गत रात गुरदासपुर सदर के गांव बबरी में अज्ञात आतंकवादियों ने गांव के सरपंच अजायब सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी और एक अन्य व्यक्ति को ज़ख्मी कर दिया । सरपंच कांग्रेस (इ) का समर्थक था । गांव से आए लोगों के अनुसार रात लगभग 8 बजे 6 अज्ञात आतंकवादी गांव बबरी के सरपंच अजायब सिंह के घर आए । उन्होंने पहले गांव के एक दकानदार सुभाष को साथ लिया और

(शेष पृष्ठ 8 पर)



बीरवार को ज़िला रोपड़ के गांव दाऊन के पटवारखाने में आतंकवादियों द्वारा भारी हत्याकांड किया गया । चित्र में (1) लहू से लथपथ पटवारखाना तथा मृतकों की पगड़ियां, (2) आतंकवादियों द्वारा चलाई गई गोलियां, (3) मृतकों के शरीर के बिखरे हुए चीथड़े तथा (4) भाग कर जान बचाने का प्रयास करने वाले एक पटवारी के गोली लगने से बाहर जा गिरा उसका जबड़ा । (छाया : पुरी)

कई दुर्दांत आतंकवादी दिल्ली में : एक-दो दिन में किसी वारदात की आशंका

नई दिल्ली, 4 जनवरी (वि.स.): अगले एक-दो दिन में राजधानी में उग्रवादियों द्वारा कोई वारदात किए जाने की आशंका है ।

गुप्तचर सूत्रों के अनुसार कुछ प्रमुख उग्रवादी राजधानी में गत एक सप्ताह से डेरे डाले हुए हैं । इनमें एक महिला भी शामिल है जो चार वर्षों तक जोधपुर जेल में बंद थी और जिसे कुछ समय पूर्व ही वहां से मुक्त किया गया है ।

समझा जाता है कि कल गुरुद्वारा रकाबगंज में आयोजित किए जाने वाले दीवान में स्टेज पर कब्जा करने के लिए मान गुट के समर्थकों द्वारा तैयारियां की जा रही हैं । इस गुट को यमुना पार में गठित केसरी खालसा दल और दशमेश रेजीमैंट का भी समर्थन प्राप्त है ।

बताया जाता है दिल्ली पुलिस इन दिनों काफी परेशान है क्योंकि नई सरकार द्वारा उच्च पुलिस अधिकारियों पर यह दबाव डाला जा रहा है कि दिल्ली के उग्रवादी समर्थक तत्वों के खिलाफ कोई कार्रवाई न की जाए जबकि दूसरी ओर गुप्तचर सूत्रों द्वारा दिल्ली पुलिस को यह चेतावनी बराबर दी जा रही है कि उग्रवादी राजधानी में काफी सक्रिय हैं । वी.पी. सिंह सरकार की उदार नीति का लाभ उठाते हुए कुछ शरारती तत्व राजधानी में दाखिल होने में सफल हो चुके हैं । (शेष पृष्ठ 8 पर)

मारे गए प्रत्येक कुख्यात आतंकवादी के रिश्तेदार विधानसभा चुनाव में टिकट के दावेदार

अमृतसर, 4 जनवरी (सरग): सुविज्ञ सूत्रों से पता चला है कि सिख छात्र संघ ने मान अकाली दल के नाम पर पंजाब विधान सभा के चुनाव लड़ने की तैयारियां आरम्भ कर रखी हैं । बताया जाता है कि यदि ये चुनाव अन्य विधान सभाओं के चुनावों के साथ ही हुए तो उसी ढंग से लड़े जाएंगे जिस ढंग से लोकसभा के चुनाव लड़े गए और मान अकाली दल के प्रत्याशियों ने विजय प्राप्त की । एक सूचना के अनुसार विधान सभा चुनावों के लिए प्रत्येक क्षेत्र से टिकट के दर्जनों दावेदारों की लाइनें लग गई हैं ।

छात्र संघ के सूत्रों के अनुसार प्रत्येक क्षेत्र से कुख्यात आतंकवादियों के नज़दीकी लोगों या रिश्तेदारों को टिकट देने की नीति तैयार की जा रही है ताकि अविवादास्पद प्रत्याशी खड़े किए जाएं । परन्तु इसके बावजूद विवाद की गुंजायश रहने की सम्भावना है क्योंकि टिकट के दावेदारों की लम्बी लाइनें लग रही हैं ।

एक खबर के अनुसार निरंकारी प्रमुख हत्या कांड में संलिप्त तत्वों को भी चुनाव के लिए नज़र में रखा जा रहा है । लोकसभा चुनावों में उनकी उपेक्षा के कारण मान अकाली दल तथा छात्र संघ को कड़ी आलोचना का सामना है ।

पता चला है कि पटियाला लोकसभा क्षेत्र से विजयी अतिन्दरपाल सिंह के साथ दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद निरंकारी बाबा हत्या कांड में शामिल रणजीत सिंह के अमृतसर के किसी क्षेत्र से खड़ा किया जा रहा है, जो अमृतसर का ही निवासी है । इसी प्रकार इसी हत्या कांड में सब से पहले गिरफ्तार होने वाले ज्ञान सिंह को रोपड़ क्षेत्र से टिकट मिलेगी ।

पंथक कमेटी के सदस्य गुरबचन मानोचाहल के चाचा को अजनाला क्षेत्र से खड़ा किए जाने की चर्चा है । यह भी बताया जाता है कि मानोचाहल के पिता आत्मा सिंह भी दावेदारों की सूची में हैं, जो नौशहरा पन्नुआं से चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं । अमृतसर दक्षिणी क्षेत्र से मारे गए खालिस्तान कमांडो फोर्स के कथित जनरल कंवरजीत सिंह का भाई हरजाप सिंह तो अपने उम्मीदवार होने की घोषणा भी कर चुका है और चुनाव के लिए सक्रिय है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanjari

कई आतंकवादी दिल्ली में

(पृष्ठ 3 का शेष)

यह भी पता चला है कि दिल्ली पुलिस और गुप्तचर ब्यरो राजधानी में सक्रिय कुछ उग्रवादी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करना चाहती थी मगर केंद्रीय मंत्री के दबाव के कारण वह इस मामले में खुद को विवश पा रहे हैं ।

गुप्तचर सूत्रों के अनुसार संदिग्ध तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है किन्तु वह किसी को पकड़ कर अपनी नौकरी खतरे में डालना नहीं चाहते ।

यह भी पता चला है कि गृह मंत्रालय के अधिकारी पंजाब में उग्रवादियों की बढ़ती हुई गतिविधियों से काफी परेशान हैं । सरकार की उदार नीति के कारण उग्रवादी गुरुद्वारों में अपने अड्डे स्थापित कर रहे हैं और उन्हें पाकिस्तान से हाल में ही ताजा अस्त्र-शस्त्र भी प्राप्त हुए हैं । हाल में ही जिला अमृतसर में एक गुरुद्वारा के परिसर के भीतर से सी.आर.पी. पर गोलियां चलाई गई, जिससे सी.आर.पी. के चार जवान मारे गए ।

राज दवा खाना (रजि.) जालंधर वाले सारे पंजाब में नं. 1 में मशहूर हैं, इसलिये आप जालंधर पहुंच कर पूरा लाभ उठाएं । हर आए में, मेहनत और तंदरुस्ती प्राप्त करें, केवल मर्दों के लिए

जरूरी ऐलान

जगह-जगह घूम कर इलाज करने वालों को दुनिया जान गई है । हमें केवल जालंधर ही मिलें, कोई छुट्टी नहीं ।



विश्व प्रसिद्ध राज दवा खाने के मालिक जी से जालंधर आकर खुद मिलें आइए हम आपके जीवन को खुशियों से भर दें

राज दवा खाना (रजि.)

नोट : हमारे पुराने तजर्बे से पूरा-पूरा लाभ उठाएं । हर रोज जालंधर मिलने का पूरा पता : ताज सिनेमा पहुंच कर सामने बिल्डिंग में मिलें, जालंधर शहर ।

मान की घोषणा

(पृष्ठ 3 का शेष)

शपथ लेने के शिरोमणि अकाली दल (मान) के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान के अनुरोध के औचित्य से लोकसभाध्यक्ष को अवगत करा दिया गया है ।

श्री जेठमलानी ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष को यह सुझाव दिया गया है कि श्री मान द्वारा शपथ ग्रहण के लिए एक सादा समारोह 'संसद सौध' में आयोजित किया जाए, जहां श्री मान लम्बी तलवार धारण करके जा सकेंगे तथा संसद के सुरक्षा नियमों का उल्लंघन भी नहीं होगा क्योंकि 'संसद सौध' संसद भवन के परिसर की परिधि से बाहर है ।

उल्लेखनीय है कि श्री मान के अलावा तीन अन्य सांसदों ने भी अभी तक लोकसभा की सदस्यता की शपथ नहीं ली है हालांकि नई संसद की प्रथम संक्षिप्त सत्र 29 दिसम्बर को सम्पन्न हो चुका है ।

इन तीन सदस्यों के नाम हैं : अतिदर पाल सिंह (पटियाला से निर्वाचित), बिमल खालसा (रोपड़) तथा ध्यान सिंह मंड (फिरोजपुर) । अतिदर पाल सिंह फिलहाल दिल्ली जेल में बंदी है ।

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

उसे अजायब सिंह को आवाज देने को कहा । जब सुभाष की आवाज पर अजायब सिंह ने दरवाजा खोला तो आतंकवादियों ने सरपंच को साथ चलने को कहा । आतंकवादी अजायब सिंह को लेकर गांव से लगभग एक किलो मीटर दूर बट्टा सिंह के डेरे पर गए और उसे दरवाजा खोलने को कहा । बूटा सिंह को शक पड़ने पर उसने घर के पीछे वाले दरवाजे से भागने की कोशिश की परन्तु वहां एक आतंकवादी खड़ा था । बूटा सिंह उसे धक्का देकर भाग खड़ा हुआ परन्तु आतंकवादियों ने पीछे से कुछ फायर किए जो कि उसकी टांग पर लगे । वह जख्मी हालत में ही बबरी पहुंच गया ।

बाद में आतंकवादियों ने बूटा सिंह की खेतों में काफी खोज की और दोबारा उसके डेरे पर आकर तलाशी ली परन्तु बूटा सिंह नहीं मिला । उस समय सरपंच आतंकवादियों के कब्जे में था । इसके बाद आतंकवादी सरपंच को साथ लेकर चले गए और कुछ दूर जाकर उसे गोली मार दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार बूटा सिंह का डेरा कभी आतंकवादियों का शरण स्थल रहा है और यहां आतंकवादी आते रहते थे । 8.7.1988 को पुलिस ने ट्यूबवैल पर छापा मारा तो पुलिस और आतंकवादियों में मुठभेड़ से पुलिस का एक हैड-कांस्टेबल और एक नौकर मारा गया था परन्तु आतंकवादी हरजिन्दर सिंह (गांव ऊगर खेडा) भागने में सफल हो गया था । पुलिस के अनुसार सभी आतंकवादियों के पास ए.के. 47 राइफलें थीं । घायल बूटा सिंह को गुरदासपुर अस्पताल में दाखिल करवाया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है ।

रेलवे लाईन उड़ा दी : अमृतसर (वि.प्र.): आज यहां जिला मुख्यालय में मिली सूचनाओं के अनुसार अमृतसर-खेमकरण रेलवे लाईन को आतंकवादियों ने गत रात पट्टी और घरियाला स्टेशनों के मध्य चार विभिन्न स्थानों से उड़ा दिया । कहा जाता है कि तीन स्थानों पर रेल पटरी दो-दो फुट के टुकड़ों में टूटी हुई पाई गई जबकि एक अन्य स्थान पर अढ़ाई फुट रेल पटरी धमाके से टूटी पाई गई । पुलिस व रेलवे अधिकारी सूचना मिलने पर मौका पर पहुंच गए तथा पटरी की मुरम्मत कराई ।

तरनतारन के पुलिस चीफ श्री बलदेव सिंह ने बताया कि आतंकवादियों ने रेलवे लाईन को रात के समय उड़ाया था । इस तोड़फोड़ का आज प्रातः पता चल गया था । बताया जाता है कि खेमकरण-अमृतसर रेलगाड़ी इसी पटरी से प्रातः 6 बज कर 45 मिनट पर गुजरने वाली थी । इस गाड़ी को घरियाला स्टेशन पर रोक दिया गया । इस तरह एक सम्भावित बड़ी रेल दुर्घटना टल गई ।

सी.आर.पी. के जवान की हत्या : एक अन्य सूचना के अनुसार आज प्रातः 9 बजे के लगभग आतंकवादियों ने, जिन्होंने ए.के. 47 असाल्ट राइफलें गर्म लोइयों के नीचे छुपाई हुई थीं, कस्बा भिखीविंड की सब्जी मंडी में सब्जी लेने गये सी.आर.पी. के दो जवानों पर अचानक फायरिंग करके एक की हत्या कर दी जबकि दूसरे को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । मृतक जवान की शिनाख्त बाद में अमरनाथ डोगरा तथा घायल की कांस्टेबल चंदगी राम के रूप में हुई । घायल जवान को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया ।

सूचना पाकर सी.आर.पी. और पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंचे । वहां से 7 चले हुए कारतूस मिले ।

पट्टी से पत्रकार की सूचना के अनुसार फायरिंग में एक व्यक्ति साहब सिंह बासी गांव ढोला भी जख्मी हो गया । उसे अस्पताल में दाखिल करा दिया गया । मृतक और घायल सी.आर.पी. जवान 38वीं बटालियन से संबंधित बताए गए हैं । आतंकवादी दोनों जवानों की एस.एल.आर. भी ले गए ।

कैश व स्कूटर ले गए : अमृतसर की बाहरी आबादी मकबूलपुरा के निकट जी.टी. रोड पर आज प्रातः दो आतंकवादी मेला राम एंड संज के पैट्रोल पम्प से लगभग तीन हजार रुपए नकद तथा एक स्कूटर ले गये ।

दुअली में हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के थाना पट्टी के गांव दुअली में गत रात आतंकवादियों ने एक मजहबी सिख मुखा सिंह की हत्या कर दी ।

एक अन्य सूचना के अनुसार मुखा सिंह को फांसी देकर मारा गया । आतंकवादी उसको जबरदस्ती घर से ले गए और खेतों में एक वृक्ष से लटका कर उसे फांसी दे दी । वह शराब बेचा करता था । घटनास्थल पर के.सी.एफ. का खैदर पैड मिला है, जिस पर निशान सिंह के हस्ताक्षर हैं ।

प्रोफैसर की हत्या : मक्खू से शोखर के अनुसार आज प्रातः लगभग 10.30 बजे यहां एक प्रोफैसर हाकम सिंह की आतंकवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । वह उस समय मजदूर लेने के लिए चोहला साहब जा रहा था कि एक गन्ने के खेत में छिपे आतंकवादियों ने उस पर अंधाधुंध फायरिंग की । उसकी मौका पर ही मृत्यु हो गई । हाकम सिंह गवर्नमैंट हाई स्कूल जीरा में लैक्चरार था ।

शरणदाता गिरफ्तार : बाघापुराना (ज्ञान): जिला फरीदकोट पुलिस ने कल्यात आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गांव बालचन थियोंग के मान सिंह तथा सुखविन्दर सिंह को गिरफ्तार किया है ।

युवक पर हमला : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव सेखवां में गत रात 15-16 सशस्त्र आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर परमजीत सिंह नामक युवक को गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । उसे बटाला के अस्पताल में लाया गया है । आतंकवादियों ने गोलियां ए.के. 47 से चलाईं ।

हाईकोर्टों में जजों के खाली स्थान भरने की प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली, 4 जनवरी (प.स.): राष्ट्रीय मोर्चा सरकार ने विभिन्न उच्च न्यायालयों में रिक्त पड़े न्यायाधीशों के 83 पद भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी है ।

अधिकृत सूत्रों ने आज बताया कि सरकार ने भारत के मुख्य न्यायाधीश को यह उत्तरदायित्व

खुड्डियां की अंत्येष्टि

(पृष्ठ 3 का शेष)

विशेष गृह सचिव वेद मरवाहा तथा सतर्कता ब्यूरो के अतिरिक्त निदेशक एफ.सी. मेहता भी थे । पंजाब पुलिस महानिदेशक के.पी.एस. गिल तथा आई.जी. पुलिस सूबे सिंह व अन्य अधिकारियों ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया । वे तत्काल खुड्डियां ग्राम की ओर रवाना हो गये ।

मुक्तसर (दर्दी, दीपक, आजाद, केवल, जिंदल): अकाली दल (मान) के सांसद श्री जगदेव सिंह खुड्डियां के अन्तिम संस्कार के अवसर पर लगभग 50000 लोग उपस्थित थे । केन्द्रीय गृहमंत्री के अतिरिक्त अकाली दल (मान) के प्रधान सिमरनजीत सिंह मान, बाबा जोगेन्द्र सिंह, भाई जसबीर सिंह रोडे, सच्चा सिंह, राजबीर सिंह, ध्यान सिंह मंड, किरपाल सिंह, बीबी राजेन्द्र कौर, फिरोजपुर डिवीजन के आयुक्त एन.एस. रतन तथा अन्य कई राजनीतिक नेता भी मौजूद थे ।

जत्थेदार खुड्डियां के बड़े पुत्र श्री गुरमीत सिंह ने चितारिन दी, जब कि भाई जसबीर सिंह रोडे ने अरदास की । इस अवसर पर मृतक के शव को न तो पुलिस की सलामी लेने दी गई और न ही उसे तिरंगे झंडे में लपेटने दिया गया ।

केन्द्रीय गृहमंत्री श्री सईद ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि चूंकि यह एक संदेहास्पद मामला है अतः पोस्टमार्टम की रिपोर्ट मिलने के बाद ही जरूरी कार्रवाई का फैसला किया जाएगा । उन्होंने 11 जनवरी की सर्वदलीय रैली की सफलता के लिए शुभकामना व्यक्त की ताकि पंजाब में खुशी का माहौल लौट सके ।

इस अवसर पर लोगों में काफी तनाव था तथा उन्होंने पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी भी की । भाई मनजीत सिंह और भाई हरमिंदर सिंह संधू ने कहा कि इस हत्या के पीछे खुफिया एजैंसियों का हाथ है । जत्थेदार खुड्डियां के पुत्रों गुरमीत सिंह व हरप्रीत सिंह ने कहा कि यह आत्महत्या नहीं, हत्या है । उन्होंने केन्द्रीय गृहमंत्री से मांग की कि इस मामले की न्यायिक जांच कराई जाए । बड़े पुत्र ने अपने पिता की लाश पर हाथ रख कर कसम खाई कि वह साम्राज्यवाद के विरुद्ध लड़ता रहेगा । श्री राजदेव सिंह सांसद ने कहा कि उन्होंने तो पहले ही हत्या का संदेह व्यक्त किया था किन्तु प्रशासन उनकी बात नहीं मान रहा था । भाई जसबीर सिंह रोडे ने कहा कि डाक्टर के अनुसार श्री खुड्डियां के फेफड़ों में पानी नहीं था जिससे सिद्ध होता है कि उनकी हत्या हुई है ।

श्री खुड्डियां की लाश का पोस्टमार्टम गुरु गोबिन्द सिंह मैडीकल कालेज फरीदकोट के प्रिंसीपल द्वारा बनाई गई चार प्रमुख डाक्टरों की टीम ने किया । श्री खुड्डियां की लाश की शिनाख्त उनके बड़े लड़के ने की । तलाशी लेने पर उनकी जेब से एक टैलीफोन डायरी, चार विजिटिंग कार्ड तथा कलाई में कड़ा और घड़ी बरामद की गई । जेब में से बटुआ और 713 रुपए 50 पैसे भी मिले ।

जत्थेदार खुड्डियां की संदिग्ध हत्या के रोष में फरीदकोट, कोटकपूरा आदि में पूर्ण हड़ताल रही । शहर में पुलिस गश्त तीव्र कर दी गई थी ।

इस अवसर पर श्री सिमरनजीत सिंह मान ने घोषणा की कि कल 5 जनवरी को दल की जो मीटिंग अमृतसर में रखी थी, वह अब दस तारीख को खुड्डियां गांव में सुबह 11 बजे होगी तथा उसी दिन जत्थेदार खुड्डियां की अन्तिम अरदास भी होगी । 6 जनवरी को जत्थेदार खुड्डियां के फूल चुने जाएंगे । इसी दौरान फैडरेशन के नेताओं ने घोषणा की है कि 6 जनवरी को शिक्षण संस्थान बंद रखे जाएंगे ।

चंडीगढ़ (वि.प्र.): पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री श्री प्रकाश सिंह बादल ने सांसद श्री जगदेव सिंह खुड्डियां की असामयिक मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त किया है । आज यहां एक बयान में श्री बादल ने कहा कि "श्री खुड्डियां एक नेक और बढ़िया राजनीतिज्ञ थे । मेरा उनसे गहरा सम्बन्ध रहा है । वे मेरी सरकार के दौर में ही पंजाब मंडी बोर्ड के अध्यक्ष रहे । उनकी मौत से पंथ और पंजाब को भारी क्षति पहुंची है ।" श्री बादल ने श्री खुड्डियां के परिवार से सम्वेदना व्यक्त की ।

सुरजीत सिंह मिन्हास : पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष श्री सरजीत सिंह मिन्हास ने श्री जगदेव सिंह खुड्डियां की मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त किया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की । उन्होंने श्री खुड्डियां के परिवार से भी संवेदना व्यक्त की ।

कर्मचारी : पंजाब मंडी बोर्ड कर्मियों द्वारा आयोजित एक शोक सभा में विधवत सांसद श्री जगदेव सिंह खुड्डियां को श्रद्धांजलि भेंट की गई ।

न्यायिक जांच की मांग : अमृतसर (प.स.): अखिल भारतीय सिख छात्र महासंघ के अध्यक्ष मनजीत सिंह ने श्री खुड्डियां की मृत्यु की न्यायिक जांच कराने की मांग की है । उन्होंने एक बयान में श्री खुड्डियां द्वारा आत्महत्या करने की आशंका का खंडन करते हुए कहा कि वह सिख विरोधी तत्वों द्वारा की गई राजनीतिक साजिश का शिकार हुए हैं । बाद में श्री मनजीत सिंह बड़ी संख्या में महासंघ के कार्यकर्त्ताओं सहित श्री खुड्डियां के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए खुड्डियां गांव रवाना हो गए ।

वी.पी. द्वारा शोक संदेश : दिल्ली (प.स.): प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आज पंजाब से निर्वाचित लोकसभा सदस्य जगदेव सिंह खुड्डियां के 'असामयिक तथा दखद' निधन पर गहरा शोक प्रकट किया ।

टी.वी., रेडियो के शीघ्र ही निगम बनेंगे : उपेंद्र

नागांव (असम), 4 जनवरी (प.स.): सूचना और प्रसारण मंत्री पी. उपेन्द्र ने आज बताया कि आकाशवाणी और दूरदर्शन को जल्दी ही अलग-अलग स्वायत्तशासी निगमों में बदल दिया जाएगा । जो लोग इस बारे में अपने विचार और सझाव भेजना चाहते हैं, वे इसे प्रस्तावित प्रसारण परिषद को भेज सकते हैं । श्री उपेंद्र यहां राज्य के

क्लासीफाइड विज्ञापन

हकलाना

हकलाना/तुतलाना ला-ईलाज नहीं । बिना औषधि व सर्जरी के पक्का ईलाज कराने हेतु मिलें : आदर्श स्पीकिंग इंस्टीच्यूट, जहाजपुल, हिसार ।

पोल्ट्री

पुरानियां मुर्गियां बेचने के लिए सम्पर्क करें । पंजाब पोल्ट्री उद्योग, धूरी, फोन : 826 (निवास : 861) ।

NECC Delhi Egg rate for 4.1.90, 73/- without trays. NECC Suggested Retail Price 9.60 Per Dozen.

जमीन/जायदाद/प्लाट

भाई रंधीर सिंह नगर लुधियाना में 100 गज की शानदार कोठी बिकाऊ । सारे फर्श मार्बीलक ग्रेनिक टाईलों से सजे, कवर्ड एरिया 800 फुट ए क्लास बुडवर्क, सस्ते दाम, खाली कब्जा, मिलें 319 बी, रंधीर सिंह नगर, लुधियाना ।

ज्योतिष

Just for four days in Shimla (6th to 9th January, 1990). Kalia Numerologist (Delhi based), shall Forecast your Future with suggestive remedies. Contact : Hotel Mayur, The Ridge, Shimla Phone : 6788, 6799. Visitors pay fee after satisfaction.

सार्वजनिक सूचना

मेरा लड़का इकबाल सिंह मेरे कंट्रोल से बाहर और बुरी संगत में शामिल है, मैंने उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है । मैं उसके किसी लेन-देन और अच्छे-बुरे कामों का जिम्मेवार नहीं —गुरदयाल सिंह सपुत्र मिन्हा मल, मुहल्ला गोबिन्दगढ़, नवांशहर (जालंधर) ।

आवश्यकता

Male or Female Graduate Typist Cum Clerks and Field Inspectors Timing 10 A.M. to 1 P.M. Alaknanda Finance Co. Pvt. Ltd. New Railway Road, (Adjoining S.B.I.) Jalandhar-144, 001.

Wanted by a well established Unit at Jalandhar Electrical/Mechanical Foreman, competent and experienced in the manufacturing of Alternators and Electric Motors. Salary negotiable. Apply giving full details : Box 614, Punjab Kesari, Jalandhar.

आवश्यकता है वितरकों की हरियाणा के सभी शहरों के लिए एक सुप्रसिद्ध मल्टीनेशनल कम्पनी के कैटल फीड के वितरण हेतु । कृपया उचित गोदाम व्यवस्था वाली पार्टियां लिखें । बाक्स 615, पंजाब केसरी, जालंधर ।

Wanted lady teacher capable of teaching Math. & Science pto Middle. Contact : Roma Kindergarten Public School, Quilla Bhangian, Amritsar.

Wanted Supervisor for Factory pay Rs. 850/- retired preferred. Write or Contact on 6th January, 199 . At 10 A.M. Arora Packwell Industry, 441-R, Model Town, Jalandhar.

आज से :
मिन्नी लाल रत्न-जालंधर में
Very Sexy, Very Stylish, Very Funny
LOADED GUNS



सार्वजनिक सूचना

मैं, विनेश शर्मा सुपुत्र श्री कर्म राम वासी भटाडा डाकघर भराड़ी, उप तहसील होली (चम्बा) हिमाचल, सूचित करता हूं कि मेरा असली नाम दिनेश शर्मा और घरेलू नाम डीसी राम है ।

तीर्थ यात्रा

7 जनवरी दोपहर 2 बजे गंगासागर, जगन्नाथपुरी, कोणार्क, अयोध्याजी, किराया 850/- मिलें : सोमत यात्रा सहायक समिति, चौड़ी सड़क, लुधियाना । फोन : 34521.

शिक्षा

मैडीकल कोर्स, RMP 15 दिनों में । आयुर्वेदरत्न पास BAMS, मैट्रिक, इंटर, बी.ए. गारंटिड करें । पटना डिग्री कालेज, 316, न्यू क्रिश्चियन कालोनी, जगाधरी ।

मैट्रिक, इंटर बी.ए. गारंटिड करें । वैद्य विशारद, आयुर्वेदरत्न, RMP 15 दिनों में । M.A. (मेरठ) केंद्र गांधी मैमोरियल कालेज, यमुनानगर ।

RMP रजिस्ट्रेशन 15 दिनों में । M.A./M.Com. (Meerut), B.A./B.Com./B.Sc. ग्रेजुएशन । मैट्रिक (पंजाब, दिल्ली) गारंटिड करें । पिंस डिग्री कालेज, न्यू मार्केट, यमुनानगर ।

R.M.P. (सरकारी मान्य) 15 दिन में करके भारत में कहीं भी प्रैक्टिस करें । Matric/+2 B.A./B.Com./B.Sc./M.A./ M.Com./ M.Sc./BAMS (one sitting) DT/LT/ JBT/BTC/B.Ed/NTT/LL.B. (Professional) दाखला फार्म भेजे जा रहे हैं । दाखला फार्म की अंतिम तिथि नजदीक । नियमावली रु. 10/- मिलें या लिखें : Ravindera College, Near Railway Phatak, Ladowali Road, EG-34, Sant Nagar, Jalandhar.

SAVE YEAR
ADMISSION OPEN FOR 89-90
D. PHARMACY
After Matric/+2 (Karnatka) EXAM—: APRIL/MAY '90
Contact with documents/fee before 8th January at
SHASTRI MEMORIAL COLLEGE
D.C. Road, Near Thana, AMBALA CANTT.

R.M.P. (सरकारी मान्यता प्राप्त) 15 दिनों में Registration करवा कर एक ही वर्ष में BAMS डाक्टर बनें । नियमावली 10/- Money Order द्वारा भेज कर मंगवाएं—Diamond College, Udham Singh Market, Near Lal Rattan, Jalandhar City.

मैट्रिक, +2, B.A., B.Ed., LL.B., मैडिकल कोर्स, D. Pharma, RMP, रजिस्ट्रेशन गारंटिड । गीता डिग्री कालेज, पीछे ITI, यमुनानगर । हमारी ब्रांच, गाजियाबाद डिग्री कालेज, 372/D, रामनगर, गाजियाबाद ।

वैद्यविशारद, आयुर्वेद रत्न पास करके या तजुर्बे के आधार पर R.M.P. डाक्टर बने । R.M.P. डाक्टर एक साल में B.A.M.S. पास करें । गुरु गोबिन्द सिंह कालेज, मोहन नगर, अमृतसर ।

पत्राचार द्वारा R.M.P. Pharmacist डाक्टर बनें एवं अन्य भिन्न-भिन्न मैडीकल कोर्स हेतु परामर्श लें, लिखें : India Education Guidance Centre, Gola Road, Patna-800004.

India Education Guidance Centre,

Punjab Kesari Archive

पंजाब में आतंकवादियों द्वारा 8 व्यक्तियों की हत्या

धूरी के निकट बैंक से 30155 रुपए लूटे गये

2 आतंकवादी मरे : इंका नेता की हत्या का प्रयास

चंडीगढ़, 5 जनवरी (वार्ता, पस): पंजाब में आतंकवादियों ने 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी । इनमें लुधियाना की बस्ती जोधेवाल में आज रात मारे गए दो व्यक्ति भी शामिल हैं । एक इंका नेता की हत्या का प्रयास किया गया । एक बैंक से 30155 रुपए लूट लिये गये । भटिंडा में एक फैक्टरी मालिक के अपहरण की कोशिश की गई ।

2 व्यक्तियों की हत्या : खरड़ (शशि): तीन आतंकवादियों ने आज प्रातः लगभग 6 बजे नजदीकी शहर कुराली में उत्तर प्रदेश के गाय व बैल खरीदने आये दो व्यक्तियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा 4 अन्य को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । घटनास्थल पर मौजूद कुछ व्यक्तियों ने बताया कि यह सभी व्यक्ति कुराली रेलवे स्टेशन के माल गोदाम में घटना के समय सो रहे थे । इनके साथ ही सैंकड़ों की गिनती में गायें व बैल खड़े थे जिन्हें उन्होंने एक मालगाड़ी में लादना था । माल गोदाम रेलवे प्लेट फार्म की ओर काफी खुला है तथा इसके कई खुले दरवाजे हैं । पहले वहां पर पुलिस गार्द तैनात रहती है लेकिन आज वहां पर पुलिस नहीं थी । घटनास्थल पर मौजूद एक व्यक्ति ने बताया कि प्रातःकाल तीन आतंकवादी वहां आए जिन्होंने अपने चेहरे छिपा रखे थे । वहां पर उन्होंने यह पूछा कि यहां पुलिस है या नहीं । इसके बाद उन्होंने गहरी नींद में सोए व्यक्तियों के ऊपर से रज़ाइयां हटाईं तथा उन पर गोलियां चला दीं । सूचना के अनुसार उन्होंने रिवाल्वर से गोलियां चलाईं । हमलावर पैदल ही वहां आए तथा वारदात के बाद पैदल ही वहां से चले गए । मारे गये व्यक्तियों के नाम याकूब तथा दिलशेर (दोनों मुजफ्फरनगर) बताए गये हैं । जो 4 व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हुए हैं, उन्हें पी.जी.आई. चंडीगढ़ में दाखिल कराया गया है । इनके नाम जमील अहमद (रामपुर), रियाजुद्दीन (मुजफ्फरनगर), रशीद अकबर व शब्बीर (दोनों सहारनपुर) हैं ।

घटनास्थल पर कुछ व्यक्तियों ने बताया कि यह व्यापारी गत लगभग दो वर्षों से क्षेत्र की मंडियों में से पशु खरीद कर पश्चिम बंगाल भेजने का कारोबार करते थे । कुछ समय पूर्व इन्हें कथित तौर आतंकवादियों की ओर से धमकियां मिली थीं कि वे अपना कारोबार बंद कर दें क्योंकि वे इन पशुओं को बूचड़खाने में भेजते हैं । गत वर्ष कुराली शहर के वासियों ने गायों के इस लदान को रुकवाने के लिए यहां पर इकट्ठे होकर संघर्ष भी किया था परन्तु इसके बाद यह लोग धंधा करते रहे ।

एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि कुछ दूरी पर इन्हीं व्यापारियों से संबंधित 20-25 कर्मचारी सो रहे थे जिनका आतंकवादियों को पता नहीं चला । इस घटना से कुराली के क्षेत्र में आतंक का वातावरण पाया जा रहा है ।

3 घायलों को अस्पताल से छुट्टी : 'संघी' के अनुसार कुराली रेलवे स्टेशन पर फायरिंग में घायल हुए तीन व्यक्तियों रियाजुद्दीन, जमील तथा रशीद को पी.जी.आई. चंडीगढ़ में उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई ।

इंका नेता की हत्या का प्रयास : आतंकवादियों ने आज प्रातः चौक मेहता में ब्लाक कांग्रेस (इ) अध्यक्ष श्री जयराम के घर में घुस कर उनकी हत्या करने का प्रयास किया लेकिन वह बाल-बाल बच गए । उनका भतीजा बलवान सिंह इस घटना में घायल हो गया । उसको अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । पुलिस ने घटना स्थल से ए.के. 47 राइफल के 5 कारतूस बरामद किए हैं ।

गोलियों से छलनी 2 शव मिले : आज अमृतसर जिला के थाना पट्टी के अंतर्गत गांव तलवंडी सोभा सिंह में खेतों में से 2 गोलियों से छलनी शव मिले ।

2 आतंकवादी गिरफ्तार : आज अमृतसर पुलिस ने दो आतंकवादियों वरयाम सिंह तथा विजय सिंह को गिरफ्तार किया । वरयाम सिंह को खजाना गेट के निकट गिरफ्तार किया गया । उससे दो रिवाल्वर व कुछ कारतूस मिले । पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि उसने अपने दो साथियों के साथ यह हथियार नई दिल्ली में गुरुद्वारे के ग्रंथी से खरीदे थे । उसके दो साथी फरार हैं । विजय सिंह को छहर्टा औद्योगिक क्षेत्र में गिरफ्तार किया गया जबकि उसके दो साथी भाग निकले । उसने स्वीकार किया कि उसके गिरोह ने शहर में कई डाके डाले हैं ।

फैक्टरी मालिक के अपहरण की कोशिश : गत रात भटिंडा में चार मारुति कार सवार आतंकवादियों ने एक कैमीकल फैक्टरी के मालिक मनोज कुमार का अपहरण कर लिया । सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल हरकत में आई और गांव झंडे के निकट नाका लगा दिया । पुलिस को देखते ही आतंकवादी कार और फैक्टरी मालिक को छोड़ कर भाग निकले ।

नकदी लूटी : धूरी (सिगला) : निकटवर्ती गांव बाकडियां में तीन साइकल सवारों ने सफेद रंग की एक जीप को रोका और ए.के. 47 दिखा कर ड्राइवर से उसे छीन लिया । फिर वह उसी जीप पर यहां से तीन किलोमीटर दूर चौंदा गांव में गए और वहां की पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से 30155 रुपए लूट कर फरार हो गए । अमरगढ़ थाना की पुलिस ने केस दर्ज करके क्षेत्र की नाकाबंदी कर दी है । अभी तक आतंकवादियों का कोई पता नहीं चला ।

2 आतंकवादी मरे : बटाला (कोछड़): थाना कादियां के गांव ठीकरीवाल के निकट एक ट्यूबवैल से आज दोपहर पुलिस ने एक औरत सहित 2 व्यक्तियों की लाशें बरामद कीं । पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री एस.के. जैन ने बताया कि दोनों की पहचान तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स के लैफ्टीनेंट जनरल गुरनाम सिंह वासी गांव दौलतपुरा तथा प्रभजीत कौर उर्फ बबली वासी गांव मनोहरपुरा के रूप में हुई है । उन्होंने बताया कि गुरनाम सिंह पुलिस को लगभग एक दर्जन आतंकवादी वारदातों में वांछित था । उसके सिर पर 40 हजार रुपए का इनाम था । बबली अपने आपको गत वर्ष पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए के.सी.एफ. के स्वयंभू लैक्टीनैंट जनरल सुखविन्दर सिंह 'तोती' की पत्नी बताती थी । इन दिनों वह 'तोती' के वारिसों के साथ रहती थी । वह प्रभात फाइनैंस कम्पनी अमृतसर में काम करती थी । श्री गोयल ने बताया कि इस हत्याकांड में बब्बर खालसा के हरजिन्दर सिंह जिन्दा बट्टर कलां के गिरोह का हाथ है । यह हत्याएं आतंकवादी गिरोहों की आपसी शत्रुता का परिणाम बताई जा रही हैं ।

शव मिला : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला थाना डेरा बाबा नानक के गांव रायचक्क के निकट से आज सायं पुलिस ने एक व्यक्ति गुरचरण सिंह चन्नी (40) का गोलियों से छलनी शव बरामद किया । वह गांव सरवाली का रहने वाला था, लेकिन आजकल बटाला में रहता था । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार यह व्यक्त अफीम का तस्कर था तथा आतंकवादियों का शरणदाता था । इसे आतंकवादी दो दिन पूर्व अपहरण करके ले गए थे ।

एक की हत्या : इसी जिला में थाना सदर बटाला के गांव ऊधोवाल के निकट आज सायं आतंकवादियों ने फायरिंग करके एक व्यक्ति मुख्तयार मसीह (55) की हत्या कर दी । जिला पुलिस सूत्रों के अनुसार हत्या में ए.के. 47 राइफल प्रयुक्त की गई है । यह व्यक्ति गांव दयालगढ़ का रहने वाला था ।

2 व्यक्तियों का अपहरण : मलोट (गोयल) : थाना कोट भाई के अंतर्गत गांव गुजेवाला में आतंकवादियों ने एक किरयाना व्यापारी तथा एक शराब के ठेका के कर्मचारी का अपहरण कर लिया । उन्होंने ठेके को लूटने के बाद इसके कर्मचारी को गोली मार कर घायल कर दिया, जिसे अस्पताल में दाखिल करा दिया गया । आतंकवादी बोधीवाला गांव से एक बंदूक छीन कर ले गए ।

1 मरा, 5 घायल : मखू से चंद्रशेखर के अनुसार आज शाम 7.30 बजे स्थानीय मेन बाजार के मखू चौक में आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग

(शेष पृष्ठ 6 पर)

सरकार को वार्ता में उग्रवादी सिख भी शामिल करने होंगे : मान

पट्टी, 5 जनवरी (पाठक): स्थानीय दाना मंडी में आज अखिल भारतीय सिख छात्र संघ तथा अकाली दल (मान): की ओर से एक शहीदी सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें अकाली दल मान के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान, सांसद बिमल कौर खालसा, संघ के प्रधान भाई मनजीत सिंह, महिला अकाली दल की अध्यक्ष बीबी प्रीतम कौर तथा दमदमी टकसाल के भाई मोहकम सिंह आदि भी शामिल हुए ।

सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए श्री मान ने जनता को उन्हें विजयी करवाने के लिए धन्यवाद दिया तथा कहा कि इससे उनकी जान बच गई, वर्ना उन्हें काल कोठरी में ही बंद रहना पड़ता ।

श्री मान का कहना था कि अब पंथ की बागडोर मेरे हाथों में सौंपी गई है तो मेरा कर्त्तव्य बन जाता है कि जो निर्दोष नवयुवक जेलों में कैद हैं, मैं उन सब को रिहा करवाने का यत्न करूं । उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य आज वही है जो संत जरनैल सिंह भिंडरांवाले का था । गत पांच वर्षों में सरकार ने सिखों पर काफी अत्याचार ढाए हैं ।

उनका कहना था कि सरकार से बातचीत केवल तभी सम्भव है जब झूठे मुकाबले बंद हों, निर्दोष नवयुवक रिहा हों तथा भगौड़े सैनिक बहाल कर दिए जाएं । उन्होंने कहा कि सरकार को वार्ता में उग्रवादी सिखों को भी शामिल करना पड़ेगा क्योंकि उनके बिना समझौते का कोई लाभ नहीं है ।

श्रीमती बिमल कौर खालसा ने इस अवसर पर कहा कि सरकार ने हमारे साथ वायदे तो बहुत किए हैं, मगर पूरा कोई भी नहीं किया गया । आज भी झूठे तथा फर्जी मुकाबले जारी हैं, जिससे नवयुवकों को भगौड़े होने के लिए विवश होना पड़ रहा है । थानों में महिलाओं का निरादर आज भी जारी है । उन्होंने कहा कि सिखों की सब से बड़ी दुश्मन इंका ही थी, जिसे उत्तरी भारत की जनता ने कड़ी पराजय दी है । श्रीमती बिमल का कहना था कि वी.पी. सिंह की सरकार से उन्हें काफी आशाएं हैं, जो अभी पूर्ण नहीं हुईं । उन्होंने कहा कि सरकार चाहे बदल गई है, मगर प्रशासन के अधिकारी अभी भी वही हैं । जब तक इन अधिकारियों को बदला नहीं जाता, मसला हल नहीं होगा । उन्होंने जत्थेदार खड्डियां की हत्या की न्यायिक जांच की मांग भी की ।

इस दौरान भाई मनजीत सिंह ने कहा कि पंथ की खातिर ही संत भिंडरांवाले, भाई अमरीक सिंह तथा भाई सुबेग सिंह ने कुर्बानी दी है । उन्होंने घोषणा की कि आगामी 6 फरवरी को सभी शिक्षण संस्थाओं में हड़ताल रखी जाएगी ।

चक्रवात से 13 मरे

नैरोबी, 5 जनवरी (डी.पी.ए.): हिंद महासागर क्षेत्र के मदगास्कर द्वीप में आये चक्रवात से 13 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई और एक हजार से अधिक बेघर हो गये ।

Punjabi Sanatani

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

की, जिसमें सुरेश कुमार उर्फ काला ठकराल नामक व्यक्ति मारा गया, जबकि अनिल कुमार सचदेवा, नंदलाल ठकराल किरयाने वाला, शाम सुन्दर मानकटाला, शाम लाल कटारिया रेहड़ी वाला (सभी जीरा के) और मक्खू का कलदीप उर्फ पप्पू फ्रूटवाला घायल हो गए । यहां निकटस्थ एक मन्दिर के परिसर में पहले सी.आर.पी. की चौकी थी जो अब हटा ली गई है ।

दुकानदार को गोली मार दी : रामपराफल (सम्वाददाता): आज रात 7 बजे के करीब यहां बस स्टैंड पर स्थित अपनी दुकान में बैठे रमेश कुमार (28) नामक युवक को संदिग्ध आतंकवादियों ने गोलियां मारकर घायल कर दिया । उसे पहले यहां सिविल अस्पताल ले जाया गया जहां से सी.एम.सी. लुधियाना भेजा गया है ।

दो हत्याएं : लुधियाना से मुसाफिर के अनुसार आज रात 8 बजे लुधियाना की बस्ती जोधेवाल में स्थित कैलाश नगर में आतंकवादियों ने दो व्यक्तियों की गोली मारकर हत्या कर दी । मृतकों में एक निहंग है ।

निषेधाज्ञाओं की अवधि बढ़ी : फिरोज़पुर (बागी): फिरोज़पुर के जिला मैजिस्ट्रेट श्री राकेश सिंह ने जिला में लागू विभिन्न निषेधाज्ञाओं की अवधि 8 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी है । इनके अंतर्गत भारत-पाक अंतर्राष्ट्रीय सीमा के 500 मीटर क्षेत्र में शाम 6 बजे से प्रातः 6 बजे तक आम लोगों के आने-जाने पर पाबंदी रहेगी । नहरों के किनारों के 50 मीटर क्षेत्र में सायं 7.30 बजे से प्रातः 7.30 बजे तक लोगों के घूमने पर पाबंदी रहेगी । इनके अलावा शाम 6.30 बजे से प्रातः 6.30 बजे तक बसें नहीं चल सकेंगी और सभी बसों को शाम 6.30 बजे तक अपने गंतव्य पर पहुंचने के लिए कहा गया है । स्थानीय बसें सुरक्षा प्रहरियों के बगैर 9 बजे तक चल सकेंगी । दोपहिया आटो वाहनों पर प्रातः 5 बजे से 7 बजे तक दोहरी सवारी नहीं की जा सकेगी और रात 9 बजे के बाद सिनेमा शो नहीं चल सकेंगे ।

आतंकवादी गिरफ्तार : होशियारपुर (अश्विनी) : माहिलपुर पुलिस ने आज प्रातः मखनगढ़ चो के पास नाकाबंदी के मध्य एक कथित आतंकवादी मल्कीयत सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 राकेट व अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद की । पुलिस ने केस दर्ज करके अभियुक्त से पूछताछ आरम्भ कर दी है ।

हत्याओं की निंदा : जालंधर : जिला जालंधर कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष श्री सलामत राय ने बताया कि आज यहां जिलाधीश कार्यालय के कर्मचारियों की एक बैठक हुई जिसमें जिला रोपड़ के दीन गांव में गत दिवस एक नायब तहसीलदार तथा 4 पटवारियों की निर्ममतापूर्वक हत्या किये जाने की निंदा की गई तथा मृतकों के परिवारों के साथ सहानुभूति व्यक्त की गई । सरकार से मांग की गई कि सरकारी कर्मचारियों को ड्यूटी के समय सुरक्षा प्रदान की जाए तथा मृतकों के परिजनों को सरकार की ओर से पुलिस-पद्धति पर सीधा भर्ती दी जाए ।



(ऊपर) कराली में शुक्रवार को आतंकवादियों की गोलियों से मारे गए दो व्यक्तियों के शव, (नीचे) कराली स्टेशन पर खड़े हुए बैल तथा खून से सने हुए बिस्तर तथा दीवार । (छाया : पुरी)





छहटा क्षेत्र में दुकानें लूटने वाले गिरोह के एक सदस्य को पुलिस ने काबू कर लिया । चित्र में (ऊपर) गिरफ्तार विजय सिंह दो पुलिस कर्मियों के साथ (मध्य) विजय सिंह से बरामद पिस्तौल तथा (नीचे) खजाना गेट क्षेत्र से पकड़े आतंकवादी से बरामद दो पिस्तौलें । (छाया : भंडारी)

Punjabi Sahit

4 पटवारियों की निर्ममतापूर्वक हत्या किये जाने की निंदा की गई तथा मृतकों के परिवारों के साथ सहानुभूति व्यक्त की गई। सरकार से मांग की गई कि सरकारी कर्मचारियों को ड्यूटी के समय सुरक्षा प्रदान की जाए तथा मृतकों के परिवारों को सरकार की ओर से पुलिस-पद्धति पर सुविधाएं दी जाएं।







(ऊपर) कुराली में शुक्रवार को आतंकवादियों की गोलियों से मारे गए दो व्यक्तियों के शव, (नीचे) कुराली स्टेशन पर खड़े हुए बैल तथा खून से सने हुए बिस्तर तथा दीवार। (छाया : पुरी)







छहर्टा क्षेत्र में दुकानें लूटने वाले गिरोह के एक सदस्य को पुलिस ने काबू कर लिया। चित्र में (ऊपर) गिरफ्तार विजय सिंह दो पुलिस कर्मियों के साथ (मध्य) विजय सिंह से बरामद पिस्तौल तथा (नीचे) खजाना गेट क्षेत्र से पकड़े आतंकवादी से बरामद दो पिस्तौलें। (छाया : भंडारी)

Punjabi Samaran

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.
रविवार 7 जनवरी, 1990 तदनुसार 24 पौष, 2046

* A Great way to Success
* A Tried way to Success
For 5th, 6th, 7th, 8th, 9th, 10th, 11th, 12th, B.A. Part I, II, III
Available with your Local Book Sellers

कनिष्ठ पुलिस अधिकारी सहित पंजाब में 7 व्यक्तियों की हत्या : 1 घुसपैठिया मरा

मुठभेड़ के बाद मजीठा क्षेत्र में 3 आतंकवादी फरार

चंडीगढ़, 6 जनवरी (प.स.): पंजाब में गत रात से अब तक आतंकवादियों ने विभिन्न स्थानों पर पंजाब पुलिस के एक ए.एस.आई. सहित 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि पाक से भारत में प्रवेश करने के प्रयास में एक घुसपैठिया सुरक्षा बलों के हाथों मारा गया । मजीठा पुलिस जिला में सुरक्षा बलों के साथ हुई एक मुठभेड़ के बाद तीन आतंकवादी फरार होने में सफल हो गए ।

ए.एस.आई. सहित दो की हत्या : अमृतसर (सोनी): गत रात जिला अमृतसर के गांव पखोके में आतंकवादियों ने पंजाब पुलिस के एक ए.एस.आई. गुलजार सिंह तथा एक महिला स्वर्ण कौर की हत्या कर दी ।

यहां प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात गांव पखोके में तीन आतंकवादी स्वर्ण कौर नामक महिला के घर में घुसे तथा उन्होंने वहां बैठे गुलजार सिंह पर गोलियां चला दीं । कुछ गोलियां स्वर्ण कौर के भी लगीं तथा ये दोनों घटनास्थल पर ही दम तोड़ गए । आतंकवादियों ने ए.के.-47 असाल्ट राइफल से गोलियां चलाईं ।

'वार्ता' के अनुसार ये तीनों आतंकवादी उसी मकान में छिपे हुए थे ।

मुठभेड़ के बाद आतंकवादी फरार : पुलिस जिला मजीठा के गांव नागखुर्द के पास सुरक्षा बलों तथा आतंकवादियों के मध्य हुई मुठभेड़ के बाद आतंकवादी फरार होने में सफल हो गए । पुलिस से प्राप्त सूचना के अनुसार सुरक्षा बलों ने एक नाके के दौरान जब मारुति कार में सवार तीन आतंकवादियों को ललकारा तो उन्होंने सुरक्षा बलों पर गोली चला दी । उत्तर में सुरक्षा बलों ने भी फायरिंग की, पर इस भिड़ंत के दौरान आतंकवादी कार छोड़ कर भाग गए । दोनों तरफ से कोई घायल नहीं हुआ ।

सूचना के अनुसार आतंकवादियों ने गांव चेतनपुरा से यह कार छीनी थी तथा इसके चालक पुरुषोत्तम लाल का अपहरण भी किया था । इस प्रकार अपहृत चालक को सुरक्षा बलों ने मुक्त करा लिया है ।

घुसपैठिया मरा : जालन्धर : भारत-पाक सीमा पर अमृतसर सैक्टर में रोडावाल सीमांत चौकी पर बी.एस.एफ. के एक विशेष अभियान के दौरान, सीमा पार करने के प्रयास में एक घुसपैठिया मारा गया ।

यहां जारी बी.एस.एफ. की एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि पाक की तरफ से भारत में घुसने का प्रयास करने वाले इस घुसपैठिए बारे यह नहीं पता चल पाया है कि यह किस देश का रहने वाला था ।

घायल दुकानदार दम तोड़ गया : रामपुराफूल (सरस्वती): गत रात रमेश कुमार (28) नामक जिस दुकानदार को दुकान पर आतंकवादियों ने गोली मार दी थी तथा जिसे गम्भीर अवस्था में सी.एम.सी. लुधियाना भेजा गया था, की सी.एम.सी. पहुंचने से पहले ही मौत हो गई । इस हत्या के रोषस्वरूप आज यहां नगर में हड़ताल रही ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : फरीदकोट : फरीदकोट पुलिस ने दो संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इनकी शिनाख्त अमनदीप सिंह तथा रूप सिंह के रूप में हुई है । इनके कब्जे से एक 12 बोर की पिस्तौल तथा चोरीशुदा स्कूटर बरामद किया गया है ।

एक की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव काहलवां में गत रात तीन सशस्त्र अज्ञात युवकों ने फायरिंग करके एक गतका परगट मसीह उर्फ़ गट्टू (21) की हत्या कर दी । जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सशस्त्र अज्ञात लोग गट्टू को लगभग 8 बजे जबरी घर से ले गए व कुछ आगे जाकर उसकी हत्या कर दी । हत्या में ए.के. 47 राइफल प्रयुक्त की गई है । इसके 5 चले कारतूस घटनास्थल से मिले हैं ।

एक मरा, एक घायल : भटिंडा : भटिंडा जिले के बारेह गांव में गत रात आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतक की शिनाख्त गुरदेव सिंह के रूप में हुई है ।

इसी जिले के गांव रामपुरा में आतंकवादी राम कुमार नामक एक व्यक्ति के घर में घुसे तथा उन्होंने अंधाधुंध गोलियां चला कर उसे घायल कर दिया ।

एक और घायल की मौत : फिरोजपुर : गत रात आतंकवादियों द्वारा मखू में मुख्य बाजार में गोलियां चलाने से एक व्यक्ति मारा गया था व पांच अन्य घायल हुए थे । घायलों में से एक और नंद लाल नामक व्यक्ति की भी मौत हो गई है ।

एक की हत्या : इसी जिले के थाना जीरा के गांव रीतल राही में आतंकवादियों ने कुलवंत सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

मृतक की शिनाख्त : लुधियाना : लुधियाना की बस्ती जोधेवाल स्थित कैलाश नगर में गत रात आतंकवादियों ने जिन दो व्यक्तियों की हत्या कर दी थी, उनमें से एक मृतक निहंग की शिनाख्त जरनैल सिंह के रूप में हुई है । दूसरे मृतक की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है ।

(शेष पृष्ठ 12 पर)

भारत-नेपाल वार्ता का अगला दौर फरवरी में

काठमांडू, 6 जनवरी (ए.पी.): नेपाल के विदेश मंत्री शैलेन्द्र कुमार उपाध्याय ने कहा है कि दोनों देशों के बीच अनिर्णीत पड़े मुद्दों पर अगले माह भारतीय नेताओं के साथ और आगे बातचीत की जाएगी । नई दिल्ली से कल शाम यहां लौटने पर श्री उपाध्याय ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि हमने एक-दूसरे के हितों को समझना शुरू कर दिया है ।

श्री उपाध्याय ने प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह तथा विदेश मंत्री इंद्र कुमार गुजराल से हुई अपनी बातचीत को संतोषजनक बताया उन्होंने कहा कि आपसी संबंधों के हर पहलू पर दोनों पक्षों ने गौर किया और दोनों देशों के बीच एक राय भी थी । लेकिन संवाद का यह सिलसिला बनाए रखना होगा । उन्होंने कहा कि इस बात पर भी सहमति थी कि अगले माह के पहले सप्ताह में दोनों के बीच फिर बातचीत हो । श्री गुजराल के भी अगले माह नेपाल जाने की सम्भावना है ।

पंजाब के मामले में पाकिस्तान की भूमिका शरारतपूर्ण : जेठमलानी

मद्रास, 6 जनवरी (प.स.): जनता दल सांसद श्री राम जेठमलानी ने आज आरोप लगाया कि पाकिस्तान सरकार पंजाब के मामले में 'शरारतपूर्ण और विध्वंसक' भूमिका अदा कर रही है, हालांकि अलगाववादियों का एक बड़ा वर्ग समस्या को हल करने के लिए केंद्र सरकार को सहयोग देने को तैयार है । उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पंजाब राज्य में अराजकता-व्यवस्था की समस्या पैदा करना चाहता है ।

जनता दल (मान) के प्रधान श्री सिमरनजीत सिंह मान के इस बयान का स्वागत करते हुए कि यदि केंद्र ने उन्हें आमंत्रित किया तो वह लुधियाना की राष्ट्रीय बैठक में भाग लेंगे, श्री जेठमलानी ने कहा समाधान के लिए सभी राजनीतिक बंदियों को रिहा करने का कदम उठाने की भी मांग की ।

बोफोर्स संबंधी फाइलें नष्ट की गईं : श्री राम जेठमलानी ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर आरोप लगाया कि उन्होंने बोफोर्स तोप सौदे के संबंध में अपनी लिखी हुई टिप्पणी में फेरबदल किया । श्री जेठमलानी ने कहा कि श्री गांधी जो टिप्पणी संसद में पेश करने की मांग कर रहे हैं, वह 1987 में नहीं थी और इसे हाल ही में शामिल किया गया है ।

श्री जेठमलानी ने कहा कि चुनाव परिणाम आने के समय पूर्व प्रधानमंत्री

युवा कांग्रेसी प्रदर्शन करेंगे

लुधियाना, 6 जनवरी (आहूजा): रूबिया के बदले उग्रवादियों की रिहाई पर रोष प्रकट करने के लिए पंजाब युवा कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन किए जाएंगे । पंजाब प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव श्री रमेश जोशी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस सिलसिले में 12 जनवरी को होशियारपुर में एक रोष रैली होगी, जिसका नेतृत्व भारतीय युवक कांग्रेस के प्रधान श्री मुकुल वासनीक, महासचिव श्री सुभाष चौधरी, संयुक्त सचिव श्री टी.एस. मरवाहा तथा पंजाब युवा इकाई अध्यक्ष श्री मनिंदरजीत सिंह बिट्टा

Punjab Archive

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

स्कूटर छीना : गोपड़ : प्राप्त जानकारी के अनुसार आज प्रातः जिला के गांव बजीदपुर के पास संदिग्ध व्यक्तियों ने सुरेन्द्र कुमार नामक एक ठेकेदार से 20,000 रु. तथा उसका स्कूटर छीन लिया व फरार हो गए

10000 रु. लूटे : धूरी (सिंगला): गत रात तीन अज्ञात आतंकवादियों ने कुलसौरी के निकट धूरी के घनश्याम दास से पिस्तौल की नोक पर 10000 रु. छीन लिए । यह घटना उस समय हुई जब वह रात को रटियाला से धूरी अपनी कार में लौट रहे थे ।

मुठभेड़ में पाक घुसपैठिया मरा

जम्मू, 6 जनवरी (सच्चर): साम्बा क्षेत्र में गत रात सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया, जबकि एक अन्य फरार होने में सफल हो गया । आर.एस. पुरा सैक्टर में प्राप्त एक अन्य सूचना के अनुसार सीमा क्षेत्र से एक पाकिस्तानी घुसपैठिया पकड़ा गया है । उसने अपना नाम मोहम्मद शरीफ बताया है और क्षेत्र में अब्दुल असलम नामक एक पश्चिम बंगाली संदिग्धावस्था में घूमते पकड़ा गया है ।

फायरिंग जारी : पुंछ क्षेत्र से मिली सूचना के अनुसार पाकिस्तानी सेना बग्याल, सोकर व कुछ अन्य स्थानों पर लगातार रुक-रुक कर फायरिंग कर रही है ।

सैमीनार 13 को

होशियारपुर 6 जनवरी (अश्विनी): दवा उत्पादन व केंद्रीय सरकार की सिफारिशों के आधार पर आरम्भ की गई जी.एम.पी. स्कीम के संबंध में राज्य स्तर के एक सैमीनार का आयोजन किया जाएगा ।

इस सैमीनार का उद्घाटन भारत के ड्रग्ज़ कंट्रोलर डा. प्रेम कुमार गुप्ता करेंगे जबकि अध्यक्षता पंजाब के वित्तायुक्त व स्वास्थ्य सचिव श्री टी.के.ए. नायर करेंगे ।

कश्मीर घाटी में प्रतिबंध

(पृष्ठ 3 का शेष)

करने की मांग क्यों नहीं की । इस घटना से कश्मीर के लोग अत्यधिक चिंतित हैं लेकिन वे इसके विरुद्ध आवाज उठाकर उग्रवादियों से टक्कर लेने की हिम्मत नहीं करते । वर्तमान स्थिति से कश्मीरियों को आर्थिक रूप से भी नुक्सान हो रहा है । पिछले कई सालों से यहां पर्यटक भी अधिक नहीं आ रहे । घर में बैठकर काम करने वाले कारीगर भी आंदोलनों और हड़तालों से प्रभावित हुए हैं । उन्हें यह नहीं पता कि वे अब कहां जाएं ।

गोयंका को ज्ञापन दिया

चंडीगढ़, 6 जनवरी (संधी): भारतीय मानक निगम के अध्यक्ष श्री अशोक गोयंका के चंडीगढ़ आगमन पर निगम कर्मचारियों की उत्तरी क्षेत्रीय एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने अपने क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश चोपड़ा के नेतृत्व में उनसे भेंट कर अपनी मांगों के समर्थन में एक ज्ञापन दिया ।

टकसाल और छात्र संघ को भी बुलाने की अपील

लुधियाना, 6 जनवरी (महिन्द्रा): पंजाब जनता पार्टी (जे.पी.) ने वी.पी. सिंह सरकार की तरफ से 11 जनवरी को लुधियाना में सर्वदलीय सम्मेलन बुलाए जाने का भरपूर स्वागत किया है । आज यहां पार्टी प्रधान श्री हरदेव सिंह कुण्डल तथा महासचिव श्री एस.एस. तल्ली ने एक संयुक्त वक्तव्य में कहा है कि प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह की पंजाब समस्या के समाधान की कोशिश सराहनीय है । पार्टी नेताओं ने प्रधानमंत्री से अपील की है कि सर्वदलीय सम्मेलन में दमदमी टकसाल तथा अखिल भारतीय सिख छात्र संघ को भी शामिल होने के लिए कहा जाए ताकि उनकी सहायता तथा सहयोग से पंजाब समस्या हल होने में सफलता मिल सके । प्रधानमंत्री से मांग की गई कि जनता पार्टी तथा अन्य राजनैतिक दलों को, जिनको अभी तक भुलाया गया है, भी इस बैठक में बुलाया जाए, ताकि सबका इस समस्या में सहयोग प्राप्त हो सके ।

Punjabi Sansar

पंजाब में 2 आतंकवादी, एक घुसपैठिया मारे गए : एक व्यक्ति की हत्या

चंडीगढ़, 7 जनवरी (वार्ता, पस): पंजाब में गत रात के बाद से 2 आतंकवादी मारे गये । एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई । एक घुसपैठिया भी मारा गया ।

पटवारी के बेटे की हत्या, आतंकवादी को पीट-पीट कर मार डाला : बटाला (कोछड़): स्थानीय पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के सीमावर्ती गांव धर्माबाद में गत सायं लगभग साढ़े सात बजे 6 सशस्त्र आतंकवादियों ने एक पटवारी गुरचरण सिंह के घर में जबरदस्ती घुस कर उसके 18 वर्षीय पुत्र अवतार सिंह उर्फ बबली की हत्या कर दी तथा दूसरे पुत्र 17 वर्षीय गुरिन्दर सिंह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । उसे अमृतसर के सरकारी अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

पटवारी गुरचरण सिंह व उसके परिवार के अन्य सदस्यों ने एक आतंकवादी को जफ्फा मार कर काबू कर लिया तथा पीट-पीट कर मौके पर ही मार डाला ।

पुलिस अधीक्षक श्री सुमंत कुमार गोयल ने घटनास्थल से लौट कर पत्रकारों को बताया कि पटवारी गुरचरण सिंह व उसके परिवार ने अत्यन्त साहस से काम लिया है । उन्होंने कहा कि उनके एक बेटे को पुलिस में नौकरी दी जाएगी तथा मृतक के लिए 1 लाख रुपए की राहत राशि प्रदान की जाएगी । यह पटवारी अमृतधारी है ।

श्री गोयल ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि इन आतंकवादियों ने पटवारी के घर में घुसकर अवतार सिंह को अपने कब्जे में ले लिया तथा उससे 50 हजार रुपये की मांग की । शोर सुन कर उसका दूसरा पुत्र गुरिन्दर सिंह भी बाहर आ गया तथा भाई को आतंकवादियों की गिरफ्त में देख उनसे गुत्थमगुत्था हो गया । इसमें से एक आतंकवादी ने गोली चला दी जिससे अवतार सिंह मारा गया ।

मृतक आतंकवादी की पहचान नहीं हो सकी है । उसकी जेब से पंथक कमेटी के 2 बैरंग लैटरपैड, अफीम, डायरी व अन्य सामान बरामद हुआ है । पुलिस को घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल की 7 चली व 315 बोर की राइफल की एक गोली भी मिली है । अन्य आतंकवादियों को पकड़ने के लिए पुलिस पार्टियां सम्भावित ठिकानों पर भेज दी गई हैं ।

दुकान लूटने के बाद जला दी : डेरा बाबा नानक (चोपड़ा): गत रात डेरा बाबा नानक के बाजार तारा चंद में कुछ अज्ञात लोगों ने कमल कुमार तुली की दुकान को लूटने के बाद जला कर राख कर दिया । इससे इलाके में काफी आतंक फैला हुआ है । उल्लेखनीय है कि इस कस्बे में रात के समय कोई पुलिस की गश्त आदि नहीं होती ।

लुटेरा काबू : धूरी, (सिंगला): स्थानीय ढिलवां मार्ग पर स्थित एक दुकान में 3 अज्ञात व्यक्तियों ने आकर दुकानदार देवराज से एक अटैची केस दिखाने को कहा तथा साथ ही उसे धमकी देकर उससे 10 हजार रुपए की मांग की । दुकानदार देवराज ने साहस दिखाते हुए शोर मचा दिया तथा अन्य लोगों ने मौका पर एकत्र होकर उनमें से एक को पकड़ लिया, जबकि अन्य दो भाग जाने में सफल हो गए ।

आतंकवादी मारा गया : अमृतसर (पस): गत रात अमृतसर जिले के किरतोवाल गांव में एक आतंकवादी केंद्रीय रिज़र्व पुलिस के साथ एक मुठभेड़ में मारा गया । मृत आतंकवादी के दो साथी फरार हो गए ।

घुसपैठिया मरा : गत रात खेमकरण सैक्टर की सीमा चौकी पल्लो पट्टी के क्षेत्र में बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में एक घुसपैठिया मारा गया । बी.एस.एफ. की एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह घुसपैठिया भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश करते हुए मारा गया । मृत घुसपैठिये की राष्ट्रीयता ज्ञात नहीं हो सकी ।

एक अन्य सूचना के अनुसार बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में मारा गया व्यक्ति पाकिस्तान भगने की कोशिश कर रहा था ।

अमृतसर पुलिस ने भगवान सिंह तथा गुरसाहिब सिंह को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया ।

जीरा से शर्मा के अनुसार आतंकवादियों ने फिरोज़पुर के रटोल रोही गांव में कुलवंत सिंह उर्फ काका नामक एक व्यक्ति को उसके घर से बाहर घसीट कर गोली मार कर हत्या कर दी थी । इसके बाद उन्होंने उसको सूखे गोबर पर लिटा कर आग लगा दी । रात भर वह वहीं पड़ा रहा । अगले दिन

(शेष पृष्ठ 8 पर)

लिट्टे-टी.एन.ए. संघर्ष में 100 मरे

कोलम्बो, 7 जनवरी (डी.पी.ए.): लिबरेशन

Punjabi Samachar

उग्रवाद

(पृष्ठ 3 का शेष)

सुबह उसके घर वालों ने उसको देखा तो उसकी टांगें व मुंह का काफी हिस्सा जल चुका था । सूचना मिलने पर पुलिस वहां पहुंच गई तथा लाश को कब्जे में लेकर इसका पोस्टमार्टम कराया ।

गत दिनों थाना जीरा के गांव नूरपुर में आतंकवादियों ने शेर सिंह की हत्या कर दी थी । गांव वालों ने बताया कि शेर सिंह शराब बेचने का धंधा करता था । आतंकवादियों ने उसको कई बार रोका था ।

शराब की दुकान जला दी : मुक्तसर जिला के कलाना गांव में कल आतंकवादियों ने शराब की एक दुकान को आग लगा दी और वहां रखी शराब की 370 बोतलें नष्ट कर दीं ।

पंजाब में बिजली आपूर्ति

(पृष्ठ 3 का शेष)

बसन्त ने कहा कि बाढ़ पीड़ित क्षेत्रों में डिमांड नोटिस की अवधि 6 महीने से बढ़ा कर एक वर्ष कर दी गई है । मंड क्षेत्र में बिजली की सप्लाई तथा विकास के लिए एक विशेष योजना तैयार की गई है । उन्होंने कांजली बेड़ पर मिनी हाइड्रो प्रोजैक्ट बनाने संबंधी संकेत दिया ।

जालन्धर से जारी की गई एक विज्ञप्ति के अनुसार श्री बसन्त ने आज होशियारपुर का भी दौरा किया । उन्होंने कहा कि कंडी क्षेत्र में किसी भी श्रेणी के कनैक्शन देने के मामले लम्बित नहीं हैं । इस अवसर पर किसानों के एक शिष्टमंडल ने उनसे भेंट करके बताया है कि किसानों को 24 घंटे बिजली मिल रही है । इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न वर्ग के लोगों की समस्याएं भी सुनीं ।

Punjabi Sanatani

उग्रवादियों द्वारा 3 सुरक्षा कर्मियों सहित पंजाब में 10 व्यक्तियों की हत्या

पुलिस उप-अधीक्षक सहित 6 घायल : 2 घुसपैठिए मारे गये

2 आतंकवादी मरे : जालंधर में 3 लुटेरे गिरफ्तार

चंडीगढ़, 8 जनवरी (वार्ता, पंस): पंजाब में आतंकवादियों ने अपनी गतिविधियां जारी रखते हुए सी.आर.पी. के एक जवान तथा 2 पुलिस कांस्टेबलों सहित 10 व्यक्तियों की हत्या कर दी । 2 आतंकवादी मारे गये जबकि 2 घुसपैठिये भी मरे । सी.आर.पी. के एक डी.एस.पी. सहित 6 व्यक्ति घायल हुए । जालंधर पुलिस ने तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया है ।

2 कांस्टेबलों सहित 8 की हत्या : फिरोज़पुर (बागी): आज प्रातः आतंकवादग्रस्त क्षेत्र मक्खू के गांव घुद्दवाला में आतंकवादियों ने 2 पुलिस कांस्टेबलों समेत 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी । खबरों में कहा गया है कि पंजाब रोडवेज़ की बस पी.बी.जी. 7753 जो कि मक्खू से लोहके जा रही थी, को 5 सशस्त्र आतंकवादियों ने गांव घुद्दवाला के निकट रोका और दो कांस्टेबलों संतोख सिंह व मुख्तार सिंह की हत्या कर दी और दो बच्चे घायल हो गये लेकिन इनमें से 11 वर्षीय महेंद्र सिंह की बाद में सिविल अस्पताल में मृत्यु हो गई । आतंकवादी इन मारे गये पुलिस कांस्टेबलों के सर्विस रिवाल्वर भी ले गये । बाद में यही आतंकवादी मृत कांस्टेबल मुख्तार सिंह के घर गये तथा वहां जाकर अंधाधुंध फायरिंग करके मुख्तार सिंह के भाइयों निर्मल सिंह, माहल सिंह, उसकी दो रिश्तेदार औरतों तथा एक नौकर देवा की हत्या कर दी । दोनों कांस्टेबल फिरोज़पुर में तैनात थे तथा गांव से बस में सवार होकर फिरोज़पुर जा रहे थे ।

एक अन्य सूचना में कहा गया है कि मारा गया बच्चा लड़की थी । मारे गये कांस्टेबलों के बारे में भी परस्पर विरोधी सूचनाएं मिली हैं । कुछ सूचनाओं में उन्हें विशेष कमांडो तथा अन्य में उन्हें स्पैशल पुलिस आफिसर (एसपीओ) बताया गया । बताया जाता है कि हत्यारे खालिस्तान समर्थक नारे लगाते हुए भाग गए ।

टैक्सी ले गए : एक अन्य सूचना के अनुसार रविवार को मोगा-मक्खू रोड पर गांव शहाबू बाकर के निकट आतंकवादियों ने एक मारुति टैक्सी को रोका तथा इसके यात्रियों व ड्राइवर को उतार कर टैक्सी ले उड़े ।

2 घुसपैठिये मरे : सीमा सुरक्षा बल के गश्ती दल ने कल रात फिरोज़पुर जिला के शामके क्षेत्र में 2 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया । रिपोर्ट के अनुसार घुसपैठिये पाकिस्तान से भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रहे थे ।

फांसी पर लटका दिया : मक्खू से शेखर के अनुसार गत रात थाना धर्मकोट के गांव खम्बे में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति को फांसी पर लटका कर मार डाला । यह सूचना पुलिस को आज दोपहर मिली । उसकी पहचान नहीं हो सकी ।

आतंकवादी गिरफ्तार : बाघापुराना (ज्ञान): बाघापुराना पुलिस ने गांव मानके के एक आतंकवादी शिंगारा सिंह को गिरफ्तार किया है । उसके कब्जे से एक 12 बोर का पिस्तौल तथा 2 कारतूस बरामद किये गये । वह पुलिस को डकैती तथा हथियार छीनने की कंई वारदातों में वांछित था ।

सी.आर.पी. जवान की हत्या : पुलिस ने बताया कि गत रात तरनतारन पुलिस जिला के थाना बल्टोहा के गांव अमरकोट के निकट आतंकवादियों ने घात लगा कर हमला करके सी.आर.पी. के एक जवान की हत्या कर दी जबकि 6 अन्य को घायल कर दिया । इस घटना में एक अज्ञात नागरिक भी मारा गया । आतंकवादी भागने में सफल हो गये । घायल जवानों को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

आतंकवादी मरा : वार्ता के अनुसार इस घटना में मारा गया अज्ञात व्यक्ति आतंकवादी था । घायल 6 सी.आर.पी. कर्मियों में डी.एस.पी. कमल देव, कांस्टेबल बनवारी लाल, अमरनाथ, पृथी, सतिन्दर कुमार, राम कनोज तथा रणजीत सिंह शामिल हैं ।

आतंकवादी का शव मिला : अमरकोट गांव में मुठभेड़ स्थल के निकट बाद में एक शव मिला । ऐसा संदेह किया जाता है कि मृतक आतंकवादी था ।

तीन लुटेरे गिरफ्तार : जालंधर (का.प्र.): जालंधर पुलिस ने आज प्रातः तीन लुटेरों हरजिन्दर सिंह उर्फ निक्क वल्द अजीतसिंह वासी आनंदनगर मकसूदां, चरणजीत सिंह वल्द सोहन सिंह मकसूदां तथा सतनाम सिंह उर्फ बिट्टा को गिरफ्तार किया । इनसे एक 455 बोर का विदेशी रिवाल्वर, एक बारह बोर का रिवाल्वर तथा एक कमानीदार चाक बरामद हुआ । यह जानकारी देते हुए पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किये गये व्यक्ति छीना-झपटी की वारदातें करते थे । उनसे गत 19 दिसम्बर को गढ़ा से छीना गया हीरो होंडा मोटर साइकल, 8 दिसम्बर को डिफैंस कालोनी से छीना गया मोटर साइकल, 27 दिसम्बर को आदर्श नगर से छीना गया बेजाज चेतक स्कूटर तथा 1.1.90 को एक सुखबीर हॉकर से छीनी गई सोने की अंगूठी व अन्य सामान बरामद हुआ है । उनसे पूछताछ जारी है ।

रिवाल्वर छीन लिया : लुधियाना (धीमान) कल रात यहां से 24 किलोमीटर दूर टिब्बा गांव में तीन आतंकवादी एक व्यक्ति कीकर सिंह के घर में जबरदस्ती घुस गये तथा पिस्तौल दिखाकर वहां से 455 बोर का रिवाल्वर और कुछ कारतूस ले गए ।

2 लुटेरे बंदी : कपूरथला (शर्मा): जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स. स्वर्ण सिंह ने बताया कि कपूरथला पुलिस ने 5-6 जनवरी की मध्य रात्रि को गांव भगवानपुर के निकट पुल बेई पर नाकाबंदी करके दो संदिग्ध व्यक्तियों मनजीत सिंह पुत्र सोहन सिंह वासी अमानीपुर तथा सुखविंदर सिंह उर्फ बब्बू पुत्र अजीत सिंह वासी नवां पिंड को गिरफ्तार करके उनके कब्जा से एक पिस्तौल देसी 303, 2 गोलियां जेबरात, सोना, आटोमैटिक बैटरी तथा घड़ियां बरामद की हैं । उन्होंने बताया कि यह दोनों व्यक्ति पिस्तौल की नोक पर लोगों को लूटने वाले एक खतरनाक गिरोह के सदस्य हैं ।

कपूरथला पुलिस ने एक उग्रवादी शिंदर सिंह को गिरफ्तार किया जिससे एक रिवाल्वर व 4 कारतूस बरामद हुए ।

स्कूटर छीन लिया : फगवाड़ा (कौड़ा): गांव नंगा खेड़ा के निकट दो आतंकवादियों ने रिवाल्वर की

(शेष पृष्ठ 6 पर)



जालन्धर में पुलिस ने लुटेरों के एक गिरोह के तीन सदस्यों सतनाम सिंह, चरण सिंह तथा हरजिंदर सिंह को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है । इन्होंने लूट की अनेक घटनाओं में संलिप्त होना माना है । चित्र में तीनों लुटेरे पुलिस दल के साथ । (छाया : पंजाब केसरी)

Punjab Sahitya

आतंकवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

नोक पर एक व्यक्ति से स्कूटर छीन लिया ।

व्यापारी से 17 हजार रुपए लूटे : नवांशहर (शर्मा): यहां से 13 किलोमीटर दूर गांव बगवाइ के निकट इस मंडी की दुकान नत्थू मल गंग विशन के मालिक हितेष चंद्र से 17 हजार रुपए लूट लिये गये । वह गांव समुदडा से उग्राही करके अपने एक साथी के साथ स्कूटर पर आ रहा था तो रास्ते में दो अज्ञात व्यक्तियों ने उसे पिस्तौलें दिखा कर राशि का थैला ले लिया तथा उसें समुदडा की ओर फिर वापिस चले जाने को कह कर फरार हो गए । थाना गढ़शंकर में केस दर्ज करा दिया गया ।

शस्त्रास्त्र कानून के अंतर्गत 10 गिरफ्तार : पटियाला (भूषण): सुरक्षा बलों ने जिला पटियाला में हथियार व गोली-सिक्का और अवैध शराब व पोस्त चूरा रखने पर 10 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया । एस.एस.पी. श्री जे.पी. बिरदी ने बताया कि थाना सदर राजपुरा के गांव दुगाना परलो के बलबीर सिंह व गुर्नाम से एक डबल बैरल गन, एक 12 बोर की देसी पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किये गये, जबकि हरभजन सिंह से कमानीदार चाकू मिला । गांव गुमथला के निशान सिंह व बोधनी के गुरमीत सिंह से एक सौ बोरी पोस्त चूरा तथा एक ट्रक बरामद किया गया । थाना जलका क्षेत्र के 5 व्यक्तियों टहल सिंह, बलकार सिंह, गुलजार सिंह, गुरमेल सिंह व ओम प्रकाश को गिरफ्तार करके 40 बोतल अवैध शराब पकड़ी गई ।

सर्वदलीय रैली से पंजाब समस्या और उलझ जाएगी : शिवसेना

लुधियाना, 8 जनवरी (धीमान): उत्तरी भारत शिवसेना की एक हंगामी बैठक इसके अध्यक्ष श्री जगदीश तांगड़ी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें पंजाब की चिन्ताजनक स्थिति और दूसरे हालात पर विचार प्रकट किया गया ।

एक प्रस्ताव में जम्मू-कश्मीर व पंजाब में राष्ट्रीय मोर्चा सरकार की आतंकवादियों के प्रति अपनाई गई कमजोर नीति की आलोचना की गई, क्योंकि आरम्भ से ही उसने राजीव सरकार सी नीति बना ली है जिसमें आतंकवादियों को बहुत प्रोत्साहन मिल रहा है । पंजाब से भारी संख्या में पलायन पुनः आरम्भ हो गया है । दूसरे प्रस्ताव में प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह से अपील की गई कि वह लुधियाना की सर्वदलीय रैली और इससे संबंधित प्रचार पर अपना [illegible] क्योंकि इससे पंजाब समस्या और

Punjabi Sanatani

मजीठा के एस.एस.पी. की हत्या का प्रयास, कार पर घात लगाकर हमला

'कार सेवा' के वाहन पर फायरिंग : दुकानदार का अपहरण

गुरुद्वारा अध्यक्ष सहित 7 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 9 जनवरी (वार्ता, प.स.): आज आतंकवादियों ने मजीठा पुलिस जिला के एस.एस.पी. की कार पर घात लगा कर हमला किया लेकिन वह बाल-बाल बच गए । आतंकवादियों ने कार सेवा के एक वाहन पर भी गोलियां बरसाईं । पंजाब में एक गुरुद्वारा अध्यक्ष व हैडकांस्टेबल समेत 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । 2 घुसपैठिये भी मारे गए ।

एस.एस.पी. बाल-बाल बचा : अमृतसर (वि.प्र.): आज जिला अमृतसर के थाना कत्थूनंगल के अंतर्गत गांव ढड्डे के निकट मजीठा पुलिस जिला के एस.एस.पी. श्री अनिल कुमार शर्मा की कार पर आतंकवादियों ने घात लगा कर हमला किया । श्री शर्मा इस हमले में बाल-बाल बच गए ।

श्री शर्मा गांव बब्बोवाल में हैडकांस्टेबल लद्दा सिंह की हत्या के मामले की जांच करने के लिए जा रहे थे । श्री शर्मा की कार जब गांव के करीब पहुंची तो उस पर हमला किया गया । कार पर कई गोलियां लगीं । श्री शर्मा के साथ जा रहे सुरक्षा कर्मियों ने जवाबी फायरिंग की जिस पर आतंकवादी भाग निकले । आतंकवादियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है ।

हैड कांस्टेबल की हत्या : गत रात जिला अमृतसर के थाना कत्थूनंगल के गांव बब्बोवाल में चार आतंकवादियों ने पंजाब पुलिस के एक हैडकांस्टेबल लद्दा सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि लद्दा सिंह कत्थूनंगल सी.आई.डी. ब्रांच में तैनात था ।

दुकानदार का अपहरण : गत रात आतंकवादियों ने एक दुकानदार रवीन्द्र कुमार का गांव खेड़ा में उसके घर से अपहरण कर लिया । पुलिस ने बताया कि चार आतंकवादी उसके घर में गये और उसे साथ लेकर अज्ञात स्थान को चले गए । पुलिस उसकी खोज कर रही है ।

कार सेवा के वाहन पर हमला : 1 मरा : फिरोजपुर से 'धीमान' के अनुसार गत रात थाना ज़ीरा के अंतर्गत गांव बूटेवाला के निकट जगराओं के संत कलेरांवाले के एक कार सेवा वाहन पर कुछ आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलियां चलाईं जिसके परिणाम स्वरूप राजवंत सिंह वल्द दलीप सिंह की मृत्यु हो गई । दो अन्य व्यक्ति घायल हो गये । यह वाहन गुरुद्वारा हरिके से कार सेवा के बाद लौट रहा था ।

सरपंच की हत्या : तरनतारन पुलिस जिले (अमृतसर) के घड़ियाला गांव में आज शाम चार उग्रवादियों ने सरपंच हरभजन सिंह को गोलियों से भून दिया । आतंकवादी जबरन सरपंच के घर में घुस आए थे ।

हैड कांस्टेबल की हत्या : फिरोजपुर जिला में गांव बोरा चिन सिंह वाला में आतंकवादियों ने पुलिस के एक हैड कांस्टेबल बलबीर सिंह के घर में घुस कर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी । आतंकवादी उसी के मोटर साइकिल पर सवार होकर फरार हो गए ।

2 हजार रुपये लूटे : मलोट (गोयल): कुछ आतंकवादी थाना लम्बी के अंतर्गत गांव डबवाली मकोकी में शराब के ठेका पर आए तथा बंदूक की नोक पर वहां से 2 हजार रुपये लूट लिये । भागते समय उन्होंने काका खेड़ा के रामपाल सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । उसे अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

किसान ने उग्रवादी भगाये : गांव गुदवन डोब में कुछ अज्ञात व्यक्ति एक किसान के घर में घुस आए । जब किसान ने शोर चला दी तो वे भाग निकले ।

25 तोले सोने के जेवर ले गए : बाघा पुराना (ज्ञान): गत रात एक गांव में चार सशस्त्र व्यक्ति एक किसान के घर में घुस कर 25 तोले सोने के जेवर लूट कर ले गए । इनका मूल्य लगभग एक लाख रुपए आंका गया है । भागने से पहले लुटेरों ने घर के लोगों को एक कमरे में बंद कर दिया और उन्हें धमकी दी कि पुलिस को सूचना देने के खतरनाक नतीजे निकलेंगे । गत कुछ दिनों में इस क्षेत्र में लूटपाट की घटनाएं बहुत बढ़ गई हैं ।

एक व्यक्ति की हत्या : राजपुरा (मासूम): गत सायं यहां से 4 किलोमीटर दूर गांव पबरू के शराब के ठेके पर दो स्कूटर सवार आतंकवादी आये और एक व्यक्ति सलदा सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । फायरिंग में ठेके का एक कारिंदा लखविंदर सिंह घायल हो गया जिसे अस्पताल में दाखिल कराया गया है । आतंकवादी मुल्लांपुर की ओर भाग गए । 'वार्ता' के अनुसार आतंकवादी भागते समय ठेके को आग भी लगा गये ।

गुरुद्वारा अध्यक्ष की हत्या : खरड़ (शशि): दो अज्ञात व्यक्तियों ने आज प्रात: कुराली में गुरुद्वारा के प्रधान श्री अमर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । प्राप्त सूचना के अनुसार श्री अमर सिंह जैसे ही घर से बाहर आए, दो व्यक्तियों ने उनके माथे पर गोलियां मारीं जिससे उनकी मौका पर ही मृत्यु हो गई । उनकी मौत का पता कुछ समय बाद चला । जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि हत्यारों ने साइलैंसर लगाया हुआ था । घटनास्थल से लगभग 200 गज की दूरी पर पुलिस चौकी है ।

प.स. के अनुसार श्री अमर सिंह ट्रक यूनियन कुराली के भी अध्यक्ष थे । उनकी हत्या के विरुद्ध रोष स्वरूप आज कुराली में हड़ताल रही ।

स्कूटर सवारों द्वारा हत्या : एक अन्य वारदात में आज भटिंडा जिला के गांव मारी के निकट स्कूटर सवार आतंकवादियों ने एक व्यक्ति जगरूप सिंह की हत्या कर दी ।

2 घुसपैठिये मरे : आज प्रात: भारत-पाक सीमा के खेमकरण सैक्टर में भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रहे 3 अज्ञात व्यक्तियों में से 2 को सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने मार गिराया ।

खाना न देने पर मारपीट : होशियारपुर (अश्विनी) : माहिलपुर थाना के अंतर्गत गांव गणेशपुर में 5 संदिग्ध व्यक्ति, जिनमें कुछ सशस्त्र थे, एक व्यक्ति राम शरण के घर में जबरदस्ती घुस गए और खाना मांगा । घर वालों के इन्कार करने पर उन्हें मारपीट की गई । बाद में घर वालों के शोर मचाने पर वह भाग निकले । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

अपहरण का केस दर्ज : एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह संधु के आदेश पर सिटी पुलिस ने स्थानीय गवर्नमैंट पालीटैक्नीक के टी.वी. टैक्नालोजी के एक छात्र गुरु सेवक उर्फ डिम्पल का हत्या की नीयत से अपहरण करने के आरोप में धारा 364 के अंतर्गत केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है । श्री संधु ने बताया कि जांच सी.आई.ए. स्टाफ के हवाले की गई है । सेवक के पिता मदन गोपाल ने जो जिला उन्ना के गांव संतोखगढ़ में स्कूल टीचर है, ने शिकायत की थी कि उसके लड़के को गत दिवस अपहरण कर लिया गया था लेकिन हर ओर तलाश के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला ।

बलात्कार : के निकट गांव सयाना में तीन नौजवानों ने एक व्यक्ति प्रेम सिंह का बजाज चेतक स्कूटर उस समय चोरी कर लिया जब वह पेशाब करने गया था । प्रेम सिंह शूगर मिल नवांशहर का कर्मचारी है ।

रिवाल्वर छीना : थाना हरयाना के गांव सुसाना में दो आतंकवादियों ने सहकारिता विभाग के एक इंस्पैक्टर बलवंतसिंह के घर से 450 बोर का रिवाल्वर तथा एक दर्जन कारतूस लूट लिए ।

कंडक्टर से नकदी छीनी : धूरी (सिंगला) : दो अज्ञात व्यक्तियों ने एक प्राइवेट बस के कंडक्टर से नकदी का थैला छीन लिया । यह बस बरनाला से शेरपुर जा रही थी । इसी बीच गांव मोहनपर और दहेड़ू के बीच एक पैट्रोल पम्प के कर्मचारी से कुछ अज्ञात व्यक्ति पिस्तौल की नोक पर कुछ नकदी छीन कर ले गए ।

कार छीन ली : कपूरथला (पस): गत रात यहां से 10 किलोमीटर रमीदी के निकट कुछ ट्रक सवार व्यक्तियों ने कुलदीप सिंह नामक व्यक्ति से उसकी कार छीन ली । पुलिस के अनुसार इन व्यक्तियों ने कुलदीप सिंह की कार को रोक कर कुलदीप सिंह को एक वृक्ष के साथ बांध दिया तथा उसकी कार ले उड़े ।

भारतीय अंटार्कटिका दल के 4 सदस्य मरे

नई दिल्ली, 9 जनवरी (वार्ता): अंटार्कटिका के नौवें भारतीय अभियान पर गए तीन वैज्ञानिकों और एक इंजीनियर गत सात जनवरी को दम घुटने से मारे गए । प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह और केंद्रीय विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी राज्यमंत्री प्रो. ए. जी. मेनन ने सर्वश्री ए.के. बेदी, बी.के. श्रीवास्तव, बी.एल. शर्मा और एन.सी. जोशी नामक इन चारों वैज्ञानिकों की मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया है । सागर विकास विभाग के सचिव प्रो. बी.के. गौड़ ने आज रात यहां बताया कि प्राप्त प्रारम्भिक खबरों के अनुसार चारों की मृत्यु इस बर्फीले महाद्वीप के हमबोल्ट माउंटेन रेंज में सम्भवत: उनकी नींद के दौरान फैली विषैली गैस कार्बन मोनोआक्साइड के असर से हुई । ऐसा लगता है कि यह गैस वहां उनके कैम्प के शयन कक्षों में चले डीजल जैनरेटर से निकली । यह तत्काल मालूम नहीं हो सका कि आम तौर पर रसोई में रखा जाने वाला जैनरेटर शयन कक्ष में चालित अवस्था में क्यों था ।

सरकार ने इन वैज्ञानिकों तथा इंजीनियर की मृत्यु के कारणों की जांच करने के लिए जांच बोर्ड के गठन की घोषणा की है । जानकार सूत्रों के अनुसार दल के अन्य सदस्य स्वस्थ हैं तथा उनके मनोबल में कोई कमी नहीं आई है । सभी सदस्यों का पांच लाख रुपए का बीमा किया गया था । इसके बावजूद सरकार मृतकों के परिवारों को अतिरिक्त सहायता देने पर भी विचार कर रही है ।

से अधिक सांसद भी आएंगे : रक्षा प्रबन्ध अत्यन्त कड़े

दिया था । उस समय जो सुरक्षा प्रबन्ध किए गए थे, इस बार उससे दो से तीन गुणा अधिक है ।

कुछ राजनीतिक पर्यवेक्षकों, जो मैदान का निरीक्षण कर रहे थे तथा अपना नाम प्रकट नहीं करना चाहते, ने बताया कि यदि रैली में किसी कारण कांग्रेस वाले शामिल नहीं होते तो सरकार का सर्वदलीय रैली का सपना अधूरा रह जाएगा तथा पंजाब समस्या के हल में भी देर होगी । इसलिए उन्होंने कांग्रेस से अपील की कि वह देश और पंजाब के व्यापक हित के दृष्टिगत इस रैली में हर हालत में शामिल हो ।

'भाम्बी' के अनुसार 11 जनवरी को लुधियाना में सर्वदलीय रैली के आयोजन का प्रबन्ध राजकीय कालेज फार वूमैन में युद्धस्तर पर चल रहा है । आज लुधियाना के जिलाधीश श्री शिवदुलर सिंह बराड़, अतिरिक्त जिलाधीश श्री एन.एस. कलसी, सीनियर सुपरिंटैंडैंट आफ पुलिस श्री समेध सिंह सैनी, जिला लोक सम्पर्क अधिकारी श्री जी.एस. सोढी व अन्य प्रमुख अधिकारियों ने इस रैली के लिए प्रबन्ध का निरीक्षण किया । राजकीय कालेज में एक विशाल पक्का मंच बनाया जा रहा है । इस रैली के लिए पांच गेट रखे गए हैं जो कि आम जनता के लिए हैं । प्रैस, टी.वी. के लिए अलग गेट वालीबाल स्टेडियम की तरफ है जबकि वी.आई.पी. गेट राजकीय गवर्नमैंट कालेज फार वूमैन की ओर रखा गया है । आज जिलाधीश श्री

Punjab Sampada



मक्खू के पास उग्रवादियों द्वारा एक बस पर की गई फायरिंग में मारे गये (1) संतोख सिंह, मुख्त्यार सिंह, (2) छिन्दो, बलविंदर, (3) 10 वर्षीय विद्यार्थी महिन्दर सिंह (छाया : शेखर), (4) कांस्टेबल मुख्तयार सिंह और उसका भाई । (5) पंजाब रोडवेज फिरोज़पुर डिपो की वह बस जिस पर फायरिंग की गई । (छाया : आर. के.)

Punjabi Sanatani

पी.ए.पी. परिसर में शक्तिशाली बम विस्फोट से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोबिन्द राम सहित 4 मरे

विस्फोट टाइम बम या रिमोट कंट्रोल द्वारा किया गया : 12 व्यक्ति घायल भी हुए

बटाला में बारूदी सुरंग लगा कर पुलिस सब-इंस्पैक्टर की हत्या, एक कांस्टेबल ज़ख्मी

पंजाब में अन्यत्र दो बस यात्रियों सहित 4 की हत्या : अमृतसर जिले में बैंक से 2.33 लाख रुपये लूटे

चंडीगढ़, 10 जनवरी (वार्ता, पस): पंजाब सशस्त्र पुलिस (पी.ए.पी.) की 75वीं बटालियन के कमांडेंट तथा बटाला के पूर्व एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम शाव जालंधर में पी.ए.पी. परिसर स्थित अपने कार्यालय में हुए शक्तिशाली बम विस्फोट में मारे गये । उनके अतिरिक्त तीन अन्य पुलिस कर्मी भी बम विस्फोट में मारे गये तथा 11 लोग घायल हो गये । आतंकवादियों ने बटाला पुलिस जिले में एक सब-इंस्पैक्टर को बारूदी सुरंग से उड़ा दिया । इसके अतिरिक्त आतंकवादियों ने 2 बस यात्रियों सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी । अमृतसर जिले में एक बैंक से लगभग 2.33 लाख रुपये लूट लिए गए ।

बारूदी सुरंग फटने से सब इंस्पैक्टर की मृत्यु : बटाला (कोछड़, चौधरी): थाना सदर बटाला के गांव अक्करपुरा व डालेचक सम्पर्क मार्ग पर गत रात आतंकवादियों ने बारूदी सुरंग द्वारा विस्फोट कर थाना सदर बटाला के अतिरिक्त एस.एच.ओ. बलदेव सिंह (25) की हत्या कर दी । विस्फोट में एक कांस्टेबल अमरीक सिंह घायल हो गया । पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री एस.के. गोयल के अनुसार आतंकवादियों ने योजनाबद्ध ढंग से पहले रात को 10 बजे गांव अक्करपुरा में एस.पी.ओ. चौकी पर गोलियां चलाई । सूचना मिलने पर जब सब इंस्पैक्टर बलदेव सिंह पुलिस व बी.एस.एफ. के साथ वहां पहुंचे तो आतंकवादियों ने डालेचक गांव की ओर से गोलियां चलानी शुरू कर दीं । इस पर बलदेव सिंह व उनके साथियों ने गाड़ियां वहीं छोड़ दीं और पैदल ही फायरिंग करते हुए आतंकवादियों का पीछा करने लगे । आतंकवादियों ने मार्ग में एक पुलिया के नीचे बारूदी सुरंग बिछा रखी थी जिसके फटने से सब इंस्पैक्टर बलदेव सिंह घायल हो गए लेकिन अस्पताल ले जाते समय मार्ग में उनकी मृत्यु हो गई ।

श्री गोयल ने इस घटना में बब्बर खालसा आतंकवादी गिरोह की संलिप्तता होने की आशंका व्यक्त की है । उन्होंने कहा कि आतंकवादियों की योजना पुलिस व बी.एस.एफ. की गाड़ियां विस्फोट द्वारा उड़ाने की थी । इसलिये उन्होंने गांव डालेचक की ओर से फायरिंग की थी कि सुरक्षा बलों के वाहन इधर आएंगे तो वे क्षतिग्रस्त होंगे जिससे अधिक प्राणहानि हो सकती थी । मृत बलदेव सिंह अमृतसर के थाना घरिंडा के गांव चीमा खुर्द का निवासी था । पोस्टमार्टम के बाद उसका शव घर वालों को सौंप दिया गया है ।



अमृतसर में आतंकवादियों की गोलियों से घायल सी.आर.पी. के जवान । (छाया : पंजाब केसरी)



पुराने साथी की हत्या : गुरदासपुर (विनोद) बीती रात कुछ अज्ञात आतंकवादियों द्वारा गुरदासपुर सदर के गांव झौहर में एक व्यक्ति पंजाब सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार बीती रात लगभग 8.30 बजे 6-7 आतंकवादी, जो कि शस्त्रों से लैस थे और उन्होंने अपने मुंह लपेट रखे थे, पंजाब सिंह के घर आये और उसे अपने साथ ले गए तथा गांव के बाहर एक छप्पड़ के नज़दीक इसकी गोली मार कर हत्या कर दी ।

पता चला है कि पंजाब सिंह पहले आतंकवादियों से सम्पर्क रखता था और उसका प्रमुख शस्त्र स्मगलर सुच्चा सिंह डालेनंगल से सम्पर्क था । इसे पकड़ा भी गया था परन्तु बाद में वह आतंकवादियों को छोड़ गया था । अब आतंकवादी उस पर पुलिस मुखबिर होने का शक करते थे ।

अपहरण : बीती रात धारीवाल थाने के अंतर्गत गांव बदेश में 10-12 आतंकवादी गांव के कन्ता सिंह (होमगार्ड जवान) और सरपंच दलीप सिंह का अपहरण करके ले गए । परन्तु यह दोनों लगभग 2 घंटे बाद सुरक्षित लौट आए । सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों ने धमकी दी है कि गांव का कोई भी व्यक्ति होमगार्ड या स्पैशल पुलिस फोर्स में भर्ती नहीं होगा ।

बैंक लूटा : अमृतसर (पस): आतंकवादियों ने झब्बाल पुलिस थाने के अंतर्गत डांड कसेल गांव स्थित स्टेट बैंक शाखा से आज दो लाख 23 हजार रुपए से अधिक की रकम लूट ली । पुलिस ने बताया कि चार आतंकवादी बैंक खुलते ही उसमें घुस आये तथा बैंक कर्मचारियों को बंदूक दिखा कर नकदी लूट ले गए । आतंकवादियों की तलाश की जा रही है ।

सी.आर.पी. का कांस्टेबल घायल : सी.आर.पी.एफ. 85वीं बटालियन का एक कांस्टेबल पी. जोशी आज तड़के 3 बजे अपने ही हथियार की गोली से घायल हो गया । [illegible]

तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने फैक्टरी के मालिक को घेर लिया तो वर्करों को दाल में काला लगा। उन्होंने शोर मचाया, जिससे आतंकवादियों को भागने पर विवश होना पड़ा ।

2 बस यात्रियों की हत्या : आतंकवादियों ने आज दोपहर तरनतारन पुलिस जिले में खेमकरण सैक्टर के अंतर्गत भारत-पाक सीमा के निकट चिन्ना बिधि चंद गांव में 2 बस यात्रियों की हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों ने इन यात्रियों को राज्य परिवहन की बस से खींच कर उतार लिया और गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी । मृतकों की शिनाख्त अवतार सिंह और उसकी मां के रूप में की गई है ।

किसान की हत्या : एक अन्य घटना में आतंकवादियों ने अमृतसर जिले में थाना जंडियाला के गांव बनचिड़ी में गत रात एक किसान परगट सिंह की हत्या कर दी । आतंकवादी किसान के घर गये और निकट से गोली चला कर उसकी हत्या कर दी ।

एक व्यक्ति का अपहरण : फिरोज़पुर जिले में गत सायं आतंकवादियों ने लाधड़ा गांव के निकट बलबीर चंद नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया । उस समय वह अपने गांव दरियाके जा रहा था ।

तीन आतंकवादी गिरफ्तार : बाघापुराना (मित्तल): कल रात इस पुलिस थाने के अन्तर्गत रोडे गांव में पुलिस ने तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । सूचना प्राप्त कर पुलिस पार्टी ने गांव के बाहर एक स्थान पर छापा मारा । पुलिस को देखकर आतंकवादी भाग निकले । पुलिस ने पीछा करके लगभग एक किलो मीटर दूर जाकर उन्हें पकड़ लिया । पुलिस ने उनसे गोली-सिक्के के अतिरिक्त तीन बंदूक बरामद की हैं । गिरफ्तार आतंकवादियों की पहचान मक्खन सिंह, रंधीर सिंह तथा गुरमीत सिंह के रूप में हुई है ।

तीन आतंकवादी गिरफ्तार : फरीदकोट जिला पुलिस ने रोडे गांव के निकट मिट्ठू सिंह मज़हबी के नेतृत्व वाले खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाईज़ेशन के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया । जिला पुलिस प्रमुख एस.के. शर्मा के अनुसार इन उग्रवादियों के नाम हैं—गुरमीत सिंह, मक्खन सिंह एवं रणधीर सिंह उर्फ़ गब्बर । इन उग्रवादियों ने जिले में डकैती और हत्या की कई घटनाओं के पीछे अपना हाथ कबूल किया है ।

गोबिन्द राम व 3 अन्य की हत्या : जालंधर (वि.प्र.): आज दोपहर लगभग सवा बारह बजे स्थानीय पी.ए.पी. परिसर में बटाला के पूर्व एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम जो कि इस समय



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री गोबिन्द राम के शव के पास उनकी पत्नी और बहन विलाप करते हुए । (छाया : शिव)

भी उड़ गई ।

स्थानीय सिविल अस्पताल में जो 10 घायल भर्ती कराये गये हैं, उनके नाम हैं—करतार सिंह कांस्टेबल (ड्राइवर), भागमल हैड क्लर्क, दलबीर सिंह हैड कांस्टेबल, बलकार सिंह कांस्टेबल, प्रकाश सिंह कांस्टेबल, जीत राम कांस्टेबल, गुरनाम सिंह, दिलबाग सिंह, हरिन्दर कौर स्टैनो व सविता शर्मा क्लर्क । जानकारी के अनुसार 80वीं बटालियन के कमांडेंट श्री इंद्रजीत सिंह संधू जिनका कार्यालय श्री गोबिन्द राम के कार्यालय के सामने है, बाल-बाल बच गए बताए गये हैं । जानकारी के अनुसार जब बम विस्फोट हुआ तो उसमें से छर्रे आदि उनके कमरे के बाहर खिड़की में लगे कूलर को चीर कर अंदर इतने जोर से गये कि दीवार को छलनी कर दिया । श्री संधू को मामूली बाजू में घाव आया बताया गया है । घायल प्रकाश सिंह 80वीं बटालियन का कांस्टेबल है और टांडा के निकट के गांव का निवासी है । वह अपनी बेसिक पे में रह गई त्रुटि दूर करवाने श्री संधू के कार्यालय की ओर गया था । घायल बलकार सिंह श्री संधू का गनमैन है ।

कोई भी घायल यह बता सकने की स्थिति में नहीं कि धमाका कैसे हुआ और कहां हुआ होगा किन्तु पुलिस अधिकारियों का अनुमान है कि बम श्री गोबिन्द राम के कमरे के दरवाजे के साथ की खिड़की में लगे कूलर में रखा गया होगा । श्री गोबिन्द राम इस कूलर के सामने ही कमरे में बैठते थे । इस बारे भी दो राय हैं कि यह टाइम बम था या रिमोट कंट्रोल द्वारा विस्फोट किया गया । यदि टाइम बम था तो कुछ ही देर पहले रखा गया होगा और रखने वाला या तो इस परिसर में ही तैनात कोई पुलिस कर्मी है या कोई व्यक्ति श्री गोबिन्द राम से कुछ देर पहले मिलने आया और उसने कमरे में प्रवेश से पहले बम वाला डिब्बा वहां टिका दिया । एक पुलिस अधिकारी का कहना है कि रिमोट कंट्रोल द्वारा एक किलोमीटर दूर

स्थानीय डी.ए.वी. कालेज में पढ़ रहे बेटे की कालेज से वापसी के समय हत्या कर दी थी ।

यह दूसरा अवसर है जब आतंकवादियों द्वारा पंजाब शस्त्र पुलिस के परिसर में षड्यंत्र रचा गया । इससे पूर्व 1987 में पंजाब के तत्कालीन पुलिस प्रमुख जे.एफ. रिबैरो पर भी इसी परिसर में हमला किया गया था, परन्तु श्री रिबैरो आतंकवादियों की गोलियों से बाल-बाल बच गए थे ।

'वार्ता' के अनुसार समझा जाता है कि गोबिन्द राम की मेज के नीचे बम रखा गया था । पुलिस सूत्रों के अनुसार गोबिन्द राम और कांस्टेबल छोटू मल की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि मदन लाल ने रास्ते में दम तोड़ा ।

राज्यपाल द्वारा शोक व्यक्त : पंजाब के राज्यपाल श्री एन.के. मुखर्जी ने बम धमके में पी.ए.पी. की 75वीं बटालियन के कमांडैंट श्री गोबिन्द राम व अन्य पुलिस कर्मियों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है तथा मृतकों के परिवार से हार्दिक संवेदना व्यक्त की है ।

बेअंत सिंह द्वारा निंदा : चंडीगढ़ से वि.प्र. के अनुसार पंजाब इंकाध्यक्ष श्री बेअंत सिंह ने श्री गोबिन्द राम की हत्या पर गहरा दुख व्यक्त किया है । उन्होंने कहा कि श्री गोबिन्द राम एक निष्ठावान अधिकारी थे । उन्होंने कहा कि इस घटना से पता चलता है कि आतंकवादी सुरक्षा बलों का मनोबल गिराने के लिए उन पर तथा उनके अधिकारियों पर हमले कर रहे हैं । उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा कड़ी करने का आग्रह किया है तथा बम विस्फोट में मारे गये लोगों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की है ।

जालंधर : पूर्व भाजपा विधायक वैद्य ओम प्रकाश दत्त ने पी.ए.पी. परिसर में आज श्री गोबिन्द राम की हत्या किये जाने की घटना की तीव्र निंदा की है ।

जालन्धर : पंजाब कल्याण परिषद के संयोजक वीरेन्द्र शर्मा, यूथ कांग्रेस (इ) जालन्धर के महामंत्री केवल कृष्ण और कौमी एकता कमेटी के बी.के. खल्लर ने श्री गोबिंद राम की हत्या की कड़ी भर्त्सना की है और सरकार से मांग की है कि उग्रवाद का सामना करने के लिए कड़े पग उठाए ।

फगवाड़ा (कौड़ा): पंजाब भारतीय जनता पार्टी के महासचिव जगदीश राय मोंगा, चौ. स्वर्णा राम, जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्वरूप अरोड़ा, पंजाब जनता पार्टी के अध्यक्ष हरदेव सिंह ने भी श्री गोबिंद राम की आतंकवादियों द्वारा निर्मम हत्या की कड़ी निंदा की है ।

अमृतसर (वार्ता): श्री गोबिन्द राम की हत्या के



1



2



3



Sanjeev Jain Pathani

राम आज जालंधर में पी.ए.पी. परिसर स्थित अपने कार्यालय में हुए शक्तिशाली बम विस्फोट में मारे गये । उनके अतिरिक्त तीन अन्य पुलिस कर्मी भी इस विस्फोट में मारे गये तथा 11 लोग घायल हो गये । आतंकवादियों ने बटाला पुलिस जिले में एक सब-इंस्पैक्टर को बारूदी सुरंग से उड़ा दिया । इसके अतिरिक्त आतंकवादियों ने 2 बस यात्रियों सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी । अमृतसर जिले में एक बैंक से लगभग 2.33 लाख रुपये लूट लिये गए ।

बारूदी सुरंग फटने से सब इंस्पैक्टर की मृत्यु : बटाला (कोछड़, चौधरी): थाना सदर बटाला के गांव अक्करपुरा व डालेचक सम्पर्क मार्ग पर गत रात आतंकवादियों ने बारूदी सुरंग द्वारा विस्फोट कर थाना सदर बटाला के अतिरिक्त एस.एच.ओ. बलदेव सिंह (25) की हत्या कर दी । विस्फोट में एक कांस्टेबल अमरीक सिंह घायल हो गया । पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री एस.के. गोयल के अनुसार आतंकवादियों ने योजनाबद्ध ढंग से पहले रात को 10 बजे गांव अक्करपुरा में एस.पी.ओ. चौकी पर गोलियां चलाई । सूचना मिलने पर जब सब इंस्पैक्टर बलदेव सिंह पुलिस व बी.एस.एफ. के साथ वहां पहुंचे तो आतंकवादियों ने डालेचक गांव की ओर से गोलियां चलानी शुरू कर दीं । इस पर बलदेव सिंह व उनके साथियों ने गाड़ियां वहीं छोड़ दीं और पैदल ही फायरिंग करते हुए आतंकवादियों का पीछा करने लगे । आतंकवादियों ने मार्ग में एक पुलिया के नीचे बारूदी सुरंग बिछा रखी थी जिसके फटने से सब



तरनतारन में आतंकवादियों की गोलियों से घायल सी.आर.पी. के जवान । (छाया : पंजाब केसरी)



बिना अमृतसर के गांव अमरकोट में आतंकवादियों की गोलियों से घायल सी.आर.पी. के जवान, जो अमृतसर के अस्पताल में उपचाराधीन हैं । (छाया : पंजाब केसरी)

श्री गोयल ने इस घटना में बब्बर खालसा आतंकवादी गिरोह की संलिप्तता होने की आशंका व्यक्त की है । उन्होंने कहा कि आतंकवादियों की योजना पुलिस व बी.एस.एफ. की गाड़ियां विस्फोट द्वारा उड़ाने की थी । इसलिये उन्होंने गांव डालेचक की ओर से फायरिंग की थी कि सुरक्षा बलों के वाहन इधर आएंगे तो वे क्षतिग्रस्त होंगे जिससे अधिक प्राणहानि हो सकती थी । मृत बलदेव सिंह अमृतसर के थाना घरिंडा के गांव चीमा खुर्द का निवासी था । पोस्टमार्टम के बाद उसका शव घर वालों को सौंप दिया गया है ।

पुराने साथी की हत्या : गुरदासपुर (विनोद) बीती रात कुछ अज्ञात आतंकवादियों द्वारा गुरदासपुर सदर के गांव झौहर में एक व्यक्ति पंजाब सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार बीती रात लगभग 8.30 बजे 6-7 आतंकवादी, जो कि शस्त्रों से लैस थे और उन्होंने अपने मुंह लपेट रखे थे, पंजाब सिंह के घर आये और उसे अपने साथ ले गए तथा गांव के बाहर एक छप्पड़ के नज़दीक इसकी गोली मार कर हत्या कर दी ।

पता चला है कि पंजाब सिंह पहले आतंकवादियों से सम्पर्क रखता था और उसका प्रमुख शस्त्र स्मगलर सच्चा सिंह डालेनंगल से सम्पर्क था । इसे पकड़ा भी गया था परन्तु बाद में वह आतंकवादियों को छोड़ गया था । अब आतंकवादी उस पर पुलिस मुखबिर होने का शक करते थे ।

अपहरण : बीती रात धारीवाल थाने के अंतर्गत गांव बदेश में 10-12 आतंकवादी गांव के कन्ता सिंह (होमगार्ड जवान) और सरपंच दलीप सिंह का अपहरण करके ले गए । परन्तु यह दोनों लगभग 2 घंटे बाद सुरक्षित लौट आए । सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों ने धमकी दी है कि गांव का कोई भी व्यक्ति होमगार्ड या स्पैशल पुलिस फोर्स में भर्ती नहीं होगा ।

बैंक लूटा : अमृतसर (पस): आतंकवादियों ने झब्बाल पुलिस थाने के अंतर्गत डांड कसेल गांव स्थित स्टेट बैंक शाखा से आज दो लाख 23 हजार रुपए से अधिक की रकम लूट ली । पुलिस ने बताया कि चार आतंकवादी बैंक खुलते ही उसमें घुस आये तथा बैंक कर्मचारियों को बंदूक दिखा कर नकदी लूट ले गए । आतंकवादियों की तलाश की जा रही है ।

सी.आर.पी. का कांस्टेबल घायल : सी.आर.पी.एफ. 85वीं बटालियन का एक कांस्टेबल पी. जोशी आज तड़के 3 बजे अपने ही हथियार की गोली से घायल हो गया । वह स्थानीय रेलवे स्टेशन के बाहर जी.टी. रोड पर स्थित सी.आर.पी.एफ. की चौकी पर तैनात था । इससे पूर्व पुलिस कंट्रोल रूम में सूचना मिली थी कि उक्त कांस्टेबल आतंकवादियों की गोली टांग में लगने से घायल हो गया है तथा आतंकवादी धंध का लाभ उठा कर भाग निकले हैं । एस.पी. सिटी ने बताया कि घटनास्थल से जो गोली मिली है वह कांस्टेबल के अपने हथियार की ही है ।

फैक्टरी लूटने का प्रयास विफल : अमृतसर के ईस्ट मोहन नगर में एक फैक्टरी के वर्करों ने आतंकवादियों द्वारा फैक्टरी को लूटने का प्रयास विफल कर दिया । पुलिस के अनुसार जब



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री गोविन्द राम के शव के पास उनकी पत्नी और बहन विलाप करते हुए । (छाया : शिव)

भी उड़ गई ।

स्थानीय सिविल अस्पताल में जो 10 घायल भर्ती कराये गये हैं, उनके नाम हैं–करतार सिंह कांस्टेबल (ड्राइवर), भागमल हैड क्लर्क, दलबीर सिंह हैड कांस्टेबल, बलकार सिंह कांस्टेबल, प्रकाश सिंह कांस्टेबल, जीत राम कांस्टेबल, गुरनाम सिंह, दिलबाग सिंह, हरिन्दर कौर स्टैनो व संविता शर्मा क्लर्क । जानकारी के अनुसार 80वीं बटालियन के कमांडैंट श्री इंद्रजीत सिंह संधु जिनका कार्यालय श्री गोबिन्द राम के कार्यालय के सामने है, बाल-बाल बच गए बताए गये हैं । जानकारी के अनुसार जब बम विस्फोट हुआ तो उसमें से छर्रे आदि उनके कमरे के बाहर खिड़की में लगे कूलर को चीर कर अंदर इतने जोर से गये कि दीवार को छलनी कर दिया । श्री संधु को मामूली बाज़ू में घाव आया बताया गया है । घायल प्रकाश सिंह 80वीं बटालियन का कांस्टेबल है और टांडा के निकट के गांव का निवासी है । वह अपनी बेसिक पे में रह गई त्रुटि दूर करवाने श्री संधु के कार्यालय की ओर गया था । घायल बलकार सिंह श्री संधु का गनमैन है ।

कोई भी घायल यह बता सकने की स्थिति में नहीं कि धमाका कैसे हुआ और कहां हुआ होगा किन्तु पुलिस अधिकारियों का अनुमान है कि बम श्री गोबिन्द राम के कमरे के दरवाजे के साथ की खिड़की में लगे कूलर में रखा गया होगा । श्री गोबिन्द राम इस कूलर के सामने की कमरे में बैठते थे । इस बारे भी दो राय हैं कि यह टाइम बम था या रिमोट कंट्रोल द्वारा विस्फोट किया गया । यदि टाइम बम था तो कुछ ही देर पहले रखा गया होगा और रखने वाला या तो इस परिसर में ही तैनात कोई पुलिस कर्मी है या कोई व्यक्ति श्री गोबिन्द राम से कुछ देर पहले मिलने आया और उसने कमरे में प्रवेश से पहले बम वाला डिब्बा वहां टिका दिया । एक पुलिस अधिकारी का कहना है कि रिमोट कंट्रोल द्वारा एक किलोमीटर दूर से विस्फोट किया जा सकता है । चर्चा सुनने को मिली कि तीन-चार व्यक्ति मारुति वैन में श्री गोबिन्द राम या किसी अधिकारी को मिलने के लिए कुछ देर पहले अन्दर गये थे ।

सूचना मिलने पर पी.ए.पी., पुलिस, सी.आर.पी., बी.एस.एफ. आदि के वरिष्ठ अधिकारी तुरन्त घटना स्थल पर पहुंच गये । अभी जांच जारी है । इस बीच श्री गोबिन्द राम, जिनके चेहरे तथा दाईं टांग के कई जगह से चीथड़े उड़े हुए थे और तीन अन्य मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कर दिया गया ।

उल्लेखनीय है कि श्री गोबिन्द राम बटाला में तैनाती के समय से ही उग्रवादियों की हिटलिस्ट में थे और अभी कुछ ही मास पूर्व उग्रवादियों ने उनके

3 आतंकवादी गिरफ्तार : बाघापुराना (मित्तल): कल रात इस पुलिस थाने के अन्तर्गत रोडे गांव में पुलिस ने तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । सूचना प्राप्त कर पुलिस पार्टी ने गांव के बाहर एक स्थान पर छापा मारा । पुलिस को देखकर आतंकवादी भाग निकले । पुलिस ने पीछा करके लगभग एक किलो मीटर दूर जाकर उन्हें पकड़ लिया । पुलिस ने उनसे गोली-सिक्के के अतिरिक्त तीन बंदूकें बरामद की हैं । गिरफ्तार आतंकवादियों की पहचान मक्खन सिंह, रंधीर सिंह तथा गुरमीत सिंह के रूप में हुई है ।

तीन आतंकवादी गिरफ्तार : फरीदकोट जिला पुलिस ने रोडे गांव के निकट मिट्ठू सिंह मज़हबी के नेतृत्व वाले खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाईज़ेशन के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया । जिला पुलिस प्रमुख एस.के. शर्मा के अनुसार इन उग्रवादियों के नाम हैं–गुरमीत सिंह, मक्खन सिंह एवं रणधीर सिंह उर्फ़ गब्बर । इन उग्रवादियों ने जिले में डकैती और हत्या की कई घटनाओं के पीछे अपना हाथ कबूल किया है ।

गोबिन्द राम व 3 अन्य की हत्या : जालंधर (वि.प्र.): आज दोपहर लगभग सवा बारह बजे स्थानीय पी.ए.पी. परिसर में बटाला के पूर्व एस.एस.पी. श्री गोबिन्द राम जो कि इस समय पी.ए.पी. की 75वीं बटालियन के कमांडैंट के रूप में तैनात थे, के कार्यालय में जबरदस्त बम विस्फोट हुआ जिसके परिणामस्वरूप श्री गोबिन्द राम के अतिरिक्त सब इंस्पैक्टर प्रेम चंद, कांस्टेबल छोटे राम तथा हैड कांस्टेबल मदन लाल, जो कि 80वीं बटालियन के कमांडैंट का गनमैन था, मौका पर ही मारे गये जबकि एक दर्जन पुलिस कर्मी घायल हो गये जिन्हें तुरन्त स्थानीय सिविल अस्पताल में ले जाया गया । घायलों में श्री गोबिन्द राम के कार्यालय की स्टैनो श्रीमती हरिन्दर कौर (24) निवासी सैदां गेट जालंधर तथा क्लर्क कुमारी संविता (23) निवासी प्रीत नगर लाडोवाली रोड जालंधर भी शामिल हैं । विस्फोट से श्री गोबिन्द राम के कमरे के बरामदा तथा जिसकी साथ वाले कमरे में स्टैनो बैठती है, की छतें

यह दूसरी अवसर है जब आतंकवादियों द्वारा पंजाब शस्त्र पुलिस के परिसर में षड्यंत्र रचा गया । इससे पूर्व 1987 में पंजाब के तत्कालीन पुलिस प्रमुख जे.एफ. रिबैरो पर भी इसी परिसर में हमला किया गया था, परन्तु श्री रिबैरो आतंकवादियों की गोलियों से बाल-बाल बच गए थे ।

'वार्ता' के अनुसार समझा जाता है कि गोबिन्द राम की मेज के नीचे बम रखा गया था । पुलिस सूत्रों के अनुसार गोबिन्द राम और कांस्टेबल छोटे मल की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि मदन लाल ने रास्ते में दम तोड़ा ।

राज्यपाल द्वारा शोक व्यक्त : पंजाब के राज्यपाल श्री एन.के. मुखर्जी ने बम धमके में पी.ए.पी. की 75वीं बटालियन के कमांडैंट श्री गोबिन्द राम व अन्य पुलिस कर्मियों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है तथा मृतकों के परिवारों से हार्दिक संवेदना व्यक्त की है ।

बेअंत सिंह द्वारा निंदा : चंडीगढ़ से वि.प्र. के अनुसार पंजाब इंकाध्यक्ष श्री बेअंत सिंह ने श्री गोबिन्द राम की हत्या पर गहरा दुख व्यक्त किया है । उन्होंने कहा कि श्री गोबिन्द राम एक निष्ठावान अधिकारी थे । उन्होंने कहा कि इस घटना से पता चलता है कि आतंकवादी सुरक्षा बलों का मनोबल गिराने के लिए उन पर तथा उनके अधिकारियों पर हमले कर रहे हैं । उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा कड़ी करने का आग्रह किया है तथा बम विस्फोट में मारे गये लोगों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की है ।

जालंधर : पूर्व भाजपा विधायक वैद्य ओम प्रकाश दत्त ने पी.ए.पी. परिसर में आज श्री गोबिन्द राम की हत्या किये जाने की घटना की तीव्र निंदा की है ।

जालन्धर : पंजाब कल्याण परिषद के संयोजक वीरेन्द्र शर्मा, यूथ कांग्रेस (इ) जालन्धर के महामंत्री केवल कृष्ण और कौमी एकता कमेटी के वी.के. खन्ना ने श्री गोबिंद राम की हत्या की कड़ी भर्त्सना की है और सरकार से मांग की है कि उग्रवाद का सामना करने के लिए कड़े पग उठाए ।

फगवाड़ा (कौड़ा): पंजाब भारतीय जनता पार्टी के महासचिव जगदीश राय मोंगा, चौ. स्वर्ण राम, जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्वरूप अरोड़ा, पंजाब जनता पार्टी के अध्यक्ष हरदेव सिंह ने भी श्री गोबिंद राम की आतंकवादियों द्वारा निर्मम हत्या की कड़ी निंदा की है ।

अमृतसर (वार्ता): श्री गोबिन्द राम की हत्या के विरोध में राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की पंजाब इकाई ने कल 11 जनवरी को जालंधर में बंद का आह्वान किया है । समिति के अध्यक्ष श्री बलदेव चावला ने कहा है कि अधिकतम सुरक्षा वाले पी.ए.पी. परिसर में श्री गोबिन्द राम की हत्या से आतंकवादियों की घुसपैठ की शक्ति का पता चलता है । श्री चावला के अतिरिक्त हिन्दू शिव सेना, भारतीय जनता पार्टी तथा भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी ने भी श्री गोबिन्द राम की हत्या की निंदा की है ।

पंजाब शिव सेना (बाल ठाकरे) ने पी.ए.पी. परिसर में बम विस्फोट की घटना की तीव्र निंदा की है । प्रचार सचिव श्री पवन गुप्ता ने कहा कि सरकार अपनी ढिलाई बरतने की नीति छोड़ कर आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे ।



(1) पी.ए.पी. परिसर जालंधर में स्थित वह कार्यालय जिसमें बुधवार को विस्फोट से पी.ए.पी. की 75वीं बटालियन के कमांडैंट श्री गोबिन्द राम तथा 3 अन्य पुलिस कर्मियों की मौत हो गई तथा 12 पुलिस कर्मी घायल हो गये । इमारत बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई । (2) श्री गोबिन्द राम का शव, (3, 4) दो अन्य मृतकों के शव, (5 से 8) घायल संविता, हरिन्द्र कौर, प्रकाश सिंह तथा बलकार सिंह । (छाया : कपूर)

बोफ़ोर्स-सौदे से सम्बद्ध 4 फाइलें गायब

नई दिल्ली, 10 जनवरी (मनमोहन शर्मा):

पंजाब-कश्मीर में यही घटनाक्रम जारी रहा तो स्थिति को नियंत्रित रखना कठिन होगा : वी.पी. सिंह की सलाह को चेतावनी

अतिन्द्रपाल सिंह द्वारा सिख पंथ को रैली में शामिल होने की अपील

नई दिल्ली, 10 जनवरी (वार्ता): नव-निर्वाचित सांसद अतिन्द्रपाल सिंह ने 'सिख पंथ' के सभी घटकों से आग्रह किया है कि लुधियाना में कल होने वाली

सर्वदलीय रैली में इंका के भाग लेने, न लेने बारे कोई स्पष्ट घोषणा नहीं की गई

नई दिल्ली, 10 जनवरी (ए.स.): पंजाब । कहा है, "यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि गत वर्ष 17 दिस



(1) पी.ए.पी. परिसर जालंधर में स्थित वह कार्यालय जिसमें बुधवार को विस्फोट से पी.ए.पी. की 75वीं बटालियन के कमांडैंट श्री गोबिन्द राम तथा 3 अन्य पुलिस कर्मियों की मौत हो गई तथा 12 पुलिस कर्मी घायल हो गये । इमारत बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई । (2) श्री गोबिन्द राम का शव, (3, 4) दो अन्य मृतकों के शव, (5 से 8) घायल सविता, हरिन्द्र कौर, प्रकाश सिंह तथा बलकार सिंह । (छाया : कपूर)

Punjab Sanatan

निबटने के शांत पर टकराव की नीति अपना रहे हैं ।

भाजपा ने इन सभी दलों से रैली में भाग लेने की अपील की है, जिससे राष्ट्रहित में पंजाब समस्या का हल खोजने के संयुक्त प्रयास को बल मिले ।

श्री शर्मा ने कहा कि पंजाब की ताज़ा घटनाओं को देखते हुए ज़रूरी है कि पंजाब समस्या को आम सहमति से हल करने के लिए प्रयास जारी रखे जाएं, भले ही कुछ राजनीतिक दल अपने निहित स्वार्थों के लिए इसमें असहयोग का रवैया अपनाएं ।

उन्होंने कहा कि इस बात को स्पष्ट तौर पर कहा जाना चाहिए कि देश की एकता एवं अखंडता से कोई समझौता नहीं होगा तथा अलगाववादियों की खालिस्तान की मांग को कभी स्वीकार नहीं किया जाएगा । इसी के साथ नागरिकों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाए और शांति तथा व्यवस्था को हर कीमत पर बहाल रखा जाए ।

श्री शर्मा ने कहा कि श्री गोबिन्द राम की हत्या की घटना से प्रशासन, पुलिस और गुप्तचर विभाग की विश्वसनीयता पर बड़ा प्रश्न-चिन्ह लग गया है । यह ज़रूरी है कि ऐसी स्थिति में प्रशासन, पुलिस और गुप्तचर एजेंसियों की बारीकी से जांच की जाए तथा उन्हें और प्रभावी बनाया जाए । उन्होंने भारत-पाक सीमा को पूर्ण रूप से 'सील' करने पर भी बल दिया ।

आधुनिक अध्यापन साधन अपनाने पर बल

चंडीगढ़, 11 जनवरी : श्री राजेन्द्र सिंह शिक्षा सचिव पंजाब ने आज अध्यापकों एवं शिक्षा शास्त्रियों पर बल दिया है कि वह 21वीं शताब्दी के लिए शिक्षा को प्रभावी बनाने हेतु आधुनिक अध्यापन साधनों जैसे कम्प्यूटर, माइक्रो प्रोसैस ढंगों को अपनाएं । आज यहां तकनीकी टीचर्ज ट्रेनिंग संस्था की ओर से आयोजित शैक्षिक तकनीकी पर एक सैमीनार की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि भविष्य की सामाजिक प्रणाली की आवश्यकताओं के दृष्टिगत ही शिक्षा प्रणाली को अपनाना चाहिए ।

कर्फ्यू में ढील की घोषणा की गई थी लेकिन पुराने शहर में कुछ गड़बड़ के कारण अधिकारियों ने 11 बजे से फिर कर्फ्यू लगा दिया ।

इस बीच श्रीनगर में यूथ नैशनल कांफ्रैंस के महामंत्री गुलाम नबी शहीन के सुरक्षा गार्ड को लोगों ने घर जाते वक्त गुरु बाजार में घेर लिया । उसकी सुनिश्चित करेगी कि यह सरकार पूरे 5 वर्ष तक चले । यहां सर्वदलीय सद्भावना रैली को संबोधित करते हुए श्री वाजपेयी ने कहा कि किसी को भी नई सरकार की स्थिरता के बारे में कोई संदेह नहीं होना चाहिए, जिसने कि पंजाब की स्थिति को सामान्य बनाने के लिए कुछ ठोस कदम उठाए हैं ।

पंजाब में जारी हिंसा का उल्लेख करते हुए श्री



पटियाला जिला में आतंकवादियों ने दो व्यक्तियों का अपहरण करके उनकी हत्या कर दी । फोटो में ईंटों का वह भट्ठा, जहां से उक्त दोनों व्यक्तियों का अपहरण किया गया और इन्सैट मृतकों सुरेश कुमार तथा जौहरी राम के शव । (छाया : सिंगला, वर्मा)

है । ऐसी स्थिति में पंजाब में शांति स्थापित करने में मदद नहीं मिल सकती । हम विध्वंसकों तथा आतंकवादियों को बता देना चाहते हैं कि हम देश का एक और विभाजन नहीं होने देंगे ।

श्री वाजपेयी ने कहा कि नई सरकार ने पंजाब में वातावरण को सुखद बनाने के लिए कुछ निर्देश जारी किए हैं तथा कुछ कदम उठाए हैं लेकिन दुर्भाग्यवश इसे 'कमजोरी की निशानी' समझा गया है और हिंसा व हत्या की घटनाएं बढ़ रही हैं । इन्हें सहन नहीं किया जा सकता ।

उन्होंने कहा कि यदि पंजाब में हिंसा बंद नहीं होती तो राज्य में स्थिति सामान्य बनाने के प्रयत्नों पर इसका प्रभाव पड़ेगा । ऐसी हालत में सरकार पर राज्य में कड़े पग उठाने के लिए दबाव पड़ेगा । जिसे वह टालना चाहती है ।

भाजपा नेता ने कहा कि हत्या हत्या है चाहे यह पंजाब में की गई हो अथवा 1984 के दंगों में किसी ने की हो । दोनों ही मामलों में हत्यारों को दंड दिया जाना चाहिए । इस संबंध में दोहरे मापदंड नहीं हो सकते । उन्होंने कहा कि किसी को भी हिन्दुओं और सिखों में खाई उत्पन्न करने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

'महिन्द्रा' के अनुसार श्री वाजपेयी ने कहा कि लुधियाना आकर हमने देखा है कि पंजाब का मौसम बदल रहा है । कोहरा छंट गया है और धूप निकली हुई है । अब देखना होगा कि धूप पर अंधेरे की छाया न पड़े । जख्मों को अब भरना होगा । यदि जख्म लगाने का क्रम जारी रहा तो मरहम प्रभावी सिद्ध न होगा । उन्होंने इस बात पर दुःख प्रकट किया कि महिलाओं की हत्या की जा रही है, बच्चों की हत्याएं हो रही हैं, लूटपाट जारी है ।

श्री वाजपेयी ने कहा कि देश की आज़ादी और एकता को यदि खतरा हो तो बंदूक उठाना उचित है परन्तु अपने घर में बंदूक का इस्तेमाल नहीं होने दिया जाएगा ।

ट्रैवल एजैंट कार दुर्घटना में मरा

नवांशहर, 11 जनवरी (शर्मा): कल रात साढ़े आठ बजे यहां से डेढ़ किलो मीटर दूर गढ़शंकर सड़क पर स्थानीय ट्रैवल एजैंट श्री देवेन्द्र पराशरे की मारुति कार दुर्घटना में मौत हो गई ।

पंजाब में 1 महिला, दो व्यापारियों सहित 6 व्यक्तियों की हत्या: सुरक्षा चौकी पर हमला

चंडीगढ़, 11 जनवरी (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात से अब तक आतंकवादियों ने दो व्यापारियों एवं एक महिला समेत छः लोगों की हत्या कर दी तथा 2 व्यक्तियों का अपहरण कर लिया । आतंकवादियों ने एक सुरक्षा चौकी पर भी हमला किया ।

महिला की हत्या : गुरदासपुर (गुरबा): कल रात तीन आतंकवादियों ने धारीवाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव कैले कलां में ए.के. 47 असाल्ट राइफल से गोलियां चला कर बंसी नामक एक महिला की उसके घर में हत्या कर दी । बंसी विधवा थी और नौशहरा मज्जा सिंह गांव में प्रभात फाइनैंस कम्पनी में चपरासी थी ।

एक को फांसी लगा दी : धारीवाल थाना क्षेत्र के अधीन ही सतकोहा गांव में उग्रवादियों ने एक युवक को फांसी लगा दी । आज प्रातः ग्यारह बजे गांव के लोग जब खेतों में गए तो उन्होंने युवक की लाश वृक्ष के साथ लटकती पाई । युवक के पांव की उंगलियों में ए.के. 47 राइफल की एक गोली भी फंसी हुई थी । मृतक की अभी तक शिनाख्त नहीं हुई है ।

एक गिरफ्तार : जिला पुलिस ने परमजीत सिंह नामक एक व्यक्ति को आतंकवादी गतिविधियों में गिरफ्तार किया है । [illegible]

कम्पनी की गुरदासपुर शाखा में सैक्शनल अफसर था । वह 30 दिसम्बर को अखनूर सीमा पर मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी सतनाम सिंह का बहनोई है । आजकल परमजीत सिंह गुरदासपुर में किराए के एक मकान में रहता था ।

दो लोगों की हत्या, एक का अपहरण : सामाना (वर्मा): कल शाम यहां से 27 किलोमीटर दूर पातड़ां में आतंकवादियों ने एक शैलर मालिक व एक भट्ठा मालिक की हत्या कर दी और एक अन्य शैलर मालिक का अपहरण कर लिया ।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार शाम लगभग सवा छः बजे हीरो होंडा मोटर साइकिल पर सवार दो आतंकवादी नरवाना रोड पर स्थित शिवशक्ति राईस मिल में गए तथा जौहरी राम नामक व्यक्ति को अपने साथ चलने के लिए कहा । पहले तो जौहरी राम आतंकवादियों के साथ चल पड़ा लेकिन थोड़ी दूर जाने के बाद वह भाग निकला । इसके बाद उक्त आतंकवादी भारत राईस मिल में गए तथा वहां से साधू राम नामक एक व्यक्ति का अपहरण करके ले गए ।

बाद में जौहरी राम जब शहर वापस आ रहा था तो उसे रास्ते में एक भट्ठा मालिक सुरेश कुमार मिल गया । जौहरी राम सुरेश कुमार के स्कूटर पर [illegible]

दो अन्य आतंकवादियों ने जौहरी राम तथा सुरेश कुमार को घेर लिया । वे दोनों स्कूटर छोड़ कर खेतों में भाग गए लेकिन आतंकवादियों ने पीछे से गोलियां चला दीं । जौहरी राम तथा सुरेश कुमार की मौके पर ही मृत्यु हो गई । इस बीच आज पातड़ां तथा कुछ अन्य क्षेत्रों में इस हत्याकांड के विरोध में हड़ताल रही ।

पटियाला से 'भूषण' के अनुसार आतंकवादी पातड़ां से साधु राम नामक जिस शैलर मालिक का अपहरण करके ले गए हैं, उसने अपने घर संदेश भेजा है कि "यदि आप मुझे जीवित पाना चाहते हैं तो आतंकवादियों को फिरौती देने के लिए शीघ्र दस लाख रुपया भेजा जाए ।" इस बीच जौहरी लाल तथा सुरेश कुमार के शव पातड़ां के निकटवर्ती काहनगढ़ गांव के खेतों से पातड़ां लाए गए हैं । दोनों व्यापारियों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है । उक्त घटना से सारे क्षेत्र में आतंक फैल गया है ।

किसान की हत्या : अमृतसर (प.स.): आतंकवादी कल रात अमृतसर जिले के कलसियां गांव में एक किसान बलबीर सिंह के घर में घुसे तथा गोली मार कर उसकी हत्या कर दी ।

एक और हत्या : आतंकवादियों ने गुरदासपुर जिला के भीरे गांव के अजैब सिंह का [illegible] कर हत्या कर दी ।

सुरक्षा चौकी पर हमला : तरनतारन जिला के खेमकरण में आतंकवादियों ने कल रात केंद्रीय रिज़र्व पुलिस की चौकी पर हमला किया लेकिन कोई घायल नहीं हुआ ।

एक का अपहरण : मोगा (आज़ाद): कल रात जी.टी. रोड मोगा से आए एसोसिएशन के प्रधान श्री वीरेन्द्र कुमार पर कार सवार दो उग्रवादियों ने गोली चलाई तथा उनसे लगभग दस हजार रुपए लूट कर ले गए । इन आतंकवादियों ने श्री वीरेन्द्र कुमार के बेटे का भी अपहरण कर लिया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार रात लगभग साढ़े सात बजे श्री वीरेन्द्र कुमार अपना आरा बंद करके घर लौट रहे थे कि बिजली बोर्ड कार्यालय के निकट सफेद मारुति कार में सवार दो आतंकवादियों ने उनको रोक लिया तथा उनसे पैसे मांगे । श्री वीरेंद्र कुमार आतंकवादियों से उलझ गए लेकिन आतंकवादियों ने उनसे दस हजार रुपए छीन लिए और उन पर गोली चलाई । गोली श्री वीरेन्द्र के कान के निकट से निकल गई । इस बीच श्री वीरेन्द्र का बेटा बाबी भी घटनास्थल पर पहुंच गया । आतंकवादी बाबी को कार में डाल कर भाग निकले । पुलिस बाबी की तलाश कर रही है ।

बैंक लूटने की कोशिश : मोगा से

(शेष पृष्ठ ८ पर)

Punjabi Jagran Archive

वी. पी. सिंह की भावपूर्ण अपील

(पृष्ठ 3 का शेष)

कहा कि पंजाबियों को कई आश्वासन दिए गए, महात्मा गांधी द्वारा भी, पं. जवाहर लाल नेहरू द्वारा भी, लेकिन पूरा कोई भी नहीं किया गया ।

उन्होंने कहा कि अब दमनकारी सरकार को उखाड़ फैंका गया है तथा वी.पी. सिंह के नेतृत्व में नई सरकार आई है जिसने पंजाब समस्या के समाधान के लिए थोड़ी-सी अवधि में ही नई दिशा में ईमानदारी से पग उठाए हैं । उन्होंने कहा कि पूर्व कांग्रेस सरकार ने यद्यपि पंजाबी सूबा की मांग मान ली थी परन्तु इसमें भी छल हुआ है । उन्होंने कहा कि पंजाब के लिए क्षेत्र और नदी जल के बारे में न्याय की मांग जारी रहेगी ।

उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी आतंकवाद और निर्दोष लोगों की हत्याओं के खिलाफ है । उन्होंने कहा कि पंजाबियों ने पाकिस्तान और चीन के साथ युद्ध के समय अपना खून और बलिदान देकर देश की अखंडता की रक्षा की, लेकिन कांग्रेस सरकार ने सदैव उनके साथ भेदभाव किया है । उन्होंने आरोप लगाया कि सशस्त्र सेना और सरकारी नौकरियों में पंजाबियों (सिखों) के साथ भेदभाव किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि सरकार को पंजाब के सम्बन्ध में उदारता से काम लेना चाहिए । जेलों में बंद युवकों को रिहा किया जाए । सैनिक भगौड़ों को रिहा कर उनका पुनर्वास किया जाए । उन्होंने कहा कि पंजाब में कृषि पर आधारित उद्योग स्थापित करते समय भी उदारता से काम लिया जाए । अनाज के मूल्यों को महंगाई के अनुसार तय किया जाए ।

बरनाला का भाषण : अकाली दल (ल) के अध्यक्ष श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने राजीव गांधी सरकार पर आरोप लगाया कि राजीव-लौंगोवाल समझौते को अक्षरशः लागू नहीं किया गया जिसके कारण यह झगड़े का मुख्य मुद्दा बन गया ।

भूतपूर्व मुख्यमंत्री ने जैसे ही उक्त समझौते का ज़िक्र किया, सभा में उपस्थित अकाली दल (बादल) के एक वर्ग ने बरनाला विरोधी नारे लगाए । श्री बरनाला ने कहा कि समझौते से नई आशा पैदा हुई थी, मगर पंजाब को चंडीगढ़ और पंजाबी भाषी क्षेत्र देने से इन्कार किए जाने पर लोग नाराज़ हो गए ।

श्री बरनाला ने कहा कि पंजाब के लोग न तो अलगाववादी हैं और न ही आतंकवादी । उनका दर्जा घटाने के लिए गलत तस्वीर पेश की जा रही है । उन्होंने कहा कि सरकार को पंजाब की पूर्व गरिमा बहाल करने के अतिरिक्त सैनिक भगौड़ों को तुरन्त रिहाकर उनका पुनर्वास करना चाहिए तथा 1984 के दंगा पीड़ितों और पुलिस अत्याचार से पीड़ितों का भी पुनर्वास किया जाए ।

प्रधानमंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के आज लुधियाना पहुंचने पर सड़कों के किनारे खड़े हजारों लोगों ने उनका स्वागत किया ।

हलवाड़ा से लुधियाना महिला कालेज तक के 31 कि.मी. लम्बे मार्ग के दोनों ओर लोगों की अपार भीड़ थी । लोग विश्वनाथ प्रताप सिंह जिन्दाबाद के नारे लगा रहे थे । हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए सांसद सिमरनजीत सिंह मान, राजेंद्र कौर, श्री प्रकाश सिंह बादल के अतिरिक्त अनेक लोग उपस्थित थे । अकाली दल (मान) के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान ने श्री वी.पी. सिंह का हवाई अड्डे पर स्वागत किया और बाद में उन्हें विदाई दी ।

प्रधानमंत्री ने कम से कम पंद्रह जगह रुक कर भीड़ में घुस कर लोगों से बातचीत की और उनका अभिवादन स्वीकार किया । श्री सिंह कई स्थानों पर मार्ग से लगभग एक सौ गज़ दूर खड़े लोगों से मिलने के लिए स्वयं पैदल चल कर उनके पास गये ।

इस अवसर पर सुरक्षा के लिए पंजाब पुलिस के जवान ही दिखाई दे रहे थे । प्रधानमंत्री की गाड़ी की गति लगभग 15 कि.मी. प्रति घंटा थी । मार्ग के दोनों ओर खड़े लोग हाथ हिला-हिला कर प्रधानमंत्री का स्वागत कर रहे थे । साथ ही लोग अपने 'ताऊ' उप-प्रधानमंत्री श्री देवी लाल को भी ढूंढ रहे थे ।

प.स. के अनुसार श्री वी.पी. सिंह लुधियाना कृषि विश्वविद्यालय के द्वार पर गाड़ी से उतर गये तथा वहां एकत्र लोगों के पास चल कर गये । उन्होंने उनके साथ चित्र खिंचवाए । श्री सिंह ने एक बच्चे को बाहों में उठा कर भी चित्र खिंचवाया । यूनिवर्सिटी में गत कुछ वर्षों के दौरान गोलीबारी की तीन घटनाएं हुई थीं जिनमें से एक में ओलिम्पिक खिलाड़ी पृथीपाल सिंह की हत्या कर दी गई थी ।

सुरजीत का भाषण : मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता कामरेड हरकिशन सिंह सुरजीत ने अपने भाषण में कहा कि पंजाब में अल्पसंख्यक अपने आपको असुरक्षित महसूस करते हैं और जब तक उनके दिलों से इस भय को समाप्त नहीं किया जाएगा, पंजाब में शांति कायम नहीं हो सकती । उन्होंने श्री बादल से अपील की कि वह पहल करें और गुमराह युवकों को प्रेरणा दें कि वे हिंसा का मार्ग छोड़ कर राष्ट्रीय मुख्यधारा में शामिल हों । उन्होंने कहा कि श्री वाजपेयी के इस तर्क में वज़न है कि धर्म किसी जाति या देश का आधार नहीं होना चाहिए ।

रैली में स्टेज सैक्रेटरी का कार्य भाजपा नेता श्री मदन मोहन मित्तल ने सम्भाला । उन्होंने कहा कि स्टेज से जो नारे लगाए जाएं, केवल उन्हीं का जवाब दिया जाए । नारे थे — देश की एकता व अखंडता की रक्षा कौन करेगा—हम करेंगे, पंजाब और देश की एकता ज़िंदाबाद, भारतमाता के हैं चार सिपाही—हिन्दू-मुस्लिम-सिख-इसाई ।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव अवतार सिंह मल्होत्रा ने कहा कि सरकार को उन सभी लोगों से बातचीत करनी चाहिए, जो पंजाब में शांति स्थापित करने में सहायक हो सकते हैं । उन्होंने कहा कि कोई एक पार्टी समस्या का समाधान नहीं कर सकती । उन्होंने श्री खुड्डियां की रहस्यपूर्ण मौत की न्यायिक जांच की मांग की ।

मंच पर अनेक नेता उपस्थित थे, पर सभी भाषण नहीं कर सके । इनमें असम गण परिषद आर.एस.पी., तेलगुदेशम, हिन्दू महासभा, कांग्रेस (एस), लोकदल (ब), फ़ारवर्ड ब्लाक, झारखंड मुक्ति मोर्चा, आई.पी.एफ. और मज़दूर मुस्लिम लीग के प्रतिनिधि शामिल थे । इनके अतिरिक्त अकाली दल (टी) के अध्यक्ष जगदेव सिंह तलवंडी कई केंद्रीय मंत्री तथा विभिन्न दलों के राज्य और राष्ट्र स्तर के नेता शामिल थे ।

प्रस्ताव : सर्वदलीय सद्भावना सभा में आज पंजाब में शांति एवं न्याय स्थापना और इस पेचीदा समस्या को सुलझाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रयास करने और आम सहमति जुटाने पर ज़ोर दिया गया । सभा में पारित एक प्रस्ताव में कहा गया है कि इस तरह के प्रयास और आम सहमति से पंजाब के हर वर्ग के लोगों की जायज़ मांगें पूरी की जानी चाहिएं और समाज के सभी वर्गों में विश्वास का वातावरण बनाया जाना चाहिए । प्रस्ताव में कहा गया कि संविधान की सीमाओं के भीतर लोगों की आकांक्षाएं पूरी की जानी चाहिएं और राष्ट्रीय अखंडता मज़बूत की जानी चाहिए क्योंकि यही समय की सबसे बड़ी जरूरत है ।

सभा में श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार द्वारा हाल ही में उठाए गए रचनात्मक कदमों और पंजाब समस्या के राजनीतिक समाधान के लिए राष्ट्रीय सहमति जुटाने के प्रयासों की सराहना की गई । प्रस्ताव में केंद्र से आग्रह किया गया कि वह राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर सभी पक्षों को शामिल करके आगे बातचीत शुरू करने के लिए तुरन्त कदम उठाएं ।

प्रस्ताव में कहा गया है कि इस दिशा में संयमपूर्वक निरन्तर प्रयास किए जाने चाहिएं ताकि पुराने मतभेदों को दूर किया जा सके और एक समान दृष्टिकोण तैयार हो सके । इनके अलावा पंजाब को मौजूदा संकट से उबारने के लिए ठोस कदम और उसके आगे की कार्रवाई की जानी चाहिए । सर्वदलीय सभा में यह विचार व्यक्त किया गया कि हत्या, खून-खराबे और आतंकवाद का यह दौर अब थमना चाहिए और सबके लिए जान-माल की हिफाजत और मानव अधिकारों के सम्मान की व्यवस्था होनी चाहिए ।

सभा में कहा गया है कि यह सब जल्दी ही होना चाहिए ताकि लोगों में सद्भाव स्थापित हो सके और समस्या के समाधान के लिए अनुकूल वातावरण बन सके । सभा में तमाम पक्षों से पंजाब में गैर-कानूनी गतिविधियां रोकने की प्रक्रिया में सहयोग देने की अपील की गई । सभा में कहा गया कि पंजाब की जनता ने राष्ट्रीय अर्थ व्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान दिया है । यहां तक कि संकट और समस्याओं से आक्रांत वर्षों में भी पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत और देशभक्ति की महान परम्परा ने सम्बल प्रदान किया है ।

झलकियां : (वार्ता, धीमान): रैली के दौरान जब श्री सुरजीत सिंह बरनाला बोलने के लिए उठे तो पीले पटकेधारी कुछ सिख युवकों ने उन्हें हट करने की कोशिश की । जब कार्रवाई के संचालन में पंजाब भाजपा के प्रधान श्री मदन मोहन मित्तल को सहायता देने की कैप्टन कंवलजीत सिंह ने कोशिश की, तब भी इन युवकों ने आपत्ति की ।

※जब भाजपा नेता श्री अटल बिहारी ने कहा कि यदि सरकार की निष्ठा का प्रत्युत्तर न दिया गया और हिंसा न रुकी तो नई सरकार पर सख्त कदम उठाने के लिए दबाव बढ़ेगा, तब भी उसी जगह बैठे एक युवक ने चिल्ला कर कहा : क्या आप हमें धमकाने आए हैं ?

※सभी वक्ताओं ने 1984 के दंगों के दोषियों को सज़ा देने की बात कही, सिर्फ श्री वाजपेयी ने यह भी कहा कि पंजाब में निर्दोषों की हत्याओं के जिम्मेदार लोगों पर भी विशेष अदालतों में केस चलने चाहिएं ।

※श्री वी.पी. सिंह के भाषण की शब्दावली ठीक नहीं थी । उन्होंने 'जलियांवाला बाग' को 'जलियानावाला बाग' कहा । कई और स्थानों के भी नामोल्लेख उन्होंने गलत किए ।

※वक्ताओं में सब से ज्यादा समय श्री प्रकाश सिंह बादल ने लिया ।

※प्रधानमंत्री और उप-प्रधानमंत्री दोनों ने ही अपने भाषण 'जो बोले सो निहाल' के जयकारे के साथ शुरू किए ।

※श्री देवी लाल ने कहा कि पंजाब और हरियाणा के बीच केवलमात्र एक झगड़ा यह हो सकता है कि श्री प्रकाश सिंह बादल श्री बंसी लाल को लुधियाना की जेल में रखना चाहेंगे जबकि मैं उन्हें हिसार जेल में रखना चाहूंगा ।

※जब श्री वी.पी. सिंह ने एक पुलिस अधिकारी (श्री गोबिन्द राम) की हत्या का ज़िक्र करते हुए कहा कि 'निर्दोष लोगों की हत्याओं की इजाज़त नहीं दी जा सकती और न ही कोई निर्दोष जान ली जा सकती है', तो उपस्थिति ने इसका स्वागत किया ।

बलविंदर सिंह को पुलिस ने हिरासत में लिया

लुधियाना, 11 जनवरी (वार्ता): अकाली दल (मान) के संगठन सचिव बलविंदर सिंह पापी को यहां आज पुलिस ने हिरासत में ले लिया । वह पार्टी के सांसद अतिन्दर पाल सिंह की रिहाई की मांग को लेकर आमरण अनशन कर रहे थे । श्री पापी ने पत्रकारों को बताया कि वह अपनी मांग को लेकर

सीटों के लेन-देन के बारे में जद ने अभी कोई निर्णय नहीं किया

जयपुर, 11 जनवरी (हि.टा.): राजस्थान में जनता दल आगामी विधान सभा चुनाव के लिए भाजपा के साथ तालमेल के लिए इस बार अधिक उत्सुक नहीं है । उसने सीटों के तालमेल पर विचार-विमर्श के लिए राज्य भाजपा के अनुरोधों का कोई उत्तर नहीं दिया है । राज्य जनता दल के अध्यक्ष तथा केन्द्रीय खाद्यमंत्री नाथू राम मिर्धा ने कहा है कि पार्टी ने कोई नीति विषयक निर्णय नहीं किया है कि वह भाजपा के साथ तालमेल करेगी या नहीं और यदि करेगी तो किस आधार पर । यह प्रश्न अभी भी खुला हुआ है । राज्य जनता दल के नेताओं का, जो कि दिल्ली से लौटे हैं, कहना है कि पार्टी नेतृत्व ने अभी इस मामले पर अपना मन नहीं बनाया है ।

जनता दल के संसदीय बोर्ड की यहां 13 जनवरी को बैठक हो रही है जिसमें चुनाव रणनीति का फैसला किया जाएगा तथा उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी । पार्टी नेताओं में लोकसभा चुनाव के लिए किए गए तालमेल के आधार पर सीटों का लेन-देन करने पर मतभेद हैं । लोकसभा चुनाव में राज्य की 25 सीटों में से 13 भाजपा को तथा 11 जनता दल को मिली थीं । शेष एक सीट जनता दल के अपने हिस्से में से मार्क्सवादी पार्टी को दी थी । भाजपा ने बीकानेर में मार्क्सवादी प्रत्याशी के मुकाबले में अपना उम्मीदवार खड़ा कर दिया था, लेकिन उसकी ज़मानत ज़ब्त हो गई थी ।

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

'सर्वमित्र' के अनुसार आतंकवादियों ने कल यहां निकटवर्ती दोधार गांव में स्थित आरिएंटल बैंक आफ कामर्स की शाखा लूटने का विफल प्रयास किया । आतंकवादी बैंक भवन के ताले तोड़ कर भीतर दाखिल हो गए लेकिन वे बैंक के लॉकर नहीं तोड़ सके । इस बीच वहां ग्रामीण एकत्र हो गए जिस पर आतंकवादी भाग निकले ।

कपूरथला : आतंकवादियों ने कल रात जिला के धाम गांव में दर्शन सिंह नामक एक व्यक्ति पर गोली चलाई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ।

एक हत्या : फिरोजपुर (प.स.): आज जिला फिरोजपुर के घलखुर्द थानांतर्गत गांव साइयांवाला में एक व्यक्ति लखबीर सिंह की गोली से हत्या कर दी गई । पुलिस ने इसे निजी शत्रुता का केस बताया ।

दिल्ली पुलिस को धमकाने पर 'ताऊ' का 'दामाद' गिरफ्तार

नई दिल्ली, 11 जनवरी (उमेश): पूर्वी दिल्ली की मंडवाली पुलिस चौकी पर स्वयं को उप-प्रधानमंत्री श्री देवी लाल का 'दामाद' बताने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । चौकी इंचार्ज के अनुसार रात को कार नम्बर डी.एच.वाई. 2435 में सवार यह व्यक्ति पुलिस चौकी पहुंचा । नशे में धुत्त इस व्यक्ति ने अपने को 'ताऊ' का दामाद बता कर इलाके में 500 वर्ग गज के एक प्लाट में रह रहे व्यक्ति एस. मलिक को भगाने को कहा । पुलिस के इंकार करने पर उसने उन्हें बर्खास्त करवाने की धमकी दी तथा गाली-गलोच किया, जिस पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया । उसने अपना नाम विशाल मलिक बताया । जानकार सूत्रों का कहना है कि उस नाम के किसी व्यक्ति का 'ताऊ' के परिवार से कोई संबंध नहीं है ।

प्रोटैस्ट के तौर पर सिर मुंडवा दिए

अलवाय, 11 जनवरी (प.स.): आज यहां 10 युवकों ने प्रोटैस्ट के तौर पर अपने सिर मुंडवा दिए । उनको शिकायत है कि बारबरों ने दाढ़ी बनाने और सिर के बाल काटने के रेट बहुत बढ़ा दिए हैं ।



प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह ने दिवंगत प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की 24वीं पुण्य तिथि के अवसर पर वीरवार को विजयघाट पर दिवंगत प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि देने के बाद सम्मानस्वरूप उनकी विधवा श्रीमती ललिता शास्त्री के पांव छुए । फोटो में श्रीमती वी.पी. सिंह और जद सांसद श्री अनिल शास्त्री भी दिखाई दे रहे हैं । (छाया : प्रै.ट्र.)

कृतज्ञ राष्ट्र द्वारा शास्त्री को श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, 11 जनवरी (वार्ता): राष्ट्र ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री को आज उनकी 24वीं पुण्य तिथि पर कृतज्ञतापूर्वक स्मरण किया । शास्त्री जी की समाधि विजयघाट पर आज प्रातः सर्वदलीय सभा आयोजित की गई जिसमें उपराष्ट्रपति डा. शंकर दयाल शर्मा, प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह तथा उपप्रधानमंत्री देवी लाल ने भी भाग लिया ।

राष्ट्रपति रामास्वामी वेंकटरमन की ओर से भी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की गई । राष्ट्रपति अस्वस्थ होने के कारण विजयघाट नहीं पहुंच सके । कई पूर्व केन्द्रीय मंत्री वर्तमान सांसद तथा शास्त्री जी के परिवार के सदस्य श्री हरि अनुराग पर उपस्थित

क्लासीफाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 11.1.90, 76/- without trays. NECC Suggested Retail Price 9.95 Per Dozen.

बिकाऊ

शंकर रैफ्रीजरेशन कार्पोरेशन, C/o जैन आइस फैक्टरी, लद्धेवाली होशियारपुर रोड, रामा मंडी, जालंधर, आइसक्रेन, कूलिंग कॉयल, कन्डैंसर और कम्प्रैसर बिकाऊ हैं ।

गुमशुदा

हमारे **ST-XXII** फार्म क्रमांक 145348 से 145359-1983 के 20.12.89 को स्कूटर पर से कहीं गिर गए हैं । अगर किसी को मिलें तो निम्न पते पर पहुंचा दें, 500/- ईनाम दिया जाएगा । महाजन आटो मोपेड, मुकेरियां ।

नाम परिवर्तन

श्री कुलवंत सिंह पुत्र श्री बिशन दास गांव व डा. पांगी, तहसील कल्पा, जिला किन्नौर (हि.प्रदेश) को अब कुलवंत सिंह पुत्र स्वर्गीय जगदीश चंद के नाम से जाना जाए ।

I, Romesh Kumar S/o. Chuni Lal, r/o 49/6, Triple Storey, Puran Road, MH. QT. Jalandhar Cantt, have changed my name to Puran Chand. All concerned please note.

आवश्यकता

शीघ्र चाहिएं 100 सुरक्षा गार्ड, 20 चौकीदार, 5 सुपरवाइजर, 5 लेडीज़ क्लर्क, 2 कम्प्यूटर आपरेटर, 2 लेडीज़ पैकर्स, 50 हैल्पर्स, योग्यता पांचवीं/ग्रैजुएट, वेतन 1050/- से 3000/-, छात्रवृत्ति डबल ड्यूटी परीक्षण के दौरान 750/-, 4000/- तक ड्यूटी आठ घंटे, सुविधाएं—फंड, बोनस, चिकित्सा साल में दो वर्दी, तुरन्त मिलें—राजधानी प्लेसमैंट सर्विस, 1/537, ग्राम खेड़ा, जी.टी. रोड, (निकट मानसरोवर रेलवे फाटक), शाहदरा, दिल्ली-110032.

आवश्यकता है 15 लड़कियों की, आयु 18 से 21 वर्ष तक, दवाइयों की फैक्टरी के लिए मिडल पास को पहल दी जाएगी । प्रार्थना पत्र पूरे विवरण के साथ भेजें । बाक्स 706, पंजाब केसरी, जालंधर ।

गुलाबदेवी अस्पताल जालंधर को एक एम्बुलैंस ड्राइवर की आवश्यकता, पूर्ण जानकारी सहित तुरन्त लिखें ।

Wanted lady teachers for Shane Punjab Public School, Chowk Sangam, Amritsar. Interview on 15th January at 11 A.M.

The View Point Advertising (P) Ltd., Jalandhar Office Requires one typist (Either Sex), one peon (male), please write to Resident Manager, View Point Advertising (P) Ltd., 19F Top Floor, Opp. Friend's Theatre, Dilkusha Market, Jalandhar.

Wanted immediately Four Helpers

रोज़गार

नेवी, सेना, एयरफोर्स, बैंकों, रेलवे तथा क्लर्कों की 7000 पोस्टों संबंधी गाइडेंस के लिए मैट्रिक (10) पास 16-25 वर्षीय लड़के/लड़कियां जाक द्वारा 25/- रुपए मनीआर्डर भेज कर फार्म और प्रासपैक्टस 31 जनवरी तक मंगवाएं : Advance Careers, 1095/8, Islamabad, Amritsar-143002

शिक्षा

RMP (सरकारी मान्यता प्राप्त) 10 दिनों में करके BAMS करें । Matric (Punjab), B.A./B.Sc./B.Com./M.A./M.Com./M.Sc. करें । Prospectus Rs. 10/-. Nalanda College, Balmik Gate, Jalandhar.

मैट्रिक, इंटर बी.ए. गारंटिड करें । वैद्यविशारद, आयुर्वेदरत्न, RMP 15 दिनों में, M.A. (मेरठ), केंद्र गांधी मैमोरियल कालेज, यमुनानगर ।

R.M.P. (सरकारी मान्यता प्राप्त) 15 दिनों में Registration करवा कर एक ही वर्ष में BAMS डाक्टर बनें । नियमावली 10/- Money Order द्वारा भेज कर मंगवाएं—Diamond College, Udham Singh Market, Near Lal Rattan, Jalandhar City.

RMP (सरकारी मान्यता प्राप्त) कर कहीं भी प्रैक्टिस करें । Matric/+2 B.A./B.Com./B.Sc./M.A./M.Com./M.Sc./BAMS/ANM (Nursing) 1½ year (one sitting) LL.B. (Professional) OT/LT/JBT/B.Ed/BTC. दाखला फार्म भेजे जा रहे हैं । परीक्षा केंद्र हमारा कालेज, नियमावली रु. 10/- Contact : Oxford College, 14, Mall Road, Model Town, Jalandhar.

R.M.P. रजिस्ट्रेशन 15 दिनों में उपवैद्य, वैद्यविशारद, आयुर्वेदरत्न, प्रथमा (मैट्रिक), मध्यमा (+2) साहित्यरत्न (बी.ए.) फरवरी 1990 में गारंटी से पास करें (परीक्षा केंद्र—हमारा कालेज) Direct+2 (C.B.S.E.), B.A./B.Com. (one sitting) Contact : कीरती कालेज, कैलाश सिनेमा चौक, लुधियाना ।

साल बचाओ । बिना आठवीं मैट्रिक, दसवीं फेल इंटर, मैट्रिक पास सीधा बी.ए./ड्राईंग डिप्लोमा करके टीचर बनें । पत्राचार द्वारा B.Ed., M.A., Law, आयुर्वेदिक कोर्स करके RMP डाक्टर बनें । शांति निकेतन महाविद्यालय, छत्ता जम्बूदास, सहारनपुर ।

पत्राचार द्वारा R.M.P. Pharmacist डाक्टर बनें एवं अन्य भिन्न-भिन्न मैडीकल कोर्स हेतु परामर्श लें, लिखें : India Education Guidance Centre, Gola Road, Patna-800004.

India Education Guidance Centre, Gola Road, Patna-800 004. Apply for Various Medical Courses & R.M.P./Pharmacist Registration.

RMP Registration within 15 days from Patna. Valid for Practice. Contact : United College of Education, 272, Roop Nagar, Garha, Jalandhar.

जमीन/जायदाद/प्लाट

Punjabi Bhavan

उग्रवादियों द्वारा ग्रंथी व एसपीओ सहित 5 व्यक्तियों की हत्या

मोरिंडा रेलवे स्टेशन के निकट मुठभेड़ के बाद पांच संदिग्ध लोग फ़रार

अन्यत्र 3 आतंकवादी मारे गये

चंडीगढ़, 12 जनवरी (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत रात के बाद से अब तक एक ग्रंथी व एस.पी.ओ. सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जबकि 3 आतंकवादी मुठभेड़ में मारे गये । मोरिंडा रेलवे स्टेशन के निकट एक मुठभेड़ के बाद पांच आतंकवादी बच कर भागने में सफल रहे ।

आतंकवादी मारा गया : भटिंडा (प.स., ग्रोवर): जिला भटिंडा के गांव बोरावाली के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । उसके दो साथी बचकर भागने में सफल रहे । मृतक का नाम तरसेम चन्द उर्फ़ तरसेम सिंह बताया जाता है । पुलिस सूत्रों के अनुसार फ़रार हुए दोनों व्यक्ति क्लीन शेवन और जिला पटियाला से सम्बन्धित हैं । तरसेम चन्द उर्फ़ तरसेम सिंह के शव के निकट एक बजाज स्कूटर पी.जे.डी. 3118 तथा एक 12 बोर का पिस्तौल मिला । पुलिस ने बताया कि उपरोक्त तीनों लोगों ने गांव राजगढ़ में शराब के ठेके से 3800 रुपए तथा गांव सामा के बाले सिंह से 800 रुपए लूटे थे । पुलिस ने यह भी कहा कि यह तीनों व्यक्ति चौकीदार जवाहर सिंह के घर में भी घुसे और गोलियां चलाईं लेकिन इससे कोई घायल नहीं हुआ ।

भटिंडा पुलिस ने दो आतंकवादियों जगमल सिंह तथा जोगा सिंह को गिरफ्तार किया और उनसे एक .12 बोर की पिस्तौल तथा एक .12 बोर की बंदूक बरामद की ।

उग्रवादी बच निकले : गत रात जिला रोपड़ में पांच उग्रवादी मोरिंडा रेलवे स्टेशन के निकट सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ के बाद बच निकलने में सफल रहे । सूचनाओं में कहा गया है कि सुरक्षा बलों ने सामान्य चैकिंग के लिए पांच व्यक्तियों को रोका तो वे गोलियां चलाने लगे । सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फ़ायरिंग की लेकिन उग्रवादी अंधेरे में बच कर भाग गए ।

पूर्व सैनिक की हत्या : फिरोज़पुर (धीमान): यहां प्राप्त सूचनाओं के अनुसार गत रात 6 आतंकवादियों ने थाना धर्मकोट के अन्तर्गत कोट ईसा खां में एक पूर्व सैनिक हरदीप चन्द की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

घर में घुसकर हत्या : गुरदासपुर (विनोद): गत रात आतंकवादी जिला गुरदासपुर के गांव कैलाकाला में एक व्यक्ति रुलदू मसीह के घर में घुसे गत रात गांव सतकोहा में जिस व्यक्ति की लाश वृक्ष से लटकती पाई गई थी, वह एक होमगार्ड था ।

ग्रंथी की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): आज प्रात. थाना भिखीविंड के अन्तर्गत गांव मुरमिंट में आतंकवादियों ने एक गुरुद्वारा के ग्रंथी अमर सिंह (70) की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

किसान की हत्या : गत रात थाना वल्टोहा के गांव वल्टोहा में कुछ आतंकवादियों ने एक किसान जतिंदर सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

एक अन्य सूचना में मृतक का नाम जतिन्दर सिंह उर्फ़ जिन्दा बताया गया है । घटना स्थल पर ए.के. 47 के तीन कारतूस मिले हैं । आतंकवादियों ने उसकी हत्या करने का कारण यह दिया है कि जिन्दा लूट-खसूट की वारदातें किया करता था ।

एस.पी.ओ. की हत्या : गत रात थाना मजीठा के गांव मानांवाला में एक एस.पी.ओ. गुरमीत सिंह को उसके घर से अपहरण करके उसकी हत्या कर दी गई । पुलिस के अनुसार गुरमीत सिंह गांव छज्जल बिंडी में तैनात था और अपने परिवारों के सदस्यों को मिलने के लिए गांव आया हुआ था ।

घायल कर दिया : अमृतसर में गत रात दो आतंकवादियों ने एक व्यक्ति मंगत सिंह पर गोली चलाकर उसे घायल कर दिया ।

कट्टर आतंकवादी मारा गया : सुरक्षा बलों ने आज बाद दोपहर सरहाली और पट्टी के मध्य एक फार्म हाऊस पर हुई ज़बरदस्त मुठभेड़ में कट्टर आतंकवादी हरभजन सिंह को मार गिराया । घटनास्थल से एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल तथा कुछ कारतूस बरामद हुए ।

'प. स.' के अनुसार मृत आतंकवादी के घायल साथी मुख्तियार सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया ।

कमीशन एजेंट की हत्या : रैय्या से जसपाल के अनुसार आज शाम 4.45 बजे 2 सशस्त्र उग्रवादियों ने एक कमीशन एजेंट रामरत्न कालिया, जो कि इंका के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष भी थे, की गोलियां मार कर हत्या कर दी । प्राप्त सूचना के अनुसार श्री कालिया को रैय्या मंडी में स्थित उनकी दुकान के सामने गोलियां मारी गईं । एक गोली उनकी गर्दन में लगी दूसरी सिर में लगी । उन्हें ब्यास अस्पताल में ले जाया गया, जहां कुछ देर बाद उनकी मृत्यु हो गई । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

तीन आतंकवादी गिरफ्तार : गत रात जिला पटियाला में तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया । इनके नाम : बलबीर सिंह, धनी राम और रंधीर सिंह हैं । इनसे कुछ हथियार भी बरामद हुए ।

बी.एस.एफ. ने हथियार पकड़े : जालंधर (पस): बी.एस.एफ. ने कल रात जिला गुरदासपुर में सीमा चौकी पंजगराई के क्षेत्र में घुसपैठियों से एक मुठभेड़ के दौरान हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया तथापि घुसपैठिये भाग निकले । आज शाम यहां बी.एस.एफ. की एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई । इसके अनुसार यह सूचनाएं मिलने पर विशेष नाके लगाये गये थे कि आतंकवादी पाकिस्तान से हथियार लेकर भारत में आने वाले हैं । प्रातः 3.25 के लगभग कुछ संदिग्ध लोगों को देख कर चुनौती दी गई, जिस पर घुसपैठियों ने फायरिंग की । नाकापार्टी ने जवाबी फ़ायरिंग की, जिस पर घुसपैठिये घने कोहरे का लाभ उठाते हुए भाग निकले । बाद में क्षेत्र की तलाशी लेने पर एक चीनी ए.के. 47 राइफल, तीन रिवाल्वर, दो .32 बोर के पिस्तौल, ए.के. 47 की एक मैगज़ीन तथा अलग-अलग बोर के 154 कारतूस बरामद हुए ।

भारत-पाक द्वारा परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला न करने के समझौते की पुष्टि

इस्लामाबाद, 12 जनवरी (प.स.): भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमले न करने के समझौते की पुष्टि के कागजात के विनिमय की औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं । भारत को अब आशा है कि पारस्परिक सुविधाजनक तारीख पर अनुमोदित कागजात का आदान-प्रदान किया जाएगा । यह जानकारी भारतीय उच्चायोग की एक विज्ञप्ति में दी गई है ।

भारत की तरफ से इस काम में देरी के संकेत सम्बन्धी सूचना माध्यम की खबर को स्पष्ट करते हुए उच्चायोग की प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत के विदेश सचिव शैलेन्द्र कुमार सिंह ने 18 फरवरी 1989 को भारत स्थित तत्कालीन पाक राजदूत नियाज ए. नायक को बता दिया था कि भारत ने सारी सम्बद्ध औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं और पाकिस्तान की सुविधानुसार कभी भी अनुमोदित

Punjabi Sanatan

Available with your Local Book Seller

पंजाब में 2 होमगार्ड जवानों सहित 3 व्यक्तियों की हत्या

हिन्दू शिव सेना के अध्यक्ष पवन शर्मा पर घातक आक्रमण : गनमैन मरा

सिरसा में बस से टाइम बम मिला

चंडीगढ़, 13 जनवरी (प.स., वार्ता): आतंकवादियों ने गत 24 घंटों के दौरान होमगार्ड के दो जवानों सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी । फिरोजपुर जिले में एक पुलिस कांस्टेबल के लड़के का अपहरण कर लिया गया । सिरसा में हरियाणा रोडवेज की एक बस से टाईम बम मिला है ।

पवन शर्मा बाल-बाल बचे गनमैन की मृत्यु : पटियाला (भूषण): पंजाब हिन्दू शिव सेना के अध्यक्ष श्री पवन कुमार शर्मा आज एक हमले में बाल-बाल बच गए जबकि उनके गनमैन की हत्या कर दी गई । श्री शर्मा और उनका गनमैन हैड कांस्टेबल गोवर्धन सिंह स्कूटर पर कहीं जा रहे थे तो आतंकवादियों ने उन पर गोलियां चलाईं । जिससे गनमैन घायल हो गया । गनमैन की अस्पताल ले जाते समय मार्ग में ही मृत्यु हो गई । सूचना के अनुसार हमलावरों ने 9 एम.एम. की पिस्तौल से गोलियां चलाईं।

आक्रमणकारियों ने गनमैन की स्टेनगन भी छीन ली परन्तु उसके दो मैगजीन वहीं गिर गए । इसके बाद वे शेरांवाला की तरफ भागे जहां उनका स्कूटर एक अन्य स्कूटर से टकरा गया और स्टेनगन गिर पड़ी परन्तु वे भागने में सफल हो गए । पुलिस ने स्टेनगन कब्जे में ले ली है ।

शहर में हड़ताल : श्री पवन शर्मा पर घातक हमले के विरोध में अखिल भारतीय हिंद छात्र महासंघ के आह्वान पर आज शहर में व्यापारियों ने हड़ताल कर दी । महासंघ के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने कहा कि उनके आध दर्जन कार्यकर्त्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है । स्थिति तनावपूर्ण बताई जाती है ।

बस में बम मिला : सिरसा (संजय, दिवाकर) हरियाणा रोडवेज की सिरसा डिपो की बस में कल चंडीगढ़ से लौटते हुए एक भयंकर बम विस्फोट होने से बचाव हो गया । इस प्रकार एक बड़ी आतंकवादी वारदात होने से टल गई । एक सौ मीटर तक मार करने वाले इस टाइम बम की 'सैटिंग' ठीक न होने से यह बम फट नहीं सका । बस में 50 यात्री सवार थे ।

बस में बम मिलने के बाद क्षेत्र में आतंक व्याप्त हो गया और सिरसा बस स्टैंड 12 घंटे के लिए बंद कर दिया गया । मधुबन से आये विशेषज्ञों द्वारा जांच पड़ताल करने के बाद ही बस स्टैंड यात्रियों के लिए पुनः खोला गया ।

प्राप्त विवरण के अनुसार बस नं. एच.बाई.एन. 6355 शाम को साढ़े 6 बजे चंडीगढ़ से सिरसा पहुंची और चालक इसे मुरम्मत के लिए वर्कशाप ले गया । सफाई कर्मचारी ने बस में सफाई करते समय ड्राईवर की सीट के साथ सामान रखने वाले स्थान पर एक कम्बल पड़ा देखा । कम्बल उठाते ही उसमें से एक सिगरेट का डिब्बा नीचे गिरा । बम इसी डिब्बे में था । बम को देखते ही वर्कशाप में शोर मच गया । रोडवेज का एक चालक सावधानी दिखाते हुए बस को वर्कशाप से निकाल कर खुले मैदान में ले गया ।

रात के 9 बजे जिलाधीश मधुसूदन प्रसाद तथा पुलिस अधीक्षक परमिन्दर राय मौके पर पहुंचे और पुलिस कर्मियों ने बस अड्डे को चारों ओर से घेर लिया । रोडवेज महाप्रबंधक रामचंद्र ने बस सेवा चालू रखने के लिए अस्थायी रास्ता बनाया । पुलिस अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि टाईम बम बस में चंडीगढ़ से रखा गया या किसी और स्थान से ।

आभूषण व नकदी लूटे : होशियारपुर से अश्विनी की सूचना है कि गत रात थाना गढ़शंकर के गांव भमियां में 4 लुटेरों ने एक व्यक्ति प्यारा लाल के घर में जबरदस्ती दाखिल होकर उससे उसकी लाइसैंसी बंदूक और 50 हजार रुपए नकद मांगे । प्यारा लाल ने कहा कि उसके पास तो कोई लाइसैंसी बंदूक नहीं और न ही रुपये हैं । इस पर लुटेरों ने उसे बांध दिया और घर की तलाशी लेनी शुरू कर दी । उस वक्त प्यारा लाल की मां भी घर में मौजूद थी । लुटेरे 12 तोले के सोने के आभूषण, 7 हजार रुपये नकद और बहुमूल्य वस्तुएं ले उड़े । फरार होने से पहले उन्होंने घर में बैठ कर रम की बोतल भी पी । लुटेरे जाते वक्त प्यारा लाल की मां के पांवों को हाथ लगा कर और प्यारा लाल से हाथ मिला कर गए । प्यारा लाल ने पुलिस में जो केस दर्ज करवाया है उसमें संदेह व्यक्त किया है कि इस सारी शरारत में उसके दो सगे भाइयों और एक भावज का हाथ है । गढ़शंकर पुलिस ने दंड विधान की धारा 392 के अधीन केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

2 होमगार्ड जवानों की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): यहां जिला मुख्यालय में प्राप्त सूचना के अनुसार थाना तरनतारन क्षेत्र में स्थित गांव कैरोंवाल में गत रात लगभग 9 बजे चार-पांच आतंकवादी जिनके पास ए.के. 47 राइफलें थीं, दो होमगार्ड जवानों प्रीतपाल सिंह सुपुत्र इंद्र सिंह तथा जसविंदर सिंह सुपुत्र अजीत सिंह के मकान में घुस कर उन्हें बाहर ले गये और थोड़ी दूर ले जाकर गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के चले हुए कारतूस मिले हैं ।

फैडरेशन की चेतावनी : आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के अध्यक्ष भाई मनजीत सिंह ने एक बयान में कहा है कि फैडरेशन के नाम पर जो लोग लूटमार करते हैं, टैलीफोन पर धमकियां देकर रुपये मांगते हैं या फिर फैडरेशन के जाली लैटरपैड पर चिट्ठियां भेज कर धन बटोरते हैं, ऐसे तत्वों के साथ फैडरेशन का या मेरा कोई संबंध नहीं है । मैं संगतों से अपील करता हूं कि ऐसे तत्वों को मेरे हवाले किया जाए या पुलिस को सूचना दी जाए । यह लूटमार करने वाले सरकारी शह पर हमारे संगठन को बदनाम करते हैं । फैडरेशन कार्यकर्त्ता ऐसे काम नहीं कर सकते । यदि कोई करेगा तो मैं ऐसे कार्यकर्त्ता को सहन नहीं करूंगा ऐसे कार्यकर्त्ताओं को न केवल प्राथमिक सदस्यता से निकाल दिया जाएगा बल्कि संगतों के सामने पेश करके सख्त सजा भी दी जाएगी ।

आतंकवादी मरा : अमृतसर जिले में हुई एक अन्य घटना में भरिंगा गांव में पुलिस पार्टी ने जब एक अज्ञात आतंकवादी को रुकने का इशारा किया तो उसने पुलिस पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । मुकाबले में आतंकवादी घायल हो गया । आज दोपहर उसकी अस्पताल में मृत्यु हो गई । उसके पास से एक रिवाल्वर और कुछ गोली सिक्का भी बरामद हुआ है ।

घात लगा कर हमला : आतंकवादियों ने गत रात तरनतारन के गांव बाड़ा टालियां में सी.आर.पी.एफ. पार्टी पर घात लगा कर हमला किया । मुकाबले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है । आतंकवादी फरार होने में सफल हो गए । (शेष पृष्ठ 10 पर)

जद द्वारा विधानसभा चुनावों के लिए केन्द्रीय प्रेक्षकों की नियुक्ति

नई दिल्ली, 13 जनवरी (वार्ता): जनता दल ने विधानसभा चुनावों की तैयारी के सिलसिले में आज विभिन्न राज्यों के लिए केंद्रीय प्रेक्षकों की नियुक्ति तथा उम्मीदवारों के चयन का कार्यक्रम घोषित कर दिया । जनता दल संसदीय बोर्ड की आज यहां हुई बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति पर विचार किया गया तथा गैर-कांग्रेस (इ) मतों का विभाजन रोकने के लिए मित्र दलों से सीटों के तालमेल तथा उम्मीदवारों के चयन से राज्य इकाइयों की मदद से लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की । पार्टी के प्रवक्ता जयपाल रेड्डी ने बताया कि इसके साथ संसदीय बोर्ड ने आगामी 23 जनवरी से उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया है । इससे पूर्व पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में भी विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की रणनीति पर विचार किया गया ।

श्री रेड्डी ने बताया कि संसदीय बोर्ड ने राज्य इकाइयों के चार पदाधिकारियों को अपने-अपने राज्यों में मित्र दलों के साथ सीटों के तालमेल की बातचीत के लिए अधिकृत किया है । ये पदाधिकारी हैं—प्रदेश अध्यक्ष, राज्य संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष, प्रधान, महासचिव ।

उन्होंने बताया कि संसदीय बोर्ड उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप देने का काम 23 जनवरी को शुरू करेगा । पहले दिन उड़ीसा और हिमाचल प्रदेश की सूचियों को अंतिम रूप दिया जाएगा ।

उन्होंने बताया कि राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक पार्टी अध्यक्ष प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह तथा संसदीय बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता बोर्ड के अध्यक्ष उप-प्रधानमंत्री देवी लाल ने की । बैठक में श्री चंद्रशेखर भी उपस्थित थे । बैठक में उन राज्यों के अध्यक्षों को भी आमंत्रित किया गया था, जहां चुनाव होने वाले हैं ।

युथ नैकां भंग : सरकार पर हिंसा फैलाने का आरोप

श्रीनगर, 13 जनवरी (प.स.): सत्तारूढ़ नैशनल कांफ्रैंस (नैकां) के युवा विंग को भंग कर दिया गया है और इसके पदाधिकारियों ने पार्टी से त्यागपत्र देकर आरोप लगाया है कि राज्य सरकार राज्य में हिंसा फैला रही है ।

भाजपा ने फारूक से स्पष्टीकरण मांगा

नई दिल्ली, 13 जनवरी (वार्ता): भारतीय जनता पार्टी ने जम्मू-कश्मीर के सूचना मंत्री अली मोहम्मद सागर के कश्मीर में 1953 की स्थिति लाने संबंधी वक्तव्य पर आश्चर्य व्यक्त किया है और इस संबंध में राज्य के मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के स्पष्टीकरण की मांग की है । ज्ञातव्य है कि श्री सागर ने अपने वक्तव्य में कहा है कि जम्मू-कश्मीर तथा शेष भारत के बीच 1953 जैसी स्थिति कायम की जानी चाहिए ताकि केंद्र का अधिकार केवल प्रतिरक्षा, वैदेशिक मामलों और संचार साधनों तक ही सीमित रह जाए ।

राष्ट्रपति द्वारा शुभ कामनाएं

नई दिल्ली, 13 जनवरी (वार्ता): राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन ने मकर संक्रांति और पोंगल के अवसर पर जनता को शुभ कामनाएं दी हैं । उन्होंने आज यहां एक शुभ कामना संदेश में कहा, "मैं मकर संक्रांति और पोंगल के शुभ अवसर पर जनता की समृद्धि और खुशी की कामना करता हूं ।"

छः दिन का सप्ताह लागू करने का खंडन

नई दिल्ली, 13 जनवरी (वार्ता): केंद्र सरकार ने आज इस बात से इंकार कर दिया कि वह अपने कर्मचारियों के लिए छः दिन का सप्ताह फिर से लागू करने जा रही है ।

Punjabi Sanatan

जिसमें गरीब देशों के लोग पाले हुए हैं । इस काम में हमें देर नहीं करनी चाहिए ।'

जब उनसे पूछा गया कि 'यदि आप अपनी आत्मा खोकर सारे विश्व को पा लेते हैं तो इससे आपको क्या लाभ लोगा' तो श्री सिंह ने ज़ोर देकर कहा कि 'अब बातें करने का समय नहीं बल्कि समाज से हमने जो लिया है, उसे लौटाने का वक्त है ।' उन्होंने विश्व भर के अरबपतियों को चेतावनी दी है कि 'यह समय अपनी धरती मां को बचाने का है ।'

कर्ण सिंह ने इस्तीफा दिया

(पृष्ठ 3 का शेष)

के साथ लम्बी बातचीत की है ।

बहरहाल सरकार विदेशों में अपने राजदूतों की सूची पर विचार कर रही है । सरकार अधिकांश राजदूतों को छेड़ना नहीं चाहती परन्तु वह कुछ स्थानों, जैसे कि मारीशस जैसे देशों में भारतीय विदेश सेवाओं के अधिकारियों की जगह सार्वजनिक व्यक्तियों को प्राथमिकता देगी । श्री गुजराल नीति योजना बोर्ड में विशेषज्ञों और सार्वजनिक व्यक्तियों को लाने की सोच रहे हैं । वह विदेश मंत्रालय में कुछ समय से उक्त बोर्ड गठित करने पर विचार करते आ रहे हैं । योजना के क्षेत्र में कोई गम्भीर कार्य नहीं हुआ है तथा विदेश नीति के निर्धारण में अधिकांश योगदान 'कैरियर कूटनयिकों' का ही रहा है, जो कि रुटीन कार्य करने से कतराने लगते हैं । वरिष्ठ कूटनयिक श्री जी. पार्थसारथी भी नीति योजना बोर्ड के अध्यक्ष रह चुके हैं ।

इंका प्रतिनिधियों द्वारा पंजाब की स्थिति पर चिन्ता व्यक्त

जालन्धर, 13 जनवरी : पंजाब के विभिन्न जिलों की इंका कमेटियों के प्रतिनिधियों की एक बैठक गत दिवस यहां पूर्व सांसद मेजर जन. राजेन्द्र सिंह स्पैरो की अध्यक्षता में हुई । बैठक में राज्य की वर्तमान स्थिति पर चिन्ता व्यक्त की गई व इन परिस्थितियों में पार्टी की भूमिका बारे विचार-विमर्श किया गया । यह फैसला किया गया कि वे सारे मामले पार्टी हाई कमान के ध्यान में लाए जाएंगे ताकि देश की एकता व अखंडता की रक्षा के लिए पार्टी किसी सशक्त नीति पर काम कर सके ।

गोलीबारी की घटनाएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

बारामुला थाने पर भारी पथराव के बाद कस्बे में फिर कर्फ्यू लगा दिया गया है । सोपोर में पंजाब नैशनल बैंक के भवन पर एक शक्तिशाली बम फैंका गया । यहां सौरा में एक कांग्रेस (इ) नेता के मकान में भी एक विस्फोट हुआ ।

श्रीनगर के खानपार तथा जामा मस्जिद इलाकों में विघटनकारियों ने पुलिस वाहनों पर पैट्रोल बम फैंके, कर्फ्यू में ढील के दौरान ये घटनाएं हुई ।

संशोधन

28 दिसम्बर के पंजाब केसरी में प्रकाशित धालीवाल अस्पताल बरनाला के विज्ञापन में लड़का या लड़की के ऊपर वाली लाईन अल्ट्रा साऊंड मशीनों से पता करें की बजाए अल्ट्रा साऊंड मशीनों से 3½ महीने पहले पता करें पढ़ा जाए ।

जालंधर से फिरोज़पुर
जालंधर से मुक्तसर

होलगढ़ जवानों की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

कांस्टेबल के लड़के का अपहरण : इसी जिले के जीरा थाना क्षेत्र में कल आतंकवादियों ने पंजाब पुलिस के एक कांस्टेबल के पुत्र कुलभूषण का अपहरण कर लिया ।

फरीदकोट में हत्या : आतंकवादियों ने गत रात फरीदकोट जिले के रानिया गांव में गुरदेव सिंह नामक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

गोली मार कर घायल किया : रोपड़ जिले में गत रात सधार माजरा गांव में एक व्यक्ति अमरीक सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया गया । पुलिस के अनुसार यह आपसी शत्रुता का मामला है ।

गोलियों से छलनी लाश मिली : गुरदासपुर (विनोद): गुरदासपुर जिले में डेरीवाल गांव के पास अंगरेज सिंह के खेतों से अवतार सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियों से छलनी लाश मिली है । मृतक के हाथ रस्सी से पीछे बंधे हुए थे । मृतक बटाला पुलिस में 'कैट' रह चुका है । वह थाना कादियां के गांव सेखवां का निवासी था ।

चुंगी लूट ली : खरड़ (शशि): दो अज्ञात आतंकवादियों ने आज करोली में रोपड़ रोड पर स्थित चुंगी लूट ली तथा 352 रुपए लेकर भाग गए । उन्होंने चुंगी के सामने स्थित शराब के ठेके से भी लगभग 200 रुपए लूट लिए ।

मुठभेड़ : मक्खू (शेखर): थाना मल्लांवाला के गांव आलेपाल के निकट आज शाम पुलिस की कुछ आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ हुई । आतंकवादी गन्ने के खेत में छुपे हुए थे । दोनों ओर से जबरदस्त फायरिंग हुई । आतंकवादियों की संख्या 8 से 11 तक बताई जाती है । अंतिम समाचार प्राप्त होने तक मुठभेड़ जारी थी । पुलिस तथा सुरक्षा बलों की ओर से उक्त गांव के अतिरिक्त मल्लांवाला, सबराम, गिद्दड़पिंडी आदि स्थानों में आतंकवादियों के छिपने के स्थानों को ढूंढने के लिए गत दो दिनों से तलाशियां ली जा रही हैं ।

जीप बरामद : गत सोमवार थाना ममदोट के गांव दरीएके से बलबीर चंद नामक नाम के आढ़ती का अपहरण कर लिया गया था । उसकी जीप बरामद हो गई है ।

अंतर्राज्यीय परिषद के गठन बारे मुख्यमंत्रियों से सुझाव मांगे गए

नई दिल्ली, 13 जनवरी (जी.एस. चावला, वार्ता): प्रधानमंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने केंद्र-राज्य संबंधों के बारे में सरकारिया आयोग की सिफारिश के अनुसार अंतर्राज्यीय परिषद के गठन के बारे में सभी मुख्यमंत्रियों से इस महीने के अंत तक अपने सुझाव भेजने को कहा है । एक सरकारी प्रवक्ता ने आज यहां संवाददाताओं को यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपालों को एक पत्र लिख कर उनसे परिषद की संरचना, कार्यों और प्रक्रिया आदि के बारे में अपने सुझाव देने को कहा है । प्रवक्ता ने बताया कि इसके तुरन्त बाद मुख्यमंत्रियों की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें इस पर विचार किया जाएगा ।

INTENSIVE COACHING
BY EXPERIENCED STAFF

पंजाब-समस्या के हल के लिए आगामी कुछ सप्ताहों में महत्वपूर्ण फैसले सम्भावित

लुधियाना, 13 जनवरी (धीमान): सर्वदलीय रैली के पश्चात राजनैतिक सरगर्मियां बहुत तेज हो गई हैं । आशा है कि आगामी कुछ सप्ताहों में महत्वपूर्ण फैसले लिए जाएंगे । इनमें मान अकाली दल के प्रधान श्री सिमरनजीत सिंह मान की प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह व दूसरे केन्द्रीय मंत्रियों के साथ बैठकें शामिल हैं । बताया जाता है कि इस बैठक की तारीख का फैसला 18 जनवरी की बैठक के बाद तय होगा । अकाली सूत्रों के अनुसार श्री सिमरनजीत सिंह मान पर बहुत दबाव है कि अब जब राष्ट्रीय मोर्चा सरकार पंजाब समस्या को हल करने के प्रति गम्भीर है तो उन्हें भी मैत्री का हाथ बढ़ाना चाहिए । इससे पूर्व कुछ अकाली यात्रा व दूसरे नेता श्री मान को 'फ्री हैंड' देने का प्रस्ताव रख चुके हैं कि पंजाब समस्या हल करने के लिए वह केन्द्रीय सरकार से बात करें ।

परसों विदेश मंत्री श्री इन्द्र कुमार गुजराल, श्री मान, चौधरी देवी लाल व मृत अकाली दल के महामंत्री श्री गुरतेज सिंह के मोहाली हलवाड़ा में अलग-अलग विस्तार से जो बातचीत हुई, उसको बहुत महत्व दिया जा रहा है । अब यह निश्चित समझा जा रहा है कि केन्द्र की ओर से जो भी बैठक पंजाब समस्या के संदर्भ में बुलाई जाएगी, उसमें श्री मान शामिल होंगे ।

प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह, चौधरी देवी लाल व इन्द्र कुमार गुजराल ने श्री मान, श्री बादल व दूसरे अकाली नेताओं को यह बहुत स्पष्ट करके कहा कि वह पंजाब में शांति चाहते हैं तथा उसके लिए उन्होंने इनका सहयोग मांगा ।

यह चर्चा है कि अकाली नेता श्री प्रकाश सिंह बादल को राज्यसभा का सदस्य बनाकर केन्द्रीय मंत्री बनाना विचाराधीन है । श्री सिंह और दूसरे मंत्री उन्हें बहुत आदर से देखते हैं । परसों रैली में श्री बादल ने जिस ढंग से पंजाब का जो केस प्रस्तुत किया, उसके प्रति उनको सब ने बधाई दी ।

शाम के भाव

(13 जनवरी, एन.एन.एस.)

चांदी (999) टंच हाजिर (प्रति किलो) 6850, चांदी सिक्का (प्रति सैंकड़ा) 7450, सोना बिट्टर (प्रति 10 ग्राम) 3340, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3380, मिल डिलिवरी : वनस्पति यू.पी (प्रति टीन) 340-345, वनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 338-347, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 182.00, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 175, मूंगफली तेल (10 किलो) 220, तिल तेल (10 किलो) 225, तेल बिनौला (10 किलो) 179, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 159, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 108, फैटी एसिड आयल (क्विंटल) 1740, सरसों बायदा (20 किलो) मई 130.10, हाजिर आल वायदा 40.10 रुपए ।

अमृतसर सर्राफा (सेठी): सोना स्टैंडर्ड 3370, सोना बिट्टर 3290, स्वर्ण आभूषण 3100, चांदी तेजाबी 7000, चांदी थोबी 6900, सिक्का 7400 रुपए ।

मंडी गोबिन्दगढ़, 13 जनवरी (सेबक) : आज यहां लोहा बाजार में भाव प्रति टन इस प्रकार रहे : इंगट 7900, बिलेट्स 8400, मैल्टिंग स्क्रैप 6050, राउंड, 6 एम.एम. 8100, 8 एम.एम. 8250, 10 एम.एम. 8450, 12 एम.एम. 8700, 16/25 एम.एम. 8750, टोर (सी.टी.डी. बार) 8 एम.एम. 8900, 10 एम.एम. 8800, 12 एम.एम. 8700, 16/25 एम.एम. 8800, एंगल 3 एम.एम. 8950, 5 एम.एम. 8700, 6 एम.एम. 8700, टीजर 6 एम.एम. 9500, 8 एम.एम. 9500, 10 एम.एम. 9500, पत्तरा 16/18 जी 9500, 20/21 जी 9600, चैनल 125x50 एम.एम. 9550, 150x75 एम.एम. 9550, गार्डर 150x75 एम.एम. 9100, 175x90 एम.एम. 9050, 200x100 एम.एम. 9200, कमानी 8700, आई.एस.आई. टोर (सी.टी.डी. बार्स) 8 एम.एम. 9150, 10 एम.एम. 9000, 12 एम.एम. 8900, 16/25 एम.एम.

अंटार्कटिका में वैज्ञानिकों की मौत के पीछे कोई षड्यंत्र है ?

अंटार्कटिका (म.प्र.), 13 जनवरी (वार्ता): भारतीय अभियान दल के जिन चार सदस्यों की हाल में अंटार्कटिका में मृत्यु हो गई, उनमें से एक वीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के पिता डा. डी.एन. श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह से अनुरोध किया है कि उनके पुत्र के पार्थिव शरीर को अन्तिम संस्कार के लिए यहां लाने की समुचित व्यवस्था की जाए । डा. श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री को भेजे गए तार में कहा है कि उन्हें समुद्र विज्ञान विभाग तथा भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण ने सूचित किया है कि बर्फ में उतरने तथा उड़ान भरने में सक्षम विमान के अभाव में उनके पुत्र का पार्थिव शरीर यहां पहुंचना सम्भव नहीं है । उन्होंने लिखा है कि यदि ऐसा है तो सरकार को अमरीका तथा उन देशों की मदद लेनी चाहिए जिनके पास इस तरह के विमान हैं ।

स्व. श्रीवास्तव के पारिवारिक सूत्रों ने इस खबर पर आश्चर्य प्रकट किया है कि वैज्ञानिकों की मौत सम्भवतः जनरेटर से रिसी कार्बन मोनो आक्साइड के कारण हुई । उनका दावा है कि भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण की जांच से पता चला है कि जनरेटर उस शिविर के भीतर ही नहीं था जिसमें डा. श्रीवास्तव सोये हुए थे जबकि समुद्र विज्ञान विभाग ने सूचित किया है कि जनरेटर शिविर के अन्दर था । परिवार वालों ने कहा कि इस मामले की पूरी जांच कराई जानी चाहिए ताकि यह पता चल सके कि मौत विषाक्त खाद्य से तो नहीं हुई । उनके अनुसार किसी षड्यंत्र की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता क्योंकि डा. श्रीवास्तव अंटार्कटिका में यूरेनियम के क्षेत्र में कार्य कर रहे थे ।

उग्रवादियों से कोई बातचीत न की जाए : दरबारी लाल

अमृतसर, 13 जनवरी (सग): पंजाब समस्या सुलझाने के लिए आतंकवादियों के साथ किसी प्रकार की बातचीत न की जाए । यदि ऐसा किया गया तो इसका फल वर्तमान पीढ़ी को ही नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों को भी भुगतना पड़ेगा । ये विचार पूर्व-विधायक प्रो. दरबारी लाल ने व्यक्त किए जो इतिहास के प्रोफैसर हैं ।

छः विषयों में एम.ए. पास प्रो. अमरीक सिंह का कहना है कि पंजाब समस्या का हल अत्यन्त आवश्यक है तथा शीघ्र होना चाहिए ताकि लोग आतंक के वातावरण से मुक्ति पा सकें, मगर आतंकवादियों के साथ बातचीत उनके अस्तित्व को स्वीकार करने के समान होगा ।

शोक समाचार

जालन्धर, 13 जनवरी : स्वतंत्रता सेनानी एवं भूतपूर्व सरपंच श्री साधू सिंह की आत्मिक शांति के लिए रखे गए पाठ का भोग उनके निवास गांव बिलगा में 17 जनवरी को दोपहर 12 बजे डाला जाएगा ।

गर्दा चाहिए

कांग्रेसियों राज

अमृतसर, 1 दर्जन कांग्रेसी ने राम सिंगला के ने और मांग की कि बदला जाए तावि का डट कर मुक पर शिष्टमंडल बेअंत सिंह को हत्यों से पता चल की बात अनसुनी

सत्तार ने को

इस्लामाबाद प्रधानमंत्री बेनजी में भारत गए श उनकी भारत या

बड़े दुख

तुलसीनंद जी उनकी आत्म तथा उनके सि साधारण सा विनीत : इंदिरा गां लाडवा (संजय गां

नरेंद्र 12. 15. हाल,

हम एन.डी. सिधार 15 ज 4 बज अमृतस

शारदा- सुबी रा

पंजाब में 12 आतंकवादी सुरक्षा बलों से मुठभेड़ों में मारे गये : एक अन्य उग्रवादी गुट-संघर्ष में मरा : कम्युनिस्ट नेता सहित 5 की हत्या

चंडीगढ़, 14 जनवरी (वार्ता, पस): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में 12 आतंकवादी मुठभेड़ों में मारे गये जबकि एक अन्य उग्रवादी आपसी गुटबंदी में मारा गया । अन्य वारदातों में एक कम्युनिस्ट नेता गुरसेवक सिंह सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई ।

कम्युनिस्ट नेता की हत्या : भटिंडा (पस, ग्रोवर): प्रमुख कम्युनिस्ट नेता श्री गुरसेवक सिंह की आज यहां सिविल लाइन्स क्षेत्र में आतंकवादियों ने गोलियां मार हत्या कर दी । भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला भटिंडा के अध्यक्ष रह चुके श्री गुरसेवक सिंह सुरक्षा प्रहरियों के बगैर अपने घर के पास घूम रहे थे कि आतंकवादियों ने उन पर हमला कर दिया । श्री गुरसेवक सिंह ने हाल ही में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से त्यागपत्र दिया था और संयुक्त कम्युनिस्ट पार्टी में शामिल हो गये थे । विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक व अन्य संगठनों ने श्री गुरसेवक सिंह की हत्या की निंदा की है ।

बोधोवाल में 2 आतंकवादी मरे : कल जिला भटिंडा में मानसा के निकट गांव बोधोवाल में 2 आतंकवादी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गये । इनमें से एक की शिनाख्त पटियाला के तरसेम सिंह के रूप में हुई है ।

2 आतंकवादी मरे : फिरोजपुर (पस, धीमान): गत रात फिरोजपुर जिला के थाना फाजिल्का के गांव गुलाब भैणी के निकट दो आतंकवादी सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में मारे गये । खबरों में कहा गया है कि चार संदिग्ध आतंकवादियों को जब चुनौती दी गई तो वे गोलियां चलाने लगे । जवाबी फायरिंग में इनमें से 2 मारे गये जबकि 2 अन्य बच कर भाग निकलने में सफल रहे । घटनास्थल से एक राइफल, दो मैगजीन, एक .315 बोर राइफल, एक पिस्तौल 9 एमएम, एक पठानी राइफल, दो हथगोले, 40 कारतूस और 10,000 रुपए नकद बरामद हुए ।

एक उग्रवादी मरा : फिरोजपुर जिला में ही मल्लांवाला के निकट एक अन्य मुठभेड़ में कुख्यात उग्रवादी मारा गया । घटनास्थल पर एक ए.के. 47 राइफल और कुछ कारतूस बरामद हुए ।

5 उग्रवादी मारे गये : फिरोजपुर जिला के अल्लाबाल मंड क्षेत्र में एक भीषण मुठभेड़ में 5 आतंकवादियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया । मारे गये आतंकवादियों में कट्टर आतंकवादी बलराज सिंह उर्फ शेरू भी शामिल है जिसके सिर पर 25,000 रुपये का ईनाम था । घटनास्थल पर तीन चीनी ए.के. 47 राइफलें, एक 303 की राइफल, एक हथगोला, एक एल.एम.जी. एक रात को देखने वाला उपकरण तथा भारी मात्रा में गोली सिक्का बरामद हुआ ।

स्वयंभू एरिया कमांडर था : मारा गया आतंकवादी बलराज सिंह भिंडरांवाला टाइगर फोर्स आफ खालिस्तान का स्वयंभू एरिया कमांडर था । एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि बलराज सिंह राज्य में अनेक जघन्य अपराधों के सिलसिले में पुलिस को वांछित था । प्रवक्ता ने बताया कि जिला फिरोजपुर के मल्लांवाला क्षेत्र में विशेष छानबीन की गई थी । जब सुरक्षा बल गांव में पहुंचे तो उन पर आतंकवादियों के एक ग्रुप ने हमला कर दिया । सुरक्षा बलों ने जवाबी फायरिंग करके उनमें से 5 को वहीं पर ढेर कर दिया ।

भीषण मुठभेड़ में 2 मरे : जिला रोपड़ के थाना कुराली क्षेत्र में एक भीषण मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने 2 कट्टर उग्रवादियों को मार गिराया ।

जलाना में हत्या : आज ही जिला रोपड़ के थाना चमकौर साहब क्षेत्र के गांव जलाना में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति बाबा कर्म सिंह की हत्या कर दी ।

होमगार्ड की हत्या : अमृतसर (पस): गत रात जिला अमृतसर में थाना व्यास के अंतर्गत गांव खलचियां में आतंकवादियों ने एक होमगार्ड प्यारा सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

ठेका मालिक की हत्या : एक अन्य वारदात में अमृतसर नगर के बाहर गांव गुमटाला में आतंकवादियों ने एक शराब के ठेकेदार अजीत सिंह की हत्या कर दी ।

सुरक्षा बलों ने तरनतारन पुलिस जिला के गांव पंगेरी के निकट एक आतंकवादी को मार गिराया । उससे एक 415 बोर का रिवाल्वर बरामद हुआ ।

अपहरण का प्रयास : धुरी (सिंगला): कुछ ट्रक सवार व्यक्तियों ने संगरूर रोड धुरी पर स्थित एक जनरल स्टोर से एक औरत का अपहरण करने का प्रयास किया लेकिन इसी बीच लोग इकट्ठे हो गये तथा उन्होंने उनमें से दो व्यक्तियों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया जबकि उनके दो अन्य साथी भाग निकलने में सफल रहे ।

गुट संघर्ष में उग्रवादी मरा : गुरदासपुर (विनोद): गुरदासपुर जिले के ज़फ़रवाल गांव के निकट अवतार सिंह नामक एक उग्रवादी का शव पाया गया । समझा जाता है कि उसके साथियों ने दो गुटों के संघर्ष में उसकी हत्या कर दी ।

सारचूर में हत्या : आतंकवादियों ने बटाला पुलिस जिला के सारचूर गांव में लखबीर सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी । लखबीर सिंह का पहली जनवरी को अपहरण कर लिया गया था, लेकिन उस समय उसके मां-बाप ने पुलिस में उसके अपहरण की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी । उसका शव कल गांव में नहर के निकट पड़ा मिला ।

बच्चे का अपहरण, अपहरणकर्त्ता गिरफ्तार : जालन्धर (प.स.): पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करने से न केवल 4 वर्षीय बालक रोहित ही बरामद हो गया, बल्कि 3 अपहरणकर्त्ताओं में से 2 अपहरणकर्त्ता दी गई फिरौती की एक लाख की राशि में से 80,000 रुपयों के साथ गिरफ्तार भी कर लिए गए । आज यहां यह जानकारी देते हुए जालन्धर के एस.पी. (डिटैक्टिव) श्री मुहम्मद मुस्तफा ने बताया कि गत रात्रि 3 उग्रवादियों ने थाना नकोदर के गांव चक कलां में हाल ही में विदेश से लौटे एक व्यक्ति कमलजीत के बेटे रोहित का अपहरण कर लिया । पुलिस ने उस क्षेत्र में अपना जाल फैला दिया जहां अपहरणकर्त्ताओं ने लड़के को छोड़ने के बदले में एक लाख रुपए फिरौती की राशि देने के लिए श्री कमलजीत को कहा था । उस स्थान पर थाना नकोदर के गांव कंग साहबों का कुलवंत सिंह फिरौती की रकम एकत्रित करने के लिए आया ।

श्री मुस्तफा ने आगे बताया कि फिरौती की राशि

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjab Sanatan

व्यापारियों को आशा है कि इस सप्ताह के दौरान चीनी के भाव में 25-30 रुपए क्विंटल का मंदा आ सकता है ।

आतंकवादी मुठभेड़ों में मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

देने के बाद पुलिस तत्काल हरकत में आ गई और उसने कुलवंत सिंह को घटनास्थल से ही गिरफ्तार कर लिया । कुलवंत सिंह द्वारा पूछताछ के दौरान उपलब्ध करवाई जानकारी के आधार पर बच्चे के साथ वहां निकट ही छिपे हुए बाबा सदर के गांव जल्लीवाल के जसपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया । जसपाल सिंह ने पुलिस पर फायरिंग भी की थी । इसी दौरान इन अपहरणकर्ता उग्रवादियों का तीसरा साथी, जिसकी शिनाख्त राजवंत सिंह के रूप में की गई है, फिरौती के 50,000 रुपयों के साथ भाग निकलने में सफल रहा ।

स्कूल टीचर का अपहरण । बाघापुराना (ज्ञान): जिला फिरोजपुर के धर्मकोट कस्बा में एक स्कूल टीचर सुरेंद्र कुमार का गत प्रातः अपहरण कर लिया गया । आतंकवादियों ने उसके स्कूल में आकर उसे बाहर बुलाया तथा उसको मारुति में बिठा कर साथ ले गये । अभी तक उसका कोई अता-पता नहीं है ।

इसी बीच तीन दिन पहले मंडी निहाल सिंह वाला से जिस 22 वर्षीय युवक सतीश कुमार का अपहरण किया गया था, उसका भी अभी तक कुछ पता नहीं चल सका । इस क्षेत्र में अपहरण की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं ।

Punjabi Sanatani

सी.आर.पी. की चौकी पर राकेट से हमला, अक्कांवाली सहित 4 की हत्या : आतंकवादी गुटों के संघर्ष में 2 मरे

चंडीगढ़, 15 जनवरी (वार्ता, प.स.): उग्रवादियों ने आज अमृतसर में सी.आर.पी. की एक चौकी पर राकेट से हमला किया और पंजाब में गत रात्रि के पश्चात् एक पुलिस कांस्टेबल, आल इंडिया सिख स्टूडेंटस फैडरेशन के नेता सुखवंत सिंह अक्कांवाली सहित 4 लोगों की हत्या कर दी । आतंकवादी गुटों के संघर्ष में 2 उग्रवादी मारे गए जबकि एक व्यक्ति का शव वृक्ष से लटकता मिला ।

कांस्टेबल की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): गत रात थाना भिखीविंड क्षेत्र के गांव भाई लद्धू में आतंकवादियों ने एक पुलिस कांस्टेबल की गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि मृतक की शिनाख्त चानन सिंह के रूप में हुई है । आतंकवादियों ने उसके घर से उसका अपहरण कर लिया तथा गांव के बाहर खेतों में ले जाकर उसको गोलियां मारीं । चानन सिंह फिरोजपुर जिला के अबोहर कस्बा में तैनात था तथा छुट्टी पर अपने गांव आया हुआ था । पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर ए.के. 47 के अनेक चले हुए कारतूस बरामद किये गये हैं ।

2 युवकों की हत्या : थाना बैरोवाल के गांव चक कारी खां में गत रात 11 बजे के करीब आधा दर्जन आतंकवादी एक नौजवान सुखदेव सिंह वल्द इंद्र सिंह के मकान में दीवार फांद कर दाखिल हुए और सुखदेव सिंह को साथ लेकर खेतों में चले गये जहां उन्होंने गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी । बाद में गांव के सरपंच ने पुलिस को सूचना दी कि सुखदेव सिंह की लाश के निकट ही उसी गांव के एक अन्य युवक जसविंदर सिंह वल्द ज्ञान सिंह की भी लाश पड़ी मिली, जो गोलियों से छलनी थी । यह हत्याएं आतंकवादी संगठनों की आपसी शत्रुता का परिणाम बताई जाती हैं ।

मैडीकल कालेज में बम विस्फोट : अमृतसर (नारंग): आज सायं 8.40 बजे यहां मजीठा रोड पर स्थित मैडीकल कालेज की चारदीवारी के अंदर, जहां सी.आर.पी.एफ. की 36वीं बटालियन का मुख्यालय स्थित है, बाहर से एक शक्तिशाली बम फैंका गया, लेकिन यह बम हवा में ही फट गया और किसी प्रकार जनक्षति नहीं हुई । बताया जाता है कि बम धमाके की आवाज़ इतनी तेज थी कि यह सारा नगर दहला गया । बम के टुकड़े एक फर्लांग के क्षेत्र में पाए गए ।

सी.आर.पी. की चौकी को बम विस्फोट से उड़ाने की कोशिश : पी.टी.आई. के अनुसार अमृतसर के एस.एस.पी. श्री मंजीत गुप्ता ने यहां बताया कि उग्रवादियों ने आज रात मजीठा रोड पर मैडीकल कालेज होस्टल के बाहर सी.आर.पी.एफ. की एक चौकी को राकेट से उड़ाने की कोशिश की जो नाकाम रही । श्री गुप्ता ने कहा कि राकेट बिना किसी की घायल किए हवा में ही फट गया । विस्फोट से आसपास के भवनों की खिड़कियों के शीशे टूट गए । श्री गुप्ता ने कहा कि सम्भवतया उग्रवादियों ने 25 मीटर दूर सड़क के किनारे से राकेट अंदर फैंका होगा । उग्रवादी स्कूटर पर गोपाल नगर की तंग गलियों में भागने में सफल रहे ।

आतंकवादी सक्रिय : अमृतसर की आबादी मजीठा रोड के कुछ लोगों ने सूचना दी है कि मजीठा रोड और इर्द-गिर्द की कालोनियों में आतंकवादी दो-तीन दिनों से सक्रिय हैं । लोगों के बच्चे उठा कर और धमकी भरे पत्र लिख कर रुपया हथियाने का सिलसिला शुरू है । डर के मारे लोग पुलिस को भी सूचना नहीं दे रहे । इन कार्रवाइयों से जनता में आतंक व्याप्त है । लोगों का यह भी कहना है कि इस सारे क्षेत्र में अब पुलिस और सी.आर.पी. की गश्त न होने के बराबर है जिससे आतंकवादियों के हौसले बढ़ गये हैं ।

ठेके के सेल्ज़मैन की हत्या : भटिंडा (पस): कल इस जिला में गांव कोटरा कौरेवाला में पुलिस ने एक शराब के ठेके के सेल्ज़मैन का गोलियों से छलनी शव बरामद किया । सूचनाओं में कहा गया है कि साइकल सवार आतंकवादी ठेके पर आये तथा उन्होंने गोलियां मार कर सेल्ज़मैन की हत्या कर दी ।

अक्कांवाली की हत्या : उग्रवादियों ने आज सायं मानसा जिला भटिंडा में आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के एक नेता सुखवंत सिंह अक्कांवाली की फायरिंग करके हत्या कर दी ।

जिम्मेदारी ली : तथाकथित आतंकवादी संगठनों खालिस्तान लिबरेशन फोर्स, खालिस्तान कमांडो फोर्स, बब्बर खालसा और अखिल भारतीय सिख छात्र संघ (दलजीत गुट) ने संयुक्त कम्युनिस्ट पार्टी के नेता श्री गुरसेवक सिंह की हत्या की जिम्मेदारी ली है । श्री गुरसेवक सिंह की गत दिवस भटिंडा में हत्या कर दी गई थी ।

चुंगी लूटी : दो मोपेड सवार आतंकवादियों ने आज प्रातः पटियाला में एक चुंगी चौकी से पिस्तौल की नोक पर 4300 रुपए लूट लिए ।

87 व्यक्ति रिहा : कपूरथला (शर्मा): सरकारी सूत्रों के अनुसार आतंकवाद की छोटी-मोटी वारदातों में गिरफ्तार 87 व्यक्तियों के विरुद्ध बने हुए केस वापिस लेकर उन्हें रिहा कर दिया गया है । अब जिला में एक कथित आतंकवादी बाज सिंह के विरुद्ध केस शेष रह गया है । बाज सिंह इश्तहारी अपराधी घोषित किया जा चुका है तथा इसके लिए

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjab Sangtar

पर विचार किया जाएगा कि सिख धर्म की दुनिया भर में किस प्रकार फैलाया जाए ।

भारत की चेतावनी

(पृष्ठ 3 का शेष)

लोगों द्वारा 'आत्म निर्णय' किए जाने के संदर्भ में जो टिप्पणी की है, वह सच्चाई को झुठलाना है । प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि जम्मू-कश्मीर के लोग भारत के ही नागरिक हैं तथा वे कई बार निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं । प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तानी प्रवक्ता का यह दावा झूठा है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा के पार से भारत के प्रति कोई अमैत्रीपूर्ण कार्रवाई नहीं हो रही ।

प्रवक्ता ने कहा कि तथाकथित जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के नेता पाकिस्तान में बैठ कर बयान दे रहे हैं । यहां तक कि वे भारत को 'सीधी धमकियां' तक दे रहे हैं । उसने कहा कि पाकिस्तान का आधिकारिक इलैक्ट्रानिक मीडिया भी भारत के प्रति 'दुष्प्रचार' कर रहा है । उसने स्पष्ट किया कि उत्तेजना के बावजूद भारत ने पाकिस्तान के विभिन्न क्षेत्रों में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति पर कोई टिप्पणी नहीं की । प्रवक्ता ने कहा कि हमें आशा है कि पाकिस्तान भी संयम बरतेगा और आतंकवादियों को मदद व प्रोत्साहन देने से बाज आएगा । प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान की ऐसी कार्रवाई शिमला समझौते के उल्लंघन है । इससे क्षेत्र में शांति एवं सद्भाव का माहौल नहीं बनेगा ।

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

25 हजार रुपये का इनाम घोषित है । पंजाब के हालात को सुखद बनाने के लिए सद्भावना के रूप में सरकार ने छोटे केसों में गिरफ्तार कथित आतंकवादियों को रिहा करने का निर्णय किया है ।

घर-घर की तलाशी : पता चला है कि गत तीन दिनों से पुलिस तथा सुरक्षा बलों की ओर से अपने अधिकारियों के नेतृत्व में रेल कोच फैक्टरी के निकटवर्ती गांवों तथा क्षेत्र में, गांव खोजेवाली के निकटवर्ती गांवों तथा क्षेत्र में व मंड क्षेत्र में घेरा डाल कर घर-घर की तलाशी लेने का क्रम आरंभ है । मालम हुआ है कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति पूछताछ के लिए हिरासत में लिये गये हैं ।

शव वृक्ष से लटकता मिला : मलोट (गोयल): गांव लक्कडवाला और खानेकी डाब के मध्य एक युवक का शव वृक्ष से लटकता पाया गया । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है ।

Punjab Kesari

बब्बर खालसा के स्वयंभू एरिया कमांडर जिंदा सहित 2 आतंकवादी मारे गए

कालोनी के प्रधान व ठेका-कर्मी की हत्या : एक बैंक लूट लिया

बुटारी-ब्यास के मध्य रेल पटरी उड़ा दी : 6 उग्रवादी गिरफ्तार

चंडीगढ़, 16 जनवरी (वार्ता, प.स.): आज पंजाब में खतरनाक आतंकवादी बब्बर खालसा के स्वयंभू एरिया कमांडर हरजिंदर सिंह उर्फ जिंदा (बुट्टर) सहित दो आतंकवादी मारे गए । जिला पटियाला में एक बैंक लूट लिया गया । अमृतसर जिला में रेल पटरी का एक हिस्सा विस्फोट से उड़ा दिया गया । 2 लोगों की हत्या कर दी गई ।

जिंदा व उसका साथी मारा गया : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां पुलिस व बी.एस.एफ. के साथ आज प्रातः मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए व भारी हथियार व गोली सिक्का बरामद किया गया । यह जानकारी देते हुए पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री सुमन्त कुमार गोयल ने पत्रकारों को बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस व सुरक्षा बलों ने गांव ठीकरीवाल के निकट आतंकवादियों ने छिपने के एक ठिकाने पर छापा मारा तो मुठभेड़ शुरू हो गई । आतंकवादी फायरिंग करते हुए थाना काहनूवान के गांव रोड़ा बुट्टर की ओर चले गए । पुलिस व बी.एस.एफ. ने उनका पीछा किया और मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए जबकि उनके कुछ साथी फरार होने में सफल रहे ।

श्री गोयल ने बताया कि मृतक आतंकवादियों में एक की शिनाख्त बब्बर खालसा के स्वयंभू एरिया कमांडर व खतरनाक आतंकवादी हरजिंदर सिंह उर्फ जिंदा (बुट्टर) के रूप में की गई है । इस पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित था और यह पुलिस को 60 से अधिक बेगुनाह लोगों की हत्याओं जिनमें अधिकतर बी.एस.एफ., पुलिस, होमगार्ड जवान व एस.पी.ओ. कर्मचारी शामिल थे, पुलिस व बी.एस.एफ. की गाड़ियों को बूबी ट्रैप लगाकर उड़ाने आदि की वारदातों में वांछित था मुठभेड़ के समय यह अमरीकी निर्मित बुलेट प्रूफ जैकट पहने था, दूसरे आतंकवादी की शिनाख्त मंजीत सिंह उर्फ मिन्नी बाबा (तिब्बड़ी), गुरदासपुर के रूप में हुई है । यह भी अनेकों वारदातों में पुलिस को वांछित था ।

छीनी गई मारुती कार बरामद : बटाला थाना सदर पुलिस व सुरक्षा बलों ने गत दिवस गांव कास्तीवाल सम्पर्क मार्ग से एक एयरकंडीशन्ज़ सफेद मारुती कार डी.एन.ए. 0251 लावारिस खड़ी बरामद की है । एस.एस.पी. श्री गोयल के अनुसार अमृतसर पुलिस रिकार्ड से प्राप्त विवरण के अनुसार यह कार कुछ समय पहले श्रीमती प्रोमिला कपूर से छीनी गई थी ।

60,000 रुपए छीने : गत रात बटाला पुलिस जिला में गांव थाला में संदिग्ध आतंकवादियों ने एक व्यक्ति सुरजीत सिंह से 60,000 रुपए छीन लिए । प.स. के अनुसार सुरजीत सिंह एक प्राइवेट कम्पनी का कर्मचारी है तथा वह मजीठा मिल्क परचेज सैंटर में रुपए देने जा रहा था ।

बैंक लूट लिया : पटियाला (भूषण): 5 आतंकवादियों ने आज यहां से 12 किलोमीटर दूर भूनरहेड़ी में पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से 3 लाख 84887 रुपए लूट लिए तथा फरार होने में सफल हो गए । आतंकवादी एक कार में वहां पहुंचे, मैनेजर को स्ट्रांग रूम खोलने पर विवश किया तथा नकदी उठाकर चल दिए । आतंकवादियों ने बैंक के टैलीफोन की तारें काट दीं और बैंक के गनमैन से कारतूस भी छीन कर ले गए ।

रेल पटरी उड़ा दी : अमृतसर (वि.प्र.): आतंकवादियों ने कल आधी रात के समय अमृतसर से 35 किलोमीटर दूर अमृतसर-जालन्धर मार्ग पर बुटारी और ब्यास रेलवे स्टेशनों के मध्य एक शक्तिशाली विस्फोट द्वारा लगभग दो मीटर रेल पटरी उड़ा दी । रेलवे पुलिस के सूत्रों के अनुसार यह विस्फोट उस समय हुआ जब अमृतसर से लुधियाना जा रही एक माल गाड़ी इस पर से गुजर रही थी । विस्फोट से माल गाड़ी के दो-तीन डिब्बों को क्षति पहुंची । अमृतसर क्षेत्र में इस वर्ष यह दूसरी बड़ी विध्वंसक कार्रवाई है । गत चार जनवरी को अमृतसर-खेमकरण ब्रांच लाइन पर घरियाला तथा बोपाराय के मध्य रेल पटरी उड़ा दी गई थी ।

रैय्या से जसपाल के अनुसार रेल पटरी को उड़ाने के लिए विस्फोट फ्यूज तारों के साथ बंधा हुआ बम रखकर किया गया । धमाका इतना जोरदार था कि इसकी गूंज दस किलोमीटर क्षेत्र में सुनी गई । बम रेल पटरी के जोड़ तथा लकड़ी के स्लीपरों पर फिट किया हुआ था । स्लीपर टुकड़े-टुकड़े होकर दूर जा गिरे । लोहे के 16-17 स्लीपर भी लाइन के साथ ही जमीन से काफी ऊपर उठे हुए थे । बम फटने से वहां पर चार फुट चौड़ा तथा दो फुट गहरा

(शेष पृष्ठ 6 पर)

पंजाब के लोग वर्तमान हालात से छुटकारा चाहते हैं

अमृतसर, 16 जनवरी (नारंग): पंजाब की वर्तमान परिस्थिति विशेषकर लुधियाना की सर्वदलीय रैली के बाद पिछले तीन दिनों में लोगों में वी.पी. सिंह सरकार की पंजाब नीति पर मिश्रित प्रतिक्रिया देखने में आई है । नगर की एक प्रमुख आयात-निर्यात करने वाली फर्म के मालिक स. दविन्दर सिंह के अनुसार नई केंद्रीय सरकार को समय मिलना चाहिए तथा हर वर्ग से समर्थन प्राप्त होना चाहिए ताकि पिछली सरकार द्वारा उलझाई गई इस जटिल समस्या को हल किया जा सके । इनका कहना था कि नई सरकार द्वारा की गई पहल—59वां संविधान संशोधन रद्द करना, 1984 के हुए दंगों के दोषियों को सजा देने की प्रक्रिया तथा भगौड़े सैनिकों का पुनर्वास इत्यादि फैसलों का स्वागत होना चाहिए । नवयुवकों के संगठनों द्वारा इसके जवाब में पंजाब में हर प्रकार की हिंसा बंद होनी चाहिए ताकि सरकार को समाधान के मार्ग में कठिनाई न आए ।

एक रेस्तरां मालिक श्री अशोक कुमार का कहना है कि हमें राजनीति के दावपेंच का ज्ञान नहीं किन्तु क्योंकि हमारे रेस्तरां में हर तरह के लोग आते हैं, उनके विचार सुनने को मिलते हैं और उसी आधार पर मैं कह सकता हूं कि अमृतसर की तरह ही सारे पंजाब वासी विगत आठ वर्ष से चली आ रही इस स्थिति को समाप्त करने के हक में हैं, चाहे इसके लिए सरकार किसी भी संगठन से बात करे अथवा किसी राजनैतिक दल से समझौता करे । हमें तो केवल शांति चाहिए और शांति के लिए प्रधानमंत्री द्वारा की गई पहल का हर कोई स्वागत करेगा ।

एक प्रमुख पुलिस अधिकारी, जो इस समय तरनतारन पुलिस जिले में कार्यरत है, नई सरकार की नीतियों से असंतुष्ट दिखाई देते थे । उनका कहना है कि हमारे जवानों तथा अधिकारियों ने अपनी जिंदगी दाव पर लगा कर जिन आतंकवादियों तथा उनके सहयोगियों को पकड़ा था, अब उनको रिहा करके सरकार पुलिस प्रशासन के लिए फिर से मुश्किलें पैदा कर रही है । यह पुलिस अधिकारी नई केंद्रीय सरकार की तुष्टीकरण वाली नीति को गलत समझता है । हर रोज किसी न किसी फोर्स के जवानों अथवा अफसरों के मारे जाने पर क्रोधित होकर इन महोदय का कहना था कि गोबिंद राम जैसे अफसर को मार दिए जाने के बाद क्या प्रशासन में उदासीनता और शिथिलता नहीं आएगी ? क्या नई सरकार की नीतियों से पुलिस मनोबल नहीं गिरेगा ?

कांग्रेस (इ) पंजाब के महामंत्री भूतपूर्व विधायक श्री सेवा राम का कथन है कि पंजाब के हालात नई सरकार के गठन के बाद से अब तक बहुत तेजी से बिगड़े हैं और यह सब सरकार की नर्म नीतियों के कारण हुआ है । केंद्रीय सरकार को चाहिए कि वह पंजाब से सम्बन्धित सब मुद्दों पर अपना स्टैंड स्पष्ट करे ।

भाजपा अमृतसर के महासचिव श्री हरीश तनेजा के अनुसार प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह ने इस ज्वलंत समस्या के हल के लिए अब तक जो प्रयास किए हैं, उन्हें अब दूसरी तरफ से इसके प्रत्युत्तर का इंतजार करना चाहिए । बेशक सर्वदलीय बैठकें और रैलियां पंजाब समस्या के समाधान के मार्ग को प्रशस्त करने में सहायक सिद्ध हो रही हैं किन्तु उन तत्वों को, जिनकी राष्ट्र के प्रति कोई आस्था नहीं और

SALE SALE SALE SALE
SALE SALE SALE
STOCK CLEARENCE SALE
on
EVERYTHING

Punjabi Sanatani

आतंकवादी मारे गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

गड्ढा पड़ गया । सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारी मौका पर पहुंच गए । उन्होंने बताया कि इससे रेलवे को हजारों रुपए की हानि हुई है । लाइन की मुरम्मत करने के बाद प्रातः 5.45 बजे रेल यातायात बहाल कर दिया गया ।

बी.एस.एफ. जवान घायल : गत रात मजीठा पुलिस जिला के अन्तर्गत वडाला बंगड क्षेत्र में आतंकवादियों द्वारा एक बी.एस.एफ. चौकी पर हमला किए जाने से एक जवान मनजीत सिंह घायल हो गया ।

पुलिस पार्टी पर हमला : गत रात थाना पट्टी के अन्तर्गत गांव कैरों के निकट आतंकवादियों ने एक पुलिस पार्टी पर घात लगाकर हमला किया जिसमें तरनतारन के सहायक पुलिस अधीक्षक श्री जसमिंदर सिंह व उनके सुरक्षा कर्मी बाल-बाल बच गए । पुलिस की जवाबी फायरिंग पर आतंकवादी बचकर भाग निकले ।

सी.आर.पी. की टुकड़ी पर हमला : अमृतसर मैडीकल कालेज के निकट आतंकवादियों ने सी.आर.पी. की एक टुकड़ी पर हमला किया । इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ ।

अकालियों की हत्या की निंदा : अकाल तख्त के पूर्व जत्थेदार जसबीर सिंह रोडे तथा मान अकाली दल के वरिष्ठ नेता हरचरण सिंह रोडे ने कल रात जिला भटिंडा में मानसा में कुछ सशस्त्र व्यक्तियों द्वारा सिख छात्र संघ के नेता सुखबन्त सिंह अकालियों की हत्या किए जाने की कड़ी निंदा की है । एक बयान में दोनों नेताओं ने आरोप लगाया कि इस हत्या में गुप्तचर एजेंसियों का हाथ है जिसका उद्देश्य सिखों में गलतफहमियां पैदा करना है । उन्होंने इन एजेंसियों को ऐसी गतिविधियों से बाज रहने की चेतावनी दी ।

अखिल भारतीय सिख छात्र महासंघ ने अकालियों की हत्या के विरोध में छात्रों को 17 और 18 जनवरी को शिक्षा संस्थानों में हड़ताल रखने का आह्वान दिया है । महासंघ के अध्यक्ष मनजीत सिंह तथा महासचिव हरमिंदर सिंह संघ ने इस हत्या पर तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए संगठन की एक बैठक 18 जनवरी को अमृतसर में बुलाई है जिसमें स्थिति पर विचार करके इसका मुकाबला करने की रणनीति तैयार की जाएगी । उन्होंने भी इस हत्याकांड में सरकार के गुर्गों और सिख छात्र महासंघ के शत्रुओं का हाथ होने का संदेह व्यक्त किया ।

इन नेताओं ने कहा कि महासंघ इसका बदला लेगा । अभियुक्तों का पता लगाकर उन्हें जनता के समक्ष पेश किया जाएगा तथा सिख परम्पराओं के अनुसार उन्हें दंड दिया जाएगा । मनजीत सिंह तथा हरमिंदर सिंह ने स्पष्ट किया कि वह व्यर्थ की हत्याओं के विरुद्ध हैं लेकिन यदि हमारे सदस्यों को बलि का बकरा बनाया गया तो हम अपनी रणनीति इस तरह से बनाएंगे कि महासंघ के विरोधियों को छिपने की जगह नहीं मिलेगी ।

कालोनी के प्रधान की हत्या : 2 उग्रवादियों ने स्थानीय सभाष नगर कालोनी के प्रधान जस्सा सिंह की उनके घर के निकट गोलियां मार कर हत्या कर दी । उग्रवादी भाग जाने में सफल रहे ।

स्कूटर छीना : फिल्लौर (भासड़ी): आज प्रातः महेन्द्र सिंह निवासी बासीयां डकर जब अपनी पत्नी के साथ फिल्लौर की ओर स्कूटर पर आ रहा था तो रास्ते में गांव थला के बस अड्डे के निकट खड़े दो युवक पिस्तौल दिखाकर उसका बजाज चेतक स्कूटर छीन कर भाग गए । स्थानीय पुलिस ने सूचना पाकर उग्रवादियों का पीछा किया लेकिन अभी तक उन्हें पकड़ने में सफलता नहीं मिली ।

पूर्ण हड़ताल : इसी दौरान सिख छात्र संघ के नेता सुखवंत सिंह अकालियों की हत्या के विरोध में जिला भटिंडा के मानसा और बुढलाडा कस्बों में आज पूर्ण हड़ताल रही । सभी स्कूल और कालेज भी बंद रहे ।

गौओं की हत्या के अभियोग में 3 व्यक्ति गिरफ्तार

दीनानगर, 16 जनवरी (कपूर) : स्थानीय पुलिस ने कुकरा मसीह, सूरती मसीह तथा जन्ना मसीह नामक तीन व्यक्तियों को गौओं की कथित हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है ।

जिला विकास समितियां भंग

कपूरथला, 16 जनवरी (एस.) : पंजाब सरकार ने पंजाब भर में जिला विकास तथा शिकायत निवारण कमेटियां भंग कर दी हैं । अतः 24 जनवरी को हो रही इस कमेटी की बैठक रद्द कर दी गई है ।

सुरक्षा की मांग लेकर छात्रों द्वारा श्रेणियों का बहिष्कार

अमृतसर, 16 जनवरी (प.स.) : स्थानीय मैडीकल कालेज के छात्रों ने कालेज परिसर में उचित सुरक्षा की मांग करते हुए आज अपनी श्रेणियों का बहिष्कार किया । गत रात्रि उग्रवादियों द्वारा कालेज होस्टल में सी.आर.पी.एफ. की चौकी को राकेट से उड़ाने की कोशिश में कई छात्र चमत्कारी ढंग से बच गए । राकेट होस्टल की बाल्कनी के साथ लग कर फट गया था ।

श्रीनगर में

(पृष्ठ 3 का शेष)

राष्ट्रीयकृत बैंक का गैस्ट हाऊस शामिल हैं । आज सुबह राजबाग में एक शक्तिशाली बम विस्फोट हुआ जिसमें भारतीय स्टेट बैंक का गैस्ट हाऊस क्षतिग्रस्त हो गया । जवाहर नगर मोहल्ले में आज सुबह हुए एक विस्फोट में एक डाकघर क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि कानीकदल इलाके में एक विस्फोट में एक स्कूल भवन को काफी नुक्सान पहुंचा । उधर बारामूला शहर में भी आज तड़के एक पोस्ट आफिस बम विस्फोट से क्षतिग्रस्त हो गया ।

अनन्तनाग से आज शाम प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार यार्ड में खड़ी राज्य परिवहन निगम की एक बस पर पैट्रोल बम फैंका गया, जिससे बस को हल्का नुक्सान हुआ है, किन्तु कोई घायल नहीं हुआ है । अनन्तनाग कस्बे के विभिन्न हिस्सों में कल रात से वाइल कोकरनाग पुल, कंगन हाल पुल, आबकारी विभाग हट, कृषि विभाग हट और चार दुकानों में आग लगा दी गई ।

बारामूला में कल रात बदमाशों ने एक मिडल स्कूल को आग लगा दी, जिससे उसकी इमारत

Punjab Sanad

अवकांवाली की हत्या के विरोध में छात्रों को 17 और 18 जनवरी को शिक्षा संस्थानों में हड़ताल रखने का आह्वान दिया है । महासंघ के अध्यक्ष मनजीत सिंह तथा महासचिव हरमिंदर सिंह संधु ने इस हत्या पर तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए संगठन की एक बैठक 18 जनवरी को अमृतसर में बुलाई है जिसमें स्थिति पर विचार करके इसका मुकाबला करने की रणनीति तैयार की जाएगी । उन्होंने भी इस हत्याकांड में सरकार के गर्गों और सिख छात्र महासंघ के शत्रुओं का हाथ होने का संदेह व्यक्त किया ।

इन नेताओं ने कहा कि महासंघ इसका बदला लेगा । अभियुक्तों का पता लगाकर उन्हें जनता के समक्ष पेश किया जाएगा तथा सिख परम्पराओं के अनुसार उन्हें दंड दिया जाएगा । मनजीत सिंह तथा हरमिंदर सिंह ने स्पष्ट किया कि वह व्यर्थ की हत्याओं के विरुद्ध हैं लेकिन यदि हमारे सदस्यों को बलि का बकरा बनाया गया तो हम अपनी रणनीति इस तरह से बनाएंगे कि महासंघ के विरोधियों को छिपने की जगह नहीं मिलेगी ।

कालोनी के प्रधान की हत्या : 2 उग्रवादियों ने स्थानीय सुभाष नगर कालोनी के प्रधान जस्सा सिंह की उनके घर के निकट गोलियां मार कर हत्या कर दी । उग्रवादी भाग जाने में सफल रहे ।

ठेके के कर्मी की हत्या : जिला अमृतसर के मजीठा पुलिस जिले में उग्रवादियों ने शराब के ठेके के एक कर्मचारी कुलदीप सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

एक अन्य सूचना के अनुसार उग्रवादी ठेके से 500 रुपए भी उठा ले गए ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : फगवाड़ा (अशोक): सदर पुलिस ने गत रात रानीपुर गांव के दो आतंकवादियों सुखदेव सिंह और गुरविंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया । उनके कब्जे से एक चाकू, एक खिलौना पिस्तौल, एक घड़ी तथा 110 रुपए नकद बरामद किए गए । डी.एस.पी. श्री अजीत सिंह ने बताया कि इन दोनों ने कल शाम नजदीकी गांव चक हकीम से एक किरयाना विक्रेता मदन लाल को जर्दा और तम्बाकू न बेचने की चेतावनी देकर उससे एक घड़ी और 110 रुपए नकद छीन लिए । दोनों ने पूछताछ के दौरान बताया कि उच्चा पिंड और गोराया से दो स्कूटर भी छीने थे । उनका 18 जनवरी तक शारीरिक रिमांड ले लिया गया ।

दो गिरफ्तार : फगवाड़ा (खोसला): आज थाना सदर पुलिस ने दो संदिग्ध व्यक्तियों सुखदेव सिंह व गुरविंदर सिंह को गिरफ्तार किया है । पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों व्यक्ति लूटमार की कई वारदातों में शामिल हैं ।

35,000 रुपए लूटे : लुधियाना (धीमान): स्थानीय फोकल प्वाइंट के क्षेत्र हीरानगर में कल रात आतंकवादियों ने एक कबाड़िया बनारसी दास से पिस्तौल दिखाकर 35,000 रुपए छीन लिए । पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है ।

पांच आतंकवादी गिरफ्तार : लुधियाना पुलिस ने जिला में पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । उनसे एक थामसन गन, एक रिवाल्वर, एक 9 एम.एम. की पिस्तौल, एक .55 बोर पिस्तौल, दो हथगोले, 5 डैटोनेटर, 4 किलो ग्राम विस्फोटक व बड़ी मात्रा में कारतूस बरामद हुए ।

पिस्तौल छीनी : गढ़दीवाला (डोगरा): गत रात लगभग 8.30 बजे कुछ अज्ञात व्यक्ति अप्र

Sikh Sikhs Sikhan Sikhan

थाना सदर पुलिस ने दो संदिग्ध व्यक्तियों सुखदेव सिंह व गुरपिन्दर सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों व्यक्ति लूटमार की कई वारदातों में शामिल हैं।

35,000 रुपए लूटे : लुधियाना (धीमान): स्थानीय फोकल प्वाइंट के क्षेत्र हीरानगर में कल रात आतंकवादियों ने एक कबाड़िया बनारसी दास से पिस्तौल दिखाकर 35,000 रुपए छीन लिए। पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है।

पांच आतंकवादी गिरफ्तार : लुधियाना पुलिस ने जिला में पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। उनसे एक थ्रीनाट गन, एक रिवाल्वर, एक 9 एम.एम. की पिस्तौल, एक .55 बोर पिस्तौल, दो हथगोले, 5 डैटोनेटर, 4 किलो ग्राम विस्फोटक व बड़ी मात्रा में कारतूस बरामद हुए।

पिस्तौल छीनी : गढ़दीवाला (होशपुर): गत रात लगभग 8.30 बजे कुछ अज्ञात व्यक्ति थाना टांडा के अंतर्गत गांव बाहमां में गरीब सिंह के घर में घुस कर उसकी पिस्तौल छीन कर ले गए।

उग्रवादी गिरफ्तार : जालंधर, (वि.प्र.) नकोदर पुलिस द्वारा गत रात अनेक हत्याओं व दर्जन डकैती की वारदातों में वांछित उग्रवादी अजीत सिंह उर्फ फौजी के गिरफ्तार कर लिये जाने का समाचार मिला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना लोहियां के गांव हारेवाल का निवासी यह आतंकवादी सिदड़पिंडी गांव के निकट पैदल जा रहा था कि नकोदर थाना के एस.एच.ओ. श्री जगदीश कुमार जो फोर्स के साथ गश्त पर थे, ने उसे संदिग्ध हालत में जाते अनुभव किया और रुकने के लिए कहा किन्तु वह भाग खड़ा हुआ और पीछा किये जाने के बाद पकड़ लिया गया।

उसके कब्जे से 315 बोर का एक पिस्तौल व चार-पांच कारतूस बरामद हुए। पूछताछ के दौरान उसने अनेक हत्याओं व डकैतियों की वारदातों में संलिप्त होने की स्वीकारोक्ति की जिनमें गरहरसहाय थाना के सब इंस्पैक्टर बीरू राम तथा फरीदकोट के एक प्रमुख अकाली नेता गुरचरण सिंह की हत्या शामिल है। वह ब्लू स्टार आपरेशन के समय सुरक्षा बलों की हिरासत में आने के बाद सीतापुर (उ.प्र.) की जेल से फरार होने में सफल हो गया था। उसका सम्बन्ध सुखार उग्रवादी जगतार सिंह जो गत वर्ष मारा गया था व धन्ना सिंह जो पंथक कमेटी का सदस्य बताया जाता है, के गिरोह से है। अभी उससे पूछताछ जारी है।

5 उग्रवादी गिरफ्तार, अपहृत लड़का बरामद : भटिंडा (शोर): भटिंडा पुलिस ने 5 उग्रवादियों सर्वजिन्द सिंह, प्रीतम सिंह, हरदीप सिंह उच्चापिंड थाना आदमपुर जिला जालन्धर, प्यारा सिंह तथा हरबंस कौर को गिरफ्तार किया तथा उनसे एक अपहृत लड़का बरामद कर लिया। इन उग्रवादियों से 2 दोनाली बंदूकें, 11 कारतूस, आधा किलो ग्राम सोना बरामद हुआ। इन आतंकवादियों ने लूटपाट की कई वारदातों में संलिप्त होने की स्वीकारोक्ति की। उन्होंने अपने गिरोह के 8 अन्य सदस्यों के बारे में भी पुलिस को बता दिया है। जिला पुलिस चीफ श्री एस.एस. शर्मा ने बताया कि यह गिरोह जिला भटिंडा में सरगर्म था तथा इसने ग्रामीण क्षेत्रों में आतंक फैला रखा था। उन्होंने कहा कि गिरोह के अन्य सदस्यों को भी शीघ्र काबू कर लिया जाएगा।

पंजाब में दो सगे भाइयों सहित 3 व्यक्तियों की हत्या

2 बैंक लूट लिए : एक आतंकवादी मरा

जालंधर में 4 लुटेरे गिरफ्तार

चंडीगढ़, 17 जनवरी (वार्ता, पस): पंजाब में आतंकवादियों ने 2 भाइयों सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि एक आतंकवादी मारा गया । दो बैंक लूटे गये । जालंधर पुलिस ने 4 लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया ।

दो सगे भाइयों की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): यहां जिला मुख्यालय में प्राप्त सूचनाओं के अनुसार थाना भिखीविंड के क्षेत्र में गांव माड़ी गौड़ सिंह में गत रात 9 बजे के लगभग आध दर्जन आतंकवादी जिनके पास ए.के. 47 असाल्ट राइफलें थीं, एक जमींदार के घर में घुस गये और उसके दो नौजवान लड़कों हरजीत सिंह और हरदयाल सिंह (दोनों सगे भाई) को घर से बाहर ले गये तथा खेतों में ले जाकर दोनों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । घटनास्थल पर ए.के. 47 के 11 चले हुए कारतूस मिले ।

जमींदार की हत्या : एक अन्य सूचना के अनुसार थाना खेमकरण क्षेत्र में गांव कालिया संघातरा जो कि सीमा के निकट स्थित है, में गत रात तीन-चार आतंकवादी एक जमींदार नछत्तर सिंह बल्द गुलजार सिंह के घर में जा घुसे और नछत्तर सिंह की गोलियां मार कर हत्या करके फरार हो गये ।

'वार्ता' के अनुसार नछत्तर सिंह की हत्या आतंकवादियों के आपसी गुट संघर्ष का परिणाम है ।

डाक्टर की हत्या : आज प्रातः लगभग 11 बजे आतंकवादियों ने झब्बाल क्षेत्र में एक डाक्टर की हत्या कर दी । मृतक का नाम गोपाल सिंह बताया गया है ।

बैंक से रुपया लूट लिया : आज सुबह लगभग 10 बजे चार आतंकवादी जिनमें से दो के पास पिस्तौल थे, कस्बा झब्बाल में सहकारी बैंक से 1,32,100 रुपया लूट कर ले गये । आतंकवादियों ने स्टाफ को इतना भयभीत कर दिया कि किसी ने भी शोर न मचाया ।

ठेका कर्मचारी घायल : कल रात मजीठा पुलिस जिला के गांव ठट्टियां में आतंकवादियों ने एक शराब के ठेका के कर्मचारी को गोली मार कर घायल कर दिया ।

60 हजार रुपये लूटे : पट्टी से पाठक के अनुसार करीबी गांव चुसलेवड़ में स्थित भारतीय स्टेट बैंक की ब्रांच में आज प्रातः लगभग 10.40 बजे आतंकवादियों ने 60,000 रुपये लूट लिये । इन आतंकवादियों ने कम्बल ओढ़ रखे थे । बताया जाता है कि जब बैंक का मैनेजर कार द्वारा बैंक में पहुंचा तो आतंकवादियों ने उसे बाहर घेर लिया तथा बंदूक की नोक पर उसे अंदर ले जाकर वहां से रुपये लूट कर फरार हो गये ।

फायरिंग की जांच : जालंधर डिविज़न के कमिश्नर श्री एन.के. अरोड़ा ने 29 दिसम्बर को तरनतारन में सी.आर.पी. द्वारा की गई फायरिंग की परिस्थितियों की जांच आज आरम्भ कर दी गई । इस फायरिंग में 2 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी, जबकि दो अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गए थे ।

श्री अरोड़ा को पंजाब सरकार ने यह शिकायतें मिलने के बाद जांच अधिकारी नियुक्त किया था कि यह फायरिंग अनावश्यक थी । उन्हें एक सप्ताह में रिपोर्ट देने को कहा गया था । सरकारी तौर पर बताया गया कि श्री अरोड़ा ने अतिरिक्त जिलाधीश श्री जगपाल सिंह संधु, पुलिस व सिविल अधिकारियों और राजनीतिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों के बयान लिये हैं । श्री अरोड़ा ने अमर सिंह और उसकी रिश्तेदार दलजीत कौर के संबंधियों के बयान भी रिकार्ड किये । यह दोनों फायरिंग में मारे गये थे । श्री अरोड़ा ने बताया कि वह शीघ्र ही अपनी रिपोर्ट राज्यपाल को पेश करेंगे ।

लूट की घटना : फोल्लिका (लूना): कल रात कुछ नकाबपोश सशस्त्र व्यक्ति थाना सदर जलालाबाद के अंतर्गत गांव ढाब खुशाल जोइया में एक व्यक्ति हरभजन सिंह के घर में दाखिल होकर सोने के जेवर तथा नकदी लूट कर ले गये । बताया जाता है कि सशस्त्र व्यक्तियों ने हरभजन सिंह की आंखों पर पट्टी बांध दी और नकदी व आभूषणों की तलाशी शुरू कर दी । उन्होंने करीब 50 तोले सोना लूट लिया । बाद में यही लोग इसी गांव के रघुनाथ राय के घर में दाखिल हो गये जिसने उन्हें चुनौती दी । इस पर उन्होंने रघुनाथ को मारपीट की । एक सशस्त्र व्यक्ति ने गोली भी चलाई जो किसी को नहीं लगी । लड़ाई में रघुनाथ तथा एक हमलावर भी घायल हुआ । पुलिस का कहना है कि यह वारदात डाकुओं ने की है । यह आतंकवाद की घटना नहीं है ।

आढ़ती से 3700 रुपये लूटे : खन्ना (पूर्ण): आज प्रातः 6 बजे के लगभग दो अज्ञात युवक सब्जी मंडी खन्ना में हरजीत सिंह लाभ सिंह आढ़ती की दुकान पर आये जबकि दुकान का मालिक धूप आदि जला रहा था । उन्होंने उसे पिस्तौल दिखाया और कहा कि जो कैश है उनके हवाले कर दे अतः दुकान के मालिक ने 3700 रुपए उन्हें दे दिये । कुछ गज के फासले पर सब्जी मंडी के कम्पाउंड में बोली हो रही थी जहां सैंकड़ों व्यक्ति मौजूद थे । लुटेरों के चले जाने के बाद दुकानदार ने अन्य दुकानदारों को इस घटना के बारे में बताया । इस पर दुकानदार इकट्ठे होकर पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज कराने गए । सब्जी मंडी में इस तरह की लूट की यह पहली घटना है ।

4 लुटेरे गिरफ्तार : जालंधर (न.न.स.): जिला जालंधर पुलिस ने लूटपाट करने वाले गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से दो 32 बोर के रिवाल्वर, एक 12 बोर का देसी पिस्तौल व विभिन्न बोर के 12 कारतूस बरामद किये । पुलिस की एक विज्ञप्ति के अनुसार इन लुटेरों की पहचान देसराज (गांव सोहल जिला गुरदासपुर), अनिल कुमार (थाना गोराया गांव अट्टा), राजेश उर्फ मिन्टू तथा रमेश कुमार उर्फ लवली (दोनों गांव अट्टा) के रूप में हुई है । पूछताछ के दौरान इन लुटेरों ने स्वीकार किया कि उन्होंने गत वर्ष थाना गोराया के गांव रुड़की में गुरदयाल सिंह के घर से सोने के आभूषण, जालंधर में भार्गव कैम्प से गहने व स्कूटर, हरियाणा के जगाधरी शहर में बिजली बोर्ड के दफ्तर

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sahapedia

परीक्षाएं स्थगित

(पृष्ठ 3 का शेष)

चुके हैं, उनका क्या कुसूर है ? वे पेपर पुनः क्यों दें । विश्वविद्यालय को इस संबंध में अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए ।

नियम से ये परीक्षाएं दिसम्बर में होनी चाहिए थीं लेकिन 15 दिसम्बर की जगह विश्वविद्यालय ने एक माह लेट करके ये परीक्षाएं 15 जनवरी 1990 को करने का निर्णय किया । अब 15 जनवरी से और 15 दिन के लिए स्थगित कर दी गई हैं । अब इस बात पर भी प्रश्न चिन्ह लग गया है कि क्या ये परीक्षाएं 30 या 31 जनवरी से भी शुरू होंगी या फिर विश्वविद्यालय किसी नई धमकी के आगे झुक जाएगा और ये परीक्षाएं पुनः स्थगित हो जाएगी ।

परीक्षाएं स्थगित करने के लिए यद्यपि कोई कारण नहीं दिया गया लेकिन कहा गया है कि विश्वविद्यालय ने यह कदम उस धमकी के कारण उठाया है, जो विश्वविद्यालय की दीवारों पर चिपकाए गए एक पोस्टर में दी गई है जिसमें सिख छात्र संघ द्वारा छात्रों से परीक्षाओं का बहिष्कार करने के लिए कहा गया है । इस पोस्टर में जो कि पंजाबी में हैं और इस पर फैडरेशन के संयोजक दलजीत सिंह बिट्टू के हस्ताक्षर हैं, मांग की गई है कि विश्वविद्यालय के कुलपति श्री जी.एस. रंधावा को जो कि पूर्व गृहमंत्री बूटा सिंह के दोस्त हैं, वापिस बुलाया जाए ।

मुफ्ती सईद

(पृष्ठ 3 का शेष)

उन्होंने कहा कि झूठे मकाबले या पुलिस की ज्यादतियां नहीं होनी चाहिएं । यह बात पंजाब सरकार पर स्पष्ट कर दी गई है । उन्होंने कहा कि श्री मान ने हलवाड़ा हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री को दिए गए ज्ञापन में जो बातें उठाई थीं, उनमें से अधिकतर मान ली गई हैं । 59वां संविधान संशोधन रद्द हो गया है, 1984 के दंगों के दोषियों पर केस चलाने का निर्देश दे दिया गया है । निर्दोषों की रिहाई के लिए निर्देश दे दिए गए हैं और सेना के भगौड़ों का पुनर्वास किया जाएगा । इस आरोप के बारे में कि 'पुलिस के गिरोह' हैं, उन्होंने कहा कि ऐसा

उग्रवादियों से वार्ता नहीं

(पृष्ठ 3 का शेष)

यह भी मांग की गई कि पुलिस जिला बटाला के पूर्व एस.एस.पी. श्री गोविन्द राम, जिनकी गत दिनों पी.ए.पी. मुख्यालय जालंधर में आतंकवादियों ने बम विस्फोट करके हत्या कर दी थी, के मामले की सी.बी.आई. द्वारा जांच कराई जाए, आतंकवाद पर काबू पाया जाए, हथियारों के लाइसैंस देने की नीति और सरल बनाई जाए व लाइसैंस राष्ट्रीय स्तर के बनाए जाएं । यह भी मांगें की गई कि सभी सीमाएं लांघ चुके भ्रष्टाचार को नुकेल डाली जाए । शुगर मिल बटाला की प्रबंध व्यवस्था में फेरबदल करके इसे नियमित रूप से चालू किया जाए । इस संबंध में श्री गुरचरण सिंह करवालियां (भारतीय किसान यूनियन) ने भी मांग पत्र दिया । इसके साथ-साथ वक्फ बोर्ड, नगरपालिका, तहसील व टैलीफोन विभागों में व्याप्त अनियमितता में सुधार की मांग भी की गई ।

भाजपा की ओर से मांग की गई कि लोगों को हथियारों के सरलता से लाइसैंस देकर सरकार की ओर से सस्ते हथियार उपलब्ध कराए जाएं और दिल्ली के दंगों व पंजाब के मालेगांव व बेगुनाह लोगों की हत्याओं की जांच के लिए एक ही मापदंड तय किया जाए ।

कांशी राम

(पृष्ठ 3 का शेष)

उन्होंने कहा कि यह बात मेरी समझ से बाहर है कि पीड़ित और जालिम मिल कर सरकार चलाएं । हम तो सबके से काम लेंगे और देश में पीड़ितों की सरकार बनाएंगे । उन्होंने इस बात पर दुख व्यक्त किया कि देश के कई भागों में कुछ लोग मठों के नाम पर लाखों एकड़ जमीन दबाए बैठे हैं ।

बाबू कांशी राम ने कहा कि हम इंका और राष्ट्रीय मोर्चा दोनों के साथ मिल कर नहीं चल सकते । हमें तो अपने पैरों पर खड़ा होना होगा । उन्होंने "रामायण" और "महाभारत" जैसे धारावाहिक दूरदर्शन पर दिखाने की आलोचना करते हुए कहा कि यह सिलसिला बंद किया जाए । हमें "दास प्रथा" की बात पसंद नहीं है । उन्होंने मांग की कि मंडल आयोग की रिपोर्ट तुरन्त लागू की जाए जो 52 प्रतिशत लोगों के अधिकारों से संबंध रखती है ।

व्यापारक गतिविधियां

रामा विजन द्वारा पिक्चर ट्यूब का उत्पादन जून से

नई दिल्ली, 17 जनवरी : अत्याधुनिक जापानी तकनीक से प्रतिवर्ष 12 लाख कम्प्यूटर मोनिटर ट्यूब्स और श्वेत-श्याम पिक्चर ट्यूब बनाने के प्रसिद्ध जैन उद्योग समूह के 18 करोड़ रुपए की लागत से उत्तर प्रदेश के पिछड़े जिले नैनीताल में लगाए जा रहे कारखाने का निर्माण कार्य प्रगति पर है । कम्पनी ने पिक्चर ट्यूब्स बनाने के लिए रामा विजन लिमिटेड नाम से जनवरी 1989 में पब्लिक लिमिटेड कम्पनी की स्थापना की थी । कारखाने के व्यावसायिक उत्पादन निर्धारित समय से 4 महीने पूर्व जून 1990 में आरम्भ हो जाएगा । कम्पनी के प्रबंध निदेशक श्री सतीश जैन के अनुसार प्रथम वर्ष में कम्पनी का कारोबार 34 करोड़ रुपए और नकद मुनाफा 3.46 करोड़ रुपए होगा । कम्पनी इस समय 3.35 करोड़ रुपए का पब्लिक इश्यू जारी कर रही है । सारा इश्यू सभी अंडराइट हो चुका है ।

हॉल्क लार्सन 'लार्सन एंड टुब्रो' के चेरयमैन नियुक्त



बम्बई, 17 जनवरी : लार्सन एंड टुब्रो लिमिटिड के निदेशक मंडल की बैठक में कम्पनी के एक संस्थापक श्री हैनिंग हॉल्क लार्सन को सर्वसम्मति से कम्पनी का चेयरमैन नियुक्त किया गया है । इस कम्पनी के संस्थापक के प्रति निदेशक मंडल का यह एक सम्मानजनक पग है । निजी क्षेत्र में कम्पनी को देश की प्रमुख 10 कम्पनियों में लाने में श्री लार्सन की उल्लेखनीय भूमिका है । चार जुलाई 1907 को कोपेनहैगन (डेनमार्क) में जन्मे श्री लार्सन ने 1938 में श्री एस.के. टुब्रो के साथ इस कम्पनी को स्थापित किया था तथा आज इसे भारत की एक प्रतिनिधि कम्पनी के रूप में स्थापित किया है । श्री लार्सन भारत तथा विदेशों की अन्य कम्पनियों के निदेशक मंडलों में भी शामिल हैं ।

पापा यह क्या हो गया !

चंडीगढ़, 17 जनवरी (वि.प्र.): बहुजन समाज पार्टी के प्रधान बाबू कांशी राम ने दिलचस्प रहस्योद्घाटन किया है कि लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस (इ) को मिली पराजय के मामले पर भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी के बच्चे भी काफी परेशान हैं । वे यहां अपनी पार्टी की रैली को सम्बोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि श्री राजीव गांधी के बच्चे अपने पिता से पूछते हैं—"पापा आखिर यह क्या हो गया ?"

रक्तदान शिविर

लुधियाना, 17 जनवरी (धीमान): कांग्रेस (आई) नेता श्री जोगिन्दर पाल पांडे की तीसरी शहीदी पुण्य तिथि 19 जनवरी को मनाई जा रही है । यह जानकारी देते हुए जिला युवा कांग्रेस (शहरी) प्रधान श्री राकेश पांडे ने बताया कि इस अवसर पर रैडक्रास भवन माल रोड पर उनकी स्मृति में रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है । उल्लेखनीय है कि तीन वर्ष पूर्व फिरोजपुर रोड पर उन्हें उग्रवादियों ने शहीद कर दिया था ।

23 को नेता जी-जयंती

The party also "suspected" the role played by the newly appointed Patron of the party, Baba Joginder Singh, father of Sant Jarnail Singh Bhindranwale, and a former head priest of Anandpur Sahib, Jathedar Savinder Singh.

The development followed an incident of firing at Tikriwal village in Sangrur district last night after a clash between supporters of Mr Mann and Mr Rajdev Singh. A gunman of Mr Mann was injured and the person who was believed to be the gunman of Mr Rajdev Singh was allegedly beaten up by people for firing.

The meeting appointed a three-member panel of Working Committee members to go into the conduct of Mr Rajdev Singh and his supporters and submit its report within 10 days.

Party General Secretary Gurtej Singh, briefing Pressmen, said further action would be taken on the receipt of the report by the President, Mr Mann.

The committee, consisting of Mr Didar Singh (Chairman), Major Jagjit Singh (retd) and Mr Inderjeet Singh Kahlon, advocate, would also probe the role of Baba Joginder Singh, he said.

Mr Gurtej Singh said the Working Committee suggested that the party chief should consult the Damdami Taksal chief, Baba Thakar Singh, for action against Jathedar Savinder Singh.

Taking a serious view of the firing, which amounted to sacrilege of Guru Granth Sahib and an attempt on the life of Mr Mann, the Working Committee said it was a "deep-rooted conspiracy" and the probe panel had been asked to expose it.

The committee believed that Mr Rajdev Singh's action was aimed at forcibly seeking the decision of Mr Mann in appointing certain persons as Working Committee members. "This is highly condemnable and amounts to indiscipline", the committee remarked.

Mr Gurtej Singh said the party President had earlier ignored two incidents in which Mr Rajdev Singh "violated" party discipline and criticised the leadership. One incident took place at Khudian village at the bhog ceremony of Mr Jagdev Singh Khudian, MP, on January 10 and the other at the party meeting in Ludhiana on January 18.

He said the party could not tolerate the action of gunmen of Mr Rajdev Singh in firing on the dais where Guru Granth Sahib was kept.

He estimated that at least 35 rounds were fired and a slug from a 12-bore gun hit the forehead of the gunman of Mr Mann.

He claimed that the two persons who were caught by people confessed that they were bodyguards of Mr Rajdev Singh.

Mr Gurtej Singh said the role of Baba Joginder Singh was "suspected" as he had objected to the appointment of some Working Committee members whereas Mr Mann was given a "free hand" in appointments.

Bhai Savinder Singh had made "derogatory" remarks against the party leadership during his recent speech at Ludhiana.

The new party Working Committee and office-bearers were announced by Mr Mann on January 16. While nine office-bearers, including three General Secretaries, were appointed, the Working Committee consisted of 35 members.

Mr Gurtej Singh said a majority of the Working Committee members were present at the meeting, which was held in the party office in the Golden Temple complex and lasted over two hours. Supporters of Baba Joginder Singh were not present.

This issue of The Tribune consists of 24 pages, including an eight-page Sunday Reading pullout

700-cr Annual Plan for Haryana

From The Tribune Bureau

NEW DELHI, Jan 20 – The Planning Commission has agreed to peg the Haryana Annual Plan for 1990-91 at Rs 700 crore with the proviso that the State will mobilise additional resources to the tune of Rs 100 crore.

A decision to this effect was taken at a meeting between the Deputy Chairman of the Planning Commission, Mr R.K. Hegde, and the Haryana Chief Minister, Mr Om Parkash Chautala, last evening. The Chief Minister was assisted by Mr B.D. Gupta, Deputy Chief Minister, Mr Virinder Singh, Minister for Irrigation and Power, and senior officials of the State Government.

Last year's Annual Plan for the State was pegged at Rs 676 crore but a cut of Rs 100 crore had to be applied to it due to a financial crunch. For one thing, the State failed to raise an additional Rs 45 crore, as promised, obviously because of the proximity of the Lok Sabha poll. Central assistance of Rs 36 crore too did not fructify. Consequently, the size of last year's Plan was virutally reduced to Rs 576 crore.

Mr Chautala told newsmen this morning that his Government was committed to raising additionial resources this year. He did not mention the areas from where additional resources would be mobilised.

Informed sources say the State Government is considering a hike in power tariff and bus fares to raise additional resources. The Chief Minister is also keen on imposing consignment tax.

These sources, however, rule out any fresh levy or tax on the rural sector which is the Janata Dal's mainstay.

The Chief Minister said more than 70 per cent of the Plan outlay would be in the rural sector. The outlay on agriculture, allied services, irrigation and power would account for more than 60 per cent of the Plan outlay, he added.

Haryana officials are at pains to explain why the size of next year's Annual Plan had to be only slightly higher than last year's. For one thing, the new Government at the Centre is yet to settle down and finalise the size of the Eighth Plan. Secondly, the second report of the ninth Finance Commission had not yet been made public. The State, therefore, does not know how the re-scheduling of loans would be

Continued on page 16 col 5

Emergency declared in Baku

MOSCOW, Jan 20 (UNI, AP) – Fighting subsided in the Azerbaijani Capital of Baku today, Radio Moscow reported, after hundreds of people, including soldiers, were killed in battles between security forces and nationalists demanding an Islamic republic.

Earlier in the day the Supreme Soviet declared a state of emergency and imposed martial law in Baku in a bid to contain the raging ethnic violence.

The building of the Azerbaijani Communist Party's Central Committee is surrounded by government troops.

According to PTI, Mr Abdul Rahman Vezirov was today sacked as the chief of the Azerbaijani Communist Party, Radio Moscow said. He was stripped of the post apparently in view of the failure to implement the recommendation of the central leadership to impose curfew in Baku.

Nazim Ragimov, a local journalist, unaffiliated with the State news media, said he saw 12 corpses and that battles continued overnight. Mr Korsh said shots were ringing out and tanks and armoured personnel carriers patrolled the Caspian Sea port and oil centre of 1.8 million people.

Ethnic rioting erupted in the region over a week ago and spread to open warfare between Azerbaijanis and Armenians throughout the Caucasus mountains region.

Official media confirmed that military units entered Baku today, saying they were fired on by militants of the Azerbaijan's popular front, a group that has organised anti-Armenian protests, and "were forced to retaliate."

President Mikhail Gorbachev signed the decree extending the state of emergency to Baku. It was imposed earlier in the week on other strife-torn parts of the Caucasus region.

It said the decision followed "attempts by criminal extremist

Continued on page 16 col 3

Devi Lal gets "precedence" over CJ

From Harish Gupta

NEW DELHI, Jan 20 – The Prime Minister, Mr V.P. Singh, and the Deputy Prime Minister, Mr Devi Lal, are functioning in complete harmony particularly after two rounds of heart-to-heart talks between them.

The harmonious relations have got a further fillip after the issuance of "order of precedence" in which Mr Devi Lal has been placed formally at number two position after Mr V.P. Singh.

According to authoritative sources, Mr Devi Lal has been provided with one advance jeep to regulate traffic, one pilot car and one escort vehicle. This arrangement is virtually equivalent to the arrangements made for the Prime Minister minus an ambulance van.

While the order of precedence does not mention the designation of Deputy Prime Minister because there is no provision of the post in the Constitution, the upgrading of the post of "Agriculture Minister" in the said order is enough to remove irritants whatever they were.

The Chief Justice of India and other dignitaries are placed in the order of precedence after Mr Devi Lal. It had been noticed that adequate arrangements are not made during the visits of Mr Devi Lal to various States.

Mr V.P. Singh is also believed to have assured that he would shortly constitute the second most powerful sub-committee of the Union Cabinet, that is, Cabinet Committee on Appointments (ACC). While the Cabinet Committees on political Affairs and Economic Affairs were constituted by the Prime Minister within days of assuming office last month, the ACC has not come into being. Incidentally, this committee does not hold formal meetings but only have consultations and proposals are approved by circulation of files.

It is pointed out that there was no question of ignoring Mr Devi Lal and he had been an important factor in all the decisions the Government had taken so far. A senior official in the Cabinet secretariat, on the condition of anonymity, explained that even the Home Minister, Mr Mufti Mohammed Sayeed, was not made a member of the ACC so far. He admitted that the transfer of top level bureaucratic and other changes were done by the Prime Minister without consulting the Deputy Prime Minister and the Home Minister. But Mr Devi Lal was allowed to have his team of officials in the Agriculture Ministry and his advice was given due weightage in the selection of the Punjab Governor and other key appointments.

As regards the exclusion of Mr Devi Lal from the Cabinet Committee on Punjab and Jammu and Kashmir, it is explained by sources close to the Prime Minister that the Deputy Prime Minister was excluded after seeking his concurrence. It is stated that since Mr Devi Lal belonged to Haryana, his inclusion in the Punjab panel could have created misgivings not only in his own State but in Punjab as well. In fact, except for Mr I.K. Gujral, none of the members of the committee have anything to do with Punjab. In any case, there can be no solution to the Punjab problem without the help and guidance of Mr Devi Lal and the latter is fully involved in the discussions.

It is also stated that the age limit for candidates appearing in the civil services examination had been raised at the insistence of the Deputy Prime Minister although most of the members in the Cabinet and senior officials in the Government were disinclined to accept the suggestion. So much so that Mr V.P. Singh himself had told a delegation of students who had met him at his residence that the age limit could not be increased. In order to placate Mr Devi Lal the Prime Minister had to eat a humble pie.

In fact, the decision to provide interim relief to the victims of the Bhopal gas tragedy in one go was taken at the behest of the Deputy Prime Minister who had brought with him 2,000 petitions from Bhopal during his visit to Madhya Pradesh. This item was given top priority at the Cabinet meeting which was held the next day. So much so that the decision to support the prosecution of the Union Carbide was also taken at Mr Devi Lal's behest.

Ramanna made Minister of State

NEW DELHI, Jan 20 (UNI) – Prime Minister V.P. Singh today inducted former Atomic Energy Commission Chairman Raja Ramanna into his Ministry as Minister of State for Defence.

Dr Ramanna was sworn in by President R. Venkataraman at a simple ceremony at Rashtrapati Bhavan.

Dr Ramanna, a nuclear physicist, is the second eminent scientist to join the National Front Ministry. Earlier, former Planning Commission member MGK Menon was included as Minister of State for Science and Technology.

Like Prof Menon, he is not a member of either House of Parliament.

The Prime Minister himself is holding the key portfolio of Defence.

This is the second expansion of the V.P. Singh Ministry. The strength of the Union Council of Ministers has now gone up to 22.

Apart from Mr V.P. Singh himself, External Affairs Minister I.K. Gujral was the only other Minister present at the swearing-in ceremony, which was attended by senior officials, including Cabinet Secretary Vinod Pande.

Dr Ramanna relinquished charge as Chairman of the Atomic Energy Commission and Secretary, Department of Atomic Energy, in March, 1987.

Talking to newsmen after the cere-

Continued on page 9 col 4

New Governors in a week: VP

NEW DELHI, Jan 20 (UNI) – Prime Minister V.P. Singh today said the appointment of new Governors would take place in a phased manner within a week.

Talking to newsmen at Rashtrapathi Bhavan after the swearing-in of Dr Raja Ramanna as Minister of State for Defence, the Prime Minister said the process might be completed earlier. However, he declined to give an exact date.

Asked why there were minor expansions of his Council of Ministers, Mr V.P. Singh quipped: "This is the right pace of expansion."

Asked when his Ministry would be further expanded, the Prime Minister said this would take place only after the Assembly elections due in February.

Asked whether he would continue to induct talented professionals in his Council of Ministers, Mr V.P. Singh replied in the affirmative. This Government believed in national consensus in the management of the affairs of the country, he added.

THAPAR AGRO MILLS LIMITED
Regd. Office : W-50 Greater Kailash-II, New Delhi-110 048

Public Issue of 3,21,334 14% Secured Fully Convertible Debentures of Rs. 225 each for cash at par aggregating Rs. 7,23,00,150 and 1,25,000 14% Secured Redeemable Non-Convertible Debentures of Rs. 100 each for cash at par aggregating Rs. 1,25,00,000.

COMPANY HIGHLIGHTS
- Well established, high growth, consistent dividend paying Company (last dividend–24%)
- Diversified product range includes several import substitutes.
- Excellent customer profile. Widespread dealer net-work.
- Impressive export performance (416% increase from Rs. 84 lacs in 1987 to Rs. 541 lacs in 1988-89)
- Major expansion plans to result in quantum jump in turnover and profitability.

ISSUE HIGHLIGHTS
- Each Convertible Debenture of Rs. 225 will be **fully converted** into Equity Shares as follows :
  – Rs. 112.50 into 5 Equity Shares at a premium of Rs. 12.50 per Share just 6 months after allotment.
  – Rs. 112.50 into 5 Equity Shares at a premium of Rs. 12.50 per Share 18 months after allotment.
- Interest @ 14% p.a. payable half yearly.
- Preferential allotments to U.T.I., ICICI, LIC Mutual Fund, SBI Mutual Fund and Canbank Mutual Fund, aggregating over Rs. 3.62 crores out of Public Issue.
- Listing at Bombay, Ahmedabad, Delhi and Ludhiana Stock Exchanges.

PUBLIC & RIGHTS ISSUE OPENS TOMORROW

Lead Managers to the Issue
SBI Capital Markets Ltd. Tower Block, World Trade Centre Complex, Barakhamba Road, New Delhi
Industrial Finance Corporation of India, Merchant Banking Division, New Delhi
Allahabad Bank, Merchant Banking Division, New Delhi
Managers to the Issue
State Bank of Patiala, New Delhi
UCO Bank, New Delhi
BOB Fiscal Services Ltd. New Delhi
Canbank Financial Services Ltd. New Delhi
Advisors to the Issue
Bajaj Capital Investment Centre Pvt. Ltd. New Delhi
Disha Investment Centre, Ghaziabad
RCS Consultants Pvt. Ltd. Ludhiana

Leadership in agro based products

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.
रविवार 21 जनवरी, 1989 तदनुसार 8 माघ 2046

For 5th, 6th, 7th, 8th, 9th, 10th, 11th, 12th, B.A. Part I, II, III
Available with your Local Book Sellers

भीतर ।
यह प्रश्न पूछने पर कि

मजीठा पुलिस ज़िला के गांव बावियांवाली में ए.एस.आई. समेत 8 व्यक्तियों की हत्या

हत्यारे पुलिस की वर्दियों में थे : सत्ता गिरोह ने ज़िम्मेवारी ली

2 आतंकवादियों सहित 3 मरे : रेल पटरी पर बम मिला

चंडीगढ़, 20 जनवरी (वार्ता, प.स.): पंजाब में आतंकवादियों ने एक ए.एस.आई. सहित 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी । 2 आतंकवादी मारे गये । रावी-एक्सप्रैस एक भीषण दुर्घटना से बाल-बाल बच गई ।

8 व्यक्तियों की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): पुलिस जिला मजीठा के अंतर्गत थाना अजनाला के क्षेत्र में गांव बावियां वाली में एक दर्जन से अधिक आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफलों से फायरिंग करके 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी । बहुत से ग्रामीण जानें बचाने के लिए घरों से खेतों में भाग गये । इस वारदात की मिली विस्तृत जानकारी के अनुसार कल शाम 6 बजे के लगभग एक मोटर वैन में सवार आतंकवादी गांव के एक ज़मींदार जगीर चंद के घर में घुस गये और जगीर चंद के अलावा उसके 16-17 वर्षीय लड़के तरसेम लाल को भी बाजुओं से पकड़ लिया व घर से बाहर निकाल लाये । आतंकवादियों ने देसराज (35), सोहन लाल (60), भगत राम (36) व सरूप लाल (50) को भी उनके घरों से बाहर घसीट लिया तथा सभी की गोलियां मार कर हत्या कर दी । यह सभी मृतक ब्राह्मण बिरादरी से संबंध रखते थे । उसके बाद आतंकवादियों ने पुलिस के एक ए.एस.आई. सुरेंद्र सिंह जो कि घरियाला पुलिस चौकी में तैनात था और छुट्टी पर आया हुआ था, को भी उसके घर से निकाल लिया और गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी ।

कहा जाता है कि आतंकवादी मृतक ए.एस.आई. का सर्विस रिवाल्वर और एक लाइसैंसशुदा बंदूक भी अपने साथ ले गये हैं । आतंकवादियों ने एक नौजवान दलजीत सिंह को भी उसके घर से बाहर निकाल कर अपने साथ चलने के लिए कहा परन्तु उसके इन्कार करने पर आतंकवादियों ने उसकी भी गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

पंजाब ब्राह्मण सभा के प्रधान पंडित किशोर चंद सूचना पाकर आज प्रातः इस गांव में गये तथा मृतकों के परिवारों के साथ सहानुभूति प्रकट की । पंडित किशोर चंद ने पत्रकारों को बताया कि इस गांव में ज्यादातर ब्राह्मण जमींदारों की जमीनें हैं । कुछ ब्राह्मण परिवार तो अपनी ज़मीन बेच कर गांव से पलायन करके जा चुके हैं परन्तु अभी भी 30-32 परिवार गांव में हैं । इस गांव में एसपीओज़ की चौकी सुरक्षा के लिए कायम थी परन्तु केवल 9 दिन पहले ही यह चौकी उठा दी गई थी । इस गांव के 7 जवान एसपीओज़ के तौर पर भर्ती हैं जिन्हें दूसरे स्थानों पर तैनात रखा जा रहा है जबकि उन्होंने अपने गांव की सुरक्षा के लिए हथियारों का प्रशिक्षण लिया था ।

जगीर चंद की छोटी लड़की किरण बाला ने रोते हुए बताया कि आतंकवादियों ने घर में दाखिल होकर उन्हें कहा कि वह गांव में पुलिस चौकी कायम करने के लिए आये हैं अतः उनके लिए 15-20 कप चाय बनाओ । आतंकवादियों ने चाय पी तथा फिर गोलियां चलानी आरम्भ कर दीं । सारे गांव और इर्द-गिर्द के गांवों में इस घटना से हाहाकार मची हुई है ।

भीषण हत्याकांड का ब्यौरा : बावियांवाली हत्याकांड ने इस गांव के हिन्दुओं और सिखों को गहरा आघात पहुंचाया है जो कि बड़े शांतिपूर्ण और सद्भावना के वातावरण में रह रहे थे । गांव में दोनों समुदायों के लोग बराबर दुखी थे तथा अमृतसर से गये पत्रकारों के एक दल ने गांव के सिख निवासियों को अपने हिन्दू भाइयों को सांत्वना देते हुए देखा । मजीठा पुलिस जिला में स्थित यह गांव 2 वर्ष पूर्व आतंकवादियों द्वारा की गई दो मामूली वारदातों को छोड़ कर शांत रहा है । गांव के लोग इस बात पर सर्वसम्मत थे कि सुरक्षा चौकी न होने के कारण ही आतंकवादियों ने यहां वारदात करने की योजना बनाई ।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सूर्यास्त होने के थोड़ी देर बाद आतंकवादी पुलिस की वर्दियों में वहां पहुंचे और लोगों को एक स्थान पर इकट्ठे होने के लिए कहा क्योंकि "वे यहां पुलिस चौकी स्थापित करना चाहते हैं ।" ग्रामीणों को कोई शक न हुआ और 10-15 ग्रामीण एक खुले मैदान में इकट्ठे हो गये । तथापि जब अत्याधुनिक हथियारों से लैस 'पुलिस कर्मियों' ने ग्रामीणों को एक पंक्ति में खड़ा होने के लिए कहा तो गांव के एक बुजुर्ग सुरजीत चंद को संदेह हो गया और उसने लोगों को अपनी जानें बचाने के लिए भाग जाने को कहा । जब आतंकित ग्रामीण इधर-उधर भागे तो आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी जिससे 6 व्यक्ति वहीं पर मारे गये । जो लोग भाग कर गेहूं के खेतों में छिप गये वह रात भर खेतों में ही बैठे रहे । ग्रामीणों के अनुसार आतंकवादियों का गिरोह लगभग एक घंटे तक गलियों में घूमता रहा । बाद में उन्होंने सिकटबंसी गांव चैनपुरा के एक दोधी को पकड़ लिया क्योंकि उसने उन्हें एक बुजुर्ग हिन्दू की जान बख्शने के लिए कहा था । उस पर हिन्दुओं का समर्थन करने का आरोप लगाते हुए आतंकवादियों ने उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी । निहत्था ए.एस.आई. सुरेंद्र सिंह जो कि गांव के बाहर मिनी बस से उतरा था, को आतंकवादी हमले की सूचना दी गई तो वह तुरन्त मिनी बस में छिप गया लेकिन दुर्भाग्यवश फरार होते समय गिरोह ने बस को देख लिया । उन्होंने ड्राइवर तथा कंडक्टर को छोड़ दिया और पुलिस अधिकारी को गोली मार दी । आतंकवादी खालिस्तान समर्थक नारे लगाते हुए फरार हुए । ग्रामीणों ने बताया कि कुछ आतंकवादी हिन्दी बोल रहे थे । प्रातः 4 बजे के लगभग करीबी गांव के लोगों ने, जिन्होंने गोलियों की आवाजें सुनी थीं, रामतीर्थ में सी.आर.पी. को सूचित किया । पुलिस वारदात के लगभग 12 घंटे बाद प्रातः 7 बजे वहां पहुंची । इस वर्ष में मजीठा पुलिस जिले में यह पहली बड़ी घटना है ।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को जो मौका पर पहुंचे, वहां पर भिंडरांवाला टाइगर फोर्स के खूंखार आतंकवादी सतनाम सिंह उर्फ सत्ता हरशा छीना का लिखा हुआ पत्र मिला, जिसमें इन हत्याओं की जिम्मेदारी ली गई है । तथापि पुलिस ने इस हत्याकांड में के.सी.एफ. के मेजर सिंह खटराई के गिरोह का हाथ होने की सम्भावना से इंकार नहीं किया क्योंकि यह गिरोह इस क्षेत्र में सक्रिय है । बताया गया है कि इस गिरोह के कुछ सदस्य क्लीन शेव हैं जिनकी शक्ल प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा बताए गए आतंकवादियों के हुलिए से मिलती है ।

क्षेत्र के सिख किसानों ने शवों के अमृतसर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद इनके अंतिम संस्कार की व्यवस्था की ।

इसी बीच स्थिति पर विचार करने और सुरक्षा प्रबन्धों को मजबूत करने के लिए आज अमृतसर में उच्च पुलिस अधिकारियों की एक बैठक हुई ।

(शेष पृष्ठ 12 पर)









अमृतसर जिले के गांव ब हत्या कर दी । (चित्र पुलिस श्री सुरेंद्र सिंह छ लाल और (8) दलजीत

राजा रामन्न

नई दिल्ली, 20 जनव आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रसि राजा रामन्ना को आज यहां शपथ दिलाई गई । र प्रधानमंत्री के पास है ।

राष्ट्रपति आर. वेंकटरम को राष्ट्रपति भवन में पद अ दिलाई । इस अवसर पर प्रतापसिंह के अलावा उनके सहयोगी विदेश मंत्री इन्द्र कु थे ।

प्रधानमंत्री ने अपने मं बार विस्तार किया । इससे

Punjabi Sanstan



Punjabi Sanatan

अमृतसर जिले के गांव बाबियांवाली में उग्रवादियों ने गत रात्रि 8 व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी । (चित्र में) मृतक (1) जागीर चंद्र, (2) तरसेम कुमार, (3) ए.एस.आई. पुलिस श्री सुरेंद्र सिंह छीना, (4) देस राज, (5) मंगत राम, (6) सोहन लाल, (7) सरूप लाल और (8) दलजीत सिंह । (फोटो : पंजाब केसरी)

...प्रयत्न करेंगे । नई सरकार ने गंजान यमुना ...ल के सम्बन्ध में जो पहल की है, वह प्रशंसनीय ...रन्तु अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है ।

भाई अवतार सिंह और हरचन्द सिंह ने भी ...तों को सम्बोधित किया । इसी मंच से अ.भा. ...ख छात्र संघ के भाई गुरमेल सिंह और भाई ...णजीत सिंह मौला ने भी उत्तेजक भाषण दिए, ...न्तु साथ ही यह भी कहा कि जो लोग जनसाधारण ...रुपया इकट्ठा कर रहे हैं, उन्हें माफ नहीं किया ...एगा । इन नेताओं ने एक कार का नम्बर भी ...ाया और कहा कि इस कार को डाकों तथा कई ...य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है । ये ...ग यदि बाज न आए तो इनसे सख्ती से निपटा ...एगा । जो लोग बरनाला तथा आसपास के क्षेत्रों ...कार्रवाइयां कर रहे हैं, उनका किसी खाड़कू संगठन ...कोई सम्बन्ध नहीं । उनके साथ और उनको ...रक्षण देने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा ।

अकाली दल (मान) में मतभेद : जालन्धर ...ार्ता): मास्टर अमरीक सिंह के स्थान पर श्री चंचल ...ह को आज यहां एक बैठक में जालन्धर जिला ...स्बा) अकाली दल (मान) का अध्यक्ष चुने जाने के ...थ ही पार्टी की कार्यकारिणी के गठन तथा जिला ...ध्यक्षों की नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्त्ताओं के ...तभेद उभर कर सामने आ गए हैं ।

पंथक कमेटी के सदस्य धन्ना सिंह की अध्यक्षता ...हुई, इस बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर कहा गया ...क इकाई के अध्यक्ष के रूप में उन्हें मास्टर अमरीक ...ह स्वीकार्य नहीं है । बैठक में सर्वश्री मोहर सिंह ...र तथा मोहिन्दर सिंह को इकाई का क्रमशः वरिष्ठ ...था कनिष्ठ उपाध्यक्ष और सर्वश्री गुरबीर सिंह तथा ...लबीर सिंह चीमा को महासचिव निर्वाचित किया ...या ।

भाई धन्ना सिंह ने स्वयं को दमदमी टकसाल का ...वादार बताते हुए सम्वाददाताओं से कहा कि बैठक ...ं श्री सिमरनजीत सिंह मान के नेतृत्व में पूर्ण आस्था ...यक्त की गई । उन्होंने कहा कि आज चुने गए ...दाधिकारियों के नाम श्री मान की स्वीकृति के लिए ...भेजे जा रहे हैं ।

भाई धन्ना सिंह ने बताया कि उनकी अध्यक्षता में कल होशियारपुर में भी ऐसी ही एक बैठक होगी जिसमें पार्टी द्वारा नियुक्त किए गए अध्यक्ष चरणजीत सिंह के स्थान पर नए अध्यक्ष का चुनाव होगा । उन्होंने बताया कि पार्टी की कपूरथला इकाई के भी अध्यक्ष बदले जाने की मांग है लेकिन पार्टी के तथा युवा कार्यकर्त्ताओं से मुलाकात के बाद ही इस बारे में फैसला होगा ।

उन्होंने कहा कि बैठक ने सर्वश्री आत्मा सिंह, तालिब सिंह संधू तथा सुच्चा सिंह छोटेपुर को कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किए जाने पर भी असंतोष जाहिर किया । इस सम्बन्ध में युवा कार्यकर्त्ताओं की भावनाओं से श्री मान को अवगत करा दिया गया है ।

पार्टी की आपात बैठक : अमृतसर (प.स.): अकाली दल (मान) के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान ने अगले मंगलवार को यहां पार्टी की आपात बैठक बुलाई है ।

राजदेव सिंह निलम्बित

(पृष्ठ 3 का शेष)

दल ने कार्य समिति के सदस्यों की एक तीन सदस्यीय कमेटी बनाई है, जो सांसद राजदेव सिंह और उनके समर्थकों की गतिविधियों की जांच कर दस दिन के अंदर अपनी रिपोर्ट देगी । कमेटी में दीदार सिंह (अध्यक्ष), मेजर जगजीत सिंह और इंदरजीत सिंह काहलों एडवोकेट को रखा गया है । कमेटी बाबा जोगिन्दर सिंह की भूमिका की भी जांच करेगी ।

पार्टी के महासचिव श्री गुरतेज सिंह ने पत्रकारों को बताया कि आगामी कार्रवाई रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात ही की जाएगी । उन्होंने बताया कि कार्यकारिणी ने पार्टी प्रधान को सलाह दी है कि वह जत्थेदार सविन्दर सिंह के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए दमदमी टकसाल के प्रमुख बाबा ठाकुर सिंह से विचार-विमर्श करें ।

कार्यकारिणी के अनुसार श्री मान पर हमला एक साजिश के अंतर्गत किया गया है तथा जांच के द्वारा इस साजिश को सामने लाया जाएगा ।

श्री गुरतेज सिंह ने बताया कि इससे पूर्व श्री मान ने श्री राजदेव सिंह के द्वारा पार्टी अनुशासन तोड़ने तथा पार्टी नेतृत्व की आलोचना करने को अनदेखा ही किया था । श्री राजदेव सिंह इससे पूर्व गांव खुड्डियां तथा लुधियाना में पार्टी नेतृत्व की आलोचना कर चुके हैं ।

'शाम के भाव'-(20 जनवरी, एन.एन.एस.)

चांदी (999) टंच हाज़िर (प्रति किलो) 6922, चांदी सिक्का (प्रति सैंकड़ा) 7550, सोना बिट्ठर (प्रति 10 ग्राम) 3460, मिल डिलिवरी : वनस्पति यू.पी (प्रति टीन) 342-350, वनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 342-349, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 174.00, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 179, मूंगफली तेल (10 किलो) 227, तिल तेल (10 किलो) 230, तेल बिनौला (10 किलो) 183, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 162, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 111, फैट्टी एसिड आयल (क्विंटल) 1760, सरसों वायदा (20 किलो) मई 130.75, हापुड़ आलू वायदा 39.60, गुड़ वायदा 144.70 रुपए ।

अमृतसर सर्राफा (सेठी): सोना स्टैंडर्ड 3500, सोना बिट्ठर 3460, स्वर्ण आभूषण 3300, चांदी तेजाबी 7050, चांदी थोबी 6950, सिक्का 7500 रुपए ।

मंडी गोबिन्दगढ़, 20 जनवरी (सेवक) : आज यहां लोहा बाजार में भाव प्रति टन इस प्रकार रहे : इंगट 7750, बिलेट्स 8375, मैस्टिंग स्क्रैप 5900, राउंड, 6 एम.एम. 8150, 8 एम.एम. 8400, 10 एम.एम. 8500, 12 एम.एम. 8650, 16/25 एम.एम. 8650, टोर (सी.टी.डी. बार) 8 एम.एम. 8850, 10 एम.एम. 8750, 12 एम.एम. 8650, 16/25 एम.एम. 8800, एंगल 3 एम.एम. 8880, 5 एम.एम. 8630, 6 एम.एम. 8630, टीज़6 एम.एम. 9400, 8 एम.एम. 9400, 10 एम.एम. 9400, पत्तरा 16/18 जी 9700, 20/21 जी 9800, चैनल 125x50 एम.एम. 9800, 150x75 एम.एम. 9800, गार्डर 150x85 एम.एम. 9000, 175x90 एम.एम. 9000, 200x100 एम.एम. 9100, कमानी 8700, गेट चैनल 9200, आई.एस.आई. चैनल्स 75x40 एम.एम. 8900, 100x50 एम.एम. 8900, आई.एस.आई. टोर (सी.टी.डी. बार्स) 8 एम.एम. 9000, 10 एम.एम. 8900, 12 एम.एम. 8800, 16/25 एम.एम. 8800 रुपए ।

Intensive Coaching for

IAS (PRE) 1990

also State Civil Services and Bank P.O.

National Institute of Competitive Examinations,

522, New Jawahar Nagar, Mahavir Marg., Jalandhar City.

V.P.J.

करनाल में किराए की दुकान उपलब्ध

शहर के व्यापारिक क्षेत्र कुंजपुरा रोड पर स्थित 20'x22' की एक दुकान ।

सम्पर्क करें :

बैंड बाक्स ड्राई क्लीनर्स

कुंजपुरा रोड, करनाल

आज जालन्धर मिलिए

राजमहल होटल, मिलाप चौक

आयुर्वैदिक खोज



गुमशुदा की तलाश



मेरे पिता जी स. नत्था सिंह, उम्र लगभग 80 वर्ष 11.10.89 से गांव कोटलाकलां, जिला ऊना (हि.प्र.) से लापता है । पता देने वाले या पहुंचाने वाले को सफर खर्च के अलावा 500 रु. ईनाम दिया जाएगा ।

बावियांवाली में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

आतंकवादी रात भर गांव में रहे : प.स. के अनुसार प्रत्यक्षदर्शियों ने यह भी बताया कि आतंकवादी हत्याएं करने के बाद रात भर गांव में ही रहे और सुबह होने पर वहां से गए । दोधी दलजीत सिंह को इसलिए मारा गया क्योंकि उसने आतंकवादियों को कहा था कि वे उसके मित्र मंगत राम को न मारें ।

निहंग का शव मिला : मजीठा पुलिस जिला में रैय्या मंडी के निकट एक निहंग का गोलियों से छलनी शव आज प्रातः बरामद किया गया ।

गोलियों से छलनी लाश मिली : आज प्रातः थाना बल्टोहा के अंतर्गत गांव दासोवाली में पुलिस ने एक व्यक्ति की गोलियों से छलनी लाश बरामद की । इसकी शिनाख्त टोगा सिंह के रूप में हुई है । हत्या का कारण आतंकवादी गिरोहों की आपसी शत्रुता बताया गया है ।

तरनतारन के पुलिस अधीक्षक श्री बलदेव सिंह के अनुसार गांव वडिंग सूबे सिंह में भी एक व्यक्ति लक्खा सिंह मारा गया । पुलिस के अनुसार सम्भवतया फिरौती की रकम के बंटवारे पर हुए झगड़े में यह हत्या हुई ।

बड़ी रेल दुर्घटना टली : एक अन्य सूचना के अनुसार उत्तर रेलवे के अमृतसर-पठानकोट खंड के जयंतीपुर रेलवे स्टेशन के निकट रेल पटरी पर एक विस्फोटक पदार्थ का समय पर पता चल जाने से एक बड़ी रेल दुर्घटना टल गई । पुलिस ने बताया कि रावी सुपरफास्ट एक्सप्रैस इस मार्ग से गुजरने वाली थी । एक थैले में पड़े इस विस्फोटक पदार्थ पर एक गश्ती दल की नजर पड़ी । विस्फोटक को बाद में नाकारा कर दिया गया ।

तीन गिरफ्तार : बाघा पुराना से 'ज्ञान' के अनुसार पुलिस ने तीन दिन पहले गांव मानुके में दो पुलिस कर्मियों की हत्या के संबंध में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । इनमें गांव के गुरुद्वारे का ग्रंथी व दो सेवादार भी शामिल हैं । पूछताछ के दौरान ग्रंथी ने स्वीकार किया कि अपराध वाले दिन आतंकवादियों ने गुरुद्वारा में खाना खाया था । उनसे पूछताछ जारी है ।

बैंक लूटा : बटाला (कोछड़): आज दोपहर पुलिस ज़िला बटाला के थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव माड़ी बुच्चियां स्थित न्यू बैंक आफ इंडिया की शाखा से कार सवार तीन आतंकवादी 12794 रुपए लूट कर फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

हीरो होंडा छीन लिया : बटाला-अमृतसर रोड के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र धीर रोड से आज सायं 3 उग्रवादियों ने एक व्यक्ति जयदीप से उसका लाल रंग की हीरो होंडा मोटर साइकल पी.बी.जी. 06/3731 पिस्तौल की नोक पर छीन लिया और फरार हो गए ।

पुलिस पर हमला : गत रात संगरूर जिला में रोडेवाल के निकट दो आतंकवादियों ने पुलिस के एक गश्ती दल पर हमला कर दिया । पुलिस की जवाबी फायरिंग पर आतंकवादी अपना थैला छोड़ कर भाग निकले । थैले में 19 कारतूस थे ।

'शोक समाचार

जालन्धर, 20 जनवरी : श्री जुगल किशोर हरिया की रस्म किरया व रस्म पगड़ी 21 जनवरी को दोपहर बाद दो से तीन बजे तक कमालिया भवन, बस्ती गुजां, जालन्धर में होगी ।

पापी का आमरण अनशन 11वें दिन में

लुधियाना, 20 जनवरी (महिन्द्रा): अकाली दल के नेता बलविंद्र सिंह पापी का आमरण अनशन आज 11वें दिन में प्रवेश कर गया । आज अनशन स्थल पर जत्थेदार पापी को मिलने के लिए पंजाब जनता पार्टी प्रधान हरदेव सिंह कुंडल, जगदेव सिंह ताजपुरी, कुलदीप सिंह बड़ाला आदि गए और सभी ने उनकी मांगों का समर्थन किया ।

श्रीनगर में तलाशियों के विरोध में भड़कने के पश्चात् अनिश्चितकालीन

श्रीनगर, 20 जनवरी (वार्ता): जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर शहर में आज बम विस्फोट और पुलिस फायरिंग की कई वारदातें होने के बाद तीन इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया । प.स. के अनुसार कर्फ्यू पूरे शहर में लगाया गया है । इन घटनाओं में 25 से ज्यादा व्यक्ति घायल हो गए ।

उपद्रवियों ने आज यहां सीमा सुरक्षा बल के दो जवानों पर पैट्रोल बम फैंक कर उन्हें घायल कर दिया ।

छः लोग पुलिस फायरिंग में घायल हुए । चार बम विस्फोटों में घायल हुए । इसके अलावा नगर के बाहरी इलाकों में पुलिस द्वारा बड़े पैमाने पर कल रात की गई गिरफ्तारियों का विरोध करने वाले लोगों और पुलिस के बीच संघर्ष में कम से कम 14 लोग घायल हुए ।

सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने जहांगीर चौक में प्रदर्शनकारियों पर उस समय गोलियां चलाईं जब विभागीय आयुक्त के कार्यालय के बाहर प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया ।

प्रदर्शनकारियों ने पथराव उस समय शुरू किया जब यह खबर फैली कि निचले वाले इलाकों में पुलिस तलाशी ले रही है । यह खबर आग की तरह फैल गई और उपद्रवियों ने पथराव शुरू कर दिया । सुरक्षा बलों ने शुरू में आंसू गैस छोड़ी लेकिन बाद में हिंसा पर उतारु भीड़ को तितर-बितर करने के लिए गोलियां चलाईं । अपुष्ट खबरों के अनुसार उग्रवादियों ने गोलियां चलाईं ।

लाल चौक पर उपद्रवियों ने सीमा सुरक्षा बल के एक वाहन को जलाने की कोशिश की । मैसूमा और बारमालू इलाके में पुलिस ने उग्रभीड़ पर गोलियां चलाईं ।

सूत्रों के अनुसार एक टैक्सी में सवार विघटनकारियों ने यहां बारबर शाह इलाके में पुलिस से मोर्चा लिया । दोनों ओर से गोलियां चलीं ।

पुलिस ने तीन सौ से भी अधिक युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है । यह अभी मालूम नहीं हुआ है कि उनमें से कोई कट्टरपंथी भी शामिल था अथवा नहीं ।

लाल चौक पर आज प्रातः यहां सड़क परिवहन निगम के एक यार्ड में एक बस में बम विस्फोट होने से पांच व्यक्ति घायल हो गए । घायलों में बस का चालक, क्लीनर और एक सफाई कर्मचारी शामिल है । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस के लिए इंतजार कर रहे दो व्यक्ति भी घायल हो गए ।

विस्फोटक के बाद लगी आग में बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई । बांटामालू बस अड्डे पर खड़ी एक अन्य बस में आज अपरान्ह हुए विस्फोट में बस आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुई ।

यहां दलगेट के निकट आज रात नगर पालिका भवन को आग लगा दी गई । अनंतनाग में दो शक्तिशाली बम फटे । एक बम विस्फोट राज्य परिवहन निगम की बस में हुआ, जबकि दूसरा विस्फोट शाम को न्यू इंशोरैंस कम्पनी के कार्यालय में हुआ । विस्फोट से परिवहन निगम की बस को मामूली क्षति पहुंची ।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि अभियान के दौरान कम से कम 27 संदिग्ध उग्रवादी गिरफ्तार किए गए ।

एक संदिग्ध उग्रवादी मंजूर अहमद को बेरबारशाह मुहल्ले में से आज घायलावस्था में गिरफ्तार कर लिया गया । वह गोलीबारी की एक घटना में घायल हो गया था ।

यहां कर्ण नगर के पास गत रात बम विस्फोट की एक अन्य घटना में ग्रामीण ... कार्यालय की इमारत को भारी ...

अनंतनाग में उग्रवादियों ने ... की एक दुकान को आग लगाने ... कल रात यहीं पर तीन व्यक्तियों ... से 10,000 रुपए लूट लिए ... रिक्शा पर आए थे ।

अनंतनाग के गुलशनाबाद ... विघटनकारियों ने जम्मू-कश्मी... को विस्फोट से उड़ा दिया । ... पहुंची ।

सोपोर से मिली सूचनाओं ... बड़े पैमाने पर हिंसा भड़क उठी ... पर नियंत्रण के लिए पुलिस ... आंसूगैस का सहारा लेना पड़ा ...

पंजाब का राज्यपाल किसी सिख को बनाया जाएगा

चंडीगढ़, 20 जनवरी (वि.प्र.): सर्विस सूत्रों ने रहस्योद्घाटन किया है कि केंद्र सरकार किसी प्रभावशाली सिख राजनीतिज्ञ की तलाश में है जिसे

This day the ... Gem of the family ... loss was irrepara... So Great so Tru... we remember ... every day in silen... and everlasting ... your noble soul ...

Family Member &...

SEHGAL...

Gokal Chand M...

Amri...

हम बड़े दुख एवं ... कि हमारी आदरणी... सियोती देवी अपनी ... समाप्त कर सोमवार ... को स्वर्ग सिधार गई ... दिनांक 21 जनवरी ... निवास स्थान आर.एम... (पंजाब) में दोपहर ... होगी । दुखित...

हरी चंद गोयल (पति)

सुभाष गोयल (पुत्र)

रोड...

आपको अति द... जाता है कि हमारे ... जी दिनांक 12.1... सिधार गये हैं ... 22.1.90 दिन ... धर्मशाला, शिव... दोपहर बाद 2 ब...

शो...

प्रकाश बन्ती (पत्नी...

राजेंद्र पुरी (दामा...

ललित कक्कड़ (द...

रोशन मि...

हम बड़े दु...

Punjabi Sahatani

पंजाब में 5 व्यक्तियों की हत्या : एक आतंकवादी मारा गया

भिखीविंड में मार्क्सी वर्कर के घर पर राकेटों से हमला

बस जला दी गई : घुसपैठिया मरा

चंडीगढ़, 21 जनवरी (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत रात के बाद से 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । एक आतंकवादी मारा गया । एक बस जला दी गई । भिखीविंड क्षेत्र में एक मार्क्सवादी वर्कर के घर पर उग्रवादियों ने राकेटों से हमला किया । एक घुसपैठिया भी मारा गया ।

आतंकवादी मारा गया : जालन्धर (प.स.): गत रात फाजिल्का सैक्टर की चक अमीरा सीमा चौकी के क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । सीमा सुरक्षा बल की एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि गुप्त रिपोर्ट मिलने पर सीमा सुरक्षा बल ने क्षेत्र में नाका लगा रखा था । पाकिस्तान से आ रहे तीन आतंकवादियों को जब रुकने के लिए संकेत दिया गया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । नाका पार्टी ने भी जवाबी फायरिंग की जिसमें एक आतंकवादी मारा गया जबकि दो अन्य वापस पाकिस्तानी क्षेत्र में भाग गए ।

क्षेत्र की छानबीन के दौरान सीमा सुरक्षा बल ने एक चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफल, 2 मैगजीन, ए.के. 47 के 960 कारतूस, एक ट्रांसिस्टर, एक कम्बल, जूतों के 3 जोड़े, 44 चले हुए कारतूस और कुछ पंजाबी साहित्य बरामद किया ।

2 आतंकवादी गिरफ्तार : फिरोजपुर पुलिस ने दो उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनसे एक बन्दूक, एक .32 बोर पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए हैं । उनके नाम रवेल सिंह तथा हरभजन सिंह बताए गए हैं ।

डेरा नेता पर हमला : डेरा बाबा नानक से चोपड़ा के अनुसार आज सायं लगभग 5 बजे आतंकवादियों ने ब्लाक कांग्रेस (इ) के प्रधान श्री सुरेंद्र पाल महाजन पर हमला कर दिया । आतंकवादियों द्वारा उन पर उस समय फायरिंग की गई जब वह अपने भट्ठे से स्कूटर पर सवार होकर घर लौट रहे थे । उनके साथ स्कूटर पर बैठे गनमैन सुरेंद्र सिंह ने अपनी एस.एल.आर. से जवाबी फायरिंग की जिस पर आतंकवादी भाग निकले । श्री महाजन इस हमले में बाल-बाल बच गये । श्री महाजन पर आतंकवादियों द्वारा किया गया यह चौथा हमला है ।

किसान की हत्या : अमृतसर (प.स.): गत रात अमृतसर जिला के थाना रमदास के अंतर्गत गांव अवां में आतंकवादियों ने एक किसान जगीर सिंह की हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों ने उसको घसीट कर घर से निकाला और गांव से बाहर खेतों में ले गए जहां उन्होंने उसको गोलियां मारीं ।

बस जला दी : मजीठा पुलिस जिला के गांव बोपाराय में आतंकवादियों ने पंजाब रोडवेज की एक बस जला दी । इससे पहले उन्होंने यात्रियों को बस से उतार दिया था ।

आतंकवादी गिरफ्तार : अमृतसर में पुलिस ने एक आतंकवादी लखविन्दर सिंह उर्फ लक्खा को गिरफ्तार किया । उससे दो टाइम बमें, एक माऊजर पिस्तौल, एक मैगजीन व 20 कारतूस बरामद हुए ।

राकेटों से हमला : अमृतसर से सरग के अनुसार यहां से 50 किलो मीटर दूर भिखीविंड कस्बा में 18-19 जनवरी की मध्य रात्रि को आतंकवादियों के एक गिरोह की ओर से डेरी फार्म के एक मालिक मेजर सिंह के मकान पर राकेटों से हमला किए जाने की सूचना मिली है । बताया जाता है कि इस हमले में आतंकवादियों ने मेजर सिंह के मकान को निशाना बना कर 2 राकेट दागे जो उसके चौबारा को फाड़ कर नीचे आ गिरे जिससे काफी क्षति हुई । इसके साथ ही उन आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी ।

मेजर सिंह जोकि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का प्रमुख वर्कर है, उस समय अपने परिवार के साथ निचली मंजिल पर था । उसने आतंकवादियों का मुकाबला करने के लिए स्वयं प्रबन्ध कर रखा था । उसके कुछ साथी भी उस समय वहां मौजूद थे । जिनके कहने के अनुसार उन्होंने तत्काल मोर्चे सम्भाल लिए और अपने लाइसैंसशुदा हथियारों 303 की राइफल, 12 बोर की दो नाली व अन्य हथियारों के साथ आतंकवादियों का लगातार पौन घंटा तक डट कर मुकाबला किया । उन्होंने चारों ओर आतंकवादियों की फायरिंग का मुंह तोड़ जवाब दिया जबकि आतंकवादी ए.के. 47, एल.एम.जी. तथा राकेट लांचरों से लैस थे ।

मेजर सिंह के साथियों के अनुसार अंततः मेजर सिंह के मकान से फायरिंग की ताब न लाकर आतंकवादी भाग खड़े हुए । फिर भी वे आतंकवादियों के पीछे गोलियां दागते रहे और प्रातः होने तक उन्होंने मोर्चे सम्भाले रखे ।

उल्लेखनीय बात यह है कि मेजर सिंह के घर से पुलिस थाना और सी.आर.पी. की पिकेट 200 गज की दूरी पर है लेकिन प्रातः होने तक उनमें से कोई भी वहां नहीं पहुंचा था हालांकि सरेआम पौन घंटा ताबड़ तोड़ फायरिंग होती रही । एक भी पुलिस वाला या सी.आर.पी. का सिपाही बाहर नहीं निकला । आतंकवादियों द्वारा चलाए गए राकेट तथा मेजर सिंह व उसके साथियों द्वारा किया गया प्रभावशाली मुकाबला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है ।

रमदास क्षेत्र में हत्या : उग्रवादियों ने थाना रमदास क्षेत्र के एक गांव में एक व्यक्ति मिलखा सिंह को उसके घर से बाहर घसीट कर गोलियां मार कर मार डाला ।

उधोके कलां में हत्या : थाना मेहता के अंतर्गत उधोके कलां में भी उग्रवादियों ने एक व्यक्ति हरदेव सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

घुसपैठिया मरा : आज प्रातः अमृतसर जिला के खेमकरण सैक्टर में रुड़ेवाल सीमा चौकी के निकट एक पाकिस्तानी घुसपैठिया सीमा सुरक्षा बल के साथ मुकाबले में मारा गया ।

नर्स की हत्या, डाक्टर घायल : पटियाला (भूषण): आज सायं 4.15 बजे पुलिस थाना बस्सी पठानां के गांव नंदपुर कलोर में दो उग्रवादियों ने एक प्राइवेट डाक्टर ओम प्रकाश के क्लिनिक में फायरिंग की, जिससे डाक्टर की नर्स कमलजीत कौर मौके पर ही मारी गई और डाक्टर गम्भीर रूप से घायल हो गया । डाक्टर को गम्भीरावस्था में पी.जी.आई. चंडीगढ़ ले जाया गया है । उग्रवादी लाल रंग के याहमा मोटर साइकल पर सवार थे और उन्होंने ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल से फायरिंग की ।

शव मिला : पटियाला पुलिस ने राजपुरा में रेल पटरी के निकट एक युवक का शव बरामद किया जिस पर तेज धार हथियार के निशान थे ।

अब आकाशवाणी के समाचारों में सरकारी हस्तक्षेप नहीं : आर्य

शिमला, 21 जनवरी (प.स.): आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग के निदेशक श्री आर्य ने आज यहां कहा कि इस समय समाचारों के प्रसारण के

बोफोर्स कम्पनी में 500 कर्मियों की छंटनी

स्टाकहोम, 21 जनवरी (प.स.): स्वीडन की विश्व प्रसिद्ध शस्त्र निर्माता कम्पनी बोफोर्स ने अपने कार्ल्स कोगा संयंत्र के 500 कर्मचारियों की छंटनी करने का फैसला किया है ।

कम्पनी के प्रबंधकों द्वारा गत 19 जनवरी को किया गया यह निर्णय प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की उस चेतावनी का परिणाम जान पड़ता है, जिसमें उन्होंने कहा था कि जब तक कम्पनी भारत के साथ हुए तोप सौदे के दलालों का नाम नहीं बता देती, तब तक उसे नए आर्डर नहीं दिए जाएंगे ।

नई दिल्ली में सत्ता परिवर्तन से पहले ही दलाली का मामला प्रकाश में आ गया था । यह अनुबंध के दूसरे चरण के क्रियान्वयन में बाधक बन रहा था, जिसमें बोफोर्स का लाइसैंस के तहत भारत में तोपों का निर्माण करना है । इसके बावजूद बोफोर्स के प्रबंधकों ने हमेशा आत्मविश्वास प्रकट करते हुए यह दावा किया था कि वे दूसरे चरण का आर्डर भी हासिल कर लेंगे ।

Punjabi Sarathi

पंजाब में उग्रवादियों द्वारा 5 व्यक्तियों की हत्या

12 लुटेरे गिरफ्तार : सरकारी भवन को आग लगा दी

2 आतंकवादी आपसी शत्रुता में मारे गए

चंडीगढ़, 22 जनवरी (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात के बाद से 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । 2 आतंकवादी मारे गए । एक सरकारी भवन को आग लगा दी गई । 12 लुटेरों को गिरफ्तार किया गया ।

तीन व्यक्तियों की हत्या : अमृतसर (प.स.): गत रात आतंकवादियों ने शहर की बाहरी आबादी प्रतापपरा में तीन व्यक्तियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इनमें से दो की पहचान अर्जुन दास और करोड़ी राम के रूप में हुई है जोकि जानवरों की चमड़ी उतारने का काम करते थे । तीसरा मृतक लैदर कार्पोरेशन के कार्यालय का चौकीदार स्वर्ण राम था । आतंकवादियों द्वारा मौका पर छोड़े गए एक नोट में तीनों मृतकों पर मिलावट के लिए चर्बी बनाने का आरोप लगाया है ।

दफ्तर को आग लगा दी : आतंकवादियों ने प्रतापपुरा में ही स्टेट लैदर कार्पोरेशन के दफ्तर तथा इसमें खड़े एक ट्रक को आग लगा दी ।

दो आतंकवादी मरे : गत रात तरनतारन पुलिस जिला में थाना पट्टी के अंतर्गत कालेके गांव में आतंकवादी गुटों की आपसी शत्रुता में दो आतंकवादियों की हत्या कर दी गई । उनकी लाशें आज प्रातः गांव में एक गन्ने के खेत में से बरामद की गई । इन हत्याओं की जिम्मेदारी खालिस्तान कमांडो फोर्स के भाई परमजीत सिंह पंजवड़ ने ली है ।

7 लुटेरे गिरफ्तार : अमृतसर पुलिस ने लुटेरों के एक गिरोह का सफाया करने का दावा किया है जोकि लूट व चोरी की अनेक वारदातों में संलिप्त था । गिरोह के सभी सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है । अमृतसर के पुलिस चीफ श्री संजीव गुप्ता ने गिरफ्तार किए गए लुटेरों के नाम बाबू, राजकुमार, तरसेम मसीह, जगजीत सिंह, जतिंदर सिंह, जसविंदर सिंह और मलविंदर सिंह बताए हैं । उनसे एक रिवाल्वर, कुछ गोली-सिक्का व घरेलू सामान बरामद किया गया है । एक अन्य केस में एक लुटेरे कुलदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया और उससे दो रिवाल्वर बरामद किए गए ।

एक व्यक्ति का अपहरण : आज तरनतारन पुलिस जिला में एक बस में यात्रा कर रहे दो व्यक्तियों ने बस के नराला गांव पहुंचने पर एक व्यक्ति बलविन्दर सिंह का अपहरण कर लिया ।

ग्रामीण बैंक लूटा : आज सायं तरसीरख पुलिस जिला में झब्बाल थाना क्षेत्र में आतंकवादियों ने एक ग्रामीण विकास बैंक की बांच से 11,009 रुपए लूट लिए । वह बैंक के गार्ड की बंदूक भी ले गए ।

नकली पिस्तौलों द्वारा लूटमार करने वाले गिरफ्तार : बटाला (कांछड़): पुलिस जिला बटाला के अधीक्षक श्री सुमन्त कुमार गोयल ने आज पत्रकारों को बताया कि थाना फतेहगढ़ चूड़ियां की पुलिस ने गांवों में लूटमार करने वाले एक खतरनाक गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार करके इनसे लोगों के छीने गए दो स्कूटर पी.आई.डी.-494 तथा पी.आई.क्य.-5681 व दो खिलौना पिस्तौल भी बरामद किए हैं । इनकी शिनाख्त प्रणाम सिंह गांव बंगड़, मनधीर सिंह उर्फ काला गांव सैण्डबाल, कुलविन्दर सिंह उर्फ हरिया उर्फ बिल्ला गांव अलीवालजहां तथा कर्म सिंह गांव धमकनियां के बंगड़ के रूप में की गई है । आरम्भिक पूछताछ के दौरान इन लोगों ने स्वीकार किया है कि वह खिलौना पिस्तौलों के बल पर ही लूटमार करते थे । इन चारों ने माना है कि उन्होंने गांव सैण्डबाल में ही एक व्यक्ति करतार सिंह का अपहरण करके उसकी गला घोंट कर हत्या कर दी थी तथा दस हजार रुपए लूट लिए थे । इसके अतिरिक्त उन्होंने लगभग 20-25 गांवों में लूटमार भी की है ।

इस गिरोह का नेता गांव सैण्डबाल का लवली बताया जाता है । पुलिस अधीक्षक के अनुसार यह सारा गिरोह नकली पिस्तौलों के बल पर ही लूटमार करता है तथा लवली को पकड़ने के लिए पुलिस व सीमा सुरक्षा बल की पार्टियों को विभिन्न स्थानों में भेज दिया गया है ।

मारुति वैन छीन कर फरार : थाना सदर बटाला के गांव बासरपुरा के निकट गत रात्रि दो सशस्त्र अज्ञात व्यक्तियों ने महेन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति की बिना नम्बर नई सफेद रंग की मारुति वैन छीन ली तथा फरार हो गए ।

स्पैशल पुलिस फोर्स के 4 जवान घायल : पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव डेसियां में आज सायं लगभग साढ़े सात बजे उग्रवादियों ने बम विस्फोट व फायरिंग करके स्पैशल पुलिस फोर्स के चार जवानों को घायल कर दिया, जिन्हें सिविल अस्पताल बटाला में भर्ती करवाया गया है । घायलों में दर्शन लाल (गांव जफरवाल), बलदेव दास (किला टेकसिंह), प्रीतम सिंह (कलावाला), अर्जुन सिंह (गांव आडपर सेखवा) शामिल हैं । बटाला सिविल अस्पताल के एस.एम.ओ. डा. अशोक नैयर के अनुसार चारों घायल खतरे से बाहर हैं और सभी को बम के टुकड़े लगे हैं । बटाला के एस.एस.पी. ने कहा है कि चारों अधिकारियों ने उग्रवादियों का वीरता से मुकाबला किया और लगभग 15 मिनट फायरिंग करके आसपास के गांवों को बचा लिया ।

लूटने का प्रयास : जालंधर (प.स.): गत रात जिला जालंधर में थाना आदमपुर के अंतर्गत खर्दपुर गांव में तीन आतंकवादियों ने एक व्यक्ति दर्शन सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । पुलिस के अनुसार तीन आतंकवादियों ने दर्शन सिंह के घर का दरवाजा खटखटाया तथा दरवाजा खुलने पर 10,000 रुपए देने की मांग की । दर्शन सिंह ने उनकी मांग पूरी करने से इन्कार कर दिया तथा इसकी बजाय उनमें से एक के साथ गुत्थमगुत्था हो गया । इस पर दूसरे आतंकवादी ने गोली चला दी और वे कुछ भी लूटे बगैर वहां से भाग निकले । भागते हुए आतंकवादी अपना 12 बोर का रिवाल्वर वहीं छोड़ गए । दर्शन सिंह को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

एक व्यक्ति की हत्या : मुक्तसर (दर्दी, दीपक): गत रात यहां से लगभग 14-15 किलोमीटर दूर गांव जस्सेआना में एक व्यक्ति कुलवंत सिंह बल्द पूर्ण सिंह की तेजधार हथियार से हत्या कर दी गई । प्राप्त सूचना के अनुसार उसकी हत्या उस समय की गई जब वह खेतों में पानी लगा रहा था । थोड़ी ही दूरी पर मृतक का पिता तथा भाई भी खेतों को पानी लगा रहे थे लेकिन हमलावरों ने उनको कुछ नहीं कहा । पुलिस के अनुसार यह हत्या निजी शत्रुता का परिणाम है ।

कृषि सोसाइटी के सचिव की हत्या : खरड़ से विलम्ब से प्राप्त समाचार के अनुसार 19

(शेष पृष्ठ 6 पर)

पुलिस से डरो नहीं डराओ : सिमर

सुनाम, 22 जनवरी (नागपाल): आज यहां शहीद उधम सिंह पार्क में शिरोमणि अकाली दल (मान) की ओर से आयोजित सम्मेलन में पार्टी के प्रधान श्री सिमरनजीत सिंह मान ने कहा कि हमारी मांगें संविधान और कानून के दायरे में हैं । हमारी मांग है कि अत्याचारों में कुचली हुई सिख कौम की खोई हुई प्रतिष्ठा बहाल की जाए और न्याय दिया जाए । उन्होंने कहा कि पिछली इंका सरकार द्वारा सिखों पर बहुत अत्याचार किए गए तथा कांग्रेस (इ) के शासन के दौरान सिख होना और सिख कहलाना भी अपराध हो गया था । स्त्रियों का थानों में अपमान किया गया और कथित झूठे मुकाबलों में युवकों को मारा गया । हमारे धार्मिक स्थानों का अपमान किया गया जिससे सिखों की भावनाएं आहत हुई । उन्होंने लोगों से कहा कि वे अत्याचार का निर्भय होकर सामना करें और पुलिस से डरने की बजाए पुलिस को डराएं । उन्होंने कहा कि सरकार ने वायदे के बावजूद अभी तक खुड्डियां की मौत की जांच शुरू नहीं की जबकि गोबिन्द राम की हत्या के बाद उसके कातिलों को पकड़ने के लिए मेरे मकान पर छापा मारा गया । उनका ख्याल था कि कातिल मेरे मकान में छुपा हुआ है ।

उन्होंने कहा कि मैंने प्रधानमंत्री को पंजाब समस्या के हल के लिए बातचीत आरम्भ करने की खातिर 8 सत्रीय मांग पत्र दिया है । मान ने अपने भाषण में अतिदर पाल सिंह का उल्लेख नहीं किया ।

मान अपने रवैये के सरकार से दूर

लधियाना, 22 जनवरी (महिन्द्रा): अकाली दल (मान) के प्रधान सिमरनजीत सिंह मान के वर्तमान बयानों का केंद्रीय सरकार ने कड़ा नोटिस लिया है और सरकारी हल्कों के अनुसार श्री मान के केंद्रीय सरकार के प्रति परिवर्तन से केंद्र का रवैया भी तबदील हो गया है और श्री मान भी सरकार से बहुत दूर हो गये हैं ।

ज्ञातव्य है कि 11 जनवरी के दिन जब श्री मान हलवाड़ा एयरफोर्स स्टेशन पर प्रधानमंत्री श्री बी.पी. सिंह और उनके साथियों का स्वागत करने आए थे तो उस समय न केवल केंद्रीय नेताओं अपितु पंजाब के लोगों को श्री मान पर बहुत आशाएं थीं कि पंजाब समस्या का समाधान निकल आएगा और श्री मान का प्रभाव काम आएगा लेकिन सर्वदलीय रैली के पश्चात आज तक श्री सिमरनजीत सिंह मान ने जो बयान दिए तथा जिस ढंग से केंद्रीय सरकार की आलोचना की है, उससे केंद्रीय सरकार के रवैये में बहुत परिवर्तन आया और सरकार अपने तौर पर पंजाब समस्या का हल खोजने लगी । श्री अतिन्द्र पाल सिंह सांसद की रिहाई का विषय भी इसी कारण लटका हुआ प्रतीत होता है ।

एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बात का संकेत दिया है कि केंद्रीय सरकार दो अकाली नेताओं श्री प्रकाश सिंह बादल और श्री सुरजीत सिंह बरनाला के रवैये से काफी हद तक प्रसन्न है क्योंकि उनकी मांगों से हिंसा की दर्शाध नहीं आ रही । इस प्रवक्ता के अनुसार यदि

सत्र आज

शिमला, 22 जनवरी (वार्ता): हिमाचल प्रदेश विधानसभा का एक दिवसीय सत्र कल राज्यपाल के अभिभाषण से आरम्भ होगा ।

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

जनवरी को उग्रवादियों ने जिला रोपड़ में तीरा गांव में एक कृषि सोसाइटी के सचिव रणजीत सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

35,000 रुपए लूटे : गत रात जिला फिरोजपुर में जीरा स्थित एक पैट्रोल पम्प पर आतंकवादियों ने सेल्जमैन से 35,000 रुपए लूट लिए ।

भटिंडा पुलिस ने गत रात एक उग्रवादी चमकौर सिंह उर्फ कौड़ा को गिरफ्तार करके उससे एक 12 बोर की दोनाली बन्दूक बरामद की ।

डाक्टर दम तोड़ गया : कल सायं जिला पटियाला के गांव नंदपुर में आतंकवादियों की फायरिंग से गंभीर रूप से घायल होने वाले डाक्टर ओम प्रकाश की आज प्रातः पी.जी.आई. चंडीगढ़ में मृत्यु हो गई । इस घटना में नर्स कमलजीत कौर की मौका पर ही मृत्यु हो गई थी ।

युवक का शव मिला : होशियारपुर जिले में दारापुर के निकट आज प्रातः एक युवक का शव बरामद किया गया । उस पर तेजधार वाले हथियारों के घाव थे ।

एस.पी.ओ. गिरफ्तार : उधर होशियारपुर पुलिस ने विशेष सुरक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह को गिरफ्तार करके उसकी सरकारी स्टेनगन तथा 69 कारतूस जब्त कर लिए । भूपेन्द्र सिंह धत्तकली गांव में बहुजन समाज पार्टी के एक कार्यकर्त्ता की हत्या करने के बाद 13 जनवरी से फरार था ।

सी. बी. आई. द्वारा रिपोर्ट दर्ज

(पृष्ठ 3 का शेष)

सी.बी.आई. द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार 4 नवम्बर 1987 को श्री आर्डबो के यहां स्वीडिश पुलिस के छापे में बरामद उनकी डायरी में विभिन्न व्यक्तियों से उनकी मुलाकात का जिक्र है ।

शोक हुआ है—हिन्दुजा : लंदन : लंदन में स्थित गैर-आवासीय भारतीय जी.पी. हिन्दुजा ने आज कहा कि उन्हें यह जानकर शोक हुआ है कि उनका नाम बोफोर्स से सम्बद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट में दर्ज किया गया है । उन्होंने कहा कि वह इस मामले से पूर्णतया असम्बद्ध हैं । आज यहां जारी एक वक्तव्य में उन्होंने कहा कि यह मेरे समूह को बदनाम करने की क्रिया का एक अंग है ।

बैठक 23 से

नई दिल्ली, 22 जनवरी (प.स.): जनता दल के केंद्रीय संसदीय बोर्ड की बैठक 23 जनवरी से 29 जनवरी तक यहां होगी, जिसमें विभिन्न राज्य विधानसभाओं के चुनावों के लिए पार्टी प्रत्याशियों का चयन किया जाएगा । 25 एवं 26 जनवरी को संसदीय बोर्ड की बैठक नहीं होगी ।

राजीव से भी पूछताछ सम्भव

(पृष्ठ 3 का शेष)

प्रश्नों के उत्तर में श्री शेखर ने बताया कि केंद्रीय जांच ब्यूरो ने पहले भी इस मामले की जांच की थी लेकिन उसे कई महत्वपूर्ण दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए, इसलिए कोई मामला नहीं बन पाया । पिछले वर्ष दिसम्बर में उसे ये दस्तावेज उपलब्ध कराए गए । इन दस्तावेजों तथा अखबारों में इस बारे में छपी खबरों के गहराई से अध्ययन के बाद हम इस नतीजे पर पहुंचे कि इस संबंध में आपराधिक मामला दाखिल किया जा सकता है ।

उन्होंने बताया कि ये दस्तावेज प्रधानमंत्री कार्यालय, रक्षा मंत्रालय और अन्य स्थानों से मिले । उनका कहना था कि ये दस्तावेज बहुत ही 'महत्वपूर्ण' हैं ।

बार-बार पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में श्री शेखर ने कहा कि जहां तक इस मामले में शामिल सरकारी अधिकारियों और राजनीतिज्ञों का सवाल है, अभी कोई पुख्ता प्रमाण नहीं है, इसलिए प्रथम सूचना रिपोर्ट में किसी का नाम नहीं दिया गया है । उन्होंने कहा कि जांच के बाद ही कहा जा सकता है कि कमीशन लेने वाले कौन-कौन हैं । बिना पुष्टि के कोई नाम कैसे दिया जा सकता है ?

प्रश्नों के उत्तर में श्री शेखर ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह निश्चित है कि इस मामले में काफी बड़ी राशि कमीशन के रूप में दी गई और इस राशि का एक बड़ा हिस्सा सरकारी अधिकारियों को यह सौदा पूरा कराने के लिए रिश्वत के रूप में दिया गया । जब उनसे पूछा गया कि प्रथम सूचना रिपोर्ट में किस तरह से सिर्फ 64 करोड़ रुपए ही कमीशन के रूप में दिए जाने का उल्लेख है, जबकि यह राशि इससे कहीं ज्यादा है, तो श्री शेखर ने कहा कि निश्चित रूप से यह राशि इससे अधिक है, हम सिर्फ यही कह सकते हैं । कितनी ज्यादा है, इस बारे में वह अभी कुछ नहीं कह सकते । इसका पता जांच के बाद ही लगेगा ।

कृष्ण कांत को आंध्र का राज्यपाल बनाए जाने की सम्भावना

हैदराबाद, 22 जनवरी (इ): दिल्ली उच्च न्यायालय के अवकाश प्राप्त मुख्य न्यायाधीश आर.एन. अग्रवाल की आंध्र प्रदेश के राज्यपाल के रूप में नियुक्ति होने की कम ही सम्भावना है क्योंकि मुख्यमंत्री चेन्ना रेड्डी उनकी नियुक्ति के विरुद्ध हैं । मुख्यमंत्री महसूस करते हैं कि श्री अग्रवाल की नियुक्ति उनके लिए मुश्किलें पैदा कर सकती है, क्योंकि वह राष्ट्रीय मोर्चा के अध्यक्ष तथा तेलगू देशम पार्टी के प्रधान नंदमूरि तारिक रामाराव के निकट हैं ।

इंका सूत्रों के अनुसार जो व्यक्ति लोक आयुक्त के पद के लिए ठीक नहीं है वह राज्यपाल के पद के लिए कैसे ठीक हो सकता है ।

Punjab Sahitya

पंजाब में 10 उग्रवादी मरे : 4 मुठभेड़ में, 5 गुट संघर्ष में और एक करंट लगने से

होमगार्ड जवान सहित 3 की हत्या : तरनतारन में भारी मात्रा में हथियार बरामद

चंडीगढ़, 23 जनवरी (वार्ता. प.स.): पंजाब में गत 24 घंटे के दौरान 10 आतंकवादी मारे गए जबकि उग्रवादियों ने 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा विशेष पुलिस अधिकारियों की एक चौकी को उड़ाने का प्रयास किया । अमृतसर जिले में सुरक्षा बलों द्वारा आज शुरू किए गए विशेष अभियान में खूंखार आतंकवादी जगतार सिंह उर्फ निहंग उर्फ ढोला तथा चार अन्य आतंकवादी मारे गए । तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बद्ध जगतार सिंह पर 30 हजार रुपए का इनाम घोषित था ।

मुठभेड़ में 4 आतंकवादी मरे : अमृतसर (वार्ता): तरनतारन पुलिस जिला के वरनाला गांव में एक फार्म हाउस के निकट आज अपराह्न सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में चार आतंकवादियों को मार गिराया । एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा है कि यह मुकाबला 4 घंटे तक चला । आतंकवादियों के कब्जे से दो ए.के. 47 असाल्ट राइफलें, एक एस.एल.आर. तथा भारी मात्रा में गोली-सिक्का भी बरामद हुआ है ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक के.पी.एस. गिल ने आज शाम यहां बताया कि सीमावर्ती तरनतारन पुलिस जिले के वरनाला गांव में आज सुरक्षा बल के साथ सात घंटे तक चली मुठभेड़ में 4 आतंकवादी मारे गए । मुठभेड़ तब हुई जब गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस महानिरीक्षक (सीमा रेंज) के नेतृत्व में सुरक्षा बल ने वरनाला गांव में छापा मारा । गांव में छुपे आतंकवादियों ने जवानों पर गोली चलाई ।

पुलिस सुरक्षा बल पर घात लगा कर हमला : आज रात्रि उग्रवादियों ने पुलिस और सुरक्षा बलों की पार्टी, जिसका नेतृत्व तरनतारन के एस.एस.पी. श्री बलदेव सिंह कर रहे थे, पर घात लगा कर हमला किया, लेकिन कोई क्षति नहीं हुई । यह पार्टी थाना बल्टोहा के गांव वरनाला से लौट रही थी, जहां उनका उग्रवादियों से सात घंटे भीषण मुकाबला हुआ था और वहां जगतार सिंह उर्फ बल्टोहा समेत खालिस्तान कमांडो फोर्स के 4 दर्जन उग्रवादी मारे गए थे । जगतार सिंह बल्टोहा पर 30,000 रुपए का इनाम था । सुरक्षा बलों की पार्टी पर घात लगा कर ए.के. 47 असाल्ट चीनी राइफलों से फायरिंग की गई । श्री बलदेव सिंह ने कहा कि जवाबी फायरिंग करने पर उग्रवादी भाग निकले ।

एक आतंकवादी को करंट लगा : तरनतारन पुलिस जिला के मम्मन गांव में एक आतंकवादी करंट लगने से मर गया । रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा बलों ने जब उक्त आतंकवादी को घेर लिया तो वह बिजली के एक खम्भे की ओर भागा । करंट लगने से उसकी मौत हो गई । मृत उग्रवादी की अभी तक शिनाख्त नहीं हुई ।

निजी शत्रुता में तीन आतंकवादी मरे : अमृतसर (वि.प्र.): यहां जिला मुख्यालय में मिली खबर के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के सरहाली थाना क्षेत्र के अधीन थतियां महंता गांव में कल रात आठ बजे के करीब पांच आतंकवादी जिनके पास ए.के. 47 असाल्ट राइफलें थीं, दो सगे भाइयों बलवंत सिंह और सरबजीत सिंह के घर में दाखिल हो गए तथा दोनों को घर से बाहर खेतों में ले जाने के बाद गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी । प्रातः गोलियों से छलनी उनकी लाशें पुलिस ने अपने कब्जे में लीं । इन लाशों के करीब खतरनाक आतंकवादी परमजीत सिंह पंजवार की तरफ से लिखी एक चिट्ठी मिली है जिसमें लिखा था कि वे दोनों भाई लूटखसूट की वारदातें करते थे और रोके जाने के बावजूद वे बाज नहीं आए । इसलिए उनकी हत्या की गई ।

थाना भिक्खीविंड में गांव मारि गौर सिंह में एक व्यक्ति हरदीप सिंह के मकान पर गत रात लगभग 10 बजे चार आतंकवादी आए तथा उससे 2 असाल्ट राइफलें, एक .315 बोर की राइफल तथा एक रिवाल्वर मांगा, मगर उसने देने से इंकार कर दिया । आतंकवादी उसे यह कह कर अपने साथ ले गए कि ठीक है, अगर असला नहीं देना तो थोड़ी दूर तक हमारे साथ चलो । गांव से बाहर निकलते ही आतंकवादियों ने उसे गोलियां मार कर मार डाला । कहा जाता है कि मारा गया यह युवक एक अन्य आतंकवादी गुट में शामिल था । पुलिस ने तीनों हत्याओं को आतंकवादी गुटों की निजी शत्रुता का परिणाम बताया है ।

एक की हत्या : अमृतसर जिला के भिक्खीविंड पुलिस थाना क्षेत्र के मानकपर गांव में आतंकवादियों ने अमर सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी । आतंकवादियों का आरोप था कि उक्त व्यक्ति शराब का अवैध धंधा करता था ।

बस कंडक्टर को लूटा : तरनतारन पुलिस जिला के दयालपुर गांव के निकट कुछ आतंकवादियों ने एक सरकारी बस को रोक लिया तथा कंडक्टर से 1200 रुपए से भरा थैला लेकर भाग गए ।

आतंकवादी मरा : फरीदकोट जिला में खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन से सम्बद्ध एक आतंकवादी जगतार सिंह इंग्लाबी गुट की आपसी शत्रुता के कारण मारा गया । आज प्रातः जिला के निहालसिंहवाला पुलिस स्टेशन के अधीन खोटे गांव में गोलियों से छलनी जगतार सिंह की लाश मिली । घटनास्थल से 303 बोर की एक राइफल भी बरामद हुई है । उक्त आतंकवादी विगत 27 सितम्बर को मोगा से पुलिस को चकमा देकर भाग गया था और रजीत सिंह टुंडा के नेतृत्व वाले खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन के गुट में शामिल हो गया था ।

शव बरामद : बाघापुराना (मित्तल): पुलिस ने आज प्रातः यहां निकटवर्ती खोटे गांव से एक व्यक्ति का शव बरामद किया । यह भी उग्रवादी बताया जाता है ।

होमगार्ड जवान की हत्या : मोगा (सर्व): संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात मोगा बाईपास के निकट एक होमगार्ड जवान श्री जुगराज सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

तीन लुटेरे काबू : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री एस.के. गोयल ने आज पत्रकारों को बताया कि श्री हरगोबिन्दपुर पुलिस ने लूटमार करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है । इनकी शिनाख्त कुलविन्दर सिंह उर्फ बिल्ला गांव कोहरवाल, मलकीयत सिंह उर्फ टिड्डा, बलबीर सिंह उर्फ बाऊ गांव भरी पन्नुआं के रूप में की गई है । पुलिस ने इनसे एक पिस्तौल, 5 कारतूस व एक खिलौना पिस्तौल बरामद की है । इन व्यक्तियों ने लगभग 12 गांवों में लूटमार की वारदातों में अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया है ।

सरपंच के बेटे की हत्या : गुरदासपुर (निनोद): आज सायं लगभग 8 बजे चार उग्रवादियों ने थाना कादियान के गांव विधाई के सरपंच के लड़के हरदीप सिंह की फायरिंग करके हत्या कर दी । बताया गया है कि उग्रवादी सरपंच के घर में दाखिल हो गए थे और उन्होंने ए.के. 47 असाल्ट चीनी राइफलों से अंधाधुंध फायरिंग की ।

पुलिस-उग्रवादियों में मुकाबला : एक अन्य सूचना के अनुसार थाना धारीवाल के गांव जफरवाल में बनी पुलिस चौकी पर उग्रवादियों ने आज रात्रि भारी फायरिंग की । चौकी में मौजूद कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग की गई । रात्रि साढ़े 10 बजे मिली सूचना के अनुसार मुकाबला जारी था ।

दो घुसपैठिए मारे गए : ममदोट सैक्टर में दो घुसपैठिए मारे गए ।

मालेरकोटला (अजीज़): स्थानीय पुलिस ने बताया कि गत मई में 2.13 लाख की जो डकैती हुई थी, उस संदर्भ में तीन उग्रवादी लाभ सिंह, अमरजीत सिंह और सुरजीत सिंह पकड़े गए हैं । अभी चौथा आतंकवादी फरार है । धुरी डाकखाने से 30 हजार रुपए भी इसी गिरोह ने लूटे थे ।

नेताजी की जयंती पर देश की एकता व अखंडता की रक्षा का संकल्प

चंडीगढ़, 23 जनवरी (वि.प्र., स.): नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती आज देशभर में मनाई गई तथा देश की एकता व अखंडता को अक्षुण्ण रखने का संकल्प लिया गया ।

पंजाब प्रदेश कांग्रेस, इंटक तथा सेवा दल के कार्यकर्त्ताओं ने आज यहां नेताजी जयंती समारोह पूर्वक मनाई । डा. केवल कृष्ण ने इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि आज का दिन देश की एकता व अखंडता की रक्षा के लिए संकल्प लेने का है । आज देश की अखंडता बनाए रखने की अत्यन्त आवश्यकता है । उन्होंने नेताजी के प्रिय नारे "तुम मुझे खून दो और मैं तुम्हें आजादी दूंगा" का स्मरण किया ।

उन्होंने पंजाब तथा जम्मू-कश्मीर में बिगड़ रही कानून-व्यवस्था की स्थिति पर भी चिंता प्रकट की । इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने देश की एकता व अखंडता की रक्षा करने तथा नेता जी सुभाष चंद्र बोस के कदमों पर चलने का संकल्प लिया ।

नेता जी के संबंध में विभिन्न स्कूलों के बच्चों की हुई भाषण प्रतियोगिता में विजयी बच्चों को इनाम वितरित किए । आई.एन.ए. के 22 बलिदानी जवानों को सम्मानित किया । इस समारोह में लैफ्टिनैंट जगजीत सिंह भंडारी, कैप्टन सूरज सिंह, हैडमास्टर श्याम सुन्दर ऐरी, श्री मिलखी राम रत्न आदि ने नेता जी के जीवन पर प्रकाश डाला ।

अमृतसर (प.स.): नेताजी सुभाष चंद्र बोस का 93वां जन्म-दिवस आज स्वतंत्रता सेनानी दिवस के रूप में मनाया गया । इस संदर्भ में आज स्थानीय भंडारी पुल पर नेता जी के बुत के पास एक समारोह भी आयोजित किया गया तथा जिलाधीश श्री सर्बजीत सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया ।

इस समारोह में एकत्रित लोगों द्वारा देश के अन्य भागों तथा पंजाब में व्याप्त हिंसा पर दुःख प्रकट किया गया तथा युवकों से आह्वान किया गया कि वे मातृभूमि के सम्मुख चुनौतियों का आगे बढ़ कर सामना करें ।

बाद में जलियांवाला बाग तक एक जलूस भी निकाला गया जहां शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि भेंट की गई ।

होशियारपुर (अश्विनी): नैशनल फैडरेशन आफ एक्स सर्विसमैन के सचिव कैप्टन विक्रम सिंह व

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjab Sanjauli

सिख छात्र संघ के महासचिव हरमिन्दर सिंह संधू की अमृतसर में उनके निवास पर हत्या

चंडीगढ़, 24 जनवरी (प.स.,' वार्ता): आतंकवादियों ने आज सुबह अमृतसर में आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन के महासचिव श्री हरमिंदर सिंह संधू की उनके निवास स्थान में गोलियां मार कर हत्या कर दी । पंजाब में अन्यत्र 6 व्यक्ति मार डाले गए ।

संधू की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): आज सुबह आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन के महासचिव श्री हरमिंदर सिंह संधू की उनके स्थानीय रानी-का-बाग स्थित मकान में गोलियां मार कर हत्या कर दी गई । श्री संधू को चार गोलियां लगीं जिनमें से एक सिर में, एक माथे पर, एक छाती में और एक टांग में लगी बताई गई है । चेहरे पर लगी गोली से उनका आधा चेहरा आंख के करीब से विकृत हो गया था । सूचना मिलते ही एस.एस.पी. श्री संजीव गुप्ता अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे ।

प्राप्त विवरण के अनुसार सुबह 7 बज कर 10 मिनट पर तीन सिख नौजवान, जो हल्के नीले रंग के स्कूटर पर सवार थे, हरमिंदर सिंह संधू के घर गये । एक युवक स्कूटर के पास खड़ा रहा, जबकि एक युवक मकान में दाखिल हो गया । दाखिल होने के बाद उसने अपना नाम "सुरेंद्रपाल सिंह फ्राम कनाडा" बताया और हरमिन्दर सिंह संधू के फुफेरे भाई गुरमीत सिंह से पूछा कि श्री संधू कहां हैं, वह कनाडा से उससे मिलने आया है । श्री संधू के फुफेरे भाई ने कहा कि वह श्री संधू को बुला कर लाता है क्योंकि वह छत पर अपने बैडरूम में हैं । जब वह श्री संधू को बुला कर लाया तो मुलाकात करने वाले ने उनसे हाथ मिलाया और कहा कि वह उनसे एकांत में बातचीत करना चाहता है, क्योंकि वह कनाडा से उनके लिए कोई पैगाम लेकर आया है ।

इसी दौरान दूसरा आतंकवादी, जिसने गर्म लोई ओढ़ रखी थी और जो मकान के बाहर दरवाजे में खड़ा था, भी अंदर आ गया । श्री संधू उन दोनों को मकान के ग्राऊंड फ्लोर पर स्थित एक बैडरूम में ले गये । बैडरूम में दाखिल होते ही लोई ओढ़े हुए आतंकवादी ने लोई के नीचे छुपा हुआ हथियार बाहर निकाला और छः-सात फायर कर दिये जिनमें से चार गोलियां हरमिन्दर सिंह संधू को लगीं ।

स्कूटर के पास खड़े आतंकवादी ने स्कूटर स्टार्ट किया हुआ था और तीनों आतंकवादी उस पर सवार होकर फरार होने में कामयाब हो गये । श्री संधू के रिश्तेदार उन्हें अत्यन्त गम्भीर हालत में अस्पताल में ले गये । मगर वहां पहुंचते श्री संधू ने दम तोड़ दिया ।

टैलीफोन सुनते समय गोलियां मारीं : एक अन्य सूचना के अनुसार जब आतंकवादी श्री संधू के बैडरूम में गये तो इसी दौरान टैलीफोन की घंटी बजने लगी और फोन पर बोलने वाले ने कहा कि श्री संधू के लिये कनाडा से काल है । श्री संधू ने जब फोन का रिसीवर अपने कान से लगाया ही था तो उन पर गोलियों की बौछार हुई । यह समाचार सारे शहर में बड़ी तेज़ी से फैल गया और जिलाधीश ने हालात की नजाकत को देखते हुए जिला और शहर में सभी कालेज और स्कूल दो दिन के लिए बंद करने के आदेश दे दिये ।

यह भी पता चला है कि इंदिरा गांधी हत्या केस में घटनास्थल पर मारे गए बेअन्त सिंह की बरसी के सम्बन्ध में दमदमी टकसाल की ओर से दरबार साहब में आज पाठ रखवाया जाना था और उस सम्बन्ध में श्री संधू से बातचीत करने के लिए टकसाल के तीन-चार सेवादार बाबा गज्जा सिंह, बाबा दर्शन सिंह और बाबा मलकीयत सिंह आदि भी श्री संधू के निवास स्थान पर ही थे ।

'वार्ता' के अनुसार श्री संधू पर हमला करने वालों में से एक ने अपना नाम सतिंद्रपाल सिंह बताया था । पुलिस सूत्रों के अनुसार कनाडा का नागरिक सतिंद्रपाल वही व्यक्ति हो सकता है जो अकाल तख्त के भूतपूर्व जत्थेदार जसबीर सिंह के अंतर्राष्ट्रीय सिख युवा महासंघ का सदस्य है ।

रिपोर्टों के अनुसार सतिंद्रपाल पिछले दिनों पाकिस्तान से कार्यरत था । हो सकता है, वह सीमा पार कर भारत आ गया है ।

■ 3 युवक सुबह संधू के निवास पर आए और गोलियां मार कर चले गए ■ आक्रमणकारी एक दिन पहले भी आए थे ■ पंजाब में अन्यत्र 6 व्यक्तियों की हत्या ■ आतंकवादी अस्पताल से अपने विचाराधीन साथी को छुड़ा ले गए

श्री संधू छात्र संघ के दूसरे बड़े नेता हैं, जिन पर हमला हुआ है । इससे पूर्व नौ जनवरी को श्री सुखवंत सिंह अक्कावाली की मानसा शहर में हत्या कर दी गई थी ।

जिला पुलिस प्रमुख संजीव गुप्ता ने संवाददाताओं को बताया कि श्री संधू के रिश्तेदारों के अनुसार, दो संदिग्ध व्यक्ति कल रात भी उनके घर आये थे, लेकिन श्री संधू शहर से बाहर हैं, यह जानकार वापस लौट गये । उन्होंने बताया कि वही दोनों व्यक्ति आज सुबह कनाडा निवासी सुरेंद्र पाल सिंह के साथ दोबारा आये ।

श्री गुप्ता ने बताया कि वारदात में प्रयुक्त हथियार नई किस्म का था, जो ए.के. 47 असाल्ट राइफल से छोटा, जबकि पिस्तौल और रिवाल्वर से बड़े आकार का था । घटना स्थल से चार खाली कारतूस बरामद हुए हैं ।

श्री संधू के रिश्तेदारों ने कहा कि घटना के समय घर में दमदमी टकसाल के भी कुछ सदस्य मौजूद थे, लेकिन किसी ने आगन्तुकों पर किसी तरह का संदेह नहीं किया क्योंकि श्री संधू खुद भी सुरक्षा की परवाह नहीं करते थे और हर आने वाले से मिलते थे । श्री संजीव गुप्ता ने बताया कि श्री संधू को सुरक्षा गार्ड मुहैया नहीं कराए गये थे क्योंकि उन्होंने कभी इसकी मांग ही नहीं की थी । श्री गुप्ता ने कहा कि श्री संधू की हत्या के कारणों की बाबत अभी कुछ भी नहीं कहा जा सकता और कोई नतीजा नहीं निकाला जा सकता । उन्होंने कहा कि शहर में इस घटना के बाद उत्पन्न किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए ऐहतियाती प्रबंध किये गये हैं ।

वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने आज यहां एक बैठक में आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन के महासचिव हरमिंदरसिंहसंधू की हत्या से पैदा स्थिति की समीक्षा की । सरकारी तौर पर स्थिति नियंत्रण में बताई गई है ।

इस बीच, हमलावरों को पकड़ने के लिए राज्य भर में सतर्कता आदेश जारी कर दिये गये हैं । पुलिस का विचार है कि श्री संधू की हत्या दो गुटों के बीच मतभेद का परिणाम हो सकती है, लेकिन श्री संधू के भाई सहित अन्य रिश्तेदारों और दमदमी टकसाल के सदस्यों का आरोप है कि यह काम 'सरकारी एजेंटों' का है । 1984 के आप्रेशन ब्लू स्टार के दौरान स्वर्ण मंदिर से गिरफ्तार किये गये श्री संधू को गत वर्ष मार्च में जोधपुर से रिहा किया गया था, लेकिन कुछ अन्य मामलों में उन्हें संगरूर में हिरासत में रखा गया था । पिछले वर्ष पिछली सरकार ने उनके खिलाफ सारे मामले वापस ले लिये और उन्हें अंतिम तौर पर रिहा कर दिया गया था ।

रिहाई के तुरन्त बाद श्री संधू ने कहा था कि सिखों का एकमात्र लक्ष्य 'खालिस्तान' की स्थापना करना है ।

हाल में श्री संधू के नेतृत्व वाले छात्र संघ ने गणतंत्र दिवस समारोह के बहिष्कार और 26 जनवरी को सभी गुरुद्वारों में 'केसरी निशान साहिब' को सलामी देने का आह्वान किया था ।

इसके अलावा श्री संधू 26 जनवरी को स्वर्ण मन्दिर में गांवों में खालसा पंचायतें स्थापित करने की अन्तिम योजना पेश करने वाले थे । इन प्रस्तावित पंचायतों में परिवारों के भूमि और सम्पत्ति सम्बन्धी विवाद अदालतों की बजाय अपने ग्रामीण स्तर पर ही सुलझाने का प्रस्ताव था ।

श्री हरमिंदर सिंह संधू अमृतसर के 1978 के चर्चित सिख-निरंकारी संघर्ष के बाद महासंघ में शामिल हुए । उन्हें 1987 में चंडीगढ़ में हुए एक सम्मेलन में भाई मनजीत सिंह ने पार्टी का महासचिव नियुक्त किया था ।

श्री सिंह का जन्म सितम्बर 1956 में हुआ । आप्रेशन ब्लू स्टार से कुछ समय पहले उन्होंने अंग्रेजी साहित्य में स्नातकोत्तर की परीक्षा उत्तीर्ण की । जोधपुर जेल में बंदी रहने के दौरान उन्होंने गुरु नानक देव विश्वविद्यालय से एम.ए. इतिहास की परीक्षा दी, जिसमें प्रथम आने पर विश्वविद्यालय ने उन्हें स्वर्ण पदक दिए जाने की घोषणा की लेकिन उन्होंने यह सम्मान लेने से इन्कार कर दिया ।

श्री संधू की स्कूली शिक्षा अमृतसर के खालसा स्कूल में हुई । स्नातक की परीक्षा उन्होंने खालसा कालेज से उत्तीर्ण की । श्री संधू का विवाह मई 1984 में परमजीत कौर से हुआ । विवाह की रस्में जरनैल सिंह भिंडरावाले ने सम्पन्न कराईं लेकिन उनकी पत्नी एक माह बाद आप्रेशन ब्लू स्टार में मारी गई । गत 17 जनवरी को उन्होंने अपनी साली कुलविंदर कौर से दोबारा विवाह किया ।

अखिल भारतीय सिख छात्र संगठन, दमदमी टकसाल और अकाली दल के विभिन्न गुटों के नेताओं ने श्री संधू की हत्या की निंदा की है । शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी और स्वर्ण मन्दिर के सभी कार्यालय आज श्री संधू के सम्मान में बंद कर दिए गए ।

बाज़ टूट गया - मनजीत : 'मनोहर' के अनुसार अखिल भारतीय छात्र संघ के प्रधान भाई मनजीत सिंह ने कल 25 जनवरी को अमृतसर शहर के बंद की काल दी है, लेकिन ट्रैफिक चालू रहेगा । हरमिन्दर सिंह संधू का अंतिम संस्कार कल 12 बजे गुरुद्वारा शीशगंज के पास किया जाएगा । भाई मनजीत सिंह ने कहा कि 25 और 26 जनवरी को तमाम शिक्षा संस्थाएं बंद रहेंगी । 27 जनवरी को पंजाब बंद की काल दी है । उन्होंने कहा कि फैडरेशन के तमाम प्रोग्राम 28 फरवरी तक रद्द कर दिये गये हैं । ऐसा बाबा ठाकुर सिंह के कहने पर किया गया है । उन्होंने कहा कि संधू मेरा बाज़ था, जो टूट गया ।

'प.स.' के अनुसार बंद में सड़क और रेल सेवाओं को भी शामिल किया गया है । श्री संधू की अन्त्येष्टि कल गुरुद्वारा शीशगंज के मैदान में की जाएगी ।

तरनतारन में दुकानें बंद : तरनतारन से 'पन्नू' के अनुसार श्री संधू की मौत का समाचार सुनने के बाद दरबार साहब के निकटवर्ती दुकानें बंद हो गईं ।

प्रतिक्रिया : अमृतसर (वार्ता): अनेक राजनैतिक और धार्मिक सिख संगठनों ने हरमिन्दर सिंह संधू की हत्या की घटना की निंदा की है । दमदमी टकसाल ने यहां जारी एक वक्तव्य में 'सिख पंथ विरोधी' ताकतों को हत्या कांड के लिए दोषी ठहराया है । श्री संधू को पंथ का वफादार सिपाही बताते हुए टकसाल के प्रवक्ता मलकीयत सिंह ने कहा कि श्री संधू की हत्या सिखों के अधिकारों के लिए लड़ रहे लोगों का सफाया करने की एक सोची-समझी साजिश का परिणाम है ।

एक पृथक वक्तव्य में स्थानीय सांसद कृपाल सिंह ने कहा कि इस घटना के बाद राज्य की राजनैतिक स्थिति और 'बदतर' होगी ।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक समिति के सचिव और अकाली दल बादल के नेता मनजीत सिंह कलकत्ता ने कहा कि श्री संधू की हत्या की कड़े शब्दों में निंदा की जानी चाहिए । दल के युवा संगठन और चीफ खालसा दीवान ने भी हत्या की निंदा की है ।

चंडीगढ़ से 'वि.प्र.' के अनुसार अकाली दल (मान) की कार्यकारिणी के सदस्य सुखिंदर सिंह और दल के प्रवक्ता गुरतेज सिंह ने श्री संधू की हत्या को पंजाब के लोगों के लिए एक भारी आघात बताया । उन्होंने श्री संधू की विधवा कुलविंदर कौर जिससे श्री संधू का हाल ही में विवाह हुआ था तथा परिवार के अन्य सदस्यों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की है ।

उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि राज्य में पार्टी की राय की लगातार अवहेलना और 'अल्पमतीय विचार' का प्रचलन जारी रहा तो स्थिति नियंत्रण से बाहर चली जाएगी ।

इसी बीच पार्टी ने कल 25 जनवरी को लुधियाना में आयोजित जिला जत्थेदारों की बैठक रद्द कर दी है ।

अकाली दल (ब) के महासचिव सुखदेव सिंह ढींडसा ने श्री संधू की हत्या की निंदा करते हुए कहा कि अगर यह नरसंहार जारी रहा तो हालात सुधरने की बजाय और बिगड़ जाएंगे ।

भूतपूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल ने श्री संधू की हत्या को खेदजनक बताते हुए स्वर्गीय संधू को श्रद्धांजलि भेंट की है । उन्होंने कहा कि श्री संधू एक गतिशील और बुद्धिमान युवक थे । उनकी हत्या से पंथ और पंजाब को अपूरणीय क्षति हुई है । उन्होंने श्री संधू के परिवार के प्रति सहानुभूति व्यक्त की है ।

अकाल तख्त के मुख्य ग्रंथी प्रोफैसर दर्शन सिंह ने सिखों से अपील की कि 'सम्भावित सहारक युद्ध से बचने के लिए' वे पंजाब समस्या पर अपने मतभेदों को सुलझा लें । प्रोफैसर दर्शन सिंह ने लुधियाना से भेजे एक संदेश में श्री संधू की हत्या पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें 'बहुत सी उम्मीदों वाला विकासशील युवा सिख नेता' बताया ।

जनता दल द्वारा निन्दा : नई दिल्ली : जनता दल ने अखिल भारतीय सिख छात्र महासंघ (मंजीत गुट) के महासचिव हरमिन्दर सिंह संधू की हत्या की निन्दा की है । पार्टी के प्रवक्ता जयपाल रेड्डी ने कहा कि हिंसा और हत्या की राजनीति से अपराध का माहौल पैदा हो जाएगा, अतः इसे समाप्त किया जाना चाहिए । श्री रेड्डी ने पंजाब प्रशासन से मांग की कि अभियुक्त का पता लगाने के लिए वह हर सम्भव कदम उठाए ।

लुधियाना (मुसाफिर): शिरोमणि कमेटी के प्रधान जत्थेदार गुरचरण सिंह टोहरा ने हरमिन्दर सिंह संधू की हत्या पर शोक व्यक्त किया । एक प्रश्न के उत्तर में श्री टोहरा ने बताया कि फैडरेशन, अकाली दल बादल व लौंगोवाल अकाली दल से कहा गया था कि वे अपने कार्यालय दरबार साहब परिसर से बाहर ले जाएं । अब उन्हें लिखित रूप से ऐसा करने के लिए कहा गया है ।

श्री टोहरा ने मांग की कि नगर निगमों तथा पालिकाओं व पंचायतों के चुनाव शीघ्र कराए जाएं । उन्होंने केंद्र से पंजाब की सारी मशीनरी बदलने की मांग की ।

फगवाड़ा (अशोक): अकाली दल (मान) के नेताओं गुरबक्श सिंह सेठी, रजिन्दर सिंह शेरा, जोगिन्दर सिंह, कुलवंत सिंह, अमरीक सिंह, जगतार सिंह, हजूरा सिंह ने अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के महासचिव हरमिन्दर सिंह संधू की निर्मम हत्या की कड़ी निन्दा की है व इसे घिनौनी साजिश बताया है । आज यहां आयोजित विशेष शोकसभा में इन नेताओं ने मृतक को श्रद्धांजलियां अर्पित कीं ।

विचाराधीन उग्रवादी को छुड़ा ले गए : चार सशस्त्र उग्रवादियों ने एक विचाराधीन उग्रवादी को आज सुबह यहां गुरुतेग बहादुर अस्पताल के शल्य चिकित्सा कक्ष से छुड़ा लिया । पुलिस सूत्रों ने बताया कि ए.के. 47 चीनी राइफलों से लैस चार उग्रवादी शल्य चिकित्सा कक्ष में गये और वहां तैनात पुलिस गार्डों से गुरदेव सिंह की जंजीरें खोलने के लिए मजबूर किया । विचाराधीन उग्रवादी ने पुलिस कर्मी की वर्दी और परिचय पत्र भी छीन लिया ।

मुठभेड़ में 1 नागरिक मरा, 4 बस यात्री घायल : मजीठा में कल शाम आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ के दौरान गोलीबारी में एक नागरिक अजीत सिंह मारा गया और चार बस यात्री गम्भीर रूप से घायल हो गये । मजीठा के जिला पुलिस प्रमुख ए.के. शर्मा ने बताया कि नांगली पनवां गांव के निकट लगभग चार घंटे मुठभेड़ हुई । आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठा कर भाग गए ।

श्री शर्मा ने बताया कि आतंकवादियों का 12 किलोमीटर की दूरी तक पीछा किया गया । उन्होंने बताया कि आतंकवादियों का खेतों के रास्ते पीछा किया गया, लेकिन बाल खुर्द के निकट आतंकवादियों ने एक ट्रैक्टर छीन लिया और उसे लेकर नवां नाग के निकट गायब हो गए, जहां उन्होंने ट्रैक्टर छोड़ दिया । आतंकवादियों ने पूरे रास्ते अंधाधुंध गोलियां चलाईं लेकिन सुरक्षा बलों को स्वयं को रोकना पड़ा क्योंकि खेतों में और सड़क पर कई लोग काम कर रहे थे ।

चार बस यात्री उस समय घायल हो गये जब बस चालक ने दोनों तरफ से गोलीबारी के बीच से बस को निकालने का प्रयास किया । चारों यात्रियों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है ।

होमगार्ड जवान की हत्या : पट्टी से संवाददाता के अनुसार गत रात पुलिस जिला तरनतारन के गांव चुमडेवड में आतंकवादियों ने होमगार्ड के एक जवान जगतार सिंह (28) की पीट-पीट कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि रात के 8 बजे कुछ आतंकवादी जगतार सिंह के घर गये । वे उसे जबरदस्ती अपने साथ गांव के स्कूल में ले गये, जहां उन्होंने उसे बुरी तरह पीटा, जिससे वह घटना स्थल पर ही मारा गया । उसकी लाश रात भर स्कूल में पड़ी रही । यह जवान आजकल कैरो चौकी पर तैनात था तथा गत कई दिनों से ड्यूटी से अनुपस्थित था ।

ठेका जला दिया : पट्टी में गत रात कुछ

(शेष पृष्ठ 8 पर)



महिन्द्रा कालोनी, अमृतसर में संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा मारे गए अ.भा. सिख छात्र संघ के महासचिव श्री हरमिन्दर सिंह संधू का शव । (दाएं) उनका पुराना चित्र । (छाया : भण्डारी)







Punjab Sanjam

(शेष पृष्ठ 8 पर)



महिन्द्रा कालोनी, अमृतसर में संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा मारे गए अ.भा. सिख छात्र संघ के महासचिव श्री हरमिन्दर सिंह संधू का शव । (दाएं) उनका पुराना चित्र । (छाया : भण्डारी)



(1) श्री हरमिन्दर सिंह संधू के निवास पर उनकी स्मृति में कीर्तन करते हुए रागी जत्थे के सदस्य, (2) श्री संधू का चादर में लिपटा शव, (3) श्री संधू की माता, पत्नी तथा अन्य शोकाकुल महिलाएं, (4) श्री संधू के पिता दल सिंह, सिख छात्र संघ के प्रधान भाई मनजीत सिंह, दमदमी टकसाल के प्रमुख बाबा ठाकुर सिंह तथा अन्य शोकग्रस्त व्यक्ति । (छाया : रवि भंडारी)

Punjabi Sanatan

हरमिंदर सिंह संधू की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

संदिग्ध व्यक्तियों ने आदल रोड पर स्थित शराब के एक ठेके को आग लगा दी । आग लगाने से पहले उन्होंने ठेके से शराब की बोतलें लूट लीं ।

पुलिस की गोली से मरा : पट्टी में संवाददाता के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के गांव जौहर राजसिंहवाला में पुलिस की गोली से एक व्यक्ति मारा गया । बताया जाता है कि थाना सदर तरनतारन की पुलिस उक्त गांव में तलाशी लेने जा रही थी । पुलिस को देख कर एक व्यक्ति भाग गया जिस पर पुलिस ने गोली चला दी तथा वह मौके पर ही मारा गया ।

वह आतंकवादी था : 'पस' के अनुसार उक्त व्यक्ति सरहा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया । वह खालिस्तान कमांडो फोर्स का खतरनाक आतंकवादी जरनैल सिंह निवासी गांव जौड़ा था । उसका एक साथी भागने में सफल हो गया । उसके पास से एक हैंड ग्रेनेड तथा ए.के. 47 के कुछ कारतूस बरामद हुए ।

अपहरण : मजीठा पुलिस जिले के मेहता थाने के तहत क्षेत्र से कल रात आतंकवादियों ने एक व्यक्ति गरबारण सिंह का अपहरण कर लिया ।

हत्या : गुरदासपुर में आतंकवादियों ने कल रात मोहन सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

खिलौना पिस्तौल समेत काबू : डेरा बाबा नानक से चोपड़ा के अनुसार पुलिस ने यहां एक लुटेरा टोले के सरगना केवल सिंह पुत्र बरकत सिंह निवासी गांव मालिकपुर को गिरफ्तार कर लिया । उसके पास से एक खिलौना पिस्तौल तथा एक कृपाण बरामद हुई है ।

महंतनी की हत्या : (जान मिसल): बाघा पुराना से कुछ दूर गांव कलेके में आतंकवादियों ने गत रात एक महंतनी जान कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी । जान कौर अपने घर में अकेली थी और लोगों को 'पूजे' देने का काम करती थी । आज सवेरे उसके घर से उसकी गोलियों से छलनी लाश मिली ।

दुकानदार की हत्या : चानन पुराना के गांव रोड में आतंकवादियों ने जसवंत चंद (35) उर्फ दीवा नामक एक दुकानदार को गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि आतंकवादियों ने सम्बंधित दुकानदार से उससे 50000 रुपयों की मांग की थी, जो इतनी रकम देने में असमर्थ था ।

घायल कर दिया : सभी के अनुसार आज दोपहर चंडीगढ़ के सैक्टर 8 में स्कूटर पर सवार 2 अज्ञात व्यक्तियों ने भोलाही निवासी मुखत्यार सिंह को उस समय गोली मार कर घायल कर दिया, जब वह अपने स्कूटर पर वहां से गुजर रहा था । हालत गंभीर बताई जाती है, जिसकी आयु 30-35 वर्ष के बीच बताई जाती है, के बारे में कुछ भी पता नहीं चल सका । मोहन सिंह को उपचार के लिए स्थानीय सैक्टर 16 में दाखिल करा दिया गया है । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह मामला आपसी दुश्मनी का लगता है । मोहन सिंह को 1984 में ब्लू स्टार आप्रेशन के दौरान चंडीगढ़ के एक धार्मिक स्थल से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हथियार बरामद किये गये थे । चार साल जेल में रहने के बाद मोहन सिंह डेढ़ वर्ष पूर्व रिहा होकर बाहर आया था ।

आभूषण लूटे : होशियारपुर में गत रात सदर थाना के अन्तर्गत सुभाषनगर टिब्बा साहब के निकट तीन सशस्त्र लुटेरे ने समन बाला नामक महिला से उसके घर से 10000 रुपए मूल्य के आभूषण लूट लिए । पुलिस ने बताया कि भागते समय वे कैनाल कालोनी से एक व्यक्ति मलकीयत सिंह का स्कूटर भी छीन कर ले गए ।

डेढ़ लाख रुपया लूटा : बाघा पुराना (जान): 4 आतंकवादियों ने आज यहां के मुख्य बाजार में एक आढ़ती फर्म मैसर्ज यादविन्दरा एंड ब्रदर्स के मुनीम कलदीप कुमार का अपहरण कर लिया, जब वह बैंक में से डेढ़ लाख रुपए निकलवा कर वापिस आ रहा था । आतंकवादी इस मुनीम को यहां से 8-9 कि.मी. दूर गांव लंडे के निकट हाथ-पैर बांध कर छोड़ गए तथा धन राशि लूट कर ले गए । पुलिस ने संदेह के तौर पर इस मुनीम को ही हिरासत में ले लिया है ।

दूध का टैंकर ले गए : कुछ संदिग्ध आतंकवादी बाघापुराना थाना के गांव समालसर के निकट दूध का एक टैंकर छीन कर ले गये । टैंकर में सवार तीनों व्यक्ति समालसर के निकट एक पेड़ से बंधे मिले हैं ।

147 के विरुद्ध केस वापस किये : जैतो (फरीदकोट): फरीदकोट में आतंकवाद से संबंधित केसों में गिरफ्तार 147 व्यक्तियों के खिलाफ केस वापस ले लिये गये हैं । यह जानकारी एस.एस.पी. श्री सतीश शर्मा ने दी ।

चौकीदार की हत्या : उग्रवादियों ने गत रात्रि किसी समय एक पी.डब्ल्यू.डी. के स्टोर के चौकीदार की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने कहा है कि चौकीदार की किशोर के रूप में शिनाख्त की गई है, जो कल से गुम था । वह उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर का रहने वाला था । उसका गोलियों से बिंधा शव आज प्रातः बेरका बाईपास के निकट पड़ा पाया गया ।

सिपाही मरा : थाना कत्थूनंगल में आज रात्रि साथी के हथियार से चली गोली से एक पुलिस कांस्टेबल बचित्तर सिंह मारा गया ।

रबड़ फैक्टरी में आग से तीन



गणतंत्र दिव





Jujhar Singh Sahitani

हरमिंदर सिंह संधू की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

संदिग्ध व्यक्तियों ने आदल रोड पर स्थित शराब के एक ठेके को आग लगा दी । आग लगाने से पहले उन्होंने ठेके से शराब की बोतलें लूट लीं ।

पुलिस की गोली से मरा : पट्टी से संवाददाता के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के गांव जौहर राजसिंहवाला में पुलिस की गोली से एक व्यक्ति मारा गया । बताया जाता है कि थाना सदर तरनतारन की पुलिस उक्त गांव में तलाशी लेने जा रही थी । पुलिस को देख कर एक व्यक्ति भाग गया जिस पर पुलिस ने गोली चला दी तथा वह मौके पर ही मारा गया ।

वह आतंकवादी था : 'पस' के अनुसार उक्त व्यक्ति सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया । वह खालिस्तान कमांडो फोर्स का खतरनाक आतंकवादी जरनैल सिंह निवासी गांव जौड़ा था । उसका एक साथी भागने में सफल हो गया । उसके पास से एक हैंड ग्रेनेड तथा ए.के. 47 के कुछ कारतूस बरामद हुए ।

अपहरण : मजीठा पुलिस जिले के मेहता थाने के तहत क्षेत्र से कल रात आतंकवादियों ने एक व्यक्ति गुरशरण सिंह का अपहरण कर लिया ।

हत्या : गुरदासपुर में आतंकवादियों ने कल रात मोहन सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

खिलौना पिस्तौल समेत काबू : डेरा बाबा नानक से चोपड़ा के अनुसार पुलिस ने यहां एक लुटेरा टोले के सरगना केवल सिंह पुत्र बूटा सिंह निवासी गांव मलिकपुर को गिरफ्तार कर लिया । उसके पास से एक खिलौना पिस्तौल तथा एक कृपाण बरामद हुई है ।

महंतनी की हत्या : (ज्ञान मित्तल): बाघा पुराना से कुछ दूर गांव कालेके में आतंकवादियों ने गत रात एक महंतनी ज्ञान कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी । ज्ञान कौर अपने घर में अकेली रहती थी तथा लोगों को 'पूछें' देने का काम करती थी । आज सुबह उसके घर से उसकी गोलियों से छलनी लाश मिली ।

दुकानदार की हत्या : थाना बाघापुराना के गांव रोडे में आतंकवादियों ने जगदीश चंद (35) उर्फ़ दीशा नामक एक दुकानदार की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि आतंकवादियों ने धमकी देकर उससे 50000 रुपयों की मांग की थी, पर वह इतनी रकम देने में असमर्थ था ।

घायल कर दिया : संधी के अनुसार आज दोपहर चंडीगढ़ के सैक्टर 8 में स्कूटर पर सवार 2 अज्ञात व्यक्तियों ने मोहाली निवासी युवक सोहन सिंह को उस समय गोली मार कर घायल कर दिया, जब वह अपने मोटर साइकल पर वहां से गुजर रहा था । हमलावरों, जिनकी आयु 30-35 वर्ष के बीच बताई जाती है, के बारे में कुछ भी पता नहीं चल सका । सोहन सिंह को उपचार के लिए स्थानीय पी.जी.आई. में दाखिल करा दिया गया है । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह मामला आपसी दुश्मनी का लगता है । सोहन सिंह को 1984 में ब्लू स्टार आप्रेशन के दौरान चंडीगढ़ के एक धार्मिक स्थल से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हथियार बरामद किये गये थे । चार साल जेल में रहने के बाद सोहन सिंह डेढ़ वर्ष पूर्व रिहा होकर बाहर आया था ।

आभूषण लूटे : होशियारपुर में गत रात

Punjabi Tribune

ई शिकायत पर उसके पति
वान दास और सास जनक
विरोधी कानून के अंतर्गत
है । उनकी गिरफ्तारी किसी
ड्की ने ससुराल वालों पर
ने का आरोप लगाया है ।

ह और टोहरा की
में बातचीत

चरी (धीमान): अकाल तख्त
सिंह तथा शिरोमणि कमेटी के
की आज यहां बंद कमरे में दो
जिसमें वर्तमान स्थिति तथा
न सन्धू की हत्या पर विचार

दृष्टिकोण से
बुलझाई जाएंगी

जनवरी (प.स.): नवगठित
योजना के दौरान गांधीवादी
देश की सामाजिक, आर्थिक
न करने के पक्ष में है । योजना
सेठी और आर. अंसारी ने एक
ा कही । उन्होंने कहा कि इस
के लिए पंचायतों को मजबूत
क लोकतांत्रिक विकेंद्रीयकरण
हुत आवश्यक है ।

द्वारा विधानसभा की
यों पर संतोष व्यक्त

जनवरी (प.स.): चुनाव आयोग
द्र शासित प्रदेश पांडिचेरी में
तारीख को होने वाले चुनावों
न्धों की समीक्षा की और इसे
चुनाव आयोग के उपायुक्त ने
ज संवाददाताओं को बताया कि
ज्यों में चुनाव की तैयारियों के
की बातचीत आज परी की ।
योग ने आज मणिपुर, हिमाचल
णाचल प्रदेश, उड़ीसा और
व्यवस्था के बारे में बातचीत
ष्ट्र, राजस्थान और मध्य प्रदेश
सिलसिले में कल बातचीत हुई
अध्यक्षता चुनाव आयुक्त
स्त्री ने की। इसमें राज्यों के
चुनाव अधिकारियों, पुलिस के
लावा गृह मंत्रालय के एक
ा लिया ।
चुनाव सामग्री उपलब्ध कराने,
बनाए रखने के लिए केंद्रीय
ड, प्रेक्षकों की नियुक्तियां तथा
की पहचान करने आदि मुद्दों पर

ज्ञापन

मुमशुदा

adeep Marketing (P)
र्म नं. 31:FW 1989-
ना सिटी में खो गया है, जिसको

गांव रोडे में आतंकवादियों ने जगदीश चंद (35) उर्फ़ दीशा नामक एक दुकानदार की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि आतंकवादियों ने धमकी देकर उससे 50000 रुपयों की मांग की थी, पर वह इतनी रकम देने में असमर्थ था ।

घायल कर दिया : संघी के अनुसार आज दोपहर चंडीगढ़ के सैक्टर 8 में स्कूटर पर सवार 2 अज्ञात व्यक्तियों ने मोहाली निवासी युवक सोहन सिंह को उस समय गोली मार कर घायल कर दिया, जब वह अपने मोटर साइकल पर वहां से गुजर रहा था । हमलावरों, जिनकी आयु 30-35 वर्ष के बीच बताई जाती है, के बारे में कुछ भी पता नहीं चल सका । सोहन सिंह को उपचार के लिए स्थानीय पी.जी.आई. में दाखिल करा दिया गया है । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह मामला आपसी दुश्मनी का लगता है । सोहन सिंह को 1984 में ब्ल्यू स्टार आप्रेशन के दौरान चंडीगढ़ के एक धार्मिक स्थल से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हथियार बरामद किये गये थे । चार साल जेल में रहने के बाद सोहन सिंह डेढ़ वर्ष पूर्व रिहा होकर बाहर आया था ।

आभूषण लूटे : होशियारपुर में गत रात सदर थाना के अन्तर्गत सुभाषनगर टिब्बा साहब के निकट तीन सशस्त्र लुटेरों ने सुमन बाला नामक महिला से उसके घर से 10000 रुपए मूल्य के आभूषण लूट लिए । पुलिस ने बताया कि भागते समय वे कैनाल कालोनी से एक व्यक्ति मलकीयत सिंह का स्कूटर भी छीन कर ले गए ।

डेढ़ लाख रुपया लूटा : बाघा पुराना (जालन्धर): 4 आतंकवादियों ने आज यहां के स्थित बाजार में एक आढ़ती फर्म मैसर्ज बाबा बन्ता ब्रदर्ज के मुनीम कलदीप कमार का अपहरण कर लिया, जब वह बैंक में से डेढ़ लाख रुपए निकलवा कर वापिस आ रहा था । आतंकवादी इस मुनीम को यहां से 8-9 कि.मी. दूर मोर्चे लंडे के निकट हाथ-पैर बांध कर छोड़ गए तथा धन राशि लूट कर ले गए । पुलिस अनुसार के तौर पर इस मुनीम को ही हिरासत में ले लिया है ।

दूध का टैंकर ले गए : कुछ संदिग्ध आतंकवादी बाघापराना थाना के गांव समालसर के निकट दूध का एक टैंकर छीन कर ले गये । टैंकर में सवार तीनों व्यक्ति समालसर के निकट एक पेड़ से बंधे मिले हैं ।

147 के विरुद्ध केस वापस किये : जैतो (फरीदकोट): फरीदकोट में आतंकवाद से संबंधित केसों में गिरफ्तार 147 व्यक्तियों के खिलाफ केस वापस ले लिये गये हैं । यह जानकारी एस.एस.पी. श्री सतीश शर्मा ने दी ।

चौकीदार की हत्या : उग्रवादियों ने गत रात्रि किसी समय एक पी.डब्ल्यू.डी. के स्टोर के चौकीदार की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने कहा है कि चौकीदार की किशोर के रूप में शिनाख्त की गई है, जो कल से गुम था । वह उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर का रहने वाला था । उसका गोलियों से बिंधा शव आज प्रातः बेरका बाईपास के निकट पड़ा पाया गया ।

सिपाही मरा : थाना कत्थूनंगल में आज रात्रि साथी के हथियार से चली गोली से एक पुलिस कांस्टेबल बचित्तर सिंह मारा गया ।

रबड़ फैक्टरी में आग से तीन लाख रुपए की क्षति

जालन्धर, 24 जनवरी : स्थानीय शहीद बाबू



डीज़ल कम्पोनैंट वर्क
में लगाई गई प्रदर्शनी
के उद्योग सचि

कुन्दरा द्वारा प्र

चंडीगढ़, 24
उद्योग सचिव ने आज
की कि वे मार्कीट में
रखने के लिए अपने
प्रयोग करें ।

डीजल कम्पोनैंट
से मोहाली में आयोजि
करते हुए श्री कुन्दरा
गुणवत्ता नियंत्रण
आधुनिक तकनीक
कम्पोनैंट्स कामों
फैक्टरी कपूरथला
आवश्यकता पूर्ण क

राजीव-ज

मद्रास, 24 ज
महासचिव जयललि
राजीव गांधी से राज
ने लगभग बीस मिन

'टीपू सुल्त
बारे

नई दिल्ली,
विश्वविद्यालयों के
टीपू सुल्तान के जी
टैलीविजन धारावा
कोशिश इतिहास
भड़काने का एक अ

इन इतिहासक
वक्तव्य में कहा कि
बारे में फैसला साम्प्र
धारावाहिक के गुण
चाहिए ।

शाम के भ

दिल्ली क्लाथ 52
70.25, चांदी (999)
सिक्का (प्रति सैकड़ा) 76
सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम)
(प्रति टीन) 351-356,
350-365, तेल सरसों
सोयाबीन (प्रति 10 किलो
तिल तेल (10 किलो) 2
चावल खाद्य (10 किलो
111, फैटूटी एंसड आय
किलो) मई 130.20, ज
40.85 रुपए ।

दिल्ली शेयर
335.00, आंध्र सीमैंट
53.50, एंशयन होटल
डी.सी.एम. लि. 52.00
होटल 63.50, एस्काट
स्पैशलिटीज 107.00,
39.50, एच.एम.एम.
लीवर 106.00, हिन
82.50, इंडियन रय
(22/1), के.के. सिमैं
77.50, कंपीनेटर इ
रुबी 71.00, एल.ए

Punjab Sanatan

डिस्ट्रीब्यूटरों की
स्मृति
ने का साबुन
ाग पाऊडर
र्क करें :-
सोप मिल्स
का, दिल्ली-41
5471534
CHARAN

पंजाब में 6 उग्रवादी मरे, भाकपा वर्कर सहित 3 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 25 जनवरी (वार्ता, प.स.): पंजाब में गतरात के बाद से सतनाम सिंह सत्ता कैरों गांव समेत 6 आतंकवादी मारे गए । भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के एक वर्कर सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । तपा मंडी में एक इंका नेता पर घातक हमला किया गया ।

आतंकवादियों को आश्रय देने वाले का शव बरामद : बटाला (कोछड़): बटाला थाना सदर पुलिस ने आज प्रातः गांव दाबांवाली में नहर के निकट से एक व्यक्ति अनूप सिंह (60) की लाश बरामद की । पुलिस के अनुसार अनूप सिंह उक्त गांव में स्थित अपने डेरे में आतंकवादियों को शरण देता था । पुलिस ने इस हत्या का कारण आतंकवादियों की निजी शत्रुता बताया है । घटनास्थल से ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल के चार खाली कारतूस भी मिले हैं ।

इंका नेता पर हमला : तपा मंडी से 'गर्ग' के अनुसार गत रात लगभग आठ बजे दो अज्ञात व्यक्तियों ने यहां की गली नम्बर पांच के बाहर अंधाधुंध फायरिंग करके जिला कांग्रेस (इ) के उपप्रधान श्री रघुबीर चन्द तथा उनके गनमैन सहित चार व्यक्तियों को घायल कर दिया । अन्य घायलों के नाम ठेकेदार बचना राम, तेजपाल पक्खो, सतपाल तथा रघुबीर चन्द का गनमैन चिड़ी हैं । लोगों द्वारा मौका पर इकट्ठे होकर जवाबी फायरिंग की गई और पुलिस भी तत्काल हरकत में आ गई जिसके कारण आतंकवादियों को भागना पड़ा । श्री रघुबीर चन्द उस समय अपने शराब के ठेके से घर जा रहे थे । आतंकवादियों ने ए.के. 47 असाल्ट राइफलों का प्रयोग किया । घटनास्थल पर दस चले हुए कारतूस मिले हैं । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

फैडरेशन धड़ों को चेतावनी : पटियाला (भूषण): भिंडरांवाला सैफ़र्न टाइगर्स फ़ोरम की एक बैठक किसी अज्ञात स्थान पर एरिया कमांडर भाई किरणदीप सिंह की अध्यक्षता में हुई जिसमें आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन के धड़ों को आपसी लड़ाई बंद करने तथा अपनी पंक्तियों में एकता स्थापित करने की चेतावनी दी गई, अन्यथा उन्हें 'गुरमत' के अनुसार दंड दिया जाएगा । बैठक में सिमरनजीत सिंह मान पर हुए हमले की निन्दा की गई तथा सांसद राजदेव सिंह की भूमिका पर अप्रसन्नता व्यक्त की गई ।

बस्सी पठानां में मुठभेड़ : आज सायं बस्सी पठानां में पुलिस की नाका पार्टी के साथ आतंकवादियों की मुठभेड़ हुई लेकिन किसी ओर कोई घायल नहीं हुआ ।

हैड-कांस्टेबल की हत्या : तरनतारन पुन्नू के अनुसार प्रातः लगभग दस बजे नागोकें अज्ञात व्यक्तियों ने एस.पी.ओ. चौकी पर हमला कर दिया । इस गोलीबारी में चौकी का मुंशी हैड-कांस्टेबल देसराज मारा गया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

कम्युनिस्ट कार्यकर्त्ता की हत्या : पट्टी

(शेष पृष्ठ 12 पर)

ा और
ा जाए
नाम संदेश
फैलाते हैं

देश में देशवासियों को हुए अपील की कि हमें को समझने के लिए हृदय ताकि मतभेद विरोध का

ण में शिक्षा, जनसंख्या वाद और सरकारी खर्चों हित विभिन्न विषयों का

देश के कुछ भागों में मल रहे प्रोत्साहन और क्त की है । उन्होंने म्मू-कश्मीर राज्य के य रूप से अपील करना हिंसा का पूर्ण रूप से स है कि जम्मू-कश्मीर या एवं राष्ट्रीय सुरक्षा कार तथा प्रशासन को रंगे ।

हरी चिंता व्यक्त करते ाओं से भारत के अनेक है । ये घटनाएं हमारी तिकूल हैं । उन्होंने नों गृहमंत्री की पुत्री के तापूर्ण बताते हुए कहा के अपराध करते हैं, वे ही उन उद्देश्यों का



(1) अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के महासचिव श्री हरमिंदर सिंह संधू की शव यात्रा वीरवार को अमृतसर में उनके निवास से शुरू हुई । (इन्सैट) उनका पुराना चित्र । (2) सिख छात्र संघ के सदस्य नंगी तलवारें लिए साथ चलते हुए, (3) सिख छात्र संघ के प्रधान भाई मनजीत सिंह, भाई जसवीर सिंह रोडे, श्री ध्यान सिंह मंड तथा अन्य नेता अरदास में शामिल हुए । (छाया : रवि भंडारी)

कश्मीर घाटी में फायरिंग से 20 मरे : वायुसेना अधिकारी, 3 जवानों की हत्या

राज्यपाल तथा प्रधानमन्त्री द्वारा उपद्रवियों को कड़ी चेतावनी

सुरक्षा कर्मियों से शस्त्रास्त्र छीने

श्रीनगर, 25 जनवरी (वार्ता, प.स.): उग्रवादियों की गोली से आज यहां से थोड़ी दूर रावलपुरा हाऊसिंग कालोनी के निकट एक स्क्वाड्रन लीडर समेत वायुसेना के चार जवान मारे गए और नौ घायल हुए । यह जानकारी आज यहां एक सरकारी प्रवक्ता ने दी है । इस बीच जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल श्री जगमोहन ने इस घटना की निन्दा की है । उन्होंने हमलावरों को पकड़ने में मददगार सूचना देने वाले को 25 हजार रुपए का इनाम देने का ऐलान किया है । सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उग्रवादी मोटर साइकल पर सवार थे । उग्रवादियों की संख्या दो थी । मृतक अधिकारी का नाम रवि खन्ना बताया जाता है ।

उग्रवादी हमले में मरने वाले तीन अन्य कर्मियों के नाम हैं— कार्पोरल उदय शंकर, कार्पोरल धून और एयरक्राफ्टमैन आजाद अहमद । घायल वायुसेना कर्मियों में एक महिला श्रीमती एस.के. श्रीवास्तव हैं । वह एयरक्राफ्टमैन एस.के. श्रीवास्तव की पत्नी है । अन्य घायलों के नाम हैं—फ्लाइट लै. बी.आर. शर्मा, जूनियर वारंट अफसर एम.एन. नाथानी, कार्पोरल एच.सी. गुप्ता, पी.के. मिश्रा, जी. कुमार, एन. सलीम, जोशी, राजना और लीडिंग एयरक्राफ्टमैन पांडे । इनमें से पांच की हालत गम्भीर है ।

प्रवक्ता ने बताया कि यह घटना उस सम जब वायुसेना के ये जवान एक चौराहे पर उ

उतारू भीड़ पर काबू पाने के लिए सुरक्षा बलों ने गोलियां चलाईं, जिससे 20 व्यक्ति मारे गए और 40 घायल हो गए । सरकारी सूत्रों के अनुसार पांच घायल व्यक्तियों की हालत गम्भीर है । हिंसक भीड़ ने तीन सरकारी इमारतों और सरकारी डाक बंगले को आग लगा दी थी ।

पूर्व बिजली मंत्री और कांग्रेस (इ) के नेता जी.आर. कार ने बताया कि फायरिंग से 20 व्यक्ति

(शेष पृष्ठ 12 पर)

कश्मीर पर सर्वदलीय बैठक सम्भावित

नई दिल्ली, 25 जनवरी (प.स.): जम्मू-कश्मीर समस्या के समाधान के सिलसिले में सर्वदलीय बैठक बुलाने के प्रयास जारी हैं । एक सरकारी प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि इस संबंध में केंद्रीय गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद ने वामपंथी दलों से बातचीत की । गृहमंत्री जनता के वरिष्ठ नेता चंद्र शेखर सहित पार्टी के कई अन्य नेताओं से बातचीत कर चुके हैं । अन्य दलों से बातचीत जारी है ।

माघ मेला क्षेत्र में 5 बम विस्फोटों में 4 मरे

इलाहाबाद, 25 जनवरी (वार्ता): प्रयाग में संगम तट पर बसे माघ मेला क्षेत्र में आज रात हुए कई बम विस्फोटों में 4 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई तथा कम से कम 9 घायल हो गए । घटना लगभग आठ बजे हुई और 40 मिनट के अंदर कम से कम पांच स्थानों पर बम विस्फोट हुए । पुलिस अधीक्षक (नगर) ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि इसके पीछे किसी सुनियोजित कार्रवाई से इंकार नहीं किया जा सकता ।

अरुण शोरी, एन. राम पद्म भूषण, विजय कुमार चोपड़ा, बरजिंदर सिंह पद्मश्री से सम्मानित

नई दिल्ली, 25 जनवरी (वार्ता): इस वर्ष गणतंत्र के अवसर पर छः व्यक्तियों को पद्म विभूषण, 25 को पद्म भूषण तथा 69 व्यक्तियों को पद्मश्री से सम्मानित किया गया है । देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारतरत्न इस बार किसी को नहीं दिया गया है ।

पद्म विभूषण से सम्मानित व्यक्तियों में श्री टी.एन. चतुर्वेदी तथा कुमार गंधर्व, पदम भूषण प्राप्त करने वालों में पत्रकार अरुण शोरी, एन. राम तथा निखिल चक्रवर्ती, पंडित जसराज शामिल हैं ।

लाल मिश्र 'प्रभाकर' तथा श्याम सिंह शशि, पर्वतारोही चन्द्रप्रभा अटवाल, नृत्यांगना कनक रेले, लीला सेमसन तथा माधवी मुदगल भी शामिल हैं ।

कला प्रोत्साहन के लिए डा. श्रीमती वपिला वात्सायन को भी पद्मश्री से सम्मानित किया गया है ।

गुरदासपुर के श्री प्रेम चंद (बाडी बिल्डिंग), शिमला के डा. राजेन्द्र सिंह (टाइप राइटिंग), प्रो. राम नाथ शास्त्री (डोगरी), जम्मू को भी पद्मश्री से सम्मानित किया गया है ।

1121 दैनिक पंजाब केसरी जालन्धर 26.1.1990

पंजाब में आतंकवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

पत्रकार के अनुसार आज प्रातः भिखीविंड के निकट आतंकवादियों ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के एक कार्यकर्त्ता जसवंत सिंह बोपाराय की गोली मारकर हत्या कर दी । जसवन्त सिंह पैरा-मैडीकल कर्मचारी यूनियन अमृतसर क्षेत्र का महासचिव था । वह सुरसिंहवाला के अस्पताल में फार्मासिस्ट के तौर पर काम करता था । प्रातःकाल जब वह अपने गांव कैले से ड्यूटी देने के लिए मोटर साइकल पर सवार होकर सुरसिंह जा रहा था तो रास्ते में आतंकवादियों ने उसको रोककर गोलियां मारकर मार डाला ।

दोनों हत्यारे मारे गए : बाद की खबर है कि जसवंत सिंह तथा हैड-कांस्टेबल देसराज की हत्या के लिए जिम्मेदार दोनों आतंकवादी सायं के समय सरहाली मंडी के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए । पुलिस के अनुसार दोनों आतंकवादियों को, जो कि मोटर साइकल पर सवार थे, सुरक्षा बलों ने चुनौती दी तो रुकने की बजाए वह गोलियां चलाने लगे । इसके बाद हुई मुठभेड़ में दोनों आतंकवादी मारे गए । उनमें से एक की पहचान सतनाम सिंह उर्फ सत्ता गांव कैरों के रूप में हुई । घटनास्थल पर एक चीनी राइफल तथा 300 कारतूस बरामद हुए ।

दो दुकानें लुटीं : पट्टी में रेलवे रोड पर स्थित दो दुकानों को आज अज्ञात व्यक्तियों ने लूट लिया । अज्ञात व्यक्ति पहले एक कपड़े की दुकान में गए जहां से वह 9 थान कपड़ा और 300 रुपए नकद लूटकर ले गए । थोड़ी देर बाद वह एक किराना की दुकान पर गए तथा वहां से गल्ले में से 200 रुपए की नकदी लूट कर फरार हो गए ।

दो आतंकवादियों के शव मिले : थाना पट्टी के गांव तलवंडी सोभासिंह में पुलिस ने दो आतंकवादियों के गोलियों से छलनी शव बरामद किए हैं । इन शवों के बारे में गांव वालों ने आज सुबह पुलिस को सूचना दी थी । पुलिस ने मौका पर पहुंचकर मृतकों की जेबों आदि की तलाशी ली । वहां से खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक पत्र मिला जिस पर गुरजंट सिंह बुधसिंहवाला, निशान सिंह मक्खू, बलविंदर सिंह मंडे तथा जबर जंग के हस्ताक्षर हैं । पत्र में लिखा है कि दोनों मृतक लूटमार की वारदातें करते थे तथा उन्होंने गत दिनों गांव पटियाला में बहकों (फार्म हाऊसों) को लूटा था । एक मृतक की जेब में ड्राइविंग लाइसैंस मिला है जिस पर जसविन्दर सिंह वल्द गुरदयाल सिंह लिखा हुआ है । मृतकों की पहचान नहीं हो सकी ।

27 हज़ार रुपए लूटे : अमृतसर (मनोहर): गत रात्रि हथियारबंद उग्रवादी पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के स्वर्गीय जनरल सैक्रेटरी जयइन्द्र सिंह के पुत्र मनिन्द्रजीत सिंह हीरा के कोट खालसा स्थित ईंटों के भट्ठे से 27 हज़ार रुपए लूट कर ले गए हैं । बताया जाता है कि यह राशि कुछ पल पहले कोई ईंटों के लिए दे गया था ।

पटवारी की हत्या : मुक्तसर से दर्दी, दीपक के अनुसार गत रात लगभग आठ बजे उग्रवादियों द्वारा यहां से 11 किलोमीटर दूर वड़िंग गांव के निकट कार पर की गई फायरिंग से एक पटवारी की मृत्यु हो गई जबकि एक घायल हो गया । हरदयाल सिंह बेदी, जोकि फरीदकोट में माल पटवारी के रूप में तैनात था तथा मुक्तसर का ही एक अन्य पटवारी लाजपत रात हो जाने के कारण कोटकपूरा से कार में आ रहे थे । फायरिंग होने से पीछे बैठे हरदयाल सिंह मौके पर मारा गया । पी.यू.यू. 9209 एम्बैसेडर कार का ड्राइवर व उसका एक अन्य साथी बाल-बाल बच गए ।

एक उग्रवादी मारा गया : आज सायं जिला भटिंडा के थाना मौड़ मंडी में गांव पीठकोट में सुरक्षा बलों और उग्रवादियों में हुए मुकाबले में एक उग्रवादी मारा गया । सरकारी सूचनाओं के अनुसार कुछ उग्रवादी गांव ऊबा के ग्रामीण बैंक की शाखा से एक बंदूक छीन कर भाग रहे थे कि गश्त कर रही सुरक्षा बलों की एक टुकड़ी ने उनका पीछा किया, जिस पर मुकाबला हुआ । अंतिम समाचार मिलने तक मुकाबला जारी था ।

ज़फरवाल के निकट मुठभेड़ : गुरदासपुर जिला के गांव ज़फरवाल के निकट बी.एस.एफ. तथा 10 आतंकवादियों के मध्य मुठभेड़ हुई, लेकिन आतंकवादी बच कर निकलने में सफल हो गए ।

संधू की अंत्येष्टि

(पृष्ठ 3 का शेष)

रहीं । बंद के दौरान किसी असुखद घटना का समाचार नहीं मिला ।

वार्ता के अनुसार शवयात्रा में शामिल वाहनों में से एक पर लगे बैनर पर खालिस्तान जिन्दाबाद लिखा था जबकि एक अन्य बैनर पर संधू को 'अमर शहीद' बताया गया था । अकाली दल (मान) के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान श्रीनगर में होने के

श्रीनगर में हिंसा

(पृष्ठ 3 का शेष)

घटनास्थल पर ही मारे गए और सौ से अधिक घायल हो गए ।

इस बीच वरिष्ठ सरकारी सूत्रों के अनुसार केंद्र सरकार के आदेश पर दिल्ली से भेजे गए भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला को श्रीनगर से दिल्ली सलाह-मशविरे के लिए ले जाया गया ।

हंदवाड़ा में भारी तनाव को देखते हुए सेना बुला ली गई है ।

इस बीच बड़गाम, मागम, ब्यूरो और अवन्तिपुरा से पूरी तरह कर्फ़्यू उठा लिया गया है । हंदवाड़ा, त्रेहगाम, बारामुला, सोपोर, अनन्तनाग और बीजबहेड़ा से दिन का कर्फ़्यू उठा लिया गया है । श्रीनगर में तड़के पांच बजे से सुबह दस बजे तक कर्फ़्यू उठा लिया गया है, जबकि शोपियां, पामपोर, त्राल और पुलवामा में तड़के पांच बजे से नौ बजे सुबह तक का कर्फ़्यू उठा लिया गया है । शहर में सैनिकों और अर्द्धसैनिक बलों की गश्त जारी है और स्थिति तनावपूर्ण है ।

उपद्रवियों से सख्ती होगी : इस बीच जम्मू और कश्मीर के राज्यपाल श्री जगमोहन ने आकाशवाणी और दूरदर्शन पर अपने प्रसारण में उपद्रवियों को चेतावनी दी कि उनके साथ सख्ती से बर्ताव किया जाएगा । उन्होंने कहा कि सरकार के पास ऐसी सूचना है कि कुछ शरारती और गुमराह तत्व और उनके साथी श्रीनगर और कश्मीर घाटी के अन्य स्थानों पर गड़बड़ी फैलाने की योजना बना रहे हैं । राज्यपाल ने ऐसे तत्वों को चेतावनी दी कि इस तरह के खतरनाक काम से वे बाज आएं वरना उनके साथ सख्ती से बर्ताव किया जाएगा । श्री जगमोहन ने जनता से अपील की कि वह अपने दिमाग से डर निकाल दे । राज्यपाल ने कहा कि अगर गड़बड़ी जारी रही तो कानून और व्यवस्था के रखवालों को जनता के जान-माल की हिफाज़त के लिए कदम उठाने पड़ेंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी शरारती और गुमराह तत्वों तथा उनके साथियों पर होगी । इस बीच अनन्तनाग में कई पुलिस कर्मियों ने अपनी मांगों के समर्थन में आज एक जलूस निकाला ।

सुरक्षा कर्मियों पर हमला : उग्रवादियों ने राजौरी कदल में भी सुरक्षा कर्मियों पर गोली चलाई । वहां कोई हताहत हुआ है या नहीं, इस बात की अभी तक पुष्टि नहीं हुई है । इस बीच आज प्रातः वायुसेना के चार कर्मियों की हत्या की घटना के बाद

गुमशुदा की तलाश

मेरा भाई धर्मपाल उर्फ मोहन सुपुत्र श्री हकम चंद, गांव सिद्धपुर (नीलोखेड़ी), उम्र 27 वर्ष, कद 5½', रंग सांवला, जिसके बाज़ू पर नाम खुदा हुआ है । गूंगा व बहरा है, दिनांक 11.9.89 से नीलोखेड़ी से लापता है । जिस भी व्यक्ति को इसके बारे में पता चले, उसे उचित इनाम दिया जाएगा ।



रोशन लाल
C/o. चावला ट्रेडर्स,
अनाज मंडी, कुरुक्षेत्र (फोन : 29 P.P.)

क्लासीफाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 25.1.90, 60/- without trays, NECC Suggested Retail Price 8/- Per Dozen.

नाम परिवर्तन

I, Subedar Clerk Kuldip Singh S/o Pardhan Singh, resident of village post office Tikkar, Distt. Kangra, Himachal, have changed my name from Kuldip Singh

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.
रविवार 28 जनवरी, 1990 तदनुसार 15 माघ 2046

• A Sure way to Success
• A Great way to Success
• A Tried way to Success
For 5th, 6th, 7th, 8th, 9th, 10th, 11th, 12th, B.A. Part I, II, III
Available with your Local Book Sellers

PLASTIC & COSMETIC SURGERY
BHUPINDER NURSING HOME
MILAP ROAD, JALANDHAR
Phones : 55828, 74569.

आठ राज्यों
चुनाव कराय
गुजरात, हि
उड़ीसा औ

तलवंडी के निकट साथी, एक हैड-कांस्टेबल व इंका नेता सहित 11 व्यक्तियों की हत्या

आतंकवादियों द्वारा एम्बुलैंस वाहन पर फायरिंग, ड्राइवर घायल

चंडीगढ़, 27 जनवरी (वार्ता, पस): पंजाब में गत दो दिनों में अकाली दल (बादल) के नेता जत्थेदार जगदेव सिंह तलवंडी के एक निकट साथी, एक हैड कांस्टेबल तथा एक इंका नेता सहित 11 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । आतंकवादियों ने एक एम्बुलैंस वाहन पर फायरिंग की । बी.एस.एफ. का एक सब-इंस्पैक्टर आतंकवादियों के हमले में घायल हो गया ।

इंका नेता की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): सशस्त्र आतंकवादियों ने आज प्रातः अमृतसर जिला के गांव भिलाईपर में ब्लाक कांग्रेस (इ) के पूर्व अध्यक्ष श्री हरबंस सिंह की हत्या कर दी । बताया जाता है कि आतंकवादी एक मोटर साइकल पर आये तथा हरबंस सिंह को बातों में उलझा कर उन पर गोलियां बरसाईं । श्री हरबंस सिंह को गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भरती कराया गया जहां उनकी मृत्यु हो गई ।

पर्व सरपंच की हत्या : पुलिस ने बताया कि गत रात थाना झब्बाल के अंतर्गत गांव कम्बोज में एक पूर्व सरपंच हरभजन सिंह की आतंकवादियों ने हत्या कर दी । आतंकवादियों ने जब हमला किया उस समय हरभजन सिंह कुछ अन्य लोगों के साथ जगत सिंह के ट्यूबवैल पर बैठा था । हत्यारों ने अन्य लोगों को कुछ नहीं कहा ।

तलवंडी सोभा सिंह में हत्या : आतंकवादियों ने गत आधी रात के लगभग थाना पट्टी के गांव तलवंडी सोभा सिंह में एक व्यक्ति राज सिंह की हत्या कर दी । यह वही गांव है जहां से गत दिवस पुलिस ने 2 गोलियों से छलनी लाशें बरामद की थीं ।

इसी बीच गत दिनों तरनतारन पुलिस जिला में एक मुठभेड़ में मारे गये आतंकवादियों की पहचान सतनाम सिंह उर्फ सत्ता तथा दिलबाग सिंह के रूप में हुई है ।

हैड कांस्टेबल की हत्या : गत सायं मजीठा पुलिस जिला में गांव मत्तेनंगल के बाहर आतंकवादियों ने घात लगा कर पंजाब पुलिस की एक पार्टी पर हमला किया जिसमें एक हैड कांस्टेबल बलवंत सिंह की मृत्यु हो गई तथा 2 कांस्टेबल घायल हो गये ।

लड़के के अपहरण का प्रयास : पट्टी (पाठक): यहां के एक प्राइवेट स्कूल के प्रिंसीपल के लड़के का अपहरण करने की कोशिश की गई । बताया जाता है कि कुछ सशस्त्र उग्रवादी स्कूल की दीवार फांद कर अंदर घुस गए और स्कूल के प्रिंसीपल के लड़के को उठा कर भागने लगे कि लड़के का दूसरा भाई भाग कर सुरक्षाबलों के पास पहुंच गया । सुरक्षा दस्ते तुरन्त घटनास्थल पर पहुंच गए । इस पर उग्रवादी लड़के को छोड़ कर भाग खड़े हुए । सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों की खोज में कई जगह छापे मारे लेकिन उग्रवादी भागने में सफल हो गये ।

संत व 2 अन्य की हत्या : लुधियाना (धीमान): यहां से 40 किलोमीटर दूर गांव तुगल में कल रात एक आतंकवादी ने संत निर्मल सिंह व उसके दो शिष्यों अजीत सिंह व हरभजन सिंह की हत्या कर दी । बताया जाता है कि संत निर्मल सिंह अपने डेरे में खाना खा रहे थे । एक युवक जिसने लाल पगड़ी बांध रखी थी और लोई लपेटी हुई थी, वहां आया तथा आते ही ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल से गोलियां चलानी आरम्भ कर दीं जिससे तीनों व्यक्ति घटना स्थल पर ही मारे गये । हत्यारा पैदल ही आया था तथा पैदल ही वहां से चला गया ।

संत निर्मल सिंह अकाली दल (बादल) के प्रधान जत्थेदार जगदेव सिंह तलवंडी के निकटतम साथियों में से एक थे । गत वर्ष 29 नवम्बर को तलवंडी गांव के निकट आतंकवादियों ने जत्थेदार जगदेव सिंह तलवंडी की हत्या का प्रयास किया था जिसमें एक पुलिस कांस्टेबल व एक अन्य व्यक्ति मारा गया था जबकि जत्थेदार तलवंडी, संत निर्मल सिंह तथा उनका एक अन्य साथी घायल हो गये थे । वे कई मास तक अस्पताल में उपचाराधीन रहे । उस समय संत निर्मल सिंह को 9 गोलियां लगी थीं । सौभाग्यवश वह उस हमले में बच गये थे । संत निर्मल सिंह को सुरक्षा गार्ड भी मिले हुए थे । बताया जाता है कि वह भी कुछ फासले पर खाना खा रहे थे ।

जत्थेदार तलवंडी ने संत निर्मल सिंह की हत्या पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि वह अपने प्रिय साथी से बिछुड़ गये हैं । वह तुगल गांव में बहुत सेवा करते थे । उन्होंने कहा कि 29 नवम्बर को जब उन पर गोलियां चली थीं उस समय उन्होंने जो

(शेष पृष्ठ 12 पर)

मणिपुर में एक उम्मीदवार की हत्या

इम्फाल, 27 जनवरी (वार्ता): नागालैंड के



अकाली दल (मान) के अध्यक्ष श्री सिमरनजीत सिंह मान अमृतसर श्री हरमिन्दर सिंह संधू के निवास-स्थान पर शोक व्यक्त करते हुए व छात्र नेता स. राजेंद्र सिंह मेहता भी दिखाई दे रहे हैं । याद रहे कि गोली मार कर हत्या कर दी थी ।

संधू की हत्या कि एजैंसी का काम हो स

अमृतसर, 27 जनवरी (सग): आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के महासचिव हरमिंदर सिंह संधू की हत्या किसी सरकारी एजैंसी का काम हो सकता है फिर भी इस सम्बन्ध में इस समय मैं ठीक से कुछ नहीं कह सकता । इतना अवश्य है कि संधू की हत्या से पंथ और अकाली दल को बहुत हानि हुई है । यह बात श्रीनगर से लौटने के बाद अकाली दल (मान) के प

संधू की हत्या की पहली योजना विफल हो गई थी : हत्या का बदला शीघ्र : गुरवीर

अमृतसर, 27 जनवरी (मनोहर): आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के महासचिव हरमिन्द सिंह संधू की हत्या के पीछे दो खूंखार आतंकवादियों का हाथ समझा जा रहा है । ये दोनों जिला अमृतसर से सम्बन्धित हैं । इससे पहले भी एक बार इस जत्थेबंदी ने श्री संधू की हत्या की योजना बनाई थी मगर वह सफल नहीं हुए । बताया जाता है कि इसी गुट ने एक बार पहले पट्टी के पास घात लगाई हुई थी और एक तरफ से संधू ने निकलना था और उस पर चीनी असाल्टों के बर्स्ट चलाए जाने थे, जिससे अन्य भी कई नेता मारे जा सकते थे, मगर संधू उस रोज पट्टी स्थित फैडरेशन की कन्वैंशन में शामिल होने नहीं गए । प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री संधू की खालिस्तान कमांडो फोर्स के चीफ जनरल मुतक लाभ सिंह के साथ काफीठनती थी बलाभसिंह अपने गिरोह से हमेशा ही संधू के निशाने की बात करते कहते कि जिस दिन संधू जेल से बाहर आया, वह उसे निशाना बनाएगा । जिम्मेवारी लेने वाली जत्थेबंदियों ने विशेष तौर पर जनरल लाभ सिंह का नाम अंकित किया और कहा कि वह कहते थे कि संधू सरकारी एजैंट है । संधू की हत्या के कुछ दिन पूर्व भी एक हत्यारा संधू के निवास का हुलिया देख गया था । हत्या करने वाले दोनों खूंखार आतंकवादियों पर एक-एक लाख का इनाम है । यहां तक कि हत्यारे हत्या के आधा घंटा बाद सुरक्षित जगह पर पहुंच गए जहां से उन्होंने पत्रकारों को फोन पर जिम्मेदारी ली ।

कश्मीर स्थिति पर वी.पी. सिंह-फारूक वार्ता

नई दिल्ली, 27 जनवरी (पस): जम्मू-कश्मीर के भूतपूर्व मुख्यमंत्री डा. फारूक अब्दुल्ला ने आज यहां प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह से भेंट की । प्रधानमंत्री डा. अब्दुल्ला के बीच एक घंटे से भी

राम मंदिर का निर्माण 14 फरवरी से

इलाहाबाद, 27 जनवरी (वार्ता): अयोध्या में राम जन्म भूमि मंदिर का निर्माण कार्य 14 फरवरी से शुरू होगा । विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की आज यहां सम्पन्न बैठक में यह निर्णय लिया गया । बैठक में इस सम्बन्ध में एक प्रस्ताव भी पारित किया गया ।

राम जन्म भूमि मुक्ति संघर्ष समिति के संयोजक स्वामी चिन्मयानंद तथा विश्व हिन्दू परिषद के महामंत्री अशोक सिंघल ने आज यहां पत्रकारों को यह जानकारी दी ।

श्री सिंघल ने बताया कि प्रस्तावित मंदिर के निर्माण पर लगभग 25 करोड़ रुपए का खर्च आएगा । निर्माण कार्य 14 फरवरी को अपरान्ह तीन बज कर सात मिनट पर शुरू होगा । प्रस्ताव में कहा गया है कि निर्माण कार्य निर्धारित स्थल पर किया जाएगा । ज्ञातव्य है कि नवम्बर माह में इस मंदिर का निर्माण कार्य रोक दिया गया था ।

मार्गदर्शक की बैठक में पारित एक अन्य प्रस्ताव

Punjab Sanatani

ज़रलैंड ने सभी संदिग्ध पर प्रतिबंध लगाया

ल्ली, 27 जनवरी (वार्ता): राष्ट्रीय मोर्चा आज दावा किया है कि बोफोर्स तोप सौदे में ने वालों के नाम मालूम करने के लिए शुरू नुनी और अन्य प्रक्रिया के परिणाम सामने । एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि इस बारे में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के बाद के भीतर ही स्विटरज़रलैंड के गों ने संदिग्ध बैंक खातों पर रोक लगा दी ना ने दोहराया कि वादे के अनुरूप सरकार बिना वजह परेशान किए बिना कानूनी ी रखेगी । सरकार के कम्पनी पर दबाव लिए नए सौदों पर पाबंदी लगा दी है, ोदे की गहन समीक्षा जारी है जबकि स्तावेजों की जांच के फलस्वरूप प्रथम र्ट दर्ज की गई है ।

राजदेव सिंह
(पृष्ठ 3 का शेष)

दर सिंह और सिंह साहिब भाई शविंदर त्तिविधियों की जांच के लिए नहीं बनाई नकार गुरतेज सिंह के अधिकारों को भी चुनौती दे दी गई है । श्री गुरतेज सिंह का कि उन्होंने अमृतसर में कार्यसमिति की द पत्रकारों को जो कुछ बताया वह श्री लाह और बैठक में पाई गई सहमति के था ।अब यह काम श्री मान का है कि वह बारे स्थिति स्पष्ट करें, "मैंने कोई बात र नहीं की है ।"

दल (मान) जहां संगठनात्मक रूप से ट में फंस गया है वहां आनन्दपुर साहिब मामले में भी पल्ला छुड़ाने वाली बात कर स पार्टी के एक वरिष्ठ नेता, जिसने अपना खने की इच्छा व्यक्त की है, का कहना है पुर साहिब प्रस्ताव बारे हमसे कुछ मत ारा लक्ष्य तो भारत के अन्दर 'राजनीतिक यं' की प्राप्ति है । इस बारे 10 दिसम्बर नमृतसर में पार्टी की कार्यसमिति की बैठक व पास किया गया है उसमें स्पष्ट तौर पर उत्तरी भारत में तुरन्त एक स्वायत्त क्षेत्र किया जाए जिसमें सिख हितों की रक्षा श की नीति का संवैधानिक आधार हो ।

तलवंडी के साथी की हत्या
(पृष्ठ 3 का शेष)

एफ.आई.आर. दर्ज कराई थी उसमें कथित अभियुक्तों के नाम लिखवाये थे । यदि उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाती तो शायद यह गोलीकांड न होता ।

चौकीदार की हत्या : जिला भटिंडा में सरदूलगढ़ क्षेत्र में सशस्त्र आतंकवादियों ने हथियारों की एक दुकान को लूटने के बाद इसके चौकीदार की हत्या कर दी । आतंकवादी वहां से .12 बोर की चार बंदूकें ले गये ।

आतंकवादियों की पहचान : गत दिनों भटिंडा जिले के पीरकोट गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गये दोनों आतंकवादियों की पहचान लाल सिंह तथा जसविंदर सिंह के रूप में की गई है । इनके एक साथी गुरजीत सिंह उर्फ गुरनाम सिंह को जिंदा पकड़ लिया गया था ।

औरत, उसके संबंधी की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में आधिकारिक सूत्रों के अनुसार गत 25 तथा 26 जनवरी की रात को थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव बौजा में 5 सशस्त्र व्यक्ति एक घर में जबरदस्ती जा घुसे तथा वहां से एक विधवा महिला श्रीमती अमरजीत कौर व उसके संबंधी हजारा सिंह को उनके घर में से निकाल कर ले गये तथा कुछ दूर जाकर उनकी गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार हत्या में ए.के.47 राइफल का प्रयोग किया गया है तथा घटनास्थल से खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक पत्र भी मिला है, जिस पर रछपाल सिंह फौजी के हस्ताक्षर हैं । इस पत्र में इन हत्याओं की जिम्मेवारी लेते हुए लिखा गया है कि चूंकि यह महिला चरित्रहीन थी । इसलिये इसे 'सोधा' गया है ।

इसी रात को थाना सदर बटाला के क्षेत्र अमरपुरा स्थित तैनात सीमा सुरक्षा बल की एक पिकेट पर आतंकवादियों ने फायरिंग करके सीमा सुरक्षा बल की 12 बटालियन के सब इंस्पेक्टर राजकुमार को घायल कर दिया ।

स्कूटर सवार 2 युवकों की हत्या : थाना सदर बटाला के गांव बोहे की खुई के निकट गत सायं लगभग 5.30 बजे सशस्त्र आतंकवादियों ने 2 स्कूटर सवार युवकों राजिन्दर सिंह (24) व राकेश कुमार उर्फ लाला (28) की हत्या कर दी । दोनों मृतक कस्बा बटाला निवासी थे तथा स्कूटर पर कहीं से आ रहे थे । हत्यारे उनका स्कूटर पी.बी.एन. 2581 भी ले गये ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार इस हत्या में 32 बोर का पिस्तौल प्रयोग किया गया तथा घटनास्थल से 5 चले हुए कारतूस भी मिले । पोस्टमार्टम के बाद इन युवकों का अंतिम संस्कार कर दिया गया ।

कांसरा द्वारा निन्दा : पंजाब भाजपा कार्यकारिणी समिति के सदस्य बलदेव मित्तर कांसरा ने इन हत्याओं की निन्दा करते हुए कहा कि आतंकवादी फिर से अत्यन्त सक्रिय हो गये हैं तथा तेजी से मासूम व निर्दोष लोगों की हत्याएं कर रहे हैं, जबकि प्रशासन आंखें मूंदे तमाशा देख रहा है ।

एम्बुलैंस पर फायरिंग : स्थानीय बटाला-अमृतसर मार्ग पर थाना कत्थ नंगल के क्षेत्र में गत सायं आतंकवादियों ने अमृतसर से आ रही एक एम्बुलैंस पर फायरिंग करके चालक स्वर्णदास को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । उसे बटाला के सरकारी अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है । यह एम्बुलैंस बटाला के नेत्र अस्पताल की थी तथा किसी रोगी के लिए रक्त की व्यवस्था करके वापिस लौट रही थी ।

लुटेरा गिरोह काबू : मुक्तसर (दीपक, दर्दी): जिला पुलिस ने लोकसभा चुनावों के बाद सक्रिय हुए चोरों, लुटेरों के 4 सदस्यीय गिरोह को काबू किया है तथा उनके कब्जे से एक बंदूक, दो पिस्तौल, काफी कारतूस, ट्रैक्टर व स्कूटर बरामद किया है । एस.एस.पी. श्री एस.के. शर्मा ने बताया कि दर्शन सिंह, बेअंत सिंह, भोला तथा रणजीत सिंह उर्फ राणा गैंगजनियां भी करते थे ।

दम तोड़ गया : आतंकवादियों की मारपीट से घायल हुए महिन्दर सिंह की कल रात मृत्यु हो गई । थाका गांव निवासी महिन्दर सिंह परसों जब अपने चाचा के पुत्र प्रीतम सिंह के साथ चारे की ट्राली लेकर आ रहा था तो चिबड़ांवाली के निकट आतंकवादियों ने उसे घेर लिया व मारपीट करने के पश्चात ट्राली ले गए । पुलिस ने अब ट्रैक्टर व ट्राली बरामद कर लिये हैं ।

2 लुटेरे गिरफ्तार : फगवाड़ा (कौड़ा): गत रात्रि निकटवर्ती गांव चकहकीम में 'लाल' नामक एक आधर्मी को लूटने आए दो हथियारबंद नौजवानों को घर वालों ने शोर मचा कर व साहस से दबोच लिया जिनमें से एक पहचान करने पर 'लाल' का भतीजा सुरिन्दर पाल उर्फ निंदी ही निकला । दूसरे की पहचान तुलसी सिंह निवासी गांव रामगढ़ जिला पटियाला के रूप में की गई है । पुलिस ने उनके कब्जे से एक एयरगन व एक तलवार भी बरामद की है ।

दुकानदार का अपहरण : मलोट (गोयल): कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने मलोट-फाजिल्का रोड पर मोहन लाल नामक दुकानदार का अपहरण कर लिया । उन्होंने एक पत्र वहां छोड़ दिया जिसमें 12 लाख रुपये फिरौती के रूप में मांगे गये हैं । अपहरणकर्त्ता एक सीढ़ी के सहारे दुकानदार के घर में दाखिल हुए थे ।

पाकिस्तान की एक और शरारत

कराची, 27 जनवरी (प.स.): पाकिस्तान ने एक और शरारत की है । पाकिस्तान वाणिज्य एवं उद्योग मंडल महासंघ ने जम्मू-कश्मीर में संघर्ष कर रहे लोगों के प्रति अपना समर्थन जताते हुए 'कश्मीरी शरणार्थियों के लिए एक राहत कोष' बनाया है ।

6 संदिग्ध गिरफ्तार : जालंधर : जालंधर जिला में सुरक्षा बलों ने कंग साबू निवासी राजवंत सिंह को गिरफ्तार किया है । उससे 20 हजार रुपए नकद बरामद किए गये हैं । राजवंत सिंह थाना नकोदर में दर्ज उस केस में भी सह-अभियुक्त है, जिसमें एक बच्चे रोहित का अपहरण कर लिया गया था । बाद में यह बच्चा बरामद हो गया था । थाना नकोदर क्षेत्र में सुरजीत सिंह तथा शिंदरपाल को एक व्यक्ति बलदेव किशन की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है । तीन लुटेरों अनिल कुमार उर्फ भोला, राजेश उर्फ मिन्टू, देसराज उर्फ टीटू को भी गिरफ्तार किया गया है । इन लुटेरों से बहुत सा लूट का सामान बरामद किया गया है जिसमें घड़ियां, सोने की जंजीरें, बालियां, वी.सी.आर., एक मंगलसूत्र, दो विदेशी टेप रिकार्डर, एक टी.वी. आदि शामिल हैं ।

पाकिस्तान को खदेड़ देंगे : भाजपा
(पृष्ठ 3 का शेष)

चर्चा हुई । उनमें उत्तरी कमान के भूतपूर्व जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लैफ्टिनैंट जनरल एम.एल. छिब्बर का नाम भी था । उन्होंने श्री फारूक अब्दुल्ला से अपील की कि जम्मू-कश्मीर की विकट स्थिति को देखते हुए वे वहां पूर्ण सहयोग दें ।

मान
(पृष्ठ 3 का शेष)

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वह कोई सरकारी सुरक्षा नहीं लेंगे । 'हम जनता के प्रतिनिधि हैं । सरकार पर हमें कोई विश्वास नहीं । हमारी सुरक्षा लोग हैं । आखिर कितनी देर तथा किस हद तक चौकसी रखी जा सकती है अतः हम लोगों में ही रहेंगे ।'

दरबार साहब परिसर से अपने कार्यालय उठा लेने के बारे में श्री सिंह ने कहा कि मास्टर तारा सिंह के समय से ही अकाली दल का कार्यालय वहां पर चला आ रहा है जो हमारा हक है । इसके अनुसार हमारा कार्यालय वहीं रहेगा । उसको वहां से निकालने का कोई प्रश्न ही नहीं है । श्री टोहरा या शिरोमणि कमेटी को ऐसी बेहूदा बयानबाजी करने का कोई हक नहीं । उन्होंने पंजाब में भी अन्य राज्यों के साथ विधानसभा चुनाव कराने की मांग की । इसके साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि पंजाब की स्थिति अत्यंत विकट है । ऐसी हालत में भी हम चल रहे हैं ।

श्री मान ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार हत्याएं करने वालों को विदेशों का वीज़ा नहीं दिया जाता । इसके दृष्टिगत वह अमरीका के राष्ट्रपति बुश को पत्र लिख रहे हैं कि वह 'सिखों की हत्या' करने वाले लोगों को वहां आने की अनुमति न दें । इस सम्बन्ध में उन्होंने श्री राजीव गांधी, श्री बूटा सिंह, श्री जाखड़ तथा श्री हरकिशन लाल भगत का नाम लिया । उन्होंने बूटा सिंह व जाखड़ को पंजाब के 'भगौड़े' बताया तथा घोषणा की कि वे जहां से भी चुनाव लड़ेंगे हम वहीं जाएंगे तथा उन्हें मुंह तोड़ पराजय देंगे ।

आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन (मनजीत गुट) ने फैडरेशन के महासचिव हरमिन्दर सिंह संधू की हत्या की जिम्मेदारी लेने वाले चार उग्रवादी संगठनों से अपनी स्थिति और जिम्मेदारी सम्बन्धी वक्तव्य की अधिकारिकता को स्पष्ट करने को कहा है ।

गुमशुदा



38 वर्षीय, कद पांच फुट, माथे पर काले मोके का निशान, बिन्दी वाले स्थान पर । अगर मंजू स्वयं पढ़े तो किसी डर के बिना घर आ जाए । उसके पिता सख्त बीमार हैं । सूचित करने वाले को 500/- रुपए धन्यवाद सहित दिए जाएंगे ।



रमेश कुमार C/o मंजू डालर कास्मैटिक

बाजार चूड़बेरी, अमृतसर, Ph. : 42698, 48716 PP

Note : दोनों चित्र मंजू के हैं

आप अपना प्लाट

Punjabi Sansar

के.सी.एफ. के स्वयंभू ब्रिगेडियर सहित 2 आतंकवादी मारे गए

जोगा सिंह के 2 साथी गोलियां चलाते हुए फरार

पंच सहित 3 व्यक्तियों की हत्या : 2 घुसपैठिये मरे

चंडीगढ़, 28 जनवरी (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत रात के बाद से खालिस्तान कमांडो फोर्स के एक स्वयंभू ब्रिगेडियर जोगा सिंह समेत दो आतंकवादी मारे गए । आतंकवादियों द्वारा तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया । दो पाक घुसपैठिए भी मारे गए ।

पंच की हत्या : अमृतसर (प.स.): थाना जंडियाला के अंतर्गत गांव जब्बोवाल में एक गांव के पंच गुरमेज सिंह की हत्या कर दी गई । उसका कल आतंकवादियों ने उसके घर से अपहरण कर लिया था । उसकी गोलियों से छलनी लाश आज गांव से एक किलोमीटर दूर खेतों में पाई गई ।

कैमिस्ट की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के गांव चोहला साहब में आतंकवादियों ने एक कैमिस्ट बीर सिंह की हत्या कर दी । घटनास्थल पर ए.के. 47 के 3 खाली कारतूस मिले हैं ।

जोगा सिंह मारा गया : मजीठा पुलिस जिला के अंतर्गत रैय्या में एक सिनेमाघर के निकट हुई मुठभेड़ में एक कट्टर सूचीबद्ध आतंकवादी मारा गया । मारा गया आतंकवादी तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू ब्रिगेडियर जोगा सिंह था । उसके दो साथी अंधाधुंध फायरिंग करते हुए भाग निकलने में सफल हो गए । मजीठा के पुलिस प्रमुख श्री ए.के. शर्मा ने बताया कि मुठभेड़ उस समय हुई जब पुलिस और सुरक्षा बलों की एक संयुक्त पार्टी ने गुप्त सूचना मिलने पर रैय्या कस्बे के बाहर एक मकान पर छापा मारा । जब संयुक्त पार्टी मकान को घेरा डाल रही थी तो वहां छिपे आतंकवादियों द्वारा उस पर फायरिंग की गई । जवाबी फायरिंग में जोगा सिंह मारा गया ।

जोगा सिंह जोकि के.सी.एफ. के वर्तमान 'अध्यक्ष' परमजीत सिंह उर्फ पंजवड़ का एक निकट साथी था, रैय्या व फतेहाबाद क्षेत्रों में अनेकों हत्याओं में वांछित था । इस गिरोह ने हाल ही में ब्लाक इंका अध्यक्ष हरबंस सिंह की भिलाईपुर में हत्या की थी । हथियारों के अलावा पुलिस ने जोगा सिंह द्वारा इसे अपराध के समय प्रयुक्त किया गया मोटरसाइकिल भी बरामद किया है । उक्त मकान में से एक माउज़र पिस्तौल, एक स्टेनगन, दो छोटे राकट तथा भारी मात्रा में कारतूस भी कब्जे में लिए गए । श्री शर्मा ने कहा कि सुरक्षा बलों और पुलिस ने जोगा सिंह के भागते हुए साथियों पर फायरिंग करने में आत्मसंयम से काम लिया क्योंकि क्रास फायरिंग में कई नागरिक मारे जा सकते थे । इसी बीच भागे हुए आतंकवादियों को पकड़ने के लिए क्षेत्र में खोजबीन जारी है ।

पांच गिरफ्तार : तरनतारन पुलिस ने कल रात पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनसे एक दोनाली बंदूक व एक रिवाल्वर बरामद की ।

एस.पी.ओ. की हत्या का प्रयास : गत सुबह थाना पट्टी के अंतर्गत गांव होशियारनगर के निकट आतंकवादियों ने एक एस.पी.ओ. लखविंदर सिंह की हत्या का प्रयास किया तथापि वह बाल-बाल बच गया ।

दुकानदार की हत्या : कपूरथला जिले के बधाना गांव में निर्मल सिंह नामक एक दुकानदार की कुछ लोगों ने हत्या कर दी । पुलिस ने इसे व्यक्तिगत शत्रुता का मामला बताया है ।

आतंकवादी ने ज़हर खाया : पटियाला (भूषण): थाना घग्गा के गुरदयालपुरा गांव में कल रात सुरक्षा बलों द्वारा घेरे जाने पर एक आतंकवादी ने ज़हर खाकर आत्महत्या कर ली । उससे एक ए.के. 47 राइफल तथा दो मैगजीन बरामद की गई ।

दो घुसपैठिए मरे : भारत-पाक सीमा के फाजिल्का सैक्टर में चार घुसपैठियों ने सीमा पार करने की कोशिश की जिनमें से दो सीमा सुरक्षा बल के जवानों की गोली से मारे गए । शेष दो वापस पाकिस्तानी क्षेत्र में भाग गए ।

राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के मुद्दे पर कोई समझौता न करेंगे : वी.पी. सिंह

नागपुर, 28 जनवरी (प.स.): प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आज स्पष्ट शब्दों में कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव में शिव सेना के साथ जनता दल के तालमेल को कोई सवाल ही पैदा नहीं होता ।

यहां सम्वाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री सिंह ने कहा कि जनता दल दलितों, शेतकारी संगठन, शेतकारी कामगर पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टियों के साथ राज्य में चुनाव गठबंधन करेगा लेकिन इससे केंद्र में भाजपा के साथ टकराव होने का सवाल नहीं उठता ।

जम्मू और कश्मीर के संकट के बारे में श्री सिंह ने कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता । जम्मू और कश्मीर के भूतपूर्व मुख्यमंत्री डा. फारूक अब्दुल्ला के भी यही विचार हैं । उन्होंने डा. अब्दुल्ला के साथ अपनी बैठक को इस समस्या को हल करने की दिशा में सरकार की पहल बताया । उन्होंने कहा कि दलीय स्वार्थ से हट कर इस समस्या को सुलझाने में पूछा गया कि कुछ देश इस समस्या को अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा बनाना चाहते हैं तो उन्होंने कहा कि हम राजनयिकों के जरिए अपनी स्थिति स्पष्ट कर रहे हैं । श्री सिंह ने कहा कि उनकी सरकार लोगों का विश्वास जीत कर सामान्य स्थिति बहाल करने की पूरी कोशिश कर रही है ।

जनता दल के चुनाव घोषणा पत्र को लागू करने के सवाल पर श्री सिंह ने कहा कि मंडल आयोग की रिपोर्ट शीघ्र लागू की जाएगी । आकाशवाणी और दूरदर्शन की स्वायत्तता के बारे में उनकी सरकार पहले ही कदम उठा चुकी है । उन्होंने कहा कि वह राज्यों के पुनर्गठन के पक्ष में हैं, लेकिन इसमें राजनीतिक पहल की आवश्यकता है । एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि वह खुद राज्यपालों की राजनीतिक नियुक्ति के खिलाफ हैं, यह नियुक्ति योग्यता के आधार पर होनी चाहिए ।

उन्होंने कहा कि सरकार जल्दी ही बोफोर्स तोप सौदे में दलाली लेने वालों के खिलाफ कदम उठाएगी । उन्होंने बताया कि केंद्रीय जांच ब्यूरो

कृषि के व्यवसायीकरण पर बल दिया जाएगा

नई दिल्ली, 28 जनवरी : आठवीं पंचवर्षीय योजना में कृषि क्षेत्र को बहुआयामी बनाने और उसका व्यवसायीकरण करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा । अब तक इस दिशा में पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा सका था । योजना आयोग के सदस्य एच.आर. स्वरूप सिंह ने कि नई योजना में उत्पादकता बढ़ाने, खास कर खाद्यान्न सामग्री में बढ़ोत्तरी पर जोर दिया जाएगा ।

बंसी लाल 'स्वस्थ'

नई दिल्ली, 28 जनवरी (वार्ता): भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री बंसी लाल बिल्कुल ठीकठाक हैं और किसी तरह की चिंता की कोई बात नहीं है । एक-दो दिन में उन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल की हृदय रोग इकाई से छुट्टी मिल जाएगी ।

800 ना... भरे

नई दिल्ली, 28 ज... और पांडिचेरी विधानस... को होने वाले चुनावों ... ज्यादा नामांकनपत्र भरे ...

मध्य प्रदेश में अ... लोगों ने नामांकन भरे हैं... महाराष्ट्र का है जहां 2... बिहार, हिमाचल प्रदेश... एक-एक दर्जन उम्मीद... 50 और गुजरात में ... नामांकन पत्र भरे हैं । प... में नामांकन पत्र भरे गए...

चुनावों के बारे में क... के साथ ही 1679 वि... प्रक्रिया शुरू हो गई है... नामांकनपत्र भरने की अ... है । नामांकनपत्रों की ... तक पूरा हो जाएगा, जब... वापस लिए जा सकेंगे ।

सिख उग्रवादी... बहिष्कार करें

अमृतसर, 28 जन... स्टूडैंट्स फैडरेशन ने... संगठनों पर आरोप लगाय... संघर्ष में झोंक रहे हैं । ... कमांडो फोर्स, खालिस्ता... खालसा इंटरनैशनल अ... छात्र संगठन (दलजीत गु... आपात बैठक में पारित प्र... का बहिष्कार करने के... किया । फैडरेशन के अ... महासचिव हरमिंदर सि... सुखवन्त सिंह अबकांवा... स्थिति पर विचार-विमश... बुलाई थी ।

**फैडरेशन को शस्... कमेटी के सदस्य और भि... प्रधान गुरबचन सिंह म... हस्ताक्षरों से जारी एक वक्... धड़ा) को विश्वास दिला... संगठनों से बचने के लि... शस्त्र देंगे, जिन्होंने हरी... करने की जिम्मेवारी ली है... पत्रकारों के लिए जारी वि...

सजा देंगे : मानोचा... सिंह संधु की हत्या गत... जो इसके लिए जिम्मेव... जाएगा । मानोचाहल ने ... सिंह को भी सुरक्षा उपर... दिलाया है ।

इसी मध्य खालिस्तान... परमजीत सिंह पंजवड़ ने अ... से स्वयं को तथा अपने सं... लिया, जो पांच उग्रवादी संग... के मुखिया ठाकर सिंह और... पंजवड़ द्वारा आज सायं जा...

Punjabi Sanstha

भाजपा नेता पतंगा व सुरक्षा बलों के 2 नायकों सहित 7 व्यक्तियों की हत्या

बटाला के जैतो सरजा गांव में बैंक लूटा गया

राजिंदर सिंह रागी समेत 2 आतंकवादी मरे

चंडीगढ़, 29 जनवरी (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात के बाद 2 कट्टर आतंकवादी मारे गए । भारतीय जनता पार्टी पंजाब के सचिव श्री गुरबचन सिंह पतंगा और सुरक्षा बलों के 2 नायकों सहित 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी । एक ग्रामीण बैंक लूट लिया ।

2 कुख्यात आतंकवादी मारे गये : अमृतसर (पस): आज प्रातः अजनाला सैक्टर में शाहपुर अग्रिम सीमा चौकी के निकट सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में 2 आतंकवादी मारे गये जिनमें से एक की पहचान सूचीबद्ध कट्टर आतंकवादी राजिन्दर सिंह रागी के रूप में हुई है । पुलिस सूत्रों के अनुसार राजिन्दर सिंह जो कि अनेक आतंकवादी वारदातों में वांछित था, पांच आतंकवादियों के गिरोह में शामिल था जिसने हथियारों व गोली-सिक्के की खेप के साथ भारत में दाखिल होने की कोशिश की । जब सीमा सुरक्षा बल की नाकापार्टी ने इन आतंकवादियों को चुनौती दी तो उन्होंने गोलियां चलानी शुरू कर दीं । जवाबी फायरिंग में राजिंदर सिंह रागी समेत 2 आतंकवादी मारे गये जबकि तीन अन्य हथियारों सहित पाकिस्तानी क्षेत्र में भाग निकले । मुठभेड़ स्थल पर एक ए.के. 74 चीनी असाल्ट राइफल, एक 12 बोर की दोनाली बंदूक तथा 500 कारतूस बरामद किए गए ।

बी.एस.एफ. के डी.आई.जी श्री बलकार सिंह ने बाद में एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि आतंकवादी गिरोह के सदस्य अजनाला सैक्टर के नदी क्षेत्र द्वारा पाकिस्तान से भारत में घुसने की चेष्टा कर रहे थे । यह गिरोह भिंडरांवाले टाइगर फोर्स के कुख्यात आतंकवादी सतनाम सिंह उर्फ सत्ता उर्फ चगियारां का साथी बताया जाता है ।

नायक की हत्या : उग्रवादियों ने आज रात्रि जिला अमृतसर के गांव भिखीविंड में फायरिंग करके सी.आर.पी.एफ. के एक नायक बी.एम. उपाध्याय की हत्या कर दी । वह उस समय अपने कैम्प से बाहर घूमने निकला था ।

अमृतसर में फायरिंग : 3 घायल : अमृतसर से मनोहर के अनुसार ईस्ट नगर थाना 'बी' डिविजन के एक मकान में रात्रि के आठ बजे दो उग्रवादियों ने घुस कर फायरिंग करनी शुरू कर दी, जिससे तीन पुलिस कर्मी हरदीप सिंह, प्रताप सिंह और राजेन्द्र सिंह घायल हो गए । एस.एस.पी. श्री संजीव गुप्ता के अनुसार यह परस्पर शत्रुता का परिणाम हो सकता है । नाजुक रूप से घायल सिपाही हरदीप सिंह खिलाड़ी है, बताया जाता है कि उसका कुछ खिलाड़ियों से झगड़ा हुआ था ।

भाजपा नेता की हत्या : जैतो (पराशर) : भारतीय जनता पार्टी पंजाब के सचिव श्री गुरबचन सिंह पतंगा की आज यहां हत्या कर दी गई । श्री पतंगा अपनी दुकान पर बैठे थे कि दो अज्ञात व्यक्ति वहां आये और उन पर गोलियां चलाईं । श्री पतंगा को अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनको मृत घोषित कर दिया गया । बताया जाता है कि हत्यारे एक स्कूटर पर फरार हुए जो कि उनके तीसरे साथी ने श्री पतंगा की दुकान से थोड़ी दूरी पर स्टार्ट रखा हुआ था । श्री पतंगा की हत्या के विरोध में बाज़ार बंद कर दिए गए ।

श्री पतंगा को तीन गोलियां लगीं । एक गोली उनके गले में, दूसरी छाती में तथा तीसरी आंख में लगी । फायरिंग में श्री पतंगा का लड़का जसकरण सिंह जो कि उस समय दुकान में ही मौजूद था, छर्रा लगने से घायल हो गया । उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है । श्री पतंगा को 1988 में पंजाब भाजपा का सचिव बनाया गया था । वह 1980 से लेकर 1986 तक जिला फरीदकोट भाजपा के अध्यक्ष रहे । उनका अंतिम संस्कार कल किया जाएगा ।

भीड़ द्वारा नारेबाज़ी : ज्ञान के अनुसार आतंकवादियों ने 415 बोर की राइफल से फायरिंग की । अस्पताल में एस.डी.एम. के विरुद्ध क्रुद्ध भीड़ द्वारा नारेबाजी की गई तथा शहर में जलूस निकाला गया । कुछ संगठनों द्वारा कल जैतो बंद का आह्वान किया गया है ।

चंडीगढ़ से वि.प्र. के अनुसार राष्ट्रीय सुरक्षा समिति पंजाब के महासचिव अविनाश जायसवाल तथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के महासचिव श्री उमिंदर दत्त ने श्री पतंगा की हत्या की निंदा की है । उन्होंने स्वर्गीय के परिवार के साथ सहानुभूति व्यक्त करते हुए पंजाब सरकार से मांग की कि वह उग्रवादियों के साथ सख्ती से निपटे ।

बैंक से 14203 रुपए लूटे : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के थाना बटाला सदर के गांव जैतोसरजा में स्थित ग्रामीण विकास बैंक से आज प्रातः 4 सशस्त्र आतंकवादियों ने 14203 रुपये लूट लिये और एक मोटर साइकल पर फरार हो गए । आतंकवादी प्रातः बैंक खुलते ही लगभग 10.30 बजे वहां आए और पिस्तौल की नोक पर

(शेष पृष्ठ 8 पर)

वर्तमान स्थिति 1971 के भारत-पाक युद्ध से पूर्व की स्थिति स्मरण कराती है

नई दिल्ली, 29 जनवरी (न्यू): आजकल जो गतिविधियां चल रही हैं वे 1971 के भारत-पाक युद्ध से बिल्कुल पहले की स्थिति की याद दिला रही हैं । भारत ने कश्मीर के मुद्दे पर अपना स्टैंड स्पष्ट करने तथा घाटी में स्थिति गम्भीर बनाने के संबंध में बेनजीर भुट्टो सरकार की संदिग्ध भूमिका पर प्रकाश डालने के लिए गत शनिवार को मास्को तथा अरब देशों में अपने दूत भेज दिये हैं । उप महाद्वीप में युद्ध के काले बादलों ने आकार लेना शुरू कर दिया है, हालांकि अब यह पाकिस्तान पर निर्भर है कि वह अपनी गतिविधियों से पीछे हट जाए तथा दोनों पड़ोसी देशों में सामान्यीकरण की प्रक्रिया में अपना सहयोग दें । सरकार ने आधिकारिक रूप से स्थिति 'खतरनाक' बताई है ।

राजधानी में शनिवार को तेजी से होने वाली गतिविधियों ने निर्विवाद रूप से उक्त प्रभाव छोड़ा है क्योंकि पाकिस्तान शिमला समझौते का परित्याग कर चुका है तथा उसने अपने लोगों और भारतीय तथा पाक अधिकृत कश्मीर के लोगों के अभिन्न संबंधों की बात पर जोर दिया है ।

यह बात अत्यन्त महत्वपूर्ण है कि गत सप्ताह अपनी नई दिल्ली की यात्रा के दौरान पाकिस्तानी विदेशमंत्री श्री याकूब खान ने बहुत चुनौती भरी बातें कहीं थी तथा "जम्मू-कश्मीर पर मंडरा रहे काले बादलों" की चर्चा की थी । स्थिति की गम्भीरता का अनुमान इस तथ्य से भी लगाया जा सकता है कि अतीत में पाकिस्तान ने भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने के सभी आरोपों का खंडन किया था । अब उसमें हस्तक्षेप को न्यायोचित ठहराने का इतना साहस आ गया है कि अब वह कहने लगा है कि वह शिमला समझौते की शर्तों से बाध्य नहीं है ।

इस बात के भी प्रचुर संकेत उपलब्ध हैं कि हाल ही के दिनों में दोनों देशों में तनाव बढ़ा है । भारतीय विदेश मंत्री ने चीनी राजदूत तथा भारत यात्रा पर आये अमरीकी सहायक विदेश व रक्षा सचिव श्री हेनरी रोवन को अलग से बताया है कि पाकिस्तान कश्मीर में 'खतरनाक खेल' खेल रहा है । श्री गुजराल ने आकांक्षा की है कि चीन पाकिस्तान को भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने से मना करने के लिए अपने प्रभाव का प्रयोग करे । अमरीकी कूटनायक के सामने श्री गुजराल ने "दोनों देशों में दुश्मनी पैदा होने" के बारे में तो सीधी चर्चा की और कहा कि यह इस क्षेत्र में अमरीका के हितों के विपरीत होगा । श्री रोवन ने स्वीकार किया कि यह एक गम्भीर मामला है तथा वह पाकिस्तान सरकार को अपनी चिन्ता से अवगत कराएंगे । विदेश सचिव श्री मुंचकुंद दुबे पाकिस्तान की कुत्सित भूमिका से अवगत कराने के लिए अरब देशों की राजधानियों की यात्रा भी करेंगे । विदेश सचिव श्री एस.के. सिंह मास्को भेजे गये हैं ।

राज्य प्रशासन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है : मुखर्जी

पटियाला, 29 जनवरी (भूषण): पंजाब के

बातचीत करते हुए कहा कि अपनी नाभा यात्रा के



नई दिल्ली में सोमवार को गणतंत्र दिवस 'बीटिंग रिट्रीट' समारोह का ... में, समारोह के समापन पर दक्षिणी ब्लाक की छत से धुआं उठता दि... तुरन्त काबू पा लिया गया ।

मान से निराश होकर केंद्र... अब फूंक-फूंक कर कदम र...

नई दिल्ली, 29 जनवरी (जी.एस. चावला): राष्ट्रीय मोर्चे के नेताओं ने पंजाब समस्या के समाधान में अकाली दल (मान) के नेता श्री सिमरनजीत सिंह मान पर जो आशाएं लगाई थीं तथा इस सम्बन्ध में शुरू-शुरू में जो उत्साह प्रदर्शित किया था, वह अब धीरे-धीरे समाप्त होता जा रहा है । केन्द्रीय नेता श्री मान द्वारा हाल ही में अपनाए गए स्टैंड के दृष्टिगत अत्यन्त सतर्कता से आगे कदम बढ़ा रहे हैं ।

श्री मान द्वारा पंजाब समस्या का समाधान भारतीय संविधान के ढांचे के अन्तर्गत किए जाने के सम्बन्ध में शुरू-शुरू में दिए गए बयान तथा प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह, उपप्रधानमंत्री श्री देवी लाल तथा कुछ अन्य केन्द्रीय नेताओं के साथ हुई उनकी मुलाकातों से इस बात की आशा बंधी थी कि शायद श्री मान पंजाब समस्या के समाधान में सहायक सिद्ध हो सकेंगे । यहां तक कि केन्द्रीय नेता उन्हें पंजाब के भावी मुख्यमंत्री के रूप में स्वीकार किए जाने के विरुद्ध भी नहीं थे लेकिन अब श्री मान द्वारा धीरे-धीरे अधिकाधिक उग्रवादी रवैया अपनाए जाने से केन्द्रीय नेतृत्व चिंतित है ।

केन्द्र सरकार ने राजस्थान के गंगानगर जिले में दिए गए भाषणों तथा उनकी श्रीनगर यात्रा को भी अत्यन्त गम्भीरता से लिया है । इसके अलावा सरकार ने उनके उन बयानों को भी अत्यन्त गम्भीरता से लिया है जिनमें उन्होंने अमरीकी राष्ट्रपति श्री बुश तथा भूतपूर्व राष्ट्रपति श्री कार्टर से भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है ।

पंजाब से सम्बन्धित केन्द्रीय कैबिनेट कमेटी की बैठक गत 25 जनवरी को हुई थी, जिसमें श्री मान की नवीनतम गतिविधियों पर चर्चा की गई । गृह मंत्रालय को गुप्तचर एजैंसियों से श्री मान द्वारा गंगानगर में दिए गए भाषणों की रिपोर्ट मिली है । कैबिनेट कमेटी ने श्री मान द्वारा दिए गए भाषणों का भी अध्ययन किया । कैबिनेट कमेटी को यह भी पता चला है कि एक केन्द्रीय मंत्री श्री जार्ज फर्नांडीज़ अपनी हाल ही की पटियाला यात्रा के दौरान चंडीगढ़ से पटियाला श्री मान की कार में आए थे जिससे एक गलत धारणा बनी । कैबिनेट कमेटी ने कहा है कि अब भविष्य में श्री मान के साथ किसी प्रकार की बातचीत करने या कुछ कहने से पहले सतर्कता बरती जाए ।

पंजाब समस्या के ... के लिए श्री मान को बु... कोई विचार नहीं है । ... हिंसा से निपटने तथा अ... और लोगों से रुपए ऐंठ... सर्वोच्च प्राथमिकता दे... स्वयं केन्द्रीय नेताओं से... उनसे यही कहा जाए... समाप्त करने तथा शा... को सहयोग दें ।

केन्द्र सरकार उग्रव... घटनाक्रमों तथा उनके... पर भी निकट से नजरें...

पाकिस... को...

इस्लामाबाद, 29... ने कहा है कि वह कश्म... को अपना समर्थन देना... ने उनके देश पर हमल... शक्ति से उसका मुंहतो... है ।

पाकिस्तान के सूच... सईद अवान ने कश्मी... करने के लिए बुलाई ग... बैठक के बाद पत्रकारों... बात कही ।

श्री अवान ने द... पाकिस्तान की सहायत... है ।

श्री अवान ने कहा... कि कश्मीर मुद्दे का सम... प्रस्तावों और शिमला...

उन्होंने कश्मीर व... हुए भारत पर आरोप... खिलाफ "बड़े पैमाने"... कश्मीर की स्थिति में...

मध्य प्रदेश में भाजपा-जद... तालमेल : गुजरात में टकराव...

नई दिल्ली, 29 जनवरी (प.स.): आठ राज्यों और एक केंद्र शासित क्षेत्र में 27 फरवरी को होने

गुजरात में प्रदेश... अल्टीमेटम दिया है...

Punjabi Sanatani

भाजपा नेता पतंगा व सुरक्षा बलों के 2 नायकों सहित 7 व्यक्तियों की हत्या

बटाला के जैतो सरजा गांव में बैंक लूटा गया

राजिंदर सिंह रागी समेत 2 आतंकवादी मरे

चंडीगढ़, 29 जनवरी (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात के बाद 2 कट्टर आतंकवादी मारे गए । भारतीय जनता पार्टी पंजाब के सचिव श्री गुरबचन सिंह पतंगा और सुरक्षा बलों के 2 नायकों सहित 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी । एक ग्रामीण बैंक लूट लिया ।

2 कख्यात आतंकवादी मारे गये : अमृतसर (पस): आज प्रातः अजनाला सैक्टर में शाहपर अग्रिम सीमा चौकी के निकट सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में 2 आतंकवादी मारे गये जिनमें से एक की पहचान सूचीबद्ध कट्टर आतंकवादी राजिन्दर सिंह रागी के रूप में हुई है । पुलिस सूत्रों के अनुसार राजिन्दर सिंह जो कि अनेक आतंकवादी वारदातों में वांछित था, पांच आतंकवादियों के गिरोह में शामिल था जिसने हथियारों व गोली-सिक्के की खेप के साथ भारत में दाखिल होने की कोशिश की । जब सीमा सुरक्षा बल की नाकापार्टी ने इन आतंकवादियों को चुनौती दी तो उन्होंने गोलियां चलानी शुरू कर दीं । जबावी फायरिंग में राजिंदर सिंह रागी समेत 2 आतंकवादी मारे गये जबकि तीन अन्य हथियारों सहित पाकिस्तानी क्षेत्र में भाग निकले । मुठभेड़ स्थल पर एक ए.के. 74 चीनी असाल्ट राइफल, एक 12 बोर की दोनाली बंदूक तथा 500 कारतूस बरामद किए गए ।

बी.एस.एफ. के डी.आई.जी श्री बलकार सिंह ने बाद में एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि आतंकवादी गिरोह के सदस्य अजनाला सैक्टर के नदी क्षेत्र द्वारा पाकिस्तान से भारत में घुसने की चेष्टा कर रहे थे । यह गिरोह भिडरांवाले टाइगर फोर्स के कख्यात आतंकवादी सतनाम सिंह उर्फ सत्ता उर्फ चगियारां का साथी बताया जाता है ।

नायक की हत्या : उग्रवादियों ने आज रात्रि जिला अमृतसर के गांव भिखीविंड में फायरिंग करके सी.आर.पी.एफ. के एक नायक बी.एम. उपाध्याय की हत्या कर दी । वह उस समय अपने कैम्प से बाहर घूमने निकला था ।

अमृतसर में फायरिंग : 3 घायल : अमृतसर से मनोहर के अनुसार ईस्ट नगर थाना 'बी' डिविजन के एक मकान में रात्रि के आठ बजे दो उग्रवादियों ने घुस कर फायरिंग करनी शुरू कर दी, जिससे तीन पुलिस कर्मी हरदीप सिंह, प्रताप सिंह और राजेन्द्र सिंह घायल हो गए । एस.एस.पी. श्री संजीव गुप्ता के अनुसार यह परस्पर शत्रुता का परिणाम हो सकता है । नाजुक रूप से घायल सिपाही हरदीप सिंह खिलाड़ी है, बताया जाता है कि उसका कुछ खिलाड़ियों से झगड़ा हुआ था ।

भाजपा नेता की हत्या : जैतो (पराशर) : भारतीय जनता पार्टी पंजाब के सचिव श्री गुरबचन सिंह पतंगा की आज यहां हत्या कर दी गई । श्री पतंगा अपनी दुकान पर बैठे थे कि दो अज्ञात व्यक्ति वहां आये और उन पर गोलियां चलाईं । श्री पतंगा को अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनको मृत घोषित कर दिया गया । बताया जाता है कि हत्यारे एक स्कूटर पर फरार हुए जो कि उनके तीसरे साथी ने श्री पतंगा की दुकान से थोड़ी दूरी पर स्टार्ट रखा हुआ था । श्री पतंगा की हत्या के विरोध में बाज़ार बंद कर दिए गए ।

श्री पतंगा को तीन गोलियां लगीं । एक गोली उनके गले में, दूसरी छाती में तथा तीसरी आंख में लगी । फायरिंग में श्री पतंगा का लड़का जसकरण सिंह जो कि उस समय दुकान में ही मौजूद था, छर्रा लगने से घायल हो गया । उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है । श्री पतंगा को 1988 में पंजाब भाजपा का सचिव बनाया गया था । वह 1980 से लेकर 1986 तक जिला फरीदकोट भाजपा के अध्यक्ष रहे । उनका अंतिम संस्कार कल किया जाएगा ।

भीड़ द्वारा नारेबाज़ी : ज्ञान के अनुसार आतंकवादियों ने 415 बोर की राइफल से फायरिंग की । अस्पताल में एस.डी.एम. के विरुद्ध क्रुद्ध भीड़ द्वारा नारेबाजी की गई तथा शहर में जलूस निकाला गया । कुछ संगठनों द्वारा कल जैतो बंद का आह्वान किया गया है ।

चंडीगढ़ से वि.प्र. के अनुसार राष्ट्रीय सुरक्षा समिति पंजाब के महासचिव अविनाश चोपड़ावाल तथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के महासचिव श्री उमिदर दत्त ने श्री पतंगा की हत्या की निंदा की है । उन्होंने स्वर्गीय के परिवार के साथ सहानुभूति व्यक्त करते हुए पंजाब सरकार से मांग की कि वह उग्रवादियों के साथ सख्ती से निपटे ।

बैंक से 14203 रुपए लूटे : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के थाना बटाला सदर के गांव जैतोसरजा में स्थित ग्रामीण विकास बैंक से आज प्रातः 4 सशस्त्र आतंकवादियों ने 14203 रुपये लूट लिये और एक मोटर साइकल पर फरार हो गए । आतंकवादी प्रातः बैंक खुलते ही लगभग 10.30 बजे वहां आए और पिस्तौल की नोक पर

(शेष पृष्ठ 8 पर)



नई दिल्ली में सोमवार को गणतंत्र दिवस 'बीटिंग रिट्रीट' में, समारोह के समापन पर दक्षिणी ब्लाक की छत से तुरन्त काबू पा लिया गया ।

वर्तमान स्थिति 1971 के भारत-पाक युद्ध से पूर्व की स्थिति स्मरण कराती है

नई दिल्ली, 29 जनवरी (न्यू): आजकल जो गतिविधियां चल रही हैं वे 1971 के भारत-पाक युद्ध से बिल्कुल पहले की स्थिति की याद दिला रही हैं । भारत ने कश्मीर के मुद्दे पर अपना स्टैंड स्पष्ट करने तथा घाटी में स्थिति गम्भीर बनाने के संबंध में बेनजीर भुट्टो सरकार की संदिग्ध भूमिका पर प्रकाश डालने के लिए गत शनिवार को मास्को तथा अरब देशों में अपने दूत भेज दिये हैं । उप महाद्वीप में युद्ध के काले बादलों ने आकार लेना शुरू कर दिया है, हालांकि अब यह पाकिस्तान पर निर्भर है कि वह अपनी गतिविधियों से पीछे हट जाए तथा दोनों पड़ोसी देशों में सामान्यीकरण की प्रक्रिया में अपना सहयोग दें । सरकार ने आधिकारिक रूप से स्थिति 'खतरनाक' बताई है ।

राजधानी में शनिवार को तेजी से होने वाली गतिविधियों ने निर्विवाद रूप से उक्त प्रभाव छोड़ा है क्योंकि पाकिस्तान शिमला समझौते का परित्याग कर चुका है तथा उसने अपने लोगों और भारतीय तथा पाक अधिकृत कश्मीर के लोगों के अभिन्न संबंधों की बात पर जोर दिया है ।

यह बात अत्यन्त महत्वपूर्ण है कि गत सप्ताह अपनी नई दिल्ली की यात्रा के दौरान पाकिस्तानी विदेशमंत्री श्री याकूब खान ने बहुत चुनौती भरी बातें कहीं थी तथा "जम्म-कश्मीर पर मंडरा रहे काले बादलों" की चर्चा की थी । स्थिति की गम्भीरता का अनुमान इस तथ्य से भी लगाया जा सकता है कि अतीत में पाकिस्तान ने भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने के सभी आरोपों का खंडन किया था । अब उसमें हस्तक्षेप को न्यायोचित ठहराने का इतना साहस आ गया है कि अब वह कहने लगा है कि वह शिमला समझौते की शर्तों से बाध्य नहीं है ।

इस बात के भी प्रचुर संकेत उपलब्ध हैं कि हाल ही के दिनों में दोनों देशों में तनाव बढ़ा है । भारतीय विदेश मंत्री ने चीनी राजदत तथा भारत यात्रा पर आये अमरीकी सहायक विदेश व रक्षा सचिव श्री हेनरी रोवन को अलग से बताया है कि पाकिस्तान कश्मीर में 'खतरनाक खेल' खेल रहा है । श्री गुजराल ने आकांक्षा की है कि चीन पाकिस्तान को भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने से मना करने के लिए अपने प्रभाव का प्रयोग करे । अमरीकी कूटनीतिक के सामने श्री गुजराल ने "दोनों देशों में दुश्मनी पैदा होने" के बारे में तो सीधी चर्चा की और कहा कि यह इस क्षेत्र में अमरीका के हितों के विपरीत होगा । श्री रोवन ने स्वीकार किया कि यह एक गम्भीर मामला है तथा वह पाकिस्तान सरकार को अपनी चिन्ता से अवगत कराएंगे । विदेश सचिव श्री मुंचकंद दुबे पाकिस्तान की कुत्सित भूमिका से अवगत कराने के लिए अरब देशों की राजधानियों की यात्रा भी करेंगे । विदेश सचिव श्री एस.के. सिंह मास्को भेजे गये हैं ।

भारत-पाक संबंध खराब होने के बारे में भाजपा

राज्य प्रशासन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है : मुखर्जी

पटियाला, 29 जनवरी (भाषण): पंजाब के राज्यपाल श्री निर्मल कुमार मुखर्जी ने दावा किया है कि जब से उन्होंने राज्य प्रशासन सम्भाला है इसमें उल्लेखनीय सुधार हुआ है जो इस तथ्य से साफ है कि

बातचीत करते हुए कहा कि अपनी नाभा यात्रा के दौरान कल उन्हें नाभा जेल में जाने का अवसर मिला जो पंजाब की अधिकतम सुरक्षा वाली जेल मानी जाती है । उन्होंने वहां अनेक कैदियों से भेंट की

मान से निराश होक

अब फूंक-फूंक कर क

नई दिल्ली, 29 जनवरी (जी.एस. चावला): राष्ट्रीय मोर्चे के नेताओं ने पंजाब समस्या के समाधान में अकाली दल (मान) के नेता श्री सिमरनजीत सिंह मान पर जो आशाएं लगाई थीं तथा इस सम्बन्ध में शुरू-शुरू में जो उत्साह प्रदर्शित किया था, वह अब धीरे-धीरे समाप्त होता जा रहा है । केन्द्रीय नेता श्री मान द्वारा हाल ही में अपनाए गए स्टैंड के दृष्टिगत अत्यन्त सतर्कता से आगे कदम बढ़ा रहे हैं ।

श्री मान द्वारा पंजाब समस्या का समाधान भारतीय संविधान के ढांचे के अन्तर्गत किए जाने के सम्बन्ध में शुरू-शुरू में दिए गए बयान तथा प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह, उपप्रधानमंत्री श्री देवी लाल तथा कुछ अन्य केन्द्रीय नेताओं के साथ हुई उनकी मुलाकातों से इस बात की आशा बंधी थी कि शायद श्री मान पंजाब समस्या के समाधान में सहायक सिद्ध हो सकेंगे । यहां तक कि केन्द्रीय नेता उन्हें पंजाब के भावी मुख्यमंत्री के रूप में स्वीकार किए जाने के विरुद्ध भी नहीं थे लेकिन अब श्री मान द्वारा धीरे-धीरे अधिकाधिक उग्रवादी रवैया अपनाए जाने से केन्द्रीय नेतृत्व चिंतित है ।

केन्द्र सरकार ने राजस्थान के गंगानगर जिले में दिए गए भाषणों तथा उनकी श्रीनगर यात्रा को भी अत्यन्त गम्भीरता से लिया है । इसके अलावा सरकार ने उनके उन बयानों को भी अत्यन्त गम्भीरता से लिया है जिनमें उन्होंने अमरीकी राष्ट्रपति श्री बुश तथा भूतपूर्व राष्ट्रपति श्री कार्टर से भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है ।

पंजाब से सम्बन्धित केन्द्रीय कैबिनेट कमेटी की बैठक गत 25 जनवरी को हुई थी, जिसमें श्री मान की नवीनतम गतिविधियों पर चर्चा की गई । गृह मंत्रालय को गुप्तचर एजैंसियों से श्री मान द्वारा गंगानगर में दिए गए भाषणों की रिपोर्ट मिली है । कैबिनेट कमेटी ने श्री मान द्वारा दिए गए भाषणों का भी अध्ययन किया । कैबिनेट कमेटी को यह भी पता चला है कि एक केन्द्रीय मंत्री श्री जार्ज फर्नांडीज अपनी हाल ही की पटियाला यात्रा के दौरान चंडीगढ़ से पटियाला श्री मान की कार में आए थे जिससे एक गलत धारणा बनी । कैबिनेट कमेटी ने कहा है कि अब भविष्य में श्री मान के साथ किसी प्रकार की बातचीत करने या कुछ कहने से पहले सतर्कता बरती जाए ।

मध्य प्रदेश में भाजप

तालमेल : गुजरात में ट

नई दिल्ली, 29 जनवरी (प.स.): आठ राज्यों और एक केंद्र शासित क्षेत्र में 27 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अब तक डेढ़ हजार

Punjabi Sansar

भाजपा नेता ...
(पृष्ठ 3 का शेष)

यह रकम लूट ले गए । सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र को सील कर दिया और आतंकवादियों की तलाश जारी है ।

जिम्मेवारी ली : खालिस्तान आर्म्ड फोर्स के लैटरपैड पर एक प्रैस नोट डाक द्वारा प्राप्त हुआ है जिस पर सर्बजीत सिंह उर्फ साबा व हरपाल सिंह फौजी (के.एल.ओ.) ने थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव बोजा में एक विधवा महिला श्रीमती अमरजीत कौर उर्फ साहबां और इसके संबंधी हजारा सिंह की हत्या की जिम्मेवारी ली है ।

घात लगा कर हमला : 1 जवान मरा, 4 घायल : पुलिस जिला बटाला में आज सायं थाना डेरा बाबा नानक के गांव सरवाली के निकट उग्रवादियों ने घात लगा कर बी.एस.एफ. की 132वीं बटालियन के जीप में गश्त कर रहे 5 जवानों नायक सिंह, हयात सिंह, दलीप सरकार, जसपाल सिंह, सुरेन्द्र कुमार और प्रदीप कुमार को घायल कर दिया । नायक हयात सिंह, जसपाल सिंह और प्रदीप भौमिस की हालत गम्भीर होने पर अमृतसर के सरकारी अस्पताल में भेजा गया । एक जवान दलीप सरकार (38) की बाद में मृत्यु हो गई । बताया जाता है कि उग्रवादियों ने गन्ने के खेतों की आड़ में से गश्ती दल पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिसके जवाब में जवानों ने हथगोले फैंके और फायरिंग की । उग्रवादी भाग जाने में सफल रहे ।

बंदूक न देने पर हत्या : मोगा (सर्व): गत रात जिला फरीदकोट के अंतर्गत थाना बधनीकलां के एक गांव में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की उस समय हत्या कर दी जब उसने उन्हें अपनी बंदूक देने से इन्कार कर दिया । बाद में यह आतंकवादी उसी गांव में एक अन्य व्यक्ति से भी हथियार छीन कर ले गए ।

आढ़ती को लूट लिया : नाभा (सुशील): गत दिवस स्थानीय सब्जी मंडी के एक आढ़ती राज सिंह का एक अज्ञात युवक ने अधोहरा गेट के निकट लूट लिया । बताया जाता है कि अज्ञात युवक ने राज सिंह से 3300 रुपए उस समय लूट लिये जब वह बाजार से घर को वापस आ रहा था ।

पति-पत्नी की हत्या : जिला होशियारपुर के गांव संधड़ां में चार आतंकवादियों ने एक व्यक्ति सेवा सिंह के घर में घुस कर उसकी व उसकी पत्नी की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

फरीदेवाला में हत्या : फिरोज़पुर (धीमान): गत रात आतंकवादियों ने फिरोज़पुर जिला में थाना जीरा के अंतर्गत गांव फरीदेवाला में एक व्यक्ति इंद्रजीत सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

नकदी छीनी : धूरी (सिंगला): थाना बरनाला के अंतर्गत फरवाही के एक दुकानदार जगन्नाथ से दो लुटेरे 3300 रुपए छीन कर ले गये । वे सिर दर्द की गोली लेने के बहाने आये तथा यह धमकी देकर कि उनके पास ए.के. 47 राइफल है, उससे नकदी छीन कर ले गए ।

नाका पार्टी पर फायरिंग : मोहाली (नर्बदा): जिला पटियाला के गांव बरेटी में पुलिस की एक नाका पार्टी पर आतंकवादियों द्वारा फायरिंग किए जाने का समाचार है । बताया जाता है कि जब पुलिस के जवान एक नाका लगाकर खड़े थे तो दो अज्ञात नौजवान लाल रंग के मोटर साइकल पर आए और उन्होंने चलते हुए मोटर साइकल से नाका पार्टी पर फायरिंग की । किसी के हताहत होने का समाचार नहीं है । फायरिंग के बाद ये नौजवान लाडरां रोड से होते हुए सोहाना गांव की ओर आए । पुलिस ने उनका पीछा किया परन्तु वह फरार होने में सफल हो गए ।

ग्राम्य विकास निरीक्षण कमेटियां गठित

चंडीगढ़, 29 जनवरी : पंजाब सरकार ने राज्य में नेहरू रोज़गार योजना के अधीन ग्राम्य विकास कार्यों को व्यावहारिक रूप देने हेतु आज यहां प्रत्येक जिला के लिए निरीक्षक एवं निगरान कमेटियां स्थापित की हैं । प्रत्येक कमेटी का प्रमुख जिला का अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (विकास) होगा और सचिव जिला परिषद, कार्यकारी इंजीनियर और सम्बन्धित डिवीजनल डिप्टी डायरैक्टर ग्राम्य विकास एवं पंचायत सदस्य के रूप में होंगे । यह जानकारी श्री सी.एल. बैंस, सचिव ग्राम्य विकास एवं पंचायत ने आज यहां सामूहिक ग्राम्य विकास की राज्य स्तरीय तालमेल कमेटी की बैठक में दी ।

शहाबुद्दीन की याचिका रद्द

पाकिस्तान द्वारा ...
(पृष्ठ 3 का शेष)

पीपुल्स पार्टी के नेताओं ने यह अभियान बेनज़ीर भुट्टो के इस महीने के प्रारम्भ के इस वक्तव्य को ध्यान में रखकर शुरू किया है कि कश्मीर न केवल पाकिस्तान बल्कि पूरे मुस्लिम समुदाय के लिए चिंता का विषय है । उन्होंने यह वक्तव्य इस्लामाबाद में कश्मीर सम्बन्धी कौंसिल में दिया था ।

श्रीमती बेनज़ीर भुट्टो के विदेशी मामलों के सलाहकार इकबाल अखुंद ने दो दिन पूर्व लाहौर की रैली में आरोप लगाया कि भारत इस देश को धमकियां दे रहा है । इस समय रेडियो पाकिस्तान के समाचार बुलेटिनों में आधा समय कश्मीर के बारे में दिया जा रहा है । इनमें शिमला समझौते का उल्लंघन कर भारत विरोधी प्रचार किया जा रहा है ।

रेडियो पाकिस्तान का नया शोशा : रेडियो पाकिस्तान ने आज एक कदम आगे बढ़ कर कहा कि कश्मीर भारत का आंतरिक मामला नहीं है । यह बात पाकिस्तान की ओर से सोवियत संघ के विदेश मंत्री एडुआर्ड शेवर्दनादजे के जवाब में कही गई है । ज्ञातव्य है कि श्री शेवर्दनादजे ने कल भारत के आंतरिक मामले में हस्तक्षेप के विरुद्ध चेतावनी दी थी ।

कश्मीर का प्रश्न ज़िंदा है— साहिबज़ादा : पाकिस्तान के विदेश मंत्री साहिबज़ादा याकूब खां ने कल रात इस्लामाबाद में इस्लामी सम्मेलन संगठन के नेताओं के सम्मान में आयोजित भोज के अवसर पर कहा कि कश्मीर का प्रश्न ज़िंदा है और उस पर तुरंत ध्यान देने की ज़रूरत है । उन्होंने कहा कि कश्मीर में 'स्वतंत्रता आंदोलन' को दबाने के लिए बल प्रयोग किया जा रहा है और इससे कश्मीरियों को बहुत तकलीफ हो रही है । उनके लिए हमारा दिल रो रहा है । उन्होंने कहा कि जिस उद्देश्य के लिए कश्मीरी संघर्ष कर रहे हैं, उसे इस प्रकार कुचला नहीं जा सकता । उन्होंने भारत के इस स्टैंड को कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, अस्वीकार करते हुए कहा कि कश्मीर के लोगों को संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव के अनुसार आत्म-निर्णय के अधिकार का प्रयोग करने की अनुमति दी जाए ।

अतिरिक्त पदभार

चंडीगढ़, 29 जनवरी (वि.प्र.): पंजाब सरकार ने राज्य आबकारी व कराधान आयुक्त श्री ए.के. मिश्रा को पटियाला मंडल के आयुक्त का पदभार अतिरिक्त रूप से दिया है । पटियाला की मंडलायुक्त सुश्री रवनीत कौर प्रशिक्षण पर चली गई हैं । राज्य के खाद्य एवं आपूर्ति निदेशक श्री राजेश

निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा कैपिटल प्रोजैक्ट, यू.टी. चंडीगढ़ के इलैक्ट्रिकल विंग के पास पंजीकृत 'ए' क्लास ठेकेदारों से, एग्ज़ैक्टिव इंजीनियर, इलैक्ट. डिविजन नं. 1, सैक्टर 9-डी, चंडीगढ़ के कार्यालय से 2/- रुपए (केवल दो रुपए) प्रत्येक चुकाने पर प्राप्य निर्धारित प्रपत्र पर प्रतिशतक/आइटम रेट आधार पर मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित हैं । निविदाएं इस कार्यालय में नीचे कार्य के समक्ष लिखी तिथि को सायं **3.30** बजे प्राप्त की जाएंगी और उसी समय निविदकों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के सामने खोली जाएंगी, जो उपस्थित होना चाहेंगे ।

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	धरोहर राशि	समय सीमा	खुलने की तिथि
1.	चंडीगढ़ में पंजाब इंजी. कालेज सैक्टर-12 के कैम्पस में स्ट्रीट लाईटिंग का सुधार ।	90,000/-	1800/-	2 मास	13.2.90

शर्तें :—

1. निविदा पत्रकों की बिक्री, निविदा खुलने की तिथि से एक दिन पहले सायं 4.30 बजे बंद कर दी जाएगी ।
2. निविदा के साथ डिपाजिट एटकाल के रूप में धरोहर राशि आनी

पाक अ... में युद्धवि... करने क...

खोई रत्ता (... जनवरी (पस): ... कांफ्रैंस के प्रमुख सु... एक भारत-विरो... युद्धविराम की ह... हैं ।"

उन्होंने कहा ... हमला करने का क... भारत ने अगर शा... रोकीं तो सीमा के ... मजबूर हो जाएंगे ...

उन्होंने कहा ... में उठाने और जन... प्रस्ताव पारित क... मदद चाहते हैं ।

क्षेत्र के विभि... विरोधी रैलियां की...

मुफ्ती की...

नई दिल्ली, 2... मुफ्ती मोहम्मद ... वेंकटरमन से ... कानून-व्यवस्था ... जम्मू-कश्मीर की ... सरकारी प्रवक्ता ... का मामला भी वि...

ऐसा समझा ... राज्यपाल की नि... पश्चिम बंगाल के ... अलग भेंट में विच... की स्थिति की भी...

बजट स... आवास...

नई दिल्ली, ... के बजट सत्र में ... करेगी । केंद्रीय ... अपने मंत्रालय ... बैठक में उक्त घो... नीति राष्ट्रीय ब...

Punjabi Sanjatani



शर्मा, प्रधानमंत्री श्री विश्वनाथ नई दिल्ली में राष्ट्रपिता महात्मा (छाया : सरस्वती)

ी श्रद्धांजलि

अपना जीवन न्यौछावर कर दिया, पर है कि शहीदों के खून की कीमत पर आज फिर संकट में पड़ गई है । इससे तथा पंजाब विधान सभा के स्पीकर श्री हास ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर या ।

में हरियाणा के राजस्व मंत्री राव राम ज कल्याण मंत्री जगन्नाथ, हरियाणा के डिप्टी स्पीकर कुलबीर सिंह, ख्य सचिव श्री कुलवन्त सिंह, पंजाब के सलाहकार तथा दोनों राज्यों के री भी उपस्थित थे ।

रपुर (अश्विनी): शहीद दिवस के ज स्थानीय जिला परिषद मैदान में एक आयोजन किया गया । समारोह में दो धारण करके राष्ट्रपिता महात्मा गांधी दों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।

र : आज यहां जिला कचहरी परिसर में श्रद्धा एवं सार्वजनिक सहयोग से । उन शहीदों की याद में दो मिनट का किया गया जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता पने बलिदान दिए ।

ए. सिंह, अतिरिक्त जिलाधीश और श्री एस.पी. ने महात्मा गांधी के चित्र को नाई । प्रातः 11 बजे सायरन किया स्त्र पुलिस की एक टुकड़ी ने हथियार लामी दी । (शेष पृष्ठ 8 पर)

द कश्मीर में ा : 13 मरे

बाद, 30 जनवरी (डी.पी.ए.): और उसके कब्जे वाले विवादग्रस्त के तीन शहरों में हिंसात्मक घटनाओं में मारे गए । अधिकारियों ने हैदराबाद ाद अनिश्चित कालीन कर्फ्यू लगा जातीय हिंसा में दस व्यक्ति मारे गए । सिंधी राष्ट्रवादियों के बीच संघर्ष के हैदराबाद में एक सप्ताह से अधिक र्फ्यू लगा रहा था । उस दौरान संघर्ष में मारे गए थे ।

सीमा से लगे मिरानशाह कस्बे में ों ने अमरीकी सहायता मिशन के एक म फैंके, जिससे दो पाकिस्तानी नागरिक पाकिस्तान नियंत्रित आजाद कश्मीर की फराबाद में एक बम विस्फोट में एक ी गई और तीन घायल हो गए

पंजाब में इंका नेता व 2 साधुओं सहित 8 व्यक्तियों की हत्या

पतंगा की हत्या के विरुद्ध रोष स्वरूप जैतो में हड़ताल रही

2 आतंकवादी मुठभेड़ में मारे गए

चंडीगढ़, 30 जनवरी (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत रात के बाद से एक इंका नेता तथा दो साधुओं सहित 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । भाजपा नेता श्री गुरबचन सिंह पतंगा की हत्या के शोक में आज दूसरे दिन भी जैतो में हड़ताल रही । राज्य में दो आतंकवादी भी मारे गए ।

पिता, पुत्र की हत्या : अमृतसर (पस): पुलिस ने बताया कि गत रात थाना घरेंडा के अंतर्गत गांव महावा में आतंकवादियों ने अंग्रेज सिंह तथा उसके 18 मास के लड़के गुरविंदर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । घटनास्थल पर पाये गये एक पत्र में आतंकवादियों ने आरोप लगाया कि वह लूटपाट की वारदातें किया करता था तथापि पुलिस ने इस हत्याकांड को आतंकवादी गुटों की आपसी शत्रुता का परिणाम बताया है क्योंकि अंग्रेज सिंह अतीत में आतंकवादी घटनाओं में संलिप्त रहा है और उसे हाल ही में जमानत पर रिहा किया गया था ।

2 आतंकवादी मारे गये : मजीठा पुलिस जिला के रमदास क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ के दौरान दो आतंकवादी मारे गये । इनमें से एक आतंकवादी की पहचान हरजिंदर सिंह उर्फ राजी के रूप में हुई है ।

भूमि विवाद में हत्या : अमृतसर नगर के समीप स्थित एक गांव में आज प्रातः कुछ लोगों ने छुरा घोंप कर सविंदर सिंह की हत्या कर दी । पुलिस ने इस हत्या का कारण भूमि संबंधी विवाद बताया है ।

दाना मंडी में फायरिंग : अशोक सोनी के अनुसार गत रात तीन बजे के करीब अमृतसर के बाहर दाना मंडी में जहां सी.आर.पी. की चौकी है, ड्यूटी पर तैनात संतरी ने तीन-चार संदिग्ध व्यक्तियों को घूमते देखा । जब उन्हें ललकारा गया तो वे फायरिंग करने लग गये । सी.आर.पी. के जवानों ने जवाबी फायरिंग की तो कुछ देर की फायरिंग के बाद संदिग्ध व्यक्ति फरार हो गये । दोनों ओर से किसी तरह की प्राणहानि नहीं हुई ।

2 साधुओं की हत्या : होशियारपुर (पस): पुलिस के अनुसार होशियारपुर जिला के भुंगा थाने के अंतर्गत नंदाली गांव में आतंकवादियों ने दो साधुओं की हत्या कर दी । पुलिस को गोलियों से छलनी दोनों शव आज मिले । पुलिस के अनुसार दोनों साधुओं को ए.के. 47 राइफल से गोलियां मारी गई ।

पतंगा की अंत्येष्टि :जैतो (पराशर) पंजाब भाजपा के सचिव श्री गुरबचन सिंह पतंगा जिनकी कल दो आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी, का आज यहां अंतिम संस्कार कर दिया गया । अंतिम संस्कार के समय समाज के विभिन्न वर्गों के लोग मौजूद थे । श्री पतंगा के बड़े लड़के जसकरण सिंह ने पिता को अग्नि दी । 50 वर्षीय श्री पतंगा अपने पीछे विधवा पत्नी, 5 लड़के व 1 लड़की छोड़ गये हैं। उनके भाई दीपक जैतोई पंजाबी के प्रसिद्ध कवि हैं ।

श्री पतंगा 1980 से 6 वर्ष तक जिला फरीदकोट भाजपा के अध्यक्ष रहे । 1988 में वह भाजपा की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य बने । एमरजैंसी के दौरान वह लगभग एक वर्ष तक कैद रहे । पंजाब भाजपा के अध्यक्ष श्री मदन मोहन मित्तल, जिला फरीदकोट भाजपा के अध्यक्ष श्री राजकुमार गिरधर, जिला इंका अध्यक्ष श्री अवतार सिंह बराड़, लौंगोवाल अकाली दल के महासचिव श्री बलवंत सिंह रामेआना और सीपीआई व सी.पी.एम. के नेताओं ने स्वर्गीय नेता को श्रद्धांजलि भेंट की ।

श्री पतंगा की हत्या के विरुद्ध रोष स्वरूप आज दूसरे दिन भी जैतो में सभी दुकानें, कारोबारी संस्थान, प्राइवेट स्कूल, कालेज आदि बंद रहे ।

सरकार दुल-मुल नीति छोड़े : कपूरथला (शर्मा): कल आतंकवादियों द्वारा गुरबचन सिंह पतंगा की हत्या की निंदा करते हुए कपूरथला के भाजपा नेताओं श्री हीरा लाल धीर, युगल महाजन दलीप पथरीया और शाम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि आए दिन आतंकवादियों और अलगाववादियों द्वारा भारत मां के प्रिय सपूत छीने जा रहे हैं जहां पंजाब की देश भक्त पार्टियों के कार्यकर्त्ता मातृभूमि को बचाने में कुर्बानी दे रहे हैं वहां भाजपा के कार्यकर्त्ता भी अपनी जिन्दगी का इस यज्ञ में होम करने में पहली पंक्ति में खड़े हैं । सरकार को दुल-मुल नीतियों का परित्याग कर कड़ाई से काम करना चाहिए अन्यथा हालात और भी बदतर होंगे ।

पतंगा की हत्या की जिम्मेदारी ली : चार उग्रवादी संगठनों ने भाजपा नेता श्री गुरबचन सिंह पतंगा की हत्या की जिम्मेदारी ली है । भाई हरभजन सिंह डेलियांवाली तथा भाई बलविंदर सिंह गंगा की ओर से जारी की गई प्रैस विज्ञप्ति में बब्बर खालसा, खालिस्तान लिबरेशन फोर्स, खालिस्तान कमांडो फोर्स तथा आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन (दलजीत धड़ा) ने इस हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि भाजपा इंका से भी ज्यादा सिखों की दुश्मन है ।

इंका नेता की हत्या : आज प्रातः जिला रोपड़ के गांव बमनारा में आतंकवादियों ने एक इंका नेता श्री रणधीर सिंह की हत्या कर दी । वह पंजाब भूमि विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष थे ।

रोपड़ से 'बर्मा' के अनुसार श्री रणधीर सिंह मोरिंडा से इंका टिकट पर श्री रविंदर सिंह के विरुद्ध 2 बार विधानसभा का चुनाव लड़ चुके थे । वह दरबारा सिंह ग्रुप से सम्बद्ध समझे जाते थे ।

गांव ग्रेवाल में हत्या : रोपड़ से 6 किलोमीटर दूर मगरोड गांव के निवासी रणजोध सिंह ग्रेवाल की उस समय हत्या कर दी गई जबकि वह उक्त गांव में अपने रिश्तेदार को मिलने गया हुआ था । वह हाल ही में जमानत पर छूट कर आया था । उसे आतंकवादी गतिविधियों से संलिप्त होने के कारण गिरफ्तार किया गया था ।

बैंक लूटने का प्रयास : फगवाड़ा से कौड़ा की सूचना है कि गत रात यहां के निकटवर्ती गांव पलाही में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा को लूटने की कोशिश की जिसे नाकाम बना दिया गया । यह भी मालूम हुआ है कि अभियुक्त बैंक के ताले तोड़ कर अंदर दाखिल तो हो गये परन्तु कोई आवाज सुन कर भाग निकले । बैंक मैनेजर गुरमीत सिंह ने पुलिस में बैंक के ताले तोड़े जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है ।

तीन आतंकवादी पकड़े गये : मुक्तसर से दर्दी, दीपक के अनुसार पुलिस ने गत 24 घंटों के दौरान 3 आतंकवादी पकड़े हैं । इनके नाम लछमन सिंह, बुद्ध सिंह तथा हरबंस सिंह हैं । उनके कब्जे से 12 बोर की एक बंदूक, 12 बोर की पिस्तौल, एक 303 की पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद हुए । इसके अलावा उनसे 2000 रुपए भी बरामद हुए जो उन्होंने कुछ दिन पूर्व छीने थे । उनसे पूछताछ जारी है ।

ट्रैक्टर सवार मरा : बटाला (कोछड़): आज सायं पुलिस व बी.एस.एफ. की कुछ आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान निकट से गुजर रहे एक ट्रैक्टर पर सवार व्यक्ति की गोली लगने से मृत्यु हो गई । यह जानकारी देते हुए एस.एस.पी. श्री एस.के. गोयल ने बताया कि थाना श्रीहरगोबिंदपुर के गांव मदरा के निकट आज दोपहर कुछ आतंकवादी एक व्यक्ति से उसका बजाज चेतक स्कूटर पी.आई.जे. 8956 छीन कर ले गए । सूचना मिलने पर पुलिस तथा बी.एस.एफ. ने उनका पीछा किया । गांव दहिया के निकट कुछ संदिग्ध लोग सुरक्षा बलों को देख कर फायरिंग करते हुए भाग खड़े हुए, जिस पर सुरक्षा

(शेष पृष्ठ 8 पर)

संधू की हत्या किसने की : इंटैलीजैंस ब्यूरो तथा पुलिस द्वारा विभिन्न थ्यूरियों पर विचार

नई दिल्ली, 30 जनवरी (स.आ.): अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के महासचिव श्री हरमिन्दर सिंह संधू की जब हत्या हुई तो दमदमी टकसाल के चार सदस्य तब उनके घर में ही उपस्थित थे । पंजाब पुलिस के अधिकारियों तथा इंटैलीजैंस ब्यूरो को पूर्ण विश्वास है कि दमदमी टकसाल के यह सदस्य हत्यारों में से कम से कम एक को अच्छी तरह से पहचानते हैं ।

हत्यारों में से एक ने श्री संधू के निवास स्थान में जाकर स्वयं को सतिन्दरपाल सिंह बताया तथा कहा कि वह कैनेडा से आया है । दमदमी टकसाल के सदस्यों में से एक उसे रास्ता दिखा कर श्री संधू के शयनकक्ष तक ले गया था । पुलिस तथा इंटैलीजैंस ब्यूरो के अधिकारियों का कहना है कि चूंकि दमदमी टकसाल के यह चारों सदस्य मलकीयत सिंह उर्फ पप्पू, गज्जा सिंह, जगराज सिंह तथा दर्शन सिंह मालीवाल श्री संधू के अत्यन्त निकट रहे हैं, तो यह भी लगभग स्वाभाविक ही है कि वह उस व्यक्ति को अच्छी तरह पहचान सकते हैं, जिसने अपना परिचय कैनेडा से आए हुए सतिन्दरपाल सिंह के रूप में दिया था ।

इंटैलीजैंस ब्यूरो को सूचित किया गया है कि हत्यारा खालिस्तान कमांडो फोर्स का 'जनरल' परमजीत सिंह पंजवार था । बताया जाता है कि ब्यूरो के अधिकारियों ने पंजाब पुलिस से कहा था कि वह पंजवार का चित्र टकसाल के उन्हीं सदस्यों को दिखाएं, जिससे यह सूचना प्रमाणित हो सके । मगर पुलिस पहले तो श्री संधू के संस्कार की प्रतीक्षा करती रही तथा बाद में गणतंत्र दिवस के समारोह में व्यस्त हो गई ।

ऐसा लगता है कि पंजाब पुलिस के अधिकारी यही सोच कर बैठे हुए हैं कि टकसाल के सदस्य द्वारा सीमा तक सहयोग करने में शायद झिझक कर जाएं । इसी कारण से ही उन्होंने अकाल तख्त के पूर्व जत्थेदार जसबीर सिंह रोडे से भी इस चित्र के बारे में यह नहीं कहा कि वह देखें कि यह सतिन्दरपाल सिंह कहीं वही तो नहीं है, जिसे उन्होंने इंटरनैशनल सिख यूथ फैडरेशन के सदस्य के रूप में नियुक्त किया था तथा जिसके बारे में अनुमान है कि वह अभी तक पाकिस्तान में ही छिपा हुआ है ।

संधू की यह हत्या पंजाब के अन्य नेताओं की हत्याओं से एक महत्वपूर्ण पक्ष के कारण कुछ अलग-सी थी । गत कुछ वर्षों के दौरान जब भी कभी पंजाब से किसी भी महत्वपूर्ण व्यक्ति की हत्या हुई तो अखिल भारतीय सिख छात्र संघ, एकीकृत अकाली दल (मान), दमदमी टकसाल, अकाल तख्त तथा अन्य उग्रवादी संगठनों ने पूर्व केन्द्रीय गृहमंत्री बेटा सिंह द्वारा स्थापित सतर्कता विभागों को ही इसके लिए उत्तरदायी ठहराना आरम्भ कर दिया था । मगर इस बार यह आरोप केवल एक ही बार सुनाई दिया तथा वह भी अत्यन्त धीमी आवाज में । पुलिस तथा ब्यूरो का विचार है कि आतंकवादी लहर में लिपटे सभी दल जानते हैं कि संधू का वास्तविक कातिल कौन है ।

इस संदर्भ में दो अन्य थ्योरियां भी हैं । इनमें से एक अखिल भारतीय सिख छात्र संघ मनजीत गुट तथा दलजीत गुट में आपसी दुश्मनी भी बताई जाती है । दलजीत सिंह उर्फ बिट्टू ने सार्वजनिक रूप में

(शेष पृष्ठ 8 पर)

न की गई तो राजनीतिक तौर स्तर गोल हो जाएगा : मान

न ने कहा कि सीधी टक्कर लेने से कोई होगा । मैं सरकार से कहूंगा कि वह सरकार वाली नीति पर पुनर्विचार करे । का मसला हल न किया गया तो हम नीतिक तौर पर बोरिया-बिस्तर गोल हो

श्न के उत्तर में श्री मान ने स्पष्ट घोषणा सिद्धांत से गिर कर केंद्र सरकार से कोई नहीं करूंगा । जो लोग यह अनुमान लगा संत लौंगोवाल की तरह मैं भी कोई न समझौता कर लूंगा, उन्हें यह पता ही सिखों के नए उभर रहे नेतृत्व की रा क्या है । उन्होंने कहा कि पंजाब की पुराने नेतृत्व को अस्वीकार कर दिया है ।

गलत बातें करने वालों को यह बात जान लेनी चाहिए कि जिस आदमी ने राजीव सरकार के दौर में पंजाब के मुख्यमंत्री का पद ठुकरा दिया हो और जिसे फांसी का फंदा सामने दिखाई दे रहा था वह पंजाब और सिखों के हितों की बलि कैसे दे सकता है ।

श्री मान ने कहा कि राष्ट्रीय मोर्चे की सरकार को पहले यह बताना होगा कि वह हमसे किस बारे बात करना चाहती है, मुद्दे क्या हैं ? जब यह सब कुछ हमारे सामने आएगा तो हमारी पार्टी विचार-विमर्श करेगी, तत्पश्चात् सिद्धांतों पर कोई समझौता किया जाएगा ।

नई सरकार से बातचीत करने की सम्भावनाओं बारे पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि उन्होंने शिष्टाचारवश अपनी ड्यूटी पूरी कर दी है । इस सम्बन्ध में उन्होंने गत 11 जनवरी को लुधियाना में प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह के स्वागत और फिर उन्हें विदा करने का उल्लेख करते हुए कहा कि मेरा फर्ज पूरा हो गया है अब गेंद सरकार के पाले

भाजपा नेता मोर्चा सरकार को अकालियों के आगे घुटने टेकने की अनुमति नहीं देंगे ?

चार के बाद संजय

Punjabi Sahapedia

30

कार, जिसमें देवी
इरादों पर शक

0 'एवन' र दिया

भाखड़ी): एवन
द्वारा 25,000
थम समय है जब
कम्पनी साइकलों
'एवन' साइकल
में आर्डर मिलने

की ?

था आरोप लगाया
भी तो उसने जून
के दौरान स्वयं ही
न्यू स्टार के पूर्व के
जब भिंडरांवाले के
में संधू को तोड़ना
इसी बात ने अन्य
तंकवादी मित्रों में
एक खतरे के रूप

नक 'अजीत' के
प्ति पर आधारित
ना चार आतंकवादी
युक्त रूप से लिया
से का पंजवार तथा
ह सुल्तान विंड,
इजेशन के भाई
र खालसा के भाई
भाई बधवा सिंह,
दलजीत सिंह व

ब्यूरो विभिन्न
में एक खतरनाक
हीं कर रहे । इनमें
यह भी है कि सभी
इतनी घृणा करते हैं,
रते होंगे तथा पंजाब
न के लिए सब से
आपस में ही लड़ने

सूचना के अनुसार
आपस में संगठित
करने में सफलता
ने भाई खालिस्तान
भ सिंह उर्फ सुखदेव
त्यु को इसके लिए

शक्ति के उदाहरण के रूप में देखे जाने के साथ-साथ [illegible] पर भी एक कड़ा प्रहार है ।

हालांकि संधू ने हाल ही में यह भी दोहराया था कि केवल 'खालिस्तान' ही उनका अन्तिम लक्ष्य है । आतंकवादियों में उसे मध्य श्रेणी का आतंकवादी ही माना जाता था तथा केन्द्र में राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार द्वारा उसकी सहायता से ही श्री मान को निकट भविष्य में पंजाब के मुख्यमंत्री की गद्दी सौंप दिए जाने की आशा की जा रही थी ।

संधू ने अपने प्रभाव का प्रदर्शन हाल ही के लोकसभा चुनावों में अकाली दल मान के प्रत्याशियों को शानदार विजय दिलाकर किया था । संधू की हत्या को श्री मान के लिए अब एक स्पष्ट चेतावनी माना जा रहा है कि वह सरकार से बातचीत के दौरान सतर्क रहे ।

मगर पंजाब पुलिस में एक ऐसा वर्ग भी है, जो संधू की हत्या को राजनीतिक दुश्मनी के परिणाम से कहीं अधिक मान रहा है । अपनी बात के समर्थन में वह संधू को लोगों से मित्रता का जिक्र करते हैं जो हाल ही के पिछले महीनों के दौरान सिख नेतृत्व की दौड़ में काफी पीछे रह गए थे । इनमें से जसबीर सिंह रोडे तथा बाबा जोगिन्दर सिंह प्रमुख हैं । यह अधिकारी अपनी इस बात को और भी ठोस इस संकेत से ही मान रहे हैं कि संधू की अन्तिम अरदास रोडे द्वारा की गई न कि अकाल तख्त के वर्तमान मुख्य ग्रंथी दर्शन सिंह रागी द्वारा ।

एकीकृत अकाली दल बादल के एक वरिष्ठ नेता ने अमृतसर से कहा है कि संधू की हत्या में सतर्कता एजेंसियों की संलिप्तता से इन्कार नहीं किया जा सकता । उसके अनुसार यह इंका का एक अन्य प्रहार भी हो सकता है कि पंजाब बारे जारी वार्ता को तोड़ दिया जाए । इस नेता ने कहा कि इस संदर्भ में मेरा संदेह सबसे पहले गुरनाम सिंह बूटर के नेतृत्व वाले तीसरे अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के गुट की ओर जाता है, क्योंकि अधिकांश लोगों के विश्वास अनुसार वह सतर्कता विभाग के लिए सबसे बड़ा दुश्मन है ।

राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि

(पृष्ठ 3 का शेष)

शिक्षा संस्थाओं में भी शहीदी दिवस मनाया गया । स्कूलों में इस दिवस के महत्व के सम्बन्ध में विशेषत: भारत की स्वतंत्रता में स्वतंत्रता सेनानियों की भूमिका से सम्बन्धित भाषण एवं बातचीत का आयोजन भी किया गया जिनका उद्देश्य कठिनाई से प्राप्त स्वतंत्रता की सुरक्षा के लिए प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व और जनसाधारण में राष्ट्रीय एकता एवं उच्च आदर्शों की भावना को बढ़ावा देना है ।

जालन्धर में पंजाब कल्याण परिषद की ओर से महात्मा गांधी का बलिदान दिवस सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया । इस सम्बन्ध में एक समारोह का आयोजन परिषद के अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में किया गया, जिसका उद्घाटन [illegible]



भारतीय जनता पार्टी पंजाब के महासचिव श्री गुरबचन सिंह पतंगा का शव (बाएं) जिन्हें गत दिवस आतंकवादियों ने जैतों में कत्ल कर दिया, (दाएं) वह दुकान जहां उन पर फायरिंग की गई, (इनसैट) श्री पतंगा का एक पुराना चित्र (छाया : जिन्दल)

शांति बहाली से पूर्व चुनाव गलत : भाजपा

(पृष्ठ 3 का शेष)

पीछे' बातचीत चल रही है लेकिन उनकी मांगों को देखते हुए इसका कोई नतीजा नहीं निकल सकता । श्री शर्मा का कहना था कि पंजाब में दिए गए किसी भी गलत संकेत के कश्मीर में बुरे नतीजे हो सकते हैं । श्री प्रकाश ने लुधियाना में हुई सर्वदलीय रैली को एक अच्छी शुरूआत बताया । उन्होंने कहा कि इससे मुक्त बहुमत को जगाया जा सकता है । उन्होंने कहा कि इस तरह की रैलियां जिला स्तर पर की जानी चाहिएं ।

वक्तव्य के अनुसार गत लोकसभा चुनावों के बाद से आतंकवादियों की गतिविधियां तेज हुई हैं । उन्होंने कहा कि प्रशासन आतंकवादियों की हिट लिस्ट में शामिल प्रमुख नेताओं की जान बचाने में असफल रहा है ।

मार्क्सी प्रतिनिधिमंडल मास्को, बीजिंग जाएगा

नई दिल्ली, 30 जनवरी : विधान सभा चुनावों के तत्काल बाद मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल मास्को तथा बीजिंग जाएगा ताकि पूर्वी यूरोप की स्थिति, सोवियत संघ में जातीय उपद्रवों तथा समाजवाद को पेश संकट पर सोवियत कम्युनिस्ट पार्टी तथा चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं से विचार-विमर्श किया जा सके । चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मार्क्सवादी पार्टी के महासचिव ई.एम.एस. नम्बूद्रीपाद, हरकिशन सिंह सुरजीत, बासवपुनैया तथा सीता राम येचूरी पर आधारित होगा । इस प्रतिनिधिमंडल के 28 फरवरी या मार्च के पहले सप्ताह में रवाना होने की सम्भावना है ।

853 अध्यापक चुने गए

चंडीगढ़, 30 जनवरी : पंजाब सरकार ने राज्य के स्कूलों में अध्यापकों को रिक्त पद भरने के लिए एक विशेष अभियान के अन्तर्गत आज 853 अध्यापक चुने ।

यह रहस्योद्घाटन करते हुए आज यहां एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि यह चुनाव एक विशेष विभागीय भर्ती कमेटी लुधियाना द्वारा किया गया । 700 से अधिक उम्मीदवार केवल पिछड़ी श्रेणियों से ही चुने गए तथा चुने गए उम्मीदवारों को आज नियुक्ति पत्र भी भेज दिए गए हैं

पापलर की लकड़ी की बिक्री में कोई समस्या नहीं—कपूर

होशियारपुर, 30 जनवरी (अश्विनी कपूर): यहां वन अनुसंधान व ट्रेनिंग मंडल मुख्यालय में राज्य की प्रथम सीड प्रयोगशाला का नींव पत्थर पंजाब के प्रिंसीपल मुख्य वन पालक श्री एस.के. कपूर ने रखा । इस अवसर पर अपने भाषण में श्री कपूर ने कहा कि पापलर की लकड़ी अत्यंत अच्छी किस्म की लकड़ी है व इसकी बिक्री कोई समस्या नहीं है ।

श्री कपूर ने बताया कि राज्य में 500 हैक्टेयर सरकारी भूमि में पापलर के 2.50 लाख पौधे लगाएगी, जबकि अन्य 500 लोगों को 2 हजार हैक्टेयर भूमि में पापलर के पौधे लगाने के लिए 50 लाख रुपये के कर्जे भी देगी । इस अवसर पर वन मंडल अधिकारी श्री एस.एस. संधू ने भी अपने विचार प्रकट किए ।

मैट्रो टायर्स द्वारा प्रायोजित 'लेख' खोजी किशोर की कहानी

धूमल द्वारा दंडवते से सैंट्रल सीमा 50 लाख तक बढ़

जालंधर, 30 जनवरी (सं): प्रो. प्रेम कुमार धूमल सांसद, जिन्हें भाजपा हाइकमान ने केंद्र शासित क्षेत्र चंडीगढ़ तथा जालंधर के उद्योग के हितों की देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी है, ने केंद्रीय वित्तमंत्री प्रो. मधु दंडवते को एक ज्ञापन दिया है जिसमें सैंट्रल एक्साइज़ की छूट सीमा बढ़ाने के संबंध में उद्योगों की मांग का समर्थन किया है ।

मंदिर निर्माण के दृष्टिगत फैज़ाबाद में कड़े सुरक्षा प्रबंध

फैज़ाबाद, 30 जनवरी (वार्ता): विश्व हिन्दू परिषद आगामी चौदह फरवरी से अयोध्या में श्री राम जन्म भूमि मंदिर के निर्माण के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनज़र यहां कड़े सुरक्षा के व्यापक प्रबन्ध किए जा रहे हैं । इस सिलसिले में फैज़ाबाद परिक्षेत्र में पुलिस उपमहानिरीक्षक जी.एल. शर्मा ने प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों से विचार-विमर्श किया है ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुभाष जोशी ने कल यहां सम्वाददाताओं को बताया कि मंदिर के शिलान्यास के अवसर पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिस तरह का व्यापक प्रबन्ध किया गया था, उसी तरह के प्रबन्ध इस बार भी किए जाने की रूपरेखा पर विचार किया जा रहा है । उन्होंने बताया कि अदालत के निर्णय का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाएगा ।

नई दिल्ली (वार्ता): जनता दल ने 14 फरवरी से श्री राम जन्म भूमि मंदिर निर्माण की विश्व हिन्दू परिषद की निंदा की है । जनता दल के प्रवक्ता एस. जयपाल रेड्डी ने आज यहां सम्वाददाताओं से बातचीत में कहा है कि इस तरह के नाजुक मसले को पेचीदा बनाने की कोई भी कोशिश निंदनीय है ।

राजनीति प्रेरित : भोपाल (वार्ता): ज्योति पीठ व द्वारका पीठ के शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती ने कहा है कि विश्व हिन्दू परिषद को अपने संकीर्ण स्वार्थों के लिए हिन्दुओं की धार्मिक भावनाओं का लाभ उठाना बंद कर देना चाहिए । स्वामी शंकराचार्य ने कल यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि विश्व हिन्दू परिषद द्वारा तथाकथित श्री राम जन्म भूमि पर 14 फरवरी को श्री राम मंदिर के निर्माण की शुरूआत किए जाने की घोषणा राजनीतिक इरादे से प्रेरित लगती है ।

पंजाब में भी सेना बुलाई जाए : महाजन

अमृतसर, 30 जनवरी (कमलेश): भारतीय जनता पार्टी पंजाब के प्रचार मंत्री श्री सतपाल महाजन ने पंजाब भाजपा के महामंत्री श्री गुरबचन सिंह 'पतंगा' की उग्रवादियों द्वारा की गई निर्मम [illegible]

Punjabi Sanatani

कैरों गांव में आतंकवादियों ने राकेट फैंके, रेल लाइन उड़ा दी

पुलिस व विशेष पुलिस अधिकारी चौकियों पर हमला, ट्रांस्फार्मर जल गया

5 व्यक्तियों की हत्या : 3 दुर्दांत आतंकवादी मरे

चंडीगढ़, 1 फरवरी (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत रात के बाद से 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । कैरों गांव पर राकेटों से हमला किया गया तथा वहां दो जगह रेल लाइन उड़ा दी गई । अमृतसर जिला के गांव चुसलेवड़ में स्टेट बैंक आफ इंडिया की जांच को लूटने का प्रयास किया गया । आज अमृतसर पुलिस ने 3 खतरनाक आतंकवादियों को एक मुठभेड़ में मार गिराया ।

दो व्यक्तियों की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर-झब्बाल रोड पर आतंकवादियों के एक गिरोह ने एक व्यक्ति त्रिलोक नाथ की उसके 'धर्म कंडे' पर गोलियां मार कर हत्या कर दी । थाना झब्बाल के ही गांव खरडे में एक गिरोह ने हरभजन सिंह की हत्या कर दी । हरभजन सिंह का उसके घर से अपहरण करके खेतों में ले जाकर गोली मार दी गई ।

2 खतरनाक आतंकवादी मारे गए : आज सायं 4 बजे के लगभग अमृतसर से बाहर जालन्धर-अमृतसर रोड पर गांव दोबुर्जी के निकट कार सवार दो आतंकवादी पुलिस व सुरक्षा बलों की गोलियों का निशाना बन गए जबकि वह अपनी कार उलट जाने के बाद भागने की कोशिश में थे ।

इस घटना का विवरण एस.पी. (आप्रेशन) श्री एच.बी. चांद ने पत्रकारों को देते हुए बताया कि तीन आतंकवादी टाहलीवाला चौक सरवरपुरा से एक सर्राफ को एक लाल रंग की मारुति कार जिसका नम्बर पी.सी.ए. 629 था, में डाल कर ले जा रहे थे कि कल से शुरू की गई नए ढंग की पुलिस गश्त द्वारा कार को रुकने का संकेत दिया गया परन्तु कार सवार आतंकवादियों ने कार को बड़ी तेजी से दौड़ा लिया । इस पर मोटर साइकल सवार पुलिस वाले भी कार के पीछे लग गए । आतंकवादियों का पीछा कर रहे मोटर साइकल सवार पुलिस वालों को आगे से एक गश्ती पुलिस वैन भी मिल गई । वह भी मोटर साइकल पुलिस वालों के साथ आतंकवादियों के पीछे लग गई । दोबुर्जी के करीब आगे से आती हुई सुरक्षा बलों की मोटर गाड़ी मिली जोकि अमृतसर के जिलाधीश की कार के साथ एस्कार्ट के तौर पर आ रही थी । सुरक्षा बलों की आगे से आने वाली गाड़ी को देख कर आतंकवादी घबरा गए और उन्होंने भी अपनी कार को जल्दी से एक तरफ मोड़ने की कोशिश की । इसी दौरान कार उलट गई और तीनों आतंकवादी इसमें से निकल कर पुलिस की ओर फायरिंग करते हुए भाग खड़े हुए । पुलिस की जवाबी फायरिंग से दो आतंकवादी तो मारे गए जबकि तीसरा भागने में सफल हो गया । क्रास फायरिंग में दो राहगीर मामूली घायल हुए । पुलिस ने मारे गए आतंकवादियों से .30 बोर का एक पिस्तौल तथा उसकी कुछ गोलियां और एक .38 बोर का रिवाल्वर व कुछ गोलियां बरामद कीं । आतंकवादी जिस सर्राफ का अपहरण करके ले जा रहे थे, उसकी जान बच गई । श्री चांद ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों की अभी तक पहचान नहीं हो सकी ।

आतंकवादी मरा : आज सायं पुलिस जिला मजीठा में गांव टांगरा के निकट आतंकवादियों ने एक आतंकवादी आसा सिंह को मार गिराया ।

इंका नेता की हत्या : आज शाम अमृतसर जिला कांग्रेस (इ) ग्रामीण के प्रधान श्री देवेंद्र सिंह की आतंकवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

गट संघर्ष में हत्या : गत रात थाना भिखीविंड के अन्तर्गत गांव कल्ला में आतंकवादी गुटों के संघर्ष में एक व्यक्ति सकत्तर सिंह की हत्या कर दी गई । के.सी.एफ. ने इस हत्या की जिम्मेदारी ली है ।

कैरों गांव में हमले : आतंकवादियों ने दो घंटे के अपने जबरदस्त अभियान में तरनतारन पुलिस जिले के कैरों गांव में पुलिस तथा विशेष पुलिस अधिकारी चौकियों पर हमले किए । आतंकवादियों ने पट्टी थाने के सरहाली मंडा गांव में पुलिस चौकी पर हमला किया । किसी के हताहत होने की खबर नहीं । पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने मोटर साइकल पर सवार दो आतंकवादियों का पीछा किया । आतंकवादी तो भाग गए लेकिन उनका मोटर साइकल पुलिस ने कब्जे में ले लिया । आतंकवादियों ने इसी घटना का बदला लेने के लिए कैरों गांव को अपना निशाना बनाया ।

पुलिस जैसे ही मोटर साइकल को थाने लेकर गई, लगभग तीस आतंकवादियों ने गांव को घेर लिया । उन्होंने सब से पहले पुलिस और विशेष पुलिस अधिकारी चौकियों पर राकेट दागे । इनमें से एक राकेट बिजली के ट्रांस्फार्मर से जा टकराया जिससे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई ।

रेल पटरी उड़ा दी : इसके बाद आतंकवादियों ने ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल से ताबड़ तोड़ गोलियां चलाईं और उत्तर रेलवे के अमृतसर-खेमकरण सैक्शन पर स्थित गांव कैरों में दो स्थानों पर रेल पटरी उड़ा दी । बाद में रेल कर्मियों ने पटरी की मुरम्मत करके यातायात चालू कर दिया । वरिष्ठ पुलिस व सुरक्षा बल अधिकारी मौका पर पहुंच गए । आज तड़के आतंकवादियों को पकड़ने के लिए व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया । ज्ञात हुआ है कि यह आतंकवादी अरुशीश सिंह सोना के खालिस्तान कमांडो फोर्स गुट के सदस्य थे ।

होमगार्ड के जवान की हत्या : उग्रवादियों ने आज सायं पुलिस जिला मजीठा के गांव घुमटविंड में होम गार्ड के एक जवान गुरजीत सिंह की हत्या कर दी ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : मुक्तसर (दर्दी, दीपक): फरीदकोट जिला के एस.एस.पी. श्री एस.के. शर्मा ने आज यहां बताया कि जिला पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान थाना सदर मुक्तसर क्षेत्र में तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । यह तीनों बिना नम्बर के चेतक स्कूटर पर सवार होकर जा रहे थे । उनके कब्जे से एक 12 बोर की डबल बैरल कटी हुई बंदूक, एक 12 बोर का पिस्तौल तथा भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद हुआ । उनके नाम मेजर सिंह वल्द जगराज सिंह, आत्मा सिंह वल्द गुरमीत सिंह तथा गुरदीप सिंह उर्फ काका हैं । यह तीनों लक्खोमुद्दी क्षेत्र के निवासी हैं ।

घर जला दिया : मुक्तसर से 18-20 किलोमीटर दूर थेना मलोट के गांव खुन्नन कलां में आतंकवादियों द्वारा गांव के नम्बरदार का घर जला दिया गया । बताया जाता है कि लगभग दस

(शेष पृष्ठ 8 पर)



अमृतसर जिला में खेमकरण सैक्टर की कल्ला सीमा चौकी पर बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में मारे गए दो दुर्दांत आतंकवादियों के कब्जे से बरामद हथियार तथा (नीचे) सुरक्षा अधिकारी पकड़े गए हथियारों का निरीक्षण करते हुए ।

बोफोर्स मामले में सी.बी.आई. ने इंटरपोल से मदद मांगी

स्टाकहोम, 1 फरवरी (प.स.): भारत के केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सी.बी.आई.) ने बोफोर्स मामले की जांच के लिए अन्तर्राष्ट्रीय पुलिस संगठन 'इंटरपोल' की स्वीडी शाखा का सहयोग मांगा है ।

स्वीडी रेडियो ने आज यह जानकारी दी । रेडियो ने बताया कि 'इंटरपोल' सी.बी.आई. को किसी तरह का सहयोग देने से पहले स्वीडन के विदेश मंत्रालय से इजाजत लेगा ।

इसी मध्य स्वीडन के अखबार ने वहां की सरकार पर बोफोर्स तोप सौदे से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारी इस मामले की जांच कर रहे स्वीडी सांसदों से छिपाने का आरोप लगाया है ।

बोफोर्स कम्पनी पर आरोप है कि उसने 1986 में भारत को 155 एम.एम. हाविट्ज़र तोपों की आपूर्ति का ठेका हासिल करने के लिए कुछ भारतीय अधिकारियों और अन्य बिचौलियों को करोड़ों डालर की रिश्वत दी थी ।

दैनिक 'दजेन्स निहेतर' ने दावा किया है कि स्वीडन की सरकार को 1987 की ग्रीष्म ऋतु में ही उन लोगों के बारे में पता लग गया था, जिन्हें बोफोर्स कम्पनी द्वारा दलाली की रकम दी जानी थी । लेकिन उसने इस सौदे की जांच के लिए 1988 में गठित संसदीय आयोग को भी यह जानकारी मुहैया नहीं कराई ।

अखबार ने दिसम्बर 1986 की स्वीडिश राष्ट्रीय आडिट ब्यूरो की एक रिपोर्ट की फोटो कापी भी प्रकाशित की है । इसमें जांचकर्त्ताओं ने रायल बैंक आफ स्वीडन की उस आपत्ति का भी जिक्र किया है, जो उसने बोफोर्स द्वारा 18.80 करोड़ लाख क्रऊन (तीन करोड़ डालर) की राशि का भुगतान एक स्विस खाते में करने के बारे में उठाई है । बताया जाता है कि यह भुगतान उसी समय का है, जब बोफोर्स ने भारत के साथ एक अरब तीस करोड़ डालर के तोप आपूर्ति सौदे पर हस्ताक्षर किए थे ।

कुछ कहने से इंकार : बम्बई (वार्ता): प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन ने कहा है कि उन्हें पुनः आरोपों पर कतई आश्चर्य नहीं है, जिनमें कहा

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanatan

आतंकवादियों ने राकेट फैंके

(पृष्ठ 8 का शेष)

आतंकवादी नम्बरदार परमजीत सिंह के घर आए । घर के लोगों द्वारा दरवाजा न खोले जाने पर उन्होंने एक व्यक्ति से उसकी ट्रैक्टर-ट्राली लेकर दरवाजा तोड़ दिया और अन्दर दाखिल हो गए । इस दौरान नम्बरदार और उसके परिवार के सदस्य दीवार फांद कर भाग निकले । आतंकवादियों ने नम्बरदार की जीप तथा घर के सामान को एक जगह इकट्ठा करके आग लगा दी ।

इसके बाद आतंकवादी गांव के सरपंच के घर गए । उन्होंने उससे उसकी राइफल व रिवाल्वर मांगा । सरपंच ने कहा कि उसने अपनी राइफल बेच दी है । इसपर आतंकवादियों ने उसका रिवाल्वर ले लिया तथा घर में ही फायर किए । इसके बाद आतंकवादी वहां से चले गए । उल्लेखनीय है कि नम्बरदार परमजीत सिंह पर पहले भी आतंकवादी हमला कर चुके हैं ।

रुपए बटोरते वाले गिरफ्तार : फरीदकोट से जिला के अनुसार फरीदकोट जिला पुलिस ने जबरी धन बटोरने वाले तीन व्यक्तियों गरसेवक सिंह, जगतार सिंह तथा रेशम सिंह को गिरफ्तार किया है जो कि सिख छात्र संघ के नाम पर क्षेत्र के रईस शैलर मालिकों को धमकीपूर्ण पत्र लिख कर रुपए बटोरते थे । पुलिस ने उनसे एक जीप भी बरामद की ।

लूट की घटनाएं : फिरोजपुर (धीमान): लगभग आठ आतंकवादी गत रात थाना फल खुर्द के गांव सहजदी में हंसराज के घर गए तथा वहां से 25 हजार रुपए नकद व आठ तोले सोने के आभूषण लूट कर ले गए । एक अन्य घटना में थाना धर्मकोट के गांव इलोटी में दर्शन सिंह के घर से पांच सशस्त्र व्यक्ति 38 बोर का रिवाल्वर ले गए ।

तीन लुटेरे गिरफ्तार : धूरी (सिंगला): डी.एस.पी. मालेरकोटला श्री एच.एस. चाहल ने बताया कि पटियाला व लुधियाना जिलों के लाभ सिंह, अमरजीत सिंह, सर्बजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया है । यह लुटेरे मालेरकोटला के लैंड मार्गेज बैंक को लूटने के मामले में संलिप्त थे । इन लुटेरों ने धूरी शुगर मिल तथा शुगर मिल डकैती में भी संलिप्तता स्वीकार की है । इनका पुलिस रिमांड ले लिया गया है ।

मुठभेड़ों में 5 आतंकवादी, 5 घुसपैठिये मरे : एस.पी.ओ. सहित 6 व्यक्तियों की हत्या

राधा स्वामी ब्यास डेरे से शक्तिशाली बम बरामद : 2 आतंकवादी आपसी गुट संघर्ष में मरे

चंडीगढ़ में एक कार्यालय से 3.40 लाख लूटे

चंडीगढ़, 31 जनवरी (वार्ता, प.स.): पंजाब व जम्मू-कश्मीर में भारत-पाक सीमा पर सीमा सुरक्षा बल के साथ हुई विभिन्न मुठभेड़ों में 5 आतंकवादी तथा 5 घुसपैठिए मारे गए । घटनास्थल से भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद हुआ है । पंजाब में एक एस.पी.ओ. सहित 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । राधा स्वामी ब्यास डेरे से आज एक शक्तिशाली बम बरामद होने से भयंकर दुर्घटना टल गई। चंडीगढ़ स्थित एक कार्यालय से 3.40 लाख रुपए लूट लिए गए ।

गुट - संघर्ष में दो आतंकवादी मरे : आतंकवादी गुटों की आपसी प्रतिद्वंद्विता में दो आतंकवादी कल रात मारे गए । उनके गोलियों से छलनी शव आज प्रातः तरनतारन पुलिस जिले में शहीद गांव के पास एक सूखे नाले में मिले । मृतक की पोशाक की जेब से मिले नोट में लिखा है कि दोनों मृतक लोगों को धमकी भरे पत्र लिखकर धन वसूला करते थे । इसी कारण उन्हें मार डाला गया है ।

दो आतंकवादी मरे : अमृतसर जिले में आज तड़के खेमकरण सैक्टर की कल्स सीमा चौकी के निकट कुछ आतंकवादियों से हुई मुठभेड़ में सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया, ये आतंकवादी भारी मात्रा में गोली-सिक्के सहित पाकिस्तान की ओर से भारत में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे । घटनास्थल से दो ए.के. 47 राइफलें, 2 ए.के. 74 राइफलें, एक बेन मशीनगन, एक राकेट लांचर तथा भारी परिमाण में गोली-सिक्का मिला है । मृत आतंकवादियों की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी । मुकाबला लगभग दो घंटे तक होता रहा था ।

उपरोक्त हथियारों के अतिरिक्त घटनास्थल से .30 के 4 पिस्तौल, 5 राकेट, 10 हथगोले, 10 पैकेट विस्फोटक सामग्री, 20 मैगजीनें, 3878 विभिन्न हथियारों के कारतूस, कुछ पाक करंसी और विविध आइटमें बरामद हुई हैं ।

मृतक दुर्दांत आतंकवादी था : प.स. के अनुसार एक मृत आतंकवादी की शिनाख्त खालिस्तान कमांडो फोर्स व दुर्दांत आतंकवादी हरजिन्दर सिंह उर्फ जिंदा निवासी गांव बेहरवाल के रूप में की गई है । घुसपैठ का प्रयास करने वाले आतंकवादियों की संख्या पांच थी, शेष तीन आतंकवादी बच कर भाग निकले । बी.एस.एफ. के असिस्टैंट कमांडैंट श्री सी.एस. कटोच बाई कोहनी में गोली लगने से घायल हो गए ।

बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. श्री बलकार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि हथियारों की यह खेप के.एल.एफ. के स्वयंभू लै. जनरल परगट सिंह, समरह के लिए थी, जो भिक्खीविंड क्षेत्र में सक्रिय है । के.सी.एफ. के नए प्रमुख परमजीत सिंह पंजवड़ का दाहिना हाथ माना जाता है । गत रात भी औवा के नदी क्षेत्र में शाहपुर के निकट एक इसी प्रकार की मुठभेड़ हुई थी । एक के बाद लगातार दूसरी ऐसी घटनाएं होने से समझा जाता है कि "सीमा पर आतंकवादियों की गतिविधियां पुनः तेज़ हो गई हैं ।"

श्री बलकार सिंह ने कहा कि सुरक्षा प्रबन्ध कड़े कर दिए गए हैं तथा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी आतंकवादी या तस्कर सीमा से सुरक्षित बच कर न जा सके । उन्होंने संदेह व्यक्त किया कि यह खेप पाकिस्तानी रेंजरों की मदद से भारत में लाई जा रही थी क्योंकि आतंकवादी सीधे तारगा की पाकिस्तान सीमा निरीक्षण चौकी से निकल कर आए थे जो मुठभेड़ के स्थल से केवल 300-400 मीटर दूर है । उन्होंने कहा कि भारतीय अधिकारियों ने इस घटना को लेकर पाकिस्तानी अधिकारियों से "फ्लैग मीटिंग" करने का आग्रह किया, परन्तु उन्होंने ऐसा करने से इंकार कर दिया ।

हथियारों की यह खेप पांच बोरियों में पैक थी तथा यह इस वर्ष पकड़ी गई सबसे बड़ी खेप है । इस मुठभेड़ में मारा गया आतंकवादी हरजिंदर सिंह तथा गत रात की मुठभेड़ में मारा गया आतंकवादी राजेन्द्र सिंह उर्फ राजी दोनों हाल ही में जेल से जमानत पर रिहा किए गए थे ।

राधा स्वामी डेरे से बम मिला : अमृतसर में मजीठा पुलिस जिला के ब्यास क्षेत्र में स्थित राधा स्वामी डेरे के अन्दर एक रैस्ट हाऊस से आज दोपहर एक शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण बरामद हुआ है जिसके साथ इलैक्ट्रिक फ्यूज वायर लगी हुई थी । इस बरामदगी से एक बहुत बड़ी दुर्घटना टल गई । मजीठा पुलिस जिला प्रमुख श्री अनिल शर्मा ने बताया कि यह शक्तिशाली बम सी.आर.पी.एफ. पार्टी द्वारा अपनी दैनिक गश्त के दौरान बरामद किया गया । उन्होंने कहा कि इस प्रकार का शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण इस जिले में गत आठ माह के दौरान पहली बार बरामद हुआ है ।

श्री शर्मा ने बताया कि यह बम डेरे में स्थित अंतर्राष्ट्रीय रैस्ट हाऊस में रखा गया था, जहां आम तौर पर विदेशी श्रद्धालु ठहरते हैं । उन्होंने कहा कि आतंकवादियों द्वारा इस डेरे को अपना निशाना बनाने की यह पहली घटना है । बम का पता 73 सी.आर.पी.एफ. बटालियन के जवानों ने लगाया । यह कम्पनी डेरे में तैनात की गई है । जिस जगह बम पड़ा मिला है, उसके इर्द-गिर्द रेत के बोरे लगा कर सुरक्षा व्यवस्था की गई है तथा बम को निष्क्रिय करने के लिए विशेष दस्ते बुलाए गए हैं ।

व्यापारी को लूटने का प्रयास : अमृतसर से वर्मा के अनुसार गत शाम पांच बजे के करीब गोलबाग इलाके में उस समय सनसनी फैल गई जबकि दो उग्रवादी, जो स्कूटर पर सवार थे, अमृतसर के प्रसिद्ध व्यापारी पृथ्वी चन्द सरीन की

(शेष पृष्ठ 6 पर)

हरियाणा में बसे पंजाबियों के विरुद्ध भावनाएं भड़काने की इजाजत नहीं देंगे : सम्पत सिंह

करुक्षेत्र, 31 जनवरी (नन्हा): हरियाणा के गृहमंत्री श्री सम्पत सिंह ने चेतावनी दी है कि हरियाणा में रह रहे पंजाबियों के विरुद्ध भावनाएं भड़काने की किसी को अनुमति नहीं दी जाएगी । उन्होंने सर छोटू राम के जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि पंजाब और कश्मीर की तरह कुछ ताकतें यहां लोगों को विभाजित करने की कोशिशें कर रही हैं जिनका मुंह-तोड़ जवाब दिया जाएगा ।

हरियाणा में पंजाबियों के विरुद्ध फैला प्रचार : लुधियाना (धीमान): हरियाणा में दिन-प्रतिदिन गुंडागर्दी तेजी से बढ़ रही है । कानून-व्यवस्था की स्थिति निरंतर बिगड़ रही है । अब ऐसे हालात पैदा हो गए हैं कि देहाती युवक शहरों के बाजारों में दुकानों से जबरदस्ती कीमती वस्तुएं उठा कर ले जाते हैं । यूं लगता है कि योजनानुसार हरियाणा-भर में पंजाबियों के विरुद्ध नफरत का प्रचार तेजी से चलता जा रहा है ।

यह जानकारी लुधियाना के कुछ व्यापारी जो कभी हरियाणा से वापस आए हैं ने देते हुए कहा कि कल पानीपत के लाल बत्ती वाले मेन बाजार में कुछ देहाती युवक दो दुकानों में जबरदस्ती घुसकर वहां से

पंजाबी सेवा समिति द्वारा विरोधी पोस्टरों की निंदा : भिवानी (उदय) : पंजाबी सेवा समिति भिवानी के मंत्री श्री राम लाल मेहता ने एक प्रैस विज्ञप्ति में पंजाबी विरोधी पोस्टरों के प्रकाशन तथा वितरण का कड़ा विरोध किया तथा इस कदम की निंदा करते हुए कहा कि ऐसे तत्वों के विरुद्ध सरकार शीघ्र ही सख्त कदम उठाए, जो पंजाब की भांति हरियाणा में अलगाववाद को बढ़ावा देना चाहते हैं ।

राजीव प्रधानमंत्री से मिले

नई दिल्ली, 31 जनवरी (प.स.): कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष श्री राजीव गांधी ने आज रात यहां प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह से मुलाकात की । श्री गांधी को प्रधानमंत्री ने आज रात भोजन पर आमंत्रित किया था, लेकिन वह नहीं जा पाए क्योंकि श्री गांधी ने भूटान नरेश को रात के भोजन पर आमंत्रित किया था । कांग्रेस (इ) के प्रवक्ता एम.जे. अकबर ने यह जानकारी दी । बाद में श्री गांधी प्रधानमंत्री के निवास पर गए लेकिन यह नहीं पता चल सका कि उनकी आपस में क्या बातचीत हुई !

इसी मध्य श्री राजीव गांधी ने सात रेसकोर्स रोड

Punjabi Sanatan

(6) दैनिक पंजाब केसरी, जालन्धर 1.2.1990

घुसपैठिए मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

आंखों में लाल मिर्चें डाल कर उसका बैग जिसमें पचास हजार रुपए की रकम थी, ले उड़े । शोर मचने पर सी.आर.पी. व होमगार्ड के कुछ जवान मौके पर पहुंच जाने से एक उग्रवादी काबू आ गया । बाद में उसको पुलिस थाना डिविजन के हवाले कर दिया गया, जबकि दूसरा भागने में सफल हो गया । पृथ्वी चन्द सरीन स्थानीय कांग्रेसी नेता श्री धर्मवीर सरीन के छोटे भाई हैं ।

अमृतसर में हथियार लेकर चलने पर पाबंदी : जिला मैजिस्ट्रेट ने आज एक आदेश द्वारा नगर निगम सीमा के अंदर लाइसैंस वाले आग्नेयास्त्र लेकर चलने पर पाबंदी लगा दी है तथा ऐसे हथियारों के लिए विशेष अनुमति रद्द कर दी है । यह आदेश अगले आदेशों तक लागू रहेंगे । जिला मैजिस्ट्रेट ने बताया कि यह पग शहर में आगामी कुछ दिनों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सावधानीवश





अटारी रेलवे स्टेशन पर समझौता एक्सप्रैस में से मंगलवार को पांच पाकिस्तानी पिस्तौल एवं उनके मैगजीन बरामद हुए । (नीचे) हथियारों के साथ (बाएं से) सिपाही श्री रूप लाल, इंस्पैक्टर श्री वीरेन्द्र कुमार, सहायक कलैक्टर श्री एम.बी. सुंदास, अतिरिक्त कलैक्टर अमृतसर श्री ए. राम, अधीक्षक श्री सुरजीत सिंह तथा इंस्पैक्टर श्री के.के. तलवाड़ । (छाया : अशोक सोनी)

प्रिंटिंग प्रैस के लिए I.T.I. पास इलैक्ट्रीशियन की आवश्यकता है जो जनरल लाईटिंग और मोटरों के बारे पूरी जानकारी रखता हो । कम्पनी नियमों के अनुसार वेतन तथा बोनस, ग्रैचुटी, प्रावीडैंट फंड, ई.एस.आई. व फैमिली पैंशन आदि सुविधाएं उपलब्ध हैं ।

बाक्स नं. 83, पंजाब केसरी, जालन्धर

गुमशुदा की तलाश



प्रिय मनु गोविल उर्फ मनोज कुमार आप जहां कहीं भी हों तुरंत वापस आओ या पत्र द्वारा सूचित करो । आपके जाने के बाद से आपके मम्मी-पापा एवं अम्मा की तबीयत चिंताजनक है, आपको कोई कुछ नहीं कहेगा ।

मनु गोविल उर्फ मनोज कुमार उम्र 20 वर्ष, कद 5 फुट 8 इंच, रंग सांवला, जिस्म फुर्तीला, पेट पर आप्रेशन के निशान, 15.1.90 से फरीदाबाद से लापता है । सही पता देने वाले या पहुंचाने वाले को उचित ईनाम, मार्ग व्यय सहित दिया जाएगा ।

धर्मेंद्र गोविल, 613/16, फरीदाबाद

आफिस फोन : 8257531, 8257134.

दिल्ली : 3267435, 3264052.

उठाए गए हैं । इस बीच आधिकारिक रूप से पता चला है कि यह पग आगामी 2 फरवरी को स्वर्ण मंदिर में आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन के महासचिव हरमिंदर सिंह संधू के भोग के अवसर पर कोई आकस्मिक घटना को टालने के उद्देश्य से उठाया गया है ।

जिला मैजिस्ट्रेट श्री सर्बजीत सिंह ने अमृतसर क्षेत्र में सतलुज और ब्यास नदियों में निजी नौकाओं के उपयोग पर तात्कालिक रूप से पाबंदी लगा दी है । यह आदेश आगामी 28 मार्च तक लागू रहेगा । आदेश में कहा गया है कि निजी नौकाओं का आतंकवादियों तथा असामाजिक तत्वों द्वारा अमृतसर, फिरोजपुर और कपूरथला जिलों के मंड इलाकों में अपराध करने के लिए उपयोग किया जाता है । सरकारी नौकाएं नागरिकों के लिए उपयोग की जा सकेंगी ।

बैंक जला दिया : आतंकवादियों ने गत रात तरनतारन पुलिस जिले के गांव चूसलेवाल में स्थित स्टेट बैंक आफ इंडिया की शाखा को आग लगा दी । पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने बैंक की दीवार में सेंध लगाई तथा उसका स्ट्रांग रूम ए.के. 47 की गोलियों से खोलने का प्रयास किया, परन्तु अपने अभियान में असफल होने पर भागने से पूर्व उन्होंने बैंक को आग लगा दी ।

आतंकवादी मार गिराया : सुरक्षा बलों ने आज जिला मजीठा पुलिस जिले में सिदन गांव के निकट हुई मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवादी को गोली मार कर मार गिराया । मुठभेड़ स्थल से एक ए.के. 47 राइफल तथा कुछ कारतूस बरामद हुए हैं ।

अपहृत का शव मिला : गत रात्रि अपहृत काबल सिंह का शव आज रात्रि तरनतारन पुलिस जिले के गांव रत्तोके के निकट बरामद हुआ ।

विस्फोट से एस.पी.ओ. की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव पुरियांकलां स्थित सुरक्षा चौकी पर आज लगभग 11.30 बजे आतंकवादियों ने शक्तिशाली बम विस्फोट करके एक एस.पी.ओ. प्रेम लाल (24) गांव टिब्बड़ी की हत्या कर दी तथा चार अन्य तरसेम सिंह गांव, बिधिपुर, मनजीत सिंह गांव खुंडा, मनोहर लाल गांव मन्नड़वाल जो पंजाब होम गार्ड के जवान हैं तथा एक अन्य एस.पी.ओ. रूप लाल गांव पुरियांकलां को गम्भीर रूप से घायल कर दिया ।

इनमें से मनजीत सिंह व रूप लाल को चिन्ताजनक हालत में अमृतसर के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है तथा शेष दो बटाला अस्पताल में उपचाराधीन हैं ।

ए.एस.पी. श्री हरदीप सिंह ढिल्लों ने घटनास्थल से वापस आकर बताया कि इस सुरक्षा चौकी में एस.पी.ओ. तथा होमगार्ड के 11 जवान तैनात हैं । इन्होंने चौकी की छत पर मोर्चा बना रखा था कि कुछ अज्ञात आतंकवादियों ने शक्तिशाली हथगोला छत पर फैंक कर यह विस्फोट किया तथा भागने में सफल हो गए ।

उल्लेखनीय है कि इस गांव में कुछ अल्पसंख्यक परिवारों की सुरक्षा के लिए ही यह सुरक्षा चौकी स्थापित की गई है ।

जिम्मेदारी ली : आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनैशनल की ओर से पत्रकारों को भेजे प्रैस नोट द्वारा, संगठन प्रमुख भाई सुखदेव सिंह बब्बर, भाई वधावा सिंह बब्बर, भाई माधा सिंह बब्बर, भाई धर्म सिंह बब्बर कास्तीवाल, के.सी.एफ. के भाई परमजीत सिंह पंजवाड़, के.एल.एफ. के भाई गुरजंट सिंह बुधसिंहवाला व भाई तूफान सिंह खालसा ने पुलिस जिला बटाला के गांव सरवाली के निकट सीमा सुरक्षा बल की पैट्रोलिंग गाड़ी पर फायरिंग करके एक जवान की हत्या कर व 5 को घायल करने और गत दिनों गांव सारचूर के निकट पुलिस की पैट्रोलिंग पार्टी के इंचार्ज इंस्पैक्टर संत सिंह की गाड़ी पर फायरिंग करने की जिम्मेदारी स्वीकार की है । उल्लेखनीय है कि गांव सरवाली के निकट गत 29 जनवरी को सायं 6.30 बजे आतंकवादियों ने बी.एस.एफ. 132 बटालियन की पैट्रोलिंग गाड़ियों पर फायरिंग करके एक जवान दलीप सरकार (38) की हत्या व नायक हयात सिंह, जसपाल सिंह (ड्राइवर) व प्रदीप भौमिक को गम्भीर घायल कर दिया था । यह तीनों अमृतसर अस्पताल में उपचाराधीन हैं व जसपाल सिंह की दशा अत्यन्त चिन्ताजनक बताई जाती है ।

इसी प्रकार इन्हीं सशस्त्र संगठनों ने पुलिस जिला मजीठा के गांव अलकड़े के निकट पुलिस के पैट्रोलिंग वाहनों पर फायरिंग करके एक हवलदार सहित चार कांस्टेबलों की हत्या करने की जिम्मेदारी स्वीकार की है ।

डाक्टर व उसका भाई लापता : गुरदासपुर (विनोद): नगर में एक डाक्टर व उसके भाई के कार सहित लापता हो जाने से जहां लोगों में चिन्ता बनी हुई है, वहीं पुलिस को भी लगातार [illegible] है ।

सूत्रों के अनुसार स्थानीय जेल रोड निवासी डा. रणधीर सिंह पन्नू जो बहरामपुर में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी हैं तथा उनका भाई मास्टर जगजीत सिंह गांव रविवार रात नौ बजे से ही अपनी मारुति कार ए.सी.ओ. 228 सहित लापता हैं । वह तब घर से बाहर निकले थे तथा अभी तक वापस नहीं लौटे । पुलिस को इस सम्बन्ध में कल मंगलवार को ही बताया गया । लापता डाक्टर की पत्नी डाक्टर दलजीत कौर जेल रोड पर एक नर्सिंग होम चलाती हैं ।

लापता भाइयों के पारिवारिक सदस्यों के अनुसार आतंकवादियों द्वारा फिरौती आदि की किसी मांग का कोई भी संदेश अभी तक नहीं आया है । इस घटना के कारण नगर के अन्य प्राइवेट डाक्टरों ने अपने क्लीनिकों की बजाए अपने घरों में ही प्रैक्टिस आरम्भ कर दी है तथा अपने साथ सुरक्षा गार्ड रख लिए हैं ।

3 धन ऐंठने वाले काबू : फरीदकोट जिला पुलिस ने जबरन धन ऐंठने के आरोप में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है, जिनकी शिनाख्त गुरसेवक सिंह, जगतार सिंह और रेशम सिंह के रूप में की गई है । फरीदकोट के एस.एस.पी. श्री एस.के. शर्मा ने बताया कि अभियुक्त आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन के नाम पर धमकी भरे पत्र भेज कर लोगों से धन ऐंठते थे । वे एक राइस शैलर से पकड़े गए, जहां पर वे पैसा वसूलने के लिए गए थे ।

तेजधार हथियारों से हत्या : मोगा (गर्व): फरीदकोट जिले में डरोली भाई गांव के निकट मोहन सिंह नामक एक व्यक्ति मोहन सिंह की तेजधार हथियारों से हत्या कर दी गई । मृतक बाघापुराना का रहने वाला था । हत्या का कारण आपसी शत्रुता बताया जाता है । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

हॉकर की हत्या : बाघापुराना से मित्तल के अनुसार आज सुबह 8 बजे दो आतंकवादियों ने थाना निहालसिंहवाला के गांव दीदारेवाला के निकट अखबारों के एक हॉकर हरपाल सिंह उर्फ टीटू (25) की गोलियां मारकर हत्या कर दी । घटना उस समय घटी जब टीटू अखबार बांटने के लिए गांव समासभाई से पट्टू हीरा की तरफ स्कूटर पर जा रहा था । मार्ग में ही आतंकवादियों ने उसे नहर के एक पुल पर रोक लिया तथा गोलियां मारकर हत्या कर दी । इससे पूर्व आतंकवादियों ने एक अध्यापक से उसका स्कूटर छीन लिया था, जिसपर सवार होकर वे फरार हो गए । मृतक का कुछ समय पूर्व ही विवाह हुआ था ।

3 उग्रवादी गिरफ्तार : फरीदकोट पुलिस ने कुख्यात उग्रवादियों लछमन सिंह, बुद्धा सिंह और नसीब सिंह को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से एक बंदूक और 2 पिस्तौलें बरामद की हैं ।

एक व्यक्ति की हत्या : मक्खू से चन्द्रशेखर के अनुसार गत रात लगभग 9.30 बजे यहां से सात कि.मी. दूर गांव नंगल में चार आतंकवादियों ने एक व्यक्ति महेन्द्र सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि आतंकवादियों ने उसके घर जाकर उसका अपहरण करने का असफल प्रयास किया, परन्तु वह अपना बाजू छुड़ाकर सामने अपने भाई जोगेन्द्र सिंह के घर भाग गया तथा एक कमरे में चारपाई के नीचे छुप गया । आतंकवादियों ने उसका पीछा किया और कमरे में जाकर गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी । घटनास्थल से पुलिस को ए.के. 47 के बीस चले हुए कारतूस मिले हैं ।

लाश मिली : जीरा (शर्मा): प्राप्त सूचना के अनुसार सोभा सिंह वल्द शंकर सिंह चकतारेवाला थाना रलामकोट के गेहूं के खेत से एक अधेड़ व्यक्ति की लाश मिली है । सूचना मिलने पर पुलिस ने लाश बरामद की और पोस्ट-मार्टम के बाद जांच आरम्भ कर दी ।

5 घुसपैठिये मरे : जम्मू (नि.स.): पाक अधिकृत कश्मीर की सीमा पर सुन्दरबनी क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में पांच घुसपैठिये मारे गए । बी.एस.एफ. के एक प्रवक्ता के अनुसार आज सुबह लगभग चार बजे सात घुसपैठियों ने बी.एस.एफ. बटालियन सुन्दरबनी सीमा क्षेत्र से भारत में घुसने का प्रयास किया । नाका पार्टी द्वारा चुनौती देने पर उन्होंने गोलियां चलाते हुए पाकिस्तान की ओर भागने का प्रयास किया । नाका पार्टी द्वारा जवाब में गोलियां चलाए जाने से पांच घुसपैठिये मारे गए जबकि कोहरे और अंधकार का लाभ उठाकर दो घुसपैठिये फरार होने में सफल हो गए । क्षेत्र की तलाशी ली जा रही है ।

राइफल चोरी : दसूहा (झावर): थाना टांडा के गांव कल्याणपुर से कुछ अज्ञात व्यक्ति रणजीत सिंह नामक व्यक्ति की राइफल चोरी करके ले गए ।

3.40 लाख लूटे : चंडीगढ़ से संघी के अनुसार दो स्कूटर सवार पगड़ीधारी युवकों ने आज दोपहर यहां सैक्टर 12 में स्थित चंडीगढ़ प्रशासन के वाटर वर्क्स कार्यालय के कैशियर से बंदूक की नोक पर 3.40 लाख रुपए लूट लिए । पुलिस सूत्रों के अनुसार कैशियर ने आज ही यह राशि स्टाफ को वेतन देने के लिए बैंक से निकलवाई थी । अभी वह स्टाफ को वेतन बांट ही रहा था कि यह दोनों पगड़ीधारी युवक कोई शिकायत करने के बहाने कार्यालय में दाखिल हो गए और पिस्तौल निकालकर कैशियर को सारा धन उनके हवाले करने के लिए कहा । पिस्तौल देखकर वहां मौजूद कर्मचारियों में से किसी ने भी उनका मुकाबला करने का साहस नहीं किया । यह लुटेरे जिनकी आयु 22 से 25 वर्ष के बीच बताई जाती है धन लूटने के बाद बड़े आराम से स्कूटर पर सवार होकर वहां से फरार हो गए । सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा नाकाबंदी की गई मगर कोई सफलता हाथ नहीं लगी ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जिस सलेटी रंग के स्कूटर पर लुटेरे आए थे, उसका नम्बर इस तरह लिखा हुआ था कि कोई उसे आसानी से पढ़ न सके । यह लुटेरे निकटवर्ती खुड्डा लाहोरा गांव से होते हुए पंजाब के इलाके में फरार हो गए । ज्ञात रहे कि गत दिवस एक दिसम्बर को भी सैक्टर 11 में स्थित वाटर सप्लाई के कार्यालय से लुटेरे लगभग 64 हजार रुपए लूट कर फरार हो गए थे ।

2 उग्रवादी मुठभेड़ में मरे : जालन्धर : आज जालन्धर के निकट हुई एक मुठभेड़ में 2 अज्ञात उग्रवादी मारे गए । घटनास्थल से कुछ शस्त्र और गोली सिक्का भी बरामद किया गया है ।

चाकू घोंप दिया : लुधियाना (प्रदीप): गत रात कुछ अज्ञात युवकों ने आर्य मुहल्ला के संत कुमार नामक एक व्यापारी को चाकू घोंप कर उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया और तीन हजार रुपए छीन कर ले गए । खून से लथपथ संत कुमार को गम्भीर अवस्था में स्थानीय सी.एम.सी. अस्पताल में भर्ती करवाया गया । यह घटना नगर निगम परिसर में हुई ।

जान बचाई

(पृष्ठ 3 का शेष)

अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । राजेश के अनुसार वह 4-5 किलोमीटर दूर आकर कमाद के खेत में बैठ गए । आतंकवादी करीब आधा घंटा तक गोलियां चलाते रहे । वहां से राजेश तो पूरी रात खेतों में चलता रहा । चलते-चलते प्रातः वह सठियाल वाले मोड़ पर जी.टी. रोड तक पहुंच गया । वहां से वह रैय्या पहुंचा, जहां सी.आर.पी. की 73वीं बटालियन तैनात है । राजेश ने अपने साथ बीती सारी दास्तान सी.आर.पी. को सुनाई और बताया कि वह डी.एस.पी. का भानजा है और शिव सेना का नेता है । सी.आर.पी. ने वहां से मजीठा के एस.एस.पी. श्री अनिल शर्मा से बात की । बाद में अमृतसर के एस.एस.पी. श्री संजीव गुप्ता से बात की । इसके बाद मजीठा के ए.एस.पी. के नेतृत्व में सठियाल गांव की उस बहक पर छापा मारा गया, वर वहां से उग्रवादी फरार हो चुके थे मगर पुलिस ने एक युवा लड़की और एक वृद्ध को पकड़ कर जांच आरम्भ कर दी है । राजेश कुमार द्वारा दिखाई गई बहादुरी की सराहना करते हुए ब्राह्मण प्रतिनिधि सभा के प्रधान और शिव सेना के वरिष्ठ नेता पंडित किशोर चंद ने सरकार से मांग की है कि राजेश कुमार की तथा उसके परिवार की पूरी सुरक्षा की जाए और उन्हें सम्मानित किया जाए । पंडित किशोर चंद ने कहा कि वह शहर की संस्थाओं द्वारा राजेश को सम्मानित करेंगे, जबकि सरकार अपने तौर पर राजेश को सम्मानित करे । पंडित किशोर चंद के अनुसार उन्होंने परशुराम दल का गठन किया है, जिसका अध्यक्ष श्री अश्विनी कुमार को बनाया गया है । परशुराम दल उग्रवाद पीड़ित लोगों को सहायता पहुंचाने तथा उनकी हिफाजत के लिए काम करेगा ।

दो पालिकाओं की नई वार्डबंदी

चंडीगढ़, 31 जनवरी (वि.प्र.): पंजाब सरकार ने होशियारपुर और तरनतारन पालिकाओं की नई वार्डबंदी की है । होशियारपुर पालिका को 25 वार्डों तथा तरनतारन पालिका को 17 वार्डों में बांटा गया है । होशियारपुर में वार्ड नं. 1, 10, 20, 23 व 25 को तथा तरनतारन में वार्ड नं. 3, 16 व 17 को हरिजनों के लिए आरक्षित रखा गया है ।

उद्योगपति की दुर्घटना से मौत

होशियारपुर, 31 जनवरी (अश्विनी): होशियारपुर के युवा उद्योगपति सतीश अग्रवाल, मालिक होशियारपुर रोलर फ्लोर मिल की कार दुर्घटना से मृत्यु का समाचार है । वह दसूहा से यहां आ रहे थे कि उनकी मारुति एक वृक्ष से टकरा गई ।

3 डी.पी.आर.ओ. तबदील

होशियारपुर, 31 जनवरी (अश्विनी): पंजाब

कामर्स एंड इंडस्ट्रीज कौंसिल

2 आतंकवादी मरे : मिल मालिक सहित 2 का अपहरण : 2 हत्याएं

चंडीगढ़, 2 फरवरी (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात के बाद से आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी । 2 आतंकवादी मारे गए । एक चावल मिल मालिक का अपहरण कर लिया गया ।

दो आतंकवादी मरे : अमृतसर पुलिस ने बताया कि गुरुद्वारा बाबा शहीदां के निकट सुरक्षा बलों के साथ एक मठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए तथा क्रास फायरिंग में पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के दो कर्मचारी घायल हो गए । घटनास्थल पर एक .38 बोर का माऊजर, एक .38 बोर का पिस्तौल भी बरामद हुआ ।

युवक का शव मिला : आज प्रातः तरनतारन पुलिस जिला में गांव सुर सिंह के निकट पुलिस ने एक युवक का गोलियों से छलनी शव बरामद किया । घटनास्थल पर ए.के. 47 राइफल के पांच खाली कारतूस भी मिले ।

बैंक लूट लिया : आतंकवादियों ने आज अमृतसर जिले में कल्याणंगल पुलिस थाना के गांव मत्तेवाल में पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से 24706 रुपए लूट लिए । जाते समय वे बैंक के गार्ड की 12 बोर की बंदूक भी ले गए ।

एक अन्य डकैती : डकैती की एक अन्य घटना में आतंकवादियों ने जंडियाला पुलिस थाना के गांव मक्खनविंड में एक व्यक्ति अजायब सिंह के घर से गहने, चड़ियां, टेप रिकार्डर तथा नकदी लूट ली ।

सोना व नकदी लूटी : जालंधर (प.स.): आतंकवादियों ने जालंधर जिले के विभिन्न भागों में कल रात से 50,000 रुपए से अधिक का सोना और नकदी लूट ली । पुलिस मुख्यालय के अनुसार गोराया थाने के अंतर्गत पुलिस चौकी गरेवाल में दो आतंकवादियों ने एक पुलिस कर्मचारी करपाल सिंह के घर में घुस कर 16,000 रुपए नकद और सोने के जेवरात लूट लिए ।

एक अन्य वारदात में तीन आतंकवादियों ने बंगा थाने के अंतर्गत चेतन गांव में एक व्यक्ति दलजीत सिंह के घर में घुस कर 12000 रुपए नकद और सोने के जेवरात लूट लिए । जालंधर सदर थाने के अंतर्गत खाम्बरा गांव के निकट से दो आतंकवादियों ने एक व्यक्ति बाबा सिंह का स्कूटर छीन लिया ।

लूट का मामला हल : मोगा (जिंदल, वार्ता): पुलिस ने आज चार व्यक्तियों, जिनमें एक फर्म का अकाऊंटैंट भी शामिल है, को जिला फरीदकोट में बाघापुराना के 1.5 लाख रुपए के डकैती केस में गिरफ्तार किया । जिला पुलिस प्रमुख श्री सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि अकाऊंटैंट ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कुछ लोगों ने 24 जनवरी को उससे रुपए लूट लिए थे जोकि उसने एक बैंक से निकलवाए थे । उन्होंने कहा कि जांच पर मालूम हुआ कि यह धन अकाऊंटैंट की मिलीभगत से उक्त चारों लोगों ने आपस में बांट लिया था । इसमें से अकाऊंटैंट ने एक लाख रुपया अपने पास रख लिया था । रुपए निकलवाने के बाद अकाऊंटैंट ने जिस टैक्सी में यात्रा की थी, उसके ड्राइवर को उसने 5 हजार रुपए दिए थे ।

अकाऊंटैंट का नाम कलदीप सिंह बताया गया है, जबकि अन्य व्यक्तियों के नाम तरसेम लाल, मक्खन लाल तथा निहाल सिंह हैं । जिस टैक्सी में कलदीप सिंह गया था, वह भी बरामद कर ली गई है । उनसे लूट की रकम बरामद हो गई है ।

इंका नेता की हत्या की निंदा : चंडीगढ़ से वि.प्र. के अनुसार पंजाब प्रदेश इंका ने जिला अमृतसर के इंका नेता श्री हरभजन सिंह की आतंकवादियों द्वारा हत्या की निंदा की है । इंका नेताओं सर्वश्री अमृत सिंह, सेवा राम अरोड़ा, केवल कृष्ण और जोगिंदर सिंह दुग्गा तथा युथ कांग्रेस (इ) के प्रधान मनिंदरजीत सिंह बिट्टा ने कहा कि श्री हरभजन सिंह पार्टी के एक निष्ठावान वर्कर थे । उन्होंने कहा कि यह दुख की बात है कि आतंकवादियों द्वारा आए दिन इंका नेताओं और वर्करों की हत्याएं की जा रही हैं ।

चावल मिल मालिक का अपहरण : आतंकवादियों ने कल रात जिला फिरोजपुर के सोहनके गांव से एक चावल मिल मालिक अशोक कुमार का अपहरण कर लिया ।

लड़के का अपहरण, 15 लाख रुपए मांगे : मुक्तसर से दर्दी, दीपक के अनुसार आज यहां कोटकपूरा रोड़ पर थाना सदर से 150 मीटर दूर आतंकवादियों ने एक लड़के राजीव कुमार का अपहरण कर लिया । आतंकवादी एक मारुति कार में सवार होकर राजीव की वर्कशाप में कार ठीक कराने के बहाने आए । जब एक मकैनिक उनके पास आया तो उन्होंने उसे कहा कि अपने मालिक को भेजो । राजीव के बाहर आने पर उन्होंने जबरदस्ती उसको कार में डाल लिया तथा फरार हो गए । जाते समय वह खालिस्तान कमांडो फोर्स के लैटरपैड पर लिखा एक पत्र वहां फैंक गए । इसमें कहा गया है कि राजीव की रिहाई के लिए रविवार तक जगराओं के निकट नानकसर में 15 लाख रुपए पहुंचा दिए जाएं । उल्लेखनीय है कि 4 वर्ष पहले आतंकवादियों ने राजीव के पिता श्री जुनेजा की गोलियां मार कर हत्या कर दी थी ।

4600 रुपए लूटे : पटियाला से राजू के अनुसार आज 4 अज्ञात बंदूकधारियों ने पटियाला नदी के निकट स्थित एक चुंगी से 4600 रुपए लूट लिए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । लुटेरों ने भागने से पहले एक हवाई फायर भी किया ।

महिला की हत्या : भटिंडा से यहां आज रात प्राप्त सूचना के अनुसार भटिंडा जिले में बिल्ली पुलिस थाने के अंतर्गत गांव हुला कलां में सरजीत, कौर नामक एक महिला की हत्या कर दी गई ।

Punjab Digital Library

पंजाब में एक माकपा वर्कर सहित 11 व्यक्तियों की हत्या

2 आतंकवादी आपसी शत्रुता में मारे गए

चंडीगढ़, 3 फरवरी (वार्ता, पस): पंजाब में कल रात से अब तक एक माकपा कार्यकर्त्ता और 3 आतंकवादियों समेत 13 लोग मारे गए । इस बीच आतंकवादियों ने एक सहकारी बैंक से 80 हजार रुपया और एक महिला से उसके घर में घुस कर 40 हजार की नकदी व स्वर्णाभूषण लूट लिये । पुलिस ने दो आतंकवादियों को गिरफ्तार भी किया है ।

2 आतंकवादियों समेत 7 मरे : फिरोजपुर (कन्तोड़): कल रात यहां निकटवर्ती चीसनेवाला गांव में दो आतंकवादी महल सिंह तथा परमात्मा सिंह आपसी शत्रुता के कारण मारे गए । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार कुछ आतंकवादी महल सिंह नामक एक अन्य आतंकवादी के घर आए तथा दरवाजा खटखटाया । इसके बाद आतंकवादियों में कुछ देर तक बहस हुई । महल सिंह ने एक आतंकवादी, जिसका नाम परमात्मा सिंह बताया जाता है, को दबोच लिया । इस पर एक अन्य आतंकवादी ने ए.के. 47 असाल्ट राइफल से गोलियां चला दीं । दोनों आतंकवादियों की मौका पर ही मृत्यु हो गई । जिला पुलिस प्रमुख श्री सरजीत सिंह ने बताया कि महल सिंह सिख छात्र संघ की फिरोजपुर इकाई का स्वयंभू कार्यालय सचिव भी था । उसके घर से खालिस्तान कमांडो फोर्स का लैटरपैड भी बरामद हुआ है । परमात्मा सिंह लोगों को धमकी भरे खत लिख कर पैसा वसूल करता था ।

फिरोजपुर जिला के मक्खू पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन तलवंडी गांव में कल रात आतंकवादी अजीत सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस गए तथा उन्होंने श्री अजीत सिंह, उनकी पत्नी महेंद्र कौर तथा बेटे लखविंदर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

मक्खू से 'चंद्रशेखर' के अनुसार कुछ समय पहले आतंकवादियों ने अजीत सिंह के बेटे गुरनाम सिंह तथा उसके एक साथ को लूटपाट का आरोप लगा कर मार दिया था ।

फिरोजपुर जिला के ही धर्मकोट पुलिस थाना क्षेत्र के खीशा कोटला गांव में आतंकवादियों ने श्री अर्जुन सिंह तथा उनके बेटे बलविंद्र सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

एक की हत्या : दो घायल : अमृतसर : आतंकवादियों ने कल रात मजीठा जिले में ब्यास थाने के अंतर्गत बटारी गांव में एक व्यक्ति की हत्या कर दी और उसकी पत्नी जसविन्द्र कौर और मां तेज कौर को घायल कर दिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार मरने वाले का नाम दिलबाग सिंह था । श्री दिलबाग सिंह माकपा की युवा इकाई डेमोक्रेटिक यूथ फैडरेशन आफ इंडिया के कार्यकर्त्ता थे ।

एक और घायल : अमृतसर जिला के ही खेमकरण क्षेत्र के मानवा गांव में आतंकवादियों ने स्वर्ण सिंह नामक एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया । स्वर्ण सिंह पर कल शाम उस समय गोली चलाई गई जब वह अपने खेतों में काम कर रहा था ।

2 बस यात्रियों की हत्या : आतंकवादियों ने आज शाम झब्बाल तथा पंजवड़ क्षेत्र के बीच एक चलती बस पर फायरिंग की, जिससे 2 यात्रियों की मृत्यु हो गई । यह बस भिक्खीविंड से अमृतसर आ रही थी ।

आतंकवादियों ने झब्बाल तथा पंजवड़ के बीच आज सायं घात लगाकर बी.एस.एफ. के दो वाहनों पर हमला किया परन्तु आतंकवादियों की गोलियों के सामने अचानक एक प्राइवेट बस के आ जाने से 2 बस यात्री मारे गए तथा चार अन्य घायल हो गए ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार : अमृतसर शहर में पुलिस ने दो उग्रवादियों को आज प्रातः काफी दूर तक पीछा करने के बाद गिरफ्तार कर लिया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा कर्मियों ने स्थानीय बस स्टैंड के निकट स्कूटर सवार दो संदिग्ध लोगों को रुकने का संकेत किया लेकिन वे भाग खड़े हुए । सुरक्षा कर्मियों ने उनका पीछा करने के बाद चौक पुतली घर क्षेत्र में उन दोनों को पकड़ लिया ।

इससे पूर्व उन उग्रवादियों ने यहां एक मैडिकल स्टोर के मालिक की हत्या का नाकाम प्रयास किया था ।

बैंक से 80 हजार रु. लूटे : अमृतसर जिला के कसेल गांव में आतंकवादियों ने आज एक सहकारी बैंक से 80 हजार रुपया लूट लिया ।

एक आतंकवादी मरा : तरनतारन पुलिस जिले में ढोटिया गांव के निकट आज रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया जबकि कुछ अन्य फरार होने में सफल हो गए ।

पिता-पुत्र की हत्या : बटाला (कोछड़) बटाला के गुरुनानक नगर मोहल्ला के निकट आज सायं लगभग 7.15 पर स्कूटर सवार दो आतंकवादियों ने फायरिंग करके चाचोवालिया टैंट हाऊस के मालिक विजय कुमार चाचोवालिया (40) व उसके पुत्र सचिन उर्फ डिम्पी (11) की हत्या कर दी ।

जब मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल ले जाए गए तो वहां उग्र भीड़ ने पुलिस व बी.एस.एफ. के विरुद्ध नारेबाजी की तथा उनकी गाड़ियों पर पत्थर फैंके । घटना के पश्चात् शहर में आतंक की लहर फैल गई और सारा शहर बंद हो गया । मृतक विजय कुमार राष्ट्रीय सुरक्षा समिति का कार्यकर्त्ता था ।

एस.एस.पी. के अनुसार आतंकवादियों ने हत्या में ए.के.-47 राइफल प्रयुक्त की है व इसके चार खाली कारतूस घटनास्थल से मिले हैं ।

आतंकवादियों ने नकदी व आभूषण लूटे : जालंधर : आज दोपहर यहां मोता सिंह नगर में कार सवार आतंकवादियों ने दिन-दिहाड़े एक घर से 20 हजार रुपये नकद तथा 20 हजार रुपये के स्वर्णाभूषण लूट लिये । पुलिस के अनुसार आतंकवादी हरदयाल सिंह के घर में घुस आए तथा उनकी पत्नी राजेंद्र कौर से उनके बेटे गुरदेव सिंह के बारे में पूछताछ की । इस बीच जब उन्होंने देखा कि घर में कोई नहीं है तो उन्होंने पिस्तौल निकाल ली तथा राजेंद्र कौर को घर में पड़ी सारी नकदी तथा स्वर्णाभूषण सौंपने का निर्देश दिया । आतंकवादी लूट का सामान लेकर फरार हो गए ।

स्कूटर ले गए : दो आतंकवादी आज रात जालन्धर में नकोदर रोड पर स्थित एक दुकान के बाहर खड़ा स्कूटर भगा ले गए । पुलिस ने स्कूटर मालिक रमेश चन्द्र की सूचना पर केस दर्ज कर लिया है ।

एक और घायल : होशियारपुर : 4 आतंकवादियों ने कल रात होशियारपुर जिला के डडियाना गांव में हरजिन्द्र सिंह उर्फ बूटी के घर में घुस कर उन्हें गोली मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया ।

अपहृत युवक बच निकला : नाभा (सुशील): यहां निकटवर्ती थाना भादसों के गांव कालसन से आतंकवादियों ने गत दिवस एडवोकेट श्री ओम प्रकाश धीर के 14 वर्षीय बेटे अवनीत धीर का अपहरण कर लिया था । जाते समय ये आतंकवादी खालिस्तान कमांडो फोर्स के नाम पर एक पत्र छोड़ गए जिसमें उक्त युवक की रिहाई के लिए पांच लाख की फिरौती की मांग की गई थी ।

सूचना मिलने पर पुलिस ने क्षेत्र में नाकाबंदी कर दी । आज तड़के पुलिस की नाका पार्टी ने गांव चहल के निकट स्कूटर पर सवार दो संदिग्ध लोगों को आते हुए देखा । उन्होंने स्कूटर पर अवनीत धीर को भी बिठाया हुआ था । पुलिस ने जब स्कूटर सवारों को रुकने का संकेत दिया तो उन्होंने गोली चला दी । पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की । इस बीच अवनीत धीर भाग कर खेतों में छिप गया । आतंकवादी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए । बाद में पुलिस ने अवनीत धीर को घर पहुंचाया ।

धमकीपूर्ण पत्र : मोहाली (नवांदा): मोहाली में स्थित पंजाब सरकार की प्रैस में आतंकवादियों ने एक धमकी भरा पत्र भेज कर वहां के कर्मचारियों को 'सोध' देने की धमकी दी है । पंजाबी में लिखे इस पत्र में कहा गया कि इस वर्ष सरकार द्वारा छापे गए कैलेंडरों पर छपी गुरुओं की तस्वीर को छाप कर भिंडरांवाला के आदेश की अवहेलना की गई है, जिसके परिणाम प्रैस में लगे फोरमैनों को भुगतने पड़ेंगे । मोरिंडा से पोस्ट हुए इस पत्र को पुलिस को न दे कर फाड़ दिया गया, परन्तु कर्मचारियों में यह चर्चा का विषय बना हुआ है ।

Punjab Archive

तरनतारन के निकट बस पर फायरिंग में 3 पुलिस कर्मियों सहित 7 मरे

एक अन्य की हत्या, मखू के निकट युवक का अपहरण, 2 उग्रवादी पकड़े गए

अंत: गुट संघर्ष में, मुकाबले में 4 उग्रवादी मारे गए

चंडीगढ़, 4 फरवरी (वार्ता, प.स.): पंजाब में आतंकवादियों ने आज सायं तरनतारन के निकट एक बस के 3 सुरक्षा कर्मियों सहित 7 बस यात्रियों की हत्या कर दी । अंतर्गुट संघर्ष और मुठभेड़ों में 4 उग्रवादी मारे गए ।

आतंकवादी मारा गया : अमृतसर (प.स.): अमृतसर जिला में थाना सरहाली के अन्तर्गत नौशहरा पन्नुआं गांव में एक आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया । उसके सात साथी बचकर निकलने में सफल हो गए ।

गत रात तरनतारन पुलिस जिला में गांव ढोटियां निकट हुई मुठभेड़ में मारा गया आतंकवादी कंवलजीत सिंह था । मुठभेड़ स्थल पर एक चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफल, दो मैगजीन तथा कुछ कारतूस बरामद हुए ।

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि कंवलजीत सिंह भिडरांवाला टाइगर फोर्स से संबंधित था और उसके सिर पर 30,000 रुपए का इनाम घोषित था । वह दुर्दांत आतंकवादी सुखमिन्दर सिंह संधा का निकट साथी था और 20 से ज्यादा हत्याओं में संलिप्त था ।

7 बस यात्रियों की हत्या : आज सायं तरनतारन पुलिस जिला में साहिबपुर के निकट आतंकवादियों ने 7 बस यात्रियों की हत्या कर दी, जिनमें तीन पुलिस कर्मी शामिल हैं। यह सभी पट्टी से अमृतसर आ रही एक बस में यात्रा कर रहे थे । आतंकवादियों ने बस को रोक कर उनको बाहर निकलने पर बाध्य किया तथा फिर उनकी गोलियां मार कर हत्या कर दी । फायरिंग में कुछ यात्री घायल हो गए ।

बताया जाता है कि आतंकवादियों की संख्या 8 से 10 के बीच थी । उन्होंने सायं लगभग 6 बजे पट्टी से अमृतसर आती हुई अंतिम बस को सड़क पर एक ट्रक तथा एक मारुति कार खड़ी करके रोका । जैसे ही बस रुकी आतंकवादियों ने पहले बस में जा रहे 3 पुलिस गार्डों पर गोलियां चला कर उन्हें मार डाला । इसके बाद उन्होंने यात्रियों पर अंधाधुंध फायरिंग की जिससे एक व्यक्ति मौके पर ही दम तोड़ गया और कई अन्य घायल हो गए, तीन घायल अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ गए ।

आतंकवादी मारुति कार में फरार हो गए तथा मृत पुलिस कर्मियों के हथियार भी ले गए ।

मारे गए पुलिस गार्डों के नाम कांस्टेबल गुरपाल सिंह, हरदीप सिंह तथा एलफ्रैड बताए जाते हैं । आतंकवादी भागते समय पुलिस गार्डों के जो हथियार ले गए, उनमें एक स्टेनगन, उसके चार मैगज़ीन, दो राइफलें तथा लगभग एक सौ कारतूस शामिल हैं । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तुरन्त घटनास्थल पर पहुंच गए तथा आतंकवादियों की धरपकड़ के लिए अभियान छेड़ दिया गया है । इस बीच अन्य जिलों में भी पुलिस को सतर्क कर दिया गया है ।

राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की नेता श्रीमती लक्ष्मी कांता चावला ने आतंकवादियों द्वारा तरनतारन क्षेत्र में तीन पुलिस कर्मियों समेत सात लोगों की हत्या की घटना की निंदा की है ।

गुट-संघर्ष में दो उग्रवादी मरे : कल रात अमृतसर जिला के वैरोवाल पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन बहल गांव में आतंकवादियों ने निजी गुट संघर्ष के कारण दो लोगों महंगा तथा वीरू की गोली मारकर हत्या कर दी । जिस आतंकवादी गुट ने इन हत्याओं की जिम्मेदारी ली है, उसने उक्त दोनों मृतकों पर लूटपाट व छीना-झपटी का आरोप लगाया है ।



आतंकवादियों ने शनिवार सायं बटाला में गुरुनानक नगर के निकट राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के एक कार्यकर्त्ता श्री विजय कमार चाचोवालिया (ऊपर) तथा उनके बेटे डिम्पी की गोली मार कर हत्या कर दी । (छाया : कोछड़)

औरत की हत्या : जिला अमृतसर के गांव भिखीविंड में आतंकवादियों ने आज एक औरत अमर कौर की हत्या कर दी । आतंकवादियों ने उसके घर में घुस कर उसको गोलियां मारीं । बाद में यही आतंकवादी गांव में बलिबन्दर सिंह और राजेन्द्र सिंह के घर गए और वहां पर फायरिंग की तथापि कोई हताहत नहीं हुआ । मकान मालिकों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर हमलावर भाग निकले । घटनास्थल से ए.के. 47 के 51 चले हुए कारतूस बरामद हुए ।

गोलियों से छलनी शव मिला : भारत-पाक सीमा के निकट अटारी रेलवे स्टेशन के पास एक अज्ञात व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई । उसकी लाश आज प्रात: पुलिस को मिली । पुलिस का कहना है कि यह दो आतंकवादी गुटों की आपसी लड़ाई का मामला है ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

संधू की हत्या के लिए प्रयुक्त हथियार पाक द्वारा मिले आधुनिक शस्त्रों का सैम्पल

अमृतसर, 4 फरवरी (मनोहर शरद): विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंजाब के खूंखार आतंकवादियों को पाकिस्तान की तरफ से भारी मात्रा में हथियारों की खेप पहुंची है ।

यह हथियार एक दर्जन उग्रवादी के पंजाब में दाखिल होने के बाद इस तरफ पहुंचे हैं । जिनकी कीमत 75 लाख के करीब बताई जाती है । इस बार चीनी ए.के. 47, 74 के अतिरिक्त छोटी किस्म के तेज हथियार भी आए हैं । यह हथियार पांच सदस्यीय पंथक कमेटी के खूंखार उग्रवादी ने पहले से ही खरीद कर रखे थे, जो अब भारत में पहुंचने के संकेत मिले हैं ।

समझा जा रहा है कि हथियारों को भारत भेजने का काम वरसन सिंह जफरवाल' ने निभाया है, जो पिछले पांच वर्षों से हथियारों का बादशाह बना हुआ है और इसको केवल हथियारों की सप्लाई का ही काम सौंपा हुआ है ।

सूत्रों ने रहस्योद्घाटन किया है कि हरमिन्दर सिंह संधू की हत्या से पूर्व कुछ खूंखार उग्रवादी पंजाब में आए हुए थे जो अब पुन: पाकिस्तान में लौट गए हैं । इन खूंखार आतंकवादियों में गुरबचन सिंह मानोचाहल, सुखदेव सिंह बब्बर, परमजीत सिंह पंजवड़, डा. सोहन सिंह (80 वर्षीया वृद्ध), गुरजंट सिंह बुधसिंहवाला, गुरजंट सिंह राजस्थानी इत्यादि भी शामिल थे । इनमें कुछेक अभी तक पंजाब में ही है, जबकि अन्य हथियार खरीदने के लिए पाकिस्तान लौट गए थे ।

बताया जाता है कि जफरवाल ने पाकिस्तान में हथियार के भंडार जमा कर रखे हैं और वह हथियारों की खरीद में कोई मतभेद नहीं देखता बल्कि एक व्यापारी की भांति ही अनेक जत्थेबंदियों के साथ पेश आता है ।

सूत्रों के अनुसार ज्यादा उग्रवादी डेरा बाबा नानक सीमा की तरफ से पाकिस्तान लौटे हैं, जबकि खूंखार आतंकवादी जम्मू-कश्मीर सीमा की तरफ से निकल गए । यह खूंखार आतंकवादी, जो कि विभिन्न गुटों से सम्बन्ध रखते हैं, करीब दो करोड़ रुपए लेकर पाकिस्तान में हथियार खरीदने गए थे ।

सूत्रों के अनुसार जो उग्रवादी पाकिस्तान से पंजाब में इन हथियारों का 'सैंपल' लेकर आए थे, उन्हीं हथियारों से संधू की हत्या में प्रयुक्त किए जाने [illegible]

1986 में भूमिगत हो गए थे, वह अब तीन साल के बाद केन्द्र में नई सरकार बनने पर दो-तीन सप्ताह पंजाब, दिल्ली व यू.पी. में रहकर गए हैं । यह आतंकवादी अपने परिवार या बीवी बच्चों को मिले हैं या नहीं, इस बारे में पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाया है । ऐसे भी संकेत हैं कि पंजाब के खूंखार उग्रवादियों को भी जम्मू-कश्मीर की तरफ से हथियार पहुंचेंगे ।

बताया जाता है कि पिछले 3 साल से पंजाब में न रहने के कारण यह उग्रवादी अन्य जत्थेबंदियों की पूरी कार्य प्रणाली को नहीं जानते थे कि पंजाब में उनके यह उग्रवादी साथी किस तरह काम कर रहे हैं । अब पता चलने पर इनके कई रहस्यों का पता चला, जिस कारण पिछले दिनों में उग्रवादी गुटों में आपसी झड़पें व अलग-अलग बयानबाज़ियां चलती रहीं और एक-दूसरे को 'सरकारी एजैंट' कहा जाने लगा ।

उग्रवादियों में शुरू आपसी धड़ेबंदी इन आतंकवादी नेताओं के वापस पाकिस्तान से लौट आने के बाद तेज और खतरनाक होने की सम्भावना है ।

कत्ल कोई भी करे, हम उसकी निंदा करते हैं : तलवंडी

लुधियाना, 4 फरवरी (मुसाफिर): अकाली दल बादल के प्रधान जत्थेदार जगदेव सिंह तलवंडी ने यहां के निकटवर्ती गांव तफ्ल में संत निर्मल सिंह के भोग के अवसर पर उनको श्रद्धांजलि भेंट करते हुए कहा कि कत्ल सरकार की ओर से हो या किसी और एजैंसी की ओर से, हम सब कत्लों की निंदा करते हैं । उन्होंने केंद्र से मांग की कि निर्मल सिंह एक धार्मिक व्यक्ति थे । इनके कत्ल का पता लगाया जाए क्योंकि पूर्व शासन के सैल आज भी काम कर रहे हैं । इसलिये हकीकत का पता लगाया जाना चाहिए । उन्होंने कहा निर्मल सिंह मेरे निकट साथी थे ।

याद रहे कि 29 नवम्बर 1988 को जब तलवंडी पर घातक आक्रमण हुआ था तो संत निर्मल सिंह उनके साथ थे और वह घायल हो गए थे । 26 जनवरी को तफ्ल गुरुद्वारे के लंगर खाने में

चूहेदानी में बिल्ली फंसी !

बम्बई, 4 फरवरी (प.स.): उत्तर-पश्चिम बम्बई के बोरिवली राष्ट्रीय उद्यान में चूहे के लिए बिछाए गए जाल में एक बिल्ली फंस गई ।

बोरिवली राष्ट्रीय उद्यान के कर्मचारी उस

Punjabi Sanatan

खालसा पंचायत

(पृष्ठ 3 का शेष)

चेतावनी दी कि यदि इस स्थिति में पंजाब विधानसभा के चुनाव कराए गये तो यह राजनीतिक आत्म हत्या होगी, जिसको इतिहास कभी क्षमा नहीं करेगा ।

(नारंग) राष्ट्रीय सुरक्षा समिति पंजाब के प्रधान डा. बलदेव चावला, जो कि दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष लाल कृष्ण अडवानी, महासचिव श्री कृष्ण लाल शर्मा एवं भाजपा नेता श्री केदार नाथ साहनी से पंजाब की विस्फोटक स्थिति बारे बातचीत करके लौटे हैं, ने एक प्रैस बयान में कहा कि सिख छात्र संघ द्वारा जो खालसा पंचायतें बनाने की घोषणा की है, वह देशद्रोही कार्यक्रम है । स्पष्ट रूप में पंजाब में समानांतर सरकार की घोषणा है—और सरकार चुपचाप बैठी तमाशा देख रही है । सिख छात्र संघ द्वारा स्वर्ण-मंदिर में श्री सधु के भोग के समय विभिन्न आतंकवादी संगठनों द्वारा दिये गये भाषण पहले से ही लहूलुहान हुए पंजाब में खून की नदियां बहा देने वाले हैं । अगर सरकार ने कार्रवाई न की तो स्थिति 1984 के पहले जैसे हो जाएगी । डा. चावला ने अकाली नेता श्री सिमरनजीत सिंह मान के भाषण, जिसमें उन्होंने भिंडरांवाले के पदचिन्हों पर चलने की बात कही है, को देशद्रोह की परिधि में बताते हुए कहा कि पंजाब सरकार से मांग की कि ऐसे नेता देश की एकता के लिए खतरा हैं ।

खालसा पंचायतों का देश की एकता के लिए खतरा : पासला : जालंधर (वार्ता): मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की पंजाब इकाई ने खालसा पंचायतों के गठन के आम इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन (मनजीत) के फैसले को देश की संप्रभुता और उसके धर्म-निरपेक्ष ताने-बाने के लिए गम्भीर खतरा बताया है ।

पार्टी की राज्य शाखा के सचिव श्री मंगत राम पासला ने आज यहां एक वक्तव्य में कहा कि एक मजहबी राष्ट्र की स्थापना के रूप के मद्देनजर की गई इस खतरनाक घोषणा के बारे में देश की धर्म-निरपेक्ष और राष्ट्रवादी जनता तथा सरकार को गम्भीरता से विचार करना चाहिए ।

सोवियत कम्यु. पार्टी के ढांचे में बुनियादी परिवर्तन होगा

मास्को, 4 फरवरी (एपी): सोवियत नेतृत्व कम्युनिस्ट पार्टी के ढांचे में आमूल-चूल परिवर्तन और निजी स्वामित्व की अवधारणा को भी स्वीकार तौर पर समर्थन देने का प्रस्ताव रखेगा ।

सोवियत संवाद समिति 'इंटरफैक्स' ने कल अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है कि कल से कि सोवियत राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचोव पार्टी की आगामी बैठकों में पार्टी के नेतृत्व की संरचनाओं के केंद्रीयकरण को समाप्त करने के लिए कहेंगे और बहुदलीय प्रणाली की संभावनाओं पर विचार करेंगे ।

मास्को में प्रदर्शन : सोवियत कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्ण परिवर्तन लाने के लिए देश भर के सुधारवादी गुट केंद्रीय नेतृत्व पर दबाव डाल रहे हैं । इसी सिलसिले में आज हजारों लोगों ने आमूल सुधार की मांग करते हुए मास्को में क्रेमलिन की ओर मार्च किया ।

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

विशेष पुलिस अधिकारी चौकी पर हमला : जिला अमृतसर में एक अन्य घटना में आतंकवादियों ने सरहाली मंडा गांव में एक विशेष पुलिस अधिकारी चौकी पर हमला किया । हमले में कोई हताहत नहीं हुआ । चौकी के जवानों की जवाबी फायरिंग पर आतंकवादी भाग गए ।

डी.एस.पी. बाल-बाल बचा : मजीठा पुलिस जिले में पठानकोट-अमृतसर मार्ग पर एक आतंकवादी गिरोह ने डी.एस.पी. श्री नरेन्द्र कुमार पर साहनेवाल गांव के निकट हमला किया । श्री नरेन्द्र कुमार के अंगरक्षकों ने जवाबी फायरिंग की जिस पर आतंकवादी भाग खड़े हुए । इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ । श्री नरेन्द्र कुमार बटाला में तैनात हैं । वह एक बैठक में भाग लेने अमृतसर जा रहे थे ।

डी.एस.पी. घायल : अमृतसर में मिली सूचना के अनुसार आज रात भानो ढांडा के गांव सलक्खियां के निकट जी.टी. रोड पर डी.एस.पी. की एक गश्ती पार्टी पर घात लगाकर हमला कर दिया, जिससे सी.आर.पी. के एक सी.एस.पी. श्री पी.के. पांडे घायल हो गए । गोली उनकी टांग पर लगी है ।

रूपए छीने : धुरी, (संगरूर) 4 हथियारबन्द व्यक्ति एक कैंटीन के ठेकेदार से 1200 रुपए छीन कर फरार हो गए ।

जिम्मेदारी ली : बटाला (गुरदासपुर): बब्बर खालसा इंटरनैशनल द्वारा पत्रकारों को भेजे प्रैस नोट में जिस पर बब्बर खालसा के प्रमुख भाई सुखदेव सिंह बब्बर, भाई साधा सिंह बब्बर, भाई बाघावा सिंह बब्बर व भाई धर्म सिंह बब्बर वसलीवाल के हस्ताक्षर हैं, गुरु नानक नगर बटाला के निकट फायरिंग करके चाचोवालिया टैंट हाउस के मालिक हरजिन्द्र कुमार चाचोवालिया व उसके बेटे की हत्या की जिम्मेदारी अपने सिर ले ली है ।

ए.के. 47 मिली : पठानकोट (महेन्द्र): बहादुरी का एक अन्य कारनामा दिखाते हुए डी.एस.पी. पठानकोट ने बताया कि डी.एस.एफ. ने गांव डपयाल छोहिया के तरसेम मसीह के खेत में एक ए.के. 47 राइफल बिना मैगजीन पकड़ी है । नरोट जैमल सिंह पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

आतंकवादियों के हाथों मारे गए पिता, पुत्र की अंत्येष्टि : श्री विजय कुमार चोपड़ावालिया व उसके पुत्र सचिन, जिनकी कल सायं यहां आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी, का आज दोपहर अंतिम संस्कार कर दिया गया । इस अवसर पर राष्ट्रीय सुरक्षा समिति तथा भाजपा नेताओं के अतिरिक्त हजारों नागरिकों ने उन्हें श्रद्धांजलियां अर्पित कीं ।

एकत्रित भीड़ ने पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल के विरुद्ध नारे भी लगाए । राष्ट्रीय सुरक्षा समिति पंजाब के प्रधान बलदेव चावला, पंजाब-भाजपा कार्यकारिणी के सदस्य बलदेव मित्र कांसरा व पूर्व नगर इंका प्रधान राम रत्न शर्मा ने इस हत्या कांड पर दुःख व्यक्त किया । इन्होंने नागरिकों को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की । बाद में यहां सीमा सुरक्षा बल के डी.आई.जी. उदयवीर सिंह व एस.एस.पी. गोयल ने अधिकारियों की एक बैठक में स्थिति का जायजा

एक व्यक्ति का अपहरण : जिला फिरोजपुर के थाना जीरा के अंतर्गत फतेहगढ़ पंजतूर में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति राजेश कुमार का अपहरण कर लिया । उसका कोई सुराग नहीं मिला है ।

मक्खू से शेखर के अनुसार अपहृत लड़का मनोहर लाल का पुत्र है । बताया जाता है कि रात लगभग 11.30 बजे मनोहर लाल के घर आतंकवादी आए और घर वालों द्वारा दरवाजा न खोले जाने पर उन्होंने जबरदस्त फायरिंग की । आतंकवादी कोठे पर चढ़ कर लड़के को सख्त मारपीट करने के बाद अपने साथ ले गए । यह लड़का गांव के सरपंच गिरधारा सिंह के पास मनीम लगा हुआ है । उल्लेखनीय है कि गत वर्ष आतंकवादियों ने गिरधारा सिंह का उसके पुत्र समेत अपहरण कर लिया था और 8 लाख रुपए फिरौती लेकर छोड़ा था ।

2 आतंकवादी गिरफ्तार : बाघा पुराना से 'ज्ञान' के अनुसार आज गांव खराज के निकट पुलिस ने संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद दो आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । उनकी पहचान जसवंत सिंह उर्फ जस्सा गांव पंडोरी तथा बलदेव सिंह बासी गांव खराज के रूप में हुई है । इनसे एक 315 बोर की राइफल, एक 12 बोर की पिस्तौल व भारी मात्रा में खारतूस बरामद हुए । उनसे एक स्कूटर भी बरामद हुआ जिसे उन्होंने कुछ दिन पूर्व एक व्यक्ति से छीना था । उनसे पूछताछ की जा रही है ।

होमगार्ड का जवान घायल : जिला होशियारपुर में थाना टांडा के गांव गोंदपुर में आज दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने गोली मार कर होमगार्ड के एक जवान को घायल कर दिया और उसका सर्विस रिवाल्वर लेकर फरार हो गए । पुलिस के अनुसार वहां तैनात एक विशेष पुलिस अधिकारी को होमगार्ड के जवान के साथ आम कर कहीं सरण लेनी पड़ी, जब उसकी राइफल न चल सकी । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 5 खाली कारतूस बरामद हुए हैं । होमगार्ड के घायल जवान की दशा खतरे से बाहर बताई जाती है, उसकी बांह में गोली लगी ।

इंद्रकुमार गुजराल

(पृष्ठ 3 का शेष)

किया जाएगा । उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की स्थिति में तेजी से सुधार हो रहा है ।

छात्रों में वैज्ञानिक प्रकृति विकसित करने पर जोर : जालन्धर : विदेश मंत्री श्री इन्द्र कुमार गुजराल ने छात्रों में वैज्ञानिक प्रकृति विकसित करने की जरूरत पर जोर दिया है । आज यहां एच.एम.वी. कालेज के हीरक जयन्ती सांस्कृतिक कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्री गुजराल ने कहा कि आधुनिक वैज्ञानिक विकास के नए मूल्य अपनाते समय हमें भारतीय सभ्यता के मूल सांस्कृतिक मूल्यों से परे नहीं हटना चाहिए । डी.ए.वी. संस्थानों की भूमिका की प्रशंसा करते हुए श्री गुजराल ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व समाज सुधार का जो अभियान छेड़ा गया था, उसे जारी रखा जाए । उन्होंने इन संस्थानों को आह्वान किया कि वे देश के इस भाग में महिलाओं को साक्षर करने की दिशा में हर सम्भव प्रयास करें । इससे पूर्व श्री गुजराल का स्वागत करते हुए कालेज की प्रिंसीपल श्रीमती के. सरीन ने विभिन्न क्षेत्रों में कालेज की उपलब्धियों पर रौशनी डाली ।

श्री गुजराल ने कहा है कि भारत पाकिस्तान के साथ युद्ध नहीं चाहता तथा न ही भारत युद्ध जैसा आतंक फैलाने का समर्थन करता है । उन्होंने कहा कि हमारा देश एक मजबूत देश है तथा अपनी रक्षा स्वयं कर सकता है ।

आज रात यहां जनता दल कार्यकर्त्ताओं की

SUN BHAI SADHO
BHIMSEN JOSHI
DOUBLE AUDIO CASSETTES

पंजाब में 4 व्यक्तियों की हत्या : सीमा पर 4 घुसपैठिए मारे गए

तरनतारन और मजीठा क्षेत्र में 2 पुलिस चौकियों पर हमले : 2 कट्टर आतंकवादी गिरफ्तार

चंडीगढ़, 5 फरवरी (वार्ता, प.स.): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । भारत-पाक सीमा पर 4 घुसपैठिए मारे गए । 2 पुलिस चौकियों पर हमले किए गए । दो कट्टर आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया ।

2 एरिया कमांडर पकड़े गये : अमृतसर (पस): आज यहां बताया गया कि तरनतारन पुलिस जिला में 2 कट्टर तथाकथित 'एरिया कमांडर' पकड़े गये जो कि अनेक वारदातों में वांछित थे । इनकी पहचान खालिस्तान कमांडो फोर्स के गांव गलबाली के दीदार सिंह उर्फ दारा (खालिस्तान कमांडो फोर्स) तथा मनमोहन सिंह डोलेवाला (खालिस्तान लिबरेशन फोर्स) के रूप में हुई है । मनमोहन सिंह के.एल.एफ. के चीफ पिपल सिंह का भाई है और गत सप्ताह खब्बे राजपूतां में 2 व्यक्तियों की हत्या के लिए जिम्मेदार है । उससे पूछताछ जारी है ।

दीदार सिंह जो कि पंजाब रोडवेज में बस कंडक्टर था, पट्टी, सरहाली और तरनतारन सदर क्षेत्रों में सक्रिय था और हत्याओं, जब्री धन वसूली व लूटपाट की अधिकांश वारदातों में संलिप्त था । उसकी गिरफ्तारी के लिए ईनाम की सिफारिश की गई थी ।

औरत की हत्या : गत रात तरनतारन पुलिस जिला के गांव चुसलेवड़ में दो आतंकवादियों ने एक औरत मीत कौर की हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार खालिस्तान कमांडो फोर्स ने इस अपराध की जिम्मेदारी ली है । घटनास्थल पर ए.के. 47 राइफल के तीन चले हुए कारतूस मिले ।

प.स. के अनुसार अमृतसर के निकट एक औरत वतन कौर की भी हत्या कर दी गई ।

सी.पी.आई. वर्कर बाल-बाल बचे : गत रात भिखीविंड के निकट आतंकवादियों ने दो सी.पी.आई. वर्करों बलविंदर सिंह तथा रणजीत सिंह पर फायरिंग की लेकिन दोनों बाल-बाल बच गए ।

2 पुलिस चौकियों पर हमले : आतंकवादियों ने गत रात मजीठा तथा तरनतारन पुलिस जिलों में बग्गा और अलगों कोठी की पुलिस चौकियों पर हमले किए तथापि सुरक्षा कर्मियों की जवाबी फायरिंग पर आतंकवादी भाग निकले ।

दुकानों का समय : अमृतसर में जिला प्रशासन ने एक आदेश द्वारा आगामी 4 अप्रैल तक के लिए जिला में दुकानें बंद करने का समय सायं 7.30 बजे और वीडियो कैसेट व नाई की दुकानें बंद करने का समय रात 8 बजे निर्धारित किया है । ढाबे, बेकरियां, खाने-पीने के सामान की दुकानें तथा शराब की दुकानें रात 10 बजे तक तथा होटल व रैस्टोरैंट रात 11 बजे तक खुल सकेंगे । सिनेमा शो रात 9.30 बजे के बाद नहीं चलाए जा सकेंगे ।

7000 रुपए लूटे : आज दोपहर बाद पिंजौर में एच.एम.टी. परिसर के पैट्रोल पम्प से दो आतंकवादी 7000 रुपए लूट कर भाग गए ।

फांसी दे दी : आज प्रात: जिला फिरोजपुर के गांव जाफरवाल में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति गुरदीप सिंह को फांसी पर लटका कर मार डाला। मक्खू से शेखर के अनुसार गरमीत सिंह गांव का पूर्व सरपंच था । पहले ए.के. 47 राइफल से गोलियां मारी गईं ।

स्त्री की हत्या : फिरोजपुर जिला में ही गांव गलोटी में आतंकवादियों ने एक स्त्री इंद्रजीत कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

बोदला में हत्या : गत रात जिला फिरोजपुर के गांव बोदला में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति हरदीप सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

2 व्यक्तियों का अपहरण : गत रात गांव डिबबाले में 10-12 आतंकवादियों ने गुरदेव सिंह कुका अनूप कुमार का अपहरण कर लिया तथा उनके घर वालों से कह गए कि वे पैसे तैयार रखें ।

4 घुसपैठिए मरे : भारत-पाक सीमा के फिरोजपुर सैक्टर में शामिके सीमा चौकी पर बी.एस.एफ. की एक नाका पार्टी के साथ गत रात्रि हुई मुठभेड़ में 4 घुसपैठिए मारे गए । मारे गए घुसपैठियों की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

एक वर्ष में 42 आतंकवादी मारे गये : मुक्तसर (दर्दी, दीपक): गत डेढ़ वर्ष के दौरान जिला फरीदकोट में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ों में 18 'ए' श्रेणी के तथा 24 'बी' श्रेणी के आतंकवादी मारे गये । इन आतंकवादियों के सिरों पर 8.80 लाख रुपये के ईनाम घोषित थे । मुठभेड़ों में 7 पुलिस कर्मी तथा 5 होमगार्ड जवान भी मारे गये । यह जानकारी एस.एस.पी. श्री एस.के. शर्मा द्वारा आज दी गई । उन्होंने कहा कि मुकाबले में मरने वाले पुलिस कर्मचारियों की विधवाओं को सरकार की ओर से शीघ्र ही एक-एक लाख रुपये की सहायता दी जाएगी । उन्होंने अच्छा काम करने वाले 126 कर्मचारियों को 2.65 लाख रुपये के इनाम दिये । पुलिस कर्मचारियों की विधवाओं को भी सहायता दी गई । उन्होंने कहा कि पुलिस को आतंकवाद विरोधी संघर्ष में लोगों का विश्वास बहाल किया जाना चाहिए । इससे पूर्व शहरियों ने श्री शर्मा जिनका तबादला हो गया है, को भावभीनी विदाई दी ।

त्रासदी टली : इसी बीच आज जिला भटिंडा के गांव पिपलां में एक सम्भावित त्रासदी टल गई जबकि एक बारात ने चार आतंकवादियों के आदेश का पालन किया । बताया जाता है कि 50 व्यक्तियों पर आधारित बारात आज प्रात: पिपलां से मानसा के लिए रवाना हुई । जब यह लोग अभी मानसा से कुछ दूरी पर पहुंचे तो झाड़ियों में छिपे हुए आतंकवादियों ने उनकी बस को रोक लिया । उन्होंने बारात में शामिल लोगों से कहा कि बारातियों की जान तभी बख्शी जाएगी यदि वे केवल 11 लोगों को दुल्हन के घर भेजें । लोगों इस बात के लिए राजी हो गए । उन्होंने 11 लोगों को बारात में भेज कर शेष सभी को वापस भेज दिया ।

बोफोर्स केस में भारत ने स्विस मदद मांगी

नई दिल्ली, 5 फरवरी (प.स.): दिल्ली की एक अदालत ने आज स्विट्जरलैंड के न्यायिक अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे बोफोर्स तोप सौदे में दलाली के कथित भुगतान की जांच के काम में भारतीय जांचकर्त्ताओं को यथासम्भव सहयोग दें ।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश आर.सी. जैन ने आज

नामांकन पत्रों की पड़ताल मुकम्मल

नई दिल्ली, 5 फरवरी (प.स.): आठ विधानसभाओं तथा केंद्र शासित पांडिचेरी में आगामी 27 फरवरी को होने वाले चुनावों के लिए दाखिल 35,000 नामांकन पत्रों की जांच का काम आज शाम समाप्त होने के साथ चुनाव प्रक्रिया का दूसरा चरण पूरा हो गया ।

इसके साथ ही लोकसभा के तीन क्षेत्रों तथा उन सात विधानसभाई क्षेत्रों के लिए भरे गए नामांकन पत्रों की जांच की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई जहां पहले चुनाव स्थगित होने की वजह से चुनाव अथवा उपचुनाव होने वाले हैं ।

नाम वापसी की अंतिम तिथि 7 फरवरी है । मतगणना 28 फरवरी को शुरू होगी ।

अरुणाचल प्रदेश, बिहार, उड़ीसा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और पांडिचेरी की 1619 सीटों के लिए चुनाव होने जा रहा है जिसमें करीब साढ़े इक्कीस करोड़ लोग अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे ।

किसानों का जीवन स्तर सुधारने के लिए सरकार की प्राथमिकताएं पुनर्निर्धारित

नई दिल्ली, 5 फरवरी (प.स.): उप-प्रधानमंत्री एवं कृषिमंत्री देवी लाल ने आज यहां कहा कि देश के किसानों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए सरकार ने अपनी प्राथमिकताओं का पुनर्निर्धारण किया है ताकि उन्हें गरीबी रेखा से ऊपर लाया जा सके ।

श्री देवी लाल भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आई.ए.आर.आई.) के स्नातकोत्तर विद्यालय में 28वां दीक्षांत भाषण दे रहे थे ।

श्री देवी लाल ने कहा कि सरकार ने देश के कुल संसाधनों का पचास प्रतिशत कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्रों में खर्च करने का निर्णय किया है ।

Punjabi Sanath

के. सी. एफ. के स्वयंभू एरिया कमांडर सहित 4 आतंकवादी मरे

बटाला पुलिस जिला में बड़ा हत्याकांड टला : सुरसिंह वाला में बैंक लूटा गया

पंजाब में अन्यत्र 5 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 6 फरवरी (वार्ता, पस): गत रात के बाद पंजाब में खालिस्तान कमांडो फोर्स के एक स्वयं भू एरिया कमांडर समेत 4 आतंकवादी मारे गये । 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । दो घटनाओं में 62,000 रुपये लूट लिये गये । सुरक्षा बलों की सतर्कता से बटाला पुलिस जिला में बड़ा हत्याकांड टल गया ।

3 आतंकवादी मरे : पट्टी से संवाददाता के अनुसार गत रात थाना पट्टी के गांव लोहकां में गिरोहों के आपसी संघर्ष में तीन आतंकवादी मारे गये । पुलिस सूत्रों का कथन है कि सायं लगभग 7.30 बजे यह घटना हुई । मृतकों की पहचान खालिस्तान कमांडो फोर्स के स्वयंभू एरिया कमांडर जंग सिंह उर्फ जंग बहादर वासी डुबली, अर्जन सिंह डुबलीव शामसिंह डुबली के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार जंग बहादर गत दिनों एक औरत बलविंदर कौर को जबरदस्ती अपने साथ ले गया था । कुछ आतंकवादी बलविंदर कौर के पास शरण लेते थे । समझा जाता है कि काला सिंह बहादरगढ़िया और अमरीक सिंह धड़े के आतंकवादियों ने इन तीनों की हत्या की है । यह भी सम्भव है कि किसी अन्य धड़े का भी इन हत्याओं में हाथ हो । गांव वासियों का कथन है कि उन्होंने दोनों ओर से गोलियां चलने की आवाज सुनी । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफलों के 20 चले हुए कारतूस, एक अनचला कारतूस, 12 बोर का एक चला हुआ व एक अनचला कारतूस मिला ।

पुलिस कंट्रोल रूम को पता नहीं : वि.प्र. के अनुसार पुलिस महानिदेशक की ओर से अमृतसर पुलिस लाइन्ज में खोले गये आधुनिक ढंग के कंट्रोल रूम से जब तीन आतंकवादियों के मारे जाने की घटना के बारे में पछा गया तो वहां से जवाब मिला कि उन्हें इस घटना की कोई सूचना नहीं । इस प्रकार इस वारदात को 18 घंटे बीत जाने के बावजूद कंट्रोल रूम 'अंधेरे' में ही रहा ।

चौकी पर फायरिंग : थाना पट्टी के गांव डुबली में स्थित पुलिस चौकी पर गत रात आतंकवादियों ने फायरिंग की । पुलिस की जवाबी फायरिंग पर वह भाग निकले ।

वैन बरामद : अमृतसर से वि.प्र. के अनुसार मजीठा पुलिस ने बाविंयांवाली हत्याकांड में प्रयुक्त मारुति वैन बरामद कर ली है । गत मास इस वारदात में 8 व्यक्ति मारे गये थे । मजीठा के पुलिस चीफ श्री अनिल शर्मा ने बताया कि एक विशेष सूचना मिलने पर वैन के ड्राइवर रणबिंदर सिंह को मजीठा पुलिस जिला के अजनाला क्षेत्र में गिरफ्तार कर लिया गया ।

मजीठा के एस.पी. आप्रेशन श्री एच.आर. बांगा ने बताया कि इस वैन का नम्बर डीडीए 7102 है और ड्राइवर रणबिंदर सिंह थाना लोपोके के गांव ख्याला का रहने वाला है । श्री बांगा ने बताया कि गत 31 जनवरी को अमृतसर जिला के गांव छिद्दन में एक मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया था जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी परन्तु अब उसकी शिनाख्त अंगरेज सिंह वल्द मुख्तार सिंह वासी गांव चक मिसरी खां के रूप में हुई है । यह शिनाख्त मारुति वैन के पकड़े जाने के बाद हुई है । अंगरेज सिंह भी बाविंयांवाली हत्याकांड में संलिप्त था और आतंकवादी सतनाम सिंह उर्फ सत्ता का निकट सहयोगी था ।

बैंक लूटा, एक घायल : आज दोपहर से कुछ समय पहले अमृतसर जिले में झीडिवड थाने के गांव सुरसिंह वाला में स्थित कैनरा बैंक की शाखा पर भी आतंकवादियों ने गोलियां चलाईं जिसमें एक ग्राहक घायल हो गया । आतंकवादी बैंक से 20 हजार रुपये दो बंदूकें तथा कुछ कारतूस लेकर भागने में सफल रहे ।

42 हजार रुपये लूटे : गत रात अमृतसर के बाहरी क्षेत्र में एक गत्ते की फैक्टरी से एक आतंकवादी गिरोह ने 42 हजार रुपये लूट लिये । पुलिस ने बताया कि ए.के. 47 राइफलों से लैस चार आतंकवादी आधी रात के लगभग फैक्टरी में घुसे और चौकीदारों को काबू करने के बाद रुपये लूट कर फरार हो गए ।

आतंकवादी समेत 2 मरे : मोगा (वार्ता): आज प्रातः लगभग 4 बजे गांव राऊकेकलां में एक आतंकवादी समेत 2 व्यक्ति मारे गये । बताया जाता है कि तीन आतंकवादी गांव के नम्बरदार नायब सिंह के मकान में दाखिल हो गये तथा कोठे पर चढ़ गये जहां नायब सिंह व उसकी पत्नी सो रही थी । आहट सुन कर नायब सिंह की नींद खुल गई तथा उसने कमरे की लाइट जला दी । इस पर बाहर खड़े आतंकवादियों ने फायरिंग की । नायब सिंह ने अपनी बंदूक से जवाबी फायरिंग की जिससे उनमें से एक आतंकवादी मारा गया । गोलीबारी में नायब सिंह व उसकी पत्नी घायल हो गए । इसी दौरान नायब सिंह के भाई दर्शन सिंह जो कि नीचे सो रहा था, की गोलियों की आवाज सुन कर नींद खुल गई । वह इस बारे सूचना देने गांव के सरपंच के घर की ओर भागा तथा उसने शोर मचा दिया । इसी बीच आतंकवादियों ने गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी । इतने में गांव के लोग इकट्ठे हो गये तथा उन्होंने आतंकवादियों पर गोलियां चलाईं जिस पर आतंकवादी अपने साथी की लाश को छोड़ कर भाग निकले । नायब सिंह व उसकी पत्नी को सी.एम.सी. लुधियाना में दाखिल कराया गया है ।

2 व्यक्तियों की हत्या : मोगा थाना के अंतर्गत गांव सालिमी में एक शराब की दुकान पर सो रहे 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । हत्यारे शवों को आग भी लगा गये ।

एक व्यक्ति की हत्या : जिला फरीदकोट के गांव नाहेवाला में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

मारुति कार छीन ली : संगरूर से गर्ग के अनुसार यहां से 35 किलोमीटर दूर गांव पोहीर में आतंकवादी एक व्यक्ति बलबीर सिंह की मारुति कार छीन कर ले गए ।

औरत की हत्या : धूरी (सिंगला): थाना भिखी के अंतर्गत गांव कोटरा कला में कुछ अज्ञात व्यक्ति सुरजीत कौर के घर में दाखिल हो गये और तेजधार हथियार से उसकी हत्या करने के बाद उसकी सोने की बालियां लेकर फरार हो गए ।

सामूहिक हत्याकांड टला : बटाला (कोछड़) पुलिस जिला बटाला के गांव जैतो सरजा तथा आसपास के गांवों में गत रात पुलिस तथा आतंकवादियों के मध्य भारी मुठभेड़ के दौरान आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठाते हुए गन्ने के खेतों में से भाग निकले । जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार गत रात्रि जिला पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल संवेदनशील क्षेत्रों में जब गश्त कर रहे थे तो उस समय गांव हसनपुरा के निकट सशस्त्र अज्ञात व्यक्तियों ने 25 के लगभग नशेड़ियों को पकड़ कर एकत्रित कर रखा था । पुलिस तथा सुरक्षा बलों की गाड़ियां देख कर यह कथित सशस्त्र आतंकवादी भाग निकले । बताया जाता है कि यह सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक श्री सुमन्त कुमार गोयल तथा सहायक पुलिस अधीक्षक श्री सीता राम रेड्डी भारी पुलिस बल लेकर उस क्षेत्र में उन आतंकवादियों की खोज में निकल पड़े । इसी दौरान गांव जैतो सरजा क्षेत्र में आतंकवादियों ने दो स्थानों पर घात लगा कर श्री गोयल तथा श्री रेड्डी की गाड़ियों पर फायरिंग

(शेष पृष्ठ 8 पर)



Punjab Sahitak

आतंकवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

आरम्भ कर दी । उत्तर में पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल ने भी फायरिंग की । अंधेरे का लाभ उठा कर आतंकवादी भाग निकलने में सफल हो गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस व सुरक्षा बलों की सतर्कता से एक बड़ी वारदात होने से टल गई । इन कथित सशस्त्र आतंकवादियों ने 25 के लगभग अफीम तथा शराब का नशा करने वालों को घेर कर एक ही स्थान पर एकत्र कर रखा था तथा एक सामूहिक हत्याकांड करना चाहते थे । इन आतंकवादियों ने सभी नशेड़ियों के पास जो अफीम तथा शराब आदि थी, वह भी उनकी जेबों से निकाल ली तथा अपने साथ ले गए ।

एक आतंकवादी पकड़ा गया : होशियारपुर से सूद की सूचना है कि आज प्रातः 5 बजे गढ़शंकर पुलिस ने नहर वाले पुल पर नाकाबंदी के दौरान जब सामने से दो संदिग्ध नौजवानों को आते देखा तो उन्हें ललकारा गया जिस पर उन्होंने फायरिंग करनी शुरू कर दी । पुलिस ने भी पोजीशन लेकर जब फायरिंग शुरू की तो दोनों भाग खड़े हुए । पुलिस ने उनका पीछा किया और उनमें से एक को गिरफ्तार कर लिया । उसका नाम रेशम सिंह उर्फ पप्पू बताया गया है । पूछताछ के दौरान रेशम सिंह ने अपने दूसरे साथी का नाम करनैल सिंह बताया । रेशम सिंह से 12 बोर का पिस्तौल व 3 कारतूस मिले ।

मारुति कारों के नम्बर भेजने के निर्देश : फगवाड़ा (अशोक): गत रात्रि फगवाड़ा पुलिस ने बलदेव सिंह वासी चक्क मंजीर पुलिस स्टेशन लोपोके को नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक चाकू बरामद किया है । इसी दौरान पता चला है कि पंजाब सरकार ने राज्य भर में वायरलैस देकर निर्देश दिये हैं कि राज्य भर में चलने वाली मारुति कारों के नम्बर व चालकों के नाम तत्काल राज्य मुख्यालय को भेजे जाएं ।

पंजाब में मुठभेड़ों और गुट संघर्ष में 12 आतंकवादी मरे

6 सुरक्षा कर्मियों सहित उग्रवादियों ने 14 व्यक्तियों की हत्या कर दी

एफ.एस.एल. मिल्क प्लांट मोगा से 21 लाख रुपए लूटे

चंडीगढ़, 7 फरवरी (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात से 12 आतंकवादियों और 6 सुरक्षा कर्मियों समेत 26 व्यक्ति मारे गए । मृतक आतंकवादियों में खालिस्तान कमांडो फोर्स का दर्दात सदस्य सविंदर सिंह उर्फ घोना भी शामिल है । हत्या के करीब 60 मामलों में पुलिस को उसकी तलाश थी । इस बीच आतंकवादियों ने तीन लोगों का अपहरण किया है और एक मिल्क प्लांट से 21 लाख रुपया लूटा है ।

शिव सेना नेता के भाई की हत्या : गुरदासपुर (गुप्ता, कपूर): कल रात दीनानगर शहर में दो अज्ञात वर्दीधारी आतंकवादियों ने गोली चलाकर शिव सेना दीनानगर के उपप्रधान के भाई की हत्या कर दी और दो अन्य को जख्मी कर दिया । आतंकवादियों द्वारा इस हत्या में भी वही आधुनिक शस्त्र प्रयोग किया गया जो आल इंडिया सिख स्टूडेंट फैडरेशन के महासचिव हरमिन्दर सिंह संधू की हत्या में प्रयोग किया गया था । पुलिस सूत्रों के अनुसार कल रात लगभग आठ बजे दो आतंकवादी, जिन्होंने पुलिस की वर्दियां पहन रखी थीं, दीनानगर शिव सेना के उपप्रधान श्री कुलभूषण के घर आए । उस समय कुलभूषण का बड़ा भाई भारत भूषण अपनी पत्नी के साथ एक कमरे में टैलीविजन पर फिल्म देख रहा था । आतंकवादियों द्वारा कुलभूषण को पुकारे जाने पर जब वह कमरे से बाहर निकला तो आतंकवादियों ने भारत भूषण पर फायरिंग कर दी । गोलियों की आवाज सुनकर जब एक पड़ौसी छज्जूराम (70) ने घर के आंगन की लाईट जलाई तो आतंकवादियों ने उन पर भी फायरिंग की जिससे छज्जूराम और एक छोटा बच्चा रवीन्द्र कुमार (11) घायल हो गए । आतंकवादियों ने भागते समय हवा में भी कुछ फायर किए । भारत भूषण की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । पुलिस के अनुसार घटनास्थल से बरामद एक खाली कारतूस नए किस्म के हैं और इन पर 321-76 लिखा है । लगता है कि यह उसी प्रकार का हथियार है जो हरमिन्दर सिंह संधू की हत्या के लिए प्रयोग किया गया था । यह हथियार स्टेनगन और ए.के. 47 राइफल से छोटा और रिवाल्वर से बड़ा होता है ।

इस घटना को लेकर दीनानगर शहर में पूर्णतः हड़ताल रही । शिव सेना पंजाब के संगठन मंत्री श्री जयचन्द ने इस घटना की निन्दा करते हुए शिव सेना कार्यकर्त्ताओं और आम जनता की सुरक्षा की मांग की है । इस बीच मृतक भारत भूषण की आज अपराह्न अंत्येष्टि कर दी गई ।

मुठभेड़ में दुर्दांत आतंकवादी मरा : बटाला (कोहाड़): स्थानीय बटाला-अमृतसर रोड पर थाना सुदर बटाला के क्षेत्र में स्थित प्रताप पेपर मिल में गत रात 6-7 सशस्त्र आतंकवादियों ने जबरदस्ती घुसकर मिट्टी का तेल डालकर आग लगाने का असफल प्रयास किया । इसी दौरान इन आतंकवादियों ने अन्य राज्यों से आए सैंकड़ों श्रमिकों को आतंकित करने के लिए हवाई फायरिंग भी की । जब ये सशस्त्र आतंकवादी आग लगाने तथा फायरिंग करने में व्यस्त थे तो निकट ही गश्त कर रही सीमा सुरक्षा बल तथा पुलिस की टुकड़ी वहां पहुंच गई । दोनों ओर से फायरिंग हुई । इस दौरान मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया तथा बाकी अन्य फरार हो जाने में सफल हो गए ।

पुलिस अधीक्षक श्री सुमन्त कुमार गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक आतंकवादी की पहचान खालिस्तान कमांडो फोर्स के झामका गुट के बी श्रेणी के आतंकवादी सविन्दर सिंह घोना उर्फ शेर सिंह शेर के रूप में हुई है । वह 'बी' श्रेणी का आतंकवादी था और उस पर तीस हजार रुपए का इनाम था । उसके पास से दो मैगजीन, ए.के. 47 के 272 कारतूस, एक एच.ई. 36 हथगोला, खालिस्तान कमांडो फोर्स का आपत्तिजनक साहित्य तथा एक डायरी भी बरामद हुई, जिसमें 'हिट लिस्ट' वाले व्यक्तियों के नाम लिखे हुए हैं । पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह आतंकवादी पुलिस जिला बटाला, मजीठा तथा अमृतसर में लगभग 60 बेगुनाहों की हत्याओं व सीमा सुरक्षा बल और पुलिस की गाड़ियों को भूमिगत बारूदी सुरंगों द्वारा उड़ाने में पुलिस को वांछित था । इस आतंकवादी ने गांव बुजियां वाली में चार लोगों को फांसी पर लटकाने के साथ-साथ गांव बट्टूटोबाल में सरपंच अजायब सिंह व उसके बेटे, गांव नत्थ में एक व्यक्ति, गांव सेखवां में हरभजन कौर की, गांव घरियाना में एक ग्रंथी की, गांव पुरियां में नरिन्दर कौर तथा किशन लाल, लधुभाना में जरनैल सिंह की, सुखाचिड़ा में करनैल सिंह की तथा गांव नत्थ के निकट दो बैंक कर्मचारियों राजेश कुमार तथा काका राम की हत्या करने की मुख्य वारदातें की थीं ।

आज प्रातः सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक प्रकाश सिंह तथा उपमहानिदेशक उदय वीर सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा इस अवसर पर सीमा सुरक्षा बल द्वारा मुकाबले की इस कार्रवाई में भाग लेने वाले जवानों के लिए पुरस्कार की घोषणा की ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

हिमाचल में बस का पहिया जाम : यात्री परेशान

शिमला, 7 फरवरी (प.स.): हिमाचल पथ परिवहन निगम के कर्मचारियों द्वारा आज एक दिन के सांकेतिक हड़ताल के कारण सामान्य बस यातायात लगभग ठप्प रहा ।

पड़ौसी राज्यों के परिवहन निगमों द्वारा भी हिमाचल में अपनी बसें नहीं चलाई गईं तथा फलस्वरूप सैंकड़ों यात्री राज्य के विभिन्न स्थानों में फंसे रह गए । यहां तक की प्राइवेट मिनी बसें भी कई स्थानों पर नहीं चलीं ।

एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल का आह्वान निगम कर्मचारी संघ द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में किया गया था । उनकी मुख्य मांगों में यात्री परिवहन सेवा का पूर्ण राष्ट्रीयकरण करना तथा निगम के कर्मचारियों को पैंशन प्रदान करना है ।

शिमला कस्बे में स्थानीय बस स्टाप तथा बस अड्डे सुनसान पड़े रहे । सुरक्षा कारणों के दृष्टिगत सभी बसों को सुरक्षात्मक स्थानों पर पहुंचा दिया गया था ।

आज कोई भी बस न चलने के कारण दैनिक यात्रियों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ा तथा उन्हें पैदल ही अपने कार्यालयों व काम के स्थानों तक जाने के लिए विवश होना पड़ा ।

हड़ताल के दौरान सड़क मार्ग अवरुद्ध किए जाने का कोई समाचार नहीं है तथा निजी वाहन, टैक्सियां और सरकारी वाहन सामान्य की भांति ही चलते रहे ।

परिवहन निगम कर्मचारी संघ की तालमेल समिति के सदस्य श्री अशोक पुरोहित ने दावा किया कि राज्य में हड़ताल पूर्ण रही । उन्होंने कहा कि हड़ताली कर्मचारियों ने कई स्थानों पर रैलियां कीं तथा अपनी मांगें आने जाने तक संघर्ष जारी रखने के लिए विचार-विमर्श भी किया । उन्होंने कहा कि यह हड़ताल केवल मात्र एक चेतावनी है तथा कर्मचारी एकता का एक उदाहरण ही प्रस्तुत किया गया है ।

सोवियत कम्युनिस्ट पार्टी सत्ता पर एकाधिकार छोड़ने के लिए सहमत

मास्को, 7 फरवरी (वार्ता): सोवियत संघ

फायरिंग में 2 मरे : 4 सुरक्षा कर्मी घायल

श्रीनगर, 7 फरवरी (प.स.): विघटनकारियों द्वारा विस्फोटक पदार्थ फैंके जाने से आज यहां चार पुलिस कर्मी घायल हो गए । यह घटना कर्फ्यू में ढील की अवधि के दौरान हुई । सरकारी सूत्रों के अनुसार यह घटना जैनाकदल में हुई, जहां दो सी.आर.पी.एफ. कर्मियों सहित 4 पुलिस कर्मी एक जीप में जा रहे थे ।

इसके पश्चात जवाब में जवानों द्वारा फायरिंग की गई लेकिन किसी के घायल होने का समाचार नहीं है ।

लाल चौक में हुए एक विस्फोट के पश्चात विघटनकारियों तथा पुलिस के मध्य लगभग दस मिनट तक गोली चलती रही, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया । विस्फोट से एक मकान को आग

Punjabi Sansar

कश्मीर भारत का हिस्सा

(पृष्ठ 3 का शेष)

बताया था कि किस तरह पाकिस्तान तथाकथित जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के जरिये कश्मीर में विद्रोह को बढ़ावा दे रहा है ।

श्री सोलार्ज ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह और नेपाल के नेताओं के साथ अपनी बातचीत के बाद उन्हें उम्मीद है कि भारत-नेपाल विवाद का जल्दी ही कोई संतोषजनक हल निकल आएगा । उन्होंने यह विश्वास भी व्यक्त किया कि मार्च के अंत तक श्रीलंका से भारतीय सेना की वापसी का काम पूरा हो जाएगा । उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में अफगानिस्तान समस्या का राजनीतिक समाधान निकलने की संभावना नहीं नजर आती । उन्होंने कहा कि पेशावर स्थित छापामारों की अंतरिम सरकार में ईरान स्थित शिया अफगानों और छापामार कमांडरों को शामिल करने अथवा अमरीका द्वारा सोवियत संघ की अफगानिस्तान को सैनिक सहायता समाप्त करने की पेशकश मान लिये जाने पर ही समस्या को सुलझाया जा सकता है ।

सोवियत संघ द्वारा चिन्ता व्यक्त : मास्को (वार्ता): सोवियत संघ ने कश्मीर की स्थिति पर चिन्ता व्यक्त की है और इस बात को दोहराया है कि इस जटिल मुद्दे को शांति पूर्ण एवं अहिंसात्मक तरीके से सुलझाया जाना चाहिए । सोवियत विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गेग्रडी गेरासिमोव ने कल संवाददाताओं से कहा कि सोवियत संघ के मत में भारत-पाक संबंधों में कश्मीर की समस्या सबसे प्रमुख बाधा है और इसे शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाया जाना चाहिए ।

इससे पहले पिछले महीने सोवियत विदेशमंत्री एडुआर्ड शेवर्दनाद्जे ने भारतीय विदेश सचिव के साथ अपनी बैठक में कहा था कि कश्मीर के मामले में सोवियत दृष्टिकोण में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है और न होगा ।

कम्युनिस्ट पोलित ब्यूरो

(पृष्ठ 3 का शेष)

फरवरी की रात को फिर एक आक्रमण हुआ तथा साथ ही 5 फरवरी की रात को फिर से राकेट द्वारा आक्रमण कर दिया गया ।

इसके बाद पट्टी तहसील के गांव लोहका में खेत मजदूर संघ के प्रधान कामरेड जागीर सिंह के निवास पर भी आक्रमण किया गया ।

जब पुलिस अधिकारियों से सम्पर्क किया गया तो उनका कहना था कि वह आत्मरक्षा के लिए हथियार तो उपलब्ध करवा सकते हैं मगर रात के समय इन क्षेत्रों में सुरक्षा प्रदान करने में कतई असमर्थ हैं ।

अमृतसर में ऐसी स्थिति तथा सी.पी.आई.एम. के सदस्यों पर आतंकवादियों के लगातार जारी हमलों से स्पष्ट है कि यह तत्व बिना किसी नियंत्रण के अपनी कातिलाना गतिविधियां जारी रखे हुए हैं ।

पोलिट ब्यूरो के अनुसार ऐसी स्थिति असहनीय है तथा केंद्र सरकार व पंजाब प्रशासन को यह अनुभव करना चाहिए कि पंजाब में जारी आतंकवादियों की गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए तुरन्त ही कठोर कदम उठाए जाने की बहुत आवश्यकता है ।

हिंसा से निपटे बिना पंजाब में शांति बहाली के लिए कोई भी यत्न सफल नहीं हो सकता तथा आतंकवादियों को भी यह अहसास नहीं होने देना चाहिए कि उनकी देशद्रोही कातिलाना गतिविधियों के प्रति प्रशासन आंखें मूंदे हुए है ।

दोनों देश बयानबाज़ी बंद करें

फगवाड़ा, 7 फरवरी (खोसला): यंग पीस कौंसिल पंजाब के संयोजक श्री अश्विनी कुमार ने प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह तथा पाक प्रधानमंत्री श्रीमती बेनजीर भुट्टो को एक पत्र लिख कर आग्रह किया है कि दोनों देश एक-दूसरे के विरुद्ध बयानबाजी करना बंद कर दें ।

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

ए.एस.आई. के घर जला डाला : थाना सदर बटाला के गांव शंकरपुरा में गत सायं 6.30 बजे 14-15 सशस्त्र आतंकवादियों ने पुलिस के एक ए.एस.आई. सिंवन्दर सिंह के घर के दरवाजे तोड़ डाले तथा घर में घुस कर मिट्टी का तेल डालकर घर को आग लगा दी । यह सभी आतंकवादी पुलिस की वर्दियों में थे ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार उक्त ए.एस.आई. सविन्दर सिंह आज कल तरनतारन में तैनात था । कुछ समय पूर्व भी आतंकवादियों ने उस पर हमला किया था । जब आतंकवादियों ने उसके घर को आग लगाई तो उस समय घर में कोई भी नहीं था । घर पूरी तरह जल जाने से लगभग 70,000 की क्षति का अनुमान लगाया गया है ।

गांव वालों के अनुसार यह सशस्त्र आतंकवादी गत सायं 6.30 बजे से रात 9.30 बजे तक घर में रहे तथा रुक-रुक कर हवाई फायरिंग भी करते रहे । मगर आस-पास गश्त करने वाला सीमा सुरक्षा बल और पुलिस का कोई भी दल वहां नहीं पहुंचा । यह आतंकवादी घर जलाकर फरार हो जाने में सफल हो गए ।

पुलिस कांस्टेबल की हत्या : थाना श्रीहरगोबिंदपुर के गांव खजाना में दो सशस्त्र उग्रवादियों ने फायरिंग करके एक पुलिस कांस्टेबल बलविंदर सिंह (22) की हत्या कर दी । जिला पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक पुलिस कांस्टेबल अभी-अभी प्रशिक्षण लेकर लौटा था और आजकल थाना सिटी बटाला में तैनात था । वह आज गांव में छुट्टी पर गया था कि उग्रवादियों ने उसकी हत्या कर दी ।

एक और हत्या : दीनानगर : आतंकवादियों के एक गिरोह ने कल रात गुरदासपुर जिला के दीनानगर कस्बे में हाऊसिंग कालोनी के अध्यक्ष श्री भोला मोहन की गोली मार कर हत्या कर दी ।

कांस्टेबल की हत्या : पटियाला (भुषण): यहां से 28 किलोमीटर दूर सामाना क्षेत्र में आतंकवादियों ने कल रात लगभग आठ बजे गश्त कर रहे एक पुलिस कांस्टेबल तथा एस.पी.ओ. पर फायरिंग की जिससे पुलिस कांस्टेबल रमेश सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई और एस.पी.ओ. श्री अजमेर सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गए । उन्हें सामाना के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है । उनकी हालत में सुधार हो रहा है । आतंकवादी लाल मारुति कार में सवार थे । घटना के बाद वे फरार होने में कामयाब हो गए ।

दो सुरक्षा कर्मियों की हत्या : खरड़ (शशि): आतंकवादियों ने शराब के ठेकेदारों के विरुद्ध अपनी अभियान जारी रखते हुए गत रात्रि लगभग 9 बजे यहां निकटवर्ती गांव जगतपुरा में शराब के एक ठेके पर तैनात एक पुलिस कांस्टेबल दर्शन सिंह तथा एक होमगार्ड जवान अवतार सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । आतंकवादी भागते समय मृतक सुरक्षा कर्मियों की राइफलें, कारतूस तथा वायरलैस सैट भी ले गए । जगतपुरा गांव रोपड़ जिला के सोहाना पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन है ।

आतंकवादी समेत दो मरे : रोपड़ जिला के कराली पुलिस थाना क्षेत्र के अन्तर्गत गांव भोरखा साहिब में कल शाम आतंकवादियों ने एक व्यक्ति मास्टर मेहर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि एक गनमैन द्वारा जवाबी फायरिंग से एक आतंकवादी भी मारा गया । प्राप्त सूचना के अनुसार अकाली दल (लौंगोवाल) जिला रोपड़ के प्रधान श्री उजागर सिंह वडाली समेत अनेक व्यक्ति शाम 6 बजे के करीब गांव में एक कीर्तन दरबार समाप्ति पर बाहर निकल रहे थे । मास्टर मेहर सिंह तथा साथी जोगेन्द्र सिंह भी बाहर आकर अपना स्कूटर स्टार्ट करने ही लगे थे कि वहां पर जूतों की सेवा कर रहे तीन 'लड़कों' में से एक ने 38 बोर के रिवाल्वर से मास्टर मेहर सिंह के सिर पर गोली मार दी । उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई । इस पर श्री उजागर सिंह वडाली के साथ तैनात गनमैन श्री निर्मल सिंह ने जवाबी गोली चलाई जो कि हमलावर को लगी तथा उसकी मौत हो गई ।

गुट संघर्ष में दो आतंकवादी मरे : अमृतसर जिले में धारदेव गांव में दो गुटों की आपसी दुश्मनी में दो आतंकवादी गुरचरण सिंह और पालसिंह मारे गए । गोलियों से छलनी उनके शव आज बरामद किए गए । खालिस्तान कमांडो फोर्स ने हत्या की जिम्मेदारी ली है । उसने उक्त दोनों पर लूटपाट, छीना-झपटी व पैसा ऐंठने का आरोप लगाया है ।

मुठभेड़ में एक आतंकवादी मरा : फतेहबाद गांव में एक फार्म हाऊस में सुरक्षा बलों ने तीन उग्रवादियों को चुनौती दी । उग्रवादियों द्वारा गोली चलाने और जवाब में सुरक्षा बल द्वारा गोली चलाने पर एक आतंकवादी मारा गया तथा दो अन्य भाग गए । मारे गए आतंकवादी का नाम जोगिन्दर सिंह है । उसके पास से एक रिवाल्वर और तीन कारतूस बरामद किए गए ।

तरनतारन पुलिस अधिकारियों ने बाद में बताया कि जोगिन्द्र सिंह निहंग 'बी' श्रेणी का दर्दात आतंकवादी था और बब्बर खालसा गुट से सम्बन्धित था । वह पुलिस को आतंकवाद की अनेक घटनाओं में वांछित था ।

लांस नायक की हत्या, 2 घायल : पुलिस जिला तरनतारन के गांव ढोटियों के निकट उग्रवादियों ने सी.आर.पी.एफ. की गश्ती पार्टी पर घात लगा कर हमला कर दिया, जिसमें लांस नायक श्री ओम मारा गया और एक हैड कांस्टेबल बलविन्दर सिंह व कांस्टेबल मुन्ना गम्भीर रूप से घायल हो गया । उन्हें तरनतारन के सरकारी अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है ।

निजी शत्रुता में एक और आतंकवादी मरा : अमृतसर जिला के सरहाली पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन शिलके गांव में गुट संघर्ष के कारण एक आतंकवादी बलविन्द्र सिंह मारा गया । आज प्रातः गोलियों से छलनी उसका शव बरामद हुआ है । इस चीज जांच से पता चला है कि कंवर दीप सिंह जो कि धोतियां गांव में पिछले हफ्ते मुठभेड़ में मारा गया था, पिछले माह सी.आर.पी. की एक गश्ती टुकड़ी पर हमला करने की वारदात में भी संलिप्त था । इस वारदात में चार जवानों की मृत्यु हो गई थी ।

एक और हत्या : अमृतसर शहर के बाहरी क्षेत्र दोबुर्जी में आज तड़के आतंकवादियों ने एक व्यक्ति मंजीत सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी और एक अन्य व्यक्ति कश्मीरा सिंह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । मंजीत सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि कश्मीरा सिंह को गम्भीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है । सुरक्षा कर्मियों ने अपराधियों का पीछा किया लेकिन वे भाग जाने में सफल हो गए ।

एक और मरा : एक अन्य वारदात में आतंकवादियों ने कल रात अमृतसर जिले के लोके गांव के निकट एक व्यक्ति को गोली मार दी, जिसकी अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है । इस व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव आज प्रातः बरामद किया गया । इसके हाथ पैर बंधे हुए थे ।

चौकी पर हमला : अमृतसर जिला के भिक्खीविंड पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन गांव भाई लधो में आतंकवादियों ने कल रात सुरक्षा बलों की एक चौकी पर घात लगाकर हमला किया । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने से आतंकवादी फरार हो गए । किसी के भी जख्मी होने की सूचना नहीं मिली है ।

एक और मरा : पुलिस जिला मजीठा के अंतर्गत सरों गांव में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति दीवान चंद की गोली मार कर हत्या कर दी ।

उद्योगपति की हत्या : जंडियाला गुरु से 'पवन जैन' के अनुसार आज सायं करीब 7.45 बजे तीन अज्ञात व्यक्तियों ने स्थानीय उद्योगपति श्री कीर्ति कुमार जैन की हत्या कर दी और उनके भाई राजन जैन का अपहरण कर लिया । ज्ञात हुआ है कि तीन अज्ञात व्यक्ति, जो श्री व्हीलर पर आए थे, ने यहां नूरदी बाजार में श्री जैन के घर का दरवाजा खटखटाया । श्री जैन ने जैसे ही दरवाजा खोला, उन पर पिस्तौल से गोली चलाई गई । उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई । ये तीनों व्यक्ति श्री जैन के भाई राजन जैन को अपने साथ श्री व्हीलर में बिठा कर फरार हो गए ।

4 उग्रवादी मारे गए : जलालाबाद (फाजिल्का): आज प्रातः 4 बजे से 25 किलो मीटर दूर फाजिल्का-मलोट सड़क पर गांव डिप्पांवाली में पंजाब पुलिस और आतंकवादियों के मध्य हुई मुठभेड़ में 4 आतंकवादी मारे गए ।

बताया जाता है कि फाजिल्का उपमंडल के पुलिस अधिकारी रूपिन्दर सिंह बाजवा ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव डिप्पांवाली में अजायब सिंह नामक व्यक्ति के घर पर छापा मारा तो वहां छिपे आतंकवादियों ने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी, पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की । बाद में पुलिस ने मकान पर भारी मात्रा में हैंड ग्रेनेड फैंके जिसके परिणामस्वरूप 4 आतंकवादी घटनास्थल पर ही मारे गए । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक 315 बोर राइफल, 2 रिवाल्वर और भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद हुआ है ।

अकाली नेता पर हमले का प्रयास विफल : बाघापुराना (मित्तल): कल रात फरीदकोट जिला के घोलिया खुर्द गांव में कुछ आतंकवादियों ने वरिष्ठ अकाली नेता श्री नछत्तर सिंह की हत्या का असफल प्रयास किया । घटना के समय श्री सिंह अपने घर में सो रहे थे । आतंकवादी भाग जाने में सफल रहे ।

21 लाख रुपया लूटा : मोगा (सर्व, आजाद): आज प्रातः 9 बजे के लगभग आतंकवादियों ने यहां जी.टी. रोड पर एफ.एस.एल. मिल्क प्लांट से 21 लाख रुपया लूट लिया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार आतंकवादी एक मारुति कार नं. पी.सी.एस. 5987 में सवार होकर मिल्क प्लांट पर आए तथा गेटमैन से एक विशेष अधिकारी के संदर्भ में पूछताछ की । जब गेटमैन इंटरकाम पर भीतर बात करने लगा तो आतंकवादियों ने उसे पिस्तौल की नोक पर निकटवर्ती बाथरूम में बंद कर दिया । चार आतंकवादी कार्यालय के भीतर चले गए जबकि एक अन्य बाथरूम के निकट खड़ा रहा । उक्त आतंकवादियों ने कार्यालय के भीतर बैठे कैशियर से 21 लाख रुपया लूट लिया । यह रकम कर्मचारियों को वेतन देने के लिए लाई गई थी । सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए । उन्होंने दावा किया कि दोषियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

दो और उग्रपंथी गुट संघर्ष में मरे : मक्खू (चंद्र शेखर): यहां निकटवर्ती गांव छीयांपाड़ा में नहर के किनारे से दो अज्ञात लोगों के शव बरामद हुए हैं । समझा जाता है कि दोनों आतंकवादी गुटबाजी के कारण मारे गए हैं । पुलिस सूत्रों के अनुसार शवों के निकट से एक पत्र मिला है जिसके अनुसार खालिस्तान लिबरेशन फोर्स तथा भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स ने इन हत्याओं की जिम्मेदारी ली है । पत्र के अनुसार उन पर एक स्थान से डेढ़ लाख रुपए लूटने का आरोप लगाया गया है । मृतकों के नाम गुरमेल सिंह तथा जसवंत सिंह बताए जाते हैं ।

एक और हत्या : फिरोज़पुर : फिरोज़पुर जिला के ज़ीरा क्षेत्र में आतंकवादियों ने स्कूटर सवार एक व्यक्ति अमर सिंह की हत्या कर दी ।

तीन लोगों का अपहरण : आतंकवादियों ने फिरोजपुर जिले में दिसवाला गांव से बलदेव सिंह तथा अनूप कुमार और गुरदासपुर जिले में सरदूलगढ़ गांव से अनूप सिंह का अपहरण कर लिया ।

एक आतंकवादी काबू : भटिंडा : जिला के बुर्ज ढिलवां गांव में एक गृहणी की मदद से एक आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया गया । एक आतंकवादी, बीकर सिंह नामक व्यक्ति के घर आया और उससे 20 हजार रुपए की मांग की । बीकर सिंह की पत्नी आतंकवादी के साथ हाथापाई करने लगी और उसे तब तक नहीं छोड़ा जब तक कि सुरक्षा कर्मी घटनास्थल पर नहीं पहुंच गए ।

एक और कांस्टेबल की हत्या : लुधियाना : दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने आज जिला के कुलर गांव में पुलिस कांस्टेबल सुखविंद सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी ।

20 हजार रु. छीन लिए : खन्ना (नि.स.): यहां जी.टी. रोड पर स्कूटर सवार दो आतंकवादियों ने रमेश कुमार नामक एक व्यक्ति से पिस्तौल की नोक पर 20 हजार रुपया छीन लिया । बताया जाता है कि आतंकवादियों ने अपने मुंह ढांप रखे थे । रमेश कुमार यह राशि बैंक से निकलवा कर लाया था ।

शाम के भाव–(7 फरवरी, एन.एन.एस.)

दिल्ली क्लाथ 49.00, हिन्द मोटर 24.00, रिलायंस

GARHWAL MANDAL
Institute of Engineering & Technology

Applications are invited from Eligible Boys & Girls for Engineering Courses of AMIE in the following Discipline.

1. Civil Engg.

Rangoli Sameti

पंजाब में 7 व्यक्तियों की हत्या : 2 सिपाही हथियारों सहित फरार

स्कूल छात्र का अपहरण : सैर कर रहे लोगों पर हमला

एक आतंकवादी मरा : 35 हज़ार रुपये लूटे गये

चंडीगढ़, 8 फरवरी (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत रात के बाद से एक आतंकवादी मारा गया जबकि 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । पंजाब पुलिस के दो सिपाही हथियारों सहित भगौड़े हो गए । एक स्कूल छात्र का अपहरण कर लिया गया । कादियां के निकट दो सैर कर रहे व्यक्तियों को घायल कर दिया गया । भटिंडा में एक फैक्टरी के कैशियर से 35000 रुपए लूटे गए ।

2 भट्ठा मालिकों की हत्या : मालेरकोटला (आजिज): आज प्रातः लगभग 8.15 बजे यहां से 25 किलोमीटर दूर थाना अमरगढ़ के गांव जलालगढ़ में दो आतंकवादियों ने ईंटों के भट्ठा के मालिकों गुरचरण सिंह तथा कर्म सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि यह दोनों आतंकवादी जिनकी आयु 25-30 वर्ष के मध्य थी, साइकल पर सवार होकर भट्ठा पर आए, उन्होंने ईंटों का भाव पूछा और कहा कि वह शाम को ले जाएंगे । वहां से निकल कर वह सामने सड़क पर आकर खड़े हो गए । इसी दौरान गुरचरण सिंह और कर्म सिंह अपनी फिएट कार नम्बर पी.बी.एन. 3701 पर सवार होकर जब घर जाने लगे तो इन दोनों ने उन पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं जिससे उनकी मौका पर ही मृत्यु हो गई । एक आतंकवादी के पास ए.के. 47 राइफल थी, जबकि दूसरे के पास 455 बोर का रिवाल्वर था ।

इससे पूर्व प्रातः 6 बजे अमरगढ़ थाना के ही गांव धीरो माजरा के शराब के ठेका के पिस्तौल की नोक पर आतंकवादी 3958 रुपये ले उड़े ।

कारिंदे की हत्या : सुनाम (नागपाल) : लहरागागा थाना के गांव हरयाओं में आज प्रातः साढ़े चार बजे ट्रैक्टर सवार 4 आतंकवादियों ने शराब के ठेका के कारिंदे बचन लाल को पिस्तौल दिखा कर सब कुछ उनके हवाले करने को कहा । उसके इन्कार करने पर उन्होंने उसकी गोली मार कर हत्या कर दी । दूसरा कारिंदा राज कुमार अपनी जान बचा कर भाग गया । आतंकवादी वहां से करीब अढ़ाई सौ रुपये ले गये तथा जाते समय शराब की बोतलें तोड़ गये ।

मारे गये आतंकवादियों की पहचान : जलालाबाद (मलिक, लता): फाजिल्का उपमंडल के गांव डिप्पांवाली में पुलिस और सुरक्षा बलों के साथ कल मुठभेड़ में मारे गये चार आतंकवादियों में से तीन की पहचान हो गई है । इनके नाम अजायब सिंह, गुरेंद्र सिंह तथा सुखचैन सिंह उर्फ चेन्नी बताए जाते हैं । फाजिल्का उपमंडल के पुलिस उपाधीक्षक श्री आर.एस. बाजवा ने उक्त घटना का विवरण देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस ने उक्त गांव में आतंकवादी अजायब सिंह के घर पर छापा मारा । पुलिस को देखते ही आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की । साढ़े छः घंटे तक चले इस मुकाबले में पुलिस ने आतंकवादी अजायब सिंह के घर पर 37 हथगोले भी फैंके । इस दौरान मकान में छिपे चारों आतंकवादी मारे गये । आतंकवादियों के कब्जे से एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल और उसके 256 जीवित कारतूस, एक थामसन गन और उसके 50 जीवित कारतूस, 38 बोर का एक रिवाल्वर तथा 315 बोर की एक राइफल भी बरामद हुई है ।

श्री बाजवा ने बताया कि अजायब सिंह की गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपए का इनाम था और वह खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के दर्जन आतंकवादी निशान सिंह मुखवाला के गुट से सम्बद्ध था । श्री बाजवा के मुताबिक अजायब सिंह ने पिछले छह माह में लगभग 12 लोगों की हत्या की थी । वह फाजिल्का क्षेत्र में कंधवाला गांव में एक परिवार के पांच लोगों तथा जीरा क्षेत्र के एक गांव में एक पिता और उसके तीन बेटों की हत्या की घटनाओं में भी शामिल था । इसके अतिरिक्त उसने मलोट, अबोहर तथा फाजिल्का क्षेत्र में लोगों को धमकी पत्र लिख कर लगभग 20 लाख रुपए भी ऐंठे थे । श्री बाजवा ने बताया कि अजायब सिंह ने फिरोजपुर तथा फरीदकोट जिला में अनेक लड़कियों की इज्जत भी लूटी थी ।

35 हजार रुपये छीने : भटिंडा में दो उग्रवादियों ने पंजाब सीरेमिक्स फैक्टरी के कैशियर से 35 हजार रुपए छीन लिये । कैशियर एक बैंक से यह राशि निकाल कर फैक्टरी के कर्मचारियों को वितरण के लिए ले जा रहा था ।

लाश मिली : पटियाला में खालसा हाई स्कूल के पास एक व्यक्ति की लाश मिली । उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी । शव कूड़ादान में पड़ा था ।

स्कूल छात्र का अपहरण : अमृतसर (वि.प्र.): पुलिस जिला तरनतारन के क्षेत्र में कस्बा पट्टी से आज प्रातः 9 बजे के लगभग दो आतंकवादियों ने एक 14-15 वर्षीय विद्यार्थी संजीव कुमार वल्द मदन लाल का जो कि हरकिशन पब्लिक स्कूल में पढ़ता है, अपहरण कर लिया । घटना के समय लड़का स्कूल जा रहा था ।

जंडियाला से 'जैन' के अनुसार कल रात आतंकवादियों द्वारा कीर्ति जैन की हत्या किये जाने की घटना का और ब्यौरा मिला है । रात 7 बजे तीन संदिग्ध युवक कीर्ति जैन के घर आये और दरवाजा खटखटाया । श्री जैन की माता ने अंदर से ही जवाब दे दिया कि वह अभी घर नहीं आए । रात लगभग 7.45 पर जब कीर्ति जैन व उनका भाई राजन जैन कारखाने से घर आ रहे थे तो घर से कुछ गज की दूरी पर तीनों संदिग्ध युवकों ने राजन का अपहरण करने की कोशिश की तो कीर्ति जैन बाजार में ही उनसे गुत्थमगुत्था हो गया और अपने भाई को छुड़ा कर भागा तो पीछे से आतंकवादियों ने कीर्ति जैन को गोलियां मारीं जिससे उसकी वहीं पर मृत्यु हो गई । आतंकवादी उसके छोटे भाई राजन जैन को साथ ले गये व यह कह गये कि 5 लाख रु. निश्चित स्थान पर पहुंचा देने के बाद उसे छोड़ा जाएगा ।

कीर्ति जैन के अंतिम संस्कार में हजारों लोग शामिल हुए । वह अपने पीछे वृद्ध मां-बाप, पत्नी व दो बच्चे छोड़ गया है । घटना स्थल पर कुछ लोगों ने बताया कि पुलिस को कुछ मिनटों में ही घटना की खबर मिल गई थी । यदि पुलिस तुरन्त हरकत में आती तो राजन के साथ-साथ 2 संदिग्ध युवक भी काबू किये जा सकते थे । मजीठा के एस.एस.पी. तथा अमृतसर के एस.पी. रात लगभग 8½ बजे घटना स्थल पर पहुंचे और रात भर राजन व अपहर्त्ताओं की खोज में लगे रहे ।

शव मिला : पुलिस ने तरनतारन कस्बे के बाहरी क्षेत्र में एक नहर से आज प्रातः एक व्यक्ति का शव बरामद किया । शव की पहचान नहीं हो सकी ।

एक व्यक्ति की हत्या : इसी बीच आज प्रातः अमृतसर जिला सदर के गांव डोधी में 6 व्यक्तियों के सिरों में गोलियां चला कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी तथा एक अन्य को घायल कर दिया ।

दो पुलिस कर्मी हथियारों सहित फरार : जिला मुख्यालय में मिली एक सूचना के अनुसार पुलिस चौकी खासा में तैनात दो कांस्टेबल गुरमीत सिंह तथा सतबीर सिंह पुलिस चौकी से घायल हो गये । वह अपने साथ 2 एस.एल.आर., चार मैगजीन तथा 60 कारतूस ले गये हैं । 2 फरवरी के बाद यह इस प्रकार की दूसरी घटना है, जबकि एक कांस्टेबल व दो एस.पी.ओ. हथियार सहित भगौड़े हो गये थे ।

श्री गुप्ता ने बताया कि एक कांस्टेबल वायरलैस आपरेटर है जबकि दूसरा ड्राइवर ।

अमृतसर के पुलिस प्रमुख श्री संजीव गुप्ता ने इस सम्भावना को रद्द नहीं किया कि भगौड़े हुए दोनों सिपाही आतंकवादियों से जा मिले हों ।

संदिग्ध युवक का शव मिला : बटाला (कोछड़): थाना सदर बटाला के गांव चौधरीवाल के निकट से पुलिस ने 22-23 वर्ष की आयु के एक संदिग्ध युवक का शव बरामद किया है । मृतक की

(शेष पृष्ठ 8 पर)

इंका में राजीव के विरुद्ध विद्रोह

नई दिल्ली, 8 फरवरी (स.): अर्द्ध शताब्दी तक देश में शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी एक बार फिर विघटन के कगार पर पहुंच गई है और राजनीति-विदों की यह भविष्यवाणी सत्य होती प्रतीत हो रही है कि 27 फरवरी को हो रहे लघु आम चुनावों से पूर्व या इसके कुछ दिन बाद ही यह पार्टी बिखर जाएगी ।

इंका को आज एक और झटका उस समय लगा, जब महाराष्ट्र के वरिष्ठ इंका नेता एन.के. त्रिपुड़े, उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री सुनील शास्त्री तथा मध्य प्रदेश के एक अन्य नेता ने इंका से त्यागपत्र दे दिया । श्री सुनील शास्त्री भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री के पुत्र हैं । वह जनता दल में शामिल हो गए हैं । श्री गांधी की कार्य प्रणाली से रुष्ट पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं की गुट बैठकों में यह मांग जोरों से चली कि श्री गांधी पार्टी के संसदीय बोर्ड के नेता बने रहें और नया पार्टी अध्यक्ष उत्तर भारत से श्री नारायण दत्त तिवारी या फिर दक्षिण से श्री पी.वी. नरसिम्हाराव को बनाया जाए ।

कौशल द्वारा शपथ ग्रहण

एजवाल, 8 फरवरी (प.स.): श्री स्वराज कौशल को आज यहां राजभवन में आयोजित सादे समारोह में मिज़ोरम के राज्यपाल की शपथ दिलाई गई ।

गुरु रविदास प्रकटोत्सव के

चंडीगढ़, 8 फरवरी (संघी): श्री गुरु रविदास सभा चंडीगढ़ की ओर से गुरु रविदास के 613वें प्रकटोत्सव की पूर्व संध्या पर शहर में नगर कीर्तन का आयोजन किया गया जोकि सैक्टर 20 से शुरू होकर कई सैक्टरों से होता हुआ उसी जगह जाकर समाप्त हुआ । कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाले गए नगर कीर्तन में श्री गुरु रविदास के जीवन से सम्बन्धित कई झांकियां भी शामिल थीं । मोहाली में भी आज नगर कीर्तन का आयोजन किया गया ।

इस बीच पंजाब के राज्यपाल श्री निर्मल कुमार मुखर्जी ने गुरु रविदास को आध्यात्मिक नेता व समाज सुधारक बताते हुए लोगों से उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की अपील की । पंजाब प्रदेश कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष श्री बेअंत सिंह ने भी सभी समुदायों के लोगों से संयुक्त रूप से गुरु रविदास का जन्मोत्सव मनाने की अपील की ।

जालंधर (वि.प्र.): श्री गुरु रविदास प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में आज यहां श्री गुरु रविदास प्रकाशोत्सव कमेटी तथा श्री गुरु रविदास ट्रस्ट की ओर से शोभा यात्राएं निकाली गईं जिसमें भारी गिनती में श्रद्धालु तथा दर्जनों झांकियां, बैंडबाजे, भंगड़ा पार्टियां व कीर्तन मंडलियां शामिल थीं । दोनों शोभायात्राएं एक-दूसरे के आगे-पीछे चल रही थीं और नगर के सजे हुए मुख्य रास्तों से गुजरते हुए श्री गुरु रविदास की झांकी पर पुष्प वर्षा की जाती रही । प्रकाशोत्सव कमेटी की ओर से जो जलूस चौक गुरु रविदास से शुरू हुआ, उसकी अगवाई चौ.

Punjabi Sanatan

पंजाब में हत्याएं
(पृष्ठ 3 का शेष)

अभी शिनाख्त नहीं हो सकी । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह आतंकवादी गुटों के आपसी संघर्ष का परिणाम लगता है । मृतक पर ए.के. 47 से फायरिंग की गई लगती है क्योंकि लाश के पास से इसके चार चले हुए कारतूस मिले हैं ।

सुबह सैर करने वालों पर हमला : बटाला पुलिस जिले के ही कस्बा कादियां के निकट आज प्रातः सैर पर जा रहे एक अल्पसंख्यक समुदाय के 2 लोगों पर कुछ संदिग्ध युवकों ने तेज़धार हथियारों से हमला कर उन्हें गम्भीर घायल कर दिया । घायलों को अमृतसर के अस्पताल में भेजा गया है ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार घायलों के नाम बलदेव राज और कृष्ण [illegible] हैं ।

औरत की हत्या : गत रात बटाला पुलिस जिला के गांव लोटला मूसा में आतंकवादी एक औरत दलबीर कौर के घर में घुस गए तथा उसकी लड़की रणजीत कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

स्कूटर छीना : होशियारपुर (अश्विनी): दो आतंकवादियों ने गत सायं थाना गढ़शंकर के अंतर्गत रायपुर गगरां के नहर के पुल के पास एक व्यक्ति कुलदीप सिंह से पिस्तौल की नोक पर उसका बजाज चेतक स्कूटर छीन लिया । दोनों आतंकवादी बंगा की तरफ फरार हो गए ।

आतंकवादी गिरफ्तार : होशियारपुर जिला में गढ़शंकर थाना के अंतर्गत मोरांवाली गांव के निकट पुलिस ने मुठभेड़ में एक आतंकवादी रेशम सिंह उर्फ पप्पू को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक पिस्तौल व कुछ विस्फोटक बरामद किए ।

Punjabi Sanatani

पठानकोट तथा कत्थूनंगल में बम विस्फोट : 1 घायल, 2 आतंकवादी मरे, सी.आर.पी. की गाड़ी उड़ाने का प्रयास

चंडीगढ़, 9 फरवरी (वार्ता, प.स.): गत रात के [illegible] पंजाब में 2 आतंकवादी मारे गए। [illegible] आर.पी. की एक गश्ती मोटरगाड़ी को बारूदी [illegible] से उड़ाने का प्रयत्न किया गया। कुछ अन्य [illegible] पर भी सुरक्षा कर्मियों पर हमले किए गए। [illegible] व्यक्ति का अपहरण कर लिया गया। [illegible] में एक बम विस्फोट हुआ।

खालिस्तानियों की कार्रवाइयां तेज़ : [illegible] (सम्पु): खालिस्तानी बुर्छा गर्दों ने [illegible] सब डिवोजन के कस्बा भिखीविंड में [illegible] कार्रवाइयां तेज कर दी हैं। ज्ञात हुआ है कि [illegible] हथियारों के साथ-साथ राकेटों का [illegible] भी वह खुले तौर पर कर रहे हैं। 15 से [illegible] 22 तक आतंकवादियों की टोलियां इस क्षेत्र के [illegible] हिस्सों में खुलेआम हथियार लिये [illegible] देखी गईं। गत 5 फरवरी रात को भिखीविंड कस्बा में 15 सशस्त्र आतंकवादियों के एक गिरोह ने ए.के. 47 असाल्ट राइफलों व अन्य स्वचालित हथियारों के साथ वहां के मार्क्सवादी नेता बलविंदर सिंह के घर पर हमला किया। यह हमला रात 8.40 बजे के लगभग शुरू हुआ। कस्बा के लोगों के अनुसार फायरिंग इतनी तीव्र थी जैसे कि कोई युद्ध का मोर्चा हो। यह फायरिंग लगभग 2 घंटे जारी रही। सूचना के अनुसार बलविंदर सिंह आतंकवादियों का निशाना था जिसके दृष्टिगत उसने अपने मकान पर मोर्चा बना रखा है और वहां पर हर समय उसके 8 साथी पहरा देते हैं। आतंकवादियों के हमले के समय बलविंदर सिंह ने स्वयं अपने साथियों के साथ मिल कर आतंकवादियों की अंधाधुंध फायरिंग का डट कर सामना किया और 303 व 12 बोर की डबल बैरल गनों के साथ जवाबी फायरिंग की। बताया जाता है कि इस मुकाबला के दौरान आतंकवादियों ने 2 राकेट भी बलविंदर सिंह के मकान पर छोड़े परन्तु उनसे कोई हानि नहीं हो सकी। भिखीविंड के आस-पास के गांवों के कुछ लोगों के अनुसार फायरिंग की आवाज़ रात के समय 3-4 किलोमीटर तक सुनी गई।

आतंकवादियों के इस हमले का मुकाबला कर रहे एक मार्क्सवादी वर्कर ने बताया कि आतंकवादी फायरिंग के दौरान बीच-बीच में खालिस्तान के पक्ष में नारे भी लगाते रहे जिसके उत्तर में वह सी.पी.एम. जिन्दाबाद के जवाबी नारे लगाते रहे। उसने बताया कि मोर्चा से मुंह तोड़ फायरिंग के दृष्टिगत 10-15 आतंकवादी भाग खड़े हुए। बताया जाता है कि बलविंदर सिंह पर इसी सप्ताह में यह तीसरा हमला है।

उल्लेखनीय है कि डी.एस.पी. भिखीविंड का निवास स्थान और पुलिस थाना घटनास्थल से 800 गज की दूर है जबकि सी.आर.पी. की चौकी 900 गज दूरी पर है। इनमें से कोई भी रात के समय हरकत में नहीं आया। बलविंदर सिंह के साथियों के अनुसार डी.एस.पी. दूसरे दिन 10 बजे मौका पर पहुंचा जिसको मुकाबले के समय न आने के बारे में पूछा गया तो उसका उत्तर था कि पुलिस और सी.आर.पी. को रात के समय बाहर आने का आदेश नहीं है। हम आपको अधिक से अधिक हथियार दे सकते हैं, गोली सिक्का दे सकते हैं।

गांव भिखीविंड में गत रात आतंकवादी कामरेड मेजर सिंह के घर गए और फायरिंग की। मेजर सिंह द्वारा जवाबी गोली चलाए जाने पर वे भाग निकले।

गश्ती मोटरगाड़ी पर बम फैंका गया : वि.प्र. के अनुसार आज प्रातः 10.30 बजे के करीब पुलिस जिला तरनतारन के थाना वैरोवाल के क्षेत्र में गांव फतेहाबाद के बाहर छिपे हुए आतंकवादियों ने सी.आर.पी. की गश्ती मोटर गाड़ी पर बम फैंका जिससे गाड़ी के कुछ शीशे टूट गये। बम फैंकने के साथ ही आतंकवादियों ने गाड़ी पर जबरदस्त फायरिंग भी की। जवानों की जवाबी फायरिंग पर आतंकवादी भाग गए। किसी तरह की प्राण हानि की सूचना नहीं है।

प.स. की सूचना है कि आतंकवादियों ने उस सड़क पर बारूदी सुरंग बिछा रखी थी। जब सी.आर.पी. की गाड़ी वहां से गुजरी तो सुरंग फट गई। तरनतारन पुलिस जिला में आतंकवादियों द्वारा बारूदी सुरंग बिछाने की संभवतः यह पहली घटना है।

युवक का अपहरण : पट्टी के पाठक के अनुसार गत दिवस एक युवक सोनू का अपहरण कर लिए जाने की सूचना है। प्राप्त सूचना के अनुसार वह पट्टी में खाद की दुकान करता था। वह सभरा गांव से पलायन करके यहां आकर रह रहा था।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

लुधियाना बैंक डकैती केस पंजाब से बाहर स्थानांतरित करने की याचिका खारिज

नई दिल्ली, 9 फरवरी (पस): उच्चतम [illegible] ने लुधियाना के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित [illegible] नैशनल बैंक की शाखा में आतंकवादियों द्वारा [illegible] गई डकैती के मामले की सुनवाई को पंजाब से [illegible] करने सम्बन्धी याचिका आज खारिज [illegible] क्योंकि सरकार ने उसे वापस ले लिया था।

न्यायमूर्ति के. जगन्नाथ शेट्टी और न्यायमूर्ति कुलदीप सिंह ने याचिका वापस लिए जाने पर उसे खारिज करते हुए इस मामले में अब तक दिए गए सभी अंतरिम आदेश भी समाप्त कर दिए।

पंजाब नैशनल बैंक की इस शाखा में 12 फरवरी 1987 को आतंकवादियों ने डाका डाला था। इस डकैती में आतंकवादियों ने पांच करोड़ 68 लाख 91 हजार 416 रुपए लूट लिए थे। इस वारदात की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो ने की थी। ब्यूरो ने आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधियां (रोकथाम) कानून के तहत होशियारपुर में विशेष न्यायाधीश की अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था।

आरोप पत्र के अनुसार इस डकैती में हरजिंदर सिंह जिंदा, बलबीर सिंह और बाबा दिलीप सिंह सहित अनेक खतरनाक आतंकवादी शामिल थे। जांच ब्यूरो ने जिंदा, बाबा दिलीप सिंह, बलबीर सिंह और चरणजीत सिंह उर्फ चन्नी सहित 18 व्यक्तियों के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल किया था। आरोप पत्र में कहा गया था कि 24 व्यक्तियों के खिलाफ अभी भी तफ्तीश की जा रही है।

सरकार ने इस डकैती के मामले की सुनवाई पंजाब से बाहर किसी अन्य राज्य में स्थानांतरित करने का अनुरोध करते हुए उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की थी।

छोटी सी बात ... रंगा

विदेश सचिव श्री एस. के. सिंह को राज्यपाल बनाए जाने की संभावना
—एक समाचार



भाई साहब अगर ऐसा हो गया तो फिर यह एक [illegible] का देश की 'आंतरिक राजनीति' में आगमन होगा।

Punjabi Sanatan

सुरक्षा उपलब्ध कराई

जालन्धर 10.2.1990

श्री अडवानी ने बाद में नासिक में एक अन्य सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की अपहृत पुत्री की रिहाई के बदले राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार द्वारा जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के पांच कट्टर उग्रवादियों को रिहा करने के फैसले से वह नाखुश थे ।

श्री अडवानी ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी अल्पसंख्यक आयोग और समान आचार संहिता के मुद्दे पर किसी भी तरह का समझौता नहीं करेगी ।

अल्पसंख्यक विरोध करेंगे : मान

(पृष्ठ 3 का शेष)

कोई मुआवजा नहीं दिया गया है । नागरिक प्रशासन भ्रष्ट हो चुका है तथा पुलिस और अर्धसैनिक बल जबरी धन वसूली कर रहे हैं । दमनकारी प्रशासन के समर्थक भाजपा, कम्युनिस्ट तथा इंका के कार्यकर्त्ताओं को भी नहीं छोड़ा जा रहा है । उन्होंने कहा कि अराजकता एवं मानवाधिकार हनन के खिलाफ उनकी पार्टी शीघ्र मोर्चा शुरू करेगी ।

तिलकरत्ने की गुजराल से बातचीत

नई दिल्ली, 9 फरवरी (प.स.): भारत ने आज श्रीलंका को प्रस्तावित भारत-श्रीलंका शांति और मैत्री संधि तथा श्रीलंका की ताज़ा स्थिति पर अपने दृष्टिकोण से अवगत कराया ।

श्रीलंका के विदेश सचिव बर्नार्ड तिलकरत्ने ने आज यहां विदेशमंत्री इंद्र कुमार गुजराल से भेंट की और आपसी मुद्दों पर आधे घंटे तक चर्चा की ।

श्री तिलकरत्ने ने अपने विदेशमंत्री रंजन विजयरत्ने का एक पत्र भी श्री गुजराल को दिया ।

सूत्रों के अनुसार भारत ने शांति सेना की वापसी से पूर्व श्रीलंका के उत्तरी एवं पूर्वी प्रांत की ताज़ा घटनाओं पर चिंता व्यक्त की ।

सांप्रदायिक सद्भाव बढ़ाने को धार्मिक नेता प्रभावी भूमिका निभाएं : जैल सिंह

नई दिल्ली, 9 फरवरी (वार्ता): पूर्व राष्ट्रपति जैल सिंह ने धार्मिक नेताओं से सांप्रदायिक सद्भाव बढ़ाने तथा विभिन्न समुदाय के लोगों में एकजुटता लाने में प्रभावी भूमिका निभाने का आह्वान किया है ।

श्री सिंह चौथे खलीफा हजरत अली की जन्म शती के अवसर पर आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि धार्मिक नेताओं तथा प्रमुखों को लोगों को टकराव का रास्ता छोड़ कर आपसी भाईचारे का रास्ता दिखाना चाहिए ।

आलमी उर्दू कांफ्रेंस द्वारा आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी में अन्य लोगों के अतिरिक्त पाकिस्तान के पूर्व सूचना मंत्री मौलाना कौसर, आचार्य सुशील मुनि, लामा लोब्जंग, एच.एम.एस. बर्नी, एस. जैड कासिम तथा भारत में ईरान के राजदूत रहीम ताहिर पोर भी भाग ले रहे हैं ।

14 को पाक-विरोधी रैली

अमृतसर, 9 फरवरी (नारंग): पंजाब भाजपा के प्रदेश सचिव श्री सतपाल महाजन एवं युवा मोर्चा के अध्यक्ष श्री राकेश शालीवान ने आज बताया कि 14 फरवरी को अमृतसर में एक विशाल सर्वदलीय रैली, पाक द्वारा भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप किए जाने के विरुद्ध होगी ।

विरोध मार्च : जालन्धर : भारत में पाक हस्तक्षेप के विरोध में व्यापारिक संगठनों, युवाओं, छात्रों तथा महिला संगठनों का एक विरोध मार्च कल 10 फरवरी को स्थानीय कम्पनी बाग से आरम्भ होगा ।

आतंकवादी मारे गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

सी.आर.पी. पर फायरिंग : आज प्रातः पुलिस थाना सदर के वर्ड पुई गांव के निकट आतंकवादियों ने सी.आर.पी. की एक चौकी पर फायरिंग की । जवानों की जवाबी फायरिंग पर वह भाग निकले ।

एस.पी.ओ. चौकी पर फायरिंग : एक अन्य वारदात में गत रात आतंकवादियों ने सैदो गांव में एस.पी.ओ. चौकी पर फायरिंग की परन्तु कोई हानि नहीं हुई । आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठाते हुए भाग निकले ।

भगौड़े सिपाहियों का हाथ : अमृतसर के पुलिस अधिकारियों के अनुसार आज जिले के गांव सैदों में एस.पी.ओ. चौकी पर हमला करने की घटना में पंजाब पुलिस के दो भगौड़े सिपाहियों गुरमीत सिंह तथा सर्वजीत सिंह का हाथ है ।

दो आतंकवादी मरे : तरनतारन पुलिस जिले के गांव मानोचाहल के निकट गिरोहों की आपसी रंजिश में एक आतंकवादी की हत्या कर दी गई । उसकी गोलियों से छलनी लाश आज प्रातः मिली । उसकी हत्या की जिम्मेदारी बब्बर खालसा के चीफ सुखदेव सिंह ने ली है । एक अन्य वारदात में थाना पट्टी के गांव गोपाला में आतंकवादियों ने अपने एक साथी जगतार सिंह की हत्या कर दी । उसकी लाश भी आज प्रातः बरामद हुई ।

कट्टर उग्रवादी गिरफ्तार : आज तरनतारन पुलिस जिला के अंतर्गत नौशहरा पुन्नुआं में पुलिस ने एक कट्टर उग्रवादी इकबाल सिंह को गिरफ्तार किया है । उससे एक माऊज़र तथा 6 कारतूस बरामद किए गए । प्रारम्भिक पूछताछ से पता चला है कि वह खालिस्तान कमांडो फोर्स के बख्शीश सिंह सोना गैंग का सदस्य है ।

12 हजार लूटे : बटाला (कोछड़): स्थानीय अलीवाल रोड स्थित एक करियाना मर्चेंट राकेश कुमार अग्रवाल की दुकान से गत सायं 2 सशस्त्र अज्ञात लुटेरे 12 हजार रुपये लूट कर ले गए । जिला पुलिस सूत्रों के अनुसार लुटेरे हीरो होंडा मोटर साईकल पर आए थे ।

ट्रक ले गए : थाना सदर बटाला के गांव चाहल से गत रात कुछ अज्ञात लोग ईंटों के भट्ठा से ट्रक नम्बर पी.जे.ए. 3497 चोरी करके ले गए ।

एस.पी.ओ. चौकी पर फायरिंग : पुलिस जिला बटाला में थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव चीमा खुड्डी स्थित एस.पी.ओ. पिकेट पर गत रात आतंकवादियों के एक ग्रुप ने हमला करके फायरिंग की और सुरक्षा जवानों द्वारा जवाबी फायरिंग के कारण आतंकवादी फरार हो गए । जिला पुलिस सूत्रों के अनुसार किसी प्रकार की क्षति की सूचना नहीं ।

चौधरीवाल में हत्या : गत रात बटाला पुलिस जिला के चौधरीवाल गांव में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई । उसकी पहचान नहीं हो सकी ।

तांगे में बम फटा : अमृतसर जिले के गांव कत्थूनंगल में आज एक तांगे में फिट किया हुआ टाइम बम फट गया । इससे तांगे में जुता घोड़ा मारा गया ।

पठानकोट में बम फटा : पठानकोट (गुप्ता): आज सायं जगत सिनेमा के हाल में किसी ने एक लावारिस बैग देखा तो उसने बम होने का शोर मचा दिया जिस पर सभी दर्शक हाल से बाहर निकल आए । तब एक फौजी ने बैग उठाकर सिनेमा के बाहर एक ऊंची दीवार पर रख दिया जिसके पास कूड़ा-कर्कट का ढेर था । इस दौरान बम फट जाने से जमीन पर खड़ा एक आटो रिक्शा उलट गया और बम फटने वाले स्थान पर तीन फुट गहरा गड्ढा बन गया । सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए । सिनेमा हाल में उस समय 228 दर्शक फिल्म देख रहे थे । यदि बम सिनेमा हाल में ही फट जाता तो काफी जानी नुक्सान हो सकता था । श्री भुल्लर ने कहा कि जिन तीन व्यक्तियों ने बम की शिनाख्त की है, उन्हें उचित इनाम दिया जाएगा । उन्होंने कहा कि बम सिनेमा हाल के बाहर फटा, जिससे एक रेहड़ी वाला मामूली घायल हो गया । सूचना मिलते ही एस.डी.एम. पठानकोट तथा अन्य उच्चाधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए ।

कारखाना मालिक के अपहरण का प्रयास : गत रात तीन आतंकवादियों ने फोकल प्वाइंट मोगा से लक्ष्मी मैटल इंडस्ट्रीज के मालिक दर्शन लाल का अपहरण करने का प्रयास किया । तीन आतंकवादी फैक्टरी के गेट में घुसे और दर्शन लाल को अपनी कार में बैठने पर विवश किया । दर्शन लाल ने कहा कि कार की चाबियां तो अन्दर हैं । यह कहकर उसने उनको धक्का दिया तथा भाग निकला । एक आतंकवादी भी उसके पीछे भागा और उस पर गोली चलाने की कोशिश की परन्तु रिवाल्वर न चल सका । इस पर दर्शन लाल भाग निकला ।

खाद्य निगम का गोदाम लूट लिया : फगवाड़ा से अशोक के अनुसार गत रात नजदीकी गांव चक हकीम में 5-6 आतंकवादियों ने भारतीय खाद्य निगम के गोदाम पर हल्ला बोल दिया । उन्होंने चौकीदार को पकड़ कर उसकी खूब पिटाई की और उसे एक कमरे में बंद करके गोदाम से 121 बोरी चावल लूट कर फरार हो गए ।

चलें अतिप्रस्त

(पृष्ठ 3 का शेष)

ढील नहीं दी गई । घाटी के शेष भागों से किसी अप्रिय घटना का समाचार नहीं है ।

कर्फ्यू में ढील : स्थिति में सुधार को देखते हुए प्रशासन ने कल कर्फ्यू में 13 घंटे की ढील देने का निश्चय किया है । इस बीच विघटनकारियों द्वारा मकबूल बट्ट की बरसी के अवसर पर रविवार को बंद का आह्वान किए जाने के दृष्टिगत सरकार ने घाटी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है ।

संसद का विशेष सत्र बुलाने की अपील : नैशनल कांफ्रेंस के पांच सांसदों ने जम्मू और कश्मीर की स्थिति पर चर्चा करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की सरकार से अपील की है । एक संयुक्त बयान में सांसदों ने कहा कि कश्मीर की स्थिति बदतर और विस्फोटक होती जा रही है, इसलिए हम केंद्र सरकार से अनुरोध करते हैं कि वह संसद का विशेष सत्र बुलाने के लिए राष्ट्रपति से अनुरोध करें ।

उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने अवैध तरीके से घाटी के अखबारों के प्रकाशन को रोक दिया है । रेडियो, दूरदर्शन और राष्ट्रीय प्रैस में सैंसर की हुई खबरें प्रसारित की जा रही हैं ।

सरकार राजीव की सुरक्षा पर व्यय बढ़ाने को तैयार

नई दिल्ली, 9 फरवरी (प.स.): पूर्व प्रधानमंत्री एवं कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष श्री राजीव गांधी की सुरक्षा पर प्रति वर्ष खर्च होने वाले 75 लाख रुपए की राशि को एक करोड़ रुपए तक बढ़ाया जा सकता है । इस आशय का निर्देश आज प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने दिया । प्रधानमंत्री ने अपने निर्देश में यह भी कहा है कि श्री गांधी अपनी विमान यात्राओं में सुरक्षा अधिकारियों को ले जा सकते हैं । लेकिन ऐसी विमान सेवाओं में जो विभिन्न स्थानों पर रुकती हैं, यात्राओं के दौरान श्री गांधी को तीन सुरक्षा अधिकारियों को ले जाने की छूट होगी ।

एक सरकारी प्रवक्ता ने आज बताया कि श्री गांधी को यह भी सूचित किया गया है कि यदि वह चाहें तो एस.पी.जी. के किसी भी अधिकारी को अपनी सुरक्षा व्यवस्था में शामिल कर सकते हैं । सरकार ऐसे अधिकारी का स्थानांतरण दिल्ली पुलिस में कर देगी ।

राजीव निजी फर्नीचर लेकर गए : भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी अपने नए निवास पर अपना निजी फर्नीचर लेकर गए हैं । यह स्पष्टीकरण आज यहां सरकारी प्रवक्ता ने दिया । प्रवक्ता ने कुछ समाचार पत्रों में प्रकाशित इस खबर को गलत बताया कि श्री गांधी अपने पूर्व निवास से सरकारी फर्नीचर ले गए हैं ।



श्री कृष्णकांत हैदराबाद के राजभवन में गत बुधवार को आंध्र प्रदेश के राज्यपाल पद की शपथ ग्रहण करते हुए ।

मंडल रिपोर्ट जल्दी लागू की जाएगी : पासवान

नागपुर, 9 फरवरी (प.स.): केंद्रीय श्रम और कल्याण मंत्री राम बिलास पासवान ने कहा है कि केंद्र सरकार मंडल आयोग की रिपोर्ट को जल्दी ही लागू करेगी ।

श्री पासवान कल रात यहां एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों, पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यकों की स्थिति सुधारने के लिए कृतसंकल्प है और वह गरीबी और अमीरी के बीच की खाई को पाटने के लिए हर संभव प्रयास करेगी ।

7.82 लाख का सोना पकड़ा गया

अमृतसर, 9 फरवरी (वार्ता): लाहौर-अमृतसर समझौता एक्सप्रैस रेल गाड़ी में गत दो दिनों के दौरान अटारी रेलवे स्टेशन पर तीन यात्रियों से कस्टम अधिकारियों ने 7.82 लाख रुपए मूल्य के सोने के बिस्कुट पकड़े हैं ।

कराची की हिंसक घटनाओं में मरने वालों की संख्या 71

कराची, 9 फरवरी (प.स.): यहां पर गत चार दिनों के दौरान हुई हिंसक घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़ कर 71 हो गई है । आज 10 और व्यक्तियों के शव सरकारी अस्पताल में पहुंचे ।

जम्मू-कश्मीर सीमा पर सैनिक हलचल नहीं : मेहरा

बेंगलूर, 9 फरवरी (वार्ता): वायुसेनाध्यक्ष एयर चीफ मार्शल एस.के. मेहरा ने आज कहा कि जम्मू-कश्मीर सीमा पर कोई सैन्य गतिविधि नहीं है और चिंता की कोई बात नहीं है ।

श्री मेहरा ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि दोनों पक्ष अपने-अपने निर्धारित इलाके में हैं । उन्होंने कहा—हमारी वायुसेना किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए तैयार है । श्री मेहरा यहां दो दिन के दौरे पर आए हुए हैं ।

पुलिस विभाग में तरक्कियां

होशियारपुर, 9 फरवरी (अश्विनी): पंजाब सरकार ने राज्य पुलिस विभाग के कुछ अधिकारियों को पदोन्नतियां दी हैं । नए आदेशों के अनुसार डी.एस.पी. रैंक के 4 अधिकारियों को पदोन्नति देकर एस.पी. बनाया गया है । जो नए एस.पी. बनाए गए हैं, वे हैं— सर्वश्री केहर सिंह, बिशन चन्द, अनूप सिंह तथा कुलवन्त सिंह । पता चला है कि अगले कुछ दिनों में डी.एस.पी. रैंक के एक दर्जन अधिकारियों को तरक्की देकर एस.पी. बनाया जाएगा और एक दर्जन इंस्पैक्टरों को तरक्की देकर डी.एस.पी. बनाया जाएगा ।

रबड़ फैक्टरी में आग

जालन्धर, 9 फरवरी (ढल्ल): गत रात 1 बजे के करीब स्थानीय किशनपुरा स्थित जीनथ रबड़ फैक्टरी में जबरदस्त आग लग गई । फायर ब्रिगेड ने कड़े संघर्ष के बाद आग पर काबू पा लिया । फैक्टरी मालिकों के अनुसार लाखों रुपए के माल व भवन की क्षति हुई है । पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है । अभी तक आग के कारण का पता नहीं चल सका ।

नागरिकों द्वारा गुजराल को ज्ञापन

जालन्धर, 9 फरवरी (ढल्ल): शंकर गार्डन वैलफेयर सोसायटी, जो कि स्थानीय माडल टाऊन के इर्द गिर्द बनी आधी दर्जन कालोनियों दादा नगर, प्रकाश नगर, गुरु नानक नगर, ज्योति नगर, शंकर गार्डन व सतकरतार नगर आदि के 25,000 लोगों का प्रतिनिधित्व करती है, के एक प्रतिनिधिमंडल ने गत दिवस श्री मनमोहन सिंह चिमनी के नेतृत्व में विदेशमंत्री श्री आई.के. गुजराल से यहां भेंट की और ज्ञापन देकर इन कालोनियों में पानी, सीवरेज, सड़कों व स्ट्रीट लाइटों आदि की सुविधाएं उपलब्ध करने की मांग की । श्री गुजराल ने सारी बात सुनकर डिप्टी कमिश्नर से उक्त सुविधाओं बारे पग उठाने को कहा और कहा कि अगली बार जालन्धर आने पर वह स्वयं इन कालोनियों का जायजा लेंगे ।

विमान में बम की अफवाह

हैदराबाद, 9 फरवरी (वार्ता): इंडियन एयर लाइन्स के मद्रास की ओर जा रहे एक ए- 320 एयर बस पर आज बम रखे होने की झूठी चेतावनी मिली, जिस कारण उसे यहां के हवाई अड्डे पर 90 मिनट तक रोके रखा गया । यह जानकारी यहां एयर लाइन्स सूत्रों ने दी ।

खेमकरनी प्रैस सैक्रेटरी बने

जालन्धर, 9 फरवरी : पंजाब जनता दल के अध्यक्ष श्री तेजा सिंह टिवाना ने पत्रकार श्री ओम प्रकाश खेमकरनी को पार्टी का प्रैस सैक्रेटरी व श्री ओम प्रकाश सेठ को उद्योग एवं व्यापार सैल का चेयरमैन मनोनीत किया है ।

सम्मेलन 11 फरवरी को : लुधियाना : जनता दल के नेता श्री निर्मल सिंह एडवोकेट के अनुसार 11 फरवरी को लुधियाना में आयोजित किए जाने वाले कार्यकर्त्ता सम्मेलन को दल के अध्यक्ष श्री तेजा सिंह टिवाना एवं अन्य नेता सम्बोधित करेंगे ।

भारत द्वारा स्विट्ज़ सीक्रेसी कानून हटा

बर्न, 9 फरवरी (ए.पी.): से "बैंकिंग सीक्रेसी" कानून ह स्कैंडल से कथित रूप से संबं को भारत के हवाले करने को अनुरोध पर स्विस अधिकारियों में ऐसे 4 खाते अस्थायी रूप जिनमें बोफोर्स सौदे की कमी आशंका है ।

शाम के भाव-(9

दिल्ली क्लाथ 48.25, हिन्द 55.50, चांदी (999) टंच हाज़िर सिक्का (प्रति सैकड़ा) 7420, सोना सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3480, मि (प्रति टीन) 357-364, वनस्पति हा 357-361, तेल सरसों टैंकर (प्रति सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 182, मू तिल तेल (10 किलो) 280, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 163, ते 114, फैट्टी एसिड आयल (क्विंटल किलो) मई 131.10, गुड़ वायदा (40 किलो) वायदा मार्च 41.25 रु

दिल्ली शेयर बाजार 322.00, आंध्र सीमेंट, 8.12 48.00, एशियन होटल 54.00, लि. 48.25, डी.सी.एम. टोयोटा 60.00, एस्कार्ट्स 77.25, स्पेशलिटीज 104.00, ग्रासिम इंड 36.50, एच.एम.एम. लि. 234.0 अल्यूमीनियम स्पाट 228.00 (5/ हिन्द मोटर 23.50, हिन्द डिवैलप 84.00, जे.के. इंडस्ट्रीज 58.50 जे.सी.टी. लि. 71.00, केल्वीनेटर एंड टुब्रो 63.00, एल.एम.एल. 124.00, मालवा कोटन 84.50 मीकिन 11.75, ओरके सिल्क 42.00, रिलायंस इंडस्ट्रीज 55.5 सदर्न पैट्रो 52.00, स्वदेशी पोलिटैक्स टिस्को 104.00, वेम आर्गैनिक 38.50 (5/2), असिल हाउसिंग पंजाब 13.00 (22/1), भारत ट्रैक्टर 65.00 (5/2), आइशर 75.00 (18/1), गुजरात फ्लेरो कैमिकल 14.00, गोयट्ज इं 20.50, इंडो गल्फ फर्टी 15.00 इस्पात अलायज 52.00 (5/2 जगतजीत इंडस्ट्रीज 105.00 14.50, जमना आटो 53.00, मो 15.00 (4/1), मोदी चैम्पि 255.00, ओसवाल एग्रो फ्यूरे 36.00, प्रकाश पाइप 29.00, रनबैक्सी लेब. 89.00 (8/2), पैट्रो 42.00 (7/2), रामा पैट्रो स्टील 14.50, समतल कलर 24 (4/1), स्पिक इलैक्ट्रानिक 15 तमिलनाडु पैट्रो 26.00, यू.टी.आई कलर पिक्चर 13.75 (5/2), पामोलिव 177.00, इंदु निसान 84.00 (5/2), टायटन वाच 32 13.00 (1/2) रुपए ।

अमृतसर सर्राफा (से बिट्ठर 3400, स्वर्ण आभूषण चांदी थोथी 6850, सिक्का 745

मंडी गोविन्दगढ़, 9 फरवरी (से भाव प्रति टन इस प्रकार रहे : मैल्टिंग स्क्रैप 6000, राऊंड, 6 8650, 10 एम.एम. 8700, 1 एम.एम. 9100, टोर (सी.टी.डी. एम.एम. 9150, 12 एम.एम. 9150, एंगल 3 एम.एम. 92 एम.एम. 9000, टीज 6 एम.एम. 10 एम.एम. 9700, पत्तरा 16 10,300, चैनल 125x50 एम.एम. 9450, 200x100 9100, गेट चैनल 9500, आई.ए एम.एम. 9550, 10 एम.एम. 16/25 एम.एम. 9300, एम.एम. 9300, 100x50 एम

निविदा सूचना

3 फायर ब्रिगेड वाहनों की रिफैब्रिकेशन के मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित हैं । स्टोर कीपर व/श निविदा प्रपत्रों पर रेट कोट किए जाएं, विवरणों के लिए मिलें । धरोहर राशि के रूप में 10,000/- रुपए की निविदा के साथ होनी चाहिए, जिसके बिना निविदा रह

2. रेट कांट्रैक्ट के अंतर्गत जीपों और कारों की स्थानीय मकैनिकों से निविदाएं आमंत्रित हैं, जो अ कार्यालय में पहुंचनी चाहिएं ।

दोनों निविदाएं 15.2.1990 को या पहले पहुंच

जनर

नगर नि

PR/126/6.2.90

ड विज्ञापन

हकलाना

हकलाना/तुतलाना लाईलाज नहीं । बिना औषधि व सर्जरी के पक्का इलाज कराने हेतु मिलें—आदर्श स्पीकिंग इंस्टीच्यूट, जहाजपुल, हिसार ।

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 9.2.90, 44/- without trays, NECC Suggested Retail Price 6.10/- Per Dozen.

रोज़गार

रेलवे, बैंकों, वायुसेना और नेवी को 7000 क्लर्कों और नर्सों की जरूरत है । योग्यता—दसवीं । आयु 16-25/गाइडैंस/फार्म के लिए 10/- मनीआर्डर भेजें : Mukesh Career Guidance, Mahil Gaila, Jalandhar-144506.

प्रवेश सूचना

Joining in Poltechnical/Civil, Mechnical and Electrical 3 years degree

NATIONAL BUILDINGS CONSTRUCTION CORPORATION LIMITED

(A Govt. of India Enterprise)

Punjab Bridge Works 268-H Bhai Randhir Singh Nagar, Ludhiana-141001. Phone : 55767.

TENDER NOTICE

कार्यालय कमांडैंट, 83 बटालियन, सी.आर.पी.एफ. भटिंडा, पंजाब

नीलाम सूचना

नं. यू-II-2/89-90-83-क्यू : निम्नलिखित कंडम वस्त नीलामी 83 बटालियन, सी.आर.पी.एफ. पी.एच.बी. कालोनी, मा के परिसर में 22.2.90 को सुबह 10.30 बजे "जैसे है, जहां है

Punjabi Sanatani

छत्तीसगढ़ एक्सप्रैस में राजपुरा-शंभू के मध्य बम विस्फोट : 2 मरे, 5 घायल

चंडीगढ़, 10 फरवरी (प.स., वार्ता): आज रात्रि अमृतसर से आ रही छत्तीसगढ़ एक्सप्रैस ट्रेन में राजपुरा और शम्भू के मध्य हुए एक शक्तिशाली बम विस्फोट में 2 व्यक्ति मारे गए और 5 अन्य घायल हो गए । पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान अन्यत्र एक आतंकवादी सहित 2 लोग मारे गए । कुराली में लोगों ने एक आतंकवादी को पीट-पीट कर मार डाला । 4 आतंकवादियों ने फरीदकोट जिले में शराब के एक ठेकेदार की हत्या कर दी ।

छत्तीसगढ़ एक्सप्रैस में बम विस्फोट : 2 मरे, 5 घायल : अम्बाला (सरहदी): आज अमृतसर से आ रही छत्तीसगढ़ एक्सप्रैस ट्रेन में राजपरा-शम्भू के मध्य हुए एक बम धमाके से 2 यात्री मारे गए और 5 अन्य घायल हो गए । घायलों में सुखविन्दर कौर और सी.आर.पी. के एक नायक रामराज सिंह, जो अमृतसर से अजमेर जा रहा था, की हालत नाजुक बताई जाती है । शेष तीन घायलों के नाम प्रदीप कुमार, अनूप कुमार और अनिल कुमार तिवाड़ी बताए जाते हैं । मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

टी.टी. श्री सुभाष चंद्र ने बताया कि यह बम विस्फोट ट्रेन की थ्री टायर रायगढ़ कोच नं. 7755 के दो कैबिनों में हुआ । बम विस्फोट से प्रभावित बोगी को काट कर ट्रेन से अलग करने के बाद ट्रेन को छत्तीसगढ़ रवाना कर दिया गया। प्रभावित बोगी को यहां काट कर खड़ा किया गया तो उसमें आग लग गई, जिसे फायर ब्रिगेड ने बुझाया ।

उत्तरी रेलवे के अतिरिक्त मंडलीय मैनेजर श्री टी.एस. कालड़ा ने दुर्घटना में मरने वालों के परिवारों को 5-5 हजार रुपए, गम्भीर रूप से घायल हुए यात्रियों को 2-2 हजार रुपए और अन्य घायलों को 500-500 रुपए प्रति व्यक्ति तत्काल सहायता देने की घोषणा की है ।

अम्बाला के जिलाधीश श्री एस.पी. लाम्बा, रैडक्रास के सचिव, सिविल सर्जन, डाक्टरों और स्टाफ के साथ तत्काल घायलों की देखभाल के लिए पहुंच गए और सेना के फायर ब्रिगेड तथा अन्य स्टाफ भी सहायता के लिए पहुंचा ।

शराब के ठेकेदार की हत्या : तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने कल रात फरीदकोट जिले के सराबा गांव में एक शराब के ठेकेदार हरमेल सिंह की हत्या कर दी तथा ठेके के दो सेल्समैनों बाबू राम और बोगा सिंह को घायल कर दिया । भागने से पहले आतंकवादियों ने ठेके में आग लगा दी ।

कोटकपूरा से 'मित्तल' के अनुसार आतंकवादियों ने ठेके में आते ही पहले तोड़-फोड़ शुरू कर दी और बाद में हरमेल सिंह की हत्या करके फरार हो गये । विवरण के अनुसार पुलिस ने पता लगते ही जब आतंकवादियों का पीछा किया तो उन्होंने पुलिस पर भी फायरिंग की ।

आतंकवादी को पीट-पीट कर मार डाला : रोपड़ जिले में कुराली की अनाज मंडी में स्थित एक तेल मिल से गत सायं रिवाल्वर की नोक पर नकदी लूट कर भागने वाले एक अज्ञात आतंकवादी को लोगों ने पीट-पीट कर मार डाला । नकदी लूट कर आतंकवादी जब भागने का प्रयास कर रहा था तो लोगों ने पीछा करके उसे पकड़ लिया तथा पीट-पीट कर मार डाला । आतंकवादी ने अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में दम तोड़ दिया । उसके पास से .455 बोर का एक रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस बरामद किए गये ।

3 कांस्टेबल घायल : कल रात आतंकवादियों ने लुधियाना नगर में चीमा चौक के निकट तीन पुलिस कांस्टेबलों को गोलियों से घायल कर दिया । पुलिस कर्मी जगराज सिंह, हरबंस सिंह और सुखचैन सिंह जब पुलिस डिवीजन कार्यालय जा रहे थे, तो उन पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया । पुलिस कर्मियों को लुधियाना के सी.एम.सी. अस्पताल में दाखिल कराया गया ।

अपहरण : आतंकवादियों ने आज फिरोज़पुर जिले में कांसी नगरी गांव से एक व्यक्ति बीर चंद मैनी का अपहरण कर लिया ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : इसी जिले में सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों बलकार सिंह और दर्शन सिंह को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वे गुरुहरसहाय थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति से कुछ नकदी लूटने के बाद भागने का प्रयास कर रहे थे ।

बी.एस.एफ. गश्ती दल पर हमला : आतंकवादियों ने कल रात बटाला पुलिस जिले में थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव नासरके के निकट घात लगा कर एक बी.एस.एफ. गश्ती दल पर हमला किया । दोनों ओर से चली गोलियों से कोई हताहत नहीं हुआ ।

बस अड्डे में बम विस्फोट : गुरदासपुर बस अड्डे पर आज एक शक्तिशाली बम विस्फोट हुआ । लेकिन कोई जान-माल का नुक्सान होने की सूचना नहीं है ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : संगरूर पुलिस ने तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार कर उनके पास

(शेष पृष्ठ 12 पर)



श्रीनगर के लाल चौक में स्थित एक व्यावसायिक इमारत में बुधवार को बम विस्फोट के बाद उठते हुए शोले । (छाया : प्रै.ट्र.)

कानें क्षतिग्रस्त

अभद्र व्यवहार किया था और उसके कर्फ्यू पास को फैंक दिया था ।

नगर में आज भी कई बाजार बंद रहे । मगर वाहनों का आवागमन सामान्य रहा और बैंकों और सरकारी कार्यालयों में सामान्य रूप से कामकाज हुआ । सामान्य जीवन आंशिक रूप से प्रभावित हुआ ।

जम्मू से नि.सं. के अनुसार ऐसे समाचार हैं कि पाकिस्तानी सेना के कुछ कमांडो कश्मीर घाटी में प्रवेश कर गए हैं तथा वे निर्दोष व्यक्तियों की हत्याओं में संलिप्त हैं ।

सेना को चौकस कर दिया गया : इस बीच ऐसी सूचनाएं मिलने पर कि कल मकबूल बट्ट की मृत्यु की वर्षगांठ के अवसर पर अलगाववादी कोई बड़ी वारदात कर सकते हैं, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है । सेना को चौकस कर दिया गया है ।

जम्मू में पूर्ण बंद : उधर जम्मू में पूर्ण बंद आयोजित किया गया और प्रदर्शनकारियों ने भारत के आंतरिक मामलों में पाकिस्तान के हस्ताक्षेप का विरोध करने के लिए जलूस निकाले ।

हवाई अड्डों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था : ऐसे समाचार मिलने के पश्चात् कि कश्मीर लिब्रेशन फ्रंट के कार्यकर्त्ता विश्व का ध्यान आकर्षित करने के लिए विमान अपहरण कर सकते हैं, श्रीनगर तथा जम्मू हवाई अड्डों पर सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत कर दी गई है ।

पंजाबी विस्थापितों को न्याय दिलाने के लिए आंदोलन छेड़ने की चेतावनी

नई दिल्ली, 10 फरवरी (दिनेश शर्मा): पीरागढ़ी शिविर में फटे हुए तम्बुओं में नाटकीय जीवन यापन कर रहे पंजाबी विस्थापितों को दिल्ली प्रशासन द्वारा बोगस करार दिए जाने व 84 के दंगा पीड़ितों को प्रशासन द्वारा केंद्र से सहायता दिलाने की सिफारिश किए जाने की दिल्ली में तीखी प्रतिक्रिया हुई है तथा विभिन्न संगठनों ने तुष्टिकरण की नीति के विरुद्ध बी.पी सिंह सरकार के खिलाफ आंदोलन छेड़ने की चेतावनी दी है । जनता संघर्ष समिति दिल्ली के प्रधान श्री सुखबीर शरण अग्रवाल की अध्यक्षता में आज हुई आपातकालीन बैठक में उपराज्यपाल निवास द्वारा दो विभिन्न पीड़ित वर्गों के प्रति दोगली नीति अपनाए जाने पर आपत्ति व्यक्त की गई । संघर्ष समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री आत्म प्रकाश कौशिक व प्रेम चंद गडोदिया ने चेतावनी दी कि यदि पंजाबी विस्थापितों को न्याय नहीं मिला तो उनका संगठन आंदोलन को विवश होगा ।

दिल्ली प्रदेश सनातन धर्म प्रतिनिधिसभा के प्रधान श्री मनोहर लाल कुमार ने प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह को पत्र भेज कर आतंकवाद की आंधी से घबरा कर दिल्ली की शरण में आए विस्थापितों को 84 के दंगा पीड़ितों के समान सुविधाएं देने की मांग की है ।

हिन्दी का कालपात्र भूमि में दबाया जाएगा

नई दिल्ली, 10 फरवरी (पस): राजधानी में निर्माणाधीन बहुमंजिले और बहुआयामी 'हिन्दी भवन' के भूमि तल में 14 फरवरी को हिन्दी का कालपात्र रखा जाएगा ।

हिन्दी भवन के सूत्रों ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि कालपात्र हिन्दी भवन के भूमि तल से 25 फुट नीचे भूगर्भ में वेदमंत्रों के उच्चारण के बीच प्रतिष्ठित किया जाएगा ।

Punjabi Sanatan

ट्रेन में विस्फोट
(पृष्ठ 3 का शेष)

से .303 बोर का एक रिवाल्वर, एक फियेट कार, एक खिलौने वाली पिस्तौल, एक प्लास्टिक स्टेनगन और कुछ गोला-बारूद बरामद किया ।

'गर्ग' के अनुसार उक्त आतंकवादियों के 2 अन्य साथी फरार होने में सफल हो गये । जिला पुलिस प्रमुख ज्ञान सिंह ने बताया कि पकड़े गये तीनों आतंकवादी लूटमार की 3 दर्जन वारदातों में संलिप्त थे । इनके कब्जे से मानसा से छीनी गई फिएट कार पीबीबी 135 तथा दो बजाज स्कूटर पीयूडी 8794 तथा पीसीएल 8707 भी बरामद हुए हैं । इन आतंकवादियों में सरजीत सिंह उर्फ सीता तथा तरलोचन सिंह उर्फ तोपी गांव हमीन जिला लुधियाना के रहने वाले हैं । एक अन्य आतंकवादी काका सिंह उर्फ भोला उर्फ बराड़ गांव चुंग जिला होशियारपुर का रहने वाला है । फरार आतंकवादियों में सरजीत सिंह तथा परमजीत सिंह शामिल हैं । श्री ज्ञान सिंह के अनुसार ये तीनों 8-9 फरवरी की रात को उस समय पकड़े गये जब वे बैंक लूटने की योजना बना रहे थे ।

5 आतंकवादी गिरफ्तार : मुक्तसर से दर्दी-दीपक के अनुसार स्थानीय पुलिस ने एक नाकाबंदी के दौरान 5 आतंकवादी गिरफ्तार कर लिये । फरीदकोट के एस.एस.पी. श्री स्वर्ण सिंह के अनुसार गिरफ्तार आतंकवादियों के पास से हथियार, गोली-सिक्का तथा लूटमार का सामान बरामद हुआ है । गिरफ्तार आतंकवादियों में सिन्दर पुत्र निरंजन सिंह, बख्शीश सिंह पुत्र सुलक्खन सिंह, निरंजन सिंह पुत्र सोहन सिंह निवासी टैंक वाली बस्ती फिरोजपुर तथा चंदा सिंह पुत्र तेज सिंह शामिल हैं । पहले तीन आतंकवादी इश्तहारी मुजरिम हैं ।

दो स्कूटर छीन लिए : धूरी (सिंगला): मानसा में कुछ आतंकवादियों ने दो स्कूटर छीन लिए । पहला स्कूटर पी.ए.सी.-327 पवन कुमार से जवाहर रोड पर तथा दूसरा स्कूटर चकेरियां रोड पर रेलवे लाइन के निकट पैट्रोल पम्प के मालिक बालक दास से छीन लिया गया ।

पाबंदी : डा. स्वर्ण सिंह जिलाधीश संगरूर ने एक आदेश द्वारा जिला-भर में रात 7.30 बजे से सुबह 5 बजे तक बस चलाने पथा 3.5 हार्स पावर के मोटर साइकल चलाने पर पाबंदी लगा दी है । गांवों में ठीकरी पहरा लगाने के आदेश दिए हैं । दुकानें 7.30 बजे तक होटल, ठेके व सिनेमा रात नौ बजे तक खुले रह सकते हैं । सार्वजनिक स्थानों पर असला लेकर चलने की भी मनाही की है । यह आदेश दस अप्रैल तक लागू रहेंगे ।

वाहन व शस्त्र छीने : अमृतसर (अशोक सोनी): अमृतसर जिले में गत 24 घंटे के दौरान तीन विभिन्न स्थानों पर वाहन छीनने की 2 वारदातें हुई जबकि एक वारदात शस्त्र छीनने की भी हुई । प्राप्त विवरणों के अनुसार थाना मेहता के गांव भलाईपुर में कुछ अज्ञात आतंकवादी मुख्तयार सिंह पुत्र मैहल सिंह के घर में घुसे और बंदूक की नोक पर उसका लाइसैंसशुदा रिवाल्वर और छः कारतूस लेकर भाग गये ।

सूचनाओं के अनुसार अमृतसर थाना सदर के गांव बडाला भिट्टेविंड में कुछ आतंकवादियों ने दलबीर सिंह नामक व्यक्ति से उसकी मोपेड टीवीएस सुजूकी पीयूई-02, 6243 छीन ली । एक अन्य वाहन छीनने की घटना मानांवाला (थाना जंडियाला) में हुई, जहां कुछ बंदूकधारी आतंकवादी सुरेंद्र सिंह से उसकी मारुति कार पीआईए-80 छीन कर ले गये ।

पुलिस चौकी पर फायरिंग : अमृतसर थाना सदर की चौकी फतेहपुर में गत रात 2.10 पर कुछ आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग की लेकिन चौकी में तैनात एसपीओज द्वारा जवाबी फायरिंग किये जाने पर आतंकवादी भागने पर मजबूर हो गए ।

पुलिस वाहन पर फायरिंग : आतंकवादियों ने कल रात अमृतसर जिले में बेरेटा थाने के रामपुरा गांव के बाहर पुलिस गश्ती वाहन पर गोलियां चलाईं । पुलिस ने बताया कि गोलीबारी में कोई घायल नहीं हुआ । पुलिस कर्मियों ने भी जवाब में गोलियां चलाईं, लेकिन आतंकवादी भाग निकले ।

शांति सेना की एक और टुकड़ी लौटी

मद्रास, 10 फरवरी (प.स.): श्रीलंका में तैनात भारतीय शांति सेना की क्रमिक वापसी की प्रक्रिया के

WANTED DEALERS
FOR
COOLER PLASTIC GRILL
(Mfrs. HIMACHAL SALES, DAMTAL)
ASHOKA TRADERS
G.T. Road, Phagwara.

नये रोजगार (Approved by Govt.)
200 लघु उद्योगों (स्माल स्केल इंडस्ट्रीज) पर सम्पूर्ण पुस्तक । 4000 औद्योगिक फार्मूले, 400 पृष्ठ हिन्दी या उर्दू सजिल्द 35 रु. । डाक व्यय 6 रु. । वी.पी. मंगाएं ।
पता—निराला जोगी आयुर्वेद मासिक, बस स्टैंड के पीछे, पानीपत (हरियाणा)

सुस्त व मायूस रोगी



शनिवार की रात राजपुरा और शम्भू के बीच बम विस्फोट से क्षतिग्रस्त हुई छत्तीसगढ़ एक्सप्रैस की बोगी का दृश्य । (छाया : सरहदी)

पुलिस ट्रेनिंग सैंटर फिल्लौर में बम धमाके में 3 पुलिस अफसर मरे : इंका नेता समेत 5 की हत्या

3 उग्रवादी मारे गए : घायल उग्रवादी अस्पताल से फरार

चंडीगढ़, 11 फरवरी (वार्ता, प.स.): पुलिस ट्रेनिंग कालेज फिल्लौर में आज रात्रि हुए एक बम विस्फोट में 3 पुलिस अधिकारी मारे गए । जालन्धर में इंका नेता सहित अन्यत्र 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि बब्बर खालसा इंटरनैशनल के जगरूप सिंह समेत 3 आतंकवादी मारे गए । गत रात छत्तीसगढ़ एक्सप्रैस में हुए बम विस्फोट में मरने वाले सी.आर.पी. के सिपाही थे । पुलिस पार्टियों पर 2 हमले किए गए । एक घायल आतंकवादी अस्पताल से फरार हो गया ।



जालन्धर में रविवार रात्रि को उग्रवादी द्वारा मारे गए इंका नेता श्री जगदीश सैनी का शव । (छाया : कपूर)

इंका नेता की हत्या, एक घायल : जालन्धर (प.स.): आज रात्रि थाना डिवीजन नं. 3 के क्षेत्र में स्थित आबादी न्यू गोबिन्दपुरा में एक उग्रवादी ने ब्लाक कांग्रेस (इ) के महामंत्री श्री जगदीश सैनी की हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार उग्रवादी मृतक के घर में घुस गया और उस पर फायरिंग की । गोली श्री सैनी की कमर में लगी । इस में श्री सैनी की स्थानीय सिविल अस्पताल में मृत्यु हो गई । भागते समय उग्रवादी ने एक राहगीर बाबा बहादुर पर भी फायरिंग की, जिसकी हालत गम्भीर बताई जाती है । घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंच कर क्षेत्र को घेरे में ले लिया ।

पुलिस केंद्र में विस्फोट से 3 मरे : जालन्धर जिले में फिल्लौर स्थित पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में आज रात हुए एक शक्तिशाली बम विस्फोट में पुलिस के 3 अधिकारियों की मृत्यु हो गई और कई अन्य घायल हो गए ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि मारे गए पुलिस अधिकारियों में इंस्पैक्टर सूरी और सब-इंस्पैक्टर राम मूर्ति शामिल हैं । घायलों की संख्या अभी ज्ञात नहीं हुई है ।

सूत्रों ने बताया कि विस्फोट से आसपास के क्षेत्र में आग लग गई, जिस पर नियंत्रण करने के लिए जालन्धर से दो अग्निशामक विस्फोट स्थल पर रवाना कर दिए गए हैं । लुधियाना से भी अग्निशामक मंगवाए गए ।

पुलिस ने बताया कि यह विस्फोट प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुलिस अधिकारियों की बैरक में हुआ । विस्फोट में 2 बैरकों की दीवारें उड़ गईं ।

घटना की सूचना मिलते ही जालन्धर रेंज के पुलिस उप-महानिरीक्षक श्री डी.आर. भट्टी और एस.पी. आप्रेशन श्री ढिल्लों सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल की ओर रवाना हो गए हैं ।

इस वर्ष के दौरान उग्रवादियों द्वारा जिला जालन्धर में किया गया यह दूसरा प्रमुख बम विस्फोट है । गत 10 जनवरी को पी.ए.पी. परिसर में हुए शक्तिशाली बम विस्फोट में बटाला के भूतपूर्व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री गोबिन्द राम, जो 75वीं बटालियन के कमांडैंट थे, सहित 3 पुलिस कर्मी मारे गए थे और 15 अन्य घायल हो गए थे । पुलिस अभी तक उस मामले को सुलझा भी नहीं पाई है कि यह दूसरा बम विस्फोट हो गया । इससे पूर्व उग्रवादियों ने 3 अक्तूबर, 1986 को राज्य के तत्कालीन पुलिस महानिदेशक श्री जे.एफ़. रिबैरो पर पी.ए.पी. परिसर जालन्धर में घातक हमला किया, जिसमें श्रीमती रिबैरो घायल हो गई थीं जबकि सी.आर.पी.एफ़. का एक कांस्टेबल कुलदीप सिंह मारा गया था ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjab Sentinel

र 12.2.1990

शम्भू नाथ शास्त्री ने की । बाद में
चंद्र मोहन ने बताया कि परिषद ने
21 फरवरी को आयोजित किया जाने
सुरक्षा यज्ञ बातचीत तक स्थगित कर
होंने आशा व्यक्त की कि सरकार
की रक्षा तथा विकास के लिए परिषद
ग देगी तथा परिषद की मांगों को
वीकार करेगी ।

RKS, MYSORE
the last 50 years)
Shirin
Guldasta
Brands.
CES
of
S, NEW DELHI
Uttar Pradesh,
Gujarat.
Distributors.
244, Punjab
ar.

PETROLEUM
ON LIMITED
NDIA ENTERPRISE)

रयाणा) परिवहन
न चार ट्रक रखते हों, हमारे जींद
हिए, जो हिन्दुस्तान पेट्रोलियम
किए जाएंगे । धरोहर राशि के
ों को निविदा खुलने में भाग लेने
रोहर राशि जमा कराने से छूट
ें और निश्चित तिथि से 180
। मोहरबंद निविदाएं, जिनके
मार्च 1990 को सायं 3 बजे
बाद, किसी भी कारण से, डाक
एं स्वीकार नहीं की जाएंगी ।
ी जाएंगी ।
ों को पूर्णतः या अंशतः स्वीकार

हस्त
सीनियर मैनेजर
ट्रांस्पोर्ट कंट्रैक्ट्स

विज्ञापन

. वी. ट्रेनिंग
कालेज में आकर टीवी सीखिए ।
ग इंस्टीच्यूट, फगवाड़ा गेट, जालंधर

खला शुरू
जून, रंगदार, VCR, ट्रांजिस्टर,
जिरेशन, ट्रक, कार, बार-बैंडर,
निक कोर्स, रिहायश उपलब्ध ।
प्रिंसीपल, टी.आई.टी. कालेज,
नी, जालंधर शहर ।

नीलामी
र्मा के 21 एकड़ फलों के बाग के
नीलामी सोमवार, 19 फरवरी
बजे गांव कुंडी, तहसील कालका,
रियाणा) में होगी । सभी इच्छुक
ने की कृपा करें ।

वश्यकता
र सिलाई के लिए लड़के या
त है । पता : Pup Pup
W.F. 35/2, Ali Mohalla,

ता है अनुभवी व प्रशिक्षित
र्क करें : सैन्टिनल्स सिक्योरिटी
ग 58 नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-
(JD)

परिवर्तन
न पुत्री हरकिशनलाल दिवान
ो इंद्रसैन बत्तरा, फतेहाबाद हूं ।
ा'है ।

निक सूचना
स, लाडवा की रसीद नम्बर
दिनांक 29.4.1989, जो कि
सिंह गांव दबखेड़ा (कुरुक्षेत्र) के
अचानक कहीं गुम हो गई है ।

महाराष्ट्र में इंका

(पृष्ठ 3 का शेष)

बीच सीटों का तालमेल नहीं हो सका । महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी ने शिव सेना के साथ चुनावी तालमेल किया है । उड़ीसा में भी जनता दल और भारतीय जनता पार्टी के बीच समझौता नहीं हो सका है । पांडिचेरी में जनता दल ने द्रमुक के साथ गठबंधन किया है, जबकि अन्ना द्रमुक कांग्रेस (इ) की सहयोगी पार्टी है । अरुणाचल में किसी पार्टी का चुनावी तालमेल नहीं हो पाया है ।

इन सभी जगहों पर वामपंथी दलों का अपना कोई मजबूत आधार नहीं है, यद्यपि उन्होंने कुछ स्थानों पर जनता दल के साथ तालमेल किया है । सभी प्रमुख पार्टियों में सीटों के बंटवारे को लेकर कलह जारी है । जनता दल और भाजपा के बीच सीटों के तालमेल को लेकर कई नेता पार्टी से अलग हो गए हैं और निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं । कई जगहों पर बागी उम्मीदवार अपने को पार्टी का सच्चा उम्मीदवार बताते हुए चुनाव लड़ रहे हैं । प्रत्येक राज्य में मुख्यमंत्री पद के कई प्रत्याशी हैं । राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि चुनाव के बाद नई सरकार का गठन काफी मुश्किल काम होगा । सभी राजनीतिक दलों ने प्रत्येक राज्य के लिए अलग-अलग घोषणापत्र जारी किए हैं और उसमें स्थानीय मुद्दों को उजागर किया है ।

चुनाव की तस्वीर सबसे ज्यादा बिहार में अस्पष्ट है, जहां विधानसभा की 324 सीटों के लिए 3500 उम्मीदवार मैदान में हैं । जनता दल बिहार में भाजपा के साथ सीटों का तालमेल नहीं कर सका, लेकिन उसने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के लिए कुछ सीटें छोड़ दी हैं । जनता दल का झारखंड मुक्ति मोर्चा और इंडियन पीपुल्स फ्रंट के साथ कोई समझौता नहीं हो पाया है । इसके बावजूद जनता दल बिहार से सर्वाधिक सफलता का दावेदार है, जबकि मुख्यमंत्री श्री जगन्नाथ मिश्र के नेतृत्व में कांग्रेस (इ) एक बार फिर सत्ता में आने की जी-तोड़ कोशिश कर रही है ।

मध्य प्रदेश में भाजपा की लोकप्रियता से कांग्रेस (इ) खेमे में हड़कम्प है । मुख्यमंत्री श्री श्यामाचरण शुक्ल ने यद्यपि कई प्रचारवादी योजनाओं की घोषणा की है, किन्तु भाजपा पर इसका कोई असर दिखाई नहीं पड़ता । भाजपा और जनता दल क्रमशः 244 और 57 सीटों के लिए चुनाव लड़ रहे हैं । 29 सीटों पर दोनों के बीच दोस्ताना मुकाबला है ।

महाराष्ट्र में भाजपा और शिव सेना के गठबंधन से कांग्रेस (इ) को चुनौती का सामना करना पड़ रहा है । भाजपा 105 सीटों पर तथा शिव सेना 183 सीटों पर चुनाव लड़ रही है । महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के दौरान जनता दल ने प्रगतिशील लोकतांत्रिक मोर्चा के साथ तालमेल किया था । इस बार विधानसभा चुनाव में शरद जोशी के शेतकारी संगठन ने भी मोर्चा के रूप में चुनाव में भाग लिया, जो उसका पहला चुनावी संघर्ष है । राज्य में कांग्रेस (इ) को अपने बागी नेताओं से विरोध का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि कई नेताओं को पार्टी का टिकट नहीं दिया गया । इनमें डा. रफीक जकारिया और एन.के. तिरपुंडे जैसे नेता भी शामिल हैं । गुजरात में भाजपा और जनता दल के बीच अंतिम समय में सीटों का तालमेल होने से राज्य में बहुकोणीय संघर्ष की सम्भावना कम हो गई है । विधानसभा की कुल 182 सीटों के लिए करीब 1885 उम्मीदवार मैदान में हैं । भाजपा और जनता दल ने 136 सीटों पर तालमेल किया है । शेष 46 सीटों पर दोनों का दोस्ताना संघर्ष है ।

हिमाचल प्रदेश में जनता दल और भाजपा के बीच पूरी तरह सीटों का तालमेल हुआ है और एक तरह से कांग्रेस (इ) को सीधी टक्कर मिल रही है लेकिन कांग्रेस (इ) और जनता दल एवं भाजपा के मोर्चे के बागी उम्मीदवारों के कुछ मुश्किलें पैदा कर दी हैं । भाजपा 51 तथा जनता दल 17 सीटों पर चुनाव लड़ रहा है । राजस्थान में भाजपा और जनता दल ने इस बार कांग्रेस (इ) के खिलाफ फिर मोर्चा तैयार किया है । दोनों पार्टियों ने 160 सीटों पर तालमेल किया है । जबकि शेष सीटों पर दोस्ताना मुकाबला है । जनता दल ने दो सीटें माकपा के लिए अपनी ओर से छोड़ दी हैं । उड़ीसा में भाजपा और जनता दल ने सीटों के तालमेल के सवाल पर कोई बातचीत नहीं की है । जनता दल को अपने नेता श्री बीजू पटनायक के कारण जीत पर अधिक भरोसा है । कांग्रेस (इ) पार्टी के भीतर असंतुष्ट नेताओं के विरोध को कुचलने का प्रयास कर रही है । अरुणाचल प्रदेश में कांग्रेस (इ) के तीन उम्मीदवार निर्विरोध चुन लिए गए हैं । शेष 57 सीटों के लिए 167 उम्मीदवार मैदान में हैं । जनता दल और कांग्रेस (इ) का किसी दल से गठबंधन नहीं है ।

जाल फैलाया

(पृष्ठ 3 का शेष)

पैदा हो गया है ।

राजस्थान में अकेले श्री मान ने ही अपने प्रभाव का विस्तार नहीं किया है । साम्प्रदायिक हलचल में हाजी मस्तान और शिव सेना भी पीछे नहीं हैं । यदि पंजाब ने राजस्थान में अकाली दल (मान) को निर्यात किया है तो महाराष्ट्र ने हाजी मस्तान की अखिल भारतीय मुस्लिम अल्पसंख्यक पार्टी की सेवाएं पेश की हैं । श्री मस्तान ने साम्प्रदायिकता से ग्रस्त अजमेर, कोटा और पाली के जिलों में अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं ।

पाकिस्तान युद्ध की स्थिति पैदा करने पर तुला हुआ है

जालन्धर, 11 फरवरी : पंजाब भाजपा के सचिव वैद्य ओम प्रकाश दत्त व जिला जालन्धर भाजपा के वरिष्ठ उपप्रधान कृष्ण लाल ढल्ल ने एक संयुक्त वक्तव्य में पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो के आज प्रकाशित इस वक्तव्य जिसमें उन्होंने कश्मीरियों के आत्म-निर्णय का राग अलापा है और कश्मीर में मुसलमानों द्वारा कथित खुली बगावत की चर्चा की है, पर टिप्पणी करते हुए कहा है कि केंद्र सरकार के लिए विशेषकर और देशवासियों के लिए साधारणतः यह वक्तव्य इस बात का संकेत है कि पाकिस्तान कश्मीर में ऐसी स्थिति पैदा करने पर तुला हुआ है जिससे युद्ध की स्थिति उत्पन्न हो जाए ।

भाजपा नेताओं ने कहा है कि जिला जालन्धर भाजपा अगले सप्ताह में सभी दलों के प्रतिनिधियों की एक बैठक बुलाएगी जिसमें देश की प्रभुसत्ता की रक्षा का एकजुट संकल्प दोहराया जाएगा ।

'टीपू सुल्तान की तलवार' शीघ्र प्रसारित की जाए

बम्बई, 11 फरवरी (प.स.): कांग्रेस (इ) सांसद एवं कर्नाटक के भूतपूर्व मुख्यमंत्री आर. गुंडू राव ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह "टीपू सुल्तान की तलवार" धारावाहिक को शीघ्र दूरदर्शन पर प्रसारित करे । श्री गुंडू राव ने आज यहां संवाददाताओं को बताया कि धारावाहिक के प्रसारण में देरी देश की धर्म-निरपेक्ष नीति पर प्रश्नचिन्ह होगा । उन्होंने कहा कि धारावाहिक के इस चरण में

फिल्लौर में बम धमाके

(पृष्ठ 3 का शेष)

मृतक सी.आर.पी. के जवान थे : अम्बाला छावनी (सरहदी)—कल रात लगभग पौने 10 बजे अमृतसर से छत्तीसगढ़ जा रही एक्सप्रैस गाड़ी में राजपुरा और शम्भू रेलवे स्टेशनों के मध्य में जो बम विस्फोट हुआ था, उसमें मारे गये दो व्यक्तियों की शिनाख्त हो गई है । दोनों सी.आर.पी. के जवान मोनियन तथा रंजन थे । घायलों में एक व्यक्ति राम राज सिंह अम्बाला शहर के सिविल अस्पताल में चिकित्साधीन है जबकि शेष चार घायलों को उनके रिश्तेदार आकर ले गये हैं । राम राज सिंह ने बताया कि लुधियाना से इस बोगी में 2 युवक सवार हुए थे उनके हाथों में अटैची केस थे परन्तु पता नहीं कि वह कब कहां चले गए क्योंकि धमाके के समय वे वहां नहीं थे ।

इस विस्फोट से घायल होने वालों में एक महिला भी शामिल है जिसका नाम सुखविंदर कौर बताया गया है । अन्य घायलों के नाम हैं : प्रदीप कुमार, अनिल तिवारी, अनूप सिंह और अनिल कुमार । इस गाड़ी को अम्बाला छावनी लाया गया और बम विस्फोट से क्षतिग्रस्त हुए डिब्बे को अलग करने के बाद इस गाड़ी को आगे रवाना किया गया ।

अलग किए गए डिब्बे में विस्फोट से एक घंटे बाद अम्बाला छावनी रेलवे स्टेशन पर आग भी लग गई लेकिन आग पर तत्काल काबू पा लिया गया । रेलवे अधिकारियों ने मृतकों के परिजनों को 5-5 हजार रुपए की अनुग्रह राशि दिये जाने की घोषणा की है जबकि गम्भीर रूप से घायलों में से प्रत्येक को 2 हजार रुपये व साधारण रूप से घायलों को 250 रुपये दिए जाएंगे ।

किसान की हत्या : अमृतसर (पस)—गत रात तरनतारन पुलिस जिला में थाना पट्टी के अंतर्गत गांव दुबली में एक किसानशीतल सिंह की कुछ आतंकवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

कट्टर आतंकवादी मारा गया : पुलिस ने बताया कि आज प्रातः मजीठा पुलिस जिला में गांव तलवंडी के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में एक कट्टर आतंकवादी जगरूप सिंह मारा गया । यह मुठभेड़ तब हुई जब आतंकवादियों के एक ग्रुप ने एक पुलिस पार्टी पर घात लगा कर हमला करने की कोशिश की । मुठभेड़ में जगरूप सिंह जो कि बब्बर खालसा इंटरनैशनल से संबंधित था, मारा गया जबकि उसके साथी बच कर भाग निकले । घटनास्थल पर एक चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफल, 2 मैगजीन तथा लगभग 60 कारतूस बरामद हुए ।

2 व्यक्तियों की हत्या : अमृतसर जिला के गांव दर्दियां में आज सायं दो व्यक्तियों गुरनाम सिंह तथा पाल सिंह की हत्या कर दी गई ।

आतंकवादी मरा : अमृतसर जिला के ही गांव चक थालोके में एक आतंकवादी बलविन्दर सिंह की गुट-संघर्ष में हत्या कर दी गई ।

दुकानदार की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के गांव थेह कलां में एक दुकानदार कश्मीरी लाल की हत्या कर दी गई । जिला पुलिस चीफ श्री आर.पी. सिंह ने बताया कि यह निजी शत्रुता का मामला है ।

आतंकवादी भाग निकला : आतंकवादी जगीर सिंह जो कि 25 जनवरी को कपूरथला जिला के हरनामपुरा गांव में एक मुठभेड़ में घायल हो गया था, गत रात अमृतसर के गुरु तेग बहादुर अस्पताल से फरार हो गया । अस्पताल में तैनात 4 पुलिस कर्मियों को निलम्बित कर दिया गया है ।

पुलिस पर हमले : एक अन्य वारदात में कल रात तरनतारन पुलिस जिला में कल रात दीन गांव के निकट स्कूटर पर सवार आतंकवादियों ने पुलिस की एक गश्ती टुकड़ी पर उस समय गोलियां चलाईं जब पुलिस कर्मियों ने उन्हें रुकने का संकेत दिया । गश्ती टुकड़ी की जवाबी फायरिंग पर वे भाग निकले इसी जिले में एक अन्य वारदात में आतंकवादियों ने विशेष पुलिस अधिकारी चौकी पर दुबली गांव के निकट कल रात गोलियां चलाईं और एक हथगोला भी फेंका । पुलिस कर्मियों द्वारा जवाब में गोलियां चलाए जाने पर आतंकवादी फरार हो गए ।

आतंकवादी मारा गया : बटाला (कोछड़): थाना सदर के गांव तलवंडी भारथवाल के निकट गत रात पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया तथा इसके 6 अन्य साथी भाग निकलने में सफल हो गए ।

पुलिस अधीक्षक श्री सुमन्त कुमार गोयल ने बताया कि मृतक के निकट से एक ए.के. 47 राइफल, 2 मैगजीन, 133 जीवित कारतूस तथा एक डायरी मिली है । इस डायरी पर जगरूप सिंह जग्गी, ब्रांच मैनेजर तरनतारन फाइनैंस एंड इन्वैस्टमैंट कम्पनी, जयन्तीपुर, बब्बर खालसा इन्टरनैशनल, अमृतसर लिखा हुआ है ।

उन्होंने बताया कि इससे पूर्व गत रात लगभग 9 बजे आतंकवादियों के एक गुट ने थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव नानक चक में ग्रामीण सुरक्षा योजना के अंतर्गत स्थित एस.पी.ओ. चौकी पर हमला करके फायरिंग की । जब इन आतंकवादियों को बराबर फायरिंग करके जवाब दिया जा रहा था तो उन्हें भी इसकी सूचना दे दी गई । सूचना प्राप्त होते ही श्री गोयल ने सीमा सुरक्षा बल की 81 बटालियन के कमांडेंट श्री घटोच के नेतृत्व में जिला पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल के साथ सारा क्षेत्र घेर लिया तथा आतंकवादियों का पीछा आरम्भ कर दिया । गांव नानक चक के निकट ही एक सम्पर्क मार्ग पर आतंकवादियों ने भूमिगत बारूदी सुरंग से विस्फोट करके सीमा सुरक्षा बल की एक गाड़ी उड़ा दी । इसमें सवार जवान बच गए मगर गाड़ी नष्ट हो गई ।

गांव तलवंडी भारथवाल के निकट आतंकवादियों ने सम्पर्क मार्ग के दोनों तरफ गन्ने के खेतों में छिप कर पुलिस अधीक्षक श्री सुमन्त कुमार गोयल की गाड़ी पर हमला किया, इसमें श्री घटोच भी सवार थे । यह गाड़ी भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई मगर श्री गोयल तथा श्री घटोच बाल-बाल बच गए ।

सुरक्षा बलों को काफी दूर-दूर तक खून बिखरा मिला है । इससे लगता है कि भागे आतंकवादियों में से कोई घायल भी हुआ है । श्री गोयल ने बताया कि घटना स्थल के आस-पास के 15 गांवों को आज प्रातः घेर कर सील कर दिया गया है । तथा खोजबीन आरम्भ कर दी गई है ।

जिला पुलिस के अधिकारिक सूत्रों के अनुसार थाना धारीवाल के गांव सोहल के एक ज़मींदार प्यारा सिंह ने मृतक आतंकवादी की शिनाख्त अपने पुत्र कुलविंदर सिंह उर्फ टिन्ना के रूप में की है । उसने बताया कि पहले यह मनियाड़ चीनी मिल गुरदासपुर में नौकरी करता था, मगर आज कल यह बेकार था तथा घर में यह कह कर गया कि वह ड्राइविंग सीखने जा रहा है । प्रवक्ता के अनुसार गत रात की वारदात में बब्बर खालसा इंटरनैशनल का हाथ होने का संदेह है ।

लुधियाना पुलिस ने एक आतंकवादी को गिरफ्तार करके उससे .12 बोर का पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए ।

विश्व पुस्तक मेला 13 से

नई दिल्ली, 11 फरवरी (वार्ता): जापान के प्रकाशकों की पहली बार भागीदारी तथा इटली द्वारा अमरीका और फ्रांस की टक्कर के भव्य पुस्तक स्टालों की व्यवस्था नौवें विश्व पुस्तक मेले की विशेषताओं में शामिल हैं । यह जानकारी वैज्ञानिक

इंका, जद आदि ने कुछ अवांछि व्यक्तियों को टिकट दिए : मधु मेह

लुधियाना, 11 फरवरी (धीमान): हिन्दुस्तानी आंदोलन के नेता श्री मधु मेहता ने आज एक पत्रकार सम्मेलन में बताया कि वह अपनी पार्टी के प्रेक्षक 27 फरवरी को होने वाले चुनावों के लिए गुजरात, बिहार और हरियाणा विशेष कर मेहम क्षेत्र जहां से हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री ओम प्रकाश चौटाला चुनाव लड़ रहे हैं, भेजेंगे ताकि यह देख सकें कि वहां हेराफेरी और बूथों पर कब्जे तो नहीं होते । उन्होंने कहा कि कांग्रेस (इ), जनता दल तथा कुछ अन्य राजनीतिक दलों ने कुछ अवांछित व्यक्तियों को टिकट दिए हैं । इन समाज विरोधी तत्वों का अपराधियों तथा तस्करों से गठजोड़ है । जनता ऐसे प्रत्याशियों को कदापि वोट न दे । उन्होंने कहा कि पंजाब समस्या के हल के लिए प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह ने कुछ रचनात्मक कदम उठाए हैं । पंजाब समस्या को बातचीत द्वारा ही हल किया जाना चाहिए । हमारी पार्टी हर सम्भव सहयोग देगी । पंजाबियों की उचित मांगें सरकार को स्वीकार कर लेनी चाहिएं । उन्होंने जनता से अपील की कि वह हत्याओं व लूटपाट के विरुद्ध आवाज उठाए क्योंकि पंजाब में आग लगी हुई है और यह एक सम्वेदनशील सीमांत राज्य है ।

भारत-पाक युद्ध होगा : इस मौका पर पूर्व विदेश सचिव श्री ए.पी. वेंकटेश्वरन ने दावा किया कि निकट भविष्य में भारत और पाकिस्तान के मध्य युद्ध होगा । सरकार के साथ-साथ जनता को भी तैयार करना जरूरी है । वह यहां एक गोष्ठी को सम्बोधित करने आए थे । उन्होंने कहा कि हमारे नेता बेनजीर भुट्टो की छवि बना रहे हैं जबकि बेनजीर के कश्मीर के बारे में ताजा बयान ने उसकी पोल खोल दी है । उन्होंने कहा कि पाकिस्तान लगातार आतंकवादियों की मदद कर रहा है और उन्हें प्रशिक्षण देकर पंजाब व जम्मू-कश्मीर में भेज रहा है । पाकिस्तान ने भारत के विरुद्ध कूटनीतिक युद्ध छेड़ रखा है तथा यह मानना होगा कि कश्मीर के मामले पर पाकिस्तान का कूटनीतिक मोर्चा भारत से कहीं बेहतर काम कर रहा है और बहुत ही थोड़ी अवधि में वह अपने दो कूटनीतिज्ञों अब्दुल सत्तार और याकूब खां को भारत भेज चुका है परन्तु इसकी तुलना में भारत ने एक भी कूटनीतिज्ञ पाकिस्तान नहीं भेजा । विदेश मंत्री इंद्र कुमार गुजराल के बारे में उन्होंने कहा कि वह पाकिस्तान के वि शब्द प्रयुक्त कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि परन्तु कदम सख्त होना चाहिए । पाकि भारत के आंतरिक मामलों में दखल के भारत को पाकिस्तान से दौत्य संबंध नहीं त क्योंकि इससे संचार का क्रम टूट जाता है

देवी लाल आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री से मिले

सिडनी, 11 फरवरी (प.स.): उपप्रधानमंत्री श्री देवी लाल ने आज यहां आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री बाब हाक से मुलाकात की । श्री देवी लाल और श्री हाक ने दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया । उप-प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र में सहयोग की काफी गुंजाईश है । श्री देवी लाल अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन में भाग लेने के लिए आस्ट्रेलिया की यात्रा पर आए हुए हैं । उन्होंने प्रधानमंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह और भारतीय जनता की ओर से श्री हाक को शुभ कामनाएं दीं ।

तिब्बत की आज़ादी को कर चीन दलाई लाम वार्ता को तैयार

पेईचिंग, 11 फरवरी (प.स.): चीन लामा पर बातचीत में विलम्ब करने क लगाते हुए कहा है कि सरकार तिब्बत की अ सवाल को छोड़ कर अन्य किसी भी मामले बातचीत के लिए तैयार है । 'शिन्हुवा' के राज्य राष्ट्रीयता आयोग के अधिकारी ने तिब्बत के मसले पर दलाई लामा की ध तरह निराधार है । दलाई लामा के एक बयान का हवाला देते हुए अधिकारी ने बातचीत में विलम्ब के लिए सिर्फ दला जिम्मेदार हैं । दलाई लामा ने अपने कथित कहा था कि अगर चीन सरकार ने तिब्बत पर साल भर के भीतर सार्थक और ईमान बातचीत शुरू नहीं की तो उन्हें नए सिरे से करनी पड़ेगी ।

जद इंका की तरह ही है : स

नई दिल्ली, 11 फरवरी (वार्ता): जनता कार्यकारी अध्यक्ष श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी फिर दोहराया कि जनता दल कांग्रेस का ही है । श्री स्वामी ने एक वक्तव्य में कहा विश्वनाथ प्रताप सिंह बगैर राजीव गांधी कांग्रेस के पुनर्गठन के लिए पार्टी का अस्थायी प्लेटफार्म के तौर पर कर रहे हैं ।

फरीदकोट, संगरूर, भ में शराब के ठेकेदारों धमकियां

सुनाम, 11 फरवरी (नागपाल): गत व से फरीदकोट, संगरूर तथा भटिंडा जिलों के ठेकेदारों को धमकी भरे पत्र मिल रहे हैं कि फरवरी तक अपना धंधा बंद करके इन जिलों जाएं अन्यथा उनकी परिवारों समेत हत्या जाएगी । यहां यह सनसनीपूर्ण रहस्योद्घा है कि पिछले कुछ अर्से से गुरदासपुर और जिलों के शराब के ठेकेदारों को गुमनाम ध पत्र मिल रहे थे कि वह इन जिलों में ठेके ब और क्योंकि यह ठेकेदार फरीदकोट, संगरू भटिंडा जिला में अपना धंधा शुरू करना अतः इन जिलों के ठेकेदारों को काम बंद क धमकियां देनी शुरू कर दी गई हैं ताकि इनके उनके कारोबार के लिए रास्ता साफ हो जा

जनता दल चंडीगढ़ के 4 पदाधिकारियो खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई सम्भा

चंडीगढ़, 11 फरवरी (राकेश संघी): जनता दल चंडीगढ़ के चार पदाधिकारियों जिनमें प्रधान महासचिव रवि प्रकाश कांसल, दो उपाध्यक्ष श्रीमती इंद्रा वर्मा तथा विश्व वीर सिंह और कार्यक्रम व नीति समिति के अध्यक्ष पी.जी.एस. चेहन शामिल हैं, के खिलाफ अगले सप्ताह पार्टी का अनुशासन भंग करने के आरोप में कार्रवाई किए जाने की सम्भावना है ।

प्राप्त समाचारों के अनुसार पार्टी की स्थानीय इकाई की अनुशासन समिति ने उपरोक्त चारों पदाधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट तैयार कर पार्टी हाई कमान को भेज दी है तथा पार्टी के नियमों को तोड़ने के आरोप में उनके खिलाफ तुरंत अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की मांग की है । समिति ने अपनी रिपोर्ट की प्रतिलिपि कल यहां विदेशमंत्री श्री आई.के. गुजराल को सौंप दी, जो पार्टी की अनुशासन समिति के सदस्य भी हैं । इस रिपोर्ट में कहा गया है कि उक्त चारों पदाधिकारियों ने अपनी तरफ से प्रैस में बयान देकर पार्टी के नियमों को तोड़ा है, जबकि प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह ने सभी पार्टी वर्करों को निर्देश दिए थे कि वे प्रैस में बयानबाजी करने से गुरेज करें । रिपोर्ट में उक्त पदाधिकारियों द्वारा पार्टी नेताओं के खिलाफ प्रैस में आरोपबाजी करने तथा कल यहां हवाई अड्डे पर बदमजगी पैदा करने के मामलों का भी जिक्र किया गया है ।

सुविज्ञ सूत्रों के अनुसार श्री हरमोहन धवन ने भी आज टैलीफोन पर इन बागी हो चुके पदाधिकारियों के बारे पार्टी हाईकमान से चर्चा की । दूसरी तरफ इस बागी गुट के नेता रवि प्रकाश कांसल भी हाईकमान के समक्ष अपना पक्ष पेश करने के लिए दिल्ली रवाना हो चुके हैं ।

गत एक सप्ताह के दौरान जनता दल चंडी इस बागी गुट के कारण खड़ा हुआ विवाद क लेगा, यह आगामी हफ्ते स्पष्ट हो जाएगा ।

फखरुद्दीन को श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, 11 फरवरी (वार्ता): पूर्व राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद की 13वीं पुण्य तिथि पर आज यहां उनके मजार पर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा देश की एकता-अखंडता के लिए विशेष प्रार्थनाएं की गईं । इस अवसर पर उपराष्ट्रपति श्री शंकरदयाल शर्मा, पूर्व राष्ट्रपति श्री जैल सिंह, प्रधानमंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह, पूर्व राष्ट्रपति की विधवा बेगम आबिदा अहमद सहित अनेक गण्यमान्य नागरिक उपस्थित थे । राष्ट्रपति श्री रामास्वामी वेंकटरमन की तरफ से भी स्वर्गीय राष्ट्रपति के मजार पर पुष्पांजलि अर्पित की गई । प्रधानमंत्री ने फखरुद्दीन अली अहमद स्मारक समिति के सचिव पीरजादा शब्बीर नक्शबंदी को आश्वासन दिया कि जल्दी ही मजार के सामने की सड़क का नामकरण स्वर्गीय फखरुद्दीन अली अहमद के नाम पर किए जाने के बारे में फैसला लिया जाएगा ।

लिंक नहर का निर्माण एक साल में पूरा किया जाएगा : चौटाला

मेहम, 11 फरवरी (प.स.): हरियाणा के मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला ने आज यहां कहा कि अगर वह विधानसभा चुनाव जीत जाते हैं तो सतलुज-यमुना सम्पर्क नहर का निर्माण कार्य एक साल के अंदर पूरा कर दिया जाएगा । श्री चौटाला चुनावी सभा को सम्बोधित कर रहे थे । उनके साथ केंद्रीय वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री श्रीमती मेनका गांधी एवं भारतीय जनता पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष डा. मंगलसेन भी थे ।

इससे पूर्व मदीना की सभा में बोलते हुए श्री चौटाला ने कहा कि मेहम की जीत चौधरी देवी लाल के आदर्शों की जीत होगी । उन्होंने उन सभी अधूरे कार्यों को अपने मुख्यमंत्रित्व काल में पूरा करने का आश्वासन दिया, जिनका श्रीगणेश चौधरी देवी लाल ने किया था । उन्होंने करनाल में तेल शोधक कारखाने के निर्माण कार्य में तेजी लाने, फरीदाबाद में गैस पर आधारित विद्युत योजना को मंजूरी देने और मेहम की जनता के लिए कई विकास कार्यों को शुरू करने का आश्वासन दिया ।

मंडेला रिहा

(पृष्ठ 3 का शेष)

बीच संघर्ष में सात व्यक्ति मारे गए जबकि तटवर्ती शहर डरबन में अश्वेतों और भारत बीच संघर्ष में दो भारतीय मारे गए । पुलि अनुसार इस झगड़े में 15 व्यक्ति घायल हो पुलिस ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार केंद्रीय केप टा श्री मंडेला की प्रतीक्षा कर रहे उनके समर्थकों दुकानों में लूटमार शुरू कर दी और खिड़कि शीशे तोड़ डाले तो पुलिस ने उन पर शॉट फायरिंग की ।

ब्रिटेन ने कुछ प्रतिबंध हटाए : ब्रिटिश प्रधानमंत्री श्रीमती मार्गरेट थैचर ने अफ्रीका के खिलाफ लगाए गए कुछ प्रतिबंध हटाने की घोषणा की है । इनमें नए पूंजी निवे ब्रिटेन के साथ पर्यटक संबंधों की बहाली भी श है ।

भारत आने का निमंत्रण : नई दि डा. नैलसन मंडेला को आज भारत ने नई दिल्ली का निमंत्रण दिया और उनकी रिहाई के मौ उन्हें यह भरोसा भी दिलाया कि जब तक मकसद पूरा नहीं होता, भारत उन्हें अटूट औ समर्थन जारी रखेगा । आज रात रेडियो टैलीविज़न पर प्रसारित एक बयान में प्रधा विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहा कि महात्मा गां तरह डा. मंडेला का आदर्श मानव जाति उत्पीड़न तथा अपमान से मुक्त कराना है ।

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष अटल बि वाजपेयी ने कहा कि श्री मंडेला की रिहाई से स्वत की एक बार फिर जीत हुई है । उन्होंने कहा कि मानवता के लिए यह एक हर्षोल्लास का दिन

मंदिर विवाद पर वी.पी. सिंह हाथ मज़बूत करें : सुशील म

नई दिल्ली, 11 फरवरी (प.स.): अ सुशील मुनि ने आज मुसलमानों से आग्रह किय वे बाबरी मस्जिद—राम जन्म भूमि विवाद हल में प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के हाथ म करें । आचार्य सुशील आश्रम में मुसलमानों बैठक में आचार्य ने जामा मस्जिद के शाही अब्दुल्ला बुखारी, नायब इमाम सैयद अ बुखारी, मुहम्मद यूनुस सलीम, सुलेमान सेठ सा आजम खां, सभी जगद्गुरु शंकराचार्य और सिख एवं बौद्ध धर्म के प्रभुत्व वाले नेताओं के प्रयास में समर्थन का हवाला दिया । उन्होंने अ प्रकट की कि सभी का समर्थन जारी रहेगा ।

"उजाले अपनी य
न जाने किस गली
प्यारे बाबा जी, स. क
पंजाब असैम्बली), के संघष
जन्म दिन के मौके पर औज
बेहद याद कर रहे हैं ।
बाबा जी के समाज सेव
चल कर उनके प्रति सच्ची
किरपाल सिंह औजला
जनता दल नेता व मैम्बर



Punjab Sanatan

(1) फिल्लौर के पुलिस ट्रेनिंग सैंटर में हुए बम विस्फोट में मारे गये राम मूर्ति का शव (इनसैट में मृतक का पुराना चित्र), (2) विस्फोट से ध्वस्त हुई इमारत, (3) मृत पुलिस अधिकारियों के परिवारों को सांत्वना देते हुए एस.पी. मुख्यालय श्री बी.एस. मान । (छाया : तरसेम)

(के.ए. सक्सेना)
र (स्टीरियल्स)



...ना गया :-
...e: No. L-874799
...B' 47:9 M-874799
...अंक) 74799
...नंबर) 4799
...अंक) 799
...न एक अंक) ...
...एवा ।
...र्वय गज देखें ।
...लसैनिक जैंट को ड्रा की तारीख

डायरेक्टर
...ज्ब स्टेट लाटरी
चंडीगढ़

...दय

...टरी

...ा किताबाया :-
...C-25' 976 (U.P.)
...DF-37768...
...टीपर
5197...
197...
97...

...ाकुलघट से मिला ...
(...प्र.)
...टीरियल्स, आई.टी.ओ.,

...ों की परेटी

ए.बी. गुप्ता
...ीनाटीड एवं वित्त सदस्य
...सर मंडल, आई.एस.बी.टी.
...ली-110 006
...जीतिए
...ागधेनु

पाक सैनिकों द्वारा भारतीय ठिकानों पर गोलीबारी

श्रीनगर, 12 फरवरी (प.स.): भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा गत रात लगभग 4000 पाकिस्तानियों का सीमा पार करने का प्रयास विफल कर दिए जाने के बाद पाकिस्तानी सेना ने उत्तरी कश्मीर के सीमावर्ती कस्बे उड़ी के निकट वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थित भारतीय ठिकानों पर गोलीबारी की । यह जानकारी सेना के सूत्रों ने आज यहां दी ।

सेना के एक प्रवक्ता ने बताया कि पाकिस्तान की नियमित सेना ने भारतीय सीमा चौकियों पर हल्के व मध्यम हथियारों से लगभग 200 राऊंड फायर किए । भारतीय सैनिकों ने भी गोली चलाकर इसका जवाब दिया । झड़प में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ ।

सेना के सूत्रों ने बताया कि दोनों तरफ से लगभग आधा घंटे तक गोलियां चलती रहीं । पुरानी जेहलम घाटी रोड पर चैकपोस्ट नम्बर एक पर तैनात पाकिस्तानी टुकड़ियों ने भारतीय चौकियों पर गोलियां चलाईं ।

इस्लामाबाद से एक विदेशी संवाद समिति की रिपोर्ट के अनुसार जब लगभग 4000 पाकिस्तानियों की उग्र भीड़ ने इसी सैक्टर में सीमा पार करने का प्रयास किया तो उन्हें रोकने के लिए भारतीय सैनिकों द्वारा चलाई गई गोलियों से छः पाकिस्तानी मारे गए । दिल्ली में उपलब्ध अन्य विवरणों के अनुसार उग्र भीड़ ने सायं लगभग 5.30 बजे सीमा पार करने का प्रयास किया था तथा उन्हें तितर-बितर करने के लिए भारतीय सैनिकों ने पहले हवा में फायर किए थे ।

परन्तु सूत्रों ने बताया कि उग्र भीड़ ने लगभग सायं 6.10 पर सीमा पार करने का एक अन्य प्रयास किया था । चूंकि उस समय प्रकाश मंद पड़ रहा था सुरक्षा बलों के पास गोली चलाने के सिवाय और कोई विकल्प नहीं था । भारतीय सेना ने सात राऊंड गोलियां चलाईं, जिसके बाद पाकिस्तानी अपने सभी हताहतों को उठा कर भाग गए ।

यहां सुरक्षा सूत्रों के अनुसार यह पहला मौका है जब पाकिस्तानियों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पार कर कश्मीर घाटी में घुसने का प्रयास किया । गत सप्ताह उन्होंने जम्मू के रणबीरसिंहपुरा के निकट सीमा पार करने का प्रयास किया था परन्तु यह प्रयास अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर किया गया था । आर.एस. पुरा सीक्ष पाकिस्तान की घनी आबादी वाले क्षेत्र सियालकोट के निकट है ।

परन्तु गत रात उन्होंने ऊंचे पहाड़ों और बहुत कम आबादी वाले क्षेत्रों की ओर से सीमा पार करने का प्रयास किया । सूत्रों ने कहा कि इससे पता चलता है कि कल रात घुसने का प्रयास एक सुनियोजित प्रयास था ।

सूत्रों को आशंका है कि निकट भविष्य में भी इस प्रकार के प्रयास किए जा सकते हैं क्योंकि पाक अधिकृत कश्मीर में अगले माह के शुरू में चुनाव तैयारियां होने वाली हैं । उन्होंने कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर में सत्तारूढ़ लोग चुनावी लाभ उठाने के लिए जम्मू-कश्मीर की गतिविधियों को उछाल रहे हैं ।

कल सीमा पार करने का प्रयास इसलिए किया गया था क्योंकि सत्तारूढ़ लोगों ने मकबूल बट्ट की फांसी के संबंध में 'शहीदी दिवस' मनाने का आह्वान किया था । कल ही पाक अधिकृत कश्मीर की राजधानी में कश्मीर बारे एक बड़ी सभा भी आयोजित की गई थी ।

दीक्षित द्वारा पाक आरोपों का खंडन : इस्लामाबाद (प.स.): भारत ने पाकिस्तान के इस आरोप को गलत बताया है कि जम्मू-कश्मीर के उड़ी सैक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा का उल्लंघन कर भारतीय क्षेत्र में जबरन घुस रहे पाक नागरिकों की भीड़ पर कल भारतीय सुरक्षा बलों ने बिना पूर्व चेतावनी के गोलियां चलाईं । पाकिस्तान के विदेश सचिव तनवीर अहमद ने कल की इस घटना पर पाकिस्तान सरकार की ओर से विरोध व्यक्त करने के लिए भारतीय उच्चायुक्त श्री जे.एन. दीक्षित को विदेश विभाग में बुलाया था । इस दौरान श्री दीक्षित ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा बलों ने सर्वप्रथम भारत-विरोधी नारे लगाते सीमा में जबरन घुस रहे पाक नागरिकों को मैगाफोन पर सीमा अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी दी थी, इसके बावजूद जब पाक नागरिकों की यह भीड़ नहीं रुकी तो सुरक्षा बलों ने हवा में गोलियां चलाईं, जिससे पाक प्रदर्शनकारी पीछे हट गए ।

'बंधक' रिहा करने की मांग : इसी मध्य पाकिस्तान ने आरोप लगाया है कि कल भारतीय सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के मध्य हुए संघर्ष के बाद कुछ पाकिस्तानी नागरिक लापता हैं । पाकिस्तान टैलीविजन पर प्रसारण में कहा गया है कि कल संघर्ष में 8 व्यक्ति मारे गए । यह भी बताया गया है कि पाक में भारतीय उच्चायुक्त श्री दीक्षित को कहा गया है कि भारतीय सुरक्षा बलों ने जिन नागरिकों को बंधक बना लिया है, उन्हें तुरन्त ही रिहा किया जाए । इन लोगों की संख्या नहीं बताई गई ।



...ना आयोग के सदस्य नई दिल्ली में सोमवार को आठवीं योजना के आशय पत्र के प्रारूप पर ...पारिक विचार-विमर्श के लिए हुई बैठक से पूर्व । चित्र में उद्योगमंत्री श्री अजीत सिंह, ...मंत्री श्री मधु दंडवते, योजना आयोग के अध्यक्ष तथा प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह तथा ...ध्यक्ष श्री रामकृष्ण हेगड़े भी दिखाई दे रहे हैं । (छाया : प्रे.द्र.)



पंजाब के राज्यपाल श्री एन.के. मुखर्जी सोमवार को फरीदकोट में नागरिकों के एक प्रतिनिधिमंडल से बातचीत करते हुए ।

पंजाब में चुनाव न कराए जाने की ज़िम्मेवारी मान पर : बलदेव

...मृतसर, 12 फरवरी (नारंग): भारतीय जनता ...के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. बलदेव प्रकाश ने एक ...ान में कहा है कि मान अकाली दल के अध्यक्ष ...मरनजीत सिंह मान ने पुनः धमकी दी है कि ...जाब में विधानसभा के चुनाव नहीं कराए गए ...'खालिस्तान' के स्टैंड पर पुनर्विचार करेंगे, ...वास्तविकता यह है कि पंजाब में चुनाव न ...जाने के लिए श्री मान ही जिम्मेदार हैं । ...त जन-प्रतिनिधि तथा एक राजनीतिक पार्टी ...क्ष होने के नाते क्या उन्होंने हिंसा, निर्दोष ...की हत्याओं, अन्य पार्टियों के राजनीतिक स्वतंत्र विचाराभिव्यक्ति का सुनियोजित ढंग से सर्वनाश किया जा रहा है । हज़ारों निर्दोष व्यक्ति तथा अनेक राजनीतिक कार्यकर्ता, जो चुनावों में उम्मीदवार हो सकते थे, खत्म कर दिए गए हैं । भाजपा नेता ने पूछा कि क्या श्री सिमरनजीत सिंह मान यह चाहते हैं कि उनकी पार्टी के अलावा चुनाव लड़ने के लिए और कोई भी जिंदा न बचे ? क्या उनके लोकतंत्र की यही अवधारणा है ?

यदि श्री मान पंजाब में चुनाव कराने के लिए इतने ही उत्सुक हैं तो उन्हें हत्याओं को रोकने तथा ...



मुक्ति संग्राम अभी खत्म नहीं हुआ, संघर्ष जारी रहेगा : मंडेला

केप टाऊन, 12 फरवरी (पस, वार्ता): एक चौथाई शताब्दी से अधिक समय की जेल यंत्रणा से मुक्त अश्वेत नेता डा. नेल्सन मंडेला ने गोरे और अश्वेत सभी दक्षिण अफ्रीकी लोगों से स्वतंत्र, गैर-जातीय और लोकतांत्रिक समाज की संरचना के संघर्ष को जारी रखने का आह्वान किया है क्योंकि मुक्ति का संग्राम अभी समाप्त नहीं हुआ है । 72 वर्षीय नेता ने अपनी अग्नि परीक्षा से कुंदन की भांति निखर कर अपने कोटि-कोटि उत्पीड़ित देशवासियों से यह आह्वान कल अपनी रिहाई के कुछ ही घंटों बाद एक विशाल रैली में किया । केप टाऊन सिटी ...

इस महती जनसभा में उपस्थित लोगों में एक विचित्र उन्माद था क्योंकि किसी के जीवनकाल में इतिहास की ऐसी घड़ी संयोग से ही आती है ।

डा. मंडेला ने कहा कि रंगभेद समर्थक प्रिटोरिया शासन का हमें उन्मूलन इसलिये करना है क्योंकि उसके चलते न केवल दक्षिण अफ्रीका में भयंकर तबाही मची है बल्कि समूचा दक्षिण अफ्रीका क्षेत्र सर्वनाश के कगार पर ला पटका गया है । हमारे लाखों देशवासियों के पारिवारिक जीवन छिन्न-भिन्न हो गये हैं या वे बेरोज़गार हैं । हमारी अर्थव्यवस्था तहस-नहस हो गई और हमारे लोग एक ...

...गया ।

गम्भीर रूप से घायल 12 व्यक्तियों को अमृतसर के सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाया गया है । इनके नाम इस प्रकार हैं : दलजीत सिंह उर्फ जीता (गांधी नगर दिल्ली), विनय कुमार, रमेश कुमार, रमेश कुमार (सभी दिल्ली), कैलाश कुमार अमृतसर, लीला मसीह गांव दोबुर्जी, दर्शना, रमेश कुमार, मीनू बाला, अविनाश कुमार, अश्विनी कुमार (सभी अमृतसर के निवासी), गुरदयाल सिंह (रीडर एस.डी.एम. बटाला) बटाला के सरकारी अस्पताल में हिदायत मसीह, कुलदीप सिंह, जसवंत सिंह, राम प्यारी, मक्खन सिंह, छिंदा, तरसेम लाल और जोगंद्र सिंह दाखिल हैं । शेष घायलों को प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध करवाने के पश्चात् छुट्टी दे दी गई ।

बताया गया है कि बम विस्फोट में नष्ट स्कूटर के ढांचे में से स्कूटर से संबंधित जो कागज-पत्र बरामद किए गए हैं, उनमें पता दर्ज है—लखबीर सिंह पुत्र अर्जुन सिंह गांव बुट्टर कलां, जिला अमृतसर । पुलिस सूत्रों ने आशंका व्यक्त की है कि सम्भवतः यह नया स्कूटर कहीं से छीना गया था और वहां पुलिस कर्मचारियों की हत्या करने के उद्देश्य से रखा गया था । बताया जाता है कि यह बब्बर खालसा इंटरनैशनल का कारनामा है ।

बम विस्फोट होते ही भय तथा आतंक के कारण सारा शहर बंद हो गया । इस दौरान पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बलों की गश्त तेजी से जारी है । पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार यह बम विस्फोट सम्भवतः उन पुलिस कर्मचारियों की हत्या के लिए किया गया, जो अक्सर यहां आकर चाय आदि पीते हैं ।

आतंकवादियों द्वारा हत्या : फिरोजपुर (धीमान): जिला फिरोजपुर के पुलिस थाना जीरा के गांव शामसिंहवाला में गत रात तीन संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा बलदेव सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी गई ।

श्रमिक की हत्या : बाघापुराना (ज्ञान): गत रात कुछ व्यक्तियों ने एक ईंटों के भट्ठे पर एक बिहारी श्रमिक की हत्या कर दी जबकि वह वहां सो रहा था । उसका शव आज प्रातः उसके बिस्तर पर पड़ा मिला । पुलिस ने जांच शुरू कर दी है ।

एक को घायल कर दिया, एक का अपहरण : फिरोजपुर जिला में गांव दौलतरामपुरा में दो आतंकवादियों ने एक व्यक्ति महेंद्र सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । फरार होते समय

(शेष पृष्ठ 8 पर)

मणिपुर में मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न

इम्फाल, 12 फरवरी (वार्ता): मणिपुर में आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुए राज्य विधानसभा के चुनावों में 70 से 85% तक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया । चुनाव कार्यालय तथा पुलिस सूत्रों के अनुसार राज्य में विधानसभा की कुल 60 सीटों में से 58 में मतदान हुआ और वोट डालने का काम शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया । इससे पूर्व चुनाव प्रचार अभियान के दौरान राज्य में कम से कम छः व्यक्ति मारे गए थे । अतः आज मतदान सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा बलों के कम से कम 12,000 जवान तैनात किए गए थे । मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ तथा अपरान्ह चार बजे सम्पन्न हो गया ।



(1) फिल्लौ...
मृतक का पु...
परिवारों को ...

पावि...
मदद...

नई दिल्ली...
ने आज पाकिस...
हस्तक्षेप करने...
दस्तावेज पेश...
हरकतों से बाज...
के उच्चायुक्त...
पिछले बारह...
विदेश मंत्राल...
और दस्तावेज...
कि पाक भा...
आतंकवादियों...
विदेश मंत्राल...
संवाददाताओं...
पंजाब और...
आतंकवादियों...
गया है । इस...
हैं, जहां आतंक...
चलाने आदि क...
बताया कि उड़ी...
द्वारा सीमा क...
'सख्त विरोध'...
कुछ पहले प...
विदेश मंत्राल...
श्री बाबर को...
कर उन्हें पाव...

बोफो...
हिंदुज...

नई दिल्ली...
खरीद के मामले...
और जी.पी.
सामने उपस्थि...
के सामने उप...
केंद्रीय ज...

Punjabi Sahani

बटाला में शक्तिशाली बम विस्फोट से 2 व्यक्ति मरे, 30 घायल

धूरी के निकट रेल लाइन उड़ा दी गई : मूरी एक्सप्रैस बाल-बाल बची : पंजाब में अन्यत्र 13 हत्याएं, 2 आतंकवादी मरे

चंडीगढ़, 12 फरवरी (वार्ता, प.स.): बटाला में आज हुए एक शक्तिशाली बम विस्फोट में 2 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई जबकि 30 घायल हो गए । अन्यत्र 13 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । धूरी के निकट रेलवे लाइन उड़ा दी गई । 2 आतंकवादी मारे गए । फिल्लौर पुलिस ट्रेनिंग कालेज बम्बकांड में आधी दर्जन पुलिस कर्मियों को हिरासत में लिया गया ।

आधी दर्जन पुलिस कर्मी हिरासत में : जालंधर (ल्ल): गत रात जिला जालंधर के कस्बा फिल्लौर स्थित पुलिस ट्रेनिंग सैंटर में जो जबरदस्त बम धमाव हुआ था उस संबंध में आधी दर्जन पुलिस कर्मी हिरासत में लिये गये हैं । यह जानकारी देते हुए सैंट के प्रिंसीपल श्री जी.एस. भुल्लर ने यहां मीका पत्रकारों को बताया कि यह टाईम बम था औ वैसा ही था जैसा कि एक मास पूर्व पी.ए.पी. कैम्पस जालंधर में फटा था जिसमें एस.एस.पी श्री गोबिन्द राम मारे गये थे ।

श्री भुल्लर ने कहा कि इस धमाका की भी वही टीम जांच कर रही है जिसने पी.ए.पी. में हुए धमाका की जांच की थी । उन्होंने इस बारे अन्य प्रश्नों के उत्तर टालते हुए कहा कि जांच टीम की रिपोर्ट मिलने से पहले वह इस बारे अधिक कुछ नहीं कह सकते ।

उन्होंने बताया कि उक्त धमाका में इंस्पैक्टर श्री हरचरण सिंह सूरी तथा एस.आई. राममूर्ति मारे गये जबकि हैड कांस्टेबल मंगत राम व सरिन्दर पाल घायल हो गये । दोनों मरने वाले गत अक्तूबर से यहां अपर-कवर्ल कोर्स के लिए आये हुए थे । दोनों घायल भी यहां प्रशिक्षण ले रहे हैं । उन्होंने कहा कि मरने वाले इन पुलिस कर्मियों को उग्रवादियों की हिटलिस्ट में होने के कारण एक विशेष कमरा दिया हुआ था । श्री भुल्लर ने बताया कि मृतक इंस्पैक्टर हरचरण सिंह पर गत वर्ष भी अमृतसर जिला में उग्रवादी हमला हुआ था किन्तु वह बच गये थे ।

श्री भुल्लर ने कहा कि यह ठीक है कि कोई व्यक्ति बम रखने के लिए परिसर में कोई बाहर का व्यक्ति प्रवेश नहीं कर सकता । गत रात भी प्रशिक्षार्थियों की हाजरी लगाने के बाद 7.30 बजे सभी गेट बंद कर दिये गये थे जिन पर 24 घंटे पहरा रहता है । हाजरी के बाद हरचरण सिंह और राम मूर्ति रात पौने नौ बजे की खबरें सुनने के लिए सिनेमा के कस्बे में गये थे और वहां से वह 9 बजे अपने कमरे में आ गये थे जबकि सवा नौ बजे उक्त धमाका हुआ । श्री भुल्लर के अनुसार उक्त बम हरचरण सिंह की चारपाई के नीचे तब रखा गया लगता है जबकि दोनों कमरे से बाहर थे ।

इस धमाका से हरचरण सिंह के तो चीथड़े-ही उड़ गये और उसकी शिनाख्त उसके कपड़ों से ही हो सकी । धमाका इतना जैबरदस्त था कि कमरे की दरवाजे वाली अढ़ाई फुट मोटी दीवार ढह गई, कमरे में पड़ा सामान व छत पर लगे पंखे तबाह हो गये । कमरे की खिड़की को तोड़ते हुए बम के टुकड़ों ने 15 फुट की सड़क पर सामने की बैरक को भी क्षति पहुंचाई ।

श्री भुल्लर ने बताया कि प्राय: किसी बाहर के व्यक्ति को अंदर नहीं आने दिया जाता । केवल हर वीरवार को पीर अब्दुल्ला शाह के मजार पर माथा टेकने वालों को अनुमति दी जाती है और वह भी ग्रुपों में । यह मजार घटनास्थल से डेढ़ सौ गज दूरी पर है ।

फिल्लौर से तरसेम के अनुसार बम धमाके में मरने वाले इंस्पैक्टर राममूर्ति शर्मा तथा हरचरण सिंह सूरी की लाशें पोस्टमार्टम के बाद उनके वारिसों को सौंप दी गईं । इंस्पैक्टर शर्मा कुरुक्षेत्र के रहने वाले थे ।

मूरी एक्सप्रैस को उड़ाने का प्रयास : धूरी (सिंगला): यहां से 5 किलोमीटर दूर कौलसरी-छींटांवाला रेलवे स्टेशनों के बीच एक पुली के पास उग्रवादियों ने दो शक्तिशाली बम रख कर मूरी एक्सप्रैस को उड़ाने का प्रयास किया । यह सौभाग्य ही समझा जाना चाहिए कि मूरी एक्सप्रैस केवल 15 मिनट पहले ही उधर से निकली थी जबकि दिल्ली आने वाली गाड़ी लेट थी ।

दो में से एक बम फट गया जिससे रेलवे लाइन का कुछ हिस्सा उड़ गया । घटनास्थल पर पहुंचकर सुरक्षा बलों ने दूसरे बम को कब्जे में लेकर उसे निष्क्रिय कर दिया है । खोजी कुत्ते भी घटना स्थल पर पहुंच गये हैं । सारे क्षेत्र की सुरक्षा बलों ने छानबीन शुरू कर दी है ।

मालेरकोटला से आजिज़ के अनुसार रेलवे लाइन का 6 इंच का टुकड़ा उड़ गया और घटनास्थल पर कुछ तारें मिलीं जिनसे पता चलता है कि इस धमाके के लिए लांचर बम का प्रयोग किया गया । रेलवे कर्मचारियों ने शीघ्र ही लाइन की मुरम्मत कर दी और यातायात कुछ घंटे निलम्बित रहने के बाद चालू कर दिया गया ।

5 व्यक्तियों की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर जिला मुख्यालय में पहुंची सूचना के अनुसार थाना हरिके के क्षेत्र में स्थित गांव कर्मवाल में गत रात 9-10 बजे के बीच 7 आतंकवादी जिनके पास चीनी असाल्ट राइफलें थीं, एक खतरनाक आतंकवादी मेजर सिंह की बहक पर आए और मेजर सिंह के पांच कर्मचारियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मरने वालों में चार मजहबी सिख दिलबाग सिंह, तारा सिंह उसका लड़का प्रेम सिंह, जय सिंह तथा एक अन्य व्यक्ति इंद्र सिंह शामिल हैं । इन हत्याओं के सिलसिले में कहा जाता है कि कुछ अर्सा पहले आतंकवादी मेजर सिंह के गिरोह ने अपने विरोधी गिरोह के आतंकवादी अनोख सिंह के चार व्यक्तियों की हत्या कर दी थी । अब अनोख सिंह के गिरोह ने मेजर सिंह के गिरोह के 5 व्यक्तियों की हत्या करके उसका बदला ले लिया ।

प.स. के अनुसार पुलिस अधिकारियों का दावा है कि ग्रामीण इस बात पर एकमत थे कि यह हत्याएं निजी शत्रुता का परिणाम है ।

सफाई मजदूर की हत्या : थाना व्यास के कस्बा बाबा बकाला में गत रात चार व्यक्तियों ने गोलियां मार कर मजहबी सिख संता सिंह की हत्या कर दी । पुलिस ने मौका पर से ए.के. 47 राइफल के 6 चले हुए कारतूस बरामद किए । कहा जाता है कि संता सिंह बाबा बकाला के डी.एस.पी. के कार्यालय में सफाई आदि का काम करता था । उसकी हत्या की जिम्मेदारी खतरनाक आतंकवादी परमजीत सिंह पंजवड़ ने ली है ।

दुर्घटना में सिपाही मरा : आज गांव नौशहरा ढाबा के निकट पुलिस की एक जिप्सी गाड़ी उस समय उल्ट गई जबकि वह एक 'मिशन' पर जा रही थी । दुर्घटना में एक सिपाही गुरसेवक सिंह मारा गया ।

बिल्लू की हत्या : रैय्या से जसपाल के अनुसार गांव जल्लूवाल में रात लगभग 12.30 बजे 4 आतंकवादी एक व्यक्ति मंगल सिंह उर्फ बिल्लू (32) मजहबी के घर गए । वे उसे घर से पकड़ कर बाहर ले गए तथा दूर ले जाकर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतक रैय्या मंडी में पल्लेदार के रूप में काम करता था । घटनास्थल से ए.के. 47 के 10 चले हुए कारतूस मिले ।

चौकी पर हमला : पट्टी से संवाददाता के अनुसार थाना भिखीविंड के गांव मक्खी में स्थित एस.पी.ओ. चौकी पर आतंकवादियों ने फायरिंग कर दी । उन्होंने यह फायरिंग पड़ोस के मकानों पर चढ़ कर की । आतंकवादियों ने एल.एम.जी. तथा ए.के. 47 राइफलें इस्तेमाल कीं । जवानों की जवाबी फायरिंग पर आतंकवादी भाग निकले ।

मजीठा क्षेत्र में हत्या : प.स. के अनुसार मजीठा क्षेत्र में एक व्यक्ति तोता सिंह की हत्या कर दी गई ।

ग्रंथी की हत्या : आतंकवादियों ने जिला पटियाला के गांव रामगढ़ पड्डा में एक गुरुद्वारा के ग्रंथी राम सिंह की हत्या कर दी ।

आपसी शत्रुता में आतंकवादी मरा : आतंकवादियों की आपसी शत्रुता में गत रात मजीठा पुलिस जिला के गांव जमालपुर में एक आतंकवादी की हत्या कर दी गई ।

पिता, पुत्र की हत्या : उग्रवादियों ने गांव तलवंडी नेपालां में एक घर में घुस कर अजीत सिंह तथा उसके लड़के लखविन्दर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

राणा की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव धारीवाल बोझा के निकट से पुलिस व सुरक्षा बलों ने गोलियों से छलनी एक युवक का शव बरामद किया है । जिला पुलिस के एस.पी. आप्रेशंज श्री हरभजन सिंह ने बताया कि मृतक के हाथ पीछे बंधे थे । मृतक की शिनाख्त थाना कहनुवान के गांव भुम्बली निवासी रणजीत सिंह राणा के रूप में हुई है । इस थाना कहनुवान पुलिस ने गत वर्ष लूटमार करने के अपराध में गिरफ्तार किया था और यह लगभग 15 दिन पूर्व जमानत पर रिहा होकर आया था । श्री हरभजन सिंह ने बताया कि यह घटना आतंकवादियों की निजी शत्रुता का परिणाम है ।

बम विस्फोट में 2 मरे : औद्योगिक नगर बटाला में बस अड्डे के सामने तथा थाना सदर बटाला की दीवार के साथ वाले एक चाय के खोखे के निकट शक्तिशाली बम विस्फोट होने से खोखे का मालिक सच्चा सिंह तथा इमामवाड़ा बटाला के श्री दविन्दर कुमार की पत्नी श्रीमती अंजू महाजन की मृत्यु हो गई और 30 अन्य घायल हो गए । यह बम विस्फोट आज सायं लगभग 4 बजे उस समय हुआ जब जम्मू से अमृतसर जा रही अमृतसर डिपो की बस नम्बर पी.जे.जी-441 वहां आकर रुकी तथा यात्री चाय आदि पीने के लिए उतरे ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार यह विस्फोट चाय के खोखे के आगे खड़े बिना नम्बर बजाज चेतक स्कूटर में हुआ तथा यह स्कूटर भी पूरी तरह से नष्ट हो गया ।

गम्भीर रूप से घायल 12 व्यक्तियों को अमृतसर के सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाया गया है । इनके नाम इस प्रकार हैं : दलजीत सिंह उर्फ जीता (गांधी नगर दिल्ली), विनय कुमार, रमेश कुमार, रमेश कुमार (सभी दिल्ली), कैलाश कुमार अमृतसर, लीला मसीह गांव दोबुर्जी, दर्शना, रमेश कुमार, मीनू बाला, अविनाश कुमार, अश्विनी कुमार (सभी अमृतसर के निवासी), गुरदयाल सिंह (रीडर एस.डी.एम. बटाला) बटाला के सरकारी अस्पताल में हिदायत मसीह, कुलदीप सिंह, जसवंत सिंह, राम प्यारी, मक्खन सिंह, छिंदा, तरसेम लाल और जोगेंद्र सिंह दाखिल हैं । शेष घायलों को प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध करवाने के पश्चात् छुट्टी दे दी गई ।

बताया गया है कि बम विस्फोट में नष्ट स्कूटर के ढांचे में से स्कूटर से संबंधित जो कागज-पत्र बरामद किए गए हैं, उनमें पता दर्ज है—लखबीर सिंह पुत्र अर्जुन सिंह गांव बुट्टर कलां, जिला अमृतसर । पुलिस सूत्रों ने आशंका व्यक्त की है कि सम्भवत: यह नया स्कूटर कहीं से छीना गया था और वहां पुलिस कर्मचारियों की हत्या करने के उद्देश्य से रखा गया था । बताया जाता है कि यह बब्बर खालसा इंटरनैशनल का कारनामा है ।

बम विस्फोट होते ही भय तथा आतंक के कारण सारा शहर बंद हो गया । इस दौरान पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बलों की गश्त तेजी से जारी है । पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार यह बम विस्फोट सम्भवत: उन पुलिस कर्मचारियों की हत्या के लिए किया गया, जो अक्सर यहां आकर चाय आदि पीते हैं ।

पाक सैनिकों द्वारा भारतीय ठिकानों पर गोलीबारी

श्रीनगर, 12 फरवरी (प.स.): भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा गत रात लगभग 4000 पाकिस्तानियों को सीमा पार करने का प्रयास विफल कर दिए जाने के बाद पाकिस्तानी सेना ने उत्तरी कश्मीर के सीमावर्ती कस्बे उड़ी के निकट वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थित भारतीय ठिकानों पर गोलीबारी की । यह जानकारी सेना के सूत्रों ने आज यहां दी ।

सेना के एक प्रवक्ता ने बताया कि पाकिस्तान की नियमित सेना ने भारतीय सीमा चौकियों पर हल्के व मध्यम हथियारों से लगभग 200 राउंड फायर किए । भारतीय सैनिकों ने भी गोली चलाकर इसका जवाब दिया । झड़प में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ ।

सेना के सूत्रों ने बताया कि दोनों तरफ से लगभग आधा घंटे तक गोलियां चलती रहीं । पुरानी जेहलम घाटी रोड पर चैकपोस्ट नम्बर एक पर तैनात पाकिस्तानी टुकड़ियों ने भारतीय चौकियों पर गोलियां चलाईं ।

इस्लामाबाद से एक विदेशी संवाद समिति की रिपोर्ट के अनुसार जब लगभग 4000 पाकिस्तानियों की उग्र भीड़ ने इसी सैक्टर में सीमा पार करने का प्रयास किया तो उन्हें रोकने के लिए भारतीय सैनिकों द्वारा चलाई गई गोलियों से छ: पाकिस्तानी मारे गए । दिल्ली में उपलब्ध अन्य विवरणों के अनुसार उग्र भीड़ ने सायं लगभग 5.30 बजे सीमा पार करने का प्रयास किया था तथा उन्हें तितर-बितर करने के लिए भारतीय सैनिकों ने पहले हवा में फायर किए थे ।

परन्तु सूत्रों ने बातया कि उग्र भीड़ ने लगभग सायं 6.10 पर सीमा पार करने का एक अन्य प्रयास किया था । चूंकि उस समय प्रकाश मंद पड़ रहा था सुरक्षा बलों के पास गोली चलाने के सिवाय और कोई विकल्प नहीं था । भारतीय सेना ने सात राउंड गोलियां चलाईं, जिसके बाद पाकिस्तानी अपने सभी आयोजित की गई थी ।

दीक्षित द्वारा पाक आरोपों का खंडन : इस्लामाबाद (प.स.): भारत ने पाकिस्तान के इस आरोप को गलत बताया है कि जम्मू-कश्मीर के उड़ी सैक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा का उल्लंघन कर भारतीय क्षेत्र में जबरन घुस रहे पाक नागरिकों की भीड़ पर कल भारतीय सुरक्षा बलों ने बिना पूर्व चेतावनी के गोलियां चलाईं । पाकिस्तान के विदेश सचिव तनवीर अहमद ने कल की इस घटना पर पाकिस्तान सरकार की ओर से विरोध व्यक्त करने के लिए भारतीय उच्चायुक्त श्री जे.एन. दीक्षित को विदेश विभाग में बुलाया था । इस दौरान श्री दीक्षित ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा बलों ने सर्वप्रथम भारत-विरोधी नारे लगाते सीमा में जबरन घुस रहे पाक नागरिकों को मैगाफोन पर सीमा अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी दी थी, इसके बावजूद जब पाक नागरिकों की यह भीड़ नहीं रुकी तो सुरक्षा बलों ने हवा में गोलियां चलाईं, जिससे पाक प्रदर्शनकारी पीछे हट गए ।

'बंधक' रिहा करने की मांग : इसी मध्य पाकिस्तान ने आरोप लगाया है कि कल भारतीय सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के मध्य हुए संघर्ष के बाद कुछ पाकिस्तानी नागरिक लापता हैं । पाकिस्तान टैलीविजन पर प्रसारण में कहा गया है कि कल संघर्ष में 8 व्यक्ति मारे गए । यह भी बताया गया है कि पाक में भारतीय उच्चायुक्त श्री दीक्षित को कहा गया है कि भारतीय सुरक्षा बलों ने जिन नागरिकों को बंधक बना लिया है, उन्हें तुरन्त ही रिहा किया जाए । इन लोगों की संख्या नहीं बताई गई ।





Punjab Sanatan

पाक सैनिकों द्वारा भारतीय ठिकानों पर गोलीबारी

श्रीनगर, 12 फरवरी (प.स.): भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा गत रात लगभग 4000 पाकिस्तानियों का सीमा पार करने का प्रयास विफल कर दिए जाने के बाद पाकिस्तानी सेना ने उत्तरी कश्मीर के सीमावर्ती कस्बे उड़ी के निकट वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थित भारतीय ठिकानों पर गोलीबारी की । यह जानकारी सेना के सूत्रों ने आज यहां दी ।

सेना के एक प्रवक्ता ने बताया कि पाकिस्तान की नियमित सेना ने भारतीय सीमा चौकियों पर हल्के व मध्यम हथियारों से लगभग 200 राउंड फायर किए । भारतीय सैनिकों ने भी गोली चलाकर इसका जवाब दिया । झड़प में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ ।

सेना के सूत्रों ने बताया कि दोनों तरफ से लगभग आधा घंटे तक गोलियां चलती रहीं । पुरानी जेहलम घाटी रोड पर चैकपोस्ट नम्बर एक पर तैनात पाकिस्तानी टुकड़ियों ने भारतीय चौकियों पर गोलियां चलाईं ।

इस्लामाबाद से एक विदेशी संवाद समिति की रिपोर्ट के अनुसार जब लगभग 4000 पाकिस्तानियों की उग्र भीड़ ने इसी सैक्टर में सीमा पार करने का प्रयास किया तो उन्हें रोकने के लिए भारतीय सैनिकों द्वारा चलाई गई गोलियों से छः पाकिस्तानी मारे गए । दिल्ली में उपलब्ध अन्य विवरणों के अनुसार उग्र भीड़ ने साय लगभग 5.30 बजे सीमा पार करने का प्रयास किया था तथा उन्हें तितर-बितर करने के लिए भारतीय सैनिकों ने पहले हवा में फायर किए थे ।

परन्तु सूत्रों ने बातया कि उग्र भीड़ ने लगभग सायं 6.10 पर सीमा पार करने का एक अन्य प्रयास किया था । चूंकि उस समय प्रकाश मंद पड़ रहा था सुरक्षा बलों के पास गोली चलाने के सिवाय और कोई विकल्प नहीं था । भारतीय सेना ने सात राउंड गोलियां चलाईं, जिसके बाद पाकिस्तानी अपने सभी हताहतों को उठा कर भाग गए ।

यहां सुरक्षा सूत्रों के अनुसार यह पहला मौका है जब पाकिस्तानियों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पार कर कश्मीर घाटी में घुसने का प्रयास किया । गत सप्ताह उन्होंने जम्मू के रणबीरसिंहपुरा के निकट सीमा पार करने का प्रयास किया था परन्तु यह प्रयास अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर किया गया था । आर.एस. पुरा सीमा पाकिस्तान की घनी आबादी वाले क्षेत्र सियालकोट के निकट है ।

परन्तु गत रात उन्होंने ऊंचे पहाड़ों और बहुत कम आबादी वाले क्षेत्रों की ओर से सीमा पार करने का प्रयास किया । सूत्रों ने कहा कि इससे पता चलता है कि कल रात घुसने का प्रयास एक सुनियोजित प्रयास था ।

सूत्रों को आशंका है कि निकट भविष्य में भी इस प्रकार के प्रयास किए जा सकते हैं क्योंकि पाक अधिकृत कश्मीर में अगले माह के शुरू में चुनाव तैयारियां होने वाली हैं । उन्होंने कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर में सत्तारूढ़ लोग चुनावी लाभ उठाने के लिए जम्मू-कश्मीर की गतिविधियों को उछाल रहे हैं ।

कल सीमा पार करने का प्रयास इसलिए किया गया था क्योंकि सत्तारूढ़ लोगों ने मकबूल बट्ट की फांसी के संबंध में 'शहीदी दिवस' मनाने का आह्वान किया था । कल ही पाक अधिकृत कश्मीर की राजधानी में कश्मीर बारे एक बड़ी सभा भी आयोजित की गई थी ।

दीक्षित द्वारा पाक आरोपों का खंडन : इस्लामाबाद (प.स.): भारत ने पाकिस्तान के इस आरोप को गलत बताया है कि जम्मू-कश्मीर के उड़ी सैक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा का उल्लंघन कर भारतीय क्षेत्र में जबरन घुस रहे पाक नागरिकों की भीड़ पर कल भारतीय सुरक्षा बलों ने बिना पूर्व चेतावनी के गोलियां चलाईं । पाकिस्तान के विदेश सचिव तनवीर अहमद ने कल की इस घटना पर पाकिस्तान सरकार की ओर से विरोध व्यक्त करने के लिए भारतीय उच्चायुक्त श्री जे.एन. दीक्षित को विदेश विभाग में बुलाया था । इस दौरान श्री दीक्षित ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा बलों ने सर्वप्रथम भारत-विरोधी नारे लगाते सीमा में जबरन घुस रहे पाक नागरिकों को मैगाफोन पर सीमा अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी दी थी, इसके बावजूद जब पाक नागरिकों की यह भीड़ नहीं रुकी तो सुरक्षा बलों ने हवा में गोलियां चलाईं, जिससे पाक प्रदर्शनकारी पीछे हट गए ।

'बंधक' रिहा करने की मांग : इसी मध्य पाकिस्तान ने आरोप लगाया है कि कल भारतीय सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के मध्य हुए संघर्ष के बाद कुछ पाकिस्तानी नागरिक लापता हैं । पाकिस्तान टैलीविजन पर प्रसारण में कहा गया है कि कल संघर्ष में 8 व्यक्ति मारे गए । यह भी बताया गया है कि पाक में भारतीय उच्चायुक्त श्री दीक्षित को कहा गया है कि भारतीय सुरक्षा बलों ने जिन नागरिकों को बंधक बना लिया है, उन्हें तुरन्त ही रिहा किया जाए । इन लोगों की संख्या नहीं बताई गई ।



योजना आयोग के सदस्य नई दिल्ली में सोमवार को आठवीं योजना के आशय पत्र के प्रारूप पर औपचारिक विचार-विमर्श के लिए हुई बैठक से पूर्व । चित्र में उद्योगमंत्री श्री अजीत सिंह, वित्तमंत्री श्री मधु दंडवते, योजना आयोग के अध्यक्ष तथा प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह तथा उपाध्यक्ष श्री रामकृष्ण हेगड़े भी दिखाई दे रहे हैं । (छाया : प्र.ट्र.)



पंजाब के राज्यपाल श्री एन.के. मुखर्जी सोमवार को फरीदकोट में नागरिकों के एक प्रतिनिधिमंडल से बातचीत करते हुए ।

पंजाब में चुनाव न कराए जाने की जिम्मेवारी मान पर : बलदेव

अमृतसर, 12 फरवरी (नारंग): भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. बलदेव प्रकाश ने एक बयान में कहा है कि मान अकाली दल के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान ने पुनः धमकी दी है कि पंजाब में वि[illegible]सभा के चुनाव नहीं कराए गए तो 'खालिस्तान' के स्टैंड पर पुनर्विचार करेंगे, वास्तविक[illegible] यह है कि पंजाब में चुनाव न जाने के [illegible] श्री मान ही जिम्मेदार हैं । [illegible]निधि तथा एक राजनीतिक पार्टी [illegible] लाने का उन्होंने हिंसा निर्दोष स्वतंत्र विचाराभिव्यक्ति का सुनियोजित ढंग से सर्वनाश किया जा रहा है । हजारों निर्दोष व्यक्ति तथा अनेक राजनीतिक कार्यकर्त्ता, जो चुनावों में उम्मीदवार हो सकते थे, खत्म कर दिए गए हैं । भाजपा नेता ने पूछा कि क्या श्री सिमरनजीत सिंह मान यह चाहते हैं कि उनकी पार्टी के अलावा चुनाव लड़ने के लिए और कोई भी जिंदा न बचे ? क्या उनके लोकतंत्र की यही अवधारणा है ?

यदि श्री मान पंजाब में चुनाव कराने के लिए इतने ही उत्सुक हैं तो उन्हें हत्याओं को रोकने तथा



मुक्ति संग्राम अभी खत्म नहीं हुआ, संघर्ष जारी रहेगा : मंडेला

केप टाऊन, 12 फरवरी (पस, वार्ता): एक चौथाई शताब्दी से अधिक समय की जेल यंत्रणा से मुक्त अश्वेत नेता डा. नेल्सन मंडेला ने गोरे और अश्वेत सभी दक्षिण अफ्रीकी लोगों से स्वतंत्र, गैर-जातीय और लोकतांत्रिक समाज की संरचना के संघर्ष को जारी रखने का आह्वान किया है क्योंकि मुक्ति का संग्राम अभी समाप्त नहीं हुआ है । 72 वर्षीय नेता ने अपनी अग्नि परीक्षा से कुंदन की भांति निखर कर अपने कोटि-कोटि उत्पीड़ित देशवासियों से यह आह्वान कल अपनी रिहाई के कुछ ही घंटों बाद एक विशाल रैली में किया । केप टाऊन सिटी हाल के सीढ़ियों से पांच लाख उल्लसित अश्वेत जनों

इस महती जनसभा में उपस्थित लोगों में एक विचित्र उन्माद था क्योंकि किसी के जीवनकाल में इतिहास की ऐसी घड़ी संयोग से ही आती है ।

डा. मंडेला ने कहा कि रंगभेद समर्थक प्रिटोरिया शासन को हमें उन्मूलन इसलिये करना है क्योंकि उसके चलते न केवल दक्षिण अफ्रीका में भयंकर तबाही मची है बल्कि समूचा दक्षिण अफ्रीका क्षेत्र सर्वनाश के कगार पर ला पटका गया है । हमारे लाखों देशवासियों के पारिवारिक जीवन छिन्न-भिन्न हो गये हैं या वे बेरोजगार हैं । हमारी अर्थव्यवस्था तहस-नहस हो गई और हमारे लोग एक लोमहर्षक राजनीतिक संघर्ष में फंस गये हैं । उन्होंने

मणिपुर में मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न

इम्फाल, 12 फरवरी (वार्ता): मणिपुर में आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुए राज्य विधानसभा के चुनावों में 70 से 85% तक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया । चुनाव कार्यालय तथा पुलिस सूत्रों के अनुसार राज्य में विधानसभा की कुल 60 सीटों में से 58 में मतदान हुआ और वोट डालने का काम शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया । इससे पूर्व चुनाव प्रचार अभियान के दौरान राज्य में कम से कम छः व्यक्ति मारे गए थे । अतः आज मतदान सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा बलों के कम से कम 12,000 जवान तैनात किए गए थे । मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ तथा अपरान्ह चार बजे सम्पन्न हो गया ।

राणा की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव धारीवाल बोझा के निकट से पुलिस व सुरक्षा बलों ने गोलियों से छलनी एक युवक का शव बरामद किया है । जिला पुलिस के एस.पी. आप्रेशंज श्री हरभजन सिंह ने बताया कि मृतक के हाथ पीछे बंधे थे । मृतक की शिनाख्त थाना कहनुवान के गांव भुम्बली निवासी

गम्भीर रूप से घायल 12 व्यक्तियों को अमृतसर के सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाया गया है । इनके नाम इस प्रकार हैं : दलजीत सिंह उर्फ जीता (गांधी नगर दिल्ली), विनय कुमार, रमेश कुमार, रमेश कुमार (सभी दिल्ली), कैलाश कुमार अमृतसर, लीला मसीह गांव दोबर्जी, दर्शना, रमेश कुमार, मीनू बाला, अविनाश कुमार, अश्विनी कुमार (सभी अमृतसर के निवासी), गुरदयाल सिंह (रीडर एस.डी.एम. बटाला) बटाला के सरकारी अस्पताल में हिदायत मसीह, कुलदीप सिंह, जसवंत सिंह, राम प्यारी, मक्खन सिंह, छिंदा, तरसेम लाल और जोगंद्र सिंह दाखिल हैं । शेष घायलों को प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध करवाने के पश्चात् छुट्टी दे दी गई ।

बताया गया है कि बम विस्फोट में नष्ट स्कूटर के ढांचे में से स्कूटर से संबंधित जो कागज-पत्र बरामद किए गए हैं, उनमें पता दर्ज है—लखबीर सिंह पुत्र अर्जन सिंह गांव बटूटर कलां, जिला अमृतसर । पुलिस सूत्रों ने आशंका व्यक्त की है कि सम्भवतः यह नया स्कूटर कहीं से छीना गया था और वहां पुलिस कर्मचारियों की हत्या करने के उद्देश्य से रखा गया था । बताया जाता है कि यह बब्बर खालसा इंटरनैशनल का कारनामा है ।

बम विस्फोट होते ही भय तथा आतंक के कारण सारा शहर बंद हो गया । इस दौरान पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बलों की गश्त तेजी से जारी है । पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार यह बम विस्फोट सम्भवतः उन पुलिस कर्मचारियों की हत्या के लिए किया गया, जो अक्सर यहां आकर चाय आदि पीते हैं ।

आतंकवादियों द्वारा हत्या : फिरोजपुर (धीमान): जिला फिरोजपुर के पुलिस थाना जीरा के गांव शामसिंहवाला में गत रात तीन संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा बलदेव सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी गई ।

श्रमिक की हत्या : बाघापुराना (ज्ञान): गत रात कुछ व्यक्तियों ने एक ईंटों के भट्ठे पर एक बिहारी श्रमिक की हत्या कर दी जबकि वह वहां सो रहा था । उसका शव आज प्रातः उसके बिस्तर पर पड़ा मिला । पुलिस ने जांच शुरू कर दी है ।

एक को घायल कर दिया, एक का अपहरण : फिरोजपुर जिला में गांव दौलतरामपरा में दो आतंकवादियों ने एक व्यक्ति महेंद्र सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । फरार होते समय

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjab Sahatari

श्री सुरेंद्र डोगरा के अनुसार पाकिस्तान ने अपने क्षेत्र में कई नई सुरक्षा चौकियां स्थापित कर ली हैं । यह जानकारी उन्हें एक भारतीय अधिकारी ने बाघा सीमा पर दी ।

बटाला में बम विस्फोट

(पृष्ठ 3 का शेष)

वह गांव चांगली कदम के निवासी जोगेन्द्र सिंह को जबरदस्ती अपने साथ ले गए ।

ट्रक जला दिया : जिला फिरोजपुर के गांव हमद के निकट आतंकवादियों ने एक चावलों से लदे ट्रक को रोका और उसे आग लगा दी । राजस्थान के रजिस्ट्रेशन नम्बर वाले इस ट्रक के ड्राइवर व कंडक्टर का कुछ पता नहीं चल सका ।

फरीदकोट पुलिस ने 5 आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनसे 5 पिस्तौल तथा बड़ी मात्रा में गोली सिक्का पकड़ा । वे डकैती और लूटपाट की कई वारदातों में संलिप्त थे ।

जिम्मेदारी ली : बलाचौर से जोशी के अनुसार भिंडरांवाला टाइगर फोर्स आफ खालिस्तान के लैटरपैड पर लिखे गए एक पत्र में जिस पर सुखविन्दर सिंह संधा, रछपाल सिंह, विक्रमजीत सिंह तथा रणजीत सिंह हैप्पी के हस्ताक्षर हैं, गत दिवस रोपड़ के गांव जगतपुरा के निकट 2 पुलिस कर्मचारियों दर्शन सिंह तथा अवतार सिंह की हत्या की जिम्मेदारी ली गई है ।

मारुति छीन ली : मलौला (भूषण): 8 अज्ञात युवकों ने गत सायं यहां से लगभग 32 किलोमीटर दूर सरहिंद में रेलवे फाटक के निकट बंदूक की नोक पर मारुति कार छीन ली । इस कार में एक बारात सुनाने सरहिंद के लिए जा रही थी ।

कुत्ते बांध कर रखो : मलोट (गोयल): निकटवर्ती गांव वादियां में आतंकवादियों ने गांव की जनता से कहा है कि वह अपने पालतू कुत्ते बांध कर रखें तथा आवारा कुत्तों को मार दें, सायं 6 बजे के बाद अपने घरों के बाहर की बिजली बंद रखें । जो पुलिस तथा होमगार्ड में है वह नौकरियां छोड़ दें ।

निकटवर्ती गांव समाग (थाना कोट भाई) के शराब के ठेका पर आतंकवादियों द्वारा एक पोस्टर चिपकाया गया है कि ठेका शराब के सभी करिन्दे नौकरियां छोड़ दें ।

गनमैन घायल : लुधियाना (धीमान, मुसाफिर): यहां से 22 किलोमीटर दूर किलारायपर में सी.आई.ए. पटियाला के इंस्पैक्टर सुरजीत सिंह ग्रेवाल के लड़के जगजीत सिंह पर दो उग्रवादियों ने फायरिंग की । वह स्वयं तो बच गया लेकिन उसका गनमैन गंभीर घायल हो गया । जिसे घायलावस्था में सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना में दाखिल करवा दिया गया है ।

एक लाख रुपए छीने : टिब्बरवाल के एक व्यापारी पवन कुमार अहमदगढ़ से अपने माल की वसूली करके जब वापस गांव लौट रहा था तो दो उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर उससे एक लाख रुपए छीन लिए ।



बटाला बस स्टैंड के बाहर सोमवार को हुए बम विस्फोट में मरने वाले (1) चाय के खोखे का मालिक सच्चा सिंह और (2) श्रीमती अंजू महाजन । जो घायल हुए वे हैं (3) दलजीत सिंह जैता, (4) श्रीमती दर्शना, (5) रमेश कुमार, विनय कुमार, (6) गुरदयाल सिंह, (7) राम किशन, (8) हिदायत मसीह, (9) बलदेव राज, (10) दर्शन सिंह, (11) बस का कुली कैलाश कुमार तथा कुछ अन्य घायल जिनके नाम पता नहीं चल सके, (12) रोडवेज़ की वह बस जो बम-विस्फोट से क्षतिग्रस्त हो गई, (13) क्षतिग्रस्त खोखा जिसके आगे खड़े स्कूटर में बम विस्फोट हुआ । (छाया : कोछड़)

Punjabi Sanatan

उग्रवादियों ने बटाला में बारूदी सुरंग लगा कर सीमा सुरक्षा बल की गाड़ी उड़ा दी

दो कमांडैंट और एक सिपाही मरा : 4 कर्मी घायल

कांस्टेबल, महंत सहित 3 की हत्या : एक शव मिला

चंडीगढ़, 14 फरवरी (प.स., वार्ता): गत रात बटाला पुलिस जिले में आतंकवादियों ने बारूदी सुरंग से विस्फोट कर बी.एन.एफ. के गश्ती दल का वाहन उड़ा दिया जिससे दो अधिकारी और एक कांस्टेबल मारे गए जबकि 4 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए । एक कांस्टेबल, एक दुकानदार, एक महंत की हत्या कर दी गई, जबकि एक शव बरामद हुआ ।

बटाला (कोछड़) पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव कोट रोडरमल के निकट एक सम्पर्क मार्ग पर आतंकवादियों ने भूमिगत विस्फोट करके बी.एस.एफ. 32 बटलियन की एक जिप्सी गाड़ी उड़ा दी, जिसके परिणामस्वरूप उस गाड़ी में सवार डिप्टी कमांडैंट श्री देविन्द्र सिंह, सहायक कमांडैंट श्री लक्ष्मणदास व कांस्टेबल श्री जवाहर लाल की मृत्यु हो गई जबकि नायक ग्राम प्रकाश व तीन कांस्टेबल सर्वश्री एस.एम. बोर्डगर, निर्मल हलधर व शांति गोपाल गम्भीर घायल हो गए । इनमें से निर्मल हलधर व शांति गोपाल को अमृतसर अस्पताल व अन्य दो को बटाला सिविल अस्पताल में उपचाराधीन रखा गया है ।

बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. श्री उदयवीर सिंह व पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री समन्त कुमार गोयल ने घटनास्थल के निरीक्षण के पश्चात आज प्रातः पत्रकारों को बताया कि गत रात लगभग 10.30 बजे बी.एस.एफ. की 2 जीपें पट्रोलिंग करते हुए जब गांव कोट रोडरमल-कादियां सम्पर्क मार्ग से गुजर रही थीं तो आतंकवादियों द्वारा लगाए भूमिगत विस्फोटक से जब आगे निकल गईं तो बाद में जोरदार विस्फोट हुआ । गाड़ी कुछ मिनट रुक कर आगे बढ़ गई और कुछ आगे जाकर फिर भूमिगत विस्फोट में आगे जा रही बी.एस.एफ. की गाड़ी फंस गई और यह घटना घट गई । सूत्रों ने बताया कि विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि गाड़ी जल कर बुरी तरह ध्वस्त हो गई और डिप्टी कमांडैंट श्री देविन्द्र सिंह के शरीर के चिथड़े बिखर गये जबकि सहायक कमांडैंट श्री लक्ष्मण दास को तुरन्त कादियां सिविल अस्पताल लाया गया जहां उनकी मृत्यु हो गई ।

बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. श्री उदयवीर सिंह व एस.एस.पी. श्री समन्त कुमार गोयल ने बताया कि अतंकवादग्रस्त व संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों व पुलिस को ऐसी घटनाओं की तो सदा ही आशंका बनी रहती है लेकिन अपना कर्त्तव्य निभाते हुए अधिकारियों के शहीद होने से सुरक्षा बलों का मनोबल और बढ़ेगा और वह आतंकवाद के विरुद्ध और अधिक दृढ़ता व संकल्प से कार्य किया जाएगा ।

उपरोक्त अधिकारियों के अनुसार मृत डिप्टी कमांडैंट श्री देविन्द्र सिंह (जालंधर), सहायक कमांडैंट श्री लक्ष्मण दास (बलाचौर, जिला होशियारपुर) व कांस्टेबल श्री जवाहर लाल (गाजीपुर, यू.पी.) निवासी थे । रात में ही इनका पोस्टमार्टम सिविल अस्पताल बटाला में करा दिया गया था ।

आज पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल व बी.एस.एफ. के आई.जी. श्री प्रकाश सिंह ने घटना स्थल का निरीक्षण करने के उपरांत जिला पुलिस व बी.एस.एफ. अधिकारियों से मीटिंग करके स्थिति का जायजा लिया व उचित निर्देश दिए ।

कांस्टेबल की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव ऊधनवाल में आज सायं 6 बजे के करीब कुछ संदिग्ध व्यक्तियों ने पंजाब पुलिस के एक कांस्टेबल दलीप सिंह की हत्या कर दी और एक अन्य कांस्टेबल हरजीत सिंह को घायल कर दिया । हरजीत सिंह को अमृतसर सिविल अस्पताल में भेजा गया है । आधिकारिक सूत्रों के अनुसार ये दोनों पुलिस में नए भर्ती हुए थे । आज ये बस अड्डे के पास गश्त कर रहे थे कि आतंकवादियों ने ए.के.-47 राइफल से गोलियां चला दीं ।

दुकानदार को गोली मार दी : इसी जिले के थाना कादियां के गांव दनियां संधू में आज सायं 5 सशस्त्र आतंकवादियों ने ए. के. 47 राइफल से गोली चला कर एक दुकानदार राम मूर्ति की हत्या कर दी । घटना के समय यह व्यक्त अपनी किरयाने की दुकान पर बैठा था ।

महिला घायल : गत दिवस थाना सदर बटाला के क्षेत्र अमृतसर सड़क पर स्थित झंडे के पुलि

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanatan

(8) दैनिक पंजाब केसरी, जालन्धर 15.2.1990

बारूदी सुरंग
(पृष्ठ 3 का शेष)

के निकट 4 अज्ञात युवकों ने तेज धार हथियारों से एक महिला राजनीती को उस समय घायल कर दिया जब वह अपने गांव कोटला शर्फ से टांगे पर बटाला आ रही थी । एस.एस.पी. श्री सुमन्त कुमार गोयल ने बताया कि यह कोई निजी शत्रुता का मामला है । घायला को सिविल अस्पताल बटाला में भर्ती कराया गया है ।

उल्लेखनीय है कि वह पहले पुलिस जिला बटाला में एस.पी.ओ. थी, लेकिन आजकल इसे नौकरी से निकाल दिया गया था और कुछ समय पूर्व मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी प्रतापे की बहिन है ।

अन्त्येष्टि : जालंधर : बी.एस.एफ. के डिप्टी कमांडेंट श्री देविन्द्र सिंह की अन्त्येष्टि आज दोपहर बाद यहां माडल टाउन के श्मशान घाट पर कर दी गई । स्मरणीय है कि वह 40 बटालियन सी.आर.पी.एफ. में सहायक कमांडेंट श्री सरूप सिंह के बड़े भाई थे । मृतक के पार्थिव शरीर पर बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. श्री ए.एस. मांगट तथा सी.आर.पी. एफ. 40 बटालियन के कमांडेंट श्री सी.एस. बराड़ ने फूलमालाएं अर्पित कीं ।

वी.सी.आर. व घड़ियां लूट लीं : होशियारपुर से अश्विनी की सूचना है कि टांडा के निकटवर्ती गांव कल्याणपुर में एक व्यक्ति हजारा सिंह के घर तीन सशस्त्र लुटेरों ने घुस कर वी.सी.आर., घड़ियां और नकदी छीन ली और जाते-जाते हजारा सिंह तथा उसके परिवार के अन्य सदस्यों को एक कमरे में बंद कर गए । टांडा पुलिस ने धारा 458/34 के अंतर्गत केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

एस.पी.ओ. चौकियों पर हमले : आतंकवादियों के गिरोहों ने गत रात तरनतारन पुलिस जिले के पंडोरी गोला तथा मलचक गांवों में स्थित एस.पी.ओ. की चौकियों पर हमला किया । पुलिस के अनुसार इन हमलों में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ । सुरक्षा कर्मियों ने इन दोनों स्थानों पर आतंकवादियों की गोलियों का जवाब गोलियों से दिया । अंततः आतंकवादी गिरोहों को वहां से भागना पड़ गया ।

शव मिला : भटिंडा (गोवर): इस जिले की संगत पुलिस ने सुखलड्डी गांव से गोलियों से छलनी एक शव बरामद किया है । इस संबंध में केस दर्ज कर लिया गया है । मृतक की शिनाख्त जसवंत सिंह के रूप में की गई है ।

स्कूटर छीना : राजपुरा (मासूम): गत रात लगभग पौने 9 बजे तीन अज्ञात नौजवानों ने, जो एक स्कूटर पर सवार थे एन.टी.सी. टाऊनशिप स्कूल के निकट एक आढ़ती के पुत्र संजय कुमार से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर नं. पीएएच 6472 बजाज चेतक छीन लिया । यह नवयुवक घर से रोटी लेकर दुकान पर जा रहा था । उग्रवादी स्कूटर में पड़े टिफिन के साथ उसका कम्बल भी ले गए ।

विभिन्न घटनाओं में 3 घायल : गत रात राजपुरा तहसील में घग्नौर थाना के गांव कामीखुर्द में रात को 1.30 बजे तीन उग्रवादियों ने, जो एक कार में आये थे गांव के बाहर डेरे में गोलियां चला कर डेरे के महन्त हरिनन्द गिरी की हत्या कर दी । दूसरी घटना में जीरकपुर के निकट सिहपुरा पूड़ा में दिन के 2.30 बजे गुरुद्वारा में रहने वाले संत राम सिंह को गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । यहां भी गोलियां चलाने वालों की संख्या तीन बताई जाती है । इसी तरह कस्बा मुबारकपुर में जब एक भट्ठे पर कुछ मजदूर टी.वी. देख रहे थे और संजय कुमार नामी एक नवयुवक टी.वी. देख कर कमरे से बाहर निकला तो उस पर उग्रवादियों ने गोलियां चलाईं जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया । उसे पी.जी.आई. चंडीगढ़ में भर्ती करवाया गया है । इन घटनाओं से लोगों में काफी आतंक पैदा हो गया है ।

सिपाही द्वारा आत्महत्या : राजपुरा क्षेत्र के थाना अनूड़ में लगे एक सिपाही महेंद्र सिंह ने ड्यूटी के दौरान ही अपनी सर्विस राइफल से स्वयं को गोली मार कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर दी । पता चला है कि मृत सिपाही बड़ाली गांव का रहने वाला था और घरेलू झगड़ों से परेशान था ।

शरणदाता घायल : कपूरथला (शर्मा): पुलिस सूत्रों के अनुसार दो दिवस पूर्व गांव भीला का निवासी मुख्तयार सिंह, जो आतंकवादियों के लिये एक भट्ठा मालिक से रुपये वसूल करने गया था, पुलिस की गोली से घायल हो गया । इसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा गोलियां पुलिस ने बरामद की हैं । आतंकवादी उसके घर शरण लेते थे । भट्ठा मालिक की सूचना पर पुलिस वहां नाका लगाये थी कि वह पुलिस को देख कर भाग खड़ा हुआ । मुख्तयार सिंह की हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

टैम्पो पर फायरिंग : दो दिवस पूर्व सुभानपुर-कपूरथला सड़क पर प्रातः 5.30 बजे एक दूध लाने वाले टैम्पो पर दो नवयुवकों ने फायरिंग की थी । इस फायरिंग में कोई हताहत नहीं हुआ था । टैम्पो चालक टैम्पो भगा कर कपूरथला ले आया था ।

13,000 का माल लूटा : थाना कोतवाली के गांव नवां पिंड में 12-13 फरवरी की रात को लगभग आधा दर्जन लुटेरे श्री अशोक कुमार के घर में प्रवेश करके 5 हजार रुपये नकद, सोने के जेवर तथा कपड़े आदि लूट कर ले गये । लूट का माल लगभग 13,000 रुपये का बताया जाता है ।

2 आतंकवादी गिरफ्तार : तरनतारन पुलिस जिले में आज पुलिस द्वारा दो संदिग्ध आतंकवादी बाबा सिंह और मनिन्दर सिंह गिरफ्तार किये गये हैं । पुलिस अधिकारियों के अनुसार उनसे पूछताछ की जा रही है ।

बालक को उठाने का प्रयास : फगवाड़ा (अशोक): गत सायं स्थानीय सतनामपुरा क्षेत्र में दो संदिग्ध नौजवानों द्वारा "विक्की" नाम के 10 वर्षीय लड़के को जबरी उठाने का प्रयास किया गया लेकिन अचानक कुछ राहगीरों के पहुंच जाने पर अभियुक्त भाग निकले । सिटी पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है ।

विमान को आग
(पृष्ठ 3 का शेष)

दुर्घटनास्थल तक पहुंचने में काफी कठिनाई हुई ।

यात्रियों का सामान पूरे क्षेत्र में दूर-दूर तक बिखरा हुआ था । दमकल विभाग के कर्मचारी दुर्घटनाग्रस्त विमान को चीर कर अन्दर फंसे हुए शवों को निकालने के काम में जुट गए । शहर के तमाम अस्पतालों की एम्बुलैंसें मंगा ली गईं । कर्नाटक के कार्यवाहक राज्यपाल न्यायमूर्ति एस. मोहन भी दुर्घटनास्थल पर पहुंचे ।

7 शवों की शिनाख्त : पुलिस ने आज आधी रात को बताया कि दुर्घटना में मरने वाले 7 यात्रियों के शवों की शिनाख्त हो गई है । इनमें एक अमरीकी राबर्ट हैगर, बंगलौर की मिसेज नायक की मां और उनकी 4 मास की लड़की शिव्या नायक, हिनट्रोन कम्पनी के जनरल मैनेजर टी. श्रीनिवासन, सिटी ब्लैंक कम्पनी के एक अधिकारी श्री बालाचंद्र और बम्बई के ही श्री एस.डी. मुंशी शामिल हैं । बोर्डिंग अस्पताल के डाक्टरों ने 21 शवों का पोस्ट मार्टम किया है और शव शिनाख्त के लिए रख दिए हैं । कल सभी 90 शव गवर्नमैंट विक्टोरिया अस्पताल में लाए जाएंगे ।

चल्लाघाटा क्लब के एक कर्मचारी ने आज शाम यहां बताया कि विमान में पृथ्वी से टकराने के बाद आग लग गई और निकट के तालाब में गिर गया । एक कर्मचारी ने बताया कि विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद शीघ्र उसने एयर पोर्ट अधिकारियों को सूचित किया ।

अस्पतालों में भरती कराए गए अधिकांश लोग दहशत की हालत में हैं ।

एयर लाइन्स के अधिकारियों ने बताया कि विमान निर्धारित समय से एक घंटा लेट था । एयर लाइन्स के एक प्रवक्ता ने बताया कि विमान में सवार 17 विदेशी यात्रियों में एक फ्रांसीसी, दो कनाडाई, दो अमरीकी, तीन जापानी और एक हांगकांग का नागरिक बच गए हैं ।

गुमशुदा की तलाश

मेरा लड़का रमण उर्फ बिट्टू उम्र 17 वर्ष, कद लम्बा, रंग सांवला, शरीर पतला दिनांक 3.2.90 शनिवार पानीपत से लापता है । जिस किसी को भी मिले कृपया निम्न पते पर सूचित करें या पहुंचाने का कष्ट करें । पहुंचाने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा । यदि बिट्टू स्वयं पढ़े तो तुरन्त लौट आये उसे कोई कुछ नहीं कहेगा ।



प्रेम कुमार शर्मा, पौत्र बस्ती राम शर्मा, 214/4, खारी कुई, हनुमान मंदिर,

Punjab Sahan.com

बटाला में सी.आई.ए. दफ्तर को बमों से उड़ाने का प्रयास

बी.एस.एफ. चौकी पर हमला : बारूदी सुरंग से विस्फोट

पंजाब में 7 की हत्या : 2 आतंकवादी मरे

चंडीगढ़, 15 फरवरी (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात के बाद से एक अखबारी हॉकर सहित 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । 2 आतंकवादी आपसी गट संघर्ष में मारे गए । आतंकवादियों ने बटाला में सी.आई.ए. के दफ्तर को उड़ाने का प्रयास किया तथा बी.एस.एफ. की एक चौकी पर भी हमला किया । अमृतसर में एक बम विस्फोट में 4 लोग घायल हो गए ।

हॉकर व एस.पी.ओ. की हत्या : बरनाला (सिंधवानी)। आज प्रातः 7¼ बजे के लगभग बरनाला में ठीकरीवाला रोड पर समाचारपत्र बांट रहे एक 19 वर्षीय हॉकर रमेश कुमार पुत्र पंडित मेला राम की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई । मृतक के साथ जा रहे दो एस.पी.ओज में से एक अमर सिंह पुत्र करनैल सिंह की भी मौका पर ही मृत्यु हो गई जब दूसरे हरनेक सिंह ने भाग कर मुश्किल से जान बचाई ।

मृतक रमेश कुमार एक समाचारपत्र एजैंट श्री हरि कृष्ण धरनी का हॉकर था। उल्लेखनीय है कि श्री धरनी ने कई महीने पहले हिन्द समाचार पत्र समूह से अपना नाता तोड़ लिया था । वह अब हिन्द समाचार पत्र समूह से किसी भी तरह संबंधित नहीं थे ।

मारा गया एस.पी.ओ. अमर सिंह तीन वर्ष पहले बी.एस.एफ. से बतौर ड्राइवर रिटायर हुआ था तथा अब अपने गांव नीमवाला में गार्ड ड्यूटी देने आया करता था । वह अपने पीछे विधवा पत्नी, दो लड़के (18, 4 वर्ष) तथा एक 7 वर्षीय लड़की छोड़ गया है । हॉकर रमेश कुमार अपने मां-बाप का इकलौता बेटा था ।

इस घटना का समाचार सुनते ही बरनाला के एस.डी.एम. श्री के.के. शर्मा, डी.एस.पी. श्री सुखदेव सिंह छीना और एस.पी. आप्रेशन श्री हीरा घटनास्थल पर पहुंचे परन्तु हत्यारे जिनकी संख्या 2 बताई गई है, फरार होने में सफल हो गए । इस घटना के बाद शहर में पूर्ण हड़ताल हो गई । सभी वर्गों द्वारा इस हत्याकांड की निंदा की जा रही है । व्यापार मंडल के प्रधान श्री शाम लाल गुप्ता, श्री प्रीतम चंद नगर पालिका सदस्य, भाजपा अध्यक्ष श्री राम स्वरूप गोयल, भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष श्री सुरेश चौधरी, व्यापार मंडल के सचिव श्री तीर्थ दास सिंधवानी, राजकमार महाजन, सोहन लाल मित्तल, मार्क्सवादी पार्टी के नेता श्री गुरदेव सिंह दर्दी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता श्री उजागर सिंह ने एक बयान में इस घटना की कड़ी निंदा की । अमर सिंह की लाश अंतिम संस्कार के लिए उसके गांव भेज दी गई है ।

हॉकर रमेश कुमार का अंतिम संस्कार आज बरनाला में कर दिया गया । इस मौका पर शहर के हजारों लोग मौजूद थे । श्मशान भूमि में हुई शोकसभा में व्यापार मंडल एवं भाजपा की अपील पर रमेश कुमार के वारिसों के लिए एक लाख रुपए की सहायता इकट्ठी करने की अपील की गई जिसमें मौका पर ही 25 हजार रुपए इकट्ठे हो गए । इनमें से एस.पी.ओ. अमर सिंह के परिवार को भी सहायता दी जाएगी । प्रशासन से भी मांग की गई कि रमेश कुमार के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और एक लाख रुपए की मदद दी जाए । एस.डी.एम. ने इस बारे सरकार से सिफारिश करने का यकीन दिलाया ।

बटाला सी.आई.ए. स्टाफ में विस्फोट : बटाला (कोछड़): थाना शहरी बटाला के क्षेत्र मर्गी मुहल्ला में स्थित पुलिस पूछताछ केंद्र (सी.आई.ए.) स्टाफ बिल्डिंग के अंदर आज प्रातः लगभग 6 बजे 3 हथगोले फैंक कर विस्फोट किए गए । तीनों हथगोले स्टाफ बिल्डिंग के प्रांगण में गिर कर फटे जिनसे बिल्डिंग को मामूली क्षति पहुंची, अन्य किसी प्रकार की क्षति की सूचना नहीं ।

यह जानकारी देते हुए जिला पुलिस के एस.एस.पी. श्री समन्त कुमार गोयल ने बताया कि तीनों हथगोले देसी बम (क्रूड बम) थे । इनके काफी अवशेष मिले हैं । इन्हें आज प्रातः 2 अज्ञात संदिग्ध युवक बाहिर से फैंक कर फरार हो गए । जिनकी तलाश जारी है । श्री गोयल ने बताया कि विस्फोट के समय लगभग 6 पुलिस व अन्य कर्मचारी स्टाफ में थे जो बाल-बाल बच गए । उल्लेखनीय है कि इस पूछताछ केंद्र का प्रयोग आजकल कम ही किया जाता है । केवल कुछ पुलिस व सुरक्षा कर्मचारी ही इसमें रहते हैं ।

भूमिगत विस्फोट : पुलिस जिला बटाला में थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव खजाला के निकट स्थित बी.एस.एफ. की चौकी पर गत रात लगभग 11 बजे आतंकवादियों के एक ग्रुप ने हमला करके फायरिंग कर दी । बी.एस.एफ. जवानों द्वारा भी जवाबी फायरिंग करते हुए आतंकवादियों का पीछा किया गया, लेकिन लगभग सौ गज आगे जब बी.एस.एफ. के जवान पहुंचे तो आतंकवादियों की ओर से भूमिगत बिछाए विस्फोट से जोरदार विस्फोट हो गया । श्री गोयल ने यह जानकारी देते हुए कहा कि दोनों ओर से चली गोलियों व विस्फोट में किसी

योजना बनाई थी

ऐतिहासिक सम्भावना को छोड़ना नहीं चाहिए । यह अभूतपूर्व अवसर है और हमें नए साहसिक कदम उठाने चाहिए ।

पाक हस्तक्षेप की निंदा : अफगानिस्तान के विदेश मंत्री श्री अब्दुल वकील ने भारत के आंतरिक मामलों में पाकिस्तान के 'नग्न हस्तक्षेप' की आज कड़ी भर्त्सना की । श्री वकील ने यहां संवाददाताओं से बातचीत के दौरान भारत की एकता तथा अखंडता की रक्षा के लिए अफगानिस्तान के पूर्ण सहयोग का वचन देते हुए पंजाब तथा जम्मू-कश्मीर के विघटनकारी तत्वों को बढ़ावा देने की पाकिस्तानी कार्रवाई की कड़ी निंदा की । उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान ने अपने निहित राजनीतिक स्वार्थों के लिए अपने यहां तीस लाख अफगान नागरिकों को 'बंधक' बनाकर रखा है । उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने कुछ अफगान शरणार्थियों को कश्मीर भी भेजा है, जहां वे सीधे पाकिस्तान की उच्च स्तरीय



वीरवार प्रातः खालमंडी अमृतसर में हुए बम विस्फोट में घायल हुए (1) नाज़र सिंह, (2) सन्नी, (3) बलकार सिंह और (4) नरेंद्र नाथ । (छाया : रवि भंडारी)



पिछले दिनों बटाला बम-कांड में घायल हुए कुछ व्यक्ति जो गुरु तेग बहादुर अस्पताल, अमृतसर में उपचाराधीन हैं । (छाया : रवि भंडारी)

Punjabi Sanatani

जालन्धर 16.2.1990

ड विज्ञापन

नाम परिवर्तन

मैं, धर्मी देवी सुपत्नी श्री अमरनाथ शर्मा, गांव बल्यट डा. लम्बल, जिला हमीरपुर ने अपना नाम बदल कर सरिता शर्मा रख लिया है, सभी संबंधित व्यक्ति मुझे नये नाम से पुकारें ।

नीलामी सूचना

काटन वेस्ट, सिन्थैटिक एक्रेलिक हार्डवेस्ट एवम शाफ्टवेस्ट Date 18.2.90 समय 2 P.M. बेचा जाएगा । सिक्योरिटी 5,000/-, मिलें : चौधरी बदर्स, नजदीक किशिचयन स्कूल, खरड़ ।

पुस्तकें

Just out for B.A./B.Sc. Part I, II Punjab University Students Super Current Affairs. Super Short Answer Type Questions. Super Elective English Guide. Buy Today—Super Publications, Jalandhar.

हकलाना

हकलाना/तुतलाना लाईलाज नहीं । बिना औषधि व सर्जरी के पक्का इलाज कराने हेतु मिलें—आदर्श स्पीकिंग इंस्टीच्यूट, जहाजपुल, हिसार । UDI

चिकित्सा

गंजापन, सफेद बाल, झड़ते बाल, सीकरी, बालचर, लेडीज फेशियल हेयर, दमा, दाद एग्जिमा, बवासीर का आयुर्वेदिक इलाज मिलें या लिखें : Kumar Hair Centre, 2085, Govind Nagar (Beside Gurdwara), Near Aarti Cinema, Capt. Lal Singh Road, Ludhiana.

कद बढ़ाएं, मोटापा, बवासीर, कील-मुहांसे से छुटकारा पाएं, चिकित्सा योग फीस 150/- मिलें या लिखें :—ब्रिटिश क्लीनिक, अमीना मार्केट, कूपर रोड, अमृतसर ।

किराए पर

One Shed in Basti Nau, Jalandhar, 20'x45', 20 H.P. Connection, available on hire. Contact personally. P.P. Sharma, 197, Nijatam Nagar, Jalandhar. Phones : 72189/72228.

व्यापार

अपना उद्योग लगाएं, बेरोजगार पार्टटाइम वाले थोड़ी पूंजी लगाकर 2000/- से अधिक माहवार कमाएं । कच्चा माल हमसे लें और तैयार माल हमें दें, गारंटी इकरारनामे पर लिख कर लें । Kasabs Plastic, Govt. Excise Shop Building, Old Janipura, Jammu-7.

आवश्यकता

बिस्कुटों की पैकिंग के लिए मिडल/मैट्रिक पास लड़कियों की आवश्यकता है । वेतन 400/500. लाईफ बिस्कुट 7, ईस्ट मोहन नगर, अमृतसर ।

प्रिंटिंग प्रैस हेतु मशीनमैन, कम्पोजीटर, बाईडर चाहिएं, अच्छा वेतन, शीघ्र मिलें : दरगल प्रिंटिंग प्रैस, काठ मंडी, सिटी थाने के सामने, सोनीपत (हरियाणा) । UDI

हमारे हिमाचल प्रदेश, पंजाब, जम्मू-कश्मीर व उत्तर प्रदेश खुले व नये खुलने वाले कार्यालयों के लिए :—25 पद विकास अधिकारी, योग्यता बी.ए., 45 पद सहायक विकास अधिकारी, योग्यता इंटर, 55 पद बिजनैस प्रमोटर, योग्यता मैट्रिक, 5 पद शाखा प्रबंधक, योग्यता बी.ए., मिलें या लिखें : डायरैक्टर राज डिपाजिट्स एंड एडवांसिस (इ) लि., नियर गांधी चौक, हमीरपुर, (हि.प्र.) ।

Distt. Council for Child Welfare Bal Bhawan Hissar, Requires the following staff for Children Library on consolidated salary : (Negotiable). 1. One Libranian, Qualification : Graduate & Bachelor in Library Science with 2 years experience in a reputed library. 2. One Library Attendant, Qualification : Matric with diploma in Library Science. Apply before 20.2.90 The desiring candidates may attend interview on 27.2.90 at 10 A.M., alongwith original certificates.—General Secretary.

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

प्रकार की क्षति नहीं हुई । आतंकवादियों की खोजबीन जारी है ।

उल्लेखनीय है कि विगत कई दिनों से अत्यन्त संवेदनशील क्षेत्र पुलिस जिला बटाला में आतंकवादी पूरी तरह सक्रिय हैं और उन्होंने अपनी गतिविधियां तेजी से जारी कर रखी हैं, जिस कारण क्षेत्र में आतंक व्याप्त है ।

यह भी उल्लेखनीय है कि गत 12 फरवरी को आतंकवादियों ने थाना सदर बटाला के बाहिर बम विस्फोट करके 2 लोगों की हत्या कर दी व 40 को घायल कर दिया । फिर 13-14 फरवरी की रात को थाना कादियां के गांव टोडरमल्ल के निकट भूमिगत विस्फोट करके बी.एस.एफ. के 2 वरिष्ठ अधिकारियों सहित तीन की हत्या करके अन्य 4 को घायल कर दिया था । इससे पूर्व 2 बार एस.एस.पी. श्री गोयल व बी.एस.एफ. अधिकारियों पर घात लगा कर फायरिंग की गई थी जिनमें वह बाल-बाल बच गए थे । आतंकित नागरिक लगातार मांग कर रहे हैं कि पंजाब के राज्यपाल श्री मुखर्जी, केंद्रीय गृहमंत्री सहित सीमावर्ती क्षेत्रों में बिना सुरक्षा के कुछ दिन रह कर स्थिति का अध्ययन करें ।

किसान की हत्या : अमृतसर (वि.प्र): कल रात मजीठा पुलिस जिला के गांव भोयेवाल में आतंकवादियों ने एक किसान नत्था सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

बम फटने से 4 घायल : आज प्रातः अमृतसर के बाहरी क्षेत्र खालमंडी में एक जबरदस्त बम विस्फोट हुआ जिसके परिणामस्वरूप गली में खेलने वाले तीन बच्चे व एक रेहड़ी वाला बलकार सिंह घायल हो गए । इन्हें अस्पताल में दाखिल करा दिया गया । मरहम पट्टी के बाद दो मामूली घायल हुए बच्चों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई । बताया जाता है कि रेहड़ी वाले बलकार सिंह को गत रात लगभग 11 बजे बाजार से यह बम मिला जिसे वह पीतल का गोला समझ कर घर ले आया और आज प्रातः उसमें से पीतल निकालने के लिए उसने चोट मारी तो उसमें कुछ सरसराहट पैदा हुई व हल्का सा धुआं उठने लगा जिस पर बलकार सिंह ने भयभीत होकर उसे उसी समय बाहर फैंक दिया । जिस जगह यह बम फटा वहां कुछ बच्चे खेल रहे थे । घायल बच्चों में सन्नी (3 वर्ष), नाजर सिंह (4 वर्ष) और नरेंद्र नाथ (11 वर्ष) शामिल हैं । सूचना पाकर पुलिस अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया ।

पुलिस ने लुटेरे पकड़े : पुलिस जिला मजीठा के एस.पी. आप्रेशन्ज श्री बगा की ओर से दी गई सूचना के अनुसार आज सायं 4 बजे के लगभग दो लुटेरे गांव सोहियां के निकट एक पैट्रोल पम्प पर गए । एक के हाथ में खिलौना पिस्तौल पकड़ा हुआ था जबकि दूसरे के हाथ में एक .12 बोर का कारतूस था । पैट्रोल पम्प के कर्मचारियों को इन लुटेरों ने हत्या की धमकी देकर 272 रुपए लूटे तथा चलते बने । यह लुटेरे पैदल ही आए तथा पैदल ही गए । कुछ मिनट बाद ही जब उधर से पुलिस की गश्ती गाड़ी गुजरी तो उन्हें इस वारदात के बारे में बताया गया । पुलिस तुरन्त ही उनके पीछे लग गई तथा तीन किलोमीटर की दूरी पर ही उन्हें काबू कर लिया गया जिनके नाम राजेन्द्र सिंह उर्फ राजू तथा अमरीक सिंह मालूम हुए हैं ।

पिता-पुत्र की हत्या : थाना तरनतारन के गांव बालेचक में उग्रवादियों ने एक भूतपूर्व सरपंच दलबीर सिंह और उसके लड़के सकत्तर सिंह की उनके फार्म हाऊस में हत्या कर दी ।

चौकी पर फायरिंग : एक अन्य घटना में मारुति कार में सवार उग्रवादियों के एक गिरोह ने पुलिस जिला तरनतारन के थाना हरिके के एस.एच.ओ. के घर के बाहर तैनात सी.आर.पी.एफ. की चौकी पर ए.के. 47 से अंधाधुंध फायरिंग की ।

मकान में दाखिल होकर लूटा : अमृतसर से वर्मा के अनुसार 14-15 फरवरी की रात को 2 बजे के करीब तीन उग्रवादियों द्वारा गेट भगता वाला के बाहर हाऊसिंग कालोनी में परमजीत सिंह के मकान में दाखिल होकर जबरदस्ती 5 सौ रुपए, कीमती घड़ी, व दूसरा सामान ले उड़ने की सूचना प्राप्त हुई है ।

किसान की हत्या : गुरु हरसहाय (कमल भंडारी): सायं पांच बजे के लगभग यहां से दो किलोमीटर दूर आतंकवादियों ने एक किसान दर्शन सिंह की कार पर अंधाधुंध फायरिंग करके उसकी हत्या कर दी तथा उसके दो बच्चों को घायल कर दिया जबकि एक बच्चा बाल-बाल बच गया ।

बताया जाता है कि श्री दर्शन सिंह अपने बच्चों को स्कूल से अपनी कार में लेकर आ रहे थे कि रास्ते में एक नाला के निकट उग्रवादियों ने उनकी कार को रोका । कार के रुकते ही उग्रवादियों ने दर्शन सिंह पर फायरिंग शुरू कर दी । जिससे दर्शन सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि उनके दो बच्चे बुरी तरह से घायल हो गए । सात वर्षीय लड़का बाल-बाल बच गया । घायलों को फरीदकोट के गुरु गोबिन्द सिंह कालेज अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है ।

याद रहे कि तीन माह पूर्व दर्शन सिंह के फार्म हाऊस के निकट सुरक्षाबलों से भिड़ंत में आठ आतंकवादी मारे गए थे । उस दिन से श्री दर्शन सिंह के फार्म हाऊस पर सुरक्षा बलों का कड़ा पहरा था लेकिन आज की घटना दर्शन सिंह के गांव जंडवाला से दो किलोमीटर दूर घटी है ।

बाज सिंह की हत्या : जिला फिरोजपुर में गांव मल्लांशाहवाला में कुछ आतंकवादी एक घर में घुस गये तथा वहां बाज सिंह नामक व्यक्ति को गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

2 शव मिले : जिला फरीदकोट में थाना बाघापुराना के अंतर्गत गांव डमरूकलां में 2 गोलियों से छलनी लाशें बरामद की गई । ऐसा प्रतीत होता है कि यह आतंकवादी गुटों की आपसी शत्रुता का परिणाम है ।

फरीदकोट से जिला के अनुसार एस.पी. (मुख्यालय) श्री एस.एस. चोपड़ा ने बताया कि मृतकों की पहचान मिट्ठू सिंह वासी गंव रोडे तथा सुखदेव सिंह के रूप में हुई है । मिट्ठू सिंह खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर था । यह आतंकवादी पुलिस को लूटपाट तथा हत्या की कई वारदातों में संलिप्त थे ।

स्कूल, दुकानें बंद करने के निर्देश : मोगा (सर्व): सीमांत जिला फिरोजपुर में मंड क्षेत्र के आतंकवादियों ने ग्रामीणों को स्कूल व दुकानें बंद करने तथा उनके लिए धन एकत्र करने का निर्देश दिया है । यही नहीं आतंकवादियों ने पंजाबी में लिखे अपने पत्रों में ग्रामीणों को यह धमकी भी दी है कि यदि उन्होंने पाकिस्तानी व चीनी हथियार खरीदने के लिए उन्हें धन न दिया तो उन्हें गम्भीर परिणाम भुगतने होंगे । मंड क्षेत्र में पड़ने वाले गांवों में आतंकवादी आवारा कुत्तों को पहले ही खत्म कर चुके हैं और स्ट्रीट लाईटें तबाह कर चुके हैं ताकि उन्हें अपनी गतिविधियां जारी रखने में सुविधा हो । इन क्षेत्रों के बहुत से किसान तथा दुकानदार पहले ही सुरक्षित स्थानों या बड़े नगरों में चले गए हैं ।

शिव सेना नेता के घर पर फायरिंग : आजाद के अनुसार मोगा में जी.टी. रोड पर प्रातः 9 बजे आतंकवादियों ने पंजाब शिव सेना के प्रधान जगदीश चंद्र पुरी के घर पर फायरिंग की । आतंकवादी एक सफेद रंग की मारुति में सवार होकर आए थे । श्री पुरी के गनमैन की जवाबी फायरिंग पर आतंकवादी फरार हो गए ।

विमान दुर्घटना शिनाख्त

(पृष्ठ 3 का शेष)

बम्बई लाए गए । श्री अशोक बिड़ला और सुनन्दा के शव उनके एक भाई आदित्य बिड़ला ने प्राप्त किए और श्री श्राफ का शव उनके भतीजे एम.के. श्राफ ने प्राप्त किया । श्री अशोक बिड़ला की पत्नी सुजाता की मृत्यु भी इस दुर्घटना में हो गई थी, पर अब तक उसके शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है । श्री अशोक बिड़ला और सुनन्दा की अंत्येष्टि कल होगी । उनके पुत्र यशोवर्धन अमरीका में पढ़ते हैं । आज देर रात उनके आने की सम्भावना है ।

दुर्घटनाग्रस्त विमान में सवार अपने सम्बन्धियों के शवों की विक्टोरिया अस्पताल में शिनाख्त करने आने वाले लोग मां की गोद में लिपटी बच्ची की लाश को देखकर बिलख उठते हैं ।

जांच रिपोर्ट एक सप्ताह में : विमान दुर्घटना के कारणों के बारे में जांच की प्राथमिक



ज्योतिष व तांत्रिक

पं. रविकांत गौड़
हस्तरेखा व फेस रीडिंग के विशेषज्ञ, हर समस्या के समाधान हेतु मिलें :
होटल नीलगिरी रूम नं. 103,

शाम के भाव—(15 फरवरी, एन.एन.एस.)

दिल्ली क्लाथ 49.50, हिंद मोटर 24.50, रिलायंस 60.00, चांदी (999) टंच हाजिर (प्रति किलो) 6825, चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 7500, सोना बिट्ठर (प्रति 10 ग्राम) 3520, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3570, मिल डिलिवरी : वनस्पति यू.पी. (प्रति टीन) 364-368 रुपए ।

लुधियाना स्टाक मार्कीट (नेपाल): लिस्टिड : 13.00, अरिहंत फैब्रिक्स 23.50, अरिहंत फैब्रिक्स (एस) 23.50, जगतजीत शुगर 27.00, मनक कैमिकल्स 17.00, नाहर फाइबर 35.75, नाहर स्पिनिंग 263, ओसवाल एग्रो 46.50, ओसवाल एग्रो फयरेंस 27.00, ओसवाल फैब्स 45.50, ओसवाल इरे 45.50, पी.सी.आई. 25.50, पंजाब वूल कम्पर 80, श्रेयांस पेपर 52, थापर एग्रो 29.00, थापर एग्रो (स्पाट) 30.00, वीरेंद्र एग्रो 52.00 रुपए ।

परमिटेड : वेस्ट वीविंग 16, कम्बाइन सी.वी.एस. कम्बाइन ओवरसीज 13.00, क्रिएटिव इम्पर 19.00, डिमीटल इविजमैंट 29, डी.सी. एल. पालिएस्टर 17.25, दीपक स्पिनर 21.00, गुजरात नाइलोन 272.00, ओर्के 16.50, ओ.सी.टी.आर.एल. 36.50, ग्राइमर मर्चेंट ग्रोथसिव कमर्शियल 20, रिलायंस 60.00, एस.आर.एफ. नूप्पेन देसी 14, सुपीरियर एयर ग्राइवटस 75.00, रुपए ।

अमृतसर सर्राफा (मेंढ़ी): सोना स्टैंडर्ड 3570, सोना बिट्ठर 3500, स्वर्ण आभूषण 3300, चांदी तेजाबी 6900, चांदी थोक 6850, सिक्का 7500 रुपए ।

मंडी गोबिन्दगढ़, 15 फरवरी (सेवक) : आज यहां लोहा बाजार में भाव प्रति टन इस प्रकार रहे : इगट 7850, बिलेट्स 8300, मैल्टिंग स्क्रैप 5900, गाडर, 6 एम.एम. 8650, 8 एम.एम. 8700, 10 एम.एम. 8800, 12 एम.एम. 8850, 16/25 एम.एम. 8950, टोर (सी.टी.डी. बार) 8 एम.एम. 9400, 10 एम.एम. 9250, 12 एम.एम. 8975, 16/25 एम.एम. 9050, आई.एम.आई. टोर (सी.टी.डी. बार्स) 8 एम.एम. 9400, 10 एम.एम. 9100, 12 एम.एम. 9050, 16/25 एम.एम. 9150, एंगल 3 एम.एम. 9150, 5 एम.एम. 8900, 6 एम.एम. 8900, टी बी 6 एम.एम. 9700, 8 एम.एम. 9700, 10 एम.एम. 9700, पत्तरा 16/18 जी 10000, 20/21 जी 10,200, चैनल 125x50 एम.एम. 9800, 150x75 एम.एम. 9800, आई.एम. 9200, 100x50 एम.एम. 9400, 125x65 एम.एम. 9500, कमानी 89

SEV
ANNIV
IN L
MEI



Sh. Charanjiv
left Us on
Remembered
& Staff of
UNITED MET
UNITED SAN
UNITED CER

CHAUTHA & UTH

Our revered mother **Shrimati Kamal Kanta Khanna** left for her heavenly abode on Tuesday, 13th February, 1990 at Coimbatore. CHAUTHA & UTHALA will be held on Friday the 16th February, 1990 at our residence 79, The Mall, Amritsar from 3 to 4 p.m.

Siri Krishan Khanna, Raj Krishan Khanna, Lalit Krishan Khanna, Vinod Krishan Khanna I.A.S.
Amritsar Swadeshi Woollen Mills, Amritsar.
Phones : 25852, 64841.



पहली बरसी

दैनिक सर्वोदय संसार फिल्लौर के फाउंडर **चीफ आडीटर स. मंजीत सिंह बिलगा** आज के दिन 16.2.89 को हमें बिलखते हुए छोड़ कर हमेशा के लिए अकेला छोड़ गये थे । हम उनका अनुसरण करते हुए उनके मार्ग दर्शनों पर चलते हुए उनके सपनों को साकार करने का प्रण करते हुए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि भेंट करते हैं ।

स्मृति में
दैनिक सर्वोदय संसार के संचालक
चीफ आडीटर, समस्त स्टाफ व समस्त परिवार



रस्म किरया

भारी शोक एवं दुख के साथ हम सूचित करते हैं कि हमारे प्रिय **श्री जानकी दास खन्ना** पुत्र स्वर्गीय श्री बिहारी लाल खन्ना 6.2.90 को अचानक स्वर्ग सिधार गये हैं । रस्म किरया रविवार, 18 फरवरी 90 को सनातन धर्म मंदिर, रोड नं. 27-ए, ईस्ट पंजाबी बाग, नई दिल्ली, में सायं 3 से 4 बजे तक होगी ।

रीटा खन्ना (पत्नी), चांद रानी खन्ना (मां), विशम्बर दास खन्ना (भाई), कुंदन लाल खन्ना (भाई)

खन्ना फूड एंड कैमिकल्स
नानी वाला बाग, आजादपुर, दिल्ली-33. फोन : 71



Punjabi Sanatan.in



कार्यालय का अध्ययन
(छाया : प्रै.ट्र.)

...ादी मरा :
...े दो मरे

...क्षेत्र में आज सुबह रशीद
...ी उसकी दुकान में दो अज्ञात
...ार कर हत्या कर दी । उस
...मला करने की कोशिश हुई
...ह पुलिस भेजिया था ।
...मिले : आतंकवादियों के
... के दौरान आज प्रातः
...3 बम विदेश में बने हुए
...सार चार व्यक्तियों को
...डफोड़ की कार्रवाइयों से
...माण भी मिला । इन
... संदेश भी मिले जिनका
...है । प्रवक्ता ने कहा कि
...में आज पहली बार बड़ी

...ट्रीय बैंक में आज सुबह हुए
...पहुंचे जबकि लाल चौक के
...ट से लोक निर्माण विभाग
...हुंची । रैनवाड़ी इलाके के
...क प्रधान गुलाम मुहम्मद
...डाने की भी कोशिश की

...र से भी कल रात विस्फोट
...इस विस्फोट से एक मकान

...पांच बजे से 10 घंटे के लिये
...ई । दुकानें बैंक और
... रहे और सड़कों पर इनी
...ली ।

पंजाब में 2 व्यक्तियों की हत्या : 2 बैंक लूटे

ज़बरदस्त मुकाबले के बाद उग्रवादी खदेड़े

चंडीगढ़, 16 फरवरी (वार्ता, प.स.): गत रात के बाद पंजाब में दो व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । भिखीविंड में एक मार्क्सवादी नेता की हत्या करने आए आतंकवादियों को पार्टी वर्करों ने जबरदस्त मुकाबले के बाद भगा दिया । राज्य में विभिन्न जगहों पर दो बैंक लूटे गए ।

मार्क्सी नेता पर हमले का प्रयास : अमृतसर (पस): गत रात तरनतारन पुलिस जिला के अंतर्गत गांव भिखीविंड में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सतर्क वर्करों ने अपने स्थानीय नेता श्री बलविंदर सिंह पर गत 10 दिनों के दौरान किये गये 5वें हमले को नाकाम बना दिया । सूत्रों ने बताया कि लगभग 20 सशस्त्र आतंकवादियों ने रात लगभग 10 बजे श्री बलविंदर सिंह के घर पर धावा बोला परन्तु पार्टी वर्करों ने जबरदस्त फायरिंग करके आतंकवादियों को वहां से भागने पर मजबूर कर दिया । पार्टी वर्करों तथा आतंकवादियों के मध्य यह मुकाबला लगभग एक घंटा जारी रहा । आज सुबह पुलिस ने मौका पर से लगभग 150 चले हुए कारतूस बरामद किए । मार्क्सवादी पार्टी मुख्यालय ने बताया कि श्री बलविंदर सिंह के घर पर 10 दिन पूर्व हुए पहले हमले के बाद पार्टी के वर्करों ने गांव में दो चौकियां स्थापित की थी ।

दो महीने पहले एक अन्य स्थानीय मार्क्सवादी नेता श्री मंजूर सिंह के मकान पर आतंकवादियों ने राकेटों से हमला किया था । पार्टी कार्यालय ने आरोप लगाया कि पुलिस और सुरक्षा बल अधिकारियों ने पहले हमले के बाद गांव में स्थायी चौकी कायम करने से इन्कार कर दिया था । श्री बलविंदर सिंह पार्टी की तहसील इकाई तथा डैमोक्रेटिक यूथ फैडरेशन आफ इंडिया के सदस्य हैं ।

गला घोंट कर हत्या : गत रात मजीठा पुलिस जिला में मोलेके गांव में एक व्यक्ति अमर सिंह की गला घोंट कर हत्या कर दी गई । पुलिस ने दावा किया कि यह निजी शत्रुता का केस है ।

सहकारी बैंक लूटा : तरनतारन पुलिस जिला के अंतर्गत गांव नौशहरा पुन्नुआं में आतंकवादियों के एक गिरोह ने केंद्रीय सहकारी बैंक की ब्रांच से 31,374 रुपये लूट लिए । आतंकवादी मोटरसाइकल पर फरार हो गए ।

एस.पी.ओ. चौकी पर हमला : आतंकवादियों के एक गिरोह ने गत रात तरनतारन पुलिस जिला में मल्लांवाला में एसपीओ चौकी पर हमला किया । ड्यूटी पर तैनात जवानों की फायरिंग के बाद आतंकवादी भाग निकले ।

कार छीन ली : अमृतसर में आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति से उसकी मारुति कार छीन ली । यह व्यक्ति अमृतसर के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी का रिश्तेदार है । कार में सवार लोग जालन्धर से आ रहे थे जब कलसियां के निकट दो आतंकवादियों ने उनकी कार छीन ली और फरार हो गए ।

संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार : इसी बीच घरिंडा के निकट एक संदिग्ध व्यक्ति गुलजार सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देसी पिस्तौल बरामद की गई है ।

अपहरण : गत रात अमृतसर शहर के विजय नगर क्षेत्र से सुलक्खन सिंह नामक एक व्यक्ति का कथित रूप से अपहरण कर लिया गया ।

शव मिला : गत रात जिला फिरोजपुर के गांव अटारी में पुलिस ने एक शव बरामद किया । पुलिस ने दावा किया कि यह निजी शत्रुता में हत्या का केस है ।

2.22 लाख रुपये लूटे : बाघापुराना से ज्ञान के अनुसार आज यहां से 12 कि.मी. दूर गांव माड़ी मुस्तफा में 4 कार सवार आतंकवादियों ने केनरा बैंक की शाखा से 2,22,305 रुपये लूट लिये तथा फरार होने में सफल हो गए ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बैंक के तीन कर्मचारी जो कि बाघापुराना से रोज़ाना गांव माड़ी मुस्तफा में नौकरी के लिए जाते हैं, आज सुबह बस से उतर कर बैंक की ओर जा रहे थे तो रास्ते में मारुति कार में सवार आतंकवादियों ने उनको पिस्तौल की नोक पर कार में बिठा लिया और बैंक तक ले गये । बैंक पहुंचने पर उन्होंने बैंक के कर्मचारियों को बैंक का गेट तथा फिर स्ट्रांग रूम का दरवाज़ा खोलने के लिए विवश किया । बैंक कर्मियों ने ऐसा ही किया । इस प्रकार आतंकवादी अंदर पड़ी सारी नकदी समेट कर चलते बने । आतंकवादियों ने कोई गोली नहीं चलाई । उस समय बैंक का गनमैन भी वहां मौजूद नहीं था । बैंक में कोई फोन न होने के कारण घटना की सूचना बाघापुराना आकर पुलिस को दी गई । पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद क्षेत्र की नाकाबंदी करके अपराधियों की खोज आरम्भ कर दी । बताया जाता है कि एक आतंकवादी मोटर साइकल पर भी सवार था ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sanatan

पनडुबि...
घोटा...

स्टाकहोम...
अधिकारियों ...
खरीद में कमि...
दी । यह जा...
उद्देश्य अन्य ...
का पता लगा...

स्विटज़र...
जांच दल के ...
स्वीडन के बैं...
उनमें छठे व्य...
पड़ा है और इ...
है । यह बोफ...
है और छिपा ...
प्रधानमंत्री क...
अतिरिक्त सा...
जांच ब्यूरो के ...
शामिल हैं । ...
पश्चिम जर्म...
दलाली का ...
पनडुब्बियों की...
संबंध में दोनों...
जर्मनी के आ...
हासिल करना...

केंद्रीय ब...
स्तर...

नई दिल्ली...
के केंद्रीय ब...
विचार-विमर्श...
में पेश किया ...
अर्थशास्त्रियों, ...
उद्योगों के प्रति...
से परामर्श कर...
मंत्रालय छान...
अलावा वित्त म...
मिले हैं । इन...
छानबीन कर ...

वाणिज्य, ...
के अधिकारी ...
केंद्र सरकार ...
वाली नौवें वित्त...
फैसला करना ...
पूर्व करना है ...
आबंटन इसी ...
1989-90...
मार्च को संसद ...
पिछले वर्ष के ...
का उल्लेख र...
इसलिए विशे...
चलेगा कि सर...
और उस पर ...
रेलवे बजट 14...

राज्य में



1990

प्रदर्शन

शेष)

मनोज कुमार आल
न के नाम उल्लेखनीय
आंतरिक मामलों में
निन्दा की । वर्करों ने
पाकिस्तान पंजाब के
। श्री मनोज कुमार ने
की दर्दशा पर चिंता
से पाकिस्तान में हिन्दू
प्रभावी पग उठाने की

किस्तान सरकार द्वारा
न्दू शिव सेना, भाजपा
कार्यकर्त्ताओं ने आज
ाला और कश्मीर को
कि अगर पाकिस्तान
न किए तो ऐसा समय
नया के नक्शे से ही
जाएगा । बाद में
शिव सेना पंजाब के
पा के श्री बाल कृष्ण
रंधावा के अतिरिक्त
धत किया तथा पाक
ी जलाया ।

हां सभी राजनीतिक
बाहर एक रैली का
ेतावनी दी कि अगर
नों में हस्तक्षेप करना
ने का सिलसिला बंद
काई आग में जल कर
न को पिछली 3
लना चाहिए । देश
हम सब भारतवासी
देश की एकता के
नहीं रहेंगे । इंका
श्री जुगल महाजन,
माकपा के श्री पूर्ण
के अगर पाकिस्तान
त्व ही समाप्त हो
न की प्रधानमंत्री का
दलों की ओर से
जने के लिए एक
या । नगर में एक

य प्राध्यापक
वनी

): गुरु नानक देव
चेतावनी दी है कि
न ली गई थीं, को
दोलनात्मक रुख
कारिणी जिसकी
इस सम्बन्ध में
ी.एस. रंधावा की
मांग वेतनमानों में

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

तीन गिरोह पकड़े : बठिंडा–जिला बठिंडा में लूटपाट की वारदातें करने वाले तीन गिरोह पकड़े गये हैं । उनसे 30 हथियार, 12 चोरीशुदा स्कूटर तथा 32 तोले सोना बरामद किया गया । यह जानकारी एस.पी. (डी) श्री गिल ने दी । इन गिरोहों को बठिंडा, मानसा तथा फूल से गिरफ्तार किया गया ।

आतंकवादी गिरफ्तार : जालंधर (न.न.ए.): जालंधर पुलिस ने मनमोहन सिंह नामक एक आतंकवादी को गिरफ्तार करके अदालत से उसका एक दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया है । पुलिस द्वारा उससे पूछताछ जारी है । पुलिस के अनुसार यह आतंकवादी हिंद समाचार के श्री इंद्रजीत सूद जगबाणी के श्री बंत सिंह की हत्या में वांछित था ।

जालंधर पुलिस ने गत दिनों जालंधर के मोता सिंह नगर में कोठी नम्बर 542 में लूट की घटना के संबंध में जिस टीटू नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, उससे रिवाल्वर और लूटी हुई राशि बरामद हो गई है । उससे पूछताछ जारी है । पुलिस के अनुसार टीटू उक्त कोठी के मालिक का संबंधी है ।

आतंकवादी गिरफ्तार : सुरक्षा बलों ने आज सायं जालन्धर जिले के शाहकोट थाना क्षेत्र से एक दर्दांत आतंकवादी करतैल सिंह को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने बताया कि आतंकवादी को जब रुकने का इशारा किया गया तो वह नाका पार्टी पर गोलियां चलाने लगा । पुलिस ने भी जवाबी गोलियां चला कर उसे आत्म समर्पण के लिए मजबूर कर दिया । उसके पास से एक ए.के. 47 राइफल तथा 18 कारतूस बरामद हुए हैं ।

कुत्ते की कुर्बानी से सुरक्षा कर्मी बचे : बटाला (पस): गत रात कुछ सुरक्षा कर्मियों का जीवन एक कुत्ते की कुर्बानी के कारण बच गया । यह सुरक्षा कर्मी गांव खजाला में एस.पी.ओ. चौकी पर आतंकवादियों के हमले की खबर सुन कर उस तरफ रवाना हुए थे पुलिस के अनुसार चौकी पर हमला करने वाले आतंकवादियों ने भागने से पहले एक बारूदी सुरंग बिछा दी । सुरक्षा कर्मियों के उस सुरंग के क्षेत्र से गुजरने से पूर्व अचानक एक कुत्ता उधर से गुजरा जिससे जबरदस्त विस्फोट हुआ । कुत्ता मौके पर ही मर गया लेकिन बी.एस.एफ. की पार्टी बाल-बाल बच गई ।

बम फटा : कल बटाला के निकट गांव छिट में एक व्यक्ति शिंगारा सिंह के मकान में एक बमनुमा वस्तु का विस्फोट हुआ । इसमें जान-माल की कोई हानि नहीं हुई ।

गुजराल

(पृष्ठ 3 का शेष)

गया तो उन्होंने कहा कि संबंधों की शुरूआत इस तरह के बयानों से नहीं होनी चाहिए । मैं दोनों देशों के बीच मैत्री और सहयोग संबंध सुदृढ़ बनाने के लिए ढाका जा रहा हूं और मुझे परा विश्वास है कि बंगला देश सरकार का रवैया भी इतना ही सहयोगपूर्ण होगा ।

श्री इरशाद ने 'वीकली' के साथ भेंट में कहा था कि वे भारत को गम्भीर खतरा मानते हैं । यह पछे

इंका
तो

फगवाड़ा,
अकाली दल म
मान ने कहा है
को एक तरफ
आमंत्रित करें

श्री मान
समाधान हेत
बैठक में शामि
बुलाया गया ह

गत सायं
हुए श्री मान ने
सभी समस्याओं
शामिल होने
शामिल नहीं ह

उन्होंने क
बात की दहाई
और अब जबकि
के पक्ष में गई
कतरा रही है

एक प्रश्न
में शांति की स्
अनिवार्य है
समाप्त किया

उन्होंने म
अविलम्ब कर
जाए ।

मान विध
अपना उ

अमृतसर,
भारतीय रंगरेट
अकाली दल म
को परामर्श दि
लिए अपना उ
निर्दोषों की ह
उतावलापन
पंजाब में शां
आवश्यकता
है । उन्होंने क
लोगों ने मान
बहुमत से इसि
श्री मान से पंज
अपेक्षाएं रखते
वह राजनीतिक
हालात को ठी
योगदान दें ।

केंद्रीय स

जालन्धर,
फरवरी : पंजा
एंड क्वॉक्स मैन्य
एसोसिएशन

Punjab Seva Trust

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.
रविवार 18 फरवरी, 1990 तदनुसार 7 फाल्गुन 2046

12th, B.A. Part I, II, III
Available with your Local Book Sellers

SAHNEWAL
H.O. : Raikhy Cinema Chowk, G.T. Road, Ludhiana. (Pb). PH. : 22839, Resi. : 20384.

कुख्यात उग्रवादी फौजी मुठभेड़ में मारा गया, उग्रवादी शस्त्रास्त्र, गुप्त दस्तावेज फैंक कर पाक भाग गए

फिल्लौर ट्रेनिंग कालेज बम कांड सुलझा : एक गिरफ्तार

मोता सिंह नगर-डकैती के 3 अभियुक्त काबू : महिला समेत 7 की हत्या

चंडीगढ़, 17 फरवरी (प.स., वार्ता): बब्बर खालसा संगठन का कुख्यात आतंकवादी सुखदेव सिंह उर्फ केवल सिंह उर्फ फौजी गत रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया । वह कई आतंकवादी घटनाओं में पुलिस को वांछित था । अजनाला सैक्टर में भारत में घुस रहे 4 उग्रवादी भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र और गुप्त दस्तावेज फैंक कर पाकिस्तान में भाग गए । पुलिस ने फिल्लौर ट्रेनिंग कालेज बमकांड के संबंध में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है जबकि मोतासिंह नगर जालन्धर में पिछले दिनों पड़ी डकैती के 3 अभियुक्त काबू कर लिए गए हैं । पंजाब में आतंकवादियों ने गत रात से अब तक एक महिला समेत 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी । बटाला पुलिस जिले में एक भूतपूर्व कांस्टेबल लूटमार करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया । आतंकवादियों ने एक बैंक से लगभग 17,000 रुपए लूट लिए ।

कुख्यात आतंकवादी 'फौजी' मरा : अमृतसर (वि.प्र.): बब्बर खालसा का एक कुख्यात आतंकवादी सुखदेव सिंह बब्बर उर्फ केवल सिंह उर्फ फौजी कल रात मजीठा पुलिस जिले के कत्थूनंगल थानांतर्गत अब्दल गांव में सुरक्षा दस्तों के साथ मुठभेड़ में मारा गया । वह गुरदासपुर जिले के दामोदर गांव का रहने वाला था । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने दावा किया कि पिछले महीने मजीठा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री ए.के. शर्मा पर हुये हमले तथा पिछले कुछ महीनों में मजीठा और बटाला पुलिस जिलों में पुलिस चौकियों पर हमले की सभी घटनाओं सहित लगभग तमाम प्रमुख आतंकवादी घटनाओं में फौजी का ही हाथ था ।

मजीठा पुलिस जिले के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादी सुखदेव सिंह अपराध की दुनिया में 'फौजी' के नाम से जाना जाता था । उसकी शिनाख्त सेना के आर्टिलरी सेंटर, हैदराबाद के शिनाख्ती कार्ड तथा उसके पास से बरामद हुए कुछ अन्य दस्तावेजों से संभव हो सकी । इन दस्तावेजों में उसके उन अपराधों की सूची है जो उसने बटाला क्षेत्र में अपने गिरोह के साथ मिल कर किये थे । ए.के. 47 चीनी राइफल के लगभग 250 कारतूस उसकी कमर के साथ बंधे हुए मिले हैं । अधिकारियों ने बताया कि फौजी बब्बर खालसा संगठन के उस 7-8 सदस्यीय गिरोह का सदस्य था जिसने गत रात इस गांव में नई स्थापित की गई पुलिस चौकी पर हमला किया था । सुरक्षा बलों ने भी मुकाबले में गोलियां चलाईं । सुबह तलाशी लेने पर फौजी का शव घटनास्थल से लगभग 200 मीटर दूर खेतों में पड़ा मिला ।

मजीठा पुलिस जिला चीफ श्री ए.के. शर्मा ने कहा कि पुलिस सेना से इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रही है कि फौजी एक सैनिक भगौड़ा था या सेना में कार्यरत था । एस.एस.पी. ने कहा कि यह महत्वपूर्ण आतंकवादी गत 9 जनवरी को जाविश देवी के निकट उनकी कार पर हुए हमले, माड़ी कलां के निकट सी.आर.पी.एफ. के वाहनों को उड़ाने के लिए बारूदी सुरंग लगाने तथा सितम्बर में बजाला के निकट सी.आर.पी.एफ. के वाहनों पर घात लगा कर हमला करने की वारदातों में संलिप्त था । इन सी.आर.पी.एफ., पुलिस तथा नागरिक वाहनों पर घात लगा कर हमला करने की कम से कम 6 घटनाओं में भी संलिप्त था । इनमें अमृतसर-बटाला रोड पर रोडवेज के वाहन पर हुआ हमला भी शामिल है ।

उसके गिरोह ने 30 दिसम्बर को सेना की एक टुकड़ी पर भी हमला कर 6 जवानों को घायल कर दिया था । इस गिरोह ने श्याम नगर, कतरिया कलां, नांगली तथा कुछ अन्य गांवों में एस.पी.ओ. चौकियों पर भी हमले किये ।

एक अन्य चौकी पर हमला : एक अन्य आतंकवादी गिरोह ने भिक्खीविंड थाने के गांव भाई लाडो में विशेष पुलिस चौकी पर हमला किया परन्तु डी.एस.पी. के नेतृत्व में पुलिस बल के पहुंचने पर आतंकवादी भाग गए । वहां लगभग एक घंटे तक गोलियों का आदान-प्रदान हुआ । वारदात में कोई घायल नहीं हुआ ।

एक व्यक्ति की हत्या : मजीठा पुलिस जिले में घरिंडा थाने के मल्लोवाल गांव में आतंकवादियों के एक गिरोह ने प्यारा सिंह कुम्हार नामक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 के 4 चले हुए कारतूस मिले हैं ।

भारी मात्रा में हथियार बरामद : सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने मजीठा पुलिस जिले में एक अन्य घटना में 4 आतंकवादियों से अजनाला सैक्टर की सीमावर्ती चौकी कक्कड़ के निकट दो ए.के. 47 राइफलें, अनेक मैगज़ीनें, 3 माऊज़र पिस्तौलें, एक विस्फोटक उपकरण, एक प्रथम चिकित्सा बाक्स, गुप्त दस्तावेजों से भरा एक थैला तथा भारी मात्रा में गोली बारूद बरामद किया । भारी मात्रा में ये हथियार ले जा रहे आतंकवादियों पर सीमा सुरक्षा बल के गश्ती दल ने उस समय गोलियां चलाईं जब वे भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर रहे थे । कुछ समय तक दोनों ओर से हुई गोलीबारी के बाद आतंकवादी हथियार छोड़ कर पाकिस्तानी सीमा की ओर भाग गए ।

इन दस्तावेजों में अकाली दल (मान) के प्रधान श्री सिमरनजीत सिंह मान से यह कहा गया है कि वे केंद्र के साथ बातचीत न करें ।

दस्तावेज़ों में श्री मान से कहा गया है कि सिखों को खालिस्तान से कम कुछ भी मान्य नहीं होगा । इस सम्बन्ध में 29 अप्रैल, 1986 को स्वर्ण मंदिर परिसर में आतंकवादी नेताओं द्वारा एक प्रस्ताव पास किया गया था ।

श्री मान को सम्बोधित दस्तावेज़ में कहा गया है कि सिख एक अलग कौम है और सभी सिखों को इसके लिए संघर्ष करना चाहिए । दस्तावेज़ में कहा गया है कि सिख स्वतंत्रता चाहते हैं और इसे प्रत्येक मूल्य पर प्राप्त किया जाएगा । दस्तावेज़ में अकाली दल (मान) को यह अधिकार भी दिया गया है कि यदि उनकी राष्ट्रीय मोर्चा सरकार से वार्ता करने की इच्छा हो तो उनको संयुक्त राष्ट्र के एक स्वतंत्र वार्ताकार की सहायता लेकर ऐसा करना चाहिए । दस्तावेज़ में श्री मान को पंजाब विधानसभा के चुनाव में भाग लेने के लिए कहा गया है और कहा है कि यदि उनकी पार्टी जीत जाए तो उनको खालिस्तान की घोषणा का प्रस्ताव अवश्य पारित करना चाहिए । दस्तावेज़ में कहा गया है कि सिखों के लिए स्वतंत्र राज्य के लिए संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक यह प्राप्त नहीं हो जाता ।

महिला की हत्या : एक अन्य सूचना के अनुसार थाना पट्टी के गांव संगवां में गत रात चार आतंकवादी एक नौजवान औरत सुरेंद्र कौर पत्नी ध्यान सिंह के घर गये और गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी । घटनास्थल से पंजाबी में लिखी एक पर्ची मिली है जिसके नीचे कुख्यात आतंकवादी निशान सिंह मक्खू और मनजिंदर सिंह मंड के नाम हैं । पर्ची में लिखा है कि यह औरत बदचलन थी इसलिये इसे ठिकाने लगा दिया गया है ।

बैंक लूटा : एक सूचना के अनुसार थाना सदर तरनतारन के गांव पलासौर में पंजाब नैशनल बैंक की शाखा से आतंकवादी 17,201 रुपए लूट कर ले गये । कहा जाता है कि मारुति कार में सवार पांच आतंकवादी सुबह 10.30 बजे के करीब बैंक के बाहर कार से उतरे । एक आतंकवादी कार के पास खड़ा रहा जबकि चार आतंकवादी बैंक के अंदर चले गये और कैशियर से सारा कैश जो 17,201 रुपए था छीन कर फरार हो गए ।

करनैल सिंह कई वारदातों में वांछित था : जालंधर : गत सायं थाना शाहकोट के गांव कंगना में सुरक्षा बलों द्वारा पकड़ा गया दर्दांत आतंकवादी करनैल सिंह उर्फ साधा, पुत्र गुरमेज सिंह निवासी गांव पधरी थाना झब्बाल, आतंकवाद की कई घटनाओं में वांछित था । एक पुलिस प्रवक्ता के अनुसार करनैल सिंह ने पूछताछ के दौरान बताया है

(शेष पृष्ठ 12 पर)

बोफोर्स मामले की जांच हेतु स्वीडन गए 2 अधिकारी लौटे

नई दिल्ली, 17 फरवरी (वार्ता): बोफोर्स तोप सौदे में दलाली संबंधी जांच करने स्विटज़रलैंड और स्वीडन गए भारतीय दल के तीन में से दो सदस्य कल वापस आ गए । लौटने वाले सदस्य अतिरिक्त सालिसिटर जनरल अरुण जेतली और प्रधानमंत्री कार्यालय में संयुक्त सचिव भूरे लाल हैं । जांच दल के तीसरे सदस्य केंद्रीय जांच ब्यूरो के डी.आई.जी. के. माधवन हैं । ब्यूरो के सूत्रों ने आज बताया कि वह कुछ समय बाद आएंगे । श्री माधवन के साथ ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक आर.एम. सिंह भी हैं । वह बोफोर्स मामले के प्रभारी हैं । श्री माधवन और श्री सिंह के आज स्वीडन से स्विटज़रलैंड पहुंचने की संभावना है, जहां वह स्विस अधिकारियों से पुनः विचार-विमर्श करेंगे ।

छोटी सी बात ... रेखा

आज के जमाने में श्री बी.पी. सिंह जैसा ईमानदार नेता ढूंढ पाना अत्यंत कठिन है : प्रो. डी.पी. चट्टोपाध्याय



साहब, क्या इसका मतलब यह है कि श्री बी. सिंह के अलावा अन्य सभी राजनीतिज्ञ भ्रष्ट हैं ?

ORTANT INFORMATION (GUIDE LINES)
GET MARUTI CAR 800 EASILY & QUICKLY

ड्राईविंग लाईसेंस पर मारुति कार टैक्सी कोटे में थोड़े से दिनों में और बहुत से मिल सकती है । इस कार को आप अपने प्राइवेट आराम के लिए तथा टैक्सी कमाई के लिए इस्तेमाल कर सकते है । D.T.O तथा R.T.O के दफ्तर के लिए और टैक्सी की रजिस्ट्रेशन बनवाने और रखने की Problem के बारे आदमी आपको गाईड कर देंगे । यह कोई बड़ी Problem नही है । यह em आप हमारे Senior Staff से Discuss कर सकते हैं । हमारे क्सी के लिए बैंक से कर्जा आसानी से और कम ब्याज पर लेने के लिए गाईड कर सी तरह वैन भी टैक्सी कोटे में खरीदी जा सकती है । कार और वैन टैक्सी कोटे



पंजाब के राज्यपाल श्री निर्मल कुमार मुखर्जी शनिवार को लुधियाना में लोग समस्याएं सुनते हुए ।

आतंकवाद और भ्रष्टाचार दृढ़ता से निपटा जाएगा : मुखर्जी

लुधियाना, 17 फरवरी (महिन्द्रा, जोशी, भांबी, मुसाफिर, धीमान): पंजाब के राज्यपाल श्री निर्मल कुमार मुखर्जी ने आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति से मैं खुश नहीं हूं । बम फट रहे हैं, पुलिस तथा सुरक्षा बलों पर हमले हो रहे हैं, लूट मार तथा हत्याओं की घटनाएं हो रही हैं । उन्होंने घोषणा की कि सरकार इन घटनाओं की रोकथाम के लिए अधिक प्रभावी पग उठाएगी ।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री मुखर्जी ने स्वीकार किया कि पंजाब से पलायन के समाचार उन्हें मिले हैं । लोग देहात से शहरों में आ रहे हैं । पठानकोट से दो तीन सौ लोग पलायन करके दिल्ली गए हैं । उन्होंने कहा कि उनकी समझ में नहीं आता कि उन लोगों की कठिनाइयां क्या हैं । इस संबंध में जांच-पड़ताल के लिए उन्होंने एक अधिकारी को पठानकोट भेजा है ।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि पलायन करके दिल्ली जाने वाले लोगों के साथ दिल्ली प्रशासन सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार कर रहा है ।

एक प्रश्न के उत्तर पाकिस्तान से आतंकवादी कमी नहीं हुई है ।

भ्रष्टाचार के संबंध में उत्तर में श्री मुखर्जी ने कहा दृढ़ता से निपटा जाएगा जैसे साथ निपट रहे हैं, क्योंकि प्रशासन में पवित्रता नहीं रह

राज्यपाल महोदय ने कह पंजाब के 12 में से 6 जिलों अनुभव करता हूं कि हालात हैं । पुलिस ट्रेनिंग कालेज आतंकवादियों के हमले खेद बताया कि लुधियाना में शीघ्र बनाया जाएगा जो आधुनिक सा होगा ।

उन्होंने घोषणा की कि सर को सख्ती से दबाने का निश्चय काम में ढील नहीं आने देगी ।

प्रमुख राजनीतिक दल मतदाता मन जीतने का जी-तोड़ प्रयास क

नई दिल्ली, 17 फरवरी (प.स.): राज्य विधानसभाओं के 27 फरवरी को होने वाले चुनावों के लिए चुनाव प्रचार समाप्त होने में जहां अब सिर्फ एक सप्ताह बाकी रह गया है, वहीं प्रमुख राजनैतिक दल मतदाताओं का मन जीतने का जी-तोड़ प्रयास कर रहे हैं । चुनाव लड़ने वाले तीन प्रमुख दलों जनता दल, कांग्रेस (इ) और भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख नेता, प्रधानमंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह, विपक्षी नेता श्री राजीव गांधी, श्री लालकृष्ण अडवानी और श्री अटल बिहारी वाजपेयी प्रचार के लिए मैदान में उतर आए हैं । पंजाब और कश्मीर जैसे राष्ट्रीय मसलों को चुनाव प्रचार का प्रमुख मुद्दा बनाया गया है । अन्य स्थानीय मसलों को पार्टी के घोषणापत्रों में शामिल किया गया है ।

कांग्रेस (इ) विभिन्न राज्यों में जनता दल और भाजपा सहित उसकी सहयोगी पार्टियों के बीच उत्पन्न मतभेदों का फायदा उठाने का प्रयास कर रही हैं । हिमाचल प्रदेश में जनता दल और भारतीय जनता पार्टी केबीच पूर्ण तालमेल हो गया है लेकिन मध्य प्रदेश, गुजरात और राजस्थान में आंशिक समझौते को छोड़ कर अनेक सीटों पर कोई समझौता नहीं हुआ है । इन राज्यों में स्थिति और भी जटिल हो गई है क्योंकि जनता दल और भाजपा ने ऐसे क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार खड़े कर दिए हैं जो समझौते के खिलाफ हैं । राजस्थान में ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या आठ और मध्य प्रदेश में तीस से अधिक है ।

बिहार, उड़ीसा, अरुणाचल प्रदेश और केंद्रशासित प्रदेश पांडिचेरी में दोनों दलों के बीच कोई समझौता नहीं हुआ है लेकिन चुनाव पर्यवेक्षकों का मानना है कि

113 और मार्क्सवादी कम्यु उम्मीदवार खड़े किए हैं ।

झारखंड पार्टियों की उपस्थि काफी उल्लेखनीय हो गई है । बिहार के पृथक आदिवासी राज्य करने वालों की काफी बड़ी संख्या बावजूद दक्षिण बिहार में 80 से आन्दोलन का नेतृत्व करने वाले वि होने में विफल रहे हैं ।

चुनाव में विद्रोही उम्मीदवारों कारण किसी की भविष्यवाणी करन है । अनेक राज्यों में काफी से उम्मीदवार खड़े हुए हैं और इनम अनेक प्रभावशाली भूतपूर्व नेता अधिकृत उम्मीदवारों के लिए गंभीर सकते हैं । गुजरात में इनका प्रभाव कि जनता दल और भाजपा को उम्मीदवारों को अपना अधिकृत उम पड़ा । महाराष्ट्र में 200 विद्रो चुनाव मैदान में हैं । मध्य प्रदेश 300 से अधिक है । हालांकि सभी असंतुष्टों के खिलाफ कदम उठा अनुशासनात्मक कार्रवाई के बाव विद्रोही चुनाव मैदान से नहीं हटे हैं

मुखर्जी को वापस बुलाए जाने की सम्भावना

लुधियाना, 17 फरवरी (धीमान): पंजाब के राज्यपाल श्री एन. के. मुखर्जी ने आज इस बात का संकेत दिया है कि सम्भव है कि कुछ दिन तक वापस चले जाएं । जब एक प्रतिनिधिमंडल ने उनसे मांच

तस्कर 12 करोड़ के पदार्थ छोड़ कर

जयपुर, 17 फरवरी (वार्ता): के

Punjabi Bharati

के निर्माताओं को आवश्यकता है
वाशिंग मशीनों में अनुभव ।
महिला । स्वतंत्र रूप से पत्र-व्यवहार कर
।
के–जनरल ड्यूटियों के लिए
लें/आवेदन करें :
विट्रकल्स
फोन : 25896-21157

LAUGH
es will change your life totally.
त्यम्, शिवम्, सुंदरम् को पंख देने वाले फनकार
ओशो की पुस्तकों का मेला
ारपुर-अम्बर होटल, नजदीक बस स्टैंड दिनांक
3, 24 फरवरी 1990.
र–पुरानी मेन मार्कीट, माडल टाऊन–2, 3
990.
ां–मेन बाज़ार–7, 8 मार्च 1990.
पुस्तकों और कैसेटों के लिए सम्पर्क करें :
स्वामी प्रवीण भारती व
मां देवप्रतिमा (नूर)
3/144, पुराना मेन बाज़ार,
दसूहा-144205 (पंजाब)
nudas, Puri Traders (Building
HOSHIARPUR (Pb.)

सूचना

के राज्यपाल की ओर से
रियाणा के स्वीकृत ठेकेदारों, सह.
ए 100/- रुपए प्रत्येक नकद
पर मोहरबंद आइटम/प्रतिशत
निविदाएं अधोहस्ताक्षरी द्वारा
नुसार, सायं 3.30 बजे प्राप्त की
समय को ठेकेदारों/संस्थाओं या
के सामने खोली जाएंगी, जो
ा पत्रक केवल उनको जारी किए
जिट एट काल रसीद या सरकारी
में धरोहर राशि प्रस्तुत करते हैं,
शियल डिवीजन, नरवाना के पक्ष

सूचना और अन्य दस्तावेज़
किसी कार्य दिवस को देखे जा सकते

/संस्थाओं को अपने साथ अपने
ज साथ लाने चाहिएं ।
ाएंगी ।
केदार/संस्था द्वारा अपनी ओर से
तो उसकी सर्वथा उपेक्षा कर दी
धि के लिए निविदा देने के अयोग्य

मित निविदाओं के माध्यम से ही
द्वारा निविदाओं की उपेक्षा कर दी

फौजी मारा गया

(पृष्ठ 3 का शेष)

कि उसने अपने कुछ साथियों के साथ लगभग एक वर्ष पूर्व गांव पधरी निवासी धर्म सिंह की अमृतसर के सुल्तानविंड क्षेत्र में हत्या कर दी थी । उसने यहां से 15 कि.मी. दूर फगवाड़ा क्षेत्र में एक ट्रक रोक कर उसमें सवार सच्चा सिंह सहित 3 व्यक्तियों की हत्या भी की थी । यह आपसी दुश्मनी का मामला बताया गया है । करनैल सिंह ने लगभग डेढ़ माह पूर्व अपने एक आतंकवादी साथी स्वर्ण सिंह उर्फ हैप्पी निवासी सुरसिंहवाला (अमृतसर) की समरावा में हत्या की थी । पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि करनैल सिंह की सगी बहन को स्वर्ण सिंह भगा कर ले गया था । इसी कारण दोनों में शत्रुता हो गई थी । करनैल सिंह ने लुधियाना मार्ग पर स्थित जालंधर चुंगी से एक ट्रक भी छीना था जिसका जाली रजिस्ट्रेशन पीआईक्यू 04980 करा लिया गया है तथा उसका एक अपराधी साथी आजकल इस ट्रक को चला रहा है । इसी चुंगी से एक और ट्रक छीना, वह भी जाली नम्बर से चल रहा है । करनैल सिंह ने साहनेवाल चुंगी के पास एक ढाबे से सरिये से लदा एक ट्रक छीना और सरिया बेच कर ट्रक छोड़ दिया । करतारपुर मार्ग पर बिधिपुर फाटक से उसने गेहूं से लदा एक ट्रक तथा गेहूं को अमृतसर में बेच कर ट्रक मोगा के निकट बेच दिया । हरियाणा में थाना फतेहाबाद के गांव बहलोलपुर से उसने 2 बंदूकें भी छीनी थी ।

मोता सिंह नगर डकैती के अभियुक्त काबू : पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गत 3 फरवरी को जालंधर के धनी इलाके मोता सिंह नगर की कोठी नं. 542 में जो डाका पड़ा था उसमें संलिप्त तीनों अभियुक्त गिरफ्तार कर लिये गये हैं । एक अभियुक्त अरविंदर सिंह उर्फ टीटू कोठी मालिक की पत्नी का सगा भतीजा है । घटना वाले दिन उसने अपने दो साथियों को अपनी बुआ की कोठी में लूटने के लिए भेज दिया था, क्योंकि उसे पता था कि बुआ घर में अकेली होगी । वह खुद बाहर खड़ा रहा था । अभियुक्तों के पास से लूटा गया रिवाल्वर, जेवर तथा 20 हजार रुपये नकद बरामद हुए हैं । उन्होंने कई मोटर साईकलों तथा स्कूटर की चोरियों की घटनाओं में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है ।

अरविन्दर सिंह के दोनों साथी शिवराज सिंह और राजविन्दर सिंह भी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिए गए हैं ।

फिल्लौर ट्रेनिंग कालेज बम कांड सुलझा : प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने गत 11 फरवरी को फिल्लौर पुलिस ट्रेनिंग कालेज में हुए बम विस्फोट का मामला भी सुलझा लिया है । इस घटना में इंस्पैक्टर हरचरण सिंह सहित तथा ए.एस.आई. राम मूर्ति मारे गये थे । प्रवक्ता ने बताया कि इस संबंध में डिप्ल इंस्पैक्टर दिलबाग सिंह को गिरफ्तार किया गया है । थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव धनिये के बांगर का रहने वाला है । दिलबाग सिंह ने इस घटना के बारे में अपनी पूरी योजना बता दी है और उसके साथी शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिये जाने की आशा है । उसने बताया कि उसके साथी जो एक ट्रक से आये थे, फिल्लौर बस स्टैंड पर पुल के पास उसे एक टाईम बम दे गये थे जिसे उसने ट्रेनिंग कालेज में शाम के 7.30 बजे रोल काल का बिगुल बजने पर, जब सभी लोग हाजरी लगवाने गये हुए थे, मृतकों के कमरे में रख दिया था ।

भूतपूर्व कांस्टेबल गिरफ्तार : बटाला (कोछड़): थाना सिटी पुलिस बटाला व बी.एस.एफ. ने गत रात थाना धारीवाल के गांव डेरीवाल निवासी भूतपूर्व कांस्टेबल कुलवंत सिंह को लूटमार के आरोप में गिरफ्तार कर उसके पास से एक 455 बोर का रिवाल्वर, 4 कारतूस, 292 रुपये तथा एक हीरो होंडा मोटर साइकल बरामद किया है जिस पर पीसीएम 1829 की गलत नम्बर प्लेट लगी हुई थी । यह जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री समंत कुमार गोयल ने बताया कि गत सायं लगभग 6.30 बजे इसने स्थानीय डेरा रोड स्थित रूड़ी मल प्रकाश नाथ किरयाना विक्रेता की दुकान से रिवाल्वर की नोक पर लूटमार की थी । सूचना पाकर बी.एस.एफ. व पुलिस नाकों को सतर्क कर दिया गया और स्थानीय नेहरू गेट पर बी.एस.एफ. नाका पर उसे जवानों व लोगों ने काबू में ले लिया ।

श्री गोयल के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ के दौरान इसने स्वीकार किया है कि उक्त मोटर साइकल इसने अमृतसर से एक व्यक्ति से छीनने के साथ-साथ उपरोक्त किरयाना की दुकान से एक बार पहले भी लूटमार की थी । एक स्थानीय पैट्रोल पम्प से 3000 रुपए कुछ ही दिन पहले लूटे थे तथा अपने साथियों के साथ बटाला, पठानकोट, अबोहर क्षेत्रों में चोरियां करने तथा लूटने की वारदातों के साथ पठानकोट नगर से पिस्तौल की नोक पर घड़ियां, कीमती सामान तथा कपड़ा आदि लूटने की वारदातों में भी इसकी संलिप्तता थी । पुलिस पूछताछ के दौरान इसने पुलिस को अपने कई साथियों के नाम आदि भी बताए हैं जिन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस छापे मार रही है । आगे पूछताछ से जांच में कई लूटमार तथा चोरियों का भी पता चलने की संभावना है । उल्लेखनीय है कि पुलिस जिला बटाला में जब श्री सुमेध सिंह सैनी एस. एस. पी. थे तो जुलाई 1988 में इस कांस्टेबल से गोली चलने के कारण श्री सैनी के एक सुरक्षा कर्मचारी हवलदार जरनैल सिंह की मृत्यु हो गई थी । उसके बाद इस पुलिस विभाग से बर्खास्त कर उस मामले में गिरफ्तार कर लिया गया था तथा जमानत पर आने के बाद यह पुलिस विभाग के लिए कथित तौर पर 'कैट' का काम कर रहा था ।

एक अन्य हत्या : मक्खू से 'शेखर' के अनुसार परसों रात गांव चिड़ियाल में दर्शन सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी गई । प्राप्त जानकारी के अनुसार दर्शन सिंह जब अपने घर में खाना खा रहा था तो कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने उससे किसी अन्य गांव का मार्ग पूछा । गांव से बाहर आकर संदिग्ध व्यक्तियों ने दर्शन सिंह को गोलियां मार कर मार डाला ।

अध्यापक की हत्या : मक्खू से 'शेखर' के अनुसार थाना जीरा के गांव ढींडसा के प्राइमरी स्कूल के इंचार्ज सतपाल टंडन की आज उस समय दो अज्ञात साइकल सवारों ने तीन गोलियां मार कर हत्या कर दी, जब वह स्कूल से छुट्टी करे जीरा स्थित अपने घर जा रहे थे ।

डाक्टर का अपहरण : शेखर के ही अनुसार जीरा के डाक्टर विजय कुमार खन्ना का कल उनके घर से अपहरण कर लिया गया ।

3 व्यक्तियों की हत्या : मलोट (गोयल): कल रात लगभग 9.15 बजे एक दर्जन आतंकवादियों ने फरीदकोट जिले में मलोट थाना के गांव एना खेड़ा में आकर डा. अशोक कुमार (30), दर्शन सिंह (30), पंचायत सदस्य तथा निहंग अर्जन सिंह को उनके घरों से बुलाया और गांव के स्कूल के पास ले जाकर गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी । वे शवों के पास खालिस्तान कमांडो फोर्स के बरुशीश सिंह सोना की तरफ से एक पत्र छोड़ गये जिसमें लिखा है कि इन लोगों की हत्या इसलिये की गई है क्योंकि ये पुलिस के मुखबिर थे ।

डर के मारे नौकरी छोड़ दी : तीन होमगार्ड जवानों ने आतंकवादियों की धमकियों से डर कर अपनी नौकरी छोड़ दी है । उनके नाम हैं बलबीर सिंह तथा बलदेव सिंह दोनों निवासी गांव बाडियां तथा गुरमीत सिंह निवासी ग्राम घरगा ।

अंधाधुंध फायरिंग : तीन आतंकवादियों ने गत रात गांव बाडियां, मलवाला और औलख में अंधाधुंध गोलियां चलाईं । किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है ।

पुस्तकों के मूल्य बढ़ा दिए

चंडीगढ़, 17 फरवरी (एस): पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 1990-91 के लिए अपनी पाठ्य पुस्तकों की दरें संशोधित कर दी हैं । बोर्ड के सचिव श्री जसवंत सिंह ने आज यहां स्पष्ट किया कि ये मूल्य कागज और छपाई की दरों में वृद्धि के कारण बढ़ाए गए हैं ।

पत्रकारों की हत्या व पिटाई पर विरोध व्यक्त

लंदन, 17 फरवरी (ए.पी.): अंतर्राष्ट्रीय प्रैस संस्थान ने कहा है कि उसने पत्रकारों की हत्या, पिटाई तथा उन्हें हिरासत में लिए जाने की चार अलग-अलग घटनाओं पर भारत, पाकिस्तान तथा बंगलादेश की सरकारों से विरोध व्यक्त किया है । संस्थान ने कल कहा कि ऐसे एक सबसे गंभीर मामले में उसने भारतीय प्रधानमंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह को एक पत्र लिख कर जम्मू-कश्मीर दूरदर्शन के प्रमुख लासर लाल की गत मंगलवार को हुई हत्या पर गहरी चिंता जताई है ।

फिल्म 'संत वाल्मीकि' को रिलीज़ करने पर रोक

चंडीगढ़, 17 फरवरी (संधी): संगरूर के सीनियर सबजज एल.आर. रोजाम ने भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज संगरूर के पदाधिकारियों देब सिंह एवं अशोक कुमार की ओर से दायर किए गए दीवानी मुकद्दमे पर हिन्दी फिल्म 'संत वाल्मीकि' को रिलीज़ करने पर रोक लगाते हुए कार्रवाई 28 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी है ।

देश विभाजन नहीं

(पृष्ठ 3 का शेष)

में पूरी तरह तत्पर और सक्षम हैं । उन्होंने अपनी कई जनसभाओं में पिछली कांग्रेस (इ) सरकार पर आरोप लगाया कि उसकी गलत रक्षा-नीति के कारण देश की रक्षा-व्यवस्था कमजोर हुई है । उन्होंने बताया कि जब पाकिस्तान जैसे देश अपने रक्षा-व्यय को बढ़ा रहे हैं, कांग्रेस (इ) ने इसके कई मदों में कटौती कर दी है । श्री सिंह ने अपने इस चुनावी दौरे की पहली जनसभा को बहरोड़ (राजस्थान) में संबोधित किया था । उन्होंने इसका समापन आज साबरमती (गुजरात) में एक जनसभा को संबोधित करके किया ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने न्याय प्रणाली में सुधार करने का फैसला किया है । उन्होंने कहा कि लोकपाल विधेयक के जरिये मंत्रियों के ही नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री के खिलाफ भी जांच पड़ताल की जा सकती है । उन्होंने बताया कि पंचायतों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा । उन्होंने कहा कि आकाशवाणी और दूरदर्शन को पूर्ण स्वायत्तता प्रदान की जाएगी ताकि सभी लोगों को अपने विचार व्यक्त करने का अवसर मिले । श्री सिंह ने कहा कि देश के महत्वपूर्ण मामलों को किसी एक व्यक्ति के हाथों में केन्द्रित नहीं होना चाहिए । इसके पूर्व परिणाम अच्छे नहीं रहे हैं ।

इससे पहले प्रधानमंत्री का यहां पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया ।

मुखर्जी

(पृष्ठ 3 का शेष)

उनसे पूछा गया कि अब जबकि 11 मई को प्रदेश में गवर्नरी राज समाप्त हो जाएगा, क्या वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत आप केंद्र से चुनाव कराने की सिफारिश करेंगे । उन्होंने जवाब दिया कि यदि केंद्र ने गवर्नरी राज की अवधि न बढ़ाई तो हालात की रोशनी में उन्हें अपनी रिपोर्ट केंद्र को देनी होगी ।

उन से पूछा गया कि श्री मान यह रट लगा रहे हैं कि सरकारी मशीनरी तबदील की जाए, इस पर उन्होंने कहा कि श्री मान के निर्देश पर नहीं बल्कि वह काम करना है जो पंजाब और लोगों के हित में होगा ।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि सरकार ने ग्रामीण



इंका शिष्टमंडल पार्टी महासचि
नेतृत्व में शनिवार को मणि
परिणामों के बारे में राष्ट्रपति
ज्ञापन देने के बाद राष्ट्रपति
हुए ।

मणिपुर वि का विधिव

इम्फाल, 17 फरव
विधानसभा की 60 में से 48
जाने के बाद आज विधानसभा
दिया गया । मणिपुर के मुख
बी.एस. लाम्बा ने बताया कि
भी जारी कर दी गई है । नि
कार्यकाल का आज अंतिम दि

अब तक घोषित 46 चुन
(इ) और विपक्ष ने 23-2
मुख्यमंत्री आर.के. जयचंद्र सि
पीपल्स पार्टी के एकमात्र स
कांग्रेस (इ) में शामिल हो गए

इंका द्वारा सरकार
कांग्रेस (इ) ने मणिपुर विधा
नवनिर्वाचित 23 विधाय
पीपल्स पार्टी के एक विधायक
राज्यपाल श्री चिंतामणि पाणि
राज्य में सरकार बनाने का दा
जिन 24 विधायकों को राज
किया, उनमें नैशनल पीप
विधायक श्री बी. हंगकालि
मुख्यमंत्री आर.के जयचन्द्र सि
हंगकालियान कांग्रेस (इ) में

विधायकों द्वारा 'म
नवनिर्वाचित विधायकों औ
के एक निर्वाचित विधायक
सरकार बनाने का अपना द
राजभवन तक मार्च किया
के श्री हंगखलिया और कांग्रे
ने राज्यपाल श्री चिन्तामणि
के लिए कि सरकार बनाने क
बहुमत है, विधानसभाध्यक्ष
राजभवन तक एक किलो मी
इस बीच ऐसा समझा जात
मोर्चा भी, जिसे कांग्रेस (इ)
का ही समर्थन प्राप्त है, सरक
वाला है ।

नई दिल्ली : एक सरव
केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज
मणिपुर में राष्ट्रपति शासन

आढ़तियों द्वार सांकेतिक हड़ता

पटियाला, 17 फरवरी
एसोसिएशन ने आतंकवादि
ऐंठे जाने को रोकने में सर
विरोध में 22 फरवरी को
हड़ताल करने का आह्वान
के अध्यक्ष श्री बाल कृष्ण
आशय का आह्वान
आतंकवादियों द्वारा आढ़
घटनाएं भटिंडा, फिरोज
गुरदासपुर में आम हो
अनिश्चित काल के लिए ब
थाने के बाहर धरना दिए

महाशिवरात्रि में शोभ

फगवाड़ा, 17 फरव
सेवा फगवाड़ा द्वारा महा

RUNNING FACTORY FOR IMMEDIATE SALE
ON MAIN ROAD-JALANDHAR CITY.
Offers are invited for sale, Area 6½ Kanal (124
Marlas) 4 Shed, Office, Store with Connection 60 H.P.

Punjabi Sanjatan

पंजाब में भाजपा नेता, हैड कांस्टेबल सहित 7 व्यक्तियों की हत्या

फिल्लौर बम कांड में 2 और पुलिस कर्मी गिरफ्तार

चीमा खुड्डी गांव में शक्तिशाली बम बरामद

चंडीगढ़, 18 फरवरी (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत रात के बाद से भाजपा नेता सहित सात व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । फिल्लौर पुलिस ट्रेनिंग कालेज में हुए बम विस्फोट के संबंध में दो और पुलिस कर्मी गिरफ्तार किए गए । उग्रवादियों के एक गोपनीय दस्तावेज में सिमरनजीत सिंह मान से कहा है कि वह केंद्रीय सरकार के साथ कोई बातचीत न करें ।

भाजपा नेता की हत्या : बलाचौर (स): आज प्रात: यहां लगभग पौने 7 बजे जिला होशियारपुर भाजपा के उप-प्रधान तथा बलाचौर के नगरपिता पंडित सखी चंद की दो आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । हत्यारे पैदल ही उनकी टाल पर आए थे तथा उनकी हत्या करके पैदल ही भाग गए । श्री सखी चंद इस टाल पर हरे चारे की बिक्री करते थे । एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार हत्यारे किशोर आय के थे तथा उन्होंने शालें ओढ़ रखी थीं । एक ने पीली व दूसरे ने नीली पगड़ी पहन रखी थी ।

पुलिस ने पंडित सखी चंद को सुरक्षा गार्ड देने की भी पेशकश की थी, पर उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया था । श्री सखी चंद की हत्या का समाचार प्राप्त होते ही क्षेत्र में शोक छा गया । इस हत्याकांड के विरोध में कल बलाचौर बंद रहेगा ।

भाजपा नेता श्री भाग्य चंद्र, लोकदल नेता श्री तुलसी राम चौहान व इंका सांसद श्री कमल चौधरी, शिव सेना नेता अश्विनी शर्मा, जद नेता सुनील वालिया व अन्य नेताओं ने श्री सखी चंद की हत्या की कड़ी निंदा की है ।

पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर अभियुक्तों की खोज शुरू कर दी है । कुछ व्यक्ति इस संबंध में हिरासत में भी लिये गये हैं ।

बम विस्फोट में 2 और गिरफ्तार : जालंधर (पस) पुलिस ने फिल्लौर के उच्च सुरक्षा वाले पुलिस ट्रेनिंग कालेज में हुए बम विस्फोट के मामले में दो और व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । इस बम विस्फोट में एक इंस्पैक्टर तथा एक ए.एस.आई. की मृत्यु हो गई थी । पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि कल गिरफ्तार किये गये कांस्टेबल दिलबाग सिंह से पूछताछ के बाद कैटलफीड प्लांट के ड्राइवरों कमलजीत सिंह तथा दलजीत सिंह को आज गिरफ्तार किया । यह दोनों घनिये के बंगड़ (गुरदासपुर) के निवासी हैं । पुलिस ने बताया कि कमलजीत सिंह तथा दलजीत सिंह बम को अपने ट्रक में लेकर गये थे और पुलिस ट्रेनिंग कालेज के गेट पर इसे दिलबाग सिंह को सौंपा था । इस गेट में आम लोगों का प्रवेश वर्जित है । दिलबाग सिंह ने कथित तौर पर यह बम दो पुलिस अधिकारियों की चारपाई के नीचे रखा था जो कि यहां एक अग्रिम कोर्स के लिए आए हुए थे तथा जिनके नाम आतंकवादियों की हिटलिस्ट में थे । पुलिस का दावा है कि यह सारी योजना बब्बर खालसा ने बनाई थी ।

गोपनीय दस्तावेज़ बरामद : अमृतसर (वार्ता): अमृतसर में कक्कर सीमा चौकी के निकट आतंकवादियों का एक गोपनीय दस्तावेज़ बरामद किया गया है जिसमें अकाली दल (मान) के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह से कहा गया है कि वह केंद्र के साथ बातचीत नहीं करें । ये दस्तावेज़ चार आतंकवादियों के एक गिरोह के पास था जो अजनाला सैक्टर में भारत-पाकिस्तान सीमा को पार करते समय सीमा सुरक्षा बल द्वारा ललकारे जाने पर अपना सामान छोड़ कर भाग गए । इसमें दो ए.के. 47 राईफलें, तीन माऊज़र, विस्फोट दागने का एक उपकरण, प्राथमिक चिकित्सा का एक डिब्बा तथा एक थैला भी था जिसमें ये दस्तावेज़ व बड़ी मात्रा में गोली-बारूद रखा हुआ था । दस्तावेज़ में कहा गया है कि सिखों को खालिस्तान से कम कुछ मंज़ूर नहीं होगा । इसमें कहा गया है कि इस संबंध में स्वर्ण मंदिर परिसर में 29 अप्रैल 1986 को वरिष्ठ आतंकवादी नेताओं की एक बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया जा चुका है । उस समय श्री सुरजीत सिंह बरनाला पंजाब के मुख्यमंत्री थे तथा जे.एफ. रिबैरो राज्य के पुलिस महानिदेशक थे ।

दस्तावेज़ श्री मान को संबोधित करके लिखा गया है । इसमें कहा गया है कि सिख एक पृथक राष्ट्र के लिये सभी सिखों को एकजुट होकर इसके लिये संघर्ष करना चाहिए । दस्तावेज़ में श्री मान को यह अधिकार दिया गया है कि यदि वह राष्ट्रीय मोर्चा सरकार के साथ बातचीत करना ही चाहें तो उन्हें संयुक्त राष्ट्र के एक स्वतंत्र बातकार की मदद से यह बातचीत करनी चाहिए । दस्तावेज़ में मान से कहा गया है कि वह पंजाब में विधानसभा चुनावों में हिस्सा में और यदि उनका दल चुनाव जीत जाता है तो उन्हें खालिस्तान की घोषणा संबंधी प्रस्ताव जरूर पारित करना चाहिए ।

2 सुरक्षा कर्मियों की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला में कल रात आतंकवादियों ने नागोके गांव में एक पुलिस चौकी से एक पुलिस हैड कांस्टेबल सहित दो सुरक्षा कर्मियों का अपहरण करने के बाद उनकी हत्या कर दी । हैड कांस्टेबल प्रधान सिंह व एस.पी.ओ. धर्मपाल सिंह के गोलियों से छलनी शव आज भरेवाल गांव के निकट एक नाले के पास से बरामद किये गये ।

पिता-पुत्र का बलिदान : गत रात तरनतारन पुलिस जिला के अंतर्गत गांव बल्टोहा में एक वृद्ध हरबंस सिंह तथा उसके 25 वर्षीय लड़के परगट सिंह ने अपने प्राणों की बलि देकर अपने बहुत से साथी ग्रामीणों की जान बचा ली । तरनतारन पुलिस जिला के अधिकारियों ने बताया कि 20-25 आतंकवादियों का एक गिरोह जिसके पास अत्याधुनिक हथियार, हथगोले व छोटे राकेट भी थे, गत रात गांव में घुसे और दो आदधर्मी सिखों हरबंस सिंह व परगट सिंह को पकड़ लिया तथा उनसे कहा कि वे उन्हें गांव में सेवारत पुलिस, होमगार्ड व एस.पी.ओज के घर ले जाएं । दोनों बाप-बेटे के इन्कार करने पर उन्होंने ए.के. 47 का बर्स्ट मार कर उनकी हत्या कर दी । घटना स्थल पर 18 चले हुए कारतूस मिले ।

नौकरानी की हत्या : एक अन्य वारदात में अमृतसर के सिविल लाइन्ज़ क्षेत्र में कुछ लोगों ने रानी नामक घरेलू नौकरानी की हत्या कर दी ।

तरनतारन पुलिस ने एक उग्रवादी रूप सिंह को गिरफ्तार किया ।

एक व्यक्ति की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव बादपुर सेखवां में गत रात 5-6 सशस्त्र आतंकवादियों ने फायरिंग करके एक व्यक्ति गुरनाम सिंह (45) की हत्या कर दी तथा उसकी बेटी रणजीत कौर (18) को गम्भीर रूप से घायल कर दिया, जिसे बटाला के सिविल अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है ।

सरकारी स्कूलों में उग्रवादियों की ओर से राष्ट्रीय गीत पर पाबंदी ?

लुधियाना, 18 फरवरी (महिन्द्रा): लुधियाना नागरिक परिषद का एक शिष्टमंडल संगठन के महासचिव श्री समीर वर्मा के नेतृत्व में गत दिवस राज्यपाल से मिला और एक ज्ञापन देकर मांग की कि शिक्षा संस्थानों में अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों को धमकियां दी जा रही हैं तथा सरकारी स्कूलों में उग्रवादियों की तरफ से राष्ट्रीय गीत पर पाबंदी लगाई गई है । श्री समीर वर्मा ने राज्यपाल से मांग की कि नगर निगम लुधियाना के आयुक्त को निर्देश दें कि नगर के निर्माण-कार्य युद्ध स्तर पर पूर्ण किए जाएं । उन्होंने कहा कि आयुक्त का नगर निगम पर कोई नियंत्रण नहीं और वहां भ्रष्टाचार का शासन है । उन्होंने मांग की कि नगर सुधार ट्रस्ट के चेयरमैन को अधिकाधिक अधिकार दिए जाएं ।

रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया पंजाब यूनिट का एक शिष्टमंडल पार्टी महासचिव चौ. रत्ती राम के नेतृत्व में राज्यपाल से मिला और मांग की पंजाब समस्या बारे अकाली दल (मान) और उग्रवादी संगठनों के प्रतिनिधियों से प्रत्यक्ष बातचीत की जाए । राज्यपाल को सूचित किया गया कि पंजाब का हित इसी में है कि विधानसभा चुनाव शांत वातावरण में ही होने चाहिएं ।

जिला युवा कांग्रेस की तरफ से महासचिव समीर वर्मा के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने राज्यपाल से भेंट में मांग की कि वह केंद्र से कहें कि पंजाब में विधानसभा चुनाव संभव नहीं हैं जब तक कि इस प्रांत में परिस्थितियां सामान्य न हो जाएं । यदि चुनाव हो गए तो यह अंतिम चुनाव होंगे क्योंकि इसमें खालिस्तान का प्रस्ताव पास कराया जाएगा । ज्ञापन में कहा गया कि केंद्र में नई सरकार के गठन से पंजाब एवं कश्मीर में उग्रवादियों की गतिविधियां तेज हो गई हैं । सरकार पहले इन निर्दोषों की हत्याओं की रोकथाम करे और फिर चुनाव का निर्णय ले ।

चौड़ा बाज़ार दुकानदार संघ का एक शिष्टमंडल उपाध्यक्ष श्री दलीप थापर के नेतृत्व में राज्यपाल से मिला और मांग की कि नगर निगम आयुक्त को निर्देश जारी किए जाएं कि नगर के प्रमुख बाजारों में सीवरेज, लाईट, सड़कों आदि की व्यवस्था में सुधार लाया जाए ।

रिटायर्ज़ क्लब लुधियाना का एक शिष्टमंडल जो श्री सूरजभान जैन के नेतृत्व में राज्यपाल से मिला, उन्हें रैडीमेड गुड्ज़ की पैदावार को बिक्री कर में वृद्धि करने से धक्का लगने वाले हालात से अवगत कराया । क्लब प्रधान श्री सूरजभान जैन ने बाद में पत्रकारों को बताया कि उन्होंने एक ज्ञापन में

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjab Sarkari

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मृतक इंका के भूतपूर्व विधायक अश्विनी सेखड़ी के कारखाने में सुरक्षा कर्मचारी था । वह भूतपूर्व सैनिक भी था ।

सूत्रों ने कहा कि गत रात लगभग 8.30 बजे अज्ञात सशस्त्र आतंकवादी उसके घर आये तथा ए.के. 47 राइफल से फायरिंग करके उसकी हत्या कर दी । घटना स्थल से ए.के. 47 राइफल के 5 चले हुए कारतूस भी मिले हैं ।

2 हीरो होंडा मोटर साइकल छीने : जिला बटाला के ही थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव खुबाला से 3 सशस्त्र आतंकवादियों ने एक व्यक्ति बलवंत सिंह से उसका हीरो होंडा मोटर साइकल नम्बर पी.आई.एल. 9398 छीन लिया तथा भाग निकले । इसी थाना के अंतर्गत गांव मंड से गत सायं 3 ही सशस्त्र अज्ञात आतंकवादियों ने एक अन्य व्यक्ति सतनाम सिंह से उसका हीरो होंडा मोटरसाइकल नम्बर पी.सी.बी. 4978 छीन लिया तथा फरार हो गए । दोनों वारदातें सायं लगभग 6 बजे हुईं । इस संदर्भ में थाना में केस दर्ज कर लिया गया है ।

बम बरामद : इसी बीच सीमा सुरक्षा बल ने बटाला में चीमा खुड्डी गांव के निकट एक सड़क पर एक शक्तिशाली बम और ए.के. 47 राइफल के दस कारतूस बरामद किए हैं ।

4 आतंकवादी बच निकले : मोगा से आजाद के अनुसार गत रात लगभग साढ़े 8 बजे मोगा पुलिस चौकी में तैनात सिपाही सुरजीत सिंह जब दशमेश नगर में अपने घर वाली गली नं. 8 का मोड़ मुड़ा तो 4 आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफलों से फायर कर दिए । सुरजीत सिंह जिसके पास स्टेनगन थी, ने भी जवाब में फायरिंग की तो वे भाग निकले । इस भय से कि वे पुलिस के घेरे में आ गये हैं, 2 आतंकवादियों ने एक तथा दो अन्य ने दूसरे घर में घुस कर जान बचाने की कोशिश की । इनमें से एक घर थाना सिटी में तैनात सिपाही महेंद्र सिंह का था । गोलियों की आवाज सुन कर उसने पहले ही पोजीशन ले रखी थी । दरवाजे की सांकल न लगी होने के कारण जब दोनों आतंकवादी अंदर घुसे तो उसने फायरिंग कर दी । इस पर वे वहां से भी भाग गए । इंस्पैक्टर हरबंस लाल कुमक लेकर तत्काल वहां पहुंचे परन्तु कोई आतंकवादी हाथ न आया । इंस्पैक्टर ने कहा कि आतंकवादियों की गिरी हुई पगड़ियों में गोलियों के निशान थे जिनसे लगता है कि वे भी घायल हुए हैं । सिपाही सुरजीत सिंह को प्रारम्भिक डाक्टरी सहायता देने के बाद लुधियाना भेज दिया गया । उसकी टांगों में गोलियां लगी हैं ।

होशियारपुर पुलिस ने एक आतंकवादी केशव उर्फ राम् को गिरफ्तार करके उससे एक पिस्तौल और 19 कारतूस बरामद किये ।

कपूरथला पुलिस ने तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनसे दो बंदूकें, एक देसी पिस्तौल व कारतूस बरामद किये ।

कृष्ण लाल शर्मा

(पृष्ठ 3 का शेष)

भाजपा कार्यकर्त्ताओं को निर्देश : श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा ने अपने कार्यकर्त्ताओं को निर्देश दिए हैं कि वे हरियाणा में मेहम व थानेसर के विधानसभा उप-चुनावों में जनता दल प्रत्याशियों का समर्थन करें । मेहम से मुख्यमंत्री श्री ओम प्रकाश चौटाला जद प्रत्याशी हैं । उन्होंने कहा कि पार्टी के निर्देशों की अवहेलना करने वाले कार्यकर्त्ताओं व नेताओं के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी । उन्होंने कहा कि तकनीकी तौर पर विधानसभा का चुनाव लड़ रहे बागी भाजपा कार्यकर्त्ता पार्टी के संविधान के अंतर्गत निष्कासित समझे जाएंगे परन्तु विद्रोहियों को नाम वापस लेने के लिए कुछ समय दिया गया है ।

मणिपुर में इंका व विपक्ष दोनों सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे

इम्फाल, 18 फरवरी (पी.एस.) : मणिपुर के मुख्यमंत्री द्वारा कल रात इस्तीफा दे दिए जाने के बाद कांग्रेस (इ) और संयुक्त विपक्ष दोनों ने ही 20 फरवरी को 12 सीटों के लिए होने वाले पुनर्मतदान के बाद राज्य में सरकार गठित करने के दावे पेश करने का निर्णय किया है । राज्यपाल चिन्तामणि पाणिग्रही ने श्री जयचंद्र सिंह का इस्तीफा स्वीकार करते हुए वैकल्पिक व्यवस्था होने तक उन्हें काम चलाऊ सरकार बनाए रखने को कहा है । मणिपुर की पूर्व विधानसभा के कार्यकाल का कल अंतिम दिन था । श्री जयचंद्र ने कहा कि अभी तक घोषित परिणामों के अनुसार सबसे बड़ी पार्टी के रूप में कांग्रेस (इ) उभरी है लेकिन सरकार बनाने का उसे निमंत्रण देने के लिए राज्यपाल पर दबाव डालने का फिलहाल प्रश्न ही नहीं उठता ।

इसी मध्य नैशनल पीपुल्स पार्टी के नवनिर्वाचित विधायक बी. हंगखलिया ने आज कहा कि वह कांग्रेस (इ) में शामिल नहीं हुए हैं ।

गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा लड़का कुलजीत सिंह, उम्र 17 साल, कद 6', रंग साफ, सफेद रंग की कमीज, पैंट तथा फ्लीट बूट पहने हुए था, जो 10.9.89 को अमृतसर से दिल्ली जाने वाली गाड़ी में बैठा था । जो कोई इस लड़के का पता देगा या हमारे पास पहुंचाएगा, उसे सफर खर्च के अलावा 3000/- रुपए बतौर इनाम अदा किया

Punjab Sampadan

के महासचिव श्री यामागुची बोर्ड में सुश्रीतकाको के नाम के ऊपर एक लाल रंग से बना गुलाब रख कर विजयोल्लास प्रकट करते हुए । सोशलिस्ट पार्टी इन चुनावों में देश की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में सामने आई है । (फोटो : प्रै.ट्र.)

पंजाब में इंका वर्कर सहित 5 लोगों की हत्या : एस.पी.ओ. चौकी पर हमला : हैडकांस्टेबल घायल

चंडीगढ़, 19 फरवरी (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात के बाद से 2 औरतों सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । एक एस.पी.ओ. चौकी पर हमला किया गया । एक हैडकांस्टेबल उग्रवादियों के हमले में घायल हो गया ।

गोलियों से छलनी शव मिला : अमृतसर (वि.प्र.): जिला मुख्यालय में प्राप्त एक सूचना के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के थाना सरहाली के गांव फैलोके के बाहर खेतों में एक 20-22 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला, जो कि गोलियों से छलनी था । मृतक अमृतधारी बताया जाता है । शव के निकट ए.के. 47 के 13 चले हुए कारतूस भी पड़े थे । यह हत्या आतंकवादी धड़ों की आपसी शत्रुता का परिणाम समझी जा रही है ।

एस.पी.ओ. चौकी पर फायरिंग : एक अन्य सूचना के अनुसार थाना पट्टी के गांव सैदो में एस.पी.ओ. चौकी पर कल शाम कुछ उग्रवादियों ने फायरिंग की परन्तु जवाबी फायरिंग किए जाने पर वह फरार हो गए । किसी हानि का समाचार नहीं मिला है ।

स्कूटर छीना : एक अन्य सूचना के अनुसार थाना छहर्टा के क्षेत्र में घनपुर के निकट दो आतंकवादियों ने जिनमें से एक के पास रिवाल्वर व दूसरे के पास स्टेनगन थी, एक व्यक्ति तरसेम लाल से उसका स्कूटर छीन लिया और फरार हो गए ।

हैड कांस्टेबल घायल : पुलिस जिला मजीठा के गांव गोपाल के निकट कार में सवार कुछ आतंकवादियों ने कल रात सेतनाम सिंह नामक एक हैड कांस्टेबल को गोलियों मार कर घायल कर दिया ।

डिपो होल्डर की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव कोठे में गत रात 4 आतंकवादियों ने एक व्यक्ति अमरीक सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मृतक इंका समर्थक तथा डिपो होल्डर था । हाल ही के लोकसभा चुनावों के दौरान इसने इंका के लिए बूथ भी लगाए थे ।

गत रात लगभग 11 बजे 4 सशस्त्र अज्ञात आतंकवादियों ने इसके घर में जबरी दाखिल होकर इसे अपने साथ चलने के लिए कहा तथा कुछ दूर ले जाकर उसकी गोली मार कर हत्या कर दी । घटना स्थल से ए.के. 47 राइफल के 9 चले हुए कारतूस भी मिले हैं । पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल ने आसपास का सारा क्षेत्र सील करके आतंकवादियों की खोज आरम्भ कर दी है ।

भाजपा नेता की हत्या के विरुद्ध मौन जलूस : बलाचौर (जोशी) भाजपा नेता श्री सखी चंद की हत्या के विरोध में आज बलाचौर सब-डिवीजन में नागरिकों ने एक मौन जलूस निकाला तथा एस.डी.एम. बलाचौर को ज्ञापन दिया । ज्ञापन में श्री सखी चंद के हत्यारों को तुरन्त गिरफ्तार किये जाने, स्वर्गीय नेता के परिवार को 1 लाख रुपए की सहायता दिये जाने, उग्रवादियों के साथ सख्ती से निपटने आदि की मांगें की गई ।

2 बहनों की हत्या : जिला फिरोजपुर के थाना ढल खुर्द के गांव रत्ता खुर्द में आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलियां चला कर दो बहनों की हत्या कर दी । यह दोनों एक व्यक्ति जरनैल सिंह की बहनें थीं । पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों ने जरनैल सिंह के मकान के आंगन में गोलियां चलाईं ।

हैड कैशियर की हत्या : पटियाला (भूषण) आज दोपहर आतंकवादियों ने इस जिला में पातड़ा मंडी स्थित पंजाब राज्य बिजली बोर्ड उप-कार्यालय के हैड कैशियर श्री शाम लाल की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा कैशियर शिव कुमार को सख्त घायल कर दिया । आतंकवादी वहां से नकदी लूट कर भाग गए । शिव कुमार को राजेंद्रा अस्पताल पटियाला में दाखिल कराया गया है । उसकी दशा नाजुक बताई गई है ।

मान अकाली दल के नेता का पुत्र अपराधी गिरोह का सरगना : भटिंडा (शर्मा): पुलिस ने एक आतंकवादी बिक्कर सिंह निवासी बुर्ज ढिलवां को गिरफ्तार करके उससे भारी मात्रा में हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया है । पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि वह अकाली दल मान के नेता लक्खा सिंह के पुत्र गुरमीत सिंह के गिरोह का सदस्य है । पूछताछ के दौरान उसने गिरोह के अन्य सदस्यों के नाम लाभ सिंह डूमवाली, गुरजंट सिंह पुत्र

(शेष पृष्ठ 6 पर)

पंजाब में राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाने पर इंका भी सहमत : अडवानी

अहमदाबाद, 19 फरवरी (वार्ता, प.स.): भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष लाल कृष्ण अडवानी ने पाकिस्तान को चेतावनी दी है कि वह कश्मीर में हस्तक्षेप करना छोड़ दें क्योंकि भारत से फिर से 'उलझने' से उसका अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा ।

गुजरात में एकदिवसीय चुनावी दौरा शुरू करने

पंजाब के बारे में उन्होंने कहा कि वहां अभी विधानसभा चुनाव कराने के लिए उपयुक्त वातावरण नहीं है ।

श्री अडवानी ने कहा कि कांग्रेस (इ) अध्यक्ष राजीव गांधी पंजाब में राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाने के लिए संविधान में संशोधन का समर्थन करने पर सहमत हो गए हैं ।

Punjab Sahapedia

दिया ।

श्री वेंकटरमन एक विशेष समारोह में समाजवादी आंदोलन के जनक आचार्य नरेंद्र देव की प्रतिमा का अनावरण कर रहे थे । श्री वेंकटरमन ने कहा कि आचार्य जी आज सबसे पहले ऐसे व्यक्ति होते, जो यह बताते कि इन उद्देश्यों की प्राप्ति के बिना स्वतंत्रता संग्राम अधूरा है ।

वर्षा से अच्छी फसल की सम्भावना बढ़ी

लुधियाना, 19 फरवरी (नेपाल): इस सप्ताह पंजाब में अच्छी वर्षा होने के कारण इस वर्ष फिर से गेहूं की अच्छी फसल होने की सम्भावनाएं बढ़ गई हैं क्योंकि यह वर्षा खड़ी फसल के लिए बहुत ही लाभदायक बताई जाती है । अच्छी फसल की सम्भावना के अंतर्गत किसान गेहूं के पराने स्टाक भारी मात्रा में अनाज मंडियों में ला रहे हैं ।

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

लक्खा सिंह भुच्चोमंडी निवासी, जरनैल सिंह निवासी ढिलवां बताए । उसने बताया कि गुरमीत सिंह उनके गिरोह का सरगना है । वह उनको अपराध करने के लिए हथियार सप्लाई किया करता था तथा उन्होंने कई लोगों से हथियार व स्कूटर आदि छीने थे । उसके गिरोह ने 4 शराब के ठेके लूटे थे । उन्होंने गत 31 दिसम्बर को तपा निवासी व्योपारी शाम लाल का एक कार में अपहरण किया था । इस अपराध में गुरमीत सिंह, लाभ सिंह, गुरजंट सिंह व जरनैल सिंह उसके साथी थे । उन्होंने उसकी लक्खा सिंह के ट्यूबवैल पर हत्या तथा दो लाख रुपए की फिरौती लेकर उसको मुक्त किया । इसमें से 20,000 रुपए उसको (बिक्कर सिंह को) मिले जबकि शेष रकम गुरमीत सिंह के पास है । उन्होंने यह कार मानसा में किराए पर लेने के बाद इसके चालक की हत्या की थी ।

बिक्कर सिंह ने 20,000 रुपए की इस रकम में से नया बजाज चेतक स्कूटर खरीदा था जोकि बरामद किया जा चुका है । शेष रकम तथा अवैध हथियारों को बरामद करने के लिए गुरमीत सिंह और लक्खा सिंह के घरों पर छापे मारे गए हैं । लक्खा सिंह के घर से एक .455 बोर का रिवाल्वर और कुछ कारतूस मिले ।

ऊंचे पर्व
दिन

चंडीगढ़, 1
में आज लगाता
कारण हिमाचल
की सर्दी में जकड़े
पर्वतीय क्षेत्रों के
तथा चंडीगढ़ में
क्षेत्रों में भी शीत

हिमाचल
जिलों, पांगी घा
पहाड़ों पर हिम
स्थानों पर न्यून
26 डिग्री तक र
हिमपात होने की

पिछले 24
लाहुल तथा क
हुआ जिस कार
आई है ।

शिमला त
भी वर्षा हुई ।
अमृतसर, चंडी
अतिरिक्त दिल्ल
अमृतसर 5.3
उत्तर-पश्चिम
स्थान रहा ।

मौसम वि
हिमाचल व ज
हरियाणा चंडी
सम्भावना व्यक

ARC WELDING ELECTRO

WANTED EXPERIENCED ST

1. **FOREMAN.** (Experienced in Electrodes Plants and Drawing Machines).
2. **PRESSMAN.**
3. **WIRE CUTTING OPERATOR**
4. **WIRE DRAWING MACHINE OPERATOR**
5. **FLUX KNOWING OPERATOR**
6. **ACCOUNTS CLERK-cum-TYPIST**
7. **SALES REPRESENTATIVES**

Contact within 10 days between 10.00 A.M. to 4.00
Pvt. (Ltd.) Rajpura-140401——1 KM. from Rajp

क्लासीफाइड

चिकित्सा

कद लम्बा करें, मुहांसे, झड़ते बाल, पेशाब रोगी, मायूस, सुस्त तथा ढीले-ढाले मर्दों के लिए चुस्ती, फूर्ती का खजाना, रोग विवरण लिखकर (नर-नारी) पुस्तिका मुफ्त मंगवाएं । प्रकाश क्लीनिक, D-7, गांधी

मैं, अमरीक
जिला लुधियाना
सेखों रख लिया

Punjab Sanjhani

पंजाब में 4 व्यक्तियों की हत्या : बैंक कैशियर का अपहरण, 20 लाख रुपए फिरौती मांगी

दुर्दांत आतंकवादी तूफान सिंह तूफान सुरक्षा बलों को चकमा दे गया

एक उग्रवादी मुठभेड़ में, एक आपसी धड़ेबंदी में मारा गया

चंडीगढ़, 20 फरवरी (वार्ता, प.स.): गत रात के बाद पंजाब में एक औरत सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । एक बैंक के हैड कैशियर का अपहरण करके 20 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई। कुख्यात आतंकवादी जुगराज सिंह उर्फ तूफान सिंह तूफान पुनः सुरक्षा बलों को चकमा देकर भाग निकला । एक उग्रवादी मुठभेड़ में और एक आपसी धड़ेबंदी में मारा गया ।

गोलियां मार कर हत्या : अमृतसर (अशोक सोनी): पुलिस नियंत्रण कक्ष द्वारा प्रदत्त सूचना के अनुसार गत रात अमृतसर जिला के थाना सरहाली के अन्तर्गत गांव झिलवाल में चार आतंकवादियों ने एक व्यक्ति सुखविंदर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस को घटनास्थल से ए.के. 47 के कुछ चले हुए कारतूस मिले हैं । यह वारदात गत रात लगभग दस बजे हुई बताई जाती है ।

घर से बुलाकर हत्या : अमृतसर जिला के सदर पुलिस थाना के अन्तर्गत गांव मुरादपुर में गत रात कुछ आतंकवादी एक व्यक्ति घुक सिंह पुत्र तेजा सिंह के घर में घुसे । वह घुक सिंह को पिस्तौल की नोक पर उसके घर से बाहर ले गए तथा कुछ दूरी पर खेतों में ले जाकर उसकी गोलियां मारकर हत्या कर दी । पुलिस ने सुबह घुक सिंह की गोलियों से छलनी लाश बरामद की ।

उग्रवादियों के भय के कारण भगदड़ : जंडियाला गुरु (भारती): कीरती जैन की उग्रवादियों के हाथों हत्या और तीन-चार लड़कों के अपहरण के कारण जंडियाला गुरु में इस कदर भय व्याप्त है कि कल लोग उस समय सरेआम दुकानें खुली छोड़ कर भाग निकले जबकि पुलिस दो शराबियों को पकड़ कर ला रही थी कि पुलिस चौकी के नजदीक से वह शराबी भाग निकले । इनमें से एक मंडी की तरफ भाग निकला, दूसरा शहर की गलियों से होता हुआ भागा । उसके पीछे पुलिस को भागते देखकर लोगों में इस कदर भगदड़ मची कि कई दुकानदार दुकानें खुली छोड़ कर नंगे पांव भाग निकले । जिन गलियों में कर्फ्यू लगी हुई है उन्होंने फौरन दरवाजे बंद कर लिए । एक रात पहले भी कुछ लोगों ने बाजार में दो पहरेदारों की जमकर पिटाई करते हुए उन्हें बाजार में पहरा न देने की चेतावनी दी थी ।

आतंकवादी मारा गया : आज सायं मजीठा पुलिस जिला में जंडियाला के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । उसके कब्जे से अमृतसर मैडीकल कालेज का जाली शिनाख्ती कार्ड, एक रिवाल्वर तथा 6 कारतूस बरामद हुए ।

मारे गए आतंकवादी की शिनाख्त हरप्रीत सिंह के रूप में हुई है जो कि पुलिस को अनेक अपराधों के सिलसिले में वांछित था ।

भिंदा का बाप गिरफ्तार : अमृतसर जिला पुलिस ने कुख्यात आतंकवादी भूपिंदर सिंह उर्फ भिंदा जो कि गत वर्ष मुठभेड़ में मारा गया था, के बाप हरबंस सिंह को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने बताया कि हरबंस सिंह एक गिरोह का सरगना है जो कि बाबा बकाला क्षेत्र में चावल मिलों के मालिकों से बड़ी-बड़ी रकमें बटोरता था ।

बस को आग लगा दी, दो कंडक्टर लूटे : पुलिस जिला तरनतारन के गांव बलासौर के निकट उग्रवादियों ने आज सायं पंजाब रोडवेज की एक बस को आग लगा दी । उग्रवादियों ने इस बस और एक अन्य बस के कंडक्टर से उनकी नगदी भी छीन ली । यह बस शाम को तरनतारन से गांव गुरबूआ के लिए चली थी । उग्रवादियों ने बस के कंडक्टर मनजीत सिंह से नगदी छीन ली और यात्रियों को बस से नीचे उतार कर बस को आग लगा दी । उग्रवादी अभी यह वारदात कर ही रहे थे कि पंजाब रोडवेज की एक और बस वहां आ गई । उग्रवादियों ने उस बस के कंडक्टर स्वर्ण सिंह से भी नगदी छीन ली और हवाई फायरिंग करते भाग निकले ।

धड़ेबंदी में उग्रवादी मारा गया : आज सायं जालन्धर के बाहरी क्षेत्र रंधावा मसन्दां के निकट एक नहर के किनारे गोलियों से छलनी एक लाश बरामद की गई है । पुलिस सूत्रों के अनुसार इस शव की दलबिंदर सिंह उर्फ काका पुत्र अजीत सिंह निवासी मुहल्ला हरनामदासपुरा जालन्धर के रूप में शिनाख्त की गई है । पुलिस के अनुसार मृतक गत 13 जनवरी को नाभा जेल से जमानत पर रिहा हुआ था और उस पर आदर्श नगर जालन्धर में ठेके के बाहर तैनात हवालदार दर्शन सिंह समेत कई व्यक्तियों की हत्या करने और कई उग्रवादी वारदातें करने के आरोप थे । पुलिस ने कहा है कि मृतक उग्रवादियों की आपसी धड़ेबंदी का शिकार हुआ है ।

हैड कैशियर का अपहरण : बाघापुराना से प्राप्त के अनुसार गत सायं थाना मल्लांवाला के गांव ठट्ठा में कुछ कार सवार आतंकवादियों ने भारतीय स्टेट बैंक के हैड कैशियर श्री एस.के. खन्ना का अपहरण कर लिया । यह घटना तब हुई जब श्री खन्ना बैंक के ब्रांच मैनेजर के साथ स्कूटर पर बैठ कर घर जाने के लिए तैयार हो रहे थे । उसी समय आतंकवादियों ने उनको रोक लिया तथा श्री खन्ना को कार में बिठा कर अपने साथ ले गए । जाते हुए वे ब्रांच मैनेजर को हाथ से लिखा एक पत्र दे गए जिसमें लिखा था कि वे फिरौती के लिए बीस लाख रुपए तैयार रखें ।

उल्लेखनीय है कि दो महीने पहले भी आतंकवादी बैंक के एक ब्रांच मैनेजर का अपहरण करके ले गए थे तथा उसकी रिहाई के लिए पांच लाख

(शेष पृष्ठ 8 पर)

मुफ्ती आतंकवादियों से अपने सम्बन्ध स्पष्ट करें : राजीव

जोधपुर, 20 फरवरी (वार्ता): कांग्रेस (इ) अध्यक्ष श्री राजीव गांधी ने मांग की है कि केंद्रीय गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद आतंकवादियों के साथ अपने सम्बन्ध स्पष्ट करें । श्री गांधी ने आज यहां एक चुनाव सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में एक आतंकवादी के घर पर छापा मारने पर श्री सईद से संबंधित जो सामान मिला है, उससे देश के गृहमंत्री संदेह के घेरे में आ गये हैं तथा उन्हें अपनी स्थिति को देश हित में तत्काल स्पष्ट करना चाहिए ।

उन्होंने मांग की कि सरकार को चाहिए था कि वह रुबिया अपहरण कांड की उच्च स्तरीय जांच करवाती लेकिन खेद की बात है कि सरकार इस मामले को दबा कर आतंकवादियों के हौसले बुलन्द कर रही है ।

पंजाब की स्थिति के बारे में श्री गांधी ने कहा कि जनता दल सरकार आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं करना चाहती । पंजाब में दिन प्रतिदिन हालात और अधिक बिगड़ते जा रहे हैं तथा केंद्र में जनता दल सरकार बनने के पश्चात पिछले ढाई माह में चार सौ से अधिक निर्दोष व्यक्ति आतंकवादियों की गोलियों का शिकार बन चुके हैं । उन्होंने कहा कि पंजाब के राज्यपाल ने केंद्र सरकार को बार-बार इस बात से अवगत कराया है कि पंजाब में आतंकवादियों के हौसले बहुत बढ़ गये हैं और तत्काल सख्त कार्रवाई करना जरूरी है किन्तु केंद्र सरकार ने इस मसले पर मौन धारण कर रखा है ।

सरकार द्वारा आतंकवादियों को संरक्षण : उन्होंने कहा कि जनता दल सरकार ने आतंकवादियों के सामने घुटने टेक दिये हैं तथा पंजाब में जनता दल शासन में खालिस्तान का नारा और अधिक बुलंद हुआ है । खालिस्तान के समर्थकों ने पंजाब के गांवों में 'खालिस्तानी पंचायतें' तक बनाना प्रारम्भ कर दिया है । श्री गांधी ने प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह पर आरोप लगाया कि उनकी सरकार आतंकवादियों को संरक्षण दे रही है ।

भारत द्वारा नेपाल को सभी समस्याएं सहानुभूति से हल करने का आश्वासन

नई दिल्ली, 20 फरवरी (प.स.): भारत और नेपाल के बीच आज यहां शुरू हुई सचिव स्तर की बातचीत में भारत ने नेपाल को आश्वासन दिया कि भारत नेपाल की समस्याओं को हल करने में सच्ची दिलचस्पी रखता है और मैत्री व सहानुभूति के साथ सभी मामलों को तय करने को तैयार है । सचिव स्तर की पहले दौर की पांच घंटे की बातचीत के बाद विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि दोनों पक्षों ने सभी मामलों को दोस्ताना माहौल में हल करने की तैयारी दिखाई । बातचीत में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश सचिव श्री एस. के. सिंह ने किया । प्रवक्ता के अनुसार श्री सिंह ने मौजूदा कठिनाइयों को हल करने पर जोर देने के अलावा आर्थिक, तकनीकी तथा औद्योगिक क्षेत्र में विपक्षी सहयोग बढ़ाने की भी जरूरत बताई ।

नेपाल के विदेश मंत्री नरेन्द्र विक्रम शाह ने भारत को आश्वासन दिया कि नेपाल भारत से पूरा सहयोग करने को तैयार है ।

प्रवक्ता ने कहा कि आज की बातचीत बहुत खुले वातावरण में गरमजोशी के साथ हुई । दोनों ने एक-दूसरे के पक्ष को समझा । विभाग के सूत्रों के अनुसार नेपाल ने सुरक्षा संबंधी अनिवार्यताओं को अच्छी तरह समझ लिया है । प्रवक्ता ने बताया कि आज की बातचीत में व्यापार तथा पारगमन संधियों पर भी विचार किया गया, जिसकी अवधि गत वर्ष 23 मार्च को समाप्त हो गई है ।



पी.वी. नरसिम्हाराव के नेतृत्व में एक इंका प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति को पंजाब बारे ज्ञापन तुत कर राष्ट्रपति भवन से बाहर आते हुए । उनके साथ चित्र में नजर आ रहे हैं श्री के.सी. , सुश्री सुखबंस कौर, एच.एस. हसपाल तथा के.एन. सिंह । (छाया : प्रैस ट्रस्ट)

Punjabi Sahitani

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

रुपए मांगे थे । आज तक उस ब्रांच मैनेजर का कोई सुराग नहीं मिला । इस घटना से बैंक कर्मचारियों में जबरदस्त आतंक व्याप्त है ।

मोगा पुलिस ने एक आतंकवादी बख्तावर सिंह को गिरफ्तार किया । उससे कुछ हथियार व गोली-सिक्का मिला ।

महिला की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के थाना कादियां के गांव सेखवां में गत रात्रि चार आतंकवादियों ने फायरिंग करके दर्शन कौर उर्फ दातो (45) नामक महिला की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादी गांव के बाहर स्थित दर्शन कौर के डेरे पर रात्रि लगभग आठ बजे आए तथा ए.के. 47 राइफल से फायरिंग करके उसकी हत्या कर दी ।

सुरक्षा चौकी पर फायरिंग : इसी पुलिस जिला के थाना कादियां के गांव ढपई में ग्रामीण सुरक्षा योजना के अन्तर्गत स्थापित रक्षा चौकी जिसमें पी.ए.पी., एस.पी.ओ. और होमगार्ड के लगभग बीस जवान तैनात हैं, पर आतंकवादियों ने रात्रि लगभग आठ बजे तथा उसके पश्चात लगभग साढ़े ग्यारह बजे अंधाधुंध फायरिंग की । सुरक्षा कर्मियों ने भी जवाबी फायरिंग की । जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार दोनों घटनाओं में किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई ।

तूफान सिंह तूफान फिर चकमा दे गया : प.स. के अनुसार टपई गांव के निकट हुई मुठभेड़ में खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का स्वयंभू जनरल जुगराज सिंह उर्फ तूफान सिंह तूफान पुनः सुरक्षा बलों को चकमा देकर भाग निकला । पुलिस चीफ श्री एस.के गोयल के अनुसार आतंकवादियों ने चीनी असाल्ट राइफलों से नई कायम की गई कमांडो चौकी पर हमला किया था । लगभग बीस कमांडोज ने जवाबी फायरिंग की । लगभग तीन घंटे की मुठभेड़ के बाद तूफान सिंह तूफान के नेतृत्व में आतंकवादी फरार हो गए । इस मुठभेड़ में कोई हताहत नहीं हुआ ।

बसों का समय : भटिंडा (वार्ता): जिला मैजिस्ट्रेट श्री दरबारा सिंह गुरु ने आज आदेश जारी किया कि जिला में बसें अब प्रातः 5 बजे से सायं 7½ बजे तक चला करेंगी तथापि इस समय के बाद सुरक्षा गार्डों के साथ बसें चल सकेंगी । यह पाबंदी अगले आदेशों तक जारी रहेगी ।

पटियाला जिले में पातड़ां मंडी में कल आतंकवादियों ने बिजली बोर्ड के हैड कैशियर शाम लाल की हत्या कर दी थी तथा कैशियर शिव कुमार को सख्त घायल कर दिया था । इस वारदात में आतंकवादी लगभग 88 हजार रुपए लूट कर ले गए थे ।



रैड रोज़िज़ हाई स्कूल अमृतसर के वार्षिक समारोह में पुरस्कार वितरित करते हुए जिलाधीश श्री सर्बजीत सिंह । उनके साथ स्कूल की प्रिंसीपल श्रीमती रत्ना भी खड़ी हैं ।

कराची बेरूत बन रहा है

(पृष्ठ 3 का शेष)

वाले मासूम इनकी गोलियों का शिकार हो जाते हैं । ये गिरोह अपहरण की वारदात भी करते हैं । सिंध में कराची, हैदराबाद, सक्खर के अलावा थोड़ी-बहुत तादाद में मुहाजिर लाड़काना, हाला, जैकबाबाद और नवाबशाह में भी बसे हुए हैं । ऐसे सभी इलाके इस तरह की वारदात का प्रमुख केंद्र बन गए हैं । मुहाजिरों को इन घटनाओं के लिए सिंध जिम्मेदार ठहराते हैं तो मुहाजिर यही आरोप सिंधियों पर लगा रहे हैं ।

मोटर साइकिलों पर सवार होकर हत्या की वारदात करने वालों के बारे में पाकिस्तानी अखबारों में अनेक चर्चाएं होती रही हैं । वह तथ्य अपनी जगह साफ है कि तीन युद्धों में भारत से परास्त होने

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

पुस्तकें

Just out for B.A./B.Sc. Part I, II Punjab University Students Super Current Affairs. Super Short Answer Type Questions. Super Elective English Guide. Buy Today—Super Publications Jalandhar.

रोज़गार

भारतीय रेलवे में टिकट-कलैक्टर, टैलीफोन आपरेटर आदि, वायुसेना में पुलिस, मोटर-ड्राइवर आदि, बैंक एवं कर्मचारी चयन आयोग में क्लर्क की भर्ती के इच्छुक मैट्रिक पास 16 से 25 वर्षीय 5 रुपए मनीआर्डर भेज कर नियमावली तथा पंजीकरण फार्म 31 मार्च तक मंगवाएं । National School of Competitions, 970, Urban Estate, Ambala City-134 003.

(JDC)

बैंकों, रेलवे, नेवी, एयर फोर्स, सरकारी दफ्तरों में क्लर्कों, टाईपिस्टों, कैशियर आदि की जरूरत है । योग्यता मैट्रिक या अधिक, उम्र 16-30 साल नौकरी के फार्म मंगवाने के लिए 10/- रुपये मनीआर्डर भेजें । Satish Form Bhandar, Chowk Pragdass, Amritsar.

(JDC)

नेवी, सेना, एयरफोर्स, बैंकों, रेलवे तथा क्लर्कों की हजारों पोस्टों संबंधी गाइडेंस के लिए मैट्रिक (10) पास 16-25 वर्षीय लड़के-लड़कियां डाक द्वारा 25/- रुपए मनिआर्डर भेज कर फार्म और प्रासपैक्ट्स मंगवाएं—Advance Careers, 1095/8, Islamabad, Amritsar-143002.

(JD)

शिक्षा

R.M.P. (सरकारी मान्यता प्राप्त) 15 दिनों में Registration करवा कर एक ही वर्ष में BAMS डाक्टर बनें । नियमावली 10/- भेज कर मंगवाएं—Diamond College, Udham Singh Market, Near Lal Rattan, Jalandhar.

LL.B. (Professional) Matric/10+2, B.A./B.Com./B.Sc./M.A./M.Com./M.Sc. /BAMS/ OT/LT/BTC B.Ed (one sitting) RMP (Govt. Recognised). आखिरी तिथि नज़दीक । Ravindera College, EG-34, Sant Nagar, Near Ladowali Railway Phatak, Jalandhar.

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 20.2.90, 56/- without trays, NECC Suggested Retail Price 7.50/- Per Dozen.

टेलरिंग

Bhasin Bros. first floor, Chowk Katra Jaimal Singh, Amritsar for Gents Suits, Shirts, Safaris.

गैस पेपर

हिमाचल (+1, +2, B.A./B.Sc./B.Com, प्रभाकर) के विद्यार्थी सुनहरी सफलता हेतु Deluxe Guess Papers ही खरीदें ।

मैडीकल

RMP डाक्टरी रजिस्ट्रेशन हेतु सलाह लें । डाक्टर जी.के. सिंघल, 30/139, किदवई पार्क, राजामंडी, आगरा-2

आवश्यकता

एक अनुभवी एयरकंडीशन आप्रेटर की शीघ्र आवश्यकता है। मिलें : मैनेजर होटल इंटरनैशनल जालंधर । फोन : 2505, 3846, 3847, 3848.

आटे की मिल में अनुभवी मिस्त्री, फिटर, शिफ्ट सुपरवाईजर, सेल्ज़मैन व खाना बनाने वाला की आवश्यकता है । पढ़ाई व अनुभव का ब्यौरा देता हुए मिलें या लिखें : जनरल मैनेजर, ज्वाला फ्लोर मिल्ज़, हरिपुरा, अमृतसर ।

Kumar Builders Near Lilly Hotel Model Town Road, Jalandhar require lady office incharge married preferred.

S.D. girls Primary School, Tarantaran. Wanted a JBT teacher against Vacant post in Govt. grade. Interview on 27.2.90 at 12 A.M. in School Office.—Manager.

नाम परिवर्तन

I, Major K.C. Kharial R/o V&PO Merheen Tehsil Palampur, Kangra (H.P.) Changed the names of my children from Minni/Mrinal to Neha Sunny to Karan & Benny to Megha.

जमीन/जायदाद/प्लाट

Punjabi Sanatan

खुड्डिय
आयोग

चंडीगढ़, 2
जगदेव सिंह खु
कर रहे हरबंस
श्री एच.एस. व
सिमरनजीत सिं
गुरमीत सिंह के
प्रबन्ध करें, जि
राज्य सरकार
जिलों के एस.ए
हैं । आयोग ने
मचाकी को आ
एजैंसियों का वि
खुड्डियां की मृ
वकील से कहा
अथारिटी को भी
बरामद करने के
तथा सैनिकों की
सम्बद्ध पक्षों को
कहा और श्री म
हल्फिया बयान

सरकार

तलवाड़ा, 2
प्रोजैक्ट की रि
टाऊनशिप ने
(इंजीनियर्स विभ
उपेक्षात्मक रवै
एसोसिएशन ने
अन्याय के विरुद्ध
है । सरकार से
समय से चली
जाए ।

शाम के

दिल्ली क्लाथ 48
हाज़िर (प्रति किलो) 6
सोना बिट्टूर (प्रति 1
3560, मिल डिलिव
वनस्पति हरियाणा औ
टैंकर (प्रति 10 किलो
188, मूंगफली तेल
285, तेल बिनौला
किलो) 168, तेल चा
आयल (क्विंटल) 175
गुड़ वायदा मार्च 142
43.70 रुपए ।

दिल्ली शेय
336.00, आंध्र सी
53.00, एशियन होट
लि. 48.50, डी.सी.
61.00, एस्कार्ट्स
स्पैशलिटीज़ 103.50
39.00, एच.एम.ए
(16/2), हिन्द हिन्डा
106.00, हिन्द मोट
85.00 (16/2),
62.00, जे.के. सिंथे
केल्वीनेटर आफ इंडि
65.00 (19/2), ए

में लगे शिविरों, जम्मू और कश्मीर तथा पंजाब में

समझौता कर रखा है ।

व्याप्त हो गया है ।

अमृतसर में आतंकवादियों द्वारा केन्द्रीय जेल पर हमला : पंजाब में 4 लोगों की हत्या : बस में विस्फोट से 13 घायल

चंडीगढ़, 21 फरवरी (प.स., वार्ता): आतंकवादियों ने गत रात अमृतसर में केंद्रीय जेल के बाहर तैनात सुरक्षा कर्मियों पर हमला कर दिया । पंजाब में कल रात से अब तक एक महिला समेत 4 लोगों की हत्या कर दी गई । तलवाड़ा में बस में हुए बम विस्फोट से 13 लोग घायल हो गए ।

बस में विस्फोट, 13 घायल : तलवाड़ा (शास्त्री): आज होशियारपुर से तलवाड़ा पहुंची आनन्द हाईवेज़ की प्राइवेट बस नं. पी.ए.बी. 7341 में सायं 7.25 पर ज़बरदस्त बम विस्फोट हुआ । यह विस्फोट बस के अड्डे पर पहुंचने के 2 मिनट के अंदर हुआ । विस्फोट के समय कंडक्टर बस में अकेला था जबकि सारी सवारियां उतर चुकी थीं । विस्फोट से बस के शीशों के टुकड़े उड़ कर दूर-दूर तक पहुंचे, जिससे 13 व्यक्ति घायल हो गए । अगर यही विस्फोट 3 मिनट पहले हुआ होता तो भारी प्राणहानि हो सकती थी क्योंकि बस में लगभग 40 सवारियां थीं । कंडक्टर बच गया है । घायलों को भाखड़ा-ब्यास मैनेजमैंट बोर्ड के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है ।

महंत की हत्या : होशियारपुर (सुद. सुदर्शन): जिला होशियारपुर के संधवाल गांव में कल रात दो आतंकवादियों ने एक महंत रूप लाल (32) की गोली मार कर हत्या कर दी । वारदात के समय महंत अपने डेरे में भोजन कर रहे थे । आतंकवादियों ने डेरे में घुस कर उसे गोली मारी । अस्पताल ले जाते समय उसने दम तोड़ दिया ।

मुठभेड़ के दौरान आतंकवादी भाग निकले : अमृतसर (अशोक सोनी): यहां पुलिस नियंत्रण कक्ष से उपलब्ध सूचना के अनुसार विगत रात्रि पुलिस जिला तरनतारन में एक मिनी बस सवार आतंकवादियों और पुलिस नाका पार्टी के मध्य जमकर गोलियों का आदान-प्रदान हुआ लेकिन आतंकवादी पुलिस की फायरिंग के सामने टिक नहीं सके और रात के अंधेरे में भाग निकले । इस संबंध में नियंत्रण कक्ष ने बताया कि तरनतारन के करीब बाईपास पर गत रात पुलिस की एक पार्टी ने नाका लगाया हुआ था कि रात करीब 9.30 बजे एक मिनी बस अमृतसर से तरनतारन की ओर आती दिखाई दी । नाका पार्टी ने मिनी बस को रुकने का संकेत किया लेकिन बजाय रुकने के मिनी बस के चालक ने उसे भगा ले जाने की कोशिश की । इसी सड़क पर थोड़ी दूर पर एक ट्रक खड़ा था, जिससे यह मिनी बस जा टकराई । बस में सवार संदिग्ध व्यक्तियों ने नाका पार्टी पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । नाका पार्टी द्वारा जवाबी फायरिंग की गई । यह मुठभेड़ लगभग बीस मिनट तक चली । इसके बाद आतंकवादी रात के अंधेरे में गांव पंडोरी मज्जा सिंह

सुरक्षा कर्मचारियों पर हमला कर दिया । वारदात में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है ।

जेल अधीक्षक श्री राजेन्द्र सिंह ने बताया कि आतंकवादियों ने ए.के. चीनी असाल्ट राइफलों से गोलियों की बौछार करते हुए चिल्ला कर कहा "यह तो परीक्षण है, बड़ा एक्शन बाद में लिया जाएगा ।" श्री राजेन्द्र सिंह ने कहा कि जेल में एक हजार से भी अधिक विचाराधीन कैदी हैं । उन्होंने कहा कि जेल के गेट पर और इसके बाहर तैनात सुरक्षा कर्मियों ने भी जवाब में गोलियां चलाईं । लगभग आधा घंटे तक गोलियों का आदान-प्रदान होने के बाद आतंकवादी फरार हो गए । घटनास्थल से ए.के.-47 के लगभग 50 खाली कारतूस बरामद हुए हैं ।

शव बरामद : अमृतसर जिला के रमदास पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत नानोके गांव से हरपाल सिंह नामक एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव बरामद किया गया है । मृतक विगत रविवार से अपने घर से लापता था । पुलिस ने इसे निजी दुश्मनी का परिणाम बताया है । पुलिस के अनुसार मृतक का अपने ही गांव के एक अन्य व्यक्ति के साथ भूमि को लेकर विवाद चल रहा था ।

चौकी पर हमला : आतंकवादियों ने अमृतसर जिले के बसर्के गांव में विशेष पुलिस अफसर की चौकी पर कल रात हमला कर दिया । वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों की जवाबी कार्रवाई के बाद आतंकवादी भाग गए । दोनों ओर से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है ।

हत्या की कोशिश : अमृतसर शहर में एक अन्य वारदात में दो आतंकवादियों ने सिंचाई विभाग के एक अधिकारी की हत्या की कोशिश की किन्तु वे इस प्रयास में नाकाम रहे । (शेष पृष्ठ 8 पर)

छोटी सी बात ... रंगा

राजीव गांधी ने कोई सबक नहीं सीखा है पर इसके साथ ही वह भूले भी नहीं हैं ।

–डा. रफीक जकारिया



Punjabi Sanatan

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

फैडरेशन के 5 सदस्य गिरफ्तार : पुलिस ने आज अमृतसर के सिविल लाइन्स क्षेत्र में आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन के 5 युवक हिरासत में लिए हैं । जिलाधीश श्री सर्बजीत के अनुसार वे दुकानदारों से अवैध रूप से धन वसूल कर रहे थे ।

एक व्यक्ति की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के अंतर्गत गांव नंगल भगवाना में गत रात लगभग दस बजे तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने एक व्यक्ति मंगल दास (55) की हत्या कर दी । यह जानकारी देते हुए पुलिस सूत्रों ने बताया कि गत रात आतंकवादियों ने मंगलदास के पड़ौसी को जब्री साथ लेकर मंगल दास का दरवाजा खुलवाया और फिर मंगलदास को मकान के निकटवर्ती एक वृक्ष के साथ बांध कर इसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार मंगलदास का एक बेटा पुलिस में हाल ही में भर्ती होकर ट्रेनिंग ले रहा है । उसका दूसरा बेटा कल आतंकवादियों को देख कर भाग गया । आतंकवादियों की ओर से मंगल दास को पहले धमकियां दी गई थीं कि वह पुलिस में भर्ती हुए अपने बेटे का वापस बुला ले ।



थाना घलखुर्द के अन्तर्गत गांव रत्ताखेड़ा पंजाबसिंहवाला में आतंकवादियों द्वारा मारी गई दो सगी बहनें सीतो और जीतो । (छाया : एल्फा)

लुटेरा गिरफ्तार : बटाला नगर पुलिस ने बटाला, पठानकोट तथा अबोहर में लूटपाट तथा चोरी की अनेक वारदातें करने वाले गिरोह के एक सदस्य राजेश कुमार उर्फ काला को गिरफ्तार किया है । यह बटाला के डोलानंगल क्षेत्र का निवासी है ।

पुलिस अधीक्षक श्री सुमन्त कुमार गोयल के अनुसार इस व्यक्ति की गिरफ्तारी गत 16 फरवरी को गिरफ्तार भूतपूर्व कांस्टेबल कुलवंत सिंह की निशानदेही पर की गई ।

इस व्यक्ति से लूटे हुए 3500 रुपए, एक रिवाल्वर तथा एक हीरो हौंडा मोटर साइकिल बरामद किया गया है । यह मोटर साइकिल गत 25 जनवरी को बटाला से छीना गया था तथा इसके सभी कागज नकली बना कर इस पर गलत नम्बर पी.सी.एम. 1829 लगा लिया गया था ।

श्री गोयल ने बताया कि इस व्यक्ति ने पुलिस के सामने स्वीकार किया है कि इसके गिरोह के अन्य सदस्यों ने बरामद की गई रकम में से 3,000 रुपए गत 30 जनवरी को बटाला के एक पैट्रोल पम्प से लूटे थे, 16 फरवरी को डेरा बाबा नानक की एक करियाना की दुकान से दो बार लूटमार की तथा 8 जनवरी को गांव बोदे की खुई के निकट से एक स्कूटर छीना था, जो ठीक हालत में न होने पर फैंक दिया और बाद में आठ फरवरी को स्थानीय अलीवाल मार्ग से एक दुकानदार से पांच हजार रुपए लूटे और अर्बन एस्टेट से एक कारखानेदार के घर से जब्री धन वसूलने का भी प्रयास किया । फिर 7 जनवरी को स्थानीय गांधी कैम्प के निकट शराब का एक ठेका लूटा गया तथा पठानकेट से कुछ घड़ियां व कपड़ा आदि भी चोरी किया गया ।

श्री गोयल ने बताया कि इस व्यक्ति ने अपने एक दर्जन से भी अधिक साथियों के नाम बताए हैं तथा पुलिस द्वारा इनको पकड़ने के लिए छापे मारे जा रहे हैं ।

बैंक लूटने का प्रयास : डेराबाबा नानक (चोपड़ा): कल रात यहां से छः किलोमीटर दूर गांव कोटली सूरत मल्ली में कुछ संदिग्ध लोगों ने सहकारी बैंक को लूटने का नाकाम प्रयास किया । उक्त लोग बैंक की दीवार में बड़ा छेद कर भीतर दाखिल हो गए तथा सेफ तोड़ने का प्रयास किया । उसी समय बी.एस.एफ. की गश्ती टुकड़ी वहां पहुंच गई । संदिग्ध लोग भाग जाने में सफल रहे ।

आतंकवादी बैंक से सेफ ले गए : बाघा पुराना (मित्तल): कल रात कुछ सशस्त्र आतंकवादी समध भाई गांव में सैंट्रल सहकारी बैंक की दीवार तोड़ कर भीतर घुस गए । वे बैंक सेफ उठा कर ले गए लेकिन उसमें पैसे नहीं बल्कि कुछ दस्तावेज थे । आतंकवादियों ने स्ट्रांग रूम तोड़ने की कोशिश की लेकिन वे असफल रहे ।

महिला की हत्या : मलोट (नि.स.): कल रात गांव रोडांवाली में तीन सशस्त्र लोगों ने वीरो नामक एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी । वे घर से 12 बोर की लाइसैंसी बंदूक तथा आभूषण भी लूट कर फरार हो गए ।

हथियार छीने : धूरी (सिंगला): चार संदिग्ध लोगों ने लौंगोवाल पुलिस थाना क्षेत्र के दुर्गा गांव में हरि राम महंत से एक बंदूक तथा 12 कारतूस छीन लिए । इस बीच पुलिस ने बरनाला पुलिस थाना के अंतर्गत रायसर गांव के एक व्यक्ति बूटासिंह को गिरफ्तार किया तथा उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा कुछ कारतस भी बरामद किए ।



पंजाब कल्याण परिषद तथा जालन्धर ट्रैफिक पुलिस द्वारा मनाए जा रहे ट्रैफ़िक सप्ताह के दौरान बुधवार को जालन्धर में परिषद के नेता वीरेन्द्र शर्मा (ऊपर) तथा सुदेश विज (नीचे) वाहनों की 'लाइट्स' के शीशे काले करते हुए । चित्रों में डी.एस.पी. श्री अर्पित शुक्ला भी दिखाई दे रहे हैं । (छाया : प्यारे)

भारत सरकार

सैंट्रल कैटल ब्रीडिंग फार्म

सूरतगढ़ (राजस्थान)

नीलाम सूचना

फार्म में खड़े सूखे वृक्षों/लकड़ी की गेलियों, जो वर्कशाप में पड़ी हैं, को निम्न विवरणों के अनुसार :

क्र.	वृक्षों का नाम	वृक्षों की संख्या	वजन
1.	टूटे हुए कीकर	15	60 क्विंटल
2.	सूखा कीकर (ख[illegible]ा)	56	947

Punjabi Sanatan

अमृतसर जेल के डिप्टी सुपरिंटैंडैंट और 3 अन्य व्यक्तियों की हत्या

2 ट्रक जला दिये गए : भट्ठा मालिक के लड़के का अपहरण

तलवाड़ा बम कांड के संबंध में 3 गिरफ्तार

चंडीगढ़, 22 फरवरी (वार्ता, पस): पंजाब में गत रात के बाद से अमृतसर जेल के डिप्टी सुपरिंटैंडैंट श्री प्यारे लाल विरदी और 3 अन्य व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । उग्रवादियों ने दो ट्रक जला दिये तथा एक ईंट-भट्ठा मालिक के लड़के का अपहरण कर लिया । तलवाड़ा बम कांड के संबंध में 3 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया ।

डिप्टी सुपरिंटैंडैंट जेल की हत्या : अमृतसर (अशोक सोनी): आज प्रात: 8.45 बजे दो आतंकवादियों ने स्थानीय रानी का बाग क्षेत्र में स्थित सिविल सप्लाई कार्यालय में घुस कर डिप्टी सुपरिंटैंडैंट जेल श्री प्यारे लाल विरदी की गोलियां मार कर हत्या कर दी । घटना के विवरण के अनुसार श्री विरदी अपनी धर्मपत्नी को उसके कार्यालय छोड़ने जा रहे थे कि दो आतंकवादियों ने उन पर उस समय गोलियां चलाईं जब वह रानी का बाग क्षेत्र में सिविल सप्लाई कार्यालय के समीप थे । आतंकवादियों द्वारा चलाई गई एक गोली श्री विरदी के दाएं बाजू में लगी जिस पर श्री विरदी तुरन्त सिविल सप्लाई कार्यालय के अन्दर जा घुसे परन्तु हमलावर आतंकवादी उनके पीछे-पीछे कार्यालय के अन्दर जा घुसे तथा श्री विरदी पर गोलियां चलाईं । इनमें से कुछ गोलियां श्री विरदी के सिर में लगीं जिससे वह बुरी तरह घायल होकर गिर पड़े । सूचनाओं में बताया गया है कि हमलावर बड़े आराम से वहां से निकल भागने में सफल रहे ।

सूचना पाकर अमृतसर पुलिस की गश्ती गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची और खून से लथपथ पड़े श्री विरदी को गाड़ी में डाल कर सिविल अस्पताल के एमरजैंसी वार्ड में ले गई जहां डाक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया । इस वारदात के बारे में एस.एस.पी. श्री संजीव गुप्ता ने बताया कि डिप्टी सुपरिंटैंडैंट जेल श्री प्यारे लाल विरदी न तो आतंकवादियों की हिटलिस्ट में थे और न ही उन्होंने कभी आतंकवादियों से संबंधित किसी केस को अपने हाथ में लिया था । श्री गुप्ता ने बताया कि श्री विरदी की धर्मपत्नी स्थानीय सिविल सप्लाई कार्यालय में कार्यरत हैं तथा श्री विरदी रोजाना की तरह उसे छोड़ने के लिए जा रहे थे ।

श्री गुप्ता ने बताया कि यह वारदात प्रात: लगभग 9.15 बजे हुई, जबकि वह घटना के पांच मिनट के भीतर ही वहां पहुंच गए थे । हत्यारे आतंकवादी स्कूटर पर बैठ कर फरार हुए । उन्होंने बताया कि हत्यारों की पहचान के बारे में कोई विशेष विवरण नहीं मिला फिर भी पुलिस को हत्यारों के संबंध में सतर्क कर दिया गया है ।

'प.स.' के अनुसार पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों ने अपने कुछ सहयोगियों को मुक्त कराने के प्रयास में पिछले मंगलवार को भी भारी सुरक्षा बंदोबस्त वाली सैंट्रल जेल पर हमला किया था । यह घटना सम्भवत: उसी अभियान की अगली कड़ी है । जेल पर गोलियां बरसाते हुए आतंकवादियों को यह भी कहते सुना गया कि यह एक बड़े अभियान का परीक्षण है । जेल के भीतर और बाहर तैनात सुरक्षा कर्मियों से करीब आधे घंटे तक मुकाबला के बाद आतंकवादी भाग गए थे ।

लड़के का अपहरण : एक अन्य वारदात में आतंकवादियों ने गत रात एक ईंट भट्ठा मालिक के 14 वर्षीय लड़के बबलू का फिरौती लेने के लिए अपहरण कर लिया ।

दो हत्याएं : जिला मुख्यालय में पहुंची सूचनाओं के अनुसार गत रात अमृतसर जिला में दो वारदातें हुईं । थाना वल्लोहा के गांव रत्तोके में एक गोलियों से छलनी लाश बरामद हुई । उसकी पहचान बलकार सिंह पुत्र बचन सिंह के रूप में हुई है । इस हत्या का कारण निजी शत्रुता बताया गया है ।

एक अन्य सूचना के अनुसार थाना रमदास के गांव बछोआ में गत रात लगभग 7.30 बजे कुछ आतंकवादियों ने केवल सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उस पर फायरिंग की जिससे उसकी वहीं पर मृत्यु हो गई । मृतक मजहबी सिख था ।

एक व्यक्ति की हत्या : बाघापुराना (ज्ञान): गत रात यहां से छ: किलोमीटर दूर गांव बीड़ बधनी में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति इंद्र सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा फरार हो गए । प्राप्त विवरण के अनुसार आतंकवादी उसके घर आए तथा ए.के. 47 असाल्ट राइफल से फायरिंग करके उसे वहीं पर ढेर कर दिया ।

2 ट्रक जला डाले : गत रात आतंकवादियों ने जिला फिरोजपुर में थाना मक्खू के अंतर्गत गांव पीर मुहम्मद में दो ट्रकों को आग लगा दी । भागने से पहले इन आतंकवादियों ने लोगों को डराने के लिए हवा में गोलियां भी चलाईं जोकि वाहनों को आग लगी हुई देख कर वहां इकट्ठे हो गए थे ।

बाप-बेटा घायल : गत रात जिला होशियारपुर के गांव मोचपुर में एक आतंकवादी एक व्यक्ति दिलबाग सिंह के घर में दाखिल हो गया तथा उससे बंदूक मांगी । उसके इन्कार करने पर उसने गोली चला कर दिलबाग सिंह व उसके लड़के बलविंदर सिंह को घायल कर दिया ।

एक अन्य वारदात में आतंकवादियों ने एक घर का दरवाजा खटखटाया । घर वालों द्वारा दरवाजा न खोले जाने पर उन्होंने गोलियां चलाईं तथापि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है ।

घायल दम तोड़ गया : जिला संगरूर के गांव गोरे में बुधवार की रात को गोलीबारी की घटना में जो पलविंदर सिंह नामक व्यक्ति घायल हो गया था, उसकी आज प्रात: कपूरथला के अस्पताल में मृत्यु हो गई । पुलिस का दावा है कि पलविंदर सिंह पर हमला निजी शत्रुता का परिणाम था ।

डी.आई.जी. ने निरीक्षण किया : तलवाड़ा (शास्त्री): जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. पुलिस श्री डी.आर. भट्टी तथा एस.एस.पी. राजेन्द्र सिंह ने आज यहां उस स्थान का निरीक्षण किया, जहां गत रात बस में विस्फोट हुआ था । इस विस्फोट में 13 व्यक्ति घायल हो गए थे । घायलों में से 4 व्यक्ति अभी भी यहां के भाखड़ा-व्यास प्रबन्धक बोर्ड अस्पताल में उपचाराधीन हैं । श्री भट्टी ने बताया कि यह बम एक शक्तिशाली टाइम बम था । उन्होंने क्षेत्र के एक प्रतिनिधिमंडल से भेंट करके पूर्ण सुरक्षा उपलब्ध करवाने का आश्वासन भी दिया ।

बम विस्फोट केस में तीन गिरफ्तार : गत रात जिला होशियारपुर के कस्बा तलवाड़ा में एक यात्री बस में हुए बम विस्फोट में जो 12 व्यक्ति घायल हुए थे, उनमें से 8 को प्राथमिक चिकित्सा के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई । शेष घायलों की हालत भी खतरे से बाहर बताई जाती है । पुलिस ने विस्फोट के लिए जिम्मेदार तीन व्यक्तियों को







अमृतसर सैंट्रल जेल के असिस्टैंट सुपरिंटैंडैंट श्री प्यारे लाल की आतंकवादियों फूड सप्लाइज कार्यालय के बाहर लोगों की भीड़, जहां उनकी हत्या की गई, (2 से लथपथ कमरा जहां उन पर गोलियां चलाई गईं ।



पंजाब में आतंकवाद के कारण पलायन करके आए हिन्दू परिवारों ने गत दिवस नई दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट के समक्ष प्रदर्शन किया तथा धरना दिया । पंजाब के राज्यपाल ने पलायनकर्त्ताओं से बातचीत के लिए अधिकारियों का एक दल पुनर्वास व समाज कल्याण सचिव श्री बंगड़ के नेतृत्व में भेजा । चित्र में (ऊपर) सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकीलों से आल इंडिया हिन्दू शिव सेना के अध्यक्ष श्री सुरेंद्र कुमार बिल्ला तथा अन्य पलायनकर्त्ता बातचीत करते हुए ।

दिल्ली प्रशासन पंजाब से आए पलायनकर्त्ताओं को तुरन्त सुविधाएं उपलब्ध करे : सुप्रीमकोर्ट

नई दिल्ली, 22 फरवरी (प.स.): उच्चतम न्यायालय ने आज दिल्ली प्रशासन को आतंकवादियों के भय से पंजाब से भाग कर आए 230 परिवारों को आवास, चिकित्सा तथा अन्य सुविधाएं तत्काल मुहैया कराने का निर्देश दिया ।

न्यायमूर्ति के जगन्नाथ शेट्टी और न्यायमूर्ति आर.एम. सहाय की दो-सदस्यीय खंडपीठ ने इसके साथ ही पठानकोट से आए इन परिवारों की याचिका पर पंजाब सरकार को भी नोटिस जारी किया । न्यायालय ने निर्देश दिया कि पंजाब सरकार के वकील कल हाजिर हों । इन परिवारों के सम्बन्ध में न्यायालय कल ही समुचित आदेश देगा ।

अटार्नी जनरल सोली सोराबजी ने न्यायालय को सूचित किया कि सरकार इन परिवारों को पर्याप्त सुरक्षा के बीच पठानकोट वापस भेजने के लिए समुचित व्यवस्था करने के लिए तैयार है । उन्होंने इन परिवारों के वकील की ओर से इशारा करते हुए कहा कि हम इन्हें वापस भेजने के लिए नकद धनराशि देने के लिए तैयार नहीं है ।

पंजाब में 4 आतंकवादी मारे गए : गुरदासपुर-फरीदकोट में बम विस्फोट : 4 की हत्या : सुरक्षा चौकी पर हमला : 50000 लूटे

चंडीगढ़, 27 फरवरी (वार्ता, पस): पंजाब में गत रात के बाद 4 आतंकवादी मारे गये । 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि 50,000 रुपए लूट लिये गये । मलोट क्षेत्र के गांव खुब्बां में सी.आर.पी. की चौकी पर हमला किया गया । एक ए.एस.आई. को उग्रवादियों ने घायल कर दिया । गुरदासपुर तथा फरीदकोट में बम विस्फोट हुए । फरीदकोट में बम धमाके में एस.पी. मुख्यालय, एक हवलदार समेत 3 पुलिस कर्मी घायल हो गए ।

बम धमाका में 1 मरा : गुरदासपुर से विनोद के अनुसार आज सायं 5.10 बजे काहनुवान चौक में किशन पहलवान की दुकान पर जबरदस्त बम धमाके से किशन पहलवान और एक व्यक्ति रूढ़ सिंह सख्त घायल हो गए जबकि दर्शन कुमार नामक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । घायलों की हालत चिन्ताजनक है । पुलिस का कहना है कि किशन पहलवान आतंकवादियों की हिटलिस्ट पर था । इसलिये काहनुवान चौक में फोर्स तैनात की गई थी ।

दुकान के कर्मचारी के बयान के अनुसार दोपहर के समय दो युवक सौदा खरीदने के लिए आये । उन्होंने सामान थैलों में डाल कर यह कह कर वहां रख दिया कि वह थोड़ी देर बाद आकर ले जाएंगे । कुछ देर के बाद दोनों युवक वहां से अपना थैला ले गए । इसके बाद वह पुनः थैला लेकर आ गए और कहने लगे कि उन्हें कोई काम है अतः वे थैला बाद में आकर ले जाएंगे । उनके जाने के बाद थैले में रखे गए बम से जबरदस्त विस्फोट हुआ । पुलिस का कहना है कि दोनों युवक जब दोबारा थैला रखने आये थे तो वह इसमें बम रख गये थे । पुलिस जांच कर रही है ।

पुलिस ने डेरा बाबा नानक के एक व्यक्ति इकबाल सिंह को गिरफ्तार किया है, जिसने बस स्टैंड के निकट एक दुकानदार से 50 रुपए छीने थे ।

3 आतंकवादी मरे : अमृतसर (वि.प्र.): जिला मुख्यालय में मिली एक सूचना के अनुसार पुलिस जिला मजीठा के थाना मेहता के क्षेत्र में गांव तरसिक्का तथा बोपाराय के मध्य कच्चे रास्ते पर तीन नौजवानों की गोलियों से छलनी लाशें पड़ी पाई गई जिन्हें पुलिस ने अपने कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा । मारे गये इन तीनों नौजवानों की पहचान जोगेंद्र सिंह ढड्डे थाना कत्थूनगल, दरबारा सिंह मैनियां बकरपुर ढिलवां क्षेत्र तथा कुलदीप सिंह के तौर पर हुई है । लाशों के निकट आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा का एक पत्र पड़ा मिला जिसके नीचे माधो सिंह बब्बर और सुखदेव सिंह बब्बर के हस्ताक्षर थे । इस पत्र में दर्ज है कि यह तीनों लटमार की वारदातें करते थे । उन्हें पहले चेतावनी दी गई थी परन्तु वह बाज न आए अतः उनकी हत्या कर दी गई है ।

प.स. के अनुसार मजीठा के पुलिस प्रमुख श्री ए.के. शर्मा ने बताया कि जांच पड़ताल से पता चला है कि यह घटना आपसी रंजिश का परिणाम है । आतंकवादियों में लूटी हुई रकम के बंटवारे को लेकर झगड़ा हो गया था ।

अमृतसर पुलिस ने गत रात 5 लुटेरों को गिरफ्तार किया । उनसे दो पिस्तौल व एक रिवाल्वर मिला ।

पीट-पीट कर मार डाला : गत रात अमृतसर जिला के गांव झब्बाल में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति हीरा सिंह की पीट-पीट कर हत्या कर दी । आतंकवादियों ने शराब पीने पर तीन व्यक्तियों को मारपीट भी की ।

उग्रवादी गिरफ्तार : आज अमृतसर नगर के निकटवर्ती गांव बुचड़ कलां के पास भगौड़े सैनिक से उग्रवादी बने गुरमेज सिंह को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया जबकि उसका बदर-इन-ला बलविन्दर सिंह उर्फ बिन्दी भाग निकला । पुलिस के अनुसार मठभेड़ तब हुई, जब नाके पर खड़े सिपाही बलजीत सिंह ने उन्हें ललकारा । गिरफ्तार उग्रवादी के कब्जे में एक पिस्तौल और 7 कारतूस बरामद किए गए हैं ।

चपरासी की हत्या, 50 हजार रुपए लूटे : आज जिला भटिंडा के तलवंडी गांव में आतंकवादियों ने पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के कार्यालय पर धावा बोल कर चपरासी की हत्या कर दी । आतंकवादी वहां से 50,000 रुपए लूट कर फरार हो गए ।

3 घायल : पटियाला (भाषण) : कल बाद दोपहर साढ़े तीन बजे के करीब थाना राजपुरा के तुलाणे गांव में दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने अ.भा. सिख छात्र संघ के तीन सक्रिय कार्यकर्त्ताओं पर फायरिंग करके उन्हें घायल कर दिया । हमलावर छात्र संघ के सर्वजीत सिंह बबी के घर दाखिल हुए जहां दो और सक्रिय सदस्य दलबीर सिंह (बबी का भाई), और अश्विनी कुमार वहां मौजूद थे । बबी ने एक हमलावर को जफ्फा मारा, जिस पर दूसरे उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी जिससे छात्र संघ के तीनों कार्यकर्त्ता घायल हो गए । इनमें दलबीर सिंह और अश्विनी कुमार की हालत गम्भीर बताई जाती है ।

घटनास्थल पर जो प्रयुक्त कारतूस मिले, उनसे पता चलता है कि फायरिंग में 9 एम.एम. पिस्तौल का इस्तेमाल किया गया ।

उग्रवादी मारा गया : राजपुरा से मासूम के अनुसार अश्विनी कुमार की राजपुरा से पटियाला ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गई । वार्ता के अनुसार अश्विनी कुमार खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन का उग्रवादी था जो हाल ही में जमानत पर रिहा हुआ था ।

ए.एस.आई. घायल : सी.आई.ए. में तैनात सहायक सब इंस्पैक्टर सुखविंदर सिंह को आज कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने गोली मार कर उस समय घायल कर दिया जब कि वह राजपुरा रोड कालोनी में अपने निवास स्थान से सनौरी अड्डा की तरफ जा रहा था । उसको दो गोलियां लगीं । उसे अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

फरीदकोट में बम धमाका : फरीदकोट से जिंदल के अनुसार आज सायं लगभग 5.20 पर यहां जिला कचहरी के बाहर एक जबरदस्त बम धमाका हुआ, जिसके परिणामस्वरूप एस.पी. (मुख्यालय) श्री केहर सिंह, हवलदार बलदेव सिंह तथा ड्राइवर भगवत सिंह घायल हो गए । उन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया है, जहां उनकी दशा गम्भीर बताई जाती है । बताया जाता है कि धमाका उस समय हुआ जब ये तीनों एक कार में सवार होकर कार्यालय में से निकल रहे थे । जैसे ही कार कार्यालय के गेट के निकट पहुंची, उसी समय धमाका हो गया और गेट की दीवार कार के ऊपर गिर गई ।

धमाका इतना जबरदस्त था कि गेट की ईंट 300 गज की दूरी तक गिरीं । इससे 2-4 मिनट पूर्व ही जिलाधीश श्री आर.सी. तैयर वहां से गुजरे थे । श्री केहर सिंह हाल ही में कपूरथला से यहां तबदील होकर आये हैं । घटना के तत्काल बाद

(शेष पृष्ठ 10 पर)

बड़े पूंजीपतियों के समाचार पत्र हमारी सरकार को बदनाम करके गिराना चाहते हैं : देवी लाल

सिरसा, 27 फरवरी (संजय अरोड़ा, आज़ाद): केंद्र में राष्ट्रीय मोर्चा सरकार बनने के बाद देश के बड़े-बड़े पूंजीपतियों का जिनकी इंका-शासन में काफी बोलबाला था दबदबा अब समाप्त हो गया है । इसलिए ये पूंजीपति लोग अब अपने अखबारों के माध्यम से मुझे और मेरे परिवार को बदनाम करने पर तुले हुए हैं । यह बात उपप्रधानमंत्री चौ. देवी लाल ने आज प्रातः चंडीगढ़-एक्सप्रैस से डबवाली रेलवे स्टेशन पर पहुंचने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही ।

चौ. देवी लाल ने कहा कि जहां पहली संसद में मात्र पांच सांसद देहात से थे, आज उसमें 315 सांसद देहात से हैं ।

उपप्रधानमंत्री महोदय ने कछ राष्ट्रीय समाचार पत्रों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि ये समाचार पत्र मुझे बदनाम करने पर तुले हुए हैं क्योंकि सरकार पर इनका दबदबा खत्म हो चुका है ।

उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था कि बिरला के पास 73 से अधिक सांसद थे और एक समय ऐसा आ गया कि बिरला स्वयं सांसद नहीं बन सके । इसलिए ये लोग हमारी सरकार को बदनाम करके गिराना चाहते हैं ।

चौ. देवी लाल ने कहा कि मैंने लोगों से कह दिया है कि यदि वे समाचार पत्रों में मेरी बुराई पढ़ें तो समझें कि मैं गरीबों और किसानों के हितों की रक्षा व पूंजीपतियों के विरुद्ध लड़ाई लड़ रहा हूं ।

इसके बाद चौ. देवी लाल अपने पैतृक गांव चौटाला चले गए जहां वह चुनावी थकान के बाद तीन दिन तक विश्राम करेंगे । उन्होंने कहा कि मैं अपने गांव इसलिए चला आया हूं ताकि लोग मुझ पर यह आरोप न लगाएं कि मैं चौटाला या अन्य उम्मीदवारों को जिताने के लिए काम कर रहा हूं । उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि ये विधानसभा चुनाव इंका की सरकारों के विरुद्ध फतवा होंगे ।

Punjabi Sanatani

...न का अध्यक्ष ...ी सम्भावना

...र्टी कार्यकर्त्ताओं ने अवश्य इसमें भाग

...लोग बैठक में उपस्थित थे, उनमें सर्वश्री ...सिंह तलवंडी, कैप्टन अमरेंद्र सिंह, रवि इन्दर ...धीर सिंह चीमा, ज्ञानी अर्जुन सिंह, इंदरजीत ...जी, डा. सतवंत सिंह मोही, मेवा सिंह गिल, ...स. रियाड़,जैलदार संत सिंह धूरी, माधो सिंह ...पस्थित थे ।

...ा चला है कि आज की बैठक में कैप्टन अमरेंद्र ...र श्री रवि इन्दर सिंह की एक दो सदस्यीय ...बना दी गई है, जो पार्टी में एकता कायम ...के लिए श्री प्रकाश सिंह बादल और श्री ...सिंह टोहरा से बातचीत करेगी ।

...बीच पता चला है कि कल श्री प्रकाश सिंह ...को पार्टी की अध्यक्षता सौंप दी जाएगी तथा ...बंडी को संभव है कि पंथक संसदीय बोर्ड का ...न बना दिया जाएगा ।

...हार के 250 ...द्रों में पुनर्मतदान

...टना, 28 फरवरी (वार्ता): बिहार के 70 ...सभा निर्वाचन क्षेत्रों के 250 मतदान केंद्रों में ...तः पुनर्मतदान हुआ ।

...विवार को पुनर्मतदान : अहमदाबाद : ...न आयोग ने आज पश्चिम सूरत क्षेत्र में रान्डेर ...पांच मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान कराए जाने ...श दिया है । इन केंद्रों पर कुछ उपद्रवियों ...पत्र छीन लिए जाने और हिंसा किए जाने के ...तदान स्थगित कर दिया गया था । इन ...केंद्रों पर पुनर्मतदान रविवार को होगा । यह ...ी निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने दी है ।

...ाव आयोग के सचिव सी.एल. रोज ने बताया ...मतदान के दौरान धांधली के कारण आज ...दान कराना पड़ा। इसी बीच मुजफ्फरपुर ...भा सीट के लिए मतगणना हिंसा के आरोपों ...री होने तक रोक दी गई है । कांग्रेस (इ) ...र्मतदान की मांग कर रही है ।

...क्षेत्रों में भारी ...ब्बत सड़क बंद

...जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया । कई ...पानी जमा हो जाने के कारण बड़ी संख्या में ...स गए । मौसम विभाग के प्रवक्ता ने आज ...क सुबह तक लोधी रोड स्थित निगरानी केंद्र ...मि.मी. बारिश रिकार्ड की गई है । इसी ...फदरजंग हवाई अड्डे पर 43.9 और ...वाई अड्डे पर 30.4 मि.मी. बारिश ...की गई । प्रवक्ता के अनुसार अगले 24 ...बादल छाए रहेंगे और कहीं गरज के साथ तो ...हीं रुक-रुक बारिश होने की सम्भावना ...सप्ताह के शुरू में अचानक मौसम का ...बदला और गर्मी मनाने की तैयारी कर रहे ...सियों को एक बार फिर सर्दी ने अपनी चपेट ...या ।

करना ही चाहते हैं तो मुझे कोई आपत्ति नहीं । परन्तु साथ ही मैंने उनसे पेशकश की कि इन आठ मतदान केन्द्रों की वोटें श्री डांगी को दे दी जाएं, मतगणना बंद नहीं होनी चाहिए ।"

श्री चौटाला के अनुसार कल मतदान के दौरान छवि खराब करना है । किसी का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि दिल्ली में बैठे कुछ लोग उनके खिलाफ साजिश कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि इस साजिश के पीछे उनकी पार्टी के किसी नेता का हाथ नहीं है ।



संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा बुधवार को अमृतसर के थाना बैरोवाल के गांव बहादुरपुर में मारे गए व्यक्ति (बाएं) गुरुमुख सिंह का शव तथा (दाएं) विलाप करती हुई परिवार की महिलाएं । (छाया : पंजाब केसरी)

पंजाब में 5 आतंकवादी मारे गए : बिजली बोर्ड दफ्तर से नकदी लूटी : 2 सुरक्षा कर्मियों सहित 5 की हत्या

चंडीगढ़, 28 फरवरी (वार्ता, पस): पंजाब में गत रात के बाद 5 आतंकवादी मुठभेड़ों में मारे गये जिनमें बी.टी.एफ. का कट्टर आतंकवादी दलविंदर सिंह उर्फ मस्त भी शामिल था । आतंकवादियों ने 2 सुरक्षा कर्मियों व बिजली बोर्ड के एक कैशियर सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी । बिजली बोर्ड के एक कार्यालय से 30 हजार रुपए लूट लिये गये । पटियाला में एक ए.एस.आई. को उग्रवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया ।

कैशियर की हत्या : बाघापुराना से 'ज्ञान' के अनुसार गत दिवस तीन स्कूटर सवार आतंकवादियों ने थाना निहालसिंहवाला के अंतर्गत पड़ने वाले गांव पत्तो हीरा सिंह स्थित पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के कार्यालय में दाखिल होकर कैशियर तिलक राज की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा 30 हजार रुपये के लगभग नकदी लेकर फरार हो गए ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिस समय उक्त आतंकवादी बोर्ड के कार्यालय में दाखिल हुए तो कैशियर तिलक राज एक अन्य कैशियर कैबिन का दरवाजा बंद करके नकदी गिन रहा था । आतंकवादियों ने धक्का मार कर दरवाजा खोल दिया तथा अंदर घुस कर गोलियां चलाईं जिससे तिलक राज की मृत्यु हो गई । दूसरा कैशियर बाल-बाल बच गया । इसके बाद आतंकवादी 30 हजार रुपए के करीब नकदी उठा कर फरार होने में सफल हो गए । आतंकवादी जाते समय एक 12 बोर का पिस्तौल भी वहीं छोड़ गए ।

बिजली बोर्ड का यह दफ्तर गांव से बाहर सड़क पर स्थित है । उक्त वारदात के बाद भारी संख्या में बिजली कर्मचारी वहां इकट्ठे हो गए । वे बोर्ड के अधिकारियों की कथित लापरवाही के विरुद्ध नारेबाजी कर रहे थे । बिजली कर्मियों ने बाद में अनिश्चितकालीन हड़ताल कर दी जिसके फलस्वरूप कार्यालय के अधीन आते 6 सब-डिवीजनों की बिजली सप्लाई ठप्प हो गई ।

यह भी ज्ञात हुआ है कि कैशियर तिलक राज की पत्नी का गत दिनों देहांत हो गया था तथा उनके बच्चे अकेले मोगा में रहते हैं । श्री तिलक राज ने अधिकारियों से उनके तबादले का अनुरोध किया था जिसकी कोई सुनवाई नहीं हुई ।

लांस नायक की हत्या : फिरोजपुर (बागी): मंगलवार की रात को गांव अटारी के निकट आतंकवादियों द्वारा घात लगा कर किये गये हमले में बी.एस.एफ. का लांस नायक लीलाधर मारा गया तथा इंस्पैक्टर मिलखी राम व 106 बी.एस.एफ. बटालियन का एक जवान घायल हो गया । बी.एस.एफ. की यह टुकड़ी गश्ती ड्यूटी पर थी । खबरों में कहा गया है कि आतंकवादियों ने गश्ती टुकड़ी पर गोलियों की बौछार कर दी जिससे तीन बी.एस.एफ. कर्मी घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया । उक्त लांस नायक बाद में अस्पताल में दम तोड़ गया ।

एक अन्य समाचार में कहा गया है कि आतंकवादियों ने सोमवार की रात को सोढी नगर के निकट अर्ध सैनिक बल के जवानों पर गोलियां चलाईं तथा राकेट भी फैंका । इससे कोई हताहत नहीं हुआ । उल्लेखनीय है कि गत रात का हमला 25 फरवरी के बाद आतंकवादियों का पुलिस व सुरक्षा बलों पर तीसरा हमला था । रविवार की रात को आतंकवादियों ने जीरा में पुलिस कालोनी पर राकेट चलाये थे ।

कांस्टेबल की हत्या : गत रात जिला फिरोजपुर में गांव घल खुर्द से आतंकवादियों ने एक कांस्टेबल गुरतेज सिंह तथा उसके एक संबंधी जुगराज सिंह का अपहरण कर लिया । बाद में उन्होंने कांस्टेबल की हत्या कर दी जो कि एक्साइज विभाग से संबंधित था । आज सुबह आतंकवादियों ने उसके सम्बन्धी को रिहा कर दिया ।

कट्टर आतंकवादी मारा गया : अमृतसर (पस): गत रात थाना लोपोके के अंतर्गत गांव ख्याला के निकट सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में भिंडरांवाला टाइगर फोर्स का कट्टर आतंकवादी दलविंदर सिंह उर्फ मस्त मारा गया । पुलिस के एक प्रवक्ता ने आज बताया कि एक गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस पार्टी ने एक फार्म हाऊस पर छापा मारा जहां कुछ आतंकवादी छिपे हुए बताए जाते थे । चुनौती दिए जाने पर आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं । इस मुठभेड़ में फार्म हाऊस के अंदर छिपे हुए दो आतंकवादियों में एक मारा गया जबकि उसका दूसरा साथी अंधेरे की आड़ में बच कर भाग निकला । घटना स्थल पर पुलिस ने एक चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफल, दो मैगजीनें तथा दो दर्जन अनचले कारतूस मिले । प्रवक्ता ने कहा कि मृत आतंकवादी दलविंदर सिंह जिसके सिर पर 30,000 रुपए का ईनाम था, हत्या और बलपूर्वक धन वसूल करने की अनेक वारदातों में पुलिस को वांछित था । वह बी.टी.एफ. के स्वयंभू लैफ्टीनैंट जनरल सतनाम सिंह उर्फ सत्ता का 'दायां हाथ' था ।

4 आतंकवादी मरे : आज सुबह खेमकरण सैक्टर की सीमा चौकी नूरवाली के निकट हुई एक मुठभेड़ में सीमा सुरक्षा बल ने 4 आतंकवादियों को मार गिराया । घटनास्थल पर एक चीनी ए.के. 47 राइफल तथा बड़ी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद हुआ । (शेष पृष्ठ 10 पर)

मेहम विधान सभा क्षेत्र के गांव बैंसी में उग्र भीड़ पर सी.आर.पी. द्वारा गोली चलाए जाने से चार लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए ।

यहां पुलिस मुख्यालय में प्राप्त सूचना के अनुसार मतदान केन्द्र के बाहर हिंसा पर उतारू भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस को गोली चलानी पड़ी थी । उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग ने मेहम क्षेत्र के बैंसी केन्द्र सहित कुल आठ मतदान केन्द्रों पर पुनः मतदान के आदेश कल रात जारी किए थे क्योंकि कल इस सीट पर हुए उपचुनाव के दौरान व्यापक हिंसा हुई थी और मतदान केन्द्रों पर कब्जे हुए थे ।

आज पुनः मतदान प्रातः आठ बजे कड़े सुरक्षा प्रबन्धों के बीच शुरू हुआ था । हरियाणा की सरकारी प्रैस में कल रात करीब 15 हजार अतिरिक्त मतपत्र छाप कर मेहम में पुलिस की कड़ी निगरानी में भेजे गए थे ।

यहां प्राप्त सूचनाओं के अनुसार आज समूचे मेहम क्षेत्र में तनाव रहा । मेहम कस्बे और आसपास के क्षेत्र में अधिकांश दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद रखीं । मेहम कस्बे के बाहर कुछ लठैतों ने पत्रकारों को भी कस्बे में जाने से रोका ।

यहां प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार गोली चलने की घटना 8 बजे प्रातः पुनः मतदान शुरू होते ही हुई ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शुरू ने पुलिस से मुकाबला किया और के शीशे तोड़ डाले ।

वैसे मेहम शहर में आज सुबह माहौल बना हुआ था । डांगी स विभिन्न भागों तथा चौटाला स कार्यालय के अहाते में इकट्ठे होने शहर के मुख्य आज़ाद चौक में डां एक मारुति कार को जला दिया । कि इस कार से चौटाला समर्थक मतदान कराने के लिए ले जा रहे

कार के आसपास एकत्रित सरियों और बल्लमों से लैस थी, पु तक पहुंचने का हर प्रयास विफल तक मेहम शहर जमीन पर पड़े हुए, टूटे और उल्टे वाहनों का अखा सड़क के किनारे खड़े किसी भी वाह नहीं दिखाई दे रहे थे ।

शाम तक मेहम पुलिस का बन गया था । पुलिस ने शहर की हुई थी । किसी भी गाड़ी को गुजरने नहीं दिया जा रहा था ।

यूनीवार्ता के संवाददाता इस दौरान स्थानीय अस्पताल में शरण उन्हें शहर से बाहर निकलने के लि सहायता लेनी पड़ी । जब संवाद एम्बुलैंस के पीछे चल रही थी तो यह कहते सुनाई दिए—यह पीछे प्रे रोको । लेकिन उस डाक्टर ने बताते हुए सुरक्षापूर्वक शहर की पहुंचाया ।

पुलिस की लाठियों का शिक मोखरा गांव की पंचायत के 7 रामेश्वर ने आंसू बहाते हुए कहा कि वाले जब मेरे गांव आए थे तो मैं लड्डू दिए और आज उन्होंने इ दिया ।

पुनः मतदान स्थगित फायरिंग की घटना के बाद अधिक आदेशों तक के लिए उन सभी 8 स्थगित कर दिया जहां पुनः मतदान

मुख्यमंत्री श्री चौटाला भी च

फैडरेशन ... की बहाल...

चंडीगढ़, 28 फरवरी (एन आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन मनजीत सिंह ने भंग की जा चुकी प को पुनर्जीवित करने के अभियान करते हुए विचार प्रकट किया है सरकार इस पुरानी विधानसभा क सिख युवकों और पंजाबियों के छिड़कना चाहती है । आज या बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि उद्देश्य लोगों की ओर से ठुकराये नेतृत्व को आगे लाना है । यह विधा प्रतिनिधित्व वाला स्वरूप खो चुकी

मध्य प्रदेश : दलगत ...

कुल सीटें	
चुनाव हुए	
चुनाव स्थगित	
परिणाम घोषित	
भाजपा	
कांग्रेस (इ)	
जनता दल	
बहुजन समाज पार्टी	
निर्दलीय	
कम्युनिस्ट	

...जपा मध्य प्रदेश, राजस्थान, ...जद उड़ीसा, गुजरात में विजय की ओर अग्रसर

...दिल्ली, 28 फरवरी (वार्ता): जनता दल ...तीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश, राजस्थान, ...र गुजरात में कांग्रेस (इ) की सरकारों का ...रने की ओर अग्रसर हैं जबकि बिहार में ...रात तक विधान सभा चुनावों के परिणाम ...पष्ट तस्वीर नहीं उभर सकी ।

पटवा भोजपुर में तथा कैलाश जोशी बागली सीट पर आगे हैं ।

वित्तमंत्री शिव भानु सोलंकी धार जिले में मनावर सीट पर बढ़त लिए हुए हैं ।

राजस्थान में पहला परिणाम कांग्रेस (इ) के पक्ष

स्वास्थ्य मंत्री और कांग्रेस (इ) के उम्मीदवार पी. कन्नन केसीकेड क्षेत्र से फिर निर्वाचित घोषित किए गए हैं ।

भूतपूर्व मुख्यमंत्री और पांडिचेरी द्रमुक इकाई के संस्थापक डी. रामचन्द्रन ने मन्नादिपेथ सीट फिर

के भंवर लाल शर्मा अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय श्री रावत लाल को 13000 मतों से हरा कर जीत गए हैं ।

प्रतापगढ़ से भाजपा के राखब चंद ने इंका प्रतिद्वंद्वी बहादुर को 9615 मतों से हराया ।

Punjab Samachar

आतंकवादी मारे गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

अमृतसर से वि.प्र. का कहना है कि खेमकरण सैक्टर में 3 आतंकवादी मारे गये हैं । कहा जाता है कि यह आतंकवादी नरवाली चौकी के करीब पाकिस्तानी क्षेत्र से भारतीय सीमा में दाखिल हुए तो बी.एस.एफ. जवानों ने उन्हें ललकारा जिस पर इन आतंकवादियों ने जो भारतीय क्षेत्र में काफी अंदर आ चुके थे, बी.एस.एफ. पर फायरिंग की । जवाबी फायरिंग में तीनों मारे गये ।

ख्याला गांव में हुई मठभेड़ में एक सब-इंस्पैक्टर के भी बाजू में गोली लगी ।

एक उग्रवादी पकड़ा गया : बी.एस.एफ. की एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया गया है कि घटनास्थल पर कुछ हथगोले, कुछ बुलेट प्रूफ जैकेटें व अन्य सामान भी मिला । एक उग्रवादी को गिरफ्तार कर लिया गया । मारे गये आतंकवादियों में से दो की शिनाख्त दविदर सिंह उर्फ भट्टो पुत्र चरण सिंह निवासी माड़ी मेघा थाना भिखीविंड तथा सुक्खा निवासी महमूदपुरा थाना वल्टोहा जिला अमृतसर के रूप में हुई है । पकड़े गए उग्रवादी से पूछताछ की जा रही है ।

फैक्टरी मालिक की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला में भिखीविंड में चार आतंकवादियों ने एक फैक्टरी में घुस कर उसके मालिक अमृत लाल की हत्या कर दी ।

घर से घसीट कर हत्या : गत रात तरनतारन पुलिस जिला में दो आतंकवादियों ने बहादुरपुर गांव में एक व्यक्ति गुरमुख सिंह को घर से घसीट कर बाहर निकालने के बाद गोलियां मार कर खत्म कर दिया ।

ठीकरी पहरा बढ़ा : अमृतसर के जिला प्रशासन ने जिला में सिंचाई के काम आने वाली नहरों, राजबाहों, बिजली की लाइनों तथा सब स्टेशनों को विध्वंसक कार्रवाइयों से बचाने के उद्देश्य से ठीकरी पहरे की अवधि 28 अगस्त तक बढ़ा दी है ।

घायल कर दिया : गत रात गुरदासपुर जिला के गांव जफरवाल में चार आतंकवादियों ने एक व्यक्ति राम लाल को गोली मार कर घायल कर दिया ।

20 हजार की सहायता : बटाला (कोछड़): जिला गुरदासपुर के जिलाधीश श्री स्वर्ण सिंह चन्नी आज गुरदासपुर के गांव जापुवाल में मृतक सुदर्शन कुमार के परिवार से संवेदना व्यक्त करने गए और उन्हें सरकार की ओर से 20 हजार का चैक सहायतार्थ दिया । उल्लेखनीय है कि 27 फरवरी सोमवार को सायं गुरदासपुर में बम विस्फोट से इसकी मृत्यु हो गई थी और किशन लाल पहलवान व रूड़ सिंह घायल हो गए थे । जिलाधीश ने बताया कि घायलों को 5-5 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी ।

सब-इंस्पैक्टर घायल : पटियाला (भूषण): पुलिस के एक सहायक सब-इंस्पैक्टर करतार सिंह को तिपुरी टाऊनशिप में दो स्कूटर सवारों ने गोलियां चला कर घायल कर दिया । घायल पुलिस अधिकारी को तत्काल इलाज के लिए राजेंद्रा अस्पताल में दाखिल कराया गया है । करतार सिंह पुलिस की सी.आई.डी. की ब्रांच में तैनात है ।

एक भी मत न पड़ा

बारीपदा, 28 फरवरी (प.स.): उड़ीसा के मयूरभंज जिले में पैरंगपुर (सुरक्षित) विधानसभा क्षेत्र के तीन मतदान केंद्रों पर एक भी वोट नहीं डाला गया । इन मतदान केंद्रों के मतदाताओं ने अपने क्षेत्र के विकास की लगातार अनदेखी किए जाने के विरोध में मतदान का बहिष्कार किया ।

पंजाब में विधानसभा चुनाव न कराए जाएं : चावला

अमृतसर, 28 फरवरी (नारंग, प.स.): राष्ट्रीय सुरक्षा समिति पंजाब के अध्यक्ष डा. बलदेव चावला ने आज यहां एक सम्वाददाता सम्मेलन में कहा कि जब तक पंजाब में कानून-व्यवस्था की स्थिति पूर्णतया सामान्य नहीं हो जाती, तब तक प्रदेश में विधानसभा के चनाव नहीं करवाए जाने चाहिएं । उन्होंने कहा कि विधानसभा चनावों के लिए किसी भी प्रकार की जल्दबाज़ी नहीं की जानी चाहिए ।

डा. चावला ने आनंदपुर साहब प्रस्ताव को

चुनाव परिणाम

(पृष्ठ 3 का शेष)

राव जी निर्वाचित घोषित हुए हैं । श्री सिंह ने कांग्रेस (इ) के श्री ग्यारसी लाल रावत को 3907 मतों के अन्तर से हराया ।

बस्सी से इंका के सी.एम. अशरफ ने द्रमुक के बाबू अन्सारदीन को 228 मतों के अन्तर से हराया ।

निमाड़ खेडी निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के रघुराज सिंह ने मौजूदा विधायक कांग्रेस (इ) के राजनारायण सिंह को 11314 मतों से हराया ।

मध्य प्रदेश के स्थानीय शासन राज्यमंत्री प्रभुदयाल गहलोत चुनाव हार गए हैं ।

धूलकोट सीट से भाजपा के माल सिंह लट्ट कांग्रेस (इ) के सिगदार रेवला को 17 हजार मतों से हरा कर निर्वाचित ।

खरगौन निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के रायसिंह राठौर ने कांग्रेस (इ) की श्रीमती चंद्रकांता खोडे को 24471 मतों से पराजित किया । राजपुर सीट से भाजपा के श्री दीवान सिंह बिट्ठल निर्वाचित हुए । उन्होंने यह सीट कांग्रेस से छीनी ।

तमिलनाड के पलानी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतगणना के चौथे दौर की समाप्ति पर कांग्रेस (इ) के ए. सेनापति गाऊंडर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी द्रमुक के राज कुमार मंदरादियार से 22 हजार मतों से आगे थे ।

मेघालय में क्षेत्रीय विपक्षी पार्टी द्वारा समर्थित हिल पीपल्स यूनियन के उम्मीदवार राबर्ट खरशिंग लैतूमखरन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में आज निर्वाचित घोषित किए गए । उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस (इ) के जी.एम. बार को 837 मतों से हराया ।

अरुणाचल : इंका के कमांवांगचुक ने जद प्रतिद्वंद्वी रिनचिन मोरब् को 1163 मतों से हराया ।

गुजरात : दंगस-भंसदा क्षेत्र से भोय मधु भाई जैली भाई (जद) ने इंका प्रतिद्वंद्वी पटेल चंद्र भाई को 8116 मतों से हराया ।

कटियाना से जद की जदेजा मंतोखबेन सरमन ने इंका के अगथ लक्ष्मी भाई भीमा भाई को 36549 मतों से हराया ।

गुजरात प्रदेश कांग्रेस (इ) अध्यक्ष नटवर लाल शाह धांधका विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के दिलीप भाई पारीख से 5446 मतों से हार गए ।

राजस्थान के संसदीय मंत्री हरिदेव जोशी बांसवाड़ा निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित घोषित किए गए हैं ।

राजस्थान में उदयपुर जिले के भीम विधान सभा क्षेत्र से जनता दल उम्मीदवार एवं प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के साले मान्धाता सिंह कांग्रेस (इ) के प्रत्याशी एवं पूर्व राज्यमंत्री लक्ष्मण सिंह को 8804 मतों से हराकर विजयी घोषित हुए ।

राजस्थान के इंदिरा गांधी नहर मंत्री छोगा राम बाकोलिया पराजित । अलवर जिले के खैरथल (सु.) विधान सभा क्षेत्र में जनता दल के प्रत्याशी एवं भूतपूर्व मंत्री सम्पत राम अपने निकटतम प्रतिद्वन्द्वी चंद्रशेखर को 32918 मतों से हराकर जीते । भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री राजेश पायलट की पत्नी रमा पायलट बूंदी जिले के हिण्डोसी निर्वाचन क्षेत्र से विजयी । राजस्थान प्रदेश युवक कांग्रेस के अध्यक्ष रघुनाथ शर्मा (अजमेर) से पराजित ।

मनावर (सु.) क्षेत्र से मध्य प्रदेश के वित्तमंत्री शिवभान सोलंकी चुनाव हार गए हैं । उन्हें भाजपा प्रत्याशी ने 2020 मतों से हराया ।

मध्य प्रदेश के सुसनकर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के बद्री लाल अपने प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस (इ) के राणा नटवर सिंह को 16109 मतों से हरा कर विजयी रहे ।

इस वर्ष 4.73 लाख मीट्रिक टन गेहूं उपज होने की सम्भावना

होशियारपुर, 28 फरवरी (अश्विनी) : जिलाधीश ने बताया है कि इस वर्ष जिला में एक लाख 61 हजार हैक्टर क्षेत्र में गेहू बोई गई जिससे चार लाख 73 हजार मीट्रिक टन गेहूं की उपज होने की सम्भावना है । तेल के बीजों की पैदावार बढ़ाने के लिए सूरजमुखी, सरसों और मूंगफली के बीजों की 24655 की किटें किसानों में बांटी गईं । दाल के

प्रतिद्वंद्वी परसराम धुर्वे को हरा कर विजयी रहीं ।

भूतपूर्व मुख्यमंत्री और अन्ना द्रमुक के नेता एस. रामास्वामी ने दक्षिण करैकल में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी द्रमुक के शिवारी राजन को 1784 मतों से हरा दिया ।

लोक निर्माण विभाग मंत्री कांग्रेस (इ) के वी. वैथिलिंगम ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी द्रमुक के एन. देवदोस को 4139 मतों से हरा कर नेतापक्कम सीट जीत ली ।

उड़ीसा : कांग्रेस (इ) प्रत्याशी सूचना और जन सम्पर्क एवं लिफ्ट सिंचाई मंत्री अमरनाथ प्रधान धेंकनाल जिले के आयामलिक क्षेत्र से जनता दल के नगेंद्र नाथ प्रधान से हार गए ।

यह भी एक रिकार्ड है

पांडेचेरी, 28 फरवरी (वा.) : पांडिचेरी के राजभवन विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय उम्मीदवार डी. शिवराज की न केवल जमानत जब्त हो गई है बल्कि उन्हें केवल एक मत पाकर संतोष करना पड़ा है ।

इस सीट से कुल 13 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे । श्री शिव राज के अलावा अन्य सभी उम्मीदवारों को दस से कम मत प्राप्त हुए हैं । राज भवन सीट द्रमुक के एस.पी. शिव कुमार ने जीती है ।

मालगाड़ी के 7 डिब्बे पटरी से उतरे

पटियाला, 28 फरवरी (भूषण): धूरी से अम्बाला जा रही मॉल गाड़ी के 7 डिब्बे नाभा रेलवे स्टेशन के होम सिगनल के निकट पटरी से उतर गए । बताया जाता है कि यह दुर्घटना किसी तकनीकी खराबी के कारण हुई । इस दुर्घटना से लगभग 100 गज रेल लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई ।

पांडिचेरी : दलगत स्थिति

कुल सीटें	30
परिणाम घोषित	27
कांग्रेस (इ)	9
अन्नाद्रमुक	3
द्रमुक	7
जनता दल	4
भाकपा	1
निर्दलीय	3

अमृतसर के दोनों कांग्रेसी धड़े राजीव से मिलने के बाद लौटे

अमृतसर, 28 फरवरी (वर्मा): अमृतसर जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) के नए प्रधान बनाए जाने के बाद तथा अमृतसर कांग्रेस भवन का कब्जा लेने के बारे में कांग्रेसियों के दोनों धड़े, जो पिछले कई दिनों से दिल्ली में डेरे लगाए बैठे थे, आज कांग्रेस प्रधान श्री राजीव गांधी, गुलाम नबी आजाद व बूटा सिंह आदि को मिलने के पश्चात अमृतसर लौट आए हैं । श्री प्रताप चन्द भंडारी ने अखबारों के प्रतिनिधियों को बताया कि हाई कमान ने उन्हें कह दिया है कि वे अमृतसर जाकर अमृतसर कांग्रेस प्रधान के रूप में काम करना शुरू करें ।

थानेसर से जद प्रत्याशी विजयी

चंडीगढ़, 28 फरवरी (प.स.): जनता दल के श्री अशोक कुमार हरियाणा की थानेसर विधानसभा सीट से अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी इंका के श्री देवेंद्र शर्मा को 8800 मतों से अधिक से पराजित करके विजयी घोषित किए गए ।

अमृतसर निगम ने बिजली बोर्ड को सारी बकाया राशि दे दी है : प्रवक्ता

अमृतसर, 28 फरवरी (कमलेश): निगम बिजली घर की ओर पंजाब बिजली बोर्ड के बकाया राशि के दावे के बारे आज नगर निगम के एक प्रवक्ता ने बताया कि हमने बिजली बोर्ड की सारी राशि दे दी है । इसके अनुसार हर मास लगभग 25-26 लाख का बिल बनता है, जो साथ-साथ ही अदा किया जा रहा है । प्रवक्ता के अनुसार बोर्ड का रेट 46.50 पैसे प्रति यूनिट है, जो नगर निगम बाकायदगी से दे रहा है । एक प्रश्न के उत्तर में उसने यह बताया कि वर्ष 1981 से बिजली बोर्ड ने

चुनावों में हिंसा पर भाजपा द्वारा गहरी चिंता

नई दिल्ली, 28 फरवरी (प.स.): भारतीय जनता पार्टी ने राज्य विधानसभाओं के चुनावों के दौरान कल हुई व्यापक हिंसा पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए चुनाव प्रक्रिया में सुधार और राजनीतिक दलों द्वारा स्वयं आचार संहिता बनाने पर जोर दिया है ।

भाजपा के महासचिव कृष्ण लाल शर्मा ने आज यहां 'चुनाव हिंसा' की निंदा करते हुए कहा इस गम्भीर स्थिति को देखते हुए चुनाव प्रणाली को प्रभावी बनाने के लिये कई कदम उठाने की जरूरत है । उन्होंने कहा कि इस बार चुनावों के दौरान हिंसात्मक घटनाओं से चिंताजनक स्थिति सामने आई है । बिहार में अब तक की रिकार्ड तोड़ हिंसा हुई है और लगता है कि यह बारदातें संक्रामक रोग की तरह अन्य राज्यों में भी बढ़ रही हैं । श्री शर्मा ने कहाकि सबसे अधिक चिंता की बात तो यह है कि अहमदाबाद, जयपुर आदि बड़े शहरों में भी हिंसा की घटनाएं हुई हैं । इन बारदातों को देखते हुए आवश्यक हो जाता है कि चुनाव प्रणाली में सुधार किया जाये, राजनीतिक दल स्वयं आचार संहिता बनाएं और राजनीति में फैले जातिवाद तथा आपराधीकरण की निंदा की जाये ।

शाम के भाव–(28 फरवरी, एन.एन.एस.)

दिल्ली क्लाथ 48.00, हिंद मोटर 22.50, रिलायंस 52.12, चांदी (999) टंच हाजिर (प्रति किलो) 6830, चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 7500, सोना बिटूर (प्रति 10 ग्राम) 3400, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3480, मिल डिलिवरी : वनस्पति यू.पी. (प्रति टीन) 370-375, वनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 370-377, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 180.00, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 189, मूंगफली तेल (10 किलो) 246, तिल तेल (10 किलो) 283, तेल बिनौला (10 किलो) 190, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 170, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 112, फैटी एसिड आयल (क्विंटल) 1700, सरसों वायदा (20 किलो) मई 135.40, गुड़ वायदा मार्च 146.40, आलू हापुड़ (40 किलो) वायदा मार्च 47.70 रुपए ।

दिल्ली रोयर बाजार : (एन.एन.एस.): ए.सी.सी. 342.00, आंध्र सीमैंट, 8.50 (13/2), अपोलो टायर स्पाट 48.50, एशियन होटल 56.50, बिदल एग्रो 73.25, बी.सी.एम. लि. 48.00, बी.सी.एम. टोयोटा 14.60, इंस्ट इंडिया होटल 61.00, एस्कार्ट्स 81.50,, एस्सर शिपिंग 28.00, फूड स्पैशलिटीज 104.00, ग्रासिम इंडस्ट्रीज 109.00, गुजरात नर्मदा 39.50, एच.एम.एम. लि. 242.00, हीरो होंडा 17.00, हिन्डालको स्पाट 224.00 (19/2), हिन्द. सीमर 105.00, हिन्द मोटर 22.50, हिन्द डिवैलप. कार्पो. 82.50 (26/2), इंडियन रेयन 90.50, जे.के. इंडस्ट्रीज 55.50, जे.के. सिंथैटिक 55.00 (26/2), जे.सी.टी. लि. 72.00, केल्वीनेटर आफ इंडिया 170.00, लार्सन एंड टूबो 61.00, एल.एम.एल. लि. 16.50, मालवीय शिपिंग 131.00, मालवा कोटन 94.25, मोदी रबड़ 49.25, मोहन मीकिन 12.50 (26/2), ओरके सिल्क मिल्स 15.25, ओसवाल एग्रो 49.00, रिलायंस इंडस्ट्रीज 54.62, श्रीराम फाइबर्स 57.00, सदर्न पैट्रो 52.75, स्वदेशी पोलिटैक्स 39.00 (14/2), टेल्को 115.00, टिस्को 108.25, वेम आर्गेनिक 134.00, अमृत बनास्पति 41.00 (18/2), ऑसल हाउसिंग 19.00 (26/2), एग्रो कैमीकल पंजाब 12.00 (27/2), भारत सीट 22.50, आइशर ट्रैक्टर 68.50 (26/2), आइशर मोटर 17.50, इलैक्ट्रा इंडिया 52.00, गुजरात फ्लोरो कैमिकल 14.25 (21/2), गुजरात हैवी कैमिकल 15.50 (27/2), गोयनका इंडिया 83.50 (21/2), हरियाणा पैट्रो 23.00, इंडो गल्फ फर्टी 15.25, इम्पात प्रोफाइल्स 16.00, इस्पात अलायज 52.00, के.टी.सी. 35.50, जगजीत इंडस्ट्रीज 105.00 (6/2), जयप्रकाश इंडस्ट्रीज 12.50, जमना आटो 52.50, मोदी सीमैंट 6.75, मंगलम टिम्बर 10.00 (26/2), मोदी कैम्पयन 18.50 (27/2), नहर स्पिनिंग 255.00, ओसवाल एग्रो फ्यूरेन 28.50, ओसवाल स्पिनिंग 37.50, प्रकाश पाइप 28.50, प्रकाश ट्यूब 29.00 (27/2), रनबैक्सी लेब. 90.00 (20/2), राठी उद्योग 22.25 (27/2), राजस्थान पैट्रो 48.50 (27/2), रामा पैट्रो 27.50, सनफ्लैग आयरन एंड स्टील 14.75, समतल कलर 25.00, समतल इंडिया 30.00 (4/1), स्पिक इलैक्ट्रानिक 15.50 (20/2), थापर एग्रो स्पाट 26.00, तमिलनाड पैट्रो 26.50, यू.टी.आई. मास्टर शेयर 17.00, अप्टान कलर फिल्म्स 13.75 (5/2), ए.पी. रेयन 26.25, कोलगेट पामोलिव 180.00 (27/2), इंड निसान 13.15 (27/2), लिप्टन इंडिया 84.00 (5/2), टायरन बाथ 33.00 (27/2), टी.वी.एस. सुजुकी 13.00 (1/2) रुपए ।

मंडी गोबिन्दगढ़, 28 फरवरी (सेवक) : आज यहां लोहा बाजार में भाव प्रति टन इस प्रकार रहे : इंगट 7900, बिलेट्स 8150, मैल्टिंग स्क्रैप 5850, राऊंड, 6 एम.एम. 8600, 8 एम.एम. 8650, 10 एम.एम. 8700, 12 एम.एम. 8800, 16/25 एम.एम. 8930, टोर (सी.टी.डी. बार) 8 एम.एम. 9350, 10 एम.एम. 9050, 12 एम.एम. 8880, 16/25 एम.एम. 8950, एंगल 3 एम.एम. 9080, 5 एम.एम. 8830, 6 एम.एम. 8830, टीज़ 6 एम.एम. 9700, 8 एम.एम. 9700, 10 एम.एम. 9700, पत्तरा 16/18 जी 9800, 20/21 जी

लोगों ने पीट-पीट कर 2 उग्रवादी मार डाले, एक गुट-संघर्ष में मरा : 4.11 लाख रु. लूटे : 3 की हत्या

चंडीगढ़, 1 मार्च (वा., प.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान जनता ने पीट-पीट कर 2 उग्रवादी मार दिए, जबकि गुट संघर्ष में एक उग्रवादी मारा गया । एक कारखाने से 4.11 लाख रुपए लूट लिए गए और 3 निर्दोषों की हत्या कर दी गई । सुरक्षा बलों ने कई उग्रवादी गिरफ्तार करके उनसे भारी मात्रा में गोली सिक्का बरामद किया है ।

वृक्ष से लटकता शव बरामद : बटाला (कोठड़ा): पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव बुड्ढाकोट एवं दानियांवाली के मध्य में से जिला पुलिस ने वृक्ष से लटकता हुआ गोलियों से छलनी एक शव बरामद किया है । पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक गांव बुड्ढाकोट निवासी सच्चा सिंह (35) है ।

पुलिस के अनुसार सच्चा सिंह जो दानियांवाली में अपने ससुराल में आया हुआ था, को 4 सशस्त्र उग्रवादी बन्दूक की नोक पर अपने साथ ले गए थे ।

उग्रवादी बंदी : पटियाला (भुण): पटियाला जिला पुलिस ने गत रात्रि में नाकाबंदी के दौरान राजपरा सदर थाने के गांव बसंतपुरा के निवासी दुर्दांत उग्रवादी गुरदीप दास को गिरफ्तार कर लिया । यह पटियाला तथा संगरूर जिलों में सक्रिय उग्रवादी तीन सदस्यीय गिरोह का सदस्य था । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सतीश कुमार ने बताया कि गुरदीप दास से 2 दोनाली बन्दूकें तथा कारतूस बरामद किए गए ।

पुलिस ने राजपुरा में बाहरी क्षेत्र में अम्बाला रोड़ पर खड़ी एक बिना नम्बर की कार को भी बरामद किया है । समझा जाता है कि पुलिस के गश्ती दल को देख कर उग्रवादी इस कार को छोड़ कर भाग गए ।

2 व्यक्तियों की हत्या : उग्रवादियों ने आज सायं जिला अमृतसर के गांव सुल्तानविंड में बब्बी और बलविन्द्र सिंह नामक दो व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी ।

पुलिस ने बताया कि उग्रवादियों के अपने गिरोहों के आपसी झगड़े में बब्बर खालसा के एक उग्रवादी अमरजीत सिंह की पट्टी पुलिस थाने के अंतर्गत गांव डुबली में गोली मार कर हत्या कर दी ।

फैक्टरी से 4.11 लाख लूटे : तीन स्कूटर सवार उग्रवादी आज प्रात: रोपड़ जिले में मोरिंडा गांव में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र की स्वराज ट्रैक फैक्टरी से 4.11 लाख रुपए लूट कर ले गए ।

घुसपैठियों से मुठभेड़ : फाजिल्का नागपाल): फाजिल्का सैक्टर में यत्र से 11 कि.मी. दर संवेदनशील क्षेत्र में स्थित खोखरचीमा सीमा चौकी पर आज सुबह सीमा पार कर रहे घुसपैठियों व सीमा सुरक्षा बल की 113 वीं बटालियन के जवानों के मध्य आज प्रात: 10 मिनट तक फायरिंग हुई । बाद में सीमा चौकी से कुछ गज की दूरी पर भारतीय क्षेत्र में घुसपैठियों द्वारा छोड़े गए एक थैले में एक ए के 47 राइफल तथा इसके 742 कारतूस, 4 पैकेट विस्फोटक, एक जोड़ी जूते तथा एक कम्बल मिला ।

सीमा सरक्षा बल के आई.जी. प्रकाश सिंह के अनुसार घुसपैठियों ने खोखरचीमा चौकी के निकट से भारतीय सीमा क्षेत्र में घुसने का प्रयास किया था जिसे सीमा सुरक्षा बल के सतर्क जवानों ने विफल कर दिया । घुसपैठिए वापस भागते समय अपना सामान पीछे छोड़ गए । श्री प्रकाश सिंह तथा सीमा सुरक्षा बल के फरीदकोट रेंज के डी.आई.जी. श्री बेअंत सिंह ने घटनास्थल का दौरा किया ।

उक्त असाल्ट राइफल पर भाई हरदेव सिंह बब्बर का नाम खुदा हुआ था ।

जिम्मेदारी ली : मलोट (गोयल): खालिस्तान कमांडो फोर्स, (झामका ग्रुप) लम्बी ब्लाक द्वारा भेजे गए पत्र में गत 25 फरवरी की रात्रि में गांव खुब्बन में सी.आर.पी. की चौकी पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली है । पत्र में लूटपाट करने वालों को भी इस प्रकार की कार्रवाइयां न करने को कहा गया है । यह भी कहा गया कि जिन्होंने अमृत छक कर छोड़ दिया वह 15 दिनों के अन्दर-अन्दर श्री मुक्तसर दरबार साहब में जाकर अपनी भूलें बख्शवा लें, नहीं तो उन्हें इसके गम्भीर परिणाम भुगतने होंगे ।

शव लटकता मिला : मलोट के जीप चालक का शव यहां से 15 किलोमीटर दूर गांव फूलखेड़ा (अंतर्गत थाना लम्बी) के बस अड्डे पर पंखे की हुक के साथ लटकता पाया गया । मृतक के ऊपर कम्बल था तथा पांव में चप्पल थी । इससे प्रतीत होता है यह आत्महत्या नहीं है ।

लोगों ने पीट-पीट कर दो उग्रवादी मार दिए : बाघा पुराना से ज्ञान मित्तल के अनुसार आज प्रात: यहां से लगभग 8 किलो मीटर दूर गांव जैमल सिंह वाला में लूटने आए आठ उग्रवादियों में से दो को गांव के लोगों ने पकड़ लिया । उन्होंने दोनों की बुरी तरह पिटाई की, जिससे एक उग्रवादी मारा गया जबकि दूसरा बेहोश हो गया । बाद में दूसरा उग्रवादी भी मर गया । उग्रवादियों के 6 साथी भागने में सफल हो गए । सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई ।

इन उग्रवादियों की पहचान परमजीत सिंह पम्मा निवासी गांव लंगेआना और हरबंस सिंह निवासी गांव डरौली भाई के रूप में हुई है ।

ट्रक में हथियार ले जाते हुए पकड़े गए : संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार एस.एस.पी. श्री ज्ञान सिंह ने बताया कि एक नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक कब्जे में लिया गया, जिसका नम्बर पी.बी.एस. 7000 था । उसमें 9 उग्रवादी हथियार आदि लेकर जा रहे थे जिसे कि उन्होंने खालिस्तान कमांडो फोर्स के लोगों को देना था । पकड़े गए उग्रवादियों के नाम सुखपाल सिंह उर्फ पाला, दर्शन सिंह, गुरिन्दर सिंह, सविन्दर सिंह, महेंद्र सिंह, सुरजीत सिंह, पाल सिंह, अवतार सिंह, परमजीत सिंह पम्मा हैं । इनके कब्जे से एक ए.के. 47, एक स्कूटर, एक 315 बोर की राइफल, 1 स्टेनगन, एक 12 बोर की पिस्तौल तथा काफी कारतूस पकड़े गए । उन्होंने स्वीकार किया कि पिछले दिनों बरनाला में एक हॉकर व एक एस.पी.ओ. के कत्ल में उनका हाथ था । अन्य वारदातों में भी उन्होंने अपना हाथ होना स्वीकार किया है ।

तीन आतंकवादियों को भटिंडा जिले में कोट फतेहा के निकट मुठभेड़ के बाद पकड़ लिया गया । इनके पास से एक पिस्तौल मिला । दो अन्य आतंकवादी मजीठा और संगरूर जिलों में पकड़े गए ।

...में 29 मरे, 25 घायल

...से 1989 के बीच राज्यपाल बनने पर श्री हांड उनके निजी सचिव रह चुके थे । वह अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र और दो पुत्रियां छोड़ गए हैं ।

10 कम्पनियां भेजी गईं : नई दिल्ली : केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक श्री पद्माकर गणपति हलरंकर ने आज कहा कि जम्मू-कश्मीर की दिनों-दिन बिगड़ती स्थिति के कारण इस अर्द्ध सैनिक बल की और 10 कम्पनियां वहां भेजी गई हैं । इन्हें मिला कर कश्मीर घाटी में अब इस बल की कम्पनियों की संख्या 99 हो गई है । श्री हलरंकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के स्वर्ण जयन्ती वर्ष के समापन उत्सव के सिलसिले में बुलाई गई प्रैस कांफ्रैंस को सम्बोधित कर रहे थे ।

Punjab Satam

आज यहां जारी एक बयान में श्री बंसी लाल ने मेहम में हिंसात्मक घटनाओं की कड़ी निन्दा करते हुए, श्री देवी लाल के पौत्र अभय सिंह तथा मेहम में

(शेष पृष्ठ 10 पर)

इस दौरान मेहम में आजाद उम्मीदवार श्री आनंद सिंह डांगी के कुछ समर्थकों के खिलाफ भी एक केस दर्ज किया गया है ।

मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला ने मेहम विधानसभा क्षेत्र में 28 फरवरी को पुनर्मतदान के दौरान हुई हिंसा की घटनाओं पर दुःख व्यक्त किया है ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारियों, केंद्रीय चुनाव समिति और केंद्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्यों की संयुक्त बैठक में आज राजस्थान, मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश के बारे में चर्चा के दौरान

4 उग्रवादियों सहित पंजाब में 17 मरे : मृतकों में 6 पशु व्यापारी : बैंकों से 2.15 लाख लूटे : रेल लाइन उड़ाने का प्रयास

चंडीगढ़, 2 मार्च (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों में 6 पशु व्यापारियों सहित 13 लोग मारे गए तथा 9 घायल हो गए । चार उग्रवादी गिरोहों के आपसी संघर्ष में मारे गए । उग्रवादियों ने दो बैंकों से 2.15 लाख रुपए लूट लिए । उत्तरी रेलवे के फिरोजपुर डिविजन में दो स्थानों पर रेलवे लाइनों पर बम बरामद होने के समाचार मिले हैं । कुछ रेल गाड़ियों में बम रखे होने की आशंका पर उन गाड़ियों की विभिन्न स्टेशनों पर सुरक्षा बलों ने छानबीन की ।

आतंकवादी गुटों के झगड़े में 2 मरे : अमृतसर जिले के सुल्तान विंड गांव में कल रात उग्रवादियों ने एक व्यक्ति रछपाल सिंह के घर जाकर उसके पुत्र हरविन्दर सिंह उर्फ बब्बी की हत्या कर दी । हरविन्दर सिंह कट्टर उग्रवादी लखविंदर सिंह का भाई था ।

उग्रवादियों ने इसी गांव में एक अन्य युवक बलविंदर सिंह की भी गोली मार कर हत्या कर दी । वह हरविन्दर सिंह के घर पर बिजली की मुरम्मत कर रहा था । पुलिस को घटना स्थल से ए.के. 47 राइफल के 20 खाली कारतूस मिले हैं । पुलिस के अनुसार यह हत्याएं उग्रवादियों के दो गिरोहों के मध्य आपसी झगड़े के कारण हुई समझी जाती हैं ।

आतंकवादियों ने फिरोजपुर जिले के मालेवाल गांव में भी एक व्यक्ति नंद सिंह की हत्या कर दी ।

6 ग्रामीणों की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.) यहां जिला मुख्यालय में प्राप्त सूचना के अनुसार अमृतसर के थाना सदर के अंतर्गत स्थित गांव मंडियाला में कल रात 10.45 बजे 7-8 उग्रवादियों ने 6 मजहबी सिखों की गोली मार कर हत्या कर दी । इन उग्रवादियों के पास ए.के 47 राइफलें तथा पिस्तौलें थीं । उक्त 6 व्यक्तियों की हत्या करने के उपरान्त उग्रवादी भाग गये । इन मारे गये 6 व्यक्तियों में 2 सगे भाई बलदेव सिंह और घल्ला सिंह भी थे । अन्य मृतकों के नाम मक्खन सिंह, राजपाल सिंह, अमर सिंह और बलदेव सिंह हैं । कहा जाता है कि यह मजहबी सिख भैंसों का व्यापार करते थे । उग्रवादी गांव में आते ही दो-दो की टोलियों में इन लोगों के घरों में घुस गए तथा गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी ।

एक अन्य समाचार के अनुसार पुलिस ने बताया कि उग्रवादी इन सभी 6 व्यक्तियों को उनके घरों से बाहर घसीट कर एक धर्म स्थल के निकट लाए तथा उन्हें एक स्थान पर खड़ा करके उनकी ए.के. 47 राइफल की गोलियां चला कर हत्या कर दी ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार इन लोगों को उग्रवादी संगठनों की ओर से धमकी भरे पत्र मिल रहे थे जिनमें इनसे कहा गया था कि वे प्रदेश से दुधारू पशुओं को बाहर भेजने का काम बंद कर दें । पुलिस को इनकी हत्या की सूचना प्रातः ही मिल पाई ।



अमृतसर जिले के राजा पुर स्थित गांव मंडियाला में आतंकवादियों ने गत रात्रि में 6 व्यक्तियों की एक धर्म स्थल के निकट ले जाकर हत्या कर दी । चित्र में (1) धर्मस्थल के समक्ष जगह-जगह जमा मृतकों का खून, (2) सुरक्षा बलों के अधिकारी घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए, (3) गांव के लोग शव ले जाते हुए, (4 से 8) मृतक मक्खन सिंह, बलदेव सिंह, बबला, बलदेव सिंह घल्ला और राजपाल सिंह के शव, (9) मृतकों की विधवाएं, बच्चे तथा अन्य शोकग्रस्त सम्बन्धी । (फोटो : पंजाब केसरी)

घर से ले जाकर हत्या : बाघापुराना (मोगा): गत रात यहां से 8 किलोमीटर दूर फलेवाल सिंह में 4 सशस्त्र व्यक्तियों ने एक व्यक्ति काका सिंह को घर से बाहर ले जा कर गोली मार कर उसकी हत्या कर दी ।

फिल्लौर बम कांड में बब्बर खालसा का हाथ : लुधियाना (मुसाफिर): पुलिस ट्रेनिंग सैंटर फिल्लौर में 11 फरवरी को जो बम-धमाका हुआ था, जिसके परिणामस्वरूप हरचरण सिंह सरी इंस्पैक्टर और राममूर्ति ए.एस.आई. मारे गए थे । इस बम-धमाका में बब्बर खालसा का हाथ पाया गया है । पुलिस क्षेत्रों से पता चला है कि तीन व्यक्ति गिरफ्तार किए जा चुके हैं जिनमें एक दिलबाग सिंह कांस्टेबल है जो ट्रेनिंग सैंटर के अन्दर ही रहता है । जिला गुरदासपुर के मीजा घड़ियां की बांगा के दो व्यक्ति कंवलजीत सिंह और सरजीत सिंह बब्बर खालसा के सदस्य बताए जाते हैं । दिलबाग सिंह कांस्टेबल भी इसी गांव का है ।

बब्बर खालसा वालों ने दिसम्बर मास में दिलबाग सिंह के साथ सम्पर्क स्थापित किया । हरचरण सिंह सरी इंस्पैक्टर अक्तूबर मास में ट्रेनिंग के लिए आया था और बब्बर खालसा की हिटलिस्ट पर था । बब्बर खालसा वाले उसे मारना चाहते थे, मगर बम-धमाका में उसके साथ राममूर्ति ए.एस.आई. भी मारा गया, क्योंकि वे दोनों एक कमरे में रहते थे तथा घटना के दिन वे रात को नौ बजे टी.वी. देख रहे थे कि टाइम-बम फट गया ।

यह भी पता चला है कि 11 फरवरी वाले दिन घड़ियां की बांगा में पशु चारे का एक ट्रक भर कर लाया गया । उसमें यह टाइम बम रख कर लाया गया जोकि अन्दर पहुंचा दिया गया ।

पुलिस क्षेत्रों से यह भी पता चला है कि गोबिन्द राम की हत्या का सुराग भी शीघ्र मिल जाने की उम्मीद है ।

जिम्मेदारी ली : बटाला (कोछड़): बब्बर खालसा इंटरनैशनल संगठन के लैटरपैट पर प्राप्त हुए प्रैस नोट, जिसमें बब्बर खालसा के प्रमुख भाई सुखदेव सिंह बब्बर, के.एल.एफ. के प्रमुख भाई गुरजंट सिंह बुड्सिंह वाला, के.सी.एफ. के प्रमुख भाई परमजीत सिंह पंजवड़ के अलावा भाई बधावा सिंह बब्बर, भाई सुखदेव सिंह चब्बा बब्बर, भाई कुलदीप सिंह बब्बर, भाई जुगराज सिंह उर्फ तूफान सिंह खालसा, भाई चढ़त सिंह, भाई धर्म सिंह कास्तीवाल बब्बर व फैडरेशन के प्रमुख भाई दलजीत सिंह बिट्टू ने संयुक्त बयान में थाना कादियां

(शेष पृष्ठ 10 पर)

वी.पी. सरकार भी राजीव सरकार के नक्शे-कदम पर : नियमों की धज्जियां उड़ने लगीं

नई दिल्ली, 2 मार्च (डी.आर. आहूजा): श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार भी लगभग राजीव गांधी की सरकार के नक्शे-कदम पर ही चल रही है तथा उसके रंग-ढंग में भी कोई विशेष अन्तर नहीं है । सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों के लिए अपने ही लोगों तथा समर्थकों को अध्यक्ष पद पर नियुक्त करने के लिए नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं ।

विश्वस्त सूत्रों के अनुसार राज्य व्यापार निगम के कार्यों पर नजर रखने के लिए भारत व्यापार निगम नामक कम्पनी का निर्माण किया गया है । वाणिज्य मंत्रालय के अधीन खनिज तथा धातु व्यापार निगम भी बनाया गया है, जिसका वार्षिक व्यवसाय 6500 करोड़ रुपए से भी अधिक है ।

सूत्रों का कहना है कि नियंत्रण कम्पनी के निर्माण का कतई कोई भी औचित्य नहीं है तथा उसने 'निर्णय-निर्माण' के लिए केवल तृतीय पैनल की दो सार्वजनिक प्रतिष्ठानों में ऐसी बातचीत भी चल रही है कि उच्च क्रम के कुछ लोगों की नियुक्ति के लिए ही इस कम्पनी का निर्माण किया गया है तथा श्री राघवन को सचिव स्तर दिए जाने की सम्भावना है । वाणिज्य मंत्रालय के उच्चाधिकारी इस सम्बन्ध में कोई ठोस कारण नहीं दे पा रहे हैं । उनका आरोप है कि उन्हें इसी प्रकार के आदेश जारी किए गए थे तथा उन्होंने आदेशों के अनुसार ही कार्य किया है ।

साधारण प्रक्रिया के अनुसार नई कम्पनी के अध्यक्ष पद की नियुक्ति सार्वजनिक प्रतिष्ठान के चयन बोर्ड द्वारा की जाती है, मगर नियुक्तियों के लिए कैबिनेट उपसमिति को श्री राघवन के नाम की सिफारिश करने के लिए कहा गया और इस प्रकार सभी नियम ताक पर रख दिए गए ।

उल्लेखनीय है कि इंडियन एक्सप्रैस के मालिक श्री रामनाथ गोयंका के समर्थन के कारण ही श्री

में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू ही गोली मारने के आदेश

.): श्रीनगर, हत कश्मीर तीन बजे से गया है तथा गोली मारने

बायज मौलवी फारूक और कश्मीर पीपल्स कांफ्रैंस के अध्यक्ष ए.जी. लोन ने आज सुरक्षा बलों द्वारा कल गोली चलाने की निन्दा की है । उन्होंने विभिन्न बयानों में कैंद्र पर घाटी में लोकतंत्र के नाम पर "जुल्म और आतंक फैला कर" मानवाधिकार उल्लंघन करने का आरोप लगाया ।

जम्मू मुक्ति मोर्चा सं राज्यत्व प्राप्ति के लिए

जम्मू, 2 मार्च (नि.स.): जम्मू मुक्ति मोर्चा नामक एक नया संगठन कायम कर लिया गया है । मोर्चा के संस्थापकों ने एक पत्रकार सम्मेलन में घोषणा की कि मोर्चा जम्मू को राज्यत्व प्राप्त कराने के लिए संघर्ष करेगा ।

मुक्ति मोर्चा के संयोजक डा. वीरेन्द्र तथा अन्य

Punjab Sanatani



हरियाणा के मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के मेहम विधानसभा क्षेत्र में प्रतिद्वंद्वी आनंद सिंह डांगी (सफेद मफ़लर बांधे हुए) बुधवार को चुनावी हिंसा में मारे गए प्रेम सिंह की चिता की ओर देखते हुए । (छाया : प्रै. ट्र.)

पंजाब में
(पृष्ठ 3 का शेष)

के गांव टोडरमल के निकट बी.एस.एफ. की गाड़ी विस्फोट से उड़ा कर बी.एस.एफ. के दो वरिष्ठ अधिकारियों सहित तीन व्यक्तियों की हत्या करने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली है । इसके साथ ही उन्होंने थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव खुजाला में सुरक्षा चौकी पर हमला करके राकेट फैंकने व गांव मॉल्लियां स्थित सुरक्षा चौकी पर हमला करने की जिम्मेदारी भी अपने सिर ली है ।

तीन उग्रवादियों की हत्या : बटाला पुलिस जिले में थाना डेरा बाबा नानक के गांव तलवंडी गोराया स्थित एक ट्यूबवैल पर आज सायं तीन बजे कुछ सशस्त्र आतंकवादियों ने फायरिंग करके इस ट्यूबवैल के मालिक के बेटे सुरजीत सिंह, दयाल सिंह (गांव ढांढे) व एक अन्य अज्ञात युवक की हत्या कर दी । इस अज्ञात युवक की जेब से पुलिस को एक कागज मिला है, जिस पर करमजीत सिंह, गांव कोट मौलवी लिखा है और इसकी ओढ़ी हुई चादर के नीचे से एक ए.के. 47 राइफल का भरा हुआ मैगज़ीन मिला है । यह जानकारी देते हुए एस.एस.पी. श्री सुमंत कुमार गोयल ने बताया कि यह हत्या कांड उग्रवादियों के आपसी गुट संघर्ष का परिणाम है । उन्होंने कहा कि तीनों ही मृतक पुलिस रिकार्ड के अनुसार संदिग्ध थे । इन तीनों की हत्या में प्रयुक्त ए.के. 47 राइफल के 6 चले कारतूस घटनास्थल से मिले हैं ।

नम्बरदार की हत्या : बटाला पुलिस जिले के फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव पब्बेवाल में गत रात्रि में आतंकवादियों ने नम्बरदार साधूसिंह की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह घटना निजी शत्रुता की मालूम होती है ।

बैंक लूटे : उग्रवादियों ने तरनतारन पुलिस जिले के गांव नागोके में आज पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से आज 1.83 लाख रुपए लूट लिए ।

उग्रवादियों ने आज दोपहर में मजीठा पुलिस जिले के गांव वडाला में कैनरा बैंक की शाखा से 32 हजार रुपए लूट लिए ।

रेल लाइन उड़ाने का प्रयास : फगवाड़ा (अशोक कौड़ा): उत्तरी रेलवे की फिरोजपुर डिवीजन में आज दो स्थानों पर रेल लाइनों पर बम बरामद होने के समाचार मिले हैं तथा अन्य महत्वपूर्ण यात्री ट्रेनों में बम रखे होने की आशंका पर आज अमृतसर जाने वाली 2497 अप सुपरफास्ट शाने पंजाब व 2971 अप एक्सप्रैस ट्रेनों को फगवाड़ा रेलवे स्टेशन पर और दिल्ली जाने वाली 4648 डाऊन फ्लाइंग मेल को पहले जंडियाला व बाद में जालन्धर, फगवाड़ा स्टेशनों पर आधा-आधा घंटा रोक कर सिविल पुलिस रेलवे पुलिस व रेलवे सुरक्षा बलों की संयुक्त टीमों ने इन ट्रेनों की जांच की व हरेक डिब्बे की तलाशियां लीं । कुछ न मिलने व पूरी तसल्ली होने पर इन ट्रेनों को इनके गन्तव्य स्थानों के लिए रवाना किया गया । इसी मध्य उत्तरी रेलवे ने रेलवे यात्रियों को सतर्क रहने व रेलवे लाइनों, रेलवे स्टेशनों तथा यात्री ट्रेनों में किसी संदिग्ध वस्त को न छूने और उसकी सूचना तत्काल निकटवर्ती रेलवे अधिकारियों को देने की अपील की है ।

जालन्धर-फिरोजपुर रेलवे लाइन पर प्राप्त बमों को रेलवे सुरक्षा बल के गश्ती दल ने निष्क्रिय कर दिया ।

सुरक्षा बल की चौकी पर हमले का खंडन : फाजिल्का (लूना): फिरोजपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सुरजीत सिंह ने थाना सदर अबोहर के अंतर्गत स्थित गांव खुब्बन में सीमा सुरक्षा बल की चौकी पर उग्रवादियों द्वारा हमला किए जाने सम्बन्धी समाचार का खण्डन किया है । श्री सुरजीत सिंह ने बताया कि इस प्रकार का समाचार पढ़ कर वह स्वयं घटनास्थल पर गए । वहां पर उन्हें उग्रवादियों द्वारा सीमा सुरक्षा बल या पुलिस पर किसी प्रकार का भी हमला किए जाने का कोई भी प्रमाण नहीं दिखाई दिया ।

लुटेरों का गिरोह बंदी : फिरोजपुर (कन्तोड़): सी.आई.ए. स्टाफ फिरोजपुर के इंस्पैक्टर सुखचैन सिंह के नेतृत्व में कल पुलिस ने छापा मार कर लुटेरों के गिरोह के 7 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया । यह लुटेरे उस समय लूट पाट की योजना बना रहे थे । एस.एस.पी. श्री सुरजीत सिंह ने बताया कि इनसे हथियार व गोली सिक्का भी बरामद किए गए, । उन्होंने कहा कि पुलिस दल ने सुल्हानी गांव में इन लोगों को संदिग्ध अवस्था में पेड़ों के नीचे खड़े देखा । इन लोगों से पूछताछ के उपरांत इन्होंने विभिन्न अपराधों तथा लूटपाट की घटनाओं में अपना हाथ होना स्वीकार किया । इन्होंने यह भी स्वीकार किया कि वह धमकी भरे पत्र भेज कर लोगों से रुपए भी ऐंठते थे ।

बम विस्फोट से दो मरे : हाजीपुर (सुदर्शन): पौने आठ बजे के लगभग हाजीपुर बस स्टैंड पर शराब के ठेके के बाहर भारी विस्फोट हुआ जिसके परिणामस्वरूप दो व्यक्ति घटनास्थल पर ही दम तोड़ गए और 9 घायल हुए । एक की हालत गम्भीर है । पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई है ।

मक्खू से चंद्रशेखर के अनुसार गत रात्रि लगभग दस बजे गांव झंडे बग्गा में 8-10 आतंकवादियों ने एक व्यक्ति सतनाम सिंह उर्फ सत्ता की गोलियां मार कर हत्या कर दी । वह गांव पीर मुहम्मद का निवासी था तथा उक्त गांव में अपने नाना दर्शन सिंह को मिलने के लिए आया हुआ था ।

11 उग्रवादी गिरफ्तार : भारी मात्रा में शस्त्र बरामद : पूरी (सिंगला): संगरूर के पुलिस अधीक्षक श्री ज्ञान सिंह के अनुसार जिला पुलिस ने गत 27-28 फरवरी को रात्रि नाकाबंदी करके 11 आतंकवादियों को पकड़ा तथा उनसे भारी मात्रा में शस्त्र बरामद किए ।

बरनाला पुलिस ने सुखपाल सिंह उर्फ पाल, निवासी गांव फरवाही को गिरफ्तार कर उससे एक ए.के. 47 राइफल, एक रिवाल्वर, एक मैगज़ीन तथा 50 से अधिक कारतूस बरामद किए हैं । पूछताछ के दौरान इसने स्वीकार किया कि गत 15 फरवरी को बरनाला में प्रात: एक हॉकर रमेश कुमार तथा उसके गनमैन अमर सिंह की हत्या का जिम्मेवार वही है । पुलिस ने गुरिन्दर सिंह उर्फ राणा गांव मानसा को काबू कर 1 राइफल, 5 कारतूस बरामद किए तथा सुखविन्दर सिंह गांव सेखोंपुरा थाना डाकहा, जिला लुधियाना से 1 राइफल और 6 कारतूस बरामद किए हैं । पूछताछ के दौरान इसने थाना सुधार गांव कलारां में एक सिपाही की हत्या की जिम्मेवारी ली ।

सेरपुर पुलिस ने महिन्दर सिंह उर्फ डाक्टर गांव बालियां, सुरजीत सिंह गांव कटहू, पाल सिंह गांव रगिया को गिरफ्तार कर उनसे 2 रिवाल्वर, 1 स्टेनगन, 1 मैगजीन तथा 92 कारतूस पकड़े । बरनाला पुलिस ने अवतार सिंह गांव ठीकरी वाला तथा जगराज सिंह गांव संघेड़ा को भी गिरफ्तार कर उनसे 1 पिस्तौल और 56 कारतूस बरामद किए हैं ।

हिमाचल प्रदेश : दलगत स्थिति

कुल स्थान	68
चुनाव हुए	65
परिणाम घोषित	65
भाजपा	44
जनता दल	11
कांग्रेस (इ)	8
भाकपा	1
निर्दलीय	1

अरुणाचल प्रदेश : दलगत स्थिति

कुल सीटें	60
परिणाम घोषित	19
कांग्रेस (इ)	12
जनता दल	3
निर्दलीय	4

बिहार : दलगत स्थिति

कुल सीटें	324
चुनाव स्थगित	1
घोषित	234
कांग्रेस (इ)	48
जनता दल	94
भाजपा	26
भाकपा	18
माकपा	6
झा.मु.मो.	16
आई.पी.एफ.	2
निर्दलीय व अन्य	24

मध्य प्रदेश : अंतिम स्थिति

कुल सीटें	320
चुनाव हुए	319
चुनाव स्थगित	1
परिणाम घोषित	319
भाजपा	219
कांग्रेस (इ)	57
जनता दल	28
भाकपा	3
निर्दलीय	10
ब.स.पा.	2

कांग्रेस महाराष्ट्र ...
(पृष्ठ 3 का शेष)

राज्य में पहली बार अपने बूते पर सरकार बनाने का व्यापक जनादेश मिला है । गत विधान सभा चुनावों में उसने मात्र 58 सीटें जीती थीं ।

अरुणाचल प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस (इ) ने राज्य विधानसभा चुनाव के अब तक घोषित 19 परिणामों में से 12 पर कब्जा कर लिया । जनता

सहज योग
आत्म साक्षात्कार
द्वारा





मेरठ छावनी पर छत्तीसगढ़ एक्सप्रैस में वीरवार तड़के डिब्बे का भीतरी भाग । विस्फोट में 5 लोग म

अकाली राजनीति को पुन
अतिंदर पाल सिंह के स

अमृतसर, 2 मार्च (सग्गू): सांवज्ञ सूत्रों से पता चला है कि गत दिवस अकाली नेता व शिरोमणि कमेटी के प्रधान श्री गुरचरण सिंह टोहरा ने दिल्ली की तिहाड़ जेल में अकाली सांसद अतिन्दरपाल सिंह से भेंट की । उनके साथ बादल अकाली दल के महासचिव और शिरोमणि कमेटी के सचिव श्री मनजीत सिंह कलकत्ता भी थे । इन तीनों के मध्य एक लम्बी बातचीत हुई जिसकी अकाली क्षेत्रों ने पुष्टि की है । बताया जाता है कि इस भेंट में अकाली दल के पुन: राजनीतिक क्षेत्र में अपने पांव जमाने के लिए कोई ठोस रुख अपनाने के लिए विचार-विमर्श किया गया जिसमें अतिन्दरपाल सिंह को सहायक बना कर सक्रियता अपनाई जाए । इस भेंट को अकाली क्षेत्रों में काफी महत्व दिया जा रहा है ।

सूत्रों के अनुसार एक मास में यह तीसरे अकाली नेता हैं जिन्होंने तिहाड़ जेल में अतिन्दरपाल सिंह से भेंट की है । इससे पूर्व प्रकाश सिंह बादल भी उनसे मिल चुके हैं और उन्होंने भी उनसे विस्तृत बातचीत की थी तथा इस उद्देश्य के लिए साझा दृष्टिकोण अपनाने के लिए विचार-विमर्श किया गया ।

उधर मनजीत सिंह कलकत्ता ने एक भेंट में बताया है कि अतिन्दरपाल सिंह बादल अकाली दल के समर्थक हैं और पूर्णतया उनके साथ हैं । उन्होंने यह भी बताया कि दल द्वारा स्थापित की गई अकाली यूथ फैडरेशन के प्रमुख पदाधिकारियों में से वह एक हैं जबकि दल ने इसको स्टूडैंट्स फैडरेशन के रूप में कायम किया था ।

सूत्रों के अनुसार अतिन्दरपाल सिंह सांसद के



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (इ) के कार्यकर्त्ता शुक्रवार को प्रधानमंत्री के आवास के बाहर प्रदर्शन करके हरियाणा के मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग करते हुए । (छाया : प्रै.ट्र.)

चौटाला सरकार पर ...
(पृष्ठ 3 का शेष)

तैनात सभी शीर्षस्थ अधिकारियों की गिरफ्तारी की मांग की है ।

श्री बंसी लाल ने कहा कि हरियाणा में कानून और व्यवस्था की स्थिति प्रशासन के काबू से बाहर हो गई है तभी अर्द्ध सैनिक बलों और सेना की मदद लेनी पड़ी है । वर्तमान सरकार को बर्खास्त किया जाना चाहिए, तथा विधानसभा भंग करके राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए ।

Punjabi Samachar

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.
रविवार 4 मार्च, 1990 तदनुसार 21 फाल्गुन 2046

* A Great way to Success
* A Tried way to Success
For 5th, 6th, 7th, 8th, 9th, 10th, 11th, 12th, B.A. Part I, II, III
Available with your Local Book Sellers
Contact :—
NIRMAN CREDITS INDIA Ltd.
No. 1, Amritsar International Hotel, AMRITSAR. Ph. : 32234.

सौ से अधिक हत्याओं के जिम्मेदार भोला व बिट्टू समेत 4 आतंकवादी मुठभेड़ में मरे

सुरंग-विस्फोट, घात लगाकर हमले से बी.एस.एफ. का जवान मरा, 8 घायल

पंजाब में अन्यत्र एक महिला समेत 6 हत्याएं

चंडीगढ़, 3 मार्च (प.स., वार्ता): पंजाब में कल रात से अब तक सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में बब्बर खालसा से सम्बद्ध दो दर्दांत आतंकवादी भूपिंद्र सिंह उर्फ भोला तथा रणजीत सिंह उर्फ बिट्टू तथा उनके दो अन्य साथी मारे गए । भोला नाथ बिट्टू सौ से भी अधिक हत्याओं के लिए जिम्मेदार थे । इस बीच आतंकवादियों ने 7 लोगों की हत्या कर दी, एक चंगी लूटी तथा एक बस को आग लगा दी । बी.एस.एफ. के एक काफिले के एक वाहन को सुरंग-विस्फोट से नष्ट कर दिया और घात लगा कर हमला किया, जिसमें एक जवान मारा गया व 8 अन्य घायल हो गए ।

4 आतंकवादी मरे : अमृतसर (प.स., वार्ता): तरनतारन पुलिस जिला के गांव जहांगीर में कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में बब्बर खालसा से सम्बद्ध एक खूंखार आतंकवादी भपिन्दर सिंह उर्फ भोला तथा उसके तीन अन्य साथी मारे गए । भूपिंदर सिंह बब्बर खालसा का स्वयंभू लै. जनरल तथा एरिया कमांडर था । 'ए' श्रेणी के इस आतंकवादी के सिर पर एक लाख रुपए का इनाम था । मुठभेड़ में मारा गया एक अन्य आतंकवादी रणजीत सिंह उर्फ बिट्टू 'बी' श्रेणी का था । मृतक आतंकवादियों के कब्जे से दो ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें और भारी मात्रा में गोला बारूद भी बरामद हुआ है ।

केन्द्रीय आरक्षी पुलिस बल के डी.आई.जी. श्री पी.एन. राम कृष्णन ने घटनास्थल पर पत्रकारों को बताया कि सुरक्षा बलों ने विशेष सूचना मिलने पर अकाल गड्डा गांव के निकट नाकाबंदी की हुई थी । सुरक्षा बलों द्वारा चुनौती दिए जाने पर उक्त आतंकवादी जहांगीर गांव की ओर भाग निकले । सुरक्षा कर्मियों ने उनका पीछा किया तथा खेतों में उन्हें घेर लिया । दो घंटे तक चली भीषण मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गए । सुरक्षा कर्मियों ने मुठभेड़ के दौरान हथगोले भी फैंके । तीन आतंकवादी भाग जाने में भी सफल रहे । पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों का यह गिरोह जंडियाला तथा व्यास क्षेत्रों में सक्रिय था । इस गिरोह ने सौ से ज्यादा आतंकवादी वारदातें की थीं जिनमें निर्दोष लोगों की हत्याएं, रेल लाइनें तोड़ने, सुरक्षा बलों पर हमले, बम एवं सुरंग विस्फोट, अपहरण तथा फिरौतियां वसूलने आदि की घटनाएं शामिल हैं । मारे गए दो बब्बर आतंकवादियों के नाम दयाल सिंह तथा कर्णजीत सिंह बताए जाते हैं ।

भागने वाले दुर्दांत आतंकवादी थे : तरनतारन पुलिस जिला के गांव जहांगीर में सुरक्षा बलों के साथ कल रात मुठभेड़ के दौरान बच कर भागने वाले तीन आतंकवादियों में बब्बर खालसा संगठन का उप प्रमुख महल सिंह तथा खालिस्तान कमांडो फोर्स का रेशम सिंह भी शामिल है । पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि विभिन्न आतंकवादी संगठनों ने कल रात अगली कार्रवाई तय करने के उद्देश्य से अकाल गड्डा गांव में अपनी बैठक बुलाई थी । सुरक्षा बलों ने बैठक की सूचना मिलने पर उक्त क्षेत्र में कई जगह नाकाबंदी की हुई थी ।

अमृतसर से वि.प्र. के अनुसार मृतक आतंकवादी कुछ समय पहले बब्बर खालसा को छोड़कर भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स में शामिल हुआ थे । पुलिस सूत्रों ने बताया कि उक्त मुकाबला कल रात 11 और 12 बजे के बीच हुआ ।

महिला की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के वरनाला गांव में आतंकवादियों ने कल रात एक महिला की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतका का नाम करमी बताया जाता है ।

अध्यापक की हत्या : आतंकवादियों ने आज प्रातः तरनतारन पुलिस जिला के सुर्रसिंह गांव के एक स्कूल अध्यापक श्री गुरनाम सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी ।

बस को आग लगा दी : अमृतसर जिले में सादोबाल ग्राम के निकट छः आतंकवादियों के एक गिरोह ने कल शाम एक बस को आग लगा दी । यह बस चंडीगढ़ से पट्टी जा रही थी ।

बी.एस.एफ. के जवान की हत्या : 8 घायल अमृतसर (प.स.): तरनतारन पुलिस जिले में आज रात्रि उग्रवादियों ने एक भू-सुरंग से बी.एस.एफ. के एक काफिले की जीप को उड़ा दिया और घात लगा कर हमला किया, जिससे बी.एस.एफ. का एक जवान मारा गया और 8 अन्य कर्मी घायल हो गए ।

पुलिस के अनुसार बी.एस.एफ. की 45वीं बटालियन के काफिले का एक वाहन जब गांव टाहलीवाला मोड़ के निकट पहुंचा तो उग्रवादियों ने दर-नियंत्रक (रिमोट-कंट्रोल) से भू-सुरंग का विस्फोट किया । भू-सुरंग गांव के निकट मध्य खेमकरण-भिखीविंड सीमा सड़क पर बिछाई हुई थी । विस्फोट से जहां वाहन चूर-चूर हो गया, वहीं एक जवान मौके पर ही मारा गया और 6 अन्य घायल हो गए । काफिला खेमकरण से भिखीविंड जा रहा था ।

जब पुलिस को विस्फोट की सूचना मिली तो खेमकरण और बरोहा के एस.एच.ओ. के नेतृत्व में पुलिस पार्टियां घटनास्थल की ओर जा रही थीं तो उन पर घटनास्थल के निकट घात लगा कर हमला किया गया और भारी फायरिंग की गई । उग्रवादी झाड़ियों में छिपे बैठे थे । इस फायरिंग से दो पुलिस कर्मी एक हैड कांस्टेबल लखविन्दर सिंह और कांस्टेबल राखविन्द्र सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गए । घायलों को सिविल अस्पताल तरनतारन में दाखिल करवा दिया गया है । उग्रवादी पुलिस कर्मियों द्वारा की गई फायरिंग से भाग निकले ।

भागते हुए उग्रवादियों ने तरनतारन से वाया गांव शहबाजपर भिखीविंड जा रही पंजाब रोडवेज तरनतारन डिपो की बस को गांव खुडक के निकट रोका और ए.के. 47 राइफलों की नोक पर यात्रियों को बस से नीचे उतार कर बस को आग लगा दी ।

विस्फोट से एक मरा : कपूरथला : जिला के बिजली नंगल ग्राम में धातुओं के कबाड़ी की दुकान में धातु निर्मित एक वस्तु में विस्फोट होने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई तथा चार अन्य लोग घायल हो गए ।

एक की हत्या : फिरोजपुर : जिला के सुदां गांव में कल आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी तथा दो अन्य को घायल कर दिया । मसू से चंद्रशेखर के अनुसार दो आतंकवादियों ने सुदां गांव से तीन लोगों सुखचैन सिंह, महेन्द्र मसीह तथा बूटा मसीह का अपहरण कर लिया । थोड़ी दूर जाकर आतंकवादियों ने उन तीनों पर ए.के. 47 असाल्ट राइफल से गोलियां चलाईं जिससे सुखचैन सिंह की मृत्यु हो गई तथा महेन्द्र मसीह व बूटा मसीह घायल हो गए । उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है । मृतक सुखचैन सिंह का रिश्ता खतरनाक आतंकवादी निशान सिंह की बहन से हुआ था । सुखचैन सिंह विचाराधीन कैदी भी रह चुका था ।

पशु चिकित्सक की हत्या : जालन्धर (न.न.ए.): आज सुबह थाना नकोदर के गांव सिधवां स्थित पशुओं के सरकारी अस्पताल में दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलियां चलाकर डा. सरवण राम की हत्या कर दी, जबकि कम्पाऊंडर तारा चन्द को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । घायल तारा चन्द को निकट के सरकारी अस्पताल में दाखिल कराया गया है । पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार आज सुबह साढ़े नौ बजे दो नकाबपोश स्कूटर सवार आतंकवादी उक्त गांव में स्थित पशुओं के अस्पताल में आए और डाक्टर श्रवण कुमार और कम्पाऊंडर तारा चन्द पर गोलियां

(शेष पृष्ठ 10 पर)









हरियाणा विधानसभा के मेहम चुनाव क्षेत्र के बैंसी गांव में गत दिवस हुई च
बोलती तस्वीर है । चित्रों में (1) मैडिकल कालेज रोहतक में भर्ती
व्यक्ति, (2-3) पुलिस की जली गाड़ियां तथा भागते हुए लोग, (4) मेहम
'पत्नी व अन्य सम्बन्धी महिलाएं विलाप करती हुई । (फोटो : मह

जनता दल की राजनीतिक मामलों की समिति की शनिवार को नई दिल्ली
लेने आए प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह, उप-प्रधानमंत्री देवी लाल, गृहमंत्री मुफ
श्री चंद्रशेखर ।

देवी लाल हरियाणा विधानसभा भंग कर के यथाशी

नई दिल्ली, 3 मार्च (खन्ना): विश्वस्त रूप से ज्ञात हुआ है कि उपप्रधानमंत्री चौ. देवी लाल का विचार है कि हरियाणा विधानसभा भंग कर दी जाए और वहां यथा शीघ्र नए चुनाव कराए जाएं । चौ. देवी लाल ने जनता दल नेतृत्व के इस सुझाव को अस्वीकार कर दिया है कि मेहम विधानसभा क्षेत्र में दोबारा चुनाव कराए जाएं जहां उनके बेटे और प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री ओम प्रकाश चौटाला जनता दल के प्रत्याशी हैं और बूथ कब्जों तक हिंसा की शिकायतों के बाद मतगणना रुकी पड़ी है ।

गृहमंत्री श्री मुफ्ती मुहम्मद सईद आज दोपहर बाद हरियाणा भवन आए जहां उप-प्रधानमंत्री कल से ठहरे हुए हैं । हरियाणा भवन पर राज्य की पुलिस की बजाय सी.आर.पी.एफ. तैनात है । दोनों नेताओं में लगभग 20 मिनट तक बातचीत हुई । पता चला है कि गृहमंत्री ने उपप्रधानमंत्री को बताया कि प्रधानमंत्री चाहते हैं कि मेहम के पूरे विधानसभा क्षेत्र में दोबारा मतदान हो । चौ. देवी लाल ने यह सुझाव एकदम अस्वीकार कर दिया और अपने विचारों से प्रधानमंत्री को भी अवगत करा दिया । गृहमंत्री ने भी हरियाणा भवन से ही प्रधानमंत्री को चौ. देवी लाल की 'न' की जानकारी दे दी ।

बताया जाता है कि चौ. देवी लाल ने अपने मुख्यमंत्री बेटे को परामर्श दिया है कि वह राज्यपाल से विधानसभा भंग करने और नए चुनाव कराने की सिफारिश करें । वह यह भी चाहते हैं कि नए चुनाव हरियाणा के बाहर की पुलिस तथा चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त स्टाफ की देखरेख में हों ।

राजनीतिक क्षेत्रों का कहना है कि जनता दल के "ताऊ-चौटाला" विरोधी विधायकों, जनहित मोर्चा विधायकों, इका विधायकों और निर्दलीयों को एक पंक्ति में ला खड़ा किया जाए और भाजपा जैसे कि संकेत हैं, अपनी घोषणा वा
तो श्री चौटाला अल्पमत
होंगे । यह प्रश्न किया
स्थिति में राज्यपाल एक
सिफारिश को स्वीकार कर

यहां यह उल्लेखनीय
मुख्यमंत्री पद सम्भालने के
रूप में आज तक विधा
किया । इसके अलावा
राष्ट्रपति शासन लाग् कर
की विशेष भूमिका रहत
मुहम्मद सईद यह समाचार
में पुनः चुनाव कराए जाने
जाते हैं ।

चौ. देवी लाल का कह
चुनाव करवा कर वह उन
जवाब देंगे जो उन्हें नीचा
शक्तियों को गिनाते हुए
अम्बानी और गोयनक

उप-प्रधानमंत्री के नि
हैं कि जिस प्रकार अम्बानी
से राजीव गांधी की सरकार
ये पूंजीपति अब उनपर हा

हरियाणा में बागियों ने मौन तोड़ना शुरू किया

चंडीगढ़, 3 मार्च (राकेश सैनी): मेहम के उप चुनाव में हुई हिंसा को लेकर अपने पदों से त्यागपत्र दे चुके हरियाणा के तीन मंत्रियों, मुख्य संसदीय सचिव तथा बोर्डों व निगमों के अध्यक्षों ने अपने त्यागपत्रों के स्वीकार हो जाने के बाद अब अपना मौन तोड़ना शुरू किया है । त्यागपत्र देने के बाद जब इनसे त्यागपत्रों का कारण पूछा गया था तो सभी ने कहा था कि वे कुछ नहीं बताएंगे ।

आज सभी ने एक संयुक्त बयान में कहा है, "हम निम्न हस्ताक्षरकर्त्ता मेहम विधानसभा सीट में हुई हिंसा और हत्याओं की तीव्र भर्त्सना व घोर निन्दा करते हैं । हमारी पूर्ण सहानुभूति मृतकों के शोक संतप्त परिवारों से है ।" बयान पर हस्ताक्षर करने वालों में श्री वीरेन्द्र सिंह, श्री रणजीत सिंह, श्री रघुबीर सिंह कादियां, श्री रणसिंह मान, श्री मांगे राम, श्री भगवान सहाय रावत तथा श्री टेक चंद नैन शामिल हैं ।

सभी 'बागियों' ने अपना यह बयान अचान

मेहम की घटनाओं को लेकर जनता दल में गम्भीर संकट : पार्टी स्टैंड बारे कोई फैसला न हो सका

नई दिल्ली, 3 मार्च (जी.एस. चावला, वा. प.स.): हरियाणा विधानसभा के मेहम चुनाव क्षेत्र में उप चुनावों में पुनः मतदान के दौरान हुई हिंसा के संबंध में पार्टी के स्टैंड को लेकर जनता दल में गम्भीर संकट उत्पन्न हो गया है । जनता दल की राजनीतिक समिति की आज प्रातः हुई बैठक में इस संबंध में मतभेद होने के कारण कोई भी फैसला नहीं

सरकारें गठित करने के सिलसिले में भाजपा एवं वामपंथी दलों से अलग-अलग विचार करने का फैसला किया है । यह फैसला दल की राजनीतिक मामलों की समिति की आज की बैठक में किया गया ।

उत्तर प्रदेश से जनता दल के सांसद हर्षवर्धन ने

बिहार में भाजपा व वामपंथी दलों
से जनता दल सरकार बनने की स

पटना, 3 मार्च (वार्ता): बिहार में जनता दल के नेतृत्व में सहयोगी दलों या वामपंथी दलों की साझेदारी या बाहरी समर्थन से सरकार बनाने के

राज्य में जनता दल अ
तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के
जनता पार्टी के प्रवक्ता के

Punjabi Sanatani



गत दिनों आतंकवादियों के हाथों थाना डेरा बाबानानक के गांव तलवंडी गोराया में मारे गए (बाएं से) दयाल सिंह, सुरजीत सिंह फौजी तथा कर्मजीत सिंह के शव । (छाया चोपड़ा)

आतंकवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

बरसाई, जिससे डाक्टर की मौका पर ही मौत हो गई जबकि कम्पाऊंडर बुरी तरह घायल हो गया ।

घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंच गए । पुलिस ने नकोदर क्षेत्र की नाकाबंदी करके फरार आतंकवादियों की तलाश शुरू कर दी है । इस सम्बन्ध में नकोदर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

मृतकों की संख्या तीन हुई : होशियारपर से अश्विनी, हाजीपर से सुदर्शन और तलवाड़ा से शास्त्री के अनुसार गत रात्रि हाजीपुर में हुए बम धमाका में घायल होने वाले एक अन्य व्यक्ति मोहिन्द्र लाल की सी.एम.सी. लुधियाना ले जाते हुए रास्ते में मृत्यु हो गई । उक्त बम धमाका में मरने वालों की संख्या तीन हो गई है, दो लोगों हरबंस लाल व मोहिन्द्र सिंह की बम धमाका में घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई थी । बम धमाका में 16 अन्य लोगों के घायल होने की भी सूचना प्राप्त हुई है । तीन घायलों एस.पी.ओ. जगदीश सिंह, जो शराब के ठेका के सामने ड्यूटी पर तैनात था, व पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के दो कर्मचारियों, राजकमार व सभापति को सिविल अस्पताल होशियारपुर में दाखिल करवाया गया है । सभापति की हालत गम्भीर बताई जाती है । घायल एस.पी.ओ. जगदीश सिंह ने बताया कि बम शराब के ठेके के सामने खड़े एक साइकल के कैरियर पर रखा हुआ था ।

होशियारपर के जिलाधीश श्री सर्वेश कौशल ने सभी मृतकों के परिवारों को 20-20 हजार रुपए की अनुदान राशि व घायलों को 5-5 हजार रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है । श्री कौशल ने बताया कि सभी घायलों को रैडक्रास की तरफ से उपचार के लिए दवाइयां आदि उपलब्ध करवाई जाएंगी । बम कांड में घायल होने वाले अन्य लोगों में छज्जू भगत (दातारपुर), करनैल सिंह (होमगार्ड), अश्विनी कुमार (जूनियर इंजीनियर बिजली बोर्ड), सुरजीत सिंह, मोहन सिंह, पुरुषोत्तम लाल, सोमराज, कुलवन्त सिंह (हैड कांस्टेबल), पवन कुमार, निर्मल सिंह व अशोक कुमार आदि शामिल हैं ।

इस बीच बम विस्फोट के रोष स्वरूप हाजीपुर कस्बा आज बंद रहा । इसी सिलसिले में हाजीपुर शांति कमेटी की एक बैठक आज सरपंच तारचंद की अध्यक्षता में हुई । इसमें इंका के श्री संतोष कुमार, भाजपा के डा. लोकनाथ तथा सी.पी.आई. के कामरेड बेअन्त लाल भी शामिल हुए ।

एक और हत्या : गुरदासपुर : आतंकवादियों ने कल रात गुरदासपुर जिला के भैणी खुर्द गांव में एक व्यक्ति बाबा सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

मृतकों की शिनाख्त : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. सुमन्त गोयल ने शुक्रवार को थाना डेरा बाबा नानक के गांव तलवंडी गौराया के एक नलकूप पर कुछ आतंकवादियों की फायरिंग में तीन मृतकों के बारे में स्पष्ट करते हुए बताया कि इन तीनों की शिनाख्त सुरजीत सिंह, परमजीत सिंह उर्फ पम्मा एवं प्रेम सिंह उर्फ फौजी के रूप में हुई है । इस हत्याकांड में मृतक परमजीत सिंह के पास से ए.के. 47 राइफल का एक भरा हुआ मैगजीन मिला था और बाद में नलकूप की तलाशी में एक अवैध 12 बोर की एक नाली बंदूक व एक खिलौना पिस्तौल भी बरामद हुई थी ।

श्री सुमन्त गोयल ने बताया कि यह वारदात आतंकवादियों के गुट संघर्ष का परिणाम है । मृतक परमजीत के पास से जो ड्राइविंग लाइसैंस मिला था वह भी जाली पाया गया है । परमजीत दो माह पूर्व जमानत पर रिहा हुआ था । एस.एस.पी. ने बताया कि प्रेम सिंह उर्फ फौजी पुलिस को अनेक हत्याओं, लूटमार, धमकी भरे पत्र लिख कर धन बटोरने की लगभग 35 वारदातों में वांछित था । आजकल इसने अपना अलग संगठन बना लिया था । यह सूचीबद्ध आतंकवादी था ।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना सदर बटाला के गांव परियां के निकट से गत सायं तीन सशस्त्र अज्ञात लोग देसराज नामक एक व्यक्ति से उसकी मारुति कार नम्बर पी.बी. 06-3601 छीन कर ले गए । इसी स्थान के निकट से कुछ सशस्त्र अज्ञात लोग एक व्यक्ति से उसका सुजूकी मोटर साइकिल नम्बर पी.आई.ए. 4131 छीन कर ले गए ।

घर-घर की तलाशी : राजपरा (मासूम): राजपुरा क्षेत्र में आतंकवादी घटनाओं में वृद्धि को देखते हुए पुलिस ने डी.एस.पी. चौ. राजेन्द्र सिंह की निगरानी में घर-घर की तलाशी का काम शुरू कर दिया है । पुलिस ने परसों रात तथा कल प्रातः राजपुरा के कई क्षेत्रों में मकानों की छानबीन की । अभी तक कोई संदिग्ध व्यक्ति हाथ नहीं लगा है ।



(1) पुलिस जिला तरनतारन के गांव जहांगीर के निकट ग... बलों तथा आतंकवादियों के मध्य हुई मुठभेड़ के दौरान अप... जवान तथा मुकाबले में मारे गए 4 आतंकवादी, (2) 'लैफ्टिनैंट जनरल' भूपिन्द्र सिंह भोला का शव, (3) रण... अन्य आतंकवादियों के शव, जिन की शिनाख्त नहीं हो प...

चुंगी लूट ली : खरड़ (शशि) : पता चला है कि कल रात डेढ़ बजे खरड़-चंडीगढ़ रोड पर साइकिल सवार चार लोगों ने खरड़ की महसूल चुंगी पर ड्यूटी दे रहे कर्मियों से 945 रुपए लूट लिए और फरार हो गए ।

आभूषण व नगदी लूटी : मुक्तसर से 'दर्दी' के अनुसार गत रात गांव दबड़ा में 5-6 संदिग्ध आतंकवादियों ने बलदेव सिंह नामक व्यक्ति के घर में घुस कर उसकी पत्नी को डरा कर 15 तोले सोने के आभूषण तथा 5 हजार रु. नगद लूट लिए । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

एक और घायल ने दम तोड़ा : अम्बाला (वार्ता): हरियाणा में अम्बाला रेलवे स्टेशन पर वीरवार को शालीमार एक्सप्रैस में हुए बम विस्फोट में घायल हुए एक व्यक्ति की आज अम्बाला सैनिक अस्पताल में मृत्यु हो गई । इस विस्फोट में मरने वालों की संख्या अब तीन हो गई है । आज मरने वाले व्यक्ति का नाम के. मुरगम (केरल) बताया जाता है । वह हिमाचल प्रदेश में अध्यापक था । सैनिक अस्पताल सूत्रों के अनुसार छः अन्य घायल अभी भी गंभीर स्थिति में हैं ।

जिया-विमान दुर्घटना में

NURSING TRAINING COURSE ADMISSION NOTICE

NURSING TRAINING INSTITUTE & HOSPITAL

1023, 1024, URBAN ESTATE (GARHA) JALANDHAR

(Recognised/Affiliated by Punjab Nurses Registration Council, Chandigarh)

Invites applications from un-married girls for admission to :—

MULTI-PURPOSE HEALTH WORKERS (FEMALE) NURSING COURSE

Duration 1½ years, Qualifications Matric or above (Marks 50%), Age : 16-35Yrs. Application form and Prospectus can be obtained by paying Rs. 20/- in cash on the counter or through post by remitting Rs. 25/-by Indian Postal Order.

No correspondence entertained regarding admission.

Last date for receiving applications is 20.3.1990. Eligible candidates will be called for interview and written tests.

Dr. Udham Singh.
Director-Principal.

greatway.

MARUTI

INFORMATION PASCO

निविदा सूचना नं. 6/90 (राशन)

भारत तिब्बत सीमा पुलिस

कमांडैंट सप्लाई एवं सर्विस बटालियन, भारत तिब्बत सीमा पुलिस, टिगरी कैम्प, डा. मदनगिर, नई दिल्ली-110062, प्रथम अप्रैल 1990 से 31.3.1991 की अवधि के लिए उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में स्थित भारत तिब्बत सीमा पुलिस

Punjabi Sahara





रुति गाड़ियां और दो दुकानें । (2) मेहम में जलाया गया एक
(3) निदाना गांव के एक निवासी का शव । वह बैसी गांव में हुई
(छाया : खन्ना)

पुनर्मतदान कराने अपील ठुकरा दी

विचार से
की प्रतिष्ठा
कते हैं ।
उपसमिति
का स्वागत
पर कब्जे
मत पत्रों

अपनाया
में फिर से
पने पद से
रात पार्टी
-शोर से
ी लाल को
हां दोबारा
है ।
क मामलों
पार्टी के
मंत्री पद से
मंत्री देवी
ो न्यायिक
पहले से ही

ीफा देने
ा नेता श्री
मुख्यमंत्री

इस बात की जानकारी नहीं है कि यदि चौटाला ने इस्तीफा नहीं दिया तो उनकी पार्टी ने हरियाणा में जनता दल सरकार का समर्थन वापस लेने का फैसला किया है ।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मेहम कांड के दृष्टिगत हरियाणा विधानसभा भंग करने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि यह मामला केवल एक निर्वाचन क्षेत्र तक ही सीमित है ।

राठी आमरण अनशन करेंगे : बहादुरगढ़ (शशि): मेहम उप-चुनाव में इंका प्रत्याशी राजबीर राठी पूरे निर्वाचन क्षेत्र में पुनर्मतदान की मांग को लेकर कल 5 मार्च से चुनाव आयोग के कार्यालय के बाहर आमरण अनशन शुरू करेंगे । श्री राठी के साथ राजबीर आर्य व तीन अन्य इंका नेता भी अनशन पर बैठेंगे । श्री राठी ने मेहम कांड में मृतकों के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपए तथा घायलों को एक-एक लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की है । उन्होंने मेहम की घटनाओं के लिए मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला और गृहमंत्री सम्पत सिंह को दोषी ठहराते हुए दोनों को गिरफ्तार करने की मांग की ।

आंदोलन शहरों में पहुंचा : पानीपत (सोनी, अम्बरीश): मेहम में हुई लोकतंत्र की हत्या के

(शेष पृष्ठ 8 पर)

मुठभेड़ में 2, गुट संघर्ष में 5 उग्रवादी मरे : होमगार्ड जवान सहित 3 की हत्या

शराब का ठेका, एक घर से नकदी और आभूषण लूटे

बटाला क्षेत्र में एस.पी.ओ. चौकी पर हमला

चंडीगढ़, 4 मार्च (प.स., वार्ता): पंजाब में कल रात से अब तक 5 आतंकवादी आपसी गुट संघर्ष में मारे गए जबकि उग्रवादियों ने एक होमगार्ड जवान सहित 3 लोगों की हत्या की । इसके अलावा आतंकवादियों ने एक शराब का ठेका तथा एक मकान से नकदी व गहने भी लूटे । मुठभेड़ में 2 उग्रवादी मारे गए ।

गुट संघर्ष में 4 आतंकवादी मरे : अमृतसर : आतंकवादियों के गुटों के बीच आपसी रंजिश में कल रात अमृतसर जिले के भू गांव में तीन आतंकवादियों तथा उन्हें शरण देने वाली एक महिला को गोलियों से उड़ा दिया गया । इनके नाम मुख्तियार सिंह, बलकार सिंह, सरबजीत सिंह तथा करमजीत कौर बताए जाते हैं । इन चारों के गोलियों से छलनी शव आज प्रात: गल्ले के एक खेत से बरामद किए गए । शवों के पास एक पर्ची मिली है जिसमें लिखा है कि मृतकों का चरित्र ठीक नहीं था, वे चोरी, लूटपाट तथा फिरौतियां वसूल किया करते थे । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के कुछ खाली कारतूस मिले हैं ।

होमगार्ड जवान की हत्या : अमृतसर जिला में कत्थुनंगल थाने के अंतर्गत बरगा गांव के निवासी होमगार्ड जवान रौशन मसीह की कल रात आतंकवादियों ने निकटवर्ती थाली साहिब गांव में गोली मार कर हत्या कर दी गई । उक्त जवान गांव में कुछ सामान खरीदने आया था । वारदात के बाद आतंकवादी एक स्कूटर छीन कर फरार हो गए ।

2 उग्रवादी मुठभेड़ में मरे : आज सायं पुलिस जिला मजीठा के गांव मियां भलेर में हुई एक मुठभेड़ में सुरक्षा बलों की फायरिंग से 2 उग्रवादी मारे गए । एस.एस.पी. श्री अनिल शर्मा ने बताया है कि जब उग्रवादियों को रुकने के संकेत किया गया तो उन्होंने सुरक्षा बलों पर फायरिंग करनी शुरू कर दी । सुरक्षा बलों की फायरिंग से दोनों उग्रवादी मौके पर ही मारे गए । इन उग्रवादियों की परमजीत सिंह पम्मा और बचित्तर सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है ।

श्री शर्मा ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, बमों जैसे दो उपकरण, एक टाइम बम, भारी मात्रा में विस्फोटक और गोली-सिक्का बरामद किए हैं ।

लूटपाट : अमृतसर से अशोक सोनी के अनुसार गत रात्रि स्थानीय घी मंडी के इलाका में दो लुटेरे आतंकवादियों ने एक शराब का ठेका लूट लिया । लुटेरों, जिन्होंने चादरें ओढ़ रखी थीं, ने ठेके पर बैठे कर्मचारी को पिस्तौल दिखा कर लगभग 3200 रुपए लूट लिए तथा फरार हो गए ।

एक अन्य घटना में आज प्रात: अमृतसर के सदर थाना के अंतर्गत गांव हुपई में छ: लुटेरे आतंकवादियों ने एक व्यक्ति खजान सिंह के घर में घुस कर उनके दो लड़कों को डरा-धमका कर घर का सामान लगभग एक लाख के गहने व नकदी आदि लूट ली और फरार हो गए ।

बम कांड में 4 हिरासत में : होशियारपुर (अश्विनी): एस.एस.पी. श्री राजेन्द्र सिंह ने बताया कि दो मार्च की रात्रि को हाजीपुर कस्बे में हुए बम धमाका के संबंध में पूछताछ के लिए चार लोगों को हिरासत में लिया गया है । श्री सिंह ने हाजीपुर में घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद बताया कि सारे दसूहा उप-मंडल में सुरक्षा प्रबन्ध और भी कड़े कर दिए गए हैं ।

एस.पी.ओ. चौकी पर हमला : बटाला : आतंकवादियों ने बटाला पुलिस जिला में परियांकलां गांव में एस.पी.ओ. चौकी पर हमला किया और गोलियां चलाईं । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग करने से आतंकवादी भाग गए ।

एक की हत्या : फिरोजपुर : आतंकवादियों ने मक्खू पुलिस थाना के परिचनौर गांव में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

गुट संघर्ष में एक आतंकवादी मरा : फिरोजपुर जिला के सुदर गांव में आतंकवादियों की आपसी रंजिश के कारण एक आतंकवादी सुखचैन सिंह को गोली से उड़ा दिया गया ।

एक और हत्या : फिरोजपुर जिला के पीर चन्नाढ गांव में आतंकवादी एक घर में घुस गए और बाहल सिंह नामक एक व्यक्ति को घसीट कर बाहर ले आए । बाद में आतंकवादियों ने गोली मार कर उसकी हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल के कुछ खाली कारतूस बरामद हुए हैं ।

घायल किया : मक्खू से चद्रशेखर के अनुसार गत रात्रि लगभग 2 बजे थाना धर्मकोट के गांव अक्कांवाली में लगभग 20 आतंकवादियों ने एक घर में आक्रमण करके डिफैंस कमेटी के एक सदस्य सुखविन्दर सिंह को घायल कर दिया । उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है । आतंकवादी उसकी 3 लाइसैंसशुदा बन्दूकें भी ले गए ।

मुकाबला : थाना मक्खू के गांव वासवाला में आतंकवादियों ने पंजाब पुलिस तथा अर्द्ध सैन्य बलों पर नाकाबंदी के दौरान हमला कर दिया । जवानों ने भी जवाबी फायरिंग की अंतिम समाचार प्राप्त होने तक मुकाबला जारी था । यह मुकाबला प्रात: 11 बजे आरम्भ हुआ ।

उग्रवादी गतिविधियों में संलिप्त 20 अधिकारी बर्खास्त

जम्मू, 4 मार्च (प.स.): पूरी कश्मीर घाटी में आज स्थिति शांतिपूर्ण रही । प्रशासन ने राज्य में उग्रवादी गतिविधियों में कथित रूप से शामिल होने

राजीव की राष्ट्रपति से भेंट, जम्मू-कश्मीर

Punjabi Content

7 आतंकवादी गुट संघर्ष में मरे, 1 सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारा गया

अमृतसर जिला में उग्रवादियों ने बम से रेल लाइन उड़ा दी

4 व्यक्तियों की हत्या : बैंक से 1.21 लाख रुपये लूटे

चंडीगढ़, 5 मार्च (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों में आठ आतंकवादियों समेत 12 व्यक्ति मारे गये, रेल लाईन उड़ाई गई और एक बैंक से 1.21 लाख रुपये लूटे गए ।

गुट-संघर्ष में दो आतंकवादी मरे : अमृतसर : झब्बाल पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोट धर्म चंद गांव में दो आतंकवादियों निशान सिंह तथा गुरदेव सिंह देबा को एक अन्य उग्रवादी गुट के सदस्यों ने कल रात गोली से उड़ा दिया । आज प्रातः इन आतंकवादियों के शव खेतों से बरामद हुए । परमजीत सिंह पंजवड़ के नेतृत्व वाले खालिस्तान कमांडो फोर्स ने उक्त वारदात की जिम्मेदारी ली है ।

आपसी रंजिश में दो और आतंकवादी मरे : तरनतारन पुलिस जिला के पडरी गांव में कल रात दो आंतकवादियों को गुट संघर्ष के कारण गोली से उड़ा दिया गया । आज प्रातः इन दोनों के शव खेतों से बरामद हुए । खालिस्तान कमांडो फोर्स ने उक्त वारदात की जिम्मेदारी ली है ।

आतंकवादी ग्रंथी व सेवादार मरा : तरनतारन पुलिस जिला के अकबरपुर गांव में आज तड़के आतंकवादी गुटों की आपसी रंजिश के कारण गुरुद्वारे के एक ग्रंथी तथा सेवादार को मार डाला गया । आतंकवादियों ने गुरुद्वारे में घुस कर ग्रंथी भगवान सिंह व सेवादार बलबीर सिंह को बाहर खींच कर खेतों में ले जा कर उनको गोलियों से उड़ा दिया । पुलिस ने बताया कि उक्त दोनों आतंकवादी गिरोह के सदस्य थे । इस वारदात की जिम्मेदारी भी खालिस्तानी कमांडो फोर्स ने ली है ।

बम विस्फोट से रेल लाईन क्षतिग्रस्त : अमृतसर जिला के खेमकरण पुलिस स्टेशन के अधीन गांव जांडो की सरहाली के निकट कल रात आतंकवादियों द्वारा रखा गया एक बम फट जाने से रेल लाईन का कुछ हिस्सा उखड़ गया और लकड़ी के स्लीपर जल गए । यह विस्फोट अमृतसर-खेमकरण ब्रांच सैक्शन पर घड़ियाला तथा वल्टोहा स्टेशनों के बीच हुआ । रेलवे सूत्रों के अनुसार समय पर इस दुर्घटना का पता चल जाने के कारण यात्री गाड़ियों को स्टेशनों पर ही रोक दिया गया । पटरी की मुरम्मत के बाद गाड़ियों का आवागमन सामान्य हो गया ।

घुसपैठिया मरा : अमृतसर जिले के अजनाला सैक्टर में नौशेरा डल्ला सीमा चौकी पर बी.एस.एफ. ने पाकिस्तान की ओर से भारतीय क्षेत्र में घुसने वाले एक व्यक्ति को गोली मार दी । मृतक से कुछ पाक करंसी भी बरामद हुई है ।

रात्रि कर्फ्यू की अवधि बढ़ी : अमृतसर के जिला मैजिस्ट्रेट ने आज जिला में भारत-पाक सीमा के साथ लगते 5 सौ मीटर के क्षेत्र में रात्रि कर्फ्यू की अवधि दो मई तक बढ़ा दी है । इस अवधि के दौरान सायं 6 से प्रातः 6 बजे तक उक्त क्षेत्र में सभी प्रकार की गतिविधियों पर रोक लगी रहेगी । जिला मैजिस्ट्रेट ने दो माह के लिए निषेधाज्ञा की अवधि भी बढ़ा दी है । इसके अंतर्गत जिला में जलूस निकालने, बैठकें व प्रदर्शन करने, पांच या इससे अधिक लोगों के एकत्र होने विस्फोटक, आग्नेयास्त्र व तेजधार हथियार लेकर चलने लाऊड स्पीकर प्रयोग करने आपत्तिजनक नारे लगाने तथा आपत्तिजनक रिकार्ड व टेप चलाने पर भी रो रहेगी । इसके अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारियों की पूर्व अनुमति के बिना सम्पत्ति बेचने या किराए पर देने पर भी प्रतिबन्ध रहेगा । प्रशासन ने जिला में सभी रूटों पर सायं 6 से प्रातः 5 बजे तक बसों के चलने पर प्रतिबन्ध भी और दो माह के लिए बढ़ा दिया है ।

राइफल छीन ले गए : अमृतसर से 'वि.प्र.' के अनुसार वल्टोहा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव दसूरवाल के एक जमींदार जगीर सिंह के मकान में कल रात असाल्ट राइफल और पिस्तौल से लैस तीन आतंकवादी दाखिल हो गए और एक राइफल जबदरस्ती छीन कर ले गए ।

हमले से जख्मी : अमृतसर राईस मिल्ज चाटीविंड गेट के मालिक श्री नरेन्द्र सिंह ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है तथा इस बार एक हल्फिया बयान दिया है कि विगत दिनों उनके शैलूर पर एक रिश्तेदार ने आतंकवादियों का मदद लेकर हमला करवाया और शैलूर पर मौजूद उनके लड़के संदीप सिंह को दिल-दिहाड़े बुरी तरह जख्मी कर दिया । इसके बाद वे लोग संदीप सिंह को एक मारुति कार में डाल कर ले गए तथा थाना के करीब उसे फैंक कर फरार हो गए । उनके शैलर से 70 हार्स पावर की बिजली की एक मीटर भी गायब है ।

भूतपूर्व पुलिस कर्मी की हत्या : पुलिस थाना मजीठा के गांव बीरबलपुरा में आज रात्रि उग्रवादियों ने पंजाब पुलिस के एक सेवा निवृत्त हैड-कांस्टेटल अजीत सिंह की हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार हैड-कांस्टेबल उस समय घर लौट रहा था, जब उग्रवादियों ने उस पर गोलियों की बौछाड़ कर दी, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई ।

आतंकवादियों के निजी झगड़े में 1 मरा : अमृतसर जिला के वल्टोहा पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन ढेसोवाल गांव में आतंकवादियों के आपसी झगड़े के कारण कश्मीर सिंह नामक एक व्यक्ति मारा गया । आतंकवादियों के बीच यह झगड़ा बिजली की तार की चोरी को लेकर पैदा हुआ । इस कारण आतंकवादी गिरोह के सदस्यों ने अपने साथी कश्मीर सिंह को गोली मार दी ।

बैंक से 1.21 लाख रुपए लूटे : जालंधर (न.न.ए.): तीन आतंकवादियों ने आज प्रातः लगभग सवा दस बजे यहां निकटवर्ती गांव रायपुर फराला में स्थित यूको बैंक की शाखा से 1.21 लाख रुपए लूट लिए । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार बैंक खुलने के थोड़ी देर बाद ही बिस्कुटी रंग की मारुति वैन में सवार तीन आतंकवादी वहां आ धमके । ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल तथा पिस्तौल से लैस इन आतंकवादियों ने बैंक के खजांची से 1.21 लाख रुपया लूट लिया और फरार हो गए । भागते समय आतंकवादी बैंक में पड़ी एक बंदूक और 47 जीवित कारतूस भी ले गए । घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौका पर पहुंच गई । पुलिस के अनुसार उक्त आतंकवादियों ने पास वही मारुति वैन थी, जो कल गांव ताजपुर से छीनी गई थी ।

एक की हत्या : मलोट (नि.स.): कल रात यहां निकटवर्ती बुर्ज सिधवां के निकट तीन आतंकवादियों ने एक व्यक्ति करनैल सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । आतंकवादी जाते समय उसकी पिस्तौल व राइफल भी ले गए खालिस्तान कमांडो फोर्स ने उक्त वारदात की जिम्मेदारी ली है ।

मुठभेड़ में एक उग्रवादी मरा : फिरोजपुर : जिला के बारसवाला गांव में कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया जबकि उसके चार अन्य साथी भाग निकले । मृतक आतंकवादी का नाम जुगनू बताया जाता है । सुरक्षा कर्मी गांव में छापा मारने के लिए गए थे ।

एक और हत्या : लुधियाना : दो आतंकवादी यहां निकटवर्ती गोपाल नगर में रछपाल सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस गए और उनके दामाद चरणजीत सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । श्री चरणजीत सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी मृत्यु हो गई ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

देवी लाल का पतन आरम्भ हो चुका है

नई दिल्ली, 5 मार्च (जी.एस. चावला): राजनीतिक हल्कों में अब यह माना जाने लगा है कि देवी लाल का पतन आरम्भ हो चुका है और इस वृद्धावस्था में उनके लिए इससे उबर पाना लगभग असम्भव सा ही लग रहा है । ऐसा दिखाई देता है कि उनके अच्छे दिन समाप्त हो गए हैं ।

शुक्रवार को जनता दल संसदीय बोर्ड की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में देवी लाल ने मेहम में पुनर्मतदान कराए जाने का विरोध किया था । उन्होंने बैठक में स्पष्ट तौर पर कह दिया था कि वह किसी भी कीमत पर पुनर्मतदान के सुझाव से सहमत नहीं होंगे तथा वह ऐसी किसी भी स्थिति में हरियाणा विधानसभा भंग करके पूरे प्रदेश में नए चुनाव करवाने को पहल देंगे । बैठक में उनके तथा अजीत सिंह के मध्य कुछ गर्म बहस भी हो गई थी और देवी लाल तथा चन्द्रशेखर बैठक को बीच में ही छोड़कर चले गए थे हालांकि इस मुद्दे पर अभी विचार-विमर्श चल ही रहा था ।

शुक्रवार रात को दल की राजनीतिक मामलों की समिति की पुनः हुई बैठक में इस विषय पर जांच करने के लिए एक उपसमिति नियुक्त की गई हालांकि देवी लाल अपनी बात पर अड़े हुए थे । इसके तत्काल पश्चात उपसमिति की बैठक हुई और उसमें पुनर्मतदान सम्बन्धी निर्णय ले लिया गया । अगली सुबह देवी लाल को इस निर्णय के सम्बन्ध में सूचित कर दिया गया । अब देवी लाल के पास इसे स्वीकार करने के अतिरिक्त कोई चारा नहीं था । बाद में देवी लाल को यह कहते सुना गया कि पुनर्मतदान का विचार उन्हीं के द्वारा दिया गया था ।

देवी लाल गुट अब यह अभियान चला रहा है कि मेहम विधान सभा क्षेत्र का चुनाव स्थगित कर दिया जाना चाहिए । उनका यह प्रयत्न है कि अगर चुनाव आयोग चुनाव स्थगित कर देता है, तब इस क्षेत्र में पुनर्मतदान कराने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने में दो से तीन मास का समय लग जाएगा और इसी अवधि में वे विद्रोही प्रत्याशी डांगी को समझौते के लिए मना लेंगे, परन्तु राजनीतिक हल्कों में कहा जा रहा है कि किसी भी चुनाव क्षेत्र में किसी प्रत्याशी की मृत्यु होने की सूरत में ही चुनाव स्थगित हो सकता है लेकिन पुनर्मतदान की सूरत में प्रत्याशी वही रहेंगे और कुछ दिनों के अन्तराल के पश्चात ही इसे करवाया जा सकता है । यह समस्त निर्णय चुनाव आयोग के द्वारा लिया जाएगा ।

राजनीतिक हल्कों में यह बात कही जा रही है कि अगर वर्तमान परिस्थितियों में मेहम में पुनर्मतदान होता है तो चौटाला के जीतने की सम्भावनाएं बहुत कम हैं और चौटाला की हार देवी लाल की प्रतिष्ठा पर बहुत बड़ी चोट होगी ।

प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने उपप्रधानमंत्री देवी लाल के बारे में अपनी भावनाएं स्पष्ट नहीं की हैं, लेकिन देवी लाल के कुछ कार्यों ने विश्वनाथ को उलझन में डाल दिया है । देवी लाल की सत्ता के प्रति लालसा उनके कार्यों से स्पष्ट झलकती है । देवी लाल ने जब विश्वनाथ प्रताप सिंह को उन्हें (देवी) कैबिनेट समिति में शामिल करने के बारे में लिखा था तो उससे भी उनकी यही लालसा दृष्टिगोचर होती थी । विश्वनाथ प्रताप सिंह ने उनकी यह बात नम्रता से अस्वीकार कर दी थी ।

प्रधानमंत्री का 'एक व्यक्ति एक पद' का निर्णय भी बहुत ही अच्छा कदम है और देवी लाल को भी उपप्रधानमंत्री पद या पार्टी संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष पद जो उन्हें चुनावों में पार्टी प्रत्याशी बनने का लाभ देता है, में से एक को चुनना होगा, उनके पुत्र ओम प्रकाश चौटाला को भी या तो प्रदेश का मुख्यमंत्री पद स्वीकार करना होगा या फिर प्रदेश का पार्टी अध्यक्ष पद । श्री सिंह ने इस कदम के द्वारा राजीव गांधी पर भी चोट की है जो कि लगभग पांच वर्ष तक इंका के प्रधान तथा प्रधानमंत्री दोनों एक साथ रहे हैं । इस समय भी राजीव दो पद पार्टी की अध्यक्षता तथा संसदीय नेता का पद अपने पास रखे हुए हैं ।

केंद्र कश्मीर मसले को नागरिक प्रशासन की मदद से हल करने का इच्छुक : वी.पी. सिंह

नई दिल्ली, 5 मार्च (प.स.): प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आज यहां कहा कि केन्द्र नागरिक प्रशासन की मदद से कश्मीर मसले को सुलझाना चाहता है ।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की स्वर्ण जयंती परेड के बाद सम्वाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री सिंह ने कहा कि नागरिक प्रशासन की मदद के लिए ही सेना वहां गई है और कि कश्मीर में जन-प्रयास शुरू कर देने चाहिए ।

कश्मीर में सीमा पार से मिलने वाली धमकियों के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि हम किसी भी धमकी का मुकाबला करने में सक्षम हैं । इसलिए हम डरते नहीं । समारोह समाप्त होने के बाद जलपान के दौरान प्रधानमंत्री ने सम्वाददाताओं के अनेक सवालों का जवाब दिया ।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मोर्चा सरकार को कश्मीर समस्या पिछली सरकार से विरासत में मिली है । पिछली सरकार ही स्थिति के इस हद तक बिगड़ने के लिए जिम्मेदार है । राज्य में सरकार का काम नहीं चल रहा था । उन्होंने कहा कि वहां स्थिति सामान्य बनाने की प्रक्रिया में केन्द्र कश्मीर के लोगों को शामिल करना चाहता है । लेकिन इसके साथ ही जो लोग सीमा पार से निर्देश प्राप्त करते हैं उनके साथ दृढ़ता से निपटा जाएगा ।

एक प्रश्न के उत्तर में प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रस्तावित राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद इस वर्ष काम करना शुरू कर देगी । परिषद का गठन रक्षा आंतरिक सुरक्षा, वित्त और विदेशी मामलों के प्रति स्पष्ट रवैया रखने के लिए किया गया है ।

परिषद में सभी मुख्य मंत्रालयों को प्रतिनिधित्व प्राप्त होगा । इसके गठन से हम अपने राष्ट्रीय लक्ष्य के बारे में पूर्ण रवैया अख्तियार करने में सफल होंगे । बोफोर्स तोप सौदे की जांच के सम्बन्ध में पूछे गए सवालों के बारे में श्री सिंह ने कहा कि केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने जांच शुरू कर दी है और हम इसके पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं ।

हरियाणा के मेहम विधानसभा क्षेत्र में दोबारा चुनाव कराने के बारे में श्री सिंह ने कहा कि सरकार चुनाव आयोग द्वारा स्वतंत्र जांच के पूरा होने की इन्तजार करेगी । यह पूछे जाने पर कि मेहम के बारे में किए गए फैसले से जनता दल में किसी तरह का मतभेद पैदा हुआ है, श्री सिंह ने कहा कि पार्टी ने मिल-जुलकर समूचे क्षेत्र में दोबारा चुनाव कराने का फैसला किया है ।

उन्होंने कहा कि इससे चुनाव के दौरान किसी भी तरह की धांधली के सम्बन्ध में शुरू हुई चर्चा समाप्त हो जाएगी, जैसे हमने अमेठी के पूरे निर्वाचन क्षेत्र में पुनर्मतदान की मांग की थी, उसी प्रकार हम मेहम के बारे में भी अपने स्टैंड पर कायम हैं ।

इससे पूर्व प्रधानमंत्री ने सी.आर.पी.एफ. के जवानों की एक आकर्षक परेड की सलामी ली और बल के स्वर्ण जयन्ती वर्ष के अवसर पर एक पदक शुरू करने की घोषणा । इस अवसर पर गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद भी उपस्थित थे ।

प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि सी.आर.पी.एफ. ने न केवल सीमाओं पर बल्कि देश

छोटी सी बात ... रंगा

किसी हिन्दू पार्टी का समर्थन करने से कोई मुस्लिम विरोधी नहीं हो जाता ।



हिमाचल के राज्यपाल श्री बी. रचैया (ऊपर बाएं से) श्री शांता कुमार को जगदेव चंद, किशोरी लाल, (नीचे बाएं से) नगीन चन्द्र पाल तथा रूप रि मंत्री और सर्वश्री विद्या सागर तथा साधू राम को राज्यमंत्री पद की राजभव शपथ दिलाते हुए ।

प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति कश्मीर स्थिति बारे जानक

नई दिल्ली, 5 मार्च (वार्ता, प.स.): प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आज यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति रामास्वामी वेंकटरमन से मुलाकात की ।

श्री सिंह की राष्ट्रपति के साथ करीब एक घंटे तक बातचीत हुई । सरकारी प्रवक्ता के अनुसार प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति को कश्मीर की ताज़ा स्थिति के सम्बन्ध में अवगत कराया ।

कल रात पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस (इ) अध्यक्ष राजीव गांधी के नेतृत्व में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति से भेंट कर कश्मीर की स्थिति पर बातचीत की ।

केंद्रीय टीम कश्मीर स्थिति का जायज़ा लेकर लौटी : केंद्र सरकार के तीन सचिवों की टीम आज जम्मू-कश्मीर और सीमा की स्थिति का मौके पर जायज़ा लेकर वापस यहां लौट आई । यह टीम कल श्रीनगर गई थी । टीम में मंत्रिमंडलीय सचिव वी.सी. पांडेय, गृह सचिव शिरोमणि शर्मा और रक्षा सचिव नरेश चंद्र शामिल थे । इन सचिवों ने बाद में राजनीतिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति को राज्य की स्थिति सम्बन्धी अपने आकलन से अवगत कराया ।

सरकारी प्रवक्ता ने स कि प्रतिनिधिमंडल ने श्रीनग की स्थिति का जायज़ा जम्मू-कश्मीर के राज्य राज्यपाल के सलाहकारों त कोर कमांडर लै. जनरल ज विचार-विमर्श किया ।

सर्वदलीय बैठक कश्मीर के बारे में सर्वदली बुलाई जाएगी, जिसमें राष्ट्री का हल ढूंढा जाएगा । यह कम्युनिस्ट पार्टी के पोलिट हरकिशन सिंह सुरजीत ने

भारतीय जनता पार्टी ने की है कि वह राष्ट्र संघ से अप वापस बुलाने के लिए कहे जगदीश प्रसाद माथुर और आज यहां एक वक्तव्य में क में कश्मीर में राष्ट्र संघ के प्रे की चाहे कुछ भी परिस्थिति वहां उनकी कोई भूमिका बा

श्रीनगर में कर्फ्यू में ढील के फायरिंग : 1 मरा, 3 घ

जम्मू, 5 मार्च (प.स.): श्रीनगर में आज कर्फ्यू के दौरान ढील में उग्र पंथियों तथा सुरक्षा बलों में गोलियों के आदान-प्रदान से एक व्यक्ति मारा गया तथा सीमा सुरक्षा बल के दो जवानों सहित 3 अन्य घायल हो गए । श्रीनगर में शुक्रवार से लागू कर्फ्यू में आज प्रातः 3 घंटे की ढील दी गई थी ।

आधिकारिक प्रवक्ता के अनुसार लाल चौक क्षेत्र में उग्रवादियों ने सीमा सुरक्षा बल पर फायरिंग कर दी, जिसमें एक नागरिक मारा गया । शीतल नाथ मन्दिर के निकट सी.आर.पी.एफ. की गश्ती टुकड़ी पर भी गोली चलाई गई, मगर कोई घायल नहीं हुआ ।

महाराज बाजार तथा माइसूमा से भी आतंकवादियों तथा सुरक्षा बलों के मध्य गोली चलने के समाचार हैं, मगर प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि नहीं की ।

इसी दौरान सुरक्षा बलों द्वारा उग्रवादियों की खोज में छापे जारी हैं, मगर गिरफ्तारी की कोई सूचना नहीं मिली ।

अपहृत दो मैजिस्ट्रेट रिहा : इसी मध्य बताया गया है कि पाकिस्तान प्रशिक्षित कश्मीरी उग्रवादियों ने अपहृत दो मैजिस्ट्रेटों को रिहा कर दिया है । इनके नाम हफीजुल्लाह और मुहम्मद कमल बताए गए हैं ।

जम्मू-कश्मीर सरकार ने 10 पुलिस कर्मियों को लापरवाही के कारण नौकरी से बर्खास्त कर दिया है ।

एक आधिकारिक प्रव राज्यपाल द्वारा बर्खास्त महानिदेशक ने राज्यपाल क थी कि गत 27 फरवरी असामाजिक तत्वों द्वारा 2 द इन्होंने कोई कार्रवाई नहीं क

बर्खास्त अधिकारियों (उप-निरीक्षक), जगदीश, अहमद, मोहम्मद शफी (अशोक कुमार, बचन लाल अब्दुल गनी और तिलक शामिल हैं ।

जगमोहन को और जम्मू- कश्मीर के राज्यपाल अन्य ऐसे अधिकार दे दिए ग किसी भी राज्यपाल के पास न

(शेष पृष्ठ 8

पुनर्वास व्यवस्थ

ऊधमपुर, 5 मार्च पलायनकर्त्ता कश्मीरी पंडित निकाला, जिसमें अन्य गण शामिल हुए । यह जलूस होकर जिलाधीश कार्यालय मे जहां जिलाधीश को एक ज्ञापन पलायनकर्त्ता कश्मीरियों के व्यवस्था की जाए ।



कर्फ्यूग्रस्त श्रीनगर में अर्द्धसैनिक बलों द्वारा सड़कों पर खड़े किए गए अवरोध

उड़ीसा में बीजू पटनायक, मध

Prabhat Sanjay Tripathi Collection

निर्वाचित विधायक तथा शिवपरी से निर्दलीय विधायक श्री सुशील बहादुर अस्थाना भी उपस्थित थे । श्री पटवा के नाम के प्रस्ताव का समर्थन रामाहित गुप्ता, बृजेन्द्र सिह, सुश्री कुसुम मेहदेले, शिवराज सिह चौहान, परसराम साह और सोमप्रसाद गिरि ने भी किया ।

इसके बाद श्री अडवानी ने श्री पटवा को सर्वसम्मति से नेता निर्वाचित घोषित किया ।

पार्टी के शीर्ष नेताओं को आज श्री सुन्दर लाल पटवा के चुने जाने के बाद पार्टी कार्यकर्त्ताओं के जबरदस्त विरोध और नाराजगी का सामना करना पड़ा । नेता चुने जाने की घोषणा होते ही रवीन्द्र भवन के बाहर खड़े कार्यकर्त्ताओं ने 'कैलाश जोशी' के नारे लगाने शुरू कर दिए ।

श्री अडवानी सम्बाददाताओं को विधायक दल के नेता के चुनाव के सम्बन्ध में जानकारी देने के बाद जैसे ही बाहर निकले भाजपा के कार्यकर्त्ताओं ने उनके कार के साथ-साथ श्रीमती विजयराजे सिंधिया तथा कुशाभाऊ ठाकरे की कारों को रोककर 'अपनी ये सरकार हटाओ, कैलाश जोशी लाओ" के नारे लगाने शुरू कर दिए ।

नारे लगा रहे कार्यकर्त्ताओं में अनेक नवनिर्वाचित भाजपा विधायक भी शामिल थे ।

ईटानगर : अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री गेगांग अपांग को आज फिर नए कांग्रेस (इ) विधायक दल का नेता चुन लिया गया । वह लगातार तीसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री बन रहे हैं । श्री अपांग के नाम का प्रस्ताव अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (इ) की अध्यक्ष और नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती ओमेम ओयोंग दोयोरी ने किया और श्री वांगफा लोवांग ने अनुमोदन किया । बैठक में पार्टी के केंद्रीय प्रेक्षक के रूप में श्री हितेश्वर सेकिया और पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री संतोष मोहन देव उपस्थित थे । 60 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस (इ) को 37, जनता दल को 11, जनता पार्टी को एक तथा निर्दलियों को 11 स्थान मिले हैं । अपने चुनाव के तुरन्त बाद श्री अपांग राज भवन जाकर राज्यपाल श्री आर.डी. प्रधान से मिले और उन्हें अपने नेता चुने जाने की सूचना दी तथा सरकार बनाने का निमंत्रण मांगा । श्री अपांग ने निवर्तमान मुख्यमंत्री के रूप में अपना त्यागपत्र राज्यपाल को दे दिया, जिसे उन्होंने मंजूर कर लिया तथा नई व्यवस्था होने तक उन्हें पद पर काम करते रहने को कहा । ख्याल है कि नया मंत्रिमंडल एक-दो दिन में शपथ ले लेगा ।

इंका मंत्रिमंडल कल शपथ लेगा : ईटानगर : अरुणाचल प्रदेश में बुधवार को नया कांग्रेस (इ) मंत्रिमंडल कार्यभार ग्रहण करेगा । श्री अपांग को कांग्रेस (इ) विधायक दल का नेता चुना गया है । वह लगातार तीसरी बार राज्य मंत्रिमंडल का नेतृत्व करेंगे । राज्यपाल के सचिव एच.एन. आरफी ने कहा कि नए मंत्रिमंडल को बुधवार को सुबह नौ बजे शपथ दिलाई जाएगी ।

5 निर्वाचित आ मिले : अरुणाचल प्रदेश में पांच निर्दलीय विधायकों के कांग्रेस (इ) में शामिल होने से 60 सदस्यीय विधानसभा में इस पार्टी के सदस्यों की संख्या बढ़ कर 42 हो गई है । अखिल भारतीय कांग्रेस (इ) कमेटी के पर्यवेक्षक हितेश्वर सेकिया ने यह दावा किया ।

सदस्यों के इस्तीफे मंजूर

चंडीगढ़, 5 मार्च (संघी): हरियाणा के मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला ने राज्य बिजली बोर्ड के दो गैर सरकारी सदस्यों डी.एस. पनिया और हरबंस सिह के त्यागपत्र आज मंजूर कर लिए । इन दोनों ने लगभग दो माह पूर्व अपने पदों से त्यागपत्र दिए थे ।

दंगा पीड़ितों को आश्वासन

चंडीगढ़, 5 मार्च : आज यहां पंजाब राज भवन

के रूप में कार्य करना चाहते हैं ।

शांता ओक ओवर में आए : मुख्यमंत्री श्री शांता कुमार आज शाम मुख्यमंत्री के सरकारी आवास 'ओक ओवर' में रहने के लिए चले आए हैं ।

पंजाब में हत्याएं
(पृष्ठ 3 का शेष)

एक व्यक्ति की हत्या : गुरदासपुर : जिला के भैणी खुर्द गांव में कल रात आतंकवादियों ने एक व्यक्ति बूआ सिह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

छात्र घायल : पटियाला (भूषण): आज प्रातः दो और अढ़ाई बजे के बीच दो साइकल सवार उग्रवादियों ने मातागुजरी कालेज फतेहगढ़ साहब (सरहिन्द) के बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र रणजोध सिह की गोली मार कर हत्या करने की कोशिश की । उसे घायलावस्था में सिविल अस्पताल फतेहगढ़ साहब में दाखिल करवा दिया गया है । रणजोध सिह पटवारी के पद के लिए इंटरव्यू देने गुरदासपुर गया था । वह सुबह दो बजे सरहिंद स्टेशन पर ट्रेन से उतरा और पैदल ही अपने गांव सद्धु माजरा उर्फ धुपसड़ी के लिए रवाना हो गया । रास्ते में उस पर आक्रमणकारियों ने गोली चला दी और उसे घायल कर दिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और आक्रमणकारियों की तलाश जारी है ।

5 लाख लेकर छोड़ा : सुनाम (नागपाल): मौड़ मंडी के देसी शराब के ठेकेदार के मुनीम सज्जन कुमार को उग्रवादियों ने 5 लाख रुपये लेकर आज रिहा कर दिया । याद रहे कि लगभग एक सप्ताह पहले जिला अमृतसर में शराब की डिस्टीलरी खासा से मुनीम सज्जन कुमार देसी शराब का ट्रक भर कर मौड़ मंडी आ रहा था कि रास्ते में जीरा के निकट उग्रवादियों ने ट्रक घेर कर उसे आग लगा दी और मुनीम सज्जन कुमार को बंधक बना लिया था । ट्रक ड्राइवर और क्लीनर भागने में सफल हो गए थे । बंधक बनाये जाने के बाद उग्रवादियों ने सज्जन कुमार को छोड़ने के लिए 25 लाख रुपये की मांग की । मगर बिचौलों ने यह रकम कम करवा कर 5 लाख में सौदा करवा दिया । याद रहे कि उग्रवादियों की ओर से शराब के ठेकेदारों को जिला संगरूर में शराब के ठेके लेने के विरुद्ध धमकीपूर्ण पत्र लिखे गए हैं जिनमें कहा गया है कि अगर इस जिले में उन्होंने ठेके लिये तो उनको उनके परिवार सहित 'सोध' दिया जाएगा ।

रुपये लूटे : धूरी (संगरूर): चार अज्ञात लोगों ने यहां एक चावल मिल के मालिक श्री राम सरन दास से पिस्तौल की नोक पर अढ़ाई हजार रुपया लूट लिया ।

रेल लाईन उड़ाने का प्रयास : कुछ शरारती तत्वों ने कल रात धूरी-पटियाला सैक्शन पर ककराला गांव के निकट विस्फोटक पदार्थ से रेल लाईन उड़ाने का विफल प्रयास किया । सूचना मिलने पर गाड़ियां को धूरी तथा पटियाला स्टेशनों पर रोक लिया गया । इस कारण गाड़ियां चार से पांच घंटे लेट पहुंचीं ।

इंका नेताओं द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार

शिमला, 5 मार्च (ख.): भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री वीरभद्र सिह तथा अन्य कई इंका नेताओं ने आज यहां नए मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार किया । हिमाचल इंका के महासचिव श्री हरभजन सिह भज्जी ने बताया कि भाजपा कार्यकर्त्ताओं द्वारा इंका कार्यकर्त्ताओं पर हमला किए जाने के प्रति अपना विरोध प्रकट करने के लिए इंका नेताओं ने समारोह का बहिष्कार किया ।

श्री भज्जी ने कहा कि समारोह में शामिल न होने का अर्थ इस प्रकार की घटनाओं के प्रति केवल विरोध प्रकट करना था । इसका अर्थ राज्यपाल के प्रति

यह पूछे जाने पर कि मुख्यमंत्री श्री चौटाला की पद त्यागने की सलाह क्या भाजपा की दबाव की राजनीति नहीं है, श्री अडवानी ने कहा कि इससे पहले उन्होंने यह सलाह नहीं दी, इसका मतलब

श्रीनगर में हिंसा
(पृष्ठ 3 का शेष)

सूचना के अनुसार केन्द्र ने श्री जगमोहन को अखिल भारतीय सेवाओं के सरकारी विभागों में तैनात अधिकारियों की कार्य प्रणाली की विशेष रिपोर्ट बनाने का अधिकार दिया है । राज्यपाल यह रिपोर्ट केन्द्र में सम्बन्धित विभिन्न विभागों में भेज सकते हैं तथा इन्हीं के आधार पर तरक्कियां आदि प्रदान की जाएंगी ।

सभी दल जम्मू-कश्मीर की समस्या को राष्ट्रीय मानें : ज़ैल सिह

नई दिल्ली, 5 मार्च (वार्ता): पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी ज़ैल सिह ने जम्मू-कश्मीर के घटनाक्रम को देश की एकता तथा अखंडता के लिए खतरनाक बताया है और सभी राजनीतिक दलों से इसे राष्ट्रीय समस्या मान कर हल करने की अपील की है । ज़ैल सिह ने इस संबंध में एक वक्तव्य जारी कर कहा है कि राजनीतिक दलों को दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर इस समस्या पर विचार करना चाहिए और अधिकारियों को भी संयम तथा शिष्टता से काम लेना चाहिए । उन्होंने कहा कि वह उन लोगों से भी, जिन्होंने कश्मीर में बन्दूक उठाई है, आत्मघाती रास्ता छोड़ने की अपील करेंगे ।

इंका द्वारा सहयोगी दलों से विचार-विमर्श : कांग्रेस (इ) अध्यक्ष श्री राजीव गांधी ने आज जम्मू-कश्मीर की स्थिति के बारे में नैशनल कांफ्रैंस तथा अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम इत्यादि पार्टियों के नेताओं से विचार-विमर्श किया । यह जानकारी पार्टी के महासचिव केदारनाथ सिह ने दी । उन्होंने बताया कि पार्टी जम्मू-कश्मीर की स्थिति को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और उसके प्रतिनिधिमंडल ने कल रात राष्ट्रपति से भेंट के समय स्थिति से निपटने के लिए जो सुझाव बताए थे, उनमें से एक सर्वदलीय बैठक का आयोजन भी था ।

कश्मीरी हिन्दुओं की सुरक्षा के लिए बोट क्लब तक प्रदर्शन

नई दिल्ली, 5 मार्च (वार्ता): इंद्रप्रस्थ विश्व हिन्दू परिषद तथा बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्त्ताओं ने कश्मीरी हिन्दुओं की सुरक्षा की मांग करते हुए आज यहां बोट क्लब तक मार्च किया । कार्यकर्त्ताओं ने घाटी क्षेत्र में अलगाववादियों द्वारा 'हिन्दुओं को घर-बार छोड़ने को विवश करने' के कदम की तीव्र निन्दा की है । कार्यकर्त्ताओं ने अपने-अपने हाथों में काले झंडे और तख्तियां लेकर केंद्र सरकार की कश्मीर संबंधी नीति पर खेद व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र की कमजोर नीतियों से वहां पृथकतावादी तत्वों को ताकत मिल रही है । सम्पूर्ण कश्मीर को सेना के हवाले करने की आवश्यकता पर ज़ोर देते हुए कार्यकर्त्ताओं ने कश्मीर के संबंध में संविधान की धारा 370 को समाप्त करने तथा कश्मीर पुलिस और वहां के प्रशासन से पाकिस्तान समर्थक तत्वों को हटाने की मांग की । प्रदर्शन में कार्यकर्त्ताओं के साथ कश्मीरी विस्थापित भी थे । बाद में प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिह को एक ज्ञापन दिया गया ।

येल्तसिन भारी मतों से जीते

मास्को, 5 मार्च (ए.पी.): सुधारवादी कम्युनिस्ट नेता बोरिस एन येल्तसिन आज रूस महासंघ की संसद के लिए भारी मतों से चुन लिए गए । यह जानकारी गणराज्य के एक चुनाव आयोग अधिकारी

है और उसकी नीतियों में संकीर्णता का कोई स्थान नहीं है । देश में साम्प्रदायिक सद्भाव को मजबूत आधार देने वाली नीतियां भाजपा की ही हो सकती हैं ।

उन्होंने दावा किया कि देश के संविधान निर्माताओं ने धर्मनिरपेक्षता की जो कल्पना की थी, वास्तव में भाजपा ही उस कल्पना की सजग प्रहरी है । उन्होंने कहा कि भाजपा पर साम्प्रदायिकता का आरोप 'वोट की राजनीति' का ही एक हिस्सा है ।

उन्होंने कहा कि हिमाचल और राजस्थान सहित मध्य प्रदेश में भाजपा अपनी आदर्श सरकार बनाना चाहती है । मध्य प्रदेश पर वह विशेष ध्यान देगी क्योंकि इस राज्य में अधिक पिछड़ापन है तथा आदिवासी जनसंख्या भी अधिक है ।

विधानसभा को बहाल करना विचाराधीन

लुधियाना, 5 मार्च (धीमान): एक सरकारी सूत्र से पता चला है कि पंजाब सरकार दो योजनाओं पर विचार कर रही है । पहली यह है कि विधान सभा के चुनाव 7-8 मई को करवा दिए जाएं । दूसरी यह कि विधान सभा बहाल करके प्रकाश सिह बादल के नेतृत्व में सरकार बना दी जाए । यह पता भी चला है कि पंजाब सरकार के वरिष्ठ अधिकारी यह जायजा ले रहे हैं कि विधान सभा चुनाव की सूरत में अकाली दल (मान) और अकाली दल (बादल) में से कौन अधिक सीटें प्राप्त कर सकेगा ? कुछ राजनैतिक अकाली विशेषज्ञों की यह ठोस राय है कि अकाली दल (मान) को लोकसभा चुनाव के मुकाबले में विधान सभा चुनाव में कम वोट मिलेंगे ।

हरियाणा इंका द्वारा राज्य सरकार भंग करने के लिए राज्यपाल को ज्ञापन

चंडीगढ़, 5 मार्च (संघी): हरियाणा प्रदेश कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष श्री शमशेर सिह सूर्जेवाला के नेतृत्व में पार्टी के एक 16 सदस्यीय शिष्टमंडल ने आज मेहम हल्के में उपचुनाव के दौरान बूथ कब्जों व हिंसक घटनाओं के संबंध में राज्यपाल श्री धनिक लाल मंडल से भेंट की और उन्हें घटनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए अपनी मांगों का ज्ञापन दिया ।

ज्ञापन देने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री सूर्जेवाला ने बताया कि श्री मंडल ने शिष्टमंडल के साथ लगभग 30 मिनट तक भेंट कर उनकी बातें बड़े ध्यान से सुनीं । श्री सूर्जेवाला ने बताया कि श्री मंडल से अनुरोध किया गया कि वह अपने संवैधानिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार को बर्खास्त करें । ज्ञापन में अपनी इस मांग के अतिरिक्त पार्टी ने मेहम की चुनावी हिंसा में संलिप्त मुख्यमंत्री के पुत्र अभय सिह, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों व सीन बिगेड के सदस्यों को गिरफ्तार करने, मारे गए लोगों के परिवारों को कम से कम पांच लाख रुपए तथा घायलों को 25000 रुपए वित्तीय सहायता देने तथा मेहम में 15 दिन के अंदर-अंदर पुनर्मतदान कराने की मांग की गई ।

श्री सूर्जेवाला ने बताया कि इन मांगों को लेकर पार्टी की ओर से दिल्ली में प्रधानमंत्री वी.पी. सिह के निवासस्थान पर भी गत 2 मार्च से धरना जारी है ।

चंडीगढ़ में वकीलों द्वारा हड़ताल

चंडीगढ़, 5 मार्च (संघी): पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय तथा जिला न्यायालय चंडीगढ़ के वकीलों ने गत 28 फरवरी को मेहम हल्के के उपचुनाव में पुनर्मतदान के दौरान हुई हिंसक घटनाओं पर विरोध प्रकट करने के लिए आज एक दिन की हड़ताल की । वकीलों द्वारा आयोजित की गई हुगामी मीटिंग में उप-चुनाव के दौरान हुई हिंसा

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री श... श्री राजीव गांधी रविवार क... के निवास स्थान पर प्रसन्न... हैं ।

हिमाचल जनता ... दल के नेता का...

शिमला, 5 मार्च (ख) ... विधायक दल के नेता के ... बैठक हो रही है । 65 सद... में जनता दल के 11 सदस्य... बड़ा दल है ।

बंगाल रणजी...

हैदराबाद, 5 मार्च ... शरदेन्दु मुखर्जी की यादग... बंगाल ने आज यहां हैदरा... 122 रन की बढ़त के ... मीनार चैलेंज रणजी ट्राफ... किया ।

शरदेन्दु ने 49 ओव... विकेट चटकाए । हैदरा... समय चार विकेट पर 26... 272 रन पर सिमट गई ... लाल यादव के साहसिक... सहयोग से हैदराबाद की ... रन बना कर आऊट हुई ...

आज का अंतिम दि... बंगाल ने अपनी दूसरी पा... रन बनाए ।

संक्षिप्त स्कोर : ... हैदराबाद प्रथम पारी ... विकेट पर 81.



पंजाब राज्य बिजली ब... पृथीपाल सिह सोमवार... कार्यालय में उपभोक्ता... उनके साथ श्री एच.ए... टी.एस. रंधावा इं.इ...

बिजली उ... शिक...

तरनतारन, 5 मा... की ओर से चलाए ज... अंतर्गत आज यहा... (कमिशियर) प्रितपाल... की शिकायतें सुनीं त... उन्होंने पट्टी मंडल... शिकायतें भी सुनीं ।



Punjabi Sahatan



खेली गई प्रसिद्ध 'लट्ठमार होली' का (छाया : प्रै.ट्र.)

उग्रवादियों द्वारा एक ही परिवार के 3 सदस्यों सहित 4 की हत्या

एक आतंकवादी गुट संघर्ष में, 2 घुसपैठिये मुठभेड़ में मरे

नाभा-ककराला के बीच मूरी एक्सप्रैस उड़ाने का प्रयास विफल

चंडीगढ़, 6 मार्च (प.स., वार्ता): आतंकवादियों ने गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में एक परिवार के 3 सदस्यों सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी । एक आतंकवादी गुट संघर्ष में तथा दो घुसपैठिये मठभेड़ में मारे गए । गत रात नाभा-ककराला के बीच आतंकवादियों द्वारा मूरी एक्सप्रैस को उड़ाने का प्रयास विफल कर दिया गया । फिरोजपुर जिले में एक दुकानदार का अपहरण कर लिया गया ।

परिवार के तीन सदस्यों की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): जिला मुख्यालय में प्राप्त सूचना के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के थाना पट्टी के गांव समरावां में पांच आतंकवादियों ने गत रात लगभग 8.30 बजे एक व्यक्ति बैजनाथ के घर में घुस कर बैजनाथ (60), और उसकी पत्नी कमलेश रानी (50) और पुत्री परमजीत (22-23) की गोलियां मार कर हत्या कर दी और फरार हो गए । कहा जाता है कि कमलेश रानी दाई (मिड वाइफ) का काम करती थी । इन हत्याओं की जिम्मेदारी बब्बर खालसा ने अपने ऊपर ली है । घटनास्थल से जो पत्र मिला है उसके नीचे सुखदेव सिंह बब्बर का नाम लिखा है ।

झब्बाल बस अड्डे पर हत्या : पुलिस जिला तरनतारन के कस्बा झब्बाल के बस अड्डे पर आज प्रातः तीन आतंकवादियों ने एक युवक कुलविंदर कुमार सुपुत्र राम लाल की गोलियां मार कर हत्या कर दी । कहा जाता है कि आतंकवादी उसका जबरदस्ती अपहरण कर ले जाना चाहते थे, परन्तु जब उसने विरोध किया तो वे उसकी हत्या करके चले गए ।

दो सहेलियां लापता : अमृतसर के औद्योगिक क्षेत्र छहर्टा के जनता गर्ल्ज स्कूल की सातवीं कक्षा में पढ़ रहीं दो लड़कियां जिनकी उम्र 13-14 साल बताई गई है, कल 3 बजे बाद दोपहर से लापता हैं । इनमें से एक लड़की का नाम बलविंदर कौर उर्फ बब्बी सुपुत्री जगीर सिंह और दूसरी का नाम भूपिन्दर कौर उर्फ घोगां सुपुत्री गुरमेज सिंह है । दोनों सहेलियां थीं । इनकी गुमशुदगी के बारे में पुलिस थाना में सूचना दे दी गई है ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : धरिडा पुलिस ने डकैती, लूट और छीना-झपटी की वारदातों में संलिप्त एक गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है । अमृतसर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री संजीव गुप्ता ने एक प्रैस वक्तव्य में कहा कि इन तीनों की शिनाख्त रणजीत सिंह उर्फ राणा, हरजीत सिंह उर्फ मिंटो तथा गुरदेव सिंह के रूप में की गई है । उनके पास से 303 बोर तथा 12 बोर की एक पिस्तौल और कारतूस बरामद हुए हैं । दो स्कूटर छीनने के अतिरिक्त यह गिरोह यहां एक मकान में डाका डाल कर 7000 रुपए नकद और स्वर्णाभूषण लूट कर ले गया था । एक अन्य घटना में उन्होंने 1800 रुपये लूटे थे ।

ठेकेदार के पोते का अपहरण : अमृतसर से 'वर्मा' के अनुसार यहां के एक आधुनिक क्षेत्र रानी का बाग से आतंकवादी एक प्रसिद्ध ठेकेदार के पोते अशोक कुमार (30) का अपहरण कर ले गए। अशोक कुमार आदीशुदा है, अभी उसके बारे में कुछ पता नहीं चल सका ।

बैंक लूटने का प्रयास विफल : 'वार्ता' के अनुसार अमृतसर जिले के वडाला कलां गांव में कल पंजाब एंड सिंध बैंक को लूटने का एक आतंकवादी का प्रयास बैंक रक्षकों ने विफल कर दिया ।

धन ऐंठने वाला डाक्टर गिरफ्तार : पटियाला (भाषण): पुलिस ने आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन की पातड़ां मंडी इकाई के भूतपूर्व नेता डा. प्रेम सिंह पातड़ां को लोगों को धमकियां देने तथा धन ऐंठने के आरोप में गिरफ्तार किया है । घटना इस प्रकार बताई जाती है कि जिला अकाली-जत्था (मान गुट) के अध्यक्ष बलदेव सिंह लंग यह शिकायतें सुन कर कल पातड़ां मंडी गये थे कि डा. प्रेम सिंह दल के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान तथा लोकसभा सदस्य अतिन्दर पाल सिंह के नाम का दुरुपयोग कर लोगों से धन ऐंठ रहा है । श्रीलंग ने डा. प्रेम सिंह को बुला कर अपनी स्थिति स्पष्ट करने को कहा । इस बीच वहां लगभग 250 लोग जमा हो गए तथा इस आरोप की पुष्टि की कि वे अभियुक्त द्वारा ठगे गये हैं । इसके बाद डा. प्रेम सिंह को एक कमरे में बंद कर पुलिस के हवाले कर दिया गया । अकाली दल सूत्रों के अनुसार अभियुक्त ने असंख्य लोगों से धन ऐंठा था । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और छानबीन कर रही है ।

मूरी एक्सप्रैस को उड़ाने का प्रयास : नाभा (सुशील): गत रात 12 बजे के लगभग कुछ शरारती तत्वों द्वारा नाभा-ककराला रेलवे स्टेशनों के बीच रेलवे लाइन को विस्फोटक पदार्थों से उड़ाने का असफल प्रयास किया गया । समय पर निगरानी व कार्रवाई होने से कालका मेल व मूरी एक्सप्रैस को रास्ते में ही रोक दिया गया और लगभग पांच घंटे गाड़ियां लेट हो गईं । उल्लेखनीय है कि इस मार्ग पर पिछले दो सप्ताह में यह दूसरी घटना है । अब गश्त बढ़ा दी गई है ।

निहंग की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना कलानौर के गांव खशीपर के पास से आज प्रातः पुलिस ने एक शव बरामद किया है । अधिकृत सूत्रों के अनुसार इस मृतक के बाजू पीछे बंधे थे और उसकी गोलियां मार कर हत्या की गई थी । जेब से मिले कागजों से उसकी पहचान थाना कादियां के गांव बटूटरकलां निवासी स्वर्ण सिंह निहंग (22 वर्षीय) के रूप में हुई है । पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस रिकार्ड के मुताबिक यह युवक कई लूटमार की घटनाओं में संलिप्त था और यह बारदात आतंकवादियों के आपसी गुट-संघर्ष का परिणाम है ।

'गुलाटी' के अनुसार स्वर्ण सिंह पिछले एक सप्ताह से लापता था ।

2 आतंकवादी गिरफ्तार : भटिंडा (ग्रोवर): पुलिस ने दो कट्टर आतंकवादियों गुरतेज सिंह और मोहन सिंह को गिरफ्तार कर उनके पास से एक 32 बोर की पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किए हैं । इन आतंकवादियों ने स्थानीय नई बस्ती से पिस्तौल की नोक पर एक स्कूटर छीना और मान पैट्रोल पम्प से 43000 रुपए लूट लिये थे । जिला पुलिस चीफ श्री मेघ सिंह सैनी ने एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया है कि गुरतेज सिंह के पास से 43000 रु. बरामद किये गये हैं । गुरतेज सिंह संगरूर जिले में एक घोषित अपराधी है तथा भटिंडा जिले में धन ऐंठने के कई मामलों में संलिप्त है ।

अच्छे चाल-चलन के आश्वासन पर छोड़ा : पुलिस ने पीआरटीसी के तीन कर्मचारियों जगीर सिंह, बिलौर सिंह और करमजीत सिंह को रिहा कर दिया है, जिन्होंने आतंकवादियों में शामिल होने का प्रयास किया था । पंचायतों तथा उनके

(शेष पृष्ठ 8 पर)

मति के लिए तुरंत ा जाए : राजीव

स्लिम युनाइटिड फ्रंट ने बिना किसी सबूत के व्यापक गडबडियों का आरोप लगाते हुए शुरू कर दिया । उन्होंने इस बात पर खेद किया कि राज्य से बाहर के लोगों ने कारियों को समर्थन और सहायता दी ।

ांधी ने कहा कि नैशनल कांग्रेस तथा कांग्रेस ड वाली प्रदेश सरकार ने आतंकवाद के कार्रवाई के दौरान लोगों से राजनीतिक नाए रखने पर जोर दिया । उन्होंने कहा कि न किसी भी समय प्रशासन लोगों से दूर नहीं र न ही लोगों पर पुलिस फायरिंग हुई । वजूद आतंकवादी पकड़े गए, उन पर मुकदमे र उन्हें सजा हुई । उन्होंने कहा कि राज्य में ल का शासन लागू होने के बाद कानून और की स्थिति बिगड़ी है ।

में पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछली के क्रियाकलापों या निष्क्रियता को घाटी की ी स्थिति के लिए दोषी ठहराने से अब कोई ावहारिक उद्देश्य पूरा नहीं होता । उन्होंने कश्मीर की आंतरिक स्थिति तथा समस्या के हलुओं ने इसे ऐसी स्थिति में लाकर खड़ा कर जैसी कश्मीर के भारतीय संघ में विलय के ले कभी पैदा नहीं हुई थी । श्री गांधी ने देश करोड़ जनता की चिंता व्यक्त करते हुए क जम्मू-कश्मीर के बारे में केंद्र सरकार ने से नीति बनाई थी जिसके अधीन तथा शेख अब्दुल्ला ने एक समझौता किया

सके अनुसार संविधान की धारा 370 के श्मीर को विशेष दर्जा दिया गया था । श्री कश्मीर के बारे में अपनी सरकार द्वारा किए यों की जानकारी देते हुए कहा कि राज्य में हर से सदैव राजनीतिक समझबूझ से निपटने की यकता रही है ।

रेशन फ्रंट के 3 गिरफ्तार

ोखेज रहस्योद्घाटन हुए हैं । कहा जाता है तत्व पिछले कुछ वर्षों से प्रशासन में घुसपैठ थे और वेतन सरकार से लेते थे जबकि काम र मुक्ति मोर्चे या कुछ ऐसे ही राष्ट्रद्रोही ों के लिए करते थे ।

श्वसनीय सूत्रों के अनुसार एक जूनियर यर विध्वंसक गतिविधियों में यहां तक संलिप्त उसने तोड़-फोड़ का प्रशिक्षण लेने के लिए ी युवकों के दो गुटों को पाक अधिकृत कश्मीर ा और स्वयं श्रीनगर क्लब और श्रीनगर के ब्रज पर विस्फोट की घटनाओं में संलिप्त था । न्य कर्मचारी का उच्च आतंकवादी नेताओं से था और वह कश्मीरी युवकों को स्वयं पाक त कश्मीर में छोड़ने गया था । एक सरकारी का अध्यापक पाक अधिकृत कश्मीर में वादी नेता अमानुल्ला खां से मिलकर आया लौट कर उसने पिस्तौलों और मैगजीनों से भरा ला कश्मीर के एक अन्य आतंकवादी के पास या था । अब तक ऐसे 33 कर्मचारी सरकार खास्त किए जा चुके हैं ।

रकारी सूत्रों ने बताया कि राज्य सरकार ने उन क्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर जिन्होंने पिछली सरकार द्वारा दी गई पिस्तौलें को वापस नहीं की हैं । यह पिस्तौलें ी तत्वों को मिल गई हैं ।(शेष पृष्ठ 8 पर)



मेहम में पुनर्मतदान बारे निर्णय आज : जांच दल दिल्ली लौट आया

नई दिल्ली, 6 मार्च (वार्ता): मेहम (हरियाणा) विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में धांधली तथा मतदान केंद्रों पर कब्जे के आरोपों की जांच के लिए चुनाव आयोग द्वारा भेजा गया उच्च स्तरीय दल मौके पर जांच के बाद आज यहां लौट आया ।

दल में चुनाव उपायुक्त श्री आर.पी. भल्ला तथा आयोग के मुख्य सचिव श्री के.सी. साहा शामिल थे । मेहम से लौटने पर उन्होंने अपने निष्कर्षों से मुख्य चुनाव आयुक्त श्री आर.वी.एस. पेरीशास्त्री को अवगत कराया ।

पूरे क्षेत्र में पुनर्मतदान कराए जाने संबंधी जनता दल तथा कांग्रेस (इ) के अनुरोध पर दल की रिपोर्ट के आधार पर फैसला किया जाएगा ।

इसी मध्य मुख्य चुनाव आयुक्त श्री आर.वी.एस. पेरीशास्त्री ने आज रात कहा कि हरियाणा में पूरे मेहम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पुनर्मतदान कराने की मांग के प्रश्न पर फैसला कल तक के लिए रोक लिया गया है ।

श्री पेरीशास्त्री ने मेहम से लौटे आयोग के दो सदस्यीय दल के साथ लगभग चार घंटे बातचीत करने के बाद संवाददाताओं को बताया कि जांच दल ने वहां के कई लोगों से बातचीत करके तथ्यों का पता लगाया है लेकिन उनका हर पहलू से जांच एवं विश्लेषण जरूरी है । जांच दल ने मौके पर जाकर कई मतदाताओं से भी बातचीत की । वे किसी पार्टी अथवा राज्य सरकार की मदद के बिना कुछ गांवों में भी गए तथा वहां मतदाताओं से बातचीत की ।

डा. भल्ला ने बताया कि जांच दल ने महिलाओं, वकीलों तथा कुछ अन्य प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों से भी मुलाकात की । उन्होंने बताया कि 27 फरवरी को मतदान के दिन तथा 28 फरवरी को पुनर्मतदान के दिन हुई घटनाओं के बारे में लोगों ने उनसे लिखित शिकायतें भी की हैं ।

यह दल उन तथ्यों को पता लगाने गया था, जिन पर आरोप लगाया जा रहा था कि मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के समर्थकों ने लगभग 800 मतदान केंद्रों पर गड़बड़ी की है ।

समाज जनता दल सहित लगभग सभी दलों ने इस पूरे क्षेत्र में फिर से मतदान कराने की मांग की है ।

याचिका खारिज : दिल्ली उच्च न्यायालय ने मेहम उप-चुनाव से संबंधित उस याचिका को आज खारिज कर दिया जिसमें इस विधानसभा क्षेत्र के आठ से अधिक मतदान केंद्रों पर दोबारा मतदान नहीं कराने के लिए चुनाव आयोग को अदालत द्वारा निर्देश देने की मांग की गई थी । न्यायाधीश चरणजीत तलवार और न्यायाधीश एस.एन. सपरा ने बिना कोई कारण बताए इस याचिका को खारिज कर दिया । यह याचिका मेहम विधानसभा क्षेत्र के एक ग्रामीण ने दायर की थी ।

मधुबन में नारेबाज़ी : करनाल से पुलिस भेजी गई

चंडीगढ़, 6 मार्च (वार्ता): हरियाणा सशस्त्र पुलिस (एच.ए.पी.) के मध्यालय मधुबन में नारेबाज़ी कर रहे जवानों को नियंत्रित करने के लिए वहां आज करनाल से पुलिस भेजी गई । जवानों ने मेहम में उपचुनाव में गड़बड़ी के दौरान अपने कुछ साथियों के कथित तौर पर लापता होने की घटना के विरोध में संगठन के उपमहानिरीक्षक आर.एस. कुलसम के विरुद्ध नारेबाज़ी की । मेहम में एच.ए.पी. के जवानों को भेजने के लिए श्री कुलसम कथित रूप से जिम्मेदार हैं ।



डा. आर. पी. भल्ला, जिन्होंने मेहम में चुनाव हिंसा और धांधलियों के आरोपों की जांच करने वाले चुनाव आयोग के दल का नेतृत्व किया, मंगलवार को रोहतक के कैनाल रैस्ट हाऊस से विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों का पक्ष सुनने के बाद बाहर आते हुए । (छाया : प्रै. ट्र.)

विधानसभा चुनावों से निवृत्त होकर सरकार पंजाब समस्या बारे ठोस प्रयास करे : बादल

चंडीगढ़, 6 मार्च (एन.एस. परवाना): अकाली दल (ब) के प्रधान श्री प्रकाश सिंह बादल ने वी.पी. सिंह सरकार को चौकस किया है कि अब जब वह प्रदेश विधानसभाओं के चुनावों से निवृत्त हो जाए तो उसे पंजाब समस्या हल करने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर ठोस प्रयास करने चाहिएं । पूर्व की इंका सरकार ने सिखों से मारपीट करने, उन्हें बदनाम करने, उनमें फूट डालने तथा

श्री बादल ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान पंजाब में जो परिणाम सामने आए हैं, उनके कई कारण हो सकते हैं । एक तो सहानुभूति लहर, दूसरा अकाली दलों का विभाजन तथा तीसरा इंका की नकारात्मक भूमिका । संभवतः भय का वातावरण भी एक चौथा कारण है, पर यह बात अच्छी है कि इंका के खिलाफ़ जनता ने अपना रोष दिखाया है ।

अफगान सरकार का तख्ता पलटने का प्रयास

इस्लामाबाद, 6 मार्च (प.स.): अफगानिस्तान के राष्ट्रपति नजीबुल्लाह ने आज कहा कि उनके रक्षा मंत्री जनरल शाह नवाज़ तनाई ने उनकी सत्ता पलटने का प्रयास किया है । उन्होंने सेना और

Punjab Archive

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

मां-बाप ने पुलिस चीफ को आश्वासन दिया था कि भविष्य में ये तीनों व्यक्ति अच्छे नागरिक बन कर रहेंगे ।

कर्त्तव्य पालन से पीछे नहीं हटेगा : सैनी : श्री सैनी ने सवाददाता सम्मेलन में शांति प्रिय लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी सुरक्षा के लिए हर तरह के प्रबंध किए जाएंगे । श्री सैनी ने घोषणा की कि जब तक वह अनुशासित पुलिस संगठन में रहेंगे उन्हें किसी तरह का राजनीतिक दबाव अपने कर्त्तव्य का पालन करने से नहीं रोक सकेगा । उन्होंने कहा कि जबसे उन्होंने भटिंडा में कार्यभार संभाला है उन्होंने आतंकवादी गतिविधियों पर काबू पाने का ही प्रयास किया । श्री सैनी ने भ्रष्ट पुलिस कर्मचारियों को चेतावनी दी कि वे अपनी गलत गतिविधियां त्याग दें अन्यथा परिणाम भुगतने को तैयार रहें । हमारे पत्रकार के अनुसार राज्यपाल के भटिंडा दौरे के दौरान कई राजनैतिक पार्टियों ने जिला पुलिस प्रमुख के रूप में श्री सैनी की नियुक्ति का स्वागत किया था और इस संबंध में राज्यपाल को अपनी भावनाओं से परिचित कराया था ।

दो घुसपैठिये मरे : फिरोजपुर जिले के फाजिल्का सैक्टर में भारत-पाक सीमा पर आज सुबह दो अज्ञात घुसपैठिये मठभेड़ में उस समय मारे गये जब वे पाकिस्तान से भारत में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे ।

बंदूक छीन ली : फिरोजपुर (कंतोड़): यहां प्राप्त सूचना के अनुसार तीन अज्ञात आतंकवादियों ने गत रात 8.30 बजे जलालाबाद (पश्चिम) थाने के अन्तर्गत गांव फल्लियांवाला के निवासी मिल्खा सिंह सुपुत्र संतोख सिंह राय सिख से उसकी लाइसैंस वाली दनाली बंदूक और सात कारतूस छीन लिए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

दुकानदार का अपहरण : आतंकवादियों ने फिरोजपुर जिले के कस्बा जीरा से एक दुकानदार जान चंद का अपहरण कर लिया । अभी तक उसके बारे में कुछ पता नहीं चला ।

युवक लुटा : मोगा (सर्व): फरीदकोट जिले में बाघापुराना थाने के गांव झंडेवाला के एक व्यक्ति जगतार सिंह से तीन अज्ञात सशस्त्र युवकों ने गत सायं एक हजार रुपए नकद और कलाई घड़ी छीन ली और फरार हो गए । एक अभियक्त की शिनाख्त की जा चुकी है परन्तु अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गई ।

प्रश्न पत्र जला दिए : फरीदकोट जिले में बाघापुराना थाना के अन्तर्गत गुरु तेग बहादुरगढ़ के गुरु नानक कालेज में कल जब मैट्रिक की वार्षिक परीक्षाएं चल रही थीं तो कुछ संदिग्ध आतंकवादियों के एक गिरोह ने प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिकाएं छीन कर जला दीं । इस घटना के बाद परीक्षा केन्द्र में खुल कर नकल शुरू हो गई । बताया जाता है कि पुलिस ने इस मामले में कोई हस्तक्षेप नहीं किया ।

दो होमगार्ड जवान गिरफ्तार : रोपड़ (बैंस): एस.एस.पी. रोपड़ श्री मुहम्मद मुस्तफा ने आज यहां बताया कि स्थानीय पुलिस ने आतंकवादियों से मिली-भगत कर कोई संगीन वारदात करने की योजना बनाने के आरोप में दो होमगार्ड जवानों पाला सिंह और जगदेव सिंह को गिरफ्तार किया है । इनके साथी दो आतंकवादियों में से एक भोला सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि तीसरा कख्यात आतंकवादी साधू सिंह निवासी गांव रायपुर होमगार्ड जवान की राइफल लेकर फरार हो गया है ।

वह सेना से छुट्टी पर आया था : पुलिस ने गत 9 फरवरी को करौली में लोगों द्वारा पीट-पीट कर मारे गए आतंकवादी की शिनाख्त राजेन्द्र सिंह, जो कि सेना से छुट्टी पर आया हुआ था, के रूप में की गई है । पुलिस ने उसके भागे हुए दो साथियों रामसिंह उर्फ काला और परमजीत सिंह उर्फ गुड्डू को भी पकड़ लिया है । उनसे .38 बोर का एक रिवाल्वर भी मिला है ।

धर्मस्थल को जा रहे व्यक्ति पर हमला : जालन्धर (प.स.): आतंकवादियों ने गत रात जालन्धर जिले के बंगा थानांतर्गत गांव सुज्जो में तीर्थ सिंह नामक एक व्यक्ति को गोली मारकर घायल कर दिया । पुलिस के अनुसार घटना के समय तीर्थ सिंह एक धार्मिक स्थान पर प्रार्थना करने जा रहा था कि आक्रमणकारियों ने उस पर गोली चला दी ।

पाक जासूस

(पृष्ठ 3 का शेष)

कर्फ्यू में ढील के दौरान सुरक्षा बलों पर हमला : श्रीनगर में आज पांच कर्फ्यू में ढील की अवधि के दौरान दो विभिन्न क्षेत्रों में उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों पर हमला किया ।

सूचना के अनुसार उग्रवादियों ने बोहरीकदल और बटमालू क्षेत्रों में सुबह आठ बजे गोलियां बरसाईं । घटना में कोई घायल नहीं हुआ लेकिन गैर-सरकारी सूचनाओं के अनुसार बटमालू में गोलीबारी में सुरक्षा अधिकारी सहित चार व्यक्ति घायल हुए । बोहरीकदल में कर्फ्यू में ढील की अवधि समाप्त होने के कुछ ही क्षणों बाद उग्रवादियों ने हमला किया । बटमालू में उग्रवादियों ने वकलशिनिकोव राइफलों से करीब 500 गज की दूरी से गोलियां बरसाईं ।

श्रीनगर में कर्फ्यू में सुबह पांच बजे से चार घंटे की ढील दी गई थी । इसके बाद बारी-बारी से कश्मीर घाटी के दो अन्य शहरों में भी कर्फ्यू में ढील दी गई । इस बीच श्रीनगर के लाल चौक में कल उग्रवादियों द्वारा बरसाई गोलियों में घायल एक व्यक्ति की आज मृत्यु हो गई ।

डा. ओहरी जालंधर लौटे

जालंधर, 6 मार्च : डा. एस. कुमार ओहरी ने नई दिल्ली में अपना इलाज करवाने के बाद यहां ओहरी अस्पताल में अपना कार्यभार पुनः सम्भाल लिया है । उनके अस्पताल के टैलीफोन नम्बर 75758 व 72578 तथा घर का टैलीफोन

जालंधर से हमीरपुर

अखबार की ढुलाई के लिए मैटाडोर/टाटा नं. 407 की जरूरत है । तुरन्त मिलें या लिखें :

एजैंसी मैनेजर

दी हिंद समाचार लिमिटिड,



टिबकल टिबकल माडल स्कूल पृथ्वी नगर (किशनपुरा) जालंधर के वार्षिक समारोह का उद्घाटन अतिरिक्त जिलाधीश (विकास) श्रीमती कल्पना मित्तल बरुआ ने तथा विद्यार्थियों में पुरस्कार श्री आज्ञापाल चड्ढा ने वितरित किए । चित्र में (बाएं से) श्री आज्ञा पाल चड्ढा, स्कूल की प्रिंसीपल श्रीमती विमल सेठी व श्रीमती कल्पना मित्तल बरुआ एक छात्रा को इनाम व आशीर्वाद देते हुए ।

चौटाला द्वारा पत्रकारों को सबक सिखाने की कार्रवाई शुरू

चंडीगढ़, 6 मार्च (संधी): हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री ओम प्रकाश चौटाला ने पत्रकारों को सबक सिखाना शुरू कर दिया है । इस सम्बन्ध में हरियाणा सरकार ने यहां से प्रकाशित होने वाले एक हिन्दी दैनिक के पत्रकार का पंचकूला में सरकारी आवास रद्द करने का आदेश दिया है । आवास आबंटन समिति के सचिव की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि आवास एक सप्ताह में खाली कर दिया जाए ।

ब्लैक लिस्ट बनाई : लाडवा (आतिश): मुख्यमंत्री श्री ओम प्रकाश चौटाला के निकटतम सूत्रों ने आज रहस्योद्घाटन करते हुए बताया कि श्री चौटाला ने प्रैस से लड़ाई के लिए पत्रकारों की एक लम्बी 'ब्लैक लिस्ट' तैयार करवाई है । इस लिस्ट में हरियाणा और दिल्ली के पत्रकारों के नाम लिखे गए हैं ।

सूत्रों से पता चला है कि श्री चौटाला ने इस 'ब्लैक-लिस्ट' में सिर्फ उन पत्रकारों के नाम ही लिखे हैं जो कि 27 फरवरी को हुए विधान सभाई चुनावों में श्री चौटाला के विरोध में खबरें प्रकाशित कर रहे थे ।

भाजपा शिष्टमंडल जम्मू व श्रीनगर में स्थिति का अध्ययन करेगा

जम्मू, 6 मार्च (नि.स.): भाजपा के वरिष्ठ अधिकारियों पर आधारित एक पांच सदस्यीय शिष्टमंडल स्थिति का अध्ययन करने के लिए श्रीनगर और जम्मू की यात्रा करेगा । भाजपा के प्रदेश सचिव श्री वी.पी. सेठी के अनुसार शिष्टमंडल के सदस्य सर्वश्री केदार नाथ साहनी, आरिफ बेग, एम.एल. खराना तथा विष्णु कांत शास्त्री हैं । वे 8 मार्च को श्रीनगर जाएंगे और अगले दिन जम्मू पहुंचेंगे ।

राम मंदिर अवश्य बनेगा : सिंघल

रामलाल जद विधायक दल के नेता निर्वाचित

शिमला, 6 मार्च (खजूरिया): हिमाचल प्रदेश में जनता दल विधायक दल तथा इका विधायक दल में दो भूतपूर्व मुख्यमंत्री सदन में होंगे ।

आज यहां जनता विधायक दल ने अपनी बैठक में भूतपूर्व मुख्यमंत्री ठाकर रामलाल को सर्वसम्मति से नेता चुना । उनके नाम का प्रस्ताव ठाकर धर्मा चन्द ने किया तथा अनुमोदन रू. श्यामा शर्मा ने किया । सदन में जनता दल के 11 सदस्य हैं ।

इस अवसर पर जनता दल विधायक दल ने सरकार से बाहर रह कर श्री शांता कुमार के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार को अपना समर्थन देने का निर्णय किया है । श्री रणजीत सिंह जनता विधायक दल के मुख्य सचेतक होंगे ।

मालकिन को घायल करके कीमती सामान ले गया

होशियारपुर, 6 मार्च (अश्विनी): थाना सदर के गांव खनवार में एक बिहारी युवक छोटू द्वारा अपनी मालकिन सुखवन्त कौर पर तेज धार हथियार से हमला करके उसे गम्भीर घायल करने का समाचार मिला है । सुखवंत कौर को सी.एम.सी. लुधियाना में दाखिल कराया गया है । हमले के बाद अभियुक्त घर से सारा कीमती सामान लेकर फरार हो गया । पुलिस ने केस दर्ज करके अभियुक्त की तलाश आरम्भ कर दी है ।

फलों व सब्जियों के भाव—6 मार्च, 1990

प्याज : अहमदाबाद 60-85, बम्बई 60-110, चंडीगढ़ 105-120, दिल्ली 125-150, जयपुर 105-120, जालंधर 120-130, **सेब डलीशियस** : दिल्ली 781-1000, जालंधर 700-800, **केला** : दिल्ली 150-180, जालंधर 200-238, **किन्नू** : दिल्ली 250-305, चंडीगढ़ 400-467, जालंधर 300-380, **सिन्ध** : दिल्ली 428-571, जालंधर 450-600, नागपुर 420-510, **संतरा** : दिल्ली 694-833, जालंधर 687-812, नागपुर 400-448, **मौसम्मी** : दिल्ली 450-500, नागपुर 400-445, **बैंगन** : दिल्ली 312-437, लखनऊ 230-288 रुपए ।

शाम के भाव—(6 मार्च, एन.एन.एस.)

दिल्ली क्वाथ 47.00, हिंद मोटर 22.50, रिलायंस 52.75, चांदी (999) टंच हाजिर (प्रति किलो) 6855, चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 7550, सोना बिट्टर (प्रति 10 ग्राम) 3290, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3400, मिल डिलिवरी : वनस्पति यू.पी. (प्रति टीन) 368-375, वनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 372-377, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 181.00, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 192, मूंगफली तेल (10 किलो) 260, तिल तेल (10 किलो) 282, तेल बिनौला (10 किलो) 200, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 175, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 111, फैटी एसिड आयल (क्विंटल) 1700, सरसों बायदा (20 किलो) मई 136.10, आलू हापुड़ (40 किलो) बायदा जुलाई 69.00 रुपए ।

दिल्ली शेयर बाजार : (एन.एन.एस.): ए.सी.सी. 349.00, आंध्र सीमैंट, 8.50 (2/3), अपोलो टायर स्पाट 46.00, एशियन होटल 56.50, बिरला एग्रो 68.50, डी.सी.एम. लि. 47.00, डी.सी.एम. टोयोटा 14.62, ईस्ट इंडिया होटल 61.50 (2/3), एस्कार्ट्स 83.00, एस्सर शिपिंग 36.25, फूड स्पैशलिटीज 107.00, शामिम इंडस्ट्रीज 109.00, गुजरात नर्मदा 40.50, एच.एम.एम. लि. 246.25, हीरो होंडा 17.00, हिन्डालको स्पाट 222.50, हिन्द. सीबर 107.50 (5/3), हिन्द मोटर 22.50, हिन्द टिबैलप. कार्पो. 81.00, इंडियन रेयन 91.00, जे.के. इंडस्ट्रीज 56.00 (2/3), जे.के. सिथैटिक 52.00, जे.सी.टी. लि. 73.50, केल्वीनेटर आफ इंडिया 175.00 (2/3), लासन एंड टूब्रो 60.50, एल.एम.एल. लि. 16.50,

Punjabi Sanstari



कश्मीर के सम्बन्ध में हुई सर्वदलीय बैठक में
। (छाया : पै.ट्र.)

र्वदलीय प्रतिनिधि-
टी का दौरा करेगा

भाजपा की ओर से सर्वश्री अटल बिहारी
पेयी, केदार नाथ साहनी और जसवंत सिंह,
म्युनिस्टों की ओर से फारूकी, अवतार सिंह
नोत्रा और ए.बी. वर्धन, मार्क्सवादी पार्टी की ओर
सैफुद्दीन सोज़, मोहम्मद शफी और एम.एस.
ट प्रतिनिधिमंडल में शामिल होंगे । जनता दल
प्रतिनिधित्व रेल मंत्री जार्ज फर्नांडीज़ और दो
य नेता करेंगे ।

पांच घंटे की बैठक के दौरान नैशनल कांफ्रैंस ने
स्यों को दिए गए प्रपत्र में संविधान के अनुच्छेद
70 का उल्लेख न किए जाने पर आपत्ति की ।
के जवाब में प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने
क बयान में दोहराया कि संविधान के अनुच्छेद
70 के तहत जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा बनाए
ा जाएगा ।

प्रवक्ता ने कहा कि बैठक का मुल उद्देश्य
श्मीर समस्या के समाधान में राज्य की जनता का
योग लेने, देश की एकता और अखंडता की रक्षा
था बाहरी हस्तक्षेप का मुंहतोड़ जवाब देने का
कल्प दोहराना था । सभी दलों के नेताओं ने इस
त पर सहमति व्यक्त की कि यह एक राष्ट्रीय
स्या है, जिसका दलगत राजनीति से ऊपर उठ
र समाधान ढूंढना होगा ।

ह में पाक गुप्तचर
आई. का हाथ

यु सेना के विद्रोही पायलटों ने राजधानी काबुल पर
बारी जारी रखी । उन्हें भगाने के लिए सरकारी
ा बड़े पैमाने पर विमानभेदी तोपों का इस्तेमाल
रही है । यह जानकारी ए.पी. ने राजनयिक सूत्रों
र संयुक्त राष्ट्र अधिकारियों के हवाले से दी ।
कार ने कहा कि पहले भी दो बार विद्रोह करने के
मले में संदिग्ध कट्टर कम्युनिस्ट रक्षा मंत्री जनरल
ाह नवाज तनायी ने कल विद्रोह की तीसरी बार
शिश की । इसके कुछ घंटे बाद ही कट्टरपंथी
स्लिम विद्रोही नेता गुलबद्दीन हिकमतयार ने
सका समर्थन कर दिया ।

उधर विद्रोही गुट हिज्बे इस्लामी के प्रतिनिधि
ोहम्मद डबाहीम ने नई दिल्ली में दावा किया कि
जीब सरकार का पतन सुनिश्चित है । उसने कहा
क सरकार के खिलाफ विद्रोहियों और जनता की
रवाइयां तेज हो रही हैं ।

इबाहीम ने कहा कि काबुल के नजदीक कयु
ना अड्डे पर जनरल तनायी का कब्जा हो गया है ।

उग्रवादियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग करके अबोहर में 25 व्यक्तियों की हत्या

दो विभिन्न घटनाओं में 3 लाख से अधिक की राशि लूटी गई : 2 शव मिले, 1 की हत्या

3 उग्रवादी गुट संघर्ष में मरे : 4 सीमा पार करते मारे गए

चंडीगढ़, 7 मार्च (वा., प.स.): उग्रवादियों ने आज सायं अबोहर में अंधाधुंध फायरिंग करके 25 व्यक्तियों की हत्या कर दी और 35 व्यक्तियों को घायल कर दिया । गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में 3 आतंकवादी गुट संघर्ष में मारे गए जबकि सीमा पार से भारत में प्रवेश करने के प्रयास में बी.एस.एफ. से भिड़ंत में 4 आतंकवादी मारे गए । दो स्थानों से दो व्यक्तियों के शव मिले हैं तथा एक अन्य स्थान पर आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी । इसी बीच आतंकवादियों ने सी.आर.पी. के एक गश्ती दल पर हमला किया तथा दो विभिन्न स्थानों से 3 लाख रु. से अधिक की राशि लूट ली ।

अबोहर, (संदोष): 4 उग्रवादियों द्वारा आज सायं 7 बजे यहां भीड़भाड़ वाले क्षेत्र सदर बाजार (गली नं. 12) में ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से अंधाधुंध फायरिंग करके 24 व्यक्तियों की हत्या कर दी और 35 अन्य को घायल कर दिया । बताया जाता है कि 4 घायलों की घटनास्थल से अस्पताल ले जाते हुए मृत्यु हो गई, जबकि अन्य अस्पताल में घावों की ताव न सहते हुए दम तोड़ गए ।

गैर सरकारी तौर पर मृतकों की संख्या 25 बताई गई है ।

बताया जाता है कि आतंकवादी 18-19 वर्ष की आयु के थे और उनके पास दो बड़े-बड़े अटैची केस थे । जैसे ही वे बाजार में पहुंचे, उन्होंने एक अटैची में से राइफलें निकाल कर फायरिंग करनी शुरू कर दी । दूसरे अटैची केस में टाईम बम और हथगोले पड़े थे, जो 8.10 बजे फटे । चूंकि इस अटैची केस को पुलिस कर्मियों ने घेर रखा था और सावधानी बरती गई थी, अतः इससे कोई जानी नुक्सान नहीं हुआ ।

बताया जाता है कि उग्रवादी घटनास्थल पर पैदल पहुंचे थे और वारदात करने के पश्चात् थोड़ी दूर खड़ी मारुति कार में बैठ कर फाज़िल्का रोड की ओर भाग निकले । भागते-भागते वे सड़क के दोनों ओर फायरिंग करते गए, जिससे 10 व्यक्ति घायल हो गए ।

घायलों को जब अस्पताल में लाया गया तो उस समय अस्पताल में भारी भीड़ जमा हो गई, जिसके कारण डाक्टरों को घायलों की देखभाल में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा । इस अवसर पर किसी ने हवाई फायरिंग भी की । घायलों की देखभाल के लिए नगर के लगभग सभी डाक्टर सिविल अस्पताल में बुला लिए गए ।

एक बात पर आश्चर्य प्रकट किया जा रहा है कि जब वारदात के पश्चात् उग्रवादी भागे तो मुख्य सड़क के दोनों ओर के क्षेत्रों की बिजली बंद हो गई । अबोहर में इस समय भारी तनाव पाया जा रहा है ।

गम्भीर रूप से घायल लोगों को चंडीगढ़ और लुधियाना के अस्पतालों में ले जाया जा रहा है ।

यह भी बताया गया है कि मेन बाजार में दो बम विस्फोट हुए । एक बम विस्फोट बिजली घर में हुआ, जिसमें बिजली बंद होने से राहत कार्यों में गम्भीर रूप से व्यवधान पड़ा । अधिकारियों ने यह भी बताया है कि पांच उग्रवादी जीप पर सवार होकर आए थे और बाजार में 15 से 20 मिनट तक गोलियां चलाते रहे । एक बम बाजार में फटा, जिसके पश्चात बहुत से लोग निकटवर्ती अस्पतालों में ले जाए गए ।

फिरोजपुर जिले के उपायुक्त सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं । वहां तनाव बढ़ता जा रहा है ।

किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए वहां पुलिस के और दस्ते भेजे जा रहे हैं । पंजाब के राज्यपाल निर्मल कुमार मुखर्जी ने इस घटना की तीव्र निंदा की है ।

श्री मुखर्जी तथा राज्य के गृह सचिव एस.एल. कपूर कल स्थिति का अध्ययन करने के लिए अबोहर जाएंगे ।

आज श्रीगंगानगर बंद : श्रीगंगानगर : राजस्थान-पंजाब सीमा क्षेत्र के फिरोज़पुर जिले के अबोहर कस्बे में आतंकवादियों द्वारा आज शाम किए गए नरसंहार के विरोध में कल गंगानगर बंद का आह्वान किया गया है ।

गुट संघर्ष में मरा : कपूरथला : आतंकवादियों के गुट संघर्ष में अमरीक सिंह नामक एक आतंकवादी गत रात मारा गया । घटना के समय वह जिला कपूरथला के पुलिस थानों सुल्तानपुर के गांव सरूपवाल में अपने घर लौट रहा था । पुलिस से प्राप्त सूचना के अनुसार यह व्यक्ति हाल ही में ज़मानत पर रिहा हुआ था ।

हत्या : अमृतसर : आतंकवादियों ने गत रात पुलिस जिला तरनतारन के गांव बरपाल में राजा सिंह नामक एक व्यक्ति को गोली मारकर मार डाला । उसका शव आज प्रातः एक वृक्ष से लटकता मिला । खालिस्तान कमांडो फोर्स ने इस हत्या की जिम्मेदारी ली है । यह भी आतंकवादियों की आपसी शत्रुता का मामला है । यह व्यक्ति एक मास पूर्व ही ज़मानत पर रिहा हुआ था ।

साथियों द्वारा हत्या : थाना तरनतारन के क्षेत्र पंडोरी गोला में आज रात्रि भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान के एक 'बी' श्रेणी उग्रवादी की उसके तीन साथियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

आतंकवादी गिरफ्तार : अमृतसर पुलिस ने तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनके कब्ज़े से .303 की पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

तरनतारन पुलिस ने भी एक आतंकवादी को गिरफ्तार करके उसके कब्ज़े से 12 बोर का पिस्तौल बरामद किया है ।

दो आतंकवादी मरे : आज प्रातः पुलिस जिला मजीठा के रामदास क्षेत्र में दरिया मंसूर सीमांत चौकी पर पाक से भारत में प्रवेश करने के प्रयास में दो आतंकवादी बी.एस.एफ. से भिड़ंत में मारे गए जबकि उनका एक साथी वापस भाग गया । अधिकृत सूचना के अनुसार घटनास्थल से दो चीनी असाल्ट राइफलें तथा भारी मात्रा में गोली-सिक्का तथा भारतीय करंसी बरामद हुई है ।

दो और उग्रवादी मारे गए : अजनाला सैक्टर में दरिया मंसूर सीमांत चौकी के निकट बी.एस.एफ. के साथ हुई एक अन्य मुठभेड़ में दो उग्रवादी मारे गए । उनके कब्ज़े से दो ए.के. 47 असाल्ट चीनी राइफलें और भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद किया गया है ।

सूक्खा मारा गया : मंसूर सीमांत चौकी के क्षेत्र में मरने वाले चार उग्रवादियों में एक

(शेष पृष्ठ 10 पर)

ध्यान दें !

नगर पालिकाएं/निगम,

Punjabi Sahatari

D MILLS LIMITED
HIANA-141 120.

V
ी भेंट
यदी फिराँ
पी लोक गीतों का चमत्कार
कलाकार:
ाशा भौंसले
और
चन्नी
(अलाप-यू.के. से)
इको-नामी कीमत में
मूल्य रु. 18.70
(सब करों सहित)
दिनेश
रंजन के लिये HMV
Rediffusion/GCI/27 Hin

785, केला : दिल्ली 160-190, जालंधर 200-230, किन्नू : दिल्ली 277-366, जालंधर 300-400, चंडीगढ़ 433-480, नींबू : दिल्ली 457-557, जालंधर 500-625, संतरा : दिल्ली 722-888, जालंधर 687-782, मौसम्मी : दिल्ली 480-520, बैंगन : दिल्ली 350-450, लखनऊ 240-260, जालंधर 250-311 रुपए ।

पंजाब में हत्याएं
(पृष्ठ 3 का शेष)

भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान का एक स्वयंभू एरिया कमांडर दर्दात उग्रवादी सुखदेव सिंह 'सुक्खा' था । उसके सिर पर 30,000 रुपए का इनाम घोषित था ।

गश्ती दल पर हमला : लुधियाना : गत रात आतंकवादियों ने जिला के गांव सिधवा बाठ के पास सी.आर.पी. के एक गश्ती दल पर घात लगाकर हमला किया । दोनों तरफ से गोली चली, पर किसी के घायल होने की सूचना नहीं है ।

1.50 लाख रु. लूटे : मानसा से 'मेहता' के अनुसार आज प्रातः कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने पिस्तौल की नोक पर यहां जवाहरके रोड पर एक शराब के ठेकेदार के मुनीम राजकुमार से 1.50 रु. तथा एक ग्राहक भीमसेन से उसका स्कूटर पी.बी. 03-7490 छीन लिया तथा फरार हो गए ।

मोटर साइकल छीना : बटाला से 'खोजड़' के अनुसार पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव किला लाल सिंह के निकट दो सशस्त्र अज्ञात व्यक्ति एक व्यक्ति से उसका हीरो होंडा मोटर साइकल डी.के. 02-5945 छीन कर ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

राव मिला : फिरोजपुर से 'धीमान' के अनुसार फिरोजपुर सदर पुलिस थाने के गांव खाई में गन्ने के खेत से गोलियों से छलनी एक व्यक्ति का शव मिला है । यहां प्राप्त सूचनाओं के अनुसार शव के पास से ए.के. 47 असाल्ट राइफल के खाली कारतूस तथा खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक पत्र मिला है जिसमें लिखा गया है कि पंथ विरोधियों का यही हश्र होगा । मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है ।

नकाबपोशों द्वारा हत्या : जलोर के अनुसार पुलिस थाना सदर फिरोजपुर के गांव हाजीवाला में दो नकाबपोशों ने महल सिंह नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी । मृतक की पत्नी के अनुसार ये लोग दीवार फांद कर उनके घर में आए तथा उनके पति के सामने महल सिंह को साथ ले गए । कुछ देर बाद गोलियां चलने की आवाज आई । आज सहल सिंह का शव संगरूर कैनाल में मिला । पटनाक्षत्रम से ए.के. 47 राइफल के 8 राउंड बरामद भी मिले हैं ।

युवक का खेतों में शव मिला : राजपुरा (मानसा): गत दिवस यहां से 5 कि.मी. दूर गांव चमारू में चांदी राम के खेत में एक 20-22 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला । बताया जाता है कि चांदी राम ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी । पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया । शव पर लगभग 31 तेजधार हथियार के घाव हैं । शव की बाद में पहचान हो गई, एक युवक गुलजार सिंह पुत्र नेक मुसलमान गांव मदनपुर का निवासी था । पुलिस ने धारा 302 के अधीन केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है । शव का पोस्टमार्टम करवा के वारिसों को दे दिया गया है ।

1.75 लाख रु. लूटे : खरड़ से शशि व. वर्मा के अनुसार यहां के गांव दौन में स्थित एक फैक्टरी से चार अज्ञात व्यक्तियों ने आज प्रातः 1.75 लाख रु. लूट लिए । पुलिस सूत्रों के अनुसार ये लुटेरे सफेद रंग की जिप्सी कार नं. एच.एन.ई. 6472, जिसपर हरियाणा सरकार लिखा था, में आए थे । इन्होंने फैक्टरी के सुरक्षा गार्ड पवन कुमार तथा गनमैन हरपाल को चाकू से घायल करके कमरे में बंद कर दिया । इसके बाद दो आतंकवादी गेट पर खड़े रहे तथा शेष दो ने अन्दर जा कर कर्मियों से फैक्टरी के निदेशक बारे पूछा । बाद में इन्होंने निदेशक श्री रवीन्द्र गुप्ता के कमरे में जाकर 1.75 लाख रु. लूट लिए । यह राशि आज कर्मियों को बांटने के लिए लाई गई थी । घटना के बाद ये लोग खरड़ की तरफ जाते देखे गए ।

एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार लुटेरे देखने में सैनिक या सिपाही लगते थे । इनके पास एक ए.के. 47, दो पिस्तौलें तथा चाकू था ।

एक अपुष्ट सूचना के अनुसार इनकी संख्या पांच थी तथा ये लोग 2.25 लाख रु. ले गए हैं ।

मृतकों को श्रद्धांजलि : हाजीपुर (सुदर्शन): स्थानीय संतोषी माता के मन्दिर में आज बम कांड के तीन मृतकों को भरपूर श्रद्धांजलि भेंट की गई । स्थानीय शहरियों की ओर से एक खुला समागम किया गया, जिसमें हर वर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया । इस समागम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक श्री राजेन्द्र सिंह ने की । उन्होंने कहा कि जिन देहातों को उग्रवादियों से खतरा है उनमें ठीकरी पहरे का प्रबन्ध किया जा रहा है । लोगों को हथियार भी दिए जाएंगे । हाजीपुर शांति कमेटी के संतोष कुमार ने पुलिस अधीक्षक से अपील की कि मृतकों के परिवारों को 50-50 हजार रुपए सहायता दी जाए । उन्होंने जवाब दिया कि स्वीकृति मिलने पर प्रत्येक परिवार को तीस-तीस हजार रुपए दे दिए जाएंगे । हाजीपुर थाने में जिन पांच लोगों को हिरासत में लिया था, उन्हें उनके माता-पिता के हवाले कर दिया है । इस अवसर पर उपस्थित सभी दलों के नेताओं ने हत्यारों को तुरन्त गिरफ्तार करने की मांग की है ।

वेतन के हिसाब से महंगाई भत्ता प्रणाली लागू करने की मांग

नई दिल्ली, 7 मार्च (वार्ता): सार्वजनिक क्षेत्र के मजदूर प्रतिनिधियों ने आज सरकारी उद्यमों में वेतन के हिसाब से महंगाई भत्ता निश्चित करने की प्रणाली लागू करने और हर साल साढ़े तीन हजार रुपए पाने वाले कर्मचारियों के लिए मूल्य वृद्धि पूरी तरह निरपेक्षी करने की मांग रखी । यह मांग यहां सार्वजनिक क्षेत्र में महंगाई भत्ता पर त्रिपक्षीय समिति की बैठक में रखी गई । बैठक की अध्यक्षता श्रम और कल्याण मंत्री रामविलास पासवान ने की । मौजूदा समय में सार्वजनिक क्षेत्र को कर्मचारियों को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक एक अंक बढ़ने पर 1.65 रुपए की बराबर दर पर चढ़ा हुआ महंगाई भत्ता मिलता है । मैनेजमैंट के प्रतिनिधियों ने कहा कि सरकारी उद्यमों में चूंकि हर चार साल पर वेतन पुनरीक्षण होता है, अतः महंगाई भत्ते की मौजूदा प्रणाली ही बरकरार रखी जानी चाहिए ।

यूरोपीय आर्थिक समुदाय द्वारा कश्मीर में पाक हस्तक्षेप पर चिंता प्रकट

ब्रुसेल्स, 7 मार्च (पस): बारह सदस्य राष्ट्रों वाले यूरोपीय आर्थिक समुदाय के संसदीय प्रतिनिधियों की एक शिष्टमंडल ने कहा है कि कश्मीर का मामला सिमला समझौते के अंतर्गत द्विपक्षीय बातचीत के जरिये शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाया जाना चाहिए । भारत के विदेश मंत्री के कुमार गुजराल और यूरोपीआर्थिक समुदाय के विदेश मंत्रियों के बीच परामर्श और द्विपक्षीय स्तर की बातचीत में जम्मू-कश्मीर की स्थिति पर खासतौर से विचार किया गया । श्री गुजराल ने समुदाय के भूतपूर्व अध्यक्ष फ्रांस के मौजूदा अध्यक्ष आयरलैंड और भावी अध्यक्ष ग्रीस के मंत्रियों के साथ विचार-विमर्श किया । उन्होंने पिछले दो दिनों के दौरान ब्रिटेन और बैल्जियम के विदेश मंत्रियों से भी बात की ।

श्री गुजराल ने विदेश मंत्रियों को नई भारत सरकार द्वारा अपने पड़ोसी देशों से सम्बन्ध सुधारने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी । भारतीय प्रतिनिधिमंडल के एक प्रवक्ता ने कहा कि आर्थिक समुदाय के नेताओं को इस बात की जानकारी दी गई कि पाकिस्तान के मुकाबले कश्मीर के मामले में भारत कहीं अधिक संयत रुख अपना रहा है ।

आर्थिक समुदाय के नेताओं ने भारत के रुख की सराहना की और आतंकवाद की भर्त्सना की । भारतीय उपमहाद्वीप में स्थिति का जिक्र करते हुए आर्थिक समुदाय के विदेश मंत्रियों ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच सभी पुराने विवाद शिमला समझौते के तहत द्विपक्षीय बातचीत के जरिये शांतिपूर्वक सुलझाये जाने चाहिए ।

श्री गुजराल ने विदेश मंत्रियों को यूरोप की धरती पर खालिस्तान समर्थक तत्वों की गतिविधियों की जानकारी दी ।

आर्थिक समुदाय के नेताओं ने आतंकवाद और नशीले पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए यूरोपीय आर्थिक समुदाय और भारत के बीच बेहतर सहयोग की जरूरत पर जोर दिया । इस बात पर सहमति हुई कि दोनों पक्ष इस मामले में एक-दूसरे से सम्पर्क बनाये रखेंगे और एक-दूसरे को जानकारी देते रहेंगे ।

पंजाब में आज भी जंगल का कानून ल

चंडीगढ़, 7 मार्च (वि.प्र.): अकाली दल (मान) के प्रधान सिमरनजीत सिंह मान ने आरोप लगाया है कि पंजाब में अब भी जंगल का कानून लागू है । प्रशासन में वही ढांचा काम कर रहा है जो कांग्रेस (इ) के शासन में करता था । आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि अब भी पंजाब के अंदर थानों में बुला कर लोगों को यातनाएं दी जाती हैं । केंद्र में नई सरकार आने के बाद भी पंजाब की जनता को कोई राहत नहीं मिली ।

उन्होंने कहा कि मैं राज्यपाल एन.के. मुखर्जी से बार-बार मांग कर चुका हूं कि प्रशासनिक ढांचे में तबदीली की जाए लेकिन वह इसके लिए तैयार नहीं । उन्होंने पत्रकार सम्मेलन में पटियाला के गांव भाड़पुर में रहने वाले एक 22 वर्षीय युवक सुखविन्दर सिंह को पेश किया जिसे भी मान के कथनानुसार पटियाला के सी.आई.ए. इंस्पैक्टर सुरजीत सिंह ने बड़ी बेरहमी से यातना दी जिससे इस युवक की टांगें काम करनी बंद कर गई हैं । उन्होंने कहा कि संत अतीत सिंह ने आज इस युवक को पार्टी के संगठन सचिव जीत सिंह के सा के सामने पेश किया । श्री पंजाब में कई ऐसे पुलिस अधि हैं जिनके खिलाफ कत्ल विचाराधीन हैं । इस सब अधिकारियों के नाम भी लि पुलिस अधिकारी लोगों से जो लगता है कि सरकार की मजी बात से स्पष्ट है कि सरकार प के लिए गम्भीर नहीं है ।

श्री मान ने पंजाब पुलि सुनियोजित गिरोह का नाम कि राष्ट्रपति श्री आर. वेंकट खरीदने के सौदे में पूछताछ सौदा हुआ था तो उस समय के रक्षा मंत्री थे । उन्होंने क में जो प्राथमिक सूचना दर्ज ह ही थी वेंकटरमन से पूछता

मध्य प्रदेश मंत्रिपरिषद द्वारा शपथ

भोपाल, 7 मार्च (भाषा): मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की पहली 24 सदस्यीय मंत्रिपरिषद ने आज यहां राजभवन में शपथ ग्रहण कर लिया । राज्यपाल कैप्टन सरदार अली ने मुख्यमंत्री सुन्दर लाल पटवा के मंत्रिमंडल में 13 कैबिनेट मंत्रियों और 11 राज्य मंत्रियों को भी शपथ दिलाई । इस शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए भाजपा के एक दर्जन से अधिक वरिष्ठ नेता भोपाल आए हुए थे । पार्टी के सूत्रों के अनुसार मंत्रिपरिषद का विस्तार रविवार को होगा । इसमें 10 और मंत्री शपथ लेंगे । भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने भी इस सूत्र की पुष्टि की है ।

अन्तर्राज्य परिषद के गठन को मंजूरी मिली

नई दिल्ली, 7 मार्च (वार्ता): केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने परस्पर हित के विषयों पर आपस में बातचीत के लिए अन्तर्राज्य परिषद के गठन की मंजूरी दे दी है । इस परिषद की आम सभा का अध्यक्ष प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह होंगे । संविधान के अनुच्छेद 263 के तहत गठित की जा रही परिषद के अन्य सदस्यों में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री तथा छः केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री शामिल होंगे तथा इसमें अन्य केन्द्रीय मंत्रियों को आमंत्रित किया जा सकेगा । एक सरकारी प्रवक्ता ने आज देर रात यहां बताया कि सामाजिक आर्थिक नियोजन और विकास के विषय अन्तर्राज्य परिषद के अधिकार क्षेत्र में नहीं होंगे और राष्ट्रीय विकास परिषद के पास ही बने रहेंगे ।

चौटाला द्वारा मेहम में पुनर्मतदान का स्वागत

चंडीगढ़, 7 मार्च (एन.एस. परवाना): हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री ओम प्रकाश चौटाला ने चुनाव आयोग के इस निर्णय का स्वागत किया है कि मेहम चुनाव क्षेत्र में नए सिरे से चुनाव करवाए जाएं । श्री चौटाला ने आज राजि इस निर्णय पर टिप्पणी करते हुए कहा कि मैं मेहम से चुनाव लड़ूंगा बशर्ते कि चुनाव प्रक्रिया मई के तृतीय सप्ताह तक पूर्ण हो जाए क्योंकि यह इस लिए आवश्यक है क्योंकि 2 जून से पहले-पहले राज्य विधानसभा के चुनाव जीत कर सदस्य बनना मेरे लिए आवश्यक है, अन्यथा मुझे विधायक बनने के लिए किसी दूसरे क्षेत्र से चुनाव लड़ना पड़ेगा ।

भाजपा द्वारा आयकर में छूट की सीमा 30,000 रु. करने की मांग

नई दिल्ली, 7 मार्च (वार्ता): भारतीय जनता पार्टी ने आयकर में छूट की सीमा मौजूदा 18 हजार रुपए से बढ़ाकर तीस हजार रुपए करने और महंगाई भत्ता तथा नगर क्षतिपूर्ति भत्ता इस कर से अलग रखने की मांग की है । पार्टी के राष्ट्रीय सचिव विजय कुमार मल्होत्रा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने आज यहां वित्त मंत्री मधु दंडवते से मुलाकात कर उन्हें इस बारे में सुझाव पत्र दिया । इसमें काम के अधिकार को संवैधानिक दर्जा देने और समचे देश में रोजगार गारंटी योजना चलाने की मांग भी की गई है । भाजपा ने चंगी और बिक्रीकर खत्म करने का सुझाव भी दिया है ।

राजीव की पुराने 'मुक्ति' के लिए यु

नई दिल्ली, 7 मार्च (वे.र अन्य पराजित दलों सांसदों के लिए संगठित हो गया है है पार्टी अध्यक्ष श्री राजीव नकारा सलाहकारों के पंजे

इस सूत्र द्वारा विचार-विमर्श के लिए श्री एक दोस्त कार्य योजना अब य बुधवार नेताओं ने भी इस मुद्दे निष्पक्ष रुख देने का निर्णय

पार्टी के सूत्रों ने बताया राजीव गांधी को प्रधानमं जाएगा, मगर वह अपने देखना अवश्य चाहते हैं ।

मेहम में पु
(पृष्ठ 3

पर आठ मतदान केंद्रों में करवाया गया परन्तु भारी रोक देना पड़ा ।

सरकारी आंकड़ों के में 12 व्यक्तियों के मारे के घायल होने की सूच

आयोग का फैसल चुनाव क्षेत्र के प्रमुख दलों और इंडिपैंडैंट इनी ने समूचे क्षेत्र में केवल

देश के चुनाव इति यह पहला अवसर है फिरोजपुर संसदीय, और बाद में आं विधानसभा के समूचे

डा. भल्ला ने इ 1988में जन-प्रति '58-ए' नई धारा में पर कब्जे की घटनाएं या चुनाव रद्द करने दिशा-निर्देश हैं ।

लेकिन ये दिशा सकते थे, जब च आवश्यक रिपोर्ट दे अधिकारी की रिपोर्ट अनुच्छेद 324 क उपयोग किया ।

मेहम में बागी उ डांगी ने आयोग के फै उन्होंने आयोग के क को बताया कि यह फै को फायदा पहुंचाएगा इस चुनाव क्षेत्र से 'भ आयोग के फैसले उठाएंगे, साथ ही श्री क्षेत्र से उम्मीदवार भी वह उनके खि उन्होंने कहा कि कानूनी दायरे में अ किसी को उम्मीद

Punjabi Bantan

ड विज्ञापन

नाम परिवर्तन

मैं, जसपाल सिंह पुत्र जसवंत सिंह, बासी दहेड़ू, जिला लुधियाना, अपना नाम बदल कर जसपाल सिंह राओ रख लिया है ।

शिक्षा

इसी वर्ष मैट्रिक, इंटर+2 करें, मैट्रिक सीधे B.A./B.M.P. करें । आदर्श इंस्टीच्यूट, झुला रोड, ऋषिकेश ।

गुमशुदा

मेरा बर्क परमिट कार्ड नम्बर A-90656172, सोशल इंश्योरैंस कार्ड 089-74-7828, ड्राइविंग लाइसैंस अमरीका का तथा अन्य जरूरी कागजात 5.3.90 को कहीं गिर गये हैं, जो कि पर्स में थे । पहचाने वाले को आने-जाने के अलावा 1000/- राजगा दिया जाएगा । —गुरबचन सिंह सुपुत्र श्री जीत सिंह, गांव धानीवाल खोजा, जिला फिरोजपुर । (पंजाब) ।

आवश्यकता

जला हुआ मोबिल आयल का साफ करने का (Vaccum Plant) वैक्यूम प्लांट चलाने हेतु फोरमैन/मिस्त्री की आवश्यकता है । सम्पर्क करें—एवन आयल कार्पोरेशन, बी-33, औद्योगिक आस्थान, परतापुर (मेरठ) उ.प्र. ।

पासपोर्ट आफिस में Independent काम करने वाली B.A. लेडी क्लर्क चाहिए । वेतन योग्यतानुसार । आने-जाने का किराया दिया जाएगा । रविवार के अलावा किसी भी दिन 9 से 5 बजे तक मिलें : Royal Enterprises, Near Punj Ball Bearing Industries, G.T. Road, Goraya, Distt. Jalandhar. Phone : 2554.

Wanted Accountant/ Auditor, Steno-typist, Typist, Drivers Heavy/Light Vehicles, Painters, Packers & Sweeper. Salary according to merits. Contact : Ram Bhaj & Sons Pvt. Ltd., Behind Dr. Ambedkar Bhawan, Nakodar Road, Jalandhar.

सैंसर ने पास कर दिया सर्टीफिकेट नं. 532
9 मार्च से : प्रीत पैलेस और कैलाश-लुधियाना एक साथ, सागर-फरीदाबाद
जुल्म, पाप और नाइन्साफी के खिलाफ खूनी जंग
आखरी बदला
(रंगदार)
सितारे : मिथुन चक्रवर्ती, मिम हिंसाकोसाटो (स्मॉटी क्वीन, जापान),

चंडीगढ़, पटियाला, पठानकोट में हर शो फुल होने के बाद अब
9 मार्च से : चांद-लुधियाना में
रोजाना 4 शो
SHE'S SWEET SIXTEEN..
SHE'S FOR ADULTS ONLY !!
जवानी 16 साल की
(हिन्दी) (रंगदार)

शोएपुर डायरैक्टर राकेश रोशन पेश करते हैं
अनिल कपूर पहली बार डबल रोल में कृष्ण और कन्हैया के रूप में
☆ Anil Kapoor, Madhuri Dixit, Anil Kapoor, Shilpa Sadanikar, Amrish Puri, Kadar Khan, Ranjit, Dalip Tahil, Kiran Kumar, Sayeed Jaffri, Sujit Kumar, Dr. Shri Ram Lagoo, Satyen
किशन कन्हैया

100% RETURNING GUARANTEE FOR 22 CARAT GOLD JEWELLERY
With Cadmium joints
& exclusive designs in diamond Jewellery
JEWELLERS TALWAR SONS
SCO 112 SECTOR 17-C CHANDIGARH Ph 41414

City Edition

THE TRIBUNE

Regd. No. PB/CH-1

110TH YEAR OF PUBLICATION

Vol. 110 No. 66 Chandigarh : Thursday, March 8, 1990 Pages: 14 Rs 1.40

BOCKI CAR WASHER PUMP 3 H.P.
For WASHING CARS, TRUCKS, TRACTORS BUSES ETC.

BOCKI INDUSTRIES (Regd.)
Ladowali Road, Near BSF Chowk, JALANDHAR-144001

Haryana 'house demolition' board

From Rajendra Sharma

KALKA, March 7 — The Haryana Housing Board has decided to demolish a cluster of 48 MIG double-storeyed houses here.

Situated at the Shivalik foothills on the busy Ambala-Shimla road, the houses were constructed in 1983-84. Although only six years old, their walls have developed wide cracks, roofs of some houses have caved in and windows and doors stand removed.

A look at the houses gives the impression as if these are remnants of ancient structures.

Following allegations that substandard material was used in the construction of the houses, the Board had asked its technocrats to get the material tested.

The technocrats are believed to have reported to the authorities that the allegations of substandard material were not baseless. A "load test" conducted by them revealed that the roofs were "sagging". Therefore, the ground floor flats were not in a position to bear the load of the first floor. Hence there was a danger of the houses collapsing any time.

Although the flats were earmarked for applicants, the possession was kept in abeyance. The Board had charged Rs 70,000 for each flat.

To get out of the morass in which the Board finds itself owing to the dilapidated condition of the flats, it is planned to demolish them and carve out plots again.

Board officials say the plots will be auctioned. However, it has been decided to fix the minimum price of the plots and give preference to the applicants who were allotted the houses.

This proposal, the authorities argue, will help both the Board and the applicants. The Board will be able to recover the amount it spent on the construction of the houses, while the applicants will have the consolation of having fully developed plots.

Before undertaking the construction of these houses, the Board had issued attractive advertisements in different newspapers. A rosy picture was painted to attract applicants.

The applicants were assured that it would be an ideal colony with all modern facilities.

The assurances were, however, never fulfilled. After collecting money from the applicants, the Board did not care either to develop parks or construct roads and instale street-lights.



Not a crumbling old structure but a row of houses built barely six years ago. No one ever lived in them because they were not worth living in. — Tribune photo by Karam Singh

Pressure on Janata Dal to sack Chautala

From Harish Gupta

NEW DELHI, March 7 — Mr Ranjit Singh, a younger son of the Deputy Prime Minister, Mr Devi Lal, has mounted pressure on the Janata Dal high command for immediate sacking of the Haryana Chief Minister, Mr Om Prakash Chautala.

According to informed sources, Mr Ranjit Singh, who resigned his ministerial post along with three others in protest against the rigging and large-scale violence in Meham, met the Prime Minister Mr V.P. Singh, yesterday.

While expressing faith in the leadership of the Prime Minister and the Janata Dal, Mr Ranjit Singh said the image of the party had been tarnished in the State due to the misdeeds of his elder brother. Mr Chautala's sacking alone would help retrieve the lost grace of the party. He said he was not keen on becoming the Chief Minister himself but Mr Chautala should not be allowed to continue under any circumstances.

Mr Ranjit Singh called on BJP leaders Atal Behari Vajpayee and L.K. Advani today. Since the BJP leaders have already demanded immediate sacking of Mr Chautala, these meetings took place in order to apprise them of the latest political situation in the State. He also called on CPM leader Harkishan Singh Surjeet and CPI leader M. Farooqui.

Mr Ranjit Singh was accompanied by former Irrigation and Power Minister Virinder Singh, Mr Ranbir Singh Kadyan, Mr Ran Singh Maan, a former Chief Parliamentary Secretary, and Mr Bhagwan Sahai Kawat, a former Chairman of the Haryana Land Mortgage Board. They had resigned their posts along with Mr Ranjit Singh.

Continued on page 14 Col 3

Poll in Meham countermanded

From The Tribune Bureau

NEW DELHI, March 7 — The Election Commission tonight countermanded the byelection to the Meham Assembly constituency in Haryana paving the way for a repoll.

Dr R.P. Bhalla, Deputy Election Commissioner, told newsmen that the entire poll process would begin afresh.

He said the poll process had been vitiated in the constituency and the commission had no option but to countermand it.

While the rebel Janata Dal candidate, Mr Anand Singh Dangi, and others had demanded a repoll in the constituency in view of large-scale rigging and booth capturing, the Election Commission invoked Article 324 of the Constitution to countermand the poll.

This is for the first time that the commission has countermanded the entire election under this provision. The Returning Officer, Rohtak, had not recommended such a course to the commission, according to Dr Bhalla.

The decision of the commission is understood to have hailed the Haryana Chief Minister, Mr Om Prakash Chautala, out of the political crisis he was facing for his alleged acts of omission and commission.

The Election Commission had no convincing reason for postponing a repoll until May. Therefore, countermanding will enable the Chief Minister to get a reprieve at least for two months.

The decision taken late this evening follows a report by a two-member enquiry team that went into the allegations of widespread booth capturing and rigging allegedly by supporters of the Haryana Chief Minister, Mr Om Prakash Chautala, who is seeking to enter the Assembly through the byelection.

The Chief Election Commissioner Mr R.V.S. Peri Sastry lambasted the State machinery and said he was of the firm opinion that there was large-scale failure of the administrative machinery, particularly the police.

Following incidents of violence on February 27 in Meham the commission had ordered a repoll in eight booths the next day.

But the voting had to be stopped as there were further incidents of violence.

The Election Commission decided to send a team to enquire into the incidents of violence in Meham, but the team could not enter the area due to tension.

The team was able to go to Meham only yesterday and on its return submitted the enquiry report to the commission.

All political parties, including the ruling Janata Dal, had urged the Election Commission to order a repoll in Meham.

CHANDIGARH: The Haryana Government has appointed Mr Justice S. S. Grewal, a sitting Judge of the Punjab and Haryana High Court, as Commission of Inquiry under the Commission of Inquiry Act to enquire into incidents of violence resulting in deaths which took place on the day of repoll at some polling stations in the Meham Assembly Constituency on February 28.

The Commission has been asked to complete its enquiry and submit its report to the State Government within one month.

Meanwhile 105 advocates practising in the Punjab and Haryana High Court have issued a signed statement welcoming the order for judicial enquiry into the incidents of violence in the Meham Assembly constituency.

The signatories included Mr Randhir Singh Dhankar, Mr Surender Dalal, Mr K. S. Dhaliwal and Mr Harpal Singh. They condemned the "conspiracy" to dislodge the Janata Dal Government at the Centre and in Haryana.

According to UNI, two more Janata Dal leaders of Haryana resigned today from various government committees protesting against the alleged malpractices by supporters of Chief Minister Om Prakash Chautala in the Meham Assembly byelection.

Edit: Repoll is not the issue

Terrorists kill 28 in Abohar

CHANDIGARH, March 7 (UNI) — Terrorists mowed down 20 persons and injured 30 others in Abohar city in Ferozepore district this evening.

According to our Abohar Correspondent, the death toll in the terrorists action has risen to 28.

Elsewhere in Punjab, dreaded terrorist Sukhdev Singh Sukha was among four terrorists killed while Rs 1.50 lakh was looted from a liquor vend in Punjab during the past 24 hours.

Terrorists opened indiscriminate firing in the main bazar known as "Bazar No. 12 of the city from four directions with AK-47 rifles and then lobbed a bomb in the crowded street, killing 20 on the spot and injuring 30 others.

State police chief KPS Gill and Ferozepore range DIG have rushed to the Abohar city.

The terrorists moved about in the market for 15 to 20 minutes.

The indiscriminate firing in the bazar was followed by a powerful bomb blast in the power station which resulted in the disruption of power supply.

In an encounter the BSF shot dead two of the three terrorists who had sneaked into Indian territory from Pakistan near Mansor border outpost in Majitha police district today. One of their accomplices managed to escape to Pakistan. Details were still awaited.

In an inter-gang rivalry, a terrorist identified as Amrik Singh was shot dead while he was returning to his village Saroopwali in Kapurthala district last night. He had been recently released on bail.

In another case of inter-gang warfare, terrorist, Raj Singh, who was on bail, was gunned down at Vagpal village in Tarn Taran police district (Amritsar) last night.

His bullet-riddled body was found hanging from a tree this morning. The "Khalistan Commando Force" has owned responsibility for the killing.

Terrorists looted Rs 1.50 lakh from a liquor shop at Mansa in Bathinda district today and escaped on a scooter seized from a customer.

नई दिल्ली, 9 मार्च (वार्ता): नामजद न्यायाधीश आर.एल. चुघ ने कहा है कि उन्हें नवनिर्वाचित संसद सदस्य अतिन्दरपाल सिंह को संसद भवन भेजने में कोई आपत्ति नहीं है, बशर्ते कि लोकसभा अध्यक्ष इस आशय के विशेष आदेश जारी करें । श्री सिंह न्यायिक हिरासत में हैं । श्री चुघ ने श्री सिंह द्वारा उनकी अदालत में दायर उस आवेदन पर आज यह फैसला दिया, जिसमें श्री सिंह ने 12 मार्च को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण के लिए संसद भवन भेजे जाने हेतु अदालत की अनुमति मांगी है । श्री सिंह ने संविधान के प्रति अपनी निष्ठा दोहराई है । न्यायाधीश ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया है कि यदि लोकसभा अध्यक्ष से उन्हें इस आशय का कोई संदेश मिले तो वह श्री सिंह को शपथ ग्रहण करने के लिए संसद भवन भेजें । इस बीच श्री चुघ ने बम विस्फोट के एक मामले के अभियुक्त अतिन्दरपाल सिंह की न्यायिक हिरासत की अवधि 19 मार्च तक बढ़ा दी है ।

बादल की पेशकश
(पृष्ठ 3 का शेष)

कदम उठाए । उन्होंने कहा कि अगर समस्या के समाधान में कोई विलम्ब किया गया तो लोगों में बेचैनी बढ़ती जाएगी तथा यह मामला इतना उलझ जाएगा कि इसका समाधान हो पाना कठिन हो जाएगा ।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में श्री बादल ने पंजाब समस्या के समाधान के लिए निकट भविष्य में कोई मोर्चा लगाए जाने की सम्भावना से इंकार किया । उन्होंने कहा कि हम नई सरकार को पर्याप्त समय देना चाहते हैं क्योंकि जनता को इससे बड़ी उम्मीदें हैं ।

केन्द्र की नई सरकार के बारे में उनके विचारों के बारे में पूछे जाने पर श्री बादल ने कहा कि विगत में इंका एक नकारात्मक भूमिका निभाती रही है तथा इसका उद्देश्य समस्याएं पैदा करना तथा अपने विरोधियों को कमजोर करना था लेकिन जहां तक नई सरकार का प्रश्न है उसका ऐसा कोई उद्देश्य नहीं दिखाई देता है ।

श्री बादल ने कहा कि 'पंजाबियों के साथ अन्याय' ही विगत में अकाली आंदोलन का प्रमुख कारण रहा है । दल ने अपने पंजाबी सूबे के लिए आंदोलन किया और अंब नदी जल तथा पंजाबी बोली क्षेत्रों को पंजाब में शामिल किए जाने की मांग को लेकर संघर्षरत है ।

श्री बादल ने सरकार से आग्रह किया कि वह पंजाब समस्या के बारे में उग्रवादियों से बातचीत करे । उन्होंने कहा कि अब कश्मीर में इस प्रकार का प्रस्ताव किया जा सकता है तो फिर पंजाब में यह सम्भव क्यों नहीं है ।

श्री बादल ने अकाली दल (मान) के प्रमुख श्री सिमरनजीत सिंह मान को केन्द्र सरकार के साथ किसी समझौते पर पहुंचने में बिना किसी शर्त के अपना समर्थन देने की बात को पुनः दोहराया है । उन्होंने कहा हम पंजाब में शांति स्थापना के लिए सब कुछ करने को तैयार हैं । अगर श्री मान पंजाब समस्या का समाधान कर सकते हैं तो मैं अपनी पार्टी की सारी गतिविधियां रोक दूंगा ।

उन्होंने कहा कि वह श्री मान के साथ अकाली एकता के लिए बातचीत किए जाने के विरुद्ध नहीं हैं, क्योंकि दोनों ही धड़ों का लक्ष्य आनन्दपुर प्रस्ताव को लागू करवाना है ।

श्री बादल ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी पिछली पंजाब विधान सभा को बहाल करने के पक्ष में नहीं है । उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी प्रदेश के नए चुनाव करवाने के पक्ष में है तथा राष्ट्रपति शासन को आगे बढ़ाए जाने के विरुद्ध है ।

श्री बादल को अकाल तख्त में सम्मानित किया गया । बाद में उन्होंने दरबार साहब परिसर में ऐतिहासिक तेजासिंह समुन्दरी हाल में पार्टी के कार्यकर्त्ताओं को सम्बोधित किया ।

जालन्धर (दल्ल): उधर जालन्धर में अकाली नेता श्री कुलदीप सिंह वडाला ने कहा कि सरकार को चाहिए कि पंजाब हो या जम्मू-कश्मीर, वहां की समस्या के समाधान के लिए वह सभी सम्बन्धित पक्षों को, जो महत्वपूर्ण व प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं, बगैर किसी शर्त के बातचीत के लिए खुला निमंत्रण देना चाहिए । उन्होंने कहा कि पंजाब में इस दृष्टि से अकाली दल (मान), अकाली दल (बादल), उग्रवादी संगठन निर्भावित किए जाने चाहिएं किन्तु उन पर संविधान में विश्वास आदि की शर्त नहीं लगानी चाहिए जैसा कि जम्मू-कश्मीर में उग्रवादियों से वार्ता करने की इच्छा प्रकट करते हुए यह शर्त लगाई गई है ।

उन्होंने कहा कि संविधान देश की व्यवस्था संचालन के लिए साधन है और इसमें इस दृष्टि से कोई भी जरूरी संशोधन किया जा सकता है । उन्होंने हाल ही में तानाशाही शासन वाले साम्यवादी देशों की चर्चा करते हुए कहा कि वहां की जनता की भावनाओं के उभार के सामने न टिक कर वहां के संविधानों में आमूल परिवर्तन किए गए हैं और किए जा रहे हैं । उन्होंने कहा कि भारत के संविधान में ऐसी व्यवस्था है कि यहां एक ही वर्ग (हिन्दू) ही शासन में प्रभावी रहे और इस व्यवस्था में अल्पसंख्यक वर्ग गम्भीर भेदभाव का शिकार हैं इसीलिए वह इस संवैधानिक व्यवस्था में तबदीली चाहते हैं । उन्होंने सुझाव दिया कि या तो संविधान को अमरीकी ढंग पर पर्णतया फैडरल बनाया जाए या फिर यूरोप के देशों जैसी नई व्यवस्था को अपनाया जाए जिसमें सभी इकाइयों को आंतरिक स्वायत्तता है किन्तु कुछ अन्य सांझे सूत्रों द्वारा वह एक कड़ी में बंधे हैं ।

टैलीफोन नम्बर परिवर्तित

जालन्धर, 9 मार्च : लोक सेवा गैस एजैंसी, 443-लाजपत नगर, जालन्धर का टैलीफोन नम्बर 73720 से बदल कर 59020 तथा लोक सेवा एप्लायंसिज डिवीजन, संजय गांधी मार्कीट का टैलीफोन नम्बर 77000 से बदल कर 58183 हो गया है ।

■ जालन्धर : जिला लोक सम्पर्क विभाग जालन्धर के उपनिदेशक (रेडियो एवं प्रैस) के



अमृतसर के निवासी श्री नरेन्द्र कुमार के अपहरण और सकुशलता वापसी के बारे में अमृतसर में शुक्रवार संवाददाताओं को विवरण देते हुए ।

पृथक बोडोलैंड की मांग केंद्र द्वारा रद्द

नई दिल्ली, 9 मार्च (वार्ता): केंद्र सरकार ने असम को विभाजित कर पृथक राज्य बनाने की बोडो समुदाय की मांग आज अस्वीकार कर दी । केंद्रीय श्रम एवं कल्याण मंत्री रामविलास पासवान ने अखिल बोडो छात्र संघ तथा अखिल बोडो जनसंघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल को यहां सरकार के इस निर्णय से अवगत कराया । श्री पासवान ने असम सरकार और बोडो छात्र संघ तथा संघर्ष समिति के साथ त्रिपक्षीय वार्ता में केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व किया ।

उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि बातचीत रचनात्मक रही । बैठक में बोडो समुदाय की स्थिति सुधारने के लिए और अधिक कदम उठाए जाने पर सहमति हुई । तीनों पक्षों में अगले मास फिर बातचीत होगी ।

अमृतसर राइस मिल्ज में हमले के बारे में दूसरा बयान

अमृतसर, 9 मार्च (वि.प्र.) श्री सतपाल सिंह, जिसने स्वयं को अमृतसर राइस मिल्ज, जो चाटीविंड गेट के बाहर क्षेत्र में स्थित है, का प्रबंध निदेशक बताया है, ने एक हल्फिया बयान में कहा है कि अमृतसर राइस मिल्ज में हमला के सम्बन्ध में छपी खबर में हमारी स्थिति यह है कि यह मिल एक इनकार्पोरेटिड कम्पनी है और लम्बी अवधि से विभिन्न किराएदारों के पास रही है । इस कम्पनी पर कुछ लोगों द्वारा जबरन कब्जा करने की कोशिश की गई थी और कम्पनी के निदेशक गुलजिंदर सिंह ने पुलिस थाना 'बी' डिवीजन में रिपोर्ट दर्ज कराई हुई है । इस मिल के झगड़े के संबंध में केस अदालत में भी विचाराधीन है । संदीप सिंह को मिल में घायल नहीं किया गया जैसा कि छपी खबर में कहा गया है ।

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले श्री नरेन्द्र सिंह, जिसने स्वयं को अमृतसर राइस मिल्ज का मालिक बताया था, ने अपने हल्फिया बयान में यह आरोप लगाया था कि उसके भतीजे (अमृतसर राइस मिल्ज) पर हमला करके उसके लड़के संदीप सिंह को बुरी तरह घायल किया गया और हमलावर उसे मारुति कार में डाल कर थाने के बाहर फैंक गए ।

बोफोर्स कम्पनी के अवैध सौदों की जांच शुरू

स्टाकहोम, 9 मार्च (वार्ता) : स्वीडन की संसद की संवैधानिक समिति ने अपने देश की हथियार बनाने वाली कम्पनी बोफोर्स द्वारा किए कथित गैर-कानूनी सौदों की जांच फिर शुरू कर दी है ।

स्वीडन के गोपनीयता कानून के अंतर्गत यद्यपि समिति की सुनवाई बंद कमरे में शुरू हुई, पर ऐसा समझा जाता है कि कल की सुनवाई में भारत को तोपों की बिक्री में बिचौलियों के होने के आरोप की चर्चा नहीं हुई ।

सुनवाई 1977 से 1981 की अवधि के सौदों के बारे में ही हुई । समिति के समक्ष गवाही देने वालों में श्री स्वेन हर्षमैन भी थे । श्री हर्षमैन ने युद्ध सामग्री के इंस्पैक्टर का पद 1987 में सम्भाला था । इसी अवधि में भारत को बोफोर्स तोपों की बिक्री में दलाली का मामला उछला था ।

अमिताभ का बाल ठाकरे से सौदा

बम्बई, 9 मार्च (क.): कांग्रेस हल्कों में अमिताभ बच्चन की यह धोखाधड़ी 'मैं आजाद हूं' 'अब मैं हिन्द हूं' में परिवर्तित हो गई है । पार्टी सदस्यों ने उसकी फिल्म का नाम तब से बदल दिया है, जबसे अमिताभ ने शिव सेना प्रमुख बाल ठाकरे को गत चुनाव अभियान में अपनी फिल्मों की कतरनें प्रयुक्त करने की अनुमति दी है । अमिताभ ने ठाकरे के पुत्र, जो समर्द्र वीडियो के मालिक हैं, को अपनी आने वाली फिल्मों के वीडियो अधिकार भी दिए हैं । इसके उत्तर में शिव सेना नेता ने अमिताभ को दिल्ली से पूरी सुरक्षा दिलाने का आश्वासन दिया है ।

WANTED

Punjab Kesari

नई दिल्ली-15
रैक्सोना
हवाई चप्पल

ठहरने के बाद तितर-बितर हो गए ।

अमरीकी प्रतिनिधि सभा में रिपब्लिकन पार्टी की सदस्य कोन्सटेन्स ए. मोरेल्ला ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के कार्यों की आलोचना की और आरोप लगाया कि श्री सिंह के

खालिस्तान की स्थानीय परिषद ने अमरीका के सहायक विदेश सचिव जॉन एच. केली द्वारा अमरीकी कांग्रेस की एक समिति के समक्ष दिये गये उस बयान की आलोचना की है जिसमें कहा गया है

(शेष पृष्ठ 12 पर)





(7)

एकफोरव्हीलरमेंमारेगये
सिंह, (5) मंगता सिंह,
(छाया : रखरा)

खिलौना पिस्तौल दिखा कर लूटने वाले उग्रवादियों के 5 गिरोह पकड़े गए

मजीठा के एस. एस. पी. के काफिले पर फायरिंग : विस्फोट से रेल पटड़ी उड़ा दी

उग्रवादियों द्वारा अपनी साथिन व सरपंच की हत्या

चंडीगढ़, 10 मार्च (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान आतंकवादियों ने अपनी एक साथिन तथा एक सरपंच की हत्या कर दी । बल्टोहा में बम विस्फोट कर रेल पटरी उड़ा दी । सुरक्षा बलों की चौकी पर राकेटों से तथा मजीठा पुलिस जिले के एस.एस.पी. के काफिले पर व फरीदकोट के डी.एस.पी. पर घात लगा कर हमला किया, जबकि सुरक्षा बलों ने लुटेरों के पांच गिरोहों का भंडा-फोड़ कर उनके 12 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया ।

रेल पटरी उड़ा दी : अमृतसर (वि.प्र.): पुलिस जिला तरनतारन के थाना बल्टोहा के क्षेत्र में स्थित गांव दासुवाल के करीब रेल पटरी को प्लास्टिक बम का विस्फोट कर आतंकवादियों ने काफी नुक्सान पहुंचाया और तीन फुट रेल पटरी उड़ा दी गई । यह घटना अमृतसर-खेमकरण रेल लाइन पर हुई ।

महिला की हत्या : थाना बल्टोहा में दर्ज हुई एक रिपोर्ट में बताया गया है कि गत रात 9 बजे 8-9 आतंकवादी एक व्यक्ति गुरमुख सिंह के घर आए और उसकी युवा पत्नी सुरजीत कौर की गोलियां मारकर हत्या कर दी । इस युवती से गुरमुख सिंह की शादी बाबा अजीत सिंह पुहला ने कराई थी । आतंकवादियों ने मृतका पर बुरे चाल-चलन का आरोप लगाया था ।

'प.स.' के अनुसार सुरजीत कौर बड़ी सक्रियता से आतंकवादी अपराधों में हिस्सा लिया करती थी, 'वार्ता' के अनुसार उसका पति गुरमुख सिंह भी आतंकवादी है जो फरार बताया गया है ।

लुटेरों के 5 गिरोह काबू : खिलौना पिस्तौलों के बल पर राहजनी और लूटपाट करने वाले पांच गिरोहों के 12 'आतंकवादियों' को काबू करने का दावा करते हुए मजीठा पुलिस जिला के कार्यालय में डी.आई.जी. गुरदेकबाल सिंह भुल्लर ने कहा कि अगर ऐसे अवांछित तत्वों को लोग पुलिस के हाथों पकड़वाने में मदद करें तो एक तो भय का वातावरण समाप्त करने में पुलिस सफल होगी और दूसरे ऐसे अवांछित तत्वों की कार्रवाइयों पर भी अंकुश लगेगा ।

सम्वाददाता सम्मेलन में एस.एस.पी. श्री अनिल कुमार शर्मा ने पांच आतंकवादियों को पेश किया जो अमृतसर-जालन्धर मार्ग पर बड़ी दिलेरी से आधी रात को ट्रक आदि रोक कर खिलौना बंदूकों की मदद से राहजनियां करते थे । इस पांच सदस्यीय गिरोह में दो व्यक्ति बिहारी हैं । इस गिरोह का सरगना हीरा सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह कम्बो जाँडियाला थाना कम्बो गांव का निवासी है । छोटे कद का यह राहजन आतंकवादी 6 किल्ले जमीन का मालिक है, शादी-शुदा है और एक बच्ची का बाप है । अपने दो कारिंदों लाखन पुत्र त्रेता राय यादव निवासी समस्तीपुर (बिहार) तथा गरन शाह पुत्र बीसो शर्मा निवासी सहनसरा (बिहार) को हीरा सिंह ने अपने साथ बलात वारदातों के लिए शामिल किया हुआ था ।

हीरा के दो अन्य साथियों के नाम जसमिन्दर सिंह पुत्र अजीत सिंह निवासी कम्बो गांव तथा सज्जन सिंह पुत्र दलीप सिंह जाट निवासी निज्जरपरा हैं । श्री अनिल शर्मा ने बताया कि पूछताछ के दौरान इन लुटेरों ने स्वीकार किया कि वे पिछले तीन माह से इन वारदातों में संलिप्त हैं और 15-20 दिन के अन्तर में चार वारदातें की हैं । ट्रकों को राजमार्ग पर रोककर लगभग बीस हजार रुपए लूट चुके हैं । इनमें से दो-दो हजार रुपए बिहारी कारिंदों को बाकी 16 हजार रुपए उक्त तीनों ने आपस में बांट लिए । सम्वाददाताओं के प्रश्नों का उत्तर देते हुए हीरा सिंह ने लूटमार करने के अपने ढंग का विवरण देते हुए बताया कि हम आधी रात को सड़क पर वृक्ष का एक बड़ा तना फैंक दिया करते थे । ट्रक चालक जैसे ही अपनी गति धीमी करते थे हम बंदूकें तान कर सामने आ जाते और चालक को लूट लेते थे । श्री अनिल शर्मा ने बताया कि लुटेरों से पुलिस ने 6500 रुपए बरामद कर लिए हैं । उन्होंने इन लुटेरों को काबू किए जाने का रोचक विवरण बताते हुए कहा कि गत दिवस एक ट्रक चालक ने इन लुटेरों में से एक जसमिंदर सिंह को उस समय काबू कर लिया जब वह उनसे धन मांग रहा था । उसने जसमिंदर को पुलिस के हवाले किया और पुलिस ने उससे पूछताछ कर बाकी चारों को काबू कर लिया । श्री शर्मा के अनुसार हीरा सिंह ने पकड़े जाने पर पुलिस कर्मियों को 50 हजार रुपए घूस देने की भी कोशिश की थी । इन लुटेरों से पूछताछ जारी है । उनके कुछ उग्रवादी गिरोहों से भी सम्बन्ध होने की सम्भावना व्यक्त की गई है ।

श्री शर्मा ने बताया कि पुलिस ने दो अन्य लुटेरों राजेन्द सिंह उर्फ राजू पुत्र पाला सिंह और अमरीक सिंह पुत्र नरिन्दर सिंह (दोनों वेरका के निवासी) को गत 15 फरवरी को गिरफ्तार किया था जब उन्होंने अनगकला गांव के निकट एक पैट्रोल पम्प पर सैम्यअल मसीह नामक कर्मचारी को नकली पिस्तौल और .30 बोर के कारतूस दिखाकर 272 रुपए लूट लिए थे । पुलिस गश्ती दल को सूचना मिलने पर उक्त दोनों लुटेरों को एक बस में सफर करते पकड़ लिया गया था । इसी प्रकार दो अन्य लुटेरों तरसेम सिंह पुत्र प्रीतम सिंह निवासी गांव झोने थाना श्रीहरगोबिन्दपुर (बटाला) और जसकरन सिंह पुत्र जगीर सिंह निवासी गांव गोहाले थाना लोपोके को काबू किया गया है जिन्होंने बिना किसी हथियार के लूट की वारदात कर डाली । श्री शर्मा के अनुसार इन लुटेरों ने गत 15 जनवरी को अपनी हुई अपनी लोइयों के अन्दर से अपनी एक अंगुली उठाकर गांव ठठियां से एक देसी शराब के ठेके के कर्मचारी संजीव कुमार को आतंकित कर उससे 450 रुपए लूट लिए थे । पुलिस ने पूछताछ के दौरान यह रकम बरामद कर ली है ।

एस.एस.पी. मजीठा ने बताया कि गत 24 फरवरी को पुलिस ने दो अन्य लुटेरों बलदेव सिंह पुत्र लाभ सिंह और अजीत सिंह पुत्र बचन सिंह निवासी राजबेला को अमृतसर-बटाला मार्ग पर एक नाका पार्टी ने उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वे हीरो होंडा मोटर साइकल पर जा रहे थे । उन्होंने बताया कि इन युवकों ने नाका पार्टी को देखकर अपना मोटर साइकल कुछ दूर पहले ही रोक लिया तथा अपनी जेबों से कुछ कागज निकाले और उन्हें फाड़ कर फैंक दिया । संदेह होने पर नाका पार्टी ने दोनों युवकों को काबू कर लिया और फाड़कर फैंके गए कागज उठा लिए ।

यह आतंकवादी गिरोह बब्बर खालसा के खाली लैटरपैड थे । जिन्हें दिखाकर ये लोग लूटा करते थे । श्री शर्मा ने बताया कि पुलिस ने एक युवक हरजीत सिंह पुत्र करनैल सिंह निवासी कोट मंगल सिंह, सुल्ताने विंड, अमृतसर को 16 दिसम्बर को काबू किया जिसने माताबाला में एक राइस शैलर में जाकर और स्वयं को खूंखार आतंकवादी मेजर सिंह बताकर धन लूटने की वारदात की । पुलिस ने दो अन्य युवकों को भी काबू किया है जिन्होंने लोपोके और अजनाला में कृपाण के बल पर 60 हजार रुपए लूटे थे । उनसे अभी पूछताछ जारी है ।

राकेटों से हमला : आतंकवादियों ने गत रात बल्टोहा थाने के गांव भगवानपुरा में सुरक्षा बलों की चौकी पर राकेटों से हमला किया । राकेट निशाना चूक जाने पर खुले स्थान पर जाकर गिरे । पुलिस के अनुसार घटना में कोई हताहत नहीं हुआ ।

(शेष पृष्ठ 12 पर)









मजीठा पुलिस ने पांच ऐसे आतंकवादियों को पकड़ा है, जो खिलौना राइफलों से लोगों से रुपए ऐंठते थे । डी.आई.जी. श्री गरइकबाल सिंह भुल्लर तथा एस.एस.पी. मजीठा श्री अनिल शर्मा पत्रकारों को खिलौना राइफलें दिखाते हुए और वारदातों का विवरण देते हुए । (नीचे) पकड़े गए पांच आतंकवादी । (छाया : रवि भंडारी)

अबोहर में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू : पुलिस फायरिंग से 4 मरे, 10 घायल

अबोहर, 10 मार्च : फिरोजपुर भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री श्री राम किशन मित्तल ने एक बयान में कहा है कि अबोहर हत्याकांड में शहीद होने वालों के अस्थि कलश लेकर संघ और भाजपा के स्वयंसेवक परसों दिल्ली जाएंगे ।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेसी अबोहर के वातावरण को खराब कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि इंका नेताओं की उकसाहट पर कुछ लोगों ने थाने का घेराव किया, जो अवैध था, पुलिस की कार्रवाई में विघ्न डाला गया । इस पर पुलिस ने फायरिंग की । परिणामस्वरूप 4 लोग मर गए और 10 के लगभग घायल हो गए । उनका यह भी कहना है कि नगर में तनाव को देखते हुए अनिश्चितकाल का कर्फ्यू लगा दिया गया है ।

रेलवे स्टेशन के निकट जब पुलिस के गश्ती दल को लोगों ने घेर लिया तो उन्होंने पानी की टैंकी में कूद अबोहर कांड के दोषी सभी पुलिस कर्मियों को मुअत्तिल करने की मांग की ।

इंका कार्यकर्त्ताओं ने एस.डी.ओ. कार्यालय के बाहर पूर्व विधायक सज्जन कुमार जाखड़ के नेतृत्व में भूखहड़ताल का क्रम जारी रखा । रस्म चौथा के कारण आज तीसरे दिन भी अबोहर की सभी दुकानें बंद रहीं । स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है ।

मुखर्जी द्वारा 12 को सर्वदलीय बैठक आमंत्रित

चंडीगढ़, 10 मार्च (प.स.): पंजाब के राज्यपाल निर्मल कुमार मुखर्जी ने पंजाब स्थिति, विशेष रूप से इस के कानून-व्यवस्था के पक्षों पर विचार करने के लिए 12 मार्च को यहां राजभवन में एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है । राजभवन के एक प्रवक्ता के



(7)

एकफोरव्हीलरमेंमारेगये
सिंह, (5) मंगता सिंह,
(छाया : रखरा)

लिए अलग सिफारिश

में सभी राजनीतिक दलों को एकजुट होकर देश की रक्षा के लिए आगे बढ़ना

कहा गया है कि सभी दल इस कि जम्मू-कश्मीर में र्गत राजनीतिक गतिविधियां मारे सभी प्रयास इसी दिशा

घाटी के सभी गुमराह लोगों वे हिंसा छोड़ दें और अपनी के लिए शांति पूर्ण तरीके लिए भारतीय संविधान में

की ओर से प्रधानमंत्री उपप्रधानमंत्री देवी लाल, गृह सईद, विधि मंत्री दिनेश फर्नांडीज और संसदीय कार्य लिया ।

र्वश्री लाल कृष्ण अडवानी, ी, केदारनाथ साहनी और एम. फारूखी, इंद्रजीत गुप्त ल्होत्रा, मार्क्सवादी सर्वश्री प्लवदास गुप्ता, सैफुद्दीन स के फारूक अब्दुल्ला और कांग्रेस (इ) के सर्वश्री राजीव गुलाम नबी आजाद, पी. शिव तेदार मोहम्मद शफी कुरैशी उपस्थित थे ।

अनुसार सम्भवतया रेल मंत्री मीर के मामलों की देखभाल ार सौंपा जाएगा । श्री य गुटों से सम्पर्क बनाने में

कश्मीर के मामलों के लिए समिति की नियुक्तियों को अधिकारों को सीमित करने र्ण कदम माना जा रहा है । को अनुच्छेद 370 के तहत ा करने सहित अनेक व्यापक

जनीतिक धियां तेज़

हो चुका है। मेहम में आज अजीत सिंह व कुछ अन्य त्रा मृतकों के परिवारों से के लिए कम तथा श्री देवी ने के लिए की गई अधिक ी लाल स्वयं भी मेहम के मुद्दे बातचीत करनी चाहते थे । रियाणा के पांच सांसदों ने भी की कोशिश की थी परन्तु वे त सिंह ने भी श्री वी.पी. सिंह उठाया है कि राजनीतिक ने श्री चौटाला को हटाने की ह पुनर्मतदान की सिफारिश

ह नोट किया है कि बिहार से म पूजन पटेल जो सार्वजनिक की आलोचना कर चुके हैं, को में ऊंचा स्थान दिलाया है । और श्री चंद्र शेखर आपस में लगे हैं ।

ाव अब खतरनाक स्थिति में

वह सबसे ऊपर है तथा इसके का दलजीत सिंह बिट्टा धड़ा, एफ. (पंजवड़) तथा गुरजंट एफ.) धड़े के साथ है, जो

बूटर दल तथा डा. सोहन सिंह के साथ बिट्टू धड़े में आपसी तालमेल है मगर जहां तक के.सी.एफ. का सम्बन्ध है, उसमें कुछ आतंकवादियों में मतभेद हैं तथा कई बार वह आमने-सामने हो भी चुके हैं ।

Punjabi Parichay



गत दिवस तरनतारन पुलिस जिले के गांव राजोके के निकट आतंकवादियों द्वारा एक फोरव्हीलर में मारे गये (1) अमरीक सिंह, (2) साहब सिंह, (3) हरदयाल सिंह, (4) लखविंदर सिंह, (5) मंगता सिंह, (6) प्रताप सिंह तथा (7) जस्सा सिंह के शव । (छाया : रखरा)

Punjabi Sanatani

गिरोह पकड़े गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

मजीठा के एस.एस.पी. के काफिले पर हमला : आज रात्रि अमृतसर से लगभग 10 किलो मीटर दूर मानांवाला के निकट उग्रवादियों ने पुलिस जिला मजीठा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री ए.के. शर्मा की जान लेने की कोशिश की, जिसमें चार पुलिस कर्मी घायल हो गए । पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का काफिला नगर की ओर लौट रहा था कि उग्रवादियों ने जी.टी. रोड पर नहर के पुल पर काफिले पर घात लगा कर भारी फायरिंग की, जिससे हैड-कांस्टेबल परगट सिंह और कांस्टेबल गुरदीप सिंह, एस.एस.पी. का ड्राइवर सुखदेव सिंह और हरदीप सिंह घायल हो गए । घायलों को गम्भीरावस्था में गुरु तेग बहादर अस्पताल में दाखिल करवाया गया है । श्री शर्मा पर गत तीन मास में यह दसरा हमला है । अभियुक्तों की तलाश शुरू कर दी गई है ।

दो आतंकवादी काबू : मुक्तसर से 'दर्दी' के अनुसार फरीदकोट पुलिस ने पिछले 24 घंटों के दौरान दो आतंकवादियों दलजीत सिंह तथा दर्शन सिंह निवासी गांव बधनीकलां को गिरफ्तार किया है । उनके कब्जे से दो दोनाली बंदूकें बरामद की गई हैं, जिनकी नालियां काटी हुई थीं । इन्होंने पूछताछ के दौरान बताया है कि बैंक लूटने के लिए उन्होंने रसूलपुर गांव से ये बंदूकें लूटी थीं ।

डी.एस.पी. पर हमला : मुक्तसर से 'दीपक, दर्दी' के अनुसार गत रात लगभग आठ बजे यहां से आठ कि.मी. दूर अबलवाली के हाई स्कूल के पास मुक्तसर-कोटकपूरा मार्ग पर सशस्त्र आतंकवादियों ने एक ट्रैक्टर-ट्राली से सड़क रोककर पुलिस की जिप्सी कार पर फायरिंग की, जिसमें जिला फरीदकोट के डी.एस.पी. श्री सच्चा सिंह सवार थे । पुलिस जवानों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए । जिप्सी कार के टायर गोलियों से फट गए । आतंकवादी अपने ट्रैक्टर ट्राली को वहीं छोड़ गए ।

घर पर हमला : दीपक, दर्दी के ही अनुसार मुक्तसर से पांच कि.मी. गांव बरकदी में गत रात लगभग नौ बजे 10-12 सशस्त्र आतंकवादियों ने एक व्यक्ति माल सिंह के घर का दरवाजा खटखटाया । माल सिंह ने अपने चौबारे पर से आतंकवादियों को देखकर दरवाजा खोलने से मना कर दिया जिसपर आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । माल सिंह द्वारा भी जवाबी फायरिंग किए जाने पर आतंकवादी गांव के गुरुद्वारे में चले गए तथा लाऊड स्पीकर पर धमकी दी कि हम तो माल सिंह के घर खाना खाने गए थे परन्तु उसने ऐसा न करके बहुत गलती की है । इसका परिणाम उसे भुगतना पड़ेगा । पुलिस ने फायरिंग वाले स्थान से बहुत सारे खाली कारतूस बरामद किए हैं ।

सरपंच की हत्या : सनाम से नागपाल ने सूचना दी है कि यहां से 18 किलोमीटर दूर भटिंडा रोड पर स्थित गांव बैरकलां के सरपंच महेन्द्र सिंह जाणधान (टंका) नीमा ब्लाक की तीन स्कूटर सवार उग्रवादियों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी । महेन्द्र सिंह एक शादी वाले घर में गया हुआ था, कि उग्रवादियों ने एक व्यक्ति द्वारा संदेश भेजकर गांव से एक फर्लांग दूर बुला लिया और गोलियां मारकर मार डाला ।

सुनार का अपहरण : कपूरथला जिले के तलवंडी चंदारी में आतंकवादियों ने एक सुनार का उसके घर से अपहरण कर लिया । सुनार का नाम चिंगार चन्द बताया गया है ।

माफी मांगी : पटियाला (भूषण): ग्रामीणों को धमकियां देकर उनसे धन ऐंठने तथा हथियार व जेवर छीनने के आरोप में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए 4 युवकों ने आज पातड़ां मंडी थाना के गांव मोमियां में एक ग्राम सभा में माफी मांग ली । उन्होंने दोबारा अपराध न करने की कसम खाई । ग्राम पंचायत द्वारा आश्वासन दिए जाने पर एस.एस.पी श्री एस.के. शर्मा ने उन्हें छोड़ दिया । इस सभा में 15 गांवों की पंचायतों के सदस्य शामिल हुए । माफी मांगने वाले युवक गांव डेरा जट्टांवाला के जगतार सिंह, बलकार सिंह और जरनैल सिंह तथा शादीपर मोमियां गांव का गुरदीप सिंह है । सभा में ग्रामीण नेताओं ने पुलिस की सहायता के लिए 16 गांवों की संयुक्त सुरक्षा समिति गठित करने की घोषणा की ।

बन्दूक छीनी : फिरोजपुर (कन्तोड़): कुछ सशस्त्र आतंकवादियों ने पुलिस थाना ममदोट के गांव बुटूर के हाकम सिंह सपूत हुकम सिंह से लाइसैंसशुदा राइफल तथा 18 कारतूस छीन लिए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

गहने लूटे : आतंकवादियों ने वीरवार की रात थाना गुरुहरसहाय के गांव राणा पंज गराई में बन्दूक की नोक पर कश्मीर चंद से 4 तोले, मुख्तयार सिंह से 2 तोले और मुंशी राम से एक तोला सोने के गहने लूट लिए ।

प्रशिक्षु उप-सम्पादक चाहिए

पंजाब केसरी, जालंधर के लिए एक प्रशिक्षु उप-सम्पादक की जरूरत है । प्रार्थी किसी विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर हो । अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद सुगमता व सरल भाषा में कर सकता हो ।

टेबल पर काम करने, आफसैट की कापी जोड़ने का अनुभव रखने, किसी हिंदी दैनिक में काम करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता दी जाएगी । प्रार्थनापत्र भेजें या स्वयं सम्पर्क करें ।

—सम्पादक
दैनिक पंजाब केसरी, जालंधर ।

मौन पालन में
स्व-रोज़गार और अतिरिक्त आय के लिए
सुनहरी अवसर



भारत के सबसे बड़े मौन पालन संस्थान द्वारा पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, H.P., U.P. और J&K में ब्लाक स्तर पर 100 से भी ज्यादा प्रतिनिधि/इंस्पैक्टर हिस्सेदारी के आधार पर नियुक्त किए जा रहे हैं । ये लोग कृषि पर आधारित लोगों में तेजी से स्वीकर होते हुए मौन पालन के लिए हमारी तरफ से लोगों को ट्रेनिंग, मक्खी के डिब्बे, शहद का क्रय-विक्रय और बड़े मौन पालन केंद्रों पर तकनीकी सेवाएं आदि सब उपलब्ध करवाएंगे जिसकी इस वक्त गांव-गांव में बहुत जरूरत है । हमारी संस्था भारत की एकमात्र ऐसी संस्था है जो अब तक 600 स्टेशनों पर 8000 से भी अधिक इटालियन मक्खियों की कालोनियां स्थापित कर चुकी है ।

योग्यता : ऐसे समझदार और जिम्मेवार शिक्षक, निरीक्षक, कर्मचारी, किसी भी व्यवसाय में लगे व्यक्ति, रिटायर्ड सैनिक, पढ़ते हुए या बेरोजगार युवक व युवतियां जोकि ग्रामीण क्षेत्रों की अच्छी जानकारी रखते हों और चंडीगढ़ में 7 दिन की रिहायशी ट्रेनिंग, मक्खियों के डिब्बे, शहद निकालने की मशीन, ट्रेनिंग देने का सामान और प्रचार सामग्री आदि के खर्च और सिक्योरिटी के रूप में 6000 रुपए जमा करवा सकते हों ।

आय : वार्षिक 20 हजार से 25 हजार रुपए, जोकि आपको लोगों से मिलने वाली ट्रेनिंग फीस, बड़े मौन पालन केंद्रों

शिकायत निवारण कमेटी की बैठक में सनसनी

लुधियाना, 10 मार्च (महिन्द्रा): कल यहां जिला शिकायत निवारण कमेटी की बैठक में सनसनी फैल गई जब भूतपूर्व सांसद मेवा सिंह गिल ने एक सूची पेश की तथा मांग की कि नगर सुधार ट्रस्ट लुधियाना ने पार्कों के लिए छोड़ी गई भूमि को प्लाट बना कर क्यों बेचा है ? इस सूची में अकाली नेताओं तथा उच्च अधिकारियों के नाम भी थे, जिनके नाम प्लाट अलाट किए गए हैं । इस बैठक में जिसकी अध्यक्षता जिलाधीश भी एस.एस. बराड़ ने की, अबोहर हत्याकांड की निन्दा की गई ।

एयर बस दुर्घटना में घायल राखी की भी मृत्यु हो गई

लंदन, 10 मार्च (ए.पी.): बंगलौर की एयर बस दुर्घटना में बुरी तरह जल गई 6 साल की राखी ने आज दम तोड़ दिया । इसके साथ ही गत महीने हुई इस विमान दुर्घटना में मरने वालों की संख्या 93 हो गई है ।

काम के अधिकार को मौलिक अधिकारों में शामिल करने से अव्यवस्था बढ़ेगी

नई दिल्ली, 10 मार्च (प.स.): 'काम के अधिकार' को मौलिक अधिकारों की सूची में शामिल करने के बारे में कानून विशेषज्ञों और अर्थ शास्त्रियों की राय भिन्न-भिन्न है ।

डैमोक्रेटिक यूथ फैडरेशन आफ इंडिया द्वारा 'आयोजित एक चर्चा' में वक्ताओं ने सरकार से आग्रह किया कि वह इस उद्देश्य से संविधान में संशोधन करने से पूर्व इसके कानूनी संवैधानिक, आर्थिक और सामाजिक पहलुओं और प्रभावों का गहराई से अध्ययन कर ले । चर्चा में योजना आयोग के सदस्य डा. अशोक मिश्रा संविधान विशेषज्ञ के.के. वेणुगोपाल, सोमनाथ चैटर्जी और राजीव धवन के अतिरिक्त न्यायमूर्ति सुब्रह्मण्यम पोटी और श्रमिक नेता डा. मजूमदार ने हिस्सा लिया ।

श्री वेणुगोपाल ने काम के अधिकार को मौलिक अधिकारों की सूची में शामिल करने का कड़ा विरोध करते हुए कहा 'इससे अव्यवस्था बढ़ेगी और इसे अदालत के जरिये लागू करना असम्भव होगा ।' उन्होंने कहा कि इससे बेहतर यह होगा कि सरकार पहले आर्थिक सुधार लाए और रोजगार के अवसर पैदा करे, फिर संविधान में संशोधन करे ।'

गोबिन्दगढ़ के उद्योगपतियों को केंद्रीय बिक्रीकर में राहत का आश्वासन

लुधियाना, 10 मार्च (धीमान): श्री आर. पी. ओझा मुख्य सचिव पंजाब ने मंडी गोबिन्दगढ़ के उद्योगपतियों को आश्वासन दिया है कि उनको केंद्रीय सेल्स टैक्स में राहत दी जाएगी ।

श्री ओझा गत दिवस उद्योगपतियों के निमंत्रण पर वहां आए थे ।

अफगानिस्तान में विद्रोहियों का सफाया

जोमतेन (थाईलैंड), 10 मार्च (आई.पी.एस.): अफगानिस्तान के एक वरिष्ठ मंत्री का कहना है कि

सेना के 51 भगौड़ों को औद्योगिक सुरक्षा बल में नौकरी का प्रस्ताव

हरि
बजट
चंडी
बिधानसभा
हंगामापूर्ण
मुख्यमंत्री
मांस में
दौरान अ
बदले ले
उप-चुना
काफी परे
भाज
अभी जद
नहीं की है
चौटाला
होता है
मौका नहीं
मुख्य
पद
नई
लिये गठि
कई महत
चुनाव अ
का कोई
शामिल
पेरीशास्त्र
बताया
राज
का समर्थ
अध्यक्ष
कम्यूनि
आदि प्र

Punjabi Sarkari

राष्ट्रपति ने कहा कि हाल ही में विदेशमंत्री का बंगला देश की यात्रा से उस देश के साथ हमारे

खुलेपन और सहयोग की सार्वभौमिक प्रवृत्तियों के

देश के सामने मूल रूप से राजकोषीय संकट की

(शेष पृष्ठ 10 पर)

पंजाब में होमगार्ड जवान समेत 6 लोगों की हत्या : 3 बस यात्रियों का अपहरण

चंडीगढ़, 12 मार्च (प.स., वार्ता): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान आतंकवादी वारदातों में छह लोग मारे गये, तीन बस यात्रियों समेत चार लोगों का अपहरण किया गया, विस्फोट से रेल लाईन उड़ा दी गई और एक बस को आग लगाई गई । पंजाब में पुलिस ने कुछ आतंकवादियों को हथियारों व गोली सिक्के समेत गिरफ्तार किया है जबकि दो आतंकवादी मुठभेड़ में बच निकले । इस बीच अबोहर में कर्फ्यू जारी है । केंद्रीय गृहमंत्री श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद ने आज अबोहर का दौरा किया । हरियाणा के यमुनानगर क्षेत्र में बम फटने से रेल लाईन का कुछ भाग उड़ गया लेकिन कोई जानी नुक्सान नहीं हुआ ।

सुरक्षा कर्मी की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): जिला मुख्यालय में मिली एक खबर के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के थाना खालड़ा के गांव राजोके में कल रात ए.के. 47 राइफलों से लैस आध दर्जन के करीब आतंकवादियों ने एक जमींदार हरबंस सिंह के घर में दाखिल होकर उनके प्राइवेट गनमैन काबुल सिंह उर्फ कालू की गोलियां मार कर हत्या कर दी। इस वारदात में हरबंस सिंह भी गोलियां लगने से घायल हो गए । उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है । मौका पर से ए.के. 47 राइफल के 22 खाली कारतूस पुलिस ने कब्जा में लिए हैं ।

'प.स.' के अनुसार काबुल सिंह को सरपंच हरदयाल सिंह, जिनकी विगत वीरवार को आतंकवादियों ने दो अन्य गनमैनों के साथ हत्या कर दी थी, ने नियुक्त किया था ।

रेल लाइन उड़ा दी : आतंकवादियों ने आज प्रातः देवीदासपुरा रेलवे स्टेशन के निकट मुख्य रेल मार्ग जालंधर-अमृतसर सैक्शन की रेल पटड़ी के एक हिस्से को विस्फोटक पदार्थ से उड़ा दिया जिससे लकड़ी के चार स्लीपर क्षतिग्रस्त हो गए ।

बस को आग लगा दी : आतंकवादियों ने खेमकरण जाती हुई एक बस को वल्टोहा थाना के अंतर्गत दातुवाल गांव के निकट आग लगा दी । आतंकवादियों ने इससे पहले यात्रियों को बस से उतार दिया था ।

दो आतंकवादी काबू : सीमा सुरक्षा बल ने अमृतसर जिला के वल्टोहा पुलिस थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर के निकट दो आतंकवादियों बलविंद सिंह तथा दिलबाग सिंह को पकड़ लिया । समझा जाता है कि ये दोनों पाक क्षेत्र से सीमा पार कर भारत में घुसे थे । उनके कब्जे से दो ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें तथा 77 कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

आतंकवादियों की तलाश : अमृतसर से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पंजाब पुलिस उन आतंकवादियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है जिन्होंने कल मानावाला के पास मजीठा पुलिस जिला प्रमुख श्री ए.के. शर्मा के नेतृत्व वाले पुलिस दल पर हमला किया था । हमले में चार पुलिस कर्मी घायल हो गए थे, लेकिन श्री शर्मा बाल-बाल बच गए थे । सरकारी सूत्रों ने आज बताया कि पुलिस ने आज सुबह वारदात स्थल से ए.के. 47 चीनी राइफल, 124 कारतूस, एक राकेट ग्रेनेड और एक एमरजैंसी लाइट जब्त की है । घायल हुए पुलिस कर्मी अब खतरे से बाहर बताए गए हैं ।

महिला समेत दो की हत्या : फिरोजपुर (धीमान): तीन आतंकवादियों ने कल रात जिला के गुरुहरसहाय पुलिस थाना क्षेत्र के गांव चुगेखानसिंह में एक व्यक्ति मंगल सिंह के घर में घुस कर उसकी तथा उसकी मां की गोली मार कर हत्या कर दी और मंगल सिंह की भाभी कौशल्या देवी को गम्भीर रूप से घायल कर दिया ।

तीन बस यात्रियों समेत चार का अपहरण : आतंकवादियों ने फिरोजपुर जिला के मखू थाना क्षेत्र के अन्तर्गत पीर मोहम्मद गांव के निकट पैप्सू सड़क परिवहन निगम की एक बस को

(शेष पृष्ठ 10 पर)

अमृतसर में बम विस्फोट से रेलवे लाईन क्षतिग्रस्त : यमुनानगर में रेलगाड़ी उलटाने का प्रयास : मुठभेड़ में 2 आतंकवादी बच निकले : लगभग एक दर्जन हथियारों समेत गिरफ्तार : अबोहर में कर्फ्यू जारी : मुफ्ती द्वारा घटनास्थल का दौरा

Punjabi Sahitan

के साथ अंत्येष्टि

सिंह, कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष राजीव गांधी और भूतपूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह समेत अनेक नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है ।

प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह, उपप्रधानमंत्री चौ. देवी लाल, ऊर्जा मंत्री आरिफ मुहम्मद खां, भूतपूर्व राष्ट्रपति जैल सिंह, जम्मू-कश्मीर के भूतपूर्व मुख्यमंत्री डा. फारूक अब्दुल्ला तथा अनेक मंत्री, भूतपूर्व मंत्री और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता स्व. दरबारा सिंह के निवास पर गए और उन्होंने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की ।

सरदार दरबारा सिंह का पार्थिव शरीर बाद में कांग्रेस (इ) के मुख्यालय में लाया गया । दिवंगत नेता के सम्मान में पार्टी का ध्वज झुका दिया गया था । कांग्रेस (इ) मुख्यालय में से पार्थिव शरीर को गुरुद्वारा बंगला साहिब ले जाया गया ।

भूतपूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने श्री दरबारा सिंह को अपना आजीवन साथी बताया और कहा कि उनके निधन से उनको व्यक्तिगत रूप से गहरा



पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री श्री दरबारा सिंह के पार्थिव शरीर पर कांग्रेस (इ) महासमिति कार्यालय नई दिल्ली में सोमवार को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कांग्रेस (इ) अध्यक्ष श्री राजीव गांधी । (इनसैट) प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह दिवंगत नेता के परिवार के सदस्यों से संवेदना प्रकट करते हुए । (छाया : पै.ट्र.)

मेहम कांड को लेकर ह

इंका, जनहित मोर्चा

चंडीगढ़, 12 मार्च (राकेश संधी): हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के आज पहले दिन सदन में मेहम की चुनावी हिंसा का मामला प्रभावी रहा ।

शून्य काल के दौरान स्पीकर एच.एस. चट्ठा ने जब इंका और जनहित मोर्चा के सदस्यों और मार्क्सी विधायक हरपाल सिंह द्वारा प्रस्तुत स्थगन प्रस्ताव को अस्वीकार करके उप-मुख्यमंत्री बी.डी. गुप्ता को सरकार की तरफ से इस बारे तथ्य प्रस्तुत करने को कहा तो सदन में शोरशराबा शुरू हो गया ।

इंका व जनहित मोर्चे सहित हरपाल सिंह ने बार-बार यह मांग की कि सदन की कार्रवाई को रोक कर तुरंत मेहम कांड बारे विचार किया जाए । इस बीच उप-मुख्यमंत्री ने जब अपना बयान पढ़ना चाहा तो इन सदस्यों ने काफी शोर मचाया लेकिन जब स्पीकर ने फिर अपना फैसला दोहराया तो पांच मिनट

पाक को चेतावनी

(पृष्ठ 8 का शेष)

कार्यपद्धति में सुधार लाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं ।

राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार छोटे किसानों, भूमिहीन खेतिहर मजदूरों, कारीगरों और बुनकरों के लिए दस हजार रुपए तक के कर्जों में राहत देने की योजना को आरंभ करना चाहती है । इस संबंध में एक विस्तृत योजना की घोषणा इसी सत्र में की जाएगी ।

आठवीं योजना का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना, गरीबी दूर करना और शहरी क्षेत्रों में बढ़ रहे असंतुलन को समाप्त करना आदि होगा ।

राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के कल्याण के लिए दृढ़-संकल्प है । हम जब तक इन जातियों के लोगों को सम्मान से नहीं जीने देंगे तब तक हमारे राष्ट्र की वास्तविक रूप से उन्नति नहीं हो सकती । इन जातियों को सम्मान देने के लिए अनेक कदम उठाए जा चुके हैं । लोकसभा तथा राज्य विधान सभाओं में इन जातियों के लिए अगले दस वर्ष तक आरक्षण बढ़ाने के लिए संविधान में संशोधन कर दिया गया है ।

टोका-टाकी व वाकआऊट : राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान तीन बार व्यवधान डाला गया तथा बहुजन समाज पार्टी के दो और लोकदल के एक सदस्य अभिभाषण के बीच में ही वाकआऊट कर गए ।

राष्ट्रपति ने जैसे ही अपने अभिभाषण में विधान सभाओं के चुनावों का जिक्र किया बहुजन समाज पार्टी की सुश्री मायावती और एक अन्य सदस्य ने चुनावों के दौरान मतदान केन्द्रों पर कब्जे का मामला उठाया लेकिन श्री वेंकटरमन ने अपना अभिभाषण जारी रखा ।

इसके बाद जब राष्ट्रपति ने अभिभाषण के दौरान चुनाव सुधारों का जिक्र किया तो सुश्री मायावती और उनके साथ एक अन्य सदस्य फिर खड़े हो गए तथा जोर-शोर से बोलने लगे । कोई दो मिनट के बाद वे दोनों वाकआऊट कर गए ।

लोकदल के राम अवधेश सिंह ने पिछली बार की तरह इस बार भी अभिभाषण के दौरान उस समय शोर मचाया जब राष्ट्रपति ने मंडल आयोग का जिक्र किया । भाजपा के शंकर सिंह बघेला सहित कई सदस्यों ने उन्हें बैठने के लिए कहा लेकिन वह बोलते रहे । अनेक सदस्यों ने आवाज लगाई, 'बैठ जाओ, बैठ जाओ ।'

राष्ट्रपति को इस व्यवधान के कारण कुछ क्षण के लिए अपना अभिभाषण रोक देना पड़ा । जब श्री सिंह चुप नहीं हुए तो राष्ट्रपति ने हंस कर कहा, "जब मैं राज्यसभा का सभापति था, तब भी आपसे बैठने को कहता था । आज भी आप बैठ जाइए ।" इसके बाद जब श्री सिंह जाने लगे तो कई सदस्य कहते सुने गए, "जाइए, जाइए ।"

राष्ट्रपति ने जब चावल, चीनी तथा चाय जैसी उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों का जिक्र करते हुए कहा कि नई सरकार के सत्ता में आने के बाद इनकी कीमतों में गिरावट आई है तो कुछ कांग्रेस (इ) सदस्यों ने जोर से कहा कि यह सही नहीं है ।

इससे खिन्न हो राष्ट्रपति ने टिप्पणी की कि उन्हें इस मुद्दे पर बहस करने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा । उन्होंने कुछ तीखे स्वर में सदस्यों से बीच में टोका-टाकी नहीं करने का अनुरोध किया और अपना भाषण जारी रखा ।

राष्ट्रपति आज संसद के संयुक्त अधिवेशन को सम्बोधित करने के लिए राष्ट्रपति भवन से संसद भवन और वहां से वापसी पर परम्परागत जलूस के रूप में गए ।

राष्ट्रपति की शानदार काली आयातित मोटर कार के आगे और पीछे घुड़सवार दस्ते चल रहे थे, घोड़ों पर सवार सैनिक हाथों में बल्लम लिए हुए थे । इन सवारों की कुल संख्या 46 थी, जो अपनी आलीशान रंगीन पोशाक पहने हुए थी । सुरक्षा के कारणों से पिछले कुछ वर्षों से राष्ट्रपति परम्परागत बग्घी के स्थान पर कार का ही उपयोग कर रहे हैं ।

राष्ट्रपति की संसद भवन पहुंचते ही उपराष्ट्रपति डा. शंकरदयाल शर्मा और लोकसभा अध्यक्ष रविराय ने अगवानी की । उनके साथ प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी भी मौजूद थे । संसद भवन के मुख्य दरवाजे से केन्द्रीय कक्ष तक भी राष्ट्रपति को एक छोटे जलूस के रूप में परम्परागत तरीके से ले जाया गया ।

राष्ट्रीय मोर्चे की तीन महीने पुरानी सरकार में राष्ट्रपति का यह दूसरा अभिभाषण था । पहला अभिभाषण उन्हें पिछले वर्ष दिसम्बर में बुलाए गए पहले अधिवेशन में दिया था ।

...लेकिन रामन्ना सदन से गायब थे

नई दिल्ली, 12 मार्च (वार्ता): प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह आज उस समय असमंजस्स में पड़ गए, जब वह अपने सहयोगी रक्षा राज्य मंत्री राजा रामन्ना का सदन को परिचय देने को खड़े हुए और श्री रामन्ना सदन से नदारद थे ।

नए सदस्यों के शपथ ग्रहण करने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री ने श्री रामन्ना का सदन से परिचय कराते हुए पीछे मुड़ कर देखा तो श्री रामन्ना वहां थे ही नहीं । इस पर श्री सिंह ने थोड़ा झेंपते हुए कहा कि वह मेरे साथ ही थे और अभी आते ही होंगे । लेकिन श्री रामन्ना नहीं आए ।

अध्यक्ष रवि राय द्वारा दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद प्रधानमंत्री ने श्री रामन्ना का सदन से परिचय कराया । उन्होंने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि वह और श्री रामन्ना साथ ही कार्यालय से निकले थे लेकिन श्री रामन्ना यहां आकर दूसरे सदन में चले गए ।

आबकारी नीति की आलोचना

लुधियाना, 12 मार्च (महिन्द्र): आजकल जबकि शराब के ठेकों की नीलामी होने लगी है, शराब के ठेकेदारों में दौड़ शुरू हो गई है । इस बारे उत्तरी भारत निर्यातक संगठन के संरक्षक श्री मदन सिंह ने पंजाब सरकार की आबकारी नीति की आलोचना की है तथा कहा कि सरकार मात्र आय बढ़ाने की चिन्ता में है । उन्होंने कहा कि सरकार ने इस वर्ष पुनः शराब के दाम 25 प्रतिशत बढ़ा दिए हैं । इससे सरकार को शराब के ठेकों से अधिक आय तो होगी, लेकिन शराब की अवैध भट्ठियां भी अधिक चलेंगी । अतः सरकार को अपना धन बढ़ाने के लिए कोई अन्य रास्ता निकालना चाहिए ।

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

रोककर एक समुदाय के तीन यात्रियों का अपहरण कर लिया । उक्त बस हिसार से अमृतसर जा रही थी । आतंकवादियों ने इसी जिले में रसूलपुर नामक गांव से एक व्यक्ति सतपाल का भी अपहरण कर लिया । सतपाल आरे की चक्की का मालिक था ।

तीन गिरफ्तार : फिरोजपुर के निकटवर्ती क्षेत्र से पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान हत्या, लूटपाट व छीना-झपटी के मामलों में वांछित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है । इनके नाम मंगी, बलजिंद्र सिंह व प्रदीप कुमार उर्फ पप्पू बताए जाते हैं । इनके कब्जे से तीन पिस्तौल तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

होमगार्ड जवान समेत दो की हत्या : मलोट (जालंधरी): यहां से आठ किलोमीटर दूर फकरसर रेलवे स्टेशन पर कल रात आतंकवादियों ने दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी तथा एक अन्य व्यक्ति को घायल कर दिया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार आतंकवादियों ने रेल लाइन पर गश्त कर रहे होमगार्ड जवानों पर फायरिंग की जिससे एक जवान मलूकसिंह तथा गैंगमैन बूटा सिंह की मृत्यु हो गई तथा एक अन्य होमगार्ड जवान सुखविंद्र सिंह घायल हो गया ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : बाघापुराना (मित्तल): बाघापुराना पुलिस ने फरीदकोट जिला के राऊके कलां गांव के दो आतंकवादियों गुरमेल सिंह तथा बचित्तर सिंह को गिरफ्तार किया है । इनके कब्जे से दो राइफलें तथा भारी संख्या में कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

पाक घुसपैठिया मरा : फिरोजपुर जिले में कल रात एक पाकिस्तानी घुसपैठिया सीमा सुरक्षा बल के गश्ती दल से मुठभेड़ में मारा गया । गश्ती दल ने जोगिन्दर चौकी के निकट दो घुसपैठियों को ललकारा दोनों ओर से गोली चलने पर एक घुसपैठिया मारा गया, दूसरा भाग निकला ।

अपहृत शैलर मालिक को छोड़ दिया : गुरदासपुर (विनोद): गत रात धारीवाल नगर के बाहरी क्षेत्र से पांच अज्ञात आतंकवादियों ने एक शैलर मालिक का अपहरण कर लिया तथा अपहरण की शीघ्र ही सूचना मिल जाने तथा पुलिस व बी.एस.एफ. द्वारा नाकाबंदी कर लिए जाने पर आतंकवादी आज प्रातः शैलर मालिक को धारीवाल से दस कि.मी. दूर छोड़ कर भागने के लिए विवश हो गए ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गत रात लगभग एक बजे पांच अज्ञात आतंकवादी गणेश राइस मिल धारीवाल आए तथा शैलर मालिक रूपलाल को उसके ट्रक नं. पी.ए.टी. 1269 में डालकर ले गए । बाद में उन्होंने क्लेर खुर्द गांव के मोड़ पर ट्रक सड़क पर खड़ा कर दिया तथा रूप लाल को अपने साथ पैदल ही चलने को कहा । उधर शैलर द्वारा बी.एस.एफ. को सूचना दे दी गई तथा पुलिस के सहयोग से नाकाबंदी कर दी गई ।

आज प्रातः 6.30 बजे आतंकवादियों ने गांव घुम्मनकलां के पास रूप लाल को बिना पीछे देखे सीधा चलने के लिए कहा तथा स्वयं वहीं रुक गए और बाद में फरार हो गए । बाद में बी.एस.एफ. की एक गाड़ी आती देखकर रूप लाल ने उसे रुकने का संकेत दिया और सारी घटना बता दी । आतंकवादियों ने रूप लाल की सोने की चेन भी उतार ली । पुलिस ने ट्रक बरामद कर लिया है तथा क्षेत्र की नाकाबंदी कर आतंकवादियों की तलाश शुरू कर दी है ।

अबोहर में कर्फ्यू जारी : अबोहर (सदोष): आज यहां तीसरे रोज भी कर्फ्यू जारी रहा । शहर में सी.आर.पी. व बी.एस.एफ. तैनात की गई है । पंजाब के पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल भी यहां आए और उन्होंने एक उच्चस्तरीय बैठक में स्थिति की समीक्षा की । पुलिस ने कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया है । उनमें इंका का एक नेता भी शामिल है । एक भाजपा नेता के मकान पर भी छापा मारा गया लेकिन वह वहां नहीं मिला । पुलिस ने शनिवार को हुई फायरिंग में मरने वाले राजेंद्र कुमार (पुत्र बृज लाल) और सुदेश कुमार (पुत्र जनक राज) के शव उनके वारिसों के हवाले कर दिये । कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया । भाजपा और इंका नेताओं ने एक-दूसरे के खिलाफ आरोप लगाए हैं । इंका नेताओं का कहना है कि हम आतंकवादियों के हाथों मारे जाने वाले तीस व्यक्तियों के मामले को लेकर एस.डी.एम. के दफ्तर के बाहर शांतिपूर्ण धरना दे रहे थे कि भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने जो कि बहुत भड़के हुए थे, हमारे खिलाफ नारे लगाने शुरू कर दिये । उन्होंने स्थिति को बहुत गम्भीर बना दिया ।

प्रमुख नेताओं ने इस बात की कटु आलोचना की है कि 30 व्यक्ति मारे गए पर किसी केंद्रीय मंत्री ने उसकी भर्त्सना नहीं की और न ही कोई नेता दुखी परिवारों से सहानुभूति प्रकट करने आया ।

इसी बीच भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल 30 शहीदों के अस्थि कलश लेकर आज प्रातः दिल्ली के लिए प्रस्थान कर गया । यह प्रतिनिधिमंडल 14 मार्च को प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह से मिलेगा और उन्हें पंजाब की स्थिति से अवगत कराएगा । प्रतिनिधिमंडल मांग करेगा कि पंजाब में सुरक्षा पट्टी बनाई जाए और सेना तैनात की जाए । बाद में शहीदों की अस्थियां गंगा में प्रवाहित की जाएंगी ।

कोई घायल नहीं हुआ : पंजाब सरकार ने आज दावा किया कि परसों अबोहर में पुलिस द्वारा गोली चलाने से कोई नागरिक घायल नहीं हुआ ।

फिरोजपुर के उप-आयुक्त ने बताया कि पुलिस द्वारा आत्म रक्षा में गोली चलाने पर केवल दो व्यक्ति मारे गये जबकि हिंसक भीड़ द्वारा भारी पथराव करने से 18 पुलिस कर्मी और एक प्रशासनिक अधिकारी घायल हुआ ।

परसों खबर मिली थी कि अबोहर में हिंसक भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस द्वारा गोली चलाने से दो व्यक्ति मारे गये और 15 घायल हुए हैं ।

दो दुर्दांत आतंकवादी गिरफ्तार : फाज़िल्का (लूना): सीमा सुरक्षा बल ने फाज़िल्का सैक्टर में भारत-पाक सीमा पर स्थित मम्बेके गांव में गुरमीत सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह के घर पर छापा मारा तथा दो दुर्दांत आतंकवादियों सलविन्दर सिंह तथा दिलबाग सिंह को गिरफ्तार किया । ये दोनों अमृतसर जिला के वल्टोहा क्षेत्र के निवासी हैं । ये दोनों बब्बर खालसा गुट से सम्बद्ध हैं । सीमा सुरक्षा बल ने दो ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें, 177 जीवित कारतूस तथा छः मैगज़ीन भी बरामद किए हैं ।

उग्रवाद से कड़ाई के साथ निपटेंगे—मुफ्ती : वार्ता के अनुसार केन्द्रीय गृहमंत्री श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद ने कर्फ्यूग्रस्त अबोहर नगर का दौरा किया और स्थिति का जायज़ा लिया । विभिन्न राजनीतिक नेताओं से बातचीत करते हुए श्री सईद ने आश्वासन दिया कि आतंकवादियों के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा और उनके साथ कड़ाई से निपटा जाएगा । बाद में श्री सईद ने अबोहर में सैनिक अस्पताल का दौरा किया तथा विगत बुधवार को आतंकवादी हमले में घायल हुए लोगों का हालचाल पूछा । इस बीच अबोहर में आज साढ़े बारह बजे कर्फ्यू में डेढ़ घंटे की ढील दी गई तथा लोगों को जरूरी चीजें सप्लाई की गईं । जिला प्रशासन ने छात्रों को परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचाने के लिए 14 बसें लगाई हैं ।

दुकानदार की हत्या : संगरूर : दो आतंकवादियों ने आज प्रातः संगरूर जिला के डसका गांव में एक दुकानदार निरंजन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी ।

मुठभेड़ में आतंकवादी बच निकले : पटियाला (भूषण): यहां से 50 किलोमीटर दूर पातड़ां मंडी के निकटवर्ती डेरा शेर सिंह से पुलिस ने आज प्रातः गुरबचन सिंह तथा उसकी बहू अमरजीत कौर को हिरासत में लिया है । पुलिस ने यह सूचना मिलने पर उक्त डेरे पर छापा मारा था कि वहां दुर्दांत आतंकवादी नछत्तर सिंह अपने एक साथी के साथ छिपा हुआ है । आतंकवादियों ने डेरे के भीतर से पुलिस पर फायरिंग की । पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की । मुठभेड़ में आतंकवादी बचकर भाग निकले । अमरजीत कौर नछत्तर सिंह की बहन है ।

बारात पर फायरिंग : नाभा (सुशील) : गत दिवस स्थानीय थाना सदर के गांव भोंजो माजरी में ददोगल गांव से आई एक बारात पार्टी पर मोटर साइकल पर सवार दो सशस्त्र युवकों ने फायरिंग की, मगर पुलिस द्वारा जवाबी गोली चलाने से आतंकवादी भाग गए । पुलिस ने काफी दूर तक उनका पीछा किया मगर वे फरार होने में सफल हो गए । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

रेल यात्री बाल-बाल बचे : यमुनानगर (सहगल): उत्तर रेलवे के अम्बाला-सहारनपुर खंड में दरजपुर-मुस्तफापुर रेलवे स्टेशनों के बीच करीब एक मीटर रेल पटरी आज सुबह हुए जबरदस्त बम विस्फोट से उड़ गई । प्राप्त सूचना के अनुसार इस पटरी से जम्मू तवी स्यालदाह एक्सप्रैस गुजरने के तुरन्त बाद यह विस्फोट हुआ । इसके बाद यहां से शालीमार एक्सप्रैस को गुजरना था । घटना के बाद इस खंड पर रेल यातायात रोक दिया गया । बाद में एक पटरी पर गाड़ियों का चलना शुरू हुआ, जिससे गाड़ियों के आने-जाने का सारा सिलसिला गड़बड़ा गया ।

दिवाकर को श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, 12 मार्च (वार्ता): राज्यसभा ने आज अपने दो पूर्व सदस्यों आर.आर. दिवाकर और जगदीश चंद्र दीक्षित के निधन पर शोक व संवेदना व्यक्त की और एक मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की ।

खालिस्तान प्रस्ताव

(पृष्ठ 3 का शेष)

संयुक्त नीति बनाने के उद्देश्य से शीघ्र ही अल्पसंख्यक समुदायों की एक बैठक बुलाई जाएगी ।

यह मांग की गई है कि सरकार शिरोमणि कमेटी के चुनाव शीघ्र कराए । श्री सोहल ने बताया है कि महासंघ अपने तौर पर यह चुनाव लड़ेगा । एक प्रस्ताव द्वारा विचार व्यक्त किया गया है कि नई केंद्र सरकार न चाहते हुए भी पुरानी राजीव सरकार की नीति पर चल रही है । यह विचार व्यक्त किया गया कि भाजपा, मार्क्सी और सी.पी.आई. की उपस्थिति में केंद्र की वी.पी. सिंह सरकार कुछ नहीं कर सकती । अतः महासंघ को इस सरकार से किसी रचनात्मक कार्रवाई की अपेक्षा नहीं है ।

अजीत सिंह देवी लाल की निंदा करने मेहम गए थे : चौटाला

चंडीगढ़, 12 मार्च (वार्ता): हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री ओम प्रकाश चौटाला ने आज जनता दल के प्रधान महासचिव और केन्द्रीय उद्योगमंत्री अजीत सिंह के उस बयान पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की है जिसमें श्री सिंह ने श्री चौटाला से मांग की थी कि वह इस्तीफा दे दें क्योंकि 'मेहम में लोकतंत्र की हत्या हुई है ।'

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री अजीत सिंह का यह पग दलीय अनुशासन की अवहेलना है । यहां सम्वाददाताओं के साथ अनौपचारिक बातचीत में श्री चौटाला ने कहा कि उद्योग मंत्री गत शनिवार को मेहम में मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करने नहीं अपितु उपप्रधानमंत्री देवी लाल की निंदा करने के लिए गए थे ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शोक व्यक्त करने के लिए शनिवार को कभी नहीं जाया जाता परन्तु श्री अजीत सिंह ने शनिवार को ही मेहम विधानसभा क्षेत्र में जाने का कार्यक्रम बनाया । इसी से स्पष्ट है कि उनकी इस यात्रा का मकसद दल को तोड़ना है ।

शाम के भाव—(12 मार्च, एन.एन.एस.)

दिल्ली क्लाथ 49.00, हिंद मोटर 21.50, रिलायंस 52.00, चांदी (999) टंच हाज़िर (प्रति किलो) 6765, चांदी सिक्का (प्रति सैंकड़ा) 7460, सोना बिट्टर (प्रति 10 ग्राम) 3300, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3380, मिल डिलिवरी : वनस्पति यू.पी. (प्रति टीन) 374-378, वनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 374-380, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 177.00, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 193, मूंगफली तेल (10 किलो) 260, तिल तेल (10 किलो) 277, तेल बिनौला (10 किलो) 200, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 178, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 111, फैट्टी एसिड आयल (क्विंटल) 1700, सरसों वायदा (20 किलो) मई 135.00, आलू हापुड़ (40 किलो) वायदा जुलाई 72.85 रुपए ।

दिल्ली शेयर बाजार : (एन.एन.एस.): ए.सी.सी. 348.00 (8/3), आंध्र सीमेंट, 8.25 (8/3), अपोलो टायर स्पाट 43.00, एशियन होटल 57.00 (5/9), बिदल एग्रो 67.00, डी.सी.एम. लि. 49.00, डी.सी.एम. टोयोटा 15.37, ईस्ट इंडिया होटल 61.00, एस्कार्ट्स 83.00,, एस्सर शिपिंग 31.50, फूड स्पेशलिटीज 107.00, ग्रासिम इंडस्ट्रीज 109.50, गुजरात नर्मदा 42.00, एच.एम.एम. लि. 257.80, हीरो होंडा 16.75 (8/3), हिन्दालको 212.00, हिन्द. लीवर 108.50, हिन्द मोटर 21.50, इंडियन रेयन 90.00, जे.के. इंडस्ट्रीज 58.00, जे.के. सिंथेटिक 51.00 (9/3), जे.सी.टी. लि. 75.50, केल्वीनेटर आफ इंडिया 172.75, लार्सन एंड टुब्रो 57.50, एल.एम.एल. लि. 18.00, महावीर स्पिनिंग 134.00, मालवा कोटन 98.00, मोदी रबड़ 49.00 (9/3) रुपए ।

लुधियाना की मंडियां—12 मार्च (नेपाल)

गेहूं 200-210, मक्की 205-220, मक्का 200-215, तोरिया 525-625, सरसों 670-690, बाजरा 190-210, जौ 190-205, ग्वारा 180-250, चना देसी 700-750, चना रूसी 800-825, दाल चना 740-750, काबली चना देसी 1250-1300, काबली चना आयातित 1450-1500, मोठ 560-590, लोबिया सफेद 800-900, मटर देसी 750-800, मटर आयातित 750-800, मूंग पालिशी 875-950, मूंग देसी 750-800, मूंग धुली 950-1075, उड़द साबुत 750-850, दाल उड़द धुली 950-1075, साबुत अरहर 500-540, दाल अरहर 850-925, राजमा चित्रा 1200-1250, राजमा लाल 1100-1300, काले मसूर 700-750, दाल मलका मसूर 750-800, चावल बासमती 1100-1600, बासमती (444) 1600, चावल परमल 400-575, वनस्पति 398-405, मैदा 240-250, सूजी 245-250, रिजल्टैंट गेहूं आटा 230-240, एगमार्का लोटस आटा (10 किलो थैली) 37, चीनी (बी) 850-860, चीनी (सी) 840-850, चीनी (डी) 830-840, खांडसारी देसी 670-730, सल्फर चीनी 790-830, गुड़ 450-500, शक्कर 500-550, धान नई 200-230, पुरानी धान 210-240, मुर्गी दाना प्रैस्टीज 221, स्वास्तिक 221 रुपये ।

भारतीय खाद्य निगम

मेरा भारत महान

निविदा सूचना

मंडियों से राजस्व जिला रोपड़ तथा संघीय क्षेत्र चंडीगढ़ के अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम के डिपुओं तक एक वर्ष की अवधि के लिए रबी 1990-91 के दौरान श्रम/ढुलाई कार्य तथा अनाज व मृत स्टाक वस्तुओं आदि के परिवहन हेतु मंडी श्रम ठेकेदार तथा मंडी परिवहन ठेकेदार की नियुक्ति के लिए मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित हैं; उन्हीं दरों, नियमों व शर्तों पर आगे तीन माह के लिए वृद्धि करने का निगम को अपनी स्वेच्छा से अधिकार होगा । निविदाप्रपत्र, जिनमें नियम व शर्तें दी गई हैं, भा.खा.नि., जिला कार्यालय, पी.एन.बी. भवन, सैक्टर-17, चंडीगढ़ से किसी भी कार्यदिवस को सुबह 10 बजे से सायं 3 बजे तक तथा 19.3.90 को केवल अपरान्ह एक बजे 25/- रु. (पच्चीस रुपए मात्र) अप्रतिदेय चुका कर प्राप्त किए जा सकते हैं । जिला प्रबन्धक, भारतीय खाद्य निगम, चंडीगढ़ के पक्ष में (केवल डिमांड ड्राफ्ट के रूप में) वांछित धरोहर राशि के साथ निविदाएं 19.3.90 को अपरान्ह 2 बजे तक प्राप्त की जाएंगी तथा अपरान्ह 2.30 बजे निविदकों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के सामने खोली जाएंगी, जो उपस्थित होना चाहेंगे । किसी निविदा की स्वीकृति या रद्द करने के संबंध में जिला प्रबन्धक का निर्णय अंतिम तथा सभी सम्बद्ध पक्षों के लिए बाध्यकारी होगा ।

सार्वजनिक सूचना

श्री अवतार सिंह, भूतपूर्व फ़ील्ड असिस्टैंट को घटिया स्तर के गेहूं भंडारों को खरीदने और पालिथीन कवर को अवैध ढंग से उठा कर क्षति पहुंचाने के संबंध में 12.3.88 दिनांक के मीमो के अनुसार आरोप पत्र दिया गया था । मार्कीटिंग विशेषज्ञ श्री सी.एस. ग्रेवाल द्वारा नियमित विभागीय जांच की गई थी, जिन्होंने आरोप पत्र में लगाए गए आरोपों के लिए उसको दोषी पाया था । जांच अधिकारी के निर्णयों के दृष्टिगत सेवा से मुअत्तिल करने के दंड के प्रस्ताव वाला कारण बताओ नोटिस

FREE QUARTZ CLOCK

WITH KAWASAKI RTZ

Punjab Sahib Bhuvan

(शेष पृष्ठ 10 पर)

(शेष पृष्ठ 10 पर)

19 मार्च को रवाना होना था।

मुठभेड़ों में 3 उग्रवादी, 3 सुरक्षा कर्मी मारे गए : 4 की हत्या

अबोहर में कर्फ्यू में ढील : आतंकवादियों ने बैंक लूटा : अन्यत्र एक बस यात्री, एक सुरक्षा कर्मी सहित 5 मरे

चंडीगढ़, 13 मार्च (प.स., वार्ता): पंजाब में कल रात से अब तक 3 मुठभेड़ों में 3 आतंकवादी तथा तीन सुरक्षा कर्मी मारे गए । इसके अतिरिक्त उग्रवादियों ने एक बस यात्री समेत 4 लोगों की हत्या कर दी तथा एक बैंक से 42 हजार रुपया लूटा । इस बीच अबोहर में आज कर्फ्यू में साढ़े 9 घंटे की ढील दी गई ।

मुठभेड़ में दो सुरक्षा कर्मी तथा दो आतंकवादी मरे : फरीदकोट जिला के फतेहपुर बनिया इलाके में लगभग 20 घंटे तक चली एक भीषण मुठभेड़ में दो आतंकवादी तथा पंजाब पुलिस का एक सहायक सब इंस्पैक्टर तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का एक जवान मारा गया । इसके अलावा पांच जवान घायल हुए । यह मुठभेड़ कल शाम पांच बजे शुरू हुई और आज अपरान्ह साढ़े बारह बजे समाप्त हुई । मुठभेड़ स्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक एस.एल.आर., एक रिवाल्वर तथा बड़ी संख्या में कारतूस बरामद हुए हैं । जिला पुलिस प्रमुख श्री के.पी.एस. गिल घटनास्थल पर पहुंच गये हैं । एक मृतक आतंकवादी की पहचान कश्मीर सिंह उर्फ ग्रंथी के रूप में हुई है । सहायक सब इंस्पैक्टर का नाम गुरतेज सिंह बताया जाता है । सभी घायल जवानों को फरीदकोट मैडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

फरीदकोट से जिंदल तथा मलोट से सम्वाददाता के अनुसार उक्त मुठभेड़ गांव में सुलखन सिंह के फार्म हाऊस पर हुई । मुठभेड़ में मारा गया सहायक सब-इंस्पैक्टर गुरतेज सिंह फरीदकोट के एस.एस.पी. का ड्राईवर था । मुठभेड़ में मरने वाले केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सब-इंस्पैक्टर का नाम गुरचरण सिंह बताया जाता है । वह बल की 86वीं बटालियन से सम्बद्ध था । उक्त सम्वाददाताओं के अनुसार घायलों की संख्या 6 है । इनके नाम—नायब सिंह, एस.एस. राठौर, महेश कुमार, एम.जी. प्रसाद, धर्मवीर तथा कैलाश पवार हैं ।

एक बस यात्री की हत्या : अमृतसर (पस): आतंकवादियों के एक गिरोह ने आज दोपहर अमृतसर क्षेत्र में एक प्राईवेट मिनी बस में यात्रा कर रहे एक व्यक्ति की हत्या कर दी और एक अन्य को घायल कर दिया । मृतक का नाम चरण सिंह तथा घायल का नाम प्रेम सिंह बताया जाता है । उक्त बस चाटीविंड क्षेत्र से अमृतसर आ रही थी । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से लैस आतंकवादियों ने बस को रोक कर उक्त दोनों लोगों को नीचे उतार लिया और उन पर गोलियों की बौछार कर दी । चरण सिंह की मौका पर ही मृत्यु हो गई जबकि घायल प्रेम सिंह को गम्भीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

मुठभेड़ में घायल सुरक्षा कर्मी की मृत्यु : तरनतारन पुलिस जिला के भुल्लर गांव में मोटर साइकिल सवार तीन आतंकवादियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और पंजाब पुलिस की एक संयुक्त नाका पार्टी पर हमला किया जिससे एक कांस्टेबल विष्णु प्रसाद घायल हो गया । बाद में घायल कांस्टेबल ने अस्पताल में दम तोड़ दिया । आतंकवादी फरार होने में सफल रहे ।

बैंक लूटा : दो आतंकवादियों ने आज अमृतसर जिला के लोपोके पुलिस थाना क्षेत्र के वनियानके गांव में स्टेट बैंक आफ इंडिया की एक शाखा से 42 हजार रुपया लूट लिया । पुलिस के अनुसार उक्त आतंकवादी ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से लैस थे । भागते समय आतंकवादी बैंक गार्ड के दो हथियार भी ले गए ।

बम फटने से एक आतंकवादी मरा : तरनतारन पुलिस जिला के भिखीविंड पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन संदपुर गांव में आज शाम बम फटने से एक आतंकवादी मारा गया । पुलिस के अनुसार आतंकवादी तोड़फोड़ करने की मंशा से बम ले जा रहा था । विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि आतंकवादी के चीथड़े उड़ गए ।

महिला की हत्या : गुरदासपुर (पस): जिला के धारीवाल पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन कोट काहा गांव में आतंकवादियों ने कमलेश कांता नामक एक महिला की गोली मार कर हत्या कर दी ।

चिकित्सक की हत्या : वार्ता के अनुसार गुरदासपुर जिले में गुरदास नंगल गांव से छह आतंकवादियों का एक गिरोह राधा किशन नामक एक चिकित्सक को बंदूक के जोर पर उसकी दुकान से अपने साथ जबरदस्ती ले गया और बाद में गांव के बाहर ईंटों के एक भट्ठे के निकट ले जाकर उसकी गोली मार कर हत्या कर दी ।

आतंकवादी मारा गया : बटाला (अछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव बिजलीवाल के निकट आज सीमा सुरक्षा बल के साथ हुई मुठभेड़ में एक तस्करी आतंकवादी मारा गया जबकि सुरक्षा बल का एक जवान पी. रायसिंह घायल हो गया, जिसे सिविल अस्पताल बटाला में दाखिल करवा दिया गया है ।

एस.एस.पी. ने बताया कि मृतक आतंकवादी की शिनाख्त गांव बिजलीवाला निवासी मोहिन्दर सिंह के रूप में हुई है । उसके पास से एक ए.के. 47 राइफल, दो मैगजीन, 149 कारतूस, एक विदेशी 45 बोर का मौजर, 36 कारतूस, एक मोटर साइकल नं. पी.आई.एस. 3447 मिला है । उसका एक साथी बचकर भागने में सफल हो गया । मृतक आतंकवादी का सम्बन्ध बब्बर खालसा से था तथा वह सचीबंद आतंकवादी था । वह थाना सदर बटाला पुलिस सब-इंस्पैक्टर बलदेव सिंह की भूमिगत विस्फोट से जीप उड़ाकर हत्या करने तथा आतंकवाद की बीस अन्य वारदातों में संलिप्त था ।

इसी जिला में थाना हरगोबिन्दपुर के गांव घुमान स्थित एग्रो पैट्रोल पम्प से आज हीरो हांडा सवार दो अज्ञात सशस्त्र लुटेरे 11000 रुपए लूटकर फरार हो गए ।

आतंकवाद के विरुद्ध जंग जारी रहेगी : मुफ्ती : अबोहर (राज सदोष): केंद्रीय गृहमंत्री मुफ्ती मुहम्मद सईद ने कल सायं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए कहा कि विपक्ष का यह आरोप गलत है कि राष्ट्रीय मोर्चा सरकार ने पंजाब में आतंकवादियों के विरुद्ध नरम रवैया अपनाते हुए इन पर काबू पाने का कोई निर्देश राज्य सरकार को जारी नहीं किया । उन्होंने कहा कि हमारी शराफत को हमारी कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए । पंजाब में आतंकवाद को समाप्त करने का हमने दृढ़ निश्चय कर रखा है । इसके लिए सुरक्षा बलों की और बटालियनें पंजाब को उपलब्ध करा दी गई हैं ।

गृहमंत्री महोदय ने स्वीकार किया कि कश्मीर की स्थिति अधिक गम्भीर है इससे निपटने के लिए हमने वहां सेना का सहारा लिया है । वहां आतंकवादी जनसाधारण को अपने पीछे लगाने में सफल हो गये हैं, परन्तु पंजाब के लोगों ने आतंकवाद को ठुकरा दिया है । उन्होंने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध हमारी जंग जारी है । इसमें रत्ती-भर भी ढील नहीं आ पाएगी । शीघ्र इस बारे फैसला किया जाएगा । उन्होंने कहा, जब तक पंजाब को आतंकवाद से मुक्त नहीं करा लिया जाता, राष्ट्रीय मोर्चा सरकार चैन से नहीं बैठेगी ।

गृहमंत्री ने वरिष्ठ पुलिस तथा सिविल अधिकारियों से भेंट करके स्थिति की समीक्षा की । इस बैठक में आई.जी. क्राइम चौ. सुबे सिंह, कमिश्नर श्री एन.एस. रतन, जिलाधीश राकेश सिंह, डी.आई.जी. अजीत सिंह, एस.एस.पी. सुरजीत सिंह तथा एस.डी.एम. सुरजीत सिंह शामिल थे ।

राजनीतिक दलों की बैठक में बोलते हुए पूर्व वित्तमंत्री तथा वरिष्ठ भाजपा नेता श्री कृष्ण लाल मैनी ने कहा कि लाला जगत नारायण जी की हत्या के बाद अब तक पंजाब आतंकवाद की आग में जल रहा है । इसकी लपटों का असर सभी राजनीतिक दलों पर पड़ा है, मगर कोई भी सरकार इस पर काबू नहीं पा सकी ।

कर्फ्यू में ढील : आज अबोहर में प्रातः 8 बजे से सायं 5.30 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई । इस दौरान बैंक, डाकघर और अन्य सरकारी कार्यालय खुले रहे । काफी दुकानें खुली थीं । किसी भी भाग से किसी अप्रिय घटना का समाचार नहीं मिला । कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कस्बे को आठ

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sahara

हरियाणा विधानसभा

(पृष्ठ 3 का शेष)

कर दिया जाता है । उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों पर कब्जों का सिलसिला 1987 के चुनावों के दौरान श्री गुप्ता के चुनाव क्षेत्र भिवानी से शुरू हुआ था तथा मेहम के उपचुनाव में चरमसीमा तक पहुंच गया था । वर्तमान राज्य सरकार को अब सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं । प्रो. परमानन्द ने इस अवसर पर एक शेयर भी पढ़ा जो सदन की कार्रवाई से निकाल दिया गया । उन्होंने शिक्षा को रोजगार उन्मुख बनाने पर बल दिया । हरिजन कल्याण निगम द्वारा दी जाने वाली ऋण राशि बढ़ाए जाने की भी मांग की ।

गृहमंत्री का जवाब : बहस के जवाब में गृहमंत्री प्रो. सम्पत सिंह ने अपने विभाग से सम्बन्धित कही गई बातों पर अपना स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि कुछ अखबार पुलिस कर्मचारियों के लापता होने के बारे में गलत खबरें छाप रहे हैं । उन्होंने स्पष्ट किया कि मेहम क्षेत्र में हुई हिंसा की घटना में केवल एक कांस्टेबल हरबंस सिंह की मौत हुई थी । आज के दिन कोई भी पुलिस कर्मी लापता नहीं है ।

उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों के मन में शंकाएं पैदा करने के लिए भ्रामक प्रचार किया जा रहा है ।

मेहम कांड के बारे में उन्होंने यह कहकर कुछ और कहने से इन्कार कर दिया कि न्यायिक जांच करवाए जाने के कारण अब इस बारे में कुछ अधिक कहना उचित नहीं होगा । उन्होंने आंकड़े देते हुए बताया कि पुलिस की भर्ती में आरक्षण के कोटे पर पूरी तरह अमल किया गया है ।

20 घंटे तक

(पृष्ठ 3 का शेष)

सैक्टरों में बांटा गया है ।

जिलाधीश श्री राकेश सिंह ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है । उनके अलावा एस.एस.पी. सुरजीत सिंह और आई.जी. क्राइम चौ. सूबे सिंह भी यहां डेरे डाले हुए हैं तथा स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए हैं । कर्फ्यू में ढील के दौरान सुरक्षा के कड़े पग उठाए गए ।

एस.डी.एम. श्री हरजीत सिंह ने बताया कि पनसप के द्वारा 38 राशन डिपुओं पर आज आटा, दाल, चीनी और मिट्टी का तेल उपलब्ध कराया गया और मिल्क फैड के टैंकरों ने विभिन्न मुहल्लों में जाकर दूध वितरित किया । बोर्ड की परीक्षाएं देने वाले विद्यार्थियों के लिए बसों का प्रबंध किया गया था । कल से विद्यार्थी अपने-अपने साधनों से परीक्षा देने जाएंगे । आज एक शो के लिए सिनेमा-घर भी खुले रहे ।

जिला मैजिस्ट्रेट ने 15 मार्च को अबोहर शहर में नगरपालिका सीमा के अंदर शराब की सभी दुकानें बंद करने का आदेश दिया है । श्री हरजीत सिंह ने यह भी बताया कि आज पुनः बसें चलाई गई । जो यात्री यहां कुछ दिनों से रुके हुए थे, वे अपने क्षेत्रों को वापिस चले गये हैं । आज नागरिकों को रसोई गैस भी सप्लाई की गई । श्री हरजीत सिंह के नेतृत्व में हर सैक्टर के इंचार्ज नगर का दौरा करते रहे ताकि कर्फ्यू के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो तथा लोगों को जीवनोपयोगी वस्तुएं यथापूर्व उपलब्ध हों ।

हथियार व गहने छीने : अबोहर (संदोष): निकटवर्ती गांव बल्लूआना में गत रात्रि कुछ [illegible] व्यक्तियों ने गांव के सरपंच का दरवाजा जबरदस्ती तोड़ कर हथियार व आभूषण छीन लिए । सरपंच ने पूर्व विधायक श्री अर्जुन सिंह सियाग के साथ नहरी विश्राम घर में रुके वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को मुलाकात करके बताया कि आतंकवादी धमकियां दे गए हैं कि गांव के सभी कुत्ते मरवा दिए जाएंगे और सभी ग्रामीणों से हथियार छीन लिए जाएंगे । फिरौती न देने वाले कुछ ग्रामीणों के अपहरण की भी धमकी दी गई है । खुब्बन गांव के आसपास भी आतंकवादियों के सक्रिय होने की सूचना मिली है ।

अबोहर में कल प्रातः 7 से शाम 5 बजे तक कर्फ्यू में ढील देने का निर्णय लिया गया है । इस दौरान सभी रूटों पर बसें चलाई जाएंगी ।

एक और घायल ने दम तोड़ा : फिरोजपुर जिला के अबोहर नगर में पिछले हफ्ते आतंकवादी हमले में घायल हुए कुछ लोगों में से एक और ने आज दम तोड़ दिया। इस कांड में मरने वालों की संख्या अब बढ़ कर 34 हो गई है ।

शराब का ठेका जला दिया : सुनाम (नागपाल): यहां से 15 किलोमीटर दूर गांव धर्मगढ़ में शराब के ठेके को उग्रवादियों ने आग लगा दी जिससे ठेका जल कर राख हो गया । इसमें शराब की लगभग 100 बोतलें थीं । डीएसपी.राजेंद्र पाल सिंह बराड़ भारी पुलिस कोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गये और जांच शुरू कर दी । याद रहे कि इसी ठेके पर 3 माह पहले उग्रवादियों ने डाका डाला था और नकदी, शराब की बोतलें और एक स्कूटर ले गये थे जबकि करिंदों ने भाग कर जान बचाई थी ।

80 हजार रुपया छीना : धूरी (सिंगला): यहां से 60 किलोमीटर दूर मानसा के निकट आतंकवादियों ने देसी शराब के एक ठेके के मुनीम से 80 हजार रुपए छीन लिये । घटना के समय उक्त मुनीम कार में जा रहा था ।



पंजाब के वित्त सचिव (गृह) श्री एस.एल. कपूर ने मंगलवार को खालसा कालेज फार विमैन, सिविल लाइन्स लुधियाना के वार्षिक दीक्षांत एवं पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता की । चित्र में श्री कपूर एक छात्रा को पुरस्कार प्रदान करते हुए । उनके साथ कालेज की प्रिंसीपल श्रीमती हरिंदर ढिल्लों भी हैं । (छाया : कम्बोज)

जी. पी. सिंह

(पृष्ठ 3 का शेष)

कहा कि राष्ट्रीय मोर्चा सरकार को समर्थन देने के समय उन्हें यह मालूम था कि राष्ट्रीय मोर्चा अनुच्छेद 370 लागू रखने के बारे में प्रतिबद्ध है । हालांकि भारतीय जनता पार्टी की निजी राय इससे भिन्न है ।

नैशनल कांफ्रैंस के सैफुद्दीन सौज और मुस्लिम लीग के जी.एम. बनातवाला ने अनुच्छेद 370 का जोरदार समर्थन करते हुए कहा कि कश्मीर में इसे समाप्त करना असम्भव है ।

श्री जगमोहन को जम्मू-कश्मीर का राज्यपाल बनाए जाने का कांग्रेस (इ), मुस्लिम लीग और नैशनल कांफ्रैंस ने कड़ा विरोध किया जबकि भाजपा ने कांग्रेस (इ) नेताओं को याद दिलाया कि श्री जगमोहन को दिल्ली, गोवा और कश्मीर में स्वयं नियुक्त करने वाली कांग्रेस अब किस मुंह से आपत्ति उठा रही है ।

चर्चा के दौरान कश्मीर स्थिति को हल करने के कदमों की प्राथमिकताओं पर मतभेद उभर कर आए । नैशनल कांफ्रैंस और मुस्लिम लीग का कहना था कि सबसे पहले कश्मीर घाटी में 'दमन चक्र' बंद होना चाहिए ।

कांग्रेस (इ) ने राज्य में राजनीतिक गतिविधियों को पुनः शुरू करने को प्राथमिकता देने की मांग की । श्री साठे ने कहा कि उनकी पार्टी सरकार के किसी भी ऐसे कदम का समर्थन करेगी जिससे घाटी में लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और प्रगतिशील ताकतें राजनीतिक मुख्यधारा में आएं ।

भारतीय जनता पार्टी का कहना था कि घाटी में कानून व्यवस्था तथा नागरिक प्रशासन समाप्त हो गया है । सबसे पहले वहां इनकी पुनःस्थापना होनी चाहिए, तभी राजनीतिक गतिविधियां सम्भव होंगी । श्री जसवंत सिंह ने इस सिलसिले में हाल ही में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के होटल में सीमित रहने का जिक्र किया ।

सभी दलों ने कहा कि कश्मीर एक गंभीर राष्ट्रीय समस्या है अतः सभी को दलगत और राजनीतिक हित छोड़ कर राष्ट्रीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए ।

श्री वसंत साठे ने कहा कि कश्मीर के हालात सुधारने के लिए जरूरी है कि वहां राजनीतिक प्रक्रिया शुरू की जाए । उन्होंने कहाकि हालांकि कश्मीर मामलों के प्रभारी मंत्री जार्ज फर्नांडीस की भी यह राय है लेकिन राज्यपाल का रवैया इसके बिल्कुल विपरीत है । उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने सबसे बड़ी गलती विधानसभा भंग करके की । उसके बाद अब वह कहते हैं कि राज्य में सभी राजनीतिक दल निरर्थक हो गए हैं । इस पर विपक्ष के सदस्यों ने 'शर्म, शर्म' के नारे लगाए ।

क्लासीफाइड विज्ञापन

टेलरिंग

Bhasin Bros., First Floor, Chowk Katra Jaimal Singh, Amritsar for Gents Suits, Shirts Safaris.

गुर्दा चाहिए

O+VE गुर्दे की आवश्यकता है, लिखें या मिलें : एस.एस. खैरा, Asstt. Superintendent Central Jail Ludhiana, Phone : 35750.

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 13.3.90, 56/- without trays. NECC Suggested

लड़की चाहिए

Suitable match for Hindu Arora 28, 5'-8", Boy & Whole Family Well-Settled in Canada & U.K. Early marriage. Box 756, Punjab Kesari, Jalandhar.

गैस पेपर

हिमाचल (+1, +2, B.A./B.Sc./B.Com, प्रभाकर) के विद्यार्थी सुनहरी सफलता हेतु Deluxe Guess Papers ही खरीदें ।

नाम परिवर्तन

Be it known that I Kuljit S/o. Sh.

आयकर वि[illegible]
नील[illegible]

नई दिल्ली, 13 [illegible]
19 मार्च को यहां [illegible]
करेगा, जिन्हें हाल [illegible]
के नियमों के तह[illegible]
जानकारी आज एक[illegible]
ये नियम तब लागू [illegible]
किसी ऐसे कारण[illegible]
अधिकारियों की न[illegible]

चौटाला मे[illegible]
अन्य सीट[illegible]

चंडीगढ़, 13 [illegible]
सूत्रों से पता चला[illegible]
ओम प्रकाश चौटा[illegible]
की अपेक्षा किसी [illegible]
विधान सभा की [illegible]
हैं ।

श्री चौटाला [illegible]
उनकी निगाहें [illegible]
तथा हिसार की [illegible]

जहां व्यभि[illegible]
प्रेमी की [illegible]

बगदाद, 1[illegible]
एक नए कानून[illegible]
अथवा उसके प्रे[illegible]
के सम्बन्धियों [illegible]

साप्ताहिक [illegible]
एक खबर के [illegible]
हस्ताक्षरित इस[illegible]
की रक्षा के लिए[illegible]

शाम [illegible]

दिल्ली क्लाथ [illegible]
चांदी (999) टंच [illegible]
सैंकड़ा) 7375, [illegible]
(10 ग्राम) 338[illegible]
374-378, वन[illegible]
378, तेल सरसों [illegible]
(प्रति 10 किलो) [illegible]
(10 किलो) 27[illegible]
खाद्य (10 किल[illegible]
111, फैट्टी एसि[illegible]
किलो) मई 13[illegible]
आलू हापुड़ (40[illegible]

दिल्ली [illegible]
358.00, आ[illegible]

Punjabi Sanjaani

श्री सिंह ने घोषणा की कि अब उद्योग नीति की तरह राष्ट्रीय कृषि नीति भी बनाई जाएगी । अब तक केवल उद्योग नीति पर ही जोर दिया जाता रहा है । हमारा प्रयास रहेगा कि संसद में किसानों की



प्रधानमन्त्री श्री वी. पी. सिंह तथा उप-प्रधानमंत्री श्री देवी लाल बुधवार को चंडीगढ़ में भारतीय किसान यूनियन की रैली में भाग लेते हुए । (नीचे) रैली में भाग लेते हुए किसान ।

(छाया : पुरी)

जोशी कमेटी के गठन को पहले ही मंजूरी दे दी है । यह कमेटी कृषि उत्पादन के भाव आदि तय करने बारे कृषि मंत्रालय को सिफारिशें करेगी ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

अबोहर कांड के 2 हत्यारों सहित 4 आतंकवादी मुठभेड़ में मारे गए : अन्यत्र 9 की हत्या

चंडीगढ़, 14 मार्च (प.स., वार्ता): पंजाब में कल रात से अब तक सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ों में 4 आतंकवादियों को मार गिराया । इनमें अबोहर कांड के दो हत्यारे भी शामिल हैं । इस बीच उग्रवादियों ने 9 लोगों की हत्या की और तीन सुरक्षा चौकियों पर हमले किये ।

दो आतंकवादी मरे, एक अपहृत को छुड़ाया गया : अमृतसर (वि.प्र., नारंग, मनोहर): यहां प्राप्त सूचना के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के इलाका में कल रात दो आतंकवादी सुरक्षा बलों के हाथों मारे गए जबकि सी.आर.पी.एफ. की 33वीं बटालियन के जवानों ने आतंकवादियों द्वारा अपहृत किए गए एक व्यक्ति को छुड़ा लिया ।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार कल रात 8.30 बजे के लगभग एक सरकारी कर्मचारी के भाई का तरनतारन क्षेत्र के गांव मल्लियां से चार आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया । इस दौरान सी.आर.पी.एफ. की 33वीं बटालियन को इस वारदात की सूचना मिली जिस पर उसने पूरे क्षेत्र को घेर लिया । अपहरण करने वाले आतंकवादियों का सुरक्षा बलों के साथ मुकाबला हो गया । मुकाबले में एक आतंकवादी मारा गया । अपहृत हुए व्यक्ति को 33वीं बटालियन के जवान अपने साथ ले आए । घटनास्थल से एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल, तीन मैगज़ीन, 250 राऊंड कारतूस और एक बोतल नुमा हथगोला बरामद हुआ है । प.स. के अनुसार आतंकवादियों ने गांव मल्लियां से जिस व्यक्ति का अपहरण किया था, उसका नाम भारत भूषण है और वह पंजाब पुलिस के प्रमुख श्री के.पी.एस. गिल के निजी सचिव का भाई है ।

एक अन्य मुठभेड़ में तरनतारन पुलिस जिला के वैरोवाल पुलिस थाना के अंतर्गत तख्त चक मल्लां गांव के बाहर सी.आर.पी.एफ. जवानों ने कल रात एक आतंकवादी को मार गिराया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा कर्मियों ने उक्त गांव के बाहर नाकाबंदी की हुई थी कि चार आतंकवादियों का एक गुट उधर से गुज़रा । नाका पार्टी की ओर से ललकारने पर आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । नाका पार्टी की तरफ से जवाबी फायरिंग करने पर एक आतंकवादी मारा गया जबकि उसके तीन साथी अंधेरे में फरार हो गए । घटनास्थल से एक ए.के 47 असाल्ट राइफल व कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार भारत भूषण का उस समय अपहरण किया गया था जब वह अपनी पत्नी के साथ भाड़े पर ली गई मारुति वैन में जालन्धर से अमृतसर आ रहा था । आतंकवादियों ने उसकी पत्नी को उसी वैन में भेज दिया था और उसे यह निर्देश दिया था कि अपने पति की 'रिहाई' के लिए वह दो लाख की फिरौती का प्रबन्ध करे । भारत भूषण किरयाना व्यापारी है । उक्त मुठभेड़ में मारे गए दुर्दांत आतंकवादी का नाम सतनाम सिंह बताया जाता है । वह मलसियां कलां गांव का निवासी था और बब्बर खालसा के लखविन्द्र सिंह लक्खा गुट से सम्बद्ध था ।

तीन एस.पी.ओ. चौकियों पर हमला : पुलिस जिला तरनतारन के इलाका में आतंकवादियों ने रात के समय कैरों, दुबली तथा घड़ियाला में एस.पी.ओ. चौकियों पर फायरिंग की । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग की गई जिस पर आतंकवादी फरार हो गए । किसी तरह का जानी नुक्सान नहीं हुआ । 'प.स' के अनुसार आतंकवादियों ने घड़ियाला के गांव में सुरक्षा चौकी पर राकेट भी दागे जिससे चौकी के भवन की इमारत तथा वायरलैस उपकरणों को क्षति पहुंची । इससे संचार व्यवस्था को भी नुक्सान पहुंचा ।

तीन आतंकवादी गिरफ्तार : वल्टोहा पुलिस ने तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । उनके कब्ज़े से दो दनाली बंदकें बरामद हुई हैं । इन आतंकवादियों ने अमरकोट क्षेत्र में स्टेट बैंक आफ इंडिया की शाखा लूटी थी ।

महिला अध्यापक की हत्या : आज अपराह्न एक महिला अध्यापक श्रीमती सुभाष कुमारी, जो अमृतसर जिला के चुगावां गांव के सरकारी स्कूल में नियुक्त थी और स्कूल में छुट्टी हो जाने के बाद थाना मेहता के इलाका में गांव खजाला के करीब बस का इंतज़ार कर कर रही थी, की दो आतंकवादियों ने गोलियां चला कर हत्या कर दी ।

अबोहर कांड में लिप्त दो आतंकवादी मरे : फिरोज़पुर (वार्ता): जिला में अबोहर के निकट सरदारपुरा ग्राम में दो आतंकवादी मुठभेड़ में मारे गए । इन आतंकवादियों से मिली होमगार्ड की वर्दियों से यह संदेह व्यक्त किया जा रहा है कि ये दोनों उन्हीं लोगों में से थे, जिन्होंने गत बुधवार को अबोहर में 34 लोगों की हत्या की थी । उल्लेखनीय है कि अबोहर हत्याकांड के प्रत्यक्षदर्शियों ने यह बताया था कि हत्यारे होमगार्ड की वर्दियां पहने हुए थे ।

अबोहर से सदोष के अनुसार कल रात लगभग 10 बजे थाना सदर के एस.एच.ओ. श्री इकबाल सिंह जब एक पुलिस दल के साथ गश्त कर रहे थे तो दो अज्ञात आतंकवादियों ने उन पर अचानक फायरिंग आरम्भ कर दी । इस पर पुलिस के जवानों ने जवाबी फायरिंग की जिससे दोनों आतंकवादी घटनास्थल पर ही मारे गए । घटनास्थल से 12 बोर की एक बंदूक तथा 31 बोर का एक रिवाल्वर बरामद हुआ । अभी तक उनकी पहचान नहीं हो सकी ।

इसके साथ-साथ खालिस्तान कमांडो फोर्स के चीफ गुरजंट सिंह और लिबरेशन टाइगर फोर्स के चीफ बुधवीर सिंह योद्धा ने कल जिला फरीदकोट के गांव मढ़ीवाला में पुलिस और सी.आर.पी. पर हमले की जिम्मेवारी कबूल की है । थाड़ा ने फोन पर अखबारी प्रतिनिधियों को बताया कि इस मुकाबले में पुलिस और सी.आर.पी. के 10 जवान मारे गए थे जबकि हमलावर 3 आतंकवादी सुरक्षित लौट आए थे ।

कर्फ्यू में ढील : आज यहां कर्फ्यू में 11 घंटे की ढील दी गई । इस दौरान गली 12 को छोड़ कर शेष बाज़ार खुले रहे । गली-12 के दुकानदारों की मांग है कि जिन दुकानदारों को बम धमाके के कारण क्षति पहुंची है, उनको मुआविजा दिया जाए तथा पूर्ण सुरक्षा प्रबन्ध किए जाएं । एस.डी.एम. हरजीत सिंह ने पत्र-प्रतिनिधियों को बताया कि आज सभी शिक्षा संस्थाओं में पढ़ाई हुई तथा परीक्षाएं हुईं । इसके अलावा सभी रूटों पर बसें चलाई जा रही हैं तथा स्थिति सामान्य है, परन्तु तनाव बना हुआ है ।

अपहरण के बाद हत्या : फिरोजपुर जिला के हमाद गांव से अपहृत एक व्यक्ति सुखचैन सिंह का अपहरण करने के बाद हत्या कर दी गई ।

दो शव बरामद : जालन्धर (प.स.): जिला के फिल्लौर पुलिस थाना क्षेत्र के गांव खानपुर के निकट से पुलिस ने आज दो शव बरामद किए हैं । शवों पर तेज धार हथियारों के निशान थे । मृतकों में जरनैल सिंह तथा उसका एक सम्बन्धी शामिल है । पुलिस के अनुसार उक्त दोनों व्यक्ति कल रात स्कूटर पर अपने घर से गए थे । उनका स्कूटर भी घटनास्थल पर पड़ा मिला है । इस बीच पुलिस ने उक्त वारदात में आतंकवादियों का हाथ होने की सम्भावना से इन्कार किया है ।

आश्रयदाता काबू : संगरूर (गर्ग): जिला पुलिस प्रमुख के अनुसार पुलिस ने गरमेल सिंह नामक एक व्यक्ति को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है । एक अन्य व्यक्ति स्वर्ण सिंह को एक पिस्तौल तथा 6 कारतूसों के साथ पकड़ा गया है । उसके कब्जे से एक स्कूटर भी बरामद हुआ ।

निहंग की हत्या : जलापुर गांव में आज दोपहर आतंकवादियों ने एक निहंग की गोली मार कर हत्या कर दी ।

स्कूटर छीना : संगरूर से 3 किलोमीटर दूर गांव सीविया में दो आतंकवादियों ने पवन कुमार नामक एक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया ।

एक और स्कूटर छीना : डेरा बाबा नानक (चोपड़ा): गुरदासपुर जिला के कोटली सूरत मल्ली गांव से आतंकवादियों ने एक व्यक्ति से स्कूटर छीन लिया ।

एक की हत्या, एक घायल : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के कस्बा कादियां के मुख्य बाजार में चार आतंकवादियों ने आज सायं सात बजे फायरिंग करके एक व्यक्ति अश्विनी कुमार भनोट की हत्या कर दी व एक अन्य युवक अनिल कुमार को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । उग्रवादियों ने ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल से फायरिंग की ।

बी.एस.एफ. के जवान की हत्या : इसी जिला में आज सायं 8 बजे थाना डेरा बाबा नानक के गांव ध्यानपुर-कोटली के मध्य उग्रवादियों ने बी.एस.एफ. की एक गश्ती पार्टी पर घात लगाकर फायरिंग करके बी.एस.एफ. 132 बटालियन के नायक राजेन्द्र प्रसाद की हत्या कर दी और नायक दर्शन मुरारी व कांस्टेबल शाह जी.पी. को गम्भीर रूप से घायल कर दिया ।

एक अन्य की हत्या : इसी जिले में थाना कलानौर के गांव चक बरोहा में आज लगभग साढ़े आठ बजे आतंकवादियों ने फायरिंग करके एक व्यक्ति की हत्या करके दो अन्य को घायल कर दिया । पुलिस के अनुसार अभी तक मृतकों व घायलों के नाम नहीं बताए गए ।

उग्रवादी गिरफ्तार : पुलिस जिला बटाला के अधिकृत सूत्रों के अनुसार थाना सदर बटाला की पुलिस ने एक संदिग्ध युवक सविंदर सिंह को गिरफ्तार करके एक ए.के. 47 असाल्ट चीनी राइफल व उसके 15 कारतूस उसके कब्जे से बरामद किए हैं ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)



सी.आर.पी.एफ. के उप महानिदेशक श्री रामाकृष्णन उग्रवादियों से पकड़े गए हथियार अमृतसर में आयोजित एक पत्रकार-सम्मेलन में पत्रकारों को दिखाते हुए । *(छाया : रवि भट्टारी)*

Punjab Sahapedia

वी.पी. सिंह को ज्ञापन : युवा जनता दल के नेता अशोक कौशिक ने आज यहां हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह को एक ज्ञापन देकर यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक के सलाहकार श्री अशोक प्रधान के खिलाफ गम्भीर आरोप लगाते हुए उनके तबादले की मांग की है ।

'सपी' के अनुसार हरियाणा जद विधायक मंडल ने आज प्रधानमंत्री को ज्ञापन देकर राज्य के मुख्यमंत्री श्री ओम प्रकाश चौटाला के नेतृत्व में पूर्ण विश्वास व्यक्त किया है ।

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

मृत उग्रवादी हरदीप सिंह था : जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार कल मंगलवार सायं को गांव बिजलीवाला के निकट बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी की शिनाख्त हरदीप सिंह उर्फ दीपा निवासी गांव भागोवाल के रूप में हुई है । उल्लेखनीय है कि कल पुलिस सूत्रों ने इसका नाम महेंद्र सिंह निवासी बिजलीवाल बताया था ।

घायल कांस्टेबल दम तोड़ गया : कांस्टेबल कर्मजीत सिंह, जो हाल ही में घायल हो गया था, की आज रात्रि श्री गुरु तेग बहादर अस्पताल, अमृतसर में मृत्यु हो गई ।

2 सुरक्षा कर्मी मारे गए, 1 घायल : लुधियाना (मुसाफिर) : आज रात्रि यहां लगभग साढ़े 8 बजे 5 उग्रवादियों ने शिमलापुरी क्षेत्र के निकट गश्ती पार्टी पर हमला करके एक होमगार्ड कर्मजीत सिंह और एक पुलिस कांस्टेबल की हत्या कर दी जबकि एक अन्य पुलिस कांस्टेबल गम्भीर रूप से घायल कर दिया ।

रोगियों को दवाइयां न मिलीं ।

पंजाब बारे अनुदान मांगें संसद में पेश किए जाने को चुनौती

नई दिल्ली, 14 मार्च (वार्ता) : राज्यसभा में आज कांग्रेस (इ) सदस्यों ने वित्तमंत्री मधुदंडवते द्वारा पंजाब के 1990-91 के खर्च के लिए अनुदान मांगें पेश किए जाने को चुनौती दी और इस सम्बन्ध में संवैधानिक औचित्य का प्रश्न उठाया ।

श्री दंडवते ने अनुदान मांगों से सम्बन्धित वक्तव्य अभी सदन के पटल पर रखा ही था कि श्री पवन कुमार बंसल ने मांग की कि सरकार को अनुदान मांगों पर सदन की स्वीकृति लेने से पूर्व पंजाब के बारे में अपनी नीति बतानी चाहिए ।

रेल बजट से मूल्यों पर खास असर न पड़ने का दावा

नई दिल्ली, 14 मार्च (वार्ता) : रेलवे बोर्ड ने दावा किया है कि माल भाड़े में की गई वृद्धि का मूल्यों पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा । बोर्ड के अध्यक्ष एम.एन. प्रसाद ने रेल बजट के प्रावधानों को स्पष्ट करते हुए आज एक प्रैस कांफ्रैंस में बताया कि भाड़े में वृद्धि के बाद अब कुछ वस्तुओं की कीमतों में बढ़ौत्तरी इस प्रकार होगी :

चाय 6.2 पैसे प्रति किलो ग्राम, मिट्टी का तेल 2.8 पैसे प्रति लीटर, डीजल 3.18 पैसे प्रति लीटर, पैट्रोल 3 पैसे प्रति लीटर, सीमैंट 84 पैसे प्रति 50 किलो ग्राम, कोयला 1.54 पैसे प्रति किलो, इस्पात 4.28 पैसे प्रति किलो ।

प्राप्त समाचार के अनुसार मजीठा में भले ही अधिकारी हालात नार्मल बताते हैं, मगर इस समय पंजाब में दो पुलिस जिले उग्रवादियों के केंद्र हैं, जो तरनतारन और मजीठा हैं । पिछले कुछ महीनों से पुलिस जिला मजीठा में जहां अगवा तथा फिरौती की वारदातों में बेमिसाल वृद्धि हुई है, वहां इस जिले से दोनों समुदायों का पलायन बड़े पैमाने पर जारी है । मेहता, अजनाला और जंडियाला में खास कर जैनियों का पलायन एक रिकार्ड है । अजनाला कस्बे की हालत तो बेहद खराब चली आ रही है, मगर अब मेहता, जंडियाला, ब्यास कस्बे इससे भी आगे निकल चुके हैं । इस समय इन क्षेत्रों की हालत इस कदर खराब हो चुकी है कि लोग 5 बजे के बाद अपने घरों में बंद हो जाते हैं । कोई खेतों में पानी लगाने या पशु आदि बाहर नहीं छोड़ता । यहां तक कि शाम के बाद अगर सुरक्षा बल इस इलाके में गश्त करते हैं तो उनसे गोलीबारी हो जाती है । दरअसल यह जिला एस.एस.पी. के बस से बाहर है । अगर लोग शिकायतें लेकर आते हैं तो भी एस.एस.पी. नजरअंदाज कर देते हैं । बताया जाता है कि आतंकवादियों ने इस जिले के गांव चौहाना से 3 बच्चों को अगवा किया, फिर आसपास के गांवों में ठहरने के बाद वहां से लाखों रुपए की फिरौतियां वसूलीं । एक ऐसा गांव है जहां उग्रवादी अगवा किए हुए लोगों को लेकर आते हैं और फिर सौदेबाज़ी होती है । आतंकवादियों ने एक गांव में तो इतना आतंक मचा रखा था कि अब गांव वालों ने एक दर्जन लाइसैंसी हथियार खरीदे हैं ।

भले ही भूपिन्द्र सिंह भोला, जो कि खूंखार उग्रवादी था, मारा गया है, मगर अभी तक पिपल सिंह, सखविंद्र सिंह संधा, तस्वीर सिंह तस्वीरा, विक्रम जीत सिंह, माघा सिंह आदि ऐसे गिरोह हैं जो मजीठा तथा तरनतारन के कुछ इलाके में अपनी सरगर्मियां चला रहे हैं । भोला के मारे जाने पर भी कई तरह की अफवाहें सुनने को मिल रही हैं । मेहता की तरफ तो कई गांव एक ही समुदाय से खाली हो गए हैं और यह इलाका कुछ महीनों में ही बेरौनक-सा हो गया है । अजनाला एरिया की हालत बयान नहीं की जा सकती कि इस क्षेत्र के लोग किस तरह अपना जीवन व्यतीत करते हैं ।

यहां तक ही नहीं मजीठा जिले की अधिकांश फैक्टरियां, शैलर उग्रवादियों ने बंद करवा रखे हैं । जो चलते हैं, उनसे उग्रवादी मोटी रकमें ले जाते हैं । फैक्टरी-मालिकों का कहना है कि अगर वह ज़िंदा हैं तो केवल आतंकवादियों के रहमो-करम पर, जबकि

क्लासीफाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 14.3.90, 56/- without trays, NECC Suggested Retail Price 7.50/- Per Dozen.

पुस्तकें

For Sure Success buy today New Light One Day B.Com. Part I Guess Paper, New Light Publishers Co., Ludhiana.

नाम परिवर्तन

नीलाम सूचना

ग्राम पंचायत रानिया की हड्डा रोड़ी की नीलामी एक वर्ष (1990-91) के लिए दिनांक 31.3.90 को 11 बजे खंड कार्यालय रानिया में होगी । सरपंच ग्राम पंचायत, रानिया (सिरसा) ।

जमीन/जायदाद/प्लाट

540 गज लगता अर्बन एस्टेट अम्बाला शहर, मिलें : गुरबचन सिंह, 25F-1, पीछे सैशन कोर्ट, अम्बाला शहर, फोन : 58524.

आज यह समाचार देते हुए बताया कि भारत सरक द्वारा जम्मू-कश्मीर से विदेशी पत्रकारों निष्कासित किए जाने पर श्री खां ने अफसोस जा किया है । उन्होंने कहा कि इस बात से कश्मीर स्थिति की गम्भीरता का पता चलता है । श्री ख कहा कि अलगाववादियों और आतंकवादियों दबाया नहीं जा सकता । उन्होंने इन व्यक्तियों स्वतंत्रता सेनानी की संज्ञा दी ।

'मामाजी' की ज़मानत न हो सक

नई दिल्ली, 14 मार्च (वार्ता): अतिरिक्त म मैट्रोपोलिटन मैजिस्ट्रेट एम.एल. साहनी ने विदे मुद्रा विनियमन कानून के उल्लंघन के आरोप गिरफ्तार कैलाशनाथ अग्रवाल उर्फ मामाजी जमानत आज नामंजर कर दी । श्री साहनी तिहाड़ जेल के अधीक्षक को निर्देश दिया कैलाशनाथ का अखिल भारतीय आर्यावं संस्थान, लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्प या डा. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में इ कराया जाए । तांत्रिक चंद्रास्वामी के घ सहयोगी मामाजी को गत 24 फरवरी को गिरप किया गया था ।

हरियाणा के राज्यपाल की ओर निर्धारित प्रपत्रों पर निम्न कार्यों के प्रत्येक है और अधोहस्ताक्षरी के का केवल ऐसे ठेकेदारों को ही बेचे जाएं वर्ष 1989-90 के लिए जिनका

	स्कीम का नाम	
1.	गांव जवाहरगढ़ ब्लाक बरोड़ा, तह. और जिला अम्बाला में वाटर सप्लाई स्कीम उपलब्ध कराना	
2.	गांव रामगढ़ ब्लाक, तहसील और जिला अम्बाला में वाटर सप्लाई स्कीम उपलब्ध	

Punjabi Samachar



प्रताप सिंह वीरवार को नई दिल्ली में
हुए । (छाया : पी.टी.)

कार का समर्थन
स्ताव लाए : डांगी

सरकार के विरुद्ध आंदोलन का प्रथम चरण
ागामी 28 मार्च को प्रदेश के सभी जिला
यों में 'प्रजातंत्र बचाओ' दिवस मनाया
। उस दिन सभी जिला मुख्यालयों पर जलूस
जाएंगे व रैलियां आयोजित की जाएंगी ।

टे के साथ शांति वार्ता
ं प्रगति : विजयरत्ने

लम्बो, 15 मार्च (वार्ता): श्रीलंका के
ंत्री रजन विजयरत्ने ने कहा है कि लिबरेशन
आफ तमिल ईलम (लिट्टे) के साथ शांति
गति हो रही है । राष्ट्रपति रणसिंघे प्रेमदास
प्रैल में लिट्टे के साथ शांति वार्ता की पहल
। श्री विजयरत्ने ने कहा कि लिट्टे को अंततः
ई सुरक्षा बलों में शामिल होना पड़ेगा ।
जातीय अनुपात के आधार पर भर्ती किए
सम्भावना है ।

न ईराक से राजदूत
वापस बुलाने लगा

न, 15 मार्च (प.स.): ब्रिटेन के विदेशमंत्री
हर्ड ने आज घोषणा की कि ब्रिटेन ईराक से
राजदूत वापस बुला रहा है । ब्रिटिश
''द आब्जर्वर'' के पत्रकार फरजाद बजोफ्त
ी दिए जाने की प्रतिक्रिया स्वरूप यह कार्रवाई
ही है । श्री हर्ड ने हाऊस आफ कामन्स में
कि ब्रिटेन में अध्ययनरत सभी ईराकी
ों को वापस भेजा जा रहा है । ईराकी
का प्रशिक्षण कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है
ी स्तर के सभी दौरे स्थगित किए जा रहे हैं ।

ीज़ द्वारा राष्ट्रपति को जम्मू-
ीर की स्थिति बारे जानकारी

दिल्ली, 15 मार्च (वार्ता): रेलमंत्री जार्ज
ज़ ने आज यहां राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन से
। समझा जाता है कि उन्होंने राष्ट्रपति को
श्मीर की स्थिति से अवगत कराया । श्री
ज़ को जम्मू-कश्मीर के मामलों का
त्त प्रभार सौंपा गया है । समझा जाता है कि
कश्मीर घाटी में अलगाववादी गतिविधियों
ने के लिए सरकार द्वारा की गई पहल के बारे
पति को जानकारी दी । बताया गया है कि
ने जम्मू-कश्मीर के मामलों के लिए गठित
दस्यीय बहुदलीय सलाहकार समिति के बारे
राष्ट्रपति को सूचित किया । श्री फर्नांडीज़
कश्मीर के राज्यपाल जगमोहन से मिलने कल
जाएंगे और शनिवार को जम्मू में सलाहकार

आंतरिक संघर्ष में एक दम्पति सहित 4 आतंकवादी मरे

30 करोड़ की हेरोइन बरामद : मरी एक्सप्रैस उड़ाने की कोशिश

3 सुरक्षा कर्मियों सहित 6 की हत्या

चंडीगढ़, 15 मार्च (वार्ता, पस): पंजाब में पिछली रात से आतंकवादियों के गुट संघर्ष में एक दम्पति सहित 4 आतंकवादी मारे गये जबकि आतंकवादियों ने 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी । उग्रवादियों ने रेल लाइन पर बम विस्फोट कर मरी एक्सप्रैस को उड़ाने का प्रयास किया । भटिंडा स्टेशन के बाहर एक सैनिक के परिवार का अपहरण कर लिया गया । सीमा सुरक्षा बल ने 30 करोड़ रुपये मूल्य की हैरोइन बरामद की है ।

दम्पति की हत्या : कपूरथला जिले के सुलतानपुर लोधी पुलिस थाना के अंतर्गत गांव नाथूपुर में कल रात दो आतंकवादियों ने एक दम्पति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार आतंकवादी सुखविंदर सिंह के मकान में जबरन घुस गये तथा उसकी व उसकी पत्नी गुरिन्दर कौर की हत्या करके फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

शर्मा के अनुसार पुलिस सूत्रों ने बताया है कि यह हत्याएं आतंकवादियों की आपसी शत्रुता का परिणाम मालूम होती हैं । मृतक सुखविंदर सिंह कुछ दिन पूर्व ही जेल से जमानत पर रिहा होकर आया था । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 17 खाली कारतूस मिले हैं ।

सैनिक के परिवार का अपहरण : भटिंडा (शर्मा): कल एक सैनिक अपनी पत्नी और 2 बच्चों के साथ पंजाब मेल से यहां स्टेशन पर उतरा और सुबह 4 बजे जब वे स्टेशन से बाहर आये तो जीप पर सवार 5 सशस्त्र आतंकवादियों ने उनका अपहरण कर लिया । सैनिक के अनुसार जिसे बाद में आतंकवादियों ने भीड़ भरी में छोड़ दिया था, आतंकवादियों ने उसकी पत्नी और बच्चों को नहीं छोड़ा और वे अभी तक उनके शिकंजे में ही हैं । पुलिस को इस घटना का आज ही पता लगा है । वह अपहृत महिला और बच्चों तथा उस जीप की सरगर्मी से तलाश कर रही है जिसमें वे लोग अपहरण करके ले जाये गये हैं । जिले की सभी सीमाओं को सील कर दिया गया है । पुलिस अपहरण की इस घटना के पीछे कई थ्यिरियों को लेकर काम कर रही है ।

'वार्ता' के अनुसार सैनिक का नाम जसवंत सिंह है । वह हरियाणा में गुड़गांव जिले के फिरोजपुर झिरका का रहने वाला है । आतंकवादियों ने उसे रिहा करते समय कहा है कि वह कल एक गुरुद्वारे में प्रसाद (फिरौती) की रकम जमा कर अपनी बीवी बच्चों को छुड़ा ले ।

मरी एक्सप्रैस उड़ाने का प्रयास : अहमदगढ़ से 'पुरी' के अनुसार यहां से 9 कि.मी. दूर कुप्प तथा मालेरकोटला रेलवे स्टेशनों के बीच गत रात लगभग एक बजे जबरदस्त बम विस्फोट होने से 2 फुट लम्बी रेल लाइन उड़ गई । विस्फोट वाले स्थल से बिजली की तारों के टुकड़े बरामद किये गये हैं जिनसे बम फिट किया गया था । समझा जाता है कि आतंकवादियों द्वारा यह कार्रवाई मरी एक्सप्रैस को उड़ाने के लिए की गई थी । यह समय मरी एक्सप्रैस के आने का था परन्तु एक दिन पहले ही यह गाड़ी बंद कर दी गई थी जिससे एक भीषण दुर्घटना टल गई ।

मरी एक्सप्रैस को उड़ाने का यह तीसरा प्रयास था । इससे पूर्व गत वर्ष यहां से 10 कि.मी. दूर घघराणा रेलवे स्टेशन पर मरी एक्सप्रैस के आने से पहले बम विस्फोट करके ढेढ़ मीटर रेल लाइन उड़ा दी गई थी परन्तु समय पर ही पता लग जाने पर गाड़ी लुधियाना में ही रोक ली गई थी । आज रेल लाइन को उड़ाये जाने के कारण रेल यातायात पर विशेष प्रभाव नहीं पड़ा । केवल दो गाड़ियां एल.जे.एच.-1 तथा एल.जे.एच-2 ही एक-एक घंटा लेट हुई । सुबह 8.05 पर यातायात पुनः चालू कर दिया गया ।

महिला चल बसी : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला से प्राप्त विवरणों के अनुसार गत रात थाना कलानौर के गांव चक बरोहा में आतंकवादियों द्वारा मारे गये व्यक्तियों की शिनाख्त किशन चंद व उसकी निकट रिश्तेदार श्रीमती बंसो के रूप में की गई है । किशन चंद की मौका पर ही मृत्यु हो गई थी, जबकि श्रीमती बंसो ने गुरदासपुर के अस्पताल में दम तोड़ दिया । दोनों सांसी समुदाय के

(शेष पृष्ठ 10 पर)



मेहम से दिल्ली पदयात्रियों के जत्थे के साथ जाते हुए आनंद सिंह डांगी रोहतक में एक जनसभा को संबोधित करते हुए । (छाया : महेंद्र)

जमशेदपुर में हिंसा, 3 मरे : अनिश्चितकालीन कर्फ्यू

जमशेदपुर, 15 मार्च (वार्ता): जमशेदपुर में कल दो गुटों के बीच हुए संघर्ष के बाद आज कुछ इलाकों में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया गया और सेना को सतर्क कर दिया गया है । संघर्ष में 3 लोग मारे गए थे तथा एक घायल हुआ था । पुलिस सूत्रों के अनुसार इस शहर के साकची इलाके में कल एक लड़की के साथ छेड़खानी को लेकर विवाद शुरू हुआ था ।

प.स. के अनुसार विश्व हिन्दू परिषद् की स्थानीय शाखा ने इस घटना के विरोध में आज 'जमशेदपुर बंद' का आह्वान किया था । बंद के दौरान परिषद् के समर्थकों ने दुकानदारों को अपने शटर गिराने पर मजबूर किया था । वहां तैनात सुरक्षा बलों द्वारा हस्तक्षेप करने पर उन पर भी पथराव किया गया । इसके बाद हिंसा पर उतारू भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने गोलियां चलाईं । पुलिस गोलीबारी के बाद भागती हुई भीड़ ने 15 दुकानों को आग लगा दी । अब तक इस सिलसिले में एक दर्जन से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है । पिछले 72 घंटों के दौरान राज्य में साम्प्रदायिक हिंसा की यह दूसरी घटना है । इससे पहले गत सोमवार को नवादा जिले में हुए दंगे में कम से कम पांच व्यक्ति मारे गए थे और 20 अन्य घायल हो गए थे ।

बुश से अपने विशेष दूत भारत व पाक भेजने का आग्रह

वाशिंगटन, 15 मार्च (प.स.): रिपब्लिकन पार्टी के सांसद जे. गोर्डन हम्फरी ने राष्ट्रपति बुश से कश्मीर के मामले में जनमत संग्रह के मुद्दे पर विचार-विमर्श करने के लिए अपने विशेष दूत को भारत और पाकिस्तान भेजने के लिए कहा है । श्री हम्फरी का वक्तव्य अमरीका के उपविदेश मंत्री जान कैली की उस घोषणा के बाद जारी किया गया जिसमें जान कैली ने कहा था कि कश्मीर के बारे में अमरीका संयुक्त राष्ट्र को जनमत संग्रह कराने के बारे में नहीं कहेगा । श्री हम्फरी ने कहा कि इस बारे में संयुक्त राष्ट्र द्वारा चार दशक पूर्व डाली गई नींव काफी मजबूत है लेकिन इसे कभी लागू नहीं किया गया । उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि कश्मीर के मामले को दबाने से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर झगड़े बढ़ेंगे और इससे बेवजह लोगों की जानें जाएंगी ।

मेहम कांड को लेकर सत्तापक्ष व विपक्ष द्वारा सरकार की आलोचना : इंका द्वारा वाकआऊट

चंडीगढ़, 15 मार्च (राकेश संघी): हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन भी आज मेहम कांड छाया रहा । सत्तारूढ़ पार्टी सहित विपक्ष के कई सदस्यों ने इस कांड को लेकर राज्य सरकार की आलोचना की । इस मामले पर चर्चा करवाने की मांग को लेकर इंका के सदस्यों ने सदन से वाकआऊट किया । इससे पूर्व जब इस कांड पर चर्चा करवाने की मांग की गई तो अध्यक्ष ने कहा कि वह इस मामले पर चर्चा करवाने के लिए तैयार हैं । उन्होंने कहा कि इस मामले पर चर्चा करवाने के लिए उन्हें नोटिस दिए जाने की मांग की तो सदन में इस मामले को लेकर काफी शोर-शराबा हुआ ।

श्री पूनिया ने भी बजट पर कुछ बोलने की अपेक्षा मेहम कांड और डिजनीलैंड प्रोजैक्ट को लेकर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि पत्रकार प्रशंसा के पात्र हैं जिन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर मेहम में हुआ अराजकता का तांडव जनता को बताया है ।

श्री पूनिया ने कहा कि इस उपचुनाव में जितनी

Punjabi Sangam

मंजूरी दे दी थी । अतः इसे समाप्त करने का कोई प्रश्न नहीं उठता । उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र में गृहमंत्री विभाग के सक्रिय हो जाने से भारतीय युवकों के चोरी-छिपे पाकिस्तान जाने और वहां के शिविरों में प्रशिक्षण लेने का काम रुक गया है ।

श्री सईद ने जम्मू-कश्मीर में श्री जगमोहन को राज्यपाल के रूप में भेजे जाने के निर्णय को सही ठहराया तथा पूर्व मुख्यमंत्री डा. फारूक अब्दुल्ला द्वारा उक्त नियुक्ति के विरोध को अनुचित बताया । श्री सईद ने आज राज्यसभा में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के कुछ बयान उद्धृत किये जिनमें से एक में श्री अब्दुल्ला ने तत्कालीन राज्यपाल जगमोहन से कहा था, "अगर मैं कहीं गलती करूं तो मेरे कान खींचने में मत हिचकिचाइएगा ।" श्री सईद ने कहा कि श्री अब्दुल्ला ने उक्त बात सात नवम्बर 1986 को कही थी जबकि इस वर्ष 19 जनवरी को उन्होंने यह कहा कि वह 2 जुलाई 1984 को श्री जी.एम. शाह को मुख्यमंत्री बनाने में श्री जगमोहन की भूमिका की वजह से उन्हें राज्यपाल के रूप में स्वीकार नहीं कर सकते ।

पलायन : कश्मीर घाटी से पलायन कर जम्मू और दिल्ली आए परिवारों को तत्काल राहत दिलाने और उनके पुनर्वास के सम्बन्ध में वक्तव्य देने की मांग आज लोकसभा में की गई । भारतीय जनता पार्टी के मदन लाल खुराना ने शून्यकाल के दौरान कहा कि इनमें से अधिकांश हिन्दू और सिख परिवार हैं और उनका भविष्य अंधकार में है, इसलिए सरकार को इस मामले पर तत्काल गौर कर सदन को जानकारी देनी चाहिए । जब उन्होंने कहा कि सदन में चर्चा के दौरान किसी ने इन परिवारों की दशा के बारे में ज़िक्र नहीं किया, सत्तारूढ़ और विपक्ष के कई सदस्यों ने उनका विरोध किया ।

हंगामा : इससे पूर्व राज्यसभा के दौरान गृहमंत्री की अनुपस्थिति पर कांग्रेस (इ) के सदस्यों ने रोष व्यक्त किया । इस मामले को लेकर सदन में करीब 20 मिनट तक हंगामा होता रहा । विपक्ष के नेता पी. शिवशंकर ने गृहमंत्री की इस अनुपस्थिति को सदन के प्रति असम्मान बताया । उन्होंने कहा कि ऐसी गम्भीर चर्चा के दौरान गृहमंत्री को उपस्थित होना चाहिए था । यदि वे दूसरे दिन सदन में व्यस्त थे, तो कश्मीर मामलों के मंत्री जार्ज फर्नांडीज को उपस्थित रहना चाहिए था । सदन के नेता एवं पैट्रोलियम मंत्री एम.एस. गुरुपदस्वामी ने आश्वासन दिया कि गृहमंत्री लोकसभा में व्यस्त हैं ।



लेनिनग्राड का रहने वाला सोवियत सैनिक अधिकारी आनातोली गोलिम्बीएव्स्की जिसने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अनेक युद्धों में भाग लिया था तथा अपनी टांगें खो बैठा था तथा उसने बाद में एक शोध संस्थान में कार्य करते हुए महत्वपूर्ण वैज्ञानिक कार्य किए हैं, को नेवी स्कूल के कैडिट सलामी देते हुए । (छाया : प्रै.ट्र.)

सरकार की खिंचाई

नई दिल्ली, 15 मार्च (वार्ता, पस.): राष्ट्रपति अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर आज लोकसभा में चर्चा के दौरान जहां कांग्रेस (इ) ने राष्ट्रीय मोर्चे की सरकार की आलोचना की वहां सत्ता पक्ष के सदस्यों ने कश्मीर एवं अन्य राष्ट्रीय मसलों पर आम सहमति के लिए किए गए प्रयासों के लिए सरकार की सराहना की । प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कांग्रेस (इ) के श्री हरीश रावत ने आरोप लगाया कि सरकार बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने में पूरी तरह विफल रही लेकिन खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री नाथू राम मिर्धा ने श्री रावत के आरोप का खंडन करते हुए कहा कि कीमतें घटी हैं और जिस चीनी का भाव पिछली सरकार के शासन के दौरान 16 रुपए प्रति किलो पहुंच गया था, अब घट कर 8 से 9 रुपए तक हो गया है ।

श्री रावत ने दावा किया कि राष्ट्रपति का अभिभाषण महज शब्दजाल है और मोर्चे की सरकार दिशा विहीन है ।

भारतीय जनता पार्टी के श्री विजय कुमार मल्होत्रा ने मोर्चे की सरकार को स्मरण कराया कि जनादेश सिर्फ सत्ता परिवर्तन के लिए नहीं था, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के लिए भी था ।

राजीव के विरुद्ध 3 याचिकाओं पर सुनवाई 28 को

लखनऊ, 15 मार्च (वार्ता): इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सैयद सगीर अहमद ने आज अमेठी संसदीय क्षेत्र से श्री राजीव गांधी के चुनाव को चुनौती देने वाली तीनों चुनाव याचिकाओं के विषय में प्रारम्भिक मुद्दों पर सुनवाई के लिए 28 मार्च की तारीख निश्चित की है । तीन याचिकाओं में से एक याचिका श्री राजमोहन गांधी द्वारा दायर की गई है ।

62वीं जयन्ती 18 को

नई दिल्ली, 15 मार्च : दयानंद संस्थान, हिंदू रक्षा समिति एवं मासिक 'जन-ज्ञान' के संस्थापक स्वर्गीय महात्मा वेद भिक्षु (पं. भारतेंद्र नाथ) की 62वीं जयंती के उपलक्ष्य में 18 मार्च को आर्य समाज करोल बाग, नई दिल्ली में समारोह आयोजित किया जाएगा ।

वार्षिक दीक्षा महोत्सव

जालन्धर, 15 मार्च (ढल्ल): श्री वलैती राम जैन (जालन्धर) के अनुसार श्री श्री 1008 स्वामी रूपचन्द जी महाराज का 152वां वार्षिक दीक्षा महोत्सव 18 मार्च को जगराओं स्थित समाधि पर बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है, जिसमें रेडियो तथा दूरदर्शन के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा तथा जैन साधुओं के प्रवचन होंगे ।

टिम्बर व फायरवुड व्यापारी संघ की बैठक 18 को

लुधियाना, 15 मार्च (महिन्द्रा): पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय ने पंजाब में टिम्बर व फायरवुड पर दो प्रतिशत मार्कीट फीस लागू करने के पक्ष में जो निर्णय दिया है, उस बारे अग्रिम पग उठाने का निर्णय करने के लिए पंजाब टिम्बर व फायरवुड

आतंकवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

थे । घटना में ए.के. 47 राइफल प्रयुक्त की गई है ।

नया ट्रैक्टर ले गए : पुलिस सूत्रों के ही अनुसार गत रात लगभग 8 बजे दो सशस्त्र अज्ञात युवक किसान ट्रैक्टर एजैंसी गुरदासपुर रोड, बटाला में खड़ा एक नया ट्रैक्टर हथियारों के बल पर छीन कर ले गये । थाना सदर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

आतंकवादी मरा : बटाला पुलिस जिले में ही श्री हरगोबिन्दपुर थाना के गांव खोखरवाला में आतंकवादी गिरोहों की आपसी लड़ाई में एक संदिग्ध आतंकवादी मारा गया ।

पुत्र की हत्या, पिता घायल : गुरदासपुर जिले के धालीवाल थाने के गांव जफरवाल में आतंकवादियों ने सुरजीत सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी और उसके बाप बसाखा सिंह को घायल कर दिया ।

30 करोड़ की हैरोइन बरामद : जालंधर : सीमा सुरक्षा बल की एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार फिरोज़पुर सैक्टर में सीमा चौकी जगदीश के निकट सीमा सुरक्षा बल के जवानों और पाकिस्तान से भारत में आ रहे दो तस्करों के बीच 14-15 मार्च की रात को जबरदस्त मुठभेड़ हुई जिसमें दोनों तरफ से गोलियों का आदान-प्रदान हुआ । मुठभेड़ के बाद तस्कर पाकिस्तान की ओर भाग गये । घटना स्थल की तलाशी लेने पर वहां से 20 करोड़ रुपए मूल्य की 20 कि.ग्रा. हैरोइन बरामद हुई है ।

फिरोज़पुर की ही सीमा चौकी नेकी राम क्षेत्र में आज एक विशेष कार्रवाई के दौरान 10 करोड़ रु. मूल्य की 10 कि.ग्रा. हैरोइन बरामद हुई है ।

वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा हंगामी बैठक : 'न.न.ए.' के अनुसार अज यहां जालंधर के पी.ए.पी. परिसर में पंजाब भर के पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों, सी.आर.पी. और बी.एस.एफ. के सीनियर वरिष्ठ अधिकारियों की एक हंगामी बैठक पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल की अध्यक्षता में होने की सूचना मिली है । उक्त बैठक पंजाब में दिन-प्रतिदिन बढ़ रही आतंकवादी गतिविधियों को मुख्य रखते हुए की गई । इस बैठक में आतंकवादियों द्वारा की जा रही बड़े पैमाने पर हत्याओं को रोकने और उनसे निपटने के संबंध में विचार किया गया ।

लुधियाना वारदात का विवरण : लुधियाना (महिन्द्रा): गत रात्रि पांच उग्रवादियों ने शिमलापुरी के चौक में दो पुलिस कर्मचारियों तथा एक होमगार्ड जवान पर फायरिंग की थी, उसके आज विवरण प्राप्त हुए हैं । पुलिस ने बताया कि गत रात्रि यह पांच उग्रवादी पैदल ही शिमलापुरी चौक में आए तथा उन्होंने पुलिस व होमगार्ड कर्मचारियों पर फायरिंग आरम्भ कर दी, जिससे होमगार्ड कर्मजीत सिंह घटनास्थल पर मारा गया, जबकि एक पुलिस कर्मचारी नसीबद्दीन गम्भीर रूप से घायल हो गया, उसे सी.एम.सी. में दाखिल किया गया । तीसरा पुलिस कर्मचारी महेंद्र सिंह भाग्य से बच निकला तथा उसने पुलिस चौकी में भाग कर सूचना दी । पुलिस ने आगे बताया कि पांचों उग्रवादी उनकी राइफलें तथा उनका वायरलैस सैट भी छीन कर ले गए । पुलिस ने नाकाबंदी कर रखी है तथा अभियुक्तों की तलाश जारी है ।

लुटेरे गिरोह का सदस्य काबू : अमृतसर (मनोहर) स्थानीय पुलिस ने लूटमार करने वालों के एक गिरोह को उस समय बेनकाब किया जब थाना रामबाग के इंस्पैक्टर श्री हरजिन्द्र जीत सिंह के नेतृत्व में एक पार्टी ने गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर लिया । उस समय वे किसी लूटमार की साजिश कर रहे थे । श्री हरजिन्द्र जीत सिंह के अनुसार पकड़े गये उग्रवादी का नाम लखबीर सिंह उर्फ बीरा है जबकि इसके अन्य साथी अभी फरार हैं । बीरा तरनतारन पुलिस को भी वांछित है ।

श्री हरजिन्द्र जीत सिंह के अनुसार लखबीर सिंह पुत्र गुरमेज सिंह वासी माड़ी जोड़ों के पुलिस थाना सरहाली का रहने वाला है जो अनेकों लूटमार की वारदातों में शामिल है । बीरा ने अपना एक अलग गिरोह बना रखा था । उससे एक लोहे की 'राड' मिली है जिसे उन्होंने स्टेनगननुमा रूप दिया था और लोगों को लूटते थे । इस गिरोह ने आम लोगों के अलावा ईंटों के भट्ठों तथा अन्य व्यापारियों से लूटमार की थी । बीरा को मकबूलपुरा से पकड़ा गया है जहां इस गिरोह ने लूटमार की स्कीम बनाई थी । पुलिस बीरे के अन्य साथियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है । रामबाग पुलिस ने मकबूलपुरा के एक नामी तस्कर को गिरफ्तार करके करीब 1400 बोतल शराब पकड़ी है । अभियुक्त का नाम लखबीर सिंह उर्फ शब्बी बताया गया है । एक अन्य व्यक्ति रमेश सिंह उर्फ कक्क से 20 बोतल शराब भी थाना रामबाग ने पकड़ी है ।

एक अन्य आतंकवादी मरा : मजीठा पुलिस जिले के जाजोपुर गांव में आतंकवादी गिरोहों के आपसी झगड़े में ईशर सिंह नामक आतंकवादी मारा गया है ।

पुलिस गश्त तीव्र : अमृतसर शहर में लूटमार, फिरौतियां तथा अपहरण की घटनाओं को मद्देनज़र रखते हुए शहर में पुलिस गश्त और बढ़ा दी जाएगी । यह जानकारी सिटी डी.एस.पी. पंडित विद्यासागर ने देते हुए कहा कि पुलिस चीफ श्री संजीव गुप्ता की हिदायत पर शहर के संवेदनशील इलाकों में पुलिस गश्त बढ़ाने के साथ ही चौराहों पर नाके लगाये जाएंगे और शहर के बाहर भी मुख्य सड़कों पर पुलिस गश्त और नाकों में वृद्धि का कार्यक्रम बनाया गया है ।

बी.एस.एफ. के जवान, एक अन्य की हत्या : 3 घायल : होशियारपुर (वि.प्र.): आज रात्रि 8.25 बजे स्थानीय प्रभात चौक में उग्रवादियों ने बी.एस.एफ. की चौकी पर हमला कर दिया, जिससे बी.एस.एफ. का कांस्टेबल अनिल कुमार बर्मन और एक राहगीर, जो उत्तर प्रदेश का निवासी बताया जाता है, भी मारा गया । फायरिंग में बी.एस.एफ. का एक जवान निजामुद्दीन, पंजाब पुलिस का एक सिपाही नरेश सिंह और दोआबा ट्रांस्पोर्ट कम्पनी का एक ड्राइवर पाखर सिंह घायल



सीतो रोड, अबोहर में पुलिस-मुकाबले में मारे गये दो उग्रवादी जिनकी अभी पहचान नहीं हो सकी । (छाया : लीलाधर)

हो गए । अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं ।

हैड कांस्टेबल, कांस्टेबल की हत्या : पटियाला से भूषण के अनुसार आज रात्रि 8 बजे सी.आई.ए. के हैडकांस्टेबल जलाल मसीह और कांस्टेबल बाबू सिंह की उग्रवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

कर्फ्यू में ढील : अबोहर से 'सदोष' के अनुसार यहां लगे कर्फ्यू में आज सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक 12 घंटे की ढील दी गई । आज गली नं. 12 का बाज़ार भी खुला रहा । जिलाधीश ने हिंसा से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया । उन्होंने कर्फ्यू का उल्लंघन करने वालों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी ।

4250 रु. लूटे : खरड़ (शशि): दो स्कूटर सवार अज्ञात व्यक्तियों ने कल निकटवर्ती गांव के पास स्थित ईंट भट्ठे के मैनेजर से हथियार दिखा कर 4250 रुपए लूट लिये और फरार हो गए । ये युवक बिना नम्बर प्लेट वाले प्रिया स्कूटर पर आये थे । उनमें से एक के पास स्टेनगन थी ।

बेनज़ीर को 20 के बाद फिर संकट का सामना

इस्लामाबाद, 15 मार्च (वार्ता): कुछ ही माह पूर्व अविश्वास प्रस्ताव के संकट से उबरी पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो को 20 मार्च के बाद एक और चुनौती का सामना करना पड़ सकता है । इस दिन संविधान की उस धारा की अवधि समाप्त हो जाएगी, जिसके तहत राष्ट्रपति को प्रधानमंत्री मनोनीत करने के लिए अधिकृत किया गया है । देश के दिवंगत राष्ट्रपति ज़िया उल हक ने संविधान में इस धारा को जोड़ा था । इसके अनुसार राष्ट्रपति को प्रधानमंत्री मनोनीत करने का अधिकार होगा और मनोनीत प्रधानमंत्री को नैशनल असैम्बली में विश्वास मत हासिल करना होगा । विपक्षी दलों का कहना है कि इस प्रावधान के समाप्त हो जाने पर श्रीमती बेनज़ीर के लिए यह ज़रूरी है कि वह फिर से विश्वास मत प्राप्त करें, लेकिन सत्तारूढ़ दल के नेताओं का कहना है कि यह ज़रूरी नहीं है ।

सरकारी दफ्तरों में धूम्रपान पर प्रतिबंध लगाने के अनुदेश

चंडीगढ़, 15 मार्च : पंजाब सरकार ने सभी विभागाध्यक्षों को अनुदेश जारी किए हैं कि वे सरकारी दफ्तरों में धूम्रपान करने और तम्बाकू पीने पर पाबंदी लगाएं ।

एक सरकारी प्रवक्ता ने आज यहां कहा है कि देखने में आया है कि इस पाबंदी पर पूर्णतया अमल नहीं किया जा रहा है । सिगरेट एवं तम्बाकू के प्रयोग से न केवल वातावरण दूषित होता है अपितु दफ्तरों में आग लगने जैसी दुर्घटनाएं भी हो सकती हैं ।

इसलिए समूह विभागों के मुखियों को कहा गया है कि वे कसूरवारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें ।

तरक्की

जालन्धर, 15 मार्च : डाक्टर गुरदेव सिंह प्रीत सहायक सिविल सर्जन जालन्धर को पंजाब सरकार ने तरक्की देकर डिप्टी डायरैक्टर बना कर सिविल सर्जन कपूरथला नियुक्त कर दिया है ।

उपभोक्ता दिवस

जालन्धर, 15 मार्च (ढल्ल): खाद्य व आपूर्ति विभाग जालन्धर की ओर से आज स्थानीय लायन्ज भवन में उपभोक्ता दिवस के उपलक्ष्य में समारोह आयोजित किया,जिसकी अध्यक्षता विभाग के डिप्टी डायरैक्टर श्री एस.एस. घुम्मन ने की । इसमें स्वास्थ्य, मिलावट की रोकथाम, नाप तोल, सहकारिता आदि विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे ।

इस अवसर पर श्री घुम्मन ने कहा कि उपभोक्ता कम वजन, मिलावट, बहकावे की इश्तहारबाजी आदि के कारण ठगे जाते या परेशानी का शिकार होते हैं जिसका एहसास करते हुए सरकार ने उन्हें संरक्षण देने के लिए कई कानूनी व प्रशासनिक पग उठाए हैं और शिकायत निवारण के लिए सस्ती व्यवस्था उपलब्ध कराई है ।

बम्बई शेयर बाज़ार

बम्बई 15 मार्च : बम्बई शेयर बाज़ार में आज प्रमुख शेयरों के बंद भाव इस प्रकार रहे : विशिष्ट समूह : ए.सी.सी. 352.50, आंध्र सीमैंट 8.00, अपोलो टायर्स 42.75, अशोक लेलैंड 71.00, एशियन पेंट 222.50, एटलस कोपको 37.00, बजाज आटो 370.00, बड़ौदा रेयन 681.25, बाम्बे डाइंग 175.50, ब्रिटानिया 109.00, ब्रुक बांड 99.00, कैडबरी 148.00, सीएट टायर 82.50, सेंचुरी टैक्स 2765.00, सेंचुरी एनका 3100.00, कोलगेट 180.00, दीपक फर्टी. 33.00, ईस्ट इंडिया होटल 61.00, एस्कोर्ट्स 83.50, एस्सार शिपिंग 32.25, एस.के.एफ. 120.00, एक्सल इंडस्ट्रीज. 178.00, फूड स्पैशलीटिज 114.00, जी.ई. शिपिंग 44.75, गरवारे नाइलोन 50.00, गरवारे पोलीस्टर 34.50, ग्लैक्सी इंडिया 94.00, ग्रासिम 109.50, ग्रेट इस्टर्न शिपिंग 45.50, गुजरात, अलकली 81.50, गुजरात नर्मदा 43.25, गुजरात अंबुजा सीमैंट 26.00, हिंडाल्को 975.00, हिन्द सीबा 1020.00, हिन्द लीवर 108.00, हिन्द मोटर 20.75, हेक्सट 1320.00, एच.एम.एम. 257.50, इंडियन एल्यूमीनियम 121.00, इंडियन रेयन 90.75, इंडराल 171.25, आई.टी.सी. 51.00, जे.के. इंडस्ट्रीज 57.00, जे.के. सिंथैटिक 52.00, किर्लोस्कर कामिक्स 74.50, लार्सन 58.00, लिप्टन 86.50, महेंद्रा एंड महेंद्रा 75.00, मंगलोर कैमिकल 18.00, मास्टर शेयर 17.15, मोदी रबड़ 46.25, मिको 815.00, मुकन्द 135.00, नोसिल 1200.00, ओर्के सिल्क 15.00, पार्क डेविस 90.00, फाइजर 74.50, रेकिट कोलमैन 185.00 रिलायन्स 52.00, एस.के.एफ. बेयरिंग 1270.00,, शेषा गोवा 78.00, सीमैन्स 102.00, सदर्न पैटर्न 57.00, स्टैंडर्ड मिल्स 68.00, स्ट्रा प्राइक्टस 75.00, टाटा कैमिकल 121.00, टैल्को 112.50, टाटा पावर 425, टिस्को 109.50, टाटा टी 112.50, बाम आर्गैनिक 137.50, वोल्टास 68.66, विमको 18.25, जेनिथ 53.00, जुवारी एग्रो 61.00 रुपए ।

मद्रास शेयर बाज़ार

बम्बई, 15 मार्च : मद्रास शेयर बाज़ार में आज प्रमुख शेयरों के बंद भाव इस प्रकार रहे : अशोक लेलैंड फाइनैंस 16.5, एशियन पेंट्स 215, आंध्रा शुगर 72.57, एशियन बेयरिंग 16.25, बन्नारी अम्मान शुगर 53.00, बिहार स्पोन 19.00, बिन्नी 61, बिदल एग्रो 67.00, केरियर 20.00, घरानी गर 20.60, घरानी मिल्स 210.00, डी.सी.एम. टोयटा 14.00, डी.सी.डब्ल्यू. 51.50, एस्सार शिपिंग 32.25, एलकट 18.00, एस्कार्ट्स 81.25 जी.बी. फिल्म 19.00 गुडवीयर फर्टि. 16.65, इंडो गल्फ फर्टि. 17.75, आई.टी.सी. 52.75, जवाहर मिल्स 53.00, कोठारी शुगर 36.75, कोठारी इंडस्ट्री 38.75, के.सी.पी. 41.00, कुनाल 25.00, कावेरी 21.75, लार्सन 59.00, एल.एम.डब्ल्यू. 7.60, मद्रास सीमैंट 465, एम.आर.एफ. 215, ओसवाल एग्रो 45.50, फ्लाई एंड वेयर काटन 89.25, पशुपति 14.15, प्रीमियर इंस्ट्रूमैंट 46, पोड्स 199, प्रकाश ट्यूब्स 27.75, पोनी 31.25, परकोट मिल्स 95, प्रीमियर (हाजिर) 13.75, राजश्री शुगर 19.75, रैनी मद्रास 103, सेवा मिल्स 27, श्री चोखानी 16.25, एम.आर.एफ. निप्पोन 13, सेवा पाइप्स 22.50, टेल्को 115.50 यू.टी.आई. मास्टर शेयर 16.85 रुपए ।

शाम को दिल्ली बाजार–(15 मार्च, एन.एन.एस.)

दिल्ली क्लाथ 32.50, हिंद मोटर 21.50, रिलायंस 52.00, चांदी (999) टंच हाजिर (प्रति किलो) 6670, चांदी सिक्का (प्रति सैंकड़ा) 7350, सोना बिट्ठर (प्रति 10 ग्राम) 3310, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3420, मिल डिलिवरी : वनस्पति यू.पी. (प्रति टीन) 370-378, वनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 370-378, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 181.00, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 190, मूंगफली तेल (10 किलो) 262, तिल तेल (10 किलो) 270, तेल बिनौला (10 किलो) 195, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 175, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 111, फैट्टी एसिड आयल (क्विंटल) 1740, सरसों वायदा (20 किलो) मई 135.50, गुड़ वायदा (40 किलो) मई 145.00 आलू हापुड़ (40 किलो) जुलाई 80.80 रुपए ।

अमृतसर सर्राफा–15 मार्च (सेठी)

सोना स्टैंडर्ड 3430, सोना बिट्ठर 3340, स्वर्ण आभूषण 3115, चांदी तेजाबी 6850, चांदी थोबी 6750, सिक्का 7400 रुपए ।

कुलदीप नैयर ने ब्रिटेन में उच्चायुक्त का कार्यभार संभाला

लंदन, 15 मार्च (वार्ता): विख्यात पत्रकार कुलदीप नैयर ने आज यहां ब्रिटेन में भारत के चौदहवें उच्चायुक्त के रूप में कार्यभार ग्रहण किया और इस तरह इस महत्वपूर्ण पद को सम्भालने वाले वह पहले ऐसे व्यक्ति हैं जिनका मूल पेशा राजनीति नहीं रहा है । श्री नैयर ने पूर्व विदेश सचिव महाराज कृष्ण रसगोत्रा का स्थान लिया है ।

शोक समाचार



जालंधर, 15 मार्च : सूबेदार श्री तीर्थ सिंह 6 मार्च को देश व पंथ विरोधी तत्वों की गोली से शहीद हो गए । उनकी आत्मिक शांति के लिए रखे पाठ का भोग 19 मार्च को दोपहर बाद एक बजे गांव व डाकखाना सुजों (जालंधर) में डाला जाएगा ।

■ जालन्धर : नगर निगम जालन्धर के सुप्रिंटैंडैंट तरसेम लाल के छोटे भाई प्रेम चन्द का गत दिवस देहांत हो गया, रस्म किरया 16 मार्च को दोपहर बाद एक से दो बजे तक भदौड़ हाऊस मार्कीट, निकट सोसायटी सिनेमा, लुधियाना में होगी ।

■ अमृतसर : श्री कृष्ण गोपाल राणा के पिता श्री हरि राम की रस्म पगड़ी 20 मार्च को दोपहर बाद दो से तीन बजे तक 327, बसंत एवेन्यू, अमृतसर में होगी ।

इस फिल्म में बहुत ज्यादा Sex है
जिनकी उम्र 18 साल की है,वे इस फिल्म को देखें



THREE WAY LOVE (A)
आज से : मिनी लाल रत्न-जालंधर, रोज़ाना चार शो

Super Hot Touching Grand Gala
Opening From Today At :



Chitra-Amritsar, Daily 4 Shows
10.30, 1, 4, 7 P.M.
Modi Release—55446-3727

नाग देवता आजा
नागराज आजा
मकसद
जितेन्द्र, श्रीदेवी, राजेश खन्ना, जयाप्रदा, कादर खान, अमजद खान, शत्रुघ्न

अर्जुन हिंगोरानी और कपलेश्वर पिक्चर्स की महान पेशकश
सल्तनत
धर्मेंद्र, सन्नी, शक्ति कपूर, कर्ण कपूर, अमरीश पुरी,

'लव स्टोरी' हिट 'नाम' हिट और अब 'जुर्रत' भी हिट
"मेरे सामने कोई ऊंची आवाज निकालने की जुर्रत नहीं करता"
"मुझमें कितनी जुर्रत है मैं तुम्हें दिखाने आया हूं"
RAJENDRA KUMAR'S
JURRAT
आज से : निगार-अम्बाला सैंट

जनता की मांग पर
डायरैक्टर हरमेश मल्होत्रा
पेश करते हैं
श्रीदेवी As
SHERNI



जंगल की हसीना (A)

आग्रह किया कि वह आधे घंटे के लिए विशेष बैठक करने का समय निश्चित करें । तब श्री चौटाला ने प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की पेशकश की थी- । श्री

हरियाणा को केंद्र सरकार ने आतंकवादियों से निपटने के लिए अभी नए हथियार उपलब्ध नहीं करवाए ।

हैं । (4) गोलीकांड में मारे गये दर्शन लाल का पुराना चित्र तथा (5) उसके परिवार की शोक-संतप्त महिलाएं ।

(छाया : मून लाईट, पं.के.)

की है कि वह इस दौरे के लिए उदारतापूर्वक दान दे ।

लुधियाना के पुलिस अधीक्षक के गश्ती वाहन पर घात लगा कर हमला : पंजाब में 7 की हत्या

चंडीगढ़, 16 मार्च (प.स., वार्ता): कुछ आतंकवादियों ने कल रात पुलिस अधीक्षक इकबाल सिंह के गश्ती वाहन पर घात लगा कर गोलियां चलाईं । पुलिस की जवाबी गोलाबारी में एक नागरिक मारा गया । आतंकवादियों ने गत रात से अब तक पंजाब में 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि पट्टी पुलिस थाने और बटाला में एक एस.पी.ओ. चौकी पर हमले किए गए ।

पुलिस अधीक्षक पर हमला : लुधियाना (धीमान, महिन्द्रा): कल रात जी.टी. रोड पर आतंकवादियों और पुलिस में जो भयंकर फायरिंग हुई, उसमें एक उद्योगपति की कार का ड्राइवर मारा गया और उद्योगपति घायल हो गया । इस मुकाबले की जब वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री परमजीत सिंह संधु से विस्तृत जानकारी पूछी गई तो उन्होंने बताया कि रात पौने 11 बजे के लगभग एक पुलिस पार्टी श्री इकबाल सिंह ढिल्लों पुलिस अधीक्षक सिटी के नेतृत्व में पैट्रोलिंग करते हुए नाके चैक कर रही थी तो ग्यासपुरा चौक के नजदीक जहां आतंकवादी छुप कर घात लगाए बैठे थे, उनकी ओर से अचानक गोलियां आनी आरम्भ हो गईं । इस पर पुलिस कर्मी अपनी गाड़ियों से बाहर आ गए और जवाबी फायरिंग की । यह मुकाबला लगभग 15 मिनट हुआ और दोनों ओर से भारी गोलीबारी हुई । इस दौरान वहां से एक अन्य कार जब गुजर रही थी तो आतंकवादियों की गोलियों से इसका ड्राईवर मारा गया और इसका मालिक घायल हो गया । उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने ए.के. 47 राईफलों से गोलीबारी की इन अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए कुछ पुलिस पार्टियां भेजी गई हैं । घायल उद्योगपति का नाम श्री राजेश बांसल बताया जाता है,उसे ओसवाल मैमोरियल अस्पताल में दाखिल कराया गया था,की रात ही उसके शरीर से गोली निकाल दी गई ।

तीन हिरासत में लिए गए : होशियारपुर (वि.प्र.): गत रात्रि स्थानीय प्रभात चौक में बी.एस.एफ. की टुकड़ी पर फायरिंग की घटना के संबंध में पुलिस ने पूछताछ के लिए तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है । जिला पुलिस के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि पुलिस ने घटनास्थल से एक विदेशी पिस्तौल, एक गातरा,एक कारतूस, एक लोई व एक पगड़ी बरामद की है । प्रवक्ता ने बताया कि गत रात्रि की घटना के संबंध में कई स्थानों पर छापे मार कर तलाशियां ली गई हैं ।

प्रवक्ता ने बताया कि जिला होशियारपुर में आज से सैंट्रल पैट्रोलिंग स्कीम आरम्भ की गई है । इस स्कीम के अंतर्गत लगभग 40-50 सुरक्षा व पुलिस कर्मचारियों पर आधारित 10 टीमें स्थापित की गई हैं,जो सारे जिला में गश्त करेंगी व इनका नियंत्रण मख्यालय से होगा । गोलीकांड में मारे गये दूसरे व्यक्ति की भी शिनाख्त हो गई है, वह पिपलांवाला का दर्शन लाल था ।

बी.एस.एफ. के आई.जी. श्री प्रकाश सिंह ने आज घटनास्थल का निरीक्षण किया उन्होंने सिविल अस्पताल में दाखिल कान्स्टेबल निजामुद्दीन का कुशलक्षेम भी पूछा

शव मिला : आज सुबह होशियारपुर के गहलन गांव के निकट खेतों में एक शव मिला ।

अन्तिम संस्कार : आतंकवादियों द्वारा गत रात मारे गए बी.एस.एफ. के कांस्टेबल अनिल कुमार वर्मन का आज यहां पूरे राजकीय सम्मान से अन्तिम संस्कार कर दिया गया । इस अवसर पर जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी.आर. भट्टी के अतिरिक्त पंजाब पुलिस व बी.एस.एफ. के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे । इससे पूर्व आई.जी. आप्रेशन श्री सी. पाल सिंह तथा श्री भट्टी ने घटनास्थल का दौरा किया ।

नागरिकों में आतंक : अमृतसर (वि.प्र.): इन दिनों लुटेरे आतंकवादियों ने अपनी गतिविधियों से नागरिकों में आतंक पैदा कर रखा है और लोगों की नींद हराम होकर रह गई है । अमृतसर के बाहरी इलाकों छहर्टा, पुतलीघर, नारायणगढ़, ग्रीन एवेन्यू, रणजीत एवेन्यू, वसन्त एवेन्यू, लारेंस रोड, दयानंद नगर व रेस कोर्स रोड के लोगों में यह चर्चा है कि रात के समय सी.आर.पी.एफ. की गश्त तो एक तरफ, पुलिस और होमगार्ड वाले भी गश्त पर कहीं दिखाई नहीं देते और रात भर के लिए नागरिकों को लुटेरों के

लुटेरे आतंकवादियों के भय से अमृतसर के नागरिकों की नींद हराम : पुलिस थाने और एस.पी.ओ. चौकी पर हमला

रहमोकरम पर छोड़ दिया जाता है ।

अमृतसर के औद्योगिक क्षेत्र छहर्टा, नारायणगढ़, प्रताप बाजार के लोगों का कहना है कि रात 11 बजे के बाद 8-8, 10-10 लुटेरों के गिरोह खुलेआम हथियार लिये फिरते देख जाते हैं । यह लुटेरे धमकियां देकर मकानों के दरवाजे खुलवाते हैं और गोलियां मारने की धमकियां देकर नकदी व गहने लूट ले जाते हैं । पुलिस में रिपोर्ट देने की स्थिति में बच्चों का अपहरण करने की धमकियां भी दे जाते हैं । अत: लोग डर के मारे पुलिस के पास रिपोर्ट भी नहीं करते ।

व्यापारी-क्षेत्रों में यह बात सुनी गई है कि शास्त्री मार्केट की एक फर्म से गत रात तीन आतंकवादी लगभग 4 लाख रुपये लूट ले गये । फर्म के कार्यालय में, जो कि दूसरी मंजिल पर स्थित है, तीन आतंकवादी दाखिल हुए जबकि उनका एक साथी नीचे खड़ा रहा । कार्यालय में दाखिल होने के बाद लुटेरे आतंकवादियों ने अपने हथियार निकाल लिये और फर्म के मालिकों से रुपया लूटने के बाद चले गये । शास्त्री मार्केट की ही एक अन्य फर्म से 82,000 रुपये लूट लिये जाने की चर्चा है । पुलिस द्वारा इन घटनाओं की पुष्टि इसलिए नहीं की जाती क्योंकि लोग डर के मारे रिपोर्ट दर्ज नहीं कराते।

यह बात भी उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने पुलिस लाइन्स में नई किस्म की मोटर गाड़ियां और मोटर साइकलें, जो वायरलैस सैट से सुसज्जित हैं, पुलिस को देते हुए यह घोषणा की थी कि अब अमृतसर में पुलिस की गश्त को नया रूप दे दिया गया है और पुलिस अब आतंकवादी लुटेरों की नाक में दम कर देगी । मगर अब हालात ये हैं कि लुटेरे आतंकवादियों ने नागरिकों की नाक में दम कर रखा है । पुलिस अधिकारी तो कड़े पहरों में आराम से सोते हैं मगर लोग अपने मकानों की छतों पर आतंकवादियों को हथियार लिए घूमते देखते हैं और सारी-सारी रात जाग कर काटते हैं । कुछ मामलों में

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjab Sanatan

है ।

श्री सिंह ने घोषणा की कि 1984 के दंगों में मारे गए लोगों की विधवाओं को दी जाने वाली पैंशन 400 रुपए से बढ़ा कर एक हजार रुपए प्रति माह कर दी गई है । सरकार ने बैरकें छोड़ कर चले जाने वाले गिरफ्तार सैनिकों को रिहा कर दिया है और उनमें से बहुत से सैनिकों का पुनर्वास भी किया गया है । उन्हें नौकरियां दी गई हैं ।

श्री सिंह ने आश्वासन दिया कि सरकार सभी निर्वाचित सदस्यों के लिए अपनी सम्पत्ति की घोषणा को अनिवार्य बनाने के बारे में 'सकारात्मक रूप से विचार' करेगी ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

'प्रधानमंत्री को कभी आकाश में मत बिठाइए'

नई दिल्ली, 16 मार्च (वार्ता): प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आज सदस्यों से कहा कि कृपया प्रधानमंत्री को कभी आकाश में मत बिठाइए । श्री सिंह ने धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा के उत्तर में कहा कि प्रधानमंत्री को आकाश में बिठा कर देश को उसके साथ नत्थी कर देना बहुत नुक्सानदेह हो सकता है ।

श्री सिंह ने कहा कि ऐसे में अगर प्रधानमंत्री गिरता है, तो देश भी गिर जाता है ।

पर वह अपने निर्णय पर पुनर्विचार करेंगे ? उन्होंने स्पष्ट किया कि वह जनता दल के सदस्य बने रहेंगे, जो राष्ट्रीय मोर्चा का प्रमुख घटक है ।

लड़ रहे थे ।

श्री अजीत सिंह ने पार्टी संसदीय बोर्ड की बैठक

(शेष पृष्ठ 8 पर)

अबोहर में सी.आर.पी. की 9 कम्पनियां तैनात : एस.एम.ओ. का तबादला

अबोहर, 16 मार्च (सदोष): बीती रात जिलाधीश श्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न प्रमुख नागरिकों की बैठक में तय हुआ कि रात का कर्फ्यू ऐहतियात के तौर पर कुछ दिन के लिए जारी रखा जाए । दिन में कर्फ्यू में ढील बढ़ाने का अनुमोदन किया गया । आज कर्फ्यू में प्रातः पांच बजे से रात आठ बजे तक 15 घंटे की ढील दी गई ।

बताया गया कि स्वास्थ्य सचिव श्री टी.के.ए. नायर ने सिविल अस्पताल की त्रुटियां दूर करने के लिए 14 लाख रु. की राशि मंजूर की है । एस.एम.ओ. श्री जे.सी. गर्ग का तबादला कर दिया गया है । उसके स्थान पर भटिंडा के सहायक सिविल सर्जन श्री वी.के. बस्सी ने कार्यभार सम्भाल लिया है । अस्पताल के अन्य डाक्टरों के तबादले भी सम्भावित हैं ।

श्री राकेश सिंह ने बताया कि अबोहर के गोली कांड व बम विस्फोट से मरने वालों के आश्रितों को 20-20 हजार रुपए दिए गए हैं । शेष 30-30 हजार के अनुदान का राज्य सरकार द्वारा नीति निर्धारित होते ही भुगतान कर दिया जाएगा । मृतकों की विधवाओं को मासिक पैंशन देने के लिए केस बना कर चंडीगढ़ भेजे गए हैं । घायलों को एक से दो हजार रुपए अनुदान दिया गया है । तीन घायलों को क्रिश्चियन मैडीकल कालेज अस्पताल लुधियाना व एक को सर गंगाराम अस्पताल दिल्ली ले जाया गया है । उन्हें अधिक अनुदान देने के प्रबन्ध किए जा रहे हैं । जिन दुकानों को क्षति पहुंची है, उनका जायजा एस.डी.एम. हरजीत सिंह ले रहे हैं ताकि उचित मुआवजा दिया जाए ।

जिलाधीश की अपील पर बैठक में उपस्थित लोगों के सहयोग से 50 हजार रु. का विशेष फंड नकारा हुए लोगों के लिए एकत्र किया गया ।

जिला पुलिस अधीक्षक श्री सुरजीत सिंह ने जनप्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि सुरक्षा प्रबन्धों में रत्ती भर भी ढील नहीं आने दी जाएगी । इस समय अबोहर में सी.आर.पी. की 9 कम्पनियां तैनात हैं । कर्फ्यू पूरी तरह से हटा लिए जाने के बाद भी दो कम्पनियां स्थायी रूप से यहीं रखी जाएंगी । उनके पास संचार व वाहन सुविधाएं उपलब्ध होंगी एवं उन्हें विशेष कार्य क्षेत्र सौंपा जाएगा ।

उन्होंने कहा कि शहर में पांच नई पुलिस चौकियां कायम की गई हैं, जो अपने-अपने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने का दायित्व सम्भालेंगी । इनका शहरी पुलिस कोतवाली से निरन्तर सम्पर्क रहेगा । गश्त व नाकाबंदी सुनिश्चित बनाई जाएगी । गली नं. 12 में हर समय सुरक्षा कर्मी मौजूद रहेंगे । अब तक आठ गांवों में सुरक्षा समितियां कायम करने की स्वीकृति दी जा चुकी है । शहर में भी युवकों को स्वरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाएगा ।

बैठक में सभी राजनीतिक दलों से सम्बद्ध नागरिकों के अलावा वकील, उद्योगपति आदि भी उपस्थित थे । बैठक में 7 व 10 मार्च की हिंसक घटनाओं की निन्दा करते हुए ऐसी असुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त से सख्त कदम उठाने पर बल दिया गया । प्रशासन व पुलिस की ओर से विश्वास दिलाया गया कि हिंसक घटनाओं से सम्बद्ध किसी व्यक्ति को नहीं छोड़ा जाएगा और किसी निर्दोष व्यक्ति को पुलिस हिरासत में नहीं रखेगी । प्रशासन व जनता के बीच तालमेल बढ़ा कर स्थिति सामान्य बनाने के सभी उपाय करने की आवश्यकता महसूस की गई । नेताओं ने कहा कि लोगों का विश्वास बहाल करने के लिए दोषी आतंकवादियों के विरुद्ध अभियान में और अधिक दृढ़ता व तेजी लाई जाए । बैठक में सर्वश्री सज्जन कुमार जाखड़, मनोहर लाल नागपाल, प्रेम नाथ बिज, चांद कुमार जगमलवाल, ओम प्रकाश शर्मा, भीम सैन, सुरेन्द्र सलूजा, बलवन्त सिंह, भाग सिंह, खुशहाल सिंह, सुखमिन्दर सिंह, करतार सिंह, बचित्तर सिंह, मुख्तयार सिंह, सुखजिंदर सिंह आदि ने भाग लिया ।

त बनने की कोशिश र मचा रहे हैं : चौटाला

चट्ठा ने कहा कि प्रश्नकाल का समय बढ़ाने के लिए नियम आज्ञा नहीं देते, 25 मिनट तो पहले ही केवल इसी एक प्रश्न में लग गए हैं । श्री चौटाला ने कहा कि बेशक बहस करवा ली जाए, सरकार को कोई आपत्ति नहीं है तथा आगामी सोमवार को भी इस मुद्दे पर 30 मिनट तक बहस की जाएगी । सदन ने इस घोषणा का मेजें थपथपा कर स्वागत किया । उन्होंने पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि मेरी सरकार किसानों तथा मजदूरों के हितों की पूर्ण सुरक्षा करेगी और परियोजना पूर्ण करने के लिए कम से कम कृषि भूमि प्राप्त करने का यत्न किया जाएगा । मगर विकास कार्यों के लिए किसान की अधिगृहित भूमि का पूर्ण मुआविजा दिया जाएगा ।

श्री चौटाला ने सदन को विश्वास दिलाया कि भूमि अधिग्रहण करते समय 3,000 से अधिक आपत्तियों की बाकायदा सुनवाई की गई थी तथा किसी को उजाड़ने का हमारा कोई इरादा नहीं है ।

सदन में आज ही गृहमंत्री प्रो. सम्पत सिंह ने बताया कि जुलाई 1987 के दौरान दरियापुर घटना में कई बस यात्री कत्ल कर दिए गए थे तथा इस सम्बन्ध में 7 मुलजिम गिरफ्तार भी कर लिए गए थे । इसके अतिरिक्त 186 और लोगों को भी लूटमार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया । इन पर भी मुकद्दमा चल रहा है । पूरक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि इस घटना से सम्बन्धित लूटमार करने वालों से 26 लाख की रकम बरामद कर सम्बन्धित लोगों को वापस दी जा चुकी है शरारती तत्वों ने 45 लाख की सम्पत्ति लूटी थी तथा भिवानी की विशेष अदालत के निर्देशों पर हरियाणा पुलिस ने भूतपूर्व मुख्यमंत्री चौ. भजन लाल के भाई मनफूल सिंह तथा उनके परिवार के कई सदस्यों का आतंकवाद विरोधी अधिनियम के अधीन चालान भी किया था । उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस ने अब तक लगभग 150 ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन पर आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने का संदेह है । उन्होंने कहा कि हरियाणा पर पंजाब का प्रभाव पड़ा है तथा यहां भी कई अफसोसनाक घटनाएं हुई हैं । मगर हरियाणा पुलिस ने पंजाब के साथ सीमावर्ती क्षेत्र को सुरक्षित कर लिया है । हरियाणा को केंद्र सरकार ने आतंकवादियों से निपटने के लिए अभी नए हथियार उपलब्ध नहीं करवाए ।



होशियारपुर के प्रभात चौक में बी.एस.एफ. की चौकी पर आतंकवादियों द्वारा घात लगा कर किए गए हमले में घायल होने वाले (1) बी.एस.एफ. के कांस्टेबल निजामुद्दीन, (2) पंजाब पुलिस के कांस्टेबल नरेश सिंह और (3) एक ड्राइवर पासर सिंह जो सिविल अस्पताल में उपचाराधीन हैं । (4) गोलीकांड में मारे गये दर्शन लाल का पुराना चित्र तथा (5) उसके परिवार की शोक-संतप्त महिलाएं ।

(छाया : मून लाईट, पं.के.)

समझ में नहीं आता कि किस रस की कमी न

चंडीगढ़, 16 मार्च (राकेश संधी) : हरियाणा विधानसभा में विपक्षी सदस्यों की ओर से 'वाकआऊट' करने का सिलसिला आज पांचवें दिन भी जारी रहा । आज 'वाकआऊट' करने वाले सी.पी.आई. के एकमात्र सदस्य हरपाल सिंह थे ।

नए वर्ष के बजट पर 2 दिन की बहस के पश्चात् जब अध्यक्ष एच.एस. चट्ठा ने उप-मुख्यमंत्री बनारसी दास गुप्ता, जोकि वित्त विभाग के इंचार्ज भी हैं, को अपना उत्तर देने के लिए कहा तो हरपाल सिंह सहित

फर्नांडीज़ कश्मीर पहुंचे, लेकिन किसी से मिल न सके

जम्मू, 16 मार्च (वार्ता): केन्द्रीय रेल मंत्री और कश्मीर मामलों के प्रभारी मंत्री जार्ज फर्नांडीज जम्मू और कश्मीर की तीन दिन की यात्रा पर आज यहां पहुंचे परन्तु आज शाम तक किसी भी व्यक्ति से नहीं मिल पाए । राज्य के उच्चाधिकारी श्री फर्नांडीज से मिलने के लिए लोगों को प्रोत्साहित कर रहे हैं । सूत्रों के अनुसार मस्जिदों में आज की नमाज के बाद लाऊड स्पीकरों से यह घोषणा की जा रही है कि कोई भी व्यक्ति श्री फर्नांडीज से नहीं मिले । उग्रवादियों ने दीवारों पर हाथ से बनाए गए पोस्टर चिपकाए हैं, जिनमें धमकी दी गई है कि अगर कोई भी नेता अथवा व्यक्ति केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात करता है तो उसे इसका अंजाम भुगतना होगा ।

फर्नांडीज़ कल यहां 'सर्वदलीय सलाहकार समिति' के सदस्यों से मुलाकात करेंगे ।

'इंडीपैंडैंट इनीशिएटिव' कश्मीर में टीम भेजेगा

नई दिल्ली, 16 मार्च (वार्ता): स्वयं सेवी संगठन "दि इंडीपैंडैंट इनीशिएटिव" ने कश्मीर घाटी की स्थिति का मौका पर जायज़ा लेने के लिए बुद्धिजीवियों तथा उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के सात सदस्यीय दल को कश्मीर भेजने का आज निर्णय लिया । संगठन ने एक वक्तव्य में जनता से अपील की है कि वह इस दौरे के लिए उदारतापूर्वक दान दे ।

लिस अधीक्षक के गश्ती वाहन पर घात लगा कर हमला : पंजाब में 7 की हत्या

गोलियों से इसका ड्राईवर मारा गया और इसका मालिक घायल हो गया । उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने ए.के. 47 राईफलों से गोलीबारी की इन अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए कुछ पुलिस पार्टियां भेजी गई हैं । घायल उद्योगपति का नाम श्री सतीश कुमार अरोड़ा है तथा वह अपने

पुलिस कर्मचारियों पर आधारित 10 टीमें स्थापित की गई हैं, जो सारे जिला में गश्त करेंगी व इनका नियंत्रण मुख्यालय से होगा । गोलीकांड में मारे गये दूसरे व्यक्ति की भी शिनाख्त हो गई है, वह पिपलावाला का दर्शन लाल था ।

इन दिनों लुटेरे आतंकवादियों ने अपनी गतिविधियों से नागरिकों में आतंक पैदा कर रखा है और लोगों की नींद हराम होकर रह गई है । अमृतसर के बाहरी इलाकों छहटां, पुतलीघर, नारायणगढ़, ग्रीन एवेन्यू, रणजीत एवेन्यू, वसन्त एवेन्यू, लारेंस रोड, दयानंद मार्केट की एक फर्म से रात रात तीन आतंकवादी लगभग 4 लाख रुपये लूट ले गये । फर्म के कार्यालय में, जो कि दूसरी मंजिल पर स्थित है, तीन आतंकवादी दाखिल हुए जबकि उनका एक साथी नीचे खड़ा रहा । कार्यालय में दाखिल होने के बाद

Punjab Sentinel

घोषणा की मंत्री महोदय ने स्वागत किया । उन्होंने पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि मेरी सरकार किसानों तथा मजदूरों के हितों की पूर्ण सुरक्षा करेगी और परियोजना पूर्ण करने के लिए कम से कम कृषि भूमि प्राप्त करने का यत्न किया जाएगा । मगर विकास कार्यों के लिए किसान की अधिगृहित भूमि का पूर्ण मुआविज़ा दिया जाएगा ।

श्री चौटाला ने सदन को विश्वास दिलाया कि भूमि अधिग्रहण करते समय 3,000 से अधिक आपत्तियों की बाकायदा सुनवाई की गई थी तथा किसी को उजाड़ने का हमारा कोई इरादा नहीं है ।

सदन में आज ही गृहमंत्री प्रो. सम्पत सिह ने बताया कि जुलाई 1987 के दौरान दरियापुर घटना में कई बस यात्री कत्ल कर दिए गए थे तथा इस सम्बन्ध में 7 मुलज़िम गिरफ्तार भी कर लिए गए थे । इसके अतिरिक्त 186 और लोगों को भी लूटमार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया । इन पर भी मुकद्दमा चल रहा है । पूरक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि इस घटना से सम्बन्धित लूटमार करने वालों से 26 लाख की रकम बरामद कर सम्बन्धित लोगों को वापस दी जा चुकी है । शरारती तत्वों ने 45 लाख की सम्पत्ति लूटी थी तथा भिवानी की विशेष अदालत के निर्देशों पर हरियाणा पुलिस ने भूतपूर्व मुख्यमंत्री चौ. भजन लाल के भाई मनफूल सिह तथा उनके परिवार के कई सदस्यों का आतंकवाद विरोधी अधिनियम के अधीन चालान भी किया था । उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस ने अब तक लगभग 150 ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन पर आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने का संदेह है । उन्होंने कहा कि हरियाणा पर पंजाब का प्रभाव पड़ा है तथा यहां भी कई अफसोसनाक घटनाएं हुई हैं । मगर हरियाणा पुलिस ने पंजाब के साथ सीमावर्ती क्षेत्र को सुरक्षित कर लिया है । हरियाणा को केंद्र सरकार ने आतंकवादियों से निपटने के लिए अभी नए हथियार उपलब्ध नहीं करवाए ।

नकारा हुए लोगों के लिए एकत्र किया गया ।

जिला पुलिस अधीक्षक श्री सुरजीत सिह ने जनप्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि सुरक्षा प्रबन्धों में रत्ती भर भी ढील नहीं आने दी जाएगी । इस समय अबोहर में सी.आर.पी. की 9 कम्पनियां

भीम सैन, सुरेन्द्र सलूजा, बलवन्त सिह, भाग सिह, खुशहाल सिह, सुखमिन्दर सिह, करतार सिह, बचित्तर सिह, मुख्तयार सिह, सुखजिदर सिह आदि ने भाग लिया ।



होशियारपुर के प्रभात चौक में बी.एस.एफ. की चौकी पर आतंकवादियों द्वारा घात लगा कर किए गए हमले में घायल होने वाले (1) बी.एस.एफ. के कांस्टेबल निज़ामुद्दीन, (2) पंजाब पुलिस के कांस्टेबल सरदूल सिह और (3) एक ड्राइवर पाखर सिह जो सिविल अस्पताल में उपचाराधीन है । (4) गोलीकांड में मारे गये दर्शन लाल का पुराना चित्र तथा (5) उसके परिवार की शोक-संतप्त महिलाएं । (छाया : मून लाईट, पं.के.)

जब अध्यक्ष एच.एस. चट्ठा ने उप-मुख्यमंत्री बेनीवाल दास गुप्ता, जोकि वित्त विभाग के इंचार्ज भी हैं, को अपना उत्तर देने के लिए कहा तो हरपाल सिह सहित

फर्नांडीज़ कश्मीर पहुंचे, लेकिन किसी से मिल न सके

जम्मू, 16 मार्च (वार्ता): केन्द्रीय रेल मंत्री और कश्मीर मामलों के प्रभारी मंत्री जार्ज फर्नांडीज़ जम्मू और कश्मीर की तीन दिन की यात्रा पर आज यहां पहुंचे परन्तु आज शाम तक किसी भी व्यक्ति से नहीं मिल पाए । राज्य के उच्चाधिकारी श्री फर्नांडीज़ से मिलने के लिए लोगों को प्रोत्साहित कर रहे हैं । सूत्रों के अनुसार मस्जिदों में आज की नमाज़ के बाद लाऊड स्पीकरों से यह घोषणा की जा रही है कि कोई भी व्यक्ति श्री फर्नांडीज़ से नहीं मिले । उग्रवादियों ने दीवारों पर हाथ से बनाए गए पोस्टर चिपकाए हैं, जिनमें धमकी दी गई है कि अगर कोई भी नेता अथवा व्यक्ति केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात करता है तो उसे इसका अंजाम भुगतना होगा ।

फर्नांडीज़ कल यहां 'सर्वदलीय सलाहकार समिति' के सदस्यों से मुलाकात करेंगे ।

'इंडीपेंडेंट इनीशिएटिव' कश्मीर में टीम भेजेगा

नई दिल्ली, 16 मार्च (वार्ता): स्वयं सेवी संगठन "दि इंडीपेंडेंट इनीशिएटिव" ने कश्मीर घाटी की स्थिति का मौका पर जायज़ा लेने के लिए बुद्धिजीवियों तथा उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के सात सदस्यीय दल को कश्मीर भेजने का आज निर्णय लिया । संगठन ने एक वक्तव्य में जनता से अपील की है कि वह इस दौरे के लिए उदारतापूर्वक दान दे ।

जाएगा । प्रो. परम
मचाने के बाद अध्यक्ष
अपनी सीटों पर बैठ
काफी रोष में आक
गए ।

बजट पर हुई बह
कहा कि उन्हें यह बहु
कि सदन में जब भी
तो कई सदस्यों ने मु
मेहम कांड का उल्ल
दिया । यहां तक कि
हुई बहस पर भी कई
या कोई रचनात्मक
पर ही अधिक बल
कांड का नए वर्ष के
उन्होंने कहा कि
स्पष्टीकरण दिया
फरवरी को मतदान
के बारे में किसी ने भ
नहीं की । उन्होंने
प्रत्याशियों के मध्य
दो भागों में बंटे हो
करना सम्भव नहीं
कब्जा करने के आ
रहा है ।

इंका की ओर से
जाने का उत्तर देते हु
कर नहीं लगाया गय
विशेष ध्यान नहीं
आता कि इंका सदस्
नज़र आती है । उन
इस दलील से सहम

लिस अधीक्षक के गश्ती वाहन पर घात लगा कर हमला : पंजाब में 7 की हत्या

गोलियों से इसका ड्राईवर मारा गया और इसका मालिक घायल हो गया । उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने ए.के. 47 राईफलों से गोलीबारी

पुलिस कर्मचारियों पर आधारित 10 टीमें स्थापित की गई हैं जो सारे जिला में गश्त करेंगी व इनका नियंत्रण मुख्यालय से होगा । गोलीकांड में मारे गये

इन दिनों लुटेरे आतंकवादियों ने अपनी गतिविधियों से नागरिकों में आतंक पैदा कर रखा है और लोगों की नींद हराम होकर रह गई है । अमृतसर के बाहरी इलाकों छहर्टा, पतलीघर, नारायणगढ़, ग्रीन एवेन्यू,

मार्कीट की एक फर्म से गत रात तीन आतंकवादी लगभग 4 लाख रुपये लूट ले गये । फर्म के कार्यालय में, जो कि दूसरी मंजिल पर स्थित है, तीन आतंकवादी दाखिल हुए जबकि उनका एक साथी

सह
आत्म

Punjab Sanatani

म पर श्री भजन लाल ने कहा कि वह श्री गार्डगिल तक पहुंचा देंगे । इस पर कटाक्ष करते हुए कहा 'अब सुनने में भी होने लगे हैं ।' श्री सिंह के यह कहते ही के सदस्य ज़ोर से हंस पड़े लेकिन कांग्रेस ने इसका कड़ा विरोध करते हुए इसे बताया और वापस लेने की मांग की क्ष रवि रे का कहना था कि 'बिचौलिया' दीय नहीं है ।

जन लाल ने कहा कि यह उनका ही नहीं, का अपमान है । श्री पी. चिदम्बरम ने दि प्रधानमंत्री नहीं चाहते कि हम उनका तो हम सदन से चले जाते हैं । इस पर भी ध्यक्ष से पूछा कि क्या 'बिचौलिया' शब्द है ? यदि ऐसा है तो वह उसका उपयोग । अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री ने यह क में कहा था और इसमें कोई असंसदीय है ।

देवी लाल द्वारा इस्तीफा
(पृष्ठ 3 का शेष)

म का मुद्दा उठाया था । बैठक में उन्होंने ा पर 27 फरवरी को उपचुनाव के लिए के दौरान तथा अगले दिन पुनर्मतदान के तदान केंद्रों पर कब्जे तथा अन्य धांधलियां का आरोप लगाया था । बताया जाता है कि लाल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेतृत्व धमंत्री पद से उनके पुत्र के इस्तीफे की मांग ने से भी अप्रसन्न थे । समझा जाता है कि देवी लाल को अधिक धक्का लगा क्योंकि पा के अधिक नजदीक रहे हैं और जब वह के मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने भाजपा को त्रिमंडल में शामिल किया था ।

देवी लाल के इस्तीफे की खबर फैलते ही नके निवास पर पहुंचने वालों में हरियाणा के सम्पत सिंह भी शामिल थे । उन्हें श्री देवी करीबी समझा जाता है । श्री सम्पत सिंह ने ावाददाताओं को पूछने पर बताया कि वह इस हत्प्रभ रह गए और इन्हें इस बारे में पहले से नकारी नहीं थी । उन्होंने कहा कि श्री देवी ऐसा कदम उठाए जाने का पहले कोई संकेत या था । यह पूछे जाने पर कि क्या इसका है कि श्री देवी लाल हरियाणा की राजनीति गे, श्री सम्पत सिंह ने कहा, "मैं ऐसा नहीं ा ।" श्री सम्पत सिंह ने कहा कि वह अजमेर थे और इस्तीफे के बारे में उन्हें आज शाम रियाणा भवन पहुंचने पर ही जानकारी ।

ी देवी लाल ने अपना त्यागपत्र जिस समय धानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह अपने निवास से एक सरकारी कार्यक्रम के सिलसिले में हो रहे थे । समझा जाता है कि श्री सिंह ने न पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं से टैलीफोन पर त की ।

ी देवी लाल के इस्तीफे की खबर सुनते ही जल संसाधन राज्यमंत्री मनुभाई कोटोडिया मिले और लगभग 20 मिनट तक अकेले में -विमर्श किया । श्री कोटोडिया से प्रैस वालों पूछा कि श्री देवी लाल से उनकी क्या बातचीत उन्होंने उत्तर दिया, "उन्होंने अपने इस्तीफे नकारी दी ।" श्री कोटोडिया से जब पूछा गया या श्री देवी लाल के इस्तीफे से पार्टी और सरकार में कोई संकट तो उत्पन्न नहीं होगा, उन्होंने जवाब दिया, "मैं इस बारे में आपसे कुछ भी नहीं कहूंगा ।"

सब ठीकठाक हो जाएगा—लाठर : जनता दल के राज्यसभा सदस्य महेंद्र सिंह लाठर ने यह कह कर इस घटना की संजीदगी कम करने की कोशिश की कि मामला जल्दी सुलझ जाएगा। श्री लाठर श्री देवी लाल के दामाद हैं और इस्तीफे की खबर सुनते ही यहां पहुंच गए थे । उन्होंने सम्वाददाताओं के पूछने पर कहा, "देखते जाइए, सब ठीक हो जाएगा ।"

देवी लाल को मनाने की कोशिशें : श्री देवी लाल को मनाने के प्रयास चल रहे हैं कि वे इस्तीफा स्वीकार किए जाने पर ज़ोर न दें ।

श्री देवी लाल ने जनता दल या इसके संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष पद से त्यागपत्र नहीं दिया ।

प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने श्री देवी लाल के इस्तीफे से पैदा हुई स्थिति के बारे में आज देर रात पार्टी तथा सरकार में अपने वरिष्ठ सहयोगियों श्री दंडवते, श्री अजीत सिंह, श्री हेगड़े और दूसरे नेताओं से विचार-विमर्श किया ।

समझा जाता है कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री श्री करुणानिधि ने मद्रास से फोन पर श्री देवी लाल से बातचीत की है और नए घटनाक्रम के साथ सम्पर्क बनाए हुए हैं ।

सूत्रिज सूत्रों ने बताया कि श्री मुलायम सिंह यादव श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह तथा श्री देवी लाल दोनों से सम्पर्क बनाए हुए हैं । गुजरात के मुख्यमंत्री चिमनभाई पटेल तथा बिहार के मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव दोनों नेताओं से पहले ही बातचीत कर चुके हैं ।

आपसी मामला है : पलक्कड (केरल) : भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष लाल कृष्ण अडवानी ने उपप्रधानमंत्री देवी लाल के इस्तीफे पर तुरंत कोई टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया । उन्होंने कहा कि यह जनता दल का आंतरिक मामला है ।

नई दिल्ली : कांग्रेस (इ) ने आज कहा कि उपप्रधान मंत्री देवी लाल का केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा "जनता दल का आंतरिक मामला है ।" पार्टी के सांसद एवं प्रवक्ता एम.जे. अकबर ने यह प्रतिक्रिया व्यक्त की ।

पटना और भोपाल से मिली खबरों के अनुसार श्री देवी लाल के इस्तीफे की खबर से वहां कांग्रेस (इ) के खेमे में खुशी ज़ाहिर की गई है । कांग्रेस (इ) के सूत्रों ने कहा कि मात्र तीन महीने में ही जनता दल की अंदरूनी कलह सामने आ गई है ।

चौटाला द्वारा टिप्पणी करने से इन्कार : चंडीगढ़ : हरियाणा के मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला ने अपने पिता उपप्रधानमंत्री देवी लाल के इस्तीफे की खबर पर आज रात कोई भी टिप्पणी करने से इंकार कर दिया । उन्होंने मात्र यही कहा, "मैं उपप्रधानमंत्री के इस्तीफे से भयभीत नहीं हूं ।"

मनजीत सिंह गिरफ्तार

फरीदकोट, 16 मार्च (जिंदल): अखिल भारतीय सिख छात्र संघ (मनजीत) के प्रधान श्री मनजीत सिंह और उपप्रधान श्री जसबीर सिंह घुम्मन और उनके लगभग 100 साथियों को आज यहां पुलिस हिरासत में ले लिया गया । ये लोग एस.एस.पी.श्री समेध सिंह सैनी को घेराव करने जा रहे थे कि पुलिस ने रास्ते में ही उनको काबू कर लिया ।

इस गिरफ्तारी के विरोध में लोगों ने यातायात अवरुद्ध कर दिया । बाद में पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज कर के लोगों को तितर-बितर किया और गिरफ्तार किए गए लोगों को थाने भेज दिया गया ।

जद की विशेष बैठक 18 को

फगवाड़ा, 16 मार्च (अशोक): जिला जनता दल चुनाव समिति के संयोजक श्री नन्द किशोर चोपड़ा ने आज यहां बताया कि 26 मार्च को पटियाला में जनता दल द्वारा आयोजित सार्वजनिक सभा को केंद्रीय उद्योग मंत्री अजीत सिंह सम्बोधित करेंगे । इसमें भाग लेने हेतु तैयारियों सम्बन्धी जिला जनता दल की विशेष बैठक 18 मार्च को फगवाड़ा में होगी ।

अतिंद्रपाल सिंह
(पृष्ठ 3 का शेष)

संवाददाता के यह पूछने पर कि भारतीय संविधान के नाम पर शपथ लेने के बाद अब 'खालिस्तान' के बारे में उनकी क्या राय है, श्री अतिंद्रपाल ने कहा, "जो लोग यह सवाल करते हैं, लगता है उन्हें ही भारतीय संविधान पर यकीन नहीं है ।" श्री सिंह को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच तिहाड़ जेल से संसद भवन लाया गया । संसद के इतिहास में सम्भवत: पहली बार किसी सदस्य को जेल से लाकर शपथ दिलाई गई और दोबारा जेल भेज दिया गया । श्री सिंह दिल्ली बम विस्फोट, इंदिरा गांधी हत्याकांड तथा कुछ अन्य मामलों में जेल में बंद हैं ।

श्री अतिंद्रपाल के आने से पहले संसद में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी और संसद भवन में उनके साथ संसद के सुरक्षा कर्मी थे । श्री सिंह के शपथ लेने के थोड़ी ही देर बाद सदन की बैठक स्थगित कर दी गई ।

पंजाब से नवनिर्वाचित सांसद अतिन्दरपाल सिंह ने बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा है कि यह भारतीय लोकतंत्र के लिए शर्म की बात है कि उन्हें संसद में शपथ लेने का अवसर प्राप्त करने के लिए उच्चतम न्यायालय में लड़ाई लड़नी पड़ी । श्री सिंह ने शाम छ: बजे लोकसभा स्थगित होने से पूर्व शपथ ली । उन्होंने पत्रकारों को बताया कि उन्होंने अध्यक्ष से बोलने की अनुमति मांगी लेकिन सदन की कार्रवाई स्थगित हो जाने के कारण उन्हें मौका नहीं मिल सका ।

यह पूछे जाने पर कि क्या वह सदन में नियमित रूप से उपस्थित होंगे, श्री सिंह ने कहा कि सांसद के रूप में संसद में हिस्सा लेना उनका अधिकार है । बाद में श्री सिंह लोकसभा के महासचिव सुभाष कश्यप के कक्ष में गए और उनके साथ चाय ली । श्री सिंह ने बताया कि श्री कश्यप ने उन्हें सूचित किया कि उन्होंने (श्री कश्यप ने) गृह मंत्रालय से आग्रह किया है कि श्री सिंह को सदन में नियमित रूप से भाग लेने की अनुमति दी जाए । श्री सिंह ने कहा 'लेकिन मुझे नहीं लगता कि गृह मंत्रालय मुझे अनुमति देगा ।' श्री सिंह ने पूछा कि विधि सम्मत निर्वाचित सांसद का क्या यह अधिकार नहीं है कि वह पंजाब की समस्याओं के बारे में संसद में बोले । जब उनसे पूछा गया कि क्या वह इस बारे में गृह मंत्रालय को लिखेंगे, उन्होंने कहा कि उन्हें आग्रह क्यों करना चाहिए ? सदन में उपस्थित होना तो उनका संवैधानिक अधिकार है । उन्होंने कहा कि वह निश्चित रूप से उच्चतम न्यायालय की शरण लेंगे ।

जिला योजना बोर्डों को अधिक अधिकार दिए जाएंगे

चंडीगढ़, 16 मार्च (वि.प्र.): पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार एच.एम. सिंह ने कहा है कि जिला योजना बोर्डों को राज्य में अधिक विकास के लिए अधिक अधिकार तथा फंड दिए जाएंगे । आज यहां के जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि गांवों के स्तर तक योजनाओं को फैलाया जाए ।





पटियाला में सी.आई.ए. स्टाफ के हैड कांस्टेबल जलाल मसीह (ऊपर) तथा हैड कांस्टेबल बाबू सिंह, जिनकी गत रात्रि में अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी थी, के शव । (फोटो : राज)

पंजाब में हत्याएं
(पृष्ठ 3 का शेष)

यह लुटेरे जब किसी मकान में घुसने में सफल हो जाते हैं तो उस घर की महिलाएं उनके पांव पकड़ कर अपने परिवारों के जानों की भीख मांगती हैं ।

सोये व्यक्ति की हत्या : एक सूचना के अनुसार अमृतसर की बाहरी आबादी शहीद ऊधम सिंह नगर में गत रात एक बजे के करीब एक व्यक्ति दिलबाग सिंह के मकान में कुछ आतंकवादी दाखिल हो गये और मकान की छत पर जाकर जहां दिलबाग सिंह अपने परिवार के साथ सोया हुआ था, गोलियां मार कर दिलबाग सिंह की हत्या कर दी । पुलिस ने लाश के पास से तीन चले हुए कारतूस बरामद किये हैं ।

थाने पर हमला : कुछ सशस्त्र व्यक्तियों ने गत रात तरनतारन पुलिस ज़िले में पट्टी पुलिस थाने पर हमला कर दिया । पुलिस द्वारा जवाब में गोलियां चलाने पर आतंकवादी फरार हो गए ।

पुलिस हैड कांस्टेबल बलविंदर सिंह पट्टी थाने पर हुए हमले में घायल हो गया, उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है ।

एक व्यक्ति की हत्या : दो आतंकवादियों ने आज शाम तरनतारन पुलिस ज़िले के सखीरा गांव में सुच्चा सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

अज्ञात शव मिला : अमृतसर शहर के एक गांव वल्लाम में एक शव बरामद किया गया, जिसकी अभी तक शिनाख्त नहीं की जा सकी है ।

अंधाधुंध फायरिंग : पट्टी से संवाददाता के अनुसार गत रात लगभग 8 बजे आतंकवादियों ने पट्टी शहर को चारों तरफ से घेर कर अंधाधुंध गोलियां चलाईं । उन्होंने चौक भांडेया में आकर पहले जबर्दस्त फायरिंग की तथा पुलिस को गालियां निकालीं । यहां से वे राम लीला ग्राऊंड की ओर चले गए, जहां उन्होंने निकट स्थित थाने पर फायरिंग की । इसी समय किसी व्यक्ति ने उन्हें देख कर शोर मचा दिया जिस पर आतंकवादियों ने उसे गोली मार कर घायल कर दिया । उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया है । इस घटना के कारण लोगों में बहुत आतंक पैदा हो गया है । याद रहे गत वर्ष भी 19 मार्च को आतंकवादियों ने इसी तरह शहर को घेर कर फायरिंग की थी । वर्णनीय है कि रात 8 बजे शहर में सुरक्षा बलों द्वारा गश्त की जाती है । इसके बावजूद शहर को घेर कर फायरिंग की गई ।

चार पुलिस कर्मी घायल : प.स. के अनुसार मजीठा पुलिस ज़िले के असिस्टैंट सुपरिंटैंडैंट श्री गुरदयाल सिंह तथा तीन कांस्टेबल आज यहां गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के निकट एक आतंकवादी गिरोह का पीछा करते समय जीप उलट जाने से घायल हो गए ।

पुलिस के अनुसार जीप उस समय उलटी, जब चालक ने जीप पीछे को मोड़ने की कोशिश की । एक कांस्टेबल की स्थिति गम्भीर बताई जाती है जबकि ए.एस.पी. तथा दो अन्य कांस्टेबलों को मामूली चोटें आई हैं । पुलिस पार्टी तथा आतंकवादियों के मध्य फायरिंग भी हुई लेकिन आतंकवादी विश्वविद्यालय की दीवार फांद कर भागने में सफल हो गए । बाद में सुरक्षा बलों ने पूरे क्षेत्र को घेरे में ले लिया ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : फिरोज़पुर (धीमान): यहां प्राप्त सूचना के अनुसार ममदोट पुलिस ने गत रात ममदोट थाना के अंतर्गत गांव सोढीवाला के निकट नाकाबंदी के दौरान तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया जिनके नाम निशान सिंह पुत्र बलवंत सिंह, कृपाल सिंह पुत्र दले सिंह तथा निशान सिंह पुत्र रतन सिंह बताये गये हैं । उनके पास से 12 बोर की दो राइफलें तथा एक 315 बोर की राइफल बरामद हुई है ।

किसान की हत्या : एक अन्य घटना में फिरोज़पुर ज़िले के पीर मोहम्मद गांव के निकट आतंकवादियों ने एक किसान गुरबचन सिंह की हत्या कर दी । उसका शव आज सुबह बरामद किया गया ।

चाय वाले की हत्या : मोगा (सर्व): कुछ सशस्त्र अज्ञात व्यक्तियों ने आज सुबह लगभग 8 बजे स्थानीय नानक नगरी बस्ती में एक चाय वाले हाकिम सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । घटना के समय मृतक अपनी दुकान पर बैठा था ।

एस.पी.ओ. चौकी पर हमला : बटाला पुलिस ज़िले में बटाला सदर थाना के गांव जैतो सरजा में ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से लैस आतंकवादियों ने एक एस.पी.ओ. चौकी पर हमला कर दिया । पुलिस के अनुसार चौकी में मौजूद लगभग 15 एस.पी.ओज़ ने उनका मुकाबला किया जिससे आतंकवादियों को भागने पर विवश होना पड़ा । इस हमले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है ।

दो घुसपैठिए मारे गए : श्रीगंगानगर (प.स.): दो पाकिस्तानी घुसपैठिए आज अनूपगढ़ सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल से मुठभेड़ में मारे गए । पुलिस ने बताया कि उनका एक साथी भागने में कामयाब हो गया ।

इंका महासचिव के.एन. सिंह माफी मांगें : विश्व हिंदू परिषद

नई दिल्ली, 16 मार्च (प.स.): विश्व हिंदू परिषद ने कांग्रेस (इ) महासचिव के.एन. सिंह को एक कानूनी नोटिस देकर कहा है कि वह अपने उस वक्तव्य के लिए सार्वजनिक तौर पर क्षमा मांगें कि परिषद ने राम जन्म भूमि के नाम पर सात सौ करोड़ रुपया

नई आयात
घोषणा

नई दिल्ली, 16 मार्च (वार्ता): व
अरुण नेहरू ने आज लोकसभा में बत
आयात-निर्यात नीति की घोषणा 30
जाएगी । उन्होंने बाला साहब
मल्लापल्ली रामचन्द्रन के प्रश्न के लि
बताया कि अभी नई नीति के बारे में वि
है, अत: इस संबंध में कुछ भी बताना स
होगा । वाणिज्य मंत्री से पूछा गया
सरकार गैर जरूरी चीजों के आयात क
के लिए दीर्घकालीन आयात-निर्यात नी
कर रही है ?

सैंटकिट्स : वित्त मंत्री ने एक
लिखित उत्तर में बताया कि सैंटकिट्स
बारे में पता लगाने के लिए आगे और
जारी है । उन्होंने बताया कि इन ख
अखबारों में छपी खबरों के आधार पर
शुरू की गई और विशिष्ट खाते से संब
उपलब्ध कराए गए विवरण इन
प्रमाणिकता के बारे में गंभीर मतभेद

ऋण माफी : वित्तमंत्री ने ब
हजार रुपए के ऋणों को माफ करने
रूपरेखा तैयार की जा रही है । उन्
इस योजना में ग्रामीण क्षेत्रों में ऋण
श्रेणी के लोगों को ही लिया जा रहा

कश्मीर : पर्यटन मंत्री अरुण
सदन में स्वीकार किया कि कश्मीर
का व्यापक प्रचार होने की वजह से घ
संख्या में कमी आई है जबकि विदे
संख्या पर इसका कोई असर नहीं प

धूम्रपान : एक अन्य प्रश्न
फर्नांडीस ने स्पष्ट किया कि रेलवे
सिगरेट की बिक्री पर प्रतिबंध ल
सरकार का कोई इरादा नहीं है ।

बस चालक की लाप
तांगा चालक व घोड़े

धारीवाल, 16 मार्च (गुप्त
किलोमीटर दूर गांव जापुवाल के
बाबा सिंह और उसके घोड़े की ए
लपेट में आ जाने से मृत्यु होने क
है । बताया गया है कि तांगा चा
लिए अपने हाथ जा रहा था कि बे
जा चढ़ी और उन्हें कुचल दिया
कब्जे में लेकर केस दर्ज कर लिया

प्राथमिकता वाले क्षेत्रों
निवेश की अनुमति दि

नई दिल्ली, 16 मार्च
प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में विदेशी नि
देने पर विचार कर रही है ।
अजीत सिंह ने यह जानकारी देते ह
कि यदि विदेशी निवेश से
आधुनिकीकरण में मदद मिलती है
होगा ।

दुखी हृदय से सूचित किय
पूज्य पिता जी श्री अमृत कुम
जी) मिति 7.3.90 को सायं
प्रस्थान कर गये हैं । उनकी
लिए गरुड़ पुराण का भोग अ
18.3.1990 दिन रविवार
निवास 9, शांति सदन, त्रिपुड़ी
होगी ।
दुखी परिवार एवं
चंद्रकांता शर्मा (पत्नी), सुनी
कुमार, देवेंद्र कुमार (पुत्र), स
कुमारी, सुनीता रानी (पुत्र
मनोज कुमार, सोनू (पौत्रे
(अलग से कार्ड नहीं

रस

बड़े दुखी हृदय से स
है कि मेरी धर्मपत्नी
कुमारी सहगल 15.
सिधार गई है । उन
उठाला रविवार 18.3.
3 बजे तक मेरे निव
महिन्द्रा हाऊस, अमृत
ओम प्रकाश सह
नगरपालिका सदस्य भ
(NARANG)

In Ev
of o

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का मुहम्मद
द उम्र 14 साल
4'-5", सफेद पैंट
बैकदार कमीज
है, 13.3.90 को
से स्कूल पेपर देने
मगर पेपर देने के
घर वापस नहीं
ा । पहुंचाने वाले
फर खर्च के अलावा
हजार रुपए शुक्राना
जाएगा ।
मद रमज़ान मुहल्ला बेरीवाला शेरवानी गेट के
बाहर, मालेरकोटला (पंजाब)

लुधियाना नगर निवासियों, माताओं, बहनों और बंधुओं को सूचित किया जाता है कि

ध्यान साधना कार्यक्रम

18 मार्च से 24 मार्च तक सुबह 8 बजे से 10 बजे तक और
सायं 5 बजे से 7 बजे तक प्रतिदिन

श्री 1008 पूज्य स्वामी परमानंद जी महाराज

माध्यक्ष अखंड परम ध्यान सरोवर हरिद्वार के सान्निध्य में पहली बार हो रहा है और भारत धर्म प्रचारक मंडल रजिस्टर्ड लुधियाना की ओर से

31वां वार्षिक महासम्मेलन

25 मार्च से 31 मार्च तक प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 12 बजे तक और
सायं 4 बजे से 7 बजे तक

श्री 1008 पूज्य स्वामी भास्करानंद जी महाराज



सान्निध्य में, अपने पुराने रीति-रिवाजों के अनुसार बड़े उत्साह के साथ आयोजित हो रहा है, जिसमें देश भर के साधु-महात्मा, धर्माचार्य, ड्लेश्वर, वेदादि शास्त्रों के प्रकांड विद्वान, कथावाचक, कथा-वाचिकाएं और अच्छे गायक भाग लेंगे और प्रभु भक्ति के नमूने पेश करेंगे । इस हासम्मेलन में यज्ञ और वेद पाठ भी आत्म-लाभ और आत्म-शक्ति प्राप्त करने के लिए हो रहे हैं ।

यह भी घोषणा की गई है कि ध्यान साधना कार्यक्रम में सच्चा अभय, आनंद की विशेष अनुभूति प्राप्त करेंगे । मानव जीवन में भय, अशांति, नाव, निराशा आदि महसूस होने लगे हैं । इनसे छुटकारा पाने के लिए मन का चंचलपन साधना के द्वारा दूर हो सकता है । अपने जीवन को

Punjab Sahapedia

पंजाब में भाजपा नेता और 3 पुलिस कर्मियों समेत 8 लोगों की हत्या

2 पाक घुसपैठिए मारे गए : उग्रवादी द्वारा विष खाकर आत्म-हत्या

जम्मू क्षेत्र में भारी परिमाण में हथियार व गोली-सिक्का बरामद

चंडीगढ़, 17 मार्च (प.स.): पंजाब में कल रात से अब तक एक भाजपा नेता तथा तीन सुरक्षा कर्मियों समेत 8 लोगों की हत्या कर दी गई । इसके अलावा दो पाक घुसपैठिए मारे गए और तीन आतंकवादी पकड़े गए । जम्मू क्षेत्र में तस्कर भारी परिमाण में हथियार व गोली-सिक्का छोड़ कर फरार हो गए ।

भाजपा नेता की हत्या : पटियाला (पस): राजपुरा भाजपा अध्यक्ष व पंजाब राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के उपाध्यक्ष श्री सत प्रकाश प्रभाकर की कल रात पटियाला जिले के राजपुरा गांव में हत्या कर दी गई । प्राप्त खबरों के अनुसार कुछ सशस्त्र हमलावर कल रात श्री प्रभाकर के घर में घुसे और उन्होंने उन पर गोलियां चला दी । उनकी घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई । इस घटना में श्री प्रभाकर के निजी चिकित्सक श्री नंद लाल भी घायल हो गए ।

राजपुरा से मासूम के अनुसार श्री प्रभाकर पर हमला करने वाले आतंकवादियों की संख्या 2 थी और वे पैदल ही आए थे । श्री प्रभाकर को तीन गोलियां लगीं । श्री प्रभाकर ने अस्पताल जाते समय रास्ते में दम तोड़ा । वारदात के बाद आतंकवादी पैदल गोलियां चलाते हुए फरार हो गए । उस समय क्षेत्र में लाईट भी बंद हो गई । हत्या की खबर मिलते ही लोगों ने दकानें बंद कर दीं और अस्पताल में भारी भीड़ जमा हो गई । लोगों ने पुलिस के विरुद्ध नारे लगाये । आज राजपुरा में पूर्ण बंद रहा ।

दो पुलिस कर्मियों की हत्या : अमृतसर (अशोक सोनी):आज प्रातः साढ़े स्यारह बजे के लगभग तरनतारन पुलिस जिला के थाना सरहाली के अंतर्गत बर्ज गांव में आतंकवादियों ने घात लगा कर पुलिस की एक पार्टी पर हमला कर दिया जिससे एक पुलिस कांस्टेबल श्री कुलदीप सिंह की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई जबकि हवलदार दर्शन दास गंभीर रूप से घायल हो गया । अस्पताल ले जाते समय रास्ते में श्री दास ने दम तोड़ दिया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सरहाली थाना के एस.एच.ओ. के नेतृत्व में पुलिस की एक पार्टी निकटवर्ती गांव में एक परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी देने के बाद वाहनों में लौट रही थी कि बर्ज गांव के चौक में कार सवार कुछ आतंकवादियों ने हमला कर दिया । पुलिस द्वारा जबाबी फायरिंग करने से आतंकवादी भाग गए । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने घटना स्थल पर पहुंच कर जांच की ।

घायल कांस्टेबल ने दम तोड़ा : अमृतसर में गुरुनानक देव विश्वविद्यालय के निकट मजीठा के सहायक पुलिस अधीक्षक गुरदेव सिंह के वाहन पर आतंकवादियों ने घात लगा कर हमला किया था और इस हमले में श्री सिंह और तीन कांस्टेबल घायल हो गये थे । इनमें से एक कांस्टेबल विजय कुमार ने बाद में दम तोड़ दिया ।

एक की हत्या : आतंकवादियों ने तरनतारन पुलिस जिला के झब्बाल गांव में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतक का नाम निरंजन सिंह बताया जाता है ।

छुरा घोंप कर हत्या : अमृतसर शहर के टाहली साहिब क्षेत्र में दर्गा मार्कीट में कुछ हमलावरों ने आज एक व्यक्ति की छुरा घोंप कर हत्या कर दी । मृतक की अभी पहचान नहीं हुई ।

एक और हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के बरनाला गांव में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतक का नाम बचित्तर सिंह बताया जाता है ।

दुर्दांत आतंकवादी गिरफ्तार : तरनतारन पुलिस जिला के झब्बाल पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत खुर्द उच्चा कलां गांव के निकट सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के बाद 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' के एरिया कमांडर सतनाम सिंह उर्फ कक्कू उर्फ निशान सिंह को गिरफ्तार कर लिया । सतनाम सिंह के दो अन्य साथी जस्सा सिंह उर्फ कक्की तथा बलविंदर सिंह फरार होने में कामयाब रहे । गिरफ्तार आतंकवादी के कब्जे से एक पिस्तौल भी बरामद हुआ है घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 22 खाली कारतूस मिले हैं ।

शव बरामद : जालंधर (प.स.) : जिला के नवांशहर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत जीतू माजरा गांव के बाहर स्वर्ण सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी गई । गोलियों से छलनी उसका शव आज दोपहर बरामद हुआ ।

रिवाल्वर व रुपये लूटे : नवांशहर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत करीमा गांव में कल रात बलबीर सिंह के मकान से 38 बोर का एक रिवाल्वर तथा आठ हजार रुपये नकद लूट लिए गए ।

पैट्रोल पंप लूटा : खन्ना (शर्मा) : कल सायं 2 अज्ञात युवक ए.के. 47 राइफल लेकर स्कूटर पर प्रीतम सिंह एंड कम्पनी, अमलोह रोड, खन्ना के पैट्रोल पम्प पर आए और पैट्रोल पम्प के मालिक जसपाल सिंह और एक कर्मचारी हरभजन सिंह को राइफल की नोक पर अंदर ले गए । फिर टैलीफोन की तार काट दी । राइफल से कुछ फायर किए जो किसी को न लग कर सामने दीवार पर लगे । फिर उन्होंने सारा कैश उनके हवाले करने को कहा । इस प्रकार 4200 रुपए लेकर वे चले गए ।

100 गज की दूरी पर दूसरे पैट्रोल पम्प ओटाल फ्लिंग स्टेशन पर वे गये । वहां भी उन्होंने वैसा ही किया जैसा पहले पैट्रोल पम्प में किया था और वहां से वे 1000 रु. लेकर स्कूटर पर अमलोह की ओर चले गए ।

तीन आतंकवादी गिरफ्तार : कपूरथला : जिले में आज तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया । इनके पास से काफी मात्रा में शस्त्र और गोली-बारूद बरामद किया गया है ।

उग्रवादी द्वारा साइनायड खाकर आत्महत्या : होशियारपुर : आज सायं थाना माहलपुर के निकट एक उग्रवादी अवतार सिंह निवासी कंदरोड़ थाना बंगा ने जांच के दौरान साइनायड खाकर आत्महत्या कर ली ।

दो घुसपैठिये मरे : गुरदासपुर : जिला के डेरा बाबा नानक सैक्टर में भारत पाक सीमा पर मुठभेड़ के दौरान दो पाक घुसपैठिये मारे गए । आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है ।

भारी परिमाण में हथियार बरामद : जम्मू (नि.स.): सीमा सुरक्षा बल ने जम्मू सैक्टर में भारी परिमाण में हथियार और गोली सिक्का बरामद किया है । बी.एस.एफ. जम्मू रेंज के महानिरीक्षक श्री पी.सी. डोगरा के अनुसार सीमा सुरक्षा बल की नाका पार्टी ने जम्मू जिला के गोलपत्तन क्षेत्र में 16-17 मार्च की अर्द्ध रात्रि को कुछ संदिग्ध लोगों को घूमते हुए देखा । जब उन्हें चुनौती दी गई तो वे गोलपत्तन गांव की ओर भागने लगे । नाका पार्टी ने उनका पीछा किया लेकिन वे अपने साथ लाये हथियार फैंक कर खेतों में छिप-छिपा कर फरार हो गए । बरामद हथियारों में 6 ए.के. 74 रायफलें, तीन पिस्तौल, 20 डैटोनेटर, 3500 कारतूस और अन्य विस्फोटक शामिल हैं । पिछले कुछ महीनों में चौथी बार इतनी बड़ी संख्या में हथियार पकड़े गए ।

कश्मीर के पलायनकर्त्ता निःसहाय भटक रहे हैं मगर उनकी सुध कोई नहीं ले रहा

अमृतसर, 17 मार्च (कमलेश): कश्मीर पलायनकर्त्ता समिति का एक शिष्टमंडल आज पत्रकारों से मिला और इस बात पर खेद व्यक्त किया कि अभी तक न तो किसी सामाजिक संगठन और न ही सरकार ने कोई सहायता दी है । उन्होंने बताया कि समिति के प्रतिनिधि पहले 23.2.90 और फिर 14.3.90 को जिलाधीश को मिल चुके हैं परन्तु सरकार ने उनको किसी प्रकार से सहायता करने में अपनी असमर्थता प्रकट की । इस तरह वे राष्ट्रीय सरक्षा समिति, ब्राह्मण सभा तथा दुर्गाणा कमेटी से भी मिले परन्तु सिवाय अखबारी बयानों के इन्होंने भी कोई मदद नहीं की । समिति के महामंत्री श्री रमन कुमार ने बताया कि एक भी पलायनकर्त्ता दुर्गाणा मंदिर नहीं ठहरा हुआ है क्योंकि उन्हें रहने को स्थान ही नहीं दिया गया । एक व्यक्ति ने जब सराय के कमरे की चाबी मांगी,तो उसेभी न दी गई । शिष्टमंडल ने स्पष्ट किया कि पलायनकर्त्ता गोल बाग में इकट्ठे हुए थे कि वे अपनी हालत के बारे जिला अधिकारियों और उक्त संस्थाओं को बताएं, मगर सिवाय जबानी जमा खर्च के किसी ने कुछ नहीं किया और पलायनकर्त्ता दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं । वे अपने रिश्तेदारों के पास या किराए के मकानों में ठहरने के लिए विवश हैं । उन्होंने बताया कि अखबारी खबरों से लोग यही समझ रहे हैं कि शायद उन्हें दुर्गाणा मंदिर में शरण मिल गई है, मगर यह बिल्कुल गलत है । समिति का शिष्टमंडल इस बात से खिन्न था कि कश्मीर में तो उन्हें उग्रवादी नहीं जीने देते और यहां उनकी कोई बांह पकड़ने को तैयार नहीं । उन्होंने बताया कि अकेले श्रीनगर में ही पंजाब भर के विशेषकर अमृतसर के ही दस हजार कपड़े की फेरी करने वाले व अन्य कारोबार करने वाले व्यक्ति बेघर हो गए हैं । शिष्टमंडल ने बताया कि होली हार्ट स्कूल, रानी-का-बाग के सामने उन्होंने अपना कार्यालय खोला है और तमाम पलायनकर्त्ताओं से कहा है कि वे वहां ही आकर भावी योजनाओं के बारे विचार किया करें ।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शिरोमणि कमेटी के सदस्य प्रेम सिंह, इंका नेता सहित 10 की हत्या

एक आतंकवादी ने ज़हर खा लिया : एक को साथियों ने मार दिया

2 व्यक्तियों का अपहरण : 3 उग्रवादी काबू

चंडीगढ़, 18 मार्च (प.स., वार्ता): उग्रवादियों ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के सदस्य प्रेम सिंह, उनके अंगरक्षक, एक इंका नेता और महिला सहित 10 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि दो व्यक्तियों का अपहरण कर लिया गया । इस बीच एक आतंकवादी ने ज़हर खा लिया और एक अन्य अपने ही साथियों की गोलियों का शिकार हो गया । पुलिस ने तीन खतरनाक उग्रवादियों को गिरफ्तार भी किया है ।

शिरोमणि कमेटी का सदस्य, गनमैन मारा गया : फिरोज़पुर (कन्तोड़): उग्रवादियों ने आज रात्रि लगभग साढ़े 9 बजे शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के सदस्य श्री प्रेम सिंह और उनके गनमैन सोहन सिंह की फायरिंग करके हत्या कर दी । प्राप्त सूचना के अनुसार श्री प्रेम सिंह चंडीगढ़ से अपने गांव तलवंडी भाई की ओर कार में लौट रहे थे कि पुलिस थाना सदर मोगा के गांव दारापुर के निकट अज्ञात उग्रवादियों ने घात लगा कर उनकी कार पर हमला किया, जिससे श्री प्रेम सिंह और उनका गनमैन सोहन सिंह मौके पर ही मारे गए ।

दो की हत्या, एक आतंकवादी भी मरा : फिरोजपुर (बागी): फिरोजपुर जिले के मल्ली गांव में आतंकवादियों ने कमीशन एजैंट राम लाल अग्रवाल व उसके पुत्र जयपाल की हत्या कर दी और मृत कमीशन एजैंट के एक अन्य पुत्र का अपहरण कर लिया । इस वारदात में एक आतंकवादी भी मारा गया । बताया जाता है कि पांच आतंकवादियों का गिरोह राम लाल के घर गया । उससे बड़ी धन राशि की मांग की । इस बीच रामलाल के पुत्र जयपाल ने एक आतंकवादी को पकड़ लिया और इसे देख आतंकवादियों ने गोलियां चला दीं जिससे राम लाल, उनका पुत्र जयपाल और एक आतंकवादी मारा गया । आतंकवादी मृत कमीशन एजैंट के पुत्र अजयपाल का अपहरण कर भाग गए ।

एक की हत्या : मक्खू (चन्द्रशेखर): कल रात लगभग 9 बजे यहां निकटवर्ती घुद्दवाला गांव में आतंकवादियों ने मेजर सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार आतंकवादी मेजर सिंह के घर में दाखिल हो गए और उसे जबरदस्ती एक लिक रोड पर ले गए । वहां मेजर सिंह की हत्या करने के बाद आतंकवादी फरार हो गए । पुलिस को उक्त वारदात की रिपोर्ट आज प्रातः ही मिली । पोस्टमार्टम के बाद लाश वारिसों के हवाले कर दी गई है । मृतक के पिता श्री गुरबख्श सिंह जिला भाकपा कार्यकारिणी के सदस्य हैं । बेटे की हत्या से लगे गहरे सदमे के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है । याद रहे कि इस साल 8 जनवरी को आतंकवादियों ने श्री गुरबख्श सिंह के परिवार के छः सदस्यों की भी हत्या कर दी थी ।

इंका नेता की हत्या : पटियाला (भूषण): दो आतंकवादियों ने आज प्रातः साढ़े ग्यारह बजे के लगभग यहां से 18 किलोमीटर दूर करहाली गांव में पटियाला जिला ग्रामीण इंका समिति के पूर्व महासचिव कै. सुरेन्द्र शर्मा की गोली मार कर हत्या कर दी । रिपोर्ट के अनुसार श्री सुरेन्द्र शर्मा एक अन्य व्यक्ति जगमेल सिंह के साथ उक्त गांव के बस अड्डा पर बैठे थे कि सामान्य की तरफ से दो आतंकवादी स्कूटर पर आए और दोनों पर गोलियां बरसा कर भाग गए । श्री शर्मा की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि श्री जगमेल सिंह घायल हो गए । श्री सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया है । श्री सुरेन्द्र शर्मा पटियाला मार्कीट कमेटी के अध्यक्ष भी रह चुके हैं ।

अन्तिम संस्कार : पटियाला जिला के राजपुरा क्षेत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के क्षेत्रीय संयोजक श्री सतप्रकाश प्रभाकर का कल अन्तिम संस्कार कर दिया गया । आतंकवादियों ने शुक्रवार रात को उनकी गोली मारकर हत्या कर दी थी । अन्तिम संस्कार के समय राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की महासचिव श्रीमती लक्ष्मी कांता चावला भी मौजूद थीं ।

महिला की हत्या : अमृतसर:मजीठा पुलिस जिले में वीरपाल गांव में आतंकवादियों ने मंजीत कौर नामक एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी ।

एक और हत्या : आतंकवादियों ने तरनतारन पुलिस जिले के मलियां गांव में धर्म सिंह नामक एक व्यक्ति को गोली मार दी ।

व्यापारी का अपहरण : अमृतसर से वर्मा के अनुसार विगत शाम यहां के बाजार कसेरियां के 23 वर्षीय एक नौजवान व्यापारी संजीव अग्रवाल का उग्रवादियों ने चलती बस में से उतार कर अपहरण कर लिया । संजीव अग्रवाल पट्टी से उगाही करके पंजाब रोडवेज की बस द्वारा वापस अमृतसर आ रहा था कि उग्रवादियों ने नौशहरा पन्नुआं के नजदीक उसको बस से उतार लिया । संजीव के पास 50 हजार रुपए भी थे । बाद में उग्रवादियों ने उसके परिवार से सम्पर्क करके पांच लाख रुपए की मांग की है ।

उग्रवादी दनदनाते रहे : इसी तरह विगत दिवस चार उग्रवादियों द्वारा अमृतसर के कटड़ा जैमल सिंह में दुकानदारों से जबरदस्ती कपड़ा ले जाने की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं । इन उग्रवादियों ने कई दुकानदारों से 5-5 हजार रुपए का कपड़ा ले लिया । जब उनसे पैसे मांगे गए तो वे धमकी देते हुए कपड़ा लेकर नौ दो ग्यारह हो गए ।

प्रिंटिंग प्रैस वालों को धमकियां : आज कल उग्रवादी अमृतसर शहर की भिन्न-भिन्न

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjab Satkar

कश्मीर घाटी में 3 स्थानों पर बस विस्फोट :

पंजाब में हत्याएं
(पृष्ठ 3 का शेष)

प्रिंटिंग प्रैसों में जाकर धमकियां देकर अपने लैटर पैड तथा दूसरी प्रिंटिंग सामग्री छपवाने में लगे हुए हैं । कई प्रैस वालों ने जब उनकी सामग्री छापने से इन्कार किया तो उन्हें धमकियां दी गईं ।

3 खतरनाक आतंकवादी गिरफ्तार : मजीठा पुलिस जिला के प्रमुख श्री ए.के. शर्मा के अनुसार आज तड़के ब्यास पुलिस ने खालिस्तान कमांडो फोर्स के गरजंट सिंह गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है । इनमें से लै. ज. कश्मीरा सिंह भी शामिल है । उसके सिर पर 25 हजार रुपए का ईनाम था । पकड़े गए दो अन्य आतंकवादियों के नाम मंजीत सिंह (बुड्ढा ठेह) तथा राजेन्द सिंह (ढिलवां) बताए जाते हैं ।

श्री शर्मा ने बताया कि कश्मीरा सिंह को तड़के दो बजे बुड्ढा ठेह गांव के निकट सुरक्षा बलों की एक नाका पार्टी ने संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया । दो अन्य आतंकवादियों को कश्मीरा सिंह से प्रारम्भिक पूछताछ के बाद छापों के दौरान पकड़ा गया । छापों में एक ए.के. 74 असाल्ट राइफल, एक माऊजर पिस्तौल, ए.के. 47 असाल्ट राइफल के 39 कारतूस, माऊजर पिस्तौल के 6 कारतूस, 10 डैटोनेटर, एक किलो ग्राम विस्फोटक पदार्थ तथा बम विस्फोट के लिए प्रयुक्त होने वाली एक बैटरी भी बरामद हुई है ।

उक्त आतंकवादी गिरोह ने ब्यास तथा कपूरथला क्षेत्रों में दो दर्जन से अधिक लोगों की हत्याएं की हैं । यह गिरोह कपूरथला जिला के जल्लूकाना गांव में बम विस्फोट तथा गुरदासपुर जिला के जफरवाल गांव में बी.एस.एफ. पर फायरिंग करने की घटनाओं में भी संलिप्त रहा है । श्री शर्मा ने बताया कि उक्त गिरोह के 5 अन्य सदस्यों की भी शिनाख्त की गई है । इनके नाम सर्बजीत सिंह (धारीवाल), कुलविंद्र सिंह, संतोख सिंह, बलदेव सिंह तथा नछत्तर सिंह उर्फ पप्पू बताए जाते हैं ।

दो और लोगों की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के दो गांवों भाई लद्दोके तथा भंगियाड़ी में आतंकवादियों ने क्रमशः दो लोगों श्री बख्तिर सिंह और श्री निरंजन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी ।

वृद्ध की हत्या : थाना भिखीविंड के गांव गाग में उग्रवादियों ने एक 65 वर्षीय वृद्ध अजीत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार उग्रवादी इसको उसके घर से बाहर निकाल कर ले आए और उसका शव आज प्रातः खेतों में से बरामद किया गया ।

मोटर साइकल छीना : होशियारपुर (वि.प्र.): गत रात्रि दो आतंकवादियों ने थाना गढ़शंकर के अधीन खानपुर ग्राम के पास एक व्यक्ति जसवन्त सिंह से पिस्तौल की नोक पर उसका हीरो होंडा मोटर साइकल छीन लिया व नंगल सिंघी ग्राम की तरफ फरार हो गए । जसवन्त सिंह गढ़शंकर में अपने ग्राम मल्कोवाल जा रहा था । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

बताया जाता है कि मंजीत और उक्त गांव की पंचायत के सदस्य श्री स्वर्ण सिंह की पत्नी थी । उक्त वारदात में श्री सिंह बाल-बाल बच गए । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के तीन खाली कारतूस और खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक लैटर पैड भी मिला है ।

आतंकवादी ने जहर खाया : अबोहर (राज. सीमा): फिरोजपुर जिला में आलमगढ़ गांव के निकट प्राइवेट बस की तलाशी के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा घिर जाने के बाद एक आतंकवादी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अबोहर की ओर आ रही एक बस को रोककर सुरक्षा कर्मी जब यात्रियों के सामान की तलाशी ले रहे थे तो छत पर बैठे उक्त आतंकवादी ने पोटाशियम सायनाइड का कैप्सूल खा लिया । मृतक आतंकवादी की अभी तक पहचान नहीं हो सकी । उसकी आयु लगभग 25 साल बताई जाती है ।



राजपरा में आतंकवादियों के हाथों मारे गए राष्ट्रीय सुरक्षा समिति पंजाब के उपप्रधान श्री सत्य प्रभाकर का शव । साथ हैं उनका पुराना चित्र । (छाया : मासूम)

कबूतर जा-जा-जा...

बोलंगीर, 18 मार्च (प.स.): इस जैट युग में आज भी संदेश ले जाने के लिए कबूतरों का प्रयोग उड़ीसा में किया जाता है । उड़ीसा पुलिस ने 30 प्रशिक्षित कबूतरों का प्रयोग हाल ही में सम्पन्न विधानसभा चुनावों के दौरान राज्य के दूरवर्ती स्थानों को चुनाव संदेश भेजने के लिए किया था । राज्य में अक्सर आने वाली बाढ़ों में ये [illegible]

निविदा सूचना

None of the elected members of the Congress (I) is very vocal. Mr Virbhadra Singh says he will miss Mr Sat Mahajan and Mr J.B.L. Khachi in the House. These two were capable of countering the BJP.

The election of the new Speaker will be held on March 21.

Chief Minister Shanta Kumar, who holds the Finance portfolio, will seek a vote on account for two months on March 26.

The session will have nine sittings. The Governor, Mr B. Rachaiah, will address the members on March 21 after the Speaker is elected.

ICMR awards for 4 PGI doctors

From The Tribune Bureau

CHANDIGARH, March 19 — Four doctors of the Postgraduate Institute of Medical Education and Research (PGI), Chandigarh, are among the specialists who have been chosen for awards by the Indian Council of Medical Research.

Dr Indu Gupta, Department of Gynaecology, Dr S.K. Jindal, Department of Chest Diseases, Dr S. Dash, Department of Hematology and Dr P. Kulhara, Department of Psychiatry, have been given their awards for outstanding contribution in their respective fields.

PAU budget approved

From Our Staff Correspondent

LUDHIANA, March 19 — The Board of Management of Punjab Agricultural University today approved the budget estimates of the university for 1990-91 amounting to Rs 3587.80 lakh as against Rs 3207.16 lakh in the previous year.

The board met in Chandigarh with Dr Khem Singh Gill, Vice-Chancellor, in the chair.

The State Government will make a major contribution of Rs 2751.58 lakh, followed by the Indian Council of Agricultural Research (Rs 534.08 lakh) and other agencies (Rs 301.83 lakh).

Naorang complex

From The Tribune Bureau

CHANDIGARH, March 19 — The Haryana Government has contradicted a press item which appeared in a section of the Press a few days ago that the Naorang Tourist Complex at Meham had been named after the grandfather of Mr Devi Lal, Deputy Prime Minister of India.

The Government has said that the tourist complex at Meham set up by the Haryana Tourism Corporation had been named after the bird "Naorang" mentioned in a book written by renowned ornithologist, late Salim Ali.

THE TRIBUNE TRUST
CHANDIGARH
INVITES
TENDER FOR DISPOSAL OF WASTE PAPER AND WASTE MATERIAL

Sealed rate tenders to be submitted separately for lifting the following waste paper and waste materials (to become available for disposal from April 1 to June 30, 1990 on as-is-where-is basis) are invited by the undersigned so as to reach him not later than 2 p.m. on March 28, 1990.

(1) White Newsprint waste (clippings) other than Nepa.
(2) Nepa Newsprint waste (clippings).
(3) Printed waste (Raddi) including file copies.
(4) Reel Cores.
(5) Newsprint reel wrappers, sweepings etc.

Tenders will be opened at 2.30 p.m. on March 28, 1990 in the presence of such tenderers or their representatives as may wish to be present.

TERMS AND CONDITIONS:-

1. Tenders should accompany the earnest money of Rs. 20,000/- for item 1) Rs. 5000/- for item No. 2 and Rs. 10,000/- for each of the remaining three items in the form of demand draft on any scheduled bank drawn in favour of The Tribune Trust, Chandigarh. Tenders received without earnest money will not be considered. Cheques will not be accepted.
2. Conditional, telegraphic and telephonic tenders will not be entertained.
3. The rate should be quoted both in words and figures.
4. Newsprint waste (clippings), printed newspapers (raddi) and reel cores will have to be removed against cash payment or payment by bank draft from The Tribune premises from time to time within a week of the receipt of intimation from us failing which security amount will be forfeited. Newsprint reel wrappers etc. will have to be lifted thrice a week.
5. The management of The Tribune Trust reserves the right to reject any or all tenders without assigning any reason.
6. If any tenderer fails to comply with the terms and conditions of sale of material, the management of The Tribune Trust reserves the right to cancel the tender and forfeit the security deposit. Decision of the Trust will be final.
7. The covers containing the tender should be superscribed, "Tender for sale of waste paper" and sent to the

ASSTT. MANAGER (STORES)

CDID-4388

HYDRAULIC CYLINDERS



WE SPECIALISE IN MANUFACTURING OF HYDRAULIC CYLINDERS FROM 50mm BORE X 150mm LG TO 300mm BORE X 3000mm LG. DULY HARDCHROME PLATED, HONNED & GRD. TO ISI STD.

WE UNDERTAKE — • ORDERS AS PER DRAWINGS OR SAMPLE • RECONDITIONING & REPAIRING OF OLD CYLINDERS

ALSO WE MANUFACTURE HIGH PRESSURE CENTRIFUGAL PUMPS AND MULTIPORT VALVES

CONTACT
COMMET ENTERPRISES
Plot No. 36, Sector-24, FARIDABAD (Haryana)
Tel: 011-8125448 (Fac.), 011-8125157, 011-8126697 (Res.)

TAKE ME HOME FREE



IF ANY TELEVISION MATCHES MY PERFORMANCE

SALORA ECP

National

* DESIGN & CRITICAL COMPONENTS

AUTHORISED DEALERS: MOHALI: * Popular Electronics & Electrical, S.C.O., 20, Phase III B2. ABOHAR: * Chabra Sewing Machine Co., Mukherji Market. AHEMADGARH: * Des Raj & Sons Gaon Market. FEROZEPUR: Hind Radios, Sadar Bazar Cantt. TALWARA (Distt. HOSHIARPUR): * Supreme Engg. Enterprises, Sector No 2. MUKERIAN (Distt. HOSHIARPUR): * Mukesh Electronics, Main Bazar. HOSHIARPUR: * Dev Raj Verma & Sons, Kotwali Bazar. AMRITSAR: * Anand Bros., Katra Sher Singh. SOLAN: Narinder Singh Chanchal Singh, Opposite Gurudwara, Main Market. JAMMU: * Janta Electronics, Raghu Nath Bazar.

Pamper Your Queen! Take her to THE



SALE

ROYAL
Upto 30% OFF

Ladies & General items
20.3.90
(Tuesday)

On Ladies Nighties, Gowns, Suits, Nightsuits, Tops etc.

Table Linen, Blankets, Sofa backs, Bedcovers, Towels, Hankies, Dets. In sets

CLOTH PALACE — 22-D
SCF 12, Sector 22, Chandigarh. Tel. 23873

DEPARTMENT OF TELECOMMUNICATIONS
(CIVIL WING)

The Executive Engineer, Telecom Civil Division No. 1, IInd floor, Post Office Building, Chankyapuri, New Delhi 110021, invites sealed item rate tenders for the work of Construction of 2 Nos. Type I, [illegible] Nos. Type II and [illegible] Nos. Type III quarters at Fazilka (Punjab) from eligible contractors from the approved list of P&T CPWD, MES, Railways, State PWD (B&R) of Punjab, Himachal Pradesh, Haryana and Union Territory of Chandigarh and allied departments of local State PWD eligible for tendering in respective State PWD (B&R) for building works. The Central/State Govt. undertakings shall also be eligible to tender under usual terms and conditions applicable to them from time to time.

2. All the intending tenderers other than those contractors enlisted with P&T/CPWD should have completed satisfactorily at least 3 building works under Central Govt./State Govt./Public Sector Undertakings Departments each costing Rs. Three Lakhs or more during the past 5 years and should have works execution turn over of not less than Rs. Thirty lakhs in the past 3 years.
3. The contractors shall submit income tax clearance certificate and list of works completed and in progress of the requisite magnitude alongwith attested copies of certificates [illegible] of their satisfactory completion from the [illegible] concerned obtained from an officer not below the rank of Executive Engineer, incharge of the work while applying for issue of tender forms.
4. Tenders will be received upto 3 P.M. on 12-4-1990.
Estimated cost of tender is Rs. 8,27,500/-
Time limit: 12 (twelve) months.
Earnest money to be deposited is Rs. 17,550/-
5. Tenders will be opened at 3.30 P.M. on the same day. The earnest money should be deposited in the form of a Demand Draft/National [illegible] or Call Receipt in the name of the A.O. Telecom. Civil Division No. 1 New Delhi be sent with the tender.
6. Conditions and tender forms can be had on application from the office of Executive Engineer Telecom. Civil Division No. 1 New Delhi on payment of Rs. 100/- (Rupees one hundred only) per set (non refundable) upto 4.00 P.M. on all working days. Applications for tender forms will be received upto [illegible] P.M. on 5-4-1990 and tenders sold upto [illegible] P.M. on 10-4-1990. The tender fee is payable either by cash or crossed Indian Postal Order/M.O. in favour of A.O. Telecom. Civil Division No. 1 New Delhi.
7. Tender of contractors who do not deposit earnest money in the above manner are liable to be rejected.

[illegible]

Bringing you yet another quality product

Markfed

SOHNA
FORTIFIED WHEAT FLOUR



Being launched by
Sardar H.M. Singh
(Advisor to Governor, Punjab)

The function will be presided over by Sh. C.L. Bains,
Secretary Cooperation, Punjab

on 20th March, 1990 at 10.30 AM
at Hotel SHIVALIKVIEW, Chandigarh

INTERADS/CH

Editor-in-Chief: V. N. Narayanan
Printed and published for the Trustees of The Tribune by M. L. Bhasra at the Tribune Press, Chandigarh
Copyright © The Tribune Trust, 1990.

Punjabi Sanatani

कश्मीर के मामलों के मंत्री श्री जार्ज फर्नांडीज़ जम्मू के आर.एस.पुरा कैम्प में पलायन कर्त्ताओं से बातचीत करते हुए । (छाया : पं.के.)

श्री सईद ने कहा कि पहले के अनुभवों से स्पष्ट है कि पंजाब में जब कभी सद्भाव एवं सौहार्द का

तलवंडी कांड पुलिस की लापरवाही का परिणाम है ।

यह भाव 3225 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है । जानकार सूत्रों का कहना है कि सोने के भाव और कम होंगे ।

पंजाब में निर्दोष लोगों की हत्याओं में भारी वृद्धि पर संसद के दोनों सदनों में चिंता व्यक्त

■ मान को तलवार लेकर संसद भवन में जाने की अनुमति देने की गम्भीर प्रतिक्रिया होने की चेतावनी ■ केंद्र की कमज़ोरी से आतंकवादियों के हौसले बढ़े ■ स्थिति सुधारने के लिए कठोर पग उठाए जाने ज़रूरी

नई दिल्ली, 20 मार्च (प.स., वार्ता) : राज्यसभा में आज अनेक सदस्यों ने पंजाब के फिरोजपुर तथा अन्य स्थानों पर कल आतंकवादियों द्वारा की गई हत्याओं पर गहरा रोष प्रकट करते हुए सरकार से इस मामले में तुरन्त वक्तव्य देने की मांग की ।

विशेष उल्लेख के अंतर्गत पंजाब का मामला उठाते हुए कांग्रेस (इ) के एस.एस. आहलुवालिया ने कहा कि पिछले चार महीनों में वहां अनेक लोगों की हत्याएं हो चुकी हैं, जो पिछले एक साल की तुलना में कहीं अधिक हैं ।

श्री आहलुवालिया ने कहा कि राष्ट्रीय मोर्चा सरकार को पंजाब पर अपनी नीति स्पष्ट करनी चाहिए तथा महज इस कारण इस गलत नतीजे पर नहीं पहुंचना चाहिए कि प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह अमृतसर में खुली जीप में घूम आए थे, इसलिए राज्य में स्थिति नियंत्रण में है । उन्होंने कहा कि कल का घटनाक्रम इस कारण और अधिक दुखदायी है कि एक वर्ग विशेष के 13 सदस्यों को अन्य लोगों से अलग करने के बाद उनकी हत्या की गई ।

उन्होंने सरकार पर पंजाब के मामले पर हर तरह से विफल होने का आरोप लगाते हुए कहा कि वहां हालत इतनी बदतर है कि संसद के लिए निर्वाचित सदस्य पद की शपथ लेने से किसी न किसी बहाने कतरा रहे हैं ।

कांग्रेस (इ) सदस्यों ने श्री आहलुवालिया का समर्थन करते हुए सरकार से पंजाब पर वक्तव्य की मांग की और पूछा कि वहां निर्दोषों का रक्तपात कब तक चलेगा ?

श्री आहलुवालिया ने लोकसभा के लिए निर्वाचित सिमरनजीत सिंह मान के इस कथित पक्ष को 'संसदीय प्रणाली पर हमला' करार दिया कि वह (श्री मान) लोकसभा सदस्य पद की शपथ तभी लेंगे, जब उन्हें तलवार साथ लेकर सदन में प्रवेश कर सकने की इजाजत दी जाएगी । उन्होंने सरकार से साहस का परिचय देकर इस मामले पर मजबूत रवैया अपनाए जाने की मांग की ।

कार्बाइन लाने की धमकी : श्री आहलुवालिया ने सदन में यह कह कर सनसनी पैदा कर दी कि यदि श्री सिमरनजीत सिंह मान को 5 फुट लम्बी कृपाण सदन में लाने की अनुमति दी गई तो वह कार्बाइन लेकर सदन में आएंगे ।

श्री आहलुवालिया ने कहा कि श्री मान की मांग मान लिए जाने की दशा में शुरू होने वाली प्रतिक्रिया को रोक पाना कठिन होगा ।

पंजाब के बिगड़ते हालात तथा सरकारी प्रचार माध्यमों द्वारा कांग्रेस (इ) सदस्यों के साथ सौतेला व्यवहार को लेकर राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान भारी शोरगुल हुआ ।

कांग्रेस (इ) सदस्यों का कहना था कि राष्ट्रीय मोर्चा सरकार के सत्ता में आने के बाद से पंजाब के हालात और बिगड़ते जा रहे हैं । उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र पंजाब जैसे संवेदनशील राज्य की उपेक्षा कर रहा है । कांग्रेस (इ) सदस्यों ने पंजाब में कल आतंकवादियों द्वारा 31 लोगों को मौत के घाट उतारने की घटना पर सरकार से वक्तव्य देने की मांग की । उन्होंने यह भी जानना चाहा कि क्या जम्मू-कश्मीर की तरह पंजाब के लिए भी कोई अलग मंत्री नियुक्त किया जा रहा है ।

संसदीय कार्यमंत्री पी. उपेन्द्र तथा विदेश मंत्री इन्द्र कुमार गुजराल ने कहा कि गृहमंत्री मौके पर स्थिति का जायजा लेने के लिए गए हुए हैं और वापस आने पर वह अवश्य वक्तव्य देंगे ।

यह मामला उठाने वालों में सर्वश्री आनन्द शर्मा, पवन बंसल, ए.जी. कुलकर्णी तथा रत्नाकर पांडेय शामिल थे । श्री कुलकर्णी ने आरोप लगाया कि सरकारी संचार माध्यमों द्वारा राज्यसभा के कांग्रेस (इ) सदस्यों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि कल जब वह और उनके एक सहयोगी दूरदर्शन के आमंत्रण पर बजट प्रतिक्रिया देने गए तो उन्हें बताया गया कि केवल लोकसभा सदस्यों की प्रतिक्रिया ली जा रही है । श्री कुलकर्णी ने संबद्ध दूरदर्शन कर्मचारियों को तुरन्त निलम्बित करने की मांग की ।

उपसभापति नजमा हेपतुल्ला तथा अनेक सदस्यों ने श्री कुलकर्णी की बात का समर्थन किया और कहा कि इस मामले को गंभीरता से लिया जाना चाहिए ।

विपक्षी सदस्यों ने यह भी आरोप लगाया कि इन माध्यमों पर भारतीय जनता पार्टी का प्रभुत्व है । संसदीय कार्यमंत्री पी. उपेन्द्र ने इन आरोपों का खंडन किया ।

लोकसभा में : कांग्रेस (इ) सदस्य वसंत साठे ने पंजाब के बारे में लोकसभा की कल की कार्रवाई को दूरदर्शन पर 'गलत ढंग से' प्रसारित किए जाने का मामला आज सदन में उठाया । प्रश्नकाल समाप्त होते ही श्री साठे ने लोकसभाध्यक्ष रवि राय का ध्यान दूरदर्शन के कल के प्रसारण की ओर आकृष्ट किया ।

उन्होंने कहा कि दूरदर्शन ने कल के प्रसारण में कहा कि श्री रवि राय ने कांग्रेस (इ) सदस्य पी.वी. नरसिम्हा राव को 'पंजाब में 31 लोगों की हत्या' का मामला सदन में उठाने की इजाजत नहीं दी, जबकि सच यह है कि श्री राव को यह अनुमति मिल गई थी ।

श्री साठे ने कहा कि दूरदर्शन की कल की तत्संबंधी रिपोर्ट न सिर्फ 'गलत' बल्कि 'विशेषाधिकार हनन का मामला' भी थी ।

श्री रवि राय ने कहा कि यह मामला आज पंजाब बजट पर बहस के दौरान उठाया जा सकता था अथवा अलग से नोटिस भी दिया जा सकता है ।

बजट पर चर्चा : लोकसभा में आज सदस्यों ने पंजाब में फिर से बड़े पैमाने पर भड़की आतंकवादी हिंसा पर गहरी चिंता व्यक्त की तथा इस दिशा में तुरन्त कठोर उपाय करने का आग्रह किया । पंजाब के 1990-91 के बजट तथा 1989-90 की अनुपूरक मांगों पर चर्चा के दौरान सदस्यों ने पंजाब में कल बड़े पैमाने पर हुई आतंकवादी कार्रवाई की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया ।

चर्चा आरम्भ करते हुए कांग्रेस (इ) के हरीश रावत ने कहा कि केंद्र सरकार की कमजोरी से हाल ही में आतंकवादियों के हौसले बढ़े हैं और पुलिस का मनोबल टूटा है । उन्होंने कहा कि पहले खालिस्तान की मांग करने वालों को दंडित किया जाता था, आज वे खुल कर यह मांग करते हैं ।

उन्होंने प्रधानमंत्री की स्वर्ण मंदिर की यात्रा को राजनीतिक प्रचार मात्र बताया, जिसके पीछे पंजाब की समस्या को हल करने की कोई योजना नहीं थी । श्री रावत ने पंजाब में बेरोजगारी भत्ता तथा रोजगार गारंटी योजना शुरू करने का आग्रह किया । उन्होंने पंजाब समस्या का हल ढूंढने के लिए सर्वदलीय बैठक बुला कर कार्य योजना बनाने का सुझाव भी दिया ।

जनता दल के कपिल देव शास्त्री ने कहा कि पंजाब की समस्या 1966 में पंजाब के विभाजन से शुरू हुई । चंडीगढ़ पंजाब को देने के बदले अबोहर और फाजिल्का हरियाणा को देने के फैसले पर ईमानदारी से अमल किया गया होता तो पंजाब में आतंकवादी ताकतें कभी नहीं पनपतीं । उन्होंने पंजाब में चुनाव कराने तथा बहुमत के निर्णय के आधार पर पंजाब समस्या को हल करने का सुझाव दिया ।

कांग्रेस (इ) के श्री चिरंजी लाल शर्मा ने कहा कि पंजाब में हिंदू और सिख का कोई सवाल नहीं है । कुछ गुमराह नौजवानों ने ही राज्य का सारा माहौल खराब कर रखा है । उन्होंने कहा कि पंजाब के हालात सुधरने के बजाय अधिक बिगड़ रहे हैं । प्रत्येक भारतवासी आज पंजाब के मामले को लेकर चिंतित है ।

भाजपा के मदन लाल खुराना ने कहा कि पंजाब समस्या कांग्रेस (इ) की 'फूट डालो, राज करो' की नीति का नतीजा है । उन्होंने कहा कि 1980 से पहले आतंकवाद की बात नहीं होती थी । यदि नवम्बर

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sanjhi

चंडीगढ़ के सैक्टर 22 में शक्तिशाली बम विस्फोट से 2 उग्रवादियों सहित 5 मरे

आतंकवादी यह बम किसी भीड़ वाले स्थान पर रखने के लिए जा रहे थे

2 उग्रवादी मुठभेड़ में, 2 गुट संघर्ष में मरे : एस.एच.ओ. समेत 8 की हत्या

चंडीगढ़, 20 मार्च (प.स., वार्ता): चंडीगढ़ में आज प्रातः एक शक्तिशाली बम फटने से दो आतंकवादियों समेत 5 व्यक्ति मारे गए । उग्रवादियों और पुलिस के साथ मुठभेड़ में 2 उग्रवादी, एक एस.एच.ओ. और एक सिपाही मारे गए । इस बीच पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान आतंकवादियों ने एक युवती समेत 6 लोगों की हत्या कर दी । दो आतंकवादी आपसी गुटबाजी में मारे गए । पुलिस ने एक दुर्दांत आतंकवादी को गिरफ्तार भी किया है ।

बम फटने से दो आतंकवादियों समेत 4 मरे : चंडीगढ़ (राकेश संधी): आज प्रातः यहां के सैक्टर 22 में स्थित स्वास्थ्य केन्द्र के सामने लगभग 8.55 बजे उस समय एक शक्तिशाली बम फट गया जब दो संदिग्ध आतंकवादी एक स्कूटर पर सवार होकर उक्त बम किसी भीड़ वाली जगह पर रखने जा रहे थे कि उनका स्कूटर एक मोपेड से टकरा गया । बम विस्फोट में दोनों संदिग्ध आतंकवादियों समेत पांच व्यक्तियों की मौत हो गई और बीस अन्य लोग घायल हो गए । अपुष्ट रिपोर्ट के अनुसार मृतकों की निगती 6 है तथा घायलों की संख्या 30 है ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार तीन व्यक्तियों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई जबकि गम्भीर रूप से घायल एक व्यक्ति अस्पताल पहुंचते ही दम तोड़ गया । इस विस्फोट में आतंकवादियों के अलावा जो अन्य दो व्यक्ति मरे हैं, उनमें हरियाणा पुलिस का एक एकाउंटैंट 35 वर्षीय बलदेव राज तुली तथा कैरोसिन तेल विक्रेता 32 वर्षीय किक्कर सिंह शामिल हैं । इस वारदात में मारे गए संदिग्ध आतंकवादियों की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है । विस्फोट में घायल होने वाले एक व्यक्ति सालिग राम ने दोपहर को अस्पताल में दम तोड़ा । वह चंडीगढ़ के सैक्टर 31 का निवासी था ।

बम विस्फोट में घायल होने वाले लोगों के नाम इस प्रकार हैं : राजेन्द्र कुमार व चरण सिंह (सैक्टर 22), सुश्री बिदिया (सैक्टर 23), रणजीत सिंह, रमेश मेहता व रजत मेहता (सैक्टर 37), राम प्रकाश व धन्न राम (सैक्टर 20), रवि खन्ना (सैक्टर 39), जगदीश (सैक्टर 19), बलदेव (सैक्टर 20), राम सेवक गुप्ता व हरीश चन्द्र (गांव अटावा), रामराज वर्मा व राम केशव वर्मा (गांव बड़ैल), भीम सिंह (सैक्टर 26), राम शिरोमणि (गांव धनस), एस. राम (राम दरबार कालोनी), व सुरेन्द्र पाल गुप्ता (मोहाली) । विस्फोट में मारा गया एक व्यक्ति बलदेव राज तुली चंडीगढ़ के सैक्टर 23 का निवासी था ।

घायलों में से सात को यहां के पी.जी.आई. में तथा अन्य को जनरल अस्पताल में दाखिल करवाया गया है । इनमें से 5 घायलों की हालत चिंताजनक बताई जाती है । बम विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि उसकी आवाज़ लगभग दो किलो मीटर के घेरे में सुनाई दी और मृत आतंकवादियों के शवों के चीथड़े लगभग सौ गज के घेरे में इधर-उधर फैल गए । एक आतंकवादी का तो सिर भी धड़ से अलग हो गया जिस कारण उसकी पहचान करना भी पुलिस के लिए कठिन हो गया है । जिस स्कूटर पर आतंकवादी सवार थे, उसके भी टुकड़े-टुकड़े हो गए जिस कारण उसके नम्बर का पता लगाना मुश्किल हो गया है । बम विस्फोट में दो कारें, दो स्कूटर, दो मोपेड व आधी दर्जन साइकल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए जबकि स्वास्थ्य केन्द्र तथा पास ही स्थित कैरोसिन तेल पम्प व कई घरों की खिड़कियों के शीशे भी टूट गए । इन दोनों आतंकवादियों, जिनमें से एक ने काली व दूसरे ने नीली पगड़ी बांध रखी थी, की उम्र लगभग 30-35 साल के बीच बताई जाती है । पुलिस को घटनास्थल से इन आतंकवादियों के दो रिवाल्वर भी मिले हैं । वहां से एक पर्स भी पड़ा हुआ मिला है जिसमें कुछ डालर थे । घटनास्थल से पंजाब पुलिस के उस कांस्टेबल का पहचान पत्र भी मिला है जिसकी आतंकवादियों ने रोपड़ जिला में अगस्त माह में हत्या कर दी थी ।

एक क्षतिग्रस्त मारुति कार के मालिक श्री सूबे सिंह ने बताया कि जब वह सुबह अपने काम पर जा रहे थे तो स्वास्थ्य केन्द्र के पास पहुंचते ही उन्होंने एक जोरदार धमाका सुना और चारों तरफ धुआं ही धुआं नज़र आने लग गया । उनकी कार के शीशे टूट गए और वह अपने होशो हवास खो बैठे । कुछ ही देर में उन्हें लोगों के चिल्लाने की आवाज सुनाई देने लग पड़ी, जिससे वह अपनी कार से बाहर निकलकर सड़क पर लेट गए । बाद में कुछ लोगों ने घायल लोगों को उठाकर स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंचाना शुरू कर दिया ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घायलों में ज्यादातर ऐसे मज़दूर शामिल हैं, जो रेहड़ी पर कैरोसिन तेल बेचकर अपना गुज़ारा कर रहे थे । इलाका में उस समय बिजली सप्लाई न होने के कारण ये मज़दूर कैरोसिन तेल लेने के इन्तज़ार में बैठे थे । जब उक्त वारदात की खबर फैली तो अनेक लोग अपने सम्बन्धियों के घायल होने की आशंका के दृष्टिगत वहां पहुंच गए । क्षेत्र में इतना डर व्याप्त था कि कई दुकानदारों ने आज अपनी दुकानें ही नहीं खोलीं ।

इस बीच पता चला है कि इस कांड में जो आतंकवादी मारे गए हैं, उनका सम्बन्ध भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स से था । इनमें से एक आतंकवादी का नाम हरमिन्द्र सिंह उर्फ़ टोची होने की आशंका व्यक्त की जा रही है ।

घटनास्थल पर चारों तरफ मांस के लोथड़े, वाहनों के पुर्ज़े व बिखरे हुए खून से दृश्य इतना भयानक लग रहा था कि कई लोग अपनी आंखों की नमी न रोक पाए । घटना की सूचना मिलने पर पंजाब के राज्यपाल श्री निर्मल कुमार मुखर्जी, सांसद श्री हरमोहन धवन, चंडीगढ़ प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी व विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता अपने वर्करों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए । केन्द्रीय गृहमंत्री श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद भी दिल्ली से पंजाब के जिला फिरोज़पुर में जाते समय कुछ देर के लिए चंडीगढ़ रुके और घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद अस्पताल जाकर घायलों का हालचाल पूछा ।

केन्द्रीय गृहमंत्री ने पंजाब के राज्यपाल श्री मुखर्जी से भी इस कांड को लेकर लगभग आधा घंटा तक बातचीत की और पंजाब पद्धति पर चंडीगढ़ प्रशासन से मृतकों के परिवारों व घायल लोगों को आर्थिक मदद दिए जाने के निर्देश दिए । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जब श्री मुखर्जी को इस बम कांड की सूचना मिली, तब वे नाश्ता कर रहे थे । श्री मुखर्जी ने इस कांड की सूचना उन्हें देरी से दिए जाने पर सम्बद्ध प्रशासनिक अधिकारियों पर अपना गुस्सा ज़ाहिर किया । श्री मुखर्जी ने अस्पताल में घायलों का हालचाल भी पूछा । उन्होंने मृतकों के आश्रितों को पचास-पचास हज़ार रुपए तथा विधवाओं को पांच-पांच सौ रुपए मासिक दिए जाने की घोषणा भी की ।

शहर के सभी दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद रखीं, जबकि पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय तथा जिला न्यायालय के वकीलों ने भी इस कांड पर रोष प्रकट करने के लिए आज हड़ताल की और केन्द्रीय गृहमंत्री व पंजाब के राज्यपाल को आतंकवादियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए जल्द उचित कदम उठाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया । सभी राजनीतिक दलों ने इस कांड की निंदा की है । भाजपा अध्यक्ष श्री प्रेम सागर जैन ने केन्द्रीय गृहमंत्री को ज्ञापन देकर चंडीगढ़ में बढ़ रही आतंकवादी गतिविधियों के दृष्टिगत अधिक पुलिस बल की मंज़ूरी दिए जाने, सभी आवासीय क्षेत्रों में छापे मारकर आतंकवादियों के छिपने के ठिकानों का पता लगाने व इस कांड से प्रभावित लोगों को उचित मुआवज़ा दिए जाने की मांग की ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjab Sahitya

का प्रश्न
व लड़ेंगे
कोच नहीं करेंगे
की घोषणा

ये हैं । अब इससे अधिक राज्य
र सकती है ।
र्दनीय प्रत्याशी श्री आनंद सिंह
राष्ट्रपति को मिलने वाले
बंध में श्री देवी लाल ने कहा कि
ोड कर और कोई मेहम क्षेत्र का

मधुदंडवते द्वारा संसद में पेश
11 के बजट के बारे में पूछे जाने
जट की भूरि-भूरि सराहना की
र्थक बजट बताया ।

एक्सप्रैस से नाराज़ : हमारे
उप-प्रधानमंत्री के निकटवर्ती
है कि 'ताऊ' खास तौर पर
से और इस ग्रुप के अखबारों
ानमंत्री वी.पी. सिंह के बीच
के लिए अदा की गई भूमिका से
सूस करते हैं कि जिस दिन से
नमंत्री बने हैं, उसी दिन से
ताऊ की कार्यशैली पर सीधा
या । ऐसे भी दिन आए जब
थम पृष्ठ पर ताऊ तथा उनके
बदनाम करने वाली खबरें
ग्रुप के मालिक श्री गोयन्का के
ड़े मधुर और अटूट थे,लेकिन
य अब ठीक नहीं रहता और
गुरुमूर्ति एक्सप्रैस की आड़ से
त्रों का कहना है कि श्री
हैं कि वी.पी. सिंह सरकार में
यक्ति को निकाल दिया जाना
क्सप्रैस न्यूज़ स्टाफ़ को ऐसी
निर्देश दिये गये जो श्री देवी
वाएं । मेहम की घटना से
पने अभियान का औचित्य
ल गया । श्री गुरुमूर्ति ने श्री
र्थन शुरू कर दिया जिनकी
रूप में नियुक्ति प्रधानमंत्री
झगड़े का कारण बनी हुई

स-चुनाव बारे
ताहात तक

र्च (वार्ता): चुनाव उपायुक्त
यहां बताया कि हरियाणा के



चंडीगढ़ के सैक्टर 22 में मंगलवार को हुए शक्तिशाली बम धमाके में बम ले जा रहे स्कूटर सवार दो आतंकवादियों सहित 5 व्यक्ति मारे गए । चित्रों में (1) धमाके के कारण घटनास्थल से दूर जा गिरा एक आतंकवादी का अधकटा शव, (2) दूसरे आतंकवादी का शव, जिसके शरीर का निचला भाग धमाके में उड़ गया । उसके पास (गोले में) गोलियों का पटा दिखाई दे रहा है, (3) घटनास्थल से करीब 100 गज दूर गिरा एक मृतक का धड़ जिसके सिर व टांगों के चीथड़े उड़ गए (इनसैट में) घटनास्थल पर पड़ा एक रिवाल्वर, (4) बम धमाके के कारण नष्ट हुए स्कूटर के अवशेष तथा (5) घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए सांसद श्री हरमोहन धवन, चंडीगढ़ के प्रशासक श्री एन.के. मुखर्जी तथा चंडीगढ़ के पुलिस महानिरीक्षक । (छाया : पुरी)

अब देश में कोई और विभाजन न होने दिया जाएगा : दंडवते

नई दिल्ली, 20 मार्च (वार्ता): वित्तमंत्री मधु दंडवते ने आज यहां कहा कि पंजाब तथा कश्मीर समस्या का हल राष्ट्रीय स्तर पर सर्वदलीय कार्यक्रमों के जरिए ही निकाला जा सकता है ।

श्री दंडवते लोकसभा में 1990-91 के पंजाब बजट पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे थे । बाद में सदन ने बजट तथा तत्सम्बन्धी विनियोग विधेयक को मंजूरी दे दी । उन्होंने कहा कि किसी भी दल को इस मामले में राजनीतिक रंग नहीं देना चाहिए । उन्होंने विपक्षी दलों से सरकार की सद्भावना पर शक नहीं करने का अनुरोध किया । उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार इस समस्या को राष्ट्रीय सहमति से हल करने के प्रयास में बिल्कुल पीछे नहीं रहेगी ।

उन्होंने कहा कि हमारे अपने सहयोगी दलों से राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं लेकिन राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा पर हमें कोई शक नहीं है ।

श्री दंडवते ने कहा कि अकाली दल के विभिन्न गुट आनंदपुर साहिब प्रस्ताव की चाहे जैसी व्याख्या करें लेकिन हमारा रवैया स्पष्ट है कि देश की एकता पर कोई समझौता नहीं हो सकता । उन्होंने कहा कि 1947 का विभाजन देश का पहला और आखिरी

श्री दंडवते ने कहा कि केंद्र को मजबूत करने के लिए राज्यों को मजबूत करना जरूरी है । श्री दंडवते ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि पंजाब की हालत इतनी खराब होने के बावजूद वहां उद्योग और कृषि विकास की दर में कोई खास कमी नहीं आई है । उन्होंने आश्वासन दिया कि पंजाब का विकास पैसे के कारण नहीं रुकने दिया जाएगा ।

उन्होंने घोषणा की कि पंजाब के कृषि एवं औद्योगिक विकास के लिए केंद्र धन-राशि की कमी नहीं होने देगा । श्री दंडवते ने यह घोषणा की कि हिंसा की घटनाओं से प्रभावित होने वाली विधवा महिलाओं को पैंशन अथवा मुआविजा देने के मामले में सरकार एकरूपता की नीति अपनाएगी । बाद में सदन ने एकमत से बजट एवं अनुपूरक मांगों को मंजूरी दे दी ।

श्री दंडवते ने कहा कि पंजाब का मसला महज कानून एवं व्यवस्था का नहीं है, इसका राजनीतिक हल निकाला जाना आवश्यक है ।

श्री दंडवते ने कहा कि पंजाब के मसले का हल भारतीय संविधान की परिधि के अंदर ही किया जाना चाहिए । उन्होंने आग्रह किया कि पंजाब के बारे में

Punjabi Sanatan

चंडी
वि
आतंक
2 उग्र

चंडीगढ़, २
आज प्रातः एक
आतंकवादियों
उग्रवादियों औ
उग्रवादी, एक
गए । इस बीच
आतंकवादियों ने
कर दी । दो उ
गए । पुलिस ने
भी किया है ।

बम फटने
मरे : चंडीगढ़
सैक्टर 22 में
8.55 बजे उ
गया जब दो
सवार होकर उ
रखने जा रहे थे
गया । बम वि
समेत पांच व्यक्ति
लोग घायल हो
मृतकों की निग
है ।

पुलिस सूत्रों
घटनास्थल पर
घायल एक व्य
गया । इस वि
अन्य दो व्यक्ति
एक एकाउंटेंट
कैरोसिन तेल
शामिल हैं ।
आतंकवादियों
है । विस्फोट
सालिग राम ने
वह चंडीगढ़ के

बम विस्फो
इस प्रकार हैं
22), सुश्री वि
रमेश मेहता
प्रकाश व धन
(सैक्टर 39),
(सैक्टर 20),
अटावा), राम
बड़ैल), भीम
(गांव धनस),

सदनों में चिन्ता व्यक्त

(पृष्ठ 3 का शेष)

1984 के दंगे न हुए होते तो शायद उग्रवाद इतना अधिक न बढ़ता । उन्होंने कहा कि पंजाब में स्थिति सामान्य होने के बाद ही चुनाव कराए जाएं तथा आतंकवाद के कारण वहां से अन्यत्र गए परिवारों को समुचित मुआवजा दिया जाए ।

मार्क्सवादी सुश्री मालिनी भट्टाचार्य ने पंजाब समस्या हल करने के लिए राष्ट्रीय मोर्चे की सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अभी कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है । उन्होंने कहा कि हत्याओं और लूटपाट की घटनाओं का सिलसिला जारी रहने तक आतंकवादियों से बातचीत नहीं की जानी चाहिए ।

कांग्रेस (इ) के एम.जे. अकबर ने कहा कि सरकार को श्री सिमरनजीत सिंह मान के प्रति तुष्टिकरण की नीति छोड़ देनी चाहिए । उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने श्री मान को उस वक्त रिहा किया था,जब वह लोकसभा का चुनाव जीत गए थे और देश के संविधान के प्रति उन्होंने आस्था व्यक्त की थी । उसके बाद उत्तेजनापूर्ण वक्तव्यों को देखते हुए सरकार को उन्हें फिर से गिरफ्तार कर लेना चाहिए ।

कम्युनिस्ट पार्टी की श्रीमती गीता मुखर्जी ने कहा कि एक-दूसरे पर दोषारोपण को छोड़ कर पंजाब के मामले में सभी को मिल कर कोई सहमति निकालनी चाहिए । उन्होंने पंजाब को चंडीगढ़ देने तथा क्षेत्रीय विवाद-न्यायिक प्राधिकरण को और रावी-व्यास जल वितरण का मामला उच्चतम न्यायालय को सौंपने का सुझाव दिया ।

कांग्रेस (इ) के श्री भजन लाल ने कहा कि आतंकवादी चंडीगढ़ की या कोई अन्य मांग नहीं कर रहे हैं । उनकी मांग खालिस्तान से कम की नहीं है । उन्होंने कहा कि गृहमंत्री की पुत्री के अपहरण और रिहाई की घटना के बाद कश्मीर ही नहीं पंजाब में आतंकवादियों के हौसले बढ़ गए हैं । उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के सामने झुकने से बात बिगड़ेगी । श्रीमती इंदिरा गांधी ने जान दे दी, उग्रवादियों के सामने झुकी नहीं ।

अकाली दल (मान) के राजदेव सिंह ने नवम्बर 1984 की घटना के बाद दिल्ली, कानपुर तथा देश के अन्य भागों से पंजाब गए हुए सिख विस्थापित परिवारों को समुचित सहायता देने की मांग की । उन्होंने पंजाब में जेलों तथा सड़कों की खराब स्थिति की ओर ध्यान दिलाया ।

जनता दल के महेन्द्र सिंह पाल और फारवर्ड ब्लाक के श्री चित्त बसु ने पंजाब समस्या का राजनीतिक हल ढूंढने का मिल-जुलकर प्रयास करने का आह्वान किया ।

बहुजन समाज पार्टी के हरभजन लाखा ने कहा कि पंजाब के लोग शांति और आत्म-सम्मान के साथ जीना चाहते हैं । उन्होंने कहा कि पंजाब में लोकसभा के चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में हुए ।

चंडीगढ़ में बम विस्फोट

(पृष्ठ 3 का शेष)

पंजाब कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष श्री बेअन्त सिंह ने चंडीगढ़ प्रशासन से अधिक चौकस रहने तथा लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की । कांग्रेस (इ) चंडीगढ़ के अध्यक्ष श्री दौलत राम शर्मा ने आरोप लगाया कि पुलिस को कुछ आतंकवादियों ने शहर में छुपे होने की पक्की सूचना थी, फिर भी उन्हें खोजने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया । कई कांग्रेस (इ) नेताओं ने मृतकों के परिवारों को दो-दो लाख रुपए तथा घायलों को पचास-पचास हजार रुपए की वित्तीय मदद देने की मांग की । लोकदल (ब), भाकपा, सोशलिस्ट पार्टी तथा कई छात्र संगठनों ने भी इस कांड की निंदा करते हुए जनता की सुरक्षा के उचित प्रबन्ध करने की मांग की है ।

इस बीच चंडीगढ़ पुलिस के एक प्रवक्ता ने यह दावा किया है कि बम कांड में मारे गए दोनों आतंकवादियों की जल्दी ही पहचान कर ली जाएगी । प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को घटनास्थल से कुछ ऐसे सबूत मिले हैं, जो आतंकवादियों की पहचान में मददगार साबित होंगे । पंजाब के राज्यपाल श्री निर्मल कुमार मुखर्जी, जो चंडीगढ़ के प्रशासक भी हैं, ने दोपहर बाद सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ शहर की मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति तथा आतंकवादी गतिविधियों से निपटने के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर विचार-विमर्श करने के लिए मीटिंग की ।

श्री मुखर्जी ने इन मांगों पर पूरी तरह विचार किए जाने का आश्वासन देते हुए सभी राजनीतिक दलों व लोगों को शहर में शांति कायम रखने में प्रशासन की मदद करने की अपील की । मीटिंग में श्री मुखर्जी ने बताया कि पंजाब पद्धति पर इस कांड में मारे गए लोगों के परिवारों के सदस्यों को वित्तीय मदद देने का निर्णय किया गया है जबकि घायलों के उपचार का सारा खर्च भी प्रशासन की ओर से वहन किया जाएगा । हिन्दू सुरक्षा समिति चंडीगढ़ के अध्यक्ष श्री राकेश महाजन ने इस कांड पर रोष प्रकट करने के लिए कल शहर में बंद का आह्वान किया है जबकि केन्द्रीय राम लीला सभा चंडीगढ़ ने कल 21 मार्च का दिन 'काला दिवस' के रूप में मनाने की लोगों से अपील की है ।

दो आतंकवादियों समेत चार मरे : अमृतसर (वि.प्र.): जिला मुख्यालय में मिली सूचना के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के इलाके में स्थित कस्बा सरहाली में आतंकवादियों ने चार लोगों को मार डाला । मारे गए चार लोगों में दो लुटेरे आतंकवादी तथा एक लड़की भी शामिल है ।

उक्त वारदातों का ब्यौरा इस तरह बताया जाता है : सरहाली में दो आतंकवादी जिनके पास ए.के. 47 राइफलें थीं, रात 12 बजे के करीब एक व्यक्ति लखबीर सिंह के मकान में घुस गए तथा उसे जबरदस्ती घर से बाहर निकाल लाए । इसके बाद आतंकवादी लखबीर सिंह के साथी गुरमेज सिंह के मकान में दाखिल होकर उसे भी बाहर निकाल लाए और फिर दोनों को गोली से उड़ा दिया । लाशों के करीब से एक पर्ची भी मिली है, जिस पर लिखा था कि मारे गए दोनों लुटेरे थे । चेतावनी देने पर भी वे बाज़ न आए, इसलिए इन्हें 'सोधा' गया है ।

एक और सूचना के अनुसार कस्बा सरहाली में ही गत रात 11 बजे के करीब दो आतंकवादी एक व्यक्ति विजय कुमार खत्री के मकान में दाखिल हो गए और उसकी लड़की सनीता को बाहर खींच लाए । बाद में ये आतंकवादी विजय कुमार के एक मित्र जसवंत सिंह के मकान में दाखिल होकर उसके लड़के रविन्द्रजीत सिंह को भी घर से बाहर ले आए और दोनों को एक साथ खड़ा करके गोलियां मार दीं । इन दोनों की हत्या की वजह आतंकवादियों ने यह बताई है कि उन दोनों के 'आपसी सम्बन्ध' थे, इसलिए उन्हें ठिकाने लगाया गया है । 'प.स.' के अनुसार आतंकवादियों ने इन दोनों को बरगद के पेड़ से बांधने के बाद गोली मारी ।

4 उग्रवादी गिरफ्तार : थाना सरहाली के गांव बुर्ज नत्थू में आज एक संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात् 4 उग्रवादियों के एक गिरोह को काबू कर लिया गया । तरनतारन पुलिस जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि उनकी गिरफ्तारी सूचना मिलने पर एक बीरान मकान पर मारे छापे के बाद की गई । गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों की सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा (नेता), तरलोक सिंह, तारा सिंह और अमरीक सिंह के रूप में की गई है । इनके कब्जे से एक टामसन बन्दूक, एक 315 बोर की राइफल, एक पिस्तौल, दो हथगोले और भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद किया गया है । प्रारम्भिक पूछताछ में इन उग्रवादियों ने दो दिन पूर्व इसी गांव में दो सिपाहियों की हत्या करने की स्वीकारोक्ति की है । यह गिरोह एक कम्युनिस्ट नेता की हत्या के लिए भी जिम्मेवार है ।

बस को आग लगा दी : उग्रवादियों ने आज सायं पुलिस जिला तरनतारन के गांव मन्नन के निकट एक प्राइवेट परिवहन की बस को आग लगा दी । उग्रवादियों ने बस को आग लगाने से पूर्व यात्रियों को बस में से नीचे उतार लिया ।

'बी' श्रेणी का आतंकवादी गिरफ्तार : तरनतारन में कल एक ही परिवार के पांच सदस्यों की हत्या की घटना के बाद शुरू किए गए छानबीन अभियान के दौरान सुरक्षा कर्मियों ने पडरी गांव के निवासी 'बी' श्रेणी के एक दर्दात आतंकवादी कवलजीत सिंह उर्फ काला को गिरफ्तार किया है । तरनतारन पुलिस जिला के अधिकारियों के अनुसार उक्त आतंकवादी से दो हथगोले तथा ए.के. 47 असाल्ट राइफल के भारी संख्या में कारतूस भी पकड़े गए हैं । एक हथगोले पर चीनी मार्का लगा है ।

शैलर मालिक व उसके मुनीम की हत्या : मोगा (आज़ाद): कल रात ज़ीरा-कोट ईसाखां रोड पर आतंकवादियों ने एक शैलर मालिक भोला तथा उसके मुनीम सतपाल की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि वे दोनों मारुति कार पी.सी.एफ. 8605 में लुधियाना से जीरा आ रहे थे कि रास्ते में रात लगभग साढ़े आठ बजे आतंकवादियों ने उनकी कार रोक ली और उन दोनों की हत्या कर दी । इस घटना के रोष-स्वरूप आज ज़ीरा में हड़ताल रही ।

एक की हत्या : मलोट (गोयल, केवल): आज प्रातः लगभग 8.30 बजे आतंकवादियों ने यहां निकटवर्ती आमलवाला बस अड्डे पर जोगेन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति को स्कूली बच्चों के टैम्पू से निकाल कर गोली से उड़ा दिया । इस वारदात में दो स्कूली बच्चियां भी घायल हो गईं । एक घायल बच्ची का नाम सुखचैन कौर बताया जाता है । आतंकवादी ट्रैक्टर पर बैठ कर भाग गए ।

2 उग्रवादी, एस.एच.ओ., सिपाही मारे गए : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के अधिकृत सूत्रों के अनुसार आज सायं लगभग साढ़े 6 बजे थाना डेरा बाबा नानक के गांव रत्ता के निकट मुठभेड़ में 2 आतंकवादी और एक एस.एच.ओ. तथा एक सिपाही मारे गए । घटनास्थल से पुलिस ने दो ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें तथा भारी मात्रा में गोली सिक्का बरामद किया है । मुठभेड़ में थाना डेरा बाबा नानक के एस.एच.ओ. श्री बलदेव सिंह और सिपाही हरबंस सिंह मारे गए हैं ।

एस.पी.ओ. का शव मिला : थाना श्री हर गोबिन्दपुर के कस्बा घुमान के निकट गांव बोआ के पास पुलिस ने नहर से एक एस.पी.ओ. बलदेव सिंह का शव बरामद किया है, जो गोलियों से छलनी था ।

मोटर साईकल छीना : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में गत सायं 2 सशस्त्र अज्ञात युवक थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव कंडीला के निकट से एक व्यक्ति धनपाल सिंह से उसका हीरो होंडा मोटर साइकल पी.सी.ओ. 1328 छीन कर फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

धन ऐंठने वालों के 2 गिरोह बंदी : पटियाला (भूषण): इस जिले में लोगों से धन ऐंठने नाका नशा अपराधियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने दो गिरोहों के सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है । पुलिस ने इन गिरोहों के सरगनों को भी पकड़ा है ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतीश कुमार के अनुसार जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, यह लूटपाट करने तथा लोगों को डरा-धमका कर धन ऐंठने के अनेक मामलों में संलिप्त थे । इन पकड़े गए अभियुक्तों के नाम अमरजीत सिंह उर्फ काला (जुल्का), जसविंदर सिंह जस्सी (पटियाला), कृष्ण कुमार काला (बड़ंगर कालोनी पटियाला), दर्शन सिंह (गांव मादी संप्पन), भजन सिंह (गांव खेकरी)।

इनसे 12 बोर की 2 एक नाली बंदूकें, 12 बोर की 2 पिस्तौलें, 18 कारतूस, 15 हजार रुपए मूल्य का सोना, एक स्कूटर, एक टैलीविजन तथा तीन जोड़ी नकली दाढ़ियां भी बरामद की गई हैं । इस गिरोह के एक सदस्य को अभी गिरफ्तार किया जाना बाकी है ।

युवक का अपहरण : लुधियाना (धीमान): लुधियाना-जगराओं रोड पर स्थित तरसेम लाल के पैट्रोल पम्प पर दो उग्रवादी आए, पैट्रोल डलवाया और तरसेम लाल के लड़के नरेन्द्र कुमार का अपहरण करके ले गए । राजकीय कालेज रोड पर रसोई गैस के एक एजैंट से कुछ उग्रवादी 12,300 रुपए छीन कर फरार हो गए ।

अन्तिम संस्कार : लुधियाना से महेन्द्रा के अनुसार जीरा कांड में एक व्यक्ति मंगतराम की भी हत्या हो गई थी । वह लुधियाना का रहने वाला था । आज जालन्धर बाईपास भोनरां कालोनी के श्मशान घाट में उसका दाह-संस्कार किया गया जिसमें हजारों लोग शामिल हुए । मंगत राम टैम्पो चलाया करता था और रोजाना डबल रोटी ज़ीरा ले जाता था किरास्ते में उग्रवादियों ने दबोच लिया । उसके नौ वर्षीय बच्चे ने चिता को आग दी ।

शराब का ठेका जलाया : समराला (अश्विनी): आज तड़के तीन बजे यहां के एक निकटवर्ती गांव किरनियां में कुछ अज्ञात लोगों ने शराब का एक ठेका जला दिया । इससे लगभग 10-12 हजार रुपए का नुक्सान हो गया । ठेके के कारिंदे रविन्दर सिंह के अनुसार जब वह ठेके के भीतर सो रहा था तो कुछ अज्ञात लोगों ने ठेके का दरवाजा खटखटाया तथा दरवाजा न खोलने की स्थिति में गोली मारने की धमकी दी । इस पर भी जब दरवाजा न खोला गया तो उन्होंने छत फाड़ कर ठेके के भीतर पैट्रोल फैंक कर आग लगा दी । इसके बाद रविन्दर सिंह ने ठेके का दरवाजा खोल भाग कर खेतों में छिप कर अपनी जान बचाई ।

अचानक गोली चलने से एक मरा : जालंधर (वार्ता): जालन्धर शहर में भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में एक ग्राहक हरभजन सिंह उस समय मारा गया जब गार्ड की राइफल से अचानक गोली चल गई । उस समय गार्ड एक कांस्टेबल के साथ रुपयों की थैली के साथ था । दोनों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया है ।

सभी डाक्टर तबदील

अबोहर, 20 मार्च (सदोष): प्रदेश के स्वास्थ्य सचिव श्री टी.के.ए. नायर ने स्थानीय सिविल अस्पताल में 7 मार्च के नरसंहार के बाद दिखाई गई लापरवाही का कड़ा नोटिस लेते हुए लगभग सभी डाक्टरों को स्थानांतरित कर दिया है । केवल वही बच पाए हैं जिनके बारे में आम धारणा है कि उन्होंने सिविल सर्जन की बेटी को रोटरी इंटरनैशनल की छात्रवृत्ति पर विदेश भेजने का प्रबन्ध किया है ।

सभी स्थानांतरण आदेश फोन पर प्राप्त हुए । पहले दिन सीनियर मैडिकल अफसर जे.सी. गर्ग को तबदील किया गया ।

दिल्ली में 1809 कश्मीरी विस्थापित परिवार आए

नई दिल्ली, 20 मार्च (प.स.): कश्मीर में विघटनकारी तत्वों की कारगुजारियों से भयभीत होकर अब तक 1809 परिवार दिल्ली आ गए हैं । अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रचार मंत्री विश्वनाथ खन्ना ने आज यहां बताया कि इन परिवारों के पुनर्वास के लिए सरकार ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है ।

सीमा सुरक्षा बल, पंजाब के खिलाड़ी छाए रहे

नई दिल्ली, 20 मार्च (वार्ता): सीमा सुरक्षा बल और पंजाब के खिलाड़ी यहां अखिल भारतीय पुलिस खेलों के तीसरे दिन आज भी छाए रहे । पंजाब की टीम ने वालीबाल में केरल को सीधे तीन गेमों में 15-4, 15-8, 15-6 से हरा कर इस स्पर्धा में अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की । अब फाइनल में उसका मुकाबला सीमा सुरक्षा बल की टीम से होगा, जिसने आज आंध्र प्रदेश को 15-8, 15-6, 9-15 और 15-7 से हराया । फुटबाल में भी पंजाब के केरल को 4-2 से हरा कर इस स्पर्धा में लगातार दूसरी जीत दर्ज की । इसके भी फाइनल में उसका मुकाबला सीमा सुरक्षा बल से होगा, जिसने आज भारत-तिब्बत सीमा पुलिस को 3-0 से हराया ।

दिल्ली आए कश्मीरी

की मदद

नई दिल्ली, 20
प्रबन्ध कमेटी समिति के प्र
सचिव श्री दरबारी लाल
सहगल ने एक वक्तव्य में
आए हजारों हिन्दू परिवार
अपील की है । उन्हों
राष्ट्र-विरोधी तत्वों ने
ताडव प्रारम्भ किया है,
हजारों की संख्या में वहा
रहे हैं । कश्मीर में वैसी
है जैसी 1947 में देश
थी । हिन्दुओं को अपना
कर भागना पड़ रहा है
किसी का कर्त्तव्य है ।
और डी.ए.वी. कालेज
किया है कि उनकी तन
जाए उन्हें आर्य समाज
उनकी हर सेवा और सा

आर्य समाज अनारव
में उनकी सहायतार्थ ए
है । लोगों से अपील
अधिक धन राशि, खाद्य
वस्तुएं आर्य समाज '
दिल्ली-110 001
सामान की रसीद दी जा
ड्राफ्ट भिजवाना चाहें,
सभा के नाम केवल खा
मंदिर मार्ग, नई दिल्ल
सकते हैं ।

फैशन प्रतिय

जालन्धर, 20
आफ इंडिया द्वारा 25
रैडक्रास भवन में आय
प्रतियोगिता की अध्यक्ष
तथा विजेताओं में पुर
श्री सुरेश अरोड़ा वित

दिल्ली शेयर बाजार

दिल्ली शेयर ब
375.00, आंध्र सीमैंट, 8
एशियन होटल 57.00,
55.00, डी.सी.एम. टोयोटा
एस्कार्ट्स 86.50,, एसर
126.50, ग्रासिम इंडस्ट्रीज
एच.एम.टी. लि. 288.0
हिन्दालको 248.00, हि
20.25 (19/3), हिंद सि
99.50, जे.के. इंडस्ट्रीज
(19/3), जे.सी.टी. लि.
172.00 (19/3), लार्स
18.00, महाबीर स्पिनिंग
मोती रबड़ 46.75 (19/
ओरके सिल्क मिल्स 16.
इंडस्ट्रीज 55.00, श्रीराम
61.50, स्वदेशी पोलिटैक्स
टिस्को 114.00, वेब
हाऊसिंग 21.00 (19
(2/3), भारत सीट 22.
(19/3), आदर्श मो
(16/3), गुजरात फ्लोरो
कैमिकल 15.25 (19/
हरियाणा पैट्रो 27.50,
18.50 (19/3), डी
इस्पात अलायज 53.5
जगतजीत इंडस्ट्रीज
14.00, जमना आटो
मंगलम टिम्बर 10.00
स्पिनिंग 260.00,
स्पिनिंग 34.50 (13/
29.50 (16/3), र
22.00 (19/3), रा
30.50 (16/3), स
कलर 26.00, समतल
15.50 (20/2), ध
(16/3), यू.टी.आई.
15.00 (13/2),
पामोलिव 210.00,
77.60 (8/3),
13.00 (1/2) रुप

शाम को दिल्ली

दिल्ली क्लाथ 55
हाजिर (प्रति किलो) 6
सोना बिटूहर (प्रति
3380, मिल डिलिव
वनस्पति हरियाणा
टैंकर (प्रति 10 किलो
193, मुंगफली तेल
265, तेल बिनौला
किलो) 178, तेल
आयल (क्विंटल)
आल हापड़ (40 कि

अमृ

सोना स्टैंडर्ड
3100, चांदी
7350 रुपए ।

KAWASAKI RTZ

THE PRICE—THE PERFORMANCE
BEYOND COMPARE



Unbeatable factors
✲3 Additional free services+3 months extra warranty
✲Exciting new colours available

ON THE SPOT LOAN CLEARANCE

READILY AVAILABLE ✲SUPER ✲PRIYA ✲CUB ✲M-80
Please rush for practical drive
AUTHORISED DEALERS

NORTON MOTORS
NORTON HOUSE, AMBALA CANTT

Mahotra Graphic

तांत्रिक लुधियाना में

इंदिरा गांधी के सम्बन्ध में भविष्य-वाणी करने वाले अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तांत्रिक



Punjab Kesari

पंजाब में 3 सुरक्षा कर्मियों व एक दम्पति सहित 10 लोगों की हत्या

2 अकाली नेताओं के बेटों, पुलिस कर्मी सहित 6 अपहरणकर्त्ता काबू

उग्रवादी हमले में पुलिस के ए.एस.पी. बाल-बाल बचे

चंडीगढ़, 21 मार्च (प.स., वार्ता): पंजाब में कल रात से तीन सुरक्षा कर्मियों तथा एक दम्पति समेत 10 लोग मारे गए । इस बीच आतंकवादियों ने एक स्कूली छात्र समेत 2 लोगों का अपहरण कर लिया । छापे के दौरान एक फार्म हाऊस से हथियार पकड़े गए हैं । पुलिस ने 4 आतंकवादियों को गिरफ्तार भी किया है ।

तीन लोगों की हत्या : मोगा (आजाद): कल रात 8-10 सशस्त्र आतंकवादियों ने निकटवर्ती गांव बक्कनवाला में अंधाधुंध फायरिंग करके तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी । इस वारदात में 7-8 अन्य लोग ज़ख्मी भी हुए हैं । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार रात दस बजे के करीब आतंकवादियों ने गांव में बलदेवपरी नामक एक व्यक्ति का दरवाजा खटखटाया लेकिन वह दीवार फांद कर दौड़ गया तथा गांव में अपने सम्बन्धियों तथा अन्य लोगों को बताया कि उनके घर में आतंकवादी घुस आए हैं । इस पर गांव के कुछ लोग तथा तीन पहरेदार बलदेव पुरी के साथ तुरन्त उसके घर पहुंचे । लोगों की भीड़ को देखते हुए आतंकवादियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी । इससे तीनों पहरेदार अजमेर सिंह, अजीत सिंह (दोनों सगे भाई) तथा अवतार पुरी की मृत्यु हो गई । फायरिंग में घायल होने वालों में श्री तेलू पुरी, जगदेव पुरी, मनोज पुरी, मंगल सिंह, नछत्तर सिंह, इक्बाल सिंह तथा मन्दिर सिंह शामिल हैं । घायलों को मोगा के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है । नछत्तर सिंह की हालत गम्भीर बताई जाती है । उसे फरीदकोट मैडिकल कालेज अस्पताल भेजा गया है ।

यह भी पता चला है कि गोली चलाने के बाद आतंकवादी घंटा-डेढ़ घंटा गांव में घमते रहे । बाद में वे हरदेव सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस गए तथा उससे ट्रैक्टर मांगा लेकिन उसने बताया कि उसने अपना ट्रैक्टर बेच दिया है । फिर आतंकवादियों ने उससे स्कूटर मांगा तो हरदेव सिंह ने कहा कि स्कूटर उसका लड़का ले गया है । इसके बाद आतंकवादियों ने उसका टी.वी. तोड़ दिया । फिर वे हरदेव सिंह को साथ लेकर दलीप सिंह के घर गए और उसका ट्रैक्टर लेकर फरार हो गए ।

इंका नेता पर हमला : मोगा के निकटवर्ती धर्मकोट में सशस्त्र आतंकवादियों ने स्थानीय इंका नेता श्री हरमेश कुमार पर हमला कर दिया । इंका नेता के गनमैनों की ओर से मकान की छत से फायरिंग किए जाने पर आतंकवादी भाग गए । श्री हरमेश कुमार ने इस सम्बन्ध में पंजाब पुलिस और सी.आर.पी.एफ. को सूचित कर दिया है । उल्लेखनीय है कि उक्त इंका नेता को पहले भी कई बार धमकियां मिल चुकी हैं ।

गुप्तचर विभाग के इंस्पैक्टर की हत्या : गुरदासपुर (विनोद): आज प्रातः धारीवाल पुलिस थाना क्षेत्र के अन्तर्गत गांव गज्जू गाजी में अज्ञात आतंकवादियों ने गुप्तचर विभाग के एक इंस्पैक्टर श्री परमजीत सिंह की हत्या कर दी । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार उक्त इंस्पैक्टर लधियाना जिला के खन्ना में तैनात था । वह एक दिन की छुट्टी पर गांव में आया था व आज प्रातः साढ़े पांच बजे स्कूटर पर गांव से वापसी के लिए निकल ही था कि आतंकवादियों ने उस पर फायरिंग की । उक्त इंस्पैक्टर की मौका पर ही मृत्यु हो गई ।

दम्पति की हत्या: बटाला (गुलाटी, कोछड़): आतंकवादियों ने कादियां पुलिस थाना क्षेत्र के अन्तर्गत दुनिया संधु गांव में एक घर में घुसकर मुख्तयार मसीह तथा उसकी पत्नी बशीर की गोली मार कर हत्या कर दी ।

दो विशेष पुलिस अधिकारियों की हत्या : वार्ता के अनुसार बटाला पुलिस जिला के धारीवाल सोहियां गांव में आतंकवादियों द्वारा फायरिंग किए जाने से दो विशेष पुलिस अधिकारी मारे गए । मृतकों के नाम मंजीत सिंह तथा जस्सा सिंह बताए जाते हैं ।

मुठभेड़ का विवरण : बटाला से कोछड़ के अनुसार पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव रत्ता के निकट गत सायं आतंकवादियों की पुलिस व बी.एस.एफ. के साथ हुई मुठभेड़ का विवरण देते हुए एस.एस.पी. श्री सुमन्त कुमार गोयल ने आज प्रातः बताया कि डेरा बाबा नानक के एस.एच.ओ. श्री बलदेव सिंह के नेतृत्व में पुलिस व बी.एस.एफ. के जवान आतंकवादियों की खोजबीन करते हुए जब एक डेरा पर पहुंचे तो डेरा के अन्दर छिपे आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके परिणामस्वरूप एस.एच.ओ. श्री बलदेव सिंह व एक पुलिस कांस्टेबल हरबंत सिंह की गोलियां लगने से घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । उनके साथ गई पुलिस व बी.एस.एफ. की पार्टी ने साहस से मुकाबला करके 2 आतंकवादियों को मार गिराया और उनके 2 साथी बच कर भागने में सफल रहे । मृतक आतंकवादियों के निकट से 2 ए.के. 47 राइफलें, 1 विदेशी .32 बोर का पिस्तौल व भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद हुआ है ।

श्री गोयल ने आगे बताया कि श्री बलदेव सिंह ए.एस.आई. थे लेकिन उनकी उत्कृष्ट कारगुज़ारी के कारण उन्हें थाना डेरा बाबा नानक में बतौर एस.एच.ओ. तैनात किया गया था । वह जिला अमृतसर के थाना खालड़ा के सीमावर्ती गांव वां निवासी थे ।

इस बीच एस.एच.ओ. श्री बलदेव सिंह का शव पोस्टमार्टम के पश्चात उनके पैतृक गांव वां भेजने से पूर्व थाना सदर बटाला में रखा गया, जहां एस.एस.पी. श्री सुमन्त कुमार गोयल, एस.पी. मुख्यालय श्री अजीत सिंह, एस.पी. आप्रेशन्ज श्री हरभजन सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने पुष्पमालाएं अर्पित कीं । मृतक कांस्टेबल हरबंत सिंह का शव भी पोस्टमार्टम के पश्चात उनके गांव टाली खमरां (थाना फतेहगढ़ चूड़ियां) भेज दिया गया है ।

एस.एस.पी. श्री सुमन्त कुमार गोयल के अनुसार मृतक आतंकवादियों में से एक की शिनाख्त दारा सिंह उर्फ़ दारा (कोटली सरत मल्ली, थाना डेरा बाबा नानक) के रूप में हुई है, जबकि दूसरे की शिनाख्त जसवंत सिंह उर्फ जस्सा गांव नंगल, थाना डेरा बाबा नानक के रूप में हुई है । दोनों सूचीबद्ध उग्रवादी थे । दोनों बब्बर खालसा इंटरनेशनल संगठन से संबंधित थे ।

ए.एस.पी. बाल-बाल बचे : गुरदासपुर जिला के बटाला-श्री हरगोबिन्दपुर सड़क पर उड़नवाल पुलिस चौकी के निकट आतंकवादी हमले में पुलिस के ए.एस.पी. श्री सी.एस.आर. रेड्डी बाल-बाल बच गए लेकिन उनकी बुलेट प्रूफ मारुति

(शेष पृष्ठ 10 पर)

कोहली पंजाब के राज्यपाल के तीसरे सलाहकार नियुक्त

चंडीगढ़, 21 मार्च (वार्ता): बिहार कैडर के सेवानिवृत्त आई.ए.एस. अधिकारी श्री पी.एस. कोहली को पंजाब के राज्यपाल श्री निर्मल कुमार मुखर्जी का सलाहकार नियुक्त किया गया है ।

श्री कोहली की नियुक्ति से राज्यपाल के सलाहकारों की संख्या तीन हो गई है । राजीव गांधी सरकार ने श्री आर.पी. खन्ना और श्री एच.एम. सिंह को पंजाब के राज्यपाल का सलाहकार नियुक्त किया था ।

भ्रूण परीक्षणों पर रोक का कानून बनेगा

नई दिल्ली, 21 मार्च (वार्ता): केंद्र सरकार भ्रूण परीक्षणों पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक कानून बनाने पर विचार कर रही है । यह जानकारी आज लोकसभा में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याणमंत्री नीलमणि राऊतराय ने दी ।

एड्स छात्र : श्री राऊतराय ने बताया कि 1989-90 एड्स के लक्षण वाले 14 विदेशी छात्रों को वापस भेजा गया । भारत में आने के एक महीने के भीतर विदेशी छात्रों के लिए चिकित्सा प्रमाण पत्र देना जरूरी होता है ।

न्यूनतम मजदूरी : श्रम एवं कल्याणमंत्री राम विलास पासवान ने बताया कि केंद्र सरकार न्यूनतम मजदूरी 11 रुपए प्रतिदिन से बढ़ा कर 14.25 रुपए करने पर विचार कर रही है । वैसे प्रत्येक राज्य अपने यहां न्यूनतम मजदूरी केंद्र द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से अधिक निर्धारित करने के लिए स्वतंत्र है ।

भविष्य निधि : श्रममंत्री के अनुसार 31 मार्च 1989 को 11585 कम्पनियों पर कर्मचारी भविष्य निधि के 217.83 करोड़ रुपए बकाया थे । इस राशि के लिए आवश्यक कार्रवाई चल



(1) गुरदासपुर जिला के डेरा बाबा नानक पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन गांव रत्ता के निकट आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में मारे गये एस.एच.ओ. श्री बलदेव सिंह का शव, (2) शव के निकट मृतक के परिवारजन विलाप करते हुए, (3) थाना कादियां के अंतर्गत गांव दुनिया संधु में आतंकवादियों के हाथों मारे गये मुख्तयार मसीह और (4) बशीरा के शव । (छाया : कोछड़)

Punjab Sahitya

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

जिप्सी गोलियां लगने से क्षतिग्रस्त हो गई ।

बटाला से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार यह घटना दोपहर दो बजे के लगभग हुई । बताया जाता है कि श्री रेड्डी 4 पुलिस कर्मियों के साथ धारीवाल सोहियां गांव से लौट रहे थे । उक्त गांव में आज प्रातः आतंकवादियों ने दो विशेष पुलिस अधिकारियों की हत्या कर दी थी । रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किये जाने पर आतंकवादी अपना मोटर साईकल छोड़ कर भाग गए ।

हथियार बरामद : तरनतारन पुलिस जिला के सरहाली मंडा गांव के बाहर स्थित एक फार्म हाऊस पर कल रात छापा मार कर सुरक्षा बलों ने भारी परिमाण में हथियार व गोली-सिक्का पकड़ा है । इनमें एक थामसन बंदूक, एक राइफल, एक पिस्तौल, एक रिवाल्वर, 6 डैटोनेटर तथा फ्यूज़ वायर विस्फोटक शामिल हैं ।

छात्र का अपहरण : आतंकवादियों ने आज प्रातः तरनतारन पुलिस जिला के धोतिया गांव में एक स्कूली छात्र का अपहरण कर लिया । वह परीक्षा दे जा रहा था ।

छह अपहर्त्ता काबू : अमृतसर (अशोक सोनी): "व्यक्ति चाहे छोटा हो या बड़ा या फिर किसी भी पद पर आसीन हो, अगर वह अपराधी है तो उसे दंड भुगतना ही पड़ेगा ।" ये शब्द अमृतसर शहर के एस.पी. श्री सीता राम ने आज शाम सम्वाददाताओं के समक्ष उन छह व्यक्तियों को पेश करते हुए कहे, जिनमें एक पुलिस कर्मी व दो अकाली नेताओं के बेटे शामिल हैं और जिन्हें पुलिस ने आज प्रातः रमेश कुमार नामक एक व्यक्ति के अपहरण के दोष में गिरफ्तार किया है ।

श्री सीता राम ने बताया कि पुलिस को आज प्रातः 11.20 पर यह सूचना मिली थी कि कुछ अज्ञात व्यक्ति एक युवक रमेश पुत्र जिया लाल निवासी कांगड़ा कालोनी को एक जीप में अपहृत करके ले गए हैं । एस.पी. ने बताया कि इस सूचना पर पुलिस कंट्रोल रूम ने शहर भर के नाकों, थानों और पुलिस गश्ती वाहनों को तुरन्त सूचित किया । उन्होंने बताया कि घटना के लगभग 25 मिनट बाद पुलिस के एक गश्ती वाहन ने एक जीप नं. पी.ए.एच. 7525 को बेरका रोड पर घेर लिया और उसमें सवार रमेश कुमार व उसके छह अपहरणकर्त्ताओं को काबू कर लिया ।

श्री सीता राम ने बताया कि छह अपहरणकर्त्ताओं की शिनाख्त इस प्रकार हुई है— बख्शीश सिंह (पुत्र साधु सिंह निवासी जवाहर नगर), अमरीक सिंह (पुत्र सोहन सिंह), परविन्दर सिंह उर्फ पप्पू (पुत्र ओंकार सिंह मत्तेनंगल सदस्य एस.पी.जी.सी.), उपेंद्र सिंह (पुत्र रणजीत सिंह निवासी किला गोबिन्दगढ़) और अशोक कुमार (पुत्र मुंशी लाल निवासी मकबूलपुरा) ।

इनके अलावा पी.ए.पी. के एक कांस्टेबल गुरबख्शीश सिंह जो कि एस.जी.पी.सी. सदस्य श्री मत्तेनंगल का गनमैन है, को भी गिरफ्तार किया गया है । पकड़े गए एक आतंकवादी अमरीक सिंह का पिता जवाहर नगर सर्कल अकाली दल (अ) का प्रधान है ।

श्री सीता राम ने बताया कि इन छह अपहरणकर्त्ताओं को धारा 363 व 148/149 के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया है । एस.पी. ने बताया कि प्राथमिक पूछताछ में अपहर्त्ताओं ने बताया है कि उन द्वारा अपहृत व्यक्ति पर आरोप था कि वह गुरुद्वारा की देग (भोजन पकाने के बर्तन) चोरी करके ले गया था । श्री सीता राम ने बताया कि गुरुद्वारा में उपस्थित महिलाओं ने स्पष्ट कहा कि अपहृत व्यक्ति रमेश कुमार चोर नहीं है । एस.पी. सिटी ने कहा कि अगर रमेश कुमार वास्तव में चोर भी होता तो इन व्यक्तियों को कोई अधिकार नहीं था कि वे बलात किसी का अपहरण करके ले जाएं । वे पुलिस को इस सम्बन्ध में सूचना दे सकते थे । श्री सीता राम ने कहा कि अपहरण का मन्तव्य कुछ और भी हो सकता है, जिसका जांच के बाद ही पता चलेगा । उन्होंने बताया कि अपहृत व्यक्ति रमेश कुमार को उसके घर भेज दिया गया है ।

दो लुटेरे काबू : एस.पी. श्री सीता राम ने सम्वाददाता सम्मेलन में दो लुटेरे आतंकवादियों हरभजन सिंह पुत्र तेजा सिंह और मंजीत सिंह पुत्र करनैल सिंह (दोनों गांव कपाटगढ़ के निवासी हैं) को सम्वाददाताओं के समक्ष पेश करते हुए बताया कि ये युवक छहटां के क्षेत्र में लूटखसूट व चोरी-डकैतियों की वारदातें अपने तीन अन्य साथियों के साथ किया करते थे तथा उक्त दोनों युवकों को गत दिवस पुलिस की एक अन्य पार्टी ने काबू किया है । उनके कब्जे से दो पिस्तौल भी बरामद हुए हैं ।

श्री सीता राम ने बताया कि उक्त दोनों युवकों को गांव काले के निकट एक नाका पार्टी ने उस समय गिरफ्तार किया जब वे दोनों युवक वहां से गुजर रहे थे । जब इन्हें ललकारा गया तो इन्होंने नाका पार्टी पर फायरिंग की । जवाब में नाका पार्टी ने भी फायरिंग की और दोनों को धर दबोचा । पूछताछ में इन्होंने बताया कि वे अपने तीन अन्य साथियों अवतार सिंह, जगतार सिंह और दलबीर सिंह के साथ छहटां के क्षेत्र में वारदातें किया करते थे । अभी तक इन्होंने स्थानीय भल्ला कालोनी में लूट की चार वारदातें करने की स्वीकारोक्ति की है । इन लुटेरों से एक खिलौना बंदूक और एक खिलौना पिस्तौल भी बरामद हुई है ।



अमृतसर पुलिस ने खिलौना पिस्तौलों से डरा-धमकाकर लोगों को लूटने वाले आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । (ऊपर) एस.पी. (शहरी) श्री सीता राम पत्रकारों से बातचीत करते हुए । उनके मुंह पर एक खिलौना पिस्तौल भी पड़ी दिखाई दे रही है । (नीचे) पकड़े गए आतंकवादी (1) जगदीश सिंह, (2) मंगल सिंह, (3) सतनाम सिंह, (4) हरभजन सिंह, (5) मंजीत सिंह । (छाया : भंडारी)

4 आतंकवादी गिरफ्तार : अमृतसर पुलिस ने लाहौरी मल गांव के निकट मुठभेड़ के बाद तीन आतंकवादियों जगदीश सिंह, मंगल सिंह तथा सतनाम सिंह को गिरफ्तार किया है । इनके कब्जे से तीन पिस्तौल तथा 51 कारतूस पकड़े गए हैं । संगरूर पुलिस ने भी गरमेल सिंह नामक एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है ।

तेजधार हथियार से हत्या : अमृतसर (वार्ता): कुछ अज्ञात लोगों ने कल रात मजीठा पुलिस जिला के गांव अबदल में एक व्यक्ति सुलखन सिंह की तेजधार हथियार से हत्या कर दी ।

घुसपैठिया मारा गया : अमृतसर जिले के अजनाला सैक्टर में छांगा-मांगा सीमा चौकी के निकट पाकिस्तानी सीमा से प्रवेश कर रहा एक घुसपैठिया सीमा सुरक्षा बल के जवानों द्वारा गोलियां चलाने पर मारा गया ।

घुसपैठिया मरा : फिरोजपुर (वार्ता): जिला के ममदोट सैक्टर में बी.एस.एफ. ने आज प्रातः दो में से एक घुसपैठिये को मार गिराया ।

एक की हत्या : मलोट (गोयल): यहां निकटवर्ती फतेहपुर मणिमाला गांव में कुछ अज्ञात लोगों ने एक फार्म हाऊस में एक व्यक्ति अजायब सिंह की हत्या कर दी । याद रहे कि पिछले हफ्ते इसी गांव में हुई मुठभेड़ में दो पुलिस कर्मी तथा दो अज्ञात आतंकवादी भी मारे गए थे ।

कैशियर को लूटा : खरड़ से 'शशि' के अनुसार दो अज्ञात युवकों ने कल माजरा गांव में बिजली बोर्ड के कैशियर से 1,87,770 रु. पिस्तौल की नोक पर लूट लिए । ये लुटेरे बाद में मुख्य सड़क पर से सुरेन्द्र सिंह नामक व्यक्ति से उसका स्कूटर नं. सी.एच.एम. 3496 छीन कर ले गए ।

फलियांवाले 24 को बैठक को सम्बोधित करेंगे

जालन्धर, 21 मार्च (हल्ल): पंजाब बहुजन समाज पार्टी के प्रधान डा. मोहन सिंह फलियांवाले 24 मार्च को प्रातः दस बजे स्थानीय बूटामंडी में जिला जालन्धर इकाई के पदाधिकारियों व सक्रिय कार्यकर्त्ताओं की बैठक को सम्बोधित करेंगे ।

हालात का जायजा

(पृष्ठ 3 का शेष)

राष्ट्रपति शासन रह सकता है । इसे आगे बढ़ाने के लिए संविधान में संशोधन करना पड़ेगा, लेकिन 59वें संविधान संशोधन को रद्द करने वाली सरकार के लिए यह शोभनीय नहीं होगा ।

श्री जेठमलानी ने कहा कि सर्वदलीय सम्मेलन और समितियां बनाने से पंजाब समस्या का समाधान नहीं निकल सकता । निर्वाचित प्रतिनिधियों से बातचीत और राजनीतिक कौशल से ही इस समस्या का हल निकाला जा सकता ।

श्री जेठमलानी ने कहा कि पंजाब में लोकसभा चुनावों की निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह लगाना एकदम गलत है । चुनाव आयोग और ज्यादातर अखबारों की रिपोर्टों में धांधली का जिक्र नहीं है ।

उन्होंने कहा कि अगर ए.के. 47 राइफलों के साये में चुनाव हुए तो गैर-अकाली उम्मीदवार कैसे जीते । श्री जेठमलानी ने कहा कि राजनीतिक पार्टियों को पंजाब के सकारात्मक पहलुओं को उजागर करना चाहिए ।

कांग्रेस (इ) के एस.एस. आहलवालिया ने कहा कि पंजाब को अब तक ठीक से नहीं समझा गया । उन्होंने राष्ट्रीय मोर्चा सरकार पर पंजाब समस्या के समाधान के लिए सही कदम न उठाने का आरोप लगाया ।

संसद द्वारा अनुमोदन

नई दिल्ली, 21 मार्च (वार्ता): पंजाब के 1990-91 के बजट और 2979 करोड़ रुपए के तत्संबंधी विनियोग विधेयक का आज संसद ने अनुमोदन कर दिया । राज्यसभा ने विचार के बाद आज इसे लौटा दिया । लोकसभा इसे कल ही पारित कर चुकी है ।

चाहल को सदमा

पटियाला, 21 मार्च (भूषण): पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के जनसम्पर्क निदेशक श्री भारत इंद्र सिंह चाहल की माता श्रीमती हरबंस कौर की आज यहां अंत्येष्टि कर दी गई । उनकी चिता पर पंजाब के वित्त आयुक्त (गृह) श्री एस.एल. कपूर, जिलाधीश डा. बी.सी. गुप्ता व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सतीश कुमार शर्मा ने पुष्प अर्पित किए ।

Punjabi Sanatani



चीन के विदेशमंत्री छु छ्छेन (बिल्कुल दायें) तथा भारतीय विदेश मंत्री आई. के. गुजराल अपने-अपने शिष्टमंडलों के साथ बीरवार को नई दिल्ली में द्विपक्षीय संबंधों पर विचार-विमर्श करते हुए। (छाया : प्रै. ट्र.)

दुर्दांत उग्रवादी मुठभेड़ में मरा, एक आतंकवादी पुलिस के चंगुल से बच निकला; पंजाब में 6 हत्याएं, 4 का अपहरण

चंडीगढ़, 22 मार्च (प.स., वार्ता): अमृतसर जिला में कल रात एक दुर्दांत आतंकवादी कश्मीर सिंह सुरक्षा कर्मियों के साथ मुठभेड़ में मारा गया जबकि पंजाब में अन्यत्र आतंकवादियों ने एक भट्ठा मालिक समेत 6 लोगों की हत्या कर दी और चार का अपहरण किया। इस बीच एक खतरनाक आतंकवादी पुलिस के चंगुल से बच कर भाग निकला तथा दो अन्य को काबू कर लिया गया।

मुठभेड़ में एक दुर्दांत आतंकवादी मरा : अमृतसर (वि.प्र.): कल रात लगभग 11 बजे मेहता पुलिस थाना क्षेत्र के गांव दयालगढ़ बट्टर में पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान एक दर्दांत आतंकवादी कश्मीर सिंह मारा गया। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पुलिस को यह सूचना मिली थी कि उक्त गांव में दो खतरनाक आतंकवादी छिपे हुए हैं। बटाला पुलिस और थाना मेहता पुलिस ने संयुक्त रूप से उक्त गांव में एक मकान की घेराबंदी की। आतंकवादियों ने मकान के भीतर से पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। छापामार पार्टी ने भी जवाबी फायरिंग की। कुछ देर की फायरिंग के बाद कश्मीर सिंह नामक एक आतंकवादी मारा गया जबकि उसका एक साथी जख्मी होने के बावजूद फरार हो गया। कश्मीर सिंह खालिस्तान लिबरेशन फोर्स से सम्बद्ध था और उसके सिर पर 25 हजार रुपए का इनाम था। वह बटाला क्षेत्र के संगरावां गांव का रहने वाला था। कश्मीर सिंह की हत्याओं तथा जबरन धन छीनने के तीस से अधिक मामलों में तलाश थी। उसने बटाला के इलाका में कत्ल व लूटपाट की कई वारदातें की थीं। मजीठा पुलिस प्रमुख श्री अनिल शर्मा ने सम्वाददाताओं को बताया कि कश्मीर सिंह पहले विशेष पुलिस अफसर था। पुलिस ने मृत आतंकवादी के पास से एक ए.के. 47 राइफल, दो मैगज़ीन, एक बोतल नुमा देसी बम, भारी संख्या में चले और अनचले कारतूस और एक हीरो होंडा मोटर साइकल कब्ज़े में लिया है। 'वार्ता' के अनुसार कश्मीर सिंह उर्फ सुन्दर आपसी रंजिश में मारा गया है।

हथियार बरामद : अमृतसर जिला मुख्यालय से मिली एक सूचना के अनुसार थाना घरिंडा के इलाका में सीमांत गांव डोके क्षेत्र में पाकिस्तान से हथियार लेकर दाखिल होने वाले दो आतंकवादियों को रात 12 बजे के करीब बी.एस.एफ. की 51वीं बटालियन के जवानों ने ललकारा तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग किए जाने पर उक्त आतंकवादी दबारा पाकिस्तान भाग गए। बी.एस.एफ. ने मौका पर से तीन ए.के. 47 राइफलें, 79 जीवित कारतूस, 6 चले हुए कारतूस, 3 मैगज़ीन, .455 बोर के चार पिस्तौल और उनके 56 कारतूस कब्ज़े में लिए हैं।

बी.एस.एफ. की एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार हथियारों की यह खेप पाक में रह रहे पृथक कमेटी के सदस्य बस्सन सिंह ने खालिस्तान कमांडो फोर्स के स्वयंभू एरिया कमांडर रणजोध सिंह के लिए भेजी थी। विज्ञप्ति में बताया गया है कि पाक से सक्रिय आतंकवादियों ने भारत में हथियार भेजने का एक नया तरीका अपनाया है। वे खराब मौसम में अपने कारिंदों को हथियार देकर भारत में भेजने की कोशिश करते हैं और कल भी आतंकवादियों ने तेज बारिश व आंधी का लाभ उठा कर भारत में हथियार भेजने का प्रयास किया था।

खूंखार आतंकवादी बच निकला : पुलिस ने बताया कि 'ए' श्रेणी का खूंखार आतंकवादी बलकार सिंह कल शाम सुरक्षा बल के हाथों से बच निकला। उसे पकड़ने के लिए पट्टी थाने के अन्तर्गत सरहाली मंडा गांव के एक मकान में छापा मारा गया था। बलकार सिंह भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान का सदस्य है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बलकार सिंह की कई आतंकवादी अपराधों के सिलसिले में तलाश है। इनमें हाल में फिरोज़पुर जिले के जीरा क्षेत्र में हुए नरसंहार का मामला भी शामिल है। इस घटना के बाद बलकार सिंह की जोर-शोर पर तलाश जारी है। कल सूचना मिली थी कि वह सरहाली मंडा गांव में छिपा है।

1.08 लाख रुपए का कपड़ा लूट लिया : उग्रवादियों ने आज सायं पुतलीघर अमृतसर के क्षेत्र में स्थित एक मिल से 1.08 लाख रुपए का कपड़ा आदि लूट लिया। पुलिस के अनुसार कुछ सशस्त्र उग्रवादी जबरदस्ती एक ट्रक पर सवार होकर मिल के गोदाम में घुस गए और कपड़े के बंडल ट्रक में लादि लिए। बाद में वे स्टाफ को धमकियां देकर भाग निकले।

दो लोगों की हत्या : पुलिस जिला तरनतारन के थाना भिक्खीविंड के इलाका में स्थित गांव सुरसिंह में कल रात आठ बजे के करीब ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से लैस तीन आतंकवादियों ने एक मकान में घुस कर काबुल सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार गांव सुरसिंह के सरपंच सतनाम सिंह के फार्म हाऊस पर कल रात दस बजे के करीब 7-8 आतंकवादियों ने सरपंच के भतीजे सुखदेव सिंह व उसके एक दोस्त छिंदा को काबू कर लिया। आतंकवादियों ने उन दोनों के बाजू पीछे बांध दिए और पकड़ कर ले गए। आतंकवादी जब उन्हें गोलियां मारने लगे तो सुखदेव सिंह रात के अंधेरे में भाग निकलने में कामयाब हो गया मगर उसका दोस्त छिंदा गोलियां लगने से मारा गया।

एक व्यक्ति का अपहरण : मजीठा पुलिस जिले के लाहौरवाला गांव में आतंकवादियों ने एक किसान का उसके घर से अपहरण कर लिया। उसकी रिहाई के लिए आतंकवादियों ने बड़ी राशि मांगी है।

वे एस.पी.ओ. नहीं थे : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के अधिकृत सूत्रों ने यह स्पष्ट किया है कि गत दिवस थाना श्रीहरगोबिंदपुर के गांव धारीवाल सोड़यां में मारे गए दोनों व्यक्तियों में एक भूतपूर्व एस.पी.ओ. अजीत सिंह और दूसरा एक दुकानदार का कर्मचारी जस्सा सिंह (12 वर्ष) था। ये दोनों एस.पी.ओ. नहीं थे।

एक भट्ठा मालिक की हत्या, दो का अपहरण : मोगा (आजाद): आतंकवादियों ने यहां से 15 किलो मीटर दूर थाना धर्मकोट के दो गांवों चीमा तथा जलालाबाद में स्थित दो भट्ठा मालिकों

(शेष पृष्ठ 10 पर)

पार्टी को विभाजन बचा लिया

22 मार्च (महिन्द्रा): अकाली सूत्रों ने रहस्योद्घाटन किया है कि प्रकाश न अकाली दल (ब) ने जत्थेदार वंडी से कल एक भेंट में अपनी पार्टी ने से बचा लिया है। इन सूत्रों के ार तलवंडी ने 'अपनी पार्टी के छोड़ने का निर्णय बदल लिया है।



न में अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठे (छाया : भारद्वाज)

ा अपनाया था : महंत सेवादास

क अगर श्री बी.पी. सिंह आतंकवादियों ों पर काबू न डाल सके तो वह पद ठुकरा देंगे।

ा दास सिंह ने प्रधानमंत्री को लिखी 8 चिट्ठी भी पत्रकार सम्मेलन में जारी न्होंने पंजाब का मसला हल करने के ाव दिए हैं। इस संदर्भ में उन्होंने ंडीगढ़ को तत्काल पंजाब में शामिल

होती, चुनाव न कराए
से आपत्तिजनक शब्द
ए *हरियाणा को नई

जाएं, सरकारी पत्र-व्यवहार अंग्रेजी की बजाए पंजाबी में किया जाए, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के तत्काल आम चुनाव कराए जाएं तथा अखिल भारतीय गुरुद्वारा कानून बनाया जाए। इसके अतिरिक्त महंत सेवा दास सिंह ने यह भी मांग की है कि देश की एकता व अखंडता को नुक्सान पहुंचाने वाली पंजाब में हुई विभिन्न घटनाओं की जांच के लिए स्वतंत्र स्थाई आयोग नियुक्त किया जाए, पंजाब का मसला हल करने के लिए गुमराह नौजवानों से बातचीत की जाए, पंजाब के मौजूदा पुलिस प्रमुख श्री के.पी.एस. गिल को यहां से तबदील न किया जाए तथा कानून व व्यवस्था बनाए रखने के लिए उन्हें और अधिकार दिए जाएं।

पुलिस के लाठीचार्ज के विरुद्ध मान अकाली दल धरना और गिरफ्तारियां देगा

लुधियाना, 22 मार्च (महिन्द्रा, धीमान): आज यहां अकाली दल मान की कार्यकारिणी की बैठक चार घंटे से अधिक चली जिसमें फैसला किया गया कि भटिंडा में पार्टी के कार्यकर्त्ताओं पर पुलिस के

जाएगी। उन्होंने कहा कि 23 मार्च को खटकड़कलां में हमारा परम्परागत सम्मेलन पहले की तरह ही होगा और हम प्रधानमंत्री बी.पी. सिंह को इस सम्मेलन के मंच से बोलने का निमंत्रण देते हैं।

Punjab Archive

1990

ों में फिर से विश्वास और
ावश्यक कार्रवाई की गई
प्रेशन के उपरांत सेना के
म्बर 1984 के दंगों के
अभियोजन चलाने हेतु

कि इसके साथ-साथ
भियान भी चलाए जा रहे
छपने के स्थानों पर छापे
दाताओं को पकड़ने और
बारूद को बाहर निकालने
ी जारी है ।

प्रश्न के उत्तर में बताया



जना

-प्रतिदिन औषधियों की
ा की ओर से मोहरबंद
ने के इच्छुक हैं वे मुख्य
ा. रामभनोहर लोहिया
और मोहरबंद निविदाएं

प्राधिकृत प्रतिनिधियों,

. सुनील भट्टाचार्य)
धिकारी (भण्डार)
ार स्वास्थ्य योजना

ापन्न

ट्टी

g rate for 22.3.90
, NECC Suggested
Per Dozen.

काऊ

निकट, तैयार हालत में डेरी
हरकवल, बैंक कालोनी,

क्षा

में Registration करवा
G डाक्टर बनें । नियमावली
College, Near Lal
Bank, Jalandhar.

बिकाऊ

Generating Set with
Condition. Reasonable
01, Industrial Area-A,
0739.

लाना

लाईलाज नहीं । बिना
पक्का इलाज कराने हेतु
ग इंस्टीच्यूट, जहाज़पुल,

(JD)

परिवर्तन

Son of Shri Wariam
of House No. 463,
, Hoshiarpur (Punjab)
d the name of my Son
am Avtar Nar. From
e called as Ram Avtar
gat Ram.

निक सूचना

शदा पत्नी रामा और मेरे द्वारा
म्पत्ति से बेदखल किए हुए मेरे
मराज सिंह मेरे पास नहीं रहते
म्बन्ध नहीं है । इनके किसी
दि का मैं उत्तरदायी नहीं हूं—
ों रोड, नवांशहर द्वाबा ।

द कुमार मेरे कहने से बाहर है
उसके लेन देन और किसी किस्म
ार नहीं हूं।लक्ष्मी चंद सुपुत्र मौलू
यमुनानगर ।

सूचित किया जाता है कि मैं
मैनेजर N.I.C. फाईनैंस इंडिया
र्व 90 को अपने पद से त्यागपत्र दे
मैनेजर ने अपना चार्ज सम्भाल

कि पिछले साल 3466 परिवार पंजाब से दिल्ली चले गए । इन परिवारों पर सरकार ने पौने सात करोड़ खर्च किए हैं ।

उन्होंने बताया कि इन परिवारों को भोजन के लिए 10 रु. प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के हिसाब से वित्तीय सहायता दी जाती है बशर्ते कि प्रतिमाह प्रति परिवार को देय राशि 1000 रुपए से अधिक न हो । इन्हें उपलब्ध होने पर एक कमरे वाला मुफ्त आवास, मुफ्त बिजली और पानी, नियंत्रित दरों पर राशन सामग्री, मुफ्त चिकित्सा सुविधाएं, बच्चों को स्कूलों में प्रवेश दिलाने में सहायता और प्रत्येक शिविर में पुलिस सुरक्षा प्रदान की गई है ।

श्री सईद ने आज लोकसभा को बताया कि उग्रवादियों के खतरे को रोकने के लिए पंजाब के कुछ सीमांत जिलों में नए सिरे से तलाशियां ली जाएंगी । उन्होंने एक ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के उत्तर में कहा कि उग्रवादियों के विरुद्ध नई रणनीति के अंतर्गत गुरदासपुर, तरनतारन, फरीदकोट और अमृतसर में विशेष अभियान चलाया जाएगा । उग्रवादियों द्वारा तेजी से की जा रही हत्याएं रोकने के लिए सरकार की नई नीति के संबंध में बताते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से लगते पंजाब और जम्मू-कश्मीर के नाज़ुक क्षेत्रों में कंटीली बाड़ लगाने के कार्य को अधिमान दिया जा रहा है । सीमा पर तस्करी रोकने के लिए कड़े पगों की आवश्यकता है । घुसपैठ रोकने के लिए सुगम मार्गों पर फ्लड लाइटें लगाई जा रही हैं । उन्होंने कहा कि सीमांत क्षेत्रों के निवासियों को शिनाख्ती कार्ड दिए जा रहे हैं और राज्य पुलिस व अर्द्ध सैनिक बलों के मध्य अधिक तालमेल को सुनिश्चित बनाने के लिए पग उठाए जा रहे हैं । उन्होंने कहा कि पिछली सरकार द्वारा सिमरनजीत सिंह मान को रिहा करने के कारण वर्तमान स्थिति उत्पन्न हुई ।

कालेज बंद न करने की चेतावनी

अमृतसर, 22 मार्च (कमलेश): अखिल विद्यार्थी परिषद पंजाब की सह-सचिव क. रजनी बाला व स्थानीय शाखा प्रमुख श्री अजय शर्मा ने एक संयुक्त वक्तव्य में स्थानीय एस.एन. कालेज को बंद न करने की अपील प्रबन्धक कमेटी से की है और कहा है कि कालेज के बंद होने से इसमें पढ़ने वाली 1200 छात्राओं का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा । बयान में चेतावनी दी गई है कि यदि कालेज को बंद कर दिया गया तो विद्यार्थी परिषद जोरदार आंदोलन शुरू कर देगी । धरने, प्रदर्शन तथा प्रबन्धक कमेटी के सदस्यों का घेराव किया जाएगा ।

संशोधन

पवन पत्र डीलक्स वीकली शुद्धिपत्र

21.3.90 को हैदराबाद में सम्पन्न और 22.3.90 को इस पत्र में प्रकाशित उपरोक्त लाटरी के परिणाम के प्रथम व द्वितीय पुरस्कार की सीरीज़ PPD, PPC के स्थान पर PDD, PDC सही पढ़ें, शेष पूर्ववत् है ।

नीलामी सूचना

अल्यूमीनियम स्क्रैप टैंडर द्वारा 29.3.90 को दोपहर 12 बजे नीलाम किया जाएगा । नीलामी की शर्तें निम्न प्रकार होंगी : 1. टैंडर पास होने पर 1000/- रुपए एडवांस देने होंगे । 2. एक-दो दिन में माल तुलवाना होना । 30,000/-रुपए का पे-आर्डर ड्राफ्ट पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रैस, जालंधर के नाम लाना होगा । 3. माल यहां तोले जाने के बाद, बाहर किसी अन्य कंडे पर चैक करवाना होगा । इसका खर्च टैम्पू वगैरा का, टैंडर देने वाले के जिम्मे होगा । वजन वगैरा का जो फर्क होगा, उसका फैसला कम्पनी करेगी । हमारे स्टाक से जितना माल नीलाम होगा, वह पूर्ण रूप से उठाना होगा । जमा कराए गए 1000/- रुपए के एडवांस को बाद में हिसाब-किताब में शामिल कर लिया जाएगा ।

माल 30.3.90 को हर हालत में तुलवाना होगा ।

मैनेजर,
पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रैस,
जालंधर

वह सैक्सी लड़की जिस से प्यार करती है उस पर अपना सब कुछ लुटा देती है । जिससे नफरत करती है, उसे मिटा देती है ।



मुठभेड़ में मरा

(पृष्ठ 3 का शेष)

का अपहरण कर लिया तथा एक अन्य भट्ठा मालिक की हत्या कर दी । बताया जाता है कि आतंकवादी एक जीप पर सवार होकर पहले एक भट्ठे पर आए तथा उसके मालिक किट्टी तथा बिल्ला को अपने साथ लेकर दूसरे भट्ठे पर गए । वहां जाकर उन्होंने उस भट्ठे के मालिक वीरेन्द्र कुमार तथा उसके एक सम्बन्धी अरुण कुमार को अपने साथ जीप में बिठा लिया । थोड़ी दूर जाने के बाद जीप कीचड़ में फंस गई । आतंकवादियों ने वीरेन्द्र कुमार व बिल्ला को नीचे उतर कर धक्का लगाने के लिए कहा । दोनों ने मौके का फायदा उठा कर भागने का प्रयास किया । इस पर आतंकवादियों ने गोली चला दी जिससे वीरेन्द्र कुमार मौके पर ही मारा गया, जबकि बिल्ला की भागते समय एक दीवार फांदने के प्रयास में पांव की हड्डी टूट गई लेकिन वह फिर भी बच कर भाग निकला । आतंकवादी दो अन्य लोगों को अपने साथ लेकर फरार हो गए । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

महंत समेत 3 की हत्या : संगरूर (गर्ग): आज यहां से 40 किलो मीटर दूर गांव गनौर जट्टां में एक डेरे के महंत तथा उसके दो साथियों की आतंकवादियों ने गोलियों मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि आतंकवादी मोटर साइकल पर उक्त डेरे में आए तथा महंत व उसके दो साथियों पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । तीनों की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई । इनमें से दो मृतक उसी गांव के निवासी थे । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

सनाम से 'नागपाल' के अनुसार गांव गनौर जट्टां में मरने वाले तीनों लोग डेरे के महंत के चेले हैं । वारदात के समय महंत कहीं बाहर गया हुआ था । मृतकों के नाम हंस राज, ईसर राम तथा डाली बताए जाते हैं ।

एक का अपहरण : लुधियाना (वार्ता): कार सवार तीन आतंकवादियों ने कल शाम जिला के पंडोरी गांव के निकट स्थित एक पैट्रोल पम्प से नरेन्द्र कुमार उर्फ टीटू नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया ।

आतंकवादी गिरफ्तार : कपूरथला (वार्ता): जिला पुलिस ने कल रात अवतार सिंह नामक एक दर्दांत आतंकवादी को गिरफ्तार किया है तथा उसके कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल तथा 10 कारतूस बरामद किए हैं ।

कपूरथला से शर्मा के अनुसार अवतार सिंह आदमपुर के इस्सरखाल गांव का निवासी है । उसे कल रात नाकाबंदी के दौरान गांव बहानी के निकट बेई के पुल पर गिरफ्तार किया गया । 12 मई 1988 को कथित अपराधी के दो साथियों नछत्तर सिंह तथा निर्मल सिंह के साथ गांव खजूरला में स्थित स्टेट बैंक आफ इंडिया शाखा को लूटने के प्रयास में बैंक के गनमैन को आर्यल कर दिया था । मुठभेड़ में नछत्तर सिंह भी मारा गया था । इस केस का एक दोषी निर्मल सिंह अभी फरार है ।

अपहृत व्यक्ति को छुड़ाया : जिला कपूरथला पुलिस ने सुलतानपुर लोधी के मंड क्षेत्र में लगभग 15 दिन की जबरदस्त घेराबंदी तथा दबाव डाल कर 9 मार्च सायं को गांव तलवंडी चौधरियां से फिरौती के लिए अपहरण किए एक दुकानदार शिंगार चंद को आज छुड़ा कर उसकी निगरानी कर रहे एक आतंकवादी गुरबचन सिंह उर्फ बिल्ला को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके अन्य साथी अपने शस्त्रों सहित भागने में सफल हो गए हैं ।

9 मार्च सायं साढ़े पांच बजे तलवंडी चौधरियां में बजाजी की दुकान पर बैठे शिंगार चंद का पांच आतंकवादियों ने एक मारुति वैन में अपहरण कर लिया था । शिंगार चंद ने बताया कि मंड में उसकी आंखें बंद करके ब्यास नदी के पार उसे एक भूमिगत बंकर में 15 दिन रखा गया था । उसके भाई सुखदेव लाल ने बताया कि उन्हें फिरौती के 30 लाख रुपए देने संबंधी टैलीफोन आते रहे हैं । अपहृत व्यक्ति पांच बच्चों का पिता है ।

पुलिस के प्रवक्ता के अनुसार यह अपहरण बलविन्दर सिंह उर्फ बिन्दा वासी विटाना थाना सदर तरनतारन के गिरोह ने फिरौती वसूल करने के लिए किया था । पता चलते ही पुलिस ने घेरा बंदी करके भारी दबाव का प्रयोग करके श्री शिंगार चंद का पता लगा लिया । गिरफ्तार किया गया आतंकवादी गुरबचन सिंह उर्फ बिल्ला मारुति कार का चालक था । शिंगार चंद के अनुसार अपहरण से दो घंटे पूर्व एक आतंकवादी उसकी दुकान से ढाई मीटर कपड़ा खरीद कर ले गया था ।

वी.पी. सिंह

(पृष्ठ 3 का शेष)

चीन : चीन के साथ भारत के संबंधों के बारे में श्री सिंह ने कहा कि वहां के विदेशमंत्री की भारत यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों में सुधार आएगा । आपसी मसलों पर विचारों का आदान-प्रदान भी हो सकेगा ।

नेपाल के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि व्यापार और पारगमन के मसले पर मतभेद दूर करने के वास्ते वहां अधिकारी स्तर का प्रतिनिधिमंडल भेजने में विलम्ब करने का औचित्य नहीं है । दोनों देशों की सुविधानुसार भारतीय शिष्टमंडल की यात्रा का

लद्दाख में बर्फानी तूफान

(पृष्ठ 3 का शेष)

क्यूसेक डिस्चार्ज दर्ज किया गया । घुस्सी बांध की सीमा पर लगभग एक दर्जन गांवों में 1000 एकड़ पर खड़ी फसल पानी में डूब गई है । प्रभावित गांवों में दोस्तपुर, शाहपुर, कमालपुर गढ़ियां तथा जुड़नपुर शामिल हैं ।

13 डूबे : जम्मू (प.स.): यहां से 15 कि.मी. दूर कालूचक के निकट आज लबालब भरे बल्लोल नाला में एक बस के बह जाने से उसमें सवार कम से कम 13 लोगों के डूबने की आशंका है । इनमें तीन स्कूली छात्राएं भी हैं । इस अभागी प्राइवेट बस जे.के.क्यू. 9473 में 16 यात्री थे और यह जम्मू से कठुआ जा रही थी । नाले में अचानक बाढ़ आने के कारण यह बस सुबह 9.30 बजे के करीब बह गई ।

बस बहने के बाद सड़क से लगभग 1 कि.मी. दूर सेना के जवानों ने एक महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया । सूचना के अनुसार दर्घटना होने से कुछ सैकेंड पहले दो यात्रियों ने बस से कूद कर जान बचाई । सेना व पुलिस दलों ने घटनास्थल पर पहुंच कर मुड़ी-तुड़ी बस को पानी से बाहर निकाल लिया ।

इस बीच दर्घटनास्थल से लगभग 3 कि.मी. दूर रूई नाला से दो लाशें बरामद की गई हैं । यह शव बस दर्घटना के यात्रियों के समझे जाते हैं । दर्घटना में जीवित बचे अरशद सिद्दीकी ने बताया कि जब उन्होंने देखा कि पानी का स्तर मार्ग में बढ़ता ही जा रहा है तो वह कूद कर सुरक्षित स्थान पर पहुंच गए । श्री सिद्दीकी इस नान-स्टाप बस में अपनी साली और 2 बच्चों के साथ जम्मू से यात्रा कर रहे थे । उन्होंने बताया ड्राइवर ने बस को थोड़ी देर के लिए सड़क पर रोक लिया था और यात्रियों से पूछा था कि नाला पार किया जाए या नहीं । परन्तु देखते ही देखते बाढ़ के पानी ने बस को घेर लिया और इसे बहा कर ले गया । उन्होंने कहा कि बाढ़ ने इतनी जल्दी बस को घेर लिया कि यात्रियों को जान बचाने का मौका ही नहीं मिला । उच्चाधिकारी बचाव कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं ।

जम्मू-श्रीनगर मार्ग बंद : जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग भूस्खलनों के कारण आज लगातार चौथे दिन भी बंद रहा । पिछले चार दिनों से यह घाटी देश के बाकी हिस्सों से कट गई है ।

सोवियत सैनिक लिथुआनिया की राजधानी में पहुंच गए

विलनिअस (सोवियत संघ), 22 मार्च (ए.पी.): सोवियत राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाच्योव द्वारा लिथुआनिया के लोगों को हथियार डाल देने के आदेश दिए जाने के बाद आज लिथुआनिया की राजधानी में सोवियत सैनिकों की टुकड़ी पहुंच गई । लिथुआनिया के अधिकारियों ने सोवियत कार्रवाई का विरोध किया है । इन अधिकारियों का कहना है कि गत दो वर्षों में, जब से यह गणतंत्र आजादी के लिए संघर्ष कर रहा है, हिंसा की एक भी घटना नहीं हुई है । सोवियत सैनिकों के पांच ट्रक एवं अन्य 15 वाहनों का एक काफिला आज लिथुआनिया की राजधानी पहुंचा । एक अनुमान के अनुसार इस काफिला में करीब तीन हजार सोवियत सैनिक हैं ।

सरकारी सहाय
दिन बिता रहे हैं

गुरदासपुर, 22 मार्च (विनोद) : जिला गुरदासपुर के कस्बा पठानकोट में ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन करके आए लगभग 1100 परिवार लगभग तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी सरकारी सहायता की आशा में दिन व्यतीत कर रहे हैं । इन परिवारों में लगभग 425 परिवार हाऊसिंग बोर्ड कालोनी में ठहरे हुए हैं, जबकि 700 परिवार पठानकोट में किराए के मकान लेकर रहते हैं । यह सभी परिवार पंजाब तथा केन्द्र सरकार की लापरवाही और आश्वासनों का शिकार हैं और इस समय बेरोजगार हो अपना परिवार चलाने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं ।

इनमें सबसे ज्यादा खराब हालत उन परिवारों की है जो गांवों में सम्पन्न थे । जो परिवार गांवों में रेहड़ी, फेरी लगा कर कमाते थे उन्होंने यहां भी वही काम शुरू कर दिया है, परन्तु जो परिवार गांवों में सम्पन्न थे, वे सबसे अधिक बेरोजगार हैं । सुप्रीमकोर्ट ने 23 फरवरी को पंजाब सरकार को आदेश दिया था कि इन परिवारों के सुधार का प्रबंध करे । जिसमें राहत राशि, कर्जा सुविधा और पुनर्वास शामिल हैं । परन्तु इस सम्बन्ध में अभी तक कोई विशेष प्रबंध नहीं किए गए और यह परिवार अभी भी बहुत अस्वस्थ वातावरण में रह रहे हैं जिससे भयंकर बीमारी फैल सकती है ।

सुप्रीमकोर्ट के निर्देश के बाद इस कालोनी में बिजली का प्रबन्ध किया जा रहा है । कालोनी में 38 परिवार टैंटों में रहते हैं । यहां ट्यूब लाईट लगाई जा रही है, चारों ओर कांटेदार तार लगा दी गई है और सुरक्षा के लिए सीमा सुरक्षा बल और पुलिस

पुलिस लाठीचार्ज के विरुद्ध

(पृष्ठ 3 का शेष)

कार्यकर्ता शिविर लगाया जाएगा जिसमें मैं और कार्यकारिणी के सभी सदस्य भी भाग लेंगे ।

श्री मान ने कहा कि मेरी पार्टी फौजी भगौड़ों को पंजाब विधानसभा का चुनाव लड़ने के लिए टिकट देगी ।

इस अवसर पर सन्त अजीत सिंह, भाई तरलोक सिंह, स्वर्ण सिंह, कै. हरचरण सिंह रोडे, तेजवन्त सिंह आदि भी उपस्थित थे । प्रितपाल ने श्री मान को सरोपा भेंट किया ।

श्री मान ने बताया कि 16 मार्च को भटिंडा-रैली पर पाबंदी अलोकतांत्रिक तथा असंवैधानिक थी । प्रदर्शन करना हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है ।

उन्होंने मांग की कि सुक्खा और जिंदा को भी रिहा किया जाए, क्योंकि इनको मृत्यु दंड असंवैधानिक रूप से दिया गया है । हम सिखों पर अत्याचार सहन नहीं करेंगे । श्री मान ने कहा कि सीमा पर सेना तैनात कर दी गई है और सिख कौम को अपमानित करने के लिए गुरदासपुर, अमृतसर, फिरोजपुर और कपूरथला जिलों में उनकी तलाशियां ली जाएंगी, मगर सरकार को जान लेना चाहिए कि इसके परिणाम भीषण होंगे ।

चंडीगढ़ बम विस्फोट में मारे गए दोनों आतंकवादियों की शिनाख्त

चंडीगढ़, 22 मार्च (संघी): चंडीगढ़ पुलिस ने काफी भाग-दौड़ के बाद गत 20 मार्च को यहां के सैक्टर 22 में हुए जबरदस्त बम विस्फोट में मारे गए दोनों आतंकवादियों की शिनाख्त करने में आज शाम सफलता प्राप्त कर ली ।

प्राप्त समाचारों के अनुसार इनमें से ए आतंकवादी, जिसका नाम विशेशर सिंह सु हजारा सिंह है, जिला पटियाला के बस्सी पठानां रहने वाला है । विशेशर सिंह कई साल तक सेना सेवा करता रहा है तथा बम आदि लाने ले जाने उसे काफी अनुभव था । दूसरे आतंकवादी पहचान संत सिंह सुपुत्र करनैल सिंह के रूप में है । वह रोपड़ जिला के सोहना पुलिस थाना क्षेत्र अधीन आने वाले इलाका का निवासी था । इन दो के शवों की पहचान आज इनके मां-बाप से करवाई गई ।

पुलिस को अभी तक आतंकवादियों के ठिकाने का पता नहीं लग पाया है, जहां वे चंडीगढ़ शरण लिए हुए थे । पुलिस की ओर से सभी मक मालिकों व अन्य लोगों से भी अनुरोध किया गया कि वे अपने व आसपास के ऐसे मकानों का लगाएं जो गत 20 मार्च से बंद पड़े हैं ।

कृषि उत्पादों के आयात निर्यात के लिए बोर्ड बनेगा

नई दिल्ली, 22 मार्च (वार्ता): सरकार कृषि उत्पादों के आयात निर्यात के लिए एक प्रबन्ध बोर्ड गठित करने पर विचार कर रही है । इसमें किसानों और उपभोक्ताओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जाएगा ।

यह जानकारी उपप्रधानमंत्री एवं कृषि मंत्री देवी लाल ने आज लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी । उन्होंने बताया कि उन सभी कृषि उत्पादों को जो पहले से ही किसी बोर्ड के अंतर्गत नहीं हैं इस नए बोर्ड की परिधि में लाया जाएगा ।

फसल बीमा : उन्होंने बताया कि बृहद फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ 1989 के अंत तक देय 578.54 करोड़ रुपए के दावों का भुगतान किया जा चुका है । 28.75 करोड़ रुपए के दावे राज्य सरकारों के हिस्से के अभाव में लम्बित हैं ।

सूखा-खर्च : कृषि मंत्री ने बताया कि 1989-90 में दिसम्बर के अंत तक विभिन्न राज्यों के सूखाग्रस्त क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रमों पर 56 करोड़ 80 लाख रुपए खर्च किए गए । इनमें से सर्वाधिक 7.92 करोड़ रुपए आंध्र प्रदेश में और 82 लाख रुपए हरियाणा में खर्च किए गए ।

बड़े दुखित हृदय से आपको
तिथि 15 मार्च, 1990 को स
दिनांक 24 मार्च 1990, दोप
होगी ।

शो

सरस्वती
सीता वन्ती
प्रेम पाल

Punjab Sahitya

चन्नोपार क्षेत्र में एक घर के भीतर अपना मुख्यालय बना रखा था । जहां नए 'रंगरूटों' का प्रशिक्षण देने

कानीपुरा आबादी में हुलचाई की घटना के एक और

गुट संघर्ष में 3 उग्रवादी मरे : 3 जवानों, मां-बेटे सहित 5 की हत्या

चंडीगढ़, 23 मार्च (प.स., वार्ता): पंजाब में कल रात्रि में 3 उग्रवादी गुट-संघर्ष में मारे गए, जबकि उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों के 3 जवानों और मां-बेटे सहित 5 निर्दोषों की हत्या कर दी । पुलिस के गश्ती दलों पर घात लगा कर किए गए हमले से पुलिस के 7 जवान घायल हो गए ।

मां-बेटे की हत्या : अमृतसर (वार्ता): मजीठा पुलिस जिले के अबधाल गांव में आतंकवादियों ने एक मकान में घुसकर अमरजीत कौर तथा उसके बेटे बलदेव सिंह को बाहर घसीट लिया तथा दोनों की गोली मार कर हत्या कर दी । बब्बर खालसा संगठन ने इस अपराध की जिम्मेदारी ली है ।

दो घायल : (प.स.): अमृतसर जिला के घुराला गांव में आतंकवादियों ने कल रात एक किसान सरेन्द्र सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । इसी पुलिस जिला के अलगो कोठी गांव में कल रात ही आतंकवादियों ने एक व्यक्ति धर्मपाल सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । इन दोनों को श्री गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

तस्कर मरा : अमृतसर से अशोक सोनी के अनुसार बी.एस.एफ. के संयुक्त सहायक निदेशक (जी) श्री आर.एस. भुल्लर ने एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया है कि 20-21 मार्च की मध्य रात्रि को चौगावां सैक्टर की छन्न मुल्ला सीमा चौकी के इलाका में एक कख्यात तस्कर उस समय मारा गया जब वह भारत से पाकिस्तान की ओर अवैध रूप से जा रहा था । मृतक की शिनाख्त मुख्तयार सिंह उर्फ मुक्खा के रूप में हुई है । विज्ञप्ति के अनुसार मृतक तस्कर ने बी.एस.एफ. द्वारा ललकारे जाने पर मुकाबला किया था । इसके दो साथी फरार हो गए ।

2 निहंग मारे गए, 5 घायल : आज रात्रि थाना पट्टी के गांव चीमा कलां में एक गुरुद्वारे में 6-7 उग्रवादियों के एक गिरोह द्वारा फायरिंग किए जाने से 2 निहंग मारे गए जबकि 5 अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गए । मारे गए निहंगों की अमरीक सिंह और अरूड़ सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है । अमरीक सिंह हाल ही में जमानत पर रिहा हुआ था । घायल निहंगों सतनाम सिंह, तरसेम सिंह, दर्शन सिंह, जोगा सिंह और मुख्तियार सिंह पहले तरनतारन के अस्पताल में दाखिल करवाया गया था लेकिन बाद में उन्हें अमृतसर के अस्पताल में ले जाया गया । पुलिस के अनुसार यह गिरोहों की परस्पर प्रतिद्वंद्विता का परिणाम है क्योंकि निहंग अमरीक सिंह पहले उग्रवादी अपराधों में संलिप्त था ।

3 जवान मारे गए : फिरोजपुर (कन्तोड़): आज सायं जीरा तलवंडी रोड पर शुगर मिल के निकट उग्रवादियों ने घात लगा कर पुलिस की गश्ती जीप पर फायरिंग की, जिससे सी.आर.पी. के जवान और 2 पुलिस कर्मियों सहित 3 व्यक्ति मारे गए ।

गुट संघर्ष में एक उग्रवादी मरा : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव बोलेवाल के निकट स्थित एक नहर के किनारे से पुलिस ने आज प्रातः गोलियों से छलनी व आंशिक रूप से जला हुआ एक शव बरामद किया है । पुलिस सूत्रों के अनुसार मृत व्यक्ति का नाम मानक है और वह अमृतसर जिला के व्यास थाना क्षेत्र के अधीन गांव खानपुर का रहने

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjab Sahitani

अनेक आलोचक और अनेक प्रशंसक हैं लेकिन उन्हें हटाने या न हटाने से स्थिति में अधिक तबदीली नहीं होगी । इसलिए यह ऐसा मुद्दा नहीं है, जिसके बारे में हम इस वक्त अधिक चिंतित हों ।"

वी. पी. सिंह

(पृष्ठ 3 का शेष)

तिलमिला उठे कि अंततः उन्हें यह कहना पड़ा कि सरकार बहुत 'मजबूत' है । धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्षी सदस्यों की आलोचना का जवाब श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने 'कमजोर और अनिर्णय' शब्दों का इस्तेमाल करते हुए दिया । श्री सिंह ने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए हर वाक्य के शुरूआत में कहा, "यह एक अनिर्णय वाली कमजोर सरकार है जिनसे..." प्रधानमंत्री के जवाब से तिलमिला कर कांग्रेस के एक बुजुर्ग सदस्य अरविन्द गणेश कुलकर्णी ने आखिर में कहा, "आप कमजोर नहीं हैं । हमने यह कभी नहीं कहा ।" उन्हीं की पार्टी के श्री पवन बंसल उनसे सहमत नहीं थे ।

प्रधानमंत्री ने जब उसी अंदाज में अपना जवाब जारी रखा तो एक अन्य कांग्रेस सदस्य सुश्री सरोज खापर्डे ने उनसे अनुरोध किया कि वह अपनी उपलब्धियां बताने के लिए व्यंग्यात्मक तरीका अपनाने की जगह सीधी बात कहें । सुश्री खापर्डे ने कहा कि अपनी सरकार की उपलब्धि बताने का यह ढंग प्रधानमंत्री को शोभा नहीं देता । उन्हें व्यंग्य की भाषा नहीं बोलनी चाहिए । श्री कुलकर्णी ने कहा कि आप कमजोर नहीं मजबूत हैं ।

गोआर कौंसिल की बैठक

फगवाड़ा, 23 मार्च (खोसला): गोआर कौंसिल आफ इंडिया की विशेष बैठक एक अप्रैल को अलीहरां गेट नाभा में हो रही है । गोआर कौंसिल आफ इंडिया के संयोजक श्री हरबंस लाल ने बताया कि इस बैठक में कौंसिल का सदस्यता अभियान आरम्भ करने के बारे में विचार किया जाएगा ।

श्री चावला ने कहा कि 30 मार्च को महासंघ का अधिवेशन अमृतसर में बलाया जा रहा है जिसमें महासंघ के विभिन्न गुटों को एक मंच पर लाया जाएगा । इस अधिवेशन में हरमिंदर सिंह संधू हत्याकांड में मनजीत सिंह की भूमिका का पर्दाफाश किया जाएगा ।

मां-बेटे की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

वाला था । मृतक की जेब से के.सी.एफ. की एक चिट्ठी भी बरामद हुई है जिस पर बलविंद्र सिंह शाहपुर के हस्ताक्षर हैं । चिट्ठी में स्पष्ट किया गया है कि मानक लूटपाट करने की घटनाओं में संलिप्त था, इसलिए उसे 'सोधा' गया है । पुलिस ने इस वारदात को आतंकवादियों की निजी शत्रुता का परिणाम बताया है ।

स्कूटर छीना, ठेका लूटा : गुरदासपुर (विनोद): जिला के गाजी कोट गांव के पास दो आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर ओंकार सिंह मल्लवाल नामक एक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया और बाद में इन्हीं आतंकवादियों ने गाजी कोट गांव में स्थित शराब के एक ठेके से दो हजार रुपया लूट लिया ।

4 असामाजिक तत्व गिरफ्तार : पटियाला (भूषण): पटियाला जिला पुलिस ने रोपड़ जिला के मोरिंडा पुलिस थाना के अधीन मुगल माजरा गांव के निवासी कथित आतंकवादी हरबंस सिंह को गिरफ्तार किया है । जिला पुलिस प्रमुख श्री सतीश कुमार शर्मा ने उक्त आशय की जानकारी दी है । हरबंस सिंह ने मुगल माजरा गांव से दो राइफलें, खरड़ पुलिस थाना के अधीन सोतल गांव से .38 बोर का रिवाल्वर तथा बस्सी पठानां से एक स्कूटर छीना था । उससे एक पाकिस्तानी पिस्तौल तथा छीना गया एक स्कूटर भी बरामद हुआ है । पुलिस ने बस्सी पठानां पुलिस स्टेशन के अधीन जोधपुर गांव के एक व्यक्ति रणजीत सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक स्कूटर बरामद किया है । पुलिस ने दो तस्करों हरियाणा के दबनखेडी गांव के निवासी अंगेज सिंह तथा कपूरथला जिला के पीरावाल गांव के निवासी शमिन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया है तथा उनके कब्जे से चूरा पोस्त के 52 बैग तथा एक ट्रक पकड़ा है ।

कपड़ा मिल में आग : संगरूर (वार्ता): आज तड़के संगरूर जिले के लेहरागागा गांव में एक कपड़ा मिल में आग लगाए जाने की खबर है ।

छः उग्रवादी गिरफ्तार : धूरी (सिंगला, प.स.): संगरूर पुलिस ने मारुति वैन में जा रहे छः उग्रवादियों को हथियारों समेत गिरफ्तार किया है । इनके नाम चमकौर सिंह, मोहिन्द्र सिंह, हरचरण सिंह, चंचल सिंह, बशिंदर सिंह तथा जगराज सिंह बताए जाते हैं ।

घात लगा कर हमला : 7 जवान घायल : उग्रवादियों ने आज रात्रि देर गए जिला रोपड़ के गांव मांजरी के निकट एक पुलिस पार्टी पर घात लगा कर हमला करके 2 कांस्टेबलों को घायल कर दिया । जब वारदात के स्थान पर कुमक भेजी गई तो उग्रवादियों ने कुमक के 5 और सदस्यों को घायल कर दिया । सभी घायलों को पी.जी.आई. चंडीगढ़ में दाखिल करवाया गया है ।

मकान को घेरा : इस दौरान चंडीगढ़ पुलिस ने आज यहां 22 सैक्टर के एक मकान को घेर लिया तथा आसपास का यातायात बंद कर दिया । पुलिस को संदेह था इसमें दो दिन पूर्व शहर में हुए बम कांड में लिप्त कोई आतंकवादी छिपा था । पुलिस ने कई मकानों की तलाशी ली पर कोई आतंकवादी नहीं मिला ।





श्री माता जी निर्मला देवी



शिव सेना का एक शिष्टमंडल चंडीगढ़ में पंजाब के राज्यपाल श्री निर्मल कुमार मुखर्जी के साथ । (छाया : तरसेम)

शिव सेना का शिष्टमंडल राज्यपाल से मिला

फिल्लौर, 23 मार्च (तरसेम): उत्तरी भारत शिव सेना प्रमुख श्री जगदीश तांगड़ी के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने चंडीगढ़ में पंजाब के राज्यपाल निर्मल कुमार मुकर्जी से भेंट की । शिष्टमंडल में उत्तरी भारत शिव सेना के सलाहकार श्री सुभाष रत्नपाल, पंजाब प्रदेश शिव सेना के अध्यक्ष श्री जगदीश पुरी व अन्य नेता भी शामिल थे । श्री तांगड़ी ने राज्यपाल से मांग की कि सिमरनजीत सिंह मान के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए । उन्होंने कहा कि शिव सेना को जिला शिकायत कमेटियों में प्रतिनिधित्व दिया जाए और शिव सेना को भी अन्य राजनीतिक दलों की तरह पंजाब समस्या पर होने वाली बैठकों में आमंत्रित किया जाए । यह भेंट लगभग डेढ़ घंटा चली ।

इस परियोजना पर मुख्य अधिकारी मुख्य प्रबन्धक है जो कि अधिकतर चंडीगढ़ रहता है, क्योंकि यह राजनीतिक पोस्ट है और इसको बचाए रखने के लिए राजनीतिक सहारा जरूरी है । दूसरा, ऐसी परियोजना पर मुख्य प्रबन्धक के लिए किसी निष्ठावान जैसे रिटायर सेना अधिकारी का नियुक्त होना लाभदायक है ।

इस परियोजना पर समय-समय पर कई स्कैंडलों का शोर मचा है—कभी टैंडर पास करने में और कभी सरिया बनाने में और कभी सरिया, सीमैंट और मशीनरी बेचने का । इस परियोजना पर करोड़ों रुपए की मशीनरी है परन्तु उसमें से केवल 25 प्रतिशत ही काम में लाई जाती है और बाकी 75 प्रतिशत मशीनरी वर्षों से खराब पड़ी है । जरूरत अनुसार सारी मशीनरी होने के बावजूद मुरम्मत का कार्य बाहिर से करवाया जाता है । इसके दो ही कारण हैं : योग्यता का अभाव या भ्रष्टाचार ।

रणजीत सागर बांध पर गठित वर्कचार्ज कर्मचारी यूनियन (इन्टक) के नेता श्री ज्ञान चंद लम्बा ने एक लिखित बयान में दोष लगाया है कि इस

दलाली से संबद्ध छः प्रतिबंधित स्विस खातों में से एक का सम्बन्ध हिंदूजा परिवार से

नई दिल्ली, 23 मार्च (वार्ता): अंग्रेजी दैनिक "हिन्दू" तथा इंडियन एक्सप्रेस के एक संयुक्त जांच दल ने स्विटजरलैंड के बैंकों के उन छह खातों में से कम से कम हिन्दूजा परिवार का सम्बन्ध होने की बात कही है, जिन पर बोफोर्स तोप सौदे की कथित दलाली के सिलसिले में रोक लगाई गई है ।

यह दावा जेनेवा में हिन्दू की प्रतिनिधि चित्रा सुब्रह्मण्यम तथा उसके एसोसिएट सम्पादक एम. राम द्वारा लिखे गए एक लेख में किया गया है । इस लेख की प्रतियां इंडियन एक्सप्रेस के सम्पादक अरुण शौरी ने आज एक सम्बाददाता सम्मेलन में जारी कीं । इस बारे में श्री राम को सम्बाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करना था लेकिन वह यातायात जाम होने के कारण समय पर नहीं पहुंच पाए ।

लेख में दावा किया गया है कि "टुलिप" सांकेतिक नाम का खाता प्रवासी उद्योगपति जी.पी. हिन्दूजा, श्री एस.पी. हिन्दूजा तथा श्री प्रकाश हिन्दूजा का था तथा इसका संचालन 1986 से 1987 के बीच एक कम्पनी फिड्स एस.ए. ने किया ।

कल प्रकाशित किए जाने वाले इस लेख में जिन अन्य बातों का खुलासा किया गया है, वे इस प्रकार हैं :

"अज्ञात" व्यक्तियों को 127 करोड़ स्वीडिश क्रोनर (लगभग 250 करोड़ रुपए) "कमीशन" का भुगतान करने के लिए गुप्त प्रबंध थे । यह राशि बोफोर्स मामले में दायर प्रथम सूचना रिपोर्ट में बताई गई कथित दलाली 64 करोड़ रुपए से बहुत अधिक है ।

तीन हिन्दूजा भाइयों द्वारा जेनेवा बैंक को दिए गए हस्ताक्षरित लिखित निर्देशों के आधार पर "टुलिप" नामक खाते को अचानक बंद कर दिया गया ।

समाचार पत्रों में खातों के बारे में प्रकाशित खबरों को देखते हुए "मोंट ब्लाक" और 'लोटस' नामक खाते को अचानक बंद कर दिया गया । "मैं. पिटको" और "मारेस्के" नामक कम्पनियों को जो भुगतान किया गया उसे "टुलिप" मोंट ब्लाक और "लोटस" नामक खाते में हस्तांतरित कर दिया गया । इनमें टुलिप में चार बार भुगतान की राशि जमा की गई जो कुल मिलाकर 3.69 करोड़ स्वीडिश क्रोनर है ।

"टुलिप" खाते में 1986 में पिटको मोरेस्को कम्पनियों का 40 प्रतिशत भुगतान जमा किया गया जो आठ करोड़ स्वीडिश क्रोनर है । "लोटस" और "मोंट ब्लाक" खाते को क्रमशः 25 तथा 35 प्रतिशत राशि जमा की गई ।

श्री शौरी ने पत्रकारों को बताया कि स्विटजरलैंड के न्यायाधीश ने 1987 में "टुलिप" नामक खाते को बंद करने का आदेश देते समय तीन हिन्दूजा भाइयों के नामों का रहस्योद्घाटन किया । इन भाइयों ने लिखित रूप से खाते बंद करने का अनुरोध किया था ।

वी.पी. सिंह अबोहर अवश्य जाएं

अमृतसर, 23 मार्च (कमलेश): राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के महासचिव श्री अविनाश जायसवाल ने प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह से मांग की है कि वह समय निकाल कर अबोहर अवश्य जाएं ताकि आतंक से पीड़ित नागरिकों के घावों को भरने में मदद मिले ।

जमीन, जायदाद के भाव आसमान छूने लगे

अमृतसर, 23 मार्च (वर्मा): अमृतसर में जमीनों व जायदाद के भाव आसमान को छू रहे हैं । इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि विगत दिवस अमृतसर कार्पोरेशन द्वारा जिन बूथों की नीलामी की गई, वह 14600 रुपए प्रति मुरब्बा गज के हिसाब से नीलाम हुए ।

छात्र द्वारा आत्महत्या

लुधियाना, 23 मार्च (धीमान): एक 17 वर्षीय छात्र राज कुमार सुपुत्र श्री सतनाम ने कल अपने पिता के पिस्तौल से आत्महत्या कर ली । वह एक पत्र छोड़ गया है कि वह बीमारी के कारण से ऐसा कर रहा है ।

दुकान पर जबरी कब्ज़ा करने के मामले में पंजाब युवा इंका के उपाध्यक्ष के विरुद्ध केस दर्ज

अमृतसर, 23 मार्च (दीपक): कल शाम शहर के लारेंस रोड क्षेत्र के दुकानदारों ने भयभीत होकर चले गए और दुकान मालिकों के कब्जे में आ गई ।

22 मार्च की शाम को दुकान पर कब्जा करने

सज़दा फाइनैंस एंड इन्वैस्टमैंट (
की तरफ से हरियाणा निवा
विशेष सूच

हम लोगों को सूचित करते हैं कि पानीपत में

रोपड़ के जिलाधीश और पुलिस अधीक्षक पर घात लगा कर हमला

आधा घंटा जम कर फायरिंग : व्यापारी से कार व 55 हजार लूटे

3 उग्रवादी गुट संघर्ष में मरे : अन्यत्र 5 हत्याएं

चंडीगढ़, 24 मार्च (प.स., वा.): गत रात से आतंकवादियों ने पंजाब में अपनी कार्रवाइयां जारी रखते हुए 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा तीन आतंकवादी गुट संघर्ष में मारे गए । कल रात आतंकवादियों ने एक बड़ा हमला करके रोपड़ के जिलाधीश व एस.एस.पी. की कार पर घात लगाकर उनकी हत्या का प्रयास किया । आधा घंटा चली गोली-बारी के बाद रोपड़ के एस.पी. (आप्रेशन) के नेतृत्व में पुलिस ने इन आतंकवादियों को खदेड़ दिया । इस बीच आज आतंकवादियों ने एक व्यापारी से उसकी कार व 55000 रुपए छीन लिए ।

एस.एस.पी. और जिलाधीश की हत्या का प्रयास : रोपड़ से 'बैस' के अनुसार कल रात यहां से 25 किलो मीटर दर कुराली पुलिस थाने के गांव पड़ोल के पास पुलिस के दल पर आतंकवादियों ने जो हमला किया था, उस बारे प्राप्त विवरण के अनुसार आतंकवादियों ने वस्तुत: रोपड़ के जिलाधीश श्री धनबीर सिंह बैंस और एस.एस.पी. श्री मोहम्मद मुस्तफा की हत्या का प्रयास किया था ।

पता चला है कि ये दोनों अधिकारी पुलिस व आतंकवादियों के मध्य सायं छ: बजे हुई एक भिड़ंत के घटनास्थल का निरीक्षण करके रोपड़ लौट रहे थे कि आतंकवादियों ने रास्ते में इन पर घात लगा कर हमला कर दिया । पता चला है कि एस.एस.पी. तथा जिलाधीश एक ही कार में सवार थे तथा इस कार के पीछे जिलाधीश का सुरक्षा दस्ता तथा आगे एस.एस.पी. की सुरक्षा जीप चल रही थी । उल्लेखनीय है कि आठ बजे के करीब हुआ यह हमला उस स्थल से मात्र 500 मीटर दर हुआ था, जिसका निरीक्षण करके ये अधिकारी लौट रहे थे ।

आज प्रात: पत्रकारों से अपने आवास पर बातचीत करते हुए श्री मुस्तफा ने बताया कि यदि इस हमले के दौरान एस.पी. (आप्रेशन) श्री आर.एस. टिवाना उनकी मदद को न आते तो वह (श्री मुस्तफा), जिलाधीश और सुरक्षा कर्मी अवश्य मारे जाते । उन्होंने बताया कि आधा घंटा चली इस गोलीबारी के बाद सुरक्षा कर्मियों का असला करीब समाप्त हो गया था । वह तथा जिलाधीश खेतों में असहाय लेटे हुए थे ।

श्री मुस्तफा ने बताया कि जैसे ही ए.के. 47 की पहली गोली चली थी, उनके सुरक्षा कर्मियों ने 'पोज़ीशनें' सम्भाल ली थीं । पहले ही हमले में आतंकवादियों ने चार सुरक्षा कर्मियों को घायल कर दिया था । उन्होंने बताया कि इसे संयोग ही कहा जा सकता है कि वह और जिलाधीश कार में इसी बात पर विचार कर रहे थे कि आतंकवादी घात लगा कर कहीं फिर हमला न कर दें, और उसी समय हमला हो गया । उन्होंने बताया कि जैसे ही आतंकवादियों ने गोली चलाई, वह स्वयं तथा जिलाधीश श्री बैंस कार से बाहर कूद गए तथा खेतों में लेट गए ।

उन्होंने बताया कि श्री टिवाना उस भिड़ंत स्थल पर आतंकवादियों की खोज कर रहे थे, जहां से हम दोनों (एस.एस.पी. और जिलाधीश) लौट रहे थे । जब उनको वहां इस दूसरे हमले का पता चला तो वह हमारी रक्षा के लिए पहुंचे और आतंकवादियों को भागने के लिए मजबूर होना पड़ा ।

इस दौरान यह भी पता चला है कि एस.एस.पी. की कार के पीछे चल रहा एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी गोली की आवाज सुन कर 'वापस लौट' गया था और सम्पर्क सड़क के माध्यम से चंडीगढ़ पहुंच गया था ।

राज्य के पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने आज दोपहर बाद घटना स्थल का दौरा किया । पुलिस आतंकवादियों की तलाश कर रही है ।

एक व्यक्ति की हत्या : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार पुलिस जिला बटाला के थाना कलानौर के गांव शाहने में गत रात करीब 1.30 बजे तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने एक घर में से घुसकर पं. दत्ता राम (45) को बाहर निकाल लिया तथा उसे गोली मार दी । पुलिस के अनुसार हत्या के लिए ए.के. 47 असाल्ट राइफल का प्रयोग किया गया था ।

गुट संघर्ष में तीन आतंकवादी मरे पुलिस जिला बटाला के थाना कलानौर के ही गांव

(शेष पृष्ठ 12 पर)

राणे सरकार अल्पमत में, 7 विधायकों द्वारा समर्थन वापस

पणजी, 24 मार्च (वार्ता) : गोवा के सत्तारूढ़ दल कांग्रेस (इ) के सात विधायकों ने राज्य में प्रताप सिंह राणे के मुख्यमंत्रित्व वाली सरकार को अपना समर्थन खत्म कर दिया है । इन विधायकों में विधानसभा अध्यक्ष लुइस प्रोतो बरबोजा भी शामिल हैं । राणे सरकार अल्पमत में रह गई है ।

इन सातों विधायकों ने एक अलग गुट बना लिया है और इस गुट ने राज्य में महाराष्ट्रवादी गोमन्तक पार्टी के साथ मिल कर साझी सरकार बनाने का दावा पेश किया है । इन सातो विधायकों और विपक्षी विधायकों ने श्री रमाकांत खलप के नेतृत्व में राज्यपाल खुर्शीद आलम खान से आज यहां राजभवन में सरकार बनाने का अपना दावा पेश किया ।

रेलमंत्री जार्ज फर्नांडीस राज्य की नवीनतम राजनीतिक घटनाओं का अध्ययन करने के लिए आज अपराह्न पणजी पहुंचे । राजनीतिक सूत्रों के अनुसार विपक्षी महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी और कांग्रेस (इ) के असंतुष्ट विधायकों का दिल्ली में जनता दल के नेताओं के साथ सम्पर्क बना हुआ है ।

Punjab Archive

घात लगाकर हमला

(पृष्ठ 3 का शेष)

सक्खा राज़ की नहर के पास से आज प्रातः पुलिस ने तीन व्यक्तियों के गोलियों से छलनी शव बरामद किए हैं । पुलिस के अनुसार इन व्यक्तियों की शिनाख्त कंता दोधी निवासी गांव केलेकलां, कुलबन्त सिंह कंता निवासी गांव बागोवानी तथा कर्मजीत सिंह टोनी-निवासी गांव मक्खा राज़ के रूप में हुई । पुलिस के अनुसार ये तीनों ही व्यक्ति लूटमार की वारदातों में संलिप्त थे तथा इनकी हत्या आतंकवादियों के गुट संघर्ष का परिणाम है । बताया जाता है कि रात को एक बजे के करीब पांच सशस्त्र आतंकवादी इन तीनों को इनके घरों से बुलाकर ले गए थे तथा उन्होंने नहर के पास इनकी हत्या कर दी ।

2.62 लाख लूटे : पुलिस जिला बटाला के गांव हरदो झंडे के पास स्थित एक प्राइवेट कम्पनी से गत रात चार आतंकवादियों द्वारा 2.62 लाख रु. लूट लिए जाने की सूचना है ।

तीन की हत्या : पुलिस से प्राप्त सूचना के अनुसार आतंकवादियों ने जिला गुरदासपुर के बटाला क्षेत्र में तीन व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतकों की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है ।

बैंक लूटने का असफल प्रयास : पटियाला ने 'भूषण' के अनुसार आज प्रातः नौ बजे के करीब चार सशस्त्र आतंकवादियों ने पुलिस थाना बस्सी पठानां के गांव नौगावां में स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा को लूटने का असफल प्रयास किया । यहां प्राप्त सूचनाओं के अनुसार लुटेरों ने बैंक के टैलीफोन तार काट दिए थे तथा उन्होंने बैंक के मुख्य द्वार को तोड़ने का प्रयास किया, पर वे इसमें सफल नहीं हो सके । पता चला है कि ये लोग एक मारुति वैन में आए थे और इन्होंने हवा में गोलियां भी चलाईं ।

मृतकों की शिनाख्त : फिरोज़पुर से 'धीमान' के अनुसार गत रात जीरा-तलवंडी भाई रोड पर चीनी मिल के पास आतंकवादियों ने घात लगाकर गश्ती दल के जिन दो जवानों की हत्या की थी, उनकी शिनाख्त पंजाब पुलिस के हैड-कांस्टेबल जसवन्त सिंह तथा सी.आर.पी. के जवान ए. हीरा के रूप में हुई है ।

कार व 55 हजार रु. छीने : लुधियाना से 'धीमान' के अनुसार यहां से 18 किलोमीटर दूर गांव कटानीकलां के नज़दीक आतंकवादियों ने लोहे के व्यापारी श्री अशोक बांसल की मारुति कार और 55,000 रु. नकद छीन लिए ।

बताया जाता है कि श्री बांसल समराला से उगराही करके वापस आ रहे थे । उनकी कार कटानीकलां के नज़दीक पहुंची तो सड़क के किनारे पांच आतंकवादी एक मारुति कार लिए खड़े थे । उनमें से दो ने श्री बांसल को संकेत देकर रोका और उनको पिस्तौल दिखा कर कार से बाहर खींच लिया और 55,000 रुपए छीन कर श्री बांसल की कार लेकर भाग गए । उल्लेखनीय है कि यह घटना लुधियाना-चंडीगढ़ रोड पर हुई जहां सारा दिन भारी यातायात रहता है ।

किसान की हत्या : सुनाम से नागपाल के अनुसार आज गांव हरिआव में तीन आतंकवादियों ने एक किसान निरंजन सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । वह झाड़फूंक का काम करता था । पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई है ।

सैनिक की लाश मिली : जालन्धर (प.स.): पुलिस ने आज शाम जालन्धर सदर थाना क्षेत्र में मकसूदां के निकट एक सैनिक कमल मोहन गोपाल का शव बरामद किया । शव पर घावों के कई निशान हैं । पुलिस ने लाश पोस्टमार्टम के लिए भेज कर छानबीन शुरू कर दी है ।

धमकीपूर्ण पत्र लिखने वाला गिरफ्तार : करतारपुर से 'देवदत्त' के अनुसार करतारपुर पुलिस ने एक व्यक्ति डेविड को धमकीपूर्ण पत्र लिखने के आरोप में गिरफ्तार किया है । यह व्यक्ति अपने बहनोई नसीब चंद उर्फ यूसफ के साथ मिल कर यह कार्य करता था । नसीब चंद उर्फ यूसफ पिछले दिनों पुलिस मुकाबले में करतारपुर-किशनगढ़ रोड पर उस समय मारा गया था जब वह सुभाष चंद सेखड़ी के भट्ठा पर 50,000 रुपए लेने गया था । डेविड ने ही श्री सुभाष सेखड़ी को भी धमकी-भरा पत्र लिखा था ।

कार छीनी : खरड़ (शशि) : गत दिवस को अज्ञात व्यक्तियों ने निकटवर्ती गांव हिमाजरा से मनजीत सिंह नामक एक व्यक्ति से उसकी मारुति कार पी.सी.एफ. 9100 छीन ली और फरार हो गए । खरड़ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

चार संदिग्ध पकड़े : अमृतसर : अमृतसर शहर में पुलिस ने आज दोपहर बाद कोर्ट रोड पर संदिग्ध अवस्था में घूम रहे चार आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । उनके पास एक पिस्तौल और एक राइफल बरामद हुई है ।

पुलिस ने गिरफ्तार आतंकवादियों के नाम जतिंदर सिंह, सुखदेव सिंह, तेजिंदर सिंह और हरिंदर सिंह बताए हैं ।

चार आतंकवादी गिरफ्तार : मुक्तसर से दर्दी, दीपक के अनुसार फरीदकोट के एस.एस.पी. ने बताया है कि पुलिस ने गत 24 घंटे के दौरान जिले में चार आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । उनकी शिनाख्त काबुल सिंह, अशोक सिंह, जग्गा सिंह तथा राणा सिंह के रूप में हुई है । इनके कब्ज़े से एक 30 बोर की स्प्रिंग फ़ील्ड राइफल, 12 बोर की एक बंदूक, 52 कारतूस तथा 9300 रुपए बरामद किए गए हैं । भटिंडा के एक होमगार्ड जवान को गिरफ्तार करके उसके कब्ज़े से 12 बोर की एक बंदूक बरामद की गई है ।

अपहरण : मक्खू से चंद्रशेखर के अनुसार गत सायं करीब 5.30 बजे ज़ीरा रोड पर एक मारुति कार में सफर कर रहे तीन व्यक्तियों में से भीमसेन भीमा का करीब 15 आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया । ये तीनों हुसैनीवाला में मेला देख कर लौट रहे थे । आतंकवादियों ने इनमें से दो को छोड़ दिया । भीमा की रिहाई के लिए आतंकवादियों ने दस लाख रुपए फिरौती मांगी है ।

छः गिरफ्तार : बरनाला से सिंधवानी के अनुसार बरनाला पुलिस ने क्षेत्र में आतंक फैलाने वाले 8 सदस्यीय गिरोह में से छः को गिरफ्तार करके उनके कब्ज़े से एक राइफल 12 बोर, एक 315 बोर की देसी बंदूक, एक पिस्तौल तथा भारी परिमाण में गोली-सिक्का बरामद किया है । गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों में महेन्द्र सिंह रामदासिया, उपेन्द्र सिंह उर्फ भाना, मिट्ठू सिंह जाट, हरचरण सिंह चोंघा, जगराज सिंह दूलवाला, चंचल सिंह उर्फ बाब शामिल हैं जबकि एक अन्य चमकौर सिंह उर्फ फौरी की तलाश जारी है । जांच के दौरान इन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने पिंड दीवाना में अजीत सिंह के घर से उसकी लाइसैंसी राइफल छीनी थी तथा भटिंडा के गांव दलेवाला से भी एक राइफल छीनी थी । उनकी योजना भट्ठों और बैंकों को लूटने की थी । ये जब लाल रंग की मारुति वैन में जा रहे थे तो शक के आधार पर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया और बरनाला की अदालत में पेश किया ।

पाक गुप्तचर एजैंसी

(पृष्ठ 3 का शेष)

अब सीमा सुरक्षा बल के अधिकारी भी पंजाब पुलिस की तरह गलत रास्ते पर चल रहे हैं । कुछ समाज-विरोधी तत्व सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों की गाड़ियों में घूमते देखे जाते हैं और कुछ बदनाम लड़कियां, जो बदचलनी के लिए मशहूर हैं, वह भी बी.एस.एफ. के अधिकारियों की गाड़ियों में बैठी देखी जाती हैं, जिससे यहां आतंकवाद के विरुद्ध शुरू की गई लड़ाई में कमज़ोरी आती है, वहां इस सम्बन्धी लोगों में भी कई शंकाएं पैदा हो रही हैं ।

हिमस्खलन

(पृष्ठ 3 का शेष)

रहने के कारण विभिन्न स्थानों पर 1300 के लगभग वाहन फंस गए हैं । ऊधमपुर में 600 से अधिक ट्रक रुक गए हैं । इनमें श्रीनगर के लिए माल लदा हुआ है । कई स्थानों पर यात्रियों के फंस जाने का भी समाचार है । अनेक क्षेत्रों में आवश्यक वस्तुओं का अभाव उत्पन्न हो गया है ।

हिमाचल में व्यापक हिमपात : चंडीगढ़ (प.स., ब.): हिमाचल प्रदेश के सारे जनजातीय क्षेत्र किन्नौर, लाहौल-स्पीति और पांगी का आज छठे दिन भी शेष विश्व से सम्पर्क कटा रहा । इन क्षेत्रों में आज आठवें दिन भी हिमपात होता रहा ।

इस बीच हिमाचल प्रदेश की लाहौल घाटी में 200 सैंटी मीटर बर्फ गिरी है जब कि चम्बा जिले की पांगी घाटी और कांगड़ा जिले के बड़ा भंगाल क्षेत्र में इस मौसम का सब से भारी हिमपात हुआ है । इस सारे क्षेत्र में 10 से 15 फुट तक बर्फ गिरी है ।

शिमला तथा इसके आसपास के क्षेत्रों कुफ्री, फागू तथा कुल्लू जिले के मनाली में आज प्रातः पुनः हिमपात हुआ । शिमला में पिछले सप्ताह से रुक-रुक कर वर्षा होती रही है तथा तेज हवाएं चलती रही हैं । शहर में आज घना कोहरा छाया हुआ था ।

जनजातीय क्षेत्रों में भूस्खलन की आशंका के कारण जनजीवन पूरी तरह ठप्प पड़ गया है । लोगों ने घरों से बाहर निकलना भी बंद कर दिया है । कुल्लू और कांगड़ा जिलों में भारी शीत व्याप्त हो गई है । हाल की वर्षा और आंधी से खेतों में खड़ी फसलों को भारी नुक्सान पहुंचा है । लगातार नमी बने रहने के कारण सेब उत्पादक इलाकों में पेड़ों में बीमारी फैलने की आशंका है । लाहौल और स्पीति में 26 मार्च तक सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं । कार्यालयों में कल से फिर काम शुरू हुआ ।

लिथुआनिया

(पृष्ठ 3 का शेष)

लिथुआनिया के अलगाव को रोकने के लिए बल प्रयोग नहीं किया जाएगा और उन्होंने इस समस्या का समाधान ढूंढने के लिए इस गणराज्य के नेताओं को खुली बातचीत के लिए आमंत्रित किया है ।

लिथुआनिया के सोवियत संघ से अलग होने के प्रश्न पर सोवियत संघ द्वारा जनमत संग्रह कराए जाने के कल रात के एक सुझाव के बाद लिथुआनियायी राष्ट्रवादियों तथा क्रैमलिन शासकों के बीच के अंतर्द्वंद्व ने नाटकीय मोड़ ले लिया है । मास्को रेडियो के लोकप्रिय राष्ट्रीय कार्यक्रम 'अपडेट' के प्रसारण में इस आशय की जानकारी दी गई है ।

रेडियो के अनुसार कार्यक्रम के माध्यम से यह मत व्यक्त किया गया कि क्रैमलिन शासन का दृष्टिकोण है कि सोवियत संघ से अलग होने का लिथुआनियायी संसद का निर्णय पूरी तरह अस्वीकार्य है ।

वाशिंगटन : अमरीकी राष्ट्रपति जार्ज बुश ने लिथुआनिया पर अब तक के अपने सबसे बड़े बयान में कहा है कि लिथुआनिया की जनता को डराने-धमकाने अथवा वहां पर बल प्रदर्शन करने की किसी भी कोशिश के प्रतिकूल परिणाम होंगे और इससे बचा नहीं जा सकता । श्री बुश कल व्हाइट हाऊस में क्षेत्रीय समाचारपत्रों के संपादकों को संबोधित कर रहे थे । श्री बुश पर इस समय कांग्रेस की तरफ से लिथुआनिया की आज़ादी को मान्यता देने के लिए दबाव पड़ रहा है ।

ओशो (रजनीश) जिनका न कभी जन्म हुआ न मृत्यु
ओशो मौन उत्सव ध्यान शिविर-ओशो साहित्य प्रदर्शनी



शिविर उद्घाटन : 2 अप्रैल सायं 5 बजे
शिविर समापन : 8 अप्रैल सायं : 5 बजे
संन्यास दीक्षा : 8 अप्रैल प्रातः 8 बजे
शिविर स्थल : ओशो सरगम ध्यान केंद्र, राबिया रैस्टोरैंट जालन्धर-करतारपुर बाईपास नजदीक मिल्क प्लांट P.O. लिदड़ा, जालन्धर-4
शिविर संचालन : ओशो कम्यून इंटरनैशनल की ओर से स्वामी आनन्द विजय करेंगे ।
शिविर शुल्क : पूरे शिविर के लिए 225/-, प्रतिदिन 50/-
नोट :
- प्रतिदिन ओशो के विडियो एवं आडियो टेप प्रवचन ।
- ओशो द्वारा दी गई ध्यान विधियों का प्रयोग एवं मौन ।
- ओशो साहित्य पुस्तकें टेप भारी छूट पर उपलब्ध ।

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा शहरी सम्पदा, पंचकूला के विभिन्न सैक्टरों में प्राईवेट नर्सिंग होम्स के स्थलों के नियतन के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित हैं ।

शहरी सम्पदा का नाम	सैक्टर	स्थल नं.
पंचकूला	2	1
	4	1
	7	1
	12	1
	12 ए	1
	16	1
	17	1
	18	1
	21	1

आवेदन पत्र, पूर्ण आत्मकथ्य और 2500/- रुपए (दो हजार पांच सौ रुपए केवल) के बैंक ड्राफ्ट के साथ जो सम्पदा अधिकारी, हुडा, पंचकूला के पक्ष में बना हो, सम्पदा अधिकारी, हुडा, पंचकूला के कार्यालय में 16.4.90 को या पहले पहुंच जाने चाहिएं और विवरणों के लिए सम्पदा अधिकारी, हुडा, पंचकूला व जिला नगर योजनाकार, पंचकूला को किसी भी कार्य दिवस को सम्पर्क करें ।

आवेदन पत्र के लिए प्रोफार्मा

1. आवेदक का नाम ।
2. योग्यताएं-प्रमाण पत्रों तथा प्रशस्ति पत्रों की सत्यापित प्रतियां संलग्न की जाएं ।
3. सक्षम अधिकारी से पंजीकृत होने का प्रमाण पत्र ।
4. मैडिकल व्यवसाय में अनुभव ।
5. संस्था के सदस्यों की संख्या और संस्था के पंजीकरण की प्रति ।
6. वित्तीय स्थिति (शैड्यूल्ड बैंक से प्रमाण पत्र) ।
7. भूमि की आवश्यकता, उपयोगिता योजना (लैंड यटीलाईजेशन प्लैन) तथा भूमि की अलाटमैंट के लिए अधिमानतः सैक्टर सहित ।
8. जिलाधीश अम्बाला तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी की सिफारिश (वास्तविक प्रमाण पत्र)

नोट :

हुडा को यह अधिकार होगा कि वह किसी भी स्थल को बिना कारण बताए उसके नियतन बारे अंतिम निर्णय लेने से पहले वापिस ले सकता है ।

फोन नं. :
प्रशासक कार्यालय : 8-4024
निवास : 8-4736

विजय वर्धन,
आई.ए.एस.
प्रशासक,

दमा व एलर्जी
का आधुनिक इलाज

परामर्श करें :
DR. P.C. KATHURIA
MBBS. DTCD. MCAI (MD)
एलर्जी का मुख्य कारण परागकण (Pollens), Fungii, Dust Mite. व कीट पतंगों के अंश व प्रदूषित वातावरण है,
ALLERGY TESTING
द्वारा **VACCINE** तथा उत्तम दवाइयों का प्रयोग करें :

नेशनल एलर्जी सेंटर
1/3 ईस्ट पटेल नगर (विवेक सिनेमा के सामने)
नई दिल्ली-8 फोन 584457

आप्रेशन के लिए दान दें

एक निर्धन लड़का, आयु 30 वर्ष, जिसके दोनों गुर्दे खराब हो गए हैं और छोटे-छोटे तीन बच्चे हैं । गुर्दा बदलने के लिए आप्रेशन लाखों का खर्चा है, जिसके लिए दान चाहिए । दानी दिल खोल कर दान दें और पुण्य कमाएं, शीघ्र मिलें :-

HARI SARAN

Punjabi Sabha.com

पत्रकार बन कर कम्युनिस्ट नेता का अपहरण करने और उसे उग्रवादियों के पास एक लाख रुपये में बेचने वाली सुन्दरी काबू

चंडीगढ़, 25 मार्च (वार्ता, प.स.): मजीठा जिला पुलिस ने भिडरांवाला टाइगर फोर्स (बी.टी.एफ.) की सदस्या आतंकवादी सुन्दरी जसमीत कौर उर्फ मीतो को गिरफ्तार किया है, जो कम्युनिस्ट नेता हरदेव सिंह उर्फ बब्बू की हत्या में संलिप्त बताई जाती है । पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान 2 सुरक्षा कर्मियों सहित 4 लोग मारे गए ।

आतंकवादी युवती : अमृतसर (वि.प्र.): अपने अंधकारमय भविष्य से बेखबर, आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन की सक्रिय कार्यकर्त्ता रह चुकी, अति आधुनिक केश विन्यास से सज्जित 25 वर्षीय जसमीत कौर उर्फ मीतो, जो अब तक खूंखार आतंकवादी संगठन भिंडरांवाला टाइगर फोर्स की सक्रिय सदस्या थी और जिसे पुलिस ने गत 18 मार्च को अमृतसर जिले के गांव हरसा छीना में एक प्रमुख कम्युनिस्ट नेता कामरेड हरदेव सिंह उर्फ बब्बू (29) की हत्या के सम्बन्ध में गिरफ्तार किया है, को देख कर यह कहना कठिन है कि ऐसे सुन्दर छरहरे बदन की और मृदुल भाषी युवती आतंकवादी भी हो सकती है ।

आज एस.एस.पी. मजीठा के कार्यालय में आयोजित सम्वाददाता सम्मेलन में एस.एस.पी. श्री अनिल शर्मा तथा एस.पी. आप्रेशन श्री एच.आर. बंगा ने सम्वाददाताओं के समक्ष मीतो को पेश करते हुए बताया कि यह युवती ग्रेजुएट है और एक सरकारी अधिकारी की पुत्री है । वह गत 17 मार्च को कामरेड हरदेव सिंह को स्वयं को दिल्ली की एक महिला सम्वाददाता बताकर तथा उसे झांसा देकर गांव से बाहर ले गई थी और बाद में मीतो के साथी आतंकवादियों ने कामरेड हरदेव सिंह की हत्या कर उसका सिर काटकर 18 मार्च की रात को यह कटा हुआ सिर गांव तोला नंगल के एक जंजघर के मुख्य द्वार की ग्रिल पर टांग दिया था, जिसे पुलिस ने गत 18 मार्च की सुबह को वहां से उतारा ।

घटना का विवरण देते हुए श्री अनिल शर्मा ने बताया कि मृतक कामरेड हरदेव सिंह बहुत साहसी और सतर्क व्यक्ति था । उसने विगत में अपने ऊपर आतंकवादियों के तीन हमलों को न केवल पछाड़ा था बल्कि एक हमले में तो मुकाबला करते हुए उसने एक खूंखार आतंकवादी कुलदीप सिंह उर्फ कीपा को मार गिराया था । कीपा भिंडरांवाला टाइगर फोर्स नामक आतंकवादी गिरोह से सम्बन्धित था । यह घटना 7.12.89 को हुई थी । श्री शर्मा ने बताया कि इसके अतिरिक्त आतंकवादियों ने हरदेव सिंह पर वर्ष 1986 में हमला किया था और एक हमला 9.3.88 को किया जिसमें आतंकवादियों ने उसके घर पर राकेट बरसाये थे, लेकिन प्रत्येक हमले में हरदेव अपने साहस के बल पर मुकाबला करते हुए बच गया ।

श्री शर्मा ने बताया कि आतंकवादियों ने हर हमले में मुंह की खाने के बाद देख लिया था कि मुकाबले में तो वे हरदेव को मार नहीं सकते अत: उन्होंने उसे चकमा देकर अपने चंगुल में फंसाने की योजना तैयार की और इस योजना का सक्रिय पात्र जसमीत कौर को बनाया गया । उन्होंने बताया कि जसमीत उर्फ मीतो, बटाला सदर थाना के गांव करियाल की रहने वाली है और इन दिनों अमृतसर के इलाका सिविल लाइन्स में अपने परिवार के साथ रह रही है तथा अमृतसर की एक फाइनांस कम्पनी में रिसैप्शनिस्ट एवं एक डायरैक्टर की सहायिका के रूप में काम कर रही है । उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने अपनी योजना को कार्यरूप देने से पहले मीतो को पहले कार ड्राइविंग सिखाई और फिर उसे हरदेव सिंह के गांव ले जाकर हरदेव सिंह की गतिविधियां दिखाई गई और बाद में मीतो को हरदेव सिंह को फुसलाकर अपने साथ लाने की योजना बताई गई ।

श्री शर्मा ने बताया कि हरदेव सिंह की हत्या में बी.टी.एफ. के सतनाम सिंह सत्ता निवासी गांव छीना का गिरोह ही संलिप्त है तथा मीतो को कथित आतंकवादी रणजीत सिंह उर्फ गड्डी निवासी गांव दयाल पट्टी थाना रमदास के जरिये यह योजना दी गई थी । रणजीत सिंह के मीतो से अनुचित सम्बन्ध

उग्रवादियों ने कम्युनिस्ट नेता की हत्या करके सिर जंजघर के द्वार पर लटका दिया

भी थे । मीतो से कहा गया कि यदि वह हरदेव सिंह को फुसला कर गांव से बाहर लाने में सफल रही तो उसे एक लाख रुपए दिए जाएंगे । पेशगी में उसे 3100 रुपए दिए भी गए थे । रणजीत सिंह उर्फ गड्डी उससे फाइनांस कम्पनी के दफ्तर में मिला करता था और वहीं से उसे वह सतनाम सिंह छीना से मिलाने भी ले जाता था ।

श्री शर्मा ने बताया कि निर्धारित योजना के अनुसार मीतो को सलवार कमीज के स्थान पर पतलून व टी शर्ट पहनाकर आधुनिका बनाया गया तथा उसे नई मोपेड पर गांव हरसा छीना तक पहुंचाया गया । मीतो पहले वहां दस मार्च को पहुंची थी और स्वयं ही अपनी मोपेड का प्लग निकालकर उस मार्ग पर घसीटने लगी जिधर से हरदेव सिंह अपने घर जा रहा था । युवती को 'विपत्ति' में देखकर हरदेव सिंह ने उसकी मोपेड ठीक कर दी । इसी दौरान मीतो ने हिन्दी में बातचीत कर खुद को दिल्ली की पत्रकार बताया और कहा कि वह गांवों में आतंकवादियों के हाथों ग्रामीणों की हो रही दुर्दशा की विस्तृत रिपोर्ट लेने के लिए दौरा कर रही है । इसी वार्तालाप के दौरान वह हरदेव सिंह के साथ उसके घर जा पहुंची और कुछ देर रुकने के बाद वापस लौट आई ।

यही क्रम 11 मार्च को भी चला । 12 मार्च को वह हरदेव के पास नहीं पहुंची, लेकिन 13 मार्च को वह उसे अपने साथ अमृतसर ले आई । श्री शर्मा ने बताया कि अमृतसर तक मीतो अपनी मोपेड पर और हरदेव सिंह अपने स्कूटर पर आया । इस दौरान हरदेव के साथ उसके दो अंगरक्षक भी थे । अमृतसर पहुंच कर मीतो ने स्थानीय रेलवे स्टेशन के पास टैक्सी स्टैंड से एक मारुति कार किराए पर ली और हरदेव को अमृतसर के एक सीमांत गांव की ओर ले गई । श्री शर्मा ने बताया कि मीतो ने पूछताछ में बताया कि हरदेव सिंह को गांव से लाने और शाम को उसके घर छोड़ आने का क्रम चार दिनों तक चलता

(शेष पृष्ठ 10 पर)



एस.एस.पी. मजीठा श्री अनिल शर्मा ने रविवार को मजीठा में सम्वाददाता सम्मेलन में कामरेड हरदेव सिंह हरसा छीना की हत्या में संलिप्त आतंकवादी सुन्दरी जसमीत कौर उर्फ मीतो को पेश किया । चित्रों में (1) श्री शर्मा सम्वाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए, (2) मीतो सम्वाददाताओं को विवरण बताती हुई, (3) पत्रकार के वेश में आधुनिका मीतो, (4) हरदेव सिंह का कटा हुआ सिर तथा (5) मीतो द्वारा हरदेव के अपहरण में प्रयुक्त कार । (छाया : पं..के.)

Punjab Sanatani

गुरुद्वारे पर कब्जे धी-गुटों में झड़पें

एन.एस.): समस्या हल करने के लिए 18 मार्च को आयोजित सभा में गुरुद्वारे का काम चलाने के लिए 10 सेवादार नियुक्त किए गए । गुरुद्वारे के 14 हजार आम मैम्बर तथा 1200 लाइफ मैम्बर हैं ।

यहां काफी चढ़ावा चढ़ता है तथा यह इंगलैंड में

बंगला देश में वर्षा व तूफान से 34 लोग मरे

ढाका, 25 मार्च (ए.पी.): बंगला देश में पिछले दो दिन में भारी वर्षा और तूफान से कम से कम 34 लोग मारे गए तथा 800 से अधिक लोग घायल हो गए । पुलिस और समाचार पत्रों के अनुसार तूफान में लगभग चार हजार कच्चे मकान ढह गए तथा हजारों एकड़ में खड़ी धान की फसल बर्बाद हो गई । शुक्रवार की रात आए तूफान ने बंगला देश के उत्तरी, पूर्वी और दक्षिणी जिलों को चपेट में ले

पंजाब में हो रहे बड़े कांड एक साजिश का हिस्सा हैं ताकि विधानसभा चुनाव न हों : टिवाना

गुरदासपुर, 25 मार्च (राजेश्वरी): स्थानीय विवेकानंद माडल स्कूल में पंजाब जनता दल के प्रधान श्री तेजा सिंह टिवाना ने एक प्रैस कांफ्रैंस को सम्बोधित करते हुए कहा कि पंजाब में जितनी जल्दी सम्भव हो, चुनाव कराए जाने चाहिएं, पर इसके लिए

विनोद के अनुसार जनता दल की बैठक हाथापाई और गाली-गलौच के साथ शुरू हो गाली-गलौच और कोई निर्णय लिए बिना खत्म हो गई । जनता दल की यह बैठक पंजाब-प्रधान श्री तेजा सिंह टिवाना की अध्यक्षता में शुरू हुई, परन्तु

सुन्दरी काबू

(पृष्ठ 3 का शेष)

रहा । मीतो ने यह भी बताया कि हरदेव को आतंकवादियों को सौंपने की योजना इसलिए पूरी न हो पाई थी क्योंकि इन चारों दिनों में हरदेव के साथ उसके दोनों अंगरक्षक भी रहे थे ।

श्री शर्मा के अनुसार मीतो ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि हरदेव से उसके अंगरक्षकों को अलग करने के लिए आतंकवादियों ने मीतो को उसे अपने साथ किसी लम्बी यात्रा पर चलने के लिए प्रेरित करने की योजना दी । हरदेव मीतो पर इस कदर विश्वास करने लगा था कि वह फौरन उसके साथ चलने के लिए तैयार हो गया।जब मीतो ने उसे कहा कि वह जम्मू के सीमांत गांवों का भी दौरा करना चाहती है, और वह चाहती है कि हरदेव उसके साथ रहे । मीतो ने उसे 17 मार्च को अमृतसर के हाल गेट पर पहुंचने के लिए कहा जिस पर हरदेव सिंह अकेले ही, अपने अंगरक्षकों के बिना, अपने घर यह बताकर कि वह मीतो के साथ जम्मू जा रहा है और 3-4 दिन में लौट आएगा, स्कूटर पर अमृतसर चला आया । मीतो उसे हाल गेट से भंडारी पुल पर से होती हुई कोर्ट रोड पर ले जा रही थी कि योजनानुसार आतंकवादियों (मीतो के साथियों) ने मीतो को 'घेर लिया ।' आतंकवादियों ने, जो मारुति वैन में थे, मीतो को बलात वैन में बिठाने का नाटक किया जिस पर हरदेव भी अपने स्कूटर से उतर आया और उसने भी मीतो के साथ चलने को कहा जिसे आतंकवादियों ने सहर्ष स्वीकार कर लिया ।

मीतो ने पुलिस को बताया कि उसके साथी आतंकवादियों ने उसे तो गुमटाला के निकट वैन से उतार दिया जहां से वह एक आटो रिक्शा कर वापस अमृतसर पहुंची जबकि उसके साथी हरदेव सिंह को अपने साथ ले गए । बाद की घटनाओं को उसे समाचारपत्रों से ही पता चला कि उसके साथियों ने हरदेव की हत्या कर दी है ।

श्री शर्मा ने बताया कि कामरेड हरदेव की हत्या व उसका कटा हुआ शीश मिलने के बाद इस कांड की जांच का कार्य पुलिस उपाधीक्षक श्री हरदीश सिंह रंधावा को सौंपा गया जिन्होंने कड़ी मेहनत के बाद मीतो द्वारा प्रयुक्त कार का सुराग लगाया और मीतो को फाइनांस कम्पनी के दफ्तर जो स्थानीय बस स्टैंड के निकट है, में जा घेरा । श्री शर्मा ने बताया कि मीतो इतनी धूर्त एवं चालाक निकली कि पहले तो उसने पुलिस अधिकारियों को ही फटकार डाला कि उन्होंने उस पर हाथ डालने की जुर्रत ही कैसे की है । श्री शर्मा ने बताया कि इस तरह मीतो ने पुलिस अधिकारियों का बहुमूल्य दो घंटे का समय नष्ट कर दिया और इस दौरान मीतो के साथी आतंकवादी यह सूचना मिलने पर कि मीतो दबोच ली गई है, अपने आश्रय स्थल से फरार होने में कामयाब हो गए । श्री शर्मा ने बताया कि मीतो को डी.एस.पी. श्री रंधावा ने कल 24 मार्च को पकड़ा था । मीतो को भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 120 बी के अधीन पकड़ा गया है ।

जसमीत कौर उर्फ मीतो ने पत्रकारों के प्रश्नों के उत्तर में बताया कि वह बी.ए. तक पढ़ी है और अपनी शिक्षा स्थानीय खालसा कालेज में प्राप्त की है । उसने बताया कि अपने शिक्षण के दौरान पंथ की सेवा करने की भावना से प्रेरित होकर पहले आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन की सक्रिय सदस्य बनी और 1983-84 में स्वर्ण मन्दिर में उपकार कौर के सम्पर्क में आई जो बाद में ब्ल्यू स्टार आप्रेशन के दौरान मारी गई । मीतो ने बताया कि उसने फैडरेशन को उस समय 1987 में छोड़ा था जब वह दरबार साहब से बाहर आते ही पुलिस द्वारा पकड़ ली गई थी और फिर उसे गिरफ्तार कर लिया गया था । उसने बताया कि इससे पहले वह दरबार साहब में कुख्यात आतंकवादी मल्कीयत सिंह अजनाला के सम्पर्क में भी आई और उसके साथ काफी 'घनिष्ट' सम्बन्ध भी रहे । इसके उपरांत वह रणजीत सिंह उर्फ गुड्डी के सम्पर्क में आई । इस पर अजनाला उससे खिन्न हो उठा क्योंकि जहां अजनाला आतंकवादी गिरोह खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बन्धित था वहां गुड्डी भिंडरांवाला टाइगर फोर्स से सम्बन्धित था ।

मीतो ने बताया कि गुड्डी की ओर उसका [illegible] के आक्रोश से बचाया था और वह भिंडरांवाला टाइगर फोर्स के लिए काम करने लगी । मीतो ने बताया कि फैडरेशन का त्याग करने के बाद उसने अपने केश कटवा डाले थे । जब सम्वाददाताओं ने पूछा कि आतंकवादी तो केश कटवाने के विरुद्ध प्रचार करते हैं बल्कि हत्याएं तक कर डालते हैं, तो क्या उन्होंने उसे कुछ नहीं कहा ? इस का मीतो कोई जवाब नहीं दे पाई ।

मीतो ने कहा कि वह अब तक जिन प्रमुख आतंकवादियों के सम्पर्क में आई है उन्होंने उसका 'खुलकर इस्तेमाल किया ।' उसने कहा कि उसका भविष्य अंधकारमय है । उसे तो यह भी समझ नहीं आ रही कि जेल से रिहाई के बाद उसका क्या बनेगा । एक प्रश्न के उत्तर में उसने कहा कि हरदेव की हत्या से पूर्व उसे विश्वास दिलाया गया था कि उसकी (हरदेव) हत्या नहीं की जाएगी बल्कि मामूली पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया जाएगा । मीतो का कहना है कि हरदेव के विरुद्ध उसके साथी आतंकवादियों ने इतना जहरीला प्रचार किया था कि हरदेव न केवल पंथ का दुश्मन है बल्कि बदचलन है और सिखों की बहुबेटियों पर प्रहार करता है । इसके साथ ही मीतो ने कहा कि हरदेव के साथ उसका पांच-छः दिन का जो साथ रहा इसमें हरदेव ने उसके साथ ऐसी कोई हरकत नहीं की । उसने कहा कि वह महसूस करती है कि यह आंदोलन अब वास्तव में अपराधियों के हाथों में आ चुका है । उसने कहा कि हरदेव की हत्या की सूचना पाने के बाद से उसकी आत्मा उसे फटकार रही है और वह समझती है कि यह सब गलत हुआ है । इसके लिए वह स्वयं को दोषी समझती है ।

डाक्टर की हत्या : तरनतारन पुलिस जिले के गांव फतेहाबाद में आज एक डाक्टर कुलविंदर सिंह की आक्रमणकारियों द्वारा पीट-पीट कर हत्या कर दी गई ।

किसान की हत्या : इसी पुलिस जिले में एक अन्य घटना में आतंकवादियों ने एक किसान जिसकी शिनाख्त ज्ञान सिंह के रूप में की गई है, की गांव कोट दसौंधामल में गत रात गोली मार कर हत्या कर दी ।

दो सुरक्षा कर्मियों की हत्या : तरनतारन पुलिस जिले के गांव भुंडाल के निकट आज सायं आतंकवादियों ने घात लगा कर किए गए हमले में पंजाब पुलिस के हैड कांस्टेबल मंगत मसीह और एक स्पैशल पुलिस आफिसर (एस.पी.ओ.) रंगा सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इस हमले में एक एस.पी.ओ. घायल भी हो गया । आतंकवादी मृतक सुरक्षा कर्मियों की एक एस.एल.आर. भी साथ ले गए ।

ठेका जला दिया : भटिंडा जिले के किशनगढ़ ग्राम में कल रात आतंकवादियों ने शराब के एक ठेके को आग लगा दी, जिससे शराब के कुछ बक्से आग में जल गए ।

घायल चल बसा : फिरोजपुर से 'कन्तोड़' के अनुसार शुगर मिल्ज़ जीरा के निकट आतंकवादियों ने 23 मार्च की शाम को सुरक्षा बलों की एक वैन पर घात लगा कर जो हमला किया था, उसमें मरने वालों की संख्या 3 हो गई है । पंजाब पुलिस के हैड कांस्टेबल जसवंत सिंह तथा सी.आर.पी.एफ. के जवान हीरा की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई थी, जबकि जनस्वास्थ्य विभाग का एक जूनियर इंजीनियर गुरगोपाल सिंह, जो घटना के समय स्कूटर पर अपने गांव माहियांवाला जा रहा था, गोलियां लगने से घायल हो गया था, उसकी गत रात मिशन अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

व्यापारी का अपहरण : फिरोजपुर से 'बागी' के अनुसार मक्खू निवासी भीमसेन जो फिरोजपुर शहर की ऊधम सिंह मार्कीट में टी.वी. की दुकान करता था, का गत शुक्रवार को आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया। पहले उसकी मक्खू में दुकान थी परन्तु आतंकवादियों की धमकी के कारण यहां आकर दुकान खोल ली थी । वह रोज मक्खू से फिरोजपुर आता था । सूचना के अनुसार 23 मार्च को मक्खू से उसके दो परिचित टी.वी. खरीदने उसकी दुकान पर आये । वापसी पर भीमसेन उनकी कार में ही मक्खू जाने को मान गया । पता चला है कि मार्ग में इन दोनों व्यक्तियों ने उसे गांव चकियां के निकट आतंकवादियों के हवाले कर दिया । अपुष्ट सूचना के अनुसार फिरौती में 10 लाख रुपये मांगे गये हैं ।

आभूषण छीने : समराला (अश्विनी): आज रात्रि स्थानीय खन्ना रोड पर स्थित मिस्त्री जगदेव सिंह के घर से करीब 10-12 हथियारबंद लुटेरों द्वारा हजारों रुपयों के आभूषण व नकदी छीने जाने का समाचार है । जगदेव सिंह ने बताया कि लुटेरों के मुंह ढके हुए थे तथा उनमें से एक के पास स्टेनगन देखी गई । वे दो लाख रुपये की मांग कर रहे थे । उन्होंने समूचे परिवार को एक कमरे में बंद कर दिया तथा सारे घर की तलाशी लेने के उपरांत उनको केवल चार सौ रुपये ही हाथ लगे । नकदी के अतिरिक्त वे आभूषण लेकर फरार हो गए । जगदेव सिंह के अनुसार घर में केवल 400 रुपए ही थे । परन्तु वह कह रहे थे कि हमें रिपोर्ट मिली है कि तेरे पास 2 लाख रुपया है । वह जगदेव सिंह के लड़के को भी साथ ले जाने लगे थे, परन्तु घर वालों ने वास्ता देकर उसे छुड़ा लिया । आज रात ही स्थानीय खन्ना रोड पर स्थित एक अंग्रेजी शराब के ठेके से शराब व नकद राशि शटर तोड़ कर चोरी होने की सूचना मिली है । ठेकेदारों के अनुसार चोरीशुदा माल करीब 7 हजार रुपये का है ।

गुमशुदा की तलाश



प्रिय मदन

माता जी की हालत बहुत चिन्ताजनक है । उनका मुंह देखना चाहते हो तो जहां भी हो, बिना किसी फिक्र और विलम्ब के घर चले आओ ।

—रघुवीर शर्मा, 64-एन ब्लॉक, श्रीगंगानगर फोन : 23063.

नोट : पहुंचाने वाले को खर्च के अतिरिक्त उचित ईनाम भी दिया जाएगा ।

नमः निमाय शान्तायं ।।

प्रेम के बीज बो दे, तो ही प्रेम के अंकुर खिल सकेंगे

—बालाजी अशोकेश्वर



नवरात्रे के पर्व के उपलक्ष्य में 27 मार्च से 4 अप्रैल 90 तक

प्रतिदिन 3 बजे बाद दोपहर से 5 बजे सायं तक

भारत के प्रसिद्ध अलौकिक व आध्यात्मिक संत गुरु महाराज

परम पूज्य बाला जी अशोकेश्वर

अशोकेश्वर आश्रम "ऋतु धाम" नजदीक संस्कृत कालेज, बहादुरपुर चौक होशियारपुर में प्रवचन, ध्यान, संकीर्तन, ज्ञानामृत करेंगे । दुर्गा चंडी अखंड जाप की पूर्णाहुति के लिए अवश्य पधारें । चंडी महायज्ञ की अध्यक्षता स. मेजर सिंह ग्रेवाल डी.आर. कोआप्रेटिव सोसाइटीज करेंगे ।

प्रबंधक : विष्णु दत्त शर्मा मैनेजर, श्री गुरु दत्तात्रय मंदिर "ऋतुधाम" निकट संस्कृत कालेज, बहादुरपुर चौक, होशियारपुर-146001, फोन : 2505/2657.

मन्ना डे

कल तारण गुरू नानक आया (पंजाबी)



कल तारण गुरू नानक आया।

महान गायक मन्ना डे के मधुर स्वर में पंजाबी भक्ति गीतों का मंत्रमुग्ध कर देने वाला संग्रह। सभी प्रमुख दुकानों में उपलब्ध।

ऑडियो कैसेटों, एल पी और सी डी में उपलब्ध।

SUPER CASSETTES INDUSTRIES LTD.

एक और सुपर-हिट!

T-Series

क्लासीफाइड विज्ञापन

ऐनकें

सुपर कम्प्यूटर द्वारा नज़र टैस्ट करवाने हेतु

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 25.3.90, 54/- without trays, NECC Suggested



बम्बई में शनिवार को बेलार्ड पियर में स्थित सिंधिया हाउ[illegible] लगने के कारण ऊपरी मंजिलों से निकलते हुए धुएं के बा[illegible]

राजनयिक के शव पर लेप करने वाला कोई भी एड्स से संक्रमित नहीं

नई दिल्ली, 25 मार्च (वार्ता): एड्स रोग से ग्रस्त जाम्बियाई राजनयिक के शव को गत दिनों सुरक्षित रखने की प्रक्रिया में शामिल लेडी हार्डिंग मैडिकल कालेज के डाक्टरों और स्टाफ के कुछ अन्य लोगों में दूसरी बार की गई जांच में भी एड्स के लक्षण नहीं पाए गए । स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशालय के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि दूसरी जांच अभी हाल ही में निदेशालय की निगरानी में कराई गई ।

प्रवक्ता ने यह भी बताया कि दूसरी जांच में एड्स के लक्षण न मिलने का अर्थ यह नहीं है कि उस राजनयिक के शव पर पूरी सावधानी के बिना ही संलेपन कार्य में शामिल डाक्टर और स्टाफ के सदस्य अब रोग के खतरे से पूरी तरह बाहर समझे जा सकते हैं ।

गुलाम नबी भट्ट की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

स्थिति में हैं कि सरकार की किसी भी कार्रवाई का उचित उत्तर दे सकते हैं ।

राज्यपाल ने सी.बी.आई. द्वारा जांच करवाने के लिए कहा : राज्यपाल जगमोहन ने केंद्र सरकार से इस हत्या की सी.बी.आई. द्वारा जांच करवाए जाने के लिए कहा है ।

जगमोहन ने कुरैशी को मुस्तफा की रिहाई सुरक्षित करने के लिए कहा था : सरकारी प्रवक्ता के अनुसार श्री मीर मुस्तफा के हत्यारों ने उनके अपहरण के बाद किसी चरण में भी राज्य अधिकारियों से कोई सम्पर्क नहीं किया ।

प्रवक्ता ने कहा कि अधिकारियों को उग्रवादियों की अपने 10 साथी रिहा करने की मांग भी केवल समाचार समितियों द्वारा ही ज्ञात हुई, जिन्होंने पाक रेडियो तथा टी.वी. के प्रसारणों को उद्धृत किया था ।

प्रवक्ता ने कहा कि राज्यपाल श्री जगमोहन ने अपने सलाहकारों में से एक श्री जमील कुरैशी को कहा था कि श्री मुस्तफा की रिहाई को सुरक्षित तथा सुनिश्चित बनाया जाना चाहिए ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार श्री कुरैशी कल सारा दिन पुलिस नियंत्रण कक्ष में रहे तथा श्री मुस्तफा की रिहाई के लिए किए जा रहे प्रयत्नों का निरीक्षण करते रहे ।

एक लाख व्यक्तियों द्वारा पलायन : कश्मीर घाटी में अल्पसंख्यक समुदाय के एक लाख से अधिक व्यक्ति जम्मू अथवा उससे अधिक दूर और मद्रास जैसे सुदूर स्थानों पर चले गये हैं । उन्हें यह भी पता नहीं है कि वे कब अपने गृहनगर वापस लौट सकेंगे ।

सरकारी सूत्रों के अनुसार 19,000 से अधिक परिवार घाटी छोड़ कर चले गये हैं और जो लोग अभी तक घाटी में ही रह रहे हैं उन्हें हर समय उग्रवादियों की हिंसात्मक कार्रवाइयों का डर बना रहता है । अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों के अलावा 'बाहरी व्यक्ति' तथा बैंक और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत व्यक्ति व डाक्टर, वकील, इंजीनियर तथा अध्यापक वर्ग भी अपनी जान बचाने के लिए घाटी छोड़ कर चले गए हैं । अधिकांश प्रवासी जम्मू में ही रहना अधिक पसंद कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें दिल्ली तथा बम्बई जैसे बड़े शहरों के बारे में कुछ भी पता नहीं है ।

राज्य सरकार ने शहर में 12 से अधिक शरणार्थी शिविर लगाए हैं ।

पत्रकारों ने घाटी छोड़ी : सभी प्रमुख संवाद समितियों और समाचार पत्रों के प्रतिनिधि घाटी छोड़ कर चले आये हैं । सरकारी अधिकारियों को दूरदर्शन निदेशक लासा कौल और सूचना विभाग के सहायक निदेशक पी. एन. हांडू की उग्रवादियों द्वारा हत्या के बाद सतर्क कर दिया गया था ।

अखिल भारतीय कश्मीरी पंडित सम्मेलन के अध्यक्ष एच.एन. जत्तू ने हिन्दू और सिख प्रवासियों को राज्य प्रशासन द्वारा सुविधाएं नहीं देने के विरोध में जम्मू में एक संयुक्त कार्रवाई योजना की घोषणा की है ।

अंतर्राष्ट्रीय पंजाबी कांफ्रैंस 27 से

अमृतसर, 25 मार्च (वर्मा): गुरदीप सिंह रंधावा उपकुलपति गुरु नानक देव विश्वविद्यालय ने एक प्रैस कांफ्रैंस में पत्रकारों को बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से अमृतसर में 27 से 30

पाक अधिकृत कश्मीर में प्रशिक्षण केन्द्र खत्म किए जाएं : गुप्ता

जम्मू, 25 मार्च (नि.स.): भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महासचिव प्रो. चमन लाल गुप्ता ने मांग की है कि पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकवादियों तथा विघटनकारियों के प्रशिक्षण केन्द्र समाप्त कर दिए जाएं तथा पाकिस्तान के प्रभुत्व वाले उन क्षेत्रों को

Punjabi Sanatani









...ड़ा गया । चित्र में (1) पुलिस दल ...टर व स्कूटर आदि, (4) गिरोह के (छाया : प.के.)

सुरक्षा बलों से मुठभेड़ों में 1 उग्रवादी, 2 घुसपैठिए मारे गए

सरपंच, आटा चक्की मालिक, ठेके के कारिंदे व सुरक्षा कर्मी सहित 6 व्यक्तियों की हत्या

पाकिस्तान जाने की तैयारी कर रहे 17 खूंखार आतंकवादी गिरफ्तार

चंडीगढ़, 26 मार्च (प.स., वार्ता): आतंकवादियों ने कल रात से अब तक 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी । सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ों में एक आतंकवादी और दो घुसपैठिए मारे गए । विभिन्न स्थानों पर लुटेरों के गिरोह काबू किए गए । आतंकवादियों ने एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया तथा बिजली बोर्ड के कर्मचारियों से 28274 रुपए लूट लिए ।

17 खूंखार आतंकवादी गिरफ्तार : जयपुर (प.स.): गंगानगर जिला पुलिस ने अनूपगढ़ थाने के अन्तर्गत 87 जी.बी. स्थान पर पंजाब से गंगानगर के रास्ते पाकिस्तान जाने की तैयारी कर रहे 17 खूंखार आतंकवादियों को कल शाम अचानक सशस्त्र घेराबंदी करके गिरफ्तार कर लिया । अनूपगढ़ थाना क्षेत्र में पिछली नौ मार्च को बरामद हुए हथियारों से सम्बन्धित मामले में इनमें से चार आतंकवादियों का हाथ है ।

राजस्थान के पुलिस महानिदेशक एम.एल. कालिया ने आज यहां बताया कि यह आतंकवादी हथियार लेने के लिए पाकिस्तान जा रहे थे । इनके पास से एक ए.के. 47 राइफल, चार मैगज़ीन तथा 112 कारतूस भी बरामद किए गए हैं । इसके अलावा साइनाइड ज़हर के कैप्सूल भी बरामद हुए हैं । श्री कालिया ने बताया कि पुलिस ने बहुत ही तत्परता के साथ हथियारों की नोक पर सभी आतंकवादियों से आत्म-समर्पण करा लिया । सभी आतंकवादी पाकिस्तान जाने की तैयारी कर रहे थे ।

श्री कालिया ने बताया कि प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान इन आतंकवादियों ने जानकारी दी कि 9 मार्च को बरामद हुए हथियारों के कारण पंजाब में आतंकवादियों के पास हथियारों की भारी कमी हो गई और वे हथियारों की सख्त जरूरत महसूस कर रहे हैं । इसलिए वे हथियार लेने पाकिस्तान जा रहे थे ।

गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों के नाम इस प्रकार हैं—बोहड़ सिंह, गजराज सिंह, हरजीत सिंह, सुखदेव सिंह, बूटा सिंह, मेजर सिंह, अमरजीत सिंह, सतपाल सिंह, बलबीर सिंह, हरदीप सिंह, गुरदेव सिंह उर्फ पहलवान, पूरण सिंह, तारा सिंह, लखवेन्द्र सिंह तथा सतनाम सिंह उर्फ सत्ता । सभी आतंकवादी अमृतसर जिले के रहने वाले हैं । लखवेन्द्र सिंह उर्फ लक्खा हरियाणा का रहने वाला है। श्री कालिया ने बताया कि गुरदेव सिंह के पास से 500 रुपए की पाकिस्तानी करंसी भी बरामद हुई है ।

सरपंच की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): पुलिस जिला तरनतारन के थाना घरिंडा में स्थित गांव काओंके के सरपंच श्री स्वर्ण सिंह की आज दोपहर बाद पौने तीन बजे के करीब आतंकवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी और फरार हो गए । कहा जाता है कि सरपंच अपने गांव से थाना घरिंडा आया था और वापस अपने गांव जा रहा था । जब वह अपने गांव के बाहर एक पुलिया के निकट पहुंचा तो वहां उसकी प्रतीक्षा कर रहे दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने उसकी हत्या कर दी । पुलिस ने सरपंच की लाश कब्ज़े में लेकर छानबीन शुरू कर दी है ।

लुटेरों का गिरोह काबू : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार अमृतसर के थाना राम बाग के एस.एच.ओ. श्री हरिन्द्रजीत सिंह ने परसों सायं संदिग्ध अवस्था में दो स्कूटर सवारों को पकड़ा । थाना में ले जाकर जब उनसे पूछताछ की गई तो पता चला कि यह दोनों शातिर चोर हैं । इनमें से एक का नाम धुक पुत्र गुरनाम सिंह मजूहवी गांव लोहारका थाना सदर तथा दूसरे का नाम प्रेम सिंह है । इनके पास जो स्कूटर था, वह चोरी का था जिसका पहले नं. पी.जे.डब्ल्यू. 2772 था, जिसे मिटा कर 7227 कर दिया गया था । स्कूटर का रंग भी बदल दिया गया था । पूछताछ के दौरान इन दोनों ने अपने अन्य साथियों सुरजीत सिंह उर्फ़ बबला तथा जिन्दर पुत्र करतार सिंह थाना जंडियाला गांव ढपईयां के बारे में बताया । पुलिस ने तत्परता से काम लेते हुए इन दोनों साथियों को भी पकड़ लिया । इनके पास से मीरा एंड कम्पनी से चोरी किए गए चार कम्प्यूटर, एक साइकिल, तांबे की भारी मात्रा में तारें तथा सरिया बरामद किया गया । बरामद माल में एक बिजली की मोटर भी थी । श्री हरिन्द्रजीत सिंह ने बताया कि इन्हें अदालत में पेश करके 27 मार्च का रिमांड लिया गया है । पूछताछ जारी है । इनसे और भी कई चोरियों के पकड़े जाने की सम्भावना है । गिरोह का सरगना धुक जोकि बहुत बड़ा डकैत बताया जाता है, कई चोरियों में भी संलिप्त है । प्रेम सिंह निवासी नेहरू कालोनी, मजीठा रोड भी बहुत बड़ा बदमाश है । इनसे पूछताछ के बाद कई सनसनीखेज रहस्योद्घाटन होने की सम्भावना है ।

दुकानदार की हत्या : मजीठा शहर के बाहरी इलाके में उग्रवादियों ने आज एक दुकानदार सत्यमूर्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । दुकानदार सुबह सैर करने के बाद घर लौट रहा था ।

आतंकवादियों का परीक्षा केंद्र पर कब्ज़ा : अमृतसर से भाटिया के अनुसार इस जिले के देहातों में आतंकवादियों का राज तो चल ही रहा है, अब उन्होंने अमृतसर शहर और दूसरे बड़े-बड़े शहरों में भी अपने पांव फैला लिए हैं । इसकी मिसाल यह है कि अमृतसर शहर के परीक्षा केंद्रों में वे सरेआम जाते हैं । उनको बड़े गेटों पर भी कोई नहीं रोकता । बदकिस्मती की बात यह है कि परीक्षा केंद्रों पर पुलिस की जो गार्द लगाई जाती है वह भी इन आतंकवादियों के टोले को सलामें करते हैं और अपनी जगह पर खड़े हो जाते हैं । इसके बाद आतंकवादी सुपरवाइज़रों को धमकियां देते हैं कि अगर किसी ने विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्रों में नकल करवाई या पर्ची आदि दी तो उन्हें सोध दिया जाएगा । इस पर सुपरवाइज़र विद्यार्थियों को हुकम देते हैं कि पर्ची वगैरह इस टोले के हवाले कर दी जाए लेकिन एक और सूचना के अनुसार आतंकवादियों को एक टोला नकल करवाने की हिमायत भी कर रहा है । इस तरह यह परीक्षा केंद्र एक मज़ाक का विषय बना हुआ है और जिला अधिकारी बेबस और तमाशाई बन कर रह गए हैं । यही स्थिति जिला गुरदासपुर में भी चल रही है ।

दो घुसपैठिए मरे : अमृतसर जिले के खेमकरण सैक्टर में आज तड़के भारत-पाक सीमा पर दो घुसपैठिए मारे गए जबकि तीसरा फरार होने में सफल हो गया । वे पाकिस्तान से आ रहे थे । मृतक घुसपैठियों की शिनाख्त नहीं हो सकी है ।

शव मिला : मजीठा पुलिस जिले के गांव रतनगढ़ के निकट आज एक युवक का गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ है ।

एक आतंकवादी मरा : जालंधर : नवांशहर थाना के गांव पुन्नू माजरा के निकट आज तड़के सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले में एक आतंकवादी मारा गया तथा उसके एक साथी को गिरफ्तार कर लिया गया । पुलिस के अनुसार हीरो

(शेष पृष्ठ 8 पर)

मेघालय में लिंगदोह नए मुख्यमंत्री, गोवा में चर्चिल आज शपथ लेंगे

नई दिल्ली, 26 मार्च (प.स., वार्ता): यहां प्राप्त सूचनाओं के अनुसार आज गोवा में एक दशक पुराना इंका का शासन समाप्त हो गया और मेघालय में इंका के नेतृत्व वाली 25 मास पुरानी सांझा मोर्चा सरकार ने इस्तीफा दे दिया । गोवा के मुख्यमंत्री प्रताप सिंह राणे ने आज प्रातः राज्य विधानसभा का अधिवेशन शुरू होने से कुछ समय पूर्व राज्यपाल को इस्तीफा सौंप दिया, जबकि मेघालय के मुख्यमंत्री ए. संगमा ने आज राज्यपाल को इस्तीफा सौंपा । मेघालय में कल 6 मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया था, जबकि गोवा में श्री राणे की सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना था ।

मेघालय : मेघालय में आज रात बी.बी. लिंगदोह के नेतृत्व वाले सात सदस्यीय सांझा मंत्रिमंडल ने पद भार सम्भाल लिया । राज्यपाल ए.ए. रहीम ने यहां राजभवन में यूनाइटेड मेघालय पार्लियामैंटरी पार्टी के नेता श्री लिंगदोह और उनके 6 मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई ।

गोवा : गोवा में बेनोलिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक चर्चिल अलेमाओ को कल सुबह राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाई जाएगी । उधर महाराष्ट्र गोमांतक पार्टी ने इस सरकार को बाहर रह कर समर्थन देने का निश्चय किया है ।

भारत पाक हस्तक्षेप सहन नहीं करेगा : वेंकट

नई दिल्ली, 26 मार्च (प.स.): भारत ने शिमला समझौते के तहत पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय समस्याओं पर बातचीत करने की पेशकश की है लेकिन साथ ही इस बात को दोहराया है कि वह अपने आंतरिक मामलों में किसी तरह का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेगा । फिलस्तीन के राष्ट्रपति यासर अराफात के सम्मान में आज यहां आयोजित रात्रि भोज में राष्ट्रपति वेंकटरमन ने कहा कि पाकिस्तान भारत की संप्रभुता और एकता के खिलाफ आतंकवाद और पृथकतावादी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है । उन्होंने कहा कि भारत शिमला समझौते के तहत पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय समस्याओं पर बातचीत करने के लिए तैयार है लेकिन वह अपने आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेगा ।

इससे पूर्व फिलस्तीनी नेता यासर अराफात ने आशा की कि भारत तथा पाकिस्तान जल्द ही कश्मीर मसले का आपस में मिल-बैठ कर समाधान निकाल लेंगे । श्री अराफात भारत की सरकारी यात्रा पर आज सुबह राजधानी पहुंचने पर यहां संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे । उन्होंने कहा कि दोनों देशों को कश्मीर समस्या का समाधान

120 आतंकवादी कम्पनियां भेजी गईं

...ला शहर में एक बस को बम विस्फोट से ...हुंचा पर कोई घायल नहीं हुआ ।

...गर में आज एक उच्चस्तरीय बैठक में ...वस्था की स्थिति पर विचार-विमर्श किया ...र्व विधायक मीर मुस्तफा की कल हुई हत्या ...र घाटी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी

...मीर मुस्तफा की हत्या के विरोध में कई ...र्शन हुए ।

विस्फोट से 2 घायल : श्रीनगर में ...के उप-निदेशक के कार्यालय प्रांगण में एक ...फोट के कारण आज 2 व्यक्ति घायल हो ...वन को भारी हानि पहुंची है ।

...गर के जवाहर नगर और सौरा में कुछ ...ों ने भारत विरोधी नारे लगाए तथा जलूस



Punjabi Sanatani

वी. पी. सिंह

(पृष्ठ 3 का शेष)

फा की हत्या का मामला उठाते हुए कश्मीर
त पर अविलम्ब चर्चा कराने की मांग की ।
यों ने पांडिचेरी के उपराज्यपाल द्वारा राज्य
भा के लिए मनोनीत सदस्यों से संबंधित
र भी रोष व्यक्त किया । सदन में आज जैसे
नमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह राष्ट्रपति के
षण संबंधी धन्यवाद प्रस्ताव पर अपना
पूरा करने के लिए खड़े हुए, कांग्रेस (इ)
ने गोवा, मेघायल, पांडिचेरी तथा कश्मीर के
उठाते हुए जबरदस्त हंगामा शुरू कर

कसभा से भी वाकआऊट : लोकसभा
कांग्रेस (इ) और नैशनल कांफ्रैंस ने यह
लगाते हुए वाक आऊट किया कि सदन में
र्ण विषयों पर चर्चा की अनुमति नहीं दी जा
। इससे पहले कांग्रेस (इ) के श्री पी.
रम, श्री हरकिशन लाल भगत, श्री हरीश
पी.आर. कुमार मंगलम सहित अनेक सदस्यों
ग की कि कश्मीर, गोवा, मेघालय और
री मसलों पर सदन में चर्चा कराई जाए ।

ा व नैकां ने कश्मीरी समिति से नाता तोड़ा

ई दिल्ली, 26 मार्च (वार्ता): कांग्रेस (इ) और
ल कांफ्रैंस ने कश्मीर मामलों की स्थायी समिति
ने को अलग करने की घोषणा आज की ।

पंजाब में राष्ट्रपति शासन बढ़ेगा

(पृष्ठ 3 का शेष)

निस्ट पार्टी के इंद्रजीत गुप्त, फारवर्ड ब्लाक के
बसु, बहुजन समाज पार्टी की कुमारी माया,
ली दल (बरनाला) के जे.एस. अरोड़ा, जनता
के सुब्रह्मण्यम स्वामी, लोकदल के राम
धेश सिंह, मुस्लिम लीग के इब्राहीम सुलेमान
नैशनल कांफ्रैंस के सैफुद्दीन सोज तथा
.एस.पी., असम गण परिषद्, सिक्किम संग्राम
षद्, कांग्रेस (एस.) और केरल कांग्रेस के
निधियों ने भाग लिया । सरकार की तरफ से
क में प्रधानमंत्री के अलावा श्री मधु दंडवते, इन्द्र
ार गुजराल, अजीत सिंह, गुरपदस्वामी, पी.
न्द्र और उन्नीकृष्णन ने भाग लिया ।



ीय पंजाबी लेखक सभा तथा अन्य साहित्यिक
भाओं द्वारा जिला कचहरी जालन्धर में दिए गए
ने का एक दृश्य । (छाया : प्यारे लाल)

चुनाव समाचार

होशियारपुर, 26 मार्च (सुद): यहां भट्ठा
लिक संघ के हुए चुनाव में निम्नलिखित
दाधिकारी सर्वसम्मति से चुने गए : सर्वश्री संसार
द मैनन प्रधान, दीपक पुरी संयुक्त प्रधान, तेगपाल
ह उपप्रधान, सरनदास चौधरी सचिव, कुन्दन
ाल जक्खू संयुक्त सचिव तथा बलदेव कौशल
षाध्यक्ष ।

कश्मीर में ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

कि वह भारत विरोधी और अल्पसंख्यक विरोधी अभियान को दबा दे । अखिल भारतीय सिख छात्र संघ की जम्मू और कश्मीर इकाई ने लोगों से अपील की है कि घाटी में सिखों तथा अन्य समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करें ।

सामाजिक और धार्मिक संगठनों की जम्मू और कश्मीर समन्वय समिति के अध्यक्ष वी.पी. दत्त ने कांग्रेस (इ) और नैशनल कांफ्रैंस के नेताओं से कहा कि वे भ्रम पैदा करने वाले बयान देना तथा सस्ती राजनीति का खेल बंद करें ।

नई दिल्ली से जी.एस. चावला के अनुसार केन्द्र ने अर्धसैनिक बलों की तीस अन्य कम्पनियां कश्मीर घाटी में प्रशासन की सहायता के लिए तुरन्त ही रवाना कर दी हैं ।

केन्द्र द्वारा राज्य प्रशासन को घाटी में चुनौतीपूर्ण स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए जा रहे हैं । घाटी की स्थिति बारे सम्पूर्ण विवेचना के बाद केन्द्र का विचार है कि राजनीतिक बातचीत जारी रखने के साथ ही इस समय कानून-व्यवस्था तथा राज्य प्रशासन को सुदृढ़ बनाए जाने की अत्यन्त आवश्यकता है । जब से देशद्रोही तथा विघटनकारी तत्वों को पाकिस्तान द्वारा सहायता प्रदान की जाने लगी है, केन्द्र द्वारा हिंसा पर काबू पाए जाने के लिए कड़े कदम उठाने की आशा उत्पन्न हो गई है ।

कश्मीर बारे केन्द्रीय सलाहकार समिति के एक सदस्य श्री जी.आर. कार ने प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह को एक पत्र में कहा है कि सलाहकार समिति कश्मीर समस्या के बारे में अभी तक कुछ विशेष नहीं कर पाई है तथा उनके विचार में कश्मीर मामलों के प्रभारी श्री जार्ज फर्नांडीज भी स्थिति से निपटने के लिए गम्भीर दिखाई नहीं देते तथा उनका ख्याल है कि यह समिति कुछ विशेष कर पाने के योग्य भी नहीं है । तीन पृष्ठों के इस पत्र में श्री कार ने कहा कि जब से सलाहकार समिति गठित की गई है, तब से इसकी एक भी बैठक आयोजित नहीं की गई तथा केवल एक बार जम्मू का दौरा करने के बाद इस समिति ने कुछ भी नहीं किया ।

जिला फोरम गठित

चंडीगढ़, 26 मार्च (एन.एस. परवाना): पंजाब सरकार ने उपभोक्ता संरक्षण कानून 1986 के अंतर्गत सारे 12 जिलों के लिए जिला फोरम बना दिए हैं । संबंधित जिलों के जिला तथा सत्र जज इनके प्रधान होंगे, जबकि उनके साथ अन्य दो सदस्य कालेजों के प्रिंसीपल और दूसरे सरकारी अधिकारी होंगे । यह जिला फोरम तीन सदस्यों पर आधारित होगा । अलग-अलग जिलों के फोरम के नियुक्त किए गए सदस्य इस प्रकार हैं : अमृतसर—प्रिंसीपल एस.के. नवल, प्रिंसीपल जी. सिंह, भटिंडा—प्रिंसीपल बी.एस. पुनिया, डा. जगीर सिंह, फिरोजपुर—डा. तेजिन्दर सिंह, डा. अजीत कौर, फरीदकोट—प्रिंसीपल मुख्तयार सिंह, प्रिंसीपल जसवंत कौर सिद्धू, होशियारपुर—प्रिंसीपल उमेश चंद्र, डा. परमजीत कौर, जालन्धर—प्रिंसीपल गुलजार सिंह, डा. सुदर्शन गोयल, कपूरथला—प्रिंसीपल सरवन सिंह, डा. अमृत कौर, लुधियाना—प्रिंसीपल एच.एस. देयोल, प्रिंसीपल मंजीत सोफिया, पटियाला—प्रिंसीपल यू.एस. बंगा, प्रिंसीपल जी.के. ढिल्लों, रोपड़—डा. के.एल. गोयल और प्रिंसीपल बी.बी. मैनी, संगरूर—प्रिंसीपल अमर सिंह अमर, डा. राज कुमारी, गुरदासपुर—प्रिंसीपल नाथ राम, डा. अवतार कौर ।

घुसपैठिये मारे गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

होंडा मोटर साइकिल पर सवार आतंकवादियों को जब रुकने का इशारा किया गया तो उन्होंने गोलियां चलानी शुरू कर दीं । सुरक्षा बलों की जवाबी गोली से एक आतंकवादी कुलबीर सिंह मारा गया जबकि उसके साथी तलवन सिंह ने आत्मसमर्पण कर दिया । दोनों जालंधर जिले के सलोह गांव के रहने वाले हैं । पुलिस ने इस मुठभेड़ में एक दोनाली बंदूक तथा एक अन्य बंदूक बरामद की है ।

नवांशहर से 'शर्मा' के अनुसार कुलबीर सिंह 10+2 का छात्र था और उसका पिता यहां स्थानीय गर्ल्ज स्कूल में चपड़ासी है । उसके अनुसार उसका पुत्र निर्दोष था ।

28274 रुपए लूटे : दो संदिग्ध आतंकवादियों ने आज गढ़ा-फिल्लौर लिंक रोड पर पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के तीन कर्मचारियों से 28274 रुपए लूट लिए । पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने यह राशि पिस्तौल की नोक पर लूटी और फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है ।

लांस नायक की हत्या : जालंधर जिले में हुई एक अन्य वारदात में सी.आर.पी.एफ. के लांस नायक कंवर मोहन गोपाल की आतंकवादियों द्वारा हत्या कर दी गई । उसका गोलियों से छलनी शव आज शहर के बाहर मंदनपुर गांव से मिला है ।

अपहरण : आतंकवादियों ने जालंधर जिले के ज्वाला नगर के निवासी रोशन लाल का कल उस समय अपहरण कर लिया जब वह अपने परिवार के साथ यात्रा कर रहा था । आतंकवादियों ने करतारपुर के निकट उसके वाहन को रोका । उन्होंने रोशल लाल की रिहाई के बदले में दो लाख रुपए की मांग की है ।

ठेके के कारिंदे की हत्या : भटिंडा (शर्मा): गत रात लगभग नौ बजे कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने मुक्तसर-भटिंडा रोड पर स्थित गांव कोहे में शराब के एक ठेके पर हमला कर ठेके के कारिंदे राधेश्याम की हत्या कर दी । यहां प्राप्त सूचना के अनुसार ठेके पर चार कारिंदे थे । तीन कारिंदों ने घटना स्थल से भाग कर अपनी जान बचा ली । कुछ दिन पहले एक आतंकवादी संगठन ने चेतावनी दी थी कि ठेकों के लिए बोली न दी जाए ।

6 आतंकवादी गिरफ्तार : बरनाला (सिंधवानी): स्थानीय पुलिस ने उग्रवादी कारवाइयां करने वाले छः सदस्यीय गिरोह को गिरफ्तार किया है । इनके नाम गुरमेल सिंह गांव फरवाही, लाभ सिंह तथा गुरजंट सिंह ठीकरीवाला, बलवंत सिंह उर्फ बंटी, सन्धु पत्ती बरनाला, जगमेल सिंह उर्फ धल्ला तथा तारा सिंह संघेड़ा हैं । इस गिरोह से एक बंदूक 12 बोर, एक पिस्तौल देसी 12 बोर, एक खिलौना पिस्तौल तथा तेजधार हथियार व कारतूस बरामद हुए हैं । अभियुक्तों ने लुधियाना, संगरूर तथा भटिंडा जिला में खोह तथा लूटमार की कई वारदातें स्वीकार की हैं । उनके वारदात करने का ढंग यह बताया गया है कि एक अभियुक्त अपना ट्रक सड़क पर लगा कर दूसरे ट्रकों को रोक लेता था और वे उन ट्रकों में लदी हुई वस्तुएं, ड्राइवरों तथा कंडक्टरों की नकदी व रुपए तथा रोके हुए ट्रकों के टायर ले जाते थे । इससे पहले ड्राइवर तथा कंडक्टरों को वृक्ष से बांध देते थे । डेढ़ मास पहले इस गिरोह ने मुल्लांपुर के निकट एक ट्रक को लूट कर कंडक्टर की हत्या कर दी थी । दूसरी ओर उग्रवादी संगठन ऐसी घटनाएं करने का खण्डन कर रहे हैं ।

ग्रामीणों द्वारा लुटेरे काबू : मोगा (सर्व): तीन युवकों, जिन्होंने कल सायं मोगा-कोटकपूरा रोड पर आने-जाने वालों को लूटने का असफल प्रयास किया, को गांव वालों ने काबू कर पुलिस के हवाले कर दिया । आज यहां प्राप्त सूचना के अनुसार गांव वालों ने इन युवकों को पुलिस के हवाले करने से पूर्व उनकी बुरी तरह पिटाई भी की ।

चेन छीन ली . दो शरारती तत्वों ने मोगा के सिविल लाइन्स क्षेत्र में एक महिला के गले से सोने की चेन उस समय छीन ली, जब वह अपने घर जा रही थी ।

फिरोज़पुर में व्यापक सुरक्षा प्रबन्ध : फिरोज़पुर (धागी): फिरोज़पुर पुलिस तथा अर्द्ध सैनिक बलों ने फिरोज़पुर शहर में आतंकवादियों से सुरक्षा के लिए व्यापक प्रबन्ध किए हैं तथा चार स्थायी पुलिस चौकियां स्थापित की हैं । गुप्तचर सूत्रों के अनुसार शहर के विभिन्न भागों में तैनात अर्द्ध सैनिक बलों को हटा लिए जाने के कारण आतंकवादियों ने अबोहर नरसंहार कांड की भांति इस शहर में भी भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सामूहिक नरसंहार की योजना बनाई थी । यह सूचना मिलने के बाद जिला पुलिस ने तत्काल सुरक्षा के कदम उठाए हैं ।

आटा चक्की के मालिक की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना कलानौर के गांव नाड़ांवाली में गत रात दो सशस्त्र आतंकवादियों ने आटा चक्की के मालिक बिशम्भर दास की गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादी रात को जबरन उसे उसके घर से खींच कर ले गए और आगे जाकर गोली मार कर उसकी हत्या कर दी । हत्या में ए.के. 47 राइफल का प्रयोग किया गया है ।

पुलिस चौकी पर हमला : बटाला पुलिस जिले के जैतो सरजनपुर गांव में आतंकवादियों ने पुलिस चौकी पर हमला किया । पुलिस कर्मियों द्वारा जवाबी गोलीबारी करने पर वे भाग गए । इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ ।

गश्ती दल पर हमला : नाड़ांवाली गांव के निकट आतंकवादियों ने पुलिस के एक गश्ती दल पर हमला किया, लेकिन पुलिस द्वारा जवाबी गोलीबारी करने पर हमलावर फरार हो गए ।

राष्ट्रपति द्वारा पंजाब में सामान्य वि
कर बढ़ाने के प्रस्ताव को स्वीकृ

होशियारपुर, 26 मार्च (अश्विनी कपूर): राष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरमन ने पंजाब में सामान्य विक्रय कर व पैट्रोल पर विक्रय कर बढ़ाने के प्रस्तावों को अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है ।

यह जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि सामान्य विक्रय कर सात प्रतिशत से बढ़ा कर आठ प्रतिशत किया जा रहा है । जिन वस्तुओं पर पहले 10 प्रतिशत विक्रय कर था, उन पर अब कर 12 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है । पैट्रोल पर विक्रय कर की दर वर्तमान 6 प्रतिशत से बढ़ा कर 7 प्रतिशत की जा रही है ।

प्रवक्ता ने बताया कि पंजाब के पड़ौसी राज्यों हरियाणा व राजस्थान में पहले ही 8 प्रतिशत विक्रय कर लिया जा रहा है, जबकि राजस्थान व उत्तर प्रदेश में पैट्रोल पर क्रमशः 15 प्रतिशत व 8 प्रतिशत विक्रय कर लिया जाता है । प्रवक्ता ने बताया कि डीजल पर विक्रय कर नहीं बढ़ाया जाएगा । प्रवक्ता के अनुसार मोटर स्पिरिट पर विक्रय कर 1 प्रतिशत बढ़ाए जाने से लाख रुपए वार्षिक व सामान्य विक्रय से साढ़े 26 करोड़ रुपए प्रति वर्ष होने की सम्भावना है ।

प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि रा विक्रय कर में वृद्धि 8 वर्ष के पश्चात जबकि शैड्यूल ए की वस्तुओं में वि 27 वर्ष के पश्चात व पैट्रोल में वि चार वर्ष के पश्चात् की जा रही है

प्रवक्ता ने बताया कि राज्य उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए विक्र के लिए विक्रय कर अधिनियम में एक नई धारा 30-ए भी शामिल

पाक द्वारा दंगे करवाने का षड्यंत्र अनावृत्त : 1 गिरफ्तार

मुंगेर, 26 मार्च (प.स.): जिले के संवेदनशील इलाकों में साम्प्रदायिक तनाव पैदा करने की पाकिस्तान द्वारा की जा रही कोशिश का हाल ही में एक मामला प्रकाश में आया है । शुक्रवार को पुलिस ने सुजावलपुर गांव के लोगों की मदद से सरवर जलील नामक व्यक्ति को भूतपूर्व मुखिया मुहम्मद मुमताज हुसैन के मकान में काफी शक्तिशाली टाइम बम रखते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया

पूछताछ के दौरान उस व्यक्ति ने अपना नाम सरवर जलील बताया और यह भी स्वीकार किया कि उसके रिश्तेदार पाकिस्तान में रहते हैं और वह बराबर पाकिस्तान जाता रहता है । सरवर जलील ने स्वीकार किया कि उसने बम बनाने की ट्रेनिंग पाकिस्तान में ली है और हाल ही में वहां से बिना वीजा के लौटा है । सरवर जलील ने पुलिस के सामने कबूल किया कि साम्प्रदायिक दंगों के दौरान उसने कई लोगों को बम सप्लाई किए ।

मिनिस्टीरियल कर्मियों ने कलम छोड़ हड़ताल की

चंडीगढ़, 26 मार्च (वि.प्र): पंजाब तथा हिमाचल प्रदेश मिनिस्टीरियल सेवाएं संघों की संयुक्त कार्य समिति के आह्वान पर दोनों राज्यों के मिनिस्टीरियल स्टाफ ने काम छोड़ो हड़ताल आरम्भ कर दी है । यहां स्थापित किए गए संयुक्त कार्य समिति के नियंत्रण कक्ष से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दोनों प्रदेशों के जिला तथा ब्लाक स्तर के विभिन्न सरकारी कार्यालयों, बोर्डों तथा सहकारी क्षेत्र के संस्थानों के कार्यालयों में कामकाज पूरी तरह ठप्प हो गया है । संयुक्त कार्य समिति ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें न मानी गईं तो हड़ताल लम्बी हो सकती है जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार पर होगी । संयुक्त कार्य समिति ने पंजाब के राज्यपाल को इस मामले में हस्तक्षेप करने के लिए कहा है ताकि स्थिति और अधिक खराब न हो । पटियाला, कपूरथला, जालन्धर, लुधियाना, होशियारपुर से भी पूर्ण हड़ताल के समाचार प्राप्त हुए हैं ।

पाक कश्मीर मुद्दे पर विदेशों का समर्थन नहीं जुटा पाया : गुजराल

न्यूयार्क, 26 मार्च (प.स.): विदेशमंत्री इंद्र कुमार गुजराल ने पाकिस्तान पर आरोप लगाया कि वह कश्मीर मसले को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उठाने की कोशिश इसलिए कर रहा है, क्योंकि कूटनीतिक स्तर पर वह अन्य देशों को अपने दृष्टिकोण से सहमत नहीं कर सका । 'विजन आफ एशिया' द्वारा प्रसारित एक भेंट में श्री गुजराल ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान के लिए कोई कठिनाई पैदा नहीं की है । वास्तव में वह अपने आंतरिक संकट से परेशान होकर ही कश्मीर का हौवा खड़ा कर रहा है ।

उन्होंने बताया कि पाकिस्तान किसी भी बड़ी ताकत अथवा प्रमुख देश को कश्मीर के बारे में अपने नजरिये से कायल नहीं कर सका । यहां तक कि वह अरब देशों का समर्थन भी नहीं जुटा पाया ।

कट्टरवाद पर खेद व्यक्त : नई दिल्ली (वार्ता): विदेशमंत्री इंद्र कुमार गुजराल ने इस बात पर खेद व्यक्त किया है कि पड़ौसी राष्ट्र कट्टरवादी होते जा रहे हैं । उन्होंने चेतावनी दी है कि ऐतिहासिक सीमाओं में परिवर्तन के प्रयासों से आंतरिक और बाहरी समस्याएं पैदा होंगी ।

सिन्हा द्वारा पद स्वीकारने में असमर्थता व्यक्त

नई दिल्ली, 26 मार्च (वार्ता): श्री यशवंत सिन्हा को जनता दल के केंद्रीय संसदीय बोर्ड का सचिव नियुक्त किए जाने के मामले पर उठा विवाद समाप्त हो गया है । श्री सिन्हा ने प्रधानमंत्री तथा दल के अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह को लिखे एक पत्र में बोर्ड का सचिव पद ग्रहण करने में असमर्थता व्यक्त की है । उप-प्रधानमंत्री देवी लाल ने संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष होने के नाते श्री यशवंत सिन्हा को बोर्ड का सचिव नियुक्त किया था ।

मंत्री विदाई देने हव पर न पहुंचें : वी.

नई दिल्ली, 26 मार्च (प विश्वनाथ प्रताप सिंह ने अपने स सहयोगियों को निर्देश दिया है यात्राओं के समय वे उन्हें विदाई हवाई अड्डे जाएं और न ही उनकी स्वागत के लिए वहां पहुंचें ।

गली-सड़ी लाश

फगवाड़ा, 26 मार्च (खो स्थानीय थाना सदर पुलिस ने कोटरानी के एक कुएं से एक व्य लाश बरामद की है ।

फार्मासिस्टों का धर

अमृतसर, 26 मार्च (कम फार्मासिस्ट एसोसिएशन (मान्य प्रतिनिधिमंडल गत दिवस श्री टी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण वि विज की अध्यक्षता में मिला सचिव को फार्मासिस्ट वर्ग के विसंगतियों से अवगत कराया प्रतिनिधिमंडल को विश्वास दि शीघ्र पूरी की जाएंगी । एसोसि श्री किशोर कुमार शर्मा ने एक कि स्वास्थ्य सचिव के सहानुभूति हुए एसोसिएशन की ओर से 2 रहा धरना 15 अप्रैल तक स्थ

राष्ट्रपति पुर्तगाल,

नई दिल्ली, 26 मार्च रामास्वामी वेंकटरमन आगामी अप्रैल तक पुर्तगाल, ब्रिटेन औ दौरा करेंगे ।

रोष स्वरूप त्या

जालन्धर छावनी, 26 म जालन्धर छावनी की विशेष स्थिति धमाकापूर्ण हो गई जब डा. शालिनी पाल को निलम्बि दिया गया । इस पर बोर्ड के दर्शन लाल बजाज, डा. मदन उपप्रधान की ओर से कड़ा गया । उनका कहना था कि ज किया जा सका तथा पुलिस शालिनी पाल को दोषमुक्त क निलम्बित किया जाना गलत रोष स्वरूप त्याग पत्र दे दिए

इसी बीच इस मामले के नेतृत्व में आंदोलन चल रहा कि अगर बेइंसाफी दूर न की तेज कर दिया जाएगा ।

पलायनकर्त्ताओं व हज़ार की सहाय

जालन्धर, 26 मार्च : प सचिव ओम प्रकाश खेमकरनी को लिखे पत्र में कहा है कि आतंकवाद की लपेट में है त कर सुरक्षित स्थानों पर जाने हैं । उन्होंने पत्र में मांग की पठानकोट पहुंचे हज़ारों प परिवार 25 हज़ार रुपए की कि उच्चतम न्यायालय की है । यह लोग भारी समस्या हैं । इन्हें अन्य प्रकार की जाने के लिए पग उठाए जाने

हिमाचल का 289 घाटे का अंतरि

शिमला, 26 मार्च हिमाचल के मुख्यमंत्री श्री वित्त विभाग भी है, ने आज अगले वर्ष के दो महीनों के करने के लिए 1990-9 लाख रुपए का अन्तरिम ब

अन्तरिम बजट पेश क ने कहा कि वर्तमान वित्तीय रुपए के घाटे के साथ सम है । जो कि योजना परि समायोजित करके, सरकारी सरकार वसूली में वृद्धि कर समग्र घाटे में से 58 करो सम्भावना है ।

परिणाम मणिपुर स्टेट लॉटरीज़

माँ शेरोंवाली बम्पर

पहले ड्रा का परिणाम, जो 26.3.90 को इम्फाल में निकाला गया :—

1st Prize Rs. 15,00,000/- 600500 (Manish & Co., Patna)

2nd Prize (5) Rs. 1,00,000/- each
046273 260676 918384 894108 251785

3rd Prize (5) Rs. 50,000/- each
097128 916376 023122 259194 688402

4th Prize (20) Rs. 5,000/- each
883993 236347 389585 958243 424785
545052 171773 214517 397107 353215
790283 389045 659058 335715 186688
343756 696378 626482 723676 018052

5th Prize (20) Rs. 1,000/- each
135332 894025 154542 382475 352679
297031 956913 636638 446556 947623
865579 307484 541593 663564 300661
638187 405763 769469 079044 845331

All tickets ending with following numbers in all series

6th Prize (100) Rs. 500/- each (On last 5 digits)
76463 73593 56804 26551 09676 67222 66664 67442 53398 32201

7th Prize (1000) Rs. 50/- each (On last 4 digits)
4006 0903 7884 6085 2393 1540 3031 0660 1785 4161

8th Prize (1000) Rs. 20/- each (On last 4 digits)
1594 4779 7977 2282 7614 7517 2377 7403 9178 7115

9th Prize (10,000) Rs. 10/- each (On last 3 digits)
001 136 200 326 413 524 692 761 839 995

नोट : यह निदेशालय मुद्रण में किसी अशुद्धि के लिए उत्तरदायी न होगा । कृपया राज्य अधिकृत गज़ट देखें ।

अगला ड्रा 26.4.90 को निकाला जाएगा ।

आर्गेनाइज़र : वर्धमान एंटरप्राइज़िज़,
15, होटल कांटीनैंटल अनैक्सी,
रीगल बिल्डिंग के पीछे, नई दिल्ली-1, फोन : 352511.

मणिपुर राज्य लाटरीज़, इम्फाल ।

बनाने का ध-मा-







...ला में आतंकवादियों के हाथों मारे गये एक ही ...) अमरजीत सिंह, (4) गुरमीत सिंह तथा ...व । (छाया : मित्तल)

एक परिवार के 5 सदस्यों, हैडकांस्टेबल, 2 होमगार्डों सहित 12 व्यक्तियों की हत्या

विभिन्न वारदातों में 3.33 लाख रुपये लूटे : पुलिस चौकी से शस्त्र और वर्दियां ले गए

चंडीगढ़, 27 मार्च (प.स., वार्ता): आतंकवादियों ने कल रात से अब तक एक ही परिवार के पांच सदस्यों व 2 होमगार्डों सहित 12 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा विभिन्न वारदातों में लगभग 3.33 लाख रुपए लूट लिए ।

परिवार के 5 सदस्यों की हत्या : बाघा पुराना (ज्ञान): गत रात यहां से 3 कि.मी. दूर गांव आलमवाला में सशस्त्र आतंकवादियों ने एक ही परिवार के 5 सदस्यों की हत्या कर दी तथा एक लड़की को घायल कर दिया । मृतकों में गृह स्वामी रूड़ सिंह (55), उसकी पत्नी गुरमीत कौर (52), दो लड़के अमरजीत सिंह (15), गुरमीत सिंह (12) तथा रूड़ सिंह का साला महिन्द्र सिंह शामिल हैं, जो उनसे मिलने के लिए आया हुआ था । आतंकवादियों की फायरिंग से उनकी एक लड़की सोमजीत कौर मामूली घायल हो गई । घटना की सूचना मिलते ही फिरोजपुर रेंज के डी.आई.जी. श्री अजीत सिंह तथा फरीदकोट जिले के एस.एस.पी. श्री स्वर्ण सिंह घटना स्थल पर पहुंच गए । घटना स्थल पर ही विवरण देते हुए डी.आई.जी. ने पत्रकारों को बताया कि इन हत्याओं की वजह आतंकवादियों की आपसी गुटबंदी है । इस परिवार का सबसे बड़ा लड़का दर्शन सिंह भी आतंकवादी गिरोह से संबंधित है तथा काफी समय से फरार है । घटना के बारे में परिवार की सबसे बड़ी लड़की ने बताया कि लगभग 12 बजे रात के 10-12 आतंकवादी दीवार फांद कर उनके घर में दाखिल हो गए तथा सबसे पहले उस कमरे में गए जहां उसके दो छोटे भाई अमरजीत सिंह और गुरमीत सिंह सोये हुए थे । आतंकवादी उन्हें घसीट कर बाहर ले आए और गोलियां मार कर वहीं पर हत्या कर दी । गोलियों की आवाज़ सुन कर उनका रिश्तेदार महिन्द्र सिंह रसोई में छुप गया लेकिन आतंकवादियों ने उसे वहीं मार डाला । बाद में आतंकवादी उस कमरे में गए जहां पति-पत्नी अपनी चार लड़कियों के साथ सोये हुए थे । उस समय घर का मालिक रूड़ सिंह अपनी बड़ी लड़की के साथ पिछले दरवाजे से खेतों की ओर भाग गया । परन्तु आतंकवादियों ने उसका पीछा करके उसे मार डाला परन्तु बड़ी लड़की को छोड़ दिया । रूड़ सिंह की पत्नी की कमरे में ही हत्या कर दी गई ।

अब घर में केवल चार मासूम लड़कियां ही बची हैं । घटना के बाद गांव वाले इतने आतंकित हो गए थे कि किसी ने भी सुबह 9 बजे तक पुलिस में सूचना नहीं दी । पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची तो चारों मासूम लड़कियां ही लाशों के पास बैठी रो रही थीं । गांव की कोई अन्य महिला या पुरुष उनके घर में नहीं था । बड़ी लड़की ने बताया कि हमने आतंकवादियों की बहुत मिन्नतें कीं कि हमें भी मार जाओ, अब हम किसके सहारे जीएंगी ?

पुलिस ने बताया कि इस वारदात में गांव रोडे के खतरनाक आतंकवादी राणा सिंह का हाथ है । आतंकवादी लगभग आधा घंटे घर में गोलियां चलाते रहे थे । उनके पास विभिन्न किस्मों के हथियार थे । पुलिस ने इस संबंध में कुछ व्यक्तियों को हिरासत में लिया है ।

2 आतंकवादी गिरफ्तार : जलालाबाद (मलिक): थाना सदर जलालाबाद के गांव सहेलेवाला में कल रात नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने दो कुख्यात आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । थाना प्रभारी श्री सुरेंद्र सिंह ने बताया कि कल रात नाकाबंदी के दौरान लगभग 9 बजे 2 व्यक्ति स्कूटर पर जलालाबाद की ओर जा रहे थे । नाका पार्टी द्वारा जब उन्हें रुकने का इशारा किया गया तो उन्होंने स्कूटर रोक कर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । पुलिस ने भी जवाब में गोलियां चलाईं और उन्हें आत्म-समर्पण करने को मजबूर कर दिया । इन दोनों आतंकवादियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि उन्हें 11 बजे जलालाबाद पहुंच कर कुख्यात आतंकवादी नछत्तर सिंह उर्फ़ सत्ता से मिलना था, जिस पर एक लाख रुपये का इनाम है । उनकी योजना आज सुबह 2 एफ़एफ़ फिरोजपुर-फाज़िल्का पैसेंजर गाड़ी को उड़ाने की थी । श्री सुरेंद्र सिंह ने बताया कि नछत्तर सिंह उर्फ़ सत्ता को पकड़ने के लिए आसपास के इलाकों में छापे मारे गये परन्तु वह फरार होने में सफल हो गया । वह कुख्यात आतंकवादी गुरजंट सिंह राजस्थानी के गिरोह का सदस्य है । गिरफ्तार किये गये आतंकवादियों की शिनाख्त मेजर सिंह निवासी खडेज और नरेंद्र सिंह निवासी काठगढ़ जिला फिरोजपुर के रूप में की गई है । उन्होंने फिरौती और हत्याओं के मामलों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है । उनके पास से चोरी का स्कूटर पीएयू 486, एक 12 बोर की गन, एक हैंड ग्रेनेड, ए.के. 47 के 11 कारतूस तथा 12 बोर के 10 कारतूस बरामद किये गये हैं ।

2 घायल : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना कलानौर के गांव मंज में गत रात कुछ सशस्त्र आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर दो व्यक्तियों ऊधम सिंह (48) और दर्शन सिंह (16) को गोलियां मार कर गम्भीर घायल कर दिया । घायलों को गुरदासपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया है ।

बैंक से 1,89,216 रु. लूटे : इसी जिले में थाना सदर बटाला के गांव गोखूवाल स्थित पंजाब और सिंध बैंक की शाखा से दो स्कूटर सवार सशस्त्र आतंकवादी 1,89,216 रुपये लूट कर ले गए । आतंकवादियों ने बैंक में घुसते ही गनमैन निशान सिंह से उसकी 12 बोर की दुनाली बंदूक छीन ली तथा कैशियर हरभजन सिंह से उक्त राशि लूट ली । लूट के बाद वे बैंक स्टाफ को एक कमरे में बंद कर राशि और गनमैन की बंदूक सहित फरार हो गए ।

दो वाहन छीन लिए : थाना सदर बटाला के गांव काला नंगल के निकट से आज सायं लगभग 6 बजे 2 सशस्त्र उग्रवादियों ने एक व्यक्ति दिलबाग सिंह से उसका सुजुकी मोटर साइकल छीन लिया । गत दिवस गांव जैतो सर्जा के निकट से तीन उग्रवादियों ने बटाला के दर्शन कुमार से उसका बजाज चेतक स्कूटर और 6500 रुपए नकद छीन लिए ।

79,528 रु. लूटे : इसी थाना के गांव जैतो सरजा के निकट से दो स्कूटर सवार सशस्त्र आतंकवादी बिजली बोर्ड की एक वैन से 79,528 रुपए लूट कर फरार हो गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना मेहता के गांव उधोके से बोर्ड के एक्सीयन एम.एस. चाहल और एस.डी.ओ. ए.एस. थिंद विभाग की यह राशि बटाला के एक बैंक में जमा कराने जा रहे थे । सूत्रों के अनुसार लूट की यह कार्रवाई भी उक्त बैंक लूटने वाले गिरोह ने की है ।

विवरण : इस बीच एक वरिष्ठ पुलिस प्रवक्ता ने पुलिस जिला बटाला की उक्त तीनों घटनाओं का विवरण देते हुए बताया कि थाना कलानौर के गांव मंज में सभी राजपूत परिवार रहते हैं और वहां लोगों को आत्म रक्षा के लिए हथियार दिये गये हैं । जब आतंकवादी गांव में आये तो ग्रामीणों ने साहसपूर्वक उनका मुकाबला किया और जवाबी गोलियां चलाईं परन्तु आतंकवादी ऊधम सिंह और दर्शन सिंह को घायल करके फरार हो गए । प्रवक्ता ने कहा कि यदि ग्रामीण साहस न करते तो कई और जानें जा सकती थीं । अब इस गांव की सुरक्षा के लिए चौकी स्थापित कर दी गई है ।

प्रवक्ता ने रहस्योद्घाटन किया कि गांव गोखूवाल में पंजाब एंड सिंध बैंक में डाका डाल कर आतंकवादी जो 1,89,216 रुपए ले गये हैं, उस संबंध में वर्णन योग्य है कि बैंक की इस शाखा में 70,000 रुपए से अधिक नहीं रखे जा सकते थे । प्रवक्ता ने कहा कि आतंकवादी गनमैन की बंदूक नहीं ले गए हैं । यह पुलिस ने जमा कर ली है । प्रवक्ता ने इस डकैती में बैंक के किसी कर्मचारी के संलिप्त होने की आशंका व्यक्त की है ।

प्रवक्ता ने बिजली बोर्ड की वैन से 79528 रुपए लूटे जाने के संबंध में कहा कि संबंधित कार्यालय में भी 40000 से अधिक रुपये नहीं रखे जा सकते थे ।

अपहरण : सशस्त्र आतंकवादियों ने गुरदासपुर जिले के गांव भिंडरकलां से 2 व्यक्तियों का अपहरण कर लिया । अपहृत व्यक्तियों में से एक की शिनाख्त शिक्षक दर्शन सिंह के रूप में की गई है ।

आतंकवादी मरा : रोपड़ जिले के सिद्धूपर कलां गांव के निकट आज सुबह एक आतंकवादी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया । इससे पूर्व आतंकवादियों ने इसी गांव में पुलिस के एक ड्राइवर पर गोलियां चला कर उसे घायल कर दिया । (शेष पृष्ठ 10 पर)

...के बाद भागे ...रहा है : रमन्ना

...के उत्तर में बताया कि न्यायमूर्ति श्री सिंह की ...क्ति जांच आयोग अधिनियम के अन्तर्गत नहीं ...ई थी । उन्हें भजन लाल के खिलाफ लगाए ...आरोपों की जांच के लिए विशेष न्यायाधीश के ...पर नियुक्त किया गया था ।

काम का अधिकार : प्रधानमंत्री विश्वनाथ ...प सिंह ने आज राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर ...हा कि सरकार आठवीं पंचवर्षीय योजना में काम ...अधिकार को प्राथमिकता देगी । इसके लिए ...ना तैयार की जा रही है ।

करनाल : पैट्रोलियम व रसायनमंत्री श्री एस. ...पद स्वामी ने आज लोकसभा में बताया कि ...नाल में प्रस्तावित तेल रिफाइनरी के लिए 833 ...ड़ निजी भूमि सहित 2143 एकड़ भूमि का ...धिग्रहण किया गया है । निजी भूमि के अधिग्रहण ...163 किसान प्रभावित होंगे । मुआवजे के ...गतान के लिए सम्बन्धित भूमि अधिग्रहण ...लैक्टर के पास ढाई करोड़ रुपए जमा कर दिए गए ...तथा राज्य सरकार ने इस राशि का वितरण कर ...या है ।

विस्थापित : लोकसभा में आज कांग्रेस (इ) ...था भाजपा के सदस्यों ने कश्मीर और पंजाब के ...स्थापितों के दिल्ली आने पर रोक लगाने सम्बन्धी ...माचार पर रोष व्यक्त किया तथा सरकार से ऐसे ...मादेश को वापस लेने की मांग की । शून्यकाल में ...कांग्रेस (इ) के एम.जे. अकबर, पी. चिदम्बरम, ...जयप्रकाश अग्रवाल तथा भाजपा के मदन लाल ...खुराना ने यह मामला उठाया ।

गर्मियों में राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्र से हथियारों की तस्करी बढ़ने की आशंका

अबोहर, 27 मार्च (सदोष): राजस्थान के रेतीले सीमावर्ती क्षेत्र में पाकिस्तान से प्रशिक्षित उग्रवादियों की आधुनिकतम शस्त्रों सहित घुसपैठ गर्मियों में बढ़ने की आशंका है क्योंकि तब रेत पर पैरों के निशान नहीं टिकते ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री सुरजीत सिंह ने इसे स्वीकार करते हुए एक विशेष भेंट में बताया कि विगत वर्ष अवतार सिंह ब्रह्मा सहित कई दुर्दांत आतंकवादी पाकिस्तान से भारत लौटने पर पुलिस व सुरक्षा बलों से भिड़ंत में राजस्थान के जिला श्रीगंगानगर में हिंदूमलकोट व रायसिंह नगर सैक्टरों में मारे गए थे । कई बार तस्करी से लाए गए हथियार भी पकड़े गए । तब यह आशा थी कि आतंकवादी इस रास्ते को त्याग देंगे लेकिन 9 मार्च को अनूपगढ़ इलाके में एक दर्जन से अधिक चीनी असाल्ट राइफलों के अलावा राकेट लांचर आदि पकड़े जाने की घटना से प्रतीत हुआ है कि आतकवादी अभी भी इस तार-रहित इलाके से आ-जा रहे हैं ।

अनूपगढ़ में हथियारों का जखीरा बरामद होने के बारे में सीमा सुरक्षा बल के सूत्रों ने बताया था कि घटना से एक दिन पूर्व कुछ व्यक्तियों ने पाकिस्तान से भारत में घुसने का प्रयत्न किया । सीमा सुरक्षा बल आतंकवादियों के मुठभेड़ में मारे जाने की घटनाएं उग्रवादियों की इस इलाके में मौजूदगी के प्रमाण हैं । उनकी एवं उनके प्रति सहानुभूति रखने वालों की तलाश का काम चल रहा है । सभी वाहनों की सख्ती से पड़ताल की जा रही है । चौकसी में ढील की सूचना मिलने पर दोषी कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई होगी ।

श्री सुरजीत सिंह ने कहा कि हिंदूमलकोट सैक्टर से लगती पंजाब सीमा में विशेष सुरक्षा चौकी स्थापित कर दी गई है । यह आतंकवादियों पर निगाह रखेगी । राजस्थान सरकार ने इस सैक्टर में जो सुरक्षा चौकियां स्थापित की हैं, उनसे भी सम्पर्क रखा जाएगा ताकि कोई घुसपैठिया बच न पाए । सीमावर्ती गांवों में जो लोग हथियारों का प्रशिक्षण प्राप्त कर सुरक्षा समितियां गठित करना चाहें, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी । उन्होंने कहा कि यदि किसी को धमकी मिले तो तुरन्त वरिष्ठ अधिकारियों से सम्पर्क करे ताकि कार्रवाई संभव हो ।

यासर अराफात को नेहरू पुरस्कार

असम, नागालैंड, मणिपुर में 'विद्रोह' होने की चेतावनी

नई दिल्ली, 27 मार्च (वार्ता): खुफिया सूत्रों ने केंद्र सरकार को आगाह किया है कि निकट भविष्य में तीन राज्यों असम, नागालैंड तथा मणिपुर में विद्रोह जैसी गतिविधियां एकाएक तेज हो सकती हैं । सूत्रों ने आज यहां बताया कि असम में यूनाइटिड लिबरेशन फ्रंट आफ असम (यू.एल.एफ.ए.) की गतिविधियां पिछले कुछ महीनों में अप्रत्याशित तौर पर बढ़ गई हैं, जबकि नागालैंड में नैशनल सोशलिस्ट कौंसिल आफ नागालैंड (एन.सी.एस.एन.) तथा मणिपुर में दि पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पी.एल.ए.) की हरकतें अनियंत्रित होती जा रही हैं । सूत्रों ने बताया कि इन राज्यों की स्थिति फिलहाल तो सामान्य नहीं हो रही है ।

जद संसदीय दल की बैठक आज

नई दिल्ली, 27 मार्च (प.स.): राष्ट्रीय मोर्चे की संसदीय दल की बैठक कल सुबह यहां होगी । मोर्चे के संसदीय दल के सचिव ने एक विज्ञप्ति में बताया कि बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह करेंगे ।

काबुल पर राकेटों से हमला : 27 मरे

इस्लामाबाद, 27 मार्च (ए.पी.): अफगानिस्तान की राजधानी काबुल पर आज राकेटों से किए गए हमले में 27 व्यक्ति मारे गए और 22 अन्य घायल हो गए । यह जानकारी काबुल रेडियो ने दी । इन हमलों की जिम्मेदारी यद्यपि किसी संगठन ने अपने ऊपर नहीं ली है किन्तु रेडियो ने इसके लिए सरकार विरोधी मुस्लिम छापामारों को दोषी बताया है । इस्लामाबाद में सुने गए इस रेडियो प्रसारण के अनुसार मृतकों में ज्यादातर लोग एक मिनी बस के यात्री थे, जो राकेट की चपेट में आ गई । यह हमला काबुल के एक रिहायशी इलाके पर किया गया ।



Punjabi Sanjati

ा प्रयास :
25 बंदी

स्थगित : शांति
ने की अपील

ी : चमन लाल

ति पर काफी हद तक काबू पा

कि जम्मू क्षेत्र में कुछ राष्ट्र
नके समर्थकों को पहचान लिया
तलाश तथा उनके परिसरों पर
जारी है । लाऊडस्पीकर लगे
हे हैं और लोगों से अपील की जा
मों को ध्यान में रखते हुए वे घर

का दौरा स्थगित : ज्यपाल श्री जगमोहन का दिल्ली
या गया है तथा इस समय वह
स्था की स्थिति पर नियंत्रण पाने
हैं ।

रा अपील : राज्यपाल श्री
ी राज्य में शांतिपूर्ण वातावरण
ील की है तथा साम्प्रदायिक
रखने का आह्वान किया है ।
भटके हुए तत्व इस समय घाटी
हैं, इन्हें जीवन की नई राह पर
होगा तथा इस कार्य के लिए
ष्ठ 10 पर)

पूर पंजाब के नए
सचिव होंगे'

र्च (एन.एस. परवाना): वरिष्ठ
सार श्री एस.एल. कपूर पंजाब
होंगे तथा श्री मनमोहन सिंह
गृह सचिव होंगे ।
चिव श्री आर.पी. ओझा की
31 मार्च को समाप्त हो रही
ह इस समय केंद्र में डैपुटेशन
स आने पर उनको पदोन्नत
ना पड़ेगा ।

वयत संघ जाएंगे

मार्च (हि.टा.): विदेशमंत्री श्री
ारा आगामी 19 अप्रैल से
त दौरे के लिए मास्को रवाना
हां वह रूसी नेतृत्व के साथ
य मुद्दों पर बातचीत करेंगे ।



सोमवार की रात को बाधा पुराना के निकटवर्ती गांव आलमवाला में आतंकवादियों के हाथों मारे गये एक ही परिवार के सदस्य (1) रूड सिंह, (2) गुरमीत कौर, (3) अमरजीत सिंह, (4) गुरमीत सिंह तथा (5) महिन्दर सिंह के शव । (6) सूने आंगन में पड़े हुए शव । (छाया : मित्तल)

आप्रेशन ब्ल्यू स्टार के बाद भागे सैनिकों का पुनर्वास हो रहा है : रमन्ना

नई दिल्ली, 27 मार्च (एस. वार्ता): रक्षा राज्यमंत्री डा. राजा रमन्ना ने आज राज्यसभा में बताया कि 1984 में पंजाब में आप्रेशन ब्ल्यू स्टार' के बाद सिख सम्प्रदाय के 2709 सैनिक थल सेना छोड़कर भाग गए थे । इनमें नौसेना और वायुसेना का कोई सैनिक शामिल नहीं था । उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी देते हुए बताया कि इनमें से 2297 को सेना अथवा सुरक्षा कोर में वापस ले लिया गया । शेष 412 सैनिकों में से 50 को पंजाब सरकार ने रोजगार दिया है । उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय ने शेष सैनिकों के नाम रोजगार के लिए केन्द्र सरकार के विभागों और सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों को भेज दिए हैं ।

स्विस खाते : रक्षा राज्यमंत्री डा. राजा रमन्ना ने राज्यसभा को बताया कि स्विस अधिकारियों ने बोफोर्स सौदे की जांच के सम्बन्ध में स्विस बैंक के छह खातों पर रोक लगाई है । खाताधारियों का अभी सही पता नहीं लगा है ।

बोफोर्स तोपें : रक्षा राज्यमंत्री श्री राजा रमन्ना ने आज राज्यसभा को बताया कि स्वीडन की बोफोर्स कम्पनी को जितनी तोपों का आर्डर दिया था, वे सब आ गई हैं तथा सभी तोपें निर्धारित मानदंडों पर खरी उतरी हैं ।

श्री रमन्ना ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि इन तोपों की जांच गुणवत्ता निदेशालय ने की है । उन्होंने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में बताया कि बोफोर्स कम्पनी से गोला बारूद की आपूर्ति निर्धारित समयावधि के अनुरूप हो रही है । उन्होंने कहा कि कुछ को छोड़कर शेष गोला-बारूद तीन

प्रश्न के उत्तर में बताया कि न्यायमूर्ति श्री सिंह की नियुक्ति जांच आयोग अधिनियम के अन्तर्गत नहीं की गई थी । उन्हें भजन लाल के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच के लिए विशेष न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त किया गया था ।

काम का अधिकार : प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आज राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि सरकार आठवीं पंचवर्षीय योजना में काम के अधिकार को प्राथमिकता देगी । इसके लिए योजना तैयार की जा रही है ।

करनाल : पैट्रोलियम व रसायनमंत्री श्री एस. गुरुपद स्वामी ने आज लोकसभा में बताया कि करनाल में प्रस्तावित तेल रिफाइनरी के लिए 833 एकड़ निजी भूमि सहित 2143 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया है । निजी भूमि के अधिग्रहण से 163 किसान प्रभावित होंगे । मुआवजे के भुगतान के लिए सम्बन्धित भूमि अधिग्रहण कलैक्टर के पास ढाई करोड़ रुपए जमा कर दिए गए हैं तथा राज्य सरकार ने इस राशि का वितरण कर दिया है ।

विस्थापित : लोकसभा में आज कांग्रेस (इ) तथा भाजपा के सदस्यों ने कश्मीर और पंजाब के विस्थापितों के दिल्ली आने पर रोक लगाने सम्बन्धी समाचार पर रोष व्यक्त किया तथा सरकार से ऐसे आदेश को वापस लेने की मांग की । शून्यकाल में कांग्रेस (इ) के एम.जे. अकबर, पी. चिदम्बरम, जयप्रकाश अग्रवाल तथा भाजपा के मदन लाल खुराना ने यह मामला उठाया ।

Punjabi Sanatani

एक
होम

विभिन्न

चंडीगढ़,
आतंकवादियों
परिवार के पांच
व्यक्तियों की ह
लगभग 3.33

परिवार
पुराना (ज्ञान):
आलमवाला में
परिवार के 5
लड़की को घाय
रूड सिंह (55)
दो लड़के अमर
तथा रूड सिंह
उनसे मिलने
आतंकवादियों
सोमजीत कौर
सूचना मिलते
अजीत सिंह त
स्वर्ण सिंह घटन
पर ही विवरण
बताया कि इन
आपसी गुटबंदी
लड़का दर्शन
है तथा काफी
परिवार की सब
12 बजे रात
कर उनके घर
उस कमरे में
सिंह और गुरम
उन्हें घसीट क
वहीं पर हत्या
उनका रिश्तेद
लेकिन आतंक
में आतंकवादी
अपनी चार ल
समय घर का
साथ पिछले द
परन्तु आतंक
हाला परन्तु
की पत्नी की

अब घर मे
है । घटना के
कि किसी ने
नहीं दी । पुलि
मासूम लड़कि
गांव की कोई
था । बड़ी ल
की बहुत मिल
किसके सहारे

परिवार के 5 सदस्यों की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

2 होमगार्ड जवानों की हत्या : खरड़ (शशि): दो संदिग्ध आतंकवादियों ने आज सुबह नजदीकी गांव टीडा में बैंक की सुरक्षा ड्यूटी पर जा रहे दो होम गार्ड जवानों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । प्राप्त सूचना के अनुसार रणवीर सिंह तथा बहादुर सिंह नामक यह दोनों जवान गांव टीडा में स्थित बैंक की ड्यूटी देने के लिए जैसे ही बस से उतरे उन्हें दो आतंकवादियों ने हथियारों की नोक पर रोक कर उनके हथियार छीन लिए । इसके बाद वे जवानों को निकटवर्ती नदी की ओर ले गए और वहां गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी ।

सूचना के अनुसार उक्त दोनों आतंकवादियों ने अपने लक्ष्य पर पहुंचने के लिए पहले एक बिक्की (दो पहिया वाहन) छीना था और वारदात के बाद फरार हो गए । मृतक रणवीर सिंह नजदीकी गांव सिम्बलमाजरा और बहादुर सिंह फतेहपुर गांव का निवासी था ।

42000 रु. लूटे : चंडीगढ़ (संघी): तीन अज्ञात लुटेरों ने कल रात यहां एक पेंट की दुकान के मालिक से पिस्तौल की नोक पर 42000 रुपए तथा उसकी कार की चाबियां छीन लीं । घटना के समय दुकानदार अपनी दुकान बंद करने ही वाला था । पुलिस के अनुसार लुटेरों की आयु 30-35 साल के बीच थी और उन्होंने अपने मुंह ढके हुए थे । उन्होंने दुकान में घुस कर दुकान मालिक से उसकी कार की चाबियां मांगीं । उसके इंकार करने पर एक लुटेरे ने पिस्तौल निकाल ली और काऊंटर पर पड़ा चाबियों का गुच्छा उठा लिया । दूसरे लुटेरे ने कैश बाक्स में पड़ी नकदी निकाल ली और वे दुकान मालिक की कार में ही बैठ कर फरार हो गए । पुलिस ने पूछताछ के लिए कुछ लोगों को हिरासत में लिया है । लुटेरों ने जाने से पहले दुकान के टैलीफोन की तारें भी काट डालीं और दुकान मालिक उमेश त्रेहन को धमकी दी कि यदि पुलिस को सूचना दी गई तो उसे जान से मार दिया जाएगा । इस घटना के विरोध स्वरूप शहर में सभी हार्ड वेयर की दुकानों के मालिकों ने अपनी दुकानें बंद रखीं ।

विवाह वाले घर में लूट मार : मोहाली (नर्बदा): यहां के फेस-4 में स्थित आवास बोर्ड कालोनी के एक मकान, जहां लड़की की शादी रचाई जा रही थी, से कुछ उग्रवादियों द्वारा बन्दूक की नोक पर नकदी लूटे जाने का समाचार मिला है । बताया जाता है कि जब बारात यहां पहुंची तो एक सशस्त्र युवक वहां आया और बन्दूक दिखा कर 10,000 रु. देने की मांग की । उसने कहा कि यहां बाराती 11 से अधिक आए हैं जिसके लिए हर्जाना देना होगा । बताया जाता है कि उस युवक ने अकाली दल मान की एक लोकसभा सदस्य का नाम लेकर कहा कि यह राशि उसने मंगवाई है । या हमें दे दो, या उसे पहुंचा दो । घर वालों के हाथ-पांव जोड़ने पर युवक ने 4000/- रुपए की नकदी ली तथा पैदल ही टहलते हुए वहां से निकल गया । घर वालों ने भय के कारण थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई । यहां आए बन्दूकधारियों ने दूल्हे तथा दुल्हन को भी हार-शृंगार उतारने पर मजबूर किया ।

राइफलें छीनीं : लुधियाना (धीमान): यहां से 46 किलोमीटर दूर गांव ठीकरीवाल थाना खमानों की पुलिस चौकी से उग्रवादी शस्त्रास्त्र और पुलिस वर्दियां लूट कर फरार हो गए । बताया जाता है कि कल रात सात-आठ उग्रवादी पुलिस चौकी पर गए और दरवाजा खटखटाया मगर पुलिस वालों ने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया । इसके बाद दो उग्रवादी किसी तरह छत पर चढ़ने में सफल हो गए और ईंट जैसी कोई चीज कपड़े में लपेट कर धमकी दी कि वह बम फैंकने लगे हैं वरना दरवाजा खोल दो । इस धमकी के बाद जब पुलिस वालों ने दरवाजा खोला तो उग्रवादी अंदर दाखिल हो गए और वहां से 303 की एक राइफल और 2 दूसरी राइफलें छीन लीं । इसके बाद उन्होंने पुलिस की कुछ वर्दियां और कुछ बैज उठा लिए और फरार हो गए । सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए और जांच शुरू कर दी है ।

उल्लेखनीय है कि पिछले 2 सालों में अपने ढंग का यह दूसरा अवसर है । दो साल पहले उग्रवादी मलोट गांव की चौकी से छः राइफलें छीन कर फरार हो गए ।

लुटेरे आतंकवादी गिरफ्तार : सुनाम (नागपाल): जिला संगरूर प्रशासन के निर्देश पर थाना लहरागागा और थाना मूंग के क्षेत्र में आतंक फैलाने वाले लुटेरों को गिरफ्तार करके पुलिस ने लोगों को भारी राहत पहुंचाई है । लोगों का कहना है कि अगर सरकार चाहे तो सब कुछ कर सकती है । बताया जाता है कि पिछले दिनों सिख छात्र संघ और अकाली दल मान के नाम पर कुछ स्वयंभू नेताओं ने लहरागागा ब्लाक में समांतर सरकार कायम कर रखी थी । उन्होंने एक गुरुद्वारा में दो दफ्तर खोल कर लोगों को वहां बुलाने और सजाएं सुनाने का काम शुरू कर रखा था । इन तथाकथित अदालतों में ये लोगों को विशेषकर सरकारी कर्मचारियों को रिश्वत के आरोप में तलब करते और कुछ एक को मारपीट भी करते थे । इनसे पैसे भी बटोरते थे । दूसरी ओर समाज सुधार के नाम पर उन्होंने गरीबों की बारातों को घेरा और 11 से अधिक बरातियों को गंदे पानी में खड़ा करने की सजा देते, जबकि अमीर लोगों से पैसे लेकर उनकी बारातों को गन्तव्य स्थानों तक पहुंचाते थे । उनकी इस कार्रवाई से कई गरीब लड़की वाले परेशान होते और तैयार खाना भी खराब जाता । अब पुलिस ने 10-12 वर्करों को गिरफ्तार कर लिया है जिससे क्षेत्र में लोगों को राहत मिली है ।

22000 छीने : पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने भटिंडा जिले के गांव कोटे चपरीवाला में स्थित राष्ट्रीयकृत बैंक के सुरक्षा कर्मी की बन्दूक छीन ली और बाद में इसी गांव की शराब की दुकान के मालिक राधा किशन की गोली मार कर हत्या कर दी तथा दुकान से 22000 रुपए छीन लिए ।

3 आतंकवादी काबू : हिसार (नांदवाल): जिला पुलिस ने फतेहाबाद थाना के गांव बहावलपुर से तीन संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है जो हथियार लूटने की वारदातों में संलिप्त थे । जिला पुलिस चीफ के.पी. सिंह ने बताया कि इन आतंकवादियों के नाम साधु सिंह गांव पधरी (अमृतसर), गुरदीप सिंह गांव पक्खोके (अमृतसर) तथा गुरमेज सिंह (तरनतारन) हैं । पुलिस ने उनके पास से शस्त्र भी बरामद किए हैं ।

एक लाख की सम्पत्ति ले उड़े : सिरसा (संजय): गत रात्रि यहां से 8 कि.मी. दूर नानकपुर में मोहरचंद की ढानी पर सशस्त्र डाकुओं ने धावा बोल दिया और लगभग एक लाख रुपए की सम्पत्ति ले उड़े । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डाकुओं की संख्या पांच थी । डाकुओं ने अपने मुंह-सिर पीले कपड़े से छुपा रखे थे ।

स्कूटर छीना : मानसा (मेहता): दो अज्ञात व्यक्तियों ने कल मानसा नगर पालिका के चुंगी निरीक्षक सतपाल से उसका स्कूटर छीन लिया ।

दुकानदारों के परिवारों द्वारा पलायन : आतंकवादियों की धमकियों के कारण मानसा उपमंडल के विभिन्न गांवों से एक ही समुदाय के लगभग 40 दुकानदारों के परिवार पलायन कर बरेटा कस्बे में चले गए हैं । यह जानकारी बरेटा नगर पालिका के भूतपूर्व अध्यक्ष श्री ब्रह्मदेव ने कल मानसा में दी ।

मोटर साइकल छीना : आज यहां के गांव दादूमाजरा में दो अज्ञात व्यक्तियों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति का मोटर साइकल छीन लिया और फरार हो गए ।

लूटे गए वाहन मिले : अबोहर से संदीप के अनुसार यहां 7 मार्च को हुए नरसुहार के बाद चार उग्रवादियों ने जो स्कूटर और मोपेड छीने थे, वे गांव रोडेवाली की नहर से बरामद हुए हैं । नहर में पानी बंद होने पर लोगों ने जब स्कूटर और मोपेड नहर में पड़े देखे तो पुलिस को सूचना दी । यदि रहे कि उग्रवादियों ने स्कूटर छीनने के लिए एक फैक्टरी के मालिक अविनाश मुखेजा और उनके इकलौते बेटे संजीव की हत्या कर दी थी । वे उस समय फैक्टरी से वापस आ रहे थे । मोपेड जो बिना नम्बर था और सड़क पर खड़ा था, उसका मालिक निकट नहीं था । स्पष्ट है कि उग्रवादियों ने 20 कि.मी. की दूरी स्कूटर और मोपेड पर ही तय की थी ।

एक हत्या : टांडा से 'वधवा' के अनुसार आतंकवादियों ने आज सुबह यहां से थोड़ी दूर गांव बागा में एक व्यक्ति रछपाल सिंह की हत्या कर दी । प्राप्त विवरण के अनुसार दो आतंकवादी आज सुबह सात बजे के करीब रछपाल सिंह के घर आए । एक आतंकवादी घर के बाहर खड़ा रहा जबकि दूसरा अन्दर चला गया । अन्दर जाकर उसने रछपाल सिंह से कहा कि कोई उसे बाहर मिलने आया है । जब वह बाहर आया तो आतंकवादी उसे गांव से बाहर ले गए और ए.के. 47 राइफल से गोलियां चला कर उसकी हत्या कर दी । मृतक के भाई जोगा सिंह द्वारा पुलिस में लिखाई गई रिपोर्ट में जीता निवासी झावा गांव तथा अवतार सिंह निवासी गोलवाल बाघे पर इस हत्या का संदेह प्रकट किया गया है । अवतार सिंह को कुछ समय पहले ही जमानत पर रिहा किया गया था ।

हैड कांस्टेबल, उसके भतीजे की हत्या : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार पुलिस जिला मजीठा के गांव शाम नगर में आज सायं साढ़े सात बजे उग्रवादियों ने हैड कांस्टेबल गुरमेल सिंह और उसके भतीजे हरजीत सिंह की हत्या कर दी । उस समय गुरमेल सिंह गुरदासपुर से अपनी अस्थायी ड्यूटी देकर स्कूटर पर अमृतसर लौट रहा था ।

डाक्टर ने उग्रवादी भगा दिए : आज सायं 6.45 बजे थाना सदर अमृतसर के क्षेत्र में स्थित कोट खालसा आबादी में दो उग्रवादी डा. उपेन्द्र सिंह की दुकान में घुस गए और उनकी छाती पर पिस्तौल रख कर उनको सब कुछ हवाले करने के लिए कहा । डाक्टर ने उग्रवादियों को चकमा देकर अपनी लाइसैंसी पिस्तौल निकाल ली और उससे फायर किए, जिससे भयभीत होकर उग्रवादी भाग निकले ।

आज सायं सात बजे एक ट्रक ड्राइवर अपना ट्रक गंडीविंड से लेकर गांव डंड कसैल की ओर आ रहा था कि 5-6 उग्रवादियों ने उसके ट्रक को रोका और उसमें सवार हो गए । पुलिस ने इसी क्षेत्र में छत्तगढ़ के निकट नाका लगा रखा था, इस पर उग्रवादी ट्रक छोड़ कर भाग निकले ।

पुलिस द्वारा खंडन : जालन्धर : जालन्धर के एस.एस.पी. ने एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा है कि नायक कंवर मोहन गोपाल, जिसका शव गांव नंदनपुर से बरामद किया गया, की उग्रवादियों द्वारा हत्या किए जाने का समाचार गलत है । सुरानुस्सी में तैनात यह सैनिक 24 मार्च से गुम था और उसका शव उसके प्लाटून कमांडर अमरनाथ ने तलाश करके पुलिस को सूचना दी । पोस्ट-मार्टम की रिपोर्ट के अनुसार यह सामान्य हत्या का मामला है । विज्ञप्ति में यह भी कहा गया है कि रोशन लाल नामक व्यक्ति का अपहरण जिला जालन्धर के क्षेत्र में से नहीं, थाना ब्यास पुलिस जिला मजीठा के क्षेत्र से हुआ है ।

लोहा व्यापारी की कार पर फायरिंग : नकोदर (गगन): नकोदर के प्रसिद्ध लोहा व्यापारी श्री बृज कुमार टंडन सुपुत्र श्री सालिग राम टंडन की कार पर आतंकवादियों द्वारा नकोदर-लुधियाना सड़क मार्ग पर प्रताबपुरा गांव के रेलवे फाटक के पास जबरदस्त फायरिंग करने का समाचार मिला है । बताया जाता है कि उक्त व्यापारी मंडी गोबिन्दगढ़ से अपने ड्राइवर के साथ नकोदर लौट रहा था तो रात दस बजे के करीब आतंकवादियों ने लगभग 17 गोलियां तेज रफ्तार मारुति कार पर दागी लेकिन गाड़ी की तेज गति के कारण वे बच निकले । उक्त व्यापारी ने अपनी उस कार को घटनास्थल से तीन किलो मीटर की दूरी पर आकर छोड़ दिया और बाद में पीछे से आती एक जीप में सवार होकर नकोदर पहुंचे । पुलिस ने कार में कुछ खाली कारतूस भी बरामद किए हैं । कार को बहुत नुक्सान पहुंचा है और ड्राइवर के पैर में गोली लगी है ।

शिक्षक व क्लर्क का अपहरण : फिरोजपुर (बागी): आतंकवादियों ने जीरा तहसील ममदोट थाना के गांव भिंडर कलां से पंजाब एंड सिंध बैंक के क्लर्क सुदर्शन शर्मा तथा राजकीय स्कूल के अध्यापक कर्मचंद का अपहरण कर लिया । यहां प्राप्त सूचना के अनुसार आतंकवादियों ने थाना धर्मकोट के गांव खोसा में एक किसान बलवीर सिंह से उसका ट्रैक्टर छीन लिया ।

शव बरामद : फिरोजपुर जिले के गुलामियावाला गांव में आतंकवादियों ने बलवंत सिंह नाम के एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । उसका गोली से छलनी शव कल रात बरामद हुआ ।

जम्मू में साम्प्रदायिक दंगे

(पृष्ठ 3 का शेष)

प्रशासन को जनता के सहयोग की आवश्यकता है ।

रमजान माह के उपलक्ष्य में एक संदेश के दौरान श्री जगमोहन ने जनता से अपील की कि वह एक-दूसरे से प्रेम तथा स्नेह का व्यवहार करें । उन्होंने कहा कि हमारी इस खूबसूरत धरती पर रक्त के गंदे धब्बे नहीं पड़ने चाहिएं ।

संदेश में कहा गया है कि कल आरम्भ होने वाले रमजान के पवित्र माह के प्रथम दिवस से ही हमें अपनी कमजोरियों तथा अवगुणों को समाप्त करने के लिए न केवल कृत संकल्प ही होना चाहिए, अपितु अपनी भावी जिन्दगी को खूबसूरत तथा भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए एक नई प्रतिज्ञा भी करनी चाहिए । उन्होंने कहा कि इस अवसर पर मैं राज्य में अपने सभी भाइयों तथा बहनों से प्रार्थना करता हूं कि इस पवित्र माह के शुभारम्भ के उपलक्ष्य में वह राज्य में शांति तथा सद्भावना बनाए रखने में जो भी सहायता कर सकते हैं, करें ।

घाटी में 2 मरे, 3 घायल : कश्मीर घाटी में जारी हिंसा की घटनाओं में दो व्यक्ति मारे गए और तीन अन्य घायल हुए ।

श्रीनगर से प्राप्त एक अधिकृत जानकारी के अनुसार कृष्णा आटा मिल के मालिक प्रणीत साहनी की आज दोपहर कर्फ्यू में ढील की अवधि के दौरान उग्रवादियों ने जालाडागर इलाके में स्थित उनके कार्यालय में गोली मारकर हत्या कर दी ।

रिपोर्ट के अनुसार शहर के कमरबादी इलाके में आज एक व्यक्ति की लाश मिली । उसकी शिनाख्त कर ली गई है और उसका नाम बशीर अहमद है ।

भारी मात्रा में शस्त्र जब्त : सीमा सुरक्षा बल ने आज प्रातः आर.एस. पुरा क्षेत्र में शस्त्रों तथा विस्फोटकों का एक भारी भंडार जब्त किया है । इन शस्त्रों में 7 स्टेनगन, चीनी मार्के वाली 5 पिस्तौलें, स्टेनगन के 1574 कारतूस, पिस्तौल के 980 कारतूस, 10 विद्युत डैटोनेटर, 10 अन्य डैटोनेटर, एक रिमोट नियंत्रण वाला बम, 10 किलो विस्फोटक, 32 मीटर सेफ्टी फ्यूज़ वायर तथा अन्य मैगजीन शामिल हैं ।

सीमा सुरक्षा बल के महानिरीक्षक श्री पी.सी. डोगरा के अनुसार बी.एस.एफ. की नाका पार्टी ने आज प्रातः इस क्षेत्र से 3 व्यक्तियों को सीमा में घुसते देख कर ललकारा तथा उनको चुनौती दिए जाने पर वे भाग खड़े हुए । जब उनका पीछा किया गया तो वे उपरोक्त शस्त्र भंडार छोड़ कर भाग निकलने में सफल हो गए ।

समझा जाता है कि यह शस्त्र पंजाब तथा कश्मीर के आतंकवादियों और विघटनकारियों के लिए थे । जम्मू के क्षेत्रों में सीमा सुरक्षा बल द्वारा इस वर्ष के दौरान छठी बार शस्त्रों का ऐसा बड़ा भंडार जब्त किया गया है ।

मुफ्ती

(पृष्ठ 3 का शेष)

किया जाएगा । उनका विचार था कि ऐसा किए बिना वहां पर राजनीतिक प्रक्रिया शुरू नहीं की जा सकती । उनका यह भी आरोप था कि वहां पर पूरा प्रशासन जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के अधीन हो गया है और राज्यपाल छावनी में पड़ाव डाले हुए हैं । मार्क्सवादी पार्टी के सुकोमल सेन ने जानना चाहा कि पूर्व विधायक मीर मुस्तफा का अपहरण किसने किया । कम्युनिस्ट पार्टी के श्री दास गुप्त ने कहा कि कश्मीर घाटी की स्थिति रोजमर्रा खराब होती जा रही है । उन्होंने पाकिस्तान को उसकी हरकतों के लिए करारा जवाब देने और कश्मीर से लगने वाली भारत की सीमा को सील करने का सुझाव दिया ।

कांग्रेस (इ) की सदस्या श्रीमती जयंती नटराजन का आक्रोश था कि सरकार कश्मीर की स्थिति से अनभिज्ञ बनी हुई है । उन्होंने कहा कि सरकार वहां पर राजनीतिक प्रक्रिया शुरू करने की बात करती है लेकिन ऐसी स्थिति में जब कि राज्यपाल यह कहते हैं कि वहां पर कांग्रेस (इ) सार्थक नहीं है, कैसे यह प्रक्रिया शुरू हो सकती है ।

नीलाम सूचना

स्क्रैप मैटीरियल, टायरों-ट्यूबों, खाली ड्रमों आदि की नीलामी **30.3.90** को सुबह **11 बजे** पंजाब रोडवेज़, अमृतसर-II डिपो की वर्कशाप में आयोजित की जाएगी ।

शर्तें :—

1. इच्छुक बोलीदाताओं को धरोहर राशि के रूप में 500/- रुपए, जनरल मैनेजर के पास, उन्हें बोली देने की अनुमति दिए जाने से पहले, जमा कराने होंगे । यह राशि सफल बोलीदाताओं से ली जाने वाली 25% राशि में एडजस्ट कर ली जाएगी अथवा अन्य मामलों में, यह नीलामी की समाप्ति पर लौटा दी जाएगी ।
2. सफल बोलीदाता को नीलामी की समाप्ति पर कुल बोली की कम से कम 25% राशि जमा करानी होगी और बकाया राशि 72 घंटों के अंदर जमा करानी होगी अन्यथा जमा कराई गई राशि ज़ब्त कर ली जाएगी और अगले बोलीदाता को अवसर दिया जाएगा, और इस प्रकार आगे ।
3. सफल बोलीदाता को नीलामी के 72 घंटों के अंदर मैटीरियल उठाना होगा, अन्यथा नियमाधीन निर्धारित अतिरिक्त व्यय वसूल किया जाएगा ।
4. नीलामी समिति कोई कारण बताए बिना बोली को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखती है ।
5. बिक्री-कर अतिरिक्त लिया जाएगा ।
6. अन्य शर्तें और नियम जनरल मैनेजर द्वारा नीलामी के समय पर घोषित किए जाएंगे ।

डिविजनल मैनेजर
पंजाब रोडवेज़, फिरोज़पुर

PR/828/21.3.90

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

हकलाना

हकलाना/तुतलाना लाईलाज नहीं । बिना औषधि व सर्जरी के पक्का इलाज कराने हेतु मिलें :—आदर्श स्पीकिंग इंस्टीच्यूट, जहाज़पुल, हिसार ।

टेलरिंग

Bhasin Bros., First Floor, Chowk Katra Jaimal Singh, Amritsar for Gents Suits, Shirts, Safaris.

शिक्षा

साल बचाएं—बिना आठवीं मैट्रिक, मैट्रिक पास 10+2, बी.ए., बी.काम डायरैक्ट R.M.P डाक्टर के लिए आयुर्वेदिक कोर्स करें । राष्ट्रीय डिग्री कालेज, पुरानी सब्ज़ी मंडी, हिसार-125001.

किराए पर

घनी आबादी और व्यापार के केंद्र में स्थित मार्कीट में दुकानें किराए पर लें । सम्पर्क करें : डा. महाराज कृष्ण जैन, ए-47, शास्त्री कालोनी, अम्बाला छावनी-133 001, फोन : 21483.

एजैंट चाहिएं

सभी प्रकार के कैलेंडरों, कीचेन्स, प्लास्टिक नावल्टीज़ और डायरियों की बुकिंग के लिए Mahesh Picture Palace, Sivakasi-626123.

नाम परिवर्तन

मैं, नीलम आनंद, धर्मपत्नी श्री रमेश आनंद, मकान नम्बर 710/1, अम्बाला शहर ने, अपना नाम बदल कर सुमन आनंद रख लिया है, संबंधी नोट करें ।

पोल्टी

"बेरोज़गारी से छुटकारा पाएं जशन अपनाएं
रोज़गार पाकर
समस्याओं का हल पाएं ।"

FINANCE & INVESTMENT (INDIA) JASHAN

जशन फ़ाइनैंस एंड इन्वैस्टमैंट

Punjabi Sahani



न द्वारा बरामद 7 स्टेनगन्स, 5 पिस्तौल, अनेक नाशक सामग्री, जो पाकिस्तान से पंजाब और रा रही थी । (छाया : अशोक)

समिति के साथ कश्मीर जाएंगे

कार ने सर्वदलीय समिति के कोई काम न करने स क्षुब्ध होकर इस्तीफा दिया । उन्होंने गृहमंत्री को आडवाल किया कि कांग्रेस पार्टी कश्मीर की समस्या से निपटने में सरकार को पूरा सहयोग देगी ।

गृहमंत्री ने कहा कि कश्मीर के मुद्दे पर पाकिस्तान के इरादे बिल्कुल साफ हैं । पाकिस्तान की प्रधानमंत्री की पाक अधिकृत कश्मीर की यात्रा और उनके तथा अन्य नेताओं के बयानों के बाद अब करुछ भी छिपा हुआ नहीं है । उन्होंने कहा कि हम अपनी सीमा पर परी चौकसी रख रहे हैं और बर्फ पिघलने के बाद खुलने वाले दर्रों से घुसपैठ रोकने के लिए पूरा इन्तजाम किया गया है ।

श्री सईद ने स्पष्ट किया कि कश्मीर में विधानसभा भंग करने के राज्यपाल जगमोहन के फैसले के बारे में कानून मंत्रालय से राय लेने के बाद इसे पुनर्जीवित करने के बारे में फैसला किया जाएगा । उन्होंने कहा कि विधानसभा भंग करने का राज्यपाल को कोई नैतिक अधिकार भी नहीं है क्योंकि 1977 में शेख अब्दुल्ला के मंत्रिमंडल ने जब विधानसभा भंग करने की सिफारिश की थी तब राज्यपाल एच.के. झा ने इसे राष्ट्रपति के पास अनुमति के लिए भेजा था । गृहमंत्री ने कहा कि इस बार राज्यपाल ने विधानसभा भंग करने के बारे में केंद्र से कोई सिफारिश न कर खुद व खुद फैसला किया ।

बधवा रिपोर्ट के प्रकाशन के लिए वकीलों की हड़ताल

नई दिल्ली, 28 मार्च (वार्ता): दिल्ली उच्च न्यायालय तथा सभी जिला न्यायालयों में आज कामकाज ठप्प रहा क्योंकि वकीलों ने बधवा समिति की रिपोर्ट प्रकाशित न होने के विरोध में अदालतों का बहिष्कार कर दिया ।

बहिष्कार सम्बन्धी प्रस्ताव दिल्ली की सभी बार एसोसिएशनों की समन्वय समिति की बैठक में कल पारित किया गया था ।



ी राज्यमंत्री श्री एम.जी.के. मैनन नई दिल्ली में बुधवार रस्कार' विजेताओं के साथ । (छाया : पी.टी.)

व में स्थिति सामान्य चुनाव का पक्षधर

जनता दल के श्री राम जेठमलानी की बैठक से अनुपस्थिति के बारे में पूछे जाने पर श्री अजय सिंह ने कहा कि उन्हें बेंगलूर जाना था लेकिन श्री सिंह इस बात पर प्रकाश नहीं डाल सके कि श्री जेठमलानी दल की अनुमति लेकर गए हैं या नहीं । दल ने इस विधेयक पर मतदान के दौरान सभी सदस्यों से आज सदन में उपस्थित रहने के लिए व्हिप (सचेतक) जारी किया था ।

गृहमंत्री श्री सईद ने बैठक को बताया कि पंजाब समस्या के समाधान के लिए सरकार द्वारा की गई पहल के बावजूद राज्य में ऐसा माहौल नहीं है कि विधानसभा चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से सम्पन्न हो सकें । उन्होंने बताया कि इस मामले पर सर्वदलीय बैठक में लगभग सभी दलों ने इससे सहमति व्यक्त की और कहा कि राष्ट्रपति शासन की अवधि एक साल बढ़ाने के प्रस्ताव के साथ सरकार को हर छः माह बाद संसद को वहां की स्थिति के बारे में जानकारी देनी चाहिए ।

बैठक में जिन वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए उनमें सर्वश्री रामधन, मुल्तान सिंह, कृपाल सिंह, राजमोहन गांधी, चांद राम, यमुना प्रसाद शास्त्री और वाई. शिवाजी शामिल थे ।

फर्नांडीज के निवास पर धरना : कश्मीर से पलायन करके आए लोगों ने अपनी मांगों के समर्थन में आज यहां जम्मू-कश्मीर के मामलों के प्रभारी मंत्री जार्ज फर्नांडीज के निवास पर धरना दिया । इन लोगों की मांग है कि उनके लिए शिविरों की व्यवस्था की जाए, प्रत्येक परिवार को प्रति मास 2500 रुपए की राहत राशि दी जाए, घाटी की उनकी सम्पत्ति का मुआवजा दिया जाए तथा उनमें से बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार दिया जाए । धरने का आयोजन दिल्ली कश्मीरी समिति ने किया था । समिति ने आरोप लगाया कि सरकार ने अभी तक उनकी कोई भी मांग पूरी नहीं की है । समिति के एक प्रवक्ता ने कहा कि समिति के सदस्यों ने श्री फर्नांडीज तथा दिल्ली प्रशासन के मुख्य सचिव से कई बार बातचीत की लेकिन कोई परिणाम नहीं निकला ।

4 आतंकवादी मुठभेड़ में, 1 गुट संघर्ष में मारा गया

बैंक व चिटफ़ंड कम्पनी से 2.70 लाख लूटे : चौकी पर हमला

पुलिस कर्मी के बेटे का अपहरण

चंडीगढ़, 28 मार्च (प.स., वार्ता): पंजाब में कल रात से अब तक पांच आतंकवादी मारे गए जबकि उग्रवादियों ने एक पुलिस कर्मी के बेटे का अपहरण कर लिया, एक एस.पी.ओ. चौकी पर हमला किया तथा लगभग 2.70 लाख रुपया लूट लिया ।

4 आतंकवादी मारे गए : फरीदकोट से जिंदल तथा मुक्तसर से दर्दी, दीपक के अनुसार विगत रात्रि गांव छबेलवाली में सरकारी हाई स्कूल के निकट मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गए । फरीदकोट के जिला पुलिस प्रमुख श्री सरवण सिंह के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ आतंकवादी उक्त स्कूल के निकट इकट्ठे होकर किसी वारदात की योजना बना रहे हैं । इसके बाद मुक्तसर तथा फरीदकोट के पुलिस उपाधीक्षकों के नेतृत्व में एक पुलिस पार्टी ने स्कूल को चारों ओर से घेर लिया और आतंकवादियों को चुनौती दी । इस पर आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिससे 4 आतंकवादी मारे गए । उक्त मुकाबला लगभग दो घंटे तक चला । घटनास्थल से 2 ए.के. 47 अगाल्ट राइफलें, 2 एच.ई. 36 हथगोले, 2 कारबाइनें, 12 बोर की एक बंदूक तथा भारी संख्या में गोलियां बरामद हुई हैं ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : फरीदकोट जिला पुलिस ने तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इनके नाम जीता, सतनाम तथा सरबजीत बताए जाते हैं । इनके कब्जे से दो पिस्तौल भी पकड़े गए हैं ।

पुलिस कर्मी के बेटे का अपहरण : बटाला (कोछड़): तीन आतंकवादियों ने बटाला पुलिस जिले के कतबी लंगल गांव में पुलिस सब-इंस्पैक्टर श्री हरबंस सिंह के पुत्र गुरविन्द्र सिंह (17) का उसके घर से अपहरण कर लिया । गुरविन्द्र सिंह दसवीं कक्षा का छात्र है । आतंकवादी एक नोट छोड़ गए हैं जिसमें इस लड़के की रिहाई के बदले में पांच पिस्तौलें, पांच राइफलें और पांच हजार कारतूस दिए जाने की मांग की गई है ।

ठेका जला दिया : बटाला पुलिस जिला में थाना कलानौर के गांव बखशीवाल में गत रात 3 आतंकवादियों ने देसी शराब के एक ठेके को आग लगा दी । इससे पूर्व आतंकवादियों ने ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल से गोलियां भी चलाईं । घटनास्थल से राइफल के 4 खाली कारतूस भी मिले हैं ।

नर-कंकाल बरामद : बटाला पुलिस जिला के श्रीहरगोबिन्दपुर पुलिस थाना क्षेत्र के गांव कोटला सूबा सिंह में पुलिस ने खेतों से एक नर-कंकाल बरामद किया है । जिला पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया है कि उक्त कंकाल 80 वर्षीया एक महिला तेज कौर का है । वह पिछले कुछ दिनों से लापता थी । बताया जाता है कि उक्त महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त थी । अभी तक यह पता नहीं चला कि उक्त वारदात में आतंकवादियों का हाथ है या नहीं ।

उग्रवादी ट्रैक्टर ले गए : बटाला पुलिस जिला में ही शापियांवाला गांव से कुछ उग्रवादी हरपिंदर सिंह नामक एक व्यक्ति की हवेली से कल रात एक ट्रैक्टर ले भागे ।

गुट संघर्ष में एक आतंकवादी मरा : अमृतसर : मजीठा पुलिस जिला के बाबा बकाला क्षेत्र से कल रात एक आतंकवादी तरसेम सिंह का गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ है । उक्त घटना आतंकवादियों के गुट संघर्ष का परिणाम है । तरसेम सिंह खालिस्तान कमांडो फोर्स का सदस्य था ।

एक घायल : पुलिस जिला मजीठा के थाना कत्थूनंगल के गांव महमदपुरा के निकट आज दोपहर हीरो होंडा मोटर साइकिल पर सवार दो उग्रवादियों ने जोगेन्द्र सिंह (50) नामक एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया । बताया जाता है कि उग्रवादी उक्त व्यक्ति का थाना मेहता के गांव ऊधोनंगल से अपहरण करके उसकी आंखों पर पट्टी बांध कर ले जा रहे थे । इस बीच सुरक्षा कर्मियों की एक गश्ती टुकड़ी को देख कर उग्रवादी जोगेन्द्र सिंह को गोली मार कर फैंक गए । जोगेन्द्र सिंह को बटाला सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है । उसने बताया कि उग्रवादी उससे नौ लाख रुपया मांग रहे थे । जोगेन्द्र सिंह ऊधोनंगल गांव में तेल मिल चलाता है ।

बैंक लूटा : रैय्या से जसपाल सिंह के अनुसार मजीठा पुलिस जिला के बाबा बकाला क्षेत्र में स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से आतंकवादियों ने 89,248 रुपया लूट लिया । बताया जाता है कि दो आतंकवादी बैंक के बाहर खड़े रहे जबकि तीन आतंकवादी बैंक के भीतर घुसे गए । इन आतंकवादियों ने हथियारों की नोक पर बैंक से उक्त राशि लूट ली और मारुति वैन में सवार होकर फरार हो गए । आतंकवादी भागते समय बैंक गार्ड की बंदूक भी ले गए ।

मोटर साइकल छीन लिया : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार 2 उग्रवादियों ने आज रात्रि लगभग 9 बजे दयानन्द नगर आबादी में पिस्तौल की नोक पर पी.सी.ओ. 975 याहमा मोटर साइकल छीन लिया ।

एस.पी.ओ. चौकी पर हमला : आतंकवादियों ने कल रात तरनतारन पुलिस जिला में

(शेष पृष्ठ 8 पर)



मुक्तसर से 10 कि.मी. दूर गांव छबेलवाली में गत 27-28 मार्च की रात्रि को लगभग एक बजे पुलिस मुकाबले में मारे गए 4 खतरनाक अज्ञात आतंकवादियों के चित्र । (छाया : दीपक पाल)

मान आज शपथ लेने के बाद साथियों सहित त्यागपत्र देंगे ?

चंडीगढ़, 28 मार्च (वि.प्र.): अकाली दल (मान) के प्रधान श्री सिमरनजीत सिंह मान ने घोषणा की है कि वह कल 29 मार्च को लोकसभा के सत्र में भाग लेने हेतु दिल्ली जाएंगे ।

उनकी पार्टी की तरफ से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि श्री मान पहले दिल्ली के गुरुद्वारा रकाबगंज में माथा टेकने जाएंगे, लोगों को सम्बोधित करेंगे और उसके बाद संसद में जाकर सदस्यता की शपथ लेंगे और संविधान में किए जा रहे 64वें संशोधन का विरोध करेंगे । इस संशोधन के तहत पंजाब में राष्ट्रपति राज की अवधि एक वर्ष तक बढ़ाने का प्रावधान है ।

यहां उल्लेखनीय है कि श्री मान अब तक इस बात पर अड़े रहे हैं कि वह अपने साथ तीन फुट लम्बी कृपाण लेकर संसद की सदस्यता की शपथ लेंगे पर आज की विज्ञप्ति में इस मामले का कोई उल्लेख नहीं है । समझा जाता है कि इस दल की एक और सदस्य श्रीमती बिमल कौर खालसा भी संसद की सदस्यता की शपथ लेंगी पर ध्यान सिंह मंड बारे पता नहीं चला है कि कृपाण के मुद्दे पर उनका क्या नया स्टैंड है । अलिन्दर पाल सिंह पहले ही शपथ उठा चुके हैं । अब सिर्फ पंजाब के तीन सांसद श्री मान, श्री मंड और श्रीमती खालसा ही हैं, जिन्होंने शपथ लेनी है ।

सांसदों से त्यागपत्र मांगे : नई दिल्ली (वा.): अकाली दल मान के प्रधान श्री सिमरनजीत सिंह मान ने अपनी पार्टी के सभी सांसदों से त्यागपत्र मांगे हैं ।

श्री मान के निकटस्थों ने बताया है कि पंजाब में राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाने के प्रस्ताव पर रोषस्वरूप सम्भवतः श्री मान कल अपनी पार्टी के सांसदों के त्यागपत्र लोकसभा स्पीकर को दे देंगे ।

श्री मान के देश भर के सिख नेताओं से अपील की है कि वे कल प्रातः 8.30 बजे यहां गुरुद्वारा रकाबगंज पहुंचें । उन्होंने कल यहां पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री श्री प्रकाश सिंह बादल, शिरोमणि कमेटी के प्रधान श्री रघु टोहरा व जगदेव सिंह तलवंडी को भी आमंत्रित किया है ।



शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के वार्षिक बजट अधिवेशन के दौरान अध्यक्ष श्री गुरचरण सिंह टोहरा उपस्थिति को संबोधित करते हुए । (छाया : रवि भंडारी)

दर्शन सिंह ने अकाल तख्त के जत्थेदार पद से इस्तीफ़ा दे दिया

अमृतसर, 28 मार्च (सग्गू, मनोहर): श्री अकाल तख्त साहब के जत्थेदार प्रो. दर्शन सिंह ने आज अचानक अपने पद से त्यागपत्र दे दिया ।

उन्होंने इस सम्बन्ध में एक विस्तृत पत्र शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी को लिखा है । आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन में उन्होंने यह पत्र पत्रकारों के लिए जारी किया ।

इस पत्र में प्रो. दर्शन सिंह ने लिखा है कि अत्यन्त दुख से लिख रहा हूं कि संगठनों में विचारात्मक मतभेद होते हैं, परन्तु शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी जैसे संगठन की स्थिति देख कर कि बजट सत्र में आपसी खींचातानी तथा शोर-शराबा इस हद तक बढ़ जाए कि श्री गुरु ग्रंथ साहब जी का सम्मान भी भुला दिया जाए । यह बात बहुत दुखदायक है । जब मैंने श्री गुरु ग्रंथ साहब जी की उपस्थिति का सम्मान करने के लिए कड़ाई से कहा तो शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के प्रधान गुरचरण सिंह टोहरा ने उत्तर दिया कि आपकी यह जिम्मेदारी नहीं । आप श्रोता बन कर बैठे रहें । क्या श्री गुरु ग्रंथ साहब की उपस्थिति का अपमान हो रहा हो तो अकाल तख्त का जत्थेदार श्रोता बन कर बैठ सकता है ? यह मेरे बस की बात नहीं । इसलिए मैंने उसी समय श्री गुरुग्रंथ साहब जी का 'सुखआसन' कर दिया तथा परिणामस्वरूप हुकमनामे के बिना ही समाप्त करना पड़ा । जहां गुरु का अपमान करने से भी संकोच न हो, क्या उसे धार्मिक संगठन कहें ? मैं शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के पदाधिकारियों को यह लिख कर दे रहा हूं कि किसी ऐसे व्यक्ति, जिसे आप योग्य समझते हों तथा जो आपके अनुसार चल सके, को शीघ्रातिशीघ्र नियुक्त कर दें ।"

पत्रकार सम्मेलन में जब पत्रकारों ने प्रो. दर्शन सिंह से पूछा कि आपके उक्त पत्र को आपका श्री अकाल तख्त साहब के जत्थेदार की ओर से दिया गया त्यागपत्र समझ लिया जाए, तो उन्होंने कहा कि वह इससे अधिक और क्या कहें ?

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार इससे पहले शिरोमणि कमेटी के बजट सत्र में जब कुछ सदस्यों ने एक-दूसरे के विरुद्ध बयानबाजी आरम्भ की तो प्रो. दर्शन सिंह ने श्री गुरुग्रंथ साहब का 'सुखआसन' कर दिया । शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के प्रधान गुरचरण सिंह टोहरा तथा कुछ अन्य सदस्यों ने प्रो. दर्शन सिंह की इस कार्रवाई का विरोध किया । श्री टोहरा ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहब को सत्र की समाप्ति के पश्चात अरदास होने पर ही 'संतोखा' जा सकता है ।

याद रहे कि यह दूसरी बार है जब प्रो. दर्शन सिंह ने अपने इस पद से त्यागपत्र दिया है । इससे पूर्व अगस्त 1987 में उन्होंने अपने इस पद से त्यागपत्र दिया था । अक्तूबर 1988 में उन्हें पुनः श्री अकाल तख्त साहब का जत्थेदार नियुक्त किया गया था ।

सत्र में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी

(शेष पृष्ठ 8 पर)

कश्मीर सेना के हवाले किया जाए : लोकसभा सदस्यों का सरकार को सुझाव

नई दिल्ली, 28 मार्च (वार्ता): देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए कश्मीर को सेना के हवाले कर देने का सुझाव आज लोकसभा में दिया गया ।

भारतीय जनता पार्टी के यादवेन्द्र दत्त ने कश्मीर की स्थिति पर आज आगे चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि यदि कश्मीर की स्थिति काबू में नहीं आ रही है तो उसे सेना को सौंप दिया जाए । उन्होंने कहा कि वहां राजनीतिक प्रक्रिया शुरू करने से कुछ नहीं होगा । समस्या को हल करने के लिए आतंकवादियों को कठोरता और निर्दयता से कुचलना होगा ।

जनता दल के समरेन्द्र कंडु ने कहा कि इस समय आतंकवादियों को अलग-थलग करने तथा राजनीतिक प्रक्रिया शुरू करने की अत्यधिक जरूरत है ।

भारतीय जनता पार्टी के रेशम लाल ने पूछा कि क्या सरकार अल्पसंख्यकों के नाराज हो जाने के डर से वहां कड़ी कार्रवाई करने में हिचकिचा रही है ।

मार्क्सवादी डा. सुधीर राय ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा भंग करने को गलत कदम बताया । कांग्रेस (इ) के जनकराज गुप्त ने कहा कि कश्मीर मामलों के लिए विशेष रूप से नियुक्त मंत्री का इस समस्या को हल करने में अब तक कोई योगदान नहीं रहा है । उन्होंने आरोप लगाया कि वह कश्मीर की समस्या निपटाने की बजाय पार्टी की समस्या निपटाने में लगे हुए हैं ।

लोकसभा में हंगामा : लोकसभा में आज प्रश्नोत्तरकाल के बाद आधा घंटा तक शोर-शराबे के बीच सदस्यों ने विभिन्न मसले उठाने का प्रयास किया ।

कांग्रेस (इ) के श्री धर्मपाल और श्री जनकराज गुप्त ने जम्मू में साम्प्रदायिक तनाव की घटना पर गृहमंत्री से बयान की मांग की । उन्होंने कहा कि स्थानीय अधिकारियों ने समय पर कड़ी कार्रवाई नहीं की । दोनों ने वहां साम्प्रदायिक सद्भाव बनाए

मुफ्ती का चौटाला को पत्र : मेहम हिंसा के दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करो

नई दिल्ली, 28 मार्च (वार्ता): केंद्रीय गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद ने हरियाणा के मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला को मेहम विधानसभा चुनाव के दौरान हिंसा और मतदान केंद्रों पर कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ तुरन्त कार्रवाई करने के लिए कहा है ।

श्री सईद ने उन्हें एक पत्र के साथ इस उपचुनाव के दौरान हुई व्यापक हिंसा के प्रमाण के रूप में एक वीडियो पत्रिका द्वारा ली गई फिल्म भी भेजी है । श्री सईद ने इस पत्र में कहा है कि सरकार मेहम में हुई इन घटनाओं को देख कर हैरान है ।

गृहमंत्री ने श्री चौटाला से कहा है कि वह इन लोगों के खिलाफ तुरन्त आपराधिक कार्रवाई शुरू करें ।

श्री सईद ने कहा कि केंद्र को पूरा विश्वास है कि श्री चौटाला द्वारा असामाजिक तत्वों के खिलाफ

क्षा पंक्ति या भारत के विरुद्ध ई पक्का सबूत नहीं : गुजराल

मुठभेड़ में 4 आतंकवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

ठीकरेवाल में एस.पी.ओ. चौकी पर हमला किया । उसके बाद हुई मुठभेड़ में तीन एस.पी.ओ. घायल हो गए । इनके नाम बूटा सिंह, बलबीर सिंह तथा रणधीर सिंह बताए जाते हैं ।

रुपए लूटे : लुधियाना (वार्ता): आतंकवादियों ने लुधियाना के करतार नगर क्षेत्र में एक चिटफंड कम्पनी से 1 लाख 82 हजार रुपया लूट लिया ।

एक आतंकवादी गिरफ्तार : पटियाला (भूषण): जिला पुलिस ने कल रात बस्सी पठानां पुलिस थाना क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान सतनाम सिंह नामक एक संदिग्ध आतंकवादी को गिरफ्तार किया है । सतनाम सिंह के दो साथी अंधेरे में फरार हो गए । पकड़ा गया आतंकवादी खारे गांव का निवासी है ।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार उक्त आतंकवादी नंदपुर कलौर गांव की तरफ से मारुति वैन में आ रहे थे । पुलिस ने जब उन्हें रुकने का संकेत किया तो आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की तथा आतंकवादियों का पीछा किया । सतनाम सिंह को पुलिस ने मारुति वैन के साथ गिरफ्तार कर लिया । उसके दो साथी वैन से उतर पर भाग गए । आतंकवादियों ने उक्त वैन धुरी से छीनी थी । पकड़े गए आतंकवादी के कब्ज़े से एक पिस्तौल तथा कुछ गोली-सिक्का भी बरामद किया गया है ।

घोषित अपराधी काबू : पटियाला पुलिस ने अमलोह पुलिस थाना क्षेत्र के मियांपुर निवासी लाल सिंह को गिरफ्तार किया है । वह घोषित अपराधी था और पिछले दो वर्षों से फरार था । उस पर आतंकवादियों को शरण देने का आरोप है ।

4 आतंकवादी काबू : फिरोज़पुर (धीमान): ममदोट पुलिस ने लोगों से धन ऐंठने और लूटपाट करने वाले 4 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इनके नाम निशान सिंह, किक्कर सिंह, चनन सिंह तथा निशान सिंह बताए जाते हैं । उनसे 4 बंदूकें भी पकड़ी गई हैं । इन आतंकवादियों ने ये बंदूकें लोगों से छीनी थीं ।

नकदी व गहने लूटे : मलोट (गोयल): 4 अज्ञात लोगों ने मलोट मंडी के पटेल नगर की गली नं. 1 में परसराम, मोहन लाल तथा प्रेम कुमार नामक तीन लोगों के घरों से 12 हजार रुपया नकद तथा सौ ग्राम सोना लूट लिया ।

मारुति छीनी : धुरी से सिंगला तथा सुनाम से नागपाल के अनुसार तीन अज्ञात लोगों ने धुरी के निकट पिस्तौल की नोक पर एक सफेद मारुति वैन छीन ली । जिला पुलिस ने विभिन्न स्थानों से 12 लोगों को गिरफ्तार किया है तथा उनसे तस्करी का सामान पकड़ा है ।

गुमशुदा की तलाश



मेरे पिता जी श्री जगदीश राय पुरी 14.3.90 पटियाला से लापता हैं । उनकी उम्र 62, 5'-3½", सांवला रंग, उन्होंने सलेटी रंग का हाथ से बना स्वैटर, भूरे रंग का कुर्ता, सफेद पजामा, रबड़ की चप्पल पहनी हुई है । उनकी दिमागी हालत ठीक नहीं है । पता देने वाले या पहुंचाने वाले को खर्च के अलावा उचित इनाम दिया जाएगा ।

पता : राजीव पुरी
S/o श्री जगदीश राय पुरी,
H.N. 8-37/620, बहेड़ा रोड, पटियाला ।

गुरतेज सिंह बराड़ रूठ कर घर बैठे : मनाने की कोशिशें जारी

चंडीगढ़, 28 मार्च (प.स.): अकाली दल मान की ओर से अपने महासचिव गुरतेज सिंह बराड़ को मनाने की कोशिशें जारी हैं । श्री बराड़ मतभेदों के कारण गत कई सप्ताहों से अपने घर में बैठे हैं और पार्टी के मामलों में कोई दिलचस्पी नहीं ले रहे । इसी मध्य आज इस पार्टी के प्रैस सचिव मनिन्द्रजीत सिंह ने एक लिखित वक्तव्य में कहा है कि कुछ समय पूर्व राम सिंह महासचिव, कार्यकारिणी के सदस्यों के. सिंह और चरण सिंह ने श्री बराड़ के विरुद्ध जो आरोप लगाए थे, उसमें कोई सत्यता नहीं है ।



WANTED DEALERS
BLUE BIRD नील
Mfrs :—Binaca Washing Powder Co. (Regd.)
Railway Road, Near Old State

श्रीनगर से 12 उग्रवादी फरार

(पृष्ठ 3 का शेष)

कहा कि नगर में एक पूजा स्थल में आगज़नी की घटना अवश्य हुई है, मगर यह धार्मिक स्थल को अपवित्र किए जाने की घटना से सम्बन्धित नहीं थी । आग के कारण लकड़ी का फर्नीचर तथा अन्य सामान जल गया है ।

मंडल आयुक्त ने बताया कि आज दिन भर कर्फ्यू जारी रहेगा तथा सायंकाल होने वाली बैठक में ढील सम्बन्धी निर्णय लिया जाएगा ।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार राज्य के मुख्य सचिव श्री आर.के. टक्कर स्थिति पर कड़ी निगरानी रखे हुए हैं तथा उन्होंने जिला अधिकारियों से क्षेत्र में देशद्रोही तथा असामाजिक तत्वों से अत्यधिक सतर्क रहने को कहा है, क्योंकि वे इस स्थिति का अब भी लाभ उठा सकते हैं ।

श्रीनगर में ढील नहीं दी गई : इसी दौरान आज श्रीनगर में जारी कर्फ्यू में दी जाने वाली ढील सुरक्षा कारणों से वापिस ले ली गई । गत रात से जारी कर्फ्यू में दी जाने वाली ढील अधिकारियों को यह रिपोर्ट मिलने पर वापिस ली गई कि श्रीनगर शहर में ढील के दौरान आतंकवादियों तथा विघटनकारियों द्वारा व्यापक गड़बड़ की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता । प्रवक्ता के अनुसार श्रीनगर तथा निकटवर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवादियों के सम्भावित ठिकानों पर छापे मारे जाने का क्रम जारी है । प्रवक्ता ने छापों का विवरण तथा गिरफ्तारियों की संख्या बताने से इन्कार कर दिया ।

हमारे सम्वाददाता के अनुसार गत सोमवार की रात को जानीपुर क्षेत्र में एक धर्मस्थल के निकट मृत बछड़े का कटा हुआ सिर डाक्टरों के एक दल द्वारा पोस्टमार्टम की औपचारिकताएं पूर्ण कर लेने के बाद आज प्रातः दबा दिया गया । इसी के कारण दो समुदायों के लोगों में संघर्ष के बाद तनाव व्याप्त हो गया था ।

गत रात्रि कुछ शरारती तत्वों ने एक अन्य सम्प्रदाय के पूजास्थल को अपवित्र करने का एक बार फिर यत्न किया । विभिन्न क्षेत्रों में इससे यह आभास हो रहा है कि शरारती तत्वों द्वारा सुनियोजित एवं सुसंगठित तरीके से राज्य की इस शीतकालीन राजधानी में शांति तथा साम्प्रदायिक सद्भावना को ठेस पहुंचाने व भड़काने का यत्न किया जा रहा है ।

बताया जाता है कि पुलिस ने लूटमार तथा हिंसा की घटनाओं में संलिप्त पांच व्यक्तियों को काबू कर लिया है तथा अन्य शरारती तत्वों की पुलिस द्वारा तलाश जारी है ।

संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल तैनात हैं तथा उच्चाधिकारी इस समय तीर्थ यात्रियों तथा अन्य आगंतुकों की वैष्णो देवी एवं अन्य स्थानों की यात्रा के दौरान सहायता कर रहे हैं । पुराने नगर के बाहर कुछ क्षेत्रों तथा विक्रम चौक से बसें व अन्य वाहन भी चलाए जा रहे हैं ।

नैकां वरिष्ठ उपाध्यक्ष द्वारा त्यागपत्र : [illegible] में वैशाख कांफ्रैंस के वरिष्ठ

दर्शन सिंह ने इस्तीफा दिया

(पृष्ठ 3 का शेष)

का 25 करोड़ 11 लाख 57 हजार 238 रुपए का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया गया । गत वर्ष यह बजट 18 करोड़ 82 लाख 93 हजार 189 रुपए का था । श्री उजागर सिंह मत्तेनंगल ने श्री दरबार साहब परिसर के भीतर हो रहे रंग-रोगन सम्बन्धी अनेक एतराज किए ।

वार्ता के अनुसार बजट सत्र में कार्यकारिणी के एक सदस्य हरचरण सिंह दिल्ली ने कमेटी के कुछ सदस्यों तथा कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए । श्री दिल्ली ने कहा कि शिरोमणि कमेटी चोरों, शराबियों, उचक्कों और भ्रष्टाचारियों के सहारे रेंग रही है । उनके इस आरोप का शहबेग सिंह, पूरन सिंह जोश, सतनाम सिंह, ओंकार सिंह आदि वरिष्ठ सदस्यों ने विरोध किया और श्री दिल्ली से नाम बताने अथवा आरोप वापस लेने को कहा । इन सदस्यों ने श्री दिल्ली पर भ्रष्ट होने का आरोप भी लगाया ।

बजट सत्र में 21 प्रस्ताव पास किए गए । एक प्रस्ताव के द्वारा जिंदा तथा सुक्खा की रिहाई की मांग की गई । कुल 92 सदस्य आज के बजट सत्र में उपस्थित हुए । सत्र में अलग-अलग अवसरों पर सबसे अधिक विरोध लौंगोवाल अकाली दल से सम्बन्धित सदस्यों ने किया ।

'अपील' ठुकरा दी : 'वार्ता' के अनुसार श्री दर्शन सिंह रागी ने अकाल तख्त के जत्थेदार पद से इस्तीफा देने के फैसले पर पुनर्विचार करने की शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के कुछ सदस्यों की अपील को ठुकरा दिया है । श्री रागी को इस्तीफा वापस लेने के लिए राजी करने गए इन सदस्यों को उनके क्रोध का सामना भी करना पड़ा । बाद में श्री रागी अमृतसर से लुधियाना रवाना हो गए ।

प्रबन्धक कमेटी के महासचिव मनजीत सिंह कलकत्ता और कुछ अन्य सदस्य श्री रागी को मनाने की भरपूर कोशिश में लगे थे लेकिन इस इस्तीफे के संबंध में कमेटी के अध्यक्ष गुरचरण सिंह टोहरा के रुख की जानकारी नहीं मिल सकी है । कमेटी के सूत्रों ने यह बताने से इंकार कर दिया कि श्री टोहरा इस समय कहां हैं ।

पंजाब बिल को स्वीकृति

(पृष्ठ 3 का शेष)

जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने इसे इसलिए रद्द कर दिया क्योंकि वह काला कानून था । उन्होंने कहा कि राज्य में स्थिति 1984 के आप्रेशन ब्ल्यू स्टार के बाद तेजी से बिगड़ी ।

कांग्रेस (इ) के श्री पवन कुमार ने कहा कि सरकार पंजाब समस्या के 15 दिन में समाधान का वायदा पूरा नहीं कर पाई है अन्यथा राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाने की जरूरत न पड़ती । मार्क्सवादी श्रीमती कनक मुखर्जी ने कहा कि पंजाब समस्या अब इतनी गम्भीर हो गई है कि इससे लोगों के लोकतांत्रिक अधिकार खतरे में पड़ गए हैं ।



फिलस्तीनी ने

क्या स्टाफ़

नई दिल्ल
प्रसारण मंत्री
कि श्रीनगर
सामान्य रूप
बताया कि
संवाददाताओं
उन्होंने यह
श्रीनगर के
आतंकवादियों
तत्वों की छ

पूरक प्र
कि श्रीनगर
गतिविधियों
वरिष्ठ अधि

उन्होंने
सुरक्षा प्रदा
श्रीनगर से
सरकार इस
बीमा भी
दूरदर्शन औ
रहे हैं और
जा रही हैं
लासा कौल
गए एक प्र
कौल उन्हें
केन्द्र से ब
थे, उस



के एक सहयोगी श्री डी.एस.
हुए संसद भवन की ओर जाते
समक्ष खड़े दिखाई दे रहे हैं ।
न्हें संसद भवन में जाने की
हना है कि उन्होंने केवल श्री
के साथ उन्हें अंदर जाने से रोक
(छाया : पी. टू.)

ोया, गोस्वामी, वाल निर्वाचित

विधायती बैनीवाल तथा भाजपा
यक सुषमा स्वराज आज दोपहर
ई ।
वती को 42 मत मिले जबकि
34 मत मिले । एक निर्दलीय
ी. शर्मा को नौ मत मिले जबकि
महेश कुमार शर्मा (निर्द.) को कोई

दमाचल प्रदेश से राज्यसभा के
में भारतीय जनता पार्टी के कृष्ण
वत घोषित किए गए हैं । श्री शर्मा
प्रतिद्वंदी कांग्रेस (इ) के अमरनाथ
49 वोटों से हराया ।
नता दल के विधायक बी.बी.
से राज्यसभा की एकमात्र सीट के
ए हैं । उन्होंने कांग्रेस (इ) के एस.
राजित किया । इस सीधे मुकाबले
32 तथा श्री टाम्बिनाऊ को 26

सत्तारूढ़ असम गण परिषद के
केंद्रीय विधि मंत्री दिनेश गोस्वामी,
ा के उपाध्यक्ष भद्रेश्वर बरागोहेन
के भुवनेश्वर कालिता असम से
के लिए चुने गए । विधानसभा के
यों में से 117 ने मताधिकार का
बकि चार ने मतदान में भाग नहीं

लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष जी.जी.
के लिए निर्वाचित घोषित कर दिए

पश्चिम बंगाल से आज पूर्व केंद्रीय
जनता दल के अध्यक्ष अशोक सेन
के चार उम्मीदवार राज्यसभा के
घोषित किए गए । वाम मोर्चा के
रों में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी
ा महेश्वरी, श्री आमर बी. राय और
तथा फारवर्ड ब्लाक के श्री देवव्रत
न हैं ।
भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष
समेत पार्टी के चार प्रत्याशी और
एक वर्तमान सदस्य मध्य प्रदेश से
ए निर्वाचित हो गए ।
प्रत्याशियों में लखी राम अग्रवाल,
था शिव प्रसाद (सभी भाजपा) सुरेश
ी हैं ।

पंजाब में अखबारी एजैंट व सुरक्षा कर्मी सहित 9 की हत्या

अमृतसर सैंट्रल जेल के 2 वार्डन उग्रवादियों से सम्पर्क के आरोप में बंदी

2 व्यक्तियों का अपहरण : 6 आतंकवादी काबू

चंडीगढ़, 29 मार्च (प.स., वार्ता): पंजाब में कल रात से अब तक एक समाचारपत्र एजैंट तथा पुलिस कांस्टेबल समेत 9 लोग मारे गए तथा दो लोगों का अपहरण कर लिया गया । पुलिस ने आतंकवादियों से सम्पर्क रखने के आरोप में दो जेल वार्डनों को भी गिरफ्तार किया है ।

समाचार पत्र एजैंट समेत 2 की हत्या : भटिंडा (रोशन लाल ग्रोवर): आतंकवादियों ने आज प्रातः यहां बस अड्डा के निकट एक समाचार पत्र एजैंट श्री जगन्नाथ शर्मा तथा एक अन्य व्यक्ति ओम प्रकाश की गोली मार कर हत्या कर दी । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार उक्त एजैंट प्रातः साढ़े सात बजे के लगभग स्कूटर पर रेलवे स्टेशन से बस अड्डा जा रहा था कि कार सवार आतंकवादियों ने बीच राह में रोक कर उस पर गोलियों की बौछार कर दी । श्री जगन्नाथ की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । इस वारदात में वहां से साइकिल पर गुजर रहा एक और व्यक्ति ओम प्रकाश भी गोलियां लगने से मारा गया । वह शराब के एक ठेके पर काम करता था । पुलिस तथा अर्द्ध सैन्य बलों ने सूचना मिलते ही तुरंत सारे क्षेत्र को घेर लिया लेकिन आतंकवादी भाग जाने में सफल रहे । बताया जाता है कि आतंकवादियों ने आटोमैटिक हथियार से करीब 2 दर्जन गोलियां चलाईं । उक्त एजैंट को सुरक्षा गार्ड भी उपलब्ध कराए गए थे लेकिन यह पता नहीं चला कि वारदात के समय उक्त गार्ड कहां थे ? आतंकवादियों की तलाश के लिए जिला पुलिस प्रमुख श्री सुमेध सिंह सैनी के नेतृत्व में कार्रवाई की जा रही है । शहर के कई क्षेत्रों में तलाशियां ली जा रही हैं । श्री शर्मा अपने पीछे पत्नी तथा 12 वर्ष और 4 वर्ष के दो बच्चों को छोड़ गए हैं ।

इस बीच श्री जगन्नाथ शर्मा का आज दोपहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में भटिंडा में अंतिम संस्कार कर दिया गया । भटिंडा के जिलाधीश श्री दरबारा सिंह गुरू ने श्री जगन्नाथ शर्मा तथा श्री ओम प्रकाश के परिवार वालों को 50-50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है ।

मुठभेड़ में कांस्टेबल मारा गया : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव शाहपुर जाजन के निकट आज तड़के आतंकवादियों से मुठभेड़ में एक पुलिस कांस्टेबल सतनाम सिंह मारा गया जबकि आतंकवादी बच कर निकलने में सफल रहे । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार जिला पुलिस व बी.एस.एफ. की एक टुकड़ी गुप्त सूचना के आधार पर आतंकवादियों के छिपने के ठिकाने पर छापा मारने जा रही थी कि गांव शाहपुर जाजन के निकट एक डेरा में छिपे आतंकवादियों से मुठभेड़ हो गई । मृतक पुलिस कांस्टेबल सी.आई.ए. स्टाफ बटाला में तैनात था ।

फाईनैंस कम्पनी के प्रबन्धक की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव चीमा खुड्डी में गत रात लगभग 9 बजे 5-6 सशस्त्र आतंकवादियों ने एक घर में जबरी दाखिल होकर एक युवक वीर सिंह (35) की गोलियां मार कर हत्या कर दी । जिला पुलिस प्रवक्ता के अनुसार मृतक गांव औलख स्थित साजदा फाईनैंस कम्पनी में प्रबन्धक था ।

एस.पी.ओ. चौकी पर हमला : थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव चीमा खुड्डी में ग्रामीण सुरक्षा योजना के अंतर्गत बनी एस.पी.ओ. चौकी पर गत रात सशस्त्र आतंकवादियों ने फायरिंग की लेकिन सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग से आतंकवादी भाग गए । किसी प्रकार की क्षति की सूचना नहीं मिली ।

शव मिला : अमृतसर (वार्ता): मजीठा पुलिस जिला के नवां तमेल गांव के निकट से पुलिस को गोलियों से छलनी एक शव मिला है । मृतक का नाम सुरेन्द्र सिंह बताया जाता है ।

आतंकवादियों से सम्पर्क रखने वाले दो जेल वार्डन काबू : अमृतसर सदर पुलिस ने सैंट्रल जेल में वार्डन के रूप में कार्यरत दो पुलिस कर्मियों को आतंकवादियों से 'सम्पर्क' रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है । अमृतसर के पुलिस प्रमुख श्री संजीव गुप्ता ने पत्रकारों को बताया कि उक्त पुलिस कर्मियों से खोलिस्तान कमांडो फोर्स के लैटर हैड और एक रबड़ स्टैम्प भी पकड़ी गई है । पकड़े गए पुलिस कर्मियों के नाम संता सिंह और सुरजीत सिंह बताए जाते हैं । श्री गुप्ता ने बताया कि उक्त पुलिस कर्मी जेल में बंद आतंकवादियों तथा बाहर सक्रिय आतंकवादियों के बीच मध्यस्थ का काम करते थे । बताया जाता है कि ये दोनों लोगों से पैसा ऐंठने के लिए उन्हें धमकीपूर्ण पत्र लिखते थे । इन्होंने कई होमगार्ड जवानों तथा विशेष पुलिस अधिकारियों को भी चिट्ठियां लिख कर ड्यूटी छोड़ने का 'निर्देश' दिया था । याद रहे कि उक्त जेल में प्रायः कई अनियमितताएं हुई हैं । ऐसी अनियमित गतिविधियों एवं भ्रष्ट कर्मियों से फायदा उठाते हुए ही अमृतसर सैंट्रल जेल में बन्द रेशम सिंह मक्खू ने अपनी पत्नी से मुलाकात की थी । इसके अतिरिक्त मई 1988 में आप्रेशन ब्लैक थंडर के दौरान गिरफ्तार खूंखार आतंकवादी मलकीयत सिंह अजनाला तथा उसके साथियों ने कुछ माह पूर्व जेल तोड़ कर भागने का प्रयास किया था, जिसे जेल अधीक्षक श्री राजेन्द्र सिंह द्वारा की गई सामयिक कार्रवाई के कारण विफल बना दिया गया था । श्री गुप्ता ने बताया कि उक्त दोनों पुलिस कर्मियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है ।

एक व्यक्ति का अपहरण : तरनतारन

(शेष पृष्ठ 8 पर)

राज्यसभा में कुछ सदस्यों की "बदतमीजी" पर नजमा क्षुब्ध

नई दिल्ली, 29 मार्च (प.स.): राज्यसभा की उपसभापति नजमा हेपतुल्ला ने आज सदन में कुछ सदस्यों की "बदतमीजी" पर गहरा रोष प्रकट किया । डा. हेपतुल्ला ने कहा कि यह बहुत ही खेद की बात है कि कुछ सदस्य सदन में 'बदतमीजियां' कर रहे हैं । ये सभी रिकार्ड में जा रही हैं ।

विशेष उल्लेख के दौरान उपसभापति ने जब लोकदल के राम अवधेश सिंह का नाम पुकारा तो वह सदन में नहीं थे । जब उन्होंने विशेष उल्लेख समाप्त होने के बाद बजट पर चर्चा आरम्भ करने के लिए कांग्रेस (इ) के एन.के.पी. साल्वे का नाम पुकारा तो श्री रामअवधेश सिंह ने अपना विशेष उल्लेख करने की जिद की ।

इस पर डा. हेपतुल्ला ने कहा कि उन्होंने श्री सिंह का नाम तीन बार पुकारा, लेकिन वे सदन में उपस्थित नहीं थे । अब बजट पर चर्चा आरम्भ हो रही है, इसलिए वह कल अपना विशेष उल्लेख पेश करें ।

जब श्री सिंह ने उपसभापति पर कुछ आक्षेप किया तो जनता दल के श्री कमल मोरारका ने कहा, आसन (चेयर) को चुनौती देने की नई परम्परा बन रही है, इसे समाप्त किया जाना चाहिए ।

इसके बाद भी श्री सिंह खड़े होकर बोलते रहे, इस पर उपसभापति ने कहा कि आप बैठ जाइए । वरना मैं आपको बाहर कर दूंगी । श्री सिंह ने कहा कि "मैं नहीं बैठूंगा ।" उपसभापति ने इस पर कहा, "तो खड़े रहिए ।"

उपसभापति ने कहा कि मैंने आपका नाम तीन बार पुकारा । तब आप बाहर घूम रहे थे । सदन की कार्रवाई पर लाखों रुपए खर्च होते हैं । अगर आप नहीं बैठे तो मैं कल भी आपको बोलने की इजाजत नहीं दूंगी ।

जब श्री सिंह खड़े होकर बोलते रहे और उपसभापति पर आरोप लगाते रहे तो उपसभापति डा. हेपतुल्ला ने कहा कि कई दिनों से इस सदन में जो बदतमीजियां हो रही हैं, वे रिकार्ड में जा रही हैं । इसकी शुरूआत एक वरिष्ठ पार्टी सदस्य के साथ हुई हैं । इससे सबको बदतमीजी करने का मौका मिल जाता है ।

विपक्ष के नेता पी. शिव शंकर ने इस पर कहा कि सब सदस्यों के लिए ऐसा कहना उचित नहीं है इस पर उपसभापति ने कहा कि 'मेरा मतलब कुछ सदस्यों से है, सबसे नहीं ।'

इस बीच कई सदस्य श्री रामअवधेश सिंह को बैठने के लिए मनाते रहे लेकिन वह नहीं बैठे । बाद में वह सदन से वाक आऊट कर गए ।

प्रदूषण के संबंध में स्कूटरों, कारों के चालान न करने का निर्णय

नई दिल्ली, 29 मार्च (वार्ता): दिल्ली में निजी वाहनों के मालिकों को प्रदूषण नियंत्रण कानून से कुछ और राहत मिल गई है, जिनमें दो पहिया स्कूटर और कारें आदि शामिल हैं । दिल्ली प्रशासन (परिवहन) के संयुक्त निदेशक अशोक कुमार आचार्य ने एक भेंट में बताया कि निजी वाहनों का पहली अप्रैल से प्रदूषण के मामले में चालान नहीं किया जाएगा । उन्होंने कहा कि विभाग पहली अप्रैल से केवल सरकारी और व्यावसायिक वाहनों का ही प्रदूषण नियंत्रण कानून के अंतर्गत चालान करेगा ।

सिमरनजीत सिंह मान लोकसभा-सदस्यता की शपथ लिए बिना ही संसद भवन से लौट आए

नई दिल्ली, 29 मार्च (वार्ता, पस): अकाली दल (मान) के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान लोकसभा की सदस्यता की शपथ लिये बिना आज संसद भवन के बाहरी दरवाजे से वापस चले गये । उनके साथ बाहरी दरवाजे के पास ही रोक लिया गया ।

यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने इन सदस्यों के लिए 'पास' बनवाये, उन्होंने कहा, "यह बात आप मेरे सचिव से पूछिये ।" यह पूछे जाने पर कि क्या

श्रीमती बिमल खालसा ने आतंकवादियों को आम माफी देने की मांग की । उन्होंने आपरेशन ब्लू स्टार के बाद सेना से भागे सभी सैनिकों को पुनर्वासित करने की भी मांग की ।

Punjab Sahib.org

30.3.1990

तरनाक हालत अब भिखीविंड और
ी बनी हुई है । पहले खालडा में कोई
ही था, मगर अब खालडा और
ड़क पर पंजवड़, गगोबुआ,
कलसीयां, दोधे, डल, डलीरी, नारला
दो-चार आतंकवादी पैदा हो चुके है,
गांवों मे एक समुदाय को भगा दिया है
मीनें खुद अपनी मर्जी से ठेके पर या
रहे हैं । रोज़ाना गांव के गुरुद्वारों से
कि जिस किसी ने इस विशेष समुदाय
दी तो उसे 'खालिस्तान' के संघर्ष में
परिवार समेत सौंप दिया जाएगा ।
बख्शीश सिंह सोना, सुखविन्द्र सिंह
ह भलमोरी, सरवन सिंह, परगट सिंह
ह सक्रिय हैं । अकेले भिखीविंड और
ह ही गांवों में 100 से ज्यादा परिवार
विदा कह कर शहरों में आ बसे हैं या
ी छोड़ गए हैं ।

श्रीनगर में कर्फ्यू

(पृष्ठ 3 का शेष)

र कर्मचारी बर्खास्त : सरकारी
ष्ट्रद्रोही तत्वों को निकाल फैंकने के
न के अंतर्गत राज्यपाल श्री जगमोहन ने
कर्मचारी को बर्खास्त कर दिया है ।
या गया कर्मचारी ब्लाक सुपरवाइजर
ालन विभाग का सनाउल्ला भट्ट है ।
किस्तान द्वारा प्रशिक्षित उग्रवादियों को
था उनके लिए हथियार रखने का आरोप
साथ ही राज्यपाल द्वारा बर्खास्त किए गए
की संख्या 37 हो गई है ।

मार्ग : जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग
दिन भी यातायात के लिए बंद रहा ।
समाचार के अनुसार राजमार्ग पर बटोटे से
क विभिन्न स्थानों पर सरकारी और निजी
हुए हैं ।

रक्त उड़ानें : इंडियन एयर लाइन्स ने
गर राष्ट्रीय राजमार्ग के आज 12वें दिन
के कारण यात्रियों की भीड़ कम करने के
से श्रीनगर तक आज दो अतिरिक्त
व्यवस्था की ।

न एयर लाइन्स के एक प्रवक्ता ने यहां
पिछले तीन दिन के दौरान जम्मू और
एक हजार से अधिक यात्रियों को लाया ले
है । प्रवक्ता ने बताया कि कल जम्मू से
क दो अतिरिक्त विमानों की व्यवस्था की

ष कमिश्नरी : राज्य प्रशासन ने
न्धों को सचारू बनाने के लिए जम्मू क्षेत्र में
जौरी के सीमावर्ती जिलों में एक विशेष
ो स्थापित की है । इस कमिश्नरी के
विशेष आयुक्त होंगे ।

विज्ञापन

पोल्ट्री

CC Delhi Egg rate for 29.3.90, without trays, NECC Suggested Price 7/30 Per Dozen.

रोज़गार

कारी नौकरी/रोज़गार के इच्छुक अपनी आय लिखें। Principal, Employment nce Institute, 6865/4, Ambala

(JDC)

हकलाना

लाना/तुतलाना लाईलाज नहीं । बिना व सर्जरी के पक्का इलाज कराने हेतु -आदर्श स्पीकिंग इंस्टीच्यूट, जहाज़पुल,

(JD)

शिक्षा

M.P. 15 दिनों में Registration करवा ही वर्ष में BAMS डाक्टर बनें । नियमावली . Diamond College, Near Lal an, Opp. P.N. Bank, Jalandhar.

किराए पर

ी आबादी और व्यापार के केंद्र में स्थित मार्कीट किराए पर लें । सम्पर्क करें : डा. महाराज

अखबारी एजेंट की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

पुलिस जिला के निक्का काजीकोट गांव में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति परमिन्द्र सिंह का अपहरण कर लिया । वे उसकी लाइसैंसी बंदक भी ले गए । आतंकवादियों ने परमिन्द्र सिंह की रिहाई के लिए 50 हज़ार रुपए की मांग की है ।

तीन ज़ख्मी : तरनतारन में कल रात सी.आर.पी.एफ. द्वारा फायरिंग किए जाने से मारुति कार में सवार एक व्यक्ति तथा उसके दो बच्चे घायल हो गए ।

युवक की हत्या : पुलिस के अनुसार आज सायं यहां शहीद ऊधम सिंह नगर आबादी में उग्रवादियों ने फायरिंग करके एक युवक अमरजीत सिंह की हत्या कर दी ।

महिला की हत्या : फिरोज़पुर : कल रात आतंकवादियों ने जिला के बस्सी मध गांव में एक महिला जसविन्द्र कौर की गोली मारकर हत्या कर दी ।

एक का अपहरण : फिरोज़पुर जिला के सुरसिंहवाला गांव में आतंकवादियों ने प्यारा सिंह नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया ।

तीन आतंकवादी काबू : फरीदकोट : पुलिस ने तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । उनके कब्जे से दो दुनाली बंदूकें, एक रिवाल्वर तथा कुछ गोली-सिक्का भी पकड़ा गया है ।

दो भट्ठा मालिकों की हत्या : मोगा (आज़ाद): कल रात आतंकवादियों ने बग्गी पत्तनी गांव में दो भट्ठा मालिकों की हत्या कर दी । मृतकों के नाम अरुण कुमार तथा अशोक कुमार बताए जाते हैं । उल्लेखनीय है कि आतंकवादियों ने विगत 22 मार्च को थाना धर्मकोट के गांव चीमा के निकट से चार भट्ठा मालिकों का अपहरण कर लिया था । एक भट्ठा मालिक बिल्ला किसी तरह आतंकवादियों के चंगुल से भाग निकला था जबकि एक अन्य भट्ठा मालिक वीरेन्द्र कुमार भागने के प्रयास में आतंकवादियों के हाथों मारा गया था । आतंकवादी शेष दो भट्ठा मालिकों अरुण कुमार व अशोक कुमार को अपने साथ ले गए थे तथा उनकी रिहाई के लिए 30 लाख रुपए की मांग की थी लेकिन कल रात उन दोनों के शव उक्त गांव से बरामद हुए ।

मुठभेड़ के बाद एक दुर्दांत आतंकवादी गिरफ्तार : पटियाला (भूषण): आज तड़के पंजाबी विश्वविद्यालय के निकट पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक दुर्दांत आतंकवादी संदीप सिंह उर्फ बक्कू को गिरफ्तार कर लिया । वह भटिंडा जिला के मुलतानिया गांव का निवासी है । प्रारंभिक पछताछ के दौरान उक्त आतंकवादी ने 1985 में चंडीगढ़ में एक छात्र नेता माखन सिंह की हत्या और उसी साल बंगलौर में बैंक डकैती की वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है । संदीप सिंह ने अम्बाला में दो पुलिस अधिकारियों की हत्या तथा लटपाट की कई अन्य वारदातें करने की भी जिम्मेदारी ली है । उक्त आतंकवादी 1985 में नकली पासपोर्ट पर न्यूजीलैंड, हांगकांग तथा सिंगापुर भी गया था । वह अपने आतंकवादी समर्थकों से मिलने दो बार पाकिस्तान भी जा चुका है । उसने पूछताछ के दौरान अपने कुछ महत्वपूर्ण सम्पर्कों का भी रहस्योद्घाटन किया है, जिनसे आतंकवादियों को मदद मिल रही थी । पुलिस ने उसके कब्जे से पाक निर्मित एक आटोमैटिक पिस्तौल भी बरामद की है । जब मुठभेड़ हुई तो उक्त आतंकवादी स्कूटर पर जा रहा था ।

दो और उग्रवादी काबू : पटियाला जिला पुलिस ने दो आतंकवादियों भूपिन्दर सिंह तथा बंत सिंह को गिरफ्तार किया है । उनसे एक बंदूक तथा एक स्कूटर भी पकड़ा गया है ।

एक और पुलिस कर्मी काबू : कपूरथला (प.स.): जिला पुलिस ने एक नव-नियुक्त कांस्टेबल को आतंकवादी अपराध में संलिप्त होने के आरोप में गिरफ्तार किया है । पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि दिलबाग सिंह नामक उक्त पुलिस कांस्टेबल ने अपने तीन साथियों के साथ मिल कर 20 मार्च 1988 को रायपुर रियां गांव में एक आटा चक्की मालिक ओम दत्त की हत्या कर दी थी । दिलबाग सिंह अमृतसर जिला के ब्यास पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन सरों गांव का रहने वाला है तथा जालन्धर जिला के शाहकोट पुलिस थाना में तैनात था ।

भारत-चीन में सीधी उड़ान शीघ्र ही

नई दिल्ली, 29 मार्च (प.स.): भारत शीघ्र ही बीजिंग के लिए एयर इंडिया की सीधी उड़ान शुरू करेगा । सरकारी सूत्रों के अनुसार इस संबंध में शीघ्र ही निर्णय ले लिया जाएगा ।

बड़े अधिकारियों की कड़ी

राष्ट्रपति को ज्ञापन

(पृष्ठ 3 का शेष)

के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा सके ह ।

श्री राजीव गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कश्मीर पर विचार करने के लिए दस मार्च को जो सर्वदलीय बैठक बुलाई उसमें भी कोई खास प्रगति नहीं हो सकी । यहां तक कि श्री फर्नांडीस की अध्यक्षता में गठित छः सदस्यों की समिति की बैठक भी नहीं हो सकी है ।

सम्वाददाताओं ने ज्ञापन के बारे में जब श्री गांधी से राष्ट्रपति की प्रतिक्रिया जाननी चाही तो उन्होंने कहा निर्णय राष्ट्रपति को ही करना है । उन्होंने सम्वाददाताओं को बताया कि राष्ट्रपति ने उन्हें आश्वासन दिया है कि इस मामले पर वह गौर करेंगे । जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल जगमोहन को पद से हटाए जाने के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में श्री गांधी ने कहा कि इसका फैसला सरकार करेगी ।

श्री गांधी ने कहा कि राष्ट्रीय मोर्चा सरकार कूटनीतिक स्तर पर समस्या को सुलझाने का जो दावा कर रही है उसके बावजूद कश्मीर पर पाकिस्तान के गलत इरादों पर अंकुश नहीं लगाया जा सका है ।

ज्ञापन में कहा गया है कि उस संकट के अवसर पर हम इस बारे में आश्वस्त होना चाहते हैं कि भारत सरकार निर्दोष लोगों की जान-माल की सुरक्षा तथा भारत की एकता सुनिश्चित रखने के लिए सभी प्रभावी कदम उठाएगी ।

ज्ञापन में कहा गया है कि सरकार पृथकतावादियों को पाकिस्तान से लगातार मिलने वाले समर्थन को रोकने में विफल रही है । प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो के राजनैतिक वक्तव्यों और सीमा पार से हथियारों की सप्लाई और धन के जरिये यह समर्थन मिल रहा है ।

ज्ञापन में श्री वसंत साठे, श्री पी.वी. नरसिम्हा राव, श्री हरकिशन लाल भगत, श्री विट्ठल नरहर गाडगिल, श्रीमती मारग्रेट अल्वा और श्री एम.एम. जैकब ने हस्ताक्षर किए ।

केरल कांग्रेस ने भी इसी तरह का एक ज्ञापन दिया । ज्ञापन पर श्री पी.सी. थामस, श्री टी. कुतीरवतम और अखिल भारतीय अल्पसंख्यक सांसद तम्बी दुरै, श्री के. पनीरसेल्वम, श्री आर.टी. गोपाल, श्री जी. स्वामीनाथन और श्री आर मुतैया और श्री एम.आर. जनार्दन के हस्ताक्षर थे ।

ज्ञापन में कहा गया है कि कांग्रेस (इ) अध्यक्ष राजीव गांधी जनवरी से ही स्थिति की गम्भीरता पर चिंता व्यक्त करते रहे, लेकिन काफी विलम्ब, निराशा और दबाव के बाद सरकार कश्मीर मामलों के लिए एक मंत्री की नियुक्ति पर सहमत हुई ।

मृत्यु दंड को समाप्त करने
कोई प्रस्ताव नहीं : मुफ्ती

नई दिल्ली, 29 मार्च (पस, वार्ता): गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद ने आज लोकसभा को बताया कि सरकार का मृत्यु दंड समाप्त करने का कोई विचार नहीं है ।

विदेशों से पिस्तौल खरीदने पर रोक : उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि सरकार ने विदेशों से पिस्तौल आदि आग्नेयास्त्रों की खरीद पर रोक लगा दी है । यह एग विदेशों में स्थित कुछ भारतीय दूतावासों से यह रिपोर्ट मिलने पर उठाया गया था कि भारतीय पर्यटकों के सामान के रूप में आग्नेयास्त्रों के आयात में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है जो वर्तमान स्थिति में वांछनीय नहीं है । इस प्रतिबंध को जारी रखने का फैसला किया गया है ।

प्रधानमंत्री की विदेश यात्राएं : प्रधानमंत्री के विदेशी दौरों पर दिसम्बर 88 से फरवरी 89 तक एक करोड़ 65 लाख रुपए से अधिक खर्च हुए । गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद ने लोकसभा में यह जानकारी दी ।

पाकिस्तान : श्री गुजराल ने कहा कि सरकार ने

जद की राजनीतिक समिति की बैठक 4 अप्रैल को

नई दिल्ली, 29 मार्च (जी.एस. चावला): जनता दल में व्याप्त आंतरिक संकट समाप्त करने के उद्देश्य से दल की राजनीतिक समिति की एक बैठक 4 अप्रैल को यहां होगी, जिसमें मेहम कांड पर उपप्रधानमंत्री चौ. देवी लाल की भूमिका पर विस्तृत विचार किए जाने तथा परस्पर विरोध समाप्त किए जाने पर चर्चा होगी ।

भगोड़े सैनिकों का पुनर्वास

नई दिल्ली, 29 मार्च (प.स.): गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद ने आज लोकसभा में बताया कि आपरेशन ब्लू स्टार के कारण अपने बैरेक छोड़ने तथा सम्बन्धित आरोपों के लिए जिन लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, इसमें से 22 लोगों को दोषमुक्त कर दिया गया । उन्होंने बताया कि 2297 लोगों को पुनः सेना, रक्षा निकायों में रख लिया गया । 50 लोगों को पंजाब सरकार द्वारा रोज़गार दिया गया है । 342 लोगों के नाम रोजगार के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, रेलवे पोस्ट आफिस, तार विभाग, भारतीय खाद्य निगम, केंद्रीय जल आयोग व पी.एस.यू. के लिए डी.पी.ई. में भेज दिए गए हैं ।

इस आशय की खबरें देखी हैं कि पाकिस्
चीन ने हाल में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग
समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं ।
कहा कि सरकार ने यह खबर भी देख
पाकिस्तान का फ्रांस से 40 मिराज-200
जैट विमान तथा 155 एम.एम. तोपों
करने का विचार है और पाकिस्तान
विमान बनाने की योजना है तथा उसने
रिएक्टर प्राप्त किया है ।

आरोप लगाने का कोई
नहीं : दर्शन सिंह

लुधियाना, 29 मार्च (मुसाफिर): प्रो
सिंह ने एक बयान में सिख संगतों से कह
इस वक्त जबकि सिख अत्यन्त खतरन
गुज़र रहे हैं, संगठित हों । उन्होंने कहा
लबादा ओढ़ कर एक-दूसरे पर व्यक्तिग
आधार पर आरोप लगाना उचित नहीं है
कहा कि सिखों को गुरुमुख वातावरण
चाहिए । ऊपरी बातों का कोई लाभ नहीं
कहा कि अमृतसर में मुझे कहा गया था
होकर बैठे रहो, तुम्हें मर्यादा का कोई
उन्होंने कहा कि गुरु अदब के लिए मुझे
खामोश बैठना पड़ा । उन्होंने कहा कि
अनुसार अरदास किसी निजी स्थान पर
धार्मिक स्थान पर नहीं, जो विधिवत
किशनगढ़ साहब के जत्थेदार प्रो. मन
की थी और जिसकी तस्वीर भी अखबारों
है । प्रो. दर्शन सिंह ने कहा कि अगर
सम्मान बहाल करना है तो उन्हें
करनी होगी ताकि गुरुग्रंथ साहब का सम
रहे । उन्होंने कहा कि एक षड्यंत्र
एक-दूसरे पर आरोप लगाए जा रहे हैं,
है । उन्होंने कहा कि मैं ऐसे वातावरण
करता, जिसमें किसी जत्थेदार को
विवश किया जाए ।

प्रो. दर्शन सिंह ने कहा कि उन्ह
खुला इस्तीफ़ा शिरोमणि गुरुद्वारा प्र
की जेब में डाल दिया था और फिर उस
की जा रही है कि वह अपने दृष्टिको
किसी व्यक्ति को नियुक्त करे ।

पत्रकार निर्भीकता औ
प्रति वचनबद्ध हों : र

नई दिल्ली, 29 मार्च (वात
पत्रकार खुशवंत सिंह का मत है कि
केवल निर्भीकता तथा सत्य के प्रति
सिद्धांतों को ही अपनाना चाहिए । श्री
वाई.एम.सी.ए. संस्थान के 'मास
दीक्षांत भाषण दे रहे थे । उन्होंने
पत्रकार जिन दबावों का सामना क
लिए केवल ये दो हथियार ही जरू

एक मंत्री बारे देवी
टिप्पणी पर राज्यसभ

नई दिल्ली, 29 मार्च (प.स.)
अखबार में आज उपप्रधानमंत्री
केंद्रीय मंत्रिमंडल के एक सदस्य के
कथित अपशब्द सम्बन्धी खबर
गहरा रोष व्यक्त किया गया ।
पी.एन. सकूल ने शून्य काल में
हुए श्री देवी लाल के खिलाफ कार्र
की । कुछ देर तक इस मामले
शोरगुल होता रहा ।

एयर बस सौदे की
सरकार के विचा

नई दिल्ली, 29 मार्च
उड्डयन मंत्री आरिफ मोहम्म
लोकसभा में कहा कि 2500 क
बस सौदे की समीक्षा करने का
विचाराधीन है । श्री खान 14
के निकट हुई एयर बस दुर्घटना के
बहस का जवाब दे रहे थे । उन्हों
में हुई कथित अनियमितताएं तथ
क्षमता अलग-अलग बातें हैं ।

अमरीका में अप्र
अधिकारों के

वाशिंगटन, 29 मार्च
अमरीकी सुप्रीम कोर्ट ने एक
भेदभाव किए जाने के केस की
करके इस देश में बसे अप्रवासि

एच.डी.डब्ल्यू. ने पनडुब्बी सौदे में 93.44 लाख की रिश्वत दी

बोन, 29 मार्च (डी.पी.ए.): पश्चिम जर्मनी में अभियोजकों का मत है कि देश की एक शिपयार्ड कम्पनी "एच.डी. डब्ल्यू." ने दक्षिणी अफ्रीका को ऐसे जलपोत का नक्शा अवैध रूप से बेचा, जो भारत को बेची गई पनडुब्बी की तरह है ।

सूत्रों ने संवाद समिति 'डी.पी.ए.' को यह जानकारी देते हुए बताया कि दक्षिणी अफ्रीका को नक्शा अवैध रूप से बेचने पर गोपनीयता का उल्लंघन किया गया ।

सूत्रों के अनुसार नक्शे की मदद से दक्षिणी अफ्रीका भारत की पनडुब्बी की तरह डीजल से चालित युद्धपोत बना चुका होगा ।

सूत्रों ने बताया कि दक्षिणी अफ्रीका के साथ

शपथ लिए बिना लौटे

(पृष्ठ 3 का शेष)

मुकर गए हैं । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मुझ से हुई दो बार की बातचीत में आश्वासन दिया था कि राज्य में दमनकारी सरकारी मशीनरी को बदला जाएगा, काले कानूनों को वापस ले लिया जाएगा, नवम्बर 84 के दंगों के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित किया जाएगा और राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया बहाल की जाएगी । उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह से नहीं मिलूंगा ।

श्री मान ने कहा कि विदेशमंत्री इंद्र कुमार गुजराल ने 64वां संविधान संशोधन विधेयक पेश कराने में खास भूमिका निभाई । आज उन्हें याद रखना चाहिए कि मान तीन माह पूर्व वह पंजाब से कितने शांतिपूर्ण ढंग से लोकसभा के लिए चुने गए थे । अकाली नेता ने आरोप लगाया कि मैंने इस संशोधन के खिलाफ उनका समर्थन जुटाने के लिए फोन पर बातचीत की लेकिन उनका व्यवहार अच्छा नहीं था ।

केंद्र सरकार के खिलाफ सिखों की अनेक

अवैध अनुबंध 29 अप्रैल 1985 को किया गया । इससे भारत और पश्चिम जर्मनी के बीच पनडुब्बी सौदे के संबंध में गोपनीयता बरतने के करार का उल्लंघन हुआ ।

पश्चिम जर्मनी की एक पत्रिका ने गत सोमवार को दावा किया कि एच.डी.डब्ल्यू. ने 1970 के दशक में चार पनडुब्बियां बेचने का आर्डर प्राप्त करने के लिए भारतीय अधिकारियों को पांच करोड़ 64 लाख डालर (93.44 लाख रुपए) से अधिक की रिश्वत दी । इस रहस्योद्घाटन से पनडुब्बी काड ने देश में जोर पकड़ लिया है ।

एच. डी. डब्ल्यू. द्वारा द.अफ्रीका को पनडुब्बी के डिजाइन बेचने के प्रयास किए जाने के बारे में जानकारी पहले से ही थी तथा अधिकारियों ने 'कील' में इस सिलसिले में जांच भी की थी लेकिन बाद में जांच इस आधार पर बंद कर दी गई कि पनडुब्बी के खाके से पूरी पनडुब्बी का निर्माण नहीं किया जा सकता ।

विपक्षी ग्रीन पार्टी ने आरोप लगाया है कि रक्षा और वित्त मंत्रालयों के प्रयास से इस मामले को छिपाने की कोशिश की जा रही है तथा स्पेन और तर्की दक्षिणी अफ्रीका को पनडुब्बियों के पुर्जे बेच रहे हैं ।

पंजाब को एड्स से बचाने के
पग उठाए गए

चंडीगढ़, 29 मार्च (वि.प्र.): पंजाब सरकार ने प्रदेश को भयानक बीमारी 'एड्स' से बचाने के लिए अपनी मशीनरी को सक्रिय कर दिया है । एड्स की जांच करने वाले तीन केंद्र राजेन्द्रा अस्पताल पटियाला, एस.जी.टी.बी. अस्पताल अमृतसर तथा सिविल अस्पताल लुधियाना में खोले गए हैं ।

अफगानी युवकों द्वारा कश्मीर में

Punjabi Parivar

सुरक्षा बलों ने तुरन्त कार्रवाई कर 6 अपहृतों को छुड़ाया

आतंकवादियों ने बटाला-पठानकोट सैक्शन में 2 फुट रेल लाइन उड़ा दी

अमृतसर के पास बासरके में दूरदर्शन टावर को उड़ाने का प्रयास

पंजाब में 2 आतंकवादी, 2 घुसपैठिये मरे

चंडीगढ़, 30 मार्च (वार्ता, प.स.): सुरक्षा बलों ने तुरंत कार्रवाई कर मजीठा पुलिस जिले में गत रात आतंकवादियों द्वारा अपहरण किए गए 6 व्यक्तियों को छुड़ा लिया । आतंकवादियों ने विस्फोट कर बटाला-पठानकोट सैक्शन में 2 फट रेल लाइन उड़ा दी । गट संघर्ष में 2 आतंकवादी मारे गए जबकि सुरक्षा बलों ने सीमा पर 2 घुसपैठिये मार गिराए ।

दूरदर्शन टावर को उड़ाने काप्रयास: अमृतसर (प.स.): उग्रवादियों ने कल रात अमृतसर के बाहरी क्षेत्र के गांव बासरके में स्थित दूरदर्शन ट्रांसमिशन टावर को विस्फोट से उड़ाने का प्रयास किया पर वे इसमें सफल नहीं हो सके । सरकारी सूत्रों के अनुसार उग्रवादियों ने ए.के. 47 राइफलों से एक हजार से अधिक गोलियां चलाईं तथा 2 शक्तिशाली राकेट भी चलाए लेकिन इससे टावर तथा इस केंद्र की अन्य सम्पत्ति को कोई हानि नहीं पहुंची । वहां तैनात सुरक्षा कर्मचारियों में से भी कोई हताहत नहीं हुआ ।

सरकारी सूत्रों ने बताया कि उग्रवादी ट्रक में सवार थे तथा सुरक्षा बलों द्वारा की गई भारी जवाबी फायरिंग के बावजूद भाग जाने में सफल हो गए । यह गोलीबारी लगभग एक घंटे तक चलती रही ।

पुलिस सूत्रों का कहना है सुरक्षा कर्मियों की जवाबी फायरिंग से कम से कम आधा दर्जन उग्रवादी घायल हुए हैं क्योंकि घटनास्थल पर खून बिखरा मिला है ।

इस बीच सुरक्षा बलों तथा पुलिस ने इलाके में उग्रवादियों की पकड़-धकड़ के लिए खोजबीन शुरू कर दी है ।

अपुष्ट समाचारों के अनुसार उग्रवादियों के इस गिरोह का नेतृत्व भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स का सरगना व पंथक कमेटी का सदस्य गुरबचन सिंह मानोचाहल कर रहा था । पिछले 6 माह में इस दूरदर्शन प्रसारण टावर पर उग्रवादियों द्वारा किया गया यह दूसरा हमला था ।

6 अपहृत व्यक्ति रिहा कराए : अमृतसर (वि.प्र.): एस.एस.पी. मजीठा श्री अनिल शर्मा के कार्यालय से जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया गया है कि 29 मार्च की शाम को लगभग पौने आठ बजे 6 व्यक्ति दो कारों में (एक मारुति व दूसरी फ़िएट कार) अमृतसर की ओर आ रहे थे तो मानावाला ड्रेन के करीब आतंकवादियों ने इशारा देकर उन्हें रोक लिया और उनका अपहरण कर उन्हीं की कार में बुंदला गांव की ओर रवाना हो गए । इसी बीच एक अन्य कार वाले ने, जो जंडियाला की तरफ जा रहा था,कुछ दूर आगे मिलने वाली पंजाब पुलिस और सी.आर.पी.एफ. की गश्ती पार्टी को सूचना दे दी, जिसका नेतृत्व ए.एस.आई. स्वर्ण सिंह कर रहे थे । इस गश्ती पार्टी ने तुरन्त अपहरणकर्त्ताओं का पीछा किया और थोड़ी दूरी पर पुलिस पार्टी ने जब अंधेरे में खुसर-फुसर सुनी तो हवा में फायर किए । इस पर आतंकवादियों ने भी फायरिंग की और दोनों तरफ से गोलियां चलने लगीं । कुछ देर की फायरिंग के बाद आतंकवादी पैदल ही फरार हो गए तथा दोनों कारों में अपहृत व्यक्तियों को छोड़ जाने पर मजबूर हो गए । जिन अपहृत लोगों को रिहा कराया गया है उनमें शाम सुन्दर (पैप्सी फ़ूड कम्पनी जालन्धर), सुभाष खराना (पैप्सी फ़ूड कं. जालन्धर), मनजिदर सिंह (पंजाब एग्रो जालन्धर), नरेन्द्र पाल सिंह (चंडीगढ़), राजेन्द्र शर्मा (डेहलों) तथा हरगोबिन्द सिंह (चंडीगढ़) शामिल हैं ।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि अपहृत व्यक्तियों को तुरन्त छुड़ाने में इसलिए सफलता मिली क्योंकि समय पर सूचना मिल गई थी । सूचना पाकर पुलिस व सी.आर.पी.एफ. के वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल का एक मैगज़ीन, 35 चले हुए कारतूस कब्ज़े में लिए गए । इलाके की घेराबंदी के बाद इन आतंकवादियों की तलाश जारी है । पुलिस व सी.आर.पी.एफ. की जिस पार्टी ने तत्काल कार्रवाई कर इन अपहृत व्यक्तियों को रिहा कराया है, उन्हें उचित इनाम दिया जाएगा ।

आतंकवादी मरा : आतंकवादी गिरोहों की आपसी लड़ाई में कल रात आतंकवादियों ने अमृतसर में अपने एक साथी अमरजीत सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

बजाज चेतक छीना : अमृतसर जिले के थाना हरिके के गांव नाथूपुर में दो आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर हरबंस सिंह सुपुत्र करतार सिंह से उसका बजाज स्कूटर नं. पी.ए.ई. 3792 छीन लिया । हरबंस सिंह गांदीविंड का निवासी है ।

गट संघर्ष में उग्रवादी मारा गया : जिला गुरदासपुर के थाना काहनूवान के गांव तुगलवाली में आज सायं लगभग 5 बजे कुछ सशस्त्र उग्रवादियों ने फायरिंग करके एक युवक परमजीत सिंह उर्फ़ पम्मा उर्फ लम्बड़ की हत्या कर दी । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार यह युवक पहले लूटमार के केसों में वांछित था और यह हत्या उग्रवादियों के गुट संघर्ष का परिणाम है ।

अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार थाना बल्टोहा के गांव असल औतार के निकट पुलिस और सी.आर.पी. ने नाका लगा रखा था कि एक बिना नम्बर के फोर्ड ट्रैक्टर पर 4 उग्रवादी आए । उन्हें रोका गया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । बाद में उन चारों बलबीर, राजपूत, सुखविन्दर सिंह और जस्सा को गिरफ्तार करके उनसे दो दोनाली बन्दूकें, जिनकी नालियां निकाली हुई थीं, और दो पिस्तौल बरामद किए गए ।

3000 रुपए लूटे लिए : दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने आज सायं थाना अब्बाल के निकटवर्ती गांव गंडीविंड में स्थित एक पैट्रोल पम्प से 3000 रुपए लूट लिए ।

धोखेबाज़ का सुराग लगा : कपूरथला (शर्मा): जिला पुलिस की ओर से जाली ज़मानतनामों पर दंडित आतंकवादियों तथा अपराधियों को जेलों से रिहा करने वाले धोखेबाज़ का सुराग लगाने के पश्चात् पुलिस पार्टियां धोखेबाज़, उसके सहयोगियों जाली ज़मानतनामों पर रिहा हुए आतंकवादियों तथा अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए जा चुकी हैं । यह धोखेबाज़ भारी राशि लेकर आतंकवादियों को यात्रा के लिए जाली पहचान पत्र, चालक

(शेष पृष्ठ 10 पर)



भटिण्डा में आतंकवादियों के हाथों मारे गये (1) न्यूज़ पेपर एजैंट जगन्नाथ शर्मा और (2) एक राही । (छाया : सतपाल मान)

राज्यसभा में भी सरकार को झटका : इंका संशोधन विधेयक से 'एक धारा' निकलवाने में सफल

नई दिल्ली, 30 मार्च (प.स.): राज्यसभा में राष्ट्रीय मोर्चे की सरकार को आज उस समय एक और झटका लगा जब लोकसभा में पारित दंड प्रक्रिया संहिता संशोधन विधेयक पर उसे कांग्रेस (इ) के चार संशोधन मंज़ूर करने पड़े और विधेयक में से 'एक धारा' को निकालना पड़ा ।

इससे पूर्व लोकसभा में संविधान संशोधन विधेयक पास नहीं कराने से राष्ट्रीय मोर्चे की सरकार को पहला धक्का लगा था ।

राज्यसभा में कांग्रेस (इ) के बहुमत के कारण सुश्री जयन्ती नटराजन विधेयक की धारा 163(ए) को हटाने संबंधी संशोधन को पारित कराने में सफल रहीं । इस धारा के अंतर्गत विदेशों में जांच के लिए पुलिस अधिकारियों को व्यापक अधिकार दिए गए थे । इन अधिकारों के तहत पुलिस अधिकारी को विदेशों में जांच के लिए अदालत की मंज़ूरी लेने की जरूरत नहीं थी । कांग्रेस (इ) ने विधेयक की इस धारा का ज़ोरदार विरोध किया था ।

सरकार ने यह विधेयक बोफोर्स तोप सौदे तथा अन्य सौदों की विदेशों में जांच के मार्ग में आ रही बाधाओं को दूर करने के उद्देश्य से एक अध्यादेश जारी कर दंड प्रक्रिया संहिता में संशोधन किया था । लोकसभा इस अध्यादेश के स्थान पर लाए गए विधेयक को मंज़ूरी दे चुकी है ।

राज्यसभा में संशोधन किए जाने के कारण आज इस विधेयक को संसद की मंज़ूरी नहीं मिल पाई । अब यह संशोधित विधेयक पुन: लोकसभा में भेजा जाएगा ।

इससे पूर्व राज्यसभा में चर्चा के दौरान कांग्रेस (इ) सदस्यों ने इस विधेयक का सख्त विरोध किया ।

विपक्ष के नेता पी. शिव शंकर ने कहा कि इससे पुलिस के एक सब-इंस्पैक्टर अथवा थानाध्यक्ष को भी विदेशों में जांच कराने के आदेश देने का अधिकार मिल जाएगा । उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी इस धारा का जम कर विरोध करेगी । गृहमंत्री को अपने जवाब के दौरान कांग्रेस (इ) के सदस्यों की भारी टोकाटाकी का सामना करना पड़ा ।

जब विधेयक पर मतदान हुआ तो कांग्रेस (इ) ने सुश्री नटराजन के संशोधन को पास करा लिया लेकिन पूरे विधेयक का विरोध नहीं किया ।

राज्यसभा ने जिस संशोधित रूप में इसे स्वीकृति दी, उसके अनुरूप अब केवल न्यायालय ही ऐसा अनुरोध पत्र जारी कर सकेंगे ।

Punjabi Tribune

दोनों अधिकारियों और वित्त मंत्रालय में पूर्व अतिरिक्त सचिव बी.एस. रामास्वामी से हाल में प्रारम्भिक पूछताछ की गई ।

ज्ञातव्य है कि श्री शंकर, श्री वोहरा और श्री रामास्वामी उन छः अभियुक्तों में शामिल हैं जिनके

अपहृतों को छुड़ाया
(पृष्ठ 3 का शेष)

लाइसैंस, वाहनों की जाली रजिस्ट्रेशनें तथा अस्थायी चालक चिटें तैयार करके देता था । समझा जाता है कि धोखेबाज़ के गिरफ्तार किए जाने के पश्चात पंजाब की जेलों से जाली ज़मानतनामों पर आतंकवादियों आदि के रिहा होने के केस रोशनी में आने की सम्भावना है ।

रेल लाइन उड़ा दी : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के अन्तर्गत क्षेत्र बटाला-पठानकोट सैक्शन में गत रात लगभग दस बजे आतंकवादियों ने विस्फोट कर लगभग दो फुट रेलवे लाइन उड़ा दी । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार रेलवे विभाग की ओर से प्रातः ही रेलवे लाइन ठीक कर दी गई और रेलों का यातायात आरम्भ हो गया है ।

10 हजार लूटे : सुनाम से नागपाल के अनुसार सुनाम की नई अनाज मंडी में आज दो बजे बाद दोपहर आतंकवाद की घटना से सनसनी फैल गई । एक आतंकवादी मै. जगन्नाथ सुभाष चन्द्र आढ़ती की दकान में आया और पिस्तौल की नोक पर दकान पर बैठे सुभाष चन्द्र (पार्टनर) के सामने थैला फैंका और कहा कि इस में तमाम नकदी डाल दो । थैले में लगभग दस हजार की नकदी डलवाकर सुभाष को बाहर खड़े स्कूटर को स्टार्ट करने को कहा । स्कूटर जब स्टार्ट हो गया तो दकान से निकलकर उसका शटर नीचे कर दिया और स्कूटर पर फरार हो गया ।

कार बरामद : आतंकवादी काबू : सुनाम से ही नागपाल की सूचना है कि 27 मार्च को सुनाम के एक टैक्सी चालक प्रेम सिंह से जो मारुति वैन आतंकवादियों ने छीनी थी, वह थाना बस्सी पठानां पुलिस ने एस.एच.ओ. करनैल सिंह के नेतृत्व में मुकाबले के बाद कब्ज़े में ले ली है और आतंकवादी सतनाम सिंह उर्फ सत्ता को गिरफ्तार कर लिया । दो आतंकवादी भागने में सफल हो गए जिनमें से एक भूपेन्द्र सिंह सुनाम का निवासी है । तीनों आतंकवादियों ने सुनाम के बस स्टैंड से 27 मार्च को 200 रुपए किराया पर टैक्सी गांव केसरवाल के लिए ली । धूरी के निकट ड्राइवर से टैक्सी और 600 रु. छीन लिए थे ।

स्कूटर छीना : फगवाड़ा (खोसला): गत दिवस यहां के निकट गांव मतफल थाना गोराया के पास तीन पिस्तौलधारी आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति बलदेव सिंह निवासी गांव डमेली से उसका स्कूटर नं. पी.ए.के. 7178 छीन लिया ।

मोगा में हड़ताल रही : गत 22 मार्च को चीमा गांव से मोगा के अरुण कुमार तथा अशोक कुमार का अपहरण करने के बाद आतंकवादियों ने कल उनकी हत्या कर दी थी । इस अपहरण और हत्या की घटना के विरोध में आज मोगा में पूर्ण हड़ताल की गई । शहर में मौन विरोध जलूस भी निकाला गया ।

दो घुसपैठिये मरे : सुरक्षा बलों ने फाज़िल्का सैक्टर में भारत-पाक सीमा पर दो अज्ञात घुसपैठियों को मार गिराया ।

पंजाब व कश्मीर के बारे में श्वेत पत्र जारी हो : स्वामी

नई दिल्ली, 30 मार्च (वार्ता): जनता पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी ने केंद्र सरकार से पंजाब और कश्मीर की स्थिति पर एक श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है ।

311 बंधक मछुआरे लौटे

तंजावुर, 30 मार्च (वार्ता): उत्तरी श्रीलंका में बंधक बनाए गए 311 भारतीय मछुआरे आज

सूत्रों ने पछताछ को जांच-पड़ताल किस्म की बताया । सूत्रों के अनुसार इस मामले में जांच कार्य के तहत दो हजार से अधिक फाइलों का अध्ययन किया गया । सूत्रों ने बताया कि जांच के दौरान नौसेना और अनेक मंत्रालयों के और वरिष्ठ अधिकारियों से पूछताछ की जाएगी ।

केंद्रीय जांच ब्यूरो ने पांच मार्च को पांच सरकारी अधिकारियों और एक प्रवासी उद्योगपति गोपीचंद हिन्दुजा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी । इन पर एच.डी.डब्ल्यू. पनडुब्बी तोप सौदे में दलाली, भ्रष्टाचार और घूंसखोरी के मामले में शामिल होने का आरोप है । प्राथमिकी के अनुसार 465 करोड़ रुपए के सौदे में 69 करोड़ रुपए की दलाली खाई गई है ।

पूरी नींद न लेने से आयु 8-10 वर्ष कम हो सकती है

न्यूयार्क, 30 मार्च (ए.पी.): कालेज विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष जेम्ज़ मॉस ने चेतावनी दी है कि लोगों की दिनचर्या, जिसके अंतर्गत वे अपनी नींद का बलिदान करके अन्य कार्य कर रहे हैं, अमरीका के लोगों को मानसिक और शारीरिक रूप से नष्ट कर रही है । उन्होंने कहा कि लगभग 10 करोड़ अमरीकी इस रोग से ग्रस्त हैं । उन्होंने कहा है कि पूरी नींद न लेने से आयु 8 से 10 वर्ष कम हो सकती है और इससे रोगों और दुर्घटनाओं की भी सम्भावना हो सकती है । उन्होंने कहा है कि 2 करोड़ अमरीकी रात्रि की शिफ्टों में काम करते हैं । उनमें से लगभग 55 प्रतिशत को सप्ताह में कम से कम एक बार झपकी आ जाती है ।

महिला सदस्या और मंत्री के मध्य गाली-गलोच

चंडीगढ़, 30 मार्च (परवाना): दो दिन पहले पाकिस्तान की कौमी असैम्बली में संसदीय मामलों के मंत्री डा. शेर अफगन न्याज़ी और विपक्ष की महिला सदस्य बेगम आबिदा हुसैन के मध्य हुई गाली-गलोच ने गम्भीर रूप धारण कर लिया है, इससे सारे पाकिस्तान में एक नया राजनीतिक संकट पैदा हो गया है ।

जे.बी.टी. अध्यापकों के 787 पद भरे गए

चंडीगढ़, 30 मार्च (सि.प्र.) : पंजाब सरकार ने आप्रेशन ब्लैक बोर्ड के तहत राज्य में जे.बी.टी. अध्यापकों के 787 पद भरे हैं । एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार इन अध्यापकों की नियुक्ति 1300 रु. प्रति मास स्थायी वेतन की अपेक्षा 1200-2100 रु. के वेतनमान में की गई है ।

अपनी बात पूरी कर ही पाए थे कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य एक साथ खड़े होकर जोर-जोर से बोलने लगे । इस हंगामे के बीच पीठासीन उपसभापति ने प्रधानमंत्री को स्थिति से अवगत कराने का आग्रह किया । श्री सिंह ने कहा कि विपक्ष के नेता सहित सभी राजनीतिक दल इसे आपस में सलाह-मशविरा कर हल करने के लिए सहमत हो गए हैं । उन्होंने कहा कि यह मामला अध्यक्ष के पास लम्बित पड़ा है ।

प्रधानमंत्री के इस कथन से विपक्षी सदस्य संतुष्ट नहीं हुए । उनका कहना था कि प्रधानमंत्री यह स्पष्ट करें कि क्या यह विधेयक गिर गया है ? पीठासीन उपसभापति ने सदस्यों को शांत करते हुए कहा कि—प्रधानमंत्री ने कहा है कि नहीं ? इस पर कांग्रेस (इ) के मदन भाटिया ने कहा कि संविधान में संशोधन करने के लिए असंवैधानिक तरीका अपनाया जा रहा है । प्रधानमंत्री ने अपनी बात फिर दोहराई कि यह मामला अध्यक्ष के पास लम्बित है । सदस्यों के बार-बार पूछने पर उन्होंने कहा कि चेयर को ओवर रूल करोगे क्या ?

सदस्यों ने कहा कि विधेयक पेश किए जाने के बाद वह सदन की सम्पत्ति बन जाता है तथा अध्यक्ष को इसे अपने पास रखने का कोई अधिकार नहीं है, इस पर पीठासीन उपसभापति ने कहा कि वह अध्यक्ष के व्यवहार पर कोई चर्चा की अनुमति नहीं देंगे ।

संविधान विशेषज्ञों से विचार : 64वें संविधान संशोधन विधेयक के लोकसभा में गिर जाने से उत्पन्न स्थिति पर सरकार संविधान विशेषज्ञों से विचार-विमर्श कर रही है । संसदीय कार्यमंत्री पी. उपेन्द्र ने आज सम्वाददाताओं को बताया कि इस बारे में आगे की कार्रवाई का फैसला अगले सप्ताह किया जाएगा । उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग से प्राप्त संकेतों के अनुसार यह विधेयक 6 अप्रैल तक हर हालत में पास हो जाना चाहिए ।

सरकार की नाकामी का सबूत—राजीव: कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष श्री राजीव गांधी ने आज कहा कि पंजाब सम्बन्धी 64वें संविधान संशोधन विधेयक का लोकसभा में आवश्यक उपस्थिति के अभाव में पारित नहीं हो पाना सरकार की 'सरासर नाकामी का सबूत' है । उन्होंने कहा कि यह सरकार की जिम्मेदारी थी कि वह साधारण बहुमत जुटाती और इस काम में हम सरकार की मदद करते । श्री गांधी लोकसभा में विधेयक पारित न हो पाने के बाद सम्वाददाताओं से बातचीत कर रहे थे । उन्होंने कहा कि सरकार को यह गुत्थी सुलझाने के लिए अब कोई रास्ता निकालना चाहिए । कांग्रेस (इ) के महासचिव विट्ठल गाडगिल ने कहा कि यह इलैक्ट्रोनिक मशीनों की नाकामी नहीं बल्कि सरकार की नाकामी है । यह महज़ इत्तिफाक की बात है कि मतदान के समय उपप्रधानमंत्री देवी लाल और जनता दल के नेता चन्द्रशेखर मौजूद नहीं थे ।

अकाली दल मान पंजाबियों से विश्वासघात कर रहा है : बादल

फाज़िल्का, 30 मार्च (नागपाल): पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री प्रकाश सिंह बादल ने गत सायं एक पत्रकार सम्मेलन में कहा कि अकाली दल मान के प्रधान श्री सिमरनजीत सिंह मान चंडीगढ़ को पंजाब में मिलाए जाने की मांग पर बल देने की अपेक्षा इस समय लोकसभा में अपनी तीन फुट लम्बी कृपाण को ले जाने के मामले पर अनुचित रूप से ही अड़े हुए हैं ।

उन्होंने खेद प्रकट करते हुए कहा कि वही अकाली दल मान आज उन पंजाबियों से विश्वासघात कर रहा है, जिन्होंने उसके सदस्यों को इस आशा से निर्वाचित होने में सहायता दी कि वे पंजाब समस्या का समाधान ढूंढने का यत्न करने के साथ उनकी उचित मांगों को भी उठाएंगे ।

नवम्बर 1984 के दंगों के दोषियों को सज़ा देने की मांग का उल्लेख करते हुए श्री बादल ने कहा कि केंद्र में वी.पी. सिंह की सरकार ने पंजाबियों में आशा का संचार किया था, मगर राज्य की जनता अब बढ़ गया है ।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री बादल ने कहा कि उन्हें मान द्वारा नई दिल्ली के गुरुद्वारा रकाबगंज में सिख सम्मेलन में शामिल होने का कोई संदेश प्राप्त नहीं हुआ ।

इससे पूर्व अकाली कार्यकर्त्ताओं को संबोधित करते हुए श्री बादल ने घोषणा की कि ग्रामीण स्तर पर 11 सदस्यीय अकाली दल समिति गठित की जाएगी ।

उन्होंने रहस्योद्घाटन किया कि आगामी 4 अप्रैल को अकाली दल की मलोट में एक विशाल रैली आयोजित की जाएगी, जिसमें गुरचरण सिंह टोहरा तथा सुखजिन्दर सिंह सहित दल के प्रमुख नेता भाग लेंगे ।

मेघालय मंत्रिमंडल का विस्तार

शिलांग, 30 मार्च (वार्ता) : मेघालय मंत्रिमंडल में आज सोलह नए मंत्रियों को शामिल किया गया

बुश की लिथुआनिया बारे गोर्बाच्योव को सीधी अपील

वाशिंगटन, 30 मार्च (ए.पी.): अमरीकी राष्ट्रपति जार्ज बुश ने लिथुआनिया समस्या के शांतिपूर्ण समाधान के लिए सोवियत राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाच्योव से पहली बार सीधी अपील की है । व्हाईट हाऊस के प्रवक्ता मर्लिन फिट्ज़वाटर ने आज बताया कि श्री बुश ने कल इस संबंध में सोवियत राष्ट्रपति को एक पत्र भेजा है । श्री फिट्ज़वाटर के अनुसार श्री बुश ने पत्र में स्पष्ट रूप से कहा है कि वह और उनका देश लिथुआनियाई लोगों के आत्म-निर्णय के अधिकार का समर्थन करते हैं ।

12 आतंकवादी मरे
(पृष्ठ 3 का शेष)

की दृष्टि से उठाया गया है, क्योंकि दो दिन पूर्व श्रीनगर जेल से लगभग एक दर्जन आतंकवादी भाग निकले थे ।

सरकारी सूत्रों के अनुसार यहां कुछ घटनाओं के सम्बन्ध में कुछ व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है । पूछताछ के पश्चात उनके केसों पर पुनर्विचार किया जाएगा । यहां सिविल सचिवालय में सरकारी कर्मचारियों के एक वर्ग ने अपने दो साथियों को छोड़ने की मांग को लेकर धरना दिया । गत तीन दिनों में नगर में 40 व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया जा चुका है । भद्रवाह तथा डोडा कस्बों में जम्मू की घटनाओं के विरोध में आंशिक बंद रहा ।

एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार एक कर्मचारी को जमानत पर रिहा कर दिया गया है । सरकारी सूत्रों के अनुसार कर्मचारियों को सुरक्षा का पूर्ण विश्वास दिलाया गया है तथा कहा गया है कि 'दरबार' को श्रीनगर अपने निर्धारित समय पर ही ले जाया जाएगा ।

दिल्ली : (स्टे.): सरकार तथा एजैंसियों का आकलन चाहे कुछ भी हो, लेकिन इस बात के प्रत्यक्ष प्रमाण हैं कि इस्लामाबाद, जो कश्मीर की गड़बड़ी का संचालन करता है, ने इस गड़बड़ी को जारी रखने के साथ-साथ ऐसे संगठनों को नियंत्रण में करने का निर्णय किया है, जो घाटी को स्वतंत्र देश का दर्जा देने के उद्देश्य से अलग रूप से कार्य कर रहे हैं । जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट जो अभी तक उनका

फायरिंग से 3 मरे

काठमांडो, 30 मार्च (प.स.): काठमांडो घाटी के ललितपुर जिले में पाटन नामक स्थान पर पुलिस द्वारा उग्र प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने से आज 3 व्यक्ति मारे गए और 15 घायल हो गए ।

Punjabi Connection

सहयोग लिया गया । उन्होंने आंदोलनकारियों पर अर्द्ध सैनिक बलों द्वारा गोली चलाने तथा राज्य की निर्दोष जनता की हत्या करने की निंदा की है ।

चरणदास शास्त्री प्रधान मनोनीत

बटाला, 27 फरवरी (कोछड़): श्री ब्राह्मण सभा जिला गुरदासपुर का वार्षिक चुनाव पं. किशोर चन्द प्रधान पंजाब ब्राह्मण सभा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से पं. चरणदास शास्त्री गुरदासपुर को प्रधान मनोनीत किया गया ।

गुरदासपुर, फरीदकोट में बम फटे

(पृष्ठ 3 का शेष)

शहर में पुलिस और सुरक्षा बलों की गश्त तेज कर दी गई है ।

सी.आर.पी. चौकी पर हमला : मलोट (गोयल) : कुछ अज्ञात लोगों ने यहां से 20 किलोमीटर दूर गांव खुब्बां में सी.आर.पी. की एक चौकी पर हमला किया । सी.आर.पी. ने भी पोज़ीशनें लेकर जवाबी फायरिंग की । यह मुठभेड़ एक घंटा जारी रही । किसी के हताहत होने की खबर नहीं मिली ।

अबोहर से संदीप के अनुसार इस घटना से क्षेत्र के लोगों में घबराहट पैदा हो गई है क्योंकि तीन वर्ष पहले इस गांव में नरसंहार की घटना हुई थी ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : मोगा (सर्व): गत दो दिनों के दौरान मोगा उपमंडल पुलिस ने तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । उनके कब्जे से एक दोनाली बंदूक, दो रिवाल्वर और एक लाख रुपये मूल्य के सोने के जेवर बरामद किये गए । यह तीनों आतंकवादी कई वारदातों के संबंध में पुलिस को वांछित थे । उनसे पूछताछ जारी है ।

Punjabi Sanatani

भारत का नाम लिये बगैर उन्होंने कहा कि सीमा पार से जो संदेश मिल रहा है, वह मेल-मिलाप का नहीं अपितु कटुता का है । उन्होंने कहा, "युद्ध इतना सस्ता खेल नहीं है कि आक्रान्ता का वह मकसद पूरा ही हो जाये, जो उसने अपने मन में ठाना है ।"

ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के साथ संबंधों को सामान्य बनाने का अधिकाधिक प्रयास किया है, परन्तु भारत का रवैया इस मामले में नकारात्मक रहा है और उसके कारण हर प्रयास बेकार हो गया है । श्री खान ने कहा कि कश्मीर का मुद्दा भारत के

भारतीय नेतृत्व ने उनके बयानों में से एक को अल्टीमेटम की संज्ञा दी है, हालांकि वह 'वास्तविकताओं पर आधारित' था । उन्होंने यह भी कहा कि भारत के नेता आग उगल रहे हैं व धमकियों की भाषा बोल रहे हैं ।

पाकिस्तान के कार्यवाहक स्थायी प्रतिनिधि शौकत उमेर ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय नियमों के अनुसार पाकिस्तान सरकार ने इन लोगों को राजनीतिक शरण दी थी । पाकिस्तान ने मानवीय आधार पर 30 लाख अफगान शरणार्थियों को शरण दे रखी है ।

सुरक्षा बलों से मुठभेड़ों में 7 खतरनाक उग्रवादी मारे गए

पंजाब में अन्यत्र 2 सगे भाइयों, एक एस.पी.ओ. सहित 12 व्यक्तियों की हत्या

उग्रवादियों से भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद

चंडीगढ़, 31 मार्च (वार्ता, प.स.): सुरक्षा बलों के साथ विभिन्न मुठभेड़ों में भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स के स्वयंभू लैफ्टीनेंट जनरल मनजीत सिंह उर्फ मीता सहित 7 आतंकवादी मारे गए । पंजाब में 2 सगे भाइयों, एक एस.पी.ओ. तथा एक पैट्रोल पम्प के मालिक सहित 12 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । एक आतंकवादी गुट संघर्ष में मारा गया ।

2 आतंकवादी मरे : अमृतसर (वि.प्र.): जिला मुख्यालय में प्राप्त सूचना के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के थाना भिक्खीविंड में स्थित गांव बलेर के बहकों के करीब पुलिस व सी.आर.पी.एफ. की छापामार पार्टियों ने आज सुबह नौ बजे आतंकवादियों की मठभेड़ हो गई, जिसमें दो खतरनाक आतंकवादी मारे गए । यह मुठभेड़ लगभग एक घंटे तक जारी रही । मृतक आतंकवादियों की शिनाख्त मनजीत सिंह और गुरमुख सिंह के रूप में हुई है, जो गांव दलेर के ही रहने वाले थे और भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स से संबंधित थे । पुलिस के अनुसार ये दोनों लूटमार और हत्याओं की वारदातों में वांछित थे । दोनों लाशों के पास से एक एस.एल.आर. (सैल्फ़ लोडिंग राइफल), एक पिस्तौल तथा एक ए.के. 47 राइफल के अतिरिक्त काफी संख्या में गोली-सिक्का भी बरामद हुआ है ।

'वार्ता' के अनुसार मृतक आतंकवादी मनजीत सिंह उर्फ मीता भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स का स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल तथा गुरमीत सिंह स्वयंभू ब्रिगेडियर था ।

गोलियों से छलनी शव मिला : पुलिस जिला तरनतारन के गांव बलेर में आज सायं एक अज्ञात व्यक्ति की गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ है । पुलिस के अनुसार यह शव एक राहगीर का है, जो सुरक्षा बलों और उग्रवादियों में हुई फायरिंग में मारा गया । इस मुठभेड़ में 2 उग्रवादी मारे गए थे ।

मुठभेड़ में दो आतंकवादी मरे : अमृतसर के थाना सदर के गांव साधना में आज सुबह लगभग दस बजे पुलिस व सी.आर.पी.एफ. की संयुक्त नाकापार्टी और चार आतंकवादियों में टकराव हो गया और लगभग 3 घंटे तक दोनों तरफ से गोलियां चलती रहीं । इस संघर्ष में दो आतंकवादी मारे गए जिनकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी । पुलिस ने दोनों लाशें, जो खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के आतंकवादियों की समझी जाती हैं, कब्जे में लेने के बाद वहां से जो असला बरामद किया है, उसका विवरण इस प्रकार है : दो ए.के. 47 राइफलें, दो .12 बोर की दोनाली बंदूकें, एक मिनी राकेट, एक देसी बम, एक दरबीन, खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का लैटर पैड और भारी मात्रा में गोली-सिक्का ।

अमृतसर में छुरेबाज़ी : अमृतसर से 'सोनी' के अनुसार यहां थाना रामबाग के क्षेत्र में इन दिनों असामाजिक तत्व काफी सरगर्म हैं तथा कुछ दिनों से छीना-झपटी और छुरेबाज़ी की घटनाएं हुई हैं । गत रात भी हुसैनपुरा के करीब फ्लाई ओवर पुल के नीचे छुरेबाज़ी की एक घटना में एक राहगीर युवक घायल हो गया ।

आतंकवादी मरा : सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पाकिस्तान से आ रहे एक आतंकवादी को अमृतसर जिले के खेमकरण सैक्टर में रुड़ेवाल सीमा चौकी के निकट मौत के घाट उतार दिया ।

ब्लैक कैट की लाश मिली : रैय्या से 'फौजी' के अनुसार पुलिस ने बाबा बकाला में एक भट्ठे के निकट एक व्यक्ति की लाश बरामद की है । उसकी शिनाख्त अनुप सिंह उर्फ अनूपा निवासी बटूटर के रूप में की गई है । वह पुलिस का ब्लैक कैट बताया जाता है । बताया जाता है कि हमलावरों ने उसे जान से मारने से पहले उसे बुरी तरह पीटा था तथा तेजधार हथियारों से उसकी टांगों व बाजुओं पर चोटें मारी थीं । बाद में गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी गई ।

पैट्रोल पम्प मालिक की हत्या : अमृतसर में आज सायं जी.टी. रोड पर उग्रवादियों ने एक पैट्रोल पम्प पर हमला करके उसके मालिक श्री राजेन्द्र सिंह की हत्या कर दी ।

अपहृत युवक रिहा : तरनतारन पुलिस ने आज आतंकवादियों के चंगुल से एक 25 वर्षीय युवक परमिंदर सिंह को छुड़ा लिया । परमिंदर सिंह एक वरिष्ठ अधिकारी का पुत्र है । उसका अपहरण गत बुधवार को तरनतारन के निकटवर्ती गांव काज़ीकोट से एक आतंकवादी गिरोह द्वारा किया गया था । आतंकवादियों ने उसकी रिहाई के लिए पांच लाख रुपयों की मांग की थी । आतंकवादी अपने साथ लाइसैंस वाले दो हथियार—एक 12 बोर की गन और एक पिस्तौल भी ले गए थे । तरनतारन पुलिस के अनुसार सुराग लगने पर पुलिस ने बलासपुर गांव में गुरमीत सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में छापा

(शेष पृष्ठ 10 पर)



: की 84-बटालियन द्वारा लसियान चौकी के पास पकड़े गए स.एफ. के डी.आई.जी. (सीमा) श्री बी.एस. बिश्त, कमांडैंट श्री ई.जी. श्री बिश्त बजूका नामक शस्त्र दिखाते हुए, (3) पकड़े गए ए कर देते हैं । (छाया : विनोद गप्ता)

एस.एल. कपूर पंजाब के नए मुख्य सचिव नियुक्त



एस. एल. कपूर

चंडीगढ़, 31 मार्च (वि.प्र.): पंजाब के वरिष्ठतम वित्तायुक्त श्री एस.एल. कपूर को पंजाब सरकार का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है । श्री कपूर ने आज बाद दोपहर अपना नया पदभार ग्रहण कर लिया है । फिलहाल श्री कपूर गृह एवं लोकसम्पर्क विभाग के प्रभारी प्रशासनिक सचिव भी बने रहेंगे ।

मुख्य सचिव का पद श्री आर.पी. ओझा की सेवानिवृत्ति से रिक्त हुआ है । 1960 बैच के आई.ए.एस. अधिकारी श्री कपूर इससे पहले कई महत्वपूर्ण पदों पर काम कर चुके हैं । आई.ए.एस. बनने के बाद श्री कपूर संयुक्त पंजाब में एस.डी.ओ. (सी.) स्पीति के तौर पर काम करते रहे हैं । उसके बाद वह कई वर्षों तक डिप्टी कमिश्नर पटियाला, लोक सम्पर्क निदेशक, सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार, उद्योग सचिव, वित्तायुक्त (कराधान) के तौर पर भी कार्यरत रहे हैं ।

श्री कपूर श्री धर्मवीर के समय में राज्यपाल के सचिव के तौर पर भी काम करते रहे हैं । जालंधर के एक प्रमुख वकील श्री गंगा बिशन कपूर के पुत्र श्री एस.एल. कपूर का जन्म लायलपुर (अब पाकिस्तान) में हुआ था । वह पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी भी रहे हैं ।

श्री कपूर ने 1955 में पंजाब विश्वविद्यालय से गणित में स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त की थी, फिर 1958 में इसी वि.वि. से एल.एल.बी. की डिग्री ली थी । श्री कपूर ने अनेक शोध पत्र लिखे हैं तथा उद्योग विकास, सहकारिता एवं लोक सम्पर्क आदि के क्षेत्र में वह सक्षम व्यक्ति माने जाते हैं ।

योजना बारे एक चार होगा : यादव

भूतपूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल से भी बंद कमरे में बातचीत की ।

जगजीवन राम के निवासस्थान को 'स्मृति मंदिर' बना दिया गया

नई दिल्ली, 31 मार्च (पस): भू.पू. उप-प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की पत्नी श्रीमती इंद्राणी देवी ने सरकारी आदेश को दृष्टिविगत करते हुए आज अपने पति की स्मृति में छः कृष्णामैनन मार्ग को 'स्मृति मंदिर' बना दिया ।

पनडुब्बी सौदे में भारतीय एजैंटों को 12 करोड़ मार्क दिए गए

बान, 31 मार्च (वार्ता): पश्चिम जर्मनी के एक विपक्षी सांसद के अनुसार कील नगर के होवाल्टस्वेके दवैश वर्फट (एच.डी.डब्ल्यू.) शिपयार्ड ने भारत को पनडुब्बी बेचने के सौदे में कमीशन के रूप में 12 करोड़ मार्क (जर्मन मुद्रा डी.एम.) दिए थे । सोशल डैमोक्रेटिक पार्टी के एक सांसद नाबर्ट गशेल एच.डी.डब्ल्यू. द्वारा दक्षिण अफ्रीका को पनडुब्बी निर्माण की योजना और सामग्रियों की अवैध आपूर्ति के कथित मामले की जांच कर रही एक संसदीय समिति के प्रवक्ता हैं । उन्होंने टैलीविजन पर एक भेंटवार्ता में कहा कि उनकी जानकारी के अनुसार इस कम्पनी ने भारत को पनडुब्बी बेचने के सौदे में भारतीय एजैंटों को कमीशन के रूप में सौदे का 18 प्रतिशत दिया, जो 12 करोड़ डी.एम. से अधिक पड़ता है ।

मैं त्यागपत्र किसी कीमत पर वापस नहीं लूंगा : दर्शन सिंह

चंडीगढ़, 31 मार्च (एन.एस. परवाना): सिंह साहिब प्रो. दर्शन सिंह ने घोषणा की है कि गुरुग्रंथ साहिब के सत्कार, मान-मर्यादा और अकाल तख्त के अधिकार को चुनौती देने के मामले पर वह कोई सौदेबाजी या समझौता नहीं करेंगे । "यदि कोई यह समझता है कि इन मामलों को लेकर मेरी आवाज को दबाया जा सकता है तो वह भ्रांति में हैं । गुरुग्रंथ साहिब का अपमान मैं अपनी आंखों से नहीं देख सकता ।

आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि अकाल तख्त की जत्थेदारी से दिया अपना त्यागपत्र वह किसी कीमत पर वापस नहीं लेंगे । यह मामला किसी व्यक्ति विशेष से सम्बद्ध नहीं है ।

प्रो. दर्शन सिंह ने कहा कि 28 मार्च को तेजा सिंह समुन्दरी हाल अमृतसर में शिरोमणि कमेटी के बजट सैशन के दौरान गुरु ग्रंथ साहिब की हजूरी में जो गाली गलौच, घटिया आरोपबाजी की गई उसी तरह आज से करीब तीन वर्ष पूर्व खालसा पंथ के जन्म स्थान तख्त श्री केसगढ़ साहिब आनन्दपुर साहिब में भी शिरोमणि कमेटी के सदस्यों ने एक-दूसरे को थप्पड़ मारे थे और पगड़ियां उछाली थीं । यदि मैं उस समय भी वहां होता तो उसके खिलाफ आवाज उठाता तथा साथ ही कोई कार्रवाई भी करता ।

उन्होंने कहा कि वह सारे सिख जगत बल्कि उन लोगों, जो सिख के सम्मान हेतु संघर्षरत हैं, से भी अपील करते हैं कि यदि वे इस नाजुक समय में गुरु ग्रंथ साहिब का सत्कार कायम करने में सफल हो गए तो कौम का सम्मान भी बहाल हो जाएगा, अतः उनको इस धार्मिक मामले पर प्राथमिकता से विचार करना चाहिए । सभी सिख संगठनों को गुरु ग्रंथ साहिब का 'प्रकाश' करते समय मान मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए और जो कुछ शिरोमणि कमेटी के बजट सत्र में हुआ वह फिर नहीं होना चाहिए ।

प्रो. दर्शन सिंह, जो आज यहां एक धार्मिक समारोह में भाग लेने आए थे, से जब यह पूछा गया कि यदि शिरोमणि कमेटी के प्रधान श्री जी.एस. टोहरा अकाल तख्त पर हाजिर होकर अपनी गलती की माफी मांग लें तो क्या मामला सुलझ जाएगा ? उन्होंने कहा, 'मैंने सारी बात पंथ के समक्ष रख दी है अब वह जाने या उसका काम, इससे अधिक मैं कुछ नहीं कहूंगा ।'

दलित फ्रंट की बैठक आज

लुधियाना, 31 मार्च (धीमान): भारतीय दलित फ्रंट की ओर से कल मालेरकोटला में भारी राजनीतिक कांफ्रैंस की जा रही है, इसमें मान अकाली दल प्रधान श्री सिमरनजीत सिंह मान मुख्य अतिथि होंगे ।

क 4 अप्रैल को पेश होगा

य सहमति से क्या जा सकता ही संविधान

सत्रों ने बताया है कि यदि संसद के दोनों सदन छः अप्रैल तक विधेयक पारित नहीं कर सके तो चुनाव आयोग को पंजाब विधान सभा चुनाव के लिए करके एक नए विधेयक को दोनों सदनों में लाना ।

एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार संसद के दोनों सदनों में विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं की आगामी 4 अप्रैल को एक बैठक होगी, जिसमें पंजाब

क्या स्वाद क्या ताजगी
२ सिक्का

उग्रवादी मारे गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

मार कर परमिन्दर सिंह को एक कमरे में बंद पाया । कथित अपहरणकर्त्ता गुरमीत सिंह और उसका भाई मुख्त्यार सिंह फरार हैं । पुलिस ने पूछताछ के लिए उनके परिवार के छः सदस्यों को हिरासत में लिया है ।

परमिंदर सिंह ने पुलिस को बताया कि उसने वीरवार को भागने का प्रयास किया था परन्तु गुरमीत सिंह के परिवार को सदस्यों ने, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं, उसे पकड़ लिया और फिर उसे कमरे में बंद कर बाहर से ताला लगा दिया गया था ।

तेजधार हथियारों से हत्या : जालन्धर : कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने जालन्धर सदर थाना के क्षेत्र में मोहल्ला करारखां के निकट एक व्यक्ति नरेन्द्र कुमार की तेजधार हथियारों से हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार हमलावर नरेन्द्र कुमार के घर गए और उसे जबरदस्ती अपने साथ ले गए । आगे ले जाकर उन्होंने तेजधार हथियारों से उसकी हत्या कर दी । पुलिस ने इसे आपसी शत्रुता का मामला बताया है ।

ठेके के कर्मचारी की हत्या : एक अज्ञात हमलावर ने कल रात लुधियाना शहर के बाहरी क्षेत्र में ताजपुर मार्ग पर शराब के एक ठेके के कर्मचारी की हत्या कर दी ।

बंदूक छीन ली : खरड़ (शशि): दो अज्ञात व्यक्तियों ने कल कुराली के नज़दीकी गांव मंदों संगतिया में कृपाल सिंह नामक एक व्यक्ति से उसकी 12 बोर की दुनाली लाइसैंस वाली बंदूक छीन ली ।

2 और उग्रवादी मारे गए : जिला भटिंडा में बुढलाडा के निकट आज सायं सुरक्षा बलों के साथ हुई फायरिंग में 2 अज्ञात उग्रवादी मारे गए । इन उग्रवादियों ने इससे पहले न्यू बैंक आफ इंडिया के एक कर्मचारी मिट्ठू सिंह से उसका स्कूटर छीना था, जो स्कूटर पर अपने गांव दयालगढ़ जा रहा था । बैंक कर्मचारी की रिपोर्ट पर सुरक्षा बल तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे, जिसपर वहां मुठभेड़ हो गई मृत उग्रवादियों की पहचान नहीं हो पाई ।

दो व्यक्तियों की हत्या : आतंकवादियों ने गत रात भटिंडा जिले के गांव गुरथाली में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी । मृतक की शिनाख्त बन्त सिंह के रूप में की गई है ।

इसी जिले में गत रात दो हमलावरों ने हाकिमसिंह वाला गांव में बाग सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

सीमा पर भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद : गुरदासपुर (विनोद): गत रात जिला गुरदासपुर में भारत-पाकिस्तान सीमा पर सीमा सुरक्षा बलों को भारी मात्रा में राकेट, शस्त्र और गोली-सिक्का पकड़ने में सफलता मिली है जबकि आतंकवादी वापिस पाकिस्तान भागने में सफल हो गए ।

सीमा सुरक्षा बल के दो शहीद (सीमा) श्री बी.एस. बिश्त ने भारत-पाक सीमा पर जहां ये शस्त्र पकड़े गए, इस सम्वाददाता को बताया कि विशेष सूत्रों से यह सूचना मिली थी कि पंथक कमेटी का सदस्य वधावा सिंह उर्फ चाचा, जो पाकिस्तान में बैठा है, पाकिस्तान की अखलासपुर के निकट करवाल चौकी से पाकिस्तानी रेंजर की मदद से भारत में प्रमुख आतंकवादी धर्म सिंह काश्तीवाल के हाथ भारी मात्रा में शस्त्र भेजेगा । इस सूचना के आधार पर सीमा सुरक्षा बल की 84 बटालियन के कमांडेंट श्री ए.एस. शहीद को साथ लेकर उन्होंने रावी दरिया पार लसियान बी.ओ.पी. के आसपास विशेष नाकाबंदी कर दी थी कि रात्रि लगभग 11.00 बजे दो आतंकवादी लसियान पर सीमा सुरक्षा बल द्वारा लगाई तार के बीच बनी पगडंडी के रास्ते आते दिखाई दिए । जवानों ने जब उन्हें रुकने को कहा तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । जवाब में जवानों द्वारा भी फायरिंग की गई तो आतंकवादी दो बड़े बैग, जो पीठ पर लटका रखे थे, फैंक कर पाकिस्तान वापिस भाग गए ।

श्री बिश्त ने बताया कि इन थैलों में से 11 राकेट, 4 ए.के. 74 राइफलें, 1 बजूका, 8 मैगज़ीन, काफी मात्रा में प्रापैलर चार्ज, राकेट रिंग और ए.के. 74 राइफल की 1086 गोलियां बरामद की गईं । श्री बिश्त के अनुसार बजूका नामक शस्त्र पंजाब में प्रथम बार पकड़ा गया है । यह शस्त्र मोटर गाड़ियां और इमारतें उड़ाने के काम आता है, जबकि प्रापैलर चार्ज राकेट फैंकने की दूरी बढ़ाने के काम आता है । पकड़े गए राकेट पर मेड इन खालिस्तान लिखा था जबकि प्रापैलर चार्ज चीन के बने हुए हैं ।

श्री बिश्त ने बताया कि सूचना के अनुसार यह शस्त्र पाकिस्तान की प्रमुख गुप्तचर एजैंसी आई.एस.आई. की वतन कम्पनी द्वारा सप्लाई किए गए और भारत भेजने में इस एजैंसी ने पाकिस्तान रेंजर को सहयोग देने को कहा । श्री बिश्त के अनुसार पाकिस्तान पूरी तरह आतंकवादियों को सहयोग दे रहा है और पाकिस्तान रेंजर भी इस काम में पूरा सहयोग देते हैं ।

सीमा क्षेत्र में लोगों को पुलिस के हथियार दिए जाएंगे — गिल : पटियाला (भूषण): पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने आज यहां कहा कि राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में आतंकवादियों के खिलाफ शुरू किए गए व्यापक अभियान के अच्छे परिणाम प्राप्त हुए हैं तथा लोगों का मनोबल ऊंचा उठा है । उन्होंने यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में लोगों को पुलिस के हथियार उपलब्ध कराए जाएंगे जिनका इस्तेमाल केवल आतंकवादियों के खिलाफ ही किया जाएगा ।

उन्होंने बताया कि नए भर्ती किए गए कांस्टेबलों के प्रशिक्षण में सुधार किया गया है तथा उन्हें कुछ कमांडो प्रशिक्षण भी दिया जाएगा ।

श्री गिल ने कहा कि सीमा पर कंटीली तार लगाने से आतंकवादियों की घुसपैठ रोकने में काफी सहायता मिली है । एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि यह सच है कि ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन करके कुछ परिवार शहरों में आ गए हैं, परन्तु कोई भी परिवार राज्य के बाहर नहीं गया ।

होमगार्ड का अपहरण : पटियाला जिले में गोबिन्दगढ़ के निकट होमगार्ड हरि सिंह का आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया । घटना के समय हरि सिंह अपने साथियों के साथ एक रेलवे फाटक पर गश्त कर रहा था ।

2 सगे भाइयों सहित 3 की हत्या : फिरोज़पुर (नि.स.): कुछ अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने गत रात थाना धर्मकोट के गांव भैणी में दो सगे भाइयों गुरदीप सिंह और बख्शीश सिंह तथा उनके एक रिश्तेदार गुरमेल सिंह की उस समय गोलियां मार कर हत्या कर दी जब वे अपने घर में सोये हुए थे ।

थाना मल्लांवाली के गांव बस्ती मुढ सिंह वाली में गत बुधवार की रात आतंकवादियों ने 17-18 वर्ष की जाट लड़की जसविन्द्र कौर उर्फ गोगी की हत्या कर दी थी । शव के निकट एक पत्र बरामद हुआ था जिसमें लिखा है कि वह व्यभिचारिणी थी इसलिये उसकी हत्या की गई है ।


(1)


(2)


(3)


(4)

थाना सदर अमृतसर के गांव सांघना में शनिवार को सुरक्षा बलों और उग्रवादियों में हुई मुठभेड़ में 2 उग्रवादी मारे गए । (1) गांव का वह मकान जहां मुकाबला हुआ, (2) वह कमरा, जहां से उग्रवादियों ने मुकाबला किया, (3) घटनास्थल से बरामद शस्त्र, (4) 2 उग्रवादियों और एक राहगीर का शव (दाएं) । (छाया : रवि भंडारी)

दो खतरनाक उग्रवादी गिरफ्तार : कपूरथला (शर्मा): थाना भुलत्थ के अन्तर्गत गांव अकबरपुर के निकट आज दोपहर 11.30 बजे एक पुली पर नाका लगाए पुलिस पार्टी ने एक मारुति वैन नं. पी.ए.ए. 5198 के सवारों के साथ लगभग 15 मिनट की मुठभेड़ के पश्चात दो दुर्दांत आतंकवादियों लखविंद्र सिंह पुत्र गुरचरण सिंह वासी मलियां, पुलिस जिला तरनतारन, जो कि एस.पी.ओ. भर्ती होने के पश्चात तरनतारन सी.आई.ए. इंस्पैक्टर श्री दर्शन सिंह का गनमैन है तथा जागीर सिंह पुत्र प्रकाश सिंह वासी सैफलाबाद को गिरफ्तार करके उनके कब्ज़े से एक बिल्कुल नई चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47, एक मैगज़ीन, 22 गोलियां, एक हथगोला एच.ई. 36 तथा गत 17 मार्च को गांव कुंद पुलिस जिला तरनतारन से पिस्तौल की नोक पर छीनी मारुति वैन बरामद की है । जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि मारुति वैन छीनने के समय इस एस.पी.ओ. के साथ एक सैनिक सिपाही सुखदेव सिंह वासी सरवाली मंडां थाना पट्टी तथा इन्द्रजीत सिंह वासी मलियां भी था । सैनिक अपनी यूनिट में वापिस चला गया है, जबकि इन्द्रजीत सिंह दौड़ा हुआ है ।

1.70 लाख लूटे : चार कार सवार आतंकवादियों ने आज दोपहर कपूरथला में लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता के कार्यालय से 1.70 लाख रुपए लूट लिए ।

लुधियाना के एस.एस.पी. श्री पी.एस. संधू ने बताया कि उक्त दोनों पुलिस कर्मचारियों को निलम्बित कर दिया गया है । उन्होंने बताया कि वे पहले भी लूटपाट करते थे । इन दोनों पुलिस कर्मियों ने बहाना बनाया था कि विशेष पुलिस अधिकारी को आतंकवादियों ने मार डाला था । पुलिस को संदेह हुआ और वास्तविकता मालूम कर ली गई ।

धमकीपूर्ण पत्र लिखने वाला गिरफ्तार : करतारपुर : (देवदत): करतारपुर पुलिस ने एक भट्ठा मालिक सुभाष चन्द्र को धमकीपूर्ण पत्र लिखने पर एक इसाई युवक पीटर मसीह को गिरफ्तार किया है । यह युवक पुलिस मुकाबले में मारे जाने वाले लुटेरे नसीब चन्द उर्फ युसूफ का साला है ।

असले सहित चार आतंकवादी काबू : मुक्तसर से दर्दी, दीपक तथा मलोट से गोयल व केवल के अनुसार गांव छापेयांवाली के निकट नाकाबंदी के दौरान एक वैन में सवार चार सशस्त्र आतंकवादियों को काबू कर लिया गया । पी.ए.ओ. 8914 नम्बर की इस वैन में सवार इन व्यक्तियों में गुरनाम सिंह उर्फ़ पप्पू (रखड़ियां) के पास से एक ए.के. 47, मैगज़ीन व 75 कारतूस तथा गुरमेल सिंह, जोगा सिंह और सुबेग सिंह (सभी मलोट मंडी) के पास से एक एच.ई. 36 हथगोला, एक मैगज़ीन व 200 कारतूस, थ्री-नाट-थ्री की पिस्तौल व 10 कारतूस तथा 12 बोर की पिस्तौल व 15 कारतूस मिले हैं ।

आतंक के कारण ज़ीरा बंद : थाना ज़ीरा के गांव छज्जियांवाली के हरदीप सिंह उर्फ़ दीपा तथा पीर मोहम्मद गांव के कारज सिंह के रिश्तेदारों को गिरफ्तार किये जाने से ज़ीरा कस्बा गत दो दिनों से बंद है । कहा जाता है कि हरदीप सिंह उर्फ़ दीपा भिड़ांवाला टाइगर्स फोर्स का स्वयंभू मेजर जनरल है । ये दोनों आतंकवादी 19 मार्च को तलवंडी भाई में हुए नरसंहार के संबंध में वांछित हैं । इस हत्याकांड में 14 लोग मारे गये थे । ये आतंकवादी शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य श्री प्रेम सिंह तथा उनके सरकारी गनमैन सोहन सिंह की हत्या में भी संबंधित हैं । उल्लेखनीय है कि ज़ीरा के निवासियों में पर्चे बांट कर धमकी दी गई है कि जब तक उक्त आतंकवादियों के रिश्तेदारों को रिहा नहीं किया जाता, कोई व्यापारिक प्रतिष्ठान खोला नहीं जाएगा ।

क्षत-विक्षत लाश मिली : धूरी (सिंगला): पुलिस चौकी कुप के अन्तर्गत गांव फल्लेवाल के निकट एक क्षत-विक्षत लाश मिली है ।

40वीं बटालियन आज स्थापना-दिवस मना रही है

जालन्धर, 31 मार्च : केन्द्रीय आरक्षित पुलिस बल की 40वीं बटालियन 1 अप्रैल को अपना 22वां स्थापना-दिवस मना रही है । बटालियन को अब तक पांच बहादुरी मैडल मिल चुके हैं । इस संबंध में एक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया । एक सैनिक सम्मेलन का भी आयोजन किया गया, जिसे केंद्रीय आरक्षित पुलिस बल के डी.आई.जी. श्री एस.एस. विर्क तथा बटालियन के कमांडेंट श्री सी.एस. बराड़ ने सम्बोधित किया ।

'लिट्टे खालिस्तान का समर्थन नहीं करता'

मद्रास, 31 मार्च (वार्ता): लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम (लिट्टे) ने समाचारपत्रों में प्रकाशित इस खबर का खंडन किया है कि उसके नेता वेलुपिल्लई प्रभाकरन अकाली दल (मान) के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान से मई में मदुरै में मिलेंगे । लिट्टे के एक प्रवक्ता ने आज यहां एक वक्तव्य में कहा कि गत गुरुवार को नई दिल्ली में एक गुप्त बैठक में कथित रूप से उपस्थित श्री नगईमुगन रामचंद्रन लिट्टे के प्रतिनिधि नहीं हैं । उसने कहा कि खुद श्री रामचंद्रन ने इस बारे में स्पष्टीकरण दिया है । प्रवक्ता ने कहा कि लिट्टे ने खालिस्तान की मांग का न कभी समर्थन किया और न करेगा । उसने कहा कि श्री प्रभाकरन का तमिलनाडु आने का कोई विचार नहीं है ।

पंजाब में चुनाव कराने की मांग

नई दिल्ली, 31 मार्च (वार्ता): मार्क्सवादी समन्वय समिति के सदस्य तथा सांसद ए.के. राय ने राष्ट्रीय मोर्चा सरकार से पंजाब में राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाने का इरादा छोड़ कर वहां चुनाव कराने की मांग की है ।

अरुणाचल प्रदेश सरकार

ओम शक्ति

साप्ताहिक लॉटरी

ड्रॉ हर शनिवार

37वें ड्रा का परिणाम, जो 31.3.90 को निकाला गया :—

पहला पुरस्कार रु. 1,00,000/- DO-38985 (Shakthi & Co., Pondicherry)

दूसरा पुरस्कार रु. 5,000/- DS-76910

तीसरा पुरस्कार रु. 500/- प्रत्येक
02385 28651 28842 43639 46736
71962 75964 85032 94067 97679

चौथा पुरस्कार रु. 50/- प्रत्येक
1879 2459 2988 3692 6782
6928 7056 7092 7918 8797

पांचवां पुरस्कार रु. 20/- प्रत्येक
0761 0607 0399 2059 3618
4426 5158 7919 9037 9909

छठा पुरस्कार रु. 10/- प्रत्येक
046 109 245 356 461 589 667 746 888 983

अगला ड्रा 7.4.90 को ।

सोल डिस्ट्रिब्यूटर्ज:
दामाणी एण्ड कम्पनी
नई दिल्ली

संशोधन

31.3.90 के पंजाब केसरी के पृष्ठ 2 पर प्रकाशित श्री तिरुपति साप्ताहिक लाटरी के 113वें ड्रा के परिणाम में छठा पुरस्कार में 963 की बजाय 903 पढ़ें ।

भोग श्री गरुड़ पुराण

अत्यन्त दुखी हृदय से सूचित किया जाता है कि मेरे सुपुत्र अजीत कुमार 20 मार्च 1990 को स्वर्ग सिधार गये, उनके निमित्त गरुड़ पुराण का भोग 1.4.90 दिन रविवार को दोपहर बाद 2 से 3 बजे तक महावीर भवन समिट्री रोड, सिविल लाइन्ज, लुधियाना में पड़ेगा ।



शोकग्रस्त :
केदारनाथ (पिता), गोवर्धन दास (ताया), श्रीमती रीटा जैन (पत्नी), ज्ञान चंद, दिनेश जैन व राकेश जैन (भाई)

Rakesh Woollen Mills P. Ltd., Ludhiana.

सतगुरु महाराज ऊषा माता जी

7 आतंकवादी और 2 घुसपैठिये सुरक्षा बलों से मुठभेड़ों में मारे गए

राधा स्वामी डेरे से ब्यास स्टेशन के मध्य चलने वाली बस से बम बरामद

ए.एस.आई. सहित 7 की हत्या : 6 का अपहरण

चंडीगढ़, 1 अप्रैल (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत सायं से अब तक सुरक्षा बलों के साथ विभिन्न मुकाबलों में 7 आतंकवादी व 2 घुसपैठिए मारे गए हैं । राधा स्वामी सत्संग डेरा ब्यास से ब्यास स्टेशन के मध्य चलने वाली एक बस में एक शक्तिशाली बम मिलने से एक भयंकर दुर्घटना टल गई । उग्रवादियों ने एक ए.एस.आई., ठेके पर 2 व्यक्तियों सहित 7 लोगों की हत्या कर दी तथा 6 व्यक्तियों का अपहरण कर लिया ।

दो आतंकवादी मरे : कपूरथला (शर्मा): थाना कोतवाली के अन्तर्गत गांव फत्तूढींगा के निकट गत रात्रि लगभग दस बजे नाका लगाए पुलिस पार्टी के साथ मुठभेड़ में सफेद फ़िएट कार नं. एम.एम.एफ. 2153 में सवार दो अज्ञात आतंकवादी मारे गए जिन्होंने गत दोपहर अपने अन्य तीन साथियों के साथ स्थानीय लोक निर्माण कार्यालय से पिस्तौल की नोक पर 1 लाख 62 हजार रुपए से अधिक लूटे थे । पुलिस के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकवादी फायरिंग करते हुए अपने शस्त्रों सहित अंधकार का लाभ उठाकर भागने में सफल हो गए । पुलिस ने इस कार में से तथा मारे गए दोनों आतंकवादियों के शवों के निकट से एक चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47, एक 12 बोर देसी पिस्तौल व 60 गोलियां, चार कारतूस तथा काफी में चली हुई गोलियों के खोल व लोक निर्माण कार्यालय से लूटे रुपयों में से 15 हजार रुपए अपने कब्जे में लिए हैं । जिला पुलिस के वरिष्ठ अधीक्षक ने बताया कि गत दिवस कार सवार आतंकवादियों ने लोक निर्माण के कार्यालय के एस.डी.ओ. के घर जाकर पिस्तौल की नोक पर उन्हें बैंक से निकलवाए 30 लाख रुपए देने के लिए कहा तथा उसको कार्यालय में लाकर खज़ान्ची से एक लाख 62 हजार रुपयों से अधिक लूटकर ले गए । 30 लाख रुपए के टोकन पर अभी बैंक से रुपए निकलवाए नहीं गए थे । इस वारदात की सूचना मिलते ही जिला भर में पुलिस ने नाके लगा लिए थे ।

गत रात्रि लगभग दस बजे कोतवाली पुलिस गांव फत्तूढींगा के निकट नाका लगाए थी कि मुंडी मोड़ की ओर जा रही एक कार को रुकने का संकेत दिया तो कार सवारों ने 15-20 गज दूर कार रोक ली तथा पुलिस पार्टी पर ए.के. 47 से बर्स्ट मारकर खेतों की ओर फायरिंग करते हुए भागे । पुलिस की जवाबी फायरिंग से दो आतंकवादी मारे गए तथा तीन आतंकवादी अपने शस्त्रों तथा लूटे गए शेष रुपयों के साथ ब्यास नदी की ओर भाग गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार कार छीनी हुई तथा इसका नम्बर जाली मालूम होते हैं । पुलिस के अनुसार इस लूट की वारदात में लोक निर्माण कार्यालय का कोई कर्मचारी भी शामिल मालूम होता है । मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादियों की अभी पहचान नहीं हुई है, पुलिस काफी सक्रिय है ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार : कपूरथला पुलिस ने भुलथ पुलिस थाना क्षेत्र में दो आतंकवादियों को मामूली मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है । उनके पास से एक राइफल तथा एक हथगोला बरामद हुआ । आतंकवादी एक मारुति वैन भी छोड़ गए जबकि उनका एक साथी भागने में सफल रहा ।

मुठभेड़ में 3 आतंकवादी, 1 नागरिक मरा : सुरक्षा बलों ने गत सायं अमृतसर जिले के सांगना व मावहा गांवों में हुई मुठभेड़ों के दौरान तीन आतंकवादियों को मार गिराया । मृतक आतंकवादियों की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है । सुरक्षा बलों ने गुप्त सूचना मिलने पर कि कुछ आतंकवादी फार्म हाऊसों में छुपे हुए हैं, दो फार्म हाऊसों को घेर लिया और फिर मुठभेड़ शुरू हो गई । पुलिस के अनुसार एक मुठभेड़ में दोनों ओर से चल रही गोलियों से एक नागरिक भी मारा गया, जिसकी शिनाख्त सुलक्खन सिंह के रूप में की गई है । इन दो फार्म हाऊसों से तीन ए.के. 47 राइफलें, एक 315 बोर की राइफल, एक दुनाली बंदूक, एक मिनी राकेट लांचर, एक छोटा राकेट, एक हैंड ग्रेनेड, एक दूरबीन, एक बम, कई डैटोनेटर, 10 किलो विस्फोटक सामग्री तथा भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद हुआ है । पुलिस ने इन दोनों मुठभेड़ों के सम्बन्ध में 6 व्यक्तियों को हिरासत में लिया है ।

राधा स्वामी डेरे की बस में बम मिला : 'प.स.' के अनुसार आतंकवादियों ने ब्यास में श्रद्धालुओं से भरी पंजाब रोडवेज़ की एक बस को शक्तिशाली बम से उड़ाने का असफल प्रयास किया । मजीठा पुलिस जिला के प्रमुख श्री अनिल शर्मा ने बताया कि यह बस राधा स्वामी सत्संग के डेरे से ब्यास स्टेशन के बीच चलती थी । कुछ यात्रियों ने बस में बम को पड़े देखा । बस में एक पुलिस कांस्टेबल भी यात्रा कर रहा था, जिसने यात्रियों के आतंकित होने से पहले ही इसे उठा कर बाहर फैंक दिया । यह मामला तुरन्त डेरा परिसर में तैनात सुरक्षा बलों के नोटिस में लाया गया, जिन्होंने उस क्षेत्र को घेरे में लेकर बम के इर्द-गिर्द रेत के बोरे लगा दिए । बाद में सेना के विशेषज्ञों ने इसे निष्क्रिय कर दिया । घटना में कोई हताहत नहीं हुआ । इससे पूर्व सूचना दी गई थी कि बम डेरा परिसर में पड़ा मिला था ।

4 व्यक्तियों का अपहरण : अमृतसर शहर के बाह्य क्षेत्र टबुर्जी के निकट गत सायं 4 व्यक्तियों का अपहरण कर लिया गया । पुलिस के अनुसार पांच व्यक्ति एक कार में अमृतसर आ रहे थे कि उन्हें तीन आतंकवादियों ने रुकने का इशारा किया, परन्तु एक व्यक्ति अशोक कुमार किसी तरह आतंकवादियों से बच निकला और उसने घटना की जानकारी पुलिस को दी । पुलिस तुरन्त घटनास्थल पर पहुंच गई, परन्तु आतंकवादी चारों अपहृत व्यक्तियों को लेकर फरार हो गए ।

हत्या : आतंकवादियों ने गत रात मजीठा

(शेष पृष्ठ 8 पर)



नवरात्रों के उपलक्ष्य में माता लौंगावाली मंदिर तथा अमृतसर के अन्य माता के मंदिरों में मेलों का आयोजन किया गया है, जहां महिलाएं श्रद्धापूर्वक पूजा करती हुई माता लौंगावाली की पिंडी पर कच्ची लस्सी चढ़ाती हैं, माता के शेर का पूजन करती हैं, कंजकें बिठाती हैं तथा नवरात्रों के सभी दिनों में दुर्गा-पाठ करती हैं । मेलों में कंजकें और महिलाएं चूड़ियां चढ़ाती हैं, बच्चों के लिए गोलकें आदि खरीदती हैं और बच्चों के साथ झूला झूलती हैं । ये सभी चित्र इसी अवसर के हैं । (छाया : ओम भंडारी)

नवरात्रों के उपलक्ष्य में हज़ारों श्रद्धालुओं द्वारा तीर्थ यात्रा : रामनवमी की तैयारियां ज़ोरों पर

हमीरपुर, 1 अप्रैल (प.स.): नवरात्रों के पावन दिवस के उपलक्ष्य में इन दिनों सारे हिमाचल प्रदेश तथा पंजाब, हिमाचल, उत्तर प्रदेश व जम्मू-कश्मीर के हजारों श्रद्धालुओं द्वारा जिला कांगड़ा में प्रसिद्ध तीर्थ स्थानों ज्वालामुखी, चिंतपूर्णी, चामुण्डा देवी

आरम्भ हो जाएगा, जिसका भोग मंगलवार को प्रातः पड़ेगा । शोभा यात्रा का मार्ग थोड़ा बदल दिया गया है । यह शोभा यात्रा 2 बजे नेहरू गार्डन से ही आरम्भ होगी तथा जी.टी. रोड से सीधे पटेल चौक से





(1-2) कपूरथला के निकट लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में लूटपाट की लाश, जो पुलिस मुठभेड़ में मारे गये, (3) आतंकवादियों के शवों के निक 15 हजार रुपये, (4) लूट की वारदात में प्रयोग की गई कार ।

पुर्तगाल सरकार गोवावा स्वर्णाभूषण भारत को लौ

लिस्बन , 1 अप्रैल (प.स., वार्ता): पुर्तगाल सरकार ने गोवावासियों के स्वर्ण आभूषणों को अंततः भारत सरकार को सौंपने का फैसला किया है । इस सम्बन्ध में जल्द ही पुर्तगाल का नैशनल बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के बीच एक समझौता होने की सम्भावना है । पुर्तगाल के विदेश मंत्री जाओस डियूश पिनहेरो ने लिस्बन में राष्ट्रपति रामास्वामी वेंकटरमन के साथ आध घंटे की बातचीत के बाद पत्रकारों को यह जानकारी दी । उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में अंतिम निर्णय लिया जा चुका है । गोवावासियों ने अपने ये आभूषण नैशनल बैंक आफ पुर्तगाल में गिरवी रखे थे । 1962 में गोवा से जाते समय बैंक ने ये आभूषण ज़ब्त कर लिए थे । तब से ये आभूषण लिस्बन में बैंक की तिजौरी में पड़े हैं । पुर्तगाल सरकार के सूत्रों के अनुसार इस समय इन स्वर्णाभूषणों की कीमत 25 लाख डालर (लगभग 4 करोड़ रुपए) होगी ।

भारत की तरफ से स्टेट बैंक इन स्वर्णाभूषणों की वापसी के लिए बातचीत कर रहा है । दोनों बैंकों द्वारा इस सम्बन्ध में कई मसौदे तैयार किए गए और

पुर्तगाल के समाचारपत्रों भी मिली किन्तु तकनीकी ठप्प पड़ गया । श्री पिना से बातचीत के दौरान विचार-विमर्श किया । यात्रा पर यहां आए हैं । दोनों देशों ने संस्कृति औ संयुक्त आयोग की यथा फैसला किया है । पुर्त दोबारा राजनयिक सम्बन्ध थे । गोवा को पुर्तगाल चंगुल से मुक्त कराने की के सम्बन्ध टूट गए थे ।

निमंत्रण स्वीकार मारिओ सोरेस ने भारत कर लिया है । राष्ट्रपति सोरेस से अपनी वार्ता के निमंत्रण दिया था । पुर्तगा की यह पहली भारत यात्रा की तिथि बाद में राजन जाएगी ।

अकाली दल मान द्वारा राजभवन के निकट धरना

चंडीगढ़, 1 अप्रैल (वार्ता): अकाली दल (मान) के एक 21 सदस्यीय जत्थे ने आज यहां पंजाब राज भवन के निकट दिन भर का धरना दिया । वे राज्य में राष्ट्रपति शासन बढ़ाने के प्रस्ताव और विधानसभा चुनाव न कर वाए जाने तथा कथित पुलिस जुल्म का विरोध कर रहे थे ।

दल के प्रमुख सिमरनजीत सिंह मान ने सम्वाददाताओं को बताया कि विरोध प्रदर्शन 12 अप्रैल तक जारी रहेगा । तेरह अप्रैल को बैसाखी के दिन पार्टी आगे का कार्यक्रम घोषित करेगी । जत्थे का नेतृत्व दल की कार्यकारिणी के सदस्य बलदेव सिंह बराड़ ने किया । जत्थे के सदस्यों ने पहले सैक्टर आठ के गुरुद्वारे में जमा होकर श्री मान के साथ अरदास की । श्री मान ने उन्हें माला पहना कर गुरुद्वारे से राज भवन की ओर विदा किया ।

जत्थे में शामिल लोगों ने राजभवन की ओर जाते हुए रास्ते में पंजाब सरकार के खिलाफ नारे लगाए । उन्होंने राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया बहाल करने की मांग की । चंडीगढ़ पुलिस ने जत्थे को सैक्टर आठ, सात, पांच और छह के चौराहों पर रोक कर धरना नज़दीक ही देने के लिए मनाया । जत्थे को राजभवन के ठीक सामने धरना देने के लिए बढ़ने की इजाजत नहीं दी गई ।

मुफ्ती-जग विचार-

नई दिल्ली, 1 अप्रैल मुफ्ती मुहम्मद सईद ने जम्म आज राज्यपाल जगमोह किया । ढाई घंटे से अधिक बैठक में गृहसचिव नरेश वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित से विमान द्वारा यहां आए औ गृहमंत्री के निवास पर गए

नंगा होकर सवार शहर

राजपुरा, 1 अप्रैल (करें या न मगर यह बात व्यक्ति जिसका नाम खुशी साइकल पर सवार होकर पर घूमते हुए देखा गया उसने ऐसी कोई शर्त नहीं वह भांग पीता है और लोग हैं । उसे किसी ने नहीं रोक हो बाबा मोड वाले तक च

चौटाला हट

Punjabi Jagdishtani

पैठिये
रे गए

बम बरामद

पहरण

भाग गए । पुलिस सूत्रों के
तथा इसका नम्बर जाली
स के अनुसार इस लूट की
कार्यालय का कोई कर्मचारी
ा है । मुठभेड़ में मारे गए
पहचान नहीं हुई है, पुलिस

पतार : कपूरथला पुलिस
त्र में दो आतंकवादियों को
गिरफ्तार किया है । उनके
तथा एक हथगोला बरामद
क मारुति वैन भी छोड़ गए
ो भागने में सफल रहा ।

ातंकवादी, 1 नागरिक
गत सायं अमृतसर जिले के
में हुई मुठभेड़ों के दौरान तीन
मार गिराया । मृतक
शिनाख्त नहीं हो सकी है ।
सूचना मिलने पर कि कुछ
सों में छुपे हुए हैं, दो फार्म
और फिर मुठभेड़ शुरू हो
र एक मुठभेड़ में दोनों ओर से
एक नागरिक भी मारा गया,
खन सिंह के रूप में की गई
ों से तीन ए.के. 47 राइफलें,
फल, एक दुनाली बंदूक, एक
छोटा राकेट, एक हैंड ग्रेनेड,
कई डैटोनेटर, 10 किलो
भारी मात्रा में गोली-सिक्का
स ने इन दोनों मुठभेड़ों के
को हिरासत में लिया है ।

की बस में बम मिला :
आतंकवादियों ने ब्यास में
ब रोडवेज की एक बस को
उड़ाने का असफल प्रयास
जिला के प्रमुख श्री अनिल
बस राधा स्वामी सत्संग के
के बीच चलती थी । कुछ
को पड़े देखा । बस में एक
यात्रा कर रहा था, जिसने
ने से पहले ही इसे उठा कर
मामला तुरन्त डेरा परिसर में
टिस में लाया गया, जिन्होंने



(1-2) कपूरथला के निकट लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में लूटपाट करने वाले आतंकवादियों की लाश, जो पुलिस मुठभेड़ में मारे गये, (3) आतंकवादियों के शवों के निकट से बरामद असला तथा 15 हजार रुपये, (4) लूट की वारदात में प्रयोग की गई कार । (छाया : शर्मा)

पुर्तगाल सरकार गोवावासियों के स्वर्णाभूषण भारत को लौटाएगी

लिस्बन, 1 अप्रैल (प.स., वार्ता): पुर्तगाल सरकार ने गोवावासियों के स्वर्ण आभूषणों को अंततः भारत सरकार को सौंपने का फैसला किया है । इस सम्बन्ध में जल्द ही पुर्तगाल का नैशनल बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के बीच एक समझौता होने की सम्भावना है । पुर्तगाल के विदेश मंत्री जाओस डियुश पिनहेरो ने लिस्बन में राष्ट्रपति रामास्वामी वेंकटरमन के साथ आध घंटे की बातचीत के बाद पत्रकारों को यह जानकारी दी । उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में अंतिम निर्णय लिया जा चुका है । गोवावासियों ने अपने ये आभूषण नैशनल बैंक आफ पुर्तगाल में गिरवी रखे थे । 1962 में गोवा से जाते समय बैंक ने ये आभूषण जब्त कर लिए थे । तब से ये आभूषण लिस्बन में बैंक की तिजोरी में पड़े हैं । पुर्तगाल सरकार के सूत्रों के अनुसार इस समय इन स्वर्णाभूषणों की कीमत 25 लाख डालर (लगभग 4 करोड़ रुपए) होगी ।

भारत की तरफ से स्टेट बैंक इन स्वर्णाभूषणों की वापसी के लिए बातचीत कर रहा है । दोनों बैंकों द्वारा इस सम्बन्ध में कई मसौदे तैयार किए गए और पुर्तगाल के समाचारपत्रों में इसे काफी लोकप्रियता भी मिली किन्तु तकनीकी अड़चनों के कारण मामला ठप्प पड़ गया । श्री पिनहेरो ने राष्ट्रपति रामास्वामी से बातचीत के दौरान द्विपक्षीय मामलों पर भी विचार-विमर्श किया । श्री रामास्वामी तीन दिन की यात्रा पर यहां आए हैं । श्री पिनहेरो ने बताया कि दोनों देशों ने संस्कृति और व्यापार के क्षेत्र में गठित संयुक्त आयोग की यथासम्भव बैठक बुलाने का फैसला किया है । पुर्तगाल और भारत के बीच दोबारा राजनयिक सम्बन्ध 1974 में स्थापित हुए थे । गोवा को पुर्तगाल के औपनिवेशिक शासन के चंगुल से मुक्त कराने की घटना के कारण दोनों देशों के सम्बन्ध टूट गए थे ।

निमंत्रण स्वीकार : पुर्तगाल के राष्ट्रपति बारिजो सोरेस ने भारत आने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है । राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन ने कल श्री सोरेस से अपनी वार्ता के दौरान उन्हें भारत आने का निमंत्रण दिया था । पुर्तगाल के किसी भी राष्ट्राध्यक्ष की यह पहली भारत यात्रा होगी । उनके भारत आने की तिथि बाद में राजनयिक स्तर पर तय की जाएगी ।

अकाली दल मान द्वारा राजभवन के निकट धरना

चंडीगढ़, 1 अप्रैल (वार्ता): अकाली दल (मान) के एक 21 सदस्यीय जत्थे ने आज यहां पंजाब राज भवन के निकट दिन भर का धरना दिया । वे राज्य में राष्ट्रपति शासन बढ़ाने के प्रस्ताव और विधानसभा चुनाव न कर वाए जाने तथा कथित पुलिस जुल्म का विरोध कर रहे थे ।

मुफ्ती-जगमोहन में विचार-विमर्श

नई दिल्ली, 1 अप्रैल (प.स.): केंद्रीय गृहमंत्री मुफ्ती मुहम्मद सईद ने जम्मू-कश्मीर की स्थिति पर आज राज्यपाल जगमोहन से विचार-विमर्श किया । ढाई घंटे से अधिक समय तक चली इस

श्री
सुर

सी.आर

पाक अ

जम्मू (प.स.,
सफलता आज
उग्रवादी अनन्तन

एक सरका
आतंकवादी उन
जो ही हाल में श्री
थे ।

सुरक्षा बलों
राइफलें और लग
मिला है ।

एक सरकारी
के विरुद्ध चल रहे
किए गए उग्रवा
होगा ।

इस बीच सी
उग्रवादियों को उ
वे पाक अधिकृत
थे । उग्रवादियों
की यह तीसरी ब

इस बीच श्रीन
कर्फ्यू में दी गई ढ
गई गोलीबारी में
जवान मारा गया

प्रवक्ता ने बत
उड़ी सैक्टर में
कश्मीरी उग्रवादी
उसके पास से
पिस्तौलें भी जब्त

उधर श्रीनग
ढील के दौरान अ
रिजर्व पुलिस बल
डाला । नौपुरा
नाकाम करने के
संदिग्ध उग्रवादी

श्रीनगर में सु
भी दुकानें नहीं खु
रहे । उग्रवादियों

Punjabi Sanatan

मुठभेड़ों में मारे गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

पुलिस जिला के गांव दयाल भट्टी में एक व्यक्ति यूसुफ मसीह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

शव बरामद : मजीठा पुलिस जिले के भोएवाल गांव के निकट गत रात एक शव बरामद हुआ, जिसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी ।

उग्रवादी समझ कर गोली चला दी : अमृतसर से वर्मा के अनुसार गत रात 10 बजे के करीब शहर के भीतरी इलाके चौक बाबा साहब में अचानक गोलियों की आवाज ने लोगों को बिस्तरे छोड़ने पर मजबूर कर दिया । घटना उस समय हुई जब इलाके के एक व्यक्ति ने रुक-रुक कर फायरिंग करनी शुरू कर दी, जो दस मिनट तक चलती रही । बाद में पता चला कि इस व्यक्ति ने समझा था कि उसके मकान में उग्रवादी घुसने की कोशिश कर रहे हैं ।

आतंकवादी काबू : फिरोजपुर जिला पुलिस ने शिंगारा सिंह नाम के एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है । उसके कब्जे से कुछ कारतूसों के अलावा एक बंदूक, एक राइफल तथा एक ए.के. 47 राइफल बरामद की गई ।

2 घुसपैठिए मरे : आधिकारिक सूत्रों के अनुसार गुरदासपुर जिले के डेरा बाबा नानक सैक्टर में भारत-पाक सीमा पर दो अज्ञात घुसपैठिए मुठभेड़ में मारे गए ।

रेल गाड़ी में बम की अफवाह : पटियाला जिले में अहमदगढ़ के रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर को आज फोन पर किसी ने सूचित किया कि दिल्ली से जम्मू जाने वाली रेल गाड़ी में कल रात एक बम रखा गया है । तलाशी लेने पर बैटरी के दो सैलों को छोड़ कर कुछ भी बरामद नहीं हुआ ।

2 और अपहरण : अपहरण की दो अन्य घटनाओं में संगरूर जिले में करसाना टरंड से श्री बहादुर शर्मा का अपहरण कर लिया गया तथा सादिक थाने के गांव बट्टर से श्री भूपेंद्र सिंह का अपहरण कर लिया गया । पुलिस के अनुसार श्री भूपेंद्र सिंह के अपहरणकर्त्ताओं ने उनकी रिहाई के लिए 15 लाख रुपए की फिरौती मांगी है ।

ठेके पर 2 व्यक्तियों की हत्या : खन्ना (शर्मा): यहां से 15 कि.मी. दूर गांव धमेड़ी में गत रात लगभग 8.30 बजे चार मोटर साइकल सवार उग्रवादियों ने गांव के ठेके पर 2 व्यक्तियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । प्राप्त विवरण के अनुसार उग्रवादी जब आए उस समय गांव में बिजली बंद थी । उन्होंने ठेके का दरवाजा खटखटा कर एक अद्धा मांगा । उस समय ठेके का एक कर्मचारी परगट सिंह आटा गूंध रहा था जबकि दूसरा कर्मचारी चरनजीत सिंह उसके पास बैठा था । चरनजीत सिंह खिड़की खोल कर जैसे ही उन्हें अद्धा देने लगा उग्रवादियों ने रिवाल्वर से उस पर तीन फायर किए और गोलियां उसके कंधे को चीरती हुई निकल गईं । इसके बाद उग्रवादियों ने ए.के. 47 से उस पर बर्स्ट मारा, जिससे चरनजीत सिंह पास ही जल रही मोमबत्ती पर ढेर हो गया और मोमबत्ती बुझ गई । अंधेरा होने के कारण परगट सिंह के प्राण बच गए ।

इस बीच हरमेश सिंह, जो खरड़ के निकट गांव से यहां नज़दीकी गांव फिरोज़पुर में अपने रिश्तेदारों से मिलने आया था, ठेके के बाहर बैठा शराब पी रहा था । गोलियों की आवाज सुन कर वह भागने लगा तो उग्रवादियों ने उसे भी तीन गोलियां मारीं, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

धमेड़ी के सरपंच ने बताया कि इससे पूर्व लगभग 7.30 बजे यही चारों उग्रवादी मुल्लांपुर में बंत सिंह के घर से उसकी रिवाल्वर छीन कर लाए थे । पुलिस के अनुसार उग्रवादियों के पास 3 ए.के. 47 राइफलें और एक रिवाल्वर थी ।

5 आतंकवादी गिरफ्तार : लुधियाना (धीमान): वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री परमजीत सिंह संधू ने बताया कि गत रात 5 उग्रवादी पकड़े गए हैं । उनके नाम—गुरदयाल सिंह उर्फ दयाला, लखविंदर सिंह उर्फ लक्खा, मलकीत सिंह उर्फ मत्ता, निरंजन सिंह उर्फ बिल्ला और परमजीत सिंह उर्फ पम्मा हैं । ये सभी माछीवाड़ा की चुंगी लूटने की योजना बना रहे थे । पुलिस ने उन्हें उस समय ललकारा जब वे एक पुल के नीचे बैठे योजना बनाने में व्यस्त थे । उनके कब्जे से 3 पिस्तौलें, कुछ कारतूस और 2 स्कूटर बरामद हुए हैं । ये माछीवाड़ा और लुधियाना शहर में हुई विभिन्न डकैतियों में वांछित हैं ।

ए.एस.आई. की हत्या : आतंकवादियों ने होशियारपुर थाना के अंतर्गत गांव चपरा में पंजाब पुलिस के एक असिस्टैंट सब-इंस्पैक्टर गुरचरण सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतक पुलिस लाइन पट्टी में तैनात था और छुट्टी पर गांव आया हुआ था ।

बंदूक छीन ली : होशियारपुर (नि.स.): गढ़शंकर के निकटवर्ती गांव कालेवाल ललियां के एक व्यक्ति बलदेव सिंह से गत रात 4 सशस्त्र उग्रवादियों ने उसकी 12 बोर की सिंगल बैरल गन और 5 कारतूस छीन लिए और फरार होने में सफल हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

4 घोषित अपराधी, 1 तस्कर गिरफ्तार : जालन्धर पुलिस ने 4 घोषित अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है । ये विभिन्न मामलों में पुलिस को वांछित थे । गिरफ्तार किए गए अपराधियों के नाम हैं : बलदेव सिंह पुत्र करतार सिंह मजहबी निवासी बिल्गा थाना नूरमहल, जसविन्दर सिंह उर्फ भुट्टो पुत्र अजीत सिंह जाट निवासी बिल्गा, फकीर सिंह पुत्र डूजागर सिंह जाट निवासी काहलवां थाना करतारपुर तथा कुलदीप सिंह पुत्र निर्मल सिंह जाट निवासी काहलवां थाना करतारपुर ।

पाल सिंह निवासी दिलबाग थाना नूरमहल नामक एक कुख्यात तस्कर भी गिरफ्तार किया गया है तथा 560 किलो पोस्त चूरे की 14 बोरियां बरामद हुई हैं ।

अमरीका से लौटे मास्टर पर हमला : नकोदर (गगन): नकोदर-कपूरथला मार्ग पर यहां से चार किलोमीटर दूर गांव दगोवाल में आध दर्जन से अधिक सशस्त्र व्यक्ति तड़के चार बजे अमरीका से लौटे मास्टर संतोख सिंह के घर दीवार फांद कर घुस आए । आते ही उन्होंने संतोख सिंह की पत्नी को आदेश दिया कि हमें दूध पिलाओ । दूध पीने के बाद उन्होंने घर की चाबियां मांगीं । फिर बड़े लड़के को आदेश दिया कि घर की सारी बत्तियां बुझा दो । मगर लड़के ने ऐसा करने से इन्कार कर दिया । इसके बाद उन्होंने संतोख सिंह के छोटे लड़के छः वर्षीय हैप्पी को उठा लिया और उसे लेकर बाहर निकल गए । मास्टर ने उनका पीछा करके गली में जा कर लड़के को उनसे छीन लिया । इस पर आक्रमणकारियों ने मास्टर संतोख सिंह के पेट में दो गोलियां मारीं और उस पर कम्बल फैंक कर भाग गए कि कहीं वह किसी को पहचान न ले । वे खेतों से होते हुए भाग निकले । घर वाले घायल संतोख सिंह को लेकर सी.एम.सी. लुधियाना चले गए हैं । वहां उसकी हालत खतरनाक बताई जाती है । सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए । क्षेत्र की नाकाबंदी कर ली गई है । पुलिस का दावा है कि वह अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार कर लेगी ।



गुमशुदा की तलाश

राधा कृष्ण नेगी, उम्र 27 साल, रंग गोरा, कद 5'-3", रिकोंगपिओ, हिमाचल प्रदेश से 12 सितम्बर 1989 से लापता है । इसके बारे में सही सूचना देने



लायन्स क्लब के ग्यारह व तेरह क्षेत्रों की कांफ्रैंस गत दिवस लायन्स भवन लाजपत नगर जालंधर में आयोजित की गई । कांफ्रैंस में लायन्स क्लब

अडवानी

(पृष्ठ 3 का शेष)

सांझेदारी के साथ ही भाजपा महाराष्ट्र में भी जनता दल से आगे है ।

श्री अडवानी ने पार्टी के विकास पर संतोष प्रकट किया । पार्टी की दसवीं वर्षगांठ आगामी 6 अप्रैल को मनाई जा रही है ।

उन्होंने कहा कि शक्ति प्राप्त करने के बाद हमारे प्रयत्न होंगे कि पार्टी को पूर्व तथा दक्षिण में भी सुसंगठित किया जाए ।

उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा लोकसभा तथा विधान सभा चुनावों में सफलता प्राप्त करने के कारणों में एक मुद्दा श्री राम जन्म भूमि का भी रहा है ।

राम मंदिर निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा : श्री अडवानी ने आज यहां पार्टी के कार्यकर्त्ताओं की एक रैली को सम्बोधित करते हुए कहा कि चार महीने का समय बीतने के बाद अयोध्या में प्रस्तावित राम जन्म भूमि मंदिर का निर्माण कार्य तत्काल शुरू होगा । उन्होंने कहा कि राम जन्म भूमि यज्ञ समिति ने सरकार को राम जन्म भूमि विवाद पर फैसला करने के लिए चार महीने का समय दिया था । उन्होंने आरोप लगाया कि 1986 में बाबरी मस्जिद विवाद को तूल देने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी जिम्मेदार हैं । उसी साल श्री गांधी ने मुस्लिम महिला विधेयक पारित कराया था, जिसके बाद बाबरी मस्जिद विवाद ने तूल पकड़ा । उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी कश्मीर में धारा 370 समाप्त करने की मांग पर दृढ़ है ।

10 हजार प्रतिनिधियों ने भाग लिया : भाजपा सम्मेलन में जम्मू-कश्मीर राज्य से 10 हजार से भी अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया । भाजपा का यह एक दिवसीय सबसे बड़ा सम्मेलन कहा जा सकता है, जिसमें जम्मू-कश्मीर को भारत का एक अभिन्न अंग बताते हुए कहा गया कि जो लोग भारत में नहीं रहना चाहते, वे कहीं भी जा सकते हैं, मगर किसी को भी राज्य की भूमि का एक इंच टुकड़ा भी भारत से अलग नहीं करने दिया जाएगा ।

पाक अस्तित्व खतरे में होगा : भाजपा अध्यक्ष श्री अडवानी ने पाकिस्तान को भारत के मामलों में हस्तक्षेप के विरुद्ध चेतावनी देते हुए कहा कि अगर पाक नेताओं ने सही व्यवहार नहीं किया तो पाकिस्तान का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा ।

सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए भाजपा के अखिल भारतीय महासचिव श्री केदारनाथ साहनी ने कहा कि घाटी की वर्तमान स्थिति इंका की उन गलत नीतियों का ही परिणाम है, जो गत 40 वर्षों में अपनाई जाती रहीं । उन्होंने कहा कि जो बीज वह पार्टी बो गई है, उसका फल न केवल जम्मू-कश्मीर राज्य को ही चखना पड़ रहा है, अपितु सारा देश ही इसके लिए भारी कीमत अदा कर रहा है ।

भाजपा के प्रदेश महासचिव प्रो. चमन लाल गुप्ता ने सभी लोगों से साम्प्रदायिक सद्भावना बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि देशद्रोही तत्वों से सावधान रहने की बहुत आवश्यकता है ।

राम नवमी की तैयारियां

(पृष्ठ 3 का शेष)

रामनवमी महोत्सव मनाने की जोरदार तैयारियां की जा रही हैं । हर वर्ष की तरह श्री रामलीला कमेटी बाजार मजीठ मंडी की ओर से उस दिन दो बजे दोपहर को झांकियों की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें नगर की अन्य कई रामलीला कमेटियां भी भाग लेंगी । श्री रघुनाथ सेवादल की ओर से रघुनाथ मंदिर चौक फव्वारा से शोभायात्रा निकाली जाएगी जो बाजार मजीठ मंडी की शोभायात्रा में शामिल होगी । यह शोभायात्रा बाजार मजीठ मंडी से शुरू होकर मिश्री बाजार, बाजार पापड़ां, बाजार कठियां, प्रताप बाजार, कैशधारा बाजार, शास्त्री मार्कीट, गुरु बाजार से होती हुई बाजार मजीठ मंडी में ही समाप्त होगी । झांकियों पर पुष्प वर्षा भी की जाएगी । आजकल अमृतसर में नवरात्रों का त्यौहार धूमधाम और धार्मिक मर्यादाओं से मनाया जा रहा है । श्री दुर्गियाणा तीर्थ, मंदिर बिजली पहलवान, माता जी का मंदिर, रानी का बाग, मंदिर शिवाला बाग भाइयां, रघुनाथ मंदिर, चौक फव्वारा में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है ।

होशियारपुर (अविनाश सूद): योग साधना आश्रम, माडल टाऊन, होशियारपुर में राम नवमी महोत्सव व चार दिवसीय योग महासम्मेलन का आयोजन तीन अप्रैल तक किया जा रहा है । इसके



लुधियाना के श्री जोगिन्दर कुमार, जिन्हें केंद्रीय आबकारी क्षेत्रीय सलाहकार समिति (वस्तु उद्योग) चंडीगढ़ का सदस्य मनोनीत किया गया है ।



एल.आई.सी. जालंधर-दो शाखा के विकास अधिकारी श्री एन.के. महिन्द्रा, जिन्होंने इस वर्ष 2 करोड़ रुपये से अधिक का नया बिजनैस किया है ।

भाजपा के नए अध्यक्ष की खोज का काम शुरू

नई दिल्ली, 1 अप्रैल (प.स.): भारतीय जनता पार्टी के नए अध्यक्ष की खोज का काम आरम्भ हो गया है । पार्टी की 6 अप्रैल से कलकत्ता में होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में अध्यक्ष पद के चुनाव की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी । भाजपा के वर्तमान अध्यक्ष लाल कृष्ण अडवानी का कार्यकाल इस साल के अंत तक बढ़ा दिया गया है । उनका कार्यकाल इस साल अप्रैल में समाप्त होने वाला था लेकिन लोकसभा और विधानसभा के चुनावों को देखते हुए उनके कार्यकाल को इस साल के अंत तक बढ़ा दिया गया था । भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की पिछली बैठक में यह फैसला किया गया था ।

भाजपा के संविधान के अनुसार कोई भी व्यक्ति अध्यक्ष पद पर लगातार दो से अधिक बार नहीं रह सकता है । 1986 में श्री अडवानी के अध्यक्ष चुने जाने के बाद उन्हीं की पहल पर पार्टी के संविधान में यह संशोधन किया गया था । भाजपा की सभी इकाइयों के अध्यक्षों पर भी यही नियम लागू होता है ।

श्री अडवानी को दिल्ली के 1986 के अधिवेशन में पार्टी का अध्यक्ष चुना गया था, इसके बाद 1988 में आगरा अधिवेशन में उन्हें पुनः इस पद के लिए चुना गया । इससे पूर्व श्री अटल बिहारी बाजपेयी 1986 तक भाजपा के अध्यक्ष थे ।

बताया जाता है कि डा. मुरली मनोहर जोशी प्रधान पद के मुख्य दावेदार हैं । अन्य दावेदारों में श्रीमती विजयराजे सिंधिया और श्री सुन्दर सिंह भंडारी का नाम लिया जा रहा है ।

बेनज़ीर द्वारा प्लाट आबंटित करने के मामले ने तूल पकड़ा

इस्लामाबाद, 1 अप्रैल (प.स.): प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो द्वारा पिछले पन्द्रह महीनों के अन्दर मंत्रियों, सांसदों, अधिकारियों और फौजी अधिकारियों को जमीन के 275 प्लाट आबंटित किए जाने के कारण पाकिस्तान में एक नया कांड तूल पकड़ रहा है ।

कल सीनेट में तीन सदस्यों ने सरकार से मांग की कि वह उन लोगों के नाम बताए, जिन्हें दिसम्बर 1988 से अब तक इस्लामाबाद में भूखंड दिए गए हैं ।

प्रेक्षकों का कहना है कि श्री जनेजो के शासनकाल के दौरान राजधानी में 12 प्रतिशत भूखंड इच्छानुसार आबंटित करने का कोटा सरकार के पास था, लेकिन राष्ट्रपति गुलाम इसहाक खान की कार्यवाहक सरकार ने इसे समाप्त कर दिया था । श्रीमती बेनज़ीर भुट्टो के नवम्बर 1988 में सत्ता में आने के बाद न सिर्फ इसे पुनः कायम किया गया बल्कि भूखंड आबंटन का कोटा 12 से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया । भूखंड लेने वालों की सूची में अनेक मंत्री, गुलाम सरवर चीमा, शाहनवाज़, वज़ीर अली, गुलाम मुस्तफा शाह, सैयद फज़ल सलेह हयात, शाहनवाज़ जनेजो, श्रीमती भुट्टो के सलाहकार, ए.डी.सी. और निजी सचिव भी शामिल हैं ।

डा. अम्बेदकर को 'भारत रत्न' दिए जाने का स्वागत

जालन्धर, 1 अप्रैल (ढल्ल): कांग्रेस (इ) जिला जालन्धर के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के महासचिव श्री सुरिन्दर महे ने एक वक्तव्य में केन्द्र सरकार द्वारा देश के महान सपूत, संविधान निर्माता तथा दलित

अमरीक प्रशास

वाशिंगटन में बुश प्रशास है कि वह पाकि से रोक नहीं पा है कि पाकिस्त लेने का फैसल अप्रसार अधि सीनेटर जॉन प्रस्ताव पेश कि किया गया है परमाणु नियंत्र सामग्री की आ वे किसी भी पा उनसे पूरे सुरक्ष प्रस्ताव में कहा भी आग्रह किय अपनाएं ।

इस प्रस्ता भी आग्रह किय को परमाणु क्योंकि दोनों दिया है कि वे अ केवल शांतिपू में हाल की अने पाकिस्तान क सोवियत संघ उल्लेख है । परमाणु अप्रसा

प्रो. दर्शन तख्त पर

लुधियाना, जत्थेदार दर्शन बाद सिख पंथ मे नेतृत्व अकाल कि वह अपना त्य टोहरा को अक समुदाय की सब का अनुभव क

उधर जत्थे इस बात का द प्रोफैसर दर्शन सि तख्त पर बुलाने

हल्द्वानी

हल्द्वानी (उ. कल यहां बलदे गिरफ्तार किया किया कि गत 12 हत्या में उसका उर्फ डाक्टर रोम मोटर साइकल, रोम सिंह दर्दात निवासी है ।

राजीव द्वा सहयोग की

हैदराबाद, 1 कांग्रेस (इ) अ उप-प्रधानमंत्री दे सहयोग की सम्भाव आज रात यहां ह प्रश्नों के उत्तर दे क्या श्री देवी लाल शामिल होंगे तो सम्भव प्रतीत नहीं वह औपचारिक अलावा कभी श्री दे कहा कि कांग्रेस (इ हुई घटनाओं के लि है । कश्मीर के स श्री राजीव गांधी ने सरकार की 'कोई 'जहां तक मेरे सू सरकार को दे दि संक्षिप्त प्रतीक्षा के

Punjabi Kesari

पंजाब में 10 उग्रवादी मरे : 6 गुट संघर्ष में, 4 मुठभेड़ों में

सरपंच और निहंग सहित अन्यत्र 5 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 2 अप्रैल (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान गुट संघर्ष में 6 तथा सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 4 आतंकवादी मारे गए । उग्रवादियों ने एक बस-यात्री की बस से खींच कर हत्या कर दी । इसके अतिरिक्त एक सरपंच व निहंग समेत 4 निर्दोष व्यक्तियों की हत्या कर दी ।

सरपंच की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): पुलिस के अनुसार सरपंच बलदेव सिंह का कल रात मजीठा पुलिस जिले के लक्खवाल गांव स्थित उनके घर से अपहरण कर लिया गया और बाद में खेतों में ले जाकर उनकी गोली मार कर हत्या कर दी गई । मौके से ए.के. 47 राइफल के दो खाली कारतूस बरामद किए गए ।

निहंग की हत्या : आतंकवादियों के एक दल ने तरनतारन शहर के बाहर आज तड़के निहंगों के डेरे पर हमला किया और निहंग अजायब सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । आतंकवादियों ने उस पर पुलिस मुखबिर होने का आरोप लगाया । मौके से करीब 42 खाली कारतूस बरामद किए गए । ये सब ए.के. 47 राइफल के थे ।

गुट संघर्ष में उग्रवादी मरा : आतंकवादियों ने भिखीविंड थाने के अलगांव खुर्द गांव से बली सिंह का अपहरण कर लिया और बाद में गांव के बाहर ले जा कर उसकी हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 25 कारतूस बरामद हुए हैं । खालिस्तान कमांडो फोर्स के परगट सिंह समराह गुट ने इस हत्या की जिम्मेवारी अपने ऊपर ली है । पुलिस ने इसे आतंकवादी गुटों के आपसी झगड़े का नतीजा बताया ।

नागरिक मारा गया : अमृतसर के गांव मत्तेनंगल में आतंकवादियों ने केंद्रीय सुरक्षा बल की एक चौकी पर बोतल के आकार के बम फैंके । सुरक्षा बलों द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में अच्छर सिंह नामक एक नागरिक मारा गया ।

गोली मार कर हत्या : अमृतसर जिले के एक गांव टोडा में हुई एक घटना में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी गई ।

हमलों में 2 घायल : 75 बटालियन सी.आर.पी.एफ. का एक उप-निरीक्षक कुलवंत सिंह उस वक्त घायल हो गया जब साइकिल सवार आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों के एक दल पर हमला किया । सुरक्षा बलों व पुलिस का यह दल खेमकरण क्षेत्र के गांवों में तलाशी लेने के बाद लौट रहा था ।

बटाला-अमृतसर मार्ग पर डाडियाला गांव में सुरक्षा बलों की गोली से एक व्यक्ति घायल हो गया । यह व्यक्ति मारुति कार पर जा रहा था । सुरक्षा बलों के इशारे पर उसने कार नहीं रोकी थी ।

बस से बाहर खींच कर यात्री की हत्या : 3 उग्रवादियों ने आज सायं अमृतसर से लगभग 14 किलो मीटर दूर मानावाला के निकट एक बस यात्री श्री मदन मोहन बधवा को गोली मार कर घायल कर दिया । श्री बधवा की बाद में अस्पताल में मृत्यु हो गई । पुलिस के अनुसार उग्रवादियों ने अमृतसर के सरकारी दौरे के बाद जालंधर लौट रहे श्री बधवा को बस में से खींच कर बाहर निकाल लिया और उनको गोलियां मार कर घायल कर दिया । श्री बधवा जीवन बीमा निगम में कार्यरत थे और पंजाब सशस्त्र पुलिस के डी.एस.पी. श्री इंद्र मोहन के भाई थे ।

फोन नं. 100 पर सम्पर्क करें : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार अमृतसर के युवा पुलिस प्रमुख श्री संजीव गुप्ता ने "अमृतसर के वर्तमान हालात" को दृष्टि में रखते हुए शहर में पुलिस एवं अर्द्ध-सैनिक बलों को 'सतर्कता' से गश्त करने के आदेश दिए हैं । श्री गुप्ता ने नगरनिवासियों को आह्वान किया कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के बारे में टैलिफोन नं. 100 पर सम्पर्क करें । किसी लावारिस वस्तु को न छुए । वाहनों को पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करें । श्री गुप्ता जो स्वयं दिन-रात नगर में गश्त लगाते देखे जाते हैं, ने लोगों को कानून-व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रशासन से सहयोग की अपील की । उन्होंने बताया कि आतंकवाद पर तब तक काबू नहीं पाया जा सकता, जब तक आम जनता का सहयोग न मिले ।

स्कूटर छीना : अमृतसर से 'कमलेश' के अनुसार गत दिवस सुल्तान विंड रोड पर गंदे नाले के निकट सायं 4.30 बजे एक उग्रवादी ने पिस्तौल की नोक पर गुरचरण दास महाजन डिपो होल्डर का बिल्कुल नया बजाज स्कूटर छीन लिया ।

मुठभेड़ में दो उग्रवादी मरे : जलालाबाद से 'मलिक' तथा फाजिल्का से 'लूना' के अनुसार जलालाबाद से सात किलोमीटर दूर घागां कलां के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए । फाजिल्का के डी.एस.पी. श्री रूपेन्द्र पाल सिंह बाजवा ने बताया कि कल शाम जलालाबाद में गऊशाला के निकट रमेश कुमार नामक एक युवक स्कूटर पर अपनी दकान से आ रहा था कि दो उग्रवादियों ने रमेश के रुकने को कहा । उसके रुकते ही उग्रवादी पिस्तौल की नोक पर स्कूटर छीन कर मुक्तसर की ओर भाग गए । थाना सदर पुलिस ने सूचना मिलते ही उग्रवादियों का पीछा किया । घागांकलां बस स्टैंड पर उग्रवादियों का एक साथी उनकी प्रतीक्षा कर रहा था । वह भी उनके साथ हो लिया । पुलिस दल को देख कर उग्रवादी लड्डूवाला गांव से लगभग दो कि.मी. दूर गन्ने के खेतों में छुप गए और पुलिस दल पर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने खेतों को चारों तरफ से घेर लिया और जवाबी फायरिंग की । बाद में घटनास्थल से दो आतंकवादियों के शव बरामद हुए जबकि उनका तीसरा साथी फरार होने में सफल हो गया । श्री बाजवा ने बताया कि शवों के पास से एक .38 बोर की पिस्तौल, एक हैंडग्रेनेड तथा ए.के. 47 राइफल के कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

पांच आतंकवादियों के शव बरामद : फिरोजपुर जिले के लहारा गांव में आज सुबह पांच आतंकवादियों के शव बरामद किए गए । पुलिस के अनुसार ये हत्याएं आतंकवादियों की आपसी दुश्मनी का परिणाम लगती हैं ।

दो आतंकवादी मरे : सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में इसी जिले में ममदोट थाने के हमाद गांव के पास आज सुबह दो आतंकवादी मारे गए । लेकिन उनके दो साथी भाग गए ।

गोली लगने से घायल : जालंधर जिले के दर्गापुर गांव में कल रात संतोष सिंह नामक व्यक्ति गोली लगने से घायल हो गया ।

एस.पी.ओ. घायल : बटाला पुलिस जिले में थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव हरपुरा के निकट आज प्रातः मोटरसाइकिल सवार आतंकवादियों ने एक विशेष पुलिस अधिकारी चरण सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । एस.पी.ओ. को स्थानीय सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया । बाद में उसे गंभीर अवस्था में अमृतसर के अस्पताल में ले जाया गया है ।

बटाला से 'कोछड़' के अनुसार घायल चरण सिंह गांव मंडियांवाला का निवासी था । आज प्रातः

(शेष पृष्ठ 8 पर)

श्रीलंका के राष्ट्रपति पुनः लिट्टे नेताओं से बातचीत करेंगे

कोलम्बो, 2 अप्रैल (आर.ए.एन.एस.): श्रीलंका के राष्ट्रपति श्री प्रेमदास के शीर्षस्थ नेताओं से इस सप्ताह बातचीत करेंगे । यह बातचीत इस संगठन को हथियार डालने के लिए मनाने के प्रयासों के अन्तर्गत की जा रही है । लिट्टे से सरकार ने पहले भी इसी प्रकार की अपील किया था पर इस संगठन ने उसे अस्वीकार कर दिया था । इस बात की संभावना है कि इस सम्भावित वार्ता में लिट्टे नेता प्रभाकरन भी शामिल होंगे ।



श्रीलंका के उग्रवादी संगठन लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम (लिट्टे) के नेता वी. प्रभाकरण (बाएं) वनों में अपने अढ़ाई वर्ष के गुप्त वास के उपरान्त रविवार को तमिल बहुल उत्तरी जाफना नगर में अपने एक अंगरक्षक तथा अपने संगठन के कुछ कार्यकर्त्ताओं के साथ लोगों के सामने आए । (फोटो : पी.टी.)

एयरबसों की उड़ान के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल की स्वीकृति की प्रतीक्षा

नई दिल्ली, 2 अप्रैल (न्यू.टा.): इंडियन एयर लाइन्स द्वारा रामदास समिति की रिपोर्ट में प्रस्तुत सिफारिशों के पश्चात अब 14 ए-320 एयरबसों की उड़ान फिर से आरम्भ करने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल की स्वीकृति की प्रतीक्षा की जा रही है । रामदास समिति बंगलौर की हवाई दुर्घटना के बाद गठित की गई थी, जिसमें 93 व्यक्ति मारे गए थे । इस समिति को सुरक्षित उड़ानों सम्बन्धी सिफारिशों का कार्य सौंपा गया था ।

समिति ने अपनी सिफारिशों के अनुसार इन एयरबसों की उड़ान की स्वीकृति दे दी है । रिपोर्ट में पायलट तथा इंजीनियरों के लिए एक 'रिफ्रेशर कोर्स' की सिफारिश करते हुए इंडियन एयर लाइन्स को निर्देश दिए गए हैं कि उड़ानों से पूर्व वह अपनी एम.ई.एल. सूची को सुनिश्चित करें । जांच के दौरान यह पाया गया था कि इन बसों के पुर्जे आवश्यकता से अधिक क्रियाशील हैं तथा ऐसे फालतू पुर्जों को भी उचित मात्रा में संग्रह भंडार में रखने को कहा गया है ।

समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि इन संवेदनशील एयरबसों को उड़ाने के लिए पायलट तथा इंजीनियर भी उपयुक्त प्रशिक्षण प्राप्त नहीं है । यह सुझाव भी दिया गया है कि एयरबसों में खराबी का उचित विश्लेषण कर पायलटों को इसके तुरन्त निरीक्षण के योग्य भी बनाया जाना चाहिए । इन बसों के रख-रखाव के बारे में भी उन्हें प्रशिक्षण दिए जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया है ।

कमेटी ने जी.पी.यू. को भी इतना क्रियाशील बनाने के निर्देश दिए हैं, जिससे केबल उड़ान के दौरान ही ए.बी.यू. पर निर्भर रहना पड़े । इससे पूर्व उड़ानों के दौरान अधिकतर ए.पी.यू. फेल हो जाने की घटनाएं हो चुकी हैं । भारत में इन बसों की उड़ान के नौ माह के अंतराल में ही ए.पी.यू. प्रणाली फेल होने की 200 घटनाएं हो चुकी हैं । उड़ान के दौरान दबाव की समस्याएं भी सामने आई हैं । साथ ही केबिन में धुआं होने के कारण हाइड्रोलिक प्रणाली तथा रैडोन प्रणाली फेल होने की घटनाएं भी हो चुकी हैं ।

इसी दौरान नागरिक उड्डयन के महानिदेशक ने

Punjabi Sanrani

(पृष्ठ 3 का शेष)

इस मामले में प्राप्त ताजे सबूतों के बारे में संवाददाताओं द्वारा पूछे जाने पर सरकारी वकील ने कहा–"मेरे हाथ बंधे हुए हैं ।" उन्होंने संकेत दिया कि इस मामले को इस वर्ष मई के अंत तक बंद कर दिया जाएगा । यह पूछे जाने पर कि क्या कील में सरकारी वकील के कार्यालय को उन भारतीय बिचौलियों के नाम का पता चल गया है, जिन्होंने दलाली ली ? वकील ने कहा–"उन सबूतों का अब तक पूरी तरह मूल्यांकन नहीं किया गया है ।" संसदीय जांच समिति के एक प्रवक्ता ने कहा–इस मामले से संबंधित सभी सूचनाएं और दस्तावेज जल्द ही भारत को सौंप दिए जाएंगे ।





जिला फिरोजपुर के गांव धागा कलां में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए दो आतंकवादियों के शव । (छाया : मलिक)

पंजाब में 10 उग्रवादी

(पृष्ठ 3 का शेष)

एस.एस.पी. श्री एस.के. गोयल उसे देखने अस्पताल गए । उन्होंने बताया कि घायल एस.पी.ओ. की चिकित्सा का सारा खर्च सरकार वहन करेगी ।

'प.स.' के अनुसार एस.पी.ओ. चरण सिंह की मृत्यु हो गई है ।

एक घायल : गुरदासपुर (विनोद): आज शाम स्कूटर सवार दो आतंकवादियों ने जिला के जौड़ा छितरां गांव के निवासी जमीत महाजन को गोली मार कर घायल कर दिया । उसे चिंताजनक हालत में अमृतसर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

व्यापारी घायल : उग्रवादियों ने आज सायं पुलिस जिला बटाला के गांव जौड़ा में अनाज के एक व्यापारी अजीतपाल सिंह को घायल कर दिया । उग्रवादियों ने उससे कुछ दिन पूर्व भारी धन राशि की मांग की थी, जिसे वह दे न पाया था ।

3 आतंकवादियों, 1 तस्कर द्वारा आत्मसमर्पण : होशियारपुर जिले में तीन आतंकवादियों और हथियारों के एक तस्कर ने आज दोपहर में दरगल ढाबाखेड़ी गांव में संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद दसूहा पुलिस को आत्मसमर्पण कर दिया । उनकी शिनाख्त दलजीत सिंह, सतनाम सिंह, सुलक्खन सिंह तथा महेन्द्र पाल के रूप में की गई है । उनके पास से .12 बोर की दो गनें, एक देसी पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किए गए हैं । गिरफ्तार आतंकवादियों के कब्जे से धन ऐंठने के लिए कई धमकीपूर्ण पत्र तथा खालिस्तान कमांडो फोर्स के लैटरपैड भी बरामद हुए हैं । होशियारपुर पुलिस प्रमुख श्री राजेन्द्र सिंह ने बताया कि आतंकवादियों ने बैंक लूटने की योजना बनाई थी ।

संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार : फगवाड़ा (खोसला): गत दिवस स्थानीय पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति दीपा पुत्र बख्शी राम थाना बंगा को धारा 25, 54, 59 के अधीन गिरफ्तार करके उसके कब्जे से .12 बोर की एक पिस्तौल व 5 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं ।

मुताबिक नेपाल द्वारा हाल ही में खरीदे गए चीनी हथियारों का मामला रात में आयोजित भोज के दौरान अनौपचारिक बातचीत के समय उठाया गया लेकिन आधिकारिक वार्ता के दौरान यह मामला नहीं उठा । सूत्रों ने बताया कि नेपाल सरकार ने चीन से पुनः 50 ट्रक हथियार खरीदने की खबर का खंडन किया । सूत्रों के अनुसार वार्ता के दौरान यह स्पष्ट कर दिया गया कि जब तक 'अन्य चिन्ताओं' को दूर नहीं किया जाता, तब तक व्यापार और पारगमन संधि नहीं हो सकती, ।

बेअंत सिंह का सामान लौटाने संबंधी आवेदन पर सुनवाई 17 को

नई दिल्ली, 2 अप्रैल (प.स.): भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के हत्यारे बेअंत सिंह का सामान उसकी विधवा बिमल खालसा को दिलाने संबंधी आवेदन पर सत्र अदालत में 17 अप्रैल को सुनवाई होगी । अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश उषा मेहरा ने आज बिमल खालसा की याचिका पर 17 अप्रैल को सुनवाई का आदेश देते हुए अभियोजन पक्ष को निर्देश दिया कि वह अगली तारीख तक इस संबंध में अपना जवाब दाखिल करे । बिमल खालसा के वकील ने अदालत में कहा कि बेअंत सिंह के वस्त्र, जूते और पगड़ी आदि अभी भी अभियोजन पक्ष के कब्जे में हैं ।

पंजाब में राष्ट्रपति शासन के कारण भ्रष्टाचार : बादल

गिद्दड़बाहा, 2 अप्रैल (राजीव): पंजाब में राष्ट्रपति शासन के कारण भ्रष्टाचार व रिश्वत का बोलबाला रहा है । मझ से पंजाब की शांति व आपके लिए जो भी हो पाएगा, मैं उसे करूंगा ।

यह शब्द यहां के दुःख निवारण गुरुद्वारा में गत दिवस आसपास के पंचों-सरपंचों व अपने समर्थकों को सम्बोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं अकाली दल (बादल) के अध्यक्ष प्रकाश सिंह बादल ने कहे । उन्होंने अपनी बात पुनः दोहराते हुए कहा कि पंजाब के बिगड़े हुए हालात का कारण पूर्व कांग्रेस सरकार है । श्री बादल ने पंचों-सरपंचों व समर्थकों से अपील की कि वे प्रत्येक गांव से कम से कम 100 कार्यकर्त्ता मलोट में चार अप्रैल को हो रही दल की राज्य स्तरीय कांफ्रेंस में लेकर आएं ।

जालन्धर में ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

पुलिस अधिकारी को लड़का था । गैर आधिकारिक सूत्रों के अनुसार एक मुठभेड़ तथा शहर में धर-पकड़ अभियान के दौरान छह उग्रवादी मारे गए । एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि अनंतनाग के निकट कादीपोरा क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने कल एक लड़की को गिरफ्तार कर लिया था, उसका नाम सकीना बताया गया है । प्रवक्ता के अनुसार इस लड़की ने सुरक्षा बलों पर गोली चलाई थी ।

मुठभेड़ में मारे गए अन्य उग्रवादियों के नाम हैं : अली मोहम्मद, गुलाम हसन, मोहम्मद तथा अब्दुल अजीज मीर ।

इसके साथ ही राज्य में अब तक गिरफ्तार उग्रवादियों की संख्या बढ़ कर 83 हो गई है ।

उग्रवादियों के समर्थन में प्रचार : घाटी से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार उग्रपंथियों ने आतंकवादियों का मनोबल बनाए रखने के लिए उनके समर्थन में भारत विरोधी प्रचार तेज कर दिया है ।

भद्रवाह में तनाव : गत दिवस बम विस्फोट की घटना के कारण भद्रवाह कस्बे में तनाव व्याप्त है । वहां रात का कर्फ्यू लागू कर दिया गया है ।

अवैध हथियार बनाने की फैक्टरी का पता चला, एक गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 2 अप्रैल (प.स.): थाना छपार के तहत ग्राम बरा में पुलिस ने छापा मार कर अवैध हथियार बनाने की फैक्टरी का पता लगाया है । फैक्टरी के मालिक कर्ण सिंह को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया ।

पुलिस के अनुसार छापे के दौरान दर्जनों अवैध हथियार बरामद किए गए । कारखाने के मालिक ने स्वीकार किया इस फैक्टरी से हथियार बना कर समाज विरोधी तत्वों को दिए जा रहे थे । पुलिस को विश्वास है कि इस सम्बन्ध में और लोगों को भी तुरंत गिरफ्तार किया जाएगा ।





राम नवमी पर्व के उपलक्ष्य में जालन्धर छावनी में आयोजित (ऊपर) शोभा यात्रा में भगवान राम की पालकी तथा (नीचे) पालकी के आगे निक्का राम, नाहर, श्रीमती उमा वशिष्ट, प्रेम चौहान, एच.एस. लाम्बा इत्यादि ।

रामनवमी के उपलक्ष्य में भव्य जलूस निकाला गया

चंडीगढ़, 2 अप्रैल (संघी): रामनवमी के उपलक्ष्य में आज नगर में धार्मिक संस्थाओं की ओर से भव्य जलूस निकाला गया । जलूस में कई प्रकार की झांकियां भी शामिल हुईं ।

लुधियाना (धीमान): श्री रामनवमी के अवसर पर नगर में उल्लास का वातावरण छा गया है । आज श्री सीता राम आश्रम की ओर से इस पावन अवसर पर श्री राम दरबार मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन धूम-धाम से किया गया । इससे पूर्व कृपाल नगर क्षेत्र में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई ।

अमृतसर (सभार्): रामनवमी के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सिख संगत की तरफ से कल श्री गुरु ग्रंथ साहब का पाठ रखा गया । मजीठ मंडी में आयोजित एक भव्य समारोह में भारी संख्या में हिन्दुओं और सिखों ने मिलकर यह त्यौहार बड़ी श्रद्धापूर्वक मनाया ।

कैलेंडर के अनुसार अमृतसर में आज मास चैत्र के नवरात्रों की अष्टमी का त्यौहार बड़ी धूमधाम व श्रद्धा-उल्लास के साथ मनाया गया । इस सम्बन्ध में सवेरे घर-घर में 'माता रानी' की जोत प्रज्ज्वलित की गई और 'कंजकों' की पूजा की गई । श्री दुर्गाणा तीर्थ स्थित शीतला मन्दिर, मन्दिर सौंगावाली देवी टाऊन हाल, श्री रघुनाथ जी का मन्दिर चौक फव्वारा, माता जी का मन्दिर रानी का बाग, मन्दिर बिजली पहलवान शिवाला बाग भाईयों इत्यादि मन्दिरों में आज विशेष तौर पर श्रद्धालुओं का सारा दिन तांता लगा रहा । रामनवमी के संबंध में कल दोपहर को बाजार मजीठ मंडी में भगवान श्री राम की सवारी की शोभा यात्रा निकाली जाएगी ।

जालन्धर : रामनवमी महोत्सव आज रामायण के अखंड पाठ से प्रारम्भ हो गया । नगर के सभी मन्दिरों में आज प्रातः रामायण का पाठ विधिवत् पूजन के साथ शुरू किया गया । मन्दिर नौहरियां में रामनवमी उत्सव कमेटी के प्रधान श्री यश ने पूजन कराया । गीता मन्दिर माडल टाऊन के प्रधान श्री विजय खुल्लर ने बताया कि मन्दिरों में रामायण के 51 पाठ एक साथ प्रारम्भ किए हैं । उनका भोग 3 अप्रैल को प्रातः 11 बजे डाला जाएगा । उसके बाद शोभा यात्रा प्रारम्भ होगी । जो 2 बजे नेहरू गार्डन की बड़ी शोभा यात्रा में शामिल होगी । नव युवक क्लब किला महल्ला, मिट्ठा बाजार, विक्रमपुरा की झांकियां भी इसी शोभा यात्रा में शामिल होंगी । शहर के सभी मन्दिरों की ओर से झांकियां आ रही हैं ।

सिद्ध स्वामी बाबा मोहन दास जी की अध्यक्षता में नव सम्वत् 2047 से बाबा मोहन दास ट्रस्ट, रघुनाथ मन्दिर, निकट मिल्क प्लांट जालन्धर में विश्व शांति हेतु "अर्थववेद महायज्ञ" सुबह व सायं चल रहा है । यह उत्तरी भारत के प्रसिद्ध विद्वान पं. राजगुरु शर्मा मह वाले कर रहे हैं । इसकी पूर्णाहुति कल श्री रामनवमी पर्व पर प्रातः 9 बजे होगी । पूर्णाहुति के पश्चात् भंडारा प्रातः 10 बजे होगा जबकि संतों का भंडारा आश्रम में 4 अप्रैल को रखा गया है ।

मन्दिर श्री बाबा लाल दयाल आश्रम दिलबाग नगर बस्ती गुजां में नव सम्वत् 27 मार्च से नवाह पाठ चल रहा है इसमें 51 कन्याएं श्री रामायण जी का पाठ करती हैं । यह कार्यक्रम महामंडलेश्वर महंत गंगादास जी की अध्यक्षता में चल रहा है । कल श्री रामनवमी पर्व पर इसका भोग डाला जाएगा और फिर एक सुन्दर एवं विशाल शोभा यात्रा शुरू होगी जिसमें बाबा लाल दयाल मन्दिर, डंडार मन्दिर, पंचवटी मन्दिर, शिव मन्दिर, आर्य समाज बस्ती गुजां, आर्य समाज शास्त्री नगर, युवा प्रताप मंच बस्ती गुजां, ज्वाला सुधार सभा, स्त्री सत्यांग सभा, ब्राह्मण सभा बस्ती गुजां, उपकार क्लब, बाल्मीकि सभा आदि धार्मिक संस्थाएं भाग लेंगी ।

रामनवमी के शुभ अवसर पर 3 अप्रैल को बाजार पंजपीर की ओर से प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक लंगर लगाया जाएगा ।

किला काजी सुधार सभा की ओर से रामनवमी के उपलक्ष्य में खिंगरा गेट में 3 अप्रैल को लंगर लगाया जाएगा ।

श्री राम नवमी के उपलक्ष्य में भैरों बाजार नव युवक सेवा सभा की ओर से 3 अप्रैल को भव्य शोभा यात्रा दोपहर 12.30 बजे आरम्भ होगी । श्री राम रथ, सात घोड़ों पर भगवान के स्वरूप, श्री राम जी की पालकी व अन्य झांकियां बैंड बाजों के साथ भैरों बाजार से बाजार शेखां, रैनक बाजार से जी.टी. रोड पर विशाल शोभा यात्रा में शामिल होंगी ।

सभा ने श्री राम के आगमन दिवस की खुशी में आज हिन्द समाचार ग्रुप के मुख्य सम्पादक श्री विजय चोपड़ा को शहीद परिवार फंड के लिए 1100 रुपए भेंट किए ।

फगवाड़ा (अशोक): धार्मिक समिति फगवाड़ा की तरफ से श्री राम प्रकटोत्सव कल 3 अप्रैल मंगलवार को दोपहर 12 बजे श्री गीता भवन माडल टाऊन फगवाड़ा में आयोजित होगा ।

होशियारपुर (अश्विनी): राम नवमी के उपलक्ष्य में शोभा यात्रा यहां 3 अप्रैल को बाद दोपहर 4 बजे सनातन धर्म सभा भवन गऊशाला बाजार से आरम्भ होगी । स्थानीय रेलवे मंडी के गीता मन्दिर व हरिनगर के हरि बाबा मन्दिर में भी राम नवमी के संबंध में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं । गीता मंदिर रेलवे मंडी में भंडारा 8 अप्रैल को किया जाएगा । श्री सच्चिदानन्द आश्रम में भंडारा 13 अप्रैल को होगा ।

वृक्षारोपण अभियान की सफलता हेतु टास्क फोर्स गठित

चंडीगढ़, 2 अप्रैल (संघी) : हरियाणा सरकार ने राज्य में हरियाली कायम रखने के लिए शुरू किए अभियान के तहत अधिकाधिक वृक्षारोपण करने के उद्देश्य से मुख्य सचिव श्री कुलवंत सिंह की अध्यक्षता में 15 सदस्यीय एक टास्क फोर्स गठित की है ।

विशिष्ट सामाजिक कार्य के लिए स्वर्गीय माता पुष्पा गुजराल जी वार्षिक पुरस्कार

श्री आई.के. गुजराल की माता स्वर्गीय माता पुष्पा गुजराल जी के नाम पर एक पुरस्कार प्रारम्भ किया गया है । यह पुरस्कार 10,000/- रुपए की राशि का होगा और वार्षिक आधार पर दिया जाएगा । पुरस्कार के विजेता के चयन के लिए निर्णायकों

मिलिटरी इंजीनियर सर्विसिज

कमांडर वर्क्स इंजीनियर्ज (पी.)

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी

Punjabi Sanatani

बटाला में राम नवमी की शोभा यात्रा के दौरान बम फटने से 36 मरे : कर्फ़्यू लगा

रोपड़ के एस.एस.पी. के गनमैन सहित 11 व्यक्तियों की हत्या : एक आतंकवादी मुठभेड़ में, 4 गुट संघर्ष में मरे

बटाला बम कांड के बाद हुई हिंसा में 3 मरे : बम विस्फोट से रेलवे लाइन उड़ा दी

चंडीगढ़, 3अप्रैल (प.स., वा.): आतंकवादियों ने आज पंजाब में एक बड़ी कार्रवाई करके बटाला में राम नवमी की शोभा यात्रा के दौरान बम विस्फोट द्वारा 36 लोगों की हत्या कर दी और अनेक अन्यों को घायल कर दिया । बटाला बम कांड के बाद हुई हिंसा में 3 व्यक्ति मारे गए । जिला अमृतसर में पंजाब रोडवेज की एक बस को आतंकवादियों ने बारूदी सुरंग से उड़ा दिया तथा इसी जिले में रेल लाइन को भी बम द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया । राज्य में बटाला की घटना के अलावा अन्य विविध घटनाओं में 3 सुरक्षा कर्मियों सहित 11 लोग मारे गए हैं और चार आतंकवादी गुट संघर्ष में तथा एक पुलिस के साथ भिड़ंत में मारा गया ।

बम धमाके से 36 मरे : बटाला में कर्फ़्यू : बटाला से कोछड़ के अनुसार आज रामनवमी के उपलक्ष्य में पुरानी अनाज मंडी से निकाली जा रही शोभा यात्रा जब स्थानीय सब्ज़ी मंडी के निकट पहुंची तो वहां एक शक्तिशाली बम विस्फोट होने के कारण कम से कम 36 लोगों की मृत्यु हो गई तथा 60 अन्य घायल हो गए । घायलों को तुरन्त ही अमृतसर के गुरु तेगबहादर अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया, जहां अधिकांश की हालत चिन्ताजनक बताई गई है ।

प्राप्त विवरण के अनुसार जब शोभा यात्रा लगभग तीन बजे सब्ज़ी मंडी के निकट से गुजर रही थी तो वहां मोड़ पर खड़ी भीड़ के पास एक शक्तिशाली बम विस्फोट हुआ, जिससे दर्जनों वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए ।

मृतकों में अब तक जिनकी शिनाख्त की जा चुकी है, उनमें स्थानीय लायन्स क्लब के प्रधान अनील सरीन (40), सरकारी अध्यापक सुरेन्द्र कुमार शिंगारी (40), उनके पिता जगदीश राज शिंगारी (80), पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के दो लाइनमैन हरदित सिंह (45), रत्न लाल (42) (यह दोनों सिनेमा मार उपकेन्द्र पर तैनात थे), स्थानीय सिविल अस्पताल में प्रशिक्षणरत एम.बी.बी.एस. डाक्टर सुखबीर कौर (22) व उसकी माता (45), विक्की भाटिया (14), ओहरी चौक, मोहन लाल (35), गैस एजेंसी कर्मी, जुगल किशोर सब्ज़ी विक्रेता, कुमारी रज्जी (22) कोट कलजस राय, धन्ना राम (76) आरेवाला, रघबीर सिंह (60) आरेवाला, दविंदर कुमार पप्पू (30) मुहल्ला शिवकोट, राजू (12) कढ़ाई का काम करने वाला शामिल हैं । अन्य मृतकों की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है ।

जलूस के साथ जा रहे कुछ लोगों के अनुसार यह बम विस्फोट एक मारुति वैन में से किया गया, जिस पर 'पुलिस' लिखा हुआ था । इसी वैन में से लोगों पर फायरिंग भी की गई ।

कमलजीत कौर (23) मुर्गी मुहल्ला, बटाला के रूप में हुई है ।

सिविल अस्पताल के सूत्रों के अनुसार बम विस्फोट के घायलों की संख्या 57 है, जिनमें से 7 बटाला में दाखिल हैं जबकि शेष अमृतसर और प्राइवेट अस्पतालों में गए हैं । घायलों की संख्या लगभग 90 बताई जा रही है ।

क्रुद्ध भीड़ ने सिनेमा रोड पर स्थित एक धार्मिक स्थल के गेट को आग लगाने का प्रयास किया, जिस पर पुलिस ने फायरिंग करके क्रुद्ध भीड़ को बिखेर दिया । इसके पश्चात उग्र भीड़ ने पुलिस पर पथराव किया और प्रदर्शन किया ।

पंजाब भाजपा कार्यकारिणी के सदस्य श्री बलदेव मित्र कांसरा ने इस कांड की कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा है कि सरकार जानबूझ कर लोगों की सुरक्षा की ओर ध्यान नहीं दे रही । उन्होंने पुलिस की फायरिंग की निन्दा करते हुए बताया कि पुलिस द्वारा की गई फायरिंग के लगभग एक दर्जन खोल उन्होंने घटनास्थल से एकत्रित किए हैं, जो उन्होंने पत्रकारों को दिखाए ।

बम धमाके के बाद भड़की हिंसा में पुलिस के दो मोटर साइकलों सहित करीब 10 वाहनों को भी क्षति पहुंची । बम कांड के स्थल पर बिखरा रक्त तथा अस्पताल में घायलों तथा मृतकों के परिवारों का क्रन्दन अत्यन्त कारुणिक दृश्य पैदा कर रहा था ।

'चौधरी' के अनुसार जब लोग लाशें उठा रहे थे तो पंजाब पुलिस ने लोगों पर गोलियां चलाईं । सिविल अस्पताल में केवल 2 डाक्टर थे । जलूस के लिए पुलिस का प्रबन्ध असंतोषजनक था । जिस साइकल पर से बम फटा वह सब्ज़ी मंडी के मोड़ पर एक पान की दुकान के निकट खड़ा था । आधा जलूस गुजर चुका था जब बम फटा । पुलिस अधीक्षक काफी देर से घटनास्थल पर पहुंचे जिस पर लोगों ने उनका घेराव किया और वह लौट गए ।

जिलाधीश, एस.एस.पी. का बयान : गुरदासपुर के जिलाधीश श्री एस.एस. चन्नी व एस.एस.पी. श्री एस.के. गोयल ने पत्रकारों को बताया कि अब तक की जांच से ज्ञात हुआ है कि यह शक्तिशाली विस्फोट टाइम बम से किया गया, जो किसी साइकल पर रखा गया था । इस विस्फोट से सभी समुदायों के लोग प्रभावित हुए हैं और मृतकों के आश्रितों को कल तक सरकारी सहायता 50000 और घायलों को 5000-5000 रुपए दे दी जाएगी । घायलों की चिकित्सा का सारा व्यय सरकार वहन करेगी । उन्होंने बताया कि क्रुद्ध भीड़ द्वारा किए गए पथराव से थाना सदर के एस.एच.ओ. अजायब सिंह, ए.एस.आई. अजीत सिंह बाबा व अन्य 6 कर्मचारी घायल हुए हैं ।



गुरदेव सिंह भुल्लर अस्पताल आए ।

अमृतसर भाजपा के महासचिव श्री हरीश तनेजा ने बटाला कांड की निन्दा करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री श्री बी.पी. सिंह क्या पंजाब के सीमावर्ती जिलों में तब सेना भेजेंगे जब पंजाबी आतंकवाद से पीड़ित होकर 1947 की तरह दिल्ली की तरफ कूच करेंगे ?

राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के डा. बलदेव चावला और श्रीमती लक्ष्मी कांता चावला ने भी इस घटना पर खेद व्यक्त किया है । उन्होंने कहा कि हमने दिल्ली में प्रधानमंत्री से भेंट करके आशंका व्यक्त की थी कि आतंकवादी राज्य में बम धमाकों की योजना बना रहे हैं । इन नेताओं ने भी पंजाब को सेना के हवाले किए जाने की मांग की ।

घायलों के नाम : अमृतसर सिविल अस्पताल में भर्ती घायलों के नाम इस प्रकार हैं–निर्मल सिंह पुत्र बचन सिंह निवासी प्रेमनगर बटाला, अशोक कुमार पुत्र ईशर दास नई आबादी बटाला, पंकज पुत्र विष्णु दास निवासी डोगर मोहल्ला बटाला, प्रेम लाल पुत्र सांझी राम बटाला, रमेश कुमार पुत्र हरबंस लाल, संजय कुमार पुत्र अशोक कुमार लक्कड़ मंडी अमृतसर, सुखदेव सिंह पुत्र गुरदयाल सिंह, हरबंस कौर पत्नी गोपाल सिंह, पूर्ण सिंह पुत्र नत्था सिंह मालेरकोटला (पटि.), पवनदीप पुत्र सदर्शन सिंह बटाला, रमेश पुत्र प्रभु वालिया बटाला, हंसराज पुत्र शंकर दास बटाला, अर्जुन सिंह पुत्र वधावा सिंह खजाला (गुरदासपुर), जनकराज पुत्र बेली राम बटाला, प्रदीप कुमार चड्ढा पुत्र तिलक राज बटाला, सतिंदर सिंह पुत्र गुरदीप सिंह गांव फुलका (बटाला), अश्विनी वढेरा पुत्र पिंडी दास बटाला, बलविंदर सिंह पुत्र मेहल सिंह बटाला, सुभाष चन्द पुत्र ज्ञान चन्द बटाला, हरबंस सिंह पुत्र तारा सिंह बटाला, ऋचा पत्नी सतप्रकाश बटाला, सविता अरोड़ा पत्नी प्रवेश अरोड़ा बटाला, रंजन पुत्र प्रवेश अरोड़ा बटाला, वस्सन सिंह पुत्र करतार सिंह बटाला, हरभजन सिंह पुत्र ज्ञान सिंह बटाला, अमरनाथ पुत्र स्वर्ण सिंह बंडाला, प्रेमनाथ पुत्र शृंगारा राम बटाला, शांति पत्नी हारा सिंह बटाला, राजन पुत्र बलदेव सिंह बटाला, संतोख सिंह पुत्र सेवा सिंह पठानकोट, सुभाष चन्द्र पुत्र अमरनाथ बटाला, गुरपाल सिंह पुत्र हरभजन सिंह बटाला, कर्म कौर पत्नी हरदित्त सिंह बटाला, लाल चन्द पंडित बटाला, कैलाश कौर पत्नी शृंगारा सिंह बटाला, सत्या पत्नी तेहमत राम पोखरपुरा (बटाला) तथा नीलम पत्नी भगत राम ।

राज्यपाल द्वारा शोक व्यक्त : चंडीगढ़ से 'संघी' के अनुसार पंजाब के राज्यपाल श्री एन.के. मुखर्जी ने आज बटाला में रामनवमी की शोभायात्रा

कार्यकर्त्ताओं ने राज्यपाल के खिलाफ प्रदर्शन किया तथा उनको अस्पताल में न जाने दिया । राज्यपाल बड़ी कठिनाई से घायलों का हाल पूछने अस्पताल जा पाए । बाद में उनको पिछले दरवाजे से बाहर निकाला गया ।

बारूदी सुरंग से बस उड़ा दी, दो मरे : अमृतसर से 'वि.प्र., सोनी' के अनुसार आज प्रातः 10.15 बजे के करीब मजीठा के क्षेत्र में पंजाब रोडवेज की एक बस को आतंकवादियों ने सड़क पर बारूदी सुरंग से उड़ा दिया जिससे बस चालक और बस की अगली सीट पर बैठा एक यात्री मारा गया तथा 13 यात्री घायल हो गए ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह बस नं. पी.बी.ए. 9634 प्रातः अमृतसर से गांव भानगली के लिए रवाना हुई थी । जब यह बस मजीठा क्षेत्र के गांव तारागढ़ के पास पहुंची तो बारूदी सुरंग फटने से जोरदार धमाका हुआ और बस का अगला भाग उड़ गया । बस चालक त्रिलोक सिंह व अगली सीट पर बैठा एक व्यक्ति दलीप सिंह निवासी किला लाल सिंह बटाला सदर मारे गए और पांच महिलाओं सहित 13 व्यक्ति घायल हो गए ।

पुलिस जिला मजीठा के एक प्रवक्ता ने बताया है कि आतंकवादियों की खोज में निकटवर्ती गांव चांदी में सी.आर.पी. द्वारा छापे मारे जा रहे थे । आतंकवादियों ने इस मार्ग से गुज़रने वाली सी.आर.पी. की गाड़ियों को उड़ाने के लिए माऊस ट्रैप (चूहेदानी) में तारें फ़िट करके यह सुरंग बिछाई थी । इसी दौरान वहां पर से यह बस गुजर गई और धमाका हो गया । सी.आर.पी. वाले छापे मारने के काम में देरी हो जाने से बच गए ।

घटना में घायलों के नाम इस प्रकार हैं: अमरीक सिंह, कुलवन्त सिंह, चमन लाल, रामचन्द, रत्न लाल, रफ़ीक अहमद, गुरदीप सिंह, सविंदर सिंह, तारावंती, सुखराज कौर, अमरजीत कौर, लखविंदर कौर तथा बचनो । घायलों को अजनाला के अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

बेटे की हत्या, बाप घायल : एक अन्य सूचना के अनुसार गत रात पुलिस जिला तरनतारन के गांव कैरोंवाल में दो आतंकवादियों ने एक जमींदार मोहन सिंह के मकान में घुसकर मोहन सिंह के बेटे लखविंदर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी और मोहन सिंह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । एक आतंकवादी के पास .12 बोर की बंदूक और दूसरे के पास कृपाण थी । मोहन सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

'प.स.' के अनुसार ये लोग लूट मार के उद्देश्य से घर में घुसे थे । घर वालों ने जब धन आदि देने से इंकार किया तो इन्होंने गोली चला दी जिससे लखविन्दर सिंह की मौत हो गई । ये लोग घर से

Punjabi Sansar

रामनवमी के उपलक्ष्य में पुरानी अनाज मंडी से निकाली जा रही शोभा यात्रा जब स्थानीय सब्जी मंडी के निकट पहुंची तो वहां एक शक्तिशाली बम विस्फोट होने के कारण कम से कम 36 लोगों की मृत्यु हो गई तथा 60 अन्य घायल हो गए । घायलों को तुरन्त ही अमृतसर के गुरु तेगबहादर अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया, जहां अधिकांश की हालत चिन्ताजनक बताई गई है ।

प्राप्त विवरण के अनुसार जब शोभा यात्रा लगभग तीन बजे सब्जी मंडी के निकट से गुजर रही थी तो वहां मोड़ पर खड़ी भीड़ के पास एक शक्तिशाली बम विस्फोट हुआ, जिससे दर्जनों वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए ।

मृतकों में अब तक जिनकी शिनाख्त की जा चुकी है, उनमें स्थानीय लायन्स क्लब के प्रधान अनील सरीन (40), सरकारी अध्यापक सुरेन्द्र कुमार शिंगारी (40), उनके पिता जगदीश राज शिंगारी (80), पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के दो लाइनमैन हरदित्त सिंह (45), रत्न लाल (42) (यह दोनों सिनेमा मार्ग उपकेन्द्र पर तैनात थे), स्थानीय सिविल अस्पताल में प्रशिक्षणरत एम.बी.बी.एस. डाक्टर सुखबीर कौर (22) व उसकी माता (45), विक्की भाटिया (14), ओहरी चौक, मोहन लाल (35), गैस एजैंसी कर्मी, जुगल किशोर सब्जी विक्रेता, कुमारी रज्जी (22) कोट कलजस राय, धन्ना राम (76) आरेवाला, रघबीर सिंह (60) आरेवाला, दविन्दर कुमार पप्पू (30) मुहल्ला शिवकोट, राजू (12) कढ़ाई का काम करने वाला शामिल हैं । अन्य मृतकों की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है ।

जलूस के साथ जा रहे कुछ लोगों के अनुसार यह बम विस्फोट एक मारुति वैन में से किया गया, जिस पर 'पुलिस' लिखा हुआ था । इसी वैन में से लोगों पर फायरिंग भी की गई ।

नगर में भारी तनाव को देखते हुए ए.डी.सी. पुरबस्श सिंह, एस.डी.एम.एस.एस. पुरी, एस.एस.पी.एस.के. गोयल ने बटाला नगर में आगामी आदेशों तक कर्फ्यू लाग् कर दिया है ।

कुछ अन्य सूत्रों के अनुसार यह बम विस्फोट घटनास्थल के निकट खड़े एक साइकल पर हुआ ।

हिंसा में 3 मरे : बम धमाके के बाद भड़की हिंसा में एक नर्स तथा दो सुरक्षा कर्मियों के मारे जाने की सूचना है ।

22 व्यक्ति घटनास्थल पर ही दम तोड़ गए थे जबकि शेष स्थानीय सिविल अस्पताल व अमृतसर के सिविल अस्पताल में दम तोड़ गए और कुछ अस्पताल ले जाए जाते समय दम तोड़ गए ।

बाद में मृतकों में सात अन्य की शिनाख्त देवराज मरवाहा भट्ठे वाले (72), गुरपिंद्र सिंह (21) पुत्र सरपंच त्रिलोक सिंह यादपुर सेखवां, तालीश शोवर नौशहरा मज्जा सिंह (22), कोती रामपुरा (19), ईशर दास बोदे दी खुई (60), (20) राजस्थान निवासी और मिसेज

घायलों के बेटे की तस्वीर देखते हुए पिता की आंखों में आंसू

बम धमाके के बाद भड़की हिंसा में पुलिस के दो मोटर साइकलों सहित करीब 10 वाहनों को भी क्षति पहुंची । बम कांड के स्थल पर बिखरा रक्त तथा अस्पताल में घायलों तथा मृतकों के परिवारों का क्रन्दन अत्यन्त कारुणिक दृश्य पैदा कर रहा था ।

'चौधरी' के अनुसार जब लोग लाशें उठा रहे थे तो पंजाब पुलिस ने लोगों पर गोलियां चलाईं । सिविल अस्पताल में केवल 2 डाक्टर थे । जलूस के लिए पुलिस का प्रबन्ध असंतोषजनक था । जिस साइकल पर से बम फटा वह सब्जी मंडी के मोड़ पर एक पान की दुकान के निकट खड़ा था । आधा जलूस गुजर चुका था जब बम फटा । पुलिस अधीक्षक काफी देर से घटनास्थल पर पहुंचे जिस पर लोगों ने उनका घेराव किया और वह लौट गए ।

जिलाधीश, एस.एस.पी. का बयान : गुरदासपुर के जिलाधीश श्री एस.एस. चन्नी व एस.एस.पी. श्री एस.के. गोयल ने पत्रकारों को बताया कि अब तक की जांच से ज्ञात हुआ है कि यह शक्तिशाली विस्फोट टाइम बम से किया गया, जो किसी साइकल पर रखा गया था । इस विस्फोट में सभी समुदायों के लोग प्रभावित हुए हैं और मृतकों के आश्रितों को कल तक सरकारी सहायता 50000 और घायलों को 5000-5000 रुपए दे दी जाएगी । घायलों की चिकित्सा का सारा व्यय सरकार वहन करेगी । उन्होंने बताया कि कुछ भीड़ द्वारा किए गए पथराव से थाना सदर के एस.एच.ओ अजायब सिंह, ए.एस.आई. अजीत सिंह बाबा व अन्य 6 कर्मचारी घायल हुए हैं ।

घायल अमृतसर ताए गए : अमृतसर (सोनी) : बटाला बम कांड के 44 घायल यहां सिविल अस्पताल में लाए गए, जिनमें से 6 दम तोड़ गए । अस्पताल के सूत्रों के अनुसार इनमें से तीन अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ गए थे । अस्पताल में पड़े 38 घायलों में से 7 की दशा चिन्ताजनक है । अस्पताल में भर्ती कराए गए घायलों में महिलाएं एवं बच्चे भी शामिल हैं ।

घायलों को देखने पुलिस के डी.आई.जी. श्री



मंगलवार को रामनवमी के उपलक्ष्य में बटाला में निकाली जा रही शोभा यात्रा के दौरान एक शक्तिशाली बम विस्फोट हुआ । (1 से 20) इस विस्फोट में मारे गए कुछ मृतकों के चित्र । (21-22) विस्फोट में हुए विनाश के दो चित्र, (23) विस्फोट के बाद कर्फ्यू लगे बटाला शहर की एक सुनसान सड़क ।
(छाया : कोछड़)

घायलों के नाम : अमृतसर सिविल अस्पताल में भर्ती घायलों के नाम इस प्रकार हैं–निर्मल सिंह पुत्र बचन सिंह निवासी प्रेमनगर बटाला, अशोक कुमार पुत्र ईशर दास नई आबादी बटाला, पंकज पुत्र विष्णु दास निवासी डोगर मोहल्ला बटाला, प्रेम लाल पुत्र मांझी राम बटाला, रमेश कुमार पुत्र हरबंस लाल, संजय कुमार पुत्र अशोक कुमार लक्कड़ मंडी अमृतसर, सुखदेव सिंह पुत्र गुरदयाल सिंह, हरबंस कौर पत्नी गोपाल सिंह, पूर्ण सिंह पुत्र नत्था सिंह मालेरकोटला (पटि.), पवनदीप पुत्र सुदर्शन सिंह बटाला, रमेश पुत्र प्रभ बालिया बटाला, कमराज पुत्र शंकर दास बटाला, अर्जुन सिंह पुत्र वधावा सिंह खजाला (गुरदासपुर), जनकराज पुत्र बेली राम बटाला, प्रदीप कुमार चड्ढा पुत्र तिलक राज बटाला, सतिंदर सिंह पुत्र गुरदीप सिंह गांव फुलका (बटाला), अश्विनी बढेरा पुत्र पिंडी दास बटाला, बलविंदर सिंह पुत्र मेहल सिंह बटाला, सुभाष चन्द पुत्र ज्ञान चन्द बटाला, हरबंस सिंह पुत्र तारा सिंह बटाला, ऋचा पत्नी सतप्रकाश बटाला, सविता अरोड़ा पत्नी प्रवेश अरोड़ा बटाला, रंजन पुत्र प्रवेश अरोड़ा बटाला, वस्सन सिंह पुत्र करतार सिंह बटाला, हरभजन सिंह पुत्र ज्ञान सिंह बटाला, अमरनाथ पुत्र स्वर्ण सिंह बंडाला, प्रेमनाथ पुत्र शृंगारा राम बटाला, शांति पत्नी हारा सिंह बटाला, राजन पुत्र बलदेव सिंह बटाला, संतोख सिंह पुत्र सेवा सिंह पठानकोट, सुभाष चन्द्र पुत्र अमरनाथ बटाला, गुरपाल सिंह पुत्र हरभजन सिंह बटाला, कर्म कौर पत्नी हरदित्त सिंह बटाला, लाल चन्द पंडित बटाला, कैलाश कौर पत्नी शृंगारा सिंह बटाला, सत्या पत्नी तेहमत राम पोखरपुरा (बटाला) तथा नीलम पत्नी भगत राम ।

राज्यपाल द्वारा शोक व्यक्त : चंडीगढ़ से 'संघी' के अनुसार पंजाब के राज्यपाल श्री एन.के. मुखर्जी ने आज बटाला में रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान हुए बम धमाके तथा अमृतसर में तारागढ़ गांव के पास बारूदी सुरंग फटने की घटना की कड़ी आलोचना की है । बटाला की घटना को उन्होंने साम्प्रदायिक तनाव पैदा करने का एक प्रयास बताया है । राज्यपाल ने इन घटनाओं में मरने वालों के परिवारों व घायलों के साथ सम्वेदना व्यक्त की है ।

राज्यपाल के विरुद्ध प्रदर्शन : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार राज्यपाल श्री एन.के. मुखर्जी के आज यहां आने पर बंदेमातरम् युवा मंच के सैंकड़ों

तथा 13 यात्री घायल हो गए ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह बस नं. पी.बी.ए. 9634 प्रातः अमृतसर से गांव भानगली के लिए रवाना हुई थी । जब यह बस मजीठा क्षेत्र के गांव तारागढ़ के पास पहुंची तो बारूदी सुरंग फटने से जोरदार धमाका हुआ और बस का अगला भाग उड़ गया । बस चालक त्रिलोक सिंह व अगली सीट पर बैठा एक व्यक्ति दलीप सिंह निवासी किला लाल सिंह बटाला सदर मारे गए और पांच महिलाओं सहित 13 व्यक्ति घायल हो गए ।

पुलिस जिला मजीठा के एक प्रवक्ता ने बताया है कि आतंकवादियों की खोज में निकटवर्ती गांव चादी में सी.आर.पी. द्वारा छापे मारे जा रहे थे । आतंकवादियों ने इस मार्ग से गुज़रने वाली सी.आर.पी. की गाड़ियों को उड़ाने के लिए माउस ट्रैप (चूहेदानी) में तारें फ़िट करके यह सुरंग बिछाई थी । इसी दौरान वहां पर से यह बस गुजर गई और धमाका हो गया । सी.आर.पी. वाले छापे मारने के काम में देरी हो जाने से बच गए ।

घटना में घायलों के नाम इस प्रकार हैं: अमरीक सिंह, कुलवन्त सिंह, चमन लाल, रामचन्द, रत्न लाल, रफ़ीक अहमद, गुरदीप सिंह, सविंदर सिंह, तारावती, सुखराज कौर, अमरजीत कौर, लखविंदर कौर तथा बचनो । घायलों को अजनाला के अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

बेटे की हत्या, बाप घायल : एक अन्य सूचना के अनुसार गत रात पुलिस जिला तरनतारन के गांव कैरोंवाल में दो आतंकवादियों ने एक जमींदार मोहन सिंह के मकान में घुसकर मोहन सिंह के बेटे लखविंदर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी और मोहन सिंह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । एक आतंकवादी के पास .12 बोर की बंदूक और दूसरे के पास कृपाण थी । मोहन सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

'प.स.' के अनुसार ये लोग लूट मार के उद्देश्य से घर में घुसे थे । घर वालों ने जब धन आदि देने से इंकार किया तो इन्होंने गोली चला दी जिससे लखविन्दर सिंह की मौत हो गई । ये लोग घर से 16000 रु. नगद, दो घड़ियां ले जाने में सफल रहे । घटनास्थल से .12 बोर की बन्दूक के 17 खाली कारतूस मिले हैं ।

गुट संघर्ष में मरा : पुलिस जिला बटाला में थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव बड्डा कोट के निकट गत रात कुछ सशस्त्र आतंकवादियों ने एक युवक मनजीत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

दो जवान मरे : पुलिस जिला तरनतारन के गांव देवीपुरा में आज सायं आतंकवादियों ने बी.एस.एफ. की टुकड़ी पर घात लगाकर हमला किया । हमले में दो जवान मारे गए और दो घायल हो गए । ये जवान खेमकरण जा रहे थे ।

मुठभेड़ में आतंकवादी मरा : पुलिस जिला तरनतारन के गांव लाल घुम्मन में गत रात पुलिस के साथ मुकाबले में एक आतंकवादी मारा गया । पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक नाका पार्टी ने जब तीन स्कूटर सवारों को ललकारा तो उन्होंने सुरक्षा बलों पर गोली चला दी । जवाब में सुरक्षा बलों द्वारा गोली चलाने से सुखदेव सिंह नामक एक आतंकवादी मारा गया जबकि उसके दो साथी स्कूटर छोड़ कर फरार हो गए ।

रेलवे लाइन उड़ा दी : यहां जिला मुख्यालय

(शेष पृष्ठ 8 पर)

देवी लाल ने अजीत सिंह को हटाने का फैसला वापस लिया

नई दिल्ली, 3 अप्रैल (प.स.) उपप्रधानमंत्री श्री देवी लाल ने आज उद्योगमंत्री श्री अजीत सिंह को जनता दल के संसदीय बोर्ड के सचिव पद से हटाने का अपना विवादास्पद फैसला वस्तुतः वापस ले लिया । प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह को लिखे पत्र में श्री देवी लाल ने कहा है कि उन्होंने श्री अजीत सिंह को उक्त पद से न तो हटाया था और न ही श्री यशवंत सिन्हा को उनके स्थान पर नियुक्त किया था । श्री देवी

कश्मीर में सुरक्षा बलों की गोली से 3 मरे, अनेक घायल : तलाशी अभियान जारी

जम्मू, 3 अप्रैल (वार्ता, प.स.) : कश्मीर घाटी के सीमावर्ती बारामुला कस्बे में कल रात तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा चलाई गई गोलियों से तीन व्यक्ति मारे गए और अनेक घायल हो गए ।

गोली चलने की घटना रात में लगभग साढ़े ग्यारह बजे पुलिस के जवानों द्वारा उग्रवादियों के छिपने के संदिग्ध अड्डों पर छापा मारने के अवसर पर हुई । पुलिस को गोली चलाने के लिए तब बाध्य होना पड़ा जब कुछ लोगों ने तलाशी पर आपत्ति करते हुए भारत विरोधी नारे लगाए ।

मृतकों के नाम रफीक अहमद भट्ट, मंज़ूर अहमद तथा एजाज अहमद हैं ।

इस बीच श्रीनगर में कर्फ्यू में दी गई ढील के दौरान दुकानें और बैंक बंद रहे तथा वाहनों का

के अधिकांश नगरों में स्थिति शांतिपूर्ण है ।

अधिकारियों ने पराने जम्मू शहर में आज सुबह छः बजे से कर्फ्यू में 16 घंटे की ढील दी है जबकि डोडा जिले के किश्तवाड़ और भद्रवाह नगरों में रात का कर्फ्यू जारी है ।

प्रवक्ता ने बताया कि रेलमंत्री जार्ज फर्नांडीस, कश्मीर मामलों के नवनियुक्त सचिव श्री भाटकर चोप के साथ कल श्रीनगर पहुंचे ।

प्राप्त समाचार के अनुसार कर्फ्यू प्रतिबंधों के कारण श्री फर्नांडीस किसी भी नागरिक से नहीं मिल पाए । उन्होंने घाटी की वर्तमान स्थिति के बारे में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से बातचीत भी की ।

हिज़बुल मुजाहिदीन द्वारा सुरक्षा बलों के लोग हताहत करने का दावा : इस बीच

बटाला कांड रामनवमी के दिन बम विस्फोट की तीसरी घटना

अमृतसर, 3 अप्रैल (वार्ता) : बटाला में आज हुआ भीषण बम विस्फोट 1983 से राज्य में रामनवमी के दिन बम विस्फोट होने की तीसरी घटना है । राज्य में रामनवमी के दिन पहला बम विस्फोट 1983 में स्वर्ण मंदिर के निकट माई सेवा बाजार में हुआ था, इसमें 6 लोग घायल हुए थे । इस घटना के बाद बड़े पैमाने पर हिंसा हुई थी । दूसरा बम विस्फोट गत वर्ष रामनवमी के दिन मजीठा पुलिस जिले में कत्थू नंगल के निकट चंविड़ा देवी में एक मंदिर के बाहर हुआ, जिसमें कम से कम तीन लोग मारे गए ।

नौका उलटने से 50 डूबे

ढाका, 3 अप्रैल (प.स.) : उत्तरी बंगलादेश में आज एक नौका के उलट जाने से कम से कम 50 लोगों के डूब जाने की आशंका है । सरकारी

कश्मीर समस्या को गैर साम्प्रदायिक कह कर देश को गुमराह किया जा रहा है : स्वामी आनंदबोध

नई दिल्ली, 3 अप्रैल : सूचनामंत्री मुफ्ती महम्मद सईद ने लोकसभा में घोषणा की है कि कश्मीर की समस्या साम्प्रदायिक नहीं है । सूचनामंत्री की इस घोषणा पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान स्वामी आनन्दबोध सरस्वती ने इसे एकदम अशास्त्र और जनता को गुमराह करने वाला बताया है । सूचनामंत्री ने उनका प्रश्न है कि "अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के खुलने के समय कश्मीर में मुस्लिम कट्टरपंथियों द्वारा हिंदू मंदिरों के तोड़े जाने और उन्हें अपवित्र किए जाने की जो बातें कहीं ? मंदिरों को नष्ट किए जाने के अतिरिक्त वहां बड़े पैमाने पर हिंदुओं की सामूहिक

श्री मुफ्ती से दूसरा प्रश्न है कि कश्मीर घाटी से हिंदुओं और सिखों का निकल कर जम्मू तथा अन्य जगहों पर शरण लेने का क्या कारण है ? क्या राज्य के मुस्लिम कट्टरपंथियों द्वारा फैलाए गए आतंकवाद की इसमें कोई भूमिका नहीं है ?

लोकसभा में श्री मुफ्ती का यह वक्तव्य उनकी अपनी और साम्प्रदायिक मनोवृत्ति पर लगाया हुआ धर्म निरपेक्षता का एक मुखौटा मात्र ही है । श्री मुफ्ती ने अपने बयान में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री श्रीमती बेनज़ीर भट्टो के उस कथन की भी चर्चा की है जिसमें उन्होंने कश्मीर विद्रोहियों को दस करोड़ रुपया देने की बात कही थी । प्रयोग रूप से यह कि

विरुद्ध अघोषित युद्ध का प्रस्ताव नहीं है ?

स्वामी जी के अनुसार कश्मीर समस्या को एक साम्प्रदायिक समस्या मान कर ही उसका हल निकाला जा सकता है । सम्पर्ण जम्म-कश्मीर राज्य को उस समय तक सेना के अधिकार में दे दिया जाए जब तक कि वहां पर्ण शांति स्थापित न हो जाए । आम जनता की भी आज यही मांग है ।

Punjab Sanatan

...मी की शोभा यात्रा के दौरान बम फटने से 50...

...यों की हत्या : एक आतंकवादी मुठभेड़ में, 4 गुट संघर्ष में मरे

बटाला बम कांड के बाद हुई हिंसा में 3 मरे : ...

...ाला के रूप

...नुसार बम
...जनमें से 7
...तसर और
... की संख्या

...एक धार्मिक
...किया, जिस
... को बिखेर
...पुलिस पर

... सदस्य श्री
...ड़ी भर्त्सना
...र लोगों की
...होंने पुलिस
... कि पुलिस
... दर्जन खोल
... जो उन्होंने

...पुलिस के दो
...हनों को भी
...बिखरा रक्त
...परिवारों का
...र रहा था ।

... उठा रहे थे
... चलाई ।
... । जलूस के
...था । जिस
... के मोड़ पर
...ा । आधा
... । पुलिस
...चे जिस पर
...ट गए ।

...बयान :
... चन्नी व
...कारों को
...ा है कि यह
...ा गया, जो
...विस्फोट से
...र मृतकों के
... 50000
...पए दे दी
...सारा व्यय
...क्रुद्ध भीड़
...स.एच.ओ.
...ह बावा व

... अमृतसर
...ायल यहां
...6 दम तोड़
...में से तीन
... गए थे ।
... की दशा
...कराए गए
...न हैं ।
...ई.जी. श्री



मंगलवार को रामनवमी के उपलक्ष्य में बटाला में निकाली जा रही शोभा यात्रा के दौरान एक शक्तिशाली बम विस्फोट हुआ । (1 से 20) इस विस्फोट में मारे गए कुछ मृतकों के चित्र । (21-22) विस्फोट से हुए विनाश के दो चित्र, (23) विस्फोट के बाद कर्फ्यू लगे बटाला शहर की एक सुनसान सड़क । (छाया : कोछड़)

गुरइकबाल...
अमृत...
तनेजा ने ब...
प्रधानमंत्री ...
जिलों में त...
पीड़ित होक...
करेंगे ?
राष्ट्रीय...
और श्रीमती...
खेद व्यक्त ...
में प्रधानमंत्री...
आतंकवादी ...
हैं । इन नेत...
जाने की मां...

घायल...
अस्पताल ...
हैं—निर्मल ...
बटाला, अ...
बटाला, पंक...
बटाला, प्रेम...
कुमार पुत्र ...
कुमार लक्...
गुरदयाल सि...
सिंह पुत्र नत...
पुत्र सुदर्शन...
बटाला, हंस...
पुत्र वधावा ...
पुत्र बेली रा...
तिलक राज ...
गांव फुलका ...
बटाला, बल...
सुभाष चन्द ...
तारा सिंह ब...
सविता अरोड़...
प्रवेश अरोड़...
बटाला, हर...
अमरनाथ पु...
शृंगारा राम ...
राजन पुत्र बल...
सिंह पठानको...
गुरपाल सिंह ...
पत्नी हरदित्त...
कैलाश कौर ...
तेहमत राम ...
भगत राम ।

राज्यपा...
'संघी' के अन...
मुखर्जी ने आ...
के दौरान हुए ...
गांव के पास ...
आलोचना की...
साम्प्रदायिक ...
है । राज्यपा...
परिवारों व घा...

राज्यपा...
'नारंग' के अ...
आज यहां आ...

...ा बलों की गोली से 3 मरे, ... तलाशी अभियान जारी

...मीर घाटी के
...त तलाशी
... चलाई गई
...नेक घायल

के अधिकांश नगरों में स्थिति शांतिपूर्ण हैं ।

अधिकारियों ने पुराने जम्मू शहर में आज सुबह छः बजे से कर्फ्यू में 16 घंटे की ढील दी है जबकि डोडा जिले के किश्तवाड़ और भद्रवाह नगरों में रात का कर्फ्यू अभी जारी है ।

बटाला कांड रामनवमी के दिन बम विस्फोट की तीसरी घटना

अमृतसर, 3 अप्रैल (वार्ता): बटाला में आज हुआ भीषण बम विस्फोट 1983 से राज्य में रामनवमी के दिन बम विस्फोट होने की तीसरी घटना है । राज्य में रामनवमी के दिन पहला बम विस्फोट 1983 में स्वर्ण मंदिर के निकट माई सेवां बाजार में हुआ था, इसमें 6 लोग घायल हुए थे । इस घटना के बाद बड़े पैमाने पर हिंसा हुई थी । दूसरा बम विस्फोट गत वर्ष रामनवमी के दिन मजीठा पुलिस

कश्मीर समस्या को गैर साम्प्रदायिक ... को गुमराह किया जा रहा है : स्वामी ...

नई दिल्ली, 3 अप्रैल : गृहमंत्री मुफ्ती मुहम्मद सईद ने लोकसभा में घोषणा की है कि कश्मीर की समस्या साम्प्रदायिक नहीं है । गृहमंत्री की इस घोषणा पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए

श्री मुफ्ती से दूसरा प्रश्न है कि कश्मीर घाटी से हिंदुओं और सिखों का निकल कर जम्मू तथा अन्य जगहों पर शरण लेने का क्या कारण है ? क्या राज्य के मुस्लिम कट्टरपंथियों द्वारा फैलाए गए आतंकवाद

विरुद्ध अघो...
स्वामी ...
साम्प्रदायिक ...
निकाला जा ...

Punjabi Sanatani



जिला लुधियाना के गांव संघोवाल में आतंकवादियों के हाथों मारा गया (1) रोपड़ के एस.एस.पी. का गनमैन जसवंत सिंह, (2) उसका भाई अवतार सिंह, (3) उसके पिता प्रीतम सिंह और (4) माता गुरदीप कौर । (छाया : काम्बोज)



बटाला में मंगलवार को रामनवमी की शोभा यात्रा के दौरान हुए बम धमाके के अनेक घायलों को उपचार हेतु अमृतसर के गुरु तेग बहादर अस्पताल में लाया गया । चित्रों में (ऊपरी पंक्ति) अस्पताल में दम तोड़ गए व्यक्तियों के शव, (शेष सभी) घायलों के चित्र । (छाया : रवि भंडारी)

बटाला में ...
(पृष्ठ 3 का शेष)

पर प्राप्त सूचना के अनुसार आतंकवादियों ने अमृतसर-सेमकरण रेलवे लाइन को बम धमाके से उड़ा दिया । रेल लाइन का करीब दो फुट का टुकड़ा अलग हो गया । रेल लाइन की बाद में मरम्मत कर दी गई और यातायात बहाल कर दिया गया है । इस लाइन को आतंकवादियों ने पांचवीं बार निशाना बनाया है ।

हत्या : पुलिस जिला मेहता के थाना मेहता के गांव अर्जन मंगा में गत रात 10.30 बजे के करीब आधा दर्जन आतंकवादियों ने एक जमींदार के घर में घुस कर उसके बेटे गुरजीत सिंह को पकड़ लिया तथा घर से बाहर ले जाकर गोली मारकर मार डाला ।

गुट संघर्ष में तीन आतंकवादी मरे : फिरोजपुर जिला के गांव लहरा रोहियां के पास आज तीन आतंकवादियों के शव मिले हैं । इनकी शिनाख्त सतनाम सिंह, गुरदीप सिंह और राजेन्द्र सिंह के रूप में हुई है । पुलिस के अनुसार ये तीनों गुट संघर्ष में मारे गए हैं ।

ग्रंथी की हत्या : पटियाला (भूषण): जिला के गांव राजगढ़ छन्ना में गत रात आतंकवादियों ने एक ग्रंथी सुखदेव सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस अधीक्षक श्री एस.के. शर्मा के अनुसार दो अज्ञात आतंकवादियों ने इस व्यक्ति के घर जाकर इसके बेटे बारे पूछा था व कहा कि वे गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ कराना चाहते हैं । जब ग्रंथी ने बताया कि उसका बेटा कहीं बाहर गया है तो इन लोगों ने ग्रंथी को गोली मार दी । हत्या में ए.के. 47 असाल्ट राइफल का प्रयोग किया गया ।

हैडकांस्टेबल व उसके परिवार के तीन सदस्यों की हत्या : लुधियाना से 'धीमान, कम्बोज' के अनुसार गत रात आतंकवादियों ने यहां से 18 किलोमीटर दूर गांव संघोवाल में एक हैड कांस्टेबल जसवंत सिंह, जोकि रोपड़ के एस.एस.पी. का अंगरक्षक था, तथा उसके पिता प्रीतम सिंह, माता श्रीमती गुरदीप कौर व भाई अवतार सिंह की हत्या कर दी । प्राप्त जानकारी के अनुसार जसवंत सिंह छुट्टी पर आया हुआ था । गत रात तीन सशस्त्र आतंकवादी गांव में इसके घर में घुसे और अंधाधुंध गोलियां चला कर इन चारों की हत्या कर दी । इनसास राइफल से ए.के. 47 राइफल के कारतूसों के 52 खोल मिले हैं ।

इस गोलीबारी में जसवंत सिंह के एक रिश्तेदार के घायल होने की भी सूचना है ।

घायल कर दिया : थाने साहनेवाल के गांव हीरा में स्कूटर सवार दो आतंकवादियों ने गोली चला कर दो व्यक्तियों को घायल कर दिया । आतंकवादी घटना के बाद स्कूटर वहीं छोड़ गए ।

आधे दिन के बंद का आह्वान : लुधियाना (धीमान): उत्तरी भारत शिव सेना ने आज बटाला में राम नवमी के जलुस में हुए बम कांड की भर्त्सना करते हुए सरकार से मांग की है कि पंजाब को सेना के हवाले कर दिया जाए । श्री जगदीश तांगड़ी की अध्यक्षता में हुई आज शिव सेना की हंगामी बैठक में भारतीय जनता पार्टी से अपील की गई कि यदि राष्ट्रीय स्तर पर सरकार पंजाब में सख्त पग नहीं उठानी तो उसे अपना समर्थन वापस ले लेना चाहिए । शिव सेना ने बटाला बम कांड के दृष्टिगत कल आधे दिन के 'पंजाब बंद' का आह्वान किया है ।

पठानकोट (गुप्ता): शिवसेना पठानकोट के प्रधान श्री प्रेम मेहरा और महामंत्री शाम लाल महाजन ने बटाला बम कांड की निंदा करते हुए 4 अप्रैल को पठानकोट में पूर्ण हड़ताल करने का आह्वान किया है ।

आभूषण व नकदी लूटी : मलोट (गोयल): गत रात कुछ अज्ञात लोगों ने यहां रणजीत राम नामक व्यक्ति के घर में घुसकर करीब अढ़ाई लाख रुपए नगद, आभूषण व रिवाल्वर लूट ली । ये लोग एक वैन में आए थे तथा लूटमार के बाद उसी में फरार हो गए । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

दो गिरफ्तार : रोपड़ (महेन्द्र): जिला पुलिस ने दो आतंकवादियों को एक पिस्तौल तथा तीन कारतूसों समेत गिरफ्तार किया है । जिला पुलिस प्रमुख ने उक्त आशय की जानकारी दी है । इन आतंकवादियों के नाम चतर सिंह व देवेन्द्र सिंह बताए जाते हैं । इन्होंने चंडीगढ़ के सैक्टर 40 के एक गुरुद्वारे में निहंग की हत्या, रोपड़ जिला के गांव सलेमपुर टपरियां के डेरे के महंत पर घातक हमला तथा लोगों से धन ऐंठने की वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है ।



अमृतसर जिला के मजीठा क्षेत्र में तारागढ़ गांव में एक बस में बम विस्फोट से दो लोगों की मृत्यु हो गई तथा कई अन्य लोग घायल हो गए । फोटो में (1-2) मृतकों के शव और (3-4) दो घायल महिलाएं अस्पताल में उपचाराधीन । (छाया : भंडारी)

चार आतंकवादी काबू : दसूहा (झावर): स्थानीय पुलिस ने आतंकवादियों के एक ऐसे गिरोह को काबू किया है जिसका सम्पर्क पाकिस्तान से था । गिरोह का नेता महेन्द्र सिंह पुत्र राम सूरज निवासी अगवां जिला ऊना (हि.प्र.) पाकिस्तान को कथित रूप से अत्यन्त गुप्त सूचनाएं भेजा करता था । गिरोह के पकड़े गए अन्य सदस्यों में सुलक्खन सिंह निवासी सगरां, दलजीत सिंह उर्फ जीता निवासी खोकर तथा सतनाम सिंह निवासी पंडोरी अगवियां शामिल हैं ।

पुलिस सूत्रों ने दावा किया है कि इन्होंने अगले रामनवमी पर एक वर्ग के लोगों की हत्याओं की योजना बनाई थी । पुलिस ने इनके कब्जे से दो बंदूकें, एक पिस्तौल तथा 16 कारतूस बरामद किए हैं । इनके कब्जे से खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के 'लैटर पैड' भी मिले हैं । पत्र लिख कर ये लोग कभी धन भी ऐंठते थे । इनसे और भी कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिलने की आशा है ।

कश्मीर में
(पृष्ठ 3 का शेष)

इसके बाद 31 मार्च को 12 आतंकवादी जोधपुर जेल में भेज गए ।

घाटी बंदूकधारियों के प्रभुत्व में : ने.स. के अनुसार भाजपा के प्रदेश महासचिव श्री भगवत स्वरूप ने घाटी के विभिन्न भागों का 10 दिनों तक दौरा करने के बाद आज बताया कि कश्मीर घाटी अभी भी बंदूकधारियों के पूर्ण प्रभुत्व में है तथा आतंकित लोग वहां बोलने तथा घूमने की स्वतंत्रता खो चुके हैं ।

उन्होंने कहा कि घाटी में अधिकांश लोग पाक एजैंटों तथा भारत विरोधी शक्तियों के रूप में कार्यरत हैं । बहुत से लोग काम न मिलने के कारण बेरोजगार हो चुके हैं तथा बंदूक की नोक के आगे उनमें अपनी दयनीय स्थिति के बारे बात तक करने की शक्ति नहीं बची है । बहुत से लोगों का पलायन करके जाना भी घाटी में खेद का विषय है ।

श्री स्वरूप ने कहा कि धार्मिक स्थलों में लाऊड स्पीकरों से भारत विरोधी नारे लगाए जाते हैं, जिनमें 'काफिरो, जालिमो, कश्मीर छोड़ दो' 'भारतीय कुत्तो वापस जाओ' भी शामिल हैं । ऐसे नारे आधी रात के समय भी लगाए जाते हैं । भारत विरोधी टेप किए हुए भाषण घंटों के हिसाब से बजाए जाते हैं ।

प्रधानमंत्री द्वारा विचार-विमर्श : नई दिल्ली (प.स.): प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह ने आज एक उच्च स्तरीय बैठक में कश्मीर की स्थिति पर विचार-विमर्श किया ।

आधिकारिक प्रवक्ता के अनुसार इस बैठक में जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल श्री जगमोहन, गृहमंत्री श्री मुफ्ती मुहम्मद सईद तथा कश्मीर मामलों के प्रभारी मंत्री श्री जार्ज फर्नांडीज भी शामिल थे ।

घटिया दवाइयों की खरीद को रोकने के लिए समितियों के गठन की मांग

होशियारपुर, 3 अप्रैल (अश्विनी): आल इंडिया मैडीकोज सोसायटी के अध्यक्ष डा. धर्मबीर कपूर ने पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार श्री आर.पी. खन्ना से भेंट करके मांग की कि राज्य के सरकारी अस्पतालों के लिए खरीदी जा रही घटिया दवाइयों की रोकथाम के लिए राज्यस्तर पर व सभी जिलों में दवाएं खरीदने के लिए समितियां गठित की जाएं । सभी जिलों में ड्रग्ज सलाहकार समितियां भी स्थापित करने की मांग की गई ।

डा. कपूर ने श्री खन्ना से सेल्सटैक्स का फार्म-22 समाप्त करने व सेल्स टैक्स में की जा रही वृद्धि का प्रस्ताव वापिस लेने तथा मंडल स्तर पर डिवीजनल ड्रग्ज इंस्पैक्टर नियुक्त करने की भी मांग की ।

मान अकाली दल का तीसरा जत्था धरने पर बैठा

चंडीगढ़, 3 अप्रैल (वि.प्र.): अकाली दल (मान) के तीसरे जत्थे ने आज यहां पंजाब राज भवन के निकट धरना दिया । आज के जत्थे का नेतृत्व बलदेव सिंह रंधावा ने किया । उनकी मांग है कि पंजाब में तत्काल विधानसभा चुनाव करवाए जाएं । पुलिस का कथित दमन बंद किया जाए ।



ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ लंदन में बकिंघम पैलेस में मंगलवार को राष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरमन का स्वागत करती हुई । (फोटो : पै.ट्र.)

वेंकटरमन द्वारा भारत व ब्रिटेन के बीच आर्थिक सम्बन्ध मजबूत बनाने का आह्वान

लंदन, 3 अप्रैल (वार्ता): राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन ने ब्रिटेन को भारत का महत्वपूर्ण सहयोगी बताते हुए आज दोनों देशों के बीच आर्थिक सम्बन्धों को प्रगाढ़ बनाने का आह्वान किया । सर्वपल्ली राधाकृष्णन की यात्रा के बाद श्री वेंकटरमन ब्रिटेन की यात्रा पर आने वाले पहले भारतीय राष्ट्रपति हैं । श्री वेंकटरमन ने महारानी एलिज़ाबेथ द्वितीय और उनके पति द्वारा बकिंघम पैलेस में उनके सम्मान में आयोजित रात्रि भोज में कहा कि ब्रिटेन हमारे अत्यंत निकट सहयोगियों में एक रहा है तथा हम उसके साथ अपने आर्थिक सम्बन्धों का विस्तार करना चाहेंगे । राष्ट्रपति ने कहा कि भारत में एक ऐसा विशाल मध्यम वर्ग उभर कर सामने आया है जिसने एक ऐसी स्तरीय जीवन शैली हासिल की है जिसके बारे में कुछ वर्षों पूर्व सोचा भी नहीं जा सकता था । उन्होंने कहा, "ये उपलब्धियां निस्संदेह महत्वपूर्ण हैं लेकिन यह एक शुरूआत ही है ।"

70 कट्टर आतंकवादियों
(पृष्ठ 3 का शेष)

बोर्ड ने की थी किंतु वह भी गत जुलाई में रिहा कर दिया गया ।

नजीर अहमद शेख भी प्रशिक्षण पाने के लिए चोरी-छुपे पाकिस्तान गया और राजा मुज़फ्फर खान के घर ले जाया गया । वह अमानुल्ला खान से भी मिला । उसे भी जम्मू-कश्मीर में पंजाब जैसी स्थिति पैदा करने की हिदायतें दी गईं । वह आर.टी.सी. अनंतनाग में बम धमाके में संलिप्त था । उसकी नजरबंदी की भी पुष्टि एडवाईजरी बोर्ड ने कर दी थी । उसे भी फारूक सरकार ने गत जुलाई में रिहा कर दिया ।

गुलाम महिउद्दीन तेली एक जासूस गिरोह का सरगना था । उसी के मार्गदर्शन में बंदीपुरा का खुर्शीद अहमद मलिक और हंडवारा का अब्दुल रशीद वानी भारतीय सेना के बारे में जासूसी करने का प्रशिक्षण लेने पाकिस्तान गए थे । वह जे.के.एल.एफ. वर्करों से भारतीय सेना के बारे में जानकारी लेकर पाकिस्तान भेजा करता था । वह जमायते-इस्लामी का सक्रिय सदस्य है । उसकी नजरबंदी की पुष्टि भी एडवाईजरी बोर्ड ने की थी किंतु वह भी गत जुलाई में रिहा कर दिया गया ।

राष्ट्रीय सम्पदा के बराबर बंटवारे और गरीबी दूर करने जैसी भारत की मुख्य चुनौतियों का ज़िक्र करते हुए श्री वेंकटरमन ने कहा, "अभी बहुत कुछ करना बाकी है ।" राष्ट्रपति ने कहा कि इस दिशा में हमने अपने प्रयासों को अंजाम देने के लिए सदैव मित्र देशों से सहयोग मांगा है । श्री वेंकटरमन की ब्रिटेन यात्रा से आपरेशन ब्ल्यू स्टार को ध्यान में रखते हुए अलगाववादियों की गतिविधियों को लेकर वर्षों की शिथिलता के बाद भारत और ब्रिटेन के सम्बन्ध और मजबूत होने की सम्भावना है । यहां राजनयिक सूत्रों ने ब्रिटेन सरकार के इस फैसले को महत्वपूर्ण माना है कि वह ब्रिटेन स्थित खालिस्तान समर्थकों की भारत विरोधी हिंसा की गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करेगी । पिछले कुछ वर्षों में उदारवादी सिखों पर हमले में लिप्त कई अलगाववादियों को सज़ाएं हुई और ब्रिटेन की प्रधानमंत्री मारग्रेट थैचर ने कहा कि वह अलगाववादियों को सज़ा दिलाने के लिए कानून को सहज बनाने पर विचार कर रही है ।

ब्रिटेन भारत के साथ व्यापार करने वाला पांचवां बड़ा देश है । ब्रिटेन भारत से कपड़ा, सिलेसिलाए वस्त्र, चमड़े की बनी वस्तुएं, चाय, रसायन खनिज, जूट, चावल एवं अन्य कृषि उत्पादों का आयात करता है । ब्रिटेन भारत को हीरे, वाहन कलपुर्जे, रासायनिक पदार्थ, मशीनें और रक्षा सामग्री का निर्यात करता है । भारत पहले भी इस बात से असंतुष्ट रहा है कि ब्रिटेन से मिलने वाली सहायता में से अधिकतर भाग उसे ब्रिटेन में बनी वस्तुओं को खरीदने पर ही व्यय करना पड़ता है । जहां तक आर्थिक सम्बन्धों का सवाल है, भारत-ब्रिटिश आर्थिक समिति ही एकमात्र ऐसा स्रोत है, जिसके तहत दो वर्ष में एक बार अधिकारियों के बीच उच्चस्तरीय सम्पर्क कायम करने का मौका मिलता है ।

स्टेट बैंक ने नागालैंड सरकार के चैकों का भुगतान रोक दिया

कोहिमा, 3 अप्रैल (प.स.): स्टेट बैंक आफ इंडिया ने भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देश पर नागालैंड सरकार के चैकों का भुगतान रोक दिया है । 1989-90 में राज्य के संसाधनों में 78.6 करोड़ रुपए के घाटे के मद्देनज़र ऐसा किया गया है । स्टेट

क्लासीफाइड विज्ञापन

सार्वजनिक सूचना

हमारा भाई मनोहर लाल, शादीशुदा, हमारे कहने से बाहर है, जो कोई उससे लेन-देन करेगा वह उसका खुद जिम्मेवार होगा । फकीर चंद चरणजीत लाल द्वारा शाप नम्बर 33, नई सब्जी मंडी, लुधियाना ।

जमीन/जायदाद/प्लाट

राजपुरा के बाजार महेंद्रगंज में एक दकान 30x12 बिकाऊ है । दगा पीड़ितों के लिये स्पैशल छूट, लिखें : बाक्स 111, पंजाब केसरी, जालंधर ।

8 Marla residential plots each for Rs.

Punjabi Sangam

A LEADING SANITARY HOUSE
GLAZEDTILES,THERMOKING GYSERS
AUTHORISED WHOLESALE DEALERS:
SAGAR INDIA CORPORATION,
SCO.41/18-D,CHANDIGARH,.PH.24440.

City Edition

Vol. 110 No. 91

THE TRIBUNE

Regd. No. PB/CH-1

110TH YEAR OF PUBLICATION

Chandigarh : Wednesday, April 4, 1990

Pages: 12 Rs 1.10

100%
RETURNING GUARANTEE
FOR
22 CARAT GOLD
JEWELLERY With
Cadmium Joints
KRISHNA
JEWELLERS
SECTOR 19-C, CHANDIGARH.
PHONE: 20963, 40963

36 killed in Batala explosion

Curfew after clashes

From Ramesh Vinayak

BATALA, April 3 – An indefinite curfew was imposed on this sensitive foundry town this afternoon in the wake of high tension following a bomb blast in the Subzi Mandi area. At least 30 persons (36 according to UNI) were killed and more than 55 others injured.

The bomb, believed to be fitted with a time device, was planted on a bicycle. As the 4,000-strong Ram Navami procession was passing the area, the bomb exploded.

The blast, which rocked the town around 2.30 p.m. sparked off violence in the interior parts as the processionists went on the rampage pelting stones at the police personnel and passersby outside the Civil Hospital. At least two policemen and three civilians were reportedly injured in the clashes.

As the mob tried to set afire a religious place close to the site of the blast, the police fired in the air to disperse the people who raised anti-police slogans. During the firing three persons were allegedly injured, but Batala police chief Samant Kumar Goel did not confirm it.

The administration clamped an indefinite curfew on the town around 3.30 p.m. Five more companies of the Border Security Force were requisitioned to maintain law and order in the town.

The Deputy Commissioner, Mr S.S. Channi, who along with the DIG, BSF (Internal Security), Mr Udayvir Singh, rushed to the spot, described the situation as "very bad but under control". While the paramilitary forces were deployed in the interior, Punjab police men were removed from the sensitive areas.

Till late this evening the situation in and around the Civil Hospital was still explosive as a large number of irate residents defied the curfew orders and virtually laid siege to the hospital building. The civil and police officials were not allowed to enter the hospital premises where the bodies of the blast victims lay on carts and the floor.

The administration was trying to pacify the people by taking prominent citizens and leaders of political parties into confidence. Despite repeated warnings the mob, protesting against the police firing, refused to vacate the hospital.

The Batala police chief, Mr S.K. Goel, who prevented the situation from taking an ugly turn by replacing the policemen with the BSF jawans in the disturbed areas, told The Tribune that the bicycle on which the bomb was kept was parked in front of a power house on a road from which the procession was scheduled to pass. Only three to four groups of those leading the procession had passed the area when the explosion took place.

Mr Baldev Raj Kansra, President of the local unit of the BJP, who was one of those leading the procession, said the toll would have been more had a major part of the procession not held up behind because of a free "langar".

So powerful was the blast that the bodies of the victims were thrown as far as 10 metres from the spot. Parts of the bodies were scattered all over the place. At least six scooters, a Maruti car, and four bicycles parked near the spot were badly damaged.

The spot presented a ghastly sight with pools of blood all around and the belongings of the victims lying in the blood.

According to eyewitnesses, at least 16 persons, including a police constable and two employees of the Punjab State Electricity Board, were killed on the spot while others succumbed to their injuries either on way to the hospital or after reaching the Civil Hospital or the SGTB Hospital in Amritsar.

Mr Goel said certain sword-wielding youths also attacked two constables injuring them seriously.

Several residents whom this correspondent spoke to, alleged that the police started firing on the people who were shifting the victims from the site of the incident.

An angry Mr Kansra, took out at least six empties of the police weapons to prove that the police fired without any major provocation.

A couple of youths alleged that the police also lathicharged those who were helping the injured on the hospital premises. Some of them bared their arms and backs to show the marks allegedly caused by the cane-charge.

Lack of adequate number of doctors and facilities in the hospital further angered the people. Mr Kansra alleged that only two doctors were present at the time of the incident, while the S.M.O. and the driver of the ambulance were absent.

The number of beds to accommodate the casualties was not adequate. Restive crowds repeatedly barged into the premises making it difficult for doctors to attend to the injured.

About 45 victims, 20 of them in a serious condition, were shifted to the private nursing homes.

Mr Goel, however, maintained that the police resorted to firing only after the mob became violent.

Conflicting versions were available on the exact number of the dead and injured. While the police officials put the death toll at 20 and said about 55 were injured, the unconfirmed version of the residents was that at least 26 were killed and over 80 injured.

A doctor at the Civil Hospital maintained that he gave first aid to at least 90 injured. Many were discharged after first aid. The exact number of injured could not be known immediately because the victims were admitted to various civil and private hospitals at different places.

This correspondent counted 16 bodies lying on the premises of the hospital.

The Deputy Commissioner said the authorities were keeping a close watch on the situation. The decision regarding any relaxation in the curfew would be taken after a meeting between the police officials and the representatives of the residents.

Additional contingents of the BSF and the CRPF are patrolling the sensitive areas.

Among the killed were two PSEB employees, a police constable, the President of the local Lions Club, Mr Anil Sarin and two women.

The names of the killed who could be identifed till 6 p.m. are Mr Dharmpal, Mr Mohan Lal, Mr Jugal Kishore, Mr Dhanna Ram, Mr Om Parkash, Mr Ishar Dass, Mr Yog Raj, Mr Surinder Singh, Mr Davinder Kumar, Rajji, a 10-year-old girl, Hardit Singh, Mr Bir Singh (both employees of the PSEB) Mr Rattan Lal, Mr Satish Grover, Mr Anil Sarin, Mr Sandeep Kuja, Mrs Sandeel Kaur and Mrs Kanwaljit Kaur.

Yielding to the mounting public pressure, the Deputy Commissioner of Gurdaspur, Mr S.S. Channi, ordered a magisterial enquiry into the alleged firing by the police on the people and lapses on the part of the staff in the Civil Hospital at Batala after the blast.

The Additional Deputy Commissioner, Mr Gurbax Singh, will conduct the probe.

Mr Channi announced relief of Rs 50,000 for family of each killed person and Rs 5,000 for the seriously injured.

Meanwhile, six more victims of the blast were identified as Mrs Sudhir

Continued on page 12 col 2



Himalayan brown bears have a friendly bout in the pond of their enclosure at Chhat Bir Zoo on Tuesday. Report on page 3 Tribune photo by Karam Singh

Punjab Bill in Lok Sabha today

NEW DELHI, April 3 (PTI) – The Rajya Sabha adjourned sine die, is proposed to be reconvened on April 9 or 10 to pass the Constitution Amendment Bill seeking extension of President's rule in Punjab, the Prime Minister, Mr V.P. Singh, said today.

Asked if it would not become obligatory for the Election Commission to notify election in Punjab if the Bill is not passed by both the Houses by April 6, the Prime Minister said once the Lok Sabha passes the Bill there would be reasonable ground to tell the Commission not to order polls in the State.

The Lok Sabha meeting tomorrow after the week-end recess is expected to pass the Bill.

Major Opposition parties including the Congress (I) have assured full co-operation to ensure passage of the proposed legislation which fell through in the Lok Sabha on Friday for lack of requisite majority.

A formal meeting of the leaders of various political parties in Parliament has been convened by the Prime Minister to make sure that required strength of members were present to pass the Bill.

In an informal talk with newsmen at the Iftar dinner hosted by the Civil Aviation Minister, Mr Arif Mohammed Khan, the Prime Minister said all political parties had agreed to support the Bill.

Asked when he proposed to expand the Cabinet, Mr V.P. Singh quipped: "Let one thing be a secret although we have got an open Government."

In reply to another question he said he had undertaken review of the functioning of practically all the Ministries.

The Iftar was attended by the former President, Mr Zail Singh, several Union Ministers, the U.P. Chief Minister, Mr Mulayam Singh Yadav and members of the diplomatic corps.

Devi Lal softens attitude

From The Tribune Bureau

NEW DELHI, April 3 – The Deputy Prime Minister, Mr Devi Lal, seems to have softened his attitude towards the Secretary-General of the Janata Dal, Mr Ajit Singh.

In a letter written to him, copies of which were released to the Press today, Mr Devi Lal recalled that he had appointed Mr Yashwant Sinha Secretary of the Janata Dal Parliamentary Board since he was coordinating the work relating to the selection of candidates for various seats and dealing with the Press as well.

Mr Devi Lal also recalled that he had never intended to withdraw the right of Mr Ajit Singh to summon meetings of the Parliamentary Board.

However, Mr Devi Lal drew the attention of Mr Ajit Singh to the forthcoming elections to the Legislative Councils in various States and said that the process of selecting candidates has to be initiated soon.

He suggested that since the selection of candidates for the Rajya Sabha was left to the President of the party, Mr V.P. Singh, the Chairman of the Parliamentary Board (Mr Devi Lal himself) and the Chief Ministers of the States concerned, the same procedure might be followed in the case of State Councils.

Mr Devi Lal said since there was hardly any time left for wider discussions, the Chief Ministers of various States in consultation with the Presidents of the State units and the Chairmen of the State Parliamentary Boards could send their suggestions to the Central Parliamentary Board.

Removal of Ajit Singh

The writing of a soft letter by Mr Devi Lal to his political adversary is seen in political circles as a move to keep him out of the process of selecting candidates for Legislative Councils.

Mr Ajit Singh and his supporters were unhappy over the way the Central Parliamentary Board selected candidates for the Rajya Sabha. Mr Ajit Singh could get only one seat for his followers in the Rajya Sabha, while most of the seats went to the candidates of the Prime Minister, the Deputy Prime Minister and Chief Ministers of various States.

PTI adds: The Deputy Prime Minister has proposed the name of Mr Santbux Singh, elder brother of Mr V.P. Singh, for the presidentship of the Janata Dal.

Mr Devi Lal, in a letter to Mr V.P. Singh, said that since the Prime Minister had expressed the desire to relinquish the party President's post immediately, he felt Mr Santbux Singh would be the most suitable choice.

Thousands march to Idgah

From Our Special Correspondent

JAMMU, April 3 – During the nine-hour relaxation in curfew restrictions thousands of men, women and children marched in groups to Idgah today to pay homage to "JKLF" area commander Ashfaq Majid, who lay buried there after he was killed in an encounter with the security forces on Friday.

Yesterday, the plan of marching in lakhs to Idgah in connection with the Chhohrum (fourth day ceremony) of Ashfaq Majid was foiled when the Army and paramilitary forces, deployed in strength, enforced curfew restrictions strictly. Secessionist leaders, including Mr Kabir Sheikh, father of another "JKLF" area commander Abdul Hamid Sheikh, had pleaded with senior Government functionaries that curfew restrictions should be lifted for allowing people to participate in the fatiha ceremony, but the authorities rejected the request. However, Mr Sheikh and others made it clear to government officials that since militants had pledged to visit Idgah in processions, any further restrictions would result in violence. After senior leaders assured the Government that marchers would not indulge in violence, curfew restrictions were lifted this morning. People from all parts of the city and neighbouring areas marched to Idgah. A number of underground militants appeared on the scene and addressed the public gathering. They urged all militant outfits to unite and shouted slogans in favour of unity and agreement.

During the curfew relaxation most of the shops remained closed in Srinagar city and skeletal transport services operated and some carried people to Idgah. Work in government offices and banks was paralysed. Though no fresh incident of violence was reported from Baramula town, tension gripped the area following the death of three persons – Manzoor Ahmed, Rafiq Ahmed and Ajaj Ahmed – in police firing yesterday. Reports said that paramilitary forces opened fire when a group of people indulged in violence and when some youths resisted search of houses. However, unofficial sources said that the three were killed when they were simply walking towards their residences.

Homage to "JKLF" area commander

In Anantnag the situation remained peaceful but tense and no major relaxation in curfew restrictions was given. An official spokesman said that the situation in the entire valley remained incident-free today.

Meanwhile, activists of the CPI and CPM in Kashmir have gone underground following the killing of a senior CPI leader, Mr Abdul Satar Ranjoor, 10 days ago. Well-known activists of the two Communist parties have already migrated to the plains after some of them received threats of elimination. The current militancy is two-year old but the tussle between the Communists and the fundamentalists in the valley has been going on during the past over one decade. Some senior CPI leaders have already got in touch with party functionaries in Delhi and have sought adequate protection failing which they may be forced to wind up the units.

According to these reports, CPI and CPM leader have suggested to the Kashmir units not to get unnerved and have patience because the closure of these units would only help the fundamentalists. Though the militants have slightly changed their strategy in the past 10 days and confined their activities to killing of security personnel, Communist activists fear elimination.

The change in the strategy is the result of resentment generated in public against the killing of Ranjoor and Mir Mustafa, an Independent member of the dissolved House. Some of the CPI and CPM activists have expressed their willingness to fight the militants in south Kashmir if they were given sophisticated arms and were assisted by the security forces. In the current political scenario the two Communist parties have preferred to adopt a wait-and-watch policy.

Continued on page 12 col 7

CHANDIGARH WEATHER

The maximum temperature on Tuesday was 30.1° C (86.2° F) and the minimum 11.6° C (52.9° F).

The maximum relative humidity was 79 per cent and the minimum 27 per cent.

The sun will set on Wednesday at 6.43 and rise on Thursday at 6.07.

OUTLOOK FOR WEDNESDAY: Mainly clear sky. Not much change in the night temperature likely.

Tomorrow's paper today

CHANDIGARH : The question paper of chemistry (theory) for plus two students of the Central Board of Secondary Education (C.B.S.E.) was reportedly leaked out today, a day before the actual examination.

It was not the first complaint of its kind this time. The Tribune office had been receiving such complaints from all over Punjab, Haryana and Chandigarh about question papers being leaked out on the eve of the examination.

A reader from Hoshiarpur, Mr Sunil Mittal, complained that one of his younger brothers appeared in plus one examination of the C.B.S.E. at a Chandigarh college. At least four of his question papers – chemistry, English, mathematics and computers – were leaked out in advance. The leaked papers were sold at a premium and were available at a city printing press. While the charges made in the letter were still to be established, The Tribune office received a photocopy of all eight pages of the chemistry (theory) question paper for plus 2 students.

Last year also, there were similar complaints received from some local schools besides those at S.A.S. Nagar.

When contacted, the Director of Public Instruction (Schools), Chandigarh Administration, Mrs Kuldeep Kaur, expressed her surprise.

Continued on page 4 col 8



Queen Elizabeth II greets President R. Venkataraman at Buckingham Palace on Tuesday. PTI photo

PM reviews Kashmir situation

NEW DELHI, April 3 (PTI) – The Prime Minister, Mr V.P. Singh, reviewed the situation in Kashmir at a high-level meeting here today.

The Governor, Mr Jagmohan, the Home Minister, Mufti Mohammed Sayeed, and the Minister for Kashmir Affairs, Mr George Fernandes, were present at the meeting, according to an official spokesman.

Mr V.P. Singh has begun reviewing the performance of various Ministries and gone through the working of certain key departments.

Stating this here, official sources said Mr V.P. Singh had been drawing the attention of the Ministers concerned to shortcomings which came to his notice during the review, official sources said.

Bomb scare mars arrival ceremony

LONDON, April 3 (PTI) – A bomb scare at Gatwick shortly before Mr R. Venkataraman's plane landed at this suburb airport, about 80 km from London, marred the arrival ceremonies and the President's route to Buckingham Palace had to be changed to avoid any security risk.

The President and all members of his party drove straight from Gatwick to Buckingham Palace and all traditional ceremonies at the historic Victoria railway station were cancelled after the Scotland Yard found a suspicious object lying near the Royal Train at Gatwick railway terminal around 11.45 a.m. just 20 minutes before Air-India Jumbo Harshvardhana was scheduled to arrive from Lisbon.

Bomb disposal squads were summoned and Gatwick railway terminal and the adjoining roads were cordoned off. The explosive experts gave an all-clear signal after a 45-minute operation, but not before the arrival of the Indian President, according to an East Sussex police spokesman.

President in London

The unfortunate disruption of the colourful British reception to Mr Venkataraman and Mrs Janaki Venkataraman is understood to have figured at the private lunch the Queen hosted in honour of her guests at Buckingham Palace later in the afternoon.

According to informed sources, the British authorities decided to change the scheduled arrival ceremony because they did not want to take any chance with regard to Mr Venkataraman's security, specially in view of the activities of some of the India-related extremist organisations in Britain.

The Indian High Commission authorities are believed to have apprised the Prime Minister's office of the episode and a detailed report is likely to be sent to the Home Ministry soon.

According to the original programme, the President was scheduled to travel from Gatwick on board the Royal Train and was to be received at Victoria station by the Queen, the Duke of Edinburgh, the Prince and the Princess of Wales and other members of the Royal family.

After the Royal salute and inspecting the guard of honour, Mr Venkataraman and his wife were to drive to Buckingham Palace in a carriage procession.

Instead, the arrival ceremonies were held outside Buckingham Palace.

After the luncheon and exchange of gifts at Buckingham Palace, the President and Mrs Venkataraman visited Westminster Abbey where they were received by the Dean of Westminster. The visiting dignitary laid a wreath at the grave of the "Unknown Warrior" and went round a tour of the Abbey.

India told Britain that it was too early to relax pressure on the Pretoria regime by lifting comprehensive economic sanctions against South Africa and that these should be

Continued on page 12 col 5

Other pages

- IMF concern on savings – page 2
- Chandigarh Calling – page 3
- The game is the same, rules vary by V.N. Narayanan – page 6
- Ramesh advances in Orlando tennis – page 10
- Rajan Pillai: the biscuit baron – Business feature – page 11
- Jalandhar to Bombay via NY – page 12



बटाला में कर्फ्यू जारी : पट्टी क्षेत्र में 35 राकेटों सहित भारी परिमाण में शस्त्रास्त्र बरामद

सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में दुर्दांत आतंकवादी बलदेव सिंह और उसके 2 साथी मारे गए : 3 सुरक्षा कर्मियों, दम्पत्ती, संदिग्ध व्यक्ति सहित 8 की हत्या : एक शव मिला

चंडीगढ़, 4 अप्रैल (वा., प.स.): पंजाब में गत रात से सुरक्षा बलों के साथ भिड़ंत में दुर्दांत आतंकवादी बलदेव सिंह व उसके दो साथी मारे गए, जबकि अन्यत्र 3 पुलिस कर्मियों, दम्पति, एक संदिग्ध व्यक्ति सहित 8 लोगों की हत्या कर दी गई । पट्टी क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने तलाशी के दौरान भारी परिमाण में शस्त्रास्त्र बरामद किए हैं । इस दौरान बटाला शहर में कल बम विस्फोट की घटना के बाद लगाया गया कर्फ्यू बिना ढील के जारी रहा तथा आज लोगों ने राज्यपाल श्री मुखर्जी को बटाला के अस्पताल में घायलों का हाल जानने के लिए न जाने दिया ।







अमृतसर जिला के पट्टी क्षेत्र में सैदो गांव में सुरक्षा कर्मियों ने एक फार्म हाऊस पर छापा मार कर भारी मात्रा में हथियार व गोली सिक्का बरामद किया । फोटो में (ऊपर) पकड़े गये हथियार तथा नीचे सुरक्षा अधिकारी हथियारों का निरीक्षण करते हुए । (छाया : रवि भंडारी)

भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद : आज पट्टी पुलिस थाना के तहत गांव सैदो में अजीत सिंह नामक व्यक्ति के फार्म हाऊस पर छापा मार कर सुरक्षा बलों ने 35 राकेटों सहित भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किए हैं ।

पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार पकड़े गए शस्त्रों में एक ए.के. 47 राइफल, उसकी एक 37 राऊंड सहित मैगज़ीन, एक थामसन गन, .9 एम.एम. के 307 कारतूस, .38 बोर की 265 गोलियां, 12 फुट सेफ्टी फ्यूज़ वायर, एक बड़ा रिमोट कंट्रोल यंत्र, एक छोटा रिमोट कंट्रोल यंत्र, 18 फुट कारडैक्स, 40 फुट कंट्रोल वायर तथा दस रिमोट कंट्रोल फ्यूज़ शामिल हैं ।

सुरक्षा बलों ने ये शस्त्रास्त्र गांव में तलाशी अभियान के दौरान बरामद किए हैं । फार्म हाऊस का मालिक तलाशी के दौरान फरार होने में सफल हो गया ।

एक व्यक्ति की हत्या : पट्टी से 'पाठक' के अनुसार आतंकवादियों ने पुलिस थाना दुबली के गांव जोधसिंह वाला में चरण सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

संदिग्ध व्यक्ति की हत्या : झब्बाल के निकट गांव मानोचाहल में आतंकवादियों ने कुलदीप सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । पता चला है कि गत रात 11 बजे के करीब 4-5 व्यक्ति इसके घर आए तथा इसे गोलियां मार कर फरार हो गए । पुलिस के अनुसार यह व्यक्ति लूटमार किया करता था ।

एक अन्य सूचना के अनुसार यह व्यक्ति सेवानिवृत्त सैनिक था ।

पुलिस व आतंकवादियों में फायरिंग : एक अन्य सूचना के अनुसार रात 8.30 बजे के करीब पट्टी में पुलिस तथा आतंकवादियों के बीच फायरिंग हुई । पुलिस ने पट्टी में जंडियाला चौक के पास नाका लगा रखा था । कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को आते देख पुलिस ने जब उनको ललकारा तो उन्होंने गोली चला दी । जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई, पर ये आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठा कर भाग गए ।

शव मिला : डेरा बाबा नानक से चोपड़ा के अनुसार स्थानीय पुलिस ने गांव ठेठरके ड्रेन की पुली पर एक युवक का शव बरामद किया है । उसके शरीर पर तेजधार शस्त्र के घाव हैं । मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है ।

दुर्दांत आतंकवादी व उसके दो साथी मरे : फिरोज़पुर : आज जिला के गांव नसीरा खलचियां के पास सुरक्षा बलों के साथ हुई भिड़ंत में एक दुर्दांत आतंकवादी बलदेव सिंह तथा उसके दो साथी मारे गए । एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार बलदेव सिंह 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' से सम्बद्ध था । वह हत्याओं के अनेक मामलों में पुलिस को वांछित था तथा उस पर सरकार ने बीस हजार रु. का इनाम घोषित कर रखा था ।

सरपंच की हत्या : अमृतसर : अमृतसर के पुलिस जिला मजीठा के गांव सराय में आतंकवादियों ने सरपंच रंजीत सिंह के घर में घुसकर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी ।

पति-पत्नी की हत्या : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार आज रात्रि पुलिस जिला मजीठा के कस्बा बाबा बकाला में उग्रवादियों ने पति और पत्नी की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया गया है कि उग्रवादी जोगेन्द्र सिंह नामक व्यक्ति के घर में दाखिल हुए थे और उससे उसका स्कूटर मांगा । जोगेन्द्र सिंह ने इंकार कर दिया, जिस पर उग्रवादी जोगेन्द्र सिंह पति और उसकी पत्नी की हत्या करके भाग गए ।

पुलिस के 3 जवान मरे : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार बटाला के निकट ठेट्ठरके गांव के पास उग्रवादियों ने घात लगा कर हमला करके पुलिस के 3 जवानों की हत्या कर दी और कई घायल कर दिए ।

पुलिस के अनुसार हरमिन्दर सिंह कांस्टेबल, जो बहादुरगढ़ में एक दुर्घटना में मारा गया था, का शव अंतिम संस्कार के लिए लाया जा रहा था कि मार्ग में उग्रवादियों ने पुलिस पार्टी पर हमला कर दिया । घायलों को अमृतसर के अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है ।

मृतकों में प्रितपाल सिंह, सतनाम सिंह और राम सिंह कांस्टेबल शामिल हैं, जबकि राम दयाल, कुलवंत सिंह, बलजीत सिंह, भाग सिंह, बलबीर सिंह और गुरमेज सिंह कांस्टेबल घायल हुए । इनके साथ जा रहे 5 नागरिक जोगेन्द्र सिंह, महेंद्र सिंह, करनैल सिंह, अमरीक सिंह, जुझार सिंह घायल हो गए ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : जालन्धर : गत रात पुलिस ने फिल्लौर के गांव मोहन में कैनाल ब्रिज के पास एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद दो आतंकवादियों छिन्दरपाल सिंह पुत्र सुरजन लालो माजरा तथा हरमेश सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह जाट-गोसलां को गिरफ्तार किया है । जालन्धर पुलिस द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार ये दोनों एक स्कूटर पर गांव लसाड़ा की तरफ से आ रहे थे । जब इनको पुलिस की नाका पार्टी ने रोका तो इन्होंने पुलिस पर गोली चला दी । जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई तथा इनको काबू कर लिया ।

पुलिस ने इनके कब्ज़े से 12 बोर की दो पिस्तौलें, असला तथा एक स्कूटर नं. पी.ए.के. 7376 बरामद किया है । यह स्कूटर इन्होंने गत 28 मार्च को पुलिस थाना गोराया के गांव चाक में छीना था ।

दो काबू : नवांशहर पुलिस ने कुलबीर सिंह पुत्र तरसेम सिंह सलोह तथा गुरमीत सिंह प्रिंस पुत्र अवतार सिंह खुम्भाना (टांडा) को गिरफ्तार करके उनके पास से .32 बोर एक पिस्तौल, 12 बोर का एक पिस्तौल तथा गोली-सिक्का बरामद किया है । .32 बोर का पिस्तौल इन्होंने गांव सलोह में छीना था । इन्होंने गांव करैम में डकैती के अलावा लूटमार की अन्य वारदातों में भी संलिप्तता मानी है ।

घोषित अपराधी पकड़ा : करतारपुर पुलिस ने सरवण सिंह पुत्र नारायण सिंह निवासी भुलत्थ (कपूरथला) को गिरफ्तार किया है । यह व्यक्ति एक घोषित अपराधी था तथा 1982 में इसके खिलाफ दो केस दर्ज किए गए थे ।

कर्फ्यू में ढील नहीं : बटाला (कोछड़, प.स.): बटाला शहर में कर्फ्यू में आज कोई ढील नहीं दी गई और सुरक्षा बलों ने सड़कों पर गश्त तेज कर दी है । कल यहां रामनवमी की शोभा यात्रा के दौरान सब्जी मंडी के निकट हुए बम विस्फोट के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया था । इस विस्फोट में 36 व्यक्ति मारे गए तथा कम से कम पचास व्यक्ति घायल हो गए थे ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एस.के. गोयल ने बताया है कि शहर में कानून-व्यवस्था की स्थिति को बनाए रखने के लिए सीमा सुरक्षा बल की एक और कम्पनी तैनात की गई है । पांच कम्पनियां पहले से तैनात थीं । उन्होंने बताया कि शहर के किसी भी हिस्से से अप्रिय घटना का समाचार नहीं है ।

राज्यपाल को अस्पताल न जाने दिया : पंजाब के राज्यपाल श्री एन.के. मुखर्जी को आज अनेक लोगों ने यहां अस्पताल में कल के बम कांड के घायलों को देखने न जाने दिया । राज्यपाल की कारों का काफिला जब अस्पताल पहुंचा तो कर्फ्यू के बावजूद सैंकड़ों लोगों ने राज्यपाल तथा पंजाब पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अस्पताल का गेट रोक दिया । इन लोगों ने गेट को रोकने के लिए वहां रेहड़ियां इत्यादि खड़ी कर दी थीं । जनता के इस प्रबल विरोध के कारण राज्यपाल अस्पताल में न जा सके ।

राज्यपाल ने अस्पताल के निकट स्थित सब्जी मंडी क्षेत्र का दौरा किया जहां कि कल रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान बम धमाका हुआ था ।

राज्यपाल के साथ पंजाब के नए मुख्य सचिव श्री एस.एल. कपूर, राज्यपाल के दो सलाहकार, पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल, आई.जी. बार्डर रेंज श्री एम.एस. भुल्लर तथा डी.आई.जी. बार्डर रेंज श्री जी.आई.एस. भुल्लर भी थे ।

बाद में राज्यपाल श्री मुखर्जी अमृतसर रवाना हो गए ।

इससे पूर्व पत्रकारों से बातचीत करते हुए राज्यपाल ने कहा कि इस बम कांड का एकमात्र उद्देश्य साम्प्रदायिक हिंसा भड़काना था, जिसमें आतंकवादी असफल रहे हैं । उन्होंने सद्भाव बनाए रखने के लिए बटाला के लोगों की प्रशंसा की । इस घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह और भी चिन्ता की बात है कि यह सब रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान हुआ ।

इस घटना की भर्त्सना करते हुए राज्यपाल ने इस बात से इन्कार किया कि सीमांत जिलों–अमृतसर, गुरदासपुर और फिरोजपुर में बिगड़ रही स्थिति को काबू करने के लिए सेना तैनात की जाएगी । उन्होंने कहा, "मैं इसके पक्ष में नहीं हूं ।" राज्यपाल ने कहा कि बटाला में हुए सारे घटनाक्रम की स्थिति अभी सामने नहीं आई है ।

पुलिस की लापरवाही बारे आरोपों का खंडन करते हुए श्री मुखर्जी ने कहा कि, "मैं नहीं समझता कि यह सब पुलिस की लापरवाही से हुआ ।" राज्यपाल ने स्वीकार किया कि राज्य में स्थिति संतोषजनक नहीं है क्योंकि गत मास से आतंकवादियों की सरगर्मियां बढ़ी हैं तथा बटाला कांड सबसे बड़ी घटना है ।

उन्होंने कस्बे में साम्प्रदायिक तनाव का खंडन करते हुए कहा कि पाकिस्तान हिंसा फैला कर साम्प्रदायिकता को बढ़ावा दे रहा है । उन्होंने बताया कि यह बम विस्फोट इसी साज़िश का हिस्सा है ।

उन्होंने इस घटना की न्यायिक जांच कराने की कई राजनीतिक पार्टियों की मांग के सम्बन्ध में टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया । उन्होंने लोगों से साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बरकरार रखनी चाहिए ।

सिविल अस्पताल में उपकरणों के अभाव की चर्चा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि पंजाब के सारे अस्पतालों का यही हाल है । उन्होंने कहा कि बटाला अस्पताल को अबोहर अस्पताल की तरह उपकरण उपलब्ध कराने का काम प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा ।

बब्बर खालसा का हाथ : इस बम कांड के पीछे 'बब्बर खालसा इंटरनैशनल' गुट का हाथ होने की संभावना है । पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल तथा अन्य पुलिस अधिकारियों ने बताया है कि धर्म सिंह कांस्तीवाला का 'बब्बर खालसा गुट' बटाला और गुरदासपुर क्षेत्र में सक्रिय है सम्भवतः कल का बम धमाका इसी गुट ने किया है ।

श्री जी.आई.एस. भुल्लर ने कहा कि इस गुट के दो सदस्यों से सुरक्षा बलों ने लसियाणा सीमा चौकी पर गत 30 मार्च को भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र भी पकड़े थे । पाकिस्तान से शस्त्रों की यह खेप बब्बर खालसा लीडर बधावा सिंह ने भेजी थी ।

जिम्मेदारी ली : इस दौरान बब्बर खालसा के चीफ सुखदेव सिंह बब्बर ने इस बम विस्फोट की जिम्मेदारी ली है ।

जांच के आदेश : गुरदासपुर के जिला मैजिस्ट्रेट ने बटाला सिविल अस्पताल में कल मृतकों के शव उठा रहे लोगों पर पुलिस द्वारा की गई गोलीबारी की जांच का आदेश दिया है ।

बटाला पुलिस जिले के जिलाधीश गुरबख्श सिंह इसकी जांच कर एक सप्ताह में अपनी रिपोर्ट देंगे ।

इस बीच, गुरदासपुर के उपायुक्त एस.एस. चन्नी ने मृतकों के नज़दीकी रिश्तेदारों को 50-50 हजार रु. और प्रत्येक सख्त घायल को 5-5 हजार रुपए की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है ।

प्रशासन ने अंत्येष्टि के लिए भी आर्थिक मदद तुरन्त उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है ।

पुलिस अधिकारियों का बयान : डी.आई.जी. श्री जी.आई.एस. भुल्लर तथा एस.एस.पी. श्री एस.के. गोयल ने कहा कि बटाला में बम धमाके में कुल 31 लोग मरे हैं । इनमें वे लोग भी शामिल हैं जो गुरु तेग बहादुर अस्पताल, अमृतसर में दम तोड़ गये थे ।

उन्होंने बताया कि अस्पताल में कुल 47 लोग भर्ती कराए गए थे, इनमें 10 पुलिस कर्मी भी थे । घायलों में से 39 को उनकी गम्भीर दशा के कारण अमृतसर अस्पताल भेजा गया था ।

उन्होंने बताया कि 10 पुलिस कर्मचारी उस समय घायल हुए थे, जब धमाके के बाद उग्र भीड़ हिंसा पर उतारू हो गई थी । इन घायल पुलिस वालों में एक इंस्पैक्टर, एक सब-इंस्पैक्टर, एक ए.एस. आई. और तीन कांस्टेबलों पर तेज धार हथियारों से हमला किया गया था । भीड़ की हिंसा के कारण एक व्यक्ति मरा था व दो घायल हुए थे ।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने उस समय हवा में करीब तीस राऊंड चलाए थे जब उग्र भीड़ ने एक धर्मस्थल में प्रवेश करने का प्रयास किया था । उन्होंने दावा किया कि इस गोलीबारी से कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ था ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

क्रुद्ध भीड़ ने राज्यपाल मुखर्जी को बटाला अस्पताल में जाने न दिया

बटाला कांड की सर्वत्र निन्दा : पंजाब सेना के हवाले करने की मांग

चंडीगढ़, 4 अप्रैल (प.स.): भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की पंजाब राज्य परिषद् ने आतंकवादियों द्वारा [illegible] के जलूस पर बम फैंकने की घटना को [illegible] कह कर कड़ी निन्दा की है । इस घटना में 36 व्यक्ति मारे गए और बड़ी संख्या में लोग

आज यहां एक वक्तव्य में वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि यह बर्बरतापूर्ण कार्रवाई साम्प्रदायिक तनाव पैदा करने के उद्देश्य से की गई है । उन्होंने कहा कि बटाला में पहले भी कई बार इस प्रकार की कार्रवाई

रखने में बुरी तरह विफल रही है । श्री बेअंत सिंह ने प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह की वैशाखी पर अमृतसर-यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके इस दौरे से लोगों को कोई लाभ नहीं हो सकता



कुपवाड़ा में सुरक्षा बलों की फायरिंग से 3 उग्रवादी मारे गए : बैंक की शाखा में लाठीचार्ज : जगमोहन का अधिकार क्षेत्र बढ़ा

कार्रवाई और सरकारी आतंकवाद की आशंका से

भयभीत हैं । उन्होंने कहा, "राज्य में मेरे दल के अधिकांश कार्यकर्त्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया है और हमारे सूत्रों के मुताबिक आपरेशन वुडरोज की तरह की ही कोई सैनिक कार्रवाई होने वाली है ।"

श्री मान ने कहा कि यदि इस प्रकार की सैनिक कार्रवाई पंजाब में की जाती है तो वहां इंटरनैशनल रैडक्रास को उपस्थित रहना चाहिए ताकि लोगों को किसी तरह से आतंकित न किया जा सके । उन्होंने बताया कि उनके दल की दिल्ली इकाई का गठन किया जा रहा है । दिल्ली इकाई स्थानीय निकाय के साथ-साथ दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक समिति के चुनाव भी लड़ेगी । इसके अलावा नवम्बर 1984 के दंगा पीड़ितों की मदद के लिए भी एक समिति का गठन अकाली दल (मान) ने किया है ।

राज्यपाल मुखर्जी स्वयं त्यागपत्र दे दें : गुप्ता

लुधियाना, 4 अप्रैल (धीमान): भारतीय जनता पार्टी औद्योगिक सैल पंजाब के प्रधान श्री कृष्ण गुप्ता ने आज एक वक्तव्य में राज्यपाल श्री एन.के. मुखर्जी पर जोर दिया कि वह स्वयं ही त्यागपत्र देकर वापस चले जाएं क्योंकि वह हर दृष्टिकोण से असफल सिद्ध हुए हैं । उनके समय में मासूमों की हत्याएं, अपहरण, लूटखसूट और बलात् भारी रकमें प्राप्त करने की घटनाओं में तीव्र वृद्धि हो रही है । उन्होंने यह भी मांग की कि सीमांत क्षेत्रों अमृतसर, गुरदासपुर व फिरोजपुर जिलों को तुरन्त सेना के हवाले किया जाए क्योंकि इन क्षेत्रों में आतंकवादियों का आतंक व नियंत्रण दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा । हजारों की संख्या में हिन्दू-सिखों का पलायन हो रहा है जिस कारण हालात बहुत बिगड़ गए हैं । श्री गुप्ता ने कहा कि बटाला बम कांड में हुआ नरसंहार प्रशासन के माथे पर कलंक है ।

लता को दादा साहब अवार्ड
(पृष्ठ 3 का शेष)

इस वर्ष की सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार हिन्दी फिल्म बाग बहादुर को दिया जाएगा । इसके निर्माता निदेशक बुद्धदेव दास गुप्ता को स्वर्ण कमल और नकद पुरस्कार दिया जाएगा ।

इस वर्ष की दूसरी सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार बंगला फिल्म 'परशुरामेर कुथर' को दिया जाएगा । लोकप्रिय व स्वस्थ मनोरंजन के लिए हिन्दी फिल्म चांदनी और तेलगू फिल्म गीतांजलि को स्वर्ण कमल मिला है ।

राष्ट्रीय एकता पर बनी सर्वश्रेष्ठ फिल्म का नर्गिस दत्त पुरस्कार कन्नड़ फिल्म सांता शिशुनला शरीफ को दिया जाएगा ।

गैर फीचर फिल्मों के वर्ग में इस वर्ष की सर्वश्रेष्ठ फिल्म के पुरस्कार के लिए पश्चिम बंगाल सरकार की फिल्म 'आर कोतो दिन' को चुना गया है । सिनेमा पर सर्वश्रेष्ठ पुस्तक के लिए इस बार दो पुस्तकों को चुना गया है । यह पुरस्कार प्रो. सुरेन्द्रनाथ तिवारी की हिन्दी पुस्तक 'शतरंज के खिलाड़ी' और श्री कुमारन थम्पी की मलयालम पुस्तक 'कन्नुकुम वितायुम' को दिया गया है । इन दोनों को स्वर्ण कमल और दस-दस हजार रुपए के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे ।

फीचर फिल्मों के वर्ग में सर्वश्रेष्ठ निर्देशन का पुरस्कार अदूर गोपालकृष्णन को मलयालम फिल्म मैथिलकल के लिए दिया गया है । उन्हें स्वर्ण कमल और 50 हजार रुपए नकद पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए जाएंगे ।

सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेता का पुरस्कार नाना पाटेकर को हिन्दी फिल्म 'परिन्दा' के लिए दिया गया है जबकि सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेत्री का पुरस्कार मनोरमा को तमिल फिल्म 'पधेआ पाधी' के लिए दिया गया है । सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का पुरस्कार मृणमयी चक्रवर्ती को मराठी फिल्म 'कलत नकलत' के लिए दिया गया है ।

सर्वश्रेष्ठ गायक का पुरस्कार अजोय चक्रवर्ती को बंगला फिल्म चंदानीर के लिए और सर्वश्रेष्ठ गायिका का पुरस्कार अनुराधा पोड़वाल को मराठी फिल्म 'कलत नकलत' के लिए दिया गया है ।

चित्र में सीमा सुरक्षा बल के उप-महानिरीक्षक श्री बलकार सिंह भी नजर आ रहे हैं । (छाया : भंडारी)



जिला अमृतसर के राजपूता सैक्टर में गत 29-30 मार्च की रात्रि को सीमा सुरक्षा बल द्वारा पकड़े गए सोने के 190 बिस्कट, जिनका मूल्य लगभग 75 लाख रुपए बताया जाता है । चित्र में सीमा सुरक्षा बल पंजाब के महानिरीक्षक श्री प्रकाश सिंह भी दिखाई दे रहे हैं । (छाया : रवि भंडारी)



पुलिस जिला मजीठा के थाना मेहता के गांव अर्जन मंगा में आतंकवादियों द्वारा फायरिंग किए जाने से मारे गए एक व्यक्ति गुरजीत सिंह का शव । (छाया : पं.के.)

पंजाब में हत्याएं
(पृष्ठ 3 का शेष)

श्री गोयल ने कहा कि एक व्यक्ति की गोली लगने से मौत हुई थी । साथ ही उन्होंने कहा कि शोभायात्रा में शामिल लोग आग्नेयास्त्र लेकर चल रहे थे सम्भवत: उनमें से किसी ने गोली चलाई हो । उन्होंने कहा कि उग्र भीड़ ने बी.एस.एफ. के डिप्टी कमांडेंट पर भी हमला किया था पर पुलिस ने उनको बचाव कर लिया ।

श्री भुल्लर ने इस आरोप को निराधार बताया कि पुलिस की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई थी । पुलिस व बी.एस.एफ. की दो-दो कम्पनियां जलूस के साथ तैनात की गई थीं, जबकि शहर में बी.एस.एफ. की चार कम्पनियां तैनात हैं ।

इस दौरान कुछ प्रमुख लोगों ने पत्रकारों के समक्ष यह आरोप लगाया है कि बम धमाके से 10 मिनट पूर्व पुलिस नदारद थी ।

श्री गोयल ने कहा कि इस सम्पूर्ण कांड से प्रभावित होने वालों में हिन्दू व सिख दोनों समुदायों के लोग शामिल हैं । स्थिति पर काबू पाने के लिए दोनों ही वर्गों ने प्रशासन की मदद की है । उन्होंने बताया कि शोभायात्रा भी वस्तत: संयुक्त थी तथा इसमें 'सिख गतका पार्टी' और 'श्री गुरु ग्रंथ साहिब की पावन बीड़' भी शामिल थी ।

सभी मृतकों की अंत्येष्टि :अधिकृत सूचना में कहा गया है कि बम कांड में मारे गए सभी 31 व्यक्तियों की आज यहां अंत्येष्टि कर दी गई है । मृतकों के शव वारिसों को सौंप दिए गए थे । एक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी । उसकी अंत्येष्टि प्रशासन की तरफ से कर दी गई ।

साइकल को बम बनाया था : पुलिस के अधिकृत सूत्रों ने बताया है कि कल के कांड में आतंकवादियों ने 'साइकल बम' का प्रयोग किया था । इन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने साइकल को खोल कर उसके फ्रेम की पाइपों में बारूद भर दिया था तथा साइकल को फिर से जोड़ कर उसकी सीट के नीचे 'टाइमर' रखा था । इसका समय तीन बजे का निर्धारित किया गया था और निर्धारित समय पर विस्फोट हो गया ।

कर्फ्यू जारी रहेगा : गुरदासपुर के जिलाधीश श्री चन्नी ने बताया है कि कल पंजाब बंद के आह्वान के दृष्टिगत बटाला शहर में कर्फ्यू जारी रखा जाएगा ।

'भुट्टो ने कश्मीर के लिए सौ साल तक लड़ने का संकल्प लिया था'

नई दिल्ली, 4 अप्रैल (वार्ता): पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो ने आज स्मरण दिलाया कि उनके पिता एवं पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो ने कश्मीर को जीतने के लिए भारत के साथ एक हजार साल तक लड़ने का संकल्प किया था । बेगम भुट्टो सिंध प्रांत के लरकाना के निकट गढ़ी खरा बख्श में आज श्री भुट्टो की 11वीं बरसी के मौके पर विशाल जनसभा को सम्बोधित कर रही थीं ।

रेडियो पाकिस्तान के अनुसार बेगम भुट्टो ने बताया कि 'शहीद' भुट्टो ने घोषणा की थी कि वह कश्मीर लेकर रहेंगे तथा इस उद्देश्य के लिए वह भारत से एक हजार साल तक लड़ने के लिए तैयार हैं ।

रेडियो ने बेगम भुट्टो के हवाले से खबर दी कि इस्लाम के गौरव को हासिल करना उनके पिता की महान उपलब्धि रही ।

वार्षिक सम्मेलन

लुधियाना, 4 अप्रैल (धीमान): 'एसोसिएशन आफ सर्जन आफ इंडिया' उत्तरी भारत चैप्टर की 13वीं वार्षिक कांफ्रैंस 20 से 22 अप्रैल तक यहां हो रही है । यह जानकारी देते हुए कांफ्रैंस के संगठन मंत्री डा. के.पी. सिंह ने आज बताया कि देश के विभिन्न भागों के अतिरिक्त पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर के 500 से अधिक डाक्टर भाग लेंगे । इस अवसर पर स्थानीय दयानन्द मैडीकल अस्पताल व कालेज का रजत जयन्ती समारोह भी मनाया जाएगा ।

इस दौरान आज यहां विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने राज्यपाल से भेंट की थी तथा मांग की थी कि सुरक्षा बलों की चौकसी बढ़ाई जाए ।

वसंत 'शोक व्यक्त करने गए : पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के अध्यक्ष श्री एन.एस. वसंत आज बोर्ड के उन दो कर्मियों के घर शोक व्यक्त करने गए जो कल के बम कांड में मारे गए थे । श्री वसन्त ने बताया कि इन दोनों लाइनमैनों हरदित्त सिंह और रत्न लाल के परिवारों को बोर्ड ने अपनाने का फैसला किया है । प्रत्येक परिवार को 1.10 लाख रु. तथा इनकी सेवानिवृत्ति तक का वेतन भी दिया जाएगा । इनके परिवारों के कम से कम एक सदस्य को बोर्ड में नौकरी भी दी जाएगी ।

श्री वसंत ने बताया कि इस बम धमाके में घायल हुए बोर्ड के पांच कर्मियों के उपचार का सारा खर्च बोर्ड देगा ।

शोक सभा : आज यहां युवा भारतीय जनता पार्टी, भाजपा, राष्ट्रीय सुरक्षा समिति और आर.एस.एस. द्वारा एक शोक सभा करके बम कांड के मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई । सभा में भाजपा के मदन मोहन मित्तल, स्वर्णा राम, बलदेव मित्र कांसरा के अलावा डा. बलदेव चावला एवं श्रीमती लक्ष्मी कांत चावला भी उपस्थित थीं ।

40000 रु. लूटे : मोहाली से 'नबंदा' के अनुसार दो अज्ञात बंदूकधारियों ने गत सायं यहां फेस एक में स्थित एक किरयाने की दकान से 40000 रु. लूट लिये । प्राप्त जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति दुकान के बाहर खड़ा रहा, जबकि दूसरा दुकान में गया तथा बंदूक की नोक पर नगदी लूट ले गया । जाते समय ये लोग दकान के तीन नौकरों व दकान के मालिक के बेटे श्याम बांसल को दकान में बंद कर गए व दकान का शटर लगा गए । जाते समय ये लोग धमकी दे गए कि यदि पुलिस को सूचना दी तो गम्भीर परिणाम निकलेंगे ।

लूट की दो अन्य घटनाएं : यहां फेस सात की एक 'मार्बल' की दकान से दो बंदूकधारियों ने 17000 रु. लूट लिये तथा फेस पांच के एक मकान से कुछ लुटेरों द्वारा 10000 रु. लूट लेने की सूचना मिली है ।

डाक्टरों द्वारा पुन: संघर्ष का निश्चय

अमृतसर, 4 अप्रैल (प.स.): लगभग 4000 पी.सी.एम.एस. डाक्टरों ने अपनी लम्बित पड़ी मांगों के समर्थन में नए सिरे से संघर्ष करने का निश्चय किया है । डाक्टरों ने डा. विजय सैनी जो गत वर्ष डाक्टरों की 95 दिन की हड़ताल के दौरान एक दुर्घटना में मारे गए थे, की पहली बरसी पर आज मैडीकल कालेज में एक मीटिंग की । डाक्टरों ने इस बार अपनी मांगें माने जाने तक संघर्ष का फैसला किया है ।

प्रश्न पत्र का हिन्दी रूपांतर उलझनपूर्ण

होशियारपुर, 4 अप्रैल (बि.प्र.): अध्यापकों तथा छात्रों द्वारा इस बात पर रोष व्यक्त किया गया है कि 10 मार्च को 10+2 कक्षा के फिजिक्स के प्रश्न पत्र नं. 10 का हिन्दी तथा पंजाबी रूप गलत तथा उलझनपूर्ण था । अध्यापकों व छात्रों ने मांग की है कि इस सम्बन्ध में अंकों के रूप में मुआवजा दिया जाए ।

RASAM CHA

With profound grief, we are sorry to info
revered father **Sh. MADAN MOHAN WA**
Admn. Officer L.I.C., left for his heavenly abod
Chautha Uthala will be performed on 5.4.9
Mandir, Model Town, Jalandhar between 2 t
Ravi Wadhawan, Rajan Wadhawan (S
Friends & Wadhawan's Family
286-L, Model Town, Jalandha

पुण्य स्मृ

हमारे प्रिय **श्री सोम नाथ, जो** 5 अप्रैल, 19
श्रीनगर जाते हुए एक कार दुर्घटना में हम से बि
थे । जिसकी राह हम आज भी देख रहे हैं ।
याद में
श्रीमती शांति देवी
मदन लाल गुप्ता, जगन्नाथ, पवन लाल, विनोद कुमार सुषमा सिंगला

रस्म पग

आपको बड़े दखी हृदय से सूचित किया जाता है कि मेरी धर्मपत्नी **श्रीमती आरती बिरला** दिनांक 25 मार्च को अपनी सांसारिक यात्रा पूरी कर स्वर्ग सिधार गई हैं । उनकी आत्मिक शांति के लिए रखे श्री गरुड़ पुराण का भोग एवं रस्म पगड़ी दिनांक 6 अप्रैल 1990 (शुक्रवार) को दोपहर 2 से 3 बजे हमारे निवास स्थान 188, भारत नगर, लुधियाना में सम्पन्न होगी ।
शोकाकुल
दीप बिरला (पति), राम माहना, गोपाल दास, सुभाष चंद (बहनोई), शाम बिरला, जवाहर लाल पागी पटवा वाले, समस्त बिरला परिवार.
(अलग से कार्ड नहीं भेजे जाएंगे ।)

रस्म वि

अति दखी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य **श्री चमन लाल जी अग्रवाल** दिनांक 20.3.90 को स्वर्ग सिधार गये हैं । उनकी रस्म किरया आज वीरवार 5 अप्रैल, 1990 को बाद दोपहर 2 से 3 बजे तक धर्मशाला पिशौरियां, कटड़ा आहलुवालिया अमृतसर में होगी ।
—शोक-संतप्त—
स्नेह लता—पत्नी | बनवारी लाल—भाई
पंकज अग्रवाल—सुपुत्र | रविन्द्र गोयल—दामाद
योगेश अग्रवाल—सुपुत्र
चमन सिल्क मिल्ज़, योगेश टैक्सटाईल मि
कटड़ा आहलुवालिया, अमृतसर । फोन



☆ Enjoy the thrilling experience of 4 Track Stereophonic Sound First Time in Chandigarh Jammu & Panchkula☆
Rajshri Productions (P) Ltd. Presents
Ace Director Sooraj P Barjatya's
Jubilee Producer :
Tara Chand Barjatya
8th Week (Daily 4 Shows)
Retro-Chandigarh, Cinem-



गोल्डन जुबली सुपरहिट शानदार सामाजिक चित्र का जबरदस्त एलान और किस-किस को हिला देने वाला शाहकार
'दुश्मन' रामी का इंतजार नहीं करता आज के जमाने में शरीफ को कम नहीं आंकी सब कुछ सहना पड़ता है—शिवम्।
दुश्मन

बटाला कांड के विरुद्ध पंजाब बंद : कुख्यात उग्रवादी कौरा सहित 2 आतंकवादी मरे

शैलर मालिक ने बी.टी.एफ. का लैफ्टिनैंट जनरल मार दिया : बटाला में कर्फ्यू जारी

एक एस.पी.ओ. सहित 4 मरे : बटाला में परीक्षाएं स्थगित

चंडीगढ़, 5 अप्रैल (प.स., वार्ता): पंजाब में गत रात से एक दुर्दांत आतंकवादी चमकौर सिंह कौरा सहित 2 आतंकवादी तथा 4 अन्य व्यक्ति मारे गए । एक शैलर मालिक ने भिंडरांवाला टाईगर्स फोर्स आफ खालिस्तान के एक लैफ्टिनैंट जनरल को मार डाला । पुलिस ने कुछ आतंकवादियों को गिरफ्तार भी किया है । इस दौरान बटाला में बम कांड के बाद गत मंगलवार को लगाया गया कर्फ्यू आज डेढ़ घंटे के लिए उठाया गया । कस्बे में स्थिति नियंत्रण में है । बटाला बम कांड के रोष स्वरूप विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा दिए 'पंजाब बंद' के आह्वान का आज मिश्रित प्रभाव रहा ।

शैलर मलिक ने उग्रवादी मार डाला : फिरोजपुर (कन्तोड़) : एक शैलर मालिक द्वारा अपने पिस्तौल से एक उग्रवादी को मार दिए जाने की सूचना मिली है । बताया जाता है कि शैलर मालिक सुभाष चंद्र अपने स्कूटर पर आ रहा था कि रास्ते में दो उग्रवादियों ने उससे जबरदस्ती लिफ्ट मांगी । आगे जाकर स्कूटर फिसल गया, तब सुभाष चंद्र ने अपने पिस्तौल से एक उग्रवादी को मार दिया जबकि दूसरा फरार हो गया । मृत उग्रवादी से एक 9 एम.एम. का पिस्तौल और एक डायरी मिली है, जिसके अनुसार वह सुर्जन सिंह उर्फ काला लैफ्टिनैंट जनरल भिंडरांवाला टाईगर्स फोर्स आफ खालिस्तान बताया गया है ।

दुर्दांत आतंकवादी मरा : बाघापुराना से 'मित्तल' के अनुसार गत रात गांव रोडे निवासी एक दुर्दांत आतंकवादी चमकौर सिंह कौरा गांव वैरोके के निकट सुरक्षाबलों के साथ भिडंत में मारा गया जबकि उसका एक साथी अंधेरे का लाभ उठा कर भाग निकला ।

जिला फरीदकोट के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री स्वर्ण सिंह के अनुसार पुलिस ने उक्त गांव में कैनाल ब्रिज के पास नाका लगा रखा था कि रात दो बजे दो स्कूटर सवारों को जब रुकने का इशारा किया गया तो उन्होंने गोली चला दी । जवाब में पुलिस द्वारा गोली चलाए जाने से एक आतंकवादी मारा गया जबकि उसका साथी फरार हो गया । पुलिस ने घटनास्थल से एक कारबाइन, एक हथगोला, सात कारतूस तथा दस चले हुए कारतूस बरामद किए हैं ।

उन्होंने बताया कि मृतक आतंकवादी खालिस्तान कमांडो फोर्स का एरिया कमांडर था तथा अनेक हत्याओं में लिप्त था ।

भिड़ंत के बाद तीन गिरफ्तार : बाघापुराना पुलिस थाना के गांव लडियाना के पास एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद पुलिस ने तीन आतंकवादियों नीला सिंह, जलौर सिंह व गुरमुख सिंह को गिरफ्तार किया है और उसके पास से एक बन्दूक व गोली-सिक्का बरामद किया है ।

हत्या : रैय्या से 'जसपाल' के अनुसार यहां से सात किलोमीटर दूर थाना ब्यास के गांव ठठियां में गत रात आतंकवादियों ने अंग्रेज सिंह उर्फ बिट्टू की हत्या कर दी । बताया जाता है कि रात दस बजे तीन संदिग्ध व्यक्ति अजीत सिंह नामक व्यक्ति के घर आए और उसके बारे पूछताछ की । अजीत सिंह के न मिलने पर वे उसके पुत्र अंग्रेज सिंह उर्फ बिट्टू को पकड़ कर ले गए तथा गांव के कच्चे मार्ग पर ले जा कर गोली मार कर उसकी हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 असाल्ट राइफल के तीन चले हुए कारतूस मिले हैं ।

अमृतसर से 'वि.प्र.' के अनुसार आतंकवादी बिट्टू को अपने जाल में फंसाना चाहते थे पर जब बात न बनी तो उन्होंने उसकी हत्या कर दी ।

अज्ञात उग्रवादी मरा : प.स. के अनुसार तरनतारन पुलिस जिले के गांव जबाहा के पास सुरक्षा बलों से भिड़ंत में एक उग्रवादी के मारे जाने की सूचना है । आतंकवादी की शिनाख्त नहीं हो पाई है ।

एक पुलिस कर्मी मरा, दो घायल : आज सायं पुलिस थाना कत्थू नंगल के तहत गांव कोटली ढोले शाह में आतंकवादियों ने एक पुलिस दल पर घात लगा कर हमला करके एक सिपाही की हत्या कर दी व दो अन्यों को घायल कर दिया । मृतक सिपाही की शिनाख्त सुरेन्द्र सिंह के रूप में हुई है । वह अस्पताल पहुंचने से पूर्व दम तोड़ गया था । शेष दो घायल सिपाहियों दलजीत सिंह व देवेन्द्र सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया है । पुलिस क्षेत्र में दोषियों की तलाश में छापे मार रही है ।

बस जला दी : आज सायं पट्टी पुलिस थाना के पास गांव संगवां के पास कुछ उग्रवादियों द्वारा पंजाब रोडवेज़ की एक बस में से यात्रियों को उतार कर इसे आग लगा देने की सूचना मिली है । बस हरिके से पट्टी जा रही थी ।

एस.पी.ओ. मरा : तरनतारन पुलिस जिले के वैरोवाल गांव के निकट आतंकवादियों के हाथों एक विशेष पुलिस अधिकारी (एस.पी.ओ.) के मारे जाने की सूचना मिली है । मृतक की शिनाख्त जगतार सिंह के रूप में हुई है ।

एक व्यक्ति की हत्या : लुधियाना से महिन्द्रा के अनुसार गत रात्रि दो स्कूटर सवारों ने यहां औद्योगिक क्षेत्र 'बी' में एक फैक्टरी के समक्ष एक व्यक्ति बनारसी दास (50) की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार गत रात्रि 8 बजे के लगभग ये स्कूटर सवार उग्रवादी मित्रा इंजीनियर्ज की फैक्टरी में घुस गए । वहां इन्होंने कर्ण कुमार मालिक से दो हजार रुपए लूट लिए तथा उसको गोली मार कर घायल कर लिया । बाद में ये उग्रवादी बाहर आ गए तथा वहां खड़े एक व्यक्ति बनारसी दास की हत्या कर के फरार हो गए । कर्ण कुमार को दयानन्द अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

ठेका जला दिया : दोराहा से आनंद के अनुसार गत रात यहां से छः किलोमीटर दूर गांव वरमालीपुर में संदिग्ध व्यक्तियों ने देसी शराब के एक ठेके को आग लगा दी । ठेके के कारिंदे रेशम सिंह के अनुसार दो संदिग्ध आदमी पहले दिन के समय आए थे और शराब की कीमत पूछ कर चले गये थे । ये लोग रात 10 बजे मोटर साइकल व कार पर आए और ठेके का ताला तोड़ कर शराब की 10 पेटियां और 150 रु. ले गए और ठेके के खोखे को आग लगा गए ।

गनमैन की अंत्येष्टि : रोपड़ के जिला पुलिस प्रमुख के अंगरक्षक सिपाही जसवंत सिंह का पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार उनके गांव संघोवाल में गत शाम किया गया । अंतिम संस्कार के अवसर पर भारी संख्या में देहाती उपस्थित थे ।

ज्ञात हुआ है कि गत सप्ताह रोपड़ और कुराली के निकट पुलिस व उग्रवादियों में जबरदस्त भिड़ंत हुई थी । कहा जाता है कि पुलिस प्रमुख के अंगरक्षक सिपाही जसवंत सिंह ने इस मुकाबले के दौरान जबरदस्त फायरिंग की थी तथा इस सिपाही की टांग पर भी गोली लगी थी । पुलिस प्रमुख रोपड़ ने सिपाही जसवंत सिंह को पदोन्नति देकर हैड कांस्टेबल बना दिया था लेकिन उग्रवादी उसके पीछे लग गए थे ।

जसवंत सिंह के घायल होने का समाचार सुन कर उसके पिता प्रीतम सिंह रोपड़ गए तथा उसे छुट्टी दिला कर मौजा संघोवाल ले आए, ताकि गांव में उसके घाव का उपचार हो सके । उग्रवादियों ने मालूम कर लिया कि जसवंत सिंह छुट्टी लेकर संघोवाल चला गया है । 2 अप्रैल की रात्रि 9 बजे उग्रवादी जसवंत सिंह के घर मौजा संघोवाल पहुंचे । घर का द्वार खटखटाया तथा दरवाजा खुलने पर घर में दो उग्रवादी घुस गए तथा दो बाहर खड़े रहे । जसवंत सिंह के मां और बाप कमरे में थे । उन्होंने बाप प्रीतम सिंह तथा मां गुरदीप कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी । जसवंत सिंह का छोटा भाई चारपाई के नीचे छुप गया । उसकी भी उसी समय हत्या कर दी गई । जसवंत व उसकी धर्मपत्नी तथा उसका साला ऊपर कमरे में टैलीविजन देख रहे थे । उन्होंने गोलियों की आवाज सुन कर अंदर से द्वार बंद कर लिए । कमरे से उसकी धर्मपत्नी ने उग्रवादियों की बहुत मिन्नतें कीं कि उसके पति को मत मारो, लेकिन उग्रवादियों ने गोली मार कर द्वार का कुंडा तोड़ दिया तथा भीतर प्रवेश होकर जसवंत की भी हत्या कर दी तथा उसे कहा कि तुम्हें पुलिस ने पदोन्नति दी है, हम तुम्हें पुरस्कार देने आए हैं । ज्ञात हुआ है कि उग्रवादियों ने जसवंत सिंह के साले को भी घायल कर दिया तथा उसे साथ चलने को कहा । कहा जाता है कि जसवंत सिंह की पत्नी ने मिन्नतें करके अपने भाई को उनसे छुड़ा लिया । उग्रवादियों ने जसवंत सिंह की पत्नी की पहनी हुई चूड़ियां भी तोड़ दीं ।

पैट्रोल पम्प लूटा : खरड़ से 'शशि' के अनुसार स्कूटर सवार दो युवकों ने कल निकटवर्ती गांव दौन के पास चंडीगढ़-खरड़ मार्ग पर पिस्तौल की नोक पर एक पैट्रोल पम्प के कैशियर से 1919 रुपए लूट लिए ।

मारुति वैन छीनी : नूरमहल से के.पी. सिंह के अनुसार आज करीब दो बजे दो संदिग्ध व्यक्तियों ने गांव संघा जगीर के पास सफेद रंग की एक मारुति वैन पी.सी.एन. 2742 छीन ली । ये लोग वैन में ही सवार थे । इन्होंने शस्त्रों की नोक पर वैन चालक को नीचे उतार दिया व भाग गए । वैन लुधियाना से नकोदर आ रही थी ।

ट्रक ले गए : एक अन्य सूचना के अनुसार गत रात एक बजे बडाला में कुछ संदिग्ध व्यक्ति अकाली नेता मेहर सिंह बाबा के घर से उसका 'मर्सडीज ट्रक. नं. पी.ए.बी. 6602 ले गए । ट्रक उनके पुत्र के नाम था ।

रिवाल्वर छीना : नंगल (राजेन्द्र) : गत रात गांव घेड़े के पूर्व सरपंच व जिला रोपड़ इंका के संयुक्त सचिव श्री रत्न सिंह के घर में घुस कर तीन आतंकवादियों ने उसकी .12 बोर की लाइसैंस शुदा रिवाल्वर छीन ली व धमकी दी कि यदि पुलिस को सूचना दी तो सारे परिवार को 'सोध' दिया जाएगा । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

ट्रक का अपहरण : धूरी से 'सिंगला' के अनुसार गत रात कुछ सशस्त्र आतंकवादियों ने ए.के.

(शेष पृष्ठ 6 पर)



जिला फिरोजपुर के पुलिस थाना ममदोट के तहत गांव नसीरा खिलचियां में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी (1) बलदेव सिंह जिस पर 20 हजार का ईनाम घोषित था, (2) गुरमेल सिंह और (3) हीरा सिंह, (4) आतंकवादियों के कब्जे से बरामद चीनी असाल्ट राइफल, मीडियम मशीनगन, 12 बोर की बन्दूक और असंख्य कारतूस । (छाया : एल्फा)

आतंकवादी हिंसा में वृद्धि से पंजाब व जम्मू-कश्मीर अत्यधिक दबाव में

नई दिल्ली, 5अप्रैल (वार्ता): अलगाववादी तत्वों और आतंकवादियों की हिंसक गतिविधियों में बढ़ोतरी ने सीमावर्ती राज्य जम्मू-कश्मीर और पंजाब को काफी दबाव में डाल दिया है । यह बात 1989-90 के लिए गृह मंत्रालय की सालाना रिपोर्ट में कही गई है । रिपोर्ट में कुछेक पूर्वोत्तर राज्यों के अन्दर उग्रवादी गतिविधियों का भी जिक्र किया गया है । इसमें आंध्र प्रदेश और बिहार में वामपंथी उग्रवादियों की हिंसा के बारे में भी बताया गया है । रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के कुछ भागों खास कर बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में जाति तथा साम्प्रदायिक तनाव बढ़ने से कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ी है । इससे कानून लागू करने वाली मशीनरी पर दबाव बढ़ा है ।

राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद विवाद के कारण राजस्थान, बिहार, गुजरात, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर में 1989 के दौरान 40 बड़े दंगे हुए । 24 अक्तूबर को शिला पूजन जलूस के बाद बिहार के भागलपुर शहर में माह भर गड़बड़ी फैली रही और अभूतपूर्व साम्प्रदायिक हिंसा हुई ।

पंजाब समस्या के बारे में रिपोर्ट में कहा गया कि सुरक्षा बलों ने राज्य में आतंकवादियों पर दबाव जारी रखा । आतंकवादियों के ठिकानों पर छापे मारे गए । रिपोर्ट में इस समस्या को सुलझाने के लिए किए गए सरकार के नए उपायों का भी जिक्र है । इस सिलसिले में सात दिसम्बर को प्रधानमंत्री और उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगियों के स्वर्ण मंदिर के सद्भाव दौरे का उल्लेख है । दिल्ली में 17 गई ।

वामपंथी उग्रवादियों की हिंसा में 1989 के दौरान इससे पहले साल की तुलना में 11 फीसदी वृद्धि हुई । आंध्र प्रदेश और बिहार इससे सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य बने रहे । ऐसी अधिकांश हिंसा के लिए पीपुल्स वार ग्रुप जिम्मेदार था और उसने सरकारी सम्पत्ति को भी अपने हमलों का निशाना बनाया । वार ग्रुप दलों के गोदावरी घाटी के सीमांत इलाकों में फैल जाने से मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और उड़ीसा में भी उग्रवादी हिंसा बढ़ी। 89-90 में 90 फीसदी जातीय संघर्ष बिहार, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, गुजरात और कर्नाटक में हुए ।

जद की समिति द्वारा पार्टी-पद से इस्तीफ़ों की पेशकश पर विचार

नई दिल्ली, 5 अप्रैल (वार्ता): जनता दल की राजनीतिक मामलों की समिति ने प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह और कुछ अन्य नेताओं के पार्टी पद से इस्तीफ़े की पेशकश से उत्पन्न स्थिति पर आज विचार-विमर्श किया । समिति की बैठक के बाद पार्टी के प्रवक्ता एस. जयपाल रेड्डी ने संवाददाताओं को बताया कि बैठक में संगठनात्मक चुनाव होने तक पार्टी के अंतरिम ढांचे पर भी विचार किया गया लेकिन कोई फैसला नहीं किया जा सका । समिति की बैठक कल फिर होगी । बैठक में पार्टी अध्यक्ष के चुनाव के लिए सांसदों का निर्वाचक





वीरवार प्रातः को जि
(1) मृत-यात्रियों के
तरह टूटी-फूटी बस
(3) राजपुरा के अस्प

बनूड़ के खड्ड में

पटियाला, 5 अप्रैल
की एक निजी पर्यटक
पैंतालीस किलो मीटर दूर
में एक खड्ड में गिर जा
मृत्यु हो गई तथा छः अ

दुर्घटना उस समय ह
ट्रक से आगे निकालने क
मृतकों में से अधिसंख्य
उनमें से दस महिलाएं औ

इस दुर्घटनाग्रस्त बस
दोनों फरार हैं । बताया ज
शराब पिए हुए थे । बस
वह ज्वालाजी (हिमाचल प्र
थी । दुर्घटना प्रातः साढ़े

सूचना मिलते ही उप
जिला पुलिस प्रमुख संजीव
दल के साथ दुर्घटनास्थल

'नेपाल तय शत संधि नहीं क

काठमांडो, 5 अप्रैल
मानसिंह सरकार गत फर
बैठक में तय शर्तों के आध
नहीं करना चाहती है ।

राष्ट्रीय पंचायत (संस
नेपाल स्थित भारतीयों के
ने आज यह सूचना दी ।

बटाला बम

नई दिल्ली, 5 अप्रै
कुमार गुजराल ने बटाला
की हत्या पर गहरा दुःख
कुकृत्य की कठोर शब्दों
शोक संदेश में श्री गु
अमानवीय कार्य से कुछ
में साम्प्रदायिक सद्भावना
की है । ऐसे लोग हमारे
मधुर बनाने के राष्ट्रीय
चाहते हैं ।

उन्होंने सभी पंजाबि
ऐसे तत्वों को हर प्रकार से
इन लोगों की नजर में न







वीरवार प्रातः को जिला पटियाला में बनूड़ के निकट एक बस दुर्घटना में 22 यात्री मारे गए । (1) मृत-यात्रियों के राजपुरा अस्पताल में शव पड़े दिखाई दे रहे हैं । (इन्सैट) दुर्घटना में बुरी तरह टूटी-फूटी बस का एक चित्र । (2) मृतकों के सम्बन्धी एवं प्रियजन विलाप करते हुए । (3) राजपुरा के अस्पताल में उपचाराधीन कुछ यात्री । (छाया : पुरी)

यमुनानगर से दिल्ली जा रही बस में विस्फोट : 12 मरे, 31 घायल

धमाका उस समय हुआ जब बस पानीपत बस अड्डे पर रुकी

चंडीगढ़, 5 अप्रैल (संघी, वा.): आज शाम पानीपत के बस स्टैंड पर दिल्ली परिवहन निगम की एक बस में हुए बम विस्फोट में 12 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई तथा 31 अन्य यात्री घायल हो गए ।

यहां प्राप्त सूचना के अनुसार यह बस यमुनानगर से दिल्ली जा रही थी तथा जब सायं 5 बजे के करीब पानीपत पहुंची तो उसमें रखा हुआ बम फट गया ।

शव क्षत-विक्षत : पानीपत (सोनी, अशोक शर्मा): इस बम में हुए विस्फोट से छः यात्रियों की बस के भीतर तथा एक व्यक्ति की बस से बाहर निकलते समय मृत्यु हो गई जबकि तीन की बाद में मृत्यु हुई । कई मृतकों के शव इस तरह क्षत-विक्षत हो गए हैं कि उनकी पहचान कर पाना कठिन हो रहा था । मृतकों में सात पुरुष, दो महिलाएं व एक बच्चा है ।

डी.टी.सी. की यह बस डी.डी.पी. 6535 बम विस्फोट में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई । बस की छत उड़ गई तथा शीशे चकनाचूर हो गए । सारी बस के भीतर खून बिखरा हुआ था । यात्रियों का सामान, चप्पलें आदि बिखरे हुए थे ।

बताया जाता है कि उक्त बस पानीपत बस स्टैंड में पहुंचने के बाद दिल्ली के लिए रवाना होने ही वाली थी । इसी समय कुछ यात्री भी बस में चढ़े तथा कुछ उतरे । इसी समय बस में धमाका हुआ । कुछ पुलिस वाले भी बस में जांच के लिए चढ़ रहे थे कि धमाके की आवाज होने पर वे नीचे उतर आए ।

इस बस का ड्राइवर सुखबीर खेड़ाकलां दिल्ली का निवासी है तथा बस के कंडक्टर का नाम बलजीत सिंह है । इन दोनों को घायल अवस्था में प्रेम नर्सिंग होम में भर्ती किया गया है ।

बस के चालक के अनुसार इस बस में करनाल बाईपास तथा करनाल से भी यात्री चढ़े ।

समझा जाता है कि इस बस में करनाल में ही अभियुक्तों ने बम रखा होगा ।

यह विस्फोट भी उसी बम विस्फोट की तरह हुआ है जैसा कि गत वर्ष कर्ण झील के निकट एक बस में हुआ था ।

नगर में तनाव व्याप्त : बम विस्फोट की इस घटना के कारण नगर में तनाव व्याप्त है ।

मृतकों के नाम : मृतकों में अब तक जिन लोगों की पहचान हुई है, उनमें एक महिला श्रीमती कांता (30 वर्ष) पत्नी श्री सत नारायण, 20 वर्षीय कृष्ण कुमार, नितिन उर्फ घोलू हैं । ये सभी एक ही परिवार के व्यक्ति हैं । मृतका श्रीमती कांता का पति गंभीर रूप से घायल है । मृतकों में एक अन्य व्यक्ति का नाम रघबीर बताया गया है । वह सोनीपत के किसी गांव का रहने वाला है ।

बम कांड में मारे जाने वाले 5 लोगों की शिनाख्त इस प्रकार की गई है : बलबीर बालकबाना, हर्ष बाला पत्नी सतपाल, राणा प्रताप बाग (दिल्ली), धीरेन्द्र पाल यमुनानगर, कमला फरीदपुर (करनाल), कृष्ण लाल फरीदपुर (करनाल)

घायल : कुछ घायलों के नाम इस प्रकार बताए गए हैं : निशा, प्रीत, लॉली (दिल्ली), इंदर सिंह, प्रकाश कौर (रोहतक), राज कुमार (पानीपत), हरिओम शर्मा (चंडीगढ़), समीत भटर्जी दिल्ली, रघुबीर सिंह (कैथल) ।

बनूड़ के निकट उत्तर प्रदेश की एक बस खड्ड में गिरी : 22 मरे, 23 घायल

पटियाला, 5 अप्रैल (वार्ता, भूषण): उत्तर प्रदेश की एक निजी पर्यटक बस के आज सबेरे यहां से पैंतालीस किलो मीटर दूर बनूड़ के समीप खरड़ चौक में एक खड्ड में गिर जाने से 22 तीर्थ यात्रियों की मृत्यु हो गई तथा छः अन्य घायल हो गए ।

दुर्घटना उस समय हुई जब चालक बस को एक ट्रक से आगे निकालने की कोशिश कर रहा था । मृतकों में से अधिसंख्य अलीगढ़ के निवासी थे । उनमें से दस महिलाएं और सात बच्चे हैं ।

इस दुर्घटनाग्रस्त बस के कंडक्टर और ड्राइवर दोनों फरार हैं । बताया जाता है कि उस समय दोनों शराब पिए हुए थे । बस में 82 यात्री सवार थे और वह ज्वालाजी (हिमाचल प्रदेश) से अलीगढ़ लौट रही थी । दुर्घटना प्रातः साढ़े छः बजे हुई ।

सूचना मिलते ही उपायुक्त बी.सी. गुप्ता और जिला पुलिस प्रमुख संजीव शर्मा चिकित्सकों के एक दल के साथ दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए । घायलों को राजपुरा के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

'भूषण' के अनुसार खड्ड में 4 फुट गहरा पानी था । अधिकांश मौतें डूबने से हुई क्योंकि दुर्घटना के समय अधिकांश यात्री नींद में थे । घायलों की संख्या लगभग 23 है । दुर्घटना बनूड़ में सेल्स टैक्स बैरियर के निकट हुई । सेल्स टैक्स इंस्पैक्टर एम.पी. सिंह तथा मार्केट कमेटी के एक कर्मचारी देवेन्द्र सिंह ने बस यात्रियों को बचाने का भरपूर प्रयास किया । जिलाधीश डा. बी.सी. गुप्ता ने प्रत्येक मृतक के परिवार को पांच सौ रुपए तथा घायलों को 2-2 सौ रुपए प्रदान किए हैं ।

ड्राइवर के खिलाफ पुलिस ने शराब पीकर बस चलाने और लापरवाही बरतने के आरोप में मामला दर्ज किया है । कंडक्टर के खिलाफ भी एक अलग मामला दर्ज किया गया है । शवों को ट्रकों से गन्तव्य के लिए भेजा गया है जबकि सभी घायलों तथा दूसरे लोगों को बसों से रवाना कराया गया ।

मृतकों के नाम इस प्रकार हैं : तोता राम (22), मान सिंह (19), भंडारी सिंह (60), सानूमल (45), गुल प्रसाद (40), चंद्र पाल, राजू (4), सोनू (4), जय (4), गुरिन्दर सिंह (3), मंगल (13), पुष्पा रानी (2), फूला रानी (5), ज्ञाना देवी (36), कैलाश देवी (36), करतारी देवी (60), मुन्नी देवी (32), प्रेमा वती (65), शांति (70), दुलारी (60), कृष्णा देवी (40) तथा राम देवी (38) ।

जिला प्रशासन ने शवों, घायलों तथा अन्य लोगों को उनके ठिकानों तक पहुंचाने की व्यवस्था की है ।

नेपाल के प्रधानमंत्री ने इस्तीफा दे दिया

काठमांडो, 5 अप्रैल (प.स.): नेपाल के प्रधानमंत्री मारीच मान सिंह द्वारा इस्तीफा दिए जाने की खबर है । एक उच्च स्तरीय सूत्र ने आज रात देर गए यह जानकारी दी । सूत्र के अनुसार उनके इस्तीफे की आधिकारिक रूप से आज रात देर गए या कल सुबह तक घोषणा किए जाने की सम्भावना है ।

'नेपाल तय शर्तों पर भारत से संधि नहीं करना चाहता'

काठमांडो, 5 अप्रैल (प.स.): नेपाल की मारीच मानसिंह सरकार गत फरवरी में नई दिल्ली में हुई बैठक में तय शर्तों के आधार पर भारत के साथ संधि नहीं करना चाहती है ।

राष्ट्रीय पंचायत (संसद) के वरिष्ठ सदस्य और नेपाल स्थित भारतीयों के नेता राजेन्द्र नारायण सिंह ने आज यह सूचना दी ।





बटाला बम-कांड के कुछ (ऊपर) घायल, जो सिविल अस्पताल बटाला में उपचाराधीन हैं । (नीचे) बम-कांड में मारे गए कुछ अन्य लोगों के शव । (छाया : पी.टू.)

बटाला बम कांड : अवांछनीय तत्वों द्वारा साम्प्रदायिक सद्भावना को क्षति पहुंचाने की चेष्टा : गुजराल

नई दिल्ली, 5 अप्रैल : विदेशमंत्री श्री इन्द्र कुमार गुजराल ने बटाला बम कांड में बेगुनाह लोगों की हत्या पर गहरा दुःख व्यक्त किया है और इस कृकृत्य की कठोर शब्दों में भर्त्सना की है । अपने

श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा ने एक विज्ञप्ति में बटाला में हुए बम विस्फोट को आतंकवादियों की घृणित कार्रवाई बताया । विज्ञप्ति के अनुसार सभा के प्रधान और पंजाब के पूर्व गृहमंत्री पंडित मोहन

करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह से तुरन्त बटाला आने का आग्रह किया ।

जांच समिति : भाजपा के प्रचार मंत्री के अनुसार बटाला बम कांड जांच कमेटी में सर्वश्री

सतपाल महाजन, ओम प्रकाश भारद्वाज और श्री देव दत्त शर्मा को शामिल किया गया है । यह जांच कमेटी भाजपा की कार्यकारिणी को 7 अप्रैल को कलकत्ता में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी ।

Punjab Sanatan

समझा जाता है कि इस बस में करनाल में ही अभियुक्तों ने बम रखा होगा ।

इस्तीफे की आधिकारिक रूप से आज रात दे गए या कल सुबह तक घोषणा किए जाने की सम्भावना है ।

क एक बस
23 घायल

कीय अस्पताल में भर्ती कराया

ार खड्ड में 4 फुट गहरा पानी
डूबने से हुई क्योंकि दुर्घटना के
नींद में थे । घायलों की संख्या
दुर्घटना बनूड़ में सेल्स टैक्स
हुई । सेल्स टैक्स इंस्पैक्टर
र्केट कमेटी के एक कर्मचारी
यात्रियों को बचाने का भरपूर
ाधीश डा. बी.सी. गुप्ता ने
रवार को पांच सौ रुपए तथा
रुपए प्रदान किए हैं ।

फ पुलिस ने शराब पीकर बस
ही बरतने के आरोप में मामला
क्टर के खिलाफ भी एक अलग
ा है । शवों को ट्रकों से गन्तव्य
जबकि सभी घायलों तथा दूसरे
ाना कराया गया ।

इस प्रकार हैं : तोता राम (22),
ारी सिंह (60), नानूमल (45),
चंद्र पाल, राजू (4), सोनू (4),
सिंह (3), मंगल (13), पुष्पा
(5), ज्ञाना देवी (36), कैलाश
देवी (60), मुन्नी देवी (32),
ति (70), दुलारी (60), कृष्णा
देवी (38) ।

ने शवों, घायलों तथा अन्य लोगों
क पहुंचाने की व्यवस्था की है ।





बटाला बम-कांड के कुछ (ऊपर) घायल, जो सिविल अस्पताल बटाला में उपचाराधीन हैं । (नीचे) बम-कांड में मारे गए कुछ अन्य लोगों के शव । *(छाया प्रैस ट्रस्ट)*

Punjabi Sahatari

द्वारा साम्प्रदायिक सद्भावना को क्षति पहुंचाने की चेष्टा : गुजराल

प्रतिनिधि सभा ने एक विज्ञप्ति
विस्फोट को आतंकवादियों की
ाया । विज्ञप्ति के अनुसार सभा
ाब के पूर्व गृहमंत्री पंडित मोहन
र पहुंच गए हैं ।

लेश) : बटाला किला मंडी में बम
श्रद्धांजलि भेंट करने के लिए एक
ई, जिसमें पंजाब भारतीय जनता
मदन मोहन मित्तल के अलावा
ओम प्रकाश भारद्वाज, सतपाल
ाज कांसरा आदि ने भाषण दिए
भर्त्सना करते हुए सरकार से मांग
ाड़बड़ी वाले क्षेत्रों में तुरन्त सेना
वाद दबाने के लिए कड़े पग उठाए
इन नेताओं ने शहीद परिवारों से
और हर प्रकार की सहायता का
। बाद में पत्रकारों से बातचीत
करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह से तुरन्त बटाला आने का आग्रह किया ।

जांच समिति : भाजपा के प्रचार मंत्री के अनुसार बटाला बम-कांड जांच कमेटी में सर्वश्री सतपाल महाजन, ओम प्रकाश भारद्वाज और श्री देव दत्त शर्मा को शामिल किया गया है । यह जांच कमेटी भाजपा की कार्यकारिणी को 7 अप्रैल को कलकत्ता में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी ।

मेहम हिंसा की जांच करने वाले आयोग की अवधि बढ़ी

चंडीगढ़, 5 अप्रैल (एन.एस. परवाना): हरियाणा सरकार ने मेहम में हुई हिंसा की जांच करने वाले ग्रेवाल आयोग की अवधि में 2 माह की वृद्धि कर दी है । पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस.एस. ग्रेवाल पर आधारित आयोग की अवधि आज समाप्त होने वाली थी । सरकारी क्षेत्रों ने रहस्योद्घाटन किया कि आयोग घटनास्थल पर ही जा रहा है जहां वह सम्भव है कि 28 फरवरी को पुनर्मतदान वाले दिन हिंसा का शिकार होने वाले लोगों से भी मिले ।

मुख्यग्रंथियों द्वारा बटाला बम कांड की निन्दा

अमृतसर, 5 अप्रैल (वार्ता): मुख्य सिख ग्रंथियों ने बटाला में रामनवमी के धार्मिक जलूस पर बम फैंके जाने की घटना की आज निन्दा की है । मृतकों के परिवारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुए तख्त दमदमा साहब के जत्थेदार जागीर सिंह फूला, केशगढ़ साहब के मुख्यग्रंथी मनजीत सिंह स्वर्ण मंदिर के मुख्यग्रंथी मनजीत सिंह, स्वर्ण मंदर के मुख्यग्रंथी मोहन सिंह, अकाल तख्त के मुख्यग्रंथी केवल सिंह तथा अकाल तख्त के वरिष्ठ ग्रंथी भावान सिंह ने कहा है कि इस तरह की हिंसक और दुःखद घटनाओं की सभी को निन्दा करनी चाहिए



पंजाब बंद

(पृष्ठ 3 का शेष)



बटाला के निकट ठेठरके गांव के पास उग्रवादियों की गोलियों द्वारा मारे गए (1-3) तीन जवानों के शव, (4-8) इस वारदात में घायल हुए पांच व्यक्ति, जो अमृतसर के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में उपचाराधीन हैं । (छाया : रवि भंडारी)

47 असाल्ट राइफल की नोक पर महिला चौक से एक ट्रक का अपहरण कर लिया । ट्रक लुधियाना जा रहा था ।

बम कांड के विरोध में आंशिक बंद : चंडीगढ़ से 'ए.स., वा.' के अनुसार बटाला में बम कांड के प्रति रोष स्वरूप विभिन्न राजनीतिक दलों की अपील पर आज पंजाब में आंशिक बंद रहा ।

उल्लेखनीय है कि बटाला में गत दिवस राम नवमी की शोभा यात्रा के दौरान हुए बम धमाके में 40 (अधिकृत रूप से 31) लोग मारे गए थे तथा अनेक घायल हो गए थे । इस बम कांड पर रोष व्यक्त करने के लिए कल सी.पी.आई., सी.पी.आई. (एम.), भाजपा, अद तथा अकाली दल (लौं.), इंका ने आज 'पंजाब बंद' का आह्वान किया था ।

जालन्धर (बि.प्र.): 'पंजाब बंद' के कारण आज नगर के अन्दरूनी क्षेत्रों में कारोबार पूरी तरह बंद रहा जबकि बाहरी क्षेत्रों में बंद आंशिक रहा । युवकों द्वारा कुछ स्थानों पर रोष जलूस भी निकाले गए । प्रशासन द्वारा शांति बनाए रखने की पर्याप्त व्यवस्था की गई थी । किसी अप्रिय घटना का समाचार नहीं मिला । स्कूल, कालेज, बैंक, निगम ट्रांसपोर्ट, सरकारी व अर्ध सरकारी कार्यालय बंद के आह्वान से बाहर रखे गए थे । आम लोगों में बटाला बम कांड के प्रति भारी रोष है ।

गुरदासपुर (विनोद): जिला गुरदासपुर (पठानकोट को छोड़) में लगभग पूर्ण बंद रहा, यहां तक कि रेहड़ियों के मालिकों द्वारा भी हड़ताल की गई । बाद में स्थानीय गीता भवन में एक शोक रैली की गई जिसमें सभी वक्ताओं ने बटाला में आतंकवादियों द्वारा किए बम धमाके को एक कायरतापूर्ण कृत्य बताते हुए सरकार की नर्म नीति की आलोचना की । वक्ताओं का कहना था कि नैशनल फ्रंट सरकार ने चुनावों में वायदा किया था कि पंजाब समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल करेगी परन्तु अब उसकी नर्म नीति के कारण पंजाब में आतंकवाद बढ़ा है । वक्ताओं ने कहा कि आतंकवाद के पीछे पाकिस्तान का हाथ है परन्तु सीमा सील करना और कानून-व्यवस्था बनाए रखना तो भारत सरकार का काम है । वक्ताओं ने सीमांत जिलों को सेना के हवाले करने की मांग की और कहा कि पंजाब के राज्यपाल को स्वयं त्यागपत्र दे देना चाहिए क्योंकि उनके आने से आतंकवाद के विरुद्ध शुरू की गई सुरक्षा बलों की लड़ाई कमजोर हुई है ।

दीनानगर से 'कपूर' के अनुसार बटाला बम कांड के विरोध में आज दीनानगर में पूर्ण हड़ताल रही । शिव सेना के प्रधान सतिन्द्र महाजन ने इस कांड की निन्दा करते हुए पंजाब को तुरन्त सेना के हवाले करने की मांग की है ।

अमृतसर से 'अशोक सोनी' के अनुसार पंजाब बंद के दृष्टिगत शहर की चार दीवारी के भीतर सभी बाजार बंद रहे जबकि बाहरी क्षेत्रों में बंद का प्रभाव नाममात्र को ही रहा । स्कूल व कालेज खुले रहे तथा बस व रेल सेवा भी अप्रभावित रही ।

जंडियालागुरु से पवन जैन के अनुसार आज जंडियालागुरु में पूर्ण हड़ताल रही । पंजाब बंद का प्रभाव निजी व्यवसायों पर रहा जबकि सरकारी दफ्तरों में काम आम दिनों की तरह हुआ ।

फगवाड़ा से अशोक कौड़ा के अनुसार आज फगवाड़ा, गोराया, फिल्लौर, बंगा, नवांशहर, करतारपुर, नकोदर, नूरमहल इत्यादि में पूर्ण बंद रहा । फगवाड़ा शहर आज पूरी तरह सुनसान दिखाई दे रहा था । सब्जी बेचने वालों, कैमिस्टों, डाक्टरों, हलवाइयों ने भी आज अपने-अपने कारोबार बंद रखे । स्थानीय उपमंडल अधिकारी स. कलबीर सिंह व उपपुलिस अधीक्षक स. अजीत सिंह दिन भर सुरक्षा प्रबन्धों का निरीक्षण करते रहे । शहर में अधिकांश स्कूल भी आज बंद रहे ।

भाजपा की जिला व ब्लाक स्तरीय बैठकें श्री राम स्वरूप अरोड़ा व जगदीश बीर जी की अध्यक्षता में हुई जिनमें बटाला कांड की कड़ी निन्दा की गई, मृतकों की आत्माओं की शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण किया गया ।

बेनजीर का पुतला जलाया : बरनाला (सिधवानी): बटाला बम कांड के विरुद्ध आज बरनाला में पूर्ण बंद रहा । भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला संगरूर की ओर से जबरदस्त प्रदर्शन करने के अतिरिक्त पाकिस्तान की प्रधानमंत्री श्रीमती बेनजीर भुट्टो का सदर बाजार में पुतला भी जलाया गया ।

भटिंडा से 'सोच' के अनुसार पंजाब बंद के आह्वान पर भटिंडा में बंद काफी प्रभावी रहा । होल सेल कपड़ा मार्कीट, सदर बाजार, धोबी बाजार आदि में व्यवसाय ठप्प रहा । इसके अलावा मानसा, रामपुराफूल, बहलाडा इत्यादि में भी बाजार बंद रहे ।

कर्फ्यू में डेढ़ घंटे की छूट : बटाला से कीछड़ बा के अनुसार बटाला में पुराने शहर के बाहरी क्षेत्रों में कर्फ्यू में आज सायं पांच बजे से डेढ़ घंटे की ढील दी गई । यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी है । मंगलवार को रामनवमी की शोभा यात्रा के दौरान हुए बम धमाके के बाद लगाए गए कर्फ्यू में आज पहली बार छूट दी गई थी ।

शहर की चार दीवारी के भीतरी भागों में कर्फ्यू में किसी प्रकार की भी छूट आज नहीं दी गई ।

बटाला शहर में कल कुद्ध नागरिकों के आक्रोश को देखते हुए आज कर्फ्यू को सख्ती से लागू करने के लिए सुरक्षा के उपाय और कड़े कर दिए गए थे ।

स्थानीय पत्रकारों को शहर के भीतर नहीं जाने दिया गया तथा अधिकारियों ने प्रशासन द्वारा जारी किए गए उनके परिचय पत्रों की वैधता को भी मानने से इंकार कर दिया ।

सरकारी सूत्रों के अनुसार यह कदम कल की उस घटना को देखते हुए उठाना पड़ा, जब कि करीब चार सौ लोगों की भीड़ ने राज्यपाल श्री निर्मल कुमार मुखर्जी और पंजाब पुलिस के खिलाफ सिविल अस्पताल के सामने प्रदर्शन किया था और श्री मुखर्जी अस्पताल में घायलों को देखे बगैर ही लौट गए थे ।

सूत्रों ने बताया कि इस घटना के अलावा किसी अन्य अप्रिय घटना की खबर नहीं है तथा स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है ।

गांवों से दूध, सब्जियां व अन्य सामान आज शहर में जाने नहीं दिया गया और न ही शहर के आंतरिक क्षेत्रों से किसी को बाहर जाने दिया गया ।

आज सायं 4 बजे तक प्रशासन की ओर से नागरिकों को दूध व सब्जियां आदि उपलब्ध नहीं कराई गई थी । शहर से नागरिकों के आक्रोश को देखते हुए पंजाब पुलिस को हटा लिया गया है ।

परीक्षाएं स्थगित : जिलाधीश गुरदासपुर श्री एस.एस. चन्नी ने बताया है कि +1 तथा +2 के विद्यार्थियों की परीक्षाएं, जो कर्फ्यू के कारण स्थगित कर दी गई हैं वे कर्फ्यू जारी रहने तक स्थगित रहेंगी और इनकी नई तिथियां बाद में घोषित की जाएंगी । श्री चन्नी ने बताया कि बटाला सिविल अस्पताल में भर्ती बम विस्फोट के 45 घायलों को 88 हजार 500 रुपए और अमृतसर अस्पताल में उपचाराधीन 43 घायलों को 84 हजार 500 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान कर दी गई है जबकि इस विस्फोट के लगभग 31 मृतकों के परिवारों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता शीघ्र दी जा रही है । बटाला में सामान्य जनजीवन बहाल करने के प्रयास जारी हैं । इसके लिए राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों व गांवों के पंचों-सरपंचों से लगातार अमन कमेटी की बैठकें की जा रही हैं ।

श्री चन्नी ने स्पष्ट किया कि शहर में कोई साम्प्रदायिक तनाव नहीं है । उन्होंने कहा कि नागरिकों को अफवाहें फैलाने वाले शरारती तत्वों से सावधान रहना चाहिए ।

दो और घायलों की मौत : बम धमाके में घायल दो और व्यक्तियों अर्जुन सिंह (50) पुत्र वरियाम सिंह निवासी खजाला, प्रेम कुमार मेहरा की अस्पताल में मौत हो गई है । इस दौरान पता चला है कि कल जिस लावारिस युवक की अंत्येष्टि प्रशासन की तरफ से की गई थी, उसकी भी शिनाख्त हो गई है । वह बी.एस.एफ. के इंस्पैक्टर गुरदीप सिंह निवासी खोकर का बेटा निर्मल सिंह (19) था ।

इस दौरान पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री एस.के. गोयल ने बताया है कि बम धमाके और बाद की हिंसा बारे दो केस दर्ज कर लिए गए हैं ।

खंडन : श्री गोयल ने इस बात का खंडन किया है कि स्थानीय सिविल अस्पताल में प्रशिक्षणाधीन डाक्टर सश्री सुदीप कौर बिर्क, उसकी भाभी श्रीमती कमलजीत कौर तथा ताई सुरजीत कौर हिंसक भीड़ के हाथों मारे गए हैं । उन्होंने कहा कि वस्तुतः ये लोग किसी बीमारी के कारण कमलजीत कौर को अस्पताल ले जा रहे थे कि इनकी मारुति कार उस स्थल पर फंस गई, जहां बम धमाका हुआ था । धमाके के कारण ही इनकी मौत हुई थी । कार चला रहे सश्री बिर्क के पिता को अमृतसर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

दूध व डबल रोटी वितरित : गुरदासपुर के नागरिक आपूर्ति नियंत्रक श्री जी.एल. अगरवाल के अनुसार आज सायं कर्फ्यू के दौरान दूध के 2000 पैकेट शहर में वितरित किए गए हैं ।



बटाला बम कांड पर रोषस्वरूप विभिन्न राजनीतिक दलों की पंजाब बंद की अपील पर बीरवार को जालन्धर में आयोजित 'बंद' के दौरान सुनसान बाजार का एक दृश्य । (छाया : कपूर)

रूसी सैनिकों द्वारा लिथुआनिया के प्रासीक्यूटर के कार्यालय पर हमला

मास्को, 5 अप्रैल (ए.पी.): पुलिस पोशाक पहने करीब 50 सोवियत सैनिकों ने आज लिथुआनिया के प्रासीक्यूटर के कार्यालय पर हमला कर इसे अपने कब्जे में ले लिया । प्रत्यक्षदर्शियों और लिथुआनिया संसद के प्रवक्ता ने बताया कि सोवियत सैनिकों ने कार्यालय भवन से सभी कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया । भवन की प्रत्येक मंजिल पर छः से आठ सोवियत सैनिक तैनात हैं ।

नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर

जालन्धर, 5 अप्रैल : ब्लाक कांग्रेस कमेटी (इ) के प्रधान श्री पिशौरी लाल चड्ढा की पत्नी स्व. श्रीमती सुदर्शन चड्ढा की स्मृति में 6 अप्रैल को प्रातः 9 बजे स्थानीय हिन्द समाचार ग्राऊंड पर लगाए जाने वाले नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डा. ओम प्रकाश मित्तल आंखों की प्रत्येक बीमारी का इलाज करेंगे ।

जम्मू-कश्मीर से आकर बसे लोगों को सहायता प्रदान की जाए

अमृतसर, 5 अप्रैल (प.स.): पांच राजनीतिक दलों के नेताओं ने आज पंजाब सरकार से आह्वान किया कि वह जम्मू-कश्मीर से आकर बसे लोगों को हर प्रकार की सहायता प्रदान करे ।

जम्मू-कश्मीर से आए लोगों की समस्याओं पर यहां आयोजित एक बैठक में भाजपा, जनता दल, कांग्रेस (इ), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने कहा कि पंजाब सरकार इन लोगों को मासिक सहायता, मकान का किराया और ऋण उपलब्ध कराए ताकि वे लोग अपना व्यवसाय शुरू कर सकें ।

टोहरा-दर्शन साहिबान

अमृतसर, 5 अ
ने आज तीन घंटे की
अकाल तख्त के
शिरोमणि गुरुद्वारा
मध्य हुए झगड़े के
अकाल तख्त से म
तख्त के मुख्यग्रंथी
दी ।

यह झगड़ा श्री
यहां शिरोमणि क
दर्शन सिंह के की
था । ज्ञानी केवल
सिख परम्पराओं
साहब की शान त
चुनौती दिए जा
जाएगा । उन्होंने
साहब की शान त
बरकरार रखने के

आज की बैठ
के जत्थेदार प्रो.
साहिब के मुख्यग्र
तख्त के मुख्यग्रंथी
के जत्थेदार ज्ञानी
वरिष्ठ ग्रंथी ज्ञानी
लिया । इसी बी
पर अनेक सिखों
वे मामले को धार्मि
सद्भावनापूर्ण ढंग

मान अ
पंजाब
मशीनरी

नई दिल्ली,
(मान) ने आज
वह पंजाब में शां
के लिए राज्य की
तुरन्त बदले ।
गृहमंत्री मफ्ती
ज्ञापन में आरोप
(इ) सरकार के
करने की जिम्मे
अभी तक राज्
मशीनरी को पू
कि उस पर अ
है । ज्ञापन में
अवांछित और
महिलाओं तक
ज्ञापन में ऐसे
गया है कि सां
मंड के घर पर

पार्टी के
हरचरण सिंह
वालिया और
नेताओं के एक
अपनी भेंट के
जिले में एक
जबरन रोक
की समस्या
प्रशासनिक
है । इन अ
मामले के
सुखदेव सिंह
रिहाई की म

चुनाव
चुनाव
जल

नई दि
स्पष्ट किया
शासन की
संशोधन
वह पंजाब
'जल्दबाजी
विधेयक के
के मुखों ने
आयोग न
संसद के
तक पारि

शानदार सस्ते प्लाट
स्वर्ण अवसर
अम्बाला कैंट और जगाधरी के मध्य आबादी के अंदर 30 रु. से लेकर 45 रु. गज की दर से प्लाट बिकाऊ ।
(नोट) : अम्बाला-चंडीगढ़ रोड पर मेन मार्कीट में 7 दुकानें और 7 प्लाट बिकाऊ हैं । तुरन्त मिलें :
शर्मा एण्ड सन्ज़
फोन : 23798
प्रापर्टी डीलर्ज, टांगरी पुल के निकट,
(चुंगी के सामने) जगाधरी रोड, अम्बाला छावनी

क्लासीफाइड विज्ञापन

आवश्यकता

प्रेमाश्रम गर्ल्ज हाई स्कूल, लोहगढ़, अमृतसर के लिए हिन्दी/अंग्रेजी/विज्ञान अध्यापिकाएं चाहिएं, अपनी योग्यता एवं अनुभव प्रमाण सहित शीघ्र मिलें ।

शीघ्र आवश्यकता है मंगोलपुरी दिल्ली के लिए भूतपूर्व सैनिकों की सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी हेतु । वेतन 1350 रु. प्रति माह (ड्यूटी 8 घंटे) व अन्य सुविधाएं जैसे बोनस, फण्ड, ग्रैच्यूटी, वार्षिक छुट्टी, वर्दी इत्यादि । प्रमाण पत्रों सहित स्वयं सम्पर्क करें । मेजर शर्मा, आई.पी.एस.एस. सिक्योरिटी, 249 A/1, रामा मार्कीट के पास, मुनिरका, नई दिल्ली-110067.

अंग्रेजी या पंजाबी टाईप जानने वाले दो टाईपिस्टों (लड़कियों) की जरूरत है । मिलें : "विज कमर्शियल कालेज, चौक हसैनपुरा, शिवाला रोड, अमृतसर ।

Wanted Trained female Assistant for Kakkar Clinic, Near Kapurthala Chowk, Jalandhar. Dr. Kakkar, 412, Adarsh Nagar, Jalandhar.

Wanted Dynamic and result oriented Sales Supervisor having experience in Automobiles trade, preferably of cars and Institutional sales in Mopeds and Scooters. Good salary with commission and other benefits. Apply to General Manager, Delhi Automobiles Ltd., Kumar Building, G.T. Road, Jalandhar City.

Wanted female secretary. Handsome salary. Contact personally Sunday 8th April between 1 to 4 PM only. Bombay Bangalore Roadlines, New Gopal Nagar, Jalandhar.

Wanted female typist clerks.

One male-one female for office. Prince Finance, Mukesh Bhawan, Milap Chowk, Phone : 56819, Jalandhar.

Required for Close Die Forging Unit. 1. Experienced Engineer/ Forman responsible for Die shop and Forge Shop. 2. Miller Man, Stamper, Hammer Man. Contact : Pahladrai Engg. & Hammer Works, 83/141, Juhi (Parampurwa), Kanpur.

दाखला सूचना

For the bright future of your children admit in Rishi Public School, 141, Hargobind Nagar, Phagwara. (Nursary to 5th).

हकलाना

सावधान ! हमसे इलाज करवा कर गए कुछ लड़कों ने हरियाणा, यू.पी., राजस्थान में नकली स्कूल खोले हुए हैं । वहां सही इलाज नहीं हो रहा, कहीं बाद में आपको पछताना न पड़े । पब्लिक स्पीकिंग इंस्टीच्यूट, टाऊन मनीमाजरा, चंडीगढ़ ।

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 5.4.90. 51/- without trays, NECC Suggested Retail Price 6/95 Per Dozen.

शिक्षा

साल बचाएं, बिना आठवीं मैट्रिक, मैट्रिक पास 10+2, बी.ए.बी.काम, डायरैक्ट R.M.P डाक्टर के लिए आयुर्वेदिक कोर्स करें । राष्ट्रीय डिग्री कालेज,

प्लास्टिक पैकिंग की दुनिया में
एक ही नाम
सावन ही सावन



सहकारी बैंक कर्मचारियों से 8 लाख लूटे : लुधियाना में शक्तिशाली बम मिला

होमगार्ड, राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के नेता सहित पंजाब में 4 लोगों की हत्याएं

भिड़ंत में आतंकवादी मरा : बटाला क्षेत्र में एस.पी.ओ. चौकियों पर हमले

चंडीगढ़, 6 अप्रैल (प.स., वार्ता): पंजाब में गत रात से आतंकवादियों ने एक होमगार्ड तथा राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के एक नेता सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि फरीदकोट पुलिस के साथ भिड़ंत में के.एल.एफ. से सम्बद्ध एक आतंकवादी मारा गया । आतंकवादियों ने तरनतारन क्षेत्र में तीन सहकारी कर्मियों से आठ लाख रु. लूट लिए जबकि बटाला क्षेत्र में आतंकवादियों ने चार एस.पी.ओ. चौकियों पर हमले किए । कुछ अन्य स्थलों से भी सुरक्षा बलों व आतंकवादियों में भिड़तें होने की सूचना है । आज लुधियाना में एक शक्तिशाली बम मिला जिसे समय रहते निष्क्रिय कर दिया गया ।

8 लाख रु. लूटे : अमृतसर (वि.प्र.): पुलिस जिला तरनतारन में को-आप्रेटिव बैंक के कर्मियों से तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने दोपहर एक बजे 8 लाख रु. लूट लिए । प्राप्त जानकारी के अनुसार बैंक के 3 कर्मी तरनतारन को-आप्रेटिव बैंक से 8 लाख रु. लेकर नीले रंग की मारुति कार में गोइंदवाल साहिब रवाना हुए थे । जब उनकी कार बेई पुल के पास पहुंची तो आतंकवादियों ने राशि लूट ली व फरार हो गए ।

होमगार्ड की हत्या : तरनतारन पुलिस जिले के गांव पंजवड़ में गत रात आतंकवादियों ने एक होम गार्ड हरदेव सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । पता चला है कि आतंकवादियों ने पहले घर से इसका अपहरण किया और बाद में खेतों में ले जा कर उसे गोली मार दी ।

सुरक्षा बलों पर फायरिंग : गत रात पुलिस जिला तरनतारन में व्यापक तलाशी ले रहे सुरक्षा बलों पर आतंकवादियों ने गांव सगरवां और दबली के पास गोलियां चलाईं । जवाब में सुरक्षा बलों ने भी फायरिंग की । किसी भी पक्ष से किसी के घायल होने की सूचना नहीं है । घटनास्थल से तीन जापानी वायरलैस सैट, तीन डैटोनेटर्ज, वायरलैस एक क्लीनिंग किट, एक छोटी किट तथा कुछ और सामान मिला है ।

दो अधिकारियों का अपहरण : पुलिस जिला तरनतारन के गांव गोइंदवाल के निकट 4 उग्रवादियों ने एक स्पिनिंग मिल के प्रबन्ध निदेशक जसवंत सिंह और प्रोडक्शन अफसर ओंकार सिंह का अपहरण कर लिया ।

एस.पी.ओ. चौकियों पर हमले : बटाला से 'कांछड़' के अनुसार आतंकवादियों ने गत रात ग्रामीण सुरक्षा योजना के तहत गांव मंज, अल्लोवाल तथा अटारी में स्थापित तीन एस.पी.ओ. चौकियों पर हमले किए परन्तु जवाबी फायरिंग किए जाने पर आतंकवादी भाग गए । ये तीनों गांव थाना कलानौर के तहत आते हैं ।

आज आतंकवादियों ने बटाला सदर थाना के गांव जैतो सज्जा में एक एस.पी.ओ. चौकी पर हमला किया । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाब में फायरिंग करने व एक हथगोला फैंकने पर आतंकवादी भाग गए । इन चारों ही घटनाओं में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है ।

राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के नेता की हत्या : संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार गत रात आतंकवादियों ने जिला राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रधान मोहन लाल मुल्तानी की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ये आतंकवादी मोटर साइकल पर सवार होकर करीब 9 बजे श्री मुल्तानी के होटल पर आए व नौकरों से बोले कि वे एक तरफ हट जाएं । इसके बाद आतंकवादियों ने श्री मुल्तानी के पास जाकर गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी । बाद में आतंकवादी किशनपुरा गांव की तरफ भाग गए ।

इस घटना के बाद शहर में भय का वातावरण व्याप्त हो गया । इस हत्या के रोष-स्वरूप आज शहर में बंद रहा । कुछ लोगों द्वारा श्री मुल्तानी की हत्या के लिए जिला प्रशासन को दोषी ठहराया जा रहा है । आज यहां एक शोक रैली हुई जिसमें राज्य सरकार से मांग की गई कि इस संबंध में दोषी अधिकारियों को दंडित किया जाए ।

एक आतंकवादी मरा, एक फरार : फरीदकोट से 'जिन्दल', मोगा से 'आजाद' के अनुसार गत रात पुलिस थाना सिटी मोगा की पुलिस पार्टी जब बाघा पुराना बाईपास पर गश्त कर रही थी तो उन्होंने दो संदिग्ध व्यक्तियों को आते देख कर रुकने का इशारा किया । इस पर इन व्यक्तियों ने पुलिस पर गोली चला दी, जिसके परिणाम-स्वरूप पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की । इस फायरिंग में एक व्यक्ति मारा गया जबकि उसका दूसरा साथी अंधेरे का लाभ लेकर भाग गया ।

मृतक आतंकवादी की शिनाख्त जतिन्दर सिंह उर्फ काला सिंह निवासी गांव सीकियां (कोटकपूरा) के रूप में हुई है । वह पहले 'खालसा टाइगर्ज फैडरेशन' से सम्बद्ध था पर आज कल गुरजंट सिंह राजस्थानी की के.एल.एफ. से सम्बद्ध था । इसके कब्जे से .38 बोर की एक रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस मिले हैं । फरीदकोट, फिरोज़पुर तथा भटिंडा जिलों में हुई कई वारदातों में यह पुलिस को वांछित था ।

1 व्यक्ति की हत्या : मुक्तसर से 'दर्दी' के अनुसार गत रात गांव चक दामकोट में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी व उसके भाई को घायल कर दिया । बताया जाता है कि ये व्यक्ति रात 10 बजे करतार सिंह नामक व्यक्ति के घर गए और उससे पिस्तौल मांगी । उसके इंकार पर इन्होंने बन्दक की मांग की । इतने में इनको बाहर करतार सिंह के दो बेटे दिखाई दे गए और इन्होंने गोली चला दी जिससे एक लड़का देवेन्द्र सिंह वहीं मारा गया जबकि उसका भाई भूपेन्द्र सिंह घायल हो गया ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)



लुधियाना में मिले बम को नकारा करने के लिए पानी की बौछार करते हुए पुलिस कर्मी । (इनसैट) बम का चित्र । (छाया : राजेश भाम्बी)

काठमांडू में रायल पैलेस के बाहर सुरक्षा बलों की फायरिंग से 100 प्रदर्शनकारी मारे गए

काठमांडू, 6 अप्रैल (वार्ता): काठमांडू में रायल पैलेस के बाहर सुरक्षा बलों द्वारा लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों पर आज गोलियां चलाए जाने से कम से कम 100 व्यक्ति मारे गए व अनेक घायल हो गए ।

नए प्रधानमंत्री की नियुक्ति की घोषणा किए जाने के तुरंत बाद राजधानी में तनाव पैदा हो गया । हज़ारों प्रदर्शनकारी हाथों में तख्तियां लिए और नारे लगाते हुए आज दोपहर सिटी सैन्टर में एकत्रित हुए । प्राप्त खबर के अनुसार प्रदर्शनकारियों ने खिड़कियों के शीशे और बल्ब तोड़ दिए और कुछ पंचायती सदस्यों के घरों और एक बैंक को आग लगा दी ।

उग्र प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय पंचायत के सदस्यों के घरों और एक बैंक को आग लगा दी । प्रदर्शनकारियों ने पहले एक ओपन एयर थियेटर में सभा की । उसके बाद वे शाही भवन के सामने एकत्रित हुए ।

रैली में भाग लेने वाले लोगों ने आज सुबह शाही घोषणा को छलावा बताया । शाही घोषणा में नए प्रधानमंत्री लोकेन्द्र बहादुर चंद की नियुक्ति की जानकारी दी गई थी ।

नेपाल में लोकतंत्र की मांग को लेकर पिछले छह सप्ताह से चल रहे राष्ट्रव्यापी आंदोलन से निपटने के लिए नेपाल नरेश ने आज पुरानी सरकार बर्खास्त करने के साथ ही देश में कुछ लोकतांत्रिक प्रशासनिक सुधारों की भी घोषणा की । महाराजा वीरेन्द्र ने आज प्रधानमंत्री मारीच मान सिंह श्रेष्ठ की सरकार बर्खास्त कर पूर्व प्रधान मंत्री लोकेंद्र बहादुर चंद को देश का नया प्रधानमंत्री बनाया ।

बंद : काठमांडू घाटी में आज नेपाल बंद के दौरान सभी दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे और सड़कों पर वाहन नहीं चले । बंद का आह्वान युनाइटेड नैशनल पीपुल्स मवमैंट (मशालगुट) ने किया था और शेष सभी विपक्षी दलों संवैधानिक सुधार आयोग गठित किया जाएगा, जो यह पता लगाएगा कि नेपाली जनता देश में किस तरह के बदलाव और सुधार चाहती है । नरेश ने यह भी घोषणा की कि देश में हाल की असंतोष की घटनाओं की जांच के लिए एक आयोग बनाया जाएगा । श्री चंद दूसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनाए गए हैं ।

श्री चंद का कार्यकाल कोई खास घटनापूर्ण नहीं था । उन्हें मृदुभाषी प्रधानमंत्री के रूप में जाना जाता है । वे जब प्रधानमंत्री पद पर बैठे तो उन्हें 'बेदाग छवि' वाला राजनेता माना जाता था लेकिन प्रधानमंत्री के कार्यकाल के आखिरी दिनों वे 'अरबों डालर' के घोटाले में घिर गए थे । श्री चंद के सामने इस समय पहला काम एक ऐसी सरकार बनाना होगा, जो पंचायत तथा बहुदलीय प्रणाली के समर्थकों को स्वीकार्य हो ।

शाही अधिसूचना जारी होने के फौरन बाद हज़ारों युवकों तथा छात्रों ने आज सुबह काठमांडू की सड़कों पर जलूस निकाले । प्रदर्शनकारी बहुदलीय प्रणाली के समर्थन में नारे लगा रहे थे । काठमांडू में कम से कम छह जगह प्रदर्शन किए गए । यह पूछे जाने पर कि अब वे क्यों प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि नरेश द्वारा अनेक ऐसे उपायों की घोषणा की गई है, जिनसे अन्ततः देश में बहुदलीय प्रणाली कायम की जा सकती है, एक छात्र ने टिप्पणी की "महाराज ने जो कदम उठाए हैं, वे बच्चों को टाफी दिए जाने जैसे हैं ।" युवक ने कहा—"इस सबसे हमारी मांगें पूरी नहीं हो जातीं ।"

मान द्वारा 10 को 'भारत बंद' का आह्वान

नई दिल्ली, 6 अप्रैल (प.स.): अकाली दल (मान) के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान ने पंजाब में

पंजाब में अर्द्ध सैनिक बलों की संख्या बढ़ाने का निर्णय

Punjabi Tribune

कश्मीर विश्वविद्यालय के कुलपति ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

प्राप्त सूचना के अनुसार आज शुक्रवार की प्रार्थना के पश्चात लोगों के एक समूह ने जलूस निकालने का यत्न किया । पुलिस ने जब इन लोगों को ऐसा करने से रोकने की चेष्टा की तो उग्र भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया, जिससे बाध्य होकर पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा । इस संघर्ष में लगभग दो दर्जन व्यक्ति तथा कुछ पुलिस कर्मी भी घायल हो गए । अधिकारियों ने क्षेत्र में कर्फ्यू लागू कर दिया है ।

डोडा तथा भद्रवाह में एक विशेष वर्ग के लोगों ने हड़ताल भी की ।

जम्मू में पिछले आठ दिनों से शांति है, फिर भी वहां ऐहतियात के तौर पर रात्रि का छः घंटे का कर्फ्यू जारी है ।

12 संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार : 'नि.स.' के अनुसार पुलिस ने 12 ऐसे संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है, जिनके बारे में संदेह किया जाता है कि वे हिंसा की विभिन्न घटनाओं तथा जम्मू नगर में कुछ धार्मिक स्थानों का अपमान किए जाने की गतिविधियों में संलिप्त थे । इन व्यक्तियों की ही ऐसी कार्रवाइयों के कारण मंदिरों के नगर जम्मू में उच्चाधिकारियों को कर्फ्यू लगाना पड़ा था ।

चोर गिरोह के 6 सदस्य काबू : चोरों के एक गिरोह के 6 सदस्य काबू किए गए हैं, जिन्होंने महत्वपूर्ण रहस्योद्घाटन किए हैं । इन लोगों ने स्वीकार किया है कि वे 4 धार्मिक स्थानों में चोरी करने तथा कर्फ्यू के दौरान धार्मिक स्थानों को आग लगाने की कोशिश करने के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के बारे में बहुत कुछ जानते हैं ।

बम धमाके तथा आगजनी के 2 संदिग्ध अभियुक्त गिरफ्तार : डोडा पुलिस ने 2 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है, जो गत कुछ सप्ताहों के दौरान बम धमाकों व आगजनी की घटनाओं के अभियुक्त बताए जाते हैं । इन्हें जांच केंद्र भेज दिया गया है ।

बताया जाता है कि इन दोनों को एक गश्ती दल ने उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वे डोडा कस्बे के निकट संदिग्ध अवस्था में घूम रहे थे ।

घुसपैठिया काबू : एक अन्य सूचना के अनुसार साम्बा के सीमावर्ती क्षेत्र में एक घुसपैठिए को गिरफ्तार कर लिया गया है । यह घुसपैठिया एक युवती है तथा सीमा पार करने के पश्चात वह संदिग्ध अवस्था में घूमती हुई पाई गई । बताया जाता है कि इस युवती ने अपना नाम आबिदा बताया है तथा यह पाकिस्तान के स्यालकोट जिले की तहसील शकरगढ़ की रहने वाली है । उसने सुरक्षा बलों को बताया कि वह राह भटक कर सीमा पार कर आई है तथा इससे पूर्व उसका अपनी सास के साथ झगड़ा भी हुआ था ।

दूरदर्शन के लिए स्वायत्तशासी निगम अगले वर्ष बनेगा

नई दिल्ली, 6 अप्रैल (वार्ता): दरदर्शन तथा आकाशवाणी के लिए स्वायत्तशासी निगम अगले वर्ष के प्रारंभ में बन जाएगा । यह जानकारी सूचना तथा प्रसारण मंत्री पी. उपेन्द्र ने आज लोकसभा में दी । उन्होंने बताया कि प्रस्तावित निगम में संचालक मंडल के सदस्य होंगे, जिनका चयन समिति करेगी ।

मामा जी की याचिका नामंजूर

नई दिल्ली, 6 अप्रैल (वार्ता): दिल्ली उच्च न्यायालय ने के.एन. अग्रवाल उर्फ मामा जी की जमानत याचिका आज नामंजूर कर दी ।

सहकारी बैंक कर्मियों से 8 लाख लूटे

(पृष्ठ 3 का शेष)

हत्या : लुधियाना : जिला के पुलिस थाना जगरांव के गांव रूमी में गत रात आतंकवादियों ने संतोख सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी वह अपने घर के बाहर बैठा था ।

शक्तिशाली बम मिला : 'धीमान, भाम्बी' के अनुसार आज यहां ढुगरी रोड माडल टाऊन में एक शक्तिशाली टाइम बम मिला जोकि कूड़ेदान में रखा हुआ था । बम की जानकारी मिलने पर विस्फोटक विशेषज्ञों ने इसे निष्क्रिय कर दिया । एस.पी. (सिटी) श्री सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय और एस.पी. (आप्रेशन्स) श्री बी.एस. गिल ने बताया है कि यह एक अत्यन्त शक्तिशाली बम था जिसकी मार-क्षमता करीब आधा किलोमीटर थी और इसके फटने का समय 11.35 दोपहर तय किया गया था । यदि यह बम फट जाता तो काफी क्षति होनी थी क्योंकि दोपहर के समय यह मार्ग काफी व्यस्त रहता है । इस बम में लोहे की बड़ी-बड़ी प्लेटें लगी हुई थीं तथा फटने के समय से करीब 45 मिनट पूर्व इसे निष्क्रिय कर दिया गया ।

आतंकवादी गिरफ्तार : फगवाड़ा (अशोक) : सदर पुलिस ने निकटवर्ती गांव जगतपुर जट्टां से हरजिन्दर सिंह उर्फ जिन्दा नामक कथित आतंकवादी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 12 बोर का पिस्तौल व दो ज़िन्दा कारतूस बरामद किए हैं । जिन्दा गांव सरहाली पुलिस स्टेशन नूरमहल का निवासी बताया जाता है ।

80,000 रु. लूटे : मोहाली से 'नवांदा' के अनुसार स्थानीय फेस दो में स्थित एच.एम.टी. के गोदाम से आतंकवादियों द्वारा 80,000 रु. लूट लिए जाने की सूचना है । बताया जाता है कि चार युवक, जिनकी आयु 25 से 27 वर्ष तक थी, लाल रंग की मारुति वैन में आए तथा गोदाम में ड्यूटी पर उपस्थित लोगों को बन्दूक की नोक पर दीवार की तरफ मुंह करवा कर खड़े कर दिया और 65,000 रु. नकद व करीब 15,000 रु. मूल्य की घड़ियां लेकर फरार हो गए । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लुटेरों के साथ वैन में दो महिलाएं भी सवार थीं । ये लोग चंडीगढ़ की तरफ भाग गए । वैन पर पंजाब का नम्बर बताया गया है ।

मोहाली में लूट की घटनाएं काफी बढ़ गई हैं । गत दिवस भी यहां फेस एक में एक किरयाना मर्चेंट से 40,000 रु., फेस 7 में एक मार्बल की दुकान से 17000 रु. तथा फेस 5 में एक मकान से 10,000 रु. का सामान लूट लिया गया था ।

रोपड़ के एस.एस.पी. श्री मोहम्मद मुस्तफा ने आज सभी घटना स्थलों का निरीक्षण किया ।

मुठभेड़ के बाद दो फरार : पटियाला से 'भूषण' के अनुसार कल रात पुलिस थाना बस्सी पठानां के गांव कोटला के पास पुलिस के साथ भिड़ंत के बाद दो आतंकवादियों के फरार हो जाने की सूचना है ।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार इनको स्कूटर पर आते देख कर पुलिस ने इन्हें रुकने का संकेत किया था पर इन्होंने पुलिस पर गोली चला दी । पुलिस ने जवाबी फायरिंग की और इनका पीछा किया पर ये भाग गए । जाते समय ये अपना स्कूटर सी.एच.आर. 1829 छोड़ गए जिस पर रक्त लगा हुआ था । सम्भवतः आतंकवादी घायल हुए होंगे ।

राजनीतिक नेताओं के टैलीफोन टैप ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

देशद्रोहियों को छोड़ कर किसी के फोन टैप नहीं किए जाएंगे । श्री मल्होत्रा ने मांग की कि सी.बी.आई. की जांच की परिधि में पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह और तत्कालीन विपक्षी सांसदों के फोन टैप होने के मामले भी शामिल होने चाहिएं । भाजपा सदस्य ने कहा कि आज इनको कांग्रेस को लोकतंत्र की चिंता सताने लगी है लेकिन आपातकाल में श्री चंद्रशेखर को जेल में किसने डाला था ? शोरगुल के बीच उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने फोन टैप करने या डाक सैंसर करने की जो गलतियां की थीं, वे राष्ट्रीय मोर्चा सरकार को नहीं करनी चाहिए ।

कम्युनिस्ट पार्टी के श्री इन्द्रजीत गुप्त ने कहा कि सरकार को श्री चंद्रशेखर के आरोप की गहराई से जांच कराने के बाद सदन के सामने पूरा तथ्य पेश करना चाहिए । इस दौरान श्री वसंत साठे से उनकी झड़प हुई । सदन में शोरगुल का हाल यह था कि एक ओर श्री साठे 27 नेताओं के नाम बताने की मांग कर रहे थे तथा दूसरी ओर कांग्रेस (इ), जनता दल वामपंथी दलों और भाजपा के सदस्यों के बीच ऊंची आवाज में झड़पें चल रही थीं । श्री चंद्रशेखर दोपहर बाद भी सदन में उपस्थित नहीं थे । श्री उपेन्द्र के इस कथन के बाद कि सरकार नागरिकों की व्यक्तिगत आजादी का पूरा सम्मान करती है, अध्यक्ष रवि राय ने कार्यसूची का अगला विषय ले लिया ।



श्री बनारसी लाल जिनकी गत दिवस लुधियाना में उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी । (इनसैट) श्री बनारसी लाल का पुराना चित्र । (फोटो : कम्बोज)





संगरूर जिला की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रधान श्री मोहन लाल मुल्तानी का शव (ऊपर) तथा (नीचे) शोक संतप्त परिवार के सदस्य विलाप करते हुए । (छाया : देवराज गर्ग)

छावनी बोर्डों के चुनाव में भी मतदान की आयु 18 वर्ष होगी

नई दिल्ली, 6 अप्रैल (प.स.): सरकार ने छावनी बोर्डों के चुनावों के लिए मतदान की आयु को 21 से घटा कर 18 साल करने का प्रस्ताव किया है । इसे उद्देश्य के लिए सरकार शीघ्र ही छावनी अधिनियम 1924 में संशोधन करेगी ।

प. जर्मनी द्वारा पनडुब्बी सौदे में किसी को भी दलाली देने का खंडन

कील (पश्चिम जर्मनी), 6 अप्रैल (डी.पी.ए.): पश्चिम जर्मनी की एच.डी.डब्ल्यू. कम्पनी के अध्यक्ष क्लाउस नेतजे ने आज पहली बार सार्वजनिक रूप से यह बयान दिया कि भारत को बेची गई चार पनडुब्बियों के सौदे में किसी भी भारतीय को दलाली नहीं दी गई थी । श्री नेतजे ने इन आरोपों का भी खंडन किया कि भारत को बेची गई इन पनडुब्बियों के गोपनीय नक्शे दक्षिण अफ्रीका को देकर सौदे का उल्लंघन किया गया है । उन्होंने कहा कि कम्पनी ने 1985 के मध्य के बाद दक्षिण अफ्रीका को पनडुब्बी बनाने के लिए कोई और ब्ल्यू प्रिंट नहीं दिया है ।

दर्शन सिंह द्वारा प्रतिक्रिया व्यक्त करने से इंकार

लुधियाना, 6 अप्रैल (प.स.): प्रो. दर्शन सिंह ने पांच मुख्यग्रंथियों द्वारा जारी किए गए 'हुकमनामे' पर कोई भी प्रतिक्रिया व्यक्त करने से इंकार कर दिया है । अकाली दल (ब) के नेताओं जगदेव सिंह तलवंडी तथा प्रकाश सिंह बादल ने भी किसी प्रकार की प्रतिक्रिया व्यक्त करने से इंकार कर दिया है । संयुक्त अकाली दल की प्रिजीडियम के भूतपूर्व सदस्य जत्थेदार गेजा सिंह ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जत्थेदार टोहरा का उस समय तक सामाजिक बहिष्कार करने की मांग की है, जब तक वह सिख पंथ से बिना किसी शर्त माफी नहीं मांगते ।

अमृतसर-लौहार के मध्य 3 विशेष गाड़ियां 10 से

नई दिल्ली, 6 अप्रैल (प.स.): पाकिस्तान स्थित अनेक गुरुद्वारों के दर्शन के लिए जाने वाले तीर्थ यात्रियों की सुविधा की खातिर उत्तर रेलवे 10 अप्रैल को अमृतसर और लाहौर के बीच तीन विशेष गाड़ियां चलाएगा । उत्तर रेलवे की विज्ञप्ति में आज यहां यह जानकारी दी गई । विज्ञप्ति के अनुसार ये विशेष गाड़ियां अमृतसर से सुबह 7.50 बजे, 11.00 बजे और अपरान्ह 1.10 बजे चलेंगी तथा उसी दिन अटारी पहुंचेंगी । विज्ञप्ति के अनुसार वापसी में ये विशेष गाड़ियां अटारी से 19 अप्रैल को प्रातः 11.45 बजे, अपरान्ह 1.55 बजे एवं सायं 4.05 बजे चलेंगी तथा अमृतसर जाएंगी ।

रंगरलियां मनाने की तैयारी करते पकड़े गए

फिल्लौर, 6 अप्रैल (भास्कर): स्थानीय पुलिस ने एक युवक-युवती को रंगरलियां मनाने की तैयारी करते हुए दबोच लिया । पुलिस सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि जसबीर कौर (23 वर्षीया) शादीशुदा है और उसका प्रेमी सच्चा राम बस स्टैंड के निकट रंगरलियां मनाने की तैयारी कर रहे थे कि गश्ती पुलिस ने आ दबोचा । सच्चा राम जो अविवाहित है, गांव खानखाना का रहने वाला है और जसबीर कौर बंडाला की रहने वाली है । स्थानीय पुलिस ने धारा 109 के अंतर्गत केस दर्ज करके उन्हें गिरफ्तार कर लिया है ।

आहूजा श्रद्धांजलि समारोह

होशियारपुर, 6 अप्रैल : पंजाबी सभ्याचार केंद्र व पंजाबी साहित्य सभा द्वारा 7 अप्रैल को प्रातः 11 बजे गवर्नमैंट हाई स्कूल, घंटाघर, होशियारपुर में

पानीपत बम कांड के दोषी शीघ्र पकड़ लिए जाएंगे : सम्पत सिंह

पानीपत, 6 अप्रैल (सोनी, अम्बरीश): हरियाणा के गृहमंत्री प्रो. सम्पत सिंह ने विश्वास व्यक्त किया है कि पानीपत में हुए बम कांड के दोषी शीघ्र ही ज़िन्दा या मुर्दा पकड़ लिये जाएंगे।इस कांड में घायल हुए व्यक्तियों का हाल पूछा । आतंकवादियों की इस कार्रवाई को घृणित कृत्य की संज्ञा देते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के इरादे सफल नहीं होंगे । उन्होंने कहा कि आतंकवादियों की इस कार्रवाई का उद्देश्य राज्य में साम्प्रदायिकता भड़काना है ।

AMAR CIRCUS

Punjab Sanatan

मुठभेड़ में 2 आतंकवादी मरे : पातालपुरी (कीरतपुर) गुरुद्वारे के मुख्यग्रंथी सहित पंजाब में 4 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 7 अप्रैल (प.स., वार्ता): पंजाब में गत रात से सुरक्षा बलों के साथ भिड़ंत में 2 आतंकवादी मारे गए जबकि आतंकवादियों ने गुरुद्वारा पातालपुरी, कीरतपुर साहिब के हैडग्रंथी सहित 4 अन्य व्यक्तियों की हत्या कर दी । इस बीच पुलिस ने आतंकवादियों की एक महिला आश्रयदाता तथा जाली जमानतनामों पर रिहा हुए आठ आतंकवादियों सहित कुछ अन्यों को गिरफ्तार किया है ।

दो अधिकारियों का अपहरण : अमृतसर से 'प.स.' के अनुसार आतंकवादियों ने कल रात गोइंदवाल में फिरौती के लिए सरकारी कताई मिल के दो वरिष्ठ अधिकारियों का अपहरण कर लिया ।

पुलिस ने बताया कि ए.के. 47 राइफलों से लैस चार आतंकवादी मिल के अधिकारियों और कर्मचारियों को ले जा रही बस का अपहरण करके उसे वैरोवाल थाने के तहत ढोडा गांव के पास ले गए । वहां आतंकवादियों ने मिल के प्रबन्ध निदेशक जसवंत सिंह और उत्पादन प्रबन्धक ओंकार नाथ को बस से बाहर निकाल लिया और बस को कपूरथला जाने की अनुमति दे दी ।

पुलिस अपहृत अधिकारियों की तलाश कर रही है, लेकिन अभी तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है ।

आतंकवादी मरा : पुलिस सूत्रों के अनुसार सुरक्षा बलों ने कल रात कत्थूनंगल पुलिस थाने के अंतर्गत सरहाला ड्रेन के निकट जब दो मोटर साइकिल सवार आतंकवादियों को ललकारा तो उन्होंने गोली चला दी । जवाब में सुरक्षा बलों ने भी गोली चलाई । इस भिड़ंत में एक आतंकवादी मारा गया जबकि दूसरा घायल हो गया पर वह भागने में सफल रहा । घटनास्थल से एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल और गोलियां बरामद की गई हैं ।

'वि.प्र.' के अनुसार मजीठा पुलिस जिला प्रमुख श्री अनिल शर्मा ने बताया है कि घटनास्थल से एक हीरो होंडा मोटर साइकल, एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल, दो मैगज़ीन, 200 गोलियां तथा एक हथगोला मिला है । मृतक आतंकवादी के पास से भारी मात्रा में चले हुए कारतूस भी मिले हैं । जिस स्थान पर यह मुकाबला हुआ वहां से एक किलोमीटर दूर कोटली ढोले शाह गांव में गत दिवस पुलिस की नाका पार्टी पर आतंकवादियों ने हमला करके एक पुलिस कर्मी को मार डाला था व दो को घायल कर दिया था । पुलिस का विचार है कि ये दोनों आतंकवादी उसी गिरोह के थे ।

हमला : खालड़ा पुलिस थाना के तहत गांव माड़ीमेघा में आतंकवादियों ने एक कैमिस्ट तथा उसके पिता पर घात लगा कर हमला किया । इस हमले में कैमिस्ट घायल हो गया । उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

एक अन्य सूचना के अनुसार आतंकवादियों ने एक 'मिशन अस्पताल' की गाड़ी पर हमला किया था । इस हमले में गाड़ी में सवार डाक्टर घायल हुआ है, जोकि पादरी है ।

एस.पी.ओ. चौकी पर हमला : गत रात आतंकवादियों ने छहर्टा पुलिस थाने के तहत गांव ताजे चक्क में एक एस.पी.ओ. चौकी पर हमला किया । जवाब में सुरक्षा कर्मियों की भारी गोलीबारी के कारण आतंकवादी भाग गए । हमले में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है ।

भिड़ंत में आतंकवादी मरा : गत रात मजीठा पुलिस जिले के तहत गांव खेड़ावाला में सुरक्षा बलों के साथ हुए एक मुकाबले में एक आतंकवादी मारा गया । मृतक आतंकवादी की पहचान नहीं हो पाई है ।

3 स्कूटर छीने : अमृतसर से नारंग के अनुसार ढपई रोड पर 3 उग्रवादियों ने सुखदेव सिंह से उसका सफेद रंग का प्रिया स्कूटर, रात्रि 9 बजे इस्लामाबाद के निकट दो उग्रवादियों ने रमन कुमार से वैस्पा स्कूटर और एक फाइनैंस कम्पनी के कर्मचारी से एक और स्कूटर छीन लिया ।

होमगार्ड की हत्या : गत रात पुलिस जिला तरनतारन के गांव धड़क के पास आतंकवादियों ने एक होमगार्ड हरचंद सिंह की हत्या कर दी ।

हैडग्रंथी की हत्या : रोपड़ : गत रात दो आतंकवादियों ने पुलिस थाना आनन्दपुर साहिब के तहत गुरुद्वारा पाताल पुरी, कीरतपुर साहिब के हैड-ग्रंथी श्री रणजोध सिंह की गुरुद्वारे के पास गोली मार कर हत्या कर दी । कीरतपुर साहिब एक पावन स्थल है जहां सिख परम्पराओं के अनुसार मृतकों की अस्थियां प्रवाहित की जाती हैं ।

महिला शरणदाता गिरफ्तार : पटियाला से 'भुषण' के अनुसार पुलिस ने एक सूचना के आधार पर छापा मार कर एक महिला हरभजन कौर उर्फ भंजो को प्रताप नगर कालोनी स्थित उसके निवास से गिरफ्तार किया है । यह महिला अनेक दुर्दांत आतंकवादियों को अपने यहां शरण देती थी ।

मुल्तानी की हत्या की जिम्मेदारी ली : गत दिवस नागपुर में आरे गए राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के नेता श्री मोहन लाल मुल्तानी की हत्या की जिम्मेदारी 'खालिस्तान लिबरेशन फोर्स' के स्वयंभू चीफ-इन-चीफ अमरल प्रीतम सिंह सेखों ने ली है । इसके अलावा 'के.एल.एफ.' के चीफ गुरजंट सिंह बाधनिहवाला, के.सी.एफ. के चीफ परमजीत सिंह पंजवड़, बब्बर खालसा के चीफ सुखदेव सिंह बब्बर तथा आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के संयोजक दलजीत सिंह खालसा ने भी जिम्मेदारी ली है ।

शैलर मालिक की हत्या : यहां से 32 किलोमीटर दूर सरहिन्द में गत सायं 8 बजे के करीब एक शैलर मालिक माघी राम पुत्र रला राम की

(शेष पृष्ठ 10 पर)

हे भगवान अब तो पंजाब में शांति हो जाए !

बटाला, 7 अप्रैल (कोछड़): आज प्रात: स्थानीय एक मंदिर में एक 6 वर्षीय छोटी बच्ची अदिति बिलखते हुए प्रार्थना कर रही थी कि हे भगवान् ! मेरे पापा का बलिदान ही अंतिम बलिदान बन कर पंजाब में शांति स्थापित कर दे तो मैं अपने आपको अनाथ नहीं समझूंगी । उल्लेखनीय है कि अदिति के पिता श्री सुरिन्दर कुमार शिंगारी (42) व दादा योग राज (80) की मृत्यु 3 अप्रैल को राम नवमी की शोभा यात्रा देखते समय आतंकवादियों द्वारा किए गए बम विस्फोट की लपेट में आ जाने से हो गई थी । श्री सुरिन्दर कुमार सरकारी अध्यापक थे । अब घर में इस बच्ची, विधवा मां, विमला, बहन बल्लू (16) व भाई गोल्डी (14) रह गए हैं ।





बटाला में गत 3 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर उग्रवादियों द्वारा किए गए बम विस्फोट के उपरान्त कर्फ्यूग्रस्त बटाला नगर में शनिवार को कर्फ्यू में दी गई ढील के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए नियुक्त सुरक्षा बलों के जवान । (नीचे) कर्फ्यू में ढील के दौरान लोग दुकानों व रेहड़ियों से आवश्यक वस्तुएं खरीदते हुए । (फोटो : कोछड़)

Punjabi Saath.com



राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन वीरवार की रात्रि में लन्दन के सेंट जेम्स कोर्ट होटल में दिए गए भोज में प्रिंसेस आफ वेल्स का स्वागत करते हुए । (छाया : प्रैस ट्रस्ट)

विदेश व्यापार में उदारता की नीति जारी रहेगी : देशमुख

वाशिंगटन, 7 अप्रैल (वार्ता): प्रधानमंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के प्रधान सचिव बी.जी. देशमुख ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक शक्तियों को देश में बढ़ावा देने के मामले में भारत और अमरीका के बीच कोई मतभेद नहीं हैं । श्री देशमुख भारत-अमरीका संयुक्त व्यापार परिषद की तीन दिन की बैठक में भाग लेने के लिए अन्य अधिकारियों के साथ यहां आये हैं । वित्त सचिव श्री विमल जालान भी इन अधिकारियों में शामिल हैं । श्री देशमुख ने कल बैठक के समापन सत्र में कहा कि इस मामले में दोनों देशों के बीच कोई मतभेद नहीं हैं । हम लोग बहुत दिनों तक दरवाजा बंद करके नहीं रह सकते । नई सरकार उदारता की उस प्रक्रिया को जारी रखेगी, जिसे पुरानी सरकार ने शुरू किया था ।

भारत को चेतावनी : अमरीका के वाणिज्य मंत्री ने चेतावनी दी है कि अगर भारत ने अमरीकी पूंजीनिवेश में अपनी वर्तमान नीति में ढील नहीं दी तो वह पूर्वी यूरोपीय तथा लातीनी देशों में पूंजी विनियोग करना पसंद करेगा ।

बटाला बम-कांड के शहीदों के आश्रितों के लिए सहायता कोष की घोषणा

अमृतसर, 7 अप्रैल (कमलेश) : बटाला बम कांड में शहीद होने वाले लोगों के अभिभावकों की सहायतार्थ एक सहायता कोष बनाने की घोषणा पंजाब विश्व हिन्दू परिषद् की एक बैठक में गत दिवस हुई जो परिषद् के संरक्षक श्री गदाधर राव यादव की अध्यक्षता में हुई । बैठक में बम कांड के शहीदों को मौन श्रद्धांजलि भी दी गई तथा एक प्रस्ताव पास करके सरकार से आग्रह किया गया कि आतंकवाद को समाप्त करने के लिए केवल जबानी ही दमगजे न मारे जाएं अपितु तुरन्त कड़े व असरदार पग उठाए जाएं और सेना की भी सहायता ली जाए ।



शनिवार को महावीर जयन्ती के उपलक्ष्य में नई दिल्ली के बाहरी क्षेत्र में स्थित अहिंसा स्थल पर श्रद्धालु प्रार्थना करते हुए । (छाया : प्रैस ट्रस्ट)

अमृतसर में महावीर जयंती धूमधाम से मनाई गई

अमृतसर, 7 अप्रैल (कपूर) : भगवान महावीर जयंती आज अमृतसर में बड़ी धूमधाम व उल्लासपूर्वक मनायी गई । इस सम्बन्ध में श्री एस.एस. जैन सभा, अमृतसर की ओर से एक भव्य समारोह आज सुबह जैन स्मारक हाल, गोल बाग में आयोजित किया गया, जिसमें वक्ताओं द्वारा श्री महावीर के जीवन पर रोशनी डाली गई । इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए । जिलाधीश स. सर्बजीत सिंह इस समारोह के मुख्य अतिथि थे । दोपहर को सभा की ओर से प्रीति भोजन का आयोजन किया गया ।

श्री आत्मानंद जैन सभा, अमृतसर की ओर से महावीर जयंती मनाने के सम्बन्ध में एक समारोह आज दोपहर को स्थानीय जैन श्वेताम्बर मंदिर, बाजार हवेली जमादार में किया गया जिसमें भारी संख्या में महिलाओं, पुरुषों व बच्चों ने भाग लिया ।

अहिंसा का मार्ग अपनाएं

लुधियाना, 7 अप्रैल (कम्बोज) : महावीर जयंती के अवसर पर श्री कीमती लाल जैन ने पंजाब तथा देश के सभी युवकों से अपील की है कि वे हिंसा को छोड़ कर अहिंसा का मार्ग अपनाएं ताकि देश की एकता व अखंडता मजबूत हो सके ।

भंडारा : श्री कीमती लाल जैन ने बताया कि भगवान महावीर जयंती के उपलक्ष्य में पुराना बाजार शापकीपर्स एसोसिएशन की ओर से 9 अप्रैल को प्रातः 11 बजे भण्डारा आयोजित किया जाएगा ।

कराची में जातीय संघर्ष के दौरान 16 लोग मरे

कराची, 7 अप्रैल (ए.स.): सत्तारूढ़ पाकिस्तान पीपल्स पार्टी और विपक्षी महाजिर कौमी आंदोलन के

आतंकवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । प्राप्त जानकारी के अनुसार दो अज्ञात युवक एक मारुति कार में शैलर पर आए तथा माघी राम की हत्या करने के बाद फरार हो गए । हत्या में ए.के.-47 चीनी असाल्ट राइफल का प्रयोग किया गया था ।

जाली जमानतों पर छूटे आठ आतंकवादी गिरफ्तार : कपूरथला से 'शर्मा' के अनुसार जिला कपूरथला पुलिस ने छापे मार कर जाली जमानतनामों पर जेलों से रिहा होने वाले 8 दर्दात आतंकवादियों व अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है । इनमें खतरनाक आतंकवादी कमलजीत सिंह पुत्र बलबीर सिंह वासी बामेयाना थाना सदर फगवाड़ा भी शामिल हैं, जो 13 डकैतियों व पुलिस के साथ मुठभेड़ों के केसों में गिरफ्तार था तथा 13 केसों में ही जाली जमानतनामों पर रिहा होकर छुप गया था । एक अन्य गिरफ्तार आतंकवादी त्रिलोचन सिंह पुत्र गुरमेज सिंह वासी मंगा रोडा थाना सदर कपूरथला है । यह रेल कोच फैक्टरी के मुख्य परसोनल अधिकारी श्री सर्बजीत सिंह तथा उनकी धर्म पत्नी पर हमला करने वालों में था तथा अवैध रिवाल्वर रखने का भी अपराधी है ।

अन्य गिरफ्तार व्यक्तियों में हिम्मत सिंह पुत्र जोगेन्द्र सिंह, बलबीर सिंह पुत्र गुरमेल सिंह वासी जगतपुर जट्टां थाना सदर फगवाड़ा, अजमेर सिंह पुत्र महिंद्र सिंह वासी पांडवा सदर फगवाड़ा, करनैल सिंह पुत्र उजागर सिंह वासी चहेड़ू, सुखविन्द्र सिंह पुत्र अजीत सिंह वासी जस्सोमाजरा थाना बंगा, कुलदीप सिंह पुत्र महिन्द्र सिंह वासी चहेड़ू है । यह जानकारी जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने देते हुए बताया कि अन्य जाली जमानतनामों पर रिहा हुए 17 अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस अभियान आरम्भ किए हुए हैं । जाली जमानत नामे तैयार करने वाले गिरोह के सरगना हरि प्रकाश उर्फ हरि देव तथा उसके साथी का पुलिस ने 9 अप्रैल तक रिमांड प्राप्त किया हुआ है । उससे काफी जाली दस्तावेज, मोहरें आदि बरामद की गई हैं ।

मृतक आतंकवादी की शिनाख्त : स्थानीय लोक निर्माण कार्यालय में गत दिनों कार में सशस्त्र डाका डालने के पश्चात् रात्रि को पुलिस मुठभेड़ में मारे गए दो आतंकवादियों में से एक की पहचान उसके गांव की पंचायत ने कर ली है । मृतक अमरीक सिंह पुत्र साहिब सिंह वासी मद्दर थाना खालड़ा था । पुलिस प्रवक्ता के अनुसार यह आतंकवादी जेल से जमानत पर रिहा होकर आया हुआ था ।

भगौड़ा गिरफ्तार : पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया है कि जिला पुलिस ने तरनतारन सी.आई.ए. स्टाफ के इंस्पैक्टर श्री दर्शन सिंह के नेतृत्व में लखविन्द्र सिंह उर्फ एक भगौड़े साथी इंद्रजीत सिंह पुत्र महिन्द्र सिंह वासी मलियां को गिरफ्तार किया है । आतंकवादी लखविन्द्र सिंह तथा उसका साथी जागीर सिंह पहले ही एक छीनी हुई मारुति वैन, एक राइफल ए.के. 47, एक मैगजीन, 22 गोलियां तथा एक हथगोले सहित पकड़े जा चुके हैं ।

ट्रक चालक की हत्या : फरीदकोट : आतंकवादियों ने गत रात कोटकपूरा-लहरागागा रोड पर दो ट्रकों पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं जिससे एक ट्रक का चालक जसबीर सिंह मारा गया और दूसरे ट्रक का चालक बलबीर सिंह घायल हो गया ।

दो गिरफ्तार : भटिंडा : जिला पुलिस ने तेज सिंह और भीला सिंह नामक दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इनके कब्जे से .12 बोर की एक पिस्तौल तथा .38 बोर की एक रिवाल्वर और कुछ कारतूस बरामद किए गए हैं ।

सुरक्षा प्रबन्ध कड़े : फिरोजपुर से 'बागी' के अनुसार जिला पुलिस ने इन सूचनाओं के दृष्टिगत सुरक्षा के व्यापक प्रबन्ध किए हैं कि आतंकवादी जिला मुख्यालय पर बड़े पैमाने पर हिंसा करने की योजना बना रहे हैं । एस.एस.पी. श्री सुरजीत सिंह ने बताया है कि नौ सुरक्षा चौकियां स्थापित की गई हैं, इनमें चार चौकियां फिरोजपुर छावनी में और 5 शहर में बनाई गई हैं । इसके अलावा बम निष्क्रिय करने वाले दस्तों को भी चौकस रहने को कहा गया है ।

उन्होंने बताया कि अबोहर में 5 तथा फाजिल्का में 4 स्थायी पुलिस चौकियां स्थापित की गई हैं । इसके अलावा सिविल डिफैंस कमेटियां भी बनाई गई हैं । पुलिस ने इस क्षेत्र में सक्रिय के.सी.एफ. के एक गिरोह का भी भांडा फोड़ने में सफलता पाई है । तीन भाइयों का यह गिरोह कई हत्याओं में लिप्त था । एक भाई बलदेव सिंह गत दिवस मारा गया था जबकि उसके दो भाई निरवैर सिंह और बेअंत सिंह फरार हैं ।

वैन छीन ली : बटाला (कोछड़): जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार आज रात्रि थाना सदर बटाला के क्षेत्र अचल साहिब के निकट से 2 सशस्त्र उग्रवादी एक मारुति वैन बी.आई. ओ. 9332 छीन कर ले गए ।



गत रात फिरोजपुर मंडी गुरुहरसहाय में एक शैलर मालिक के हाथों मारे गये आतंकवादी का चित्र, जिसकी शिनाख्त बी.टी.एफ. के लैफ्टिनैंट जनरल सुरजन सिंह उर्फ काला के रूप में हुई है । (छाया : मलिक)

टोहरा धार्मिक नेता बनें या राजनीतिक : कुंडल

लुधियाना, 7 अप्रैल (महिन्द्रा): पंजाब जनता पार्टी के प्रधान श्री हरदेव सिंह कुंडल ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के प्रधान गुरचरण सिंह टोहरा से मांग की है कि वह या धार्मिक नेता बन जाएं या राजनीतिक नेता बन कर लोगों के समक्ष आएं

Punjab Satkar



कटरमन वीरवार की रात्रि में लन्दन
ट होटल में दिए गए भोज में प्रिंसैस
स्वागत करते हुए । (छाया : पै.ट्र.)

ापार में उदारता की
री रहेगी : देशमुख

7 अप्रैल (वार्ता): प्रधानमंत्री श्री
प सिंह के प्रधान सचिव बी.जी.
है कि अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक शक्तियों
ावा देने के मामले में भारत और
क कोई मतभेद नहीं हैं । श्री देशमुख
संयक्त व्यापार परिषद की तीन दिन
ा लेने के लिए अन्य अधिकारियों के
हैं । वित्त सचिव श्री विमल जालान
ियों में शामिल हैं । श्री देशमुख ने
ापन सत्र में कहा कि इस मामले में
च कोई मतभेद नहीं हैं । हम लोग
दरवाजा बंद करके नहीं रह सकते ।
रता की उस प्रक्रिया को जारी रखेगी,
कार ने शुरू किया था ।

चेतावनी : अमरीका के वाणिज्य
दी है कि अगर भारत ने अमरीकी
नी वर्तमान नीति में ढील नहीं दी तो
तथा लातीनी देशों में पूंजी विनियोग
गा ।

बम-कांड के शहीदों
श्रितों के लिए
ह कोष की घोषणा

अप्रैल (कमलेश) : बटाला बम कांड
वाले लोगों के अभिभावकों की
सहायता कोष बनाने की घोषणा
ह परिषद् की एक बैठक में गत दिवस
संरक्षक श्री गदाधर राव यादव की
। बैठक में बम कांड के शहीदों को
श्री दी गई तथा एक प्रस्ताव पास
आग्रह किया गया कि उग्रवाद को
लिए केवल जबानी ही दमगजे न
तुरन्त कड़े व असरदार पग उठाए
ी भी सहायता ली जाए ।

आतंकवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । प्राप्त जानकारी के अनुसार दो अज्ञात युवक एक मारुति कार में शैलर पर आए तथा माघी राम की हत्या करने के बाद फरार हो गए । हत्या में ए.के.-47 चीनी असाल्ट राइफल का प्रयोग किया गया था ।

जाली जमानतों पर छूटे आठ आतंकवादी गिरफ्तार : कपूरथला से 'शर्मा' के अनुसार जिला कपूरथला पुलिस ने छापे मार कर जाली जमानतनामों पर जेलों से रिहा होने वाले 8 दर्दात आतंकवादियों व अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है । इनमें खतरनाक आतंकवादी कमलजीत सिंह पुत्र बलबीर सिंह वासी बामेयाना थाना सदर फगवाड़ा भी शामिल हैं, जो 13 डकैतियों व पुलिस के साथ मुठभेड़ों के केसों में गिरफ्तार था तथा 13 केसों में ही जाली जमानतनामों पर रिहा होकर छुप गया था । एक अन्य गिरफ्तार आतंकवादी त्रिलोचन सिंह पुत्र गुरमेज सिंह वासी मंगा रोडा थाना सदर कपूरथला है । यह रेल कोच फैक्टरी के मुख्य परसोनल अधिकारी श्री सर्वजीत सिंह तथा उनकी धर्म पत्नी पर हमला करने वालों में था तथा अवैध रिवाल्वर रखने का भी अपराधी है ।

अन्य गिरफ्तार व्यक्तियों में हिम्मत सिंह पुत्र जोगेन्द्र सिंह, बलबीर सिंह पुत्र गुरमेज सिंह वासी जगतपुर जट्टां थाना सदर फगवाड़ा, अजमेर सिंह पुत्र महिंद्र सिंह वासी पांडवा सदर फगवाड़ा, करनैल सिंह पुत्र उजागर सिंह वासी चहेड़ू, सुखविन्द्र सिंह पुत्र अजीत सिंह वासी जस्सोमाजरा थाना बंगा, कुलदीप सिंह पुत्र महिन्द्र सिंह वासी चहेड़ू है । यह जानकारी जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने देते हुए बताया कि अन्य जाली जमानतनामों पर रिहा हुए 17 अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस अभियान आरम्भ किए हुए हैं । जाली जमानत नामे जैयार करने वाले गिरोह के सरगना हरि प्रकाश उर्फ हरि देव तथा उसके साथी का पुलिस ने 9 अप्रैल तक रिमांड प्राप्त किया हुआ है । उससे काफी जाली दस्तावेज, मोहरें आदि बरामद की गई हैं ।

मृतक आतंकवादी की शिनाख्त : स्थानीय लोक निर्माण कार्यालय में गत दिनों कार में सशस्त्र डाका डालने के पश्चात् रात्रि को पुलिस मुठभेड़ में मारे गए दो आतंकवादियों में से एक की पहचान उसके गांव की पंचायत ने कर ली है । मृतक अमरीक सिंह पुत्र साहिब सिंह वासी मदर थाना खालड़ा था । पुलिस प्रवक्ता के अनुसार यह आतंकवादी जेल से ज़मानत पर रिहा होकर आया हुआ था ।

भगौड़ा गिरफ्तार : पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया है कि जिला पुलिस ने तरनतारन सी.आई.ए. स्टाफ के इंस्पैक्टर श्री दर्शन सिंह के गनमैन लखविन्द्र सिंह ,के एक भगौड़े साथी इंदरजीत सिंह पुत्र महिन्द्र सिंह वासी मलियां को गिरफ्तार किया है । आतंकवादी लखविन्द्र सिंह तथा उसका साथी जागीर सिंह पहले ही एक छीनी हुई मारुति वैन, एक राइफल ए.के. 47, एक मैगजीन, 22 गोलियों तथा एक हथगोले सहित पकड़े जा चुके हैं ।

ट्रक चालक की हत्या : फरीदकोट : आतंकवादियों ने गत रात कोटकपूरा-लहरागागा रोड पर दो ट्रकों पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं जिससे एक ट्रक का चालक जसबीर सिंह मारा गया और दूसरे ट्रक का चालक बलबीर सिंह घायल हो गया ।

बड़े दखी
हमारे प्यारे
1990 दिना
उनकी आत्मि
रस्म पगड़ी स
1 बजे से
कपूरथला में
मलव

रहे
तु
जो
तुमको
अत्यन्त
अशोक कुमा
सिधार गये हैं
1990 दिना
स्थान पलटा
पड़ेगा ।
शोकग्रस्त

नोट : अलग

आवागमन
जो हृदय घा
हमारे परम
नैयर आज के दि
बंधनों से मुक्त
सदैव के लिए उ
के फूल अर्पित
M/s. Gau
M/s. Nid
M/s. Nid
J.K. Nayy
Tel: 22076

अत्यन्त द
हमारे पूज्य श्र
1990 को स
(किरया) दिना
धर्मशाला पिश
में होगी ।
श्रीमती राज
(दामाद), अ
चोपड़ा (पुत्र
(पौत्र) ।
M.L. Ch
Exchange
S.K. Cho
House, Mo

With p
that our
Aggarwa
Lal Aggar

वनी : अमरीका के वाणिज्य
कि अगर भारत ने अमरीकी
र्तमान नीति में ढील नहीं दी तो
ातीनी देशों में पूंजी विनियोग

-कांड के शहीदों
तों के लिए
ोष की घोषणा

(कमलेश) : बटाला बम कांड
लोगों के अभिभावकों की
ता कोष बनाने की घोषणा
बदकी एक बैठक में गत दिवस
क श्री गदाधर राव यादव की
क में बम कांड के शहीदों को
ी गई तथा एक प्रस्ताव पास
ह किया गया कि उग्रवाद को
केवल जबानी ही दमगजे न
त कड़े व असरदार पग उठाए
सहायता ली जाए ।



र जयन्ती के उपलक्ष्य में नई
में स्थित अहिंसा स्थल पर
हाए । (छाया : पै.ट.)

महावीर जयंती
से मनाई गई

(कपूर) : भगवान महावीर
पर में बड़ी धूमधाम व
गई । इस सम्बन्ध में श्री
मृतसर की ओर से एक भव्य
न स्मारक हाल, गोल बाग में
, जिसमें वक्ताओं द्वारा श्री
र रोशनी डाली गई । इस
वों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम
ाधीश स. सर्बजीत सिंह इस
थि थे । दोपहर को सभा की
का आयोजन किया गया ।

सभा, अमृतसर की ओर से
के सम्बन्ध में एक समारोह
ानीय जैन श्वेताम्बर मंदिर,
र में किया गया जिसमें भारी
रुषों व बच्चों ने भाग लिया ।

ा मार्ग अपनाएं

(कम्बोज) : महावीर जयंती
ती लाल जैन ने पंजाब तथा देश
ल की है कि वे हिंसा को छोड़
पनाएं ताकि देश की एकता व
के ।
ीमती लाल नैन ने बताया कि
ी के उपलक्ष्य में पराना बाजार

मृतक आतंकवादी की शिनाख्त : स्थानीय लोक निर्माण कार्यालय में गत दिनों कार में सशस्त्र डाका डालने के पश्चात् रात्रि को पुलिस मुठभेड़ में मारे गए दो आतंकवादियों में से एक की पहचान उसके गांव की पंचायत ने कर ली है । मृतक अमरीक सिंह पुत्र साहिब सिंह वासी मदर थाना खालड़ा था । पुलिस प्रवक्ता के अनुसार यह आतंकवादी जेल से जमानत पर रिहा होकर आया हुआ था ।

भगौड़ा गिरफ्तार : पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया है कि जिला पुलिस ने तरनतारन सी.आई.ए. स्टाफ के इंस्पैक्टर श्री दर्शन सिंह के गनमैन लखविन्द्र सिंह ,के एक भगौड़े साथी इंद्रजीत सिंह पुत्र महिन्द्र सिंह वासी मलियां को गिरफ्तार किया है । आतंकवादी लखविन्द्र सिंह तथा उसका साथी जागीर सिंह पहले ही एक छीनी हुई मारुति वैन, एक राइफल ए.के. 47, एक मैगजीन, 22 गोलियां तथा एक हथगोले सहित पकड़े जा चुके हैं ।

ट्रक चालक की हत्या : फरीदकोट : आतंकवादियों ने गत रात कोटकपूरा-लहरागागा रोड पर दो ट्रकों पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं जिससे एक ट्रक का चालक जसबीर सिंह मारा गया और दूसरे ट्रक का चालक बलबीर सिंह घायल हो गया ।

दो गिरफ्तार : भटिंडा : जिला पुलिस ने तेज सिंह और भीला सिंह नामक दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इनके कब्जे से 12 बोर की एक पिस्तौल तथा 38 बोर की एक रिवाल्वर और कुछ कारतूस बरामद किए गए हैं ।

सुरक्षा प्रबन्ध कड़े : फिरोजपुर में 'बागी' के अनुसार जिला पुलिस ने इन सूचनाओं के दृष्टिगत सुरक्षा के व्यापक प्रबन्ध किए हैं कि आतंकवादी जिला मुख्यालय पर बड़े पैमाने पर हिंसा करने की योजना बना रहे हैं । एस.एस.पी. श्री सुरजीत सिंह ने बताया है कि नौ सुरक्षा चौकियां स्थापित की गई हैं, इनमें चार चौकियां फिरोजपुर छावनी में और 5 शहर में बनाई गई हैं । इसके अलावा बम निष्क्रिय करने वाले दस्तों को भी चौकस रहने को कहा गया है ।

उन्होंने बताया कि अबोहर में 5 तथा फाजिल्का में 4 स्थायी पुलिस चौकियां स्थापित की गई हैं । इसके अलावा सिविल डिफैंस कर्मचारियों भी बनाई गई हैं । पुलिस ने इस क्षेत्र में सक्रिय के.सी.एफ. के एक गिरोह का भी भांडा फोड़ने में सफलता पाई है । तीन भाइयों का यह गिरोह कई हत्याओं में लिप्त था । एक भाई बलदेव सिंह गत दिवस मारा गया था जबकि उसके दो भाई निरवैर सिंह और बेअंत सिंह फरार हैं ।

वैन छीन ली : बटाला (कोछड़): जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार आज रात्रि थाना सदर बटाला के क्षेत्र अचल साहिब के निकट से 2 सशस्त्र उग्रवादी एक मारुति वैन बी.आई. ओ. 9332 छीन कर ले गए ।



गत रात फिरोजपुर मंडी गुरुहरसहाय में एक शैलर मालिक के हाथों मारे गये आतंकवादी का चित्र, जिसकी शिनाख्त बी.टी.एफ. के लैफ्टिनैंट जनरल सुरजन सिंह उर्फ काला के रूप में हुई है । (छाया : मलिक)

टोहरा धार्मिक नेता बनें या

Punjab Kesari Amritsar

Tel: 2207601, 2
अत्यन्त दखी
हमारे पूज्य श्री भो
1990 को स्वर्ग
(किरया) दिनांक 9
धर्मशाला पिशोरिय
में होगी ।
श्रीमती राज रानी
(दामाद), अनिल
चोपड़ा (पुत्र),
(पौत्र) ।
M.L. Chopr
Exchange Buil
S.K. Chopr
House, Moti
With profo
that our rev
Aggarwal S
Lal Aggarwa
abode on Sat
1990. Rasar
Monday the 9
Public School
Batala at 1.0
Kaushalya
Nath, Mada
Sukhdev K
Naresh Ku
Lal, Rakes
Kumar (Nep
M/s.
Gandhi C
IN
OF
His no





पुलिस जिला बटाला में थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव माड़ी बुच्चियां के निकट मुठभेड़ में मारा गया (1) के.एल.एफ. का स्वयंभू लै. जनरल जगराज सिंह उर्फ़ तूफान सिंह तूफान और (2) उसका साथी कश्मीर सिंह उर्फ़ बख्शीश सिंह शीरा । (3) घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए सीमा रेंज के आई.जी.एम.एस. भुल्लर, एस.एस.पी. सुमन्त कुमार गोयल व अन्य बी.एस.एफ. अधिकारी। (4) बरामद आधुनिक ए.के. 94 राइफल, जिसके साथ 100 राऊण्ड चलने का ड्रम लगा है । (5) बरामद आधुनिक ए.के. 47 राइफल जिसके साथ रॉकेट लांचर व टैलिस्कोप लगा है । (6) घटनास्थल पर एकत्रित भीड़ को नियंत्रित करते हुए सुरक्षा बल के जवान । (छाया : कोछड़)

कुख्यात आतंकवादी तूफान सिंह तूफान और उसका साथी मुठभेड़ में मरे : 3 उग्रवादी गुट संघर्ष में मारे गए

चंडीगढ़, 8 अप्रैल (वार्ता): पंजाब में आज सुबह तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स का स्वयंभू लैफ्टीनैंट जनरल जगराज सिंह उर्फ तूफान सिंह तूफ़ान तथा उसका साथी बख्शीश सिंह शीरा मुठभेड़ में मारे गए । अन्यत्र गुट संघर्ष में तीन आतंकवादी मारे गए । पुलिस की सतर्कता से जालन्धर में रक्तिम कांड टल गया । आतंकवादियों ने एक रिटायर्ड डी.एस.पी. व अकाली नेता सहित 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी ।

राज्य के पुलिस महानिदेशक श्री कंवर पाल सिंह गिल ने बताया कि तूफ़ान सिंह तूफ़ान बटाला पुलिस जिले के तहत माड़ी बुच्चियां गांव के निकट एक घंटे की मुठभेड़ में मारा गया । वह डेढ़ सौ से अधिक हत्याओं के लिए जिम्मेदार था तथा उस पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित था । मारे गए उसके साथी का नाम बख्शीश सिंह उर्फ़ शीरा बताया गया है, जो जगराज सिंह उर्फ़ तूफ़ान सिंह तूफ़ान का घनिष्ठ साथी था ।

तूफ़ान सिंह तूफान और शीरा महल सिंह के डेरे से आ रहे थे । ब्यास नदी के किनारे उनके साथ सुरक्षा बलों की मुठभेड़ हुई । आतंकवादियों ने अत्याधुनिक हथियारों और हथगोलों का इस्तेमाल किया । मुठभेड़ में दोनों आतंकवादी घटनास्थल पर ही मारे गए ।

पुलिस प्रमुख ने कहा कि तूफ़ान सिंह तूफ़ान का मारा जाना इस वर्ष सुरक्षा बलों की पहली प्रमुख सफलता है ।

श्री गिल ने बताया कि घटनास्थल से एक मैगजीन सहित एक ए.के. 94 राइफल, दो ए.के. 47 राइफलें, दो माऊज़र, एक दर्जन हथगोले और भारी मात्रा में गोली-बारूद बरामद हुआ । उन्होंने बताया कि ए.के. 47 राइफल के साथ एक लघु राकेट प्रक्षेपक तथा एक दूरबीन लगी थी ।

श्री गिल ने कहा कि जगराज सिंह 1987 में होशियारपुर जेल से भाग गया था । खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के प्रमुख गुरजंट सिंह बुधसिंह वाला का नायब जगराज सिंह सीमा सुरक्षा बल के डिप्टी कमांडैंट देवेन्द्र सिंह, सहायक कमांडैंट लक्ष्मण सिंह और एक सहायक निरीक्षक की हत्या के लिए जिम्मेवार था ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. गोयल ने बताया कि यह आतंकवादी अमृतसर, गुरदासपुर, कपूरथला ओर होशियारपुर जिलों में सक्रिय था ।

उन्होंने कहा कि जगराज सिंह की पत्नी अजंता भी अपने पति के साथ कई आतंकवादी गतिविधियों में शामिल थी । वह पटियाला के राष्ट्रीय खेल संस्थान एन.आई.एस. से प्रशिक्षित कोच थी ।

उन्होंने बताया कि मुठभेड़ सुबह करीब सात बजे शुरू हुई जब गश्त लगा रहे सुरक्षा जवानों ने एक ट्रैक्टर को रुकने का संकेत किया तो दो आतंकवादियों ने गोलियां चलानी शुरू कर दीं । उन्होंने अंधाधुंध हथगोले भी फैंके ।

बटाला से 'चौधरी' के अनुसार दोनों उग्रवादी माड़ी बुच्चियां के डेरे में बैठे थे । सुरक्षा बलों को देख कर उग्रवादियों ने उन पर गोली चला दी और बाद में ट्रैक्टर पर फरार होने की कोशिश की मगर सुरक्षा बलों द्वारा घेराबंदी कर ली गई । दोनों तरफ से लगभग 2 घंटे तक गोलीबारी होती रही थी ।

इनाम दिया जाएगा : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार श्री एम.एस. भुल्लर, आई.जी. सीमा रेंज, श्री जी.आई.एस. भुल्लर, डी.आई.जी. सीमा रेंज, श्री उदयवीर सिंह डी.आई.जी. बी.एस.एफ. व एस.एस.पी. श्री सुमन्त कुमार गोयल ने घटना का विवरण देते हुए पत्रकारों को बताया कि इस मुठभेड़ में साहसिक कार्रवाई करने वाले अधिकारियों व जवानों को प्रोत्साहन स्वरूप इनाम व तरक्की दी जाएगी ।

थाने का घेराव : घटना स्थल का दौरा करने वाले पत्रकारों ने देखा कि आसपास के गावों से दोनों मृतक आतंकवादियों के समर्थक ग्रामीण, जिनमें इनके परिवार की महिलाएं भी शामिल थीं, ट्रालियों, साइकिलों पर सैंकड़ों की गिनती में घटना स्थल पर एकत्र हो गए और श्री हरगोबिन्दपुर सहित आसपास के कस्बे बंद हो गए । प्राप्त विवरण के अनुसार इनके समर्थक सैंकड़ों ग्रामीणों ने थाना श्री हरगोबिन्दपुर का घेराव किया जिस पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है लेकिन स्थिति विस्फोटक बनी हुई है । सभी जिला अधिकारी सीमा पर चले गये हैं ।

श्री हरगोबिंदपुर में कर्फ्यू : अमृतसर में प्राप्त सूचना के अनुसार उग्र भीड़ द्वारा थाना श्री हरगोबिंदपुर का घेराव किए जाने के बाद कस्बा श्री हरगोबिंदपुर में अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है । भीड़ में लगभग पांच हजार महिलाएं भी शामिल थीं । भीड़ कथित आतंकवादियों जगराज सिंह और उसके साथी के शवों की मांग कर रही थी । सूचना के अनुसार उग्र भीड़ ने पंजाब रोडवेज की एक बस भी जला डाली ।

बटाला से चौधरी की सूचना है कि थाना श्रीहरगोबिन्दपुर का घेराव यथापूर्व जारी है ।

सेवानिवृत्त डी.एस.पी., अकाली नेता और 4 निहंगों सहित 8 लोगों की हत्या : जालन्धर में रक्तिम कांड टला

अधिकारियों ने गुरदासपुर से और कुमक तलब कर ली है । श्रीहरगोबिन्दपुर और कादियां के बीच बस सेवा निलम्बित कर दी गई है ।

बटाला से कर्फ्यू हटा : बटाला शहर से आज सुबह सात बजे कर्फ्यू हटा लिया गया । जिला मैजिस्ट्रेट एस.एस. चन्नी ने बताया कि शहर में स्थिति सामान्य है ।

श्री चन्नी ने कहा कि बम विस्फोट में मारे गए 33 लोग और घायल हुए 88 लोगों के शोकाकुल परिवारों के बीच 18.65 लाख रुपए की सहायता राशि बांटी जा चुकी है । उन्होंने बताया कि अब अमृतसर के एस.जी.टी.बी. अस्पताल में केवल तीन घायल हैं । उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह आतंकवादियों के हमले में घायल पंजाब सशस्त्र पुलिस के तीन जवानों को कुल 14 हजार रुपए दिए जा चुके हैं ।

हैडकांस्टेबल की हत्या : पुलिस जिला बटाला के गांव बलपुरियां में आज रात्रि उग्रवादियों ने पंजाब पुलिस के हैडकांस्टेबल अनूप सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

सेवानिवृत्त डी.एस.पी. की हत्या : अमृतसर जिले में ब्यास थाने के अंतर्गत चीमा बाठ गांव में कल आतंकवादियों ने अवकाश प्राप्त पुलिस उपअधीक्षक जोगिन्दर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादी जोगिन्दर सिंह के मकान में आए और उन्हें मार डाला । श्री जोगिन्दर सिंह 1988 में पुलिस से अवकाश ग्रहण करने के बाद लुधियाना में बस गए थे । वह कहीं अपने पैतृक गांव आए थे ।

ओझा की हत्या : आतंकवादियों ने मजीठा थाने के गांव शैजादा में एक ओझा भजन सिंह उर्फ़ भंगी बाबा की गोलियां मार कर हत्या कर दी । वह झाड़ फूंक करता था ।

दो निहंगों की हत्या, 3 घायल : पुलिस जिला मजीठा के गांव झब्बोवाल में आतंकवादियों ने गोलियां मार कर दो निहंगों की हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार ए.के. 47 राइफलों से लैस 6 आतंकवादियों के एक गिरोह ने गांव के बाहर स्थित निहंगों के डेरे पर हमला कर दिया तथा अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी, जिससे एक निहंग जिसकी शिनाख्त जिन्दा के रूप में की गई है तथा उसका गनमैन अजीत सिंह घटना स्थल पर ही मारे गए। 3 अन्य व्यक्ति भी घायल हो गए जिन्हें अमृतसर के अस्पताल में दाखिल किया गया है । इस बीच पुलिस ने आतंकवादियों की तलाश शुरू कर दी है, जो दो स्कूटरों पर फरार होने में सफल हो गए हैं ।

अमृतसर से नारंग के अनुसार उग्रवादियों के हमले से तीन अन्य व्यक्ति तारा सिंह, धर्म सिंह, लक्खा सिंह घायल हो गए ।

2 और निहंगों की मृत्यु : धर्म सिंह और लक्खा सिंह की बाद में अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

स्कूटर छीना : उग्रवादियों ने गुमटाला बाइपास पर एक व्यक्ति गुरदास सिंह निवासी रूपोवाली से उसका स्कूटर पी.आई.ए. 3577 छीन लिया ।

लावारिस अटैची केस से आतंक : अमृतसर में आज दोपहर के समय स्वर्ण मंदिर के बाहर मुख्य घंटाघर के निकट कार पार्क में एक लावारिस अटैची केस बरामद होने पर बम निष्क्रिय करने वाले दस्ते को बुलाया गया । पुलिस को इसमें विस्फोटक उपकरण लगे होने का संदेह था ।

अकाली नेता की हत्या : दसूहा से 'ज्ञान' के अनुसार आज दोपहर लगभग 1.30 बजे गांव हरसी के निकट दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने सर्कल अकाली जत्था टांडा (बादल) के प्रधान जत्थेदार सोहन सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि जत्थेदार सोहन सिंह उस समय गांव बड़ढी में अपने किसी रिश्तेदार से मिल कर वापस टांडा जा रहे थे । उनकी टांडा में स्पेयर पार्ट्स की दुकान थी । उल्लेखनीय है कि वह पहले भी आतंकवादियों ने उन पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया था ।

गुट संघर्ष में 3 उग्रवादी मरे : बाघा पुराना से 'ज्ञान' के अनुसार आज तड़के लगभग 3 बजे गांव ढिलवां के निकट गुट संघर्ष में 3 आतंकवादियों के मारे जाने की सूचना है । उनकी शिनाख्त रेशम सिंह व सुबा सिंह, दोनों निवासी रामबाला जलालका तथा खुशी सिंह निवासी भोंडीपुरा के रूप में हुई है । पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों ने तीनों को उनके घर से उठा लिया तथा उन्हें जीप के पीछे बांध कर घसीटते हुए गांव ढिलवां के निकट ले आये । वहां उन्होंने तीनों को गोली मार कर मार डाला । उनकी लाशें सुबह मिलीं । पुलिस ने घटना स्थल से एक पर्ची बरामद की है जिसके अनुसार सैफरन टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान के प्रमुख रणजीत सिंह चंदबाला ने तीनों की हत्या की जिम्मेदारी ली है । घटना स्थल से तीन भरे हुए पिस्तौल भी बरामद हुए हैं ।

4 लुटेरे गिरफ्तार : फरीदकोट पुलिस ने

(शेष पृष्ठ 8 पर)

कांग्रेस (इ) कार्यसमिति ने देश में विघटनकारी ताकतों द्वारा सिर उठाने पर गहरी चिन्ता जताई

नई दिल्ली, 8 अप्रैल (प.स., वार्ता): कांग्रेस (इ) कार्य समिति ने देश के विभिन्न भागों में विघटनकारी ताकतों के सिर उठाने पर गहरी चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा है कि राष्ट्रीय मोर्चा सरकार की अकर्मण्यता और आंतरिक मतभेदों के कारण आज कश्मीर, पंजाब और असम में यथार्थ में आतंकवादियों का राज हो गया ।

कांग्रेस (इ) की वृहद कार्य समिति की कल रात समाप्त हुई दो दिवसीय बैठक में देश की राजनीतिक और आर्थिक स्थिति के बारे में मंजूर किए गए

कश्मीर के बारे में वक्तव्य में कहा गया है कि आज वहां एक गम्भीर संकट पैदा हो गया है । साम्प्रदायिक और धार्मिक कट्टरपंथी आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन को ठप्प कर दिया है । संकट की जटिलता समझने अथवा समस्या का राजनीतिक-प्रशासनिक समाधान ढूंढने की बजाय श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह सरकार ने राष्ट्रीय हित उन लोगों के पास गिरवी रख दिए हैं, जिन्होंने प्रशासन को बंधक बना रखा है । वक्तव्य में कहा गया है कि जिस क्षण बंधकों के आगे समर्पण किया, तभी से उसने विघटनकारियों के हाथों में अपने को सौंप दिया । इससे प्रशासन पूरी तरह से हतोत्साहित हो गया है । सरकार के इस कदम से इन ताकतों के

छोटी-सी बात ... रंगा

हम अमीरों से पैसा लेकर उसे गरीबों पर खर्च करेंगे ।

—मधु दंडवते



Punjab Sahitani

के बदले रिहा एक उग्रवादी

केंद्रीय गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद
सईद की रिहाई के बदले रिहा किए
मीर लिबरेशन फ्रंट के एक कट्टर
अलमद जरगर को सुरक्षा बलों ने
गिरफ्तार कर लिया ।
क सूत्रों के अनुसार सुश्री रुबिया
के बदले जिन 5 कट्टर उग्रवादियों
गया था, उनमें जावेद भी शामिल

संबंध तोड़े : आई.ए.एन.एस. के
-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट की ब्रिटिश
है कि उसने पाकिस्तान से अपने संबंध
किन यह संगठन स्वतंत्र कश्मीर के
संघर्ष जारी रखेगा । कल यहां
के महासचिव शबीर चौधरी ने
हैं 'इलाहे पाकिस्तान' की व्यर्थता का
है ।

यों से सम्पर्क के प्रयास जारी :
ाओं के अनुसार अधिकारी
ओं से सम्पर्क स्थापित करने का प्रयास

ं से प्रतिबंध
ले लिया गया

को भी महल में बातचीत के लिए
। श्री भट्टाराई और श्री कोइराला को
बाद नज़रबंदी से रिहा किया गया ।

ठमांड के कुछ उत्तरी जिलों में आज
से 8 बजे के बीच कर्फ्यू में ढील दी
न नगर के बाकी हिस्सों पाटन और
र्फ्यू सख्ती से लागू किया गया ।
में बड़े पैमाने पर हिंसा और पुलिस की
र्थक आंदोलनकारियों से झड़पों के बाद
रात कर्फ़्यू लगाया गया था ।
ों के अनुसार 2 लाख लोगों की भीड़ पर
रेग से लगभग 200 लोग मारे गए ।
हा कि इसमें 10 लोग मरे और 107
।

क निकालने का काम शुरू :
न पर्यटकों सहित भारतीयों तथा विदेशी
ो बाहर निकालने का काम शुरू हो

ने क्यों जल मरते हैं ?

र, 8 अप्रैल (प्रे.ट्र.): एक विशेषज्ञ श्री
शर्मा ने खोज करके यह निष्कर्ष
कि परवाने व अन्य उड़ने वाले कीट
ओर इसलिए आकर्षित होते हैं क्योंकि
ा में उन्हें यौन साथी या शिकार मिलने
आशा होती है लेकिन इसके विपरीत
ते हैं ।

फ हुसैन द्वारा आमरण
अनशन शुरू

र, 8 अप्रैल (प.स.): महाजिर कौमी
अध्यक्ष अल्ताफ हुसैन ने आज आमरण
रू कर दिया । वह सरकार द्वारा अपनी
गें मानने का अनुरोध कर रहे हैं ।

लोगों के बीच पैदा
है : अजीत सिंह

की है ।

जम्मू-कश्मीर स्टूडैंट्स लिबरेशन फ्रंट (के.जे.एस.एल.एफ.) के सदस्यों ने आज सुबह श्रीनगर में कुछ संवाददाताओं को बताया कि 'अर्द्ध सैनिक बल हम तक नहीं पहुंच सकते और यदि हमारे

(शेष पृष्ठ 8 पर)

एक ऐसा खाता भी शामिल है, जिसके धारक का नाम अभी गुप्त है । खातों को सील करने की यह कार्रवाई जांच ब्यूरो द्वारा ए.बी. बोफोर्स कम्पनी तथा कुछ अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध दिल्ली की एक अदालत में फौजदारी मामला दर्ज किए जाने के चार दिन बाद की गई थी ।

पुरस्कार से सम्मानित किया गया है । इनमें आचार्य सुशील मुनि, वैज्ञानिक अब्दुल कलाम, पार्श्व गायिका लता मंगेशकर, साहित्यकार अमृता प्रीतम, क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर, उच्चतम न्यायालय के अवकाश प्राप्त न्यायाधीश डी.ए. देसाई और पत्रकार गिरि लाल जैन शामिल हैं ।



पुलिस जिला बटाला में थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव माड़ी बच्चियां के निकट मुठभेड़ में मारा गया (1) के.एल.एफ. का स्वयंभू लै. जनरल जगराज सिंह उर्फ तूफान सिंह तूफान और (2) उसका साथी कश्मीर सिंह उर्फ बख्शीश सिंह शीरा । (3) घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए सीमा रेंज के आई.जी.एम.एस. भुल्लर, एस.एस.पी. सुमन्त कुमार गोयल व अन्य बी.एस.एफ. अधिकारी। (4) बरामद आधुनिक ए.के. 94 राइफल, जिसके साथ 100 राऊण्ड चलने का ड्रम लगा है । (5) बरामद आधुनिक ए.के. 47 राइफल जिसके साथ रॉकेट लांचर व टैलिस्कोप लगा है । (6) घटनास्थल पर एकत्रित भीड़ को नियंत्रित करते हुए सुरक्षा बल के जवान । (छाया : कोछड़)

भाजपा ने इसी के साथ अगले पांच स
लिए अपनी राजनीतिक रणनीति तैयार की
को देश की एक बड़ी राजनीतिक शक्ति के
उभारने के लिए रणनीति की रचना की गई
तय किया गया कि पार्टी की शक्ति को पूर्व
और दक्षिण भारत में भी फैलाया जाएगा । इ
केरल, सिक्किम और मिजोरम को छोड़ कर
इकाइयां सभी राज्यों में सक्रिय हैं । इन राज्
पार्टी की गतिविधियां बढ़ाये जाने के बारे में
तैयार की है । सूत्रों के अनुसार भाजपा के
नेता इस बात से बहुत प्रसन्न हैं कि उन्हें देश
भारी समर्थन मिल रहा है और पार्टी
ईमानदारी, निष्ठा व देश भक्ति के साथ देश
'राजनीतिक विकल्प' तैयार कर सकती है ।
कई वरिष्ठ नेता इस बात के प्रति बहुत आश
कि अगले पांच सालों में भाजपा अकेले
सरकार बनाने में भी सफल हो सकती है ।

भाजपा ने अपनी तीन दिवसीय बैठक में
के मुद्दे पर गहरी चिन्ता व्यक्त की । बैठ
मुद्दे को लेकर सदस्य काफी उत्तेजित
वर्तमान सरकार से नाराज भी थे कि वह
कठोरता नहीं दिखा पा रही है । भाजपा ने
पर एक विशेष प्रस्ताव पास करके पाकि
विरुद्ध अत्यन्त कड़ा रुख अपनाया । स
कहना था कि जब भारत सरकार को मा
पाकिस्तान, विशेषकर पाक अधिकृत क
कहां-कहां आतंकवादियों को प्रशिक्षण दि
है तो वहां सैनिक कार्रवाई करके उन अड्
नहीं उड़ा दिया जाता है ।

सदस्यों का मत था कि पाक अधिकृत
सैनिक कार्रवाई करने से भारत सर
हिचकिचाना नहीं चाहिए क्योंकि वैसे
जानता है कि सम्पूर्ण कश्मीर भारत का ए
अंग है । सदस्यों ने यहां तक कहा
पाकिस्तान इस बात को लेकर कोई दु
सैनिक कार्रवाई करता है, तो भारत
मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहना
प्रस्ताव में भी कहा गया है कि पाकिस्तान
भारत के विरुद्ध अघोषित युद्ध छेड़ रखा

पंजाब : बैठक में पंजाब की वि
स्थिति पर भी विचार हुआ । भारतीय जन
पंजाब में स्थिति में सुधार लाने के लि
सुझाव दिया है, जिसमें राज्य की पाकिस्ता
वाली सीमा सील करने तथा आतंकवाद
के लिए सेना की मदद लेना शामिल है
राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पंजाब
अध्यक्ष श्री मदन मोहन मित्तल द्वारा पेश
आज विस्तार से चर्चा हुई । रिपोर्ट में रा
आठ वर्ष से जारी आतंकवाद के लिए का
गलत नीतियों को जिम्मेदार ठहराया गया
अनुसार राज्य में आतंकवाद जारी रह
कारणों में इस मामले में पाकिस्तान का
वर्तमान सरकार की नर्म नीति, समझ
और स्पष्ट नीति का अभाव शामिल है
कहा गया है कि राज्य के अनेक भागों में
का शासन नहीं है और पुलिस-मनोबल
है । अब आतंकवादियों की गतिवि
देहातों तक सीमित नहीं हैं ।

कुख्यात आतंकवादी तूफान सिंह तूफान और उसका साथी मुठभेड़

चंडीगढ़, 8 अप्रैल (वार्ता): पंजाब में आज सुबह तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स का स्वयंभू लैफ्टीनैंट जनरल जगराज सिंह उर्फ तूफ़ान सिंह तूफ़ान तथा उसका साथी बख्शीश सिंह शीरा राकेट प्रक्षेपक तथा एक दूरबीन लगी थी ।

श्री गिल ने कहा कि जगराज सिंह 1987 में होशियारपुर जेल से भाग गया था । खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के प्रमुख गुरजंट सिंह बुधसिंह वाला

विवरण देते हुए पत्रकारों को बताया कि इस मुठभेड़ में साहसिक कार्रवाई करने वाले अधिकारियों व जवानों को प्रोत्साहन स्वरूप इनाम व तरक्की दी जाएगी ।

अधिकारियों ने गुरदासपुर से और कुम
ली है । श्रीहरगोबिन्दपुर और कादिया
सेवा निलम्बित कर दी गई है ।

बटाला से कर्फ़्यू हटा : ब

4-1990

ताया कि अखिल भारतीय
धिवेशन मई में संसद सत्र के
फैसला किया गया । स्थान
गया है । पार्टी का पूर्ण
क चुनाव के तुरंत बाद
करने का फैसला किया गया

ताया कि कार्यसमिति की दो
टे तक खुलकर विचार हुआ
की गईं । चर्चा में कुल 67
बैठक में पार्टी के संविधान में
स प्रस्तावों पर विचार किया
कि संविधान में संशोधन
(इ) कमेटी की मंजूरी और
ट के बाद ही हो सकता है ।
क में मुख्य जोर इस बात पर
र्थों में विपक्षी दल की तरह
था सार्वजनिक मुद्दों पर संघर्ष
स जीतना चाहिए । सदस्य
खिलाफ थे कि जोड़तोड़ के
जाए । बैठक में इस बात पर
नुशासनहीनता और गुटबंदी
चाहिए । सभी स्तर पर पार्टी
य करने पर भी जोर दिया

कार ने काम के अधिकार को
मिल करने का वायदा किया
वायदे को पूरा कराने के लिए
कांग्रेस (इ) और भारतीय
कार्यकर्त्ता 25 अप्रैल से 10
देश स्तर की बैठकें करेंगे ।
इस सम्बन्ध में ज्ञापन देने के
क्षर अभियान की रूप रेखा
ई में सभी जिलों से हस्ताक्षर
ग्रेस (इ) और राष्ट्रीय छात्र
त मुख्यालय भेजे जाएंगे ।
लूस की शक्ल में प्रधान मंत्री
ने का कार्यक्रम है । दोनों
राज्यों की राजधानियों और
र धरना, प्रदर्शन तथा
ी कार्यक्रम है ।

में ढील के कारण
: उग्रवाद की लपेट
: जांच रिपोर्ट

ल (कमलेश): "स्वर्गीय श्री
पी. बटाला को वहां से हटाने के
में ढिलाई के कारण ही बटाला
उग्रवाद की लपेट में पुनः आ
जांच रिपोर्ट का निष्कर्ष, जो
ीय जांच कमेटी ने अपनी जांच
यद्यपि जांच रिपोर्ट प्रैस को
है तो भी विश्वसनीय सूत्रों से
मिली है ।

धर्म सम्मेलन

ल : श्री महंत राम दयाल दास
शाल धर्म एवं विश्व शांति
अप्रैल तक ढंढार मंदिर, बस्ती
आयोजित किया जाएगा ।

कुख्यात आतंकवादी तूफान सिंह

(पृष्ठ 3 का शेष)

4 लुटेरों को गिरफ्तार किया है । उनके पास से एक रिवाल्वर, एक 315 बोर की पिस्तौल, दो 12 बोर की पिस्तौलें तथा लगभग 2 दर्जन कारतूस बरामद हुए हैं । उनकी शिनाख्त बलविंदर सिंह, लाल सिंह, हरजिन्दर सिंह तथा गुरदीप सिंह निवासी बुट्टर कलां के रूप में की गई है ।

जालन्धर में रक्तिम कांड टला : जालन्धर (वि.प्र.): पुलिस की सतर्कता एवं सावधानी से जालन्धर में कुछ प्रमुख लोग उग्रवादियों का शिकार होने से बच गए और एक रक्तिम कांड टल गया ।

बताया गया है कि 7 अप्रैल रात 9.30 व 10 बजे के बीच जालन्धर छावनी से लाल रंग की एक मारुति वैन नगर की ओर आ रही थी । बी.एम.सी. चौक के पास पंजाब पुलिस का नाका लगा हुआ था । पुलिस ने उस वैन को रोकना चाहा मगर उसमें सवार तीन व्यक्ति तेजी से उसे भगा कर ले गए लेकिन सतर्क पुलिस कर्मियों ने उस वैन का पीछा किया । थोड़ी ही दूरी पर ए.पी.जे. कालेज के निकट पुलिस वालों ने उस वैन को घेर लिया । उसमें सवार एक युवक कंवरदीप सिंह को पकड़ लिया गया जबकि उसके दो साथी भागने में सफल हो गए । जिस युवक कंवरदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया है, वह मुहल्ला करारखां जालन्धर का रहने वाला है और स्थानीय खालसा कालेज का का बी.ए. द्वितीय वर्ष का छात्र है । उसके कब्जे से पुलिस ने ए.के. 47 राइफल, उसके 2 भरे मैगजीन और उसकी 200 गोलियां बरामद की हैं ।

उसके जो दो साथी भाग गए हैं, उनके नाम हैं भूपेन्द्र सिंह उर्फ जगरूप सिंह और गुरचरण सिंह । यह दोनों पहले ही घोषित भगौड़े हैं । भूपेन्द्र सिंह उर्फ जगरूप सिंह थाना बंगा के गांव खनान का रहने वाला है जबकि गुरचरण सिंह थाना नूरमहल के गांव बिल्गा का रहने वाला है ।

उपरोक्त तीन आतंकवादियों का सम्बन्ध खालिस्तान कमांडो फोर्स से बताया गया है । पता चला है कि जो लाल रंग की बिना नम्बर की मारुति वैन पकड़ी गई है वह किसी से छीनी हुई है । बताया गया है कि इन लोगों ने गत 4 अप्रैल को लुधियाना से नकोदर के लिए यह मारुति वैन किराए पर ली लेकिन ड्राइवर को झांसा देकर वैन को ले उड़े । इस वैन का असली नम्बर पी.सी.एन. 2742 है । मगर उग्रवादियों ने नम्बर प्लेट उखाड़ दी थी और आज बिना नम्बर के ही चल रही थी ।

पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में आतंकवादी कंवरदीप सिंह ने स्वीकार किया है कि उनकी योजना जालन्धर के कुछ प्रमुख लोगों की हत्या करने की थी ।

3 संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार : फिरोज़पुर (कन्तोड़): एस.एस.पी. फिरोज़पुर ने बताया है कि गत रात लगभग 9 बजे पुलिस ने थाना घलखुर्द के गांव पतली के निकट से तीन संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । पूछताछ के पश्चात उन्होंने अपने नाम केवल सिंह, मुख्तयार सिंह और लखबीर सिंह बताए हैं । उनके कब्जे से एक 12 बोर की बन्दूक, 315 बोर की एक पिस्तौल तथा गोली-सिक्का बरामद किया गया है ।

इसी दौरान पता चला है कि जीरा कस्बे से यादवेन्द्र पुत्र ईश्वर लाल तथा गांव मलसीयां के एक व्यक्ति दरबारा सिंह का गत 6 अप्रैल को अपहरण

कश्मीर घ

(पृष्ठ 3

तीनों सहयोगी कल अपरा
गए तो हम अपहृत्त 3 व्य

सूत्रों के अनुसार क
किया गया है और उनसे
है । गिरफ्तार कुछ व्यक्ति
कल सायं विशेष विमान

इस बीच आधिकारि
मामलों के प्रभारी अति
उल्ला खान को आज 'उल
उग्रवादी संगठन का धम
खान को अपहर्त्ताओं से ब
है ।

1500 घरों की
पिछले दो दिन में कश्मी
तलाशी ली और उन
आधिकारिक सूत्रों के अ
कांग्रेस (इ) नेता मौलवी
समेत कई नेताओं के घ
छापे मारे गए हैं । सूत्रों
पर छापे के दौरान कुछ
दो उग्रवादी मिले हैं । स
300 से अधिक लोग
से 90 को बाद में पूछ
गया ।

सूत्रों ने बताया कि
के दौरान 250 से अधि
किया है, जिनमें से 5 ज

सूत्रों ने आज रात
जगमोहन के निर्देशा
उग्रवादियों की धरपकड़

उग्रवादियों के
छापे : उग्रवादियों के
के घरों पर भी छापे मा
हिरासत में लिया गया है
में से एक निसार अहमद
भी शामिल है, जिनकी

सुरक्षा बलों ने 'ज
के 'उप-कमांडेंट' अब्द
शेख के घर की भी त

कर्फ्यू में ढील :
किश्तवाड़ कस्बे में सु
घंटे की ढील दी गई है,
रात का कर्फ्यू अभी ज

जम्मू शहर में स्थि
दिन में रात का कर्फ्यू

एक लाख
घोषणा : राज्य स
घोषणा की है कि जो
जानकारी उपलब्ध क
पुरस्कार दिया जाएगा

सूत्रों के अनुसार
अतिरिक्त मुख्य सचि
मुशीर उल हक, उन
और एच.एम.टी. के
रिहाई के लिए अपह
का काम सौंपा गया है

केंद्र से बातची
इसी बीच कश्मीर

आयोजित किया जाएगा ।
क्षा श्री स्वामी मोहन दास

ज्ञापन

ला सूचना

र, रंगदार, B/W टैलीविज़न,
ा कोर्स में दाखिला शुरू, मिलें :
र्निंग कालेज, सामने बस स्टैंड,

न, रंगदार, VCR, ट्रांज़िस्टर,
ाशन, टूक, कार, बार-बैंडर,
क कोर्स, रिहायश उपलब्ध ।
िंसीपल, टी.आई.टी. कालेज,
ी जालंधर शहर ।

ेनकें

ारा नज़र टैस्ट करवाने हेतु
रानी दुकान मनोहर आप्टीकल
ामने सदर पुलिस स्टेशन,

जायदाद/प्लाट

ख्याद खरीदने/बेचने हेतु मिलें :
32, डिफैंस कालोनी, जालंधर ।

न, मध्य शहर में बिकाऊ है ।
हाऊस, मुकेरियां ।

ाट उपलब्ध, निकट जे.पी. नगर,
5 मरला में वाजबी दामों पर,
नगर से पैदल 5 मिनट की दूरी,
ं आधार पर, कुछ प्लाट बाकी,
ित्ता से बचें । मिलें : हैपी होम
जैनियों में एक विश्वस्तनाम),
लैक्स, ज्योति चौक, जालंधर, फोन
1, निवास : 57902.

नरी बिकाऊ

जुनपर तथा ट्रेडल प्रिंटिंग मशीनों
ल्डिंग में सैटअप, मुनाफे पर चल
र प्रिंटिंग प्रैस लीज़/बिक्री हेतु
रा देकर एक पखवाड़े के भीतर
ंजाब केसरी, जालंधर ।

ुस्तकें

rmeet Mini Handbook of
njabi for B.A.I. Punjabi
ls. Rasmeet Prakashan,
adhar.

ड़ चाहिए

ffice accommodation
Covered area, parking
ces located 4 kms radius
Contact Commanding
) Air Squ NCC 164, Green

कराए पर

ट्रेड बाज़ार में खाली हैं, मिलें :
, मटारी बाज़ार, जालंधर शहर ।
5773, 75776.

व्यक्ति दरबारा सिंह का गत 6 अप्रैल को अपहरण कर लिया गया है । अभी तक उनका कोई सुराग नहीं मिला है ।

ठेका लूटा : धुरी (सिंगला): कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने मूनाक थाना के गांव काल बंजारा में देसी शराब के ठेके के कारिंदे से 1400 रुपए और शराब की 6 बोतलें लूट लीं ।

हरियाणा सीमा पर 3 सशस्त्र लुटेरे गिरफ्तार : चंडीगढ़ से "संघी" के अनुसार हरियाणा पुलिस ने तीन लुटेरों को कल रात हरियाणा-पंजाब बैरियर के पास उस समय हथियारों सहित गिरफ्तार कर लिया जब वे एक जीप में सवार होकर भटिंडा जिला से सिरसा जिला में दाखिल होने का प्रयास कर रहे थे ।

जिला सिरसा के पुलिस अधीक्षक श्री महेंद्र सिंह मान के अनुसार गिरफ्तार व्यक्तियों में गुरदेव सिंह, गुरचरण सिंह व बलविन्दर सिंह शामिल हैं । यह तीनों युवक जिला भटिंडा के निवासी हैं । इनके कब्ज़े से 2 रिवाल्वर, एक 12 की दोनाली बन्दूक व 5 कारतूस बरामद किए गए हैं । पुलिस ने जीप नं. आर.एस.के. 655 भी कब्ज़े में ले ली है । श्री मान के अनुसार जब बैरियर के निकट पुलिस कर्मचारियों ने इन युवकों की जीप रोक कर उन्हें कागजात दिखाने को कहा तो उन्होंने भागने का प्रयास किया था । श्री मान ने इन गिरफ्तार युवकों का किसी आतंकवादी गिरोह से सम्बन्ध होने की सम्भावना से इंकार किया है, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अभी उनसे पूछताछ की जा रही है । उन्होंने कहा कि इन युवकों का भटिंडा जिले में हुई कुछ लूटपाट की घटनाओं में हाथ होने की सम्भावना से इंकार नहीं किया जा सकता ।

2 युवक क़ाबू : पठानकोट (गुप्ता): सुजानपुर पुलिस ने दो युवकों को पकड़ कर जांच शुरू कर दी है जिन्होंने पिछली शाम माधोपुर में दो गोलियां अपने पिस्तौलों से चला कर भाग जाने की कोशिश की, परन्तु वहां खड़े सेना के जवानों ने उन्हें पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया । पता चला है कि इनके साथ-साथ पुलिस ने खूबसूरत युवतियां भी पकड़ी हैं ।

11 आतंकवादी गिरफ्तार : कपूरथला पुलिस ने जिले में 11 आतंकवादियों को गिरफ्तार कर उनसे हथियार बरामद किए । दो गिरफ्तार आतंकवादियों के नाम हरजिंदर सिंह और इन्द्रजीत सिंह बताए गए हैं ।

वैन छीन ली : फगवाड़ा (खोसला, कौड़ा): कल सायं दो युवकों व एक युवती द्वारा मारुति वैन छीन लेने का पता चला है । बताया जाता है कि उन्होंने लुधियाना से चहेड़ू के लिए किराए पर एक मारुति वैन नं. पी.बी. 01-0120 ली व जब वैन चहेड़ू के पास पहुंची तो उन तीनों ने वैन के ड्राइवर को डरा-धमका कर वैन से नीचे उतार दिया और वैन लेकर फरार हो गए ।

आतंकवादी बंदी : फगवाड़ा से ही 'कौड़ा' के अनुसार गत रात्रि सदर पुलिस ने एक आतंकवादी को गिरफ्तार कर उसके कब्ज़े से एक 12 बोर की पिस्तौल व पांच ज़िंदा कारतूस बरामद किए हैं । पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए आतंकवादी की शिनाख्त बलकार सिंह उर्फ जीता निवासी रसूलपुर पुलिस स्टेशन तरनतारन की गई है ।

एक अन्य आतंकवादी गिरफ्तार : भटिंडा पुलिस ने भी एक आतंकवादी प्रीत सिंह उर्फ परमजीत सिंह को गिरफ्तार कर उससे 38 बोर की एक रिवाल्वर और कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

बाबर ने श्री राम मंदिर को

इसी बीच कश्मी
फर्नांडीज़ और क
पहुंचने के कुछ ही
फ्रंट के एक प्रव
टैलीफोन कर क
लोगों को केंद्र के
कड़ी चेतावनी दी

जेलों में सु
जम्मू कश्मीर की
अत्यन्त कड़ी क
श्रीनगर की केंद्री
के फरार हो जाने
हैं ।

अत्यन्त डि
उच्चाधिकारियों
प्रबंधों वाली जेल
गम्भीर रूप से वि
आतंकवादियों
जाएगा ।

सूत्रों के अनु
तथा अनावश्यक
व्यापक फेरबदल
महानिदेशक श्री
तबादला कर दिय
सुपरिंटैंडैंट तथा
अधिकारियों को

24 पाक
पहुंच गए :
खतरनाक कश्मी
विभिन्न जेलों में
से अब तक 50
तथा अन्य स्थानों
आतंकवादियों क
याह श्रीनगर की
किया गया था ।
फरार हो गए थे

जेल तोड़ने
संलिप्त 24 अ
राज्यपाल द्वारा स

Punjab Sanad

रह की टिप्पणी की । उन्होंने कहा कि श्री
न्नीकृष्णन भी कभी कांग्रेस (इ) में थे । उसके बाद
नके नेतृत्व में कांग्रेस (इ) सदस्य सदन से बाहर
ने गए ।

उसके बाद श्री उन्नीकृष्णन ने कहा कि श्री चंद्र
खर के हवाले से प्रकाशित प्रैस रिपोर्ट के बारे में
यों का पता लगाने के लिए सरकार ने सी.बी.आई.
जांच करने को कहा है ।

जनता दल और द्रमुक सदस्यों ने जब कहा कि
ग्रेस (इ) शासनकाल में विरोधियों के टैलीफोन टेप
ए जाते रहे हैं तो श्री साल्वे ने कहा, "हमने कभी
इसका समर्थन नहीं किया । वास्तव में जनता
के ही एक नेता ने गैर कांग्रेस (इ) शासित एक
य के मुख्य मंत्री के विरुद्ध इस तरह का आरोप

संतोष नहीं हो तो संसदीय समिति इस मामले की जांच के लिए बनाई जा सकती है ।

कांग्रेस (इ) के श्री एच. हनुमनथप्पा ने कहा कि सरकार के बयान में अंतर्विरोध है । पहली पंक्ति में वह टैलीफोन टेप किए जाने का खंडन करती है और उसके तुरंत बाद सी.बी.आई. से जांच कराने की बात करती है । उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार सदन से कुछ छिपा रही है ।

मार्क्सवादी श्री दीपेन घोष ने टैलीफोन टेप किए जाने का जोरदार विरोध किया लेकिन कांग्रेस (इ) सदस्यों को याद दिलाया कि उनकी सरकार ने इस तरह के कामों को संस्थागत स्वरूप प्रदान करने की कोशिश की थी ।

कांग्रेस (इ) के श्री एम.एल. फोतेदार ने कहा कि अगर प्रधान मंत्री में श्री चंद्र शेखर के आरोपों को स्वीकार करने का साहस नहीं है तो मामले की जांच संसदीय समिति करे ।

लोकसभा में प्रश्नोत्तर काल समाप्त होने के तुरंत बाद कांग्रेस (इ) ने मामला उठाते हुए टैलीफोन टेप करने के आरोप की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो से कराने के सरकार के निर्णय का विरोध किया । सरकार की ओर से 6 अप्रैल को सदन में इस निर्णय की घोषणा की गई थी । कांग्रेस (इ) के श्री वसंत साठे तथा कई अन्य सदस्यों का कहना था कि मामला

(शेष पृष्ठ 6 पर)

भारत लाने का प्रयास होगा

नई दिल्ली, 9 अप्रैल (वार्ता): सरकार नेताजी सुभाष चंद्र बोस के गुप्त कागजात और उनकी प्रतियां प्राप्त करने के प्रयास करेगी ।

इसी दौरान यहां पर यह चर्चाएं भी गर्म हैं कि 10 अप्रैल को राष्ट्रपति के स्वदेश लौटने के पश्चात् मंत्रिमंडल में इसी सप्ताह फेरबदल कर दिया जाएगा ।



खन्ना में गत रात्रि में एक मुठभेड़ के उपरान्त उग्रवादियों से पकड़े गए दो टैंक भेदी राकेट, एक ए.के. 47 राइफल, 2 मैगजीन, 12 बोर की दो बंदूकें तथा ए.के. 47 राइफल की 150 गोलियां । (इन्सैट) उग्रवादियों से पकड़ी गई बिना नम्बर की मारुति कार । (फोटो : शर्मा स्टुडियो)

से बचने के लिए आड़ नहीं ले सकते

से दक्षिण अफ्रीका को दे देने के एक महत्वपूर्ण
रोप को केंद्रीय जांच ब्यूरो की ओर दाखिल प्रथम
ना रिपोर्ट (एफ.आई.आर.) में क्यों शामिल नहीं
ा गया, श्री शेखर ने कहा कि ब्यूरो को ऐसा करने
कोई अधिकार नहीं है । यह दोनों देशों की
कारों के बीच का मामला है । ब्यूरो पर लगाए
इस आरोप के बारे में पूछे गए एक सवाल पर कि
ो राजनीतिक बदला लिए जाने में मददगार बन
है, श्री शेखर ने कहा कि ब्यूरो का राजनीति से
लेना-देना नहीं है । उन्होंने कहा कि ब्यूरो कोई
नीति नहीं कर रहा है । उसने तो विभिन्न सौदों
ष्टाचार का प्रथम दृष्ट्या साक्ष्य प्राप्त करने के
ही आपराधिक मामले दायर किए हैं ।

21 लोगों का अपहरण

नूरमहल, 9 अप्रैल (के.पी.): जालंधर जिला के
हल कस्बे में आज शाम लगभग 10 संदिग्ध
क्तयों ने झुग्गी-झोंपड़ी में रहने वाले लोगों पर
धुंध फायरिंग की और उसके बाद 21 लोगों का
हरण करके ले गए । सूचना मिलते ही पुलिस
ा पर पहुंच गई व हमलावरों की तलाश शुरू कर
।

कराची में सेना तलब

इस्लामाबाद, 9 अप्रैल (वार्ता): कराची में कल
हिंसा भड़कने और मुहाजिर कौमी मोर्चे के नेता
ताफ हुसैन, जो बीमार हैं, द्वारा अपने पार्टी वर्करों
रहाई का मांग के समर्थन में मरणव्रत शुरू कर
जाने के बाद तनाव में वृद्धि के दृष्टिगत सेना बुला
ई । श्री हुसैन पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के कुछ
ों की गिरफ्तारी भी भी मांग कर रहे हैं । उनका
प है कि इन वर्करों ने उनकी पार्टी के कई वर्करों
त्या की है ।

पंजाब में एक दम्पति की हत्या, उनके बेटे व बहू का अपहरण, 23 आतंकवादी गिरफ्तार, हथियार व गोली सिक्का भी मिला

चंडीगढ़, 9 अप्रैल (प.स., वार्ता): पंजाब में कल रात से अब तक आतंकवादियों ने एक दम्पति की हत्या कर दी तथा उनके बेटे व बहू का अपहरण कर लिया । इस बीच एक आतंकवादी गुट संघर्ष में मारा गया जबकि 23 आतंकवादियों को हथियारों समेत गिरफ्तार किया गया ।

दम्पति की हत्या, उनके बेटे व पुत्र वधू का अपहरण : अमृतसर (वि.प्र.): पुलिस जिला मजीठा के थाना जंडियाला के गांव देवीदासपुरा में ए.के.47 राइफलों से लैस 4 आतंकवादियों ने कल रात एक व्यक्ति अमर सिंह तथा उसकी पत्नी स्वर्ण कौर की उनके घर में घुस कर हत्या कर दी । आतंकवादी अमर सिंह के लड़के गुरमुख सिंह तथा उसकी पत्नी राजवीर कौर का अपहरण भी करके ले गए । पुलिस सरगर्मी से अपहृत दम्पति की तलाश कर रही है ।

दुकानें बलात् बंद करवा दीं : अमृतसर से नारंग के अनुसार आज सायं 6 बजे सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन के वर्करों द्वारा रैय्या, बाबा बकाला और ब्यास में दुकानें जबरदस्ती बंद करवा दी गईं, जिससे लोगों में आतंक पैदा हो गया ।

गश्त तेज़ : इसी मध्य अमृतसर में सुरक्षा बलों की गश्त तेज़ कर दी गई है और नाकाबंदी करके संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली जा रही है । एस.एस.पी. संजीव गुप्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस के मोबायल दस्ते वाहनों की जांच कर रहे हैं । उन्होंने जनता को किसी प्रकार की सूचना फोन नं. 100, 62335, 62836, 62837 पर देने का आग्रह किया ।

एक आतंकवादी गुट संघर्ष में मारा गया

चार दुर्दांत आतंकवादी गिरफ्तार : लुधियाना (धीमान, महेन्द्रा शर्मा): इस जिले के खन्ना कस्बे के निकट सुरक्षा बल से संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के चार दुर्दांत आतंकवादी कल रात गिरफ्तार कर लिए गए । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक परमजीत सिंह संधु ने आज यहां संवाददाताओं को यह जानकारी दी । उनके अनुसार इन आतंकवादियों से पूछताछ करने पर पता चला है कि वे एक विशेष समुदाय के लोगों की हत्या करने व लुधियाना, पटियाला और खन्ना आदि क्षेत्रों में बैंक लूटने की योजना बना रहे थे । ये उग्रवादी खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल कवरबीर सिंह के गिरोह से सम्बद्ध हैं ।

श्री संधु ने बताया कि पुलिस गश्ती दल ने कल रात खन्ना के निकट खमानों रोड पर एक नहर के पल पर नाका लगाया हुआ था । इस बीच खमानों की तरफ से आ रही एक मारुति कार को जब सुरक्षा कर्मियों ने रुकने का संकेत किया तो कार में बैठे आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने भी जवाब में गोली चलाई । 50 मिनट की मुठभेड़ के बाद पुलिस ने चारों आतंकवादियों को दबोच लिया । इनके नाम चमीचा सिंह (30), चतर सिंह (22), तारा सिंह उर्फ तारी (20) तथा तजिन्द्र सिंह उर्फ गोगी बताए जाते हैं ।

श्री परमजीत सिंह संधु ने आगे बताया कि इन आतंकवादियों से एक राकेट लांचर, दो राकेट, एक ए.के. 47 राइफल व उसके दो मैगज़ीन, दो बंदूकें तथा भारी संख्या में कारतूस भी बरामद किए गए हैं । पुलिस ने उनकी कार भी ज़ब्त कर ली है । उक्त आतंकवादियों ने जांच के दौरान बताया कि उन्होंने एक माह पूर्व जल्ली पटाणा के एक गांव नगावां में एक बैंक लूटने की नाकाम कोशिश की थी । उन्होंने गांव ढंड में पंजाब एंड सिंध बैंक से 80 हजार रुपए लूटा था । बरनवारन के गांव बेरल में उन्होंने एक व्यक्ति की हत्या भी की थी । इसके अलावा वे कई अन्य वारदातों में भी संलिप्त थे । उक्त आतंकवादियों ने जांच के दौरान बताया कि उन्हें आदेश मिला था कि बैंकों से लूटमार करके रुपया लाओ ताकि उससे हथियार खरीदे जा सकें ।

श्री संधु ने बताया कि उक्त चारों आतंकवादी पिछले दिनों खमानों के निकटवर्ती गांव खनट में पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान बच कर भाग गए थे जबकि उनका एक साथी मेहर सिंह मारा गया था ।

गुट संघर्ष में उग्रवादी मरा : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव क्लार के निकट पुलिस ने गोलियों से छलनी एक शव बरामद किया है । पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक गांव भलड़ी के गुरुद्वारा में कार सेवा के ट्रक का चालक बताया जाता है । इसका नाम ज्ञात नहीं हो सका । पुलिस सूत्रों के अनुसार उसकी हत्या में 32 बोर का हथियार प्रयोग किया गया है तथा यह घटना आतंकवादियों के आपसी गुट संघर्ष का परिणाम है ।

अंतिम संस्कार : कल पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारे गये के.एल.एफ. के स्वयं-भू लैफ्टिनैंट जनरल जगराज सिंह उर्फ तूफान सिंह तूफान व उसके साथी कश्मीर सिंह उर्फ बख्शीश सिंह उर्फ शीरा का आज अमृतसर में अंतिम संस्कार कर दिया गया । इस अवसर पर इनके परिवार के सदस्य भी मौजूद थे । उक्त मुठभेड़ में जगराज सिंह के मारे जाने के रोषस्वरूप आज श्रीहरगोबिन्दपुर, कादियां, हरचोवाल, घुमान, उपनवाल तथा मेहता सहित आसपास के सभी क्षेत्र पूर्णतः बंद रहे । इन क्षेत्रों में आतंकवादी रात को ही इस आशय के पोस्टर लगा गए थे कि ये सभी क्षेत्र इन दोनों के अंतिम भोग तक बंद रहेंगे । फलस्वरूप इन क्षेत्रों में जाने वाली सभी यात्री बसें भी बंद रहीं ।

पुलिस जिला मजीठा के मेहता चौक क्षेत्र में बटाला-जालंधर मुख्य मार्ग पर आज शरारती तत्वों ने कुछ यात्री बसों को आग लगा दी और कई अन्य बसों पर पत्थर मारे ।

इस बीच बटाला पुलिस जिला के प्रमुख श्री एस.के. गोयल ने इन समाचारों का खंडन किया है कि रविवार शाम को श्री हरगोबिन्दपुर क्षेत्र में कर्फ्यू लगाया गया था ।

12 आतंकवादी गिरफ्तार : भटिंडा

(शेष पृष्ठ 6 पर)

... घाटी को सदा के लिए खैरबाद कह कर आ गए

...न करके आये हैं, उनमें से 70000 कश्मीरी
हैं, 15000 सिख हैं तथा 17000 पंजाब
अन्य राज्यों के लोग हैं । इनमें सरकारी
ारी, व्यापारी व उद्योगपति सभी शामिल हैं ।
तक 24000 परिवार पंजीकृत हो चुके हैं ।
जम्मू में 60000 व्यक्ति आश्रय लिये हैं
में से केवल एक हजार परिवार को ही सरकार
उपलब्ध करा सकी है, बाकी बगैर छत के ही पड़े
मार्च मास तक लगभग 12000 परिवारों को
दिया गया किन्तु अब प्रशासन ने इन परिवारों
ांच-पड़ताल शुरू कर दी है जिसके कारण राशन

प्रवेश देने की व्यवस्था नहीं की जा रही ।

उन्होंने एक सनसनीपूर्ण तथ्य बताया कि पलायनकर्त्ताओं के प्रति सरकार की बेरुखी का लाभ उठाते हुए जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के प्रतिनिधियों ने उक्त सहायता समिति के नेताओं से सम्पर्क करके कहा है कि वे पलायनकर्त्ताओं को वापस कश्मीर लौटने को कहें, वहां वे उनकी सुरक्षा व शांतिपूर्ण कारोबार करने की गारंटी देंगे किन्तु वापिस लौट कर उन्हें उनके मनोरथ का समर्थन करना चाहिए । उन्होंने बताया कि यद्यपि जे.के.एल.एफ. की इस पेशकश को झटक दिया गया

...हैं और उन्होंने "पाकिस्तान ज़िन्दाबाद" का नारा लगाना कबूल ...ी तरह पाकिस्तान के प्रचार की शिकार : गत 40 वर्ष में ..., उसे धारा 370 ने जीवनदान दिया व पोषण किया : पुलिस ...ऐ मुजाहिदो जान लो हम तुम्हारे साथ हैं" के नारे लगाते हैं

...बनाने की गति बहुत धीमी है और बहुतों को
भी नहीं मिल रहा । केंद्र सरकार के
ारियों तथा पैंशनरों को, जो पलायन करके आ
, गत दो तीन मास से वेतन व पैंशनें नहीं मिलीं
व परेशान हैं । बच्चों को स्कूलों व कालेजों में

है किन्तु उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि कुछ भी पलायनकर्त्ता मायूसी की हालत में वापिस जाकर उनकी पेशकश के अनुसार व्यवहार करेंगे तो वह स्थिति भारत के लिए और भी खराब होगी ।

विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि गत 40 वर्ष में अलगाववादी प्रवृत्ति कभी मरी नहीं, उसे धारा 370 ने जीवनदान दिया व पोषण दिया तथा नैशनल कांफ्रैंस तथा कांग्रेस ने वोट की राजनीति के प्रभाव-अधीन ऐसे तत्वों की तुष्टिकरण की नीति अपनाई जिसके परिणाम आज सामने हैं । उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सबसे बड़ा यह पाप किया कि जम्मू-कश्मीर को देश भर के सामने कश्मीर (मुस्लिम) के ही रूप में प्रस्तुत किया जबकि जम्मू व लद्दाख क्षेत्र की आबादी मिला कर हिन्दुओं की आबादी 50% प्रतिशत से अधिक बनती है । कांग्रेस सरकार इन दोनों क्षेत्रों के हितों को सदैव नज़रंदाज़ करती रही और कश्मीर को ही लाडला बना कर चलती रही ।

उन्होंने कहा कि नैशनल कांफ्रैंस व कांग्रेस (इ) की मिली-जुली सरकार के दौरान रही सही कसर पूरी हो गई और पाकिस्तान समर्थक तत्व पुलिस व प्रशासन में पूरी तरह घुस गये । आज हालत यह है कि पुलिस वर्दी में जलूस निकाल कर "ऐ मुजाहिदो जान लो, हम तुम्हारे साथ हैं" के नारे लगाने का भी साहस करती है ।

उन्होंने कहा कि यदि भारत ने कश्मीर घाटी में पाकिस्तान के षड्यंत्र को परास्त करना है तो उसे 370 धारा तुरन्त समाप्त करनी होगी, कश्मीर की आबादी में संतुलन लाने के लिए अन्य देशवासियों को वहां बेरोक-टोक बसने आदि की छूट देनी होगी ।

उन्होंने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, भाजपा, विश्व हिन्दू परिषद का धन्यवाद किया और कहा कि अभी तक केवल इन संगठनों ने ही उनकी पुकार सुनी है और सहारे व सहायता का हाथ बढ़ाया है । उन्होंने खेद व्यक्त किया कि कांग्रेस (इ) व नैशनल कांफ्रैंस जम्मू में पलायनकर्त्ताओं की मौजूदगी को उलटा साम्प्रदायिक रंगत देने की कोशिश कर रही हैं । यहां तक कि जम्मू से कांग्रेस (इ) सांसद अभी तक पलायनकर्त्ताओं को सहायता देने बारे नहीं बोला ।

उन्होंने कुछ दस्तावेज आदि दिखाये, जो पाकिस्तानी शासकों तथा कश्मीर के उग्रवादियों की आपसी साजिशों व संबंधों के द्योतक हैं । इनमें से एक पत्र पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के प्रधानमंत्री का है; जो उन्होंने नैशनल कांफ्रैंसी शिक्षा मंत्री को लिखा था जिसमें उनकी सराहना की थी कि वह अलगाववादियों की अच्छी प्रकार सहायता कर रहे हैं ।

...ी, सवाल ही नहीं उठता !

नई दिल्ली, 9 अप्रैल (प.स.): "क्या सरकार
विचार मंगल ग्रह में मानव जीवन की खोज
ने सम्बन्धी कार्यक्रम शुरू करने का है ? यदि
तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ?"

कांग्रेस (इ) के श्री प्रताप राव भोंसले के इस
न का उत्तर देते हुए विज्ञान और टैक्नोलाजी
मंत्री एम.जी.के. मेनन ने कहा, "जी नहीं,
ान प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता ।"

सोनीपत के निकट दो ट्रकों में टक्कर

सोनीपत, 9 अप्रैल (नि.स.): गत दिवस यहां से 19 किलोमीटर दूर कस्बा खरखौदा के निकट दो ट्रकों के बीच टक्कर हो गई ।

Punjabi Samachar

या गया, श्री शेखर ने कहा कि ब्यूरो को ऐसा करने
कोई अधिकार नहीं है । यह दोनों देशों की
कारों के बीच का मामला है । ब्यूरो पर लगाए
इस आरोप के बारे में पूछे गए एक सवाल पर कि
ी राजनीतिक बदला लिए जाने में मददगार बन
है, श्री शेखर ने कहा कि ब्यूरो का राजनीति से
ई लेना-देना नहीं है । उन्होंने कहा कि ब्यूरो कोई
नीति नहीं कर रहा है । उसने तो विभिन्न सौदों
ष्टाचार का प्रथम दृष्ट्या साक्ष्य प्राप्त करने के
ही आपराधिक मामले दायर किए हैं ।

सरकार की ओर से 6 अप्रैल को सदन में इस निर्णय की घोषणा की गई थी । कांग्रेस (इ) के श्री वसत साठे तथा कई अन्य सदस्यों का कहना था कि मामला
(शेष पृष्ठ 6 पर)



खन्ना में गत रात्रि में एक मुठभेड़ के उपरान्त उग्रवादियों से पकड़े गए दो टैंक भेदी राकेट, एक ए.के. 47 राइफल, 2 मैगजीन, 12 बोर की दो बंदूकें तथा ए.के. 47 राइफल की 150 गोलियां । (इन्सैट) उग्रवादियों से पकड़ी गई बिना नम्बर की मारुति कार । (फोटो : शर्मा स्टुडियो)

पंजाब में एक दम्पति की हत्या, उनके बेटे व बहू का अपहरण, 23 आतंकवादी गिरफ्तार, हथियार व गोली सिक्का भी मिला

चंडीगढ़, 9 अप्रैल (प.स., वार्ता): पंजाब में कल रात से अब तक आतंकवादियों ने एक दम्पति की हत्या कर दी तथा उनके बेटे व बहू का अपहरण कर लिया । इस बीच एक आतंकवादी गुट संघर्ष में मारा गया जबकि 23 आतंकवादियों को हथियारों समेत गिरफ्तार किया गया ।

दम्पति की हत्या, उनके बेटे व पत्र बधू का अपहरण : अमृतसर (वि.प्र.): पुलिस जिला मजीठा के थाना जंडियाला के गांव देवीदासपुरा में ए.के.47 राइफलों से लैस 4 आतंकवादियों ने कल रात एक व्यक्ति अमर सिह तथा उसकी पत्नी स्वर्ण कौर की उनके घर में घुस कर हत्या कर दी । आतंकवादी अमर सिह के लड़के गरमख सिह तथा उसकी पत्नी राजबीर कौर का अपहरण भी करके ले गए । पुलिस सरगर्मी से अपहृत दम्पति की तलाश कर रही है ।

दुकानें बलात् बंद करवा दीं : अमृतसर से नारंग के अनुसार आज सायं 6 बजे सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के वर्करों द्वारा रैय्या, बाबा बकाला और ब्यास में दुकानें ज़बरदस्ती बंद करवा दी गईं, जिससे लोगों में आतंक पैदा हो गया ।

गश्त तेज़ : इसी मध्य अमृतसर में सुरक्षा बलों की गश्त तेज़ कर दी गई है और नाकाबंदी करके संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली जा रही है । एस.एस.पी. संजीव गुप्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस के मोबायल दस्ते वाहनों की जांच कर रहे हैं । उन्होंने जनता को किसी प्रकार की सूचना फोन नं. 100, 62335, 62836, 62837 पर देने का आग्रह किया ।

एक आतंकवादी गुट संघर्ष में मारा गया

चार दर्दात आतंकवादी गिरफ्तार : लुधियाना (धीमान, महेन्द्रा शर्मा): इस जिले के खन्ना कस्बे के निकट सुरक्षा बल से संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के चार दर्दात आतंकवादी कल रात गिरफ्तार कर लिए गए । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक परमजीत सिह संधु ने आज यहां संवाददाताओं को यह जानकारी दी । उनके अनुसार इन आतंकवादियों से पूछताछ करने पर पता चला है कि ये एक विशेष समुदाय के लोगों की हत्या करने व लुधियाना, पटियाला और खन्ना आदि क्षेत्रों में बैंक लूटने की योजना बना रहे थे । ये उग्रवादी खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल कवरबीर सिह के गिरोह से सम्बद्ध हैं ।

श्री संधु ने बताया कि पुलिस गश्ती दल ने कल रात खन्ना के निकट खमानों रोड पर एक नहर के पुल पर नाका लगाया हुआ था । इस बीच खमानों की तरफ से आ रही एक मारुति कार को जब सुरक्षा कर्मियों ने रुकने का संकेत किया तो कार में बैठे आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने भी जवाब में गोली चलाई । 50 मिनट की मुठभेड़ के बाद पुलिस ने चारों आतंकवादियों को दबोच लिया । इनके नाम बुगीचा सिह (30), चतर सिह (22), तारा सिह उर्फ तारी (20) तथा तजिन्द्र सिह उर्फ जग्गी बताए जाते हैं ।

श्री परमजीत सिह संधु ने आगे बताया कि इन आतंकवादियों से एक राकेट लांचर, दो राकेट, एक ए.के. 47 राइफल व उसके दो मैगज़ीन, दो बंदूकें तथा भारी संख्या में कारतूस भी बरामद किए गए हैं । पुलिस ने इनकी कार भी ज़ब्त कर ली है । उक्त आतंकवादियों ने जांच के दौरान बताया कि उन्होंने एक माह पूर्व बस्सी पठानां के एक गांव नगावों में एक बैंक लूटने की नाकाम कोशिश की थी । उन्होंने गांव ढंड में पंजाब एंड सिंध बैंक से 80 हज़ार रुपए लूटा था । तरनतारन के गांव खेरल में उन्होंने एक व्यक्ति की हत्या भी की थी । इसके अलावा वे कई अन्य वारदातों में भी संलिप्त थे । उक्त आतंकवादियों ने जांच के दौरान बताया कि उन्हें आदेश मिला था कि बैंकों से लूटमार करके रुपया लाओ ताकि उससे हथियार खरीदे जा सकें ।

श्री संधु ने बताया कि उक्त चारों आतंकवादी पिछले दिनों खमानों के निकटवर्ती गांव खनट में पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान बच कर भाग गए थे जबकि उनका एक साथी मेहर सिह मारा गया था ।

गुट संघर्ष में उग्रवादी मरा : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव क्लार के निकट पुलिस ने गोलियों से छलनी एक शव बरामद किया है । पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक गांव भलड़ी के गुरुद्वारा में कार सेवा के ट्रक का चालक बताया जाता है । इसका नाम ज्ञात नहीं हो सका । पुलिस सूत्रों के अनुसार उसकी हत्या में 32 बोर का हथियार प्रयोग किया गया है तथा यह घटना आतंकवादियों के आपसी गुट संघर्ष का परिणाम है ।

अंतिम संस्कार : कल पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारे गये के.एल.एफ. के स्वय-भू लैफ्टिनैंट जनरल जगराज सिह उर्फ तूफान सिह तूफान व उसके साथी कश्मीर सिह उर्फ बख्शीश सिह उर्फ शीरा का आज अमृतसर में अंतिम संस्कार कर दिया गया । इस अवसर पर इनके परिवार के सदस्य भी मौजूद थे । उक्त मुठभेड़ में जगराज सिह के मारे जाने के रोषस्वरूप आज श्री हरगोबिन्दपुर, कादियां, हरचोवाल, घुमान, उधनवाल तथा मेहता सहित आसपास के सभी क्षेत्र पूर्णत: बंद रहे । इन क्षेत्रों में आतंकवादी रात को ही इस आशय के पोस्टर लगा गए थे कि ये सभी क्षेत्र इन दोनों के अंतिम भोग तक बंद रहेंगे । फलस्वरूप इन क्षेत्रों में जाने वाली सभी यात्री बसें भी बंद रहीं ।

पुलिस जिला मजीठा के मेहता चौक क्षेत्र में बटाला-जालंधर मुख्य मार्ग पर आज शरारती तत्वों ने कुछ यात्री बसों को आग लगा दी और कई अन्य बसों पर पत्थर मारे ।

इस बीच बटाला पुलिस जिला के प्रमुख श्री एस.के. गोयल ने इन समाचारों का खंडन किया है कि रविवार शाम को श्री हरगोबिन्दपुर क्षेत्र में कर्फ्यू लगाया गया था ।

12 आतंकवादी गिरफ्तार : भटिंडा
(शेष पृष्ठ 6 पर)

1 लोगों का अपहरण

नूरमहल, 9 अप्रैल (के.पी.): जालंधर जिला के
हल कस्बे में आज शाम लगभग 10 संदिग्ध
तियों ने झग्गी-झोंपड़ी में रहने वाले लोगों पर
धुंध फायरिंग की और उसके बाद 21 लोगों का
रण करके ले गए । सूचना मिलते ही पुलिस
पर पहुंच गई व हमलावरों की तलाश शुरू कर

राची में सेना तलब

स्लामाबाद, 9 अप्रैल (वार्ता): कराची में कल
हिंसा भड़कने और मुहाजिर कौमी मोर्चे के नेता
ाफ हुसैन, जो बीमार हैं, द्वारा अपने पार्टी वर्करों
हाई की मांग के समर्थन में मरणव्रत शुरू कर
ाने के बाद तनाव में वृद्धि के दृष्टिगत सेना बुला
ई । श्री हुसैन पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के कुछ
की गिरफ्तारी की भी मांग कर रहे हैं । उनका
ा है कि इन वर्करों ने उनकी पार्टी के कई वर्करों
त्या की है ।

घाटी को सदा के लिए खैरबाद कह कर आ गए हैं और उन्होंने "पाकिस्तान जिन्दाबाद" का नारा लगाना कबूल

तरह पाकिस्तान के प्रचार की शिकार : गत 40 वर्ष में उसे धारा 370 ने जीवनदान दिया व पोषण किया : पुलिस

मुजाहिदो जान लो हम तुम्हारे साथ हैं" के नारे लगाते हैं

न करके आये हैं, उनमें से 70000 कश्मीरी
हैं, 15000 सिख हैं तथा 17000 पंजाब
अन्य राज्यों के लोग हैं । इनमें सरकारी
री, व्यापारी व उद्योगपति सभी शामिल हैं ।
क 24000 परिवार पंजीकृत हो चुके हैं ।
जम्मू में 60000 व्यक्ति आश्रय लिये हैं
से केवल एक हज़ार परिवार को ही सरकार
पलब्ध करा सकी है, बाकी बगैर छत के ही पड़े
र्च मास तक लगभग 12000 परिवारों को
दिया गया किन्तु अब प्रशासन ने इन परिवारों
बम्हड़ताल शुरू कर दी है जिसके कारण राशन

नाने की गति बहुत धीमी है और बहुतों को
भी नहीं मिल रहा । केंद्र सरकार के
रियों तथा पैंशनरों को, जो पलायन करके आ
गत दो तीन मास से वेतन व पैंशनें नहीं मिलीं
परेशानें हैं । बच्चों को स्कूलों व कालेजों में

ी, सवाल ही नहीं उठता !

नई दिल्ली, 9 अप्रैल (प.स.): "क्या सरकार
वचार मंगल ग्रह में मानव जीवन की खोज
सम्बन्धी कार्यक्रम शुरू करने का है ? यदि
ो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ?"
कांग्रेस (इ) के श्री प्रताप राव भोंसले के इस
का उत्तर देते हुए विज्ञान और टैक्नोलाजी
मंत्री एम.जी.के. मेनन ने कहा, "जी नहीं,
न प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता ।"

प्रवेश देने की व्यवस्था नहीं की जा रही ।

उन्होंने एक सनसनीपूर्ण तथ्य बताया कि पलायनकर्त्ताओं के प्रति सरकार की बेरुखी का लाभ उठाते हुए जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के प्रतिनिधियों ने उक्त सहायता समिति के नेताओं से सम्पर्क करके कहा है कि वे पलायनकर्त्ताओं को वापस कश्मीर लौटने को कहें, वहां वे उनकी सुरक्षा व शांतिपूर्ण कारोबार करने की गारंटी देंगे किन्तु वापिस लौट कर उन्हें उनके मनोरथ का समर्थन करना चाहिए । उन्होंने बताया कि यद्यपि जे.के.एल.एफ. की इस पेशकश को झटक दिया गया है किन्तु उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि कुछ भी पलायनकर्त्ता मायूसी की हालत में वापिस जाकर उनकी पेशकश के अनुसार व्यवहार करेंगे तो वह स्थिति भारत के लिए और भी खराब होगी ।

विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि गत 40 वर्ष में अलगाववादी प्रवृत्ति कभी मरी नहीं, उसे धारा 370 ने जीवनदान दिया व पोषण दिया तथा नैशनल कांफ्रैंस तथा कांग्रेस ने वोट की राजनीति के प्रभाव-अधीन ऐसे तत्वों की तुष्टिकरण की नीति अपनाई जिसके परिणाम आज सामने हैं । उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सबसे बड़ा यह पाप किया कि जम्मू-कश्मीर को देश भर के सामने कश्मीर (मुस्लिम) के ही रूप में प्रस्तुत किया जबकि जम्मू व लद्दाख क्षेत्र की आबादी मिला कर हिन्दुओं की आबादी 50% प्रतिशत से अधिक बनती है । कांग्रेस सरकार इन दोनों क्षेत्रों के हितों को सदैव नज़रंदाज़ करती रही और कश्मीर को ही लाडला बना कर चलती रही ।

उन्होंने कहा कि नैशनल कांफ्रैंस व कांग्रेस (इ) की मिली-जुली सरकार के दौरान रही सही कसर पूरी हो गई और पाकिस्तान समर्थक तत्व पुलिस व प्रशासन में पूरी तरह घुस गये । आज हालत यह है कि पुलिस वर्दी में जलूस निकाल कर "ऐ मुजाहिदो जान लो हम तुम्हारे साथ हैं" के नारे लगाने का भी साहस करती है ।

उन्होंने कहा कि यदि भारत ने कश्मीर घाटी में पाकिस्तान के षड्यंत्र को परास्त करना है तो उसे 370 धारा तुरन्त समाप्त करनी होगी, कश्मीर की आबादी में संतुलन लाने के लिए अन्य देशवासियों को वहां बेरोक-टोक बसने आदि की छूट देनी होगी ।

उन्होंने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, भाजपा, विश्व हिन्दू परिषद का धन्यवाद किया और कहा कि अभी तक केवल इन संगठनों ने ही उनकी पुकार सुनी है और सहारे व सहायता का हाथ बढ़ाया है । उन्होंने खेद व्यक्त किया कि कांग्रेस (इ) व नैशनल कांफ्रैंस जम्मू में पलायनकर्त्ताओं की मौजूदगी को उलटा साम्प्रदायिक रंगत देने की कोशिश कर रही हैं । यहां तक कि जम्मू से कांग्रेस (इ) सांसद अभी तक पलायनकर्त्ताओं को सहायता देने बारे नहीं बोला ।

उन्होंने कुछ दस्तावेज आदि दिखाये, जो पाकिस्तानी शासकों तथा कश्मीर के उग्रवादियों की आपसी साजिशों व संबंधों के द्योतक हैं । इनमें से एक पत्र पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के प्रधानमंत्री का है, जो उन्होंने नैशनल कांफ्रैंसी शिक्षा मंत्री को लिखा था जिसमें उनकी सराहना की थी कि वह अलगाववादियों की अच्छी प्रकार सहायता कर रहे हैं ।

सोनीपत के निकट दो ट्रकों में टक्कर

सोनीपत, 9 अप्रैल (नि.स.): गत दिवस यहां से 19 किलोमीटर दूर कस्बा खरखौदा के निकट दो ट्रकों के बीच टक्कर हो गई ।

Punjabi Sanatan

ा सकती है ।
एच. हनुमनथप्पा ने कहा कि
ंतविरोध है । पहली पंक्ति में
जाने का खंडन करती है और
ी.आई. से जांच कराने की बात
ारोप लगाया कि सरकार सदन
।
पेन घोष ने टैलीफोन टेप किए
रोध किया लेकिन कांग्रेस (इ)
या कि उनकी सरकार ने इस
थागत स्वरूप प्रदान करने की
।
एम.एल. फोतेदार ने कहा कि
श्री चंद्र शेखर के आरोपों को
हस नहीं है तो मामले की जांच
।
नोत्तर काल समाप्त होने के
ने मामला उठाते हुए टैलीफोन
की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो से
के निर्णय का विरोध किया ।
6 अप्रैल को सदन में इस निर्णय
ी । कांग्रेस (इ) के श्री बसंत
दस्यों का कहना था कि मामला
पृष्ठ 6 पर)

नई दिल्ली, 9 अप्रैल (वार्ता): सरकार नेताजी सुभाष चंद्र बोस के गुप्त कागजात और उनकी प्रतियां प्राप्त करने के प्रयास करेगी ।

10 अप्रैल को राष्ट्रपति के स्वदेश लौटने के पश्चात् मंत्रिमंडल में इसी सप्ताह फेरबदल कर दिया जाएगा ।



खन्ना में गत रात्रि में एक मुठभेड़ के उपरान्त उग्रवादियों से पकड़े गए दो टैंक भेदी राकेट, एक ए.के. 47 राइफल, 2 मैगजीन, 12 बोर की दो बंदूकें तथा ए.के. 47 राइफल की 150 गोलियां (इन्सैट) उग्रवादियों से पकड़ी गई बिना नम्बर की मारुति कार । (फोटो : शर्मा स्टूडियो)

में एक दम्पति की हत्या, उनके बेटे व बहू का अपहरण, तंकवादी गिरफ्तार, हथियार व गोली सिक्का भी मिला

ल (प.स., वार्ता): पंजाब में कल
तंकवादियों ने एक दम्पति की
नके बेटे व बहू का अपहरण कर
क आतंकवादी गुट संघर्ष में मारा
तंकवादियों को हथियारों समेत
।

त्या, उनके बेटे व पुत्र वधू

मृतसर (वि.प्र.): पुलिस जिला
डियाला के गांव देवीदासपुरा में
से लैस 4 आतंकवादियों ने कल
र सिंह तथा उसकी पत्नी स्वर्ण
में घुस कर हत्या कर दी ।
सिंह के लड़के गुरमुख सिंह तथा
र कौर का अपहरण भी करके ले
र्मी से अपहृत दम्पति की तलाश

बंद करवा दीं : अमृतसर से
आज सायं 6 बजे सिख स्टूडैंट्स
द्वारा रैय्या, बाबा बकाला और
रदस्ती बंद करवा दी गई, जिससे
ा हो गया ।
इसी मध्य अमृतसर में सुरक्षा

बलों की गश्त तेज़ कर दी गई है और नाकाबंदी करके संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली जा रही है । एस.एस.पी. संजीव गुप्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस के मोबायल दस्ते वाहनों की जांच कर रहे हैं । उन्होंने जनता को किसी प्रकार की सूचना फोन नं. 100, 62335, 62836, 62837 पर देने का आग्रह किया ।

एक आतंकवादी गुट संघर्ष में मारा गया

चार दर्दांत आतंकवादी गिरफ्तार : लुधियाना (धीमान, महेन्द्रा शर्मा): इस जिले के खन्ना कस्बे के निकट सुरक्षा बल से संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के चार दर्दांत आतंकवादी कल रात गिरफ्तार कर लिए गए । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक परमजीत सिंह संधु ने आज यहां संवाददाताओं को यह जानकारी दी । उनके अनुसार इन आतंकवादियों से पूछताछ करने पर पता चला है कि ये एक विशेष समुदाय के लोगों की हत्या करने व लुधियाना, पटियाला और खन्ना आदि क्षेत्रों में बैंक लूटने की योजना बना रहे थे । ये उग्रवादी खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के स्वयंभू लैफ्टिट जनरल कवरबीर सिंह के गिरोह से सम्बद्ध हैं ।

श्री संधु ने बताया कि पुलिस गश्ती दल ने कल रात खन्ना के निकट खमानों रोड पर एक नहर के पुल पर नाका लगाया हुआ था । इस बीच खन्नों की तरफ से आ रही एक मारुति कार को जब सुरक्षा कर्मियों ने रुकने का संकेत किया तो कार में बैठे आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने भी जवाब में गोली चलाई । 50 मिनट की मुठभेड़ के बाद पुलिस ने चारों आतंकवादियों को दबोच लिया । इनके नाम बगीचा सिंह (30), चतर सिंह (22), तारा सिंह उर्फ तारी (20) तथा तजिन्दर सिंह उर्फ गोंगी बताए जाते हैं ।

श्री परमजीत सिंह संधु ने आगे बताया कि इन आतंकवादियों से एक राकेट लांचर, दो राकेट, एक ए.के. 47 राइफल व उसके दो मैगज़ीन, दो बक्के तथा भारी संख्या में कारतूस भी बरामद किए गए हैं । पुलिस ने उनकी कार भी ज़ब्त कर ली है । उक्त आतंकवादियों ने जांच के दौरान बताया कि उन्होंने एक माह पूर्व बस्सी पठानां के एक निजी नगावा में एक बैंक लूटने की नाकाम कोशिश की थी । उन्होंने गांव ढंड में पंजाब एंड सिंध बैंक से 80 हज़ार रुपए लूटा था । तरनतारन के गांव हेल में उन्होंने एक व्यक्ति की हत्या भी की थी । इसके अलावा वे कई अन्य वारदातों में भी संलिप्त थे । उक्त आतंकवादियों ने जांच के दौरान बताया कि उन्हें आदेश मिला था कि बैंकों से लूटमार करके रुपया लाओ ताकि उससे हथियार खरीदे जा सकें ।

श्री संधु ने बताया कि उक्त चारों आतंकवादी पिछले दिनों खमानों के निकटवर्ती गांव खनटमें पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान बच कर भाग गए थे जबकि उनका एक साथी मेहर सिंह मारा गया था ।

गुट संघर्ष में उग्रवादी मरा : बटालासे

ाए खैरबाद कह कर आ गए

स्था नहीं की जा रही ।
सनसनीपूर्ण तथ्य बताया कि
प्रति सरकार की बेरुखी का लाभ
-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के
त सहायता समिति के नेताओं से

नज़रंदाज़ करती रही और कश्मीर को ही लाडला बना कर चलती रही ।

उन्होंने कहा कि नैशनल कांफ्रैंस व कांग्रेस (इ) की मिली-जुली सरकार के दौरान रही सही कसर पूरी हो गई और पाकिस्तान समर्थक तत्व पुलिस व

Punjab Sadan

(6) दैनिक पंजाब केसरी, जालन्धर 10.4.1990

पंजाबमें दम्पति की हत्या ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

(वार्ता): जिला पुलिस ने 12 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है तथा उनसे कुछ हथियार व गोली सिक्का भी पकड़ा है । जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.एस. सैनी के अनुसार गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों के नाम हैं : दर्शन सिंह मिस्त्री, पिप्पल सिंह, दर्शन सिंह, छिंदा सिंह, बसंत सिंह, नछत्तर सिंह, उपजिन्द सिंह, परमजीत सिंह, दीदार सिंह, मनजीत सिंह, कश्मीर सिंह तथा बलजिन्द्र सिंह उर्फ भिंदा ।

इनमें से क्रमानुसार अंतिम 3 आतंकवादियों ने मानसा के डी.एस.पी. के समक्ष आत्मसमर्पण किया है ।

युवक घायल : भटिंडा से 'सोच' के अनुसार आतंकवादियों ने आज प्रातः यहां गणेश बस्ती में संजय कुमार (20) नामक एक युवक को गोली मार कर घायल कर दिया । बाद में ये आतंकवादी संजय के स्कूटर पर भाग गए लेकिन दो किलोमीटर दूर जाने पर ही उक्त स्कूटर खराब हो गया । फिर आतंकवादियों ने वहां से एक साइकल छीन लिया और फरार हो गए । संजय को गम्भीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है । जिलाधीश श्री दरबारा सिंह ने संजय के उपचार का खर्च प्रशासन द्वारा उठाए जाने की घोषणा की है ।

3 और आतंकवादी काबू : संगरूर, फिरोजपुर तथा कपूरथला जिलों से 3 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है । इनके नाम हरबंस सिंह, दर्शन सिंह तथा बलकार सिंह उर्फ अजीत सिंह बताए जाते हैं ।

3 टुकड़े गिरफ्तार : फरीदकोट (सिंगला): जिला पुलिस ने 3 लूटेरी कलवंत सिंह उर्फ कंता, पिप्पल सिंह तथा सिकंदर सिंह को गिरफ्तार किया है । इनके कब्जे से एक बन्दूक, दो रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं । इन्होंने निकटवर्ती एक गांव में पिछले दिनों सतीश कुमार नामक एक व्यक्ति को घायल किया था । इसके अलावा इन्होंने पैसा ऐंठने के लिए दुकानदारों को धमकीपूर्ण पत्र भी लिखे थे ।

ठेका जलाया : संगरूर (गर्ग): यहां से 40 किलोमीटर दूर गांव सतोज में कल रात 3 आतंकवादियों ने शराब के एक ठेके को जला दिया । आतंकवादियों ने शराब की बोतलें भी तोड़ दीं ।

प. जर्मनी भारत को 42.50 करोड़ मार्क की मदद देगा

बोन, 9 अप्रैल (डी.पी.ए.): पश्चिम जर्मनी इस साल भारत को उदार शर्त पर 42.50 करोड़ मार्क का ऋण देगा । इस प्रकार भारत एक बार फिर पश्चिम जर्मनी से सर्वाधिक सहायता पाने वाला देश बन जाएगा ।

मौलवी अंसारी के घर की तलाशी लिए जाने का कड़ा विरोध

नई दिल्ली, 9 अप्रैल (जी.एस.चावला): जम्मू-कश्मीर की भंग की जा चुकी विधानसभा में इंका विधायक दल के नेता मौलवी इफ्तिखार हुसैन अंसारी, गत शनिवार की रात जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा उनके घर के तलाशी लिए जाने के बाद बुरी

वी. पी. सिंह

(पृष्ठ 3 का शेष)

सिंह : यदि आमतौर पर यह धारणा होती तो मुसलमान हमारा समर्थन क्यों करते ? यदि ऐसा होता तो तीन माह तक सरकार का कामकाज देखने के बाद वे फिर राज्य विधानसभा के चुनावों में भी उसका समर्थन कैसे कर सकते थे ? इससे विदेशों में फैलाई जा रही ये बातें गलत साबित हो जाती हैं कि अल्पसंख्यकों की अनदेखी की जा रही है ।

प्रश्न : पंजाब की स्थिति के बारे में आपके द्वारा की गई शुरूआत की व्यापक स्तर पर प्रशंसा हुई लेकिन अब लगता है कि आप उस गति से आगे नहीं बढ़ पाए हैं । विशेष रूप से पंजाब में राष्ट्रपति शासन की अवधि छः माह बढ़ाने के प्रस्ताव के बाद ।

सिंह : हम पंजाब में निष्पक्ष वातावरण में लोकतांत्रिक प्रक्रिया स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, इसके बाद ऐसा वातावरण बनाना तथा चुनाव करवाने की बात है । हो सकता है कि यह छः माह के भीतर हो जाए ।

प्रश्न : इतने अधिक प्रतिस्पर्धा वाले तत्वों से बनी अल्पमत सरकार को चलाने का कार्य आप को कैसा लगा ?

सिंह : मध्यमार्गी पार्टियों का विलय राजनीतिक रूप से गर्मी पैदा करने वाला है । इसमें कई परस्पर विरोधी बातें हैं । लोग हर दिन कहते हैं कि सरकार गिर जाएगी । मैं कहता हूं कि नहीं, यह नहीं गिरेगी । हमने सफलतापूर्वक राष्ट्रीय मोर्चा गठित किया और राष्ट्रीय तथा राज्यों के चुनावों में सफलतापूर्वक सीटों का तालमेल किया । आज हमारी जो भी सीमा है उसके भीतर यह प्रक्रिया है जिससे हम पहले ही गुजर चुके हैं ।

प्रश्न : क्या यह कार्यकाल पूरा करेगी ।

सिंह : हां, क्योंकि आर्थिक नीति, विदेश नीति एक व्यापक समझौता है ।

प्रश्न : बोफोर्स सौदे के बारे में आपकी जांच कहां पहुंची है ?

सिंह : कुछ ही दिनों में हमने स्विट्जरलैंड में खातों पर रोक लगवाने में सफलता हासिल कर ली । राजीव गांधी की सरकार ने इन्हीं दस्तावेजों के होते हुए, जो कि हमारे पास हैं, ऐसा क्यों नहीं किया ? जो हमने तीन दिन में कर दिया, वे तीन साल में नहीं कर पाए । इस एक कार्रवाई से ही पिछली सरकार की नाकामी का पर्दाफाश हो जाता है ।

प्रश्न : क्या आप इससे चिंतित हैं कि इससे जांच पर कौन प्रभावित होगा ?

सिंह : कानून अपना काम करेगा और जांच का जो भी नतीजा निकलेगा, हमें उस बिन्दु तक जाना होगा ।

सरकार भाषण की अपेक्षा उद्योगों को राहत देना शुरू करे : इंका

लुधियाना, 9 अप्रैल (महिन्द्रा): गत दिवस केंद्रीय उद्योगमंत्री चौ. अजीत सिंह पंजाब के उद्योगपतियों से उनकी समस्याओं बारे विचार-विमर्श करने के लिए लुधियाना आए थे, तो इस दौरान पंजाब कांग्रेस (इ) कमेटी (व्यापार प्रकोष्ठ) का एक शिष्टमंडल श्री राकेश सूद संयोजक के नेतृत्व में मंत्री महोदय से मिला तथा अपना ज्ञापन पेश किया, जिसमें कहा गया है कि सरकार अब

टेलीफोन टैप

(पृष्ठ 3 का शेष)

सदस्यों के विशेषाधिकार से सम्बन्धित है और इसे केंद्रीय जांच ब्यूरो पर नहीं छोड़ा जा सकता । कुछ सदस्यों ने ब्यूरो की निष्पक्षता का भी सवाल उठाया ।

मामले को विशेषाधिकार समिति को सौंपने का सुझाव सबसे पहले कम्युनिस्ट पार्टी के श्री इन्द्रजीत गुप्त ने दिया । उन्होंने कहा कि चूंकि इस बात पर मतभेद हैं कि जांच किस एजैंसी से कराई जाए इसलिए इसे विशेषाधिकार समिति को सौंपना ही सबसे अच्छा होगा । कांग्रेस (इ) सदस्यों ने तत्काल इस प्रस्ताव का मेज थपथपा कर स्वागत किया और इसे मंजूर किए जाने की मांग करने लगे ।

संसदीय कार्यमंत्री पी. उपेन्द्र ने सदन को सूचित किया कि केंद्रीय जांच ब्यूरो ने चार अप्रैल को इस सम्बन्ध में एक मामला दर्ज करवाया है और श्री चंद्र शेखर को पत्र लिख कर इसमें आरोप का ब्यौरा मांगा है । श्री चंद्र शेखर से ब्यौरा अधिकारियों को आज शाम पांच बजे तक ब्यौरा देने के लिए बुलाया है ।

श्री उपेन्द्र ने बताया कि कुछ सरकारी एजैंसियों को कुछ ऐसे शक्की से लोगों के टेलीफोन टैप करने का आदेश दिया गया है और हर तीन महीने पर इस बारे की सूची का पुनरीक्षण किया जाता है ।

उन्होंने घोषणा की कि राष्ट्रीय मोर्चे की सरकार ने रास्ते में आने की ऐसी कोई सूची नहीं दी है । इस घोषणा के सत्यापक्ष के लोगों ने जोरदार स्वागत किया । श्री उपेन्द्र ने कहा कि किसी भी राजनीतिक पार्टी के नेता का नाम सूची में नहीं है । उन्होंने कहा कि 15 फरवरी 1988 के बाद जिन लोगों के टैलीफोन टैप किए जा रहे हैं उनकी पूरी सूची केंद्रीय जांच ब्यूरो को उपलब्ध करा दी गई है । उन्होंने कहा कि जहां तक मामला विशेषाधिकार समिति को सौंपने का है, इसका फैसला निर्धारित प्रक्रिया के तहत अध्यक्ष ही ले सकते हैं ।

3 वर्ष से भारतीय क्षेत्र में कोई चीनी घुसपैठ नहीं हुई

नई दिल्ली, 9 अप्रैल (प.स.): रक्षा राज्यमंत्री डा. राजा रमन्ना ने आज लोकसभा को सूचित किया कि पिछले 3 वर्षों से भारतीय क्षेत्र में कोई चीनी घुसपैठ नहीं हुई है ।

श्रीनगर से अपहृत तीन व्यक्तियों की रिहाई के लिए प्रयास जारी : मुफ्ती

नई दिल्ली, 9 अप्रैल (वार्ता) : सरकार ने लोकसभा को आज आश्वस्त किया कि श्रीनगर में छह अप्रैल को अपहृत तीन व्यक्तियों का पता लगाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं ।

गृहमंत्री की ओर से वक्तव्य देते हुए संसदीय कार्यमंत्री पी. उपेन्द्र ने कहा कि जम्मू-कश्मीर स्टेट्स लिबरेशन फंट ने अपहरण की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली है और अपहृत व्यक्तियों के बदले आतंकवादियों की रिहाई की मांग को पूरा करने के लिए आज अपराह्न तीन बजे तक का समय दिया है । श्रीनगर में उग्रवादियों ने कश्मीर विश्वविद्यालय के कुलपति मुशीरुलहक और उनके निजी सचिव तथा एच.एम.टी. की जेनाकोटा स्थित फैक्टरी के महाप्रबंधक का अपहरण कर लिया है ।



कश्मीर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुशीर-उल-हक का एक चित्र । प्रो. मुशीर का आतंकवादियों ने शुक्रवार को श्रीनगर से तीन अन्य अधिकारियों सहित अपहरण कर लिया था । (छाया : प्रैस.)

श्रीनगर में....

(पृष्ठ 3 का शेष)

ज्यादातर सहायता अपनी मध्य पूर्वी, यूरोप तथा अमरीका की शाखाओं से प्राप्त होती है । हम भारत सरकार से केवल तभी बातचीत करेंगे, जब अपनी स्वतंत्रता प्राप्त कर लेंगे ।"

जे.के.एल.एफ. द्वारा यासीन की मृत्यु का खंडन : जे.के.एल.एफ. के प्रवक्ता ने आज इस बात का खंडन किया कि फ्रंट का प्रमुख यासीन मलिक मारा गया है । उसने कहा कि यासीन जीवित और मुक्त है ।

विशेष अभियान शुरू : 'प.स.' के अनुसार डोडा तथा पुंछ-राजौरी जिलों के नव-नियुक्त विशेष आयुक्तों ने सद्भावना तथा शांति बनाए रखने के लिए जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है ।

नासबीसस : कश्मीर घाटी में बैंकों की कार्यप्रणाली सुनिश्चित बनाने के लिए राज्य सरकार ने 'जम्मू-कश्मीर बैंक लिमिटिड के अध्यक्ष श्री एम.एस. कुरैशी के नेतृत्व में एक समिति गठित कर दी है । इस समिति के अन्य सदस्यों में कश्मीर रेंज के आई.जी. पुलिस, स्टेट बैंक आफ इंडिया के उप-क्षेत्रीय प्रबन्धक, पंजाब नैशनल बैंक के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबन्धक, यूनाईटिड कमर्शियल बैंक आफ इंडिया के डिवीजनल मैनेजर श्री एस.एम. बैनर्जी तथा भारतीय रिजर्व बैंक का एक प्रतिनिधि भी शामिल है ।

जू. इंजीनियरों की हड़ताल जारी : सीमैंट स्कैंडल में लिप्त एक जे.ई. लापता

रोपड़, 9 अप्रैल (बैंस): एस.वाई.एल. नहर परियोजना पर काम करने वाले जूनियर इंजीनियरों की हड़ताल के कारण गत पांच दिनों से परियोजना पर काम ठप्प पड़ा है । ये लोग एक जे.ई. महेंद्र सिंह की गिरफ्तारी पर रोष व्यक्त कर रहे हैं । पता चला है कि पुलिस ने महेंद्र सिंह तथा राकेश कुमार नामक दो जूनियर इंजीनियरों के विरुद्ध सरकारी स्टोर से सीमैंट चराने व इसे 'ब्लैक' में बेचने के आरोप में केस दर्ज किया है । राकेश कुमार अभी तक लापता है व पुलिस उसकी तलाश कर रही है ।

समझा जाता है कि राकेश कुमार की गिरफ्तारी से करीब एक दर्जन और जे.ई. पुलिस के शिकंजे में आ जाएंगे जो कि इस सारे स्कैंडल में लिप्त हैं । पुलिस ने चोरी किया हुआ 600 बोरी सीमैंट तथा

पंजाब में लिए अ... संयुक्त ह...

चंडीगढ़, 9... गवर्नर कर्नल प्र... है कि पंजाब में... नेतृत्व को... सिमरनजीत सि... होना पड़ेगा ।

यहां जारी ... है कि जब तक... पद का फैसला... कोई समस्या न... यह है कि पंजा... पहला नारा या... करता करो ... नहीं दे सकती... उग्रवादियों द्वा... पुलिस सुरक्षा... गांवों में ट्यूब... रक्षा कैसे कर... का अंश दिखा...

उन्होंने ... दुश्मनी है, ... वर्तमान संघर्ष... पंजाब में सि... मांग करते हैं... करते हैं । सि... दल को शोभा... का दावा हास्... एडंड करना हा... बर्तमान सर... कमजोर है... बादल हों, ... ओमिन्दर सिं... मात्र ऊपर से... सिंह से ए... सकेंगे ।

महिला... कानून

नई दि... पी. उपेन्द्र ... छेड़खानी ... का दायित्व... कानून में ... में विधि दि... की बसों में... कथित वृद्धि... अन्य सदस्य... थे ।

117

लुधि... कालेज के... उनके का... रोल नभ... विश्वविधा... नहीं होगी... दावों के...

इन्सा...

आतंकवादियों से पूछताछ के बावजूद अब तक यह नहीं पता लगा है कि शुक्रवार को अपहृत प्रमुख व्यक्तियों को कहां रखा गया है ।

उग्रवादियों ने शुक्रवार को श्रीनगर के

कारण सुरक्षा बलों को गोलियां चलानी पड़ीं जिससे दो व्यक्ति घायल हो गये ।

सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाईं : आज प्रातः श्रीनगर शहर में जहांगीर चौक पर एक मकान

बावजूद दोनों देश आर्थिक रफ्तार बढ़ाने की दिशा में अग्रसर हैं । श्री गुजराल ने कहा कि उनकी सरकार चाहती है कि विकास दर का लाभ आम आदमी को जल्दी मिले ।

गुट संघर्षों में 4 आतंकवादी मरे, दम्पति सहित 4 व्यक्तियों की हत्या, एक का अपहरण

चंडीगढ़, 10 अप्रैल (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत रात से अब तक चार आतंकवादी गुट संघर्षों में मारे गए ।

आतंकवादियों ने एक दम्पति सहित चार व्यक्तियों की हत्या कर दी, एक पोल्ट्री फार्म मालिक का अपहरण कर लिया तथा शराब के एक ठेके व मिनी बस को आग लगा दी ।

दम्पति की हत्या : आतंकवादियों ने गत रात तरनतारन पुलिस जिले में सलविंदर सिंह नाम के एक व्यक्ति और उसकी पत्नी लाभ कौर की गोली मार कर हत्या कर दी ।

एक हत्या : आतंकवादियों ने गत रात पुलिस जिला मजीठा के टेरा गांव में बलदेव सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

आतंकवादी मरा : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव चाहल में गत रात 5-6 आतंकवादियों के एक गिरोह ने गांव के एक घर में घुस कर एक युवक दशरण सिंह उर्फ़ शैंटी की गोलियां मार कर हत्या कर दी । हत्या में ए.के. 47 राइफल का प्रयोग किया गया जिसके 10 खाली कारतूस घटनास्थल से मिले हैं । 'वार्ता' के अनुसार दशरण सिंह की हत्या आतंकवादियों के गुट संघर्ष का परिणाम है ।

एक अन्य घायल चल बसा : गत 3 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर बटाला की सब्ज़ी मंडी के निकट हुए बम विस्फोट में एक अन्य गम्भीर घायल राजन पराशर (20) सुपुत्र ब्रह्मदेव राज पराशर की गत रात लुधियाना के सी.एम.सी. अस्पताल में मृत्यु हो गई । इससे पूर्व राजन को अमृतसर के अस्पताल ले जाया गया था ।

शव मिला : बटाला पुलिस ज़िले में फतेहगढ़ चूड़ियां थानांतर्गत गांव कोलार से आज बलवंत सिंह नामक एक किसान के फार्म हाऊस से गालियों से छलनी एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है ।

चुंगी लूट ली : गुरदासपुर (विनोद): गत रात दो अज्ञात स्कूटर सवार युवकों ने पठानकोट रोड पर स्थित चुंगी से पिस्तौल की नोक पर 3590 रुपए लूट लिये ।

स्कूटर छीना : एक अन्य घटना में दो आतंकवादियों ने कल दोपहर बाद 3 बजे आली चक पुल के निकट पिस्तौल की नोक पर कुलवंत सिंह निवासी बरसोला से उसका स्कूटर नं. पी.जे.ओ. 7232 छीन लिया ।

पैट्रोल पम्प लूटा : लुधियाना (महिन्द्रा) गत रात्रि साहनेवाल के निकट एक पैट्रोल पम्प लूट लिया गया । पुलिस ने बताया कि दो उग्रवादी इस पैट्रोल पम्प पर आए और पिस्तौल की नोक पर वहां से 6000 रुपए लूट लिए । जाते समय उनका स्कूटर नहीं चला तो वे किसी अन्य व्यक्ति का स्कूटर छीन कर फरार हो गए ।

लूटने के बाद घायल कर दिया : लुधियाना (धीमान): गत रात प्रताप चौक स्थित एक फैक्टरी में कुछ सशस्त्र उग्रवादी ज़बरदस्ती दाखिल हो गए और फैक्टरी मालिक श्री राजेंद्र कुमार को पिस्तौल दिखा कर कुछ रकम प्राप्त की तथा जाते हुए उन्हें गोली मार कर घायल कर गए । अस्पताल में उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

गुट संघर्ष में 3 आतंकवादी मरे : आतंकवादी गिरोहों की आपसी लड़ाई में तीन आतंकवादियों का फरीदकोट जिले के रामूवाला गांव से अपहरण कर लिया गया था । गत रात उनके गोलियों से छालनी शव इसी जिले के बाघापुराना क्षेत्र से बरामद हुए हैं । मृतक आतंकवादियों की शिनाख्त रेशम सिंह, सूबे सिंह तथा खुशिया के रूप में की गई है ।

आढ़ती को लूटने वाला आतंकवादी गिरफ्तार : सुनाम (नागपाल): गत 30 मार्च को नई अनाज मंडी के कमीशन एजेंट जगन्नाथ सुभाष चंद्र की दुकान से आतंकवादी 6800 रु. और चेतक बजाज स्कूटर छीन कर फरार हो गया था । अभियुक्त ब्ल्यू स्टार आप्रेशन के समय का फौजी भगौड़ा हरबंस सिंह उर्फ बंसा गांव भैणी मराज जिला बठिंडा का निवासी था । आज वह मूनक में पैट्रोल पम्प से स्कूटर में पैट्रोल डलवाने के बाद जाने लगा तो कर्मचारी ने पैसे मांगे । इस पर उसने पिस्तौल दिखा कर जान से मार डालने की धमकी दी । इसी बीच दो व्यक्तियों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया । पुलिस जांच कर रही है ।

शराब के ठेके पर हमला : सुनाम से 8 कि.मी. दूर गांव शेरों में दो आतंकवादियों ने रात साढ़े 12 बजे शराब के ठेके पर हमला कर दिया । उन्होंने आते ही गोलियां मार कर एक कर्मचारी मोहन सिंह को घायल कर दिया जबकि एक कर्मचारी दलीप सिंह ने भाग कर जान बचाई । मोहन सिंह को गम्भीर दशा में अस्पताल में पहुंचाया गया । अभियुक्त जाते हुए शराब की लगभग एक सौ बोतलें तोड़ गए ।

स्कूटर छीन कर फरार : कल सायं सुनाम के निकट शैलर मालिक अमरनाथ से दो

(शेष पृष्ठ 8 पर)

फूलमालाएं घर से बाहर

चंडीगढ़, 10 अप्रैल (संघी): कश्मीर में एच.एम.टी. कम्पनी के जनरल मैनेजर श्री एच.एल. खेड़ा का मृत शरीर आज रात्रि लगभग 10.30 बजे वायु सेना के विमान द्वारा श्रीनगर से चंडीगढ़ लाया गया । केन्द्रीय रेलमंत्री जार्ज फर्नांडीज, जो कश्मीर मामलों के भी प्रभारी हैं, दिल्ली में विशेषरूप से श्री खेड़ा के मृत-शरीर को प्राप्त करने और श्री खेड़ा के परिवार के सदस्यों से हार्दिक सम्वेदना व्यक्त करने के लिए यहां पहुंचे ।

शोकग्रस्त परिवार के सदस्य रात्रि लगभग 8 बजे से पूर्व ही श्री खेड़ा के शव को प्राप्त करने के लिए हवाई अड्डे पर पहुंच गए थे । श्री खेड़ा के साले श्री रविन्द्र मरवाहा ने आरोप लगाया कि जिस विमान में श्री खेड़ा का मृत शरीर चंडीगढ़ लाया जा रहा था, उसे यहां उतारने में जानबूझ कर एक घंटे की देरी की गई । श्री मरवाहा ने कहा कि हवाई अड्डे के अधिकारियों ने उन्हें बताया कि पहले जार्ज फर्नांडीज का दिल्ली से आ रहा विमान उतरेगा, उसके बाद श्री खेड़ा के शव वाले विमान को नीचे उतरने की स्वीकृति दी जाएगी । श्री मरवाहा ने कहा कि हमारा परिवार पहले ही अपना महत्वपूर्ण सदस्य खो चुका है और अब केंद्रीय मंत्री की प्रतीक्षा के लिए उन्हें विवश कर मानसिक रूप से परेशान किया गया ।

चंडीगढ़ प्रशासन के अधिकारियों को खेड़ा परिवार के रोष व क्रोध पर नियंत्रण पाने के लिए काफी प्रयत्न करना पड़ा ।

श्री खेड़ा का ताबूत में ... अड्डे से बाहर आया, उनके ... पहले से ही वहां खड़ी वैन में ... कहा कि उन्हें किसी भी ... सहायता की आवश्यकता ...

मृत शरीर को यहां के ... खेड़ा के ससुराल गृह में प... ससुर ने सभी सरकारी क... को घर से बाहर चले जाने ... टी.वी. कैमरा टीम को भी ... पहले श्री खेड़ा के शव की ... दिया लेकिन बाद में परि... अनुनय करने पर टी.वी. कै... की स्वीकृति दे दी ।

श्री खेड़ा की हत्या से ... इस सीमा तक हताश हैं कि ... भी हवाई अड्डे पर भेंट कर... कहा कि उन्हें घर भी न आ... फर्नांडीज़ ने श्री खेड़ा के ... त्याग दिया । यहां तक कि ... के बाद चंडीगढ़ प्रशासन ... उनके परिवार के सदस्यों ... घर जाना उचित नहीं समझ...

जैसे ही श्री खेड़ा का ...

(शेष पृष्ठ ...

पाक सेनाओं ने अधिकृत कश्मीर क्षेत्र में गतिविधियां तेज़ कर दीं

जम्मू, 10 अप्रैल (वार्ता): पाकिस्तान की सशस्त्र सेनाओं ने पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर क्षेत्र में अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं ।

सीमापार के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अब पाकिस्तानी राडार भारत-सीमा के बहुत निकट आ गए हैं, सूत्रों के अनुसार पाकिस्तानी कब्जे वाले पूरे कश्मीर क्षेत्र में बहुत तेज सैनिक गतिविधियां चल रही हैं । यहां रक्षा सूत्रों ने बताया कि कश्मीर घाटी की स्थिति को ध्यान में रखते हुए पाकिस्तानी नागरिक रक्षा संगठन ने अपनी इकाइयों को भी सम्भावित आदेश का पालन करने के लिए हर वक्त तैयार रहने के निर्देश दे दिए हैं । खासकर पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर तथा भारत सीमा से लगे पाकिस्तानी पंजाब प्रांत के सीमावर्ती क्षेत्र में इन इकाइयों को ज्यादा सतर्क किया गया है ।

रक्षा सूत्रों के अनुसार पाकिस्तानी सशस्त्र सेनाओं द्वारा की गई नई कार्रवाइयों में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करना, महत्वपूर्ण भवनों को बाहरी देशों की सेनाओं की नजर से बचाने के लिए उन्हें आसपास की प्रकृति के अनुरूप रंगरूप देना, चेतावनी तथा सतर्कता प्रणालियों को सक्रिय करना आदि शामिल हैं । समझा जाता है कि पाकिस्तान सरकार ने सैनिक गतिविधियों की वजह से प्रभावित होने वाली आबादी को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की योजनाओं की समीक्षा करके उन्हें नए हालात के अनुरूप बना दिया है । नवीनतम जानकारी के अनुसार अब पाकिस्तान के राडार भारत सीमा के बहुत निकट लाए जा रहे हैं ।

छोटी-सी बात ... रंगा

"मैं अयोग्य हूँ, मैं बेकार हूँ,
मैं गोल्फ़ खेलता हूँ । मैं अब
निरर्थक हो गया हूँ ।"
—डा. फारूक अब्दुल्ला



भाई साहब, वह स्वयं अपने पर आरोप नहीं लगा रहे, बल्कि वह तो उस बात को दोहरा रहे हैं जो कि उनके विरोधी कहते हैं ।

विन चड्ढा की गिरफ्तारी के वारंट

नई दिल्ली, 10 अप्रैल (वार्ता) : दिल्ली की एक विशेष अदालत ने विन चड्ढा की गिरफ्तारी के वारंट जारी किए हैं । बोफोर्स तोप सौदे के सिलसिले में उनके विरुद्ध फौजदारी मुकद्दमा दायर है । गिरफ्तारी वारंट जारी किए जाने से पहले उन्हें भारत के जांच अधिकारियों के समक्ष उपस्थित होने के लिए सम्मन जारी किए गए थे किन्तु वह उपस्थित नहीं हुए ।

आधिकारिक सूत्रों ने आज यहां बताया कि श्री चड्ढा की गिरफ्तारी के वारंट करीब एक महीने पहले जारी किए गए हैं । श्री चड्ढा स्वीडन की हथियार निर्माता फर्म ए.बी. बोफोर्स के कथित भारतीय प्रतिनिधि थे ।

सूत्रों के अनुसार श्री विन चड्ढा की गिरफ्तारी के वारंट जारी करने की यह खबर जांच कार्य की सुविधा के उद्देश्य से जानबूझ कर छुपाई गई थी ।

दिल्ली के दो थानों ... विस्फोट, 11 पुलिस कर्मी

नई दिल्ली, 10 अप्रैल (वा.पस.) : पश्चिमी दिल्ली के दो पुलिस थानों के अंदर आज हुए बम विस्फोट में कम से कम 11 पुलिस कर्मी घायल हो गए । यह बम विस्फोट एक-दूसरे से तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित तिलक नगर और राजौरी गार्डन थानों में हुए जिनसे दोनों थानों के भवनों को काफी क्षति पहुंची है ।

राजौरी गार्डन थाने में हुए बम विस्फोट में 6 व्यक्ति घायल हुए जबकि 5 अन्य व्यक्ति तिलक नगर में हुए विस्फोट में घायल हुए । 4 घायलों को प्राथमिक उपचार के उपरान्त अस्पताल से छुट्टी दे दी गई । पुलिस के अनुसार अन्य घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

दिल्ली के थानों में इस प्रकार के बम विस्फोटों की घटना पहली बार हुई है तथा इसमें उग्रवादियों का हाथ होने के बारे में पुलिस द्वारा इनकी व्यापक रूप से जांच पड़ताल की जा रही है । पुलिस आयुक्त श्री विजय करन ने बताया कि एक 1.5 वोल्ट की ड्राई बैट्री तथा कुछ फ्यूज़ वायर मिले हैं, जिनसे इस बात का संकेत मिलता है कि यह शक्तिशाली टाइम बम थे ।

श्री विजय करन ने बताया कि इन मामलों की जांच का कार्य पुलिस उपायुक्त श्री अमोद कंठ के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच को सौंपा गया है । उन्होंने कहा कि यह दोनों ही विस्फोट दिन में लगभग डेढ़ बजे के आसपास 5 मिनट के अंतर से हुए । तिलक नगर पुलिस थाने में सीढ़ियों के पास रखे हुए कूड़े के एक ड्रम में बम रखा गया था । पुलिस के अनुसार इस विस्फोट से सीढ़ियों में एक बड़ा छेद हो गया ।

राजौरी गार्डन थाने में दूसरी मंजिल पर स्थित शौचालय के भीतर रखे गए बम से विस्फोट हुआ, जिससे पुलिस थाने के परिसर में एक दीवार गिर गई ।

पुलिस ने बताया कि उक्त ... गए टाइम बम बोरियों में ...

सतर्कता : इस बीच पुलि... स्टेशनों, रेलवे स्टेशनों तथा ... महत्वपूर्ण स्थलों की सुरक्षा ... कर दिए हैं ।

बताया जाता है कि इन ... वालों में राजौरी गार्डन थाने ... दीपक कुमार भी शामिल है ...

पुलिस के अनुसार इन बम ... बहरा कर देने वाली आवाज ... धर्मपाल और ओम प्रकाश के ... गए ।

राजौरी गार्डन पुलिस थाने ... सतीश चंद्र का कार्यालय भी ...

मुजाहिदीने कश्मीर ... जम्मू : उग्रवादी संगठन ... दिल्ली के दो थानों में आज ... जिम्मेदारी ली है । एक व्य... को हुमायूं आजाद बता रहा ... श्रीनगर कार्यालय को यह ब... वह इस संगठन का एरिय... देश-भर में और खासकर दि... तेज करने की धमकी दी औ... ने भारत सरकार को कश्मी... करने का पहला और आखि...

राज्यसभा में गूंज ... पुलिस थानों में आज हुए ... राज्यसभा में भी सुनाई पड़ी ... सदस्यों ने इस पर सरकार से ... कांग्रेस (इ) के श्री एच. हनुम... हुए इसे खेद का विषय बताया ... थाने भी अब सुरक्षित नहीं र...

SALE
Phones [Shop 72248
[Resi. 3744

पंजाब बंद के आह्वान पर चार ज़िलों में जनजीवन अस्त-

चंडीगढ़, 10 अप्रैल (वार्ता): अकाली दल मान तथा आल इंडिया स्टुडैंट्स फैडरेशन द्वारा आज पंजाब बंद की प्रतिक्रिया में आतंकवादग्रस्त पुलिस

बटाला पुलिस जिले को छोड़ कर सीमावर्ती गुरदासपुर जिले में बंद का प्रभाव आश्चर्यजनक रूप से नगण्य रहा । फिरोज़पुर व पटियाला जिलों में भी

पूर्ण बंद रहा । गढ़शंकर ग... आंशिक बंद रहा । सम्पर्क ... प्राइवेट दोनों बसें नहीं चलीं ...

Punjabi Sanatan

रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई करने की अपील की ।

प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि यदि उसने हमारे किसी क्षेत्र को हड़पने के लिए सशस्त्र विद्रोह को अस्त्र के रूप में इस्तेमाल किया तो उससे निपट लिया जाएगा और हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक अपने लक्ष्य नहीं प्राप्त कर लेते ।

उन्होंने पाकिस्तान के परमाणु अस्त्र कार्यक्रम की चर्चा करते हुए कहा कि यदि वह परमाणु बम बनाता है तो भारत के पास इसका सामना करने के लिए तैयार होने के अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं रह जाएगा ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान सरकार जो उन्माद फैला रही है उससे टकराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है ।

रक्षा मंत्रालय की अनुदान मांगों पर सदन में बहस का जवाब रक्षा राज्यमंत्री प्रो. राजा रमन्ना ने दिया जिसके बाद मांगों को स्वीकृति दे दी गई ।

विनोद चड्ढा और 3 अन्य दुर्घटना में घायल

होशियारपुर, 10 अप्रैल (प.स.): अकाली दल (बादल) महिला विंग की राज्य-संयोजिका विनोद चड्ढा और 3 अन्य आज होशियारपुर-गगरेट सड़क पर मारुति कार के ट्रक से टकराने से घायल हो गए । घायलों में ट्रांसपोर्टर त्रिलोचन सिंह और पंजाब पुलिस के कांस्टेबल तरसेम सिंह और रणधीर सिंह शामिल हैं ।

राज्यपाल जगमोहन ने श्री खेड़ा की हत्या की निन्दा की है । उन्होंने राज्यपाल राहत कोष से श्री खेड़ा के निकटतम संबंधी को एक लाख रुपए की सहायता राशि मंजूर की है । गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद ने भी इस जघन्य हत्या की निन्दा की है ।

गुट संघर्षों में 4 आतंकवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर नया स्कूटर छीन लिया और फरार हो गए । सिटी पुलिस ने अभियुक्तों का पीछा किया मगर वे भाग गए ।

2 गिरफ्तार : धूरी (जैन): एस.एस.पी. संगरूर श्री ज्ञान सिंह ने बताया कि जिला पुलिस ने लाभ सिंह ढींडसी वाला को गिरफ्तार कर एक चोरी का स्कूटर बरामद किया है । एक अन्य सूचना के अनुसार पुलिस ने राड़ा साहब के बंत सिंह को गिरफ्तार कर उससे एक पिस्तौल व 3 कारतूस बरामद किये हैं ।

ठेका जला दिया : गत रविवार को संगरूर जिले के सत्तू गांव में तीन आतंकवादियों ने एक शराब के ठेके को जला दिया ।

पोल्ट्री फ़ार्म के मालिक का अपहरण : विलम्ब से प्राप्त सूचना के अनुसार गत 7 अप्रैल को फिरोज़पुर जिले के जीरा कस्बे के एक पोल्ट्री फार्म से इसके मालिक जोगेंद्र कुमार का अपहरण कर लिया गया ।

मिनी बस फूंक दी : फिरोजपुर जिले के गांव चेरूवाला में कुछ शरारती तत्वों ने गत रात एक प्राइवेट मिनी बस को आग लगा कर फूंक डाला ।

पुनः गिरफ्तार : कपूरथला पुलिस ने जाली ज़मानतों पर रिहा होने वाले दो आतंकवादियों को पुनः गिरफ्तार कर लिया । उनकी शिनाख्त सुच्चा सिंह और चमन सिंह के रूप में की गई है ।

मुकाबले के बाद 6 फरार : फिरोजपुर से कन्तोड़ के अनुसार ममदोट थाना के गांव महमा में पुलिस के साथ मुकाबले के बाद 6 आतंकवादी फरार होने में सफल हो गए । किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली । घटनास्थल से ए.के.-47 के 20 से अधिक जीवित कारतूस बरामद हुए हैं ।

बम की अफवाह : अबोहर के बस अड्डे पर आज शाम 4.45 बजे फाजिल्का डबवाली ट्रांसपोर्ट की एक बस में कोई बम नुमा वस्त तथा एक खाद की बोरी देख कर यात्रियों में आतंक फैल गया । पुलिस ने सेना के विशेषज्ञों की सहायता से उक्त दोनों वस्तुएं वहां से हटा दीं ।

रोपड़ में दो गिरोह सक्रिय : मोहाली (नवांदा): पंजाब पुलिस के सूत्रों के अनुसार जिला रोपड़ में लगातार हो रही आतंकवादी गतिविधियों में दो आतंकवादी गिरोहों बब्बर खालसा तथा राम भैया गिरोहों का हाथ समझा जाता है । एक गिरोह का सरगना हरजीत सिंह तोची है, जबकि दूसरे गिरोह का मुखिया भैया (के.सी.एफ.) को बताया जाता है । सूत्रों का कहना है कि इन दोनों गिरोहों में आपसी मतभेद होने के कारण इनमें होड़-सी लगी हुई है जिसके परिणामस्वरूप रोपड़ में गत कुछ समय से आतंकवादी गतिविधियां लगातार बढ़ी हैं ।

घायल कर दिया : होशियारपुर (प.स.) : उग्रवादियों ने आज दोपहर जिला होशियारपुर के गांव पड्डी सुरसा सिंह में एक व्यक्ति मोहन सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । घायल को गढ़शंकर अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

कुईयार से कश्मीरी उग्रवादियों की निन्दा का आग्रह

नई दिल्ली, 10 अप्रैल (प.स.): प्रसिद्ध मूर्तिकार अमरनाथ सहगल ने आज संयुक्त राष्ट्र महासचिव जेवियर पेरेज दि कुईयार से जम्मू-कश्मीर में उग्रवादियों द्वारा बेगुनाह लोगों की हत्या और अपहरण की निन्दा करने का आग्रह किया । यहां जारी एक बयान में श्री सहगल ने श्री कुईयार से उग्रवादियों से इस तरह के अपराध रोकने का आग्रह करने को कहा । उन्होंने कहा कि राजनीतिक उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए अपहरण और हत्या करना

बहुमत समाप्त

नई दिल्ली, 10 अप्रैल (वार्ता): राज्यसभा में आज 36 और नए सदस्यों ने सदस्यता की शपथ ली, जिनमें दो कैबिनेट मंत्री दिनेश गोस्वामी और पी. उपेन्द्र तथा विज्ञान और टैक्नालोजी राज्यमंत्री एम.जी.के. मेनन शामिल हैं । कल 33 नए सदस्यों ने सदस्यता की शपथ ली थी । आज सदन में कांग्रेस का बहुमत खत्म हो गया लेकिन वह अब भी सबसे बड़ी एकाकी पार्टी है । उसके 109 सदस्य हैं ।

मुसाफिर का टैलीफोन नम्बर बदला

लुधियाना, 10 अप्रैल (मुसाफिर) : पत्र-प्रतिनिधि श्री कर्मसिंह मुसाफिर का टैलीफोन नम्बर बदल गया है । नया नम्बर 62529 है जबकि पहला 22529 था ।

जांच आयोग विधेयक पास

नई दिल्ली, 10 अप्रैल (प.स.): संसद ने जांच आयोग (संशोधन) विधेयक आज पारित कर दिया ।

स्वराजपाल के भाई की हत्या के संबंध में एक गिरफ्तार

गुवाहाटी, 10 अप्रैल (वार्ता): प्रसिद्ध उद्योगपति सुरेन्द्रपाल की कल तिनसुखिया में हत्या किए जाने के आरोप में असम संयुक्त मुक्ति वाहिनी उलफा का एक कार्यकर्त्ता गिरफ्तार किया गया है । गृहमंत्री भृगु कुमार फुकन ने आज यहां पत्रकारों को यह जानकारी देते हुए बताया कि अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने जोरशोर अभियान छेड़ दिया है । लंदन में बसे भारतीय उद्योगपति स्वराजपाल के भाई सुरेन्द्रपाल की उलफा उग्रवादियों ने कल उस समय हत्या कर दी थी जब शिवसागर में हमला जारी थे । इस घटना में गम्भीर रूप से घायल उनके बागान के वरिष्ठ प्रबन्धक आशीष चौधरी को आज कलकत्ता के अस्पताल में ले जाया गया है ।

पदोन्नति तथा 1.10 लाख के नकद इनाम दिए गए ।

श्री गिल ने जवानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह बड़े संतोष का विषय है कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद पुलिस, सी.आर.पी.एफ. तथा बी.एस.एफ. जवानों ने वीरता का प्रदर्शन किया है तथा उनके हौसले सदा बुलंद रहे हैं । उन्होंने आशा व्यक्त की कि आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में हम जीत जाएंगे ।

टैप कांड में सी.बी.आई. द्वारा पूछताछ

नई दिल्ली, 10 अप्रैल (वार्ता): केंद्रीय जांच ब्यरो (सी.बी.आई.) ने टैलीग्राफ विभाग के अनेक अधिकारियों से पूछताछ की कि क्या जनता दल के वरिष्ठ नेता चंद्र शेखर और 27 अन्य राजनीतिक नेताओं के टैलीफोन टैप किए गए । श्री चंद्र शेखर ने पिछले दिनों इस आशय का आरोप लगाया था । श्री चंद्र शेखर ने अपने आरोप के बारे में सी.बी.आई. को कल औपचारिक रूप से बयान देने से इंकार कर दिया था ।

सरकारी खरीद के ग्लूकोज के प्रयोग पर प्रतिबंध

गुरदासपुर, 10 अप्रैल (प.स.): सरकारी सिविल अस्पताल के मुख्य चिकित्साधिकारी ने सरकार द्वारा खरीदे गए ग्लूकोज के प्रयोग को उस समय तक रोक दिया है, जब तक इसकी सरकारी प्रयोगशाला पटियाला में जांच नहीं हो जाती । डाक्टरों को बाजार से ग्लूकोज खरीदने के लिए कहा गया है ।

भगवती संकीर्तन

जालन्धर, 10 अप्रैल : प्राचीन महाकाली मंदिर, श्री देवी तालाब जालन्धर में 13 अप्रैल को आयोजित किए जाने वाले भगवती संकीर्तन में एम.के. राजा, विक्रम राजा एवं साथी महामाई का गुणगान करेंगे ।

भू.पू. विधायक ते
बाज़ार में जाकर ब

राज्यर

नई दिल्ली, 1
153वां सत्र आज
कर दिया गया ।

नई औद्यो सप्ताह मे

नई दिल्ली, 10
औद्योगिक नीति
दिशा-निर्देशों को
करेगी । यह घो
भारतीय व्यापारियो
श्री अजीत सिंह ने

तीर्थ यात्रि पाकि

अमृतसर, 10
गुरुद्वारों की यात्रा
तीर्थ यात्रियों का ए
अटारी स्टेशन से
दिवसीय विराम के
साहिब में मनाएग

दर्शन सिंह बैठक

अमृतसर, 1
गुरुद्वारा प्रबन्धक
यहां हुई बैठक में
दर्शन सिंह के इस्ती
रोक दिया गया ।
मनजीत सिंह कल
कि कार्यकारिणी ने
को न छुआ और इ
दिया ।

आसाम सरकार की

वर वीकली
टिकट रु. 1/-

र, जो 10.4.90 को गुवाहाटी में निकाला गया :-
Rs. 1,00,000/- SH-246323
Rs. 20,000/- SH-570299
s. 5,000/- each (One in each series)
SG-340469 SH-928733 SJ-820845
) Rs. 500/- each (On last 5 digits.)
9 29089 37712 57621 77509 92233 93356 95451
) Rs. 50/- each (On last 4 digits.)
1 2673 2703 4565 4729 8121 8351 9436
Rs. 20/- each (On last 4 digits.)
5 6330 6415 6493 6784 8229 8311 8849
00) Rs. 10/- each (On last 3 digits.)
1 369 421 530 633 721 817 942
अगला ड्रा 17.4.90 को ।
अपना नम्बर आधिकारिक गज़ट से मिला लें ।

ाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 10.4.90, 49/- without trays, NECC Suggested Retail Price 6/70 Per Dozen.

टेलरिंग

Bhasin Bros., First Floor, Chowk Katra Jaimal Singh, Amritsar for Gents Suits, Shirts, Safaris.

शिक्षा

R.M.P. रजिस्ट्रेशन पटना शीघ्र बंद । तुरन्त मिलें/ बी.ए./ बी.काम./ बी.एस.सी./ एम.ए./ एम.काम./ (One Sitting Osmania/ Magadh) बी.एड. रोहतक । नियमावली दस रुपए । गांधी मैमोरियल कालेज, नजदीक लक्ष्मी सिनेमा, यमुनानगर ।

(हिमाचल प्रदेश सरकार)
हीरा-पन्ना
इंस्टैंट मासिक ड्रा
परिणाम

हीरा-पन्ना के 33वें इंस्टैंट मासिक ड्रा का परिणाम, जो 10.4.90 को शिमला में

पहला पुरस्कार (1) रु. 1,00,000/-

दूसरा पुरस्कार (20) रु. 1,000/- प्रत्येक (सभी सीरीज़ में सांझा)
023876 066632 195823 205711 4637
479028 775072 835064 865214 9532

तीसरा पुरस्कार (40) रु. 500/- प्रत्येक (सभी सीरीज़ में सांझा)
045275 100795 155368 160306 19902
359166 385727 454680 599823 62958
715089 736214 751535 759661 82406
865767 869047 893625 965628 99453

चौथा पुरस्कार (200) रु. 100/- प्रत्येक
07170 09327 09877 26827 34310
38725 45743 67721 75560 79721

पांचवां पुरस्कार (2000) रु. 50/- प्रत्येक
3097 3823 4380 4623 5387 5613 8086 8611 93

छठा पुरस्कार (2000) रु. 20/- प्रत्येक

Punjabi Samachar

कार्यकर्ता दलों को पकड़ने के लगातार प्रयास जारी रहेंगे ।

राजनीतिक दलों और सरकार के बीच वार्ता का दूसरा दौर एक-दो दिन में होगा । इसी बीच कई दलों ने

माओवादी की अध्यक्ष सुश्री साहाना प्रधान ने नेपाल सरकार पर आरोप लगाया है कि वह विपक्ष की

और लोकेंद्र बहादुर चंद्र की सरकार अविलम्ब भंग कर दी जाए ।

तिरुचिरापल्ली के निकट टैंक-रोधी हथियार बनाने वाले कारखाने हैवी एलाय पैनीट्रेटर प्रोजैक्ट ने काम करना शुरू कर दिया है ।

सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में निशान सिंह उर्फ बाबा समेत 6 आतंकवादी मारे गए

चंडीगढ़, 11 अप्रैल (प.स., वार्ता): पंजाब में कल रात से अब तक सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में अबोहर हत्याकांड के जिम्मेवार निशान सिंह उर्फ बाबा सहित 6 आतंकवादी मारे गए, जबकि उग्रवादियों ने एक स्वतंत्रता सेनानी समेत 6 लोगों की हत्या कर दी और दो बैंकों को भी लूटा । इस दौरान पुलिस ने 10 आतंकवादियों तथा 8 लुटेरों को भी गिरफ्तार किया है ।

6 उग्रवादी मारे गए : जलालाबाद (मलिक) यहां से 30 किलोमीटर दूर थाना मलोट के गांव रानीवाला में आज प्रातः सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 6 उग्रवादी मारे गए और एक भाग जाने में सफल हो गया । पुलिस सूत्रों के अनुसार गांव रानीवाला में एक बारात आई हुई थी, किसी ने पुलिस और सुरक्षा बलों को सूचना दी कि बारात में कुछ संदिग्ध व्यक्ति आए हुए हैं । इस पर सुरक्षा बल तत्काल हरकत में आए और उन्होंने बारात वाले घर में जाकर पूछताछ की लेकिन घर वालों ने कहा कि बारात में सभी अपने हैं, कोई भी व्यक्ति संदिग्ध नहीं । इस पर सुरक्षा कर्मी घर से निकल कर जब आगे गए तो उग्रवादी घर से निकल गए । सुरक्षा बलों को फिर सूचना मिली कि उग्रवादी भाग गए हैं । इस पर सुरक्षा बलों ने उनका पीछा किया तो उग्रवादी गेहूं के खेत में जाकर छिप गए । जब सुरक्षा बलों के कर्मचारी उस खेत के निकट से गजरे तो उग्रवादियों ने फायरिंग करनी शुरू कर दी । सुरक्षा क्लों द्वारा भी जवाबी फायरिंग की गई । लगभग पांच घंटे फायरिंग जारी रही, जिससे 6 उग्रवादी मारे गए ।

मारे गए 6 उग्रवादियों में से 4 की शिनाख्त तख्त सिंह उर्फ तख्ता, निशान सिंह अभल्ल (गांव अभल्ल, फाजिल्का), सुखा सिंह और मुखा सिंह (दोनों गांव रानीवाला के निवासी) के रूप में की गई है । पुलिस ने घटनास्थल से 2 ए.के. 47 राइफलें, दो 315 बोर की राइफलें, दो 12 बोर की बंदूकें, एक पिस्तौल, एक 303 बोर की पिस्तौल (देसी) बरामद किए हैं ।

'वार्ता' के अनुसार मृतकों में निशान सहित उर्फ बाबा भी शामिल है, जो गत मास हुए अबोहर हत्याकांड के लिए जिम्मेवार था । राज्य पुलिस के महानिदेशक के.पी.एस. गिल ने बताया कि यह मुकाबला 13 घंटे चला । उन्होंने कहा कि निशान सिंह फिरोजपुर और फरीदकोट जिलों के क्षेत्रों में सरगर्म था और अबोहर हत्याकांड के अतिरिक्त 20 हत्याओं के लिए जिम्मेवार था । उसने गत कुछ महीनों में 70 लाख रुपए लोगों से ऐंठे थे । श्री गिल के अनुसार मृतक के 2 अन्य साथियों की पहचान बलदेव सिंह और सुखा सिंह के रूप में की गई है ।

स्वतंत्रता सेनानी की हत्या : फरीदकोट (पस): फरीदकोट में आज तड़के साइकिल सवार आतंकवादियों ने वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी तथा अखबारी एजेंट चरणदास गुप्ता की गोली मार कर हत्या कर दी । उक्त घटना तब हुई जब वह वितरण के लिए अखबारें लेने जा रहा था । 75 वर्षीय श्री गुप्ता का विगत जुलाई 1989 से हिन्द समाचार पत्र समूह से कोई संबंध नहीं था । इस बीच स्वतंत्रता सेनानी संघ, पत्रकार संघ तथा अन्य संगठनों ने उक्त हत्याकांड की निंदा की है । उक्त घटना के रोष स्वरूप फरीदकोट में आज बंद भी रहा ।

दो की हत्या : फिरोजपुर (कंटोड़): चार आतंकवादियों ने कल रात जीरा पुलिस थाना क्षेत्र के नूरपुर गांव के निवासी मुराद नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । इसी जिला के काली रौंद गांव में कुछ आतंकवादियों ने संता सिंह नामक एक अन्य व्यक्ति की भी गोली मार कर हत्या कर दी ।

एक का अपहरण : फिरोजपुर जिला के धर्मकोट पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत तलवंडी नौ बहार गांव से तीन आतंकवादियों ने पंडित दयालदास नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया ।

महिला की हत्या : फरीदकोट जिला के दोधार गांव में दो आतंकवादियों ने पंचायत की महिला सदस्य श्रीमती गुरमीत कौर की गोली मार कर हत्या कर दी ।

एक घायल : संगरूर (वार्ता, गर्ग): जिला के कूबे गांव में आतंकवादियों ने शराब के ठेके पर काम करने वाले एक कर्मचारी को गोली मार कर घायल कर दिया । उसका नाम दशरथ बताया जाता है । आतंकवादियों ने लौंगोवाल पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक और गांव में शराब के एक ठेके पर भी तोड़फोड़ की ।

तीन आतंकवादी गिरफ्तार : पटियाला (भूषण): पटियाला सदर पुलिस ने आज प्रातः पंजाबी विश्वविद्यालय के निकट नाकाबंदी के दौरान 'खालिस्तान लिबरेशन फोर्स' के प्रमुख सदस्य हरदेव सिंह को गिरफ्तार किया है । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पुलिस को देख कर उक्त आतंकवादी, जो गांव साधुवाला की तरफ से आ रहा था, विश्वविद्यालय की दीवार फांद कर भागने लगा । पुलिस ने पीछा करके उसे दबोच लिया । उसके कब्जे से एक विदेशी पिस्तौल, दो मैगजीन तथा 15 जीवित कारतूस भी बरामद हुए हैं । प्रारम्भिक पूछताछ से पता चला है कि वह विश्वविद्यालय का छात्र रहा है और नाभा क्षेत्र का रहने वाला है ।

पटियाला पुलिस ने दो अन्य आतंकवादियों मेजर सिंह तथा हरनेक सिंह को भी गिरफ्तार किया है और उनसे बस्सी पठानां से छीना गया स्कूटर भी पकड़ा गया है । प्रारम्भिक पूछताछ से पता चला है कि उक्त दोनों आतंकवादी लूटपाट और पैसे ऐंठने की कई वारदातों में संलिप्त थे ।

मुठभेड़ के बाद एक आतंकवादी काबू : जालन्धर जिला पुलिस ने कल रात भैणी गांव के निकट मुठभेड़ के बाद एक आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया । उसका नाम अवतार सिंह उर्फ तारी बताया जाता है और वह लुधियाना के गोबिन्दनगर का निवासी था । पूछताछ के दौरान उसने बताया है कि उसने माडल ग्राम लुधियाना में एक गैस एजैंसी तथा लुधियाना के निकटवर्ती पैट्रोल पम्पों को लूटा था । पुलिस ने उसके कब्जे से एक मोटर साइकिल तथा एक रिवाल्वर भी पकड़ा है ।

इस बीच पुलिस ने फिल्लौर पुलिस थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति अशोक कुमार को .38 बोर के रिवाल्वर के साथ गिरफ्तार किया है । वह जिला लुधियाना का निवासी है ।

एक और व्यक्ति की हत्या : जालन्धर (प.स.): जिला के बंगा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत खोतरां गांव में तीन आतंकवादियों ने मुलख राज नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार आतंकवादी उक्त व्यक्ति के घर में घुस कर जबरन उसे अपने साथ ले गए और फिर खेतों में ले जाकर उसको गोलियां मार दीं ।

एक और घायल : खन्ना (शर्मा): यहां से 12 कि.मी. दूर गांव नसराली में 2 बजे रात 2 आतंकवादी एक व्यक्ति हरचरण सिंह के घर आए और उसे जगाया । फिर पिस्तौल की नोक पर उसे सन्तोख सिंह पटवारी के घर चलने को कहा और आदेश दिया कि पटवारी को आवाज देकर बाहर बुलाए । दरवाजा खटखटाने पर जब पटवारी बाहर आया तो एक ने उस पर गोली चला दी जो सन्तोख सिंह के मुंह पर लगी और जबाड़े को चीरती हुई कान के पीछे से दूसरी ओर निकल गई । इसके बाद दोनों भाग गए । पटवारी को घायलावस्था में पहले खन्ना के अस्पताल और फिर सी.एम.सी. लुधियाना ले जाया गया । पुलिस ने जांच आरम्भ कर दी है ।

बैंक लूटा : अमृतसर (वार्ता): तीन आतंकवादियों के एक गिरोह ने तरनतारन पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत दोबुर्जी गांव में पंजाब नैशनल बैंक की शाखा से 30 हजार रुपए से अधिक की राशि लूट ली । आतंकवादी पैदल भागते समय बैंक से दो बन्दूकें भी ले गए ।

रुपए व बन्दूक लूटी : अमृतसर जिला के नौशेरा नंगली गांव में आतंकवादियों ने हरदेव सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर साढ़े 11 हजार रुपए तथा लाइसैंसी दोनाली बंदूक लूट ली ।

बैंक से 2.03 लाख रुपया लूटा : तरनतारन पुलिस जिला के फतेहाबाद गांव में दो आतंकवादियों ने आज पंजाब नैशनल बैंक की शाखा से 2.03 लाख रुपया लूट लिया ।

6 आतंकवादी गिरफ्तार : भटिंडा जिला से पुलिस ने 6 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । उनके कब्जे से एक राइफल, एक रिवाल्वर, 4 बंदूकें तथा कुछ गोली-सिक्का भी बरामद हुआ है ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

10 उग्रवादी गिरफ्तार : 8 लुटेरे पकड़े गए : 2 बैंक लूटे, स्वतंत्रता सेनानी सहित पंजाब में अन्यत्र 6 की हत्या

8 लुटेरे काबू : नकोदर (गगन): कल रात पुलिस ने महतपुर से 8 लुटेरों को असली और नकली हथियारों सहित गिरफ्तार किया है । आज नकोदर थाने में बुलाई गई एक प्रैस कांफ्रैंस में डी.एस.पी. नकोदर श्री जगदीश कुमार और इंस्पैक्टर श्री चरणजीत सिंह ने बताया कि जौन मसीह, महिन्दर पाल, तरसेम लाल, विजय कुमार, जसवंत, जैल सिंह व हरदेव सिंह आदि को कोई वारदात करने की योजना बनाते हुए संगोवाल रोड पर एक नाले के पुल से गिरफ्तार किया गया । उक्त लुटेरों ने इससे पहले 5-6 अप्रैल की मध्य रात्रि को गांव अंगाकीडी की महिन्दर कौर के घर प्रवेश करके उसकी 2 सोने की बालियां, 2 चांदी की पायलें, 2 घड़ियां और 700 रुपए नकद लूटे थे । इन्होंने संगोवाल सहकारी बैंक के ताले भी रात के समय तोड़ने की कोशिश की थी । इसी रात को महतपुर के एक दुकानदार श्री धर्मपाल के पोते का अपहरण करके उससे 2 लाख रुपए वसूल करने और महतपुर सहकारी बैंक को लूटने की भी योजना बनाई थी । पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इनके पास से 3 नकली पिस्तौलें, 3 नकली बन्दूकें, 2 मुखौटे, 2 छुरियां, 2 जोड़े दस्ताने, 2 टोपियां, 1 ऐनक, 12 बोर की एक पिस्तौल व 3 कारतूस भी मिले हैं । पुलिस ने यह भी बताया कि इस गिरोह का सरगना सुरिन्दर पाल छिंदा निवासी अंगाकीडी है ।

Punjab Sanatan

वाकिला लाटरी
ार टिकट 1/- रु०

.4.90 को गुवाहाटी में निकाला गया :—

0/- PC-762386

ch (On last five digits in respective series)
226 PC-39778 PD-72751
571 PC-05920 PD-85599
295 PC-55963 PD-88622
324 PC-57874 PD-79630

ch (On last five digits in respective series)
6034 PC-29696 PD-30964
9195 PC-78817 PD-91475
2395 PC-82230 PD-69566
0306 PC-87453 PD-28231

each (On last 5 digits.)
04152 36134 71490 45810 65790 87998

each (On last 4 digits.)
1556 0336 8383 5117 4282 4722

each (On last 4 digits.)
5283 8708 0644 8691 1268 6585

- each (On last 3 digits.)
427 501 640 710 810 924

- each (On last 3 digits.)
431 572 610 786 818 911

ड्रा 18.4.90 को ।

र अंतिम रूप से अधिकृत गजट से मिला लें ।

निदेशक
असम राज्य लाटरीज
गुवाहाटी

2.

ाइड विज्ञापन

chine,
used.
Punjab

रियायत)
स्त रोग
ोपैथिक,
ठ 150
रियायती
स्टेज 12
द मासिक

किराए पर

3 Rooms for Office/Residence at Pushap Palace, Near Friends Cinema, Ph. : 74972. Contact : New Sardar Tailors, Mai Hiran Gate, Jalandhar.

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 11.4.90, 49/- without trays, NECC Suggested Retail Price 6/70 Per Dozen.

सार्वजनिक सूचना

मेरा लड़का रमेश कुमार (जिसकी लाल बाज़ार, जालंधर में अपनी दुकान है) मेरी किसी भी चल या अचल सम्पत्ति को नहीं बेच सकता । अगर कोई व्यक्ति उससे किसी प्रकार का लेन-देन करेगा तो वह खुद जिम्मेवार होगा : प्रेमलता Wd/o Sh. Darshan

राज्यपाल जगमोहन ने इन हत्याओं की कड़ी निंदा करते हुए मृतकों के परिवार वालों के लिए एक-एक लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है । उन्होंने कहा कि मृतकों श्री हक और श्री गनी के परिवारों के एक-एक बालिग सदस्य को नौकरी दी जाएगी ।

सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में

(पृष्ठ 3 का शेष)

मोटर साइकिल छीना : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के कादियां थाना के अंतर्गत टपई गांव के निकट से 2 सशस्त्र आतंकवादियों ने एक व्यक्ति से उसका मोटर साइकिल छीन लिया ।

बंद रहा : पुलिस मुठभेड़ में जगराज सिंह उर्फ तूफान सिंह तूफान के मारे जाने के विरुद्ध रोष स्वरूप आज चौथे दिन भी कादियां, श्री हरगोबिन्दपुर, काहनूवान तथा घुमान में पूर्णतः बंद रहा । इन क्षेत्रों में बस सेवा भी ठप्प रही ।

पोस्टरों से आतंक : आज प्रातः यहां लीकवाला तालाब, लक्कड़ मंडी, कचहरी क्षेत्र तथा कुछ अन्य स्थानों पर धमकीपूर्ण पत्र चिपके हुए पाए गए जिनमें लोगों को 11 और 12 अप्रैल को बंद रखने का 'आदेश' दिया गया है । उक्त पोस्टरों के नीचे के.सी.एफ. प्रमुख गुरजंट सिंह बुधसिंहवाला तथा बब्बर खालसा प्रमुख सुखदेव सिंह बब्बर के नाम लिखे हुए हैं ।

गोली मार कर हत्या : आज सायं लगभग साढ़े 6 बजे पुलिस जिला बटाला के थाना हरगोबिन्दपुर के गांव मुडवारियां में 2 उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । जिला पुलिस के अनुसार यह व्यक्ति किसी दूसरे क्षेत्र से लाया गया लगता है क्योंकि इसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी । पुलिस को घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल से चली गोलियों के 4 खोल बरामद हुए हैं ।

अध्यापक व विद्यार्थी परेशान

लुधियाना, 11 अप्रैल (नेपाल) : अध्यापक तथा विद्यार्थी +1 के फिजिक्स के पेपर के सलेबस से बाहिर से आने के कारण भारी परेशान हैं । ये प्रभावित विद्यार्थी शिक्षा विभाग से मांग कर रहे हैं कि इस पेपर का जांच के समय इस बात का ध्यान रखा जाए ।

परीक्षा रद्द

चंडीगढ़, 11 अप्रैल (संघी): पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड ने गत दो अप्रैल को गर्व. सीनियर सैकेंडरी स्कूल मुजीद (लुधियाना) में सायंकालीन सत्र में हुई +1 की

सहयोग देने का वायदा किया ।

पिता पुत्र की हत्या सहन न कर पाए

जम्मू, 11 अप्रैल (प.स.): कश्मीर विश्वविद्यालय के कुलपति मुशीर उल हक के निजी सचिव अब्दुल गनी, जिनकी मंगलवार को आतंकवादियों ने श्री हक के साथ ही हत्या कर दी थी, के पिता गुलाम कादिर को आज जब उनके पुत्र की हत्या का समाचार मिला तो उस गम को सहन न कर पाते हुए उनकी भी आज यहां हृदय गति रुक जाने से मृत्यु हो गई । इस प्रकार परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा । दोनों को आज एक साथ दफनाया गया ।

डाक्टरों ने काले बिल्ले लगाए

अमृतसर, 11 अप्रैल (वा.): गत तीन अप्रैल को बटाला में बम काण्ड के बाद हुई हिंसा के दौरान बटाला के सिविल अस्पताल में मैडीकल कर्मियों पर हमले किए जाने के रोष स्वरूप आज यहां सरकारी अस्पतालों के सभी डाक्टरों, मैडीकल छात्रों तथा अन्य कर्मियों ने काले बिल्ले लगाए ।

मैं लोकतन्त्र का समर्थक हूं

चण्डीगढ़, 11 अप्रैल (संघी) : हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री ओम प्रकाश चौटाला ने प्रदेश इंका के अध्यक्ष श्री शमशेर सिंह सुर्जेवाला के इस आरोप का खण्डन किया है कि वह दादागिरी पर उतर आए हैं ।

फगवाड़ा की प्रसिद्ध इंजीनियरिंग कम्पनी को एक पुरुष अथवा महिला टाइपिस्ट कम क्लर्क, अकाऊंटैंट कम टाईपिस्ट व पैकिंग के लिए लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है । सात दिन में प्रार्थना पत्र भेजें ।

बाक्स 256, पंजाब केसरी,
जालन्धर ।

(Ashok Kaura)

AE VICON®
WITH US BUSINESS & HONESTY GO TOGETHER
FITTED WITH
INTRODUCING REMOTE ITEMS
PLUG BELL REGULATORS FOR A
PARTS



कि हमारे आदरणीय पिता श्री तजराम गुप्ता जी (जैतो निवासी) सोमवार 2 अप्रैल, 1990 को अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर भगवान के चरणों में लीन हो गए हैं ।

रस्म पगड़ी शुक्रवार 13 अप्रैल, 1990 को सायं 3.30 बजे मकान नं. 995, सैक्टर 14, फरीदाबाद में होगी ।

शोकग्रस्त-परिवार जन

जानकी देवी	(पत्नी)
गिरिधारी लाल	(पुत्र)
ईश्वर चन्द्र	(,,)
सीता राम	(,,)
प्रेम कुमार	(,,)

अल्प निविदा आमंत्रण
ग्रामीण कार्य योज

हरियाणा के राज्यपाल के लिए एवं की
जन-स्वास्थ्य शाखा, हरियाणा में सूचीयन की
अंतर्गत स्वीकृत ठेकेदारों से अधोहस्ताक्षरी के
प्रत्येक का मूल्य चुकाने पर उपलब्ध निर्धा
लिफाफों में निम्नलिखित स्कीमों के लिए परसैंटे
हैं । निविदा के साथ धरोहर राशि अव
अधोहस्ताक्षरी को प्लैज किये गये किसी अ
चालान/डिपाज़िट एटकाल रसीद के रूप में हो
समक्ष उल्लिखित तिथि को ठेकेदारों या उनके
सामने खोली जाएंगी, जो उस समय उपस्थित
ड्राइंग्स तथा शैड्यूल आफ रेट्स आदि अधोह
किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय के दौ

1. उपलब्ध कराना डब्ल्यू/एस स्कीम बापा ग्रामो
(निर्माण करना, पम्प चैम्बर 14'x16', चार
आयरन गेट, सी.आई./पी.वी.सी./डब्ल्यू./एस.
हौदीज़ तथा उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य ।)

अनु. लागत	धरोहर राशि	अवधि
1.00 लाख रु.	2000/- रु.	2 माह

2. उपलब्ध कराना डब्ल्यू./एस. स्की. टोपरा ग्रा

कड़ियां तैनात की गई हैं । सारे मार्ग पर ब्रा
ों, स्कूटरों व रिक्शों की तलाशी का काम तेज
या गया है ।
हर के बुजुर्गों का कहना है कि पिछले 36
यह पहली बार है कि किसी प्रधानमंत्री के

अनुसार कल होने वाली सर्वदलीय सद्भावना रेली में भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री अटल बिहारी वाजपेयी, माकपा के वरिष्ठ नेता श्री हरकिशन सिंह सुरजीत तथा कम्युनिस्ट नेता श्री अवतार सिंह मल्होत्रा भी भाग लेंगे । इनके अलावा अकाली नेता श्री सुरजीत

मान अकाली दल और शिव सेना ने श्री वी.पी. सिंह के आगमन पर विरोध प्रदर्शन करने व उनका घेराव करने की घोषणा की है । इसके दृष्टिगत प्रशासन ने सतर्कता के तौर पर कई पग उठाए हैं ।

बताया कि पार्टी हाई कमान के निर्देश पर उनके संगठन ने अपना प्रस्तावित प्रदर्शन रद्द कर दिया है । उन्होंने कहा कि बैसाखी के पवित्र दिवस पर

(शेष पृष्ठ 12 पर)



के सांसद श्री सिमरनजीत सिंह मान से
ी में राष्ट्रीय एकता परिषद की बैठक के

पंजाब में 4 सुरक्षा कर्मियों सहित 13 व्यक्तियों की हत्या

24 आतंकवादी गिरफ्तार : बारूदी सुरंग फटने से 7 पुलिस कर्मी घायल

2 उग्रवादी मुठभेड़ में, एक गुट संघर्ष में मरा

चंडीगढ़, 12 अप्रैल (पंस., वार्ता): पंजाब में पिछले 24 घंटे के दौरान आतंकवादियों ने चार सुरक्षा कर्मियों समेत 13 लोगों की हत्या कर दी जबकि पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो और निजी गुट संघर्ष में एक उग्रवादी मारा गया । पुलिस ने प्रदेश में विभिन्न स्थानों से 24 आतंकवादियों को हथियारों समेत गिरफ्तार भी किया है ।

हैड-कांस्टेबल समेत 3 की हत्या : अमृतसर, (वि.प्र., वार्ता) : आध दर्जन के करीब आतंकवादियों ने कल रात यहां निकटवर्ती घुमानपुरा गांव में हैडकांस्टेबल गरीब सिंह तथा उनके बेटे बलदेव सिंह की हत्या कर दी । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार उक्त आतंकवादी पुलिस की वर्दियों में थे और उनके पास ए. के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें थीं । रात एक बजे के करीब वे उक्त हैड-कांस्टेबल के घर में घुस आए तथा उसे और उसके बेटे को जबरदस्ती अपने साथ ले गए । आतंकवादियों ने एक गंदे नाले के निकट उन दोनों की गोलियां मारकर हत्या कर दी । इसी गांव में आतंकवादियों ने एक अन्य व्यक्ति जोगेन्द्र सिंह की भी गोली मार कर हत्या कर दी । इन हत्याओं की जिम्मेदारी 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' ने ली है । मृतक हैड-कांस्टेबल गरीब सिंह छहर्टा थाना में तैनात था ।

महिला की हत्या : झब्बाल गांव में कल रात आतंकवादियों ने एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी । बताया जाता है कि रात 12 बजे के करीब ए. के. 47 असाल्ट राइफलों से लैस पांच आतंकवादियों ने स्वर्ण सिंह के मकान का दरवाजा खटखटाया । घर वालों ने दरवाज़ा न खोला तो आतंकवादियों ने दरवाज़ा तोड़ने का प्रयास किया । जब दरवाजा न टूटा तो आतंकवादियों ने खिड़कियों से फायरिंग की । गोलियां लगने से स्वर्ण सिंह की पत्नी नरेन्द्र कौर की मृत्यु हो गई ।

एक और हैड-कांस्टेबल की हत्या : अमृतसर के सुल्तानविंड क्षेत्र में कल रात आतंकवादियों द्वारा की गई फायरिंग में घायल हुए हैड-कांस्टेबल बलदेव सिंह की आज प्रातः गुरु तेग बहादुर अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

बारूदी सुरंग फटने से 7 पुलिस कर्मी घायल : तरनतारन पुलिस जिले के गांव छीना के समीप आतंकवादियों ने आज दोपहर एक सड़क पुल को उस समय बारूदी सुरंग से उड़ा दिया, जब पुलिस की एक जीप उस पर से गुज़र रही थी । इस घटना में 7 पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए । पुलिस कर्मी निकटवर्ती एक गांव में मारे गए निहंग की लाश लेकर आ रहे थे । पुलिस की जीप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई ।

डाक्टर की हत्या : अमृतसर (नारंग) : आतंकवादियों ने आज सायं स्थानीय खालसा कालेज के सामने एक डाक्टर राजपाल की गोली मार कर हत्या कर दी ।

बताया गया है कि हत्यारे डाक्टर की हत्या करने के पश्चात् खालसा कालेज की ओर ही भाग गए ।

दुकानें जला दीं : एक अन्य घटना में आज रात्रि कुछ शरारतियों ने पुतलीघर क्षेत्र में पिपली साहिब गुरुद्वारे के सामने सब्जी मंडी में कुछ दुकानों को आग लगा दी । फायर ब्रिगेड ने तत्काल मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया ।

अंधाधुंध फायरिंग : आज रात्रि हाथी गेट क्षेत्र में मारुति वैन में सवार कुछ उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग की और फायरिंग करते हुए ही भाग गए । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

युवक का अपहरण : अमृतसर के सुल्तान विंड क्षेत्र से आतंकवादियों ने एक युवक पवन कुमार का अपहरण कर लिया ।

स्कूली बच्चे का अपहरण : आतंकवादियों ने मजीठा पुलिस जिला के अंतर्गत ब्यास पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन वज़ीर भुल्लर गांव में 12 वर्षीय एक स्कूली बच्चे दलजीत सिंह का अपहरण कर लिया ।

गोली लगने से कांस्टेबल मरा : गुरदासपुर (वार्ता) : पंजाब पुलिस के सिपाही लखविन्द्र सिंह की आज प्रातः गुरदासपुर में स्थित पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के अनुसंधान केंद्र के रैस्ट हाऊस में गोली लगने से मृत्यु हो गई । एक अन्य सिपाही, जो मृतक के साथ ड्यूटी पर तैनात था, को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है ।

अखबारी एजेंट की हत्या : लुधियाना (वार्ता) : आतंकवादियों ने आज प्रातः यहां से 24 किलोमीटर दूर दोराहा में गुरदयाल सिंह नामक अखबारी एजेंट की गोली मारकर हत्या कर दी ।

गुट संघर्ष में एक आतंकवादी मरा : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव मुडवारियां के निकट आतंकवादियों ने कल रात निजी गुट संघर्ष के कारण एक आतंकवादी सतनाम सिंह उर्फ सत्ता को गोली से उड़ा दिया । मृतक छः माह पूर्व ज़मानत पर छूटा था और लूटपाट तथा धन ऐंठने की वारदातों में संलिप्त था ।

बंद रहा : दुर्दांत आतंकवादी जगराज सिंह के मारे जाने के विरुद्ध रोषस्वरूप मजीठा पुलिस जिला के बाबा बकाला तथा मेहता ओक क्षेत्र और बटाला

(शेष पृष्ठ 12 पर)

श्री संधु ने बताया कि मृतक तथा घायल व्यक्तियों की वित्तीय सहायता की जाएगी । श्री संधु ने बताया कि संभवत: संदिग्ध व्यक्तियों ने 5-10 मिनट पूर्व ही ट्रैक्टर यहां पर पार्क किया तथा उसे आग लगा दी, जिसके बीच एक शक्तिशाली बम था, ताकि लोग इस आग को बुझाने के लिए भारी संख्या में एकत्र हों और इस दौरान बम फट जाए जिससे कि अधिकाधिक लोग इससे प्रभावित हों । श्री संधु ने बताया कि बम विस्फोट एक बाल्मीकि मन्दिर के बाहर हुआ, उसके साथ ही एक टैलीविजन की दुकान है । संदिग्ध व्यक्तियों का यह भी षड्यंत्र था कि वहां प्रात:काल मन्दिर में लोग इकट्ठे होते हैं तथा टैलीविजन की दुकान पर महाभारत भी चल रहा होता है लेकिन टैलीविजन की दुकान तथा मन्दिर किसी कारणवश बन्द थे, नहीं तो वहां बहुत जानी नुक्सान होता । श्री संधु ने बताया कि इस बात की जांच की जा रही है कि शायद उग्रवादियों ने यह ट्रैक्टर किसी से छीना हुआ था ? बम से ट्रैक्टर के टुकड़े-टुकड़े हो गए ।

इस दौरान अकाली नेता सुरजन सिंह ठेकेदार, भाजपा नेता सतपाल गोसाईं, हरीश बेदी, सुनील मेहरा तथा व्यापारी नेता नदीन सूद ने घटनास्थल पर पहुंच कर लोगों से सहानुभूति व्यक्त की है ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री संधु ने बताया कि अब उग्रवादी गोलियों की बजाय बम विस्फोटों से लोगों को हताहत कर रहे हैं । पुलिस को संदेह है कि उग्रवादी नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बम विस्फोट कर सकते हैं । उन्होंने लोगों को चौकस रहने की अपील की है । श्री संधु ने बताया कि आतंकवादियों की इस चुनौती का मुकाबला करने के लिए कल पुलिस अधीक्षक (नगर) ने पुलिस अधिकारियों की एक बैठक भी बुलाई थी, जिसमें कड़े पगों बारे विचार-विमर्श किया गया । श्री संधु ने नागरिकों से अपील की है कि वह यदि किसी भी संदिग्ध वस्तु को नगर के किसी कोने में पड़ा देखें, तो तुरंत पुलिस को सूचित किया जाए । श्री संधु ने बताया कि यह संदेश लोगों तक पहुंचाने के लिए नगर में पुलिस वाहन कार्यरत हैं ।

मृतकों के परिवारों को सहायता : राज्यपाल के सलाहकार पी.एस. कोहली ने जिलाधीश एस.एस. बराड़, एस.एस.पी. परमजीत सिंह संधु व अन्य जिलाधिकारियों के साथ विस्फोट वाली जगह का निरीक्षण किया । उसके बाद सी.एम.सी. में घायलों को देखने गए । उन्होंने घायलों के इलाज के लिए उनके परिवारों को 5-5 हजार रुपए और मृतकों के परिवारों को 50-50 हजार रुपए और उनके एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की घोषणा की । इसके बाद श्री कोहली ने जिला अधिकारियों से कानून-व्यवस्था पर मंत्रणा की ।

चैसी का नम्बर मिला : 'धीमान' के अनुसार ट्रैक्टर ट्राली में हुए धमाके की जांच के लिए नियुक्त श्री के. एस. खेड़ा पुलिस अधीक्षक (गुप्तचर) ने बताया कि उस ट्रैक्टर ट्राली का चैसी नम्बर मिल गया है । अब उसके मालिक का पता लगाने के लिए उच्च स्तरीय कोशिशें शुरू कर दी गई हैं । परिवहन विभाग को इस बारे विशेष निर्देश जारी कर दिए गए हैं । धमाके वाली जगह पर बाल्मीकि मंदिर के बाहर बिजली की ट्यूबों और खम्बों को भी भारी हानि पहुंची है । मंदिर में से मलबे और खून के धब्बों को साफ किया जा रहा है ।

बाल्मीकि सभा पंजाब की हंगामी बैठक श्री दर्शन लाल की अध्यक्षता में हुई जिसमें इस कांड की निंदा करते हुए सरकार से अभियुक्तों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की गई । बाल्मीकि धर्म समाज के प्रधान श्री लक्ष्मण कुमार ने सरकार से मांग की है कि बम धमाका में मरने वालों के परिवारों को एक-एक लाख रुपए की सहायता दी जाए । घायलों का मुफ्त इलाज करवाया जाए । आज बाल्मीकि नेताओं ने बाल्मीकि मोहल्लों में जाकर लोगों से अपील की कि वे ऐसी उत्तेजक और घिनावनी कार्रवाइयों के बावजूद शांति-पूर्ण रहते हुए कानून व्यवस्था को हर हालत में बनाए रखें ।

मुठभेड़ में 6 आतंकवादी मरे : छह दुर्दांत आतंकवादी आज तरनतारन पुलिस जिले के फेरूचाके गांव में सुरक्षा बलों के साथ एक भीषण मुठभेड़ में मारे गए ।

पुलिस के अनुसार मुठभेड़ सुबह आठ बजे के आसपास उस समय शुरू हुई जब आतंकवादियों के एक 12 सदस्य गिरोह के एक फार्म हाऊस में डेरा डाले होने की सूचना मिली । सूचना मिलते ही सुरक्षा कर्मियों ने प्रीतम सिंह के फार्म हाऊस को घेर लिया और मुठभेड़ शुरू हो गई । सुरक्षा बलों ने घटनास्थल से एक हल्की मशीनगन, एक एस.एल.आर, तीन ए.के. 47 राइफलें तथा दो बम बरामद किए ।

मृतकों में दुर्दांत आतंकवादी 'फौजी' शामिल : मृतक आतंकवादियों में भिडरांवाले टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान का एक स्वयंभू 'लैफ्टिनैंट जनरल' और दुर्दांत आतंकवादी रवेल सिंह उर्फ फौजी भी शामिल हैं ।

राज्य पुलिस प्रमुख श्री के.पी.एस. गिल ने चंडीगढ़ में पत्रकारों को बताया कि रवेल सिंह हाल के दिनों में काफी सक्रिय था ।

रवेल सिंह के साथ मारे गए एक अन्य आतंकवादी की शिनाख्त रछपाल सिंह के रूप में की गई है ।

बाद में प्राप्त विवरण के अनुसार मुठभेड़ में मारे गए छ: आतंकवादी सुखविंदर सिंह संघा के गिरोह के सदस्य थे । गिरोह के चार-पांच सदस्य फरार होने में सफल हो गए । तरनतारन पुलिस जिला प्रमुख श्री नरेन्द्र सिंह ने बताया कि यह वही गिरोह समझा जाता है, जिसने गत 28 दिसम्बर को तरनतारन में ऐतिहासिक दरबार साहब के बाहर तैनात पुलिस चौकी पर हमला किया था । इस घटना में सी.आर.पी. एफ. के चार जवान मारे गए थे । आज मृतक आतंकवादियों के पास से मृतक जवानों की सैल्फ लोडिंग राइफल भी मिली है । लाशों के पास से एक रिवाल्वर, चार हथगोले और भारी मात्रा में गोली-बारूद भी मिला । यह रिवाल्वर एक ए.एस.आई. का है, जिसकी कुछ माह पूर्व इस गिरोह ने हत्या कर दी थी । बरामद हथियारों पर संघा और बी.टी.एफ. के नाम लिखा है ।

श्री नरेन्द्र सिंह ने बताया कि मुठभेड़ के समय फरार होने की कोशिश कर रहे तीन आतंकवादी गेहूं के खेतों में मार गिराए गए जबकि तीन आतंकवादी फार्म हाऊस के कमरे में छुप गए थे । पुलिस ने कमरे में हथगोले फैंक कर उन्हें खत्म कर दिया ।

पुलिस चीफ ने कहा कि मृतक आतंकवादियों की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है, जो आतंकवादी हथगोले से मारे गए हैं, उनके शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गए हैं । अभी यह मालूम नहीं हो सका कि मुठभेड़ के समय सुखविंदर सिंह संघा उपस्थित था या नहीं । संघा पंथक कमेटी के सदस्य गुरबचन सिंह मानोचाहल, जो इस गिरोह का मुखिया है, से अलग हो गया था और उसने अपना समानांतर गिरोह बना लिया था ।

हैड कांस्टेबल व उसकी बहन की हत्या : आतंकवादियों के एक गिरोह ने पांच दुर्दांत आतंकवादियों को रिहा कराने के लिए आज रात तरनतारन सदर पुलिस थाने के गांव मुगलचक में एक हैड कांस्टेबल व उसकी बहन की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा बटाला पुलिस थाना में कार्यरत एक इंस्पैक्टर के इकलौते पुत्र का अपहरण कर लिया । पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने गांव के एक घर पर उस समय हमला किया जब वहां एक विवाह समारोह हो रहा था । इस समारोह में उक्त इंस्पैक्टर के शामिल होने की आशा थी, जोकि बटाला में एस.एच.ओ. के रूप में नियुक्त है ।

ए.के. 47 राइफलों से की गई अंधाधुंध फायरिंग से हैड कांस्टेबल सतविन्दर सिंह तथा उसकी बहन मारी गई । दोनों मृतक उक्त इंस्पैक्टर के चचेरे भाई-बहन थे । आतंकवादियों को जब पता चला कि पुलिस इंस्पैक्टर विवाह समारोह में नहीं आया तो उन्होंने उसके इकलौते पुत्र बलजीत सिंह का अपहरण कर लिया । आतंकवादियों ने उसकी रिहाई के बदले में बटाला पुलिस जिले में नजरबंद पांच दुर्दांत आतंकवादियों को रिहा करने की मांग की है ।

दुकानदार का अपहरण : अमृतसर से नारंग के अनुसार खालड़ा क्षेत्र में आज सायं

(शेष पृष्ठ 6 पर)

युद्ध हुआ तो पाकिस्तान नहीं रहेगा : अडवानी

बम्बई, 15 अप्रैल (वार्ता): भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष लालकृष्ण अडवानी ने आज यहां कहा कि यदि पाकिस्तान भारत के साथ युद्ध करता है तो उसका (पाकिस्तान) अस्तित्व ही नहीं रहेगा । श्री अडवानी ने भाजपा के गठन की दसवीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित समारोह के समापन पर एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान द्वारा कश्मीर में की गई अनेक उत्तेजना पूर्ण कार्रवाइयां उसके द्वारा अघोषित 'युद्ध' करने के समान हैं ।

उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह पाकिस्तान और कश्मीर में छिपे उसके एजैंटों को स्पष्ट संकेत देकर बताए कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है तथा युद्ध होने पर अपनी एक इंच जमीन भी नहीं छोड़ी जाएगी ।

जानी चाहिए । उन्होंने राज्यपाल की आलोचना करने के लिए कांग्रेस (इ) को आड़े हाथों लिया और कहा कि श्री जगमोहन को वापस बुलाने तथा विधानसभा फिर से कायम करने की मांग नहीं की जानी चाहिए ।

उन्होंने कश्मीर घाटी से आए एक लाख से अधिक शरणार्थियों के राहत एवं पुनर्वास के प्रति उदासीन रवैया अपनाने पर केंद्र सरकार की आलोचना की । उन्होंने कहा कि जम्मू में शरणार्थी शिविरों में व्यवस्थाएं अपर्याप्त हैं । उन्होंने कहा कि वहां शिविरों में 25 हजार शरणार्थी हैं लेकिन केवल 1200 शरणार्थियों के लिए व्यवस्था की गई है ।

येलत्सिन राष्ट्रपति पद के

दिल्ली में कड़ी सुरक्षा

Punjab Sahapedia





(ऊपर) रविवार को लुधियाना में हुए बम विस्फोट में उड़ा जीप-शीर्ण ट्रैक्टर, जिसमें बम रखा हुआ था । (नीचे) विस्फोट में मारे गए तीन मृतक (1) करतारा, (2) दयाल सिंह, (3) छोटू । (छाया : कम्बोज)

भारत ने यदि हमला किया तो उसे इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी : पाक नेताओं की चेतावनी

Punjabi Tribune

इस्लामाबाद, 15 अप्रैल (प.स.) : पाकिस्तान के तीन चोटी के नेताओं ने भारत को चेतावनी दी है कि यदि उसने पाक पर हमला किया तो उसे इसकी 'बहुत भारी कीमत' चुकानी पड़ेगी । इन नेताओं ने स्पष्ट किया कि पाक की सशस्त्र सेनाएं 'किसी भी बाहरी खतरे का मुकाबला करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं ।' राष्ट्रीय असैम्बली की रक्षा स्थायी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए रक्षा राज्यमंत्री गुलाम सरवर चीमा ने कहा कि 'सीमा पार से युद्ध की धमकियों' से निपटने के उपाय किये जा रहे हैं । उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भारत से युद्ध नहीं चाहता लेकिन यदि युद्ध थोपा गया तो पाकिस्तान मुकाबला करने के लिए 'पूरी तरह सक्षम' है ।

रक्षा राज्यमंत्री ने कहा कि दुश्मन के नापाक इरादे ध्वस्त करने के लिए हमारी सेनाओं ने सभी जरूरी कदम उठाये हैं और अब हमारी सेनाएं इंशा अल्लाह पहले के मुकाबले अधिक ताकतवर और मजबूत हैं ।

फैसलाबाद में पाकिस्तान के सूचना व प्रसारण मंत्री श्री मलिक अहमद ने भी उत्तेजक रुख अपनाते हुए भारत को चेतावनी दी कि पाक सेनाएं किसी भी हमले को पछाड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं । उन्होंने कहा कि भारत को जम्मू-कश्मीर में लोगों के 'आत्म निर्णय' की मांग स्वीकार कर लेनी चाहिए ।

पंजाब के मुख्यमंत्री श्री नवाज शरीफ ने एक वक्तव्य में कहा कि पाक के सभी राष्ट्रवादी लोग एकजुट होकर देश की रक्षा के लिए तैयार हैं और भारत को इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए था कि वह पाकिस्तान की वर्तमान राजनीतिक स्थिति से फायदा उठा लेगा । श्री शरीफ ने चेतावनी दी कि यदि उसने कश्मीर के लोगों के 'आत्म निर्णय' के अधिकार को नकारने और लोगों का ध्यान घरेलू समस्याओं से हटाने के लिए युद्ध का रास्ता अपनाया तो इसके गंभीर परिणाम होंगे ।

इस बीच पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री तथा पाकिस्तान मुस्लिम लीग के अध्यक्ष श्री मोहम्मद खां जुनेजो ने कश्मीर मुद्दे पर बातचीत का सुझाव दिया है ताकि सैनिक टकराव टल सके । पेशावर हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री जुनेजो ने कहा कि हाल ही में श्री वी. पी. सिंह ने जो बयान दिया है, वह अनुचित है । इसके साथ ही उन्होंने पाक सरकार को यह सुझाव भी दिया है कि वह भारत की ओर से दी गई 'युद्ध की धमकियों' को गंभीरता से ले ।

खंडन : पाकिस्तानी अधिकारियों ने भारत के इस दावे का खंडन किया है कि कश्मीर विवाद को लेकर दोनों देशों के बीच उत्पन्न तनाव के बाद उसकी सेनाएं भारतीय सीमा के पास आ गई हैं । एक पाकिस्तानी अधिकारी ने कहा कि हालांकि

(शेष पृष्ठ 6 पर)

खूंखार आतंकवादी फौजी मरा

(पृष्ठ 3 का शेष)

आतंकवादी एक दुकानदार का अपहरण करके ले गए ।

स्कूटर छीना : दो सशस्त्र आतंकवादियों ने अमृतसर में अस्पताल के पास से एक व्यक्ति राकेश कुमार से उसका स्कूटर नं. पी.ए.ई. 264 पिस्तौल की नोक पर छीन लिया ।

गहने व नकदी छीनी : अमृतसर की आबादी वसंत एवेन्यू में आतंकवादियों ने एक दम्पति से, जब वह सैर को निकला था, पिस्तौल की नोक पर 700 रुपए नकद, 2 घड़ियां, सोने की चेन और हीरे की अंगूठी छीन ली ।

एस.पी.ओ. चौकी पर हमला : आज रात अमृतसर क्षेत्र में खेमकरण के निकट एस.पी.ओ. चौकी नं. 7 पर आतंकवादियों ने फायरिंग की । जवाबी फायरिंग होने पर वे दौड़ गए ।

मोटर साइकल छीना : अमृतसर से नारंग के अनुसार गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के बाहर कुछ आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति से उसका मोटर साइकल छीन लिया ।

अपहृत महिला बरामद :पुलिस जिला मजीठा के गांव बल्लकलां में से आतंकवादियों ने मंजीत कौर पत्नी हरजीत सिंह का अपहरण कर लिया । आतंकवादी उसे एक कार द्वारा अमृतसर की ओर ला रहे थे कि मोबाइल पुलिस ने महिला को बरामद कर लिया ।

आतंकवादी ज़हर खा कर मरा : पटियाला (भूषण): यहां से 20 किलोमीटर दूर मुलेपर का निवासी निर्मल सिंह जो हाल ही में पुलिस थाने से फरार हो गया था, को कल रोपड़ जिले में आनंदपुर साहब में देखा गया । पुलिस द्वारा घेर लिए जाने पर उसने कोई ज़हरीली चीज खा ली । उसे फतैहगढ़ साहब अस्पताल में लाया गया, जहां उसे बचाने के बहुत प्रयास किए गए मगर वह बच न सका । निर्मल सिंह कई आपराधिक मामलों में वांछित था । उसने गत 18 मार्च को एक अन्य आतंकवादी के साथ मिल कर कोटला खुर्द गांव में बचन सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसे धमकी दी थी कि अगर उसने 50 हजार रुपए नहीं दिए तो इसके बुरे परिणाम भुगतने पड़ेंगे । परन्तु बचन सिंह के पुत्र बेअंत सिंह ने मृतक को पहचान लिया था । इसके बाद निर्मल सिंह वहां से भाग निकला । परन्तु छः दिन बाद उसके रिश्तेदारों ने उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया था ।

सरपंच की हत्या : पटियाला से 'भूषण' के अनुसार दो स्कूटर सवार सशस्त्र व्यक्तियों ने आज दोपहर बाद सामाना थाना क्षेत्र में बीबीपुर ग्राम पंचायत के सरपंच की हत्या कर दी । हत्या के बाद अभियुक्त फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

एक अन्य आतंकवादी मरा : जालन्धर : आज शाम जिले के गोराया पुलिस थाने के क्षेत्र में कुछ अज्ञात बन्दूक धारकों ने जागर सिंह नामक आतंकवादी जोकि कुछ दिन पूर्व ही जमानत पर रिहा हुआ था, की हत्या कर दी । वह डडवार गांव का निवासी था । पुलिस के अनुसार घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के दो चले हुए कारतूस मिले हैं ।

अपहृत युवक को छुड़ाया : फिरोज़पुर (बागी): फिरोज़पुर पुलिस व सी.आर.पी.एफ. ने संयुक्त कार्रवाई कर जीरा निवासी श्री सुरजन कुमार



रविवार को लुधियाना में हुए बम विस्फोट के कुछ घायल । (छाया : कम्बोज)

जिनकी शिनाख्त हरमिंदर सिंह और खज़ान सिंह के रूप में की गई है ।

बेटा बाप की मौत का कारण बना : कपूरथला (शर्मा): जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आज यहां संवाददाताओं को बताया कि थाना सदर फगवाड़ा के अंतर्गत गांव मलिकपुर में गुरुद्वारा के एक ग्रंथी स. जगजीत सिंह की निर्मम हत्या का कारण उसके लड़के रंजीत सिंह की दो लड़कियों से प्रेम कहानी है । पुलिस ने इन दो लड़कियों के एक निकटवर्ती संबंधी स्वर्ण सिंह, जो कि दुर्दांत आतंकवादी है तथा जिसके सिर पर 50 हजार रुपए इनाम नियत है, के अतिरिक्त स्वर्ण सिंह के 6 अन्य संबंधियों जरनैल सिंह, मेहल सिंह, करनैल सिंह,

पाक की चेतावनी

(पृष्ठ 3 का शेष)

उसकी सेनाएं अपने नियत स्थानों पर चौकन्ना खड़ी हैं ।

पाक भारत से वार्ता को तैयार : पेइचिंग (प.स.): चीनी सम्वाद समिति शिन्हुआ ने आज कहा कि पाकिस्तान कश्मीर के मसले पर उत्पन्न तनाव को दूर करने के लिए भारत से बातचीत करने की सोच रहा है । शिन्हुआ ने इस्लामाबाद में सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि पाक विदेश मंत्री साहिबज़ादा याकूब खां न्यूयार्क में इस सप्ताहांत अथवा इस माह के अंतिम सप्ताह में भारतीय विदेश

Punjab Sanatan

वरिष्ठ आनंदमार्गी नेताओं की उनके
हुई बैठक के बाद ही किया गया था ।
ार्गियों के खिलाफ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट
र्यकर्त्ताओं द्वारा जारी कथित हिंसा की
बनाया गया ।

ने नेता अवधूत महाबीरानंद ने उन्हें
समेत पारंपरिक हथियारों की ट्रेनिंगदेनी
दूसरे चरण में प्रतिबद्ध कार्यकर्त्ताओं को
करने के लिए हथियार मुहैया कराए

ने बताया कि महाबीरानंद ने उसे
'कुछ' लाने के लिए कहा । उसे निर्देश
क कोई उससे फोन पर या खुद सम्पर्क
उससे कोई सवाल पूछने की बजाय सिर्फ
में ही जवाब देना है ।

ने बताया कि सुरेश की शिक्षा-दीक्षा
में हुई । उसका सहयोगी रविन्दर
ाबाद का रहने वाला है और वहां एक
म करता था ।

प-महानिरीक्षक ने मार्गियों और पंजाब
के बीच कोई संबंध होने से इन्कार
ोंने कहा कि हथियारों की सप्लाई में
गुप्तचर संस्था लिप्त हो सकती है ।

यास नदी में डूब गया

, 15 अप्रैल (ढल्ल): स्थानीय बस्ती
युवक उमेश कुमार, जो 13 अप्रैल को
अवसर पर ज्वालामुखी के निकट
देव तीर्थ की यात्रा के लिए अपने कुछ
गया था, ब्यास नदी में स्नान करते हुए
सकी लाश अभी नहीं मिली । थाना
इस सम्बन्ध में उसी समय रिपोर्ट दर्ज
।

की कांफ्रैंस 20 को

15 अप्रैल (धीमान): एसोसिएशन
फ इंडिया की उत्तरी भारत शाखा की
ार्षिक कांफ्रैंस 20 अप्रैल से यहां
है ।

द लम्बा करें

के कद बढ़ाने की आयु
त रोगी शीघ्र मिलें ।

S.D. SHARMA,
HALL BAZAR,
AMRITSAR.

सोमवार, दयोल होटल,
नज़दीक मीरां एण्ड

लवार, रॉक्सी होटल, सामने फ्रैन्ड्ज़ सिनेमा,

: 20 अप्रैल, नरूला होटल, दिल्ली गेट के

ल सोनू होटल, बस स्टैंड के सामने ।
अप्रैल, अम्बर होटल, नज़दीक बस स्टैंड ।
ल, पैलेस होटल, नज़दीक रेलवे स्टेशन ।
पुर, बठिण्डा–दवाई दोनों जगह मिलती है ।
जे से 4 बजे तक ।

विज्ञापन

पोल्ट्री

hi Egg rate for 15.4.90,

सरपंच की हत्या : पटियाला से 'भूषण' के अनुसार दो स्कूटर सवार सशस्त्र व्यक्तियों ने आज दोपहर बाद सामाना थाना क्षेत्र में बीबीपुर ग्राम पंचायत के सरपंच की हत्या कर दी । हत्या के बाद अभियुक्त फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

एक अन्य आतंकवादी मरा : जालन्धर : आज शाम जिले के गोराया पुलिस थाने के क्षेत्र में कुछ अज्ञात बन्दूक धारकों ने जागर सिंह नामक आतंकवादी जोकि कुछ दिन पूर्व ही जमानत पर रिहा हुआ था, की हत्या कर दी । वह डडवार गांव का निवासी था । पुलिस के अनुसार घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के दो चले हुए कारतूस मिले हैं ।

अपहृत युवक को छुड़ाया : फिरोजपुर (बागी): फिरोजपुर पुलिस व सी.आर.पी.एफ. ने संयुक्त कार्रवाई कर ज़ीरा निवासी श्री सरवन कुमार के 22 वर्षीय पुत्र बिट्टू जिसका गत 12 अप्रैल को ज़ीरा शहर के बाहर से आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया था, को छुड़ा लिया है । एस.एस.पी. फिरोजपुर श्री सुरजीत सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने पर तीन पुलिस अधीक्षकों के नेतृत्व में सुरक्षा बलों ने ज़ीरा थाना के अंतर्गत पांच गांवों में व्यापक रूप से तलाशियां लीं और लोहके गांव में बलकार सिंह नामक व्यक्ति के घर से बिट्टू को बरामद कर लिया । उसे एक कमरे में बंद रखा गया था । आतंकित बिट्टू ने पत्रकारों को बताया कि आतंकवादियों ने उसके मां-बाप से फिरौती में पांच लाख रुपयों की मांग की थी । आतंकवादी अपहरण के बाद तीन रातों तक बिट्टू को पैदल ही एक से दूसरे छुपने के ठिकानों पर ले जाते रहे ।

5 बंदूकें लूटीं : एक अन्य सूचना के अनुसार शुक्रवार की रात आठ आतंकवादियों ने ज़ीरा थाना के गांव नूरपुर में पांच किसानों से उनकी लाइसैंसशुदा 12 बोर की बंदूकें छीन लीं । इन किसानों के नाम हैं : जरनैल सिंह सरपंच, मेहर सिंह, बलविंदर सिंह, हरदीप सिंह और भगवान सिंह । आतंकवादियों ने इसी गांव के एक अन्य किसान मान सिंह से तीन तोले सोना और 500 रुपये नकद भी लूट लिये ।

श्री सुरजीत सिंह ने बाद में बताया कि बिट्टू के पिता ने आतंकवादियों को देने के लिए कल पांच लाख रुपये जमा भी कर लिये थे, जो अब बच गये हैं । उपरोक्त पुलिस दल के जवान तथा अधिकारी अपहर्त्ता आतंकवादियों की तलाश जारी रखे हुए हैं । उन्होंने बताया कि पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान दो ए.के. 47 असाल्ट राइफलें, ए.के. 303 की बंदूक और गोली-बारूद भी बरामद किया है ।

गुट संघर्ष में उग्रवादी मरा : कल रात उग्रवादियों के प्रतिद्वंद्वी गुटों की मुठभेड़ में बिट्टू नामक युवक का अपहरण करने वाला एक आतंकवादी मारा गया ।

पिता व पुत्र के शव बरामद : मक्खू से 'चंद्रशेखर' के अनुसार आज सुबह मलसीयां गांव के निकट दो गोलियों से छलनी लाशें मिली हैं, जिनकी शिनाख्त सुखदेव सिंह व उसके पिता करनैल सिंह के रूप में हुई है । बताया जाता है कि सुखदेव सिंह की गत रात शादी थी । कल सशस्त्र आतंकवादी उसे व उसके पिता का जबरन अपहरण कर ले गए । आज सुबह नहर की पटरी से उनकी गोलियों से छलनी लाशें मिलीं ।

आतंकवादी की लाश मिली : मक्खू से ही लगभग 15 किलोमीटर दूर गांव मिट्टे के पास एक सम्पर्क सड़क पर एक आतंकवादी की लाश मिली है । इस लाश के पास पड़े एक पत्र के अनुसार मृतक



रविवार को लुधियाना में हुए बम विस्फोट के कुछ घायल । (छाया : कम्बोज)

जिनकी शिनाख्त हरमिंदर सिंह और खज़ान सिंह के रूप में की गई है ।

बेटा बाप की मौत का कारण बना : कपूरथला (शर्मा): जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आज यहां संवाददाताओं को बताया कि थाना सदर फगवाड़ा के अंतर्गत गांव मलिकपुर में गुरुद्वारा के एक ग्रंथी स. जगजीत सिंह की निर्मम हत्या का कारण उसके लड़के रंजीत सिंह की दो लड़कियों से प्रेम कहानी है । पुलिस ने इन दो लड़कियों के एक निकटवर्ती संबंधी स्वर्ण सिंह, जो कि दुर्दांत आतंकवादी है तथा जिसके सिर पर 50 हजार रुपए इनाम नियत है, के अतिरिक्त स्वर्ण सिंह के 6 अन्य संबंधियों जरनैल सिंह, मेहल सिंह, करनैल सिंह, कुलविंद्र सिंह, कुलदीप सिंह तथा सत करतार सिंह के विरुद्ध हत्या आदि का केस दर्ज कर लिया है ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के अनुसार गांव मलिकपुर में गत 6-7 वर्षों से भाटड़ा बिरादरी का जगजीत सिंह गुरुद्वारा का ग्रंथी था । जिसके साथ कुछ जमीन भी है । दुर्दांत आतंकवादी स्वर्ण सिंह की दो संबंधी लड़कियों बलजीत कौर तथा सर्वजीत कौर के साथ मृतक ग्रंथी के 22 वर्षीय पुत्र रंजीत सिंह के अवैध संबंध थे । दोनों ओर से प्रेम पत्रों तथा चित्रों का भी आदान-प्रदान हो चुका था । पुलिस ने प्रेम पत्र भी अपने कब्जे में लिये हैं । लड़कियां जाट बिरादरी की हैं । एक महीना पूर्व गांव की पंचायत ने भी ग्रंथी को गांव छोड़ कर चले जाने के लिए कहा था । इस पर रंजीत सिंह अम्बाला चला गया था । एक पत्र में एक लड़की को रंजीत सिंह ने लिखा है कि यदि हमारी हत्या हुई तो हमारी हत्या स्वर्ण सिंह, कुलविन्द्र सिंह तथा मेहल सिंह करेंगे । इन लड़कियों ने रंजीत सिंह की बहिन को सोने की चैन तथा रुमाल उपहार स्वरूप दिये थे । बलजीत कौर ने एक पत्र रंजीत सिंह को पंजाबी में उल्टा लिखा हुआ है जो कि शीशे के सामने पढ़ा जा सकता है । पुलिस ने तमाम प्रेम पत्र, सोने की चैन आदि अपने कब्जे में लेकर हत्यारों की तलाश आरम्भ कर दी है । 13 अप्रैल रात्रि को कथित आतंकवादियों ने ग्रंथी जगजीत सिंह की ए.के. 47 राईफल से गोलियां मार कर हत्या कर दी थी ।

आतंकवादी की शिनाख्त : कपूरथला में थाना कोतवाली के अंतर्गत तलवंडी चौधरियां सड़क पर 13 अप्रैल सायं को एक ट्रैक्टर ट्राली भगा कर ले जाने वाले आतंकवादी ने पुलिस का घेरा पड़ने पर जहर खा कर आत्महत्या कर ली थी । उसकी पहचान सुखविन्द्र सिंह पुत्र जोगेंद्र सिंह वासी धरमू चक थाना मेहता के रूप में हुई है । पुलिस के अनुसार कुछ समय पूर्व ही वह जेल से जमानत पर छूट कर आया था । वह पाकिस्तान से प्रशिक्षण लेकर आया हुआ था ।

स्कूटर व 12 हजार छीने : गुरदासपुर (विनोद): आज दोपहर में लगभग एक बजे 3 अज्ञात आतंकवादियों ने बंदूक की नोक पर गुरदासपुर निवासी एक व्यक्ति सतीश कुमार से उसका स्कूटर पीजेडब्ल्यू 3393 और 12 हजार रुपए गुरदासपुर सदर में तिबड़ी के पास छीन लिये । सतीश कुमार गांव से अपनी दुकान की उगराही करके वापस लौट रहा था । उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों से इस इलाके में इस प्रकार की यह छठी घटना घटी है ।

कश्मीर घाटी में तलाशी अभियान

(पृष्ठ 3 का शेष)

विजया राजे द्वारा कड़े कदमों की

पाक की चेतावनी

(पृष्ठ 3 का शेष)

उसकी सेनाएं अपने नियत स्थानों पर चौकन्ना खड़ी हैं ।

पाक भारत से वार्ता को तैयार : पेइचिंग (प.स.): चीनी सम्वाद समिति शिन्हुआ ने आज कहा कि पाकिस्तान कश्मीर के मसले पर उत्पन्न तनाव को दूर करने के लिए भारत से बातचीत करने की सोच रहा है । शिन्हुआ ने इस्लामाबाद में सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि पाक विदेश मंत्री साहिबज़ादा याकूब खां न्यूयार्क में इस सप्ताहांत अथवा इस माह के अंतिम सप्ताह में भारतीय विदेश मंत्री से मिलने की तैयारी कर रहे हैं । पाक विदेश मंत्रालय ने इस उद्देश्य के लिए इस माह इस्लामाबाद अथवा नई दिल्ली में भारत-पाक संयुक्त आयोग की बैठक बुलाने की भी योजना बनाई है । सम्वाद समिति ने दावा किया कि पाकिस्तान ने कई बार पेशकश की, लेकिन भारतीय नेताओं ने अब तक पाकिस्तान से सीधे बातचीत करने से इन्कार कर दिया । शिन्हुआ ने कहा कि पुराने मुद्दों के समाधान में प्रधानमंत्री बेनज़ीर तीसरे देश की मध्यस्थता स्वीकार करने की इच्छुक हैं, लेकिन भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा इस तरीके को नामंजूर करने से कोई परिणाम नहीं निकल सका है ।

बुद्धिजीवियों की अपील : नई दिल्ली (वार्ता): 14 जानी-मानी हस्तियों ने आज भारत और पाकिस्तान के नेताओं और सरकारों से ऐसी कार्रवाइयां नहीं करने का अनुरोध किया है, जिनसे दोनों देशों के बीच युद्ध छिड़ जाए और दोनों ओर विनाश हो । इन लोगों ने यहां एक बयान में कहा कि कश्मीर में स्थिति बिगड़ने के साथ ही दोनों देशों की रंजिश भी बढ़ी है । दोनों देशों के बड़े राजनीतिज्ञों के गैर जिम्मेदाराना बयानों से स्थिति गम्भीर हो गई है । इस बयान पर हस्ताक्षर करने वालों में प्रोफैसर रोमिला थापर, लै. जनरल (रिटायर्ड) जे.एस. अरोड़ा, प्रो. रजनी कोठारी, राम जेठमलानी, एस. मूलगांवकर, बलराज पुरी, न्यायमूर्ति आर.एस. नरूला (सेवानिवृत्त) व प्रोफैसर महीप सिंह भी शामिल हैं ।

बिहार इंका की बैठक में जूते चले

पटना, 15 अप्रैल (प.स.): बिहार प्रदेश कांग्रेस (इ) समिति की बैठक आज काफी हंगामे पूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई । डा. जगन्नाथ मिश्र के विरोधियों और समर्थकों के बीच गर्मागर्म बहस के दौरान संघर्ष की नौबत आ गई तथा उन्होंने एक-दूसरे पर जूते व कुर्सियां फैंकीं ।

हालांकि प्रदेश कांग्रेस (इ) अध्यक्ष ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान इस बात से इन्कार किया और कहा कि कुछ बाहर के लोगों ने घुस कर नारेबाजी की, लेकिन कई पत्रकारों ने सदाकत आश्रम के सभा कक्ष की खिड़कियों और अधखुले दरवाजों से झगड़े का दृश्य अपनी आंखों से देखा तथा बैठक में शामिल अन्य ने भी इस घटना की पुष्टि की ।

सीमैंट की बोरी 95 रुपए की

होशियारपुर, 15 अप्रैल (अश्विनी): सीमैंट की कीमतों में गत दो-तीन दिनों में भारी वृद्धि होने के

Punjabi Sanjaal

सोना और 500 रुपये नकद भी लूट लिये ।

श्री सुरजीत सिंह ने बाद में बताया कि बिट्टू के पिता ने आतंकवादियों को देने के लिए कल पांच लाख रुपये जमा भी कर लिये थे,जो अब बच गये हैं । उपरोक्त पुलिस दल के जवान तथा अधिकारी अपहर्त्ता आतंकवादियों की तलाश जारी रखे हुए हैं । उन्होंने बताया कि पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान दो ए.के. 47 असाल्ट राइफलें, ए.के. 303 की बंदूक और गोली-बारूद भी बरामद किया है ।

गुट संघर्ष में उग्रवादी मरा : कल रात उग्रवादियों के प्रतिद्वंद्वी गुटों की मुठभेड़ में बिट्टू नामक युवक का अपहरण करने वाला एक आतंकवादी मारा गया ।

पिता व पुत्र के शव बरामद : मक्खू से 'चंद्रशेखर' के अनुसार आज सुबह मलसीयां गांव के निकट दो गोलियों से छलनी लाशें मिली हैं, जिनकी शिनाख्त सुखदेव सिंह व उसके पिता करनैल सिंह के रूप में हुई है । बताया जाता है कि सुखदेव सिंह की गत रात शादी थी । कल सशस्त्र आतंकवादी उसे व उसके पिता का जबरन अपहरण कर ले गए । आज सुबह नहर की पटरी से उनकी गोलियों से छलनी लाशें मिली ।

आतंकवादी की लाश मिली : मक्खू से ही लगभग 15 किलोमीटर दूर गांव मिट्ठे के पास एक सम्पर्क सड़क पर एक आतंकवादी की लाश मिली है । इस लाश के पास पड़े एक पत्र के अनुसार मृतक का नाम बलबीर सिंह है । पत्र में लिखा गया है कि वह मनमर्जी किया करता था और हटाने पर भी बाज नहीं आया । पत्र के नीचे खालिस्तान कमांडो फोर्स के निशान सिंह के हस्ताक्षर हैं ।

एक व्यक्ति की हत्या : फरीदकोट जिले में आतंकवादियों ने आज सोसा गांव में साईं नामक एक व्यक्ति को गोलियों से मार डाला ।

आतंकवादी मरा : मुक्तसर से 'दर्दी, दीपक' के अनुसार आज बाद दोपहर एक आतंकवादी अपने साथी आतंकवादी की अचानक बंदूक चल जाने से मारा गया । इस संबंध में प्राप्त विवरण के अनुसार 2 संदिग्ध आतंकवादी यहां सादिक रोड पर स्थित लोकनाथ नामक एक व्यक्ति के ईंटों के भट्ठे पर गए और उसे अपने साथ चलने को कहा । उन्होंने भी लोकनाथ को स्कूटर चलाने को कहा और खुद पीछे बैठ गए । थोड़ी दूर जाने के बाद स्कूटर अचानक एक पेड़ से टकरा कर उलट गया तथा तीनों व्यक्ति नीचे गिर गये । इसी दौरान एक आतंकवादी से अचानक उसकी बंदूक चल गई तथा गोली उसके साथी को लगी, जिसके परिणामस्वरूप उसकी वहीं पर मौत हो गई । दूसरा आतंकवादी इस अफरा-तफरी में रेल पटरियों की तरफ से होता हुआ फरार होने में सफल हो गया ।

मृतक आतंकवादी की शिनाख्त पिशौरा सिंह गांव निवासी गांव कबूवाला के रूप में हुई है । वह कई आतंकवाद की वारदातों में वांछित था ।

सिरसा में तीन उग्रवादी गिरफ्तार : हरियाणा के सिरसा जिला में तीन आतंकवादी गिरफ्तार किए गए हैं । इनके नाम गुरदेव सिंह उफ चिड़िया, गुरचरन सिंह तथा बलविंदर सिंह हैं ।

दो आतंकवादी पकड़े : अमृतसर व भटिंडा जिलों में दो आतंकवादी गिरफ्तार किए गए हैं, कंबो में लेकर हत्यारों की तलाश आरम्भ कर दी है । 13 अप्रैल रात्रि को कथित आतंकवादियों ने ग्रंथी बगसीत सिंह की ए.के. 47 राईफल से गोलियां मार कर हत्या कर दी थी ।

आतंकवादी की शिनाख्त : कपूरथला में थाना कोतवाली के अंतर्गत तलवंडी चौधरियां सड़क पर 13 अप्रैल सायं को एक ट्रैक्टर ट्राली भगा कर ले जाने वाले आतंकवादी ने पुलिस का घेरा पड़ने पर जहर खा कर आत्महत्या कर ली थी । उसकी पहचान सुखविन्द्र सिंह पुत्र जोगेंद्र सिंह वासी धरमू चक थाना भेहता के रूप में हुई है । पुलिस के अनुसार कुछ समय पूर्व ही वह जेल से जमानत पर छूट कर आया था । वह पाकिस्तान से प्रशिक्षण लेकर आया हुआ था ।

स्कूटर व 12 हजार छीने : गुरदासपुर (विनोद): आज दोपहर में लगभग एक बजे 3 अज्ञात आतंकवादियों ने बंदूक की नोक पर गुरदासपुर निवासी एक व्यक्ति सतीश कुमार से उसका स्कूटर पीबेडब्ल्यू 3393 और 12 हजार रुपए गुरदासपुर शहर में तिबड़ी के पास छीन लिये । सतीश कुमार गांव से अपनी दुकान की उगराही करके वापस लौट रहा था । उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों से इस इलाके में इस प्रकार की यह छठी घटना घटी है ।

कश्मीर घाटी में तलाशी अभियान

(पृष्ठ 3 का शेष)

विजया राजे द्वारा कड़े कदमों की आवश्यकता पर बल : भाजपा की वरिष्ठ भारतीय उपाध्यक्ष श्रीमती विजया राजे सिंधिया ने कश्मीर घाटी में आतंकवाद पर सख्ती से काबू पाने के लिए कड़े कदम उठाए जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि घाटी की वर्तमान स्थिति पूर्व सरकारों की ही गलत नीतियों की देन है । इनमें राज्य तथा केंद्र की सरकारें भी शामिल हैं ।

एक प्रेस वक्तव्य जारी करते हुए श्रीमती राजे ने कहा कि इस समय स्थिति की मांग तो यही है कि कश्मीर के अलगाववादियों व पाक एजेंटों को स्पष्ट कर दिया जाना चाहिए कि भारत कश्मीर में अलगाववाद सहन नहीं करेगा और जम्मू-कश्मीर राज्य प्रत्येक मूल्य पर भारत का ही एक अविभाज्य अंग बनाए रखा जाएगा ।

पलायनकर्ता जम्मू पहुंचे : भाजपा के प्रदेश महासचिव श्री भगवत स्वरूप ने रहस्योद्घाटन किया कि आतंकवादियों द्वारा धमकी व चेतावनी मिलने के कारण कश्मीर घाटी से कुछ और लोग भी पलायन कर जम्मू आ गए हैं तथा गत रात ही इन पलायन-कर्त्ताओं के 11 ट्रक यहां पहुंचे हैं ।

3 अपहर्तों के हत्यारे पहचाने गए : राज्यपाल श्री जगमोहन ने रहस्योद्घाटन किया है कि कुलपति श्री मशीरुल हक, उनके सचिव श्री अब्दुल गनी व एच.एम.टी. के महाप्रबन्धक श्री एच.एल. खेड़ा के हत्यारों को पहचान लिया गया है ।

श्रीनगर 7 मई को ही राजधानी बनेगा : श्री जगमोहन ने घोषणा की है कि सचिवालय तथा अन्य सरकारी कार्यालय जम्मू से श्रीनगर के लिए ग्रीष्मकालीन राजधानी हेतु अपने निर्धारित समय पर ही स्थानांतरित कर दिए जाएंगे । यह कार्यालय जम्मू में 30 अप्रैल को बंद होंगे,श्रीनगर में 7 मई को फिर से खुल जाएंगे ।

बिहार इंका की बैठक में जूते चले

पटना, 15 अप्रैल (प.स.): बिहार प्रदेश कांग्रेस (इ) समिति की बैठक आज काफी हंगामे पूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई । डा. जगन्नाथ मिश्र के विरोधियों और समर्थकों के बीच गर्मागर्म बहस के दौरान संघर्ष की नौबत आ गई तथा उन्होंने एक-दूसरे पर जूते व कुर्सियां फैंकीं ।

हालांकि प्रदेश कांग्रेस (इ) अध्यक्ष ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान इस बात से इन्कार किया और कहा कि कुछ बाहर के लोगों ने घुस कर नारेबाजी की, लेकिन कई पत्रकारों ने सदाकत आश्रम के सभा कक्ष की खिड़कियों और अधखुले दरवाजों से झगड़े का दृश्य अपनी आंखों से देखा तथा बैठक में शामिल अन्य ने भी इस घटना की पुष्टि की ।

सीमैंट की बोरी 95 रुपए की

होशियारपुर, 15 अप्रैल (अश्विनी): सीमैंट की कीमतों में गत दो-तीन दिनों में भारी वृद्धि होने के कारण लोग काफी परेशान हैं । गत दो दिनों में सीमैंट की बोरी का मूल्य 92 रु. प्रति बोरी से बढ़ कर 95 रु. बोरी हो गया है ।

चीनी मिलों पर समन न उठाने

गुरदासपुर, 15 अप्रैल (विनोद) : गत दिवस कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा आयोजित किसान मेले, जिसमें जिले भर के लगभग 1000 किसानों ने हिस्सा लिया, का उद्घाटन पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार श्री एच.एम. सिंह ने किया, जबकि अध्यक्षता पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के कुलपति डाक्टर खेम सिंह ने की । इस मेले में भिन्न-भिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियां आकर्षण रहीं । इस मेले में किसानों को कृषि विशेषज्ञों ने संतुलित खाद, समय पर सिंचाई, बीमारियों को दूर करने सम्बन्धी उपाय और समय पर बीज बोने से अधिक उत्पादन सम्बन्धी जानकारी दी और किसानों को फसलों और सब्जियों के बीजों के 6000 थैले सस्ते भाव पर दिए गए ।

इस मौके पर श्री एच.एम. सिंह ने, जिलाधीश श्री एस.एस. चन्नी की मांग, जिसमें सरकारी स्कूलों की इमारतों की मुरम्मत सम्बन्धी धन की कमी के बारे में कहा गया था, के सम्बन्ध में बताया कि जिला योजना आयोग को सीधा रुपया दिया जाएगा । उन्होंने कहा कि किसानों को फसल चक्र अपना कर अधिक धन कमाना चाहिए और सरकार भी ऐसे प्रबंध करेगी कि किसानों को उनकी फसल का पूरा मूल्य मिले । इससे पहले कई राजनीतिक दलों के नेताओं ने श्री

Punjab Archive

पाकिस्तान से कानपुर में भेजे जा रहे हथियार ।

स्थानों पर कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का समूह अथवा कोई शिष्टमंडल राज्यपाल से भेंट कर सकता है ।

था ।

हां, ब्रिटेन ने राष्ट्रपति के आगमन का गर्मजोशी

आतंकवादी घटनाओं में घायल दो सुरक्षा कर्मियों समेत 4 लोगों ने दम तोड़ा, एक आतंकवादी द्वारा आत्महत्या

चंडीगढ़, 16 अप्रैल (प.स., वार्ता) : पंजाब में विगत दिनों आतंकवादी घटनाओं में घायल हुए 4 लोगों ने आज दम तोड़ दिया । इनमें दो सुरक्षा कर्मी भी शामिल हैं । एक आतंकवादी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली, । इस बीच लुधियाना बम कांड के संदर्भ में 35 लोगों को हिरासत में लिया गया है । उग्रवादियों ने एक सुरक्षा चौकी पर हमला किया तथा दो बैंक लूटने का भी नाकाम प्रयास किया ।

एक और घायल चल बसा : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के अधिकृत सूत्रों के अनुसार गत तीन अप्रैल को रामनवमी की शोभायात्रा देख रही भीड़ के निकट आतंकवादियों द्वारा किए गए बम विस्फोट में गम्भीर रूप से घायल लाल चन्द (80) निवासी गांव सेखवां थाना कादियां की गत रात अमृतसर अस्पताल में मृत्यु हो गई है । इस बम विस्फोट में मृतकों की संख्या अब 34 हो गई है ।

घायल कांस्टेबल ने दम तोड़ा : पुलिस सूत्रों के अनुसार गत 14 अप्रैल को थाना हरगोबिन्दपुर के निकटवर्ती गांव धर्मकोट के सम्पर्क मार्ग पर आतंकवादियों द्वारा बिछाई गई बारूदी सुरंग में विस्फोट के दौरान बी.एस.एफ. की 98वीं बटालियन का गंभीर रूप से घायल कांस्टेबल मिलन विश्वास आज अमृतसर के अस्पताल में दम तोड़ गया । उल्लेखनीय है कि इस विस्फोट में बी.एस.एफ. का एक हवलदार हरमिन्दर सिंह घटनास्थल पर ही मारा गया था तथा बी.एस.एफ. व पुलिस के 11 जवान घायल हो गए थे । इनमें से अब दो अमृतसर तथा सात बटाला के सिविल अस्पताल में उपचाराधीन हैं । एक अन्य घायल को पहले ही अपस्ताल से छुट्टी दे दी गई थी ।

35 संदिग्ध व्यक्ति हिरासत में : लुधियाना (महिन्द्रा, धीमान): कल लुधियाना में गऊशाला रोड पर बाल्मीकि मंदिर के बाहर जो बम विस्फोट हुआ था, उस संबंध में पुलिस ने 35 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया । जिला पुलिस प्रमुख श्रीपरमजीतसिंहसंधु ने आज यहां बताया कि उग्रवादियों के शरणस्थलों पर छापे मारे गए हैं तथा पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई है जो बम धमाकों की जांच कर रही है । श्री परमजीत सिंह संधु ने इस बात का जोरदार शब्दों में खण्डन किया है कि इस बम विस्फोट में 70 व्यक्ति ज़ख्मी हुए हैं ।

पुलिस ने आज दावा किया है कि उक्त बम विस्फोट बाल्मीकि जलूस में किया जाना था, जो बाबा अम्बेदकर के जन्म दिवस पर 14 अप्रैल को लुधियाना में निकाला गया, लेकिन उग्रवादियों का निशाना चूक गया तथा वह इस ट्रैक्टर को पुलिस के कड़े प्रबन्धों के कारण नगर के किसी भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में खड़ा नहीं कर पाए । यह भी कहा जाता है कि 14 अप्रैल के बाद 15 अप्रैल को रविवार था । लोगों की दुकानें भी बंद थीं तथा महाभारत का समय भी निकट था, इसलिए जानी नुक्सान कम हुआ अन्यथा उग्रवादियों की योजना के अनुसार जानी नुक्सान बहुत अधिक होना था ।

घायल महिला ने दम तोड़ा : लुधियाना में बाल्मीकि मंदिर के बाहर कल बम विस्फोट में घायल हुई एक महिला शीला ने आज तड़के सी.एम.सी. अस्पताल में दम तोड़ दिया ।

प्रोटैस्ट हड़ताल : इस बीच कल लुधियाना में हुए बम कांड के विरुद्ध प्रोटैस्ट स्वरूप चौड़ा बाजार, समराला रोड, चौड़ी सड़क, बैंजामिन रोड, डिविजन नं. 3 चौक और आसपास के क्षेत्रों में आज हड़ताल रही । इस हड़ताल की अपील बाल्मीकि धर्म सभा ने की थी । उधर इंका (शहरी) के डाक्टरी सैल के संयोजक श्री नरसी दास मल्होत्रा ने रहस्योद्घाटन किया कि इस बम कांड में मारा गया आठ वर्षीय छोटू अपने गूंगे साथी की उंगली पकड़ कर छोले-भटूरे खाने जा रहा था कि रास्ते में बम फट गया जिसमें छोटू मारा गया लेकिन उसके साथी को खरोंच तक नहीं आई ।

दो ठेके व पैट्रोल पम्प लूटा : खन्ना (शर्मा): यहां से पांच किलोमीटर दूर गांव सनाना में रात नौ बज कर पचास मिनट पर सफेद रंग की एक मारुति वैन नम्बर पी.डी.जी.-7266 में दो उग्रवादी शराब के ठेके पर आए । कारिंदे को पिस्तौल दिखा कर कैश बाक्स में से दो हजार रुपए निकाल ले गए । फिर उक्त उग्रवादी पैट्रोल पम्प पर गए । वहां के कर्मचारी उनको देख कर भाग गए । इस पर उन्होंने पैट्रोल पम्प के एक कमरे का दरवाजा तोड़ कर कैश निकाल लिया, फिर उग्रवादी जी.टी. रोड पर एक ठेके में गए । वहां से 4600 रुपए लूटे । इसके बाद वे मंडी गोबिन्दगढ़ की ओर चले गए ।

बैंक लूटने का प्रयास विफल : कपूरथला (शर्मा): कपूरथला-नकोदर रोड पर बलेर खानपुर गांव में स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा के दो सशस्त्र गार्डों ने बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए बैंक को लुटने से बचा लिया । प्राप्त विवरण के अनुसार लगभग पौने दस बजे तीन आतंकवादियों ने बाहर से बैंक गार्डों को दरवाजा खोलने के लिए कहा लेकिन जब उन्होंने दरवाजा नहीं खोला तो आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफल से फायरिंग की । गार्डों द्वारा भीतर से जवाबी गोलीबारी करने पर आतंकवादी भाग गए ।

एक और बैंक लूटने का प्रयास विफल : अमृतसर (वार्ता): मजीठा पुलिस जिला में नवां पिंड गांव में आज प्रातः सुरक्षा गार्डों द्वारा सामयिक कार्रवाई किए जाने से आतंकवादियों द्वारा बैंक लूटने का प्रयास विफल हो गया ।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार राइफलों से लैस 4 आतंकवादियों ने अमृतसर सैंट्रल सहकारी बैंक के गार्ड को बैंक का मुख्य दरवाजा खोलने के लिए कहा । इस पर सुरक्षा गार्ड ने गोली चला दी । आतंकवादी मोटर साइकिलों पर फरार हो गए ।

एस. पी. ओ. चौकी पर हमला : मजीठा पुलिस जिला के टांगरा गांव में आतंकवादियों ने एस. पी. ओ. चौकी पर हमला कर दिया । सुरक्षा कर्मियों द्वारा फायरिंग करने पर आतंकवादी भाग गए । इस वारदात में कोई हताहत नहीं हुआ ।

घायल आतंकवादी काबू : आज प्रातः अमृतसर बाईपास से पुलिस को एक आतंकवादी घायलावस्था में बेहोश पड़ा मिला । पुलिस के अनुसार उक्त आतंकवादी कम्बल में लिपटा हुआ था । पुलिस ने इस घटना को आतंकवादियों की आपसी दुश्मनी का परिणाम बताया है ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

दो बैंक लूटने के प्रयास विफल, लुधियाना बम कांड के संदर्भ में 35 हिरासत में

फिल्म कलाकारों गोविन्दा,



विन

(6) दैनिक पंजाब केसरी, जालन्धर 17.4.1990

आतंकवादी द्वारा आत्महत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

घायल होमगार्ड जवान दम तोड़ गया : अमृतसर जिला के पट्टी क्षेत्र में पिछले हफ्ते बम विस्फोट में घायल हुए एक होमगार्ड जवान सखविन्द्र सिंह ने गुरु तेग बहादर अस्पताल में दम तोड़ दिया । विस्फोट में 7 पुलिस कर्मी घायल हुए थे ।

3 आतंकवादी काबू : बी. एस. एफ. ने मजीठा पुलिस जिला के बरलास गांव में विशेष नाकाबंदी के दौरान दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । उनसे 12 पिस्तौल, 24 मैगज़ीन तथा 346 कारतूस भी बरामद हुए हैं । अमृतसर पुलिस ने भी एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है ।

हैड कांस्टेबल व उसकी बहन की हत्या : आतंकवादियों के एक गिरोह ने पांच दुर्दांत आतंकवादियों को रिहा कराने के लिए कल रात तरनतारन सदर पुलिस थाने के गांव मुगलचक में एक हैड कांस्टेबल व उसकी बहन की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा बटाला पुलिस थाना में कार्यरत एक इंस्पैक्टर के इकलौते पुत्र का अपहरण कर लिया । पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने गांव के एक घर पर उस समय हमला किया जब वहां एक विवाह समारोह हो रहा था । इस समारोह में उक्त इंस्पैक्टर के शामिल होने की आशा थी, जोकि बटाला में एस.एच.ओ. के रूप में नियुक्त है ।

ए.के. 47 राइफलों से की गई अंधाधुंध फायरिंग से हैड कांस्टेबल सतविन्दर सिंह तथा उसकी बहन मारी गई । दोनों मृतक उक्त इंस्पैक्टर के चचेरे भाई-बहन थे । आतंकवादियों को जब पता चला कि पुलिस इंस्पैक्टर विवाह समारोह में नहीं आया तो उन्होंने उसके इकलौते पुत्र बलजीत सिंह का अपहरण कर लिया । आतंकवादियों ने उसकी रिहाई के बदले में बटाला पुलिस जिले में नजरबंद पांच दुर्दांत आतंकवादियों को रिहा करने की मांग की है ।



मुक्तसर के निकट विगत दिवस पुलिस मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी पिशोरा सिंह का शव । (छाया : दीपक पाल)

एक आतंकवादी ने ज़हर खाया : फिरोज़पुर : जिला के सेखा गांव के एक फार्म हाऊस में सुरजीत सिंह उर्फ काला नामक एक आतंकवादी ने कल सुरक्षा बलों के घेरे में आ जाने पर ज़हर खा कर आत्महत्या कर ली । काला का एक सहयोगी भाग निकला । सुरक्षा बलों ने गश्त के दौरान उक्त फार्म हाऊस पर छापा मारा था ।

एक अन्य घायल चल बसा : फिरोज़पुर जिला के धर्मकोट क्षेत्र में आतंकवादी वारदात में घायल हुए एक व्यक्ति लालचंद ने आज अमृतसर के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया ।

उग्रवादी मुठभेड़ में मारा था : मुक्तसर से दीपक के अनुसार कल यहां से 3 किलोमीटर दूर उदयकरण गांव में पिशौरा सिंह नामक एक उग्रवादी पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया था । इससे पहले यह खबर आई थी कि वह अपने ही साथी के हथियार से गोली चलने के कारण मारा गया था । उसका साथी बचकर भाग निकला था ।

एक उग्रवादी काबू : फरीदकोट पुलिस ने गुरमेज सिंह उर्फ गेजा नामक एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है । टुनीके गांव का रहने वाला उक्त उग्रवादी खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइज़ेशन का सक्रिय सदस्य बताया जाता है तथा पुलिस को कई मामलों में उसकी तलाश थी । गेजा के कब्ज़े से एक बंदूक व बजाज चेतक स्कूटर भी बरामद हुआ है ।

लूटपाट : मुलांद (गोयल) : छह अज्ञात लोगों ने यहां निकटवर्ती बर्च सिंधवां गांव में एक होमगार्ड जवान गुरदित्त सिंह तथा एक डाक्टर जसवंत सिंह के घरों में रेकी तथा कुछ नकदी लूट ली ।

रिवाल्वर सहित युवक काबू : होशियारपुर, (अश्विनी कपूर) : बलाचौर पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान सड़ोया ग्राम के एक नवयुवक दिलबाग सिंह को हिरासत में लेकर उसके कब्ज़े से 32 बोर का एक विदेशी रिवाल्वर व 11 कारतूस बरामद किए । पुलिस ने उसे शस्त्र एक्ट के अधीन गिरफ्तार करके पूछताछ आरम्भ कर दी है ।

एक की हत्या : जालंधर (प.स.) : दो उग्रवादियों ने जिला के तलवन गांव में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी ।

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का अशोक गोयल, उम्र 23 साल, कद 5'-6", रंग सांवला, नज़र की ऐनक लगी हुई, बाल घुंघराले हैं, गत दिनों दिनांक 13.4.1990 से गुम है, जिस किसी को उसके बारे पता हो, निम्न पते पर सूचित करे । सूचित करने वाले को 2000 रु. शुक्राना मिलेगा ।

राम प्रकाश गोयल,
भंडारी मुहल्ला, ओहरी चौक,
बटाला, फोन : 4135.

अरुणाचल प्रदेश सरकार
अरुणा लाटरी
जयंती बम्पर
जीतिये
प्रथम पुरस्कार
रु. 7 लाख
टिकट रु. 2/-
केवल

100 रेल यात्री ज़िन्दा जले

(पृष्ठ 3 का शेष)

फर्नांडीज़ द्वारा जांच के आदेश : रेलमंत्री जार्ज फर्नांडीज़ ने पटना जंक्शन के समीप पैसेंजर ट्रेन में आग लगने के कारणों की जांच का काम पूर्वोत्तर रेलवे के सुरक्षा आयुक्त से कराने की घोषणा की है ।

श्री फर्नांडीज़ ने घटनास्थल और नालंदा तथा पटना मैडीकल कालेज अस्पताल में घायलों से मिलने के बाद यहां प्रैस कांफ्रैंस में बताया कि जांच आयोग अपनी रिपोर्ट जल्द से जल्द दे देगा ।

रेलमंत्री ने मृतकों के आश्रितों को दस-दस हजार रुपए, गम्भीर रूप से घायलों को दो-दो हजार रुपए तथा साधारण रूप से घायलों को पांच-पांच सौ रुपए मुआवजे के तौर पर देने की घोषणा की ।

श्री फर्नांडीज ने कहा कि रेलवे अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि घायलों की मुफ्त चिकित्सा की जाए और उनके इलाज में कोई कोताही नहीं की जाए ।

राष्ट्रपति द्वारा गहरा दुख व्यक्त : राष्ट्रपति रामास्वामी वेंकटरमन ने अग्निकांड पर गहरा दुख प्रकट किया है । राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि इस अग्निकांड में मरने वालों के प्रति हार्दिक शोक प्रकट किया है ।

उग्रवादी संगठनों पर प्रतिबंध

(पृष्ठ 3 का शेष)

पिछले माह से ही शुरू कर दी गई थी । जब 17 उग्रवादियों के एक दल को जोधपुर जेल भेजा गया था, लेकिन श्रीनगर में जेल तोड़ने की घटना के बाद केन्द्र ने राज्य प्रशासन को गुप्तचर सूचनाओं के आधार पर कुछ समय के लिए यह अभियान रोक देने का निर्देश दिया था । इसके बाद जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय ने भी एक याचिका पर विचार करने के बाद कैदियों के स्थानांतरण पर रोक लगा दी थी ।

हथियारों के लाइसैंस रद्द : जिला डोडा में प्रशासन ने हथियारों के सभी लाइसैंस रद्द कर दिए हैं तथा लोगों से अपने सभी हथियार अधिकारियों के पास जमा करवाने को कहा है ।

विज्ञान भवन को आग

(पृष्ठ 3 का शेष)

इंकार नहीं किया जा सकता ।

उप-राज्यपाल ने विज्ञान भवन में लगी आग की घटना के कारणों की जांच का आदेश दिया है ।

दिल्ली दमकल सेवा के प्रमुख एस.के. धेरी ने सदर बाजार में लगी आग पर काबू पाने के लिए कुछ दमकल कर्मियों तथा दमकलों की सेवाएं वहां लगाने का निर्देश दिया । इसके पूर्व विज्ञान भवन में 40 दमकलों को आग बुझाने के काम में लगाया गया था ।

यह एक संयोग था कि जब आग लगनी शुरू हुई तब विज्ञान भवन में देश भर से आए पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों का सम्मेलन चल रहा था । आज दोपहर लगी भीषण आग में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों का यह आयोजन स्थल लगभग पूरी तरह नष्ट हो गया ।

घटना स्थल पर उपस्थित पुलिस आयुक्त विजय करण ने कहा कि भवन को सीलबंद करना पड़ेगा । आग लगने के कारणों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, "किसी भी आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता लेकिन आग के कारणों के बारे में तो केंद्रीय रसायन जांच प्रयोगशाला ही करेगी ।"

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष लालकृष्ण अडवानी घटनास्थल पर सबसे पहले

कानपुर में

(पृष्ठ 3 का शेष)

गोलियां चलाई जाती हैं उनमें पीछे के हिस्से में एक सांचा सा होता है, इस कारण यह प्रयास असफल साबित हुआ लेकिन सत्रों का कहना है कि ये प्रयास अभी तक जारी है कि किसी तरह से देशी तमंचे की सहायता से ए.के. 47 की गोलियां दागी जा सकें ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री विक्रम सिंह ने इस सम्बन्ध में बताया कि कई बार तस्कर किस्म के लोग छुटपुट हथियार ले आते हैं । पाकिस्तानी कारतूस तो बंगलादेश युद्ध के समय ही भारत में आ गये थे । वैसे ऐसे हथियारों का होना चिन्तनीय है । वे विदेशी हथियारों के ठिकानों का सुराग लगाने में प्रयासरत हैं और शीघ्र ही ऐसे राष्ट्र विरोधी तत्त्वों का भण्डाफोड़ होगा । (दैनिक जागरण से साभार)

स्वर्णकार दंडवते को सम्मानित करेंगे

अमृतसर, 16 अप्रैल (कपूर) : श्री सुभाष निश्चल महामन्त्री स्वर्णकार संघ, अमृतसर ने बताया है कि अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ का दो दिवसीय अधिवेशन 18 और 19 अप्रैल को नई दिल्ली में आयोजित किया गया है, जिसमें स्वर्णकारों को पेश आ रही कठिनाईयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा । इसके अतिरिक्त केन्द्रीय सरकार से मांग की जाएगी कि सरकार द्वारा स्वर्ण नियंत्रण कानून को वापस लेने के बारे में की गई घोषणा को तुरन्त लागू किया जाए । इस अधिवेशन में केन्द्रीय वित्तमन्त्री श्री मधु दण्डवते को स्वर्ण नियंत्रण कानून वापस लिए जाने के सम्बन्ध में सम्मानित किया जाएगा ।



कपूरथला पुलिस द्वारा गत दिवस गिरफ्तार किया गया लुटेरों से हथियार भी बरामद किए गए हैं ।

सरकारी गोदामों को
गिरोह के 7 सदस्य

कपूरथला, 16 अप्रैल (शर्मा) : जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आज यहां बताया कि गत रात्रि लगभग 12.30 बजे काला संघिया सड़क गांव सुखानी के निकट नहर के पुल पर नाकाबन्दी के दौरान एक ट्रक में सवार सशस्त्र आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के पश्चात् पुलिस सरकारी गोदामों में सशस्त्र लूटने की वारदातें करने वाले एक अन्तर्राज्यीय खतरनाक गिरोह के सात सदस्यों

Punjab Sahan

50 हत्याओं के लिए जिम्मेदार हरजिन्द्र सिंह समेत 4 आतंकवादी मारे गए

विभिन्न स्थानों पर छापों के दौरान 13 उग्रवादी गिरफ्तार

दो घुसपैठिये मरे : एक ग्रंथी व सिपाही समेत 5 लोगों की पंजाब में हत्या

चंडीगढ़, 17 अप्रैल (प.स., वार्ता) : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान तथाकथित भिंडरांवाला टाइगर्स फ़ोर्स के 'एरिया कमांडर' हरजिन्द्र सिंह भोला समेत 4 आतंकवादी मारे गए तथा 14 अन्य पकड़े गए । इस बीच उग्रवादियों ने अन्यत्र एक ग्रंथी तथा सिपाही समेत पांच लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी । राजस्थान के अनूपगढ़ सैक्टर में बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में दो पाक घुसपैठिये भी मारे गए ।

आपसी लड़ाई में 2 आतंकवादी मरे : बटाला, (चौधरी) : आज प्रातः थाना कलानौर के गांव मसाने में आतंकवादियों की आपसी लड़ाई में 2 आतंकवादी मारे गए । एक का नाम हरजिन्द्र सिंह भोला है, जबकि दूसरे की पहचान नहीं हो सकी । मृतकों के पास से एक स्टेनगन, तीन मैगजीनों, 2 माऊज़रों के अलावा भारी परिमाण में कारतूस भी मिले हैं । उल्लेखनीय है कि हरजिन्द्र सिंह पुलिस को 50 से अधिक हत्याओं के मामले में वांछित था और उस पर 25 हजार रु. का इनाम भी था । हरजिन्द्र सिंह 'भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स'' का एरिया कमांडर था ।

हत्या करके स्कूटर ले गए : आज लगभग एक बजे बटाला-गुरदासपुर रोड पर कुतबीनगर बिजली घर के निकट आतंकवादियों ने धर्म सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी और जाते-जाते उसका स्कूटर भी ले गए । बताया जाता है कि आतंकवादियों ने धर्म सिंह से 50 हजार रुपया भी मांगा था, मगर उसने देने से इन्कार कर दिया था ।

स्कूटर छीना : गुरदासपुर (विनोद) : कल शाम लगभग 4 बजे 2 आतंकवादियों द्वारा पिस्तौल दिखाकर राजपाल निवासी दोरांगला से उसका स्कूटर पी.सी.बी. 4106 गुरदासपुर-दोरांगला सड़क पर छीन लिया गया । दीनानगर पुलिस ने इस सम्बन्ध में केस दर्ज कर लिया है ।

मुठभेड़ में 2 आतंकवादी मरे : जालन्धर, (न. न. ए.) : आज तड़के 4 बजे थाना नरमहल के गांव बजहसन में पुलिस की नाकापार्टी के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार नाका पार्टी ने जब दो संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का संकेत किया तो उन्होंने पुलिस कर्मियों पर फायरिंग करके भागने का प्रयास किया । पुलिस द्वारा जवाबी गोलीबारी करने से दोनों आतंकवादी मारे गए । घटनास्थल से दो ए. के. 47 चीनी असाल्ट राइफल, 3 मैगज़ीन तथा 54 कारतूस बरामद हुए हैं । मारे गए आतंकवादियों की अभी तक पहचान नहीं हो सकी ।

एक व्यक्ति की हत्या : तीन आतंकवादियों ने जालंधर जिला के अठौला गांव में कल रात एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी । उसका नाम पलविन्द्र सिंह बताया जाता है । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार तीन सशस्त्र आतंकवादी पलविन्द्र सिंह को जबरन अपने साथ गांव के सरपंच के घर ले गए तथा उससे कार मांगी । जब सरपंच ने कहा कि उसके पास कार नहीं है तो आतंकवादियों ने पलविन्द्र सिंह को निकटवर्ती खेतों में ले जाकर गोलियां मार दीं । उसकी मौका पर ही मृत्यु हो गई । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

बारातियों की पिटाई : करतारपुर (देवदत्त): गत दिवस करतारपुर के मुहल्ला काले वाला में एक व्यक्ति छिन्दा की लड़की की शादी थी । रात में बीस लोग आये हुए थे। बारात करतारपुर के मन्दिर केसरां में ठहरी हुई थी कि अचानक तीन जीप सवार नौजवान आ धमके और पूछा कि बारात में ग्यारह की अपेक्षा बीस व्यक्ति क्यों आये हैं ? उक्त नौजवानों ने कई बारातियों के साथ मारपीट की जिस से डर कर बाराती इधर-उधर भाग गये । फिर इन नौजवानों ने बाजे वालों को जबरदस्ती जीप में सवार किया और बाहर ले जाकर मारपीट कर छोड़ दिया ।

मोटर साइकल चोरी : जालंधर में कल रात शक्ति नगर से श्री चरणजीत चौधरी का इंड-सुज़ुकी मोटर साइकल पी.सी.बी. 500 कोई उड़ा ले गया । श्री चौधरी वहां एक विवाह समारोह में भाग लेने गए थे ।

ग्रंथी की हत्या : अमृतसर (प. स.) : आतंकवादियों ने कल रात लोपोके थाने के तहत डल्ला गांव में एक गुरुद्वारे के ग्रंथी जगत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने ग्रंथी के घर घुसकर उस पर ए.के. 47 असाल्ट राइफल से गोलियों की बौछार कर दी ।

'नारंग' के अनुसार मृतक का नाम जगतार सिंह था, उसे घर से घसीट कर बाहर निकाला, फिर उसे फायरिंग करके मार डाला ।

उग्रवादियों द्वारा फायरिंग : छहर्टा के जवाहर नगर में 3 मोटर साइकल सवार उग्रवादियों ने स्कूटर सवार प्रदीप कुमार पर फायर किया लेकिन गोली एक मारुति कार को जा लगी । बाद में उग्रवादी भयभीत होकर अपना मोटर साइकल छोड़ कर भाग गए ।

डाक्टर को लूट लिया : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार गत दिन जोगावाल में डा. सम्पत सिंह की दुकान से उग्रवादी 98000 रुपए मूल्य का सामान छीन कर ले गए । अब वे और 50 हजार रुपए की मांग कर रहे हैं, इस संबंध में थाना सदर में रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है ।

एक की हत्या : आतंकवादियों ने तरनतारन पुलिस जिले के गांव भलेर में ऊधम सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । इससे पूर्व आतंकवादियों ने ऊधम सिंह का अपहरण कर लिया था ।

बंद रहा : अमृतसर से 'वर्मा' के अनुसार खूंखार आतंकवादी जगराज सिंह तथा बख्शीश सिंह, जोकि पिछले दिनों श्री हरगोबिंदपुर क्षेत्र में सुरक्षा कर्मियों के साथ मुठभेड़ में मारे गए थे, के भोग के दृष्टिगत आज कुछ शरारती तत्वों ने गुरदासपुर, बटाला, तरनतारन तथा मजीठा क्षेत्रों के अनेक गांवों में जबरदस्ती बंद करवाया ।

कांस्टेबल की हत्या : सगरूर (गर्ग) : यहां से 10 किलोमीटर दूर महलकलां क्षेत्र में आज दोपहर 12 बजे के करीब आतंकवादियों ने एक पुलिस कांस्टेबल की गोली मार कर हत्या कर दी तथा एक अन्य को घायल कर दिया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मारुति वैन में सवार आतंकवादी एक व्यक्ति का

(शेष पृष्ठ 8 पर)



नई विश्व सुंदरी नार्वे की मोना ग्रट को अब बरसात से कोई डर नहीं है । मोना सोमवार की सुबह लास एंजल्स के सैन्चरी प्लाजा होटल में छाते के साये तले आकर्षक मुद्रा में ।

नवाज़ शरीफ़ पर कातिलाना हमला

लाहौर, 17 अप्रैल (पस) : पाकिस्तान के मुख्य विपक्षी नेता एवं पंजाब प्रांत के मख्यमंत्री नवाज़ शरीफ़ पर कल कातिलाना हमले की कोशिश की गई । एक हथियारबंद व्यक्ति उनके घर में अंगरक्षकों ने दबोच लिया । समाचार पत्रों ने आज इस आशय की खबर दी है ।

लाहौर के एक दैनिक "द नेशन" के मुताबिक भरी हुई रिवाल्वर लेकर एक युवा व्यक्ति दिन के लगभग साढ़े बारह बजे श्री शरीफ़ के घर में घुस गया । एक अन्य अखबार "द मुस्लिम" की रिपोर्ट में बताया गया कि अंगरक्षकों के ललकारने पर उस व्यक्ति ने गोली चलाई ।

अकाली दल (मान) की तख्त हरमंदिर पटना साहब की प्रबन्धक कमेटी पर कब्जा जमाने की योजना

पटना, 17 अप्रैल (सतीष, सेठी): अकाली दल मान यहां तख्त हरमंदिर पटना साहब की प्रबन्धक कमेटी पर कब्जा जमाने की योजना बना रहा है । इस कमेटी पर गत कई सालों से इंका का कब्जा है तथा कमेटी का कार्यकाल समाप्त हुए पांच वर्ष हो चुके हैं । निकट भविष्य में इसके चुनाव कराने की तैयारियां हो रही हैं और उसी को देखते हुए अकाली दल (मान) के नेता, जिन्हें कुछ स्थानीय लोगों का समर्थन भी प्राप्त है, इस बात की कोशिश में हैं कि इस बार वे इसे अपने कब्जे में ले लें ।

गत फरवरी में कमेटी की बैठक में यह तय हुआ था कि नए चुनाव शीघ्र कराए जाएं तथा इसके लिए अरेरिया के एस.डी.ओ. श्री गोपाल सिंह को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया था । श्री गोपाल सिंह यह कार्यभार सम्भालने को तैयार थे लेकिन वह ऐसा तब तक नहीं कर सकते जब तक सरकार उन्हें इसकी अनुमति नहीं देती । उन्हें अभी तक यह अनुमति नहीं मिली ।

इंका सांसद श्री सुरेन्द्रजीत सिंह आहलूवालिया ने अपने प्रभाव और दबदबे का उपयोग कर कमेटी को नए चुनाव कराने के लिए मजबूर कर दिया था लेकिन उन्हें तब नहीं मालूम था कि उन्हें इस बार सिमरनजीत सिंह मान के अकाली दल का मुकाबला करना पड़ सकता है ।

श्री गुरु गोबिन्द सिंह के जन्मोत्सव समारोह के समय यहां के कुछ लोगों की इच्छा थी कि इस बार श्री मान को इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाए लेकिन श्री आहलूवालिया ने कमेटी की बैठक और बाद में संगत के साथ मिल कर इसका विरोध किया और वह सफल भी रहे ।

जब से श्री आहलूवालिया ने यह धमकी देनी शुरू की है कि अगर संसद में श्री मान को कृपाण लाने दी गई तो वह कार्बाइन लेकर आएंगे, तब से इन दोनों नेताओं में प्रतिद्वंद्विता बढ़ गई है तथा हो सकता है कि इन दोनों के बीच शक्ति परीक्षण तख्त हरमंदिर पटना साहब की प्रबन्धक कमेटी के चुनाव में ही हो जाए ।

चंडीगढ़, 20 अप्रैल (प.स., वार्ता): अखिल भारतीय सिख छात्र संघ का एक शीर्ष नेता चमकौर सिंह रोडे फरीदकोट जिला में अपने एक साथी समेत मारा गया । इसके अलावा पंजाब में पिछले 24 घंटों में दो होमगार्ड जवानों समेत 6 लोगों की उग्रवादियों ने हत्या कर दी । एक दर्दांत आतंकवादी का शव नहर से बरामद हुआ है । बटाला में उग्रवादियों द्वारा की गई अंधाधुंध फायरिंग से 4 व्यक्ति मारे गए और 4 अन्य घायल हो गए ।

सिख छात्र संघ नेता चमकौर सिंह रोडे व उसके एक साथी की हत्या : बाघापुराना (ज्ञान मित्तल): कल रात 4 आतंकवादियों ने फरीदकोट जिला के गांव रोडे में अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के नेता चमकौर सिंह रोडे तथा उसके एक निकट सहयोगी रेशम सिंह की हत्या कर दी । उन दोनों के शव गांव से तीन किलोमीटर दूर खेतों में पड़े मिले । उक्त वारदात संघ की निजी गुटबंदी का परिणाम बताई जाती है ।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार एक नवयुवक रात 8 बजे के लगभग चमकौर सिंह के घर आया तथा किसी बहाने उसे अपने साथ ले गया । प्रातः तक भी जब चमकौर सिंह घर नहीं लौटा तो उसके घर वालों ने उसकी तलाश शुरू कर दी । बाद में चमकौर सिंह तथा रेशम सिंह के शव खेतों में पड़े मिले । दोनों के चेहरों पर इतनी गोलियां लगी थीं कि उनकी पहचान बड़ी कठिनाई से हुई । रेशम सिंह संगतपुरा गांव का निवासी था, लेकिन काफी समय से वह रोडे गांव में ही रह रहा था ।

चमकौर सिंह सिख छात्र संघ का सक्रिय सदस्य था तथा वह संघ के (मेहता-चावला) गुट से सम्बद्ध था । विगत 28 मार्च को समालसर में एक धार्मिक सम्मेलन में उसने आतंकवादियों की तीखी आलोचना की थी । वह अपने पीछे अपनी पत्नी तथा एक वर्ष का एक बच्चा छोड़ गया है । फरीदकोट के वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं तथा हत्यारों की व्यापक तलाश की जा रही है ।

चमकौर सिंह जरनैल सिंह भिंडरांवाला के पिता बाबा जोगिन्दर सिंह का भरपूर समर्थक था । पिछले दो माह में चमकौर सिंह समेत सिख छात्र संघ के तीन बड़े नेता मारे गए हैं । सबसे पहले कुलवंत सिंह अक्कांवाली की हत्या हुई थी । उसके बाद संघ के महासचिव हरमिन्दर सिंह संधू की अमृतसर में हत्या हुई ।

दर्दांत आतंकवादी का शव मिला : बाघापुराना के निकटवर्ती गांव बोधिपुरा क्षेत्र में पुलिस ने एक दर्दांत आतंकवादी मेहर सिंह उर्फ मेहरू का शव नहर से बरामद किया है । पुलिस के अनुसार यह वारदात आतंकवादियों के निजी गुट संघर्ष का नतीजा है । पुलिस को मेहर सिंह की कई वारदातों में तलाश थी ।

दो होमगार्ड जवानों की हत्या : पटियाला (भूषण): आतंकवादियों ने कल रात लगभग साढ़े दस बजे पटियाला-राजपुरा रेलवे सेक्शन पर दौनकलां रेलवे स्टेशन के निकट होमगार्ड जवानों तथा रेलवे गैंगमैनों की संयुक्त गश्ती टुकड़ी पर घात लगा कर हमला किया जिसके परिणाम-स्वरूप दो होमगार्ड जवान मारे गए तथा एक अन्य घायल हो गया ।

एक दुर्दांत आतंकवादी का शव नहर से मिला

मृतकों के नाम प्रेम चंद तथा अकबर अली बताए जाते हैं । घायल बलबीर सिंह की हालत गंभीर है ।

तीन आतंकवादी गिरफ्तार : पटियाला पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान तीन आतंकवादियों जोगिन्द्र सिंह, रघबीर सिंह तथा सांधू सिंह को गिरफ्तार किया है । उनके कब्जे से पाकिस्तानी मार्का वाले दो रिवाल्वर, एक राइफल तथा भारी मात्रा में गोली-सिक्का भी बरामद हुआ है । जोगिन्द्र सिंह सिख छात्र संघ का एक सक्रिय सदस्य है । उसमें खालिस्तान कमांडो फोर्स के कई लैटर पैड तथा अन्य आपत्तिजनक कागजात भी मिले हैं । उसे राजपुरा से गिरफ्तार किया गया है । पूछताछ के दौरान उसने कई दर्दांत आतंकवादियों से अपने संबंध होने की बात स्वीकार की है ।

बस बम कांड में मृतक-संख्या 18 : गुरदासपुर (विनोद): पठानकोट के पास पंजाब रोडवेज की एक बस में कल बम विस्फोट में घायल लोगों में से तीन और ने आज अस्पताल में दम तोड़ दिया । इस कांड में मरने वालों की संख्या अब 18 हो गई है । पुलिस ने मृतकों की संख्या 16 बताई है । मृतकों में से 9 की पहचान हो गई है । इनमें छः एक ही परिवार के हैं । इनके नाम हैं । विमला, उनकी दो बेटियां बेटी सपना, श्रीमती विद्या, सरदारी लाल, उनकी पत्नी शीला व भाई बिहारी लाल । ये सभी जिला जम्मू के थाना राम नगर क्षेत्र के अधीन गांव बटोला के रहने वाले हैं । तीन अन्य के नाम हैं गुलशन कुमार, अश्विनी (दोनों गुरदासपुर निवासी) तथा शिव राम (पठानकोट) । शेष शव अभी भी गुरदासपुर सिविल अस्पताल में पड़े हैं । प्रशासन ने फैसला किया है कि इनकी शिनाख्त के लिए कल दोपहर तक इंतज़ार किया जाएगा ।

बंद रहा : पठानकोट से 'महेंद्र' के अनुसार भारतीय जनता पार्टी, हिन्द सुरक्षा समिति तथा शिव सेना के आह्वान पर पठानकोट में आज बंद रहा । पठानकोट के पास कल एक बस में बम फटने के विरुद्ध रोष-स्वरूप बंद आयोजित किया गया ।

एक की हत्या : रोपड़ (वार्ता): आतंकवादियों ने कल रात रोपड़ जिला के गांव कासला में एक व्यक्ति गुरदयाल सिंह की हत्या कर दी ।

तीन लुटेरे आतंकवादी काबू : अमृतसर (अशोक सोनी): आज सुबह स्थानीय रैडक्रास भवन

(शेष पृष्ठ 8 पर)

म बोर्ड से कए गए ?

ता है कि सरकार श्री कुमार को किसी रना चाहती थी पर इस संबंध में कोई ल पाए । अंततः यही निर्णय किया ाल श्री कुमार को डायरैक्टर जनरल नए पद पर नियुक्त कर दिया जाए । ार का यह पद वरिष्ठताक्रम में कम है वेतन 7300-8000 रुपए के थावत रहेगा लेकिन इस संबंध में यह भूल गई है कि इस नए पद में श्री क वेतन पाने वाले सरकारी अधिकारी क उन्हें उनके वेतन का 30 प्रतिशत ंस के रूप में मिलेगा । इस प्रकार कैबिनेट सचिव से भी अधिक होगा ।

कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव निर्वाचित

ली, 20 अप्रैल (वार्ता): श्री इंद्रजीत निर्विरोध भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का न लिया गया ।

कम्युनिस्ट पार्टी के उप-महासचिव श्री डिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस के महासचिव श्री राजेश्वर राव की जगह पर पार्टी के का पद ग्रहण करेंगे, जिन्होंने खराब ने की वजह से इस्तीफा दे दिया है । श्री से ही पार्टी के महासचिव थे।श्री गुप्त के ाव श्री एन.ई. बलराम ने किया जो पार्टी की बैठक में निर्विरोध स्वीकार कर लिया

लूटमार करने वाले कू गिरफ्तार

राकेश कुमार के इस गिरोह से छः मारुति ई हैं । इसके अतिरिक्त राकेश कुमार ने वैनें बोगस कागज़ बनाकर विभिन्न नगरों का अपराध भी स्वीकार किया है । के समय इस गिरोह से एक 38 बोर का तीन कारतूस, तीन पिस्तौल 12 बोर तथा मिले हैं ।

अधीक्षक ने यह भी बताया कि दूसरे दो भयानक लुटेरे राजेन्द्र सिंह तथा सिंह भी पुलिस ने पकड़े हैं । इनके कब्जे से तीन स्कूटर बरामद किए । यह गिरोह में सक्रिय था ।

टोपाध्याय ने तीसरे गिरोह बारे बताया

देश में आंतरिक तनाव पैदा हो गया तो खतरे का सामना करना कठिन हो जाएगा : मुफ्ती

लखनऊ, 20 अप्रैल (वार्ता): केंद्रीय गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद ने कहा है कि यदि लोगों का ध्यान पाकिस्तान द्वारा की जा रही गतिविधियों से हटाने का प्रयास किया गया तो इस बाहरी खतरे का मुकाबला करना मुश्किल हो जाएगा ।

श्री सईद ने आज यहां सम्वाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा कि प्रत्येक देशभक्त तथा जो लोग भारत को एक महान राष्ट्र के रूप में देखना चाहते हैं, उन्हें सुनिश्चित करना चाहिए कि आंतरिक तनाव उत्पन्न न हो ।

राम जन्म भूमि और बाबरी मस्जिद के बारे में चर्चा करते हुए श्री सईद ने कहा कि समस्या का हल ढूंढने के लिए सरकार द्वारा गठित समिति सम्बद्ध पक्षों से बात कर रही है ।

यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार विश्व हिन्दू परिषद द्वारा राम जन्म भूमि विवाद सुलझाने के लिए दिए गए चार माह के समय को बढ़ाना चाहेगी, गृह मंत्री ने कहा कि यह करने का प्रश्न ही नहीं उठता । उन्होंने कहा कि सरकार इस विवाद को इस अवधि के दौरान ही सुलझाने का प्रयास करेगी ।

कश्मीर के बारे में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री सईद ने राष्ट्रीय मोर्चा सरकार के इस मत को दोहराया कि धारा 370 समाप्त नहीं की जाएगी । उन्होंने प्रश्न किया कि पंजाब में अनुच्छेद 370 लागू नहीं है, फिर वहां पिछले दस वर्ष से समस्या क्यों के मारे चले गए हैं, जनता उनके घरों की हिफाज़त कर रही है ।

उन्होंने राज्यपाल जगमोहन द्वारा उठाए गए कदमों की प्रशंसा करते हुए कहा कि घाटी की स्थिति में कुछ सुधार नजर आने लगा है । गृह मंत्री ने कहा कि घाटी में काम करने वाले सरकारी कर्मचारियों तथा अन्य को सम्भव सुरक्षा प्रदान की जा रही है ।

फर्नांडीज से मतभेद नहीं : श्री सईद ने कहा, "घाटी के कस्बों और गांवों में हजारों अल्पसंख्यक शांतिपूर्वक रह रहे हैं ।" उन्होंने इस बात का खंडन किया कि उनके तथा केंद्रीय रेल मंत्री एवं कश्मीर मामलों के प्रभारी मंत्री जार्ज फर्नांडीज के बीच किसी तरह का कोई मतभेद है । उन्होंने ज़ोर देकर कहा, "इस सिलसिले में सभी रिपोर्टें दुष्प्रचार अभियान के अलावा कुछ नहीं हैं ।"

नया समझौता होने तक पुरानी स्थिति बहाल की जाए : गणेश मान

काठमांडो, 20 अप्रैल (प.स.): नेपाली कांग्रेस के सर्वोच्च नेता श्री गणेश मान सिंह ने भारत सरकार पर बल दिया है कि जब तक किसी नए व्यापारिक समझौते पर हस्ताक्षर नहीं होते, वह तत्काल 23 मार्च, 1989 वाली स्थिति यथावत बहाल कर दे ।

निजी विमान कम्पनियों को यात्री ले जाने की अनुमति की जांच शुरू

नई दिल्ली, 20 अप्रैल (मनमोहन शर्मा): केंद्रीय जांच ब्यूरो (सी.बी.आई.) ने एयर इंडिया द्वारा कुछ निजी विमान कम्पनियों को बम्बई से शारजाह तक यात्री ले जाने की अनुमति देने के कथित घोटाला की जांच शुरू कर दी है ।

इस मामले की जांच संसद की सार्वजनिक

जमुखी,
री वृद्धि
सीमा में कमी
नो महंगा

स्टाक सीमा घटा दी गई है ।
ा कानून के अंतर्गत जारी इस
क व्यापारी 'ए' श्रेणी के नगरों
क्विंटल, 'बी' श्रेणी में 400
ों में 250 क्विंटल खाद्य तेल

न्हीं श्रेणी के नगरों में क्रमशः
टल तथा आठ क्विंटल तेल
सके अलावा खाद्य तेलों की
बू रखने के लिए सरकार ने
गाली से वितरण बढ़ा दिया

ने के लिए कार्य योजना :
और चाय की बढ़ती कीमतों
क विशेष कार्य योजना तैयार
रिणाम अगले कुछ ही दिनों
यह बात वित्तमंत्री प्रो. मधु
नागरिक आपूर्ति मंत्री नाथू
य मोर्चे की संसदीय पार्टी की
सकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री
ने की । बैठक में केंद्रीय
सदस्य मौजूद थे ।

कों की भागीदारी
ी संसद सत्र में
(वार्ता) : केन्द्रीय श्रम मंत्री
आज राज्यों के श्रममंत्रियों
कार प्रबंध में श्रमिकों की
द के इसी सत्र में विधेयक
ना चाहती है ।
राज्यों के श्रम मंत्रियों के
रते हुए कहा कि प्रबंध में
आवश्यक संवैधानिक
सफल नहीं हो पाई है ।

30 को
.) : जम्मू-कश्मीर उच्च
सभा को भंग करने की
वाली दो याचिकाओं पर
रेगी ।

की 40 नई









बाघापुराना के निकट गांव रोडे में आतंकवादियों द्वारा मारे गए (1-2) आल इंडिया सिख स्टूडेंट्स फैडरेशन फरीदकोट के भूतपूर्व प्रधान चमकौर सिंह तथा उसके साथी रेशम सिंह की लाशें (3) घटनास्थल पर बिखरा लहू तथा (4) घटना-स्थल पर एकत्र भीड़ का दृश्य । (छाया : शर्मा)

कुमार केंद्रीय कस्टम बोर्ड से क्यों स्थानांतरित किए गए ?

नई दिल्ली, 20 अप्रैल (जी.एस. चावला): केंद्रीय कस्टम तथा एक्साइज बोर्ड के सदस्य तथा वरिष्ठ अधिकारी श्री वी.वी. कुमार को उनके पद से हटा कर एक नए सृजित पद डायरैक्टर जनरल आफ ट्रेनिंग के पद पर नियुक्त कर दिया गया है । इस पद को आम तौर पर एक दंडात्मक पद के रूप में समझा जा रहा है । श्री कुमार ने अपने नए पद का कार्यभार कल सम्भाल लिया है ।

जब श्री वी.पी. सिंह वित्त मंत्री थे तो श्री कुमार उनके व श्री विनोद पांडे, जो अब कैबिनेट सचिव हैं, के प्रिय पात्र अधिकारियों में से थे और कई प्रमुख उद्योग पत्रियों पर छापे मारने के कारण चर्चा में थे । 1987-88 में श्री कुमार राजस्व गुप्तचर विभाग के महानिदेशक थे तथा उसके बाद उन्हें नार्कोटिक्स ब्यूरो के महानिदेशक का दोहरा पदभार भी सौंपा गया था । जब श्री वी.पी. सिंह ने मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया तो श्री कुमार ने अपनी निष्ठा तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी व उनकी जुंडली के प्रति बदल ली ।

राजस्व गुप्तचर विभाग के महानिदेशक के रूप में श्री कुमार को संचार माध्यमों व टैलीफोनों की जासूसी करने का भी अधिकार था । उन पर यह आरोप भी लगाया जाता है कि उन्होंने तत्कालीन केंद्रीय नेतृत्व को आंध्र प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री एन.टी. रामाराव के विरुद्ध प्रमाण इकट्ठा करने में सहायता प्रदान की थी । यह भी कहा जाता है कि इंडियन एक्सप्रैस पर छापा मारने के पीछे भी श्री कुमार का ही दिमाग था ।

बताया जाता है कि सरकार श्री कुमार को किसी प्रकार दंडित करना चाहती थी पर इस संबंध में कोई प्रमाण नहीं मिल पाए । अंततः यही निर्णय किया गया कि फिलहाल श्री कुमार को डायरैक्टर जनरल आफ ट्रेनिंग के नए पद पर नियुक्त कर दिया जाए । यद्यपि श्री कुमार का यह पद वरिष्ठताक्रम में कम है पर उनका वेतन 7300-8000 रुपए के वेतनमान में यथावत रहेगा लेकिन इस संबंध में सरकार शायद यह भूल गई है कि इस नए पद में श्री कुमार सर्वाधिक वेतन पाने वाले सरकारी अधिकारी होंगे । क्योंकि उन्हें उनके वेतन का 30 प्रतिशत ट्रेनिंग अलाऊंस के रूप में मिलेगा । इस प्रकार उनका वेतन कैबिनेट सचिव से भी अधिक होगा ।

इंद्रजीत कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव निर्वाचित

नई दिल्ली, 20 अप्रैल (वार्ता): श्री इंद्रजीत गुप्त को आज निर्विरोध भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का महासचिव चुन लिया गया ।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उप-महासचिव श्री गुप्त आल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस के महासचिव भी हैं । वह श्री राजेश्वर राव की जगह पर पार्टी के महासचिव का पद ग्रहण करेंगे, जिन्होंने खराब स्वास्थ्य रहने की वजह से इस्तीफा दे दिया है । श्री राव 1964 से ही पार्टी के महासचिव थे। श्री गुप्त के नाम का प्रस्ताव श्री एन.ई. बलराम ने किया जो पार्टी की परिषद की बैठक में निर्विरोध स्वीकार कर लिया गया ।

पंजाब, राजस्थान, हरियाणा आदि में लूटमार करने वाले

3 खतरनाक गिरोहों के 7 ...

सिख
औ
बम वि
बटा

चंडीगढ़
भारतीय सि
सिंह रोडे फ
मारा गया
घंटों में दो
उग्रवादियों
का शव
उग्रवादियों
व्यक्ति मारे
सिख
व उसके
(ज्ञान मित्त
फरीदकोट
सिख छात्र
एक निकट
उन दोनों के
पड़े मिले ।
परिणाम बता
प्राप्त
बजे के लगभ
बहाने उसे
चमकौर सिंह
उसकी त्ला
तथा रेशम सिं
चेहरों पर इत
बड़ी कठिनाई
निवासी था, ले
रह रहा था
चमकौर
था तथा वह
था । विगत 2
सम्मेलन में
आलोचन की
तथा एक वर्ष
फरीदकोट के
घटनास्थल पर
तलाश की ज
चमकौर
बाबा जोगिन्द
पिछले दो माह
के तीन बड़े ने
सिंह अस्वस्थ
के महासचिव
हत्या हुई ।

Punjabi Sanatani

चमकौर सिंह रोडे की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

में जिला शांति एवं शिकायत निवारण समिति की बैठक, जिसकी अध्यक्षता अमृतसर के जिलाधीश श्री सर्बजीत सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री संजीव गुप्ता कर रहे थे, में तीन लुटेरे आतंकवादियों को हथियारों व उनसे बरामद लूट की राशि समेत पेश करते हुए शहरियों को आह्वान किया गया है कि वे लूटपाट की किसी भी घटना की जानकारी निकटवर्ती पुलिस थाने, पुलिस नाकापार्टी अथवा फोन नम्बर 100 पर दें ताकि अवांछित तत्वों को तुरन्त पकड़ने में पुलिस को मदद मिल सके ।

आज प्रातः जिला शांति एवं शिकायत निवारण समिति की बैठक में श्री गुप्ता ने आठ सदस्यीय लुटेरों के गिरोह के तीन सदस्यों मान सिंह, हरविन्द्र सिंह तथा सतिन्द्र सिंह को पेश करते हुए बताया कि अमृतसर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गत छः माह से अपहरण व फिरौतियां वसूलने की वारदातों में सरगर्म आठ सदस्यों के गिरोह में से तीन को काबू कर लिया गया है । इस गिरोह का सरगना जोधपुर जेल से रिहा हुआ एक युवक है । वह गांव सैदो लेहल का निवासी है । उसने ही अपहरण व फिरौतियों की योजना तैयार की थी ।

श्री गुप्ता ने बताया कि आठ सदस्यीय इस गिरोह ने शहर में लगभग एक दर्जन अपहरण व फिरौतियों की वारदातें की हैं । इस गिरोह ने विगत दीवाली से वारदातों का काम शुरू किया था और अब तक यह गिरोह लगभग 5 लाख रुपया लूट चुका है । श्री गुप्ता ने बताया कि इन लुटेरों का किसी भी आतंकवादी संगठन से संबंध नहीं है और इन लुटेरों ने लूट की रकम को निजी रूप से इस्तेमाल किया है ।

श्री गुप्ता ने बताया कि इन लुटेरों के कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल बरामद हुई है जिसपर पीला रंग पुता है और 'भगेल सिंह, बी.टी.एफ.के.' अंकित है । इसके अलावा उनसे दो चीनी पिस्तौल, विभिन्न बोर के 2 सौ कारतूस तथा लूट की कुल पांच लाख के लगभग राशि में से एक लाख बीस हजार रुपए बरामद हुए हैं ।

श्री गुप्ता ने बताया कि पकड़े गए तीनों युवक कम शिक्षित हैं । इनमें से मान सिंह सज़ा-भोगी अपराधी है जो कुछ समय पहले जेल से रिहा होकर आया है । श्री गुप्ता ने बताया कि यह गिरोह अमृतसर के इलाका मकबूल रोड, सिविल लाइन्स व ईस्ट मोहन नगर आदि में सक्रिय था और डाक्टरों, व्यापारियों तथा अन्य समृद्ध व्यक्तियों के अपहरण करके फिरौतियां वसूल किया करता था । श्री गुप्ता ने बताया कि इस गिरोह ने अपना जो अंतिम कांड किया था, वह गजेन्द्र सिंह नामक एक ठेकेदार का अपहरण था जिसकी फिरौती इन्होंने 1.25 लाख रुपए वसूल की थी । श्री गुप्ता ने बताया कि हरविन्द्र सिंह और मान सिंह राज-मिस्त्री हैं और सतिन्द्र सिंह सुनार है । इसके बाकी सदस्यों में से कोई टैक्सी ड्राइवर है तो कोई टैम्पो ड्राइवर । इन लुटेरों ने लूट की रकम को अपने ऐशो-आराम व घरों के निर्माण पर खर्च किया है । श्री गुप्ता ने बताया कि इस गिरोह के सरगना ने ही ए.के. 47 राइफल, पिस्तौलें तथा गोली-सिक्का कहीं से प्राप्त किया है । उसकी गिरफ्तारी के बाद ही यह पता चल सकेगा कि उसने उक्त हथियार कहां से लिए ?

फायरिंग से 4 मरे, 4 घायल : बटाला (चौधरी, कोछड़): आज रात्रि लगभग 8.45 बजे स्थानीय गांधी कैंप में उग्रवादियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग किए जाने से 4 व्यक्ति मारे गए और 4 अन्य घायल हो गए । घायलों में से 2 की दशा गम्भीर बताई गई है तथा उन्हें अमृतसर के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है । बताया गया है कि उग्रवादी ट्रक पर आए थे और फायरिंग करके ट्रक में ही भाग गए । मृतकों में बचन लाल (60), प्यारा लाल (35), बचन लाल (30), और देश राज (35) तथा घायलों में प्रीतम लाल, ओम प्रकाश, खजान चंद और राम रत्न शामिल हैं । सभी मृतक और घायल मजदूर हैं । एक अन्य सूचना के अनुसार उग्रवादी मोटर साइकलों पर आए थे ।

ट्रक जला दिया : इस घटना के बाद क्रुद्ध भीड़ ने एक ट्रक को जला दिया और एक सिनेमा घर को भी जलाने की कोशिश की ।

पिता-पुत्र की हत्या : अमृतसर से 'वर्मा' के अनुसार आतंकवादियों के एक गिरोह ने सांघड़ा गांव में अंधाधुंध गोलीबारी कर एक पिता-पुत्र की हत्या कर दी । मृतकों के नाम क्रमशः दीदार सिंह तथा मुख्तयार सिंह बताए जाते हैं । यह घटना कल रात लगभग साढ़े दस बजे हुई ।

इंका नेता घायल : तरनतारन के फतेहाबाद गांव में आज शाम आतंकवादियों ने अमृतसर जिला युवक कांग्रेस (इ) के उपाध्यक्ष दलबीर सिंह को गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । दलबीर सिंह को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है ।

गुरुद्वारे के बाहर हत्या : उग्रवादियों ने आज रात्रि अमृतसर में गुरुद्वारा शहीदां के बाहर एक अज्ञात व्यक्ति की फायरिंग करके हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार मृतक गुरुद्वारे से बाहर आ रहा था कि उग्रवादियों ने उस पर गोलियों की बौछार कर दी और उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई ।

'नारंग' के अनुसार मृतक का नाम सुखदेव सिंह है ।

3 का अपहरण : आज रात्रि कार सवार उग्रवादियों ने भट्ठा बाईपास के निकट 3 व्यक्तियों का अपहरण कर लिया जबकि एक व्यक्ति बच कर निकल भागा । ये चारों व्यक्ति ड्यूटी देकर घर लौट रहे थे ।

एस.पी. आप्रेशन बाल-बाल बचे : आज रात्रि पुलिस जिला मजीठा के एस.पी. आप्रेशन उस समय बाल-बाल बच गए, जब वह राम दीवाली गांव से लौट रहे थे और उग्रवादियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी । लोहगढ़ में उग्रवादियों ने 4 होमगार्ड जवानों पर फायरिंग की लेकिन कोई जन-क्षति नहीं हुई ।

लूटपाट : जालंधर (वार्ता) : पांच आतंकवादियों ने कल रात यहां निकटवर्ती गांव संसारपुर में अमरचंद नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर 8400 रुपए मूल्य के सोने के गहने लूट लिए । आतंकवादी भागते समय उक्त घर से स्कूटर भी ले गए । एक अन्य वारदात में आतंकवादियों ने नंगल श्यामा-सूफी पिंड लिंक रोड पर कीमती लाल नामक एक व्यक्ति से पिस्तौल की नोक पर स्कूटर छीन लिया ।

एक आतंकवादी गिरफ्तार, हत्याकांड टला : कपूरथला (शर्मा): जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आज यहां बताया कि कपूरथला पुलिस ने आज सुबह गश्त के दौरान कांजली सड़क पर कथित आतंकवादी रछपाल सिंह पुत्र जसवन्त सिंह, वासी जफरवाल थाना धारीवाल को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक किलो विस्फोटक सामग्री, एक फ्यूज़ तार तथा एक डैटोनेटर बरामद किया है । उक्त आतंकवादी वस्सन सिंह जफरवाल का निकटवर्ती तथा के.सी.एफ. का सदस्य है । इसका एक भाई कश्मीरा उर्फ मीरा पहले ही पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा जा चुका है ।

प्राथमिक पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि वह जिला कपूरथला में बम विस्फोट के लिए आया था । उसके एक साथी ने बम विस्फोट के लिए और सामान लेकर आज आना था और रछपाल सिंह उसकी ही प्रतीक्षा में था । पुलिस की गश्त के कारण खतरनाक कांड टल गया है ।

4 आश्रयदाता काबू : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के अनुसार थाना भुलत्थ पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने वाले चार व्यक्तियों बलबीर सिंह उर्फ वीरा, अमरजीत सिंह उर्फ बिल्ला गुरनाम सिंह तथा संतोष सिंह उर्फ बिल्ला को गिरफ्तार किया है ।

बाढ़ की चेतावनी

शिमला, 20 अप्रैल (खजूरिया): मौसम में अचानक गर्मी बढ़ जाने से पंडोह बांध में पानी बड़ी तेजी से और बड़ी अधिक मात्रा में आ गया है कि वहां से किसी भी क्षण भारी मात्रा में पानी छोड़ा जा सकता है । पंडोह बांध के अधिकारियों ने इस स्थिति के दृष्टिगत व्यास के निचले किनारे बसे क्षेत्रों में लोगों को अचानक बाढ़ आने की चेतावनी दी है ताकि वह



शुक्रवार को अमृतसर के रैडक्रास भवन में आयोजित जिला शांति एवं शिकायत निवारण समिति की बैठक में एस. पी. श्री संजीव गुप्ता ने तीन ऐसे लुटेरों को पेश किया, जिन्होंने गत छः मास में अमृतसर नगर में लगभग एक दर्जन वारदातों में चार-पांच लाख रुपए लोगों से ऐंठे । (1) जिलाधीश श्री सर्बजीत सिंह समिति के सदस्यों को विवरण बताते हुए, (2) अभियुक्तों से बरामद शस्त्र, गोली-सिक्का तथा नगदी आदि, (3) पकड़े गए लुटेरे पुलिस कर्मियों के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं ।
(छाया : भंडारी)

कश्मीर घाटी में

(पृष्ठ 3 का शेष)

युवकों की रिहाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया । लेकिन अधिकारियों ने जब उनकी शिकायतों पर गौर करने का आश्वासन दिया तो वे अपने-अपने घरों को लौट गईं । शहर में ही महिलाओं ने एक और प्रदर्शन बड़शाह चौक पर कर्फ्यू में दी गई ढील के दौरान किया ।

श्रीनगर तथा कश्मीर घाटी के प्रमुख नगरों में आज कर्फ्यू में 5 घंटे की ढील दी गई जबकि जम्मू क्षेत्र के भद्रवाह तथा डोडा जिले के किश्तवाड़ में से आज कर्फ्यू हटा लिया गया । अन्य कस्बों में भी कर्फ्यू में ढील दी गई ।

भारी संख्या में लोगों ने आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी की और जुमे की नमाज अदा करने के लिए मस्जिद गए ।

राज्यपाल जगमोहन ने आज सुबह श्रीनगर में अपने सलाहकारों तथा सेना और अर्धसैनिक बलों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की । बैठक में यह भी फैसला किया गया कि अगर जरूरी हुआ तो जहां भी विध्वंसकारी गोलीबारी करेंगे उस इलाके की तत्काल नाकेबंदी की जाएगी तथा घर-घर की तलाशी ली जाएगी तथा कर्फ्यू लगाया जाएगा । सुरक्षा बलों ने कश्मीर घाटी तथा डोडा जिले में पिछले 12 दिनों में 370 आतंकवादी गिरफ्तार किए हैं ।

एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि प्रतिबंधित जमायते इस्लामी के कार्यालय तथा राज्य भर में इसकी विभिन्न शाखाओं को सील कर दिया गया है ।

प्रवक्ता ने बताया कि संदिग्ध उग्रवादियों के ठिकानों की तलाश में घर-घर तलाशी लिए जाने का काम जारी है ।

विशेष सहायता दिए जाने पर विचार-विमर्श : गृह मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (कश्मीर मामले) भास्कर घोष तथा संयुक्त सचिव एस.एम. रिजवी ने आज राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों से विचार-विमर्श किया ।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार बैठक में राज्य प्रशासन के उस अनुरोध पर भी विचार किया गया, जिसमें जम्मू-कश्मीर के लिए विशेष सहायता दिए जाने की बात कही गई है ।

इसी बीच कश्मीर मामलों के प्रभारी मंत्री जार्ज फर्नांडीज़ अपनी दो दिवसीय कश्मीर यात्रा के दौरान भद्रवाह तथा किश्तवाड़ जिलों का दौरा करेंगे ।

सरकारी सूत्रों के अनुसार डोडा जिले में 48 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया । इनमें से 34 को भद्रवाह, 4 को डोडा तथा 10 को किश्तवाड़ में से गिरफ्तार किया गया । डोडा जिले में अब तक 362 व्यक्ति अपने हथियार जमा करा चुके हैं । भद्रवाह में 217, डोडा में 92 तथा किश्तवाड़ में 53 व्यक्तियों ने अपने हथियार जमा कराए ।

प्रैसों को सील करने का निर्णय उचित : राज्य सरकार ने आज चेतावनी दी है कि वह प्रैस की स्वतंत्रता के नाम पर उसे राज्य में उग्रवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने की आज्ञा नहीं देगी । राज्य सरकार द्वारा कुछ प्रैसों को सील करने के निर्णय को उचित बताते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि ऐसा करना आवश्यक हो गया था क्योंकि इन समाचार पत्रों में 'उत्तेजक और झूठे' समाचार छपे हैं ।

अरोड़ा द्वारा मान को पहले स्टैंड पर ही कायम रहने की सलाह

नई दिल्ली, 20 अप्रैल (प.स.): सिख फोरम ने आज अकाली दल (मान) के अध्यक्ष श्री सिमरनजीत सिंह मान से कहा है कि वह अपने इस पहले स्टैंड पर कायम रहें कि पंजाब समस्या भारतीय संविधान के दायरे के अन्दर हल की जाए ।

फोरम के अध्यक्ष श्री जगजीत सिंह अरोड़ा ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि श्री मान तथा अन्य नेताओं को राजनीतिक सूझबूझ दिखानी चाहिए और पंजाब में शांति स्थापना में योगदान के लिए रचनात्मक पहलकदमी करनी चाहिए । श्री अरोड़ा ने कहा कि उनकी राय है कि श्री मान ने बाद में जो बयान दिए हैं वे 'क्रोध और हताशा'' में दिए हैं और कि अकाली दल के यह बुनियादी तौर पर राष्ट्र-विरोधी नहीं हैं जैसाकि उन्हें बताया जा रहा है ।

कश्मीरियों के पाक अधिकृत क्षेत्र को पलायन के समाचार झूठ : जगमोहन

नई दिल्ली, 20 अप्रैल (वार्ता): जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल जगमोहन ने राज्य में अत्याचारों के कारण कश्मीरियों के पलायन कर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर जाने संबंधी रिपोर्टों को झूठा बताया है । श्री जगमोहन ने श्रीनगर में ब्रिटिश ब्राडकास्टिंग कार्पोरेशन (बी.बी.सी.) के साथ एक भेंट में कहा कि राज्य के निर्दोष लोगों पर अत्याचार वास्तविक नियंत्रण रेखा के उस पार से जारी निर्देशों पर हो रहे हैं । उन्होंने कहा कि कश्मीरियों की हत्या के आदेश सीमा के उस पार से आ रहे हैं लेकिन उन्हें विश्वास है कि इन आदेशों पर हत्या कर रहे एजैंटों को समाप्त कर राज्य में सामान्य स्थिति बहाल कर ली

दिल्ली में गिर

जमायते

नई दिल्ली, 2
आतंक फैलाने औ
चार कट्टर कश्मी
अपराध शाखा ने
पुलिस सूत्रों
बताया कि ये उग्र
गए संगठन जमाय
सूत्रों के अनुसार
गुलाम मोहम्मद
रशीद हैं । इनमें
इस्लामी का भूत
फलाहे आम ट्रस्ट
सूत्रों ने बत
बारामूला का नि
है । इसी प्रका
पुलवामा का रह
स्टेशनरी की दुक
सूत्रों के अनुस
सीमा पर सुरक्षा
कारण ये उग्रवाद

प्रधानमं

द्रोहियों

लुधियाना,
भारतीय स्वतंत्र
सिंह को चौकस
लड़ने के लिए दे
को अपने घर की
कि हमारी सेना
मैदान की तर
देशद्रोहियों से भ
के संरक्षण में भ
हैं ।

संगठन के
अपने एक पत्र म
स्वतंत्रता सेनानि
यह वही पाकिस्
पराजित किया
मुकाबला नहीं
भी गलत एहसा
से भारत में पूर्व
रोक सकता,
मुकाबला करे
प्रधानमंत्री से
खुलेआम कह
उग्रवादियों की
आप देश के ज
एक सवालिया
आप देश की
स्वतंत्रता
दिया है कि वा
भूतपूर्व शासक

शाम को दि

दिल्ली क्लाथ
चांदी (999) टंच
सैंकड़ा) 7350,
(10 ग्राम) 344
414-425, बन
418, तेल सरसों
(प्रति 10 किलो) 2
(10 किलो) 295
खाद (10 किलो
127, फैक्ट्री एसि
किलो) जूट 154
आलू हापुड़ (40

अमृ

सोना स्टैंडर्ड
3150, चांदी
7400 रुपए ।

दिल्ली शे

दिल्ली
427.00, आध
एशियन होटल
56.75, डी.सी
(18/4), एस्
स्पैशलिटीज़ 1
गुजरात नर्मदा
17.00, हिन्दु
मोटर 26.00,
जे.के. सिंथैटिक
केल्वीनेटर आ
एल.एम.एल.
मोटल 109.0
(19/4), ओर
रिलायंस इंडस्ट्री
सदर्न पैट्रो 56.
142.00, दिल्
अमृत बनास्पति
(19/4), एशो
25.00, आइ
18.00, इलेक्
कैमिकल 13
गोयटड इंडिया

पेट ⁂जिगर ⁂पेशाब ⁂दमा
जैसे भयानक रोगों से छुटकारा पाने के लिए मिलें या लिखें :
वैद्य दत्ता, खिंगरां गेट (अन्दर), जालंधर शहर ।

TAWI STEEL ROLLING MILLS (PVT) LTD.
BARI BRAHMANA, JAMMU
Requires
1. SALESMEN—(4) : B.A having 2 to 5 years experience.
2. ACCOUNTANT—(2) : B.Com., with 5 years experience.
3. STORE-KEEPER—(2) : B.A.
4. WATCHMAN-(4) : Matric (Ex-Serviceman)
5. MALI-(2) : Having 2 years experience.
6. DRIVER-(2) : Having 5 years experience.
7. CLERKS—(2) : B.A. with 5 years experience or retired Excise department.
Please apply immediately giving complete Bio-data.
Ad—Associates

चपड़ासियों के लिए इंटरव्यू स्थगित कर दी गई
चपड़ासियों के पद के लिए 23.4.1990 से 26.4.1990 तक सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग पंजाब, एस.सी.ओ. नं. 161-62, सैक्टर-8सी, चंडीगढ़ द्वारा ली जाने वाली यह इंटरव्यू स्थगित कर दी गई है । नई तिथियों की सूचना उम्मीदवारों को दी जाएगी । असुविधा के लिए खेद है ।
निदेशक
सूचना एवं लोक सम्पर्क, पंजाब
PR/996/20.4.90

ADMISSION OPEN
CH. CHARAN SINGH MEMORIAL I.T.I., DEHRADUN (U.P.)
(Affiliated to N.C.V.T. Govt. of India)
Invites applications from the suitable candidates to seek admission in the following trades for the session 1990-1992 starting from 1st. Aug. 1990.

Sr. No.	Trade		Duration
(1)	Draftsman Civil	—	2 Years
(2)	Electrician	—	2 Years
(3)	Electronics	—	2 Years
(4)	Computer	—	One Year
(5)	Surveyor	—	2 Years

Punjabi Sanatan

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.
रविवार 22 अप्रैल, 1990 तदनुसार 10 बैसाख 2047

पूर्ण-सरल-बोधसाल-वर्षा से आजमाई हुई
आज ही स्थानीय पुस्तक विक्रेता से खरीदें
CONVENT BOOK CO.
Central Mills, Old Rly. Road, Jalandhar-8
नोट :-अध्यापक वर्ग, शिक्षा संस्थानों को विशेष छूट ।

2 उग्रवादियों द्वारा विष खाकर आत्म-हत्या, 2 गुट संघर्ष में, 2 मुठभेड़ में मारे गए

एक परिवार के 3 सदस्यों, पति-पत्नी सहित 9 की हत्या

चंडीगढ़, 21 अप्रैल (प.स., वार्ता): पंजाब में कल रात से अब तक दो आतंकवादियों ने जहर खा कर आत्महत्या कर ली तथा दो अन्य निजी गुट संघर्ष में तथा 2 अन्य सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारे गए । इस बीच उग्रवादियों ने एक ही परिवार के 3 सदस्यों, पति-पत्नी समेत 9 लोगों की हत्या कर दी ।

दो उग्रवादियों ने ज़हर खाया : अमृतसर, (वार्ता, वि.प्र.): आज तड़के यहां छहटा क्षेत्र में दो उग्रवादियों ने साईनाइड निगल कर दम तोड़ दिया । पुलिस रिपोर्टों में कहा गया है कि ये उग्रवादी जब एक स्कूटर पर सवार होकर संदिग्ध हालात में घूम रहे थे तो एक वाहन में सवार पुलिस दल ने उन्हें रुकने का आदेश दिया । उग्रवादियों ने रुकने की अपेक्षा भागने का प्रयास किया । पुलिस ने अपने वाहन में उनका पीछा किया । पुलिस ने बताया कि इन दोनों आतंकवादियों ने अपना स्कूटर छोड़ कर भागने की भी कोशिश की । पुलिस द्वारा घेर लिये जाने पर उग्रवादियों ने विष खा लिया । प्रारम्भिक रिपोर्टों के अनुसार उनके पास से चुराये गये स्कूटर के अलावा केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल की वर्दियां भी बरामद हुई हैं । एक उग्रवादी का नाम जसवंत सिंह और दूसरे का जस्सा सिंह पुत्र सेवा सिंह निवासी गांव साधना जिला अमृतसर बताए गए हैं । एस.एस.पी. श्री चांद के अनुसार इन उग्रवादियों का संबंध के.एल.ओ. के रेशम सिंह खांडे से था ।

मुठभेड़ में दो आतंकवादी मरे : अमृतसर जिला में बेरका के निकट आज शाम सी.आर.पी.एफ. के साथ मुठभेड़ में कार सवार दो आतंकवादी मारे गए । घटनास्थल से एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल, एक पिस्तौल तथा दो ग्रेनेड भी बरामद हुए हैं ।

अमृतसर से 'वि.प्र.' ने विवरण देते हुए बताया है कि आज सायं लगभग 5 बजे 3 उग्रवादियों ने बटाला रोड पर स्थित एक फैक्टरी के मालिक श्री खन्ना का उस समय अपहरण कर लिया था, जब वे कार में सवार होकर अपने घर जा रहे थे । उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर कार रोकी और स्वयं भी कार में सवार हो गए । उग्रवादियों ने श्री खन्ना को उनके संकेतों पर कार ले जाने के लिए कहा । कार जब बेरका बाईपास के निकट पहुंची तो वहां पुलिस ने नाकाबंदी कर रखी थी, जिस पर उग्रवादी कार से उतर कर भाग खड़े हुए लेकिन सुरक्षा बलों ने पीछा किया और दो उग्रवादी मुठभेड़ में मारे गए ।

दो आतंकवादियों के शव बरामद : तरनतारन पुलिस जिला के भिखीविंड कस्बा के बाहर खेतों में गोलियों से छलनी दो लाशें बरामद हुई हैं । मृतकों के नाम रछपाल सिंह व गरबख्श सिंह बताए जाते हैं । पुलिस ने इस घटना को आतंकवादियों के निजी गुट संघर्ष का परिणाम बताया है ।

एक की हत्या : तीन आतंकवादियों ने कल रात मजीठा पुलिस जिला के बाबा बकाला गांव में एक व्यक्ति की हत्या कर दी । बताया जाता है कि आतंकवादी एक घर में घुस कर जोगेंद्र सिंह नामक एक व्यक्ति को बाहर घसीट लाये तथा उसे गोली मार दी ।

घायल इंका नेता ने दम तोड़ा : तरनतारन पुलिस जिला के कंडियाला गांव में कल आतंकवादी हमले में घायल इंका नेता सतनाम कुमार ने आज दम तोड़ दिया ।

विस्फोट से 3 सुरक्षा कर्मी घायल : मजीठा पुलिस जिला के डेरेवाला गांव के निकट एक बम विस्फोट से सी.आर.पी.एफ. के 3 कर्मचारी घायल हो गए ।

13 आतंकवादी काबू : अमृतसर जिला में सल्तानविंड क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद 4 आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । दो अन्य आतंकवादी फरार होने में कामयाब रहे । गिरफ्तार आतंकवादियों के कब्जे से एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल, दो माऊज़र, एक 315 बोर की राइफलें तथा 49 कारतूस भी बरामद हुए हैं । अमृतसर जिला पुलिस ने एक और आतंकवादी बलकार सिंह को गिरफ्तार किया है । उसके एक देसी पिस्तौल तथा 3 कारतूस भी मिले हैं ।

तरनतारन पुलिस ने पल्ल शाकरी गांव में नाकाबंदी के दौरान 2 आतंकवादियों को कल रात गिरफ्तार किया है । उनसे दो माऊज़र, 10 चक्र गोलियां तथा दो एच.ई. 36 हथगोले भी मिले हैं ।

भटिंडा जिला पुलिस ने छह आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है तथा उनसे दो बंदूकें एक पिस्तौल तथा सात कारतूस बरामद हुए हैं ।

एक ही परिवार के 3 सदस्यों की हत्या : बटाला (कांडा): पुलिस जिला बटाला के गांव बड्डीवाल में गत रात्रि लगभग 9 सशस्त्र आतंकवादियों ने एक जमींदार नत्था सिंह (70) व उसके 2 बेटों सलविंदर सिंह (32) तथा निर्मल सिंह (35) की गोलियां मार कर हत्या कर दी । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों व अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए आए मृतकों के संबंधियों ने बताया कि रात्रि लगभग 8 बजे सशस्त्र आतंकवादियों का गिरोह एक मोटर गाड़ी में आया तथा गांव से कुछ दूर गाड़ी खड़ी करके नत्था सिंह के डेरे में आ धमका, फिर उक्त आतंकवादियों ने कहा कि उन्हें भूख लगी है । इस पर नत्था सिंह के घर की महिलाओं ने उनके लिए भोजन बनाना आरम्भ कर दिया व उन्हें दूध आदि भी दिया । इसके बाद सशस्त्र आतंकवादी तीनों बाप-बेटों को यह कह कर बाहर ले गए कि उनसे कोई बात करनी है । आतंकवादियों ने तीनों के बाजू पीछे बांध दिये और डेरे से काफी दूर ले गए । पहले तीनों की जम कर पिटाई की और फिर सिरों में गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 के लगभग 6 चले हुए कारतूस मिले हैं ।

(शेष पृष्ठ 16 पर)

अमानुल्ला ने अमरीका में ही ठहरने की कसम खाई



वाशिंगटन, 21 अप्रैल (प.स.): अमरीका सरकार द्वारा जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के अध्यक्ष अमानुल्ला खां के वीसा को रद्द करने के



थाना सदर बटाला के गांव बड्डोवाल में उग्रवादियों के हाथों मारे गये (1) नत्था सिंह (2) उसका बेटा सलविंदर सिंह (3) उसका बेटा निर्मल सिंह (4) गुरुनानक देव कैम्प में आतंकवादियों की अंधाधुंध फायरिंग में मारे गये (5) गूंगा-बहरा देवर रतन लाल । (9 से 11) मृतकों के बिलखते-रोते परिवारजन, (12) घट

शस्त्र प्रशिक्षण प्रा कश्मीरी उग्रवादी सु

तलाशी अभियान के दौरान 37 उग्रवादी गिरफ्तार

जम्मू, 21 अप्रैल (वार्ता, प.स.): कश्मीर घाटी में वास्तविक नियंत्रण रेखा के आसपास आज सुरक्षा बलों से अलग-अलग मुठभेड़ों में छः उग्रवादी मारे गए । इसके अलावा श्रीनगर में कर्फ्यू में ढील की अवधि के दौरान होम गार्ड के एक जवान की हत्या कर दी गई ।

6 उग्रवादी मारे : एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मारे गए 6 उग्रवादी पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से शीघ्र प्रशिक्षण प्राप्त कर वास्तविक नियंत्रण रेखा पार कर आने की कोशिश कर रहे थे । उनसे कुछ हथियार भी बरामद हुए हैं । इन मुठभेड़ों में 14 उग्रवादी गिरफ्तार भी किए गए । उनमें से कुछ घायल भी हो गए हैं ।

होमगार्ड की हत्या : उग्रवादियों ने श्रीनगर में कर्फ्यू में ढील के दौरान कनाकदल इलाके में होमगार्ड के कांस्टेबल माखन लाल की गोलियों से हत्या कर दी । इसके बाद पूरे इलाके को सील कर घर-घर तलाशी ली गई ।

37 उग्रवादी पकड़े : प्रवक्ता ने कहा कि

फर्नांडीज़ का मामलों के प्रभारी मंत्री क्षेत्र के डोडा जिले में कि का दौरा किया, जहां पिछ लोग मारे गए थे । श्री मामलों संबंधी अतिरिक्त संयुक्त सचिव एस.एम.

श्री फर्नांडीज़ बाद अब्दुल्ला के निकट सहयो वरिष्ठ नेता मोहम्मद शफ के अनुसार तीन घंटे चली की राजनीतिक स्थिति प

श्री फर्नांडीज़ ने कि सम्बोधित करते हुए कह की यात्रा के दौरान लोगों प्रदेश में 1977 के च चुनाव में धांधली हुई है एक अन्य शिकायत यह तो कर दिए जाते हैं लेकि

मान के आए दिन बदल रहे बयानों ने सिख कौम का सिर नीचा कर दिया : टोहरा

चंडीगढ़, 21 अप्रैल (एन.एस. परवाना): शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान कर रहे हैं । आखिर विधानसभा चुनाव के बाद की

Punjabi Bharati

ाल–वर्षों से आज़माई हुई
पुस्तक विक्रेता से खरीदें
या V.P.P. द्वारा मगवाएं, कीमत 24 - डाक खर्च मुफ्त।
CONVENT BOOK CO.,
Central Mills, Old Rly. Road, Jalandhar-8
नोट :–अध्यापक वर्ग, शिक्षा संस्थानों को विशेष छूट।
डिस्ट्रीब्यूटर्ज :
राजीव सेल्स कार्पोरेशन,
कनक मंडी, अमृतसर । फोन नं. : 49493

-हत्या,
रे गए
की हत्या

न शकरी गांव में नाकाबंदी के
को कल रात गिरफ्तार किया
, 10 चक्र गोलियां तथा दो
ी मिले हैं ।
स ने छह आतंकवादियों को
उनसे दो बंदूकें, एक पिस्तौल
मद हुए हैं ।

र के 3 सदस्यों की
ड़): पुलिस जिला बटाला के
रात्रि लगभग 9 सशस्त्र
मीदार नत्था सिंह (70) व
सिंह (32) तथा निर्मल सिंह
कर हत्या कर दी । जिला
व अस्पताल में पोस्टमार्टम
संबंधियों ने बताया कि रात्रि
आतंकवादियों का गिरोह एक
गांव से कुछ दूर गाड़ी खड़ी
में आ धमका, फिर उक्त
क उन्हें भूख लगी है । इस
ी महिलाओं ने उनके लिए
र दिया व उन्हें दूध आदि भी
शस्त्र आतंकवादी तीनों
र बाहर ले गए कि उनसे
तंकवादियों ने तीनों के बाज़
काफी दर ले गए । पहले
ई की और फिर सिरों में
त्या कर दी । घटनास्थल
6 चले हुए कारतूस मिले
(शेष पृष्ठ 16 पर)

अमरीका में ही
कसम खाई



प्रैल (प.स.): अमरीका
ीर लिबरेशन फ्रंट के



थाना सदर बटाला के गांव बद्दोवाल में उग्रवादियों के हाथों मारे गये (1) नत्था सिंह व उसके दो बेटे (2) सलविंदर सिंह व (3) निर्मल सिंह । बटाला में गांधी कैम्प में आतंकवादियों की अंधाधुंध फायरिंग में मारे गये (4) गूंगा-बहरा देस राज, (5) प्यारा लाल, (6) बचन लाल, (7) बचन लाल और (8) घायल हुआ रतन लाल । (9 से 11) मृतकों के बिलखते-रोते परिवारजन (12) घटनास्थल पर एकत्रित भीड़ । (छाया : कोछड़)

शस्त्र प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे 6 कश्मीरी उग्रवादी सुरक्षाबलों के हाथों मरे

तलाशी अभियान के दौरान 37 उग्रवादी गिरफ्तार, जार्ज फर्नांडीज़ द्वारा भद्रवाह तथा किश्तवाड़ का दौरा

जम्मू, 21 अप्रैल (वार्ता, प.स.): कश्मीर घाटी में वास्तविक नियंत्रण रेखा के आसपास आज सुरक्षा बलों से अलग-अलग मुठभेड़ों में छः उग्रवादी मारे गए । इसके अलावा श्रीनगर में कर्फ्यू में ढील की अवधि के दौरान होम गार्ड के एक जवान की हत्या कर दी गई ।

6 उग्रवादी मारे : एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मारे गए 6 उग्रवादी पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से शीघ्र प्रशिक्षण प्राप्त कर वास्तविक नियंत्रण रेखा पार कर आने की कोशिश कर रहे थे । उनसे कुछ हथियार भी बरामद हुए हैं । इन मुठभेड़ों में 14 उग्रवादी गिरफ्तार भी किए गए । उनमें से कुछ घायल भी हो गए हैं ।

होमगार्ड की हत्या : उग्रवादियों ने श्रीनगर में कर्फ्यू में ढील के दौरान कनाकदल इलाके में होमगार्ड के कांस्टेबल माखन लाल की गोलियों से हत्या कर दी । इसके बाद पूरे इलाके को सील कर घर घर तलाशी ली गई ।

फर्नांडीज़ का दौरा : कश्मीर संबंधी मामलों के प्रभारी मंत्री जार्ज फर्नांडीज़ ने आज जम्मू क्षेत्र के डोडा जिले में किश्तवाड़ और भद्रवाह नगरों का दौरा किया, जहां पिछले दिनों गुट संघर्ष में तीन लोग मारे गए थे । श्री फर्नांडीज़ के साथ कश्मीर मामलों संबंधी अतिरिक्त सचिव भास्कर घोष और संयुक्त सचिव एस.एम. रिज़वी भी थे ।

श्री फर्नांडीज़ बाद में पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के निकट सहयोगी और नैशनल कांफ्रैंस के वरिष्ठ नेता मोहम्मद शफ़ी से मिले । जानकार सूत्रों के अनुसार तीन घंटे चली इस बैठक के दौरान राज्य की राजनीतिक स्थिति पर चर्चा हुई ।

श्री फर्नांडीज़ ने किश्तवाड़ में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के विभिन्न भागों की यात्रा के दौरान लोगों ने उनसे शिकायत की है कि प्रदेश में 1977 के चुनाव को छोड़ कर प्रत्येक चुनाव में धांधली हुई है । उन्होंने कहा कि लोगों की भारत-पाक सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने और एक त्वरित योजना बनाने का निर्णय किया गया । त्वरित योजना में सुरक्षा बलों को घटनास्थलों पर शीघ्र पहुंचाने की व्यवस्था है ।

बैठक में राज्यपाल के सलाहकार वेद मारवाह और श्री करैशी के अलावा पुलिस, सीमा सुरक्षा बल तथा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया । गृहमंत्री ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राज्य की कानून-व्यवस्था की समीक्षा भी की ।

बैठक में 'दरबार' को जम्मू से श्रीनगर स्थानांतरित करने के मुद्दे तथा सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवारों की सुरक्षा देने के विषय पर भी चर्चा हुई ।

राज्यपाल द्वारा स्थिति की समीक्षा : राज्यपाल जगमोहन ने आज सवेरे अपने सलाहकारों जे.एम. करैशी और वेद मारवाह तथा सेना और

Punjabi Sahatani

वी.
1
नए स
नई दिल्ली
विश्वनाथ प्रत
18 नए मंत्रि
राज्यमंत्री और
अब मंत्रिपरिषद
है । इनमें 1
उपमंत्री हैं ।
आज शामि
जनेश्वर मिश्र,
भजमन बेहरा,
सुबोधकांत सह
सत्यपाल मलिक
श्रीकांत जेना ।
अजय सिंह, अ
जगदीप धनकड
श्री सिंह ने
बादपहले बड़े वि
प्रदेश से लिए गए
और गुजरात, के
लिया गया है ।
श्रीधरन राज्यसभ
लोकसभा से लिए

इससे पूर्व



राष्ट्रपति श्री आर
से दाएं) अजय सि
गोपनीयता की श

इंदिरा के
दिल्ली ग

पंजाब में दो आतंकवादियों ने जहर खाया

(पृष्ठ 7 का शेष)

मृतकों की संख्या पांच हुई : बटाला के गांधी कैम्प में गत रात आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके 4 लोगों की हत्या कर दी थी व 4 अन्य को गम्भीर रूप से घायल कर दिया था । उस संबंध में पुलिस सूत्रों से प्राप्त विवरण के अनुसार अब मृतकों की संख्या 5 हो गई है । देसराज, बचन लाल, प्यारा लाल व बचन लाल की मृत्यु घटनास्थल पर ही हो गई थी जबकि प्रीतम दास अमृतसर अस्पताल जाकर दम तोड़ गया । तीन घायल ओम प्रकाश, खज़ान चंद व रतन लाल अमृतसर अस्पताल में उपचाराधीन हैं, इनकी दशा चिन्ताजनक बताई जाती है । आतंकवादियों ने इस हत्याकांड में ए.के. 47 राइफल प्रयुक्त की ।

घटना के पश्चात गांधी कैम्प (शरणार्थी कैम्प) की उग्र भीड़ ने गुरदासपुर सड़क पर खड़े एक ट्रैक्टर को आग लगा दी, जिसे दमकल विभाग ने तुरन्त आकर बुझा दिया । उग्र भीड़ द्वारा सड़क पर खड़े एक ट्रक पर भी पथराव किया गया ।

आज प्रातः भीड़ ने कुछ समय के लिए बटाला-गुरदासपुर सड़क पर ट्रैफ़िक जाम करने का प्रयास किया जिस पर पुलिस ने हवाई फायरिंग की । अब वहां स्थिति नियंत्रण में बताई जाती है । आज प्रातः जब इस पत्रकार ने घटनास्थल का दौरा किया तो ज्ञात हुआ कि आतंकवादियों ने जी.टी. रोड से गांधी कैम्प तक के क्षेत्र में तीन स्थानों पर फायरिंग की थी । एक स्थान पर तो एक घर के अंदर जा कर फायरिंग की गई । क्षेत्र के लोगों में आतंक व रोष व्याप्त था । ज्ञात हुआ है कि मृतक देस राज गूंगा व बहरा था और प्रिंटिंग प्रैस में जिल्दें बांधने का काम करता था ।

कैम्प के लोगों से प्राप्त विवरण के अनुसार गांधी कैम्प में करीब 3500 परिवारों के लगभग 17 हजार लोग रहते हैं । यह क्षेत्र नगरपालिका सीमा के अंदर हैं । यहां अवैध शराब आदि की बिक्री के कारण पिछले काफी समय से आतंकवादियों द्वारा धमकियां दी जा रही थीं, जिसकी जानकारी लगातार पुलिस प्रशासन को दी जाती रही है । गांधी कैम्प में रहने वाले लोगों का मुख्य व्यवसाय रिक्शा व ठेला चलाना अथवा मज़दूरी है और सभी परिवार आर्थिक रूप से अत्यन्त पिछड़े हुए हैं ।

आज जब यह पत्रकार वहां गया तो मृतकों के आश्रित कह रहे थे कि उनके पास तो अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी आदि लाने के लिए भी पैसे नहीं हैं । प्रशासन की ओर से अन्य सरकारी सहायता के अलावा अंतिम संस्कार के लिए भी सहायता उपलब्ध कराई गई है ।

स्थानीय भाजपा प्रधान श्री बलदेव मित्र कांसरा,



(1) बाबा बकाला के जोगिन्दर सिंह का शव, जिसे अज्ञात व्यक्तियों ने शुक्रवार की रात को पीट-पीट कर मार डाला, (2) गुरुद्वारा शहीदां (अमृतसर) में आतंकवादियों के हाथों शुक्रवार को मारे गए सुखदेव सिंह सुखा का शव, (3) बटाला गोली-कांड में शुक्रवार को मारे गए एक व्यक्ति का शव, (4-5) बटाला गोली-कांड में घायल हुए ओम प्रकाश तथा राम रत्न, (6) तरनतारन क्षेत्र में शुक्रवार रात को आतंकवादियों की गोलियों से घायल दलबीर सिंह, (7 और 8) केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के दो जवान, जो आतंकवादियों द्वारा बिछाई गई बारूदी सुरंग के फटने से घायल हो गए । (छाया : रवि)

इंका के भूतपूर्व विधायक श्री अश्विनी सेखड़ी, सिटी इंका प्रधान श्री चमन लाल, उप-प्रधान श्री मोहन सिंह, जिला भाजपा नेता पं.ओ. शंकर, श्री देवराज चाचोवालिया, भाकपा नेता का. रणबीर सिंह बिर्क एडवोकेट व भाकपा नेता इकबाल सिंह बाजवा ने इस हत्या कांड की कड़े शब्दों में निंदा की है । युवा भाजपा सचिव श्री नरेश महाजन ने कड़े शब्दों में इस कांड की निंदा करते हुए कहा कि 3 अप्रैल को राम नवमी के अवसर पर बम विस्फोट में 35 मृतकों के खून की स्याही अभी सूखी भी नहीं थी कि एक और जघन्य कांड हो गया ।

पति-पत्नी की हत्या : 3 मोटर साइकल सवार उग्रवादियों ने आज सायं पुलिस जिला मजीठा के क्षेत्र बुट्टरकलां के निकट एक मारुति कार पर फायरिंग करके कार में सवार गुरदासपुर निवासी कुन्दन लाल और उनकी पत्नी प्रीतम कौर उर्फ प्रीतो की हत्या कर दी । मृत पति-पत्नी की आयु 35-36 वर्ष लगती है ।

कार के ड्राइवर हेमराज ने घटना का विवरण देते हुए बताया कि वे आज प्रातः गुरदासपुर से लुधियाना गए थे, वहां से लौटते समय लगभग साढ़े 5 बजे सायं 3 मोटर साइकल सवार उग्रवादियों ने मारुति कार नं. पी.बी./025736 पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । कार में पति-पत्नी, कार ड्राइवर हेमराज, गुरदासपुर के रवि कुमार की पत्नी श्रीमती संतोष, श्री कुन्दन लाल के 2 बच्चे सवार थे ।

कार के ड्राइवर ने बताया कि वारदात के पश्चात उन्होंने अपनी कार पुलिस जिला मजीठा के थाना मेहता के आगे रोकी और पुलिस को सूचित किया लेकिन वहां थाने के जिम्मेदार व अन्य पुलिस कर्मियों ने उन्हें गाली-गलोच किया और उनको वहां से भगा दिया । इस पर वे कार को लेकर सिविल अस्पताल बटाला में आ गए, जहां कुन्दन लाल दम्पति को मृत घोषित कर दिया गया ।

मृतक दम्पति की बेटी इंदबाला, जो तीसरी श्रेणी में पढ़ती है, ने बताया कि वे अपने पापा के साथ आ रही थी कि उनकी कार को रोक कर अंधाधुंध फायरिंग की गई । श्री कुन्दन लाल मार्कीट कमेटी गुरदासपुर के कर्मचारी थे ।

अपहरण के बाद हत्या : आतंकवादियों ने गुरदासपुर जिला के कलानौर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत भगताना गांव में गुरनाम सिंह नामक एक व्यक्ति का उसके घर से अपहरण कर लिया तथा बाद में गोली मार कर उसकी हत्या कर दी ।

बम विस्फोट में 16 व्यक्ति मरे थे : पठानकोट (गुप्ता): पठानकोट के डी.एस.पी. गुरदयाल सिंह बस्सी ने बताया है कि पठानकोट के निकट भड़ोलीकलां में मोगा डिपो की बस में हुए बम धमाके में 13 व्यक्ति मौके पर और तीन अस्पताल में मारे गए थे । उन्होंने कहा कि यह गलत है कि 18 व्यक्ति मारे गए थे । 34 घायल अब भी अस्पताल में हैं । उन्होंने बताया कि मृतकों और घायलों का सामान उनके पास है, उनके परिवार के सदस्य उनसे सामान ले जा सकते हैं । उन्होंने बताया कि बम दसूहा से अटैची में रखा गया था, इस बारे में जांच करने के लिए एक पुलिस पार्टी दसूहा गई है ।

4 आतंकवादी संगठनों ने जिम्मेदारी ली : लुधियाना, (प.स.): 4 आतंकवादी संगठनों ने फरीदकोट जिला के रोडे गांव में वीरवार रात को अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के नेता चमकौर सिंह रोडे की हत्या की जिम्मेदारी ली है । बब्बर खालसा के सुखदेव सिंह, खालिस्तान कमांडो फोर्स के परमजीत सिंह पंजवड़, सिख छात्र संघ के दलजीत सिंह तथा खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के गुरजंट सिंह बुध सिंह वाला के नाम से जारी एक वक्तव्य में कहा गया है कि चमकौर सिंह रोडे उग्रवादी संगठनों के नाम पर लोगों से धन बटोरता था और उक्त संगठनों को बदनाम करता था । वक्तव्य में यह भी कहा गया है कि चमकौर सिंह को कई बार लुटखसूट करने से रोका गया था लेकिन वह बाज नहीं आया ।

कश्मीर में उग्रवादी मरे

(पृष्ठ 7 का शेष)

वापस भारतीय सीमा में घुसने में भी सहायता प्रदान कर रही हैं ।

सरकारी सूत्रों के अनुसार अधिकांश उग्रवादी कश्मीर घाटी में स्थित हाजी पीर कूंबड़ नामक स्थान से भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास कर रहे हैं ।



SAMRAT REFRIGERATIONS
B-XX, 611-A, Girson Silk Mills Street,
Ferozepur Road, Ludhiana-141 001. Phones : 25896-32869.
Sole Distributors For Jammu & Kashmir :—
SAJAWAT REFRIGERATIONS
Ashok Nagar Satwari, Jammu Cantt.
Approved By Kwality Ice Cream Co.& Campa Cola Factory.
Bpl-28

कश्मीर से आए पलायन

अमृतसर, 21 अप्रल (सुभाष नारंग): कल सायं जब मैं अपने साथी छायाकार रवि भंडारी के साथ कश्मीर पलायनकर्त्ता, समिति रानी के बाग, अमृतसर में गया तो वहां पर कश्मीर घाटी से आए पलायनकर्त्ताओं से बातचीत करने का मौका मिला ।

अमरजीत सिंह बांडीपुर में कपड़े का कार्य करते थे । अपना सब कुछ छोड़ कर अमृतसर आए हैं । उन्होंने बताया कि पाकिस्तान की शह पर, कश्मीरी मुसलमानों ने उनका वहां जीना हराम कर दिया था । उनसे कश्मीर या पंजाब में पाक द्वारा गड़बड़ कराने बारे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इसके लिए उसकी कड़े शब्दों में निन्दा ही नहीं करनी चाहिए बल्कि उसे सबक भी सिखाना चाहिए । पाकिस्तान हमारे प्यारे भारतवर्ष को तोड़ना चाहता है । आतंकवाद चाहे पंजाब में हो या कश्मीर में, अत्यन्त निन्दनीय है । इसके साथ सख्ती से सरकार को निपटना चाहिए ।

सरदार हरभजन सिंह सुधरा शाही कालोनी श्रीनगर में कपड़े का कार्य करते थे । 15 दिन लगातार अपने घर में बंद रहे । भारतीय सुरक्षा बलों के जवानों ने 'कॉम्बिंग आप्रेशन' के दौरान उनको वहां से निकाला और जम्मू पहुंचाया । वहां से यह अपनी पत्नी सरदारनी रजवन्त कौर लड़के मनी के साथ अमृतसर आ गए । सरदार हरभजन सिंह ने बताया कि पाक कश्मीर एवं पंजाब में देशद्रोहियों की मदद कर रहा है, पर भारत सरकार पाक पर हमला पता नहीं क्यों नहीं करती ।

श्री इन्द्रपाल खास श्रीनगर में कपड़े का कार्य करते हैं । अपनी वृद्ध माता तथा लड़की मीनू के साथ 19 मार्च को बड़ी मुश्किल से वहां से निकल कर यहां आए हैं ।

हरि सिंह मुहल्ले के पास श्रीनगर में कपड़े का कार्य करने वाले निर्मल सिंह पुत्र स. पूर्ण सिंह, पत्नी स्वर्ण कौर के साथ बड़े आतंक के वातावरण में अपना सब कुछ छोड़ कर जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट की फब्तियों एक भय के कारण यहां आए हैं । उन्होंने कहा कि पाक समर्थक मुसलमान सिखों और हिन्दुओं के दुश्मन हैं । सरकार इनके विरुद्ध सख्ती क्यों नहीं करती, जबकि पाक के पिट्ठू कश्मीर एवं पंजाब में गड़बड़ करवा रहे हैं ?

सरदार मुख्त्यार सिंह पुत्र सरदार दीवान सिंह जवाहर नगर श्रीनगर से अपनी पत्नी रपिन्द्र कौर, लड़की उषा, लड़के जरनैल सिंह के साथ कई सालों से वहां पर कपड़े का कार्य करते थे । अत्यन्त दुखी स्वर में बोले कि हमारा तो सब कुछ तबाह हो गया । सरदार मुख्त्यार सिंह की शादी श्रीनगर के बटमालू क्षेत्र में रहने वाले एक सिख परिवार में हुई थी । उसके ससुराल वाले जम्मू के कैम्पों में रह रहे हैं । इसी तरह सरदार मनजीत सिंह पुत्र सरदार मेला सिंह अपना कपड़े का कारोबार जो लाखों रुपए का था, श्रीनगर में छोड़ कर यहां पर आए हुए हैं ।



सामूहिक अन्तिम संस्कार का दृश्य ।
(छाया : विनोद)

बस बम कांड के 5 अज्ञात मृतकों का अन्तिम संस्कार कर दिया गया

गुरदासपुर, 21 अप्रैल (विनोद) : बीते दिनों जिला गुरदासपुर में पठानकोट के नज़दीक बस में हुए बम विस्फोट में जो व्यक्ति मारे गए थे, उन में से पांच (2 महिला और 3 पुरुष) की शिनाख्त न होने पर लगभग 72 घंटे के बाद गुरदासपुर निवासियों ने प्रशासन के सहयोग से उनका अन्तिम संस्कार

Punjab Sahayak

बैठक से मिलता है, वहां अभी राष्ट्रीय संकल्प का अभाव है । हमारा कल्याण तब होगा तथा इन समस्याओं से हम सफलतापूर्वक तभी जूझ सकेंगे जब राष्ट्रीय सहमति को लागू करने का संकल्प भी सरकार व राष्ट्र में पैदा होगा ।

पंजाब के लोगों को बधाई दी कि वे देश को तोड़ने वालों की उकसाहटों के बावजूद अपनी एकता व भाईचारा बना कर रखे हुए हैं । उन्होंने कहा कि उनका विश्वास है कि यदि सरकार काम करे और पंजाब में प्रबल जनमत खड़ा हो तो उग्रवाद शीघ्र

मोकपा पंजाब के सचिव श्री मंगत राम पासला ने कहा है कि उग्रवाद सदैव घातक व निन्दनीय होता है और जब वह धर्म का सहारा लेता है तो भयंकर रूप ले लेता है । पंजाब व जम्मू-कश्मीर में ऐसा ही उग्रवाद है । उन्होंने आरोप लगाया कि अमरीका



मुठभेड़ों में 4 उग्रवादी मरे, एक की हत्या : एक मीटर रेल पटरी उड़ा दी : बम विस्फोट से सुरक्षा चौकी ध्वस्त, 4 घायल

चंडीगढ़, 22 अप्रैल (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान सुरक्षा बलों के साथ विभिन्न मुकाबलों में 4 आतंकवादी मारे गए । आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी जबकि जालंधर-फिरोज़पुर सैक्शन पर एक मीटर लम्बी रेल पटरी उड़ा दी गई । श्री हरगोबिन्दपुर में एक सुरक्षा चौकी के नीचे बम विस्फोट से चौकी ध्वस्त हो गई और बी.एस.एफ. के 4 जवान घायल हो गए ।

के.एल.एफ. के 8 आतंकवादी गिरफ्तार : पटियाला (भूषण): जिला पुलिस ने गत 24 घंटों के दौरान खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स से संबंधित 8 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री एस.के. शर्मा के अनुसार ये आतंकवादी हिन्दू शिव सेना उत्तरी जोन के अध्यक्ष श्री पवन कुमार शर्मा की हत्या के प्रयास, पटियाला सी.आई.ए. पुलिस के दो कांस्टेबलों तथा सामाना में एक पुलिस कांस्टेबल की हत्या और असिस्टैंट सब-इंस्पैक्टर पुलिस श्री सुखविन्दर सिंह की हत्या के प्रयास के मामलों में वांछित थे ।





पुलिस जिला मजीठा के जालंधर-बटाला मार्ग पर स्थित गांव बुट्टरकलां के निकट लुधियाना से गुरदासपुर जा रही एक मारुति कार पर आतंकवादियों की फायरिंग से मारे गए पति-पत्नी (ऊपर) श्री कुन्दल लाल (बीच में), श्रीमती प्रीतम कौर उर्फ प्रीतो के शव जो सिविल अस्पताल बटाला में खड़ी क्षतिग्रस्त कार में रात के 11 बजे तक पड़े रहे (नीचे) कार के निकट खड़ी भीड़ ।
(छाया : कोछड़)

प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान इन आतंकवादियों ने आतंकवादी अपराधों, महत्वपूर्ण व्यक्तियों की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने तथा लूट व डकैती के मामलों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है ।

उनके पास से एक 30 बोर की स्प्रिंग फ़ील्ड राइफल, विभिन्न क्षमता के दो रिवाल्वर और 5 पिस्तौलें, दो स्कूटर, 14 रंगीन टी.वी., नकद 15 हजार रुपए और लगभग ढाई लाख रुपए मूल्य के आभूषण बरामद हुए हैं । गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों में सामाना का बनदीप सिंह उर्फ वैरायटी भी शामिल है जिसे मुख्य धारा में लाया गया था और उसके पुनर्वास के लिए बस परमिट जारी किया गया था । गिरोह के अन्य सदस्यों में बलजीत सिंह जीत निवासी तफ़जल पुरा कालोनी पटियाला, हरदीप सिंह निवासी झुजार नगर कालोनी पटियाला, राजिन्दर निवासी मोहल्ला अरोड़ां पटियाला, जुगराज सिंह गाजी निवासी गांव रतनगढ़ संदारां जिला संगरूर, गुरमेल सिंह बबला निवासी बुजीरख जिला पटियाला तथा मुख्तयार सिंह मुक्खा निवासी गांव कौल थाना सदर नाभा शामिल हैं ।

3 अन्य आतंकवादी काबू : बाघापुराना (ज्ञान): फरीदकोट जिला पुलिस ने 3 आतंकवादियों को गिरफ्तार कर उनके कब्ज़े से हथियार और गोली-सिक्का बरामद किया है । जिला पुलिस प्रमुख श्री स्वर्ण सिंह ने बताया कि इन आतंकवादियों की शिनाख्त कुलवंत सिंह गांव लोहारा, जगतार सिंह गांव चड़िक तथा शिंदर सिंह गांव लोहारां के रूप में हुई है । उनके पास से एक 12 बोर की राइफल, एक .303 की पिस्तौल तथा दो दर्जन कारतूस बरामद हुए हैं । पुलिस चीफ ने बताया कि जगतार सिंह और शिंदर सिंह मोगा क्षेत्र में लूटपाट, अपहरण और फिरौतियों की घटनाओं में पुलिस को वांछित थे । यह घटनाएं पिछले कुछ दिनों के दौरान ही हुई थीं । कुलवंत सिंह कई अन्य अपराधों में वांछित था तथा ज़मानत पर बाहर आया हुआ था । ये तीनों आतंकवादी रणजीत सिंह चन्नूवाला के नेतृत्व वाले खालिस्तान कमांडो फोर्स के सक्रिय सदस्य हैं ।

खतरनाक आतंकवादी गिरफ्तार : सनाम से नागपाल के अनुसार लहरागागा पुलिस ने गांव डसका और गांव हरियों में निर्दोष लोगों की हत्याओं के लिए जिम्मेदार उग्रवादियों का पता लगा कर एक अभियुक्त नच्छतर सिंह को गिरफ्तार करने का दावा किया है । गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी शीघ्र सम्भावित है । उन्होंने शराब के ठेके के कारिंदों बचना, 20 मार्च को वीडियो बेचने वाले निरंजन दास और 24 मार्च को एक ओझा निरंजन सिंह को कत्ल किया था । इन वारदातों से घबरा कर इलाका के दो दर्जन हिंदू परिवार पलायन करके चले गए थे ।

रेल पटरी उड़ा दी : जालंधर-फिरोज़पुर सैक्शन में गांव जोगेवाल और गिद्दड़पिंडी के बीच आतंकवादियों द्वारा रखे गये बम में विस्फोट होने से लगभग एक मीटर रेल की पटरी उड़ गई । विस्फोट से कारण उक्त सैक्शन में रेल यातायात अस्त-व्यस्त होकर रह गया । बाद में रेल पटरी की मुरम्मत कर दी गई ।

2 आतंकवादी मरे : गत रात तरनतारन पुलिस जिले में गांव बरनाला के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो अज्ञात ट्रैक्टर सवार आतंकवादी मारे गए । मुकाबला तब शुरू हुआ जब आतंकवादियों ने चेतावनी दिए जाने पर सुरक्षा बलों पर गोलियां चलानी शुरू कर दी थीं । जवाबी फायरिंग में दोनों आतंकवादी घटनास्थल पर ही मारे गए । आतंकवादी घटनास्थल पर ही मारे गए । सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के स्थल से 2 ए.के. 47 राइफलें बरामद की हैं ।

मुठभेड़ में दो आतंकवादी मरे : बी.आर.पी.एफ. के जवानों ने पट्टी पुलिस थाने के

(शेष पृष्ठ 8 पर)



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शांता कुमार आतंकवाद-पीड़ित महिला तृप्ता [illegible] प्रदान करते हुए और हमीरपुर क्षेत्र के भाजपा सांसद प्रो. प्रेम कुमार धूमल [illegible] आतंकवाद-पीड़ित विधवाएं तथा अन्य प्रभावित जन ।

श्रीनगर में उग्रवादियों द्वारा 2 व्यक्ति[illegible] 4000 कश्मीरी युवकों को शस्त्र प्र[illegible]

जम्मू, 22 अप्रैल (वार्ता, प.स.): श्रीनगर में पिछली रात उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । नगर समेत कश्मीर घाटी के सभी मुख्य कस्बों में आज कर्फ्यू में चार घंटे की ढील दी गई ।

1 मरा, 12 घायल : आज रात्रि अमृतसर के मजीठा पुलिस जिले के अजनाला कस्बे में उग्रवादियों ने सी.आर.पी. की एक चौकी पर हमला कर दिया, जिससे एक जवान मारा गया और 12 अन्य घायल हो गए । उग्रवादियों ने राकेटों और हथगोलों का भी प्रयोग किया । चौकी के एक भाग को आग भी लग गई, जिस पर फायर ब्रिगेड ने गांव दालम नंगल का रहने वाला है व यहां अपने किसी रिश्तेदार के पास आया हुआ था । पुलिस सूत्रों के अनुसार अपहरणकर्त्ता उग्रवादी इन अपहृत किए गए व्यक्तियों के परिवारों से कह गए हैं कि वे बब्बर खालसा से संबंधित हैं । उन्होंने इन अपहृतों को छोड़ने के लिए 20 लाख रुपए की मांग की है ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार अपहृत तरसेम सिंह विलेज डिफैंस कमेटी का सदस्य है और उग्रवादियों के हमले से रक्षा करने के लिए उसे सरकारी तौर पर दी गई एक 12 बोर की बन्दूक व एक सरकारी 303 राइफल व 50 कारतूस भी उग्रवादी ले गए । पुलिस के अनुसार उग्रवादियों ने बाद में पुलिस कांस्टेबल को छोड़ दिया तथा 4 अन्य को अपने साथ ले गए ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)



Punjabi Sahit.com

मुफ्ती मोहम्मद सईद, ने
न) के नेता श्री सिमरनजीत
एं रखीं थीं । अगर श्री मान
र्य किया होता तो आज वह
। पर देश के राजनीतिक
ोह भंग हो गया है तथा वह
व, सम्भवतः जो श्री प्रकाश
, से आशा लगा रहा है ।
मुफ्ती मोहम्मद सईद श्री
दारों व एक अन्य व्यक्ति के
से सम्पर्क बनाए हुए हैं ।
इस प्रकार के समाचार
ीय गृह मंत्री ने श्री मान के
भवन में कमरा दिलवाने के
दिल्ली पुलिस का उपयोग
ी क्षेत्रों में यह चर्चा है कि
के माध्यम से श्री मान से

प्रकाश सिंह बादल ने सिख
ीतिक गतिविधियां प्रारम्भ
की कटाई का मौसम शुरू हो
ग्रामीण क्षेत्रों में सम्मेलन
को स्थगित कर दिया था
रिषद की बैठक में उन्होंने जो
राशाजनक ही रहा ।
हीं है कि राष्ट्रीय मोर्चे की
र्वक पार्टी भाजपा पंजाब में
के बारे में क्या प्रतिक्रिया
पंजाब में राष्ट्रपति शासन की
ी प्रबल पक्षधर रही है ।
स्ट पार्टी का भी विचार है कि
ो करवाए जाने हैं लेकिन यह
एं जब प्रदेश में स्थिति बेहतर
पार्टी के नेता श्री हरकिशन
या नेताओं ने पंजाब में चुनाव
किया है । वस्तुतः उन्होंने
श्री राजीव गांधी को राष्ट्रीय
ति शासन की अवधि बढ़ाने
संशोधन का समर्थन करने
। उल्लेखनीय है कि इंका के
शोधन पारित नहीं हो सकता

यों, जनजातियों के
लय बनाने की मांग

ील (वार्ता): अनुसूचित जाति
के लिए अलग से मंत्रालय
की बड़ी संख्या में भर्ती की
की गई । देश में अनुसूचित
ों पर हो रहे अत्याचार के
चर्चा में भाग लेते हुए दोनों
क यदि इन वर्गों के लोगों को
शक्षण दिया जाए तो वे अपने
कर लेंगे ।

की ड्रेन के करीब पुलिस व सी.आर.पी.एफ. ने संयुक्त रूप से नाकाबंदी कर रखी थी कि लगभग एक बजे एक ट्रैक्टर ट्राली में तीन खतरनाक आतंकवादी असला भर कर ले जाते हुए नाकापार्टी के ललकारने पर घेरे में आ गए । वे घबरा कर फायरिंग करने लगे जिस पर नाका पार्टी ने भी जवाबी फायरिंग की । जब ये आतंकवादी ट्राली में से उतर कर भागे तो नाका पार्टी ने उन्हें घेरे में लेकर काबू कर लिया । उनके नाम परगट सिंह निवासी सुर्रसिंह वाला, मनजीत सिंह निवासी लोपोके तथा सुख देव सिंह निवासी गांव कच्चा पक्का मालूम हुए हैं । ट्राली में से जो असला कब्जे में लिया गया उसमें 7 ए.के. 47 राइफलें, 3 ए.के. 74 राइफलें, एक एल.एम.जी., 28 ए.के. 47 राइफलों के मैगजीन 4169 ए.के. 47 के कारतूस, 6 ड्रम मैगजीन ए.के. 74 के, 7 हथगोले, विस्फोट करने वाले डैटोनेटर और अन्य बहुत सा गोली सिक्का शामिल हैं ।

'प.स.' के अनुसार यह हथियार हाल ही में पाकिस्तान से तस्करी करके लाए गए थे तथा "खालिस्तान कमांडो फोर्स" के एक गिरोह को दिए जाने वाले थे ।

पाकिस्तान से लौटी महिलाओं से हथियार बरामद : 'वार्ता' के अनुसार वाघा सीमा पर तैनात कस्टम अधिकारियों ने कल पाकिस्तान से आने वाली दो भारतीय औरतों को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब उनके पास से पाकिस्तान में निर्मित स्वचालित हथियार बरामद हुए । इन महिलाओं की शिनाख्त अनीसा बेगम और अमतुल के रूप में की गई है । ये हथियार वनस्पति घी के सील किये गये टीनों में पैक थे, जिन पर एक प्रसिद्ध पाकिस्तानी ब्रांड का मार्का लगा हुआ था । बरामद किये गये हथियारों में 4 आटोमैटिक 7.63 बोर की पिस्तौलें जो असाल्ट टाइप की हैं तथा .32 बोर के रिवाल्वर शामिल हैं । एक पिस्तौल के साथ एक स्पेयर मैगजीन लगी हुई थी, जिसमें 20 कारतूस समा सकते हैं ।

16 लाख का सोना बरामद : तस्कर मरा : 'वि.प्र.' के अनुसार बी.एस.एफ. की 74 बटालियन के कमांडैंट द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि गुप्त सूचना मिलने पर बी.एस.एफ. के जवानों ने सीमावर्ती गांव कक्कड़ के क्षेत्र में, जो भारत-पाक सीमा से 2 कि.मी. की दूरी पर है, नाकाबंदी की हुई थी । आज तड़के 3.30 बजे एक व्यक्ति को रावी नदी पार कर भारतीय सीमा में दाखिल होते हुए देखा गया । जब उसे ललकारा गया तो वह वापस पाकिस्तानी क्षेत्र की तरफ भाग खड़ा हुआ और नदी में छलांग लगा दी । बी.एस.एफ. के जवानों ने उसका पीछा कर उसे रावी नदी में ही मार गिराया । अंधेरे में इस तस्कर को नदी में तलाश करने के लिए फ्लड लाइटों से काम लिया गया । इस तस्कर की लाश 15 फुट गहरे पानी में डूब गई थी, परन्तु जिस फ्लोटिंग किट पर वह नदी पार करके आया था वह नाका पार्टी के हाथ लग गई जिसमें सोलह लाख रुपए मूल्य के तस्करी के सोने के 40 बिस्कुट मिले । इस क्षेत्र में

आज बरामद किए गए हथियार

राइफल ए.के. 47	7
राइफल ए.के. 74	3
जी. पी. एम. जी	1
राकेट	6
हथगोले	7
डैटोनेटर	6
कारतूस	4169
मैगजीन ए.के. 47	28
ड्रम मैगजीन	6
विस्फोटक	8 किलो

महिला की हत्या : पुलिस के अनुसार चार आतंकवादियों ने कल रात भिखीविंड थाने के अमरकोट गांव में संत सिंह के घर में घुस कर उसकी पत्नी स्वर्ण कौर की हत्या कर दी । घटनास्थल पर छोड़ गए एक पर्चे से श्रीमती स्वर्ण कौर को पुलिस का मुखबिर बताया गया है ।

साहसी अध्यापिका : पुलिस जिला मजीठा के गांव मेहता में गत रात चार आतंकवादी एक व्यक्ति सोमनाथ के मकान में रात के 12 बजे दाखिल होने की कोशिश करते रहे और मकान की दीवार पर चढ़ गए । सोमनाथ की युवा लड़की जो स्कूल में अध्यापिका है, आहट सुन कर नींद से जाग गई और उसने आतंकवादियों पर ईंटें बरसानी शुरू कर दीं । इस पर एक आतंकवादी ने ए.के. 47 असाल्ट राइफल से अध्यापिका की तरफ 20 गोलियों का वर्स्ट मारा और वे वहां से भाग लिए । सौभाग्य से अधिकांश गोलियां मकान की मुंडेर पर लगीं, परन्तु यह साहसी लड़की भी घायल हो गई । बहरहाल उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है । घटनास्थल से ए.के. 47 के 20 खोल बरामद हुए हैं ।

1 मरा, 12 घायल : आज रात्रि अमृतसर के मजीठा पुलिस जिले के अजनाला कस्बे में उग्रवादियों ने सी.आर.पी. की एक चौकी पर हमला कर दिया, जिससे एक जवान मारा गया और 12 अन्य घायल हो गए । उग्रवादियों ने राकेटों और हथगोलों का भी प्रयोग किया । चौकी के एक भाग को आग भी लग गई, जिस पर फायर ब्रिगेड ने नियंत्रण पाया ।

गुट संघर्ष में 2 की हत्या : बटाला (कोछड़): थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव मंडियाला में गत रात दो सशस्त्र आतंकवादियों ने एक डेरे पर आकर फायरिंग करके वहां सो रहे दो भाइयों सोहन सिंह (25) तथा कश्मीर सिंह (21) की हत्या कर दी । जिला पुलिस के सूत्रों के अनुसार उग्रवादियों ने ए.के. 47 राइफलों से फायरिंग कर यह हत्याएं कीं । घटनास्थल से 4 चले तथा 6 बिना चले हुए कारतूस मिले हैं । वहां खालिस्तान कमांडो फोर्स के लैटर पैड पर लिखा एक पत्र भी मिला है । जिसमें लिखा है कि इन्होंने अमृत छक कर उसे भंग किया है । यह लूट मार और जबरी धन वसूल करने का कार्य करते थे । जिला पुलिस के अनुसार यह घटना उग्रवादियों के आपसी गुट संघर्ष का परिणाम है ।

4 व्यक्तियों का अपहरण : इसी जिले में थाना कलानौर के गांव सहारी से मारुती वैन में सवार सशस्त्र आतंकवादी एक व्यक्ति देवेन्द्र सिंह तथा गांव दूलो नंगल से 4 व्यक्तियों तरसेम सिंह, सिंगारा सिंह नम्बरदार, सर्वजीत सिंह तथा एक पुलिस कांस्टेबल बलदेव सिंह का अपहरण करके ले गए । बलदेव सिंह आज कल गुरदासपुर में तैनात हैं तथा



तरनतारन पुलिस जिले में सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवादियों से भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किए गए । चित्र में ऊपर (बाएं) पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल पत्रकारों को घटना का विवरण देते हुए, (दाएं) श्री गिल इन शस्त्रों का निरीक्षण करते हुए । उनके साथ आई.जी. पुलिस श्री एच.एस. भुल्लर, डी.आई.जी. (सीमा) श्री गुरइकबाल सिंह भुल्लर तथा एस.पी. तरनतारन पं. सीता राम भी दिखाई दे रहे हैं । (नीचे) भारी मात्रा में बरामद शस्त्रास्त्रों के चित्र । *(छाया : रवि भंडारी)*

शों के विदेशमंत्रियों से भेंटें,
मर्थन से रोकने का आग्रह

राष्ट्रीय समुदाय आतंकवादी
चुका है और पाकिस्तान को
समर्थन नहीं करना चाहेंगे जिससे भारत के दस करोड़ मुसलमानों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति पैदा हो

कई प्रमुख उग्रवादी पंजाब में एक स्थान से दूसरे स्थान को पलायन कर गये : गिल

अमृतसर, 25 अप्रैल (अशोक सोनी): पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने कहा है कि विगत में पुलिस व सुरक्षा बलों द्वारा भारी मात्रा में

श्री गिल ने बताया कि तरनतारन पुलिस ने गत 6 मार्च से 24 अप्रैल तक की अवधि में आतंकवादियों के साथ विभिन्न मुकाबलों में 22

श्रीलंका में लिट्टे ने मालगाड़ी लूटी

कोलम्बो, 25 अप्रैल (एस): एक उग्रवादी तमिल गुट ने पूर्वी श्रीलंका में एक मालगाड़ी को लूट लिया और आटे की सैंकड़ों बोरियों को सरकारी

Punjabi Sahari

...ों ने किशोर कुमार के घर में घुस ...0 रुपए लूट लिए । जब वे वहां से ...ास कर रहे थे तो किशोर कुमार ने ...को जफ्फा मार लिया । परन्तु ...गोली चला दी जिससे उसकी घटना ...ो गई ।

...मद किए गए हथियार

...47	7
...74	3
...जी	1
	6
	7
	6
	4169
...47	28
	6
	8 किलो

...हत्या : पुलिस के अनुसार चार ...कल रात भिखीविंड थाने के ...सिंह के घर में घुस कर उसकी ...हत्या कर दी । घटनास्थल पर ...श्रीमती स्वर्ण कौर को पुलिस का ...या है ।

...ध्यापिका : पुलिस जिला मजीठा ...रात रात चार आतंकवादी एक ...के मकान में रात के 12 बजे ...कोशिश करते रहे और मकान की ...। सोमनाथ की युवा लड़की जो ...ना है, आहट सुन कर नींद से जाग ...तकवादियों पर ईंटें बरसानी शुरू ...एक आतंकवादी ने ए.के. 47 ...से अध्यापिका की तरफ 20 ...मारा और वे वहां से भाग लिए । ...नाश गोलियां मकान की छंडेर पर ...हसी लड़की भी घायल हो गई । ...हालत खतरे से बाहर बताई जाती ...ए.के. 47 के 20 खोल बरामद

2 घायल : आज रात्रि अमृतसर ...जिले के अजनाला कस्बे में ...आर.पी. की एक चौकी पर हमला ...एक जवान मारा गया और 12 ...ए । उग्रवादियों ने राकेटों और ...योग किया । चौकी के एक भाग ...गई, जिस पर फायर ब्रिगेड ने

...में 2 की हत्या : बटाला ...हरगोबिन्दपुर के गांव मंडियाला ...स्त्र आतंकवादियों ने एक डेरे पर ...रके वहां सो रहे दो भाइयों सोहन ...कश्मीर सिंह (21) की हत्या कर ...के सूत्रों के अनुसार उग्रवादियों ने ...लों से फायरिंग कर यह हत्याएं ...से 4 चले तथा 6 बिना चले हुए ...वहां खालिस्तान कमांडो फोर्स के ...ा एक पत्र भी मिला है । जिसमें ...ने अमृत छक कर उसे भंग किया ...और जबरी धन वसूल करने का ...जना पुलिस के अनुसार यह घटना ...गुट संघर्ष का परिणाम है ।

...खालिस्तान से संबंधित है । उन्होंने इन अफवाहों का ...दी गई एक 12 बोर की बन्दूक व एक सरकारी

(शेष पृष्ठ 8 पर)



तरनतारन पुलिस जिले में सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवादियों से भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किए गए । चित्र में ऊपर (बाएं) पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल पत्रकारों को घटना का विवरण देते हुए, (दाएं) श्री गिल इन शस्त्रों का निरीक्षण करते हुए । उनके साथ आई.जी. पुलिस श्री एच.एस. भुल्लर, डी.आइ.जी. (सीमा) श्री गुरइकबाल सिंह भुल्लर तथा एस.पी. तरनतारन पं. सीता राम भी दिखाई दे रहे हैं । (नीचे) भारी मात्रा में बरामद शस्त्रास्त्रों के चित्र । (छाया : रवि भंडारी)

Punjab Archive

मुठभेड़ के बाद ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

2 पुलिस कर्मी घायल : फिरोजपुर (बागी): आतंकवादियों ने थाना जीरा के गांव शाहवाला में गत रात पुलिस के एक गश्ती दल पर घात लगा कर किए गए हमले में एक कांस्टेबल भोगा सिंह तथा एक एस.एच.ओ. सरिन्दर सिंह को घायल कर दिया ।

हथगोले मिले : श्रीगंगानगर (सूंगर): जिला मुख्यालय के रावलसर कस्बे से चार किलो मीटर दूर एक खेत में तीन हैंड ग्रनेड पाए गए । उन्हें वहां खेलते हुए कुछ बच्चों ने देखा । बाद में पुलिस को इसकी सूचना दी गई । पता लगा है कि वे सेना के हथगोले थे ।

वी.सी.आर. लूट कर ले गए : मोहाली (नवंदा): यहां के फेस 3 बी 2 में स्थित एक वीडियो लाइब्रेरी से बन्दूक की नोक पर एक वी.सी.आर. तथा कुछ कैसेट लूटे जाने का समाचार है । बताया जाता है 2 नवयुवक वी.सी.आर. किराए पर लेने के बहाने से वीडियो की दुकान में आए और दुकानदार से बातचीत करने लग गए । इतने में तीसरा नवयुवक वहां आ पहुंचा और दुकानदार पर बन्दूक तान ली । वी.सी.आर. उठा कर यह तीनों लुटेरे एक स्कूटर पर बैठ कर फरार हो गए । फरार होने से पूर्व इन्होंने मामले बारे पुलिस को सूचित किए जाने के विरोध में चेतावनी भी दी । लुटेरों की आयु 20 से 25 वर्ष के बीच बताई जाती है । मौके पर लोगों ने बताया कि इन लुटेरों को कई बार मोहाली में घूमते-फिरते देखा गया है ।

होशियारपुर में 13 आतंकवादी पकड़े गए : होशियारपुर (कपर): एस.एस.पी. श्री राजेन्द्र सिंह ने आज एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गढ़शंकर पुलिस ने 11 आतंकवादियों को पकड़ कर उनके कब्जे से एक छीना गया हीरो होंडा मोटर साइकल, रिवाल्वर, पिस्तौल व गोली सिक्का बरामद किया है । एस.एस.पी. ने बताया कि पकड़े गए आतंकवादियों में गरमीत उर्फ पप्पू पनाम ग्राम, जसविन्द्र सिंह उर्फ बिंदा मौला वाहदपुर ग्राम इकबाल सिंह बिट्टू गढ़ी मट्टू ग्राम शामिल हैं । गुरमीत व जसविन्द्र पहले भी गिरफ्तार हो चुके थे व आज कल जमानतों पर रिहा होकर जेल से बाहिर आए हुए थे । एस.एस.पी. के अनुसार गरमीत आनन्दपुर साहब क्षेत्र में हत्या के तीन मामलों में व जसविन्द्र हत्या तथा लूट पाट की लगभग 2 दर्जन वारदातों में संलिप्त था । इन दोनों ने जेलों से बाहिर आकर 8 अन्य नवयुवकों बलबीर, नानक सिंह, जोगा सिंह, स्वर्णजीत सुरजीत सिंह, भगत सिंह, सोढ़ी सिंह व जसविन्द्र सिंह के साथ मिल कर नया ग्रुप बनाया व शराब के ठेके, मीट की दुकानें बंद करवाने की योजना बनाई । स्वर्णजीत व सुरजीत जो बी.ए. भाग प्रथम के छात्र हैं, इसलिए आतंकवादियों के साथ मिले क्योंकि गरमीत व जसविन्द्र ने उन्हें विश्वास दिलाया था कि वे पेपरों में नकल मारने में उनकी सहायता करेंगे ।

श्री राजेन्द्र सिंह ने बताया कि तीन मुख्य अभियुक्तों के अलावा पकड़े गए आठ अन्य नवयुवकों को उनके माता पिता तथा ग्रामों के सरपंचों के आश्वासन पर रिहा करने का निर्णय लिया गया हैं । श्री सिंह ने कहा कि प्रशासन रिहा किए



कस्टम अधिकारियों द्वारा अमृतसर के निकट वाघा सीमा पर पाकिस्तान से लौट रही दो भारतीय औरतों से बरामद हथियार, जो घी के टीनों में छुपा कर लाए जा रहे थे । (छाया : रवि भंडारी)

जाने वाले युवकों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखेगा ।

एस.एस.पी. के अनुसार गत दिवस मैली डैम में सिंचाई विभाग के जूनियर इंजीनियरों से पिस्तौल की नोक पर 22736 रुपए छीनने वाले तीन अभियुक्तों में से दो हरजिन्दर सिंह जो ट्यूबवैल आप्रेटर हैं व ओंकार सिंह को आज प्रातः सारंगवाल चो से नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया । उनके कब्जे से चोरी किया गया स्कूटर, कुछ कारतूस व 21900 रुपए बरामद कर लिए गए हैं । तीसरा अभियुक्त कुलवंत सिंह अभी तक फरार है । एस.एस.पी. के अनुसार ट्यूबवैल आप्रेटर हरजिन्द्र सिंह ने आतंकवादियों को सूचना दी थी आज बेलदारों को वेतन दिया जाना है । आतंकवादियों ने उसे लूटे गए पैसों में से 100 रुपए दिए ।

एस.एस.पी. ने यह भी बताया कि गत रात्रि माहिलपुर के निकट मजारा डिगारयां ग्राम में एक महिला चनन कौर की हत्या आतंकवाद की घटना नहीं है ।

अमृतसर में कुकिंग गैस की ब्लैक जोरों पर

अमृतसर, 25 अप्रैल (कमलेश): इन दिनों शहर में खाना पकाने वाली गैस की ब्लैक जोरों पर चल रही है । इसका कारण कई उपभोक्ताओं ने यह बताया है कि गैस धड़ाधड़ हलवाइयों को ब्लैक में 140 रु. से 150 रुपए प्रति सिलेंडर बेची जा रही है । गैस कम्पनियों ने इन दिनों फोन पर गैस बुकिंग बंद कर रखी है । इसके साथ ही अपने फोनों के रिसीवर उठा कर परे रख देते हैं । पहले हैंड डिलीवरी करते थे, अब यह कह कर टाल दिया जाता है कि सिलेंडर घरों में भेजा जाएगा । पहले यह तय था कि 21 दिन के बाद गैस दे देते थे । अब 21 दिन के बाद 25 दिन का और समय दे दिया जाता है । जिस का अर्थ है कि 46 दिन के बाद सिलेंडर मिलेगा । आज उपभोक्ताओं के एक शिष्टमंडल ने श्री योगराज (बैंक कर्मचारी), मास्टर धर्मपाल के नेतृत्व में पत्रकारों से भेंट की और उपरोक्त सारी जानकारी दी । शिष्टमंडल ने इस बात पर भी खेद व्यक्त किया कि जिला सिविल सप्लाई विभाग से जब इस बारे में कहा गया तो उन्होंने कुछ भी करने में अपनी असमर्थता बताई । शिष्टमंडल ने आरोप लगाया कि गैस कम्पनियां–तमाम सरकारी अधिकारियों और बड़े-बड़े नेताओं को गैस की कमी नहीं आने देते जिससे यह लोग भी आम जनता की कठिनाई से उदासीन हैं ।

फाइनांस कम्पनियों के विरुद्ध जांच होगी : गिल

अडवानी द्वारा कश्मीरी विस्थापितों के प्रति सरकार के रवैये की निन्दा

नई दिल्ली, 25 अप्रैल (वार्ता): भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष लाल कृष्ण अडवानी ने कश्मीर से विस्थापित हुए लोगों के प्रति राष्ट्रीय मोर्चा सरकार के रवैये की निन्दा की है । श्री अडवानी ने जम्मू में रह रहे इन विस्थापितों के लिए आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं को ले जाने वाले एक ट्रक को रवाना करने के अवसर पर आज यहां कहा कि जम्मू-कश्मीर की लगभग 85 प्रतिशत अल्पसंख्यक आबादी घाटी से पहले ही दिल्ली और कुछ अन्य जगहों को चली गई है लेकिन खेद की बात है कि विस्थापित हुए इन लोगों के प्रति केंद्र सरकार का रवैया अमानवीय तथा उदासीन है । श्री अडवानी ने कहा कि हालांकि विस्थापित लोगों की समस्याएं अनेक हैं, फिर भी सरकार को चाहिए कि इन लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के प्रभावी कदम उठाए । ट्रक में लादी ये उपभोक्ता वस्तुएं भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली शाखा की ओर से दी गई हैं ।

सईद राष्ट्रपति से मिले

नई दिल्ली, 25 अप्रैल (वार्ता): केंद्रीय गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद ने आज यहां राष्ट्रपति रामास्वामी वेंकटरमन से राष्ट्रपति भवन जाकर भेंट की । समझा जाता है कि इस भेंट के दौरान गृहमंत्री ने राष्ट्रपति को देश में कानून-व्यवस्था की मौजूदा स्थिति से अवगत कराया ।

लैक्चरार पद के लिए संयुक्त प्राथमिक परीक्षा के परिणाम

चंडीगढ़, 25 अप्रैल : पंजाब व चंडीगढ़ क्षेत्र में विश्वविद्यालयों व कालेजों में लैक्चरार की नियुक्ति के लिए 18.2.90 को ली गई संयुक्त प्राथमिक परीक्षा-1990 के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं । ये परीक्षाएं पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ द्वारा, पंजाब सरकार की ओर से, गुरु नानक देव विश्वविद्यालय पटियाला के सहयोग से ली गई थीं । प्राथमिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों के रोल नम्बर निम्नलिखित रूप से हैं :–

मोलीक्यूलर बायालोजी/ बायोकैमिस्ट्री/ बायोटैक्नालोजी/ह्यूमैन बायालोजी : 1405, 7213, 7223, 7245, 7255 **बाटनी** : 1328, 1352, 1355, 1356, 1367, 1369, 1375, 1399, 1402, 1406, 1411, 1413, 1417, 1418, 1423, 1432, 1437, 1444, 4209, 4221,

भारत के विरुद्ध पाक द्वा

'पूर्ण युद्ध' का रूप धारण

नई दिल्ली, 25 अप्रैल (पस): रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ जो मुहिम शुरू कर रखी है, वह दोनों देशों के बीच एक 'पूर्ण युद्ध' में बदल सकती है ।

रक्षा अध्ययन और विश्लेषण संस्थान के विशेषज्ञों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों में इस्लामाबाद की तरफ से जो घटनाएं घटी हैं वे संकेत देती हैं कि दोनों देशों के बीच किसी भी क्षण युद्ध छिड़ सकता है ।

इन विशेषज्ञों का कहना है कि अगर लड़ाई से पूर्व के पाकिस्तानी व्यवहार पर नजर दौड़ाई जाए तो पता चलता है कि वहां जब भी असैनिक सरकार सेना के सामने कमजोर पड़ी, उसने भारत पर आक्रमण किया । केवल 1948 का युद्ध इसका अपवाद है ।

पाकिस्तान में जब भी सेना मजबूत हुई तो वहां की असैनिक सरकार ने इसे भारत के खिलाफ युद्ध में झोंक दिया ताकि उसकी बढ़ती शक्ति पर काबू पाया जा सके । दोनों देशों के बीच 1965 और 1971 के युद्ध की पृष्ठ भूमि का अध्ययन करने से यही बात स्पष्ट होती है ।

आज पाकिस्तान की घरेलू स्थिति बिल्कुल वैसी ही है, जैसी 1965 और 1971 में थी । तब की भांति अब भी वहां सेना भारी ताकतवर है तथा बेनजीर भुट्टो की सरकार को लगातार इससे खतरा बना हुआ है । विशेषज्ञों का कहना है कि पाकिस्तान में जब भी नागरिक सरकार सेना को अपने नियंत्रण में रखने में नाकामयाब रही तब ही उसने सेना को भारत के साथ युद्ध के लिए उकसाया है ।

विशेषज्ञों का कहना है कि श्रीमती बेनजीर भुट्टो भी सेना के पर कतरने के लिए इसी दिशा में सोच सकती हैं । इससे वह सेना, उसके समर्थकों तथा उन विपक्षी दलों का मुंह बंद करने में सफल रहेंगी जो लगातार उनकी सरकार के खिलाफ जहर उगल रहे हैं ।

पुलिस पर रिहा हुए युवकों को आतंकित करने का आरोप

अमृतसर, 25 अप्रैल (प.स.): आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन (मनजीत) के प्रधान मनजीत सिंह ने आज पुलिस पर आरोप लगाया कि वह हाल ही में जेलों से रिहा हुए युवकों को आतंकित कर रही है । उन्होंने आज यहां जारी एक वक्तव्य में आरोप लगाया कि जेलों से जमानत पर रिहा हुए या दंड भुगत कर आए युवकों को पुलिस ने पुनः गिरफ्तार कर लिया है और झूठे मामलों में फंसा लिया है ।

फिल्लौर के छात्र गवर्नमैंट कालेज लुधियाना में परीक्षा देंगे

फिल्लौर, 25 अप्रैल (भाखड़ी): स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा फिल्लौर के सीनियर सैकेंडरी स्कूल और प्राइवेट विद्यार्थियों की रद्द की गई अंग्रेजी की श्रेणी +1 और +2 की परीक्षा 26 अप्रैल को गवर्नमैंट कालेज लुधियाना में लिए जाने के समाचार से यहां छात्रों में भारी गुस्सा है । परीक्षा की सूचना आज सायं दूरदर्शन पर ही दी गई ।

सरकार द्वारा और खाद्य तेल आयात करने का फैसला

नई दिल्ली, 25 अप्रैल (प.स.): भारत सरकार ने और खाद्य तेलों का आयात करने का फैसला किया है तथा राज्य सरकारों को निर्देश दिया है कि वे व्यापारियों के भंडार की सीमा तय करें ताकि खाद्य

भारतीय स्टेट बैंक

सूचना

सर्वसाधारण/संगठनों को अनिवार्य बैंकिंग
ने के दृष्टिगत, घाटी में भारतीय स्टेट
क-सदस्यों से प्रार्थना है कि वे कृपया हमारी

Punjabi Sanjalan

आतंकवादियों द्वारा पंजाब में पिता-पुत्री सहित 5 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 26 अप्रैल (वार्ता, प.स.): आतंकवादियों ने पंजाब में पिता-पुत्री सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी ।

2 युवकों की हत्या : आज सुबह घरिंडा थाने के अंतर्गत गांव भुस्से रख के पास दो युवकों के गोलियों से छलनी शव बरामद हुए । शवों के पास ए.के. 47 राइफलों के 15 खाली कारतूस मिले । मृतकों की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

पिता-पुत्री की हत्या : एक अन्य घटना में आतंकवादियों ने कल रात चाविंडा देवी गांव के बख्शीश सिंह किसान के घर में जबरदस्ती घुस कर गोलियां चलानी शुरू कर दीं जिससे बख्शीश सिंह और उसकी पुत्री जसविन्दर कौर मारी गई और उसकी पत्नी और पुत्र घायल हो गए ।

एक हत्या : कुछ अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने आज तरनतारन सदर थाने के गांव अल्लादीनपुर में हरजीत सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

नाका पार्टी पर फायरिंग : लोहाके पुलिस थाने के गांव कोकड़ के निकट एक संदिग्ध आतंकवादी ने नाका ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मचारियों पर गोलियां चलाई । सुरक्षा कर्मियों द्वारा भी जवाब में गोलियां चलाने पर आतंकवादी ने निकटवर्ती नहर में छलांग लगा दी और बच निकलने में सफल हो गया ।

बम लगाता आतंकवादी घायल : बटाला (कोछड़) : पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव नत्त के निकट मुख्य सड़क पर स्थित एक पुल के नीचे बम फ़िट करते समय उसमें विस्फोट हो जाने के कारण एक आतंकवादी घायल हो गया । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों से प्राप्त विवरण के अनुसार दो आतंकवादी उक्त क्षेत्र में बटाला-जालन्धर उच्च मार्ग पर एक पुल के नीचे बम फ़िट कर रहे थे कि बम से विस्फोट हो जाने के कारण एक आतंकवादी का बाजू उड़ गया तथा निकट से जालन्धर जा रही बस के शीशे टूटने से एक बस यात्री घायल हो गया । दूसरा आतंकवादी अपने घायल साथी को साथ ले जाने में सफल रहा । पुलिस व सुरक्षाबल सक्रियता से उनकी खोज कर रहे हैं ।

स्कूटर छीना : बटाला क्षेत्र में थाना कादियां के गांव कोट टोडरमल के निकट से आज दोपहर के समय दो सशस्त्र आतंकवादी एक व्यक्ति सुखविन्दर सिंह से उसका हल्के पीले रंग का बजाज चेतक स्कूटर नं. पी.ए.जी. 4459 छीन कर ले गए ।

उग्रवादी आ गए : सुनाम (नागपाल) : यहां से 25 किलोमीटर दर गांव भाईकी किशोर में 4-5 सशस्त्र उग्रवादी नौरंग सिंह नाम के एक व्यक्ति के घर में दाखिल हुए और उसे अपना पिस्तौल उनके हवाले करने को कहा । नौरंग सिंह ने बड़ी होशियारी से काम लेते हुए दरवाजा खोला और बाहर जाकर शोर मचाना शुरू कर दिया, जिस पर उग्रवादी डर कर भाग खड़े हुए ।

मुठभेड़ : एक अन्य घटना में आतंकवादियों ने भटिंडा जिले में मच्छो मंडी रेलवे स्टेशन के निकट पुलिस के एक गश्ती दल पर फायरिंग की । संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद आतंकवादी फरार हो गए ।

गिरफ्तार : जालन्धर पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति अमरजीत सिंह को गिरफ्तार कर उसके पास से 12 बोर की एक पिस्तौल बरामद की है ।

"आप्रेशन मंड" जारी : कपरथला (शर्मा): जिला कपरथला के थाना ढिलवां के मंड क्षेत्र में आतंकवादियों की शरण स्थलों का पता लगाने के लिए पुलिस तथा सुरक्षा बलों की ओर से स. संतोख सिंह एस.पी. (आप्रेशन) के नेतृत्व में गत दिवस से मंड आप्रेशन आरम्भ है तथा घेरा डाल कर तलाशी लेने का क्रम आरम्भ है । पूरे विवरण की प्रतीक्षा है ।

होशियारपुर में घर-घर में छापे : होशियारपुर (अश्विनी) : पंजाब पुलिस, सी.आर.पी.एफ. और सीमा सुरक्षा बल के लगभग

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjab Sentinel

3 वर्ष में 247 लोग ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

सुरक्षा प्रमाण पत्रों के रूप में) मुआवजे का भुगतान किया गया है । मारे गए अन्य आठ व्यक्ति सरकारी कर्मचारी थे और उनके परिवारों को मुआवजा संबंधित विभागों द्वारा दिया जाएगा । उन्होंने बताया कि घायल व्यक्तियों को उनकी घायल स्थिति के अनुसार 5,000 रु. तक के मुआवजे का भुगतान किया गया है । शरीर के किसी भाग अथवा अवयव के नष्ट होने जैसी सौ प्रतिशत अक्षमता वाले मामले में 20,000 रु. की दर से मुआवजा दिया गया है ।

हिंगलाज मंदिर यात्रा : पाकिस्तान के बलूचिस्तान के लासबेला जिले में स्थित हिंगलाज माता के मंदिर को भारत से जाने वाले हिन्दू तीर्थ यात्रियों के लिए खोलने का आग्रह किया गया है । विदेश मंत्री इन्द्र कुमार गुजराल ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी और बताया कि पाकिस्तान सरकार इस अनुरोध पर विचार कर रही है । भारत सरकार ने पाकिस्तान से वहां स्थित और अधिक मंदिरों को भारतीय तीर्थ-यात्रियों के लिए खोलने का आग्रह किया है ।

पित्रोदा : संचार मंत्री जनेश्वर मिश्र ने बताया कि सरकार 'संडे मेल' में छपी उस खबर की जांच कर रही है जिसमें दर संचार आयोग के अध्यक्ष सत्येन घनश्याम (सैम) पित्रोदा को लाखों के लेन-देन से संबंधित बताया गया था ।

गुजराल की चेतावनी

(पृष्ठ 3 का शेष)

पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों की न्यूयार्क में बातचीत के बारे में सरकार सदन में बयान दे । कांग्रेस (इ) के श्री दिनेश सिंह ने सदन में शून्य काल में यह मसला उठाया । उन्होंने दोनों देशों से विदेश मंत्रियों की बातचीत को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि खबरों के अनुसार कई महत्वपूर्ण निर्णय भी किये गये हैं । सरकार इसके बारे में सदन में जानकारी दे ।

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

एक हजार जवानों और अधिकारियों ने नगर के शिमला पहाड़ी, प्रह्लादनगर, सिविल लाइन्स, बहादुरपुर, कृष्ण नगर आदि क्षेत्रों में घर-घर की तलाशियां लीं । यह क्रम 5-6 घंटे तक जारी रहा । यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक श्री राजेन्द्र सिंह ने बताया कि नगर के सभी प्रवेश द्वारों को सील करके आने जाने वाली सभी गाड़ियों की भी तलाशी ली गई । उन्होंने बताया कि आप्रेशन के दौरान कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया है ।

1.54 लाख बरामद : श्री सिंह ने यह भी बताया कि इस दौरान एक स्कूटर चालक को हिरासत में लिया गया है । उसके स्कूटर से तलाशी लेने पर 1 लाख 54 हजार रुपए नकद बरामद किए गए हैं । उसको अगली कार्रवाई तक सतर्कता विभाग के हवाले कर दिया गया है ।

'बिमल खालसा ने पंथ की पीठ में छुरा घोंपा है'

चंडीगढ़, 26 अप्रैल (वि.प्र.): बेअंत सिंह (मान) की सांसद बिमल खालसा द्वारा आज संसद की सदस्यता की शपथ लिए जाने पर पार्टी प्रवक्ता ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि बिमल खालसा ने शपथ लेकर न केवल पार्टी के आदेश का उल्लंघन किया है अपितु पंथ की पीठ में छुरा घोंपा है । स्पष्ट है कि वह पंथ का नेतृत्व करने के योग्य नहीं रही ।

इस दौरान पार्टी के प्रधान श्री सिमरनजीत सिंह मान ने बिमल खालसा की कार्रवाई को पार्टी आदेश का खुला उल्लंघन करार दिया है । उन्होंने कहा है कि पंथ द्वारा बिमल खालसा की कार्रवाई का कड़ा नोटिस लिया जाएगा । इस तरह विश्वासघात करने वालों को पंथ कभी माफ नहीं करेगा । उन्होंने कहा कि वह पार्टी की बैठक बुला रहे हैं, जिसमें इस मामले पर विचार किया जाएगा ।

आवश्यकता है

रैडीमेड गारमैंट्स फैक्टरी के लिए, सिलाई और कटाई के काम करने वाली लड़कियों की जरूरत है । सिलाई में कुशल और डिप्लोमा होल्डर लड़कियों को प्राथमिकता दी जाएगी । लिखें या सम्पर्क करें :

मैनेजर



सरहद वालों तथा सीमा सुरक्षा बल की 113वीं बटालियन के जवानों ने एक कुख्यात तस्कर कश्मीरा सिंह से उसके गांव पक्का चिश्ती(फाज़िल्का सैक्टर) से एक करोड़ रु. की बढ़िया किस्म की एक किलोग्राम हैरोइन बरामद की है । सुरक्षा बल व कस्टम अधिकारी अभियुक्त तथा बरामद हैरोइन के साथ । (छाया : लीलाधर)

नेपाल में पुलिस कर्मी ड्यूटी पर लौट आए

काठमांडू, 26 अप्रैल (वार्ता): नेपाल में अधिकतर विद्रोही पुलिस कर्मी आज राजधानी काठमांडू में अपनी ड्यूटी पर लौट आए और इसके साथ ही पुलिस कर्मियों का एक मामूली विद्रोह समाप्त होता दिख रहा है ।

गत सोमवार से हिंसा की घटनाओं से ग्रस्त रही राजधानी तथा इसके आसपास स्थिति सामान्य हो रही है और अधिकारियों ने रात के कर्फ्यू की अवधि में कटौती की घोषणा की है । नेपाल के गृहमंत्री योग प्रसाद उपाध्याय ने कहा है कि राजधानी में तनाव समाप्त होने में थोड़ा वक्त लगेगा । श्री उपाध्याय ने एक वक्तव्य में कहा कि कानून एवं व्यवस्था की स्थिति उतनी ही गम्भीर है, जितनी कि यह एक शांतिपूर्ण क्रांति के बाद हो सकती है, जबकि पूरा सरकारी तंत्र जनता की आंखों में संदिग्ध हो गया है ।

गत सोमवार से जारी रात के कर्फ्यू की अवधि में एक घंटे की कटौती की गई है और अब राजधानी काठमांडू में रात 8 बजे से प्रातः 5 बजे तक कर्फ्यू

अहमदिया जमात ने ईद शान से मनाई

कादियां, 26 अप्रैल : विश्व व्यापी अहमदिया जमात के केंद्र कादियां में रमजान मुबारक की समाप्ति पर ईद उल फितर का सम्मेलन पूरी शान से साथ मनाया गया । कादियां और इर्द-गिर्द के अहमदियों के अतिरिक्त बहुत बड़ी संख्या में बिहारी मुसलमान भाई भी इर्द की नमाज़ में शामिल हुए । मस्जिद अक्सा में तीन हजार से अधिक के समूह में श्री मिर्जा वसीम अहमद साहिब नाजिर आला व प्रधान जमात अहमदिया कादियां ने ईद का भाषण देते हुए सब को ईद की बधाई दी और बताया के रमजान मुबारक का महीना खास तौर पर इन्सानी हमदर्दी सिखाता है । उन्होंने दुनिया में और खास तौर पर भारत में अमन और शांति तथा आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने और आपसी नफरतों को दूर करने की ओर ध्यान दिलाया ।

बिजली उपभोक्ताओं पर छापे : 2 करोड़ वसूल

लुधियाना, 26 अप्रैल : पंजाब राज्य बिजली बोर्ड की एन्फोर्समैंट शाखा लुधियाना ने 1.4.89 से 31.3.90 की अवधि में बिजली उपभोक्ताओं के यहां 4500 छापे मारे, जिनमें से 1709 मामलों में

विषाक्त 200

पुणे, 26 अप्रैल । मस्जिद में कल शाम 200 व्यक्ति बीमार शरबत विषाक्त था

जल गई वित्तीय स

कपूरथला, 26 किलोमीटर दूर गांव प्राप्त कमेटी की ए अध्यक्षता में सम्पन्न ने बुरी हालत की लि मांग के उत्तर में उन सड़कों के निर्माण किया गया है । बैठ लोगों की गेहूं की वित्तीय सहायता दी

सैनिक टक के हित

इस्लामाबाद, राष्ट्रपति गुलाम इ मौजूदा हालात में पाकिस्तान के जमीयत-उल-उ मंडल के साथ ब पाकिस्तान पर ल पूरी ताकत से मु

उन्होंने इस मसला संयुक्त रा जाना चाहिए ता समाप्त हो सके

कुछ पाकि की शुरूआत प कश्मीर के मस रखा है ।

पाकिस्तान कि पाकिस्तान आधार पर अ समस्या को शा ढंग से हल कर

55 झु

कपूरथला

ज्यादातर इलाकों में स्थिति शान्तिपूर्ण है । कल रात से किसी भी अप्रिय घटना का समाचार नहीं मिला है ।

राज्य सचिवालय बंद : जम्मू कश्मीर की

(शेष पृष्ठ 8 पर)

सीमित नहीं है बल्कि इसकी खुशियों में सभी समुदाय के लोग समान रूप से शामिल होते हैं ।

जालंधर में भी ईद का पर्व समारोहपूर्वक मनाया

गया । बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने इसमें भाग लिया ।

पास अत्याधुनिक शस्त्रों की कमी पड़ जाएगी ।

उन्होंने कहा कि एक बार जहां छोटे हथियार बाकी बचे रह जाएंगे, भारत और पाकिस्तान सत्रह दिन भी लड़ाई जारी नहीं रख पाएंगे जैसा कि 1965 में हुआ था ।

मान को अत्यन्त अविश्वसनीय नेता बताते हुए उन्होंने सरकार से अनुरोध किया कि मान को सिखों के नेता के रूप में स्वीकार करने तथा उससे निपटने के लिए नीतियां स्पष्ट की जाएं ।

आतंकवादियों द्वारा 3 व्यक्तियों की हत्या, एक मीटर रेल पटरी उड़ा दी : 4 घुसपैठिए, 1 उग्रवादी मारे गए

चंडीगढ़, 27 अप्रैल (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान आतंकवादियों ने 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा जालन्धर-फिरोजपुर रेल मार्ग पर विस्फोट कर एक मीटर रेल पटरी उड़ा दी । एक आतंकवादी को उसके साथियों ने मार डाला ।

एक की हत्या, 2 घायल : अमृतसर (वि.प्र.): जिला मुख्यालय में प्राप्त सूचना के अनुसार गत रात आतंकवादियों ने इस जिले के ग्रामीण इलाकों में दो व्यक्तियों की हत्या कर दी । विवरण इस प्रकार बताया गया है कि पुलिस जिला मजीठा के थाना रमदास के गांव लौंगोमाहल में गत रात लगभग 9 बजे चार आतंकवादी, जिनके पास असाल्ट राइफलें थीं, एक किसान करमजीत सिंह के मकान में घुस गए और उसे गोलियां मार कर मार डालने के अतिरिक्त उसके घर में आए दो रिश्तेदारों भगवंत सिंह और हरदयाल सिंह निवासी डेरा बाबा नानक को भी घायल कर दिया और फरार हो गए ।

आतंकवादी मरा : एक अन्य सूचना के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन क्षेत्र में स्थित गांव कच्चा पक्का के बाहर नहर के किनारे एक नौजवान की गोलियों से छलनी लाश मिली है जिसकी शिनाख्त हरजीत सिंह निवासी बुआ, थाना सदर के रूप में हुई है । इस लाश के पास ए.के. 47 राइफल के चले हुए कारतूसों के 24 खोल मिले हैं । कहा जाता है कि एक दिन पहले तीन आतंकवादी उसका अपहरण करके ले गए थे । यह हत्या आतंकवादियों की आपसी शत्रुता का परिणाम समझी जा रही है ।

सोना व नकदी लूट ली : पांच आतंकवादियों ने गत रात अमृतसर के निकटवर्ती गांव वल्ला में एक सेवानिवृत्त सैनिक सूबेदार गुरबचन सिंह के घर में घुस कर और घर वालों को जान से मारने की धमकी देकर 12 तोले सोना, 15000 रुपए नकद और एक बन्दूक लूट कर ले गए ।

दुकानदार का अपहरण : आतंकवादियों ने गत रात मजीठा पुलिस जिले में बाबा बकाला गांव से सुरेन्द्र कुमार नामक एक दुकानदार का उस समय अपहरण कर लिया, जब वह अपनी दुकान बंद कर अपने घर जा रहा था ।

रेल पटरी उड़ा दी : तरनतारन पुलिस जिले में बल्टोहा रेलवे स्टेशन के निकट एक शक्तिशाली बम विस्फोट द्वारा एक मीटर लम्बी रेल की पटरी उड़ा दी गई । रेल पटरी की मुरम्मत कर दी गई है ।

आतंकवादी गिरफ्तार : अमृतसर पुलिस ने एक आतंकवादी को गिरफ्तार कर उसके पास से एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद किए हैं । गिरफ्तार आतंकवादी का नाम सत्ता उर्फ टोपी बताया गया है ।

एक व्यक्ति की हत्या : आतंकवादियों ने पटियाला जिले के घनौर पुलिस थाने के एक गांव में कल रात गुरदयाल सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

पुलिस गश्ती दल पर हमला : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव तेजाबीला के निकट उपनिरीक्षक हरभजन सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस गश्ती दल पर, जो क्षेत्र में आतंकवादियों की तलाश में छानबीन कर रहा था, घात लगा कर हमला किया गया । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर आतंकवादी भाग निकले ।

स्कूटर छीना : आज प्रातः 7.30 बजे थाना कादियां के गांव रजाड़ा के निकट से दो सशस्त्र आतंकवादी एक व्यक्ति तेजिन्दर सिंह से उसका बजाज चेतक स्कूटर नं. पी.बी.06-4263 छीन कर ले गए ।

मार्कीट कमेटी के पूर्व चेयरमैन पर हमला : आतंकवादियों ने कादियां थाना के गांव ततले में आज सुबह 10.30 बजे मार्कीट कमेटी के भूतपूर्व चेयरमैन श्री करनैल सिंह पर अंधाधुंध फायरिंग की । श्री करनैल सिंह द्वारा अपनी रिवाल्वर से जवाबी फायरिंग करने पर आतंकवादी फरार हो गए । घटना के समय श्री करनैल सिंह अपने खेतों पर गेहूं की गहाई कर रहे थे । उल्लेखनीय है कि श्री करनैल सिंह पर पहले भी दो बार आतंकवादी हमला कर चुके हैं । इसलिए वह सतर्क रहा करते थे । घटना में वह मामूली घायल हो गए ।

रेल पटरी पर एक और विस्फोट : जालन्धर-फिरोज़पुर रेल मार्ग पर मखू और जोगेवाला स्टेशनों के बीच रेल पटरी पर एक और बम विस्फोट हुआ परन्तु इससे कोई क्षति नहीं हुई ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : जालन्धर पुलिस ने 3 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । दो आतंकवादी आज सुबह नूरमहल पुलिस द्वारा उस समय पकड़ लिए गए जब वे स्कूटर नं. पी.जे.बी. 4423 पर घूम रहे थे । ये स्कूटर जंडियाला गांव के निकट से गत 10 जनवरी को पिस्तौल की नोक पर छीना गया था । इन आतंकवादियों की शिनाख्त कश्मीर सिंह उर्फ शीरा पुत्र गुरमेल सिंह तथा तीर्थ सिंह पुत्र भजन सिंह निवासी पासला के रूप में हुई है । ये दोनों अपने पास दर्दात आतंकवादियों को शरण भी देते थे । पूछताछ करने पर तीर्थ सिंह ने एक ए.के. 47 राइफल, एक मैगज़ीन और 24 कारतूस बरामद कराए जो उसने अपने ट्रक्वैल के पास ज़मीन में दबा रखे थे ।

सी.आई.ए. स्टाफ़ जालन्धर ने गांव कंगनीवाल के निकट ट्रेन के पुल पर नाकाबंदी के दौरान एक आतंकवादी अमरीक सिंह पुत्र भजन सिंह निवासी भंगाला थाना नूरमहल को गिरफ्तार किया है । उसके पास से एक .30 बोर की रिवाल्वर और 6 कारतूस बरामद हुए हैं । गिरफ्तार किए गए तीनों आतंकवादी दर्दात आतंकवादी सतपाल सिंह उर्फ सत्ता निवासी गांव लाडियां थाना बगा का निकट साथी हैं ।

'प.स' के अनुसार जालन्धर पुलिस ने बलविन्दर सिंह उर्फ तारी नामक एक अन्य आतंकवादी को भी गिरफ्तार कर लिया ।

हत्या : आज रात 8.30 बजे के करीब जालंधर की बस्ती मिट्ठू में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने किशन सिंह नामक एक व्यक्ति को गोली मार दी । उसे स्थानीय सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई ।

4 घुसपैठिए मरे : श्रीगंगानगर (खुंगर): बीएसएफ सैक्टर में 4 घुसपैठिए सुरक्षा बलों द्वारा मार गिराए गए ।

वार्ता के अनुसार यहां देर से प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र की लक्खा हाकम चौकी के नजदीक बुधवार को पांच घुसपैठियों ने भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश की । सुरक्षा बल के जवानों के ललकारने पर घुसपैठियों ने गोलीबारी शुरू कर दी । सुरक्षा बल द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में चार घुसपैठिए मारे गए जबकि उनका एक साथी वापस पाकिस्तान सीमा में भाग गया ।

रिवाल्वर लूटा : मोहाली (नवांशहर): दो बंदूकधारी अज्ञात नवयुवकों द्वारा यहां के फेस 4 में स्थित एक धार्मिक स्थान के प्रधान के घर से उसका लाइसेंसशुदा .38 बोर का रिवाल्वर लूट जाने का समाचार है ।

वी.पी. सिंह पर चारों तरफ से दबाव : केन्द्र सरकार के गिरने की सम्भावना

नई दिल्ली, 27 अप्रैल (डी.आर.आहूजा): पांच माह से भी अधिक समय के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय में रहने के बाद श्री वी.पी. सिंह ने अवश्य महसूस कर लिया होगा कि इस देश का प्रधानमंत्री पद फूलों की नहीं बल्कि कांटों की सेज है । उनकी पार्टी जनता दल, जो कई पार्टियों का जमघट है, उनके लिए बार-बार तकलीफ़ पैदा कर रहा है । चाहे यह प्रदेश अध्यक्षों, मुख्यमंत्रियों, जनता दल के अंतरिम अध्यक्ष को चुनाव हो या मंत्रिपरिषद के विस्तार का मामला हो । उन्हें पार्टी के अंदर और बाहर से बहुत से दबावों का सामना करना पड़ता है ।

जनता दल की दो सहयोगी पार्टियां, जो श्री वी.पी. सिंह को सरकार से बाहर रह कर समर्थन दे रही हैं, कई राष्ट्रीय मुद्दों पर उन पर बेहद दबाव डाल रही हैं । लेकिन इससे भी अधिक खतरनाक जनता दल के वयोवृद्ध नेता श्री देवी लाल की तरफ से डाला जाने वाला दबाव है । यदि श्री वी.पी. सिंह अपने डिप्टी की इच्छाओं के आगे न झुके तो श्री देवी लाल में इतनी शक्ति है कि वह उनकी सरकार को ताश के पत्तों के महल की भांति नीचे गिरा सकते हैं ।

श्री देवी लाल को 50 से भी अधिक सांसदों का समर्थन प्राप्त है । श्री वी.पी. सिंह को जब भी किसी संकट का सामना करना पड़ा, उन्होंने सहायता के लिए श्री ज्योति बसु को पुकारा, परन्तु श्री ज्योति बसु को जनता दल की गुटबाज़ी के झगड़ों को निपटाने तथा राष्ट्रीय मोर्चा सरकार को ध्वस्त होने के कगार से बचाने में जो सफलता मिली, वह बहुत अल्पकालिक सिद्ध हुई है । श्री बसु मुख्य मुद्दे के कारण पैदा हुए तनाव को खत्म कराने में सफल हुए थे । यह मुद्दा था श्री ओम प्रकाश चौटाला को हरियाणा के मुख्य मंत्री पद से हटाने का । श्री बसु ने जनता दल नेताओं को स्थिति यथावत रहने देने के लिए मना लिया था, परन्तु उस समय जो उपाय सफल सिद्ध हुए थे, अब विफल हो गए हैं तथा वी.पी. सिंह सरकार के गिरने की सम्भावना से इंकार नहीं किया जा सकता

श्री वी.पी. सिंह सिर्फ यह दिखाने के लिए लोकसभा में नव-नियुक्त राज्य मंत्रियों व उप-मंत्रियों का परिचय कराने नहीं आए थे कि इस समय जो स्थिति है, वह उन्हें पसन्द नहीं है । उनकी अनुपस्थिति का कारण अध्यक्ष को यह बताया गया था कि उनकी तबीयत ठीक नहीं है । परन्तु पता चला है कि उनकी बीमारी शारीरिक कम और राजनीतिक अधिक थी । मंत्रिपरिषद के विस्तार के उनके प्रथम प्रयास में ही उनका मुंह कसैला हो गया है । मंत्रिपरिषद में कैबिनेट रैंक का कोई मंत्री शामिल नहीं कर पाने के कारण यह साबित हो गया है कि चौटाला के मुद्दे पर किया गया समझौता ही एक मात्र समझौता नहीं है जो उन्हें अपने प्रतिद्वंद्वी व सत्ता के केंद्र श्री देवी लाल से करना पड़ेगा । सत्ता में भागीदारी की मांग हर स्तर पर और हर मुद्दे पर की जाएगी ।

श्री वी.पी. सिंह 'इस हाथ ले और उस हाथ दे' के

(शेष पृष्ठ 8 पर)

भारत एशियाई, प्रशांत क्षेत्रीय खाद्य संगठन का प्रतिनिधि बना

पेईचिंग, 27 अप्रैल (प.स.): एशियाई तथा प्रशांत क्षेत्रीय खाद्य एवं कृषि संगठन के क्षेत्रीय सम्मेलन में आज भारत को चार वर्षों के लिए अंतर्राष्ट्रीय कृषि अनुसंस्थान सलाहकार समूह में क्षेत्र का प्रतिनिधि चुन लिया गया ।

केवल भारत ही सुपर-301 की लपेट में आया

वाशिंगटन, 27 अप्रैल (ए.पी): अमरीकी राष्ट्रपति जार्ज बुश ने आज केवल भारत को अमरीकी व्यापार कानून सुपर-301 के तहत अनुचित व्यापार करने वाले देश की सूची में शामिल किया है । श्री बुश ने आज इसकी घोषणा करते हुए कहा कि उन्होंने "हिट लिस्ट" में जापान को शामिल नहीं करने का फैसला किया है । अमरीका इस सूची में उन देशों को शामिल करता है, जो अपने देश में अमरीकी उत्पादों के खिलाफ व्यापारिक प्रतिबन्ध लगाते हैं । अमरीका ने इस सूची में केवल भारत को इस कारण शामिल किया है, क्योंकि उसने ब्राज़ील और जापान के विपरीत व्यापारिक प्रतिबन्धों को हटाने से इंकार कर दिया था ।

भारत को "हिट लिस्ट" में शामिल किए जाने का संकेत कल राष्ट्रपति के आर्थिक नीति परिषद की बैठक के बाद ही मिल गया था । बैठक में अमरीकी व्यापार प्रतिनिधि "कार्ला हिल्स" भी मौजूद थीं ।

कश्मीर में जनमत संग्रह के लिए अमरीकी समर्थन पाने हेतु याकूब खां की जेम्स बेकर से भेंट

Punjabi Sansar.com

मध्यस्थता की क्या बात है ? सवाल तो हमारे अंदरूनी मामलों में पाकिस्तान की दखलंदाज़ी का है । हमें किसी की मध्यस्थता की ज़रूरत नहीं है ।" विदेश मंत्री ने कहा, "हमें इसका जवाब देने की ज़रूरत ही नहीं है क्योंकि इसका जवाब तो श्री क्वैया खुद दे चुके हैं ।" उनका संकेत श्री क्वैया के प्रवक्ता के उस बयान की ओर था, जिसमें कहा गया

द्विपक्षीय बातचीत के लिए विदेश मंत्री इंद्र कुमार गुजराल को अमरीका आमंत्रित किया है ।

पाक का उकसावे की कार्रवाई न करने का आश्वासन : वाशिंगटन : अमरीका ने पाकिस्तान से यह आश्वासन प्राप्त कर लिया है कि वह भारतीय सीमा पर उकसावे की कार्रवाई नहीं करेगा ।

सकता क्योंकि इन्हीं प्रस्तावों में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से पाकिस्तानी सेना हटाने की पूर्व शर्त को

3 आतंकवादी मारे गए : 2 लोगों की हत्या, लुधियाना में स्कूटर सवारों द्वारा फ़ायरिंग में 3 घायल

चंडीगढ़, 28 अप्रैल (वार्ता, प.स.): आतंकवादियों ने पंजाब में एक महिला सहित दो व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा एक बैंक से 32000 रुपए लूट लिए ।

3 आतंकवादी मरे : सुरक्षा बलों ने फिरोज़पुर जिले में घल खुर्द थाना के अंतर्गत मुदकी गांव के निकट हुए मुकाबले में 3 आतंकवादियों को मार गिराया । पुलिस के अनुसार मृतक आतंकवादियों की शिनाख्त सुक्खी, बूटा सिंह और भजन सिंह के रूप में हुई है ।

टैक्सी छीन ली : फिरोज़पुर (धीमान): कुछ आतंकवादी रात रात फिरोज़पुर जिले में गुरु हरसहाय थाना क्षेत्र के गांव गहरी विथनी से बन्दूक की नोक पर मारुति टैक्सी न डी.बी.ए. 5469 छीन कर ले गए । यह टैक्सी मुक्तसर से गुरु हरसहाय आ रही थी ।

महिला की हत्या : पुलिस के अनुसार

(शेष पृष्ठ 10 पर)

दिल्ली में बम फटने से 2 मरे, 8 घायल

नई दिल्ली, 28 अप्रैल (लखनपाल): दक्षिणी दिल्ली के अम्बेदकर नगर क्षेत्र में आज रात्रि बम फटने से एक पुलिस कर्मी सहित 2 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई तथा 8 अन्य व्यक्तियों को गम्भीर रूप से घायलावस्था में अस्पताल में दाखिल करवाया गया है । बम विस्फोट रात्रि लगभग 9 बजे खानपुर डी.टी.यू. टर्मिनल पर हुआ ।

'वार्ता' के अनुसार पुलिस ने बताया कि कुछ यात्रियों ने एक बस के बाहर एक ब्रीफ केस पड़ा देखा और पुलिस की गश्ती गाड़ी को इसकी सूचना दी । सूचना पाकर गश्ती गाड़ी में ड्यूटी पर तैनात हैड कांस्टेबल इकबाल मोहम्मद वहां पहुंचा और वह ब्रीफ केस पर झुका ही था कि उसमें विस्फोट हो गया ।

Rajasthan Patrika

आतंकवादियों द्वारा

(पृष्ठ 3 का शेष)

झब्बाल थाने के गांव जीरमस्तपरा में तीन आतंकवादियों ने कल रात महेंद्र कौर नामक एक महिला की हत्या कर दी ।

मारे गए आतंकवादी की शिनाख्त हुई : फिरोजपुर (कंटोड़): एस.एस.पी. फिरोजपुर सरजीत सिंह ने बताया है कि गत 24 अप्रैल की रात को, जो तीन आतंकवादी थाना शल्ल खुर्द के निकट पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गए थे, उनकी शिनाख्त सुक्खा निवासी धर्मसिंहवाला, बूटा निवासी बग्गेके (थाना धर्मकोट) तथा भजन सिंह उर्फ डी.सी. निवासी पाहेंबिड थाना जीरा के रूप में हो गई है । उन्होंने बताया कि तीनों गत एक वर्ष से अपने घरों से भागे हुए थे ।

5 आतंकवादी गिरफ्तार : मजीठा पुलिस जिला प्रमुख श्री अनिल शर्मा ने बताया कि आज दोपहर मेहता क्षेत्र में व्यास नदी के निकट गश्त कर रहे सुरक्षा बलों ने 5 आतंकवादियों को पकड़ लिया । उनकी शिनाख्त सुखविन्दर सिंह, बलविन्दर सिंह उर्फ बिट्टू, मंगल सिंह तथा रणवीर सिंह के रूप में हुई है । रणवीर सिंह पंजाब राज्य बिजली बोर्ड का कर्मचारी था । उनके कब्जे से 3 रिवाल्वर और ए.के. 47 राइफल के 110 कारतूस बरामद हुए हैं । एक अन्य आतंकवादी काबल सिंह को यहां हाल गेट के नाके पर गिरफ्तार कर उसके पास से एक पिस्तौल बरामद की गई है ।

बड़ी दुर्घटना टली : आज सायं अमृतसर शहर के एक भीड़भाड़ वाले बाजार में एक शक्तिशाली देसी बम बरामद होने से एक बड़ी दुर्घटना टल गई । प्रदेश पुलिस चीफ श्री के.पी.एस. गिल ने बताया कि अमृतसर रेलवे स्टेशन के सामने लंडा बाजार में एक दुकान के सामने एक ब्रीफ केस मिला जिसमें 5 किलोग्राम वजन का एक देसी बम था जिसमें नट और बोल्ट फिट थे । इस बम के अलावा ब्रीफ केस में 5 डिब्बे थे जिनमें एक-एक लीटर पैट्रोल भरा था । उन्होंने कहा कि यदि बम फट जाता तो बहुत बड़ी दुर्घटना हो सकती थी । पुलिस चीफ ने कहा कि बम को निष्क्रिय करके क्षेत्र को सील कर दिया गया है ।

राजस्थानी की गिरफ्तारी से इंकार : मोगा (ए.स.): पंजाब पुलिस प्रमुख श्री के.पी.एस. गिल ने आज यहां समाचारपत्रों में प्रकाशित इस खबर का खंडन किया है कि राज्य पुलिस ने तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स के (के.सी.एफ.) के सरगना गुरजंट सिंह राजस्थानी को गिरफ्तार कर लिया है । वह यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे ।

बैंक लूटा : एक अन्य वारदात में आज तीन आतंकवादियों ने जंडियाला थाने के तलवंडी गोरा गांव में एक सहकारी बैंक से 32000 रुपए लूट लिए ।

2 आतंकवादी गिरफ्तार : लुधियाना (धीमान): एस.एस.पी. संधू ने आज यहां बताया कि पुलिस ने दो आतंकवादियों जगराज सिंह और कश्मीरा सिंह को गिरफ्तार किया है । 14 अप्रैल को एक हैडकांस्टेबल पुलिस पार्टी के साथ गश्त के लिए जा रहा था कि जगराज सिंह ने हैडकांस्टेबल को गोली मार कर घायल कर दिया था । कल रात इसी हैड-कांस्टेबल ने जमालपुर से गुजर रहे दोनों आतंकवादियों जगराज सिंह और कश्मीरा सिंह को गिरफ्तार कर लिया ।

लुधियाना में फायरिंग, 3 घायल : लुधियाना (मुसाफिर): आज रात्रि लगभग 9 बजे दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने फायरिंग करके 3 व्यक्तियों को घायल कर दिया । घायलों में एक पर्विंदा जब्बर और कीर्ति शामिल हैं । जब्बर को सिविल अस्पताल और कीर्ति को सी.एम.सी. में दाखिल करवा दिया गया है । तीसरे घायल का नाम-पता नहीं चल सका । उग्रवादियों ने पहले जी.टी. रोड पर और फिर गुरुद्वारा रामगढ़िया के निकट फायरिंग की और फिर धरी रेल लाइन के फाटक पर गोली चलाई तथा कार्य से लौट रहे श्रमिकों को घायल कर दिया । वारदात करने के पश्चात वे बस अड्डे की ओर भाग गए ।

जगराओं के निकट हत्या : थाना जगराओं के गांव कमालपुर में 2 स्कूटर सवार आतंकवादियों ने गोली मार कर अमरजीत सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

पी.ए.पी. की फायरिंग का विवरण : बटाला (कोछड़): गत सायं स्थानीय सिम्बल चौक में पी.ए.पी. 33 बटालियन के जवानों पर हुई फायरिंग के सही तथ्य जानने के लिए सक्रियता से जांच की जा रही है। यह जानकारी देते हुए एस.एस.पी के श्री सुमन्त कुमार गोयल ने बताया कि पी.ए.पी. की बस जिसमें 34 पी.ए.पी. व पुलिस के कर्मचारी सवार थे, पुलिस लाईन में जा रही थी कि सिम्बल चौक में बी.एस.एफ. नाका के निकट, बस के सामने एक सिख युवक आ गया जिस पर सिविल वस्त्र-धारी पी.ए.पी. की बस के ड्राईवर ने एकदम ब्रेक लगा दी । फिर भी बस के सामने आये युवक व ड्राईवर में गर्मा-गर्मी, गाली-गलोच और फिर हाथापाई हो गई । इसी मध्य गोली चलनी शुरू हो गई । गोली कैसे चली, किसने चलाई व पुलिस ड्राईवर से झगड़ने वाला युवक कौन था ? के बारे में सक्रियता से जांच की जा रही है । निकट छिपे अज्ञात आतंकवादियों द्वारा योजनाबद्ध ढंग से फायरिंग किये जाने की संभावना को भी रद्द नहीं किया जा सकता, लेकिन अभी तक सारी स्थिति स्पष्ट नहीं है ।

उल्लेखनीय है कि फायरिंग कम से कम 15 मिनट तक जारी रही । यह घटना सायं लगभग 7.05 बजे की है और फायरिंग की आवाज सुनते ही लोगों में आतंक फैल गया और सारे शहर में भगदड मच गई । इस फायरिंग में पी.ए.पी. 33 बटालियन के एक सब-इंस्पैक्टर श्री सोहिन्द्र सिंह, कांस्टेबल लाल सिंह, सुखदेव सिंह व पुलिस कांस्टेबल गुरजीत सिंह सहित एक शापिंग कर रही महिला श्रीमती गुरमीत कौर घायल हो गए व बस क्षतिग्रस्त हो गई । सब-इंस्पैक्टर श्री सोहिन्द्र सिंह, कांस्टेबल लाल सिंह व श्रीमती गुरमीत कौर को गम्भीर घायल अवस्था में अमृतसर अस्पताल भेजा गया, जहां जाकर सब-इंस्पैक्टर श्री सोहिन्द्र सिंह ने दम तोड़ दिया । पी.ए.पी. 33 बटालियन के यह सरक्षा जवान आतंकवादियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए विशेष रूप से पुलिस जिला बटाला में आए हुए हैं ।

दूसरी ओर बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. श्री उदयवीर सिंह व बटाला में तैनात बी.एस.एफ. 12 बटालियन के कमांडैंट श्री एल.पी. बोरगोहाईन ने खंडन करते हुए बताया कि सिम्बल चौक में तैनात बी.एस.एफ. सरक्षा चौकी के किसी जवान ने फायरिंग नहीं की है । उल्लेखनीय है कि सही तथ्य क्या हैं, पूरी जांच के पश्चात ही ज्ञात हो सकेगा लेकिन क्षेत्र निवासी तरह-तरह की अटकलें लगा रहे हैं ।

बन्दूक छीनी : ट्रक लूटा : अबोहर (सदोष): ढाणी दलीप सिंह निवासी नरेन्द्र सिंह पुत्र दलीप सिंह से उसकी 315 बोर बन्दूक व 8 कारतूस कोई सशस्त्र युवक बीती रात छीन ले गया । मामला शहरी पुलिस कोतवाली में दर्ज हुआ है ।

चरण दास नामी व्यक्ति का दरबार घी से भरा ट्रक चालक जसविन्द्र सिंह लुधियाना से लेकर आ रहा था कि सशस्त्र व्यक्तियों ने गांव सिंघावाला के करीब बिना नम्बर का ट्रक सड़क पर पार्क करके रोक लिया । सुनसान स्थान पर ले जाकर घी के टीन व टायर आदि लूट लिए । मामला पुलिस थाना मोगा सदर के पास दर्ज कराया गया है । इस सड़क पर पहले भी ऐसी वारदातें हुई बताते हैं ।

भटिंडा में दो उग्रवादी गिरफ्तार : भटिंडा पुलिस ने दो आतंकवादियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 12 बोर की एक दोनाली बंदूक तथा 12 बोर की एक देसी पिस्तौल बरामद की है ।







अमृतसर के लंडा बाज़ार में से शनिवार को एक अटैची में देसी टाइम बम बरामद हुआ । (सबसे ऊपर) एस.एस.पी. श्री संजीव गुप्ता घटनास्थल पर लोगों को सम्बोधित करते हुए तथा उनके सहायक अटैची से प्राप्त विस्फोटक सामग्री दिखाते हुए । (मध्य में) क्षेत्र में जमा लोगों की भीड़, (नीचे) अटैची केस में से बरामद 4 देसी पैट्रोल, एक घड़ी, लोहे के नट-बोल्ट तथा अन्य विस्फोटक सामग्री । (छाया : रवि)

Join AMIE (India) Diplomas
Civil Electrical, Mechenical, Electronics and Communications Architectural and Chemical Engineering.

AMIE (U.K.) Diplomas
2 years One Year
Correspondence Courses and Regular Classes from 10-05-90
S.B.S. College
1728/34-D. Chandigarh

SAVE YEAR
MATRIC गारंटिड
Admission Guidance/Coaching
+2 DIRECT
(MATRIC PASS or + 1 FAIL)
BHOPAL/CBSE/BIHAR (Arts/Com./Sci.)
PREP/INTER Pass in '88
Do B.A./B.Com./B.Sc.
Sure (DIRECT) A.P./BIHAR Success LL.B.
(U.P./RAJASTHAN)
3 years PROFESSIONAL B.A. 40% eligible
LAST DATE 7.5.90 Prospectus Rs. 10/-
SIDDHARTH COLLEGE
Main Bazar, 22 No. Phatak, PATIALA

LAST DATE 8th MAY, 90
AMAR CIRCUS
Sector 17, Chandigarh.
Ph. : 23838.
Special Concessions for Students & Defence Personnels. (From 30.4.90)
Rate Concessional Rate
Rs. 4 — Rs. 2.50 (Ordinary)
Rs. 7 — Rs. 4 (1st Class)
Rs. 10 — Rs 7 (DC Class)
Daily Three Shows 1, 4, 7 P.M.
Sat & Sunday & Holiday at 10 AM also
Advance Booking for DC Class.

LAST CHANCE Admission Guidance
LL.B. 3 Years Professional
(U.P./Rajasthan) B.A. 40% Eligible.
B.A./B.Com. (DIRECT)
After Prep/Inter (Magadh/Osmania)
Prospectus Rs. 10/- by M.O.
SARASWATI COLLEGE
651, Ghumar Mandi Chowk, Ludhiana.
5471, Behind Bus Stand, Bathinda.
Jain Nagar, Abohar.

कद लम्बा करें
औरतों, मर्दों के कद बढ़ाने की आयु 23 वर्ष तक, सुस्त निराश रोगी शीघ्र मिलें । दवाई आयुर्वेदिक है । कोई साईड इफैक्ट नहीं ।
Dr. S.D. Sharma, Hall Bazar, Amritsar.
लुधियाना : हर सोमवार, दयोल होटल, जगराओं पुल, मीरा एंड कम्पनी ।
जालंधर : हर मंगलवार, रॉक्सी होटल, सामने फ्रैंड्ज सिनेमा, पुरानी कचहरी ।
चंडीगढ़ : 29 अप्रैल, जालंधर होटल, सामने बस स्टैंड ।
Note : करनाल–4 मई, सहारनपुर–5 मई, अम्बाला छावनी 6 मई मिलें ।
समय : 10 बजे से 4 बजे तक ।

FREE HOLD, PUCCA REGISTRY
Plots On
Main NOIDA DADRI GHAZIABAD ROAD
available (20 K.M. from I.T.O) @ Rs.250/- per Sq. Yard.
(Development Charges extra)
Contact : RAJDHANI DEVELOPERS PVT. LTD.

प्रिय राकेश,
तुम जिस भी मुसीबत में फंस गये हो या जाने-अनजाने में कोई नुक्सान हो गया है तो उसकी चिन्ता किये बिना फौरन घर लौट आओ या किसी भी तरह की सूचना भेजो, घर पर सभी छोटे बड़े दुखी व



WANTED IMMEDIATELY
1. Manager

बटालियन
सम्मान
वाले अन्य
रणजीत
चंद्रपाल
एल.बी.
आधिकारि
1988
एक टुकड़ी
कांस्टेबल
दबोच लि
गंभीर रूप
ने अपनी
गोलियों से
बारह
तलवंडी
बटालियन
47 राइफल
देर तक गोल
सिंह ने सूझ
पर चढ़कर
आतंकवादी
को एक
कांस्टेबल
स्वामी की उ
कर्त्तव्य पर
आतंकवादी

पंजाब
पुलिस

चंडीगढ़,
आज रात्रि यह
के तबादले
डायरैक्टर ज
लगभग आधे
शामिल हैं ।
आई.जी.
देकर एडीशनल
लगा दिया गय
विवादास्पद ए
बदल दिया
आदेश अभी त
चाहल को पंज
आई.जी. इंटर्न
आज जारी
मांगट को डायर
बना दिया गय
डायरैक्टर विजि
आर.पी. जोशी
गया है और
इंटैलीजैंसी नियु
केंद्र में डैपुटेशन
होंगे । राजेन्द्र
भटिंडा का नया
जबकि आर.ए
एस.एस.पी. होशि
से बदल कर एस
जबकि सरजीत
एस.पी. काऊंटर
गया है । श्री स
बदल कर ए.आ
तैनात किया ग
डी.एस.पी. भिखी
लगा दिया गया है
नकोदर को फिलहा
गया है ।

अकाली दल
संगठनों में स

Punjabi Sahitya

कर्नाटक में चुनाव हिंसा में 1 मरा, मतदान स्थगित

बंगलूर, 29 अप्रैल (वार्ता) : कर्नाटक में नगरपालिका और नगर निगमों के चुनाव में मतदान के दौरान आज हुई व्यापक हिंसा में एक व्यक्ति मारा गया । गुलबर्गा जिले में शोरापुर कस्बे में मतदान स्थगित भी करना पड़ा ।

नगर के रवीन्द्र नाथ टैगोर इलाके में एक मतदान केन्द्र के बाहर एक व्यक्ति को छुरा घोंप दिया गया था जिसने दम तोड़ दिया । विजय नगर में एक बूथ पर तोड़फोड़ की गई जबकि इसी इलाके में एक अन्य बूथ पर भी पथराव हुआ । सारे शोरापुर कस्बे में मतदान स्थगित कर दिया गया जहां कांग्रेस (इ) और एक निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थकों में हुए संघर्ष में कांग्रेस (इ) विधायक मदन गोपाल नायक का भाई भी घायल हो गया था । नगर में दो मई तक के लिए धारा 144 लगा दी गई है ।

गुलबर्गा में पुलिस को एक सशस्त्र गिरोह को खदेड़ने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा । इस गिरोह ने एक मतदान केन्द्र पर हमला किया था जहां अधिकारियों ने चार लोगों को जाली मतदान करने पर हिरासत में ले लिया था । गड़बड़ हो जाने के कारण मतदान केन्द्र पर मतदान पन्द्रह मिनट के लिए स्थगित भी करना पड़ा । पुलिस ने गुलबर्गा से 40 कि.मी. दूर अफजलपुर में भी हिंसा की मामूली वारदात होने की जानकारी दी है ।

पंजाब में इंका नेता, ग्रन्थी, महंत व दम्पति समेत 7 व्यक्तियों की हत्या

एक आतंकवादी गुट संघर्ष में मरा : एक दुर्दांत उग्रवादी पकड़ा गया

मुठभेड़ में पाक घुसपैठिया मरा, 2 फरार : शस्त्रास्त्र पकड़े

चंडीगढ़, 29 अप्रैल (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात से अब तक एक इंका नेता, ग्रंथी, महंत व दम्पति समेत 7 लोगों की हत्या कर दी गई, जबकि एक आतंकवादी निजी गुट संघर्ष में मारा गया । इस बीच एक पाक घुसपैठिया बी.एस.एफ. के साथ मठभेड़ में मारा गया, जबकि उसके दो साथी भारी परिमाण में शस्त्रास्त्र छोड़ कर वापस पाकिस्तान भाग गए ।

इंका नेता की हत्या : लुधियाना, (प.स.) : आतंकवादियों ने कल जिला के कमालपुरा गांव में ब्लाक कांग्रेस (इ) के महासचिव श्री अमर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी ।

ग्रंथी की हत्या : लुधियाना जिला के रायकोट पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन गाईदवाल गांव में आतंकवादियों ने एक ग्रंथी गुरदेव सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी ।

गुट संघर्ष में एक आतंकवादी मरा : अमृतसर, (वार्ता) : आतंकवादियों के एक गिरोह ने आज प्रातः तरनतारन पुलिस जिला के पंजवड़ कलां गांव में लखविन्द्र सिंह नामक एक आतंकवादी को गोली से उड़ा दिया । पुलिस के एक प्रवक्ता ने चंडीगढ़ में बताया कि यह वारदात आतंकवादियों के निजी गुट संघर्ष का परिणाम है ।

दम्पति की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के वल्टोहा थाना क्षेत्र के अधीन लाखना गांव में आज प्रातः आतंकवादियों ने एक घर में घुसकर लखविन्द्र सिंह तथा उसकी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी ।

स्त्री की हत्या : अमृतसर से नारंग के अनुसार गांव लाखना थाना वल्टोहा में उग्रवादियों ने सतवंत सिंह की पत्नी सोमिया को घर से बाहर निकाल कर उसकी हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 की गोलियों के 8 खोल और वब्बर खालसा का एक लैटरपैड मिला है, जिसमें लिखा है कि मृतका सोमिया चरित्रहीन थी, इसलिए उसे सोधा गया है ।

2 स्कूटर छीने : आज रात्रि लगभग साढ़े नौ बजे अमृतसर के 2 विभिन्न स्थानों पर पिस्तौल की नोक पर 2 स्कूटर छीन लिए गए । एक स्कूटर बजाज चेतक एक युवक से 2 उग्रवादियों ने कटड़ा शेर सिंह से छीना जबकि दूसरा स्कूटर लारेंस रोड पर नावल्टी सिनेमा के निकट छीना गया । दूसरे का मालिक बसंत एवैन्यू का रहने वाला है ।

एक की हत्या : रोपड़, (प.स.) : जिला के सामाना गांव में आतंकवादियों ने आज प्रातः भाग सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी ।

महंत की हत्या : फरीदकोट, (वार्ता) : आतंकवादियों ने कल रात जिला के खारा गांव में एक महंत अमरनाथ की गोली मारकर हत्या कर दी ।

मुठभेड़ में घुसपैठिया मरा, हथियार पकड़े : गुरदासपुर (विनोद गुप्ता): भारत-पाक सीमा पर गुरदासपुर सैक्टर की कमालपुर चौकी पर कल रात पाकिस्तान से भारत की सीमा में शस्त्रों सहित प्रवेश कर रहे 3 व्यक्तियों में से एक व्यक्ति मारा गया जबकि दो अन्य भारी परिमाण में हथियार व गोली-सिक्का छोड़ कर पाकिस्तान भागने में सफल हो गये हैं ।

सीमा सुरक्षा बल के अतिरिक्त डी.आई.जी. श्री बी.एस. बिष्ट ने सीमा पर संवाददाताओं को बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि प्रमुख आतंकवादी वस्सन सिंह ज़फ़रवाल पाकिस्तान से खालिस्तान कमांडो फोर्स के लिए भारी परिमाण में शस्त्र कमालपुर चौकी के रास्ते भेज रहा है । बी.एस.एफ. ने इस क्षेत्र में विशेष नाकाबंदी कर रखी थी । उन्होंने बताया कि रात लगभग 12 बजे इस क्षेत्र से दरिया पार कर तीन व्यक्ति आते दिखाई दिये । जब जवानों ने उन्हें रुकने को कहा तो घुसपैठियों ने ए.के. 47 राइफल से फायरिंग शुरू कर दी । जवाब में जवानों द्वारा भी फायरिंग की गई । लगभग 15 मिनट के मुकाबले के बाद पाक घुसपैठिया मारा गया और दो हथियारों के थैले छोड़ कर दरिया पार कर पाकिस्तान भागने में सफल हो गये । मुठभेड़ स्थल से 4 ए.के. 47 असाल्ट राइफलें, एक 7.9 एम.एम. की राइफल, दस टाईम पैंसिल बम, तीन हथगोले, 1607 गोलियां, पांच पैकेट विस्फोटक पदार्थ, छह डैटोनेटर, ए.के. 47 राइफल के 9 मैगज़ीन तथा भारी मात्रा में फयूज़ तार बरामद हुई है ।

श्री बिष्ट के अनुसार 7.9 एम.एम. की राइफल लगभग ए.के. 47 जैसी है, परन्तु यह उससे भी खतरनाक है । यह 1000 मीटर तक मार कर सकती है और इसकी गोली भी लम्बी है । जो टाईम पैंसिल बम मिले हैं, ये भी काफी शक्तिशाली हैं । जिन थैलों में यह सामान था, उन पर चीनी भाषा में कुछ लिखा है । (शेष पृष्ठ 8 पर)



तरनतारन, बटाला के कुछ संवेदनशील क्षेत्रों को सेना के हवाले करने की संभावना

अमृतसर, 29 अप्रैल (वार्ता): प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव श्री बी.जी. देशमुख द्वारा गत रात वरिष्ठ सैनिक, पुलिस तथा नागरिक अधिकारियों के साथ बैठकें आयोजित की गई ।

श्री देशमुख कल चंडीगढ़ से जालंधर होते हुए यहां पहुंचे तथा उन्होंने सीमावर्ती जिलों की कानून-व्यवस्था की समीक्षा करने के लिए लैफ्टिनैंट जनरल जसजीत सिंह, इंजीनियरिंग रैजीमैंट के कॉरप्स कमांडर तथा सेक्टर जनरल जी के पद अन्य प्रस्ताव था कि इन क्षेत्रों में 'नैशनल राइफल्स' के 'जवान' तैनात कर दिये जाएं । नैशनल राइफल्स के गठन की घोषणा श्री बी.पी. सिंह द्वारा हाल ही में की गई थी, जिसमें भूतपूर्व सैनिकों को शामिल किया जाना है । इस बल के जवानों के पास अत्याधुनिक संवेदनशील हथियार होंगे तथा यह एक लैफ्टिनैंट जनरल के नेतृत्व में कार्य करेंगे । जिसे नई दिल्ली द्वारा महानिदेशक का पद प्रदान किया जाएगा ।

गृहमंत्री ने कहा कि कश्मीर की विध्वंसक स्थिति के बारे पाक हस्तक्षेप के लिए किसी प्रमाण की आवश्यकता नहीं रह गई है, क्योंकि प्रशिक्षण शिविरों से आतंकवादियों को हथियारों का दिया जाना अब भी लगातार जारी है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

अधिकारियों ने चार लोगों को जाली मतदान करने पर हिरासत में ले लिया था । गड़बड़ हो जाने के कारण मतदान केन्द्र पर मतदान पन्द्रह मिनट के लिए स्थगित भी करना पड़ा । पुलिस ने गुलबर्गा से 40 कि.मी. दूर अफजलपुर में भी हिंसा की मामूली वारदात होने की जानकारी दी है ।

मुठभेड़ में मारा गया, जबकि उसके दो साथी भारी परिमाण में शस्त्रास्त्र छोड़ कर वापस पाकिस्तान भाग गए ।

इंका नेता की हत्या : लुधियाना, (प.स.) : आतंकवादियों ने कल जिला के कमालपुरा गांव में ब्लाक कांग्रेस (इ) के महासचिव श्री अमर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी ।

अमृतसर, (वार्ता) : आतंकवादियों के एक गिरो आज प्रातः तरनतारन पुलिस जिला के पंजवड़ गांव में लखविन्द्र सिंह नामक एक आतंकवादी गोली से उड़ा दिया । पुलिस के एक प्रवक्त चंडीगढ़ में बताया कि यह वारदात आतंकवादियं निजी गुट संघर्ष का परिणाम है ।

दम्पति की हत्या : तरनतारन पुलिस जि के वल्टोहा थाना क्षेत्र के अधीन लाखना गांव में प्रातः आतंकवादियों ने एक घर में घुसकर लखवि सिंह तथा उसकी पत्नी की गोली मारकर हत्या दी ।

स्त्री की हत्या : अमृतसर से नारंग अनुसार गांव लाखना थाना वल्टोहा में उग्रवादि सतवंत सिंह की पत्नी सोमिया को घर से ब निकाल कर उसकी हत्या कर दी । घटनास्थ ए.के. 47 की गोलियों के 8 खोल और ब खालसा का एक लैटरपैड मिला है, जिसमें लिख कि मृतका सोमिया चरित्रहीन थी, इसलिए उसे म गया है ।

2 स्कूटर छीने : आज रात्रि लगभग साढ़े बजे अमृतसर के 2 विभिन्न स्थानों पर पिस्तौल नोक पर 2 स्कूटर छीन लिए गए । एक स्क बजाज चेतक एक युवक से 2 उग्रवादियों ने कर शेर सिंह से छीना, जबकि दूसरा स्कूटर लारेंस रोड नावल्टी सिनेमा के निकट छीना गया दूसरे का मालिक बसंत एवैन्यू का रहने वाला है

एक की हत्या : रोपड़, (प.स.) : जिला सामाना गांव में आतंकवादियों ने आज प्रातः सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या दी ।

महंत की हत्या : फरीदकोट, (वार्ता

तरनतारन, बटा
क्षेत्रों को सेना के ह

अमृतसर, 29 अप्रैल (वार्ता): प्रधानमंत्री प्रधान सचिव श्री बी.जी. देशमुख द्वारा गत वरिष्ठ सैनिक, पुलिस तथा नागरिक अधिकारि साथ बैठकें आयोजित की गईं ।

श्री देशमुख कल चंडीगढ़ से जालंधर होते यहां पहुंचे तथा उन्होंने सीमावर्ती जिलों कानून-व्यवस्था की समीक्षा करने के लिए लैफ जनरल जसजीत सिंह, इंजीनियरिंग रैजीमैंट कॉरप्स कमांडर तथा मेजर जनरल बी.के. छिब्बर के साथ बैठक की । इस बैठक में बार्डर के आई.जी. पुलिस श्री एम.एस. भुल्लर, जिला सर्वजीत सिंह तथा पुलिस अधीक्षक संजीव गुप्त उपस्थित थे ।

इससे पूर्व श्री देशमुख ने गत शुक्रवार पश्चिमी कमान के चंडीमंदिर स्थित सै मुख्यालयों में वरिष्ठ सैनिक अधिकारियों से स्थिति बारे विचार-विमर्श किया था तथा बा अगले ही दिनों उन्होंने जालंधर में सै अधिकारियों के साथ मुलाकात की । आधिक सूत्रों के अनुसार चंडीगढ़ की बैठक में पंजाब स के वरिष्ठ नागरिक तथा पुलिस अधिकारी शामिल थे ।

अधिकारियों के अनुसार अमृतसर, गुरद तथा फिरोजपुर में बढ़ रही आतंकवादी गतिवि बारे श्री देशमुख ने गहरी चिन्ता प्रकट की है बैठक के दौरान 3 आतंकवादियों द्वारा कि रहस्योद्घाटन भी बयान किये गए, जिनमें



(1) भारत-पाक सीमा के गुरदासपुर सैक्टर में कमालपुर अग्रिम चौकी के पास आतंकवादियों द्वारा लाए जा रहे हथियार, जिन्हें बी.एस.एफ. से मुठभेड़ के बाद वे छोड़ कर वापस पाकिस्तानी क्षेत्र में भाग गए, (2) मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादियों के गाइड का शव । उसके हाथ में भी राइफल थी, (3) पकड़े गए हथियारों में 1000 मीटर तक मार करने वाली 7.9 एम.एम. की यह घातक राइफल और (4) पैंसिल टाइम बम भी थे, (5) बी.एस.एफ. के अतिरिक्त डी.आई.जी. श्री बी.एस. बिष्ट पकड़ी गई राइफल का निरीक्षण करते हुए, (6) बी.एस.एफ. के जवान तथा अधिकारी इलाके की छानबीन करते हुए । (छाया : विनोद)

भारत ने पाक में स्थित उग्रवादी ट्रेनिंग कैम्पों को नष्ट किया तो विश्व उसका समर्थन करेगा : वाजपेयी

न्यूयार्क, 29 अप्रैल (आई.ए.एन.एस.) : भारतीय जनता पार्टी के नेता श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा है कि कश्मीर के उग्रवादियों के लिए

उन्होंने कहा कि, "धारा 370 ने ही एक प्रकार से मनोवैज्ञानिक बाधा खड़ी कर रखी है । वस्तुतः सभी भारतीयों को समान माना जाना चाहिए ।

कश्मीर पर पाक ने फिर पैंतरा बदला

नई दिल्ली, 29 अप्रैल (वार्ता): पाकिस्तान ने भारत द्वारा उस पर लगाये गये कश्मीर में हस्तक्षेप करने के आरोप का खंडन किया है । रेडियो पाकिस्तान के अनुसार विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ने दावा किया कि कश्मीर घाटी में अलगाववादी

Punjab Digital

पंजाब में इंका नेता ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

दुर्दांत आतंकवादी काबू : मुक्तसर, (दर्दी, दीपक) : फरीदकोट जिला पुलिस ने रणजीत सिंह उर्फ जग्गा उर्फ मेजर सिंह नामक एक खूंखार आतंकवादी को गिरफ्तार किया है । उस पर 40 हज़ार रुपये का इनाम था । वह जिला फरीदकोट, फिरोज़पुर, संगरूर तथा भटिंडा में हत्याओं के लगभग 20 मामलों में पुलिस को वांछित था । पुलिस ने उक्त आतंकवादी से एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल तथा उसके कुछ कारतूस भी बरामद किए हैं । रणजीत सिंह का सम्बन्ध गुरजंट सिंह राजस्थानी के गिरोह से था और वह गिरोह का स्वयंभू 'डिप्टी जनरल' था । रणजीत सिंह को कल रात कोट सुखिया गांव में नहर के पुल से गिरफ्तार किया गया ।

बताया जाता है कि डी.एस.पी. परमजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने नाकाबंदी की हुई थी । इस दौरान वहां से गुज़र रही एक ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस ने रुकने का संकेत किया । इस पर ट्राली में सवार आतंकवादियों ने पुलिस पर फायरिंग की । पुलिस द्वारा जवाबी गोलीबारी की गई तथा दो आतंकवादियों को काबू कर लिया गया । बाद में इनमें से एक की पहचान रणजीत सिंह तथा दूसरे की पहचान जसवंत सिंह के रूप में हुई । उनके दो अन्य साथी भागने में सफल रहे ।

पूछताछ के दौरान जसवंत सिंह ने बताया कि वह गुरजंट सिंह राजस्थानी के गिरोह के लिए ट्रैक्टर ट्राली में हथियार लाने व ले जाने का काम करता था । जो दो आतंकवादी भाग गए हैं, उनके नाम सरवण सिंह उर्फ फौजी तथा महिन्द्र सिंह बताए जाते हैं ।

पुलिस पार्टी पर फायरिंग, 3 घायल : होशियारपुर, (अश्विनी कपूर) : गत रात्रि होशियारपुर जिला के टांडा पुलिस स्टेशन के अधीन खुड्डा ग्राम के पास आतंकवादियों ने घात लगाकर एक पुलिस पार्टी पर फायरिंग की, जिसके परिणामस्वरूप तीन सुरक्षा कर्मी घायल हो गए । पुलिस के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि गत रात्रि लगभग साढ़े 8 बजे पुलिस कर्मचारी नाकाबंदी ड्यूटी के बाद खुनखुन कलां से खुड्डा पुलिस चौकी जा रहे थे कि आतंकवादियों ने उन पर हमला कर दिया, जिससे हैड-कांस्टेबल कुलदीप सिंह, एस.पी.ओ. दर्शन सिंह व होम गार्ड जवान तरसेम सिंह घायल हो गए । पुलिस पार्टी द्वारा जवाबी फायरिंग भी की गई, लेकिन आतंकवादी अंधेरे में भागने में सफल हो गए । घायलों को होशियारपुर के सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

नकदी व सामान लूटा : चार सशस्त्र आतंकवादियों ने होशियारपुर के थाना सदर के ग्राम थथल में एक व्यक्ति श्री योगेश्वर खन्ना के घर में पिस्तौल की नोक पर 5900 रुपये की नकदी, कपड़े व घड़ियां आदि लूट लीं व फरार हो गए ।

6 आतंकवादी काबू, हथियार बरामद : होशियारपुर : थाना सदर के अधीन ग्राम बस्सी गुलाम हुसैन के चो के पास नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने एक संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात् आध दर्जन आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनके कब्ज़े से शस्त्र व गोला-बारूद बरामद किया । एस.एस.पी. श्री आर.एस. उप्पल ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों से बरामद शस्त्रों में दो एच.ई., 36 हथगोले, 4 पिस्तौल, 12 बोर की एक बंदूक व भारी संख्या में कारतूस शामिल हैं । श्री उप्पल के अनुसार गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों से पूछताछ जारी है ।

9 आतंकवादी और गिरफ्तार : जालन्धर, मजीठा, पटियाला तथा फरीदकोट जिला पुलिस ने दो-दो और कपूरथला पुलिस ने एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है । उनके कब्ज़े से एक थामसन गन, एक एच.ई. 36 हथगोला, एक ए.के. 74 राइफल, एक ए.के. 47 राइफल, 12 बोर की एक दोनाली बन्दूक, दो रिवाल्वर तथा भारी संख्या में गोली-सिक्का आदि पकड़ा गया है ।

भारत को अमरीकी मदद रोकने के बिल को 25 सांसदों द्वारा समर्थन

वाशिंगटन, 29 अप्रैल (वार्ता): अमरीकी कांग्रेस के 25 सदस्यों ने जिनमें डैमोक्रेटिक और रिपब्लिकन दोनों ही दलों के सदस्य शामिल हैं, भारत को अमरीकी विकास सहायता नहीं देने के

पाकिस्तान भारत में...

(पृष्ठ 3 का शेष)

इसने पीरो-शाह में बस यात्रियों की हत्याएं करवाई थीं और पकड़ा गया था । बाद में जमानत पर वह जेल से बाहर आया और भगौड़ा हो गया । चौथा ग्रुप रणजीत सिंह उर्फ काला निवासी भट्टरकलां का है । इसमें भी 18-20 'लड़के' हैं । इनके पास राकेट लांचर, बारूदी सुरंग विस्फोट के उपकरण भी हैं । यह ग्रुप भी पुलिस और बी.एस.एफ. पर हमले करता है । उक्त चारों ग्रुप प्रमुख आतंकवादी व पंथक कमेटी के सदस्य वस्सन सिंह जफरवाल के नेतृत्व में काम करते हैं ।

दूसरा संगठन बब्बर खालसा का है । इसका प्रमुख सुखदेव सिंह दासुवाल है । गुरदासपुर क्षेत्र में इस संगठन का सरगना धर्म सिंह काश्तीवाल है । सीमा आर-पार करना, बी.एस.एफ. पर हमले व निश्चित लोगों की हत्याएं करना इस संगठन का उद्देश्य है । श्री गोबिन्द राम की पी.ए.पी. जालंधर में हत्या व फिल्लौर ट्रेनिंग कालेज में बम विस्फोट इसी संगठन ने किए । इस संगठन में एक अन्य ग्रुप बलबीर सिंह उर्फ गिल्ली का है । बलबीर सिंह पहले थीन बांध परियोजना में नौकरी करता था । इसका एक भाई जसवंत सिंह जो बी.एस.एफ. जवान था, भी भगौड़ा हो चुका है जबकि एक और भाई अभी भी बी.एस.एफ. में है । उक्त ग्रुप में 15-20 'लड़के' हैं । कलानौर क्षेत्र में यह काफी सक्रिय है ।

तीसरा संगठन खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का है । इसका नेता गुरजंट सिंह बुधसिंह वाला है । इसके साथ 45-50 'लड़के' हैं । इसमें एक-दो छोटे ग्रुप भी हैं । चौथा संगठन भिंडरांवाला टाईगर्स फोर्स का है । यह संगठन गुरबचन सिंह मानोचाहल के नेतृत्व में काम करता है । इस संगठन में लड़कियों का अलग ग्रुप है जो महिलाओं और लड़कियों की हत्याएं करता है । पांचवां संगठन खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन का है जिसे खालिस्तान आर्म्ड फोर्स भी कहा जाता है । यह सबजीत सिंह उर्फ सब्बा निवासी धर्मकोट के नेतृत्व में काम करता है । यह संगठन निर्दोष लोगों की हत्याओं में सक्रिय है और कई बड़ी घटनाएं कर चुका है ।

पुलिस के अधिकार बढ़ाने पर बल

नई दिल्ली, 29 अप्रैल (प.स.): दिल्ली की वरिष्ठ पुलिस अधिकारी श्रीमती किरण बेदी ने वधवा कमेटी की रिपोर्ट के मद्देनज़र कानून-व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने में पुलिस की भूमिका की समीक्षा करने के अधिकारों को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया है ।

हाल ही में संसद में रखी गई वधवा कमेटी की रिपोर्ट में श्रीमती बेदी को एक वकील को हथकड़ी पहनाने तथा आंदोलनकारियों पर जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग करने का दोषी ठहराया गया ।



ओम पुरी

ओम पुरी लुधियाना आएंगे

लुधियाना, 29 अप्रैल (नेपाल): प्रसिद्ध फिल्म स्टार श्री ओम पुरी अपनी पत्नी श्रीमती सीमा पुरी के साथ शीघ्र ही अपने घर लुधियाना पधार रहे हैं । यह जानकारी देते हुए उनके पिता श्री टेक चंद पुरी ने एक विशेष भेंट में बताया कि उनके पुत्र श्री ओम पुरी 12 वर्ष के बाद लुधियाना आ रहे हैं तथा उनके विवाह के संबंध में एक पार्टी दी जा रही है । श्री ओम पुरी की पिछले दिनों ही शादी हुई है ।

सरकार ने पंजाब समस्या को और उलझा दिया—फैडरेशन

नई दिल्ली, 29 अप्रैल (प.स.): आल इंडिया



यूगोस्लाविया की युवा एवं आकर्षक पॉप स्टार तज़ची कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए । खूबसूरत चेहरे, सुरीली आवाज़ और दृढ़ संकल्प वाली इस कलाकार ने अपने देश में संगीत की दुनिया में खूब नाम कमाया है । (छाया : पै.ट्र.)

कश्मीर घाटी में...

(पृष्ठ 3 का शेष)

शरणार्थी शिविरों में प्रशिक्षण ? : श्री सईद ने कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर में कश्मीरियों के लिए बनाए गए शरणार्थी शिविरों में गुमराह कश्मीरी युवकों को आतंकवादी गतिविधियों का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है । एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि इन युवकों की वास्तविक संख्या का सही पता नहीं है, मगर तथाकथित आज़ाद कश्मीर के नेता ऐसे 6 से 7 हज़ार तक कश्मीरी युवकों को प्रशिक्षण दे चुके हैं । उन्होंने कहा हालांकि कश्मीर मुद्दे पर भारत-पाक तनाव कम करने के लिए उच्च स्तरीय वार्ता भी हुई है मगर निम्न स्तर पर पाकिस्तान द्वारा अब भी आतंकवादियों को समर्थन, सहायता तथा हथियारों की आपूर्ति जारी है ।

जब उनसे पूछा गया कि क्या कश्मीर समस्या का कभी समाधान हो सकेगा तो उनका कहना था कि इस संबंध में वर्तमान स्थिति अत्यंत निर्णायक प्रमाणित होगी । पाकिस्तान द्वारा कश्मीर को तोड़ने के भरसक प्रयत्न किए जा रहे हैं तथा पाकिस्तान अगर अपने इन नापाक इरादों में असफल गया तो यह समस्या सदा के लिए ही समाप्त हो जाएगी ।

गृहमंत्री ने कश्मीर समस्या के समाधान के लिए किसी भी देश की मध्यस्थता से स्पष्ट इंकार कर दिया । उन्होंने कहा कि कश्मीर भारत का एक अभिन्न अंग है तथा किसी भी अन्य देश को अपने आन्तरिक मामलों में हस्तक्षेप की अनुमति नहीं दी जाएगी । वह इस बात से भी सहमत नहीं थे कि इस संबंध में धारा 370 आड़े आ रही है ।

पाक प्रयत्न असफल करेंगे : 'वार्ता' तथा 'प.स.' के अनुसार केन्द्रीय गृहमंत्री श्री मुफ्ती मुहम्मद सईद ने कहा है कि भारत में आतंकवाद द्वारा हालात खराब करने के पाक प्रयत्न प्रत्येक मूल्य पर असफल कर दिए जाएंगे ।

अपनी यात्रा के अन्तिम दिन एक पत्रकार सम्मेलन में उन्होंने कहा कि गर्मियों में सीमा पार से घुसपैठ बढ़ने की सम्भावना है क्योंकि ऐसे मौसम में बर्फ पिघलने से अवरुद्ध मार्ग साफ हो जाएंगे । मगर सुरक्षा बल प्रत्येक स्थिति का सामना करने के लिए पूर्ण रूप से तैयार हैं ।

आतंकवादियों का 'नैटवर्क' ध्वस्त : उन्होंने कहा कि आतंकवादियों का 'नैटवर्क' काफी हद तक ध्वस्त कर दिया गया है तथा घाटी में स्थिति को सामान्य बनाने के लिए राज्य सरकार तथा प्रशासन द्वारा कई कदम उठाए गए हैं । उनका कहना था कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन ही घाटी में निर्दोषों की हत्याओं के लिए जिम्मेदार है तथा वही अल्पसंख्यकों को पलायन के

बेनज़ीर पंजाबी जनर

भारत-पाक युद्ध अत्यन्त

टोरन्टो, 29 अप्रैल (आई.ए.एन.एस.): पाकिस्तान के मामलों बारे एक प्रख्यात विद्वान का कहना है कि पाक प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो अपने पंजाबी जनरलों के अत्यधिक दबाव तले हैं । यह दबाव उन पर 'कश्मीर की आज़ादी के आंदोलन' को सहायता देने के लिए डाला जा रहा है ।

पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष असलम बेग को छोड़ कर अधिकांश जनरल बेनज़ीर के विरुद्ध हैं । यह विचार प्रो. अशोक कपूर द्वारा प्रकट किए गए । वह पाक मामलों के विशेषज्ञ माने जाते हैं तथा उन्होंने हाल ही में पाकिस्तान के आणविक कार्यक्रम पर एक पुस्तक भी लिखी है ।

श्री कपूर के अनुसार बेनज़ीर पर पंजाब प्रांत तथा सेना द्वारा लगातार भारी दबाव डाला जा रहा है तथा इन्हीं द्वारा कश्मीर लिबरेशन फ्रंट को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है । इसी कारण ही कश्मीर में रक्तिम स्वतंत्रता आंदोलन आरम्भ हुआ है ।

भारतीय प्रशासनिक सेवाओं से 37 वर्ष के सेवाकाल के पश्चात हाल ही में सेवा निवृत्त होने वाले श्री मुहम्मद सैयफूल हक के अनुसार कश्मीर की वर्तमान स्थिति अत्यन्त उलझी हुई तथा दुर्भाग्यपूर्ण है । उनका दावा है कि वह उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा पूर्व गृहमंत्री स्व. गोविन्द वल्लभ पंत व मौलाना अबुलकलाम आज़ाद के साथ भी काम कर चुके हैं । श्री हक का दावा है कि किसी भी मुसलमान नेतृत्व ने आज तक दो देशों की थ्यूरी को स्वीकार नहीं किया । वह कश्मीर अथवा भारत के किसी भी क्षेत्र में पृथकतावादी आंदोलन के विरुद्ध

फाइनैंस कम्पनियों के विरुद्ध पुलिस अभियान बंद करने की मांग

अमृतसर, 29 अप्रैल (अशोक सोनी): अमृतसर एवं बटाला की विभिन्न फाइनैंस कम्पनियों के विरुद्ध चल रही पुलिस कार्रवाई के विरोध में उक्त फाइनैंस कम्पनियों के अधिकारियों द्वारा नवगठित 'आल इंडिया फैडरेशन आफ फाइनैंसर्ज' ने पंजाब के राज्यपाल को तारें देकर मांग की है कि वे पुलिस द्वारा फाइनैंस कम्पनियों के विरुद्ध चलाए जा रहे गैर कानूनी अभियान को रोकने के लिए तुरन्त हस्तक्षेप करें ।

गत शाम फाइनैंस कम्पनियों के 50 से अधिक निदेशकों और प्रबन्ध निदेशकों ने एक सम्वाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि गत एक सप्ताह से पुलिस ने अमृतसर एवं बटाला में स्थित फाइनैंस कम्पनियों के मुख्यालयों व ब्रांचों को गैर-कानूनी ढंग से बंद करवाने के लिए जो अभियान छेड़ रखा है, उससे लगभग सभी फाइनैंस कम्पनियों का कामकाज ठप्प होकर रह गया है तथा इन कम्पनियों के चार लाख से अधिक कर्मचारी बेकार होकर बैठे हुए हैं ।

आल इंडिया फैडरेशन आफ फाइनैंसर्ज के आयोजक श्री टी.एस. संधु और प्रधान श्री संतोख सिंह रंधावा ने कहा कि सरकार ने अगर फाइनैंस कम्पनियों के विरुद्ध कोई कानूनी कार्रवाई करनी है तो वह उनके मुख्यालयों से सम्पर्क करें ।

चीनी, खाद्य तेल, चाय के मूल्य न गिरे तो सरकार सख्त पग उठाएगी : वी. पी. सिंह

नई दिल्ली, 29 अप्रैल (पस) : प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहा है कि यदि अगले महीने तक चीनी, खाद्य, तेलों, चाय और सीमैंट की कीमतों में कमी नहीं की गई तो कीमतें घटाने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे । लखनऊ से लौटते समय भारतीय वायुसेना के विमान में कल रात संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री सिंह ने कहा कि इस बात का सवालही नहीं उठता कि सरकार इस मामले में चुप बैठी रहेगी और इन वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के खिलाफ कार्रवाई नहीं करेगी ।

उन्होंने कहा कि भुगतान संतुलन की कठिन स्थिति के कारण विदेशी मुद्रा प्राप्त करने के लिए चाय का निर्यात करना पड़ा है । एक संवाददाता द्वारा यह पूछे जाने पर कि पैट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने के कारण इन वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हुई है, उन्होंने कहा कि इस बात में दम नहीं है और व्यापारी केवल 'ठगने' में लगे हुए हैं । प्रधानमंत्री ने कहा कि कीमतों में जल्दी ही गिरावट आएगी ।

Punjabi Sanad

पंजाब में 4 आतंकवादी गुट संघर्ष में मरे, अन्यत्र 4 सुरक्षा कर्मियों समेत 8 लोगों की हत्या

दो सुरक्षा चौकियों पर हमला, मिल से 5 लाख रुपया लूटा, 2 लोगों का अपहरण

अमृतसर में दो बम विस्फोट, 1 मरा, 29 घायल

चंडीगढ़, 30 अप्रैल (प.स., वार्ता) : पंजाब में कल रात से 5 आतंकवादी गुट संघर्ष में मारे गए जबकि 4 सुरक्षा कर्मियों समेत 8 लोगों की हत्या हुई । इस दौरान उग्रवादियों ने 2 सुरक्षा चौकियों पर हमला किया तथा एक मिल से 5 लाख रुपया लूट लिया । अमृतसर शहर में दो बम विस्फोट होने से 1 व्यक्ति की मृत्यु हो गई तथा 29 अन्य लोग घायल हो गए । सिख छात्र संघ के 2 कार्यकर्त्ता आपसी गुट संघर्ष में मारे गए हैं । इस बीच दो पाक घुसपैठिए सीमा पर सुरक्षा कर्मियों के साथ मुठभेड़ में मारे गए ।

गुट संघर्ष में 4 आतंकवादी मरे : बटाला (कोछड़, वार्ता): बटाला पुलिस जिला के गांव धीर में कल रात 4 आतंकवादी गुट संघर्ष में मारे गए । मृतक आतंकवादियों के नाम मोहिन्दर सिंह, उसके 2 बेटे राम सिंह एवं जसबीर सिंह तथा काला सिंह बताए जाते हैं । बब्बर खालसा ने इस वारदात की जिम्मेदारी ली है ।

सिख छात्र संघ के 2 कार्यकर्त्ता गुट संघर्ष में व 2 घुसपैठिये मुठभेड़ में मरे

पुलिस सूत्रों के अनुसार उक्त चारों आतंकवादी अपने मकान की छत पर सो रहे थे कि 4-5 आतंकवादियों ने छत पर चढ़ कर ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल से गोलियां चला कर उन्हें मार डाला । पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक काला सिंह लगभग 2 माह पूर्व लुधियाना जेल से फरार हो गया था ।

एक की हत्या : पुलिस जिला बटाला के गांव बदोवाल में गत रात 2 सशस्त्र आतंकवादियों ने एक डेरा में जब्री दाखिल होकर एक युवक दविन्द्र सिंह (28) की हत्या कर दी ।

मुठभेड़ के बाद एक आतंकवादी गिरफ्तार : बटाला थाना सदर पुलिस ने गत रात गांव नत्त के निकट संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात एक आतंकवादी गुरमिन्दर सिंह उर्फ़ गज्जू को गिरफ्तार किया । वह थाना कादियां के गांव नाथपुर का निवासी है और इसके कब्ज़े से एक ए.के. 47 राइफल, इसके 20 जीवित व 6 चले कारतूस मिले हैं । उससे पूछताछ जारी है । अब तक उसने 2 एस.पी.ओ. सहित 5 लोगों की हत्या के मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है । वह बब्बर खालसा संगठन से संबंधित है ।

2 स्कूटर छीने : थाना सदर बटाला के शूगर मिल चौक क्षेत्र के निकट से गत दिवस 2 संदिग्ध युवक एक व्यक्ति देव राज से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर पी.ए.जी. 7722 छीन कर फरार हो गए । इसी थाना के अंतर्गत गांव बिजलीवाल के निकट से गत सायं 2 अज्ञात सशस्त्र युवक एक व्यक्ति बलजिन्दर सिंह से उसका बजाज चेतक स्कूटर पी.बी.-06-4962 छीन कर ले गए ।

अंधाधुंध फायरिंग कर बच्चे की हत्या : 3 घायल : बटाला में होमगार्ड मुख्यालय के निकट काहनुवान रोड पर आज सायं 7 बजे दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर एक 9 वर्षीय बालक बबलू सुपुत्र चुनी लाल की हत्या कर दी जबकि तीन व्यक्तियों हरवंत सिंह उर्फ गोजी (25) सुपुत्र प्रकाश चंद, संजीव कुमार उर्फ मोनू (13) सुपुत्र रमेश कुमार देवगुण तथा महंगा सिंह (55) कार ड्राइवर को घायल कर दिया । अस्पताल के सूत्रों के अनुसार हरवंत सिंह को गम्भीर घायलावस्था में अमृतसर के अस्पताल में भेजा गया है जबकि अन्य घायल व्यक्ति बटाला के अस्पताल में उपचाराधीन हैं । प्राप्त विवरण के अनुसार घायल संजीव कुमार उर्फ मोनू 10वीं कक्षा

(शेष पृष्ठ 6 पर)



अमृतसर के आंतरिक क्षेत्रों कटड़ा बग्गियां तथा कटड़ा खजाना में सोमवार को एक ही समय हुए दो बम विस्फोटों में (ऊपर क्रम से) (1) कटड़ा बग्गियां में विस्फोट के कारण टूटे-फूटे साइकल, (2) नष्ट हुई दुकानें, (3) एक पुलिस कर्मी उस साइकिल को निकालते हुए जिस पर बम रखा था, (4) कटड़ा खजाना में विस्फोट से नष्ट हुए साइकिल तथा घरों की खिड़कियां व दरवाजे, (5) विस्फोट से नष्ट हुई एक दुकान, (6) जिस साइकिल पर बम रखा था, सुरक्षा बलों के जवान उस साइकिल के पुर्जे उठाते हुए । (नीचे) बम विस्फोट में घायल हुए कुछ लोग अमृतसर के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में उपचाराधीन । (छाया : रवि भंडारी)

जद अध्यक्ष पद का चुनाव अचानक स्थगित

नई दिल्ली, 30 अप्रैल (वार्ता) : जनता दल अध्यक्ष पद का चुनाव करीब 'एक सप्ताह के लिए' स्थगित कर दिया गया है । यह घोषणा आज यहां वित्तमंत्री मधु दंडवते ने की, जोकि चुनाव अधिकारी भी हैं । प्रो. दंडवते ने कहा कि चुनाव की नई तारीख अभी तय नहीं की गई है । पहले यह चुनाव एक मई को होना था ।

कि जनता दल अध्यक्ष का चुनाव अवश्य होना चाहिए । श्री सिंह ने दल के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के महासचिव राशिद अल्वी द्वारा आयोजित ईद मिलन समारोह में संवाददाता को बताया कि उन्हें चुनाव स्थगित किए जाने की कोई पूर्व सूचना नहीं थी । उन्हें यह जानकारी शाम को फोन पर दी गई ।

जी.एस. चावला के अनुसार उप-प्रधानमंत्री



...लाहकार श्री वीरेंद्र (छाया : अशोक)

...द्वारा 5 व्यक्तियों की हत्या

...स्थिति में अस्पताल में

...लों ने इन क्षेत्रों को घेर ...की तलाश आरम्भ कर

...अन्य घटना में बम ...कांफ्रेंस के कार्यकर्त्ता श्री ...ोटा बाजार स्थित घर ...हो गया । यह बम ...के दौरान हुआ ।

...गर में आज प्रातः 9 बजे ...वाटी के अन्य क्षेत्रों में ...कर्फ्यू में ढील दी गई ।

...जारी : इस दौरान



...ह पुरा सैक्टर में सुरक्षा बलों ...गए खतरनाक किस्म के दो ... (छाया : अशोक)

सुरक्षा बलों का धरपकड़ तथा तलाशी अभियान जारी है तथा संदिग्ध उग्रवादियों के सम्भावित ठिकानों पर लगातार छापे मारे जा रहे हैं ।

दो हजार भाजपा कार्यकर्त्ता दिल्ली जाएंगे : भारतीय जनता पार्टी द्वारा दो मई को दिल्ली में प्रस्तावित कश्मीर बचाओ दिवस रैली में जम्मू-कश्मीर के लगभग दो हजार भाजपा कार्यकर्त्ता सम्मिलित होंगे ।

पार्टी की राज्य शाखा के अध्यक्ष प्रो. चमन लाल गुप्ता ने कहा कि कार्यकर्त्ता कल रेलगाड़ियों और बसों से रैली में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली रवाना होंगे ।

याचिका की सुनवाई पर रोक : जम्मू से 'वार्ता' के अनुसार जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय द्वारा राज्य विधानसभा भंग किए जाने सम्बन्धी एक याचिका की सुनवाई पर आगामी 21 मई तक के लिए रोक लगा दी गई है । इस याचिका द्वारा राज्यपाल जगमोहन के राज्य विधानसभा भंग करने के निर्णय को चुनौती दी गई है ।

वी.पी. द्वारा मुफ्ती की सलाह पर फर्नांडीज़ का श्रीनगर दौरा रोका गया

नई दिल्ली, 30 अप्रैल : प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह द्वारा गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की सलाह पर जम्मू-कश्मीर मामलों के प्रभारी मंत्री श्री जार्ज फर्नांडीज को ईद-उल-फितर वाले दिन श्रीनगर का दौरा करने से रोक दिया गया था । तब श्री मुफ्ती की यह राय भी स्थिति के संबंध में उनकी तकनीक का ही एक भाग समझी गई ।

श्री फर्नांडीज को अन्तिम समय पर प्रधानमंत्री के कहने पर अपना दौरा रद्द कर देना पड़ा क्योंकि उन्हें कहा गया था कि उन्हें इस यात्रा से इच्छित परिणाम प्राप्त नहीं होंगे । उन्हें तब लोगों के एक छोटे दल से ही मिल पाने की सम्भावना व्यक्त की गई थी । इससे पूर्व गृहमंत्री ने प्रधानमंत्री से मिल कर श्री फर्नांडीज का वह दौरा रद्द करने की उन्हें राय दी थी । वास्तव में समझा तो यही जाता है कि अरूण नेहरू व जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल श्री जगमोहन ने श्री मुफ्ती से कहा था कि श्री फर्नांडीज का दौरा रुकवा दिया जाए ।

दूसरी तरफ प्रधानमंत्री ने इस बात से इंकार किया है कि कुछ समाचारों के अनुसार श्री फर्नांडीज ने उन्हें जम्मू-कश्मीर के मामलों से मुक्त करने का आग्रह किया है ।

राष्ट्रपति भवन में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत के दौरान श्री वी.पी. सिंह ने कहा, ऐसे समाचार बिल्कुल गलत हैं ।

लेनिन संग्रहालय पर बम फैंके गए

मास्को, 30 अप्रैल (डी.पी.ए.): सोवियत संघ में मास्को के लेनिन संग्रहालय पर एक अज्ञात व्यक्ति ने दो बम फैंके जिससे आग लग गई किन्तु उस पर जल्द ही काबू पा लिया गया । सोवियत समाचारपत्र इजवेस्तिया में आज प्रकाशित खबर के अनुसार इस घटना में संग्रहालय को कोई क्षति नहीं पहुंची है । यह घटना शनिवार की सुबह हुई, हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है । हमलावर ने पूछताछ के दौरान पुलिस गार्ड को कुछ भी बताने से इंकार किया है । इस संग्रहालय में लेनिन का शव सुरक्षित रखा हुआ है ।

हिन्दुजा सी.बी.आई. के समक्ष पेश नहीं हुए

नई दिल्ली, 30 अप्रैल (वार्ता): विवादास्पद बोफोर्स तोप सौदे में कथित दलाली के एक अभियुक्त लंदन स्थित भारतीय उद्योगपति जी.पी. हिन्दुजा आज निर्धारित अवधि बीत जाने के बावजूद केंद्रीय जांच ब्यूरो के समक्ष हाजिर नहीं हो सके । ब्यूरो के सूत्रों ने बताया कि श्री हिन्दुजा के लंदन स्थित वकील को ब्यूरो की ओर से भेजा गया अल्टीमेटम दस दिन पहले ही मिल गया था । इसमें प्रवासी उद्योगपति श्री हिन्दुजा से यहां ब्यूरो के जांचकर्त्ताओं के समक्ष हाजिर होने को कहा गया था ताकि बोफोर्स होवित्जर तोप सौदे के मामले में उनसे पूछताछ की जा सके ।

भारतीय

...ौर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव

... : जापान ने 1990-91 में ...लगभग 1250 करोड़ रुपए) ...घोषणा की । जापान के ...काइफू और प्रधानमंत्री ...बीच आज सुबह दूसरे दौर ...यह जानकारी जापानी ...संवाददाताओं को दी ।

...रक्षा बजट में ...शत की वृद्धि

...प्रैल (प.स.): पाकिस्तान ने ...6 प्रतिशत से भी अधिक की ...तानी अखबारों ने आज यह ...त्रालय के उच्चस्तरीय सूत्रों ...हुए दिया कि प्रधानमंत्री ...देश की सुरक्षा आवश्यकताए ...बलों को चार अरब रुपए ...या कराई । इस बात की ...नहीं मिल सकी कि यह ...प्रकार खर्च की जाएगी ।

...राज्य में गेहूं ले ...रोक हटी

...(एस): केंद्र सरकार ने

पेइंग गैस्ट

...का : बुशरा रहमान

...घनश्याम पंडित

...र साल से परे बचपन में जब वह ...ा के साथ खेला करती थी, तो दो ...ताने के लिए, उसकी गुड़िया तोड़ ...। उन्हें रुला कर खुश होती थी । ...ी थी ।

...आप मुझे बताते क्यों नहीं कि आप ...ने एकदम जैन के दोनों हाथ पकड़

...तुम मुझे एकदम से भाई जान कह दो ...ऊं कि मैं वही कुक्कू हूं । तुम्हारे ताया ...तुम्हें खोजता-खोजता यहां आ पहुंचा

...रा अपना मुझे ढूंढता हुआ आ ...। " भावनाओं के आवेग से जैनी ...ाया और उसने जैन के कंधों पर अपना ...या और फिर बिलख-बिलख कर रोने ...छड़ा अपनी मां के सीने से लग कर रोता

...बेवकूफ थी वह ! सारे रिश्ते नाते ही ...दिए थे । दुनिया से कट कर अलग हुई ...ौर सोचती थी—उसका कौन है ? ...जैन यहां आया कैसे ? पहुंचा कैसे ? मेरी ...ाई कैसे ? अभी तक उसके दिमाग में ...लबुला रही थी । जब उसने रोते-रोते सिर ...ी जैन बोला—"बस, अब चुप हो जाओ । मैं ...क खुशखबरी सुनाने वाला हूं । इसके बाद तो ...कोई बात नहीं बताऊंगा ।"

...ी अपनी आंखें साफ करने लगी ।

...म्हें मालूम है तुम्हारे अब्बा जिंदा हैं !"

...च ?" जैनी की आंखें फटी की फटी रह ...

...हां-हां...!" जैन ने उसके गाल थपथपाए कि ...खुशी से पागल न हो जाए ।

"मगर वह अंधे हो गए हैं ।"

"अंधे ? कैसे ?" जैनी का रंग पीला पड़ ...ा ।

"हौसले से सुनोगी तो बताऊंगा, वरना आगे कोई ...त नहीं बताऊंगा ।"

"जी...?" जैनी ठीक होकर बैठ गई ।

"तुम्हें वहां से भेज देने के बाद वे लोग खुद कराच... आने की तैयारी कर रहे थे कि एक दुर्घटना में ... घायल हो गए । उनकी आंखें चली गईं । ... उन्होंने अपने एक अमरीकी दोस्त को घर ... बुलाया । उसने किसी तरह उन्हें लंदन प... दिया । वहां पर काफी अरसा उनका मान... संतुलन खराब रहा । न किसी को पहचानते, न ... बता सकते थे । धीरे-धीरे वह ठीक हुए, तो उ... हमें सूचना भेजी । मैं जाकर उन्हें ले आया । ... अर्सा तक उनका इलाज होता रहा और ज... बिल्कुल ठीक हो गए तो उन्होंने हमें तुम्हारे ... बताया । तुम्हारा कुछ पता नहीं था कि किस ... हो । यहां जितने खत लिखे गए, इन लोगों ने ... न दिया । फिर किसी से खबर कराई तो प... कि ये लोग तुम्हारे साथ क्या बर्ताव कर र...

"चचा-अब्बा का ख्याल था कि तुम्हें ... जल्दी वहां से बुलवा लिया जाए और बाक... छोड़ दिया जाए । मगर मैं कहां मानने ... मैंने कहा—मैं खुद जाऊंगा । न सिर्फ यह... मंगेतर को ढूंढ कर लाऊंगा, बल्कि इन लो... फ्राड का ऐसा मजा चखा कर आऊंगा कि ... याद रखेंगे ।"

"मंगेतर...?" वह अभी तक इस बात ... रही थी ।

"जी हां । हमारी आपकी मंगनी ... हो गई थी जब हम आपके यहां आए ... अक्सर गुड़ियां वगैरा छीन कर आपक... करता था ।"

जैनी शरमा गई और उसकी नज... पर जा पड़ी, जो आज उसकी कि... जगमगा रही थी । वह आज कित... कितनी दुखी भी । अम्मां और ... बार-बार आ रहा था मगर अब ... नहीं चाहती थी । फिर भी, आंख... बोली—

"जैन, मैं जल्दी से जल्दी अपने ... चाहती हूं ।"

"हूं ।" उसने एक लम्... "इसीलिए तो मैंने आते ही तुम्हा... सुनाई थी । तुम तो मेरा भांड... इन सबको उल्लू बनाता रहा ... इकट्ठे कर लिए हैं, तो अब ऐ... चला जाऊं । देखा नहीं तुम... चक्कर चलाया है कि उसने ... दिया है । हां, तुम अब मुझे ... घर के कागजात किस के प...

"बैंकों के कागजात तो ... थे, मगर घर के कागजात ... जगह छिपा दिए थे, क्यों... पता चल चुका था । अ... कब्जे में चले जाते, तो अ... निकाल दिया होता । क... की तलाशी ले चुके हैं मग... वे मेरे पास हैं । वे काग...

"हां, वे कागजात अ...

"अब आप क्या करें...

"तुम बस खामोशी ... कहूं, करती जाओ ।"

इतने में दूर कहीं ...

"अरे, सुबह हो ग... ऊपर आई थी तो शा... में उन्हें खबर ही न ...

"अच्छा, अब तु...

...मैंने ।"

...छुपने आई है ...जोर का चांटा ...कि कोई कुछ ...सू-थप्पड़ दीदी ...कते में आ गई ...मामू से छुड़ा ...ात तो कुछ पूछी

...त तो अब मैं पूछ ...के पीछे ले जाकर ...। मां रसोई की ...—"खाना खाओगे ...या । थोड़ी देर मां ...खाना परोस हिना ...र कहा—"खा लो ...मामू के पास चली ...र मां के बीच बहस ...वाजें रुक-रुक कर ...शायद दीदी को साथ ...ने मना कर दिया ...जानती हो कितनी ...याह कौन करेगा । मैं ...कर दूंगा।

...गी ।" मां ने दृढ़ता से

Punjabi Sahib Bhuvan

अमृतसर में दो बम विस्फोट

(पृष्ठ 3 का शेष)

का छात्र है । घटना के समय उक्त लोग एक किरयाना की दुकान पर बातें कर रहे थे और सौदा खरीद रहे थे । आतंकवादी फायरिंग करने के बाद फरार हो गए ।

बैंक लूटने का प्रयास विफल : मालेरकोटला से अजीज की सूचना है कि यहां से 17 किलोमीटर दर थाना मालेरकोटला के गांव लसोई में ओरियंटल बैंक आफ कामर्स की ब्रांच पर दो स्कूटरों पर सवार होकर 3 उग्रवादी आए जिनकी आयु 25 और 30 साल के बीच होगी । स्कूटरों से उतर कर बैंक के बाहर तैनात दो पुलिस कर्मचारियों को काबू कर लिया और उनके हथियार छीन लिए लेकिन बैंक के रक्षक ने जब देखा तो बैंक के मुख्य द्वार का शटर बंद कर दिया । उग्रवादियों ने शटर खुलाने के लिए ए.के. 47 राइफलों से 20 मिनट तक 50 गोलियां चलाईं जो शटर से निकल कर बैंक के काऊंटरों और दीवारों पर लगीं जहां निशान पड़ गए । काबू किए गए 2 पुलिस कर्मचारियों को भी उन उग्रवादियों ने शटर खोलने के लिए लगा रखा, लेकिन असफल रहे । मायूस होकर उग्रवादी वहां से भाग गए । कुछ दूरी पर सिपाहियों की बंदकें भी फैंक गए । जब 'सब अच्छा का' सिगनल मिला तो बैंक के मैनेजर अमरजीत सिंह गिल जो कि स्टाफ के 15 लोगों के साथ बैंक के एक कोने में दबके हुए थे, ने शटर खोलने को कहा । सूचना मिलने पर मालेरकोटला के डी.एस.पी. दर्गादास पुलिस पार्टी लेकर पहुंच गए । क्षेत्र को घेरे में ले लिया है । उच्चाधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गए हैं ।

हैड-कांस्टेबल की हत्या : पटियाला से 'भूषण' व राजपुरा से 'मासूम' के अनुसार आतंकवादियों ने आज प्रातः साढ़े सात बजे के लगभग राजपुरा के निकटवर्ती नालास गांव की सड़क पर एक पुलिस हैड-कांस्टेबल शामलाल की गोली मार कर हत्या कर दी तथा उसकी पत्नी कमला देवी को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । उक्त दम्पति पर ए.के.47 राइफलों से उस समय फायरिंग की गई जब वे नालास गांव में शिव मंदिर में माथा टेकने के बाद मोटर साइकिल पर लौट रहे थे । कमला देवी को उपचार के लिए सिविल अस्पताल राजपुरा में दाखिल कराया गया है । घटनास्थल से मिले एक पत्र के अनुसार 'बब्बर खालसा' ने उक्त वारदात की जिम्मेदारी ली है । उक्त पत्र पर सुखदेव सिंह, अमरीक सिंह, सतनाम सिंह, दलजीत सिंह तथा बलविंद्र सिंह के हस्ताक्षर हैं ।

व्यापारी घायल : साइकिल सवार दो आतंकवादियों ने आज प्रातः मंडी गोबिन्दगढ़ में शास्त्री नगर में एक कोयला व्यापारी सुरेन्द्र कुमार को गोली मार कर घायल कर दिया । उसे तीन गोलियां लगीं, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है । उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है । इस वारदात के बाद आतंकवादियों ने मोतिया खान बाजार में एक दकानदार से उसका स्कूटर छीन लिया तथा सरहिन्द की तरफ चले गए । बाद में प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार अधिकत गुरद्वारा फतेहगढ़ बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

'वार्ता' के अनुसार खजानावाला गेट के विस्फोट में पंद्रह स्कूटर तथा अनेक दुकानों को क्षति पहुंची है । भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स ने इन बम विस्फोटों की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली है ।

इस बीच आल इंडिया हिंदू शिव सेना के प्रधान श्री सुरिंद्र कमार बिल्ला ने उक्त बम विस्फोटों की कड़ी निंदा की है तथा आरोप लगाया है कि उक्त विस्फोटों के दृष्टिगत यह स्पष्ट हो गया है कि अमृतसर शहर में पुलिस प्रशासन बिल्कुल नाकारा हो गया है । उन्होंने आशंका व्यक्त की कि अमृतसर में आतंकवादियों ने और भी बम धमाके करने की योजना बनाई है । उन्होंने मांग की कि राज्यपाल को अपनी नाकामी का एहसास करते हुए इस्तीफा दे देना चाहिए तथा केंद्र को पंजाब के तीन सीमांत जिले सेना के हवाले कर देने चाहिएं ।

एक की हत्या : आतंकवादियों ने कल रात मजीठा पुलिस जिला के कलेर मंगल गांव में मेवा सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

दो सुरक्षा चौकियों पर हमला : अमृतसर से 'वि.प्र.' के अनुसार कल रात आतंकवादियों ने पुलिस जिला तरनतारन में दो सुरक्षा चौकियों पर हमला किया तथा आतंकवादी कई घंटे तक फायरिंग करते रहे । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार कल रात 10 बजे के करीब एस.पी.ओ. चौकी घड़ियाला पर आतंकवादियों ने आधा घंटा तक फायरिंग की । जवाबी फायरिंग होने पर आतंकवादी भाग गए । इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ ।

एक और रिपोर्ट के अनुसार थाना खालड़ा के गांव नारली में कल रात दो बजे के करीब आतंकवादियों, जो ट्रैक्टर पर सवार होकर आए थे, ने एक एस.पी.ओ. चौकी पर फायरिंग की । सुरक्षा कर्मियों ने भी जवाबी फायरिंग की । दोनों ओर से लगभग 2 घंटे तक फायरिंग हुई । इस दौरान आतंकवादियों ने चौकी के भवन पर 2 राकेट भी फैंके मगर किसी तरह की कोई क्षति नहीं हुई । बाद में आतंकवादी ट्रैक्टर छोड़ कर फरार हो गए । प्रातः पुलिस ने ट्रैक्टर के अलावा ए.के. 47 राइफल के करीब 3 सौ खाली कारतूस कब्जे में लिए ।

किसान घायल : आज दोपहर अढ़ाई बजे के करीब कस्बा पट्टी की अनाज मंडी में एक किसान छत्र पाल सिंह को दो संदिग्ध युवकों ने गोलियां मार कर जख्मी कर दिया व फरार हो गए ।

गुट संघर्ष में एक आतंकवादी मरा : मजीठा पुलिस जिला के अन्तर्गत मल्लोवाला गांव में एक आतंकवादी को उसके ही साथियों ने गोली से उड़ा दिया ।

लूटपाट : 4 आतंकवादियों ने अमृतसर सदर पुलिस स्टेशन के अधीन गुमताला गांव में राजेन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर एक लाइसैंसी रिवाल्वर, 10 कारतूस तथा कुछ कीमती सामान लूट लिया ।

2 घुसपैठिये मरे : अमृतसर जिला खेमकरण सैक्टर में सुरक्षा कर्मियों के साथ मुठभेड़ में दो पाक घुसपैठिये मारे गए । उनका एक साथी वापस

(वार्ता) : आतंकवादियों ने आज खरड़ में एक कपड़ा मिल से 5 लाख रुपया लूट लिया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार तीन आतंकवादी साइकिल पर आए तथा मिल के बाहर खड़े होकर उस वाहन का इंतजार करने लगे जिसमें कर्मियों को वेतन देने के लिए रुपया लाया जाना था । वाहन आने पर आतंकवादी रुपया लूट कर भाग गए ।

दो सुरक्षा कर्मियों की हत्या : फरीदकोट (पस): जिला के मोगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत दारापुर गांव के निकट कल आतंकवादियों ने सी.आर.पी.एफ. की गश्ती टुकड़ी पर गोलियां चला कर दो हैड-कांस्टेबलों और एक वाहन चालक को घायल कर दिया । दोनों हैड-कांस्टेबलों की बाद में अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

कांस्टेबल की हत्या : होशियारपुर, (वि.प्र.): गत रात्रि यहां से सात किलोमीटर दर चगरा गांव के पुल के पास तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने पीएपी के एक कांस्टेबल निरंजन सिंह की हत्या कर दी । एस.एस.पी. श्री आर.एस. उप्पल ने बताया कि गत रात्रि लगभग पौने 11 बजे पी.ए.पी. की 75वीं बटालियन में तैनात यह कांस्टेबल एक प्राईवेट ट्रक नम्बर सी.पी. डैब्ल्यू. 7615 में सवार होकर अपने गांव घोघरों जा रहा था । चगरा पुल के पास तीन आतंकवादियों ने ट्रक को रोक कर उक्त कांस्टेबल की गोलियां मार कर हत्या कर दी व फरार हो गये । सदर पुलिस ने धारा 302 के अधीन केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है । बताया जाता है कि मृतक कांस्टेबल निरंजन सिंह फिरोजपुर-जालंधर मार्ग पर रात्रि के समय चलने वाली बस में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात था व जालंधर से ट्रक द्वारा अपने गांव जा रहा था ।

गरधारा सिंह

(पृष्ठ 3 का शेष)

सिख कौम का बच्चे से बूढ़ा प्रत्येक शख्स पाकिस्तान के साथ युद्ध की स्थिति में एक-एक अंग कटवा लेगा मगर राष्ट्र से विश्वासघात हरगिज नहीं करेगा । श्री गरधारा सिंह ने आगे कहा कि मुसीबत के समय सरकार राष्ट्रीय सरकार बन जाती है ऐसे में जब विदेशी आक्रमण के बादल मंडरा रहे हैं तो श्री मान को सभी मतभेद भुला कर ऐसे घटिया बयान देने से परहेज करना चाहिए और अगर बयान देना ही है तो यह कहें कि केन्द्र के साथ हमारा घरेलू झगड़ा है जो हम आपस में बैठ कर निपटा लेंगे । किसी भी तरह का विदेशी हस्तक्षेप इसमें बर्दाश्त नहीं होगा ।

श्री गरधारा सिंह ने अन्य अकाली दलों के नेताओं से अपील की है कि वे पाकिस्तान को खबरदार करें कि अगर भारत के साथ युद्ध की स्थिति बनी तो वे उसका मुंह तोड़ जवाब देंगे । ऐसा बयान देकर सभी अकाली दल राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त करें ।

दो लुटेरे काबू

जालन्धर, 30 अप्रैल (ढल्ल): थाना सदर जालन्धर की पुलिस ने उग्रवादियों की आड़ में पिस्तौल की नोक पर लूट पाट करने वाले गिरोह के दो सदस्य पलविन्दर सिंह पुत्र हरबंस सिंह व बलदेव सिंह पुत्र स्वर्ण सिंह (दोनों गांव मीरांबाद निवासी) को गिरफ्तार किया है और उनसे एक स्कूटर

उच्च न्

मेहम क्षेत्र अध्यापकों

चंडीगढ़, 30 उच्च न्यायालय में द्वारा मेहम विधान कार्यरत तथा मेहम और 34 अध्यापक है । याचिकाकर्त्ता तबादले दर्शावना-क फरवरी को मेहम के श्री ओम प्रकाश चौ पर श्री चौटाला के लाठर-मांसद की याचिकाकर्त्ताओं को की एक खण्डपीठ ने आदेशों पर रोक लग का नोटिस जारी कि

रोक : उच्च दीपिंदर सिंह की विचाराधीन स्वीकार के बदले दिए कथित दी गई थी । मक सौंदर्यीकरण अभिय गया था । खंडपीठ

नोटिस जारी खंडपीठ ने उस या जुलाई का नोटिस ज क्रम तथा 15 पुलि चुनौती दी गई थी वायरलैस श्री साधू

रेल किरा

फिरोजपुर, 30 उत्तर रेलवे फिरोज अनुसार रेल किरायों कारण यात्रियों से कि अपना आरक्षण 1 म कराया है, वे कृपया फार्म ड्यूटी टिकट द देकर रसीद ले लें, ता की असुविधा न हो

54 पी.स अधिक

होशियारपुर, 3 सरकार ने स्वास्थ्य (I) अधिकारियों को आफीसर नियुक्त क एक प्रवक्ता ने बता सेवा वाले अधिकारि का स्केन दे दिया ग 78 अन्य पी.सी.ए पदोन्नत करने का विचाराधीन है ।

Punjab Sarkar

दीवारों पर लगीं जहां निशान पड़ गए । काबू किए गए 2 पुलिस कर्मचारियों को भी उन उग्रवादियों ने शटर खोलने के लिए लगा रखा, लेकिन असफल रहे । मायूस होकर उग्रवादी वहां से भाग गए । कुछ दूरी पर सिपाहियों की बंदूकें भी फैंक गए । जब 'सब अच्छा का' सिगनल मिला तो बैंक के मैनेजर अमरजीत सिंह गिल जो कि स्टाफ के 15 लोगों के साथ बैंक के एक कोने में दुबके हुए थे, ने शटर खोलने को कहा । सूचना मिलने पर मालेरकोटला के डी.एस.पी. दर्गादास पुलिस पार्टी लेकर पहुंच गए । क्षेत्र को घेरे में ले लिया है । उच्चाधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गए हैं ।

हैड-कांस्टेबल की हत्या : पटियाला से 'भूषण' व राजपुरा से 'मासूम' के अनुसार आतंकवादियों ने आज प्रातः साढ़े सात बजे के लगभग राजपुरा के निकटवर्ती नालास गांव की सड़क पर एक पुलिस हैड-कांस्टेबल शामलाल की गोली मार कर हत्या कर दी तथा उसकी पत्नी कमला देवी को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । उक्त दम्पति पर ए.के. 47 राइफल से उस समय फायरिंग की गई जब वे नालास गांव में शिव मंदिर में माथा टेकने के बाद मोटर साइकिल पर लौट रहे थे । कमला देवी को उपचार के लिए सिविल अस्पताल राजपुरा में दाखिल कराया गया है । घटनास्थल से मिले एक पत्र के अनुसार 'बब्बर खालसा' ने उक्त वारदात की जिम्मेदारी ली है । उक्त पत्र पर सुखदेव सिंह, अमरीक सिंह, सतनाम सिंह, दलजीत सिंह तथा बलविंद्र सिंह के हस्ताक्षर हैं ।

व्यापारी घायल : साइकिल सवार दो आतंकवादियों ने आज प्रातः मंडी गोबिन्दगढ़ में शास्त्री नगर में एक कोयला व्यापारी सुरेन्द्र कुमार को गोली मार कर घायल कर दिया । उसे तीन गोलियां लगीं, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है । उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है । इस वारदात के बाद आतंकवादियों ने मोतिया खान बाजार में एक दुकानदार से उसका स्कूटर छीन लिया तथा सरहिन्द की तरफ चले गए । बाद में प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार अभियक्त गुरुद्वारा फतेहगढ़ साहिब के निकट स्कूटर छोड़ कर फरार हो गए ।

दो बम विस्फोट, एक मरा, 29 घायल : अमृतसर (नारंग, वि.प्र.) : आज शाम पांच बजे के करीब अमृतसर शहर में दो जगह बम विस्फोट होने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई तथा 29 अन्य लोग घायल हो गए । पहला बम विस्फोट कटड़ा बग्गियां में हुआ तथा दूसरा विस्फोट खजाना वाला गेट में हुआ । ख्याल किया जाता है कि उक्त दोनों विस्फोट साइकिलों पर रखे टाइम बमों से हुए क्योंकि दोनों जगह साइकिल पुर्जे-पुर्जे हुए पाए गए हैं । विस्फोट से कई दुकानों को भी नुक्सान पहुंचा । विस्फोट में मरने वाले व्यक्ति का नाम राम नाथ कालिया (55) बताया जाता है ।

विस्फोट में घायल हुए लोगों में से 19 की पहचान हुई है । ये हैं : पवन कुमार, परवीन कुमार, मदन लाल, सुरेंद्र सिंह भाटिया, शैलजा भाटिया, मधु, वीना खन्ना, बख्शीश सिंह, दविंद्र नाथ, लक्खी, राज कुमार, विनोद कुमार, पाल सिंह, रमेश कुमार, हरजिंद्र सिंह, वरिंद्र कुमार, हरचरण सिंह, शाम लाल और सतपाल । इन्हें गुरु तेग

नीलामी सूचना

अल्यूमीनियम स्क्रैप टैंडर द्वारा 18.5.90 को दोपहर 12 बजे नीलाम किया जाएगा । नीलामी की शर्तें निम्न प्रकार होंगी : 1. टैंडर एस होने पर 1000/- रुपा एडवांस देने

दी ।

दो सुरक्षा चौकियों पर हमला : अमृतसर से 'वि.प्र.' के अनुसार कल रात आतंकवादियों ने पुलिस जिला तरनतारन में दो सुरक्षा चौकियों पर हमला किया तथा आतंकवादी कई घंटे तक फायरिंग करते रहे । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार कल रात 10 बजे के करीब एस.पी.ओ. चौकी घड़ियाला पर आतंकवादियों ने आधा घंटा तक फायरिंग की । जवाबी फायरिंग होने पर आतंकवादी भाग गए । इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ ।

एक और रिपोर्ट के अनुसार थाना खालड़ा के गांव नारली में कल रात दो बजे के करीब आतंकवादियों, जो ट्रैक्टर पर सवार होकर आए थे, ने एक एस.पी.ओ. चौकी पर फायरिंग की । सुरक्षा कर्मियों ने भी जवाबी फायरिंग की । दोनों ओर से लगभग 2 घंटे तक फायरिंग हुई । इस दौरान आतंकवादियों ने चौकी के भवन पर 2 राकेट भी फैंके मगर किसी तरह की कोई क्षति नहीं हुई । बाद में आतंकवादी ट्रैक्टर छोड़ कर फरार हो गए । प्रातः पुलिस ने ट्रैक्टर के अलावा ए.के. 47 राइफल के करीब 3 सौ खाली कारतूस कब्जे में लिए ।

किसान घायल : आज दोपहर अढ़ाई बजे के करीब कस्बा पट्टी की अनाज मंडी में एक किसान छत्र पाल सिंह को दो संदिग्ध युवकों ने गोलियां मार कर जख्मी कर दिया व फरार हो गए ।

गुट संघर्ष में एक आतंकवादी मरा : मजीठा पुलिस जिला के अन्तर्गत मुल्लीवाला गांव में एक आतंकवादी को उसके ही साथियों ने गोली से उड़ा दिया ।

लूटपाट : 4 आतंकवादियों ने अमृतसर सदर पुलिस स्टेशन के अधीन गुमताला गांव में राजेन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर एक लाइसैंसी रिवाल्वर, 10 कारतूस तथा कुछ कीमती सामान लूट लिया ।

2 घुसपैठिये मरे : अमृतसर जिला खेमकरण सैक्टर में सुरक्षा कर्मियों के साथ मुठभेड़ में दो पाक घुसपैठिये मारे गए । उनका एक साथी वापस पाकिस्तानी क्षेत्र में भाग गया । मुठभेड़ से कुछ हथियार व गोली-सिक्का भी बरामद हुआ है ।

पुलिस इंस्पैक्टर के 2 भाइयों का अपहरण : तरनतारन पुलिस जिला के हरिके कस्बा से आतंकवादियों ने कल रात पुलिस इंस्पैक्टर हरभजन लाल खल्लर, जिसने हाल ही में आतंकवादियों से भारी शस्त्रास्त्र बरामद किए थे, के दो भाइयों रमेश कुमार व सुनील कुमार का अपहरण कर लिया । अपहर्त्ताओं ने उक्त दोनों व्यक्तियों की रिहाई के बदले में 20 लाख रुपया नकद व 10 असाल्ट राइफलें, एक मशीनगन, विस्फोटक तथा भारी संख्या में गोली-बारूद की मांग की है ।

दो का अपहरण : आतंकवादियों ने तरनतारन पुलिस जिला के हरिके गांव में बिलहार सिंह खत्री व उसके भाई पलविन्द्र पाल का अपहरण कर लिया ।

सिख छात्र संघ के 2 कार्यकर्त्ता मरे : जालंधर (प.स.) : अखिल भारतीय सिख छात्र संघ (मंजीत गुट) के दो कार्यकर्त्ता मेवा सिंह तथा हरजिन्द्र सिंह आज दोपहर कपूरथला जिला में भुलत्थ क्षेत्र में निजी गुट संघर्ष में मारे गए । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

एक की हत्या : संगरूर (वार्ता) : आतंकवादियों ने कल रात चत्था ननहेरा गांव में छज्ज सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

मिल से 5 लाख रुपया लूटा : गोपड़

नम्बर सी.पी. डब्ल्यू. 7615 में सवार होकर अपने गांव घोघरां जा रहा था । चगरा पुल के पास तीन आतंकवादियों ने ट्रक को रोक कर उक्त कांस्टेबल की गोलियां मार कर हत्या कर दी व फरार हो गये । सदर पुलिस ने धारा 302 के अधीन केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है । बताया जाता है कि मृतक कांस्टेबल निरंजन सिंह फिरोजपुर-जालंधर मार्ग पर रात्रि के समय चलने वाली बस में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात था व जालंधर से ट्रक द्वारा अपने गांव जा रहा था ।

गरधारा सिंह
(पृष्ठ 3 का शेष)

सिख कौम का बच्चे से बूढ़ा प्रत्येक शख्स पाकिस्तान के साथ युद्ध की स्थिति में एक-एक अंग कटवा लेगा मगर राष्ट्र से विश्वासघात हरगिज नहीं करेगा । श्री गरधारा सिंह ने आगे कहा कि मुसीबत के समय सरकार राष्ट्रीय सरकार बन जाती है ऐसे में जब विदेशी आक्रमण के बादल मंडरा रहे हैं तो श्री मान को सभी मतभेद भुला कर ऐसे घटिया बयान देने से परहेज करना चाहिए और अगर बयान देना ही है तो यह कहें कि केन्द्र के साथ हमारा घरेलू झगड़ा है जो हम आपस में बैठ कर निपटा लेंगे । किसी भी तरह का विदेशी हस्तक्षेप इसमें बर्दाश्त नहीं होगा ।

श्री गरधारा सिंह ने अन्य अकाली दलों के नेताओं से अपील की है कि वे पाकिस्तान को खबरदार करें कि अगर भारत के साथ युद्ध की स्थिति आई तो वे उसका मुंह तोड़ जवाब देंगे । ऐसा बयान देकर सभी अकाली दल राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त करें ।

दो लुटेरे काबू

जालन्धर, 30 अप्रैल (ढल्ल): थाना सदर जालन्धर की पुलिस ने उग्रवादियों की आड़ में पिस्तौल की नोक पर लूट पाट करने वाले गिरोह के दो सदस्य पलविन्दर सिंह पुत्र हरबंस सिंह व बलदेव सिंह पुत्र स्वर्ण सिंह (दोनों गांव भीरांवपुर निवासी) को गिरफ्तार किया है और उनसे एक स्कूटर पी.यू.-6422, एक पिस्तौल व 2 कारतूस तथा एक खिलौना पिस्तौल बरामद किए हैं । इन दोनों ने उक्त स्कूटर 23 अप्रैल को पिस्तौल की नोक पर गांव ललहन के एक व्यक्ति से छीना था और इसका इस्तेमाल करते हुए गांव में फेरी लगाने वाले कई लोगों से पिस्तौल की नोक पर पैसे छीने थे ।

बाबा बालक नाथ की यात्रा 11 मई से

जालन्धर, 30 अप्रैल : बाबा बालक नाथ जी की गुफा की यात्रा मंदिर श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ मुहल्ला बानियां बस्ती शेख जालन्धर से बाबा कैलाश नाथ जी के नेतृत्व में संगतों सहित 11 मई शुक्रवार को चलेगी । 11 मई से 14 मई तक शाहतलाई में दिन-रात लंगर चलेगा तथा 13 मई रविवार को सुबह 10 बजे बाबा जी की पवित्र गुफा पर झंडा लहराया जाएगा ।

संत सम्मेलन

जालन्धर, 30 अप्रैल : श्री राधेश्याम मंदिर बस्ती शेख का 23वां वार्षिक संत सम्मेलन महामंडलेश्वर श्री स्वामी दिव्यानन्द गिरि जी की अध्यक्षता में और श्री स्वामी ओम जी के सान्निध्य में 3 मई से 6 मई तक हो रहा है । इस अवसर पर स्वामी निरंजनानन्द जी और स्वामी त्रिवेदी गिरि जी के अलावा, अनेक संत महापुरुष प्रवचन करेंगे ।

punjabi sansar





ट से अनेक यात्री हताहत हो गए । चित्रों में ऊपर
न के भीतर विस्फोट से बुरी तरह टूटा हुआ भाग व
। (फोटो : प्र. शारदा, न्यू मैजिक सैंटर स्टूडियो)

देरा हत्या-कांड के 300 डैटोनेटर मिले

परविन्द्र शारदा के अनुसार उत्तर पश्चिमी दिल्ली के सरस्वती विहार के पास कल रात डी.टी.सी. के अन्तर्गत चलने वाली प्राइवेट बस में हुए बम विस्फोट जिसमें 4 यात्री मारे गए थे और 25 अन्य घायल हो गए थे (वार्ता ने मृतकों की संख्या 2 व घायलों की संख्या 30 बताई है) के बारे में पता चला है कि इसके पीछे पंजाब के आतंकवादी मंगल सिंह और उसके एक साथी गुरजसबीर सिंह का हाथ है । दिल्ली पुलिस के सिपाही गुरजसबीर सिंह के पिता सब-इंस्पैक्टर बेअंत सिंह को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर रखा है । बेअंत सिंह को गत 10 अप्रैल को राजौरी गार्डन और तिलकनगर थानों में हुए बम विस्फोटों में संलिप्त होने के आरोपों में गिरफ्तार किया गया था ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बेअंत सिंह की निशानदेही पर गुरजसबीर सिंह और उसके साथी डाक्टर को गिरफ्तार करने पंजाब गया एक पुलिस दल खाली हाथ लौट आया है । ऐसी आशंका है कि बेअंत की गिरफ्तारी से क्षुब्ध आतंकवादी मंगल सिंह, गुरजसबीर सिंह और उनके साथियों ने उक्त घिनौनी कार्रवाई की है । यह भी संदेह है कि यह आतंकवादी राजधानी में ही हैं तथा किसी बड़ी कार्रवाई की साजिश कर रहे हैं ।

आजादपुर सब्जी मंडी बम विस्फोट से आरम्भ हुई यह वारदातें एक ही प्रवृत्ति की हैं । इस बम विस्फोट में एक व्यक्ति मारा गया था । इसके अगले ही सप्ताह फिर आजादपुर मंडी में विस्फोट हुआ, जिसे पुलिस ने मामूली पटाखा करार दिया तथा जिसमें 3 लोग घायल हो गए थे । अप्रैल महीने में ही बम विस्फोट की यह पांचवीं घटना है तथा बस में बम विस्फोट की तीसरी । इन आतंकवादी घटनाओं में अब तक 17 लोग मारे जा चुके हैं । पुलिस के अनुसार आतंकवादी गिरोह बब्बर खालसा और भिंडरांवाले टाइगर फोर्स के अनेक आतंकवादी राजधानी में प्रवेश कर चुके हैं ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पंजाब में 3 महिलाओं समेत 5 लोगों की हत्या : 3 जगह सुरक्षा कर्मियों पर हमले

चंडीगढ़, 1 मई (प.स., वार्ता): पंजाब में विगत 24 घंटों के दौरान तीन महिलाओं समेत 5 लोगों की हत्याएं हुईं । इस बीच उग्रवादियों ने तीन स्थानों पर सुरक्षा कर्मियों पर हमले भी किए ।

महिला की हत्या : बटाला (कोछड़, चौधरी): पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव टोडर मल में गत रात सशस्त्र आतंकवादियों ने एक घर में जबरी दाखिल हो कर फायरिंग करके एक महिला श्रीमती हरदीप कौर (70) की हत्या कर दी । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार उक्त वारदात में ए.के. 47 राइफल प्रयुक्त की गई है व इसके 5 चले हुए कारतूस मौका से मिले हैं । उल्लेखनीय है कि मृतका के पति नम्बरदार टहल सिंह की भी 6 महीने पूर्व आतंकवादियों ने हत्या करके इसका घर जला दिया था ।

महिला का शव मिला : थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव मान व अलीवाल के मध्य स्थित एक नहर से पुलिस ने एक महिला का शव बरामद किया है । महिला की आयु लगभग 32-33 वर्ष बताई जाती और इसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार शव पर किसी प्रकार के निशान आदि नहीं हैं । लगता है कि महिला की मृत्यु नहर में डूबने से हुई है ।

गोली कांड का विवरण : बटाला में गत सायं काहनूवान रोड पर होमगार्ड मुख्यालय के निकट आतंकवादियों की ओर से की गई फायरिंग का और विवरण प्राप्त हुआ है । बताया जाता है कि आतंकवादी हीरो होंडा मोटरसाइकिल पर सवार थे और चालक सिविल कपड़ों में था जबकि पीछे ए.के. 47 राइफल लेकर बैठा आतंकवादी पुलिस वर्दी में था । आतंकवादी काहनूवान की तरफ से आए और क्षेत्र का जायज़ा लेते हुए सीधे चले गए । बाद में वे लौट आए और दुकानों पर अन्धाधुन्ध फायरिंग करते हुए काहनूवान की तरफ चले गए । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इस क्षेत्र में बी.एस.एफ. की एक चौकी है जो लगभग 100 गज की दूरी पर स्थित है ।

इस काण्ड की भाजपा, इंका, जद, माकपा, भाकपा व सामाजिक संगठनों के प्रमुखों सहित प्रतिष्ठित नागरिकों की ओर से कड़ी आलोचना की गई है । उल्लेखनीय है कि इस फायरिंग में 9 वर्षीय एक बालक बबलू की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई थी व तीन अन्य हरवन्त सिंह, महगा सिंह व एक छात्र संजीव कमार उर्फ मोनू गंभीर रूप से घायल हो गए थे । इनमें से हरवन्त सिंह अमृतसर व दो अन्य सिविल अस्पताल बटाला में उपचाराधीन हैं ।

मां-बेटे की हत्या : पुलिस जिला बटाला के थाना डेरा बाबा नानक के गांव राय चक में 3 आतंकवादियों ने गत रात्रि एक डेरे में जबरदस्ती दाखिल होकर एक विधवा श्रीमती वीरो (41) तथा उसके पुत्र निर्मल सिंह (13) की गोलियां मार कर हत्या कर दी । आतंकवादियों ने उसके दूसरे बेटे झिरमल सिंह (15) को भी गम्भीर रूप से घायल कर दिया । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार इस हत्याकांड में ए.के. 47 राइफल का प्रयोग किया गया ।

2 आतंकवादी गिरफ्तार : सुनाम

(शेष पृष्ठ 8 पर)



(1) बटाला के काहनूवान रोड पर गत सायं आतंकवादियों की फायरिंग में मारा गया बालक बबलू, (2) घायल छात्र संजीव कुमार देवगण उर्फ मोनू, (3) गम्भीर घायल हरवंत सिंह, (4) घायल महंगा सिंह, (5) मृतक बालक बबलू के बिलखते परिवारजन, (6) करियाना की दुकान जहां फायरिंग की गई, (7) थाना कादियां के गांव कोट टोडरमल में आतंकवादियों के हाथों मारी गई हरदीप कौर, (8) थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के क्षेत्र अलीवाल के निकट नहर से बरामद एक महिला का शव जिसकी अभी तक पहचान नहीं हो सकी । (छाया : कोछड़)

पाकिस्तान में जातीय हिंसा सिंध के बाद पंजाब में भी फैलने लगी, झंग में सुन्नी नेता की हत्या के बाद गृह युद्ध जैसी स्थिति

Punjab Sanata.com

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

(नागपाल) : यहां से 20 कि.मी. दर मौज़ा टोलेवाल में महन्त करतार सिंह को धमकी देकर 30 हज़ार रुपये मांगने वाले 4 आतंकवादियों में से करनैल सिंह और भोला (बाप-बेटे) को लौंगोवाल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है । ये गिरफ्तारियां चीमा पुलिस चौकी के ए.एस.आई. जसवंत सिंह ने की हैं । गिरोह के दो सदस्य छोटा सिंह और राज सिंह फरार होने में सफल हो गए ।

बताया जाता है कि कुछ दिन पूर्व अभियुक्तों ने मुंह ढांपकर महन्त करतार सिंह से पिस्तौल की नोक पर 30 हज़ार रुपये तलब किए मगर महन्त ने कहा कि उसके पास इतनी राशि नहीं है, अतः वे फिर आकर ले जाएं, परन्तु साथ ही उन्होंने दो अभियुक्तों को पहचान लिया, जो उसके गांव के ही थे । उसने पुलिस को सूचना दे दी, जिस पर दो अभियुक्तों को पकड़ लिया गया ।

पुलिस पार्टी पर हमला : जालंधर (न.न.ए.) गत रात्रि थाना करतारपुर के गांव ब्रह्मबाल में पुलिस की गश्ती पार्टी पर कुछ आतंकवादियों द्वारा घात लगा कर गोलीबारी की गई । इस संबंध में जिला पुलिस प्रमुख श्री सुरेश अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि गत रात्रि थाना करतारपुर की पुलिस एक प्राइवेट कार में गांव ब्रह्मबाल में गश्त लगा रही थी कि रात लगभग दस बजे कुछ आतंकवादियों ने घात लगा कर फायरिंग की । पुलिस द्वारा जबाबी फायरिंग करने पर आतंकवादी फरार हो गये, इस दौरान कार ड्राईवर सतपाल शीशा लगने से मामूली रूप से घायल हो गया । पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर लिया है ।

निषेधाज्ञा बढ़ी : जालंधर (प.स.): जिला मैजिस्ट्रेट श्री सुधीर मित्तल ने आपराधिक कार्य प्रक्रिया की धारा 144 के अधीन निषेधाज्ञा की अवधि बढ़ा दी है । एक सरकारी प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार जिला में जलूस निकालने, लाऊड स्पीकर बजाने, सार्वजनिक स्थानों पर टैलीविजन या वीडियो फिल्म चलाने तथा सभाएं करने पर लगे प्रतिबंध की अवधि बढ़ा दी गई है । 3.5 हार्स पावर या इससे अधिक क्षमता वाले मोटर साइकिलों पर रात 8 बजे से प्रातः 6 बजे तक रोक लगी रहेगी । इसके अलावा प्रातः 5 बजे से 7.30 बजे तक दोपहिया आटोवाहनों पर दूहरी सवारी पर प्रतिबंध लगा रहेगा । उक्त निषेधाज्ञा 30 जून तक जारी रहेगी ।

2 आतंकवादी गिरफ्तार : पुलिस ने जालंधर तथा मजीठा पुलिस जिला से एक-एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है ।

एस. एच. ओ. के वाहन पर हमला : अमृतसर (वार्ता): आतंकवादियों के एक गिरोह ने वल्टोहा शहर के निकट कल रात वल्टोहा पुलिस स्टेशन के एस.एच.ओ. के वाहन पर घात लगा कर हमला किया, लेकिन वह बच गए । पुलिस द्वारा जवाबी कार्रवाई के बाद आतंकवादी बच कर भाग गए ।

सुरक्षा चौकी पर हमला : तरनतारन पुलिस जिला के अमरकोट गांव में लगभग 20 आतंकवादियों ने एक एस.पी.ओ. चौकी को घेर लिया । लगभग आधा घंटा तक दोनों ओर से गोलियां चलती रहीं, जिसके बाद आतंकवादी भाग गये । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के लगभग 75 खाली कारतूस मिले हैं ।

मृतक संख्या 2 : अमृतसर शहर में कल शाम दो बम विस्फोटों में घायल हुए 26 लोगों में से एक और ने आज अस्पताल में दम तोड़ दिया । इन विस्फोटों में मरने वालों की संख्या अब दो हो गई है । अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार बम विस्फोट में कल मरने वाले श्री रामनाथ कालिया का आज अंतिम संस्कार कर दिया गया । श्री कालिया भाजपा नेता थे । इस बीच अमृतसर के जिला पुलिस प्रमुख श्री संजीव गुप्ता ने यहां पत्रकार सम्मेलन में दावा किया है कि शीघ्र ही बम विस्फोट में संलिप्त अपराधियों का पता लगा लिया जाएगा । उन्होंने जनता को संदिग्ध लोगों व वस्तुओं से चौकस रहने का आह्वान किया है ।

अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार आज रात 9.15 बजे बेरका बाईपास पर दो आतंकवादियों ने एक व्यक्ति से उसका नया वैस्पा स्कूटर छीन लिया । स्कूटर का अभी नम्बर भी अलाट नहीं हुआ था ।

घायल दम तोड़ गया : पठानकोट (गुप्ता): गत 19 अप्रैल को पठानकोट के निकट बस में हुए बम विस्फोट का एक और घायल मनीश कुमार आज यहां सैनिक अस्पताल में दम तोड़ गया । इसके साथ इस बम कांड के मृतकों संख्या 17 हो गई । उसकी लाश अंतिम संस्कार के लिए अमृतसर स्थित उसके घर पहुंचा दी गई है ।



कपूरथला जिला के भुलत्थ थाना के अधीन गांव खस्सन में सिख छात्र संघ (मनजीत गुट) के दो समर्थकों निजी गुट संघर्ष में मारे गये । दोनों मृतकों हरविन्द्र सिंह (बाएं) तथा सेवा सिंह (दाएं) के पुराने चित्र । (छाया : गोरगना)

पाक में जातीय हिंसा

(पृष्ठ 3 का शेष)

एक प्रमुख पाकिस्तानी अखबार 'फ्रंटियर पोस्ट' ने इस हत्या के बाद से उस इलाके में पैदा हुए हालात के बारे में जो लिखा है, वह शासकों के लिए कड़ी चेतावनी ही है ।

पाकिस्तानी साप्ताहिक 'व्यू प्वाइंट' ने कहा है कि कराची एक दिल दहला देने वाला स्थान बन गया है । यहां जातीय दंगों का सिलसिला जिया शासन के दौरान शुरू हुआ था क्योंकि ऐसे संघर्षों को तानाशाही के खिलाफ़ जन-आंदोलन को कमज़ोर करने के लिए बढ़ावा दिया गया था । अब यह जिन्न काबू से बाहर सा हो गया लगता है ।

फ्रंटियर पोस्ट के अनुसार "जंग में दरअसल गृह युद्ध जैसी स्थिति है । इस घातक युद्ध की लपटों ने साथ-साथ बसे दो शहरों को अपनी लपेट में ले लिया है । अगर हालात पर काबू पाने के लिए तत्काल कदम नहीं उठाए गए तो ये लपटें मुल्क के अन्य हिस्सों में फैल जाएंगी ।"

अन्य अखबारों में प्रकाशित खबरों के अनुसार अब वहां की बसों में ऐसे 'स्टिकर' लगे देखे जा सकते हैं, जिन पर पाकिस्तान को एक सुन्नी राज्य घोषित करने की मांग की गई है । जुम्मे की नमाज के बाद पाकिस्तान की अनेक मस्जिदों में जो धर्मोपदेश दिए जाते हैं, उनका लहज़ा भी अक्सर शिया विरोधी ही होता है ।

पिछले सप्ताह ही बलूचिस्तान में नवाब अकबर बुगती का सांझा सूबाई सरकार के एक घटक बलूचिस्तान नैशनल मूवमैंट से नाता तोड़ना इसी तरह के विवाद की परिणति है, क्योंकि बी.बी.सी. ने यह समाचार दिया था कि यह जकरी और सुन्नी सम्प्रदायों के बीच हुए दंगों की प्रतिक्रिया मात्र ही है ।

शिया-सुन्नियों के बीच पाकिस्तान में बढ़ती जा रही खाई पर एक पाकिस्तानी टीकाकार ताहिर मिर्ज़ा ने अपनी मनोव्यथा की अभिव्यक्ति इन शब्दों में की है, "यह सब कुछ बहुत खतरनाक होता जा रहा है ।

B.A./B. Com. III
Prep/Inter passed in 87 eligible
LLB 3 years Professional
(B.A. 40% eligible) U.P./RAJASTHAN
Prospectus Rs. 10/- Guidance only
SWAMI VIVEKANAND COLLEGE
1708/SECTOR 22-B,CHANDIGARH


Sardul Sikander
ALL INDIA PANJABI CULTURE SOCIETY, JALANDHAR
Presents
SARDOOL SIKANDER
NITE

Parveen Gupta
TODAY THE 2nd May, 90, Wednesday at 5.30 p.m.
AT RED CROSS BHAWAN, JALANDHAR

श्रीनगर

(पृष्ठ

किया हैं कि उनके, श्री
मुहम्मद सईद के मध्य
मतभेद है ।

एक पत्रकार सम्
फर्नांडीज़ ने कहा कि
मतभेदों के बारे में प्रैस
गया है ।

उन्होंने कहा कि
सहित वे आगामी 5 से
अन्य क्षेत्रों का दौरा क

कश्मीर की सि
सम्भावनाओं पर कछ
फर्नांडीज ने कहा कि
जान सकते, मगर सीम
हलचल के दृष्टिगत
है ।

प्रदर्शन : कश्मी
ऊधमपुर मार्ग को अ
मांगों के समर्थन में प्र

**शरणार्थियों
की मांग** : ऊध
शरणार्थियों ने आज य
वे पाकिस्तान विरोधी
मुफ्ती मोहम्मद सईद
थे ।

बम विस्फोट
सप्लाई कार्यालय की
हुआ जिससे कार्यालय

**वरिष्ठ अधि
आतंकवादी** : गि
आतंकवादियों में वरि
शामिल हैं तथा इनमें
है, जो इस गर्जेटिड
गिरफ्तार किये गये आ
इंजीनियर का पुत्र भी
गिरफ्तार किया गया है

**अध्यापकों द्वारा
निर्णय** : अखिल जम्म
ने कश्मीर घाटी में ड्यू
किया है । कश्मीर घ
जम्मू आए लगभग 15
एक बैठक में उन्हें
समस्याओं पर विचार वि
को विश्वास दिलाया कि
अपनी ड्यूटियों पर चले
प्रत्येक अध्यापक को वि
मांग की ।

अंतिम दिन
ने नामांकन प

चंडीगढ़, 1 मई (
की तीन सीटों मेहम, द
के 26 मई को होने
नामांकन पत्र भरने
प्रत्याशियों ने अपने ना

अम्बाला छावनी
19 व मेहम से 21

Punjabi Sanskriti

गई है । इस सीट से जगदीश चंद्र ने
नाम वापस लिया जिसने कि भाजपा
र पर अपना नाम दाखिल किया था ।
33 प्रत्याशियों में से किसी ने भी आज
पस नहीं लिया ।

कांड को लेकर
भा में भारी हंगामा

, 3 मई (वार्ता) : गुजरात के पालेज
तीय जनता पार्टी के कार्यकर्त्ताओं पर
बंधित सरकारी वक्तव्य में समुदाय
लेने के विरोध में राज्यसभा में भारी
र गृह राज्यमंत्री सुबोध कांत सहाय
द प्रकट करना पड़ा ।
ना के संबंध में सरकारी वक्तव्य में
के 'स्थानीय मुसलमानों' ने भाजपा
नारों का विरोध किया था । कांग्रेस
ने 'मसलमान' शब्द के इस्तेमाल पर
की और मांग की कि यह शब्द हटा
हिए अथवा इसकी जगह "स्थानीय
ा जाना चाहिए ।
ना बढ़ा कि उपसभापति नजमा
ई बार सदन की बैठक स्थगित करने
पड़ी । अंततः श्रीमती हेपतुल्ला ने
ाओं को कोई समाधान ढूंढने के लिए
लाया ।
तुल्ला के बीच बचाव के बाद श्री
में मुसलमान शब्द के इस्तेमाल पर
। उन्होंने कहा यह जानबूझ कर
ुदाय विशेष को नुकसान पहुंचाने के
या गया था ।

नई दिल्ली, 3 मई (वार्ता): भारत तथा बंगला देश के बीच आज यहां भारत में सिंहबाद तथा बंगला देश में रोहनपुर के बीच दूसरा रेल मार्ग खोले जाने के बारे में विचार-विमर्श हुआ । दोनों देशों के बीच पिछले कुछ वर्षों से राणाघाट तथा दरसाना के बीच ही रेल सम्पर्क है ।



अमृतसर जिला के अजनाला सैक्टर में गांव बुर्ज से सीमा सुरक्षा बल द्वारा दो तस्करों से पकड़े गए 150 स्वर्ण बिस्कुटों का निरीक्षण करते हुए बल के डी.आई.जी. श्री बलकार सिंह व 74वीं बटालियन के कमांडैंट श्री बी.पी. नवानी तथा (नीचे) गिरफ्तार किये गये तस्कर कर्म सिंह और सुखदेव सिंह । (छाया : रवि भंडारी)

सीमा सुरक्षा बल का दावा है कि अजनाला उप-तहसील में इस वर्ष इकाई के दस्तों ने बल की गुप्तचर एजैंसी की सूचना की सहायता से तस्करों के ऐसे कई गिरोहों का सफाया किया है । गत फरवरी माह में बुर्ज चौकी के निकट से ही 230 सोने के बिस्कुट ज़ब्त किये गये थे ।

दुर्दांत आतंकवादी भगवंत सिंह व उसका साथी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मरे

चंडीगढ़, 3 मई (प.स., वार्ता): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 दुर्दांत उग्रवादी मारे गए जबकि लुधियाना में अंधाधुंध फायरिंग से 2 व्यक्ति मारे गए तथा 10 अन्य घायल हो गए । अमृतसर में बम फटने से 20 व्यक्ति घायल हो गए ।

मुठभेड़ में दो आतंकवादी मरे : पट्टी, (पाठक) : तरनतारन पुलिस जिला के कहाड़के गांव में आज सी.आर.पी.एफ. के साथ मुठभेड़ में दो दुर्दांत आतंकवादी मारे गए । इनके नाम भगवंत सिंह तथा दिलबाग सिंह बताए जाते हैं । मुठभेड़ स्थल से एक मशीनगन, ड्रम मैगजीन, एक पिस्तौल, दो राकेट, 2 हथगोले तथा 100 कारतूस भी बरामद हुए हैं । बताया जाता है कि उक्त आतंकवादियों ने घात लगाकर सी.आर.पी.एफ. की गश्ती टुकड़ी पर हमला किया था । 'वार्ता' के अनुसार भगवंत सिंह 'बब्बर खालसा' संगठन से सम्बद्ध प्रमुख आतंकवादी था । सूचीबद्ध उक्त दुर्दांत आतंकवादी हत्या के 50 से अधिक मामलों में पुलिस को वांछित था ।

बम फटने से 20 घायल : अमृतसर (अशोक सोनी) : आज रात्रि लगभग 9 बजे दुर्ग्याणा मंदिर परिसर स्थित पुलिस चौकी के निकट एक बम फटने से 3 पुलिस कर्मियों सहित 5 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए, उन्हें अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है ।

आज यहां बताया कि लोगों के दिलों से आतंकवादियों का भय दूर करने के उद्देश्य से अमृतसर जिला के तरनतारन उपमंडल के नगरों तथा कस्बों में वार्ड स्तर पर सुरक्षा समितियां कायम करने का निर्णय लिया गया है । तरनतारन में उपमंडल शिकायत निवारण समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री सिंह ने बताया कि हाई-पाट युवकों को इन समितियों के लिए विशेष पुलिस अधिकारियों के रूप में नियुक्त किया जाएगा । बाद में उक्त विशेष पुलिस अधिकारियों को पुलिस कांस्टेबल के रूप में भर्ती कर लिया जाएगा ।

श्री सिंह ने बताया कि तरनतारन नगर में दुकानदारों की सुरक्षा के लिए पैट्रोलिंग भी तेज कर दी गई है तथा अब दुकानें शाम छह बजे की अपेक्षा शाम 7 बजे तक खुली रहेंगी । श्री सिंह ने कहा कि आतंकवादी पोस्टर चिपकाकर दुकानदारों को दुकानें बंद करने की जो धमकियां दे रहे हैं, उनसे निपटने के लिए कदम उठाए जाएंगे ।

लुधियाना में अंधाधुंध फायरिंग से 2 मारे गए, अमृतसर में बम विस्फोट, रोपड़ में अर्जीनवीस की हत्या

अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार बम कांड में घायलों की संख्या 15 हो गई है, इनमें से 4 की हालत चिन्ताजनक बताई जाती है । घायलों के नाम इस प्रकार हैं : बिमला महाजन, विजय (होमगार्ड), बलविन्दर सिंह, अशोक, जीता राम, बनवारी लाल, सूरज सूद, पनप सूद, संजीव सूद, आंचल, जगदीश, भट्टू सिपाही । इन सभी घायलों को एमरजैंसी वार्ड में रखा गया है । दो घायल प्राइवेट वार्ड में भेजे गए हैं । राजेश और कमलेश, एस.पी. आप्रेशन श्री चाद तथा भाजपा नेता हरीश तनेजा तथा युवा पार्टी के प्रधान राकेश घटना स्थल पर तत्काल पहुंच गए ।

दुर्ग्याणा मंदिर कमेटी के नेताओं और हिन्दू परिषद के प्रधान श्री सुरेन्द्र कुमार बिल्ला ने बम कांड की निन्दा की है ।

'प.स.' के अनुसार घायलों की संख्या बीस है । घायलों में 2 भिखारी भी शामिल हैं । उग्रवादी दो साइकलों पर आए थे ।

इसी मध्य पट्टी पुलिस थाने पर उग्रवादियों ने फायरिंग की । जवाबी फायरिंग से उग्रवादी भाग गए ।

पिता-पुत्र घायल : अमृतसर, (वि.प्र.) : स्थानीय अजनाला सदर के गांव इब्बाकलां में कल रात पांच आतंकवादियों ने जमींदार चरण सिंह के मकान में दाखिल होकर उसे तथा उसके बेटे जसविंदर सिंह को गोलियां मारकर घायल कर दिया और फरार हो गए । दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है । 'वार्ता' के अनुसार आतंकवादी चरण सिंह से 50 हजार रुपये मांगने आए थे । इंकार करने पर उन्होंने पिता-पुत्र को गोली मार दी ।

सुरक्षा समितियां बनाने का निर्णय : तरनतारन पुलिस जिला प्रमुख श्री नरेन्द्र पाल सिंह ने



उग्रवादियों ने वीरवार को प्रातः रोपड़ में एक अर्जी नवीस कमल किशोर धवन की फायरिंग करके हत्या कर दी । (1) श्री कमल किशोर का शव, (2) श्री कमल किशोर के अनाथ हो गए मासूम बच्चे, (3) श्री धवन के मकान का दरवाजा, जहां से उग्रवादियों ने गोलियां चलाईं, (4) आंगन में उस स्थान पर रक्त का तालाब लग गया, जहां श्री धवन गिरे, (5) परिवार के सदस्य व अन्य सम्बन्धी मित्रजन विलाप करते हुए । (इन्सैट) श्री धवन और उनकी पत्नी का एक पुराना चित्र । (छाया : महेन्द्र जैन)

(शेष पृष्ठ 8 पर)



We requi
capable of pr
Sheet, Recor
Experienc
company rule
No Corrospo

भारत
अब लु
* केवल 75
(आसान कि
* पुरानी लुन
* सरकारी च
खास स्की
* दो साल के
दोआबा आ
रवि गैस एजैंसी
कोर्ट रोड, अमृत
फोन : 2084

Punjabi Sanjhi

(8) दैनिक पंजाब केसरी, जालन्धर 4.5.1990

उग्रवादी मारे गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

थे और चौक में आते ही अंधाधुंध फायरिंग करने के बाद उग्रवादी भाग निकले ।

अजी नवीस की हत्या : रोपड़ (महेंद्र जैन): आज प्रात: 6.05 बजे दो उग्रवादियों ने यहां चोआ मुहल्ला में डी.ए.वी. सीनियर सैकेंडरी स्कूल के निकट अर्जी नवीस 45 वर्षीय कमल किशोर धवन की ए.के. 47 से गोलियां चला कर हत्या कर दी । श्री धवन अभी प्रात: नहाने की तैयारी कर रहे थे तथा अपने एक मात्र बेटे विनय (16 वर्ष) को जगाने लगे तो बाहर किसी ने द्वार खटखटाया । स्कूल जाने की तैयारी में लगी 10 वर्षीय बेटी नूरी ने गेट खोला तो 20-25 वर्षीय दो युवकों में से एक ने कमल धवन के बारे पूछा । नूरी ने तुरन्त कहा कि पापा अंदर हैं, मैं बुला लाती हूं । अंदर जाकर नूरी ने अपने पापा को बाहर आए दो व्यक्तियों द्वारा बुलाने की सूचना दी । कमल धवन कच्छा-बनियान पहने ही बाहर द्वार के निकट आए तो चारखाना कपड़ा ओढ़े द्वार पर खड़े एक युवक ने कपड़े के नीचे से ए.के. 47 राइफल निकाल गोलियां चला दीं । श्री धवन ने बायां हाथ बन्दूक पर डालने की कोशिश की किन्तु उनका हाथ गोली लगने से बुरी तरह जख्मी हो गया, तब हमलावर युवक ने श्री धवन के सीने में बाईं ओर काफी निकट से गोलियां चलाईं । हृदय पर गहरे घाव होने से श्री धवन वहीं गिर गए । फिर एक गोली श्री धवन के सिर में भी मारी गई तथा उनकी मृत्यु हो गई । गोलियों की आवाज सुन कर श्री धवन की 75 वर्षीया विधवा मां आशा रानी, पत्नी अमरजीत, 18 वर्षीया बेटी सीमा, 14 वर्षीया बेटी सोनिया, 8 वर्षीया बेटी प्रीति तथा बेटा विनय (इसी वर्ष दसवीं पास) सभी बाहर प्रांगण में आए तो माथा पीटने लगे तथा सामने खड़े आक्रमणकारी युवक की ओर आगे बढ़े । बूढ़ी मां अपने केश खोल कर छाती तान कर बन्दूक थामे युवक को चिल्ला-चिल्ला कर सारे परिवार को गोलियों से मार देने के लिए कहने लगी । एक बार तो उक्त युवक ने बन्दूक तानी किन्तु स्टार्ट स्कूटर के निकट खड़े दूसरे युवक ने उसे रोक दिया । बाद में उग्रवादी हवा में गोलियां चलाते हुए भाग निकले ।

जिला रोपड़ के एस.एस.पी. श्री मुहम्मद मुस्तफा के अनुसार अभियुक्तों की पहचान कर ली गई है तथा उनके शीघ्र ही पकड़े जाने की सम्भावना है ।

अंधाधुंध फायरिंग : 2 मरे लोधियाना (महिद्रा): उग्रवादियों ने आज रात 8.52 प्रताप चौक में अंधाधुंध फायरिंग करके 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी और 6 अन्य को घायल कर दिया । घायलों में से दो की दशा गम्भीर बताई जाती है । बताया गया है कि उग्रवादियों की संख्या 6 थी और वे 3 स्कूटरों पर सवार होकर चौक में आए थे और चौक में आते ही अंधाधुंध फायरिंग करने के बाद उग्रवादी भाग निकले ।

दर्दात आतंकवादी गिरफ्तार : पटियाला, (भूषण) : पटियाला पुलिस ने खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बद्ध एक दर्दात आतंकवादी तमिन्द्र सिंह उर्फ़ मिंदा उर्फ़ डाक्टर को गिरफ्तार किया है । वह अमृतसर के सेवा नगर का निवासी है तथा विगत फरवरी में अमृतसर सैंट्रल जेल के सहायक अधीक्षक श्री प्यारा लाल विरदी की हत्या के मामले में संलिप्त था । प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया है कि वह पटियाला में बड़े स्तर पर बम विस्फोट करने के उद्देश्य से आया था । पटियाला पुलिस द्वारा इससे पहले काबू किए गए एक आतंकवादी से मिली सूचना के आधार पर तमिन्द्र सिंह को पकड़ा गया है । पटियाला पुलिस ने जिला से दो और आतंकवादियों को भी गिरफ्तार किया है । उनसे एक विदेशी माऊज़र तथा एक स्कूटर भी बरामद हुआ है ।

60 हज़ार रुपया लूटा : पिस्तौलों से लैस दो अज्ञात युवकों ने आज दोपहर पटियाला के अजीत नगर कालोनी में सुभाष चन्द नामक एक व्यक्ति के कार्यालय में घुसकर 60 हज़ार रुपया लूट लिया । इससे पहले उक्त युवकों ने सुभाष चन्द तथा कार्यालय में मौजूद अन्य लोगों को एक कमरे में बंद कर दिया था । भागते समय लुटेरे सुभाष चन्द का मोटर साइकिल भी ले गए ।

लूटपाट का प्रयास विफल : पटियाला से 25 किलोमीटर दूर नाभा के न्यू बस्ती क्षेत्र में कल रात एक आतंकवादी श्री राम अग्रवाल नामक एक व्यक्ति के घर में घुस आया तथा उसने पिस्तौल व स्कूटर छीनने की कोशिश की । इस बीच श्री अग्रवाल के बेटे लखपत राय ने उक्त आतंकवादी को दबोच लिया, लेकिन वह बाद में भाग जाने में सफल हो गया ।

स्कूटर छीना : भटिंडा (ग्रोवर) : उग्रवादियों ने कल रात यहां नई बस्ती क्षेत्र से पिस्तौल की नोक पर विनोद कुमार नामक एक व्यक्ति से बजाज स्कूटर छीन लिया ।

फिरौती मांगने वाले 4 गिरफ्तार : चंडीगढ़ से 'राकेश संघी' के अनुसार स्थानीय पुलिस ने आतंकवादियों के नाम पर लोगों से फिरौती मांगने के लिए उन्हें धमकी भरे पत्र लिखने के आरोप में यहां की राम दरबार कालोनी के रहने वाले 4 लोगों को गिरफ्तार किया है ।

चंडीगढ़ के सहायक पुलिस अधीक्षक श्री राजेश मलिक के अनुसार गिरफ्तार किए गए लोगों में दूध बिक्रेता जगदीश सिंह, उनकी साली देवो, देवो का बेटा पप्पू तथा जगदीश सिंह की एक और साली का बेटा बलविंद्र सिंह शामिल हैं ।

श्री मलिक ने बताया कि उक्त लोगों ने मनीमाजरा कस्बे के सरदारा लाल नामक एक व्यक्ति को जान से मार देने की धमकी देकर पिछले माह उससे 22 हजार रुपए ऐंठ लिए थे । इस माह भी फिरौती के लिए उक्त लोगों ने सरदारा लाल को एक और पत्र लिखा था । सरदारा लाल ने डर के मारे पिछले माह मिली धमकी के बारे पुलिस को कोई सूचना नहीं दी लेकिन नई धमकी मिलने पर उसने पुलिस को इस बारे सूचित करना उचित समझा ।

सूचना मिलने पर पुलिस ने उक्त लोगों की ओर से फिरौती की राशि रखने के लिए जो जगह बताई गई थी, उस पर निगरानी रखनी शुरू कर दी और जब उक्त लोग वहां से राशि लेने के लिए आए तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया । श्री मलिक ने बताया कि देवो अपने साथियों को फिरौती की राशि दिलवाने में मदद किया करती थी । जिसे धमकी भरा पत्र लिखा जाता था, देवो उसके पास चली जाती थी और धमकी मिलने पर उसकी प्रतिक्रिया का पता लगा कर फिरौती की राशि को कम करवाने में मदद करने का झांसा दिया करती थी । पुलिस को संदेह है कि ये लोग फिरौती मांगने की अन्य वारदातों में भी संलिप्त हो सकते हैं । इलाका मैजिस्ट्रेट ने गिरफ्तार किए गए उक्त लोगों को आज 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया ।

इस बीच पता चला है कि गिरफ्तार किए गए लोग खालिस्तान कमांडो फोर्स के नाम पर फिरौती के लिए धमकी भरे पत्र भेजा करते थे । पिछले दिनों चमकौर साहिब के एक आढ़ती से एक लाख रुपए व सरहिंद के एक दकानदार से 7 हजार रुपए की फिरौती वसूल करने के मामला में भी इसी गिरोह का हाथ बताया जाता है ।

6 सप्ताह में मूल्य गिरेंगे : सरकार

नई दिल्ली, 3 मई (पस) : सरकार ने आज दावा किया है कि 6 हफ्ते के भीतर आवश्यक वस्तुओं के दामों में गिरावट आ जाएगी । वित्त उपमंत्री अनिल शास्त्री ने राज्य सभा में अटल बिहारी वाजपेयी और राम जेठमलानी के प्रश्न के मौखिक उत्तर में कहा कि कीमतों को बढ़ने से रोकने के लिए सरकार ने ठोस कदम उठाए हैं ।

श्री शास्त्री ने बताया कि सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली का कारगार उपयोग, खाद्य तेलों का पर्याप्त मात्रा में आयात, दालों का आयात जारी रखने और चाय का निर्यात घटाने का फैसला किया है । उन्होंने कहा कि साथ ही जमाखोरी और काला बाजारी के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे ।

दिल्ली की बसों में धूम्रपान पर रोक

नई दिल्ली, 3 मई (प.स.): लोकसभा को आज बताया गया कि दिल्ली परिवहन निगम की बसों में धूम्रपान पर रोक लगा दी गई है । न ही कोई यात्री और न बस चालक और कंडक्टर धूम्रपान कर सकते हैं ।

ALWAYS USE
AE VICON®
EXHAUST FANS, COOLER KITS, FANS, WASHING-MACHINES, GEYSERS, MIXIES, JUICERS
INTRODUCING REMOTE ITEMS PLUG BELL & CONTROL SYSTEMS FOR A.C. etc.

B.A./B. Com. III
Prep/Inter passed in '87 eligible
LLB 3 years Professional
(B.A. 40% eligible) U.P./RAJASTHAN
Prospectus Rs. 10/- Guidance only
SWAMI VIVEKANAND COLLEGE
1708/SECTOR 22-B,CHANDIGARH

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

चिकित्सा

सफेद बाल, झड़ते बाल का इलाज । मिलें/लिखें : ब्रिटिश क्लीनिक 68, भंडारी पुल, अमृतसर ।

हकलाना

सावधान : हमसे इलाज करवा कर गये कुछ लड़कों ने हरियाणा, यू.पी., राजस्थान में नकली स्कूल खोले हुए हैं । वहां सही इलाज नहीं हो रहा, कहीं बाद में आप को पछताना न पड़े । पब्लिक स्पीकिंग इंस्टीच्यूट, टाऊन मनीमाजरा, चंडीगढ़ ।

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 3.5.90, 46/- without trays, NECC Suggested Retail Price 6/35 Per Dozen.

ब्यूटी

एस.डी. गर्ल्ज़ कालेज के पास सुंदर चलता हुआ ब्यूटी पार्लर बिकाऊ है । मिलें : महक हर्बल ब्यूटी पार्लर, ओल्ड जवाहर नगर, जालंधर फोन : 55665.

रोज़गार

कन्या महाविद्यालय, जालंधर

विशेष कोचिंग कक्षाएं

सीनियर सैकेंडरी भाग-I और II (मैडिकल और नान-मैडिकल) कामर्स ग्रुप और गणित तथा अंग्रेजी के लिए, ह्यूमैनटीज ग्रुप में, विशेष कोचिंग कक्षाएं 7 मई, 1990 से आरम्भ होंगी । और विवरणों के लिए कृपया कार्यालय को सम्पर्क करें ।

(डा. मिसेज़ मंजु मेहता)
प्रिंसीपल

1086/3.5.90-D

India Canada

पंजाब में एक ही समुदाय के 7 लोगों, कम्युनिस्ट नेता सहित 14 की हत्या

संगरूर के एस.एस.पी. के 2 भाइयों को आतंकवादियों के चंगुल से छुड़ा लिया गया

एक उग्रवादी ज़हर खाकर, एक अन्य गुट संघर्ष में मरा, एक पाक घुसपैठिया भी मारा गया

पट्टी के डी.एस.पी. के मकान पर 20 उग्रवादियों द्वारा मशीनगनों, ए.के. 47 से हमला : 1 घंटा फायरिंग

चंडीगढ़, 4 मई (प.स., वार्ता): पंजाब में विगत 24 घंटों के दौरान आतंकवादियों ने एक ही समुदाय के 7 लोगों व कम्युनिस्ट नेता समेत 14 लोगों की हत्या कर दी । इस बीच पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संगरूर जिला पुलिस प्रमुख के अपहृत दो भाइयों को आतंकवादियों के चंगुल से छुड़ा लिया । पट्टी के डी.एस.पी. व उनके परिवार के सदस्य आतंकवादी हमले में बाल-बाल बच गए । एक आतंकवादी गुट संघर्ष में मारा गया तथा एक पाक घुसपैठिए को सुरक्षा बलों ने गोली से उड़ा दिया । एक उग्रवादी ने विष खाकर आत्महत्या कर ली ।

7 लोगों की हत्या : बटाला (कोछड़) : पुलिस जिला बटाला के थाना डेरा बाबा नानक के गांव बोटली सूरतमल्ली में गत रात 6 आतंकवादियों के एक गिरोह ने एक अल्पसंख्यक समुदाय के 2 परिवारों के 5 सदस्यों सहित 7 लोगों की हत्या कर दी । मृतकों में धर्मपाल (45) किरयाना विक्रेता, उसके दो बेटे संजीव कुमार (20) और मुनीष (14) के अतिरिक्त रामचंद (60), उसका बेटा धर्मपाल (32) घड़ी मकैनिक तथा एक 80 वर्षीय वृद्ध देसराज और एक मज़दूर सुरेन्द्र पाल (35) शामिल हैं ।

आज प्रातः पत्रकारों ने घटनास्थल का दौरा किया । वहां से प्राप्त विवरण के अनुसार आतंकवादी, जो पुलिस की वर्दियों में थे, सबसे पहले सुरेन्द्र पाल को बाज़ुओं से बांध कर लाए । इसके बाद उन्होंने धर्मपाल व उसके दो बेटों को ज़बरदस्ती घर से बाहर खींचकर उनके बाज़ू बांध दिए । वे राम चंद और उसके बेटे के भी बाज़ू जबरन बांध कर इन सातों लोगों को गांव से 100-150 गज दूर ले गए तथा उन्हें थोड़ी-थोड़ी दूर पर चार जगहों पर खड़े कर गोलियां मारकर मार डाला ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार घटनास्थल से भिंडरावाला टाइगर्स फोर्स के कख्यात आतंकवादी सतनाम सिंह चंगियाड़ा की चिट्ठी मिली है, जिसमें कहा गया है कि यह हत्याएं गत 3 अप्रैल को बटाला में रामनवमी के जलूस में बम विस्फोट होने के बाद भड़की भीड़ द्वारा एक धर्मस्थल को आग लगाने तथा 8 अप्रैल को थाना हरगोबिंदपुर के गांव माड़ी बुच्चियां में के.एल.एफ. के दुर्दांत आतंकवादी जगराज सिंह उर्फ तूफ़ान सिंह तूफ़ान के पुलिस मुकाबले में मारे जाने के विरोध में की गई हैं । गांव वालों के अनुसार उक्त वारदात कल रात 10.30 बजे के लगभग हुई तथा पुलिस व सीमा सुरक्षा बल घटनास्थल पर सुबह 4 बजे पहुंचे ।

घटनास्थल के निकट एकत्र गांव के लोगों ने बताया कि इस क्षेत्र में गत कुछ वर्षों से कभी कोई आतंकवादी घटना नहीं हुई थी जिस कारण लोगों में कोई आतंक नहीं था । यहां के आर्थिक दृष्टि से कमज़ोर लोग अपनी दिनचर्या आराम से बिता रहे थे लेकिन इस सामूहिक हत्याकांड ने सारे क्षेत्र को हिला कर रख दिया है ।

बटाला जिला पुलिस प्रमुख श्री जगदीश कुमार अन्य अधिकारियों के साथ सूचना मिलते ही घटनास्थल पर चले गए और कैत्ता स्क्वैड भी मंगवा कर हत्यारों की खोज की जा रही है । आसपास के 13 गांव सील कर दिए गए हैं । पंजाब के पुलिस प्रमुख श्री के.पी.एस. गिल, पुलिस महानिरीक्षक (सीमा रेंज) श्री एम.एस. भुल्लर तथा अन्य पुलिस अधिकारियों ने आज दोपहर बाद घटनास्थल का दौरा किया । इस बीच मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए गुरदासपुर सिविल अस्पताल भेजे गए । बटाला में किसी तरह का कोई तनाव पैदा न हो, इसलिए उक्त कदम उठाया गया ।

कम्युनिस्ट नेता व उनके अंगरक्षक की हत्या : अमृतसर (अशोक सोनी, प.स.) : अमृतसर जिला के अजनाला के निकट भिट्टेवड गांव में कल शाम आतंकवादियों ने एक कम्युनिस्ट नेता श्री सरबजीत सिंह और उनके अंगरक्षक बलविन्द्र सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी । आतंकवादी जाते समय मृतकों की .315 बोर की एक राइफल तथा .12 बोर की बंदूक भी अपने साथ ले गए ।

रिपोर्ट के अनुसार आतंकवादियों ने सरबजीत सिंह पर उस समय हमला किया, जब वह अनाज मंडी से अपने घर लौट रहे थे । श्री सिंह गांव के सरपंच भी थे ।

श्री सरबजीत सिंह आतंकवादियों की गोली का शिकार होने वाले पार्टी के दूसरे प्रमुख नेता हैं । गत 19 मार्च को पार्टी के एक अन्य वरिष्ठ नेता श्री हरदेव सिंह का आतंकवादियों ने सिर काट लिया था । उनका पत्रकार के वेश में आई एक महिला आतंकवादी ने हर्षा छीना गांव से अपहरण किया था ।

होमगार्ड जवान की हत्या : आतंकवादियों ने कल रात अमृतसर जिले के मानोचाहल गांव में होमगार्ड जवान गुरमेल सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

एक और हत्या : आतंकवादियों ने अमृतसर जिले में भागरियां गांव में नरेन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

आतंकवादी हमले में डी.एस.पी. व उसका परिवार बचा : अमृतसर जिला के पट्टी क्षेत्र के डी.एस.पी. और उनके परिवार के सदस्य उस समय बच गए जब करीब 20 आतंकवादियों के हमले को विफल कर दिया गया । आतंकवादियों ने पुलिस अधिकारी का निवास-स्थान घेर लिया और एक लाइट मशीनगन तथा ए.के. 47 राइफलों से गोलीबारी शुरू कर दी । आतंकवादियों तथा निवास स्थान पर तैनात पुलिस कर्मियों के बीच करीब एक घंटे तक मुकाबला हुआ । अतिरिक्त पुलिस जवानों के वहां पहुंचने पर आतंकवादी भाग निकले ।

गुट संघर्ष में एक आतंकवादी मरा : तरनतारन पुलिस जिला के थंड गांव में कल रात आतंकवादियों ने अपने ही एक साथी सतनाम सिंह को गोली से उड़ा दिया ।

शव बरामद : तरनतारन पुलिस जिला के बासरके गिल गांव से गोलियों से छलनी एक शव मिला है । पुलिस ने बताया है कि मृतक के हाथ पीछे बंधे हुए थे । उसकी अभी तक पहचान नहीं हो सकी है ।

विस्फोटक बरामद : तरनतारन पुलिस जिला के नवां पिंड गांव में एक फार्म हाऊस से सी.आर.पी. ने कल रात 7 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक तथा डैटोनेटर बरामद किए ।

बस जला दी : पुलिस जिला मजीठा के गांव भाटीके में आज सायं उग्रवादियों ने पंजाब रोडवेज की एक बस को आग लगा दी । विवरणों की प्रतीक्षा की जा रही है ।

अंधाधुंध फायरिंग : दो उग्रवादियों ने आज रात्रि माल रोड, अमृतसर पर स्थित इंडियन एयर लाइन्स के कार्यालय के निकट अंधाधुंध फायरिंग की । सुरक्षा बलों द्वारा तत्काल पीछा किए जाने पर वे अपना मोटर साइकिल छोड़ कर भाग निकले ।

एस.एस.पी. के दो अपहृत भाइयों को आतंकवादियों के चंगुल से छुड़ाया : पटियाला से 'भूषण' व बरनाला से 'सिंधवानी' के अनुसार कल रात 8 और 9 बजे के बीच बरनाला से 15 किलोमीटर दूर गांव खेड़ी चहलां में एक ट्रक में सवार होकर कुछ उग्रवादी आए । इनमें से 4 ने खाकी वर्दी पहन रखी थी, जबकि शेष ने सादे कपड़े

(शेष पृष्ठ 8 पर)



कश्मीर में 11 उग्रवादी सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारे गए : अन्यत्र 2 की हत्या : हिजबुल मुजाहिदीन के 5 एरिया कमांडरों सहित 123 गिरफ्तार

जम्मू, 4 मई (वार्ता, प.स.): कश्मीर घाटी के विभिन्न भागों में एक सी.आर.पी.एफ. जवान सहित आज 13 लोग मारे गए जबकि सुरक्षा बलों ने भारी सुरक्षा कर्मी समेत दो व्यक्ति मारे गए जबकि कश्मीर घाटी में उग्रवादियों के धरपकड़ के लिए सुरक्षा बलों द्वारा चलाए जा रहे अभियान में कुल से के स्वयंभू एरिया कमांडर हैं । प्रवक्ता के अनुसार 24 गिरफ्तारियां आज की गईं । आज अधिकांश दुकानें तथा व्यापारिक प्रतिष्ठान सामान्य रूप से खुले रहे तथा सड़कों पर हल्का





(1) पुलिस जिला बट... के घर में विलाप करत... दिए, (2) घटनास्थल... (3) रोम चंद व धर्मप... (4) 80 वर्षीय मृतक...

वरिष्ठ... की ...

नई दिल्ली, 4 मई (वा... ने व्यवस्था दी है कि किस... नौकरी पक्की किए जाने की... नियुक्ति की तिथि को ही उ... माना जाना चाहिए ।

मुख्य न्यायाधीश ... अध्यक्षता में पांच न्यायाधी... मई को दिए गए इस ... कर्मचारी को नियमानुसार... बजाय तदर्थ नियुक्ति दि... वरिष्ठता निर्धारण के लिए... आधार नहीं बनाया जा सक...

पीठ के अन्य न्यायाधी...

Punjabi Sanatani

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

पहने हुए थे । वे उक्त गांव से संगरूर के एस.एस.पी. के दो भाइयों प्यारा सिंह और पूर्णसिंह को ए.के. 47 की नोक पर ट्रक में डालकर ले गए । ट्रक का नम्बर पी.बी.एक्स. 8531 था । उन्होंने लोगों से कहा कि वे केन्द्रीय आरक्षी बल के आदमी हैं और इन दोनों को जांच के लिए ले जा रहे हैं । इसके बाद वह बरनाला की ओर चल पड़े । सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत हरकत में आई और लगभग एक बजे रात पुलिस ने उक्त ट्रक को मंडी गोबिंदगढ़ के क्षेत्र में घेर लिया । ट्रक में सवार आतंकवादियों ने पुलिस पर गोली चलाई लेकिन पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर आतंकवादी ट्रक छोड़कर भाग गए । ट्रक में एस.एस.पी. के दोनों अपहृत भाई व ट्रक ड्राइवर जोगिन्द्र सिंह बंधे पड़े मिले । उल्लेखनीय है कि आतंकवादी एस.एस.पी. के भाइयों का अपहरण करने से पहले घनौरी कलां गांव से उक्त ट्रक तथा उसके ड्राइवर जोगिन्द्र सिंह को ज़बरदस्ती गांव खेड़ी चहलां ले गए थे ।

दुकानदार की हत्या : कपूरथला (वार्ता): जिला के मारबो गांव में कल रात आतंकवादियों ने एक दुकानदार चरण सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

मृतक संख्या 3 : लुधियाना (प.स.) : कल रात शहर के औद्योगिक क्षेत्र में आतंकवादियों द्वारा की गई फायरिंग की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 3 हो गई है । फायरिंग से 9 अन्य लोग घायल हुए थे । घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से 6 की हालत गंभीर बताई जाती है । उक्त वारदात में मरने वालों के नाम रछपाल सिंह (मोगा निवासी), राज कुमार व प्रदीप कुमार (दोनों लुधियाना निवासी) बताए जाते हैं ।

अपहृत अध्यापक को छुड़ाया गया : फिरोज़पुर (धीमान) : कल शाम यहां से आतंकवादियों द्वारा अपहृत किए गए एक स्कूल अध्यापक योगराज को पुलिस ने छुड़ा लिया ।

घुसपैठिया मरा : फिरोज़पुर जिला में सुरक्षा बलों ने सीमा पार करके भारतीय क्षेत्र में घुसने वाले एक व्यक्ति को गोली से उड़ा दिया ।

एक व्यक्ति का अपहरण : आतंकवादियों ने कल फिरोज़पुर जिला के बस्ती असोवा सिंहवाली क्षेत्र से पूरन सिंह उर्फ़ पप्पू नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया ।

एक आतंकवादी ज़हर खाकर मरा : जलालाबाद (मलिक): आज तड़के यहां से 15 किलो मीटर दूर भारत-पाकिस्तान सीमा पर टाहलीवाला चौकी के निकट एक उग्रवादी ने सायनाइड का कैप्सूल खाकर आत्महत्या कर ली । सीमा सुरक्षा बल की 77वीं बटालियन के जवानों ने पाकिस्तान से आ रहे एक उग्रवादी को ललकारा तो वह भाग कर ट्यूबवैल के कमरे में छिप गया । जब जवानों ने घेरा डाल कर उसे बाहर आने को कहा तो वह न निकला । जब अंदर जाकर देखा तो वह दम तोड़ चुका था । उसके कब्जे से पंजाबी में लिखी एक चिट्ठी मिली है जिस पर कुछ लोगों के पते दर्ज हैं । उसके कब्जे से कुछ अंग्रेजी दवाइयां भी मिली हैं ।

लुधियाना से 'धीमान' व 'महिन्द्रा' के अनुसार यहां औद्योगिक क्षेत्र में कल अंधाधुंध फायरिंग करके भागने वाले आतंकवादियों को पकड़ने के लिए अब्दुल्लापुर बस्ती को पूरी तरह से सील करके घर-घर की तलाशी ली जा रही है । लगभग 400 पुलिस अधिकारी व कर्मचारी इस काम में लगे हुए हैं । पुलिस को संदेह है कि आतंकवादी वारदात के बाद उक्त बस्ती में छिपे हुए हैं । उक्त आशय की जानकारी जिला पुलिस प्रमुख श्री परमजीत सिंह संधू ने दी है ।

इस बीच पता चला है कि उक्त गोली कांड में जो लोग घायल हुए हैं, उनमें सात मजदूर भी शामिल हैं । इनके नाम त्रिवेणी प्रसाद, हरचन्द, चन्द्र भान (सभी उत्तर प्रदेश निवासी), सीता राम, राम शंकर, राम प्रसाद (सभी बिहार निवासी) तथा त्रिलोक प्रसाद (लुधियाना निवासी) बताए जाते हैं । मृतक राज कुमार व प्रदीप कुमार उद्योगपति थे ।

फैडरेशन आफ पंजाब इंडस्ट्रीज़ संघ के महामंत्री श्री कृष्ण गुप्ता ने इस गोली कांड की जोरदार निंदा करते हुए सरकार से मांग की है कि वह उद्योगपतियों व श्रमिकों की सुरक्षा का कड़ा प्रबन्ध करे । इस दौरान मृतक उद्योगपतियों के साथ





अमृतसर-अजनाला-मार्ग पर गांव भिट्टेवड में आतंकवादियों द्वारा मारे गये का. सर्वजीत सिंह और (नीचे) उनका एक साथी । (छाया : रवि भंडारी)

सहानुभूति प्रकट करने के लिए स्थानीय व्यापारियों ने काले बिल्ले लगाए । श्री गुप्ता ने कहा कि उनकी शहीदी से उद्योग को बहुत भारी हानि पहुंची है । उन्होंने इन दोनों परिवारों के साथ गहरी सम्वेदना प्रकट की ।

फर्नांडीज़-वाजपेयी वार्ता का विवरण राज्यसभा में मांगा गया

नई दिल्ली, 4 मई (वार्ता): कश्मीर मामलों के प्रभारी मंत्री जार्ज फर्नांडीज़ तथा भारतीय जनता पार्टी के नेता अटल बिहारी वाजपेयी के बीच हुई बातचीत का विवरण आज राज्यसभा में मांगा गया । कांग्रेस (इ) के श्री गुलाम नबी आज़ाद ने कहा कि अखबारों में छपी खबरों के मुताबिक श्री फर्नांडीज़ ने श्री वाजपेयी से बात की । यह बातचीत कश्मीर विश्वविद्यालय के कुलपति मुशीर उल हक और दो अन्य लोगों के अपहरण के बाद हुई थी । उन्होंने कहा कि इसके बारे में सरकार को सदन में वक्तव्य देना चाहिए ।

गैस रिसाव से 23 बीमार

जमशेदपुर, 4 मई (प.स.): टिस्को वर्क्स फैक्टरी के अन्दर कल कार्बन मोनोआक्साइड गैस के रिसने से कम से कम 23 कर्मचारी प्रभावित हो गए और उन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

फुटबाल मैच रद्द होने पर दंगा : 44 घायल

मास्को, 4 मई (ए.पी.): उज़्बेकिस्तान में फुटबाल प्रेमियों ने एक मैच रद्द कर दिए जाने से क्रोधित होकर बड़े पैमाने पर दंगा और तोड़फोड़ की, जिसमें कम से कम 44 लोग घायल हो गए ।

EveresT

Newly setup concern (NEW MANAGEMENT) coming into production 15th May 90 of BREAD, CAKE, BUNS, RUSKS AND

कश्मीर में उग्रवादी मारे

(पृष्ठ 3 का शेष)

का आरोप लगाया जाता रहा है ।

6 हत्याओं की खबर गलत

एक पुलिस प्रवक्ता ने श्रीनगर में इस र बताया कि उग्रवादियों ने कल कश्मी व्यक्तियों की हत्या कर दी । प्रवक्त केवल 3 व्यक्ति ही मारे गए थे ।

मानवाधिकार संगठन के उ संबंध ? : कश्मीरी पलायनकर्त्ता पी.यू.सी.एल. तथा मानवाधिकार संग संस्थाओं की रिपोर्ट को गलत बताते उनके पास इस बात के पक्के सब स्वयंभू कुछ संस्थाओं के जम आतंकवादियों के साथ संबंध हैं ।

कश्मीरी पंडित संगठन के अध्य वैष्णवी तथा कश्मीर पलायनकर्त्ता सं श्री हीरा लाल ने एक संयुक्त बया कश्मीरी पंडितों तथा धर्म निरपेक्ष हाल ही की हत्याओं से उक्त रिपोर्ट निराधार प्रमाणित हो जाता है कि अल्पसंख्यकों को कोई खतरा नहीं ।

पी.यू.सी.एल. तथा अन्य ऐस कार्यप्रणाली की सी.बी.आई. से जा मांग करते हुए दोनों कश्मीरी नेता हमारे पास इन संगठनों के आतंकवादि होने के पूरे प्रमाण हैं ।

मुफ्ती के साथ स्थिति बारे दिल्ली (प.स.): कश्मीर समस्या पर गठित सर्वदलीय सलाहकार समिति आज केंद्रीय गृहमंत्री मुफ्ती मुहम्मद करके वहां की स्थिति पर चर्चा की । के अनुसार गृहमंत्री ने समिति के सदस्य की ताज़ा स्थिति की जानकारी दी और द्वारा वहां कानून और व्यवस्था कायम उठाए जा रहे कदमों की भी जानकारी

श्री सईद ने बताया कि कश्मीर स्थिति पहले से बेहतर है । अर्द्ध उग्रवादियों पर पूरा दबाव बना रखा

सम्पत सिंह

(पृष्ठ 3 का शेष)

सिंह ने कहा कि यह विवाद ऐसे नहीं सकते । उनका मत था कि एक बार बहाल हो जाए और लोकतंत्रीय प्रक्रिय तो लोगों की प्रतिनिधि सरकार के सा विवाद स्थाई रूप में हल हो जाएंगे पंजाब आदि के प्रश्न राष्ट्रीय महत्व के कारण उक्त विवाद गौण हो गए हैं सरकार व जनता की प्रबल इच्छा है शीघ्र शांति बहाल हो और प्रति निर्वाचित होने की स्थिति पैदा हो । इ दलों को मिल कर प्रयास करना चाहि

हरियाणा में पंजाबी को दूसरी भ दिए जाने बारे प्रश्न के उत्तर में श्री कहा कि इस समय वहां किसी भी छात्र उसे हिन्दी के अतिरिक्त पंजाबी, उर्दू माध्यम से शिक्षा पाने की सुविधा उप

श्री किरपा राम पूनिया तथा मंत्रियों व विधायकों द्वारा कुछ मास जाने के बाद अब उनके जनता दल में सम्भावना बारे पूछे जाने पर श्री सम्प कि दो विधायक तो पहले ही वापस त्यागपत्र देने वाले अन्य व्यक्ति भी यदि का अहसास कर लें तो उन्हें भी वापस किया जा सकता है । उन्होंने विशे पूनिया बारे कहा कि उनका निजी म किसी भी हालत में पार्टी में वापस नहं चाहिए ।

पंजाब जब नेता सम्पत सिंह स्थानीय सर्कट हाऊस में पंजाब जनत प्रमुख नेताओं ने संयुक्त रूप से श्री मुलाकात की । आधे घंटे से भी अधि चलने वाली इस बैठक में श्री देसराज प्रकाश खेमकर्णी तथा नंद किशोर खन्ना

-जुलाई 1990 व कप फुटबाल व्यवस्था की है ।

उपेन्द्र ने यह लिखित उत्तर में प्रसारण के लिए ।

उन्होंने बताया कि ण खेल के महत्व, में रखते हुए किया

दर्शक देखेंगे

होने वाले विश्व कप विजन प्रसारण को धक दर्शक देखेंगे ।

विजयी

की टीम ने विश्व कप कल तीसरे दिन स्पेन

हालैंड की टीम स्पेन को की क्योंकि प्रथम मैच में 7-0 से हराया था । की खिलाड़ियों ने हालैंड बेहतर खेल का प्रदर्शन

ना

त किया जाता है कि श्री र सिंह व कुलदीप कौर सी मोहल्ला जटपुरा, ा ने अपनी मलकीयती 19 मरला, वाक्या ल कपूरथला, खसरा नं. पहाड़ चड़दा, 14/2, 0/2, 11 कित्त/6 का या हुआ है । अब उनसे सज्जन सौदा बै-रहन या । जो लेगा, वह अपने म्मेदार होगा ।

बीर सिंह पुत्र जय सिंह कौर पुत्री सुरजन सिंह म कुमार पुत्र पिंडी दास रानी पत्नी तिलक राज जीत सिंह पुत्र अंत राम

दैनिक पंजाब

...फुटबाल महासंघ की मासिक पत्रिका "फीफा न्यूज" में यह जानकारी दी गई है । ऐसा माना जाता है कि 1986 में मैक्सिको में हुए पिछले विश्व कप मैचों को 13.5 अरब दर्शकों ने टैलीविजन पर देखा था । इस बार इनकी संख्या बढ़ कर दोगुनी हो जाएगी ।

इसमें कहा गया कि अकेले एशिया में दर्शकों की संख्या में 1986 की तुलना में पांच गुना वृद्धि होने की आशा है नीन है जहां साथ-साथ टे है ।

अफ्रीकी उम्मीद है प जुड़े अफ्रीकी गई है ।

P O L

सिर्फ सर्वश्रेष्ठ ख

पोलर ह

यदि आप डीलर के पास जाकर सर्वश्रेष्ठ कूल पंखे व पम्प की मांग नहीं करेंगे तो आप पाऐं एक कूलर जिसमें घटिया किस्म का कूलर पंखा और पम्प लगा होगा।

सिर्फ पोलर ही सर्वश्रेष्ठ है क्योंकि इसकी मोटर पर बेक्टाल-2 की चढ़ी परतें इसे नमी व जलने से सुरक्षित रखती हैं और डाईनामिकली बेलेन्स ब्लेड अधिक हवा देते हैं।

इसलिए कूलर कोई भी खरीदें, परन्तु यह ख्याल रखें कि कूलर में सिर्फ पोलर कूलर पंखा व पम्प ही लगे हों।

कूल

मै. लवली स्टील प्राडक्ट्स, न्यू अनाज म टी.के. इलैक्ट्रानिक्स, माडल टाऊन, रेलवे रोड, करनाल, फोन : 2811; सोनीपत, फोन : 3041.

कर्मचारी चयन

संक्षिप्त विज्ञप्ति

निरीक्षक पुलिस (दिल्ली पुलिस, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो परीक्षा, 1990

-पी. एंड पी.। कर्मचारी चयन आयोग दिनांक 2 सितम्बर, 1990, रविवार ई. पुलिस में उप निरीक्षक और (ग) केन्द्रीय पुलिस संगठनों यथा सीमा सुरक्ष न्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में उप निरीक्षक/प्लाटून कमाण्डर के पदों की भर्ती

णी (क) और (ख) : 1640-2900 रुपये, श्रेणी (ग) : 1400-2300 रुपये। री जाने वाली रिक्तियों की अनुमानित संख्या नीचे दी गयी है :-

	अनारक्षित	अनुसूचित जाति	जनजाति
(कार्यकारी)	33	8	
में उपनिरीक्षक)	44	11	
रक्षा बल	बाद में निर्धारित की जाएगी।		
तिब्बत सीमा पुलिस	30	7	
रिजर्व पुलिस बल	बाद में निर्धारित की जाएगी		
औद्योगिक सुरक्षा बल	132	20	

स में उप निरीक्षक (कार्यकारी) तथा सीमा सुरक्षा बल, केन्द्रीय औद्योगिक सु

आज ही स्थानीय पुस्तक विक्रेता से खरीदें

पंजाब में 6 उग्रवादी मरे : जालन्धर टी.वी. टावर को उड़ाने का प्रयास

दुर्दांत उग्रवादी पिपल सिंह फरार : बटाला में एस.पी. निवास व थाने पर हमला, होमगार्ड सहित 9 की हत्या : बैंक से 3.85 लाख रुपए लूटे : 2 आढ़तियों का अपहरण

चंडीगढ़, 5 मई (प.स., वार्ता): आतंकवादियों ने आज जालंधर में टी.वी. टावर पर राकेटों से हमला कर इसे उड़ाने का असफल प्रयास किया । पंजाब में गत रात से विभिन्न घटनाओं में छः आतंकवादी मारे गए जबकि एक महिला व बी.एस.एफ. के एक जवान, एक होमगार्ड सहित 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । आतंकवादियों ने बटाला पुलिस जिले के एस.पी. (मुख्यालय) के निवास तथा एक थाने पर हमला किया । अन्य घटनाओं में आतंकवादियों ने एक बैंक से 3.85 लाख रुपए लूट लिए तथा दो आढ़तियों का अपहरण कर लिया । दुर्दांत उग्रवादी एवं खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल पिपल सिंह के पुलिस हिरासत से भागने की सूचना मिली है ।

महिला सहित 3 की हत्या : गुरदासपुर (विनोद): गत रात्रि धारीवाल के गांव घग्गोवाल में कुछ अज्ञात आतंकवादी सरपंच से पूछ कर एक व्यक्ति सतनाम सिंह के घर पहुंचे और उसकी हत्या करके उसका 32 बोर का रिवाल्वर ले गये । इसके बाद वे चनन सिंह के घर गये और उसकी हत्या करके उसकी 12 बोर की राइफल ले गए ।

इसी प्रकार ढोले चक में दो आतंकवादी एक महिला कमलजीत कौर के घर गए और उसे पिस्तौल की नोक पर 4-5 व्यक्तियों का खाना बनाने को कहा । जब वह खाना बनाने के लिए रसोई में चली गई तो आतंकवादियों ने उसके पति बचन सिंह और उसकी दो बेटियों को पकड़ कर एक कमरे में बंद कर दिया । फिर कमलजीत कौर को घर से बाहर ले जाकर गोलियों से मार डाला । जाती बार वे अपना स्कूटर वहीं छोड़ गये जो उन्होंने गत रात्रि एक वकील सतपाल से छीना था ।

पैसा न देने पर हत्या : एक अन्य घटना में आतंकवादियों ने गुरदासपुर जिले के बोगोवाल गांव में एक व्यक्ति अजीत सिंह के घर में घुस कर उससे 50,000 रुपयों की मांग की । इन्कार किये जाने पर आतंकवादियों ने गोलियां मार कर उसे वहीं मार डाला ।

विस्फोट से बी.एस.एफ. जवान की मृत्यु, 4 घायल : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के कस्बा कादियां स्थित तैनात 32 बटालियन बी.एस.एफ. मुख्यालय की सुरक्षा चौकी के निकट गत रात लगभग 1.30 बजे शक्तिशाली बम विस्फोट होने से बी.एस.एफ. के एक जवान मोहिन्द्र सिंह की मृत्यु हो गई जबकि मोहन सिंह, ओम प्रकाश (हवालदार) व एन.के. चौस उपेंद्र राम (जवान) घायल हो गये । इनमें से मोहन सिंह, ओम प्रकाश को सिविल अस्पताल बटाला में भर्ती किया गया है जबकि अन्य दो को प्राथमिक चिकित्सा के पश्चात छुट्टी दे दी गई है ।

सिविल अस्पताल में बी.एस.एफ. सूत्रों से प्राप्त विवरण के अनुसार मृतक बी.एस.एफ. जवान मोहिन्द्र सिंह संतरी की ड्यूटी पर तैनात था, जब विस्फोट हुआ । इसने सिविल अस्पताल बटाला आकर दम तोड़ा । विस्फोट एच.ई.-36 हथगोला फटने के कारण हुआ बताया जाता है । लेकिन यह विस्फोट कैसे हुआ । अभी तक सरकारी रूप से इस घटना के बारे कुछ स्पष्ट नहीं किया गया ।

रिवाल्वर छीन लिया : 'बटाला से गलाटी' के अनुसार आतंकवादियों ने मान नगर में एक व्यक्ति प्रधान सिंह के घर में घुस कर उसका लाइसैंस वाला 38 बोर का रिवाल्वर छीन लिया ।

एस.पी. निवास पर फायरिंग : पुलिस जिला बटाला में स्थानीय अर्बन एस्टेट स्थित एस.पी. (मुख्यालय) निवास पर गत रात 2 आतंकवादियों ने फायरिंग की । निवास पर तैनात पुलिस कर्मचारियों ने भी जवाबी फायरिंग करके आतंकवादियों का मुकाबला किया, जो लगभग एक घंटा तक चलता रहा । अधिकृत सूत्रों के अनुसार इस जिला में तैनात एस.पी. (मुख्यालय) श्री अजीत सिंह का गत मास यहां से स्थानांतरण हो जाने के कारण, यह निवास आजकल खाली पड़ा है क्योंकि इनके स्थान पर एस.पी. (मु.) कोई आया नहीं । केवल वहां पंजाब पुलिस के हवालदार सहित 12 कर्मचारी तैनात हैं । घटना स्थल से 40 कारतूस ए.के. 47 राइफल के मिले हैं । कुछ गोलियां लगने के कारण निवास स्थान को मामूली क्षति पहुंची है । किसी अन्य क्षति की सूचना नहीं है । घटनास्थल से प्राप्त विवरण के अनुसार आतंकवादियों के ग्रुप ने एस.पी. (मुख्यालय) निवास के पीछे लगते हंसली नाला व उसके किनारे लगे वृक्षों की ओट से सुरक्षित स्थानों में बैठ कर अंधाधुंध फायरिंग की, लेकिन वहां तैनात पुलिस गार्ड के साहस के कारण आतंकवादी भाग गए ।

इस फायरिंग से आतंकित होकर शहर के अनेकों घरों के लोग छतों पर चढ़ कर गोलियों की आवाजें सुनते रहे । पंजाब भाजपा कार्यकारिणी के सदस्य श्री बलदेव मित्तर कांसरा, स्थानीय इंका प्रधान श्री चमन लाल भागी, जद के प्रधान त्रिलोचन कुमार चंदा सहित माकपा व भाकपा नेताओं ने इस फायरिंग की निंदा करते हुए कहा कि यह केंद्रीय सरकार की आतंकवाद के प्रति नर्म नीति का परिणाम है कि आतंकवादी अब खुलेआम शहर के बाहरी क्षेत्रों में कारवाइयां करने लगे हैं ।

कलानौर थाना पर फायरिंग : इसी जिला में कस्बा कलानौर में गत रात लगभग 10 बजे आतंकवादियों ने पहले लाऊड स्पीकर पर बी.एस.एफ. व पुलिस को चुनौती दी, फिर छिप कर कलानौर स्थित पुलिस थाना पर फायरिंग कर दी । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार पुलिस थाना से पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग के कारण आतंकवादी भाग गए, किसी प्रकार की क्षति की सूचना नहीं । थाना के निकट से पुलिस को ए.के. 47 राइफल के चले हुए लगभग 20 कारतूस मिले हैं ।

टी.वी. टावर पर राकेटों से हमला : जालंधर (ढल्ल): गत रात 2 बजे के लगभग कुछ अज्ञात उग्रवादियों ने नकोदर रोड स्थित गांव खुरला किंगरा के निकट टी.वी. टावर को राकेटों से उड़ाने की असफल कोशिश की । एस.एस.पी. जालंधर श्री सुरेश अरोड़ा के अनुसार उग्रवादियों ने तीन राकेट टावर पर फैंके जिनमें से दो तो निशाने से चूक गये जबकि तीसरा राकेट टावर की दूसरी मंज़िल से टकराया अवश्य, मगर कुछ शीशे मात्र ही टूटे ।

श्री अरोड़ा ने बताया कि टावर के क्षतग्रस्त होने से बच जाने का कारण यह लगता है कि एक तो वहां सुरक्षा का उचित प्रबंध है और दूसरे वहां फ्लड लाईटें लगी हैं, जिनके कारण उग्रवादियों को इतने अंतर से राकेट चलाने पड़े कि उनका प्रभाव कम हो गया ।

श्री अरोड़ा ने कहा कि राकेट फैंके जाते ही वहां तैनात सी.आर.पी. की टुकड़ी ने मोर्चे सम्भाल लिये और उस दिशा में फायरिंग शुरू कर दी जिस दिशा से राकेट फैंके गये थे, किन्तु उग्रवादी फरार होने में सफल हो गये । सूचना मिलते ही वह स्वयं तथा अन्य पुलिस अधिकारी फोर्स के साथ वहां पहुंच गये तथा फोर्स ने आस-पास के क्षेत्र को घेर लिया और दोषियों की तलाश शुरू कर दी । कुछ घरों व खेतों में बने फार्म हाऊसों की तलाशी भी ली गई ।

उन्होंने इस संबंध में प्रश्नों के उत्तर में कहा कि पाकिस्तान से नये प्रशिक्षित उग्रवादी तो आये ही हैं किन्तु इससे भी महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि भारी मात्रा

(शेष पृष्ठ 10 पर)

पंजाब समस्या बारे उप-समिति बनाने से काम नहीं चलेगा : सुखजिंदर सिंह

पंजाब में योजनागत एवं गैर-योजनागत क्षेत्रों में नए पद स्थापित करने पर पूर्ण प्रतिबंध

Punjabi Shraton



आतंकवादियों ने शनिवार प्रातः जालंधर के खुरला किंगरा स्थित टी.वी. टावर को उड़ाने के लिए तीन राकेट फैंके, जिनमें से दो राकेट टावर को लगे जबकि तीसरा राकेट टावर के भवन से आ टकराया जिससे भवन के शीशे टूट गये । चित्र में (ऊपर) वह राकेट, जो टावर भवन से आ टकराया तथा (नीचे) टावर तथा इसके भवन में दायरा लगे वह निशान, जहां कि तीनों राकेट आ टकराए । इनसैट में टी.वी. टावर का एक दृश्य ।

(छाया : प्यारे लाल, जैमिनी)

Punjabi Sanatani

आतंकवादी ग्रुपों में जातियों के टकराव भी शुरू : सुरक्षा बलों पर हमलों की योजनाएं बन रही हैं

अमृतसर, 5 मई (सरग): प्राप्त सूचनाओं के अनुसार आतंकवादियों का आपसी टकराव, जो छीनी गई बड़ी-बड़ी रकमों के वितरण को लेकर जारी है, अब जातियों और वर्गों तक भी चला गया है । इसके साथ ही आतंकवादियों ने अपनी गतिविधियों का विस्तार उन क्षेत्रों में कर लिया है जहां पहले वे मार देने वालों को और भी कठिनाइयों व परेशानियों का सामना करना पड़ता है । यदि खालिस्तान कमांडो फोर्स को रकम दे दी है तो भिंडरांवाला टाइगर फोर्स की धमकी मिल जाती है कि हमें भी दो । यदि उनसे दामन छुड़ा लिया तो खालिस्तान लिबरेशन फोर्स आ धमकती है । इस प्रकार लोगों का जीवन दभर हो भेजते हैं जबकि उनकी सारी फोर्स पीछे होती है । इस प्रकार सुराग लगा कर धोखे से वारदात करके निकल जाते हैं या लोगों को फांसते हैं ।

आतंकवादी हथियारों को इधर-उधर ले जाने के लिए छीने हुए ट्रैक्टर-ट्रालियों को इस्तेमाल करते हैं । आम किसान बन कर बी.एस.एफ. को चकमा

AND FOR SALE
acre land suitable for Plots
Pir Chaudhary in Kapurthala.
tact :
esh Sharma, Punjab
tional Bank, Kapurthala.
Phone :2769

INESS OPPORTUNITY
ou want colour Television
Your own Brand name?
e contact Post Box
9213 Delhi - 110092.
e : 2242760

का सपना—घर हो अपना'
5,000/- में 10 मरला प्लाट,
मिल्क प्लांट बाईपास, 11 मरला का
नगर, दिलबाग नगर के पास 10 मरला,
रला, राज नगर में प्लाट बिकाऊ हैं,
Rajpal & Co;
Ramraj Tower,
K. Rajpal & Co;
a Colony St. No. I,
tia Property Dealer,
Harbans Nagar, Jalandhar.

USE OUR FAX
AS
YOUR FAX
K NO. 91-161-24934.
or details Contact :
PULAR PHOTOSTAT,
Road, Miller Ganj,
hiana. Ph.: 24933
Ajanta

मशुदा की तलाश



त तजेन्द्र पाल
) उम्र 17
-4", रंग
र से नाराज़गी
ला गया है ।
ई तो बिना डर
जाए, मम्मी
र हैं । पहुंचाने वाले को सफर खर्च के
500/- रुपए शुक्राना दिया जाएगा ।

पाल सिंह डेयरी वाले,

पंजाब में 6 उग्रवादी मरे

(पृष्ठ 1 का शेष)

में हथियार भी पाकिस्तान न उपलब्ध कराए हैं ।

सीमा क्षेत्र में कर्फ्यू : अमृतसर (प.स.): अमृतसर के जिला मैजिस्ट्रेट ने अमृतसर जिले में भारत-पाक सीमा से लगी 500 मीटर की पट्टी के इलाकों में रात के कर्फ्यू की अवधि दो महीने के लिए बढ़ा दी है ।

यहां आज जारी आदेश के अनुसार 6 बजे शाम से 6 बजे सुबह तक इस पट्टी में सभी तरह की गतिविधियां बंद रहेंगी ताकि सीमा पर से घुसैपठ पर रोक लगाई जा सके । जिलाधीश ने जलूस, सभा, प्रदर्शन तथा एक जगह 5 से अधिक व्यक्तियों के इकट्ठा होने पर लगी रोक की अवधि भी दो माह के लिए बढ़ा दी है ।

3 आतंकवादियों को उन्हीं के साथियों ने मार डाला : तरनतारन पुलिस जिले के राथौल गांव में आज तीन आतंकवादियों की उन्हीं के साथियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

तरनतारन पुलिस जिले के प्रमुख नरिन्दर पाल सिंह ने बताया कि जब गांव वाले बलजीत सिंह, चरण सिंह और लखबीर सिंह को पुलिस स्टेशन ले जा रहे थे, तभी आतंकवादियों ने उन पर गोलियां चलाईं । इन तीनों को गांव वालों ने लूट की वारदात करते समय रंगे हाथों पकड़ा था ।

वार्ता के अनुसार राथौल गांव में आतंकवादियों ने आपसी शत्रुता में अपने तीन साथियों की गोली मार हत्या की ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : तरनतारन पुलिस जिले में एक अन्य मुठभेड़ में 3 आतंकवादी अजीत सिंह, स्वर्ण सिंह और देबाग सिंह गिरफ्तार किये गये हैं । उनके पास से 2 बंदूकें, एक पिस्तौल और कुछ कारतस बरामद हुए हैं ।

पिपल सिंह फरार : गत सप्ताह तरनतारन पुलिस की हिरासत से खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का एरिया लैफ्टिनैंट जनरल दुर्दांत उग्रवादी पिपल सिंह फरार हो गया । पुलिस जिला तरनतारन के मुखिया नरेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि उसके भागने के मामले की विभागीय जांच एस.पी. (मुख्यालय) सीता राम कर रहे हैं । पिपल सिंह, जिस पर 50000 रुपए का इनाम था, को पुलिस ने गत दिवस इसी जिले के गांव लापरा से पकड़ा था और वह 100 से अधिक हत्याओं में संलिप्त था ।

एक हत्या : आतंकवादियों ने आज मजीठा पुलिस जिले के गांव कोटला गजियां के रछपाल सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

उग्रवादी जूते छोड़ कर भाग निकले : अमृतसर (वर्मा): गत दिवस तरनतारन रोड पर बड़ी सनसनीखेज घटना घटी, जब 3 उग्रवादी इलाके के लोगों के मुकाबले पर उतर आने से जूते छोड़ कर भाग निकले । बताया जाता है कि तरनतारन रोड पर एक राईस मिल्स के अंदर स्थित कुछ कारखानेदारों से उग्रवादियों ने धमकी-भरे पत्र लिख भारी रकमें मांगी थीं और शुक्रवार को रकम ले जाने का वायदा किया था । बताया जाता है कि जब ये कारखानेदार इस समस्या पर विचार करने के लिए आपसी मीटिंग कर रहे थे तो तीन उग्रवादी रकमें लेने के लिए वहां आ धमके, जिस पर शोर मच गया ।



भारत-पाक सीमा के निकट जलालाबाद सैक्टर की टाहलीवाला चौकी पर सायनाइड का कैप्सूल खा कर आत्महत्या करने वाले आतंकवादी का शव ।
(छाया : मलिक)



पुलिस जिला बटाला में कंडियां स्थित बी.एस.एफ. मुख्यालय के निकट बम विस्फोट में (1) मारे गए जवान महेन्द्र सिंह का शव और (2) घायल हवलदार मोहन सिंह तथा (3) ओम प्रकाश । दोनों घायल बटाला अस्पताल में उपचाराधीन हैं ।
(छाया : कोछड़)

एक की हत्या : एक शव मिला : आतंकवादियों ने फरीदकोट जिले के तसनबाद गांव में एक व्यक्ति की हत्या कर दी जिसकी शिनाख्त अजिया मुहम्मद के रूप में गई है । करीबी फिरोज़पुर जिले में जीरा थानांतर्गत गांव मुंडी जमाल के निकट गोलियों से छलनी एक लाश बरामद हुई है जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

3.85 लाख लूटे : बाघापुराना (ज्ञान): चार सशस्त्र आतंकवादियों ने आज फरीदकोट जिले में बधनी थाना के अंतर्गत एक गांव में स्थित ओरियंटल बैंक आफ कामर्स की शाखा से 3 लाख 85 हजार रुपये लूट लिये । विवरण के अनुसार आतंकवादी बैंक में सुबह 11 बजे के करीब दाखिल

Punjab Sanatani

गुमशुदा की तलाश



मेरा पुत्र तजेन्द्र पाल (भोलू) उम्र 17 5'-4", रंग ना, घर से नाराज़गी रण चला गया है । खुद पढ़े तो बिना डर आ जाए, मम्मी बीमार हैं । पहुंचाने वाले को सफर खर्च के वा 2500/- रुपए शुक्राना दिया जाएगा ।

: –

दियाल सिंह डेयरी वाले,
N.N.-240, गोपाल नगर,
जालंधर शहर-77470,
धियाना फोन : 23787, 25824

गुमशुदा



मेरा लड़का, जीत उर्फ़ जीता 90 दिन बुधवार लक्ष्मी सिनेमा से बाबा बालक मंदिर न्यू पुरी गया, अभी घर वापिस नहीं , जो पैंट- व हवाई चप्पल पहने हुए है । पता देने या पहुंचाने वाले को 500 रु. बतौर ना दिया जाएगा । यदि वह खुद पढ़े तो घर आ जाए, घर वाले परेशान हैं ।

र चंद, सुपुत्र देवी दियाल, B II 388,
छावनी मोहल्ला, लुधियाना ।

गुमशुदा की तलाश



रे पिता जी श्री काश नन्दा, 82 बना ऐनक और के 14.4.90 मागी परेशानी रण गुम हैं । देने या पता देने ो सफर खर्च के उचित इनाम ाएगा ।

सुरेन्द्र कुमार नन्दा,
नं. 259, सैक्टर 32-A, चंडीगढ़
फोन : 29864

अयोध्या प्रकाश नन्दा,
.J. 47, कोट पक्षियां, जालंधर
फोन : 71202PP

आवश्यकता

एक लेडी डाक्टर -एम.डी. व स. (गाईनी), डी.जी.ओ. और स. सर्जन की आवश्यकता है । 7000 रुपये मासिक दिया । आने-जाने का खर्चा नहीं जाएगा ।

नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

उग्रवादी जूते छोड़ कर भाग निकले : अमृतसर (वर्मा): गत दिवस तरनतारन रोड पर बड़ी सनसनीखेज घटना घटी, जब 3 उग्रवादी इलाके के लोगों के मुकाबले पर उतर आने से जूते छोड़ कर भाग निकले । बताया जाता है कि तरनतारन रोड पर एक राईस मिल्स के अंदर स्थित कुछ कारखानेदारों से उग्रवादियों ने धमकी-भरे पत्र लिख भारी रकमें मांगी थीं और शुक्रवार को रकम ले जाने का वायदा किया था । बताया जाता है कि जब ये कारखानेदार इस समस्या पर विचार करने के लिए आपसी मीटिंग कर रहे थे तो तीन उग्रवादी रकमें लेने के लिए वहां आ धमके, जिस पर शोर मच गया । एक व्यक्ति, जिसके पास उस समय बंदूक थी, ने फायरिंग शुरू कर दी । अफरातफरी मच जाने के कारण उग्रवादी घबरा गये और भाग निकले और जाते समय अपने जूते भी वहीं छोड़ गए ।

एक व्यक्ति की हत्या : आतंकवादियों ने फरीदकोट जिला के मुक्तसर नगर में कल रात चमन लाल नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । मुक्तसर से 'दीपक-बुलेटिन' के अनुसार चमन लाल गुरु हरसहाय में भू-सरक्षण विभाग में सेवादार के रूप में कार्यरत था और वह ड्यूटी के बाद हर रोज़ शाम को मुक्तसर स्थित अपने घर वापस आ जाता था ।

इंका नेता की हत्या : संगरूर (गर्ग) : कल शाम यहां से 10 किलोमीटर दूर गांव झनेड़ी में आतंकवादियों ने जिला युवा इंका के उपाध्यक्ष श्री शमशेर सिंह की हत्या कर दी ।

एक और हत्या : कल शाम ही आतंकवादियों ने संगरूर से 35 किलोमीटर दूर गांव फिल्लौर में एक व्यक्ति की हत्या कर दी । मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है ।

मुठभेड़ में एक आतंकवादी मरा : रोपड़ (जैन): आज शाम साढ़े 4 बजे के लगभग जिला के कुराली थाना के अधीन चनौली गांव में पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पुलिस की एक टुकड़ी ने स्कूटर पर आ रहे 2 संदिग्ध युवकों को जब रुकने का संकेत किया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर एक आतंकवादी मारा गया जबकि उसका साथी स्कूटर छोड़ कर चनौली गांव की ओर भाग गया । पुलिस ने उक्त गांव को घेर लिया है तथा फरार आतंकवादी की तलाश की जा रही है । मृतक आतंकवादी की अभी तक पहचान नहीं हो सकी ।

एक की हत्या : सुनाम से 'नागपाल' की सूचना है कि लहरागागा के गांव मलेरां में कुछ आतंकवादी कल रात एक व्यक्ति शेर सिंह के घर आए और उसे घर से बाहर ले गए जहां उसकी हत्या कर दी और फरार हो गए ।

रिवाल्वर छीन लिया : सुनाम से 8 कि.मी. दूर गांव अमरो टोलड़ा के जमींदार के घर में 4 आतंकवादी घुस आए और अमरीक सिंह का लाइसैंसी रिवाल्वर लेकर चले गए । इसके बाद उन्होंने जीवा सिंह नामक व्यक्ति के घर जाने की कोशिश की मगर उसने दरवाज़ा न खोला ।

बाद में उन्होंने गुरुद्वारे में दाखिल होकर लाऊड स्पीकर पर यह चेतावनी दी कि सिगरेट-बीड़ी पीने वालों को सोध दिया जाएगा ।

तहसीलदार कार्यालय के हैड क्लर्क की हत्या: नकोदर (गगन) : कल रात नकोदर से 30 किलोमीटर दूर गांव नसीरपुर में नकोदर के तहसीलदार के कार्यालय के हैड-क्लर्क श्री रेशम सिंह (56) की आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी । बताया जाता है कि चार आतंकवादियों का एक गिरोह रात के समय उक्त हैड-क्लर्क के घर हथियारों से लैस होकर आया । तीन आतंकवादी घर की दीवारें फांद कर अंदर चले गए और एक बाहर ही खड़ा रहा । तीनों आतंकवादियों ने पहले परिवार के सभी सदस्यों को एक लाइन में खड़े होने के लिए कहा और हैड-क्लर्क के बड़े लड़के मास्टर जसविंदर सिंह से कहा कि वह उन्हें तुरंत एक लाख रुपया लाकर दे अन्यथा सारे परिवार को मार दिया जाएगा । मास्टर ने कहा कि हमारे पास इतने पैसे नहीं हैं । आतंकवादियों ने कहा कि हमें घर की तलाशी लेने दो तो हैड-क्लर्क की धर्मपत्नी ने उन आतंकवादियों को 12 सौ रुपये दे दिए । आतंकवादियों ने कहा कि हमें एक लाख से कम रकम नहीं चाहिए । पैसे न मिलने पर उन्होंने श्री रेशम सिंह को 12 बोर की बंदूक से गोली चलाकर मौका पर ही मार गिराया और परिवार के शेष सदस्यों को कहा कि अगर सारी रकम अगली बार तक तैयार न रखी तो सारे परिवार को मार दिया जाएगा । आतंकवादियों ने हैड-क्लर्क के घर इस वर्ष 22 मार्च को भी हमला किया था ।

इसी आतंकवादी गिरोह ने कल रात 11 बजे नकोदर के निकटवर्ती गांव गिट्टड़ीपिंडी से एक पटवारी के घर से आभूषण व नकद छह हजार रुपया बंदूक की नोक पर लूट लिए । लोहियां पुलिस ने केस दर्ज करके दोषियों की तलाश शुरू कर दी है ।

फगवाड़ा में आतंक : फगवाड़ा (अशोक) : आज फगवाड़ा शहर में एक बाऊल रंग की संदिग्ध मारुति कार, जिसमें कुछ संदिग्ध हथियारबंद नौजवान भी सवार थे, कई घंटे तक घूमते देखी गई, जिससे नगर में भारी आतंक उत्पन्न हो गया । पुलिस को सूचित कर दिया गया व पुलिस ने शहर में गश्त तेज कर दी है । इसी मध्य रविवार को फगवाड़ा में दो शक्तिशाली टाईम बम बरामद होने की घटना के उपरान्त पुलिस द्वारा आतंकवादियों की खोज में आरम्भ किए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने सात संदिग्ध नौजवानों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है ।

श्री राम मंदिर

(पृष्ठ 3 का शेष)

उचित नहीं ठहराया जा सकता । मुख्यमंत्री ने स्पष्ट तौर पर कहा कि न्यायालय का निर्णय आने तक किसी प्रकार का हस्तक्षेप सहन नहीं किया जाएगा ।

बौखला गए : भाषण से पूर्व जब बजरंग दल के कार्यकर्त्ताओं ने मंच पर बंधे घंडियाल बजा कर राम जन्म भूमि पर मंदिर निर्माण का स्मरण दिलाया तो मुख्यमंत्री बुरी तरह बौखला गए तथा उन्होंने इन लोगों को कड़ी फटकार सुनाई ।

मुख्यमंत्री पुलिस प्रशासन से भी खिन्न थे तथा उन्होंने पुलिस अधीक्षक से स्वयं तथा पुलिस बल को सभा स्थल से चले जाने को कहा ।

शंकराचार्य की गिरफ्तारी का समर्थन : नई दिल्ली (वार्ता): अयोध्या में कल कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए द्वारिकापीठ के शंकराचार्य की गिरफ्तारी सहित उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का आज यहां गृह मंत्रालय संसदीय सलाहकार समिति की बैठक में भारतीय जनता पार्टी छोड़ कर शेष दलों ने आमतौर पर समर्थन किया । सदस्यों ने कहा कि राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद का समाधान ढूंढने के साथ-साथ यह भी जरूरी है कि अयोध्या में अदालत के आदेशानुसार यथास्थिति बनी रहे ।

काफी समय बाद हुई समिति की बैठक में यह मामला उठाया गया लेकिन श्री लाल कृष्ण अडवानी और निर्दलीय महंत अवैद्यनाथ के अलावा किसी ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एहतियात के तौर पर की गई कारवाई की आलोचना नहीं की । गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद ने सदस्यों को बताया कि सरकार राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद समस्या का समाधान ढूंढने की पूरी कोशिश कर रही है । उन्होंने कहा कि सरकार यह भी नहीं चाहेगी कि इस दौरान कोई ऐसा कदम उठाने दिया जाए, जिससे धार्मिक कट्टरता को बढ़ावा मिले ।

12,000 अनुयायियों के साथ कूच की धमकी : इलाहाबाद (पस) : प्रयाग पीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी शंकर चेतन सरस्वती ने आज घोषणा की है कि वह द्वारिकापीठ के शंकराचार्य की रिहाई की मांग को लेकर अपने 12,000 अनुयायियों के साथ चुनार की ओर कूच करेंगे । इन अनुयायियों में नागा साधु भी शामिल होंगे । उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मोर्चा सरकार ने द्वारिकापीठ के शंकराचार्य को गिरफ्तार करके "भारी भूल" की है ।

अनोखी चेतावनी : कानपुर, (वार्ता) : बाबरी मस्जिद-राम जन्म भूमि विवाद का हल खोजने के

रेलवे में भर्ती

भारतीय रेलवे में टिकट-कलैक्टर, आफिस क्लर्क, ट्रेन क्लर्क आदि के अनेक पद रिक्त हैं । योग्यता मैट्रिक, आयु सीमा-18 से 25 वर्ष । वेतनमान-950-1500 । अंतिम तिथि 5.6.1990 । आवेदन पत्र तथा नियमावली हेतु 10 रुपए पोस्टल आर्डर शीघ्र भेजें ।

National School of Competitions,
970, Urban Estate, Ambala City-134003

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का तरसेम लाल, आयु 26 वर्ष, कद 5'-9", रंग गंदमी, क्लीम शेव्ड, दिमागी परेशानी के कारण 1.4.90 से गुम है । पता देने वाले अथवा घर पहुंचाने वाले को सफर खर्च के अतिरिक्त एक हजार रुपए दिए जाएंगे ।

पता : चौ. दलीप चंद सदन, गांव व डाकखर भम्मोताड़, नजदीक तलवाड़ा जिला होशियारपुर

Sartaj® BRAND
DOG CHUCKS
Ready Stock
4" to 48"



SARTAJ SALES CORPORATION
23-24, Gurdwara Darshan Singh Pheruman, Near Chowk Dholewal, G.T. Road, Ludhiana. Ph. 38346 P.P.

गुमशुदा की तलाश



मेरी पत्नी राजरानी, 45 वर्ष, 5'-4", रंग गेहुंआ, दिमागी परेशानी के कारण 18.4.90 से गुम है । वह काले चैक वाला सूट तथा काले कपड़े के जूते पहने है । सूचना देने वाले को खर्चे के अलावा उचित इनाम दिया जाएगा । यदि वह स्वयं पढ़े तो बिना डर वापिस आ जाए, बच्चे बहुत परेशान हैं ।

भगवान दास पाहवा, पाहवा क्लाथ हाऊस, रेलवे रोड, टोहाना (हिसार), टोहाना फोन : 124, 326, 306, हिसार फोन : 2281, 2081.

न बुकिंग और न ही इंतजार
भारत की सबसे ज्यादा बिकने वाली मोपेड
अब बिना इंतजार
LUNA लुना
अब विशेष सुविधाओं के साथ उपलब्ध



DO DIRECT
B.A. III
B.COM.

Punjabi Sonrani

अमृतसर बस स्टैंड पर दो बसों में भीषण बम विस्फोट; 4 मरे, 60 घायल

कंडक्टर की सामयिक चेतावनी के कारण लोगों के उतर जाने से मृतकों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही

भटिंडा जिले में मुठभेड़ के बाद 4 आतंकवादी काबू, हथियार बरामद, बाघापुराना क्षेत्र में बैंक से 92000 रु. लूटे गए

अन्यत्र एक सुरक्षा कर्मी व ग्रंथी समेत 6 की हत्या, 1 आतंकवादी मुठभेड़ में, 2 अन्य गुट संघर्ष में मरे

चंडीगढ़, 9 मई (प.स., वार्ता): अमृतसर के जनरल बस अड्डे पर आज दो बसों में शक्तिशाली बम फटने से 4 लोगों की मृत्यु हो गई तथा 60 अन्य लोग घायल हुए । इस बीच पंजाब में अन्यत्र 3 आतंकवादी मारे गये जबकि एक सुरक्षा कर्मी तथा ग्रंथी समेत 6 लोगों की हत्याएं हुईं । उग्रवादियों ने एक बैंक से 90 हजार रुपया लूट लिया । पुलिस ने मुठभेड़ के बाद 4 आतंकवादियों को हथियारों समेत काबू भी किया है ।

दो बसों में बम फटे, 4 मरे, 60 घायल : अमृतसर (वि.प्र., नारंग, वर्मा): अमृतसर के जनरल बस स्टैंड पर आज दोपहर दो खड़ी बसों में बम विस्फोट होने से 4 लोगों की मृत्यु हो गई तथा 60 अन्य लोग घायल हुए । 'वार्ता' के अनुसार मृतकों की संख्या 5 है ।

प्राप्त विवरण के अनुसार आज दोपहर बाद एक बजे के करीब बस नं. पी.जे.जी. 3454, जो पठानकोट के लिए रवाना होनी थी, में किसी आतंकवादी ने पिछली सीट के नीचे प्लास्टिक के पैकेट में पहले से ही बम रख दिया । दूसरी बस, जो पैप्स रोडवेज की थी और चंडीगढ़ के लिए रवाना होनी थी, में भी पिछली सीट के नीचे प्लास्टिक के पैकेट में बम रखा हुआ था । इन बसों की रवानगी का वक्त होने पर जब सवारियां टिकटें लेकर बसों में सवार होने लगीं तो दोनों बसों की सवारियों ने बसों में पिछली सीटों के नीचे पैकेट पड़े देख कर शोर मचा दिया । रोडवेज कर्मियों ने तुरन्त ही सवारियों को बसों से बाहर निकाल लिया । इस बीच एक बज कर पांच मिनट पर एक बस में बम विस्फोट हो गया । इसके तीन मिनट बाद दूसरी बस में भी बम आ गया । विस्फोट से दोनों बसों के चीथड़े उड़ गए तथा उनमें आग लग गई । फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां आग बुझाने के लिए पहुंचीं तथा दो घंटे के लगभग प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया । जो मृतक मरे हैं, उनके शव अत्यधिक क्षत-विक्षत हो गये हैं । इस कारण अभी तक उनकी पहचान नहीं हो सकी । कहा जा रहा है कि रोडवेज कर्मियों की सतर्कता व चुस्ती से उक्त बसों में सवार यात्रियों को बसों से बाहर निकाल लिया गया, अन्यथा जानी हानि बहुत ही ज्यादा होता । पुलिस ने बम फटने होने पर न सिर्फ बस अड्डे बल्कि आसपास के क्षेत्र को भी घेर लिया, लेकिन बम रखने वाले आतंकवादी हाथ नहीं आए ।

बम विस्फोटों में घायल होने वाले कुछ लोगों के इस प्रकार हैं :—राजेंद्र पाल सिंह (पंजाब रोडवेज जालंधर), पूरन सिंह (पटियाला), जगजीत सिंह (भंडियाला), कुंदन सिंह (गांव थोरा), स्वर्ण सिंह (हरनाम दास, अमृतसर), जगजीत सिंह (फतेहगढ़ चूड़ियां), अमरजीत सिंह (नवां पिंड, रमदास), परमजीत सिंह (अमृतसर), संतोख सिंह (अजनाला), प्रकाश कौर (हरिके), धन्ना राम (इस्लामाबाद, अमृतसर), सतपाल (प्रताप बाजार, होशियारपुर), अश्विनी कुमार (कृष्ण नगर, अमृतसर), सुखवंत सिंह (खलचियां), शंकर (मछली मंडी, अमृतसर), तिलक राम (नई आबादी, अमृतसर), सुरेंद्र कौर (मेहरबानपुरा, लुधियाना), नरेंद्र कौर तथा उसका पति जगीर सिंह (कत्थूनंगल), राज किशोर (सुल्तान विंड, अमृतसर), बचित्तर सिंह (हर्षा छीना), पिंटू (होशियारपुर), सीता रानी (बस्ती शेख, जालंधर), हरजीत कौर (ऊधम सिंह नगर, अमृतसर) हरनेक सिंह (लुधियाना), भूपिन्द्र सिंह (गुरदासपुर), राकेश कुमार अरोड़ा (अमृतसर), ज्योति प्रसाद (रोडवेज कंडक्टर, जालंधर), दविन्द्र सिंह (झब्बाल), परमजीत सिंह व उसकी पत्नी कुलविंदर कौर (बिशनपुर जट्टा, कपूरथला), राम रतन (मुहल्ला प्रेमगढ़, होशियारपुर), गुरचरण सिंह (गुरदासपुर), चरणजीत सिंह (नवां पिंड), रणजीत सिंह (काहनपुर जिला जालंधर), नरेंद्र सिंह मेहरा (गहरी मंडी), रजनी सुपुत्री मोहन सिंह (कपूरथला) और देसराज (आदर्श नगर, अमृतसर) ।

अमृतसर से 'पस' के अनुसार पैप्स रोडवेज की बस के कंडक्टर ने उक्त बस में बम पड़ा देखा और शोर मचाकर उसने यात्रियों को एकदम बस से उतर जाने के लिए कहा । रिपोर्ट के अनुसार जो लोग मरे हैं, वे अपना सामान निकालने का प्रयास कर रहे थे । घायलों में अधिकतर बस अड्डे पर बसों की प्रतीक्षा करने वाले शामिल हैं । कइयों को जलने के घाव आए हैं । इनमें से 6 की हालत गम्भीर है । कुछ लोग एक बस से उतर कर भागने का प्रयास करते समय दूसरी बस में हुए विस्फोट की चपेट में आ गए । पुलिस ने बस स्टैंड के आसपास से कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है ।

बताया जाता है कि विस्फोट के बाद उक्त दोनों बसों को आग लगी तो रोडवेज अधिकारियों ने बस अड्डे पर में खड़ी 50 अन्य बसों को अड्डे से बाहर निकाल लिया ताकि आग और न फैल सके । इस बीच पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल तथा पुलिस, सी.आर.पी.एफ. और बी.एस.एफ. के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया ।

एक मृतक की पहचान अमरजीत सिंह, निवासी रमदास, के रूप में की गई है । एक दम्पति की मृत्यु उस समय हुई जब उन्होंने बस में से अपना सामान निकालने का प्रयास किया था और वे विस्फोट का शिकार हो गए । विस्फोट से बस अड्डे में खड़ी कई अन्य बसों को भी क्षति पहुंची । कुछ दुकानों को भी नुक्सान पहुंचा है । जिन बसों में विस्फोट हुआ, उनका मलबा 50 मीटर के दायरे में फैल गया । घायलों को गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

गुट संघर्ष में एक आतंकवादी मरा : भिखीविंड (शर्मा): अमृतसर जिला में खालड़ा पुलिस स्टेशन के अधीन बीरम गांव में कल रात आतंकवादियों ने अपने ही एक साथी कुलवंत सिंह उर्फ कन्ता को गोली से उड़ा दिया ।

एक की हत्या : खालड़ा पुलिस स्टेशन के गांव वां के निकट खेतों में कुछ संदिग्ध लोगों ने जगीर सिंह नामक एक व्यक्ति की तेजधार हथियारों से हत्या कर दी ।

बम विस्फोट : खालड़ा मंडी के पुराने बस स्टैंड के निकट कल शाम एक बम विस्फोट हुआ । इससे कोई हताहत नहीं हुआ ।

एक की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के जोरसिंहवाला के निकट आतंकवादियों ने प्रेम सिंह नामक एक व्यक्ति की उस समय गोली मार कर हत्या कर दी जब उसने अपना ट्रैक्टर देने से इन्कार कर दिया था ।

गुट संघर्ष में एक और आतंकवादी मरा : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के थाना सदर पुलिस ने गांव खातीब के निकट से एक युवक का गोलियों से छलनी शव आज प्रातः बरामद किया है । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार इसकी आयु 22 वर्ष लगती है और अभी तक इसकी शिनाख्त नहीं हो सकी । 'वार्ता' के अनुसार मृतक आतंकवादी था और वह निजी गुट संघर्ष का शिकार हुआ है ।

एस.एच.ओ. के बेटे का अपहरण : बटाला से कोछड़ के अनुसार थाना धारीवाल के गांव मालोगिल में गत रात 5-6 आतंकवादियों का एक गिरोह एक घर में घुस कर थाना डेरा बाबा नानक के एस.एच.ओ. बरसन सिंह के बेटे 11 वर्षीय लाडी को उठा कर ले गए । लाडी 5वीं कक्षा का छात्र है । आतंकवादी जाते समय कह गए हैं कि उनके गिरफ्तार किए गए साथियों को छोड़ दिया गया तो वे भी बच्चे को छोड़ देंगे ।

ए.एस.आई. की हत्या : गुरदासपुर (विनोद) : कल रात लगभग आठ आतंकवादियों ने धारीवाल पुलिस थाना के अधीन सतकोहा गांव में पुलिस के एक ए.एस.आई. श्री बलदेव सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार उक्त पुलिस कर्मी सतकोहा गांव में अपने ससुराल घर आया हुआ था । रात 11 बजे के लगभग आतंकवादियों ने मकान का दरवाजा खटखटाया । जब बलदेव सिंह के बेटे ने दरवाजा खोला तो आतंकवादियों ने उससे बलदेव सिंह के बारे में पूछताछ की । इस बीच बलदेव सिंह भी बाहर आ गया । आतंकवादियों ने बलदेव सिंह पर फायरिंग कर दी और उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई । बलदेव सिंह अमृतसर जिला के वैरोवाल क्षेत्र का निवासी था और फरीदकोट में तैनात था । इन दिनों वह छुट्टी पर था ।



(1-2) अमृतसर बस स्टैंड पर खड़ी दो बसों में बुधवार को, उनमें बम विस्फोट के बाद लगी आग को बुझा रहे दमकल कर्मी । (3-4) बम विस्फोट के बाद का दृश्य सुरक्षा कर्मी शवों को हटा रहे हैं । (छाया : रवि भंडारी)

ग्रंथी की हत्या : लुधियाना (मुसाफिर): गांव लखा के गुरुद्वारा दमदमा साहब के ग्रंथी जसबीर सिंह की गत रात दो आतंकवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

एक संत की हत्या : संगरूर (वार्ता): आतंकवादियों ने आज प्रातः जिला के संगतीवाला गांव में एक संत भाग सिंह की उसके डेरे में गोली मार कर हत्या कर दी ।

एक और व्यक्ति की हत्या : संगरूर जिला के भदौर गांव में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति मुनि दास की गोली मार कर हत्या कर दी ।

बैंक लूटा : बाघापुराना से ज्ञान मित्तल के अनुसार कल शाम यहां से 8 किलो मीटर दूर गांव वैरोके में स्थित पंजाब नैशनल बैंक की शाखा से आतंकवादियों ने 90 हजार रुपया लूट लिया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार आतंकवादी पैदल ही आए थे और बैंक लूटने के बाद पैदल ही हवाई फायरिंग करते हुए भाग गए ।

मुठभेड़ में आतंकवादी मरा : मुक्तसर से

(शेष पृष्ठ 8 पर)

.1990

नों पर लगातार छापे मारे

ति शांतिपूर्ण : जम्म
ाई जाती है । अधिकारी
ंछ में कड़ी निगरानी रख

चयन सरकार के
नुरूप नहीं

(वार्ता): दिल्ली उच्च
था दी कि पाकिस्तानी
ा दिल्ली प्रशासन जिस
ारत सरकार के निर्णय के
ति बी.एन. कृपाल और
ने तीर्थ यात्रियों के लिए
संघ की एक याचिका पर
दिल्ली प्रशासन अभी
समिति द्वारा प्रायोजित
ों का चुनाव करता है,
र्थ पर जाना चाहता है,
ों में शामिल होने का
ल्ली प्रशासन के निर्णय
ा दी थी । प्रशासन ने
त्रियों की सूची पर विचार
था ।



व कोटला नवाब में
कर जिला गुरदासपुर
जोगेंद्र सिंह भिड्डा की
साथ परिवार की
सैट में श्री भिड्डा का
के बाहर वह स्थान जहां
(छाया : कोछड़)



R
in BIHAR

LEGE
ARH

अमृतसर बस स्टैंड में विस्फोट

(पृष्ठ 3 का शेष)

'दीपक-दर्दी' के अनुसार कल रात यहां निकटवर्ती कोलियांवाली गांव में पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पुलिस ने उक्त गांव के बाहर नाकाबंदी की हुई थी कि इस बीच वहां से 2 संदिग्ध व्यक्ति निकले । पुलिस द्वारा उन्हें जब रुकने का संकेत किया गया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर एक आतंकवादी मारा गया, जबकि उसका दूसरा साथी भाग गया । मृतक आतंकवादी के कब्ज़े से एक बन्दूक तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

मुठभेड़ के बाद 4 आतंकवादी काबू : भटिंडा (वार्ता): पुलिस ने कल रात जिला के कोट भख्तू गांव में नाकाबंदी के दौरान संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद 4 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इनके नाम बेअंत सिंह, जसबीर सिंह, छिन्दर सिंह उर्फ सुरेन्द्र सिंह तथा भोला सिंह उर्फ मुकन्द सिंह बताए जाते हैं । इनके कब्ज़े से एक ए.के. 74 राइफल, एक मैगज़ीन, एक बन्दूक, दो पिस्तौल तथा अनेक कारतूस भी बरामद किए गए हैं । मुठभेड़ में एक आतंकवादी भाग जाने में भी सफल रहा । पकड़े गए आतंकवादियों ने अनेक अपराधों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है ।

दो और आतंकवादी गिरफ्तार : गुरदासपुर पुलिस ने दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इनके नाम सुखविन्दर सिंह उर्फ भिल्ली तथा बलकार सिंह उर्फ भरा बताए जाते हैं । इनसे एक बन्दूक भी बरामद हुई है ।

25 हजार रुपए लूटे : जालन्धर (प.स.): आज दोपहर स्थानीय बशीरपुरा क्षेत्र में आतंकवादियों ने पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के कैशियर सोमदत्त से 25 हजार रुपए लूट लिए । बताया जाता है कि उक्त क्लर्क बैंक से धन राशि निकलवा कर कार्यालय जा रहा था ।

किसान से ट्रैक्टर छीना : जालन्धर से प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार पुलिस थाना सदर के गांव शगवानपुर में दो हथियारबंद युवकों ने एक किसान से उसका ट्रैक्टर छीन लिया । पुलिस के अनुसार बाद में वे युवक किसान को बिना कुछ कहे ट्रैक्टर लेकर चले गए ।

चांद का राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार

अमृतसर, 9 मई (वार्ता) : एस.पी. (आपरेशन) श्री हरभजन चांद, जिन्हें कल मंगलवार को खलचियां के निकट अमृतसर-जालंधर राजमार्ग पर आतंकवादियों ने एक सड़क दुर्घटना में मार डाला था, का आज यहां श्री दुर्गाणा के श्मशान घाट पर राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार कर दिया गया । अंतिम संस्कार में पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल के अलावा पंजाब पुलिस, सी.आर.पी.एफ. तथा बी.एस.एफ. के कई वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए । दाह-संस्कार से पहले पुलिस के एक दस्ते ने श्री चांद को सलामी दी । शव यात्रा में पुलिस अधिकारियों के अलावा शहर के कई सामाजिक व राजनैतिक नेता भी शामिल हुए ।

एक करोड़ की हैरोइन पकड़ी

अमृतसर, 9 मई (प.स.) : कस्टम स्टाफ ने आज यहां जी.टी. रोड बाईपास पर एक ट्रक से एक किलोग्राम हैरोइन पकड़ी । इसका अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में मूल्य एक करोड़ रुपए है । कस्टम के असिस्टैंट कलैक्टर ने बताया कि यह हैरोइन ड्राइवर की सीट के नीचे छुपाई हुई थी । इस सम्बन्ध में गुरचरण सिंह नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है । बाद में इस सन्दर्भ में कार्रवाई करके एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया । ट्रक अमृतसर से जालंधर की ओर जा रहा था ।



अमृतसर में दो बसों में हुए बम विस्फोटों से (ऊपर दोनों चित्र) मरने वाले यात्रियों के शव । शेष सभी चित्र घायल यात्रियों के हैं । (छाया : रवि भंडारी)

"आप जैसे अधिकारी सरकार की 'छवि' बढ़िया नहीं बना सकते"

लुधियाना, 9 मई (राजेश भाम्बी): पंजाब के मुख्य सचिव श्री एस.एल. कपूर ने गत दिवस जिला प्रशासनिक अधिकारियों की मीटिंग को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार की छवि बढ़िया बनाने के लिए लोगों का विश्वास जीतना जरूरी है । उन्होंने मीटिंग में पूछा कि जिला टास्पोर्ट अधिकारी कौन है ? जब उक्त

शंकराचार्य रिहा....

(पृष्ठ 3 का शेष)

उन्होंने कहा कि श्री राम मंदिर के निर्माण पर सभी एक मत हैं, पर निर्णय की तिथि के बारे में मतभेद हो सकता है ।

श्री सिंह ने सवालों के जवाब में कहा कि द्वारिकापीठ के शंकराचार्य की गिरफ्तारी से राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद विवाद के सौहार्दपूर्ण समाधान में कोई बाधा नहीं पहुंचेगी । श्री सिंह ने कहा कि

'दुर्घटना वाले दिन एयर बस की उड़ान सामान्य थी'

बेंगलूर, 9 मई (वार्ता): बेंगलूर में 14 फरवरी को दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर बस ए-320 की दो एयर होस्टेसों ने न्यायमूर्ति शिव शंकर भट्ट जांच अदालत के सामने गवाही देते हुए कहा कि उस दिन उड़ान सामान्य थी और विमान ने धरती का ठीक तरीके से स्पर्श पहली बार किया ।

Punjabi Samachar

पंजाब में 4 प्रवासी मज़दूरों, मार्क्सी नेता व पुलिस इंस्पैक्टर समेत 13 लोगों की हत्या

अन्यत्र एक सुरक्षा चौकी पर हमला, तीन जवान ज़ख्मी, बैंक से 22 हज़ार रुपया लूटा

4 आतंकवादी मुठभेड़ों में, दो अन्य गुट संघर्ष में मरे, 14 गिरफ्तार

चंडीगढ़, 10 मई (प.स., वार्ता): पंजाब में कल रात से आतंकवादियों ने 4 प्रवासी मज़दूरों, मार्क्सी नेता व पुलिस इंस्पैक्टर समेत 13 लोगों की हत्या कर दी । इस बीच 4 आतंकवादी मुठभेड़ों में तथा 2 अन्य निजी गुट संघर्ष में मारे गए । उग्रवादियों ने एक सुरक्षा चौकी पर हमला करके 3 जवानों को घायल कर दिया तथा एक बैंक से करीब 22 हजार रुपया लूट लिया ।

चार प्रवासी मज़दूरों सहित पांच की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव पब्बाराली स्थित सरकारी प्राईमरी स्कूल में आतंकवादियों ने गत रात खाना खा रहे बिहारी मज़दूरों पर फायरिंग करके पांच की हत्या कर दी और एक को गंभीर रूप से घायल कर दिया । चार बिहारी मज़दूर लापता हैं । संदेह है कि आतंकवादी इनका अपहरण करके ले गए हैं ।

मृतकों में कैलाश मण्डल (23), गांव भारला, जिला कठियार, बिहार, ब्रह्मदेव मण्डल (28), गांव कमला कुण्ड, जिला पूर्णिया, बिहार, बाबू लाल (15), गांव डुमरिया, जिला कठियार, बिहार, जगदीश मण्डल (32), गांव कमला कुण्ड, जिला पूर्णिया, बिहार व रोलर ड्राइवर काला (19), गांव मण्ड, थाना श्रीहरगोबिन्दपर, पुलिस जिला बटाला शामिल हैं । लापता बिहारी मज़दूरों के नाम रामेश्वर मण्डल, जनार्दन मण्डल, लक्ष्मण मण्डल व गोविन्द पासमान हैं । आतंकवादी बिहारी मजदूरों के संहार के पश्चात् स्कूल के बाहर सड़क पर खड़े रोड रोलर व तारकोल-बजरी मिक्सर मशीन को भी आग लगा गए ।

आज प्रातः स्थानीय जालंधर रोड पर स्थित ई.एस.आई. अस्पताल में पांचों मृतकों के शव एक ट्रैक्टर ट्राली में पोस्टमार्टम के लिए खुली ग्राउंड में रखे थे, जबकि इस अस्पताल में पोस्टमार्टम का कोई प्रावधान नहीं । पोस्टमार्टम का प्रावधान सिविल अस्पताल बटाला में है, लेकिन सिविल अस्पताल में आज पंजाब के स्वास्थ्य सचिव श्री ए.के. कुन्दरा नए बन रहे एमरजैंसी वार्ड का नींव-पत्थर रखने आ रहे थे और अस्पताल को हजारों रुपए व्यय करके सजावट से सजाया गया था, इस कारण सारे नियम ताक पर रख कर इन गरीब बिहारी मज़दूरों के शव स्थानीय ई.एस.आई. अस्पताल में रखे गए और खुली ग्राउंड में ही पोस्टमार्टम किया गया ।

आतंकवादियों के हमले में बच गए एक मज़दूर बाबी मण्डल ने बताया कि वे लोग इस क्षेत्र में मण्डी बोर्ड द्वारा निर्मित सड़कों पर बजरी व तारकोल आदि डालने का काम करते हैं । काम से निपट कर कुल 13 मज़दूर उक्त स्कूल में खाना खा रहे थे कि रात लगभग 9.15 पर 5-6 सशस्त्र आतंकवादी वहां आ गए । उन्होंने सभी मज़दूरों को एक लाईन में खड़े होने को कहा । हम तीन लोग तुरंत वहां पड़े तारकोल के खाली ड्रमों में छिप गए और जब तक वहां पुलिस नहीं आई, हम बाहर नहीं निकले । बचने वाले उन तीनों ने पत्रकारों से कहा कि हम अन्य राज्यों से मेहनत-मज़दूरी के लिए आए गरीब लोगों का क्या दोष है, जो हमारे साथियों पर गोलियां चला कर मार डाला गया ? इनका संस्कार आदि करके हम लोग वापस अपने राज्य लौट जाएंगे, अब हम रह कर क्या करेंगे !

जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार बारिश ए.के. 47 राइफल से की गई है और काफी संख्या में इसके खाली कारतूस मौका से मिले हैं । इलाके के लगभग एक दर्जन गांव सील करके चप्पा चप्पा सीमा सुरक्षा बल के जवान आतंकवादियों की खोज कर रहे हैं ।

भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स ने ज़िम्मेदारी : भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स ने पब्बाराली गांव में 5 मजदूरों की हत्या की जिम्मेदारी ली है । घटनास्थल से बरामद एक पत्र के अनुसार कहा गया है कई बार यह चेतावनी दी गई है कि गांवों में सम्पर्क सड़कें न बनाई जाएं लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया । इसी कारण उक्त मज़दूरों की हत्याएं की गई हैं । उक्त पत्र पर सतनाम सिंह चंगिआड़ा के हस्ताक्षर हैं ।

लापता मज़दूर मिले : आज सायं बटाला पुलिस ने बताया कि कल रात जो 4 मज़दूर लापता हो गये थे, वे मिल गए हैं । उन्हें पुलिस ने अपने संरक्षण में रखा है । इस बीच एक बिहारी मज़दूर सूरज नारायण शर्मा, जो कि कल की घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गया था, को अमृतसर के एस.जी.टी.बी. अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

'प.स.' के अनुसार उग्रवादियों की फायरिंग से कुल 7 श्रमिकों की मृत्यु हुई ।

मुठभेड़ में दो आतंकवादी मरे : अमृतसर (वि.प्र.): पुलिस जिला तरनतारन के थाना पट्टी के क्षेत्र में कल रात पुलिस व सी.आर.पी.एफ. की संयुक्त गश्ती पार्टी तथा आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए ।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पट्टी पुलिस तथा सी.आर.पी. की संयुक्त पार्टी रात साढ़े ग्यारह बजे के करीब एक मोटरगाड़ी में सवार होकर एक गांव में तलाशी लेने के बाद थाना की तरफ वापस जा रही थी कि रास्ते में मोटरसाइकिल पर सवार को संदिग्ध व्यक्ति उधर से गुज़रे । सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें रुकने का संकेत किया तो उन्होंने उन पर फायरिंग की तथा मोटर साइकिल को तेज़ दौड़ाया । सुरक्षा कर्मियों ने उनका पीछा किया । थोड़ी दूर जाने के बाद दोनों आतंकवादी गांव तलवंडी मोहर सिंह के एक जमींदार करतार सिंह के फार्म हाऊस में एक कमरे में जा छिपे । सुरक्षा कर्मियों ने उक्त फार्म हाऊस को घेर लिया । आतंकवादियों ने कमरे के भीतर से सुरक्षा कर्मियों पर फायरिंग की । सुरक्षा कर्मियों ने भी जवाबी गोलीबारी की । जब इसका कोई नतीजा न निकाला तो सुरक्षा कर्मियों ने उक्त कमरे की छत फाड़ कर तीन हथगोले अन्दर फैंके, जिससे कमरे में आग लग गई । दोनों आतंकवादी कमरे का दरवाजा खोल कर बाहर खेतों की ओर भागे । सुरक्षा कर्मियों ने उन पर पीछे से फायरिंग की और दोनों को मार गिराया ।

इन उग्रवादियों की शिनाख्त संतोख सिंह और अमोलक सिंह के रूप में की गई है । इनके कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल और तीन बम बरामद किए गए हैं ।

सरपंच की हत्या : मजीठा पुलिस जिला के रमदास थाना के अधीन थोबा गांव में आतंकवादियों ने सरपंच दीवान चंद की उनके घर में घुस कर ए.के. 47 राइफल से गोलियां मार कर हत्या कर दी । तथाकथित भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स ने इस हत्या की जिम्मेदारी स्वीकार की है ।

बैंक से 22 हजार रुपए लूटे : पुलिस जिला तरनतारन के गांव लालपुरा में आज प्रातः 11 बजे के करीब दो आतंकवादियों ने ओरियंटल बैंक की शाखा से 22,709 रुपए लूट लिए । वे बैंक के गार्ड से .12 बोर का एक बंदूक भी छीन कर ले गए ।

सुरक्षा चौकी पर हमला : थाना अमृतसर सदर के गांव सांगना में कल रात कुछ आतंकवादियों ने एस.पी.ओ. चौकी पर हमला किया । पहले आतंकवादी कुछ देर तक फायरिंग करते रहे तथा बाद में उन्होंने चौकी पर हथगोले फैंके । इससे चौकी के कमरे को क्षति पहुंची । हमले में तीन सुरक्षा कर्मी घायल हो गए । इनके नाम दिलबाग सिंह (होमगार्ड), सुलक्खन सिंह व बोधराज (दोनों एस.पी.ओ.) बताए जाते हैं । इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है । आतंकवादी भाग जाने में कामयाब रहे ।

गुट संघर्ष में 2 आतंकवादी मरे : मजीठा पुलिस जिला के गांव अकालगढ़ धप्पियां में आतंकवादियों ने अपने ही दो साथियों को गोली से उड़ा दिया । इन दोनों के शव आज बरामद किये गये ।

मुठभेड़ में एक और आतंकवादी मरा : अमृतसर जिला के सरहाली थाना क्षेत्र के अधीन रायके गांव में परगट सिंह (निवासी दासुवाल) नामक एक आतंकवादी पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सरहाली के एस.एच.ओ. के नेतृत्व में एक पुलिस पार्टी ने जब उक्त आतंकवादी को रुकने का संकेत दिया तो उसने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर उक्त आतंकवादी गम्भीर रूप से घायल हो गया । उसे पकड़ कर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मृत्यु हो गई । उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

दो लोगों की हत्या : फिरोज़पुर (प.स.): आतंकवादियों ने फिरोज़पुर जिला के गुरु हरसहाय थाना के अधीन पोरमवाली गांव में हरनेक सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । इसी जिला के ज़ीरा थाना के अधीन शेखवां गांव में आतंकवादियों ने गुरनाम सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

पुलिस इंस्पैक्टर की हत्या : फरीदकोट जिले के मलोट सदर थाना के कोलियांवाली गांव में कल आतंकवादियों ने घात लगा कर एक पुलिस दल पर गोली चलाई, जिससे एक पुलिस इंस्पैक्टर की मृत्यु हो गई । इसके बाद पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर एक आतंकवादी मारा गया ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)



पुलिस जिला बटाला के थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव पब्बाराली में आतंकवादियों की गोलियों से मारे गए (1) कैलाश मंडल, (2) ब्रह्मदेव मंडल, (3) बाबू लाल, (4) जगदीश मंडल तथा (5) काला के शव । (छाया : कोछड़)

सुपर-301 के अंतर्गत अमरीका द्वारा भारत राजनीतिक ब्लैकमेल का शिकार : मधु

वाशिंगटन, 10 मई (आई.ए.एन.एस.): व्हाइट हाऊस द्वारा इन रिपोर्टों से इन्कार कर दिया गया कि बुश प्रशासन द्वारा भारत को व्यावसायिक सुपर-301 'हिट लिस्ट' में से निकाला जा रहा है ।

राष्ट्रपति जार्ज बुश के विदेशी मामलों संबंधी प्रैस उपसचिव रोमन पोपाडियुक ने कहा, "जहां तक मेरा विचार है, इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया ।" प्रैस प्रवक्ता श्री जैरी स्काट के अनुसार, "यहां सभी अफवाहें ही हैं, मुझे कोई जानकारी नहीं ।" मगर हम अपने 27 अप्रैल के निर्णय पर दृढ़ हैं ।

कई भारतीय समाचार पत्रों ने अमरीकी वाणिज्य चैम्बर के कार्यकारी निदेशक को उद्धत करते हुए सुर्खियां प्रकाशित की थीं कि अमरीका द्वारा भारत को सुपर-301 हिट लिस्ट में से निकाला जा रहा है तथा इसे भारतीय लोकतंत्र की एक प्रमुख सफलता बताया था । गत 27 अप्रैल को श्री बुश ने जापान तथा बाजील को इस लिस्ट से निकाल दिया था ।

भारतीय दूतावास के अधिकारियों द्वारा भी इस बात से इन्कार किया गया कि उन्होंने बुश प्रशासन से भारत को इस लिस्ट में से निकालने का आग्रह किया है । उन्होंने बताया कि वह नई दिल्ली की इस नीति पर दृढ़ प्रतिज्ञ हैं कि प्रतिघात की धमकी के दृष्टिगत कोई बातचीत नहीं की जाएगी ।

मधु दंडवते द्वारा आलोचना : भारतीय वित्त मंत्री श्री मधु दंडवते ने अमरीका के इस कदम की आलोचना करते हुए कहा कि इस प्रकार भारत को राजनीतिक रूप से 'ब्लैक मेल' किया जा रहा है । उन्होंने नई दिल्ली के निर्णय को पुनः दोहराया कि धमकी के आगे कोई बातचीत नहीं की जाएगी । एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा, "हम अपनी स्थिति स्पष्ट कर चुके हैं तथा अमरीकी ट्रेड एक्ट-1988 के अधिनियम सपर-301 के अंतर्गत भारत के विरुद्ध इस व्यावसायिक कदम को राजनीतिक ब्लैक मेल ही कहा जाएगा ।

अरुण नेहरू द्वारा खेद व्यक्त : नई दिल्ली : 'वार्ता' के अनुसार वाणिज्य मंत्री अरुण नेहरू ने अमरीका द्वारा भारत को 1990 के दौरान सुपर 301 कानून के तहत रखने के निर्णय पर खेद व्यक्त किया है और कहा है कि सरकार इस 'अनुचित कार्रवाई के खिलाफ 'अंतर्राष्ट्रीय जनमत तैयार करेगी ।

उन्होंने कहा कि अमरीका सरकार ने वास्तव में अभी ऐसा कोई कदम नहीं उठाया है जिससे भारत के निर्यात-व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े । इसलिए मामला अभी इतना गंभीर नहीं हुआ है ।

श्री नेहरू ने कहा कि भारत बहु-पक्षीय प्रक्रिया के प्रति पूरी तरह वचनबद्ध है

आतंकवादी बलकार और सोना के ग्रुपों में जबरदस्त टकराव

अमृतसर, 10 मई (सग): देर से प्राप्त समाचार के अनुसार 3 मई की रात को 10 बजे आतंकवादियों बलकार सिंह सरहाली मंडां और बख्शीश सिंह सोना के ग्रुपों के बीच पट्टी में एक जबरदस्त सशस्त्र टकराव हुआ परन्तु सोना ग्रुप के सदस्य बच निकलने में सफल हो गए, परन्तु बलकार ग्रुप को होमगार्ड पट्टी की बटालियन से कड़ा मुकाबला करना पड़ा । इन दोनों ग्रुपों में गत दो मास से भारी टकराव चल रहा है । बलकार ग्रुप ने कैरों स्थित सोना के मकान पर गत मास जबरदस्त फायरिंग भी की थी । पता चला है कि इनका टकराव फिरौतियों के पैसे की बांट से शुरू हुआ था ।

अजनाला और भिखीविंड क्षेत्रों में आतंकवादी सरगर्मियां तेज़ होने से पलायन पुनः आरम्भ

अमृतसर, 10 मई (सग): जिला के अलग-अलग क्षेत्रों में प्राप्त सूचनाओं के अनुसार आतंकवादियों ने अपनी सरगर्मियां तेज कर दी हैं । सरगर्मियों में आमतौर पर नए रंगरूटों को शामिल किया जाता है जबकि कथित आतंकवादी समय खलीफों की भूमिका निभा रहे हैं । ये आतंकवादी केवल बड़ी वारदातों के लिए आते हैं । अपहरण व अन्य छोटी वारदातों के लिए रंगरूटों को भेजते हैं ।

चिंपका पाया गया, जिस पर खतरनाक आतंकवादियों मेजर सिंह और निशान सिंह मक्खू के हस्ताक्षर हैं । इसमें इसाई बिरादरी के एक व्यक्ति को चेतावनी दी गई है कि शराब का धंधा बंद कर दे वरना सोध दिया जाएगा ।

प्राप्त सूचनाओं के अनुसार अजनाला के कुछ देहात के हिंदू परिवार पलायन की तैयारी कर रहे हैं । कुछ सिख परिवार भी पलायन का इरादा रखते हैं ।

पाक अधिकृत कश्मीर के असे चुनावों में कश्मीर मुद्दा महत्वपूर्

जम्मू, 10 मई (नि.स.): पाक अधिकृत कश्मीर की असैम्बली के आगामी 21 मई को होने वाले चुनावों में कश्मीर मुद्दा प्रमुखता से उभर रहा है ।

सीमा पार से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार सत्ताधारी मुस्लिम कांफ्रैंस तथा पीपुल्स पार्टी सहित सभी पार्टियों ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में कश्मीर को भारत से स्वतंत्र करवाने की बात शामिल की है । मुस्लिम कांफ्रैंस अपने चुनाव प्रचार में इस बात पर जोर दे रही है कि कश्मीर को भारत से स्वतंत्र

अपने बजट में कश्मीरियों के लिए में कश्मीरियों को भारत के विरुद्ध लिए तैयार किया है । बताया जात मतदाता मुस्लिम कांफ्रैंस सम स्यालकोट तथा पाकिस्तान के व रहने वाले पीपुल्स पार्टी के 'पाकिस्तान' नारे के समर्थक हैं ।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पिछले कुछ महीनों के दौरान सीम

यमुनानगर गतिविधिय

यमुनानगर, 10 मई (प इस क्षेत्र में अपहरणकर्त्ताओं तेज कर दी हैं तथा हरियाणा मे जाने वाले यमुनानगर, जगाध में रहने लगे हैं ।

स्मरण रहे गत 12 मा और सचिन (9) का दिन द अपहरण कर लिया गया और सफाई से किया गया कि आज त सका है कि बच्चों का अपहरण गया ? अपहरणकर्त्ताओं ने गुप्ता से तीन चार बार सम्पर्क लेकिन पुलिस की सतर्कता दुर्भाग्यपूर्ण साबित हुई और सम्पर्क विच्छेद कर दिया ।

अब ऐसा प्रतीत होता हतोत्साहित होने के बाद इस बंद कर दी है । बच्चों के पिता भाई शशि गुप्ता शहरों में भट छुपे हुए अपहरणकर्ता किस वे

इस अपहरण के बाद स्थान बैंक के एक अधिकारी के बच्चे अपहरण करने का प्रयत्न किय दहशत के कारण विफल हो गया लेकिन एक 18 वर्षीय युव

Punjabi Sarat.in

पंजाब में ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

तथा उसका साथी भाग निकला ।

मार्क्सवादी नेता की हत्या : रोपड़ (वार्ता): मार्क्सवादी नेता करतार चंद की आज सवेरे रोपड़ जिले में माधोपुर गांव में उनके घर पर ही स्कूटर पर सवार होकर आए दो आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । श्री करतार चंद पंजाब खेत मज़दूर यूनियन की आनंदपुर इकाई के महासचिव और मार्क्सवादी पार्टी की आनंदपुर इकाई के पूर्व सचिव थे ।

मुठभेड़ में एक आतंकवादी मरा : खरड़ (शशि): कल रात कुराली के निकट परहोल गांव के निकटवर्ती जंगल में पुलिस के साथ हुई एक मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया जबकि उसका दूसरा साथी भागने में सफल हो गया । पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस को इस बात की पक्की सूचना मिली थी कि आतंकवादी कुराली के नज़दीक भट्ठों पर हमला करेंगे । इस कारण पुलिस चौकस थी । परहोल चौकी पर तैनात पुलिस ने इन दो आतंकवादियों को संदिग्ध अवस्था में जंगल में घूमते हुए देखा तथा पुलिस ने इनको घेरा डाल लिया । लगभग आधे घंटे तक पुलिस व आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई । इस दौरान एक आतंकवादी मारा गया तथा उसका दूसरा साथी भाग गया । मृतक से एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल, एक मैगज़ीन तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए ।

एक व्यक्ति की हत्या : जालंधर (न.न.ए.): कल रात थाना सदर के गांव फोलड़ीवाल स्थित दो आतंकवादियों द्वारा गुरबख्श सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी गई है । इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स. जसविंदर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गत रात नौ बजे के करीब दो स्कूटर सवार आतंकवादी गुरबख्श सिंह के घर आए । उस समय वह टी.वी. देख रहा था । आतंकवादी उसे घर से ए.के. 47 की नोक पर ले गए और कुछ दूर ले जाकर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी । इस संबंध में घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी पुलिस फोर्स सहित मौका पर पहुंच गए । उक्त गांव की घेराबंदी करके स्कूटर सवार आतंकवादियों की तलाश शुरू कर दी गई है ।

व्यापारी का अपहरण : रामपुरा फूल से 'सरस्वती' व 'तरसेम' के अनुसार आतंकवादियों ने कल शाम यहां के एक लकड़ी व्यापारी का अपहरण कर लिया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री नौहर चंद अपनी कार में जा रहे थे कि लहरा मुहब्बत के निकट आतंकवादियों ने उनकी कार रुकवाई तथा ड्राइवर को डिग्गी में बंद कर दिया । आगे जाकर उन्होंने ड्राइवर को छोड़ दिया तथा उसके हाथ एक पर्ची दी जिसमें लिखा था कि नौहर चंद की रिहाई के लिए 5 लाख रुपये की फिरौती दी जाए ।

14 आतंकवादी गिरफ्तार : फरीदकोट, कपूरथला, फिरोज़पुर, मजीठा, अमृतसर तथा भटिंडा जिलों में 14 आतंकवादियों को हथियारों समेत गिरफ्तार किया गया है । कपूरथला से जो दो आतंकवादी काबू किये गये हैं, उनके नाम अवतार सिंह तथा गुरदयाल सिंह बताये जाते हैं । इन्हें नाकाबंदी के दौरान जिला के सिद्धेवाल गांव से काबू किया गया । उनके कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल, दो मैगजीन, 50 कारतूस तथा आधा किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ भी बरामद हुआ है ।

मजीठा पुलिस ने जिन सात आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है, उनमें 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' के पूर्व प्रमुख सुखदेव सिंह झामके का भाई बलविंदर सिंह भी शामिल है । शेष छह आतंकवादियों के नाम हैं : दिलबाग सिंह उर्फ बग्गा, गुरमुख सिंह, राजिन्द्र पाल सिंह उर्फ टोनी, मुख्तियार सिंह काला, सुरेंद्र सिंह छिंदा तथा कलदीप सिंह कीपा ।

रैड अलर्ट : पंजाब प्रशासन ने अमृतसर में दो बसों में बम विस्फोटों के बाद राज्य में रैड अलर्ट जारी कर दिया है । इन विस्फोटों में 5 लोगों की मृत्यु हो गई थी व 40 अन्य लोग घायल हुए थे । विस्फोटों में 4 लोगों ने कल दम तोड़ा था, जबकि एक व्यक्ति की आज अमृतसर के एक अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

संदिग्ध युवक गिरफ्तार : फगवाड़ा (अशोक): सदर पुलिस फगवाड़ा ने निकटवर्ती गांव चहेड़ू के निकट एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक बरछा बरामद किया है । पुलिस ने उसकी शिनाख्त जसपाल सिंह उर्फ पाला गांव गढ़ा के रूप में की है ।

फार्मासिस्टों की हड़ताल जारी

जालंधर, 10 मई (न.न.ए.): पंजाब राज्य फार्मासिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर फार्मासिस्टों की हड़ताल आज 20वें दिन में प्रवेश कर गई है ।

आज भी जिला जालंधर के फार्मासिस्टों ने सिविल सर्जन के कार्यालय के सामने जिला जालंधर के प्रधान श्री ए.एल. ग्रोवर के नेतृत्व में धरना दिया व रैली की । इस सम्बन्ध में जारी एक प्रैस नोट में सचिव श्री बलविंदर ने बताया कि आज भी फिल्लौर, नवांशहर, नकोदर और जालंधर तहसीलों में पूर्ण हड़ताल रही ।

वेतन न मिलने से परेशान

जालन्धर, 10 मई : सरकार के आदेश के बावजूद कि मिनिस्टीरियल स्टाफ की हड़ताल के दृष्टिगत कर्मचारियों के वेतन जारी कर दिए जाएं, डी.पी.आई. (स्कूल) के यूथ वैल्फेयर आफिसर ने नैशनल फिटनैस कोर (एन.एफ.सी.) कर्मचारियों को अभी तक मार्च और अप्रैल माह का वेतन जारी नहीं किया । दो माह का वेतन न मिलने से एन.एफ.सी. टीचरों को बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि हड़ताली मिनिस्टीरियल स्टाफ अपना वेतन ले चुका है । एन.एफ.सी. टीचरों को अकारण वित्तीय हानि उठानी पड़ रही है ।

एन.एफ.सी. कर्मचारी संघ के महासचिव श्री आर.के.एस. धवन ने एन.एफ.सी. टीचरों के वेतन शीघ्र जारी करने की मांग की है ।

गुमशुदा की तलाश



संजीव कुमार (उर्फ़ संदीप) सुपुत्र श्री ओम प्रकाश सुपुत्र श्री मिलख राज, गली नं. 2, जैन नगरी, (चौक नं. 5), अबोहर उम्र 16 साल, कद 5'6", धारीदार सफ़ेद शर्ट व ग्रे खादी पैंट, हाथ पर 'संजीव' लिखा—25 अप्रैल, सवेरे 11 बजे से लापता है । उपरोक्तपते पर सूचित करने वाले को 1000/- सधन्यवाद दिये जाएंगे । फोन : 20098.

Sadosh

बिना पूर्व परीक्षा सितम्बर/मार्च में

मैट्रिक Punjab CBSE करें

+ 1 फेल + 2 करें

BHOPAL CBSE PUNJAB

(ARTS, SCIENCE, COMMERCE)

Prospectus Rs. 10/- by M.O.

Separate classes for Girls.

SWAMI VIVEKANAND COLLEGE

1708/Sector 22-B, Chandigarh.

स्वर्गीय डाक्टर सोहन लाल ग्रोवर का नाम

डायमण्ड आई ड्राप्स

ने उज्ज्वल बना दिया है क्योंकि

डायमण्ड आई ड्राप्स



आंखों की सुरक्षा और अन्य नेत्र रोगों के लिए संसार-भर में एकमात्र औषधि है, जो फूल जैसी आंखों के लिए फलों और जड़ी-बूटियों के रस से तैयार की गई । यही कारण है कि भारत के अलावा अन्य देशों में भी इसकी लोकप्रियता में दिन-प्रतिदिन वृद्धि होती जा रही है । इस औषधि की हर बूंद आंखों के भीतरी भाग में जब होकर धूल में अटी पड़ी आंखों को हल्का-फुल्का बना कर नई ज़िन्दगी और ताज़गी प्रदान करती है । कीमत प्रति शीशी 6/- रुपए । सेल्स टैक्स और डाक खर्च अलावा ।

अपने शहर के स्थानीय औषधि-विक्रेताओं से प्राप्त करें

आंखों का टैस्ट Super Computer से किया जाता है । रेट सिर्फ 5/- रुपए ।

डा. ग्रोवर आई अस्पताल, फिरोज़पुर शहर

Punjab Sanatan

उग्रवादियों द्वारा एक धार्मिक समारोह में शामिल लोगों पर अंधाधुंध फ़ायरिंग : 4 मरे, 5 घायल

पंजाब में अन्यत्र एक एसपीओ समेत 6 लोगों की हत्या

एक उग्रवादी गुट संघर्ष में, 2 मुठभेड़ में मारे गए

चंडीगढ़, 12 मई (प.स., वार्ता): आतंकवादियों ने जालंधर जिला के एक गांव में कल रात एक धार्मिक समारोह में अंधाधुंध फायरिंग करते हुए 4 लोगों की हत्या कर दी तथा 5 अन्य लोगों को घायल किया है । पंजाब में अन्यत्र एक एस.पी.ओ. समेत 6 लोगों की हत्या हुई । इस दौरान 3 आतंकवादी भी मारे गए हैं ।

'जगराते' में फायरिंग, चार मरे : जालंधर (प.स., वार्ता, न.न.ए.): गत रात आदमपुर थाना के गांव जफ्फल में दो आतंकवादियों ने एक धार्मिक समारोह में अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे चार लोगों की मृत्यु हो गई तथा पांच अन्य व्यक्ति घायल हुए हैं । मृतकों के नाम गुरदीप सिंह, बलविंदर सिंह, विजय कुमार तथा गोकुल चंद हैं । पुलिस के अनुसार चार घायलों अवतार सिंह, जसविंदर पाल, बलविंद्र कौर तथा नरेन्द्र कौर को जालंधर के सिविल अस्पताल तथा आशा रानी नामक एक महिला को निकटवर्ती काला बकरा अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

पुलिस के अनुसार गांव जफ्फल में गुरबचन सिंह ने अपने बेटे बलविंदर सिंह के विवाह के अवसर पर 'जगराता' आयोजित कराया था । इस अवसर पर महिलाओं व बच्चों समेत लगभग सौ लोग मौजूद थे । इस बीच दो आतंकवादी वृक्षों के झुंड से बाहर निकले और अंधाधुंध फायरिंग करने लगे । पलविंदर सिंह की बड़ी बहन जसविंद्र कौर ने बताया कि आतंकवादियों ने पीछे से गोलियां चलाईं । उसने बताया कि जब आतंकवादियों ने फायरिंग की तो सब लोग वहां से भाग खड़े हुए । फायरिंग के उपरान्त आतंकवादियों के चले जाने के बाद भी गुरबचन सिंह के परिवार के सदस्यों व रिश्तेदारों के अलावा गांव का कोई व्यक्ति बाहर नहीं निकला । गुरबचन सिंह के पड़ौसियों ने बताया कि उन्होंने गोलियां चलने की आवाज तो सुनी थी लेकिन डर के कारण वे बाहर नहीं आए । पुलिस ने घटनास्थल से 29 खाली कारतूस बरामद किए हैं । मरने वाले चार लोगों में से दो बलविंदर सिंह तथा विजय कुमार पलविंदर सिंह के चचेरे भाई थे । एक और मृतक गुरदीप सिंह भी पलविंदर सिंह का संबंधी था । चौथा मृतक गोकुल चन्द तबला वादक था ।

घटना के बाद गुरबचन सिंह आधी रात को खेतों के बीच से होते हुए निकटवर्ती किशनपुर गांव में अपने मित्र से ट्रैक्टर ट्राली मांग कर लाया और उसमें घायलों को काला बकरा में सरकारी अस्पताल में ले जाया गया । एस.पी. (आप्रेशन) श्री राज किशन बेदी के अनुसार पुलिस को तीन घंटे बाद उक्त घटना की खबर मिली । बताया जाता है कि आतंकवादियों ने स्कूटर पर भागने से पहले 'खालिस्तान' के नारे भी लगाए । आतंकवादियों ने उक्त स्कूटर निकटवर्ती किशनपुर गांव में एक स्कूल अध्यापक मालवा सिंह से छीना था । पुलिस के अनुसार इस वारदात में जफ्फल गांव के ही कुछ लोगों के संलिप्त होने की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता ।

पुलिस ने हत्यारों की गिनती दो बताई है, जबकि स्कूल अध्यापक मालवा सिंह ने बताया है कि चार आतंकवादी उससे स्कूटर छीन कर ले गए थे । गुप्तचर अधिकारियों को संदेह है कि उक्त वारदात में 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' के गुरदीप सिंह दीपा तथा गुरचरण सिंह बिलगा के नेतृत्व वाले आतंकवादी गिरोह का हाथ है । घटनास्थल का दौरा करने वाले संवाददाताओं ने देखा कि पलविंदर सिंह की नववधु गुरबख्श कौर अपने नए घर में महिला रिश्तेदारों के बीच बैठी हुई थी । उसका चेहरा पथरा गया था, जिस पर दुख और दहशत के भाव साफ झलक रहे थे ।

14 हजार रुपए लूटे : जालंधर जिला के करतारपुर पुलिस थाना के कंगवाल गांव में कल शाम हुई एक वारदात में आतंकवादियों ने सहकारी कृषि समिति कार्यालय से 14 हजार रुपये लूट लिए ।

मोटर साइकिल छीनी : आदमपुर पुलिस थाना के डोगरी गांव में एक मोटर साइकिल सवार को रोककर दो आतंकवादियों ने उसकी मोटर साइकिल छीन ली ।

मुठभेड़ में 2 आतंकवादी मरे : फरीदकोट के निकट पूर्व अकाली सांसद भाई शमिन्द्र सिंह के फार्म हाऊस के निकट सुरक्षा बलों के साथ कल रात मुठभेड़ के दौरान 2 आतंकवादी मारे गए । उनकी अभी तक पहचान नहीं हो सकी । उनके तीन साथी बचकर भाग जाने में सफल रहे । घटनास्थल से कुछ हथियार और गहने भी बरामद हुए हैं ।

मुक्तसर से 'दीपक-दर्दी' के अनुसार पुलिस की नाकापार्टी ने कल रात 12.30 बजे के लगभग 5 संदिग्ध व्यक्तियों को जब रुकने का संकेत किया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग की गई । आधा घंटा तक चली मुठभेड़ में 2 आतंकवादी मारे गये । पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान भाग जाने वाले 3 आतंकवादियों को पकड़ने के लिए अभियान छेड़ा है ।

अपहृत व्यक्ति को छुड़ाया : फिरोजपुर (कन्तोड़) : जिला फिरोजपुर पुलिस ने अत्यंत सक्रियता का परिचय देते हुए अपहृत व्यक्ति को उग्रवादियों के कब्जे से छुड़ा लिया । एस.पी. हैड क्वार्टर चौधरी दीवान चंद ने बताया कि 4 उग्रवादियों ने कल बंदूक की नोक पर मल्लांवाला पुलिस थाने के गांव ठठ्ठा दलेर सिंह में एक व्यक्ति दीसा सिंह उर्फ दया सिंह का फिरौती के लिए अपहरण कर लिया था । पुलिस ने इस घटना की सूचना मिलते ही एस.एच.ओ. मखू के नेतृत्व में मौजगढ़ गांव को घेर लिया तथा अपहृत व्यक्ति को छुड़ा लिया । पुलिस ने इस सम्बन्ध में चार अभियुक्तों जगतार सिंह, बूहड़ सिंह, दिलीप सिंह व रामसिंह को गिरफ्तार किया है । उनके पास से अपहरण के लिए प्रयुक्त की गई फिएट कार तथा 12 बोर की एक दोनाली बंदूक भी बरामद की गई है ।

एक को फांसी दी : फिरोज़पुर जिला के बेरी कदराबाद गांव के निकट विपिन कुमार नामक एक व्यक्ति को आतंकवादियों ने फांसी देकर मार डाला । उसका शव वृक्ष से लटकता हुआ पाया गया । कुछ दिन पहले मोगा से उक्त व्यक्ति का अपहरण कर लिया गया था ।

डाक्टर की कोठी पर फायरिंग : मोगा से 'आज़ाद' के अनुसार कल रात यहां फिरोज़पुर रोड पर स्थित एक डाक्टर पवन थापर की कोठी पर कुछ संदिग्ध लोगों ने फायरिंग की । श्री थापर के गनमैनों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर संदिग्ध व्यक्ति भाग गए । हमलावर मारुति कार में आए थे । पवन थापर पंजाब के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री दिवंगत श्री शाम लाल थापर का बेटा है ।

एक व्यक्ति की हत्या : अमृतसर (वार्ता) : आतंकवादियों ने कल रात तरनतारन पुलिस जिला के धत्तियां गांव में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतक का नाम चरण सिंह बताया जाता है ।

मृतक उग्रवादी था : 'प.स.' के अनुसार धत्तियां गांव में मरने वाला व्यक्ति आतंकवादी था और हाल ही में ज़मानत पर रिहा हुआ था । उसे उग्रवादी गिरोह के सदस्यों ने ही गोली मारी ।

उग्रवादी गिरोह भाग गया : तरनतारन पुलिस जिले के वल्टोहा थानांतर्गत असल औतार

(शेष पृष्ठ 8 पर)

जंडियाला क्षेत्र के कई देहात खाली हो गए, बड़े स्तर पर पलायन हो चुका है

अमृतसर, 12 मई (सग्गू) : यहां से 18 किलोमीटर दूर पुलिस जिला मजीठा के गांव जंडियाला और उसके अड़ोस-पड़ोस के देहातों का सरसरी जायज़ा लेने के बाद पता चला है कि इस क्षेत्र के गांव के गांव पलायन कर चुके हैं । जिनके मकानों को ताले लगे हुए हैं, वे अंदर से खाली हैं । यह लावारिस पड़े कुछ मकान गिर गए हैं । कुछ गिर रहे हैं, कई विशुद्ध हिंदुओं के देहात थे, जिनमें एक भी व्यक्ति और पशु नज़र नहीं आता जिसके कारण यह गांव वीरान नज़र आते हैं । बताया जाता है कि इन खाली पड़े देहातों के निवासियों की भूमि जो उनको बेचने नहीं दी गई, वीरान पड़ी है । जो कुछ थोड़े-बहुत अपनी भूमि बेच गए हैं, उनको वर्तमान कीमत से आधी कीमत दी गई है । लेकिन उग्रवादियों की गोलियों का निशाना बनने से इन देहातों के सम्पूर्ण परिवार अपने बाल-बच्चों को लेकर आबाद घरों को खैरबाद कह चुके हैं । इन देहातों में ढोरल, संगर, भल्ला, मिसरा, मच्छल शामिल हैं, जो तमाम के तमाम ब्राह्मणों के देहात थे और जमीन की मालकी भी उनकी थी, जो पूर्ण तौर पर वहां से निकल चुके हैं । देहातों में उनका कोई कत्ता भी नज़र नहीं

जहां तक जंडियाला कस्बा का प्रश्न है, यहां 90 प्रतिशत जनसंख्या हिंदुओं की है, 10 प्रतिशत सिख और दूसरे वर्गों पर आधारित है । यहां पर 500 से अधिक जैनी रहते हैं । सूचनाओं के अनुसार कुछ घर जैनियों के पूर्ण तौर पर जंडियाला छोड़ गए हैं । जबकि शेष परिवारों के रोज़ी कमाने वाले एक दो व्यक्ति शेष रह गए हैं । वैसे जैनियों के घरों में बच्चा एक भी नहीं रहा । ब्राह्मणों के 150 परिवार थे, जिनमें से 70 परिवार रह गए हैं । शेष पंजाब ही छोड़ कर चले गए हैं ।

जंडियाला कस्बा के कुछ लोगों के अनुसार यह बड़े स्तर पर पलायन उग्रवादियों के आतंक और हिंदुओं के विरुद्ध की गई अमानवीय कार्रवाइयों के कारण ही हुआ । उन्होंने यह भी बताया कि जंडियाला के कुख्यात आतंकवादी बबर खालसा के भोला, जो मरने वाले दिन ही भिंडरावाला टाइगर फोर्स में शामिल हुआ था, जंडियाला और इसके आसपास के क्षेत्रों में बहुत अंतर पड़ा है । लोगों को राहत मिली है । विशेष तौर पर सम्बद्ध देहातों के कम्बोज वर्ग को सुख का सांस मिला है, जो अच्छी खासी जमीनों के मालिक हैं और उनसे भोला और

Punjabi Sanjaj

पुस्तक विक्रेता से खरीदें

डिस्ट्रीब्यूटर्ज :- मै. राजीव सेल्स कॉर्पोरेशन,
कनक मंडी, अमृतसर; फोन : 49493.

साथ समस्या के
इससे भारत और

ही नहीं,
खतरा

हमारी परीक्षा की घड़ी

: गुजराल

देश को जकड़ा है,तब-तब हमें
ड़ा है और तब-तब ही हमने इन
ी शक्ति संजोई है । उन्होंने
ने अंतः में गहरे झांकना होगा।
क्या हम तुच्छ धार्मिक और
क्षेत्रीय अलगाववाद की रौ में
क उद्देश्यों की हत्या तो नहीं

के दौरान श्री गुजराल को
द उपाधि से सम्मानित किया
म्मारोह में 480 लोगों को
तक की उपाधि (डिग्री) प्रदान
ल बांटे गए ।

लग-थलग पड़ा : नई
ा मंत्री इंद्र कुमार गुजराल ने
कश्मीर मसले पर विश्व-भर
म एशिया में भी अलग-थलग
राल ने हिन्दी साप्ताहिक 'संडे
ार्ता में कहा कि ईरान को छोड़
किस्तान का समर्थन नहीं कर

कि ईरान क्यों पाकिस्तान का
गुजराल ने कहा कि हरेक देश
ाव और बाध्यता होती है ।
क हाल ही में न्यूयार्क में ईरानी
नकी मुलाकात के दौरान इस
आ रही थी ।

डे मेल (हिन्दी) के सम्पादक
साथ बातचीत में कहा कि
और पंजाब के मामलों पर
युद्ध छेड़ दिया है,क्योंकि वह
के लिए सस्ती कीमत अदा

राल की दृष्टि में पाकिस्तानी
शाना भारत का 'धर्मनिरपेक्ष
रण इस हमले का जवाब देने
ष्ठ 8 पर)





काला बकरा के निकटवर्ती गांव जफ्फल में श्री गुरबचन सिंह के बेटे बलविंदर सिंह की शादी के संबंध में आयोजित जागरण समारोह में उग्रवादियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग में मारे गये (1) बिन्दर, (2) विजय कुमार, (3) गुरदीप सिंह लाली, (4) गोकुल चंद । फायरिंग में जो घायल हुए, वे हैं : (5) पांच साल की एक बच्ची, (6) जसविंदर, (7) बलविंदर कौर, (8) अवतार सिंह, (9) दूल्हा बलविन्दर जिसका 'गाना' अभी खुलना था तथा (10) भगत सौदागर मल्ल । (11) मृतकों एवं घायलों के शोक संतप्त परिवारजन, (12) दूल्हा बलविंदर अपने बूढ़े मां-बाप के साथ । (छाया : शिव जैमिनी)

आंध्र में तूफान से मृतकों की संख्या 318,प्रधानमंत्री द्वारा 34 करोड़ की मदद की घोषणा

हैदराबाद, 12 मई (वार्ता, प.स.): आंध्र प्रदेश के तटवर्ती इलाकों में गत दिनों भीषण तूफान में मरने वालों की संख्या बढ़ कर 318 हो गई है । प्रभावित इलाकों से लोगों के मरने की खबरें आने का क्रम अभी भी जारी है ।

सरकारी सूत्रों के अनुसार गुंतूर जिले में सर्वाधिक 153 लोगों की मृत्यु हुई । कृष्णा जिले में 65, पूर्वी गोदावरी में 35, विशाखापटनम में और प्रकाशम जिलों में 25-25, पश्चिम गोदावरी मे नौ, नेल्लोर और खझाम दोनों में दो-दो और महबूब नगर और विजयनगरम में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई । भीषण तूफान से 62 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं तथा 3059 गांव इसकी चपेट में आए हैं ।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि तूफान से लोगों के लिए 2 करोड़ रुपए देने की घोषणा की । उन्होंने इसके अलावा 32 करोड़ रुपए की और तात्कालिक सहायता की भी घोषणा की ।

श्री वी.पी. सिंह ने कहा कि राज्य को दी जा रही 32 करोड़ रुपए की यह राशि खर्च हो जाने के बाद 32 करोड़ रुपए की और राशि राज्य को दी जाएगी । इससे कुल सहायता राशि 64 करोड़ रुपए हो जाएगी ।

मुख्यमंत्री डा. एम. चेन्ना रैड्डी ने प्रधानमंत्री से राज्य के तूफानग्रस्त क्षेत्रों में राहत कार्य के लिए 64.50 करोड़ रुपए की राशि तुरन्त देने की मांग की है । उन्होंने कहा कि यह राशि गैर योजना सहायता के रूप में दी जानी चाहिए ।

जब मुख्यमंत्री से पूछा गया कि वह केन्द्र द्वारा

उग्रव
लोग

पंजाब
समे

चंडीगढ़, 12
ने जालंधर जिल
धार्मिक समारोह
लोगों की हत्या क
किया है । पंजाब
6 लोगों की हत्य
भी मारे गए हैं ।

'जगराते'
जालंधर (प.स.,
थाना के गांव ज
धार्मिक समारोह
चार लोगों की मृ
घायल हुए हैं ।
बलविंदर सिंह, वि
पुलिस के अनुस
जसविंदर पाल,
जालंधर के सिवि
नामक एक महि
अस्पताल में दाखि

पुलिस के अन
ने अपने बेटे बलवि
'जगराता' आयोजि
महिलाओं व बच्च
थे । इस बीच दो
निकले और अं
पलविंदर सिंह की
कि आतंकवादियों
बताया कि जब अ
लोग वहां से भाग
आतंकवादियों के
के परिवार के सद
का कोई व्यक्ति ब
के पड़ौसियों ने बत
आवाज तो सुनी थी
आए । पुलिस ने
बरामद किए हैं
बलविंदर सिंह त
चचेरे भाई थे ।
पलविंदर सिंह का
चन्द तबला वादक

घटना के बाद
के बीच से होते ह
अपने मित्र से ट्रैक्ट

Punjab Satabdi

तकेद बाल टूटते बाल

बवासीर, मोटापा, सुस्ती, पेशाब रोग, चमड़ी रोग, पेट गैस, जोड़ दर्द, शूगर, शराब-अफीम छुड़ाने और कद बढ़ाने का सफल इलाज, मिलें या लिखें :

ब्रिटिश क्लिनिक
68, भण्डारी पुल ऊपर
अमृतसर-19 ।

सिनेमा बिकाऊ या किराए पर

एक सिनेमा जो बहुत ज्यादा लाभ दे रहा है, 1000 सीट तथा ए क्लास बना हुआ है, तहसील हैडक्वार्टर जिला फरीदकोट में बिकाऊ या किराए के लिए उपलब्ध है ।

बाक्स 736, पंजाब केसरी, जालंधर ।

Earn handsome income P.M./ More with investment of Rs. 75000/-

ANUJ BUSINESS CENTRE
Hotel Imperial Karnal.
Ph. : 3241, 2294.
TLX-0396-232 FAX 91-184-3241.
SERVICES :—FAX, TELEX, STD, TRAVEL RESERVATION.
Shivaji/904

WANTED

1. DEALERS
2. PRINTERS FOR QSS COLOR LAB.
3. HELPERS FOR COLOR LAB.
4. GRADUATE SMART COUNTER GIRLS.
5. ACCOUNTANTS.

Salary is no bar for experienced and qualified persons. Contact personally within one week with complete biodata and testimonials.

UNIQUE COLOUR LAB (P) LTD.
M.M. Malviya Road, AMRITSAR.
PH. : 62349.

WANTED Steno-Typist having good command over English Typing and Shorthand. Minimum experience four years. Good pay and perks. Knowledge of Telex Additional Advantage. Respectable Job and good prospectus. Residential accommodation can be provided. Apply within 15 days to :

PUNJAB STEEL FORGING & AGRO INDS.
P. O. Box 36,
MANDIGOBINDGARH. (Pb.)

The PUMPS are manufactured With High Speed Vertical Motors of 0.5 HP & 1 HP Single Phase

SURYA
DEEPWELL JET PUMPS
SIMPLE TO INSTALL HIGH CAPACITY LOW MAINTENANCE
INSTALLATION ON GROUND-LEVEL SUCTION UP TO 100 FEET

SURYA
DOMESTIC MONOBLOCK
PUMP SET 0.5 HP 2880 RPM
PHONES OFF 77246 RES. 76850

VENUS INDUSTRIES
E-57 Industrial Area, Jalandhar 144004

पामिस्ट्री सीखिए

A Short Term Professional Course in Palmistry

हस्तरेखाओं द्वारा भविष्य पढ़ना एक सरल और वैज्ञानिक विधि है। इसे आप कैरियर के तौर पर सीखना चाहें या हॉबी के तौर पर हमारे इंस्टीच्यूट द्वारा सीख सकते हैं। "ग्रुप ट्यूटोरियल" तथा 'पत्राचार' दोनों विधियों से शिक्षा का प्रबन्ध है। विवरण पुस्तिका इस पते से मगाएँ :

इंस्टीच्यूट ऑफ पामिस्ट्री
डब्ल्यू-21, ग्रेटर कैलाश-I, नई दिल्ली-48

A LEADING 100% Export House REQUIRES Typists

The Applicants must be Graduate with minimum English Type writing Speed 40 w.p.m. with 2 years experience. Apply within ten days.

SOCCER INTERNATIONAL
Basti Sheikh Road,
Jalandhar-144002.
Phone : 76105

[illegible]

(पृष्ठ 1 का शेष)

हिस्सा लेने के बाद स्वदेश लौटते हुए कल यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे ।

लेकिन इसके साथ ही श्री दंडवते ने भारतीय उत्पादों के अमरीका स्थित आयातकर्त्ताओं से भी आग्रह किया कि वे ज्यादा देर तक के लिए नहीं बल्कि कुछ समय के लिए धैर्य रखें, जब तक कि इस कथित मसले का हल नहीं मिल जाता । उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यह नहीं मान लिया जाना चाहिए कि इस तरह की धमकी की नीति चलती रहेगी । उन्होंने कहा कि यह मसला राष्ट्रीय प्रतिष्ठा तथा बहुपक्षीय व्यापारिक प्रणाली के प्रति निष्ठा आदि से सम्बद्ध है और भारत बहुपक्षीयवाद के प्रति अपने दृष्टिकोण की अवहेलना की अनुमति नहीं देगा ।

श्री दंडवते ने संकेत दिया कि भारत और सोवियत संघ के बीच रुपए-रूबल के व्यापार को लेकर कुछ किस्म की अड़चन पैदा हो गई है ।

दिल्ली में 4 बम बरामद

नई दिल्ली, 12 मई (वार्ता): पश्चिम दिल्ली के विष्णु गार्डन क्षेत्र से कल एक मकान से 4 शक्तिशाली देसी बम बरामद हुए ।

ज्ञानदेव ने दम तोड़ा

वाराणसी, 12 मई (वार्ता): द्वारिका पीठ के शंकराचार्य स्वामी स्वरुपानंद सरस्वती के शाहजहांपुर निवासी ज्ञान देव की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है । ज्ञानदेव ने शंकराचार्य की गिरफ्तारी के विरोध में गत नौ मई को आत्मदाह का प्रयास किया था । उसे गम्भीर रूप से जली अवस्था में लखनऊ मैडीकल कालेज में भर्ती किया गया था जहां उसने कल दम तोड़ दिया ।

अगले वर्ष भयंकर सूखे व अकाल की सम्भावना

लखनऊ, 12 मई (वार्ता): कुछ वर्षों से ऋतु में व्यापक परिवर्तन होने से वर्ष 1991 में भयंकर अकाल और सूखे की सम्भावना है जिससे विश्व का अधिकांश भाग कुप्रभावित होगा ।

यह भविष्यवाणी अखिल भारतीय ज्योतिर्विज्ञान तथा सांस्कृतिक शोध परिषद लखनऊ ने की है ।

पृथकतावादी आंदोलन का खंडन

मद्रास, 12 मई (वार्ता) : तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि ने इस बात का खंडन किया है कि राज्य में पृथकतावाद जैसा कोई आंदोलन चल रहा है । उन्होंने कहा कि द्रमुक सरकार देश की एकता तथा अखंडता को किसी भी तरह खतरे में नहीं पड़ने देगी ।

भारत को पाकिस्तान से ...

(पृष्ठ 1 का शेष)

के लिए विभिन्न समुदायों के आपसी रिश्ते को मजबूत किया जाना तथा एक-दूसरे की भावनाओं का आदर करना जरूरी है ।

वर्तमान प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह और उनके पूर्ववर्ती श्री राजीव गांधी के कामकाज के ढंग के बारे में पूछे जाने पर श्री गुजराल ने कहा कि वह व्यक्तिगत तुलना नहीं करना चाहते । उन्होंने इस संदर्भ में कहा कि अब विदेश नीति की रूपरेखा विदेश मंत्रालय में तय होती है, न कि प्रधानमंत्री कार्यालय में ।

श्री गुजराल ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री श्री सिंह उन मंत्रियों पर पूरा विश्वास करते हैं, जिन्हें उन्होंने कोई न कोई दायित्व सौंप रखा है । कहीं किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं है । अपने सहयोगियों के प्रति प्रधानमंत्री का विश्वास ही हमारी वर्तमान सरकार की कार्य शैली का सबसे बड़ा आधार है ।

राष्ट्रीय मोर्चा सरकार की विदेश नीति के बारे में श्री गुजराल ने कहा, हम कमीज़ की तरह विदेश नीति नहीं बदल सकते । विदेश नीति की सफलता का रहस्य इसकी निरंतरता और प्रासंगिकता पर निर्भर है ।

उन्होंने कहा कि पिछले चार महीनों में भारत ने 'संकट' (कश्मीर) के बावजूद विश्व परिदृश्य पर स्थान बनाया है तथा पर्याप्त विश्व समर्थन जुटाया है । श्री गुजराल ने कहा कि हमें अपनी विदेश नीति को 'व्यक्तिगत प्रतिष्ठा' का ज़रिया नहीं बनाना है ।



जिला जालंधर के जफ्फल गांव में उस स्थान पर श्री डी.आर. भट्टी डी.आई.जी. जालंधर रेंज व अन्य पुलिस अधिकारी लोगों से बातचीत करते हुए, जहां शुक्रवार की रात को चार व्यक्तियों की हत्या की गई थी । (छाया : कोहली)

Walia Clinical Laboratory, Mintgumry Chowk, 627, Model Town, Ludhiana. Biochemistry tests with computerized imported semi auto analyser. Lipdogram T3, T4, TSH, LFT, special facility culture tests, Blood Sugar in one minute, Pregnancy test on first day after due date, Blood Group in one minute.

SPECIALIST : Dr. Y.S. WALIA
M.Sc. M. Tech. (PGI).

रेलवे में भर्ती

रेलवे में कमर्शियल क्लर्क, आफिस क्लर्क, टिकट क्लैक्टर, ट्रेन क्लर्क के अनेक पद रिक्त हैं । योग्यता : दसवीं, आयु सीमा : 18-25 (SC/ST 30) वर्ष । वेतन स्केल : 975-1500 । अंतिम तिथि 05.06.1990 ।

[illegible]

(पृष्ठ 1 का शेष)

गांव के निकट आज रात पुलिस के साथ चार घंटे की मुठभेड़ के बाद सात-आठ आतंकवादियों का एक गिरोह भाग खड़ा हुआ । गोलीबारी में एक नागरिक घायल हो गया ।

मृतक कम्युनिस्ट पार्टी का कार्यकर्त्ता था : तरनतारन पुलिस जिले के चीफ श्री जोगेंद्र पाल सिंह ने रात्रि देर गए यह सूचना दी कि गुरु तेग बहादुर अस्पताल में आज मरने वाला घायल ओंकार सिंह उग्रवादी नहीं था, वह भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का एक कार्यकर्त्ता था और वह अपने गांव खब्बे राजपूतां में अपने ट्रैक्टर का टायर फटने से घायल हो गया था और उसके सिर में गम्भीर चोटें आई थीं । पहले के समाचारों में यह बताया गया था कि वह बम ले जाते समय विस्फोट होने से मारा गया था और एक उग्रवादी था ।

एस.पी.ओ. का शव मिला : एक विशेष पुलिस अधिकारी (एस.पी.ओ.) परमजीत सिंह का गोलियों से छलनी शव मजीठा पुलिस जिला में आज प्रातः दोबुर्जी गांव के निकट से बरामद किया गया । उसका सुल्तानविंड गांव से कल रात अपहरण कर लिया गया था ।

एक की हत्या : बटाला (कोछड़) : पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव तपले में कल रात 3 आतंकवादी मंगल सिंह नामक एक व्यक्ति को जबरदस्ती अपने साथ ले गए तथा बाद में उसकी गोली मार कर हत्या कर दी । मृतक पाठ इत्यादि करने का काम करता था । पुलिस ने इसे निजी गुट संघर्ष की वारदात बताया है ।

एक और हत्या : बटाला पुलिस जिला के पुराना बल्लरवाल गांव में कल रात तीन आतंकवादियों ने एक डेरे में घुसकर मनमोहन दास नामक एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी ।

हथियार लूटे : धुरी (सिंगला): 3 अज्ञात व्यक्ति यहां निकटवर्ती गांव कालेके में कौर सिंह नामक एक व्यक्ति से एक बंदूक तथा कुछ कारतूस लूट कर ले गये । निकटवर्ती लडाल गांव में 4 आतंकवादी बूटा सिंह नामक एक व्यक्ति से एक रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस छीन कर ले गये ।

महंत की हत्या : धुरी से 'जैन' के अनुसार कल रात यहां से 8 किलोमीटर दूर गांव घनौर खुर्द में लगभग साढ़े आठ बजे स्कूटर सवार आतंकवादियों ने एक महंत जलालदीन की गोलियां मार कर हत्या कर



मुक्तसर में पुलिस मुकाबले में मारे गए दो संदिग्ध आतंकवादी जिनकी शिनाख्त नहीं हो सकी । (छाया : दीपक पाल)

दी । उक्त महंत धागे-तावीत बनाने का काम करता था । बताया जाता है कि आतंकवादियों ने धागा-तावीत बनाने के बहाने उक्त महंत को घर से बाहर बुलाया तथा उस पर गोलियों की बौछार कर दी । उसकी मौका पर ही मृत्यु हो गई ।

एक दुर्दांत आतंकवादी गिरफ्तार : कपूरथला पुलिस ने कल रात एक दुर्दांत आतंकवादी सुखदेव सिंह उर्फ़ सुक्खा को गिरफ्तार किया है । उससे एक किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ, एक डैटोनेटर तथा फ्यूज़ वायर भी बरामद हुई है ।

एक और आतंकवादी काबू : भटिंडा पुलिस ने एक आतंकवादी जगदेव सिंह उर्फ़ किशन दास को गिरफ्तार किया है । उससे दो राइफलें तथा कुछ गोली-सिक्का भी पकड़ा गया है ।

दो दुर्दांत आतंकवादी पकड़े गए : पटियाला (भूषण): पुलिस ने जिला से पिछले 24 घंटों के दौरान 2 दुर्दांत आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । ये आतंकवादी संगरूर जिला में 3 साधुओं की हत्याओं तथा बैंकों से लगभग 4.11 लाख रुपए लूटने की वारदातों में संलिप्त थे । यह जानकारी जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. शर्मा ने दी है ।

एक आतंकवादी का नाम सरबजीत सिंह उर्फ सरबीउर्फ पहलवान है और वह संगरूर जिला के बुदालबाद गांव का निवासी है । पंजाबी यूनिवर्सिटी में 'धर्म-अध्ययन' विषय में एम.फिल. करने वाले सरबजीत सिंह खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बद्ध है । दूसरे आतंकवादी का नाम कंवलजीत सिंह उर्फ काका है । वह पटियाला जिले के घग्गा थाना के अधीन बरास गांव का निवासी है और खालिस्तान लिबरेशन फोर्स से सम्बद्ध है ।

प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान उक्त आतंकवादियों ने संगरूर जिला के दिढ़बा क्षेत्र में 3 साधुओं की हत्या की जिम्मेदारी ली है । उन्होंने पटियाला जिला के भूनरहेड़ी गांव में पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से 3.87 लाख रुपए तथा चाहल गांव में एक सहकारी बैंक से 22 हजार रुपए लूटने, पिछले साल नवम्बर में पटियाला में सिविल लाइन्स क्षेत्र से 2 स्कूटर छीनने तथा पटियाला में ही टी.वी. की एक दुकान से 15 सौ रुपए लूटने की वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है ।

देवी लाल को अस्पताल से छुट्टी

नई दिल्ली, 12 मई (प.स.): उपप्रधानमंत्री श्री देवी लाल को आज राम मनोहर लोहिया अस्पताल से छुट्टी दे दी गई । उन्हें वहां आंतशोथ के इलाज के लिए भर्ती किया गया था ।

कश्मीर में ...

(पृष्ठ 1 का शेष)

मुफ्ती द्वारा सहयोग की अपील : जम्मू से 'नि.स.' के अनुसार गृहमंत्री श्री मुफ्ती मुहम्मद सईद ने जनता से अपील की है कि देशद्रोही तत्वों को आश्रय न दिया जाए तथा कश्मीर घाटी में सामान्य वातावरण की बहाली के लिए प्रशासन को सहयोग प्रदान किया जाए ।

यहां से लगभग 155 कि.मी. दूर सीमावर्ती कस्बे राजौरी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मुफ्ती ने कहा कि पाक षड्यंत्र के प्रति कड़े कदम उठाए गये हैं तथा इसके बावजूद हम शांति चाहते हैं । मगर हम फिर भी प्रत्येक धमकी से निपटने को तैयार हैं तथा किसी को भी देश की एकता व अखंडता को चुनौती देने की आज्ञा नहीं दी जाएगी ।

उन्होंने कहा कि गुर्जरों, बकरवालों और पहाड़ियों को अनुसूचित जाति और जनजाति की सूची में शामिल किए जाने पर केंद्र सरकार गहन विचार कर रही है ।

गृह मामलों के राज्यमंत्री श्री सुबोध कांत सहाय, गुज्जर नेता हरि सिंह नलवा तथा तालिब हुसैन ने भी जनसभा को संबोधित किया ।

मस्जिदों से भारत-विरोधी प्रचार बंद कर दिया गया है : श्रीनगर : कश्मीर मामलों के मंत्री जार्ज फर्नांडीज ने यहां कहा कि गत पंद्रह दिनों में कश्मीर घाटी में काफी तलाशी होने के कारण विघटनकारी गतिविधियों में कमी आई है ।

श्री फर्नांडीज़ ने यहां पत्रकारों को सरकारी अधिकारियों के हवाले से बताया कि मस्जिदों से भारत-विरोधी प्रचार बंद कर दिया गया है । इसके अलावा अलगाववादियों के झंडे फहरने बंद हो गए हैं और अब दीवारों पर भारत-विरोधी नारे भी नजर नहीं आते हैं । उन्होंने कहा कि विघटकारी गतिविधियों में कमी आने का एक कारण यह भी है कि आतंकवादी जानने लगे हैं कि वे अधिक दिनों तक अपना संघर्ष जारी नहीं रख सकते हैं ।

श्री फर्नांडीज़ ने कहा कि कई स्वतंत्र पर्यवेक्षकों की राय में स्थिति में कोई उल्लेखनीय परिवर्तन नहीं हुआ है और जहां तक आम जनता के कटे रहने का सवाल है, स्थिति जैसी की तैसी बनी हुई है ।

श्री फर्नांडीज़ ने राज्य सरकार के सलाहकारों और सुरक्षा बलों के अधिकारियों के साथ बैठक की । उन्होंने अधिकारियों से पर्यटन उद्योग में गिरावट आने से बेरोज़गार होने वाले लोगों को नौकरी दिलाने के लिए विकास योजना तैयार करने को कहा । उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में उन्हें कल एक कार्य योजना सौंपी जाएगी । बैठक में कश्मीर मामलों की सर्वदलीय सलाहकार समिति के सदस्यों ने भी भाग लिया ।

श्री फर्नांडीज़ बाद में शाम को अनंतनाग गए । वहां करीब सौ लोगों ने उन्हें घेर कर उनसे सुरक्षा बलों की कथित अत्याचारों की शिकायत की ।

इस बीच गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद के गृह नगर बीजबहेरा में हड़ताल आयोजित की गई ।

नेताओं के बाद अफसरों के यहां छापे

भुवनेश्वर, 12 मई (प.स.): सतर्कता अधिकारियों द्वारा 'अवैध सम्पत्ति' बरामद करने के लिए गत बुधवार को इंका नेताओं के 42 स्थानों पर मारे गए छापों के बाद विभाग के विशेष दस्तों ने आज 8 वरिष्ठ अफसरों तथा पुलिस अधिकारियों के यहां तलाशी ली । यह जानकारी आज यहां सरकारी प्रवक्ता ने दी । प्रवक्ता ने बताया के ये छापे 20 स्थानों पर मारे गए । ये स्थान चार आई.ए.एस. अधिकारियों, तीन आई.पी.एस. अधिकारियों, एक चीफ इंजीनियर तथा एक वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी के हैं ।

सैम पित्रोदा पद मुक्त

नई दिल्ली, 12 मई (वार्ता): दूर-संचार आयोग के अध्यक्ष सैम पित्रोदा को टैलीमेटिक्स विकास केन्द्र (सी. डॉट) के सलाहकार और इसकी संचालन परिषद् के उपाध्यक्ष पद से मुक्त कर दिया गया है । सूत्रों ने यह जानकारी दी है ।

संचार मंत्री जनेश्वर मिश्र के अनुसार सेम पित्रोदा को 'सी-डॉट' के सभी पदों से इसलिये हटाया गया है कि वह जांच कार्य को प्रभावित नहीं कर सकें । श्री मिश्र ने बताया कि 'सी-डॉट' के मामले को लेखा परीक्षा के लिए भेजने का फैसला मंत्रिमंडल स्तर पर किया गया और सी.बी.आई. की जांच बिठाने के बारे में निर्णय लेखा परीक्षा की रिपोर्ट मिलने के बाद किया जाएगा ।

संचार राज्यमंत्री ने कहा कि श्री पित्रोदा को सी-डॉट के जिन पदों से हटाया गया है, उन पर अन्य व्यक्ति को नियुक्त करने के बारे में निर्णय अगले कुछ दिनों में किया जाएगा ।

बेनज़ीर 12 मुस्लिम देशों की यात्रा पर जाएंगी

इस्लामाबाद, 12 मई (डी.पी.ए.) : एक सरकारी घोषणा में कहा गया है कि प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो अगले तीन सप्ताहों में 12 मुस्लिम देशों की यात्रा करेंगी तथा वहां के नेताओं को कश्मीर तथा अन्य मुद्दों की जानकारी देंगी । वह 15 मई को ईरान यात्रा के साथ इसकी शुरूआत करेंगी तथा टर्की, सीरिया, जार्डन, उत्तरी यमन, मिस्र, लीबिया और ट्यूनिशिया जाएंगी । बाद में वह कतार, ईराक, कुवैत, बहरीन और कुछ अन्य देशों की यात्रा करेंगी ।

मोर्चा सरकार से जनता की उम्मीदें टूटीं : बिल्ला

अमृतसर, 12 मई (वि.प्र.): अखिल भारतीय हिन्दू शिव सेना के प्रधान श्री सुरिंद्र कुमार बिल्ला ने एक बयान में कहा है कि राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार से देश की जनता ने जो उम्मीदें लगाई थीं, वह टूटती जा रही हैं तथा देश में बेचैनी बढ़ी है । वह हाल ही में दिल्ली से वापिस लौटे हैं ।

Punjabi Sanatan

ठुकराया
ा शेष)

ा लौटते हुए कल यहां
रहे थे ।

श्री दंडवते ने भारतीय
न आयातकर्त्ताओं से भी
र तक के लिए नहीं बल्कि
जब तक कि इस कथित
ाता । उन्होंने चेतावनी
न लिया जाना चाहिए कि
नीति चलती रहेगी ।
ा राष्ट्रीय प्रतिष्ठा तथा
ी के प्रति निष्ठा आदि से
क्षीयवाद के प्रति अपने
ी अनुपति नहीं देगा ।

दिया कि भारत और
ए-रूबल के व्यापार को
न पैदा हो गई है ।

बम बरामद

वार्ता): पश्चिम दिल्ली के
ल एक मकान से 4
रामद हुए ।

दम तोड़ा

वार्ता): द्वारिका पीठ के
रूपानंद सरस्वती के
देव की मृत्यु पर गहरा
नदेव ने शंकराचार्य की
नौ मई को आत्मदाह का
भीर रूप से जली अवस्था
में भर्ती किया गया था
दिया ।

यंकर सूखे व सम्भावना

र्ता): कुछ वर्षों से ऋतु में
1991 में भयंकर अकाल
जिससे विश्व का अधिकांश

न भारतीय ज्योतिर्विज्ञान
षद लखनऊ ने की है ।

दोलन का खंडन

वार्ता) : तमिलनाडु के
ध ने इस बात का खंडन
ावाद जैसा कोई आंदोलन
ा कि द्रमुक सरकार देश
ी किसी भी तरह खतरे में

स्तान से ...
ा शेष)

के आपसी रिश्ते को
क-दूसरे की भावनाओं का

श्वनाथ प्रताप सिंह और
ांधी के कामकाज के ढंग
गुजराल ने कहा कि वह
ा चाहते । उन्होंने इस

उग्रवादियों द्वारा ...

(पृष्ठ 1 का शेष)

गांव के निकट आज रात पुलिस के साथ चार घंटे की मुठभेड़ के बाद सात-आठ आतंकवादियों का एक गिरोह भाग खड़ा हुआ । गोलीबारी में एक नागरिक घायल हो गया ।

मृतक कम्युनिस्ट पार्टी का कार्यकर्त्ता था : तरनतारन पुलिस जिले के चीफ श्री जोगेंद्र पाल सिंह ने रात्रि देर गए यह सूचना दी कि गुरु तेग बहादुर अस्पताल में आज मरने वाला घायल ओंकार सिंह उग्रवादी नहीं था, वह भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का एक कार्यकर्त्ता था और वह अपने गांव खब्बे राजपूतां में अपने ट्रैक्टर का टायर फटने से घायल हो गया था और उसके सिर में गम्भीर चोटें आई थीं । पहले के समाचारों में यह बताया गया था कि वह बम ले जाते समय विस्फोट होने से मारा गया था और एक उग्रवादी था ।

एस.पी.ओ. का शव मिला : एक विशेष पुलिस अधिकारी (एस.पी.ओ.) परमजीत सिंह का गोलियों से छलनी शव मजीठा पुलिस जिला में आज प्रातः दोबुर्जी गांव के निकट से बरामद किया गया । उसका सुल्तानविंड गांव से कल रात अपहरण कर लिया गया था ।

एक की हत्या : बटाला (कोछड़) : पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव तपले में कल रात 3 आतंकवादी मंगल सिंह नामक एक व्यक्ति को जबरदस्ती अपने साथ ले गए तथा बाद में उसकी गोली मार कर हत्या कर दी । मृतक पाठ इत्यादि करने का काम करता था । पुलिस ने इसे निजी गुट संघर्ष की वारदात बताया है ।

एक और हत्या : बटाला पुलिस जिला के पुराना बल्लरवाल गांव में कल रात तीन आतंकवादियों ने एक डेरे में घुसकर मनमोहन दास नामक एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी ।

हथियार लूटे : धूरी (सिंगला): 3 अज्ञात व्यक्ति यहां निकटवर्ती गांव कालेके में कौर सिंह नामक एक व्यक्ति से एक बंदूक तथा कुछ कारतूस लूट कर ले गये । निकटवर्ती लडाल गांव में 4 आतंकवादी बूटा सिंह नामक एक व्यक्ति से एक रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस छीन कर ले गये ।

महंत की हत्या : धूरी से 'जैन' के अनुसार कल रात यहां से 8 किलोमीटर दूर गांव घनौर खुर्द में लगभग साढ़े आठ बजे स्कूटर सवार आतंकवादियों ने एक महंत जलालदीन की गोलियां मार कर हत्या कर



मुक्तसर में पुलिस मुकाबले में मारे गए दो संदिग्ध आतंकवादी जिनकी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

Punjabi Sahaj

क
(पृ

मुफ्ती द्वारा स
'नि.स.' के अनुसार
ने जनता से अपील
आश्रय न दिया जाए
वातावरण की बहाल
प्रदान किया जाए ।

यहां से लगभग
कस्बे राजौरी में एक
श्री मुफ्ती ने कहा कि
उठाए गये हैं तथा
हैं । मगर हम फिर
तैयार हैं तथा किसी
को चुनौती देने की

उन्होंने कहा
पहाड़ियों को अनुसू
में शामिल किए जा
कर रही है ।

गृह मामलों के
गुज्जर नेता हरि सिं
जनसभा को संबोधि

मस्जिदों से
कर दिया गया है
के मंत्री जार्ज फर्ना
दिनों में कश्मीर
कारण विघटनकारी

श्री फर्नांडीज़
अधिकारियों के ह
भारत-विरोधी प्रच
अलावा अलगाववा
और अब दीवारों
नहीं आते हैं ।
गतिविधियों में कम
कि आतंकवादी जा
अपना संघर्ष जारी

श्री फर्नांडीज़
की राय में स्थिति
हुआ है और जहां त
सवाल है, स्थिति

श्री फर्नांडीज़
और सुरक्षा बलों
की । उन्होंने अ
गिरावट आने से
नौकरी दिलाने के
को कहा । उन्होंने
कल एक कार्य यो
कश्मीर मामलों की
सदस्यों ने भी भाग

श्री फर्नांडीज़
वहां करीब सौ लो
बलों की कथित अ

इस बीच गृहम
नगर बीजबहेरा में

नेताओं के
य

भुवनेश्वर,
अधिकारियों द्वारा
लिए गत बुधवार
मारे गए छापों के

खिल भारतीय ज्योतिर्विज्ञान
परिषद लखनऊ ने की है ।

आंदोलन का खंडन

(वार्ता) : तमिलनाडु के
निधि ने इस बात का खंडन
कतावाद जैसा कोई आंदोलन
कहा कि द्रमुक सरकार देश
ा को किसी भी तरह खतरे में

ाकिस्तान से ...

। का शेष)
दायों के आपसी रिश्ते को
ा एक-दूसरे की भावनाओं का
।
ी विश्वनाथ प्रताप सिंह और
व गांधी के कामकाज के ढंग
श्री गुजराल ने कहा कि वह
करना चाहते । उन्होंने इस
विदेश नीति की रूपरेखा
होती है, न कि प्रधानमंत्री

हा कि हमारे प्रधानमंत्री श्री
रा विश्वास करते हैं, जिन्हें
ायित्व सौंप रखा है । कहीं
नहीं है । अपने सहयोगियों
विश्वास ही हमारी वर्तमान
का सबसे बड़ा आधार है ।
ार की विदेश नीति के बारे में
कमीज़ की तरह विदेश नीति
देश नीति की सफलता का
और प्रासंगिकता पर निर्भर

पिछले चार महीनों में भारत ने
बावजूद विश्व परिदृश्य पर
र्याप्त विश्व समर्थन जुटाया
ा कि हमें अपनी विदेश नीति
का ज़रिया नहीं बनाना है ।



कल गांव में उस स्थान पर श्री
ई.जी. जालंधर रेंज व अन्य
ं से बातचीत करते हुए जहां
र व्यक्तियों की हत्या की गई
(छाया : कोहली)

aboratory, Mintgumry
odel Town, Ludhiana.
ts with computerized
auto analyser.
4, TSH, LFT, special
ests, Blood Sugar in
nancy test on first day
Blood Group in one

Dr. Y.S. WALIA
Tech. (PGI).

में भर्ती

कल रात यहीं से 8 किलोमीटर दूर गांव बंगार खुर्द में लगभग साढ़े आठ बजे स्कूटर सवार आतंकवादियों ने एक महंत जलालदीन की गोलियां मार कर हत्या कर



मुक्तसर में पुलिस मुकाबले में मारे गए दो संदिग्ध आतंकवादी जिनकी शिनाख्त नहीं हो सकी ।
(छाया : दीपक पाल)

दी । उक्त महंत धागे-तावीत बनाने का काम करता था । बताया जाता है कि आतंकवादियों ने धागा-तावीत बनाने के बहाने उक्त महंत को घर से बाहर बुलाया तथा उस पर गोलियों की बौछार कर दी । उसकी मौका पर ही मृत्यु हो गई ।

एक दर्दांत आतंकवादी गिरफ्तार : कपूरथला पुलिस ने कल रात एक दर्दांत आतंकवादी सुखदेव सिंह उर्फ़ सुक्खा को गिरफ्तार किया है । उससे एक किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ, एक डैटोनेटर तथा फ्यूज़ वायर भी बरामद हुई है ।

एक और आतंकवादी काबू : भटिंडा पुलिस ने एक आतंकवादी जगदेव सिंह उर्फ़ किशन दास को गिरफ्तार किया है । उससे दो राइफलें तथा कुछ गोली-सिक्का भी पकड़ा गया है ।

दो दर्दांत आतंकवादी पकड़े गए : पटियाला (भुपश): पुलिस ने जिला से पिछले 24 घंटों के दौरान 2 दर्दांत आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । ये आतंकवादी संगरूर जिला में 3 साधुओं की हत्याओं तथा बैंकों से लगभग 4.11 लाख रुपए लूटने की वारदातों में संलिप्त थे । यह जानकारी जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. शर्मा ने दी है ।

एक आतंकवादी का नाम सरबजीत सिंह उर्फ़ सरबी उर्फ़ पहलवान है और वह संगरूर जिला के बदालबाद गांव का निवासी है । पंजाबी यूनिवर्सिटी में 'धर्म-अध्ययन' विषय में एम.फिल. करने वाले सरबजीत सिंह खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बद्ध है । दूसरे आतंकवादी का नाम कंवलजीत सिंह उर्फ़ काका है । वह पटियाला जिले के घग्गा थाना के अधीन बरास गांव का निवासी है और खालिस्तान लिबरेशन फोर्स से सम्बद्ध है ।

प्रारंभिक पूछताछ के दौरान उक्त आतंकवादियों ने संगरूर जिला के दिढ़बा क्षेत्र में 3 साधुओं की हत्या की जिम्मेदारी ली है । उन्होंने पटियाला जिला के भुनरहेड़ी गांव में पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से 3.87 लाख रुपए तथा चाहल गांव में एक सहकारी बैंक से 22 हजार रुपए लूटने, पिछले साल नवम्बर में पटियाला में सिविल लाइन्स क्षेत्र से 2 स्कूटर छीनने तथा पटियाला में ही टी.वी. की एक दुकान से 15 सौ रुपए लूटने की वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है ।

नेताओं के

य

भुवनेश्वर,
अधिकारियों द्वारा
लिए गत बुधवार के
मारे गए छापों के
आज 8 वरिष्ठ अफ
यहां तलाशी ली ।
प्रवक्ता ने दी । प्र
स्थानों पर मारे गए
अधिकारियों, तीन
चीफ इंजीनियर तथ
के हैं ।

सैम पि

नई दिल्ली, 12
के अध्यक्ष सैम पित्रो
(सी. डॉट) के स
परिषद के उपाध्यक्ष
सूत्रों ने यह जानक

संचार मंत्री ज
पित्रोदा को 'सी-डॉट
गया है कि वह जा
सकें । श्री मिश्र ने
को लेखा परीक्षा के
स्तर पर किया गया
के बारे में निर्णय ले
बाद किया जाएगा

संचार राज्यमं
सी-डॉट के जिन पद
व्यक्ति को नियुक्त
दिनों में किया जाए

बेनज़ीर
की या

इस्लामाबाद,
सरकारी घोषणा
बेनज़ीर भुट्टो अग
देशों की यात्रा क
कश्मीर तथा अन्य
15 मई को ईरान
करेंगी तथा टर्की,
मिस्र, लीबिया और
वह कतार, ईराक,
देशों की यात्रा करें

मोर्चा सर
उम्मी

लुधियाना के निकट गुरचरण सिंह टोहरा पर घातक आक्रमण

छाती, घुटने तथा हाथ में गोलियां लगीं : हालत खतरे से बाहर

पूर्व अकाली विधायक हरदयाल सिंह राजला और कार ड्राइवर की मौत

पंजाब में अन्यत्र 6 लोगों की हत्या : उग्रवादियों ने सीमा शुल्क कार्यालय जलाया : 3 सुरक्षा कर्मियों का अपहरण

चंडीगढ़, 14 मई (वार्ता, प.स.): लुधियाना जिले में कल रात आतंकवादियों ने एक हमले में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के प्रमुख श्री गुरचरण सिंह टोहरा और उनके अंगरक्षक को घायल कर दिया। अकाली दल के पूर्व विधायक श्री हरदयाल सिंह राजला और श्री टोहरा की कार का ड्राइवर सरदूल सिंह इस हमले में मारे गए। इसके अलावा जिले में अन्य स्थानों पर कल रात से होमगार्ड। एक जवान समेत 6 व्यक्ति मारे गए। इस बीच उग्रवादियों ने सीमा शुल्क कार्यालय को आग लगाई तथा वहां तैनात 3 सुरक्षा कर्मियों का अपहरण कर लिया।

आतंकवादी हमले में टोहरा घायल, उनके ड्राइवर व पूर्व विधायक की मृत्यु : लुधियाना (महिन्द्रा, धीमान) : आतंकवादियों ने कल रात लुधियाना के निकट शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष श्री गुरचरण सिंह टोहरा को गोलीबार कर घायल कर दिया तथा उनके ड्राइवर सरदूल सिंह व एक पूर्व विधायक श्री हरदयाल सिंह राजला की हत्या कर दी।

जिला पुलिस प्रमुख श्री परमजीत सिंह संधू ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि श्री गुरचरण सिंह टोहरा बाद जस्सा सिंह रामगढ़िया समारोह में शामिल होने के लिए लुधियाना गए थे। वह समारोह में हिस्सा लेने के बाद रात पौने बारह बजे लुधियाना के लिए रवाना हुए। जी.टी. रोड पर लुधियाना के निकट रात 12.25 पर जमींदारा ढाबा के सामने उनकी कार पर घात लगा कर हमला किया गया। पुलिस का कहना है कि उग्रवादी एक कार पर सवार थे जो श्री टोहरा की जी.टी. रोड पर पीछा कर रहे थे। जैसे ही उनकी कार उग्रवादियों के वाहन बेड़ास से गुजरी तो उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी जिससे श्री टोहरा और अंगरक्षक चांद खां घायल हो गए तथा उनका ड्राइवर सरदूल सिंह घटनास्थल पर ही मारा गया। पूर्व विधायक श्री हरदयाल सिंह राजला, जो श्री टोहरा के साथ बैठे थे, गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत मोहनदेई ओसवाल अस्पताल ले जाया गया जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

जिला पुलिस प्रमुख श्री परमजीत सिंह संधू ने बताया कि उग्रवादी लाल रंग की मैटाडोर पर सवार थे तथा इस मैटाडोर को तरपाल से ढका हुआ था। मैटाडोर पर जाली नंबर पी.आई.क्यें-472/ चिपका हुआ था जबकि इसका असली नंबर पी.ए.वी. 7242 है। उग्रवादी फायरिंग करके रायकोट की तरफ चले गए। जब उग्रवादियों की मैटाडोर अखाड़ा नहर के निकट पहुंची तो सी.आर.पी.एफ. की नाकाबंदी ने उन्हें रोका, लेकिन उग्रवादियों ने सुरक्षा कर्मियों पर भी फायरिंग आरम्भ कर दी। उग्रवादी अपनी मैटाडोर छोड़ कर भागने में सफल हो गए। पुलिस को इस मैटाडोर में से आधी दर्जन के लगभग ए.के. 47 के कारतूस मिले हैं। समस्त जिला सील कर दिया गया है। उग्रवादियों की खोज जारी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि श्री टोहरा के साथ पुलिस की एक जिप्सी भी जा रही थी, जिसमें हैडकांस्टेबल अजीत सिंह तथा तीन सिपाही गुरचरण सिंह, रूप चन्द और जसपाल सिंह सवार थे। इस जिप्सी ने भी उग्रवादियों की मैटाडोर का पीछा किया, लेकिन उग्रवादी काबू नहीं आ सके। श्री टोहरा की कार के पीछे हरदयाल सिंह राजला की मारुति कार भी थी, जिसमें श्री राजला का अंगरक्षक सवार था। वह बाल-बाल बच गया।

श्री टोहरा तथा उनके अंगरक्षक श्री चांद खां को मोहनदेई अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डाक्टरों ने दोनों का आप्रेशन किया है। उन दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जाती है। श्री टोहरा की छाती, घुटनों व एक हाथ की अंगुलियों पर गोलियां लगीं। अस्पताल के डाक्टरों का अनुमान है कि श्री टोहरा के हाथ की एक या दो अंगुलियां काटनी पड़ें।

श्री संधू ने बताया है कि श्री टोहरा पर घातक हमले के सम्बन्ध में 10 लोगों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। उग्रवादियों ने जिस मैटाडोर का इस्तेमाल किया, वह फरीदकोट जिला से किसी व्यक्ति से छीनी गई थी। कुछ प्रत्यक्ष-दर्शियों ने बताया कि उग्रवादियों ने पुलिस की वर्दियां पहन रखी थीं।

इस बीच श्री टोहरा, जोकि अस्पताल में उपचाराधीन हैं, ने पत्रकारों को बताया कि उन पर उस समय हमला किया गया, जब पावा गांव के निकट सड़क के किनारे पर स्थित एक ढाबे में खाना खाने के लिए रुकने के उद्देश्य से ड्राइवर ने कार को धीमा किया था। श्री टोहरा ने कहा कि उन्हें उग्रवादियों की ओर से धमकियां नहीं मिलीं, लेकिन सरकारी एजेंसियां इस संदर्भ में मुझे चेतावनी देती रही हैं। श्री टोहरा ने कहा कि मैं उक्त हमले के लिए किसी को दोषी नहीं ठहराता लेकिन यह देखना सरकार का काम है कि हमला किसने किया ? श्री टोहरा के बाएं हाथ तथा दाईं टांग पर प्लास्टर चढ़ाया गया है। डाक्टरों ने बताया कि 4 हफ्ते तक प्लास्टर लगा रहेगा।

श्री टोहरा की धर्मपत्नी श्रीमती जोगिन्द्र कौर, जिन्हें उक्त घटना की खबर दी गई, तुरंत अस्पताल पहुंच गईं। पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार श्री पी.एस. कोहली, श्री एस.एस. बरनाला, प्रो. दर्शन सिंह, श्री जगदेव सिंह तलवंडी तथा श्री प्रकाश सिंह बादल भी अस्पताल में श्री टोहरा की कुशलक्षेम पूछने गए।

बताया जाता है कि श्री टोहरा कार में बाईं तरफ बैठे थे और उग्रवादियों ने दाईं ओर से गोलियां चलाईं। ज्यादातर गोलियां श्री टोहरा के ड्राइवर, उनके गनमैन तथा श्री राजला को लगीं। इसी कारण श्री टोहरा को कोई गंभीर चोट नहीं लगी।

सिर-विहीन शव मिला : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के गांव चौधरीवाल के निकट से पुलिस ने खेतों से एक सिर-विहीन शव बरामद किया है। जिला पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार मृतक का सिर आसपास के क्षेत्र में खोजबीन के पश्चात् भी नहीं मिल सका और शव किसी 22-25 वर्षीय युवक का लगता है। आसपास के गांव वालों से शव की शिनाख्त कराई जा रही है। हत्या किसी तेज़धार हथियार से की गई है और लगता है कि आतंकवादी इसे इसके हाथ पीछे बांधकर जबकि किसी जगह से यहां लाए और इसका सिर काट कर ले गए। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि शव के निकट से खालिस्तान कमांडो फोर्स की एक चिट्ठी मिली है जिस पर लिखा है कि यह पम्मा मुखबिर था और इसे हमने 'सोध' दिया है। इस पत्र पर के.सी.एफ. के लै. जनरल सुखविन्द्र सिंह पप्पू व रणजीत सिंह काला का नाम लिखा है।

फायरिंग : पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव दपड़ें में ग्रामीण सुरक्षा योजना के अन्तर्गत स्थापित एस.पी.ओ. चौकी पर गत रात कुछ आतंकवादियों ने फायरिंग की। चौकी पर तैनात सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर आतंकवादी फरार हो गए। जिला पुलिस प्रवक्ता के अनुसार किसी प्रकार की कोई क्षति नहीं हुई।

मोटर साइकिल छीना : पुलिस जिला बटाला के बटाला सदर क्षेत्र में फैजपुरा रोड पर आज दोपहर बाद 2 आतंकवादियों ने रमेश कुमार नाम के एक व्यक्ति से उसका हीरो होंडा मोटर साइकिल (नं. पी.आई.एस. 7500) छीन लिया।

होमगार्ड जवान की हत्या : अमृतसर (वार्ता): आतंकवादियों ने कल रात अमृतसर जिला में बटारी तथा ब्यास के बीच रेल लाइनों की निगरानी कर रहे एक होमगार्ड जवान बूटा राम का अपहरण कर लिया तथा बाद में उसकी गोली मार कर हत्या कर दी।

घायल हैडकांस्टेबल ने दम तोड़ा : पंजाब पुलिस के एक हैडकांस्टेबल जसबीर सिंह, जोकि उग्रवादियों द्वारा अगवा कर की गई दर्घटना में घायल हो गया था, ने आज अमृतसर के सिविल अस्पताल में दम तोड़ दिया। याद रहे कि इस दुर्घटना में अमृतसर के एस.पी. (आप्रेशन) श्री हरभजन चांद की मृत्यु हो गई थी।

दो शव मिले : तरनतारन पुलिस जिला के मारिरौर सिंह गांव में आज प्रातः गोलियों से छलनी दो शव बरामद हुए। एक मृतक की पहचान मसहेव सिंह के रूप में हुई है। वह प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड का कर्मचारी था। दूसरे शव की अभी तक पहचान नहीं हो सकी।

सब-इंस्पैक्टर की हत्या : रैया से 'जसपाल' के अनुसार आतंकवादियों ने आज दोपहर बाद यहां फेरूमान चौक के निकट होमगार्ड्स के एक सब-इंस्पैक्टर गुलज़ार सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी। घटना के समय उक्त सब-इंस्पैक्टर एक हलवाई की दुकान पर चाय पी रहा था। फायरिंग में एक व्यक्ति राज कुमार भी घायल हो गया।

सीमा शुल्क कार्यालय को आग, तीन सुरक्षा कर्मियों का अपहरण : आतंकवादियों ने कल रात भिखीविंड गांव में सीमा शुल्क कार्यालय को आग लगा दी जिससे महत्वपूर्ण रिकार्ड तथा सम्पत्ति जल गई। तरनतारन पुलिस जिला अधिकारियों के अनुसार ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से लैस आतंकवादियों ने कार्यालय में तैनात तीन सुरक्षा कर्मियों का भी अपहरण कर लिया। इनके नाम विनोद प्रसाद (हैड कांस्टेबल), देस राज (कांस्टेबल) तथा विनोद कुमार (चौकीदार) बताए जाते हैं। खोज के बावजूद अभी तक इन तीनों का कोई सुराग नहीं मिला।

बताया जाता है कि आधी रात के समय

(शेष पृष्ठ 6 पर)



(1) रविवार रात को लुधियाना से कार द्वारा पटियाला जाते समय आतंकवादियों की गोलीबारी में घायल शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जत्थेदार गुरचरण सिंह टोहरा (इन्सैट पुराना चित्र) तथा (2) उनका गनमैन चांद खां। दोनों लुधियाना के मोहनदई अस्पताल में उपचाराधीन हैं। इसी घटना में मारे गए (3) पूर्व अकाली विधायक श्री हरदयाल सिंह राजला और (4) कार के ड्राइवर श्री सरदूल सिंह के शव। (छाया : कम्बोज)



(बाएं से) जत्थेदार टोहरा की वह कार जिस पर फायरिंग की गई, चित्र में कार पर गोलियों के निशान दायरों में तथा श्री प्रकाश सिंह बादल, जत्थेदार जगदेव सिंह तलवंडी तथा लुधियाना के जिला धीश श्री एस.एस. बराड़, जो अस्पताल में जत्थेदार टोहरा को देखने गए तथा जत्थेदार टोहरा के निकट बैठी उनकी धर्मपत्नी। (छाया : भाम्बी)

अगले 4-5 माह में हज़ारों पाक प्रशिक्षित आतंकवादियों की कश्मीर में घुसपैठ संभव : सेनाध्यक्ष

सिगरेट न पीने वाले दूसरों से 18 वर्ष अधिक जीते हैं

आंध्र में तूफ़ान से मृतकों की संख्या 514, केन्द्र

हर सैकेंड में 3 शिशु जन्म

टोहरा पर घातक हमले की सर्वत्र निंदा

(6) दैनिक पंजाब केसरी, जालन्धर 15.5.1990



पुलिस ज़िला बटाला के गांव सेखांवली पन्नुआं के निकट गत दिवस सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 3 आतंकवादी मारे गए । चित्र में (1, 2, 3) आतंकवादियों के शव तथा (4) बटाला के निकटवर्ती गांव चौधरीवाल के निकट से बरामद सिर-विहीन शव । (छाया : कोछड़)

टोहरा पर आक्रमण
(पृष्ठ 3 का शेष)

आतंकवादियों ने कैरोसिन तेल छिड़क कर कार्यालय में आग लगाई । आग से एक जीप, एक मोटर साइकिल, एक वायरलैस सैट, कूलर, फर्नीचर तथा महत्वपूर्ण रिकार्ड जल गया । आतंकवादी कार्यालय के निकट एक पोस्टर भी चिपका गए जिस पर धमकी दी गई है कि उक्त कार्यालय बंद कर दिया जाए ।

बम की अफवाह : आज प्रातः अमृतसर में सिविल लाइन्स क्षेत्र में स्थित सेंट फ्रांसिस स्कूल में बम की अफवाह से आतंक फैल गया तथा सुरक्षा बल तुरन्त हरकत में आ गए ।

पुलिस के अनुसार स्कूल को तुरन्त खाली करा लिया गया था । कई घंटों की तलाश के बाद भी वहां कुछ नहीं मिला । बम बारे सूचना किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर दी थी ।

मुठभेड़ के बाद 3 आतंकवादी बच निकले : जालंधर (न.न.ए.): गत रात 12 बजे के करीब थाना आदमपुर के गांव डरौली के निकट पुलिस की नाकापार्टी व तीन स्कूटर सवार आतंकवादियों में मुकाबला हुआ लेकिन तीनों आतंकवादी अंधेरे में बच कर फरार होने में सफल हो गए । इस संबंध में पुलिस के एक प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त गांव में पुलिस ने नाकाबंदी कर रखी थी । अंधेरे में स्कूटर पर सवार आतंकवादी आते दिखाई दिए जिन्हें पुलिस ने रुकने का इशारा किया परन्तु उन्होंने पुलिस पार्टी पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । पुलिस द्वारा जवाबी गोलीबारी पर आतंकवादी बच कर भाग गए ।

आतंकवादियों के तीन खतरनाक साथियों की सरगर्मी से तलाश : गत दिवस लुधियाना से लगभग 32 कि.मी. दूर जरटोला गांव के निकट पुलिस मुकाबले के बाद आत्म-समर्पण करने वाले पांच आतंकवादियों के गिरोह के बारे में विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि यह गिरोह अंधाधुंध फायरिंग कर हत्याएं करने तथा लूटमार की घटनाओं में संलिप्त था । यह गिरोह के.सी.एफ. के गुरजंट सिंह राजस्थानी वाले मुख्य गिरोह से संबंधित बताया गया है ।

यह भी पता चला है कि इस गिरोह का एक अन्य सक्रिय सदस्य सुखविन्द्र सिंह उर्फ लड्डू आतंकवादी घटनाओं के लिए इस गिरोह का सूत्रधार था तथा इस गिरोह द्वारा की गई वारदातों में उसकी भूमिका मुख्य होती थी । इसी तरह रणजीत सिंह उर्फ काला तथा सुखविन्दर सिंह काका भी इस गिरोह के दो अन्य सक्रिय सदस्य हैं, जो के.सी.एफ. के एरिया कमांडर भी हैं । उन्होंने आतंकवादी वारदातों में इस गिरोह का नेतृत्व किया था । ये सदस्य इस गिरोह को हथियार सप्लाई करते थे । पुलिस उक्त तीनों खतरनाक आतंकवादियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है ।

गहने व राइफल लूटी : गुरदासपुर (विनोद): चार आतंकवादियों ने यहां कहनुवान रोड पर राम लुभाया नामक एक सर्राफ के घर दाखिल होकर बीस हजार रुपए मूल्य के गहने व एक बंदूक लूट ली । आतंकवादियों ने उक्त घर में घुस कर श्री राम लुभाया की पत्नी से सेफ की चाबियां मांगीं लेकिन इन्कार करने पर उन्होंने उक्त महिला की पिटाई की । उन्होंने एक नौकरानी को भी कमरे में बंद कर दिया । बाद में सामान लूट कर वे मारुति वैन में भाग गए ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : खरड़ से 'शशि' के अनुसार स्थानीय पुलिस ने निकटवर्ती गांव लादड़ां के पास गत रात मुकाबले के पश्चात् दो संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि उनका एक अन्य साथी फरार होने में सफल हो गया ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार खरड़ तथा सोहाना पुलिस ने लादड़ां गांव के निकट नाकाबंदी की हुई थी तथा दो स्कूटरों पर सवार तीन व्यक्तियों को आते देख कर उन्हें रुकने का संकेत किया मगर उन्होंने रुकने के स्थान पर सड़क के किनारे खड्डानों की ओर से जा कर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की तथा इस गोलीबारी के बाद पुलिस ने दो व्यक्तियों ज्ञान सिंह (बनूड़) तथा सुरिंदर सिंह (पटियाला) को हिरासत में ले लिया मगर उनका तीसरा साथी पाल सिंह भाग निकला ।

पुलिस ने ज्ञान सिंह से एक .315 बोर का पिस्तौल व कुछ कारतूस तथा सुरिंदर सिंह से .12 बोर का पिस्तौल व कारतूस बरामद किए हैं । बरामद किए गए स्कूटरों में से एक के आगे तथा पीछे भिन्न-भिन्न नम्बर प्लेटें लगी हैं । पुलिस ने उनके विरुद्ध धारा 307, 34, शस्त्र अधिनियम के अधीन केस दर्ज कर लिया है ।

राजला का अंतिम संस्कार : पटियाला (भूषण) : सामाना निर्वाचन क्षेत्र के भूतपूर्व अकाली विधायक श्री हरदयाल सिंह राजला, जिनकी कल रात आतंकवादियों ने लुधियाना के निकट गोली मार कर हत्या कर दी थी, का आज दोपहर बाद यहां से 32 किलोमीटर दूर राजकीय सम्मान से राजला गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया । उनके बड़े बेटे श्री जगतार सिंह ने चिता को अग्नि दी । केसगढ़ साहिब के जत्थेदार मंजीत सिंह ने अरदास की । पटियाला डिवीजन के कमिश्नर श्री जे.एस. गिल ने पंजाब के राज्यपाल की ओर से शव पर फूल मालाएं चढ़ाईं । पटियाला के डी.सी. डा. बी.सी. गुप्ता ने मुख्य सचिव की ओर से शव पर फूल मालाएं अर्पित कीं । इस मौके पर अन्य के अलावा पूर्व वित्तमंत्री श्री बलवंत सिंह, श्री प्रेम सिंह चंदूमाजरा, श्री राजिन्द्र सिंह कादियां, श्री प्रकाश सिंह बादल, श्री सुखजिन्द्र सिंह, श्री बलविन्दर सिंह तथा श्री सुखदेव सिंह ढींडसा भी उपस्थित थे ।

श्री राजला शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य भी थे । वह अपने पीछे अपनी पत्नी, माता, तीन बेटे और तीन बेटियां छोड़ गए हैं । इस बीच श्री राजला की हत्या के विरुद्ध रोष स्वरूप सामाना में बंद रहा ।

अब अकाली क्षेत्रों में इस बात को लेकर चिंता पाई जा रही है कि आतंकवादियों ने अकाली दल (बादल) के उन नेताओं के विरुद्ध अभियान छेड़ दिया है जो प्रदेश में निर्दोष लोगों की हत्याओं के प्रश्न पर तो चुप रहे हैं लेकिन 'सरकारी आतंकवाद' की बात करते रहे हैं । अकाली नेता यह महसूस करते हैं कि यदि अकाली दल (ब.) को अपना अस्तित्व बनाए रखना है तो दल को अपना वर्तमान स्टैंड बदल कर प्रदेश में निर्दोष लोगों की हत्याओं की निंदा करनी चाहिए ।

क.सी.एफ. के दो आतंकवादी काबू : पटियाला से 'भूषण' के अनुसार के.सी.एफ. के राजस्थानी गुट से सम्बद्ध दो संदिग्ध आतंकवादियों को पटियाला पुलिस ने गिरफ्तार किया है । जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. शर्मा ने बताया है कि पुलिस की गश्ती पार्टी ने इनको कैनाल ब्रिज कोटली के पास काबू किया है ।

इनकी शिनाख्त लाभ सिंह जाट निवासी गांव लौहत तथा गुरप्रीत सिंह जाट निवासी गांव मालेवाल (दोनों गांव थाना भादसों के तहत) के रूप में हुई है । इन्होंने प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि अमलोह क्षेत्र में हुई हत्या की तीन घटनाओं, जबकि धन वसूली व धमकी भरे पत्र लिखने की घटनाओं में इनका हाथ है ।

पुलिस ने इनके कब्जे से दो देसी पिस्तौलें, 10 कारतूस तथा एक हीरो होंडा मोटर साइकल बरामद किया है ।

कैशियर को लूटा : आज दोपहर के समय राजपुरा में तीन सशस्त्र युवकों ने नगर पालिका के कैशियर कर्म चंद से 77162 रु. लूट लिए । वह यह राशि बैंक में जमा कराने जा रहे थे । लुटेरों ने एक गोली भी चलाई जो कि उस जीप के शीशे में लगी जिसमें कैशियर जा रहा था ।

पिस्तौल छीनी : गत रात सामाना उपमण्डल के गांव गग्गा में किरपाल सिंह नामक व्यक्ति के घर में घुस कर दो अज्ञात युवकों ने पिस्तौल की नोक पर उसका पिस्तौल छीन लिया ।

श्रीलंका की जेलों में नज़रबंदों की बाढ़

बूसा, 14 मई (टा.ई.): सुरक्षा बलों द्वारा जनता विमुक्ति पैरामूना के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत इस संगठन के उच्च नेतृत्व का लगभग सफाया हो चुका है तथा श्रीलंका की जेलों व पुनर्वास केंद्रों में नजरबंदों की बाढ़-सी आई हुई है । इस समय 12,622 से अधिक व्यक्ति हिरासत में हैं । इनमें से कुछ को गिरफ्तार किया गया है तथा अधिकांश ने स्वेच्छा से अपनी गिरफ्तारी दी है ।

उच्चाधिकारियों के पास इनके लिए अब न तो कोई जगह है तथा न ही प्रशासन के पास इनके पुनर्वास के पूर्ण प्रबंध हैं । राज्य सुरक्षा मंत्री श्री रंजन विजयरत्ने ने गत माह संसद में घोषणा की थी कि इनमें से लगभग 5000 व्यक्तियों को उम्र कैद की सजा दी जाएगी । केवल बूसा की जेल में ही इस समय 2269 नज़रबंद हैं ।

इंका द्वारा बढ़ रही महंगाई
(पृष्ठ 3 का शेष)

पंजाब समस्या पर कहा कि 1000 से भी अधिक निर्दोष लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें उनसे अधिक सुरक्षाबलों के जवान मारे गए हैं । जम्मू-कश्मीर में साम्प्रदायिकता के शिकार लोग वहां से पलायन कर रहे हैं और सरकार कुछ नहीं कर रही । उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय मोर्चा सरकार अपने आपको जीवित रखने के लिए नरम नीति अपना रही है । उसके सभी भ्रम टूट गए हैं । जलूस में पृथ्वीपाल सिंह, रमेश जोशी शामिल हुए ।

होशियारपुर (अश्विनी कपूर): यहां भी इंका कार्यकर्त्ताओं ने आज जिला कचहरी के समक्ष धरना दिया । इस धरने में पूर्व इंका विधायकों, जिला इंका समिति, जिला यूथ इंका समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने भाग लिया । इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह को भेजने के लिए आध दर्जन मांगों सम्बन्धी एक ज्ञापन जिलाधिकारियों को प्रस्तुत किया गया । ज्ञापन में जम्मू-कश्मीर व पंजाब में बिगड़ रही कानून-व्यवस्था व आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि पर भारी चिंता व्यक्त की गई है ।

कश्मीर हिंसा
(पृष्ठ 3 का शेष)

सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा : आधिकारिक सूत्रों के अनुसार कल से सरकारी कालेजों के दुबारा खुलने के दृष्टिगत घाटी में सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की गई है ।

सूत्रों के अनुसार कालेजों में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं तथा वहां विशेष सुरक्षा दस्ते भी तैनात किए जा रहे हैं ।

फर्नांडीस की यात्रा समाप्त : श्रीनगर : कश्मीर संबंधी मामलों के मंत्री जार्ज फर्नांडीस के नेतृत्व में यहां आए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की तीन दिवसीय कश्मीर यात्रा आज समाप्त हो गई । प्रतिनिधिमंडल ने राज्य में तुरंत केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों को खोलने और कश्मीर घाटी में पर्यावरण की दृष्टि से हुए बदलाव के दृष्टिगत विकास योजनाओं को युद्ध स्तर पर शुरू करने की सिफारिश की है ।

लेकिन घाटी में शांति स्थापित करने की दिशा में राजनीतिक कदमों और राज्यपाल श्री जगमोहन के विचारों के बीच मतभेद है ।

श्री फर्नांडीस सहित प्रतिनिधिमंडल में शामिल अधिकांश सदस्य यह नहीं चाहते कि जो उग्रवादी भूमिगत हो गए हैं उनके खिलाफ कोई प्रशासनिक कार्रवाई अधूरी ही छोड़ दी जाए । लेकिन इसके साथ ही वे यह चाहते हैं कि लोगों की शिकायतों पर भी ध्यान दिया जाए ।

श्री जगमोहन ने कहा कि अभी जिन लोगों ने बंदूक तान रखी हैं, उनका आतंक व भय लोगों के बीच से दूर किया जाना चाहिए । इसके बाद ही राजनीतिक प्रक्रिया शुरू की जाएगी ।

सीमा पर असम राइफल्स तैनात होंगी : जम्मू से 'नि.स.' के अनुसार पाक अधिकृत कश्मीर में से प्रशिक्षित तथा सशस्त्र कश्मीरी युवकों की घुसपैठ को रोकने के लिए कुछ अन्य कदम भी उठाए जा रहे हैं, जिनमें असम राइफल्स के विशेष रूप से प्रशिक्षित दस्ते तैनात करना भी शामिल है ।

विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार असम राइफल्स की तीन कम्पनियां पहले ही सीमा पर भेजी जा चुकी हैं तथा शीघ्र ही अन्य कम्पनियां भी भेज दी जाएंगी, जिन्हें कैरन तथा करनाह क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा । पाक प्रशिक्षित कश्मीरी आतंकवादियों द्वारा इन्हीं मार्गों से घुसपैठ करने की सम्भावना है ।

बताया जाता है कि इस समय लगभग 4,000 पाक प्रशिक्षित कश्मीरी आतंकवादी भारत में घुसने की प्रतीक्षा कर रहे हैं । गत छः सप्ताह के दौरान वास्तविक नियंत्रण रेखा के निकट घुसपैठ करने के प्रयास में 50 से अधिक कश्मीरी युवक मारे गए हैं तथा लगभग 200 घुसपैठियों को गिरफ्तार कर लिया गया है । इन लोगों से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किए गए हैं ।

बेनज़ीर कश्मीर पर मिस्र से समर्थन मांगेंगी

काहिरा, 14 मई (प.स.): पाकिस्तानी प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो मिस्र की अपनी पहली यात्रा पर 21 मई को यहां पहुंचेंगी । काहिरा के दैनिक अल अखबार ने कल प्रथम पृष्ठ पर यह खबर दी । काहिरा में पर्यवेक्षकों का मानना है कि मिस्र के राष्ट्रपति हौस्नी मुबारक और श्रीमती भुट्टो कश्मीर मसले पर बातचीत करेंगे और श्रीमती भुट्टो कश्मीर को भारत से अलग करने के मामले पर मिस्र से समर्थन करने को कहेंगी । श्रीमती भुट्टो को मिस्र यात्रा उनकी आठ इस्लामी और अरब देशों की यात्रा का एक हिस्सा है ।



इंका की ओर से देश में बढ़ रही महंगाई और मोर्चा सरका... जालंधर में दिए गए धरने के अवसर पर पंजाब इंका के प्र... जीत सिंह बिट्टा तथा चौ. संतोख सिंह बैठे दिखाई दे रहे हैं

पंजाब में सिंचाई ... उच्च अधिकारि...

होशियारपुर, 14 मई (अश्विनी कपूर) : राज्य सरकार ने सिंचाई विभाग में उच्चाधिकारियों के व्यापक स्तर पर तबादलों के आदेश जारी कर दिए हैं । सुपरिटैंडिंग इंजीनियर रैंक के आठ व कार्यकारी रैंक के 36 अधिकारियों को तबदील कर दिया गया है । इस सम्बन्ध में जारी आदेशों के अनुसार सर्वश्री ओम प्रकाश एस.ई. ट्यूबवैल सर्कल पी.एस.टी.सी. चंडीगढ़ से एस.ई. सैंट्रल मकैनिकल सर्कल चंडीगढ़, वी.के. कौड़ा निर्माण सर्कल संगरूर से एस.ई. मौनिटरिंग एंड प्लानिंग इवेलयूएशन पी.एस.टी.सी. चंडीगढ़, जे.एस. ढिल्लों मौनिटरिंग एंड प्लानिंग सर्कल चंडीगढ़ से एस.ई. निर्माण सर्कल पी.एस.टी.सी. संगरूर, बी.एल. नागपाल ड्रेनेज निर्माण सर्कल फिरोजपुर से एस.ई.आई.बी. सर्कल पटियाला, शाम लाल गर्ग आई.बी. सर्कल पटियाला से ड्रेनेज निर्माण सर्कल फिरोजपुर पी.पी. आर्य छुट्टी से वापिसी पर एस.ई.एस.वाई.एल. निर्माण सर्कल न. 4 पटियाला, ओ.पी. दुग्गल एस.ई. सैंट्रल मैकेनिकल सर्कल चंडीगढ़ से एस.ई. टयूबवैल सर्कल पी.एस.टी.सी. चंडीगढ़ तथा पी.एस. नरूला डायरैक्टर कंडी कैनाल डिजाइन निदेशालय चंडीगढ़ नियुक्त किए गए हैं । एक एस.ई. श्री इकबाल सिंह की नियुक्ति के आदेश बाद में जारी किए जाएंगे ।

कार्यकारी अधिकारियों के तबादलों का विवरण इस प्रकार है : सर्वश्री पी.के. शर्मा ट्यूबवैल निर्माण मंडल होशियारपुर से ड्रेनेज मंडल पटियाला एम.पी. गुप्ता को आर.एस.डी.सी. शाहपुर कंडी से बी.बी.एम.बी., करतार सिंह सियान को एम.एच.पी.सी. मंडल III तलवाड़ा से आर.एस.डी.सी. शाहपुर कंडी, डी.सी. नागपाल को कोआरडीनेशन डोलवाहा डैम होशियारपुर से एस.डी.ई. कंडी वाटर शैड डिजाईन निदेशालय चंडीगढ़, एम.एल. भोला को इन्वैसटीगेशन सिविल डिवीजन होशियारपुर से कोआरडीनेशन डोलवाहा डैम, एच.सी.एस. बेरी को शाह नहर हैड वर्क्स मंडल तलवाड़ा से इन्वैसटीगेशन मंडल होशियारपुर, जगदीश सिंह को एम.एच.सी. मंडल चतुर्थ तलवाड़ा से शाहनहर हैड वर्क्स मंडल तलवाड़ा, जी.आर. शर्मा को छुट्टी से वापसी पर एम.एच.सी. मंडल नम्बर चार तलवाड़ा, एस.के. गोयल को विजिलैंस चंडीगढ़ से गंडाखेड़ी निर्माण मंडल एस.वाई.एल. पटियाला जी.एस.सोढ़ी को विजिलैंस आई.बी.एच.ओ. चंडीगढ़, एम.एस. गिल को एस.वाई.एल. डिजाईन से एम.एच.पी.सी. आई.बी.एच.ओ. चंडीगढ़, आर.के. अग्रवाल को एस.डी.ई. कंडी वाटर शैड डिजाईन निदेशालय चंडीगढ़ से एस.वाई.एल. डिजाईन चंडीगढ़, के.सी. लेखी को कंडी वाटर शैड ड्रेनेज मंडल होशियारपुर से एस.डी.ई. कंडी वाटर शैड डिजाईन निदेशालय चंडीगढ़, वी.के. बांसल को प्रोजैक्ट मंडल नम्बर I चंडीगढ़ से पी.एस.टी.सी. मुख्यालय चंडीगढ़, जसबीर सिंह को देवीगढ़ मंडल पटियाला से मैली निर्माण मंडल मोहाली, जगरूप सिंह को लुधियाना ड्रेनेज मंडल लुधियाना से देवीगढ़ मंडल पटियाला, दर्शन सिंह क्वालिटी कंट्रोल व विजिलैंस मंडल अमृतसर से ड्रेनेज मंडल लुधियाना, एस.एस. घुम्मन को ड्रेनेज मंडल पटियाला से क्वालिटी कंट्रोल व विजिलैंस मंडल अमृतसर, नरेन्द्र सिंह को छुट्टी से वापसी पर एस.डी.ई.आर.एस.डी.डी.ओ. चंडीगढ़, जसपाल सिंह को इस पद से विजिलैंस अफसर आई.बी. पटियाला जोसफ बक्श को निर्माण मंडल आई.बी.एच.ओ. चंडीगढ़ में, आर.के. अरोड़ा निर्माण मंडल आई.बी.एच.ओ. चंडीगढ़ से सरफेस हाइड्रालाजी मंडल चंडीगढ़, जे.एस. ढींगरा को चंडीगढ़ से फ्लड कंट्रोल चंडीगढ़, के.एन. कोहली को चंडीगढ़ से वाटर रिसोर्सिज मंडल चंडीगढ़, भगत सिंह को वाटर रिसोर्सिज चंडीगढ़ से एम.एच.सी. मंडल नम्बर III तलवाड़ा, एस.एस. गिल को गंडाखेड़ी निर्माण मंडल एस.वाई.एल. पटियाला से आर.एस.डी.सी. शाहपुर कंडी, बुलंद सिंह विरदी को

भारत सरकार

केंद्रीय लोक निर्माण विभाग

एग्जैक्टिव इंजीनियर, अमृतसर सैंट्रल डिविजन, सी.पी.डब्ल्यू.डी. 2/1, रामतीर्थ रोड, अमृतसर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए सी.पी.डब्ल्यू.डी. के स्वीकृत और योग्य ठेकेदारों और पी. एंड टी., एम.ई.एस., रेलवे और राज्य पी.डब्ल्यू.डी. की सूची पर ठेकेदारों से मोहरबंद आइटम रेट निविदाएं आमंत्रित हैं ।

निविदाओं की बिक्री की अंतिम तिथि : 24.5.90 (सायं 4 बजे तक) ।

निविदाएं खुलने की तिथि : 26.5.90 को सायं 3.30 बजे ।

निविदाएं 26.5.90 को सायं 3 बजे तक प्राप्त की जाएंगी ।

क्र.	कार्य का नाम	आकलन	धरोहर राशि	समय	निविदा शुल्क	फार्म
1.	जालंधर में रिजनल इंजीनियरिंग कालेज बनाना एसएच : वर्कशाप वाटर प्रूफिंग ट्रीटमैंट – फ़ोल्डिंग प्लेट्स को	293825/-	7345/-	1 मास	100/-	8
2.	नं. 1 एफबीएसयू अमृतसर					

क्लासीफाइड विज्ञापन

आवश्यकता

पैकर्स, हैल्पर्स, बिस्कुट फैक्टरी के लिए, अच्छा वेतन, Contact : Asian Biscuit Products behind Hotel Lilly Dhobi-Mohalla, Jalandhar, Phone : 79620.

शिक्षा

Direct B.A./B.Com. Final Exam 1990, +2 (Bhopal) R.M.P. रजिस्ट्रेशन (15 दिनों में) । Contact : Kirti College, Kailash Cinema Chowk, Ludhiana.

आतंकवादियों द्वारा बटाला क्षेत्र में एक ही परिवार के 7 सदस्यों की हत्या

पंजाब में अन्यत्र एक महंत सहित 7 और व्यक्तियों की जानें लीं

1 आतंकवादी मुठभेड़ में, 2 गुट संघर्ष में मरे : एक द्वारा आत्महत्या

चंडीगढ़, 15 मई (प.स., वार्ता): आतंकवादियों ने कल रात बटाला पुलिस जिला के तारुवाली गांव में एक हरिजन परिवार के 7 सदस्यों की गोली मार कर हत्या कर दी । पंजाब में अन्यत्र एक महंत समेत 7 व्यक्तियों की जानें भी ली गईं । इस दौरान 3 आतंकवादी मारे गए ।

एक ही परिवार से संबंधित सात व्यक्तियों की हत्या : बटाला (कोछड़, विनोद, चौधरी) : पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव तारुवाली में गत रात 16-17 आतंकवादियों ने फायरिंग करके एक हरिजन परिवार से संबंधित सात व्यक्तियों हंस राज (53), गोपाल चंद (50), सन्तोख लाल (22), बीर लाल (36), पंचायत सदस्य अमरनाथ (40), करतार चंद (75) व रतन चंद उर्फ काला (26) की हत्या कर दी और हरबन्स लाल (55) व दसवीं कक्षा के छात्र सुरिंद्र पाल उर्फ लखविंद्र पाल (15) को गंभीर रूप से घायल कर दिया । हरबंस लाल को अमृतसर अस्पताल भेजा गया है, जबकि अन्य सिविल अस्पताल बटाला में उपचाराधीन हैं ।

घायल हरबंस लाल ने सिविल अस्पताल बटाला में प्रात: पत्रकारों को बताया कि गत रात लगभग साढ़े नौ बजे उसे व उसके बेटे बीर लाल को, जोकि सी.आर.पी.एफ. में नियुक्त था और छुट्टी पर घर आया हुआ था, बी.एस.एफ. व पुलिस की वर्दियां पहने सशस्त्र लोगों ने घर से बुलाया और कहा कि ग्रामीणों के कल्याण हेतु विचार करके यहां सुरक्षा चौकी स्थापित करनी है । वे नौ लोगों को अपने साथ ले गए । फिर गांव के चौक में ले जाकर आतंकवादियों ने सभी को 'नवार' से इकट्ठा ही बांध दिया व अंधाधुंध फायरिंग कर दी । हरबंस लाल ने बताया कि मैं व एक अन्य व्यक्ति छोटा पाल सबके नीचे दब गए और बाद में हमारी औरतों ने आ कर हमें निकाला ।

पत्रकारों को घटनास्थल पर मृतकों के परिवारों की महिलाओं व बेटियों ने बताया कि घटनास्थल से लगभग आधा किलोमीटर दूर पूर्व इंका मंत्री श्री संतोख सिंह रंधावा के गांव धारोवाली में बी.एस.एफ. की स्थायी चौकी है । आतंकवादी तारुवाली गांव में लगभग आधा घंटा तक रहे और फिर उन्होंने धारोवाली गांव के निकट जाकर अंधाधुंध फायरिंग की लेकिन बी.एस.एफ. जवानों ने कोई कार्रवाई नहीं की । उक्त महिलाओं ने बताया कि वे चीखती-चिल्लाती हुई बी.एस.एफ. वालों के पास गईं तो उन्होंने आने से इन्कार कर दिया । रात लगभग दो बजे पुलिस मौका पर पहुंची । उन्होंने बताया कि मृतक व घायल एक ही हरिजन रमदासिया समुदाय से संबंध रखते हैं । वे सभी दिहाड़ीदार मज़दूर हैं ।

बताया जाता है कि आतंकवादी सबसे पहले गेहूं काट रहे एक व्यक्ति जिन्दा को अपने साथ लाए और फिर खेतों में गेहूं की गहाई कर रहे अमरनाथ व उसके बेटे लखविन्द्र पाल के हाथ पीछे बांध कर अपने साथ ले लिया । उसके पश्चात् करतार चंद व उसके बेटे रतन चंद काला को घर से आवाज लगा कर उन्होंने साथ लिया । फिर हरबंस लाल व उसके बेटे बीर लाल को घर से बुलाया गया और अंत में हंस राज नामक एक व्यक्ति को आतंकवादी अपने साथ ले गए । उन्होंने इन सभी को इकट्ठा बांध कर गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी ।

मृतक हंस राज व गोपाल चंद घायल हरबंस लाल के भाई थे । करतार चंद इनका बहनोई था और अमरनाथ इनका भांजा था । पत्रकारों ने देखा कि गांव में चीखोपुकार व कोहराम मचा हुआ था । इस गांव में कुल 35-40 घरों में से 25 परिवार रमदासिया समुदाय से संबंधित हरिजनों के हैं ।

आज प्रात: पूर्व इंका मंत्री श्री संतोख सिंह रंधावा ने भी घटनास्थल पर आकर मृतकों के परिवारों से संवेदना व्यक्त करते हुए इस कांड की कड़े शब्दों में निंदा की ।

सभी मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए गुरदासपुर अस्पताल भेजे गए हैं । आज प्रात: सीमा रेंज के डी.आई.जी. श्री गुरइकबाल सिंह भुल्लर व बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. श्री उदयवीर सिंह ने जिला पुलिस अधीक्षक श्री जगदीश कुमार के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया और पत्रकारों को बताया कि आतंकवादियों को पकड़ने के लिए आसपास के 14 गांव सील करके खोजबीन की जा रही है ।

उल्लेखनीय है कि इसी माह गत तीन-चार मई की रात को निकटवर्ती गांव कोटली सूरत मल्ली में भी इसी प्रकार आतंकवादियों ने अल्पसंख्यक समुदाय के सात लोलगों की हत्या कर दी थी । यह गांव तारुवाली गांव से केवल तीन किलोमीटर दूर है ।

गत नौ-दस मई की रात को तारुवाली गांव से दस किलोमीटर दूर स्थित गांव पब्बाराली में भी आतंकवादियों ने फायरिंग करके पांच बिहारी मज़दूरों की हत्या कर दी थी । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों से प्राप्त विवरण के अनुसार इस हत्याकांड की जिम्मेवारी खतरनाक आतंकवादी सतनाम सिंह चंगियाड़ा ने लेते हुए लिखा है कि उन्होंने विगत दिनों मुठभेड़ में मारे गए अपने साथियों का बदला लिया है ।

मृतक की शिनाख्त : बटाला जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार गत दिवस गांव चौधरीवाल में सिरकटा जो शव मिला था, उसकी शिनाख्त कर ली गई है । मृतक का नाम परमजीत सिंह उर्फ पम्मा (निवासी कादियां) बताया जाता है और वह पूर्व होमगार्ड जवान था ।

पुलिस लाइन्स पर फायरिंग : बटाला थाना सदर के माडल टाऊन क्षेत्र में पुलिस लाइन्स पर गत रात लगभग 10.30 बजे मोटर साइकिल सवार आतंकवादियों ने तीन तरफ से फायरिंग की और पुलिस लाइन्स में तैनात पुलिस कर्मचारियों द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर आतंकवादी फायरिंग करते हुए भाग गए । उक्त आतंकवादियों ने आगे जाकर फिर पशु मण्डी के निकट फायरिंग की । पुलिस लाइन्स में सुरक्षा कर्मचारियों ने आतंकवादियों को खोजने के लिए दो-तीन प्रकाशयुक्त गोले भी हवा में छोड़े । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आतंकवादियों की फायरिंग से पुलिस लाइन्स का मुख्य गेट क्षतिग्रस्त हो गया है । अन्य किसी प्रकार की क्षति की सूचना नहीं ।

गोलियों से छलनी शव मिला : रोपड़ : पुलिस ने जिला के चमकौर साहिब पुलिस थाना क्षेत्र से सोहन सिंह नामक एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है ।

गुट संघर्ष में 2 आतंकवादी मरे : अमृतसर (वार्ता): जिला के तख्तूचक गांव में आतंकवादियों की आपसी दुश्मनी में दो आतंकवादी भाई मारे गए । इनके नाम जसपाल सिंह और हरदेव सिंह हैं । उनके गोलियों से क्षत-विक्षत शव आज सुबह बरामद किए गए । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 13 खाली कारतूस बरामद हुए हैं । पुलिस के अनुसार उक्त दोनों आतंकवादी चोरी, लूटपाट, डकैती तथा धन ऐंठने के कई मामलों में वांछित थे ।

दो घुसपैठिए मरे : अमृतसर से प्राप्त सूचना के अनुसार गत रात फिरोजपुर सैक्टर में पाकिस्तान की तरफ से सीमा पार कर भारत में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे कुछ घुसपैठियों में से दो घुसपैठिए मार गिराए गए । सीमा सुरक्षा बल के पुलिस अधिकारियों के अनुसार बाकी घुसपैठिए भाग कर वापस पाकिस्तान में चले गए ।

मुठभेड़ में आतंकवादी मरा : पटियाला (भूषण): पुलिस के साथ मुठभेड़ में कल रात जिला के खेड़ी नागवा गांव में एक आतंकवादी मारा गया । अभी तक उसकी पहचान नहीं हो सकी । जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. शर्मा के अनुसार पुलिस उक्त गांव में फार्म हाऊसों की तलाशियां ले रही थी कि अचानक उक्त आतंकवादी ने फायरिंग की । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर आतंकवादी मारा गया । उससे एक पिस्तौल व गोली सिक्का भी मिला है ।

महंत की हत्या : आतंकवादियों ने कल रात पटियाला जिला के घग्गा पुलिस थाना के अंतर्गत शाहपुर गांव में एक डेरे में घुस कर एक महंत बैरंग दास की गोली मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि आतंकवादी महंत की बंदूक भी छीन कर ले गए लेकिन बाद में वे बंदूक वहीं फेंक कर कारतूस लेकर फरार हो गए । बताया जाता है कि आतंकवादियों की संख्या चार थी । दो आतंकवादी महंत की हत्या करने के लिए डेरे के भीतर गए थे जबकि दो बाहर खड़े रहे थे ।

2.30 लाख रुपया लूटा : मालेरकोटला से आजिज की सूचना है कि गत दिवस हसूर ओसवाल फैक्टरी का मैनेजर धूरी के एक बैंक से 2 लाख 30 हजार रुपए निकलवाकर नाभा जा रहा था । जब बाकड़ियां के निकट पहुंचा तो दो अज्ञात युवकों ने पिस्तौल की नोक पर उसकी कार रोकी और उक्त धनराशि छीन कर फरार हो गए ।

इसी प्रकार गांव लाड़की में एक ईंटों के भट्ठे पर स्कूटर पर सवार होकर दो युवक आए और पिस्तौल की नोक पर भट्ठे के मुंशी से 4700 रु. छीन कर फरार हो गए । कुछ फासिले पर उन्हें एक स्कूटर सवार युवक पवन कुमार मिला जिसे रोक कर उसका नया स्कूटर छीन लिया और अपना पुराना स्कूटर देकर कहा कि इसे मंडियां भिजवा देना ।

युवक की हत्या : गुरदासपुर (विनोद): कल रात कुछ आतंकवादियों ने काहनूवान थाने के अंतर्गत गांव मल्लियां में एक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार रात लगभग सवा दो बजे कुछ आतंकवादियों ने गांव मल्लियां के चौकीदार मंगलराम को उठा कर उसे इसी गांव के रूप सिंह पुत्र ज्ञान सिंह को आवाज़ देने को कहा । जब चौकीदार ने रूप सिंह को घर से आवाज़ देकर बुलाया तो आतंकवादियों ने चौकीदार को भगा दिया और रूप सिंह के बाजू बांध कर उसे अपने साथ ले गए । कुछ दूर जाकर उन्होंने उसे गोली मार दी ।

एक व्यक्ति घायल : कल रात कुछ आतंकवादियों ने धारीवाल में एक पैट्रोल पम्प के कर्मचारी हीरा सिंह को गोली मार कर घायल कर

(शेष पृष्ठ 8 पर)



भारत-पाक के सीमा सुरक्षा बल व रेंजरों की द्विवार्षिक कांफ्रेंस मंगलवार को जे.सी.पी. वाघा पाकिस्तान में हुई । भारत की तरफ से बी.एस.एफ. शिष्टमंडल का नेतृत्व आई.जी. श्री प्रकाश सिंह ने तथा पाक रेंजरों के शिष्टमंडल का नेतृत्व मे. जन. नसीर अहमद खां–डी.जी. ने किया । इस अवसर पर अधिकारी एक दूसरे से भेंट करते हुए । (छाया : ओम भण्डारी)

तूफान में मृतकों की संख्या 593

हैदराबाद, 15 मई (वार्ता) : आंध्र प्रदेश में आए चक्रवाती तूफान में मरने वालों की संख्या



जिला गुरदासपुर के थाना डेरा बाबा नानक के गांव तारुवाली में आतंकवा... (1) करतार चन्द, (2) सन्तोख राज, (3) अमरनाथ, (4) हंसराज... (6) बीरा और (7) रतन चन्द, (8) थाना कान्हुवान के गांव मल्लियां... (9) गांव तारुवाली का वह स्थान जहां सातों हरिजनों को बांध कर उ... (10) घटनास्थल पर क्रन्दन करतीं मृतकों के परिवारों की महिलाएं, ... घायल हरबंस लाल और (12) छात्र लखविंद्र पाल । (छा...

देश भर में 5 लाख बैंक कर्मियों द्वार... हड़ताल : रिजर्व बैंक भी प्रभावि...

नई दिल्ली, 15 मई (पस., वा.): सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के 5 लाख से अधिक कर्मचारियों की आज हुई देशव्यापी सांकेतिक हड़ताल के कारण बैंकिंग सेवा लगभग ठप्प हो गई ।

स्टेट बैंक और स्टेट बैंक आफ पटियाला, बीकानेर और जयपुर को छोड़कर अन्य सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारियों ने हड़ताल में भाग लिया । रिजर्व बैंक में केवल तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों द्वारा हड़ताल में भाग लेने के कारण इसका असर आंशिक रहा ।

सुबह से ही बड़ी संख्या में हड़ताली कर्मचारी बैंकों की शाखाओं के बाहर जमा होने लगे और उन्होंने अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाए । प्रमुख मांगों में वेतनमानों में सुधार के अलावा सभी को बोनस, आवास भत्ते, चिकित्सा और शहरी क्षतिपूर्ति भत्ते में बढ़ोत्तरी तथा नई भर्तियों पर लगी रोक को हटाना शामिल है । बैंकों में कम्प्यूटरीकरण को भी रोकने की मांग की गई ।

बैंक एम्प्लाइज फैडरेशन आफ इंडिया ने हड़ताल को शत-प्रतिशत सफल बताते हुए चेतावनी दी कि कर्मचारियों की मांगों के सम्बन्ध में होने वाली बातचीत में अगर आगे से उसे शामिल नहीं किया गया तो संघर्ष और भी तेज किया जाएगा ।

बैंक कर्मचारी अपने आंदोलन के अगले चरण में 8 जून को एक दिन की और सांकेतिक हड़ताल करेंगे ।

बम्बई से प्राप्त एक समाचार के अनुसार पच्चीस हजार से अधिक कर्मचारियों ने हड़ताल में भाग लिया । दक्षिणी बम्बई में बैंक कर्मचारियों की एक विशाल रैली भी हुई ।

बैंक एम्प्लाईज एसोसिएशन द्वारा जारी वक्तव्य में कहा गया कि रिजर्व बैंक ... पर चले जाने के कारण ... वीरान से दिखाई देते थे ।

चंडीगढ़ से 'संघी' के अ... सभी वाणिज्यिक बैंकों के क... के सम्बन्ध में हड़ताल रखी... काम न हो सका ।

जालन्धर में बैंक एम... इंडिया से सम्बद्ध कर्मचारि... कारण आज जिले में बैंकों ... जालन्धर शाखा के महासचि... ने बताया कि कर्मचारियों ... समक्ष रैली की । वक्ताओं ... बैंकर्स एसोसिएशन को चेता...

(शेष पृष्ठ ...



मंगलवार को बैंक कर्मच... के दौरान जालंधर के क... रैली करते हुए ।

उड़ीसा में राजनीतिक नेताओं प... छापों को लेकर संसद के दोनों सदनों...

नई दिल्ली, 15 मई (वार्ता, प.स.): उड़ीसा के कुछ राजनीतिक नेताओं के यहां आयकर छापे मारे जाने का मामला आज संसद के दोनों सदनों में उठा और इसे लेकर सत्तापक्ष तथा विपक्षी दल कांग्रेस (इ) सदस्यों के बीच तीखी झड़पें हुईं ।

कांग्रेस (इ) सदस्यों का आरोप था कि राजनीतिक बदले की भावना से यह कार्रवाई की जा रही है जबकि सत्तारूढ़ दल के सदस्यों का कहना था कि राजनीतिक नेता कानून से ऊपर नहीं होते । कानून की नज़र में सभी व्यक्ति बराबर हैं ।

कांग्रेस (इ) के श्री वसंत साठे ने शून्यकाल के दौरान लोकसभा में यह मामला उठाते हुए कहा कि राजनीतिक बदले की यह नीति लोकतांत्रिक प्रणाली के लिए खतरनाक सिद्ध होगी ।

श्री साठे ने जानना चाहा कि क्या सरकार राजनीतिक बदले की भावना से काम कर रही है । उन्होंने चेतावनी दी कि आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक में अभी भी कांग्रेस सत्तारूढ़ है । राजनीतिक बदले की भावना से अगर कार्रवाई की गई तो लोकतंत्र पर इसका खराब असर पड़ सकता है ।

श्री साठे को जनता दल और भाजपा सदस्यों की ओर से जोरदार टोकाटाकी का सामना करना पड़ा, जिसके जवाब में कांग्रेस (इ) की ओर से भी शोर-गुल हुआ ।

श्री साठे ने कहा कि 1977 में जनता दल की सरकार ने भी इसी तरह बदले की भावना से विरोधियों के खिलाफ कार्रवाई की थी । श्रीमती इंदिरा गांधी को परेशान किया गया था तथा उनके ...

है ।

राज्यसभा में यह माम... उठाया । राज्यसभा में लग... शोर-शराब हुआ । श्री ... सरकार विपक्षी कांग्रेस (इ... के चंगुल में फंसा कर मुकद्... खेल खेल रही है । उन... राजनीतिज्ञ कानून से ऊप... निपटते समय कुछ हद त... चाहिए । उन्होंने धमकी ... (इ) की सरकार उड़ीसा के ... की राज्य में स्थित सम्पत्ति ... चुका सकती है ।

उन्होंने याद दिलाया ... दशक पूर्व इंदिरा गांधी ... लेकिन उन्होंने सत्ता में ल... कार्रवाई नहीं की थी ।

सर्वश्री यशवंत सिन्... कमल मोरारका की इस पर ... के अन्य सहयोगियों के सा... सिन्हा ने कहा कि सभी ना... बराबर हैं । उन्होंने कहा ... विरुद्ध कानून के अनुरूप ... उन्हें लगता है कि उनके ... मारे गए हैं तो उनके लिए ... रास्ते खुले हैं ।

मार्क्सवादी श्री दीपेन ... छापे मारने के लिए कानून ...

Punjabi Samachar

क्षेत्र में
की हत्या
की जानें लीं
ा आत्महत्या

खोजने के लिए दो-तीन
ी हवा में छोड़े । जिला पुलिस के
ह जानकारी देते हुए बताया कि
फायरिंग से पुलिस लाइन्स का
हो गया है । अन्य किसी प्रकार
नहीं ।

छलनी शव मिला : रोपड़ :
चमकौर साहिब पुलिस थाना क्षेत्र
मक एक व्यक्ति का गोलियों से
द किया है ।

में 2 आतंकवादी मरे :
जिला के तख्तूचक गांव में
आपसी दुश्मनी में दो आतंकवादी
इनके नाम जसपाल सिंह और
उनके गोलियों से क्षत-विक्षत शव
किए गए । घटनास्थल से ए.के.
3 खाली कारतूस बरामद हुए हैं ।
र उक्त दोनों आतंकवादी चोरी,
था धन ऐंठने के कई मामलों में

ए मरे : अमृतसर से प्राप्त सूचना
त फिरोजपुर सैक्टर में पाकिस्तान
पार कर भारत में प्रवेश करने का
घुसपैठियों में से दो घुसपैठिए मार
सीमा सुरक्षा बल के पुलिस
नुसार बाकी घुसपैठिए भाग कर
में चले गए ।

आतंकवादी मरा : पटियाला
के साथ मुठभेड़ में कल रात जिला के
में एक आतंकवादी मारा गया ।
ने पहचान नहीं हो सकी । जिला
एस.के. शर्मा के अनुसार पुलिस
र्म हाऊसों की तलाशियां ले रही थी
त आतंकवादी ने फायरिंग की ।
वाबी फायरिंग किए जाने पर
गया । उससे एक पिस्तौल व
मिला है ।

हत्या : आतंकवादियों ने कल रात



जिला गुरदासपुर के थाना डेरा बाबा नानक के गांव तारूवाली में आतंकवादियों के हाथों मारे गए (1) करतार चन्द, (2) सन्तोख राज, (3) अमरनाथ, (4) हंसराज, (5) गोपाल चन्द, (6) बीरा और (7) रतन चन्द, (8) थाना कान्हवान के गांव मल्लियां में मारा गया रूप सिंह, (9) गांव तारूवाली का वह स्थान जहां सातों हरिजनों को बांध कर उनकी हत्या की गई । (10) घटनास्थल पर क्रन्दन करती मृतकों के परिवारों की महिलाएं, (11) इस हमले में घायल हरबंस लाल और (12) छात्र लखविंद्र पाल । (छाया : विनोद, कोछड़)

देश भर में 5 लाख बैंक कर्मियों द्वारा सांकेतिक हड़ताल : रिजर्व बैंक भी प्रभावित रहा

नई दिल्ली, 15 मई (पस., वा.) : सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के 5 लाख से अधिक कर्मचारियों की आज हुई देशव्यापी सांकेतिक हड़ताल के कारण बैंकिंग सेवा लगभग ठप्प हो गई ।

स्टेट बैंक और स्टेट बैंक आफ पटियाला, बीकानेर और जयपुर को छोड़कर अन्य सभी राष्ट्रीकृत बैंकों के कर्मचारियों ने हड़ताल में भाग लिया । रिजर्व बैंक में केवल तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों द्वारा हड़ताल में भाग लेने के कारण इसका असर आंशिक रहा ।

सुबह से ही बड़ी संख्या में हड़ताली कर्मचारी बैंकों की शाखाओं के बाहर जमा होने लगे और उन्होंने अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाए । प्रमुख मांगों में वेतनमानों में सुधार के अलावा सभी को बोनस, आवास भत्ते, चिकित्सा और शहरी क्षतिपूर्ति भत्ते में बढ़ोतरी तथा नई भर्तियों पर लगी रोक को हटाना शामिल है । बैंकों में कम्प्यूटरीकरण को भी रोकने की मांग की गई ।

बैंक एम्प्लाइज फैडरेशन आफ इंडिया ने हड़ताल को शत-प्रतिशत सफल बताते हुए चेतावनी दी कि

Punjab Samarani

में कहा गया कि रिजर्व बैंक में आज क्लर्कों के हड़ताल पर चले जाने के कारण सारे सार्वजनिक काऊंटर वीरान से दिखाई देते थे ।

चंडीगढ़ से 'संघी' के अनुसार आज चंडीगढ़ के सभी वाणिज्यिक बैंकों के कर्मचारियों ने अपनी मांगों के सम्बन्ध में हड़ताल रखी । बैंकों में लेन-देन का काम न हो सका ।

जालन्धर में बैंक एम्प्लाइज फैडरेशन आफ इंडिया से सम्बद्ध कर्मचारियों द्वारा हड़ताल करने के कारण आज जिले में बैंकों में काम-काज ठप्प रहा । जालन्धर शाखा के महासचिव श्री एल.आर. विरदी ने बताया कि कर्मचारियों ने बाद में कैनारा बैंक के समक्ष रैली की । वक्ताओं ने सरकार तथा इंडियन बैंकर्स एसोसिएशन को चेतावनी दी कि अगर उनकी

(शेष पृष्ठ 8 पर)



पंजा
राष्ट्र
स्थिति
बंदू

लुधियाना,
उप-प्रधानमंत्री
पत्रकार-सम्मेल
राष्ट्रपति शास
मास के अन्दर-
जाएगी । इस
पंजाब में उभर

चौ. देवी
पंजाब-समस्या
बनाने के लिए
विवरण बताने
अपने पंजाब
सिंह को देंगे त
की घोषणा शी

आज उप
चौ. अजीत सि
केन्द्रीय मंत्री प्र
साथ स्थानीय
अस्पताल में
टोहरा का हा
उग्रवादियों ने

पत्रकार-
मौजूद थे । व
भेंट किए और
यहां यह
श्री प्रकाश सि
बातचीत की
रैस्ट हाऊस में
लाल को बता
नींद आ गई थी
हुए चौ. देवी
अकाली नेता
देते रहे हैं ।
टोहरा बच ग
की प्रार्थना क
लिए बंदूक
जाएगी ।

नागालै

एक परिवार के सदस्यों की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

दिया,स्थानीय अस्पताल में उपचाराधीन हीरा सिंह ने बताया कि मैं तीन अन्य कर्मचारियों के साथ पैट्रोल पम्प पर सोया हुआ था कि रात लगभग अढ़ाई बजे किसी ने [illegible] । जब [illegible] खोला तो उसने डीज़ल की मांग की परन्तु हमने डीज़ल रात के समय देने से इन्कार कर दिया । इसके बाद वह चला गया । हीरा सिंह ने कहा कि मैं पानी पीने बाहर गया तो वहां खाकी वर्दी पहने एक व्यक्ति को राइफल लिए खड़ा देखा । मैंने उसे पकड़ लिया और इस हाथापाई में मुझे गोली लग गई । पुलिस ने केस दर्ज कर कुछ व्यक्तियों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है ।

4 उग्रवादी संगठनों ने जिम्मेदारी ली : लुधियाना : दैनिक 'अजीत' को आए एक टैलीफोन में 4 उग्रवादी संगठनों ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष श्री गुरचरण सिंह टोहरा पर हुए घातक हमले की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली है । बब्बर खालसा के सुखदेव सिंह बब्बर, आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन के भाई दलजीत सिंह बिट्टू, खालिस्तान कमांडो फोर्स के परमजीत सिंह पंजवड़ तथा भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स के गुरबचन सिंह मानोचाहल ने जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए कहा कि हमला इसलिए किया गया क्योंकि टोहरा 1984 के आप्रेशन 'ब्ल्यू स्टार' के दौरान हुए हजारों सिखों के कत्लेआम के दोषी हैं । उक्त उग्रवादी नेताओं ने आरोप लगाया है कि श्री टोहरा की मर्जी से ही स्वर्ण मंदिर परिसर में सेना भेजी गई थी । उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्तियों को बख्शा नहीं जाएगा ।

हमलावरों की व्यापक तलाश : लुधियाना से 'महिन्द्रा' व 'धीमान' के अनुसार जिला पुलिस श्री गुरचरण सिंह टोहरा पर फायरिंग करने वाले उग्रवादियों का पता लगाने का प्रयास कर रही है । इस बारे टाटा फ़ोर-व्हीलर के असली मालिकों से भी पूछताछ की जा रही है । यह टाटा फोर-व्हीलर 12 मई को जिला फरीदकोट के मेहना क्षेत्र से उग्रवादियों ने छीन लिया था तथा उसे 13 मई की रात को श्री गुरचरण सिंह टोहरा पर फायरिंग करने के लिए प्रयोग किया गया ।

यह भी ज्ञात हुआ है कि उग्रवादियों के पास इस फोर व्हीलर के अतिरिक्त एक अम्बैसेडर कार भी थी जिस पर सवार लोग फ़ोर-व्हीलर में बैठे उग्रवादियों को 'गाइड' कर रहे थे ।

पुलिस का ख्याल है कि उग्रवादियों के कुछ गिरोह लुधियाना के इर्द-गिर्द घूम रहे हैं । पुलिस ने बताया कि हाल ही में जो 5 उग्रवादी लुधियाना में पकड़े गए हैं, वे एक वर्ष से लुधियाना में किराए के मकानों में रहते थे लेकिन किसी ने पुलिस को उनकी गतिविधियों के बारे में नहीं बताया ।

इस दौरान श्री गुरचरण सिंह टोहरा की सेहत में तेजी से सुधार हो रहा है । अस्पताल में सुरक्षा प्रबंध कड़े कर दिए गए हैं । आज श्री टोहरा प्रसन्न दिखाई दिए । इस दौरान जगदेव सिंह ताजपुरी पूर्व मंत्री, श्री मेवा सिंह गिल पूर्व सांसद तथा ज्ञानी अर्जुन सिंह पूर्व विधायक श्री टोहरा का कुशल-क्षेम पूछने अस्पताल गए ।

एक की हत्या : आतंकवादियों ने कल रात लुधियाना के न्यू माधोपुर क्षेत्र में प्रेम चंद नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

आतंकवादी द्वारा आत्महत्या : लुधियाना जिले में जगराओं के निकट सुरक्षा बलों द्वारा घेर लिए जाने पर एक आतंकवादी ने साइनायड ज़हर खा कर आत्महत्या कर ली । उसका साथी फरार होने में सफल हो गया ।

सरपंच व उसकी बेटी की हत्या : संगरूर (पस): जिला के तपा पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन ढिलवां गांव में आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर सरपंच जसवंत सिंह तथा उसकी बेटी की गोली मार कर हत्या कर दी ।

तपामंडी से 'मारकंडा' के अनुसार मृतक सरपंच जसवंत सिंह भाकपा नेता था । गोलीबारी में मरने वाली श्री जसवंत सिंह की बेटी का नाम रानी (18) बताया जाता है । इस वारदात में श्री जसवंत सिंह की पत्नी महिन्द्र कौर व छोटी बेटी तुषमा भी घायल हो गई । बताया जाता है कि रात लगभग दो बजे आतंकवादियों ने सरपंच के घर पर हमला किया । रानी की मृत्यु अपने पिता को आतंकवादियों के हाथों से बचाते हुए हुई । श्री जसवंत सिंह की मौका पर ही मृत्यु हो गई जबकि रानी ने अस्पताल जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया ।

किसान की हत्या : [illegible] से 'शर्मा' के अनुसार कल रात यहां से पांच किलोमीटर दूर गांव मेहराज में आतंकवादियों ने एक किसान गुरजंट सिंह (35) की गोली मार कर हत्या कर दी । उसे उस समय गोली मारी गई, जब वह फसल की निगरानी के लिए अपने खेतों में जा रहा था । आतंकवादी पैदल आए थे और वारदाता के बाद पैदल ही भाग गए ।

बम की अफवाह : जालंधर : पुलिस को आज किसी ने टैलीफोन पर सूचित किया कि स्थानीय नेहरू गार्डन के निकट एक बस में बम रखा गया है । पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और वरिष्ठ अधिकारी कथित घटनास्थल पर पहुंचे लेकिन उक्त स्थान पर कोई बस खड़ी नहीं पाई गई और इस तरह बस में बम रखे जाने की चेतावनी झूठी साबित हुई ।



जिला पटियाला के राजला गांव में पूर्व विधायक श्री हरदयाल सिंह राजला के अंतिम संस्कार के अवसर पर पटियाला डिवीजन के कमिश्नर श्री जे.एस. गिल मृतक की देह पर पंजाब के राज्यपाल की तरफ से फूलमालाएं अर्पित करते हुए । (छाया : पं.के.)

ट्रक उलटने से चार मरे

कपूरथला, 15 मई (शर्मा): मलेरकोटला से भारी संख्या में सेवा के लिए एक ट्रक में डेरा ब्यास राधास्वामी जा रहे यात्रियों का यह ट्रक गत सायं जी.टी. रोड पर सुभानपुर चौक के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गया तथा ट्रक उलट जाने के कारण एक बच्ची सहित तीन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई जबकि 50 से अधिक यात्री घायल हो गए, जिनमें लगभग छः की हालत गंभीर बताई जाती है । घायलों को सिविल अस्पताल कपूरथला तथा ब्यास अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

भाजपा द्वारा चेतावनी

(पृष्ठ 3 का शेष)

रहे हैं ।

इसी दौरान 'चिकन नैक' क्षेत्र से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पाक सैनिक दस्ते तेजी से खंदकें खोदने तथा बंकर आदि बनाने में व्यस्त हैं । अन्य सूचना के अनुसार पाकिस्तान ने इस क्षेत्र में कुछ और टैंक भी तैनात कर दिए हैं ।

आधिकारिक प्रवक्ता द्वारा खंडन : जम्मू : (वार्ता, प.स.): जम्मू-कश्मीर सरकार के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने आज इस बात से इन्कार किया है कि कश्मीर घाटी में कल 11 व्यक्तियों के मारे जाने की खबर सही है ।

प्रवक्ता ने समाचारपत्रों के एक वर्ग में इस रिपोर्ट का खंडन करते हुए कहा कि घाटी में कल 11 व्यक्ति नहीं मारे गये थे । प्रवक्ता के अनुसार पुलिस को [illegible] तथा नातीपोरा में कल 2 शव मिले थे [illegible] रेखा के निकट एक उग्रवादी मारा गया था । प्रवक्ता ने खेद व्यक्त किया कि पत्रकारों से वास्तविकता की पुष्टि करने का बार-बार आग्रह करने के बावजूद भी राष्ट्रीय प्रैस में मृतक संख्या की पुष्टि किये बिना ही समाचार प्रेषित किये जा रहे हैं ।

प्रवक्ता ने पत्रकारों से एक बार फिर अपील की कि वह घाटी में उठ रही अफवाहों के दृष्टिगत जनहित को ध्यान में रखते हुए सही तथ्यों तथा मृतकों की संख्या पर ध्यान दें तथा इसके बाद ही समाचार प्रेषित किया करें ।

5 आतंकवादी गिरफ्तार : इसी दौरान सुरक्षा बलों ने अपने तलाशी तथा धरपकड़ अभियान के दौरान गत रात जिला बारामुला में उग्रवादियों के सम्भावित ठिकानों पर छापा मार कर 5 आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया है ।

कर्फ्यू स्थिति : श्रीनगर में आज प्रातः 8 बजे से 11 घंटे के लिए तथा घाटी के अन्य क्षेत्रों में विभिन्न अवधिकाल के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई ।

श्रीनगर के कुछ भागों में आज छठे दिन भी दुकानें तथा व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे, मगर सड़क मार्गों पर हल्का यातायात चलता रहा ।

उधर घाटी में सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवादियों के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी है तथा संदिग्ध उग्रवादियों के सम्भावित ठिकानों पर लगातार छापे मारे जा रहे हैं ।

निर्णय स्थगित : एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार स्कूल तथा कालेजों को फिर से खोलने का निर्णय आगामी 21 मई तक के लिए स्थगित कर दिया गया है । इंजीनियरिंग व मैडीकल कालेज भी अब आगामी माह ही खुलेंगे ।

तीर्थ यात्री बम्बई रवाना : इसी मध्य कश्मीर घाटी से हज की यात्रा पर जाने वाले 212 तीर्थ यात्री रेलगाड़ी द्वारा बम्बई के लिए रवाना हो गए हैं । यह हज यात्री कल यहां पहुंचे थे । इन सबको राज्यपाल श्री जगमोहन के सलाहकार जे.एम. कुरैशी ने विदा किया ।

कार बरामद : कश्मीर विश्वविद्यालय के कुलपति तथा उनके सहायक अब्दुल गनी के अपहरण में प्रयुक्त कार बरामद कर ली गई है ।

प्रवक्ता के अनुसार इस कार का नम्बर जे.के.डी. 9394 है तथा इसका मालिक श्रीनगर शहर का अब्दुल वाशीद नक्श बताया जाता है, जो श्रीभट्ट क्षेत्र का निवासी है ।

एक महिला भी गिरफ्तार : प्रवक्ता के अनुसार एक अन्य महिला को भी गिरफ्तार किया गया है, जिसकी पहचान बेगम लासा आरा के रूप में हुई है । यह महिला केंद्रीय गृह मंत्री श्री मुफ्ती मुहम्मद सईद की पुत्री डा. रुबिया सईद के अपहरण के दौरान उनकी निगरानी करती रही थी ।

Punjabi Sanatani

एक ही परिवार के 3 सदस्यों समेत पंजाब में 9 व्यक्तियों की हत्या

गुट संघर्ष में 2 आतंकवादी मरे :17पकड़े गए : 2 लोगों का अपहरण

चंडीगढ़, 17 मई (प.स., वार्ता): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान आतंकवादियों ने एक परिवार के 3 सदस्यों समेत 9 लोगों की हत्या कर दी और 2 अन्य का अपहरण किया । इस दौरान 2 आतंकवादी मारे गए तथा 17 अन्य पकड़े गए ।

परिवार के तीन सदस्यों की हत्या : फरीदकोट (वार्ता): आतंकवादियों ने जिला के पक्की गांव में आज प्रात: एक मकान में घुस कर अजीत सिंह (48), उसकी पत्नी मोहिन्दर कौर (45) तथा बेटी जसविन्दर कौर (16) की गोली मार कर हत्या कर दी ।

मुक्तसर से 'दीपक, दर्दी' के अनुसार जिन आतंकवादियों ने परिवार के तीन सदस्यों की हत्या की, वे ए.के. 47 चीन असाल्ट राइफलों से लैस थे । बताया जाता है कि आतंकवादियों की संख्या चार थी । उनमें से दो घर के भीतर दाखिल हुए तथा दो बाहर खड़े रहे । आतंकवादी उक्त तीनों लोगों को घर से बाहर जबरदस्ती खींच लाए और खेतों में ले जाकर उनकी हत्या कर दी । इन तीनों की हत्या करने से पहले आतंकवादियों ने अजीत सिंह के बेटे जसविंदर सिंह उर्फ़ जस्सा को एक कमरे में बंद कर दिया था । आतंकवादी पैदल आए थे और वारदात के बाद पैदल ही भाग गए ।

एक व्यापारी की हत्या : फरीदकोट से जालंधरी के अनुसार आतंकवादियों ने भलौच खेड़ा गांव में कल रात गुरबचन सिंह नामक एक कपड़ा व्यापारी की गोली मार कर हत्या कर दी । आतंकवादी रात 9 बजे दीवार फांद कर उक्त व्यापारी के घर में दाखिल हुए और हत्या के बाद भाग निकले ।

गुट संघर्ष में एक मरा : अमृतसर (वि.प्र.) : पुलिस जिला मजीठा के जंडियाला थाना क्षेत्र के अधीन गांव जित्तेकलां में कल रात 12 बजे के करीब 2 आतंकवादी एक व्यक्ति सुरजीत सिंह के घर में दाखिल हो गए और गोलियां मारकर उसकी हत्या करने के बाद भाग गए । यह वारदात आतंकवादियों के निजी गुट संघर्ष का नतीजा बताई जाती है । 'वार्ता' के अनुसार आतंकवादी सुरजीत सिंह की पिस्तौल तथा चार हजार रुपए भी ले गए ।

एक की हत्या : थाना जंडियाला के ही क्षेत्र में स्थित गांव तलवंडी डोगरां में कल रात 10 बजे के करीब 3 आतंकवादियों ने एक व्यक्ति करतार सिंह को उसके मकान से बाहर ले जाने के बाद गोलियां मारकर उसकी हत्या कर दी तथा फरार हो गए ।

अपहृत व्यक्ति का शव मिला : आतंकवादियों ने कल रात तरनतारन पुलिस जिला के गांव ठट्ठा जैमल सिंह से एक व्यक्ति स्वर्ण सिंह उर्फ फौजी का अपहरण कर लिया था । आज प्रात: इसी जिला में कालिया सकातरे गांव के निकट से उसका शव मिला है ।

आतंकवादी का शव मिला : आज प्रात: अमृतसर जिला के झब्बाल पुलिस स्टेशन के अधीन गांव सोहल में दिलबाग सिंह नामक एक आतंकवादी का गोलियों से छलनी शव मिला है । खालिस्तान कमांडो फोर्स के संघा गुट ने इस वारदात की जिम्मेदारी ली है । दिलबाग सिंह पर लूटपाट व धन ऐंठने का आरोप लगाया गया है । वह हाल ही में जमानत पर छूटा था ।

एक और व्यक्ति की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के नारंगाबाद गांव के निकट से आतंकवादियों ने आज प्रात: 7 बजे एक व्यक्ति बलबीर सिंह का अपहरण कर लिया । रास्ते में कलहा गांव के निकट उक्त आतंकवादियों ने गुरनाम सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मारकर हत्या कर दी । आतंकवादी जब गुरनाम सिंह पर फायरिंग करने में व्यस्त थे तो अपहृत व्यक्ति बलबीर सिंह अपनी कार वहीं छोड़ कर भाग निकला ।

शव बरामद : मजीठा पुलिस जिला के हर्षा छीना गांव में बलदेव सिंह नामक एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ है ।

युवक का अपहरण : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार आज यहां एक फाइनैंस कार्पोरेशन में कार्यरत एक युवक नाजर सिंह का उग्रवादी अपहरण करके ले गए । बताया जाता है कि नाजर सिंह एक श्री-व्हीलर पर जा रहा था कि कोट खालसा के निकट उग्रवादियों ने श्री-व्हीलर को रोक लिया और उसका श्री-व्हीलर में ही अपहरण करके ले गए लेकिन यूनिवर्सिटी के निकट श्री-व्हीलर उलट गया । इसके बाद उग्रवादी नाजर सिंह का पिस्तौल की नोक पर ही अपहरण करके ले गए ।

2 लोगों का अपहरण : बटाला (कोछड़): 3 आतंकवादियों ने बटाला पुलिस जिला के कलानौर थाना के अधीन शूर गांव से 2 व्यक्तियों सतनाम सिंह तथा मुख्तियार सिंह का अपहरण कर लिया । उक्त दोनों अपहृतों की व्यापक तलाश की जा रही है ।

ठेके के दो कर्मियों की हत्या : कपूरथला (शर्मा) : थाना सुभानपुर के अन्तर्गत गांव लखन के पड्डे में कल रात लगभग 10 बजे दो सशस्त्र आतंकवादियों ने शराब के ठेके के 2 कर्मियों राजकुमार तथा हेमराज की गोली मारकर हत्या कर दी । घटना के समय उक्त दोनों कर्मी अपने घर में सो रहे थे । सूचना मिलते ही जिला पुलिस प्रमुख सुरक्षा कर्मियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए । क्षेत्र की घेराबंदी करके आतंकवादियों की खोज की जा रही है ।

मुठभेड़ के बाद 5 आतंकवादी काबू : लुधियाना (महिन्द्रा, धीमान) : यहां से 33 किलोमीटर दर रसूलपुर गांव के करीब सिधवां नहर पर पुलिस की नाका पार्टी के साथ मुठभेड़ के बाद 5 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया । जिला पुलिस प्रमुख श्री परमजीत सिंह संधू ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि पुलिस की नाका पार्टी ने स्कूटर व मोटरसाइकिल पर 5 संदिग्ध व्यक्तियों को

(शेष पृष्ठ 8 पर)

लुधियाना में शेरपुर पुल पर बम फटा

लुधियाना, 17 मई (महेंद्रा, मुसाफिर) : आज रात्रि यहां लगभग साढ़े 9 बजे शेरपुर के पास पुल के ऊपर एक शक्तिशाली बम फट गया, जिससे कोई प्राण हानि नहीं हुई । उस समय पुल पर डी.एस.पी. (मुख्यालय) की कार खड़ी थी, जिसके शीशे टूट गए । बम विस्फोट से पुल को कुछ क्षति पहुंची । उच्चाधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं ।

मालेरकोटला में आए तूफ़ान से भयंकर तबाही

मालेरकोटला, 17 मई (नरेंद्र शर्मा): कल रात यहां पर आए भयंकर तूफ़ान ने शहर में काफी तबाही मचा दी । यह तूफ़ान रात्रि 11.30 बजे आया और एक घंटे तक जारी रहा । तूफ़ान की इतनी भयंकर आवाज़ें आ रही थीं कि लोग डर के मारे अपने घरों से बाहर आ गए । जो लोग पराने घरों में निवास करते हैं, वह तो अपने घर छोड़ कर खुले मैदानों की ओर भाग गए । एक बार तो लोग ऐसे समझ बैठे कि जैसे भूकम्प आ गया है क्योंकि घरों के दरवाजे और खिड़कियों के साथ-साथ घरों की दीवारें भी हिलने लग गई थीं । तूफ़ान के प्रभाव से शहर में लाखों का नुक्सान हो गया । बिजली तथा पानी की सेवाओं में भी विघ्न पड़ गया । सैंकड़ों घरों की दीवारों में दरारें पड़ गईं और खिड़कियों के शीशे टूट गए ।

कई कारखानों की पक्की चार दीवारियां गिर गईं और शैडों की चादरें उड़ कर दो-दो सौ मीटर की दूरी पर जाकर गिर गईं । स्थानीय संवाददाताओं ने तूफ़ान से हुए नुक्सान का जायज़ा लेने के लिए शहर का दौरा किया और पाया कि हजारों की संख्या में वृक्ष तथा खम्बे सड़कों पर गिरे पड़े थे । शहर में 50% टैलीविजनों के ऐन्टीनें टूट गए । सैंचरी आयरन एंड स्टील्स लि. के शैड पर डाली गई सीमैंट की चादरें पत्तों की तरह उड़ कर लगभग 200 मीटर दर टुकड़े-टुकड़े होकर बिखर गईं । इसी मिल की लगभग 400 फुट लम्बी चार दीवारी भी इस तूफ़ान के प्रभाव से गिर गई । इसी प्रकार मै. विनोद पेपर मिल, मै. मालेरकोटला एलाय एंड स्टील्स लि. तथा अरिहन्त स्पिनिंग मिल्स की दीवारें भी ढह गईं । तूफ़ान के कारण शहर में 12 घंटे तक बिजली और पानी की सेवा ठप्प रही । हैरानी की बात तो यह है कि इस तूफ़ान का प्रभाव मालेरकोटला और इसके इर्द-गिर्द के गांवों पर ही पड़ा ।

Punjab Archive

18.5.1990

ed Progressing
kotla. We need
r Garment

ould be graduate
g and tailoring or
experience of

be graduate with
signing with 3-5

r head office. The
duate with short
ears experience.
y within 7 days of
naging Director,
Road, Malerkotla

N. K. Sharma

विज्ञापन

नाम परिवर्तन

रूप लाल सुपुत्र ईश्वरदास, बंगा
ना नाम बदल कर तेजस्वरूप रावल

गुर्दा चाहिए

A+ ग्रुप का चाहिए । दानी सज्जन को
ा जाएगा : गुरदेव कौर पत्नी सरवन
पोसी, होशियारपुर ।

आवश्यकता

ी मशीनमैन की तुरन्त आवश्यकता
र्थक । मिलें या लिखें : गहला प्रिंटिंग
, चीका (कैथल) फोन : 117.

र्क/पियन की आवश्यकता है । वेतन
र । बाक्स 790, पंजाब केसरी,

two female/gents clerks.
Interview on 19.5.90 at 11
College, 14, Mall Road, Model
har.

रोज़गार

लवे में कमर्शियल क्लर्क, आफिस
नैक्टर, ट्रेन क्लर्क आदि के अनेकों पद
यता दसवीं, आयु सीमा 18-25
वर्ष । वेतनमान (975-1500)
.90. आवेदन पत्र और नियमावली
रुपए का मनिआर्डर शीघ्र भेजें ।
Guidance Institute,
adi Mohalla, Ambala City.

लवे में कमर्शियल क्लर्क, आफ़िस
नैक्टर, ट्रेन क्लर्क आदि की भर्ती का
नीआर्डर भेज कर 5.6.1990 तक
cional School of Railways,

शिक्षा

ठवीं, नौवीं फ़ेल शर्तिया मैट्रिक पास
स 10+2 पास करें । Metro
zar Narsinghdass (Near
ndi), Amritsar. Phone :

क, इंटर सीधा बी.ए./मैडिकल कोर्स/
न गारंटिड । गाज़ियाबाद डिग्री
, रामनगर, गाज़ियाबाद ।

(JDC)

ारा R.M.P./Pharmacist,

राज्यसभा में हंगामा

(पृष्ठ 3 का शेष)

उपसभापति डा. हेपतुल्ला ने कहा कि यह गम्भीर मामला है इसलिए सदस्य शांत होकर सदन के नेता की बात सुनें । इससे पूर्व जनता दल के सत्य प्रकाश मालवीय ने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए कहा कि यह राज्य का मामला है इसलिए इसे सदन में नहीं उठाया जा सकता है ।

उपसभापति ने कहा कि क्योंकि एफ.आई.आर. में सांसदों के नाम दर्ज हैं, इसलिए वह इसे उठाने की इजाजत दे रही हैं ।

सदन के नेता श्री गुरुपदस्वामी ने जब कहा कि सरकार ने बदले की भावना से काम नहीं किया है और कानून अपना काम पूरा करेगा तो कांग्रेस (इ) के सदस्य फिर एक साथ खड़े हो गए और उन्होंने नारेबाजी शुरू कर दी । इसी बीच डेढ़ बज जाने पर उपसभापति ने सदन को भोजनावकाश के लिए स्थगित कर दिया ।

निश्चल काम्पलैक्स का उद्घाटन

अमृतसर, 17 मई (वर्मा): विगत दिवस यहां के प्रसिद्ध औद्योगिक केन्द्र कटड़ा जैमल सिंह के नजदीक अमृत टाकीज चौक में निश्चल काम्पलैक्स का उद्घाटन श्री आर.एल. भाटिया, भूतपूर्व संसद सदस्य ने किया ।

पाक के 20 प्रमुख विपक्षी नेताओं के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई होगी

इस्लामाबाद, 17 मई (प.स.): पाकिस्तान बैंकिंग परिषद ने सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों को 20 प्रमुख विपक्षी नेताओं के खातों की छानबीन करने और गड़बड़ी पाए जाने पर इन नेताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है । संयुक्त विपक्षी दलों के एक प्रवक्ता के अनुसार जिन विपक्षी नेताओं के खातों की जांच का आदेश दिया गया है, उनमें इस्लामी जम्हूरी इत्तेहाद के नेता गुलाम मुस्तफा जतोई, चौधरी शुजात हुसैन और राष्ट्रीय असैम्बली के कई सदस्य भी हैं ।

EXCELLENT COACHING

JCE (PUNJAB)

POLYTECHNIC/D. PHARMACY

15 Days Batches from 21st, 25th May & 5th, 10th June.
Hostel Available. Reserve your seat in Advance.
SUNDAY OPEN

CAPITAL COLLEGE
3220, SECTOR 21-D CHANDIGARH

गुमशुदा की तलाश



प्रिय राजन, तुम जहां भी हो वापिस घर चले आओ । उर्मिल व ईशा की हालत बहुत खराब है । अगर कष्ट में हो तो पता दो । सूचना देने वाले को उचित इनाम ।

सोहन लाल वर्मा,
1466, रानी बाग,
दिल्ली-34.

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

आते हुए देखा । जब उन्हें रुकने का संकेत किया गया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की और अन्ततः पांचों आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया । इनके नाम परमिन्द्र सिंह उर्फ़ हीरा (निवासी काला माजरा जिला रोपड़), मेहर सिंह उर्फ़ मोहनी (निवासी भगत माजरा जिला रोपड़), दविन्द्र सिंह (निवासी नाभा), लखबीर सिंह (निवासी बीकरपुर जिला संगरूर) तथा तेजेन्द्र सिंह उर्फ़ कमांडर (निवासी रायपुर माजरी जिला लुधियाना) बताए जाते हैं । इन आतंकवादियों के कब्ज़े से 7.62 बोर की एक राइफल, .32 बोर की एक राइफल एक रिवाल्वर, चोरी का एक स्कूटर तथा मोटर साइकिल भी बरामद हुआ है । श्री संधु ने बताया कि ये आतंकवादी 2 दर्जन डकैतियों में संलिप्त थे ।

श्री संधु ने यह भी बताया कि परसों जिस उग्रवादी ने ज़हर खाकर आत्महत्या की थी, उसकी शिनाख्त कर ली गई है । उसका नाम जगराज सिंह उर्फ़ जग्गा है और वह लुधियाना जिला के रायकोट का निवासी था । वह ज़मानत पर छूटा था और उसके बाद से फरार था । उसके विरुद्ध पांच मुकद्दमें चल रहे थे । उसने रायकोट में एक अखबारी हॉकर भोला की हत्या की थी तथा अखबारी एजैंट केवल कृष्ण आज़ाद को घायल किया था । उसने रायकोट नगरपालिका के माली रामधन की भी हत्या की थी । रायकोट के एस.एच.ओ. संत कुमार की हत्या करने की भी उसकी योजना थी । इस उग्रवादी ने धूरी में सी.आर.पी.एफ. के नाके पर हमला करके दो जवानों की हत्या कर दी थी तथा दो जवानों को घायल किया था । उसने सरहिन्द में एक गार्ड की भी हत्या की थी । श्री संधु के अनुसार उक्त उग्रवादी बहुत-सी डकैतियों में भी संलिप्त था ।

श्री संधु ने बताया कि यह उग्रवादी फरार होने के बाद फिर सक्रिय हो गया था । उसने अप्रैल में हवालदार सोमनाथ पर भी कातिलाना हमला किया । वह अपने साथी कश्मीर सिंह के साथ घटनाएं करने में संलिप्त था । कश्मीर सिंह को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था लेकिन बाद में वह भी फरार हो गया । जगराज सिंह ने गांव आयाली में एक मारुति वैन भी पिस्तौल की नोक पर छीनी थी । जुगराज सिंह खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का सदस्य था ।

एक व्यक्ति घायल : आतंकवादियों ने कल रात लुधियाना जिला में एक व्यक्ति राजेन्द्र कुमार को गोली मारकर घायल कर दिया तथा 4 हज़ार रुपए छीनकर भाग गए ।

मुठभेड़ के बाद 1 उग्रवादी काबू : फिरोजपुर : सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के बाद ज़िला में एक आतंकवादी तरसेम सिंह उर्फ लड्डू को कल रात गिरफ्तार किया गया है । उससे एक ए.के. 56 राइफल भी मिली है ।

11 और आतंकवादी पकड़े गए : भटिंडा, अमृतसर तथा रोपड़ जिला पुलिस ने क्रमशः 5, 4 और 2 आतंकवादियों को हथियारों समेत गिरफ्तार किया है ।

के.सी.एफ. का एक सदस्य काबू : फाजिल्का से 'लूना' के अनुसार सी.आर.पी.एफ. तथा पंजाब पुलिस की एक संयुक्त नाका पार्टी ने के.सी.एफ. के एक सदस्य जगीर सिंह को जलालाबाद सैक्टर में काबू किया है । उसके तीन अन्य साथी बच कर भाग गए । जगीर सिंह गुरु हरसहाय के मरहेके गांव का निवासी है । उसके जो तीन साथी भाग गए हैं, उनके नाम हरजिन्द्र सिंह, जंग सिंह तथा राजबीर सिंह उर्फ फौजी हैं । हरजिन्द्र सिंह भाई मोहकम सिंह का जीजा है ।

फिरोजपुर जिला पुलिस प्रमुख श्री अनिल कुमार शर्मा ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए कहा कि जगीर सिंह ने प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान यह स्वीकार किया है कि वह अपने साथियों के साथ विगत 10 मार्च से 20 मार्च के बीच जलालाबाद सैक्टर में बी.एस.एफ. की चौकी से मात्र 50 गज दूर स्थित घाटी नं. एक क्षेत्र से 4 बार सीमा पार कर

गुमशुदा की तलाश

रमेश चंद्र, उम्र 32 साल 9 मई, 1990 को रात 12 बजे अपने घर हैबोवाल खुर्द से हैबोवाल खुर्द में दुकान पर किसी काम के लिए गया, लेकिन घर वापिस नहीं आया अगर किसी को इसके बारे पता हो तो नीचे लिखे पते पर सूचना दें, शुक्राने के तौर पर 200/- इनाम दिया जाएगा । रमेश चंद्र अगर खुद पढ़े तो फौरन घर लौट आये ।



दर्शन लाल किरयाना स्टोर, नमक चक्की, हैबोवाल खुर्द, लुधियाना ।



अमृतसर के निकट खासा डिस्टिलरी पर गत दिवस आतंकवादियों ने राकेट फैंका । चित्र में डिस्टिलरी की चिमनी पर दायरे में वह स्थान जहां राकेट लगा । (छाया : रवि भंडारी)

पाकिस्तान गया है । उसने बताया कि हमने के.सी.एफ. के प्रमुख वस्सन सिंह जफरवाल से पाकिस्तान में मुलाकात की । उसने हमें 30 चीनी राइफलें, 4 राकेट लांचर, 6 विस्फोटक उपकरण तथा बड़ी मात्रा में गोली-बारूद दिया था । ये हथियार के.सी.एफ. के सदस्यों को पंजाब में हिंसा फैलाने के लिए बांटे गए थे ।

मारुति छीनी : फिल्लौर से 'तरसेम' के अनुसार आज प्रातः यहां से 10 किलोमीटर दूर गांव थला से तीन आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति से मारुति कार छीन ली ।

सम्पत सिंह आरोप-मुक्त

चंडीगढ़, 17 मई (राकेश संधी): पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री जे.एस. सेखों ने हरियाणा के गृहमंत्री प्रोफैसर सम्पत सिंह व एक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री के.एस. तोमर सहित कुछ अन्य पुलिस अधिकारियों को फतेहाबाद के गुरदेव सिंह नामक व्यक्ति को 53 दिन तक अवैध रूप से हिरासत में रखे जाने के आरोप से आज बरी कर दिया ।

अकाली नेतृत्व सचेत न हुआ तो राष्ट्र उसे माफ न करेगा : तनेजा

अमृतसर, 17 मई (नारंग) : भारतीय जनता पार्टी अमृतसर के महासचिव श्री हरीश तनेजा ने एक प्रैस वक्तव्य में कहा है कि अब समय आ गया है कि अकाली नेतृत्व कायरता छोड़ कर जनता के समक्ष आए और खुलकर आतंकवाद तथा उग्रवाद की निंदा करे । प्रतिदिन हो रहे कत्ल, बम कांड, अपहरण एवं लूटमार की घटनाएं इस बात का स्पष्ट संकेत हैं कि राष्ट्र विरोधी तत्व देश का वातावरण बिगाड़ने तथा हिन्दू-सिख सद्भाव को समाप्त करने पर तुले हुए हैं ।

श्री गुरचरण सिंह टोहरा पर हुए हमले से अकाली नेतृत्व की आंखें खुल जानी चाहिएं, उन्हें समझ लेना चाहिए कि जो लोग विदेशी बहकावे में आकर ऐसे कार्य कर रहे हैं उससे न तो कौम का ही भला होने वाला है और न ही उनका कोई लक्ष्य है । केवल मात्र देश में अराजकता फैलाना ही उनका ध्येय है । अब भी अगर अकाली नेतृत्व सचेत नहीं हुआ और निर्भिकता से उन्होंने इसका विरोध नहीं किया तो उन्हें राष्ट्र कभी माफ नहीं करेगा और न ही कौम उन्हें बख्शेगी ।

तबादले

(पृष्ठ 3 का शेष)

लोकसेवा आयोग पंजाब का नया सचिव
किया गया है । एम.पी. सिंह एस.डी.
नकोदर को अतिरिक्त उपायुक्त फिरोजपु
किया गया है । हरजीत सिंह एस.डी.
अबोहर को उप-निदेशक हाउसिंग पंजा
गया है । जी. वज़लिंगम एस.डी.ओ. (सी)
को अतिरिक्त उपायुक्त फिरोजपुर लगाया
इनका मुख्यालय फाजिल्का होगा । प्रणी
असिस्टैंट कमिश्नर रोपड़ को जिला
अधिकारी कपूरथला लगाया गया है ।
सिंह जिला शिकायत अधिकारी गुरदा
एस.डी.ओ. (सी) तलवंडी साबो लगाया
सतवंत सिंह कार्यकारी मैजिस्ट्रेट फरीद
गढ़शंकर का नया एस.डी.ओ. (सी) बन
है । एम.एस. धालीवाल महाप्रबंधक
रोडवेज मोगा को एस.डी.ओ. (सी) बलाचौ
किया गया है । श्रीमती अमृता अटवाल अ
शहरी विकास पंजाब को निदेशक समाज
का प्रशासनिक अधिकारी लगाया गया
गुरमेल सिंह की जगह लेंगी, जिन्हें ब
कार्यकारी मैजिस्ट्रेट लगाया गया है । वी.
अवर सचिव स्वास्थ्य पंजाब को सचिव
सेवाएं चयन बोर्ड पंजाब बना दिया
अजायब सिंह भट्ठी जिला शिकायत
गुरदासपुर को कार्यकारी मैजिस्ट्रेट फाजि
दिया गया है । बी.एस. सूदन मंडलीय
पंजाब रोडवेज जालंधर को जिला
अधिकारी गुरदासपुर लगा दिया गया है ।
बैस कार्यकारी मैजिस्ट्रेट जालंधर जालंधर
जिला परिवहन अधिकारी होंगे । वह जग
की जगह लेंगे जिन्हें जालंधर में ही
मैजिस्ट्रेट लगा दिया गया है । महेन्द्र पा
असिस्टैंट कमिश्नर लुधियाना को जिला
अधिकारी होशियारपुर लगाया गया है
सिंगला डी.पी.ओ. होशियारपुर को
मैजिस्ट्रेट अमृतसर लगाया गया है । एस
जिला परिवहन अधिकारी लुधियाना को
कार्यकारी मैजिस्ट्रेट लगाया गया है । कम
कार्यकारी मैजिस्ट्रेट संगरूर को अवर सचि
पंजाब नियुक्त किया गया है । वह बी.के.
जगह लेंगे । इन्द्र यश भट्ठी एक्स्ट्रा
कमिश्नर गुरदासपुर को जिला परिवहन
लुधियाना लगाया गया है । जे.एल.
सीलिंग आफिसर लुधियाना को जिला
अधिकारी संगरूर लगाया गया है । ज
जी.ए. टू डिप्टी कमिश्नर गुरदासपुर को
मैजिस्ट्रेट गिद्दड़बाहा लगाया गया है ।
वधावन की जगह लेंगे जिन्हें अब नव
एस.डी.ओ. (सी) लगाया गया है । जी
डी.टी.ओ. भटिंडा को पंजाब रोडवेज
महाप्रबंधक नियुक्त किया गया है ।
जिला शिकायत अधिकारी फिरोज़पुर को
जिला परिवहन अधिकारी लगाया गया है
इन्द्र सिंह ग्रेवाल एस.डी.ओ. (सी) मानसा
के नए एस.डी.ओ. (सी) होंगे । वह किरण
की जगह लेंगे, जिन्हें अब मानसा का ए
(सी) लगा दिया गया है । जसवंत सिं
शिकायत अधिकारी रोपड़ को एस.डी.
सुनाम लगा दिया गया है ।

सूखा राहत बारे श्वेत जारी किया जाए : मनको

शिमला, 17 मई (खजूरिया): हिमाच
विधान सभा में आज सभी इंका विधायक
समय वाकआऊट कर दिया जब इस वर्ष के
प्रस्तावित घाटे के बारे में सरकार की ओर से
स्पष्टीकरण से वे संतुष्ट नहीं हुए । भूतपूर्व म
श्री वीरभद्र सिंह ने जोर देकर यह जानना
बजट में प्रस्तावित 124 करोड़ का घाटा
तथा इसके कारण क्या हैं ?

श्वेत पत्र की मांग : हिमाचल जनत
अध्यक्ष श्री विजय सिंह मनकोटिया ने बजट
के दौरान मांग की कि पिछली इंका सरकार
सूखा राहत के लिए आबंटित 52 करोड़
वितरण के सम्बन्ध में श्वेत पत्र जारी
जाए ।

दिल्ली को राज्य का दर्जा देने सईद की विभिन्न दलों से व

नई दिल्ली, 17 मई (वार्ता): केंद्रीय
सुन्नी मोहम्मद सईद ने दिल्ली को राज्य का

Punjabi Sanvatahi

खेमकरण लाइन पर 18 फुट रेल पटड़ी बमों से उड़ा दी गई

यात्री बाल-बाल बचे : अन्यत्र मुठभेड़ों में 4 आतंकवादी मरे : 2 भाइयों सहित 8 की हत्या

अमृतसर टी.वी. टावर पर हमला : सी.आर.पी. की जवाबी फायरिंग

चंडीगढ़, 18 मई (वार्ता, प.स.): पंजाब में आतंकवादियों ने आज 18 फुट लम्बी रेल पटड़ी उड़ा दी तथा कल रात अमृतसर दूरदर्शन टावर को उड़ाने का प्रयास किया । सुरक्षा बलों के साथ विभिन्न मुठभेड़ों में 4 आतंकवादी मारे गए तथा आतंकवादियों ने एक एस.पी.ओ. तथा दो भाइयों सहित 8 लोगों की हत्या कर दी ।

ट्रेन यात्री बाल-बाल बचे : अमृतसर-खेमकरण अप ट्रेन के यात्री आज तड़के उस समय बाल-बाल बच गये जब ट्रेन के गुजरने के कुछ ही समय बाद पटरी पर तीन जबरदस्त बम विस्फोट हुए ।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यहां से 65 किलोमीटर दूर अमृतसर-खेमकरण सैक्शन में वल्टोहा और घड़ियाला रेलवे स्टेशनों के बीच पटरी पर एक साथ तीन जबरदस्त बम विस्फोट हुए, जिससे 18 फुट लम्बी पटरी उड़ गई । ये विस्फोट सुबह करीब 6.50 बजे खेमकरण से आ रही एक अमृतसर-खेमकरण अप ट्रेन के गुजरने के कुछ ही समय बाद हुए ।

उन्होंने बताया कि बम विस्फोटों से बड़े-बड़े गड्ढे बन गये । तथाकथित भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स के स्वयंभू एरिया कमांडर सुरजीत सिंह उर्फ सीतल ने घटनास्थल पर छोड़े एक पर्चे में विस्फोटों की जिम्मेवारी ली है ।

पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या आतंकवादियों ने ट्रेन पर गोलियां भी चलाईं, क्योंकि घटनास्थल के पास से ए.के. 47 के करीब एक दर्जन चले हुए कारतूस बरामद हुए हैं ।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार विस्फोटों और फायरिंग में कोई घायल नहीं हुआ ।

इस वर्ष इस क्षेत्र में तोड़फोड़ की इस प्रकार की की गई 6 घटनाओं में यह सबसे बड़ी है ।

मुरम्मत करने जा रहे रेल कर्मी का अपहरण : बाद में शाम को जब तीन रेलवे कर्मचारी 'ठेले' पर पटड़ी की मुरम्मत के लिए जा रहे थे तो तीन आतंकवादियों ने जंडोके तथा पट्टी रेलवे स्टेशनों के मध्य उनमें से राम चन्द नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया तथा दो अन्यों को छोड़ दिया । पुलिस अभियुक्तों की तलाश कर रही है ।

दूरदर्शन टावर उड़ाने का प्रयास : अमृतसर : आतंकवादियों के एक गिरोह ने कल लगभग 12 बजे रात अमृतसर से कुछ दूर बासरके गांव के पास दूरदर्शन टावर को उड़ाने का असफल प्रयास किया । ड्यूटी पर तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक दल ने जवाब में गोलियां चलाईं जिससे एक आतंकवादी मारा गया । मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है ।

यहां राज्य पुलिस नियंत्रण कक्ष में प्राप्त समाचारों के अनुसार दूरदर्शन टावर को कोई नुक्सान नहीं पहुंचा ।

मृतक के शव के पास से एक राइफल, कुछ कारतूस तथा कुछ तथाकथित 'खालिस्तानी झंडे' बरामद हुए ।

वि.प्र. के अनुसार हमला करने वाले आतंकवादियों की संख्या लगभग 6 थी तथा शेष पांच भागने में सफल हो गए । सी.आर.पी.एफ. और आतंकवादियों के मध्य लगभग 15-20 मिनट तक फायरिंग होती रही ।

वकील के पुत्र का अपहरण : बटाला (कोछड़): थाना सदर बटाला के गांव हसनपुरा स्थित एक एडवोकेट नरेंद्र सिंह के घर में गत रात लगभग साढ़े 9 बजे चार सशस्त्र आतंकवादियों ने जबरदस्ती घुस कर उससे उसका 38 बोर का लाइसैंसी रिवाल्वर तथा 25 कारतूसों के अलावा उसके 11 वर्षीय बेटे गुरदेव सिंह को भी ले गए । एडवोकेट ने साहस बटोर कर जाते हुए आतंकवादियों में से एक से उलझ कर उसकी ए.के. 47 राइफल, 25 कारतूस व मैगजीन छीन ली थी, परन्तु वह अपने बेटे को उनके पंजे से न छुड़ा सका और आतंकवादी उसके बेटे को लेकर फायरिंग करते हुए चले गये । पुलिस आतंकवादियों व एडवोकेट के बेटे की तलाश कर रही है ।

मुठभेड़ में उग्रवादी मारा गया : पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव भागोवाल के निकट आज रात्रि बी.एस.एफ. के साथ हुई मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया, जबकि उसके अन्य साथी भाग निकलने में सफल रहे । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार मृतक की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी, लेकिन उसके निकट से 5 ए.के. 47 राइफल और भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद हुआ है । अधिकृत सूत्रों ने संदेह व्यक्त किया है, उग्रवादियों की संख्या सम्भवतः 5-6 रही होगी । बी.एस.एफ. भाग निकले उग्रवादियों का सरगर्मी से पीछा कर रही है ।

महिला की हत्या : जिला पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार गत रात गांव परियाकला में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति कंदन सिंह के घर में घुस कर उसकी पत्नी कश्मीर कौर की घर से बाहर ले जाकर हत्या कर दी ।

एक की हत्या : प्रवक्ता के अनुसार थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव माड़ी बच्चियां के निकट गत सायं 2 सशस्त्र आतंकवादियों ने फायरिंग करके एक व्यक्ति मलकीयत सिंह की हत्या कर दी । मृतक गांव माड़ी टांडा का निवासी था ।

आतंकवादी मुठभेड़ में मरा : कपूरथला (शर्मा) : कपूरथला जिले में कल रात एक आतंकवादी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया ।

पुलिस ने आज यहां बताया कि एक आतंकवादी कल रात कपूरथला जिले के सुभानपुर क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में मारा गया ।

पुलिस ने बताया कि एक गश्ती दल ने आतंकवादी और उसके साथियों को रुकने का इशारा किया । इस पर उन्होंने नाका पार्टी पर गोली

(शेष पृष्ठ 10 पर)



बीरवार की रात को लुधियाना में शेरपुर के पास पुल पर एक बम विस्फोट हुआ । (बाएं) दायरे में कार की वह बैटरी तथा काली तार दिखाई दे रही है, जिससे विस्फोट किया गया । (दाएं) पुल का क्षतिग्रस्त भाग । (छाया : कम्बोज)

Punjab Sanjaan



के सभी सदस्यों के पहचानपत्र बनाने का सिलसिला शुरू किया जा रहा है । यह बात दुर्गाणा कमेटी के आनरेरी जनरल सैक्रेटरी श्री प्रताप चन्द भंडारी विधायक ने बताई तथा कहा कि

फ्रीहोल्ड प्लाट्स
में खरीदने का सुनह
य राजधानी क्षेत्र में I.T.O. से 1
द हाईवे पर, ☆प्रताप-विहार व इ
☆मीठा-पानी, ☆पक्की रजिस्ट्री,
निवार व रविवार 11.30 बजे,
ट देकर प्लाट बुक करवाएं ।
R. R. Prop
ईवाला, करोल बाग, दिल्ली-110
कमल फार्म
Floor, विकास मार्ग, Adjoining
ोन : 2241728, (निवास)-220
टैलीफोन डायरै
मुद्रण के टैंडर
की अंग्रेजी व हिंदी
दिनांक 26.4.90 को
की अंतिम तिथि 30
बाकी शर्तें वही हैं । का
मंडल अधिव
हमीरपु
धार विभाग
यर, टैलिकाम (पी) ई
शमला-171003
स-कम-स्टोर के लि
चाहिए
र के लिए स्थान किरा
हैं । कूल कवर्ड रकब
हन को खड़ा करने के लि
के खुले क्षेत्र को अधि
ीजनल इंजीनियर टैलिक
को 13 बजे तक प्राप्त
13.00 बजे तक
ोली जाएंगी ।
ामंत्रण सूचना
ने पर प्राप्य निधारित प्रपत्र पर
.5.90 को सायं 3 बजे प्रतिष
मों या उनके अधिकृत प्रतिनिधि
धरोहर राशि समय सं
8400/- 4 मास
9200/- 4 मास

(10) दैनिक पंजाब केसरी, जालन्धर 19.5.1990

खेमकरण लाइन ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

चलाना शुरू कर दिया । जबाबी कार्रवाई में आतंकवादी मारा गया, जबकि दूसरा भाग गया । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक रिवाल्वर और कुछ कारतूस बरामद हुए ।

दो भाइयों की हत्या : रामपुराफूल से शर्मा के अनुसार आज सुबह आतंकवादियों ने दो भाइयों मेहर चंद तथा मोहन लाल की गोलियां मार कर हत्या कर दी । दोनों भाई रामपुराफूल के निवासी थे । उनके शव यहां से दो किलोमीटर दूर नथाना के निकट नहर में से मिले । शवों पर गोलियों के निशान हैं । यहां यह उल्लेखनीय है कि उनके तीसरे भाई नौहर चंद को गत कई दिनों से आतंकवादियों ने अपहृत किया हुआ है । पुलिस को अभी तक नौहर चंद का कोई सुराग नहीं मिला । दोनों भाइयों की हत्या के विरोध में आज यहां के सभी बाजार बंद रहे ।

2 की हत्या : भटिंडा जिले के मेहराज गांव के पास एक अन्य वारदात में आतंकवादियों ने एक किसान गुरजंट सिंह को गोली से उड़ा दिया । पुलिस ने भटिंडा जिले के रमणन्नोर गांव से एक युवक की लाश बरामद की ।

आतंकवादी मारा गया : एक आतंकवादी पटियाला जिले के खेड़ा नगवाना गांव के निकट पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया । उसका शव क्षेत्र में तलाशी अभियान के दौरान बरामद हुआ ।

कपड़ा व्यापारी की हत्या : इसी जिले में एक अन्य घटना में आतंकवादियों ने ढाकला कस्बे में कपड़े की एक दुकान में घुस कर गोलियां चलाईं जिससे दुकान का मालिक बीकू मारा गया ।

आतंकवादी गिरफ्तार : होशियारपुर (वि.प्र.): माहिलपुर पुलिस ने गत रात नाकाबंदी के दौरान एक आतंकवादी कुलबंत सिंह उर्फ कान्ता को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक माऊजर व कुछ कारतूस बरामद किए । पुलिस के अनुसार कान्ता ने गत चार अप्रैल को मैली ग्राम में सिंचाई विभाग के अधिकारियों से 22736 रुपए छीने थे । कान्ता के दो साथी पहले ही गिरफ्तार कर लिए गए थे ।

एस.पी.ओ. का शव मिला : लुधियाना जिले के राजगढ़ तथा पखोवाल गांवों के निकट से कल रात तलाशी अभियान के दौरान एक एस.पी.ओ. साधु सिंह का शव बरामद किया गया । यह तलाशी अभियान आतंकवादियों द्वारा पुलिस पार्टी पर की गई फायरिंग के पश्चात चलाया गया था ।

मुठभेड़ के कारण लोगों में आतंक : समराला (अश्वनी) : कुछ विलम्ब से मिली सूचना के अनुसार 16 मई की रात्रि करीब 8 बजे समराला पुलिस तथा एक मारुति कार में सवार आतंकवादियों के मध्य कई मिनटों तक फायरिंग होने से गांव लल्लकलां समेत समूचे निकटवर्ती क्षेत्र के लोगों में भारी आतंक फैल गया । बताया जाता है कि इस दौरान एक सांइकिल सवार बलदेव सिंह निवासी गांव तक्खरां घायल हो गया । पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह कार आतंकवादियों ने गांव लिबड़ा के निकट से छीनी थी । आतंकवादियों ने जसपालों पुलिस चौकी पर भी फायरिंग की ।

जसपालों पुलिस पार्टी उक्त कार के पीछे-पीछे फायरिंग करती आ रही थी । इधर समाराला पुलिस दल नीलों पुल पर नाकाबंदी लगाए खड़ा था कि इसने लल्लकलां की ओर गोलियों की आवाज सुनी तथा वह पार्टी भी घटनास्थल पर पहुंच गई । इस दौरान मारुति कार उलट गई तथा आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकले । एक अन्य सूचना के अनुसार कार सवार आतंकवादियों ने फोकल प्वाइंट महद्दां पर खड़े पुलिस कर्मियों पर पहले फायर किया, जिसके बाद पुलिस उनके पीछे लगी ।

छीनी हुई कार बरामद : फिरोजपुर (बागी): फिरोजपुर पुलिस ने गांव शाह बुक्कर के निकट बी.एस.एफ. के साथ मिल कर कल रात एक नाके के दौरान एक सफेद मारुति कार बरामद की । आतंकवादी नाका पार्टी को देख कर कार को कुछ दूर छोड़ कर अंधेरे में भाग गए । यह कार गांव खोसा रंधीर के निवासी बलदेव सिंह से छीनी थी ।

आतंकवादी गिरफ्तार : जिले के एस.एस.पी. ने बताया कि एक अन्य नाकेबंदी, जो कि पुलिस ने फाजिल्का सदर थाने के गांव घाटियां वाली में कर रखी थी, के दौरान कल रात को पुलिस और आतंकवादियों के मध्य फायरिंग के पश्चात एक आतंकवादी तरसेम सिंह उर्फ लाडी को पकड़ लिया गया । पुलिस ने उसके पास से ए.के. 56 राइफल तथा एक मैगजीन बरामद की है ।

सहकारी स्टोर से 20 हजार का सामान ले उड़े : मोगा (सवैमित्र): मोगा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले गांव चोमाज में कल रात लगभग छः आतंकवादी एक सहकारी स्टोर का ताला तोड़ कर लगभग बीस हजार रुपए का सामान, जिसमें गेहूं आदि शामिल है, उठा कर ले गए । इस संबंध में अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है ।

पुलिस अधिकारी के विरुद्ध केस दर्ज : फरीदकोट जिला पुलिस ने पुलिस स्टेशन बघनीकलां के इंचार्ज मंदर जीत सिंह के विरुद्ध धारा 167 तथा 2/5/47 के अंतर्गत केस दर्ज किया है । आज यहां यह जानकारी देते हुए फरीदकोट के एस.एस.पी. ने बताया कि उक्त पुलिस अधिकारी दौधार गांव के एक युवक के अपहरण की घटना में संलिप्त था तथा उसके माता-पिता से उसकी रिहाई के लिए धन की मांग कर रहा था । उक्त अधिकारी अब भागा हुआ है ।

नकदी छीन ली : चंडीगढ़ से 'सची' के अनुसार गत रात कुछ बदूकधारकों ने यहां के सैक्टर 22 में स्थित एक पैट्रोल पम्प व सैक्टर 17 में स्थित एक शराब के ठेके के सेल्जमैन से नकदी छीन ली ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि रात लगभग दस बजे दो नवयुवक एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर पैट्रोल डलवाने के बहाने पैट्रोल पम्प पर आए और जब सेल्जमैन पैट्रोल डालने में व्यस्त हो गया तो एक युवक ने पिस्तौल निकाल ली और सेल्जमैन पर तान कर उसे अपनी सारी नकदी उनके हवाले कर देने को कहा । वह युवक पैट्रोल पम्प से लगभग दस हजार रुपए लूट ले गए ।

एक मारुति कार में सवार होकर तीन व्यक्ति शराब खरीदने के बहाने शराब के ठेके पर गए और वहां सेल्जमैन को अकेला पा कर एक व्यक्ति ने उस पर पिस्तौल तान दी और कैश बाक्स में पड़ी सारी नकदी उनके हवाले कर देने को कहा । वे कैश बाक्स में पड़े लगभग दो हजार रुपए लेकर चलते बने । ठेके का मालिक दिन-भर की बिक्री की राशि इस वारदात से कुछ देर पहले ही अपने घर ले गया था जिससे अधिक क्षति नहीं हुई ।

एक हजार इनाम गुमशुदा की तलाश



प्रिय अरविंद, तुम जहां भी हो तुरंत चले आओ, तुम्हारी माता जी व बहन की हालत बड़ी खराब है । जबसे तुम लापता हो, वे ग्लूकोस पर है । घर आने पर तुम्हें कुछ नहीं कहा जाएगा । अरविंद कुमार का पता देने वाले को या उसे लाने वाले को सफर के खर्च के अलावा एक हजार इनाम दिया जाएगा ।

शांतिपूर्वक प्रदर्शन करना लोगों का अधिकार है : सी.पी.आई.

चंडीगढ़, 18 मई (वि.प्र): सी.पी.आई. ने पंजाब के राज्यपाल श्री एन.के. मुखर्जी को पत्र लिख कर मांग की है कि चंडीगढ़ में लोगों को शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने की अनुमति होनी चाहिए । यह लोगों का लोकतांत्रिक अधिकार है । पत्र में यह चेतावनी





संगरूर जिला के गांव ढिलवां में गत दिवस आतंकवादियों के हाथों मारे गए सी.पी.आई. नेता (ऊपर) कामरेड जसवंत सिंह तथा (नीचे) उनकी बेटी अमरीत कौर उर्फ रानी के शव । (छाया : सिंधवानी)

मेहम में ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

मुख्यमंत्री की मंशा पूरी करने के लिए एक व्यक्ति का सफाया कर दिया गया । जनता दल के श्री सत्य प्रकाश मालवीय, मार्क्सवादी श्री सुकोमल सेन और भारतीय जनता पार्टी के श्री जगदीश प्रसाद माथर ने कहा कि दोष सिद्ध होने से पहले किसी को कसूरवार कहना ठीक नहीं है । इस घटना के बारे में राज्यपाल से रिपोर्ट मंगाकर इसकी उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए । इन सभी का कहना था कि लोकतंत्र को बचाए रखने के लिए जांच में दोषी पाए गए व्यक्ति को कड़ी से कड़ी सज़ा दी जानी चाहिए चाहे वह ओम प्रकाश चौटाला ही क्यों न हों ।

इससे पूर्व राज्यसभा में आज मेहम कांड को लेकर हुए जबरदस्त हंगामे के बीच प्रश्नोत्तर काल स्थगित कर दिया गया । कांग्रेस (इ) ने मेहम पर चर्चा कराने के लिए स्थगन प्रस्ताव रखा था । संसद में सत्तारूढ़ जनता दल और उनकी सहयोगी कम्यूनिस्ट पार्टियों और भारतीय जनता पार्टी ने प्रस्ताव का विरोध किया । इसके बाद सभापति डा. शंकर दयाल शर्मा ने मत विभाजन का सहारा लिया । इसमें प्रस्ताव के पक्ष में 40 और विपक्ष में 37 मत पड़े ।

प्रश्नोत्तर काल के शुरू होते ही कांग्रेस (इ) के राम नरश यादव, सुरेश कलमाडी और एम.एस. आहलूवालिया ने खड़े होकर मेहम में एक निर्दलीय उम्मीदवार की हत्या पर चर्चा कराने की मांग की । उन्होंने प्रश्नोत्तर काल स्थगित करने का सुझाव दिया । डा. शंकर दयाल शर्मा ने कांग्रेस (इ) के उत्तेजित सदस्यों से बार-बार कहा कि यह प्रश्नोत्तर काल है और वे सदन की कार्रवाई चलने दें लेकिन कांग्रेस (इ) सदस्य श्री आहलूवालिया की अगुवाई में 'चौटाला की सरकार को बदल दो बदल दो' जैसे नारे लगाने लगे । इसके बाद डा. शर्मा ने घोषणा की कि प्रश्नोत्तर काल को स्थगित करने का प्रस्ताव रखा जा चुका है, इस पर वह ध्वनि मत लेंगे । इस दौरान शोरगुल मचता रहा, तब सभापति ने मत विभाजन का सहारा लिया । मत विभाजन की घंटी बजते ही सरगर्मियां एकदम तेज हो गई । संसदीय उपमंत्री सदस्यों को बुलाने के लिए बाहर जाते देखे गए ।

सदन में हंगामा होता रहा तो सभापति ने कहा कि अब मत विभाजन किया जा रहा है, फिर शोरगुल मचाने का क्या मतलब है । उन्होंने कहा कि इस तरह के मसले चिल्लाने से हल नहीं होते । इनके लोकतांत्रिक तरीके हैं । डा. शर्मा ने उत्तेजित सदस्यों से सदन की मर्यादा और गरिमा बनाए रखने की कई बार अपील की । जनता दल, द्रमुक और तेलगू देशम के सदस्य कई बार विपक्षी सदस्यों से उलझते देखे गए । शोरगुल के बीच उनका वाद-विवाद सुना नहीं जा सका । इलैक्ट्रानिक

पुलिस मदीना गांव पहुंची । लोगों के प्र
पर अंधाधुंध गोलियां चलाई गईं
नवविवाहित महिला समेत 3 लोग मा
शिवशंकर ने कहा कि लोकतंत्र में भी
अध्याय है । मुख्यमंत्री की उम्मीदवार
दो बार चुनाव रद्द होना शर्मनाक है

जनता दल के सत्य प्रकाश मालवी
देश के कानून के हिसाब से जांच की ज
भी दोषी होगा उसे दंड मिलेगा । उ
लगाया कि इस हत्या में कांग्रेस (इ) का
पर कांग्रेस (इ) सदस्यों ने टोकाटाकी
मालवीय ने कहा कि सरकार लोकत
काम कर रही है । उन्होंने विपक्ष से
का 'राजनीतिक लाभ' न उठाने का अ
कांग्रेस (इ) के एन.के.पी. साल्वे ने क
(इ) पर वंशवाद का आरोप लगाने
वंशवाद भी गोलियों के बदले पर च
उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के चुनाव
बार चुनाव रद्द करने की स्थिति पैदा
साल्वे ने कहा कि हर उम्मीदवार क
राज्य सरकार की जिम्मेदारी है ।

राज्यसभा की बैठक स्थगित सदस्यों की नारेबाजी के कारण मेहम
विशेष चर्चा परी किए बिना आज देर श
की बैठक अचानक स्थगित हो गई
सदस्यों ने उनके दल के श्री हंसराज
भाषण समाप्त होते ही राष्ट्रीय मोर्चा
प्रधानमंत्री के विरुद्ध नारे लगाना शुरू
पीठासीन उपसभापति ने सदस्यों
कामकाज सुचारू रूप से चलाने में
अनुरोध किया । लेकिन इसका को
हुआ । श्री भारद्वाज से पहले दोनों प
तीस सदस्य मेहम में निर्दलीय प्रत्याशी
उसके कारण उपचुनाव स्थगित होने
उत्पन्न स्थिति पर अपने विचार व्य
थे ।

कश्मीर घाटी से पलाय

(पृष्ठ 3 का शेष)

जगमोहन द्वारा कार्रवाई :
राज्यपाल जगमोहन को अधिकारियों
श्रीनगर के सरकारी अस्पतालों के क
विघटनकारियों से संबंध हैं । जिस प
निर्देश दिए कि विघटनकारियों से संब
किसी भी व्यक्ति के खिलाफ तुरन्त
जाए ।

श्री जगमोहन ने कहा कि उनकी
में किसी भी स्थिति से निपटने के लिए
और वह किसी भी दबाव के सामने न

इसी बीच राज्यपाल जगमोहन ने
घाटी की कानून एवं व्यवस्था की स्थि
अपने सलाहकार जे.एम. कुरैशी
अधिकारियों से चर्चा की । उन्होंने घा
कर्फ्यू उठाने के बाद से कोई भी बड़ी
होने पर संतोष व्यक्त किया है ।

राज्यपाल जगमोहन ने कहा कि
बल ने मैसूमारा क्षेत्र के रफीक दर उफ
को गिरफ्तार कर लिया । गुलाम हस
थाना के प्रभारी सैयद उल्ला तथा बा
जवानों की हत्या की जिम्मेदारी क
गुलाम हसन केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल
के लिए भी जिम्मेदार था ।

भारी मात्रा में शस्त्र बर
सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि केंद्रीय
बल के एक गश्ती दल ने बल के
डी.डी. गुप्ता के नेतृत्व में कुपवा
अलग-अलग जगहों पर दो छापे मारे
राइफल, दो पिस्तौल, एक टैलीस्कोपि
ए.के. 47 राइफल के 2000 कारतू
स्टेनगन, 54 मैगजीनें, 78 हथगोल
सुरंगें, एक एल.एम.जी. बरामद की
बताया कि आतंकवादियों के छिपने के
जारी हैं ।

Punjab Kesari

सुरक्षा कर्मियों सहित पंजाब में 8 लोगों की हत्या : मुठभेड़ में 2, गुट संघर्ष में एक आतंकवादी मरा

2 महिलाओं सहित 3 व्यक्तियों का अपहरण : 6 उग्रवादी गिरफ्तार

चंडीगढ़, 19 मई (प.स., वार्ता): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान दो सुरक्षा कर्मियों समेत 8 लोगों की हत्याएं हुई तथा दो महिलाओं सहित 3 व्यक्तियों का अपहरण कर लिया गया । इस दौरान 3 आतंकवादी मारे गए तथा 6 अन्य हथियारों समेत पकड़े गए ।

होमगार्ड के प्लाटून कमांडर की हत्या : होशियारपर (वि.प्र.): थाना टांडा के अधीन ग्राम बड़ी पिंड में गत रात्रि लगभग 9 बजे तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने होमगार्ड के प्लाटून कमांडर इकबाल सिंह, जो थाना टांडा में बतौर एस.पी.ओ. तैनात था, की हत्या कर दी । मृतक के लड़के ने पुलिस को बताया कि तीन आतंकवादी उनकी हवेली में घुस आए व उसके पिता को अंधेरे में चारपाई बिछाने के लिए तथा 10-12 लोगों का खाना तैयार करवाने के लिए कहा । जब इकबाल सिंह अंधेरे में चारपाई बिछाने लगा तो आतंकवादियों ने गोलियां चला कर उसकी हत्या कर दी व फरार हो गए । टांडा पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

टांडा से 'गुप्ता' के अनुसार मृतक होमगार्ड प्लाटून कमांडर को आतंकवादियों ने यह धमकी दी थी कि वह हफ्ते के भीतर नौकरी छोड़ दे, अन्यथा उसके सारे परिवार को 'सोध' दिया जाएगा । पोस्टमार्टम के बाद शव उसके वारिसों को सौंप दिया गया है । आज दोपहर बाद इकबाल सिंह का अंतिम संस्कार कर दिया गया ।

घर में घुस कर हत्या : जिला जालन्धर के गांव नंगल अराईयां में दो उग्रवादियों ने एक व्यक्ति जसवंत सिंह उर्फ बिन्दा की उस के घर में घुस कर गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

मां-बेटी का अपहरण : अमृतसर (वार्ता): तरनतारन सदर पुलिस थाना के तहत काज़ी कोट ग्राम में कल रात कुछ आतंकवादी गुरचरण सिंह के घर पर गये और उसकी पत्नी सुरमेल कौर और पुत्री नरेश कौर का अपहरण कर लिया । आतंकवादियों ने इन दोनों की रिहाई के लिए तीन लाख रुपये की फिरौती मांगी है ।

एक व्यक्ति की हत्या : तीन आतंकवादी कल रात तरनतारन पुलिस जिला में सरली खुर्द ग्राम में सच्चा सिंह नामक एक व्यक्ति की दकान में गए और उसकी गोली मार कर हत्या कर दी ।

घायल ए.एस.आई. चल बसा : अमृतसर जिले में भखना गांव में आतंकवादियों के हमले में घायल हुए एक ए.एस.आई. कुलदीप सिंह का कल रात अस्पताल में देहांत हो गया ।

एक की हत्या : आतंकवादियों ने भिखीविंड थाना के अधीन सिंहपुर गांव से 15 मई को सुखदेव सिंह नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया तथा बाद में उसकी हत्या कर दी । पुलिस ने सूचना मिलने के बाद आज भिखीविंड में एक नहर के किनारे से ज़मीन खोद कर उक्त व्यक्ति का शव निकाला । आतंकवादियों ने यातनाएं देने के बाद गला दबा कर उक्त व्यक्ति की हत्या की थी ।

सुरक्षा कर्मियों पर घात लगा कर हमला : एक आतंकवादी गिरोह ने कल रात बाबा बकाला के निकट सुरक्षा बलों की एक गश्ती टुकड़ी पर घात लगा कर हमला किया । सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी फायरिंग किये जाने पर आतंकवादी भाग गए । इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ ।



विगत दिनों आतंकवादियों ने फरीदकोट जिला के पक्की टिब्बी गांव में एक परिवार के तीन सदस्यों की गोली मार कर हत्या कर दी । फोटो में (1) मृतक अजीत सिंह, (2) उसकी पत्नी नरिन्द्र कौर तथा (3) बेटी जसपाल कौर के शव । (छाया : दीपक पाल)

स्त्री की हत्या : पुलिस जिला तरनतारन के गांव थईट में आज सायं एक स्त्री की गोली मार कर हत्या कर दी गई । पुलिस के अनुसार यह व्यक्तिगत शत्रुता का मामला है ।

गुट संघर्ष में 1 आतंकवादी मरा : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के श्री हरगोबिन्दपर पुलिस थाना के अंतर्गत कंडियाला गांव में एक आतंकवादी को उसके ही साथियों ने उसके घर में घुस कर गोली से उड़ा दिया । मृतक का नाम कुलवंत सिंह बताया जाता है और वह हाल ही में जमानत पर छूटा था ।

मृतक आतंकवादी की शिनाख्त : बटाला सदर पुलिस थाना के अधीन भागोवाल गांव के निकट कल शाम सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मरने वाले आतंकवादी की पहचान कर ली गई है । उसका नाम रिपुदमन सिंह बताया जाता है । वह बब्बर खालसा से सम्बद्ध दर्दांत आतंकवादी था ।

शव बरामद : बटाला पुलिस जिला के ही थाना कलानौर के गांव पन्नआं के निकट से पुलिस ने एक शव बरामद किया है, जिसकी अभी पहचान नहीं हो सकी है । इस व्यक्ति की हत्या गला घोंटकर की गई है ।

2 उग्रवादी मारे गए : फरीदकोट (वार्ता): आज रात्रि जिला फरीदकोट में गांव भलाई अन्ना के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 उग्रवादी मारे गए । मृत उग्रवादियों के 2 साथी फरार होने में सफल रहे । मृत उग्रवादियों के निकट से एक 32 बोर का रिवाल्वर और 12 बोर की कट बैरल गन बरामद हुई है ।

6 आतंकवादी गिरफ्तार : फाज़िल्का से 'लूना' के अनुसार फाज़िल्का थाना सदर पुलिस ने सी.आर.पी.एफ़. की मदद से 6 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बद्ध इन आतंकवादियों ने फाज़िल्का-फिरोज़पुर

(शेष पृष्ठ 10 पर)

BVO का कैसा डर?

पीयें

रसिका

होकर निडर

स्वादिष्ट फल पेय

आम ● अमरूद ● सेब ● अन्नानास

● मिश्रित फल ● नींबू



व्यापारिक पूछताछ के लिए सम्पर्क करें :

साई बैवरेजिज़ प्रा. लि., 29ए/1, आसफ अली रोड, नई दिल्ली-110002.

Punjabi Sanatan

सुरक्षा कर्मियों सहित

(पृष्ठ 1 का शेष)

सड़क पर किसी बड़े नर-संहार की योजना बनाई थी ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री अनिल कुमार शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि फाजिल्का थाना सदर के एस.एच.ओ. ने पक्की सूचना मिलने पर सुरक्षा बलों को साथ लेकर घनियानी गांव में स्थित एक बाग को घेर लिया तथा भीतर छिपे आतंकवादियों को चुनौती दी । आतंकवादियों ने सुरक्षा कर्मियों पर फायरिंग की । सुरक्षा कर्मियों ने जवाबी फायरिंग की । 25 मिनट के मुकाबले के बाद आतंकवादियों ने हथियारों समेत आत्मसमर्पण कर दिया । इनमें से 4 के नाम सरबजीत सिंह, कुलदीप सिंह, बूटा सिंह व हरजीत सिंह बताए जाते हैं । ये आतंकवादी हरजिन्द्र सिंह के गिरोह से सम्बद्ध थे । यह गिरोह अपहरण, लूटपाट तथा शस्त्र सप्लाई आदि का काम करता है । इन आतंकवादियों के कब्ज़े से एक ए.के. 56 असाल्ट राइफल, उसके दो मैगज़ीन, 20 कारतूस व कुछ पिस्तौलें बरामद की गई हैं । सरबजीत सिंह ने पूछताछ के दौरान बताया है कि उन्होंने यहां के दो बड़े व्यापारियों का अपहरण करके 10 लाख रुपये फिरौती में लेने की योजना बनाई थी ।

एक व्यक्ति का अपहरण : फिरोजपुर जिला में आतंकवादियों ने बस्ती भाईके दखाली डूमांवाला से गत मंगलवार रात को मेजर सिंह नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया । यह रिपोर्ट विलम्ब से मिली है ।

अपहृत अध्यापक का शव मिला : मक्खू से 'चंद्रशेखर' के अनुसार निकटवर्ती गांव मलोके के सरकारी हाई स्कूल के जिस अध्यापक का 6 दिन पहले आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया था, उसका गोलियों से छलनी शव आज प्रातः बरामद हुआ है । अध्यापक का नाम शाम सुंदर बताया जाता है । शव के निकट से एक दशगोला भी मिला है । आतंकवादियों ने उक्त अध्यापक को छोड़ने के लिए 6 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी, लेकिन उसके घर वाले इतनी बड़ी रकम नहीं दे सके । इस हत्या के विरुद्ध रोष स्वरूप ज़ीरा उपमंडल में आज हड़ताल रही ।

साधु के रूप में उग्रवादी बंदी : सुनाम (नागपाल): लहरागागा पुलिस ने एक उग्रवादी, जो कि साधु के वेश में यहां रहता था, को गिरफ्तार किया है । पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार करते हुए उक्त उग्रवादी ने बताया कि गांव हरपाओ और डसका में हुई हत्याओं में संलिप्त था । उल्लेखनीय है कि उक्त उग्रवादी, गांव हरपाओ और सुनाम में भंडारा भी कर चुका था । सर्दियों में सिर में ठंडा पानी डालने का भी वह एक चमत्कारी प्रदर्शन किया करता था ।

ज्योतिषी की हत्या : संगरूर जिला में दिड़बा से 10 किलोमीटर दूर गांव डगाल में उग्रवादियों ने पंडित पूर्ण चंद की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतक एक ज्योतिषी था ।

पिस्तौल छीनी : एक अन्य घटना ब्लाक दिड़बा में हुई,जिसमें तीन उग्रवादियों ने स्टेनगन की नोक पर बहुजन समाज पार्टी ब्लाक दिड़बा के प्रधान तरसेम सिंह से पिस्तौल छीन लिया और फरार हो गए ।

ठेका लूटा : थाना दिड़बा के गांव जनाल में उग्रवादियों ने शराब के एक ठेका से 3400 रुपया लूट लिया व शराब की बोतलें भी तोड़ दीं ।



होशियारपुर जिला के टांडा पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन बूढ़ी पिंड ग्राम में आतंकवादियों के हाथों मारे गए होम गार्ड प्लाटून कमांडर इकबाल सिंह का शव । (छाया : गुप्ता)

एक व्यक्ति घायल : फगवाड़ा (खोसला): आज सुबह निकटवर्ती गांव दादूवाल थाना नूरमहल के निकट 2 पिस्तौलधारी युवकों ने एक व्यक्ति को गोली चला कर ज़ख्मी कर दिया । बताया जाता है कि एक व्यक्ति मुख्तयार सिंह (निवासी धनीपिंड) ने जंडियाली से फगवाड़ा के लिए एक मारुति कार (नं. डी.ए.वी. 2248) किराए पर ली । जब कार गांव दादूवाल के निकट स्टैंड के पास पहुंची तो 2 नवयुवकों ने रुकने का इशारा किया । खतरा भांप कर ड्राइवर परमजीत ने कार तेज़ कर दी । इस बीच नौजवानों में से एक ने रिवाल्वर से गोली चला दी जो मुख्तयार सिंह की टांग में लगी । उसे स्थानीय सिविल अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है । उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : जालन्धर पुलिस ने खालिस्तान कमांडो फोर्स (पंजबड़ गुट) के दो आतंकवादियों मनजीत सिंह उर्फ लाली तथा रणबीर सिंह उर्फ राणा को गिरफ्तार किया है ।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मनजीत सिंह के पास से एक अमरीकन पिस्तौल तथा इसके 6 कारतूस तथा एक मोटर साइकल बरामद किया गया है । मनजीत सिंह की पुलिस को 1986 में जालन्धर के छाबड़ा भाइयों की हत्या के संबंध में तलाश थी । इस हत्या कांड में उसके सहयोगी अमरीक सिंह उर्फ मिक्का को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था । रणबीर सिंह के पास से एक बन्दूक तथा इसके 8 कारतूस तथा 70,000 रुपए बरामद किए गए हैं ।

गुमशुदा की तलाश



मेरे पति श्री पवन कुमार 24.2.90 को दिमागी परेशानी के कारण काम पर गए, परन्तु वापस नहीं आए । अगर किसी को मिलें तो घर भेज दें । वीनू बीमार रहता है ।

सुनीता, मकान नं. 104, गोपाल नगर, गुरदासपुर ।

स्थापित फार्मास्यूटिकल यूनिट बिकाऊ

एक भली-भांति स्थापित चालू हालत में फार्मास्यूटिकल यूनिट जिसकी पेटैंट दवाइयों की वार्षिक बिक्री 40 लाख रुपए से भी अधिक है, शानदार लाभ अर्जित कर रही है, जिसमें टेब, लिक्विड, कैप्स्यूल्ज़, अल्कोहलिक तथा नारकाटिक खण्ड हैं ।

हरियाणा में जी.टी. रोड पर एक प्रमुख शहर में अवस्थित । कम से कम 25 लाख रु. निवेश करने की इच्छुक पार्टियां सम्पर्क करें :

बाक्स नं. 854, पंजाब केसरी, जालंधर

GARMENT
DISPLAY
WINTER 1990-91
on 21 and 22 May, 1990
A Presentation by :-
INDUSTRY RESEARCH & ASSISTANCE CENTRE
of
Punjab State Hosiery & Knitwear Development Corporation Limited
A-10, Phase-V, Focal Point, Ludhiana-141010, Phones : 70074/75

निविदा आमंत्रण सूचना

एग्जीक्यूटिव इंजीनियर (इलै.) बी.एफ.आर. इलैक्ट्रिकल डिवीजन, सी.पी.डब्ल्यू.डी., श्रीगंगानगर (राजस्थान) भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए मोहरबंद आइटम रेट निविदाएं आमंत्रित करते हैं । निम्नलिखित श्रेणियों में आने वाले ठेकेदार निविदा देने के लिए पात्र हैं ।

(क) सी.पी.डब्ल्यू.डी., एम.ई.एस., पी. एंड टी. या रेलवे में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत इलैक्ट्रिकल ठेकेदार ।

(ख) पंजाब पी.डब्ल्यू.डी., राजस्थान, पी.डब्ल्यू.डी. या चंडीगढ़ केंद्रीय क्षेत्र में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत इलैक्ट्रिकल ठेकेदार ।

(ग) डी.जी. सैट्स के कार्य में डील करने वाली फर्में ।

2. उपरोक्त (क), (ख) व (ग) के सभी इच्छुक ठेकेदारों को, जो इस कार्य के लिए कोट करने के इच्छुक हों, डी.जी. सैट्स की आप्रेशन व मैंटीनैंस का अनुभव अवश्य होना चाहिए । वे अपने आवेदन पत्र के साथ अपने द्वारा किए गए इसी प्रकार के कार्यों की सूची भी पेश करें ।

3. वे निविदा प्रपत्र जारी कराने के लिए अपने आवेदन पत्र के साथ वैध आई.टी.सी.सी. की प्रतिलिपि जमा करें ।

4. निविदा प्रपत्र जारी कराने के लिए विलम्ब से या पैरा 1, 2 व 3 में सूचीबद्ध दस्तावेजों के बिना प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को रद्द कर दिया जाएगा । डाक या ट्रांजिट में विलम्ब के लिए सी.पी.डब्ल्यू.डी. जिम्मेदार नहीं होगा ।

लोक निर्माण विभाग के 16 कार्यकारी अभियंता तबदील

होशियारपुर, 19 मई (अश्विनी): राज्य सरकार ने लोक निर्माण विभाग (भवन व सड़क) शाखा के 16 कार्यकारी अभियंताओं को तबदील

सुरजीत द्वारा सुरक्षा पट्टी बनाए जाने का विरोध

जालन्धर, 19 मई (वार्ता) : मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी पोलिट ब्यूरो के सदस्य हरकिशन सिंह सुरजीत ने भारत पाकिस्तान सीमा पर सुरक्षा पट्टी बनाये जाने के सुझाव का विरोध किया है । उन्होंने कहा कि यह सुझाव व्यावहारिक नहीं है ।

जालन्धर दूरदर्शन पर प्रसारित एक भेंटवार्ता में सवालों का जवाब देते हुए श्री सुरजीत सिंह ने कल रात कहा कि सुरक्षा पट्टी बनाई गई तो सीमा पर रहने वाले लोगों को बड़ी संख्या में बेघर होना पड़ेगा । मगर साथ ही उन्होंने सीमा पार से आतंकवादियों की घुसपैठ और हथियार और गोला बारूद आने से रोकने के लिए सीमा को सील करने के विचार का समर्थन किया और सीमा पर कड़ी निगरानी फ्लड लाइटें और बाड़ लगाए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया ।



केंद्रीय संचार मंत्री श्री जनेश्वर मिश्र 'विश्व दू संचार दिवस' के उपलक्ष्य में नई दिल्ली में 'टैलीकाम डिस्ट्रिक्ट जालन्धर के मैनेजर श्री पी.के. खिदरी' क उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए विशेष प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित करते हुए ।

पंजाब में पालिकाओं के अनेक कार्यकारी अधिकारी तबदील

चंडीगढ़, 19 मई (वि.प्र.): पंजाब सरकार ने नगर पालिकाओं के प्रथम श्रेणी के आधा दर्जन कार्यकारी अधिकारियों के तबादले किए हैं । इनके अतिरिक्त कई नगर पालिकाओं के निरीक्षक, प्रेक्षक और सहायक इंजीनियर भी बदल दिए गए हैं । इस विषय में जारी किए गए आदेशों के अनुसार जे.सी. गोयल को पटियाला से बदल कर भटिंडा में कार्यकारी अधिकारी लगाया गया है जबकि पी.एन. पठारिया को गोबिन्दगढ़ से पटियाला भेज दिया गया है । के.के. डल्ला अब खन्ना की बजाय गोबिन्दगढ़ के नए कार्यकारी अधिकारी होंगे । एस.एस. धालीवाल को नाभा से खन्ना बदल दिया गया है शाम लाल गोयल को गुरदासपुर से बदल कर नाभा में कार्यकारी अधिकारी लगाया गया है और दर्शन लाल को भटिंडा से गुरदासपुर भेज दिया गया है अभी और भी तबादले व नियुक्तियां सम्भावित हैं ।

भाजपा बैठक को उमा भारती सम्बोधित करेंगी

जालन्धर, 19 मई : जिला भाजपा के कार्यकर्त्ताओं की 20 मई को दोपहर दो बजे दीनदयाल उपाध्याय भवन, दीनदयाल उपाध्याय नगर जालन्धर में होने वाली एक विशेष बैठक को सांसद बहन उमा भारती सहित पंजाब के दौरे पर आए अन्य सांसद सम्बोधित करेंगे ।

लुधियाना, (जोशी): भाजपा नेता श्री कृष्ण लाल शर्मा सदस्य राज्यसभा और संसद सदस्या उमा भारती कल 20 मई को लुधियाना आ रहे हैं तथा सायं साढ़े 5 बजे आर्य हायर सैकेंडरी स्कूल, छावनी मुहल्ला, लुधियाना में बुद्धिजीवियों की बैठक को सम्बोधित करेंगे ।

कपूर

(पृष्ठ 1 का शेष)

श्री एस.एल. कपूर, मुख्य सचिव पंजाब ने अधिकारियों को कहा है कि वे मिल कर काम करें और अधिकारियों के मध्य नजदीक सम्पर्क कायम रहना चाहिए । श्री कपूर मुख्य सचिव पंजाब के रूप में पदासीन होने के उपरांत अपने जालन्धर के प्रथम दौरे के दौरान जिला अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे । श्री कपूर ने कहा कि विभिन्न विभागों में तालमेल को पैदा करने एवं बनाए रखने की आवश्यकता है । राज्य में से आतंकवाद को समाप्त करने के लिए सिविल एवं पुलिस अधिकारियों को मिल कर काम करना चाहिए । उन्होंने कहा कि अधिकारियों को नई सोच अपनानी चाहिए और उन्हें ईमानदारी और लगन से काम करना चाहिए । श्री कपूर ने चेतावनी दी कि भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों को सहन नहीं किया जाएगा और

Punjabi Sanjam

पंजाब में 3 सुरक्षा कर्मियों और 3 पुजारियों सहित 15 लोगों की हत्या

2 आतंकवादी मारे गए : 2 एस.पी.ओ. चौकियों पर छिप कर हमले

खरड़ ब्लाक भाजपा अध्यक्ष उग्रवादी हमले में बाल-बाल बचे

चंडीगढ़, 23 मई (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान तीन सुरक्षा कर्मियों और तीन पुजारियों समेत 15 लोग मारे गए तथा भाजपा के एक नेता जान-लेवा हमले में बाल-बाल बच गए । इस दौरान एक उग्रवादी मुठभेड़ में और एक गिरोहों की आपसी लड़ाई में मारा गया, जबकि उग्रवादियों ने दो सुरक्षा चौकियों पर हमले किए ।

2 महिलाओं समेत 4 मरे : अमृतसर (सोनी): पुलिस जिला तरनतारन के थाना सदर के गांव नूरवाल में तीन आतंकवादियों ने दो महिलाओं समेत 4 लोगों की हत्या कर दी । प्राप्त विवरण के अनुसार गत रात लगभग 11 बजे तीन आतंकवादी, जो कि ए.के. 47 राइफलों से लैस थे, कश्मीर सिंह नामक एक व्यक्ति के फार्म हाऊस पर पहुंचे तथा कश्मीर सिंह के भाई अंग्रेज सिंह (35) तथा उनकी मां दलीप कौर को बंदूक की नोक पर बाहर ले आए । इसके बाद आतंकवादी एक अन्य फार्म हाऊस पर गए और निशान सिंह तथा उसकी मां मंजीत कौर को अपने साथ ले आए । आतंकवादी उक्त चारों लोगों को निकटवर्ती खेत में ले गए तथा लाईन में खड़ा करके उन्हें गोलियां मार दीं । चारों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

एस.पी.ओ. चौकी पर हमला : गत रात थाना सदर अमृतसर के गांव बल सिकन्दर में स्थित एस.पी.ओ. चौकी पर लगभग आधा दर्जन आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफलों से फायरिंग की । बताया जाता है कि सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर आतंकवादी भाग निकले । घटनास्थल से पुलिस को 16 चले हुए कारतूस मिले हैं ।

मुठभेड़ में एक आतंकवादी मरा : गत दिवस अमृतसर जिला के गांव बासरके के निकट सायं 4.30 बजे कुछ आतंकवादियों ने घात लगा कर हैड कांस्टेबल पूरन सिंह और एस.पी.ओ. बलवंत सिंह, जो कि काम के सिलसले में जा रहे थे, पर फायरिंग की । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर एक आतंकवादी मारा गया और उसके साथी भाग जाने में कामयाब रहे । मारे गए आतंकवादी की शिनाख्त सरवण कमार के रूप में हुई है । एक अन्य सूचना के अनुसार भागने वाले आतंकवादी अपने मृतक साथी की लाश ट्रैक्टर ट्राली पर लाद कर ले गए । पट्टी से 'पाठक' के अनुसार बाद में आतंकवादियों ने एक धर्मस्थल में अपने साथी का अंतिम संस्कार कर दिया ।

फायरिंग से एक ग्रामीण घायल : अमृतसर जिला के थाना घरिंडा के गांव लधेवाल की एस.पी.ओ. चौकी में तैनात सुरक्षा-कर्मी गत रात किसी सूचना के आधार पर निकटवर्ती गांव कल्लेवाल पहुंचे । बताया जाता है कि गांव कल्लेवाल में किसी बात को लेकर उक्त सुरक्षा कर्मियों का गांव वालों से झगड़ा हो गया । आवेश में आकर सुरक्षा कर्मियों ने फायरिंग शुरू कर दी । बताया जाता है कि सुरक्षा कर्मियों की फायरिंग से एक ग्रामीण मेजर सिंह घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अमृतसर के अस्पताल में पहुंचाया गया है ।

उग्रवादी मारा गया : पुलिस को जिला अमृतसर के थाना खेमकरण के गांव मेहदीपुर के निकट से गोलियों से छलनी एक शव मिला है । पुलिस को संदेह है कि मृतक उग्रवादी था और गिरोहों की आपसी लड़ाई में मारा गया ।

डाक्टर घायल : अमृतसर में इंटरनैशनल होटल के बाहर आज उग्रवादियों ने एक डाक्टर राजेन्द्र सिंह को चाकू मार कर घायल कर दिया । अभियुक्त डाक्टर से 2200 रुपए और उसका स्कूटर छीन कर ले गए ।

विस्फोट से क्रेन तबाह : आतंकवादियों ने खेमकरण थाने के राजोके गांव में पी.डब्ल्यू.डी. की क्रेन को विस्फोट से उड़ा दिया । इससे पूर्व 17 मई को तरनतारन थाने के जैमल सिंह गांव में एक क्रेन को विस्फोट से उड़ा दिया गया था ।

3 पुजारियों की हत्या : रोपड़, (वार्ता): कुछ आतंकवादी रोपड़ जिला के रामपुरा कलां में धुरीवाला मंदिर में आ धमके और अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं, जिससे गहरी नींद सो रहे तीन पुजारी मारे गए । मृतकों के नाम लाल चंद, केवल चंद तथा रामपाल बताए गए हैं । हमले के बाद आतंकवादी भाग गए ।

भाजपा नेता पर हमला : आज दोपहर आतंकवादियों द्वारा रोपड़ जिला में खरड़ ब्लाक के भाजपा अध्यक्ष श्री प्रकाश अग्रवाल की हत्या का प्रयास किया गया । उन पर उस समय हमला किया गया जब वह अपनी दुकान में बैठे हुए थे । आतंकवादियों द्वारा की गई फायरिंग में श्री अग्रवाल बाल-बाल बच गए ।

एक की हत्या : जालंधर : जिला के झिक्का गांव में आतंकवादियों ने मनप्रीत नामक एक व्यक्ति की गोली मार हत्या कर दी और बाद में मृतक के स्कूटर पर भाग गए ।

3 सुरक्षा कर्मी मरे : भटिंडा (पस): आतंकवादियों ने आज दोपहर भटिंडा जिला के मेहता गांव में तीन सुरक्षा कर्मियों की हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि आतंकवादी दोपहर साढ़े बारह बजे के लगभग गांव में स्थित अनाज मंडी में आए तथा वहां ड्यूटी दे रहे सुरक्षा कर्मियों पर गोलियों की बौछार कर दी । तीन सुरक्षा कर्मियों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । मृतकों के नाम कांस्टेबल दिलबाग सिंह, एस.पी.ओ. जगजीत सिंह तथा होमगार्ड जवान किरपाल सिंह बताए जाते हैं । आतंकवादी मृतक सुरक्षा कर्मियों के हथियार भी ले गए ।

मुठभेड़ में आतंकवादियों द्वारा बंधक बनाया गया व्यक्ति मरा : फरीदकोट (पस): कल दोपहर बाद फरीदकोट जिला के किल्ली अराईवाल गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में बकील सिंह उर्फ़ बुलेट, नरेंद्र सिंह तथा सुखदेव सिंह नामक जो तीन आतंकवादी मारे गये थे, उन्होंने सरबजीत सिंह नामक एक व्यक्ति को अपहृत करने के बाद अपने पास बंधक बना कर रखा हुआ था । मुठभेड़ में उक्त बंधक भी गोली लगने से घायल हो गया था । आज उसने अस्पताल में दम तोड़ दिया ।

ट्रक ले गए : मलोट से 'जालंधरी' के अनुसार कल रात दस बजे के करीब डिफैंस रोड पर स्थित गांव कोलियांवाली के निकट से 7 आतंकवादी एक ट्रक ड्राइवर को छुरा मार कर ट्रक छीन कर ले गए । भागते समय वे घायल ट्रक ड्राइवर तथा क्लीनर को एक वृक्ष के साथ बांध गए । ट्रक लुधियाना से मलोट के रास्ते गंगानगर जा रहा था ।

एक की हत्या : होशियारपुर (वार्ता): जिला के चक राजू गांव में कल शाम लछमन सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई । पुलिस ने इसे निजी दुश्मनी की वारदात बताया है ।

महिला की हत्या : फिरोजपुर (पस, धीमान): जीरा उपमंडल के गांव मादिदयां में कल रात 4 आतंकवादियों ने बलबीर कौर नामक एक महिला की गोली मार कर हत्या कर दी । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 4 सशस्त्र लोगों ने प्यारा सिंह नामक एक व्यक्ति के घर का दरवाजा खटखटाया । प्यारा सिंह की पत्नी बलबीर कौर ने जब दरवाजा खोला तो आतंकवादियों ने उसे गोली मार दी । बलबीर कौर की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

अकाली नेता के मकान पर फायरिंग : कपूरथला (शर्मा): कुछ सशस्त्र आतंकवादियों ने कल रात साढ़े आठ बजे के लगभग निकटवर्ती

(शेष पृष्ठ 8 पर)



पंजाब के मुख्य सचिव श्री एस.एल. कपूर बुधवार को चंडीगढ़ में राज्यपाल परिषद की बैठक में लिए गए विभिन्न फैसलों की जानकारी प्रैस को देते हुए ।

सुरक्षा कर्मियों के लिए 'एक्सग्रेशिया ग्रांट' की सुविधा एक और वर्ष के लिए बढ़ाने का फैसला

चंडीगढ़, 23 मई (पस): पंजाब में आतंकवादी हिंसा में मारे जाने वाले सुरक्षा कर्मियों, जिनमें केंद्रीय अर्ध सैनिक बलों के कर्मी भी शामिल हैं, के परिवारों को दी जाने वाली 'एक्सग्रेशिया ग्रांट' की सुविधा पंजाब सरकार ने एक और वर्ष के लिए बढ़ा दी है ।

इस आशय का फैसला राज्यपाल परिषद की बैठक में किया गया है । बैठक की अध्यक्षता राज्यपाल श्री एन.के. मुखर्जी ने की ।

आज बाद दोपहर पत्रकारों को यह जानकारी देते हुए राज्य के मुख्य सचिव श्री एस.एल. कपूर ने बताया है कि राज्य पुलिस, होम गार्ड्स, आर.पी.एफ., बी.एस.एफ., तथा सी.आर.पी. के अराजपत्रित कर्मियों के परिवारों को एक लाख रु. 'एक्स ग्रेशिया ग्रांट' दी जाएगी तथा इन सुरक्षा बलों के राजपत्रित अधिकारियों के परिवारों को सम्बद्ध अधिकारी द्वारा पिछले 40 मास के दौरान प्राप्त वेतन के बराबर, जो न्यूनतम एक लाख रु. होगी एक्स ग्रेशिया ग्रांट दी जाएगी । यह फैसला उसी दशा में लागू होगा यदि सुरक्षा कर्मी आतंकवादी हिंसा में मारा गया हो ।

आतंकवादियों की गतिविधियों के दृष्टिगत परिषद ने राज्य में आपातकालीन मैडीकल सेवा में भी सुधार करने का फैसला किया है । श्री कपूर ने बताया कि चाल वर्ष के दौरान एम्बुलैंसें उपलब्ध कराने, अस्पतालों में अतिरिक्त भवन बनाने, वहां जाएंगे यदि एन. डी.डी.बी. द्वारा परियोजना स्वीकृत होगी । सरकार ने राज्य दुग्ध सहकारी समितियों को 7 करोड़ रु. की ग्रांट देने का भी फैसला किया है ।

उन्होंने बताया कि परिषद ने कालेजों के लायब्रेरियनों तथा जिला पुस्तकालयों के लायब्रेरियनों के वेतनमान 700-1200 रु. से संशोधित करके 700-1600 रु. करने का फैसला किया है । यह फैसला एक अप्रैल 1980 से लागू होगा ।

दल खालसा, नैशनल कौंसिल आफ खालिस्तान गैर-कानूनी घोषित

नई दिल्ली, 23 मई (प.स.): सरकार ने आज दल खालसा और तथाकथित 'नैशनल कौंसिल आफ खालिस्तान' को गैर-कानूनी एसोसिएशनें घोषित कर दिया । एक सरकारी विज्ञप्ति में आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया गया है कि गैर-कानूनी गतिविधियां (निरोधक) कानून-1967 के अंतर्गत इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई है ।

दड़बाकलां नहीं

Punjabi Sahara

8.5.1990

; युद्ध नहीं
...मन्ना को आशा

(प.स.): रक्षा राज्यमंत्री डा. ... कि कश्मीर की घटनाओं से ... के अच्छे पड़ौसी संबंधों को ... निकित अब भी हमें उम्मीद है ''

...कली'' को एक भेंट में उन्होंने ... सब पड़ौसियों से शांतिपूर्ण

...वाल समझौता ...
(पृष्ठ 3 का शेष)

...लवन्त सिंह रामूवालिया को ...कारी पद ग्रहण नहीं करने ...रे में यह भी कहा कि सरकारी ... सिखों के प्रतिनिधि नहीं हैं । ... नियुक्ति करनी चाहिए ।

...पी. सिंह सरकार हर क्षेत्र में ... जंग के लिए तैयार नहीं है और ...स्तान को युद्ध की धमकियां दे

...ी हिंसा की निन्दा करता

...यह पूछे जाने पर कि शिरोमणि ...पी.एस. टोहरा पर हुए हमले की ...रते ? श्री मान ने कहा कि वह ... निन्दा करते हैं । उन्होंने कहा ...लोकतंत्र बहाल करने के हक में ... की तरफ से पंजाब को एक ...विरोध नहीं करते, उन्हें सिखों के ...रना ही पड़ेगा ।

...शिरोमणि कमेटी के चुनाव क्यों ... नेतृत्व को जनता में पाई जा ...न करना होगा । पुराने सिख ... है कि वह पंजाब समस्या के ...किसी रूप में केन्द्र को दावत देता ... और तथा आगे कुछ और की ...ी ।

...कर में 4 मरे, ...घायल

...मई (मुसाफिर) : यहां से 25 ...कोटला रोड पर भयंकर सड़क ...व्यक्ति दम तोड़ गए । बताया ...या पर बारात लुधियाना से जा ... की घटनास्थल पर और 2 ... हो गई । दो लड़के और दो ... में अस्पताल में दाखिल कर

पंजाब में हत्याएं
(पृष्ठ 3 का शेष)

नडाला गांव में अकाली दल (मान) के नेता तथा गोइंदवाल साहिब औद्योगिक परिसर के पूर्व अध्यक्ष डा. मेहर सिंह के मकान पर फायरिंग की । इससे कोई घायल नहीं हुआ ।

बम फटने से बालक घायल : लुधियाना, (वार्ता): आज दोपहर लुधियाना शहर के समराला चौक में बम फटने से एक बालक घायल हो गया । आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि बम चौक के निकट एक रेहड़ी में रखा गया था ।

'प.स.' के अनुसार बम विस्फोट राधा स्वामी सत्संग भवन के बाहर हुआ ।

एस.पी.ओ. चौकी पर हमला : बटाला (पस): कुछ आतंकवादियों ने पुलिस जिला बटाला के अंतर्गत एक गांव में एस.पी.ओ. चौकी पर हमला किया । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर आतंकवादी भाग गए । इस वारदात में कोई घायल नहीं हुआ ।

अपहृत बालक रिहा : आतंकवादियों ने एडवोकेट नरेंद्र सिंह के अवयस्क बेटे गुरविन्द्र सिंह को छोड़ दिया है । गुरविन्द्र सिंह को बटाला सदर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत हसीनपुरा गांव से विगत बुधवार को अपहरण कर लिया गया था । पुलिस ने यह नहीं बताया कि आतंकवादियों ने उक्त बालक को यातनाएं दी हैं या नहीं क्योंकि बालक ने इस संदर्भ में कोई जानकारी नहीं दी ।

पिता मारा गया, पुत्री घायल : आज रात्रि थाना सरहाली जिला अमृतसर के गांव पोथल भाईके में उग्रवादियों के गिरोह और ग्रामीणों में हुई फायरिंग में एक मजहबी सिख गामा मारा गया और उसकी अवयस्क लड़की राज गम्भीर रूप से घायल हो गई । पुलिस के अनुसार उग्रवादियों ने जब गांव में एक घर पर हमला कर दिया तो घर वालों ने अंदर से फायरिंग करके उग्रवादियों को भगा दिया लेकिन मृतक और उसकी लड़की फायरिंग की लपेट में आ गए । घटनास्थल से पुलिस ने एक ए.के. 47 असाल्ट चीनी राइफल बरामद की है ।

पंजाब, जम्मू-कश्मीर की समस्याओं पर राष्ट्रीय बहस हो : स्वर्ण सिंह

नई दिल्ली, 23 मई (पस) : भूतपूर्व विदेशमंत्री स्वर्ण सिंह ने आज कहा कि पंजाब तथा जम्मू-कश्मीर की समस्याओं के समाधान के लिए राष्ट्रीय बहस होनी चाहिए । श्री स्वर्ण सिंह यहां 'नेहरू की विरासत और राष्ट्रीय परिदृश्य' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि इन दो राज्यों तथा देश के कुछ अन्य भागों में अलगाववाद की बढ़ रही प्रवृत्ति महज कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं है । इस प्रवृत्ति पर काबू पाने के लिए अधिक व्यापक और रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाना होगा । उन्होंने कहा कि पंजाब और जम्मू-कश्मीर के निवासियों के दिल टटोल कर हमें इस समस्या का शांतिपूर्ण समाधान

खेड़ा के...
(पृष्ठ...

बलों ने आज राजौरी ... गिरफ्तार कर उसके ... आठ चक्र गोलियां ब...

26 उग्रवादी ... के विभिन्न भागों से ... गिरफ्तार किया गया

झुलसा हुआ श... आज श्रीनगर के ही ... व्यक्ति का शव बराम...

भारी मात्रा में ... से 'नि.स.' के अनुसार ... मोहम्मद सरवर खान ... उग्रवादी के पकड़े जा... में हथियार तथा गोली... उसके पास से पकड़े ग... राइफल, दो मैगज़ी... पिस्तौल, दो टाइम ब... टाइम पैंसिलें बम, दो ... विस्फोटक सामग्री शा...

इस बीच पुलिस ... नेता अयूब शबनम... प्रशिक्षित करने के लि... आरोप है, से पूछ...

कर्फ्यू स्थिति : श्री... आज प्रातः सात बजे से ... गई । इसके अलावा ... अलग-अलग समय के ... इस बीच सुरक्षा बलों ... के हत्यारों की खोज के... है ।

बेनज़ीर जितने ... कश्मीर बारे स...

इस्लामाबाद, 2... बेनज़ीर भुट्टो ने अंत... 'जम्मू-कश्मीर की ज... हाल में जिस 'राष्ट्रीय... किया था, प्रतिपक्ष ने ... किया है । प्रतिपक्ष के ... के ताजा हालात पर ... दौरान यह ऐलान कि... याकूब खां की अध्यक्ष... प्रतिपक्षी सदस्य भी ... नसरुल्ला खां ने कहा ... में गई उनमें से किसी ... नहीं अपनाया । ''बेह... देशों से पहले सम... असैम्बली ने एक प्रस... श्रीनगर में मीरवायज़... निंदा की ।

कपूर आज र...

Punjabi Sanatani

पंजाब में 2 सुरक्षा कर्मियों सहित 10 लोगों की हत्या : 4 बसें और 47 खोखे जला दिए

बनूड़ में इंका नेता की हत्या : कपूरथला में एक बालक का अपहरण

5 आतंकवादी मरे; 3 गुट संघर्ष में, 1 मुठभेड़ में, 1 बम फटने से

चंडीगढ़, 24 मई (प.स., वार्ता): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 2 सरक्षा कर्मियों तथा एक इंका नेता समेत 10 लोगों की हत्या कर दी गई, जबकि 5 आतंकवादी मारे गए । इस दौरान उग्रवादियों ने पंजाब रोडवेज की 4 बसों तथा 47 खोखों को भी जला दिया ।

एक की हत्या : अमृतसर (प.स.): तरनतारन पुलिस जिला के सरहाली थाना के अंतर्गत गांव भट्ठा भाइके में आतंकवादियों ने नम्बरदार कश्मीर सिंह के घर में घुस कर उनके नौकर श्यामा की गोली मार कर हत्या कर दी ।

दो लोगों की हत्या : मजीठा पुलिस जिला के ब्यास तथा मेहता थानों के अधीन क्रमश: पाधे तथा पट्टी के गावों से कल रात आतंकवादियों ने दो व्यक्तियों सुखदेव सिंह और तारा सिंह का अपहरण कर लिया तथा बाद में गोली मार कर उनकी हत्या कर दी ।

स्कूटर मकैनिक की हत्या : आज प्रात: अमृतसर जिला में जी.टी. रोड पर स्थित दोबुर्जी गांव में आतंकवादियों के एक गिरोह ने एक स्कूटर मकैनिक सुखबीर सिंह उर्फ लाडी की गोली मार कर हत्या कर दी । सुखबीर सिंह पर उस समय गोली चलाई गई जब वह अपनी दुकान खोल रहा था । वह जंडियाला थाने के चीथाकलां गावं का निवासी था । घटनास्थल से .9 एम.एम. पिस्तौल के 4 खाली कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

बम फटने से आतंकवादी मरा : पट्टी से 'नि.स.' के अनुसार कल रात पौने आठ बजे यहां आसल रोड पर एक आतंकवादी बम ले जाते समय उक्त बम फट जाने से मारा गया । मृतक का नाम सुरेन्द्र सिंह बताया जाता है । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पट्टी के एस.एच.ओ. श्री मेजर सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस पार्टी जीप में गश्त पर जा रही थी कि उक्त आतंकवादी पुलिस को देख कर भागने लगा । पुलिस कर्मियों ने उसका पीछा किया । इस दौरान उक्त आतंकवादी, जिस बम को छिपा कर ले जा रहा था वह अचानक फट गया । आतंकवादी की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । विस्फोट से निकटवर्ती घरों को भी नुक्सान पहुंचा ।

1.25 लाख रुपया लूटा : अमृतसर से 'सोनी' के अनुसार आज दोपहर बाद एक बजे के लगभग वेरका थाना के अधीन गांव कोटला तरखाना से आतंकवादियों ने सुरजीत सिंह नामक एक व्यक्ति से पिस्तौल की नोक पर 1.25 लाख रुपया लूट लिया । सुरजीत सिंह उक्त राशि बैंक से निकलवा कर लाया था ।

आतंकवादियों ने 4 बसें व 47 खोखे जला दिए : बटाला (कोछड़): आतंकवादियों ने पुलिस जिला बटाला में थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के कस्बा हरचोवाल स्थित बस अड्डा के निकट खड़ी पंजाब रोडवेज बटाला डिपो की चार बसों (पी.बी.एन.224,225,1102 व 1104) को आग लगा दी । इसके अतिरिक्त आतंकवादियों ने 47 खोखों को भी जला कर राख कर दिया ।

प्राप्त विवरण के अनुसार रात रात लगभग 8.30 बजे लगभग 22 आतंकवादियों के एक ग्रुप ने आकर पहले फायरिंग की । इस पर पास ही अनाज मंडी में काम कर रहे लोग भाग गए । फिर आतंकवादियों ने पैट्रोल या मिट्टी का तेल छिड़क कर बसों को आग लगा दी । इससे 4 बसें व 47 खोखे जल कर राख हो गए । आग पर आज प्रात: ही काबू पाया गया ।

जिला पुलिस बटाला के अधीक्षक श्री जगदीश कुमार, बी.एस.एफ. के उच्चाधिकारी व एस.डी.एम. श्री एस.एस. पुरी प्रात: घटनास्थल पर पहुंचे । श्री पुरी ने बताया कि जिलाधीश गुरदासपुर ने एक टीम नियुक्त की है जो क्षति का जायजा लेकर तुरंत रिपोर्ट देगी ।

47 खोखों की लगभग 10 लाख रुपए से अधिक की क्षति का अनुमान है । अधिकतर खोखे फ्रूट, सोडा, सब्जी, हार्डवेयर व हलवाइयों आदि के थे । घटनास्थल पर कुछ खोखों के मालिकों राजिन्द्र कुमार, सलीम मसीह, वेद प्रकाश, बलवंत सिंह, सुरजीत सिंह, प्यारा सिंह व अवतार सिंह आदि ने बताया कि वे लोग इन खोखों में अपने परिवारों का पेट पाल रहे थे । अब उनके पास फूटी कौड़ी भी नहीं जो फिर काम आदि शुरू कर सकें । उन्होंने कहा कि आतंकवादियों को हम गरीबों से क्या दुश्मनी थी, जो हमें उजाड़ दिया ।

2 आतंकवादियों के शव मिले: थाना सदर बटाला के गांव नत्थवाल स्थित मुख्य सड़क के किनारे से आज प्रात: पुलिस ने गोलियों से छलनी 2 शव बरामद किए हैं । इनके निकट से ए.के. 47 राइफल के 19 चले हुए कारतूस बरामद हुए हैं । घटनास्थल से के.एल.एफ. की एक चिट्ठी भी मिली है जिस पर लै. जनरल मंगल सिंह रामपुर, कुलदीप सिंह बब्बर व रेशम सिंह थाम्पे के नामों का उल्लेख है । चिट्ठी में लिखा है कि ये दोनों लूटमार करते थे व जब्री धन बटोरते थे, इसलिए इन्हें 'सोधा' गया है । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मृतकों की शिनाख्त राणा उर्फ छिन्दा (निवासी मकेरियां) तथा बशीर गुज्जर (निवासी लोधियां) के रूप में हुई है ।

एस.पी.ओ. चौकी पर हमला : डेरा बाबा

(शेष पृष्ठ 8 पर)



पुलिस जिला बटाला के गांव हरचोवाल में बुधवार रात को आतंकवादियों द्वारा जलाई गई बसें तथा (नीचे) आग से जल कर राख हुए कुछ खोखों का दृश्य । (छाया : कोछड़)

हरियाणा की राजनीति में आए परिवर्तनों से दोनों उपचुनावों में प्रमुख उम्मीदवार प्रभावित होंगे

चंडीगढ़, 24 मई (संघी): हरियाणा की राजनीति में पिछले दो दिनों के दौरान हुए परिवर्तनों का राज्य विधानसभा की दो सीटों दड़बाकलां व अम्बाला छावनी में 26 मई को होने वाले चुनाव में प्रमुख उम्मीदवारों की स्थिति पर कुछ प्रभाव पड़ने की सम्भावना है । राजनीतिक क्षेत्रों में यह आम राय है कि इस बदले हुए वातावरण को लेकर प्रमुख उम्मीदवारों को मतदाताओं के बीच अपना पक्ष रखने के लिए बहुत कम समय मिल सका है इसलिए इन उम्मीदवारों की पूर्व स्थिति में कुछ उतार-चढ़ाव होने की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता ।

इन दोनों क्षेत्रों में आज शाम चुनाव प्रचार समाप्त हो गया । अब सभी प्रमुख उम्मीदवारों के समर्थकों ने मतदाताओं के घर-घर जा कर ही इस चुनाव के बारे में उनके सामने अपना पक्ष रखने का [illegible]

दड़बाकलां क्षेत्र में जनता दल के उम्मीदवार श्री ओम प्रकाश चौटाला की स्थिति कांग्रेस (इ) के श्री हरदीश नेहरा के मुकाबले काफी मजबूत थी लेकिन अब उनके मुख्यमंत्री पद से हट जाने पर जो मतदाता [illegible] के साए में दिन गुजार रहे थे उन्हें अपनी इच्छा से मतदान करने का अवसर मिल गया है । फिर भी श्री चौटाला की जीत के बारे में किसी को भी कोई शंका नहीं है । इस बदले हुए वातावरण से उनकी जीत के अन्तर में कुछ कमी हो सकती है ।

उम्मीदवार ही माना जाता रहा है । वैसे भी जनता दल और श्री चौटाला का शहरों में कोई विशेष प्रभाव नहीं समझा जाता । अम्बाला छावनी क्षेत्र, जोकि कांग्रेस की संख्या के आधार पर शायद राज्य में सबसे छोटा चुनाव क्षेत्र है, में मात्र दो-तीन गांव ही शामिल हैं । इस चुनाव क्षेत्र में लगभग 76 हजार मतदाता हैं । फिर भी श्री जानदा ने उक्त दल की सहायता से भाजपा के कुछ बागी नेताओं के साथ मिल कर अपनी स्थिति काफी अच्छी कर ली थी ।

छठे बैंक खाते से अतिरिक्त को जोड़ने की रिपोर्ट सच्ची सिद्ध न हो सकी

नयना, 24 मई (वार्ता): हाईकोर्ट के एक खण्डपीठ न्यायाधीश ने आज कहा कि केरोसीन तेल मंत्री की कथित दलाली वाला उक्त स्टिंग बैंक खाता अतिरिक्त [illegible] के आधार पर शायद राज्य में सबसे [illegible] सकी जा सका है । न्यायमूर्ति सहगल हरियाणा ने यह बात हरियाणा सोशलिस्ट के एक कार्यकर्ता द्वारा दायर की । अर्जी में की गयी मांग की ओर से अदालत में विवाद की गई जानकारी को खारिज करने का आग्रह किया गया था ।

न्यायमूर्ति हरियाणा ने अपने निर्णय में विशेष [illegible] अदालत ने यह बात कही है । अदालत ने हरियाणा सोशलिस्ट को

बैंक में डाका डालने आए 3 उग्रवादी मारे गए

अम्बाला छावनी, 24 मई (सरहदी): आज प्रात: यहां से 10 किलोमीटर दूर गांव पंजखेड़ा साहब में गनमैन की चौकसी के कारण केनरा बैंक में डाके की वारदात टल गई और दो आतंकवादी मारे गये । घटना के अनुसार तीन आतंकवादी स्कूटर (सी.एच.आई. 1883) पर सवार होकर बैंक में आए और आते ही बंदूकें व पिस्तौल निकाल कर सभी कर्मचारियों को जैसे ही हाथ खड़े करने का आदेश दिया, बैंक के गनमैन ने अत्यन्त साहस का परिचय देते हुए मोर्चा सम्भाल कर गोलियां चलानी आरम्भ कर दीं । उसकी गोलियों से जब एक आतंकवादी वहीं मारा गया तो अन्य दोनों स्कूटर पर भाग खड़े हुए । इतने में पुलिस भी पहुंच गई । उसने भागते हुए आतंकवादियों का पीछा किया और फायरिंग शुरू कर दी जिससे भागने वाले आतंकवादियों में से भी एक मारा गया ।

'शर्मा' के अनुसार बाद में तीसरा उग्रवादी भी पुलिस कार्रवाई में मारा गया ।

सिंध में 800 गिरफ्तार

हैदराबाद, 24 मई (ए.पी.): पाकिस्तान के सिंध प्रांत में आज सरकार बलों में जातीय हिंसा में शामिल होने के संदेह में आठ सौ से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया । पिछले तीन दिनों में अंधाधुंध फायरिंग से सिर्फ हैदराबाद में अनेक लोग मारे जा चुके हैं ।

पंजाब की स्थिति में सुधार हुआ है प

धमाकों की घटनाओं में वृद्धि हुई है

लुधियाना, 24 मई (महिन्द्रा, धीमान, नेपाल): पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन में दावा किया कि पंजाब में पिछले दो मास से स्थिति में सुधार हुआ है लेकिन हमें इस बात की बहुत चिंता है कि बम धमाकों की घटनाओं में वृद्धि हुई है । श्री गिल ने कहा कि हम बम धमाकों के विरुद्ध लोगों को लगातार शिक्षित कर रहे हैं । पुलिस ने सभी जिलों से बम-सामान पकड़ा भी है । श्री गिल आज यहां जिला कंट्रोल रूम का उद्घाटन करने आए हुए थे ।

श्री गिल ने कहा कि उनकी पुलिस अब बम धमाकों का मुकाबला करने के लिए भी पूरी तरह समर्थ है । पाकिस्तान से हर प्रकार के हथियारों की तस्करी हो रही है तथा सीमा सुरक्षा बलों ने यह हथियार और असला भारी मात्रा में पकड़ा है । उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में उग्रवादियों को प्रशिक्षण देने का कार्य भी लगातार जारी है । उन्हें इस बात की पूरी जानकारी है कि पाकिस्तान सरकार अपने प्रशिक्षित उग्रवादियों को पंजाब में घटनाएं तेज करने के लिए कह रही है ।

श्री के.पी.एस. गिल ने आगे कहा कि मक्खू तथा जीरा में पिछले मास तीन-चार व्यक्तियों का अपहरण हुआ तथा बाद में उन्हें पुलिस ने मुक्त कराया । इसी प्रकार फिरोजपुर रेंज में 15 अपहरण हुए तथा मुक्त कराए गए । उन्होंने रहस्योद्घाटन किया, आज तक उग्रवाद की लड़ाई में 500 पुलिस वाले मारे जा चुके हैं जिनमें सी.आर.पी. जवान भी शामिल हैं ।

जत्थेदार गुरचरण सिंह टोहरा पर हुए हमले बारे एक सवाल के जवाब में श्री गिल ने कहा कि अभी तक किसी प्रकार का सुराग नहीं मिला परन्तु कुछ संदिग्ध हालात बारे पुलिस जानकारी ले रही है । श्री गिल ने कहा कि कल उन्होंने जंडियाला तथा अमृतसर क्षेत्रों का दौरा भी किया । वहां पर अपहरण तथा लूटमार की घटनाओं में भारी कमी आई है । उन्होंने कहा कि वह उग्रवाद पर काबू पाने के लिए लगातार पग उठा रहे हैं ।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में श्री गिल ने कहा कि वी.आई.पी. लोगों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है । कल हमने उक्त व्यक्तियों की सुरक्षा बारे एक बैठक में समीक्षा की तथा ऐसे व्यक्तियों की एक सूची तैयार की । लगभग तीस महत्वपूर्ण व्यक्ति, जो सभी राजनीतिक दलों से संबं
हिटलिस्ट में शामिल हैं त
कमी नहीं आने दी जाएगी

पुलिस महानिदेशक ने
यह आधुनिक कंट्रोल रूम
कक्ष है । अमृतसर, पटि
कक्ष पहले ही कार्यरत हैं
ऐसे कंट्रोल रूम जून में खो
ने बताया कि इस कंट्रोल
मशीनरी पर लगभग पां
है । श्री गिल ने इसके मह
कि पिछले लगभग दो माह
के ज़रिए छ:-सात उग्रवा
चार-पांच व्यक्ति मुक्त क
बताया कि सरकार राज्य
हल्के मोटर वाहन उपलब्ध
श्री गिल ने बताया
आधुनिक कंट्रोल रूम से नग

(शेष पृष्ठ

राष्ट्रीय राजनी

साम्प्रदायिकता
विरुद्ध

पंजाब में

नई दिल्ली, 24 मई (
कांग्रेस (इ) तथा 4 वाम
राजनीतिक दलों ने धर्म को
का आज आह्वान किया ।

यह आह्वान साम्प्रदा
के विरुद्ध आज यहां आयो
सम्मेलन में किया ग
साम्प्रदायिकता, कट्टरवाद
देश की एकता व अखंडता
राष्ट्रव्यापी अभियान छेड़

बरनाला द्वार

पद की

मद्रास, 24 मई (वा
मुख्यमंत्री सुरजीत सिंह बरना
के राज्यपाल के रूप में शपथ

मद्रास उच्च न्यायालय
न्यायमूर्ति ए.एस. आनंद ने उ
की शपथ दिलाई ।

इस अवसर पर राजाजी
संक्षिप्त समारोह में राज्य
करुणानिधि, उनके मंत्रि
न्यायाधीश गण, राजनयिक
नागरिक उपस्थित थे ।

श्री बरनाला ने डा. पी.सी
लिया है ।

श्री बरनाला ने हवाई अड्डे
अनौपचारिक बातचीत में कहा
महान जनता के राज्य में आया ह
समृद्धि और शांति की कामना
लोगों की सेवा करने की इच्छा





Punjabi Samachar

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

नानक के गांव सूरत मल्ली स्थित ग्रामीण सुरक्षा योजना के अंतर्गत स्थापित एस.पी.ओ. चौकी पर गत रात आतंकवादियों के एक ग्रुप ने फायरिंग की । सुरक्षा जवानों द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर आतंकवादी भाग गए । किसी प्रकार की क्षति की सूचना नहीं ।

2 सुरक्षा कर्मियों की हत्या : पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव काहलवां के निकट गत रात आतंकवादियों ने फायरिंग करके एक कांस्टेबल रणजीत सिंह व होमगार्ड जवान जोगेन्द्र सिंह की हत्या कर दी । यह जानकारी देते हुए जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों ने बताया कि रणजीत सिंह जहानखेलां पुलिस ट्रेनिंग सैंटर में ट्रेनिंग ले रहा था व आजकल छुट्टी पर आया हुआ था । वह थाना सदर गुरदासपुर के गांव चोर सिंधवां का निवासी था । मौका से ए.के. 47 राइफल के 25 चले हुए कारतूस मिले हैं ।

गेहूं से भरा ट्रक ले गए : 2 आतंकवादी थाना सिटी बटाला के क्षेत्र अलीवाल रोड स्थित भारतीय खाद्य निगम के गोदाम के बाहर खड़ा एक ट्रक (पी.बी.एन. 4209) रिवाल्वर की नोक पर भगा ले गए । ट्रक के क्लीनर दिलबाग सिंह ने बताया कि ट्रक में भारतीय खाद्य निगम की 30 हजार रुपए मूल्य की गेहूं की 130 बोरियां भरी थीं । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

स्कूटर छीना : पुलिस जिला बटाला के थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव काला अफगाना से आज दोपहर 2 उग्रवादी पलविन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति से उसका बजाज स्कूटर (नं. पी.सी.एम. 9385) छीन कर ले गए ।

घायल ने दम तोड़ा : बटाला पुलिस ज़िला के गांव धारोवाली में पिछले दिनों आतंकवादी हमले में घायल हुए एक व्यक्ति हरबंस लाल ने आज अस्पताल में दम तोड़ दिया । इस घटना में अब मृतकों की संख्या 8 हो गई है ।

गुट संघर्ष में एक आतंकवादी मरा : बटाला पुलिस जिला के शहजादा गांव में कल रात भूपिन्द्र सिंह उर्फ भिंदा नामक एक आतंकवादी निजी गुट संघर्ष में मारा गया ।

शराब के ठेके पर फायरिंग : फरीदकोट : आतंकवादियों ने बोधिपुर गांव में शराब के एक ठेके पर फायरिंग की । इस वारदात में कोई घायल नहीं हुआ ।

पुलिस पार्टी पर हमला : फिरोजपुर जिला के मक्खू कस्बे के निकट आतंकवादियों ने एक पुलिस पार्टी पर हमला किया । इससे कोई हताहत नहीं हुआ ।

2 का अपहरण : फिरोजपुर जिले के अंटोवाल गांव में आज आतंकवादियों ने निशान सिंह और कश्मीर सिंह नामक व्यक्तियों का अपहरण कर लिया ।

2 किसानों की हत्या : गुरुहरसहाय (भंडारी) : गत रात यहां से 10 किलोमीटर दूर एक गांव में उग्रवादियों ने दो व्यक्तियों निशान सिंह (42) और कश्मीर सिंह (45) की हत्या कर दी । उग्रवादी, जिनकी संख्या 6 बताई जाती है, निशान सिंह के पिता रेशम सिंह के घर आए । चाय आदि पीने के बाद वह पहले निशान सिंह और फिर एक और व्यक्ति कश्मीर सिंह को बाहर बुला कर ले गए और उनकी बेदर्दी से हत्या कर दी ।

मुमनोर थाना के गांव दरवों में एक जमींदार के घर कुछ उग्रवादी आए और जमींदार को विवश किया कि वह अपने ट्रक में बैठ कर उनके साथ चले, लेकिन जब उसने उनका हुक्म मानने से इंकार कर दिया तो इन उग्रवादियों ने ट्रक की तेल की टंकी को गोलियां मार कर तोड़-फोड़ दिया । पुलिस ने सारे क्षेत्र की नाकाबंदी कर दी है ।

इंका नेता की हत्या : पटियाला (भूषण): दो सशस्त्र आतंकवादियों ने आज प्रातः सवा आठ बजे यहां से 40 किलोमीटर दूर बनूड़ में ब्लाक कांग्रेस (इ) समिति के अध्यक्ष श्री शांति स्वरूप की गोली मार कर हत्या कर दी । यह घटना बानो माई मंदिर चौक में हुई । हत्यारे भाग जाने में सफल रहे ।

3 आतंकवादी काबू : भटिंडा : पुलिस ने जिला के जलाल गांव के निकट संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद 3 आतंकवादियों हरदेव सिंह उर्फ देबू तथा दर्शन सिंह उर्फ सुरजभान पंडित को हथियारों समेत गिरफ्तार किया है । इसी जिला के नत्थां गांव से भी एक आतंकवादी को एक बन्दूक तथा तीन पिस्तौलों के साथ काबू किया गया है ।

मुठभेड़ में एक आतंकवादी मरा : फाजिल्का (लूना) : फिरोजपुर जिला के फाजिल्का सदर थाना के अधीन अरनीवाला गांव में कल रात 11 बजे के करीब सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया, जबकि उसके तीन साथी बचकर भाग निकले ।

इस संदर्भ में विवरण देते हुए जिला पुलिस प्रमुख श्री अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि 4 अज्ञात व्यक्ति रविन्द्र कुमार नामक एक व्यक्ति के ईंट-भट्ठे पर गए व उसे हस्तलिखित एक चिट्ठी दे गए जिसमें 2 लाख रुपए की मांग की गई थी । जब आतंकवादी पुनः पैसा लेने आए तो भट्ठे के मुंशी ने अरनीवाला पुलिस चौकी को खबर दे दी । पुलिस ने सी.आर.पी. की मदद से उक्त क्षेत्र को घेर लिया । आतंकवादियों द्वारा फायरिंग किए जाने पर सुरक्षा कर्मियों ने भी गोली चलाई । आधे घंटे तक चले मुकाबले में एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया ।

2 घुसपैठिए मारे गए : आधिकारिक सूत्रों ने आज रात यहां बताया कि फाजिल्का सैक्टर में दो अनजान पाक घुसपैठिए सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारे गए ।

शराब के ठेके को आग लगा दी : बाघा पुराना (ज्ञान): कल रात निकटवर्ती गांव शेखाकालों में आतंकवादियों ने शराब के एक ठेके को आग लगा दी । आतंकवादियों ने भविष्य में भी इस गांव में ठेका नहीं खोलने की चेतावनी दी है ।

बालक का अपहरण : कपूरथला (शर्मा): कपूरथला जिला के गांव फत्तूढींगा में गत रात्रि लगभग 12 बजे ए.के. 47 राइफलों से लैस आतंकवादी एक आढ़ती श्री राकेश कुमार के 9 वर्षीय बेटे विक्की का अपहरण कर ले गए । बताया जाता है कि आतंकवादी घर का दरवाजा तोड़ कर भीतर घुस आए तथा श्री राकेश कुमार के बेटे तथा बेटी को अपहृत कर ले जाने का प्रयास किया । इस बीच वहां लोग एकत्र हो गए और आतंकवादी लड़की को वहीं छोड़ कर लड़के को मारुति वैन में बिठा कर भाग निकले ।

फायरिंग का खंडन : कपूरथला जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आज एक प्रैस नोट में इस समाचार का खंडन किया है कि 22-23 मई की मध्य रात्रि को गांव नडाला में अज्ञात आतंकवादियों ने अकाली दल मान के नेता स. मेहर सिंह आहलूवालिया के घर पर फायरिंग की है । तथ्य यह है कि स. मेहर सिंह को उसके कुछ जानकार रात्रि को मिलने आए तो उन्होंने संदेह के आधार पर अपने घर के अंदर से अपने लाइसैंसी रिवाल्वर से फायरिंग की थी ।

गुजराल को पंजाब मामलों का मंत्री बनाने का सुझाव

नई दिल्ली, 24 मई (प.स.): लोकसभा में कांग्रेस (इ) सदस्या श्रीमती सुखबंस कौर ने आज सुझाव दिया कि विदेशमंत्री इन्द्र कुमार गुजराल को पंजाब संबंधी मामलों का मंत्री बना दिया जाए ।

पंजाब की इस सदस्या ने यह सुझाव शून्यकाल के दौरान दिया । उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र

गिल

(पृष्ठ 3 का शेष)

मिनट के अन्दर तथा ग्रामों में दस मिनट से पंद्रह मिनट के भीतर सुरक्षा बल पहुंच जाया करेंगे । उन्होंने इस बात की आशा व्यक्त की कि यह कंट्रोल रूम आम जनता की आशाओं पर पूरे उतरेंगे । श्री गिल ने कहा कि कुछ समय जरूर लगेगा, सुरक्षा बल उग्रवाद पर काबू पा लेंगे ।

इससे पूर्व जिला प्रमुख श्री परमजीत सिंह संधू ने श्री गिल का स्वागत करते हुए कहा कि केंद्रीय सरकार को जब भी श्री गिल की सेवाओं की आवश्यकता पड़ी, उनको संकट में वहां भेज दिया गया । पंजाब से पहले श्री के.पी.एस. गिल असम में थे । अब यहां पंजाब में लगभग तीन वर्ष से कार्यरत हैं । ब्लैक थंडर में सफलता का सेहरा श्री गिल के सिर पर है । श्री संधू ने कहा कि पंजाब में उन्होंने बीस हजार की पुलिस बढ़ाई है । अधिकारियों तथा युवकों के लिए मकान निर्मित कराए । पंजाब में उनकी फोर्स हर समय उग्रवाद को कुचलने के लिए तैयार बैठी है । श्री संधू ने बताया कि इस साल जुनवरी में अब तक जिला लुधियाना में उग्रवादियों के नौ गिरोह पकड़े गए हैं तथा इनके साठ सक्रिय सदस्य पुलिस ने काबू किए हैं । उन्होंने बताया कि जिला लुधियाना में पिछले वर्ष की अपेक्षा अपराध कम हुए हैं । हत्याओं तथा डकैतियों की संख्या में भी कमी आई है ।

राज्यसभा में हंगामा

(पृष्ठ 3 का शेष)

को पूरी तरह अलग करती है ।"

श्री शिवशंकर ने कहा, "आप भारत के उप-राष्ट्रपति हैं और इस हैसियत से राज्यसभा के सभापति हैं । हम आपकी न्याय तथा निष्पक्षता की भावना का पूरी तरह सम्मान करते हैं ।"

उन्होंने कहा कि वे ऐसे किसी विचार या भावना के खिलाफ हैं, जिससे उन पर (डा. शर्मा पर) या राज्यसभा की कार्रवाई चलाने के उनके कार्य पर कोई उंगली उठाई जाए । कांग्रेस (इ) नेता ने डा. शर्मा को आश्वासन दिया कि उनकी पार्टी उन्हें सहयोग देती रहेगी ।

तिवारी को कारण बताओ नोटिस : अखिल भारतीय कांग्रेस (इ) कमेटी ने श्री के.के. तिवारी को राज्यसभा के सभापति के प्रति उनके आचरण के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है । पार्टी के प्रवक्ता श्री एम.जे. अकबर ने कहा कि नोटिस कल रात जारी किया गया ।

कश्मीरी उग्रवादियों ने ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

सरकारी सूत्रों ने बताया कि मीरवायज मौलवी फारूक की हत्या के संबंध में कुछ ठोस सुराग हाथ लगे हैं । हालांकि उनके हत्यारे अभी तक पकड़े नहीं गए हैं लेकिन जांच दल मीरवायज के गार्ड द्वारा दिए गए सुरागों पर गंभीरता से काम कर रहे हैं ।

मीरवायज़ की हत्या की न्यायिक जांच की मांग : कश्मीरी शरणार्थी संघर्ष समिति ने मीरवायज़ मौलवी फारूक की हत्या की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच करवाने की मांग की है ।

सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाईं : उग्रवादियों ने आज श्रीनगर के आंतरिक भाग में एक पुलिस चौकी पर एक ग्रेनेड फैंका लेकिन निशाना चुक जाने के कारण कोई क्षति नहीं हुई । सफाकदल क्षेत्र में उग्रवादियों ने दो स्थानों पर सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाईं । सुरक्षा बलों ने भी जवाब में फायरिंग की । किसी के मरने या घायल होने का समाचार नहीं है ।

जगमोहन दिल्ली पहुंचे : प्रदेश के राज्यपाल श्री जगमोहन आज शाम दिल्ली चले गए । वह वहां पर प्रधानमंत्री तथा अन्य नेताओं को कश्मीर की स्थिति के बारे में अवगत कराएंगे ।

तीन उग्रवादी गिरफ्तार : जम्मू से नि.स. के अनुसार पुलिस ने राजौरी-पुंछ सैक्टर में तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनके पास से तीन पिस्तौल तथा गोली-सिक्का बरामद किया है । गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों में एक का नाम मोहम्मद असलम है । उसने पाकिस्तान में

WANTED DEALERS FOR HIMACHAL
for
SYMPHONY-THE NEW GENERATION AIR COOLERS



WE WISH TO APPOINT STATION—WISE DEALERS IN HIMACHAL PRADESH FOR SALE OF SYMPHONY LATEST AIR COOLERS. INTERESTED PARTIES WITH THEIR FULL PARTICULARS OF EXISTING BUSINESS MAY APPLY OR VISIT PERSONALLY LATEST BY
DISTRIBUTORS FOR HARYANA HIMACHAL & CHANDIGARH.
NORTON MOTORS, NORTON HOUSE, AMBALA CANTT.
PHONE : 21171-23171 TELEX-231-392-NOTN-IN

NORTONS-THE BAJAJ PEOPLE

क्लासीफाइड विज्ञापन

बिकाऊ

हमारे पास 16 गेज, 18 गेज के आईस कैन बिकाऊ हैं । मिलें : शंकर रैफ्रीजिरेशन कार्पोरेशन लधेवाली, होशियारपुर रोड, रामा मंडी, जालंधर ।

आवश्यकता

Wanted Store Keeper, Packer, Power Pressman, Wireman for Transistors, Die Fitter and Car Driver. Contact personally. Cathy Corporation.

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 24.5.90, 56/- without trays, NECC Suggested Retail Price 7/55 Per Dozen.

हकलाना

हकलाना/तुतलाना लाइलाज नहीं । बिना औषधि व सर्जरी के पक्का इलाज कराने हेतु मिलें :—आदर्श स्पीकिंग, इंस्टीच्यूट, जहाज़पुल, हिसार ।

पंजाब में 5 उग्रवादी मरे : 2 परिवारों के 6 सदस्यों सहित 10 लोगों की हत्या

बम विस्फोट से बैंक उड़ा दिया गया : 3.93 लाख रुपये लूट कर ले गए

डेरा बाबा नानक सैक्टर में भारी परिमाण में शस्त्रास्त्र बरामद

चंडीगढ़, 25 मई (प.स., वार्ता): पंजाब में विगत 24 घंटों के दौरान 5 आतंकवादी मारे गए जबकि दो परिवारों के 6 सदस्यों समेत 10 लोगों की हत्याएं हुईं । इस बीच उग्रवादियों ने एक बैंक से 3.93 लाख रुपए लूट लिए तथा जाते समय बैंक बिल्डिंग बमों से उड़ा गए । बी.एस.एफ. ने मुठभेड़ के बाद आतंकवादियों से भारी परिमाण में अत्याधुनिक हथियार व गोली-सिक्का भी पकड़ा है ।

दो परिवारों के छः लोगों की हत्या : दसूहा (ज़ावर): होशियारपुर जिला के दसूहा थाना के अंतर्गत चिपड़ा गांव में कल रात सवा आठ बजे के लगभग ए.के. 47 राइफलों से लैस आतंकवादियों ने सूबेदार स्वर्ण सिंह के तीन बेटों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि आतंकवादी एक घर में ज़बरदस्ती दाखिल हो गए तथा स्वर्ण सिंह से उसके बेटों के बारे में पूछताछ की । जब स्वर्ण सिंह ने बताया कि उसके बेटे ट्रक्बवैल पर हैं तो आतंकवादियों ने वहां जाकर परमजीत सिंह (28), दलजीत सिंह (25) तथा प्रभशरण सिंह (35) की एक लाइन में खड़ा करके गोलियां मार कर हत्या कर दी । परमजीतसिंह आई.जी. बार्डर रेंज, श्री जी.आई.एस. भुल्लर का ड्राइवर था । दलजीत सिंह खेतीबाड़ी और प्रभशरण सिंह पाठ आदि करने का कार्य करता था ।

स्वर्ण सिंह ने बताया कि उसने आतंकवादियों को पहचान लिया था, क्योंकि वे 22 मई की रात को भी आए थे तथा उन्होंने कहा कि वह अपने पुत्र उनके हवाले कर दे । उसने बताया कि जब उसने आतंकवादियों की बात नहीं मानी तो वे सबक सिखाने की धमकी देकर चले गए थे ।

एक अन्य वारदात में कल रात ही आतंकवादियों ने होशियारपुर जिला के टांडा थाना के अधीन गांव भट्टिया में एक घर में घुस कर दर्शन सिंह (70) तथा उसके दो बेटों सुखविन्द्र सिंह (30)) तथा कमलजीत सिंह (28) की गोलियां मार कर हत्या कर दी । आतंकवादियों ने दर्शन सिंह के नौकर बलविंदर सिंह को भी घायल कर दिया । उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है । उसने बताया कि आतंकवादियों ने आते ही घर के बाहर लगे बल्ब को तोड़ दिया और टैलीविजन पर फायरिंग की । सुखविन्द्र सिंह गढ़दीवाल में स्पेयर पार्ट्स की दुकान करता था ।

होशियारपुर से 'वि.प्र.' के अनुसार जिला के पुलिस प्रमुख श्री रविन्द्र सिंह उप्पल ने बताया कि उक्त दोनों वारदातों में आतंकवादियों का एक ही ग्रुप संलिप्त था । आतंकवादियों को पकड़ने के लिए कई गांवों की घेराबंदी करके घर-घर की तलाशियां ली जा रही हैं ।

आतंकवादियों के शरणदाता काबू : बटाला (कोट्ठड़): पुलिस जिला बटाला के प्रमुख श्री जगदीश कुमार ने आज शाम पत्रकारों को बताया कि जिला पुलिस व बी.एस.एफ. ने छापों के दौरान सतनाम सिंह चंगियाड़ा ग्रुप के साथ जुड़े आतंकवादियों को शरण देने व उनकी सहायता करने के आरोप में कश्मीरसिंह तथा उसके दो बेटों लखबीर सिंह व हरमिन्द्र सिंह (गांव मालेवाल) को गिरफ्तार किया है तथा इनसे दो ए.के. 47 राइफलें, एक ए.के. 74 राइफल, एक 303 बोर की राइफल, दो एच.ई. 36 हथगोले, नौ मैगज़ीन तथा 547 कारतूस बरामद किए हैं । इन तीनों की गिरफ्तारी के साथ ही तीन मई को कोटली सूरत मल्ली में सात लोगों, 9 मई को गांव पब्बा राली में पांच बिहारी मज़दूरों, 14 मई को गांव तारुवाली में आठ लोगों की हत्याएं करने तथा दस मई को गांव निक्को सराय स्थित एस.पी.ओ. चौकी से छः सरकारी राइफलें लूटने वाले चंगियाड़ा गिरोह के साथ जुड़े आतंकवादियों का पुलिस ने पता लगा लिया है । उनसे बरामद 303 बोर की एक राइफल गांव निक्को सराय से लूटी गई थी । उक्त तीनों ने पूछताछ के दौरान वारदातें करने वाले आतंकवादियों के नाम तथा पते बता दिए हैं और पुलिस आतंकवादियों के छिपने के ठिकानों पर छापे मार रही है ।

तीन सुरक्षा चौकियों पर हमले : बटाला पुलिस जिला के अधिकृत सूत्रों के अनुसार गत रात्रि आतंकवादियों ने श्रीहरगोबिन्दपुर, घुमान व पंडोरी में स्थापित सुरक्षा चौकियों पर हमले किए । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर आतंकवादी भाग गए ।

डी.एस.पी. के मकान पर हमला : बटाला शहर के डी.एस.पी. के मकान पर आतंकवादियों ने फायरिंग की । वहां तैनात प्रहरियों द्वारा गोलियां चलाए जाने पर आतंकवादी भाग गए । गोलीबारी में कोई घायल नहीं हुआ ।

मां-बेटे की हत्या : अमृतसर (वार्ता): आतंकवादियों ने आज तरनतारन पुलिस जिला के जबंदापुर गांव में एक घर में घुस कर एक महिला हरबंस कौर तथा उसके बेटे कुलबंत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

भारी परिमाण में शस्त्रास्त्र बरामद : अमृतसर से 'सोनी' व 'वार्ता' के अनुसार बी.एस.एफ. ने कल रात डेरा बाबा नानक सैक्टर में भारत-पाक सीमा पर स्थित गांव पंजगराइयां के निकट भारतीय क्षेत्र में घुस रहे आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के बाद भारी मात्रा में हथियार, गोली-सिक्का तथा विस्फोटक सामग्री बरामद की है । उक्त आशय की जानकारी देते हुए अतिरिक्त डी.आई.जी. श्री बी.एस. बिष्ट ने बताया कि पकड़े गए हथियारों में पांच नई प्रकार की सब-मशीनगनें भी हैं, जो ए.के. 47 राइफल की भांति अत्याधुनिक हैं लेकिन उन्हें छिपा कर आसानी से ले जाया जा सकता है ।

श्री बिष्ट ने मुठभेड़ का विवरण देते हुए बताया कि बी.एस.एफ. के जवानों ने डेरा बाबा नानक सैक्टर के गांव पंजगराइयां के निकट सीमा पर नाका लगाया हुआ था कि जवानों ने कुछ आतंकवादियों को सीमा पार कर भारतीय क्षेत्र में घुसते हुए देखा । जवानों ने आतंकवादियों को चुनौती दी तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । नाका पार्टी द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर आतंकवादी हथियार छोड़ कर भाग निकले । पकड़े गए हथियारों में दो ए.के. 74 राइफलें, पांच सब-मशीनगनें, तीन पिस्तौलें, तीन 7.65 एम.एम. पिस्तौलें, 19 पैकेट विस्फोटक, ए.के. 74 के दो मैगज़ीन, सब-मशीनगनों के पांच मैगज़ीन, ए.के. 74 राइफल के 200 राउंड कारतूस, सब-मशीनगन के 490 राउंड कारतूस तथा 7.65 एम.एम. पिस्तौल के 100 राउंड कारतूस शामिल हैं ।

श्री बिष्ट ने बताया कि पांच सब-मशीनगनें पहली बार पकड़ी गई हैं । उन्होंने बताया कि यह हथियार निकट से वार करने पर अत्यधिक घातक साबित होता है और यह ए.के. 47 असाल्ट राइफल से भी अधिक खतरनाक है । इसे पाकिस्तान का कमांडो यूनिट स्पैशल सर्विस ग्रुप (एस.एस.जी.) इस्तेमाल करता है ।

बी.एस.एफ. के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीमा पार से मिली रिपोर्टों के अनुसार एस.एस.जी. गुमराह होकर पाकिस्तान चले गए

(शेष पृष्ठ 8 पर)

सीमैंट का रैक इंजन शैड में उतारने से रेलवे तथा व्यापारियों में गतिरोध : मजदूरों द्वारा हड़ताल

लुधियाना, 25 मई (धीमान): यहां प्रति मास करोड़ों रुपए मूल्य का सीमैंट, खाद, लोहा आदि आता है लेकिन पहली रेलवे अधिकारियों ने 40000 बोरी सीमैंट का रेक माल गोदाम की बजाए इंजन शैड में खली जगह उतार दिया जिसके कारण रेलवे व व्यापारियों के बीच गतिरोध पैदा हो गया है इसके खिलाफ प्रोटैस्ट करने के लिए व्यापारियों, निर्माताओं के प्रतिनिधियों और श्रमिकों ने अचानक हड़ताल आरम्भ कर दी, जो आज तीसरे दिन में प्रवेश कर गई । कल दोपहर बाद खाद डीलर व दूसरे व्यापारी भी हड़ताल में शामिल हो गए । सीमैंट व कोयला डीलरों द्वारा इसके समर्थन में किसी भी समय हड़ताल में शामिल होने की संभावना है । इस हड़ताल के कारण लगभग 2 करोड़ रुपए मूल्य का सीमैंट, खाद व दूसरे सामान के रेक वहां जमा हो गए हैं । यह खतरा पैदा हो गया है कि इस गतिरोध के कारण सरकार के विकास प्राजैक्ट व प्राइवेट व सरकारी भवनों का निर्माण बिल्कुल ठप्प हो सकता है और खाद न मिलने के कारण हजारों किसानों को हानि हो सकती है ।

जिला सीमैंट डीलर्ज संघ के प्रधान श्री अनिल थापर ने कल उत्तरी रेलवे महाप्रबंधक, राज्यपाल व दूसरे संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन भेजा है कि उनको मजबूर होकर हड़ताल करनी पड़ी क्योंकि इंजन शैड में न कोई छत है, न ही प्लेटफार्म, न ही कोई सुरक्षा का प्रबन्ध है । किसी हानि की सूरत में रेलवे जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं । इंजन शैड में



लुधियाना में सीमैंट रेक माल गोदाम में न लगाए जाने के विरुद्ध की गई व्यापारियों व मज़दूरों की हड़ताल शुक्रवार को तीसरे दिन में दाखिल हो गई । मज़दूर माल गोदाम के बाहर ज़बरदस्त प्रदर्शन करते हुए । (छाया : धीमान)

रेक से सीधा ट्रकों पर माल नहीं उतारा जा सकता, इसके अतिरिक्त रेलवे के हर्जाने की रकम 4 गुणा

(शेष पृष्ठ 8 पर)



सीटू के आठवें वार्षिक सम्मेलन जो लुधियाना में हो रहा है, में (1) श्री विजय कुमार मिश्रा, कम्युनिस्ट नेता हरकिशन सिंह सुरजीत को चंडीगढ़ में बनाए जा रहे कर्म सिंह चीमा भवन के लिए 51000 रुपए की थैली भेंट करते हुए, (2) श्री सुरजीत सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए, मंच पर सीटू के नेता बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं, (3) सम्मेलन में भाग लेने आए लोग । (छाया : कम्बोज)

पंजाब का दुर्भाग्य है कि पंजाबियों की भावनाओं को शांत करने को

Punjabi Sahara

पाल

दिया

या–अडवानी

युक्त

ा । श्री जगमोहन की
डा. फारूक अब्दुल्ला ने
ीफा दे दिया । इसके
ेंद्र से सलाह-मशविरा
ंग कर दिया ।
यह माना जा रहा है कि
जगमोहन की कड़ी
के प्रभाव को कायम
उनके आलोचकों का
ाई से स्थानीय लोग
गए थे ।
ामोहन महसूस करते हैं
प में अपने नजरिये से
निर्वाह किया । वह यह
वजह से वह विवादग्रस्त

ी कहा कि यदि उनके
य के लोगों को राष्ट्रीय
आ रही हैं तो वह अपने
ो जाना पसंद करते हैं ।
स बुलाने के विरोध-
ने सरकार की कश्मीर
ति से अपने-आप को
कश्मीर मामलों की
ा के महासचिव केदार
होंने आज प्रधानमंत्री को
त्यागपत्र दे दिया ।
र केंद्र सरकार के बुलावे
यहां पहुंचे और आज
ईद से मिले । सरकारी
गपत्र की खबर पर कुछ
।
ालकृष्ण अडवानी ने
कि उन्होंने प्रधानमंत्री
ति पार्टी की अप्रसन्नता
भाजपा सांसद लोकसभा
हेगड़े की मृत्यु के कारण
ोने के पश्चात यहां संसद
में इस स्थिति पर
ए एकत्र हुए थे ।
क पार्टी की ओर से वह
ठ 8 पर)

ां में निर्दलीय

ंतोख लाल

हैं ?

ोष): क्या दड़बाकलां में
तोख लाल जख्मी जीवित
याणा के भूतपूर्व मंत्री श्री
चुनावायुक्त श्री आर.पी.
पूछा है कि वे कृपया यह









भारत-पाक सीमा पर डेरा बाबा नानक सैक्टर के गांव पंज गराइयां के निकट बी.एस.एफ ने मुठभेड़ के बाद आतंकवादियों से अत्याधुनिक हथियार बरामद किए । फोटो में (1) बी.एस.एफ. के अधिकारी हथियारों का निरीक्षण करते हुए (2) ए.के. 74 राइफलें (3) सब मशीनगन (4) विशेष किस्म की पिस्तौलें व गोली सिक्का । (छाया : रवि भंडारी)

चौटाला सहित 22 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला आज

चंडीगढ़, 25 मई (वार्ता): हरियाणा विधानसभा के दड़बाकलां और अम्बाला छावनी निर्वाचन क्षेत्रों में उप-चुनाव के लिए कल होने वाले मतदान की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं ।

निर्वाचन आयुक्त आर.पी. भल्ला और आयोग के मुख्य सचिव के.सी. साहा को सिरसा में मौजूद रहने का निर्देश दिया है । निर्वाचन आयोग ने मतदान की देखरेख के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों के रूप में केंद्र

पंजाब में 5 उग्रवादी मरे
के 6 सदस्यों सहित 10 लो

बम विस्फोट से बैंक उड़ा दिया गया : 3.93 ला

डेरा बाबा नानक सैक्टर में भारी परिमाण

चंडीगढ़, 25 मई (प.स. वार्ता): पंजाब में विगत 24 घंटों के दौरान 5 आतंकवादी मारे गए जबकि दो परिवारों के 6 सदस्यों समेत 10 लोगों की हत्याएं हुई । इस बीच उग्रवादियों ने एक बैंक से 3.93 लाख रुपए लूट लिए तथा जाते समय बैंक बिल्डिंग बमों से उड़ा गए । बी.एस.एफ. ने मुठभेड़ के बाद आतंकवादियों से भारी परिमाण में अत्याधुनिक हथियार व गोली-सिक्का भी पकड़ा है ।

दो परिवारों के छः लोगों की हत्या : दसूहा (झावर): होशियारपुर जिला के दसूहा थाना के अंतर्गत चिपड़ा गांव में कल रात सवा आठ बजे के लगभग एक.के. 47 राइफलों से लैस आतंकवादियों ने सूबेदार स्वर्ण सिंह के तीन बेटों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि आतंकवादी एक घर में जबरदस्ती दाखिल हो गए तथा स्वर्ण सिंह से उसके बेटों के बारे में पूछताछ की । जब स्वर्ण सिंह ने बताया कि उसके बेटे ट्यूबवैल पर हैं तो आतंकवादियों ने वहां जाकर परमजीत सिंह (28), दलजीत सिंह (25) तथा प्रभशरण सिंह (35) की एक लाइन में खड़ा करके गोलियां मार कर हत्या कर दी । परमजीतसिंह आई.जी. बार्डर रेंज, श्री जी.आई.एस. भुल्लर का ड्राइवर था । दलजीत सिंह खेतीबाड़ी और प्रभशरण सिंह पाठ आदि करने का कार्य करता था ।

स्वर्ण सिंह ने बताया कि उसने आतंकवादियों को पहचान लिया था, क्योंकि वे 22 मई की रात को भी आए थे तथा उन्होंने कहा कि वह अपने पुत्र उनके हवाले कर दे । उसने बताया कि जब उसने आतंकवादियों की बात नहीं मानी तो वे सबक सिखाने की धमकी देकर चले गए थे ।

एक अन्य वारदात में कल रात ही आतंकवादियों ने होशियारपुर जिला के टांडा थाना के अधीन गांव भट्टियां में एक घर में घुस कर दर्शन सिंह (70) तथा उसके दो बेटों सुखविन्द्र सिंह (30)) तथा कमलजीत सिंह (28) की गोलियां मार कर हत्या कर दी । आतंकवादियों ने दर्शन सिंह के नौकर बलविंदर सिंह को भी घायल कर दिया । उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है । उसने बताया कि आतंकवादियों ने आते ही घर के बाहर लगे बल्ब को तोड़ दिया और टैलीविजन पर फायरिंग की । सुखविन्द्र सिंह गढ़दीवाल में स्पेयर पार्ट्स की दुकान करता था ।

होशियारपुर से 'वि.प्र.' के अनुसार जिला के पुलिस प्रमुख श्री रविन्द्र सिंह उप्पल ने बताया कि उक्त दोनों वारदातों में आतंकवादियों का एक ही गुट संलिप्त था । आतंकवादियों को पकड़ने के लिए कई गांवों की घेराबंदी करके घर-घर की तलाशियां ली जा रही हैं ।

आतंकवादियों के शरणदाता काबू : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के प्रमुख श्री जगदीश कुमार ने आज शाम पत्रकारों को बताया कि जिला पुलिस व बी.एस.एफ. ने छापों के दौरान सतनाम सिंह चंगियाड़ा ग्रुप के साथ जुड़े आतंकवादियों को शरण देने व उनकी सहायता करने के आरोप में कश्मीरसिंह तथा उसके दो बेटों लखबीर सिंह व हरमिन्द्र सिंह (गांव मालेवाल) को गिरफ्तार किया है तथा इनसे दो ए.के. 47 राइफलें,

आतंकवादियों ने श्रीहरगोबिन्दपुर, घुमान व पंडोरी में स्थापित सुरक्षा चौकियों पर हमले किए । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर आतंकवादी भाग गए ।

डी.एस.पी. के मकान पर हमला : बटाला शहर के डी.एस.पी. के मकान पर आतंकवादियों ने फायरिंग की । वहां तैनात प्रहरियों द्वारा गोलियां चलाए जाने पर आतंकवादी भाग गए । गोलीबारी में कोई घायल नहीं हुआ ।

मां-बेटे की हत्या : अमृतसर (वार्ता): आतंकवादियों ने आज तरनतारन पुलिस जिला के जवंदापुर गांव में एक घर में घुस कर एक महिला हरबंस कौर तथा उसके बेटे कुलवंत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

भारी परिमाण में शस्त्रास्त्र बरामद : अमृतसर से 'सोनी' व 'वार्ता' के अनुसार बी.एस.एफ. ने कल रात डेरा बाबा नानक सैक्टर में भारत-पाक सीमा पर स्थित गांव पंजगराइयां के निकट भारतीय क्षेत्र में घुस रहे आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के बाद भारी मात्रा में हथियार, गोली-सिक्का तथा विस्फोटक सामग्री बरामद की है । उक्त आशय की जानकारी देते हुए अतिरिक्त डी.आई.जी. श्री बी.एस. बिष्ट ने बताया कि पकड़े गए हथियारों में पांच नई प्रकार की सब-मशीनगनें भी हैं, जो ए.के. 47 राइफल की भांति अत्याधुनिक हैं लेकिन उन्हें छिपा कर आसानी से ले जाया जा सकता है ।

सीमैंट का रैक इंजन शैड
व्यापारियों में गतिरोध

लुधियाना, 25 मई (धीमान): यहां प्रति मास करोड़ों रुपए मूल्य का सीमैंट, खाद, लोहा आदि आता है लेकिन परसों रेलवे अधिकारियों ने 40000 बोरी सीमैंट का रेक माल गोदाम की बजाए इंजन शैड में खुली जगह उतार दिया जिसके कारण रेलवे व व्यापारियों के बीच गतिरोध पैदा हो गया है इसके खिलाफ प्रोटैस्ट करने के लिए व्यापारियों, निर्माताओं के प्रतिनिधियों और श्रमिकों ने अचानक हड़ताल आरम्भ कर दी, जो आज तीसरे दिन में प्रवेश कर गई । कल दोपहर बाद खाद डीलर व दूसरे व्यापारी भी हड़ताल में शामिल हो गए । सीमैंट व कोयला डीलरों द्वारा इसके समर्थन में किसी भी समय हड़ताल में शामिल होने की संभावना है । इस हड़ताल के कारण लगभग 2 करोड़ रुपए मूल्य का सीमैंट, खाद व दूसरे सामान के रेक वहां जमा हो गए हैं । यह खतरा पैदा हो गया है कि इस गतिरोध के कारण सरकार के विकास प्राजैक्ट व प्राइवेट व सरकारी भवनों का निर्माण बिल्कुल ठप्प हो सकता है और खाद न मिलने के कारण हजारों किसानों को हानि हो सकती है ।

जिला सीमैंट डीलर्स संघ के प्रधान श्री अनिल थापर ने कल उत्तरी रेलवे महाप्रबंधक, राज्यपाल व

Punjabi Sanchal

पंजाब में उग्रवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

सिख युवकों को हथियार चलाने की ट्रेनिंग देता है । उक्त अधिकारी के अनुसार तीन किलोग्राम वज़न की यह सब-मशीनगन 200 मीटर तक मार कर सकती है तथा इससे 700 राऊंड प्रति मिनट गोलियां दागी जा सकती हैं । ए.के. 47 में 600 राऊंड प्रति मिनट गोलियां दागने की क्षमता है । यह हथियार शहरों में वारदातें करने में सहायक सिद्ध हो सकता है । इसमें साइलैंसर भी लगाया जा सकता है ।

अधिकारी ने बताया कि भारत व पाक में वर्तमान तनाव को देखते हुए विघटनकारियों द्वारा पंजाब के आतंकवादियों को भारतीय सेना के सभी रैंकों की वर्दियां उपलब्ध कराई गई हैं । दोनों देशों के बीच युद्ध होने की स्थिति में सब-मशीनगनों से लैस व सेना की वर्दियां पहने आतंकवादी आसानी से न केवल आम नागरिकों को अपना निशाना बना सकते हैं बल्कि पुल उड़ाने व रेल लाइनें तोड़ने के अतिरिक्त संचार व्यवस्था में भी विघ्न डाल सकते हैं ।

अधिकारी ने बताया कि आशंका है कि आतंकवादी अगले कुछ दिनों या महीनों में शहरी क्षेत्रों में हमले करेंगे तथा एक ही समुदाय के लोगों की हत्याएं करेंगे ताकि साम्प्रदायिक तनाव पैदा हो । इसके लिए उनके पास विस्फोटकों का व्यापक भण्डार है ।

डाक्टर आतंकवादियों के चंगुल से भागा : छह आतंकवादियों ने अमृतसर जिला में बुटाला के निकट से कल दोपहर एक डाक्टर के अपहरण का प्रयास किया । उक्त डाक्टर, जो कि आतंकवादियों के चंगुल से बच कर भाग निकला, ने पत्रकारों को बताया कि कल दोपहर 4 बजे के लगभग आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर कार रोक कर उनका तथा उनके ड्राइवर बलजीत सिंह का अपहरण कर लिया । उक्त डाक्टर ने बताया कि हम दोनों को बंधक बना कर रखने के लिए आतंकवादी कार में उपयुक्त स्थान की तलाशी में तीन गांवों में गए । इस बीच जब एक मोड़ पर कार धीमी हुई तो मैंने कार से छलांग लगा दी । आतंकवादी कार तथा ड्राइवर समेत भाग गए । अभी तक इस वारदात के सम्बन्ध में कोई सुराग नहीं मिला । उक्त डाक्टर लुधियाना से अमृतसर लौट रहा था ।

बिजली बोर्ड कार्यालय लूटा : आतंकवादियों ने आज दोपहर तरनतारन पुलिस जिला के सरहाली क्षेत्र में स्थित बिजली बोर्ड कार्यालय से 38,384 रुपए लूट लिए ।

दुर्दांत आतंकवादी मरा : बरनाला (सिंधवानी): आज प्रातः 5 बजे यहां से 15 कि.मी. दूर गांव काटो में एक कुख्यात आतंकवादी जग्गा सिंह रामदासिया को तीन अज्ञात लोगों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि मृतक जब निकटवर्ती एक ट्यूबवैल पर नहाने जा रहा था तो उसे घेर कर गोलियों से भून दिया गया । मृतक बरनाला हत्या कांड, लौंगोवाल आदि की हत्याओं तथा लूट मार की अनेक वारदातों में संलिप्त था और गिरफ्तार कर लिया गया था । इन दिनों वह जमानत पर आया हुआ था ।

पुलिस ने केस दर्ज करके अभियुक्तों की तलाश शुरू कर दी है । ख्याल किया जाता है कि यह आतंकवादियों की आपसी दुश्मनी का मामला है ।

दो आतंकवादियों ने जहर खाया : पटियाला (भूषण): जिला के रोड़ेवाल गांव के निकट आज दो आतंकवादियों ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली । आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार प्रातः साढ़े ग्यारह बजे के लगभग पुलिस की नाका पार्टी ने बिना नम्बर के स्कूटर पर आ रहे दो लोगों को रुकने का संकेत किया तो उन्होंने भागने का प्रयास किया । पुलिस ने उनका पीछा किया । पुलिस द्वारा घेर लिए जाने पर उक्त दोनों आतंकवादियों ने सायनाइड के कैप्सूल खा लिए । एक मृतक की पहचान बलदेव सिंह, जोकि हरियाणा का रहने वाला है, के रूप में हुई है । दूसरे आतंकवादी की अभी तक पहचान नहीं हो सकी ।

मुठभेड़ का विवरण : पटियाला (भूषण): अम्बाला के नजदीक पंजखेड़ा गांव में केनरा बैंक डकैती कांड में गनमैन से मुकाबले के दौरान जो तीसरा दोषी भाग गया था, गत मध्य रात्रि को पटियाला जिला में लालड़ू के नजदीक बीर खोखरां गांव में पटियाला पुलिस के साथ मुकाबले में मारा गया ।

उच्च पुलिस निरीक्षक श्री एस.के. शर्मा के अनुसार अम्बाला और पटियाला जिलों के पुलिस बल उसका पीछा कर रहे थे । पटियाला पुलिस के इन्स्पैक्टर श्री एस.आर. ग्रेवाल ने बीर खोखरां में उनका पीछा किया । इस मुकाबले में दोषी मारा गया, जिसके पास से एक ए.के. 47 राइफल बरामद हुई ।

उच्च पुलिस निरीक्षक के अनुसार मारे गए आतंकवादी की पहचान अमरजीत सिंह के नाम से की गई है जो पंजाबी विश्वविद्यालय में एम.ए. अर्थ शास्त्र का विद्यार्थी था ।

उन्होंने कहा कि पुलिस कुछ संदिग्ध विद्यार्थियों पर नजर रखे थी जो अपराध करके विश्वविद्यालय में आश्रय लेते थे । कुछ ऐसे भी समाचार थे कि विश्वविद्यालय होस्टलों के कुछ वार्डन भी ऐसे युवकों को आश्रय दे रहे थे । इन समाचारों की जांच की जा रही है और यदि कोई भी इसमें दोषी पाया गया तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।

दो लोगों की हत्या : पटियाला से 'वार्ता' के अनुसार स्कूटर पर सवार 2 आतंकवादियों ने आज दोपहर बाद पटियाला शहर में सरहिन्द रोड पर दो वृद्ध लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी । हत्यारों की व्यापक तलाश की जा रही है ।

मुठभेड़ में एक आतंकवादी मरा : फिरोजपुर (कन्तोड़): जिला के लोहारा गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में कल रात 12.25 बजे के लगभग एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया । घटनास्थल से एक राइफल तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं । मृतक के 2 साथी भाग निकलने में सफल हो गए ।

मुठभेड़ में एक और आतंकवादी मरा : लुधियाना (मुसाफिर): थाना सदर के बेट क्षेत्र के गांव कुड़पावाला में सुरक्षा कर्मियों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । बताया जाता है कि सुरक्षा कर्मी गांव में एक मकान की तलाशी लेने गए तो भीतर से एक आतंकवादी निकल कर भागा । इस बीच एक पुलिस कर्मी ने उसे दबोच लिया । उक्त आतंकवादी ने पुलिस कर्मी को गोली मार कर घायल करने के बाद भागने का प्रयास किया । सुरक्षा कर्मियों द्वारा फायरिंग करने पर उक्त आतंकवादी मारा गया । उसका एक और साथी, जो मकान में छिपा हुआ था, भाग निकलने में सफल रहा ।



आतंकवादियों ने वीरवार रात को होशियारपुर जिला के दो गांवों में 6 लोगों की गोलियां मारकर हत्या कर दी । फोटो में चिपड़ा गांव में मरे (1) परम जीत सिंह (2) दलजीत सिंह, (3) प्रभशरण सिंह के शव; (4) भट्टियां गांव में मरने वाले दर्शन सिंह, (5) कमलजीत सिंह, (6) सुखमिन्द्र सिंह के शव । (छाया : झावर)



अम्बाला से 8 कि.मी. दूर पंजोखड़ा साहिब में केनरा बैंक को लूटने आये 3 उग्रवादियों में से एक का शव, जो बैंक के गनमैन के हाथों मारा गया था । (छाया : राठौर)

पुलिस कर्मियों पर हमला : लुधियाना (धीमान): सूचना मिली है कि यहां से 28 किलोमीटर दूर गांव पखोवाल में 3 आतंकवादियों ने आधी रात के समय पुलिस की गश्ती टुकड़ी पर फायरिंग की । जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई । दोनों ओर से कोई भी घायल नहीं हुआ । आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठा कर भाग निकले ।

उग्रवादी बैंक से रुपये ले गए, बिल्डिंग बम से उड़ा गए : मोगा से 'आज़ाद' के अनुसार कल रात थाना मेहणा के गांव ढुडीके में आतंकवादियों ने पंजाब नैशनल बैंक की शाखा से 3.93 लाख रुपया लूट लिया तथा जाते समय आतंकवादी बमों से बैंक बिल्डिंग को तबाह कर गए । प्राप्त विवरण के अनुसार रात डेढ़ बजे के लगभग आतंकवादी बैंक का मेन दरवाज़ा तोड़ कर भीतर घुस गए । इसके बाद उन्होंने स्ट्रांग रूम का दरवाज़ा तोड़ कर 3.93 लाख रुपये निकाल लिए । जाते समय वे बैंक में तीन टाईम बम फिट कर गये । बम विस्फोट से बैंक की बिल्डिंग तबाह हो गई तथा सारा रिकार्ड नष्ट हो गया ।

एक व्यक्ति जख्मी : मुक्तसर से 'दीपक-दर्दी' के अनुसार कल रात आतंकवादियों ने शहर के बाहरवर्ती क्षेत्र में खेतों में सो रहे एक व्यक्ति जागीर सिंह (75) को गोली मार कर घायल कर दिया । उसकी हालत नाजुक बताई जाती है ।

हत्यारों की शिनाख्त : पटियाला पुलिस ने बनूड़ कांग्रेस (इ) अध्यक्ष श्री शांति स्वरूप के हत्यारों का पता लगा लिया है । जिला के पुलिस प्रमुख श्री एस.के. शर्मा ने उक्त आशय की जानकारी दी ।

उन्होंने बताया कि श्री शांति स्वरूप को गनमैन देने की पेशकश की गई थी, लेकिन उन्होंने गनमैन लेने से इंकार कर दिया । श्री शर्मा ने कहा कि यह निर्णय लिया गया है कि जिले में निषेधाज्ञा का कड़ाई से पालन किया जाए ।

अबुधाबी (ABU DHABI) के लिए जरूरत है

अल हबतुर कम्पनी को दुबई/अबुधाबी के लिए जरूरत है

150 मेसन्ज/राज मिस्त्री

150 जोड़ी पल्ला/शटरिंग/फर्नीचर कारपैंटर

100 हैल्पर (लेबर)

इंटरव्यू जारी है, कृपया अपने औजारों, पासपोर्ट के साथ तुरन्त मिलें ।

रॉकी इंटरनैशनल एम्पलायमैंट ब्यूरो

781/A, मोता सिंह मार्किट, नजदीक प्रकाश स्वीट शाप, नजदीक बस स्टैंड, जालन्धर शहर

नोट : वीजा तैयार है । चुने गए व्यक्ति दो दिन में चले जाएंगे ।

सुनहरी मौका

नगरपालिका अम्बाला नगर प्रस्तुत करती है

रिहायशी व व्यापारिक प्लाट

पालिका विहार/बलदेव नगर कैम्प में । नीलामी 31.5.90 को प्रातः 11 बजे

स्थान : कार्यालय नगरपालिका, अम्बाला शहर

ब्यौरा

स्थान	प्लाटों की संख्या	क्षेत्रफल
बलदेव नगर कैम्प	7 रिहायशी प्लाट	लगभग 200 वर्गगज
बलदेव नगर कैम्प	3 व्यापारिक प्लाट	500

दुर्दांत आतंकवादी जानदार सहित 3 उग्रवादियों द्वारा विष खा कर आत्महत्या : 3 गुट संघर्ष में मरे

एक ही परिवार के 3 सदस्यों, इंजीनियर सहित 10 की हत्या

चंडीगढ़, 26 मई (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान तीन आतंकवादियों की उनके साथियों द्वारा हत्या कर दी गई, जबकि दुर्दांत आतंकवादी जंदर उर्फ जानदार सहित तीन आतंकवादियों ने सायनाइड खा कर आत्महत्या कर ली । इस बीच विभिन्न घटनाओं में बिजली बोर्ड के एक इंजीनियर सहित 10 लोगों की हत्या कर दी गई ।

2 लाशें मिलीं : मजीठा पुलिस जिले में राजधन गांव के निकट एक अज्ञात व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी गई । उसकी गोलियों से छलनी लाश आज सुबह बरामद हुई है ।

मजीठा पुलिस जिले में ही बडाला गांव के निकट आज सुबह गोलियों से छलनी एक लाश मिली है, जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

पुलिस के अनुसार अमृतसर जिले में चार आतंकवादी गिरफ्तार किये गये ।

पेड़ से लटकती लाश : अमृतसर-तरनतारन रोड पर सुल्तान विंड के निकट आज प्रातः एक पेड़ से लटकती हुई लाश मिली है । मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है ।

15,000 लूटे : आतंकवादियों ने आज सुबह अमृतसर शहर में कचहरी रोड पर स्थित एक गैस एजैंसी से 15000 रुपए लूट लिए ।

27,000 के जेवर लूटे : अमृतसर शहर के ही एक अन्य इलाके न्यू प्रताप नगर में एक घर से 27000 रुपए मूल्य के स्वर्ण आभूषण लूट लिए गए ।

'पंथ की सेवा के लिए' : अमृतसर से नारंग के अनुसार शहर की प्रतिष्ठित एवं मशहूर मिठाई की दुकान वालों ने कपड़े का एक कारखाना बटाला रोड बाईपास पर खोला है । इसमें तीन भागीदार हैं । परसों सायं 5 बजे 6 आतंकवादी असाल्टों सहित वहां आए । मालिक मौजूद नहीं थे । इस लिए वे उनके आफिस में बैठ गए । मालिक थोड़ी देर बाद आ गए । आतंकवादियों ने 'पंथ की सेवा' के लिए 10 लाख रुपया मांगा । मालिक घबराए । पैसा पास न होने की बात कही । आतंकवादियों ने कहा, "हम यहां बैठे हैं—पैसे ले आओ ।" एक हिन्दू भागीदार को अपने पास बिठा लिया । दोनों दूसरे सिख मालिक रकम इकट्ठी करने शहर गए । 7 लाख 50 हजार रुपए इकट्ठा करके लाए । आतंकवादियों को दिया । अपने भागीदार को छुड़ाया । 2 लाख 50 हजार रुपए अगले महीने देने का वायदा किया । आतंकवादी 7.50 लाख रुपया लेकर चले गए । इसी तरह का एक और केस तरनतारन रोड पर हुआ है । विवरण नहीं मिल सके हैं ।

दुर्दांत आतंकवादी जंदर द्वारा आत्महत्या : खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के स्वयंभू लै. जनरल दुर्दांत आतंकवादी कश्मीर सिंह जंदर उर्फ जानदार ने आज रात तरनतारन पुलिस जिले में आत्महत्या कर ली । पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने कहा कि कश्मीर सिंह जानदार लगभग एक सौ हत्याओं के लिए जिम्मेदार था । आज रात तरनतारन पुलिस जिले में झब्बाल गांव के निकट पुलिस द्वारा घेर लिए जाने पर उसने सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली । उसके सिर पर 50,000 रुपए का इनाम था ।

हीरो होंडा छीन लिया : अमृतसर से वर्मा के अनुसार गत दिवस चार उग्रवादी कोट खालसा के नजदीक एक मकान में दाखिल होकर एक व्यक्ति अशोक कुमार की हीरो होंडा मोटर साइकल धमकी देकर ले उड़े तथा जाते समय कह गए कि वह हीरो होंडा दो दिनों के पश्चात यहां पर ही वापस दे जाएंगे, वह पुलिस को रिपोर्ट न करें ।

खंडन : पटियाला (भाषण): आज विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित यह समाचार कि सरहिन्द रोड पर कल सुबह दो वृद्ध व्यक्तियों की हत्या कर दी गई पूर्णतः गलत है । ऐसी कोई घटना नहीं हुई है ।

मृतक 'एरिया कमांडर' था : इस बीच शुक्रवार को चलेला गांव के निकट पुलिस द्वारा घेरे जाने पर जिन दो आतंकवादियों ने सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली थी, उनकी शिनाख्त कर ली गई है । उनमें से एक का नाम बलदेव सिंह पुत्र सुरता सिंह गांव बरेटा थाना सदर, कैथल (हरियाणा) तथा दूसरे का नाम मेजर सिंह पुत्र करनैल सिंह गांव कमालपुर, थाना सामाना जिला पटियाला है ।

मेजर सिंह भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान का एरिया कमांडर था तथा सामाना ब्लाक इका अध्यक्ष कैप्टन सुरेंद्र सिंह की हत्या,

(शेष पृष्ठ 8 पर)

चाहल व संघा के अलग होने से उग्रवादियों के नए गठबंधन सम्भावित

नई दिल्ली, 26 मई (जी.एस. चावला): सरकारी क्षेत्रों में यह आशा प्रकट की जा रही है कि पंजाब में सक्रिय उग्रवादी गिरोहों की अपनी आंतरिक राजनीति के कारण इन गिरोहों के नए गठबंधन उभरेंगे ।

सरकार की इन अपेक्षाओं का यह आधार वह रिपोर्ट है, जिनमें कहा गया है कि पंथक कमेटी का नेता गुरबचन सिंह मानोचाहल, जो पाकिस्तान से अपनी गतिविधियां संचालित कर रहा है तथा भिंडरांवाला टाइगर फोर्स के प्रमुख सुखविन्दर सिंह संघा एक-दूसरे से अलग हो गये हैं । संघा मानोचाहल का अत्यन्त निकटवर्ती समझा जाता था परन्तु अब इन दोनों में गम्भीर मतभेद पैदा हो गए हैं । दो अन्य प्रमुख उग्रवादी ग्रुप, जिनमें एक अन्य पंथक कमेटी के नेता डा. सोहन सिंह के नेतृत्व वाला गुट है तथा दूसरा गुरजंट सिंह राजस्थानी के नेतृत्व वाला ग्रुप है, संघा को अपनी ओर करने के प्रयास में हैं ।

डा. सोहन सिंह का रणजीत सिंह पंजवड़ के नेतृत्व वाले खालिस्तान कमांडो फोर्स, सुखदेव सिंह के नेतृत्व वाले बब्बरों, गुरजंट सिंह बुधवाला के नेतृत्व वाले खालिस्तान लिबरेशन फोर्स तथा दलजीत सिंह बिट्टू वाली सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन पर नियंत्रण है । सरकार को प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 75 प्रतिशत हत्याएं डा. सोहन सिंह के नेतृत्व में काम करने वाले ये तीनों ही उग्रवादी संगठन करते हैं ।

गुरजंट सिंह राजस्थानी तथा गुरनाम सिंह बंडाला आदि के ग्रुप दमदमी टकसाल के मोहकम

(शेष पृष्ठ 8 पर)

जगमोहन को हटाने के विरोध में जम्मू में पूर्ण बंद, हड़ताल व प्रदर्शन :

Punjabi Sahitya

क्षेत्रों में आतंकवादियों की समानांतर सरकार भी चलती है ।

उन्होंने कहा कि पंजाब का दौरा करने वाले सांसद अगले सप्ताह प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह से भेंट करके उन्हें वहां की स्थिति से अवगत कराएंगे । आतंकवादियों ने इस समय हरिजनों पर हमला करने का नया काम शुरू किया है । आमतौर पर ये वे हरिजन हैं, जिन्हें आतंकवादियों ने गुमराह करके अपने साथ मिला लिया था और अब ये लोग उनकी असलियत जानने के बाद उनसे अलग हो गए हैं ।

श्री शर्मा ने बताया कि पंजाब में हिंदी और संस्कृत पढ़ने तथा पढ़ाने वालों पर भी हमले किए जा रहे हैं । भाजपा के पंजाब से लौटे संसदीय दल ने ग्यारह सूत्री सुझाव दिया है, जिनमें तुरन्त कठोर कदम उठाना, विधानसभा के चुनाव की चर्चा बंद करके 'पहले शांति फिर चुनाव' की नीति अपनाना, भारत-पाक सीमा पर सुरक्षा पट्टी बना कर सीमा सील करना, पंजाब पुलिस में भर्ती हो चुके संदिग्ध लोगों की जांच करना और उन्हें बाहर निकालना, गुप्तचर प्रणाली को चुस्त-दुरुस्त बनाना, आत्मरक्षा के लिए नागरिकों को हथियार देना आदि सुझाव शामिल हैं ।

जन्म भूमि विवाद पर जनमत संग्रह की मांग : पार्टी ने कहा है कि अगर राम जन्म भूमि का मामला आम सहमति और कानूनी फैसले से हो सके तो इसके लिए देशभर में 'जनमत संग्रह' कराया जाए । श्री कृष्ण लाल शर्मा ने कहा कि हाल ही में वामपंथी दलों और कांग्रेस (इ) ने जो तथाकथित साम्प्रदायिकता विरोधी सम्मेलन किया है, वह राम जन्म भूमि विवाद को सुलझाने के लिए प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के प्रयासों को भी अवरुद्ध करेगा । इस सम्मेलन से यह समस्या और अधिक जटिल होगी ।

उग्रवादियों के नए गठबन्धन

(पृष्ठ 3 का शेष)

सिंह का समर्थन करते हैं । अकाली दल (मान) के नेता सिमरनजीत सिंह मान के प्रति दमदमी टकसाल तथा टकसाल का समर्थन करने वाले ग्रुपों की सहानुभूति है । अगर यह ग्रुप सुखबिन्दर सिंह संघा को अपनी ओर कर लेने में सफल हो जाते हैं तो फिर इन ग्रुपों में एक संतुलन हो सकता है तथा सिमरनजीत सिंह मान अपनी स्थिति मज़बूत करने की स्थिति में हो सकते हैं ।

इस बीच सरकारी क्षेत्रों में पंजाब में हिंसा की बढ़ रही घटनाओं के प्रति चिन्ता प्रकट की जा रही है । पंजाब सरकार को कुछ समय पूर्व स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह छूट दी गई थी लेकिन प्रशासन स्थिति में सुधार नहीं ला सका । हिंसा में वृद्धि के साथ-साथ सीमावर्ती जिलों से लोगों का पलायन पुनः शुरू हो गया है ।

लुधियाना में गुरुपर्व का जलूस

लुधियाना, 26 मई (मुसाफिर): गुरु अर्जुन देव के शहीदी गुरुपर्व के सम्बन्ध में आज यहां एक शानदार जलूस निकाला गया । जलूस गुरुद्वारा कलगीधर सिंह सभा से शुरू हुआ । जलूस में अकाली दल (ब) शहरी के प्रधान अमरजीत सिंह भाटिया, ठेकेदार सुर्जन सिंह, बीबी कुलदीप कौर और अन्य शामिल थे । इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से भारी सुरक्षा प्रबन्ध किए गए थे ।

पुण्य तिथि पर जोड़ मेला

जालन्धर, 26 मई : संत बाबा ओंकार नाथ काला बाहियां की चतुर्थ पुण्य तिथि पर जोड़ मेला 30 मई को गांव काला बाहियां थाना करतारपुर जिला जालन्धर में उनके डेरे पर बड़ी धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है ।

नीम हकीमों से सावधान !

इधर-उधर भटक कर गुमराह न हों । निराश रोगी **आनंदमय जीवन**, तंदरुस्ती, कील- मुहांसे, छाइया, गंजापन, सीकरी, झड़ते बाल, गैस, टैन्शन, पेशाब, गर्मी, अलर्जी व अन्य स्त्री- पुरुष रोगों के **हरबल इलाज** के लिए विश्व-प्रसिद्ध **डा. धीर (BAMS, ARSM, LONDON)** से हर रोज़ मिलें/लिखें : **धी-श्री हैल्थ क्लीनिक**, 2-नेहरू केंद्र, फिरोज़ गांधी मार्केट (निकट भाईबाला चौक), **लुधियाना-1** (फोन : 30500) ।

मौन पालन के लिए सुनहरी अवसर

सरकारी ऋण तथा साझेदारी की सुविधा के साथ हिन्दुस्तान के सबसे बड़े मौन पालन संस्थान द्वारा पूर्ण विवरण के लिए 2 रुपए के डाक टिकट सहित लिखें ।

MELL FERA GROUP

Post Box 727, Sec. 19, Chandigarh. or Visit 1018, Sector 4, Panchkula on any Saturday and Sunday.



फिरोजपुर जिला के अरनीवाला गांव में विगत दिवस सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ के दौरान मारे गए एक अज्ञात आतंकवादी का शव । (छाया : लीलाधर)





भिंडरांवाला टाइगर्ज फोर्स आफ खालिस्तान का एरिया कमांडर (ऊपर) मेजर सिंह और बलदेव सिंह (नीचे), वासी गांव बरेटा थाना सदर कैथल की लाशें, जिन्होंने गत दिवस मुल्लांपुर के नज़दीक पुलिस के घेरे में आने के पश्चात सायनाइड खा कर आत्महत्या कर ली थी । (छाया : राज)

3 आतंकवादियों की ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

बीबीपुर के सरपंच की हत्या, संगरूर जिले में मेहली चौक में पुलिस गश्ती दल पर हमले, सी.आई.डी. पटियाला के ए.एस.आई. कृपाल सिंह की हत्या के प्रयास, थाना सदर पटियाला के गांव डकाला निवासी बिकरजीत सिंह की हत्या तथा कई अन्य वारदातों के संलिप्त था । वह पटियाला जिले का कुख्यात आतंकवादी था । उसके खत्म हो जाने से पटियाला जिले में बी.टी.एफ. की कमर ही टूट गई समझी जाती है ।

हत्या : पटियाला जिले के मीरपुर गांव में गत रात कुछ हमलावरों ने एक व्यक्ति निशान सिंह की हत्या कर दी । पुलिस ने इसे आपसी शत्रुता का मामला होने का दावा किया है ।

घायल कर दिया : इसी जिले में हुई एक अन्य घटना में एक आतंकवादी ने गत रात उपचाल गांव में एक व्यक्ति गोबिंद राम को गोली मार कर घायल कर दिया ।

बंदूक छीन ली : गत रात थाना भादसों के गांव रानो खुर्द के निवासी गुरदेव सिंह से दो सशस्त्र अज्ञात व्यक्तियों ने उसकी सिंगल बैरल की 12 बोर की बंदूक छीन ली ।

एस.डी.ओ. की हत्या : जालंधर (प.स.): कुछ संदिग्ध लोगों ने आज दोपहर बाद यहां पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के एस.डी.ओ. श्री मलकीयत सिंह की छुरा घोंप कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार ऐसा दिखाई देता है कि उक्त व्यक्ति लूटपाट के उद्देश्य से श्री मलकीयत सिंह के घर में घुसे थे और प्रतिरोध करने पर उन्होंने श्री सिंह को छुरा मार दिया । लुटेरे घर से वी.सी.आर. भी ले गए । मृतक होशियारपुर जिला के दसूहा क्षेत्र में नियुक्त था । पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

वार्ता के अनुसार एस.डी.ओ. मलकीयत सिंह की हत्या उनके गुरु तेग बहादुर नगर स्थित निवास स्थान पर की गई । पुलिस के अनुसार मलकीयत सिंह का लड़का दोपहर बाद जब घर आया तो वहां उसे अपने पिता का शव मिला । शव पर धारदार हथियारों के निशान थे ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : गुरदासपुर (विनोद): जिला पुलिस प्रमुख श्री बरजिन्द्र कुमार ने बताया है कि गुरदासपुर सदर पुलिस ने लूटमार और स्कूटर छीनने वाले तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार कर उनसे जेबरात और तीन स्कूटर बरामद किए हैं । श्री बरजिन्द्र कुमार ने बताया कि बीती रात गुरदासपुर सदर पुलिस ने गांव हयात नगर के पास

सिंह उर्फ वीरा का निकट साथी था । वीरा अबोहर नरसंहार में संलिप्त था ।

सायनाइड खाकर मरा : मोगा में बाईपास रेलवे क्रासिंग के निकट पुलिस दल द्वारा गिरफ्तार किए गए अज्ञात आतंकवादी ने सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली । आतंकवादी के पास से एक किलोग्राम विस्फोटक सामग्री बरामद हुई है ।

एक की हत्या : 2 घायल : पांच उग्रवादियों ने फिरोजपुर जिले के मल्लांवाला में थाने के फरीदवाला उत्तर गांव में एक व्यक्ति सतनाम सिंह की हत्या कर दी तथा 2 अन्य को घायल कर दिया ।

परिवार के 3 सदस्यों की हत्या : आधिकारिक सूत्रों ने आज रात यहां बताया कि आतंकवादियों ने फरीदकोट जिले के पड्डे कलां गांव में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतकों की शिनाख्त अजीत सिंह, उसकी पत्नी महेन्द्र कौर तथा पुत्री जसविंदर कौर के रूप में की गई है ।

आतंकवादी द्वारा आत्महत्या : भटिंडा से 'सोच' के अनुसार आज दोपहर भगता भाइका के स्थान पर पुलिस नाके पर घिर जाने पर एक खतरनाक आतंकवादी जसपाल सिंह ने सायनाइड जहर खा कर आत्महत्या कर ली । वह फरीदकोट जिले के गांव जैमलवाड़ा का रहने वाला बताया जाता है । एस.एस.पी. भटिंडा ने बताया कि चूंकि फरीदकोट जिले के कई आतंकवादी भटिंडा जिले में वारदातें करने के बाद वापस भाग जाते थे, इसलिए पुलिस ने उन्हें काबू करने के लिए नाके लगाए हुए थे ।

किसान की हत्या : मोहाली (नर्वदा): आज सुबह रोपड़ के गांव मौजा बेकरपुर में 2 अज्ञात युवकों ने गांव के किसान गुरदेव सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी। बताया जाता है कि सुबह जब यह किसान जंगल के लिए जा रहा था तो साइकल पर सवार दो नवयुवक, जिनकी उम्र 20-25 वर्ष थी, वहां आए और खेत में बैठे किसान को गोली मार कर मार डाला । बाद में हत्यारे साइकल पर ही फरार हो गए । 50 वर्षीय मृतक 5 बच्चों का बाप है । सूत्रों ने बताया कि मृतक का कुछ लोगों के साथ भूमि विवाद भी चल रहा था तथा उसका एक बेटा कत्ल के मामले में उम्र कैद काट रहा है । अतः इस आपसी दुश्मनी का मामला होने से इन्कार नहीं किया जा सकता ।

तीन लुटेरे काबू : खन्ना (परण): आज यहां बीस-बाईस वर्ष की उम्र के तीन युवक एक सुनार की दुकान पर आए तथा उससे 400 रुपए नकद और कुछ गहने लूट कर फरार हो गए । दुकानदार के शोर मचाने पर लोगों ने उनका पीछा करके दो युवकों को काबू कर लिया परन्तु तीसरा युवक जिसके पास पिस्तौल थी, पुलिस के आने पर ही काबू किया जा सका ।

2 गिरफ्तार : सिंगला (धूरी): जिला पुलिस ने दो व्यक्तियों महेंद्र सिंह निवासी गांव रत्ता खेड़ा थाना लौंगोवाल तथा अमर सिंह निवासी समुंदगढ़ को गिरफ्तार कर उनसे एक पिस्तौल, 2 कारतूस और भारी मात्रा में भुक्की बरामद की है ।

कल रात ककरवाल गांव में बलबीर सिंह के घर से उसकी 12 बोर की बंदूक चुरा ली गई ।

जम्मू बंद

(पृष्ठ 3 का शेष)

कोई भी बातचीत नहीं की जानी चाहिए ।

श्री जगमोहन को वापिस बुलाए जाने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह कदम आतंकवादियों के सामने आत्म-समर्पण के समान है तथा ऐसा लगता है, मानो जनता दल नेतृत्व आतंकवादियों के सामने आत्म समर्पण कर उनसे बातचीत करने जा रहा है । अगर यह राज्य आतंकवादियों तथा उग्रपंथियों के हवाले कर दिया गया तो जम्मू के लोग कभी भी कश्मीर के लोगों के साथ रहना पसन्द नहीं करेंगे ।

उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा की कार्यकारिणी की बैठक अगले सप्ताह होगी तथा शीघ्र ही भाजपा का प्रदेश सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें आगे की कार्रवाई करने बारे योजना की घोषणा भी की जाएगी ।

श्री गुप्ता के अनुसार उनके दल ने पूर्व राज्यपाल श्री जगमोहन को इसीलिए समर्थन दिया क्योंकि वह अच्छा कार्य कर रहे थे तथा सही रास्ते पर चलते हुए कश्मीर में आतंकवादियों व विघटनकारियों पर नियंत्रण पाने के यत्न कर रहे थे । मगर जिस प्रकार उन्हें उनके पद से 'हटा दिया गया' उससे निश्चित ही सुरक्षा बलों का मनोबल गिरेगा और प्रशासन भी हतोत्साहित होगा ।

उन्होंने श्री जार्ज फर्नांडीज़ के उस बयान की भी कटु आलोचना की, जिसमें उन्होंने कथित पुलिस अत्याचारों की जांच के बारे में कहा है । उन्होंने कहा कि इस कदम से भी प्रशासन तथा सुरक्षा बलों का मनोबल टूट जाएगा ।

भाजपा नेता ने केंद्रीय गृहमंत्री श्री मुफ्ती मुहम्मद सईद तथा कश्मीर मामलों के प्रभारी रेल मंत्री श्री जार्ज फर्नांडीज़ से भी त्यागपत्र की मांग की है ।

अर्जी नवीस गिरफ्तार : जम्मू से नि.स. के

अकाली एकता के लिए ... प्रधान पद छोड़ा है : ब...

मद्रास, 26 मई (प.स.): तमिलनाडु के राज्यपाल श्री सरजीत सिंह बरनाला ने आज कहा कि उन्होंने अकाली दल (ल) के प्रधान पद से त्यागपत्र अकाली एकता का रास्ता साफ करने के लिए दिया था । अपने-अपने गुट बनाने के लिए वरिष्ठ अकाली दलों द्वारा शिरोमणि अकाली दल छोड़े जाने की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि मैं अपने राज्य के लोगों के लिए कुछ कुर्बानी क... अकाली दल के प्रधान पद ... उन्होंने कहा कि वह पंजाब ... पाए इसलिए उन्होंने राष्ट्री... में राज्यपाल बनाने की पेश...

एक प्रश्न के उत्तर ... राजीव-लौंगोवाल समझौत... उस पर केंद्र पूरी तरह अ... स्थिति इतनी न बिगड़ती । ... पंजाब में मुख्यमंत्री थे तो ... कुछ मदों पर, जो उनके ... किया था । उन्होंने विश्व... में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुना... सकेंगे । यद्यपि चुनाव इ... चुनाव कराने की दिशा में...

उन्होंने कहा कि वि... शक्ति को आंकना सम्भ... 'सहानुभूति लहर' के का... जीते । केंद्र में सरकार ... हटाए जाने बारे उन्होंने ... परम्परा नहीं है ।

राजीव द्वारा वी.पी. सिंह को पत्र : मुखर्जी को पंजाब से वापस बुलाने की मांग

नई दिल्ली, 26 मई (प.स.): कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष श्री राजीव गांधी ने आज पंजाब के राज्यपाल श्री निर्मल कुमार मुखर्जी को वापस बुलाने की मांग करते हुए श्री सिमरनजीत सिंह मान और उनके समर्थकों द्वारा पुलिस नाकेबंदी तोड़ कर स्वर्ण मंदिर में सशस्त्र घुसने की घटना पर चिन्ता प्रकट की । श्री गांधी ने प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह को लिखे एक पत्र में कहा कि स्वर्ण मंदिर में सशस्त्र घुसपैठ की घटना दर्शाती है कि पंजाब प्रशासन पूर्णतः असफल हो चुका है । उन्होंने प्रधानमंत्री को लिखा, आप द्वारा नियुक्त राज्यपाल अपनी उपयोगिता सिद्ध नहीं कर पाए हैं । अतः उन्हें वापस बुला लेना चाहिए ।"

सिंचाई योजनाएं शुरू करने की नीति में महत्वपूर्ण परिवर्तन

होशियारपुर, 26 मई (अश्विनी): पंजाब के सिंचाई विभाग के सचिव श्री स्वर्ण सिंह बोपाराय ने कहा है कि सरकार ने इस वर्ष में सिंचाई योजनाएं शुरू करने की नीति में महत्वपूर्ण परिवर्तन किया है । भविष्य में सालें पक्की करने के मामलों पर कम से कम राशि खर्च की जाएगी जबकि छोटे किसानों और अर्ध पहाड़ी क्षेत्रों में सिंचाई सुविधाओं के लिए खर्च की जाने वाली राशि दुगनी करने का निर्णय लिया गया है ।

कंडी कैनाल का निरीक्षण करने के बाद श्री बोपाराय ने कहा कि कंडी कैनाल के निर्माण पर इस साल 6 करोड़ रुपए की बजाय 12 करोड़ रुपया खर्च किया जाएगा । छोटे चैक डैमों के निर्माण पर 6 बजाय 7 करोड़ रुपया और सतलुज-यमुना लिंक के बराबर जो नहर बनाई जा रही है, उस पर साढ़े 5 करोड़ की बजाय 11 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे ।

क्या 'भारत माता की जय' का नारा आपत्तिजनक है ?

लुधियाना, 26 मई (धीमान): क्या भारत मात... की जय का नारा लगाना आपत्तिजनक है ? कल जिला शांति समिति में यह मामला लम्बे वाद-विवाद का विषय बन गया । अकाली नेता श्री स्वर्ण सिंह ने कहा कि जो धार्मिक शोभायात्राएं निकलती हैं उनमें न केवल ऐसे नारे लगाए जाते हैं बल्कि बन्दूकें भी दिखाई जाती हैं । इसको सख्ती से दबाया जाना चाहिए । सनातन धर्म महोत्सव कमेटी के चेयरमैन श्री मदन लाल चोपड़ा ने कहा कि उन्होंने गत दिवस धार्मिक जलूस निकाला था जिसमें उन्होंने 'भारत माता की जय' का नारा भी न लगाने दिया गया । इस पर कुछ सदस्यों ने आपत्ति की और गर्मागर्मी हो गई । भाजपा पंजाब के उपप्रधान चौधरी सत प्रकाश ने कहा कि हम भारत माता के सच्चे सिपाही और सपूत हैं और भारत माता को स्वतंत्र कराने में बड़े बलिदान दिए । हमारी हर बैठक भारत माता की जय के साथ ही आरम्भ होनी चाहिए ।

विन चड्ढा के वकीलों को 30 तक का समय मिला

नई दिल्ली, 26 मई (वार्ता): विशेष न्यायाधीश पी.के. जैन ने बोफोर्स मामले के एक अभियुक्त श्री विन चड्ढा के वकीलों को यह बताने के लिए 30 मई तक का समय दिया है कि चड्ढा के वकालतनामे पर उन्हीं के हस्ताक्षर हैं या नहीं । श्री जैन ने श्री आर.एम. दवे और श्री एस.दत्त से स्पष्ट शब्दों में पूछा कि उनके पास जो वकालतनामा है, उस पर विन चड्ढा के ही दस्तखत हैं या किसी और के ?

कार चोरी

लुधियाना, 26 मई (जोशी): गत रात स्थानीय फव्वारा चौक के पास से श्री राकेश कुमार की चैरी इस्ट रंग की मारुति कार नं. पी.बी.-10-0819 चोरी होने की सूचना मिली है । पुलिस के पास रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है ।

जनता दल राजनीतिक वातावरण में व्याप्त शून्यता को भरेगा : टिवाना

लुधियाना, 26 मई (आहूजा, धीमान): "पंजाब

अप्रत्याशि... **वकील, की र...** महावीर भव... होगी ।

हुई असु... **राजा रेडियो... चौड़ा बाज़...**

हमारे सर्व... अखंडता की ख... आत्मिक शांति... सुबह 10 ब... (अमृतसर) में...

Punjabi Bantam

मौन पालन के लिए सुनहरी अवसर



सरकारी ऋण तथा सांझेदारी की सुविधा के साथ हिन्दुस्तान के सबसे बड़े मौन पालन संस्थान द्वारा पूर्ण विवरण के लिए 2 रुपए के डाक टिकट सहित लिखें ।

MELL FERA GROUP
Post Box 727, Sec. 19, Chandigarh.
or Visit 1018, Sector 4, Panchkula on any Saturday and Sunday.

स्थान चाहिए

फिरोजपुर छावनी में कार्यालय स्थान चाहिए जिसका कारपैट रकबा 1000 से 1500 वर्ग फुट तक हो । पेशकशें 10 दिनों के अन्दर विस्तृत नक्शे, शर्तों और नियमों के साथ एजैक्टिव इंजीनियर, फील्ड डिविजन, 159-ए, कोर्ट रोड, फिरोजपुर के पास पहुंच जानी चाहिएं ।
D/973/22.5.90

PERSONAL LETTER
शरम शरम में पड़कर रोग छिपाने से शरीर खोखला हो जाता है बेफिक्र हो कर विवरण लिखे सलाह मुफ्त भेजी जाए गी
प्रकाश क्लिनिक
कांग्रेस दफतर के सामने
887 हाल बाजार अमृतसर 143006

रेलवे में भर्ती

भारतीय रेलवे में टिकट-कलैक्टर, आफिस क्लर्क, ट्रेन क्लर्क आदि के अनेक पद रिक्त हैं । योग्यता मैट्रिक, आयु सीमा-18 से 25 वर्ष । वेतनमान-950-1500 । अंतिम तिथि 5.6.1990 । आवेदन पत्र तथा नियमावली हेतु 10 रुपए मनीआर्डर शीघ्र भेजें ।
National School of Competitions,
970, Urban Estate, Ambala City-134 003.

ADMISSION ON
POSTAL COACHING
ENGINEERING AND
MEDICAL ENTRANCE
TESTS 1991
FOR PROSPECTUS SEND
Rs. 15/- BY M.O.
CITY COLLEGE
102, Sector 16-A, Chandigarh.

A Repute Color Lab.
At Amritsar
REQUIRES
(1) Printers & Helpers for QSS Color Lab.
(2) Dealers
(3) Smart Counter Girl, Preferably Graduate.
(4) Account Assistants
Salary According to Qualification & Experience. Apply within seven days with complete biodata, alongwith certificates, **Box No. 859, Punjab Kesari, Jalandhar.**

स्थान पर की गई । पुलिस के अनुसार मलकीयत सिंह का लड़का दोपहर बाद जब घर आया तो वहां उसे अपने पिता का शव मिला । शव पर धारदार हथियारों के निशान थे ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : गुरदासपुर (विनोद): जिला पुलिस प्रमुख श्री बरजिन्द्र कुमार ने बताया है कि गुरदासपुर सदर पुलिस ने लूटमार और स्कूटर छीनने वाले तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार कर उनसे जेवरात और तीन स्कूटर बरामद किए हैं । श्री बरजिन्द्र कुमार ने बताया कि बीती रात गुरदासपुर सदर पुलिस ने गांव हयात नगर के पास नाकाबंदी के दौरान दो आतंकवादियों और गाव आलेचक के पास एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया, इनकी शिनाख्त निर्मल सिंह निवासी अलीवाल रोड बटाला, प्रताप सिंह खजूरी गेट बटाला और प्रणाम सिंह निवासी मीयां खैरा के रूप में हुई है । इनकी पूछताछ के आधार पर इनसे तीन लूटे हुए स्कूटर मिले हैं, जिसमें से एक कुलवंत सिंह निवासी आलेचक से छीना था और एक धारीवाल बिजली घर से उठाया था । इनसे लगभग 3500 के जेवरात, जो कि बरूशीश सिंह निवासी अवांखा से छीने थे और एक पिस्तौल, कुछ कारतूस आदि बरामद हुए हैं ।

3 आतंकवादी मरे : बटाला (चौधरी, कोछड): के अनुसार गत रात्रि थाना सदर के गांव सरूपवाली में आतंकवादियों द्वारा तीन युवकों की हत्या की सूचना मिली है । बताया जाता है कि 7-8 आतंकवादी गांव में आए और बलविन्दर सिंह (23 वर्ष), थम्मन सिंह (24 वर्ष) और मनोहर सिंह (22 वर्ष) को अलग-अलग घरों से निकाल कर गांव के चौराहे में ले गए और वहां गोलियों की बौछार करके उनकी हत्या कर दी तथा फरार हो गए ।

पुलिस को घटनास्थल से बब्बर खालसा का एक पत्र मिला है, जिस पर चढ़त सिंह बब्बर, रेशम सिंह बब्बर और कुलदीप सिंह बब्बर के हस्ताक्षर हैं । पत्र में लिखा है कि इनको इस लिए दंड दिया गया है कि इन्होंने चढ़त सिंह बब्बर के नाम पर एक उद्योगपति से एक लाख 65 हजार रुपए ऐंठे थे । पुलिस को घटनास्थल से 5 खाली कारतूस भी मिले हैं ।

7 आतंकवादी गिरफ्तार : फाजिल्का (लूना): यहां से लगभग 20 कि.मी. दूर मंडी मोरियांवाली में गत सायं हुई संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात पुलिस ने 7 आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । एस.एस.पी. फिरोजपुर श्री अनिल कुमार शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि थाना सदर फाजिल्का पुलिस पाकन गांव से तलाशियां लेने के बाद वापस अरनीवाला पुलिस चौकी पर लौटी ही थी कि किसी ने सूचना दी कि कुछ आतंकवादी रोड़ांवाली गांव में पेड़ों के झरमुट में छुपे हुए कहीं डाका डालने की योजना बना रहे हैं । पुलिस ने तुरन्त इस क्षेत्र को घेर लिया । इस पर आतंकवादियों ने गोलियां चलानी शुरू कर दीं । पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की । लगभग 15 मिनट की मुठभेड़ के बाद आतंकवादियों ने फरार होने का प्रयास किया परन्तु विभिन्न पुलिस दलों ने उनका पीछा करके 7 आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । उनके नाम हैं : सुरजीत सिंह व जग सिंह गांव राणी, राजेंद्र सिंह व सुरजीत सिंह गांव कमलवाला, कश्मीर सिंह पुत्र बिरसा सिंह गांव भावरा थाना ममदोट तथा गुरमेज सिंह गांव महमा थाना ममदोट । आतंकवादियों से 7 पिस्तौल और 30 कारतूस बरामद हुए हैं । पूछताछ से पता चला है कि ये आतंकवादी फाजिल्का और ममदोट क्षेत्र में धमकी भरे पत्र लिख कर धन ऐंठने के मामलों में संलिप्त थे तथा खालिस्तान कमांडो फोर्स के हरजिन्दर सिंह पिंदी बलोचन के गिरोह से संबंधित थे । इन्होंने स्वीकार किया कि इन्होंने लूट का माल हरजिंदर सिंह के पास जमा कराया था जो उन्हें हथियार सप्लाई करता था ।

आतंकवादी की शिनाख्त : फाजिल्का से धर्म लूना के अनुसार फाजिल्का उपमंडल के गांव अर्नीवाला में जो दो अज्ञात आतंकवादी मारे गए थे, उनमें से एक की शिनाख्त मक्खन सिंह गांव घरियाना थाना सदर अबोहर के रूप में हुई है । पता चला है कि मक्खन सिंह कश्मीर आतंकवादी वीर सुरक्षा बलों की मनोबल गिरेगा और प्रशासन भी हतोत्साहित होगा ।

उन्होंने श्री जार्ज फर्नांडीज के उस बयान की भी कटु आलोचना की, जिसमें उन्होंने कथित पुलिस अत्याचारों की जांच के बारे में कहा है । उन्होंने कहा कि इस कदम से भी प्रशासन तथा सुरक्षा बलों का मनोबल टूट जाएगा ।

भाजपा नेता ने केंद्रीय गृहमंत्री श्री मुफ्ती मुहम्मद सईद तथा कश्मीर मामलों के प्रभारी रेल मंत्री श्री जार्ज फर्नांडीज से भी त्यागपत्र की मांग की है ।

अर्जी नवीस गिरफ्तार : जम्मू से नि.स. के अनुसार पुंछ के एक अर्जी नवीस को गिरफ्तार कर उसके पास से एक चीनी पिस्तौल, कुछ कारतूस, हथगोले, कई डैटोनेटर तथा विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है ।

लड़का घायल : 'नि.स.' के अनुसार पुलिस द्वारा कनक मंडी क्षेत्र में दागे गए आंसू गैस के गोलों से एक लड़का सुशील कुमार घायल हो गया । बताया जाता है कि एक गोला उसकी टांग पर लगा था ।

पुतले जलाए : उग्र भीड़ द्वारा प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह, गृह मंत्री श्री मुफ्ती मुहम्मद सईद, प्रभारी मंत्री श्री जार्ज फर्नांडीज, इंका नेता श्री राजीव गांधी तथा जद नेता श्री चंद्र शेखर के कई स्थानों पर पुतले जलाए गए ।

कश्मीर घाटी के पलायनकर्त्ताओं ने जम्मू के जानीपुरा, शहीदी चौक तथा कई अन्य स्थानों पर भी इन नेताओं के पुतले जलाए तथा विरोधस्वरूप नारे लगाए ।

जम्मू प्रांत के नैका अध्यक्ष श्री पी.एन. राज ने आरोप लगाया कि उग्र भीड़ ने आज नैका मुख्यालय में हमला करके शेरे-कश्मीर भवन को क्षतिग्रस्त कर दिया तथा शेख अब्दुल्ला व डा. फारूक अब्दुल्ला के चित्र हटा दिए और पार्टी ध्वज उतार दिया ।

कुछ प्रदर्शनकारियों ने सी.पी.एम. के कार्यालय का बोर्ड भी उतार दिया ।

जगमोहन को विदाई : अपने समर्थकों तथा साथियों द्वारा भावभीनी विदाई के मध्य पूर्व राज्यपाल श्री जगमोहन आज नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए । हवाई अड्डे पर वरिष्ठ अधिकारियों तथा लोगों ने उन्हें विदाई दी ।

विमान में सवार होने से पूर्व श्री जगमोहन ने पत्रकारों को बताया कि वह राज्य को छोड़ते हुए अत्यन्त उदासी तथा कष्ट अनुभव कर रहे हैं क्योंकि वह आज भी जम्मू-कश्मीर की जनता से बहुत प्यार करते हैं ।

उन्होंने कहा, "मैंने राज्य की जनता की सेवा एक अभियान की भांति की है ।"

निवर्तमान राज्यपाल जगमोहन आज सुबह माता वैष्णो देवी के मंदिर गए ।

उग्रवादी समेत 5 मारे गए : कश्मीर घाटी में पिछले चौबीस घंटों के दौरान एक उग्रवादी समेत 5 लोग मारे गए । आधिकारिक सूत्रों के अनुसार उग्रवादियों ने 2 व्यक्तियों की श्रीनगर में तथा 2 व्यक्तियों की उत्तरी कश्मीर के बीजबेहड़ा कस्बे में गोली मार कर हत्या कर दी जबकि एक उग्रवादी सुरक्षा बलों के हाथों बारामूला में मारा गया ।

जगमोहन राज्यसभा में नहीं जाएंगे : जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल श्री जगमोहन राज्यसभा में अपना निर्वाचन स्वीकार नहीं करेंगे ।

श्री जगमोहन के निकटवर्ती सूत्रों के अनुसार "श्री जगमोहन राष्ट्रीय मोर्चा सरकार द्वारा सौंपा गया कोई पद स्वीकार नहीं करेंगे ।" श्री जगमोहन आज दोपहर दिल्ली रवाना हो गए ।

सूत्रों के अनुसार सुरक्षा बलों ने उड़ी क्षेत्र से पांच कि.मी. की सीमा पट्टी से शस्त्रों का एक भारी भंडार बरामद किया है । इन शस्त्रों में 2 एल.एम.जी., 2 राकेट लांचर, 12 राकेट, ए.के. 74 तथा 47 राइफलें, 545 गोलियां, 72 मैगजीन तथा 200 हथगोले शामिल हैं ।

इसी बीच श्रीनगर के कई क्षेत्रों में आज कर्फ्यू में सुबह आठ बजे से नौ घंटे की ढील दी गई । लेकिन भीड़भाड़ वाले इलाकों में कोई ढील नहीं दी गई है ।

कार चोरी

लुधियाना, 26 मई (जोशी): गत रात स्थानीय फव्वारा चौक के पास से श्री राकेश कुमार की चैरी डस्ट रंग की मारुति कार नं. पी.बी.-10-0819 चोरी होने की सूचना मिली है । पुलिस के पास रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है ।

जनता दल राजनीतिक वातावरण में व्याप्त शून्यता को भरेगा : टिवाना

लुधियाना, 26 मई (आहूजा, धीमान): "पंजाब जनता दल, पंजाब में हिन्दुओं के दिलों में बैठे हुए डर तथा सिखों के मन की रड़क व उनके साथ हुए धक्के को समाप्त करने को प्राथमिकता देगा ।" उक्त विचार गत दिवस पंजाब जनता दल के प्रधान स. तेजा सिंह टिवाना ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए प्रकट किए ।

श्री टिवाना ने कहा कि हम इसी उद्देश्य को लेकर कार्य कर रहे हैं तथा जनता में जागृति लाने की जिम्मेवारी को निभा रहे हैं । कांग्रेस ने अपने कारनामों से पंजाब में अपना स्थान खो दिया है तथा उसका यहां भविष्य समाप्त हो गया है । राजनैतिक वातावरण में जो शून्यता कांग्रेस के कारण पैदा हुई है, उसको जनता दल भरेगा तथा जनता की भरपूर सेवा करता हुआ आतंकवाद के विरुद्ध आवाज उठाएगा । जनता दल प्रधान ने कहा कि ऐसा कोई कारण नहीं नजर आता कि यहां म्यूनिसिपल संस्थानों के चुनाव न करवाए जाएं । शहरों की हालत बिगड़ी पड़ी है व भ्रष्टाचार का बोल-बाला है तथा लोग दुखी हैं । पुलिस विभाग जिसका मुख्य कार्य आतंकवाद का मुकाबला करना है, लोगों के जमीन-जायदादों के आपसी विवाद निपटा कर करोड़ों रुपए इकट्ठे कर रहा है । श्री टिवाना ने मांग की कि पुलिस इस तरह के मामलों में अपनी दखलंदाजी बंद करें ।

कुख्यात आतंकवादी भारत में दाखिल
(पृष्ठ 3 का शेष)

सशस्त्र टकराव का रूप धारण कर सकता है । पता चला है कि खेमकरण सीमा पर आतंकवादियों ने एक खेल ही बना रखा है । हर गिरोह 40-50 सशस्त्र आतंकवादियों पर आधारित है और रात-दिन टुकड़ियों में देहात के फार्म हाऊसों में जबरदस्ती शरण लेते हैं—इस दृष्टि से कि कोई किसी के बारे में शिकायत न कर सके ।

पूरे तरनतारन उपमंडल के प्रभावित लोगों के अनुसार अब अवयस्क और छोटे बच्चों का अपहरण करके फिरौतियां वसूल की जा रही हैं जिसका बड़ा केंद्र इस समय भिखीविंड क्षेत्र बना हुआ है, जहां एक अध्यापिका के चौथी श्रेणी में पढ़ने वाले बच्चे का अपहरण कर लिया गया । इसी प्रकार अनेक बच्चों के अपहरण की सूचनाएं मिली हैं । परिणामस्वरूप इस क्षेत्र के लोगों में स्वस्थ रुझान की सूचनाएं मिली हैं । जो सिख परिवार और जमींदार आतंकवादियों को पनाह या शह देते थे, उन्होंने अब उनका मुकाबला करना शुरू कर दिया है । ये लोग अब चाहते हैं कि सरकार हरकत में आए और कुछ करे । कड़े से कड़ा पग उठाए, जबकि ऐसी बात पहले नहीं थी । भोले-भाले लोगों का कहना है कि यह सब तभी हुआ है जब खालिस्तान समर्थक तत्वों को ऐसी स्थिति से दो-चार होना पड़ा है और उनके जिगर के टुकड़ों का अपहरण किया जाने लगा है ।

इसके बावजूद इस उपमंडल की स्थिति अत्यन्त आतंकपूर्ण है । किसानों को गन्ने की फसल काटने नहीं दी जा रही । मिलों में मिली पर्चियां व्यर्थ हो गई हैं । गन्ने के खेत आतंकवादियों ने अपने शरणस्थल बना रखे हैं । कुछ क्षेत्रों में बलात् गन्ना कटवाने के बाद ट्रालियों और ट्रकों में अपने हथियारों को इधर से उधर ले जाने के उद्देश्य से लदवाया जाता है । धमकीपूर्ण पत्रों का क्रम पहले से तेज है । लोगों के अनुसार इस क्षेत्र में जितने कुख्यात आतंकवादी हैं, उतनी ही भीषण मुसीबतों का लोगों को सामना है । प्रत्येक व्यक्ति अपने आपको असुरक्षित महसूस करता है ।

Punjab Kesari

आतंकवादियों द्वारा 13 बिहारी मज़दूरों सहित 23 लोगों की हत्या

मज़दूरों को फार्म हाऊस से घसीट कर लाये तथा पंक्ति में बिठा कर गोली मार दी

यह वारदात आतंकवादियों को पाक से प्राप्त निर्देशों का परिणाम : के.पी.एस. गिल

2 उग्रवादी मरे : बैंक से 1.35 लाख लूट लिये गये

चंडीगढ़, 28 मई (वार्ता, प.स.): आतंकवादियों ने आज तड़के एक अत्यन्त घृणित कार्रवाई करते हुए 13 बिहारी मजदूरों की सामूहिक हत्या कर दी । पंजाब में 24 घंटों के दौरान अन्यत्र 10 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि 2 आतंकवादी मारे गए तथा एक बैंक से 1.35 लाख रुपए लूट लिए गए ।



असला बरामद : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के नजदीकी सूत्रों ने बताया है कि पुलिस व बी.एस.एफ. द्वारा आतंकवादियों के विरुद्ध चलाए गए विशेष अभियान के अंतर्गत डेरा बाबा नानक क्षेत्र से खोजबीन व नाकों के दौरान एक ए.के. 47 राइफल, दो पिस्तौलें, एक ड्रम मैगजीन, एक मीडियम मशीनगन में चलने वाली कारतूसों की बैल्ट, 15 डैटोनेटर तथा लगभग 500 कारतूस बरामद हुए हैं । सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों के खिलाफ अभियान जारी है ।

आतंकवादी का शव बरामद : थाना सदर पुलिस बटाला ने शक्रपुरा क्षेत्र से एक आतंकवादी का शव बरामद किया है, जिसकी शिनाख्त थाना कलानौर के गांव गग्गोवाली के वांछित आतंकवादी शिंदर के रूप में हुई है । मृतक आतंकवादी पुलिस को हत्याओं व हथियार छीनने की वारदातों में वांछित था ।

हत्या के बाद शव पेड़ से लटका दिया : पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव बहलवाल से पुलिस ने आज प्रातः वृक्ष से लटकता हुआ एक शव बरामद किया है, जिसकी शिनाख्त गांव फर्शियां के महेंद्र सिंह (50) के रूप में की गई है । सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों ने पहले मृतक के घर को आग लगा दी तथा जबरन घटनास्थल पर लाकर व उसकी हत्या करके शव को वृक्ष से लटका दिया । सूत्रों के अनुसार यह गुट संघर्ष की वारदात है । सूत्रों के अनुसार मृतक का बेटा लुटमार करता है और आजकल फरार है ।

युवक की हत्या : पुलिस जिला बटाला में थाना कलानौर के गांव लालोवाल में गत रात पुलिस वर्दियां पहने कुछ आतंकवादियों ने एक युवक परमजीत सिंह को जबरन उसके घर से कुछ दूर ले जाकर गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी । हत्या में ए.के. 47 राइफल प्रयुक्त की गई ।

गिरोहों की आपसी लड़ाई में एक मृत : गुरदासपुर जिले के काहनूवान कस्बे में गत रात आतंकवादी गिरोहों की आपसी लड़ाई में एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया । उसकी गोलियों से छलनी लाश आज सुबह बरामद हुई ।

लाश मिली : इसी जिले के डेरा बाबा गांव से एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली है ।

खेत में खाद डाल रहे युवक की हत्या : अमृतसर से वि.प्र. के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के थाना वल्टोहा के गांव पनियां के बाहर खेत में खाद डाल रहे एक मजहबी सिख नौजवान पिप्पल सिंह को गत रात 9 बजे के करीब चार आतंकवादी, जिनके पास ए.के. 47 राइफलें थीं, घेर कर अपने साथ ले गए तथा थोड़े फासले पर एक और व्यक्ति काबल सिंह मजहबी को भी खेत में खाद डालते हुए जा पकड़ा और उसे भी साथ ले गए । गांव घड़ियाली के निकट उन्होंने पिप्पल सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी जबकि काबुल सिंह ने रात के अंधेरे में भाग कर जान बचाई ।

बैंक से 1.35 लाख लूटे : एक अन्य सूचना के अनुसार आज दोपहर बाद डेढ़ बजे हीरो होंडा पर सवार दो आतंकवादी थाना जंडियाला गुरु इलाके के गांव वरपाल में पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा में दाखिल हुए और बैंक के स्टाफ को धमका कर एक लाख 35 हजार रुपए तथा बैंक गार्ड की 12 बोर की बंदूक भी छीन कर फरार हो गए ।

महिला की हत्या : अमृतसर से प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार गत रात तरनतारन पुलिस जिले के गांव अमरकोट में कुछ आतंकवादियों ने एक महिला जगदीश कौर की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार आतंकवादी मृतका को घसीट कर गांव से बाहर ले गए और वहां ले जाकर उसकी हत्या कर दी ।

खेतों में ले जाकर हत्या : तरनतारन पुलिस जिले में थाना वैरोवाल के गांव पुनियां में चार आतंकवादियों ने एक युवक गुरमेल सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने पहले मृतक का उसके घर से अपहरण कर लिया और फिर खेतों में ले जाकर गोली मार दी । घटनास्थल से ए.के. 47 के 20 खाली कारतूस बरामद हुए हैं ।

अपहृत व्यक्ति की लाश बरामद : मजीठा पुलिस जिले के गांव विजावां से 10 दिन पूर्व एक व्यक्ति निर्मल सिंह का अपहरण कर लिया गया था । उसकी गोलियों से छलनी लाश गत रात इसी जिले के गांव सामावाल के निकट एक नहर से मिली है ।



रविवार की रात को थाना भुलत्थ के गांव अकाला में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा मारे गए भूतपूर्व सरपंच उजागर सिंह की एक पुरानी तस्वीर ।

13 बिहारी मजदूरों की हत्या : आतंकवादियों ने एक अत्यन्त नृशंस कार्रवाई करते हुए गत आधी रात के करीब फिरोजपुर जिले में 13 बिहारी मजदूरों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने, जिनकी संख्या का अनुमान नहीं लगाया जा सका है, जीरा पुलिस थाना के अंतर्गत मालोके गांव के निकट धान की रोपाई करने वाले 13 मजदूरों की सामूहिक हत्या कर दी ।

इस जघन्य कांड की जिम्मेदारी खालिस्तान कमांडो फोर्स (गुरजंट सिंह गिरोह) ने ली है । नरसंहार स्थल से के.सी.एफ. का लैटर पैड मिला है ।

फिरोजपुर से 'बागी' के अनुसार आतंकवादियों ने यह नरसंहार आज सुबह तड़के किया जिस समय मजदूर धान की रोपाई में व्यस्त थे । सूचना के अनुसार आतंकवादियों ने ए.के. 47 से अंधाधुंध गोलियां चला कर 13 मजदूरों को घटनास्थल पर ही मार डाला तथा 6 अन्य को गम्भीर घायल कर दिया । घायलों को सिविल अस्पताल जीरा में दाखिल किया गया है । पुलिस ने आतंकवादियों को पकड़ने के लिए पूरे इलाके को घेर लिया है ।

अमृतसर से 'वार्ता' के अनुसार पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने घटनास्थल पर पहुंचे पत्रकारों को बताया कि खालिस्तान कमांडो फोर्स के स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल यादविन्दर सिंह यदू के नेतृत्व में 8-10 आतंकवादी एक जमींदार बूटा सिंह के फार्म हाऊस पर गए तथा 11 मजदूरों को घसीट कर खेतों में ले गए, जहां तीन अन्य मजदूर भी लाए गए, जो जसकीर सिंह जमींदार के लिए काम करते थे । उसके बाद आतंकवादियों ने इन मजदूरों को एक पंक्ति में बिठा दिया और निकट से गोलियां चला कर उनकी हत्या कर दी । परन्तु जैसे ही उन्होंने गोलियां चलानी शुरू कीं, उनमें से एक मजदूर शंकर सिंह किसी तरह जान बचा कर निकल भागा ।

घटनास्थल से मिले के.सी.एफ. के हस्त-लिखित पत्र में बिहारियों को चेतावनी दी गई है कि अगर वे पंजाब आए तो उन्हें मार डाला जाएगा ।

सभी मृतक बिहार के पूर्णिया जिले के हैं, जो यहां कुछ ही दिन पहले धान के सीज़न के लिए आए थे । केवल तीन मृतकों की शिनाख्त रामा, टहल सिंह (शंकर सिंह का भाई) तथा दयानंद के रूप में हुई है । मृतकों के शव खेतों में पड़े थे, जहां जमीन खून से लाल हो गई थी ।

श्री गिल ने इस हत्याकांड के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि "बंदूकें लहराने वाले आतंकवादियों को पाकिस्तान से स्पष्ट निर्देश मिले हैं कि पंजाब में आतंक पैदा करो तथा वे निर्जन स्थान पर कमजोर लोगों को अपना निशाना बना रहे हैं ।"

जब अमृतसर से पत्रकारों का दल घटनास्थल पर पहुंचा तो वहां फिरोजपुर के पुलिस चीफ अनिल शर्मा, आई.जी. पुलिस (आप्रेशन) सी. पाल सिंह, सी.आर.पी.एफ. के आई.जी. आर.के. शर्मा तथा अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे ।

पोस्ट मार्टम के बाद मृतकों की लाशें शव गृह के बाहर खेतों में फैंक दी गई, जहां उन पर कपड़े का एक टुकड़ा डालने वाला भी कोई नहीं था ।

इस बीच गांव वालों ने उग्रवादियों की कार्रवाई को सरकार से बदला लेने के लिए की गई कार्रवाई कहा है क्योंकि सरकार ने घटनास्थल से कुछ किलोमीटर की दूरी पर फतेहगढ़ साहब के निकट उग्रवादियों के समर्थकों को एक गुरुद्वारा का शिलान्यास नहीं करने दिया था ।

यह चौथी घटना है, जब आतंकवादियों ने एक माह के अंदर सीमावर्ती जिलों अमृतसर, गुरदासपुर और फिरोज़पुर में बाहरी राज्यों से आए मजदूरों पर हमला किया है । इससे पूर्व इस माह के प्रथम सप्ताह में 19 मजदूरों की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई थी ।

सरकार द्वारा सहायता का आश्वासन : राज्यपाल पंजाब के सलाहकार श्री पी.एस. कोहली ने आज आतंकवादियों की ओर से जीरा के निकट मारे गए बिहारी श्रमिकों के परिवारों से दुःख प्रकट करने हेतु घटनास्थल का दौरा किया । श्री कोहली ने राज्यपाल पंजाब श्री निर्मल मुकर्जी की ओर से दुखी परिवारों से सहानुभूति प्रकट की और उन्हें विश्वास दिलाया कि पंजाब सरकार प्रभावित परिवारों को प्रत्येक संभव सहायता देगी । श्री कोहली के साथ सिविल एवं पुलिस अधिकारी भी उपस्थित थे ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

कश्मीर मुद्दे पर लोकसभा से वाकआऊट

नई दिल्ली, 28 मई (प.स.) : नैशनल कांफ्रैंस और मुस्लिम लीग के सदस्यों ने गत सोमवार को श्रीनगर में मीर वायज मौलवी फारूक के जनाजे के समय हुए गोलीकांड में मृतकों की संख्या के बारे में केन्द्रीय गृहमंत्री पर गलत बयानी का आरोप लगाते हुए लोकसभा से वाकआऊट किया ।

नैशनल कांफ्रैंस के सैफुद्दीन सोज और मुहम्मद शफी बट्ट तथा मुस्लिम लीग के जी.एम. बनातवाला और इब्राहीम सुलेमान सेठ ने सदन से वाक आऊट किया ।

इससे पूर्व श्री सोज ने गृहमंत्री पर मृतकों की संख्या के बारे में गलत बयानी का आरोप लगाते हुए अपने विशेषाधिकार हनन नोटिस के बारे में अध्यक्ष से पूछा । श्री सोज ने कहा कि गृहमंत्री ने बहस के दौरान उन पर आक्षेप किया था कि मृतकों की संख्या उन्हें (सोज को) आतंकवादियों से मिली है । उन्होंने मांग की कि गृहमंत्री को अपनी यह टिप्पणी वापस लेनी चाहिए ।

जगमोहन से 'विश्वासघात' के कारण इंका-नैकां, जद कार्यकर्त्ता व समर्थकों में असन्तोष : खुली निन्दा

जम्मू, 28 मई (नि.स.): जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल श्री जगमोहन द्वारा त्यागपत्र दे दिए जाने से आक्रोश में भरे लोगों द्वारा लगातार चौथे दिन भी विरोधस्वरूप जारी प्रदर्शनों के दौरान जनता में निराशा तथा उदासी व्याप्त है । यह प्रदर्शन जम्मू के अधिकांश भागों में हुए हैं ।

जम्मू क्षेत्र के अधिकांश हतोत्साहित लोग तथा बहत से पलायनकर्त्ता एक-दूसरे से तथा विभिन्न राजनीतिक दलों से यही प्रश्न पूछ रहे हैं कि श्री जगमोहन को क्यों 'हटा दिया गया ?' हालांकि उस समय कश्मीर घाटी में स्थिति तेजी से सामान्य की ओर अग्रसर हो रही थी । बेचैनी की इस स्थिति में इंका-नैकां तो क्या, जनता दल के नेताओं के पास भी इसका कोई उत्तर नहीं है । आन्दोलनकारी लोग, नेता तथा इन सभी तीन राजनीतिक दलों के कार्यकर्त्ता अपने आपको बहुत 'तंग' महसूस कर रहे हैं ।

विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार इंका-नैकां तथा जनता दल के बहुत सारे कार्यकर्ता तथा समर्थक अब खुलेआम श्री जगमोहन से हुए 'विश्वासघात' की निंदा के लिए मैदान में उतर आए हैं । उनके अनुसार श्री जगमोहन ने अपनी जान को भी जोखिम में डाल दिया था । अपने सभी संबंधियों से दूर होकर प्रतिदिन 18 घंटे तक कश्मीर तथा भारत की रक्षा के लिए पूर्ण सेवा भावना व समर्पण से कार्य किया और देश की एकता व अखंडता को कायम रखने की भरसक कोशिश की ।

नैकां के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व मंत्री बाबू परमानंद के हाल ही के बयान से भी उक्त संदर्भ में असंतोष अपनी चरम सीमा पर दृष्टिगोचर होता है । एक लम्बे वक्तव्य में उन्होंने कहा है कि श्री जगमोहन को वापस बुलाया जाना अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण साबित होगा क्योंकि उग्रवादियों ने श्री जगमोहन के सिर पर दस लाख रुपए की घोषणा की हुई है । यह भी बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनका सिर उनके ही वरिष्ठ अधिकारियों ने 'एक तरह से काट डाला है ।'

उन्होंने कहा कि जिन्होंने भी श्री जगमोहन को वापस बुलाए जाने का समर्थन किया था, उन्होंने तथ्यों को बहुत तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत किया तथा उसी को

(शेष पृष्ठ 6 पर)

जगमोहन राज्यसभा के सदस्य मनोनीत



नई दिल्ली, 28 मई (प.स.): राष्ट्रपति रामास्वामी वेंकटरमन ने जम्मू और कश्मीर के भूतपूर्व राज्यपाल जगमोहन को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है ।

श्री जगमोहन पहले इस प्रस्ताव को स्वीकार करने के इच्छुक नहीं थे, लेकिन बाद में उन्होंने मनोनयन स्वीकार कर लिया । वह सम्भवतः कल राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे ।

पंजाब भाजपा द्वारा वी.पी. सिंह से राज्य में राजनीतिक प्रतिनिधिमंडल भेजने की मांग

फगवाड़ा, 28 मई (अशोक कौड़ा): भारतीय जनता पार्टी पंजाब के अध्यक्ष श्री मदन मोहन मित्तल ने प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह से आग्रह किया है कि पंजाब की वास्तविक परिस्थितियों की सही जानकारी प्राप्त करने हेतु पंजाब में अविलम्ब अपने प्रतिनिधिमंडल भेजें व दिल्ली में बैठ कर जानकारी प्राप्त करने की बजाय प्रतिनिधिमंडल राज्य के कोने-कोने में जाकर प्रत्येक वर्ग के नागरिक व अधिकारियों से मुलाकात करे । उसके बाद प्रतिनिधिमंडल की ईमानदारी से पंजाब संबंधी दी रिपोर्ट के उपरान्त ही प्रधानमंत्री पंजाब सम्बन्धी कोई वक्तव्य दें ।

श्री मित्तल व श्री मोंगा ने कहा कि पंजाब के लोगों की वर्तमान समय में एकमात्र मांग राज्य में शांति स्थापना है । दोनों नेताओं ने कहा कि लोग स्वयं राष्ट्रपति शासन लम्बे समय तक नहीं चाहते परन्तु गोलियों के सामने मरने से बेहतर उन्हें यह कड़वी दवा ही स्वीकार है । उन्होंने कहा कि पंजाब में शांति स्थापित होते ही लोगों ने स्वयं लोकतांत्रिक प्रक्रिया आरंभ करने की मांग करनी है लेकिन इस समय तो जनसाधारण को सुरक्षा, विश्वास व सुनिश्चितता की अधिक आवश्यकता है । उन्होंने कहा कि पंजाब के सीमावर्ती जिलों में हालात दिन-प्रतिदिन बदतर होते जा रहे हैं तथा इन जिलों में

वी.पी. सिंह द्वारा कश्मीर पर लिए पहले सख्त वातावरण

Burning Punjab



...ग्रांट दर संशोधित

चंडीगढ़, 28 मई : पंजाब सरकार ने श्रीलंका में आप्रेशन पवन और सियाचिन ग्लेशियर क्षेत्र में मेघदूत आप्रेशन के दौरान मारे जाने वाले/अपंग होने वाले सैनिकों, सैनिकों की विधवाओं/परिवारों को दी जाने वाली एक्स-ग्रेशिया ग्रांट में संशोधन करने का निर्णय किया है ।

संशोधित दर के अनुसार ...

गर्भस्थ अनेक भ्रूणों में से सिर्फ एक को जन्म देना भी सम्भव

नई दिल्ली, 28 मई (प.स.): अब दो या दो से अधिक भ्रूण वाली गर्भवती महिलाएं सफलतापूर्वक एक बच्चे को जन्म दे सकती हैं । एक नई वैज्ञानिक विधा ...



...केसरी, जालन्धर 29.5.1990

...घाटी में ...द्ध चलाए ...वहां की ...र्ष में कोई ...श्री वी.पी. ...दारी लेने ...जनीतिक ...ता । ...मी व्यक्ति ...र घाटी की ...बिना जानें ...र आभारी ...ता अथवा ...ंग कर रहे ...तंकवाद के ...भग सभी ...डेरा डाले ...वादियों की ...रा कथित ...ही गिराते ...शिवसेना ...कार के उन ...य की कड़ी ...मीरियों के ...बाद केंद्र ...यों पर इन ...रामद : ...के निकट ...प्रशिक्षित ...द दो और ...गली के ...रूप में हुई ...तौल, 40 ...क पाए गए ...टोपी तथा ...तीय जनता ...मोहन को

राज्यपाल के पद से हटाने के विरोध में आयोजित किया गया तीन दिवसीय जम्मू बंद आज समाप्त हो गया ।

बंद के दौरान शहर का सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा । इस दौरान लोगों ने विरोध सभाएं कीं तथा काले झंडे के साथ प्रदर्शन भी किए ।

बम विस्फोट : श्रीनगर में कल रात एक टैलीफोन एक्सचेंज में बम विस्फोट हुआ । आधिकारिक सूत्रों के अनुसार इस विस्फोट से कोई हानि नहीं हुई है ।

कई गिरफ्तार : कश्मीर घाटी में सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवादियों के विरुद्ध अभियान जारी है तथा इसी मध्य कुछ अन्य आतंकवादियों को भी गिरफ्तार किया गया है । इन गिरफ्तारियों का विस्तृत विवरण अभी प्राप्त नहीं हो सका है ।

कर्फ्यू स्थिति : श्रीनगर में आज प्रातः 8 बजे से 10 घण्टे के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई । सरकारी प्रवक्ता के अनुसार कार्यालयों में ठीक ढंग से कामकाज हुआ जबकि अधिकांश दुकानें बंद रहीं ।

जद द्वारा भाजपा पर आरोप : जनता दल की जम्मू-कश्मीर इकाई के उपाध्यक्ष धनराज बड़गोत्रा ने आज कहा कि भाजपा की राज्य इकाई "संदिग्ध भूमिका" निभा रही है क्योंकि उसने पार्टी की हाईकमान को राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार को अपना समर्थन वापस लेने की सलाह दी है ।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि नए राज्यपाल गिरीश सक्सेना राज्य में कानून और व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जल्दी ही कोई कदम उठाएंगे ।

3 की हत्या, एक घायल : (वार्ता) : कश्मीर में आज उग्रवादियों ने तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी और एक अन्य को घायल कर दिया ।

कोकरनाग क्षेत्र में आज सुबह उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी । इसके अलावा कुपवाड़ा में एक और श्रीनगर के सफाकदल क्षेत्र में एक व्यक्ति उग्रवादियों के हाथों मारा गया ।

श्रीनगर के बाहरी क्षेत्र हरवां में विश्वविद्यालय के एक प्राध्यापक मोहन लाल को कुछ उग्रवादियों ने गोलियां चला कर घायल कर दिया । अस्पताल में उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है ।

जलूस निकाला : श्रीनगर के बटमालू इलाके में जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के दो प्रमुख उग्रवादियों के पिता गुलाम मोहम्मद बख्शी की रिहाई की मांग को लेकर जलूस निकाला गया ।

वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों के इस आश्वासन पर कि उनकी मांग पर ध्यान दिया जाएगा, प्रदर्शनकारी वापस चले गए ।

AVANTI AUTOGEAR

93 कि.मी. प्रति लिटर*

आकर्षक मूल्य पर

*परीक्षण परिस्थितियों में

...लर :

मनोहर मोटर्ज
जिला परिषद मार्केट,
भटिंडा
फोन : 5604

...ला मेरा रेशमी
...गिद्धा गीतों का अनोखा संगम



...मी सप्रू, लक्ष्मी क्रीयेशन्स

बिहारी मजदूरों सहित

(पृष्ठ 3 का शेष)

अनुदान की घोषणा : जालंधर : पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार श्री पी.एस. कोहली ने आज जीरा के निकट गांव मालोके में उस स्थल का दौरा किया, जहां आतंकवादियों ने 13 बिहारी मजदूरों की हत्या कर दी थी । उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिवार को 50-50 हजार अनुदान देने की घोषणा की तथा फिरोजपुर के जिलाधीश को निर्देश दिया कि यह ग्रांट तुरन्त जारी की जाए ।

श्री कोहली ने क्षेत्र के पंचों-सरपंचों से बातचीत की व आतंकवाद से निपटने के विविध उपायों पर विचार किया ।

बाद में श्री कोहली ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों व सिविल अधिकारियों के साथ एक बैठक की । बैठक में डी.जी.पी. (आपरेशन) श्री डी.एस. मांगट, फिरोजपुर के जिलाधीश श्री राकेश सिंह तथा एस.एस.पी. भी उपस्थित थे ।

• **महिला सहित 2 की हत्या** : आतंकवादियों ने गत रात रोपड़ जिले के आभीपुर गांव में दलजीत कौर नामक एक महिला के घर में घुस कर उसकी तथा एक अन्य व्यक्ति भजन सिंह की गोलियां मार हत्या कर दी ।

नम्बरदार की हत्या : कपूरथला जिले के काक भासरियां क्षेत्र में गत रात तीन आतंकवादियों ने एक नम्बरदार (राजस्व कर्मचारी) की गोली मार कर हत्या कर दी, जिसकी शिनाख्त उजागर सिंह के रूप में की गई है ।

फैडरेशन वर्कर की हत्या : पटियाला (भूषण): आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन के सक्रिय कार्यकर्ता लखविंदर सिंह उर्फ लक्खा जो पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला में एम.ए. (पंजाबी) का छात्रा था और गांव बादशाहपुर का निवासी था, की आज बस स्टैंड के निकट गोली मार कर हत्या कर दी गई ।

4 व्यापारियों के अपहरण के बाद 2 की हत्या : भटिंडा (सोच) : रामपुरा फूल और भुच्चो मण्डी से हथियारबन्द व्यक्तियों द्वारा अपहृत 4 व्यापारियों में से 2 सगे भाइयों मेहर चन्द और मोहन चन्द की लाशें गांव महराज के एक रजबाहे से मिल गई हैं । गत 9 और 19 मई को रामपुरा फूल से श्री नौहर चन्द और भुच्चो मण्डी से श्री साधू राम को हथियारबन्द व्यक्तियों ने कार में अपहृत कर लिया था । इन दोनों का अभी तक पता नहीं चला । समाचारों के अनुसार श्री नौहर चन्द, जो लकड़ी के बड़े व्यापारी हैं, का भटिंडा से 20 किलोमीटर भटिंडा-बरनाला रोड पर अपनी मारुति वैन में चालक सहित हथियारबन्द व्यक्तियों ने अपहरण कर लिया । दूसरे दिन चालक को छोड़ दिया और उसके हाथ भेजे संदेश में 3 लाख रुपए की मांग की । शहर में कोलाहल मच गया । श्री नौहर चन्द के बड़े भाई मेहर चन्द और छोटे भाई श्री मोहन चन्द एक मध्यस्थ को लेकर 3 लाख रुपए सहित कार में 17 मई को मिले संदेश द्वारा बताए गए स्थान की ओर चल पड़े । अगले ही दिन उनकी लाशें गांव महराज के नजदीक निकलते रजबाहे में से मिलीं । 5 लाख रुपए और उनके पास जो कार थी, उसका कोई सुराग नहीं मिला । 18, 19, 20 और 21 मई तक रामपुरा फूल के लोगों ने पूर्ण हड़ताल की, पुलिस थाने के आगे धरना दिया, रेल और बसों का घेराव किया लेकिन पुलिस न तो श्री नौहर चन्द को बरामद कर सकी और न ही अभियुक्तों का कुछ पता चला । 19 मई को यहां से 15 किलोमीटर दूर भुच्चो मण्डी में सीमेंट के एक डीलर श्री साधू राम का उनकी दुकान से हथियारबन्द व्यक्तियों द्वारा सायंकाल को एक कार में अपहरण कर लिया गया । कुछ किलोमीटर दूर जाकर उनकी कार खराब हो गई, वे कार को सड़क पर ही छोड़ कर चले गए और श्री साधू राम को पैदल ही ले गए । कुछ युवकों ने, जिस कार में श्री साधू राम को अपहृत किया गया था, का पीछा किया परन्तु अपहरणकर्ताओं के पास स्वचालित हथियार थे, निहत्थे युवक वापिस लौट आए । भुच्चो मण्डी के लोगों ने तीन दिन हड़ताल की और प्रदर्शन किया परन्तु अभी तक श्री साधूराम का कोई पता नहीं चला । रामपुरा फूल और नरवाना पुलिस ने कत्ल और अपहरण आदि के मामले दर्ज कर लिए हैं । आधा दर्जन व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया है परन्तु पुलिस अभी तक किसी परिणाम पर नहीं पहुंची ।

एक और सूचना के अनुसार रामपुरा फूल के एक प्राइवेट डाक्टर को हथियारबन्द व्यक्ति अपहृत करके ले गए । उसके उत्तराधिकारियों ने अपहरणकर्त्ताओं की तरफ से मांगी गई 5 लाख की फिरौती देकर डाक्टर को छुड़वा लिया । रामपुरा फूल पुलिस ने केस दर्ज करके इस केस की भी पड़ताल आरम्भ कर दी है । एस.एस.पी. श्री राजेन्द्र सिंह, एस.पी. (डी.) सी.एम. पी.एस. गिल फूल के डी.एस.पी. ने मौके का दौरा किया ।

अपहरण और कत्ल की तीन वारदातों के बाद रामपुरा और भुच्चो मण्डी के लोगों में भारी डर पाया जाता है । लोग अपने आपको सुरक्षित नहीं समझते । दूसरी ओर एस.पी. (एच.) श्री धर्म सिंह मान ने बताया कि पुलिस द्वारा मुकद्दमे दर्ज कर अभियुक्तों की तलाश के लिए स्थान-स्थान पर तलाशियां ली गई हैं ।

जिन व्यक्तियों को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था, उनमें अकाली दल मान के प्रधान जत्थेदार लक्खा सिंह और जिला सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन के प्रधान कुलवन्त सिंह गुम्मटी भी शामिल हैं ।

होशियारपुर (अश्विनी): जिला मैजिस्ट्रेट ने एक आदेश द्वारा जिला भर में प्रातः 5 से 7 बजे तक दोपहिया वाहनों पर दोहरी सवारी करने पर पाबंदी लगा दी है ।

चुनाव सूचना

लुधियाना, 28 मई (महिन्द्रा): लुधियाना सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन के चुनावों में श्री सोहन सिंह भारी बहुमत से महासचिव चुने गए ।

सुखद वातावरण की शर्त

(पृष्ठ 3 का शेष)



कराची और हैदराबाद में पुलिस फायरिंग के विरुद्ध प्रोटैस्ट के तौर पर कराची में क्रुद्ध भीड़ ने एक सरकारी बस को आग लगा दी । (इन्सैट में) हैदराबाद में पर्दाधारी एक महिला हाथ में सफेद झंडा लिए हुए सैनिकों से लोगों की हत्याएं बंद करने का अनुरोध करती हुई । (छाया : प्रै.ट्र.)

हैदराबाद, कराची में हिंसा में 163 मरे : महिलाओं से सामूहिक बलात्कार

हैदराबाद, 28 मई (प.स., वार्ता): पाकिस्तान के सिंध सूबे में जातीय हिंसा से मरने वालों की संख्या आज 163 तक पहुंचने के साथ-साथ प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो पर आंतरिक दबाव बढ़ने लगा है ।

सेना आज हैदराबाद शहर में अपेक्षाकृत शांति कायम करने में समर्थ हुई, जहां रविवार के खूनखराबे में 99 व्यक्ति मारे गए थे । बेनजीर के गृह प्रांत सिंध में पिछले चार साल के दौरान यह सर्वाधिक खूनी दिन था ।

लेकिन प्रांतीय राजधानी कराची में सशस्त्र हिंसा का दौर-दौरा अभी जारी है । वहां एक सरकार समर्थक सांसद और 24 अन्य व्यक्तियों की हत्या से दो दिन की हिंसा में मरने वालों की संख्या आज 64 तक पहुंच गई है ।

सांसद मोहसिन सिद्दीकी जब दंगाग्रस्त कराची मध्य जिले से अपनी कार खुद चलाते हुए जा रहे थे तो उन्हें गोली का निशाना बना दिया गया । पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी ।

डाक्टरों के अनुसार कुछ और लाशें बरामद हुई हैं । इनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं । दर्जनों लाशें अस्पताल लाई गईं ।

भिताई अस्पताल के चिकित्सक डा. जियाउद्दीन ने कहा कि रविवार से अब तक हमने 84 मृतकों की सूची तैयार की है । 289 घायलों की भी सूची बनाई गई है ।

हैदराबाद के मेयर ने आरोप लगाया कि पुलिस ने सप्ताहांत में पक्का किला क्षेत्र में महिलाओं से सामूहिक बलात्कार किया । उन्होंने कहा कि पुलिस ने हैदराबाद के नागरिकों पर हर प्रकार के जुल्म किए हैं । उनके घरों-दुकानों को आग लगाई गई, दुकानें लूट ली गईं और महिलाओं से बलात्कार किया गया ।

सिंधी समुदाय के सदस्यों ने भी पुलिस पर ऐसे ही आरोप लगाए हैं ।

उपद्रवियों को देखते ही गोली मार देने के आदेश : सेना की टुकड़ियां हैदराबाद की सड़कों पर गश्त लगाती रहीं । उपद्रवियों को देखते ही गोली मार देने के आदेश दिए गए हैं । संवेदनशील स्थानों से पुलिस बल को हटा लिया गया है ।

प्रत्येक विकल्प अपनाया जाए : इस्लामाबाद : पाकिस्तान के राष्ट्रपति गुलाम इसहाक खान ने आज प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की सरकार को सिंध प्रांत में शांति कायम करने के लिए संविधान के हर उपलब्ध विकल्प आजमाने की सलाह दी है । श्री खान ने हैदराबाद और कराची में हिंसक वारदातों के बाद यह सलाह दी है । विश्लेषकों का कहना है कि राष्ट्रपति ने पहली बार अशांत प्रांत प्रत्यक्ष संघीय कानून लागू करने की सम्भावना का संकेत दिया है ।

लोकसभा में चिंता : लोकसभा में आज कांग्रेस (इ), भारतीय जनता पार्टी और जनता दल के सदस्यों ने पाकिस्तान के सिंध प्रांत में निर्दोष लोगों की हत्याओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की ।

भाजपा के श्री लाल कृष्ण अडवानी ने मांग की कि भारत को राजनयिक प्रभाव का इस्तेमाल कर पाकिस्तान को इस बात के लिए सावधान करना चाहिए कि वह अपने यहां बिगड़ती स्थिति के कारण कोई दुस्साहसिक कदम न उठाए ।

श्री अडवानी ने कहा कि भारत पाकिस्तान के अंदरूनी मामलों में दखल नहीं देना चाहता लेकिन 1971 में बंगलादेश में जो स्थिति पैदा हुई थी, उससे भारत पर प्रभाव पड़ा था और हमें सक्रिय होना पड़ा था । सिंध की घटनाएं भी ऐसी स्थिति का संकेत देती हैं ।

रकम वसूल करने आई पत्नी गिरफ्तार, पति फरार

लुधियाना, 28 मई (महिन्द्रा, धीमान) : पुलिस ने आलमगीर गुरुद्वारा से एक महिला राजेन्द्र पाल कौर को रहस्यमयी हालात में गिरफ्तार किया है । पुलिस ने बताया कि उसके पति हरभजन सिंह ने मौजा लीला के श्री बलदेव सिंह को खालिस्तान कमांडो फोर्स के गुरजन्ट सिंह राजस्थानी तथा एरिया कमाण्डर सुरजीत सिंह की तरफ से एक धमकी पूर्ण पत्र लिखा, कि वह 27 मई को दोपहर के सवा 12 बजे गुरुद्वारा आलमगीर में गुरुग्रन्थ साहिब की बीड़ के नीचे गुरुद्वारा की चौथी मंजिल में 50 हजार रुपए पहुंचा दे, अन्यथा उसे सोध दिया जाएगा । पुलिस के अनुसार बलदेव सिंह रुपया लेकर समय पर गुरुद्वारा आलमगीर पहुंच गए । दूसरी तरफ हरभजन सिंह अपनी पत्नी के साथ भी घटनास्थल पर रुपया लेने पहुंच गया । जिस पर लोगों ने पति-पत्नी दोनों को पकड़ लिया । इसी दौरान भीड़ में से एक नौजवान हरभजन सिंह को छुड़ाकर उसके साथ फरार हो गया । पत्नी राजेन्द्र पाल कौर गिरफ्तार कर ली गई है । पुलिस उसके पति तथा उस युवक की तलाश में है, जो हरभजन सिंह को छुड़ाकर ले गया था ।

मेहता गुट की बैठक वीरवार को लुधियाना में

अमृतसर, 28 मई (वर्मा): आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन की ओर से जो बैठक कल दरबार साहब काम्पलैक्स में ब्ल्यू स्टार आप्रेशन 1984 के संबंध में प्रोग्राम बनाने के लिए बुलाई गई थी, वह फेल हो जाने के कारण अब सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन के नेताओं ने गुप्त तौर पर अपना प्रोग्राम बनाना शुरू कर दिया है । कल की बैठक सुबह 11 बजे दरबार साहब काम्पलैक्स में शुरू होनी थी, लेकिन काफी देर इंतजार के बाद भी सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन का कोई भी बड़ा नेता बैठक स्थल पर न पहुंच सका । फैडरेशन वाले दोष लगाते हैं कि पुलिस ने उनके नेताओं चावला व मेहता को जबरदस्ती रोक लिया था ।

'प.स.' के अनुसार फैडरेशन के मेहता गुट ने वीरवार को लुधियाना में एक आपात बैठक बुलाई है ।

दूसरी ओर उग्रवादी संगठनों की ओर से पुलिस व सी.आर.पी.एफ. द्वारा उग्रवादियों पर ज्यादतियां किए जाने को लेकर यू.एन.ओ. को भेजने के लिए एक केस तैयार किया जा रहा है । इस संबंध में यू.एन.ओ. से कहा गया है कि वह तुरन्त मध्यस्थता करके भारत सरकार को जब्र करने से रोके ।



कनस्तर बजा कर प्रदर्शन

जालन्धर, 28 मई : आज तपती दोपहर में स्थानीय आबादी रस्ता मुहल्ला की सैंकड़ों स्त्रियों और पुरुषों ने मुहल्ले में पानी के भारी अभाव के विरुद्ध नगर निगम के कार्यालय के समक्ष खाली बाल्टियां लेकर भारी प्रदर्शन किया । इस क्षेत्र के कई घरों में बूंद-बूंद पानी ही सारा दिन आता है । प्रदर्शनकारियों, जिनका नेतृत्व भूतपूर्व नगर पिता डा. राजेन्द्र सेन छाबड़ा (भाजपा नेता) कर रहे थे, की मांग थी कि इस भारी गर्मी में पानी की सप्लाई तत्काल सुधारी जाए । प्रदर्शनकारियों में अधिकतर महिलाएं शामिल थीं, जो थालियां और कनस्तर पीट रही थीं । प्रदर्शनकारियों का प्रतिनिधिमंडल बाद में निगमायुक्त से मिला, जिन्होंने विश्वास दिलाया कि वह कल मौके पर जाकर निरीक्षण करेंगे और पानी की सप्लाई को बेहतर बनाया जाएगा ।



होशियारपुर के डा. राधा कृष्ण शास्त्री, जिन्हें उत्तर प्रदेश संस्कृत अकादमी ने कालीदास पुरस्कार देने की घोषणा की है ।



श्री के.डी. त्रिवेदी, जिन्हें स्टेट बैंक आफ पटियाला (हिमाचल क्षेत्र) का क्षेत्रीय मैनेजर नियुक्त किया गया है ।

रोडवेज-कर्मी 22 जून को हड़ताल करेंगे

जालन्धर, 28 मई (प.स.): पंजाब रोडवेज कर्मचारियों की 10 यूनियनों की तालमेल कमेटी ने अपनी मांगों के समर्थन में 22 जून को राज्य भर में एक दिन की सांकेतिक हड़ताल करने का निर्णय किया है । पंजाब रोडवेज ट्रैफिक सुपरवाइजरी स्टाफ यूनियन के प्रधान बाबा अर्जुन सिंह की अध्यक्षता में कल हुई बैठक में यह निर्णय किया गया ।

जगमोहन को पुनः जम्मू- कश्मीर का राज्यपाल नियुक्त करने की मांग

अमृतसर, 28 मई (कमलेश) : पंजाब, ब्राह्मण सभा और सनातन धर्म प्रचार सभा ने आज प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह को तारें भेजकर श्री जगमोहन (जम्मू-कश्मीर के भूतपूर्व राज्यपाल) को वापस बुलाए जाने पर रोष व्यक्त किया है तथा मांग की है उन्हें दुबारा वहां उसी पद पर लगाया जाए ।

PUNJAB Sanjay Sahi



शाह मरहूम जनरल जिया की
एं । हैदराबाद में जातीय हिंसा
। (छाया : पी.टी.)

बमों को
कर रहा है

कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम
कहना है, "हम इस सारे समय में
में वास्तविकता के प्रति जागरूक

र पाकिस्तान परमाणु हमला करता
ाने क्या होंगे, इस प्रश्न का उत्तर
है । वह भारत के औद्योगिक व
को निशाना बना सकता है ।
उसके सीधे निशाने हो सकते हैं ।
की एकता और अखंडता को नष्ट
ल्ली पर भी हमला कर सकता है ।
ाण बम बनाने के लिए वांछित
र करने के लिए भी एक रिएक्टर
शों कर रहा है ।

ने कोई बातचीत
ी : अमानुल्ला

30 मई (प.स.):अलगाववादी
बरेशन फ्रंट के सरगना अमानुल्ला
हाए भारत के साथ बातचीत की
कार कर दिया है कि उनका संगठन
त की संप्रभुता को स्वीकार नहीं

ने दैनिक अरब न्यूज के साथ एक
भारत सरकार ने शर्त रखी है कि
लिबरेशन फ्रंट से केवल तभी
गी जब वह कश्मीर पर भारत की
कार करेगा ।
गना ने कहा कि उसे पाक अधिकृत
न कश्मीर के लिए प्रशासन का
र नहीं है । अमानुल्ला ने कहा कि
र्त होनी चाहिए ।
में अमानुल्ला ने गृहमंत्री की पुत्री
टी. के एक अधिकारी का
बरेशन फ्रंट द्वारा अपहरण किए
कार की । अमानुल्ला ने कहा कि
ं के अपहरण या उस तरह के काम
लेकिन वे हमें ऐसा करने के लिए
।
गना ने कहा कि उनका संगठन
पृथक खालिस्तान का भी समर्थन

ब भी सीमा के
-पार जाते हैं

मई (नि.स.) : भारत-पाक
व होने तथा सीमा पर अत्यधिक
बावजूद पुंछ जिले के मेंढर क्षेत्र के
ी के लोग आज भी प्रतिदिन
के भीतर आने वाले कुछ गांवों के
लते हैं क्योंकि उनके पानी लेने के
ना है । डबसी गांव के लोग कुछ
स्तुएं लेने भी सीमा पार के कस्बे
जाते हैं, क्योंकि वह उन्हें मेंढर से

के पक्ष का
का आग्रह

के देशों के साथ संबंध सुधारने के
र सत्ता में आए हैं । श्री हसैन ने
क्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ
बनाने को अहमियत देता है ।

तलवंडी भाई में 10 व्यक्तियों सहित 18 की हत्या : मुठभेड़ में 4 उग्रवादी मारे गए

आतंकवादियों ने जालन्धर-फिरोजपुर रेल लाइन का 3 फुट हिस्सा बम से उड़ा दिया

2 सुरक्षा चौकियों पर हमले : 3.85 लाख रुपये लूटे

चंडीगढ़, 30 मई (प.स., वार्ता): पंजाब में कल रात से अब तक सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 4 आतंकवादी मारे गए, जबकि तलवंडी भाई में 10 व्यक्तियों की हत्या सहित 14 लोगों की हत्याएं हुई । इस दौरान उग्रवादियों ने बम विस्फोट से एक रेल लाइन का तीन फुट हिस्सा उड़ा दिया तथा 3.85 लाख रुपया लूट लिया । आतंकवादियों ने 2 सुरक्षा चौकियों पर भी हमला किया ।

मुठभेड़ में तीन दुर्दांत आतंकवादी मरे : जालन्धर (प.स.): आज दोपहर जालंधर जिला में काला बकरा के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 3 दुर्दांत आतंकवादी मारे गए । घटनास्थल से कुछ हथियार व गोली-सिक्का भी बरामद हुआ है ।

जालंधर से 'वि.प्र.' के अनुसार यहां से 15 किलोमीटर दूर काला बकरा के निकट गांव निजामदीनपुर में सी.आर.पी.एफ. तथा पुलिस के साथ हुए मुकाबले में मरने वाले आतंकवादियों की संख्या 2 है । इन दोनों की शिनाख्त अवतार सिंह पुत्र सुरजीत सिंह निवासी गाल्लोवाल (थाना टांडा) तथा हरविन्द्र सिंह उर्फ टोपो पुत्र दलीप सिंह निवासी उस्मानपुर शरीफ (दसूहा) के रूप में हुई है । उक्त आतंकवादी जिला जालंधर, होशियारपुर तथा निकटवर्ती क्षेत्रों में सौ से अधिक हत्याओं व अन्य अपराधों में संलिप्त थे ।

इन्हीं आतंकवादियों ने ही पिछले दिनों गांव जफ्फल झींगड़ में एक जगराते में फायरिंग करके कई निर्दोष लोगों की हत्याएं की थीं । इन्हीं आतंकवादियों ने ही गांव खुर्द के सरपंच की भी हत्या की थी । घटनास्थल से बरामद हथियारों में एक ए.के. 47 राइफल, एक ए.के. 54 राइफल तथा कुछ कारतूस भी शामिल हैं । इस मुठभेड़ में एक पुलिस कर्मी भी घायल हो गया ।

प्राप्त विवरण के अनुसार आज सवेरे हथियारों से लैस दो आतंकवादियों ने गांव निजामदीनपुर के एक व्यक्ति सुरजीत सिंह के घर का दरवाजा खटखटाया । घर की एक महिला द्वारा दरवाजा खोले जाने पर उक्त आतंकवादी घर में दाखिल हो गए तथा उन्होंने धमकी दी कि यदि उन्होंने किसी को आतंकवादियों के घर में छुपे होने की जानकारी दी तो उन्हें मार दिया जाएगा । सी.आर.पी.एफ. की 90वीं बटालियन के जवानों तथा जालंधर के पुलिस कर्मियों को आतंकवादियों के उक्त गांव में छिपे होने की सूचना दोपहर लगभग पौने दो बजे मिली ।

सुरक्षा कर्मियों ने गांव में उक्त घर को घेरा डाल लिया । इस पर आतंकवादियों ने भीतर से फायरिंग की । सुरक्षा कर्मियों द्वारा भी जबाबी फायरिंग की गई । आतंकवादियों द्वारा भारी फायरिंग होने पर सुरक्षा कर्मियों ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को और फोर्स भेजने के लिए कहा । बताया जाता है कि आतंकवादियों ने सुरक्षा कर्मियों पर हथगोले भी फैंके । अंततः सुरक्षा कर्मियों ने उक्त घर की छतें फाड़ कर भीतर हथगोले फैंके । इस दौरान दो आतंकवादी मारे गए ।

मुठभेड़ स्थल से खालिस्तान कमांडो फोर्स के लैटरपैड तथा कुछ करंसी नोट भी बरामद हुए हैं । जालंधर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी.आर. भट्टी, सी.आर.पी.एफ. के डी.आई.जी. श्री एस.एस. विर्क तथा जालंधर जिले के एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने भी घटनास्थल का दौरा किया ।

अढ़ाई घंटे तक चले उक्त मुकाबले में घायल हुए पुलिस कर्मी का नाम मेवा सिंह बताया जाता है । सुरक्षा कर्मियों ने मुकाबला शुरू होने से पहले ही घर के लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया था ।

तेजधार हथियारों से दो की हत्या : जालंधर : कुछ अज्ञात लोगों ने जालंधर सदर थाना के अंतर्गत रंधावा मसंदां गांव में दो लोगों की तेजधार हथियारों से हत्या कर दी । मृतक कृष्ण मजदूर थे और उनके नाम राजा भैया तथा पाला बताए जाते हैं ।

अंधाधुंध फायरिंग से 10 की हत्या : तलवंडी भाई (सुधीर बजाज): आज सायं यहां लगभग सवा 7 बजे जीप में आए उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके 10 व्यक्तियों की हत्या कर दी और 7 को घायल कर दिया ।

पुलिस की वर्दियां पहन रखी थीं : 'वार्ता' के अनुसार उग्रवादियों की संख्या अज्ञात है । उन्होंने आते ही अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी, जिससे 10 लोग मौके पर ही मारे गए और 14 अन्य घायल हो गए । उग्रवादियों ने पुलिस की वर्दियां पहन रखी थीं ।

ससुर-बहू की हत्या : फिरोजपुर (धीमान): जिला के मक्खू थाना के अधीन गुराली गांव में कल रात आतंकवादियों ने एक घर में घुसकर बिशन सिंह तथा उसकी बहू बलबीर कौर की गोली मारकर हत्या कर दी ।

मक्खू से 'शेखर' के अनुसार 6 आतंकवादी रात लगभग साढ़े आठ बजे श्री बिशन सिंह के घर में

(शेष पृष्ठ 10 पर)



(1, 2) जिला जालंधर के गांव निज़ामदीनपुर की एक हवेली में सुरक्षा बलों के साथ बुधवार को हुई मुठभेड़ में मारे गए दो दुर्दांत आतंकवादियों के शव । (3) उनसे मिले हथियार, (4) सुरक्षा बलों के अधिकारी मौके का निरीक्षण करते हुए, (5, 6) वह कमरा जहां दोनों आतंकवादियों के शव मिले, कमरे में खून बिखरा पड़ा है, (7) कमरे की एक दीवार में लगी गोलियों के निशान, (8) मकान का बरामदा जिस पर फायरिंग के निशान हैं । (छाया : कपूर)

उपेन्द्र से इस्तीफे की मांग पर राज्यसभा में हंगामा

नई दिल्ली, 30 मई (वार्ता): सूचना एवं प्रसारण मंत्री पी. उपेन्द्र के इस्तीफे की मांग को लेकर आज राज्यसभा में काफी हंगामा हुआ ।

कांग्रेस (इ) के वी. नारायण स्वामी तथा उनके

अकाली दल बादल पुनः धर्म संकट का नाम लेकर आंदोलन शुरू करना चाहता है मगर... !

लुधियाना, 30 मई (महिन्द्रा) : अकाली दल बादल एक बार पुनः धर्मसंकट का नाम लेकर

बातचीत करते हुए बताया कि वह निश्चित नहीं कर सकते कि कब उनकी पार्टी सरकार को

Punjab Samachar



खालिस्तान कमांडो फोर्स के 'लैफ्टीनैंट जनरल' भाई बिक्रमजीत सिंह (इनसैट) के गत दिनों सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे जाने का उनकी माता (बिल्कुल बाएं) के पास अफसोस व्यक्त करते हुए संसद सदस्य श्री ध्यान सिंह मंड, सतवंत सिंह के पिता श्री तरलोक सिंह तथा अन्य । (छाया : फौजी)

तलबंडी भाई में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

पड़ोसियों की दीवार फांदकर घुसे तथा श्री बिशन सिंह और उसकी बहू को घर से बाहर लाए और ए.के. 47 राइफलों से गोलियां चलाकर उनकी हत्या कर दी । आतंकवादियों ने आरोप लगाया है कि बिशन सिंह तथा उसकी बहू के अवैध सम्बन्ध थे । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया । उन्होंने बताया कि इस वारदात में के.सी.एफ. का हाथ है ।

रेल लाइन उड़ा दी : फिरोजपुर से 'बागी' के अनुसार कल रात आतंकवादियों ने फिरोजपुर-जालंधर सैक्शन पर मिट्ठूपिंडी तथा जोगेवाला के बीच बम से रेल लाइन का तीन फट हिस्सा उड़ा दिया । पैट्रोलिंग कर रहे रेल गैंगमैन ने क्षतिग्रस्त रेल लाइन के संदर्भ में रेल अधिकारियों को सूचित किया । विस्फोट के कारण फिरोजपुर-जालंधर के बीच रेल यातायात अवरुद्ध रहा ।

घर जला दिया : 14 आतंकवादियों ने फिरोजपुर जिले में कश्मीर सिंह के घर को आग लगा दी ।

मुठभेड़ में एक आतंकवादी मरा : रोपड़ (प.स.) : जिला के बासरपुर गांव में कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । मृतक की अभी तक पहचान नहीं हुई है । घटनास्थल से दो बम, ए.के. 47 राइफल का एक मैगजीन, एक पिस्तौल तथा कुछ गोली सिक्का भी बरामद हुआ है ।

लूटपाट : गुरदासपुर (विनोद) : कल शाम दो आतंकवादियों ने गुरदासपुर सदर क्षेत्र के गांव अब्बल खैर से रंजीत सिंह नामक एक व्यक्ति से उसका स्कूटर (नं. पी.ए.एच. 4459) पिस्तौल की नोक पर छीन लिया । बाद में इन्हीं आतंकवादियों ने निकटवर्ती बरयार क्षेत्र में राणा पैट्रोल पम्प से 15 हजार रुपया लूट लिया । एक अन्य वारदात में आतंकवादियों ने गांव भट्टियां के पास एक व्यक्ति से उसका स्कूटर (नं. पी.ए.जी. 5021) पिस्तौल की नोक पर छीन लिया ।

दो सुरक्षा चौकियों पर हमला : बटाला (कोछड़) : पुलिस जिला बटाला के कलानौर थाना के अधीन छोन एवं झिलजिलिया गांवों में स्थित दो एस.पी.ओ. चौकियों पर आतंकवादियों ने हमला किया । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर आतंकवादी भाग गए। इन वारदातों में कोई हताहत नहीं हुआ ।

थाने का घेराव : पुलिस जिला बटाला में कादियां थाने का आज लगभग 4 हजार लोगों ने घेराव किया । ये लोग मांग कर रहे थे कि बट्टरकलां के निकट कल मुठभेड़ के दौरान मारे गए 2 आतंकवादियों कुलवंत सिंह उर्फ कंता तथा रंजीत सिंह उर्फ काला के शव उन्हें सौंपे जाएं । इस बीच एस.पी. (आप्रेशन्स) श्री हरभजन सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त दोनों आतंकवादियों का अंतिम संस्कार कर दिया है ।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार आज सायं गुरदासपुर के जिलाधीश श्री एस.एस. चन्नी, बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. श्री उदयवीर सिंह तथा बटाला जिला पुलिस प्रमुख श्री जगदीश कुमार के हस्तक्षेप पर कादियां थाने का घेराव समाप्त कराया गया । उक्त अधिकारियों ने बताया कि मृतक आतंकवादियों के अंतिम-संस्कार के बाद उनकी अस्थियां उनके सम्बन्धियों को सौंप दी गई हैं ।

इस बीच कादियां, कलानौर, श्रीहरगोबिन्दपुर तथा इसके निकटवर्ती क्षेत्रों में आज बंद रहा । कल मुठभेड़ में उक्त दोनों आतंकवादियों के मारे जाने के विरुद्ध रोष स्वरूप इन क्षेत्रों के लोगों ने उक्त कदम उठाया । कादियां तथा इसके समीपवर्ती क्षेत्रों में लिंक सड़कों पर यातायात भी ठप्प रहा ।

एस.पी.ओ. की हत्या : बटाला से 'प.स.' के अनुसार कलानौर थाना के अधीन एक गांव में आतंकवादियों ने एक एस.पी.ओ. की गोली मारकर हत्या कर दी ।

प्रोफैसर की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.) : अमृतसर थाना सदर के कोट खालसा क्षेत्र में कल रात 12 बजे के लगभग 4 आतंकवादियों ने आई.टी.आई. के एक प्रोफैसर मंजीत सिंह के घर में घुसकर गोली मार कर उनकी हत्या कर दी । श्री सिंह की मौका पर ही मृत्यु हो गई । वारदात के बाद आतंकवादी भाग गए ।

एक की हत्या : लगभग 15 आतंकवादियों के एक गिरोह ने कल रात वल्टोहा पुलिस स्टेशन के अन्तर्गत अलगों कोठी गांव में सरबन सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी ।

एक की हत्या : वल्टोहा पुलिस थाना के अधीन आसल उतार गांव में आतंकवादियों ने जरनैल सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी । आतंकवादियों ने आरोप लगाया है कि जरनैल सिंह अवैध रूप से शराब निकालने का धंधा करता था ।

विक्रमजीत का अंतिम संस्कार : रैया (फौजी) : खालिस्तान कमांडो फोर्स के लै.ज. विक्रमजीत सिंह का आज यहां से 15 किलोमीटर दूर कम्मोके गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया । इस मौके पर बाबा ठाकर सिंह, मोहकम सिंह, बख्शीश सिंह, सांसद ध्यान सिंह मंड, सुच्चा सिंह छोटेपुर, धर्मवीर सिंह चंडीगढ़, त्रिलोक सिंह, राजेन्द्र सिंह बेहता, महेन्द्र सिंह सिधवां, प्रीतम सिंह, बलविंदर सिंह, धन्ना सिंह व ज. मनमोहन सिंह आदि उपस्थित थे । बाबा ठाकर सिंह ने दोपहर 12 बजे के करीब विक्रमजीत सिंह की चिता को अग्नि दी ।

3.85 लाख रुपया लूटा : चंडीगढ़ से 'संघी' के अनुसार आज दोपहर लगभग 12 बजे के करीब मारुति कार में सवार पांच अज्ञात लोगों ने पिस्तौल की नोक पर यहां के सैक्टर 17 में पंजाब सहकारी विभाग के कैशियर से 3,85,371 रुपए लूट लिए । उक्त कैशियर यह धन राशि सैक्टर 7 में स्थित भारतीय स्टेट बैंक की ब्रांच से निकलवा कर अपने कार्यालय वापस जा रहा था ।

चंडीगढ़ के एस.एस.पी. श्री आर.पी. सिंह के मुताबिक पंजाब सरकारी विभाग का कैशियर हीरा लाल अपने एक साथी कर्मचारी रामानंद के साथ कर्मियों को वेतन वितरित करने के लिए यह धनराशि जब बैंक से निकलवाकर अपने कार्यालय की तरफ वापस जा रहा था तो बादामी रंग की एक मारुति कार, जिस पर नं. पी.सी.ओ. 228 लिखा हुआ था, ने उनकी कार को ओवरटेक किया जिससे हीरा लाल की कार के ड्राइवर को अपना वाहन रोकना पड़ा । कार के रुकते ही मारुति कार में सवार लगभग 20 से 25 साल की उम्र के नवयुवकों में से तीन ने उन्हें घेर लिया । इन नवयुवकों ने पहले कार के ड्राइवर रजिन्द्र सिंह को कार से बाहर निकाला और उससे मारपीट की जिस कारण उसे कुछ चोटें भी आईं । फिर उन्होंने पिस्तौल तानकर हीरा लाल को रुपयों से भरा ब्रीफ केस उनके हवाले कर देने को कहा । ब्रीफ केस हाथ लगते ही लुटेरे अपनी कार में बैठकर फरार हो गए । सूचना मिलने पर पुलिस ने शहर में नाकाबंदी शुरू कर दी और शहर से बाहर निकलने वाले सारे रास्ते सील कर दिए ।



कद लम्बा करें

Dr. S.D. Sharma, Hall Bazar, Amritsar मिलें :–

लुधियाना : हर सोमवार, दयोल होटल, जगराओं पुल, नजदीक मीरा एण्ड कम्पनी; **जालन्धर** : हर मंगलवार, राक्सी होटल, सामने फ्रैंड्ज सिनेमा, पुरानी कचहरी; **फिरोजपुर** : हर शुक्रवार, नरूला होटल, दिल्ली गेट; **अबोहर** : हर शनिवार, सोनू होटल, नजदीक बस स्टैंड; **भटिंडा** : इतवार, पैलेस होटल, रेलवे स्टेशन नजदीक; **होशियारपुर** : 3 जून, 17 जून, अम्बर होटल, नजदीक बस स्टैंड, **अम्बाला छावनी** : 3 जून, प्रिंस होटल, सामने रेलवे स्टेशन; **पटियाला** : 10 जून, 24 जून, कारनर होटल, बस स्टैंड नजदीक ।

Note : दवाई हर जगह 10 बजे से 4 बजे तक मिलेगी ।

बुश - गोर्बाच्योव शिखर सम्मेलन में कश्मीर पर विस्तार से चर्चा होगी

वाशिंगटन, 30 मई (वार्ता) : अमरीका के राष्ट्रपति जार्ज बुश तथा सोवियत राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाच्योव के बीच कल यहां औपचारिक तौर पर शुरू हो रहे शिखर सम्मेलन में कश्मीर के मुद्दे पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा । ज्ञातव्य है कि भारत तथा पाकिस्तान के बीच संबंधों के तेजी से बिगड़ने पर महाशक्तियों ने गम्भीर चिंता व्यक्त की है ।

सोवियत संघ के एक प्रवक्ता ने कल यहां संवाददाताओं को यह जानकारी दी, लेकिन उन्होंने कश्मीर के मुद्दे पर अमरीका तथा सोवियत संघ द्वारा संयुक्त पहल किए जाने की संभावना पर कोई टिप्पणी करने से इंकार कर दिया । भारत की ज्ञात आपत्तियों को देखते हुए सोवियत संघ ने पहले ऐसी किसी भी पहल को अस्वीकार कर दिया था ।

शिखर सम्मेलन में सोवियत संघ के रवैये के बारे में श्री बोविन तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने संवाददाताओं को संबोधित किया ।

सिंध में कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपे जाने पर

नई दिल्ली, 30 मई (वार्ता) : पाकिस्तानी सेना उपद्रवग्रस्त सीमावर्ती सिंध प्रांत में कानून-व्यवस्था लागू करने की जिम्मेदारी सौंपे जाने के कारण नाखुश है जबकि प्रांत में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है । ब्रिटिश ब्राडकास्टिंग कार्पोरेशन (बी.बी.सी.) द्वारा प्रसारित एक रिपोर्ट के अनुसार सिंध में भारत से लगने वाली सीमा पर तैनात सैनिकों को हैदराबाद रवाना होने को कहा गया है ।

थल सेनाध्यक्ष असलम बेग ने कल हैदराबाद में सेना के जवानों को संबोधित करते हुए उनसे पूरे संयम के साथ अपनी ड्यूटी निभाने को कहा । इससे एक दिन पहले कोर कमांडर आसिफ नवाज ने हैदराबाद में वरिष्ठ सेना अधिकारियों से कहा कि



अमरीकी कांग्रेस के सदस्य स्टीफन जे. सोलार्ज बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह के साथ । (छाया : पी.टी.)

सोलार्ज की वी.पी. सिंह से भेंट

नई दिल्ली, 30 मई (वार्ता) : अमरीकी सांसद स्टीफन सोलार्ज ने आज यहां प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह से भेंट कर उनसे कश्मीर के मसले पर भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ रहे तनाव को दूर करने के बारे में विचार-विमर्श किया ।

श्री सोलार्ज आज ही सुबह इस्लामाबाद से यहां पहुंचे थे । उन्होंने भारत-पाक संबंधों की स्थिति पर विदेश मंत्री इंद्र कुमार गुजराल से भी विचार-विमर्श किया । श्री गुजराल ने आज रात श्री सोलार्ज के सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन किया । इस

Punjabi Kesari

Orest MARTYSHIN
Jawaharlal NEHRU and His Political Views
Price Rs. 28/- only
PUNJAB BOOK CENTRE
SCO 1126-27, Sector 22-B
Chandigarh, Ph: 32052
(Also available at Branches)

City Edition

THE TRIBUNE

110TH YEAR OF PUBLICATION

Vol. 110 No. 148 Chandigarh : Thursday, May 31, 1990

Regd. No. PB/CH-1

Pages: 16 Rs 1.40

100% RETURNING GUARANTEE FOR 22 CARAT GOLD JEWELLERY With Cadmium joints
& exclusive designs in diamonds jewllery
JEWELLERS TALWAR SONS
SCO 112 SECTOR 17-C
CHANDIGARH Ph 41414

LS approves two key statute Bills

NEW DELHI, May 30 (PTI) — After protracted procedural wrangles lasting over three hours, the Lok Sabha today approved two far-reaching Constitutional Amendment Bills seeking to provide statutory status to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes Commission and bringing all land reform laws under the Ninth Schedule.

The voting on these two Bills was deferred yesterday after the Congress (I) members staged a walkout, demanding tabling of all the papers related to the Bofors gun deal. In the absence of the Congress (I), there was a likelihood of the Bills falling through for lack of requisite majority.

The Congress (I) again made a concerted attempt right from the start of the day's proceeding to get the Bofors related papers, including the secret portions of the Swedish National Audit Bureau report, but the Prime Minister rejected the demand saying that there could be a separate discussion on it.

Uproarious scenes marked by heated exchanges and spate of points of order were witnessed for over five hours before the Bills could be passed.

Thus all land reform laws in the Ninth Schedule of the Constitution are placed outside the jurisdiction of the courts.

All 385 members present in the House voted in favour of the legislation.

Earlier, CPM member Somnath Chatterjee withdrew his amendment seeking to include in the bill, the provision in the West Bengal Act for partial acquisition of land for government purposes. He withdrew it after Prime Minister V.P. Singh assured him that his suggestion would be sympathetically considered.

A Congress (I) member, Mr Vasant Sathe, made it clear that his party was not opposed to the Bills which were aimed at safeguarding the interests of the poor. The party did not want to arouse any suspicion in the minds of the people that they were against these measures.

Mr Sathe said the decision to participate in the voting on these Bills did not mean that the party men had dropped their demand for laying the papers pertaining to the Bofors deal on the table of the House.

The 68th Amendment Bill originally seeks to provide a high-level five-member commission under Article 338 of the Constitution which would be a more effective arrangement regarding the constitutional safeguards for the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes than a single special officer.

But, an official amendment moved by the Welfare Minister, Mr Paswan, however provided for a seven-member commission with a chairman and vice-chairman.

Former J&K minister shot at, injured

From Our Special Correspondent

JAMMU, May 30 — Militants and supporters of Maulvi Farooq, who was killed on May 21, again postponed the "fateh" ceremony of the late Kashmir Mirwaiz in Jama Masjid in Srinagar when a curfew was imposed in some parts of the city today.

Although the curfew was relaxed in localities falling under seven police stations in the interior of Srinagar, Maulvi's supporters refused to offer prayers in connection with the 10th day ceremony of the late Mirwaiz.

The curfew was lifted from the Civil Lines areas from 12.30 p.m. to 7 p.m. but it had no impact on the Maulvi's supporters and other militant organisations who demanded the lifting of the curfew from the entire city. Shops remained closed and transport services were affected. Attendance in government offices was poor.

An official spokesman said the security forces recovered two AK-47 rifles, one pistol, seven magazines, 179 rounds of ammunition, one rocket-projector gun and three anti-personnel mines.

The spokesman said the security forces recovered one Chinese pistol, eight rounds of ammunition, currency notes, jewellery and gold from another place. The arms and ammunition had been smuggled into Kashmir by youths after receiving training in camps across the border.

The security forces arrested four subversives in Srinagar city today. The police solved many cases of bomb blast in Anantnag in South Kashmir with the arrest of two subversives last week.

The security forces combed the Khansahib area in Budgam district after Mr Hakim Mohd Yaseen, a former minister, was injured in a militant attack.

Reports said three militants entered his house and fired at him. Mr Yaseen, who was hit in the abdomen was admitted to hospital.

Security personnel cordoned of the area and a search for the attackers was launched. The official spokesman said the situation in the rest of the valley remained peaceful.

The Governor, Mr Saxena, has directed intelligence agencies and the police to start the screening of arrested youths so that those found innocent are released. During the past two days over 50 youths have been released.

Some of the released youths have given an assurance that they will not support militants.

The Governor has ordered that an administrative council should be set up under his chairmanship. The necessary orders are being issued separately.

All cases, which under the J and K Business Rules are required to be submitted to the Cabinet, will now be referred to the council.

10 mowed down in Ferozepore

CHANDIGARH, May 30 (UNI) — Terrorists mowed down 10 persons and injured 14 more in Ferozepore district tonight.

Elsewhere in Punjab, four terrorists were among 12 persons killed while a portion of railway track was blown off in Punjab during the past 24 hours.

In a raid on a terrorist hideout, the security forces gunned down two terrorists at Butter Kalan in Batala police district last evening. Two revolvers and two hand grenades were seized from the slain terrorists.

One of them was later identified as Ranjit Singh, alias Kala, who carried a reward of Rs 30,000 on his head and was responsible for a score of killings. His accomplice was identified as Kulwant Singh, alias Kanta.

Meanwhile, the siege of the police station at Qadian by more than 4000 persons continued for the second day today in a bid to force the authorities to hand over the bodies of the slain terrorists to their families. The bodies of both terrorists have been taken away by a Tarn Taran police party, which raided the hideout on a tip-off.

Additional security forces have been rushed to the town to prevent the situation from taking a serious turn. Meanwhile, Qadian, Kalanaur and Srihargobindpur and its surrounding villages observed a hartal for the second day today. Vehicular traffic on all link roads leading to Qadian remained disrupted.

In an encounter, the security forces shot dead a terrorist near Barsal village in Ropar district last night. An accomplice of the slain terrorist escaped. One pistol, one magazine of AK-47 rifle and two bombs were seized from the encounter site.

Two farm workers were hacked to death at Randhawa Masandha village in Jalandhar district last night. They were indentified as Rajy Bhaiya and Pala.

In another incident, terrorists kidnapped Mrs Safbpt Kaur and her daughter, Sukhwinder, from their house at Narli village in Tarn Taran police district and later shot them dead. Their bodies were recovered last night.

Four terrorists entered into the house of Mr Manjit Singh at Kot Khalsa in Amritsar district and opened fire, killing him on the spot last night.

A farmer, Mr Swaran Singh, was shot dead by terrorists at Algon Kothi in Tarn Taran police district last night.

In another incident, terrorists entered the house of Mr Bishen Singh at Garari village in Ferozepore district and shot his wife, Balbir Kaur, dead last evening.

In a powerful bomb blast, a three-feet-long railway track was blown off near Jogewal railway station on the Ferozepore-Jalandhar Section in Ferozepore district last night. However, the police here claimed that only 68 cm of the rail track was damaged. Rail traffic, which remained disrupted for about two hours, was resumed after the damaged track was repaired.

A terrorist gang went to the house of Mr Kashmir Singh at Talli Gulam village in Ferozepore district and set it ablaze last night.

Two special police officers pickets at Shean and Jhaljhari villages in Batala police district were attacked by terrorists last night. However, no casualty was reported from either side.

Continued on page 14 col 2

Minister flees, cabinet reshuffled

COLOMBO, May 30 (PTI) — President Maumoon Abdul Gayoom of Maldives today reshuffled his Cabinet after one of his Cabinet Ministers fled the island nation yesterday.

Mr. Ilyus Ibrahim, Minister for Trade and Industry and State Minister for Defence, fled the country yesterday.

Lenin peace prize for Mandela

MOSCOW, May 30 (PTI) — The South African black nationalist leader, Mr Nelson Mandela, has been awarded the international Lenin Peace Prize, it was announced here today.

Other pages

- Regional Potpourri page 3
- Sponge iron plant transplanted a report by Shyam Khosla page 4
- Share boom again here and there From page 9
- High Court reports page 12
- Of erratic phone service District Diary from Patiala page 10
- Medical tests for cricketers and page 14



Women with portraits of the late military ruler, Zia-ul-Haque, held aloft raise anti-Bhutto slogans on Tuesday in the curfew-bound city of Hyderabad (Sind) where more than 120 persons were killed in ethnic violence and police firings. PTI

20 more killed in Karachi

KARACHI, May 30 (AFP) — At least 20 more persons were killed and dozens injured as residents of this port city clashed with the security forces today, hospital sources said.

The latest killings, in random firing in various parts of the city, brought the death toll in three days to 103, and the overall toll in the southern province of Sind since violence first flared on May 14 to 239.

With almost half of the sprawling metropolis under curfew, business and industry was at a standstill for the fourth consecutive day, causing "collossal loss" to the national economy, business sources said.

The Karachi stock exchange, already suffering from the ethnic strife in the province, particularly here and in Hyderabad, was closed yesterday because of thin attendence. Prime Minister Benazir Bhutto admitted in an interview published today that Sind — her home province — faced a guerrilla-like uprising but rejected demands for emergency measures.

Raja Abdul Rehman, Presidennt of the Pakistan Chambers of Commerce and Industry, urged the government immediately restore law and order, warning that businessmen would "suspend all their activities" if the government failed to ensure their security.

Mian Jangir Monnoo, Chairman of the All-Pakistan Textile Mills Association, also appealed to the federal and provincial authorities to restore security without delay.

In an interview with Karachi's English daily, The Morning News, Ms Bhutto said she was concerned by the current wave of ethnic and political violence, but complained that "when we take action against the criminals, people make a hue and cry."

The Prime Minister was in Hyderabad today amid tight security to meet various delegations of citizens, including elected representatives, in a bid to reduce tension and restore normalcy to the strife-torn city, officials said.

ISLAMABAD (PTI): Meanwhile, eye-witness accounts of last Sunday's carnage in Hyderabad and Latifabad reveal a macabre drama enacted by the Sind police who went on a rampage killing indiscriminately, ransacking homes and molesting women.

Over 50 persons, including 17 women and four children, were gunned down by the police who opened fire on peaceful processionists demanding an end to curfew restrictions. An acute shortage of foodstuffs, water and power forced people to take to the streets defying curfew regulations. Over 250 were wounded in the police action.

Reports here said as part of "operation clean up", the police had extended curfew in selected localities

Continued on page 16 col 2

3.71 lakh looted in city

From The Tribune Bureau

CHANDIGARH, May 30 — Four unidentified youth today robbed Mr Hira Lal, cashier of the Punjab Cooperative Societies Department, of Rs 3.71 lakh in the Sector 17 busy market.

Accompanied by Mr Ram Nand, a peon of the department, Mr Hira Lal was carrying the salary of the staff in an Ambassador car. He had brought the money from the Sector 7 branch of the State Bank of India.

The desperados, who were travelling in a Maruti car (No PCO-229), overtook the Ambassador car in which Mr Hira Lal was carrying the cash near the petrol pump behind K.C. cinema.

Mr Hira Lal said the robbers parked their car in front of his car, dragged him out one at pistol point and snatched the briefcase carrying the cash. The entire exercise lasted barely minute. The cashier received minor injuries on his right hand.

Although wireless messages were flashed within minutes of the occurrence of the incident, the police failed to apprehend the robbers.

The police has registered a case under Section 392, I.P.C.

Family Genius

The answers to the Family Genius-IV quiz will be published in The Tribune tomorrow. The names of prize winners will also be published. A total amount of Rs 2750 (Rs 750 carried over from last month) is being shared by seven top scorers.

— *Editor-in-Chief*

Pakistan keeping N-arms ready

NEW DELHI, May 30 (PTI) — Pakistan is probably making all arrangements to keep its nuclear weapons ready for use and fine-tune its arsenal, defence analyst K. Subrahmanyam feels.

Reacting to reports of Pakistan moving nuclear bombs to its military airfields to arm the F-16 fighter bombers, he says the Pakistanis are slowly trying to pass on the message to the world, mainly India, that they have nuclear bombs.

A former Director of the Institute for Defence Studies and Analyses (IDSA) tells PTI that it is difficult to assess Islamabad's motive behind moving the weapons from the top secret Kahuta nuclear complex to Sargodha airbase sheltering the American-built F-16 fighters.

"But the move appears to be a deterrent measure and at the moment it is not possible to conclude whether the Pakistanis are really going to drop a bomb over India in the event of a War," he says. "By taking the weapons out of the basement Pakistan has given an ambiguous signal but the real threat is yet to come," he adds.

The American spy satellite pictures only confirm earlier reports about Pakistan's nuclear capability and now it will be of no use in following an "ostrich policy".

"We have been sleeping all these days. It is time we wake up to realities," Mr Subrahmanyam suggests.

The reported Pakistani exercise of moving the nuclear bombs out of the "basement" to the military airbase and fitting them to the F-16 bombers capable of delivering the weapons is seen by IDSA experts as maximum preparedness.

Sargodha airbase is more than 200 km from the Kahuta nuclear complex, near Islamabad, and the process of readying the weapons for delivery will be time consuming. Therefore, Pakistan is promptly fine-tuning the weapons and keeping them ready for use, they say.

Another reason behind Islamabad's bid to deploy nuclear weapons could be that the Pakistanis want to show it to Iraq that they have nuclear bombs, Mr Subrahmanyam feels. This seems more logical in view of the ongoing Arab summit in Baghdad.

इस्लामाबाद, 31 मई (आई.ए.एन.एस.): अत्यधिक विश्वसनीय अमरीकी अधिकारी के अनुसार कश्मीर के मुद्दे पर भारत व पाकिस्तान के मध्य परमाणु युद्ध की सम्भावना से इंकार नहीं किया जा सकता, मगर दोनों देश इस युद्ध से हर कदम

जनता के नाम संदेश



श्री बनारसी दास गुप्त
मुख्यमंत्री हरियाणा

श्री बनारसी दास गुप्त
मुख्यमंत्री हरियाणा,
का आकाशवाणी, रोहतक
से जनता के नाम संदेश
प्रसारण तिथि
2.6.1990 (शनिवार)
समय : रात्रि नौ बज कर
16 मिनट

लोक सम्पर्क विभाग, हरियाणा

PRDH/111F/90/11150-55/30.5.90-JDC

Punjabi Sanatan

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

सार्वजनिक सूचना

मैं अपनी जून 1989 वाली फारगती वापस लेता हूं । हरबंस लाल, 531/6 पटेल नगर, कुरुक्षेत्र ।

मेरा सुपुत्र निर्मल सिंह (38) कोटला गौंसपुर गांव भूतपुर, डाकखाना बस्सी गुलाम हुसैन, जिला होशियारपुर मेरे कहने में नहीं है । मैंने उसे अपनी जायदाद (चल तथा अचल) से बेदखल कर दिया है । अब उसका कोई संबंध नहीं । मैं उसका किसी तरह से जिम्मेदार नहीं । —जगत सिंह

टूर एंड ट्रैवल

पंजाब टूरिज़्म से L.T.C. टूरों के लिए मान्यता

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 31.5.90. 58/- without trays, NECC Suggested Retail Price 7/80 Per Dozen.

ज़मीन/जायदाद/प्लाट

अम्बाला कैंट, अम्बाला शहर, जगाधरी में हर प्रकार के इंडस्ट्रीयल, रिहायशी प्लाट, ज़मीन व हुडा के प्लाट सारे हरियाणा में खरीदने व बेचने के लिए सम्पर्क करें : अग्रवाल प्रापर्टी सैंटर, दाल मंडी, अम्बाला कैंट, 24359. नोट : (1) Plots on instalments also available. (2) Groups/Housing Societies may please contact for

4 आतंकवादी सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मरे, 1 ने ज़हर खा लिया

मरने वालों में तलवंडी भाई में 10 लोगों के 2 हत्यारे भी शामिल

अन्यत्र 7 लोगों की हत्या : एक बैंक लूटा

चंडीगढ़, 1 जून (प.स., वार्ता): पिछले 24 घंटों के दौरान पंजाब तथा चंडीगढ़ में 5 दर्दात आतंकवादी मारे गए, जबकि 7 लोगों की हत्याएं हुईं और एक बैंक लूटा गया ।

मुठभेड़ में दो आतंकवादी मरे : फरीदकोट (वार्ता): सुरक्षा बलों ने आज प्रात: जिला के मोगा सदर थाने के अंतर्गत दौलतपर गांव के निकट दो दर्दात आतंकवादियों को मार गिराया । पंजाब के पुलिस प्रमुख श्री के.पी.एस. गिल ने बताया कि मारे गए दोनों आतंकवादी विगत दिवस फिरोज़पुर जिला के तलवंडी भाई गांव में दस लोगों की हत्या करने की वारदात में संलिप्त थे । मारे गए एक आतंकवादी का नाम जसप्रीत सिंह बताया जाता है । श्री गिल ने बताया कि घटनास्थल से एक सफेद जीप, एक लाइट मशीनगन, पुलिस की कुछ वर्दियां तथा गोला-बारूद भी बरामद हुआ है । श्री गिल ने बताया कि आतंकवादियों ने तलवंडी भाई हत्याकांड में उक्त जीप का इस्तेमाल किया था । श्री गिल ने यह भी रहस्योद्घाटन किया कि उक्त आतंकवादी गिरोह का एक सदस्य वीरवार रात को तलवंडी भाई गांव में विशेष पुलिस अधिकारियों की गोलियों से मारा गया था ।

बैंक लूटा : फरीदकोट जिला के थल्ली भाई गांव में उग्रवादियों ने एक सहकारी बैंक से 35 हजार रुपया लूट लिया ।

युवक की हत्या : सनाम से 'नागपाल' के अनुसार यहां से बीस किलोमीटर दर गांव सतोज में तीन उग्रवादी रात नौ बजे शराब के एक ठेके पर आए । उन्होंने पहले तो शराब पी । फिर ए.के. 47 राइफल से अंधाधुंध गोलियां चलाईं जिससे एक व्यक्ति रोही सिंह (36) घटनास्थल पर ही दम तोड़ गया,जबकि एक अन्य व्यक्ति मुख्तियार सिंह घायल हो गया । उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया । मरने वाले की चार लड़कियां हैं और वह अपने मां-बाप का इकलौता बेटा था ।

स्कूटर छीन लिया : सुनाम से 15 किलोमीटर दर भटिंडा मार्ग पर चीमा मंडी के निकट गांव बैरकला में उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक जाट वीर सिंह से स्कूटर छीन लिया और फरार हो गए ।

एक की हत्या : फिरोज़पुर जिला के मंदिर कला गांव में आतंकवादियों ने कल रात मंजीत सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

घुसपैठिए का शव मिला : फिरोजपुर जिला के ममदोट सैक्टर में आज प्रात: एक शव बरामद हुआ है । समझा जाता है कि यह शव पाक घुसपैठिए का है ।

शव बरामद : मक्खु से 'चंद्रशेखर' के अनुसार फिरोजपुर जिला के जीरा थाना के अंतर्गत गांव अल्लेशाह में एक व्यक्ति की लाश वृक्ष के साथ लटकती हुई मिली है । मृतक की पहचान सुरेन्द्र कुमार (25) के रूप में हुई है । वह सब्जी आदि की रेहड़ी लगाता था ।

ट्रक पर फायरिंग : फिरोजपुर जिला के थाना धर्मकोट के अंतर्गत गांव किल्ली नौ बहार में ट्रैक्टर सवार कुछ आतंकवादियों ने एक ट्रक पर फायरिंग की । ट्रक में इंका नेता श्री हरचरण सिंह हीरो का कुछ सामान दिल्ली ले जाया जा रहा था ।

एक घायल : भटिंडा जिला के बोहा गांव में कल रात आतंकवादियों ने हरभजन सिंह नामक व्यक्ति को गोलियां चला कर घायल कर दिया ।

मुठभेड़ में एक आतंकवादी मरा : अमृतसर (वि.प्र.): पुलिस जिला तरनतारन के थाना वल्टोहा के इलाका में स्थित गांव तूत भंगाला के बाहरी क्षेत्र में एक फार्म हाऊस में छिपे तीन आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच आज प्रातः हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । पता चला है कि गांव तूत भंगाला की पुलिस चौकी को सूचना मिली थी कि उक्त फार्म हाउस में आतंकवादी छिपे हुए हैं । पुलिस ने उक्त फार्म हाउस को घेर लिया । दोनों तरफ से हुई फायरिंग के दौरान एक आतंकवादी मारा गया । उसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी । घटनास्थल से एक पिस्तौल भी बरामद हुई है ।

युवक की हत्या : तरनतारन पुलिस के वल्टोहा थाना के अधीन गांव कलिजर में कल शाम तीन आतंकवादी मेहंगा सिंह नामक एक व्यक्ति के मकान में घुस गए तथा उसके नौजवान लड़के अनायत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

तेजधार हथियारों से हत्या : मजीठा पुलिस जिला के जगदेव कलां गांव में आज कुछ हमलावरों ने गुरचरण सिंह नामक एक व्यक्ति की तेजधार हथियारों से हत्या कर दी ।

2 दुर्दात आतंकवादी पकड़े गए : तरनतारन पुलिस जिला में बालीपुर गांव के निकट सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के बाद भिडरांवाला टाइगर फोर्स के दो दर्दात आतंकवादियों दर्शन सिंह उर्फ भोरा तथा जसवंत सिंह को गिरफ्तार कर लिया । फोर्स का प्रमुख सुखविन्दर सिंह संघा अपने एक साथी के साथ बच कर भाग गया । दर्शन सिंह एरिया कमांडर था । दर्शन सिंह उत्तर प्रदेश तथा पंजाब में 50 से अधिक हत्याओं के मामलों में वांछित था ।

दर्शन सिंह उत्तर प्रदेश के नैनीताल जिले में हल्द्वानी तथा काशीपुर में हुए दो बम धमाकों के लिए जिम्मेदार था । उत्तर प्रदेश पुलिस ने दर्शन सिंह की गिरफ्तारी पर दो लाख रुपए का इनाम घोषित किया था । पंजाब पुलिस ने भी उस पर 50 हजार रुपए का इनाम रखा था । काबू किए गए आतंकवादियों से एक ए.के. 47 राइफल, एक ए.के. 74 राइफल, 300 राऊंड कारतूस, एक स्कूटर तथा एक मोटर साइकिल भी बरामद किया गया है ।

दो दुर्दात आतंकवादी मरे : चंडीगढ़ से 'संघी' के अनुसार आज प्रातः यहां के सैक्टर 16 में स्थित रोज गार्डन में सी.आर.पी.एफ. ने एक आतंकवादी को मार गिराया, जबकि एक अन्य ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली ।

प्राप्त समाचार के अनुसार पंजाब से सुरक्षा बलों का एक दल जालन्धर से पकड़े गए एक आतंकवादी को अपने साथ लेकर चंडीगढ़ में कुछ आतंकवादियों की तलाश में गया था । उक्त दल को पहले से यह सूचना थी कि कुछ आतंकवादी यहां एकत्र होने वाले हैं । इस सूचना के आधार पर जब उक्त दल रोज गार्डन के निकट पहुंचा तो वहां खड़े पांच युवकों ने सुरक्षा कर्मियों को देख कर इधर-उधर भागने का प्रयास किया । एक आतंकवादी, जोकि रोज गार्डन में घस आया था, को वहां पहले से ही तैनात सी.आर.पी.एफ. के जवानों ने पकड़ने की कोशिश की लेकिन जब उक्त आतंकवादी भागता ही रहा तो सी.आर.पी.एफ. के जवानों ने गोली चला दी । आतंकवादी की मौका पर ही मृत्यु हो गई । मृतक आतंकवादी का नाम पलविन्द्र सिंह बताया जाता है । पंजाब पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपए का इनाम रखा था ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक अन्य आतंकवादी भी रोज गार्डन में दाखिल हो गया था और स्वयं को सुरक्षा कर्मियों के बीच घिरा देख कर उसने सायनाइड खाकर आत्म हत्या का प्रयास किया लेकिन सुरक्षा कर्मियों ने उसे सायनाइड मुंह में डालने से पहले ही पकड़ने में सफलता प्राप्त कर ली । दो अन्य आतंकवादियों ने फरार होने का प्रयास किया । सुरक्षा कर्मियों ने उनका पीछा किया । सुरक्षा बलों के घेरे में आ जाने पर एक आतंकवादी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली । उसका नाम गुरशरण सिंह बताया जाता है । सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी को काबू कर लिया । मारे गए दोनों आतंकवादी "बब्बर खालसा" से सम्बद्ध थे ।

बैंक लूटने का प्रयास : आज प्रातः पंजाब से आए सुरक्षा कर्मियों का एक दल चंडीगढ़ के सैक्टर 16 में स्थित रोज गार्डन के निकट जहां आतंकवादियों को पकड़ने में व्यस्त था, वहीं दूसरी ओर तीन आतंकवादी पी.जी.आई. में स्थित स्टेट बैंक आफ इंडिया की शाखा को लूटने के प्रयास में लगे हुए थे, लेकिन वहां तैनात चंडीगढ़ पुलिस के एक कांस्टेबल मदन लाल व होमगार्ड के एक जवान हरदेव सिंह की चुस्ती की बजह से वे इसमें कामयाब न हो सके ।

प्राप्त समाचारों के अनुसार ये तीनों आतंकवादी एक भारुति वैन नं. सी.एच.के. 7210 में सवार होकर आए थे । इनमें से 2 आतंकवादी बैंक के भीतर चले गए, जबकि एक वैन में ही बैठा रहा । उक्त दोनों आतंकवादी स्थिति का मुआयना करने के उद्देश्य से तीन-चार बार बैंक के भीतर गए और फिर बाहर आए । चंडीगढ़ पुलिस के कांस्टेबल तथा

(शेष पृष्ठ 8 पर)

राधा स्वामी प्रमुख बाबा चरन सिंह जी का स्वर्गवास : अंतिम संस्कार आज



अमृतसर, 1 जून (वि.प्र.) : यहां प्राप्त समाचारों के अनुसार राधा स्वामी डेरा बाबा जैमल सिंह, ब्यास के प्रमुख बाबा चरण सिंह जी का आज अपरान्ह एक बजे ब्यास स्थित उनके मुख्यालय में स्वर्गवास हो गया । वे 74 वर्ष के थे ।

बड़ी संख्या में श्रद्धालु यह समाचार सुनकर ब्यास नदी के किनारे पर स्थित राधा स्वामी डेरे पर बाबा जी के अंतिम दर्शनों के लिए पहुंचे । स्वर्गीय बाबा जी के अंतिम दर्शन कल प्रात: 5 से 8 बजे तक होंगे । बाबा चरण सिंह जी पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे ।

बाबा चरण सिंह जी के कार्यकाल में राधा स्वामी

कराची में मशीनगनों से

Punjab Sanatan

आतंकवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

होमगार्ड जवान को उन पर शक हो गया । जब कांस्टेबल ने उनमें से एक से बार-बार बैंक में आने-जाने का कारण पूछा तो उसने बताया कि वह एक डाक्टर की खोज में है जिससे उसने अपनी एक्स-रे रिपोर्ट लेनी है ।

इस जवाब से भी कांस्टेबल संतुष्ट न हुआ और उसने आतंकवादी की तलाशी लेनी शुरू कर दी । तलाशी के दौरान उस आतंकवादी के पास से एक रिवाल्वर निकली । कांस्टेबल ने इस आतंकवादी को जब पकड़ लिया तो उसके साथी ने गोलियां चलानी शुरू कर दीं । कांस्टेबल ने अपनी जान बचाने के लिए पकड़े हुए आतंकवादी को छोड़ दिया । इसके बाद दोनों आतंकवादी भाग कर अपनी वैन में जा बैठे और फरार हो गए ।

सूचना मिलने पर पुलिस ने शहर के चारों ओर नाकाबंदी की लेकिन बैंक लूटने आए आतंकवादियों का कोई सुराग नहीं मिला । जब आतंकवादी बैंक को लूटने आए थे तो बैंक में 28 लाख रुपए की नकदी पड़ी हुई थी ।

बताया जाता है कि इन आतंकवादियों ने वैन में फरार होते समय भी हवाई फायरिंग की ताकि उनका कोई पीछा न कर सके । इस बीच यह भी पता चला है कि आतंकवादियों की वैन पर जो नम्बर लगा हुआ था, वह भी जाली था ।

ग्रामीणों ने 2 उग्रवादी पकड़े : गुरदासपुर (विनोद): कल रात गुरदासपुर सदर के गांव तिब्बड़ में लूटने आए 4 आतंकवादियों में से 2 को गांव वालों ने पकड़ लिया । सूत्रों के अनुसार गांव तिब्बड़ निवासी श्रीमती अचला अपने बच्चों सहित घर में टैलीविजन देख रही थी कि 4 युवक उसके घर आए और घर के जेवरात उन्हें देने को कहा । इसी बीच पड़ौसियों ने 4 युवकों को श्रीमती अचला के घर जाते देख लिया था और उन्होंने कुछ अन्य गांव वालों के साथ आतंकवादियों पर धावा बोल दिया । आतंकवादी भाग खड़े हुए । गांव वालों ने पीछा करके दो को पकड़ लिया जबकि दो भागने में सफल हो गए । पकड़े गए आतंकवादियों की शिनाख्त भुट्टो और मेजर निवासी सिधवां के रूप में हुई है । इनको पुलिस के हवाले कर दिया गया है । भागने वालों की शिनाख्त कुक्की निवासी सिधवां और रणधीर सिंह निवासी तिब्बड़ के रूप में की गई है । पता चला है कि रणधीर सिंह ने 1985 में गांव तिब्बड़ में एक बम धमाका किया था, जिसमें एक बच्ची मारी गई थी और उसकी मां जख्मी हुई थी ।

लूटपाट : जालंधर जिला के नवांपिंड खानेवाल गांव में तीन आतंकवादी कल रात परने सिंह के घर में घुसे और उन्होंने पिस्तौल की मांग की । पिस्तौल नहीं दिए जाने पर वे लगभग बीस ग्राम सोना और कुछ नकदी लेकर चम्पत हो गए ।

एक काबू : पुलिस दल ने जालंधर नगर से बाहर जालंधर-पठानकोट राष्ट्रीय मार्ग पर गेजा सिंह नाम व्यक्ति को गिरफ्तार किया । बटाला पुलिस जिले के रामपुर क्षेत्र के निवासी गेजा के पास से एक पिस्तौल और कुछ कारतूस जब्त किए गए ।

एक की हत्या : जालन्धर जिला के नकोदर पुलिस स्टेशन के अधीन रहीमपुर गांव में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति पाल सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । बाद में उसकी मृत्यु हो गई ।

शव बरामद : लुधियाना : पुलिस ने जिला के लोहारा गांव से एक किसान का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है ।



I, Sarabjit Singh S/o Sh. Kehar Singh, R/o Village Fatehpur, Tehsil Nakodar, Distt. Jalandhar married on dated 4.4.90 at village Khanowal, Distt. Kapurthala with Manjit Kaur, D/o Sh. Lember Singh, R/o EAST BOWLING BRADFORD WEST YORKSHIRE, BD4-7LG, ENGLAND (UK) with simple ceremony.

(Advt.)





पी.जी.आई. चंडीगढ़ में स्थित स्टेट बैंक आफ इंडिया की वह शाखा (ऊपर) जिसे उग्रवादियों ने शुक्रवार को लूटने की कोशिश की । (नीचे) बैंक में गोलियां चलने की आवाज सुनते ही बैंक और पी.जी.आई. के कर्मी अपने विभागों को छोड़ कर बाहर निकल आए । (छाया : पुरी)





शुक्रवार को चंडीगढ़ में सुरक्षा बलों के साथ हुई भिड़न्त में मारा गया आतंकवादी (ऊपर) जिसकी शिनाख्त पलविन्दर सिंह के रूप में हुई है, जबकि (नीचे) भिड़न्त के बाद पुलिस की गिरफ्त में आया एक अन्य आतंकवादी । (छाया : पुरी)

राधा स्वामी...

(पृष्ठ 3 का शेष)

बुआ सिंह और अन्य अधिकारी ब्यास पहुंच गए हैं ।

महाराज चरण सिंह जी सरदार हरबंस सिंह जी के सब से बड़े पुत्र तथा महाराज सावन सिंह जी के पौत्र थे । उनका जन्म 12 दिसम्बर, 1916 को उनके ननिहाल मोगा में हुआ । जब उनकी आयु लगभग पांच वर्ष की थी तो महाराज सावन सिंह जी ने उन्हें अपने पास डेरे बला लिया । उनका बचपन तथा जवानी महाराज जी के निकट उनकी प्रेम-भरी देख-रेख तथा डेरे के धार्मिक वातावरण में व्यतीत हुई । प्राथमिक शिक्षा डेरे में रह कर ही प्राप्त की ।

रंधीर कालेज कपूरथला से 12 कक्षाएं पास करने के पश्चात् उन्होंने गॉर्डन कालेज रावलपिंडी में बी.ए. प्रथम वर्ष में प्रवेश लिया । वे खेलों में भी बहुत रुचि लेते थे । हाकी, फुटबाल तथा टैनिस खेलने में उनकी बहुत रुचि थी । बी.ए. की डिग्री प्राप्त करने के पश्चात् उन्होंने लॉ कालेज लाहौर से कानून की डिग्री प्राप्त की तथा 1942 में सिमला

जी के देहान्त

इस मत
संख्या में अनु
सारी धार्मिक
उन्होंने इस म
किया ।

कुछ वर्ष
सावन सिंह जी
जो उत्तरी भा

विशेष
(अशोक): डेर
महाराज चरण
शोकाकुल श्रद्ध
दृष्टिगत उत्तर
ट्रेनें चलाने व
दो-दो मिनट
इसी मध्य
कर्मचारियों ने
को स्पैशल ब

बड़ी

गिरफ्तार साथी
वे कड़े कदम
रफीकव एस.
गत 17 मई
तथा कर्मचारि
लगातार एक
रही है तथा ध

2 सुरक्ष
अनुसार आज
विघटनकारियों
कमांडैंट सहित
तरह घायल ह
श्रीनगर शहर
हथगोला फैंक
गम्भीर रूप से
बड़गाम जिले
जा रहे बी.एस
किए जाने से ए
गए । बाद में
सहते हुए अस्प

शस्त्र ब
कश्मीर घाटी
ठिकाने से हथि
जखीरा बरामद
इन राइफलों
लाइट मशीनग
शामिल हैं ।

दमकल
के अनुसार श्री
उग्रवादियों ने
एक कांस्टेबल
है । गोली उस
जाया गया जह
बताई है ।

फारूक
मीरवायज मौल

Punjabi Jagrati

जनीतिक अभियान

-370 समाप्त हो

श्री अडवानी ने कहा कि 1971 में भारत सरकार ने उस समय गलती की जब जंग जीतने के बावजूद भी शिमला समझौते में यह मान लिया कि फैसला हर रोज नहीं होगा ।

इससे पहले भाजपा के जनरल सैक्रेटरी श्री कृष्ण लाल शर्मा ने कहा कि पंजाब समस्या के बारे में उन्होंने कहा कि जगमोहन को कश्मीर से हटा कर सरकार ने एक ऐसा निर्णय लिया है जिस बारे सरकार को पछताना पड़ेगा ।

पंजाब की हालत चिंताजनक है, इस बारे में हमने पंजाब के बारे में प्रधानमंत्री को दी रिपोर्ट में भी कहा है ।

निकट हिमाचल पुलिस से आतंकवादी मरा : 2 फरार

सोलन जिले में
वाला बैरियर के
कवादी उस समय
र्टी ने उस कार पर
फर कर रहे थे ।
ल हो गए ।
न्य चैकिंग ड्यूटी
ोटर दूर मशीईके
ली कार को आते
आतंकवादियों के
र की ओर मोड़
र का पीछा किया
टक को रास्ता देने
ई तो गश्ती दल ने
सूत्रों के अनुसार
के लिए गोलियां
हुए एक संदिग्ध
में कार धनौली के
वहां खोजबीन के
कवादी को घायल
ालागढ़ अस्पताल
।
बर एच.आई.एस.
राई गई थी । इस संदर्भ में सैक्टर 34 के पुलिस थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी । यह कार इंदिरा गांधी मैडिकल कालेज, शिमला के डाक्टर सक्सेना की है, जिसे उनका पुत्र चंडीगढ़ लेकर गया था । खोज के दौरान कार की असली नम्बर प्लेट भी मिल गई ।

मारे गए आतंकवादी की पहचान चंडीगढ़ के बंती उर्फ जॉन के रूप में हुई है । मारे गए आतंकवादी ने मरने से पूर्व भाग गए दो अन्य आतंकवादियों की पहचान भी बता दी थी लेकिन जांच के दृष्टिगत उनके नाम गुप्त रखे गए हैं ।

उसने अपनी प्रेमिका की हत्या कर उसका मांस खा लिया

पैरिस, 2 जून (न्यू.टा.): एक जापानी व्यक्ति जिसने वर्ष 1981 में अपनी डच प्रेमिका की हत्या कर दी तथा आंशिक रूप से उसके शरीर को खा लिया था को गत दिनों न्यू टैलीविजन वैरायटी शो में एक साक्षात्कार के दौरान दिखाया गया । इसीई सागवा हत्या के चार वर्षों बाद मनोवैज्ञानिक संस्थान से इलाज करवा कर वापस लौटा तथा उसने कहा, "बचपन से ही मेरी एक प्रकार से यही इच्छा थी कि मैं किसी जवान लड़की अथवा महिला का मांस खाऊं ।"

पंजाब में 3 उग्रवादी गुट संघर्ष में मरे, कई गिरफ्तार : अन्यत्र 2 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 2 जून (प.स., वार्ता): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान 3 आतंकवादी गुट संघर्ष में मारे गए तथा कई अन्य सरक्षा बलों द्वारा गिरफ्तार कर लिए गए । इसी बीच आतंकवादियों द्वारा 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई ।

डी.एस.पी. का अपहृत पुत्र रिहा : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के सूत्रों द्वारा दिए गए विवरण के अनुसार आतंकवादियों ने थाना श्रीहरगोबिन्दपर के गांव रामपुरा से गत 26 व 27 मई की रात को अपहृत किए गए डी.एस.पी. कंदन सिंह के बेटे गुरतेज सिंह को आज प्रात: रिहा कर दिया है । उसके पास भेजे गए एक पत्र में आतंकवादियों ने कहा है कि हमने तो अपना वायदा पूरा कर दिया है अब देखना है कि सरकार अपना वायदा पूरा करती है या नहीं । उल्लेखनीय है कि गुरतेज सिंह के अपहरण के मामले में आतंकवादी अपने एक साथी खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के लैफ्टीनैंट जनरल मंगल सिंह रामपुरा की रिहाई की मांग कर रहे थे, जिसके बारे में आतंकवादियों का कहना है कि उसे जालंधर पुलिस ने पकड़ा हुआ है ।

गुट संघर्ष में दो आतंकवादी मरे : बटाला पुलिस जिले के दालम नंगल गांव के निकट आज एक लुटेरे का गोलियों से छलनी शव बरामद किया गया । पुलिस ने मृतक का नाम राज बताया है । पुलिस को लूट के अनेक मामलों में इसकी तलाश थी । हत्या के स्थान पर कुछ कारतूस मिले हैं ।

एक अन्य घटना में बटाला पुलिस जिला के थाना डेरा बाबा नानक तलां नया में आतंकवादी गिरोहों की आपसी लड़ाई में रविन्द्र सिंह नामक एक आतंकवादी की उसके साथियों ने गोली मार कर हत्या कर दी ।

11 हत्याओं की जिम्मेदारी ली : खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के लैटरपैड पर डाक द्वारा पत्रकारों को मिले प्रैस नोट, जिस पर के.एल.एफ. के प्रमुख गुरजंट सिंह बाधसिंहवाला, पिप्पल सिंह बब्बर, किन्दरवीर सिंह बब्बर, कुलदीप सिंह बब्बर, चढ़त सिंह बब्बर, रेशम सिंह थान्दे का नाम लिखा है और इसमें गांव धीरके चार लुटेरों, गांव मड़ियावाला के दो लुटेरों, गांव पुरियां की कश्मीर कौर, गांव रसीलपुरा के निकट परमजीत सिंह पप्पू (संगरावां), गांव सरूपवाली के तीन लुटेरों आदि की मारने की जिम्मेदारी लेते हुए लुटेरों को चेतावनी दी है कि वह अपनी इन कारवाईयों से बाज आ जाएं ।

सिपाही की गोली से एक मरा : राजपुरा (मालवा): गत रात लगभग 8.30 बजे एक सिपाही की गोली लगने से एक नौजवान रामचन्द सुपुत्र बेली राम की मौत हो गई । बताया जाता है कि कछ युवक कोठे पर बैठे शराब पी रहे थे कि थाना सिटी का हैड-कांस्टेबल दलबीर सिंह दो कांस्टेबलों प्रेम और सुरजीत पाल सिंह के साथ वहां आया और कहा कि जो कुछ तुम्हारे पास है हमें दे दो । पुलिस को देख कर कुछ युवक भाग गए तो कथित रूप से हैड कांस्टेबल ने कहा कि देख क्या रहे हो गोली मार दो और सुरजीत पाल ने गोली चला दी जो रामचन्द को लगी । शोर मच जाने पर पुलिस कर्मी वहां से भाग गए । रामचन्द को सिविल अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया ।

यहां रिक्शावालों की अपील पर नगर बंद रहा । वे मांग कर रहे थे कि हत्यारों को गिरफ्तार किया जाए । पुलिस के अनुसार किसी सिपाही के गिर जाने और बंदूक का सेफ्टी कैच खुला रह जाने पर अचानक गोली चल गई थी । इस गोलीकांड की लोग निंदा कर रहे हैं ।

4 आतंकवादी गिरफ्तार : चंडीगढ़ (संघी): स्थानीय पुलिस ने यहां सैक्टर 22 के एक मकान पर छापा मार कर वहां से चार संदिग्ध आतंकवादियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है जबकि एक आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठा कर फरार हो गया । गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में धूरी की रहने वाली एक बीस वर्ष की लड़की बलजीत कौर भी शामिल है । अन्य व्यक्तियों के नाम लखविंदर सिंह उर्फ लक्खा, सुखविन्दर सिंह उर्फ सुक्खा (दोनों जिला पटियाला) तथा भरपूर सिंह उर्फ भूरा (जिला लुधियाना) हैं । इनके कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल, उसके दो मैगजीन व चार कारतूस बरामद किए गए हैं ।

प्राप्त सूचना के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सैक्टर 22 के मकान नं. 2506 में कुछ संदिग्ध लोग ठहरे हुए हैं । इस सूचना पर जब पुलिस ने वहां छापा मारा तो सभी को एक कमरे में किसी जगह लूटमार करने की योजना बनाने में व्यस्त पाया । पुलिस को देखते ही एक आतंकवादी ने पास ही रखी ए.के. 47 राइफल उठा कर गोलियां चलाने का प्रयास किया लेकिन पहले से ही चौकन्नी पुलिस ने उसे राइफल के पास पहुंचने से पहले ही पकड़ लिया ।

जानकार सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों में से लखविंदर सिंह व सुखविंदर सिंह पहले भी पंजाब में हुई कई लूटपाट की घटनाओं में पकड़े जा चुके हैं और उनके खिलाफ अदालतों में केस चल रहे हैं । फरार होने वाले आतंकवादी का नाम दर्शन सिंह बताया जाता है । गिरफ्तार किए गए इन सभी व्यक्तियों की उम्र 24 से 28 साल के बीच है । पुलिस सूत्रों के अनुसार इनमें से भरपूर सिंह अपंग है । उसी ने कुछ मास पूर्व इस मकान में रहने के लिए जगह किराए पर ली थी ।

मुकाबले के बाद आतंकवादी काबू : होशियारपुर से हमारे विशेष प्रतिनिधि की सूचना है कि गढ़शंकर थाना के अंतर्गत गांव चक हाजीपुर के पास पुलिस ने एक संक्षिप्त मुकाबले के बाद एक आतंकवादी कुलदीप सिंह लंगड़ाया को गिरफ्तार कर लिया । उसके कब्जे से 12 बोर का एक पिस्तौल भी बरामद कर लिया ।

नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने एक स्कूटर पर सवार दो आतंकवादियों को सामने से आता देख रुकने को कहा तो उन्होंने पुलिस-दल पर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस दल की ओर से जवाबी फायरिंग पर एक ने हाथ खड़े करके आत्मसमर्पण कर दिया जबकि दूसरा फरार होने में सफल हो गया । जिस स्कूटर पर आतंकवादी सवार थे, वह उन्होंने कल सायं नवांशहर के एक व्यापारी राजेश कुमार से छीना था ।

पुलिस अधिकारी के भतीजे का अपहरण : अमृतसर (प.स.): आतंकवादियों ने आज शाम जंडियाला थाना के गांव मानावाला से एक युवक अवतार सिंह का अपहरण कर लिया । वह चंडीगढ़ के पुलिस ए.आई.जी. श्री अजीत सिंह का भतीजा है । पुलिस ने आतंकवादियों और अपहृत युवक की खोज शुरू कर दी है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

शिरोमणि कमेटी जी.एस. टोहरा और मनजीत सिंह कलकत्ता के लिए 'बुलेट प्रूफ' कारें खरीदेगी

चंडीगढ़, 2 जून (एन.एस. परवाना) : सूत्रों ने रहस्योद्घाटन किया है कि शिरोमणि कमेटी को अपने प्रधान श्री जी.एस. टोहरा और सचिव भाई मनजीत सिंह कलकत्ता के लिए दो 'बुलेट प्रूफ' कारें खरीदने का कार्यक्रम है । एक कार पर करीब छः लाख रु. खर्च आने की संभावना है ।

उल्लेखनीय है कि श्री टोहरा पर कुछ दिन पूर्व आतंकवादियों ने घातक हमला किया था और वह इस हमले में घायल हो गए थे । आजकल वह लुधियाना में उपचाराधीन है । जहां तक श्री कलकत्ता का प्रश्न है उन्होंने हाल ही में आतंकवादियों के खिलाफ कड़ा स्टैंड लिया है । सरकारी सूत्रों का भी कहना है कि ये दोनों ही व्यक्ति आतंकवादियों की 'हिट लिस्ट' में हैं । श्री टोहरा के स्वास्थ्य में यद्यपि सुधार हो रहा है पर सम्भवत: अगले कुछ दिनों तक उनका एक छोटा-सा आप्रेशन करना पड़ेगा ।

इस बीच पंजाब और केन्द्र सरकार इस बात का बारीकी से जायजा ले रही है कि श्री बादल व टोहरा में से कौन सा नेता आगे आकर उग्रवादियों से टक्कर लेता है । वैसे श्री टोहरा ने कृपाण के मामले पर शुरू में श्री सिमरनजीत सिंह मान को आड़े हाथों लिया था पर जब से उन पर घातक हमला हुआ है तब से अकाली दल (ब.) का सारा नेतृत्व मौन धारण किए हुए है । श्री टोहरा के बारे आम धारणा है कि वह पंजाब के राज्यपाल श्री निर्मल कुमार मुखर्जी से प्राय: मिलते रहे हैं जिससे सरकार ने यह अंदाजा लगाया है कि श्री बादल की अपेक्षा श्री टोहरा में नेतृत्व की विशेषता अधिक है ।

अकाली दल (ब.) में इन दिनों इस बात पर खूब बहस चल रही है कि उसका उद्देश्य क्या है । श्री बादल और उनके नर्म विचार वाले साथी खुलेआम यह स्टैंड ले रहे हैं कि उनका लक्ष्य आनन्दपुर साहिब प्रस्ताव लागू कराना है । जबकि गर्म विचार वाले गुट, जिसके नेता श्री सुखजिंदर सिंह और श्री कुलदीप सिंह बडाला हैं, का स्टैंड है कि अब आनन्दपुर साहिब प्रस्ताव पीछे रह गया है अब तो उनको आगे बढ़ना होगा । पार्टी के कुछ नेता यह भी कहते हैं कि पार्टी को आनन्दपुर साहिब प्रस्ताव और 'खालिस्तान' के मध्य प्रादेशिक स्वायत्तता का खुला स्टैंड लेना चाहिए ।

गर्म विचार वाले नेता पार्टी की बैठकों में यह आम स्टैंड लेते हैं कि उनको उग्रवादियों के संघर्ष में बाधा नहीं पहुंचानी चाहिए । श्री बादल और श्री टोहरा इन सब के बीच खड़े एक-दूसरे की तरफ देख रहे हैं ।

पता चला है कि दो दिन पहले अकाली दल (ब.) के अन्दर उस समय एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटना हुई जब पार्टी के प्रधान श्री प्रकाश सिंह बादल ने पार्टी की बैठक की जानकारी प्रैस को देने के लिए महासचिव श्री कुलदीप सिंह वडाला की अपेक्षा पार्टी के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष कैप्टन अमरेन्द्र सिंह की ड्यूटी लगा दी थी । जब कैप्टन अमरेन्द्र सिंह प्रैस को सम्बोधित कर रहे थे तो वहां श्री वडाला भी उपस्थित थे पर वह कुछ नहीं बोले ।

मुखर्जी का त्यागपत्र अभी स्वीकार नहीं हुआ

चंडीगढ़, 2 जून (प.स.) : राष्ट्रपति श्री आर. वैंकटरमण ने पंजाब के राज्यपाल श्री निर्मल कुमार मुखर्जी का त्यागपत्र अभी तक स्वीकार नहीं किया हैं । श्री वैंकटरमण इस समय शिमला में छुट्टियां बिता रहे हैं । आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है । सूत्रों ने बताया कि एक विशेष प्रतिनिधि के जरिए दो पंक्तियों का हस्तलिखित इस्तीफा बृहस्पतिवार को भेजा गया था और राष्ट्रपति को कल शाम यह प्राप्त हुआ था ।

मुआ मजदूर' नहीं जो मोर्चा सरकार के कृत्य का लगातार समर्थन करे : साहनी

तीय जनता पार्टी
की कश्मीर बारे
पना रुख अपनाया

बोधित करते हुए
य महासचिव श्री
क्त की कि केंद्र
में ही कश्मीर बारे
।
हन को वापिस
श्मीर घाटी में
या को धक्का लगा
के उग्रवादियों व
दान किये हैं ।
दिनों के दौरान
राष्ट्रविरोधी नारे
से स्पष्ट है कि श्री
ा एक बहुत बड़ी
नकर्त्ताओं को भी
कर बैठे थे कि श्री
ें स्थिति सामान्य
लौट सकेंगे ।
कवादियों को यह
ाथ तब तक कोई
वे अपने हथियार
का एक अभिन्न
ने कहा कि हमारा
ज्य में राजनीतिक
ज्य में अभी ऐसी

रुबिया सईद का
ापिस बुलाने की
ए एक परीक्षा थी
कार को दयनीय
है । मगर अब
धकारियों तथा 7
खुले रूप से
शासन के विरुद्ध
मोर्चा सरकार के
भी अब देखना है
के नये राज्यपाल

तक भाजपा का
ों की नीतियों के
करेगी तथा न ही
' है जो राष्ट्रीय

मोर्चा सरकार के किसी भी गलत कृत्य के लिए उसका लगातार समर्थन करती रहे ।

मगर 'पस' के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के महासचिव, श्री केदारनाथ साहनी ने आज यहां कहा है कि कुछ मुद्दों पर मतभेद होने के बावजूद उनकी पार्टी राष्ट्रीय हित में राष्ट्रीय मोर्चे की सरकार का समर्थन जारी रखेगी ।

उनसे जब यह पूछा गया कि नये राज्यपाल ने कश्मीरी कट्टरपंथियों के साथ वार्ता का सुझाव दिया है तो उन्होंने जवाब दिया कि यह सुझाव भारतीय जनता पार्टी को स्वीकार नहीं है ।

बी.बी.सी. के संवाददाता का अपहरण : जम्मू-कश्मीर में ब्रिटिश ब्राड कास्टिंग कार्पोरेशन (बी.बी.सी.) के संवाददाता युसुफ जमील का श्रीनगर में आज अपहरण कर लिया गया है ।

एक सरकारी प्रवक्ता ने यह जानकारी दी । प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है और जांच चल रही है ।

प्रवक्ता ने एक प्रैस विज्ञप्ति में इस खबर का खंडन किया है कि श्री जमील को गिरफ्तार किया गया । उसने कहा कि इस घटना में सुरक्षा बलों का कोई हाथ नहीं है ।

प्रवक्ता के अनुसार अधिकारियों को संदेह है कि प्रशासन और सुरक्षा बलों को बदनाम करने के इरादे से किसी पार्टी अथवा गुट ने ही यह चाल चली है ।

श्रीनगर में पत्रकारों ने प्रदर्शन किए क्योंकि उन्हें विश्वास है कि श्री जमील को सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार किया है ।

अन्य समाचार संस्थानों के लिए भी काम कर रहे श्री जमील के परिवार के सदस्यों ने बताया कि उन्हें प्रताप पार्क के निकट स्थित उनके आवास एवं कार्यालय से आज सुबह लगभग सवा सात बजे गिरफ्तार किया गया ।

दुकानदार का अपहरण : एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार श्रीनगर में आज सुबह लगभग 11.30 बजे दो हथियारबंद व्यक्तियों, जोकि सैनिकों की वेशभूषा में थे, ने मोहम्मद गजरी नामक एक दुकानदार का अपहरण कर लिया । बताया जाता है कि उन्होंने आकर दुकानदार से फारूक अहमद नामक एक व्यक्ति के संबंध में पूछताछ की । जब दुकानदार ने कहा कि इस नाम का कोई व्यक्ति इस क्षेत्र में नहीं रहता तो उन व्यक्तियों ने दुकानदार को उठा कर कार में डाल लिया तथा फरार हो गए । प्रवक्ता ने बताया कि इस बात से यह संकेत मिलता है कि पाक प्रशिक्षित उग्रवादी सैनिकों की

(शेष पृष्ठ 8 पर)

स्वस्थ लड़का होगा या लड़की

* उत्तरी भारत में लगातार 15 वर्षों से सफल टैस्ट कर रहे श्री के.के. लूम्बा द्वारा संचालित लूम्बा क्लीनिक में आधुनिक विदेशी मशीनों और नवीनतम वैज्ञानिक विधियों द्वारा क्रोमोसोमल और बायोकैमिकल स्टडीज द्वारा टैस्ट किया जाता है। इस टैस्ट की शुरूआत अमृतसर में श्री लूम्बा द्वारा ही की गई थी। लूम्बा क्लीनिक ही एकमात्र 'पायोनियर' सैंटर हैं जिन्होंने सर्वप्रथम उत्तरी भारत और दिल्ली में यह टैस्ट शुरू किया।* इस टैस्ट द्वारा यह भी जानकारी दी जाती है कि होने वाला बच्चा स्वस्थ लड़का होगा या लड़की * यहां दो के बजाय तीन टैस्ट किये जाते हैं। ए टैस्ट की रिपोर्ट

स्वर्गीय प्रमुख बाबा चरण सिंह द्वारा अश्रुपूर्ण अन्तिम विदाई

Punjab Sanchar

पंजाब में

(पृष्ठ 1 का शेष)

1 की हत्या, 3 घायल : जालंधर (विक्रांत) कल रात थाना भोगपुर के गांव गांधला में चार अज्ञात व्यक्तियों ने तेजधार हथियारों से चार व्यक्तियों को घायल कर दिया । घायल होने वाले व्यक्ति हैं–लक्खा सिंह, कुलवंत सिंह, लाल सिंह व सुशील कुमार । इन चारों को निकटवर्ती अस्पताल में दाखिल करवाया गया, जहां लक्खा सिंह की मृत्यु हो गई । उक्त हमलावर जाती बार 1400 रुपए नकद व दो घड़ियां छीन कर फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

मई माह में भटिंडा में दो आतंकवादी मरे : 25 गिरफ्तार : भटिंडा जिले में गत मई माह के दौरान पुलिस द्वारा दो दुर्दांत आतंकवादी मार गिराए गए जबकि 25 अन्य गिरफ्तार कर लिए गए । इसके अतिरिक्त पुलिस ने दो ए.के. 47 राइफलें व 40 अन्य आग्नेयास्त्र भारी मात्रा में इनके कारतूसों सहित बरामद किए हैं । यह जानकारी एस.एस.पी. श्री राजेन्द्र सिंह ने गत सायं भुच्चो मंडी तथा रामपुरा फूल में उच्चाधिकार समिति की बैठकों को सम्बोधित करते हुए दी । उन्होंने बताया कि जिले में विभिन्न स्थानों पर कुछ आतंकवादी घटनाओं के बाद पुलिस व अर्ध-सैनिक बलों की गश्त तेज कर दी गई थी तथा आतंकवादी शक्तियों का सामना करने के लिए एक तीन सदस्यीय टीम गठित की गई थी । इस टीम में सी.आर.पी.एफ. तथा होमगार्ड्स के कमांडैंट व एस.पी. हैड क्वार्टर भटिंडा शामिल हैं । उन्होंने कहा कि अन्य जिलों से आतंकवादियों और असामाजिक तत्वों की घुसपैठ रोकने के लिए जिले में विभिन्न स्थानों पर विशेष बैरियर व नाके लगाए गए थे ।

हथियारों के लाइसैंस : इस अवसर पर भटिंडा के जिलाधीश श्री दरबारा सिंह गुरु ने कहा कि जो लोग कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहायता करेंगे उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हथियारों के लाइसैंस दिए जाएंगे । उन्होंने कहा कि लोग अफवाहों पर विश्वास न करें तथा पुलिस नियंत्रण कक्ष से इनकी पुष्टि कर लें । दोनों अधिकारियों ने इन दोनों कस्बों का दौरा किया जहां से आतंकवादियों ने दो व्यापारियों का अपहरण कर लिया था और दो सगे भाइयों की हत्या कर दी थी ।



खन्ना में पकड़े गए पांच लुटेरे और उनसे बरामद हथियार । (छाया : शर्मा)

खण्डन : इससे पूर्व प्रमुख नागरिकों तथा राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने कुछ समाचारपत्रों में छपी इस खबर का खण्डन किया कि आतंकवादियों ने रामपुराफूल से एक लेडी डाक्टर का अपहरण कर लिया है । उन्होंने कहा कि रामपुराफूल में ऐसी कोई घटना नहीं हुई है ।

महिला की हत्या : फिरोजपुर जिले के थाना घलखर्द के अंतर्गत गांव लोहां के निकट एक महिला की गोली मार कर हत्या कर दी । यह जानकारी पुलिस ने दी है ।

स्कूटर छीने : कुछ आतंकवादियों ने संगरूर जिले के हरेरी गांव के एक व्यक्ति से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर नं. पी.ए.ई. 169 छीन लिया । एक अन्य घटना में दो सशस्त्र व्यक्तियों ने चीमा के निकट वीरअलां गांव के वीर सिंह से उसका स्कूटर नं. पी.बी. 13-3793 छीन लिया ।

यू.पी. में सक्रिय दो आतंकवादी गिरफ्तार : अमृतसर (प.स.): उत्तर प्रदेश के तराई इलाके में सक्रिय तथाकथित भिंडरांवाले टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान के स्वयंभू एरिया कमांडर दर्शन सिंह और उसके एक साथी बलवंत सिंह को कल रात तरनतारन थाने के मुगल चक गांव के निकट पुलिस ने एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने बताया कि ये दोनों वल्लीपुर गांव में आतंकवादियों की एक ग्रुप बैठक में हिस्सा लेने जा रहे थे । इन दोनों पर उत्तर प्रदेश सरकार ने इनाम घोषित कर रखा है । नैनीताल में हुए बम विस्फोट के मामले में इनकी तलाश थी ।

पुलिस ने इनके पास से दो ए.के. 47 राइफलें, 317 जीवित और 99 खाली कारतूस बरामद किए हैं । दर्शन सिंह तरनतारन सब-डिविजन के गांव शीद और बलवंत सिंह गांव ढंडकसेल का रहने वाला है । गिरोह के दो अन्य सदस्य, जो एक स्कूटर पर सवार थे, फरार होने में सफल हो गए ।

दर्शन सिंह उर्फ घोड़ा पंजाब व उत्तर प्रदेश में लगभग 50 लोगों की हत्याओं में संलिप्त है । उसके सिर पर तीन लाख रुपए का इनाम था ।

संघा पुनः बच निकला : पुलिस सूत्रों ने बताया कि भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स का प्रमुख सुखविन्दर सिंह संघा इस गुप्त बैठक को संबोधित करने वाला था लेकिन पुलिस जब वल्लीपुर गांव पहुंची तो वह अपने सहयोगियों के साथ भाग निकला ।

गुट संघर्ष में आतंकवादी मरा : पुलिस के अनुसार मजीठा जिले के मेहता थाना के कोहाट विड गांव में आतंकवादियों ने सुरजीत सिंह नामक अपने एक साथी की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतक गत दो वर्षों से अपने घर से लापता था ।

आतंकवादियों द्वारा प्रयुक्त वैन बरामद : चंडीगढ़ पुलिस ने कल रात यहां सैक्टर-29 से सफेद रंग की एक मारुति वैन लावारिस खड़ी हुई बरामद की है जिस पर कोई नम्बर प्लेट नहीं थी । पुलिस के अनुसार कल सुबह 11 बजे के करीब यहां पी.जी.आई. में स्थित स्टेट बैंक आफ इंडिया की शाखा को लूटने का प्रयास करने आए तीन युवकों ने फरार होने में इसी वैन का प्रयोग किया था । पुलिस को इस वैन में लोहा काटने के कई तरह के औजार भी मिले हैं । वैन में पड़ी रजिस्ट्रेशन बुक में दिल्ली का रजिस्ट्रेशन नम्बर लिखा है । लुटेरों ने फरार होते समय वैन पर जो नम्बर (सी.एच.के.-7210) लगा रखा था वह जाली पाया गया है । पुलिस ने वैन को कब्जे में लेकर ऊपर से कई फिंगर प्रिंट्स प्राप्त किए हैं । वैन में कुछ ऐसी चीजें भी मिली हैं जो लुटेरों की शिनाख्त करने में सहायक होंगी । लुटेरों की तलाश में चंडीगढ़ पुलिस के कई दल पड़ौसी राज्यों में भेजे गए हैं ।

मृतक आतंकवादी की शिनाख्त : इसी बीच चंडीगढ़ पुलिस के एक प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि कल यहां रोज़ गार्डन में पंजाब पुलिस व सी.आर.पी.एफ. के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी का नाम पलविंदर सिंह पुत्र करमजीत सिंह था, जो कपूरथला जिला का रहने वाला था । पुलिस प्रवक्ता ने इन समाचारों को गलत बताया कि मृतक आतंकवादी के एक साथी गुरचरन सिंह ने सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली थी । प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि पुलिस को कोई भी ऐसा शव बरामद नहीं हुआ । प्रवक्ता ने कहा कि गुरचरन सिंह पुलिस को चकमा देकर फरार होने में सफल हो गया । इस मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी के पास से पुलिस ने एक विदेशी पिस्तौल, दो जीवित कारतूस व 11 चली हुई गोलियां बरामद की हैं ।

पांच लुटेरे काबू : खन्ना (शर्मा): खन्ना में कोई भी बड़ा हादसा होने से उस समय टल गया जब इंस्पैक्टर हरभजन सिंह के नेतृत्व में पुलिस की गश्ती पार्टी ने शहर से बाहर पीर भोले शाह के मजार के समीप से पांच लुटेरों हंस राज उर्फ टीटा पुत्र महिन्दर लाल समराला, राजदीप उर्फ काका पुत्र साधू राम समराला, रमण कुमार पुत्र विजय कुमार समराला, हरीश कुमार पुत्र नारायण सिंह देहरादन तथा हंस राज उर्फ पाधा पुत्र गाही राम समराला को उस समय जा दबोचा जब वह शहर में कोई बड़ी वारदात की योजना बना रहे थे ।

डी.एस.पी. श्री परम राज सिंह उमरानंगल ने बताया कि इनसे तीन देसी 12 बोर की पिस्तौलें व कुछ कारतूस, दो नए बगैर नम्बरों और बिना कागजों के चेतक बजाज स्कूटर, जिनमें से एक लुधियाना से छीना हुआ था, बरामद किए हैं । इनके अतिरिक्त तीन सोने की चैनें भी, जो इन्होंने गुरु अमरदास मार्कीट खन्ना से छीनी थीं, बरामद हुई हैं ।

पुलिस एवं रोडवेज कर्मियों में टकराव की सम्भावना

फिल्लौर, 2 जून (भाखड़ी): पुलिस कर्मचारियों और पंजाब रोडवेज कर्मचारियों में टकराव की सम्भावना है क्योंकि एक पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पंजाब रोडवेज कर्मचारी जानबूझ कर पंजाब पुलिस के कर्मचारियों से बस भाड़ा वसूल रहे हैं जबकि सरकार ने सभी पुलिस कर्मियों को बस भाड़े से मुक्त किया हुआ है ।

GOODS DELIVERY PROBLEM SOLVED AT CALCUTTA.

1. Five days rocket service from Jugiana (Ludhiana) to Calcutta.
2. No demmurage charges upto 60 days.
3. Main delivery godown at Barabazar Business Centre.
   (6000 Sq. ft. space fully insured).

gal Warehouse) Bonhoogly B.T. Road, Space
rted godown fully insured.
liers to Calcutta.
orm covered by tin shed for unloading heavy

id at once.
1627-2143.



लुधियाना में

लुधिय
में सा
ह

लुधियाना
मुसाफिर): ल
के प्रधान श्
पत्रकार सम्मे
एक्सचेंज के
बढ़ी है तथा व
है । अदायगि

श्री धीरी
में अंडर हैंड
नहीं तथा य
उन्होंने बताय
केंद्रीय सरका
की जा रही है
मांगे गए हैं

श्री धीरे
एक्सचेंज में
पटियाला, र
फरीदकोट के
एक्चेंजों में ल
है । श्री धीरे
एक्सचेंज देश

श्री धीरे
प्रति दिन स्क्री
कहा कि केंद्री
स्टाक एक्सचें
है । उन्होंने
मंजिला इमार
चार करोड़ रु
गांधी मार्कीट
ली जाएगी ।
ट्रेनिंग हाल पा
भाग किराए प

कराची
राइ

कराची,
शहर के दंगा
की भरमार है
उक्त राइफल

एक महंत और महिला समेत 5 लोगों की हत्या, 4 आतंकवादी भी मारे गए

7 लुटेरों का एक गिरोह काबू, हथियार बरामद

चंडीगढ़, 3 जून (प.स., वार्ता): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान एक महंत व महिला समेत 5 लोगों की हत्या हुई, जबकि मुठभेड़ व निजी गुट संघर्ष में 4 आतंकवादी मारे गए । इस बीच पुलिस ने लुटेरों के एक गिरोह को हथियारों समेत काबू किया है । दूसरी ओर बी.एस.एफ. ने भारी परिमाण में हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया है । पाकिस्तान के गुप्तचर एजैंटों ने ये हथियार सीमा पर नए आतंकवादी संगठन खालिस्तान आर्म्ड फोर्स के लिए जमा किए हुए थे ।

गुट संघर्ष में 2 आतंकवादी मरे : तरनतारन पुलिस जिला के दीनेवाल गांव में आतंकवादियों ने अपने ही दो साथियों को गोली से उड़ा दिया । मृतकों के नाम कुलदीप सिंह तथा निर्मल सिंह बताए जाते हैं । घटनास्थल से एक चिट्ठी भी मिली है, जिसमें कहा गया है कि उक्त दोनों लोगों को कई बार अवैध शराब निकालने से मना किया गया था लेकिन वे बाज़ नहीं आए । घटनास्थल से ए.के. 47 के 42 कारतूस भी मिले हैं ।

नम्बरदार की हत्या : अमृतसर से 'वर्मा' के अनुसार आतंकवादियों ने कल रात यहां से 43 किलोमीटर दूर गांव दयालपुर में नम्बरदार दलजीत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

मुठभेड़ में एक आतंकवादी मरा : तरनतारन जिले के तलवंडी गांव में एक मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया । घटनास्थल से एक पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद हुए ।

एक आतंकवादी काबू : मजीठा पुलिस ने आतंकवादी बिरसा सिंह को गिरफ्तार करके उससे चार डैटोनेटर बरामद किए हैं ।

पान वाले की हत्या : अमृतसर की विजय नगर कालोनी में आज रात्रि दो उग्रवादियों ने एक पान वाले श्री मुनि पाल की इसके घर में हत्या कर दी ।

सुभाष नारंग के अनुसार यह घटना बांके बिहारी गली के बाहर हुई और इसमें एक व्यक्ति जोगेंद्र पाल घायल भी हो गया ।

अपहृत पुलिस कांस्टेबल की तलाश जारी : पंजाब पुलिस के एक अपहृत कांस्टेबल अवतार सिंह का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला । पुलिस उसकी तलाश कर रही है । अवतार सिंह का कल अमृतसर जिला के जंडियाला थाने के अंतर्गत मानावाला गांव में उनके घर से अपहरण कर लिया गया था । अवतार सिंह चंडीगढ़ के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी का सम्बन्धी है ।

महिला की हत्या : फरीदकोट जिला के बटरकलां गांव में आतंकवादियों ने एक महिला मुख्तियार कौर की गोली मार कर हत्या कर दी ।

एक की हत्या : फरीदकोट जिला में ही संगतपुरा गांव में करम सिंह नामक व्यक्ति की आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी ।

महंत की हत्या : कपूरथला जिले के सुभानपुर गांव में आतंकवादियों ने एक डेरे में जाकर महंत बाबा छिंदा शाह की हत्या कर दी ।

उग्रवादी का गोलियों से छलनी शव मिला : बाघा पुराना (मित्तल): आज जिला फरीदकोट पुलिस ने एक खतरनाक उग्रवादी मग्घर सिंह उर्फ रुकड़ी निवासी कौर सिंह वाला का गोलियों से छलनी शव गांव बरागड़ी थाना कोटकपूरा के एक व्यक्ति मन्ना सिंह के घर से बरामद किया है । पुलिस का कहना है कि इस हत्या का कारण उग्रवादियों की परस्पर धड़ेबंदी है । यह उग्रवादी कुछ समय पूर्व ही जमानत पर रिहा होकर आया था परन्तु बाद में उसने जिला फरीदकोट में पुनः लूट मार करनी शुरू कर दी । पुलिस इस संबंध में मामले की आगे जांच कर रही है ।

लुटेरे गिरोह के 7 सदस्य बंदी : बटाला (कोछड़): सदर पुलिस बटाला ने आज रात नाकाबंदी के दौरान संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद एक लुटेरा गिरोह के सदस्य 7 आतंकवादियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है पुलिस सूत्रों ने घटना का विवरण देते हुए बताया कि आज रात पुलिस ने गांव धुपसड़ी के निकट एक नाले पर नाका लगा रखा था । कुछ संदिग्ध लोगों के एक समूह को आते देख कर जब पुलिस ने उन्हें रुकने की चेतावनी दी तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर उन सभी ने आत्मसमर्पण कर दिया । उनके पास से एक 32 बोर का रिवाल्वर, एक पिस्तौल, 12 बोर की एक नाली व दोनाली , 4 बंदूकें, जिनमें से दो की नाली कटी हुई थी, 26 जीवित कारतूस व 6 चले हुए कारतूस बरामद हुए हैं । इन लुटेरे आतंकवादियों की शिनाख्त कुलदीप सिंह, रघबीर सिंह, परगट सिंह, शिंदर सिंह, हरजिंदर सिंह उर्फ बब्बू (सभी गांव गग्गोबाली), साहब सिंह

(शेष पृष्ठ 8 पर)



उत्तर प्रदेश इकाई की अध्यक्ष श्रीमती राजेन्द्र कुमारी वाजपेयी प्रधानमंत्री चुनाव क्षेत्र फतेहपुर के गांव सतोधर्मपुर में जहां हाल ही में एक हरिजन [illegible] गया था, गई । श्रीमती वाजपेयी ने वहां पीड़ित परिवार को 5000 रुप [illegible] की

पंजाब विधानसभा के सम्भावित दृष्टिगत अकाली राजनीति में ज्वार

लुधियाना, 3 जून (धीमान): अकाली राजनीति में अब नए ज्वार भाटे आने आरम्भ हो गए हैं क्योंकि अकाली क्षेत्रों में अब यह निश्चित ही समझा जा रहा है कि विधानसभा के चुनाव आगामी 5 मास में करा दिए जाएंगे । सम्भव है कि उग्रवादियों के एक दो गुटों का मान अकाली दल से टकराव भी हो जाए ।

वरिष्ठ अकाली क्षेत्रों में यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि प्रधानमंत्री श्री बी.पी. सिंह ने यह पक्का मन बना लिया है कि श्री सिमरनजीत सिंह मान के हाथों में पंजाब की बागडोर दे दी जाए । वह अनुभवी पुलिस अधिकारी तो है ही, इसके अतिरिक्त किसी भी दूसरे अकाली नेता के मुकाबले सिखों में उनका अधिक प्रभाव है । शायद यही कारण है कि श्री मान ने 25 मई से अमृतसर से जो 'लांग मार्च' आयोजित किया है, उसके संदर्भ में उन्हें खुली छुट्टी दी गई है और उनके आपत्तिजनक भाषणों का भी सरकार कोई नोटिस नहीं ले रही ।

श्री मान इस 'मार्च' [illegible] विधानसभा चुनावों के लि [illegible] है । कुछ सूचनाओं के अनुस [illegible] समर्थन भी नहीं मिल रहा

कहा जा रहा है कि श्री म [illegible] से बादल अकाली दल के [illegible] तलवंडी का समर्थन प्राप्त [illegible] लग रहा है । हो सकता है [illegible] सम्मानजनक पद देने के [illegible] नेताओं को कार्यकारिणी औ [illegible] प्रतिनिधित्व देने को राजी [illegible] बिना कोई समझौता भी स [illegible] बादल अकाली दल की राजन [illegible] धक्का लगा है क्योंकि उपप्र [illegible] लाल के बेटे श्री ओम प्रकाश [illegible] के मुख्यमंत्री पद से त्या [illegible] राजनीतिक ताकत कम हुई

श्री बी.पी. सिंह भी शाय [illegible] पंजाब में देवी लाल बादल [illegible] क्योंकि गत दिनों श्री प्रकाश [illegible] मोर्चा सरकार और उसकी [illegible] प्रस्ताव पास किए, उससे बता [illegible] कतई खुश नहीं है ।

अमानुल्ला खां से कोई मदद नहीं मांगी : फर्नांडीज़

वाशिंगटन, 3 जून (वार्ता): रेलमंत्री जार्ज फर्नांडीज ने आज इस बात से इंकार किया कि उन्होंने कश्मीरी अलगाववादियों और भारत सरकार के बीच बातचीत कराने के इरादे से प्रतिबंधित जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के प्रमुख अमानुल्ला खां से मदद मांगी थी । भारतीय दूतावास के एक प्रवक्ता के अनुसार श्री फर्नांडीज ने नई दिल्ली के एक समाचारपत्र में छपी इस आशय की खबर के विरोध में यह खंडन किया है ।

प्रवक्ता ने कहा कि इस खबर में रेलमंत्री द्वारा दो संवाद समितियों (यू.एन.आई. या पी.टी.आई. नहीं) के संवाददाताओं से यहां एक जून को कही गई बातों को दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है ।



केरल के एक गांव पेरईकोन [illegible] कारण हरित क्रांति आ गई है त [illegible] की गतिविधियों में व्य

हरियाणा सरकार द्वारा सरकारी कामकाज हिन्दी में करने का निर्णय

चंडीगढ़, 3 जून (संधी): हरियाणा सरकार ने निर्णय किया है कि अब से सारा सरकारी पत्र-व्यवहार अधिसूचनाएं तथा जनता हित के विज्ञापन हिन्दी में दिए जाएंगे । यह पग आम जनता के हित के दृष्टिगत उठाया गया है । यह घोषणा मुख्यमंत्री बनारसी दास गुप्ता ने कल रात आकाशवाणी रोहतक से प्रसारित हरियाणा की जनता के नाम अपने पहले संदेश में की ।

अपने संदेश में श्री गुप्ता ने प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्रियों श्री देवीलाल तथा श्री ओम प्रकाश चौटाला द्वारा आरम्भ की गई कल्याण योजनाओं की प्रशंसा की, जो उन्होंने लोगों के सामाजिक तथा आर्थिक कल्याण के लिए आरम्भ की थीं । उन्होंने कहा कि वह इन सभी अधूरे विकास कार्यों तथा कल्याण योजनाओं को जारी रखेंगे । उन्होंने लोगों को स्वच्छ प्रशासन देने के लिए अधिकारियों को कड़ी मेहनत करने को कहा । उन्होंने कहा कि उनका मूल्य पर आधारित राजनीति में पूर्ण विश्वास है ।

श्री गुप्ता ने कहा कि प्रदेश के सभी गांवों में 15 सितम्बर तक पीने के पानी उपलब्ध करवा दिया जाएगा । उन्होंने कहा कि सरकार सतलुज-यमुना सम्पर्क नहर को इस वर्ष के अंत तक पूरा करवाने का प्रयत्न करेगी । उन्होंने कहा कि करनाल का तेल शोधक कारखाना तथा यमुनानगर की थर्मल पावर स्टेशन जैसी परियोजनाओं के शीघ्र निर्माण के लिए भी प्रयत्न किए जाएंगे । उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र तथा व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करने का भी विश्वास दिलाया । उन्होंने रहस्योद्घाटन किया कि सरकार हिसार में इंजीनियरिंग कालेज की स्थापना कर रही है । उन्होंने बताया कि अग्रोहा में अग्रवाल सम्प्रदाय के सहयोग से महाराजा अग्रसेन मैडीकल कालेज अस्पताल स्थापित किया जाएगा । अपने संदेश के अंत में उन्होंने प्रदेश के सभी वर्गों से प्रदेश के विकास में सहयोग देने का आग्रह किया ।

दंगा पीड़ितों की शिकायतों की जांच के लिए उच्च-समिति

नई दिल्ली, 3 जून (वार्ता): सरकार ने 1984 के दंगा पीड़ितों की शिकायतों के पूर्णरूपेण अध्ययन के लिए दो माह में एक उच्चस्तरीय समिति के गठन का निर्णय लिया है । यह जानकारी गृह राज्यमंत्री सुबोध कांत सहाय ने दंगा पीड़ितों के कल्याण कार्यों में जुड़े विभिन्न संगठनों के एक शिष्टमंडल से दिन भर चली बातचीत के बाद प्रैस कांफ्रैंस में दी । उन्होंने कहा कि सरकार ने पंजाब में राजनीति प्रक्रिया शुरू कर सकने के लिए वहां की जनता से सीधा सम्पर्क शुरू करने के उद्देश्य से उपरोक्त समिति के गठन का फैसला किया है तथा दंगा पीड़ितों के पुनर्वास आदि के लिए राशि बढ़ा दी गई है ।

पाकिस्तान तनाव दूर करने के लिए सहयोग देने को तैयार : तनवीर

इस्लामाबाद, 3 जून (पस) : भारत व पाकिस्तान के बीच तनाव दूर करने के लिए भारत

100 आतंकवादियों की गिरफ्तारी के बाद पुंछ सीमा

पुंछ, 3जून (पस) : सरक्षा बलों ने पुंछ जिले की वास्तविक नियंत्रण रेखा के आसपास चौकसी कड़ी [illegible] बातों का पता लगाएंगे । विज्ञप्ति के अनुसार सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि सेना के उन अफसरों के [illegible] लेना-देना नहीं है, आज प्रात [illegible] अनुमति दे दी ।

Punjabi Sanjan

महंत और महिला समेत

(पृष्ठ 3 का शेष)

(महमाचक) तथा रणजीत सिंह (दुबर्जी) के रूप में हुई है । प्रारम्भिक पूछताछ में उन्होंने लगभग 2 दर्जन लूटमार, जबरी धन ऐंठने व अन्य हिंसक वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है । पुलिस इस गिरोह के अन्य सदस्यों की सक्रियता से तलाश कर रही है ।

भारी परिमाण में हथियार बरामद : जालंधर से प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार बी.एस.एफ. ने पाकिस्तानी गुप्तचर एजैंटों द्वारा सीमा पर नए आतंकवादी संगठन 'खालिस्तान आर्म्ड फोर्स' के सदस्यों के लिए छिपा कर रखे हथियारों का एक जखीरा पकड़ा है ।

बी.एस.एफ. के एक प्रवक्ता ने बताया कि गुरदासपुर जिला के डेराबाबा नानक सैक्टर में सहारां तथा कासोवाल सीमा चौकियों के बीच स्थित टाहली क्षेत्र से जवानों ने उक्त हथियार पकड़े । पकड़े गए हथियारों में एक चीनी लाइट मशीनगन, 6 ए.के. 47 राइफलें, 15 मैगज़ीन, 2033 कारतूस, विस्फोटकों के 20 पैकेट, 16 डैटोनेटर, एक बंडल फयूज़ वायर तथा कुछ अन्य सामान शामिल है । प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों ने ट्रैक्टर-ट्रालियों में उक्त हथियार अपने अड्डों पर ले जाने थे ।

3 उग्रवादी गिरफ्तार : लुधियाना (महिन्द्रा): आज फोकल प्वाइंट पुलिस ने गश्त के दौरान 3 उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया, जिसके नाम मात्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह और तरसेम मसीह बताए जाते हैं । उनके कब्जे से 12 बोर का पिस्तौल, 3 कारतूस और एक स्कूटर नं. पी.बी.-10-1796 बरामद हुआ है, जो उन्होंने कहीं से चुराया हुआ था । एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह संधु ने आज पत्रकारों को बताया कि फोकल प्वाइंट पुलिस जब गश्त कर रही थी तो उन्होंने संदिग्ध उग्रवादियों को देख कर रुकने का संकेत किया तो उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी लेकिन पुलिस ने जवाबी फायरिंग करके उन तीनों को गिरफ्तार कर लिया । उग्रवादियों ने प्रारम्भिक पूछताछ में यह स्वीकार किया है कि 1 जून को उन्होंने कांसल पैट्रोल पम्प को लूटा था । अभियुक्तों के कब्जे से लूट के 950 रुपए बरामद हुए हैं ।

चेचक से आधा दर्जन बच्चों की मृत्यु

बुलंद शहर, 3 जून (नि.स.): मालागढ़ गांव की हरिजन बस्ती में चेचक से आधा दर्जन बच्चों की मृत्यु हो गई । यहां अनेक बच्चे चेचक से पीड़ित हैं । इसके साथ ही बुखार, खांसी, पेचिश और दस्त जैसे भयंकर रोग भी पूरे गांव में फैले हुए हैं । ग्रामीणों ने इसकी सूचना अधिकारियों को दी, जिन्होंने इसे गम्भीरता से नहीं लिया ।

जरूरत है

अखबार के बण्डल ढोने के लिए लेबर की आवश्यकता है । इच्छुक शाम 8 बजे मिलें ।

शर्मा बुर्ज, फोल्डिंग फैक्टरी

पलायन

सहायता देने
विचारानुसार
बराबर राहत त
दिल्ली प्रशासन
सहायता दे चुका

20 वर्षीय एव
खेलते हुए कहा-
क्या सकते हैं ।"
शैक्षणिक सत्र के
नेगी के अनुसार
स्कूलों में दाखि
इंजीनियरिंग, मै
पाठ्यक्रमों के छा
है । इन्हें अभी
प्रतीक्षा है ।

सरकार इन
इच्छुक है मगर
जगमोहन की व
वापस जाने क
होता ।" एक अ
गारंटी नहीं कि
और अगर ऐसा
मुफ्ती अथवा श्री
घूमते नजर अ
होगा ।

मगर इसके
वापस लौटने क
कहना है "राशन
है । हम शिक्षित
अधिक पसंद क

60 वर्षीय ए
समय वहां से अ
जिसके अधीन

बु

नई एशि
सोवियत राष्ट्रप
संयुक्त प्रैस का
की घोषणा की
भारत, चीन, इं
सलाह-मशवि
आकस्मिक घ
विकासशील दे
उत्पन्न सामाजि
की सख्त जरूर

श्री गोर्बाच
अपनी बातचीत
सोवियत संघ)
जरूरतों का भी

27 ख

Punjab Kesari Archive



ने से 6 लोगों की मृत्यु हो गई । (7) आर्य समाज
ीन 2 घायल, (7) आर्य समाज
ोटों के बाद बाज़ार बंद का एक
(छाया : राजू)

परिवार के कब्ज़े
र्ष जारी रखेगी

त दिया गया था और अब श्री चौटाला
के हैं फिर भी पार्टी राज्य की जद
ाफ अपना अभियान जारी रखेगी ।
कों की गिरफ्तारी पर चिन्ता व्यक्त
ने किसानों और श्रमिकों से जबरी ऋणों
आलोचना की । यह आरोप लगाया
में सहकारी बैंकों के निर्देश पर अनेक
तार करके जेलों में डाला जा रहा है ।
है कि 10000 रु. तक के कर्जों को
घोणाओं के दृष्टिगत उक्त कार्रवाई
की ज्यादती है । यह फैसला किया
ी इस वसूली के खिलाफ 11 जून को
ंदन मुख्यालयों पर प्रदर्शन किए

सला किया गया कि राज्य में पार्टी को
के लिए पार्टी के अखिल भारतीय
ीव गांधी से आग्रह किया जाएगा कि
ौरा करें ।

ार्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए
5 जुलाई तक फंड इकट्ठा करने का
ा जाएगा । यह कार्य व्यक्तिगत रूप
विधिवत गठित कमेटियों द्वारा किया

ने सभी कार्यकर्त्ताओं से अपील की
ा में आए समुद्री तूफान के पीड़ितों की
दल खोल कर दान दें । यह फैसला
पार्टी के वर्तमान विधायकों तथा
ा एक मास का वेतन इन लोगों की
प्रदेश मुख्यमंत्री राहत कोष में देने की
ी । पूर्व विधायकों व सांसदों से भी
े वे अपनी एक मास की पैंशन इस



ल गोबाच्योव कैम्प डेविड विश्राम
पैड तक जाते हुए । उनके साथ
(छाया : पै.ट्र.)

पटियाला में 2 भीषण बम विस्फोटों में 4 बच्चों सहित 6 व्यक्ति मरे

अमृतसर के सिनेमा में बम विस्फोट : एक उग्रवादी गुट संघर्ष में, 4 मुठभेड़ में मरे

चंडीगढ़ में आई. बी. के एस. पी. सहित अन्यत्र 8 की हत्या

चंडीगढ़, 4 जून (प.स., वार्ता): पटियाला शहर में आज दो शक्तिशाली बम विस्फोट होने से चार बच्चों समेत छः लोगों की मृत्यु हो गई । चंडीगढ़ में आई.बी. के एस.पी. तथा पंजाब में अन्यत्र 2 सुरक्षा कर्मियों सहित 8 लोगों की हत्या कर दी गई, जबकि 5 आतंकवादी भी मारे गए ।

2 बम विस्फोटों में 6 मरे : पटियाला (भूषण): पटियाला शहर में आज दो शक्तिशाली बम विस्फोट होने से 4 बच्चों समेत 6 लोगों की मृत्यु हो गई । एक बम विस्फोट आज दोपहर साढ़े बारह बजे के लगभग स्थानीय आर्य समाज चौक में फटा और दूसरा विस्फोट लगभग पौने एक बजे शेरांवाला गेट क्षेत्र में शेरांवाली धर्मशाला के निकट हुआ ।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार आर्य समाज क्षेत्र में बच्चों ने निर्जला एकादशी के मौके पर 'छबीलें' लगाई थीं । वहां साइकिल पर आतंकवादी बम रख गए । बम फटने से 4 बच्चों, जोकि 8 से 12 वर्ष की आयु के बीच थे, की मृत्यु हो गई तथा 18 लोग घायल हुए । गम्भीर रूप से घायल हुए 8 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

बताया जाता है कि जब आर्य समाज क्षेत्र में बम विस्फोट की खबर फैली तो दो युवक वहां निकटवर्ती क्षेत्र में हिन्दू शिव सेना की उत्तर क्षेत्रीय इकाई के अध्यक्ष श्री पवन कुमार शर्मा के घर के बाहर लावारिस पड़ा स्कूटर लेकर राजेन्द्रा अस्पताल, जहां कि घायल बच्चों को ले जाया जा रहा था, की ओर चल दिए । उक्त स्कूटर की डिग्गी में आतंकवादियों ने बम रख दिया था । शेरांवाला गेट क्षेत्र में उक्त बम फट गया जिससे दोनों स्कूटर सवारों की मौत हो गई । मृतकों के नाम पप्पू तथा काला बताए जाते हैं । ये दोनों दुकानदार थे । हिन्दू शिव सेना के संयोजन सचिव श्री विनोद कपूर ने बताया कि आतंकवादी श्री पवन कुमार शर्मा की हत्या करने के उद्देश्य से उनके घर के बाहर स्कूटर छोड़ गए थे ।

तीन मृतकों की शिनाख्त : पटियाला बम कांड में मरने वाले तीन बच्चों की शिनाख्त कर ली गई है । उनके नाम संजय, अतुल तथा सिकन्दर बताये जाते हैं । शेरांवाला गेट क्षेत्र में हुए बम विस्फोट से एक कैमिस्ट की दुकान भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई । शेरांवाला गेट क्षेत्र में मरने वाले दोनों लोग शिव सेना के कार्यकर्त्ता थे । 'वार्ता' के अनुसार उक्त बम विस्फोटों में 44 लोग घायल हुए हैं ।

सर्वदलीय बैठक : जिलाधीश डा. श्री.सी. गुप्ता की अध्यक्षता में पटियाला में आज एक सर्वदलीय बैठक में शहर के लोगों को शांति बनाये रखने तथा विघटनकारियों की कार्रवाइयों से उत्तेजित न होने की अपील की है ।

चंडीगढ़ से 'वि.प्र.' के अनुसार अकाली दल (फेरूमान) के अध्यक्ष महंत सेवा सिंह ने आज एक बयान में पटियाला बम कांड की तीव्र निंदा की है ।

पुलिस के डी.आई.जी. श्री आर.एस. गिल, एस.एस.पी. श्री एस.के. शर्मा तथा जिलाधीश डा. बी.सी. गुप्ता ने घटनास्थल का दौरा किया । सुरक्षा कर्मियों ने समचे क्षेत्र को घेर लिया और आतंकवादियों की तलाश की जा रही है । पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार श्री एच.एम. सिंह ने आज शाम राजेंद्रा अस्पताल में घायलों की कुशल-क्षेम पूछी ।

बंद का आह्वान : हिन्दू शिव सेना की उत्तर क्षेत्रीय इकाई के अध्यक्ष श्री पवन कुमार शर्मा तथा आल इंडिया हिन्दू स्टूडैंट्स यूनियन के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने पटियाला में 2 बम विस्फोटों एवं शहर में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बनाये रखने में प्रशासन की नाकामी के खिलाफ रोष स्वरूप दो दिन के बंद का आह्वान किया है । जिला बार एसोसिएशन की एक आपातकालीन बैठक में बम विस्फोटों की निंदा की गई । वकीलों ने मृतकों तथा घायलों के परिवारों से हार्दिक संवेदना भी प्रकट की है । उन्होंने उक्त वारदात के विरुद्ध रोष स्वरूप 5 जून को हड़ताल का निर्णय लिया है ।

निंदा : जनता दल की जिला कार्यकारिणी के उदस्य श्री बी. राम, श्री सुदर्शन पुरी तथा श्री अजय कुमार ने बम विस्फोटों पर गहरा दुख एवं रोष प्रकट किया है । भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री भूपेश अग्रवाल ने पंजाब के राज्यपाल को टैलीग्राम भेज कर शहर में पुलिस व्यवस्था को सुचारू बनाने की मांग की है ।

सुरक्षा कर्मी समेत दो मरे : धूरी (सिंगला): तीन आतंकवादियों ने कल रात धूरी-नाभा रेलवे लाईन पर छिटांवाला रेलवे स्टेशन पर सी.आर.पी.एफ. के जवानों पर फायरिंग की, जिससे एक हैड-कांस्टेबल इस्माइल खां की मृत्यु हो गई । इस वारदात में स्टेशन पर खड़ा एक किसान भी मारा गया । आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठा कर भाग निकले । नाभा से 'जैन' के अनुसार इस वारदात में एक पुलिस कांस्टेबल घायल भी हुआ है । बताया जाता है कि उक्त आतंकवादियों ने रेलवे स्टेशन को उड़ाने की योजना बनाई थी ।

युवक की हत्या : गुरदासपर (विनोद): आतंकवादियों ने कल रात काहनूवान थाना के अंतर्गत गांव मैनी मिलवा में अमरनाथ नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसके युवा बेटे हरबंस लाल की गोली मार कर हत्या कर दी । आतंकवादी घर से 10 हजार रुपए नकद तथा लगभग सात हजार रुपए मूल्य के जेवरात भी लूट कर ले गए ।

डी.एस.पी. के घर पर हमला : गुरदासपुर जिले के श्री हरगोबिंदपुर में आतंकवादियों ने कल रात एक डी.एस.पी. के घर पर हमला किया और गोली मार कर एक हैड-कांस्टेबल सुरजीत सिंह को घायल कर दिया ।

मुठभेड़ में एक आतंकवादी मरा : लुधियाना (धीमान, महेन्द्रा): जिला के थाना दाखा के गांव चगना के निकट नहर के पुल पर नाका लगाए हुए एक पुलिस दल के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । बताया जाता है कि सुरक्षा कर्मियों ने स्कूटर पर सवार दो संदिग्ध लोगों को जब रुकने का संकेत किया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर एक आतंकवादी मारा गया जबकि उसका साथी बचकर भाग निकला । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं । मृतक की अभी तक शिनाख्त नहीं हुई ।

तीन आतंकवादी काबू : लुधियाना जिला पुलिस ने मुठभेड़ के बाद तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस प्रमुख श्री परमजीत सिंह संधू ने बताया कि आतंकवादियों से कुछ हथियार भी बरामद किए गए हैं । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार स्थानीय फोकल प्वाईंट क्षेत्र में स्कूटर पर सवार तीन आतंकवादी जा रहे थे । सुरक्षा कर्मियों ने उनको रुकने का संकेत किया लेकिन उन्होंने गोलियां चला दीं । पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की लेकिन बाद में उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया । इनमें से दो हरियाणा के जिला कुरुक्षेत्र के सुरिन्दर सिंह व मान सिंह उर्फ अंग्रेज हैं । तीसरा जिला गुरदासपुर का तरसेम मसीह है । अंग्रेज के कब्जे से एक पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद हुए ।

सिंध से 10 हज़ार लोगों का पलायन, बेनज़ीर ने हिंसा के लिए भारत को दोषी ठहराया

इस्लामाबाद, 4 जून (पस, वार्ता): सिंध में पिछले 24 घंटे के दौरान हिंसक वारदातों में कम से कम 10 व्यक्ति मारे गये, जबकि 10 हज़ार से ज्यादा लोग भय एवं अमानवीय व्यवहार के कारण पड़ोसी पंजाब के रहीम यार खां और राजनपुर जिलों में चले गए हैं । इन लोगों ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो के गृह प्रांत सिंध की कानून-व्यवस्था की स्थिति में गिरावट जारी रही तो और लोगों के पलायन की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता ।

पंजाब के मुख्यमंत्री नवाज शरीफ ने राहत केंद्र खोल कर तुरन्त राहत कार्य शुरू करने का आदेश दिया है । उन्हें बताया गया कि सिंध से बड़ी संख्या में लोग वहां आ रहे हैं ।

पंजाब सरकार की एक विज्ञप्ति के अनुसार सिंध की सीमा से लगे क्षेत्रों में चैक पोस्ट बनाए गए हैं ताकि विध्वंसकारियों एवं आतंकवादियों की घुसपैठ पर नज़र रखी जा सके ।

मुहाजिर कौमी मूवमैंट के अध्यक्ष अल्ताफ हुसैन ने राष्ट्रपति इसहाक खां को आपात संदेश भेज कर सिंध के मुहाजिरों की जान, इज्जत और सम्पत्ति की रक्षा के लिए मुकम्मल इंतजाम करने का आग्रह किया है । उन्होंने गृहमंत्री एजाज अहसन की इस कथित टिप्पणी पर एतराज किया कि मुहाजिर कौमी मूवमैंट एक आतंकवादी संगठन है और रॉ का एजैंट है ।

मूवमैंट की अध्यक्ष ने कहा कि सिंध सरकार मुहाजिरों के दमन के लिए सरकारी तंत्र का उपयोग कर रही है ।

पाक प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो ने सिंध में हो रही गड़बड़ी में भारत का हाथ होने का आरोप लगाया है और कहा है कि वह "कश्मीर की घटनाओं का बदला लेने के लिए ऐसा कर रहा है ।"

बेनज़ीर भुट्टो कल यहां नैशनल असैम्बली तथा प्रांतीय असैम्बलियों में अपनी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के सदस्यों की एक बैठक को संबोधित कर रही थीं । उन्होंने कहा कि सिंध में स्थिति वैसी ही है जैसी स्थिति 1971 में तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगला देश) में थी और कराची या हैदराबाद में कोई भी सुरक्षित नहीं है । उन्होंने कहा कि देश तथा लोकतंत्र की रक्षा के लिए उनकी पार्टी विपक्ष में बैठने को तैयार है । बैठक ने स्थिति पर चिन्ता व्यक्त की और सरकार से कड़े कदम उठाने की मांग की । सिंध समस्या के राजनीतिक समाधान के लिए बेनज़ीर भुट्टो के मौजूदा प्रयासों के तहत बुलाई गई इस बैठक में बेगम नुसरत भुट्टो भी उपस्थित थीं ।

बेनज़ीर भुट्टो ने कहा कि सीमा पर स्थिति गम्भीर है और किसी भी समय कुछ भी हो सकता है ।" बैठक में महसूस किया गया कि पाकिस्तान में अस्थिरता फैलाने की कोशिश की जा रही है ताकि वह कश्मीरियों को मदद देना बंद कर दे ।

पाकिस्तान रेडियो ने आज सुबह के

(शेष पृष्ठ 6 पर)

पाक सेना द्वारा बेनज़ीर को अल्टीमेटम

लंदन, 4 जून (प.स.): बताया जाता है कि पाकिस्तान सेना ने दंगाग्रस्त सिंध प्रांत में सैन्य शक्ति को लेकर प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो को अल्टीमेटम दे दिया है । दैनिक 'गार्जियन' के अनुसार सेना इस बात पर जोर दे रही है कि अगर बेनज़ीर सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने के बारे में गम्भीर है तो उसे संदिग्ध आतंकवादियों पर मुकद्दमे चलाने के लिए सेना को सैनिक अदालत गठित करने का अधिकार देना चाहिए । कराची में कल एक सैनिक सूत्र ने कहा कि "अगर वे चाहते हैं कि हम गम्भीरता से काम करें तो हमें सैनिक अदालत बनाने का अधिकार देना चाहिए ।" सिंध में सीमित मार्शल-ला लगाने के लिए सरकार से सख्त कार्रवाई का आह्वान करते हुए सूत्र ने कहा कि हम पूरा अधिकार चाहते हैं, हम महज़ पुलिस नहीं बनना चाहते ।"

सैनिक अधिकारियों के अनुसार यह धारणा सेना के सर्वोच्च अधिकारियों की भी है । वे सरकार से 48 घंटे के भीतर फैसले की उम्मीद करते हैं ।



प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो के गृह नगर लाड़काना शहर में जातीय हिंसा में मार डाले गये एक पत्रकार मुताहिर हुसैन की विधवा बिलखती हुई । मुताहिर हुसैन के साथ एक अन्य पत्रकार अहमद कमाल की भी हत्या कर दी गई थी । (छाया : पै.ट्र.)

बीस अरब के नए ऋण जारी

नई दिल्ली, 4 जून (वार्ता): सरकार ने 2000 करोड़ रुपए के चार विभिन्न ऋण जारी किए हैं । ये ऋण पांच वर्ष से बीस वर्ष तक की अवधि के लिए हैं ।

रणजीत सिंह का इस्तीफा मंजूर

चंडीगढ़, 4 जून (एन.एस. परवाना): हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष श्री हरमहेंद्र सिंह चट्ठा ने भूतपूर्व कृषि मंत्री श्री रणजीत सिंह द्वारा विधानसभा की सदस्यता से दिया गया इस्तीफा आज रात मंजूर कर लिया । रणजीत सिंह ने दो दिन पहले हिन्दी में अपने हाथ से लिखा इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष को भेजा था । रणजीत सिंह जून 1987 के चुनाव में

कहना है कि श्री चट्ठा ने रणजीत सिंह का इस्तीफा स्वीकार करने से पहले उप-प्रधानमंत्री चौ. देवी लाल से भी फोन पर बातचीत की । श्री चट्ठा आज सारा दिन इसी काम में व्यस्त रहे ।

इस्तीफा मंजूर होने के बाद रणजीत सिंह के साथियों में मायूसी पाई जाती है । उनका विचार है कि अब राज्य की राजनीति से उनका किनारा कर

भारत ने

प्रतीक्षा

पाकिस्तान को
पी. सिंह

अमान्य

क क्या युद्ध का खतरा अभी
ने कहा कि इस संबंध में
करना है क्योंकि केवल वही
है, खाइयां खोद रहा है तथा
कर रहा है । दूसरी तरफ
शांतिकालीन ठिकानों पर
क्या कि यदि पाकिस्तान इस
री रखता है तो भारत से भी
बरतने की अपेक्षा नहीं की

क्या ताजा संकेतों के बारे में
मिलने के बाद भारत कोई
पने को मुक्त समझेगा, श्री
ी अपनी सुरक्षा तो करनी ही
आत्म सुरक्षा का अधिकार

पाकिस्तान वर्षों से हमारे
रता रहा है और अचानक
कलने के लिए कहा जा रहा
ारत पर अनुचित तरीके से
दा करने का आरोप लगाया
या क्या हर भारत को छोड़

क क्या भारत उस दिन के
र्रवाई करेगा, श्री सिंह ने
ारी से काम लेते हुए संघर्ष
ने कहा कि मौजूदा सरकार
त में जनता से वायदा किया
देशों के साथ मैत्रीपूर्ण
न के साथ भी मित्रता के
इच्छा है लेकिन पाकिस्तान
मदद करनी चाहिए ।
या उन्हें रंजीत भट्टी के
है, श्री सिंह ने व्यक्तिगत
एपणी करने से इंकार कर
भारत ने पाकिस्तान की
छूट दी है । भारत यह
मजबूरियों के कारण वहां
लेनेही पड़ते हैं । उन्होंने
क भारत के विरुद्ध मौजूदा
ी परम्परागत प्रथा का ही



पटियाला शहर में सोमवार को 2 शक्तिशाली बम विस्फोट होने से 6 लोगों की मृत्यु हो गई । चित्र में (1-4) मृतकों के शव, (5-6) अस्पताल में उपचाराधीन 2 घायल, (7) आर्य समाज क्षेत्र में वह स्थान जहां बच्चों ने 'छबील' लगाई थी, (8) विस्फोटों के बाद बाज़ार बंद का एक दृश्य । (छाया : राजू)

हरियाणा सरकार को देवी लाल परिवार के कब्ज़े से मुक्त कराने के लिए इंका संघर्ष जारी रखेगी

चंडीगढ़, 4 जून (संघी): हरियाणा इंका के पदाधिकारियों की एक बैठक आज प्रधान श्री शमशेर सिंह सुर्जेवाला की अध्यक्षता में हुई जिसमें

अभियान के तहत दिया गया था और अब श्री चौटाला त्यागपत्र दे चुके हैं फिर भी पार्टी राज्य की जद

Punjabi Sanatani

पवि

में

अमृतस

चंडी

चंडीगढ़
में आज दो
बच्चों समेत
आई.बी. के
कर्मियों सहित
5 आतंकवादी

2 बम

(भूषण): पटि
बम विस्फोट ह
हो गई । एक
बजे के लगभ
और दूसरा वि
गेट क्षेत्र में शो

प्राप्त रि
बच्चों ने नि
लगाई थीं ।
गए । बम फ
की आयु के बी
घायल हुए ।
अस्पताल में

बताया ज
विस्फोट की
क्षेत्र में हिन्दू
अध्यक्ष श्री
लावारिस पड़ा
कि घायल ब
चल दिए । उ
ने बम रख दि
बम फट गया
गई । मृतकों
हैं । ये दोनों
संयोजन सचि
आतंकवादी श्र
उद्देश्य से उन

तीन मृत
कांड में मरने
गई है । उन
बताये जाते हैं
विस्फोट से एक
क्षतिग्रस्त हो ग
दोनों लोग शि
अनुसार उक्त
हैं ।

आधारित राजनीति देश के लिए अच्छी नहीं होती ।

केंद्र छूट देगा : श्री वी.पी. सिंह ने पंजाब व कश्मीर समस्याओं का उल्लेख करते हुए कहा कि

प्र. : क्या केंद्र में नई सरकार के सत्तारूढ़ होने के बाद पंजाब की स्थिति अधिक बिगड़ी है ?

वी.पी. : हां, कानून एवं व्यवस्था में अवश्य ही कमी आई है ।

पाकिस्तान पर ही निर्भर करता है कि वह क्या कुछ करना चाहता है ।

पाक आरोप पूर्णतः गलत : प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के इस आरोप को 'पूर्णतः गलत' बताया

ही उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग 40 साल पहले सिंध में गए थे, वे अभी भी 'मुहाजिर' ही कहे जाते हैं और उन्हें गोलियां झेलनी पड़ रही हैं ।

बेनज़ीर से मुलाकात की बात टाली :

कश्मीर के मुद्दे को सुलझाने के लिए पाक प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो के साथ शिखर वार्ता करना चाहेंगे ?

उन्होंने कहा कि सैनिक अभ्यास के अवसर पर

दोनों देशों के मध्य शिखर वार्ता की आवश्यकता नहीं अनुभव की गई थी । उन्होंने यह भी कहा कि सद्भावना व परस्पर समझबूझ से हालात एक दो

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पंजाब में 16 व्यक्तियों की हत्या : 11 दुर्दांत आतंकवादी मरे : 3 स्वयंभू जनरल भी शामिल : 13 बसें जला दी गई

चंडीगढ़, 5 जून (वा., प.स.) : पंजाब में गत रात से आतंकवादियों ने विभिन्न स्थानों पर 16 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि पुलिस ने फिरोजपुर जिले में एक दुर्दान्त आतंकवादी कश्मीरा सिंह उर्फ टिड्डू तथा उसके छः साथियों को मार गिराया । राज्य में अन्यत्र एक दुर्दान्त आतंकवादी ने सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली, जबकि 3 अन्य सुरक्षा बलों के साथ हुई भिड़न्त में मारे गए । इनमें कल पटियाला में हुए बम धमाकों का दोषी दुर्दान्त आतंकवादी हरचरण सिंह उर्फ कैप्टन भी शामिल है । शरारती तत्वों ने बुढलाडा में 13 बसों को आग लगा दी, जबकि बरनाला में भी चार बसों को जलाने का प्रयास किया गया ।

दुर्दांत आतंकवादी टिड्डू व उसके छः साथी मरे : फिरोज़पुर से 'धीमान, कंतोड़' के अनुसार अधिकृत सूत्रों ने बताया है कि जिला फिरोज़पुर के गांव बस्ती राम लाल के निकट सुरक्षा बलों के साथ करीब आठ घंटे तक हुई मुठभेड़ में बब्बर खालसा का स्वयं-भू लैफ्टिनैंट जनरल कश्मीरा सिंह उर्फ टिड्डू तथा उसके छः साथी मारे गये हैं । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह आतंकवादी इस गुट का नेता था तथा हत्याओं की अनेक वारदातों में पुलिस को वांछित था ।

पुलिस को घटनास्थल से 4 ए.के. 47 असाल्ट राइफलें, एक ए.के. 74 असाल्ट राइफल, एक जी.पी.एम.एफ. राइफल, एक राकेट लांचर, 17 राकेट, 315 बोर की दो राइफलें, 4 मैगजीन्स तथा भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद हुआ है ।

अन्य मारे गये छः आतंकवादियों की शिनाख्त नहीं हो पाई है ।

एक ठोस सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने गांव के समीप के खेतों में आतंकवादियों के छुपने के स्थान पर छापा मारा था । इसके बाद हुई इस मुठभेड़ में सात आतंकवादियों के इस गिरोह का सफाया हो गया ।

राज्य पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने बताया है कि टिड्डू के सिर पर 30,000 रु. का इनाम था ।

एक नागरिक मरा : पुलिस प्रवक्ता के अनुसार आतंकवादियों व सुरक्षा बलों के मध्य हुई गोलीबारी में एक नागरिक भी मारा गया है जिसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है ।

एक परिवार के चार सदस्यों सहित आठ की हत्या : अमृतसर से 'वि.प्र., वर्मा' के अनुसार आतंकवादियों ने गत रात अमृतसर जिले में एक परिवार के चार सदस्यों सहित विभिन्न वारदातों में आठ लोगों की हत्या कर दी ।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के थाना वल्टोहा के गांव असल औतार में गत रात ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से लैस करीब आठ आतंकवादी एक जमींदार तारा सिंह की बहक में आए और उन्होंने तारा सिंह के अलावा उसके दो नौजवान लड़कों महल सिंह और टहल सिंह तथा तारा सिंह के दोहते गुरमेज सिंह, जोकि गांव माखी का रहने वाला था, को एक पंक्ति में खड़ा करके गोलियों से भून डाला ।

घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 25 चले हुए कारतूस मिले हैं । पुलिस के अनुसार घटनास्थल से एक पर्चा मिला है जिसमें गुरजंट सिंह बुधसिंहवाला, जोकि के.एल.एफ. का चीफ है, के नाम से इस हत्याकांड की जिम्मेदारी ली गई है । पर्चे के अनुसार तारा सिंह और उसके परिवार वालों ने पुलिस को सूचना देकर आतंकवादियों के एक साथी हजारा सिंह को मरवा दिया था । अतः परिवार को 'सबक' सिखा दिया गया है ।

पुलिस जिला तरनतारन ही के थाना सरहाली के गांव ब्रह्मपुरा में गत रात साढ़े दस बजे के करीब तीन अज्ञात आतंकवादियों ने गुरदित्त सिंह नामक व्यक्ति के घर में घुस कर ए.के. 47 असाल्ट राइफल से गोलियां चला कर उसके युवा लड़के जगजीत सिंह को मार डाला । बताया जाता है कि आतंकवादी इसे अपने संगठन में शामिल करना चाहते थे पर जगजीत सिंह इन्कार करता था ।

अमृतसर शहर के बाहरी क्षेत्र छहर्टा में गत रात आतंकवादी करीब 12 बजे धनपत राय नामक व्यक्ति के घर का दरवाजा खुलवा कर अन्दर घुस गए और उसके युवा लड़के सुग्रीव को पकड़ कर उसे बाहर ले जाने का प्रयास किया । उसके विरोध करने पर आतंकवादियों ने सुग्रीव को गोली मार कर मार डाला और भाग निकले ।

एक अन्य सूचना के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के गांव दालीके में गत रात दर्शन सिंह नामक व्यक्ति के घर में घुस कर पांच आतंकवादियों ने उसके बेटे बलविंदर सिंह की हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार यह आतंकवादियों की आपसी दुश्मनी का परिणाम है ।

पुलिस जिला मजीठा के थाना जंडियाला के गांव मेहसामपुरा के एक युवक बलदेव सिंह उर्फ बेबी की हत्या कर दिए जाने की सूचना है । पुलिस के अनुसार यह आपसी दुश्मनी का परिणाम है । इस हत्याकांड में मृतक का साला भी शामिल है ।

बाप-बेटी को जिन्दा जला दिया : अमृतसर से 'वा' के अनुसार जिला के गांव मुद्धल में आज अज्ञात आतंकवादियों ने एक व्यक्ति मिल्खा सिंह और उसकी पांच वर्षीया बेटी को जिन्दा जला दिया । घटना के समय बाप-बेटी सो रहे थे कि आतंकवादियों ने इन पर पैट्रोल डाल कर इनको आग लगा दी । बच्ची की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि मिल्खा सिंह अस्पताल में जाकर दम तोड़ गया ।

एस.एच.ओ. व पुलिस कर्मी बाल-बाल बचे : आज सायं पुलिस थाना वल्टोहा के एस.एच.ओ. श्री चैन सिंह तथा 5 अन्य गनमैन उस समय बाल-बाल बच गए जब आतंकवादियों ने गांव दासोवाल के निकट उनकी जीप को बम धमाके से उड़ा दिया ।

शव बरामद : पुलिस जिला मजीठा के गांव रत्तोकी के निकट आज दोपहर बाद पुलिस ने गोलियों से छलनी एक शव बरामद किया है ।

अपहरण के बाद हत्या : मजीठा पुलिस जिले के ही गांव अब्दाल में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति नत्था सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार मृतक का पुलिस जिला बटाला के गांव शेखपुर से आज अपहरण किया गया था ।

12,000 रुपए लूट लिए : उग्रवादियों ने आज श्रीहरगोबिन्दपुर में एक ग्राम्य विकास बैंक से 12,000 रुपए लूट लिए ।

दुर्दांत आतंकवादी कैप्टन मरा : पटियाला से 'भूषण' के अनुसार खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर हरचरण सिंह उर्फ कैप्टन आज पटियाला पुलिस थाना सदर के गांव झम्बहेड़ी के निकट पुलिस के साथ हुए एक मुकाबले में मारा गया ।

एस.एस.पी. श्री एस.के. शर्मा के नेतृत्व में आज पुलिस पार्टी ने गांव बीबीपुर में छापा मारा तो दो आतंकवादियों ने हीरो होंडा मोटर साइकल पर भागने का प्रयास किया । पुलिस ने इनका पीछा किया और गांव झम्बहेड़ी के पास हुई गोलीबारी में हरचरण सिंह मारा गया जबकि उसका एक साथी भाग निकला ।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मारा गया आतंकवादी पटियाला में कल हुए बम धमाकों में संलिप्त था । इसके अलावा वह दो हैडकांस्टेबलों की हत्या तथा उत्तरी क्षेत्र शिव सेना नेता पवन कुमार शर्मा पर हुए हमलों के संबंध में भी पुलिस को वांछित था । अनेक अन्य हत्याओं में भी इसका हाथ है ।

फिरोज़पुर के निकट 8 घंटे तक भयानक भिड़न्त के बाद लैफ्टीनैंट जनरल कश्मीर सिंह टिड्डू सहित 7 उग्रवादी मरे

पुलिस को इसके शव के पास से .455 बोर की विदेशी पिस्तौल मिली है ।

दो स्कूटर छीने : 'राजू' के अनुसार दो अज्ञात व्यक्तियों ने आज बाद दोपहर पुलिस थाना नाभा सदर के गांव फौजा में एक व्यक्ति से उसका स्कूटर बजाज चेतक नं. पी.जे.एन. 8747 छीन लिया । यहां से 40 किलो मीटर बनूड़ के पास भी एक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीने जाने की सूचना मिली है ।

43000 रु. लूटे : लुधियाना से 'धीमान, महिन्द्रा, आहूजा' के अनुसार यहां माधोपुरी कूचा नम्बर एक से कल शाम दो आतंकवादी पिस्तौल दिखा कर 43000 रुपए से अधिक की राशि एक व्यापारी से लूट कर ले गए ।

बताया जाता है कि आतंकवादी एक स्कूटर पर आए । वे नैशनल यार्न एजैंसी के कार्यालय में दाखिल होने लगे । वहां बाहर एक दलाल खड़ा था । उसे पकड़ कर बलात् वे अन्दर ले गए और धमकी दी कि अगर शोर मचाया तो गोली मार देंगे । फर्म का मालिक वहां नहीं था । उसके बेटे को पिस्तौल दिखा कर आतंकवादियों ने नकदी हवाले करने को कहा । एक आतंकवादी, जिसके हाथ में पिस्तौल थी और दूसरे हाथ पर छोटा तौलिया लपेटा हुआ था, उसने कहा कि इसमें बम है । अगर कैश न दिया तो विस्फोट से कार्यालय उड़ा देंगे । इस तरह 43000 रुपए से अधिक नकदी उनके हवाले कर दी और दोनों आतंकवादी स्कूटर पर सवार होकर भाग निकले ।

अभिनेता वीरेन्द्र का हत्यारा मारा गया : सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में गत सायं लुधियाना जिले के दाखा नहर पुल के निकट खालिस्तान कमांडो फोर्स का एरिया कमांडर जसवंत सिंह मारा गया । उसके सिर पर 50,000 रुपए का इनाम था । उसने पंजाबी फिल्मों के अभिनेता वीरेन्द्र तथा अन्य दर्जन लोगों की हत्या की थी ।

जसवंत सिंह के कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल व कुछ कारतूस मिले थे । उसका साथी अंधेरे में भाग निकला था, उसको गिरफ्तार करने के लिए पुलिस छापे मार रही है ।

एक परिवार के तीन सदस्यों की हत्या

कपूरथला से 'शर्मा' के अनुसार थाना भुलत्थ के अंतर्गत गांव टांडी चुगावां में गत रात्रि लगभग 11.30 बजे पांच सशस्त्र आतंकवादियों ने दीवार

(शेष पृष्ठ 8 पर)



भुलत्थ के निकट सोमवार की रात को मारे गए (ऊपर) चनण सिंह तथा (नीचे) प्रीतम कौर (इनसैट) दोनों के पुराने चित्र (मध्य इनसैट) मृतका हरबंस कौर का पुराना चित्र । (फोटो : देवेन्द्र पाल)





गये आतंकवादी
वादियों से बरामद
छाया : खोसला)



: रवि भंडारी)

का 28 करोड़ से अधिक
पिस करने से कतराने लगे

ई का सत्र आरम्भ
ारे राज्य सरकार

ल को-आपरेटिव

इस पद पर हमीद उल्लाह खान तैनात थे ।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल गिरीश सक्सेना ने यह फैसला इसलिए किया है क्योंकि कानून एवं व्यवस्था मुख्य सचिव के पद से



सिंध में गृह युद्ध जैसी स्थिति, 'जिये सिंध' आंदोलनकारियों द्वारा जंगे-आज़ादी की घोषणा

नई दिल्ली, 5 जून (वार्ता) : हत्या, डकैती, अपहरण, रक्तपात पाकिस्तान के सूबा सिंध में आए दिन की बात है । जातीय संघर्षों ने वहां गृह-युद्ध जैसी स्थिति उत्पन्न कर दी है । पाकिस्तान के

पड़ गई थी, जिस दिन पाकिस्तानी हुकमरानों ने पंजाब, सिंध, बलूचिस्तान और उत्तर-पश्चिम सीमा प्रांत को मिला कर 'वन यूनिट' (एक इकाई) बनाकर उसे पश्चिम पाकिस्तान का नाम दिया था ।

विस्मृत नहीं किया जा सकता कि 1971 में बंगलादेश के मुक्त हो जाने के बाद और अफगानिस्तान के घटनाक्रम के कारण पाकिस्तान में

.1990

, उससे उसे भारत की चिन्ता
गया है ।

उन्होंने कहा कि उससे
तचीत शुरू हो चुकी है तथा
वैया सकारात्मक है ।

न्होंने कहा कि सद्भावनापूर्ण

ट की कि नेपाल के प्रधानमंत्री
के साथ होने वाली बातचीत
धों की दृष्टि से लाभदायक

ताया कि उनकी सरकार ने
मय से पूर्व ही अपनी सेनाओं
पना वचन' निभाया है ।

रे में श्री सिंह ने कहा कि
के तहत पाकिस्तान को कुछ
कस्तान ने उनका अध्ययन
ताह का समय मांगा है ।



दुनिया के मशहूर राज दवा-खाना के मालिक, रोगों के माहिर से आप मिलो ।

जालंधर शहर ।

नए आवश्यकता है—
डिप्लोमा
की
ा दी जाएगी । वेतन
भी सुविधाएं, कृपया
2 बजे से लेकर 5 बजे

PRISES
, Chandigarh.

क ट्रेनिंग सैंटर, माडल
णार्थियों की क्षमता है,
लए अनुभवी खान-पान

अंदर अपने प्रार्थना पत्र
डीगढ़ एल.एच.ओ. को
ग से कार्यालय समय के

र (एच.आर.डी.)
ारतीय स्टेट बैंक,
कल हैड आफिस,
17-बी, चंडीगढ़
ें ।"

ज्ञापन

श्यकता

oung experienced
decent pay. Locals
ct : Dr. Mohinder Satija,
wn, Ludhiana.

न पर सेल्ज़मैन/हैल्पर चाहिएं ।
तन चार अंकों में । सुबह 10
र्नर, रैनक बाज़ार, जालंधर ।

सिंह नगर में तीन कोठियां पैंट
च्छे ठेकेदार की आवश्यकता है,
नुभव हो । अपना व अपनी फर्म
ा भेजें । पेमैंट हर तीन दिन के
बाक्स 107, पंजाब केसरी,

फर्म के लिए चपड़ासी की
पास या मैट्रिक फेल । उम्र 18
कल वाले को प्राथमिकता दी
हत लिखें : P.O. Box 99,

duate Girls for reputed
:—Contact :—Rajinder
awan Building, Upstairs
Parlour, Bhadaur House,

ric Girls for Cassettes
t :—Musical Voice of
abha Nagar, Ludhiana.

Billing Clerks Male/
artap Medical Agencies,
Jalandhar immediately.

Managing Committee,
ted one Punjabi Master
Hariana (HSP) with
s approved by the
ment. Post permanent.
y Secretary by 15.6.90.

ोल्ट्री

Egg rate for 5.6.90,
ays, NECC Suggested
Per Dozen.

ज़गार

ना, नेवी को 7000 क्लर्कों की
मैट्रिक । आयु 16-30 ।
25/- मनीआर्डर भेज कर तीन
करें । Mukesh Career
Gaila Jalandhar.

र्थ यात्रा

केदारनाथ, गंगोत्री, यमनोत्री,
0/-, मिलें : सुमित यात्रा
ी सड़क, लुधियाना, फोन :

दूरदर्शन और आकाशवाणी को स्वायत्तता प्रदान करने से संबंधित प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के दौरान जो स्थिति थी, दूरदर्शन और आकाशवाणी को अब उससे कुछ अधिक स्वायत्तता प्राप्त है । अब विपक्षी दलों को कहीं अधिक स्थान मिल रहा है, जबकि पहले ऐसा नहीं था । हालांकि अभी भी इन दोनों माध्यमों को वह नहीं मिल सका जो हम उन्हें देना चाहते हैं ।

बोफोर्स जांच में तेजी लाई जाएगी : बोफोर्स मसले के संबंध में उन्होंने कहा कि सरकार जांच के काम में तेज़ी लाने के हर संभव प्रयास कर रही है ।

यह पूछे जाने पर कि क्या वह अपने मंत्रिमंडल का विस्तार शीघ्र ही करने वाले हैं, उन्होंने कहा कि वह विस्तार के समय के बारे में अभी कुछ नहीं कह सकते, परन्तु विस्तार अवश्य ही करेंगे । एक सवाल के जवाब में श्री सिंह ने कहा कि श्रीमती मेनका गांधी को पर्यावरण विभाग से हटाया नहीं गया है । वह अभी भी राज्यमंत्री हैं और इस विभाग को देख रही हैं । पहले वह स्वयं इस विभाग के कैबिनेट मंत्री थे । बाद में पुनर्गठन के दौरान कैबिनेट मंत्री एक अन्य व्यक्ति को बना दिया गया था । श्री सिंह ने कहा कि श्रीमती मेनका गांधी की स्थिति किसी भी तरह से प्रभावित नहीं हुई है ।

हवाई अड्डे पर सूचना और प्रसारण मंत्री पी. उपेंद्र ने उनका स्वागत किया । प्रधानमंत्री के निर्देशों के अनुसार ही हवाई अड्डे पर आज अन्य केंद्रीय मंत्री और राजनेता उनके स्वागत के लिए मौजूद नहीं थे । इस अवसर पर सिर्फ संवाददाता, फोटोग्राफर, टी.वी. कैमरामैन और सुरक्षा कर्मी ही वहां नज़र आ रहे थे ।

सिंध में गृह युद्ध

(पृष्ठ 3 का शेष)

भुट्टो के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मुहाजिर कौमी मूवमैंट द्वारा अपनाए गए रवैये से पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और मुहाजिर छात्र संगठनों में खुली झड़पों का सिलसिला शुरू हो गया है । अब वहां तीन हथियारबंद गिरोह हैं : पठान, मुहाजिर और सिंधी ।

सिंध में जातीय दंगों की जो शुरूआत हथियारबंद अफगानों औ मुहाजिरों के बीच संघर्ष से हुई थी, अब सिंधियों और मुहाजिरों के बीच केन्द्रित हो गई है । कराची स्थित पत्रकार श्री नक़वी के अनुसार शस्त्रास्त्रों से लैस मिलिशिया और नए स्वचालित हथियारों की आसानी से उपलब्धि दोनों के कारण सिंध में एक विस्फोटक राजनीतिक और जातीय समस्या उभर उठी है ।

सिंध में 6 और हत्याएं : सिंध में पिछले 24 घंटों में हिंसा की नई घटनाओं में 6 लोग मारे गये तथा कई घायल हो गए । 5 लोग टांडो कैसर के निकट मारे गए जबकि एक व्यक्ति टाटोडेरो क्षेत्र में मारा गया ।

पाकिस्तान सेना ग्रामीण क्षेत्रों समेत पूरे सिंध में छापों की रफ्तार तेज़ करने वाली है । यह घोषणा पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष असलम बेग ने कराची में की । वह कल रावलपिंडी से कराची पहुंचे ।

'लोकतांत्रिक आंदोलन से फिजी सरकार घबरा गई थी'

नई दिल्ली, 5 जून (वार्ता): विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा है कि फिजी में लोकतांत्रिक आंदोलन की शक्ति से घबरा कर वहां की गैर-कानूनी सैनिक सरकार ने भारतीय दूतावास बंद करने के निर्देश दिए हैं । प्रवक्ता ने आज यहां एक प्रैस कांफ्रैंस में कहा कि भारत द्वारा फिजी में सर्वजातीय लोकतांत्रिक सरकार की मांग को समर्थन देने के कारण ही सैनिक शासकों ने यह कदम उठाया है, हालांकि भारत ने फिजी के आंतरिक मामलों में कोई दखल नहीं दिया था ।

जम्मू-कश्मीर के···

(पृष्ठ 3 का शेष)

जम्मू-कश्मीर संविधान के अनुसार राज्यपाल वैष्णो देवी मंदिर बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं ।

वैष्णो देवी मन्दिर में प्रतिदिन 9,000 से भी अधिक श्रद्धालुओं द्वारा दर्शन किए जाते हैं ।

इसी दौरान मन्दिर बोर्ड ने कटरा में प्रातः 7.00 बजे से अर्धरात्रि तक पर्चियां जारी करने का काम शुरू कर दिया है । इससे पूर्व 10 बजे तक ही पर्चियां जारी की जाती थीं ।

फारूक के निजी सचिव के पिता का अपहरण : जम्मू-कश्मीर के भूतपूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के निजी सचिव के पिता का उग्रवादियों ने कश्मीर घाटी में अपहरण कर लिया है । भूतपूर्व मुख्यमंत्री के निजी सचिव महाराज कृष्ण के पिता पिछले पांच दिन से लापता हैं । पुलिस का कहना है कि संभवतः उनका अपहरण कर लिया गया है ।

3 मरे : पुलिस ने बताया कि घाटी में कल रात से एक छह वर्षीय बालक सहित तीन व्यक्ति मारे गये । उग्रवादियों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों के बीच रविवार को रेनवाड़ी क्षेत्रों में हुई गोलीबारी में घायल छह वर्षीय बालक और एक अन्य व्यक्ति ने आज अस्पताल में दम तोड़ दिया है ।

उग्रवादियों द्वारा कल बाग मेहताब में फांसी पर लटका दिए व्यक्ति की शिनाख्त कर ली गई है । फांसी पर लटकाया गया व्यक्ति पुलिस इंस्पैक्टर शुबन कृष्ण है ।

श्रीनगर में आज प्रातः सात बजे से कर्फ्यू में 12 घंटे की ढील दी गई ।

सी.आर.पी.एफ. पर हमला : श्रीनगर के करफाली मोहल्ला में आज उग्रवादियों ने सी.आर.पी.एफ. की एक चौकी पर शक्तिशाली हथगोले से हमला किया । इस हमले में कोई घायल नहीं हुआ ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : इसी दौरान सुरक्षा बलों ने आज घाटी के कुपवाड़ा क्षेत्र से 3 आतंकवादियों को गिरफ्तार कर उनसे कुछ हथियार भी बरामद किए हैं ।

स्कूटर बम विस्फोट में मरे दो व्यक्ति उग्रवादी नहीं थे : हिंदू शिव सेना

पटियाला, 5 जून (भूषण): यहां श्री पवन कुमार शर्मा की अध्यक्षता में हुई हिंदू शिव सेना की एक आपात्कालीन बैठक में सरकार के उस दावे की आलोचना की गई, जिसमें कहा गया था कि कल स्थानीय शेरांवाला गेट में हुए बम धमाके में जो दो लोग मारे गए थे, वे उग्रवादी थे । श्री शर्मा ने कहा कि ये दोनों निर्दोष दुकानदार थे, जो लावारिस स्कूटर, जिसमें बम पड़ा हुआ था, पर राजेन्द्र अस्पताल में घायल बच्चों को सहायता देने के लिए जा रहे थे ।

बैठक में सरकार से मृतकों के परिवारों को उचित आर्थिक सहायता देने की मांग की गई है ।

दुर्दांत आतंकवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

फांद कर एक घर में बलपूर्वक प्रवेश करके चनन सिंह लुबाना, उसकी पत्नी प्रीतम कौर तथा विवाहित पुत्री हरबंस कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी हैं । इन तीनों की हत्या चीनी असाल्ट ए.के. 47 राइफलों से की गई है ।

जिला पुलिस की विज्ञप्ति के अनुसार ये हत्याएं जमीन संबंधी एक झगड़े के कारण हुई हैं । मृतक चनन सिंह के लड़के नछत्तर सिंह ने आकर एक हत्यारे को जब काबू कर लिया तो अन्य हत्यारों ने बट मार कर अपने साथी को छुड़ा लिया तथा भाग गए । बट लगने से नछत्तर सिंह भी घायल हुआ है । नछत्तर सिंह ने पांचों हत्यारों को पहचान लिया है । विज्ञप्ति के अनुसार उनके नाम हैं : मनजीत सिंह पुत्र ज्ञान सिंह वासी टांडी चुगावां, तारा सिंह पुत्र हरबंस सिंह वासी टांडी चुगावां, लुदन रामगढ़िया दुकानदार वासी नडाला, जसपाल सिंह उर्फ पाला वासी लखन-के-पड्डे तथा दलबीर सिंह उर्फ टीरू नाई वासी लखन-के-पड्डे । पुलिस ने इन पांचों के विरुद्ध तीन हत्याओं का केस दर्ज कर लिया है तथा दावा किया है कि दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

दो बंदूकें छीनीं : थाना सदर कपूरथला के गांव सैदोवाल में गत रात्रि लगभग 12 बजे 3-4 कथित आतंकवादी सीढ़ी लगा कर श्री बचित्तर सिंह नम्बरदार के घर में प्रवेश करके पिस्तौल की नोक पर उसके घर से 12 बोर की दो बंदूकें तथा बीस कारतूस छीन कर ले गए हैं । लगभग दो वर्ष पूर्व नम्बरदार बचित्तर सिंह ने अपने घर लूटने आए चार सशस्त्र आतंकवादियों का मुकाबला करते हुए अपने लड़कों की सहायता से दो 303 राइफलें छीन ली थीं तथा गोली लगने से घायल हो गया था । पुलिस ने नम्बरदार को 12 बोर की सरकारी बंदूक दी थी तथा एक उसकी अपनी 12 बोर की बंदूक थी, जो आतंकवादी गत रात छीन कर ले गए ।

एक आतंकवादी मरा : बरनाला से 'सिधवानी' के अनुसार बाद दोपहर एक खतरनाक आतंकवादी बोधा सिंह पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया । पुलिस ने 38 बोर का चीनी रिवाल्वर और पांच कारतूस बरामद किए । पता चला है कि उसे पहचान कर गश्ती पार्टी ने ललकारा तो वह भाग खड़ा हुआ । पुलिस ने पीछा करके उसे गोली मार दी । वह बरनाला के हांकर कांड तथा कई अन्य वारदातों में पुलिस को वांछित था ।

बसों को आग : रात को लगभग पौने एक बजे पी.आर.टी.सी. के स्थानीय डिपो में खड़ी चार बसों के ड्राइवर वाली सीट के नीचे वाले टायरों को आग लगाई गई । चपड़ासी पानी लेने बाहर निकला तो आग के शोले देख कर उसने शोर मचाया । शिफ्ट में कामकर रहे वर्करों ने मिल कर आग पर काबू पाया ।

बसें जला दीं : भटिंडा (सोच): यहां से 80 कि.मी. दूर बुढ़लाडा मंडी में गत रात पैप्सू रोड ट्रांस्पोर्ट कार्पोरेशन के डिपो में रात दस बजे के बाद कुछ सशस्त्र व्यक्तियों ने जो आतंकवादी बताए जाते हैं, 11 नई बसों को आग लगा दी, जो जल कर राख हो गई ।

एस.एस.पी. राजेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने बुढ़लाडा, मानसा और भटिंडा की वारदातों के संबंध में बीस संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है ।

कुछ लोगों ने भटिंडा के बस अड्डे पर भी तीन बसों को आग लगा दी ।

बुढ़लाडा से 'मित्तल' के अनुसार जलाई गई बसों की संख्या 13 है । आतंकवादियों ने पहले टैलीफोन का क्रम भंग कर दिया और फिर हवाई फायरिंग भी की ।

रिवाल्वर छीन लिया : यहां से 40 किलोमीटर दूर गांव जैद में कल बाद दोपहर कुछ आतंकवादियों ने अकाली दल (ल) के नेता और शिरोमणि कमेटी के जत्थेदार भाग सिंह जैद से उनका 32 बोर का लाइसेंसी रिवाल्वर पिस्तौल की नोक पर छीन लिया ।

पैट्रोल पम्प कर्मी से 4000 छीने : कुछ बंदूकधारियों ने गांव वडयाला के निकट एक पैट्रोल पम्प के कर्मचारी से पिस्तौल की नोक पर 4000 रु. छीन लिए ।

अपहृत व्यक्ति घर पहुंचा : एस.एस.पी. ने बताया कि भुच्चो मंडी का सीमैंट डीलर साधु राम, जिसका कुछ दिन पूर्व अपहरण किया गया था, घर वापस पहुंच गया है ।

आतंकवादी मरा : तपामंडी से 'मारकंडा' के अनुसार आज दोपहर एक बजे के करीब बरनाला-भटिंडा सड़क पर हुई भिड़ंत में एक संदिग्ध आतंकवादी पुलिस के हाथों मारा गया । यह घटना बिजली बोर्ड के कार्यालय के पास हुई ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने आज बाद दोपहर एक व्यक्ति को संदिग्ध रूप से घूमते देख कर जब उसे ललकारा तो उसने पुलिस पर गोली चला दी । पुलिस की जवाबी कार्रवाई में यह व्यक्ति घटनास्थल पर ही मारा गया जबकि उसका एक साथी भाग निकला । मारे गए व्यक्ति के कब्जे से 38 बोर की एक रिवाल्वर मिली है । मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है ।

आतंकवादी द्वारा आत्महत्या : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव कोटली सूरत मल्ली के निकट गत रात पुलिस हिरासत में एक आतंकवादी ने सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली । यह जानकारी देते हुए जिला पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गत रात जिला पुलिस व बी.एस.एफ. ने एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया, जिसने अपना नाम विक्रमजीत सिंह बताया, जब उसे पूछताछ के लिए ले जाया जा रहा था तो उसने रास्ते में सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली । पुलिस प्रवक्ता के अनुसार आज प्रातः इसकी शिनाख्त बलजीत सिंह के रूप में हुई है । पुलिस रिकार्ड के अनुसार यह बब्बर खालसा का 'नान हार्ड कोर लिस्टिड' आतंकवादी था और पुलिस को इसकी कम से कम 6 हत्याओं के मामले में तलाश थी । यह निकट गांव राय चक्क निवासी था ।

जम्मू कमांडो फोर्स बना रखी थी : पुलिस जिला बटाला के अधिकृत प्रवक्ता ने बताया है कि गत दिवस थाना सदर बटाला पुलिस ने जिन 7 लुटेरों को संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात गिरफ्तार किया था, उन्होंने पूछताछ के दौरान रहस्योद्घाटन किया है कि उन्होंने अपने संगठन का नाम 'जम्मू कमांडो फोर्स' रखा हुआ था और उनका सरगना छिन्दर था, जिसका गत दिनों शव शुक्रपुरा से मिला था ।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार इन्होंने अभी तक 3 हत्याओं सहित लगभग 2 दर्जन लूटमार की वारदातों में अपना हाथ माना है । गांव बांगोवानी में बैंक लूटने सहित गांव खानोवाल, धुपसड़ी, सहारी, लौंगोवाल, दालम नंगल, दवानीवाल, महिमावाली, अलोवाल, दोबुर्जी व अगवान् आदि में इन्होंने लूटपाट की थी । जिला पुलिस प्रवक्ता ने इनके नाम कुलदीप सिंह, रघुबीर सिंह, प्रगट सिंह, छिन्दर, हरजिन्द्र सिंह उर्फ बब्बू (सभी गांव गग्गोवाली), साहिब सिंह (मेहमा चक्क) व रणजीत सिंह (दोबुर्जी) के रूप में बताते हुए कहा कि इनके सरगना छिन्दर के गुट संघर्ष में मारे जाने तथा इन 7 को गिरफ्तार कर लिए जाने के पश्चात् इस क्षेत्र में सक्रिय लुटेरों के गिरोह का अन्त हो गया है ।

एस.पी. की अंत्येष्टी : चंडीगढ़ से 'संघी' के अनुसार इंटैलिजैंस ब्यूरो के एस.पी. श्री नछत्तर सिंह, जिनकी कल रात सैक्टर 33 में यहां दो आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी, की आज बाद दोपहर उनके पैतृक कस्बा खन्ना में अंत्येष्टी कर दी गई ।

पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के अनुसार श्री नछत्तर सिंह के सिर व छाती में चार गोलियां लगी थीं । पुलिस अभी तक हत्यारों का सुराग नहीं लगा पाई है ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार ये आतंकवादी, जिनकी आयु बीस से तीस वर्ष के बीच थी, सफेद रंग की मारुति कार में सवार हो कर करीब 9.30 बजे श्री नछत्तर सिंह के घर आए । इन्होंने श्री नछत्तर सिंह को कोई सूचना देने के बहाने घर से बाहर बुलाया । जैसे ही वह बाहर आए उन्होंने श्री नछत्तर सिंह को अपनी कार में बिठाने का प्रयास किया । खतरा भांप कर श्री नछत्तर सिंह ने शोर मचा दिया, जिसे सुन कर परिवार के कुछ लोग घर के बाहर आ गए । इस पर एक आतंकवादी ने उनको ए.के. 47 असाल्ट राइफल दिखा कर धमकी दी कि यदि किसी ने श्री नछत्तर सिंह को छुड़ाने का प्रयास किया तो उसे गोली मार दी जाएगी । इस पर सभी सदस्य घर के अन्दर चले गए । इन लोगों ने घर के सदस्यों को आश्वासन दिया कि वे अपने कुछ साथियों को छुड़ाने के लिए एस.पी. का अपहरण कर रहे हैं । उनको कुछ नहीं कहा जाएगा ।

जब श्री नछत्तरसिंह इनके साथ जाने को राजी न हुए तो उनको घर के बाहर ही गोली मार दी गई । पुलिस को घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के दो खाली कारतूस मिले हैं । श्री नछत्तर सिंह का शव कारीब दस मिनट घर के बाहर पड़ा रहा । न तो घर का कोई सदस्य और न ही पड़ोस से कोई व्यक्ति बाहर निकला । पुलिस को अपहरण बारे सूचना घर के सदस्यों ने दी थी । पुलिस वहां आई तो उसने ही एस.पी. श्री नछत्तर सिंह का शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा ।

खन्ना से 'शर्मा' के अनुसार श्री नछत्तर सिंह की अन्त्येष्टि के अवसर पर लुधियाना के जिलाधीश श्री एस.एस. बराड़, एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह संधू, खन्ना के एस.डी.एम. तथा अन्य जिलाधिकारियों ने दिवंगत अधिकारी को श्रद्धांजलि भेंट की ।

हत्या की जिम्मेदारी ली : भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान के एक धड़े के स्वयंभू चीफ सुखविन्दर सिंह संघा ने चंडीगढ़ में मारे गए एस.पी. श्री नछत्तर सिंह की हत्या की जिम्मेदारी ली है । फोन पर एक अज्ञात व्यक्ति ने 'प.स.' को बताया है कि नछत्तर सिंह उनके गिरोह के एक सदस्य चरणजीत सिंह की मौत का कारण बना था ।

स्कूटर छीना : आज दोपहर यहां के इंडस्ट्रीयल एरिया में स्थित राम दरबार कालोनी से दो अज्ञात नवयुवकों ने एक स्कूटर छीन लिया ।

जब कि इसी बीच यहां के सैक्टर 34 से एक कार व पंजाब इंजीनियरिंग कालेज से एक मोटर साईकिल चोरी हो गया ।

वाचमैन को गोली मार दी : मानसा से 'मेहता' के अनुसार गत रात मानसा बस अड्डे पर पैप्सू रोडवेज के बरनाला डिपो के वाचमैन रत्न चंद को दो संदिग्ध आतंकवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया । ये लोग प्लास्टिक का एक डिब्बा लेकर आए थे, जब वाचमैन ने इनको रोकने का प्रयास किया तो इन्होंने उस पर गोली चला कर उसे घायल कर दिया । उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

मारे गए आतंकवादियों की शिनाख्त : फगवाड़ा से 'अशोक कौड़ा, खोसला' के अनुसार गत रात्रि पुलिस व सी.आर.पी. की संयुक्त टुकड़ी व आतंवकादियों के मध्य चहेड़ू के निकट हुए मुकाबले में मारे गए तीनों आतंकवादियों की शिनाख्त कर ली गई है ।

स्थानीय पुलिस उप-अधीक्षक श्री अजीत सिंह ने आज प्रातः बताया कि मारे गए तीनों आतंकवादी तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स के सदस्य थे व मृतकों में से दो सगे भाई थे । इनकी शिनाख्त जसपाल सिंह उर्फ पाली पुत्र बिशन सिंह वासी गांव गंडवा व उसका छोटा भाई सतपाल सिंह तथा उसी गांव के हरजीत कुमार उर्फ मंगी पुत्र मदन मोहन के रूप में हुई है । वह दोनों मृतक आतंकवादी भाइयों का भतीजा था ।

श्री सिंह ने बताया कि तीनों आतंकवादी एक पैट्रोल का कनस्तर लिए दिल्ली-अमृतसर व दिल्ली-जम्मू रेल सैक्शन के मध्य चहेड़ू रेलवे स्टेशन को जलाने हेतु पैदल जा रहे थे कि सिटी इंस्पैक्टर श्री गुरदेव सिंह के नेतृत्व में पुलिस के गश्ती दल व नाकाबंदी किए सी.आर.पी. की टुकड़ी ने इन्हें ललकारा । आतंकवादियों द्वारा सुरक्षा बलों पर फायरिंग करने तथा आतंकवादियों पर सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी फायरिंग में तीनों आतंकवादी मारे गए ।

पुलिस ने इनके कब्ज़े से दो चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफलें, 60 कारतूस, 14 चले हुए कारतूस, पैट्रोल का कनस्तर बरामद किया है । जिला पुलिस वरिष्ठ अधीक्षक श्री एच.एस. काहलों ने भी आज घटनास्थल का दौरा किया ।

पता चला है कि जसपाल सिंह पहले एक ट्रैवल एजैंट था व उसने विदेशों में जाने वाले लोगों से लाखों रुपए लूटे थे । बाद में जसपाल, उसका भाई व उसका संबंधी खालिस्तान कमांडो फोर्स में शामिल हो गए थे । पुलिस ने तीनों लाशें सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम हेतु भेज दी हैं ।

लोगों द्वारा प्रदर्शन : आज निकटवर्ती गांव गंडवा के सैंकड़ों लोगों ने शहर में रोष प्रदर्शन किया व पुलिस पर झूठे मुकाबले में गंडवा के तीन व्यक्तियों को मारने का आरोप लगाया । बाद में प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय एस.डी.एम. श्री कुलबीर सिंह से भेंट की व मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग की । पता चला है कि इन लोगों ने उच्चाधिकारियों को इस मामले की जांच कराने बारे तारें भी दी हैं ।



मुखर्जी द्वारा···

(पृष्ठ 3 का शेष)

शिमला रवाना होने से पूर्व श्री मुखर्जी ने मुख्य सचिव श्री एस.एल. कपूर तथा पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल से मुलाकात कर

मान, बैंस गिरफ्तार

अमृतसर, 5 जून (प.स.): अकाली दल (मान) के प्रधान श्री सिमरनजीत सिंह मान को आज सायं जालन्धर-अमृतसर जी.टी. रोड पर रैय्या के निकट गिरफ्तार कर लिया गया । सरकारी सूत्रों के अनुसार श्री मान 'घल्लूघारा सप्ताह' के संबंध में अमृतसर जा रहे थे । पुलिस पार्टी श्री मान को गिरफ्तार करने के बाद उन्हें किसी अज्ञात स्थान पर ले गई है । अमृतसर के जिलाधीश श्री सर्बजीत सिंह ने बताया है कि श्री मान को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया गया है । इससे पूर्व जी.टी. रोड पर खड़े सैंकड़ों लोगों ने उस समय यातायात ठप्प कर दिया, जब पुलिस ने श्री मान और अन्य अकाली नेताओं को अमृतसर जाने से रोका । श्री मान 28 मई को पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए के.सी.एफ. के स्वयंभू एरिया कमांडर विक्रमजीत सिंह के भोग में उसके गांव कमोके के निकट रैय्या में गए थे ।

सीमा क्षेत्र में डी.आई.जी. श्री जी. आई. एस. भुल्लर ने कहा है कि श्री मान के साथ 70 अन्य लोग भी गिरफ्तार किए गए हैं ।

अमृतसर के पुलिस अधीक्षक श्री संजीव गुप्ता ने बताया है कि पंजाब मानवीय अधिकार आयोग के अध्यक्ष एवं पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय के भूतपूर्व न्यायाधीश श्री अजीत सिंह बैंस, आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन के हरमिन्दर सिंह गिल को भी गिरफ्तार कर लिया गया है ।

फर्नांडीज़ की सोलार्ज से भेंट

न्यूयार्क, 5 जून (ए.पी.): रेल मंत्री जाज फर्नांडीज़ ने कल रात अमरीकी कांग्रेस के सदस्य स्टीफन सोलार्ज से भेंट की और अन्य मामलों के अलावा कश्मीर की ताज़ा स्थिति पर चर्चा की ।

केंद्र कश्मीर के संवैधानिक संकट से उबरने बारे सोचने लगा

रांची, 5 जून (वार्ता): केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर में 19 जुलाई को समाप्त हो रहे राष्ट्रपति शासन से उत्पन्न संवैधानिक संकट से उबरने का उपाय ढूंढ रही है । केंद्रीय गृह राज्यमंत्री सुबोध कांत सहाय ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी । श्री सहाय से जब यह पूछा गया कि क्या तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि श्रीलंका के "लिट्टे" तमिल संगठन का उत्साहित कर रहे हैं तो उन्होंने इसका खंडन किया और कहा कि कोई भी व्यक्ति इसकी जांच कर सकता है ।

रेलवे आरक्षण 5 जून

अमृतसर/जालंधर शहर से चलने वाली प्रमुख ट्रेनों में आरक्षण निम्नलिखित तिथियों से उपलब्ध है :

शहर	प्र.श्रे. ए.क.	द्वि.श्रे. ए.क.	प्रथम श्रेणी	ए.क. चेयर	बी टा
पश्चिम एक्सप्रेस (2926)					
बम्बई सै.	13-6	27-6	-	18-6	18-
दिल्ली	6-6	7-6	-	13-6	-
सुपरफास्ट (2460)					
दिल्ली	-	-	-	7-6	-
दादर एक्सप्रेस (1058)					
दादर	-	22-6	-	-	7
फ्लाइंग मेल (4648)					
मुजफ्फरपुर	-	13-6	6-6	-	20
शाने-पंजाब (2498)					
नई दिल्ली	-	-	-	12-6	-
छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस (8238)					
बिलासपुर	-	10-6	-	-	6
दिल्ली	-	7-6	-	-	6
हावड़ा डुप्लीकेट (3050)					
हावड़ा	-	-	7-6	-	13
लखनऊ	-	-	7-6	-	6
हावड़ा मेल (3006)					
हावड़ा	9-6	9-7	-	-	16
लखनऊ	9-6	19-6	-	-	-
फ्रंटियर मेल (2904)					
बम्बई सै.	10-6	23-6	20-6	-	18
दिल्ली		9-6	6-6	-	7

फलों व सब्जियों के भाव—5 जून, 1990

आलू : अहमदाबाद 280-325, बंगलौर 250-26 बम्बई 270-370, दिल्ली 250-300, जालन्धर 162-20 मद्रास 255-311, शिमला 237-275, गोहाटी 260-26 त्रिवेंद्रम 356-389, चंडीगढ़ 162-187, **प्याज :** अहमदा 90-147, बम्बई 80-110, दिल्ली 150-175, जयपुर 7 85, जालंधर 140-175, चंडीगढ़ 113-123, **केल** अहमदाबाद 240-257, दिल्ली 270-300, जालंधर 19 260, **मौसम्मी :** चंडीगढ़ 600-700, दिल्ली 500-60 जयपुर 500-550, जालन्धर 500-600, नागपुर 435-51 शिमला 625-775, **बैंगन :** दिल्ली 150-180, जाल 112-150, लखनऊ 105-120, **टमाटर :** बम्बई 24 325, दिल्ली 350-433, जालन्धर 140-200, शिम 340-400, चंडीगढ़ 400-467 रुपए ।

शाम को दिल्ली बाजार—(5 जून, एन.एन.एस.)

दिल्ली क्लाथ 51.75, हिंद मोटर 32.50, रिलायंस 64.0 चांदी (999) टंच हाजिर (प्रति किलो) 6485, चांदी सिक्का (सैंकड़ा) 7100, सोना बिट्ठूर (प्रति 10 ग्राम) 3290, सोना स्टै (10 ग्राम) 3340, मिल डिलिवरी : वनस्पति यू.पी. (प्रति टी 422-432, वनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 41 430, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 210.00, तेल सोया (प्रति 10 किलो) 226, मूंगफली तेल (10 किलो) 290, तिल (10 किलो) 255, तेल बिनौला (10 किलो) 232, तेल चा खाद्य (10 किलो) 210, तेल चावल अखाद्य (10 कि 145, फैट्टी एसिड आयल (क्विंटल) 1840, सरसों वायदा (किलो) अगस्त 175.60, आलू हापुड़ (40 किलो) जुलाई 82. रुपए ।

अमृतसर सर्राफा—5 जून (सोनी)

सोना स्टैंडर्ड 3320, सोना बिट्ठूर 3280, स्वर्ण आभूष 3100, चांदी तेजाबी 6700, चांदी थोबी 6650, सिक्क 7200 रुपए ।

दिल्ली शेयर बाजार—(5 जून, एन.एन.एस.)

ए.सी.सी. 487.00, आंध्र सीमैंट, 9.75, अपोलो टा 55.50, एशियन होटल 62.50, बिंदल एग्रो 61.00, डी.सी.ए लि. 51.75, डी.सी.एम. टोयोटा 27.00, ईस्ट इंडिया होट 58.00, एस्कार्ट्स 95.12,, एस्सर शिपिंग 36.50, ग्रासि इंडस्ट्रीज 123.00, गुजरात नर्मदा 40.12, एच.एम.एम. लि 298.50, हीरो होंडा 23.25, हिन्डाल्को इंडस्ट्रीज 279.5 हिन्द. लीवर 117.50, हिन्द मोटर 32.50, हिन्द डिवैलपमे कार्पो. 84.00, इंडियन रेयन 106.00, जे.के. इंडस्ट्रीज 66.0 जे.के. सिंथैटिक 57.00 (4/6), जे.सी.टी. लि. 81.0 कैल्वीनेटर आफ इंडिया 90.00 (31/5), लार्सन एंड टु 71.50, एल.एम.एल. लि. 20.00, महावीर स्पिनिंग 140.5 मालवा कोटन 103.50, मोदी रबड़ 61.00, नेस्ले इंडि 116.00, मोहन मीकिन 14.00, ओरके सिल्क मिल्स 16.3 ओसवाल एग्रो 38.12, रिलायंस इंडस्ट्रीज 64.00, श्री फाइबर्स 49.25, सदर्न पैट्रो 61.25, स्वदेशी पॉलिटैक्स 47.0 टेल्को 143.00, टिस्को 116.50, वेम आर्गैनिक 134.5 अमृत बनास्पति 51.00 (16/5), असिल हाऊसिंग 24.5 ए.पी. रेयन 23.50 (4/6), भारत सीट् 47.00, आइशर ट्रैक्ट 73.00, आइशर मोटर 24.50, इलैक्ट्रा इंडिया 56.00 (4/6 गुजरात फ्लेरो कैमिकल 11.50, गुजरात हैवी कैमिकल 15.7 (1/6), गोयट्ज इंडिया 88.00, हरियाणा पैट्रो 33.00, इंडो गल फर्टी 18.25 (4/6), इस्पात प्रोफाइल्स 16.75, इंडिय अल्यूमीनियम 149.00 (14/5) रुपए ।

Punjabi Sarkar

गंगा जमना

रक्तदान शिविर







...ाहिब अमृतसर में शहीदी सम्मेलन करने में ...फलता नहीं मिली । चित्रों में (1) अकाल ...अखंड पाठ रखा गया था, खाली पड़ा था, ...ों समेत दरबार साहिब को जाते हुए । उन्हें ...साल के भाई मोहकम सिंह तथा भाई लक्खा ...ों ने इस दिन दरबार साहिब में सिर्फ बूढ़ों को (छाया : रवि भंडारी)

...ाल तख्त के सामने बैठ ...ला करने की चुनौती

...फिर आत्म निर्णय पर आए, फिर जनमत-संग्रह का ...शोशा छोड़ा और अब अंतिम कार्यक्रम कुर्सी की ...राजनीति है कि पंजाब में विधानसभा चुनाव कराए ...जाएं । मजे की बात यह है कि उग्रवादी संगठन भी ...जनकी हिमायत का श्री मान दावा करते हैं, चुनाव के ...विरुद्ध हैं । इस पैंतरेबाजी में वह कभी रोष-मार्च का ...ढोंग रचाते हैं, कभी चंडीगढ़ में धरना देते हैं । श्री ...मान पंथ का नाम उछाल कर बहुत बड़ा धोखा दे रहे ...हैं और पंथ को मलियामेट करने पर तुले हुए हैं । ...उनकी भूमिका सिख-सिद्धान्तों के विरुद्ध है ।

अन्त में उन्होंने कहा कि सच को बन्दूक की ...नाली से दबाने की धृष्टतापूर्ण कोशिश कभी सफल ...नहीं होगी ।

चीन में 97 आंदोलनकारी रिहा

पेइचिंग, 6 जून (पस) : चीन सरकार ने पिछले ...वर्ष लोकतंत्र समर्थक आंदोलन के दौरान गिरफ्तार ...97 और लोगों की रिहाई की आज घोषणा की ।









...ट का दृश्य । विस्फोट-स्थल से बम के टुकड़ों ...रिक्शा के परखचे उड़ गए, बम साइकिल पर ...क कुमार, (4) तिलकराज, (5) सन्तराम, ...जगदीश राज । (छाया : कोछड़)

पंजाब में 5 दुर्दांत आतंकवादी मरे, अन्यत्र सुरक्षा कर्मी सहित 9 की हत्या

एक खतरनाक उग्रवादी काबू : भारी परिमाण में हथियार पकड़े

पटियाला, अमृतसर और बटाला में बम फटे : 12 गिरफ्तार

चंडीगढ़ के एक होटल में बम विस्फोट से 1 मरा

चंडीगढ़, 6 जून (प.स., वार्ता): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 5 दुर्दांत आतंकवादी मारे गए, जबकि एक सुरक्षा कर्मी समेत 9 लोगों की हत्या हुई । इस दौरान एक खतरनाक आतंकवादी को भारी परिमाण में हथियारों समेत गिरफ्तार किया गया है । पंजाब में 3 स्थानों पर बम विस्फोट हुए जिससे 12 लोग घायल हो गए तथा रेल लाइन को क्षति पहुंची । चंडीगढ़ के एक होटल में बम फटने से 1 व्यक्ति की मृत्यु हो गई ।

मुठभेड़ में 2 आतंकवादी मरे : फगवाड़ा (अशोक): यहां से 10 किलोमीटर दूर गांव बवेली के निकट आज दोपहर बाद सुरक्षा कर्मियों के साथ मुठभेड़ में एक दुर्दांत आतंकवादी तथा के.सी.एफ. का एरिया कमांडर स्वर्ण सिंह मलिकपुर और उसका एक साथी मारा गया । मारे गए दूसरे आतंकवादी की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार स्वर्ण सिंह पर 25 हजार रुपए का इनाम था और वह हत्याओं के अनेक मामलों में पुलिस को वांछित था ।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पुलिस ने कल से इन उग्रवादियों का घेराव कर रखा था । घटनास्थल से एक सौ जीवित कारतूस और 400 जले हुए कारतूसों के खोल मिले हैं । स्वर्ण सिंह 1985 से सरगर्म था, जिसने मलिकपुर के ग्रंथी और गोथड़ा के एक युवक की हत्या की थी और एक बंदूक उसने भोगपुर से एक व्यक्ति की छीनी थी । उसके पास से एक पहचान-पत्र मिला है, उस पर चमन सिंह धंगकलां–होशियारपुर लिखा है । बताया जाता है कि दोनों आतंकवादी उक्त गांव में एक गुरुद्वारे के पास एक नीले रंग की वैन में शरण लेकर पुलिस पर गोलियां चलाते रहे । जिला के एस.एस.पी. ने इसे सुरक्षा बलों की एक बड़ी जीत बताया है ।

मुठभेड़ में एक आतंकवादी मरा : कपूरथला (शर्मा): जिला कपूरथला के गांव मननवाली के निकट एक पुली पर पुलिस की नाका पार्टी तथा दो सशस्त्र स्कूटर सवार आतंकवादियों में गत रात्रि लगभग पौने दो बजे हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया, जबकि दूसरा फायरिंग करते हुए भागने में सफल हो गया । मृतक की अभी तक पहचान नहीं हुई है । शव के निकट से पुलिस ने एक .32 बोर का रिवाल्वर, 5 खाली कारतूस तथा बिना नम्बर का एक बजाज चेतक स्कूटर अपने कब्जे में लिया है ।

एक बम फटा, एक अन्य बम नाकारा किया गया : पटियाला (भूषण): आज प्रातः लगभग 5 बजे पुलिस डिवीजन नं. 4 के वायरलैस रूम के बाहर बम धमाका हुआ । एक और बम, जिसे रेलवे लाइन पर रखा गया था, रेलवे पुलिस की फुर्ती से नाकारा बना दिया गया जिससे बहुत बड़ी दुर्घटना टल गई ।

पुलिस डिवीजन नं. 4 के वायरलैस रूम की बाहरी दीवार के साथ खिड़की के निकट रखा गया बम प्रातः 5 बजे फट गया जिससे दीवार, खिड़की और वायरलैस रूम का सामान काफी हद तक तबाह हो गया । इस वारदात में कोई जानी नुक्सान नहीं हुआ । आतंकवादियों ने एक खतरनाक टाइम बम रेलवे कैबिन नं. 17 के पास सिगनल राड के साथ बांधा हुआ था । उसे 5 बज कर 15 मिनट पर फट जाना था, उस वक्त 3 सवारी गाड़ियां गुजरती हैं । ठीक 5 बजे रेलवे पुलिस के दो हैड कांस्टेबल विजय कुमार व गुरेन्द्र सिंह, जो पैट्रोल ड्यूटी पर थे वहां से गुजरे और उनकी निगाह बम पर पड़ गई । उसी समय रेलवे पुलिस स्टेशन के थानेदार श्री बूटा राम अन्य स्टाफ के साथ वहां पहुंचे और इस बम को तुरन्त नाकारा बना दिया गया । इस तरह रेलवे पुलिस की फुर्ती से एक बड़ी दुर्घटना टल गई ।

बरामद शस्त्रों का विवरण

1. ए.के. 47 राइफलें	9
2. मैगज़ीन्स	15
3. कारतूस	2587
4. राकेट लांचर	1
5. मल्टी डायरैक्शन चार्जिज़	2
6. कार्डलैस वायर	8 मीटर
7. सेफ़्टी फ्यूज़ वायर	11 मीटर
8. डैटोनेटर्ज़	53
9. प्रैस पम्प स्विचिज़	3
10. कुछ अन्य विस्फोटक सामग्री	



चंडीगढ़ के शिवालिक व्यू होटल में बुधवार को हुए बम विस्फोट से (ऊपर) क्षतिग्रस्त कमरे का बाहरी दृश्य (नीचे) कमरे के भीतर का दृश्य । (छाया : पूरी)

दो बसें जला दीं : पटियाला जिला के अंकरा गांव में आतंकवादियों ने 2 बसों में आग लगा दी ।

थाना के बाहर बम फटा, 12 ज़ख्मी : बटाला, (कोछड़): आज प्रातः लगभग पौने सात बजे बटाला सिटी थाना के बाहर एक शक्तिशाली बम विस्फोट से कम से कम 12 लोग घायल हो गए । बम विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि घटनास्थल के निकटवर्ती 6 मकानों व दुकानों को भी भारी क्षति पहुंची, वहां बंधी एक गाय भी बम के छर्रे लगने से घायल हो गई ।

घायलों में 3 छात्र दीपक कुमार (10), रेखा (6) तथा तिलक राज (13), 2 एस.पी.ओ. रमेश चंद्र (20), धर्मपाल (25) और जगदीश राज (32) एवं गिरधारी लाल (45), रमेश कुमार (25), नानक चंद (20), संत राम (50), प्रदीप कुमार अग्रवाल (25) तथा राम किशन (23) शामिल हैं । सिविल अस्पताल बटाला के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी श्री अशोक नैयर ने प्रातः अस्पताल में पत्रकारों को बताया कि केवल दीपक कुमार इस समय अस्पताल में उपचाराधीन है । अन्य को प्राथमिक चिकित्सा के बाद छुट्टी दे दी गई है । उल्लेखनीय है कि दीपक कुमार का परिवार निकटवर्ती गांव मसानियां से पलायन करके बटाला आया हुआ है ।

पत्रकारों ने प्रातः घटनास्थल पर देखा कि बटाला सिटी थाना की दीवार पर विस्फोट से सैंकड़ों निशान पड़े हुए थे । विस्फोट से एक रिक्शा व 2 साइकिल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए । एस.पी. (आप्रेशन्ज़) श्री हरभजन सिंह व बी.एस.एफ. की 46वीं बटालियन के कमांडेंट श्री जी. आर. कल्याल भारी फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे हुए थे और शहर के संवेदनशील क्षेत्रों की छानबीन की जा रही

(शेष पृष्ठ 6 पर)

सरकार पंजाब समस्या के हल की घोषणा से पहले राजनीतिक पार्टियों को विश्वास में लेगी

लुधियाना, 6 जून (नेपाल) : भारत सरकार द्वारा पंजाब में विधानसभा के चुनाव से पहले राज्य में कुछ सीमा तक शान्ति लाने के लिए पंजाब समस्या के हल की स्वयं ही घोषणा किए जाने की संभावना है क्योंकि सम्बंधित दल पंजाब की समस्या हल करने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं । इसी प्रकार की मांग कुछ दिन पहले यहां सी.पी.एम. के पोलिट ब्यूरो के सदस्य कामरेड हरकिशन सिंह सुरजीत ने पत्रकार सम्मेलन में की थी जिसमें उन्होंने कहा था कि यदि अकाली दल तथा अन्य सम्बंधित राजनीतिक पार्टियां पंजाब समस्या के हल के लिए आगे नहीं आती हैं तो सरकार को इसके हल की स्वयं ही घोषणा कर देनी चाहिए ताकि हालात को और खराब होने से बचाया जा सके ।

इस संबंध में ऐसे संकेत भी मिले हैं कि पंजाब समस्या के हल की घोषणा से पहले इस सम्बन्ध में अकाली दलों तथा अन्य सम्बन्धित राजनीतिक पार्टियों को सीधे या दूतों द्वारा विश्वास में लिया जाएगा ।

राजनीतिक सूत्रों का कहना है कि यदि पंजाब के सम्भावित हल की घोषणा के बाद इसकी प्रतिक्रिया सिखों में सफल रही तो अकाली दलों में एकता हो जाने की भी संभावना है । इस प्रकार विरोधी अकाली दलों को कुछ राजनीतिक लाभ पहुंच सकता है तथा एकता भी हो सकती है ।

राजनीतिक सूत्रों ने बताया कि पंजाब में विधानसभा के 117 हल्के हैं जिनमें से लगभग 80 हल्के सिख बहुमत के हैं जिसके परिणामस्वरूप इन हल्कों से सिख उम्मीदवार ही चुने जाते हैं चाहे वह किसी राजनीतिक दल के हों । पिछले विधानसभा चुनाव में 75 अकाली विधानसभा के सदस्य चुने गए थे । पता चला है कि भारत सरकार पंजाब में विधानसभा चुनाव करवाने से पहले शान्ति के लिए अन्य प्रयास भी करेगी ताकि पंजाब में चुनाव शान्तिपूर्वक हो सकें तथा लोग निडर होकर वोट डाल सकें ।

पाक में उग्रवादियों के प्रशिक्षण शिविरों की पश्चिमी सूचना माध्यमों द्वारा पुष्टि

लंदन, 6 जून (प.स.): पश्चिमी समाचार पत्रों के संवाददाताओं ने इस बात की पुष्टि की है कि पाक अधिकृत कश्मीर में उग्रवादियों को स्वचालित हथियारों, बमों और टैंक भेदी मिसाइलों का प्रशिक्षण देने के लिए शिविर चलाए जा रहे हैं ।

लंदन के 'फाइनैंशियल टाइम्स' के संवाददाता ने खबर दी है कि ये शिविर जमायते इस्लामी की देखरेख में हिज्बे मुजाहिदीन छापामार संगठन द्वारा संचालित किए जा रहे हैं । इन शिविरों के कारण पाकिस्तानी अधिकारी असमंजस में हैं क्योंकि वे अब तक इस आरोप का खंडन करते रहे हैं कि कश्मीरी उग्रवादियों को पाकिस्तान प्रशिक्षण दे रहा है ।

रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तानी राजनयिक भारत के साथ युद्ध नहीं चाहते लेकिन वे ... जाता है । मैंने स्वचालित हथियारों, बम विस्फोटों और टैंक भेदी हथियार चलाने का एक महीने तक प्रशिक्षण प्राप्त किया है ।

एक अन्य कश्मीरी नौजवान ने बताया कि वह हिज्बे मुजाहिदीन संगठन का सदस्य है और उसने रावलपिंडी के निकट हथियारों का प्रशिक्षण हासिल किया है ।

जमात के पदाधिकारियों का कहना है कि भारतीय कश्मीर से करीब आठ दस हजार नौजवान सरहद पार कर यहां आए हैं ।

आखिर पाक वार्ता के लिए मान गया

इस्लामाबाद, 6 जून (प.स.): पाकिस्तान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आज यहां बताया कि कश्मीर के मुद्दे पर युद्ध के खतरे को कम करने के लिए भारत ने

ऋण राहत केवल 10,000 रुपए तक ही मिलेगी

नई दिल्ली, 6 जून (वार्ता): सरकार ने किसानों

Punjabi Sanatan

वह कांग्रेसी महारथियों को भी मात दे गए हैं । श्री मान ने लोकसभा-चुनाव के बाद चार बार रंग बदले हैं । वह आनन्दपुर साहब का प्रस्ताव लेकर चले.

पेइचिंग, 6 जून (पस) : चीन सरकार ने पिछले वर्ष लोकतंत्र समर्थक आंदोलन के दौरान गिरफ्तार 97 और लोगों की रिहाई की आज घोषणा की ।



(1) सिटी थाना बटाला के बाहर हुए बम-विस्फोट का दृश्य । विस्फोट-स्थल से बम के टुकड़ों से उठता धुआं, (2) बम-विस्फोट से साइकिल व रिक्शा के परखचे उड़ गए, बम साइकिल पर रखा था, बम-विस्फोट में घायल (3) दीपक कुमार, (4) तिलकराज, (5) सत्तराम, (6) एस.पी.ओ. रमेश चन्द्र, (7) एस.पी.ओ. जगदीश राज । (छाया : कोछड़)

जद की बैठक में चौटाला को मुख्यमंत्री बनाने की मांग

, रोही): हरियाणा जनता
न्ताओं ने आज मांग की
ताओं फिर से मुख्यमंत्री
ाध्यक्ष, पार्टी सांसदों तथा
यहां हुई संयुक्त बैठक में
म प्रकाश चौटाला जो
द भी हैं, ने इस बात का
उनको मुख्यमंत्री बनाए
थे । उन्होंने कहा कि
है तथा उन्होंने पार्टी
ला करते हुए मुख्यमंत्री

बैठक में सभी उपस्थित व्यक्तियों ने उनके छः मास के शासनकाल की सराहना की तथा उनके नेतृत्व में पूर्ण विश्वास व्यक्त किया ।

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि उप-चुनाव के दौरान पार्टी उम्मीदवार का विरोध करने वालों में कुछ मंत्री, विधायक व पार्टी नेता भी शामिल हैं । मुझे कई व्यक्तियों के खिलाफ शिकायतें मिल चुकी हैं । उन्होंने किसी का भी नाम बताने से इंकार कर दिया । जब उनसे पूछा गया कि पार्टी की ओर से चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों का विरोध करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के प्रस्ताव पास हो चुके हैं पर अब तक किसी के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की गई है । श्री चौटाला ने कहा कि पार्टी का प्रयास रहा है कि पहले बिगड़े हुए लोगों को

मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र देने बारे पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वह तो एक सिपाही हैं तथा सिपाही अपने जनरल का आदेश मानता है, मैंने भी पार्टी अध्यक्ष के कहने पर मुख्यमंत्री का पद छोड़ा था । इससे पार्टी भी टूटने से बच गई और उसकी छवि में सुधार भी हो गया ।

उनके छोटे भाई श्री रणजीत सिंह द्वारा विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र दिए जाने बारे पूछे प्रश्न के उत्तर में श्री चौटाला ने कहा कि वह इस मामले पर कुछ नहीं कहना चाहते हैं । 'मुझे इस बात की बिल्कुल जानकारी ही नहीं कि श्री रणजीत सिंह ने त्यागपत्र कैसे और किस के कहने पर दिया है ।'

Punjabi Sanatani

(6) दैनिक पंजाब केसरी, जालन्धर 7.6.1990



आई.बी. के एस.पी. श्री नछत्तर सिंह, जिनकी आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी, की मंगलवार को खन्ना में अंत्येष्टि की गई। चित्र में लुधियाना के डी.सी. श्री एस.एस. बराड़ राज्य सरकार की ओर से चिता पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए । (छाया : शर्मा)

आतंकवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

थी ।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने रोटी के एक डिब्बे में बम फ़िट किया और यह डिब्बा एक पुराने साइकिल पर रख दिया । आतंकवादी उक्त साईकिल बैंक कालोनी को जाती एक संकरी सम्पर्क गली में खड़ा कर गए । वहां से गुज़र रहे रिक्शा चालक यूनियन के उप-प्रधान तथा एस.पी.ओ. श्री बूटी राम ने जब उक्त साइकिल लावारिस पड़ा देखा तो उन्होंने साइकिल अपने रिक्शा पर लाद लिया और बटाला सिटी थाना के बाहर अपना रिक्शा खड़ा करके पुलिस को सूचित किया, एक पुलिस कर्मी ने जब रोटी का डिब्बा खोला तो बम के साथ बंधी घड़ी बाहर लटक गई तुरन्त सभी ओर का ट्रैफ़िक रोक दिया गया । अभी बम को निष्क्रिय करने की व्यवस्था की ही जा रही थी कि विस्फोट हो गया ।

पुलिस व बी.एस.एफ. के आधिकारिक सूत्रों से यह भी ज्ञात हुआ कि उन्हें पहले से ही यह जानकारी थी कि आतंकवादी अगले एक-दो दिन में स्थानीय सब्ज़ी मंडी में शक्तिशाली बम विस्फोट कर सकते हैं । इसके दृष्टिगत सब्ज़ी मंडी व आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई थी और काफी सुरक्षा कर्मी सफेद कपड़ों में तैनात थे । सूत्रों ने संभावना व्यक्त की है कि शायद यह बम आतंकवादियों ने ग़लत: सब्ज़ी मंडी में अन्यथा निकटवर्ती किसी भीड़ वाले क्षेत्र में रखना हो लेकिन सुरक्षा बलों की सक्रियता के कारण बटाला में एक भयानक कांड होने से टल गया ।

गुरदासपुर के जिलाधीश श्री एस.एस. चन्नी ने घोषणा की है:एस.पी.ओ. श्री बूटी राम को 5 हजार रुपए नकद इनाम तथा नया रिक्शा लेकर दिया जाएगा । स्थानीय फैक्टरियों के संघ ने भी श्री बूटी राम जिसकी आंख में चोट आई है, को ढाई हजार रुपए की सहायता देने का भी एलान किया । अन्य घायलों को 5-5 सौ रुपए देने का निर्णय लिया गया है ।

निरंकारी की हत्या : बटाला पुलिस जिला के घुमान गांव में आतंकवादियों ने कल रात हेम सिंह (55) नामक एक निरंकारी की गोली मार कर हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 16 खाली कारतूस मिले है ।

दुर्दांत आतंकवादी काबू, भारी परिमाण में हथियार बरामद : जालंधर (न.न.ए.): गत रात लगभग सवा 8 बजे थाना नवांशहर के गांव महदीपुर में पुलिस व सुरक्षा बलों की एक संयुक्त नाकापार्टी ने संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद एक खतरनाक आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका दूसरा साथी अंधेरे में फरार हो गया । पुलिस ने गिरफ्तार आतंकवादी की शिनाख्त सतनाम सिंह उर्फ़ सत्ता (निवासी गांधाना, जिला पटियाला) के रूप में हुई है । वह बब्बर खालसा का दोआबा क्षेत्र का 'डिप्टी चीफ़ जनरल' था । इसकी गिरफ्तारी पर 30 हजार रुपये का इनाम था । पुलिस ने इसके कब्ज़े से भारी परिमाण में हथियार बरामद किए हैं जिनमें 9 एम.के. 47 चीनी राइफ़लें, एक राकेट लांचर, एम.के. 47 राइफल के 2584 जिन्दा कारतूस, एम.के. 47 राइफल के 14 मैगज़ीन, 38 बोर की पिस्तौल के 37 कारतूस, 7 रिमोट कंट्रोल सैट, 53 डैटोनेटर, 4 मैगनेट, 2, मल्टीपल चार्जर, 3 प्रैशर पाइप स्विच, एक बारूदी स्विच 11 मीटर विस्फोटक तार तथा पूर्ण आज़ादी के 201 स्टिकर शामिल हैं ।

इस संबंध में एस.एस.पी. श्री एस.के. अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि गत रात पंजाब पुलिस व सुरक्षाबल की एक संयुक्त पार्टी ने उक्त गांव में सतलुज नदी के पास नाकाबंदी कर रखी थी । अंधेरे में संदिग्ध व्यक्ति नौका में सवार होकर आते दिखाई दिए । उन्हें रुकने के लिए ललकारा गया तो उन्होंने नौका को वापस मोड़ लिया । इस पर सुरक्षा कर्मियों की जवाबी गोलीबारी पर एक आतंकवादी ने आत्म-समर्पण कर दिया जबकि दूसरा अंधेरे में भागने में सफल हो गया ।

श्री अरोड़ा ने बताया कि पूछताछ के दौरान सतनाम सिंह ने भागने वाले अपने साथी का नाम हरभजन सिंह उर्फ़ मंड बताया है । हरभजन सिंह फिल्लौर क्षेत्र का निवासी है । ये दोनों आतंकवादी नौका में सवार होकर लुधियाना की ओर से आये थे और नवांशहर की तरफ जा रहे थे । उन्होंने हथियार बोरियों में भरे हुए थे ।

श्री अरोड़ा ने बताया कि पटियाला व अमृतसर जिला पुलिस को हत्याओं के अनेक मामलों में सतनाम सिंह की तलाश थी । सतनाम सिंह ने पटियाला जिला में सनौरा थाना क्षेत्र में एक ए.एस.आई. निर्मल सिंह, राजपुरा में शराब के एक ठेके के कारिंदे, सामाना में एक कांस्टेबल तथा दौनकला रेलवे स्टेशन पर दो होमगार्ड जवानों की हत्याएं की थीं । इन वारदातों के अलावा उसने जिला अमृतसर के गांव ठठिया महन्तां में 6 लोगों तथा जंडियाला के एक पत्रकार की भी हत्या की थी । पुलिस सतनाम सिंह से पूछताछ कर रही है । उससे महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की आशा है ।

गुट संघर्ष में 1 आतंकवादी मरा : अमृतसर जिला के अलगों गांव में आतंकवादियों ने आज अपने ही एक साथी कश्मीर सिंह को गोली से उड़ा दिया ।

पुलिस कर्मी की हत्या : अमृतसर (अशोक): घरिंडा थाना के अंतर्गत लद्दीवाली गांव में आतंकवादियों ने गोलियां मार कर हैड-कांस्टेबल अजमेर सिंह को मार डाला । मृतक हरिके थाना में तैनात था ।

परिवार के 3 सदस्यों की हत्या : अमृतसर से 'प.स.' के अनुसार अजनाला थाना के अधीन होतियां गांव में आतंकवादियों ने दल सिंह, उनके पुत्र सूबा सिंह और पुत्रवधू वीर कौर की हत्या कर दी ।

शव बरामद : महमदपरा गांव में पुलिस ने



अमृतसर के एक थाने में गलती से गोली चलने से वहां बैठे तीन शिव सेना वर्कर तथा 2 पुलिस कर्मी घायल हो गए जो गुरु तेग बहादुर अस्पताल में उपचाराधीन हैं । (छाया : पं.के.)



अजीत सिंह नामक एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है ।

एक और शव बरामद : अमृतसर जिला से ही पुलिस ने सरिंदर सिंह नामक एक व्यक्ति का शव बरामद किया है ।

एस.पी.ओ. की हत्या : आज उग्रवादियों ने पुलिस जिला मजीठा के गांव भोरसी ब्राह्मणां में एक विशेष पुलिस अधिकारी हरमिन्दर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

'एरिया कमांडर' व साथी गिरफ्तार : पुलिस और सुरक्षा बलों के साथ हुए संक्षिप्त मुकाबले के पश्चात् पुलिस ने थाना झब्बाल के गांव डोडे से खालिस्तान कमांडो फोर्स के स्वयंभू एरिया कमांडर देसा सिंह और उसके सहयोगी बलविन्दर सिंह बिल्ला को गिरफ्तार कर लिया । उनके कब्ज़े से 650 कारतूस और एक किलो विस्फोटक पदार्थ बरामद किया गया है । बताया गया है कि दोनों उग्रवादी एक स्कूटर पर जा रहे थे, जब एक नाका पार्टी ने उन्हें चुनौती दी, लेकिन वे बच कर भाग निकले । बाद में पीछा किए जाने पर एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद दोनों पकड़े गए ।

विस्फोट से रेल लाइन क्षतिग्रस्त : अमृतसर क्षेत्र में घड़ियाला तथा खेमकरण रेलवे स्टेशनों के बीच विस्फोट से रेल लाइन क्षतिग्रस्त हो गई ।

एक और दुर्दांत आतंकवादी मरा : संगरूर (वार्ता): जिला के ताजो काछियां गांव के निकट कल रात सरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक दुर्दांत आतंकवादी हरभोग सिंह उर्फ़ भोगा मारा गया ।

पुलिस की नौका पर फायरिंग, 1 डूबा : रोपड़ (वार्ता): जिला के रायपुर गांव के निकट पुलिस की एक पार्टी, जोकि नौका पर सवार होकर नदी पार कर रही थी, पर आतंकवादियों ने कल शाम फायरिंग की जिससे एक कांस्टेबल गुरबचन सिंह नौका से गिर कर डूब गया ।

होटल में बम विस्फोट, 1 मरा : चंडीगढ़ से 'संघी' के अनुसार आज दोपहर यहां के सैक्टर 17 में स्थित चंडीगढ़ औद्योगिक व पर्यटन विकास निगम की ओर से नवनिर्मित होटल 'शिवालिक व्यू' की चौथी मंजिल पर एक शक्तिशाली बम फटने से होटल के एक कर्मचारी की मौका पर ही मृत्यु हो गई तथा पांच अन्य लोग घायल हुए । मृतक का नाम विपिन बताया जाता है । घायलों में होटल का एक अन्य कर्मचारी किशन चंद व कस्टम विभाग का एक कर्मचारी एस.एस. सैनी शामिल हैं । इन दोनों को गम्भीर हालत में यहां के पी.जी.आई. में दाखिल कराया गया है । घायल होने वाले 3 अन्य लोग होटल के ग्राहक बताए जाते हैं जिन्हें मामूली चोटें आई हैं ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बम विस्फोट होटल की चौथी मंजिल के कमरा नं. 304 या 305 में दोपहर लगभग 250 बजे हुआ । बम धमाके की आवाज लगभग एक किलो मीटर के घेरे तक सुनाई दी । इस विस्फोट से होटल की 2 मंजिलों को भी काफी नक्सान हुआ है । बिल्डिंग की खिड़कियों के कई शीशे टूट गए तथा उनके टुकड़े लगभग 5 सौ मीटर के घेरे तक जा कर गिरे । विस्फोट से होटल की में उपस्थित नहीं था ।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार एक कमरे में परविन्दर सिंह नामक युवक व दूसरे में शिपलिन्दर सिंह नामक व्यक्ति ठहरा हुआ था । दोनों ने ही रजिस्टर पर अपना पता पूर्ण का दिया हुआ था । कुछ देर बाद शिपलिन्दर सिंह तो पुन: होटल में आ गया लेकिन परविन्दर सिंह का कुछ भी पता नहीं चला । परविन्दर सिंह ने होटल के रजिस्टर में जो पता लिखा है, वह भी ठीक तरह से नहीं पढ़ा जा सका । पुलिस का अनुमान है कि उक्त पता गलत दिया गया है । पुलिस उक्त युवक की खोज कर रही है ।

इस घटना की सूचना मिलते ही चंडीगढ़ प्रशासन के लगभग सभी वरिष्ठ अधिकारी व पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंच गए । इस कांड के बाद होटल में ठहरे हुए कई ग्राहकों के ठहरने की दूसरे होटल में व्यवस्था की गई ।

इस बीच पुलिस की ओर से स्पष्ट किया गया है कि होटल से बम जैसी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली । वहां एक और बम पड़े होने की खबर भी मात्र अफवाह थी । यह विचार व्यक्त किया जा रहा है कि यह घटना बम विस्फोट की न होकर एयर कंडीशनर की गैस पाईप फटने की भी हो सकती है । बम विशेषज्ञों ने इस बारे अपनी राय पूरी जांच-पड़ताल के बाद कल तक देने का फैसला किया है ।

इस बीच चंडीगढ़ से लोकसभा के सदस्य श्री हरमोहन धवन ने शहर में पिछले एक सप्ताह में बढ़ी उग्रवाद की घटनाओं की निन्दा करते हुए प्रशासन से लोगों के जानमाल की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने की मांग की है ।

वित्तीय मदद : चंडीगढ़ के गृह सचिव श्री पी.के. वर्मा के अनुसार आज दोपहर यहां के होटल शिवालिक व्यू में हुए बम विस्फोट में मारे गए होटल कर्मचारी विपिन के परिवार के सदस्यों को 50 हजार रुपए की वित्तीय मदद देने का फैसला किया गया है । इसके अलावा उसके परिवार के एक सदस्य को नौकरी भी दी जाएगी । इस घटना के बाद चंडीगढ़ पुलिस ने होटलों में भी चौकसी बढ़ा दी है । वहां ठहरने वाले लोगों के सामान की मैटल डिटैक्टरों से जांच के बाद ही लोगों को भीतर जाने की मंजूरी देने का निर्णय किया गया है । श्री वर्मा ने बताया कि इस घटना में घायल हुए लोगों को भी उचित मदद दी जाएगी ।

दो बसें व रिकार्ड जलाया : कुछ आतंकवादियों ने रोपड़ बस स्टैंड पर रोडवेज़ की दो बसें तथा कुछ रिकार्ड जला दिया ।

बैंक शाखा को आग : पटियाला जिले के गांव लोहाखेड़ीमें आतंकवादियों ने कल रात एक सहकारी बैंक की शाखा को जला दिया । आतंकवादियों ने इसी जिले में बनड़ कस्बे में सहकारी बैंक शाखा के रिकार्ड को आग लगा दी ।

एस. पी. ओ. चौकी

(पृष्ठ 3 का शेष)

स्थित एक हैड-कांस्टेबल श्री अजमेर सिंह के घर में घुस कर फायरिंग करके जब उसकी हत्या की तो हमने गोलियों की आवाज़ें सुन कर उसी दिशा में फायरिंग शुरू कर दी । इसी दौरान हमारे ही तीन

Punjab Satellite

एस.पी.ओ. श्री बूटा राम ने जब उक्त साइकिल लावारिस पड़ा देखा तो उन्होंने साइकिल अपने रिक्शा पर लाद लिया और बटाला सिटी थाना के बाहर अपना रिक्शा खड़ा करके पुलिस को सूचित किया, एक पुलिस कर्मी ने जब रोटी का डिब्बा खोला तो बम के साथ बंधी घड़ी बाहर लटक गई तुरन्त सभी ओर का ट्रैफ़िक रोक दिया गया । अभी बम को निष्क्रिय करने की व्यवस्था की ही जा रही थी कि विस्फोट हो गया ।

पुलिस व बी.एस.एफ. के आधिकारिक सूत्रों से यह भी ज्ञात हुआ कि उन्हें पहले से ही यह जानकारी थी कि आतंकवादी अगले एक-दो दिन में स्थानीय सब्ज़ी मंडी में शक्तिशाली बम विस्फोट कर सकते हैं । इसके दृष्टिगत सब्ज़ी मंडी व आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई थी और काफी सुरक्षा कर्मी सफेद कपड़ों में तैनात थे । सूत्रों ने संभावना व्यक्त की है कि शायद यह बम आतंकवादियों ने प्रातः सब्ज़ी मंडी में अन्यथा निकटवर्ती किसी भीड़ भरे क्षेत्र में रखना हो, लेकिन सुरक्षा बलों की सक्रियता के कारण बटाला में एक भयानक कांड होने से टल गया ।

गुरदासपुर के जिलाधीश श्री एस.एस. चन्नी ने घोषणा की है:एस.पी.ओ. श्री बूटी राम को 5 हजार रुपए नकद इनाम तथा नया रिक्शा लेकर दिया जाएगा । स्थानीय फैक्टरियों के संघ ने भी श्री बूटी राम को 5 हजार रुपए देने का एलान किया है । इस बीच जिलाधीश ने अस्पताल में उपचाराधीन दीपक कुमार को 5 हजार रुपए तथा एक घायल बालक,

म हथियार बरामद : जालंधर (न.न.ए.): गत रात लगभग सवा 8 बजे थाना नवांशहर के गांव मुहदीपुर में पुलिस व सुरक्षा बलों की एक संयुक्त नाकापार्टी ने संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद एक खतरनाक आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका दूसरा साथी अंधेरे में फरार हो गया । पुलिस ने गिरफ्तार आतंकवादी की शिनाख्त सतनाम सिंह उर्फ़ सत्ता (निवासी सामाना, जिला पटियाला) के रूप में हुई है । वह बब्बर खालसा का दोआबा क्षेत्र का 'डिप्टी चीफ़ जनरल' था । इसकी गिरफ्तारी पर 30 हजार रुपये का इनाम था । पुलिस ने इसके कब्ज़े से भारी परिमाण में हथियार बरामद किए हैं जिनमें 9 ए.के. 47 चीनी राइफलें, एक राकेट लांचर, ए.के. 47 राइफल के 2584 जिन्दा कारतूस, ए.के. 47 राइफल के 14 मैगज़ीन, 38 बोर की पिस्तौल के 37 कारतूस, 7 रिमोट कंट्रोल सैट, 53 डैटोनेटर, 4 मैगनेट, 2, मल्टीपल चार्जर, 3 प्रैशर पाइप स्विच, एक बारूदी स्विच 11 मीटर विस्फोटक तार तथा पूर्ण आज़ादी के 201 स्टिकर शामिल हैं ।

इस संबंध में एस.एस.पी. श्री एस.के. अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि गत रात पंजाब पुलिस व सुरक्षाबल की एक संयुक्त पार्टी ने उक्त गांव में सतलुज नदी के पास नाकाबंदी कर रखी थी । अंधेरे में संदिग्ध व्यक्ति नौका में सवार होकर आते दिखाई दिये । जब वे किनारे पर आकर नौका छोड़ कर अपने सिरों पर बोरियां लाद कर आ रहे थे तो उन्हें रुकने का इशारा किया गया । उन्होंने बोरियां फैंक कर नाकापार्टी पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं ।

उनके पुत्र सूबा सिंह और पुत्रवधू वीर कौर की हत्या कर दी ।

शव बरामद : महमूदपुरा गांव में पुलिस ने



अमृतसर के एक थाने में गलती से गोली चलने से वहां बैठे तीन शिव सेना वर्कर तथा 2 पुलिस कर्मी घायल हो गए जो गुरु तेग बहादुर अस्पताल में उपचाराधीन हैं । (छाया : पं.के.)







फगवाड़ा के निकट गांव बवेली में पुलिस के साथ हुई भिड़ंत में मारे गए 'ए' श्रेणी के आतंकवादी (1) स्वर्ण सिंह मलिकपुर का शव तथा (2, 3) पुलिस के वाहनों पर लगी गोलियों के निशान । (छाया : खोसला)

कर रही थी, पर आतंकवादियों ने कल शाम फायरिंग की जिससे एक कांस्टेबल गुरबचन सिंह नौका से गिर कर डूब गया ।

होटल में बम विस्फोट, 1 मरा : चंडीगढ़ से 'संघी' के अनुसार आज दोपहर यहां के सैक्टर 17 में स्थित चंडीगढ़ औद्योगिक व पर्यटन विकास निगम की ओर से नवनिर्मित होटल 'शिवालिक व्यू' की चौथी मंजिल पर एक शक्तिशाली बम फटने से होटल के एक कर्मचारी की मौका पर ही मृत्यु हो गई तथा पांच अन्य लोग घायल हुए । मृतक का नाम विपिन बताया जाता है । घायलों में होटल का एक अन्य कर्मचारी किशन चंद व कस्टम विभाग का एक कर्मचारी एस.एस. सैनी शामिल हैं । इन दोनों को गम्भीर हालत में यहां के पी.जी.आई. में दाखिल कराया गया है । घायल होने वाले 3 अन्य लोग होटल के ग्राहक बताए जाते हैं जिन्हें मामूली चोटें आई हैं ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बम विस्फोट होटल की चौथी मंजिल के कमरा नं. 304 या 305 में दोपहर लगभग 2.50 बजे हुआ । बम धमाके की आवाज लगभग एक किलो मीटर के घेरे तक सुनाई दी । इस विस्फोट से होटल की 2 मंजिलों को भी काफी नुक्सान हुआ है । बिल्डिंग की खिड़कियों के कई शीशे टूट गए तथा उनके टुकड़े लगभग 5 सौ मीटर के घेरे तक जा कर गिरे । विस्फोट से होटल की चौथी मंजिल की छत गिर गई जिससे उस वक्त कमरा नं. 304 में सफाई कर रहे होटल के तीन कर्मचारी दब गए ।

मलबे के नीचे दबे कर्मियों को होटल के अन्य कर्मचारियों ने ही पुलिस की वैन में डाल कर अस्पताल पहुंचाया लेकिन एक कर्मचारी की रास्ते में ही मृत्यु हो गई ।

बम फटने की आवाज सुनते ही होटल में बैठे लोगों और आसपास के इलाका में भगदड़ मच गई । बम विस्फोट के समय होटल में लगभग 150 ग्राहक थे । विस्फोट से होटल में खड़ी 5 कारों को भी काफी नुक्सान पहुंचा । बम विस्फोट से घबरा कर होटल के सभी कर्मचारी व ग्राहक बाहर निकल आए लेकिन तभी किसी को बम विस्फोट होने वाली जगह से 'बचाओ-बचाओ' की आवाजें सुनाई दीं जिस पर कई कर्मियों ने चौथी मंजिल पर पहुंच कर मलबे में दबे अपने साथियों को बाहर निकाला । तभी किसी ने वहां एक और बम पड़ा हुआ देखा और फिर सभी लोग होटल से बाहर आ गए ।

पुलिस का मत है कि यह बम होटल में ही ठहरा कोई व्यक्ति लेकर आया होगा जिसे किसी अन्य स्थान पर रखने की योजना होगी लेकिन वह होटल में ही फट गया । ये दोनों कमरे कल शाम ही दो अलग-अलग लोगों ने किराए पर लिए थे लेकिन विस्फोट के समय इन दोनों में से कोई भी अपने कमरे

कर्मचारी विपिन के परिवार के सदस्यों को 50 हजार रुपए की वित्तीय मदद देने का फैसला किया गया है । इसके अलावा उसके परिवार के एक सदस्य को नौकरी भी दी जाएगी । इस घटना के बाद चंडीगढ़ पुलिस ने होटलों में भी चौकसी बढ़ा दी है । वहां ठहरने वाले लोगों के सामान की मैटल डिटैक्टरों से जांच के बाद ही लोगों को भीतर जाने की मंजूरी देने का निर्णय किया गया है । श्री वर्मा ने बताया कि इस घटना में घायल हुए लोगों को भी उचित मदद दी जाएगी ।

दो बसें व रिकार्ड जलाया : कुछ आतंकवादियों ने रोपड़ बस स्टैंड पर रोडवेज़ की दो बसें तथा कुछ रिकार्ड जला दिया ।

बैंक शाखा को आग : पटियाला जिले के गांव लोहाखेड़ीमें आतंकवादियों ने कल रात एक सहकारी बैंक की शाखा को जला दिया । आतंकवादियों ने इसी जिले में बनड़ कस्बे में सहकारी बैंक शाखा के रिकार्ड को आग लगा दी ।

एस. पी. ओ. चौकी

(पृष्ठ 3 का शेष)

स्थित एक हैड-कांस्टेबल श्री अजमेर सिंह के घर में घुस कर फायरिंग करके जब उसकी हत्या की तो हमने गोलियों की आवाज़ें सुन कर उसी दिशा में फायरिंग शुरू कर दी । इसी दौरान हमारे ही तीन साथी विशेष पुलिस अधिकारियों ने हमारे ऊपर ही गोलियां चलानी शुरू कर दीं ।

घायलों ने बताया कि इसके बाद तीनों विशेष पुलिस अधिकारी मुल्तान सिंह, निहाल चंद और नरेश कुमार अपने हथियार और चौकी में पड़ा गोली-सिक्का लेकर भाग गए । भागने से पहले उन्होंने चौकी से अपनी राइफलों के अलावा दो अन्य राइफलों के मैगज़ीन भी उतारे और साथ ही ले गए ।

इस घटना की सूचना तुरन्त हमने थाना को दी । थाना से कुछ देर बाद पुलिस पहुंची और घायलों को प्रातः चार बजे अमृतसर अस्पताल पहुंचाया गया । उन्होंने बताया कि भगौड़ों में मुल्तान सिंह गांव होशियार नगर का रहने वाला है, जबकि निहाल चंद और नरेश कुमार अमृतसर के निवासी हैं ।

के अनुसार क
पर भारी सुर
जाएगी । इस
मुख्य लाइनों
चलाएगी । य
दिल्ली से अम
चरण में लुधि
तक यात्री ट्रेन
अमृतसर तक

रेल

अमृतसर/
ट्रेनों में आरक्षण
है :

शहर

पश्चिम एक्सप्रेस
बम्बई सैं.
दिल्ली
सुपरफास्ट (24
दिल्ली
दादर एक्सप्रेस (
दादर
फ्लाइंग मेल (4
मुजफ्फरपुर
शाले-पंजाब (2
नई दिल्ली
छत्तीसगढ़ एक्स
बिलासपुर
दिल्ली
हावड़ा डुप्लीकेट
हावड़ा
लखनऊ
हावड़ा मेल (30
हावड़ा
लखनऊ
फ्रंटियर मेल (2
बम्बई सैं.
दिल्ली 1

अमृ

सोना स्टैंडर्ड 3
3100, चांदी तेज
7150 रुपए ।

पंथक कमेटी द्वारा समारोह न मनाने देने की

जालन्धर, 6 जून (का. प्र.): पंथक कमेटी (वस्सन सिंह ज़फ़रवाल) ने आज स्वर्ण मंदिर अमृतसर में सरकार द्वारा शहीदी समारोह न मनाने देने की कड़ी निन्दा की है । इस शहीदी समारोह का आयोजन 'घल्लूघारा सप्ताह' की समाप्ति पर आज अकाल तख्त पर किया जाना था ।

उक्त घोषणा पंथक कमेटी के सदस्यों भाई रणजोध सिंह व भाई जरनैल सिंह (होशियारपुर) व भाई सुबेग सिंह (तरनतारन) ने एक प्रैस वक्तव्य द्वारा की । उन्होंने कहा कि उन्हें 26 अप्रैल, 1986 के सरबत खालसा द्वारा जो पंथक कमेटी के पुनर्गठन का अधिकार मिला है, उसके अंतर्गत पंथक कमेटी में कुछ परिवर्तन किए गए हैं । अब इसमें भाई वस्सन सिंह ज़फ़रवाल व भाई सुखबीर सिंह खालसा के अतिरिक्त भाई रणजोध सिंह खालसा को भाई निशान सिंह सलारपुर की जगह, भाई जरनैल सिंह होशियारपुर को शीतल सिंह मत्तेवाल की जगह व भाई सुबेग सिंह तरनतारन को तेजिन्द्र सिंह रायपुर

उसकी सहायता
व निम्न वर्ग के
निन्दा की ।

प्रैस नोट में
सलारपुर की हत
असाल्ट राइफलें
के लिए की गई
कमेटी इस हत्या
सलारपुर के का
सज़ादी जाएगी
प्रमुख बाबा ठाकु
उनकी सलाह प
की घोषणा की ज
संबंधी लगाए जा
है और कहा गय
वालों को 'बख्शा
कहा गया है कि
लिए अपना घर

क्लासीफाइड विज्ञापन

प्रवेश सूचना

Admission Guidance-MBBS-BDS-B. Pharma— D. Pharma— B.E.— Polytechnic— BAMS— LLB.— RMP. Prospectus Rs. 10/- Last date for reservation of seats is athand. Nalanda College, Balmikigate, Jalandhar.

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 6.6.90. 58/- without trays, NECC Suggested Retail Price 7/80 Per Dozen.

सार्वजनिक सूचना

बूटा राम पुत्र श्री गुज्जरमल, 1332, बाजवा नगर, लुधियाना, सूचित करता हूं कि मेरा लड़का विनय कुमार (काला) मेरे कहने से बाहर है मैं उसके किसी तरह के लेनदेन अथवा काम का जिम्मेवार नहीं हूंगा । मैं उसे अपनी चल और अचल जायदाद से बेदखल करता हूं ।

जमीन/जायदाद/प्लाट

चौक निक्कामल सराफ में दो मंजिला मकान अच्छी हालत में बिकाऊ है । मिलें—प्रेम सूद फोटोग्राफर, चौक निक्कामल सराफ, लुधियाना ।

Visit for any Kinds of Industrial Plots in Delhi. Contact Please :— Rajesh, Phone 2280276, 642/2, Loni Road, Shahdara, Delhi-32.

मैडीकल

निराला जोगी (हिन्दी या उर्दू) 1990 विशेषांक 300 पृष्ठ 25 रु. हिन्दुस्तान की जड़ी-बूटियां भाग चार (समस्त रोग चिकित्सा) मासिक पत्रिकाओं में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य जानकारी वार्षिक सहित विशेषांक

व्यापार

रजिस्टर्ड फर्म द्वारा बालपैन, ज्योमैट्रीबाक्स मशीनें लगाएं । प्रोडक्शन हमें देकर 150/- प्रति दिन कमाएं । अमित इंटरप्राइजिज (रजिस्टर्ड), सैक्टर 4/3, पुराना महावीर नगर, नज़दीक शिमला स्वीट्स (तिलक नगर), दिल्ली ।

तीर्थ यात्रा

13 जून 1990 को हमारी यात्रा शुक्रताल नैमिशरण अयोध्या, नंदीग्राम, प्रयागराज, चित्रकूट, काशी, गयाजी तथा हरिद्वार और भी रमनीक स्थानों के दर्शन, किराया खाने सहित 801/- रुपए, सम्पर्क करें—श्री बांके बिहारी तीर्थ यात्रा समिति, लुधियाना, वृज मोहन गोपाल शर्मा, म. नं. 385 बी 7, नज़दीक किताब बाजार, लुधियाना, फोन : 34374.

रोज़गार

भारतीय रेलवे में टिकट-कलैक्टर, टैलीफोन आप्रेटर आदि, वायुसेना में पुलिस मोटर-ड्राइवर आदि, बैंक एवं कर्मचारी चयन आयोग में क्लर्कों की भर्ती के इच्छुक मैट्रिक पास, 16 से 25 वर्षीय 10 रु. मनीआर्डर भेज कर नियमावली तथा पंजीकरण फार्म मंगवाएं । National Competitions Institute, 9/14, Sanjay Place Complex, Agra (U.P.)

हर प्रकार की नौकरी के इच्छुक मिलें : नैशनल कन्सलटैंसी, 78, लाजपत नगर, सामने नया बस अड्डा, लुधियाना ।

नाम परिवर्तन

I Shami Kumar son of Sh. Rajiv Ram

WANTED DISTRIBUTORS
FOR
A LEADING PHARMACEUTICAL COMPANY
IN RAJASTHAN, PUNJAB, HARYANA AND HIMACHAL PRADESH
WE ARE

Punjabi Sanatan

पंजाब बंद के दौरान 4 सुरक्षा कर्मियों सहित 16 लोगों की हत्या : कई जगह रेलवे लाइनें उड़ा दीं : वृक्ष काट कर सड़कों पर फैंक दिए और बम बांध दिए

[illegible]गढ़, 7 जून (प.स., वार्ता): पंजाब में पिछले [illegible] के दौरान आतंकवादियों ने 4 सुरक्षा [illegible] समेत 16 लोगों की हत्या कर दी । आज [illegible] के दौरान उग्रवादियों ने प्रदेश भर में कई [illegible] पर बम विस्फोट करके रेल लाइनें तोड़ दीं, [illegible] पर वृक्ष गिरा कर उनके साथ बम बांध दिए [illegible] सुरक्षा चौकियों पर राकेटों तथा ए.के. 47 [illegible] से हमले किए । इस बीच दो आतंकवादी [illegible] गए । बंद के दौरान सामान्य जन-जीवन [illegible] हुआ । रेल एवं बस सेवाओं पर भी असर [illegible] । बंद का आह्वान 'आप्रेशन ब्ल्यू स्टार' की [illegible] के अवसर पर 'घल्लूघारा सप्ताह' के [illegible] पांच सदस्यीय पंथक कमेटी ने किया था । [illegible] संघ, के.सी.एफ., के.एल.एफ. तथा [illegible] और मान अकाली दलों ने इसका समर्थन [illegible] था ।

अमृतसर (सोनी): विभिन्न उग्रवादी संगठनों ने [illegible] को 'पंजाब बंद' का जो आह्वान किया था, [illegible] सफल बनाने के लिए अमृतसर जिले में [illegible] गत रात काफी सक्रिय रहे तथा जिले में [illegible] स्थानों पर बम विस्फोट करके रेल पटरियों [illegible] दिया गया । अमृतसर-जालन्धर सड़क [illegible] स्थान-स्थान पर वृक्ष काट कर फैंके गए और [illegible] बम भी फिट किए गए ताकि इन अवरोधों [illegible] की प्रक्रिया में बम धमाके हों ।

[illegible] मुख्यालय में प्राप्त जानकारी के अनुसार [illegible]-जालन्धर, अमृतसर-खेमकरण और [illegible]-पठानकोट सैक्शनों पर आतंकवादियों ने [illegible] पर बम धमाके करके कई स्थानों पर [illegible] उड़ा दीं जिससे अमृतसर से आज दोपहर [illegible] तीनों सैक्शनों के लिए न तो कोई गाड़ी [illegible] सकी और न ही कोई गाड़ी अमृतसर पहुंच [illegible] ।

[illegible] सूचनाओं के अनुसार दोपहर 12 बजे के [illegible] अमृतसर से तीन गाड़ियां रवाना की गईं । [illegible] गाड़ी 12.5 बजे, दादर एक्सप्रैस [illegible] बजे और प्लाईंग मेल दोपहर 1 बजे रवाना [illegible] कि रद्द की गई गाड़ियों में [illegible] लुधियाना शटल गाड़ी और 334 पैसेंजर [illegible] शामिल हैं ।

[illegible] में बताया गया है कि [illegible] जालन्धर सैक्शन पर आतंकवादियों ने [illegible] स्टेशन के नजदीक गांव मत्तेपुर से [illegible] रेल-लाइन को धमाका करके उड़ा [illegible] एक सूचना के अनुसार आतंकवादियों ने [illegible]

सुबह 6 बजे जब एस.एच.ओ. व्यास श्री भूपिन्दर सिंह और एक अन्य पुलिस कांस्टेबल अवतार सिंह जैसे ही कार्रवाई करने लगे तो वहां एक विस्फोट हुआ, जिससे एस.एच.ओ. श्री भूपिन्दर सिंह, कांस्टेबल अवतार सिंह, जो ए.एस.पी. बाबा बकाला का गनमैन है और एक एस.पी.ओ. इंद्रजीत सिंह घायल हो गए । श्री भूपिन्दर सिंह के पेट के दोनों ओर तथा माथे पर बम के छर्रों से गहरे घाव आए जबकि अवतार सिंह और इन्द्रजीत सिंह को मामूली चोटें आईं । तीनों को अमृतसर अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है ।

अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार आतंकवादियों ने डेरा बाबा नानक क्षेत्र में भी विस्फोट करके रेल लाइन उड़ा दी, जिससे रेल यातायात प्रभावित हुआ ।

थाने पर हमला, दो मरे : अमृतसर से 'प.स.' के अनुसार तरनतारन पुलिस जिले के सरहाली थाने पर कल रात आतंकवादियों ने हमला किया, जिससे पंजाब पुलिस के एक हैड-कांस्टेबल इकबाल सिंह तथा सी.आर.पी.एफ. के एक जवान बलबीर सिंह की मृत्यु हो गई और थाना प्रभारी श्री सुरेन्द्र सिंह तथा उनकी पत्नी गुरमीत कौर घायल हो गए । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर आतंकवादी भाग गए । यह मुठभेड़ लगभग दो घंटे तक चली ।

बताया जाता है कि एस.एच.ओ. तथा उनकी पत्नी उस समय घायल हुए जब एक राकेट उनके मकान पर आ गिरा । उनका मकान थाने के निकट ही है । आतंकवादियों के इस हमले में 13 और सुरक्षा कर्मी भी घायल हुए हैं ।

एस.पी.ओ. की हत्या : जंडियाला पुलिस थाना के अधीन गहरी मंडी में स्थित सुरक्षा चौकी पर आतंकवादियों ने हमला किया, जिससे एस.पी.ओ. श्री राजेन्द्र सिंह की मृत्यु हो गई । इस वारदात में दो सुरक्षा कर्मी बाल-बाल बच गए ।

सुरक्षा चौकियों पर हमले : आतंकवादियों ने पट्टी में सी.आर.पी. शिविर पर राकेटों से हमला किया । हरिके, झब्बाल तथा अमरकोट में भी पुलिस स्टेशनों पर आतंकवादियों ने राकेट फेंके, जिससे बिल्डिंगों को भारी नुकसान पहुंचा ।

बताया जाता है कि आतंकवादियों ने उक्त सुरक्षा चौकियों पर राकेटों के अलावा लाइट मशीनगनों तथा ए.के. 47 राइफलों से भी हमले किए ।

सुरक्षा कर्मी समेत दो की हत्या : अमृतसर से 'सोनी' के अनुसार पट्टी थाना के अंतर्गत आने वाले गांव कोट बुद्धा में आतंकवादियों ने रात एक बजे फायरिंग करके एक पुलिस कांस्टेबल दारा सिंह तथा एक ग्रामीण हीरा सिंह की हत्या कर दी ।

एक की हत्या : आतंकवादियों ने कल रात पट्टी थाना के अधीन जबंदे कलां गांव में सविंदर सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

शव बरामद : अमृतसर जिला के गांव थांदे और फतेहपुर के मध्य से पुलिस ने गोलियों से छलनी एक शव बरामद किया है । मृतक की पहचान सुबेग सिंह के रूप में हुई है । वह फतेहपुर का रहने वाला था ।

गुट संघर्ष में आतंकवादी मरा : अमृतसर सदर पुलिस थाना क्षेत्र में एक आतंकवादी निजी गुट संघर्ष में मारा गया । उसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हुई ।

तीन मजदूरों की हत्या, 8 का अपहरण : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार उधोके गांव में आतंकवादियों ने तीन प्रवासी मजदूरों की हत्या कर दी । आतंकवादियों ने मेहता चौक के पास से आठ प्रवासी मजदूरों का अपहरण कर लिया ।

विस्फोट से तीन सुरक्षा कर्मी घायल : मिखीविंड के इलाका में आतंकवादियों ने मार्ग अवरुद्ध करने के उद्देश्य से सड़क पर वृक्ष व लकड़ियां काट कर फैंकी हुई थीं । इन अवरोधों को दूर करने व अपना वाहन वहां से गुजारने के लिए सी.आर.पी.एफ. के कुछ जवान ज्यों ही अवरोध दूर करने लगे तो विस्फोट हो गया जिससे तीन जवान घायल हो गए । उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

हैड-कांस्टेबल की पत्नी व पिता की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना कलानौर के गांव बांगड़ में गत रात 5-6 सशस्त्र आतंकवादियों ने एक हैड-कांस्टेबल बलदेव सिंह के घर में ज़बरदस्ती घुस कर उसकी पत्नी कश्मीर कौर (32) व पिता जोगिन्दर सिंह (55) की हत्या कर दी ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफल का प्रयोग किया था तथा घटनास्थल से 18 चले हुए कारतूस भी मिले हैं । बलदेव सिंह आजकल थाना फतेहगढ़ चूड़ियां में तैनात है ।

बम विस्फोट का घायल चल बसा : गत दिवस थाना सिटी बटाला के बाहर हुए बम विस्फोट में घायल दीपक कुमार (10) की गत रात्रि मृत्यु हो गई । वह चौथी कक्षा का छात्र था ।

उल्लेखनीय है कि उसके पिता हंसराज की भी आतंकवादियों ने कुछ अर्सा पूर्व हत्या कर दी थी । यह लोग गांव मसानियां से पलायन करके यहां आए थे ।

अपहृत व्यक्ति की हत्या : आतंकवादियों ने बहादुरपुर गांव में लखबीर सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी । तीन दिन पहले लखबीर सिंह का अपहरण कर लिया गया था ।

एक रिपोर्ट के अनुसार पंजाब बंद के दौरान पुलिस जिला बटाला में सभी कस्बे बंद रहे । कहीं से किसी अप्रिय घटना का समाचार नहीं है । आज केवल 2 बसें यहां से अमृतसर तथा 4 बसें गुरदासपुर के लिए चलीं । इस बीच खालिस्तान कमांडो फोर्स द्वारा यहां शहर के कुछ भागों में धमकी भरे पोस्टर लगाए गए हैं जिनमें लिखा है कि चक्करी बाजार व मुहल्ला प्रेम नगर में रहने वाले लोगों को शीघ्र ही 'तोहफे' दिए जाएंगे ।

कम्युनिस्ट नेता की हत्या : बाघापुराना से 'ज्ञान मित्तल' के अनुसार गत रात कुछ आतंकवादियों ने गांव बुधसिंहवाला में सी.पी.आई. नेता कामरेड गुरदेव सिंह तथा होमगार्ड जवान गुरसेवक सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन आतंकवादी कामरेड गुरदेव सिंह के घर गए तथा उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी । आतंकवादियों ने परिवार के शेष सदस्यों को कुछ नहीं कहा । उसके पश्चात् आतंकवादी होमगार्ड जवान के घर गए । उसे साथ लेकर आतंकवादी किसी अन्य व्यक्ति के घर गए किन्तु वह व्यक्ति घर पर नहीं मिला । बाद में आतंकवादियों ने होमगार्ड की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृत सी.पी.आई नेता का अंतिम संस्कार कल किया जाएगा ।

भटिंडा (ग्रोवर): भटिंडा में पूर्ण बंद रहा । पुलिस ने मुख्य सड़क मार्गों पर गश्त बढ़ाई हुई थी । उपायुक्त तथा एस.एस.पी. ने सुरक्षा प्रबन्धों की देख-रेख की । पुलिस ने लगभग 100 लोगों को हिरासत में लिया है । किसी अप्रिय घटना का समाचार नहीं है ।

ट्रक क्लीनर की हत्या : आतंकवादियों ने गत रात भटिंडा थाने के गांव भगता भाइके में एक ट्रक-क्लीनर चमकौर सिंह की हत्या कर दी ।

रेलवे स्टेशन पर हमला : आतंकवादियों ने आज तड़के फरीदकोट जिले में जीत गिल रेलवे स्टेशन पर हमला किया । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर आतंकवादी भाग गए । इस वारदात में कोई घायल नहीं हुआ ।

गोदामों को आग लगाने का प्रयास : आतंकवादियों ने गोपड़ जिले की बाहरी सीमा पर भारतीय खाद्य निगम के गोदामों में आज तड़के आग लगाने का असफल प्रयास किया ।

जालंधर (ढल्ल): जालंधर शहर तथा निकटवर्ती कस्बों में आज लगभग पूर्ण बंद रहा । बैंक, सरकारी व अर्ध-सरकारी कार्यालय खुले रहे किन्तु बंद के कारण वहां आने-जाने वाले लोगों की संख्या बहुत कम थी । चाय, पान व हलवाइयों की दुकानें भी बंद रहीं । दूध व सब्ज़ियों की सप्लाई पर भी कुप्रभाव पड़ा ।

प्राईवेट बस सेवा तो पूरी तरह ठप्प रही । सरकारी बस सेवा भी नाम मात्र थी । जालंधर अड्डा से दोपहर तक सुरक्षा प्रबंधों के साथ कुल 30 बसें ही निकल पाई थीं, जो चंडीगढ़, लुधियाना व होशियारपुर की ओर गईं ।

खोखा जलाया : जालंधर (विक्रांत): [illegible] रात कुछ अज्ञात युवकों ने स्थानीय दयाल नगर में एक सिगरेट का खोखा जला दिया । खोखे के मालिक शम्भु दयाल के अनुसार उसे आग का पता रात बजे चला । थाना में इसकी रिपोर्ट दर्ज करवा दी है ।

दो जगह रेल लाइनें उड़ा दीं : आतंकवादियों ने कल रात जालंधर क्षेत्र में नूरमहल-गुमटली तथा बंगा-खटकड़कलां सैक्शन पर दो स्थानों पर बम विस्फोटों से रेल लाइनें उड़ा दीं ।

6 सुरक्षा चौकियों पर राकेटों व राइफलों से हमले, लुधियाना में सब्ज़ी और दूध गिरा दिया : बंद के दौरान जनजीवन प्रभावित : गुट संघर्ष में 2 आतंकवादी मरे



दयाल नगर जालंधर में बुधवार की रात को कुछ अज्ञात युवकों ने सिगरेट-बीड़ी का खोखा जला दिया । (छाया : कपूर)







पुलिस जिला मजीठा के अंतर्गत थाना ब्यास के गांव थोथियां में राजमार्ग पर आतंकवादियों द्वारा खड़े किए गए अवरोधों को हटाने के उद्देश्य से जब एस.एच.ओ. ब्यास व अन्य पुलिस कर्मी कार्रवाई करने लगे तो विस्फोट होने से एस.एच.ओ. ब्यास और अवतार सिंह कांस्टेबल जख्मी हो गए । अस्पताल में उपचाराधीन पड़े अवतार सिंह । (छाया : रवि भण्डारी)

पनडुब्बी सौदे की जांच में सहयोग के लिए स्विस अधिकारियों को अनुरोध पत्र भेजने का आदेश

नई दिल्ली, 7 जून (वार्ता): दिल्ली की एक अदालत ने जर्मन पनडुब्बियों के सौदे की जांच में सहयोग के लिये स्विट्जरलैंड के अधिकारियों के पास अनुरोध पत्र भेजने का आदेश दिया है । स्विट्जरलैंड के अधिकारियों को यह अनुरोध पत्र इन्कार किया है, उनमें से एक संदिग्ध अभियुक्तों की स्विट्जरलैंड की परिसम्पत्ति को जब्त करने और दूसरा उस देश में स्थित उनके परिसरों की तलाशी से संबंधित थे ।

जमायते इस्लामी का अध्यक्ष गिरफ्तार, गोलियों से छलनी 3 शव मिले : 7 सुरक्षा कर्मी घायल

जम्मू, 7 जून (वार्ता, प.स.): श्रीनगर से 52 कि.मी. दूर अनन्तनाग नगर में जमायते इस्लामी के अध्यक्ष को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा

4 घायल : उग्रवादियों ने आज प्रातः यहां कुफ्र्यू में ढील की अवधि के दौरान प्रसिद्ध डल झील के निकट एक होटल पर हमला करके परिसर में स्नान कर रहे

Punjabi Sanjeevani

पंजाब बंद के दौरान 4 सुरक्षा कर्मियों सहित 16 लोगों की हत्या : कई जगह रेलवे लाइनें उड़ा दीं : वृक्ष काट कर सड़कों पर फैंक दिए और बम बांध दिए

चंडीगढ़, 7 जून (प.स., वार्ता): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान आतंकवादियों ने 4 सुरक्षा कर्मियों समेत 16 लोगों की हत्या कर दी । आज पंजाब बंद के दौरान उग्रवादियों ने प्रदेश भर में कई स्थानों पर बम विस्फोट करके रेल लाइनें तोड़ दीं, सड़कों पर वृक्ष गिरा कर उनके साथ बम बांध दिए और छः सुरक्षा चौकियों पर रोकेटों तथा ए.के. 47 राइफलों से हमले किए । इस बीच दो आतंकवादी भी मारे गए । बंद के दौरान सामान्य जन-जीवन प्रभावित हुआ । रेल एवं बस सेवाओं पर भी असर पड़ा । बंद का आह्वान 'आप्रेशन ब्ल्यू स्टार' की छठी वर्षगांठ के अवसर पर 'घल्लघारा सप्ताह' के अंत में पांच सदस्यीय पंथक कमेटी ने किया था । सिख छात्र संघ, के.सी.एफ., के.एल.एफ. तथा बादल और मान अकाली दलों ने इसका समर्थन किया था ।

अमृतसर (सोनी): विभिन्न उग्रवादी संगठनों ने 7 जून को 'पंजाब बंद' का जो आह्वान किया था, उसको सफल बनाने के लिए अमृतसर जिले में उग्रवादी गत रात काफी सक्रिय रहे तथा जिले में विभिन्न स्थानों पर बम विस्फोट करके रेल पटरियों को उड़ा दिया गया । अमृतसर-जालन्धर सड़क मार्ग पर स्थान-स्थान पर वृक्ष काट कर फैंके गए और उनके साथ बम भी फिट किए गए ताकि इन अवरोधों को हटाने की प्रक्रिया में बम धमाके हों ।

जिला मुख्यालय में प्राप्त जानकारी के अनुसार अमृतसर-जालन्धर, अमृतसर-खेमकरण और अमृतसर-पठानकोट सैक्शनों पर आतंकवादियों ने व्यापक स्तर पर बम धमाके करके कई स्थानों पर रेल पटरियां उड़ा दीं जिससे अमृतसर से आज दोपहर तक उक्त तीनों सैक्शनों के लिए न तो कोई गाड़ी रवाना हो सकी और न ही कोई गाड़ी अमृतसर पहुंच पाई ।

प्राप्त सूचनाओं के अनुसार दोपहर 12 बजे के बाद ही अमृतसर से तीन गाड़ियां रवाना की गईं । इनमें डीलक्स गाड़ी 12.5 बजे, दादर एक्सप्रैस 12.30 बजे और प्लाईंग मेल दोपहर 1 बजे रवाना हुई, जबकि रद्द की गई गाड़ियों में अमृतसर-लुधियाना शटल गाड़ी और 334 पैसेंजर ट्रेन गाड़ियां शामिल हैं ।

सूचनाओं में बताया गया है कि अमृतसर-जालन्धर सैक्शन पर आतंकवादियों ने बटारी रेलवे स्टेशन के नजदीक गांव मत्तेपुर से गुजरने वाली रेल-लाइन को धमाका करके उड़ा दिया । एक सूचना के अनुसार आतंकवादियों ने धमाके करके अमृतसर-जालन्धर को आने-जाने वाली दोनों लाइनें उड़ा दीं । इससे इस मुख्य मार्ग पर आज दोपहर तक यातायात अवरुद्ध रहा । सुबह 6 बजे जब एस.एच.ओ. व्यास श्री भूपिन्दर सिंह और एक अन्य पुलिस कांस्टेबल अवतार सिंह जैसे ही कार्रवाई करने लगे तो वहां एक विस्फोट हुआ, जिससे एस.एच.ओ. श्री भूपिन्दर सिंह, कांस्टेबल अवतार सिंह, जो ए.एस.पी. बाबा बकाला का गनमैन है और एक एस.पी.ओ. इंदरजीत सिंह घायल हो गए । श्री भूपिन्दर सिंह के पेट के दोनों ओर तथा माथे पर बम के छर्रों से गहरे घाव आए जबकि अवतार सिंह और इन्दरजीत सिंह को मामूली चोटें आईं । तीनों को अमृतसर अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है ।

अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार आतंकवादियों ने डेरा बाबा नानक क्षेत्र में भी विस्फोट करके रेल लाइन उड़ा दी, जिससे रेल यातायात प्रभावित हुआ ।

थाने पर हमला, दो मरे : अमृतसर से 'प.स.' के अनुसार तरनतारन पुलिस जिले के सरहाली थाने पर कल रात आतंकवादियों ने हमला किया, जिससे पंजाब पुलिस के एक हैड-कांस्टेबल इकबाल सिंह तथा सी.आर.पी.एफ. के एक जवान बलबीर सिंह की मृत्यु हो गई और थाना प्रभारी श्री



दयाल नगर जालंधर में बुधवार की रात को कुछ अज्ञात युवकों ने सिगरेट-बीड़ी का खोखा जला दिया । (छाया : कपूर)

सुरेन्द्र सिंह तथा उनकी पत्नी सरजीत कौर घायल हो गए । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर आतंकवादी भाग गए । यह मुठभेड़ लगभग दो घंटे तक चली ।

बताया जाता है कि एस.एच.ओ. तथा उनकी पत्नी उस समय घायल हुए जब एक राकेट उनके मकान पर आ गिरा । उनका मकान थाने के निकट ही है । आतंकवादियों के इस हमले में 13 और सुरक्षा कर्मी भी घायल हुए हैं ।

एस.पी.ओ. की हत्या : जंडियाला पुलिस थाने के अधीन गहरी मंडी में स्थित सुरक्षा चौकी पर आतंकवादियों ने हमला किया, जिसमें एस.पी.ओ. श्री राजेन्द्र सिंह की मृत्यु हो गई । इस वारदात में दो सुरक्षा कर्मी बाल-बाल बच गए ।

सुरक्षा चौकियों पर हमले : आतंकवादियों ने पट्टी में सी.आर.पी. शिविर पर रॉकेटों से हमला किया । हरिके, झब्बाल तथा अमरकोट में भी पुलिस स्टेशनों पर आतंकवादियों ने रॉकेट फैंके, जिससे बिल्डिंगों को भारी नुकसान पहुंचा ।

बताया जाता है कि आतंकवादियों ने उक्त सुरक्षा चौकियों पर रॉकेटों के अलावा राइफल मशीनगनों तथा ए.के. 47 राइफलों से भी हमले किए ।

सुरक्षा कर्मी समेत दो की हत्या : अमृतसर से 'शाम' के अनुसार पट्टी थाने के अंतर्गत आने वाले गांव कोट बुड्ढा में आतंकवादियों ने रात एक बजे फायरिंग करके एक पुलिस कांस्टेबल दारा सिंह तथा एक ग्रामीण हीरा सिंह की हत्या कर दी ।

एक की हत्या : आतंकवादियों ने कल रात पट्टी थाना के अधीन डबदे कला गांव में सविंदर सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

शव बरामद : अमृतसर जिला के गांव खादे और फतेहपुर के मध्य से पुलिस ने गोलियों से छलनी एक शव बरामद किया है । मृतक की पहचान सुखदेव सिंह के रूप में हुई है । वह फतेहपुर का रहने वाला था ।

गुट संघर्ष में आतंकवादी मरा : अमृतसर सदर पुलिस थाना क्षेत्र में एक आतंकवादी निजी गुट संघर्ष में मारा गया । उसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हुई ।

तीन मजदूरों की हत्या, 8 का अपहरण : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार उधोके गांव में आतंकवादियों ने तीन प्रवासी मजदूरों की हत्या कर दी । आतंकवादियों ने मेहता चौक के पास से आठ प्रवासी मजदूरों का अपहरण कर लिया ।

विस्फोट से तीन सुरक्षा कर्मी घायल : भिसीविंड के इलाका में आतंकवादियों ने मार्ग अवरुद्ध करने के उद्देश्य से सड़क पर वृक्ष व लकड़ियां काट कर फैंकी हुई थीं । इन अवरोधों को दूर करने व अपना वाहन वहां से गुजारने के लिए सी.आर.पी.एफ. के कुछ जवान ज्यों ही अवरोध दूर करने लगे तो विस्फोट हो गया जिससे तीन जवान घायल हो गए । उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

हैड-कांस्टेबल की पत्नी व पिता की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में आता कलानौर के गांव बांगड़ में गत रात 5-6 सशस्त्र आतंकवादियों ने एक हैड-कांस्टेबल बलदेव सिंह के घर में ज़बरदस्ती घुस कर उसकी पत्नी कश्मीर कौर (32) व पिता जोगिन्दर सिंह (55) की हत्या कर दी ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफल का प्रयोग किया था तथा घटनास्थल से 18 चले हुए कारतूस भी मिले हैं । बलदेव सिंह आबकल थाना फतेहगढ़ चूड़ियां में तैनात है ।

बम विस्फोट का घायल चल बसा : गत दिवस थाना सिटी बटाला के बाहर हुए बम विस्फोट में घायल दीपक कुमार (10) की गत रात्रि मृत्यु हो गई । वह चौथी कक्षा का छात्र था ।

उल्लेखनीय है कि उसके पिता हंसराज की भी आतंकवादियों ने कुछ अर्सा पूर्व हत्या कर दी थी । यह लोग गांव मसानियां से पलायन करके यहां आए थे ।

अपहृत व्यक्ति की हत्या : आतंकवादियों ने बहादरपुर गांव में लखबीर सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी । तीन दिन पहले लखबीर सिंह का अपहरण कर लिया गया था ।

एक रिपोर्ट के अनुसार पंजाब बंद के दौरान पुलिस जिला बटाला में सभी कस्बे बंद रहे । कहीं से किसी अप्रिय घटना का समाचार नहीं है । आज केवल 2 बसें यहां से अमृतसर तथा 4 बसें गुरदासपुर के लिए चलीं । इस बीच खालिस्तान कमांडो फोर्स द्वारा यहां शहर के कुछ भागों में धमकी भरे पोस्टर लगाए गए हैं जिनमें लिखा है कि चक्करी बाजार व मुहल्ला प्रेम नगर में रहने वाले लोगों को शीघ्र ही 'तोहफे' दिए जाएंगे ।

कम्यूनिस्ट नेता की हत्या : बाघापुराना से 'ज्ञान मित्तल' के अनुसार गत रात कुछ आतंकवादियों ने गांव बघेसिंहवाला में सी.पी.आई. नेता कामरेड गुरदेव सिंह तथा होमगार्ड जवान गुरसेवक सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन आतंकवादी कामरेड गुरदेव सिंह के घर गए तथा उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी । आतंकवादियों ने परिवार के शेष सदस्यों को कुछ नहीं कहा । उसके पश्चात् आतंकवादी होमगार्ड जवान के घर गए । उसे साथ लेकर आतंकवादी किसी अन्य व्यक्ति के घर गए



पुलिस जिला मजीठा के अंतर्गत थाना ब्यास के गांव थोथियां में राजमार्ग पर आतंकवादियों द्वारा खड़े किए गए अवरोधों को हटाने के उद्देश्य से जब एस.एच.ओ. ब्यास व अन्य पुलिस कर्मी कार्रवाई करने लगे तो विस्फोट होने से एस.एच.ओ. ब्यास और अवतार सिंह कास्टेबल जख्मी हो गए । अस्पताल में उपचाराधीन पड़े अवतार सिंह । (छाया : रवि भण्डारी)

किन्तु वह व्यक्ति घर पर नहीं मिला । बाद में आतंकवादियों ने होमगार्ड की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृत सी.पी.आई नेता का अंतिम संस्कार कल किया जाएगा ।

भटिंडा (गोवर): भटिंडा में पूर्ण बंद रहा । पुलिस ने मुख्य सड़क मार्गों पर गश्त बढ़ाई हुई थी । उपायुक्त तथा एस.एस.पी. ने सुरक्षा प्रबन्धों की देख-रेख की । पुलिस ने लगभग 100 लोगों को हिरासत में लिया है । किसी अप्रिय घटना का समाचार नहीं है ।

ट्रक क्लीनर की हत्या : आतंकवादियों ने गत रात भटिंडा थाने के गांव भगता भाइके में एक ट्रक-क्लीनर चमकौर सिंह की हत्या कर दी ।

रेलवे स्टेशन पर हमला : आतंकवादियों ने आज तड़के फरीदकोट जिले में जीत गिल रेलवे स्टेशन पर हमला किया । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर आतंकवादी भाग गए । इस वारदात में कोई घायल नहीं हुआ ।

गोदामों को आग लगाने का प्रयास : आतंकवादियों ने रोपड़ जिले की बाहरी सीमा पर भारतीय खाद्य निगम के गोदामों में आज तड़के आग लगाने का असफल प्रयास किया ।

जालंधर (डल्ल): जालंधर शहर तथा निकटवर्ती कस्बों में आज लगभग पूर्ण बंद रहा । बैंक, सरकारी व अर्ध-सरकारी कार्यालय खुले रहे किन्तु बंद के कारण वहां आने-जाने वाले लोगों की संख्या बहुत कम थी । चाय, पान व हलवाइयों की दुकानें भी बंद रहीं । दूध व सब्ज़ियों की सप्लाई पर भी कुप्रभाव पड़ा ।

प्राईवेट बस सेवा तो पूरी तरह ठप्प रही । सरकारी बस सेवा भी नाम मात्र थी । जालंधर बस अड्डा से दोपहर तक सुरक्षा प्रबंधों के साथ केवल 30 बसें ही निकल पाई थीं, जो चंडीगढ़, लुधियाना व होशियारपुर की ओर गईं ।

खोखा जलाया : जालंधर (विक्रांत): कल रात कुछ अज्ञात युवकों ने स्थानीय दयाल नगर में एक सिगरेट का खोखा जला दिया । खोखे के मालिक शम्भू दयाल के अनुसार उसे आग का पता रात दो बजे चला । थाना में इसकी रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है ।

दो जगह रेल लाइनें उड़ा दीं : आतंकवादियों ने कल रात जालंधर क्षेत्र में नूरमहल-गुमटली तथा बंगा-खटकड़कलां रेल सैक्शन पर दो स्थानों पर बम विस्फोटों से रेल लाइनें उड़ा दीं ।

लुधियाना (महेंद्रा, धीमान): पंजाब बंद के संदर्भ में यहां मुख्य बाजार पूर्ण तौर पर बंद रहे मगर कैमिस्टों की दुकानें खुली थीं । औद्योगिक क्षेत्र में फैक्टरियों में काम-काज चलता रहा, पर श्रमिकों की

6 सुरक्षा चौकियों पर राकेटों व राइफलों से हमले, लुधियाना में सब्ज़ी और दूध गिरा दिया : बंद के दौरान जनजीवन प्रभावित : गुट संघर्ष में 2 आतंकवादी मरे





पनडुब्बी सौदे की जांच में सहयोग के लिए स्विस अधिकारियों को अनुरोध पत्र भेजने का आदेश

नई दिल्ली, 7 जून (वार्ता): दिल्ली की एक अदालत ने जर्मन पनडुब्बियों के सौदे की जांच में सहयोग के लिये स्विट्जरलैंड के अधिकारियों के पास अनुरोध पत्र भेजने का आदेश दिया है । स्विट्जरलैंड के अधिकारियों को यह अनुरोध पत्र कल भेजा जाएगा । अनुरोध पत्र भेजने का आदेश केंद्रीय जांच ब्यूरो के आग्रह पर दिया जा रहा है ।

विशेष न्यायाधीश लोकेश्वर प्रसाद ने इस्तगासा पर यह आदेश पारित किया है । इस्तगासा में एक सांसद अभियुक्तों की स्विट्जरलैंड की परिसम्पत्ति को जब्त करने और दूसरा उस देश में स्थित उनके परिसरों की तलाशी से संबंधित थे ।

न्यायाधीश ने अपने दस पृष्ठ के आदेश में केंद्रीय जांच ब्यूरो के अनुरोध को अंशतः स्वीकार किया है और कहा है कि जांच करने वाली एजेंसियों को स्विट्जरलैंड के अधिकारियों की ओर से 25 व्यक्तियों

जमायते इस्लामी का अध्यक्ष गिरफ्तार, गोलियों से छलनी 3 शव मिले : 7 सुरक्षा कर्मी घायल

जम्मू, 7 जून (वार्ता, प.स.): श्रीनगर से 52 कि.मी. दूर अनन्तनाग नगर में जमायते इस्लामी के अध्यक्ष को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा उग्रवादियों ने विभिन्न हमलों में सुरक्षा बलों के 7 जवानों को घायल कर दिया । इसी दौरान श्रीनगर में 12 घंटे तथा अन्य क्षेत्रों में विवधत् अवधिकाल के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई ।

आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार घायल जवानों की स्थिति गम्भीर बताई जाती है ।

4 घायल : उग्रवादियों ने आज प्रातः यहां कर्फ्यू में ढील की अवधि के दौरान प्रसिद्ध डल झील के निकट एक होटल पर हमला करके परिसर में स्नान कर रहे सी.आर.पी.एफ. के 4 जवानों को गोलियां मार कर घायल कर दिया ।

...गत रात काफी सक्रिय रहे तथा जिले में विभिन्न स्थानों पर बम विस्फोट करके रेल पटरियों को उड़ा दिया गया । अमृतसर-जालन्धर सड़क मार्ग पर स्थान-स्थान पर वृक्ष काट कर फैंके गए और उनके साथ बम भी फिट किए गए ताकि इन अवरोधों को हटाने की प्रक्रिया में बम धमाके हों ।

जिला मुख्यालय में प्राप्त जानकारी के अनुसार अमृतसर-जालन्धर, अमृतसर-खेमकरण और अमृतसर-पठानकोट सैक्शनों पर आतंकवादियों ने लगभग स्तर पर बम धमाके करके कई स्थानों पर रेल पटरियां उड़ा दीं, जिससे अमृतसर से आज दोपहर तक उक्त तीनों सैक्शनों के लिए न तो कोई गाड़ी रवाना हो सकी और न ही कोई गाड़ी अमृतसर पहुंच पाई ।

प्राप्त सूचनाओं के अनुसार दोपहर 12 बजे के बाद ही अमृतसर से तीन गाड़ियां रवाना की गईं । इनमें डीलक्स गाड़ी 12.5 बजे, दादर एक्सप्रैस 12.30 बजे और प्लाईंग मेल दोपहर 1 बजे रवाना हुई, जबकि रद्द की गई गाड़ियों में अमृतसर-लुधियाना शटल गाड़ी और 334 पैसेंजर रेल गाड़ियां शामिल हैं ।

सूचनाओं में बताया गया है कि अमृतसर-जालन्धर सैक्शन पर आतंकवादियों ने बटाला रेलवे स्टेशन के नजदीक गांव मत्तेपुर से गुजरने वाली रेल-लाइन को धमाका करके उड़ा दिया । एक सूचना के अनुसार आतंकवादियों ने धमाके करके अमृतसर-जालन्धर को आने-जाने वाली दोनों लाइनें उड़ा दीं । इससे इस मुख्य मार्ग पर आज दोपहर तक यातायात अवरुद्ध रहा । अमृतसर-पठानकोट सैक्शन पर भी कत्थूनंगल के नजदीक आतंकवादियों ने धमाका करके रेल लाइन उड़ा दी । इसी प्रकार अमृतसर-खेमकरण सैक्शन पर भी गांव चन्डोकी सरहाली और पट्टी के मध्य तीन स्थानों पर धमाके करके रेल लाइन को क्षतिग्रस्त किया गया, जिससे इस सैक्शन पर रेल यातायात सारा दिन अवरुद्ध रहा ।

जिला मुख्यालय में पहुंची एक अन्य सूचना के अनुसार अमृतसर-जालन्धर राज मार्ग पर ब्यास के निकट गांव थोथियां के नजदीक आतंकवादियों ने सड़क यातायात अवरुद्ध करने के उद्देश्य से वृक्ष व लकड़ियां काट कर सड़क पर फैंकी हुई थीं । बताया जाता है कि इन अवरोधों को दूर करने के लिए आज

इकबाल सिंह तथा सी.आर.पी.एफ. के एक जवान बलबीर सिंह की मृत्यु हो गई और थाना प्रभारी श्री



दयाल नगर जालंधर में बुधवार की रात को कुछ अज्ञात युवकों ने सिगरेट-बीड़ी का खोखा जला दिया । (छाया : कपूर)

राजेन्द्र सिंह की मृत्यु हो गई । इस वारदात में दो सुरक्षा कर्मी बाल-बाल बच गए ।

सुरक्षा चौकियों पर हमले : आतंकवादियों ने पट्टी में सी.आर.पी. शिविर पर राकेटों से हमला किया । हरिके, झब्बाल तथा अमरकोट में भी पुलिस स्टेशनों पर आतंकवादियों ने राकेट फैंके, जिससे बिल्डिंगों को भारी नुक्सान पहुंचा ।

बताया जाता है कि आतंकवादियों ने उक्त सुरक्षा चौकियों पर राकेटों के अलावा लाइट मशीनगनों तथा ए.के. 47 राइफलों से भी हमले किए ।

सुरक्षा कर्मी समेत दो की हत्या : अमृतसर से 'सोनी' के अनुसार पट्टी थाना के अंतर्गत आने वाले गांव कोट बुद्धा में आतंकवादियों ने रात एक बजे फायरिंग करके एक पुलिस कांस्टेबल दारा सिंह तथा एक ग्रामीण हीरा सिंह की हत्या कर दी ।









आतंकवादी संगठनों के आह्वान पर वीरवार को हुए पंजाब बंद के दौरान सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया । (1) अमृतसर में सुनसान पड़ा बस स्टैंड और उसका बंद गेट, (2) रेल पटरियों पर गश्त लगाते हुए सुरक्षा बलों के जवान (छाया : रवि भंडारी), (3) जालन्धर-अमृतसर रेल खंड पर टांगरा और बटाली स्टेशनों के बीच आतंकवादियों द्वारा बम विस्फोट से तोड़ दी गई रेल पटरी (छाया : फौजी), (4) फगवाड़ा के पास तोड़ी गई रेल पटरी । (छाया : अशोक)

पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफल का प्रयोग किया था तथा घटनास्थल से 18 चले हुए कारतूस भी मिले हैं । बलदेव सिंह आजकल थाना फतेहगढ़ चूड़ियां में तैनात है ।

बम विस्फोट का घायल चल बसा : गत दिवस थाना सिटी बटाला के बाहर हुए बम विस्फोट में घायल दीपक कुमार (10) की गत रात्रि मृत्यु हो गई । वह चौथी कक्षा का छात्र था ।

उल्लेखनीय है कि उसके पिता हंसराज की भी आतंकवादियों ने कुछ अर्सा पूर्व हत्या कर दी थी । यह लोग गांव मसानियां से पलायन करके यहां आए थे ।

अपहृत व्यक्ति की हत्या : आतंकवादियों ने बहादुरपुर गांव में लखबीर सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी । तीन दिन पहले लखबीर सिंह का अपहरण कर लिया गया था ।



पुलिस जिला मजीठा के अंतर्गत थाना ब्यास के गांव थोथियां में राजमार्ग पर आतंकवादियों द्वारा खड़े किए गए अवरोधों को हटाने के उद्देश्य से जब एस.एच.ओ. ब्यास व अन्य पुलिस कर्मी कार्रवाई करने लगे तो विस्फोट होने से एस.एच.ओ. ब्यास और अवतार सिंह कांस्टेबल जख्मी हो गए । अस्पताल में उपचाराधीन पड़े अवतार सिंह । (छाया : रवि भण्डारी)

भारतीय खाद्य निगम के गोदामों में आज सड़क आम लगाने का असफल प्रयास किया ।

जालंधर (ढल्ल): जालंधर शहर तथा निकटवर्ती कस्बों में आज लगभग पूर्ण बंद रहा । बैंक, सरकारी व अर्ध-सरकारी कार्यालय खुले रहे किन्तु बंद के कारण वहां आने-जाने वाले लोगों की संख्या बहुत कम थी । चाय, पान व हलवाइयों की दुकानें भी बंद रहीं । दूध व सब्ज़ियों की सप्लाई पर भी कुप्रभाव पड़ा ।

प्राईवेट बस सेवा तो पूरी तरह ठप्प रही । सरकारी बस सेवा भी नाम मात्र थी । जालंधर बस अड्डा से दोपहर तक सुरक्षा प्रबंधों के साथ केवल 30 बसें ही निकल पाई थीं, जो चंडीगढ़, लुधियाना व होशियारपुर की ओर गईं ।

खोखा जलाया : जालंधर (विक्रांत): कल रात कुछ अज्ञात युवकों ने स्थानीय दयाल नगर में एक सिगरेट का खोखा जला दिया । खोखे के मालिक शम्भु दयाल के अनुसार उसे आग का पता रात दो बजे चला । थाना में इसकी रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है ।

दो जगह रेल लाइनें उड़ा दीं : आतंकवादियों ने कल रात जालंधर क्षेत्र में नूरमहल-गुमटली तथा बंगा-खटकड़कलां रेल सैक्शन पर दो स्थानों पर बम विस्फोटों से रेल लाइनें उड़ा दीं ।

लुधियाना (महेंद्रा, धीमान): पंजाब बंद के संदर्भ में यहां मुख्य बाजार पूर्ण तौर पर बंद रहे मगर कैमिस्टों की दुकानें खुली थीं । औद्योगिक क्षेत्र में फैक्टरियों में काम होता रहा, मगर श्रमिकों की हाज़री कम थी । बसें बहुत कम चलीं । लुधियाना से चंडीगढ़, मोगा, मुक्तसर और जालंधर रूटों पर बहुत कम बसें पुलिस संरक्षण में चलाई गईं । बाहर से चारा, दूध और सब्ज़ियां नहीं आईं । सब्ज़ी मंडी पूर्ण तौर पर बंद रही । मान अकाली दल और आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन से सम्बद्ध 158 वर्करों को जिला-भर में सुरक्षात्मक पगों के दृष्टिगत हिरासत में ले लिया गया । कुछ लोगों ने बाहर से दूध लाने की कोशिश की, मगर सिख छात्र संघ के वर्करों ने दूध नहीं लाने दिया । दूध बाहर ही गिरा

(शेष पृष्ठ 6 पर)

पनडुब्बी सौदे की जांच में सहयोग के लिए स्विस अधिकारियों को अनुरोध पत्र भेजने का आदेश

नई दिल्ली, 7 जून (वार्ता): दिल्ली की एक अदालत ने जर्मन पनडुब्बियों के सौदे की जांच में सहयोग के लिये स्विट्जरलैंड के अधिकारियों के पास अनुरोध पत्र भेजने का आदेश दिया है । स्विट्जरलैंड के अधिकारियों को यह अनुरोध पत्र कल भेजा जाएगा । अनुरोध पत्र भेजने का आदेश केंद्रीय जांच ब्यूरो के आग्रह पर दिया जा रहा है ।

विशेष न्यायाधीश लोकेश्वर प्रसाद ने आवश्यक दस्तावेज तैयार न होने के कारण आज अनुरोध पत्र जारी नहीं किया ।

अनुरोध पत्र न्यायाधीश लोकेश्वर प्रसाद के हस्ताक्षर से भेजा जाएगा । केंद्रीय जांच ब्यूरो के अधिकारियों का दल कल इस पत्र को लेकर स्विट्जरलैंड जाएगा ।

न्यायालय ने जांच एजैंसी के दो मुख्य अनुरोधों को स्वीकार करने से इन्कार कर दिया है ।

विशेष न्यायाधीश लोकेश्वर प्रसाद ने केन्द्रीय जांच ब्यूरो के जिन दो अनुरोधों को स्वीकार करने से इन्कार किया है, उनमें से एक संदिग्ध अभियुक्तों की स्विट्जरलैंड की परिसम्पत्ति को जब्त करने और दूसरा उस देश में स्थित उनके परिसरों की तलाशी से संबंधित थे ।

न्यायाधीश ने अपने दस पृष्ठ के आदेश में केन्द्रीय जांच ब्यूरो के अनुरोध को अंशतः स्वीकार किया है और कहा है कि जांच करने वाली एजैंसियों को स्विट्जरलैंड के अधिकारियों की ओर से 25 व्यक्तियों की गवाही लेने तथा उनका बयान दर्ज करने की अनुमति दी जानी चाहिए । साथ ही सम्बद्ध दस्तावेजों का प्रस्तुतीकरण भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए ।

विमान दुर्घटना में 22 मरे

रियोडिजेनिरो (ब्राजील), 7 जून (ए.पी.): ब्राजील में पूर्वी अमेजन के निकट कल जो यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था उसमें सवार 42 में से 22 यात्रियों के मरने की पुष्टि हो चुकी है ।

जमायते इस्लामी का अध्यक्ष गिरफ्तार, गोलियों से छलनी 3 शव मिले : 7 सुरक्षा कर्मी घायल

जम्मू, 7 जून (वार्ता, प.स.): श्रीनगर से 52 कि.मी. दूर अनन्तनाग नगर में जमायते इस्लामी के अध्यक्ष को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा उग्रवादियों ने विभिन्न हमलों में सुरक्षा बलों के 7 जवानों को घायल कर दिया । इसी दौरान श्रीनगर में 12 घंटे तथा अन्य क्षेत्रों में विविधत् अवधिकाल के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई ।

काज़ी निसार गिरफ्तार : जमायते इस्लामी के अध्यक्ष काज़ी निसार को आज श्रीनगर से 52 कि.मी. दूर अनन्तनाग नगर में उनके निवास स्थान से गिरफ्तार कर लिया गया है । जमायते इस्लामी मुस्लिम यूनाइटेड फ्रंट से अलग हुए गुटों में से एक है । काज़ी निसार खुद को दक्षिणी कश्मीर का मीरवायज़ कहते हैं ।

इसी बीच निसार की गिरफ्तारी के विरोध में अनन्तनाग में आज हड़ताल रही । हड़ताल के दौरान दुकानें तथा व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे और सड़कों पर वाहन भी नहीं चले ।

सी.आर.पी.एफ. के जवानों पर हमला, 4 घायल : उग्रवादियों ने आज प्रातः यहां कर्फ्यू में ढील की अवधि के दौरान प्रसिद्ध डल झील के निकट एक होटल पर हमला करके परिसर में स्नान कर रहे सी.आर.पी.एफ. के 4 जवानों को गोलियां मार कर घायल कर दिया ।

आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार घायल जवानों की स्थिति गम्भीर बताई जाती है ।

3 अन्य जवान घायल : उग्रवादियों ने कल रात कर्फ्यू के दौरान डल गेट क्षेत्र में एक बंकर पर हथगोला फैंक कर सुरक्षा बल के 3 अन्य जवानों को घायल कर दिया ।

कर्फ्यू स्थिति : श्रीनगर में आज प्रातः 7 बजे से 12 घंटे के लिए तथा घाटी के अन्य क्षेत्रों में विविध अवधिकाल के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई ।

2 उग्रवादी मारे गए : आज सायं पुंछ सैक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर एक मुठभेड़ में दो उग्रवादी मारे गए ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)



पंजाब के मुख्य सचिव श्री एस.एल. कपूर इंस्टीच्यूशनल फाइनांस एण्ड बैंकिंग की राज्य स्तरीय तालमेल समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए । चित्र में उद्योग एवं लोक सम्पर्क के वित्तायुक्त श्री टी.के.ए. नायर भी दिखाई दे रहे हैं ।

पाक द्वारा भारत को विदेश सचिव वार्ता का सुझाव

इस्लामाबाद, 7 जून (डी.पी.ए.): पाकिस्तान ने । सरकार को कुछ और सुझाव दिए हैं । इनमें आपसी

स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के वेतनमान संशोधित

चंडीगढ़, 7 जून (वि.प्र.): वेतन विसंगतियां दूर की जाने के लिए पांचवीं समिति की सिफारिशों पर विचार करने के बाद पंजाब सरकार ने पंजाब स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की कुछ श्रेणियों के वेतनमान संशोधित किये हैं । इस आशय का निर्णय राज्यपाल परिषद की बैठक में लिया गया ।

मुख्य सचिव श्री एस.एल. कपूर ने यह रहस्योद्घाटन करते हुए कहा कि चीफ फार्मासिस्टों के पदों की संख्या 137 से बढ़ा कर 250 करने का निर्णय लिया गया है । इनमें से 50 पद, 2000-3500 रु. के ग्रेड में होंगे तथा शेष पद 1800-3200 रु. के वेतनमान में होंगे । फार्मासिस्टों के 50% पदों को 1640-2925 रुपये का सीनियर स्केल देने का फैसला किया गया है । फार्मासिस्टों द्वारा ड्रैसिंग/इंजैक्शन के लिए प्राइवेट रोगियों से चार्ज किये जाने वाले शुल्क के रेट 1 से 5 रुपये तथा 2 से 10 रुपए क्रमशः रात व दिन के लिए कर दिये गये हैं । जेलों व अन्य अस्पतालों में कार्यरत होंगे । आर्टिस्टस मोडैलर/असिस्टैंट-कम-मोडैलर के पदों का पचास प्रतिशत 2000-3500 रु. के वेतनमान में रखा गया है तथा इसका पदनाम सीनियर मोडैलर्ज होगा । मैडीकल सोशल वर्कर, टी.वी. सोशल वर्कर तथा सोशल वर्कर को 1800-3200 का संशोधित वेतनमान दिया गया है ।

इसी प्रकार डिप्टी मास एजुकेशन एंड इन्फर्मेशन आफिसर का वेतनमान 1800-3000 रु. तक बढ़ा दिया गया है । डिस्ट्रिक्ट मास मीडिया एंड इन्फर्मेशन आफिसर्ज को 2000-3500 रु. का संशोधित वेतनमान दिया गया है । गवर्नमैंट एनैलिस्ट का वेतनमान 1.1.1978 से 945-1775 रु. तथा 1.1.1986 से 2400-4000 रु. होगा । सीनियर हैमाटालोजी असिस्टैंट का वेतनमान 1640-2925 रु. होगा । नर्सिंग स्टाफ के डाइट अलाऊंस का रेट 3 से बढ़ा कर 5 रुपये कर दिया गया है । इसी प्रकार आग्जिलरी नर्स मिडवाइव्ज/लेडी हैल्थ विजीटर्स के डाइट भत्ते की जाएंगे । मनोरोग अस्पतालों में वार्डरों को 50 रु. विशेष भत्ता दिया जाएगा । वार्ड सुपरवाइज़रों तथा सब ओवरसियरों को मनोरोग अस्पताल में 75 रुपए मासिक विशेष भत्ता दिया जाएगा ।

मल्टी पर्पज़ वर्कर्स (पुरुष व महिला) जिनमें शामिल हैं बेसिक हैल्थ वर्कर्स, वैक्सीनेटर्स, फैमिली प्लानिंग फील्ड वर्कर्स, बी.सी.जी. टैक्नीशियन तथा आग्जिलरी मिडवाइव्ज़, इन्हें 950-1800 रु. के वेतनमान में 1000/- का प्रारम्भिक वेतन दिया जाएगा तथा 50 प्रतिशत पद 1350-2400 के वेतनमान में रखे जाएंगे । लैबोरेटरी असिस्टैंट ग्रेड-II को 950-1800 के वेतनमान में शुरू में 1000 रु. मिलेंगे । 1200-2100 रु. के वेतनमान में रेडियोग्राफरों के 40 प्रतिशत को 1410-2460 रु. के वेतनमान में सीनियर स्केल रेडियोग्राफर के रूप में पदोन्नत किया जाएगा । लैबोरेटरी असिस्टैंटों (ग्रेड-I) लैबोरेटरी टैक्नीशियनों लैबोरेटरी टैक्नीशियनों के वर्तमान 17 पद शामिल होंगे ।

लेडी हैल्थ विजीटर्स तथा मल्टी पर्पज सुपरवाइजरों के पदों का पचास प्रतिशत, जिनमें सैनीटरी इंस्पैक्टर, सीनियर सैनीटरी इंस्पैक्टर तथा सीनियर मलेरिया इंस्पैक्टर शामिल हैं, 1640-2925 रु. के वेतनमान में रखा जाएगा । स्टाफ नर्सों के 50 प्रतिशत पदों को 1640-2925 का वेतनमान दिया गया है । हैल्थ सुपरवाइजर असिस्टैंट यूनिट आफिसर को 1640-2925 रु. का वेतनमान दिया गया है । 680-1120 रु. के पुराने वेतनमान में पब्लिक हैल्थ नर्सों को 1640-2925 का वेतनमान दिया गया है ।

असिस्टैंट सुपरिंटैंडैंट तथा सुपरिंटैंडैंट आफ पंजाब हैल्थ स्कूल अमृतसर के वेतनमान क्रमशः 1500-2640 तथा 2100-3700 कर दिए गए हैं । डिप्टी डायरैक्टर स्टैटिस्टिक्स को डिप्टी इकनामिक एंड स्टैटिस्टिकल एडवाइजर का अर्थात्



कराची के पास बुधवार को फैक्टरी वर्करों की एक बस पर घात लगाकर किए गए हमले में लोगों के शवों को उठाकर ले जाया जा रहा है । (छाया : प्रैट.

राम जन्म भूमि विवाद के हल

6 सुरक्षा चौकियों पर राकेटों व राइफलों से हमले, लुधियाना में सब्ज़ी और दूध गिरा दिया : बंद के दौरान जनजीवन प्रभावित : गुट संघर्ष में 2 आतंकवादी मरे

अमृतसर (सोनी): विभिन्न उग्रवादी संगठनों ने 7 जून को 'पंजाब बंद' का जो आह्वान किया था, उसे सफल बनाने के लिए अमृतसर जिले में उग्रवादी गत रात काफी सक्रिय रहे तथा जिले में विभिन्न स्थानों पर बम विस्फोट करके रेल पटरियों को उड़ा दिया गया । अमृतसर-जालन्धर सड़क मार्ग पर स्थान-स्थान पर वृक्ष काट कर फैंके गए और उसके साथ बम भी फिट किए गए ताकि इन अवरोधों को हटाने की प्रक्रिया में बम धमाके हों ।

जिला मुख्यालय में प्राप्त जानकारी के अनुसार अमृतसर-जालन्धर, अमृतसर-खेमकरण और अमृतसर-पठानकोट सैक्शनों पर आतंकवादियों ने व्यापक स्तर पर बम धमाके करके कई स्थानों पर रेल पटरियां उड़ा दीं, जिससे अमृतसर से आज दोपहर तक उक्त तीनों सैक्शनों के लिए न तो कोई गाड़ी रवाना हो सकी और न ही कोई गाड़ी अमृतसर पहुंच सकी ।

प्राप्त सूचनाओं के अनुसार दोपहर 12 बजे के बाद ही अमृतसर से तीन गाड़ियां रवाना की गईं । इनमें दीनबन्धु गाड़ी 12.5 बजे, दादर एक्सप्रेस 12.30 बजे और प्लाइंग मेल दोपहर 1 बजे रवाना हुई जबकि रद्द की गई गाड़ियों में अमृतसर-लुधियाना शटल गाड़ी और 334 पैसेंजर ट्रेन भी थीं शामिल हैं ।

सूचनाओं में बताया गया है कि अमृतसर-जालन्धर सैक्शन पर आतंकवादियों ने बुटारी रेलवे स्टेशन के नजदीक गांव मत्तेपर से गुजरने वाली रेल-लाइन को धमाका करके उड़ा दिया । एक सूचना के अनुसार आतंकवादियों ने धमाके करके अमृतसर-जालन्धर को आने-जाने वाली तीनों लाइनें उड़ा दीं । इससे इस मुख्य मार्ग पर अब दोपहर तक यातायात अवरुद्ध रहा । अमृतसर-पठानकोट सैक्शन पर भी कत्थूनंगल के नजदीक आतंकवादियों ने धमाका करके रेल लाइन उड़ा दी । इसी प्रकार अमृतसर-खेमकरण सैक्शन पर भी गांव उन्डोकी सरहाली और पट्टी के मध्य तीन स्थानों पर धमाके करके रेल लाइन को क्षतिग्रस्त किया गया, जिससे इस सैक्शन पर रेल यातायात सारा दिन अवरुद्ध रहा ।

जिला मुख्यालय में पहुंची एक अन्य सूचना के अनुसार अमृतसर-जालन्धर राज मार्ग पर ब्यास के निकट गांव थोथियां के नजदीक आतंकवादियों ने सड़क यातायात अवरुद्ध करने के उद्देश्य से वृक्ष व वृक्षों को काट कर सड़क पर फैंकी हुई थीं । बताया गया है कि इन अवरोधों को दूर करने के लिए आज

थाने पर हमला, दो मरे : अमृतसर से 'प.स.' के अनुसार तरनतारन पुलिस जिले के सरहाली थाने पर कल रात आतंकवादियों ने हमला किया, जिसमें पंजाब पुलिस के एक हैड-कांस्टेबल इकबाल सिंह तथा सी.आर.पी.एफ. के एक जवान बलवीर सिंह की मृत्यु हो गई और थाना प्रभारी श्री



दयाल नगर जालंधर में बधवार की रात को कुछ अज्ञात युवकों ने सिगरेट-बीड़ी का खोखा जला दिया । (छाया : कपूर)

आतंकवादियों ने हमला किया, जिसमें एस.पी.डी. श्री गजेन्द्र सिंह की मृत्यु हो गई । इस वारदात में दो सुरक्षा कर्मी बाल-बाल बच गए ।

सुरक्षा चौकियों पर हमले : आतंकवादियों ने पट्टी में सी.आर.पी. शिविर पर गत्रेटों से हमला किया । हरिके, ग्रब्बात तथा अमरकोट में भी पुलिस स्टेशनों पर आतंकवादियों ने गत्रेट फैंके, जिससे बिल्डिंगों को भारी नुकसान पहुंचा ।

बताया जाता है कि आतंकवादियों ने उक्त सुरक्षा चौकियों पर गत्रेटों के अलावा लाइट मशीनगनों तथा ए.के. 47 राइफलों से भी हमले किए ।

सुरक्षा कर्मी समेत दो की हत्या : अमृतसर से सोनी के अनुसार पट्टी थाने के अंतर्गत आने वाले गांव कोट बड्डा में आतंकवादियों ने रात एक बजे फायरिंग करके एक पुलिस कांस्टेबल दारा सिंह तथा एक ग्रामीण हीरा सिंह की हत्या कर दी ।









आतंकवादी संगठनों के आह्वान पर दीवार को हुए पंजाब बंद के दौरान सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया । (1) अमृतसर में सुनसान पड़ा बस स्टैंड और उसका बंद गेट, (2) रेल पटरियों पर खत्त लगाते हुए सुरक्षा बलों के जवान (छाया : रवि भंडारी), (3) जालन्धर-अमृतसर रेल खंड पर टांगरा और बटाली स्टेशनों के बीच आतंकवादियों द्वारा बम विस्फोट से तोड़ दी गई रेल पटरी (छाया : फौजी), (4) फगवाड़ा के पास तोड़ी गई रेल पटरी । (छाया : अशोक)

कश्मीर सौर (32) व पिता जोगिन्दर सिंह (55) की हत्या कर दी ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफल का प्रयोग किया था तथा घटनास्थल से 18 खाली हुए कारतूस भी मिले हैं । बलदेव सिंह आजकल थाना फतेहगढ़ चूड़ियां में तैनात है ।

बम विस्फोट का घायल चल बसा : गत दिवस थाना सिटी बटाला के बाहर हुए बम विस्फोट में घायल दीपक कुमार (10) की गत रात्रि मृत्यु हो गई । वह चौथी कक्षा का छात्र था ।

उल्लेखनीय है कि उसके पिता रमणजीत की भी आतंकवादियों ने कुछ अर्सा पूर्व हत्या कर दी थी । यह लोग गांव मनालियां से पलायन करके यहां आए थे ।

अपहृत व्यक्ति की हत्या : आतंकवादियों ने बटाला के नजदीक गांव से लखबीर सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी । तीन दिन पहले लखबीर सिंह का अपहरण कर लिया गया था ।

रेलवे स्टेशन पर हमला : आतंकवादियों ने आज तड़के फरीदकोट जिले में जीत गिल रेलवे स्टेशन पर हमला किया । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर आतंकवादी भाग गए । इस वारदात में कोई घायल नहीं हुआ ।

गोदामों को आग लगाने का प्रयास : आतंकवादियों ने रोपड़ जिले की बाहरी सीमा पर भारतीय खाद्य निगम के गोदामों में आज तड़के आग लगाने का असफल प्रयास किया ।

जालंधर (दल्ल): जालंधर शहर तथा निकटवर्ती कस्बों में आज लगभग पूर्ण बंद रहा । बैंक, सरकारी व अर्ध-सरकारी कार्यालय खुले रहे किन्तु बंद के कारण वहां आने-जाने वाले लोगों की संख्या बहुत कम थी । चाय, पान व हलवाइयों की दुकानें भी बंद रहीं । दूध व सब्ज़ियों की सप्लाई पर भी कुप्रभाव पड़ा ।

प्राईवेट बस सेवा तो पूरी तरह ठप्प रही । सरकारी बस सेवा भी नाम मात्र थी । जालंधर बस अड्डा से दोपहर तक सुरक्षा प्रबंधों के साथ केवल 30 बसें ही निकल पाई थीं, जो चंडीगढ़, लुधियाना व होशियारपुर की ओर गई ।

खोखा जलाया : जालंधर (विक्रांत) कल रात कुछ अज्ञात युवकों ने स्थानीय दयाल नगर में एक सिगरेट का खोखा जला दिया । खोखे के मालिक शम्भू दयाल के अनुसार उसे आग का पता रात दो बजे चला । थाना में इसकी रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है ।

दो जगह रेल लाइनें उड़ा दीं : आतंकवादियों ने कल रात जालंधर क्षेत्र में नरमहल-गुमटली तथा बगा-खटकड़कला रेल सैक्शन पर दो स्थानों पर बम विस्फोटों से रेल लाइनें उड़ा दीं ।

लुधियाना (महेंद्रा, धीमान): पंजाब बंद के संदर्भ में यहां मुख्य बाजार पूर्ण तौर पर बंद रहे मगर कैंमिस्टों की दुकानें खुली थीं । औद्योगिक क्षेत्र में फैक्टरियों में काम होता रहा, मगर श्रमिकों की हाज़री कम थी । बसें बहुत कम चलीं । लुधियाना से चंडीगढ़, मोगा, मुक्तसर और जालंधर रूटों पर बहुत कम बसें पुलिस सुरक्षा में चलाई गईं । बाहर से चारा, दूध और सब्ज़ियां नहीं आईं । सब्ज़ी मंडी पूर्ण तौर पर बंद रही । मान अकाली दल और आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन से सम्बद्ध 158 वर्करों को जिला-भर में सुरक्षात्मक पग्गों के दृष्टिगत हिरासत में ले लिया गया । कुछ लोगों ने बाहर से दूध लाने की कोशिश की, मगर सिख छात्र संघ के वर्करों ने दूध नहीं लाने दिया । दूध बाहर ही गिरा

(शेष पृष्ठ 6 पर)

पनडुब्बी सौदे की जांच में सहयोग के लिए स्विस अधिकारियों को अनुरोध पत्र भेजने का आदेश

नई दिल्ली, 7 जून (वार्ता): दिल्ली की एक अदालत ने जर्मन पनडुब्बियों के सौदे की जांच में सहयोग के लिये स्विट्ज़रलैंड के अधिकारियों के पास अनुरोध पत्र भेजने का आदेश दिया है । स्विट्ज़रलैंड के अधिकारियों को यह अनुरोध पत्र कल भेजा जाएगा । अनुरोध पत्र भेजने का आदेश केंद्रीय जांच ब्यूरो के आग्रह पर दिया जा रहा है ।

विशेष न्यायाधीश लोकेश्वर प्रसाद ने आवश्यक दस्तावेज तैयार न होने के कारण आज अनुरोध पत्र जारी नहीं किया ।

अनुरोध पत्र न्यायाधीश लोकेश्वर प्रसाद के हस्ताक्षर से भेजा जाएगा । केंद्रीय जांच ब्यूरो के अधिकारियों का दल कल इस पत्र को लेकर स्विट्ज़रलैंड जाएगा ।

न्यायालय ने जांच एजैंसी के दो मुख्य अनुरोधों को स्वीकार करने से इन्कार कर दिया है ।

विशेष न्यायाधीश लोकेश्वर प्रसाद ने केंद्रीय जांच ब्यूरो के जिन दो अनुरोधों को स्वीकार करने से इन्कार किया है, उनमें से एक संदिग्ध अभियुक्तों की स्विट्ज़रलैंड की परिसम्पत्ति को जब्त करने और दूसरा उस देश में स्थित उनके परिवारों की तलाशी से संबंधित थे ।

न्यायाधीश ने अपने दस पृष्ठ के आदेश में केंद्रीय जांच ब्यूरो के अनुरोध को अंशत: स्वीकार किया है और कहा है कि जांच करने वाली एजैंसी को स्विट्ज़रलैंड के अधिकारियों की ओर से 25 व्यक्तियों की गवाही लेने तथा उनका बयान दर्ज करने की अनुमति दी जानी चाहिए । साथ ही सम्बद्ध दस्तावेजों का प्रस्तुतीकरण भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए ।

विमान दुर्घटना में 22 मरे

रियोडिजेनिरो (ब्राज़ील), 7 जून (ए.पी.): ब्राज़ील में पूर्वी अमेज़न के निकट कल जो यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था उसमें सवार 27 में से 22 यात्रियों के मरने की पुष्टि हो चुकी है ।

जमायते इस्लामी का अध्यक्ष गिरफ्तार, गोलियों से छलनी 3 शव मिले : 7 सुरक्षा कर्मी घायल

जम्मू, 7 जून (कर्ण, प.स.): श्रीनगर से 52 कि.मी. दूर अनन्तनाग नगर में जमायते इस्लामी के अध्यक्ष को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा उग्रवादियों ने विभिन्न हमलों में सुरक्षा बलों के 7 जवानों को घायल कर दिया । इसी दौरान श्रीनगर में 12 घंटे तथा अन्य क्षेत्रों में विभिन्न अवधिकाल के लिए कर्फ़्यू में ढील दी गई ।

काबी निसार गिरफ्तार : जमायते इस्लामी के अध्यक्ष काबी निसार को आज श्रीनगर से 52 कि.मी. दूर अनन्तनाग नगर में उनके निवास स्थान से गिरफ्तार कर लिया गया है । जमायते इस्लामी मुस्लिम यूनाइटेड फ्रंट में अलग हुए गुटों में से एक है । काबी निसार खुद को दक्षिणी कश्मीर का मीरवाइज कहते हैं ।

इसी बीच निसार की गिरफ्तारी के विरोध में अनन्तनाग में आज हड़ताल रही । हड़ताल के दौरान दुकानें तथा व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे और सड़कों पर वाहन भी नहीं चले ।

सी.आर.पी.एफ. के जवानों पर हमला, 4 घायल : उग्रवादियों ने आज प्रात: यहां कर्फ़्यू में ढील की अवधि के दौरान पंथिड इलैक्ट्रील के निकट एक होटल पर हमला करके परिसर में स्नान कर रहे सी.आर.पी.एफ. के 4 जवानों को गोलियां मार कर घायल कर दिया ।

आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार घायल जवानों की स्थिति गम्भीर बताई जाती है ।

3 अन्य जवान घायल : उग्रवादियों ने कल रात कर्फ़्यू के दौरान डल गेट क्षेत्र में एक बंकर पर हथगोला फैंक कर सुरक्षा बल के 3 अन्य जवानों को घायल कर दिया ।

कर्फ़्यू स्थिति : श्रीनगर में आज प्रात: 7 बजे से 12 घंटे के लिए तथा घाटी के अन्य क्षेत्रों में विविध अवधिकाल के लिए कर्फ़्यू में ढील दी गई ।

2 उग्रवादी मारे गए : आज साय पुंछ सैक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर एक मुठभेड़ में दो उग्रवादी मारे गए ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)



पंजाब के मुख्य सचिव श्री एस. एल. कपूर इंस्टीच्यूशनल फाइनांस एण्ड बैंकिंग की राज्य स्तरीय तालमेल समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए । चित्र में उद्योग एवं लोक सम्पर्क के वित्तायुक्त श्री टी.के.ए. नायर भी दिखाई दे रहे हैं ।

स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के वेतनमान संशोधित

चंडीगढ़, 7 जून (वि.प्र.): वेतन विसंगतियां दूर की जाने के लिए पांचवीं समिति की सिफारिशों पर विचार करने के बाद पंजाब सरकार ने पंजाब स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की कुछ श्रेणियों के वेतनमान संशोधित किये हैं । इस आशय का निर्णय राज्यपाल परिषद की बैठक में लिया गया ।

मुख्य सचिव श्री एस.एल. कपूर ने यह रहस्योद्घाटन करते हुए कहा कि चीफ फार्मासिस्टों के पदों की संख्या 137 से बढ़ा कर 250 करने का निर्णय लिया गया है । इनमें से 50 पद, 2000-3500 रु. के ग्रेड में होंगे तथा शेष पद 1800-3200 रु. के ग्रेड में होंगे । ऑपरेशन थियेटर असिस्टैंट-कम-मौटैलर के पदों का पचास प्रतिशत 2000-3500 रु. के वेतनमान में रखा गया है तथा इसका पदनाम सीनियर मोटैलर होगा । मैडीकल सोशल वर्कर, टी.बी. सोशल वर्कर तथा सोशल वर्कर को 1800-3200 रु. का संशोधित वेतनमान दिया गया है ।

इसी प्रकार डिप्टी मास एजुकेशन एंड इन्फर्मेशन आफिसर का वेतनमान 1800-3000 रु. तक बढ़ा दिया गया है । डिस्ट्रिक्ट मास मीडिया एंड इन्फर्मेशन आफिसर को 2000-3500 रु. का संशोधित वेतनमान दिया गया है ।

जो कर्मचारी 1640-2925 रु. के वेतनमान में हैं, उन्हें 1000/- रु. का प्रारंभिक वेतन दिया जाएगा तथा 50 प्रतिशत पद 1350-2400 के वेतनमान में रखे जाएंगे । मनोरोग अस्पतालों में वार्डरों को 50 रु. विशेष भत्ता दिया जाएगा । वार्ड सुपरवाइजरों तथा सब ओवरसियरों को मनोरोग अस्पताल में 75 रुपए मासिक विशेष भत्ता दिया जाएगा ।

मल्टी पर्पज वर्कर्स (पुरुष व महिला) जिनमें शामिल हैं बेसिक हैल्थ वर्कर्स, वैक्सीनेटर्स, फैमिली प्लानिंग फील्ड वर्कर्स, बी.सी.जी. टैक्नीशियन तथा आक्जिलरी मिडवाइव्ज, इन्हें 950-1800 रु. के वेतनमान में 1000/- का प्रारंभिक वेतन दिया जाएगा तथा 50 प्रतिशत पद 1350-2400 के वेतनमान में रखे जाएंगे ।

लैबोरेटरी टैक्नीशियनों के वर्गमान 17 पद शामिल होंगे ।

लेडी हैल्थ विजीटर्स तथा मल्टी पर्पज सुपरवाइजरों के पदों का पचास प्रतिशत, जिनमें सैनीटरी इन्सपैक्टर, सीनियर सैनीटरी इन्सपैक्टर तथा सीनियर मलेरिया इन्सपैक्टर शामिल हैं, 1640-2925 रु. के वेतनमान में रखा जाएगा । स्टाफ नर्सों के 50 प्रतिशत पदों को 1640-2925 का वेतनमान दिया गया है । हैल्थ सुपरवाइजर असिस्टैंट चीफ आफिसर को 1640-2925 रु. का वेतनमान दिया गया है । 680-1120 रु. के



Punjabi Sanrang

(6) दैनिक पंजाब केसरी, जालन्धर 8.6.1990

पंजाब बंद

(पृष्ठ 3 का शेष)

दिया । पान, सिगरेट व चाय की दुकानें और ढाबे तक बंद रहे ।

इस बीच शहर में बैंकों तथा सरकारी कार्यालयों में कार्य सामान्य रूप से चला । पुलिस प्रबंध कड़े थे । जिलाधीश श्री एस.एस. बराड़ तथा जिला पुलिस प्रमुख श्री परमजीत सिंह संधु ने बताया कि स्थिति पूर्णतः नियंत्रण में है ।

फगवाड़ा (अशोक, खोसला): आतंकवादियों ने आज तड़के फगवाड़ा-जालंधर रेल सैक्शन पर मेहरां के निकट बम विस्फोट से डेढ़ फुट रेलवे लाइन उड़ा दी । प्राप्त विवरण के अनुसार तीन हथियारबंद आतंकवादियों ने स्टेनगन की नोक पर रेलवे लाइन पर पैट्रोलिंग कर रहे दो गैंगमैनों सरवण कुमार व कृष्ण कुमार का अपहरण कर लिया व उन्हें निकटवर्ती खेतों में ले गए । वहां दो आतंकवादियों ने उन्हें गोली मार देने की धमकी देकर वहीं खड़े रहने को कहा व तीसरे आतंकवादी ने अप व डाऊन लाइनों पर बम फिट कर दिए । अप लाइन पर रखा बम चल नहीं सका जबकि डाऊन लाइन पर बम विस्फोट हो गया जिससे लाइन क्षतिग्रस्त हो गई । बम विस्फोट होते ही आतंकवादियों ने रेलवे गैंगमैनों को छोड़ दिया व भाग जाने को कहा । उन्होंने फगवाड़ा की तरफ भागते-भागते पायलट इंजन आता देख उसे पटाखा चुला कर रुकवाया व पीछे आ रही शालीमार एक्सप्रैस को फगवाड़ा स्टेशन पर रुकवाने के लिए भागे । घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय स्टेशन अधीक्षक स. स्वर्ण सिंह, पुलिस अधिकारी व स्थानीय एस.डी.एम. स. कुलबीर सिंह घटनास्थल पर पहुंच गए । आज प्रातः अप लाइन पर पड़े बम को नकारा कर रेलवे अधिकारियों ने फगवाड़ा स्टेशन पर खड़ी शालीमार एक्सप्रैस को प्रातः 7.05 बजे गंतव्य स्थल के लिए रवाना किया व अप लाइन पर 6 घंटे बाद रेलवे यातायात सामान्य रूप से चला ।

रेलवे अधिकारियों ने पूरे पंजाब में सतर्कता के आदेश जारी किये हैं । विभिन्न महत्वपूर्ण स्टेशनों पर सिविल व पुलिस प्रशासन से संबंध बनाये रखने हेतु वायरलैस सैट लगाये गये हैं ताकि आपातकाल में तत्काल निर्णय लिये जा सकें । इसी मध्य प्रशासन ने आज सभी लिंक सड़कों पर बस सेवा निलम्बित रखी जबकि मुख्य मार्गों पर भी इक्का-दुक्का वाहन ही चल सके । फगवाड़ा व इसके आसपास के क्षेत्रों में दुकानें व व्यापारिक स्थान भी बंद रहे ।

कपूरथला (शर्मा): आज यहां बंद के दौरान आम जनजीवन प्रभावित हुआ । दुकानें और व्यापारिक संस्थान बंद रहे । दूध, सब्जियां, फल व चारा आदि भी शहर में उपलब्ध नहीं हो सका ।

'कौड़ा' के अनुसार डी.आई.जी. रेलवे श्री एस.सी. जैन ने आज फगवाड़ा रेलवे स्टेशन पर इस सम्वाददाता से भेंट वार्ता में कहा कि सुरक्षा बलों ने पंजाब में यात्री ट्रेनों के सामान्य चलन के कड़े सुरक्षा प्रबन्ध किए हैं । उन्होंने बताया कि आतंकवादियों द्वारा राज्य में रेलवे लाइनों पर विभिन्न बम विस्फोटों के बावजूद मुख्य रेलवे लाइन व फिरोज़पुर-भटिंडा, जालन्धर-पठानकोट-जम्मू सैक्शन पर यात्री ट्रेनों का सामान्य चलन जारी है । श्री जैन ने बताया कि लगभग तीन हजार अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों को आज "पंजाब बंद" के दौरान रेलवे लाइनों व रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा के लिए लगाया गया ।

फगवाड़ा पुलिस द्वारा पंजाब बंद के दृष्टिगत अकाली दल (मान) नेता गुरबख्श सिंह सेठी सहित सभी हिरासत में लिए नौजवानों को आज रात रिहा कर दिया गया । रिहाई के उपरांत श्री सेठी ने पूर्ण फगवाड़ा बंद के लिए लोगों का धन्यवाद किया ।

गुट संघर्ष में 1 आतंकवादी मरा : आतंकवादियों ने कपूरथला जिला के गांव लखन खोले में ट्यूबवैल पर बैठे अपने ही एक साथी बंता सिंह को कल रात साढ़े नौ बजे के लगभग गोली से उड़ा दिया । जिला पुलिस प्रमुख ने बताया कि मृतक के विरुद्ध आधी दर्जन से अधिक मामले थे । वह लखन के पड़े गांव के दर्दांत आतंकवादी जसपाल सिंह उर्फ पाला का साथी था ।

विस्फोट से रेल लाइन उड़ा दी : आतंकवादियों ने लुधियाना-अम्बाला सैक्शन पर ढंडारीकलां के निकट बम विस्फोट से दो फुट रेल लाइन उड़ा दी । इससे रेल यातायात प्रभावित हुआ ।

होशियारपुर (अश्विनी): होशियारपुर नगर में पंजाब बंद का प्रभाव आंशिक रहा । स्थानीय बस स्टैंड से पंजाब रोडवेज की कुछ बसें विभिन्न स्थानों के लिए चलीं । प्राइवेट बस सेवा पूरी तरह बंद थी । सिनेमा घर बंद रहे जबकि पैट्रोल पम्प खुले थे । आवश्यक सेवाएं भी जारी रहीं । एस.एस.पी. श्री आर.एस. उप्पल व ए.डी.सी. श्री सुरजीत सिंह राजपूत ने बताया कि जिला भर में स्थिति पूरी तरह शांतिपूर्ण व नियंत्रण में है । बंद का सर्वाधिक प्रभाव टांडा, दसूहा, माहिलपुर, गढ़शंकर, बलाचौर व गढ़दीवाला क्षेत्रों में रहा । तलवाड़ा, हाजीपुर, मुकेरियां व हरयाणा में बंद आंशिक था ।

होशियारपुर नगर में अंदरूनी भागों में अधिकांश दुकानें खुली रहीं जबकि नगर के बाहरी इलाकों में अधिकतर दुकानें बंद थीं ।

पटियाला (भूषण): यहां पर पंजाब बंद के दिए गए आह्वान का मिला-जुला प्रभाव रहा । आर्य समाज चौक क्षेत्र, ढाक बाजार, किताब बाजार, गुड़ मंडी आदि महत्वपूर्ण व्यापारिक केंद्रों में सामान्य रूप से कामकाज हुआ, लेकिन नगर के शेष भाग बंद रहे ।

पुलिस ने बंद के सिलसिले में अकाली दल (मान) तथा अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के 4 कार्यकर्त्ताओं को गिरफ्तार कर लिया । पातड़ां में अकाली दल (ब) और , अकाली दल (मान) के कार्यकर्त्ताओं ने लगभग आधे घंटे तक सड़क पर धरना देकर रास्ता रोके रखा । छात्र संघ के कार्यकर्त्ताओं ने गांव चक्क के निकट सड़क पर बाधाएं खड़ी करके रास्ता बंद कर दिया । बाद में पुलिस ने बाधाएं हटा कर रास्ता साफ किया ।

कल रात गुरुद्वारा नाभा साहिब के निकट बान-चंडीगढ़ सड़क पर ए.के. 47 राइफलों से लैस दो कारों तथा एक जिप्सी में सवार आतंकवादियों ने फायरिंग करके तीन ट्रकों की हवा निकाल दी । बाद में आतंकवादी फरार हो गए ।

टांडा (गुप्ता): टांडा, भोगपुर, गढ़दीवाला आदि में पूर्ण बंद रहा । कोई भी कामकाज नहीं हुआ लेकिन बैंक तथा सरकारी कार्यालय खुले हुए थे ।

नूरमहल (के.पी. सिंह): नूरमहल, तलवन, जंडियाला आदि कस्बों में पूर्ण बंद रहा । कोई भी कामकाज नहीं हुआ ।

नकोदर (गगन): नकोदर में पूर्ण रूप से बंद रहा और लोगों ने अपने कारोबार डर के कारण बंद रखे । सरकारी वैं गैर सरकारी ट्रांस्पोर्ट सड़क पर दिखाई नहीं दी । दोपहर के बाद लोगों ने अपनी दुकानें खोलने का सिलसिला जारी कर दिया । कुल मिला कर बंद शांतिपूर्ण रहा ।

करतारपुर (देवदत्त) : यहां पर पूर्ण बंद रहा । सभी दुकानें बंद रहीं । बसें भी नहीं चलीं ।

516 लोग हिरासत में : चंडीगढ़ से 'वि.प्र.' के अनुसार सरकारी तौर पर बताया गया है कि पंजाब में 'घल्लघारा सप्ताह' के सिलसिले में अब तक 516 लोगों को सुरक्षा कारणों के दृष्टिगत पुलिस हिरासत में लिया गया है । इनमें कई राजनीतिक नेता और सिख छात्र संघ के सक्रिय कार्यकर्त्ता भी शामिल हैं । हिरासत में लिए गए लोगों का विवरण इस प्रकार है : अमृतसर 44, भटिंडा 62, होशियारपुर 37, पटियाला 38, रोपड़ 17, लुधियाना 197, जालंधर 5, संगरूर 38, फरीदकोट 54 और कपूरथला 24 । सरकारी हल्कों से संकेत मिला है कि सम्भावना है कि इन लोगों को दो-तीन दिन के भीतर रिहा कर दिया जाए ।

रेल यातायात बहाल : रेलवे के एक अधिकृत प्रवक्ता ने बताया है कि रेल अधिकारियों ने प्रदेश में बम विस्फोट से क्षतिग्रस्त रेल लाइनों की युद्ध स्तर पर मुरम्मत की व्यवस्था की है । रेल लाइनों को ठीक करके अधिसंख्य गाड़ियों को ऐहतियात के तौर पर धीमी गति से चलाया जा रहा है । सावधानी के तौर पर आज शाखा लाइनों पर यात्री तथा अन्य गाड़ियां नहीं चलाई गईं । कई एक्सप्रैस तथा मेल गाड़ियां 2 से 6 घंटे तक की देरी से चल रही हैं । इस बीच पंजाब सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि बंद कई स्थानों पर पूर्ण रहा जबकि अन्य जगहों पर बंद का आंशिक असर रहा ।

एक घायल ने दम तोड़ा : चंडीगढ़ से 'संघी' के अनुसार यहां के सैक्टर 17 में स्थित सरकारी होटल 'शिवालिक व्यू' में कल दोपहर हुए बम विस्फोट में मरने वालों की संख्या 2 हो गई है । इस वारदात में गम्भीर रूप से घायल हुए होटल के एक अन्य कर्मचारी किशन चंद (25) की आज प्रातः पी.जी.आई. में मौत हो गई । एक कर्मचारी विपिन कुमार की कल घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई थी । इस वारदात में घायल हुए एक सुरक्षा गार्ड एस.एस. सैनी, जो कि पी.जी.आई. में उपचाराधीन है, की हालत अभी भी गम्भीर बनी हुई है ।

इस बीच होटल में फटे शक्तिशाली बम की किस्म का पता लगाने के लिए दिल्ली से भी विस्फोटक विशेषज्ञों की टीम यहां बुला ली गई है । प्रारम्भिक जांच के बाद यही बताया जा रहा है कि यह विस्फोट एयर कंडीशनिंग प्लांट की गैस लीक होने से नहीं बल्कि बम फटने से ही हुआ । जिस कमरे में बम फटा, उसमें रहने वाले युवक परविन्दर सिंह का अभी तक कुछ भी पता नहीं चल सका । पुलिस अब इस युवक की तलाश में है । विस्फोट के समय परविन्दर अपने कमरे में नहीं था तथा न ही वह होटल के नियमों के अनुरूप बाहर जाते समय अपने कमरे की चाबियां होटल के रिसैप्शन काऊंटर पर देकर गया ।

जमायते इस्लामी का अध्यक्ष

(पृष्ठ 3 का शेष)

3 की हत्या : गत रात से कश्मीर घाटी में उग्रवादियों द्वारा तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी गई है ।

आधिकारिक प्रवक्ता के अनुसार श्रीनगर के निचले क्षेत्र बुचपुरा क्रासिंग के निकट गोलियों से छलनी एक अज्ञात शव बरामद हुआ है ।

अनंतनाग कस्बे से भी आज प्रातः गोलियों से छलनी दो शव बरामद किए गए हैं । इनमें से एक की पहचान गुलाम मुहम्मद के रूप में हुई है ।

बम विस्फोट : अनंतनाग में ही एक बम विस्फोट के कारण एक मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया ।

उद्योगपति घायल : लालमंडी के एक उद्योगपति श्याम लाल को उग्रवादियों ने आज गोलियां मार कर घायल कर दिया ।

आधिकारिक प्रवक्ता के अनुसार उसे अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है, जहां उसकी हालत गम्भीर बताई जाती है ।

4 पाक प्रशिक्षित उग्रवादी काबू : घाटी में गत रात पांच कि.मी. की सुरक्षा पट्टी से 4 पाक प्रशिक्षित आतंकवादियों को काबू कर लिया गया है ।

हथियार बरामद : पुंछ से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पुलिस ने कई हथियार बरामद किए हैं, जिनमें दो क्लाश्निकोव राइफलें, 250 कारतूस, 14 हथगोले सुरनकोट तहसील में ख्वाजा गांव के एक उग्रवादी से मिले ।

8 इंका सांसदों को सम्मन : मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट हकीम मुहम्मद याकूब ने आठ प्रमुख कांग्रेस (इ) सांसदों को सम्मन भेज कर उन्हें 20 जून को अपनी अदालत में हाजिर होने का आदेश दिया है । यह सम्मन पत्रकार श्री मीराज द्वारा दायर आवेदन के आधार पर जारी किया गया है ।

श्री मीराज ने अपनी अर्जी में आरोप लगाया है कि उनकी अर्जी में उल्लिखित आठ सांसदों सहित 50 कांग्रेस (इ) सांसदों द्वारा हाल ही में जारी किए गए एक बयान से उनकी मानहानि हुई है ।

ये सम्मन पुलिस आयुक्त कांग्रेस (इ) अध्यक्ष श्री राजीव गांधी के माध्यम से इन सांसदों को तामील कराएंगे ।

वार्ता का सुझाव

(पृष्ठ 3 का शेष)

कराची : पाकिस्तान के सिंध प्रांत में शांति के बारे में सर्वदलीय सम्मेलन ने सरकार से आतंकवादियों के विरुद्ध सख्त और निष्पक्ष कार्रवाई करने का आह्वान किया है । लगभग 14 घंटे चला यह सम्मेलन कल देर रात समाप्त हुआ । इसमें देश भर के 22 राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया तथा सिंध प्रांत, विशेषकर कराची और हैदराबाद शहरों में हिंसा पर नियंत्रण पाने और शांति स्थापित करने के उपायों पर विचार किया गया । सम्मेलन में पारित एक प्रस्ताव में कानून तोड़ने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा गैर-कानूनी हथियार बरामद करने का सुझाव दिया गया क्योंकि जातीय संघर्षों के दौरान इन्हीं हथियारों का उपयोग किया जाता है ।

कराची और हैदराबाद की एक बड़ी राजनीतिक शक्ति मुहाजिर कौमी मूवमैंट तथा संयुक्त विपक्षी पार्टी ने इस सम्मेलन में हिस्सा नहीं लिया ।

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में हिंसा की घटनाओं में आज 4 व्यक्ति मारे गए ।

रक्षा बजट बढ़ा : विपक्ष के वाक आऊट के बीच आज भुट्टो सरकार ने दूसरा पूर्ण बजट पेश किया, जिसमें रक्षा पर 63.20 अरब रुपए व्यय किए जाएंगे । इस बार रक्षा आवंटन में 1989-90 के 61.90 अरब रुपए के संशोधित अनुमानों से 2.2 प्रतिशत अधिक राशि रखी गई है ।

For Sale

Reel Cores & Wrapper.
Contact immediately :
Hind Samachar Ltd.,
Civil Lines, Jalandhar.

क्लासीफाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 7.6.90, 54/- without trays, NECC Suggested Retail Price 7/30 Per Dozen.

नाम परिवर्तन

मैं, पी.एस. संधु, मकान नं. 894, सैक्टर 38-A, चंडीगढ़ ने अपनी लड़की नीतू सिंह का नाम बदल कर हरप्रीत कौर संधु रख लिया है ।

शिक्षा

R.M.P. Registration (सरकारी मान्य) 15 दिन में करवाएं । B.A.M.S./B.D.S. हेतु परामर्श करें । नियमावली हेतु 12 रु. भेजें । National Competitions Institute, 9/14, Sanjay Place Complex, Agra (U.P.)

बिना आठवीं मैट्रिक (पंजाब) गारंटिड, +2 (Science-Arts-Commerce) Direct B.A., B.Com., M.A./M.Com./M.Sc. One sitting LL.B. (Three years Professional), RMP 15 दिनों में करके BAMS करें । नियमावली 10 रु. मनीआर्डर द्वारा । सबसे पुराना कालेज । नालंदा कालेज, बाल्मीकि गेट, जालंधर शहर ।

LL.B (Professional) Last date 20.6.90 RMP Registration 15 दिनों में करवा कर एक वर्ष में B.A.M.S. करो । Diamond College Near Lal Rattan, Opp. P.N. Bank, Jalandhar.

आठवीं फेल Matric (Punjab) गारंटिड+2 (Direct) B.A./B.Com./M.A./M.Com./M.Sc. (One Sitting), LL.B. (3 years Professional) R.M.P. Registration 15 दिनों में करके B.A.M.S. करो, नियमावली 10/-. Diamond College, Near Lal Rattan, Opp. Punjab National Bank, Jalandhar.

RMP (Govt. Valid 15 days) Matric/+2/B.A./B.Com./B.Sc./M.A./M.Com./M.Sc./BAMS (one sitting) OT/LT/JBT/BTC/B.Ed./MBA. Examination Centre our College, LL.B. (Professional) Admission Guidance MBBS/BDS/BE/Polytechnic/D-Pharmacy/B-Pharmacy. Prospectus Rs. 10/-. Last date Near. Oxford College, 14, Mall Road, Model Town, Jalandhar. Ravindera College, Lado Wali Road, Near Phatak Sant Nagar, Jalandhar.


आज से :
चांद-लुधियाना,
(रोज़ाना
4 शो) ।
PASSION IN BOLDEST BEDROOM STORY
THE EAD GIRL
— AN EROTIC THRILLER —

तीर्थ यात्रा

15 जून बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमनोत्री, हरिद्वार, किराया 800/- मिले : सुमित यात्रा सहायक समिति, चौड़ी सड़क, लुधियाना, फोन : 20393, 34521.

जमीन/जायदाद/प्लाट

Original Booking Silveroaks Appartments Qutab Enclave, Near Delhi. Sale/Purchase of Property Delhi/Jalandhar. Dhir & Co. (Regd.), Mai Hiran Gate, Jalandhar. Phone : 75516.

सार्वजनिक सूचना

मैं, शीला देवी विधवा श्री अमरनाथ, 945, निरंकार मोहल्ला, गली नं. 7, लुधियाना, सूचित करती हूं कि मेरा लड़का विजय कुमार मेरे कहने से बाहर है, मैं उसे अपनी चल और अचल जायदाद से बेदखल करती हूं । जो कोई उसके साथ लेन-देन करेगा खुद जिम्मेवार होगा ।

गुमशुदा

हमारी फर्म मैसर्ज पिंडी पेंट स्टोर, अमृतसर के नाम जारीशुदा 100 ST XXII फार्म नं. P 227601 से P 227700 तक दिनांक 31.3.90 को कहीं गिर गए हैं, जिसे मिले हों निम्न पते पर पहुंचा दें, मेहरबानी होगी । उक्त फार्मों के किसी भी अवैध प्रयोग की हमारी फर्म जिम्मेवार न होगी । टी.आर. मेहरा, पिंडी पेंट स्टोर, कोर्ट रोड, अमृतसर ।

रोज़गार

मैट्रिक (10) पास, 16-25 वर्षीय लड़के/लड़कियां—नेवी, सेना, एयरफोर्स, बैंकों, रेलवे तथा 7000 क्लर्कों की पोस्टों संबंधी गाईडैंस प्रासपैक्टस और फार्म 35 रुपए मनिआर्डर भेज कर मंगवाएं : Advance Careers, 1095/8, Islamabad, Amritsar-143002. Telephone : 27446.

सरकारी नौकरी के इच्छुक लड़के, लड़कियां अपनी योग्यता, आयु के साथ फार्म/गाईडैंस हेतु 5 रुपए मनीआर्डर द्वारा भेजें । लक्ष्मी कमर्शियल कालेज, माडल टाऊन, पठानकोट ।

आवश्यकता

श्री सनातन धर्म सभा धूरी को पाठशाला मंदिर के लिए एक पढ़े-लिखे, अनुभवी वेदपाठी व मंदिर में पूजा-पाठ के लिए योग्य पुजारी की आवश्यकता है, साक्षात्कार के लिए 17 जून रविवार को सवेरे 11 बजे पाठशाला मंदिर में पहुंचें, सफर खर्चा अपना-अपना होगा । ओम प्रकाश बांसल प्रधान मंदिर विभाग सनातन धर्म सभा (रजि.) धूरी (पंजाब) ।

आवश्यकता है दो अनुभवी मोटरवाईंडर, कूलर/वाशिंग मशीन व मधानी फिटर/तुरन्त मिलें : United Enterprises (India), 63, Neela Mahal, Jalandhar.

Wanted M.A./M.Sc., B.A., B.Sc., B.Com. for teaching, two clerks and two peons. Either sex. See personally. Nalanda College, Balmiki Gate, Jalandhar.

Wanted two trained/experienced Nurses, Two Matric girls for Nursing Training. One Mali immediately. Pal Hospital, Partap Bagh, Jalandhar.


रामानंद सागर का सिल्वर जुबली शाही हंगामा


500 सप्ताह चलने के बाद
सुपरहिट गीतों के साथ
भोजपुरी रंगदार

'महाभारत' के दिल हिला देने वाले
ट्रिक सीन के बाद बाबू भाई मिस्त्री
पेश करते हैं एक और तहलका मचा देने वाले जबरदस्त सीन । हर एक

दो शेरों की टक्कर !
एक्शन से भरपूर म्यूज़िकल
शाहकार

एक बार फिर आपके शहर में
जनता की जोरदार मांग पर
आज से : लक्ष्मी-जालंधर में

सुरक्षा बलों से मुठभेड़ों में एक आतंकवादी, 6 पाक घुसपैठिए मारे गए

एक आतंकवादी गुट संघर्ष में मारा गया

अन्यत्र 6 हत्याएं, अमृतसर में बम विस्फोट से 6 घायल

चंडीगढ़, 8 जून (वार्ता): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान सीमा पर सुरक्षा कर्मियों के साथ मुठभेड़ में 6 पाक घुसपैठिये मारे गए । इस बीच उग्रवादियों ने 6 लोगों की हत्याएं कीं जबकि एक आतंकवादी भी मारा गया । अमृतसर शहर में एक बम फटने से 12 लोग घायल हुए ।

बम विस्फोट से 6 घायल : अमृतसर (वार्ता, प.स.) : आज दोपहर अमृतसर शहर में शास्त्री मार्कीट में बम विस्फोट से एक एस.पी.ओ. तथा महिला समेत 6 लोग घायल हो गए । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार एस.पी.ओ. बलवंत सिंह ने बाजार में एक बैंक के बाहर स्कूटर की टोकरी में बम पड़ा देखा । उसने शोर मचा दिया और कुछ ही क्षणों में भीड़भाड़ वाला उक्त बाजार खाली हो गया । इसके बाद उक्त एस.पी.ओ. ने स्वयं बम को नाकारा बनाने का प्रयास किया, जिस कारण विस्फोट हो गया। विस्फोट में उक्त एस.पी.ओ. व महिला समेत 6 लोग घायल हो गए । बम के छरे 15 से 20 मीटर के घेरे में जाकर गिरे । बताया जाता है कि बम बड़ा शक्तिशाली था और यदि एस.पी.ओ. शोर न मचाता तो कई लोगों की जानें जा सकती थीं ।

विस्फोट से लगभग एक दर्जन भवनों की खिड़कियों व दरवाजों के शीशे टूट गए । अनेक साइकिल व स्कूटर भी क्षतिग्रस्त हुए । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंच कर मौके का जायज़ा लिया ।

बम विस्फोट में घायल होने वाले पांच अन्य लोगों के नाम हैं— गोबिन्द राम, सुभाष चन्द्र, तरसेम कुमार, हरप्रीत सिंह तथा कौशल्या देवी । इन्हें गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है । अभी तक उक्त बम विस्फोट के संदर्भ में किसी को भी गिरफ्तार नहीं किया जा सका है ।



शास्त्री मार्कीट अमृतसर में बम विस्फोट से घायल हुए चार व्यक्ति । (छाया : रवि भंडारी)

मठभेड़ में 5 घुसपैठिये मरे : अमृतसर जिला के भिखीविंड सैक्टर की करना सीमा चौकी के पास बी.एस.एफ. जवानों के साथ मुठभेड़ में 5 पाकिस्तानी घुसपैठिये मारे गए । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार बी.एस.एफ. जवानों ने जब पांच संदिग्ध लोगों को पाकिस्तान की ओर से सीमा पार करके भारत में घुसने की कोशिश करते हुए देखा तो उन्हें चुनौती दी । इस पर घुसपैठियों ने फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा जवानों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर पांचों घुसपैठिये मारे गए ।

एक व्यक्ति की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के वल्टोहा क्षेत्र में आतंकवादियों ने तलविन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी ।

गोलीबारी में 1 मरा : मजीठा पुलिस जिले के खलचियां गांव के पास केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों तथा आतंकवादियों के बीच हुई गोलीबारी में फंसकर एक नागरिक मारा गया ।

एक और घुसपैठिया मरा : अमृतसर जिला में ही खेमकरण सैक्टर में बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में एक और पाक घुसपैठिया मारा गया ।

एक की हत्या : वल्टोहा पुलिस स्टेशन के अन्तर्गत आने वाले गांव महमूदपुरा में कल रात आतंकवादियों ने एक घर पर हमला करके श्री मक्खन सिंह की हत्या कर दी तथा उनकी पत्नी और पोती को गंभीर रूप से घायल कर दिया । एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार आतंकवादियों ने श्री मक्खन सिंह के घर पर राकेटों से भी हमला किया ।

एक और व्यक्ति की हत्या : मजीठा पुलिस जिला के थोबा गांव में आतंकवादियों ने कल रात चंचल सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी ।

गुट संघर्ष में 1 आतंकवादी मरा : तरनतारन जिले के खब्बे डोगरां गांव में आतंकवादियों ने आज अपने ही एक साथी पाल सिंह को गोली से उड़ा दिया । पुलिस के अनुसार भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान से सम्बद्ध एक आतंकवादी गिरोह ने पाल सिंह का उसके गांव बागड़िया से कल रात अपहरण कर लिया था । उक्त आतंकवादी गिरोह घटनास्थल पर एक चिट्ठी भी छोड़ गया है, जिसमें कहा गया है कि पाल सिंह महिलाओं से दुर्व्यवहार करता था तथा लाइसैंसी बंदूकें छीनता था ।

मुठभेड़ में 1 आतंकवादी मरा : कपूरथला (वार्ता) : जिला के नानावाल गांव में सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में कल रात एक आतंकवादी मारा गया । मृतक की अभी तक पहचान नहीं हुई ।

शव बरामद : फिरोज़पुर ज़िला के एक गांव से पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया है । मृतक की अभी तक पहचान नहीं हुई ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

(1) अमृतसर की शास्त्री मार्कीट में शुक्रवार को जहां बम विस्फोट हुआ, (2 से 4) विस्फोट से क्षतिग्रस्त दुकानें, (5) विस्फोट से क्षतिग्रस्त वाहन, (6) वह क्षतिग्रस्त स्कूटर जिसमें बम रखा गया था, (7) एस.एस.पी. श्री गुप्ता तथा अन्य अधिकारी घटनास्थल पर, (8) घटनास्थल पर विस्फोट से उड़े स्कूटर के एक पुर्ज़े को एक व्यक्ति इमारत की ऊपरी मंज़िल से नीचे फैंकता हुआ । (छाया : रवि भंडारी)



हिमाचल सरकार द्वारा स्थापित दरिद्र नारायण कोष में हिन्द समाचार 21000 रुपये के अंशदान का चैक पंजाब केसरी के शिमला स्थित खजूरिया मुख्यमंत्री श्री शांता कुमार को भेंट करते

भारत को पाक से इ

सचिव वार्ता करना

नई दिल्ली, 8 जून (वा., प.स.): भारत ने आज कश्मीर के मुद्दे पर तनाव दूर करने के लिए पाकिस्तान द्वारा सुझाई गई विदेश स्तर की इसी माह प्रस्तावित वार्ता की संभावना से इंकार कर दिया ।

विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने आज यहां इस बात से निराशा प्रकट की कि पाकिस्तान ने भारत-पाक सीमा पर तनाव दूर करने के लिए भारत के सात सूत्री शांति प्रस्ताव का पाकिस्तान ने कोई अनुकूल उत्तर नहीं दिया है ।

प्रवक्ता ने कहा कि दुर्भाग्य से पाकिस्तान का जवाब पूर्वाग्रहों से ग्रस्त है, जो निरुत्साहित करने वाला है । प्रवक्ता ने कहा कि फिर भी हम पाकिस्तान के जवाब पर गंभीरतापूर्वक विचार कर रहे हैं ।

प्रवक्ता ने कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव कम करने के उद्देश्य से भारत ने कुछ पहल की है और कुछ कदम उठाए हैं । हमारी नीयत पड़ौसी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाने की है ।

प्रवक्ता ने कहा कि हम चाहते हैं कि दोनों देशों के संबंधों पर जो काले भी अवसर मिले, दू सम्बन्ध सुधारने के लि

उन्होंने कहा कि में शांति एवं सुरक्षा और हम इस दिशा

एक अन्य प्रश्न राजस्थान की महाजन हट रही है ।

समझा जाता है कि इस बात पर ज़ोर दिय देशों के विदेश सचिवों और वास्तविक नियंत्र प्रेक्षक नियुक्त किए अंदरूनी मामलों और करना चाहता है । चाहता कि कोई अन्य दखल दे ।

श्री राम जन्म भूमि विवाद के

सरकार को और समय नहीं

नई दिल्ली, 8 जून (वार्ता): विश्व हिन्दू परिषद ने आज प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के सामने स्पष्ट कर दिया कि अयोध्या में श्री राम जन्म भूमि विवाद को हल करने के लिए अब सरकार को और समय नहीं दिया जाएगा और सरकार से कोई बातचीत नहीं की जाएगी । हरिद्वार में 23 और 24 जून को संत समागम में मंदिर का निर्माण प्रारम्भ करने की तिथि घोषित कर दी जाएगी ।

यह जानकारी प्रधानमंत्री से इस मामले पर लगभग डेढ़ घंटे की बातचीत के बाद श्रीराम जन्म भूमि यज्ञ समिति के अध्यक्ष एवं सांसद महंत अवैद्य नाथ और विश्व हिन्दू परिषद के महासचिव अशोक सिंहल ने यहां संवाददाताओं को दी । श्री सिंहल ने बताया कि बातचीत में प्रधानमंत्री ने स्वीकार किया कि पिछले चार महीने के निर्धारित समय में वह इस विवाद का समाधान ढूंढने में असफल रहे । इसका मुख्य कारण उनका और मंत्रियों की समिति का देश की अन्य समस्याओं में व्यस्त रहना रहा है ।

श्री सिंहल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अब इस मामले को गृहराज्यमंत्री सुबोध कांत सहाय की सहायता से स्वयं देखने की बात कही है । उनके सहयोग का स्वागत है। ने उनके सामने आज यह विषय उनके (प्रधा संतों के हाथ में चला

महंत अवैद्य नाथ भी स्पष्ट कर दिया किसी भी हालत में इनमें से एक है संत स कार्य आरम्भ करने के तिथि और दूसरी है

श्री सिंहल ने कहा मंदिर के स्थल को ले पर मंदिर का शिलान्य का सिंह द्वार बनना है मंदिर के गर्भ गृह में पूजा-अर्चना की जाती न्यायालय के विचाराधी उल्लेखनीय बात नहीं कि न्यायालय के माध्य सकता । जो लोग इ वास्तव में विवाद को चाहते हैं । उन्होंने कह अवधि में परिषद ने प्रधानमंत्री ने उसकी यज्ञ समिति के प्रतिनिधि के एक मंत्री श्री आजम द्वारिका पीठ के शंकरा प्रधानमंत्री का ध्यान आ कि हम धर्माचार्यों का

अनन्तनाग में उग्रवादियों द्वारा केन्द्रीय गृहमंत्री मुफ्ती मुहम्मद सईद के मामा की हत्या

जम्मू, 8 जून (वार्ता, प.स.): श्रीनगर से 40 कि.मी. दूर अनंतनाग जिले के बीजबहेड़ा क्षेत्र में

किसी ने भी अभी तक उनकी हत्या की जिम्मेदारी नहीं ली है ।

प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन स्टूडैंट्स लिबरेशन फ्रंट ने सरक्षा बलों पर इस हमले की जिम्मेदारी ली

सिलसिले में किए गए हैं ।

विद्युत विभाग के सचिव श्री नज़ीर अहमद को

घुसपैठिए मरे
(पृष्ठ 3 का शेष)

उग्रवादी जग्गी बंदी : जलालाबाद (मलिक) : गत रात्रि में यहां से 5 किलोमीटर दूर गांव चक सैडो के सेम नाले पर थाना सदर जलालाबाद पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक कख्यात व बी. श्रेणी के उग्रवादी जगदेव सिंह उर्फ जग्गी को गिरफ्तार कर लिया । यह उग्रवादी भटिंडा जिले के दयालपुर थाने के गांव पट्टालिया का रहने वाला है । जिला पुलिस प्रमुख श्री अनिल कुमार शर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि उक्त उग्रवादी रणजीत सिंह उर्फ टंडा के गिरोह का सदस्य है । इस गिरोह का सम्बन्ध खालिस्तान कमांडो फोर्स से है ।

श्री शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी कुछ समय पहले जिला फरीदकोट में हुई दो बैंक डकैतियों में भी शामिल था ।

श्री शर्मा ने बताया कि जिला फरीदकोट के गांव लोपोके में पड़ी बैंक डकैती में इन उग्रवादियों ने 3.85 लाख रुपए लूटे थे । इसी जिले में बैरोके गांव में हुई बैंक डकैती में भी 90 हजार रुपए लूटे । इन डकैतियों में यह उग्रवादी शामिल था ।

श्री शर्मा ने बताया कि इस उग्रवादी से एक चोरी का स्कूटर, 38 बोर का रिवाल्वर तथा 5 जिंदा कारतूस बरामद किए गए ।

बैंक लूटा : बटाला (कोछड़) : पुलिस जिला बटाला थाना सदर बटाला के क्षेत्र अच्चल साहिब स्थित केन्द्रीय सहकारी बैंक की ब्रांच से साइकिल सवार दो सशस्त्र उग्रवादी 16,833 रु. लूट कर फरार हो गए ।

खतरनाक आतंकवादी गिरफ्तार : संगरूर से 'गर्म' के अनुसार पुलिस ने एक खतरनाक आतंकवादी मेजर सिंह को गिरफ्तार किया है । उसके कब्जे से 1 पिस्तौल तथा विभिन्न बोर के लगभग 2 सौ कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

लूटपाट व फायरिंग : धूरी (सिंगला): दो आतंकवादियों ने सनाम के निकट राज कुमार नामक एक व्यक्ति से उसका स्कूटर तथा तीन सौ रुपए लूट लिए । एक अन्य वारदात में कुछ अज्ञात लोगों ने भीमसा गांव के निकट एक ट्रक रोकने का प्रयास किया । जब ट्रक नहीं रुका तो उस पर फायरिंग की गई । एक और घटना में कुछ अज्ञात लोगों ने मालेरकोटला के निकट रुड़की गांव में दो लोगों को गोली मार कर घायल कर दिया ।

पिस्तौल की नोक पर स्कूटर बदला : पटियाला (राज) : बनड़ के निकट तपले रोड पर आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर जगदीश नामक एक व्यक्ति से उसका नया बजाज चेतक स्कूटर छीन लिया तथा उसे अपना स्कूटर एच.एन.एक्स. 5756 देकर चले गए । आतंकवादियों ने उक्त स्कूटर भी कल किसी से छीना था । जगदीश अम्बाला से लौट रहा था ।

मोटर साइकिल छीना : चंडीगढ़ से 'सची' के अनुसार आज दोपहर यहां के सैक्टर 44 से 2 अज्ञात नवयुवकों, जिनकी उम्र 22 से 25 साल के बीच बताई जाती है, ने एक दुकानदार शाम लाल से पिस्तौल की नोक पर उसका मोटर साइकिल सी.एच.एल. 64 छीन लिया ।

बम की अफवाह : जालंधर (प.स.) : स्थानीय माई हीरां गेट क्षेत्र में आज शिव सेना की जालंधर इकाई के अध्यक्ष श्री रमेश की दुकान में बमनुमा वस्तु पड़ी मिली । सूचना मिलने पर पुलिस ने उक्त क्षेत्र की घेराबंदी कर ली और संदिग्ध वस्तु को वहां से हटाया । जांच करने पर वह बम नहीं, पुराना ट्रांजिस्टर निकला । इसके बाद लोगों ने चैन की सांस ली ।





फरीदकोट जिला में बाघापुराना के निकट आतंकवादियों के हाथों बुधवार रात को मारे गए सी.पी.आई. नेता श्री गुरदेव सिंह का शव तथा (नीचे) पंजाब होमगार्ड के मृतक जवान गुरसेवक सिंह का शव । (इनसैट) मृतकों की पुरानी तस्वीरें । (छाया : मित्तल)

दो स्थानों पर फायरिंग : लुधियाना : एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह के अनुसार आज सायं यहां कृषि विश्वविद्यालय के अधिकारी श्री सी.एल. मरवाहा सैर कर रहे थे कि दो आतंकवादी नीले रंग के स्कूटर पर आए तथा उन्हें गोली मार कर घायल कर गए । उन्हें दयानन्द अस्पताल में दाखिल किया गया है । एक अन्य वारदात में नछत्तर सिंह नामक एक व्यक्ति को साहब सिंह नामक एक व्यक्ति कथित रूप से गोली मार कर फरार हो गया ।

वर्मा पंजाब के नए राज्यपाल
(पृष्ठ 3 का शेष)

74 वर्षीय श्री वीरेन्द्र वर्मा का जन्म शामली (उत्तर प्रदेश) में 18 सितम्बर, 1916 को हुआ । उन्होंने मेरठ में शिक्षा प्राप्त की । श्री वर्मा 1950 से सक्रिय राजनीति में हैं । 1980 तक वह कांग्रेस पार्टी में थे । इस अवधि में उन्होंने जिला प्रदेश कांग्रेस से लेकर कांग्रेस महासमिति में अनेक पदों पर काम किया । श्री वर्मा 1959 में उत्तर प्रदेश में उपमंत्री और बाद में कैबिनेट मंत्री बने । उन्होंने गृह व कृषि सहित अनेक विभाग सम्भाले ।

श्री वर्मा 1967 से 1975 के बीच भारतीय गन्ना विकास परिषद के अध्यक्ष थे । श्री वर्मा लम्बे समय तक उत्तर प्रदेश विधानमंडल के दोनों सदनों के सदस्य रह चुके हैं । वे पहली बार अप्रैल 1980 में राज्यसभा के सदस्य बने और इसी वर्ष पुनः सदस्य चुने गए ।

मृदभाषी श्री वर्मा का 1940 में श्रीमती रामेश्वरी देवी से विवाह हुआ । उनके एक पुत्र और दो पुत्रियां हैं ।

भट्टाराई
(पृष्ठ 3 का शेष)

बातचीत, आपसी समझ-बूझ और शांतिपूर्ण उपायों से समाधान नहीं ढूंढा जा सके ।" उन्होंने कहा कि कई बार इस तरह की परिस्थितियां एक पक्ष के धैर्य और राजनीतिक समझ-बूझ की कठिन परीक्षा की घड़ी होती हैं ।

श्री भट्टाराई तीन दिन की सरकारी यात्रा पर यहां पहुंचे थे । श्री भट्टाराई ने हवाई अड्डे और बाद में राष्ट्रपति भवन में संवाददाताओं से कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उनकी यह यात्रा भारत और नेपाल के संबंधों को सुधारने में महत्वपूर्ण साबित होगी, जिनमें दो वर्ष पूर्व दरार पड़ गई थी ।

राष्ट्रपति भवन में आयोजित स्वागत समारोह में प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहा कि भारत और नेपाल के पास सभी बाधाओं को दूर करने के लिए राजनीतिक इच्छा शक्ति है । यह पूछे जाने पर कि क्या श्री भट्टाराई के साथ आज और कल की बातचीत के बाद कोई समस्या अनसुलझी रह पाएगी, श्री सिंह ने कहा "जब हल मिलते हैं तो समस्या नहीं रहती ।"

एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत सरकार श्री भट्टाराई की यात्रा को सद्भाव और मैत्री के नजरिये से देखती है ।

नेपाल के प्रधानमंत्री के साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी यहां आया है, जिसमें उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री साधना प्रधान और वित्तमंत्री देवेन्द्र राज पांडेय शामिल हैं । श्री भट्टाराई के यहां पहुंचने के तत्काल बाद श्री गुजराल ने उनके साथ भारत-नेपाल संबंधों के बारे में विस्तार से बातचीत की ।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री भट्टाराई और श्री सिंह के बीच आधिकारिक बातचीत आज दोपहर को हुई ।

राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन कल दोपहर में श्री भट्टाराई के सम्मान में भोज देंगे ।

काठमांडू से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान से पूर्व श्री भट्टाराई ने आज कहा कि नेपाल कश्मीर मसले का शांतिपूर्ण और सर्व-सम्मत समाधान खोजने का पक्षधर है । कश्मीर ऐसा मसला है, जिसे दोनों पक्षों को शांति और आपसी सहमति से सुलझाना चाहिए ।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री भट्टाराई ने कहा है कि भारत और नेपाल की प्रस्तावित वार्ता में अगर सुरक्षा का मामला उठा तो नेपाल उसे सफाई से बता देगा कि सुरक्षा के प्रति भारत की चिन्ता के बारे में उसका क्या दृष्टिकोण है ।

यह पूछे जाने पर कि क्या नेपाल चीन से दोस्ती की कीमत पर भारत के सुरक्षा हितों को वरीयता देगा । श्री भट्टाराई ने कहा, "नहीं, बिल्कुल नहीं । यह दोनों देशों (भारत और नेपाल) के संबंधों का मामला है और इसमें किसी तीसरे देश का सवाल ही नहीं, हम किसी तीसरे देश के बारे में बात नहीं करेंगे ।" चीनी हथियारों के बारे में नेपाली प्रधानमंत्री ने कहा, "क्योंकि मैं भारत जा रहा हूं, इस लिए भारत के प्रति मित्र भाव दर्शाने के लिए हमने चीनियों से कहा है कि वे हथियारों की आखरी खेप न भेजें । यों भी अधिकतर हथियार आ चुके हैं और सिर्फ 10 प्रतिशत आना बाकी था ।"

विदेशमंत्री इंद्र कुमार गुजराल ने हवाई अड्डे पर श्री भट्टाराई की अगवानी की ।

सईद के मामा की हत्या
(पृष्ठ 3 का शेष)

मुसलमान परिषद की कार्यकारिणी ने एक प्रस्ताव पारित कर श्री काजमी को भरपूर श्रद्धांजलि भेंट की ।

प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष प्रो. चमन लाल गुप्ता ने श्री काजमी को एक महान धर्मनिरपेक्ष राष्ट्रवादी व्यक्ति बताया है ।

सुरक्षा प्रबन्ध कड़े करने पर बल : शिव सेना ने सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा प्रबन्ध कड़े करने की आवश्यकता पर बल दिया है, जिससे सीमा पर होने वाली गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके ।

शिव सेना के अध्यक्ष श्री देविन्द्र कृष्ण शास्त्री ने कहा है कि डोडा, पुंछ तथा राजौरी जिलों के सैंकड़ों व्यक्ति सीमा पार करके पाकिस्तान चले गए हैं ताकि वे वहां उग्रवादी व विध्वंसक गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें ।

महासचिव श्री अशोक गुप्ता ने कहा कि इस समय भी दो दर्जन से अधिक शिक्षण संस्थान जमायते इस्लामी के नियंत्रण में ही चलाए जा रहे हैं, हालांकि पूर्व राज्यपाल ने उग्रवादी संगठनों द्वारा चलाए जा रहे स्कूलों के अधिग्रहण की घोषणा भी की थी ।

गला घोंट कर हत्या : सीमावर्ती कुपवाड़ा जिले में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति नूरुद्दीन खां की गला घोंट कर हत्या कर दी ।

पनडुब्बी सौदे में जांच के लिए भारत ने अनुरोध पत्र भेजा

नई दिल्ली, 8 जून (वार्ता) : भारत ने आज स्विस सरकार को एक पत्र भेजकर 465 करोड़ रुपए के पनडुब्बी सौदे में जांच के लिए सहयोग की मांग की है ।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार दिल्ली के विशेष जज श्री लोकेश्वर प्रसाद द्वारा यह पत्र जारी करने के पश्चात् राजनयिक प्रक्रिया द्वारा भेजा गया ।

सूत्रों के अनुसार इस मामले में छानबीन के लिए सी.बी.आई. का एक दल शीघ्र ही स्विटजरलैंड रवाना होगा ।

जज देसाई द्वारा त्यागपत्र

बम्बई, 8 जून (प.स.) : बम्बई उच्च न्यायालय के 125 वर्ष के इतिहास में आज एक अप्रत्याशित घटना उस समय हुई, जब वरिष्ठतम जज श्री एस.के. देसाई ने भ्रष्टाचार के आरोपों में घिर कर अपना त्यागपत्र दे दिया । इससे पूर्व उन्हें केरल तबदील कर दिया गया था ।

महाराष्ट्र सरकार के एडवोकेट जनरल श्री अरविन्द बोबादे ने राज्यपाल के नाम एक पत्र में हाल ही में आरोप लगाया था कि एक वकील सुश्री थेलमा मिनेज़ीस कोर्ट के मामलों में श्री देसाई के नाम पर कार्य कर रही है ।

श्री देसाई वर्ष 1970 से यहां जज थे ।

दलबदल विरोधी कानून में संशोधन का विधेयक मानसून सत्र में

नई दिल्ली, 8 जून (वार्ता): राष्ट्रीय मोर्चा सरकार पिछली कांग्रेस (इ) शासन में बनाए गए दलबदल विरोधी कानून में संशोधन के लिए संसद के आगामी मानसून सत्र में विधेयक लाएगी । विधिमंत्री दिनेश गोस्वामी ने आज यहां संवाददाताओं को बताया कि चुनाव सुधारों पर विचार के लिए गठित समिति द्वारा इस संबंध में दिए गए सुझावों का सरकार अध्ययन कर रही है ।

लड़की से बलात्कार

फाजिल्का, 8 जून (धर्म लूना) : निकटवर्ती गांव जंडवाला खड़ता में छिन्दरपाल नामक एक लड़की से उसी गांव के चरण सिंह नामक एक युवक द्वारा बलात्कार किए जाने का समाचार प्राप्त हुआ है । बताया जाता है कि युवक लड़की को उसके घर में अकेला पाकर घर में घुस गया तथा उसने लड़की को बांध कर उसके साथ बलात्कार किया । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

वी.पी. सिंह ही प्रधानमंत्री रहेंगे : देवी लाल

कड़प्पा (आंध्र प्रदेश), 8 जून (प.स.) : उप-प्रधानमंत्री श्री देवी लाल ने आज यहां कहा कि श्री वी.पी. सिंह ही प्रधानमंत्री रहेंगे तथा उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय मोर्चा सरकार सत्ता में रहेगी और देश की जनता की सेवा करती रहेगी ।

यहां एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए श्री देवी लाल ने कहा कि "आगामी 15 अगस्त को श्री वी.पी. सिंह ही दिल्ली में लाल किले पर झंडा फहराएंगे न कि मैं ।"







जालन्धर के अटारी बाज़ार में शुक्रवार की रात को (ऊपर) मै. सेठ राज किशन ओम प्रकाश की दुकान की लोग छत पर चढ़ कर आग बुझाते हुए (नीचे) दुकान

जालन्धर के अटारी ब आग, एक दुकान व ए

जालन्धर, 8 जून (बख्शिंदर): आज स्थानीय अटारी बाजार में सात के लगभग 8 बजे लगी आग से रबड़ की एक फैक्टरी "बैस्टन इंजीनियरिंग वर्क्स" तथा प्लास्टिक के खिलौनों की एक दुकान "सेठ राज किशन ओम प्रकाश" जल गई ।

इससे पूर्व कि आग और आगे बढ़ती, लोगों ने पास की तीन-चार कपड़े की दुकानें खाली कर दीं ।

घटना स्थल पर उपस्थित लोगों के अनुसार फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी 9 बजे आई, पर उसका इंजन न चल सका । फिर फायर ब्रिगेड की एक और गाड़ी आई परन्तु उसका इंजन भी न चल सका ।

उद्योगपति श्री शीतल बिज ने 7000 रुपए एकत्रित करके श्री रमेश चन्द्र स्मारक धर्मार्थ अस्पताल (रजि.) ट्रस्ट, जालधर के लिए हिन्द समाचार पत्र समूह के मुख्य सम्पादक श्री विजय चोपड़ा को भेंट किए । चित्र में (बाएं से) श्री शीतल बिज, श्री विजय चोपड़ा व श्री बृजेश चोपड़ा एडवोकेट ।

राष्ट्रपति मोर्चा सरकार की कार्य प्रणाली से क्षुब्ध

नई दिल्ली, 8 जून (जी.एस.चावला): राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन राष्ट्रीय मोर्चा सरकार के अव्यवस्थित ढंग से कार्य करने तथा पंजाब और लेकिन राष्ट्रपति वी.पी. सिंह को व्याकुल करने वाली देवी लाल की चालों की पूर्ण जानकारी रखे हुए हैं । राष्ट्रपति इस प्रकार की स्थिति में सीधे दखल नहीं दे

Punjab Kesari

क्लासीफाइड विज्ञापन

शिक्षा

गारंटी से मैट्रिक/मैट्रिक-इंटर पास सीधा बी.ए./ R.M.P. रजिस्ट्रेशन । गीता डिग्री कालेज, पीछे ITI,

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 8.6.90, 54/- without trays, NECC Suggested Retail Price 7/30 Per Dozen

आज ही स्थानीय पुस्तक विक्रेता से खरीदें

प्रीना कैमिकल वर्क्स
मिश्री बाजार, अमृतसर

आतंकवादियों द्वारा वाहनों पर हमलों में 4 मरे, 3 प्रवासी श्रमिकों सहित 10 की हत्या

अमृतसर जिले के 55 अन्य सीमावर्ती गांवों में रात का कर्फ्यू लगा

सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 2 आतंकवादी मरे

चंडीगढ़, 9 जून (वार्ता, प.स.): कल रात आतंकवादियों ने बाघा पुराना-मोगा सड़क पर अनेक वाहनों पर घात लगा कर हमला किया, जिससे 4 व्यक्ति मारे गए । कपूरथला के निकट सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 2 आतंकवादी मारे गए जबकि आतंकवादियों ने अन्यत्र पति-पत्नी, 3 प्रवासी श्रमिकों सहित 10 व्यक्तियों की हत्या कर दी । अमृतसर में 55 सीमांत गांवों में आज से रात्रि का कर्फ्यू लगा दिया गया है ।

वाहनों पर फायरिंग : 4 मरे : बाघा पुराना (ज्ञान मित्तल): गत रात आतंकवादियों द्वारा बाघा पुराना-मोगा जी.टी. रोड पर स्थित गांव चंदनवां के निकट 4 वाहनों पर घात लगा कर किए गए हमले में 4 व्यक्ति मारे गए तथा एक महिला और 2 बच्चों सहित 7 व्यक्ति घायल हो गए । यह घटना लगभग 10 बजे हुई ।

पुलिस के अनुसार आतंकवादियों, जिनकी संख्या 7-8 के लगभग थी ने सड़क के दोनों ओर से घात लगा कर हमले किए । आतंकवादियों ने सबसे पहले एक तेल टैंकर पर हमला किया जिससे उसका ड्राइवर नायब सिंह निवासी गांव दुनेके मारा गया तथा टैंकर बेकाबू होकर खेत में उलट गया । क्लीनर को भी मामूली चोट लगी । इसके पश्चात् आतंकवादियों ने दूसरी ओर से आ रही मारुति वैन पर फायरिंग की जिसमें पांच व्यक्ति सवार थे । इनमें से दो व्यक्ति जसपाल जोशी तथा वैन का ड्राइवर गुरसेवक सिंह मारे गए । शेष तीन व्यक्ति बाल-बाल बच गए । वैन खेत में उलट गई । वैन में सवार सभी व्यक्ति वैष्णो देवी से आ रहे थे तथा कोटकपूरा जा रहे थे । इसके पश्चात् आतंकवादियों ने एक अन्य वैन तथा एक कार पर अंधाधुंध फायरिंग की जिससे वैन का ड्राइवर हरबंस सिंह घायल हो गया तथा कार में बैठा मदन लाल घटनास्थल पर ही मारा गया । उसके साथ बैठे उसके परिवार के सदस्यों में से एक महिला निर्मला देवी (उसकी बहन) तथा 2 बच्चे अंजू बाला लड़की (10) तथा लड़का मनीष कुमार (5) घायल हो गए । सभी घायलों को लुधियाना के अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

मजदूरों ने भाग कर जान बचाई : घटनास्थल से कुछ दूर एक ट्यूबवैल पर कुछ प्रवासी मजदूर खाना बना रहे थे । अचानक एक गोली उनकी ओर चली जाने के कारण एक मजदूर महम देव घायल हो गया । इस पर शेष मजदूरों ने खेतों में भाग कर अपनी जान बचाई । आतंकवादी घटनास्थल पर लगभग आधा घंटा रहे ।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि आतंकवादियों के लक्ष्य पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी थे लेकिन वह कुछ समय पूर्व वहां से निकल चुके थे । इस घटना की सूचना वैन में सवार एक व्यक्ति ने लगभग एक घंटे बाद पैदल चल कर निकटवर्ती पुलिस चौकी में जाकर दी, आतंकवादी पुलिस के पहुंचने से पूर्व फरार हो गए ।

मारे गए चारों व्यक्तियों का पोस्टमार्टम करने के पश्चात् आज कोटकपूरा तथा बाघा पुराना में अंतिम संस्कार कर दिया गया । इस घटना के रोष स्वरूप आज बाघा पुराना में पूर्ण हड़ताल रही । पुलिस ने इस संबंध में पूछताछ के लिए कुछ व्यक्तियों को हिरासत में लिया है ।

दुर्दांत उग्रवादी पकड़ा गया : अमृतसर (सुभाष नारंग): थाना मेहता के अंतर्गत गांव राम दिवाली में सुरक्षा बलों ने आज रात्रि 4 व्यक्तियों को जब ललकारा तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी, जवाबी फायरिंग पर खतरनाक उग्रवादी बलविन्दर सिंह पकड़ लिया गया, जबकि 3 उग्रवादी भागने में सफल हो गए । गोली 15 मिनट चलती रही । घटनास्थल से कई खाली कारतूस बरामद हुए हैं । अभियुक्त के कब्जे से 30 बोर का रिवाल्वर और कारतूस मिले हैं ।

3 प्रवासी श्रमिकों की हत्या : आज रात्रि थाना लोपोके के गांव बुर्ज में उग्रवादियों ने खेतों में काम कर रहे 3 प्रवासी श्रमिकों की हत्या कर दी और फरार हो गए ।

उग्रवादियों की फायरिंग से कर्नल, डाक्टर घायल : अमृतसर से 'प.स.' के अनुसार सेना के एक कर्नल जे.एस. सहगल और एक चिकित्सक एस.के. कौशल आज उस समय गम्भीर रूप से घायल हो गए जब गुरदासपुर से जालन्धर जाते समय जी.टी. रोड पर रैय्या के निकट आतंकवादियों ने उनकी कार पर गोलियां चलाईं । पुलिस ने बताया कि मोटर साइकिल पर सवार दो आतंकवादियों ने कार का पीछा किया और आगे निकलने पर रुकने का इशारा किया । लेकिन कार के न रुकने पर उन्होंने गोलियां चला दीं, जिससे श्री सहगल और कौशल गम्भीर रूप से घायल हो गए । श्री सहगल और श्री कौशल को ब्यास में राधास्वामी अस्पताल में भर्ती कराया गया । बाद में उन्हें जालन्धर स्थित सैनिक अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया ।

55 अन्य गांवों में रात्रि कर्फ्यू : अमृतसर के जिला मैजिस्ट्रेट ने आज से भारत-पाक सीमा के साथ लगते 55 अन्य गांवों में रात्रि कर्फ्यू लगा दिया है । यह कर्फ्यू दो मास तक लागू रहेगा । यह कर्फ्यू रात 8 बजे से सुबह 4.30 बजे तक होगा । इससे खेमकरण, वल्टोहा, भिखीविंड, घरिंडा तथा लोपोके क्षेत्रों की सीमा पट्टी के लगभग सभी गांव इस कर्फ्यू के अंतर्गत आ गए हैं । यह कर्फ्यू अमृतसर जिले में भारत-पाक सीमा के साथ पांच सौ मीटर क्षेत्र में रात 6 बजे से सुबह 6 बजे तक पहले से लागू कर्फ्यू के अतिरिक्त होगा ।

जिन गांवों में आज से कर्फ्यू लगाया गया है, वे हैं—डोड, रसूलपुर, नौशहरा, हवेलियां, बुचर, चीमा खुर्द, चीमा कलां, नौशहरा ठुल्ला, चाहल, भैनी, राजपूतां, भरोपाल, दाचोके, राजातल, घलूवाला, मनावां, नेराला, रोड़ांवाला कलां, रोड़ांवाला खुर्द, खानगढ़, रतनखुर्द, रतनकलां, गुलाब शाह, धनोया खुर्द, पुलकांजरी, मोडे, मूलकोट, ओदाल, धारीवाल, मक्खनपुर, चक्क अल्लाह बख्श, रामकोट, पिंडोरी, रैनियां, कक्कड़, मंझ, लोधी गुज्जरां, धान मल्लाह, सैदपुर, धानाले, फतेहपुर, डंगटूट, वेरा, धान नूर मोहम्मद, पुंपस्ते, तुड़, भिंडी औलख खां, भिंडी औलख खुर्द, टवाना, घोघा, हशियानपुर सेवालपुर, शाह अलीवाल तथा शेख भट्टी ।

अपहृत लड़का छुड़ा लिया : कपूरथला से शर्मा के अनुसार जिला पुलिस ने आतंकवादियों पर भारी दबाव डालकर 22 मई की रात्रि को गांव फत्तूढींगा से अपहृत किए गए 9 वर्षीय लड़के विक्की पुत्र श्री राकेश कुमार को बरामद कर लिया है । अपहरणकर्त्ताओं ने 30 लाख रुपए फिरौती की मांग की थी । कपूरथला पुलिस की ओर से आतंकवादियों के विरुद्ध विशेष अभियान के कारण गत दिवस विक्की को गोइंदवाल साहिब के निकट छोड़ दिया गया । आतंकवादी इस लड़के को मंड तथा विभिन्न गांवों में लिए फिरते रहे । इससे पूर्व पुलिस ने भारी दबाव डालकर तलवंडी चौधिरियां से अपहृत श्री शृंगार चन्द तथा फरीद सराए से अपहृत श्री जगतार सिंह को भी छुड़ाने में सफलता पाई थी । श्री गोइंदवाल की एक फैक्टरी के अपहृत मैनेजर तथा सहायक मैनेजर को छुड़ाने में भी कपूरथला पुलिस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी । पुलिस के अनुसार विक्की का अपहरण मलकीयत सिंह उर्फ बिल्लू के गिरोह ने किया था ।

पत्र ज़ब्त : पाकिस्तान से एक आतंकवादी द्वारा लाए गए उस पत्र को ज़ब्त कर लिया गया है, जिसमें पंजाब के आतंकवादियों को यह निर्देश दिया गया था कि वे सरक्षा बलों के कार्यकलापों को कैसे ठप्प कर सकते हैं ।

मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए : कपूरथला जिले के ढिलवां थाने के वडोला गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो कुख्यात

(शेष पृष्ठ 10 पर)













बाघा पुराना के निकट चंदनवां गांव में उग्रवादियों की फायरिंग में (1) क्ष उल्टा हुआ तेल टैंकर, (3) वैन चालक सेवक सिंह का शव, (4) तेल टै का शव, (5) तथा मृतक मदन लाल (इनसैट में उसका पुराना चित्र, जोशी (छाया : ज्ञान

पुंछ के सीमावर्ती क्षेत्र में पाक प्रशिक्षित 2 विघटनकारी घुसपैठिए मुठभेड़ में मारे गए

जम्मू, 9 जून (वार्ता, प.स.): श्रीनगर में आज 13 घंटे व घाटी के विभिन्न क्षेत्रों में विविध अवधिकाल के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई । पुंछ के सीमावर्ती क्षेत्र में दो पाक प्रशिक्षित विघटनकारी घुसपैठिए सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारे गए, जबकि एक अन्य विघटनकारी की पुलिस हिरासत में मृत्यु हो गई । दूसरी तरफ केंद्रीय गृह मंत्री ने आज राज्य के उच्चाधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की ।

दो विघटनकारी घुसपैठिए मुठभेड़ में मरे : पुंछ के सीमावर्ती क्षेत्र में कल हुई एक मुठभेड़ में पाक प्रशिक्षित दो विघटनकारी घुसपैठिए मारे गए ।

यह विघटनकारी घुसपैठिए जब सीमा पार कर भारतीय क्षेत्र में आने की कोशिश कर रहे थे तो कल सुरक्षा बलों ने उन्हें चुनौती दी जिस पर उन विघटनकारियों ने गोली चला दी । सुरक्षा बलों द्वारा की जवाबी फायरिंग करने पर दोनों विघटनकारी घुसपैठिए वहीं ढेर हो गए । उनसे कुछ हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुआ है ।

पुलिस हिरासत में विघटनकारी मरा : पुंछ जिले के ही एक अन्य विघटनकारी जलालुद्दीन की आज पुलिस हिरासत में मृत्यु हो गई । उसे एक सीमावर्ती गांव से बंदी बनाया गया था । इस मामले की मैजिस्ट्रेटी जांच का आदेश जारी कर दिया गया है ।

कर्फ्यू स्थिति : श्रीनगर में आज 13 घंटे के लिए तथा घाटी के अन्य क्षेत्रों में विविध अवधिकाल के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई । इस दौरान किसी सामान्य घटना का समाचार नहीं है ।

मुफ्ती द्वारा समीक्षा : केंद्रीय गृहमंत्री श्री मुफ्ती मुहम्मद सईद ने जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल श्री गिरीश चन्द्र सक्सेना तथा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राज्य में स्थिति की समीक्षा की ।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार श्री मुफ्ती ने सुरक्षा बलों द्वारा पाकिस्तान में प्रशिक्षित कश्मीरी युवकों की वास्तविक नियंत्रण रेखा से होने वाली घुसपैठ की रोकथाम के लिए उठाए गए पगों पर संतोष व्यक्त किया है ।

घायल मरा : नज़ीर अहमद नामक एक घायल व्यक्ति आज घावों की ताव न सहता हुआ चल बसा है । वह निचले श्रीनगर के दरेशकदल में कल सुरक्षा बलों व आतंकवादियों के मध्य फायरिंग के दौरान घायल हो गया था ।

एक घायल : श्रीनगर में आज उग्रवादियों ने एक व्यक्ति को गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है ।

बम निष्क्रिय किया गया : जिला डोडा की तहसील किश्तवाड़ में कल पुलिस द्वारा एक बम को निष्क्रिय कर दिया गया । पुलिस के अनुसार कुछ शरारती तत्वों ने साम्प्रदायिक तनाव उत्पन्न करने के लिए ही यह बम 'फिट' किया था ।

हसन शाह के हत्यारों की खोज : इसी दौरान सुरक्षा बलों द्वारा केंद्रीय गृहमंत्री श्री मुफ्ती मुहम्मद सईद के मामा श्री हसन शाह के हत्यारों की व्यापक खोज निरंतर जारी है ।

घायल चल बसा : कर्फ्यू का उल्लंघन कर रहे उग्रवादियों ने कल रात सफाकदल, दरशकदल और करकसराय में सुरक्षा बलों पर बीस मिनट तक गोली चलाई । गोलीबारी में 5 व्यक्ति घायल हो गए, जिनमें से एक व्यक्ति की आज अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

उग्रवादियों ने बादीपुर तहसील के सम्बल में एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया । बड़गाम जिले में आज सुबह एक वाहन के नीचे से बम विस्फोट होकर चीरता हुआ निकल गया ।

बटमालू इलाके में दुकानें एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे । आज तड़के तीन व्यक्तियों की गिरफ्तारी और सुरक्षा बल द्वारा अनावश्यक "तलाशी" के विरोध में महिलाओं ने जलूस निकाला ।

उत्तरी पेरू में भूकम्प : 8 मरे

लीमा, 9 जून (रायटर): उत्तरी पेरू में कल एक क्षेत्र में आए भूकम्पों के झटकों में कम से कम 8 व्यक्ति मारे गए और 30 से ज्यादा घायल हो गए ।

छोटी सी बात ... रंका

क्या हमारी भाषा ऐसी है कि लोग उससे गलत संकेत समझने लगते हैं ?

—वी. पी. सिंह
(पार्टी में आंतरिक मतभेदों पर टिप्पणी)



भाई साहब, राजनीति की भाषा ही ऐसी होती है कि उसमें हर कोई अपने अपने मतलब की बात निकालने लगता है ।

सड़क रोकने तथा थानों के घे रुझान खतरनाक रूप ले स

अमृतसर, 9 जून (वार्ता) : पंजाब में आतंकवादियों के निर्देशों पर सड़कों पर अवरोध खड़े करने तथा पुलिस थानों का घेराव करने का जो नया रुझान चल पड़ा है, वह खतरनाक रूप ले सकता है ।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने आज पत्रकारों के सामने इस आशय का रहस्योद्घाटन करते हुए कहा कि यह रुझान फिलहाल बटाला पुलिस जिले के श्रीहरगोबिंदपुर और कादियां पुलिस थानों तथा मजीठा पुलिस जिले के बाबा बकाला सब-डिवीजन तक ही सीमित है । अधिकारी ने कहा कि यदि कठोर कदम नहीं उठाए गए तो आतंकवादियों की इस राजनीति का प्रभाव राज्य के अन्य भागों में भी फैलने की संभावना है ।

इन कदमों की चर्चा करते हुए अधिकारी ने कहा कि सबसे पहला कार्य उन लोगों से निपटने का होना चाहिए, जो आतंकवादियों के निर्देश पर लोगों को यातायात जाम करने तथा थानों के बाहर धरना देने को उकसाते हैं । अधिकारी ने कहा कि ऐसे कई व्यक्ति गिरफ्तार भी किए जा चुके हैं ।

अधिकारी ने बताया कि जब भी कोई आतंकवादी किसी विशेष क्षेत्र में मुठभेड़ में मारा जाता है या गिरफ्तार किया जाता है तो गांव के गुरुद्वारों से लाऊड स्पीकरों पर लोगों से ट्रैफिक जाम करने या उस थाने का घेराव करने की अपीलें की जाती हैं, जहां आतंकवादी बंद किया गया होता है । उसने कहा कि जो अधिकारी ऐसे मामले का इंचार्ज हो और घटनास्थल पर उपस्थित हो, उसे स्थिति का जायज़ा लेकर उसके अनुसार कार्रवाई करनी चाहिए ।

अधिकारी ने कहा कि पाक प्रशिक्षित आतंकवादी पता चला है कि आतंक अपनाने के निर्देश सीमा लोगों के दिमाग की उपज श्रीहरगोबिंदपुर, कादि जंडियाला थाना क्षेत्रों में मारे जाने या गिरफ्तार कि का घेराव किया गया । दुर्दांत आतंकवादी विक्रम जाने पर प्रमुख शेरशाह गया था ।

अधिकारी ने कह आतंकवादियों से सामान्य आतंकवादियों के निर्देशों नहीं बल्कि भय के कारण

राज्य तथा जिला मुख लिए तो स्थिति उस समय थी, जब 29 मई को हज रैय्या में लगभग 8 घंटे त रोके रखा था । वे विक्रम कर रहे थे, जो ब्यास थाना एक मुठभेड़ में मारा गया

अधिकारी से जब प करने की घटनाएं बाबा ब अधिक क्यों होती हैं तो अ में दमदमी टकसाल का प्र मेहता चौक में है ।

पंजाब व जम्मू-कश्मीर में अ चुनाव करवाना एक ऐतिह

शिमला, 9 जून (प.स.) : भारतीय जनता पार्टी के महासचिव तथा सांसद श्री के.एल. शर्मा ने आज एक बार फिर से इस बात को दोहराया है कि पंजाब तथा जम्मू-कश्मीर में चुनाव तब तक नहीं करवाए जाने चाहिएं, जब तक इन संकटग्रस्त राज्यों में पूर्ण रूप से शांति स्थापित नहीं हो जाती, जिससे उचित व अनुकूल वातावरण में मतदाता बिना किसी भय व दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें ।

एक पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए यहां उन्होंने कहा कि इन दो राज्यों में आतंकवादियों के दबाव अधीन चुनाव करवाना एक ऐतिहासिक भूल होगी ।

उन्होंने कहा कि इस तथ्य की वास्तविकता से परिचित होने के बावजूद कि इन दोनों राज्यों में स्थिति बदतर होती जा रही है, भाजपा को यह अच्छी तरह अहसास है कि पूर्व इंका शासन की नीतियों के कारण ही यह स्थिति उत्पन्न हुई है । उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार की भांति राष्ट्रीय मोर्चा सरकार में किसी भी मंत्री के आतंकवादी गुटों से सम्बन्ध नहीं हैं ।

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि केन्द्रीय गृहमंत्री मुफ्ती मुहम्मद सईद के आतंकवादियों के साथ किसी भी प्रकार के कोई सम्बन्ध नहीं है तथा उनकी बेटी के अपहरण व उनके मामा श्री शाह की हत्या की घटनाएं इसका सबूत हैं ।

उन्होंने कहा कि सरका श्रीराम मंदिर का निर्माण न ही इस मामले में किसी समझ है । उन्होंने कहा कि भाज सर्वसम्मत समझौते की उत्प है तथा आशा है कि प्रधानमंत्र कोई न कोई निर्णय अनाय

हिमाचल प्रदेश में हाल उल्लेख करते हुए उन्होंने कह कर दिया है कि लोगों को कारगुजारी में राज्य व केन्द्र है । किन्नौर का चुनाव परि वीरभद्र सिंह की व्यक्तिगत उन्हें राजनीति से सेवानिवृत्

एड्स से बचा वैक्सीन

वाशिंगटन, 9 जून हार्वर्ड मेडिकल अस्पताल के वैज्ञ है कि उनके द्वारा स्वस्थ व्य प्रयोगात्मक वैक्सीन का इस है, जिससे शरीर में कुछ ऐसे शक्ति प्राप्त होती है जो एड्स ढूंढ कर उन्हें समाप्त कर

Your last chance to great Apartments



बाघा पुराना के निकट चंदनवां गांव में उग्रवादियों की फायरिंग में (1) क्षतिग्रस्त मारुति वैन, (2) उल्टा हुआ तेल टैंकर, (3) वैन चालक सेवक सिंह का शव, (4) तेल टैंकर चालक तालिब सिंह का शव, (5) तथा मृतक मदन लाल (इनसैट में उसका पुराना चित्र) व (6) मृतक जसपाल जोशी ।

(छाया : ज्ञान मित्तल, शर्मा स्टूडियो)

Punjabi Sanatani

न्धर 10.6.1990

.आर.पी. जवान को शौर्य के लिए पुलिस पदक

नई दिल्ली, 9 जून (वार्ता): राष्ट्रपति आर. रमन ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 41वीं लयन के कांस्टेबल आजाद सिंह को पंजाब में कवादियों से हुई मुठभेड़ में दिखाई गई वीरता, और उच्च कोटि की कर्त्तव्य-परायणता के शौर्य के पुलिस पदक से सम्मानित किया है । त वर्ष छः जनवरी को सी.आर.पी. की 41वीं लयन की एक टुकड़ी पर पंजाब में -भिखीविंड मार्ग पर किरतोवाल गांव के समीप कवादियों ने घात लगा कर हमला किया था । सरकारी विज्ञप्ति में आज बताया गया है कि बल आजाद सिंह ने वाहन से कूद कर कवादियों पर गोली चलाई जिससे उनके यों को प्रेरणा मिली और उसके बाद हुई मुठभेड़ आतंकवादी मारा गया था ।

REQUIRE

O-GRAPHER

should be a graduate, good nglish language and accurate w.p.m. in typing and shorthand. ed for a right candidate, other ly immediately to :

CO. PVT. LTD.
PURTHALA

AMRITSAR

ES

aduate.
num 5 years experience of ood Hotel or Club.

p :

sar

SALE SALE SALE
DISCOUNT 10 to 30%
ON THE EVE OF 3rd ANNIVERSARY OF

GROVERS

AT THEIR
LIBERTY EXCLUSIVE SHOWROOM
404, Lajpat Nagar, JALANDHAR
and also at
GROVER FRIENDS
oad, JALANDHAR
ort shoes and canvas shoes in newly OPEN)

, (Just Opposite Gymkhana)
: 59883.

NOTICE

Graduate Institute of
22C, Chandigarh.
lomoeopathic system of

years degree course)
um qualifications. Matric
Medical Science for M.D.
Rs. 30/- (By Post). Last

PRINCIPAL.

ED

जो हौजरी की सुइयों का काम करने
5/- रुपए मासिक और उसके बाद
की मुफ्त सुविधा उपलब्ध होगी ।

TE LIMITED,
mp,
23246

ENZENE

A B

E AVAILABLE

H

अमरीका द्वारा मिज़ाइलें हटाने के निर्देश

वाशिंगटन, 9 जून (पस) : अमरीका के रक्षा सचिव श्री रिचर्ड चेने ने शुक्रवार को अमरीकी वायुसेना को नए आदेशों तक 10 राज्यों में तैनात 12 सैनिक अड्डों से कम दूरी की परमाणु प्रहार मिज़ाइलें तथा उनसे संबंधित उपकरणों को अस्थायी रूप से हटा लेने के आदेश दिए हैं । यह पहला अवसर है जब सुरक्षा के दृष्टिगत मिज़ाइलों की तमाम श्रेणियां हटा ली गई हैं ।

जातीय दंगों में अब तक 102 मरे

मास्को, 9 जून (डी.पी.ए.) : सोवियत सेन्ट्रल एशियन रिपब्लिक आफ कीर्धीज़िया में कीर्धीज़ व उजबेकों में खूनी जातीय संघर्ष के दौरान अब तक 102 व्यक्ति मारे जा चुके हैं तथा 436 अन्य घ. ल हो गए हैं ।

दुकानें उपलब्ध

मेन अजमल खान रोड करोल बाग सैंट्रली एयर कंडीशन्ड मार्कीट में

मिलें :

ढल्ल प्रापर्टीज़
6/77-डब्ल्यू.ई.ए.,
अजमल खान रोड,
करोल बाग, नई दिल्ली
फोन : कार्यालय : 5725843
निवास : 5721618.

शर्मा

(पृष्ठ 1 का शेष)

उन्हें यह भी जान लेना चाहिए कि उनकी राष्ट्रीय मोर्चा सरकार को फिलहाल कोई खतरा नहीं है । उन्होंने कहा कि जब तक सभी राजनीतिक दलों में विचार-विमर्श के बाद कोई सुदृढ़ योजना सामने नहीं आ जाती, तब तक केवल मौखिक बहस के परिणामस्वरूप कोई भी निर्णय लागू नहीं किया जाएगा ।

भारत-अफगान संयुक्त आयोग की बैठक 12 से

नई दिल्ली, 9 जून (वार्ता): भारत-अफगानिस्तान संयुक्त आयोग की दो दिवसीय बैठक यहां 12 जून से होगी । विदेशमंत्री इंद्र कुमार गुजराल और अफगानिस्तान के विदेशमंत्री अब्दुल वकील बैठक के सह-अध्यक्ष होंगे । श्री वकील 11 जून को यहां पहुंचेंगे । वह नागरिक उड्डयनमंत्री आरिफ मोहम्मद खां और वाणिज्यमंत्री अरुण नेहरू से भी मिलेंगे । अफगान विदेशमंत्री 14 जून को जयपुर जाएंगे और अगले दिन काबुल लौट जाएंगे ।

सरकार की नीयत की खराबी हिन्दी के विकास में बाधा : ज़ैल सिंह

नई दिल्ली, 9 जून (वार्ता): पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी ज़ैल सिंह ने आज कहा कि सरकार की नीयत की खराबी हिन्दी के विकास में सबसे बड़ी बाधा है । श्री ज़ैल सिंह यहां विश्वविद्यालय हिन्दी परिषद द्वारा "विज्ञान और सामाजिक विज्ञान आदि विषयों में हिन्दी माध्यम तथा विश्वविद्यालय प्रशासन और हिन्दी" विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन कर रहे थे ।

ADMISSION NOTICE

Applications are invited for one year diploma course in Medical Laboratory Technology. Candidates having passed Matriculation or above with 45% marks are eligible. Prospectus can be had from the office by sending Rs. 15/-. Limited seats.

Contact PRINCIPAL
Medical Laboratory Technology Institute,
Kapoor Building, Near Civil Hospital
Samrala-141114.

+ ADMISSION NOTICE (B.E.M.S.) 1990-91 +

PUNJAB—NEW MEDICAL INSTITUTE & HOSPITAL OF ELECTROPATHY
205, Sant Nagar, Trimo Road, (Govt. College Road) Gurdaspur—143 521.

- APPLICATIONS are invited from Boys & Girls for three year Medical Course, B.E.M.S. (Bachelors of Electropathy Medicines and Surgery)
- QUALIFICATION—
- HOSTEL facility available for Girls only.
- 10% students are given fee concession. 10% seats reserved for OUT-OF-STATE Candidates.
- Total Seats—60 (30 for Girls+30 for Boys)
- AFFILIATION : Institute affiliated with N.E.H.M. of India (Central Board) New Delhi.
- PROSPECTUS—Available at counter for Rs. 15/- By Registered Post for Rs. 22/-
- NOTE : 1. Inauguration of New Premises on 23rd June, 1990 at 11.30 a.m. 2. Wanted Principal, Qualification B.E.M.S. (apply immediately). 3. No Donation (First come First admitted)

Sd/- President
(PNMIHE, Gurdaspur)

RAJDHANI
EDIBLE MUSTARD OIL

डिस्ट्रीब्यूटरों की

आवश्यकता है

हम भारत में खाद्य सरसों के तेल के सबसे बड़े निर्माताओं में से एक हैं । पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, दिल्ली और चंडीगढ़ में एक कि.ग्रा. पाऊच/कंज्यूमर/बल्क पैकिंग में 'राजधानी' ब्रांड सरसों के तेल की बिक्री के प्रसार और अपने विपणन संजाल की स्थापना के लिए हम नियुक्त करना चाहते हैं :

डिस्ट्रीब्यूटर्ज़ : उक्त राज्यों के सभी जिलों/प्रमुख शहरों में प्रतिष्ठित कम्पनियों के उपभोक्ता उत्पादों, अधिमानतः खाद्य तेलों/वनस्पति के वितरण और बिक्री में पर्याप्त अनुभव रखने वाली और अपनी विक्रय, डिलिवरी और भंडारण व्यवस्था और ठोस वित्तीय पृष्ठभूमि रखने वाली पार्टियां, पूर्व अनुभव और वर्तमान कारोबार के विवरण देते हुए और वह राशि लिखते हुए जो वे लगा सकती हैं, आवेदन करें :

शक्ति इण्डस्ट्रीज़
अहमदगढ़-148021 (पंजाब)
फोन : 0161-39437 (हॉट लाइन लुधियाना अहमदगढ़)

आतंकवादियों द्वारा

(पृष्ठ 1 का शेष)

आतंकवादी मारे गए । बताया जाता है कि धूसी बांध पर गश्ती दल ने चार सशस्त्र आतंकवादियों को जांच के लिए रुकने को कहा लेकिन उन्होंने फायर कर दिया । सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी गोली चलाने पर इनमें से दो आतंकवादी मारे गए जबकि दो अन्य भाग निकले । घटनास्थल से एक बंदूक, एक रिवाल्वर, ए.के. 47 राइफल की एक मैगजीन और कारतूस बरामद हुए हैं ।

एक आतंकवादी गिरफ्तार : बटाला से कोछड़ के अनुसार आज सायं थाना सदर बटाला पुलिस ने संक्षिप्त मुठभेड़, जोकि गांव सैर मुबारक के निकट हुई, के बाद हरबंत सिंह नामक एक आतंकवादी को गिरफ्तार करके उसके पास से एक पिस्तौल, कुछ कारतूस तथा एक मोटर साइकल नं. पी.ए.ई. 9037 बरामद किया है ।

पति-पत्नी की हत्या : बटाला (चौधरी): कल रात फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव जांगला में आतंकवादियों ने गोली मार कर पति-पत्नी की हत्या कर दी ।

बताया जाता है कि 5-6 आतंकवादी रात 10 बजे दारा सिंह के घर आए और आवाज देकर उसे बाहर बुलाया । उसके बाहर आते ही आतंकवादियों ने उसे गोली मार दी । उसके बाद उसकी पत्नी की भी गोली मार कर हत्या कर दी ।

एक की हत्या : थाना बटाला के गांव धनोई में कुछ आतंकवादी शाम सिंह के घर आए और द्वार खटखटा कर उसे बाहर बुलाया । शाम सिंह के बाहर आते ही गोली मार कर उसकी हत्या कर दी ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : बटाला पुलिस जिले में दो आतंकवादियों हेरा सिंह और प्यारा सिंह को गिरफ्तार किया गया तथा आतंकवादियों के पास से एक पिस्तौल, एक रिवाल्वर, एक हथगोला और काफी कारतूस बरामद हुए ।

तीन की हत्या : आनंदपुर साहिब (सुरेश): आतंकवादियों ने गत रात यहां से दस किलोमीटर दूर गांव कलमा मोड़ (नूरपुर बेदी) में अंधाधुंध फायरिंग करके तीन व्यक्तियों को मार दिया जिनमें दो शराब के ठेके के कर्मचारी हैं ।

प्राप्त विवरण के अनुसार यह दुर्घटना रात लगभग 12 बजे हुई । तीनों व्यक्ति चाय की दुकान की छत पर सो रहे थे । आतंकवादियों ने छत पर पहुंच कर ए.के. 47 राइफल से फायरिंग आरंभ कर दी । दो व्यक्ति सोहन लाल और मोहिन्दर पाल घटनास्थल पर ही दम तोड़ गए जबकि तीसरा व्यक्ति कृष्ण लाल गोलियां लगी होने के बावजूद वहां से भाग कर कलमा गांव में पहुंचा एवं उसने सहायता मांगी परन्तु सहायता न मिलने के कारण वह भी दम तोड़ गया । प्राप्त समाचारों के अनुसार घटना का मुख्य कारण आतंकवादियों द्वारा धमकी देने के बावजूद 'पंजाब बंद' के दौरान ठेका खोलना है । उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में पिछले दिनों हुई यह चौथी बड़ी वारदात है । इससे पूर्व आतंकवादियों ने निकटवर्ती गांव रामपुर कलां के एक डेरे में फायरिंग करके तीन महंतों को मार दिया था ।

13 आतंकवादी गिरफ्तार : पुलिस ने कल रात घरिंडा पुलिस थाने से 9 आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया है । संगरूर पुलिस ने भी कल रात ही दो आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनके पास से एक ट्रैक्टर बरामद किया है । एक अन्य आतंकवादी को मजीठा पुलिस जिले में गिरफ्तार किया गया । फिरोजपुर पुलिस ने जगदेव सिंह नामक एक आतंकवादी को गिरफ्तार करके उसके पास से एक पिस्तौल, कुछ कारतूस तथा एक बिना नम्बर का स्कूटर भी बरामद किया ।

एक की हत्या : लुधियाना में शहीद करनैल सिंह कालोनी में कुछ लोगों ने सक्तर सिंह को मार डाला ।

मुठभेड़ के पश्चात भाग निकले : जालंधर (न.न.ए.) : गत रात थाना गोराया के गांव कोटली खखिया स्थित पुलिस की एक नाकापार्टी और दो स्कूटर सवार आतंकवादियों में भिडंत होने के बाद दोनों आतंकवादियों के बच कर फरार होने की सूचना मिली है । फरार होने वाले आतंकवादियों में एक दुर्दांत आतंकवादी सुखविंदर सिंह उर्फ काका जोकि खालिस्तान कमांडो फोर्स (गुरजंट सिंह राजस्थानी गिरोह) का लैफ्टिनैंट जनरल शामिल है । पुलिस ने घटनास्थल से एक बिना नम्बर स्कूटर व खालिस्तान कमांडो फोर्स के लैटर पैड भी बरामद किए हैं ।

इस संबंध में एस.पी. (डी) श्री आर.के. बेदी ने बताया कि गत रात साढ़े नौ बजे पुलिस ने उक्त गांव में नाकाबंदी कर रखी थी कि अंधेरे में स्कूटर पर दो आतंकवादी आते देखे गए जिन्हें रुकने का इशारा किया परन्तु आतंकवादी स्कूटर छोड़ कर पुलिस पार्टी पर ए.के. 47 राइफल से गोलियां चलाने लगे । पुलिस की जवाबी गोलीबारी पर आतंकवादी अंधेरे में फरार होने में सफल हो गए ।

'नौवां महीना सित नहीं, नवम्बर क

अमृतसर, 9 जून (सोनी): ज निर्माण हुआ है, तबसे आज तक ही वर्ष के नौवें महीने के रूप में गया है लेकिन पंजाब स्कूल शि को मानने से इन्कार करता रहा

पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड महीना नवम्बर का होता है, सित कम से कम राजेश कुमार, छात्र हाई स्कूल, अमृतसर जिस 42055 के अंतर्गत मार्च, 1 परीक्षा 559 अंक लेकर प्रथम की है, को जारी किए गए पूर्णांक बोर्ड ने यही प्रमाणित करने की

इस प्रमाणपत्र में बोर्ड अधि छात्र की जन्मतिथि 23.9.73 शब्दों में ऐसा लिखा है "तेईस सौ तिहेत्तर" । अंग्रेजी में भी ऐ है । जबकि वास्तव में इसे उन्नीस सौ तिहेत्तर' लिखा जान उक्त छात्र इस गलत तिथि वा लेकर काफी परेशान है ।

परीक्षा आयोज समिति गठि

चंडीगढ़, 9 जून (वि.प्र.): विशेष सचिव परसोनल सुश्री पू अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन एक जुलाई को प्रस्तावित सहायक आयोजन तथा परिणाम घोषणा क अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड के प अवधि हेतु गठित समिति में संयुक्त श्री एच.एस. रखड़ा, वित्त उप-सचि सरूप सेठ, राजस्व अवर सचिव श्री अधीनस्थ सेवा बोर्ड पंजाब के स भल्ला शामिल हैं ।

वीरेन्द्र वर्मा के र बनने का स्वा

मुजफ्फरनगर, 9 जून (वार्ता वरिष्ठ नेता वीरेन्द्र वर्मा के पंजाब क पर कई संगठनों तथा राजनीतिक द किया है । उन्होंने श्री वर्मा को बध हैं । श्री वर्मा के पंजाब के राज भारतीय किसान यूनियन के सचिव सिंह ने कहा कि श्री वर्मा को एक सौंपा गया है । उन्होंने अपने बध कि श्री वर्मा को पंजाब का राज्यपा पर जनपद मुजफ्फरनगर की जनत है ।

जालंधर (विक्रांत): जनता दल सचिव ओम प्रकाश खेमकरणी, ब जालंधर (देहाती), नंद किशोर चोप निर्मल सिंह (लुधियाना) व अशो संयोजक जालंधर शहरी) ने श्री नियुक्ति का स्वागत करते हुए कहा सभी राजनैतिक पार्टियों को विश्वास में शांति के लिए प्रयास करना चाहि

अमृतसर (वर्मा): पंजाब कांग्रेस प्रोफैसर दरबारी लाल ने एक बयान पंजाब का राज्यपाल बनाए जाने प करते हुए इसे एक अच्छा कदम कर आशा व्यक्त की है कि श्री वर्मा, जो के सियासतदान हैं, लाजमी तौर पर कामयाब होंगे ।

कराची जेल में कैदियों टी.वी., वी.सी.आर

कराची, 9 जून (प.स.): कड़ी कराची जेल में हथियारों की तल पाकिस्तान पुलिस ने जब छापा मार कैदियों के पास से ऐशो-आराम के मिले । इनमें टैलीविजन सैट और रिकार्डर भी शामिल हैं ।

पुलिस ने छापे की यह कार्रवाई आधार पर की थी कि इस जेल के कैदियों में से कुछ के पास हथिया उपयोग वे सम्भवतः जेल तोड़ने है ।

पुलिस के अनुसार इन कैदियों के टैलीविजन, 32 रेडियो, कई वीडियो कै और 23 वीडियो कैसेट बरामद किए

बोफोर्स सौदे से संबंधित स्विस बैं दस्तावेज़ भारत में शायद जल्दी न

नई दिल्ली, 9 जून (पस): जैनेवा की कैन्टोनल | स्विस अधिकारियों द्वारा रखा जा रहा

Punjab Sanatan

स्वयंभू लै. जनरल बख्शीश सिंह सोना सहित 7 उग्रवादी मारे गए

पंजाब में अन्यत्र 3 सुरक्षा कर्मियों सहित 12 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 10 जून (प.स., वार्ता): भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स का स्वयं-भू ले. जनरल बख्शीश सिंह सोना फिरोजपुर जिले में कल रात एक मुठभेड़ में मारा गया । उसके सिर पर एक लाख रुपए का इनाम था । इसके अलावा पंजाब में पिछले चौबीस घंटों के दौरान 6 आतंकवादी मारे गए, जबकि 3 सुरक्षा कर्मियों सहित 12 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई ।

अपहृत को छुड़ाया : आतंकवादी मरा : अमृतसर (अशोक सोनी): एस.एस.पी. जिला मजीठा श्री परमजीत सिंह गिल ने आज यहां बताया कि सी.आई.ए. स्टाफ माल मंडी अमृतसर के जवानों द्वारा सूचना मिलने के बाद की गई तुरन्त कार्रवाई से न केवल एक अपहृत युवक की सकुशल वापसी में ही सफलता मिली है अपितु अपहरणकर्त्ता आतंकवादियों में से एक को मार गिराने में भी अभूतपूर्व सफलता हाथ लगी है । मृतक आतंकवादी के कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल, राइफल के दो खरतूस भी मिले हैं । मृतक आतंकवादी की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है ।

मजीठा के एस.एस.पी. द्वारा आज यहां बुलाए गए पत्रकार सम्मेलन में, जिसमें एस.पी. (आप्रेशन) श्री एच.आर. बांगा भी उपस्थित थे, में अपहृत युवक को भी पेश किया गया । श्री गिल ने इस अनुरोध के साथ कि अपहृत युवक का नाम न प्रकाशित किया जाए, संवाददाताओं को इस बात की अनुमति दी कि वे सीधे अपहृत युवक से उसके अपहरण का विवरण सुन लें ।

अपहृत युवक, जो कि 27 वर्ष का है और बाग रामानंद का रहने वाला है, ने बताया कि वह अमृतसर-जालंधर सड़क पर दूध से क्रीम निकालने का काम करता है । उसने बताया कि सुबह 3.45 बजे तीन आतंकवादी एक सफेद कार में उसकी डेरी पर आए और उस पर राइफल तान कर कार में बैठा लिया तथा उस पर चादर डाल दी और नीचे झुक कर बैठने को कहा । इसके पश्चात वे कार को तेजी से भगाने लगे । लगभग 15 मिनट बाद वे चिल्लाए 'नाका फतह कर लिया है' और इसके बाद उन्होंने 'खालिस्तान जिन्दाबाद' के नारे लगाए तथा उससे भी खालिस्तान जिन्दाबाद के नारे लगवाए । थोड़ी देर बाद कार एक खड्डे में फंस कर रुक गई तो वह सभी कार से बाहर निकल आए और आतंकवादियों ने कार छोड़ कर एक स्कूटर रोका और चारों छीने गए स्कूटर पर बैठ गए । जब स्कूटर चारों का बोझ न खींच सका तो एक आतंकवादी नीचे उतर गया और उसने एक अन्य स्कूटर छीन लिया लेकिन उससे वह स्कूटर भी स्टार्ट न हुआ, तब उसने एक साइकिल छीना और इसी दौरान पीछा करती हुई पुलिस वहां पहुंच गई जिसके साथ उन आतंकवादियों का मुकाबला आरम्भ हो गया । जबकि उसे (युवक) आतंकवादियों ने भगा दिया ।

घटना को स्पष्ट करते हुए श्री बांगा ने बताया कि जब इस युवक का अपहरण हुआ तो माल मंडी स्टाफ को इस अपहरण की तुरन्त सूचना मिल गई जिस पर वहां से पुलिस के दस्ते ने तुरन्त घटनास्थल पर पहुंच कर, प्राप्त नम्बर की सफेद कार की जी.टी. रोड पर तलाश आरम्भ कर दी । कार का नम्बर पी.बी. 02 : 5555 था । श्री बांगा ने बताया कि कार का पीछा करती हुई पुलिस पार्टी ने कार को झीटा-बुंडाला सड़क की ओर भागते देख लिया । श्री बांगा ने बताया कि आतंकवादियों ने कार में बैठे जो यह कहा था कि "उन्होंने नाका फतह कर लिया है" वह उन्होंने दोबुर्जी के कारीब सी.आर.पी.एफ. का नाका सफलतापूर्वक पार कर लेने के बारे में कहा था । बुंडाला गांव में जब पीछा करते हुए पुलिस पार्टी ने उन्हें जा घेरा तो दो आतंकवादी तो इधर-उधर भाग निकले जबकि तीसरे ने वहीं पोजीशन लेकर पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग से वह आतंकवादी मारा गया । श्री बांगा ने बताया कि फायरिंग की आवाज सुन कर बांगा गांव में एस.पी.ओ. चौकी के जवान भी घटना स्थल पर पहुंच गए और उन्होंने भी आतंकवादी को मुठभेड़ में मारने में पुलिस पार्टी की सहायता की । श्री बांगा ने बताया कि पुलिस द्वारा तत्काल की गई यह सफल कार्रवाई बहुत महत्वपूर्ण है ।

3 आतंकवादी मरे : 2 की हत्या : एस.एस.पी. मजीठा श्री परमजीत सिंह गिल ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गत रात पुलिस जिला मजीठा में कुल 5 व्यक्ति मारे गये जिनमें 3 आतंकवादी, एक होमगार्ड जवान और एक ग्रामीण शामिल है । श्री गिल ने विश्वास दिलाते हुए बताया कि 3 आतंकवादी कमालपुरा गांव में आतंकवादियों की आपसी रंजिश का शिकार हो गए । तीनों मृत आतंकवादी सुखदेव सिंह पुत्र तरलोक सिंह, कश्मीर सिंह पुत्र दर्शन सिंह और जरनैल सिंह पुत्र अजायब सिंह गांव कमालपुरा के ही रहने वाले हैं । यह तीनों खालिस्तान कमांडो फोर्स के मेजर सिंह खटराय कला गिरोह से संबंधित हैं । उन्होंने बताया कि इन तीनों को कथित आतंकवादी मेजर सिंह खटराय कलां ने ही मारा है जिसके घटनास्थल पर छोड़े गए पत्र में आरोप लगाया गया है कि यह तीनों जबरन-धन ऐंठने की वारदातें कर रहे थे इसलिये इन्हें सोध दिया गया है । श्री गिल ने बताया कि मृत आतंकवादी सुखदेव सिंह गिरोह के सरगना मेजर सिंह खटराय कलां का बड़ा विश्वासपात्र और उसका निकट सहयोगी था ।

4 आतंकवादी पकड़े : श्री गिल ने बताया कि पुलिस चार कथित आतंकवादियों को हथियारों समेत पकड़ने में कामयाब हुई है । उन्होंने बताया कि 2 आतंकवादियों चरनजीत सिंह उर्फ रीता पुत्र ज्ञान सिंह निवासी मानावाला और अनोख सिंह पुत्र गुरचरन सिंह निवासी बाला चक थाना सिटी

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पंजाब के नए राज्यपाल सबसे पहले लोगों का दिल जीतेंगे और साफ-सुथरा प्रशासन देंगे

नई दिल्ली, 10 जून (जी.एम. चावला): पंजाब के नए राज्यपाल श्री वीरेन्द्र वर्मा सब से पहले प्रदेश के लोगों का विश्वास जीतने और साफ-सथरा प्रशासन देने का काम करेंगे । कल रात श्री वर्मा ने यहां पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री तथा तमिलनाडु के राज्यपाल श्री सुरजीत सिंह बरनाला से मुलाकात के दौरान अपनी प्राथमिकताओं का विवरण दिया । प्रधानमंत्री ने श्री वर्मा को सलाह दी थी कि पंजाब की स्थिति समझने के लिए वह श्री बरनाला से भेंट करें ।

श्री वर्मा ने लोगों से निजी रूप से सम्पर्क करने, उनकी समस्याएं समझने तथा उनकी मदद लेने के उद्देश्य से पंजाब के सभी हिस्सों में जाने का मन बनाया है । श्री वर्मा समझते हैं कि प्रदेश के लोगों के सहयोग तथा समर्थन के बिना पंजाब की स्थिति में सुधार नहीं हो सकता । श्री वर्मा को कई केंद्रीय नेताओं ने पंजाब पुलिस तथा प्रशासन में भ्रष्टाचार से पहले ही अवगत करा दिया है । श्री वर्मा ने श्री बरनाला को बताया कि वह भ्रष्टाचार के विरुद्ध अनथक लड़ाई लड़ेंगे और इस संदर्भ में किसी की भी एक नहीं सुनेंगे । उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी भ्रष्ट अधिकारी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।

आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई के प्रश्न पर श्री वर्मा का कहना है कि आतंकवादियों के विरुद्ध प्रशासन कड़ाई से काम करेगा तथा सुरक्षा बलों को 'स्वतंत्र' रूप से काम करने की छूट दी जाएगी लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी कीमत पर झूठे मुकाबले नहीं होने दिए जाएंगे । किसी भी बहाने सुरक्षा बलों को किसी मासूम व्यक्ति को तंग करने की छूट नहीं दी जाएगी ।

सरकार पंजाब में विधानसभा चुनावों के लिए उचित माहौल तैयार करना चाहती है और इसके लिए जरूरी है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सभी वर्गों के लोगों को शामिल किया जाए । सरकार ने अभी तक यह निर्णय नहीं लिया है कि इस प्रक्रिया में कुछ उग्रवादी संगठनों को शामिल किया जाए या नहीं । नए राज्यपाल पहले सारी स्थिति का अध्ययन करेंगे और फिर इस संदर्भ में रणनीति तय करेंगे । वह पंजाब में सामान्य स्थिति कायम करने के लिए सभी राजनीतिक दलों का सहयोग लेंगे ।

पता चला है कि इस समय अकाली नेता श्री प्रकाश सिंह बादल भी प्रधानमंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह और उप-प्रधानमंत्री श्री देवी लाल से सम्पर्क बनाए हुए हैं । पर्यवेक्षकों के अनुसार ऐसा दिखाई देता है कि रणजीत सिंह, जिस पर निरंकारी गुरु बाबा गुरबचन सिंह की हत्या का आरोप है, को अकाल तख्त का नया जत्थेदार बनाने के पीछे बादल-टोहरा गट द्वारा कुछ उग्रवादी संगठनों का दिल जीतने का योजनाबद्ध प्रयास है । रणजीत सिंह की नियुक्ति अकाल तख्त के जत्थेदार पद की गरिमा व परम्पराओं को ताक पर रख कर की गई है ।

इस समय रणजीत सिंह तिहाड़ जेल में बंद है तथा जानकार सूत्रों के अनुसार हाल ही में श्री बादल ने रणजीत सिंह से जेल में मुलाकात की थी । श्री बादल ने यहां जेल में श्री अतिन्द्रपाल सिंह से भी दो बार भेंट की है । जानकार सूत्रों का मानना है कि श्री बादल सरकार की मर्ज़ी के साथ ही रणजीत सिंह व अतिन्द्रपाल सिंह से मिले हैं । श्री बादल ने प्रधानमंत्री एवं उप-प्रधानमंत्री के साथ भी पिछले दिनों नई दिल्ली में भेंट की थी और समझा जाता है कि श्री बादल ने उन्हें स्पष्ट बताया है कि उग्रवादियों के समर्थन के बिना अकाली अपने 'मिशन' में कामयाब नहीं हो सकते । जानकार सूत्रों ने यह भी कहा है कि नए राज्यपाल श्री वीरेन्द्र वर्मा अप्रत्यक्ष रूप से श्री प्रकाश सिंह बादल को पंजाब के अगले मुख्यमंत्री के रूप में प्रस्तुत करेंगे क्योंकि श्री बादल उप-प्रधानमंत्री श्री देवी लाल के अत्यधिक निकट हैं और श्री वर्मा की नियुक्ति के पीछे श्री देवी लाल का ही हाथ है ।

बस में बम विस्फोट से 12 मरे

गुवाहाटी, 10 जून (वार्ता): गुवाहाटी से लगभग 140 किलोमीटर दूर बारपेटा के पास एक खचाखच भरी बस में आज शक्तिशाली टाइम बम के फटने से कम से कम 12 लोग मौके पर ही मारे गए तथा 28 घायल हो गए ।

यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने दी । संदेह है कि बस में बम बोडो उग्रवादियों ने रखा था ।

बारपेटा से गुवाहाटी आ रही बस विस्फोट से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई । सूत्रों ने कहा कि वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं तथा जांच शुरू कर दी है ।

Punjabi Sahitya

स्वयंभू लै. जनरल ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

तरनतारन को गत रात उस समय गिरफ्तार किया गया जब पुलिस ने गांव बुंडाला के निकट नाका लगाया हुआ था । रात के लगभग 10 बजे एक ट्रक डीईएल-2204 आता दिखाई दिया । उसे रुकने का इशारा करने पर ट्रक में सवार आतंकवादियों ने नाका पार्टी पर फायरिंग की । नाका पार्टी ने भी जवाबी फायरिंग की । दोनों तरफ से लगभग 15 मिनट तक फायरिंग होती रही । इसके बाद आतंकवादियों ने हथियार डाल दिए । पकड़े गए आतंकवादियों के कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल, इसके दो मैगजीन, एक माऊज़र पिस्तौल, भारी मात्रा में जिंदा और चले हुए कारतूस तथा ट्रक भी बरामद किया गया है जिसमें सवार होकर यह कहीं जा रहे थे ।

बख्शीश सिंह सोना मरा : जलालाबाद से राकेश मलिक के अनुसार गत रात यहां से लगभग 7 कि.मी. दूर भारत-पाक सीमा के निकट गांव फत्तूवाला के पास पुलिस व सुरक्षा बलों के साथ हुए एक भीषण मुकाबले में 'ए' श्रेणी का खतरनाक आतंकवादी बख्शीश सिंह सोना मारा गया जबकि उसका एक साथी फरार होने में सफल हो गया । फिरोज़पुर में एस.एस.पी. ने इस संबंध में विवरण देते हुए बताया कि पुलिस व सुरक्षा बलों ने फिरोज़पुर-फाज़िल्का मार्ग पर गांव सुखेरा बोदला के पास नाका लगाया हुआ था । नाका पार्टी का नेतृत्व एस.पी. (हैडक्वार्टर) श्री दीवान चंद कर रहे थे । उन्होंने बताया कि रात 11.00 बजे के करीब कुछ व्यक्ति पाकिस्तान की सीमा की ओर आते नज़र आए । जब नाके पर तैनात जवानों ने उन्हें ललकारा तो उन्होंने फायरिंग करनी शुरू कर दी । जवाब में सुरक्षा बलों ने भी फायरिंग की । दोनों तरफ से लगभग डेढ़ घंटे तक गोलीबारी होती रही । फायरिंग रुकने के पश्चात् जब सुरक्षा बलों ने इलाके की छानबीन की तो एक आतंकवादी की लाश वहां पड़ी मिली जिसकी शिनाख्त बाद में बख्शीश सिंह सोना के रूप में हुई है ।

मृतक की लाश के पास से 2 ए.के. 47 असाल्ट राइफलें तथा 140 कारतूस बरामद हुए हैं ।

100 हत्याओं में वांछित था : एस.एस.पी. ने बताया कि मृतक 100 से अधिक हत्याओं में पुलिस को वांछित था । उसने लोगों का अपहरण कर फिरौती के रूप में लगभग डेढ़ करोड़ रुपये इकट्ठे किये थे । पिछले कुछ समय से वह जिला फिरोज़पुर में काफी सरगर्म था । वह भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स का लैफ्टीनैंट जनरल भी था तथा अमृतसर जिले के गांव कैरों का रहने वाला था । तलवंडी भाई हत्याकांड में भी पुलिस को उसकी तलाश थी ।

श्री गिल ने बताया कि ग्राम राम दिवाली थाना मेहता के इलाका में पुलिस के साथ हुए एक अन्य मुकाबले में आतंकवादी संगठन खालिस्तान कमांडो फोर्स का कुख्यात आतंकवादी पकड़ा गया है जिसने अपनी शिनाख्त बलविन्दर सिंह उर्फ पोपली पुत्र कर्म सिंह निवासी रामदिवाली के रूप में कराई है । यह आतंकवादी सीतल सिंह मत्तेवाल के गिरोह का सदस्य है । उसके पास से पुलिस ने एक माऊज़र पिस्तौल बरामद की है । उसके तीन साथी रात के अंधेरे में भाग निकले । घटना स्थल से ए.के. 47 के भारी मात्रा में चले हुए कारतूस मिले हैं । श्री गिल ने बताया पोपली आतंकवादियों को आश्रय प्रदान करता था और उनके हथियार एक स्थान से दूसरे स्थान पर लाता ले जाता रहा है ।

एस.एस.पी. ने बताया कि एक आतंकवादी कुलवंत सिंह पुत्र मोहन सिंह निवासी गांव बग्गा को गिरफ्तार किया गया है । उसके कब्जे से .303 का एक पिस्तौल बरामद किया गया है । यह गिरफ्तारी थाना कत्थू नंगल के इलाके में हुई है । कुलवंत सिंह के.सी.एफ. (सीतल मत्तेवाल) का सदस्य है ।

श्री गिल ने बताया कि आतंकवादियों ने कल रात 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी । एक हत्या गांव गुज्जरपुरा में हुई । रात 10 बजे के करीब तीन आतंकवादी उत्तम सिंह के घर पहुंचे और उन्होंने उत्तम सिंह व उसके लड़के बलदेव सिंह को जगाया । बलदेव सिंह के साथ वे गले मिले तथा उनके घर से दूध पिया । इसके बाद उन्होंने उत्तम सिंह से कहा कि वह देख कर आए कि पुलिस ने कहां नाका लगाया है । उत्तम सिंह के जाने के बाद वे बलदेव सिंह को भी घर से बाहर ले आये और उसे गोलियां मार कर मार डाला । उन्होंने बताया कि मृतक एक आतंकवादी गरदेव उर्फ बब्बी निवासी गुज्जरपुरा का निकट सहयोगी था ।

एक अन्य घटना के बारे में श्री गिल ने बताया कि गत रात गांव अमरकोट थाना जंडियाला में आतंकवादियों ने एक होमगार्ड जवान तारा सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

अपहृत कांस्टेबल रिहा : एस.एस.पी. मजीठा ने बताया कि पुलिस ने एक विशेष एवं गुप्त कार्रवाई कर एक कांस्टेबल अवतार सिंह (पुत्र जगीर सिंह निवासी मानावाला) जो होशियारपुर में नियुक्त है और जिसका गत 2 जून को आतंकवादियों ने मानावाला से अपहरण कर लिया था, जब वह अपने गांव छुट्टी पर आया हुआ था, को आतंकवादियों के चुंगल से रिहा कराने में सफलता पाई है । श्री गिल ने बताया कि इस कांस्टेबल का अपहरण के.सी.एफ. गिरोह के आतंकवादियों ने किया था । उन्होंने बताया कि अवतार सिंह ए.आई.जी. (ट्रैफिक) चंडीगढ़ का भतीजा है ।

कांस्टेबल की हत्या : आतंकवादियों ने गत रात तरनतारन पुलिस जिले के गांव कसाल के निकट एक कांस्टेबल रतन सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । वे उसकी कार्बाइन भी ले गए । एक अन्य कांस्टेबल दलबीर सिंह इस हमले में बच गया ।

भाजपा नेता के अपहरण की कोशिश : सुनाम से नागपाल की सूचना है कि यहां से 20 कि.मी. दूर गांव सतोज में आतंकवादियों ने भारतीय जनता पार्टी के नेता श्री गोयल का अपहरण करने की कोशिश की । उन्होंने उनके मकान पर फायरिंग भी की । वे भिंडरांवाला टाइगर फोर्स आफ खालिस्तान के लैटर पैड पर धमकी दे गए कि यदि उन्हें 5 लाख रुपए न दिए गए तो सारे परिवार को गोलियों से उड़ा दिया जाएगा । श्री गोयल का परिवार अब सतोज से पलायन कर गया है ।

2300 रु. छीने : पटियाला (राज): हीरो होंडा पर सवार दो सशस्त्र व्यक्तियों ने सामाना के निकट गांव नवाबाद के ईंट भट्टे के कैशियर से पिस्तौल की नोक पर 2300 रुपए छीन लिए ।

दूध वाले की हत्या : जालंधर शहर में बस्ती शेख इलाके के निकट चमन लाल नामक एक दूध वाले की उस समय कुछ अज्ञात आक्रमणकारियों ने छुरा घोंप कर हत्या कर दी जब वह एक घर में दूध देने गया हुआ था । पुलिस इसे आपसी शत्रुता का मामला मानती है ।

अपहरण के बाद हत्या : आतंकवादियों ने गत रात गुरदासपुर जिले के गांव लक्खोवाल में निर्मल सिंह नामक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । आतंकवादियों ने दो अन्य व्यक्तियों के साथ उसका अपहरण कर लिया था ।

ठेके पर 2 की हत्या : आतंकवादियों ने गत रात भटिंडा जिले के झंडूके गांव में शराब के ठेके पर दो लोगों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई है ।

खेत मज़दूर की हत्या : इसी जिले में हुई एक अन्य घटना में चार आतंकवादियों ने गत रात कनकवाल गांव में ट्यूबवैल पर सो रहे तीन खेत मज़दूरों को गोली मार कर घायल कर दिया । एक घायल की बाद में मृत्यु हो गई ।

2 आतंकवादी मरे : फिरोज़पुर (कन्तोड़): आज बाद दोपहर थाना जीरा के गांव लहरांबेट में पुलिस व बी.एस.एफ. के साथ आतंकवादियों की भीषण मुठभेड़ में 2 आतंकवादी मारे गए । मुठभेड़ देर तक जारी रही ।

मृतकों की संख्या 5 हो गई : बाघा पुराना से ज्ञान मित्तल के अनुसार गत दिवस यहां मोटर गाड़ियों पर आतंकवादियों द्वारा की गई फायरिंग में मरने वाले व्यक्तियों की संख्या 5 हो गई है । एक [illegible] सिंह की लाश आज एक नहर में पड़ी मिली । वह आतंकवादियों द्वारा की गई फायरिंग से घायल हो गया था तथा जान बचाने के लिए उसने नहर में छलांग लगा दी थी । उसकी लाश आज सुबह मिली । मृतक गांव राजेआना का निवासी था । उसका एक अन्य साथी हरबंस सिंह, जो घायल हो गया था, का लुधियाना के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है ।

कम्युनिस्ट नेता व होमगार्ड की हत्या : पुलिस के अनुसार बाघापुराना पुलिस थानांतर्गत बुर्द्धसिंहवाला गांव में कल रात कम्युनिस्ट नेता गुरदेव सिंह और होमगार्ड के एक जवान गुरसेवक सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । बताया गया है कि आतंकवादियों का एक गिरोह उनके मकान में जबरदस्ती घुस गया और उन्हें गोली मार दी । इसके बाद यह गिरोह होमगार्ड जवान के मकान में गया और उसे घर से बाहर लाकर गोली से उड़ा दिया ।

ठेके से 5000 रु. लूटे : बाघापुराना (ज्ञान): कुछ आतंकवादियों ने गत रात गांव चरिक में एक शराब के ठेके से 5000 रुपए लूट लिए तथा शराब की कुछ बोतलें भी तोड़ डालीं । वे पैदल ही आए थे और लूट के बाद पैदल ही फरार हो गए ।

4 उग्रवादी गिरफ्तार : पठानकोट (गुप्ता) : नरोट जैमल सिंह पुलिस ने तरसेम सिंह नामक एक खतरनाक आतंकवादी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक पिस्तौल, 6 कारतूस, एक हथगोला तथा एक हीरो होंडा मोटर साइकिल बरामद किया है । डी.एस.पी. श्री गुरदयाल सिंह ने बताया कि इस गिरोह के तीन अन्य सदस्यों सतनाम सिंह, मेजर सिंह और संतपाल सिंह को दीनानगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है । उनके कब्जे से लूटमार के एक लाख रुपए मूल्य के आभूषण व नकदी बरामद की गई है । पूछताछ जारी है ।

जिम्मेदारी ली : बटाला (कोछड़): पत्रकारों को डाक द्वारा भेजे गए प्रैस नोट में चार प्रमुख संगठनों के प्रमुखों भाई सुखदेव सिंह बब्बर, भाई परमजीत सिंह पंजवड़, भाई गुरजंट सिंह बुधसिंहवाला, भाई दलजीत सिंह बिट्टू, भाई महिल सिंह बब्बर, भाई माधा सिंह बब्बर, भाई वधावा सिंह बब्बर, भाई चढ़त सिंह बब्बर, भाई सुखदेव सिंह चब्बा, भाई धर्म सिंह कास्तीवाल ने स्पष्ट किया कि सुरिन्द्र सिंह छिन्दी तारागढ़ व निशाना विज्ञवां की उन्होंने हत्या करके लुटेरों को बेनकाब किया है । इन्होंने बटाला के लोगों का जीना हराम कर रखा था और हमारे साथियों ने इनका पीछे करके पकड़ा था । प्रैस नोट में लुटेरों व जबरी पैसे बटोरने वालों को चेतावनी देते हुए गम्भीर परिणामों की चेतावनी दी गई । इन्होंने थाना श्री हरगोबिंदपुर के निकट फायरिंग करके पुलिस हवलदार सरजीत सिंह को घायल करने की जिम्मेदारी भी ली है ।

एक व्यक्ति की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव कादियां गुज्जरां में गत रात 4 सशस्त्र आतंकवादियों ने एक घर में ज़बरदस्ती दाखिल होकर एक व्यक्ति अजीत सिंह (62) को घर से बाहर ले जाकर उसकी हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार इस हत्या में ए.के. 47 राइफल का प्रयोग किया गया है तथा घटनास्थल से इसके 5 चले कारतूस भी मिले हैं ।

सूत्रों के अनुसार मृतक का एक बेटा जसवंत सिंह आतंकवादी गतिविधियों के कारण पुलिस ने गत वर्ष से काबू किया हुआ है ।

"घोड़ा" उ.प्र. पुलिस के हवाले : उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र में सक्रिय भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स के स्वयंभू एरिया कमांडर दर्शन सिंह उर्फ "घोड़ा" जिसे पुलिस ने गत एक जून को तरनतारन पुलिस जिले के गांव मुगल चक के निकट एक मुठभेड़ के उपरांत दबोच लिया था, को पूछताछ के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस को सौंप दिया गया है ।

'ब्रह्मर्षि विश्वमित्र' अक्तूबर के अंत में रिलीज़ होगी

हैदराबाद, 10 जून (वार्ता): आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन.टी. रामाराव की द्विभाषी फिल्म 'ब्रह्मर्षि विश्वमित्र' अक्तूबर के अंत तक रिलीज़ हो जाएगी । तेलग देशम के अध्यक्ष श्री रामाराव ने संवाददाताओं को बताया कि फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है ।

मार्कीट में घूमने पर गातरा घोंप दिया

गुरिन्दर सिंह ढिल्लों

(पृष्ठ 3 का शेष)

डेरे के अपने तीस हजार के लगभग कर्मचारी भी सुरक्षा व्यवस्था में व्यस्त थे । कुछेक हादसों को छोड़ कर यह सारा समारोह शांत वातावरण में सम्पन्न हो गया ।

वाहनों का तांता : आज यही लग रहा था मानो प्रत्येक मार्ग ब्यास की ओर ही जा रहा हो । सड़क मार्ग पर कारों, ट्रकों, बसों आदि वाहनों की पंक्तियां नजर आ रही थीं । डेरे में इस बार अनुशासन तथा प्रबन्ध प्रशंसनीय थे । सभी प्रकार के वाहनों के लिए विभिन्न प्रबन्ध किए गए थे ।

गर्मी का मौसम होने के कारण श्रद्धालुओं के लिए ठंडे-मीठे जल की छबीलें भी लगाई गई थीं । ब्यास के राधास्वामी अस्पताल में आज भी बेरौनकी ही रही क्योंकि सारा स्टाफ तथा अन्य लोग डेरे में पहुंचे हुए थे ।

कैमरे नहीं जाने दिए गए : स. दीदार सिंह तथा श्री इन्द्रजीत जालंधर वालों की ड्यूटी विशेष तौर पर प्रैस वालों के मार्गदर्शन के लिए लगाई गई थी । मगर डेरे के कर्मचारियों ने डेरे के नियमों का सख्ती से पालन करते हुए प्रैस फोटोग्राफरों को कैमरे अन्दर नहीं ले जाने दिए । इस अवसर पर डेरे के ही फोटोग्राफर चित्र खींच रहे थे तथा डेरे के ही वीडियो वाले, जहां इस समारोह की दस्तावेजी फिल्म बना रहे थे, वहीं सारे कार्यक्रम को 'क्लोज सर्किट' टी.वी. द्वारा दूर-दूर बैठे लोगों को भी दिखा रहे थे ।

संक्षिप्त परिचय : 36 वर्षीय महाराज गुरिन्दर सिंह ढिल्लों मोगा के गुरमुख सिंह ढिल्लों के सुपुत्र हैं । वह एक जाट परिवार से सम्बन्धित हैं तथा उच्च शिक्षा प्राप्त परिवार से हैं ।

उनका जन्म प्रथम अगस्त, 1954 को सिरसा में हुआ तथा उन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ से बी.काम. की डिग्री प्राप्त की । उन्हें 'बिज़नैस एडमिनिस्ट्रेटिव' के रूप में 5 वर्ष का अच्छा अनुभव भी प्राप्त है ।

राधा स्वामी मत के 'ब्यास स्कूल' में अक्तूबर 1978 के दौरान उन्होंने संत परम्परा में पदार्पण किया । वह एक बहुमुखी, धार्मिक तथा आध्यात्मिक व्यक्तित्व के मालिक व प्रतिभा के धनी व्यक्ति हैं ।

वह स्पेन से लघु अवधि अवकाश के लिए भारत वापस लौटे थे तथा उन्हें जिम्मेवारी निभानी पड़ गई ।

सक्सेना

(पृष्ठ 3 का शेष)

हुए ।

घुसपैठ का प्रयास विफल : सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान में प्रशिक्षित विघटनकारियों का पंछ सैक्टर से भारतीय सीमा में प्रवेश का प्रयास कल रात विफल कर दिया ।

गुप्तचर सूत्रों के अनुसार पाकिस्तानी सैनिकों ने विघटनकारियों को पंछ में प्रवेश करने में मदद देने के इरादे से पंछ सैक्टर में बगियाल, दारा, सोकर, नकरकोट और दिगवार में भारतीय चौकियों पर अकारण गोलियां चलाईं । भारतीय सैनिकों के जवाब में गोलियां चलाने से घुसपैठिए वापस पाकिस्तान भाग गए । दोनों पक्षों के बीच तीन घंटे तक गोलीबारी होती रही ।

सैनिक वाहन पर 3 हथगोले फैंके : श्रीनगर के निचले क्षेत्र बटाकदल में उग्रवादियों ने एक सैनिक वाहन पर 3 हथगोले फैंके, मगर यह हथगोले उस ट्रक को कोई हानि नहीं पहुंचा सके, जिसमें सैनिक सवार थे । इस हमले के उत्तर में सुरक्षा बलों ने फायरिंग भी की तथा क्षेत्र को बाद में घेर लिया गया ।

सुरक्षा बलों पर हमला : आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार नौहट्टा, सफाकदल तथा नालाहसार मार्ग पर स्थित चौकियों में उग्रवादियों ने हथगोलों से हमला कर दिया तथा उन पर फायरिंग भी की । सुरक्षा बलों तथा उग्रवादियों में नौहट्टा क्षेत्र में 20 मिनट तक फायरिंग होती रही । बाद में उग्रवादियों की तलाश के लिए सारे क्षेत्र की नाकाबंदी कर दी गई ।

बम से 2 मरे : श्रीनगर से प्राप्त सूचनाओं में कहा गया है कि यहां नगर की पांच आबादियों में उग्रवादियों द्वारा बम फैंके जाने से दो व्यक्ति मारे गए ।

एक की हत्या : सीमावर्ती बारामूला शहर के बटामोहल्ला क्षेत्र में उग्रवादियों ने आज सायं नजीर अहमद नामक व्यक्ति को गोलियां चला कर मार

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

ज़मीन/जायदाद/प्लाट

For Sale-Purchase of Propert,. Contact :—Capoor & Co., 189, Adarsh Nagar, Jalandhar Phone : 30700

शिक्षा

इसी वर्ष मैट्रिक/इंटर+2 करके B.A. करें, RMP डाक्टर बनें । आदर्श इंस्टीच्यूट, झंडा रोड

पंजाब में एक सुरक्षा कर्मी सहित 6 लोगों की हत्या : 2 आतंकवादी गुट संघर्ष में मरे

मुठभेड़ में एक घुसपैठिया मरा : विस्फोट से बैंक भवन उड़ा दिया

चंडीगढ़, 11 जून (प.स., वार्ता): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान एक सुरक्षा कर्मी समेत 6 लोगों की हत्याएं हुई और गुट संघर्ष में दो आतंकवादी मारे गए । इस दौरान बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में एक पाक घुसपैठिया मारा गया । उग्रवादियों ने एक बैंक की बिल्डिंग भी बम विस्फोट से उड़ा दी । इस बीच कल शाम फिरोजपुर जिला में सुरक्षा कर्मियों के साथ मुठभेड़ में मरने वाले दो आतंकवादियों में से एक की पहचान कर ली गई है । उसका नाम कश्मीर सिंह उर्फ शेरा बताया जाता है । वह खालिस्तान कमांडो फोर्स से जुड़ा एक दुर्दांत आतंकवादी था ।

एक व्यक्ति की हत्या : अमृतसर (वार्ता): मजीठा पुलिस जिला के छज्जलवाड़ी गांव में कल रात आतंकवादियों ने निर्मल सिंह नामक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतक होमगार्ड का जवान था ।

गुट संघर्ष में दो आतंकवादी मरे : मजीठा पुलिस जिला के तनेल गांव में कल रात आतंकवादियों ने निजी गुट संघर्ष के कारण सच्चा सिंह तथा उसके बेटे राम सिंह को गोली से उड़ा दिया ।

पुलिस ने बताया कि मौके से एक उग्रवादी गुट का पर्चा मिला, जिसमें सतनाम सिंह पर लूटमार करने का आरोप लगाया गया था ।

1.27 लाख रुपए लूट लिए : पुलिस जिला मजीठा में स्थित कस्बा जौंडियाला में उग्रवादियों ने आज पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के उप-कार्यालय से 1.27 लाख रुपए लूट लिए और स्कूटर पर सवार होकर फरार हो गए ।

तीन लोगों की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के झब्बाल पुलिस स्टेशन के अंतर्गत पंडोरी लालसिंह गांव में कल रात आतंकवादियों के एक गिरोह ने तीन लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतकों के नाम सुरजीत कौर, दर्शन सिंह तथा अवतार सिंह बताए जाते हैं ।

घुसपैठिया मरा : अमृतसर जिला के खालड़ा क्षेत्र में मांगली के निकट बी.एस.एफ. ने भारत में दाखिल होने का प्रयास करने वाले एक पाक घुसपैठिए को मार गिराया ।

प्लाटून कमांडर की हत्या : अमृतसर से 'प.स.' के अनुसार आतंकवादियों ने कल रात मजीठा पुलिस जिला के झब्बाल पुलिस स्टेशन के अधीन खरदीन गांव से एक होमगार्ड प्लाटून कमांडर का अपहरण कर लिया । आज प्रातः उसका शव एक वृक्ष से लटका हुआ पाया गया । शव पर पड़े निशानों से पता चलता है कि उक्त कमांडर को यातनाएं देकर मारा गया है ।

मुठभेड़ का विवरण : फिरोजपुर (बागी) : जिला के मक्खू पुलिस थाना के अंतर्गत आने वाले गांव लेहरा बेट में सुरक्षा कर्मियों तथा आतंकवादियों के बीच रविवार शाम को हुई भीषण मुठभेड़ का और विवरण प्राप्त हुआ है । उल्लेखनीय है कि लगभग चार घंटे तक चली इस मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए थे ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री अनिल शर्मा ने बताया कि पुलिस की एक पार्टी सूचना मिलने पर उक्त गांव में एक फार्म हाउस में छापा मारने के लिए गई लेकिन फार्म हाउस से लगभग 40 गज दूर पुलिस की जीप उलट गई । इस बीच आतंकवादी फार्म हाउस से भाग कर खेतों में जा छिपे । पुलिस ने आतंकवादियों का पीछा किया । दोनों ओर से लगभग चार घंटे तक फायरिंग होती रही । इस दौरान दो आतंकवादी मारे गए । इनमें से एक की शिनाख्त कश्मीर सिंह 'शेरा' के रूप में हुई है । कश्मीर सिंह खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बद्ध दुर्दांत आतंकवादी था । पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि कश्मीर सिंह हत्याओं के बीस मामलों में संलिप्त था । उसने अपहरण और धन ऐंठने की भी कई वारदातें की थीं ।

पुलिस ने मुठभेड़ स्थल से दो ए.के. 47 राइफलें, 110 कारतूस तथा एक हथगोला बरामद किया है । 'वार्ता' के अनुसार दोनों ओर से हुई फायरिंग के दौरान एक नागरिक भी मारा गया ।

आतंकवादी राइफलें ले गए : फिरोजपुर जिला के बस्ती बेला सिंह गांव से आतंकवादी ग्रामीण सुरक्षा योजना के लिए अलाट की गई चार राइफलें लूट कर ले गए ।

युवक का अपहरण : फिरोजपुर जिला के सुर्खसिंहवाला गांव में पांच आतंकवादियों ने विगत शनिवार को हरनेक सिंह के घर में घुस कर उसके लड़के का अपहरण कर लिया । यह खबर आज विलम्ब से मिली है ।

तीन आतंकवादी गिरफ्तार : फिरोजपुर पुलिस ने दो आतंकवादियों घुल्ला सिंह तथा बलविन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया है । कपूरथला पुलिस ने भी एक आतंकवादी करनैल सिंह को गिरफ्तार किया है । उक्त आतंकवादियों के कब्जे से कुछ हथियार व गोली-सिक्का भी मिला है ।

बम से बैंक की बिल्डिंग उड़ा दी : धूरी (सिंगला): कल रात सशस्त्र आतंकवादियों का एक गिरोह मालेरकोटला के निकट संधौर में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में घुस गया और चौकीदार को बांध दिया । इसके बाद आतंकवादियों ने गैस सिलेंडर की सहायता से बैंक का लाकर तोड़ने का प्रयास किया लेकिन नाकाम रहे । भागते समय वे बैंक में टाइम बम रख गए । बम विस्फोट से बिल्डिंग को भारी क्षति पहुंची ।

4 काबू : धूरी पुलिस ने सादोवाल गांव से गुरमीत सिंह नामक एक आतंकवादी को पिस्तौल तथा कुछ कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया है । पुलिस ने दो और संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया है तथा उनसे एक ट्रैक्टर बरामद किया है ।

पुलिस ने एक और आतंकवादी गुरमीत सिंह को भी गिरफ्तार किया है । हत्याओं तथा कई अन्य आपराधिक मामलों में पुलिस को उसकी तलाश थी ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : पटियाला (भूषण): जिला पुलिस ने दो आतंकवादियों रुलदा सिंह तथा भूरा को गिरफ्तार किया है । उनसे दो पिस्तौलें तथा कुछ कारतूस भी मिले हैं । दोनों आतंकवादी भादसों पुलिस स्टेशन के अधीन सहोली गांव के रहने वाले बताए जाते हैं ।

पैट्रोल पम्प लूटा : बटाला (कोछड़): पुलिस थाना बटाला के श्री हरगोबिंदपुर थाना के अधीन धूंदोई गांव में स्थित एक पैट्रोल पम्प से आतंकवादियों ने दोपहर लगभग तीन बजे तीन हजार रुपया लूट लिया और फरार हो गए । आतंकवादी सफेद मारुति वैन (नं. पी.ए.यू. 1414) पर सवार थे । बाद में उक्त वैन बटाला में काहनुवान रोड पर खड़ी पाई गई ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों ने उक्त वैन आज प्रातः बटाला से किराए पर ली थी । आतंकवादियों ने आगे जाकर वैन के ड्राइवर पम्मा को हथियार की नोक पर नीचे उतार दिया था ।



तपा मंडी में पिछले दिनों सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी बोष सिंह उर्फ बोधा का शव । (छाया : सिधवानी)

पनामा के राष्ट्रपति ने विवाह रचाया

पनामा सिटी, 11 जून (पस) : पनामा के 54 वर्षीय राष्ट्रपति एंडारा कल कानून की छाता एना में शनिवार 23 के साथ परिणय सूत्र में बंध गए । विवाह कड़ी सुरक्षा के बीच रोमन कैथोलिक परम्परा के अनुसार सम्पन्न हुआ । चर्च के बाहर सैंकड़ों लोगों ने नवदम्पति को शुभकामनाएं दी । एंडारा ने कहा कि उनके लिए यह बेहद खुशी का क्षण है ।

त्रिपाठी का मद्रास में ही इलाज किया जाएगा

नई दिल्ली, 11 जून (प.स.): मद्रास के अड्यार कैंसर संस्थान के दो कैंसर विशेषज्ञों ने बयोवृद्ध कांग्रेस (इ) नेता पंडित कमलापति त्रिपाठी के गले की जांच के बाद कहा है कि उन्हें इलाज के लिए अमरीका जाने की जरूरत नहीं है, उनका इलाज भारत में भी किया जा सकता है । श्री त्रिपाठी स्वयं भी इलाज के लिए अमरीका जाने के इच्छुक नहीं ।

सक्सेना की वी.पी. सिंह से भेंट : 45 मिनट वार्ता हुई

नई दिल्ली, 11 जून (प.स.): जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल गिरीश सक्सेना ने आज यहां प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह से मुलाकात की । दोनों नेताओं के बीच करीब 45 मिनट तक बातचीत हुई । सूत्रों के अनुसार राज्यपाल श्री सक्सेना ने प्रधानमंत्री को राज्य की ताजा स्थिति और उग्रवाद से निपटने के लिए प्रशासन द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में बताया । इस बैठक से पहले राजनीतिक

हरियाणा की गुप्ता सरकार से वापस लेने के मामले पर भाजपा द

चंडीगढ़, 11 जून (एन.एस. परवाना): हरियाणा की गुप्ता सरकार से समर्थन वापस लेने और राज्य विधानसभा में विपक्ष के बैंचों पर बैठने के मामले पर भाजपा दुविधा में पड़ गई है ।

राज्य भाजपा का स्टैंड यह है कि वह जनता दल की उस सरकार को न समर्थन देगी और न उसमें भागीदार बनेगी, जिसको पीछे से श्री ओम प्रकाश चौटाला अपने इशारों पर चला रहे हों । दूसरी ओर भाजपा हाईकमान का यह विचार है कि शीघ्रता में कोई ऐसा कदम न उठाया जाए जिससे वी.पी. सिंह की केंद्रीय सरकार को झटका लगे । भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर फिलहाल ऐसा कोई कदम नहीं उठाना चाहती जिससे केंद्र सरकार वामपंथियों के ही 'रहम' पर रह जाए ।

उल्लेखनीय बात यह है कि केंद्र के साथ गुजरात और राजस्थान में भी भजपा व जद सरकारें एक-दूसरे के सहारे चल रही हैं । भाजपा की हरियाणा शाखा ने पार्टी हाई कमान से गुप्ता मंत्रिमंडल से समर्थन वापस लेने तथा राज्य विधानसभा के विपक्ष के बैंचों पर बैठने की अनुमति मांग रखी है तथा यह मामला रहा है ।

हरियाणा भाजपा के प्रध मास के आखिरी सप्ताह में हु अम्बाला छावनी सीट के प्रत्याशी के जीतने के तुरंत घोषणा की थी कि हमने सरक लिया है । पर ज्ञात हुआ है बारे न तो विधानसभा स्पीक और न ही उसे अभी पार्टी हा मंजूरी मिली है । हरियाणा 'झंडी वाली कार' के इच्छुक की भूमिका निभाने के इच्छु

यदि भाजपा ने समर्थन प्रदेश विधानसभा में विधि जाएगी क्योंकि सत्तारूढ़ जद है । उसके 17 विधायक हैं के नेता का दर्जा मिलेगा कोठी, पी.ए. तथा फोन अ हकदार होगा ।

बेनजीर और सेना के बीच मत

लंदन, 11 जून (पस) : सिंध के मामले में पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो और सेना के बीच कथित मतभेदों के बढ़ने से बताया जाता है कि पाकिस्तान में गंभीर संकट पैदा हो गया है । बताया जाता है कि प्रधानमंत्री भुट्टो और थल सेना अध्यक्ष मिर्जा अफजल बेग के बीच तनाव पैदा होने से ही सरकार ने राजनीतिक वार्ता शुरू की है । लाहौर के समाचारपत्र 'इंडिपेंडेंट' के अनुसार पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और सेना के बीच इस मामले को लेकर खाई बढ़ती जा रही है ।

सेना इस बात पर जोर देती है कि इन हिंसक घटनाओं को दबाने के लिए अत्यन्त कठोर कार्रवाई की जाए । इस सिलसिले में मुहाजिर कौमी मूवमैंट और पीपुल्स पार्टी से सम्बद्ध जो उग्रवादी सिंध में गिरफ्तार किए गए हैं उन पर सैनिक अदालत में मुकद्दमा चलाया जाए । संविधान में सैनिक अदालत में यह मुकद्दमा चलाने का प्रावधान नहीं है और सत्तारूढ़ पार्टी को यह आशंका भी है कि इसके कारण सैनिक प्रशासन फिर से सक्रिय हो जाएगा ।

समाचार पत्र ने जानकार सूत्रों के हवाले से कहा है कि सेना ने प्रधानमंत्री पर स्पष्ट कर दिया है कि यदि सिंध में स्थिति को नियंत्रित करना है तो संविधान में संशोधन करना होगा । ऐसा करने के लिए सेना सभी राजनीतिक पार्टियों से इस पर सहमति लेना चाहती है ।

महाजिर कौमी मूवमैंट के सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में बताया गया है कि उसके चार हजार समर्थक गिरफ्तार किए गए हैं । पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद से उसके 700 समर्थक अभी तक लापता हैं ।

चार पत्रकारों की हत्या किए जाने के बाद समाचार पत्रों पर एक विशेष प्रकार का प्रतिबंध लगा हुआ है । केन्द्रीय मंत्री भी कोई टिप्पणी करते हुए डरने लगे हैं । रिपोर्ट में कहा गया है कि श्रीमती भुट्टो हिंसा की इन घटनाओं के लिए मुहाजिर कौमी मूवमैंट को ही पूरी तरह जिम्मेदार मानती हैं ।

सिंध प्रांत में कानून एवं व्यवस्था की लगातार खराब होती स्थिति पर काबू न पाने के कारण विपक्ष की तीखी आलोचनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो ने वहां आतंकवादियों के खिलाफ जोरदार कार्रवाई योजना स्वीकार की है । प्रा आतंकवादियों के खिलाफ इ रेंजरो और पुलिस को शामि योजना को कल बेनजीर कराची जाकर वहां कानून की समीक्षा करने के बाद अ

अधिकारियों का कहन प्रशासन को मदद' देने का व के नेताओं की राय में सिंध करने की तैयार हो गई है किसी कदम की संभावना है ।

9 करोड़ की है

नई दिल्ली, 11 जून (दो अलग-अलग मामलों गिरफ्तार करके उनके कब्ज आठ किलो नौ सौ ग्राम है अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी रुपए है ।

ईरानी राष्ट्रपति तीसरी कोशिश

निकोसिया, 11 जून (होमी रफसंजानी की हत्या है । पिछले आठ महीने म तीसरी बार प्रयास किया ग असंतुष्ट गुट मुजाहिदीन मुजाहिदीन खल्क ग्रुप के कार्यालय ने निकोसिया में रिपोर्ट में कहा है कि रफस प्रयास अप्रैल के अंतिम स इससे पहले दो प्रयास 19 वर्ष जनवरी में किए गए मीडिया ने न तो इनका स रिपोर्ट में कहा गया है कि उनके ऊपर गोली चला अन्य सुरक्षा कर्मियों ने उ

कश्मीर में राजनीतिक गतिविधियां शुरू करने का समय आ गया है : मुफ्ती

नई दिल्ली, 11 जून (वार्ता): केंद्रीय गृहमंत्री

प्रक्रिया का कोई विकल्प नहीं है हालांकि

पाकिस्तान में ट्रेनिंग प्राप्त क उग्रवादियों की संख्या में भा

अमृतसर, 11 जून (मनोहर शरद): सूत्रों के | और मुंह से भी बयान

Punjab Sandesh





...ारा बुधवार को अमृतसर में आयोजित किए गए एक ...के दो गिरोहों के सदस्य, जो धमकी पत्र लिखकर धन (छाया : पंजाब केसरी)

40 आतंकवादियों के एक गिरोह द्वारा शाहबाज़पुर में सी.आर.पी. कैम्प पर राकेटों, राइफलों से हमला

पंजाब में अन्यत्र 6 सुरक्षा कर्मियों सहित 11 लोगों की हत्या

धन ऐंठने वाले 2 गिरोहों के 8 सदस्य काबू : बैंक लूटा

गुट संघर्ष में 2 उग्रवादी मारे गए

चंडीगढ़, 13 जून (प.स., वार्ता): अमृतसर जिला के पट्टी क्षेत्र में 40 आतंकवादियों के एक गिरोह ने कल रात सी.आर.पी.एफ के एक कैम्प पर राकेटों तथा ए.के. 47 राइफलों से हमला किया । पिछले 24 घटों के दौरान पंजाब में अन्यत्र 6 सुरक्षा कर्मियों समेत 11 लोगों की हत्या हुई तथा एक बैंक लूटा गया । इस बीच दो आतंकवादी निजी गुट संघर्ष में मारे गए जबकि सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादी गिरोहों के आठ सदस्यों को काबू किया ।

सी.आर.पी. मुख्यालय पर राकेटों से हमला : अमृतसर (प.स.): आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर अभी तक के अपने सबसे बड़े हमले में कल देर रात तरनतारन जिले में पट्टी पुलिस थाना क्षेत्र में शाहबाज़पुर गांव में केंद्रीय रिज़र्व पुलिस की 69वीं बटालियन के मुख्यालय को उड़ाने के लिए राकेटों से भीषण हमला किया । आतंकवादियों ने कम से कम 22 राकेट दागे ।

यहां प्राप्त पुलिस रिपोर्ट के अनुसार पैंतीस से चालीस सदस्यीय एक आतंकवादी गिरोह ने मुख्यालय की चौतरफा घेराबंदी कर दी और रूसी राकेटों को दागने के अलावा अत्यधुनिक हथियारों से ताबड़तोड़ गोलीबारी की । पांच राकेट मुख्यालय की इमारत पर लगे, जिससे सम्पत्ति को नुक्सान पहुंचा । वैसे किसी के हताहत होने का समाचार नहीं है ।

घटनास्थल से ए.के. 47 राइफलों के करीब आठ सौ चले हुए कारतूस बरामद हुए ।

केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के एक अधिकारी ने बताया कि जब यह हमला हुआ, उस समय अधिकांश जवान ग्रामीण इलाकों में गश्त पर थे । परिसर में तैनात गार्डों ने हल्की मशीनगनों से जवाबी कार्रवाई करते हुए हमले को विफल कर दिया । उन्होंने बताया कि अतिरिक्त जवानों के घटनास्थल पर पहुंचते ही आतंकवादी भाग खड़े हुए । पुलिस ने बताया कि हमले के दौरान आतंकवादियों ने भारत विरोधी नारे लगाए और चिल्ला-चिल्ला कर कहा कि 'यह हमला भिंडरांवाले टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान' के स्वयंभू ली. जनरल बख्शीश सिंह सोना की मौत के बदले में की गई कार्रवाई है । बख्शीश सिंह पिछले दिनों फिरोज़पुर जिला में सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में मारा गया था । यह हमला इन रिपोर्टों के बीच किया गया कि पंजाब के सीमावर्ती जिलों में हाल में हुई आतंकवादी हिंसा में वृद्धि पर काबू पाने के लिए नैशनल सिक्योरिटी गार्ड 'ब्लैक कमांडो' को तैनात किए जाने का प्रस्ताव है ।

दो सुरक्षा चौकियों पर हमले : इस बीच आतंकवादियों ने कल देर रात तरनतारन जिले के चीमा और चौटाला गांव में विशेष पुलिस अधिकारियों की दो चौकियों पर भी हमले किए । आतंकवादियों ने चीमा स्थित चौकी पर हथगोले फेंके लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ । सुरक्षा कर्मियों की जवाबी कार्रवाई से आतंकवादी भाग खड़े हुए ।

आतंकवादी गिरोह के पांच सदस्य काबू : अमृतसर पुलिस ने नौ सदस्यीय आतंकवादी गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है । एस.पी. (सिटी) श्री पी.एस. सिद्धू ने पत्रकारों को बताया कि गिरोह का सरगना मेजर सिंह अपने तीन साथियों के साथ फरार है । मेजर सिंह अकाली दल (लौंगोवाल) की पट्टी शाखा के अध्यक्ष श्री हजारा सिंह का पुत्र है । मेजर सिंह खड्डा बस हत्याकांड में संलिप्त था और ज़मानत पर छूटने के बाद उसने उक्त गिरोह बनाया था । पकड़े गए आतंकवादियों से एक रिवाल्वर तथा एक खिलौना पिस्तौल भी बरामद हुई है ।

उक्त आतंकवादी गिरोह अमृतसर के दक्षिणी भाग में सक्रिय था । इस गिरोह ने पंद्रह ज्ञात मामलों में लाखों रुपए ऐंठे थे । इस गिरोह का शिकार मुख्यतः फैक्टरी मालिक थे । पकड़े गए आतंकवादियों के नाम बलविंदर सिंह, बलवंत सिंह, गुरचरण सिंह उर्फ़ बिल्ला, सुखवंत सिंह उर्फ़ सुक्खा तथा बगीचा सिंह बताए जाते हैं ।

एक और गिरोह के तीन सदस्य काबू : अमृतसर जिला पुलिस ने अमीरों को धमकी-भरे पत्र लिख कर पहली बार धन बटोरने का प्रयास करने वाले एक गिरोह के तीन सदस्यों को काबू किया है । इनके नाम रणजीत सिंह, बलविन्दर सिंह तथा अनूप सिंह बताए जाते हैं । ये तीनों पाखरपुरा गांव के निवासी हैं । उक्त गांव की पंचायत द्वारा लिखित रूप से यह आश्वासन दिए जाने पर कि उक्त तीनों युवक भविष्य में ऐसी कार्रवाइयां नहीं करेंगे, पुलिस ने उन्हें रिहा कर दिया । इस बीच श्री सिद्धू ने बताया कि पुलिस ने मई में एक विशेष अभियान के दौरान आबकारी कानून के अधीन 34 तथा जुआ निरोधक कानून के अधीन 18 लोगों को गिरफ्तार किया ।

हैडकांस्टेबल सहित 2 की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के अंतर्गत आने वाले लोहके गांव के निकट आतंकवादियों ने आज शाम एक हैड-कांस्टेबल श्री सुखदेव सिंह तथा उनके एक मित्र की गोली मार कर हत्या कर दी । घटना के समय वे दोनों मोटरसाइकिल पर जा रहे थे ।

बैंक लूट लिया : रैय्या से 'फौजी' के अनुसार यहां से पांच किलोमीटर दूर गांव फेरूमान में स्थित ग्रामीण विकास बैंक से आज दोपहर आतंकवादियों ने 15180 रुपए लूट लिए । भागते समय आतंकवादी बैंक गार्डों की दो बंदूकें तथा बीस कारतूस भी ले गए ।

दो कांस्टेबलों की हत्या : संगरूर (वार्ता): आतंकवादियों ने कल जिला के संदौर गांव में पुलिस चौकी के निकट स्नान कर रहे दो पुलिस कांस्टेबलों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतकों के नाम सुखविन्द्र सिंह तथा दर्शन सिंह बताए जाते हैं ।

दो आतंकवादी मरे : मुक्तसर से 'दीपक, दर्दी' के अनुसार यहां से 15 किलोमीटर दूर चौंतरा माइनर के निकट से दो शव बरामद हुए हैं । एक मृतक की पहचान राजेन्द्र सिंह के रूप में हुई है । वह हत्याओं तथा लूटपाट के अनेक मामलों में पुलिस को वांछित था । यह वारदात आतंकवादी गुटों की निजी शत्रुता का परिणाम बताई जाती है ।

3 होमगार्ड जवानों की हत्या : बटाला (कोछड़, चौधरी): आज प्रातः यहां जी.टी. रोड पर स्थित चीनी मिल के निकट आतंकवादियों ने फायरिंग करके होमगार्ड के 3 जवानों की हत्या कर दी ।

बताया जाता है कि आज प्रातः लगभग 11 बजे होमगार्ड के तीन जवान तेजपाल, सुभाष चन्द्र और राज कुमार चीनी मिल के निकट पैट्रोल पम्प की ओर गश्त पर जा रहे थे कि नीले रंग की एक मारुति वैन से आतंकवादियों ने इन पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी, जिससे तेजपाल तो घटनास्थल पर ही दम तोड़ गया तथा सुभाष चंद्र और राज कुमार को घायलावस्था में अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां राज कुमार भी दम तोड़ गया । सुभाष चंद्र की हालत बिगड़ जाने के कारण उसे बटाला से अमृतसर के गुरु तेगबहादुर अस्पताल में भेज दिया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई ।

पुलिस तथा बी.एस.एफ. ने सारा क्षेत्र सील करके आतंकवादियों की तलाश शुरू कर दी है । पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफलों का प्रयोग किया । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 36 चले हुए कारतूस मिले हैं ।

बैंक लूटा : लुधियाना (महिन्द्रा, मुसाफिर, भाखड़ी): पंजाब एंड सिंध बैंक की एक स्थानीय शाखा में दिन दिहाड़े डाका पड़ा और डाक बैंक से 255850 रुपए लेकर चम्पत हो गए ।

बताया जाता है कि 4-5 आतंकवादी सफेद रंग की मारुति कार (पी.बी. 10 बी 009) में सवार होकर मिल्लरगंज गिल रोड पर स्थित बैंक की शाखा पर आए और आते ही द्वार पर खड़े गनमैन को काबू कर लिया और उससे दोनाली बंदूक छीन कर अपने एक साथी को थमा दी फिर बैंक के अन्दर जाकर बैंक कर्मियों को हाथ खड़े करने को कहा तथा ग्राहकों को दीवार की ओर मुंह करके खड़े होने को कह मैनेजर हरबंस सिंह के कैबिन में चले गए । उससे स्ट्रांग रूम की चाबियां लेकर वहां से 255850 रुपए एक बैग में डाल कर मैनेजर से बोले, यह बड़ी शाखा है, रुपया और होना चाहिए, मगर मैनेजर ने इन्कार किया और कहा कि बस इतना ही था । इसके बाद आतंकवादी दस मिनट तक कैश बाक्स और खजांची के कागज आदि चैक करते रहे । फिर आराम से चले गए ।

रिजनल मैनेजर श्री सारंग ने बताया कि जाती बार आतंकवादी एक कर्मचारी का परिचयपत्र भी साथ ले गए । कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बैंक के कर्मचारियों को पहले हाथ खड़े करने और फिर बैठने को कहा गया । कई कर्मचारी डर के मारे मेज़ों के नीचे छुप गए । एक आतंकवादी जो गनमैन की वर्दी में था, गेट पर ही खड़ा रह गया था, उसने बाहर से किसी को भी अन्दर न जाने दिया । जो भी आया, उसे कहा कि अन्दर काफी भीड़ है, ठहर कर आना ।

यह शाखा जहां पर स्थित है, वह काफी भीड़भाड़ वाला क्षेत्र है । इस सारी वारदात में 15 मिनट लगे ।

बाद का समाचार है कि डाके के बाद आतंकवादी विश्वकर्मा चौक की ओर गाड़ी भगा कर चले गए । यह प्रातः 11 बजे की घटना है ।

सरपंच घायल : पटियाला (भूषण): दो संदिग्ध युवकों ने आज दोपहर रंघेड़ा गांव के सरपंच श्री गुरदयाल सिंह को उनके घर में घुस कर ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल से गोलियां मार कर घायल कर दिया । उन्हें मंडी गोविन्दगढ़ के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है । बताया जाता है

(शेष पृष्ठ 8 पर)

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी अब सिखों की प्रतिनिधि संस्था नहीं रही : छोटेपुर

लुधियाना, 13 जून (मुसाफिर) : अकाली दल मान के महासचिव सुच्चासिंह छोटेपुर ने 3 जिलों में सेना की तैनाती की कड़ी निंदा की है और कहा है कि सेना पंजाब-समस्या का हल नहीं । यह तो राजनीतिक समस्या है, राजनीतिक पहल से ही हल होगी । उन्होंने कहा कि ब्लूस्टार आप्रेशन के दौरान सेना ने पंजाब को काफी नुक्सान पहुंचाया और सिखों को कुचलने की कोशिश की थी । उन्होंने चेतावनी दी कि सेना की तैनाती से पंजाब की स्थिति और बिगड़ेगी । सेना तथा सख्ती से सिखों को दबाया नहीं जा सकता ।

धीमान के अनुसार श्री सुच्चा सिंह छोटेपुर ने एक भेंट में बताया कि वर्तमान में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी किसी भी हालत में सिखों की प्रतिनिधि संस्था नहीं रही । इसके गत चुनाव 1979 में कराए गए थे, उसके पश्चात् राजनैतिक रूप से बहुत से उतार-चढ़ाव आ चुके हैं । उन्होंने राष्ट्रीय मोर्चा सरकार पर जोर दिया कि वह यह चुनाव शीघ्रातिशीघ्र कराए ताकि यह सच्चाई सबके सामने आ जाए कि सिखों का प्रतिनिधित्व असल में कौन करता है । श्री छोटेपुर एस.जी.पी.सी. के सदस्य भी हैं ।

श्री छोटेपुर ने पुराने नेतृत्व पर जोर दिया कि वह कम से कम वर्तमान हालात को देखते हुए स्वयं ही कुर्सी की भूख को छोड़ दे क्योंकि सिख राजनीति में उनके लिए कोई स्थान नहीं है, नहीं तो सिख जगत उन्हें माफ नहीं करेगा । उन्होंने पुराने नेताओं को सलाह दी कि वे कौम व पंजाब के हित व वर्तमान संकट को सामने रखते हुए और पंजाब समस्या हल करने के लिए श्री सिमरन जीत सिंह मान को अपना नेता मान लें ।

उन्होंने बी.पी. सिंह सरकार को चेतावनी दी है कि वह कांग्रेस (इ) वाले पुराने खेल खेलने बंद कर दें । सरकार ने पहले श्री राजदेव सिंह, फिर श्री अतिदर पाल सिंह सांसदों को उभारने का प्रयत्न किया । उनकी सूचना है कि किसी तीसरे नेता को आगे लाकर झख मारने का प्रयत्न हो रहा है ।

श्री छोटेपुर ने प्रधानमंत्री श्री बी.पी. सिंह से कहा कि वह पंजाब समस्या हल करने के लिए गलत नेताओं के साथ सलाह-मशविरा करके अपना समय बर्बाद न करें । इससे केन्द्र को कोई लाभ नहीं होगा । प्रधानमंत्री को पंजाब-समस्या हल करने के लिए खाड़कुओं से बातचीत करने की प्रक्रिया श्री सिमरनजीत सिंह मान के नेतृत्व में ही करनी चाहिए वरना कोई ी बात सिरे नहीं चढ़ेगी ।

श्री छोटेपुर ने नार्वे के पहले भारतीय कूटनीतिज्ञ श्री हरिन्द्र सिंह खालसा के एस.जी.पी.सी. की ओर से चलाए जा रहे ननकाना साहिब एजुकेशनल ट्रस्ट के मुख्य प्रशासक के पद का प्रस्ताव ठुकराने को एक बुद्धिमत्ता भरा कदम बताया ।

अमरीका भारत के विरुद्ध कोई प्रतिबंध न लगाएगा : आबिद

वाशिंगटन, 13 जून (आई.ए.एन.एस.): अमरीका द्वारा भारत के विरुद्ध सुपर 301 पर प्रतिबन्ध लगाए जाने की अंतिम तिथि में केवल 3 दिन शेष हैं लेकिन भारत के राजदूत डा. आबिद हुसैन ने इस विश्वास को प्रकट किया है कि अमरीका किसी प्रकार का प्रतिबन्ध न लगाएगा । डा. हुसैन शीघ्र ही अमरीका के व्यापारिक प्रतिनिधि से आज भेंट करने वाले हैं । उन्होंने कहा कि उन्हें अभी तक इस प्रकार का कोई संकेत नहीं मिला कि अमरीका किस प्रकार का व्यापारिक प्रतिबन्ध लगाएगा ।

6 मास में ही राष्ट्रीय मोर्चा सरकार से लोगों का मोह भंग हो गया है : राजीव

मुज़फ़्फ़रपुर, 13 जून (वार्ता): कांग्रेस (इ) अध्यक्ष राजीव गांधी ने आज कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों में उनकी पार्टी की हार में बोफोर्स विवाद ने कोई खास भूमिका नहीं निभाई ।

श्री गांधी ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि राष्ट्रीय मोर्चा सरकार बेकार ही इस मसले को तूल दे रही है । एक संवाददाता ने जब उन्हें सुझाव दिया कि विपक्ष के नेता के रूप में वह भी बोफोर्स मसले का उपयोग कर सकते हैं तो श्री गांधी ने कहा कि वह बोफोर्स संबंधी दस्तावेज लोकसभा में रखने की मांग पहले ही कर चुके हैं ।

उन्होंने शिकायत की कि राष्ट्रीय मोर्चा सरकार इस संबंध में पूरे दस्तावेज लाने की बजाय केवल कुछ कागज़ात ही रख रही है जबकि अति गोपनीय कागज़ात फाइल से बाहर निकाले जा रहे हैं जो ईमानदारी नहीं है । उन्होंने दावा किया कि लोगों का राष्ट्रीय मोर्चा सरकार से मोह भंग हो चुका है और छः मास के अन्दर ही लोग सरकार में परिवर्तन चाहने लगे हैं, लेकिन उन्होंने कहा, कांग्रेस (इ) को इस सरकार को सत्ता से च्युत करने की कोई जल्दी नहीं है लेकिन हम सरकार का ध्यान उसकी गलतियों और असफलताओं की ओर दिलाना जारी रखेंगे । यह पूछे जाने पर कि उनकी पार्टी सत्ता के दलालों को हटाने में किस हद तक सफल रही है, उन्होंने कहा कि दलालों की पकड़ कुछ ढीली पड़ गई है लेकिन इस दिशा में अभी बहुत कुछ करना बाकी है ।

भाजपा का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इस पार्टी द्वारा सकारात्मक धर्म-निरपेक्षता की चर्चा आंखों में धूल झोंकने का प्रयत्न मात्र है ।

श्री गांधी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि कांग्रेस (इ) ने पिछले छः महीनों में अपनी स्थिति मजबूत की है ।

कांग्रेस (इ) पार्टी के ढांचे के अन्दर विभिन्न मंचों के गठन पर उत्पन्न मतभेदों के बारे में पूछे जाने पर पार्टी अध्यक्ष ने कहा : मैं ऐसे मंचों की कोई जरूरत नहीं समझता क्योंकि ऐसे मंच पार्टी को नुक्सान पहुंचाते हैं । उन्होंने कहा कि पार्टी सिद्धांतों पर एक अगस्त को प्रस्तावित राष्ट्रीय बहस के दौरान ऐसे मुद्दों पर विस्तार से विचार किया जा सकता है ।

बिहार में जन आस्था और जनविकास मंच के बीच गहराते जा रहे विवाद के बारे में एक सवाल पूछे जाने पर श्री गांधी ने कोई टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया और प्रदेश कांग्रेस (इ) अध्यक्ष लहटन चौधरी को इस सवाल का जवाब देने को कहा । श्री चौधरी ने कहा कि पार्टी के निर्देशों की अनदेखी करते हुए जनआस्था मंच द्वारा एक बैठक आयोजित करने पर भी भगवत झा आज़ाद सहित मंच के नेताओं को कारण बताओ नोटिस भेजा जा चुका है । उन्होंने कहा कि पार्टी को अभी तक इसका जवाब नहीं मिला है ।

यह पूछे जाने पर कि जन-विकास मंच के नेताओं को कारण बताओ नोटिस क्यों नहीं जारी किया गया, प्रदेश कांग्रेस (इ) अध्यक्ष ने कहा कि जन विकास मंच के नेताओं ने पार्टी के निर्देशों का पालन करते हुए अपनी बैठक स्थगित कर दी है ।

इनामों से भरपूर ! स्वाद में मशहूर !!

...हजार एस..पी.ओ. ...ए जाएंगे : मांगट

हैं उन्हें दूर करने में भी यह अभियान सहायक सिद्ध हुआ है । पुलिस महानिदेशक ने कहा कि इस बात के कड़े निर्देश जारी किए गए हैं कि किसी भी बेगुनाह व्यक्ति को अकारण परेशान न किया जाए ।

श्री मांगट ने पंजाब के नवनियुक्त राज्यपाल श्री वीरेन्द्र शर्मा व अन्य केन्द्रीय नेताओं के इन बयानों पर टिप्पणी करने से इंकार कर दिया कि राज्य में अक्तूबर के अंत तक विधानसभा चुनाव करवा दिए जाएंगे ।

इससे पूर्व श्री मांगट ने स्थानीय कैनाल रैस्ट हाऊस में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, पूर्व पालिका सदस्यों व प्रमुख नागरिकों की बैठक में भाषण करते हुए लोगों से प्रशासन को सहयोग देने की अपील की । इस अवसर पर जालंधर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी.आर. भट्टी, एस.एस.पी. श्री रविन्द्र सिंह उप्पल भी मौजूद थे ।

उन्होंने गढ़शंकर, गढ़दीवाला व टांडा में भी जन-सभाओं को संबोधित किया ।

...तरिक्ष में अपनी ...के निकट पहुंचा

डिग्री पूर्व स्थित अपने स्थायी कक्षा में स्थापित होने की उम्मीद है ।

इन्सैट-1 डी के कल सफल प्रक्षेपण के साथ ही देश में विकसित दूसरी पीढ़ी के इन्सैट उपग्रहों के युग का शुभारम्भ हो गया है ।

दूसरी पीढ़ी के इन्सैट उपग्रह को यहां 'इसरो' (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) द्वारा बनाया जा रहा है । पहले और दूसरे इन्सैट-2 उपग्रहों का निर्माण कार्य अग्रिम चरण में है और अगले दो तीन

(शेष पृष्ठ 8 पर)



अमरीका के केप केन्वेरल वायु सैनिक अड्डे से मंगलवार प्रातः उड़ान भरता हुआ डेल्टा राकेट । इस राकेट ने सफलतापूर्वक भारतीय उपग्रह इन्सैट-1 डी को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया । (छाया : प्रै.ट्र.)

...द्र से ऋण माफी बारे ...र्विचार की मांग

है । यदि केंद्र इस बारे कुछ बोझ राज्यों पर डालना ही चाहता है तो फिर मात्र 10% भाग के तौर पर डाल दे । इस हिसाब से जितनी राशि वांछित हो, वह राज्यों को आर.बी.आई. से बिना ब्याज के कर्ज के रूप में दिलाई जाए ।

श्री गुप्ता का कहना है कि ये सब बातें प्रधानमंत्री को दिए ज्ञापन में शामिल हैं । उन्होंने बताया कि केंद्र ने कर्ज माफी बारे कुछ रियायतें देने का फैसला किया है । जैसे कि कर्ज सिर्फ 10 हजार रु. तक का माफ किया जाएगा या फिर उस व्यक्ति का कर्ज माफ किया जाएगा जिसकी लगातार दो फसलें खराब हो गई है ।

श्री गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार ने जितने सहकारी ऋण माफ करने थे, वे माफ किए जा चुके हैं । सरकार ने सम्बद्ध अधिकारियों को सहकारितामंत्री श्री धीर पाल सिंह की उपस्थिति में स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कर्जों की वसूली बारे लोगों से न तो सख्ती की जाए और न उनको परेशान किया जाए ।

...ख्यमंत्री बनने को तैयार हूं : चौटाला

जब देश में किसानों की सरकार होगी ।

श्री चौटाला ने कहा कि श्री देवी लाल को

ठीक ढंग से काम कर रही है और लोगों से किए गए वायदे को पूरा करने की कोशिश कर रही है ।

पुलिस अधीक्षक बाल-बाल बचे

(पृष्ठ 3 का शेष)

श्रीनगर के सिविल लाईन क्षेत्र में आज कर्फ्यू में 13 घंटे की ढील दी गई । अधिकारियों ने बताया कि महराजगज, खानयार, सफाकदल और नौहट्टा के पांच पुलिस थाना क्षेत्रों में आज कर्फ्यू में कोई ढील नहीं दी गई । घाटी के अन्य नगरों में भी दिन के समय कर्फ्यू में ढील दी गई ।

मीर मुस्तफा की हत्या का मामला सुलझा : प्रवक्ता ने बताया कि निर्दलीय विधायक मीर मुस्तफा की हत्या का मामला भी सुलझा लिया गया है । प्रवक्ता ने बताया कि 23 मार्च को उनका अपहरण किया गया और 25 मार्च को श्रीनगर के बटमालू इलाके में उनका शव बरामद हुआ था ।

सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि मुस्तफा का अपहरण जमायते इस्लामिया के प्रतिबंधित उग्रवादी गुट हिजबुल मुजाहिदीन संगठन ने किया और बाद में उनकी हत्या कर दी गई थी । चार लोगों ने उन्हें अपहृत किया और बाद में उन्हें श्रीनगर के नखाडा में बंधक बना कर रखा गया । जिस वाहन का उनके अपहरण में इस्तेमाल किया गया, वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया था । शहर के बटमालू इलाके में जावेद अहमद भट्ट की वर्कशाप में उसकी मरम्मत की गई । नखाडा से मुस्तफा को उसी रात मोहम्मद रफीक बेग के लूचीबाग (श्रीनगर) इलाके में स्थित निवास पर ले जाया गया । उनकी हत्या मेहराजदीन वानी, मंजूर अहमद, मीर रौफ आलिया यासीन और अब्दुल ने की । प्रवक्ता ने बताया कि रौफ आलिया यासीन के अलावा पूछताछ के दौरान सभी ने अपराध करना कबूल किया है ।

बैंकों में कामकाज पुनः शुरू होगा : कश्मीर घाटी में बैंकों में कामकाज एक सप्ताह के भीतर होने लगेगा । यह आश्वासन बैंकों के प्रतिनिधियों ने कल यहां उच्च स्तरीय बैठक में दिया । जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल के सलाहकार वेद मरवाह ने बैठक बुलाई थी जिसमें मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) तथा अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) भी उपस्थित थे ।

श्री मरवाह ने खास तौर पर श्रीनगर तथा जिला मुख्यालयों में बैंकों की गतिविधियां फिर से शुरू करने की जरूरत पर बल दिया क्योंकि व्यापारियों और आम आदमी को कठिनाई हो रही है । श्री मरवाह ने कहा कि बैंकों को फिर से कामकाज आरंभ करने में हर संभव सहायता दी जाएगी ।

दो उग्रवादी तथा हैड-कांस्टेबल गिरफ्तार : पुंछ : पुलिस ने पुंछ क्षेत्र से मोहम्मद सादिक तथा गुलाम अब्बास नामक दो उग्रवादियों, जोकि मेंढर क्षेत्र के हेरनी गांव में एक दुकानदार की हत्या में वांछित थे, को कल गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने उनके पास से एक 'बार किट' तथा कुछ चीनी बम तथा एक पिस्तौल बरामद की है । पुलिस ने सुरांकोट से एक हैड-कास्टेबल मोहम्मद लतीफ, जोकि क्षेत्र में तोड़फोड़ की विभिन्न घटनाओं में वांछित था, को गिरफ्तार कर लिया है । उसके दो पुत्र, जिन्होंने पाकिस्तान में हथियारों का प्रशिक्षण प्राप्त किया है, भगौड़े हो गए हैं । इस बीच सुरक्षा बलों द्वारा पुंछ क्षेत्र में उग्रवादियों के छुपने के ठिकानों पर छापे मारने का क्रम जारी है ।

सी.बी.आई. ने जांच पूरी की : जम्मू से नि.स. के अनुसार सी.बी.आई. ने कश्मीर में उग्रवादियों द्वारा किए गए अपहरण तथा हत्याओं के लगभग आध दर्जन केसों की जांच पूरी कर ली है । इन केसों में डा. रुबिया सईद, कश्मीर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मुशीर-उल-हक तथा उनके प्राइवेट सचिव श्री अब्दुल गनी, श्रीनगर दूरदर्शन केन्द्र के निदेशक श्री लासा कौल तथा कुछ अन्यों के केस शामिल हैं ।

आज यहां जेल में रुबिया अपहरण केस के सम्बन्ध में मैजिस्ट्रेट ने दो अभियुक्तों के बयान रिकार्ड किए ।

इन्सैट-1 डी

(पृष्ठ 3 का शेष)

वर्षों में यूरोपीय अंतरिक्ष एजैंसी द्वारा इसका प्रक्षेपण किए जाने का कार्यक्रम है ।

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह ने इन्सैट-1 डी के सफल प्रक्षेपण पर प्रसन्नता प्रकट करते हुए भारतीय वैज्ञानिकों को बधाई दी है ।

11 करोड़ डालर का बीमा : उपग्रह का 11 करोड़ डालर का बीमा किया गया है । भारतीय बीमा निगम के अध्यक्ष अशोक गोयनका ने आज विजयवाड़ा में एक प्रैस कांफ्रैंस में यह जानकारी दी । इस उपग्रह पर कुल लागत आठ करोड़ डालर आई है ।

सी.आर.पी. कैंप पर हमला

(पृष्ठ 3 का शेष)

कि अभियुक्तों ने जाने से पहले आपत्तिजनक नारे भी लगाए ।

स्कूटर छीना : दो संदिग्ध युवकों ने कल शाम पटियाला जिला के महादियां गांव में जगजीत सिंह नामक एक व्यक्ति से उसका बजाज चेतक स्कूटर (नं. पी.बी.वी. 7574) छीन लिया ।

एक की हत्या : फिरोजपुर (वार्ता): जिला के मानांवाला गांव में सात आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर रुलदा सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । आतंकवादी मृतक की दोनाली बंदूक भी ले गए ।

शव मिला : गुरदासपुर (वार्ता): पुलिस ने आज गुरदासपुर शहर में मिल्क प्लांट के बाहर से एक व्यक्ति पूरन चंद का शव बरामद किया है । मृतक के दोनों हाथ किसी तेज धार हथियार से काट दिए गए थे । बताया जाता है कि पूरन चंद विगत 29 मई से लापता था ।

डाक्टर घायल : जालन्धर (वार्ता): आज रात स्थानीय बस्ती दानिशमंदां में दो युवकों ने डा. गिल नामक एक व्यक्ति को घायल कर दिया ।

महंत, उसके साथी की हत्या : थाना फिल्लौर जिला जालन्धर के गांव झंडियां पीर में आज सायं उग्रवादियों ने 2 व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार एक मृतक की शिनाख्त महंत हरिया दास के रूप में की गई है जबकि दूसरे की शिनाख्त उसके साथी का नाम पता नहीं चल सका ।

मास्को आर्थिक नाकेबंदी खत्म करने पर सहमत

मास्को, 13 जून (प.स.): मास्को लिथुआनिया के खिलाफ आर्थिक नाकेबंदी समाप्त करने पर राजी हो गया है । लिथुआनिया की प्रधानमंत्री काजिमीरा पन्सकीन ने आज सोवियत प्रधानमंत्री निकोलाई रिजकोव के साथ बातचीत के बाद यह घोषणा की ।

वकीलों की हड़ताल

होशियारपुर, 13 जून (अश्विनी): जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री कृष्ण कांत शर्मा ने आज यहां बताया कि जिला भर के वकीलों ने हाई कोर्ट बार एसोसिएशन की काल पर आज से 15 जून तक सभी अदालतों के बहिष्कार का निर्णय किया है ।

बिक्री-कर अधिकारियों की धक्केशाही और लूटखसूट से व्यापारियों में हाहाकार

लुधियाना, 13 जून (धीमान): सेल्स टैक्स विभाग के कुछ अधिकारियों ने पिछले 2-3 दिनों में जो लूट-खसूट की है, उससे यहां के व्यापारियों में हाहाकार मच गया है । कल रात मंडी बूटे शाह में ऐसी टोली और व्यापारियों के बीच टकराव होता-होता रह गया । अगर इन अधिकारियों ने मनमानी व धक्केशाही बंद न की तो सभी व्यापारी किसी भी समय हड़ताल करने के लिए मजबूर हो जाएंगे ।

लुधियाना ट्रेडर्स एसोसिएशन के श्री जुगल किशोर और श्री हीरा लाल ने बताया कि सेल्स टैक्स के कुछ अधिकारियों ने नाजायज़ तौर पर दबाव डाल कर और डरा-धमकाकर कल एक ही दिन में एक लाख से अधिक डकार लिया । कल रात उनका यह ग्रुप लगभग सवा दस बजे मंडी बूटे शाह में आ धमका । एक ट्रक जो शहर के अन्दर था में चावल ले जाया जा रहा था, उसको रोक लिया और उनके सही बिल उनसे छीन लिए । वहां पर व्यापारी इसपर काफी संख्या में जमा हो गए और इस हिटलरशाही के खिलाफ प्रोटैस्ट किया और नारे लगाए । उन्होंने पुकार-पुकार कर कहा कि यह बताया जाए कि सेल्स टैक्स अफसरों के घरों में लाखों रुपए मूल्य के रोजाना सामान कहां से आ गए? हम घर का पानी पीते हैं, वह फ्रिज का । इस प्रोटैस्ट के कारण उन्होंने बिल वापिस कर दिए और अपना मुंह लेकर वापस चले गए । सर्वश्री जुगल किशोर और हीरा लाल ने राज्यपाल से मांग की कि अगर पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के चेयरमैन के खिलाफ चार्जशीट जारी हो सकता है, तो सेल्स टैक्स के अधिकारियों की लूट-खसूट को टैस्ट केस बनाकर उच्चस्तरीय जांच भी करवाई जाए ।

इन दो व्यापारियों ने यह भी जानकारी दी कि कल रेलवे स्टेशन के सामने एक अधिकारी ने एक व्यापारी को डरा-धमकाकर 4,000 रुपए की रिश्वत ले ली । ऐसे कई उदाहरण हैं । प्रांत के व्यापार पहले से ही तबाही के कगार पर है । सेल्स टैक्स के अधिकारियों की ज्यादतियां इसे पूरे तौर पर समाप्त कर देंगी । उन्होंने यह भी बताया कि गत दिवस एक व्यापारी से डरा-धमका कर 70000 रुपए की रिश्वत ले ली थी । उनकी संस्था ने बहुत मेहनत करके उनसे 50000 रुपया व्यापारी को वापिस दिलवा दिया । श्री तुलसी दास जेतवानी प्रधान पंजाब व्यापार मंडल ने राज्यपाल से अपील की है कि सेल्स टैक्स अधिकारियों की धक्केशाही को रोकें । टैक्स की चोरी रोकने के लिए व्यापारी हर समय सरकार को सहयोग देते आए हैं, और देते रहेंगे । लेकिन इसकी आड़ में सेल्स टैक्स अधिकारियों की लूट-खसूट सहन नहीं की जाएगी । उन्होंने स्थानीय व्यापारियों को आंदोलन आरम्भ होने की स्थिति में पंजाब व्यापार मंडल के सहयोग का आश्वासन दिया ।

हरिजन बारातियों की पिटाई के केस में थाना इंचार्ज लाइन हाजिर

नई दिल्ली, 13 जून (प.स.): हरियाणा के रिवाड़ी जिले की पुलिस अधीक्षक श्रीमती दीपा मेहता ने पिछले 3 जून को जिले के कालहावास गांव की एक हरिजन बारात के साथ कथित मारपीट की घटना के सिलसिले में थाने के इंचार्ज कर्ण सिंह और सहायक सब-इंस्पैक्टर जरनैल सिंह का तबादला कर उन्हें लाइन हाजिर का निर्देश दिया है । इन पुलिस अधिकारियों पर मौके पर कार्रवाई न करने और बारातियों की रिपोर्ट न लिखने का आरोप है ।

महिला व बच्ची जिंदा जलीं

नई दिल्ली, 13 जून (पस) : दक्षिण दिल्ली में मालवीय नगर के पास खिरकी गांव में कागज के एक गोदाम में आग लगने के कारण एक वृद्ध महिला और एक बच्ची की जलकर मृत्यु हो गई ।

शहीदी समागम पर प्रतिबंध टोहरा व कलकत्ता के कहने पर लगा : बिमल खालसा

मोहाली, 13 जून (प्रेम वर्मा) : अकाली दल (मान) की सांसद श्रीमती बिमल खालसा ने आरोप लगाया है कि इस बार शहीदी समागम पर प्रतिबंध श्री जी.एस. टोहरा और श्री मनजीत सिंह कलकत्ता के कहने पर लगाया गया था ।

उन्होंने कहा कि जब उन्होंने वरिष्ठ पुलिस

पैट्रोल का राशन न

भोपाल, 13 जून (प.स.): केंद्रीय वित्त मंत्री मधु दंडवते ने निकट भविष्य में देश में पैट्रोल राशनिंग व्यवस्था लागू किए जाने से इंकार किया है । श्री दंडवते ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार पैट्रोलियम के आयात और विदेशी मुद्रा की स्थिति को देखते हुए देश में पैट्रोल की खपत कम करना चाहती है, लेकिन पैट्रोल राशनिंग व्यवस्था लागू करने से कई दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा, साथ ही पैट्रोल राशनिंग से भ्रष्टाचार में भी वृद्धि होगी ।

श्री दंडवते ने कहा कि चूंकि सरकार ही पैट्रोल का सबसे ज्यादा उपयोग करती है, इसलिए पहले केंद्र और राज्य सरकारों के कार्यालयों तथा सार्वजनिक उपक्रमों में पैट्रोल की खपत में लगभग 10 प्रतिशत की कमी करने के प्रयास किए जाएंगे ।

श्री दंडवते ने कहा कि राष्ट्रीय मोर्चा सरकार की आर्थिक नीति विकेंद्रीयकरण पर आधारित है और उसका केंद्र जनता है । उनकी सरकार जनोन्मुखी आर्थिक विकास कार्यक्रमों के माध्यम से देश की जर्जर अर्थ-व्यवस्था में सुधार लाकर राष्ट्र को विकास की एक नई दिशा देने की कोशिश कर रही है । जनता दल विधायकों के प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट की आलोचना करने वालों को समझ लेना चाहिए कि बजट व्यवस्था में वित्तीय घाटे की कमी कर उन्होंने आर्थिक विकास की जो शुरूआत की है, उसके सकारात्मक दूरगामी परिणाम होंगे । उन्होंने कहा कि वह चाहते तो बजट घाटा बढ़ा कर मूल्य वृद्धि रोकने का अस्थायी प्रयास कर एक प्रिय वित्तमंत्री सिद्ध हो सकते थे, लेकिन गत 40 वर्षों से लगातार घाटे की वित्त व्यवस्था के अंतर्गत चीजों के दाम लगातार बढ़ते रहे हैं और देश का आर्थिक विकास अवरुद्ध हुआ है । अतः उन्होंने वैकल्पिक मार्ग चुन कर इस बार घाटे को कम करने की कोशिश की है जिसे वह आगे भी जारी रखेंगे ।

श्री दंडवते ने कहा कि पैट्रोल के आयात, पाक सीमा पर तनाव के कारण रक्षा बजट पर होने वाले अधिक खर्च, विदेशी मुद्रा के संकट, चीनी व खाद्य तेल के उत्पादन में कमी आदि के कारण इस बार घाटा काफी अधिक होता लेकिन उन्होंने इसे सीमित करने की कोशिश की है ।

उन्होंने स्वीकार किया कि बजट के बाद चीजों के दाम बढ़े हैं लेकिन साथ ही आश्वासन दिया कि उनकी सरकार वित्तीय अनुशासन, सरकारी खर्चों में कमी, राजस्व में वृद्धि के प्रयत्नों आदि के माध्यम से कीमतों पर नियंत्रण रखने में सफल होगी और बजट घाटे को और कम कर सकेगी ।

क्लासीफाइड विज्ञापन

प्रवेश सूचना

Matric +2, B.A., B.Com., M.A., M.Com. one sitting. D & B Pharmacy.

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 13.6.90 52/- without trays. NECC suggested

Punjabi Sonarchi



श्री जे.वी. गुप्ता वीरवार
पर गोपनीयता की शपथ
(छाया : पै. ट्र.)



में वीरवार को चंडीगढ़ में
हुए । (छाया : पुरी)

र्गत भारत
तक टाली

त' नहीं पाई जाएं तो वह उस
बन्ध लगा सकती है । भारत
अमरीका से किसी प्रकार की
र करते हुए स्पष्ट कर दिया था
न के कारण सम्प्रभु भारत
ौजिक नीतियां नहीं बदल

की भूमिका कम करने, कुछ
शी पूंजीनिवेश का अनुपात
सामग्री का उपयोग, उत्पादित
ने के बारे में कुछ रियायतों की
ी थी । सश्री हिल्स ने कहा कि
क पूंजी निवेश से लोगों को
तकनीकी विकास होता है और
और यह संदेश भारत तक
कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस
ी वार्ता में भारत के दृष्टिकोण में
मिलेगी ।

र के आगे धरना

जून (संधी): पंजाब व चंडीगढ़ की
ति की प्रचार सचिव प्रो. लक्ष्मी
त्व में समिति के लगभग 200
में महिलाएं भी शामिल थीं, ने
मानवाधिकार संगठन के अध्यक्ष
जीत सिंह बैंस के घर के बाहर
ना देने से पहले कार्यकर्त्ताओं ने
ी बैंस के सैक्टर 2 स्थित निवास
निकाला । श्रीमती चावला ने
श्री बैंस मानवाधिकार के ठेकेदार
की वकालत करने में लगे हैं ।
र्त्ताओं ने श्री बैंस के खिलाफ
उनसे कहा कि अगर उन्होंने
ं का साथ देना है तो बेशक देते रहें
ारों की ठेकेदारी का मुखौटा लगा

दुर्दांत उग्रवादी दलविंद्र सिंह सहित 3 उग्रवादी मारे गए : माकपा नेता व 6 अन्य की हत्या

निहंगों के डेरे पर राकेटों से हमला : जवाबी फायरिंग से भाग खड़े हुए

चंडीगढ़, 14 जून (प.स., वार्ता): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान एक माकपा नेता व 2 युवतियों समेत 7 लोगों की हत्याएं हुईं, जबकि गुट संघर्ष में 3 आतंकवादी मारे गए । इस बीच उग्रवादियों ने निहंगों के एक डेरे को राकेटों से उड़ाने का भी प्रयास किया ।

दो युवतियों की हत्या : बटाला (कोछड़) : पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव दनिया संधु में गत रात लगभग सवा नौ बजे 8 सशस्त्र आतंकवादियों के एक गिरोह ने दो लड़कियों गुरमीत रानी (18) पुत्री पं. कर्म चन्द व चरणजीत कौर (16) पुत्री रूड़ सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार इन दोनों के घर साथ-साथ हैं, ये लड़कियां अपने परिवारों के साथ छत पर सो रही थीं कि आतंकवादी दोनों को जगा कर उनके परिवारों से यह कह कर उन्हें अपने साथ ले गए कि उनसे कोई बात करनी है । वे गुरमीत रानी की मां आशा रानी को भी ले गए । काफी आगे जाकर उन्होंने आशा रानी को रुकने के लिए कहा और कुछ आगे नहर के निकट जाकर फायरिंग करके दोनों लड़कियों की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार मौका से ए.के. 47 के 8 खाली कारतूस मिले हैं ।

2 व्यक्तियों की हत्या : पुलिस जिला बटाला के गांव मनन में आज तड़के लगभग 3 बजे आतंकवादियों के एक गिरोह ने 2 अलग-अलग घरों में जाकर 2 व्यक्तियों कुन्दन सिंह (28) पुत्र बचन सिंह व नारायण सिंह (70) पुत्र गुज्जर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार इन वारदातों में ए.के. 47 राइफल व पिस्तौल प्रयुक्त की गई है । इनके 7 चले कारतूस मौका से मिले हैं ।

दो लोगों की हत्या : जालंधर (प.स.) : आतंकवादियों ने फिल्लौर पुलिस थाना के अन्तर्गत आने वाले गांव कादियान में एक डेरे में घुसकर दो लोगों की गोलियां मारकर हत्या कर दी । मृतकों के नाम बाबा हरिया दास तथा सोखी बताए जाते हैं । इस वारदात में सोम पाल नामक एक व्यक्ति घायल भी हो गया ।

गुट संघर्ष में एक आतंकवादी मरा : कपूरथला (शर्मा) : आतंकवादियों ने कल रात रायपुरपीर गांव में अपने एक साथी रघुबीर सिंह को उसके घर के बाहर गोली से उड़ा दिया । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 4 खाली कारतूस बरामद हुए हैं । रघुबीर सिंह का सम्बन्ध आतंकवादी जसपाल सिंह उर्फ़ पाला के गिरोह से था । बताया जाता है कि रघुबीर सिंह कुछ समय पूर्व पुलिस में भर्ती हो गया था । लेकिन बाद में आतंकवादियों से सम्बन्ध रखने के आरोप में उसे पुलिस से निकाल दिया गया था ।

माकपा नेता की हत्या : पटियाला (भुषण): आतंकवादियों ने आज प्रात: लगभग 8 बजे बनूड़ थाना के अन्तर्गत खासपुर गांव में माकपा नेता बच्चन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । श्री सिंह किसान सभा से भी सम्बद्ध थे । बताया जाता है कि स्कूटर सवार आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफल से श्री सिंह पर गोलियां चलाईं । इस बीच इस वारदात के विरुद्ध रोष-स्वरूप आज बनूड़ में हड़ताल रही ।

हत्या की निंदा : नई दिल्ली से 'वार्ता' के अनुसार मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी ने पंजाब में पार्टी के वरिष्ठ नेता बच्चन सिंह की खालिस्तान समर्थक आतंकवादियों द्वारा हत्या की कड़ी निंदा की है । पार्टी के पोलिट ब्यूरो ने कहा है कि बच्चन सिंह ने दो दिन पहले जिले के विशेष पुलिस अधीक्षक से उनकी जान को खतरे के बारे में बताया था, लेकिन उन्हें कोई सुरक्षा प्रदान नहीं की गई ।

अकाली नेता की हत्या : अमृतसर (प.स.): आतंकवादियों ने कल रात तरनतारन के निकट ठाठीखारा गांव के बाहर एक फार्महाऊस में घुसकर अकाली नेता श्री हरजीत सिंह ठाठीखारा (55) की गोलियां मारकर हत्या कर दी । दो वर्ष पूर्व तक श्री ठाठीखारा अकाली दल (तलवंडी) के सक्रिय नेता रहे थे । उसके बाद वह 'कारसेवा' करने वाले सिख संतों से सम्बद्ध हो गए थे । पुलिस ने कहा कि छह आतंकवादियों ने श्री ठाठीखारा पर ए.के. 47 राइफलों से हमला किया । उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

गुट संघर्ष में एक आतंकवादी मरा : अमृतसर से 'वि.प्र.' के अनुसार तरनतारन पुलिस जिला के सरहाली थाना के गांव ठाठीखारा के एक जमींदार इन्द्र सिंह के फार्म हाऊस पर कल रात 10 बजे के करीब आधी दर्जन आतंकवादी गए और श्री इन्द्र सिंह के नौजवान लड़के अजीत सिंह को ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से फायरिंग करके मार डाला । पुलिस ने मौका से चले हुए 11 कारतूस बरामद किए हैं । पुलिस के मुताबिक यह वारदात आतंकवादियों की निजी शत्रुता का परिणाम है ।

45 हजार रुपए लूटे : अमृतसर सदर थाना के क्षेत्र में स्थित गांव मुरादपुरा में ए.के. 47 राइफलों से लैस आतंकवादियों ने उपदेश सिंह नामक एक जमींदार के घर में घुसकर 45 हजार रुपए लूट लिए ।

ट्रैक्टर छीन लिया : अमृतसर के सीमांत गांव मीराकोट में छह आतंकवादी कल रात एक जमींदार मकतल सिंह के घर में घुस गए और उसका फोर्ड ट्रैक्टर (नं. पी.आई.बी. 7135) छीन लिया । उक्त जमींदार ने दो आतंकवादियों की शिनाख्त कर ली जोकि उसी गांव के रहने वाले थे ।

बम मिला : पट्टी से 'पाठक' के अनुसार आज प्रात: 6 बजे के लगभग स्थानीय हरिहर मंदिर के निकट स्थित एक स्कूल की दीवार के पास से एक शक्तिशाली बम मिला । प्राप्त विवरण के अनुसार खेतों में काम कर रहे कुछ लोगों ने जब उक्त स्थान पर बम पड़ा देखा तो उन्होंने पुलिस को सूचित किया । पुलिस ने तुरंत पहुंचकर बम नाकारा कर दिया ।

निहंगों के डेरे को राकेटों से उड़ाने का प्रयास : अमृतसर से 'वार्ता' के अनुसार कल रात आतंकवादियों ने कमासके गांव में तरनादल निहंगों के डेरे को राकेटों से उड़ाने का प्रयास किया । पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने डेरे में मौजूद 10 निहंगों की हत्या करने के इरादे से पहले राकेट फैंके और फिर आटोमैटिक हथियारों से गोलियां चलाईं । निहंगों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर आतंकवादी भाग गए । वे एक स्कूटर, दो हथगोले तथा के.सी.एफ. के कुछ लैटर पैड भी घटनास्थल पर छोड़ गए । उल्लेखनीय है कि तरना दल

(शेष पृष्ठ 8 पर)



मालेरकोटला के निकटवर्ती गांव संदौड में गत दिवस आतंकवादियों ने दो पुलिस कांस्टेबलों की गोली मार कर हत्या कर दी । फोटो में (ऊपर) मृतक सुखविन्द्र सिंह तथा (नीचे) दर्शन सिंह के शव । (छाया : आजिज)



पुलिस जिला बटाला में दो विभिन्न वारदातों में आतंकवादियों ने दो युवतियों समेत 4 लोगों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । फोटो में (ऊपर) गांव दनिया संधु में मारी गई दो युवतियों (बाएं) गुरमीत रानी तथा (दाएं) चरणजीत कौर के शव, (नीचे) गांव मनन में मारे गए दो लोगों (बाएं) नारायण सिंह तथा (दाएं) कुन्दन सिंह के शव । (छाया : कोछड़)

त हिन्दू लड़के को रिहा करवाने के लिए उग्रवादी की पत्नी द्वारा
हत्या : आतंकवादियों द्वारा अपने ही साथी की विधवा का अपहरण

Punjab Sanchar

एल.के. अडवानी और मार्क्सी नेता कामरेड हरकिशन सिंह सुरजीत से मिल कर यहां आया हूं । मैं जी जान से इस बात का प्रयत्न करूंगा कि पंजाब के जो नौजवान उग्रवादियों के बहकावे में आकर गुमराह हो गए हैं,उन्हें देश की मुख्य धारा में वापस लाया जाए ।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में श्री वर्मा ने कहा कि मैं पुलिस अधिकारियों से अपील करूंगा कि वे झूठे मुकाबले का सिलसिला बंद कर दें । मैं इस सिलसिले में कल पंजाब के नागरिक व पुलिस अधिकारियों की बैठक बुला रहा हूं । उन्होंने सिखों के धार्मिक नेताओं और सभी गुटों के अकाली नेताओं से अपील की कि वे गुमराह नौजवानों को निर्दोष 'सिख मारक' नीतियां अपना लेंगे तो पंजाब के हालात संवरने की बजाए और उलझ जाएंगे । इसलिए वे अपनी स्थिति स्पष्ट करें तथा बताएं कि सिख युवकों को यातनाएं देने के लिए जो केंद्र माल मंडी अमृतसर, सीनियर माडल स्कूल अमृतसर, बीको सैंटर बटाला, 32 बटालियन जालन्धर में कायम हैं, उनके बारे में उनकी क्या नीति होगी ? वे भाजपा और मार्क्सी पार्टी के कहने पर 3 जिलों में सेना रखने के संबंध में अपनी नीति स्पष्ट करें । यदि वे सही चलेंगे तो फैडरेशन उनका समर्थन करेगी ।

गुरु नानक विश्वविद्यालय द्वारा दाखिले की तिथियां घोषित

अमृतसर, 14 जून : गुरु नानक देव विश्वविद्यालय की ओर से जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में विश्वविद्यालय परिसर में बी.ए./बी.एस.सी./एम.एस.सी. (आनर्स स्कूल)/एम.ए./एम.एस.सी., एम.सी.ए., बी. टैक, बी. आर्कीटैक्चर, एल.एल.बी./एल.एल.एम., बी.पी. एड, एम. काम/एम.बी.ए./एम.जी.टी. डिप्लोमा कोर्स, एम.पी. एड, एम.सी.आर.पी. और विभिन्न शिक्षण विभागों के दाखिले की तिथियों की घोषणा कर दी है । एक अधिसूचना के अनुसार दाखिले की सामान्य तिथियां 24 से 31 जुलाई तक हैं । विभागों के प्रमुख 1 से 9 अगस्त तक 5 रुपए लेट फीस के साथ दाखिले की अनुमति दे सकते हैं और कुलपति 10 से 16 अगस्त तक 20 रुपए लेट फीस के साथ दाखिले की अनुमति दे सकते हैं ।

एम. फिल/पोस्ट एम.एस.सी. और एम.ए. डिप्लोमा/एम.लिब./बी.लिब. इन्फर्मेशन साईंस के दाखिले की सामान्य तिथियां 8 से 16 अगस्त तक हैं, विभाग के प्रमुख 5 रुपए लेट फीस के साथ 17 से 20 अगस्त तक दाखिले की अनुमति दे सकते हैं व 20 रुपए लेट फीस के साथ कुलपति 21 से 24 अगस्त तक अनुमति दे सकते हैं ।



फिल्लौर के निकट कादियान गांव में आतंकवादियों ने 2 लोगों की हत्या कर दी तथा एक अन्य को घायल किया । चित्र में (ऊपर) मृतक बाबा हरिया दास तथा (मध्य) सोखी के शव और (नीचे) घायल सोमलाल । (छाया : राही)



चंडीगढ़ में पुलिस द्वारा पकड़े गए 4 आतंकवादियों से बरामद हुए हथियार । (छाया : पुरी)

पंजाब में ...
(पृष्ठ 3 का शेष)

आतंकवादियों से कड़ाई के साथ टक्कर लेता रहा है। इस रक्तिम संघर्ष में कई निहंग मारे भी जा चुके हैं । अमृतसर से 'वि.प्र.' के अनुसार आतंकवादियों ने तरनादल निहंगों पर उस समय हमला किया जब वे जीप में सवार होकर उक्त गांव के बाहर से गुजर रहे थे ।

2 प्रवासी श्रमिकों की हत्या : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार आज रात्रि थाना तरनतारन के गांव सरहाली के निकट 4 उग्रवादियों ने 2 प्रवासी श्रमिकों की गोलियां मार कर हत्या कर दी और फरार हो गए ।

2 सगे भाइयों का अपहरण : थाना खालड़ा जिला अमृतसर के क्षेत्र में उग्रवादियों ने घर में घुसकर 2 सगे भाइयों मदन लाल और हरबंस लाल का अपहरण कर लिया ।

स्कूटर छीना : थाना लोपोके के गांव माधोके बराड़ में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया ।

उग्रवादी गुट संघर्ष में मारा गया : दुर्दांत उग्रवादी और खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का स्वयंभू जनरल दलविंद्र सिंह आज तरनतारन पुलिस जिले में आपसी लड़ाई में मारा गया । पुलिस ने दलविंद्र सिंह की गोलियों से छलनी लाश खडूर साहिब के क्षेत्र में बरामद की है । शव के निकट से खालिस्तान कमांडो फोर्स का लिखा एक पत्र भी पड़ा मिला है, जिसमें दलविंद्र सिंह की हत्या की जिम्मेवारी ली गई है । दलविंद्र सिंह 50 से अधिक हत्याओं में संलिप्त था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए 50000 रुपए का ईनाम घोषित था ।

अमृतसर में तलाशियों के दौरान 4 दर्जन गिरफ्तार : पुलिस ने आज अमृतसर शहर में बड़े पैमाने पर तलाशियां लीं और पूछताछ के लिए 4 दर्जन लोगों को हिरासत में लिया । अमृतसर के पुलिस प्रमुख संजीव गुप्ता ने बताया कि यह तलाशियां आतंकवादी गतिविधियों से निपटने के लिए अपनाए गए नए तरीकों के अंतर्गत ली गई हैं । दो दर्जन व्यक्तियों को पुतली घर, कोट खालसा क्षेत्र से तथा अन्यों को शहर के शेष हिस्सों से गिरफ्तार किया गया ।

5 आतंकवादी काबू : लुधियाना पुलिस ने अखाड़ा गांव के निकट संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद 4 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । उनके नाम जसमेर सिंह, जरनैल सिंह, मक्खन सिंह तथा गुरचरण सिंह बताए जाते हैं । उनसे 4 पिस्तौल तथा कुछ गोली सिक्का भी मिला है ।

8000 रुपए छीन लिए : बंगा (खोसला): आज यहां रेलवे रोड पर सायं 6 बजे मोटर साइकल सवार 2 उग्रवादियों ने एक कपड़ा व्यापारी से पिस्तौल की नोक पर उसका बैग छीन लिया, जिसमें 8000 रुपए थे ।

परीक्षा का परिणाम 20 को

मोहाली, 14 जून : पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड ने आज यहां जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में स्पष्ट किया है कि इस वर्ष परीक्षार्थियों की संख्या में 70000 की वृद्धि हो जाने के कारण और कर्मचारियों की हड़ताल के कारण सीनियर सैकेंडरी सर्टिफिकेट भाग-I का परिणाम तैयार करने में देरी हो गई है । प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि साईंस ग्रुप का परिणाम 20 जून तक और दूसरे परिणाम शीघ्र ही घोषित कर दिए जाएंगे ।

मारपीट करने वाले वकील को गिरफ्तार करने की मांग

अमृतसर, 14 जून (नारंग): प्रसिद्ध रंजना कांड में संलिप्त वकील राजीव पुरी ने एक गरीब व्यक्ति को उस समय मारपीट की, जब वह एक पोस्टर लगा रहा था । पोस्टर में रंजना कांड में संलिप्त व्यक्तियों के नाम व पते तथा अदालती रिकार्ड बदलने का आरोप लगाया गया है । प्रो. दरबारी लाल और जिला कांग्रेस (इ) के उपप्रधान राजेन्द्र भल्ला तथा ओम प्रकाश अरोड़ा तथा कई अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने इस घटना की निन्दा करते हुए उक्त वकील के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है ।

श्रीवास्तव का कार्यभार बराड़ ने सम्भाला

लुधियाना, 14 जून (महिंद्रा): नगर निगम लुधियाना के आयुक्त श्री बी.के. श्रीवास्तव ने कल अपने पद का चार्ज छोड़ दिया और जिले के उपायुक्त श्री एस.एस. बराड़ ने उनका स्थान ग्रहण किया है ।

लकड़ मंडियों में क्रय-विक्रय बंद

जालंधर, 14 जून : आज यहां लकड़ी वालों की एक बैठक श्री बचन सिंह की अध्यक्षता में हुई । बैठक में प्रमुख लकड़ी विक्रेता श्री इन्द्र सिंह, श्री कश्मीरी लाल, श्री देसराज, श्री देसराज भाटिया और श्री दर्शन लाल आदि शामिल हुए । बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय किया गया कि लकड़ी पर लगी मार्कीट फीस के विरोध में जालंधर की सभी लकड़ मंडियों में क्रय-विक्रय अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया गया ।

गुजराल 18 को बगदाद जाएंगे

नई दिल्ली, 14 जून (प.स.): सरकारी तौर पर बताया गया है कि विदेश मंत्री इन्द्र कुमार गुजराल 18 जून से बगदाद की तीन दिन की यात्रा करेंगे । वह ईराकी नेताओं से महत्वपूर्ण द्वितीय राजनीतिक तथा आर्थिक मुद्दों पर बातचीत करेंगे ।

पंजाब के आठ डिप्टी डी.एफ.ओ. तबदील

होशियारपुर, 14 जून (अश्विनी): पंजाब सरकार ने राज्य के वन विभाग के आठ डिप्टी डी.एफ.ओ. तबदील

जनता की मांग पर
आज से : के.सी. चंडीगढ़
पत्थर और पायल
(नई कापी)

लाइड विज्ञापन

फ़ाइनैंस

Rockland Leasing Ltd. provides finance on reasonable terms & flat rate of interest for Cars, Trucks, @ 12.2%, 2-3 wheelers, T.Vs., VCRs, AC. Computers etc @ 16%. Industrial machinery/ equipment @ 9.4%, Housing 12.5%, document charges 1% only. For detail write/contact Branch Office at SCO 3035-36, Sector 22-D, Chandigarh.

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 14.6.90 52/- without trays. NECC Suggested retail price 7.10 per dozen.

Eggs for sale rate Rs. 44/- per hundred. Contact Vohra Poultry Farm,. Near Railway Station, Dhulkot, Ambala City, Phone : 56669.

मैडिकल सूचना

तीन वर्षीय B.E.M.S. रैगुलर (इलैक्ट्रोपैथी) मैडिकल इंस्टीट्यूट चलाने के इच्छुक व्यक्ति कार्यालय से शीघ्र स्वयं नियमावली प्राप्त करें । रजिस्ट्रार, आल इंडिया आर.डी.ओ. (सैंट्रल बोर्ड), 669, न्यू आवास विकास, सहारनपुर (उ.प्र.) ।

बेदखली

कल्लू राम सुपुत्र बिहारी लाल, 127, घुमार मंडी, सिविल लाइन्स, लुधियाना का वासी हूं । मेरा लड़का सुशील कुमार और उसकी पत्नी अरुणा मेरे कहने से बाहर हैं । मैं उनको अपनी चल, अचल जायदाद से बेदखल कर रहा हूं । मैं उनके किसी भी लेने-देन का जिम्मेदार नहीं हूं । जो कोई उनके साथ लेन-देन करेगा, खुद जिम्मेदार होगा ।

शिक्षा

पत्राचार द्वारा B.Ed., B.T.C., J.B.T., L.T./O.T., Matric, B.A., LL.B., Vaid Visharad करें । नियमावली के लिए 10/- मनीआर्डर द्वारा भेजें । S.G. College, Railway Road, Ambala City.

मैट्रिक शर्तिया पास कराने की गारंटी/मैट्रिक पास direct 10+2 (आर्ट्स, कामर्स, मैडिकल, नान-मैडिकल) पास करें । Metro College, Bazar Narsinghdass (Near Majith Mandi), Amritsar, Phone : 47664.

गारंटी से मैट्रिक/मैट्रिक-इंटर पास सीधा बी.ए./ R.M.P. रजिस्ट्रेशन । गीता डिग्री कालेज, पीछे ITI, यमुनानगर ।

आठवीं फ़ेल Matric (Punjab) गारंटिड +2 (Direct) B.A./ B.Com./ M.A./M.Com./ M.Sc. (one sitting), LL.B. (3 years professional) R.M.P. Registration 15 दिनों में करके B.A.M.S. करो, नियमावली 10/-. Diamond College, Near Lal Rattan, Opp. Punjab National Bank, Jalandhar.

RMP (Govt. Valid 15 days) Matric/ +2/B.A./B.Com./B.Sc./M.A./M.Com./

Punjabi Sansar

ANTIM ARDA

ੴ ਸਤਿਗੁਰ ਪ੍ਰਸਾਦਿ ॥
ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ ॥

With profound grief I inform that my beloved son **S. Sukhbir Singh Bhogal (Pappu)** left for his heavenly abode on 7th June, 1990. Kirtan and Antim Ardas for the peace of departed soul will be

एरिया कमांडर बलविन्दर सिंह समेत 5 आतंकवादी मारे गए

9 व्यक्तियों की हत्या : 50000 रुपए लूटे, ठेके जला दिए

एस.पी.ओ. चौकियों पर राकेटों से हमले

चंडीगढ़, 15 जून (प.स., वार्ता): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान भिंडरावाला टाइगर्स फोर्स के स्वयं भू एरिया कमांडर बलविंदर सिंह समेत 5 आतंकवादी मारे गए । इसी बीच आतंकवादियों ने 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी । अमृतसर जिले में आतंकवादियों ने एस.पी.ओ. चौकियों पर राकेटों से हमले किए ।

बलविंदर सिंह मारा गया : अमृतसर : भिंडरावाला टाइगर्स फोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर एवं दुर्दांत आतंकवादी बलविन्दर सिंह, जिसके सिर पर 20000 रुपए का इनाम था, गत रात तरनतारन पुलिस जिले के मल्लियां गांव में आतंकवादी गिरोहों के आपसी संघर्ष में मारा गया । उसका गोलियों से छलनी शव आज सुबह बरामद हुआ है । पुलिस के अनुसार बलविन्दर सिंह 24 से अधिक हत्याओं में वांछित था ।

दो अन्य आतंकवादी मरे : इसी प्रकार की एक अन्य घटना में आतंकवादियों ने गत रात मजीठा पुलिस जिले में दो अन्य आतंकवादियों को गोली मार कर मार डाला । उनकी गोलियों से छलनी लाशें आज सुबह टूट गांव से बरामद हुई हैं ।

एक व्यक्ति की हत्या : वि.प्र. के अनुसार मजीठा पुलिस के थाना लोपोके के गांव बरार में गत रात तीन-चार आतंकवादी एक व्यक्ति कुलवंत सिंह मजहबी के घर में दाखिल हो गए तथा गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी । उसकी पत्नी जसबीर कौर जब मिन्नतें करने लगी तो आतंकवादियों ने उसे भी गोली मार कर घायल कर दिया ।

एस.पी.ओ. चौकियों पर हमले : एक सूचना के अनुसार गत रात लगभग एक दर्जन आतंकवादियों ने थाना जंडियाला के गांव भोरशी ब्राह्मणा में एस.पी.ओ. चौकी को घेरे में लेने के बाद उस पर जबरदस्त फायरिंग की जो लगभग 2 घंटे तक जारी रही । इस चौकी पर दो हथगोले भी फैंके गए । फायरिंग से चार सुरक्षा कर्मी घायल हो गए जिन्हें हस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । इनके नाम सुखदेव सिंह एस.पी.ओ., सतनाम सिंह होमगार्ड कांस्टेबल, काला सिंह एस.पी.ओ. और दलबीर सिंह एस.पी.ओ. हैं ।

आतंकवादियों ने गत रात दो और गांवों ब्लेयर (इलाका भिखीविंड) व नारला की एस.पी.ओ. चौकियों पर भी फायरिंग की और राकेट भी फैंके जो निशाने पर न लग सके और किसी किस्म की प्राण हानि नहीं हुई ।

दुकानदार की हत्या : उग्रवादियों ने आज रात्रि पुलिस जिला तरनतारन के गांव चोला साहिब में एक दुकानदार मोहन लाल की गोली मार कर हत्या कर दी ।

उग्रवादी की जम कर पिटाई : उग्रवादियों ने आज सायं गांव हरिपुरा में एक व्यक्ति बलदेव सिंह को घायल कर दिया । बाद में ग्रामीणों ने पीछा करके उस उग्रवादी को पकड़ लिया और जम कर उसकी पिटाई की । पुलिस के अनुसार घायल उग्रवादी और घायल बलदेव सिंह को अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है ।

उग्रवादी अब डेयरी मालिकों के पीछे पड़े : अमृतसर से वर्मा के अनुसार शहर में डेयरी मालिकों की ओर से दूध का भाव आठ रुपए प्रति किलो कर दिया गया है । पता चला है कि एक उग्रवादी संस्था की ओर से कुछ डेयरी मालिकों को धमकी-भरे पत्र मिले हैं कि यदि दूध का भाव तुरन्त न घटाया गया तो इसके गम्भीर परिणाम होंगे ।

एक हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव कलेर में कल रात लगभग 8 बजे 3 सशस्त्र आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर रजिन्दर सिंह (22) सुपुत्र बलवंत सिंह को जबरदस्ती घर से बाहर ले जाकर उसकी हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार हत्या में ए.के. 47 राइफल का प्रयोग किया गया है तथा घटनास्थल से 8 चले हुए कारतूस भी बरामद किए गए हैं ।

सूत्रों के अनुसार मृतक थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव तनधोई में मनियारी की दुकान करता था ।

वृक्ष पर लटकता शव मिला : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के थाना हरगोबिंदपुर के गांव भट्टीवाल के निकट से पुलिस ने आज एक वृक्ष से लटकता हुआ शव बरामद किया है । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार इसकी शिनाख्त नरेंद्र सिंह (42) के रूप में की गई है तथा यह गांव बल का रहने वाला था । पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक की जेब से बिजली बोर्ड कर्मचारी होने का शिनाख्ती कार्ड मिला है । यह वारदात आज बाद दोपहर लगभग 3 बजे की है ।

दो आतंकवादी मुठभेड़ में मरे : खन्ना से वर्मा की सूचना है कि यहां से आठ कि.मी. दूर कोटला अजमेर गांव में पुलिस इंस्पैक्टर मग्घर सिंह अपनी बेटी की शादी करने के लिए छुट्टी पर आया हुआ था । पुलिस को सूचना मिली कि कुछ आतंकवादी उसे मारने की योजना बना रहे हैं । पुलिस पार्टी ने कल रात गांव के चारों ओर नाकाबंदी कर दी । पुलिस की एक पार्टी जिप्सी में गांव का चक्कर काट कर लोहगढ़ की तरफ जब जा रही थी तो रास्ते में दो स्कूटर सवार उसे दिखाई दिए । पुलिस की गाड़ी को देख कर उन्होंने स्कूटर कच्चे रास्ते पर मोड़ लिया । पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो उन्होंने न केवल स्कूटर तेज कर लिया बल्कि पुलिस पर फायरिंग भी शुरू कर दी । पुलिस ने जवाबी फायरिंग की । 2 घंटे के मुकाबले के बाद स्कूटर चालक आतंकवादी वहीं ढेर हो गया जबकि पीछे बैठा उसका साथी घायल होने के बावजूद अंधेरे का लाभ उठा कर भाग गया और डेढ़ किलो मीटर दूर एक झाड़ी में जाकर छुप गया । पुलिस ने पीछा करके उस खेत को घेर लिया । जब उसने देखा कि वह पूरी तरह पुलिस के घेरे में है, तो उसने रिवाल्वर

(शेष पृष्ठ 8 पर)



बाघा पुराना पुलिस थाना के गांव लंगेयाना पुराना के निकट गत रात संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद फरीदकोट पुलिस द्वारा गिरफ्तार आतंकवादियों से बरामद शस्त्रास्त्र, जिनमें एक ए.के. 56 राइफल, इसके दो मैगजीन तथा 60 कारतूस, एक ए.के. 47 राइफल, इसके दो मैगज़ीन तथा 50 कारतूस, एक थाम्पसन आटोमैटिक गन व 18 कारतूस, 445 बोर का एक पिस्तौल व 8 कारतूस, एक रिवाल्वर 32 बोर तथा 10 कारतूस और डेढ़ किलो विस्फोटक सामग्री शामिल हैं । (छाया : जिन्दल)

Punjabi Sahapedia

ाल ने 165 वर्ग गज भूमि भी
न्धक कमेटी को प्रदान करने

मि आखाड़ा ब्रह्म बूटा की
ाद में सरकार ने अधिग्रहण
ने मुख्य सचिव श्री एस.एल.
मृतसर श्री सर्बजीत सिंह को



ा माता लाल देवी

जय माता की



कु. जसपिंदर नरूला

निवेदक :—
ुर्गा सेवक संघ (रजि.)
ता मंदिर, मंदिर मार्ग,
ल जगराओं, लुधियाना

सूचना

की पैकिंग के लिए :

क जिनमें विशिष्टियां
रेन ट्रेड) मार्कफैड,
सी कार्य दिवस को
ा पत्रक चुकाने पर

'- रुपए की धरोहर
फैडरेशन लिमिटिड
. 2 बजे तक प्राप्त
खोली जाएंगी, जो
रोहर राशि के बिना
ना किसी या सभी
। सफल निविदकों
ना होगा ।

ग डायरैक्टर
र्कफैड, चंडीगढ़

न

र

रु. महीना की आसान
स्कूटर, T.V., फ्रिज
Kay Enterprises,
t, Queens Road,

कता

। फ़ौरन मिलें : लक्ष्मी
धर, फोन : 74087.

र्तन

Bhola Ram R/o
Hoshiarpur, have
inder Bhola Ram.

द/प्लाट

ALE
or) 330 Sq.
d New Gutab
Bazar, Delhi.

ND
3, 7533229,
658

सूचना

फोन — जालंधर,
का रेखा ढल्ल के घर का

जलियांवाला बाग और दुर्याणा मंदिर में भी परम्परागत औपचारिकताओं को ही पूरा किया गया । किसी भी जगह आम जनता की भीड़ नहीं थी और न ही कोई उत्साह ही था ।

आतंकवादी मारे गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

अपनी कनपटी पर रख कर आत्महत्या कर ली । इन दोनों की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी । उनके कब्जे से 32 बोर का एक रिवाल्वर, एक पिस्तौल, 3 कारतूस बरामद हुए । मुकाबला रात को लगभग 11.30 बजे हुआ ।

लुधियाना से धीमान के अनुसार एस.एस.पी. परमजीत सिंह ने बताया कि इन आतंकवादियों की शिनाख्त लुधियाना जिले के हरपाल सिंह तथा पटियाला जिले के बलजीत सिंह के रूप में हुई है ।

ठेका जला दिया : इससे पूर्व इस्माइलपुर में रात 9.30 बजे शराब के एक ठेके को आग लगा दी गई जिसमें असंख्य बोतलें आग की भेंट हो गईं । पुलिस को संदेह है कि यह आग उन आतंकवादियों ने लगाई है जो कोटला अजमेर गांव के पास मुठभेड़ में मारे गए ।

एक और ठेका जला दिया : धुरी (सिंगला): यहां से 10 किलो मीटर दूर गांव घनौरी कलां थाना क्षेत्र में कल रात लगभग 10 बजे 3-4 संदिग्ध उग्रवादी शराब के ठेके पर आए । पहले उन्होंने शराब की बोतलें तोड़ दीं फिर ठेके को आग लगा दी और वहां पड़ा कैश उठा लिया । उग्रवादियों ने फायरिंग भी की और 2 घंटे तक वहां खड़े रहे । इससे पूर्व इन्हीं उग्रवादियों ने गांव वोगरा से एक जमींदार का ट्रैक्टर छीन लिया और वह इसी ट्रैक्टर द्वारा गांव घनौरी कलां पहुंचे थे ।

अपहरण के बाद हत्या : आतंकवादियों ने गत रात जालन्धर जिले के बिल्गा गांव से अवतार सिंह नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया और इसी जिले के एक अन्य गांव गुमटाला के निकट उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

लाश बरामद : फिरोजपुर जिले के सभरां गांव से पुलिस ने गोलियों से छलनी एक लाश बरामद की है ।

बाघापुराना से ज्ञान मित्तल की सूचना है कि गत रात्रि 8 बजे कुछ आतंकवादी गांव भटूर में पंचायत के एक सदस्य के घर घुस गए और मोहन सिंह की हत्या करके फरार हो गए । वे पैदल आए थे ।

28000 रु. लूटे : एक अन्य घटना में कस्बा कमालसर में तीन आतंकवादी एक किसान के घर बलात् दाखिल हुए और 28 हजार रु. की नकदी तथा एक स्कूटर ले उड़े ।

3 की हत्या : दसूहा से 'झावर' के अनुसार आज सुबह टांडा थाने के इलाके में ब्यास नदी के किनारे मंड में रड़ा गांव के भीम सिंह पुत्र सूरत सिंह के खेतों में तीन सिख नौजवानों की लाशें मिली हैं । शिनाख्ती कार्डों से इनकी पहचान सतनाम सिंह (पुत्र गुरदयाल सिंह) सेल्स मैनेजर एग्रीकल्चरल कार्पोरेशन गांव बडाला थाना ब्यास, हरभजन सिंह (पुत्र वसंत सिंह) इंस्पैक्टर न्यू जनता बस सर्विस बटाला तथा सुरजीत सिंह के रूप में हुई है । सुरजीत सिंह का ड्राइवरी का कार्ड डी.टी.ओ. बटाला से जारी हुआ है । इन लाशों के पास से हरे रंग का स्कूटर जिसका नम्बर पी.ए.क्यू. 4015 है, भी मिला । इसमें हरचोवाल के जोगेंद्र सिंह सुपुत्र प्यारा सिंह के नाम की चिट थी । बताया जाता है कि यह स्कूटर कल गुरदासपुर क्षेत्र से चुराया गया था । पी.सी.वी. 183 नम्बर का एक लाल हीरो होंडा भी पास पड़ा मिला । इसमें कागजात नहीं थे । मौके से 4 जोड़े जूते भी मिले । लाशों के पास से एक ट्रैक्टर के टायरों के निशानों पर खून के छींटे भी देखे गए । जिससे लगता है कि एक जख्मी भी हुआ था । घटनास्थल से ए.के. 47 के 30 चले हुए कारतूस भी मिले हैं ।

टांडा से 'गुप्ता' के अनुसार यह वारदात हरगोबिंद सिंह के डेरे पर हुई । 3 व्यक्ति रात को डेरे पर आए और रोटी की मांग की । साढ़े आठ बजे ट्रैक्टर पर 3 अन्य व्यक्ति आए तथा उन्हें गोलियां मार कर चले गए ।

एक की हत्या : 4 घायल : नौ हमलावरों के गिरोह ने कल होशियारपुर जिले के अब्दुलपुर गांव में एक व्यक्ति लछमन सिंह की हत्या कर दी तथा 4 अन्य को घायल कर दिया । पता चला है कि एक हमलावर को लछमन सिंह पर पुलिस का मुखबिर होने का संदेह था तथा उसकी सूचना पर पुलिस ने कुछ दिन पहले हमलावरों के घरों पर छापे मारे थे । टांडा पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

5 आतंकवादी काबू : भारी असला बरामद : फरीदकोट पुलिस ने दो संक्षिप्त मुठभेड़ों के पश्चात् 5 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है, जिनकी शिनाख्त चमकौर सिंह, सुरेन्द्र सिंह, गुरप्रीत सिंह, जगारा सिंह व कुलदीप सिंह के रूप में हुई है । सभी आतंकवादी गुरजंट सिंह बुधसिंहवाला गिरोह के हैं । उनके पास से एक ए.के. 47 राइफल, एक ए.के. 56 राइफल, एक थामसन गन, दो रिवाल्वर, एक किलो विस्फोटक पदार्थ तथा भारी संख्या में कारतूस बरामद हुए हैं ।

पैट्रोल पम्प से 20000 लूटे : मोहाली (नर्बदा) : यहां के फेस-6 में स्थित पैट्रोल पम्प से 2 अज्ञात युवकों ने बंदूक की नोक पर लगभग 20000 रुपए लूट लिए । लुटेरे सफेद रंग की

यह लड़की किसकी है



रेण नामक 11 वर्षीय यहलड़की गांव खजूरला जिला कपूरथला के नजदीक गुरमीत सिंह टैम्प ड्राईवर को मिली । यह अपनी याददाश्त खो चुकी है । उसके माता-पिता तुरन्त श्री गुरमीत सिंह मार्फत डीलैक्स टैम्पो यूनियन, सब्जी मंडी, जालंधर से सम्पर्क करें ।

राजपुरा-चंडीगढ़ रोड पर खुरौली गांव के निकट एक व्यक्ति प्रताप कुमार से उसका बजाज चेतक स्कूटर नं. सी.एच.ए. 2868 छीन लिया ।

एटक नेता पर हमला : मोहाली के ही फेस-1 में स्कूटर सवार दो आतंकवादियों ने एटक रोपड़ के महासचिव श्री हरपाल सिंह के घर आकर उन पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । श्री हरपाल सिंह को तीन गोलियां लगी हैं । उन्हें गंभीर घायलावस्था में चंडीगढ़ के पी.जी.आई. में दाखिल कराया गया है ।

विस्थापितों द्वारा प्रदर्शन

(पृष्ठ 3 का शेष)

तथा इस मुठभेड़ में किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है । इस मुकाबले के बाद आतंकवादी अपने पीछे कुछ हथियार भी छोड़ कर भाग निकले, जिनमें 2 ए.के. 47 राइफलें, 2 मैगजीन, 50 हथगोले, 24 चार्जर, विदेशी मार्के के 14 अन्य हथगोले भी शामिल हैं ।

बम विस्फोट : श्रीनगर से 12 कि.मी. दूर पमपोर कस्बे में कल रात लाडू गांव में एक बम विस्फोट होने से 3 मकान क्षतिग्रस्त हो गए । इनमें से एक मकान नैकां के एक सक्रिय कार्यकर्त्ता का भी है । कुछ आतंकवादी संगठनों ने इस बम विस्फोट की जिम्मेवारी भी ली है ।

6 की हत्या : सुरक्षा बलों ने आज जिला कुपवाड़ा के गांव गुची से दो शव बरामद किए हैं । दक्षिणी कश्मीर के क्षेत्र पुलवामा और उत्तरी कश्मीर के सोपोर क्षेत्र से भी दो बरामद शव अशोक कुमार नामक व्यक्ति का है, जिसकी गोली मार कर हत्या की गई । गत रात्रि हंदवाड़ा में पाक प्रशिक्षित उग्रवादियों और सुरक्षा बलों के मध्य गोलियों के आदान-प्रदान के दौरान एक व्यक्ति मारा गया और एक घायल हो गया । अनन्तनाग में बुधवार को उग्रवादियों की फायरिंग से घायल बी.एस.एफ. का जवान गत रात्रि घावों की ताव न सहते हुए दम तोड़ गया ।

सीमा पार करते 2 मारे : कश्मीर घाटी में करेज सैक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा पार करने की कोशिश में 2 उग्रवादी मारे गए ।

कर्फ्यू स्थिति : श्रीनगर के 13 पुलिस थानों के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्रों में जारी कर्फ्यू में आज कोई ढील नहीं दी गई तथा सुरक्षा बलों द्वारा इन क्षेत्रों में तलाशी व धर-पकड़ अभियान निरन्तर जारी है ।

बेनजीर सरकार द्वारा सेना को सिंध में न्यायिक अधिकार देने से इंकार

कराची, 15 जून (पस) : प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की सरकार ने पाकिस्तान के उपद्रवग्रस्त सिंध प्रांत में तैनात सेना को न्यायिक अधिकार सौंपने से इंकार कर दिया है । सिंध प्रांत के सूचना मंत्री नवेद कमर ने कल यहां कहा कि, "सेना को तो कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात किया गया है, इसलिए उसे पूर्ण न्यायिक अधिकार देने का तो सवाल ही नहीं पैदा होता । उन्होंने कहा कि संविधान सेना को आतंकवादियों और अन्य असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार करने का तो अधिकार देता है, लेकिन उसे न्यायिक अधिकार सौंपने का कोई प्रावधान नहीं है ।

भइया 3 नाबालिग लड़कियों को ले भागा

जगरांव, 15 जून (खेला) : जगरांव के उत्तरी रेलवे स्टेशन, शेरपुर रोड के ऊपर वाले मालगोदाम के साथ मुहल्ला जोगी-नाथां के निकट गुरदीप नगर का रहने वाला रमेश नामक एक भइया अपने गिरोह के साथ मिल कर तीन नाबालिग लड़कियों का अपहरण करके ले गया है ।

भाजपा, जद ने चुनाव जीता

जयपुर, 15 जून (प.स.): राजस्थान की छबड़ा और तिजारा विधानसभा सीटों से क्रमशः भारतीय जनता पार्टी के नन्द कुमार और जनता दल के जगपाल सिंह चुनाव जीत गए हैं ।

चाय व्यापारियों द्वारा स्वयं पर नज़र रखने को समिति गठित

लुधियाना, 15 जून (धीमान): स्थानीय चाय व्यापार के नेताओं ने ब्लैक व मिलावट को समाप्त करने के लिए ऐसी पहल-कदमी की है जिससे प्रांत के दूसरे व्यापारी इनसे सबक ले सकते हैं ताकि लाखों चाय उपभोक्तों को राहत मिले ।

उपरोक्त लिखित व्यापारियों ने एक एक्शन कमेटी बनाई है, जो अपने सदस्यों पर कड़ी नजर रखेगी कि कोई भी व्यापारी बिना बिल के और मिलावटी चाय न बेचे । इस संदर्भ में वह स्वयं व्यापारियों पर छापा मारेंगे और जो पकड़ा जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई करके जुर्माना करेंगे ।

पुलिस के डर से किसी ने घायल को हाथ तक न लगाया

फगवाड़ा, 15 जून (कौड़ा): पंजाब में लोगों में पुलिस का कितना आतंक है, उसका अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि गत दिनों सराय रोड का एक हलवाई होशियारपुर रोड पर दोपहर के समय अपने स्कूटर से गिर गया । उसके सिर पर सख्त चोट लगने के कारण खून बह रहा था लेकिन किसी भी राहगीर ने उसे सड़क से न उठाया क्योंकि लोगों को डर है कि जो घायल को उठाएगा, पुलिस उसी को तंग करेगी । दुर्घटना के 2 घंटे पश्चात् उसको स्थानीय प्राइवेट अस्पताल में दिखाया गया और उसे लुधियाना भेज दिया लेकिन वह मार्ग में ही दम तोड़ गया ।

भाजपा इकाई की ओर से आयोजित स्वागत समारोह में पहुंचेंगे, जिसमें नगर के बार्डों तक के कार्यकर्त्ता भाग लेंगे ।

उनके साथ पंजाब भाजपा के प्रधान श्री मदन मोहन मित्तल तथा पार्टी लोकसभा सदस्य श्री प्रेम कुमार धूमल (हमीरपुर) भी होंगे और श्री शर्मा के अतिरिक्त श्री धूमल भी कार्यकर्त्ताओं को सम्बोधित करेंगे ।

श्री शर्मा 4 बजे संवाददाता सम्मेलन को

बी.पी. सिंह

(पृष्ठ 3 का शेष)

हरकतों से ऐसा अवसर अपने हाथ से निकल जाने दिया ।

प्रधानमंत्री ने हाल में भारत-नेपाल और भारत-बंगला देश सम्बन्धों में सुधार की चर्चा करते हुए कहा कि आपसी हितों पर बातचीत हुई है ।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार प्रैस पर सैंसरशिप लगाने के पक्ष में नहीं है । उन्होंने कहा कि हमने अपने मैनिफ़ैस्टो में लिखा है कि हम प्रैस की स्वतंत्रता के प्रति वचनबद्ध हैं ।

श्री सिंह ने कहा कि यदि किसी नेता की कोई गलत खबर कहीं छप जाए तो उसका खंडन जारी किया जा सकता है । योजना आयोग के उपाध्यक्ष राम कृष्ण हेगड़े को इस्तीफा देना चाहिए अथवा नहीं, इस पर श्री सिंह ने कहा कि यह पार्टी का मामला है । हम लोग सामूहिक निर्णय करते हैं । पालिटिक्स अफ़ेयर्स कमेटी इस पर ग़ौर करेगी ।

उन्होंने कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय सरकार के प्रश्न को छोड़ दिया है । कश्मीर के सवाल पर प्रधानमंत्री ने कहा कि वहां के लोगों को पूरा-पूरा न्याय मिलेगा, लेकिन पृथकतावादी ताकतों को पूरी सख्ती से निपटा जाएगा । श्री सिंह ने कहा कि पंजाब में हम छह मास के भीतर ही चुनाव कराना चाहते हैं लेकिन इसके लिए वहां की जनता को अनुकूल वातावरण बनाने के लिए सहयोग करना चाहिए ।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार मंडल आयोग की सिफारिशों को शीघ्र ही लागू करेगी ताकि लोगों को सामाजिक न्याय मिल सके । श्री सिंह ने कहा कि राज्यों के मुख्यमंत्रियों का शीघ्र ही एक सम्मेलन बुलाया जाएगा, जिसमें इस आयोग की सिफारिशों को लागू करने सम्बन्धी उपायों पर विचार किया जाएगा । श्री सिंह ने कहा कि इस सिलसिले में उन्होंने राज्यों के मुख्यमंत्रियों को परिपत्र भेजा है ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह देश की स्वतंत्रता खोकर मूल्य वृद्धि से मुक्ति पाने का रास्ता बिल्कुल पसंद नहीं करेंगे ।

भटके लोग समझें, देशवासी ही उनके काम आएंगे : मिलन सिंह

सिरसा, 15 जून (संजय अरोड़ा) : "पंजाब में आज जो भयानक दौर चल रहा है, उसके पीछे चन्द विदेशी लोग ही हैं, जो हमारे युवाओं को गुमराह करके उनके कंधों पर बन्दूक रख कर चला रहे हैं, वर्ना हिन्दुस्तान विशेषकर पंजाब जैसे खुशहाल प्रान्त के लोग खूनी होली कतई नहीं खेल सकते । इसलिए आज जरूरत है उन भटके हुए लोगों को यह समझाने की कि उनके दुख की घड़ी में अपने देश के लोग ही काम आएंगे, विदेशी नहीं ।"

यह उद्गार सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका कुमारी मिलन सिंह ने गत दिवस जिला के कस्बा डबवाली में एक विशेष भेंट में प्रकट किए । उन्होंने कहा कि पंजाब के लोगों का आजादी की लड़ाई में काफी योगदान रहा है इसलिए देश को आजाद कराने वाले लोग देश को गुलामी की ओर क्यों ले जाना चाहेंगे ।

जनरल कृष्णा राव को ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

दिलचस्प बात यह है कि जनता दल नेतृत्व ने पूर्व सरकार द्वारा इंटैलीजैंस ब्यूरो के दो प्रमुखों श्री टी. राजेश्वर तथा श्री एच.आर. बराड़ी को राज्यपाल के रूप में नियुक्त किए जाने की कटु आलोचना की थी । परन्तु बी.पी. सिंह सरकार एक अन्य इंटैलीजैंस चीफ, रा के भूतपूर्व निदेशक श्री जी.सी. सक्सेना को जम्मू-कश्मीर का राज्यपाल बनाकर एक कदम आगे निकल गई है ।

चिशी को विधान सभा में 19 को बहुमत सिद्ध करने का निर्देश

कोहिमा, 15 जून (प.स.): नागालैंड के राज्यपाल डा. एम.एम. थामस ने 19 जून को राज्य विधान सभा की आपात बैठक बुलाई है तथा मुख्यमंत्री के.एस. चिशी से सदन में अपना बहुमत सिद्ध करने को कहा है ।

विधान सभा अध्यक्ष टी.एन. नगूलई ने आज प्रातः राज्यपाल से भेंट की । इसके बाद ही इस फैसले की घोषणा की गई ।

दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव ही नहीं हुए : ठेकेदार

लुधियाना, 15 जून (धीमान) : वरिष्ठ अकाली नेता श्री सुरजन सिंह ठेकेदार ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कोई चुनाव होने से इन्कार किया है । उन्होंने कहा कि दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान श्री जसवंत सिंह ने 17 जून को यह चुनाव स्थगित कर दिया था क्योंकि विधान के अनुसार केवल अकाल तख्त का जत्थेदार ही यह चुनाव करवा सकता है तथा चूंकि 9 जून को प्रो. दर्शन सिंह का इस्तीफा मंजूर हो चुका था तथा अकाल तख्त के वर्तमान जत्थेदार श्री रणजीत सिंह जेल में बंद हैं, इसलिए यह चुनाव

जालन्धर दूरदर्शन—16 जून के कार्यक्रम

प्रातः 6.00 बजे से उच्च शिक्षा का कार्यक्रम, 7.00 बजे से 8.40 तक प्रातःकालीन प्रसारण, दोपहर 12.00 बजे से उच्च शिक्षा का कार्यक्रम, 1.00 से दोपहर के कार्यक्रम, सायंकालीन प्रसारण : 5.02 बच्चों के लिए, 5.30 संक्षेप खबरां, 5.35 परिवारां लई, 6.00 हिम कलश, 6.30 योग साधना, 6.45 सरगर्मियां, 7.00 छाया गीत, रात्रि 7.30 पंजाबी में खबरां, 7.50 तुहाडी सेहत : वर्षा ऋतु में आंखों के रोग, 8.05 लहरां, राष्ट्रीय प्रसारण : 8.40 हिन्दी में समाचार, 9.00 हिन्दी में धारावाहिक, 9.30 अंग्रेजी में समाचार, 9.50 टीपू सुलतान की तलवार, 10.30 विश्व कप फुटबाल टूर्नामैंट की झलकियां, 11.20 समाचार सारांश, 0.13 से इंगलैंड और हालैंड के मध्य 1990 विश्व फुटबाल कप टूर्नामैंट का मैच ।

आकाशवाणी जालन्धर—16 जून के विशेष कार्यक्रम

प्रातः 4.30 और सायं 5.00 दरबार साहिब अमृतसर से शब्द कीर्तन, प्रातः 6.35 खेतीबाड़ी, 7.30 फीचर, 8.20 विश्व इतिहास दी झलक, दोपहर 12.30 लोक रंग, सायं 5.30 गुरबाणी विचार, 6.30 देहाती कार्यक्रम, रात्रि 8.00 बड़े पछताए—सैकेंड हैंड कार खरीद के : पंजाबी में वार्ता, 9.30 संगीत का राष्ट्रीय कार्यक्रम ।

आकाशवाणी का राष्ट्रीय चैनल—16 जून के कार्यक्रम

रात्रि 7.10 मंजर, 7.45 स्पोर्ट्स राऊंड अप : रविकांत सिंह 8.05 विविधा : मंजरी जोशी, 11.10 फाइनैंशियल रिव्यू : सी चिट्टी पंतुलु, 11.15 पाश्चात्य संगीत, 12.10 चित्रपट संगीत 1.30 लक्ष्मण दास सिन्धु-गायन, एम.एस. गोपालकृष्णन-वायलिन 2.30 इन्द्रधनुष : विविध संगीत, 3.30 क्षेत्रीय संगीत : कन्नड़ प्रातः 4.00 के.बी. कृष्णन-गायन, बी.एस.के. चक्रपाणी-वायलिन 5.00 भक्ति संगीत, 5.50 आज का विचार ।

आज का दिन

पं. असुरारि नंद शांडिल्य, 381, मोता सिंह नगर, जालंधर

16 जून शनिवार, आषाढ़ कृष्ण अष्टमी, विक्रमी सम्वत् 2047, आषाढ़ प्रविष्टे 2, राष्ट्रीय शक सम्वत् 1912, दिनांक 26 (ज्येष्ठ), सूर्योदय प्रातः 5.28 पर, सूर्यास्त सायं 7.26 पर, नक्षत्र पूर्वा भाद्र पद, योग आयुष्मान, चन्द्रमा प्रातः 8.26 तक कुंभ राशि पर मगर उसके बाद मीन राशि पर दाखिल होगा ।

मार्कीट : गुड़, चने, सरसों, तेल मूंगफली, खल, बिनौला के भाव तेज रहेंगे ।

राशिफल : **मेष** : कोई बना-बनाया काम उलझ-बिगड़ सकता है, ध्यान रखें । **वृष** : कारोबारी लाभ वाला दिन, तेज-प्रभाव बना रहेगा । **मिथुन** : सरकारी कामों में विजय, अफसरों में मान-यश की प्राप्ति । **कर्क** : सितारा मजबूत, उलझनें आपके प्रिय में रहेंगी । **सिंह** : सेहत की सम्भाल रखें मगर अर्थ दशा ठीक चलेगी । **कन्या** : सितारा प्रबल, अर्थ तथा कारोबारी दशा अच्छी, इरादों में विजय मिलेगी । **तुला** : शत्रु उभर कर आपका कोई बना-बनाया प्रोग्राम खराब कर सकते हैं । **वृश्चिक** : सितारा बेहतर, कोई उलझा-रुका काम सिरे चढ़ने की उम्मीद है । **धन** : विरोधी कमजोर, राजकीय कामों में विजय मिलेगी । **मकर** : मित्रों से मेल-सम्पर्क, कारोबारी साथी भी सहयोग करेंगे । **कुंभ** : धन लाभ वाला सितारा मगर किसी पर अधिक भरोसा न करना चाहिए । **मीन** : कामकाज के हालात बेहतर, विजय अंग-संग, शत्रु कमजोर ।

पलायनकर्त्ताओं को बसाने

(पृष्ठ 3 का शेष)

भी उग्रवाद से पीड़ित ऐसी महिलाएं रहती हैं जिन का कोई कमाने वाला नहीं और ये औरतें बहुत दुःखी जीवन व्यतीत कर रही हैं । एक औरत आज्ञावती जो मुननकलां की रहने वाली है, को 50 हजार रुपए की राशि जो उसके बेटे की आतंकवादियों द्वारा मारे जाने के बाद मिलनी थी, अभी तक नहीं मिली ।

मंगत राम महाजन तथा राजपाल ने बताया कि पलायनकर्त्ताओं की जमीनें गांवों में हैं और वहां पर कोई आतंकवादियों के डर से काम करने को तैयार नहीं । दूसरी तरफ वहां पर बिजली बोर्ड उनको ट्यूबवैलों के बिल भेज रहा है तथा कनैक्शन काटे जा रहे हैं । उन्होंने बिजली कनैक्शन न काटने की मांग भी की । पलायनकर्त्ता नेताओं ने बताया कि पलायनकर्त्ताओं को फ्री सफर करने की सुविधाएं बसों तथा रेलों में होनी चाहिएं ।

कश्मीर में आतंकवादियों पर दबाव नहीं घटाया जाएगा : मुफ्ती

बम्बई, 15 जून (प.स.): गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद ने आज स्पष्ट तौर पर कहा कि जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक प्रक्रिया शुरू किए जाने के प्रयासों के बावजूद राज्य के आतंकवादियों के ऊपर बनाए गए दबाव को कम नहीं किया जाएगा ।

श्री सईद ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राज्य की स्थिति में अब एक बड़ा बदलाव आया है । वहां कर्फ्यू मुक्त दिनों में जनजीवन अब सामान्य रहता है । उन्होंने कहा, राज्य में राष्ट्रवादी और धर्म निरपेक्ष ताकतों को लेकर एक राजनीतिक संगठन या कोई केंद्र बनाना होगा । उन्होंने कहा, यदि हम इन राष्ट्रवादी धर्म निरपेक्ष ताकतों को आवश्यक सुरक्षा, प्रदान करा पाए, जनता से मिलने और बातचीत करने में उनकी मदद कर सकें और जनता से उनके सम्पर्क स्थापित करवा पाए तो स्थिति और बेहतर हो सकती है ।

यह पूछे जाने पर कि इस राजनीतिक प्रक्रिया में मदद देने के लिए क्या डा. फारूक अब्दुल्ला को आमंत्रित किया जाएगा, उन्होंने कहा, राज्य में नैशनल कांफ्रेंस के बड़ी तादाद में समर्थक हैं ।

शोक समाचार

होशियारपुर, 15 जून (कपूर): श्री जगन्नाथ ठेकेदार के चाचा चौधरी बेली राम की आत्मिक शांति के लिए रखे गए साधारण पाठ का भोग 17 जून को बाद दोपहर बलाचौर उपमंडल के ग्राम चूहड़पुर में डाला जाएगा ।

■ जालंधर : श्री पद्म-देव द्विवेदी की माता श्रीमती रामेश्वरी देवी की रस्म पगड़ी 17 जून को दोपहर दो से तीन बजे तक 76, अमर नगर, गुलाब देवी अस्पताल रोड, जालंधर में होगी ।

■ कपूरथला : श्री सुरेंद्र सिंह आहलूवालिया सुपुत्र श्री अर्जुन सिंह

Punjab Sahib Bhuvan

भारत और पाकिस्तान की यात्रा के बाद स्थिति में सुधार हुआ है । श्री कैली भी श्री गेट्स के साथ यात्रा पर गए थे । उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान उन्हें

दी कि अगर उसने कश्मीर में हस्तक्षेप किया तो युद्ध भड़क जाएगा और भारतीय सेनाएं उस दिन के भीतर कराची बंदरगाह पर कब्ज़ा कर लेंगी । सीनेटर

वह काफी चिंतित थे । उन्होंने कहा कि युद्ध कोई भी सरकार नहीं चाहती क्योंकि उससे बहुत तबाही होती है और दोनों देशों तथा उनके साथ ही अमरीका

अमरीकी विदेश मंत्री जेम्स बेकर ने गत बुधवार को कांग्रेस सदन में यह संकेत दिया । उन्होंने कहा कि

(शेष पृष्ठ 8 पर)



संगठनों के सदस्य युद्धोन्माद के विरुद्ध 'शांति जाते हुए । (छाया : प्रै.ट्र.)

आप्रेशन ब्लैक थंडर के लिए जिम्मेदार उग्रवादी सकत्तर सिंह गुट संघर्ष में मरा

होशियारपुर क्षेत्र में शुक्रवार को मिले शव गुट संघर्ष में मरे आतंकवादियों के थे

पंजाब में अन्यत्र 5 हत्याएं, एक घुसपैठिया भी मरा

चंडीगढ़, 16 जून (पस, वार्ता) : स्वर्ण मंदिर अमृतसर में आप्रेशन ब्लैक थंडर के लिए जिम्मेदार एवं भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स का एक अन्य प्रमुख आतंकवादी सकत्तर सिंह आतंकवादी गिरोहों के संघर्ष में मारा गया । पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । सीमा पर एक घुसपैठिया भी मारा गया ।

होशियारपुर जिले में कल जो तीन शव मिले थे, वे गुट संघर्ष में मरे आतंकवादियों के थे ।

सकत्तर सिंह मारा गया : अमृतसर : स्वर्ण मंदिर में मई-1988 में आप्रेशन ब्लैक थंडर के लिए जिम्मेदार प्रमुख आतंकवादी सकत्तर सिंह कल रात खडूर साहब के संगड़ कोट गांव में दो गुटों के संघर्ष में मारा गया । तरनतारन के पुलिस प्रमुख नरिंद्र पाल सिंह ने बताया कि सकत्तर सिंह की कल रात लगभग साढ़े आठ बजे उसके घर में खालिस्तान कमांडो फोर्स के गुरमुख सिंह नागोके गिरोह ने गोली मार कर हत्या कर दी । सकत्तर सिंह तथाकथित भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स का सदस्य था ।

सकत्तर सिंह ने केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल के उप-महानिरीक्षक एस.एस. विर्क पर उस समय गोली चलाई थी, जब वह नौ मई, 1988 को अकाल तख्त के पीछे आतंकवादियों द्वारा की गई किलेबंदी की जांच कर रहे थे । इस वारदात में श्री विर्क के जबड़े में चोट लगी थी ।

इस घटना के बाद सुरक्षा बलों ने दस दिन का आप्रेशन 'ब्लैक थंडर' शुरू किया, जिसके परिणामस्वरूप स्वर्ण मंदिर में मौजूद 200 से अधिक आतंकवादियों ने 15 व 18 मई को दो जत्थों में हथियार डाल दिए ।

सकत्तर सिंह उस समय "कार सेवा" संत बाबा ऊधम सिंह का तथाकथित 'सचिव' था और उसने पहले जत्थे के साथ आत्मसमर्पण किया था । गिरफ्तारी के बाद उसने चार ए.के. 47 राइफलें तथा दान में दिया गया 2 कि.ग्रा. सोना बरामद कराया था । उसे हाल ही में रिहा किया गया था । शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने भी एक प्रस्ताव में उस पर 'कार सेवा' संत के 'सचिव' के भेस में स्वर्ण मंदिर परिसर में आतंकवादी गतिविधियों का आरोप लगाया था ।

सकत्तर सिंह पिछले तीन दिनों में दो गुटों की रंजिश में मारा जाने वाला तीसरा प्रमुख आतंकवादी है । बी.टी.के.एफ. तथा खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के दो तथाकथित एरिया कमांडर दलविन्दर सिंह और बलविन्दर सिंह क्रमशः गत वीरवार और शुक्रवार को मारे गए थे ।

हत्या : एक मोटर साइकल सवार आतंकवादी ने आज अमृतसर के छोटेपुर क्षेत्र में बलबीर सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी । गांव वालों ने बाद में उस आतंकवादी को पकड़ लिया तथा उसे मारा-पीटा । उसे अचेतावस्था में अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

5 आतंकवादी गिरफ्तार : खालिस्तान कमांडो फोर्स' गिरोह से संबंधित 2 आतंकवादी निशान सिंह और आत्म सिंह आज पुलिस ज़िला मजीठा के जंडियाला क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिए गए । उनके पास से बारह बोर की एक दुनाली बंदूक तथा 38 बोर का एक रिवाल्वर बरामद हुआ है । पुलिस ने बताया कि वे जबरन धन ऐंठने के कई मामलों में वांछित थे ।

अमृतसर जिला पुलिस ने गत रात कुराली गांव के निकट संक्षिप्त मुठभेड़ के उपरांत तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । उनकी शिनाख्त चरन सिंह, बलविन्दर सिंह तथा एक पाक नागरिक अब्दुल खान के रूप में की गई है । उनके कब्जे से दो दोनाली बंदूकें बरामद हुई हैं ।

घायल कर दिया : वि.प्र. के अनुसार अमृतसर शहर के आंतरिक क्षेत्र छोटा हरिपुर में तीन-चार व्यक्ति एक व्यक्ति बलबीर सिंह के घर में घुसकर उसे घायल करके फरार हो गए । पुलिस ने घटनास्थल से दो चले हुए कारतूस बरामद किए हैं । बलबीर सिंह को गुरु तेग बहादुर हस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

मानोचाहल पर पैसे खाने का आरोप : अमृतसर (मनोहर शरद) : विश्वस्त सूत्रों के अनुसार भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान के सुखविन्दर सिंह संघा और गुरबचन सिंह मानोचाहल धड़ों में ज़बरदस्त फूट आज उस समय पुनः सामने आई, जब संघा गुट ने पंथक कमेटी के मैंबर वस्सन सिंह ज़फ़रवाल की सराहना करते हुए कहा कि मानोचाहल ने 'खाड़कुओं' के रुपए को निजी कामों में इस्तेमाल करने से गुरेज़ नहीं किया । इसके साथ ही संघा ने निशान सिंह फौजी को अमृतसर का सेवादार नियुक्त किया है । आज यहां से जारी एक प्रैस नोट में सुखविन्दर सिंह संघा और निशान सिंह फौजी ने कहा कि वस्सन सिंह ज़फ़रवाल द्वारा मानोचाहल पर पैसा खाने की जो बात कही है,

(शेष पृष्ठ 8 पर)

ौर अफसरशाही कर आलोचना

अपनी रिपोर्ट में कहा है कि पार्टी की पराजय के कुछ मुख्य कारणों में अयोध्या में प्रस्तावित मंदिर के शिलान्यास की अनुमति देना, उम्मीदवारों का तदर्थ और गलत चयन, रक्षा सौदों के विवाद से निपटने का गलत तरीका तथा लोकतांत्रिक तरीकों की अवहेलना शामिल हैं ।

फोरम ने सुझाव दिया कि पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों में आई तबदीली का अध्ययन करने के लिए पार्टी की एक उच्च स्तरीय समिति गठित की जाए और पार्टी में हर स्तर पर लोकतंत्र बहाल करने की प्रक्रिया शुरू की जाए । फोरम ने कहा कि पार्टी को इस तरह की बातें कहना बंद कर देना चाहिए कि कुछ ही दिन में राष्ट्रीय मोर्चा सरकार गिर जाएगी और कांग्रेस जल्दी ही सत्ता में लौट आएगी । फोरम के अनुसार इससे पार्टी को भारी नुक्सान होता है ।

राष्ट्रीय विकास परिषद की बैठक कल

नई दिल्ली, 16 जून (वार्ता): राष्ट्रीय विकास परिषद की सोमवार को यहां शुरू हो रही दो दिन की बैठक में आठवीं योजना के प्रारम्भिक आधारपत्र की जांच के बाद उसे स्वीकृति दी जाएगी ।

आधारपत्र में रोज़गार और निर्धनता उन्मूलन पर ज़ोर दिया गया है । अन्य बातों के अलावा आधारपत्र में योजना काल के दौरान अर्थ-व्यवस्था में 5.5 प्रतिशत की औसत सालाना वृद्धि दर, अगले दशक में रोजगार में हर वर्ष तीन प्रतिशत की वृद्धि, 22 प्रतिशत बचत दर तथा निर्यात में कम से कम 12 प्रतिशत की सालाना वृद्धि तय की गई है । देश की सर्वोच्च नीति निर्धारक समिति की बैठक दो वर्ष से अधिक समय के बाद हो रही है । बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह करेंगे, जो परिषद के अध्यक्ष भी हैं । अन्य सदस्यों में सभी केंद्रीय मंत्री, राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्रशासित क्षेत्रों के प्रशासक तथा योजना आयोग के पूर्णकालिक सदस्य शामिल हैं । परिषद की पिछली बैठक सातवीं योजना के मध्यावधि आकलन के लिए मार्च 1988 में हुई थी ।

खरीफ फसलों के समर्थन मूल्य बढ़े

नई दिल्ली, 16 जून (पस) : सरकार ने 1990-91 की खरीफ फसल के विभिन्न उत्पादनों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में तीस रुपए से 110 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की घोषणा की । धान की सभी औसत अच्छी किस्मों के लिए समर्थन मूल्य 205 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया गया है जो पिछले वर्ष के घोषित मूल्य से तीस रुपए ज्यादा है ।

धान की बढ़िया किस्मों के लिए 215 रुपए प्रति क्विंटल मूल्य घोषित किया गया है । ज्वार, बाजरा, मक्का जैसे मोटे अनाज की औसत अच्छी किस्म के लिए न्यूनतम मूल्य 180 रुपए होगा जो पिछले वर्ष के घोषित मूल्य से 25 रुपए ज्यादा है ।

धान और मोटे अनाजों के पिछले वर्ष घोषित न्यूनतम मूल्यों में बाद में दस रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोत्तरी की गई थी ।

अरहर, उड़द और मूंग की औसत अच्छी किस्म का समर्थन मूल्य 480 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है जो पिछले वर्ष के घोषित मूल्य से 80 रु. व बाद में बढ़ाए गए मूल्य से 55 रुपए ज्यादा है ।

छिलकेदार मूंगफली की औसत अच्छी किस्म का भाव 580 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है जो पिछले वर्ष के घोषित मूल्य से 100 रुपए तथा पुनरीक्षित मूल्य से 80 रुपए अधिक है ।

पीली सोयाबीन के लिए 400 रुपए प्रति क्विंटल, काली सोयाबीन के लिए 350 रुपए प्रति क्विंटल मूल्य निर्धारित किया है जो पिछले वर्ष के घोषित मूल्य से पचास रुपए अधिक है ।

सूरजमुखी के बीज का न्यूनतम मूल्य 600 रुपए प्रति क्विंटल होगा जो पिछले वर्ष के घोषित मूल्य से 100 रुपए तथा पुनरीक्षित मूल्य से 70 रुपए ज्यादा है ।

कपास की एफ-414 और एच-777 किस्मों के दाम 620 रुपए प्रति क्विंटल रहेंगे । इनके मूल्यों में क्रमशः 80 और 50 रुपए बढ़े हैं । कपास एच-4 किस्म का समर्थन मूल्य 750 रु. प्रति क्विंटल होगा । इसकी कीमत में पिछले वर्ष की तुलना में 60 रुपए की वृद्धि हुई है ।

रबी की तरह खरीफ की पैदावार की खरीद भी मुख्य रूप से भारतीय खाद्य निगम करेगा ।

खरीफ की दालों और तिलहनों की खरीद मुख्य रूप से "नाफेड़" और कपास की खरीद मुख्य रूप से भारतीय कपास निगम के हाथ में रहेगी ।

10 को गोली से उड़ाया

पेइचिंग, 16 जून (प.स.) : चीन में अपराध रोकने के अभियान में दस लोगों को गोली से उड़ा दिया गया और पुलिस ने तिब्बत में हथियारों के तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया ।

दा करें तो पंजाब समस्या स्वतः सुलझ जाएगी : बूटा सिंह

हत्व नहीं रह जाता है । उन्होंने कहा कि संविधान र्वोपरि है ।

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि आतंकवादियों को धार्मिक समर्थन प्राप्त है । ये समर्थन वे लोग करते हैं जो आतंकवादियों के कृत्यों

आतंकवाद बारे उन्होंने कहा कि हमारे दौर की अपेक्षा आतंकवाद राज्य में काफी बढ़ गया है । पंजाब में चुनावों बारे पूछे जाने पर श्री बूटा सिंह ने कहा कि इस बारे जायजा लेना प्रशासन का काम है ।

Godrej ®
Godrej ®
लुधियाना ज़िला के लिये खुशखबरी
गोदरेज रेफ्रिजरेटर अब आसान किश्तों पर भी
अधिक जानकारी के लिये अपने निकटतम डीलर से मिलें:-

Punjabi Sanatani

र 17.6.1990

र किए हैं । श्रीनगर से भेजी गई इस
हा गया है कि इस बात से लगता है कि
गाववादियों को प्रभावशाली मध्य वर्ग
प्राप्त है,जबकि पहले विश्वास किया जाता
गाववादी बेरोज़गार युवकों को लुभाते
त्र में कर्फ्यू के दौरान होने वाली यंत्रणा,
सिलसिला, एक दुल्हन के साथ सामूहिक
की घटना तथा शोकाकुल लोगों पर
सी बातों का उल्लेख है ।

त राष्ट्र प्रस्ताव : न्यूयार्क से प्राप्त
रिपोर्ट के अनुसार भारत ने कहा है कि
द्वारा संयुक्त राष्ट्र के 42 साल पुराने एक
वार-बार चर्चा करना अव्यावहारिक
य वाणिज्य दूतावास की एक प्रवक्ता ने
स्तान से कहा कि वह इसके बाद से हुई
ी नज़रअंदाज़ नहीं करे । प्रवक्ता ने यह
तान के संयुक्त राष्ट्र दूत नसीम अहमद ने
म्स में कुछ दिनों पहले प्रकाशित पत्र के

खंडन में कही । श्री नसीम ने अपने पत्र में भारत से कश्मीर में कथित दमन बंद करने के लिए कहा था । भारतीय प्रवक्ता ने अपने जवाब में कहा कि अधिकृत कश्मीर से हटने पर पाकिस्तान के इन्कार की वजह से ही जनमत संग्रह नहीं कराया जा सका ।

किसानों के ऋण माफ करने का फैसला

चंडीगढ़, 16 जून (वि.प्र.): पंजाब के राज्यपाल श्री वीरेन्द्र वर्मा ने बताया है कि केन्द्र सरकार ने किसानों और अन्य पात्र वर्गों के 10 हज़ार रु. तक के ऋण माफ करने का फैसला किया है । उन्होंने बताया कि राष्ट्रीयकृत बैंकों से प्राप्त 10 हज़ार रु. तक के ऋण का भुगतान केन्द्र सरकार ने अपनी ओर से करना मान लिया है । उन्होंने बताया कि जहां तक सहकारी बैंकों के ऋणों का प्रश्न है उनका बोझ केन्द्र व राज्य सरकारें आधा-आधा वहन करेंगी ।

भटनागर

(पृष्ठ 1 का शेष)

कर्फ्यू स्थिति : श्रीनगर के विभिन्न क्षेत्रों में आज प्रशासन ने छः घंटे के लिए कर्फ्यू में ढील दी । यह ढील सफाकदल, खनियार, महाराजगंज तथा नौहटा पुलिस थानों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में प्रातः छः बजे से दी गई जबकि सिविल लाइन्स क्षेत्र में 13 घंटे के लिए कर्फ्यू में छूट दी गई ।

इस दौरान दुकानें तथा व्यापारिक प्रतिष्ठान भी तीन दिन की हड़ताल के बाद खुले तथा सड़क मार्गों पर यातायात भी सामान्य रूप से चलता रहा ।

दूसरी तरफ सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवादियों के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी है तथा संदिग्ध उग्रवादियों के सम्भावित ठिकानों पर लगातार छापे मारे जा रहे हैं ।

2 आतंकवादी मरे : आधिकारिक सूत्रों के अनुसार कल सीमा पर पांच कि.मी. पट्टी क्षेत्र में, जहां शाम से सुबह तक का कर्फ्यू लगा रहता है, सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया । ये आतंकवादी सीमा पार कर पाकिस्तान में जाने का प्रयास कर रहे थे ।

लेह में तनाव : लद्दाख के कर्फ्यूग्रस्त शहर लेह में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है ।

आज यहां मिली खबरों के अनुसार कल रात शहर के विभिन्न स्थानों में हुए बम विस्फोट में भूतपूर्व मंत्री सोनम बंगल के मकान सहित चार भवन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए ।

विस्फोट में स्थानीय इस्लामिया स्कूल टूरिस्ट सैंटर, काम्पलैक्स और एक सर्किट हाउस भी क्षतिग्रस्त हो गया ।

कश्मीर सरकार द्विविधा में

जम्मू, 16 जून (वार्ता): कश्मीर घाटी में अपनी ड्यूटी पर लौटने से साफ इंकार कर देने वाले करीब 12 हजार सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने के मुद्दे को लेकर जम्मू-कश्मीर सरकार एक विचित्र स्थिति में पड़ गई है ।

इन कर्मचारियों के श्रीनगर में अपनी ड्यूटी पर लौटने के लिए सरकार द्वारा निर्धारित समय सीमा कल समाप्त हो गई । पर सरकार के आदेश को न मानने वाले किसी भी कर्मचारी के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं शुरू की जा सकी है ।

आप्रेशन ब्लैक थंडर ...

(पृष्ठ 1 का शेष)

वह एक सही बात है । प्रैस नोट में दावा किया गया है कि उनके पास इस संबंधी पूरे सबूत हैं कि मानोचाहल ने 'खाड़कुओं' के रुपए को निजी कामों में इस्तेमाल किया है । निशान सिंह फौजी और सुखविन्दर सिंह संघा ने ज़फ़रवाल की सराहना करते हुए कहा कि उनकी जत्थेबंदी इनका तथा आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन (मेहता गुट) का समर्थन करती है ।

निशान सिंह फौजी ने दावा किया है कि वह अपने पांच साथियों समेत फौज से भाग कर इस जत्थेबंदी में शामिल हुआ है । प्रैस नोट के नीचे सुखविन्दरसिंह संघा और निशान सिंह फौजी के दस्तखत हैं ।

बस जला दी : उग्रवादियों ने मजीठा पुलिस जिले में नवां पिंड के पास एक बस को आग लगा दी । परन्तु एक पुलिस गश्ती दल ने घटना स्थल पर पहुंच कर बस यात्रियों की सहायता से, जिन्हें उग्रवादियों ने आग लगाने से पहले बस से उतार दिया था, आग पर नियंत्रण पा लिया ।

घुसपैठिया मरा : खेमकरण सैक्टर में भारत-पाक सीमा के निकट एक घुसपैठिया मारा गया ।

पंचायत सदस्य की हत्या : आतंकवादियों ने फरीदकोट जिले के भल्लौर गांव में ग्राम पंचायत सदस्य हरनाम सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

कांस्टेबल की हत्या : अमृतसर से प्राप्त एक सूचना के अनुसार आतंकवादियों द्वारा पंजाब पुलिस के एक कांस्टेबल जगदीश सिंह की आज शाम तरनतारन पुलिस जिले के गांव सिंघपुरा में गोली मार कर हत्या कर दी गई । वह छुट्टियों पर घर आया हुआ था ।

5 आतंकवादी गिरफ्तार : फरीदकोट जिला पुलिस ने एक संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात् गत रात जिले के गांव बाघागढ़ के निकट 3 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । उनकी शिनाख्त सुरेन्द्र सिंह, गुरप्रीत सिंह तथा जगतार सिंह के रूप में की गई है । उनके पास से एक ए.के. 47 राइफल, एक .455 बोर पिस्तौल, एक ए.के. 56 राइफल तथा आधा किलोग्राम विस्फोटक सामग्री बरामद हुई है ।

सुरक्षा बलों ने फरीदकोट जिले के डगरू गांव के निकट संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात् दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । उनके पास से एक थामसन गन तथा 8 कारतूस बरामद हुए हैं ।

होमगार्ड जवान घायल : बाघापुराना (मित्तल): गत रात 8.30 बजे 10-12 आतंकवादियों ने बाघा पुराना के गांव माल्हाकलां के निकट पुलिस पर घात लगा कर फायरिंग की जिसमें होमगार्ड का जवान बूटा सिंह घायल हो गया । जवाबी फायरिंग में आतंकवादी फरार हो गए पर पुलिस की दो राइफलें, 35 कारतूस व एक मैगज़ीन ले गए ।

तेजधार हथियारों से हत्या : बटाला (प.स.): कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने गत रात थाना डेरा बाबा नानक के गांव जौड़ियां कलां में गुरदेव सिंह की तेजधार हथियारों से हत्या कर दी । पुलिस ने इसे आपसी दुश्मनी का मामला बताया है ।

बैंक से 41000 रु. लूटे : उग्रवादियों ने आज बटाला पुलिस जिले के गांव उधनोवाल में पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा के कैशियर से 41000 रुपए लूट लिए । फरार होने से पूर्व वे बैंक के गार्ड की 12 बोर की बंदूक भी ले गए ।

लुधियाना में एक लाख की डकैती : लुधियाना (महिन्द्रा, धीमान) : गत रात्रि किदवई नगर में चार लुटेरों के सनसनीपूर्ण डाके में एक प्रापर्टी डीलर शीश कुमार लूट गया तथा लुटेरे 35,000 रुपए, भारी संख्या में आभूषण तथा एक वी.सी.आर. लेकर चलते बने । लुटेरों के पास राइफलें, रिवाल्वर व कृपाणें थीं । उन्होंने एक वर्षीय बालक की छाती पर पिस्तौल रख दिया और इस दौरान वहां लूटमार करते रहे । उनके जाने के बाद पुलिस को सूचित किया गया । डिवीजन नं. 2, 3 तथा 6 की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची लेकिन उनका आपस में टकराव हो गया कि किदवई नगर का यह मकान किस डिवीजन की सीमा में आता है ।

अन्ततः पुलिस डिवीजन नं. 2 में मुकद्दमा दर्ज किया है । [illegible] है ।

स्टेनगन छीन ली : होशियारपुर से 'नि.स.' के अनुसार आज दोपहर बाद 3 बजे के लगभग होशियारपुर-दसूहा सड़क पर गांव घासीपुर के पास एक बस में सवार दो आतंकवादियों ने बस में बैठे एस.पी.ओ. पर गातरे से हमला कर उसकी स्टेनगन छीन ली । पुलिस अधीक्षक रवीन्द्र सिंह उप्पल ने बताया कि तलवंडी जरां गांव के सरपंच गुरमेल सिंह अपने गनमैन के साथ बस में होशियारपुर से अपने गांव जा रहे थे । दोनों उग्रवादी भी होशियारपुर से ही सवार हुए और सरपंच की सीट के पीछे बैठे थे । गुरमेल सिंह ने अपने रिवाल्वर से फायर किया और एक उग्रवादी को घायल कर दिया । दोनों उग्रवादी घासीपुर के निकट बस से उतर कर फरार हो गए और रास्ते में एक व्यक्ति से स्कूटर छीन कर दोसड़का की ओर चले गए । पुलिस ने सारे क्षेत्र को घेरे में ले लिया है ।

मृतक संदिग्ध आतंकवादी थे : दसूहा (झावर): थाना टांडा के मंड क्षेत्र रड़ा (ब्यास नदी) के पास कल जो तीन गोलियों से छलनी लाशें बरामद हुई थीं, उसके बारे में कुछ और विवरण मिले हैं । मैडीकल रिपोर्ट के अनुसार इन लाशों की हालत बहुत बिगड़ी हुई है । हाथ-पांव टूटे हुए हैं और यूं लगता है कि हत्या से पहले उन्हें बुरी तरह मारा-पीटा गया था । उनके सिरों पर गोलियों के निशान हैं । होशियारपुर के एस.पी. श्री हरभजन सिंह बाजवा के अनुसार इन तीनों की शिनाख्त कर ली गई है । ये युवक सिकन्दर सिंह (महतमडोला), हरजीत सिंह (रसूलपुर) तथा सतनाम सिंह (बटाला) जिला गुरदासपुर के रहने वाले हैं । उन्होंने बताया कि छानबीन जारी है । पोस्टमार्टम के उपरांत लाशें वारिसों के हवाले कर दी गई हैं । घटनास्थल से 45-50 फुट की दूरी पर ही गुरदासपुर का इलाका है । आशंका है कि यह आतंकवादियों के दो गुटों के झगड़े का परिणाम है ।

बहादुरी से मुकाबला : सुनाम से 'नागपाल' के अनुसार जिला इंका नेता हरिनंद सिंह ने आतंकवादियों के हाथों घायल होने के बावजूद ज़ोरदार मुकाबला किया जिसके परिणामस्वरूप एक आतंकवादी काबू कर लिया गया । स्कूटर पर सवार दो आतंकवादी कल बाद दोपहर 2.30 बजे गांव खनाल कलां (थाना दड़बा) में आए तथा हरिनंद सिंह जंजर के घर का दरवाजा खटखटाया । 16 वर्षीया लड़की द्वारा दरवाजा खोलने पर उन्होंने हरिनंद सिंह के बारे में पूछा । लड़की ने पिता को बुला लिया तथा उन युवकों को चाय पानी के लिए पूछा,पर युवकों ने कहा कि वे केवल उनकी पिस्तौल लेने आए हैं । करने पर वे श्री हरिनंद सिंह पर झपट पड़े । गुत्थम-गुत्था होते हुए श्री हरिनंद सिंह ने उन दोनों को डबल बैड पर पटक दिया,पर एक आतंकवादी ने गोली चलाकर श्री हरिनंद सिंह को घायल कर दिया और भाग लिए । हरिनंद सिंह भी उनके पीछे दौड़े तथा उन्हें स्कूटर न उठाने दिया । लड़की अपने पिता की पिस्तौल लेकर आ गई तथा श्री हरिनंद सिंह ने एक आतंकवादी को घायल कर दिया । लड़की द्वारा शोर मचाने पर लोग तथा बैंक पर ड्यूटी दे रहे जवान आतंकवादियों के पीछे भागे । घायल आतंकवादी तो काबू कर लिया गया,परंतु दूसरा बच निकलने में सफल हो गया । वह अपने घायल साथी की पिस्तौल भी ले गया ।

पकड़े गए आतंकवादी की शिनाख्त बलविंदर सिंह उर्फ़ बिल्लू (गांव भिंडरांवाला, थाना संगरूर) के रूप में हुई है तथा दूसरा आतंकवादी थाना धूरी के गांव दूला का कर्म सिंह था । ये दोनों आर.एम.पी. डाक्टर हैं । घायल आतंकवादी ने बताया कि वे इसलिए पिस्तौल छीननी चाहते थे कि पैट्रोल पम्प वगैरह लूट लिया करेंगे और गुज़ारा चलता रहेगा । कर्म सिंह को काबू करने के लिए डी.एस.पी. हरजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने उसके गांव में छापा मारा, पर वह हाथ नहीं लगा । श्री हरिनंद सिंह की सिविल अस्पताल संगरूर में हालत खतरे से बाहर बताई गई है । उनकी टांगों पर 3 तथा कंधे पर एक गोली लगी है ।

अपहरण के बाद हत्या : आतंकवादियों ने फिरोज़पुर जिले के रोडेवाल गांव में कश्मीर सिंह नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया तथा बाद में इसी जिले के किलीगोडा गांव के बाहर उसकी गोली मार कर हत्या कर दी ।

सीमावर्ती गांवों में कर्फ़्यू : फिरोज़पुर से 'धीमान' के अनुसार जिला मैजिस्ट्रेट श्री राकेश सिंह ने फिरोज़पुर जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के साथ लगते 16 गांवों में रात्रि 8 बजे से प्रातः 5 बजे तक कर्फ़्यू लागू होने के आदेश में आगामी 30 जून तक वृद्धि कर दी है ।

100 मरे

लागोस, 16 जून (प.स.) : नाइजीरिया के दक्षिण पूर्वी नगर पोर्ट हरकोट में कल एक स्कूल की इमारत ढह जाने से कम से कम 100 छात्रों और अध्यापकों के मारे जाने की आशंका है ।

वसंत को दिए गए नो
विरुद्ध उद्योग संघों

लुधियाना, 16 जून (महिंद्रा): प
बोर्ड के चेयरमैन श्री एन.एस. वसंत क
तरफ से दिए गए 15 दिनों के नोटि
लुधियाना के उद्योग संघों द्वारा कड़ा रोष
गया है ।

आज टैक्सटाइल कालोनी लघु उ
प्रधान श्री बलवंत राय ने एक बयान में
वसंत ने बहुत समय से पंजाब के उद्य
सेवा की है तथा सरकार ने उनको इन से
पुरस्कार भी दिए । अब जबकि उन्हों
सप्लाई नियमित कर दी है, उन्हें 15
देकर उनके सारे किए-कराए पर प
बराबर है । श्री बलवंत राय ने प
राज्यपाल से मांग की है कि वह श्री वस
पुनः विचार करें ।

नए राज्यपाल से
संस्थाओं के नेता ना

अमृतसर, 16 जून (मनोहर):
राज्यपाल श्री वीरेन्द्र वर्मा ने अमृतसर के
दौरे पर ही यहां की तमाम राजनीति
व्यापारिक, सामाजिक और धार्मिक
नाराज़ कर लिया है । बताया जाता है
ने विभिन्न पार्टियों के प्रतिनिधियों से मि
तय कर रखा था मगर ये सब कड़कती ध
करते रहे किन्तु राज्यपाल बताई हुई
हाऊस में गए ही नहीं और बाहर के बा
चले गए । कम से कम 150-200
दोपहर राज्यपाल और प्रशासनिक अधि
सर्कट हाऊस में इंतजार में खड़े रहे । उ
कहा कि राज्यपाल ने उनके साथ क्रूर
है, अगर मिलना ही नहीं था तो वक्त न
शहरियों में अनेक तरह की चर्चाएं चल
राज्यपाल के प्रति सभी नेताओं में रोष
है ।



इंका अध्यक्ष राजीव गांधी श्री मुहम्मद
को सांत्वना देते हुए जिनके इकलौते
शहरयार की शुक्रवार को दिल्ली के
मृत्यु हो गई । (छा



नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह
सूचना एवं प्रसारण मंत्री पी. उपेन्द्र 198
लिए ए.आई.एम.ओ.—विश्वेश्वरैया एंटी
अवार्ड गुरु नानक ऑटो एंटरप्राइजिज
गोराया के कमर्शियल डायरैक्टर श्री ज
को भेंट करते हुए ।

सत्तार भारत में
पाकिस्तानी उच्चायुक्त

इस्लामाबाद, 16 जून (प.स.): पा
प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो ने अपने सोवि
राजदूत अब्दुल सत्तार को भारत में
उच्चायुक्त नियुक्त किया है । पाकिस्ता
अखबार 'द नेशन' ने आज यह सूचन
बताया कि श्री सत्तार को भारत
उच्चायुक्त बशीर बाबर की जगह नि
गया है । श्री बाबर अब फ्रांस में पा
राजदूत होंगे ।

ा शहर

ए)

0 है । प्रासपैक्ट्स और आवेदनपत्रक
टर पर चुका कर अथवा बैंक डीमांड
टर, फिलाडेल्फिया अस्पताल अम्बाला

एफ.आर.सी.एस., एफ.ए.सी.एस.
डायरैक्टर

IRLS (LAHORE),

OTICE

B.A. Part I, II & III)
shall continue upto

fee possible upto

subjects including
ental.
ts & Co-curricular

ts).
College Office on
/- by post.
Principal



श्री ऊषा माता जी महाराज
अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करें । यात्रा

(H.P.)
देर, योल कैम्प (H.P.)
ामुंडा नेवी ।
गवां (H.P.)

स्टोर, अस्पताल रोड, कांगड़ा ।
ोट, कांगड़ा ।
माता जी की इस पैदल यात्रा के विषय में
व्यक्ति के मिलने पर स्थानीय प्रधान,
सूचना देने का कष्ट करें ।

गुमशुदा



इंद्र राम, 100 (अनुमानतः), सैक्टर 22-बी, चंडीगढ़ से 13.6.90 सुबह से गुम हैं । उन्होंने सफेद कमीज़ और धोती पहन रखी थी । सूचना देने वाले को आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा । कृपया सम्पर्क करें :

विश्वामित्र,

गुमशुदा की तलाश



रामकिशन, आयु 51, कद 5'-4" गत 4 मार्च, 1990से करनाल अपने घर से लापता हैं । पता देने वाले को खर्चे के अतिरिक्त शुक्राना भी दिया जाएगा ।

हरिकिशन, सपुत्र श्री मान सिंह,

R.R. BAWA D.A.V. COLLEGE FOR GIRLS, BATALA
ANNOUNCES

पंजाब में माकपा कार्यकर्त्ता समेत 3 की हत्या, सब-इंस्पैक्टर के बेटे का अपहरण

अपहृत युवक को छोड़ने के लिए 3 दुर्दांत उग्रवादियों की रिहाई की मांग

एक आतंकवादी मरा, 5 लुटेरों का एक गिरोह काबू

चंडीगढ़, 17 जून (प.स., वार्ता): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान एक माकपा कार्यकर्त्ता समेत 3 लोगों की हत्याएं हुईं, जबकि आतंकवादियों ने गुप्तचर ब्यूरो के एक अधिकारी के बेटे का अपहरण कर लिया । उन्होंने उसकी रिहाई के बदले में 3 दुर्दांत आतंकवादियों को छोड़ने की मांग की है । इस बीच एक आतंकवादी मारा गया है और पुलिस ने लुटेरों के एक गिरोह को भी काबू किया है ।

होमगार्ड जवान की हत्या : अमृतसर (पस): बल्टोहा पुलिस थानांतर्गत बरनाला गांव के बाहरी इलाके में आतंकवादियों ने कल रात निर्मल सिंह नामक होमगार्ड जवान की गोली मार कर हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 के पांच खाली कारतूस बरामद हुए हैं ।

कांस्टेबल की हत्या : तरनतारन पुलिस जिले के सिहपुरा गांव में दो सशस्त्र आतंकवादियों ने पुलिस कांस्टेबल जगदीश सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के पांच खाली कारतूस बरामद हुए हैं ।

दो लोग घायल : तरनतारन पुलिस जिला के रूढ़ेआसल गांव में आतंकवादियों ने कल रात एक घर में घुस कर स्वर्ण सिंह तथा उनके एक संबंधी को घायल कर दिया । आतंकवादियों ने वारदात के दौरान ए.के. 47 राइफलों के प्रयोग के अलावा मकान पर दो हथगोले भी फैंके ।

एक और व्यक्ति घायल : छहर्टा के इंडस्ट्रियल एरिया में आज 'वर्दीधारी' उग्रवादियों ने जसवंत सिंह नामक एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया । उसे श्री गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है । वारदात के समय जसवंत सिंह 'कार सेवा' के लिए एक धर्मस्थान में जा रहा था । उग्रवादी एक वाहन में फरार हो गए ।

लुटेरों का गिरोह काबू : अमृतसर पुलिस ने लूटपाट करने तथा लोगों से धन ऐंठने वाले पांच सदस्यीय एक गिरोह को काबू किया है । गिरोह के सदस्यों से तीन पिस्तौलें और कुछ गोली-सिक्का भी बरामद हुआ है । उनके नाम किरपाल सिंह उर्फ टीटू, हरजिंदर सिंह उर्फ काला, परगट सिंह उर्फ बग्गा, हरजिंद सिंह उर्फ लाली तथा पाल सिंह उर्फ पाली हैं ।

माकपा कार्यकर्त्ता ने मरने से पूर्व एक हमलावर मार गिराया : मोगा (आजाद): कल रात थाना मेहना के गांव दोधार में एक माकपा कार्यकर्त्ता डा. जगदीश कुमार ने आतंकवादी हमलों में घायल होने के बाद दम तोड़ने से पहले एक आतंकवादी को मार गिराया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार आतंकवादियों ने डा. जगदीश के घर में घुस कर उन पर गोलियां चलाईं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए । इसके बावजूद उन्होंने अपनी पिस्तौल निकाल कर एक आतंकवादी को गोलियों से उड़ा दिया । उसके दूसरे साथी गांव से किसी व्यक्ति का स्कूटर छीन कर भाग गए । डा. जगदीश को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई । वह मोगा-फिरोजपुर मुख्य मार्ग के संयोजक तथा पार्टी की बधनी इकाई के सचिव थे । माकपा की जिला इकाई ने इस वारदात की कड़ी निंदा की है ।

सब-इंस्पैक्टर के बेटे का अपहरण : गोपड़ (वार्ता): पांच आतंकवादियों ने कल रात गुप्तचर ब्यूरो के सब-इंस्पैक्टर आत्मा सिंह के बेटे हरभजन सिंह (21) का गोपड़ जिला के बहरामपुर जमीन्द्रा गांव में उनके निवास से अपहरण कर लिया । प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार अपहरण में भिडरावाला टाइगर्स फोर्स (संघा गुट) का हाथ है । आत्मा सिंह फरीदकोट जिले के मोगा में कार्यरत हैं । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार आतंकवादियों ने हरभजन सिंह की रिहाई के बदले में तीन दुर्दांत आतंकवादियों को छोड़े जाने की मांग की है ।

एक आतंकवादी गिरफ्तार : भटिंडा (सोच) : जिला पुलिस ने आतंकवादियों के एक गिरोह के सरगर्म सदस्य कैरों सिंह उर्फ खान को गिरफ्तार करके बड़ी सफलता प्राप्त की है । यह जानकारी जिला पुलिस प्रमुख श्री राजेन्द्र सिंह ने एक प्रैस कांफ्रैंस में दी । उक्त आतंकवादी लूटपाट तथा हत्याओं की अनेक वारदातों में शामिल था । श्री राजेन्द्र सिंह के अनुसार कैरों सिंह ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि उसने तथा उसके

(शेष पृष्ठ 6 पर)



राम मंदिर मुद्दे पर भाजपा-मोर्चा सरकार में टकराव गहराने लगा

नई दिल्ली, 17 जून (दिनेश शर्मा): यद्यपि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लाल कृष्ण आडवानी ने वी.पी. सिंह सरकार को पार्टी का समर्थन वापस लेने के फैसले को उचित ठहराया है, लेकिन इस फैसले से सरकार के समर्थकों में रोष बनना स्वाभाविक है । भाजपा ने अपनी ओर से यह भी स्पष्ट कर दिया है कि उनकी पार्टी केंद्र में गैर-कांग्रेसी सरकार के गठन होने के बावजूद

पंजाब समस्या चुनावों से हल नहीं लिए उसके मूल कारणों को समझना ज

जालन्धर, 17 जून (दुल्ल): अकाली दल (ब) के प्रधान श्री प्रकाश सिंह बादल ने आज यहां सम्वाददाताओं से वार्ता के दौरान कहा कि यद्यपि पंजाब में राजनीतिक प्रक्रिया शुरू तो करनी ही होगी और उनका दल इसके पक्ष में भी है किन्तु उनके मत में चुनाव भी पंजाब समस्या का समाधान न कर सकेंगे ।

श्री बादल ने खेद व्यक्त किया कि मौजूदा केन्द्र सरकार भी समस्या के हल के लिए कोई ईमानदार प्रयास नहीं कर रही । उन्होंने स्पष्ट किया कि गत 40 वर्षों का कांग्रेस शासन मौजूदा हालात के लिए पूरी तरह जिम्मेदार है । एक प्रश्न के उत्तर में श्री बादल ने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह चंडीगढ़, नदियों के पानी तथा भाषाई क्षेत्रों सम्बन्धी मामलों बारे एकतरफा निर्णय दे ।

बादल ने कहा कि सरकार पंजाब की समस्या को केवल अमन व कानून की समस्या मान कर चल रही है, जबकि इसे राजनीतिक स्तर पर भी निपटाने की जरूरत है । उनके अनुसार पंजाब समस्या के आर्थिक, राजनीतिक बादल ने केन्द्र सरक सैनिकों की बहाली त पीड़ितों के लिए राह करार दिया और क पिछले लगभग 6 वर्षों भी 15 जेलों में हैं और लुधियाना की रैली में करने में वह असफल

श्री बादल ने कहा है कि लोग सोचने लगे समस्या हल नहीं कर प तक इस समस्या के जाता, तब तक यह ह प्रश्न के उत्तर में उन्ह आतंकवाद की निन्दा प्रश्न के उत्तर में श्री बाद अपील करते हैं कि जो हो जाएं क्योंकि एकता होगी ।



अकाली दल (ब) के प्रधान श्री प्रकाश सिंह बादल जालंधर में आयोजित को संबोधित करते हुए ।

आतंकवादियों ने देश के विभि सक्रिय उग्रवादी संगठनों से सम

नई दिल्ली, 17 जून (जी.एस. चावला): गुप्तचर एजेंसियों को आशंका है कि पंजाब व जम्मू-कश्मीर के आतंकवादियों ने देश के विभिन्न भागों में सक्रिय उग्रवादी संगठनों से सम्पर्क बना लिए हैं तथा अब वे एक संयुक्त रणनीति अपना रहे हैं । सीमाओं का उपयोग भी तराई क्षेत्र, भारत-नेपाल पर सतर्कता तीव्र कर दी प्रधानमंत्री की भारत य साथ हुए समझौते को म

Punjabi Sahitak

जम्मू में हैं, जहां इन्हें
र ने कुछ ऐसी फाइनैंस
ई शुरू कर दी है ।

वतंत्रता की
खने को तैयार

): लिथुआनिया सरकार
ादी की घोषणा को एक
ा रखने पर तैयार है ।
प्रतिबंध हटाने तथा
ू करने के लिए यह एक
या की सुप्रीम कौंसिल
में सरकार के इस फैसले

का का पति
रफ्तार

(महिन्द्रा): स्थानीय
ाला उर्फ बेबी ससुराल
। मृतका को जली हुई
में दाखिल कराया गया
सहन न करते हुए दम
के पति देवेन्द्र कुमार
ारफ्तार किया है, जांच

तलाश



सिंह
एंड बर्ज
ाल रोड, लुधियाना

R SALE
Plot at
Measuring
in best
e.
KUMAR
ar
-43903,
642

UCTION MART
uctioneers
s)
Calcutta-13

गर्म कपड़े पहने हुए दिखाई दे रहे थे ।

कुल्लू, मंडी, सोलन और सिरमौर जिलों में भी व्यापक रूप से वर्षा होने के समाचार मिले हैं ।

किन्नौर, पांगी और लाहौल-स्पीति के ऊंचे भागों में हिमपात होने के समाचार मिले हैं ।

पंजाब में ...
(पृष्ठ 3 का शेष)

साथियों ने 9 जून की रात को गांव झंडके में शराब के एक ठेके पर हमला करके दो कारिंदों की हत्या कर दी थी तथा बाद में ठेके को जला दिया था । श्री राजेन्द्र सिंह ने यह भी बताया कि उक्त आतंकवादी गिरोह ने थाना सदर के गांव मेहता की अनाज मंडी में ड्यूटी पर तैनात दो पुलिस कांस्टेबलों तथा एक एस.पी.ओ. की भी हत्या की थी । श्री सिंह ने आशा व्यक्त की कि गिरोह के अन्य सदस्यों को भी शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

महिला की हत्या : कपूरथला : जिला के भुलत्थ पुलिस थाना क्षेत्र में खासेन ग्राम में आतंकवादियों ने जसबिंदर कौर नामक महिला की गोली मार कर हत्या कर दी । बताया गया है कि कुछ सशस्त्र आतंकवादी सुखदेव उर्फ सुक्खा नामक एक आतंकवादी के निवास पर पहुंचे और उसकी बहन को गोली मार दी । घटना का कारण आतंकवादी गिरोहों की आपसी दुश्मनी बताई गई है । घटना स्थल से ए.के. 47 राइफल के खाली कारतूस बरामद हुए हैं ।

कल रात आतंकवादियों ने बटाला (गुरदासपुर) जिले के ठीकरीवाल खत्तन क्षेत्र में प्रकाश को गोली से उड़ा दिया ।

पाकिस्तान ले जाते हैं
(पृष्ठ 3 का शेष)

है कि वह अपहृत व्यक्तियों को पाकिस्तान में ले जा रहे हैं, इससे एक भयंकर स्थिति पैदा हो सकती है । अपहृत व्यक्तियों के साथ वह काम किये जाते हैं जिसे सुन कर एक व्यक्ति आत्महत्या करने पर मजबूर हो जाता है । पता चला है कि पाकिस्तानी कैम्पों के उग्रवादियों ने अपनी जत्थेबंदी की तख्तियां लटका रखी हैं कि यह फलां जत्थेबंदी है । पाकिस्तान में इन आतंकवादियों को हर तरह का सहयोग मिल रहा है जो वह भारत सरकार से उम्मीद भी नहीं रख सकते ।

विपक्ष द्वारा पाक सेना की छवि बिगाड़ने का आरोप

इस्लामाबाद, 17 जून (वार्ता): पाकिस्तान के विपक्षी दलों ने सिंध प्रांत में विद्रोह दबाने के लिए सेना के इस्तेमाल की कड़ी आलोचना की है और सेना की छवि बिगाड़ने का सरकार पर आरोप लगाया है । सूत्रों के अनुसार बताया जाता है कि राष्ट्रपति इसहाक खान ने अनुच्छेद 147 लागू करने का विरोध किया है, जिसका प्रयोग सिंध में आतंकवाद और हिंसा को कुचलने के लिए किया गया है । राष्ट्रपति के एक प्रवक्ता ने कल रात इस समाचार का खंडन किया कि उक्त अनुच्छेद के लागू करने से पहले राष्ट्रपति की सलाह ली गई थी । दूसरी ओर गृहमंत्री एतजाज अहसन ने कहा कि सेना को संविधान सम्मत तरीके से ही तैनात किया गया है ।

कड़े पग उठने
इंका कार्य
चुना
नई दिल्ली
समिति की क
अंदर सांगठनि
किया जाएगा
दी । बैठक की
गांधी करेंगे ।

हौजरी
पर्यटकों
लुधियाना,
हौजरी उद्योग
यह पहला अव
प्रदेश के शिमल
बहुत ही कम
घाटी में लगात
बिल्कुल ठप्प
संकट का सा
लिखित उद्यो
धर्मशाला, मना
के किराए दुग
नहीं जा सके ब
बार है कि इन
संख्या ही अधि
नहीं होती ।
कारण ये तीन
दक्षिण का पर्य
इसके बावजूद
रण है । यहा
कश्मीर की गड़
के पर्यटक भार
नहीं । शिमला
पीने के पानी क
हौजरी के
शाल निर्माता
उनका कश्मीरी
बताया जाता है
व व्यापारियों
गए ।

एमनैस्टी
आने क
वाशिंगटन
अमरीका की
भारत-विरोधी
श्री बी.पी. सिंह
कश्मीर तथा प
के आरोपों की
को वहां आने की
कि उक्त राजनी
का समर्थन प्राप्त
है कि उन्हें ऐसी
कि पंजाब तथा
उल्लंघन हो रह

AL-BADAR CHARITABLE TRUST
LUQMAN COLLEGE OF PHAR
JEWARGI ROAD GULBERGA (KAR
Recognised by Pharmacy Council

Punjab Archive





...ी दिवसीय बैठक में भाग लेते
...ी श्री भैरों सिंह शेखावत,
...ख्यमंत्री श्री शांता कुमार,
(छाया : प्रै.ट्र.)

स्वयंभू लैफ्टीनैंट जनरल सतिंदर पाल सहित पंजाब में 6 उग्रवादी मारे गए

वल्टोहा थाना प्रभारी आतंकवादी हमले में बाल-बाल बचे : हथियार बरामद

अकाली नेता धर्म सिंह सहित अन्यत्र 9 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 18 जून (प.स., वार्ता): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के स्वयं भू लै. जनरल सतिंद्रपाल सिंह समेत 6 आतंकवादी मारे गए । इस दौरान एक अकाली नेता समेत 9 लोगों की हत्या हुई, जबकि वल्टोहा के एस.एच.ओ. उग्रवादी हमले में बाल-बाल बच गए ।

मुठभेड़ में 4 आतंकवादी मरे : अमृतसर (वि.प्र., वार्ता): अमृतसर सदर थाना के अंतर्गत गांव वल्लाह में कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 4 आतंकवादी मारे गए । इनमें से एक की पहचान 'खालिस्तान लिबरेशन फोर्स' के स्वयंभू लै. जनरल सतिंद्रपाल सिंह उर्फ एस.पी. के रूप में हुई है । उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपए का इनाम था । हत्याओं के अनेक मामलों में वह पुलिस को वांछित था । अमृतसर बस अड्डे पर 9 मई को हुए 2 बम विस्फोटों के मामले में भी वह संलिप्त था ।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा बलों ने उक्त गांव के करीब नाकाबंदी की हुई थी । रात एक बजे के लगभग 7 आतंकवादी उधर से गुजरे । सुरक्षा बलों ने उन्हें चुनौती दी । आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग की । लगभग आधे घंटे तक चले मुकाबले में 4 आतंकवादी मारे गए तथा तीन अन्य बच कर भाग गए ।

घटनास्थल से 2 ए.के. 47 असाल्ट राइफलें, एक माऊजर, 4 डैटोनेटर, आठ किलो बारूद तथा कुछ गोली-सिक्का भी बरामद हुआ है । पुलिस का अनुमान है कि उक्त आतंकवादी कोई बड़ी वारदात करने के लिए जा रहे थे ।

एक और आतंकवादी मरा : पुलिस जिला मजीठा के थाना अजनाला के गांव चिन्ना शाबाजपुर में कल रात 10 बजे के करीब स्कूटर सवार आतंकवादी कुलदीप सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस गए तथा उससे रुपए और गहने मांगे । कुलदीप सिंह ने साहस का परिचय देते हुए एक आतंकवादी को जफ्फा मार लिया और दोनों गुत्थम-गुत्था हो गए । इस बीच दूसरे आतंकवादी ने कुलदीप सिंह पर फायरिंग की लेकिन गोलियां कुलदीप सिंह की बजाए उक्त आतंकवादी के अपने ही साथी को लग गईं तथा उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई । इस वारदात में कुलदीप सिंह भी घायल हो गया । मारे गए आतंकवादी की अभी तक पहचान नहीं हो सकी ।

पुलिस पार्टी पर हमले : आतंकवादियों ने कल रात वल्टोहा थाने के नवापिंड और अलगों कोठी गांव में दो बार पुलिस गश्ती दल पर छिप कर हमले किए । वल्टोहा के थाना प्रभारी तथा अन्य पुलिस कर्मी हमलों में बाल-बाल बच गए । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर आतंकवादी भाग गए ।

महिला घायल : आतंकवादियों ने अमृतसर शहर के बाहरी इलाके के खानकोट गांव में पूर्व सरपंच श्री हरबंस सिंह के घर में घुस कर उनके घर की तलाशी ली । आतंकवादियों ने भागते समय फायरिंग भी की जिससे सरपंच की पत्नी घायल हो गई । उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

आढ़ती की हत्या : तरनतारन (पन्नू) : कार सवार आतंकवादियों ने आज दोपहर एक बजे के लगभग यहां नई अनाज मंडी में एक आढ़ती हुकमचंद (65) की गोली मारकर हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 11 खाली कारतूस मिले हैं । घटना के समय श्री हुकम चंद ताश खेल रहे थे । आतंकवादियों ने वहां बैठे अन्य लोगों को कुछ नहीं कहा । श्री हुकम चंद को पहले भी कई बार धमकियां मिलती रही हैं ।

एक की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के रूढ़ेवाल गांव में आतंकवादियों ने कल रात श्री गज्जन सिंह नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया । श्री गज्जन सिंह के चाचा हरि सिंह ने अपहर्त्ताओं का पीछा किया । भागते हुए आतंकवादियों ने हरि सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

नहर से शव मिला : आज पुलिस जिला तरनतारन के गांव मेहमूदपुरा के निकट एक नहर से आज सायं एक अज्ञात शव निकाला गया है । पुलिस के अनुसार मृतक का पहले गला घोंटा गया और हत्या की गई, उसके बाद शव को नहर में फैंका गया ।

पिस्तौल की नोक पर कार छीनी : अमृतसर से वर्मा के अनुसार विगत रात्रि साढे 9 बजे के करीब यहां बसन्त एवैन्यु में तीन उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यापारी से उसकी सफेद रंग की मारुति कार छीन ली । बताया जाता है कि उग्रवादियों ने पहले तो इस व्यापारी की कार को उस समय रोका जब वह अपनी कार गैरिज में लगा रहा था और फिर जबरदस्ती कार में घुस जाने के पश्चात् व्यापारी को कहा कि वह उन्हें एक व्यक्ति की कोठी में छोड़कर आए । व्यापारी द्वारा इंकार करने पर उग्रवादियों ने उसको कार से बाहर फैंक दिया तथा खुद कार लेकर फरार हो गए । जाते समय वह धमकी दे गए कि वह पुलिस को रिपोर्ट न करे । उसको कार जल्द ही वापस कर दी जाएगी ।

सौ आतंकवादी भारत में दाखिल : अमृतसर से नारंग के अनुसार विश्वसनीय सूत्रों द्वारा पता चला है कि पाक से प्रशिक्षण पाकर 100 के लगभग आतंकवादी भारत में घुस आए हैं । बम विस्फोट करने में माहिर आतंकवादियों ने एक ही दिन एक ही समय इन बम विस्फोट करने की साजिश बनाई है ।

एक की हत्या : बटाला (कोछड़, चौधरी): पुलिस जिला बटाला के बलपुरियां गांव में आतंकवादियों ने दो अलग-अलग वारदातों में पंचायत सदस्य सुरजीत सिंह (40) की हत्या कर दी और एक अन्य व्यक्ति बचन सिंह (38) को घायल कर दिया । उसे बटाला के अस्पताल में दाखिल कराया गया है । पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादी पुलिस की वर्दियां पहन कर आए थे । मौका से ए.के. 47 राइफल के 6 खाली कारतूस बरामद हुए हैं ।

अकाली नेता की हत्या : बटाला शहर में काहनुवान रोड पर आज शाम 2 आतंकवादियों ने फायरिंग करके अकाली दल (लौंगोवाल) की बटाला इकाई के अध्यक्ष श्री धर्म सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । घटना के समय श्री सिंह अपने कारखाने के बाहर अकेले खड़े थे । आतंकवादी

(शेष पृष्ठ 8 पर)

गुप्ता भी चौटाला के सुर में भाजपा को कोसने लगे

पानीपत, 18 जून (सोनी, अम्बरीश): हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री बनारसी दास गुप्ता ने प्रदेश जनता दल अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश चौटाला के सुर में सुर मिलाते हुए कल पहली बार भारतीय जनता पार्टी की भूमिका की कड़ी आलोचना की और भाजपा नेताओं को 'कृतघ्न' करार दिया । श्री गुप्ता ने यहां आयोजित अपने अभिनंदन समारोह में उपप्रधानमंत्री चौधरी देवी लाल व प्रदेश जद अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश चौटाला का स्तुतिगान करते हुए भाजपा नेताओं को जम कर कोसा । श्री गुप्ता ने श्री चौटाला को 'कलीन चिट' करार देते हुए कहा कि भाजपा नेताओं ने बिना सोचे-समझे श्री चौटाला से त्यागपत्र की मांग की थी जबकि वे चौधरी देवी लाल व श्री चौटाला द्वारा उन पर किए गए अहसानों को भी भूल गए हैं ।

श्री गुप्ता ने भाजपा के नेताओं के इस आरोप को निराधार बताया कि अम्बाला छावनी उपचुनाव में जद ने भाजपा का समर्थन नहीं किया । उन्होंने कहा कि उल्टे भाजपा ने सिरसा तथा थानेसर में जद उम्मीदवारों का विरोध किया था ।

श्री गुप्ता जब भाजपा की आलोचना कर रहे थे तो समारोह में उपस्थित भाजपा नेता कड़वे घूंट पीकर चुपचाप सुनते रहे । दो स्थानीय भाजपा नेताओं द्वारा श्री गुप्ता का अभिनंदन करने से पार्टी की स्थिति हास्यस्पद हो गई है । प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की पानीपत में हुई बैठक में जद सरकार से समर्थन वापस लेने की बात कही गई थी ।

इन दोनों नेताओं को छोड़ कर शेष भाजपा नेताओं ने अभिनंदन समारोह तथा भोज का बहिष्कार किया । अगर भाजपा अध्यक्ष डा. मनोहर सुनेजा ने कहा कि वह ऑफिसर्ज कालोनी विवाद के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री से मिलने गए थे और इसी बीच अभिनंदन के लिए उन्हें आमंत्रित कर लिया गया था । डा. सुनेजा ने अपने भाषण में श्री गुप्ता से पानीपत के विकास के लिए उदारता से धन देने का आग्रह किया ।

एयर बसों के भविष्य का निर्णय शीघ्र ही

कानपुर, 18 जून (वार्ता) : केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री आरिफ मोहम्मद खान ने आज कहा कि फिलहाल इस्तेमाल में नहीं लाई जा रही 14 एयर बसों के भविष्य के बारे में सरकार शीघ्र ही निर्णय लेगी क्योंकि एस.एस. रामदास कमेटी ने अपनी अंतिम रिपोर्ट तीन दिन पहले दे दी है । श्री खान भारत-नेपाल सीमा पर बहराइच के पास दो पारगमन केन्द्र खोले जाने के अवसर पर आयोजित समारोह में भाग लेने के लिए जाते समय यहां कानपुर में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे ।

श्रीलंका सरकार द्वारा लिट्टे के विरुद्ध युद्ध छेड़ने की घोषणा, घमासान लड़ाई जारी, लिट्टे द्वारा रासायनिक हथियारों का प्रयोग

कोलम्बो, 18 जून (पस, वार्ता): श्रीलंका सरकार ने लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम (लिट्टे) के छापामारों के खिलाफ ...

इस्तेमाल कर रहा है । सैनिक अधिकारियों ने कहा कि लिट्टे छापामार पूर्वी बट्टीकलोआ में किरान में ...

किया है कि संघर्ष में 500 से अधिक नागरिक मारे गए हैं ।

...सने के लिए
...उठाए गए

...गर शहरों में हुए बम धमाकों का
...स अध्यक्ष ने कहा कि आमतौर
...डकिल के पीछे रखे टिफिन में,
...खरीदी गई मिठाई के डिब्बे से
...जली मकैनिक की दुकानों पर
...के साथ प्रयोग किए जाने वाले
...त्यादि फिट करके ऐसी वारदातें

...नदारों से अपील करते हुए श्री
...पृष्ठ 8 पर)

...के चावल के
...में वृद्धि

...जून (वार्ता): केंद्र सरकार ने
...ल्य में 45 रुपए प्रति क्विंटल
...र यह वृद्धि पहली जून से लागू
...कारी प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार
...का चावल 289 रुपए प्रति
...का चावल 349 रुपए प्रति
...ढ़िया चावल 370 रुपए प्रति
...रकार को यह वृद्धि चावल के
...की गई वृद्धि के कारण करनी

...ने जून महीने में सार्वजनिक
...ध्यम से वितरित किए जाने
...बढ़ा कर 51100 टन कर
...विज्ञप्ति में यह जानकारी देते
...मई में सार्वजनिक वितरण
...वल 22953 टन ...

Punjabi Sanatan

ी बाबा बुड्ढा साहब सूखने लगी

मृतसर, 18 जून (प.स.): स्वर्ण मंदिर तर की परिक्रमा में सशोभित बेरी बाबा बुड्ढा के सूखने के लक्षण दिखाई दे रहे हैं । यह वृक्ष : विश्व का सबसे अधिक आयु का वृक्ष है । के इर्द-गिर्द बने पवित्र सरोवर के उत्तरी भाग इस वृक्ष को सिख संत बाबा बुड्ढा साहब का या गया है, जो चार सौ साल पहले इसके नीचे सरोवर की खुदाई और मंदिर के निर्माण कार्य रीक्षण किया करते थे ।

ारोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के सचिव जीत सिंह के अनुसार गत सप्ताह पंजाब कृषि विद्यालय के विशेषज्ञों ने इसका उपचार किया इसे नया जीवन दिया जा सके । विशेषज्ञों ने कुछ सूख चुकी शाखाओं को काट दिया तथा र्द-गिर्द लोहे की ग्रिल लगाई जा रही है । ों ने सुझाव दिया है कि श्रद्धालू लोगों द्वारा इसे हीं जाना चाहिए ।

भ्रूवाह के धार्मिक
(पृष्ठ 3 का शेष)

के कम से कम आधा दर्जन वाहन आज अपराह्न क्तिशाली बम विस्फोट के बाद लगी आग से हसह हो गए ।

त सूचना के अनुसार रैजीडैंसी रोड और लाल ाजार क्षेत्रों में करीब 15.25 बजे विस्फोट की स्त आवाज सुनाई दी ।

स्फोट के कुछ मिनटों बाद ही सरकारी मोटर मारत से धुआं उठता हुआ दिखाई दिया और ें रखे कई वाहन आग में जल गए । इस में अधिकांश वाहन उच्च सरकारी रियों के उपयोग और राजकीय अतिथियों के ये जाते हैं ।

दमकल गाड़ियों ने कुछ मिनटों के भीतर ही र काबू पा लिया ।

स्वयं भू एरिया कमांडर गिरफ्तार :

उप मुख्य कमांडर मरा : एक ारिक प्रवक्ता के अनुसार श्रीनगर के राम में हिजबुल मुजाहिदीन का एक उप मुख्य अब्दुल्ला बागरु सुरक्षा बलों के साथ में मारा गया है तथा 2 अन्य स्वयं भू एरिया ों को गिरफ्तार कर लिया गया है । जिनकी ा नातीपोरा के रियाज अहमद हाकिम और क्षेत्र के नसिर अहमद मीर के रूप में हुई

आतंकवादी गिरफ्तार : सुरक्षा बलों ने क्षेत्र में एक संक्षिप्त मुकाबले के बाद आज कवादियों को गिरफ्तार कर लिया है । शिनाख्त गुलजार अहमद, बशीर अली मीर, अली गनी तथा फिरोज अहमद मलिक के ई है ।

ब बरामद : उग्रवादियों ने श्रीनगर के क्षेत्र में एक व्यक्ति की हत्या कर दी । आज उसका गोलियों से छलनी शव बरामद

अंतुले की अर्जी रद्द

दिल्ली, 18 जून (पस) : उच्चतम ने आज महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री हमान अंतुले की उस अर्जी को खारिज कर समें उनके खिलाफ भ्रष्टाचार से संबंधित को स्थगित करने संबंधी याचिका पर जल्द का अनुरोध किया गया था ।

नी के नाम का विवाद गहरा हुआ

ायारपुर, 18 जून (अश्विनी): स्कीम नं. त विहार कालोनी, होशियारपुर की प्लाट लफेयर एसोसिएशन की मीटिंग श्री चनन धानगी में हुई जिसमें जिला प्रशासन को दी गई कि अगर कुछ लोगों के कहने पर हार कालोनी के निवासियों की इच्छा के इस कालोनी का नाम बदला गया तो निवासी जिला प्रशासन के विरुद्ध रोष प्रकट लिए मजबूर होंगे । इस विवाद को ान ने अदालत में भी चैलेंज किया है ।

स.आई. सहित तीन लिस कर्मी मुअत्तिल

ायारपुर, 18 जून (अश्विनी): जिला ोफ श्री रविन्द्र सिंह उप्पल ने बायरलैस में तैनात एक सहायक पुलिस सब-इंस्पैक्टर कुमार, एक हैड-कांस्टेबल जतिन्द्र कुमार व गुरमेल सिंह को मुअत्तिल कर दिया है ।

SSION GUIDANCE & COACHING
MATRIC
Pb./Delhi/H.P./Bhopal)
+2 DIRECT
ic. Pass or +1 Fail CBSE/

श्रीलंका सरकार द्वारा
(पृष्ठ 3 का शेष)

लिट्टे सूत्रों ने बताया कि श्रीलंका वायु सेना ने बट्टीकलोआ के तीन स्थानों पर बम फैंके, जिसमें एक उच्च अधिकारी और तीन नागरिक मारे गए ।

रक्षा उपमंत्री रंजन विजयरत्ने ने यहां संसद को बताया कि लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम (लिट्टे) ने युद्ध विराम समझौते का उल्लंघन किया है, इसलिए सरकार उनका मुकाबला करने को मजबूर है ।

लिट्टे के एक प्रवक्ता से यहां कहा कि युद्ध जैसी स्थिति बनी हुई है।लिहाजा लिट्टे के कार्यकर्ता जंगल की ओर कूच कर रहे हैं ।

इन इलाकों में पिछले एक हफ्ते के दौरान लिट्टे के हाथों 137 निहत्थे पुलिस कर्मियों समेत कम से कम 378 लोगों के मारे जाने की खबर है ।

पूर्व तटीय शहर बट्टीकलोआ में लिट्टे के लड़ाकों ने आज अपने कब्जे में लिए गए एक पुलिस स्टेशन को आग लगा दी । एक स्थानीय पत्रकार के अनुसार बाद में वे कम से कम सौ जीपों, वैनों और मिनी ट्रकों में सवार होकर वे शहर से जंगल की ओर कूच कर गए ।

भारत सरकार अवगत : नई दिल्ली (प.स.): श्रीलंका सरकार ने उत्तर-पूर्वी प्रांत में लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम (लिट्टे) छापामारों और श्रीलंका सुरक्षा सेनाओं के बीच हो रही झड़पों के संदर्भ में वहां की ताजा स्थिति से भारत को अवगत करा दिया है । विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता के अनुसार भारत में श्रीलंका के उच्चायुक्त डा. एस. कलपगे ने कल रात विदेश मंत्री इंद्र कुमार गुजराल से इस संबंध में भेंट की ।

करुणानिधि की वी.पी. सिंह से भेंट : तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि ने आज यहां प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह से भेंट कर श्रीलंका की ताजा स्थिति के बारे में विचार-विमर्श किया । वे प्रधानमंत्री के साथ 45 मिनट तक रहे ।

शर्मा
(पृष्ठ 3 का शेष)

पीड़ितों को दी जाने वाली सहायता के अनुरूप ही सहायता देने के लिए व्यापक योजना बनाई जाए । सभी समुदायों में विश्वास व सद्भाव उत्पन्न करने तथा राष्ट्रवादी शक्तियों का मनोबल बढ़ाने के लिए एक सर्वदलीय अभियान प्रारम्भ किया जाए ।

नए चुनाव : भारतीय जनता पार्टी के नए चुनाव जनवरी 1991 में होंगे और दो अवधियों के बाद किसी को प्रधान नहीं बनाया जाएगा । पंजाब में पहली जुलाई से 31 अगस्त तक नए सदस्यों की भर्ती की जाएगी । पंजाब में एक लाख नए सदस्य बनाए जाएंगे । भारतीय जनता पार्टी पंजाब के प्रधान श्री मदनमोहन मित्तल ने बताया कि हम प्रदेश के संगठनात्मक चुनाव दिसम्बर 1990 तक पूरे कर लेंगे । इसके बाद अखिल भारतीय प्रधान का चुनाव होगा ।

हिमाचल : हिमाचल में भारतीय जनता पार्टी और जनता दल के गठबंधन के बारे में श्री कृष्ण लाल शर्मा ने कहा कि हमें ऐसी शिकायतें मिली हैं कि जनता दल के कुछ प्रमुख नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी के विरुद्ध काम किया है । वहां ऐसे भी समाचार हैं कि जनता दल के कुछ प्रमुख नेताओं, जैसे केवल सिंह पठानिया और श्री शिव कुमार ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों की पूरी शक्ति से समर्थन दिया है । उन्होंने कहा कि इस बारे भाजपा हाईकमान जनता दल हाईकमान से बातचीत करके हिमाचल के बारे में स्पष्ट नीति अपनाएगा ।

कार्यकारिणी की बैठक : भारतीय जनता पार्टी की कार्यकारिणी का अधिवेशन 20, 21, 22 जुलाई को मद्रास में होगा । इस अवसर पर जनता दल सरकार की पिछले छः माह के कार्यकलापों पर विचार किया जाएगा । इसके अतिरिक्त पंजाब, कश्मीर समस्या, महंगाई की समस्या पर भी विचार-विनिमय होगा । उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने पैट्रोल व डीजल और पोस्टल स्टेशनरी के मूल्य बढ़ाने का सदैव विरोध किया है । उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जनता दल सरकार को यह भी सुझाव दिया था कि आयकर की सीमा 30,000 रुपए तक कर दी जाए ।

धारा-370 : श्री शर्मा ने कहा कि हम जम्मू-कश्मीर में धारा-370 को खत्म करने के पक्ष में हैं । जिस समय जनता दल को सहयोग देने का निर्णय किया था, तब यह बात स्पष्ट कर दी थी कि हम धारा-370 को खत्म करने के प्रयास जारी रखेंगे । उन्होंने कहा कि हम राष्ट्र हित में जगमोहन को जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल पद से हटाने के पक्ष में नहीं थे मगर हम श्री जगमोहन को राज्यसभा में भेजने के समर्थक भी नहीं थे ।

राम जन्म भूमि : राम जन्म भूमि निर्माण सम्बन्धी विवाद के प्रति भाजपा के ताजा रुख बारे प्रश्नों के उत्तर देते हुए श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा विश्व हिंदू परिषद के अयोध्या में मंदिर निर्माण के निर्णय का पूर्ण समर्थन करती है क्योंकि यह कोई साम्प्रदायिक मामला नहीं बल्कि राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक गरिमा से सम्बद्ध है । उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मुलायम सिंह के मंदिर निर्माण की

स्वयंभू लैफ्टिनैंट ...
(पृष्ठ 3 का शेष)

पैदल आए थे और वारदात के बाद पैदल ही भाग गए । पुलिस ने सारे क्षेत्र को सील करके आतंकवादियों की तलाश शुरू कर दी है । अस्पताल सूत्रों के अनुसार श्री धर्मसिंह के पेट व सिर में गोलियां लगीं । श्री सिंह स्थानीय इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन भी थे ।

युवक की हत्या : पुलिस जिला बटाला के गांव काहलवां में आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर एक युवक बलविंद्र सिंह उर्फ बिल्लू की गोलियां मार कर हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 7 खाली कारतूस मिले हैं ।

एक और युवक की हत्या : पुलिस जिला बटाला के गांव कादियां गुज़रां में आतंकवादियों ने कल रात एक घर में घुस कर सच्चा सिंह (25) का अपहरण कर लिया और गांव के बाहर ले जाकर ए.के. 47 राइफल से गोलियां चला कर उसकी हत्या कर दी ।

एक व्यक्ति घायल : पुलिस जिला बटाला के गांव मान सिंघवाल में आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर प्रणाम सिंह उर्फ पम्मा नामक एक युवक को गोलियां मार कर घायल कर दिया । घायल युवक को अमृतसर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है । पुलिस के अनुसार यह वारदात आतंकवादियों के निजी गुट संघर्ष का परिणाम है ।

आतंकवादी काबू : बटाला पुलिस जिला में श्री हरगोबिंदपुर पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन एक गांव से पुलिस ने दीदार सिंह नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है तथा उससे 140 ग्राम प्लास्टिक विस्फोटक, 33 इलैक्ट्रानिक डेटोनेटर, 27 अन्य डेटोनेटर, 2 बैटरी सैल, एक टाईम उपकरण, एक टैस्टिंग बल्ब, सोल्डरिंग पेस्ट, भारी मात्रा में तार और नट-बोल्ट बरामद हुए हैं ।

पुलिस कांस्टेबल की हत्या : सुनाम (नागपाल) : आज प्रातः साढ़े सात बजे यहां से 25 किलोमीटर दूर थाना सुनाम के गांव रंगवाल में उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके पंजाब पुलिस के एक कांस्टेबल योग पाल शर्मा की हत्या कर दी । डी.एस.पी. श्री हरदीप सिंह ने इन उग्रवादियों को पकड़ने के लिए कई जगह छापे मारे हैं ।

गुट संघर्ष में एक आतंकवादी मरा : कपूरथला (शर्मा) : कल रात थाना ढिलवां के गांव नूरपर जगीरा में तीन आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर अपने ही एक साथी को गोलियों से उड़ा दिया । मृतक का नाम सोहन सिंह बताया जाता है । वह हाल ही में ढाई वर्ष बाद जेल से जमानत पर छूटा था । वह फैसलाबाद गांव में डाके के अलावा तीन और केसों में पुलिस को वांछित था ।

युवक का शव मिला : होशियारपुर (वार्ता): होशियारपुर पुलिस ने कल रात सीकरी गांव से एक युवक संतोष सिंह (22) का शव बरामद किया है । मृतक के पिता गुरबख्श सिंह ने बताया कि कार सवार 3 व्यक्ति उनके बेटे का शव उक्त गांव में उनके घर के निकट सड़क पर फैंककर चले गए । श्री गुरबख्श सिंह ने बताया कि उनके एक अन्य बेटे ने कार सवार लोगों का पीछा भी किया लेकिन वे भाग गए । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

एक घायल : जालंधर (प.स.) : आतंकवादियों ने कल रात जालंधर सदर थाना के सरनाना गांव के नजदीक इंदरपाल सिंह को गोली मारकर घायल कर दिया । आतंकवादियों ने उसका स्कूटर छीनने की कोशिश की । पुलिस ने इंदरपाल सिंह को गंभीर हालत में लुधियाना के सी.एम.सी. अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

पैट्रोल पम्प लूटा : मोगा (आजाद) : स्कूटर सवार 2 आतंकवादियों ने कल शाम 6 बजे के लगभग यहां से 14 किलोमीटर दूर जी.टी. रोड पर एक पैट्रोल पम्प से 9200 रुपए लूट लिए ।

2 का अपहरण : खरड़ (शशि) : गत रात्रि थाना खरड़ के गांव तिब्बड़ से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा 2 लोगों का अपहरण कर लिया गया है । उक्त गांव के एक व्यक्ति श्री शमशेर सिंह ने पंजाब के राज्यपाल को लिखे पत्र में आरोप लगाया है कि कल रात 7 सशस्त्र व्यक्तियों द्वारा उनके बेटे राजेन्द्र सिंह का घर से अपहरण कर लिया गया । शोर मचाए जाने पर जब लोग इकट्ठे हो गए तो संदिग्ध व्यक्तियों ने फायरिंग भी की । श्री शमशेर सिंह ने बताया कि संदिग्ध व्यक्ति जाते समय यह कह गए थे कि वे 'पुलिस वाले' हैं । श्री सिंह ने कहा कि उन्होंने सभी थाने देख लिए हैं लेकिन उनके बेटे का अभी तक कुछ पता नहीं चला है । इसी तरह गत रात्रि गुरमेल सिंह नामक एक व्यक्ति को भी अज्ञात लोग अपहृत करके ले गए ।

स्कूटर छीना : पटियाला (राज): दो अज्ञात युवकों ने जिला के डेरा बस्सी थाना के अधीन समगोली गांव के निकट से राम कुमार नामक एक व्यक्ति से पिस्तौल की नोक पर उसका बजाज चेतक स्कूटर (नं. सी.एच.पी. 7323) छीन लिया । राम कुमार अम्बाला जिला का रहने वाला है ।

इन्सैट 1-डी की सभी कार्य प्रणालियां ठीक काम करने लगीं

बेंगलूर, 18 जून (पस): इन्सैट 1-डी उपग्रह के सी.एस. बैंड एंटीना तथा सौर पैंट्रटयों के आज सक्रिय किए जाने के साथ ही इसकी सभी कार्य प्रणालियां सचारू रूप से काम करने लगीं । भारतीय

पंजाब यूथ कांग्रेस में धमाका संभव

अमृतसर, 18 जून (मनोहर शरद) : प्राप्त सूचना के अनुसार पंजाब यूथ कांग्रेस में अगले कुछ दिनों में बड़े पैमाने पर तबदीलियां होने की उम्मीद है ।

यह रहस्योद्घाटन दिल्ली में आल इंडिया यूथ इंका के निकटवर्ती सूत्रों ने किया है । इसमें दावा किया गया है कि आलाकमान पंजाब में यूथ इकाइयों में धड़ेबंदी को खत्म करने की सोच रही है । यूथ कांग्रेस में 'ओवर ऐज' हो चुके सभी नेताओं को सेवामुक्त कर देने पर भी विचार चल रहा है ।

यूथ कांग्रेस ब्लाक तोड़ दिए गए : अमृतसर (वर्मा) : मनिंद्र सिंह बिट्टा प्रधान पंजाब यूथ कांग्रेस ने बताया कि जिला गुरदासपुर के तमाम ब्लाक यूथ कांग्रेस भंग कर दिए गए हैं और फिलहाल देविन्द्र सिंह दर्शी को जिला गुरदासपुर का यूथ कांग्रेस प्रधान नामजद किया गया है । तेजिन्द्र कुमार अग्रवाल को (ट्रेड सैल) का महासचिव, देविन्द्र कुमार शर्मा को होशियारपुर सिटी का प्रधान व मदन अरोड़ा एडवोकेट को (आर्ट एंड कल्चर सैल) का कन्वीनर नामजद किया गया है ।

लुधियाना इंका कार्यकारिणी का पुनर्गठन होगा : लुधियाना (प्रदीप): श्री मोनिंद्रजीत सिंह 'बिट्टू' ने जानकारी दी है कि यवा इंका की लुधियाना इकाई की कार्यकारिणी का शीघ्र ही पुनर्गठन किया जा रहा है ।

भावनात्मक एवं राष्ट्रीय एकता अभियान शुरू करने का फैसला

चंडीगढ़, 18 जून : लोक सम्पर्क विभाग, पंजाब द्वारा 21 जून से राज्य में भावनात्मक एवं राष्ट्रीय एकता अभियान शुरू किया जा रहा है । यह जानकारी देते हुए पंजाब सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा है कि 'सांग एंड ड्रामा डिवीजन' के रिजनल सैंटर, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा सरकार की पंजीकृत विभिन्न दलों के 100 कलाकारों को इस उद्देश्य के लिए नियुक्त किया गया है । इस अभियान का उद्घाटन श्री के.डी. अरोड़ा निदेशक सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग पंजाब 21 जून को पटियाला में करेंगे ।

जैनाचार्य 25 को जालंधर आएंगे

अमृतसर, 18 जून (अविनाश कपूर) : श्री सिकन्दर लाल जैन महामंत्री श्री आत्मानंद जैन महासभा, उत्तरी भारत ने बताया है कि जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक सम्प्रदाय के जैनाचार्य श्री विजेन्द्र दिन्न सूरीश्वर जी तथा उनके साथ महातपस्वी पन्यासश्री वसन्त विजय जी, पन्यासश्री जगच्चन्द्र विजय जी, जैन साधु तथा साध्वी मण्डल चातुर्मास हेतु 25 जून सोमवार को जालंधर पहुंच रहे हैं । उनका चातुर्मास महावीर भवन, कपूरथला रोड, जालंधर में होगा । 25 जून को आचार्य जी के जालंधर में भव्य नगर प्रवेश पर स्वागत में पंजाब, दिल्ली, जम्मू, हिमाचल और हरियाणा से भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे ।



40वां वार्षिक भंडारा

जालंधर, 18 जून बाबा झंडियां वाला जी का 40वां वार्षिक भंडारा 21 जून को बस्ती रोड, जालंधर में अत्यन्त धूमधाम से आयोजित किया जाएगा ।

चिसी सरकार ... निर्णय आ

कोहिमा, 18 जून (प.स मुख्यमंत्री के.एल. चिसी की 34 के भविष्य का फैसला कल विधान में किया जाएगा । श्री चिसी परीक्षण में बहुमत प्राप्त करने क

स्टेट बैंक आफ इंडिया द्वा शाखा प्रबन्धक स

जालंधर, 18 जून : स्टेट बैं चंडीगढ़ मुख्य कार्यालय द्वारा आयो में, वर्ष 1989-90 के दौ सामुदायिक सेवाएं एवं बैंकिंग रखने वाले क्षेत्रीय प्रबन्धकों/शा आज बैंक के चीफ जनरल मैने देबालाल्कर ने सम्मानित किया क्षेत्रीय प्रबंधकों और तीन शा ट्राफियां प्रदान की गईं ।

बैंक के चंडीगढ़ सर्कल के विभिन्न शाखाओं ने वर्ष 198 24 रक्तदान शिविर, 116 पशु 192 चिकित्सा शिविर, 74 प्रौ 80 सफाई अभियान, 212 वृक्ष तथा छात्रों के लिए 492 का किए । इन गतिविधियों में बैंक के ने सक्रिय भाग लिया ।

शिकंजा कसने के
(पृष्ठ 3 का शेष)

शर्मा ने कहा कि आतंकवादियों की निपटने के लिए जनता का सहयोग है । अगर ऐसी संदिग्ध वस्तु कहीं तत्काल पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचि वे स्थान भी फौरन ही खाली कर देन आशय के लिए सभी पुरानी व नई पुलिस चौकियों में रेत की बोरियां भ हैं ।

श्री शर्मा ने बताया कि जिला पि मिला कर छोटे-बड़े 20 नगर पड़ते हैं सुरक्षा की दृष्टि से प्रबंध करने के लि लगाए जा रहे हैं । जिनमें से यह लिंक सड़कों पर होंगे ताकि कोई वारदात के बाद भाग न सके । य फोल्डिंग नाके की तरह घुमावदार हो बैठक में भाग ले रहे नागरिकों से अप अगर विभिन्न संस्थाओं की तरफ से पु प्रबंधों के लिए और अधिक नाके उप तो वास्तव में उनका बड़ा योगदान

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बैठक में किया कि 30 मई को तलवंडी भाई की तरफ से किए गए घृणित हत्या बैरियर की बहुत बड़ी कमी महसूस उस समय सड़क के रास्ते में पुलिस क या सड़क में मार्ग अवरुद्ध किया गया उस दिन वारदात के बाद आतंक सकते थे ।

बैठक में यह भी सुझाव दिया सूचना देते समय पुलिस नियंत्रण क आम जनता की सुविधा के लिए बताया जाए, जिसके प्रत्युत्तर में श्री उन्होंने कुछ सामाजिक संगठनों से

अपने खर्चे पर विज्ञापन प्रकाशित सभी को पुलिस कंट्रोल रूम का फोन सके ।

आसाम स्टेट
ड़ा हर सोमवार
साप्ताहिक लाट
सागर साप्ताहिक के दूसरे ड्रा का परिणाम, जो 18.6.90 को ड्रा के सामने निक
1st Prize (1) Rs. 1,00,000/- SG-1
2nd Prize (1) Rs. 10,000/- SK-2
3rd Prize (5) Rs. 2,000/- each
SG-701841 SH-164406 SJ-441608 SK-599984 SL-097
4th Prize (500) Rs. 500/- each (Last 5 digits in series.)
13680 25635 61655 89705 94378 23829 41984 63805 9327
5th Prize (5,000) Rs. 50/- each (Last 4 digits in series.)
0986 3738 5068 6142 6835 7578 9104 9129 98
6th Prize (5,000) Rs. 20/- each (Last 4 digits in series
0105 1292 3260 4020 4189 5079 5798 6156 85
7th Prize (50,000) Rs. 10/- each (Last 3 digits in series
051 172 254 307 412 512 678 706 853 9
कृपया परिणाम को स्टेट गजट से मिला लें ।
आर्डर ड्रा 25.6.90 को ।
पूर्वांचल ट्रेड सैंटर,
19-ए, अंसारी रोड, दरिया गंज,
नई दिल्ली-110 002. फोन : 3274172.
आसा

नगर निगम लुधियाना

कराया । इसके अतिरिक्त बट्टीकलोआ में दो सैनिक शिविरों पर तमिल विद्रोहियों के घेरे को भी तोड़ दिया गया ।

जाने वाले गोलों और मशीनगनों से हमला कर रहे है । संदेह है कि वे जहरीली गैसों से भी हमला कर

(शेष पृष्ठ 8 पर)



आतंकवादियों ने सोमवार शाम को अटाला में अकाली दल (लौंगोवाल) की स्थानीय इकाई के अध्यक्ष श्री धर्म सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी। चित्र में (ऊपर) श्री धर्म सिंह का शव (नीचे) उनके परिवार वाले विलाप करते हुए । (इनसैट) श्री धर्म सिंह का पुराना चित्र । (छाया : कोछड़)

सिख हितों को चोट पहुंचा कर न तो सहयोग हो सकता है, न राजनीतिक समझौता : मान

चंडीगढ़, 19 जून (एन.एस. परवाना): अकाली दल (मान) के प्रधान श्री सिमरनजीत सिंह मान ने घोषणा की है कि, "मैं देख सकूं या न लेकिन स्वायत्तता और सिख आजादी के लिए संघर्ष जारी रहेगा । इसकी पूर्ति के लिए चाहे जनमत संग्रह करा लिया जाए या सिख युवकों के खून की होली जारी रखी जाए, सिख आजादी का अभियान अटल है और यह जारी रहेगा परन्तु मारकाट व खूनखराबे का परिणाम देश के लिए घातक सिद्ध होगा ।"

करीब दस दिन तक किसी पहाड़ी स्थल पर आराम करने के बाद यहां लौटे श्री मान ने आज सुझाव दिया कि पूर्वी यूरोप के संघर्ष से भारतीय शासकों को सबक सीखना चाहिए और इस बारे केंद्र सरकार या किसी पार्टी को अंधेरे में नहीं रहना चाहिए । इस संदर्भ में उन्होंने सोवियत संघ में हो रही उथल-पुथल का विशेष रूप से उल्लेख किया ।

श्री मान ने कहा कि, "मेरी पंजाबी हिंदू भाइयों से अपील है कि वे गलत प्रचार से गुमराह न हों, स्वायत्त पंजाब के अन्दर उनको बराबर के नागरिक अधिकार प्राप्त होंगे । वे पंजाबी भाषा और पंजाबी संस्कृति को खुल कर अपनाएं ।"

श्री मान ने घोषणा की कि उनकी पार्टी के सांसद राज्यपाल श्री वीरेन्द्र वर्मा द्वारा 21 जून को बुलाई गई बैठक में भाग नहीं ले सकेंगे । यहां एक भेंट के दौरान उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी द्वारा कल बीस जून से फिर विरोध 'मार्च' शुरू किया जा रहा है, जिसमें सांसद भी भाग लेंगे । इन परिस्थितियों में उनकी पार्टी के सांसद राज्यपाल द्वारा बुलाई बैठक में भाग नहीं ले सकते । श्री मान ने इस बारे राजभवन को लिखित रूप से सूचित कर दिया है । उन्होंने

Punjabi Sanatan





उग्रवादियों से मुठभेड़ों में बरामद
लैफ्टिनैंट जनरल हरवंत सिंह भी
पर लैफ्टिनैंट जनरल हरवंत सिंह
(छाया : सच्चर)

का हमला विफल

ीं श्रीलंका में सेना और लिट्टे के
बीच घमासान संघर्ष जारी है । उधर
दावा किया है कि उन्होंने कई स्थानों पर
ा कर लिया है । सूचना के अनुसार
ार कुछ घनी आबादी वाले इलाकों से
जगलों में अपने ठिकानों की ओर बढ़ रहे

में लिट्टे का क्षेत्रीय नेता दयावरन मारा
ा ने दावा किया है कि उसने बट्टीकलोआ
क्षेत्र में छापामारों का घेरा हटा कर
ट्टुविल और पनामा क्षेत्रों में छापामारों
ट कर दिए हैं ।

धिकारियों ने कहा कि छापामार किरान
पर लगातार मोर्टारों, राकेटों से छोड़े
गोलों और मशीनगनों से हमला कर रहे
कि वे जहरीली गैसों से भी हमला कर

(शेष पृष्ठ 8 पर)





पंजाब में 5 आतंकवादी मरे : 4 गुट संघर्ष में, एक मुठभेड़ में

अन्यत्र एक पुलिस कर्मचारी सहित 4 लोगों की हत्या

युवक का अपहरण : थाने पर हमला : बस से बम मिला

चंडीगढ़, 19 जून (प.स., वार्ता): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 5 आतंकवादी मारे गए, जबकि एक पुलिस कर्मी समेत 4 लोगों की हत्याएं हुईं, एक युवक का अपहरण कर लिया गया, थाने पर हमला हुआ और बस से बम बरामद हुआ ।

मुठभेड़ में एक आतंकवादी मरा : अमृतसर, (वि.प्र., प.स.): तरनतारन सदर थाने के झंडोके सरहाली गांव के पास पुलिस नाका दल के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । वह एक अन्य अज्ञात आतंकवादी के साथ तरनतारन शहर से बाहर जा रहा था । दूसरा आतंकवादी अंधेरे में भाग गया ।

घटनास्थल से एक ए.के. 74 राइफल, दो मैगजीन, डेढ़ सौ कारतूस तथा एक माऊजर बरामद हुआ है । तरनतारन के पुलिस अधीक्षक श्री नरेंद्रपाल सिंह ने बताया कि बरामद ए.के. 74 राइफल पर पंजाबी में भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स खुदा हुआ था । उन्होंने बताया कि मृतक आतंकवादी तरनतारन शहर में एक व्यापारी हकम चंद की शाम को हत्या करने के बाद से शहर में छिपा हुआ था ।

अपहरण के बाद हत्या : भिखीविंड थाना के मंडी समरा गांव से आतंकवादियों ने हरजीत सिंह नामक एक व्यक्ति का उसके घर से अपहरण कर लिया और गांव से आधा किलोमीटर दूर ले जाकर उसकी हत्या कर दी ।

शव मिला : तरनतारन थाने के वल्टोहा कस्बे से आज एक अज्ञात व्यक्ति की गली-सड़ी लाश मिली है ।

गुट संघर्ष में एक आतंकवादी मरा : आतंकवादियों के विरोधी गुटों में कल रात मजीठा पुलिस जिला के माजूपुर गांव में हुए संघर्ष में परगट सिंह नामक एक आतंकवादी मारा गया । गोलियों से छलनी उसका शव इसी पुलिस जिला के चेलकपुर गांव से बरामद हुआ ।

पांच आतंकवादियों द्वारा आत्म-समर्पण : कल रात साढ़े आठ बजे के लगभग सी.आई.ए. स्टाफ अमृतसर और एस.एच.ओ. सी डिवीजन ने भगतांवाला गेट के करीब पुलिस बल के साथ नाकाबंदी के दौरान गांव मुले चक की तरफ से आते हुए 10 आतंकवादियों के एक गिरोह को रुकने के लिए ललकारा तो उन्होंने सुरक्षा कर्मियों पर फायरिंग की । कुछ देर के मुकाबले के बाद 5 आतंकवादियों ने आत्म-समर्पण कर दिया । इनके नाम किरपाल सिंह उर्फ चिट्टू, राजेंद्र सिंह उर्फ काला, राजेंद्र सिंह उर्फ लाली, परगट सिंह उर्फ पग्गा तथा पाल सिंह उर्फ पाली हैं । इनके कब्जा से 4 माऊजर तथा कुछ गोली-सिक्का भी बरामद हुआ है । उनके पांच अन्य साथी बच कर भाग गए ।

एक घुसपैठिया मरा : खेमकरण सैक्टर में बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में एक घुसपैठिया मारा गया ।

एक बड़ी त्रासदी टली : गुरदासपुर (विनोद): जिला के भैणी मिलवां गांव के निकट एक बस से बम बरामद हुआ है । बम का समय रहते पता चल जाने से एक बड़ी त्रासदी टल गई । बस में बारातियों को ले जाया जा रहा था ।

पुलिस रिपोर्ट के अनुसार उक्त बस कोटला हरचंदन गांव से सजानपुर जा रही थी । रास्ते में दो युवकों ने बस में 'लिफ्ट' ली । एक युवक थोड़ी दूर जाकर बस से उतर गया । दूसरा युवक भैणी मिलवां गांव में उतर गया । वह एक थैला बस में ही छोड़ गया । इस पर बारातियों को संदेह हुआ और उन्होंने थैला बाहर फैंक दिया । जांच करने पर उसमें बम पड़ा मिला । बाद में सैन्य विशेषज्ञों ने बम को नकारा बना दिया ।

युवक का अपहरण : बटाला (कोछड़): गत सायं पुलिस थाना सदर बटाला के गांव नत्त के निकट से रोडवेज की एक बस से मारुति सवार सशस्त्र युवकों ने एक युवक हरजिन्द्र कुमार सरीन (32) का अपहरण कर लिया और किसी अज्ञात स्थान पर ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । अपहृत युवक जी.टी. रोड बटाला पर एक प्रिंटिंग प्रैस चलाता है और आर्थिक रूप से काफी कमजोर है ।

रोडवेज की बस (नं. पी.बी.जी. 2105) के ड्राइवर बलदेव राज ने बताया कि नंगल से बटाला आ रही उक्त बस में कम से कम 60-65 यात्री सवार थे । इस बीच लाल रंग की बिना नम्बर की मारुति कार में सवार सशस्त्र युवकों ने जालंधर-बटाला राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर स्थित गांव नत्त के निकट बस रोक ली और सारी बस में घूम कर उक्त युवक को नीचे उतार लिया । युवक वहां से भाग उठा और उसने सामने से आ रहे एक वाहन को हाथ देकर रोकने का प्रयास किया लेकिन उस वाहन चालक ने वाहन नहीं रोका । तब हमारी बस उस युवक के निकट पहुंच गई और वह युवक फिर इसमें सवार हो गया लेकिन मारुति कार में सवार सशस्त्र लोगों ने कार फिर बस के आगे लाकर खड़ी कर दी और युवक को जबरी अपने साथ ले गए । युवक का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला ।

गुट संघर्ष में एक आतंकवादी मरा : पुलिस जिला बटाला के गांव घोल बरगा के निकट से पुलिस ने आज एक शव बरामद किया है । मृतक का नाम बूटा सिंह बताया जाता है । वह अमृतसर जिला के खानपुर गांव का रहने वाला था । पुलिस ने

(शेष पृष्ठ 8 पर)

मद्रास में लिट्टे के हमले से मन्त्री सहित 13 मारे गए

मद्रास, 19 जून (वार्ता): ईलम पीपुल्स रिवोल्यूशनरी लिबरेशन फ्रंट (ई.पी.आर.एल.एफ.) के महासचिव के.पद्मनाभ समेत 13 व्यक्ति आज शाम यहां कोडाम्बक्कम की आवासीय कालोनी में लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम (लिट्टे) के संदिग्ध हमले में मारे गए ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतकों में श्रीलंका उत्तर-पूर्व प्रांतीय परिषद के वित्तमंत्री कृपाकरण भी शामिल हैं । उग्रवादी एक कार पर सवार होकर आए थे और उन्होंने ए.के. 47 राइफल से गोलियां दागनी शुरू कर दीं ।

सूत्रों ने बताया कि उग्रवादियों की अभी पहचान नहीं हो सकी है, किन्तु उनकी कार जब्त कर ली गई है ।

एक पुलिस अधिकारी का कहना है कि रिवोल्यूशनरी लिबरेशन फ्रंट की आपसी लड़ाई के कारण यह गोलीबारी हुई है और इस हमले के पीछे फ्रंट के विरोधी गुट के नेता वाल्टर डगलस का हाथ है ।

गृह सचिव आर. नागराजन ने बताया कि श्री पद्मनाभ और उनकी पार्टी के लोग एक घर में बैठक कर रहे थे, तभी एक कार में चार व्यक्ति आए और उन्होंने दरवाजा खटखटाया । दरवाजा खुलते ही उन्होंने अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं ।

उन्होंने बताया कि मारे गए सभी 13 व्यक्ति रिवोल्यूशनरी लिबरेशन फ्रंट के हैं । उग्रवादियों को आंकलन से अवगत कराया ।

सभी तमिल उग्रवादी गिरफ्तार करने का आदेश : नई दिल्ली (वार्ता): तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि ने ईलम पीपुल्स रिवोल्यूशनरी लिबरेशन फ्रंट के नेता के.पद्मनाभ के मारे जाने की घटना पर दुःख व्यक्त किया है और राज्य के सभी तमिल उग्रवादियों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है । श्री करुणानिधि ने आज यहां एक बयान में कहा कि उन्होंने इस घटना के जिम्मेदार अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए राज्य पुलिस को आदेश दे दिया है । श्रीलंका के विभिन्न तमिल गुटों के साथ गत वर्ष हुई अपनी बातचीत को याद करते हुए श्री करुणानिधि ने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि उग्रवादियों ने श्रीलंका की लड़ाई को तमिलनाडु तक ला दिया है । उन्होंने कहा कि उनकी जानकारी के अनुसार लिट्टे के एक ग्रुप ने श्री के. पद्मनाभ पर हमला किया, इस हमले में दस और व्यक्ति मारे गए ।

नौवें वित्त आयोग की सिफारिशों पर समीक्षा की राज्यों की मांग न मानी गई

नई दिल्ली, 19 जून (वार्ता): राष्ट्रीय विकास परिषद ने दो दिन के गहन विचार-विमर्श के बाद आठवीं योजना के उद्देश्य पत्र को आज मंजूरी दे

श्री सिंह ने कहा कि वह चाहेंगे कि और विदेशी ऋण की अपेक्षा देश में विदेशी पूंजी निवेश हो । उन्होंने कहा कि हमें इसके लिए कोई तरीका

Punjab Sanam

जाब केसरी, जालन्धर 20.6.1990

तथा उनसे हथियार बरामद करने की कार्रवाई में शामिल हैं । बाद में उन्होंने उच्चाधिकारियों से विभिन्न मसलों पर विचार-विमर्श भी किया ।

भारत विरोधी प्रचार : पुंछ-राजौरी सैक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा के निकट ही पाक अधिकृत कश्मीर के कुछ क्षेत्रों में भारत विरोधी भावनाओं को भड़काने के लिए कई मस्जिदों में लाऊड स्पीकर फिट कर दिए गए हैं, जहां से भारत विरोधी प्रचार किया जाता है तथा भारत विरोधी नारे लगाए जाते हैं ।

इन लाऊड स्पीकरों द्वारा रिकार्ड की हुई कैसेटें बजाई जाती हैं तथा ऐसी कैसेटों को तस्करी द्वारा भारत में भी लाए जाने की कोशिश की जा रही है ।

सीमा पार से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार भारत विरोधी यह प्रचार पाकिस्तान की आई.एस.आई. इन्टैलीजैंस एजैंसी के अधिकारियों द्वारा विशेष रूप से तैयार किया जा रहा है ।

सिर-कटी लाश मिली : पुलिस ने नई कदल इलाके से एक सिर-कटी लाश बरामद की । बाद में सिर को नौहट्टा इलाके से बरामद किया गया । मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है ।

विघटनकारी मरा : घाटी के कैरन सैक्टर की ऊंची पहाड़ी से अचानक गिर जाने के कारण एक विघटनकारी की मृत्यु हो गई ।

प्रवासी भारतीय इंडियन एयर लाइन्स का किराया विदेशी मुद्रा में अदा करेंगे

नई दिल्ली, 19 जून (वार्ता) : विदेशी नागरिक और विदेशों में रहने वाले भारतीय अब इंडियन एयरलाइन्स से यात्रा करने पर पहली जुलाई से अपना किराया अमरीकी डालर या किसी अन्य परिवर्तनीय विदेशी मुद्रा में देंगे ।

एयर लाइन्स की एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार इंडियन एयर लाइन्स से यात्रा के लिए विदेशी नागरिक टिकट चाहे विदेशों में खरीदें या भारत में, किराया उन्हें डालर या दूसरी मुद्रा में ही देना होगा । इंडियन एयर लाइन्स ने विदेशियों और विदेश में रहने वाले भारतीयों के लिए टिकट के आरक्षण में सुविधा देने की घोषणा की है ।

लाश



म 24 साल, रंग
21.5.90 से घर
को आने-जाने का
शुकाना दिया
की मां सख्त बीमार
घर आ जाओ ।
होगी ।
डेरा बस्सी
ाब

AVANTI AUTOGEAR

93 कि.मी. प्रति लिटर*

आकर्षक मूल्य पर

*परीक्षण परिस्थितियों में

लर :

पी. के. एजैंसीज़
एस.सी.ओ. 846, एन.ए.सी.
चंडीगढ़-कालका रोड, मनीमाजरा (यू.टी.)

काइड विज्ञापन

ट

on Cool
in Model
Capoor &
Jalandhar

परेटर और
मिलें ।

स्कूट बनाने
लें : M/s.
ndustrial
hamana).

तीर्थ यात्रा

वीडियो कोच, नेपाल, अयोध्याजी 14 तीर्थ 13 जुलाई से । शिव प्रकाश टेलर मास्टर, लाडवा (कुरुक्षेत्र) ।

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 19.6.90 50/- without trays. NECC Suggested retail price 6.80 per dozen.

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम 16 मार्च 1983 को सुनीता चोपड़ा से बदल कर विधु कपूर रख लिया था । विधु कपूर W/o श्री राकेश कपूर R/o 40-L, माडल

पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

इस वारदात को आतंकवादियों के निजी गुट संघर्ष का परिणाम बताया है ।

बड़ी वारदात टली : गत दिवस श्री हरगोबिन्दपुर पुलिस द्वारा एक संदिग्ध व्यक्ति दीदार सिंह की गिरफ्तारी व गांव धर्मकोट स्थित उसके घर में छापे के दौरान 'टिफन बम' व विस्फोटक सामग्री बरामद होने से एक बड़ी वारदात टल गई । यह दावा करते हुए पुलिस जिला बटाला के अधिकृत सूत्रों ने पत्रकारों को बताया कि यह 'टिफन बम' उसी प्रकार का था, जिस प्रकार का गत 6 जून को थाना सिटी बटाला के बाहर फटा था और इसमें एक 10 वर्षीय छात्र दीपक कुमार की मृत्यु हो गई थी ।

अधिकृत सूत्रों ने आगे बताया कि जिस समय दीदार सिंह के घर छापा मारा गया, उस समय कुछ आतंकवादी वहां छिपे थे जो बच कर भागने में सफल रहे । दीदार सिंह से पूछताछ जारी है और बटाला में हुए बम विस्फोटों के संबंध में काफी सुराग पुलिस के हाथ लगे हैं । पुलिस सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार दीदार सिंह पंजाब पुलिस का बर्खास्त कांस्टेबल है ।

गुट संघर्ष में एक और आतंकवादी मरा : रोपड़ (वार्ता): आतंकवादियों ने आज प्रातः रोपड़ अनाज मंडी के निकट अपने ही एक साथी परमजीत सिंह को गोली से उड़ा दिया ।

गुट संघर्ष में एक आतंकवादी मरा : फिरोजपुर (पस): जिला के धर्मकोट थाना के अंतर्गत बोजेके गांव में एक फार्म हाऊस में घुस कर आतंकवादियों ने अपने ही एक साथी की गोली मार कर हत्या कर दी । घटना स्थल से ए.के. 47 राइफल के कुछ कारतूस भी मिले हैं ।

ए.एस.आई. की हत्या : लुधियाना (महेंद्र धीमान): आतंकवादियों ने कल रात पुलिस के एक ए.एस.आई. श्री गुलजार सिंह, जो कि खमानो थाना में तैनात थे, की उनके घर में घुस कर गोली मार कर हत्या कर दी । बाद में आतंकवादियों ने खमानो पुलिस स्टेशन तथा पी.डब्ल्यू.डी. रैस्ट हाऊस पर भी हमला किया । वहां तैनात सी.आर.पी. जवानों द्वारा फायरिंग किये जाने पर आतंकवादी भाग गए । इस बीच 'वार्ता' के अनुसार पुलिस के एक प्रवक्ता ने खमानो पुलिस चौकी तथा पी.डब्ल्यू.डी. रैस्ट हाऊस पर आतंकवादी हमले की रिपोर्ट का खंडन किया है ।

दम्पति घायल : खमानो पुलिस स्टेशन के अधीन कोटला रानोवाल गांव में आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर दया सिंह तथा उनकी पत्नी को गोलियां मार कर घायल कर दिया ।

मजदूर की हत्या : जालधर (वार्ता): जिले के डाली गांव में एक खेत में कल रात आतंकवादियों ने उत्तर प्रदेश से आये हुए एक मजदूर की हत्या कर दी । उसका नाम महेंद्र प्रसाद बताया गया है । मजदूर की हत्या उस समय की गई जब वह एक फार्म हाऊस में सो रहा था ।

मोटर साइकिल छीना : फिल्लौर (भाखड़ी): यहां निकटवर्ती गांव अपरा के राकेश नामक व्यक्ति से दो अज्ञात उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर उसका हीरो होंडा मोटर साइकिल (नं. पी.जे.जे. 8343) छीन लिया ।

लोगों ने एक आतंकवादी को दबोच लिया : बरनाला (सिंघवानी): कल बरनालावासियों ने साहस और वीरता का परिचय देते हुए एक सशस्त्र आतंकवादी को काबू करके पुलिस के हवाले कर दिया जब वह एक पालिका सदस्य के निवास के बाहर स्कूटर लेकर भाग रहा था । पालिका सदस्य के लड़के के शोर मचाने पर मुहल्ला निवासियों ने उसका पीछा किया । उसने पिस्तौल निकाल लिया मगर लोगों ने इसकी परवाह न की और उसे दबोच लिया । जांच के बाद वह खिलौना पिस्तौल निकली । आतंकवादी ने बताया कि उनका 7-8 सदस्यों का गिरोह है और उन्होंने ए.आर. पोल्टरी फार्म से एक स्कूटर चुराया था जो उसकी निशानदेही पर बरामद कर लिया गया । उसने बताया कि उनका गिरोह बच्चे उठाता है तथा लूटमार की कार्रवाइयां करता है । गिरोह ने दो साल पूर्व एक बच्चे का अपहरण भी किया था । सूरज और टोनी जो इस गिरोह के दो सदस्य हैं, की गिरफ्तारी के लिए पुलिस रवाना हो चुकी है ।

आतंकवादी शस्त्र-सहित गिरफ्तार : तपा मंडी पुलिस ने 8-9 मास से फरार आतंकवादी जरनैल सिंह उर्फ जैला को आज दौड़धूप के बाद गिरफ्तार कर लिया । उसके कब्जे से पुलिस ने एक रिवाल्वर और 6 कारतूस बरामद किए हैं । उसने स्वीकार किया कि वह आतंकवाद की अनेक घटनाएं कर चुका है ।

एक और आतंकवादी काबू : संगरूर से गर्ग के अनुसार कल रात पुलिस ने एक आतंकवादी गुरमीत सिंह उर्फ चैम्पियन उर्फ डा. दलेर सिंह को गिरफ्तार किया है । गुरदासपुर जिला के निवासी उक्त आतंकवादी से 3 ए.के. 47 राइफलें, 6 मैगजीन व 285 कारतूस बरामद हुए हैं ।

श्रीलंका

(पृष्ठ 3 का शेष)

रहे हैं । उत्तर में श्रीलंका सेना के एक प्रमुख ठिकाने पर भी छापामारों ने कब्जा कर लिया है ।

रक्षा राज्यमंत्री रंजन विजयरत्ने ने कल रात संसद में घोषणा की कि सरकार लिट्टे का सामना



जालंधर नागरिक कौंसिल द्वारा सोमवार को पंजाब समस्या पर आयोजित विचार गोष्ठी में भाग ले रहे भाजपा के अखिल भारतीय महासचिव श्री कृष्ण लाल शर्मा (मध्य अतिथि), श्री मदन मोहन मित्तल, श्री सुरजीत सिंह मिन्हास, श्री कुलदीप सिंह वडाला, श्री ब्रजेश चोपड़ा, श्री चंद्र मोहन, श्री ओम प्रकाश भारद्वाज, श्री कृष्ण धीर, श्री तिलक राज सूरी, श्री मेहर सिंह खालसा, श्री चमन लाल त्रेहण, जत्थेदार कुलबीर सिंह, श्री बलदेव वर्मा, श्री महाराज कृष्ण खन्ना तथा अन्य । (छाया : कपूर)

शर्मा

(पृष्ठ 3 का शेष)

लगातार उलझाती रही है और जब भी कभी इसका हल निकला, उसे तोड़फोड़ करती रही ।

श्री महाराज कृष्ण खन्ना ने सभी राजनीतिक दलों को इसका दोषी ठहराते हुए कहा कि यह समस्या कुर्सी युद्ध का परिणाम है । उन्होंने कहा कि अब आतंकवाद की आड़ में असामाजिक तत्व लूट-खसूट कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि समस्या के समाधान के लिए सरकार को संविधान के दायरे में एकतरफा निर्णय घोषित कर देना चाहिए ।

दैनिक मिलाप के सम्पादक व प्रमुख कांग्रेस (इ) नेता श्री यश ने कहा कि कांग्रेस (इ) को समस्या के लिए दोष देना सरल है किन्तु वास्तविक बीमारी का समझना कठिन है । उन्होंने कहा कि अब यह समस्या इतनी पेचीदा हो गई है कि इसका शीघ्र समाधान सम्भव नजर नहीं आता क्योंकि इसमें पाकिस्तान का सीधा हाथ काम कर रहा है और कुछ देशद्रोही तत्व उनके एजैंट बने हुए हैं ।

अकाली दल (ब) के महासचिव श्री कुलदीप सिंह वडाला ने कहा कि आतंकवाद का मूल कारण लोकतांत्रिक आन्दोलनों व प्रक्रियाओं को पिछली कांग्रेस सरकार द्वारा दबाना या अवैध व अनैतिक ढंग से असफल बनाना है । आतंकवाद तब पैदा होता है, जब लोगों की आवाज को लगातार अकारण नजरंदाज किया जाता है और फिर बदले की भावना पैदा हो जाती है । उन्होंने इस बात की निंदा की कि 1984 के दंगों के दोषियों को उच्च पद देकर सम्मानित किया गया । इसी प्रकार दरबार साहब पर सैनिक आक्रमण कर सिखों को अलग रहने की भावना अपनाने पर मजबूर किया गया । उनके अनुसार किसी समय यह लड़ाई सारे पंजाब व पंजाबियों की थी किन्तु अब केवल सिखों की लड़ाई बन गई है ।

श्री वडाला ने कहा कि देश की आजादी से पूर्व तथा आजादी के बाद सिखों के बलिदान यही दर्शाते हैं कि सिख भारत के साथ अटूट रूप से जुड़े हैं किन्तु अलग पहचान की रक्षा के लिए संविधान में संशोधन करने की मांग को किसी भी प्रकार नकारा नहीं जा सकता । उन्होंने कहा कि आज रूस व यूरोप के अन्य देशों में स्वायत्तता की लहर चले तो क्या बुराई है ? इसके लिए संविधान में संशोधन करने की जरूरत है । उन्होंने सरकार से मांग की कि वह खाड़कुओं से वार्ता करे, जैसी कि दार्जिलिंग व बोडो आन्दोलनकारियों से की गई थी ।

दैनिक वीर प्रताप के सम्पादक श्री चंद्र मोहन ने कहा कि पंजाब समस्या के वट वृक्ष का बीज वास्तव में अकालियों द्वारा धर्म व राजनीति को मिला कर चलने से बोया गया । श्री चन्द्र मोहन ने अकालियों से पूछा कि दिल्ली दंगों का पंजाब के किसी कोने में बैठे किसी दुकानदार या अन्य शहरी से बदला लेना या निर्दोषों की हत्या करना कहां का धर्म है ? उन्होंने चुनाव करवाने की मांग का विरोध किया और कहा कि हत्याएं जारी रहते तथा पलायन कर गए लोगों की वापसी तथा निर्भय व स्वतंत्र मतदान का माहौल पैदा किए बगैर चुनाव कराना कहां तक उचित होगा ? उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि बंदूकधारियों से सख्ती से निपटे ।

पंजाब भाजपा के प्रधान श्री मदन मोहन मित्तल ने कहा कि जब अकालियों ने धर्म-युद्ध छेड़ा था, तभी भाजपा नेताओं ने अकाली नेताओं संत हरचंद सिंह लौंगोवाल, श्री बादल आदि को इसके खतरनाक परिणामों से सचेत किया था । उन्होंने कहा कि आज उस धर्म-युद्ध ने पंजाब के साथ-साथ अकालियों को भी संकट में डाल रखा है । उन्होंने कहा कि पंजाब

लुधियाना में ज्ञान यज्ञ

लुधियाना, 19 जून (भाखड़ी) : लुधियाना के प्रसिद्ध श्रीकृष्ण मन्दिर में 23 जून से 1 जुलाई तक विशाल ज्ञान यज्ञ एवं मूर्ति प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जा रहा है । उक्त सूचना श्री कृष्ण मन्दिर ट्रस्ट के संयुक्त सचिव श्री तिलक राज मल्होत्रा ने दी ।

वी.पी. सिंह वास्तविक मुद्दों से कन्नी काट रहे हैं : मेहता

अमृतसर, 19 जून (प.स.) : आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन (मेहता गुट) के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह मेहता ने प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह की आलोचना करते हुए कहा है कि वह अपने राजनीतिक हितों की खातिर सिखों की भावनाओं का लाभ उठाने के लिए पंजाब के वास्तविक मुद्दों से 'कन्नी काट रहे हैं ।'

श्री मेहता ने एक बयान में सरकार द्वारा 1984 के दंगा पीड़ितों के लिए घोषित वित्तीय सहायता को अपर्याप्त और केवल दिखावा कहा है । उन्होंने कहा है कि सरकार खोखली घोषणाएं करने की बजाए 1984 के सिख विरोधी दंगों के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर सकती थी । उन्होंने इस बात पर संदेह व्यक्त किया कि श्री वी.पी. सिंह और उनकी सरकार इंका नेताओं श्री एच.के.एल.भगत, श्री जगदीश टाइटलर तथा श्री सज्जन कुमार जो कथित रूप से सिख विरोधी दंगों के लिए जिम्मेदार हैं, के खिलाफ कभी कार्रवाई शुरू करेगी ?

सैनिक भगौड़ों के पुनर्वास को उन्होंने केवल कागजी सहानुभूति बताते हुए दावा किया कि अभी भी लगभग 20 सैनिक भगौड़े नैनी, अमृतसर, फिरोजपुर और अन्य जेलों में बंद हैं ।

विधवाओं व परित्यक्त महिलाओं के लिए पैंशन नियम घोषित

चंडीगढ़, 19 जून (संघी): चंडीगढ़ प्रशासन ने विधवाओं तथा परित्यक्त महिलाओं के लिए पैंशन नियमों की घोषणा की है । ये नियम तुरंत रूप से लागू होंगे । 18 से 60 वर्ष की आयु वाली वे महिलाएं इस पैंशन की हकदार होंगी, जिनके पति की मौत के बाद या जिस महिला के लिए पति द्वारा मानसिक, शारीरिक या अन्य कारण से अलग होने पर, कोई आजीविका का साधन नहीं होगा । आवेदन देने वाली महिलाएं आवेदन देने के समय से तीन वर्ष पूर्व तक चंडीगढ़ में रही होनी चाहिए तथा वह किसी काम को करने में असमर्थ व ऐसे परिवार से सम्बद्ध होनी चाहिएं जिनकी मासिक आय 200 रुपए हो तथा उसे कोई पैंशन न मिलती हो ।

पाराशरन ने बोफोर्स कम्पनी के विरुद्ध कार्रवाई की सलाह दी थी

नई दिल्ली, 19 जून (वार्ता) : भारत के पूर्व अटार्नी जनरल के पाराशरन ने जुलाई 1987 में स्वीडिश कम्पनी ए.बी. बोफोर्स के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने, 1437 करोड़ रुपए के तोप सौदे को रद्द करने तथा अनुबन्ध की शर्तों का उल्लंघन करने के लिए इस कम्पनी के खिलाफ हर्जाने के लिए कार्रवाई करने की सलाह दी थी ।

Punjab Sarkari

पंजाब में 6 उग्रवादी मरे : 4 मुठभेड़ में, 2 गुटसंघर्ष में : अन्यत्र इंका नेता सहित 6 की हत्या

चंडीगढ़, 20 जून (प.स., वार्ता): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 'बब्बर खालसा' के एक दुर्दांत सदस्य गुरदीप सिंह उर्फ दीपा समेत 6 आतंकवादी मारे गए, जबकि एक इंका नेता समेत 6 लोगों की हत्याएं हुईं । इस दौरान दो बैंकों से लगभग पौने चार लाख रुपए भी लूट लिए गए । अमृतसर जिला में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान का स्वयंभू लै.ज. सुखविंद्र सिंह उर्फ संघा तथा उसके साथी बच कर भाग निकले । इस बीच दो पाक घुसपैठिए भी मारे गए ।

मुठभेड़ में 2 दुर्दांत आतंकवादी मरे : बाघापुराना (मित्तल) : फरीदकोट जिला के बाघापुराना थाना के अधीन लंगियाना गांव में कल रात सुरक्षा बलों के साथ भीषण मुठभेड़ में 2 दुर्दांत आतंकवादी गुरदीप सिंह उर्फ दीपा और गाशा उर्फ ढोला मारे गए । ये दोनों खालिस्तान कमांडो फोर्स के यादविन्द्र सिंह उर्फ यद्दू गिरोह से सम्बद्ध थे । घटनास्थल से दो ए.के. 47 असाल्ट राइफलें, एक पिस्तौल तथा लगभग 5 सौ कारतूस बरामद हुए हैं ।

मुठभेड़ का विवरण देते हुए फरीदकोट जिला पुलिस प्रमुख श्री स्वर्ण सिंह ने बताया कि कल शाम सूचना मिलने पर सुरक्षा बलों ने बलबीर सिंह के फार्म हाऊस पर छापा मारा । फार्महाऊस की ऊपरी मंजिल पर छिपे आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग की और फार्महाऊस पर हथगोले फैंके । इससे फार्महाऊस को आग लग गई जिस कारण दोनों आतंकवादी बाहर भागे । गोलीबारी के दौरान दोनों मारे गए ।

फिरोजपुर तथा फरीदकोट जिलों में ये आतंकवादी हत्याओं के तीन दर्जन मामलों में पुलिस को वांछित थे । इसके अतिरिक्त ये दोनों अपहरण, लूटपाट तथा फिरौतियां ऐंठने के करीब एक दर्जन मामलों में भी संलिप्त थे । जिला पुलिस प्रमुख ने बताया कि फार्महाऊस से लुधियाना जिला की एक महिला सुखदीप कौर को भी गिरफ्तार किया गया है । दीपा ने दो माह पहले उक्त महिला से जबरदस्ती शादी कर ली थी । फार्महाऊस के मालिक ने बताया कि आतंकवादी विगत रविवार से उसके फार्महाऊस में डेरा डाले हुए थे और जबरदस्ती भोजन इत्यादि हासिल कर रहे थे । सुखदीप कौर ने बताया कि इससे पहले फरीदकोट जिला में पंज गराइयां गांव में उसे 15 दिनों तक रखा गया था ।

मुठभेड़ में 1 और आतंकवादी मरा : फरीदकोट जिला के कंदखेड़ा गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । अभी तक उसकी पहचान नहीं हुई है । घटनास्थल से एक बंदूक भी बरामद हुई है । मुठभेड़ में सी.आर.पी.एफ. का एक जवान तथा ए.एस.आई. कश्मीर सिंह भी घायल हो गए ।

बैंक लूटा : बाघापुराना से 'मित्तल' तथा मुक्तसर से 'दर्दी' के अनुसार 4 आतंकवादियों ने आज प्रातः 11 बजे समाधभाई गांव में भारतीय स्टेट बैंक की एक शाखा से 3.76 लाख रुपए लूट लिए । आतंकवादियों ने बैंक के भीतर दाखिल होकर स्टाफ तथा ग्राहकों को एक कोने में खड़ा कर दिया और स्ट्रांग रूम से 3.76 लाख रुपए लूट लिए । सफेद मारुति कार में भागने से पूर्व आतंकवादियों ने हवाई फायरिंग भी की ।

कांग्रेसी नेता की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): ए.के. 47 राइफलों से लैस आधा दर्जन आतंकवादियों ने कल रात जिला के शाहबाजपुर गांव में वयोवृद्ध कांग्रेसी नेता व पूर्व विधायक श्री नारायण सिंह शाहबाजपुरी (80) की हत्या कर दी । प्राप्त विवरण के अनुसार कल रात साढ़े आठ बजे के लगभग 6 आतंकवादी श्री शाहबाजपुरी के मकान पर आए और उन्हें आवाज दी । दरवाजा खुलने पर आतंकवादी अंदर चले गए । जब शाहबाजपुरी ने उनसे पूछा कि वह उनकी क्या सेवा कर सकते हैं तो आतंकवादी कहने लगे वे उनसे अकेले में बात करना चाहते हैं । इसके बाद आतंकवादी श्री शाहबाजपुरी को अपने साथ ले गए और थोड़ी दूर जाने के बाद उन पर गोलियां बरसा दीं । श्री शाहबाजपुरी की मौका पर ही मृत्यु हो गई । पुलिस ने घटनास्थल से ए.के. 47 असाल्ट राइफल के आठ खाली कारतूस बरामद किए हैं । श्री शाहबाजपुरी पंजाब के स्व. मुख्यमंत्री श्री प्रताप सिंह कैरों के साथी थे । श्री शाहबाजपुरी अमृतसर कांग्रेस (इ) कमेटी (देहाती) के प्रधान भी रहे ।

निंदा : चंडीगढ़ से 'संपी' के अनुसार पंजाब प्रदेश कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष श्री बेअंत सिंह, उपाध्यक्ष श्रीमती गुरबिन्द्र कौर बराड़, महासचिव श्री केवल कृष्ण और श्रीमती राजेन्द्र कौर भट्ठल तथा पूर्व इंका अध्यक्ष श्री संतोख सिंह रंधावा ने अमृतसर जिला में वयोवृद्ध कांग्रेसी नेता श्री नारायण सिंह शाहबाजपुरी की हत्या की निंदा की है और प्रशासन से मांग की है कि हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए ।

मुठभेड़ में एक आतंकवादी मरा, संघा बच निकला : अमृतसर से 'प.स.' के अनुसार झब्बाल पुलिस स्टेशन के अधीन गिल वरीच गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान एक आतंकवादी मारा गया, जबकि भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान का स्वयंभू लै.ज. सुखविन्दर सिंह उर्फ संघा व उसके साथी बच कर भाग निकले । मुठभेड़ लगभग दो घंटे तक चली । क्रास फायरिंग में फंस कर एक महिला की भी मौत हो गई । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, दो मैगजीन तथा बड़ी संख्या में कारतूस भी बरामद हुए हैं । अपुष्ट खबरों के अनुसार मुठभेड़ के दौरान संघा गोली लगने से घायल हो गया । पुलिस भागने वाले आतंकवादियों की तलाश कर रही है ।

आतंकवादी का शव मिला : मजीठा पुलिस जिला के नारायणपुर गांव से पुलिस ने आज एक अज्ञात आतंकवादी का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है । पुलिस ने इसे आतंकवादियों के निजी गुट संघर्ष का परिणाम बताया है ।

2 शव बरामद : तरनतारन पुलिस जिला के मानोचाहल तथा घनीनवा गांवों से पुलिस ने आज गोलियों से छलनी 2 शव बरामद किए हैं ।

छुरा घोंपकर मार डाला : अमृतसर शहर के विजयनगर क्षेत्र में कल रात लूटपाट करने के उद्देश्य से एक घर में घुसे 5 आतंकवादियों ने प्रदीप कुमार नामक एक व्यक्ति को छुरा घोंपकर मार डाला तथा उसकी बहन को घायल कर दिया ।

4 शरणदाता गिरफ्तार : मजीठा पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में 4 संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया है तथा उनसे 25 हजार रुपया बरामद किया है ।

मुठभेड़ में एक आतंकवादी मैरा : झब्बाल पुलिस थाना के अधीन गिल वरीच गांव में आज सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात

(शेष पृष्ठ 6 पर)



फरीदकोट जिला के लंगियाना गांव में कल सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 दुर्दांत आतंकवादी मारे गए । फोटो (ऊपर बाएं) गुरदीप सिंह उर्फ दीपा तथा (दाएं) गाशा उर्फ ढोला के शव, (नीचे) घटनास्थल से बरामद हथियार । (छाया : शर्मा स्टुडियो)

दो बैंक लूटे, मुठभेड़ में दुर्दांत आतंकवादी संघा बच निकला

पाक द्वारा जून में वार्ता का सुझाव

इस्लामाबाद, 20 जून (पस): पाकिस्तान ने सुझाव दिया है कि भारत के साथ तनाव दूर करने के लिए विदेश सचिवों की बैठक जून में या फिर जुलाई के अंत में हो ।

कराची के दैनिक 'डॉन' के अनुसार बैठक की विषय सूची में दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों की यात्राएं, शिमला समझौता, सीमा पर संयुक्त गश्त और वायु अतिक्रमण के जापन पर हस्ताक्षर आदि शामिल हैं ।

कश्मीर घाटी में हिंसा में 13 मरे : तहसील कार्यालय जला दिया गया : पूर्व नैकां विधायक के मकान में विस्फोट

जम्मू, 20 जून (वार्ता, प.स.) : श्रीनगर तथा कश्मीर घाटी में सुरक्षा बलों ने आज 7 शव बरामद किए, जबकि बीजबेहड़ा में एक तहसील कार्यालय के भवन को आग लगा दी गई तथा लालबाजार में नैकां के पूर्व विधायक का मकान बम विस्फोट के कारण क्षतिग्रस्त हो गया । सुरक्षा बलों पर उग्रवादियों द्वारा कल राकेटों से हमला करने वालों की व्याफ्क तलाश की जा रही है ।

गया था, जिसमें 2 व्यक्ति घायल हो गए थे ।

इसी दौरान डोडा के विशेष आयुक्त श्री स्वामी राज शर्मा ने कस्बे में दोनों समुदायों की एक बैठक आयोजित कर गणमान्य नागरिकों से शान्ति तथा साम्प्रदायिक सद्भावन बनाए रखने की अपील की है ।

श्री शर्मा ने एक गैर राजनीतिक व धर्म निरपेक्ष प्रस्थान कर दिया है ।

अधिकतर अल्प संख्यकों की हत्या : जम्मू से 'नि.स.' के अनुसार कश्मीर घाटी में आतंकवादियों द्वारा अल्प संख्यक समुदाय के सदस्यों की ही अधिकतर हत्याएं की गई हैं ।

गत वर्ष सितम्बर माह से 17 जून, 1990 तक मारे गए सभी 134 व्यक्तियों में से अधिकांश हिन्दू

हेगड़े ने टैपिंग के मामले पर एक बार इस्तीफा दे दिया था : बोम्मई

बेंगलूर, 20 जून (प.स.): जनता दल के अंतरिम अध्यक्ष एस.आर. बोम्मई ने आज यहां कहा कि श्री रामकृष्ण हेगड़े ने टैलीफोन टैपिंग के मुद्दे पर एक बार मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था । श्री बोम्मई ने बेंगलूर रिपोर्टस गिल्ड द्वारा आयोजित 'प्रैस से मिलिए' कार्यक्रम में मांग की कि कर्नाटक सरकार को टैलीफोन टैपिंग मामले से संबंधित पूरा रिकार्ड विधानसभा में रखना चाहिए ताकि सच सामने आ सके । उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के पास पूरा रिकार्ड है और अगर वे सच्चाई जानना चाहते हैं तो चर्चा करने की बजाय इसे विधानसभा में रखे । श्री

Punjabi Sanatani

उग्रवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

आतंकवादी मारा गया । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, दो मैगज़ीन तथा भारी संख्या में कारतूस आदि भी बरामद किए गए हैं ।

पुलिस इंस्पैक्टर का अपहरण : आज सायं जिला अमृतसर के गांव किरतोवाल के निकट उग्रवादियों ने चंडीगढ़ से पट्टी जा रही राज्य परिवहन की बस से एक पुलिस इंस्पैक्टर का अपहरण कर लिया ।

ए.एस.आई. की हत्या : भटिंडा,(सोच) : आतंकवादियों ने गिल्लपट्टी गांव के निकट कल शाम मोटर साईकिल सवार पुलिस के एक सहायक सब इंस्पैक्टर गुरनाम सिंह की हत्या कर दी । मोटर साईकिल के पीछे बैठा एक अन्य व्यक्ति इस वारदात में घायल हो गया । गुरनाम सिंह भटिंडा पुलिस लाईन में तैनात था । आतंकवादी उसकी सर्विस रिवाल्वर तथा कारतूस भी ले गए ।

3 आतंकवादी काबू : भटिंडा पुलिस ने तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । उनके नाम करनैल सिंह, बलजीत सिंह तथा अजमेर सिंह बताए जाते हैं । करनैल सिंह सूचीबद्ध दुर्दांत आतंकवादी है ।

बैंक से 7 हजार रुपए ले गए : गुरहरसहाय (भंडारी) : यहां से 6 किलोमीटर दूर फिरोजपुर-फाजिल्का राष्ट्रीय मार्ग पर स्थित गांव गोल में पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से आतंकवादी कल रात सेंध लगाकर बैंक की तिजोरी से 7 हजार रुपए नकद, एक बंदूक तथा 10 कारतूस ले गए ।

दुर्दांत आतंकवादी काबू : जालंधर (प.स.): स्थानीय पुलिस ने एक दुर्दांत आतंकवादी गुरनेक सिंह उर्फ नेका को गिरफ्तार किया है । वह पिछले साल 29 नवम्बर को शोरांवां में हुए गोलीकांड की वारदात में पुलिस को वांछित था । गुरनेक सिंह के साथी अभी फरार हैं । उनकी तलाश जारी है ।

दो आतंकवादी काबू : पटियाला (प्रभात): जिला पुलिस ने कल रात झारखेड़ी गांव के निकट नाकाबंदी के दौरान दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इनके नाम कृष्णपाल सिंह (जिला लुधियाना निवासी) तथा बलजीत सिंह (जिला रोपड़ निवासी) को गिरफ्तार किया है । जब इन्हें काबू किया गया तो ये दोनों चन्नी गांव की तरफ से हीरो होंडा मोटर साईकिल पर आ रहे थे । कृष्णपाल सिंह पिछले दिनों हरियाणा के अम्बाला क्षेत्र में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा से पांच लाख रुपए लूटने की वारदात में संलिप्त था ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ के दौरान इन आतंकवादियों ने स्वीकार किया है कि विगत दो जून को इन्होंने कमाली गांव से ईंटों के एक भट्ठे के मालिक से दस हजार रुपया लूटा था । इन आतंकवादियों ने यह भी स्वीकार किया है कि उन्होंने पिछले दिनों दो स्कूटर तथा एक कार भी छीनी थी । उन्होंने बताया कि उन्होंने उत्तर प्रदेश से दस हजार रुपए का एक रिवाल्वर भी खरीदा था ।

3 आतंकवादी काबू : कपूरथला (शर्मा) : जिला पुलिस ने कल रात जिला क्षेत्र से नाकाबंदी के दौरान तीन आतंकवादियों को काबू किया है । इनके नाम विरसा सिंह, बलदेव सिंह तथा जसवंत सिंह हैं । इनके कब्जे से एक रिवाल्वर, एक पिस्तौल, एक हथगोला तथा कुछ गोली सिक्का भी बरामद हुआ है ।

दो घुसपैठिए मरे : फाजिल्का (प.स.): सीमा सुरक्षा बल ने कल रात दो पाक घुसपैठियों को मुठभेड़ के दौरान मार गिराया ।

जिला योजना बोर्डों का नाम तबदील

होशियारपुर, 20 जून (अश्विनी) : राज्य सरकार ने जिला योजना बोर्डों का नाम तबदील करके जिला योजना व विकास बोर्ड करने का निर्णय किया है ।

पूंजी निवेश सरल बनाया जाएगा

नई दिल्ली, 20 जून (वार्ता) : वित्त मंत्री मधु दंडवते ने कहा है कि राष्ट्रीय प्राथमिकता के क्षेत्रों में प्रवासी भारतीयों के तथा विदेशी पूंजीनिवेश को और अधिक आकर्षित करने के लिए सरकार प्रक्रियाओं को सरल बनाने का प्रयास जारी रखेगी ।

कश्मीर घाटी में ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

उग्रवादियों की गिरफ्तारियों में भी कमी आई है ।

सुरक्षा बल-उग्रवादी मुठभेड़ों में एक मरा : श्रीनगर तथा घाटी के कुछ क्षेत्रों में आज सुरक्षा बलों तथा उग्रवादियों के मध्य मुठभेड़ों में एक उग्रवादी मारा गया । उसका नाम मुश्ताक अहमद बताया गया है ।

उत्तर कश्मीर से 50 कि.मी. दूर बारामुला में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया । यह मुठभेड़ जम्मू एंड कश्मीर बैंक की स्थानीय शाखा के निकट हुई, जहां एक विस्फोट के बाद सुरक्षा बलों को गोली चलानी पड़ी थी ।

आतंकवादियों ने नवाकदल क्षेत्र में सुरक्षा बलों पर एक हथगोला भी फैंका तथा दोनों में फायरिंग भी हुई ।

इसके अतिरिक्त सफाकदल, दरेशकदल, रैनवाड़ी, काकसारी, बड़शाह चौक, फतेहकदल, बहरीपुरा, चन्नपुरा, सनियार, हब्बाकदल, बड़बड़शाह, बटमालू, गुरु बाजार, अनन्तनाग से भी सुरक्षा बलों तथा उग्रवादियों में मुठभेड़ व फायरिंग होने के समाचार हैं ।

आधिकारिक सूत्रों ने इन मुठभेड़ों में सुरक्षा बलों के 3 जवानों के घायल होने की पुष्टि की है, मगर किसी भी नागरिक के घायल होने के बारे कुछ नहीं बताया गया ।

इसी मध्य सुरक्षा कर्मियों द्वारा बारामुला क्षेत्र में उग्रवादियों द्वारा एक लड़की के अपहरण के प्रयास को विफल कर दिया गया ।

आज दोपहर श्रीनगर शहर के नवाकदल क्षेत्र में फायरिंग के आदान-प्रदान में सी.आर.पी.एफ. का एक जवान और एक उग्रवादी मारे गये ।

सईद श्रीनगर पहुंचे : केन्द्रीय गृह मंत्री श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद आज सायं अमृतसर से श्रीनगर पहुंचे ।

Punjabi Sanath.com

आतंकवादियों ने एस.पी.ओ. चौकी को बम से उड़ा दिया : 2 सुरक्षा कर्मियों सहित 4 मरे

गुट संघर्ष में 3 उग्रवादी मरे : एक बैंक लूटा : सुरक्षा पिकिट पर भी हमला

माकपा नेता सहित 9 की हत्या : इंका नेता पर फ़ायरिंग

चंडीगढ़, 21 जून (प.स., वार्ता): गुरदासपर जिला में कल रात आतंकवादियों ने एक सुरक्षा चौकी को बम से उड़ा दिया, जिससे दो होमगार्ड जवानों समेत 4 लोगों की मृत्यु हो गई । इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 3 आतंकवादी मारे गए, जबकि एक माकपा नेता तथा सी.आर.पी. कर्मी समेत 9 लोगों की हत्याएं हुई । इस दौरान उग्रवादियों ने एक बैंक लूटा, एस. पी.ओ. चौकी पर हमला किया तथा एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया ।

बम विस्फोट से 4 मरे : गुरदासपर (बिनोद) : जिला के पुराना शाला गांव में सरपंच दीवान सिंह के मकान में स्थित एस.पी.ओ. चौकी को आतंकवादियों ने कल रात बम विस्फोट से उड़ा दिया जिससे 4 लोगों की मृत्यु हो गई । मृतकों में सरपंच के अलावा दो होमगार्ड जवान परमजीत सिंह तथा हेमचन्द और एक अन्य व्यक्ति काला शामिल हैं । इस घटना में 4 अन्य सुरक्षा कर्मी तथा सरपंच के परिवार के 7 सदस्य घायल भी हुए हैं । विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि कंक्रीट से बना तिमंजिला मकान पूरी तरह ढह गया तथा मलबा दो सौ मीटर के घेरे में जाकर गिरा । मकान भवन में स्थित पांच दुकानें भी गिर गई ।

अधिकृत पुलिस सूत्रों के अनुसार बम भवन में स्थित एक दुकान में रखा गया था । कांग्रेस समर्थक उक्त सरपंच आतंकवादियों की हिट लिस्ट में था । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार उक्त गांव उमी लिंक रोड पर स्थित है, जिस पर विगत मंगलवार को 2 संदिग्ध युवकों ने 50 से अधिक बारातियों को ले जा रही एक बस में बम रखा था । बारातियों द्वारा समय रहते बम का पता लगा लेने पर एक बड़ी त्रासदी टल गई थी ।

घायलों में हैड कांस्टेबल दलजीत सिंह, कांस्टेबल राम चन्द, होमगार्ड प्राण चन्द और बलजीत सिंह तथा सरपंच का बेटा बलकार सिंह, बहू पलविन्द्र कौर, उनके तीन बच्चे इन्दबाला, बंटी और रूपाली, उनकी दो भतीजियां राजेन्द्र कौर तथा प्रकाश कौर और सरपंच की पत्नी प्रकाश कौर शामिल हैं ।

माकपा वर्कर का शव मिला : गुरदासपर जिला के ठीकरीवाला गांव के निकट से पुलिस ने एक नाले से माकपा वर्कर पूरन सिंह का शव बरामद किया है । उक्त वर्कर को 17 व 18 जून की मध्य रात्रि को गांव से अपहृत कर लिया गया था ।

महिला की हत्या : बटाला (कोछड़) : पुलिस जिला बटाला के कादियां थाना के अधीन गांव पंजगराइयां में कल रात साढ़े नौ बजे के लगभग 12 आतंकवादियों के एक गिरोह ने एक घर में दाखिल होकर एक महिला दलजीत कौर (50) की हत्या कर दी तथा उसके पति संतोख सिंह को गंभीर रूप से घायल कर दिया । श्री संतोख सिंह सेवानिवृत्त पुलिस कांस्टेबल है । वह आतंकवादियों की हिटलिस्ट में हैं । उन्हें सिविल अस्पताल बटाला में भर्ती कराया गया है । पुलिस ने मौका से ए.के. 47 राइफल के 10 तथा 12 बोर की राइफल के 3 खाली कारतूस बरामद किए हैं ।

कांस्टेबल की हत्या : लुधियाना, (धीमान): आज तड़के यहां अमरगढ़ में सी.आर.पी. की एक गश्ती पार्टी पर उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग की जिस से सी.आर.पी. का एक कांस्टेबल बरेल मारडी और लांस नायक राम कुमार जख्मी हो गए । दोनों को सी.एम.सी. लुधियाना में दाखिल करवा दिया गया जहां लांस नायक राम कुमार घावों की ताब न सहते हुए दम तोड़ गया । हमले के बाद उग्रवादी भागने में सफल हो गए ।

रिक्शा पर जा रही स्त्री को लूट लिया : लुधियाना से मुसाफिर के अनुसार आज यहां सिविल लाइन्स दंडी स्वामी मंदिर के निकट दिन दिहाड़े 2 मोटर साइकिल सवार उग्रवादियों ने रिक्शा पर जा रही एक स्त्री को लूट लिया । बताया जाता है कि स्त्री का ग्रेन मार्कीट के निकट मकान निर्माणाधीन है । जब वह रिक्शा पर जा रही थी तो उग्रवादियों ने उसके बराबर आकर और पिस्तौल निकाल कर कहा कि जो कुछ उसके पास है, वह निकाल दे । उन्होंने स्त्री की सोने की चूड़ियां उतार लीं और जितनी नगदी उसके पास थी, वह छीन कर फरार हो गए ।

घर में दाखिल होकर लूट लिया : धीमान' के अनुसार आज रात्रि न्यू माधोपुरी के महल्ला नं. 2 में उग्रवादी एक मकान की पहली मंजिल पर स्थित चौबारे में दाखिल हो गए और वहां मौजूद एक स्त्री सुनीता रानी को पिस्तौल दिखा कर उससे सोने की दो जंजीरें, दो अंगूठियां और एक वी.सी.आर. लूट लिया । लेकिन जब ये उग्रवादी नीचे सड़क पर उतरे तो वहां पर आए उस महिला के एक संबंधी ने एक उग्रवादी को जफ्फा मार लिया जिस पर उग्रवादी वी.सी.आर. वहीं फैंक गए लेकिन स्वयं भाग लेकर फरार हो गए । भागते समय उग्रवादियों का पिस्तौल वहां गिर गया जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया ।

गुट संघर्ष में 2 आतंकवादी मरे : अमृतसर (वि.प्र. पस) : मजीठा पुलिस जिला के दादूपुर क्षेत्र में कल रात आतंकवादियों ने निरंजन सिंह और उनके भाई जिनके सिंह को घर से घसीट कर बाहर निकाला और बाद में उनको गोली से उड़ा दिया । पुलिस ने इसे आतंकवादियों के निजी गुट संघर्ष की घटना बताया है । घटनास्थल से मिले पत्र में कहा गया है कि मृतक दोनों भाई लूटपाट तथा धन ऐंठने की वारदातों में संलिप्त थे । इसलिए उन्हें गोली मारी गई है ।

बम विस्फोट : कल रात मजीठा पुलिस के कोटगरकला गांव में सड़क पर बम विस्फोट हुआ लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ ।

एस.पी.ओ. चौकी पर हमला : आतंकवादियों ने अमृतसर जिले के कोटली नसीर खां गांव में एक एस.पी.ओ. चौकी पर हमला किया । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर आतंकवादी भाग गए ।

3 की हत्या : आतंकवादियों ने आज अमृतसर जिला के मानोचाहल गांव में एक अज्ञात व्यक्ति को फांसी देकर मार डाला । आतंकवादियों ने इसी जिला में दिलबाग सिंह की रतोली गांव में गोली मार कर हत्या कर दी । आतंकवादियों ने अमृतसर जिला के तीनबाला गांव में श्री प्यारे लाल नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उनके बेटे प्रदीप कुमार की हत्या कर दी । इस वारदात में श्री प्यारे लाल तथा उनकी बेटी भी घायल हो गए ।

निहंग की हत्या : मजीठा पुलिस जिला के सठियाला गांव में आतंकवादियों ने आज दोपहर एक निहंग सुखचैन सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

पुलिस पार्टी पर हमला : मजीठा पुलिस जिला के टांगरा गांव के निकट आतंकवादियों ने पुलिस की एक पार्टी पर हमला किया, जिससे हैडकांस्टेबल दर्शन सिंह तथा कांस्टेबल दलबीर सिंह व लखबीर सिंह घायल हो गए । श्री दर्शन सिंह की हालत गम्भीर बताई जाती है ।

दो का अपहरण : आतंकवादियों ने आज शाम मजीठा के शाम नगर से पुलिस के सहायक सब-इंस्पैक्टर कश्मीर सिंह के दो संबंधियों का अपहरण कर लिया । इनके नाम स्वर्ण सिंह और सतनाम सिंह हैं । श्री कश्मीर सिंह जंडियाला पुलिस स्टेशन में तैनात हैं ।

5 गिरफ्तार, हथियार काबू : धरी (सिंगला): संगरूर पुलिस ने पांच संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । उनके कब्जे से 3 ए.के. 47 राइफलें, 6 मैगजीन, 285 कारतूस, 4 पिस्तौल तथा दो दर्जन गोलियां बरामद हुई हैं ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

ईरान में भीषण भूकम्प, 10000 मरे, सैंकड़ों लापता, 3000 लोग घायल

निकोसिया (साइप्रस), 21 जून (ए.पी.) उत्तरी ईरान में आज आए भीषण भूकम्प में कम से कम 10,000 लोग मारे गए तथा 3000 लोग घायल हो गए ।

ईरान की सरकारी सम्वाद समिति 'इरना' के अनुसार भूकम्प से अनेक लोग हताहात हुए हैं तथा भारी तबाही हुई है, भूस्खलनों से मुख्य मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं जिससे राहत और बचाव कार्य में भारी बाधा पड़ रही है ।

'इरना' के अनुसार तेहरान से उत्तर-पश्चिम में स्थित जनजान प्रांत में ही हजारों लोग मारे जाने की खबर है और 300 शव पड़ोसी-गिलान प्रांत में मलबे से निकाले गए हैं । वहां अब भी बहुत से लोग दबे पड़े हैं ।

राष्ट्रपति अली अकबर हाशिमी रफसंजानी ने 3 दिन के मातम की घोषणा की है तथा ईरानी जनता से राहत तथा बचाव कार्यों में मदद देने की अपील की है ।

भूकम्प से कई शहर ध्वस्त हो गए और पर्वतों, घाटियों तथा समुद्र तटवर्ती क्षेत्रों में बसे सैंकड़ों गांव तबाह हो गए हैं ।

ईरानी 'रेड क्रीसेंट' संगठन के एक अधिकारी ने कहा कि मुख्य समस्या यह है कि ध्वस्त क्षेत्रों तक कैसे पहुंचा जाए । हम समझते हैं कि अनेक गांव 90 से 100 प्रतिशत तक तबाह हो गए हैं ।

ईरान में पिछले दो दशकों का सर्वाधिक भीषण भूकम्प 1978 में आया था जिसमें 25000 लोग तबास नगर के इर्द-गिर्द के क्षेत्र में मारे गए थे ।

सर्वाधिक विनाश लाहीजान, लंगरौद, कुस्तानेह, अशरफीयेह शहरों में हुआ है । ये सभी गिलान प्रांत में स्थित हैं ।

समिति के अनुसार 'रैड क्रीसेंट' और स्थानीय अधिकारियों ने मलबों से दबे लोगों को निकालने के लिए व्यापक बचाव एवं राहत अभियान चला रखा है । 'इरना' ने तेहरान विश्व विद्यालय के भूभौतिकी केन्द्र के हवाले से बताया कि रिक्टर स्केल पर इस भूकम्प की तीव्रता 7.3 मापी गई इसका उद्गम केन्द्र तेहरान से 20 किलोमीटर उत्तर-पूर्व स्थित कैस्पियन सागर के तटवर्ती क्षेत्र के था । इरना के मुताबिक भूकम्प के बाद सैकड़ों आफ्टर शाक्स आते रहे ।

बी.बी.सी. ने तेहरान रेडियो के हवाले से कहा है कि तेहरान से 300 किलो मीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित जनजान शहर में भूकम्प में 50 लोग मारे गए तथा 700 से अधिक घायल हुए हैं । इसी बीच विपक्षी मुजाहिदीन खालक के एक प्रवक्ता अली मकबी ने आरोप लगाया है कि सरकार भूकम्प से हुई जानमाल की वास्तविक क्षति छिपा रही है । इरना के अनुसार सारे रूदबार और पिरकह रूदबार क्षेत्र में भूकम्प से जानमाल की भारी तबाही हुई है । इन क्षेत्रों में भूस्खलन से कई सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं । रिपोर्ट के अनुसार तेहरान से 48 किलो मीटर उत्तर पश्चिम स्थित कराज शहर और तेहरान से उत्तर स्थित में नौशहर भी भूकम्प चपेट में आए ।



हरियाणा में तीन दुर्दांत आतंकवादी दाखिल, प्रदेश में बम विस्फोट की घटनाएं होने की आशंका

करनाल, 21 जून (गांधी): पता चला है कि भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स से संबंधित मानोचाहल गुट के तीन दर्दात उग्रवादी हरियाणा में प्रवेश कर गए हैं । गुप्तचर एजैंसियों के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इन उग्रवादियों को हरियाणा में कुछ स्थानों पर वारदातें करने के लिए भेजा गया है, साथ ही यह भी मालूम हुआ है कि दो उग्रवादी संगठनों में हरियाणा में वारदातें करने की होड़ भी लगी हुई है ।

सूत्रों के अनुसार एक ओर मानोचाहल गुट हरियाणा में अपने नाम की दहशत फैलाना चाहता है, दूसरी ओर संघा एवं चिंगारिया गुट भी उग्रवादी



पंजाब के राज्यपाल श्री वीरेन्द्र वर्मा वीरवार को राजभवन चंडीगढ़ में सर्व करते हुए ।

श्रीलंका का समूचा पू लिट्टे उग्रवादियों से

कोलम्बो, 21 जून (वार्ता): श्रीलंका के बागान मंत्री एवं कनिष्ठ रक्षामंत्री रंजन विजयरत्ने ने बताया है कि देश के सुरक्षा बलों ने समूचे पूर्वी प्रांत को 'मुक्त' करा लिया है तथा उत्तरी प्रांत में कई मोर्चों पर लिबरेशन टाईगर्स आफ तमिल ईलम (लिट्टे) के साथ लड़ रहे हैं । श्री बिजयरत्ने ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पूरे पूर्वी प्रांत (अम्पाराई बट्टीकलो आ और त्रिकोमाली) को मुक्त करा लिया गया है । उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल अब प्रांत में कानून व्यवस्था की बहाली के काम में जुटे हैं ।

तमिल उग्रवादियों ने आज उत्तरी श्रीलंका में सैनिक ठिकानों और जाफना के सैनिक किले पर फिर हमला किया । यह जानकारी सरकारी एवं सैनिक सूत्रों ने दी । सरकारी सूत्रों के अनुसार देश में चल रहे गृह युद्ध में कम से कम 1200 लोग मारे गये हैं । समझा जाता है कि हताहत नागरिकों की संख्या बहुत ज्यादा है ।

तमिल सूत्रों के अनुसार तमिल उग्रवादियों ने जाफना के निकट दो सैनिक अड्डों और एक हवाई अड्डे पर हमला किया । वे उत्तरी श्रीलंका से सैनिकों को खदेड़ने के प्रयास में लगे हुए हैं । इसके पहले श्रीलंका सेना ने उग्रवादियों को पूर्वी शहरों से जंगलों में खदेड़ दिया था ।

सूत्रों के अनुसार हथियारों से लैस तमिल उग्रवादी जाफना के सैनिक किले पर हमले कर रहे हैं । ग्यारह जून को जब तमिल टाईगर्स ने सैनिकों के साथ संघर्ष शुरू किया निशाना बना हुआ है 200 साल पहले बन

रक्षा मंत्रालय की कि किले पर होने वाले गया है जबकि तमिल को शीघ्र नष्ट कर दिया कि अगर 22 हैक्टेयर गया तो तमिल टाईगर्स

रक्षा मंत्रालय की मीटर ऊंचे द्वारों को कोशिश में छह उग्रवा सैनिक इन द्वारों की रक्ष

ईलम पीपल्स रिवो महासचिव के. पद्मनाभ हत्या पर गहरा शोक व रंजन विजयरत्ने ने संव पता चलता है कि त राजनीतिक पार्टी दक्षिण हिस्से में सुरक्षित तौर पर उनके लिए सबसे सुरक्षि

तमिलनाडु पुलिस बयान पर कि मद्रास झगड़े का परिणाम है बिजयरत्ने ने कहा, "म कार्यकर्त्ता अपने नेता की







सीमा सुरक्षा बल द्वारा खेमकरण सैक्टर में ढल्ला सीमा चौकी से बरामद तथा (नीचे) अटारी क्षेत्र में नौशहरा ढल्ला के निकट बी.एस.एफ. की ना किए गए 213 सोने के बिस्कुट ।

भारत-पाक सीमा पर करोड़ का सोना पकड़ा

अमृतसर, 21 जून (प.स.): सीमा सुरक्षा बल के डी.आई.जी. श्री बलकार सिंह ने एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया है कि बुधवार को सीमा सुरक्षा बल ने भारत-पाक सीमा के दो स्थानों से 613 सोने के बिस्कुट पकड़े हैं, जिनकी कीमत 2.45 करोड़ रुपए है । इनमें से 400 सोने के बिस्कुट खेमकरण सैक्टर के ढल गांव से पकड़े गए हैं जबकि शेष 213 पीछे उसकी पत्नी और बेटी ने अपने कपड़ों के नीचे क बिस्कुट बांधे हुए थे, जिन और कीमत 85 लाख रुप अमृतसर के एक प्रसिद्ध त थे ।

हिमाचली की उ

Punjabi Sanatan

990



महासंघ के वीरवार
व्यक्षता में आयोजित
श्री जगदीश ठाकर
सिंह महासचिव भी
(छाया : कपूर)



पंजाब में हिंसा

(पृष्ठ 3 का शेष)

शव बरामद : बाघा पुराना (मित्तल) : पुलिस ने यहा निकटवर्ती राजियाना गांव में एक नहर से सरजीत सिह रोडे नामक एक व्यक्ति का शव निकाला है । बताया जाता है कि सुरजीत सिह विगत रविवार से लापता था । यह भी पता चला है कि कुछ समय पहले वह आतंकवादियों को शरण दिया करता था लेकिन आजकल उसने यह काम छोड़ दिया था । आतंकवादियों ने इसी कारण उसे कई बार धमकिया भी दी थीं । आतंकवादियों के डर के कारण ही वह आजकल रोडे गांव से भागकर बाघा पुराना में रहने लगा था ।

बैंक लूटा : आतंकवादियों ने फरीदकोट जिला के चेतनपुरा गांव में केंद्रीय सहकारी बैंक की शाखा से 81 हजार रुपया लूट लिया ।

एक की हत्या : फिरोजपुर (वार्ता) : जिला के मसूरदेवा गांव में आतंकवादियों ने कल रात एक घर में घुसकर एक व्यक्ति अमर सिह की हत्या कर दी ।

एक का अपहरण : फिरोजपुर जिला के सनेखा गांव से कल रात आतंकवादियों ने एक कार रोककर गुरमेल सिह नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया । अभी तक उसका कोई अता पता नहीं मिला है ।

2 आतंकवादी ढेर : सुरक्षा बलों ने कल रात लखन के खेड़े गांव में एक ट्यूबवैल पर छापा मार कर 2 आतंकवादियों जसपाल सिह और अवतार सिह को गिरफ्तार कर लिया । उनके कब्जे से एक पिस्तौल, एक राइफल और कुछ गोली सिक्का भी मिली है । उनके दो साथी बचकर भाग निकले ।

गुट संघर्ष में एक आतंकवादी मरा : जालंधर (न.न.ए.) : आज प्रातः थाना नूरमहल के गांव तलवन से पुलिस ने एक अज्ञात आतंकवादी का शव बरामद किया है । शव पर गोलियों के निशान हैं । पुलिस ने इस वारदात को आतंकवादियों के निजी गुट संघर्ष की वारदात बताया है ।

कांग्रेसी नेता की हत्या की कोशिश : जालन्धर : 2 उग्रवादियों ने आज रात्रि एक कांग्रेसी नेता देवेन्द्र सिह उर्फ बब्बू पुत्र हरबंस सिह निवासी चहार बाग पर फायरिंग की और उसकी हत्या करने की कोशिश की लेकिन उन्होंने ने भाग कर जान बचाई । बाद में उग्रवादी चहार बाग के ही एक युवक सुरेन्द्र मोहन का मोटर साइकिल छीन कर फरार हो गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार उक्त कांग्रेसी नेता उग्रवादियों की हिट लिस्ट पर हैं । दोनों उग्रवादियों में से एक क्लीनशेव था ।

कार व बस की टक्कर में 3 मरे

चंडीगढ़, 21 जून (संधी): आज शाम चंडीगढ़-अम्बाला रोड पर लालडू के निकट एक कार के हरियाणा रोडवेज की बस से टकरा जाने पर कार में सवार तीन व्यक्तियों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए ।

बोफोर्स मामले की जांच बारे

54 कि

जलालाबाद
से आठ किलोमी
संतोखसिहवाला
बटालियन ने न
हैरोइन बरामद
फरीदकोट रेंज
बताया कि आज
श्री के.एस. या
कमांडैंट श्री
भारत-पाक सीम
को दो पाकिस्ता
229/4 में प्रवे
यहा आते देखा
वालों में से एक ने
का बट मारा ।
बलानी शुरू कर
वली । बाद में

नाका पार्टी
पड़े हुए थे । ए
इस पर उन्हें में
19 किलोग्राम
777 लिखा हु

श्री बेअंत सि
हैरोइन का मूल्य
रु. है जबकि
करोड़ है । उ
जलालाबाद सैक
पकड़ी जा चुकी

उच्च अ
होटल

अमृतसर,
घम्मन सचिव
एसोसिएशन ने
लिख कर शिम
एडवांस स्टडी
ऐतिहासिक भव
के सरकार के फै
मांग की है कि
जाए ।

फिल्मों के
वालों के

अमृतसर,
कमार जी.ए. की
मालिकों की बैठ
शहर में फिल्मों
बैठक में इस
विरुद्ध कार्रवाई
गई ।

जोगेन्द्र
प्रोफ

अमृतसर,
विश्वविद्यालय

Punjabi Sahitani







क्वार को चंडीगढ़ में वरिष्ठ नागरिक तथा पुलिस ते हुए । उनके पास मुख्य सचिव श्री एस.एल. कपूर ाक श्री के.पी.एस. गिल बैठे हैं ।

ादियों को 'शहीद कहना मान करना है : वर्मा

पर्याप्त सुरक्षा दी जाए चाहे वह कोई आम व्यक्ति भी क्यों न हो ।

साम्प्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए पंजाबियों की प्रशंसा करते हुए श्री वर्मा ने जिलाधीशों और पुलिस के वरिष्ठ अधीक्षकों से कहा कि वे हर कार्य दिवस पर एक घंटा जनता के लिए रखें ताकि वह अपनी समस्याएं उनके पास ला सकें । उन्होंने इन अधिकारियों से कहा कि वे सरकारी उपलब्धियों की जानकारी देने के लिए मासिक पत्रकार सम्मेलन भी आयोजित करें ।

राज्यपाल ने कहा कि उनको शिकायतें मिली हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत डाक्टर और अध्यापक काम पर आते ही नहीं हैं । कुछ मामलों में खतरनाक दवाइयां भी वितरित की गई हैं, इन सब को रोकना होगा ।

श्री वर्मा ने कहा कि पंजाबी भाषा का सरकारी कामकाज में पूरा प्रयोग किया जाए । उन्होंने कहा कि आतंकवाद से प्रभावित लोगों के लिए तय धन का किसी भी तरह से दुरुपयोग नहीं होना चाहिए । उन्होंने कहा कि दरबार साहिब अमृतसर के चारों ओर सौन्दर्यीकरण बारे योजना को एक मास में अन्तिम रूप दिया जाए तथा समयबद्ध तरीके से वहां काम शुरू किया जाए ।

श्री वर्मा ने विभिन्न मुद्दों पर अधिकारियों के विचार भी सुने तथा उनको सकारात्मक आश्वासन दिए । बैठक में राज्यपाल के दोनों सलाहकार, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक भी उपस्थित थे ।



र, भूकम्प के कारण गिरे भवनों का मलबा हटाते हुए । इस के घायल होने का समाचार है । (छाया : प्रैस ट्रस्ट)

कम्प से मृतकों की 000 तक पहुंची

पंजाब में एक डाक्टर और उसके ड्राइवर सहित 8 व्यक्तियों की हत्या

बटाला बम विस्फोटों के लिए जिम्मेदार सुखदेव सिंह गिरफ्तार

चंडीगढ़, 22 जून (वार्ता, प.स.) : पंजाब में कल रात से अब तक आतंकवादियों ने पुलिस के एक हैड-कांस्टेबल सहित 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि पुलिस ने बटाला बम विस्फोटों के जिम्मेदार बब्बर खालसा गुट के आतंकवादी सुखदेव सिंह को गिरफ्तार करके बड़ी सफलता प्राप्त की । इसके अतिरिक्त सुरक्षा बलों ने दो कख्यात आतंकवादियों को अलग-अलग मुठभेड़ों में गिरफ्तार किया ।

डाक्टर और उसके ड्राइवर की हत्या : तरनतारन पुलिस जिले के गांव बंगा के निकट गत रात आतंकवादियों ने पट्टी के एक डाक्टर सतवंत सिंह कोमल और उनकी कार के ड्राइवर की गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार गत रात जब उक्त डाक्टर कार में मोगा से वापस आ रहे थे तो रास्ते में आतंकवादियों ने कार रोकने का संकेत दिया, जिस पर ड्राइवर ने कार भगा ली, लेकिन कुछ दूरी पर जाकर ड्राइवर कार का संतुलन खो बैठा और कार एक पेड़ से टकरा गई । आतंकवादियों ने कार का पीछा करके डाक्टर और ड्राइवर दोनों की हत्या कर दी ।

पूर्व सरपंच की हत्या : अमृतसर जिले के ही चक महल गांव में कल रात आतंकवादियों ने एक पूर्व सरपंच अजीत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी तथा उनकी पत्नी बलविंदर कौर को घायल कर दिया । इसी जिले के चीमा गांव में कल रात आतंकवादियों ने निर्मल सिंह नामक एक व्यक्ति को मार डाला ।

दो की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला क्षेत्र के रतोल गांव में आतंकवादियों ने कल रात स्वर्ण सिंह नामक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी जबकि मजीठा पुलिस जिला क्षेत्र के सुलपाल गांव में सुखचैन सिंह नामक व्यक्ति की हत्या की गई ।

हैड-कांस्टेबल चल बसा : आतंकवादियों ने कल अमृतसर जिले के दाग़रा गांव के निकट पुलिस की एक नाका पार्टी पर हमला करके जिस एक हैड-कांस्टेबल दर्शन सिंह को घायल कर दिया था, उसकी आज अमृतसर के अस्पताल में मृत्यु हो गई । इस घटना में दो अन्य कांस्टेबल भी घायल हो गए थे ।

रिवाल्वर ले गए : अमृतसर के मुलेचक्क गांव में कल रात एक आतंकवादी गिरोह ने जोगिन्दर सिंह के घर पर धावा बोलकर उसका एक रिवाल्वर, 2500 रुपए, एक स्वर्ण अंगूठी तथा एक चूड़ी लूट ली और भाग गए ।

घसपैठिया मारा गया : श्रीकरनपुर (दत्ता): यहां की ग्राम पंचायत नग्गी की चैक पोस्ट जो कि भारत-पाक सीमा के साथ सटी हुई है, में गत रात्रि बी.एस.एफ के जवानों ने एक भारतीय नागरिक को पाक-सीमा में प्रवेश करते वक्त मार गिराया ।

बम विस्फोटों के लिए जिम्मेदार गिरफ्तार : आज पुलिस ने बब्बर खालसा के कार्यकर्त्ता सुखदेव सिंह को गिरफ्तार कर लिया । 1988 के बाद से वह इस शहर की बम विस्फोट की कई घटनाओं में शामिल बताया जाता है । बटाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इन बम विस्फोटों में 64 लोग मारे गए और 156 लोग घायल हुए । पुलिस के गश्ती दल ने तड़के लगभग 3.30 बजे सुखदेव सिंह को यहां बैंक कालोनी के निकट से गिरफ्तार किया । उसके पास से बम बरामद किया गया । उसने स्वीकार किया कि वह इस बम को सब्जी मंडी में रखना चाहता था । इस तरह से एक और बड़ी त्रासदी होने से टल गई ।

'कोछड़' के अनुसार पुलिस प्रमुख जगदीश कुमार ने बताया कि उसने बटाला में हुए सात बम विस्फोटों में संलिप्त होना स्वीकार किया है । उसने अपने साथियों के नाम, पते भी बताए हैं । उसने बताया कि उसने अपने साथियों के साथ 4 नवम्बर, 1988 को साइकिलों पर सिलाई मशीनें रख कर चक्री बाजार में तीन विस्फोट किए थे, जिनमें 25 लोगों की मृत्यु हो गई थी और 45 लोग घायल हो गए थे ।

उल्लेखनीय है कि सुखदेव सिंह की शहर में सिलाई मशीनें मुरम्मत करने की दुकान है ।

इसने इस वर्ष 12 फरवरी को थाना सदर बटाला के बाहर स्कूटर में बम रख कर विस्फोट किया था, जिसमें 2 लोग मारे गए और 21 अन्य घायल हो गए थे । इस वर्ष 15 फरवरी को सी.आई.ए. स्टाफ मुर्गी मोहल्ला में दो हथगोले भी फैंके थे ।

इसने यहां 3 अप्रैल को रामनवमी के जुलूस में बम विस्फोट किया था, जिस में 35 व्यक्ति मारे गए थे तथा 100 अन्य घायल हो गए थे । इसने 24 अप्रैल को सर्कुलर रोड पर बी.एस.एफ. की गाड़ी पर बम फैंका । 20 मई को चक्री बाजार में साइकिल पर बम रख कर विस्फोट किया, जिससे 2 व्यक्ति मारे गए और 2 घायल हो गए थे ।

पुलिस प्रमुख ने बताया कि इसकी गिरफ्तारी से बटाला में हुए लगभग सभी बम विस्फोटों की गुत्थी सुलझ गई है ।

बैंक से 25000 लूट लिए : थाना श्रीहरगोबिंदपुर के गांव हरचोवाल में स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से दो आतंकवादियों ने आज 25,000 रुपए लूट लिए ।

मलोट से गोयल के अनुसार पुलिस ने गांव कट्टियांवाली के निकट एक नाकाबंदी के दौरान स्वर्ण सिंह (अबोहर), गुरमीत सिंह (जंडियाला), जैमल सिंह (अमृतसर), कुलबीर सिंह और सुरजीत सिंह (काबवाला) नामक पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनके पास से दो पिस्तौलें, तीन बंदूकें तथा 35 कारतूस बरामद किए हैं ।

शव बरामद : गुरदासपुर पुलिस ने आज कलानौर थाने के गांव भीषणकोट के निवासी नजीर मसीह का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है । वह 20 जून से लापता था ।

सहायक उपनिरीक्षक घायल : अमृतसर से प्राप्त रिपोर्ट में पुलिस के हवाले से कहा गया है कि बटाला के एक पुलिस दल ने प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर बटाला गांव के एक फार्म हाऊस पर छापा मारा । इस दौरान हुई मुठभेड़ में सहायक उपनिरीक्षक कश्मीर सिंह घायल हो गया । खबर में कहा गया कि आतंकवादी बच कर भाग गए । कश्मीर सिंह को ब्यास के अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है ।

आतंकवादी गिरफ्तार : फिरोजपुर जिला पुलिस ने अराफके गांव में एक फार्म हाऊस पर छापे के दौरान एक आतंकवादी बख्शीश सिंह को घायल कर गिरफ्तार कर लिया । आतंकवादी के पास से एक ए.के. 47 राइफल तथा 15 कारतूस बरामद किए गए । बख्शीश सिंह का एक अन्य साथी बचकर भाग गया ।

एरिया कमांडर गिरफ्तार : भटिंडा जिला पुलिस ने खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के एरिया कमांडर दया सिंह को गिरफ्तार कर उसके पास से एक विदेशी राइफल बरामद की ।

आतंकवादियों के दो शरणदाता गिरफ्तार : पटियाला से भषण के अनुसार जिला पुलिस ने दर्दात आतंकवादियों को शरण देने वाले हरदेव सिंह (लंग) और रघुबीर सिंह (दौयां कलां) को गिरफ्तार किया है । एस.एस.पी. एस.के. शर्मा ने बताया कि दोनों खालिस्तान कमांडो फोर्स के स्वयंभ

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पंजाब रोडवेज़ के कर्मचारियों की हड़ताल से राज्य भर में बस सेवा ठप्प रही

जालन्धर, 22 जून (वार्ता, प.स.): पंजाब रोडवेज के कर्मचारियों की हड़ताल के कारण आज राज्य भर में बस सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा ।

यह हड़ताल रोडवेज कर्मचारियों के 10 संगठनों की तालमेल समिति के आह्वान पर की गई जिनमें इंटक, एटक, सीटू, कर्मचारी दल, कर्मचारी संघ, निरीक्षक सहचालक संघ, वर्कशाप संघ के अतिरिक्त इंका, माकपा, भाकपा तथा अकाली दलों के विभिन्न गुट भी शामिल हैं ।

इस हड़ताल से पंजाब रोडवेज की अधिकांश बसें आज नहीं चलीं, जबकि पैप्सू रोड ट्रांस्पोर्ट कार्पोरेशन ने राज्य भर में अपनी बसें चलाईं । मगर इस कार्पोरेशन को होशियारपुर के कर्मचारियों ने रोडवेज कर्मियों के समर्थन में एक घंटे तक काम नहीं किया ।

कई स्थानों पर बस अड्डों के बाहर से प्राइवेट बसें चलती रहीं ।

जालन्धर बस अड्डे से केवल 4 बसें नकोदर, नूरमहल, शाहकोट व होशियारपुर के लिए आज शाम तक चलीं । बस अड्डे के बाहर पुलिस लाइन्ज के निकट से प्राइवेट बसें चलती रहीं थीं ।

पंजाब रोडवेज की हड़ताल होशियारपुर, गुरदासपुर, जालन्धर तथा कपूरथला जिलों में पूर्ण रही ।

हड़तालीं रोडवेज कर्मियों ने आज अपनी मांगों के समर्थन में जालन्धर तथा होशियारपुर में रैलियां भी आयोजित कीं । इस हड़ताल के दौरान अभी तक किसी दुर्घटना का कोई समाचार नहीं है ।

कर्मचारियों की मांगों में वेतन विसंगतियों को दूर करना, 1000 खस्ता हाल बसों के लिए 250 करोड़ की राशि जारी करना, नई ट्रांस्पोर्ट नीति को लागू करना, सैंकड़ों गैर कानूनी तथा मिनी बसों के चलने पर पाबंदी लगाना आदि शामिल है ।

टायरों की हवा निकाल दी । स्थानीय बस अड्डा बंद रहा तथा पुलिस व सुरक्षा बल सतर्क रह कर निगरानी करते रहे ।

पटियाला से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पैप्सू रोड ट्रांस्पोर्ट कार्पोरेशन के कर्मियों ने अपनी मांगों के समर्थन में आज रैली की ।

लुधियाना (मुसाफिर): पंजाब रोडवेज की संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर आज पंजाब-भर में बसों का पहिया जाम रहा । लुधियाना बस अड्डे से न कोई बस गई और न कोई वहां आई । प्रदेश में रोडवेज की 2400 बसें हैं और 12 हजार कर्मचारी हैं जो आज हड़ताल पर रहे । परन्तु पैप्सू परिवहन निगम की बसें आती-जाती रहीं । कुछ प्राइवेट बसें भी चलीं ।

एक रैली में सरकार को चेतावनी दी गई कि यदि उसने हड़ताल संबंधी कोई कार्रवाई की तो उसके नतीजे की सारी जिम्मेवारी उस पर होगी ।

होशियारपुर से अश्विनी के अनुसार यहां पंजाब रोडवेज की बसों का पहिया पूर्णतया जाम रहा । प्राइवेट बसें चलीं । उल्लेखनीय है कि प्रशासन ने यात्रियों को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने के लिए टैम्पू, ट्रक और थ्री व्हीलर इस्तेमाल किए ।

होशियारपुर की रिपोर्ट के अनुसार जम्मू-कश्मीर परिवहन निगम तथा हरियाणा रोडवेज की कोई भी बस आज सावधानी के तौर पर नगर में नहीं आई । होशियारपुर तथा ऊना के मध्य हालांकि हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की बस सेवा जारी रही ।

पठानकोट (गुप्ता): पंजाब रोडवेज पठानकोट डिपो के सभी कर्मचारियों ने आज पूर्ण हड़ताल की तथा रोडवेज की कोई भी बस न चली । कुछ ड्राइवरों ने सुबह बस चलाने का प्रयत्न किया परन्तु संघ के नेताओं ने ऐसा न होने दिया । ड्राइवर नहीं

अनेक गांव पूरी तरह आतंकवादियों की पकड़ में

अमृतसर, 22 जून (सुभाष) : जानकार सूत्रों द्वारा पता चला है कि मजीठा पुलिस थाना के अन्तर्गत आने वाले 60 से अधिक गांव पूरी तरह आतंकवादियों की पकड़ में हैं । पत्रकारों के एक दल

Punjab Sahitya







चंडीगढ़ में वरिष्ठ नागरिक तथा पुलिस उनके पास मुख्य सचिव श्री एस.एल. कपूर पी.एस. गिल बैठे हैं ।

ं को 'शहीद कहना करना है : वर्मा

प्त सुरक्षा दी जाए चाहे वह कोई आम व्यक्ति भी ों न हो ।

साम्प्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए ाबियों की प्रशंसा करते हुए श्री वर्मा ने लाधीशों और पुलिस के वरिष्ठ अधीक्षकों से कहा वे हर कार्य दिवस पर एक घंटा जनता के लिए रखें के वह अपनी समस्याएं उनके पास ला सकें । होंने इन अधिकारियों से कहा कि वे सरकारी लब्धियों की जानकारी देने के लिए मासिक कार सम्मेलन भी आयोजित करें ।

राज्यपाल ने कहा कि उनको शिकायतें मिली हैं ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत डाक्टर और अध्यापक म पर आते ही नहीं हैं । कुछ मामलों में रनाक दवाइयां भी वितरित की गई हैं, इन सब रोकना होगा ।

श्री वर्मा ने कहा कि पंजाबी भाषा का सरकारी नकाज में पूरा प्रयोग किया जाए । उन्होंने कहा आतंकवाद से प्रभावित लोगों के लिए तय धन का ी भी तरह से दुरुपयोग नहीं होना चाहिए । ोंने कहा कि दरबार साहिब अमृतसर के चारों सौन्दर्यीकरण बारे योजना को एक मास में तम रूप दिया जाए तथा समयबद्ध तरीके से वहां शुरू किया जाए ।

श्री वर्मा ने विभिन्न मुद्दों पर अधिकारियों के ार भी सुने तथा उनको सकारात्मक आश्वासन । बैठक में राज्यपाल के दोनों सलाहकार, मुख्य व, पुलिस महानिदेशक भी उपस्थित थे ।



रण गिरे भवनों का मलबा हटाते हुए । इस का समाचार है । (छाया : पै.ट्र.)

से मृतकों की तक पहुंची

पंजाब में एक डाक्टर और उसके ड्राइवर सहित 8 व्यक्तियों की हत्या

बटाला बम विस्फोटों के लिए जिम्मेदार सुखदेव सिंह गिरफ्तार

चंडीगढ़, 22 जून (वार्ता, प.स.) : पंजाब में कल रात से अब तक आतंकवादियों ने पुलिस के एक हैड-कांस्टेबल सहित 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि पुलिस ने बटाला बम विस्फोटों के जिम्मेदार बब्बर खालसा गुट के आतंकवादी सुखदेव सिंह को गिरफ्तार करके बड़ी सफलता प्राप्त की । इसके अतिरिक्त सुरक्षा बलों ने दो कथ्यात आतंकवादियों को अलग-अलग मुठभेड़ों में गिरफ्तार किया ।

डाक्टर और उसके ड्राइवर की हत्या : तरनतारन पुलिस जिले के गांव बंगा के निकट गत रात आतंकवादियों ने पट्टी के एक डाक्टर सतवंत सिंह कोमल और उनकी कार के ड्राइवर की गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार गत रात जब उक्त डाक्टर कार में मोगा से वापस आ रहे थे तो रास्ते में आतंकवादियों ने कार रोकने का संकेत दिया, जिस पर ड्राइवर ने कार भगा ली, लेकिन कुछ दूरी पर जाकर ड्राइवर कार का संतुलन खो बैठा और कार एक पेड़ से टकरा गई । आतंकवादियों ने कार का पीछा करके डाक्टर और ड्राइवर दोनों की हत्या कर दी ।

पूर्व सरपंच की हत्या : अमृतसर जिले के ही चक महल गांव में कल रात आतंकवादियों ने एक पूर्व सरपंच अजीत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी तथा उनकी पत्नी बलविंदर कौर को घायल कर दिया । इसी जिले के चीमा गांव में कल रात आतंकवादियों ने निर्मल सिंह नामक एक व्यक्ति को मार डाला ।

दो की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला क्षेत्र के रतोल गांव में आतंकवादियों ने कल रात स्वर्ण सिंह नामक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी जबकि मजीठा पुलिस जिला क्षेत्र के सतपाल गांव में सुखचैन सिंह नामक व्यक्ति की हत्या की गई ।

हैड-कांस्टेबल चल बसा : आतंकवादियों ने कल अमृतसर जिले के टांगरा गांव के निकट पुलिस की एक नाका पार्टी पर हमला करके जिस एक हैड-कांस्टेबल दर्शन सिंह को घायल कर दिया था, उसकी आज अमृतसर के अस्पताल में मृत्यु हो गई । इस घटना में दो अन्य कांस्टेबल भी घायल हो गए थे ।

रिवाल्वर ले गए : अमृतसर के मुलचक गांव में कल रात एक आतंकवादी गिरोह ने जोगिन्दर सिंह के घर पर धावा बोलकर उसका एक रिवाल्वर, 2500 रुपए, एक स्वर्ण अंगूठी तथा एक चूड़ी लूट ली और भाग गए ।

दसपैठिया मारा गया : श्रीकरनपुर (दत्ता); यहां की ग्राम पंचायत नगरी की चैक पोस्ट जो कि भारत-पाक सीमा के साथ सटी हुई है, में गत रात्रि बी.एस.एफ के जवानों ने एक भारतीय नागरिक को पाक-सीमा में प्रवेश करते वक्त मार गिराया ।

बम विस्फोटों के लिए जिम्मेदार गिरफ्तार : आज पुलिस ने बब्बर खालसा के कार्यकर्ता सुखदेव सिंह को गिरफ्तार कर लिया । 1988 के बाद से वह इस शहर की बम विस्फोट की कई घटनाओं में शामिल बताया जाता है । बटाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इन बम विस्फोटों में 64 लोग मारे गए और 156 लोग घायल हुए । पुलिस के गश्ती दल ने तड़के लगभग 3.30 बजे सुखदेव सिंह को यहां बैंक कालोनी के निकट से गिरफ्तार किया । उसके पास से बम बरामद किया गया । उसने स्वीकार किया कि वह इस बम को सब्जी मंडी में रखना चाहता था। इस तरह से एक और बड़ी त्रासदी होने से टल गई ।

'कोछड़' के अनुसार पुलिस प्रमुख जगदीश कुमार ने बताया कि उसने बटाला में हुए सात बम विस्फोटों में संलिप्त होना स्वीकार किया है । उसने अपने साथियों के नाम, पते भी बताए हैं । उसने बताया कि उसने अपने साथियों के साथ 4 नवम्बर, 1988 को साइकिलों पर सिलाई मशीनें रख कर चक्री बाजार में तीन विस्फोट किए थे, जिनमें 25 लोगों की मृत्यु हो गई थी और 45 लोग घायल हो गए थे ।

उल्लेखनीय है कि सुखदेव सिंह की शहर में सिलाई मशीनें मुरम्मत करने की दुकान है ।

इसने इस वर्ष 12 फरवरी को थाना सदर बटाला के बाहर स्कूटर में बम रख कर विस्फोट किया था, जिसमें 2 लोग मारे गए और 21 अन्य घायल हो गए थे । इस वर्ष 15 फरवरी को सी.आई.ए. स्टाफ मुर्गी मोहल्ला में दो हथगोले भी फैंके थे । ।

इसने यहां 3 अप्रैल को रामनवमी के जलूस में बम विस्फोट किया था, जिस में 35 व्यक्ति मारे गए थे तथा 100 अन्य घायल हो गए थे । इसने 24 अप्रैल को सर्कुलर रोड पर बी.एस.एफ. की गाड़ी पर बम फैंका । 20 मई को चक्री बाजार में साइकल पर बम रख कर विस्फोट किया, जिससे 2 व्यक्ति मारे गए और 2 घायल हो गए थे ।

पुलिस प्रमुख ने बताया कि इसकी गिरफ्तारी से बटाला में हुए लगभग सभी बम विस्फोटों की गुत्थी सुलझ गई है ।

बैंक से 25000 लूट लिए : थाना श्रीहरगोबिंदपुर के गांव हरचोवाल में स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से दो आतंकवादियों ने आज 25,000 रुपए लूट लिए ।

मलोट से गोयल के अनुसार पुलिस ने गांव कट्टियांवाली के निकट एक नाकाबंदी के दौरान स्वर्ण सिंह (अबोहर), गुरमीत सिंह (जंडियाला), जैमल सिंह (अमृतसर), कुलबीर सिंह और सुरजीत सिंह (बाबबाचा) नामक पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनके पास से दो पिस्तौलें, तीन बंदूकें तथा 35 कारतूस बरामद किए हैं ।

शव बरामद : गुरदासपुर पुलिस ने आज कलानौर थाने के गांव भीखणकोट के निवासी नजीर मसीह का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है । वह 20 जून से लापता था ।

सहायक उपनिरीक्षक घायल : अमृतसर से प्राप्त रिपोर्ट में पुलिस के हवाले से कहा गया है कि बटाला के एक पुलिस दल ने प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर बटाला गांव के एक फार्म हाऊस पर छापा मारा । इस दौरान हुई मुठभेड़ में सहायक उपनिरीक्षक कश्मीर सिंह घायल हो गया । खबर में कहा गया कि आतंकवादी बच कर भाग गए । कश्मीर सिंह को ब्यास के अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है ।

आतंकवादी गिरफ्तार : फिरोजपुर जिला पुलिस ने अरोके गांव में एक फार्म हाऊस पर छापे के दौरान एक आतंकवादी बख्शीश सिंह को घायल कर गिरफ्तार कर लिया । आतंकवादी के पास से एक ए.के. 47 राइफल तथा 15 कारतूस बरामद किए गए । बख्शीश सिंह का एक अन्य साथी बचकर भाग गया ।

एरिया कमांडर गिरफ्तार : भटिंडा जिला पुलिस ने खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के एरिया कमांडर दया सिंह को गिरफ्तार कर उसके पास से एक विदेशी राइफल बरामद की ।

आतंकवादियों के दो शरणदाता गिरफ्तार : पटियाला से भगण के अनुसार जिला पुलिस ने दर्दात आतंकवादियों को शरण देने वाले हरदेव सिंह (लंग) और रघुबीर सिंह (दौया कलां) को गिरफ्तार किया है । एस.एस.पी. एस.के. शर्मा ने बताया कि दोनों खालिस्तान कमांडो फोर्स के स्वयंभ्

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पंजाब रोडवेज़ के कर्मचारियों की हड़ताल से राज्य भर में बस सेवा ठप्प रही

जालन्धर, 22 जून (वार्ता, प.स.): पंजाब रोडवेज के कर्मचारियों की हड़ताल के कारण आज राज्य भर में बस सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा ।

यह हड़ताल रोडवेज कर्मचारियों के 10 संगठनों की तालमेल समिति के आह्वान पर की गई जिनमें इंटक, एंटक, सीटू, कर्मचारी दल, कर्मचारी संघ, निरीक्षक सहचालक संघ, वर्कशाप संघ के अतिरिक्त इंका, माकपा, भाकपा तथा अकाली दलों के विभिन्न गुट भी शामिल हैं ।

इस हड़ताल से पंजाब रोडवेज की अधिकांश बसें आज नहीं चलीं, जबकि पैप्सू रोड ट्रांस्पोर्ट कार्पोरेशन ने राज्य भर में अपनी बसें चलाईं । मगर इस कार्पोरेशन को होशियारपुर के कर्मचारियों ने रोडवेज कर्मियों के समर्थन में एक घंटे तक काम नहीं किया ।

कई स्थानों पर बस अड्डों के बाहर से प्राइवेट बसें चलती रहीं ।

जालन्धर बस अड्डे से केवल 4 बसें नकोदर, नूरमहल, शाहकोट व होशियारपुर के लिए आज शाम तक चलीं । बस अड्डे के बाहर पुलिस लाइन्ज के निकट से प्राइवेट बसें चलती रहीं थीं ।

पंजाब रोडवेज की हड़ताल होशियारपुर, गुरदासपुर, जालन्धर तथा कपूरथला जिलों में पूर्ण रही ।

हड़ताली रोडवेज कर्मियों ने आज अपनी मांगों के समर्थन में जालन्धर तथा होशियारपुर में रैलियां भी आयोजित कीं । इस हड़ताल के दौरान अभी तक किसी दुर्घटना का कोई समाचार नहीं है ।

कर्मचारियों की मांगों में वेतन विसंगतियों को दूर करना, 1000 खस्ता हाल बसों के लिए 250 करोड़ की राशि जारी करना, नई ट्रांस्पोर्ट नीति को लागू करना, सैंकड़ों गैर कानूनी तथा मिनी बसों के टायरों की हवा निकाल दी । स्थानीय बस अड्डा बंद रहा तथा पुलिस व सुरक्षा बल सतर्क रह कर निगरानी करते रहे ।

पटियाला से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पैप्सू रोड ट्रांस्पोर्ट कार्पोरेशन के कर्मियों ने अपनी मांगों के समर्थन में आज रैली की ।

लुधियाना (मुसाफिर): पंजाब रोडवेज की संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर आज पंजाब-भर में बसों का पहिया जाम रहा । लुधियाना बस अड्डे से न कोई बस गई और न कोई वहां आई । प्रदेश में रोडवेज की 2400 बसें हैं और 12 हजार कर्मचारी हैं जो आज हड़ताल पर रहे । परन्तु पैप्सू परिवहन निगम की बसें आती-जाती रहीं । कुछ प्राइवेट बसें भी चलीं ।

एक रैली में सरकार को चेतावनी दी गई कि यदि उसने हड़ताल संबंधी कोई कार्रवाई की तो उसके नतीजे की सारी जिम्मेवारी उस पर होगी ।

होशियारपुर से अश्विनी के अनुसार यहां पंजाब रोडवेज की बसों का पहिया पूर्णतया जाम रहा । प्राइवेट बसें चलीं । उल्लेखनीय है कि प्रशासन ने यात्रियों को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने के लिए टैम्पू, ट्रक और थ्री व्हीलर इस्तेमाल किए ।

होशियारपुर की रिपोर्ट के अनुसार जम्मू-कश्मीर परिवहन निगम तथा हरियाणा रोडवेज की कोई भी बस आज सावधानी के तौर पर नगर में नहीं आई । होशियारपुर तथा ऊना के मध्य हालांकि हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की बस सेवा जारी रही ।

पठानकोट (गुप्ता): पंजाब रोडवेज पठानकोट डिपो के सभी कर्मचारियों ने आज पूर्ण हड़ताल की तथा रोडवेज की कोई भी बस न चली । कुछ ड्राइवरों ने सुबह बस चलाने का प्रयत्न किया परन्तु

अनेक गांव पूरी तरह आतंकवादियों की पकड़ में

अमृतसर, 22 जून (सुभाष) : जानकार सूत्रों द्वारा पता चला है कि मजीठा पुलिस थाना के अन्तर्गत आने वाले 60 से अधिक गांव पूरी तरह आतंकवादियों की पकड़ में हैं । एक्करों के एक दल

Punjab Sahapedia

पंजाब रोडवेज

(पृष्ठ 3 का शेष)

नाए जाने के रोष में पंजाब भर के लगभग
र पंजाब रोडवेज कर्मचारियों ने राज्य की
ाई हजार रोडवेज बसों का पहिया आज
। जिससे हजारों यात्रियों को भारी
का सामना करना पड़ा । आज फगवाड़ा
में भी रोडवेज की बसें बंद खड़ी रहीं ।
वरूप यात्रियों को निजी बस कम्पनियों की
छतों पर सफर करने को विवश होना

ला (कोछड़): प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार क्षेत्र
कारी बसें भी नहीं चलीं । मगर गुरदासपर
आप्रेटर नगर के अन्दर तथा बाहर बसें
।

गढ़ (संधी): पंजाब रोडवेज के कर्मियों की
पनी मांगों को लेकर आज की गई हड़ताल
चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग की भी कोई
में नहीं गई । यहां से पंजाब रोडवेज की
स आज नहीं चली ।

के फिरोज़पुर डिवीजन
20 बम विस्फोट हुए

ज़पुर, 22 जून (धीमान): वर्ष 1989-
रान उत्तरी रेलवे के फिरोज़पुर डिवीजन में
के छह बम विस्फोटों की अपेक्षा 20 बम
ए । उत्तरी रेलवे के डिवीजनल प्रबन्धक
लाल ने आज यहां उक्त जानकारी दी ।
ाल ने बताया कि गत मई मास के दौरान
ों पर 8 बम धमाके हुए हैं । उन्होंने
बम धमाकों के कारण रेल लाइन की
था यातायात की बहाली पर करीब 10
ए खर्च किए गए हैं ।
ने बताया कि इन धमाकों के कारण
खेमकरण, ब्यास, फिरोज़पुर, गिददड़
द सैक्शनों में अधिक क्षति हुई है । अब
ायों के तौर पर एक इंजन व सुरक्षा बलों से
ोगी की गश्त इन प्रभावित सैक्शनों में
ी गई है । रेल ट्रैक के साथ भी गश्त बढ़ा
। उन्होंने बताया कि आतंकवादी हिंसा के
रात्री गाड़ियां आंशिक रूप से स्थगित की

में लिट्टे हत्यारों द्वारा
त कार मिली, हत्यारे
श्रीलंका भाग गए

वर, 22 जून (वार्ता) : पुलिस ने वह सफेद
न बरामद कर ली है जिसका प्रयोग संदिग्ध
हत्यारों ने इं.पी.आर.एल.एफ. के नेता
तथा उनके साथियों की हत्या के लिए
। हत्यारे कल तंजावर जिले के पत्तुकोट्टाई
हंचे थे और वहां पहुंची एक नौका में बैठकर
भाग गए ।
के पड़ताली नाकों पर गश्त के लिए तैनात
-इंस्पैक्टर पुलिस को कार तथा हत्यारों का
ने को असफल रहने पर निलम्बित कर
ा है ।
स : पूर्व विदेश राज्यमंत्री के. नटवर सिंह
पदमनाभ और अन्य लोगों की हत्या के
मिलनाडु सरकार की प्रशासनिक और

पंजाब में ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

जनरल गुरजंट सिंह बुधसिंहवाला, खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के पिप्पल सिंह तथा निर्मल सिंह निम्मा तथा जरनैल सिंह को शरण देते थे । इस बीच पुलिस ने जोगिन्दर सिंह नामक एक स्कूल अध्यापक, जिसे आतंकवादियों के साथ सम्बन्ध रखने के कारण पूछताछ के लिए गिरफ्तार किया गया था, को गांव की पंचायत द्वारा यह विश्वास दिलाए जाने के पश्चात् कि वह भविष्य में आतंकवादियों से सम्बन्ध नहीं रखेगा, छोड़ दिया गया है ।

गहने, नकदी लूट लिए : सुनाम से नागपाल के अनुसार दो लुटेरों ने आज दोपहर पुरानी कचहरी के पुलिस थाने के निकट एफ.सी.आई. अधिकारी सुशील कुमार के घर में से सोने के गहने तथा नकदी लूट ली । उन दोनों ने सुशील कुमार की पत्नी शांति देवी को पिस्तौल दिखाकर उसका सोने का हार, अंगूठी तथा चूड़ियां उतरवा लीं तथा धमका कर पांच हजार रुपए ले लिए । सुशील कुमार कहीं बाहर गए हुए थे । शांति देवी के अनुसार एक व्यक्ति सुबह ही पूछ कर गया था कि सुशील कुमार घर में हैं या नहीं ।

दुर्दांत आतंकवादी हरवैर सिंह गिरफ्तार : जालन्धर पुलिस ने खालिस्तान कमांडो फोर्स गिरोह के एक खतरनाक आतंकवादी को गिरफ्तार करने की घोषणा की है । इसका नाम हरवैर सिंह उर्फ हरि है, जो हरियाणा, चंडीगढ़ व दिल्ली में बम विस्फोट की कई घटनाओं में संलिप्त है । एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि हरि को शहर के रेलवे रोड इलाके में पकड़ा गया । उसके पास से 1700 ग्राम विस्फोटक पदार्थ, दो डैटोनेटर, एक 9 वोल्ट की बैटरी तथा एक घड़ी बरामद हुई है । उसने स्वीकार किया कि वह शीघ्र ही एक बम असैम्बल कर उसे हरियाणा में विस्फोट करने वाला था । वह सुखविंदर सिंह के गिरोह का सदस्य था ।

हरवैर सिंह ने जांच के दौरान स्वीकार किया कि इस माह के शुरू में चंडीगढ़ के शिवालिक व्यू होटल में जो बम विस्फोट हुआ था, उसे उसके साथी ने रखा था । इस घटना में 2 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी तथा इतने ही घायल हो गए थे ।

प्रवक्ता के अनुसार छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में मेरठ छावनी रेलवे स्टेशन के निकट तथा शालीमार एक्सप्रैस में अम्बाला के निकट विस्फोट होने वाले बम अभियुक्त ने यमुनानगर में रखे थे । इन विस्फोटों में कम से कम 7 व्यक्ति मारे गए थे । पानीपत के निकट डी.टी.सी. की बस में विस्फोट होने वाले टाइम बम को भी इसी आतंकवादी के साथी ने वहां रखा था । दिल्ली में मई माह में बमों के विस्फोट भी इसी गिरोह द्वारा किए गए थे ।

हरवैर सिंह तथा उसके साथियों ने अमृतसर जिले में जयंतीपुर के निकट एक पेपर मिल को आग लगाने का असफल प्रयास किया था । यह गिरोह अपहरण और फिरौतियों के मामलों में भी संलिप्त है ।

नेपाल मंत्रिमंडल में मतभेद

काठमांडू, 22 जून (प.स.): नेपाल में दलविहीन पंचायती संविधान को रद्द करने के लिए अंतरिम कानून बनाने के मुद्दे को लेकर अंतरिम सांझा मंत्रिमंडल में मतभेद पैदा हो गया है । गठबंधन में शामिल संयुक्त वाम मोर्चे ने जहां यह अंतरिम कानून लागू करने की मांग की है, वहीं नेपाली कांग्रेस का कहना है कि यह जरूरी नहीं है क्योंकि महाराजा ने



गत दिवस गुरदासपुर के गांव पुराना शाला में सरपंच दीवान सिंह के घर में स्थित पुलिस चौकी में हुए बम विस्फोट में (1) पूरी तरह नष्ट हुआ भवन, बम विस्फोट में मारे गए, (2) देवराज, (3) परमजीत सिंह, (4) तथा काला के शव, (5) दीवान सिंह की उपचाराधीन पत्नबध तथा अन्य घायल । *(छाया : विनोद)*

विदेशों में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए हिमाचल उत्सव होगा

शिमला, 22 जून (ख): हिमाचल प्रदेश को विदेशी पर्यटकों में लोकप्रिय बनाने के लिए विभिन्न यूरोपीय देशों में हिमाचल उत्सव का आयोजन किया जाएगा । मुख्यमंत्री श्री शांता कुमार ने यहां अनौपचारिक बातचीत में उक्त जानकारी दी । श्री शांता कुमार ने बताया कि उनकी इस संबंध में केंद्रीय

करना चाहिए । विशेष श्रेणी के राज्यों को सहायता देने की पुरानी परम्परा फिर से प्रारम्भ की जाए ।

जल विद्युत उत्पादन क्षेत्र में निजी क्षेत्र को शामिल किए जाने पर भी उन्होंने बल दिया ।

मंदिर निर्माण का निर्णय लेने

पंजाब की
समिति ने अने

जालन्धर, 22 जून (ढल्ल): पं
वेतनायोग की सिफारिशों तथा वेतन
दूर करने के लिए स्थापित कमेटी की
उस पर सरकार के निर्णय ने वेत
असमानता एवं असंतुलन पैदा कि
शिकार अनेक कर्मचारी श्रेणियों में
तहसीलदार व नायब तहसीलदार भी

पंजाब रैवेन्यू आफीसर्ज यूनियन
श्री जगदीश मित्र बडैहरा के अनुसार
ने यह करामात की है कि विभाग के अ
पैदा कर दी है और जूनियर व सीनिय
में आ गए हैं । इसका उदाहरण देते
ने कहा है कि संबंधित सेवा नियमों के
का अनुभव रखने तथा संबंधित वि
पास कर लेने वाले जिला कानूनगो
अकाऊंटैंट नायब तहसीलदार बनने
जाता है जिससे स्पष्ट है कि नायब तह
उक्त दोनों पदों से उच्च पद है किन्तु
ग्रेड समान कर दिया गया है जो 16

बुलटाना को पंजाब
दल का प्रधान बना
की सम्भावन

होशियारपुर, 22 जून (अ
जनता दल के प्रधान प्रो. तेजा सिंह टि
पद से हटाए जाने की मांग दिन-प्रति
रही है । इस संबंध में पंजाब के कुछ
सक्रिय हैं जिनमें कै. बिक्रम सिंह,
सन्धू, कृपाल सिंह ओजला, दर्शन सि
शामिल हैं । यह भी पता चला है
आर.एस. बोम्मई, महासचिव यशवंत
गृह राज्यमंत्री सुबोध कांत सहाय
श्रीमती मेनका गांधी से भेंट करके
उनसे श्री टिवाना को हटाने की मांग

यह भी पता चला है कि जनता
श्री टिवाना के स्थान पर बलबीर सि
पंजाब का प्रधान बनाने पर गंभीरता
रहा है और इसका फैसला आगामी स
जाएगा ।

यहां यह बात उल्लेखनीय है कि
को चौ. देवी लाल और श्री ओम प्रका
समर्थन प्राप्त है ।

दोनों जर्मनियों की अर्थ-
पहली जुलाई से एक हो

बौन, 22 जून (प.स.): पूर्व और
की अर्थ-व्यवस्था पहली जुलाई से एक
पश्चिम जर्मन की संसद के उच्च स
संबंधित संधि की आज पुष्टि कर देने
आखिरी अड़चन भी दूर हो गई है

इस संधि के परिणामस्वरूप पश्चि
मार्क और इसकी स्वतंत्र बाजार
जुलाई से पूर्वी जर्मनी में भी लागू हो

ब्राजील, इटली

तूरिन, 22 जून (डी. पी.)
दावेदारों में इटली और ब्राजील के
जिन्होंने पहले दौर में अपने तीनों मै

Punjab Sanatani

न वर्क्स
तसर

पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी को प्रति किया था । उन्होंने कहा कि दिल्ली में इस मुद्दे पर केंद्र सरकार और विश्व हिंदू परिषद के बीच बातचीत

अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए विश्व हिंदू परिषद् की मांग का समर्थन करती है । उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने राम मंदिर का निर्माण नहीं होने

वृद्धि, बेरोजगारी और पंजाब तथा कश्मीर समस्या को हल करने में नाकाम रही है ।

उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी केंद्र में अस्थिरता

नई दिल्ली, 23 जून (प.स.) : श्री विजय कुमार माथुर को भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा प्राधिकरण का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है ।



ोआ के जंगल में 'लिट्टे' के सदस्य फोटो खिचवाते हुए । शस्त्रों से ाह भर की लड़ाई के बाद जंगलों में जा छिपे हैं । (छाया : प्रै.ट्र.)

करन के उन्मूलन के लिए श्रीलंका क समर्थन की आवश्यकता पड़ी

स.): श्रीलंका हा है कि लिट्टे उन्मूलन के तिक समर्थन

ारे पास अब कि शांति की युद्ध छेड़ रखा आवश्यक हो ओं को कुचल में जनता को

रत से नैतिक क्योंकि दोनों से प्रभावित हैं सरकार ने र वह भारत ातचीत की बात से भी सी देश से

विश्वास है अपनी सेना क सिंहलियों तमिलों में रों के साथ है ।

टे ने उनसे नों को ठेस उनसे 14 णाम शून्य लिट्टे अपने रहा ।

: (वार्ता): इगर्स आफ जून से चल ी लाख से कारी आज

रणार्थियों इन्हें खाद्य कठिनाई

सुरक्षा बलों ने अधिसंख्य पूर्वी क्षेत्रों में पुनः कब्जा कर लिया है तथा बेघर लोगों को वापस उनके घरों में भेजने के प्रयास किए जा रहे हैं । उन्होंने बताया कि 80000 शरणार्थी बट्टिकलोआ में हैं । इसके अलावा मन्नार में 85000, अम्पारा में 23881, त्रिकोमाली में 26000 तथा वावुनिया में 20000 शरणार्थी होने से भी समस्या काफी चिंताजनक हो गई है ।

अधिकारियों के अनुसार उत्तरी जाफना प्रायद्वीप में शरणार्थियों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है क्योंकि वहां से संचार के सभी सम्पर्क काट दिए गए हैं । इसी बीच श्रीलंका सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से उग्रवादियों के खिलाफ संघर्ष में मदद और समर्थन की मांग की है ।

एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि श्रीलंका को अपने मित्र देशों से आर्थिक और नैतिक समर्थन की आशा है ।

प्रवक्ता ने कहा कि लिट्टे द्वारा अपहृत लगभग 500 पुलिस कर्मियों के संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं है तथा जब तक उन्हें अंतर्राष्ट्रीय रैड क्रास समिति को नहीं सौंपा जाता तब तक उनके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता ।

प्रवक्ता ने स्थानीय तथा विदेशी पत्रकारों से कहा है कि वे पूर्वी प्रायद्वीप आ कर खुद स्थिति का जायजा लें । प्रवक्ता ने बताया कि प्रायद्वीप में लिट्टे ने सहकारी भंडार, दुकानें, मकान आदि जला दिए हैं ।

रक्षा सचिव जनरल सिरिल रणतुंगा ने लिट्टे द्वारा रसायनिक हथियारों के इस्तेमाल के संबंध में बताते हुए कहा कि सैनिक बारूदी सुरंगों के शिकार हो गए । कुछ सैनिकों की टांगें कट गईं, जबकि कई अन्य को अंग भंग होने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

विमान ध्वस्त : नौ सैनिक मार डाले : श्रीलंका के उत्तर और पूर्वी प्रांतों में कई मोर्चों पर सुरक्षा बलों के साथ लड़ रहे लिट्टे के उग्रवादियों ने कल वायुसेना का एक विमान क्षतिग्रस्त कर दिया तथा नौ सैनिकों को मार डाला और कई अन्य को घायल कर दिया ।

यह जानकारी आज यहां सैनिक अधिकारियों ने दी ।

उन्होंने बताया कि उत्तरी मुल्लायीतिव् जिले के

(शेष पृष्ठ 10 पर)

षद् द्वारा 30 अक्तूबर के निर्माण की घोषणा

दू परिषद कार्य 30 । र्ग-दर्शक त प्रस्ताव ाम जन्म धानमंत्री मय मांगा ीच कोई क मंदिर के दिन निकाली कार्य

कि प्रधानमंत्री द्वारा मांगा गया समय समाप्त हो गया है और इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद ने कोई ऐसा कार्य नहीं किया, जिससे कोई बाधा उत्पन्न हो, लेकिन सरकार अपना काम पूरा नहीं कर पाई ।

मंदिर के पुनर्निर्माण से सम्बन्धित किसी भी प्रश्न पर वार्ता हेतु द्वार खुले रखने के लिए सहमत होते हुए भी सम्मेलन ने स्पष्ट किया कि मंदिर उसी स्थान पर बनाया जाएगा, जहां राम मंदिर का प्राचीन गर्भ गृह है । यह भी स्पष्ट किया गया कि इसमें किसी भी स्थिति में परिवर्तन नहीं किया जाएगा । मंदिर का जो प्रारूप तैयार किया गया है, उसमें भी कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा । सम्मेलन ने मंदिर निर्माण के मामले में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मुलायम सिंह यादव के दृष्टिकोण तथा आचरण

अकाली दल (मान) के नेता सहित 9 की हत्या : मुठभेड़ में 2 उग्रवादी मरे : शस्त्रास्त्र बरामद

बब्बर खालसा के 5 आतंकवादी गिरफ्तार : 2 जगह एस.पी.ओ. चौकियों पर हमला

तरनतारन क्षेत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के कमांडो तैनात

चंडीगढ़, 23 जून (प.स., वा.): पंजाब में गत रात से विभिन्न वारदातों में आतंकवादियों ने अकाली दल (मान) के नेता बलदेव सिंह घुम्मन और एक सरपंच सहित 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि 2 आतंकवादी सुरक्षा बलों के साथ भिड़ंत में मारे गए । उनके पास से काफी शस्त्रास्त्र भी मिले हैं । इसी दौरान पुलिस ने बब्बर खालसा के पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है, जबकि आतंकवादियों ने दो विभिन्न स्थानों पर एस.पी.ओ. चौकियों पर हमले किए हैं ।

आतंकवाद पर काबू पाने के उद्देश्य से तरनतारन के क्षेत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के कमांडो तैनात कर दिए गए हैं ।

संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार : संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार स्थानीय पुलिस ने एक संदिग्ध आतंकवादी केवल सिंह को गिरफ्तार किया है । उसके कब्जे से 38 बोर का एक पिस्तौल तथा एक स्कूटर नं. पी.सी.टी. 169 बरामद किया गया है ।

बब्बर खालसा के पांच सदस्य काबू : पटियाला से 'भूषण', 'राजू' के अनुसार आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा के पांच दुर्दांत आतंकवादियों को पटियाला पुलिस ने काबू करने का दावा किया है । पुलिस के अनुसार इनके कब्जे से दो ए.के. 47 राइफलें, 70 कारतूस, दो मैगजीन्स, एक हैंडग्रनेड तथा दो स्कूटर बरामद किए गए हैं ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री एस.के. शर्मा के अनुसार इनमें से दो की शिनाख्त निशांत सिंह तथा जसबीर सिंह, दोनों निवासी गांव सुफदीपुर पुलिस थाना पटियाला सदर के रूप में हुई है । श्री शर्मा के अनुसार इनको उस समय गांव मंढोली के पास पकड़ा गया जब वे स्कूटर पर सवार हो कर अपने नेताओं अमरीक सिंह जोकि बब्बर खालसा का एरिया कमांडर है तथा सिख स्टूडेंट्स फैडरेशन के नेता गुरदेव सिंह हरपालपुर से उसके ट्यूबवैल पर मिलने जा रहे थे । पुलिस ने अन्य ठिकानों पर छापे मारे पर शेष आतंकवादी भाग निकले ।

श्री शर्मा के अनुसार अन्य पकड़े गए तीन आतंकवादियों में बचित्तर सिंह निवासी गांव सलार, बलविंदर सिंह निवासी गांव गवारा तथा सविंदर सिंह निवासी गांव भरथल मंडेर शामिल हैं । ये तीनों नाभा सदर पुलिस थाना के गांव कोला चन्ना के पास कैनाल ब्रिज पर पकड़े गए हैं । जब इनको स्कूटर पर आते देख पुलिस ने ललकारा तो ये स्कूटर से गिर पड़े तथा पुलिस की गिरफ्त में आ गए । ये तीनों भी बब्बर खालसा से सम्बद्ध हैं तथा हरभजन सिंह मंड के काफी निकट हैं ।

श्री शर्मा ने बताया कि पूछताछ के दौरान इन्होंने कहा है कि इनका कार्यक्रम जिला में बड़े-बड़े नेताओं पर हमले करना था । इस तरह अनेक दुर्घटनाएं बच गई हैं ।

आतंकवादी मरा : शस्त्रास्त्र बरामद : फिरोजपुर से 'धीमान' के अनुसार फिरोजपुर जिले में सदर थाने के अंतर्गत घटी राजोके के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया ।

मुठभेड़ उस समय शुरू हुई जब सुरक्षा बलों द्वारा रोके जाने पर दो आतंकवादियों ने गोलियां चलानी शुरू कर दीं । सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में एक आतंकवादी मारा गया और एक भाग निकला ।

मुठभेड़ के स्थल से दो ए.के. 47 राइफलें, दो मैगजीन, 315 कारतूस, 70 छोटे पैकेट विस्फोटक और एक हाथ की घड़ी बरामद की गई है ।

दुर्दान्त आतंकवादी मरा : 'बागी' के अनुसार आज प्रातः पुलिस थाना मल्लांवाला के गांव बस्ती बोइलेर में एस.पी.ओ. सुरक्षा कर्मियों के साथ भिड़न्त में एक दुर्दान्त आतंकवादी सुक्खा सिंह मज़हबी पुत्र शिंगारा सिंह गांव रानीवाला थाना सरहाली-अमृतसर, मारा गया । वह खालिस्तान कमांडो फोर्स के गुरजंट सिंह राजस्थानी गुट से सम्बद्ध था ।

यह जानकारी देते हुए एस.एस.पी. श्री अनिल शर्मा ने बताया कि तीन आतंकवादी मोटर साइकिल पर उक्त गांव में एक व्यक्ति का अपहरण करने आए थे, पर लोगों को इन पर संदेह हो जाने पर लोगों ने 'अलार्म' बजा दिया और एस.पी.ओ. द्वारा फायरिंग शुरू कर दी गई । इस भिड़न्त में एक आतंकवादी मारा गया जबकि दो अन्य भाग निकले । अपने पीछे ये अपना मोटर साइकिल व एक 315 बोर का पिस्तौल छोड़ गए ।

एस.पी.ओ. चौकी पर हमला: इस बीच आतंकवादियों ने भटिंडा जिले के बोहा थाने के अंतर्गत परखां स्थित विशेष पुलिस आफिसर (एस.पी.ओ.) चौकी पर हमला किया । जबाबी कार्रवाई किए जाने पर आतंकवादी भाग निकले । हमले में कोई हताहत नहीं हुआ । इससे पहले आतंकवादी उस इलाके की एक दुकान में आग लगा गए थे ।

सुरक्षा चौकी पर हमला : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार गत रात पुलिस थाना डेरा बाबा नानक के गांव सुल्तान खेड़ा में करीब 12 आतंकवादियों ने एस.पी.ओ. सुरक्षा चौकी पर हमला किया ।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार एस.पी.ओ. चौकी में तैनात सुरक्षा कर्मियों की जवाबी



अकाली दल (मान) के नेता श्री बलदेव सिंह घुम्मन, जिनकी शनिवार रात्रि को हत्या कर दी गई, का शव । (छाया : पंजाब केसरी)

कार्रवाई में आतंकवादी भाग निकले । दोनों पक्षों में करीब आधा घंटा तक गोली चली । किसी ओर से कोई हताहत नहीं हुआ ।

राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड्स के कमांडो तैनात : अमृतसर से 'प.स., वा.' के अनुसार तरनतारन पुलिस जिले के नाजुक इलाकों में आज राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के कमांडो तैनात कर दिए गए हैं । पुलिस सूत्रों ने यहां बताया है कि केंद्रीय गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की इस संबंध में की गई घोषणा के 72 घंटों के भीतर यह तैनाती की गई । श्री सईद ने गत बुधवार को इस क्षेत्र का दौरा करने के बाद यह घोषणा की थी ।

इस कदम का मकसद बढ़ते आतंकवादी हमलों, अपहरणों और घुसपैठ की वारदातों पर अंकुश लगाना है ताकि पंजाब में अक्तूबर में चुनाव के लिए अनुकूल माहौल बन सके ।

पूर्व सरपंच सहित पांच की हत्या : गत 24 घंटों के दौरान आतंकवादियों द्वारा जिला अमृतसर में विभिन्न स्थानों पर एक पूर्व सरपंच सहित पांच लोगों की हत्या कर दिए जाने की सूचना है ।

मजीठा पुलिस जिले के गांव मल्लियां के पूर्व सरपंच मासन सिंह की आज सुबह आतंकवादियों ने उस समय हत्या कर दी जब वह अपने खेतों की ओर जा रहा था ।

आतंकवादियों ने कल रात तरनतारन पुलिस जिले के भिखीविंड कस्बे में दर्व। विक्रेता कुलवंत सिंह नाम के एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

एक अन्य सूचना के अनुसार पुलिस थाना खालड़ा के गांव सिधवां से गत रात आतंकवादियों ने कश्मीरा सिंह नामक व्यक्ति का अपहरण करके उसकी हत्या कर दी । उसका गोलियों से छलनी शव आज गांव मोनके के बाहर मिला है ।

गत रात ही आतंकवादियों द्वारा पुलिस जिला तरनतारन के गांव तुड़ में एक व्यक्ति की हत्या कर दिए जाने की सूचना मिली है । मृतक की शिनाख्त शाम सिंह के रूप में हुई है ।

मजीठा पुलिस थाना के गांव अवान के पास आज प्रातः गोलियों से छलनी एक शव मिला है । मरने वाले की शिनाख्त नहीं हो पाई ।

अपहृत सरपंच व अन्य की हत्या : एक सरपंच तथा एक अन्य व्यक्ति के शव आज पुलिस

(शेष पृष्ठ 10 पर)

राज्यपाल की बैठक से गिल का वाकआऊट राष्ट्रपति के प्रतिनिधि का अपमान तथा वैधानिक चुनौती है : मान

लुधियाना, 23 जून (महिन्द्रा): गत दिवस पंजाब के राज्यपाल श्री वीरेंद्र वर्मा की उच्चाधिकारियों के साथ बैठक के दौरान पंजाब के पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल के वाकआऊट करने का अकाली दल मान ने कड़ा नोटिस लिया है ।

आज अकाली दल मान के प्रधान श्री सिमरनजीत सिंह मान ने एक लिखित वक्तव्य में कहा है कि श्री गिल का ऐसी बैठक से वाकआऊट कर जाना, जिसकी अध्यक्षता राज्यपाल महोदय कर रहे हों, राष्ट्रपति के प्रतिनिधि का अपमान तथा वैधानिक चुनौती है । अतः श्री गिल को संविधान की धारा-311 के तहत बरखास्त कर दिया जाए, या वह स्वयं पदमुक्त हो जाएं । इसके सिवाय अन्य कोई रास्ता नहीं ।

श्री मान ने आरोप लगाया कि राज्यपाल की बैठक से प्रोटैस्ट के तौर पर वाकआऊट करना गवर्नर की अथारिटी को चैलेंज करना है । याद रहे कि वाकआऊट उस समय हुआ जब राज्यपाल ने थाना

हैं ।

श्री मान ने कहा कि मुझे बताया जाए कि श्री गिल किस दश्मन के विरुद्ध जंग लड़ रहे हैं ? उन्होंने कहा कि इस कौमी जंग की आड़ में औरतों का अपमान किया जा सकता है, युवकों को ठिकाने लगाया जा सकता है तथा पुलिस को अनुमति दी जा सकती है कि वह गवर्नर की अथारिटी को भी चैलेंज करना शुरू कर दे । गवर्नर राष्ट्रपति के प्रतिनिधि हैं और यह राष्ट्रपति की तथा जिसके वे रखवाले हैं, उस संविधान का अपमान है । इन हालात में पंजाब के राज्यपाल श्री वर्मा के पास दो ही रास्ते रह जाते हैं, गिल को डिसमिस किया जाए या वह स्वयं त्यागपत्र दे दें ।

आगरा में कर्फ़्यू

लखनऊ, 23 जून (वार्ता): आगरा नगर के जगदीशपुर, रकाबगंज, लोहा मंडी और शाहगंज थाना क्षेत्रों में आज दोपहर से अनिश्चित कालीन कर्फ़्यू लगा दिया गया है । प्रदेश के गृह सचिव ए.के. रस्तोगी ने आज शाम यहां संवाददाताओं को बताया

औद्योगिक नीति की आलोचना राजनीति-प्रेरित : अजीत सिंह

नई दिल्ली, 23 जून (प.स.): केंद्रीय उद्योग मंत्री श्री अजीत सिंह ने अपने दल के नेता श्री चंद्र

Punjab Sahaari

(10) दैनिक पंजाब केसरी, जालन्धर 24.6.1990

लिट्टे तथा प्रभाकरन ...

(पृष्ठ 1 का शेष)

मंकुलम में कल लिट्टे उग्रवादियों ने अमरीका में बने 'बेल 412' हैलीकाप्टर को आग लगा कर क्षतिग्रस्त कर दिया । अधिकारियों ने बताया कि सामान की आपूर्ति के लिए इस्तेमाल किए जा रहे हैलीकाप्टर की बाडी तथा ब्लेड क्षतिग्रस्त हो गए ।

20 अन्य मारे गए : गत 24 घंटे के दौरान हुई अन्य घटनाओं में सुरक्षा बलों ने उत्तरी वाल्वेट्टी तुरयी तट के निकट 'आतंकवादियों' की एक नौका को ध्वस्त कर दिया, जिससे करीब 20 लोग मारे गये ।

अधिकारियों के अनुसार त्रिंकोमाली कस्बे के निकट सुरक्षा बलों द्वारा 'लिट्टे' के एक अग्रिम ठिकाने पर किए गए हमले में 10-15 उग्रवादियों के मरने की संभावना है । अधिकारियों ने बताया कि त्रिंकोमाली जिले में हल्की मशीनगन से चली गोलियों से तीन सैनिक घायल हो गए ।

सुरक्षा बल पूर्वी प्रांत की कई सड़कों से अवरोधक हटा रहे हैं तथा कई मोर्चों पर आगे बढ़ रहे हैं । सरकार का दावा है कि उसने दो दिन पूर्व पूर्वी प्रांत को उग्रवादियों के चंगुल से मुक्त करा दिया है ।

एक सैनिक मरा, 6 घायल : अधिकारियों के अनुसार उत्तरी जाफना के मिलाडी के निकट की गई कार्रवाई में एक वायुसैनिक मारा गया तथा छह सैनिक घायल हो गए ।

उन्होंने बताया कि उग्रवादियों ने जाफना किले पर फिर मोर्टारों से हमला किया । सुरक्षा बलों ने भी मोर्टारों, तोपगोलों और हल्के हथियारों की मदद से जवाबी कार्रवाई की । शहर में किसी असैनिक के मारे जाने की खबर नहीं है ।

उच्चस्तरीय बैठक : मद्रास (प.स.): श्रीलंका के तमिल उग्रवादियों से निपटने बारे आज एक उच्च स्तरीय बैठक यहां आयोजित की गई । इस बैठक की अध्यक्षता तमिलनाडु के मुख्य सचिव श्री एम.एम. राजेन्द्रन ने की, जिसमें राज्य के गृह सचिव श्री आर. नागराजन, राज्य पुलिस के महानिदेशक तथा पुलिस व प्रशासन के अन्य उच्चाधिकारी भी उपस्थित थे ।

परम पूज्य सद्गुरु देव श्री ऊषा माता जी महाराज की 3 जनवरी, 1990 से 3 जनवरी, 1991 तक एक वर्ष की पैदल यात्रा के छह महीने (आधी यात्रा) की पूर्णता के उपलक्ष्य में 3-4 जुलाई, 1990 को "मां ज्वाला जी" (हिमाचल) के पावन दरबार में विशाल भगवती जागरण एवम् भंडारा :-



श्री ऊषा माता जी महाराज

जय मां प्रेमियो,

आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि **"शाहबांदी शाह मां महाकाली जी"** के द्वारा स्वप्नावस्था में 3 जनवरी, 1990 को दिए गए आदेशानुसार सद्गुरु देव श्री ऊषा माता जी ने अकस्मात ही अपने दिल्ली मंदिर से एक वर्ष की पैदल यात्रा शुरू की थी, के 6 महीने (अर्द्ध वर्ष की यात्रा) 3 जुलाई, 1990 दिन मंगलवार को सकुशल सम्पूर्ण होने के उपलक्ष्य में "मां ज्वाला जी" के पावन दरबार में विशाल रात्रि जागरण एवम भंडारे का आयोजन किया जा रहा है । सभी प्रेमी परिवार एवम् इष्ट मित्रों सहित इस महान कार्यक्रम में शामिल होकर "मां ज्वाला जी एवं पूज्य श्री ऊषा माता जी" के आशीर्वाद प्राप्त करते हुए अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करें । यात्रा कार्यक्रम इस प्रकार है :-

24.6.90 : विश्राम/सत्संग—रवि कुमार शर्मा C/o. रवि रेडीमेट स्टोर, हस्पताल रोड, कांगड़ा
25.6.90 : दरबार दर्शन/सत्संग—श्री उत्तम चंद शर्मा, डी लाईट स्वीट, कांगड़ा
26.6.90 : विश्राम/सत्संग—श्री रवि चंद चड्ढा, दौलतपुर
27.6.90 : विश्राम/सत्संग—लाला मंगत राम सूद, पैट्रोल पम्प वाले, रानीताल
28.6.90 : विश्राम/सत्संग—मैसर्ज सूद जनरल स्टोर वालूगलोआ
29.6.90 : विश्राम/सत्संग—लाला मंगत राम सूद गुम्भर
30.6.90 : विश्राम/सत्संग—सम्पक करें
1/2.7.90 : विश्राम/सत्संग—श्री लक्ष्मन कथूरिया, गवर्नमैंट ठेकेदार ज्वालामुखी
3.7.90 : **सायं 3 बजे मां ज्वाला दरबार दर्शन एवं ज्योति ग्रहण कार्यक्रम आदि सायं 4 बजे से 5 बजे तक—ज्वाला दरबार में सत्संग एवम् रात्रि 9 बजे विशाल भगवती जागरण ।**
4.7.90 : प्रातः 8 बजे—कंजकां पूजन एवम् ब्राह्मण पूजन आदि, प्रातः 9 बजे विशाल भंडारा शुरू ।

नोट : (i) कुछ निहित स्वार्थी लोग हमारे मिशन एवम् पूज्य श्री ऊषा माता जी की इस पैदल यात्रा के विषय में अनाप-शनाप प्रचार करने का दुष्प्रयास कर रहे हैं । ऐसे व्यक्ति के मिलने पर स्थानीय प्रधान, दिल्ली मंदिर या मुख्य कार्यालय जय मां आश्रम, हरिद्वार में सूचना देने का कष्ट करें ।
(ii) दिल्ली मंदिर हरिद्वार, राजपुरा, पटियाला, चंडीगढ़, खानपुर, पिपली एवं जालन्धर से ज्वाला दरबार के लिए विशेष बसें चलाई जाएंगी । अपनी सीटों के लिए स्थानीय प्रधान से तुरन्त सम्पर्क करें ।
(iii) जय मां आश्रम गोलक योजना के पैसे प्रति माह 10 तारीख तक हरिद्वार के पते पर भेजें ।

स्वामी सुभाष शर्मा संचालक

मुख्य कार्यालय : जय मां आश्रम, मोती चूर (हरिद्वार) फोन : 6099/6533
शाखा कार्यालय : जय मां ऊषेश्वरी मिशन, ऊषा माता मंदिर, दिल्ली, फोन : 521073/511986.

कश्मीर व पंजाब समस्या का हल वर्तमान सरकार की कसौटी : अडवानी

नई दिल्ली, 23 जून (प.स.): भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष श्री लाल कृष्ण अडवानी ने आज कहा कि वर्तमान सरकार की सफलता को इस आधार पर परखा जाएगा कि वह कश्मीर और पंजाब की समस्या हल करके देश की एकता और अखंडता को किस हद तक मज़बूत बना पाती है । श्री अडवानी आज यहां डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि पर "कश्मीर और राष्ट्रीय समस्याएं तथा राष्ट्रीय एकता" विषय पर आयोजित एक गोष्ठी में बोल रहे थे । उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वर्तमान सरकार अगर गिरेगी तो अपनी भीतरी कलह के कारण ही गिरेगी । भाजपा या वामपंथी दलों द्वारा समर्थन वापस लेने के कारण उसका पतन नहीं होगा ।

सिमिंगटन संशोधन के माध्यम से पाक को 2 वर्ष की छूट

वाशिंगटन, 23 जून (पस): अमरीकी प्रतिनिधि सभा की विनियोग सह समिति ने पाकिस्तान को परमाणु अप्रसार के लिए सिमिंगटन संशोधन के जरिये दो वर्ष की छूट दी है । परमाणु हथियार क्षेत्र में पाकिस्तान की गतिविधियों को देखते हुए पाक अमरीकी सहायता का हकदार नहीं है ।

सरपंच सहित ...

(पृष्ठ 1 का शेष)

थाना तरनतारन के दो विभिन्न स्थानों पर मिले हैं । दोनों के शरीर पर गोलियों के निशान हैं तथा इन दोनों का गत तीन-चार दिन पूर्व इनके घरों से अपहरण किया गया था ।

सरपंच नत्था सिंह का शव आज पुलिस थाना सदर तरनतारन के गांव कल्ला में एक नाले से बरामद किया गया है, जबकि एक अन्य व्यक्ति सन्ता सिंह की लाश आज पुलिस थाना खालड़ा के गांव सिधवां से बरामद हुई है ।

बैंक से 68,603 रु. लूटे : वि.प्र. के अनुसार यहां प्राप्त सूचना के अनुसार थाना पट्टी के गांव केरों में पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से आज 11 बजे के करीब दो सशस्त्र आतंकवादियों ने 68,603 रु. लूट लिए व भाग गए । जाते समय वे बैंक के सुरक्षा गार्ड की राइफल भी ले गए ।

हीरो होंडा छीना : ज्ञात हुआ है कि आज बाद दोपहर डेढ़ बजे के करीब गांव सत्तूवाल के एक व्यक्ति दया सिंह, जो अपने गांव से अमृतसर आ रहा था. से रैय्या के निकट दो आतंकवादियों ने उसका हीरो होंडा मोटर साइकिल पी.बी. एक्स 8944 छीन लिया व फरार हो गए ।

अकाली दल (मान) के नेता की हत्या : जालन्धर (वार्ता): 2 उग्रवादियों ने आज रात्रि स्थानीय जवाहर नगर आबादी में मेजर (सेवा निवृत्त) बलदेव सिंह घुम्मन के घर में घुस कर फायरिंग करके उनकी हत्या कर दी । श्री घुम्मन अकाली दल (मान) के नेता थे । उग्रवादी भाग जाने में सफल रहे ।

पंजाब केसरी के विशेष प्रतिनिधि के अनुसार उक्त घटना स्थानीय माडल टाऊन की जौहल मार्कीट के निकट कोठी नं. 439 में हुई । उनकी आयु लगभग 60 वर्ष थी ।

बैंक के एजैंट को गोली मारी : नकदी छीनी : जालंधर से 'न.न.ए.' के अनुसार आज सुबह लगभग साढ़े 11 बजे जालंधर थाना सदर के गांव रंधावा मसंदा में दो साइकिल सवार आतंकवादियों ने यूको बैंक के अनिल कपूर नामक एजैंट को गोली मार कर उससे एक हजार रुपए की राशि लूट ली तथा फरार हो गए । घायल अनिल कुमार को स्थानीय सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

इस संबंध में पता चला है कि रोजाना की तरह आज भी अनिल कपूर रंधावा मसंदा की ओर से रुपए इकट्ठे करके अपने स्कूटर पर आ रहा था कि पुल के निकट दो साइकिल सवार आतंकवादियों ने उसे रोक लिया और पिस्तौल दिखा कर नकदी का थैला छीन लिया । जब वे स्कूटर भी छीनने लगे तो उसने स्कूटर देने से इंकार कर दिया, जिस पर उनमें से एक



जालन्धर थाना सदर के गांव रंधावा मसंदा में शनिवार को आतंकवादियों की गोली से घायल हुआ बैंक एजैंट अनिल कपूर । (छाया: कपूर)



गत दिवस बाघा पुराना के नजदीक संदिग्ध व्यक्तियों ने ट्रक यूनियन के प्रधान श्री सुरजीत सिंह की हत्या कर लाश को नहर में फैंक दिया था । तस्वीर में मृतक की नहर से बरामद की गई गली सड़ी लाश । (इन्सैट) मृतक की पुरानी तस्वीर । (छाया : ज्ञान मित्तल)

ने पिस्तौल से एक गोली अनिल की छाती में मारी और भाग गए । अनिल ने घायल अवस्था में वहां से गुजर रही सुरक्षा बल की गश्ती पार्टी को बताया, जिस पर गश्ती दल ने आतंकवादियों का पीछा करना शुरू कर दिया । बाद में अनिल स्वयं स्कूटर चला कर बैंक पहुंचा । वहां से बैंक कर्मचारियों ने उसे अस्पताल में दाखिल करा दिया ।

सिर कटा शव मिला : होशियारपुर : जिला होशियारपुर के गांव ओड़पुर में एक प्रवासी मजदूर का शव मिला है । पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शव की एक भुजा तथा कुछ अन्य अंग भी कटे हुए हैं ।

दो शव बरामद : मक्खू से 'चंद्र शेखर' के अनुसार जीरा थाना के तहत गांव ढंडियां लाल सिंह लिंक रोड पर दो शव मिले हैं, जिनकी शिनाख्त गुरमीत सिंह तथा करनैल निवासी गांव बहक पहाड़ियां के रूप में हुई है ।

पता चला है कि ये दोनों गांव मलसीहा गए थे, जहां कि इनमें से एक का ससुराल है । देर रात को

शिरोमणि ...
बैठक के बारे में ...
समाप्त होने के प...
मिलकर यह अर...
हो गई हो तो उ...
बैठक की अध्यक्ष...
मेरी अनुमति से ...
बावजूद श्री हरच...
का प्रयोग करते ...
कमेटी के कुछ स...
मगर प्रो. दर्शन ...
लेकिन उस दिन ...
में मेरी तानाशा...
महसूस किया कि ...
बनी । अगले दि...
साहिब के अपम...
कीचड़ उछाला ...
साहिबान ने अपने ...
कर दिया था ।

लुधियाना ...
रहस्योद्घाटन ...
प्रबन्धक कमेटी ...
टोहरा अपने ऊ...
चंडीगढ़ में आयो...
अपना पद छोड़ने...

अकाली दल ...
बताया कि अकाल...
हो रही थी, तो ज...
रखा कि हमें अपने...
का समय सिमरन...
ताकि वह अपनी ...
के अनुसार जत्थे...
सिंह डींडसा तथा...
किया, जिस पर ...
चढ़ सका ।

वी. शांतारा...

बंबई, 23 ज...
वी. शान्ताराम की...
शांताराम का 13...

ग्रामीणों ...

जयपुर, 23...
चित्तौड़गढ़ जिले में...
हजारों ग्रामीणों द्वा...
बंजारों की मृत्यु ...
गए ।

सरकारिया ... पर अमल ...

कलकत्ता, 2...
जैल सिंह ने आज ...
दिए जाने से केंद्र व...
आज यहां 'नैशन...

HP HB HIMACHAL PRADESH HOUSING BOARD

हिमाचल प्रदेश आवास बोर्ड

निविदा सूचना

ADMISSION D. PHARMACY 1990-91
(ESTABLISHED IN 1984)
PROSPECTUS AVAILABLE AT COLLEGE PREMISES, 150 KAPIL VIHAR, PITAMPURA, DELHI. Ph. : 7110700.
ELIGIBILITY IST YEAR : MATRIC WITH PHYSICS, CHEMISTRY MATHS, ENGLISH 45% MARKS

Punjabi Samaj

छीनने लगे तो उसने
जिस पर उनमें से एक

कटे हुए हैं ।

दो शव बरामद : मक्खू से 'चंद्र शेखर' के अनुसार जीरा थाना के तहत गांव ढींडियां लाल सिंह लिंक रोड पर दो शव मिले हैं, जिनकी शिनाख्त गुरमीत सिंह तथा करनैल निवासी गांव बहक पहाड़ियां के रूप में हुई है ।

पता चला है कि ये दोनों गांव मलसीहा गए थे, जहां कि इनमें से एक का ससुराल है । देर रात को शराब पीकर ये अपने गांव लौट रहे थे कि आतंकवादियों के काबू आ गए । पहले तो उन्होंने इनकी जम कर पिटाई की और बाद में इनके सिर पर ए.के. 47 राइफल से गोलियां मार कर इनको मार डाला । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के चले हुए कारतूस तथा वह लकड़ी की मोटी छड़ी बरामद हुई है, जिससे इनकी पिटाई की गई थी ।

शव मिला : पुलिस थाना लोपोके के तहत एक गांव में एक अज्ञात आतंकवादी का शव मिला है ।

आतंकवादी फरार : लुधियाना से 'महिन्द्रा' के अनुसार गत रात्रि दो आतंकवादी एक व्यक्ति हरीश के मकान सरदारनगर बस्ती जोधेवाल में प्रविष्ट हुए । पुलिस का कहना है कि हरीश व उसके एक साथी ने इनको पकड़ लिया तथा एक आतंकवादी से उसकी राइफल छीन ली, पर बाद में दोनों आतंकवादी अपने को छुड़ा कर फरार हो गए ।

डाक्टर को लूटा : चंडीगढ़ से 'सच्ची' के अनुसार आज दोपहर यहां सैक्टर 40 में दो युवकों ने एक डाक्टर के घर में घुस कर पिस्तौल की नोक पर 4000 रु. नगद तथा हाथ में पहनी सोने की अंगूठी छीन ली । ये दोनों साइकल पर मरीज बन कर आए थे ।

सैनिक शिविर पर हमला : गत रात आतंकवादियों ने मजीठा पुलिस जिला के गांव पंजग्राइयां में सेना की 14वीं बटालियन के शिविर पर अचानक हमला कर दिया । परन्तु वहां ड्यटी पर तैनात संतरियों द्वारा जवाबी गोली चलाने पर आतंकवादी भाग निकले ।

साप्ताहिक सत्संग

लुधियाना, 23 जून : आर्य समाज लुधियाना पश्चिम का साप्ताहिक सत्संग 24 जून को प्रातः 8 बजे श्री खरैती लाल मकान नम्बर बी-III, 746, मुहल्ला सैदां, लुधियाना में होगा ।

संशोधन

23.6.90 के पंजाब केसरी के पृष्ठ 5 पर प्रकाशित दिल्ली विकास प्राधिकरण के विज्ञापन में "जयश्री रघुरमन, निदेशक आवास (1)" का नाम न पढ़ा जाए ।

90-91
KAPIL VIHAR,
, CHEMISTRY
S.
RMS IS 7.7.90.
OLLEGE
IA.
CE
E
5 Seats.
5 Seats
ndia)
ear respectively
5.90 at Principal.
GE
(5 PM to 8 PM)
ADUATE
PATHY
Sukanya Garg
nd Position
e 20.7.90 &
Principal.
. COLLEGE,
RITSAR
T S.S.C.E. PART—II
THER RESULTS
ence Group securing 382 marks.
Medical Group securing 379 marks.
Non Medical Group securing 374 marks.
swhich is a Unique distinction won by the college in
e Merit List which is again a unique distinction won
clared as many as 113 students have been placed

सरकारि
पर अम
कलकत्त
जैल सिंह ने अ
दिए जाने से व
आज यहां 'नै
पुरस्कार वित
श्री जैल सिं
'सरकारिया
दिया जाना च
शाम
चांदी (999
(प्रति सैंकड़ा) 72
स्टैंडर्ड (10 ग्राम
टीन) 442-44
444-452, ते
सोयाबीन (प्रति 1
300, तिल तेल
251.00, तेल च
(10 किलो) 14
बायदा (20) अग
दिसम्बर 143.6
सोना स्टैंडर्ड
3050, चांदी
7300 रुपए ।
हमारे अ
अनुभवी
आवश्यकता
रखने वाले
सम्पर्क करें/
मै. श्री
गोहान
पुराना जुकाम
हड्डी मस्सा
सांस फूलना,
रिसर्च के बाद
मास का सप
व्यय 20 रु
पेशगी भेजें
अग्रवा
आश्रम
अम्बाल
अनाज मंडी
भूमि के सा
मिलें :
विज

Punjab Sarkar

50 आतंकवादियों के गिरोह द्वारा पट्टी में सी.आर.पी. कैम्प पर राकेटों व राइफलों से हमला

पंजाब में 1 आतंकवादी गुट संघर्ष में, 3 अन्य मुठभेड़ों में मारे गए

2 सुरक्षा कर्मियों सहित 7 का अपहरण : 10 की हत्या

चंडीगढ़, 24 जून (प.स., वार्ता): आतंकवादियों ने कल रात पट्टी में सी.आर.पी. कैम्प को राकेटों से उड़ाने का प्रयास किया । इसके अतिरिक्त पंजाब में अन्यत्र पिछले 24 घंटों के दौरान 4 आतंकवादी मारे गए, जबकि 2 महिलाओं व 2 सुरक्षा कर्मियों समेत 10 लोगों की हत्या कर दी गई, जबकि दो सुरक्षा कर्मियों सहित 7 लोगों का अपहरण कर लिया गया ।

सी.आर.पी. कैम्प पर हमला : पट्टी (पस, पाठक) 40-50 आतंकवादियों ने गत रात्रि लगभग सवा दस बजे सी.आर.पी. की 66वीं बटालियन के पट्टी स्थित मुख्यालय पर राकेटों तथा अत्याधुनिक राइफलों से हमला किया । राकेटों से बिजली की तारें टूट गईं और अंधेरा छा गया । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर आतंकवादी भाग गए । आधे घंटे के मुकाबले के दौरान एक महिला मंजीत कौर गोलियों की लपेट में आकर घायल हो गई । बताया जाता है कि आतंकवादियों ने कुछ हथगोले भी फैंके । पंजाब में सुरक्षा बलों पर आतंकवादियों का यह दूसरा सबसे बड़ा हमला था । इससे पहले आतंकवादियों ने पट्टी पुलिस थाना के अधीन शाहबाजपुर गांव में सी.आर.पी. की 69वीं बटालियन के मुख्यालय पर हमला किया था । पुलिस सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने कल रात सी.आर.पी. कैम्प पर 7 रूसी राकेट फैंके । सुरक्षा अधिकारियों का कहना है कि आतंकवादियों ने काफी दूर से हमला किया, इसलिए इससे कोई नुक्सान नहीं हुआ ।

पट्टी में हथगोला फटा, 3 बच्चे घायल : आज सायं जिला अमृतसर के कस्बे पट्टी में एक हथगोला फटने से 3 बच्चे गम्भीर रूप से घायल हो गए । पुलिस ने कहा है कि ये बच्चे इस हथगोले को मैदान में से कहीं से उठा लाए थे । इसमें सेफ्टी पिन नहीं थी, जब बच्चों ने इससे छेड़छाड़ की तो वह फट गया, जिससे 3 बच्चे और एक गाय घायल हो गए । समझा जाता है कि यह हथगोला गत रात्रि से वहां पड़ा था, जब उग्रवादियों के एक 50 सदस्यीय गिरोह ने कस्बे में सी.आर.पी.एफ. की छठी बटालियन के मुख्यालय पर राकेटों और हथगोलों से हमला किया था ।

एक अन्य सूचना में बताया गया है कि यह हथगोला एक मैटर्निटी अस्पताल के भवन के बाहर रखा हुआ था, जहां बच्चे पशु चरा रहे थे । घायलों को एस.जी.टी.बी. अस्पताल अमृतसर में दाखिल करवाया गया है ।

एक की हत्या : आतंकवादियों ने कल रात अमृतसर जिला के खासा गांव में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतक का नाम चरण सिंह बताया जाता है ।

कांस्टेबल की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के सभ्राबां गांव में आतंकवादियों ने एक कांस्टेबल गरबख्श सिंह की कल रात गोली मार कर हत्या कर दी । घटनास्थल पर आतंकवादी एक पत्र भी छोड़ गए हैं जिसमें लिखा है कि गुरबख्श सिंह ने पुलिस मुठभेड़ों के दौरान कुछ आतंकवादियों को मार गिराया था ।

होमगार्ड जवान को फांसी दी : वल्टोहा पुलिस स्टेशन के चीमा गांव में आतंकवादियों ने होमगार्ड जवान श्री कारज सिंह को फांसी पर लटका दिया । कल अमरकोट गांव से उक्त होमगार्ड जवान का अपहरण कर लिया गया था । खालिस्तान कमांडो फोर्स ने इस वारदात की जिम्मेदारी ली है ।

एस.पी.ओ. ड्यूटी छोड़ कर भागा : मजीठा पुलिस जिला के जांवाली गांव से सर्बदीप कुमार नामक एस.पी.ओ. चौकी छोड़ कर भाग गया। वह अपने साथ 3 सैल्फ लोडिंग राइफलें, सौ कारतूस तथा वाकी-टाकी सैट के तीन बैटरी सैल भी ले गया । पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए व्यापक अभियान छेड़ दिया है । उसके संबंध आतंकवादियों से होने की संभावना को रद्द नहीं किया जा सकता ।

अपहरण के बाद हत्या : आतंकवादियों के एक गिरोह ने कल रात तरनतारन शहर में सल खंड रोड से एक जमींदार उदय सिंह का अपहरण कर लिया । वारदात के समय श्री सिंह अपने ट्यूबवैल पर नहा रहे थे । आतंकवादी श्री सिंह को जबरदस्ती अपने स्कूटर पर बिठा कर ले गए तथा उनके परिवार के सदस्यों को यह संदेश भिजवा दिया कि यदि वे उन्हें छुड़ाना चाहते हैं तो फिरौती की व्यवस्था करें लेकिन बाद में आतंकवादियों ने श्री उदय सिंह की हत्या कर दी ।

गुट संघर्ष में एक आतंकवादी मरा : आतंकवादियों की आपसी रंजिश में दो आतंकवादियों ने मजीठा पुलिस जिले के चरतल गांव के निकट अपने एक साथी सरपाल सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

दो सुरक्षा कर्मियों का अपहरण : उग्रवादियों ने आज रात घोना ब्यास के गांव बडाला कलां के निकट दो सुरक्षा कर्मियों का अपहरण कर लिया । पुलिस के अनुसार हैड कांस्टेबल तिलक राज और होमगार्ड का जवान लक्खा सिंह अपने मोटर साइकिल पर अपने बाकी-टाकी सैट की बैटरी को चार्ज करवा कर वापस आ रहे थे कि रास्ते में उग्रवादियों के गिरोह ने उनका अपहरण कर लिया और उन्हें अज्ञात स्थान पर ले गए ।

5 व्यक्तियों का अपहरण : अमृतसर से नारंग के अनुसार आज बटाला रोड बाईपास के निकट मारुति वैन में आ रहे 4 व्यक्तियों का अपहरण कर लिया गया । इसी प्रकार तरनतारन में उदय सिंह नामक कपड़ा व्यापारी का भी उग्रवादियों ने अपहरण कर लिया है ।

30,000 रुपए का सामान लूट लिया : एक अन्य घटना में उग्रवादियों ने आज जिला अमृतसर के गांव खैराबाद में एक व्यक्ति सुरत सिंह के घर से 30,000 रुपए के आभूषण एवं नगदी लूट ली ।

मुठभेड़ में एक आतंकवादी मरा : रोपड़ (वार्ता) जिला के खामपुर खुईयां गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया । उसके पास से एक बंदूक और कुछ गोली बारूद भी बरामद हुआ है ।

मुठभेड़ों में 2 आतंकवादी मरे : फिरोज़पुर (वार्ता): जिला के मल्लावाला गांव के

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पुलिस विवाद निपटाने के लिए सरकार और शिरोमणि कमेटी के प्रतिनिधियों की मीटिंग अगले सप्ताह

अमृतसर, 24 जून (पस): पंजाब सरकार अगले सप्ताह शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और सरकार के प्रतिनिधियों की मीटिंग आयोजित कर रही है ताकि दोनों के बीच चिरकाल से चले आ रहे विवादों को निपटाया जा सके । यह जानकारी आज यहां शिरोमणि कमेटी के महासचिव श्री मनजीत सिंह कलकत्ता ने दी ।

इन मुद्दों में दरबार साहब के इर्द-गिर्द सौंदर्यीकरण परियोजना, शिरोमणि कमेटी के वार्षिक अध्यक्षीय चुनाव कराने संबंधी अधिसूचना जारी करने में विलम्ब, पाकिस्तान में तीर्थ यात्रियों को भेजना, अमृतसर से अंतर्राष्ट्रीय विमान उड़ानें शुरू करना, दरबार साहब से शब्द कीर्तन प्रसारण का घटिया स्तर, दरबार साहब में आपरेशन ब्ल्यू स्टार के दौरान मारे गए लोगों के आश्रितों को मुआवजा

भवन की तरफ बाहरी घेरा मंदिर के चारों तरफ होना चाहिए ।

श्री कलकत्ता ने कहा कि सरकार के नोटिस में लाया गया है कि गलियारा योजना के तहत अधिग्रहीत की गई भूमि का मुआवजा देने पर एकपक्षीय निर्णय लिये गये हैं तथा सम्पत्तियों के सही मूल्यांकन पर विचार नहीं किया गया ।

श्री कलकत्ता ने कहा कि पाकिस्तान में सिख तीर्थ यात्रियों को वर्ष में चार बार भेजने की प्रथा 1954-55 से आरम्भ हुई थी तथा इन यात्राओं का प्रबंध करने की पूर्ण जिम्मेदारी केवल शिरोमणि कमेटी को सौंपी गई थी । 1983 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने कुछ जाली सिख संगठनों को कोटे देने शुरू कर दिये जिन्होंने इसका व्यवसायीकरण करके

विवाहित लोग अधिक देर तक जीते हैं!

नई दिल्ली, 24 जून (हिंद): 16 औद्योगिक देशों में किए गए अध्ययन से पता चलता है कि विवाहित लाग अविवाहित लोगों की अपेक्षा अधिक समय तक जीवित रहते हैं । इस अध्ययन में विवाहित पुरुषों व स्त्रियों की मृत्यु दरों की तुलना कुंवारों व कुंवारियों, विधुर व विधवाओं तथा तलाकशुदा लोगों से की गई है ।

सभी देशों में अविवाहित पुरुषों की मृत्यु दर विवाहित पुरुषों से दोगुणी है तथा अविवाहित स्त्री

श्री राम मंदिर निर्माण के लिए प्र

हरिद्वार, 24 जून (वार्ता): विश्व हिंद परिषद ने अयोध्या में श्री राम मंदिर बनाने के फैसले को मूर्त रूप देने के लिए प्रखंड स्तर तक श्रीराम कार सेवा समितियों के गठन का फैसला किया है ।

यह निर्णय परिषद के मार्गदर्शक मंडल और संत समाज के आज समाप्त हुए दो दिवसीय सम्मेलन में लिया गया । सम्मेलन में ज्योतिपीठ के शंकराचार्य वासुदेवानंद के नेतृत्व में एक बीस सदस्यीय केंद्रीय कार सेवा समिति बनाई गई है ।

यह जानकारी राम जन्म भूमि मुक्ति यज्ञ समिति के अध्यक्ष महंत अवैद्यनाथ तथा परिषद की उपाध्यक्ष राजमाता विजया राजे सिंधिया और महासचिव अशोक सिंघल ने आज यहां एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में दी । उन्होंने कहा कि सम्मेलन में यह तय किया गया है कि युद्ध की स्थिति में ही मंदिर का निर्माण शुरू करने की तारीख में कोई परिवर्तन किया जाएगा ।

इन नेताओं ने कहा कि सम्मेलन के फैसलों को लागू करने का मुख्य उत्तरदायित्व इन्हीं समितियों का होगा । यदि जरूरी हुआ तो इन्हीं समितियों के जरिए राष्ट्रव्यापी संघर्ष भी छेड़ा जाएगा ।

उन्होंने बताया कि उच्चाधिकार प्राप्त केंद्रीय समिति को परिस्थितियों के अनुरूप सभी प्रकार के निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया गया है लेकिन यह समिति मंदिर के प्रस्तावित नक्शे, गर्भगृह के स्थान और निर्माण की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं करेगी ।

उनका आरोप था कि ऐतिहासिक प्रमाणों के बावजूद सरकार राजनीतिक स्वार्थ पूर्ति के लिए ही वास्तविकता को नजरअंदाज कर रही है । उन्होंने कहा कि करोड़ों लोगों ने शिलापूजन के जरिए मंदिर निर्माण के पक्ष में जना करने के लिए कृतसंक यह पूछे जाने पर गिरा दिया जाएगा, मह



हरिद्वार में विश्व हिन्दू प में राम मंदिर निर्माण क

मंजीत सिंह व 2 अन्य वसूलने व प्रशिक्षण शि

अमृतसर, 24 जून (वार्ता, पस): अखिल भारतीय सिख छात्र संघ (मंजीत गुट) के अध्यक्ष श्री मंजीत सिंह को आज आतंकवादी तथा विध्वंसक गतिविधियां निरोधक अधिनियम के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया गया है ।

एक पुलिस प्रवक्ता के अनुसार श्री मंजीत सिंह को आतंकवादियों को शरण देने तथा व्यापारियों से भारी धनराशियां जबरी वसूल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है । उन पर सिख युवकों के प्रशिक्षण के लिए शिविर भी आयोजित करने का आरोप है ।

श्री मंजीत सिंह को पुलिस द्वारा आज तड़के, ब्रह्म बूटा बाजार स्थित उनके निवास स्थान से गिरफ्तार किया गया । उनका घर स्वर्ण मंदिर के काफी निकट है ।

प्रवक्ता के अनुसार यह कार्रवाई पंजाब सरकार के निर्देशों पर ही की गई है क्योंकि सरकार को ऐसी सूचनाएं प्राप्त हुई थीं कि श्री मंजीत सिंह द्वारा भारी रकमें जबरी तौर पर वसूल की जा रही हैं तथा वह समानान्तर प्रशासन चला रहे हैं ।

संघ के अन्य सदस्यों दर्शन सिंह तथा सरबजीत सिंह जम्मू को भी इसी अधिनियम के अंतर्गत आज जालंधर में गिरफ्तार कर लिया गया है ।

श्री मंजीत सिंह ने आज तड़के एक समाचार समिति के कार्यालय में टैलीफोन करके बताया था कि उनके निवास स्थान को घेर लिया गया है तथा उन्हें जबरदस्ती गिरफ्तार किए जाने की भी संभावना है ।

गैर-सरकारी सूत्रों के अनुसार शहर के कुछ व्यापारियों से धन ऐंठने में उनकी कथित भूमिका के सिलसिले में उनसे पूछताछ की जा रही है ।

शिकायतें भी दर्ज करवाई द्वारा संघ के 2 अन्य क तलाश की जा रही है, गए हैं ।

इस बीच संघ की क बैठक के दौरान सरकार कि अगर कल तक श्री म गया तो इसके विरुद्ध का विज्ञप्ति में कहा गया है कि परिणामों के लिए सरकार कार्यकारिणी ने कल आनंद

पंजाब और आकर इसक

नई दिल्ली, 24 जून शंकर दयाल शर्मा ने आज कश्मीर की जनता आतंक इसकी समाप्ति के दिन नि

डा. शर्मा यहां मास्टर जन्म दिवस के अवसर प सम्बोधित कर रहे थे । उ का कोई मजहब नहीं होता है, जो किसी डकैत अथवा है । कश्मीर में इन लोगों मुसलमानों और दूसरे लोगों समाज को तोड़ा जाए ।

उपराष्ट्रपति ने कहा मकसद सिखों और हिन्दू

Punjabi Sahapedia





अकाली दल (मान) के नेता मेजर बलदेव सिंह घुम्मन की जालन्धर में अज्ञात व्यक्तियों ने हत्या कर दी थी । तस्वीर में (ऊपर) अकाली दल (मान) के प्रधान श्री सिमरनजीत सिंह मान और कई अन्य नेता उनके घर में अफसोस प्रकट करते हुए । (नीचे) श्री घुम्मन के मृतक शरीर के नजदीक विलाप करती हुई औरतें ।
(छाया : प्यारे लाल)

राकेटों व राइफलों से हमला

(पृष्ठ 3 का शेष)

निकट सुरक्षा बलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । उसका एक साथी भाग निकला ।

मारे गये आतंकवादी का नाम सुक्खा सिंह बताया गया है । उसने अपने दो साथियों के साथ मल्लांवाला गांव से एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया था । सरक्षा बलों ने इनका पीछा किया जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच संघर्ष हुआ । इसमें सुक्खा सिंह मारा गया । मुठभेड़ स्थल से एक मोटर साइकिल और एक पिस्तौल बरामद की गई है । सुक्खा सिंह खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बद्ध था ।

फिरोजपुर से 'बागी' के अनुसार जिला में एक अन्य मुठभेड़ में एक और आतंकवादी मारा गया । एस.एस.पी. श्री अनिल शर्मा ने बताया कि गत रात्रि गांव झात्रे में नहर के नजदीक अर्धसैनिक बलों और पुलिस की संयुक्त नाका पार्टी के साथ मुठभेड़ में भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स का एक आतंकवादी छिंदर सिंह छिंदा मारा गया । उन्होंने कहा कि नहर के किनारे नाका पार्टी ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को ललकारा, जिस पर उन्होंने नाका पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी । जवाब में सुरक्षा कर्मियों ने भी गोली चलाई जिससे एक आतंकवादी मारा गया और दूसरा फरार हो गया । मारे गये आतंकवादी की जिला फरीदकोट, फिरोजपुर और तरनतारन में दस हत्याओं और फिरौती की कई घटनाओं में पुलिस को तलाश थी । पुलिस ने घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल और कुछ गोली सिक्का बरामद किया है ।

पुजारी की हत्या : लुधियाना (धीमान, महेंद्रा): आतंकवादियों ने कल रात अब्बोवाल गांव में एक डेरे में घुस कर एक पुजारी चरणदास की हत्या कर दी तथा उनके एक अनुयायी महेंद्र सिंह को घायल कर दिया । महेंद्र सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

लुटेरों के 2 गिरोह काबू : आज तड़के लुधियाना में पुलिस डिवीजन-6 के क्षेत्र कस्तार नगर में पुलिस की नाकापार्टी ने एक संदिग्ध मारुति कार को सिगनल देकर खड़ा किया और थोड़े से प्रतिरोध के बाद अमर सिंह उर्फ काका (जिला गुरदासपुर), राजपुरा के परमिन्दर सिंह उर्फ पम्मा, शाम चौरासी के बलविन्दर सिंह उर्फ भोला तथा सज्जन कुमार जो बिहारी बताया जाता है, को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से एक दोनाली बंदक, एक 12 बोर का पिस्तौल, एक पिस्तौल 315 बोर, 6 कारतूस, सोने के आभूषण तथा 20 हजार रु. नकद बरामद किए ।

पुलिस के अनुसार यह गिरोह ढंडारी कलां बैंक डकैती केस में संलिप्त है । पुलिस ने चोरी की मारुति कार भी कब्जे में ले ली है ।

इसके अतिरिक्त पुलिस ने एक और गिरोह को पकड़ा है जो फोकल प्वाइंट में बैंक डकैती के लिए जा रहा था । गिरोह के सदस्यों की जोगेंद्र सिंह उर्फ जिंदा, जसविंदर सिंह उर्फ बिट्टू, लछमन सिंह और शिव नाथ के रूप में पहचान की गई है । इनके कब्जे से 38 बोर का एक देसी रिवाल्वर, 12 बोर का देसी पिस्तौल, एक खंजर और एक तलवार बरामद की है । इस गिरोह का सम्बन्ध महिलाओं की सोने की जंजीरें छीनने तथा फिरौतियां वसूल करने वालों से है ।

हत्या का विवरण : जालंधर : कल रात अकाली दल मान के नेता रिटायर्ड मेजर बलदेव सिंह की हत्या के सम्बन्ध में पुलिस के प्रवक्ता ने निम्न विवरण दिया है । 23 जून रात को 9-10 बजे दो व्यक्ति अकाली नेता के घर आए और बाहर से आवाज दी । जब वह बाहर निकला तो उन्होंने रिवाल्वर से उस पर दो गोलियां चलाईं । एक उसकी छाती और दूसरी पेट में लगी जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई ।

पुलिस-प्रवक्ता के अनुसार यह वही व्यक्ति था जिसके कब्जे से 1986 में थाना सदर पुलिस ने अवैध हथियार बरामद किए थे तथा उसके घर से दो आतंकवादी मनजीत सिंह चहेड़ू और चरणजीत सिंह होशियारपुर पकड़े गए थे । पुलिस ने उसके विरुद्ध दो मुकद्दमे दायर किये थे । पहला अवैध हथियार बरामद होने और दूसरा आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में । अब यह अकाली दल मान से सम्बन्ध रखता था । यह आतंकवादियों की हिटलिस्ट में भी नहीं था । पुलिस के अनुसार यह वारदात आतंकवादियों की आपसी दुश्मनी का परिणाम है ।

दो महिलाओं समेत 4 की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव तंदोई के निकट आज दोपहर साढ़े ग्यारह बजे हीरो होंडा सवार दो सशस्त्र आतंकवादियों ने दो महिलाओं श्रीमती हरमिन्दर कौर पत्नी श्री स्वर्ण सिंह व श्रीमती रत्न कौर, पत्नी श्री बख्शीश सिंह हरपुरा की हत्या कर दी । जिला पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफल का प्रयोग किया । इसके चले हुए कारतूस मौके से मिले हैं ।

इसी जिला के गांव ढंडियाला नज़ारा के निकट एक ट्यूबवैल पर आज दोपहर लगभग सवा बारह बजे मोटर साईकल सवार दो सशस्त्र आतंकवादियों ने एक व्यक्ति स्वर्ण सिंह की हत्या कर दी । बताया जाता है कि वारदात में ए.के. 47राइफल का प्रयोग किया गया । स्वर्ण सिंह गांव तंदोई में आज दोपहर आतंकवादियों द्वारा मारी गई हरमिन्दर कौर का पति था ।

पुलिस जिला बटाला में थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव ढण्डे में गत रात्रि 5 सशस्त्र आतंकवादियों ने एक घर में जबरी दाखिल होकर एक महिला श्रीमती कुलवंत कौर उर्फ कन्नी (45) की हत्या कर दी । जिला पुलिस सूत्रों के अनुसार घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 6 चले हुए कारतूस मिले हैं ।

एक की हत्या : गुरदासपुर जिला के मान गांव में तीन आतंकवादी कांस्टेबल प्रमोद कुमार के घर में घुस गए । उन्हें देख कर प्रमोद कुमार भाग गया लेकिन आतंकवादियों ने एक अन्य व्यक्ति हमराज को प्रमोद कुमार समझ लिया तथा गोली मार कर उसकी हत्या कर दी ।

गुरदासपुर के 60 गांवों में रात का कर्फ्यू : गुरदासपुर से राजेश्वरी के अनुसार जिला मैजिस्ट्रेट स्वर्ण सिंह ने एक आदेश के द्वारा भारत-पाक सीमा के साथ लगते 60 गांवों में शाम 7.30 बजे से सुबह 5 बजे तक कर्फ्यू लगा दिया है । यह आदेश आज से 22 अगस्त तक लागू रहेगा ।

मंजीत सिंह ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

अमरीक के परिवार को बदनाम करने की यह एक गहरी साजिश है । उन्होंने बताया कि इस मामले में हस्तक्षेप करने के लिए वह राज्यपाल से संबंध स्थापित करने की कोशिश कर रही हैं।

चंडीगढ़ (संघी): अकाली दल मान की कार्यकारिणी के सदस्य मेजर जगजीत सिंह व पी.एस. हुंडल, उपाध्यक्ष अमर सिंह चाहल, संगठन सचिव नवकिरण सिंह तथा अकाली दल मान की चंडीगढ़ इकाई के प्रैस सचिव एन.एस. मिन्हास ने श्री मंजीत सिंह की गिरफ्तारी की निंदा की है । एक संयुक्त बयान में उन्होंने कहा कि इससे पंजाब की स्थिति और भी खराब हो जाएगी ।

मंजीत सिंह के विरुद्ध नगर कोतवाली पुलिस थाना में पंजीकृत केस में आरोप लगाया गया है कि वह अपने घर में लोगों के मामले सुलझाने के लिए 'समानांतर न्यायालय' चला रहे हैं तथा उन पर यह आरोप भी लगाया गया है कि वह आतंकवादियों को आश्रय भी देते हैं तथा हथियारों संबंधी उनकी सहायता करते हैं ।

गैर-सरकारी कालेजों में वित्तीय संकट

जालन्धर, 24 जून (प.स.): पंजाब के गैर-सरकारी कालेजों को गम्भीर वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि सरकार द्वारा अनुदान जारी नहीं किए गए हैं । इसके परिणाम-स्वरूप इन कालेजों के कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया जा सका है ।

घुम्मन की हत्या ब्लैक कैट ने की : मान का विचार

चंडीगढ़, 24 जून (वि.प्र.): अकाली दल मान के प्रधान सिमरनजीत सिंह मान ने अपनी पार्टी के कार्यकारिणी सदस्य मेजर बलदेव सिंह घुम्मन की हत्या पर गहरा खेद प्रकट करते हुए एक लिखित वक्तव्य में उन्होंने विचार प्रकट किया कि मेजर घुम्मन को सरकार के ब्लैक कैट कमांडोज़ ने मार कर



श्री टी.के.ए. नायर वित्तीय आयुक्त, उद्योग एवं लोक सम्पर्क रविवार को लुधियाना में भारत ज्ञान-विज्ञान समिति के राज्य स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करते हुए । यह समारोह निरक्षरता के खिलाफ अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया । डा. पी.एस. चटानी भी चित्र में दिखाई दे रहे हैं ।

पैट्रोल की खपत

(पृष्ठ 3 का शेष)

लगेगा । पार्टी द्वारा कराए गए सर्वेक्षण के अनुसार दलाल किस्म के लोग पैट्रोल और डीज़ल की जमाखोरी करेंगे और रविवार को उपभोक्ताओं की मजबूरी का नाजायज फायदा उठा कर ब्लैक में बेचेंगे । श्री खुराना ने कहा कि पैट्रोल की बचत के लिए केंद्र सरकार को सबसे पहले अपने और अपने अधिकारियों के वाहनों पर नियंत्रण रखना होगा । सरकारी वाहनों का जिस तरह का खुल कर दुरुपयोग किया जाता है, अगर सरकार उसी को रोक ले तो पैट्रोल की काफी बचत हो सकती है ।

गुवाहाटी : सरकार द्वारा पैट्रोल पम्पों को रविवार के दिन बंद रखने सम्बन्धी जारी आदेश के कारण आज पूर्वोत्तर क्षेत्र के पैट्रोल पम्प बंद रहे । कई वाहन चालकों को पैट्रोल पम्पों से निराश होकर लौटते देखा गया । आज सड़कें भी उतनी व्यस्त नज़र नहीं आईं ।

प्रधानमंत्री द्वारा पैट्रोल पम्पों बारे निर्णय पर पुनर्विचार से इंकार

नई दिल्ली, 24 जून (प.स.): प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने पैट्रोल की खपत में कमी करने के उपायों तथा रविवार को पैट्रोल पम्प बंद रखने के फैसले पर निकट भविष्य में पुनर्विचार करने की सम्भावना से आज पूरी तरह इंकार कर दिया । संवाददाताओं से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस फैसले पर लोगों की प्रतिकूल प्रतिक्रिया का उन्हें पहले से आभास था । एक संवाददाता द्वारा यह कहे जाने पर कि सरकार को इस बारे में अपना दिमाग खुला रखना चाहिए, प्रधानमंत्री ने कहा कि हम हर वक्त हर मामले को खुला नहीं छोड़ सकते । उन्होंने कहा कि इस वक्त सबसे बड़ी चुनौती देश को ऋण के चुंगल में फंसने से रोकने की है ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार खाद्य तेल और पैट्रोलियम का आयात करके लोकप्रियता हासिल कर सकती है । मगर ऋण के जाल में देश को फंसा कर सस्ती लोकप्रियता हासिल करके हम अपनी कुर्सी को मजबूत नहीं बनाना चाहते । देश के दीर्घ कालिक हित के हमें इस प्रलोभन को त्यागना होगा । उन्होंने कहा कि देश को ऋण के चंगल में फंसने से बचाने में यदि हम अलोकप्रिय होते हैं और सरकार पर आंच आती है तो हमें इसकी परवाह नहीं है । हमें इस बात पर संतोष रहेगा कि हमने देश की सेवा की है ।

ईरान में फिर भूकम्प में सभी भारतीय

नई दिल्ली, 24 जून (प.स.): ईरान के भूकम्प से प्रभावित प्रांतों में रहने वाले सभी भारतीय पूर्णत: सुरक्षित हैं । विदेश मंत्रालय की एक महिला प्रवक्ता ने आज यहां यह जानकारी दी ।

महिला प्रवक्ता ने बताया कि तेहरान स्थित

JOIN Estd. 1979
10/ DAYS CRASH COURSE JCEE FOR POLYTECHNICS--PB./ CHD.
By Subject Experts Next.
Next Morn/EVE BATCHES JUNE 27, JULY, 1, 5, 10.
(GIRLS HOSTEL AVAILABLE)
Prospectus Rs. 15/- by M.O.
AMAR COLLEGE
FOR GIRLS-2932/37C, CHD.
FOR BOYS-2183/37C, CHD.

MATRIC PASSED IN '90/+1 FAIL DO
10+2 DIRECT
Arts/ Science/ Commerce
(Sure Success)
BHOPAL/(CBSE-CENTRE-CHANDIGARH).
ADMISSION GUIDANCE/COACHING. SEPARATE CLASSES FOR GIRLS.
MATRIC (Pb.)
(Without Qualification)

पंजाब में 10 उग्रवादी मरे : 2 मुठभेड़ में, 6 गुट संघर्ष में, 2 सीमा पार करते हुए

अन्यत्र 4 सुरक्षा कर्मियों, मां व 2 बेटियों सहित 8 लोगों की हत्या

8 व्यक्तियों का अपहरण : चौकी से शस्त्र भंडार लूटा

चंडीगढ़, 25 जून (प.स., वार्ता): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान विभिन्न स्थानों पर 4 आतंकवादी आपसी संघर्ष में मारे गए जबकि सुरक्षा बलों द्वारा 2 आतंकवादी सीमा पार करते एमय तथा अन्यत्र 2 आतंकवादी मुठभेड़ में मार गिराए गए । इस बीच आतंकवादियों ने चार सुरक्षा कर्मचारियों, एक मां व उसकी 2 बेटियों सहित 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी ।

मां व दो बेटियों की हत्या : अमृतसर : आतंकवादियों ने गत रात रमदास पुलिस थाने के गांव विशोवा में एक मां व उसकी दो बेटियों की हत्या कर दी । पुलिस ने दावा किया है कि मृतकों का संबंध आतंकवादियों से थे ।

कश्मीर सिंह उर्फ हीरा मरा : संदिग्ध आतंकवादी कश्मीर सिंह उर्फ हीरा आतंकवादी गिरोहों की आपसी लड़ाई में मारा गया है । हीरा का रमदास पुलिस स्टेशन के अंतर्गत गांव एम्मा खान से अपहरण कर लिया गया था ।

एस.पी.ओ. व होमगार्ड की हत्या : आतंकवादियों ने गत आधी रात के समय अजनाला थाना के गांव ओठियां में एक एस.पी.ओ. चौकी पर हमला कर दो सरक्षा कर्मचारियों एस.पी.ओ. जगदीश सिंह तथा होमगार्ड जवान सरदूल सिंह की हत्या कर दी और शस्त्र भंडार लूट कर ले गए । आतंकवादी एस.पी.ओ. चौकी से एक सैल्फ लोडिंग राइफल, 303 बोर की आठ राइफलें तथा 350 कारतूस, दो 12 बोर की दनाली बंदूकें व इनके 11 कारतूस तथा एक वायरलैस सैट ले गए ।एक एस.पी.ओ, जिसने आतंकवादियों की सहायता की होगी, फरार है ।

गिरोहों की आपसी लड़ाई में तीन मरे : रैय्या से 'फौजी' के अनुसार गत रात थाना ब्यास के गांव निरंजनपुर में संदिग्ध आतंकवादियों ने तीन व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतकों की शिनाख्त सतनाम सिंह उर्फ काला, सरबा सिंह निवासी धूलका तथा धर्म सिंह निहंग के रूप में हुई है । प्राप्त विवरण के अनुसार 10-12 आतंकवादी रात के लगभग 11 बजे 22 वर्षीय सतनाम सिंह उर्फ काला के पास आए तथा उसे जबरन अपने साथ निकटवर्ती गांव धूलका ले गए । वहां उन्होंने सो रहे एक अन्य व्यक्ति सरबा सिंह को उठाया तथा अपने साथ ले गए । फिर वे रात के 12 बजे थाना ब्यास के गांव निरंजनपुर पहुंचे तथा उन्होंने धर्म सिंह निहंग को सोते से उठा कर अपने साथ चलने को कहा । वे इन तीनों को गांव से बाहर ले गए और गोलियां मार कर उन्हें मार डाला । हत्या से पहले आतंकवादियों ने तीनों के बाजू पीछे बांध दिए थे । घटनास्थल से ए.के. 47 के पांच चले हुए कारतूस बरामद हुए हैं । पता चला है कि काला एक मिस्त्री था और पांच दिन पहले ही उसकी शादी हुई थी । सरबा खेतीबाड़ी करता था और धर्म सिंह काफी जमीन का मालिक था । 'प.स.' के अनुसार पुलिस को संदेह है कि ये हत्याएं आतंकवादी गिरोहों की आपसी लड़ाई का परिणाम हैं ।

अपहृत होमगार्डों की लाशें मिलीं : गत रात आतंकवादियों द्वारा अपहरण कर लिए गए दो होमगार्ड जवानों तिलक राज व लखविंदर सिंह लक्खा की लाशें आज वडाला के पास एक ड्रेन से मिली हैं । आतंकवादियों ने इनकी हत्या गोलियां मार कर नहीं की बल्कि चाकू मार कर और गर्म-गर्म सलाखें आदि दाग कर मार डाला । एक जवान की आंख भी निकली हुई थी । लाशें अत्यन्त बुरी हालत में थीं तथा इनकी शिनाख्त करनी भी मुश्किल थी । दोनों मृतक वडाला चौकी में तैनात थे ।

सीमा पर दो आतंकवादी मरे : दो आतंकवादी सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में उस समय मारे गए जब वे गत रात खेमकरण सैक्टर में राजोके चौकी के निकट सीमा पार करने का प्रयास कर रहे थे । मृतक आतंकवादियों के पास से एक हैंडग्रेनेड बरामद हुआ है ।

मार्क्सी वर्कर्ज की चौकी पर आठवां हमला : आतंकवादियों ने गत रात सीमावर्ती कस्बे भिखीविंड में एक चौकी पर आठवीं बार हमला किया जहां मार्क्सी कार्यकर्त्ता तैनात हैं परन्तु उनका हमला नाकाम कर दिया गया । आतंकवादियों ने इसके साथ ही इस कस्बे में एक एस.पी.ओ. चौकी पर हमला किया । मार्क्सी पार्टी के कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार आतंकवादियों ने अपने हमले में हथगोलों का भी प्रयोग किया । वरिष्ठ मार्क्सी लीडर श्री दलीप सिंह टपलिया ने बताया कि गत दो माह में आतंकवादियों के प्रत्येक हमले को गांव में विफल कर दिया गया ।

उल्लेखनीय है कि आतंकवाद के खिलाफ बहादुरी दिखाने पर इस गांव को एक लाख रुपए का नकद पुरस्कार मिल चुका है । यह राशि कस्बे के विकास पर व्यय की जानी थी ।

गहने आदि लूट लिए : आतंकवादियों ने गत रात अमृतसर सदर थाना के गांव खैराबाद में सरत सिंह नामक एक व्यक्ति के घर पर हमला किया और सोने के जेवर, कीमती कपड़े तथा नकद 5000 रुपए लूट कर ले गए ।

दो सुरक्षा कर्मी घायल : आतंकवादियों ने गत रात मजीठा पुलिस जिले के गांव चन्दर में सी.आर.पी.एफ. के दो जवानों को गोली मार कर घायल कर दिया । उनकी शिनाख्त भगवान सिंह व रतन सिंह के रूप में की गई है ।

सतर्क बैंक गार्ड : तरनतारन कस्बे के कडीगल इलाके में स्थित पंजाब नैशनल बैंक लूटने आए एक आतंकवादी गिरोह के प्रयास को एक सतर्क गार्ड ने विफल कर दिया । पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों द्वारा ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों द्वारा गोलियां चलाए जाने के बावजूद बैंक गार्ड ने आतंकवादियों के हमले का जवाब गोलियां चला कर ही दिया । दोनों ओर से लगभग दस मिनट तक गोलियों का आदान-प्रदान होने के बाद आतंकवादी फरार हो गए ।

76000 लूटे : मजीठा पुलिस जिला के तलाणिया में दो उग्रवादियों ने राज्य बिजली बोर्ड के कार्यालय में 76 हजार रु. लूट लिए और बाद में स्कूटर पर फरार हो गए ।

कार और 45000 रु. छीन लिए : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार आज रात्रि रेस कोर्स रोड पर 3 उग्रवादियों ने एक कारखानेदार से उसकी मारुति कार और बैग में पड़ा 45000 रुपया छीन लिया ।

मारुति कार छीन ली : बसंत एवेन्यू में उग्रवादियों ने एक मारुति कार के आगे अपना स्कूटर खड़ा कर उसे रोक लिया तथा कार मालिक को अपने साथ चलने के लिए कहा, जब उसने मिन्नतें कीं तो उसे खालिस्तान कमांडो फोर्स का लैटर पैड देकर छोड़ दिया, जिस पर लिखा था कि वह पांच लाख रुपया दे, स्थान का पता बाद में बताया जाएगा । उग्रवादी उसकी कार लेकर फरार हो गए ।

5 व्यक्तियों का अपहरण : आज जी.टी. रोड पर मानांवाला और जंडियालागुरु के मध्य मारुति वैन में सवार 3 उग्रवादियों ने मारुति वैन में सवार 5 व्यक्तियों का अपहरण कर लिया । इनमें तीन स्त्रियां, एक बच्चा और एक पुरुष शामिल था । उग्रवादी मारुति वैन भी साथ ले गए ।

दो शव मिले : गांव ऊधोके में गोलियों से छलनी दो शव मिले हैं । समझा जाता है कि यह

(शेष पृष्ठ 8 पर)





पटियाला से 85 कि.मी. दूर भूतगढ़ गांव के निकट पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादियों के शव जिनका संबंध भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स से था और जिन्होंने हरियाओ खुर्द (थाना समाना) को अपनी गतिविधियों के लिए हैड क्वार्टर बना रखा था । (छाया : राजू)

उग्रवादियों के बीच आपसी टकराव बढ़ा

अमृतसर, 25 जून (सग्ग): विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि उग्रवादियों के बीच आपसी टकराव चरम सीमा पर पहुंच गया है । एक-दूसरे को तथाकथित उग्रवादी जनरल, एरिया कमांडर और लैफ्टिनैंट जनरल संदेह की दृष्टि से देख रहे हैं बताया जाता है कि यह टकराव निचले स्तर से बढ़ कर अब इन्चार्ज गिरोहों तक पहुंच गया है । परिणामस्वरूप कुख्यात उग्रवादी एक-दूसरे को निशाना बनाए हुए हैं ।

पता चला है कि पंथक कमेटी के नेता गरबचन सिंह मानोचाहल ने तरनतारन के क्षेत्र में किसी जगह खालिस्तान कमांडो फोर्स के स्वयंभू चीफ परमजीत सिंह पंजवड़ पर हमला किया जिससे वह किसी तरह बच निकला । बताया जाता है कि इस घटना के बाद पंजवड़ अपने दाव पर है और किसी वक्त भी मानोचाहल पर हमला कर सकता है । यह भी पता चला है कि खतरनाक उग्रवादी परगट सिंह समरा को कत्ल करने के बाद से पंजवड़ बिफरा हुआ है और काबू से बाहर हो कर वारदातें कर रहा है ।

उधर एक सूचना के अनुसार भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स के संघा ग्रुप और मानोचाहल धड़ा के बीच भी जबरदस्त तनाव पाया जाता है और दोनों एक-दूसरे के विरुद्ध हथियार उठाए घूम रहे हैं जो किसी वक्त भी आपस में टकरा सकते हैं क्योंकि संघा ग्रुप ने जब से मानोचाहल को पंथक कमेटी से निकाला है तब से उनके बीच तनाव गंभीर रूप धारण किए हुए है ।

इसी बीच पता चला है कि चार उग्रवादी संगठनों बब्बर खालसा, खालिस्तान कमांडो फोर्स, खालिस्तान लिबरेशन फोर्स आदि को एक मंच पर लाने के भी प्रयास किए जा रहे हैं ।

इस्लामी कांफ्रैंस में कश्मीर पर विचार की सम्भावना नहीं

नई दिल्ली, 25 जून (वार्ता): पाकिस्तान इस बात को लेकर आशंकित है कि मुस्लिम देशों के विदेशमंत्रियों की काहिरा में तीस जुलाई से होने वाली बैठक में कश्मीर मसले पर विचार हो पाएगा या नहीं । पाकिस्तान के एक समाचारपत्र ने स्पष्ट रूप

भारत-पाक वार्ता जुलाई के दूसरे सप्ताह में इस्लामाबाद में सम्भावित

इस्लामाबाद, 25 जून (प.स., वार्ता): प्रस्तावित विदेश सचिव स्तरीय भारत-पाक वार्ता जुलाई के दूसरे सप्ताह में इस्लामाबाद में होने की सम्भावना

अगले मास के शुरू में भारत-पाक वार्ता होने की पुष्टि करते हुए कहा कि पाकिस्तान ने बातचीत इस्लामाबाद में करने का सुझाव दिया है और भारत ने

विद्रोही मरे, के हमले जारी

होंने स्वीकार किया कि जाफना के सरकारी न को कर्मचारियों द्वारा काम छोड़कर चले कारण बंद कर दिया गया है । निकटवर्ती ड़ो अस्पताल इस समय 'लिट्टे' छापामारों के है, जहां वे अपने घायलों की देखभाल कर रहे

विजयरत्ने ने दावा किया कि पलाली हवाई ीर जाफना शहर के बाहरी भाग में सैनिक लिट्टे से मुक्त करा दिया गया है । सरकार किले में सैनिक शिविर को भी "लिट्टे" से राने का प्रयास कर रही है ।

र की समिति : (वार्ता): कांग्रेस (इ) राजीव गांधी ने तमिलनाड़ में श्रीलंकाई की समस्या पर विचार करने के लिए आठ की एक समिति गठित की है । तमिलनाड़ (इ) के अध्यक्ष वी.के. राममूर्ति ने ताओं को आज यह जानकारी देते हुए कहा इस समिति के अध्यक्ष होंगे । समिति के स्य हैं : पूर्व केंद्रीय मंत्री एम. चंद्रशेखर, धायक दल के नेता जी.के. मूपनार, उपनेता ानंदन, सचेतक एस.आर. बालसुब्रह्मण्यम, गराजन कुमार मंगलम, सांसद एन. सुंदर ीर महासचिव सी. स्वामीनाथन ।

ोंने कहा कि तमिलनाड़ सरकार ने ई तमिलों की समस्या को उलझा दिया है और संकट बनने की दिशा में बढ़ रही है । कहा कि श्रीलंका मसले पर तमिलनाड़ के रवैये से यह खतरनाक स्थिति उत्पन्न हुई राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति दिन बिगड़ती जा रही है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

निगमों, पालिकाओं के व सितंबर, अक्तूबर में

याना, 25 जून (विनोद महिन्द्रा) : पंजाब नगर निगमों जालंधर, लुधियाना और तथा पंजाब की सभी नगरपालिकाओं के सितंबर और अक्तूबर में होंगे । यह वाटन स्थानीय निकाय विभाग के सचिव श्री ायक ने लुधियाना की सिटीजन्स कमेटी के निधिमंडल को भेंट के दौरान किया । के प्रधान श्री प्रेम चंद गुप्ता एडवोकेट के यह प्रतिनिधिमंडल श्री नायक से चंडीगढ़ ा गया था । प्रतिनिधिमंडल ने निगमों के ोध करवाने की मांग की थी । श्री नायक ने बताया कि नगर निगम लुधियाना की कुछ यां दो सप्ताह के अंदर-अंदर कर दी ।

रथ यात्रा शुरू

25 जून (वार्ता): भगवान बलभद्र के रथ ज" के पहिए निकल जाने के कारण कल थ यात्रा आज फिर चालू हो गई । रथ यात्रा ंदिर की ओर जा रही है ।

रेल दुर्घटनाओं में 11 मरे

दिल्ली, 25 जून (वार्ता): बिहार में ज के निकट और इटारसी-भुसावल सैक्शन रिया स्टेशन पर हुई दो ट्रेन दुर्घटनाओं में 3 और 3 व्यक्ति मारे गए ।

रे : डाल्टनगंज : बिहार में डाल्टनगंज के गरा स्टेशन पर आज शाम एक बड़ी रेल में कम से कम आठ व्यक्ति मारे गए तथा ल हो गए ।

रे : बम्बई : मध्य रेलवे के इटारसी सैक्शन के डोलारिया स्टेशन पर आज 1058 अप अमृतसर-दादर एक्सप्रैस और र खड़ी एक माल गाड़ी के बीच टक्कर हो ीन व्यक्ति मारे गए और 60 व्यक्ति घायल । घायलों में से 15 की हालत गम्भीर है । एक प्रवक्ता ने बताया कि मध्य रेलवे के धक एन.एन. शुक्ला घटनास्थल पर पहुंच ह दिल्ली में थे ।

हत्या की नायन्ज़ ने ली

या जाएगा । यह चेतावनी सिर्फ पंजाब के बल्कि पूरे हिंदुस्तान में बसने वाले गहारों । बहुत जल्दी ही इस पवित्र धरती से दफ्तों

(8) दैनिक पंजाब केसरी, जालन्धर 26.6.1990

उग्रवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

उग्रवादियों की परस्पर शत्रुता का परिणाम है ।

दो आतंकवादी मरे : सुनाम से 'नागपाल' के अनुसार गत रात यहां से लगभग कुछ मील दूर गांव भूतगढ़ के निकट पुलिस के साथ तीन घंटे तक हुए जबरदस्त मुकाबले में दो आतंकवादी मारे गए । इनकी शिनाख्त अंग्रेज सिंह उर्फ गेजा तथा बागी के रूप में हुई है । प्राप्त विवरण के अनुसार खनौरी पुलिस के एक गश्ती दल ने एक स्कूटर पर सवार दो व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया परन्तु उन्होंने रुकने के स्थान पर फायरिंग कर दी तथा फरार हो गए । पुलिस ने उनका पीछा किया लेकिन वे हरियाओ गांव के पास मक्की के खेतों में छुप गए तथा फिर से फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर दोनों आतंकवादी मारे गए । सुनाम के डी.एस.पी. ने समय पर कार्रवाई करते हुए आसपास के इलाकों से अतिरिक्त पुलिस फोर्स मंगा ली थी, जिस कारण आतंकवादी खेतों में से निकल कर फरार नहीं हो सके ।

पटियाला से 'भूषण व राज' के अनुसार मृतक आतंकवादियों का संबंध भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स गिरोह से था । मुठभेड़ यहां से 85 कि.मी. दूर पातड़ां थाना के भूतगढ़ गांव के पास छः घंटे से भी अधिक देर तक चलती रही । एस.एस.पी. श्री एस.के. शर्मा ने यहां पत्रकारों को बताया कि इस गिरोह ने गत एक माह से हरियाओ खुर्द गांव को अपना हैडक्वार्टर बना रखा था । उन्होंने इस गांव के लोगों से भारी संख्या में कारतूस छीन लिए थे और धन ऐंठने की घटनाओं में संलिप्त थे । मृतकों का एक साथी फरार बताया गया है । जिसकी तलाश जारी है । घटनास्थल से 455 बोर का एक विदेशी रिवाल्वर और इसके दस कारतूस, एक तीस बोर का विदेशी रिवाल्वर और दस खाली कारतूस तथा ए.के. 47 राइफल के 50 खाली कारतूस बरामद हुए हैं । मुठभेड़ में पुलिस ने एक ट्यूबवैल की छत से लाइट मशीनगन भी चलाई ।

पटियाला में 40 नई एस.पी.ओ. चौकियां : एस.एस.पी. श्री एस.के. शर्मा ने बताया कि शीघ्र ही पटियाला जिले के आतंकवादग्रस्त गांवों तथा अल्पसंख्यक समुदायों के गांवों में 40 एस.पी.ओ. चौकियां स्थापित की जाएंगी जिनमें 400 विशेष पुलिस अधिकारी तैनात किए जाएंगे । ग्राम सुरक्षा समितियां उनकी सहायता करेंगी तथा वे सरकारी ठिकानों के संरक्षण के लिए गश्त भी करेंगे । 6 माह बाद इन विशेष पुलिस अधिकारियों को नियमित पुलिस बल में कांस्टेबल के रूप में रख लिया जाएगा । श्री शर्मा ने रहस्योद्घाटन किया कि इन एस.पी.ओ. का दैनिक वेतनमान 30 रुपए से बढ़ाकर 50 रुपए करने का प्रस्ताव है ।

गुरसेव सिंह वांछित : श्री शर्मा ने बताया कि कुछ राजनीतिक नेताओं की हत्या का षड्यंत्र रचने के मामले में पुलिस को इस क्षेत्र के आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन का एक वरिष्ठ नेता गुरसेव सिंह हरपालपुर वांछित है । गुरसेव सिंह के बब्बर खालसा गिरोह से संबंध होने का संदेह है । एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि पटियाला बस स्टैंड से लापता हुए बाबा दर्शन माल्हेवाल पुलिस की हिरासत में नहीं हैं ।







ब्यास के निकट निरंजनपुर गांव में आतंकवादियों के आपसी संघर्ष में मारे गए (ऊपर) धर्म सिंह, (मध्य) सुक्खा सिंह तथा (नीचे) सतनाम सिंह उर्फ काला की लाशें । (छाया : फौजी)

दो आतंकवादी गिरफ्तार : सी.आई.ए. स्टाफ सुनाम के इंस्पैक्टर राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस दल ने छापा मार कर एक आतंकवादी करनैल सिंह को गिरफ्तार किया है । उसके कब्जे से एक पिस्तौल व एक स्कूटर बरामद हुआ है । एक अन्य आतंकवादी केवल सिंह को पुलिस ने गांव अनलिया के निकट से गिरफ्तार किया है । उसके कब्जे से भी एक 38 बोर का रिवाल्वर और एक स्कूटर बरामद किया गया है । यह स्कूटर व रिवाल्वर तारा सिंह नामक व्यक्ति से छीने गए थे ।

एक हत्या : आतंकवादियों ने गत रात भटिंडा जिले में थाना फूल के अंतर्गत एक गांव में अंग्रेज सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । आतंकवादी गांव के सरपंच बहादुर सिंह से उसकी बंदूक भी छीन कर ले गए ।

हथियार बरामद : धूरी (जैन): स्थानीय पुलिस ने गांव कुप्प खुर्द के अवतार सिंह तथा दोहला के कर्म सिंह उर्फ कर्मा को गिरफ्तार करके उनसे एक-एक अवैध पिस्तौल तथा आठ कारतूस बरामद किए हैं । इसके साथ ही सी.आई.ए. स्टाफ बहादर सिंहवाला ने सिधवां के दलविन्द्र को गिरफ्तार करके उससे एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल बरामद की है ।

3 व्यक्तियों का अपहरण : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के थाना सदर बटाला के गांव बछोवाल से गत रात लगभग 11 बजे 10-15 आतंकवादियों का एक गिरोह विभिन्न गांवों से 3 लोगों सुच्चा सिंह, छिंदा सिंह और जगीत सिंह का अपहरण कर उन्हें अज्ञात स्थान पर ले गया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

नौ आतंकवादी गिरफ्तार : पुलिस ने लुधियाना व संगरूर जिलों से नौ आतंकवादियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हथियार बरामद किए हैं ।

ट्रक का अपहरण : होशियारपुर से 'अश्विनी' के अनुसार बलाचौर क्षेत्र में गत रात गांव कंकरांबेट के पास कागज से लदे एक ट्रक का कुछ अज्ञात लोगों ने पिस्तौल की नोक पर अपहरण कर लिया । बताया जाता है कि ट्रक नं. पी.सी.एच. 7269 अमृतसर से कागज लाद कर चंडीगढ़ जा रहा था कि मार्ग में सशस्त्र व्यक्तियों ने अपनी गाड़ी ट्रक के आगे खड़ी कर दी और पिस्तौल की नोक पर उसे रोक लिया तथा ड्राइवर अमरीक सिंह और क्लीनर केवल को पेड़ों से बांध कर ट्रक लेकर फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

पलायनकर्त्ता लू लगने से ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

हिन्दू व्यापारी ने कश्मीर की ताजा स्थिति के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वह दस दिन श्रीनगर में रहे हैं, लेकिन वह होटल से बाहर एक कदम भी नहीं रख सके । कर्फ्यू उठाए जाने के बाद कुछ एक दुकानें खुलती हैं, लेकिन कोई बड़ा व्यापारिक प्रतिष्ठान नहीं खुल रहा । श्रीनगर में इस समय हर तरफ एक ही चर्चा चल रही है कि 4 जुलाई ईद-उल-जुहा (बकरीद) के अवसर पर कश्मीरी उग्रवादी घाटी के अंदर कोई बड़ी शरारत करेंगे । इस भय के कारण सारी घाटी में दहशत का वातावरण बना हुआ है । सुरक्षा बल निःसंदेह बड़ी मेहनत से उग्रवादियों के विरुद्ध संघर्ष करने में जुटे हुए हैं लेकिन पाकिस्तान में से भारी संख्या में घुसपैठिए अत्याधुनिक हथियारों से लैस होकर धड़ाधड़ आ रहे हैं । कुछ एक मारे भी जाते हैं, लेकिन बहुत से घाटी में दाखिल हो रहे हैं ।

श्रीनगर से 6-7 किलो मीटर दूर दो जुलाई को हिन्दुओं का एक बड़ा मेला खीर भवाणी प्रत्येक वर्ष लगता रहा है । हजारों की संख्या में हिन्दू घाटी तथा जम्मू में से बड़े जोश के साथ इस मेले में शामिल होते हैं लेकिन इस बार मेला के लगने की कोई सम्भावना नहीं है क्योंकि घाटी में से लगभग 90 प्रतिशत हिन्दू निकल चुके हैं जबकि जम्मू में रहने वाले हिन्दू इस मेले में शामिल होने से कन्नी कतरा रहे हैं ।

कुछ समय पहले उग्रवादियों की ओर से हिन्दुओं को बहुत कम निशाना बनाया जाता था लेकिन अब आम हिन्दू को भी वह नहीं बख्श रहे । घाटी में केवल 10 प्रतिशत हिन्दू रह गए हैं, बाकी सभी जम्मू, पंजाब व दिल्ली में जा बसे हैं ।

बेशक मुसलमान व्यापारियों का बाहर से आने वाले हिन्दू व्यापारियों से व्यवहार काफी अच्छा है लेकिन वह रुपए की अदायगी करने को तैयार नहीं हैं । सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले में जो कश्मीरी उग्रवादी मारे जाते हैं, वहां के लोग उन्हें 'शहीद' का दर्जा देने लग पड़ते हैं । सारी घाटी में भारत सरकार व हिन्दुओं के विरुद्ध जहरीला प्रचार जारी है । कहा जा रहा है कि 'बकरीद' के अवसर पर एक विशेष घोषणा किए जाने की भी सम्भावना है ।

शूगर की पहचान व जड़ी-बूटियों से इलाज 27 से

जालंधर, 25 जून : स्टेट बैंक आफ इंडिया, नई दाना मंडी द्वारा 27 जून से 3 जुलाई तक डा. सुशील विज, बस्ती रोड, झंडियां वाले पीर के सामने, जालंधर के क्लीनिक में शूगर की पहचान व जड़ी-बूटियों से इसके इलाज का शिविर आयोजित किया जाएगा । क्लीनिक में प्रातः 9 से दोपहर एक बजे तक व सायं 5 से 7 बजे तक रोगियों का निरीक्षण व दवाई दी जाएगी ।

कुलदीप सिंह आयोग ने रिपोर्ट प्रधानमंत्री को सौंपी

लिट्टे के हमले जारी

(पृष्ठ 3 का शेष)

60 शव मिले : पूर्वी श्रीलंका में दो पर 60 क्षत-विक्षत शव पाए गए हैं और स लोगों का कहना है कि ये लाशें उन लोगों सकती हैं जिन्हें सुरक्षा बलों ने लिट्टे उग्रवादी संदेह में पूछताछ के लिए हिरासत में लिया अम्पारा जिले में कलमुनई के निवासियों ने टै पर बताया कि वहां कम से कम 35 लोगों के श मिले हैं । इस इलाके में अधिसंख्य मुस्लिम हैं ।

इसी बीच आज श्रीलंका की वायु से विमानों तथा हैलीकाप्टरों ने उत्तरी जाफना न गोलीबारी की । सेना तथा वायुसेना ने मिल क हमला शुरू कर दिया है ।

लिट्टे से वार्ता नहीं : श्रीलंका के उद्योग और गृह राज्यमंत्री रंजन विजयरत्ने ने कि उत्तर-पूर्वी प्रांत में चल रहे संघर्ष को स करने के लिए लिट्टे से तब तक बातचीत न सकती, जब तक कि वे हथियार नहीं डाल उन्होंने आज यहां संवाददाताओं से कहा हम इ पर मध्यस्थता स्वीकार करने को तैयार हैं हथियार डाल दें ।

यह पूछे जाने पर कि क्या लिट्टे से बिना पूर्व शर्त के बातचीत पुनः शुरू नहीं हो सकती उन्होंने कहा कि ऐसा करने से उग्रवादियों को में एकजुट होने और सैनिकों पर नए सिर से करने का अवसर मिल जाएगा ।

पौलीमर का कोटा बढ़ का फैसला

चंडीगढ़, 25 जून : केंद्र सरकार ने राज्य के रबड़ प्रोसैसिंग एवं प्लास्टिक उद्यो पौलीमर प्रोडक्ट का कोटा बढ़ा कर 30 प्र करने का निर्णय किया है । यह वृद्धि इसलिए है कि इस क्षेत्र में पूंजी लगाने को प्रोत्साहित कि सके ।

रेखा और मुकेश में तला की नौबत !

बम्बई, 25 जून : (ऑ) : पन्द्रह दिन प तक फिल्म अभिनेत्री रेखा के साथ सब ठीक - ठाक था । मुकेश अग्रवाल और रेखा की शादी की खबरें ठंडी पड़ती जा रही थीं कि फिल्म जगत में रेखा की बात करने वाले अब रेखा शादी टूटने की खबरों पर बहुत गंभीरता से कर रहे हैं । मुकेश अग्रवाल इन दिनों दिल्ली हैं और किसी से फोन पर बात नहीं कर रहे जबकि रेखा बंबई में है और उसकी स फरजाना शादी टूटने की बात को गलत बता हैं । पूर्व में तीन-चार शादी करके उन्हें तो वाली रेखा के बारे में यह भी कहा जा रहा है उसने सिर्फ आयकर के मामलों से बचने के यह शादी की थी, जबकि इस शादी को ब रखने वाले कह रहे हैं कि रेखा मां बनने वाल और इस बात को काफी तूल दिया जा रहा है बहरहाल, रेखा की तलाक की नौबत में प जाने की खबर देने वाले कह रहे हैं कि मु अग्रवाल ने दिल्ली की अदालत में तलाक अर्जी भी लगा दी है लेकिन दोनों पक्ष बोल

गुमशुदा की तलाश

सुरिन्दर कुमार (वली), सुपुत्र श्री श्रीरामजी एतवार 17.6.90 करीब 5.30 बजे कुराली से लापता है । इसकी उम्र 26 वर्ष, रंग गंदमी, कद 5'-3", माथे पर कट Y का निशान एवं नीले रंग की पैंट व ग्रे रंग की लाइनिंग शर्ट पहने हुए है । सूचना



Punjab Sanchal



वर्मा मंगलवार को जालन्धर में आयोजित राज्य प्रैस सम्पर्क करते हुए । चित्रों में राज्यपाल के सलाहकार श्री पी.एस. ी एस.एल. कपूर, पंजाब के पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. के समाचार पत्रों के मुख्य सम्पादक भी दिखाई दे रहे हैं ।

बहाल करने व अनिश्चितता की में समाचार पत्र सहयोग दें : वर्मा

राज्यपाल श्री भावना बहाल को दूर करने चार पत्रों से ज्यपाल आज पहली बैठक

ाएं देने और ाब में प्रैस, मिका अत्यन्त की एकता व न कर रहे विरुद्ध संघर्ष पना सहयोग ो उन निहित भी बेनकाब देश की प्रगति लिए उग्रवादी स्थितियों में तथा जनमत म की भूमिका

ोषकर सिख, उनकी निष्ठा सरकार को देते हुए श्री री स्थिति के

प्रति एक सकारात्मक व रचनात्मक दृष्टि रखें तथा प्रदेश के दो प्रमुख समुदायों में सदियों से चले आ रहे सद्भाव व भाईचारे की भावना को मजबूत बनाएं ।

राज्यपाल ने कहा कि वह जनता की समस्याओं तथा स्थितियों का मौके पर अध्ययन करने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा करेंगे । उन्होंने कहा कि उनका ध्येय जनता की वास्तविक समस्याओं व शिकायतों को द्रुत गति से हल करके प्रशासन को जनता के पास ले जाना है ।

राज्यपाल ने प्रदेश में स्वच्छ, कुशल तथा ईमानदार प्रशासन देने में सहयोग देने के लिए समाचार पत्रों, जनता तथा राजनीतिक दलों से आग्रह किया । उन्होंने कहा कि इससे उग्रवाद की लानत पर काबू पाने में सहायता मिलेगी ।

बैठक में चर्चा के दौरान आम तौर पर सदस्यों ने विचार प्रकट किया कि भारी दबावों व समस्याओं के बावजूद पंजाब में संचार माध्यमों तथा समाचारपत्रों ने निष्पक्ष एवं रचनात्मक रूप में स्थितियों का सही चित्र जनता के समक्ष रखा । सदस्यों ने आग्रह किया कि सरकार को पंजाब के संबंध में एक निश्चित नीति बनानी चाहिए तथा जटिल व उलझी हुई पंजाब समस्या को हल करने के लिए सतत तथा द्रुतगामी कदम उठाने चाहिएं । सरकार से यह भी आग्रह किया गया कि यथासम्भव सभी तथ्यात्मक सूचनाएं समय पर जारी की जाएं जिससे कि जनता की नजरों में सरकार की विश्वसनीयता बनी रहे । इन सदस्यों

(शेष पृष्ठ 6 पर)

और दो दिन के लिए पुलिस रिमांड

इंडिया सिख जीत सिंह का झ दिया गया एक दिन का

अमृतसर में

पंजाब जनता पार्टी की एक बैठक श्री हरदेव सिंह कंडल प्रधान की अध्यक्षता में कल हुई । बैठक में अकाली दल मान के नेता बलदेव सिंह घुम्मन की हत्या पर दुख प्रकट किया गया तथा इसकी न्यायिक जांच की मांग की गई ।

अमृतसर : इस दौरान मान अकाली दल के

उग्रवादियों ने फिरोजपुर रेलवे पुलिस का शस्त्र भंडार लूट लिया

जलालाबाद के निकट 97000 के आभूषण व नकदी लूट ली गई

2 प्रवासी श्रमिकों, महंत सहित 5 की हत्या

चंडीगढ़, 26 जून (वार्ता, प.स.): आतंकवादियों ने कल रात फिरोज़पुर जिले में सरकारी रेलवे पुलिस जी.आर.पी. और तरनतारन पुलिस जिले में एक पुलिस चौकी के शस्त्रागारों को लूट लिया । इसके अलावा 2 प्रवासी श्रमिकों और एक महंत सहित 5 व्यक्ति मारे गए तथा आतंकवादियों ने एक घर में से 97,000 रु. के आभूषण और नकदी और एक बैंक में से 56 हजार से अधिक रुपए लूट लिए ।

रेलवे पुलिस का शस्त्रागार लूट लिया : फिरोजपुर से कन्तोह के अनुसार आतंकवादियों के एक गिरोह द्वारा आज तड़के योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करके रेलवे स्टेशन फिरोज़पुर छावनी के समीप बने राजकीय रेलवे पुलिस थाने में पड़े सरकारी शस्त्रों को लूट लिया गया ।

घटना की विस्तृत जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि कांस्टेबल हरदीप सिंह 12 से तीन बजे तक संतरी की ड्यूटी पर खड़ा था । आतंकवादियों का गिरोह जिनकी संख्या 10 से 15 रही होगी ने आते ही संतरी व थाने के खुले मैदान में सो रहे अन्य पुलिस कर्मचारियों को काबू कर लिया । एक अन्य सूचना के अनुसार उक्त पुलिस कर्मियों को थाने में ही वक्षों के साथ बांध दिया गया । इसी मध्य आतंकवादियों के गिरोह ने थाने में पड़े शस्त्रों में से 27 राइफलें .303 बोर, 5 स्टेनगन, एक वायरलैस सैट के अतिरिक्त विभिन्न बोर के 1670 कारतूस समेटे व बाहर खड़े दो ट्रकों में रख लिए । उन्होंने संतरी हरदीप सिंह सहित 12 कर्मचारियों को अपने ट्रकों में चढ़ा लिया । केवल संतरी हरदीप सिंह को छोड़ कर शेष 11 कर्मचारियों के हाथ पीछे से बांध दिए गए । श्री शर्मा ने बताया कि आतंकवादियों के उक्त गिरोह ने जाते समय थाने में लगे टैलीफोन की तारें भी काट दीं व सभी ने पुलिस की वर्दियां पहन लीं और ट्रकों में चढ़ कर फरार हो गए । श्री शर्मा ने बताया कि 12 में से 11 अपहृत पुलिस कर्मचारी वापस आ गए हैं जबकि एक पुलिस कर्मचारी हरदीप सिंह अभी उनके साथ ही है । जिसके बारे में श्री शर्मा ने कहा कि पुलिस को उसकी नीयत पर शक है । कांस्टेबल हरदीप सिंह पुलिस थाना जंडियाला-पुलिस जिला मजीठा का रहने वाला है । समझा जाता है कि वह आतंकवादियों के दबाव तले इस सारी कार्रवाई में उनके साथ मिला हुआ है । अब पुलिस गहराई से इस बात की जांच कर रही है कि क्या इस घटना में उक्त कांस्टेबल, जो उस समय संतरी की ड्यूटी पर था, ने जानबूझ कर रात्रि 12 बजे से तीन बजे तक ड्यूटी लगवाई थी ? वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने यह भी रहस्योद्घाटन किया कि जब आतंकवादियों का गिरोह यह कार्रवाई करने के बाद भाग रहा था तो सुरक्षा बलों की तरफ से लगाए गए नाके पर जब उक्त ट्रकों को रोका गया तो ट्रक में सवार हरदीप सिंह कांस्टेबल जो उस समय भी पुलिस वर्दी में था,ने कहा कि वे कहीं रेड करने जा रहे हैं, जिस कारण वे नाका पार करने में सफल हो गए । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सतर्कता से जांच कर रहे हैं । शीघ्र सुराग मिलने की संभावना है ।

प.स. के अनुसार पुलिस की वर्दी पहने हुए आतंकवादियों, जिनकी संख्या दो दर्जन के करीब थी, ने आकर कहा कि वे निरीक्षण के लिए आए हैं । उनमें से एक ने अधिकारी की वर्दी पहनी हुई थी तथा उसके कंधों पर स्टार लगे हुए थे । रेलवे पुलिस कर्मियों ने उस अधिकारी बने हुए आतंकवादी को सैल्यूट मारा और उसने संतरी से स्ट्रांग रूम की चाबी लेकर अपने साथियों से वहां से हथियार उठा कर ट्रकों में रखने को कहा । ट्रकों पर भी इस प्रकार का रंग किया हुआ था कि वे सुरक्षा बलों के ही लग रहे थे ।

अपहृत पुलिस कर्मियों, जिन्हें जीरा के निकट छोड़ दिया गया था, ने वापस लौट कर बताया कि आतंकवादी उनकी हत्या कर देना चाहते थे, लेकिन हरदीप सिंह ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया । अपहृत पुलिस कर्मचारी केवल अपने निचले वस्त्रों के साथ वापस लौटे क्योंकि आतंकवादी उनकी वर्दियां ले गए थे । सूत्रों के अनुसार यह आप्रेशन इतना शांतिपूर्वक किया गया कि शस्त्रागार के दूसरी ओर स्थित अन्य गार्ड को इसके बारे में कुछ भी पता नहीं चला । शस्त्रागार के निकट स्थित बैरकों में सो रहे रेलवे सुरक्षा बल के जवानों को भी इसके बारे में कुछ पता नहीं चला। फिरोजपुर जिले में इस प्रकार की यह दूसरी घटना है । कुछ वर्ष पूर्व आतंकवादियों ने फिरोजपुर से इसी प्रकार होमगार्ड शस्त्रागार से बड़ी मात्रा में हथियार लूट लिए थे ।

97,000 रु. के आभूषण व नकदी लूट ली : जलालाबाद से मलिक के अनुसार गत रात कुछ अज्ञात उग्रवादी छप्पड़कली गांव में कर्मचंद नामक व्यक्ति के घर से लगभग 97 हजार के सोने आभूषण और नकदी लूट ले गए । बताया जाता है कि घर के सभी सदस्य प्रतिदिन की भांति अपने घर के आंगन में खाना खाकर सोने के लिए घर की छत पर चले गए । सुबह जब श्री कर्मचंद नीचे आए तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था और गोदरेज की अलमारी भी खुली पड़ी थी । उग्रवादी अलमारी से 65,000 रुपए के सोने व चांदी के आभूषण और 32,000 रुपए नकद लूट कर फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

अपहृत व्यक्ति की हत्या : मोगा से आज़ाद के अनुसार गत 16 जून को यहां के एक वैन मालिक अशोक दुआ का संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा अपहरण कर लिया गया था, की घटना के लगभग 10 दिन बाद शव मिल गया है । इस संबंध में पुलिस ने एक अन्य वैन चालक जसबीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य व्यक्ति साधु सिंह अभी फरार है ।

बताया जाता है कि जसबीर सिंह ने कुछ व्यक्तियों को अशोक कुमार की वैन किराए पर दी थी । जब कई दिन तक अशोक घर वापस न आया, तो घर के सदस्यों ने जसबीर सिंह से पूछताछ की । उसने घर वालों को कोई सही उत्तर न दिया तो पुलिस को रिपोर्ट लिखवाई गई । पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान जसबीर सिंह ने स्वीकार किया कि अशोक कुमार की हत्या कर दी गई है और वैन दिल्ली में बेच दी गई है । जसबीर सिंह के बयान के अनुसार पुलिस ने अशोक कुमार का शव बरामद कर लिया है ।

महंत की हत्या : संगरूर जिले के मोम गांव में कुछ आतंकवादियों ने कल रात महंत प्रकाश सिंह के डेरे पर हमला करके उनको मार डाला ।

पुलिस चौकी पर हमला : आतंकवादियों ने कल रात ही गुरदासपुर जिले में नौशहरा मागो गांव में एक पुलिस चौकी पर हमला किया । ड्यूटी पर तैनात कुछ कर्मियों ने जब गोलियां चलाईं तो आतंकवादी भाग गए ।

एक की हत्या : इस बीच, कल रात कत्थनगल थाने के अब्दल गांव में आतंकवादियों ने मुख्तियार सिंह नामक एक व्यक्ति की उसे घर से बाहर निकाल कर गोली मार कर हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 की 3 खाली गोलियां बरामद की गई हैं ।

अमृतसर से वि.प्र. के अनुसार आतंकवादियों ने जाते हुए मुख्तयार सिंह के निकट एक चिट फैंक दी

(शेष पृष्ठ 6 पर)



फिरोजपुर के रेलवे पुलिस थाने से मंगलवार को आतंकवादियों ने भारी मात्रा में शस्त्र लूट लिए । चित्र (बाएं) शस्त्रागार का बाहरी द्वार । (दाएं ऊपर) थाने का दृश्य । (दाएं नीचे) खाली रैक जहां शस्त्र पड़े हुए थे । (छाया : सेठी)

कराची के लोग और खून बहने की बातें करते हैं

कराची, 26 जून (आई.ए.एन.एस.) : कराची और हैदराबाद में साम्प्रदायिक दंगों में सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं लेकिन कराची के लोग अभी और खून बहने की बातें करते हैं ।

लोगों का कहना है कि स्थायी शांति तभी हो सकती है, जब सभी साम्प्रदायिक गुटों को एक-दूसरे से बातचीत के लिए प्रेरित किया जाए । नगर पहले ही महाजिर, पठान और सिंधी क्षेत्रों में बंटा हुआ है ।

हिंसा की घटनाओं के बावजूद अवसरों पर एक साम्प्रदायिक गुट के लोगों ने विरोधी साम्प्रदायिक गुट के लोगों को बचाया भी है, लेकिन दुर्भाग्य से समाचार

15 अगस्त को पंजाब में किसान सम्पर्क नहर को मिट्टी से भरने का काम शुरू कर देंगे : बराड़

चंडीगढ़, 26 जून (वि.प्र.) : पंजाब इकाई के महासचिव श्री जगमीत सिंह बराड़ ने राष्ट्रीय मोर्चा सरकार द्वारा प्रस्तावित नए भूमि सुधारों तथा पंजाब रावी-ब्यास के पानी पर हरियाणा का भी हिस्सा बनता है । उन्होंने कहा कि प्राकृतिक अधिकार के नियमों के तहत पानी पर पंजाब का ही हक बनता

Punjab Sentinel

शस्त्र भंडार लूटा
(पृष्ठ 3 का शेष)

जिसके नीचे दुर्दांत आतंकवादी कांशतीवाल का नाम लिखा था । इसमें मख्त्यार सिंह पर पुलिस का मुखबर होने का आरोप लगाया गया है ।

कार छीन ली : एक अन्य सूचना के अनुसार एक युवक बलविंदर कुमार ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अमृतसर-फतेहगढ़ चूड़ियां सड़क पर आज सुबह लगभग 10 बजे तीन आतंकवादियों ने कार आगे करके उसकी कार नम्बर पी.बी.ओ.-4188 को रोक लिया और कार छीन कर ले गए ।

बैंक से 56000 लूटे : मजीठा पुलिस जिले के गांव कबतेनपुरा में स्थित पंजाब नैशनल बैंक की शाखा से आतंकवादियों ने आज दोपहर बाद 56,742 रुपए लूट लिए । आतंकवादी जो कि ए.के. 47 राइफलों से लैस थे, जाते समय अपने साथ बैंक के गार्डों की दो डबल बैरल 12 बोर बंदूकें भी ले गए ।

स्कूटर छीन लिया : अमृतसर से सग्ग के अनुसार गत रात्रि शिवाला भाइयां के बीच के चौराहे पर 2 आतंकवादियों ने कनपटी पर पिस्तौल रख कर अश्विनी कुमार से उसका नया स्कूटर (पी.बी. 07-5955) छीन लिया और उसी पर सवार होकर फरार हो गए ।

पुलिस चौकी से राइफलें लूट लीं : एक अन्य घटना में आतंकवादी कल सुबह तरनतारन पुलिस जिला क्षेत्र के लोहका गांव स्थित रोही बिजली बोर्ड के कार्यालय पर बनी एक पुलिस चौकी से तीन राईफलें और लगभग दो सौ कारतूस लूटकर फरार हो गए ।

उग्रवादी जग्गा गिरफ्तार : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार आज अबेनाला सैक्टर में सी.आर.पी. के साथ एक मुठभेड़ के दौरान भिडरांवाला टाइगर फोर्स (संतोखसिंह धड़ा) का खतरनाक उग्रवादी जग्गा पहलवान पकड़ा गया, जबकि उसके दो साथी फरार हो गए ।

'कारंबाई' में शस्त्र बरामद : नैशनल सिक्योरिटी गार्ड की ओर से खेमकरण, तरनतारन और झब्बाल के क्षेत्रों में जोरदार आप्रेशन शुरू किया गया । इस दौरान काफी मात्रा में अत्याधुनिक शस्त्रों के भंडार बरामद हुए हैं और गिरफ्तारियां भी की गई हैं, जिनका विवरण ज्ञात नहीं हो सका ।

2 प्रवासी श्रमिकों की हत्या : आज रात्रि थाना घरिंडा में उग्रवादियों ने दो प्रवासी श्रमिकों की हत्या कर दी ।

पुलिस जिला मजीठा के गांव सारंगदेव में संक्षिप्त मुकाबले के बाद खतरनाक उग्रवादी जागीर सिंह पकड़ा गया । उससे 32 बोर का पिस्तौल और ए.के. 47 के खोल आदि बरामद हुए हैं ।

परमजीत सिंह पम्मा गिरफ्तार : पटियाला से भूषण के अनुसार पुलिस ने अमलोह थाने के गांव कौलगढ़ के रहने वाले एक लुटेरे परमजीत सिंह पम्मा को गिरफ्तार कर लिया है । एस.एस.पी. एस.के. शर्मा के अनुसार पुलिस ने बहादर सिंह और लक्खा सिंह नामक दो अन्य लुटेरों को गिरफ्तार करके उनके पास से एक स्कूटर तथा एक पिस्तौल और उसके आठ कारतूस बरामद किए हैं । पुलिस ने स्थानीय मोती बाग कालोनी के निवासी अजीत सिंह को गिरफ्तार करके उनके पास से एक स्कूटर तथा 8 ग्राम सोना और एक पिस्तौल बरामद किया है । दोनों ज़मानत पर रिहा होने के पश्चात भागे हुए थे ।

सरगना की पहचान कर ली गई : मोहाली से नवंदा के अनुसार गुप्तचर विभाग के सूत्रों से पता चला है कि मोहाली क्षेत्र में सक्रिय आतंकवादियों के सरगना की पहचान कर ली गई है । गत दिवस यहां के फेस 5 में बाबू सिंह नामक निरंकारी की गोली मार कर हत्या किए जाने, फेस 2 के एक ठेकेदार के घर से बंदूक की नोक पर उसका रिवाल्वर छीने जाने तथा फेस 6 में स्थित एक पैट्रोल पम्प से रुपए लूटने में मोहाली के ही युवक गुरबचन सिंह गना का हाथ बताया जाता है । यह भी पता चला है कि वह अब चंडीगढ़ के सैक्टर 26 में स्थित एक होस्टल में शरण लिए हुए हैं ।

असंतुष्ट चीनी नेता लिजी पत्नी सहित ब्रिटेन पहुंचे

लंदन, 26 जून (डी.पी.ए.) : असंतुष्ट चीनी नेता झांग लिजी तथा उनकी पत्नी ली शुजियन चीन छोड़ने की अनुमति मिलने के बाद गतरात ब्रिटेन पहुंच गए हैं । विदेश मंत्रालय ने आज यह जानकारी दी । इस दम्पति ने एक वर्ष से भी अधिक का समय पेइचिंग स्थित अमरीकी दूतावास में बिताया । इन दोनों ने लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सैनिक अभियान के बाद दूतावास में शरण ली थी ।

श्रीराम मंदिर के निर्माण में मुस्लिम कार सेवा करेंगे

नई दिल्ली, 26 जून (वार्ता) : अयोध्या में तीस अक्तूबर से राम मंदिर के निर्माण में एक सौ राष्ट्रवादी मुसलमान कार सेवा कर योगदान देंगे । यह घोषणा आज यहां भारतीय मुस्लिम युवा सम्मेलन ने की है । सम्मेलन के अध्यक्ष मुस्तार अब्बास नकवी ने कहा कि राम जन्म भूमि का मुद्दा सिर्फ हिन्दुओं के लिए ही चिंता का विषय नहीं है अपितु प्रत्येक राष्ट्रवादी भारतीय को देश की सदियों पुरानी सभ्यता और संस्कृति की रक्षा में योगदान देना चाहिए ।

मकान आरक्षित
(पृष्ठ 3 का शेष)

पर दो लाख 82 हजार रुपए, बूटा सिंह पर एक लाख सात हजार रुपए, कृष्णा कौल पर एक लाख 41 हजार रुपए, जगदीश टाइटलर पर तीस हजार रुपए, नारायण दत्त तिवारी पर पैंसठ हजार रुपए, मीरा कुमार पर पच्चीस हजार रुपए तथा गुलाम नबी आजाद पर तेरह हजार रुपए बकाया था ।

सैनिक सू
द्वारा जंगलों त
के दौरान हुई
गए ।
कल्लादी
गश्ती दल ने
छापामार मारे
सैनिकों ने पांच

टैलीफोन
पर पता चला
तडके से ही सैनि
की ओर से संघ

100
उत्तरी श्रीलंका
सैनिकों और
निकालने के प्र
लिट्टे के ठिका
जिसमें करीब

इसी मध्य
जाफना किले
(लिट्टे) द्वारा घ

तमिलना
तमिलनाड सर
लिबरेशन फ्रंट
हाल ही में हुई ह
श्रीलंका के त
करने के लिए
की ।

आतंकव
रि

पटियाला,
खतरनाक आत
जिसे पटियाला
रिवाल्वर के सा
की अदालत से
इसका पुलिस रि

बचाव पक्ष
एडवोकेट ने अ
पुलिस रिमांड 2
अब इसे और पू
विरुद्ध है ।

का कहना था
पंजाब के उन
करना चाहिए,
उग्रवाद का प्रति
का प्रतिरोध क
दिए ।

समिति ने
कहा है कि निर्व
निन्दा की जानी

MATRIC PASSED IN '90/+1 FAIL DO

Punjab Sanad



पुलिस ज़िला मजीठा के ग्रामीणों ने एक उग्रवादी को पीट-पीट कर मार डाला

रोपड़ में इंजीनियर और तहसीलदार की हत्या : मुठभेड़ के बाद पम्मा, जस्सा गिरफ्तार

5 उग्रवादियों के शव बरामद : बैंक से 7.87 लाख रुपए लूटे

चंडीगढ़, 26 जून (वार्ता, पस): पंजाब में कल रात से आज तक गांव वासियों ने फिरौतियां लेने आए एक आतंकवादी को पीट-पीट कर मार डाला जबकि आतंकवादियों ने एक जूनियर इंजीनियर और एक नायब तहसीलदार और एक महिला की हत्या कर दी और एक बैंक से 7.87 लाख रुपए लूट लिए जबकि सुरक्षा बलों ने एक मुठभेड़ के पश्चात दुर्दांत आतंकवादी परमजीत सिंह पम्मा और उसके साथी जस्सा को गिरफ्तार कर लिया ।

आतंकवादी को पीट-पीट कर मार डाला : नारंग के अनुसार मजीठा पुलिस जिले के गांव लोहारकेकलां के निवासियों ने गत रात एक अज्ञात आतंकवादी को काबू करके उसे पीट-पीट कर मार डाला । उसके पास से एक पिस्तौल तथा कुछ गोली-सिक्का बरामद हुआ है । उसके दो अन्य साथी भागने में सफल हो गए ।

प्राप्त विवरण के अनुसार यह आतंकवादी उक्त गांव से फिरौतियां वसूल करने आए थे । एस.एस.पी. पी.एस. गिल के अनुसार गांव वासियों ने अभूतपूर्व साहस का परिचय देते हुए आतंकवादियों पर हमला कर दिया और ईंटें और लाठियों से एक को मार दिया । हालांकि आतंकवादी अत्याधुनिक हथियारों से लैस थे, लेकिन गांव वासियों द्वारा किए गए अचानक हमले से उन्हें हथियार चलाने का अवसर नहीं मिला । बताया जाता है कि यही आतंकवादी पहले 23 जून को गांव में आकर लोगों को डरा धमका कर बंदूक की नोक पर धन एकत्र करके ले गए थे ।

पम्मा गिरफ्तार : मजीठा पुलिस जिले में ही कल रात एक मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने दुर्दांत आतंकवादी परमजीत सिंह उर्फ पम्मा जिस पर 25000 रु. का इनाम था और उसके साथी जसवंत सिंह उर्फ जस्सा को मुठभेड़ के पश्चात् बंदी बना लिया । परमजीत सिंह से एक ए.के. 47 राइफल और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं, जबकि जसवंत सिंह से एक पिस्तौल बरामद किया गया । दोनों आतंकवादियों का संबंध आतंकवादी संगठन बी.टी.एफ.के. से हैं । दोनों दस हत्याओं और चार बैंक डकैतियों में वांछित थे ।

प्राप्त विवरण के अनुसार पम्मा, जो कि स्वयंभू एरिया कमांडर है, दो मास पूर्व पाकिस्तान में हथियारों का प्रशिक्षण प्राप्त करके आया था । आज सुबह दारीके गांव के निकट सुरक्षा बलों ने एक नाके के दौरान इन दोनों को, जो कि स्कूटर पर आ रहे थे, रोका तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । लगभग 20 मिनट तक हुई मुठभेड़ के पश्चात् उन्हें गिरफ्तार किया जा सका ।

सुरक्षा बलों ने इसी पुलिस जिले में कल रात अजनाला के निकट एक और मुठभेड़ में एक आतंकवादी को दबोच लिया । कपूरथला पुलिस ने गुरनाम सिंह नामक एक व्यक्ति को बंदी बना कर उससे एक देसी पिस्तौल और एक कारतूस बरामद किया है ।

इसके अलावा अमरजीत उर्फ बाबू तथा हरजीत सिंह उर्फ छिन्दा नामक दो आतंकवादी क्रमशः अमृतसर और भटिंडा जिलों में गिरफ्तार किये गये । इन दोनों से एक रिवाल्वर और एक बंदूक एवं कुछ कारतूस बरामद हुए ।

5 उग्रवादियों के शव बरामद : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार थाना सरहाली के गांव जगतपुरा के पास 3 और कोटली वसावा सिंह से 2 उग्रवादियों के शव बरामद हुए हैं ।

5 प्रवासी श्रमिकों का अपहरण : थाना तरनतारन के गांव सखरा में से उग्रवादियों ने 5 प्रवासी श्रमिकों का अपहरण कर लिया ।

2 अन्य का अपहरण : एक अन्य सूचना के अनुसार कोटली नसीर खां में 6 उग्रवादी स्कूटरों पर आए और पंचायत सदस्य सुच्चा सिंह और गुरदीप सिंह का अपहरण कर ले गए ।

स्कूटर छीन लिया : माल रोड अमृतसर से उग्रवादियों ने एक दम्पति से वैस्पा स्कूटर छीन लिया ।

उग्रवादी पकड़ा गया : स्थानीय राम बाग क्षेत्र से एक उग्रवादी अमरजीत सिंह रामगढ़िया को पकड़ा गया है, जिससे 32 बोर का एक रिवाल्वर बरामद हुआ है ।

डाक्टर का घर लूट लिया : उग्रवादियों ने आज सायं वसीन रोड अमृतसर में प्रमुख डाक्टर एस.एस. बख्शी के घर को लूट लिया । पुलिस के अनुसार अभियुक्त डाक्टर के घर में एक खिड़की को तोड़कर घुसे थे । डाक्टर द्वारा शोर मचाने पर जब पड़ौसी उनकी मदद के लिए पहुंचे तो उग्रवादी भाग निकले । पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर लिया है ।

जू. ई. और नायब तहसीलदार की हत्या : चंडीगढ़ से वि.प्र. के अनुसार कल रात रोपड़ में आतंकवादियों ने पंजाब बिजली बोर्ड के जूनियर इंजीनियर सुखदेव सिंह और नायब तहसीलदार रोपड़ प्यारा सिंह की हत्या कर दी । सुखदेव सिंह की हत्या रात लगभग 8 बजे रोपड़ से 5 किलोमीटर दूर गांव गंडू में की गई । वह उस समय घर में सो रहे थे कि कुछ अज्ञात आतंकवादियों ने आकर उन पर गोलियां चला दीं, जिससे वह घटना स्थल पर ही दम तोड़ गए ।

नायब तहसीलदार प्यारा सिंह की रात लगभग 9 बजे रोपड़ शहर में हत्या कर दी गई । बताया जाता है कि दो अज्ञात आतंकवादी मोटर साइकिल पर उनके घर आए और उन्होंने प्यारा सिंह को गोलियों से भून डाला और फरार हो गए । उल्लेखनीय है कि कल ही रोपड़ में भूतपूर्व एम.सी. गोपाल दास पर हमला करने की नाकाम कोशिश की गई लेकिन गोली निशाने पर न लगने से वह बाल-बाल बच गए ।

बैंक से 7.87 लाख लूट लिए : अमृतसर से अशोक सोनी के अनुसार अमृतसर के बाहर जी.टी. रोड पर स्थित बैंक आफ बड़ौदा की प्रताप नगर शाखा को तीन लुटेरों द्वारा आज सुबह बड़े आराम से लूट लिया गया । लुटेरे बैंक से 7 लाख 87 हजार रुपए लूट ले गए । घटना के समय बैंक ड्यूटी पर तैनात पुलिस के दो सुरक्षा गार्ड भी लुटेरों को अपने शस्त्र 'सौंप' कर दृश्यावलोकन करते रहे ।

इस संबंध में घटनास्थल से प्राप्त विवरण के अनुसार आज सुबह लगभग 9.50 बजे तीन लुटेरे जिन्होंने नीली और काली पगड़ियां पहनी हुई थीं, बैंक आफ बड़ौदा की अमृतसर-जालंधर जी.टी. रोड पर स्थित प्रताप नगर शाखा में पहुंचे जबकि अभी बैंक स्टाफ ड्यूटी पर आ ही रहा था । बैंक के प्रबंधक श्री राम सिंह के द्वारा दी गई सूचना के अनुसार वह जब बैंक में पहुंचे ही थे कि द्वार पर ही उन्हें एक पिस्तौलधारी युवक ने दबोच लिया और कैश वाले कमरे की चाबियां मांगीं । उनके द्वारा यह कहने पर कि चाबियां उनके पास नहीं है, लुटेरों ने उन्हें बैंक के हाल में बैठा दिया और बैंक के शेष कर्मचारी भी ज्यों-ज्यों ड्यूटी पर आते गए, लुटेरे उन्हें हाल में बैठाते गए । इस दौरान कुछ ग्राहक भी बैंक में आए । उन्हें भी लुटेरों ने हाल में बैठा दिया । इसके पश्चात उन्होंने बैंक के कैशियर और अकाऊंटैंट को बैंक का कैश रूम (स्ट्रांग रूम) खोलने को कहा । बैंक कर्मचारियों ने बताया कि उसी समय के दौरान बैंक ड्यूटी पर तैनात दो पुलिस कर्मी भी वहां पहुंचे और लुटेरों ने उन्हें अपने पिस्तौल दिखा

(शेष पृष्ठ 8 पर)

वी.पी. सिंह का मुख्य मंत्रियों को पत्र

नई दिल्ली, 27 जून (वार्ता): प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों से अनुसूचित जातियों, जनजातियों और अन्य कमजोर तबकों पर अत्याचार रोकने और उन्हें सामाजिक-आर्थिक न्याय दिलाने के लिए सुझाव मांगे हैं । प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्रियों को लिखे पत्र में उनसे इन वर्गों को सामाजिक-आर्थिक न्याय दिलाने के लिए निर्धारित किए गए लक्ष्यों को पूरा करने में सहयोग भी मांगा है ।

उन्होंने इन वर्गों पर अत्याचार रोकने के उपायों को प्रभावपूर्ण बनाने के लिए इन मामलों की सुनवाई के लिए विशेष अदालतें गठित करने का सुझाव दिया है । उन्होंने कहा कि कि दंडात्मक कार्रवाइयों के साथ ही इन वर्गों के पीड़ितों और उनके परिवारों के पुनर्वास के कार्यक्रम भी चलाए जाने चाहिएं ।

प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्रियों से कहा है कि इन वर्गों पर अत्याचार करने वालों को खुली छूट नहीं दी जा सकती । उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था तब तक पूरी तरह असरदार नहीं हो सकती है, जब तक प्रशासन को इस बात का अहसास नहीं हो कि मुख्यमंत्री ऐसे अत्याचारों के बेहद खिलाफ हैं । ऐसी घटनाएं होने पर मुख्यमंत्रियों के वहां स्वयं जाने से प्रशासन में चुस्ती आएगी ।

बराड़ को इंका हाई कमान ने यदि मंजूरी दी है तो वह आज तक हरियाणा से धोखा करती रही हैं : गुप्ता

चंडीगढ़, 27 जून (राकेश मंत्री) : हरियाणा के ... [illegible]

...यों के मालिक करोड़ों बटोर कर ...4 कम्पनियों का सामान लूट ले गए

: केन्द्रीय सरकार ... अन्तर्गत पंजीकृत ... "कुकुरमुत्तों" की ...लिस जिला बटाला ...था । इन्होंने कुछ ...णों से करोड़ों रुपए ...काम में तेजी से ...रियों को समय पर ...फरी फैल गई । ...रोड़ों रुपए लेकर

...क्ता के अनुसार ...क वाला टैंक स्थित ...टा कि लेनदार उस ...तक उखाड़ कर ले ...कर लगभग सभी

फाइनैंस कम्पनियों के मालिक अपने कार्यालय बंद करके गायब हो गए । गत मास लेनदार स्थानीय सिनेमा रोड स्थित एक कम्पनी का भी सारा सामान लूट कर ले गए । गत सप्ताह स्थानीय अर्बन एस्टेट स्थित एक फाइनैंस कम्पनी के मालिक के निवास से लेनदार घर का कीमती सामान उठा कर ले गए ।

पुलिस के अधिकृत सूत्रों से प्राप्त विवरण के अनुसार आज प्रातः जालंधर स्थित एक बड़ी फाइनैंस कम्पनी के स्थानीय कार्यालय से लेनदार ट्रकों में सारा सामान लाद कर ले गए ।

उल्लेखनीय है कि पुलिस जिला बटाला क्षेत्र से हजारों ग्रामीणों ने इस फाइनैंस कम्पनियों के मालिकों से करोड़ों रुपए लेने हैं । ग्रामीण इन फाइनैंस कम्पनियों के उन मालिकों को ढूंढ रहे हैं जो कि इधर उधर अज्ञात स्थानों को चले गए हैं । प्राप्त विवरण के अनुसार कुछ उच्च पुलिस अधिकारियों के संबंधी व रिश्तेदार भी इन फाइनैंस कम्पनियों के चक्कर में फंसे हुए हैं और उनका लाखों रुपया इनमें फंसा हुआ है । कुछ फाइनैंस कम्पनियों के मालिकों से प्राप्त विवरण के अनुसार इस बहती गंगा में हाथ धोकर कुछ पुलिस व गुप्तचर एजैंसियों के अफसरों ने भी इन फाइनैंस कम्पनियों से लाखों रुपए व वाहन भ्रष्टाचार में बटोरे हैं और लेनदारों को प्रताडित करके इन कम्पनियों के मालिकों को अपने संरक्षण में सुरक्षित स्थानों पर छोड़ आए हैं ।

...मू जाकर ... हालत ...पा

: भारतीय जनता ...थ प्रताप सिंह से ...का दौरा करके वहां ...ं की स्थिति की

...ष्ण लाल शर्मा ने ...धानमंत्री को भेजा ...दी गई । पत्र में ...है कि जम्मू क्षेत्र में ... आवास उपलब्ध ... किसी प्रकार की ...हे । बरसात का ...ए विस्थापितों को ...ध कराने के लिए ... जारी की जाए ।

आर.पी. खन्ना अपदस्थ किए गए

चंडीगढ़, 27 जून (वि.प्र.): पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार श्री आर.पी. खन्ना को बाकायदा उनके पद से हटा दिया गया है । इस बारे जारी अधिसूचना के अनुसार श्री खन्ना के विभाग अन्य सलाहकारों श्री पी.एस. कोहली और श्री एच.एम. सिंह को दिए गए हैं । श्री खन्ना ने पूर्व राज्यपाल श्री निर्मल कुमार मुखर्जी के दौर में 30 अप्रैल को त्यागपत्र दिया था पर किसी कारण यह मामला दबा रहा । एक समय पर तो श्री खन्ना ने त्यागपत्र वापस लेने का मन बना लिया था, पर श्री मुखर्जी ने उनकी एक न चलने दी । इस पर श्री खन्ना जो सेवा निवृत्त आई.ए.एस. अधिकारी हैं, छुट्टी लेकर चले गए थे ।

सूत्रों का कहना है कि श्री खन्ना, जिनकी नियुक्ति श्री एस.एस. रे के दौर में हुई थी, से श्री मुखर्जी ने त्यागपत्र मांगा था । बाद में यह बहस

...रक्षा ...ाव

...मीन से आसमान

Punjabi Sanjani

ाचारों पर
ा व्यक्त

स.): मार्क्सवादी
ाटों और जाटवों
ा राजस्थान और
ासियों पर हुए
की है । पार्टी ने
ों की कड़ी निन्दा
था केंद्र से इन्हें
उठाने की मांग

ती में दर्द

ांग्रेस (इ) सांसद
सिम्हा राव को
ल रात अखिल
दाखिल कराया

मिनट में
उपकरण

हृदय रोग के
ो अब एक नए
से बिना किसी
मिल जाएगी ।
के अध्यक्ष डा.
ादादाताओं को
इस उपकरण
ता लग जाता
रास्ते दिल की
ट्यूब को एक
के बाद स्क्रीन
ाता है ।
में गांठ, छेद
ता चल जाता
7 से अधिक
बीमारियों का
ो परीक्षण के
ी सहज नहीं

श्रीनगर के ...
(पृष्ठ 3 का शेष)

सेठी ने एक वक्तव्य में सरकार से आग्रह किया है कि वह कश्मीरी पलायनकर्त्ताओं की मृत्यु का नोटिस ले तथा उनकी सहायता व पुनर्वास के लिए शीघ्र ही कदम उठाए ।

जनता दल के राज्य सचिव श्री संजेश गुप्ता ने एक बयान में कहा कि जम्म् नगर में कश्मीरी पलायनकर्त्ता अत्यंत दयनीय स्थिति में रह रहे हैं तथा गर्मी को देखते हुए यह अच्छा होगा कि नगर तथा आसपास के क्षेत्रों से उनके शिविर कुड, बटोट तथा अन्य ठंडे स्थानों में लगा दिए जाएं ।

युवा जनता दल के नेता श्री मोहिन्दर भारद्वाज ने भी एक वक्तव्य में इस बात पर बल दिया कि कश्मीरी पलायनकर्त्ताओं के शिविर हिमाचल प्रदेश के ठण्डे क्षेत्रों में ले जाने चाहिएं ।

माल गाड़ी के डिब्बे पटरी से उतरे

कानपुर, 27 जून (वार्ता): कानपुर-इलाहाबाद रेल मार्ग पर मलवा स्टेशन के निकट आज अपरान्ह एक माल गाड़ी के कुछ डिब्बे पटरी से उतर जाने के कारण लम्बी दूरी की कई ट्रेनें, विशेषकर दिल्ली जाने वाली गाड़ियां प्रभावित हुई हैं ।

एम.एफ़. हुसैन ने त्यागपत्र दिया

भोपाल, 27 जून (वार्ता): प्रसिद्ध चित्रकार मकबूल फ़िदा हुसैन तथा शिल्पकार श्री जे. स्वामीनाथन ने बहुविध कला नाट्य, संगीत तथा साहित्य को प्रोत्साहित करने वाली "भारत भवन" संस्था के न्यासी पदों से त्यागपत्र दे दिया है । भारत भवन की सांस्कृतिक गतिविधियों की स्वायत्तता पर शासन के अतिक्रमण करने के प्रयास के विरोध में इन कलाकारों ने त्यागपत्र दिया है । पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने भी भारतीय जनता पार्टी के शासन की अजनतांत्रिक एवं द्वेषपूर्ण कार्रवाई के विरोध में भारत भवन के न्यासी पद से त्यागपत्र दे दिया है । श्री स्वामीनाथन ने अपना त्यागपत्र कल यहां मुख्यमंत्री सुन्दर लाल पटवा को सौंपा, जबकि श्री हुसैन ने अपना त्यागपत्र आज भारत भवन ट्रस्ट की अध्यक्षा श्रीमती पुपुल जयकर को दिल्ली में सौंपा ।

क पूर्णिमा व्यास पूजा के
पावन पर्व पर
ून से 7 जुलाई, 1990 तक
10 विद्वानों के प्रवचन
5वां विशाल भक्ति
न सम्मेलन भंडारा"
क : सद्गुरुदेव म.मं. श्री 108
मी गुरु चरण दास जी महाराज
ी स्वामी लक्ष्मण यति जी महाराज वेदान्ताचार्य M.A.

श्री स्वामी लक्ष्मणयति जी
डल : स्वामी गुरु चरण दास समाधि मंदिर (ट्रस्ट)
शाल इन्क्लेव, नई दिल्ली-110027

धन्यवाद

बर पार्लियामैंट प्रधान इंडियन यूथ कांग्रेस (आई) श्रीमती
मैंट तथा सरदार मनिन्द्र जीत सिंह बिट्टा प्रधान पंजाब यूथ
ी सरपंच मनुवाल को जिला यूथ कांग्रेस आई गुरदासपुर का
करते हैं ।

- अजय वर्मा जनरल सैक्रेटरी पंजाब यूथ कांग्रेस आई ।
- रमन भल्ला उप-प्रधान पंजाब यूथ कांग्रेस आई ।
- बृज मोहन पुरी प्रधान यूथ कांग्रेस आई पठानकोट ।
- बलवान सिंह मनहास, जनरल सैक्रेटरी सिटी कांग्रेस कमेटी पठानकोट ।


Dévinder Singh Darsi, President Distt. Youth Congress

काइड विज्ञापन

ट

ज्योतिष

पीट-पीट कर मार डाला
(पृष्ठ 3 का शेष)

कर उनसे उनकी स्टेनगन और राइफल छीन ली । पुलिस कर्मियों ने बिना किसी प्रतिरोध के अपने हथियार लुटेरों को सौंप दिए । कैश रूम का द्वार खुलने पर लुटेरों ने वहां पड़ी कल नकदी 8 लाख 37 हजार 6 रुपए और 12 पैसों में से 7,87,006 रुपए अपने थैले में भर लिए । जो रुपया थैले में न आ सका उसे एक बैंक कर्मी के ब्रीफ केस में भर लिया और कुछ नकदी अपनी पैंटों की जेबों में भी भर ली और भाग गए । भागने से पूर्व उन्होंने स्टाफ, ग्राहकों और पुलिस कर्मियों को बैंक के बाथरूम में बंद कर दिया । स्टाफ के अनुसार लुटेरे 50 हजार की राशि संभवतः इसलिये छोड़ गए, क्योंकि यह राशि उठाने के लिए उनके पास कोई थैला अथवा अन्य साधन नहीं था । बैंक स्टाफ को बैंक के जैनरेटर चालक, जो लगभग 10.30 बजे बैंक में पहुंचा, ने बाथरूम से बाहर निकाला । स्टाफ के अनुसार लुटेरों को इस कार्रवाई में लगभग आध घंटा लगा । बैंक प्रबंधक के अनुसार बैंक में दो सुरक्षा गार्ड भी हैं, जिनमें से एक तो छुट्टी पर है जबकि दूसरा गत 2 दिन से अनुपस्थित है ।

यहां यह उल्लेखनीय है कि अमृतसर में स्थापित अत्याधुनिक पुलिस कंट्रोल रूम द्वारा प्रदत्त सूचनाओं के अनुसार लूट की राशि मात्र 78,706 रुपए है ।

महिला की हत्या : तरनतारन पुलिस जिले के गांव जाबंदा में कल रात आतंकवादियों ने सुरजीत कौर नामक एक महिला की हत्या कर दी तथा उसके पुत्र परगट सिंह का अपहरण कर लिया ।

एक की हत्या : जिला गुरदासपुर के गांव जौहल के एक डेरे में घुसकर आतंकवादियों ने आज प्रीतम सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । इस हमले में एक महिला गुरमीत कौर गोली लगने से घायल हो गई ।

बड़ी त्रासदी होने से टली : बटाला से कोछड़ के अनुसार पुलिस जिला बटाला जालंधर रोड पर स्थित गांव खुब्बे राजपूतां के निकट जिला पुलिस की सक्रियता के कारण एक बड़ी त्रासदी होने से टल गई । इसका दावा करते हुए जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार गत सायं जालंधर से बटाला आ रही रोडवेज की एक यात्री बस को मोटर साईकल सवार सशस्त्र आतंकवादियों ने रोक कर यात्रियों को नीचे उतरने के लिए कहा। संयोगवश सी.आई.ए. स्टाफ बटाला की एक जीप गश्त करते हुए वहां पहुंच गई और मोटर साईकल सवार सशस्त्र आतंकवादी भागने में सफल हो गए । उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व भी इस क्षेत्र से आतंकवादी बस से एक यात्री का अपहरण करके ले गए थे ।

आतंकवादियों ने दो स्कूटर छीने : जालंधर से न.न.ए. के अनुसार जिला जालंधर में आतंकवादियों द्वारा तीन विभिन्न घटनाओं में स्कूटर छीनने व एक व्यक्ति के घर से 4500 रु. नकद व कुछ सोने के गहने छीन ले जाने की सूचना मिली है । गत रात थाना नकोदर के गांव हेरां स्थित सरजन सिंह के घर 4 सशस्त्र आतंकवादी दाखिल होकर उससे 4500 रुपए नकद, 2 सोने की चूड़ियां व अंगूठियां छीन कर ले गए । आज दोपहर 1 बजे थाना फिल्लौर के गांव अपरा में 2 आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर जोगिन्दर सिंह नामक व्यक्ति से उसका स्कूटर नं. पी.आई.एल. 7857 छीन लिया । इसी तरह थाना बंगा के गांव ओजला से कुलदीप सिंह नामक व्यक्ति से 2 आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर नं. पी.बी. 08-A/4113 छीन लिया । पुलिस ने इन मामलों के संबंध में केस दर्ज कर लिये हैं ।

4500 रुपए लूट लिए : सुनाम से 'नागपाल' के अनुसार गत रात कुछ लुटेरों ने स्थानीय इंदिरा बस्ती के एक घर में दाखिल होकर 4500 रुपए लूट लिए और फरार हो गए । प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुछ लुटेरे दीवार फांद कर घर में घुसे । घर के सदस्य उस समय सोए हुए थे । उन्होंने पिस्तौल की नोक पर उनसे लाइसैंस शुदा बन्दूक मांगी । जब उन्होंने कहा कि उनके पास बन्दूक नहीं है, तो वे घर से 4500 रुपए की नकदी लेकर फरार हो गए ।

बेनज़ीर अगले मास अरब देशों की यात्रा पर जाएंगी

अबूधाबी, 27 जून (ए.पी.): पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो अगले महीने अरब देशों की यात्रा पर जा रही हैं । इन अरब देशों से कश्मीर के मामले पर उनका समर्थन मांगेंगी । पाकिस्तान

धारा 370 समाप्त करने से उग्रवाद बढ़ेगा : फारूक

लंदन, 27 जून (आई.ए.एन.एस.) : जम्मू और कश्मीर के भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री फारूक अब्दुल्ला ने कहा है कि धारा 370 के समाप्त किए जाने से उग्रवाद को और भी बढ़ावा मिलेगा । उन्होंने कहा कि भाजपा को यह मांग करने से पहले सोचना चाहिए ।

उन्होंने कहा कि राज्य में सुरक्षा बलों द्वारा किए गए कथित अत्याचारों के बाद मरहम लगाने के लिए वह अगले मास वापस श्रीनगर जाएंगे ।

गत अप्रैल में मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र देने के बाद श्री अब्दुल्ला अपनी पत्नी व बच्चों सहित ब्रिटेन आए थे ।

उन्होंने कहा है कि बहुत से हिन्दू और सिख घाटी छोड़ कर जा चुके हैं और दयनीय स्थिति में रह रहे हैं । हमें उन्हें वापस लाने के उपाय करने चाहिएं ।

उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि, "पाकिस्तान धन और हथियार देकर उग्रवादियों की सहायता कर रहा है, लेकिन यह भी आवश्यक है कि हम अपने घर को सुरक्षित रखें ।"

उन्होंने कहा कि कश्मीर समस्या के हल के लिए केन्द्र सरकार और राज्य के लोगों में विश्वास उत्पन्न करने की आवश्यकता है । उन्होंने याद दिलाया कि जब दूसरा विरोधी गुट अल्लाह-ओ-अकबर के नारे लगा रहा था तो कश्मीर के लोगों ने भारत का साथ दिया था ।

जद के पदाधिकारियों में परिवर्तन की सम्भावना

नई दिल्ली, 27 जून (प.स.): जनता दल के अध्यक्ष एस.आर. बोम्मई ने आज कहा कि दल की राजनीतिक मामलों की समिति का आगामी एक जुलाई तक पुनर्गठन कर दिया जाएगा । श्री बोम्मई ने जो आज ही बंगलौर से यहां लौटे हैं, बताया कि नई समिति के गठन के से पूर्व वह पार्टी के नेताओं से विचार-विमर्श करेंगे । पार्टी सूत्रों के अनुसार दल के पदाधिकारियों में भी परिवर्तन की सम्भावना है, क्योंकि उनमें से अनेक को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया गया है ।

विमान यात्रा पर कर-वृद्धि प्रथम जुलाई से

नई दिल्ली, 27 जून (पस) : इंडियन एयरलाइन्स की घरेलू उड़ानों पर एक जुलाई से यात्रा-कर दस प्रतिशत से बढ़कर पन्द्रह प्रतिशत हो जाएगा ।

एयर लाइन्स की एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार यात्रा-कर में वृद्धि करने का फैसला संसद द्वारा पारित बजट प्रस्तावों के अनुरूप है । यात्रा-कर अब मूल किराए का पंद्रह प्रतिशत होगा ।

विदेशी पर्यटकों के लिए पंचवर्षीय वीसा जारी होंगे

नई दिल्ली, 27 जून (वार्ता) : पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम के तहत बार-बार भारत आने वाले विदेशी नागरिकों और विदेशी ट्रैवल एजैंसियों के एजैंटों को पांच वर्ष के लिए बार-बार काम आ सकने वाला वीसा जारी करने का फैसला किया है ।

हरिद्वार सम्मेलन के फैसले की पुष्टि

नई दिल्ली, 27 जून (वार्ता) : विश्व हिन्दू परिषद् की केन्द्रीय प्रबंध समिति ने अयोध्या में रामजन्म भूमि मंदिर के जीर्णोधार के बारे में हरिद्वार सम्मेलन के फैसले का अनुमोदन कर दिया ।

परिषद की प्रबंध समिति की आज समाप्त हुई दो दिन की बैठक के बाद जारी विज्ञप्ति के अनुसार समिति ने जीर्णोधार 30 अक्तूबर से शुरू करने तथा इस मंदिर के प्रारूप और स्थान को नहीं बदलने की बात को स्वीकार किया तथा सद्भाव के लिए बातचीत के दरवाजे खुले रखने पर सहमति प्रकट की ।

नगर निगम आयुक्त की नियुक्ति शीघ्र करने की मांग

लुधियाना, 27 जून (मल्हन्द्रा): मुल्लांपुर के निकट मौजा बासिया बेट के लोगों ने रात-भर पहरा देकर पांच चोर पकड़ लिए । एक सूचना के अनुसार इस गांव में प्रतिदिन चोरियां होती थीं । चोरों ने गांव में ऊधम मचा रखा था । इस पर गांव वालों ने पहरा देने का फैसला किया । पहरे के दौरान कल पांच चोर पकड़े गए । इनको गुंडा स्टाफ के हवाले किया गया है । चोरों ने पुलिस को बताया है कि उनका 20 चोरों का एक गिरोह है ।

170 करोड़ के ऋण माफ

जयपुर, 27 जून (वार्ता) : राजस्थान सरकार ने इस साल किसानों के 170 करोड़ रुपए के ऋण को माफ करने की घोषणा की है ।

सरकारी कर्मियों के गोद लिए बच्चे भी चिकित्सा सुविधा के हकदार

नई दिल्ली, 27 जून (वार्ता) : सरकारी कर्मचारी अब कानूनी तौर पर गोद लिए बच्चों के लिए भी चिकित्सा सुविधा हासिल कर सकेंगे । कल्याण मंत्रालय के अनुरोध पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने इस आशय का आदेश जारी किया है । इसके अनुसार संबंधित नियम में परिवार की परिभाषा में गोद लिए गए बच्चे को भी शामिल किया गया है ।

इस फैसले का मकसद अनाथ और लावारिस बच्चों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है ताकि इन बच्चों को परिवार की छत्रछाया मिल सके और उनका पूरी तरह विकास हो सके ।

कोयम्बटूर कालेज से 200 पंजाबी विद्यार्थी पलायन कर गए

पटियाला, 27 जून (भूषण) : कोयम्बटूर इंजीनियरिंग कालेज में आपसी भिड़न्त के बाद अत्यन्त तनाव के कारण 200 पंजाबी विद्यार्थी वहां से पलायन करके दिल्ली और पंजाब आ गए हैं । यह रहस्योद्घाटन करते हुए जत्थेदार हरचरण सिंह (पूर्व-जत्थेदार अकाल तख्त) ने बताया कि बीदर कालेज में दंगों के समय श्री इन्द्र कुमार गुजराल, दिल्ली के वर्तमान उपराज्यपाल अर्जुन सिंह, श्री कुलदीप नैयर आदि इनके साथ थे, परन्तु कोयम्बटूर के दंगों के मामले में ये सभी भद्रपुरुष खामोश हैं, क्योंकि अब वे सरकार में हैं ।

यांग अस्पताल में दाखिल

पेइचिंग, 27 जून (पस): चीन के 83 वर्षीय राष्ट्रपति यांग शांग कुन को एपेन्डेसाइटिस के कारण पिछले सोमवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया ।

लोगों ने पहरा देकर 5 चोर पकड़ लिए

लुधियाना, 27 जून (महिन्द्रा): मुल्लांपुर के निकट मौजा बासिया बेट के लोगों ने रात-भर पहरा देकर पांच चोर पकड़ लिए । एक सूचना के अनुसार इस गांव में प्रतिदिन चोरियां होती थीं । चोरों ने गांव में ऊधम मचा रखा था । इस पर गांव वालों ने पहरा देने का फैसला किया । पहरे के दौरान कल पांच चोर पकड़े गए । इनको गुंडा स्टाफ के हवाले किया गया है । चोरों ने पुलिस को बताया है कि उनका 20 चोरों का एक गिरोह है ।

शाम को दिल्ली बाजार–(27 जून, एन.एन.एस.)

दिल्ली क्लाथ 52.75, हिंद मोटर 34.25, रिलायंस 72.00, चांदी (999) टंच हाजिर (प्रति किलो) 6560, चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 7250, सोना बिस्कुट (प्रति 10 ग्राम) 3170, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3250, मिल डिलिवरी : बनस्पति यू.पी. (प्रति टीन) 442-445, बनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 440-452, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 237.00, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 247, मगफली तेल (10 किलो) 305, तिल तेल (10 किलो) 260, तेल बिनौला (10 किलो) 253, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 222, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 150, फैक्ट्री एसिड आयल (क्विंटल) 1900, सरसों बायदा (20 किलो) अगस्त 178.20, गुड़ बायदा (40 किलो) मुजफ्फरनगर दिसं. 143.50, आलू हापड़ (40 किलो) जुलाई 73.10 रुपए ।

दिल्ली शेयर बाजार--(27 जून, एन.एन.एस.)

ए.सी.सी. 547.00, आंध्र सीमैंट, 49.75 (25/6), अपोलो टायर 50.00, एशियन होटल 62.00, बिदल एग्रो 41.50, डी.सी.एम. लि. 52.75, डी.सी.एम. टोयोटा 30.00, इंस्ट इंडिया होटल 59.00, एस्काट्स 100.00,, एम्मर शिपिंग 38.00, ग्रासिम इंडस्ट्रीज 125.00 (26/6), गुजरात नर्मदा 34.00, एच.एम.एम. लि. 322.00, हीरो होंडा 32.75, हिन्दालको इंडस्ट्रीज 278.00, हिन्द. सीमर 121.50, हिन्द मोटर 34.25, हिन्द डिवैलपमैंट कार्प. 79.00, इंडियन रेयन 109.50 (26/6), जे.के. इंडस्ट्रीज 65.00, जे.के. सिथैटिक 60.00, जे.सी.टी. लि. 80.00, लार्सन एंड टुबो 75.00 (26/6), एल.एम.एल. लि. 24.50, महावीर स्पिनिंग 160.00, मालवा कोटन 105.00, मोदी रबड़ 72.00, नेस्ले इंडिया 118.50, मोहन मीकिन 16.00 (26/6), ओरके सिल्क मिल्स 18.60, ओसवाल एग्रो 34.00, रिलायंस इंडस्ट्रीज 72.00, श्रीराम

Punjabi Sahara.in



ध कांत सहाय भारत-पाक सीमा के ममदोट (फिरोजपुर) सैक्टर में रीक्षण करते हुए । उनके साथ जिला प्रशासन तथा सीमा सुरक्षा के अधिकारी भी दिखाई दे रहे हैं ।

सीमा के साथ कंटीली तार लगाने डेढ़ वर्ष में पूरा होने की आशा

.): पंजाब में र कंटीली तार रा हो जाने की

र कांत सहाय ने ोजपुर जिलों में रान पत्रकारों या कि राज्य में 30 किलोमीटर टर तक कंटीले अगले चरण में तार लगाए हीने अतिरिक्त

म में हर एक ा खर्च आ रहा संभावना है । में हर एक र्च है ।

न इलाकों में गया है, वहां तार लगाने के ीं आई है । के सेजराबल तस्करी होती ई घुसपैठ नहीं

पर औसतन ी का सामान ाख रुपए का , जबकि इस ड़ का सामान

जब्त किया गया । तस्करी के सामानों में मुख्य रूप से सोना, नशीले पदार्थ और हथियार शामिल होते हैं ।

उन्होंने बताया कि 1989 में 260 और 1990 के पांच महीनों में 240 हथियार पकड़े गए हैं । इसमें 68 ए.के. 47 और 27 ए.के. 74 राइफल शामिल हैं ।

श्री सहाय ने सीमावर्ती गांवों के लोगों से भी मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं । गांव वालों ने मुख्य रूप से बिजली, पानी, स्कूल और अस्पताल की समस्याएं बताईं । उन्होंने गांवों के शिक्षित युवकों को रोजगार देने की भी गृह राज्यमंत्री से मांग की ।

गृह राज्यमंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देश दिया कि सीमावर्ती गांवों के लोगों की समस्याओं को जल्द हल करने का प्रयास करें । उन्होंने फिरोजपुर जिले में पंजाब सीमा के निकट सीमावर्ती गांव में स्कूल आदि की समस्याएं एक महीने तक दूर करने का जिला प्रशासन को निर्देश दिया ।

इससे पहले गृह राज्यमंत्री ने गुरदासपुर जिले के दीनानगर पुलिस थाने और विकास कार्यालय का अचानक निरीक्षण भी किया ।

श्री सहाय के साथ सीमा सुरक्षा बल के अतिरिक्त महानिदेशक प्रकाश सिंह, पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार पी.एस. कोहली तथा अनेक वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी भी थे ।

श्री सहाय ने मंगलवार को चंडीगढ़ में पंजाब के राज्यपाल श्री बीरेन्द्र वर्मा से राज्य की ताजा राजनीतिक स्थिति की समीक्षा की । इस दौरान राज्य के वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे ।

मिलों की हत्याएं रोकने का पुनः पी. का करुणानिधि को आश्वासन

का के उत्तर लड़ाई और ए फिर से प्रधानमंत्री यमंत्री एम. टैलीफोन

वज्ञप्ति के श्रीलंका में रोकने के या था । ने श्रीलंका

कारी ई में नकदी

की जातीय समस्या का समाधान वार्ता से निकालने के लिए प्रधानमंत्री के दूत के रूप में यहां लिट्टे, ई.पी.आर.एल.एफ. तथा दूसरे उग्रवादी संगठनों से बातचीत की थी । लिट्टे तथा ई.पी.आर.एल.एफ. के बीच कोई सहमति न हो पाने के कारण श्री करुणानिधि के प्रयास विफल हो गए थे ।

भारत द्वारा चिन्ता व्यक्त : नई दिल्ली (वार्ता, पस): भारत ने श्रीलंका में संघर्ष की तीव्रता बढ़ने पर गहरी चिन्ता व्यक्त की है तथा वहां जातीय समस्या का हल ढूंढने के लिए सभी सम्बद्ध पार्टियों से राजनीतिक बातचीत का आह्वान किया है । आज यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की राजनीतिक मामलों की समिति की हुई बैठक में श्रीलंका की ताजा स्थिति पर विचार किया गया । प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने इस बैठक की अध्यक्षता की । बैठक के बाद जारी एक बयान में एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि श्रीलंका की एकता व अखंडता के अंतर्गत तमिलों की उचित मांगें पूर्ण रूप से स्वीकार कर ली जानी चाहिएं ।

उग्रवादियों द्वारा पंजाब में 2 दम्पतियों, महिला हवलदार, कांस्टेबल सहित 11 की हत्या

एस.पी.ओ. चौकी पर 35 उग्रवादियों ने कई राकेट फैंके, डाकघर लूटा

2 उग्रवादी मुठभेड़ में, एक आपसी शत्रुता में मरा : एक द्वारा आत्महत्या

चंडीगढ़, 28 जून (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत रात से आतंकवादियों ने दो दम्पतियों, एक महिला हैड कांस्टेबल और एक पुरुष कांस्टेबल सहित 11 व्यक्तियों की हत्या कर दी और सुरक्षा बलों की एक चौकी को राकेटों द्वारा नष्ट कर दिया, जबकि सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए और एक आतंकवादी ने सुरक्षा बलों के घेरे में आने पर सायनाइड खा लिया तथा एक आतंकवादी आपसी शत्रुता में मारा गया ।

मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए : तरनतारन पुलिस जिले के गांव भूरे में आज दोपहर सुरक्षा बलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में दो अज्ञात आतंकवादी मारे गए ।

बब्बर खालसा गिरोह के आतंकवादी द्वारा आत्महत्या : मजीठा पुलिस जिले के गांव माजूपुरा के निकट आज सुबह सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में बब्बर खालसा गिरोह के एक आतंकवादी ने जब अपने को चारों ओर से घिरा पाया तो उसने 'सायनाइड' खाकर आत्महत्या कर ली । घटनास्थल से दो किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ, दो डैटोनेटरस तथा बब्बर खालसा के लैटर पैड मिले हैं । सुरक्षा बलों ने इस क्षेत्र में तलाशी अभियान के दौरान पांच बम भी बरामद किए हैं । यह बम एक छोटे से कस्बे को उड़ाने के लिए काफी हैं ।

एस.पी.ओ. चौकी पर फायरिंग : अमृतसर से वि.प्र. के अनुसार पुलिस जिला मजीठा के कस्बे रामदास में एस.पी.ओ. चौकी पर गत रात 10 बजे के करीब आतंकवादियों ने लगभग आधा घंटा तक फायरिंग की लेकिन जवाबी फायरिंग पर आतंकवादी फरार हो गए । किसी जानी नुक्सान की कोई सूचना नहीं है ।

चौकी पर फायरिंग में कांस्टेबल मरा : कस्बा मजीठा में सब्जी मंडी एस.पी.ओ. चौकी पर भी गत रात 11 बजे आतंकवादियों, जो कि एक वाहन में सवार होकर आए थे, ने हमला कर दिया और जबरदस्त फायरिंग की । पुलिस और होमगार्डों ने जवाबी फायरिंग की । आतंकवादियों की फायरिंग से चौकी पर तैनात पुलिस कांस्टेबल कुलविंदर सिंह मारा गया ।

पी.आई. के अनुसार पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों ने पहले सड़क पर एक बारूदी सुरंग बिछा कर पुलिस गश्ती दल के एक वाहन को उड़ाने का प्रयास किया था पुलिस दल को इसका पता लग गया और पुलिस ने अपना वाहन कच्चे रास्ते से निकाल लिया । आतंकवादियों ने अपनी योजना विफल होती देख कर तब सब्जी मंडी में सुरक्षा चौकी पर हमला किया ।

पति-पत्नी की हत्या : इसी पुलिस जिले के थाना कत्थूनंगल के गांव मत्तेवाल में गत रात लगभग 10 बजे चार आतंकवादी मोहिन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में दाखिल हो गए और मोहिन्दर सिंह और उसकी पत्नी दीपो की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

शराब का ठेका लूटा : गांव टांगरा में गत रात आतंकवादियों ने शराब के ठेके से लगभग 100 बोतलें शराब, जिनका मूल्य लगभग 6 हजार रुपए है, लूट लीं ।

आतंकवादियों ने मजीठा पुलिस जिले के ही गांव मतियांपुर में कल रात प्रकाश सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

आपसी शत्रुता में आतंकवादी मरा : अमृतसर के सुल्तानविंड क्षेत्र में आतंकवादियों ने आज दोपहर बाद गुरदयाल सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार यह आतंकवादियों की आपसी शत्रुता का मामला है ।

राकेटों से सुरक्षा बलों की चौकी उड़ाने की कोशिश : उग्रवादियों ने आज रात थाना भिखीविंड के गांव सुरसिंहवाल में सुरक्षा बलों की एक चौकी पर राकेटों से एक बड़ा हमला किया । यहां प्राप्त प्राथमिक सूचनाओं में कहा गया है कि लगभग 35 उग्रवादियों ने चौकी को उड़ाने के लिए कई रूसी राकेट फैंके । हताहतों की संख्या का तत्काल पता नहीं चल सका ।

महिला हैडकांस्टेबल की हत्या : अपनी तरह की पहली घटना में आतंकवादियों ने आज शाम झब्बाल पुलिस थाने के गांव पंदेरकलां में पंजाब पुलिस की एक महिला हैडकांस्टेबल लखविन्दर कौर की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार लखविन्दर कौर जब साइकिल पर वापस घर आ रही थी तो उसके घर के निकट ही साइकिल सवार दो आतंकवादियों ने उसका अपहरण करने का प्रयास किया लेकिन जब लखविन्दर कौर के प्रतिरोध के कारण ऐसा करने में असफल रहे तो उन्होंने उसकी घटनास्थल पर ही हत्या कर दी । कुछ दिन पूर्व ही उसकी शादी हुई थी । वह तरनतारन के पुलिस प्रमुख की स्टैनो के रूप में कार्यरत थी ।

सोना के गिरोह के खिलाफ अभियान : फिरोजपुर जिले के सुरक्षा बलों ने एस.एस.पी. फिरोजपुर अनिल शर्मा के नेतृत्व में तरनतारन पुलिस जिले के पट्टी पुलिस थाने के अंतर्गत गांव दगली में आज रात आतंकवादियों के छिपने के ठिकानों पर छापे मारने का अभियान आरम्भ किया । इस अभियान में कमांडो भी शामिल हैं । बताया जाता है कि यह अभियान दर्दांत आतंकवादी बख्शीश सिंह सोना जो कि पिछले मास फिरोजपुर में मारा गया था, के गिरोह के विरुद्ध चलाया गया है ।

2 घुसपैठिये मारे गए : भारत-पाक सीमा पर बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में दो घुसपैठिए मारे गए ।

एक अन्य दम्पति की हत्या : पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने अमृतसर जिले के धतिया महंत गांव के निकट गरदीप सिंह और उनकी पत्नी सुरजीत कौर की गोली मार कर हत्या कर दी । इनका तरनतारन पुलिस जिले में सरहाली से अपहरण कर लिया गया था ।

एस.एच.ओ. घायल : 2 उग्रवादी पकड़े गए : आज थाना भिखीविंड के गांव भूरे कोने के बाहर उग्रवादियों से हुई मुठभेड़ में भिखीविंड का एस.एच.ओ. पुलिस इंस्पैक्टर हरबंस लाल खुल्लर घायल हो गया, जबकि पुलिस ने दो दर्दांत उग्रवादियों को काबू कर लिया । पुलिस ने इन उग्रवादियों से 2 ए.के. 47 राइफलें और 400 कारतूस बरामद किए । गिरफ्तार उग्रवादियों की शिनाख्त सुरसिंहवाला के श्याम सिंह और कड़ियां के गुरशरण सिंह के रूप में की गई है ।

डाकघर लूट लिया : दो आतंकवादियों ने आज सुबह तरनतारन पुलिस जिले में सुरसिंहवाला गांव के डाकघर से पांच हजार रुपए लूट लिए ।

दो व्यक्तियों का अपहरण : थाना छहर्टा के गांव कोटली नसीर खान में आतंकवादियों ने सच्चा सिंह और गुरदीप सिंह के घरों में घुस कर उनका अपहरण कर लिया । दोनों का अभी तक कुछ भी अता-पता नहीं चला है ।

महंत व चेले की हत्या : बटाला से कोछड़ के अनुसार पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव मिट्टे वड्ड चीमां में गत रात 2 सशस्त्र आतंकवादियों ने एक डेरे पर फायरिंग करके एक महंत गरदेव दास (50 साल) व उसके चेले वचन (32) की हत्या कर दी । जिला पुलिस के सूत्रों के अनुसार इस हत्याकांड में ए.के. 47 राइफल इस्तेमाल की गई है । इसके चले हुए 9 कारतूस मौके पर बरामद हुए हैं ।

सरपंच की हत्या : कपूरथला से शर्मा के अनुसार थाना सुभानपुर के गांव लखन के पड़ड़े के सरपंच तथा अकाली दल (बादल) के सक्रिय कार्यकर्त्ता अनूप सिंह की आज सुबह गांव में दो कथित आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफलों से गोलियां चला कर हत्या कर दी । सूचना मिलते ही पुलिस ने खोज आरम्भ कर दी है ।

ठेकेदार की हत्या : रोपड़ जिले के गांव कश्तेर में कल रात आतंकवादियों ने एक शराब की दुकान के मालिक चरनजीत सिंह उर्फ चन्ना को गोली मार कर मार डाला ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : फिल्लौर पुलिस ने गत रात गांव कतपालों के निकट एक नाकेबंदी के दौरान साहिब सिंह और बेअंत सिंह नामक दो आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनके

(शेष पृष्ठ 6 पर)

'प्रधानमंत्री द्वारा देवीलाल को खुश करने के यत्न देश को बहुत महंगे पड़ेंगे'

नई दिल्ली, 28 जून (जी.एस.चावला): उप-प्रधानमंत्री श्री देवी लाल ने रहस्यपूर्ण ढंग से अपनी बंगलौर में रहने की अवधि बढ़ा दी है तथा उन्हें प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह के निकट लाने वाली उच्च स्तरीय कोशिशें भी अब काफी तेज होने लगी हैं ।

बंगलौर के प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र में उनके मुख्य आलोचक श्री आर.के. हेगड़े द्वारा गत दिवस उनके साथ दो बार हुई मुलाकात भी चर्चा का विषय बनी हुई है । दो दिन पहले ही श्री चन्द्र शेखर भी उससे मिल चुके हैं तथा दोनों में तब देश की राजनीतिक स्थिति बारे दो घंटे तक बहस होती रही थी ।

जनता दल के नेतृत्व में राजनीतिक गहमागहमी कुछ दिनों से जारी है तथा ऐसा लग रहा है कि उच्च नेतृत्व अपने सभी मतभेद शीघ्र ही निपटाने के चक्कर में है । बंगलौर में श्री चन्द्र शेखर ने कहा कि श्री वी.पी. सिंह की सरकार सुरक्षित है तथा भाजपा भी राष्ट्रीय मोर्चा सरकार से समर्थन वापिस लेने का मन नहीं बना रही ।

श्री देवी लाल गत 17 जून से बंगलौर में हैं तथा अब वह आगामी 7 जुलाई तक वहीं रहेंगे । वह कृषि मंत्रालय का कार्यभार भी सम्भाले हुए हैं, मगर अपने विभाग के प्रति जरा भी चिन्तित नहीं और आंध्र प्रदेश के समारोहों में लगातार भाग ले रहे हैं ।

लगता है कि श्री वी.पी. सिंह ने श्री देवी लाल से अपने मंत्रिमंडल को खतरा अनुभव कर लिया तभी वह श्री अरुण नेहरू को विचार-विमर्श के लिए अपने

आतंकवाद से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता 20 हज़ार से बढ़ा कर 50 हज़ार कर दी गई : बराड़

लुधियाना, 28 जून (धीमान): कल जिला हुआ, उसकी जांच जारी है । [illegible]

Punjab Sarkar.gov.in



त सहाय भारत-पाक सीमा के ममदोट (फिरोजपुर) सैक्टर में करते हुए । उनके साथ जिला प्रशासन तथा सीमा सुरक्षा अधिकारी भी दिखाई दे रहे हैं ।

ा के साथ कंटीली तार लगाने ढ़ वर्ष में पूरा होने की आशा

जाब में ीली तार जाने की

सहाय ने जिलों में पत्रकारों राज्य में लोमीटर क कंटीले चरण में र लगाए अतिरिक्त

हर एक र्व आ रहा वना है । हर एक

लाकों में है, वहां लगाने के ाई है ।

जेजराबल री होती सपैठ नहीं

औसतन ा सामान रुपए का बकि इस ा सामान

जब्त किया गया । तस्करों के सामानों में मुख्य रूप से सोना, नशीले पदार्थ और हथियार शामिल होते हैं ।

उन्होंने बताया कि 1989 में 260 और 1990 के पांच महीनों में 240 हथियार पकड़े गए हैं । इसमें 68 ए.के. 47 और 27 ए.के. 74 राइफल शामिल हैं ।

श्री सहाय ने सीमावर्ती गांवों के लोगों से भी मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं । गांव वालों ने मुख्य रूप से बिजली, पानी, स्कूल और अस्पताल की समस्याएं बताईं । उन्होंने गांवों के शिक्षित युवकों को रोजगार देने की भी गृह राज्यमंत्री से मांग की ।

गृह राज्यमंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देश दिया कि सीमावर्ती गांवों के लोगों की समस्याओं को जल्द हल करने का प्रयास करें । उन्होंने फिरोजपुर जिले में पंजाब सीमा के निकट सीमावर्ती गांव में स्कूल आदि की समस्याएं एक महीने तक दूर करने का जिला प्रशासन को निर्देश दिया ।

इससे पहले गृह राज्यमंत्री ने गुरदासपुर जिले के दीनानगर पुलिस थाने और विकास कार्यालय का अचानक निरीक्षण भी किया ।

श्री सहाय के साथ सीमा सुरक्षा बल के अतिरिक्त महानिदेशक प्रकाश सिंह, पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार पी.एस. कोहली तथा अनेक वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी भी थे ।

श्री सहाय ने मंगलवार को चंडीगढ़ में पंजाब के राज्यपाल श्री वीरेन्द्र वर्मा से राज्य की ताजा राजनीतिक स्थिति की समीक्षा की । इस दौरान राज्य के वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे ।

मिलों की हत्याएं रोकने का पुनः ी. का करुणानिधि को आश्वासन

के उत्तर ाई और फिर से धानमंत्री त्री एम. ेलीफोन

प्ति के लंका में रोकने के ा था । श्रीलंका

ारी ई में नकदी

की जातीय समस्या का समाधान वार्ता से निकालने के लिए प्रधानमंत्री के दूत के रूप में यहां लिट्टे, ई.पी.आर.एल.एफ. तथा दूसरे उग्रवादी संगठनों से बातचीत की थी । लिट्टे तथा ई.पी.आर.एल.एफ. के बीच कोई सहमति न हो पाने के कारण श्री करुणानिधि के प्रयास विफल हो गए थे ।

भारत द्वारा चिन्ता व्यक्त : नई दिल्ली (वार्ता, पस): भारत ने श्रीलंका में संघर्ष की तीव्रता बढ़ने पर गहरी चिन्ता व्यक्त की है तथा वहां जातीय समस्या का हल ढूंढने के लिए सभी सम्बद्ध पार्टियों से राजनीतिक बातचीत का आह्वान किया है । आज यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की राजनीतिक मामलों की समिति की हुई बैठक में श्रीलंका की ताजा स्थिति पर विचार किया गया । प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने इस बैठक की अध्यक्षता की । बैठक के बाद जारी एक बयान में एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि श्रीलंका की एकता व अखंडता के अंतर्गत तमिलों की उचित मांगें पूर्ण रूप से स्वीकार कर ली जानी चाहिएं ।

कोलम्बो (ए.पी.) : श्रीलंका के सैनिकों ने

उग्रवादियों द्वारा पंजाब में 2 दम्पतियों, महिला हवलदार, कांस्टेबल सहित 11 की हत्या

एस.पी.ओ. चौकी पर 35 उग्रवादियों ने कई राकेट फैंके, डाकघर लूटा

2 उग्रवादी मुठभेड़ में, एक आपसी शत्रुता में मरा : एक द्वारा आत्महत्या

चंडीगढ़, 28 जून (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत रात से आतंकवादियों ने दो दम्पतियों, एक महिला हैड कांस्टेबल और एक पुरुष कांस्टेबल सहित 11 व्यक्तियों की हत्या कर दी और सुरक्षा बलों की एक चौकी को राकेटों द्वारा नष्ट कर दिया, जबकि सुरक्षा बलों के साथ मठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए और एक आतंकवादी ने सुरक्षा बलों के घेरे में आने पर सायनाइड खा लिया तथा एक आतंकवादी आपसी शत्रुता में मारा गया ।

मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए : तरनतारन पुलिस जिले के गांव भरे में आज दोपहर सुरक्षा बलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में दो अज्ञात आतंकवादी मारे गए ।

बब्बर खालसा गिरोह के आतंकवादी द्वारा आत्महत्या : मजीठा पुलिस जिले के गांव माजूपुरा के निकट आज सुबह सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में बब्बर खालसा गिरोह के एक आतंकवादी ने जब अपने को चारों ओर से घिरा पाया तो उसने 'सायनाइड' खाकर आत्महत्या कर ली । घटनास्थल से दो किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ, दो डैटोनेटरस तथा बब्बर खालसा के लैटर पैड मिले हैं । सुरक्षा बलों ने इस क्षेत्र में तलाशी अभियान के दौरान पांच बम भी बरामद किए हैं । यह बम एक छोटे से कस्बे को उड़ाने के लिए काफी हैं ।

एस.पी.ओ. चौकी पर फायरिंग : अमृतसर से वि.प्र. के अनुसार पुलिस जिला मजीठा के कस्बे रामदास में एस.पी.ओ. चौकी पर गत रात 10 बजे के करीब आतंकवादियों ने लगभग आधा घंटा तक फायरिंग की लेकिन जवाबी फायरिंग पर आतंकवादी फरार हो गए । किसी जानी नुक्सान की कोई सूचना नहीं है ।

चौकी पर फायरिंग में कांस्टेबल मरा : कस्बा मजीठा में सब्जी मंडी एस.पी.ओ. चौकी पर भी गत रात 11 बजे आतंकवादियों, जो कि एक वाहन में सवार होकर आए थे, ने हमला कर दिया और जबरदस्त फायरिंग की । पुलिस और होमगार्डों ने जवाबी फायरिंग की । आतंकवादियों की फायरिंग से चौकी पर तैनात पुलिस कांस्टेबल कुलविंदर सिंह मारा गया ।

पी.टी.आई. के अनुसार पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों ने पहले सड़क पर एक बारूदी सुरंग बिछा कर पुलिस गश्ती दल के एक वाहन को उड़ाने का प्रयास किया था पुलिस दल को इसका पता लग गया और पुलिस ने अपना वाहन कच्चे रास्ते से निकाल लिया । आतंकवादियों ने अपनी योजना विफल होती देख कर तब सब्जी मंडी में सुरक्षा चौकी पर हमला किया ।

पति-पत्नी की हत्या : इसी पुलिस जिले के थाना कत्थुनंगल के गांव मत्तेवाल में गत रात लगभग 10 बजे चार आतंकवादी मोहिन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में दाखिल हो गए और मोहिन्दर सिंह और उसकी पत्नी दीपो की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

शराब का ठेका लूटा : गांव टांगरा में गत रात आतंकवादियों ने शराब के ठेके से लगभग 100 बोतलें शराब, जिनका मूल्य लगभग 6 हजार रुपए है, लूट लीं ।

आतंकवादियों ने मजीठा पुलिस जिले के ही गांव मतियांपुर में कल रात प्रकाश सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

आपसी शत्रुता में आतंकवादी मरा : अमृतसर के सुल्तानविंड क्षेत्र में आतंकवादियों ने आज दोपहर बाद गुरदयाल सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार यह आतंकवादियों की आपसी शत्रुता का मामला है ।

राकेटों से सुरक्षा बलों की चौकी उड़ाने की कोशिश : उग्रवादियों ने आज रात्रि थाना भिखीविंड के गांव सुरसिंहवाल में सुरक्षा बलों की एक चौकी पर राकेटों से एक बड़ा हमला किया । यहां प्राप्त प्राथमिक सूचनाओं में कहा गया है कि लगभग 35 उग्रवादियों ने चौकी को उड़ाने के लिए कई रूसी राकेट फैंके । हताहतों की संख्या का तत्काल पता नहीं चल सका ।

महिला हैडकांस्टेबल की हत्या : अपनी तरह की पहली घटना में आतंकवादियों ने आज शाम झब्बाल पुलिस थाने के गांव पदरौली में पंजाब पुलिस की एक महिला हैडकांस्टेबल लखविन्दर कौर की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार लखविन्दर कौर जब साइकिल पर वापस घर आ रही थी तो उसके घर के निकट ही साइकिल सवार दो आतंकवादियों ने उसका अपहरण करने का प्रयास किया, लेकिन जब वे लखविन्दर कौर के प्रतिरोध के कारण ऐसा करने में असफल रहे तो उन्होंने उसकी घटनास्थल पर ही हत्या कर दी । कुछ दिन पूर्व ही उसकी शादी हुई थी । वह तरनतारन के पुलिस प्रमुख की स्टैनो के रूप में कार्यरत थी ।

सोना के गिरोह के खिलाफ अभियान : फिरोजपुर जिले के सुरक्षा बलों ने एस.एस.पी. फिरोजपुर अनिल शर्मा के नेतृत्व में तरनतारन पुलिस जिले के पट्टी पुलिस थाने के अंतर्गत गांव दगली में आज रात आतंकवादियों के छिपने के ठिकानों पर छापे मारने का अभियान आरम्भ किया । इस अभियान में कमांडो भी शामिल हैं । बताया जाता है कि यह अभियान दुर्दांत आतंकवादी बख्शीश सिंह सोना जो कि पिछले मास फिरोजपुर में मारा गया था, के गिरोह के विरुद्ध चलाया गया है ।

2 घुसपैठिये मारे गए : भारत-पाक सीमा पर बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में दो घुसपैठिए मारे गए ।

एक अन्य दम्पति की हत्या : पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने अमृतसर जिले के धतिया महंत गांव के निकट गुरदीप सिंह और उनकी पत्नी सुरजीत कौर की गोली मार कर हत्या कर दी । इनका तरनतारन पुलिस जिले में सरहाली से अपहरण कर लिया गया था ।

एस.एच.ओ. घायल : 2 उग्रवादी पकड़े गए : आज थाना भिखीविंड के गांव भरे कोने के बाहर उग्रवादियों से हुई मठभेड़ में भिखीविंड का एस.एच.ओ. पुलिस इंस्पैक्टर हरबंस लाल खुल्लर घायल हो गया, जबकि पुलिस ने दो दुर्दांत उग्रवादियों को काबू कर लिया । पुलिस ने इन उग्रवादियों से 2 ए.के. 47 राइफलें और 400 कारतूस बरामद किए । गिरफ्तार उग्रवादियों की शिनाख्त सुरसिंहवाला के श्याम सिंह और कड़ियां के गुरशरण सिंह के रूप में की गई है ।

डाकघर लूट लिया : दो आतंकवादियों ने आज सुबह तरनतारन पुलिस जिले में सुरसिंहवाला गांव के डाकघर से पांच हजार रुपए लूट लिए ।

दो व्यक्तियों का अपहरण : थाना छहर्टा के गांव कोटली नसीर खान में आतंकवादियों ने सुच्चा सिंह और गुरदीप सिंह के घरों में घुस कर उनका अपहरण कर लिया । दोनों का अभी तक कुछ भी अता-पता नहीं चला है ।

महंत व चेले की हत्या : बटाला से कोछड़ के अनुसार पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव मिट्टे वड्ड चीमां में गत रात 2 सशस्त्र आतंकवादियों ने एक डेरे पर फायरिंग करके एक महंत गुरदेव दास (50 साल) व उसके चेले बचन (32) की हत्या कर दी । जिला पुलिस के सूत्रों के अनुसार इस हत्याकांड में ए.के. 47 राइफल इस्तेमाल की गई है । इसके चले हुए 9 कारतूस मौके पर बरामद हुए हैं ।

सरपंच की हत्या : कपूरथला से शर्मा के अनुसार थाना सुभानपुर के गांव लखन के पड्डे के सरपंच तथा अकाली दल (बादल) के सक्रिय कार्यकर्त्ता अनूप सिंह की आज सुबह गांव में दो कथित आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफलों से गोलियां चला कर हत्या कर दी । सूचना मिलते ही पुलिस ने खोज आरम्भ कर दी है ।

ठेकेदार की हत्या : रोपड़ जिले के गांव करतेर में कल रात आतंकवादियों ने एक शराब की दुकान के मालिक चरनजीत सिंह उर्फ चन्ना को गोली मार कर मार डाला ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : फिल्लौर पुलिस ने गत रात गांव कतपालों के निकट एक नाकेबंदी के दौरान साहिब सिंह और बेअंत सिंह नामक दो आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनके

(शेष पृष्ठ 6 पर)

'प्रधानमंत्री द्वारा देवीलाल को खुश करने के यत्न देश को बहुत महंगे पड़ेंगे'

नई दिल्ली, 28 जून (जी.एस.चावला): उप-प्रधानमंत्री श्री देवी लाल ने रहस्यपूर्ण ढंग से अपनी बंगलौर में रहने की अवधि बढ़ा दी है तथा उन्हें प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह के निकट लाने वाली उच्च स्तरीय कोशिशें भी अब काफी तेज होने लगी हैं ।

बंगलौर के प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र में उनके मुख्य आलोचक श्री आर.के. हेगड़े द्वारा गत दिवस उनके साथ दो बार हुई मुलाकात भी चर्चा का विषय बनी हुई है । दो दिन पहले ही श्री चन्द्र शेखर भी उनसे मिल चुके हैं तथा दोनों में तब देश की राजनीतिक स्थिति बारे दो घंटे तक बहस होती रही थी ।

जनता दल के नेतृत्व में राजनीतिक गहमागहमी कुछ दिनों से जारी है तथा ऐसा लग रहा है कि उच्च नेतृत्व अपने सभी मतभेद शीघ्र ही निपटाने के चक्कर में है । बंगलौर में श्री चन्द्र शेखर ने कहा कि श्री वी.पी. सिंह की सरकार सुरक्षित है तथा भाजपा भी राष्ट्रीय मोर्चा सरकार से समर्थन वापिस लेने का मन नहीं बना रही ।

श्री देवी लाल गत 17 जून से बंगलौर में हैं तथा अब वह आगामी 7 जुलाई तक वहीं रहेंगे । वह कृषि मंत्रालय का कार्यभार भी सम्भाले हुए हैं, मगर अपने विभाग के प्रति जरा भी चिन्तित नहीं और आंध्र प्रदेश के समारोहों में लगातार भाग ले रहे हैं ।

लगता है कि श्री वी.पी. सिंह ने श्री देवी लाल से अपने मंत्रिमंडल को खतरा अनुभव कर लिया तभी वह श्री अरुण नेहरू को विचार-विमर्श के लिए अपने साथ मालदीव की यात्रा पर ले गए थे । वापस आते ही श्री नेहरू को हैदराबाद में राष्ट्रीय मोर्चा के अध्यक्ष

आतंकवाद से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता 20 हज़ार से बढ़ा कर 50 हज़ार कर दी गई : बराड़

लुधियाना, 28 जून (धीमान): कल जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक जिलाधीश श्री हुआ, उसकी जांच जारी है । कुछ सदस्यों ने शिकायत की कि रजिस्ट्री विभाग के एक क्लर्क ने

Punjab Sikhan

उग्रवादियों द्वारा ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

पास से एक बन्दक, एक पिस्तौल तथा कुछ गोली सिक्का बरामद किया है । वे एक गांव में लूटपाट करने जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही धर लिए गए ।

5 आतंकवादी गिरफ्तार : नाभा से 'सुशील' के अनुसार स्थानीय पुलिस ने 5 आतंकवादियों को गिरफ्तार करके एक ए.के. 47 राइफल व कुछ कारतूस, एक एच.ई. 36 हैंडग्रनेड, 3 स्कूटर व 2 पिस्तौल बरामद किए हैं । उप-कप्तान पुलिस नाभा के अनुसार सदर पुलिस ने बलविंद्र सिंह से एक एच.ई.36 हैंडग्रनेड व सविंद्र सिंह से एक छीना हुआ स्कूटर व एक ए.के. 47 राइफल सहित कुछ कारतूस बरामद किए हैं । उन्होंने बताया कि अमलोह पुलिस ने सोमा सिंह व बहादर सिंह को गिरफ्तार करके एक पिस्तौल समेत 10 जिन्दा कारतूस व एक चेतक स्कूटर नम्बर पी.सी.पी. 9936 बरामद किया है, जबकि कोतवाली पुलिस नाभा ने परमजीत सिंह पुत्र सेवा सिंह को गिरफ्तार करके एक चेतक स्कूटर नम्बर सी.एच.आर. 9931 व एक पिस्तौल देसी समेत कारतूस बरामद किए हैं ।

नाभा हत्याकांड के 8 अभियुक्तों की जमानत रद्द : जिला व सैशन जज पटियाला श्री केशो राम महाजन ने नाभा हत्याकांड के दो कथित अभियुक्तों करतारा राम व सतपाल की अग्रिम जमानत रद्द कर दी है जो कि उन्होंने पिछले सप्ताह एडीशनल सैशन जज श्री एस.के. चोपड़ा की अदालत से करवाई थी । बताया जाता है कि नाभा पुलिस को ये दोनों युवक 13 व 14 जून की मध्य रात्रि को स्थानीय तेज एनक्लेव में हुए हत्याकांड व बलात्कार के केस में वांछित हैं । इन दोनों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नगर में हड़ताल चल रहा है एवं पनसप कर्मचारियों ने 3 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दे रखी है ।

ADMISSION GUIDENCE/COACHING
MATRIC DIRECT Pb.
+2 DIRECT
(MATRIC PASS or +1 FAIL) BHOPAL/DELHI
B.A. DIRECT (O.U.)
CAPITAL COLLEGE
1220/Sector 21-D CHANDIGARH

"Wanted an experienced Accountant, preferably retired person. Salary negotiable. Apply before 7th July, 1990 to the Director, **V.V.R.I. Sadhu Ashram, Hoshiarpur 146021".**

क्लासीफाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 28.6.90, 50/- without trays. NECC Suggested retail price 6.80 per dozen.

हकलाना

हकलाना, तुतलाना, बेहतरीन इलाज करवाएं । तजुर्बा 26 साल । लिखें : पब्लिक स्पीकिंग इंस्टीच्यूट, टाऊन मनीमाजरा, चंडीगढ़ ।

(JDC)

शिक्षा

बिना आठवीं मैट्रिक/पास+2 सीधे B.A./B.Com./M.A./B.Ed. शर्तिया पास करें । नैशनल कालेज, 9 वार्ड चौक, सौनी रोड, पानीपत ।

बिना आठवीं मैट्रिक, मैट्रिक पास+2 डायरैक्ट B.A./B.Com., R.M.P. डाक्टर बनने के लिए आयर्वेदिक कोर्स करें । राष्ट्रीय डिग्री कालेज, पुरानी सब्जी मंडी, हिसार-125001.

मैट्रिक शर्तिया पास कराने की गारंटी/मैट्रिक पास direct 10+2 (आर्ट्स, कामर्स, मैडिकल, नान-मैडिकल) पास करें । Metro College,

जमीन/जायदाद/प्लाट

टोहाना शहर में बहुत ही सस्ते रेट पर कमर्शियल व रिहायशी प्लाट बिकाऊ । ब्रोकरों के लिए सुनहरा अवसर—सत्यम प्रापर्टी डीलर, कोर्ट रोड, टोहाना, फोन : Off. 39, 132, घर : 37, 808.

1122 गज का शानदार प्लाट चारों ओर से विकसित कोठियों से घिरा अजीतनगर मेन रोड पर बिकाऊ । मिलें : के.पी. जैन (Upper Storey) कश्मीर मैडिकल हाल, निकलसन रोड, अम्बाला छावनी, फोन : 22099/25366.

रोज़गार

बैंक, रेलवे, वायुसेना में भर्ती के इच्छुक मैट्रिक पास 15 रुपए मनीआर्डर भेज कर फार्म प्राप्त करें । नैशनल कालेज पानीपत ।

बैंकों में क्लर्कों-कैशियरों आदि की 362 आसामियां, योग्यता मैट्रिक, प्रास पैक्टस-एप्लाई फार्म हेतु 10/- मनीआर्डर भेजें । Janta Enterprises, Near GPO, Jalandhar.

मैट्रिक (10) पास, 16-25 वर्षीय लड़के/

श्रीलंका

(पृष्ठ 3 का शेष)

रक्षा उपमंत्री रंजन विजयरत्ने ने कहा कि इस समय सिर्फ यही समस्या है कि हम जाफना किले में फंसे सेना तथा पुलिस के कर्मचारियों के लिए खाद्यान्न नहीं भेज पाए हैं । विमानों से भी बड़ी मुश्किल से खाने-पीने के सामान के पैकेट गिराए जा सके हैं ।

सरकारी विमानों से किले के इर्द-गिर्द बंदकों में मोर्चा जमाये लिट्टे विद्रोहियों पर बम भी गिराए गए । इससे पूर्व नागरिकों को वहां से खिसक जाने का अनुरोध करते हुए विमानों से पर्चे भी गिराए गए ।

33 विद्रोही मरे : इस बीच सुरक्षा बलों ने पूर्वी श्रीलंका में अपने 'तलाश और नाश' अभियान के दौरान 33 लिट्टे विद्रोहियों को गोली मार कर मार डाला ।

अलगाववादियों के सपने

(पृष्ठ 3 का शेष)

करूंगा कि वे राष्ट्र विरोधी तत्वों का विरोध कर इन्हें अलग-थलग करें । उन्होंने कहा कि कुछ अकाली दल आतंकवादियों की मदद से पंजाब के चुनाव जीतना चाहते हैं और गलत बयानबाजी करके नौजवानों को भड़का रहे हैं । हम उनका विरोध जारी रखेंगे । हमारी पहली कोशिश होगी कि पंजाब में शांति बहाल कर ऐसा वातावरण तैयार किया जाए कि पंजाब की सभी राजनीतिक पार्टियां चुनावों की मांग स्वयं करें । कुछ संगठनों पर प्रतिबंध लगाने के प्रश्न के उत्तर में कहा कि जो भी संगठन संविधान के दायरे में रह कर संघर्ष करेंगे उन पर कोई प्रतिबंध नहीं लगेगा लेकिन कोई अगर देश को तोड़ने की बात करेगा या संविधान का उल्लंघन करेगा तो उन संगठनों से कोई नरमी नहीं बरती जाएगी ।

भारत में जातीय संघर्ष बढ़ने की सम्भावना

नई दिल्ली, 28 जून (जी.एस. चावला): उत्तर प्रदेश में जाटों व जाटवों में एक प्रकार का जातीय संघर्ष छिड़ने, राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में एक जाति वर्ग के 9 लोगों की हत्या तथा कई अन्य घायल हो जाने आदि की घटनाओं से देश की कानून-व्यवस्था स्थापित करने वाली एजैंसियों को ऐसे समय में और भी गम्भीर संकटों के पैदा होने की आशंका है जबकि मंडल आयोग की सिफारिशें लागू की जाने की मांग ज़ोर पकड़ रही है । सतर्कता एजैंसियों को आशंका है कि जातीय संघर्ष खतरनाक रूप ले सकता है ।

यद्यपि हरिजनों और ऊंची श्रेणियों में लम्बे समय से तनाव चला आ रहा है लेकिन राष्ट्रीय मोर्चा सरकार के बनने के बाद तनाव बढ़ा है । जनता दल के वरिष्ठ नेताओं द्वारा 'किसानों की सरकार' के नारे लगाने से गांवों में जाटों और भूपतियों के हौसले बढ़ गए हैं । मंडल आयोग की सिफारिशें लागू किए जाने से इसकी मांग करने और विरोध करने वालों में

गुप्ता

चंडीगढ़
हरियाणा के मु
में 'डमी मुख्यम
निर्णय लेने जु
चेयरमैनों की
नियुक्ति, भिवा
प्रमुखों तथा
तबादला, श्री
महानिदेशक
सुधारने में प
विधानसभा के
आयोग से सि
स्वतन्त्र फैसले

चीन के

पेइचिंग,
ली फंग ने आज
से हटा दिया
को नया कृषि
में श्री हो स्यांग
बताया गया

जिला यो

44

होशियारपु
श्री रविन्द्र सिं
विकास बोर्ड के
चरण पूरा कर
श्री संधू ने
के चार-चार
नामजद कर
द्वारा किया गय
श्री संधू ने
की नामजदगी
जाएगा ।

अमरीका

वाशिंगटन,
पंजाब और कश्
को लेकर भारत
बारे में सतारू
प्रस्ताव को इज
अमरीका में भ
लगा है । कांग्रे
भारत को मिल
बाली हार के
कैलिफोर्निया के
में इस फैसले क

Punjabi Santan





ाने वाले गांव भूतगढ़ के निकट पिछले दिनों सुरक्षा बलों के साथ हुई
ात आतंकवादियों से बरामद की गई दो ए.के. 47 राइफलें, दो
क 455 बोर का रिवाल्वर, एक 9 एम.एम. की पिस्तौल तथा 8
(छाया : सेठ)

आतंकवादियों द्वारा 2 परिवारों के 6 सदस्यों सहित 13 लोगों की हत्या

पट्टी क्षेत्र में सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान यथावत् जारी

दुर्दांत उग्रवादी सतनाम सिंह सत्ता गिरफ्तार

चंडीगढ़, 29 जून (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों में आतंकवादियों ने दो परिवारों के 6 सदस्यों सहित 13 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि सुरक्षा बलों ने दर्दांत आतंकवादी सतनाम सिंह सत्ता को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की ।

आपसी शत्रुता में परिवार के 4 सदस्यों की हत्या : आतंकवादियों ने मजीठा पुलिस जिले के महरी कुलारा गांव में कुलविंदर सिंह नाम के एक व्यक्ति के घर में घुस कर गोलियां चलाई जिससे कुलविंदर सिंह, उसकी मां मोहिन्दर कौर, अन्य दो महिलाएं, सविंदर कौर और दत्तो मारी गईं । पुलिस का दावा है कि यह हमला आतंकवादियों की आपसी दुश्मनी का परिणाम है । आतंकवादी वहां एक पर्चा छोड़ गए जिसमें इस परिवार पर आतंकवादियों के विरुद्ध प्रचार करने का आरोप लगाया गया है ।

सुरक्षा गार्ड की हत्या : इसी पुलिस जिले के लोपोके थाना क्षेत्र के भनेर गांव में आतंकवादियों ने साधु सिंह के ईंट के भट्ठे पर हमला किया जिसमें एक सुखदेव सिंह नामक सुरक्षा गार्ड मारा गया । ये आतंकवादी उसके हथियार छीनने की कोशिश कर रहे थे । मगर वहां मौजूद तीन अन्य जवानों ने गोली चला कर उनके प्रयास को विफल कर दिया । दोनों ओर से आधे घंटे तक गोली चली जिसके बाद आतंकवादी भाग खड़े हुए । सुखदेव सिंह भट्ठा मालिक का व्यक्तिगत सुरक्षा गार्ड था ।

प.स. के अनुसार सुखदेव सिंह विशेष पुलिस अधिकारी था जोकि तीन अन्य विशेष पुलिस अधिकारियों के साथ साधु सिंह के ईंट भट्ठे पर तैनात था ।

पिता-पुत्री, नौकर की हत्या : बेरोवाल थाना क्षेत्र के फतेहाबाद ग्राम में कल रात आतंकवादियों ने सोहन सिंह और उसकी युवा पुत्री कुमारी सतनाम कौर की उनके घर में दाखिल होकर गोली मार कर हत्या कर दी ।

भागते हुए आतंकवादी सोहन सिंह के नौकर स्वर्ण सिंह का अपहरण करके ले गए । आज सुबह गांव के पास ब्यास नदी के किनारे मंड क्षेत्र में उसका गोलियों से छलनी शव पड़ा हुआ मिला ।

एक युवक मारा गया : कल रात अमृतसर में दो गुटों के मध्य हुई लड़ाई में गुरदयाल सिंह नामक एक युवक मारा गया । पुलिस ने इस संबंध में कुछ व्यक्तियों को हिरासत में लिया है ।

महिला की हत्या : अमृतसर के एकता नगर क्षेत्र में आज दोपहर अमरजीत कौर न[illegible] एक अधेड़ उम्र की महिला की छुरा मार कर हत्या कर दी गई ।

चार आतंकवादी गिरफ्तार : अमृतसर पुलिस ने बलबीर सिंह, बग्गा सिंह उर्फ बागी, कुलविन्दर सिंह और बी. सिंह नामक संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । इनके पास से दो बन्दूकें और कारतूस बरामद हुए ।

2 व्यक्ति रिहा : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार 27 जून को कोटली नसीर खां से जिन 2 व्यक्तियों का अपहरण कर लिया गया था, वे वापस आ गए हैं ।

कार छीन ली : थाना मजीठा के गांव रैय्या के पास जी.टी. रोड पर स्थित गांव भिडरांवाला में 3 उग्रवादियों ने एक व्यक्ति ब्रैजनाथ और अमरनाथ की नई मारुति कार पी.बी.य्.-8-9307 छीन ली और उसके बदले एक पुरानी कार वहां छोड़ गए ।

नागरिक मारा गया : आज गांव भिडरांवाला के निकट मारुति कार छीने जाने की घटना के बाद केंद्रीय रिज़र्व पुलिस फोर्स और उग्रवादियों के मध्य मुठभेड़ हो गई । बताया जाता है कि इस मुठभेड़ में एक नागरिक मारा गया ।

स्कूटर छीन लिया : प्रेम नगर अमृतसर में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति देव से उसका स्कूटर छीन लिया ।

4 उग्रवादी गिरफ्तार : अमृतसर पुलिस ने चार उग्रवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तार व्यक्तियों में बलविन्दर सिंह, बग्गा सिंह, कुलविन्दर और बलबीर सिंह शामिल हैं ।

घुसपैठिया मारा गया : खेमकरन क्षेत्र में भारत-पाक सीमा के निकट सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक घुसपैठिया मारा गया ।

चौकी पर राकेटों से हमला : अमृतसर से वि.प्र. के अनुसार भिखीविंड थाने के गांव सुरसिंह में एस.पी.ओ. चौकी पर आज सुबह 6.30 बजे 25-30 आतंकवादियों, जो एक ट्रक में सवार होकर आए थे, ने राकेटों से हमला किया । 5-6 राकेट चौकी पर गिराए गए लेकिन कोई भी निशाने पर नहीं लगा । आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफलों से भी जोरदार फायरिंग की जो लगभग 2 घंटे तक जारी रही । साथ-साथ जवाबी फायरिंग भी चलती रही उसके बाद आतंकवादी चले गए । पुलिस ने घटनास्थल से ए.के. 47 के चले हुए कारतूसों के 150 खोल बरामद किए हैं ।

प.स. के अनुसार गोलीबारी में दो पुलिस जवान घायल हुए । राकेटों से चौकी की इमारत का ऊपरी हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ । इसके कारण खाद्य निगम के निकटवर्ती गोदाम की एक दीवार में भी सुराख बन गया ।

तलाशी अभियान जारी : इस बीच
(शेष पृष्ठ 8 पर)

उग्रवादियों द्वारा अतिरिक्त उपायुक्त की हत्या

प.स.): श्रीनगर के
दियों ने आज गोली
वागा में 3 महिलाओं
। कश्मीर घाटी के
से पुनर्वास की गुहार
ों का दौरा करने का

यक्तियों की भी हत्या

ी हत्या : श्रीनगर
दुल अज़ीज़ खान को
शहीद गंज के निकट
मार कर घायल कर

छ उग्रवादी श्री खान
यां चला दीं । उन्हें
पताल ले जाया गया,
। बाद में घावों की
दम तोड़ दिया ।
टूस लिबरेशन फ्रंट
ली है ।

इसी दौरान एक अन्य महिला अमीना की आज सायं नगर के अंदरूनी क्षेत्रों में हत्या कर दी गई । उग्रवादियों का आरोप है कि वह सुरक्षा बलों की एजैंट' के रूप में कार्य कर रही थी ।

पुलिस अधिकारी अतिरिक्त पुलिस बल लेकर गांव में पहुंच गए तथा उग्रवादियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है ।

पंजाब के 2 उग्रवादी गिरफ्तार : सुरक्षा बलों ने आर.एस. पुरा सैक्टर से पाकिस्तान जाने की कोशिश कर रहे पंजाब के दो उग्रवादियों को कल गिरफ्तार किया है ।

गिरफ्तार उग्रवादियों ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि वे आतंकवादियों के लिए शस्त्र लाने पाकिस्तान जा रहे थे ।

इस बीच गुप्तचर रिपोर्टों के अनुसार पाकिस्तान में प्रशिक्षण प्राप्त उग्रवादी सीमावर्ती पुंछ और राजौरी जिलों में अभी तक छिपे हुए हैं । सुरक्षा बल इन दो जिलों में कुल 172 में से 72 उग्रवादियों को ही गिरफ्तार कर पाए हैं ।

बम विस्फोट : लाल चौक क्षेत्र में आज आबकारी तथा कराधान विभाग का भवन एक बम विस्फोट में क्षतिग्रस्त हो गया । यह विस्फोट

दो शव बरामद : अनन्तनाग जिले में सुरक्षा बलों ने गोली से छलनी एक अज्ञात शव बरामद किया जबकि दूसरा शव यहां जेहलम में पाया गया ।

एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार प्रतिबंधित जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के दो उग्रवादी आज गिरफ्तार किए गए । वे घाटी में कई हत्याओं में शामिल थे । प्रवक्ता ने बताया कि पांच किलोमीटर लम्बी सीमा पट्टी में तलाशी अभियान के दौरान एक ए.के. 47 राइफल बरामद की गई ।

12 उग्रवादी गिरफ्तार : सुरक्षा बलों ने आज यहां 12 उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार बारह उग्रवादियों के कब्जे से तीन ए.के. 47 राइफलें, दो हथगोले और भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किए गए ।

सरकारी सूत्रों के अनुसार उग्रवादियों ने आज शाम बारामूला कस्बे के बाहरी क्षेत्र में दो व्यक्तियों की हत्या कर दी और उनके शवों को जेहलम नदी में फैंक दिया ।

फारूक के जे.के.एल.एफ. नेताओं से संबंध बने : जम्मू से 'नि.स.' के अनुसार जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला

बड़े पूंजीपतियों द्वारा संचार माध्यमों पर नियंत्रण हासिल करने का प्रयास : सिंह

नई दिल्ली, 29 जून (पस) : प्रधानमंत्री

पूंजी की जरूरत होती है और पूंजी को राजनीति की

Punjab Sanad

बड़े पूंजीपतियों द्वारा
(पृष्ठ 3 का शेष)

उन्होंने कहा कि जिस दिन हम यह कहने लगेंगे कि हमारी ही बात सच है तो उसी दिन अभिव्यक्ति की आजादी खत्म हो जाएगी ।

उन्होंने कहा कि जनता को दुनिया का दर्शन कराने की शक्ति पत्रकारों में है । जनसाधारण यही मानता है कि अखबार वाला सब कुछ जानता है और वह जो कह रहा है वही सच है । प्रधानमंत्री ने कहा कि सत्य की हिमायत करते समय ध्यान रखना चाहिए कि और भी सत्य हैं ।

उन्होंने कहा कि कई बार अखबार और अफवाह बहुत नजदीक हो जाते हैं । इसका कारण है कि अफवाह तो खुद चलकर पहुंच जाती है लेकिन खबर के लिए तो जाना पड़ता है । उन्होंने कहा कि खबर और अफवाह के बीच कोई मापदंड तो होना ही चाहिए ।

प्रधानमंत्री ने दूरदर्शन और आकाशवाणी को स्वायत्तता के सम्बन्ध में कहा कि इस दिशा में कुछ शुरूआत हुई है । प्रसार भारती विधेयक पर कुछ एतराज हैं उन पर विचार किया जाएगा । उन्होंने कहा कि दूरदर्शन और आकाशवाणी को स्वायत्तता देने की राजनैतिक निष्ठा है, हालांकि हम जानते हैं कि इसका पहला शिकार हम ही बनेंगे लेकिन हम एक परम्परा डाल रहे हैं । परंपराएं बराबर रहेंगी जबकि सरकारें आएंगी और जाएंगी ।

विरोध बढ़ने पर एक टूक फैसला करना होगा : प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने 'साप्ताहिक हिन्दुस्तान' को दी एक भेंटवार्ता में कहा है कि यदि जनता दल में अंतर्विरोध एक सीमा से आगे बढ़ जाए तो पार्टी के हित में "दो टूक" फैसला करना ही होगा । श्री सिंह ने कहा कि परिवर्तन के साथ अंतर्विरोध जुड़ा हुआ है । यह राजनीति की शाश्वत सच्चाई है । उन्होंने कहा कि जो राजनीति को समझते नहीं, वही "विरोधाभास-हीन" राजनीति के सपने देखते हैं । उन्होंने कहा कि कांग्रेस में अंतर्विरोध पनपने ही नहीं दिया गया, जो उसके पतन का कारण बना । श्री सिंह ने कहा कि लेकिन ये अंतर्विरोध इतने उत्कट नहीं होने चाहिएं कि उनके कारण पार्टी में किसी प्रकार की सहमति ही नहीं बन पाए । उन्होंने कहा विरोध अगर इतना बढ़ जाए कि समन्वय ही न हो सके तो उसका दो टूक फैसला करना होगा । उन्होंने कहा कि यदि यह खत्म होगा तो दूसरा पैदा होगा, नहीं तो राजनीति ही समाप्त हो जाएगी ।

बोफोर्स तोप सौदे में...
(पृष्ठ 3 का शेष)

कोशिश की । उन्होंने कहा कि ऐसे समय में अपने विदेश सचिव जैसे वरिष्ठ अधिकारी को काठमांडू भेजना अनुचित था जब वहां लोकतंत्र समर्थक आंदोलन अपनी चरमसीमा पर था । श्री गांधी ने कहा कि उस स्थिति में नेपाल नरेश से चर्चा का बिल्कुल उल्टा अर्थ निकल सकता था ।

श्री गांधी ने व्यापार और पारगमन के बारे में दोनों देशों के बीच हुए समझौते का आधार तैयार करने का श्रेय अपनी पार्टी की पिछली सरकार को दिया । उनका कहना था कि इसके बिना यह समझौता संभव नहीं हो सकता था ।

श्रीलंका से भारतीय शांति सेना की वापसी के बारे में एक सवाल पर श्री गांधी ने कहा कि देश ने श्रीलंका के तमिलों की सुरक्षा का आश्वासन दिया था और वर्तमान सरकार ने यह आश्वासन तोड़ दिया है । उन्होंने कहा कि तमिलों की सुरक्षा सुनिश्चित किए बिना पूर्वोत्तर प्रांत से शांति सेना की वापसी तमिलों के साथ एक तरह से विश्वासघात है ।

श्री गांधी ने कहा कि वर्तमान सरकार दिखावा ज्यादा करती है और काम कम । पिछले सात माह में उसने कोई भी ठोस काम नहीं किया है । उन्होंने कहा कि इसका एक उदाहरण बाबा साहिब भीमराव अंबेदकर को भारत रत्न देना तथा संसद के केंद्रीय कक्ष में उनका चित्र लगाना है, पर सरकार उनकी ओर नहीं देख रही है जिनकी लड़ाई अंबेदकर लड़ते थे ।

कोई खींचतान नहीं : श्री सिंह ने कहा है कि उनकी सरकार को 95 प्रतिशत मुद्दों पर भारतीय जनता पार्टी और वामपंथी दलों का समर्थन मिल रहा है । उन्होंने कहा कि उनकी सरकार का समर्थन करने वाले दोनों पक्षों के नेतृत्व में बहुत प्रौढ़ता है । यह गलत चित्र खींचा जा रहा है कि उनके और हमारे बीच खींचतान है और इसकी वजह से हम कोई दूसरा रास्ता पकड़ लेंगे ।

आतंकवादियों द्वारा
(पृष्ठ 3 का शेष)

तरनतारन के पट्टी क्षेत्र के डुगली ग्राम में सुरक्षा बलों ने अपना तलाशी अभियान जारी रखा । कुछ आतंकवादियों के इस गांव में छिपे होने की सूचना मिलने पर पुलिस ने कल शाम यह अभियान शुरू किया था ।

सतनाम सिंह सत्ता गिरफ्तार : जालंधर से न.न.ए. के अनुसार जालंधर पुलिस द्वारा गत रात थाना गोराया के गांव रुड़काकला स्थित नाकाबंदी के दौरान एक दर्दांत आतंकवादी सतनाम सिंह उर्फ सत्ता को गिरफ्तार किया गया है । इस आतंकवादी पर 40 हजार रुपए का ईनाम था । इस खतरनाक आतंकवादी का संबंध खालिस्तान कमांडो फोर्स गुरजंट सिंह राजस्थानी गुट से है ।

इस संबंध में एस.पी. (डी) श्री आर.के. बेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आतंकवादी पुलिस को कई लूट, डाके और फायरिंग करने के मामलों में वांछित था ।

डाक्टर की हत्या : आतंकवादियों ने आज फरीदकोट के गांव धड़ईपई में अजीत सिंह नामक एक डाक्टर की हत्या कर दी ।

शव मिला : फिरोजपुर के निकट एक गांव से गोलियों से छलनी एक अज्ञात शव मिला है ।

सैनिक को घायल कर दिया : आतंकवादियों ने कल रात ही फिरोजपुर जिले के लल्ले गांव के निकट सेना के एक जवान को गोली मार कर घायल कर दिया ।

सेना का यह जवान एक वाहन में था जो कि फिरोजपुर छावनी से मांगा जा रही एक एम्बुलैंस की सुरक्षा के लिए उसके साथ चल रहा था । भटिंडा पुलिस ने एक आतंकवादी को गिरफ्तार कर उसके पास से एक पिस्तौल बरामद की ।

मुठभेड़ के बाद भाग गए : कपूरथला से शर्मा के अनुसार जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गत सुबह से आज सुबह 4.30 बजे तक कई घंटे चली मुठभेड़ में अंधकार का लाभ उठा कर गांव निजामपुर के एक घर से तीन दर्दांत आतंकवादी जसपाल सिंह उर्फ पाला, जसविन्द्र सिंह तथा उसका छोटा भाई गुरदेव सिंह अपने शस्त्रों सहित फायरिंग करते हुए भागने में सफल हो गए ।पुलिस ने इन आतंकवादियों को अपने घर में शरण देने के आरोप में केवल सिंह को गिरफ्तार किया है । इस घर से पुलिस ने दो राइफलें ए.के. 74, तीन मैगजीन, 15-15 गोलियों से भरे हुए, काफी संख्या में चली हुई गोलियों के खोल तथा 50 से अधिक आल इंडिया सिख स्टूडेंट फैडरेशन के कोरे लैटर पैड अपने कब्जा में लिए हैं जोकि भागते हुए आतंकवादी वहां छोड़ गए थे । केवल सिंह से पूछताछ की जा रही है ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गत सुबह गांव लखन के पड्डे में इसी गांव के तीन आतंकवादियों जसपाल सिंह उर्फ पाला, जसविन्द्र सिंह तथा गुरदेव सिंह ने अकाली दल बादल के कार्यकर्त्ता तथा सरपंच श्री अनूप सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी थी । गांव में स्थित पुलिस चौकी ने वायरलैस पर उन्हें इस हत्या की सूचना दी तथा आतंकवादियों का पीछा आरम्भ कर दिया । एस.एस.पी. तथा अन्य पुलिस अधिकारी भी भारी पुलिस के साथ पीछा करने लगे तो आतंकवादियों ने गांव रमीदी के निकट एक स्कूटर छीन लिया तथा उसे गांव रंधावा के निकट फेंक दिया । रात्रि को इन आतंकवादियों ने गांव निजामपुर के केवल सिंह के घर शरण ले ली थी ।

स्कूटर छीन लिया : नवांशहर से शर्मा के अनुसार गत रात 8.30 बजे यहां कमेटी बाजार में अपनी दुकान बंद करके राकेश कुमार मनचन्दा नामक व्यक्ति जब अपने नए स्कूटर (बिना नम्बर) पर सवार होकर घर जाने लगा तो दो अज्ञात युवकों ने उसे पीछे से धक्का देकर स्कूटर छीन लिया और उसकी जेब से 1800 रुपए निकाल कर उसके स्कूटर पर फरार हो गए ।

आतंकवादी गिरफ्तार : पुलिस ने गत दो जून को पंजाब-हिमाचल सीमा पर नालागढ़ क्षेत्र के देहोवाल पुलिस बैरियर से पुलिस के शिकंजे से भागे दो आतंकवादियों में से एक को चंडीगढ़ में से गिरफ्तार कर लिया है । यह जानकारी आज सोलन में सोलन के एस.पी. के.एस. राना ने दी । उन्होंने बताया कि आतंकवादी का दूसरा साथी अमरीक सिंह अभी भी फरार है । याद रहे कि गत दो जून को देहोवाल बैरियर पर आतंकवादियों की पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई थी और एक आतंकवादी मारा गया था, जबकि शेष दो भाग गए थे । श्री राना ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आतंकवादी का 5 जुलाई तक पुलिस रिमांड ले लिया गया है । उससे पूछताछ जारी है ।

पंजाब विधानसभा के चुनाव
(पृष्ठ 3 का शेष)

पर धब्बा है । उन्होंने कहा कि हरचंद सिंह लौंगोवाल भी देश के अन्य शहीदों की तरह मेरे दिल में शहीद के रूप में एक आदरणीय शहीद हैं ।

उन्होंने कहा कि यदि मैं पुलिस को भी निर्दोष लोगों पर अत्याचार करते हुए पाऊं तो उसे भी सहन नहीं करूंगा, यदि प्रमाणों के साथ मेरे पास किसी भी पुलिस कर्मी के विरुद्ध शिकायत लेकर कोई आएगा, तो मैं उसके विरुद्ध भी कार्रवाई करूंगा । उन्होंने कहा कि पंजाब को और तबाही और बर्बादी से हमने बचाना है ।

उन्होंने बताया कि तीनों सीमांत जिलों के 10 हजार युवकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा और जो युवक इस योग्य होगा, उसे उसी के अनुसार पुलिस, सैनिक अथवा अर्द्ध सैनिक बलों में शामिल किया जाएगा ।

सरकार ने इसके लिए 8 करोड़ रुपए निर्धारित कर रखे हैं ।

उन्होंने बताया कि बुढ़ापा पैंशन बारे भी कुछ तबदीलियां की गई हैं । उन्होंने कहा कि पैंशन की राशि 50 रुपए प्रति माह से बढ़ा कर 100 रुपए प्रतिमाह की जा रही है । यह वृद्धि प्रथम जुलाई से लागू होगी ।

गुरबासपुर (कोछड़) : यहां से 40 किलो मीटर दूर डेरा बाबा नानक में सीमांत लोगों के एक भारी एकत्रता को सम्बोधित करते हुए पंजाब के राज्यपाल श्री वीरेंद्र वर्मा ने कहा कि डेरा बाबा नानक में 25 बिस्तरों का अस्पताल लोगों की सुविधा के लिए 10 लाख रुपए की लागत से तैयार किया जाएगा और डाक्टरों एवं कर्मचारियों के आवास के लिए एक लाख रुपए की लागत से मकान तैयार किए जाएंगे । राज्यपाल महोदय ने डेरा बाबा नानक को ऐतिहासिक दर्जा देने की घोषणा की । उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक कस्बे की खुशहाली एवं प्रगति के लिए अधिक से अधिक प्रयत्न किए जाएंगे । उन्होंने कहा कि इस कस्बे की गलियों एवं नालियों की मुरम्मत करने एवं सफाई के लिए 3.50 लाख रुपए देने की घोषणा की । उन्होंने कहा कि डेरा बाबा नानक के सीमांत क्षेत्रों में 18 घंटे बिजली चालू रहेगी । उन्होंने कहा कि यदि लोगों द्वारा आपस में मिल कर कोआप्रेटिव सोसाइटियां बनाई जाएंगी तो सरकार की ओर से उन्हें ऋण दिया जाएगा ।

उन्होंने इस अवसर पर बताया कि यदि किसी धार्मिक स्थान पर जैसे मंदिर, गुरुद्वारे को क्षति पहुंचती है, तो मन को ठेस पहुंचती है । उन्होंने कहा कि वह महसूस करते हैं कि आप्रेशन ब्लू स्टार से सिख भावनाओं को जो ठेस पहुंची है, यह उस समय की सरकार की गलती थी, जिसका परिणाम सारे देश को, विशेषकर पंजाब को भुगतना पड़ रहा है । उन्होंने कहा कि सिख भावनाओं को पहुंची ठेस के असर को दूर करने के लिए वह अधिक से अधिक प्रयत्न करेंगे ।

प्रधानमंत्री व उपप्रधानमंत्री बातचीत द्वारा मतभेदों को दूर करें : चांदराम

मद्रास, 29 जून (पस) : भूतपूर्व केंद्रीयमंत्री और जनता दल सांसद चांदराम ने सभी प्रकार के मतभेदों को दूर करने के लिए प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह और उपप्रधानमंत्री देवी लाल को पूरी तरह खुल कर बातचीत करने का आग्रह किया है । आज यहां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बातचीत की यह पहल स्वयं प्रधानमंत्री को करनी चाहिए ।

उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं की भेंट मंत्रिमंडल

श्रीलंका में पुनः भेजने से

बहरीन, 29 जून (प
कुमार गुजराल ने श्रीलंका में
फिर से तैनात किए जाने की
किया है । बी.बी.सी. को दि
यहां सुना गया, प्रश्नकर्त्ता
श्रीलंका सरकार भारत से दो
वह अपनी शांति सेना वहां भे
कहा "नहीं, ऐसा कोई प्रस
है ।"

राम जन्म भूमि वि सरकार ढील नहीं

नई दिल्ली, 29 जून
भूमि-बाबरी मस्जिद विवाद
स्वीकार्य समाधान ढूंढने
प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप
आने देंगे । यह बात आधिकार
सूत्रों के अनुसार श्री सिंह के ध्या
हैं, जिनमें अयोध्या में श्री राम
संबंधी विश्व हिन्दू परिषद के
जनता पार्टी के अध्यक्ष लाल
समर्थन देने की बात है ।

"महाभारत" से 50 करोड़ से अधि

नई दिल्ली, 29 जून (
धारावाहिक को देश के हर
है । इस धारावाहिक से जहां
संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई,
कड़ियों से 50 करोड़ रुपए से
हुई ।

रणसिंह मान को पा दिए जाने की स

चंडीगढ़, 29 जून (
हरियाणा जनता दल के बागी
मान को पार्टी से निकाल दिए
है । इस बात का इशारा
प्रकाश चौटाला के निकटवर्ती

थल सेनाध्यक्ष अवकाश ग्रहण

नई दिल्ली, 29 जून (वार्ता
जनरल विश्वनाथ शर्मा 38
सेवा के बाद कल सेना से अवक
हैं ।

कुछ गाड़ियों में 1 तक एक अनारक्षि लगाने का नि

नई दिल्ली, 29 जून (प.स
यात्रियों की सुविधा के लिए
शासीभार एक्सप्रैस, काशी विश्व
अमृतसर एक्सप्रैस में द्वितीय
अनारक्षित डिब्बा तत्काल प्र
जाएगा । उत्तर रेलवे की एक वि
यह जानकारी दी गई । विज्ञप्ति
व्यवस्था 15 जुलाई तक प्रभावी

बेकर, कैश दौर में दा

लंदन, 29 जून (प.स.): ग
पश्चिम जर्मनी के बोरिस बेकर
चैम्पियन पैट कैश ने आज यहां विम
में अपने-अपने मैच जीत कर चौ
किया । अब चौथे दौर में इन्हीं
बीच मुकाबला होगा । बेकर को
गोल्डी को 6-3, 6-4, 4-6,
काफी संघर्ष करना पड़ा ।

दूसरी तरफ कैश को स्पेन के
को 6-1, 6-1, 6-4 से हराने में
हुई ।

वरीयता क्रम के सातवें नम
अमरीका के बॉब गिल्बर्ट भी अंतिम
में पहुंच गए ।

कैप्रियाती का भुकाबला स्टैफी

महिलाओं के एकल में 14

JOIN ESTD. 1979
Excellent Coaching/Discipline
MATRIC-Punjab without Middle.
+2 (CBSE)-Direct after Matric
(Arts/Science/Commerce)
+1, +2, B.A.I., II, III. (Pb.)
Gyani/Prabhakar Sept. 90 P.U. after 10th.
IMPROVE YOUR ENGLISH.
(Written & Spoken)
M.A. HINDI, PBI, ECO, POL. SC., ENG.

D.PHARMA POLYTECHNIC
JCE (PUNJAB)
COACHING BY EXPERTS.
10 days groups from July
1st, 5th, 10th (Last Group)
Hostel Available. Pay Rs. 100/-.

...नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में श्री हेगड़े के शासन ...काल के दौरान भूमि संबंधी समझौतों बारे जो आरोप ...लगाए जा रहे थे, उनकी रिपोर्ट भी कुलदीप सिंह ...आयोग द्वारा प्रधानमंत्री को प्रस्तुत कर दिए जाने से ...सरकार पर भूमि संबंधी आरोप लगाए जाने के बाद ही गठित किया था ।

श्री हेगड़े ने गत दिवस कुछ समाचारपत्रों के जरिए कुलदीप सिंह आयोग पर प्रहार करते हुए कहा ...क्योंकि यह रिपोर्ट श्री वी.पी. सिंह के पास है तथा उन्होंने यह रिपोर्ट प्राप्त करते ही श्री हेगड़े को इस बारे काफी कुछ बता दिया होगा ।

जनता दल सूत्रों के अनुसार जस्टिस कुलदीप ...मतभेद दूर करने की प्रयास करें और इस सिलसिले में श्री रणजीत सिंह अपने पिता चौ. देवी लाल को भी मनाने की कोशिशें शुरू कर दें । तब से श्री हेगड़े ने श्री देवी लाल को खुश करने के लिए चक्कर चलाना

(शेष पृष्ठ 10 पर)

भीषण मुठभेड़ में 2 आतंकवादी मरे : एक गुट संघर्ष में दम तोड़ गया

भारी परिमाण में शस्त्रास्त्र व गोली-सिक्का बरामद : सीमा पर 2 घुसपैठिए मरे

पंजाब में अन्यत्र एक ग्रंथी सहित 7 मरे

चंडीगढ़, 30 जून (वार्ता, प.स). : फिरोजपुर जिले में पुलिस के साथ हुए भीषण मुकाबले में 2 आतंकवादी मारे गए । पुलिस ने घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया है । इसके अतिरिक्त पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान एक आतंकवादी गुट संघर्ष में तथा दो घुसपैठिये सीमा पर मारे गए । आतंकवादियों ने दो पूर्व पुलिस कर्मियों व एक ग्रंथी सहित 6 लोगों की हत्या कर दी ।

गुट संघर्ष में आतंकवादी मरा : तरनतारन पुलिस जिले में गत रात तूर गांव में आतंकवादी गिरोहों की आपसी लड़ाई में एक आतंकवादी मारा गया । मृतक की शिनाख्त जगीर सिंह के रूप में की गई है ।

घुसपैठिया मार गिराया : अमृतसर जिले के अटारी सैक्टर में माहवा सीमा चौकी के निकट सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पाकिस्तान से सीमा पार कर रहे एक घुसपैठिये को उस समय मार गिराया जब वह सीमा पार करने के प्रयास में कंटीली बाड़ में फंस गया था ।

एक हत्या : आतंकवादियों ने गत रात मजीठा पुलिस जिले के गांव खिड्डूवाली में महेन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

नागरिक मरा : मजीठा पुलिस जिले के बाबा बकाला क्षेत्र में सी.आर.पी.एफ. के जवानों तथा आतंकवादियों के एक गिरोह में हो रहे मुकाबले के समय एक नागरिक, जिसकी शिनाख्त तारा सिंह के रूप में की गई है, अचानक गोली लगने से मारा गया ।

महिलाएं लूट लीं : जंडियाला गुरू (पवन) : स्थानीय पटेल नगर में कल एक व्यक्ति कर्मचंद के घर में 2 लुटेरे आए । वे उसकी बहू को एक कमरे में ले गए और पिस्तौल की नोक पर उससे अल्मारी की चाबियां छीन लीं । लुटेरे अल्मारी से 2 सोने की चूड़ियां और 5000 रुपए नकद लेकर फरार हो गए । जाते समय वे महिला के हाथ-पांव बांधकर कमरे में बंद कर गए ।

एक अन्य घटना में आज कुछ लुटेरों ने जबरन एक महिला के कान की बालियां उतार लीं ।

बस जला दी : आतंकवादियों ने आज सायं तरनतारन के गांव कंदेर के निकट पंजाब रोडवेज की एक बस जला दी । बस अमृतसर से गोइंदवाल जा रही थी कि लगभग एक दर्जन आतंकवादियों ने इसका अपहरण कर लिया और कंदेर की ओर ले गए । उन्होंने सवारियों को उतार कर बस को आग लगा दी ।

डी.एस.पी. की कार पर हमला : पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने कल देर रात तरनतारन थाने के तहत साहिबपुरा गांव में पट्टी के पुलिस उपाधीक्षक मुख्तियार चंद की कार पर घात लगाकर हमला किया, लेकिन वह बाल-बाल बच गए । जब उनकी सुरक्षा पार्टी ने गोलियां चलाईं तो आतंकवादी भाग गए । गोलीबारी में कोई घायल नहीं हुआ ।

मिस्त्री की हत्या : धूरी से सिंगला के अनुसार, यहां से 9 किलोमीटर दूर गांव हतन में गत रात्रि 3 अज्ञात व्यक्तियों ने जगरूप सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि गत रात्रि कुछ अज्ञात व्यक्ति जगरूप सिंह मिस्त्री के घर गए और उसके पिता नंद सिंह को जगाया और कहा कि हम सी.आई.ए. बरनाला से आए हैं और जगरूप सिंह को ले जाने आए हैं । पहले नंद सिंह ने आनाकानी की, लेकिन जब उन्होंने पिस्तौल निकाली तो वह अपने पुत्र को उनके साथ भेजने के लिए तैयार हो गया ।

आज सुबह जब वह बरनाला पुलिस स्टेशन जाने लगा तो उसे रास्ते में घनौरी और हतन के मध्य जगरूप सिंह की लाश मिली । उसके हाथ बंधे हुए थे और उसके शरीर पर गोलियों के निशान थे ।

ग्रंथी की हत्या : धूरी से 6 किलोमीटर दूर गांव भदनी के गुरुद्वारे के ग्रंथी राम सिंह की गत रात्रि दो अज्ञात व्यक्तियों ने हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 के चले हुए दो कारतूस मिले हैं । एस.एच.ओ. धूरी ने बताया कि उनमें से एक हत्यारे की शिनाख्त कर ली गई है जो बड़ी मानसा का बताया गया है ।

3 की हत्या : लुधियाना (धीमान, महिन्द्रा): यहां से 15 किलोमीटर दूर दाखा में रात लगभग 3-4 बजे 3 उग्रवादियों ने बलदेव सिंह, बलविंदर सिंह और निर्मल सिंह को मौत के घाट उतार दिया । इनमें बलविंदर और बलदेव पी.ए.पी. के पूर्व सिपाही हैं जो 2 साल से गुम थे । यह दोनों यहां अपने एक संयुक्त मित्र टोनी के घर आए । इनके साथ दो युवा लड़कियां भी थीं । इतने में 3 उग्रवादी दाखा के सरपंच को साथ लेकर टोनी के घर आ गए और उन्हें दरवाजा खोलने को कहा । दरवाजा खुलने पर इन उग्रवादियों ने उनसे पूछा कि लड़कियां कहां हैं ? इसके बाद वह बलदेव, बलविंदर और निर्मल को बाहर ले गए, जहां उनकी गोलियां मार कर हत्या कर दी गई ।

उल्लेखनीय है कि इन लड़कियों ने उग्रवादियों से कहा कि उक्त तीनों व्यक्ति पासपोर्ट बनाकर उनको विदेश भेजने और वहां नौकरी दिलवाने का झांसा देकर यहां लाए थे । एक अन्य सूचना में बताया गया है कि यह आतंकवाद का मामला है ।

वारदातों की स्वीकारोक्ति : फिल्लौर (भाखड़ी) : गत दिवस पकड़े गए 2 उग्रवादियों ने फिल्लौर पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान 4 लाख रुपए से भी ज्यादा लूट की वारदातों को स्वीकार किया है । उक्त दोनों उग्रवादी साहिब सिंह उर्फ साबी और बेअन्त राम से एक कटी हुई बन्दूक व 303 बोर का एक पिस्तौल, भारी मात्रा में गोली-सिक्का, 2 स्टीरियो (आयातित) तथा सोने के जेवर आदि भी बरामद किए गए हैं । उग्रवादियों ने बताया कि उन्होंने जालंधर जिले व लुधियाना और फगवाड़ा में कई लूट की वारदातें की हैं । फिल्लौर पुलिस आगे जांच-पड़ताल कर रही है ।

2 आतंकवादी मरे : भारी मात्रा में असला बरामद : फिरोजपुर (कन्तोड़) : थाना धर्मकोट के अंतर्गत गांव घड़ियाला में आधी रात के बाद दो आतंकवादी पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए । मृतक आतंकवादियों के पास से भारी मात्रा में हथियार व गोली-सिक्का बरामद हुआ है । जिला पुलिस चीफ अनिल शर्मा ने घटना का विवरण देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस ने चुंगा और घड़ियाला गांव के बीच एक स्थान पर नाका लगा रखा था कि आधी रात के बाद लगभग 2.30 बजे दो व्यक्तियों को संदिग्धावस्था में अपनी तरफ आते देखा । उन्हें जब रुकने का इशारा किया तो उन्होंने गोलियां चलानी शुरू कर दीं । पुलिस द्वारा भी जवाब में गोलियां चलाई गईं और यह मुकाबला लगभग एक घंटे तक चलता रहा । गोलियों का आदान-प्रदान रुकने पर जब पुलिस ने घटनास्थल की छानबीन की तो उसे वहां आतंकवादियों की लाशें मिलीं जिनकी अभी शिनाख्त नहीं की जा सकी है । शवों के पास से 2 ए.के. 74 राइफलें, ए.के. 47 राइफलों के 15 जिंदा कारतूस तथा 80 चले हुए कारतूस मिले । वहीं से एक बोरी भी बरामद हुई जिसमें 3 ए.के. 47 राइफलें, 6 मैगजीनें तथा ए.के. 47 राइफल के 400 से भी अधिक जीवित कारतूस भरे हुए थे ।

समझा जाता है कि तरनतारन में नैशनल सिक्योरिटी गार्ड तैनात किए जाने के कारण कई आतंकवादी क्षेत्र में आ घुसे हैं । मालवा क्षेत्र में पुलिस सतर्क है और उसने गश्त तीव्र कर दी है । श्री शर्मा ने कहा कि मृतक आतंकवादियों के पास बरामद असले से लगता है कि उनका संबंध किसी बड़े गिरोह से रहा होगा ।

घुसपैठिया मरा : एक घुसपैठिया आज प्रातः फिरोजपुर जिले के ममदोट सैक्टर में बी.एस.एफ. द्वारा मार गिराया गया ।

शस्त्रास्त्र बरामद : टांडा (बहल,झावर) :

(शेष पृष्ठ 10 पर)

भ्रष्ट अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई में ही भ्रष्टाचार-विरोधी अभियान की सफलता निहित

पटियाला, 30 जून (भूषण): भ्रष्टाचार कहां से शुरू होता है ? पंजाब बिजली बोर्ड कौंसिल आफ जूनियर इंजीनियर्स की राय है कि इसका आरम्भ सीनियर ब्यूरोक्रेसी के ऊंचे महलों से होता है और फिर यह भ्रष्टाचार निम्न स्तर तक फैलता चला जाता है ।

कौंसिल ने अपनी एक आपात् बैठक बुला कर पंजाब के राज्यपाल श्री वीरेन्द्र वर्मा के भ्रष्टाचार के विरुद्ध जबरदस्त अभियान चलाने की घोषणा का स्वागत किया है और उन्हें विश्वास दिलाया है कि कौंसिल सरकारी सेवाओं में भ्रष्टाचार के उन्मूलन के लिए उन्हें पूरा सहयोग देगी परन्तु इस अभियान को सफल बनाने के लिए उन्हें पहले सचिवालय, प्रशासनिक सचिवों, विभागों के मुखियाओं की स्क्रीनिंग करनी होगी और किसी भी बड़े से बड़े सत्तासीन और प्रभावी हाकिम को, जो भ्रष्टाचार में संलिप्त हो, माफ न किया जाए । कौंसिल ने करार दिया कि भ्रष्टाचारी अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई से ही नए राज्यपाल की परीक्षा होगी कि वे भ्रष्टाचार-उन्मूलन के लिए कितने गंभीर हैं ।

कौंसिल ने यह सुझाव दिया कि भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों के विरुद्ध पूर्ण छानबीन होनी चाहिए । यह मामला किसी एक एजैंसी पर नहीं छोड़ देना चाहिए । कौंसिल ने आशा प्रकट की है कि नए राज्यपाल विभिन्न विभागों तथा पंजाब बिजली बोर्ड में फैले भ्रष्टाचार को समाप्त करने में सफल होंगे ।

पर्यटकों को विदेशों से सोना लाने की छूट दी जाएगी

नई दिल्ली, 30 जून (वार्ता) : केन्द्र सरकार पर्यटकों, प्रवासी भारतीयों और काफी समय विदेश रहने के बाद स्वदेश लौटने वाले भारतीयों को स्वर्ण आभूषण लाने की अनुमति देगी । केन्द्रीय वित्तमंत्री श्री मधु दंडवते ने गुजरात वाणिज्य एवं उद्योग मंडल के एक प्रतिनिधिमंडल को संकेत दिया कि स्वर्ण नियंत्रण कानून के अंतर्गत सरकार ऐसे लोगों द्वारा देश में लाए जाने वाले आभूषण की मात्रा और उसके तरीके को अंतिम रूप दे रही है ।

...गया आश्वासन पूरा नहीं ...लिए कहा जाए : सुर्जेवाला

...पी. सिंह इसके लिए तैयार नहीं होते तो उन्हें ...गपत्र देने को कहा जाए क्योंकि संसद में की जाने ...ली घोषणा पर अमल न करना संसद का अपमान ... । श्री सुर्जेवाला ने कहा कि लगभग सभी ...जनीतिक दल इस हत्याकांड की सी.बी.आई. से ...च करवाने की मांग कर चुके हैं, इसलिए हरियाणा ...मुख्यमंत्री श्री बनारसी दास गुप्ता एवं गृहमंत्री ...पत सिंह को भी चाहिए कि वे इस मामले की ...बी.आई. से जांच न करवाने के लिए कोई ...नीकी बहाना न बनाएं और असली अभियुक्त को ...ता के सामने आने दें । श्री सुर्जेवाला ने कहा कि ...र श्री गुप्ता जांच करवाने के लिए तैयार नहीं होते ...उनसे भी मुख्यमंत्री पद छोड़ने के लिए कहा जाना ...हिए ।

...पत्रकारों के प्रश्नों के उत्तर देते हुए श्री ...वाला ने कहा कि वह राष्ट्रपति से भेंट कर उनसे ...अनुरोध भी करेंगे कि वह भारत के मुख्य ...यधीश को यह समझाएं कि श्री अमीर सिंह की ...ा कोई निजी मामला नहीं है, बल्कि यह एक ...र और महत्वपूर्ण मामला है । एक अन्य प्रश्न ...उत्तर में उन्होंने कहा कि अगर राष्ट्रपति भी ...की इन मांगों को मंजूर करवाने में कामयाब न हुए ...उनकी पार्टी इस मामले को फिर से संसद में ले ...गी और संसद के आगामी सत्र के अवसर पर ...र्शन करेगी । श्री सुर्जेवाला ने बताया कि अगर 8 ...ई तक उक्त मांगों को मंजूर कराने के लिए कोई ...न उठाया गया तो 9 जुलाई को चंडीगढ़ में पार्टी ...दाधिकारी एवं जिलों के प्रधानों की बुलाई गई ...क में आन्दोलन आरंभ करने की रूपरेखा पर ...र किया जाएगा । उन्होंने बताया कि संसद के ...प्रदर्शन करने से पूर्व उनकी पार्टी की ओर से ...में लगभग सभी स्थानों पर जनसभाएं की ...गी और जनता को दिल्ली कूच करने को कहा ...गा ।

...कों के सेवा-शुल्क बढ़े

...नई दिल्ली, 30 जून (वार्ता) : सार्वजनिक क्षेत्र ...कों द्वारा सेवा शुल्क तय करने के लिए बनाई गई ...त ने व्यक्तिगत खातों के अलावा अन्य सभी ...पर जारी होने वाली चैक बुक के प्रत्येक पन्ने के ...एक रुपया शुल्क लेने का फैसला किया है । ...सला एक जुलाई, 1990 से लागू होगा । ...यक्तिगत खाता-धारक को केवल 'बचत खाता' ...र ही इस शुल्क से मुक्त रखा गया है लेकिन ...खाता' होने पर व्यक्ति विशेष को भी 'प्रति ...न्ना' एक रुपया शुल्क देना पड़ेगा । सेवा ...समिति ने लेखा-जोखा (बहीखाता) पृष्ठ का ...भी 20 रुपए से बढ़ाकर 25 रुपए करने का ...लिया है लेकिन 'बचत खाता' होने पर पृष्ठ के ...ल्क नहीं लिया जाएगा बशर्ते कि खाते में धन ...चा हो ।

...हरू के विरुद्ध ...या जाने लगा

...ए हुआ क्योंकि वह विश्व हिन्दू परिषद के ...चव श्री अशोक सिंगल के भाई हैं ।

...नता दल के कुछ क्षेत्रों के अनुसार श्री देवी ...के हस्तक्षेप के कारण ही यह केस लटकाया गया ...श्री नेहरू के प्रबल विरोधी हैं तथा संभावना है ...श्री वी.पी. सिंह से यह भी कह दें कि इस केस ...कोई भी निर्णय न लेकर इसे श्री नेहरू के लिए ...के रूप में इसी प्रकार ही लटकाया जाता ...इस केस को वापिस लेने के लिए सरकार को ...त की अनुमति लेनी पड़ेगी तथा अदालत को ...करना पड़ेगा कि इस संबंध में सभी आरोप ...थे अथवा जांच के दौरान कोई प्रमाण नहीं पाया ...।

...ों द्वारा पंजाब ...ने का फैसला

...ही किया गया है ।

...स बयान में उन लोगों को गम्भीर परिणामों की ...नी दी गई है जो कि 2 जुलाई को दुकानें बंद ...एंगे । यह भी कहा गया है कि उक्त चारों ...ों के सदस्य ऐसे तत्वों पर कड़ी नजर रखेंगे ...उन्हें दंडित करेंगे ।

...स बयान में कहा गया है कि बाजारों में ...ाज सामान्य रूप से जारी रखा जाना चाहिए ।

अपील

आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैड्रेशन (ए.आई.एस.एस.एफ.) के एक वर्ग ने,

Punjabi Sanjati

सुरक्षा बलों द्वारा

(पृष्ठ 1 का शेष)

जून को समान विचार वाले उग्रवादियों से क्षेत्र में युद्धविराम करने के लिए कहा था ।

सोपोर में बंद : बारामुला जिले के सोपोर से प्राप्त सूचना के अनुसार कस्बे में सभी दुकानें तथा व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे ।

कस्बे में हड़ताल का आह्वान व्यापारिक संघों ने पिछले दिनों सुरक्षा कर्मियों के कथित 'अत्याचार' के विरोध में किया था ।

सरकारी तौर पर बताया गया है कि श्रीनगर और घाटी के अन्य हिस्सों में स्थिति शांतिपूर्ण और काबू में है ।

सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि श्रीनगर और घाटी के अन्य हिस्सों में केंद्रीय सरकार के कार्यालय, दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान तथा यातायात ठीक प्रकार से चल रहे हैं ।

अज़ीज़ खान को दफनाया गया : उग्रवादियों ने कल अतिरिक्त उपायुक्त अब्दुल अज़ीज़ खान की हत्या कर दी थी । उनको आज दफना दिया गया । उनके जनाज़े में हज़ारों लोगों ने भाग लिया ।

अमानुल्ला की अंतरिम सरकार को मान्यता का आग्रह : उत्तरी अमरीका के तथाकथित जम्मू-कश्मीर मुक्ति मोर्चा ने संयुक्त राष्ट्र के महासचिव से आग्रह किया है कि वह श्री अमानुल्ला खान द्वारा गठित अंतरिम सरकार को मान्यता दे । मोर्चा ने मांग की है कि भारत और पाकिस्तान अपनी सेनाओं को जम्मू-कश्मीर से हटा ल ।

मोर्चा ने एक पत्र में पाकिस्तान द्वारा कश्मीरी जनता का प्रतिनिधित्व करने के अधिकार पर प्रश्नचिन्ह लगाया है । पत्र में कहा गया है कि पाकिस्तानी नेता कश्मीर के प्रश्न पर लगातार संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का हवाला दे रहे हैं, जबकि उन्हें कश्मीर की जनता का प्रतिनिधित्व करने का कोई अधिकार नहीं है ।

अस्पतालों में काम ठप्प : जूनियर डाक्टरों की हड़ताल के कारण अस्पतालों में आज लगातार चौथे दिन भी काम ठप्प रहा । यह डाक्टर पलायनकर्त्ता मैडीकल छात्रों तथा डाक्टरों को यहां शामिल किए जाने का विरोध कर रहे हैं ।

एस.एम.जी.एस. के अस्पताल के सुपरिटैंडैंट डा. एम.पी. गुप्ता के अनुसार कुछ अस्पतालों में कामकाज बहुत बुरी तरह से प्रभावित हुआ है, क्योंकि केवल सीनियर डाक्टर ही यहां मरीज़ों का उपचार कर रहे हैं ।

मैडीकल कालेज के प्राध्यापक एस.एल. वर्मा ने हड़ताल को देखते हुए छुट्टियों पर गए सभी वरिष्ठ डाक्टरों को तुरन्त ही ड्यूटी पर लौटने के निर्देश दिए हैं ।

प्रदेश कांग्रेस (इ) महासचिव हरी सिंह तथा मुलाराम ने जूनियर डाक्टरों की हड़ताल का समर्थन किया है तथा राज्य सरकार से कहा है कि विस्थापित कश्मीरी छात्रों को देश में किसी अन्य मैडीकल कालेज में प्रवेश देने की व्यवस्था करें ।

कर्फ्यू स्थिति : इसी दौरान श्रीनगर में आज प्रातः 8 बजे से 8 घंटे तथा घाटी के विभिन्न क्षेत्रों में विविध अवधिकाल के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई ।

सरकारी प्रवक्ता के अनुसार इस अवधि के दौरान स्थिति लगभग शांत रही तथा किसी प्रकार की विशेष अप्रिय घटना का समाचार नहीं है ।

अवकाश प्राप्त प्रोफैसर की हत्या : कश्मीरी उग्रवादियों ने आज यहां एक अवकाश प्राप्त प्रोफैसर नीलकंठ रैना की गोली मार कर हत्या कर दी है ।

शहर के सफाकदल इलाके के खानकई क्षेत्र में आज सुबह कई उग्रवादियों ने प्रो. रैना पर उनके घर के निकट गोली चलाई । उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

बम विस्फोट : बेमिना में आज पूर्व सूचना राज्यमंत्री ए.एम. सागर के नए मकान पर उग्रवादियों ने बम विस्फोट किया । घर को काफी नुक्सान पहुंचा है । पिछले 24 घंटों के अंदर इस मकान पर यह दूसरा विस्फोट है ।

प्रदर्शन : दूरसंचार विभाग के आऊटडोर स्टाफ ने विभाग के प्रांगण में आज प्रदर्शन किया । यह लोग सुरक्षा बल के जवान द्वारा अपने सहयोगी को कथित रूप से पीटने का विरोध कर रहे थे । स्टाफ के सदस्यों ने इस जवान के प्रति कार्रवाई की मांग भी की है ।

जे.के.एल.एफ. का वांछित कार्यकर्त्ता काबू : जम्मू से 'नि.स.' के अनुसार सीमा सुरक्षा बल ने स्थानीय पुलिस की सहायता से जे.के.एल.एफ. के एक वांछित कार्यकर्त्ता को पूंछ में गिरफ्तार कर लिया है । उसकी पहचान मौलवी मुनीर हुसैन के रूप में हुई है ।

2 अन्य हत्याएं : आधिकारिक सूत्रों के अनुसार उग्रवादियों ने अनन्तनाग में कल रात एक व्यक्ति की हत्या कर दी । श्रीनगर में आज सायं जेहलम नदी से भी गोलियों से छलनी एक शव बरामद किया गया है ।

6 आतंकवादी गिरफ्तार : सुरक्षा बलों ने गत रात अपने तलाशी अभियान के तहत श्रीनगर से जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के 6 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । उनके पास से कुछ विस्फोटक पदार्थ भी बरामद हुए हैं ।

भीषण मुठभेड़ में ...

(पृष्ठ 1 का शेष)

कल रात गांव शहबाज़पुर के साड़े पर सुरक्षा बलों ने एक ट्रक से भारी परिमाण में शस्त्रास्त्र और गोली-सिक्का बरामद किया । पुलिस सूत्रों के अनुसार सुरक्षा बलों ने वहां नाका लगा रखा था । साढ़े 11 बजे रात बिना लाइट के एक स्कूटर नम्बर वी.यू.जी. 9940, जो टांडा से बेट की ओर जा रहा था, को रोका गया । जब थोड़ी दूर जाकर स्कूटर रुका तो पीछे से बिना लाइट के एक ट्रक भी आ गया । सुरक्षा बलों ने उसे भी रुकने का संकेत दिया । इतने में स्कूटर सवार स्कूटर छोड़ कर भाग गया । सुरक्षा कर्मी उसे पीछे भागे तो देखा कि ट्रक सवार भी भाग रहे हैं । अतः अंधेरे के कारण ट्रक और स्कूटर सवार भागने में सफल हो गए । सुरक्षा बलों ने स्कूटर और ट्रक को चैक किया तो ट्रक से एक ए.के. 47, एक एल.एम.जी., एक पिस्तौल 42 बोर और एक राइफल 303 के अतिरिक्त काफी कारतूस और गोलियां भी बरामद हुईं । जब पुलिस ने घेरा डाल कर इर्द-गिर्द की तलाशी ली तो वहां पड़ी एक और ए.के. 47 राइफल भी मिली । पुलिस ने ट्रक और स्कूटर को अपने कब्ज़े में ले लिया है । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं ।

हत्या : जालंधर जिले के रंधावा गांव में एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई । मृतक की शिनाख्त मक्खन लाल के रूप में की गई है ।

बाल-बाल बचा : पुलिस के अनुसार तीन अज्ञात सशस्त्र व्यक्ति गत रात जालंधर जिले के भोगपुर थानांतर्गत गांव डल्ला में एक व्यक्ति दर्शन सिंह के घर में आए और उसे सोते से उठाया । अपनी जान खतरे में देख कर दर्शन सिंह सिर पर पांव रख कर भाग लिया । संदिग्ध आतंकवादियों ने उस पर गोलियां चलाईं, लेकिन वह बाल-बाल बच गया ।

उपन्यासकार इर्विंग वालेस का निधन

लास एंजैल्स, 30 जून (प.स.): प्रख्यात उपन्यासकार इर्विंग वालेस का कल यहां एक अस्पताल में निधन हो गया । उनकी उम्र 74 वर्ष थी । वह कैंसर से पीड़ित थे । अस्पताल के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी । वालेस करीब छह महीने से बीमार चल रहे थे । स्थानीय एक मैगजीन की टिप्पणी के अनुसार वालेस इस समय विश्व के सबसे ज्यादा पढ़े जाने वाले पांच लेखकों में से एक थे ।

हेगड़े सहित

(पृष्ठ 1 का शेष)

भी आरम्भ कर दिया है । कुछ जद नेताओं के अनुसार कर्नाटक की सारी राजनीति ही इस अभियान में आ जुटी है ।

श्री हेगड़े अब तक श्री चौटाला को हरियाणा के मुख्यमंत्री पद से हटाए जाने के लिए अभियान चलाते

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में असिस्टैंट सब-इंस्पैक्टर (क्लर्कों) की भर्ती

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में पुरुष/महिला कम्बैटाइज़्ड असिस्टैंट सब-इंस्पैक्टरों (क्लर्कों) के 4 पदों अर्थात जनरल-1 और भूतपूर्व सैनिक 3 को पुर करने का प्रस्ताव है । पद अस्थायी हैं किन्तु स्थायी बन जाने की सम्भावना है ।

1. **न्यूनतम योग्यताएं** :
   (क) शैक्षिक योग्यताएं : इंटरमीडिएट (10+2) अथवा समकक्ष
   (ख) टाइपिंग गति : 30 श.प्र.मि. अंग्रेजी में अथवा 25 श.प्र.मि. हिन्दी में
2. **शारीरिक माप**
   पुरुष उम्मीदवारों के लिए
   (क) कद : 165 सैं.मी.
   (ख) छाती : 77 सैं.मी. (बिना फुलाहट)
   82 सैं.मी. (फुलाकर)

यज्ञ अबोहर की बजाय जालंधर में



सब संगतों को सूचित किया जाता है कि बापू 1008 श्री अरूढ़ सिंह जी नखड़ साहब साधांवाली वाला यज्ञ अबोहर की बजाय डेरा जालंधर में 7-8-9 जुलाई को धूमधाम से मनाया जाएगा ।

Punjabi Sanstani



चुनावों में मार्क्सी कार्यकर्त्ताओं द्वारा की दिवस कलकत्ता में मौन जलूस निकालते (फोटो : प्रै.ट्र.)

ए स्कीम बनाने से पहले
ाना जाएगा : गुप्ता

न हो सकता है कि ये फार्म ठीक समय पर सभी ं पर न पहुंचे हों । रिटर्न भरने की अन्तिम को बढ़ाने की मांग के उत्तर में श्री गुप्ता ने दिया कि ऐसा तभी सम्भव हो सकेगा जब सारे में सही स्थिति का पता लगेगा ।

श्री जी.एस. सिद्धू मुख्य आय कर आयुक्त याला रेंज) ने यह जानकारी दी कि लुधियाना में म टैक्स काम्पलैक्स बनाने के लिए 8 एकड़ हासिल कर ली गई है जिसका मूल्य एक करोड़ ा है ।

इससे पूर्व श्री गुप्ता ने कल लुधियाना चैम्बर के यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आय कर सीलिंग कम करने से आय कर विभाग की पदन बढ़ी है । उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 989-90 में 9600 करोड़ की आय हुई, जो कि वर्ष से 100 करोड़ रुपए अधिक है ।

हाभारत' के स्थान
पर 'परमवीर चक्र'

बम्बई, 1 जुलाई (प.स.): निर्माता-निर्देशक न आनन्द का टैली-सीरियल 'परमवीर चक्र' आर. चोपड़ा के अत्यन्त लोकप्रिय धारावाहिक हाभारत' के 8 जुलाई को समाप्त हो जाने के चात् 15 जुलाई से उसका स्थान लेगा ।

जना आयोग
से त्यागपत्र



की गई नई उद्योग नीति का अनुमोदन किया गया था ।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि कार्मिक विभाग को नियमों तथा सामान्य व्यवहार के अनुरूप आयोग की रिपोर्ट के अध्ययन के निर्देश दिए गए हैं । आयोग को उन आरोपों की जांच के लिए नियुक्त किया गया था, जिसके अनुसार भूमि आवंटन से श्री राम कृष्ण हेगड़े के रिश्तेदारों को लाभ मिला ।

पंजाब में सेवानिवृत्त कर्नल व महंत समेत 8 व्यक्तियों की हत्या

जीप, बारात की बस पर फायरिंग में 1 मरा, 25 घायल

गुट संघर्ष में 1 उग्रवादी मरा, पाक घुसपैठिया मारा गया

चंडीगढ़, 1 जुलाई (प.स., वार्ता): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान एक सेवानिवृत्त कर्नल तथा महंत समेत 9 लोगों की हत्या कर दी गई तथा एक अन्य व्यक्ति को घायल कर दिया । इस दौरान सुरक्षा बलों ने 6 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है, इनमें दुर्दांत आतंकवादी गुरदेव सिंह भी शामिल है । गुट संघर्ष में एक उग्रवादी मारा गया, जबकि उग्रवादियों ने बाघा पुराना में एक जीप व बारात की बस पर फायरिंग की ।

दो की हत्या : अमृतसर (वार्ता): छह आतंकवादियों के एक गिरोह ने मजीठा पुलिस जिला के जंडियाला थाना के अधीन ढाणी बिनेश्वर गांव में एक घर में घुस कर दो लोगों की हत्या कर दी । मृतकों के नाम रणजीत सिंह तथा रविन्द्र सिंह बताए जाते हैं ।

शव मिला : मजीठा पुलिस जिला के मल्लन गांव में खेतों से एक व्यक्ति का शव मिला है । मृतक की अभी तक पहचान नहीं हुई ।

सरपंच की हत्या : आतंकवादियों ने आज सायं अमृतसर जिला के कासल गांव के निकट सराए अमंत खां गांव के सरपंच की गोली मार कर हत्या कर दी ।

पुलिस के अनुसार कल सरपंच का उस समय अपहरण किया गया था, जब वह अमृतसर से अपने गांव लौट रहा था, उसका गोलियों से छलनी शव आज खेतों में पड़ा मिला । उल्लेखनीय है कि गत दिनों केंद्रीय गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद ने 20 जून को जब सराय अमानत खां का दौरा किया था, तो उक्त सरपंच ने उन्हें ग्रामीणों की शिकायतें प्रस्तुत की थीं ।

घुसपैठिया मरा : बी.एस.एफ. जवानों ने कल रात अमृतसर जिला के अटारी सैक्टर में रानिया सीमा चौकी के निकट एक पाक घुसपैठिये को मार गिराया ।

फायरिंग में महिला की मौत : अमृतसर जिला के रतनगढ़ गांव में आतंकवादियों के एक गिरोह ने ग्रामीण सुरक्षा चौकी पर हमला किया । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग की गई । इस दौरान गोली लगने से एक महिला जोगेंद्र कौर की मृत्यु हो गई । आतंकवादी भाग जाने में सफल रहे ।

एक की हत्या : अमृतसर जिला के लोपोके थाना के अधीन कोटला डोमा गांव में आतंकवादियों ने गुरमेल सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

एक घायल : तरनतारन पुलिस जिला के दरबल गांव में आतंकवादियों ने दर्शन सिंह नामक एक व्यक्ति को गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया ।

प्रतिद्वंद्वियों के हाथों मारा गया : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार एक उग्रवादी गुरमेल सिंह की उसके प्रतिद्वंद्वियों ने थाना लोपोके के गांव छोटला दुर्ग में गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

पट्टी के निकट ब्राह्मणी पुल के निकट नाकाबंदी के दौरान दो उग्रवादी हरमीत सिंह और बाबा सिंह मुकाबले में गिरफ्तार कर लिए गए । उनके कब्जे 2 ए.के. 47 राइफलें, 6 मैगज़ीनें और 300 राऊंड गोलियां बरामद हुईं ।

21000 रुपए छीन लिए : एक और वारदात में थाना अमृतसर के गांव वल्ला में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति महेंद्र सिंह से 21000 रुपए छीन लिए ।

ट्रैक्टर छीन लिया : दौलतपुर (सलालपुर) गांव जिला जालन्धर में 3 उग्रवादी एक व्यक्ति बलबीर सिंह से मैसी ट्रैक्टर छीन कर ले गए ।

जीप, बारात की बस पर फायरिंग : 1 मरा : बाघा पुराना (मित्तल): आज रात्रि 9 बजे यहां से 6 किलो मीटर दूर जी.टी. रोड पर सशस्त्र उग्रवादियों ने एक जीप और एक बारात की बस पर अंधाधुंध फायरिंग करके एक व्यक्ति की हत्या कर दी और 25 को घायल कर दिया । घायलों में से 3 की हालत नाजुक है । बारात भटिंडा जा रही थी ।

सेवानिवृत्त कर्नल की हत्या : जालंधर (पस): कुछ अज्ञात लोगों ने कल रात जालंधर सदर पुलिस स्टेशन के अधीन मिट्ठापुर गांव में एक मकान में घुस कर छत पर सो रहे सेवानिवृत्त कर्नल मलकीयत सिंह की तेजधार हथियारों से हत्या कर दी । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

महंत की हत्या : धूरी (सिंगला) : दो आतंकवादियों ने कल रात यहां निकटवर्ती गांव गोबिन्दपुरा में डेरे के महंत गरीब दास की हत्या कर दी । उसका शव आज प्रातः पुलिस ने बरामद किया ।

ग्रंथी घायल : संगरूर (प.स.): आतंकवादियों ने जिला के छोटी बाहमनवाला गांव में गुरुद्वारा के ग्रंथी पराग सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : भटिंडा पुलिस ने 2 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इनके नाम गुरदेव सिंह तथा अजमेर सिंह बताये जाते हैं । इनके कब्जे से दो राइफलें तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं । गुरदेव सिंह सूचीबद्ध दुर्दांत आतंकवादी है ।

पिस्तौल समेत गिरफ्तार : मोगा (सर्व): मोगा पुलिस ने स्थानीय एक ट्रांसपोर्टर को पिस्तौल समेत गिरफ्तार किया है । उसने मोगा नगरपालिका के कुछ कर्मियों को डराया-धमकाया था ।

वी.पी. सिंह व देवी लाल में मतभेद नहीं : चौटाला

जयपुर, 1 जुलाई (वार्ता): हरियाणा के पूर्व-मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला ने आज कहा कि केंद्र में विश्वनाथ प्रताप सिंह सरकार को कोई खतरा नहीं है और वह निर्बाध रूप से अपना कार्यकाल पूरा करेगी । उन्होंने कहा कि श्री सिंह तथा श्री देवी लाल के बीच कोई मतभेद नहीं है ।

श्री चौटाला ने संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया कि कतिपय पूंजीपति, भ्रष्ट अधिकारी और कांग्रेस (इ) के नेता जनता दल को तोड़ने का षड्यंत्र कर रहे हैं । पूंजीपतियों के ही इशारे पर कुछ अखबारों ने मेरे मामले को लेकर चौधरी देवी लाल को कमजोर करने का प्रयास किया तथा इन्हीं लोगों का यह प्रयास है कि चौधरी देवी लाल और श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह में मतभेद पैदा हों । उन्होंने इन समाचारों का खंडन किया कि उन्हें जनता दल का महासचिव बनाया जा रहा है ।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मोर्चा सरकार की औद्योगिक नीति का अनुमोदन

नई दिल्ली, 1 जुलाई (वार्ता): केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज राष्ट्रीय मोर्चा सरकार की हाल ही में घोषित औद्योगिक नीति का अनुमोदन कर दिया ।

वित्तमंत्री मधु दंडवते द्वारा देश की अर्थ व्यवस्था के बारे में विस्तृत ब्यौरा देने के बाद दो घंटे के विचार-विमर्श के उपरांत स्वीकृत एक वक्तव्य में कहा गया है कि नई औद्योगिक नीति से लघु, कृषि तथा मध्यम उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, उद्योग में पूंजी निवेश बढ़ेगा तथा राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के दायरे में खुली प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहन मिलेगा ।

मंत्रिमंडल ने वक्तव्य में कहा कि राष्ट्रीय उद्देश्यों के अनुरूप विदेशी पूंजी निवेश जारी रखा जाएगा, आधुनिकीकरण और निर्यात बढ़ाने के लिए तकनीक का आयात किया जाएगा तथा ऐसे सरकारी नियंत्रण समाप्त हो जाएंगे जिनसे मनमानी करने की गुंजाइश हो ।

सरकार की नई औद्योगिक नीति के प्रबल आलोचक जनता दल के नेता चंद्रशेखर ने मंत्रिमंडल की बैठक होने के समय ही एक समानांतर प्रैस कांफ्रैंस में कहा कि इस नीति को लागू करने से पहले राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा कराई जाए अन्यथा वे इस मामले को देश की जनता के सामने रखेंगे ।

प्रत्यक्षतः मंत्रिमंडल ने श्री चंद्रशेखर की आलोचना अस्वीकार करते हुए नई नीति पर अपनी स्वीकृत की मोहर लगा दी । मंत्रिमंडल की आज की बैठक में प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की

कराने के लिए सरकार कुल संसाधनों का 58 प्रतिशत कृषि और ग्रामीण विकास पर खर्च करेगी तथा लघु एवं कृषि आधारित उद्योगों को प्राथमिकता देगी ।

सोवियत संघ द्वारा पाकिस्तान को टैंक बेचने का खंडन

नई दिल्ली, 1 जुलाई (हि.टा.): एक वरिष्ठ सोवियत कटनयिक ने यहां इस बात की पुष्टि की है कि उसका देश पाकिस्तान को टी-72 टैंक या कोई अन्य सुरक्षा उपकरण नहीं बेच रहा है । उसने कहा कि यह काम किसी पूर्वी यूरोपीय देश का हो सकता है । गत दिवस समाचार प्रकाशित हुए थे कि पाकिस्तान जिन युद्धक हथियारों को खरीदना चाहता है उनमें टी-72 टैंक तथा सोवियत निर्मित बख्तर बंद गाड़ियां भी हैं । रक्षा समीक्षकों का कहना है कि पाकिस्तान 300 से 500 तक टी-72 टैंक खरीदना चाहता है । इसकी सेना एक अच्छे टैंक की तलाश में है तथा इसने अमरीका द्वारा निर्मित एम-1 टैंक खरीदने का विचार त्याग दिया है । इसके अतिरिक्त सोवियत निर्मित टैंकों की कीमत पश्चिमी देशों द्वारा निर्मित टैंकों से दो-तीन गुना कम है ।

भारत के पास इस समय लगभग 650 टी-72 टैंक हैं तथा यह टैंक अपनी श्रेणी में उच्चकोटि का है ।

क्रमिक अनशन जारी

मनजीत सिंह पर संगत के पैसे का दुरुपयोग करने का आरोप

गुरदासपुर, 1 जुलाई (विनोद): विभिन्न सगठनों द्वारा नगर के गुरुद्वारों और सार्वजनिक संस्थानों पर लगाए गए पोस्टरों में अखिल भारतीय सिख छात्र संघ (मनजीत गुट) के प्रधान भाई मनजीत सिंह पर संगतों के पैसे का कथित तौर पर दुरुपयोग करने और लुटेरों द्वारा लोगों को धमकियां देकर जबरी वसूली करने के गम्भीर आरोप लगाए गए

Punjabi Sonatan

गुट संघर्ष में 3 महिलाओं, 4 आतंकवादियों सहित 7 मरे

पंजाब में अन्यत्र 6 उग्रवादी गिरफ्तार : एक घुसपैठिया भी मारा गया

पुलिस अधिकारी के एक संबंधी का अपहरण

चंडीगढ़, 2 जुलाई (प.स., वार्ता) : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान गुट संघर्ष में 3 महिलाओं व 4 आतंकवादियों समेत 7 व्यक्ति मारे गए । इस बीच 7 अन्य लोगों की हत्या कर दी गई और एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के संबंधी का अपहरण हुआ । मुठभेड़ में एक घुसपैठिया भी मारा गया है ।

गुट संघर्ष में तीन महिलाओं समेत 4 मरे : अमृतसर (सोनी, प.स.) : आतंकवादियों के एक गिरोह ने कल आधी रात के वक्त तरनतारन जिले के पट्टी थानान्तर्गत जौड़ा गांव में हमला कर तीन महिलाओं की हत्या कर दी और एक परिवार के पांच सदस्यों को घायल कर दिया । मृतकों के नाम श्रीमती प्रीतम कौर (70), उसकी बहू श्रीमती बलबीर कौर (30) और पोती कश्मीर कौर (11) बताए जाते हैं ।

तरनतारन के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री नरेन्द्र पाल सिंह ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हमलावर खालिस्तान कमांडो फोर्स के थे । दो आतंकवादियों प्रेम सिंह और बलविन्दर सिंह जो कि क्रमशः 'ए' और 'बी' श्रेणी के हैं, की हत्या के इरादे से उन्होंने बहादर सिंह नामक व्यक्ति के मकान पर हमला किया जहां वे दोनों छिपे हुए थे लेकिन दोनों आतंकवादी भाग निकले । खालिस्तान कमांडो फोर्स के आतंकवादियों ने तब उक्त मकान पर तीन हथगोले फैंके और भारी गोलाबारी की । उस मकान में 'खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के' आतंकवादियों के रिश्तेदार छिपे हुए थे । उन्होंने अपने को भीतर से बंद कर रखा था । हमले में तीन महिलाएं मारी गईं तथा परिवार के पांच अन्य सदस्य घायल हो गए । हमलावर गिरोह का भी एक आतंकवादी मारा गया, जिसे उसके साथी उठा ले गए ।

पुलिस पार्टी पर हमला : आतंकवादियों ने कल रात मेहता थाना के अधीन बोपाराय गांव के निकट पुलिस की एक गश्ती पार्टी पर हमला किया । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर आतंकवादी भाग गए ।

शव बरामद : अमृतसर में कोट खालसा क्षेत्र से एक व्यक्ति का शव मिला है । उक्त व्यक्ति की गला घोंट कर हत्या की गई ।

घुसपैठिया मरा : अमृतसर जिला में माहवा सीमा चौकी के निकट कल रात बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में एक बंगलादेशी नागरिक मारा गया ।

गुट संघर्ष में 2 आतंकवादी मरे : अमृतसर से 'वार्ता' के अनुसार तरनतारन पुलिस जिला के महमूदपुरा गांव में आतंकवादियों ने निजी गुट संघर्ष के कारण अपने ही दो साथियों सुखविंदर सिंह तथा दर्शन सिंह को गोलियों से उड़ा दिया ।

उग्रवादी का शव मिला : पुलिस जिला मजीठा के गांव मंडाला में गत रात्रि गिरोहों की आपसी शत्रुता में एक अज्ञात उग्रवादी मारा गया । आज दोपहर उसका गोलियों से छलनी शव एक पुलिस पार्टी ने बरामद किया ।

'प.स.' के अनुसार मृत उग्रवादी की शिनाख्त मुख्तियार सिंह उर्फ काका के रूप में की गई है ।

ग्रंथी की हत्या : धूरी (सिंगला) : आतंकवादियों ने कल रात यहां निकटवर्ती एक गांव में गुरुद्वारे के ग्रंथी लाभ सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

मृतक संख्या 3 हुई : बाघा पुराना (मित्तल) कल रात 9 बजे के लगभग आतंकवादियों ने गांव चंद नवां में घात लगाकर 4 वाहनों पर फायरिंग की थी जिससे एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी तथा 20 अन्य लोग घायल हुए थे । इन घायलों में से 2 ने आज अस्पताल में दम तोड़ दिया । इनके नाम टोनी (9) तथा स्वर्णजीत (20) बताए जाते हैं । कल घटनास्थल पर दम तोड़ने वाले व्यक्ति का नाम अजीत सिंह (35) बताया जाता है । वह बरनाला में एक डाकखाना में कार्यरत था । आतंकवादियों ने जिन वाहनों पर फायरिंग की, उनमें एक जीप, मारुति वैन, ट्रक तथा बारातीं बस शामिल है । घायलों के नाम सतीश कुमार, बंसी लाल, हरीश कुमार, अर्जन सिंह, प्रमिन्द्र सिंह, बोहड़ सिंह, साध सिंह, श्रीमती पिकी, श्रीमती कृष्णा, हरजीत सिंह, इन्द्र पाल सिंह, मदन लाल, गुरदेव सिंह तथा इन्द्रजीत सिंह बताए जाते हैं । पुलिस ने घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 500 खाली कारतूस बरामद किए हैं । आतंकवादियों की व्यापक तलाश की जा रही है ।

मजदूर की हत्या : कपूरथला (वार्ता) : आतंकवादियों ने कल रात जिला के तलवंडी मेहमा गांव में प्रदीप कुमार नामक एक प्रवासी मजदूर की गोली मार कर हत्या कर दी ।

गुरुद्वारा के एक ग्रन्थी की हत्या : बटाला (कोछड़, चौधरी) : पुलिस जिला बटाला में श्री हरगोबिन्दपुर थाना के गांव धंदोई में गत रात दो सशस्त्र आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर एक युवक रामपाल सिंह (25) की गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार इस हमले में आतंकवादियों ने 12 बोर का हथियार प्रयुक्त किया था । घटनास्थल से दो चले हुए कारतूस मिले हैं । बताया जाता है कि पहले उक्त व्यक्ति का नाम पंडित रामपाल था । बाद में वह एक गुरुद्वारे में ग्रन्थी बन गया और उसने अपना नाम रामपाल सिंह रख लिया ।

मज़हबी सिख की हत्या : पुलिस ज़िला बटाला के गांव उड्डेवबाली कलां में आज उग्रवादियों के एक गिरोह ने एक मज़हबी सिंह सेवा सिंह के घर में घुस कर उसकी हत्या कर दी ।

एक की हत्या : रोपड़ (प.स.) : जिला के खरड़ थाना के अधीन छप्पर छीड़ी गांव में दो आतंकवादियों ने गुरबचन सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

मांगट के सम्बन्धी का अपहरण : लुधियाना (धीमान, महेन्द्रा) : गांव सहरपुर के एक व्यक्ति श्री राजेन्द्र सिंह के घर 4 आतंकवादी एक मारुति कार नम्बर पी.बी.-10 ए 0083 में आए और उनके बेटे शमशेर सिंह एडवोकेट का अपहरण कर के ले गए । श्री राजेन्द्र सिंह पंजाब के पुलिस महानिदेशक (आप्रेशन) के बहनोई हैं । यह घटना कल रात साढ़े 8 बजे की है । ये उग्रवादी खालिस्तान लिबरेशन फ्रंट से सम्बन्ध रखते हैं । जाती बार उन्होंने ग्रामीणों को कहा कि शमशेर सिंह के बदले 4 उग्रवादियों को छोड़ दिया जाए तो उसे रिहा कर दिया जाएगा । थाना में रिपोर्ट राजेन्द्र सिंह के बड़े लड़के कुलदीप सिंह ने दर्ज करवाई है । पुलिस पार्टियां सरगर्मी से उग्रवादियों की तलाश के लिए रवाना हो गई हैं । जिस मारुति कार में उग्रवादी आए थे, वह भी छीनी हुई थी ।

पिता, पुत्र का अपहरण : 'वार्ता' के अनुसार आतंकवादी श्री मांगट के साले राजिन्दर सिंह तथा राजिन्दर सिंह के पुत्र शमशेर सिंह का अपहरण कर ले गए ।

5 आतंकवादी काबू : भटिंडा (प.स.) : पुलिस ने 5 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । ये आतंकवादी हत्याओं तथा लूटपाट की कई वारदातों में संलिप्त थे । इनके कब्जे से भारी परिमाण में हथियार व गोली-सिक्का भी मिला है ।

मृतक आतंकवादी की पहचान : फिरोजपुर (कन्तोड़) : ज़िला के धर्मकोट थाना के अधीन चुंग और घड़ियाला गांवों में 29 और 30

(शेष पृष्ठ 8 पर)







इस आतंकवादियों ने रविवार रात को (1) मृतक अजीत सिंह का शव, हुई । (छाया : शर्मा स्टुडियो)



पेशावर स्थित युवा पत्रकार मंसूर खां (25) पर गत बीरवार को हुए हमले के विरोध में पत्रकारों का एक दल रविवार को इस्लामाबाद में पार्लियामैंट के सामने प्रदर्शन करते हुए । पुलिस के अनुसार दो नकाबपोश व्यक्तियों ने श्री खान के घर में घुस कर उनसे मारपीट की तथा उनके मुंह पर तेजाब फैंक दिया । श्री खान की हालत गम्भीर है । (छाया : पै.ट्र.)

नुमति देना गलत, करेगी : राजीव

ा था ।"

एमनेस्टी इंटरनैशनल को कश्मीर की ति दिए जाने को गलत फैसला करार कि वह हैरान हैं कि सरकार ने यह दी । उन्होंने कहा, "हम अपनी नीति निर्धारण के लिए बाहरी लोगों को क्यों ?" उन्होंने युवा कांग्रेस (इ) कहा कि वे एमनेस्टी इंटरनैशनल के दल यात्रा करने से रोकें । इसके लिए यदि हवाई अड्डे पर भी धरना दें । आगरा में हाल में हुए दंगों का जिक्र करते हुए ोर वर्गों पर हो रहे अत्याचारों को कर पा रही ।

न के बारे में श्री गांधी ने कहा कि अगले में प्रत्येक नीतिगत मसले पर बहस निचले स्तर के कार्यकर्त्ताओं की निश्चित की जाएगी । बदले हुए वा कांग्रेस (इ) के कार्यकर्त्ताओं की महत्वपूर्ण है ।

इस बात का खंडन किया कि उन्होंने था कि वह किसी भी समय सरकार । उन्होंने कहा कि हमारे पास इसके है क्योंकि हम पार्टी के संगठन संबंधी लों में व्यस्त हैं । उन्होंने कहा कि के लिए हमारी मदद की आवश्यकता कि राष्ट्रीय मोर्चा सरकार के पतन के न्तर्विरोधी चरित्र ही काफी है । कांग्रेस के सदस्यों को स्थानीय मुद्दे ान दिया और कहा कि वे इसके लिए की प्रतीक्षा न करें । उन्होंने कहा कि भीर समस्या पर सरकार का ध्यान के लिए युवक कांग्रेस को एक जुझारू में आगे आना होगा ।

वक कांग्रेस के अध्यक्ष रमेश चेनीथला टन भाषण में कहा कि सरकार के पत्र पेश किया जाएगा और उसकी के खिलाफ राष्ट्रीय आंदोलन शुरू । सम्मेलन में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, के अलावा विभिन्न देशों से आए 1500 ल थे ।



अमानुल्ला अपदस्थ

इस्लामाबाद, 2 जुलाई (वार्ता) : अमानुल्ला खां को तथाकथित जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया है और प्राथमिक सदस्यता से भी वंचित कर दिया गया है । फ्रंट का नया अध्यक्ष डा. फारूक हैदर को बनाया गया है ।

विभिन्न स्थानों पर 7 लोगों की हत्या

प्रधानमंत्री ने हेगड़े का इस्तीफा मंजूर नहीं किया

नई दिल्ली, 2 जुलाई (वार्ता) : प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने श्री राम कृष्ण हेगड़े का योजना आयोग के उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा नामंजूर करते हुए उनसे अपने पद पर बने रहने का अनुरोध किया है ।

प्रधानमंत्री ने श्री हेगड़े को लिखे एक पत्र में कहा है कि मंत्रिमंडल की राजनीतिक मामलों की समिति ने कुलदीप सिंह आयोग की रिपोर्ट पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है । उन्होंने श्री हेगड़े से अनुरोध किया है कि जब तक समिति इस संबंध में औपचारिक और अंतिम निर्णय नहीं ले लेती तब तक वह अपने पद पर बने रहें ।

उल्लेखनीय है कि श्री हेगड़े ने आयोग की रिपोर्ट आने के बाद अपना इस्तीफा प्रधानमंत्री को भेज दिया था ।

श्री सिंह ने कहा कि वह उनकी भावनाओं और सिद्धांतनिष्ठ रवैये का सम्मान करते हैं कि आयोग की रिपोर्ट आते ही उन्होंने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया ।

लेकिन उन्होंने कहा कि आयोग की रिपोर्ट का पहले कार्मिक विभाग नियमों और प्रक्रियाओं के अनुरूप अध्ययन करेगा, उसके बाद मंत्रिमंडल की राजनीतिक मामलों की समिति उस पर विचार करेगी । प्रधानमंत्री ने कहा कि तब तक यह उचित नहीं होगा कि उनका इस्तीफा स्वीकार किया जाए ।

कुलदीप सिंह आयोग ने गत सप्ताह सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी । आयोग का गठन श्री राजीव गांधी की सरकार ने गत वर्ष 28 जून को किया था ।

कैबिनेट समिति ने कल रात रिपोर्ट पर विचार किया और उसने कार्मिक विभाग को निर्देश दिया है कि नियमों और उचित प्रक्रिया के तहत रिपोर्ट की जांच और इस पर कार्रवाई की जाए ।

फिलहाल उपाध्यक्ष बना रहूंगा : बेंगलूर : श्री राम कृष्ण हेगड़े ने आज यहां कहा कि वह प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के अनुरोध पर फिलहाल योजना आयोग के उपाध्यक्ष पद पर बने रहेंगे । श्री हेगड़े ने दिल्ली से यहां पहुंचने के बाद संवाददाताओं के समक्ष श्री सिंह का पत्र पढ़ा और कहा कि चूंकि प्रधानमंत्री उनका त्यागपत्र मंजूर नहीं कर रहे हैं, इसलिए तकनीकी तौर पर वह योजना आयोग के उपाध्यक्ष पद पर बने हुए हैं । उन्होंने कहा कि वह अपने त्यागपत्र पर श्री सिंह से जल्द निर्णय लेने का अनुरोध करेंगे वरना उनके त्यागपत्र देने का कोई अर्थ ही नहीं रह जाएगा । उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस (इ) को और कोई ऐसा मौका नहीं देना चाहते, जिसका कि वह उनके खिलाफ इस्तेमाल करे । वैसे उन्होंने कहा कि वह उससे डरते भी नहीं हैं ।

मैं हेगड़े की जगह होता तो इस्तीफा न देता : देवी लाल : उप-प्रधानमंत्री देवी लाल ने आज यहां कहा कि यदि वे राम कृष्ण हेगड़े की जगह होते तो योजना आयोग के उपाध्यक्ष पद से कभी त्यागपत्र नहीं देते । श्री देवी लाल यहां से 40 किलो

(शेष पृष्ठ 8 पर)



Punjabi Sansthan

ोजित वर्मा

बहाल रहीं

व्यक्त

पत रही । जिलाधीश श्री
ा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
बंद को असफल बताया ।

, धीमान): लुधियाना में बंद
। पुलिस का कहना है कि 70
यीं । चौड़ा बाजार में कुछ
कि घास मंडी, बुक्स मार्कीट
पूर्ण रूप से खुले थे । बैंक,
रखाने, सामान्य रूप से काम
भी नियमित रहीं । ग्रामों से
ाई में भी कोई रुकावट नहीं
ड़े थे । खन्ना, समराला,
ारों के अनुसार वहां बंद का

: फगवाड़ा में आज बंद का
हर के भीतरी भागों में दुकानें
क्षेत्रों में दुकानें खुली रहीं ।
, बंगा, नवांशहर व फिल्लौर
क प्रभाव दिखाई दिया ।
ागों के लिए बस सेवाएं
ारी कार्यालय व बैंक आदि

बंद के आह्वान को नकोदर
नहीं मिला । तहसील के
शहर पूरी तरह खुले रहे ।
ी गश्त सुबह से शाम तक
बस सेवा जारी रही तथा
दिन भर बंद रही । बैंकों व
म दिनों की तरह हुआ ।
): सिख छात्र संघ की ओर से
मिली-जुली प्रतिक्रिया हुई ।
ई व बसें चलती रहीं । कुछ
।

क्तोड़): जिला में बंद पूरी
दुकानों और फैक्टरियों में
ी जारी रहा । सब्जी मंडी
पुर शहर, फाजिल्का,
ा गुरु हरसहाय में बंद का
सरकारी व गैर-सरकारी
मान्य रूप से चलती रहीं ।
रक्षा के व्यापक प्रबन्ध किए
जवान तथा पुलिस कर्मी
दे । प्रशासन ने जिला भर







फरीदकोट जिला के बाघापराना के निकटवर्ती गांव चंद नवां के पास आतंकवादियों ने रविवार रात को फायरिंग करके एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी । चित्र में (1) मृतक अजीत सिंह का शव, (2) घायल हरजीत सिंह तथा (3) वह बस, जिस पर फायरिंग हुई । (छाया : शर्मा स्टुडियो)

एमनेस्टी को कश्मीर जाने की अनुमति देना गलत, इंका इसका डट कर विरोध करेगी : राजीव

नई दिल्ली, 2 जुलाई (वार्ता): पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस (इ) अध्यक्ष राजीव गांधी ने आरोप लगाया है कि राष्ट्रीय मोर्चा सरकार के छह माह के दौरान भी हुआ था ।"

श्री गांधी ने एमनेस्टी इंटरनैशनल को कश्मीर की यात्रा की अनुमति दिए जाने को गलत फैसला करार

गुट
4 अ

पंजाब में

पुलिस

चंडीगढ़, 2 जुल
पिछले 24 घंटों के दौ
व 4 आतंकवादियों स
बीच 7 अन्य लोगों
वरिष्ठ पुलिस अधिक
हुआ । मुठभेड़ में एक

गुट संघर्ष में
मरे : अमृतसर (सो
एक गिरोह ने कल
जिले के पट्टी थाना
तीन महिलाओं की ह
पांच सदस्यों को घाय
श्रीमती प्रीतम कौर
बलबीर कौर (30)
बताए जाते हैं ।

तरनतारन के व
पाल सिंह ने घटना के
कि हमलावर खालि
आतंकवादियों प्रेम सि
क्रमश: 'ए' और 'बी
से उन्होंने बहादुर सि
हमला किया जहां वे
आतंकवादी भाग नि
के आतंकवादियों
हथगोले फैंके और भ
में 'खालिस्तान लिब
रिश्तेदार छिपे हुए
बंद कर रखा था ।
तथा परिवार के पां
हमलावर गिरोह क
जिसे उसके साथी

पुलिस पार्टी
कल रात मेहता था
निकट पुलिस की
किया । पुलिस द्वार
आतंकवादी भाग ग

शव बरामद
से एक व्यक्ति का
गला घोंट कर हत्या

घुसपैठिया म
सीमा चौकी के निक
मुठभेड़ में एक बंगल

गुट संघर्ष
अमृतसर से 'वार्ता

Punjab Sanatani

990

पंजाब

मान

की पार्टी संविधान के
का समाधान खोजने के
द्र जंगे मैदान में इसका
के लिए भी हम तैयार

समस्या वस्तुतः सिख
ी की लड़ाई का उल्लेख
ब्रिटिश नुमाइंदों के साथ
न्दू और मुसलमानों के
बर भागीदारी की थी ।
भारतीय उपमहाद्वीप में
किया है । उपमहाद्वीप
ओं को नजर-अंदाज नहीं

न का उल्लेख करते हुए
र्चा सरकार ने भी पंजाब
रखने की नीति को नहीं

न टाइगर्स आफ तमिल
निर्णय के लिए चल रही
र्न किया । उन्होंने केन्द्र
लंका में तमिलों का संहार
मूक दर्शक बनी हुई है ।
के मुख्यमंत्री श्री
ात के लिए आलोचना की
को गिरफ्तार करवाया ।
तरह तमिल विरोधी रवैये
श्री सुरजीत सिंह बरनाला
तरह सफाया हो जाएगा ।
द को तोड़कर वहां श्रीराम
विरोध भी किया । विश्व
रवैये की उन्होंने आलोचना
दि परिषद् किसी और स्थान
ाती है तो उसका समर्थन

वीरेन्द्र शर्मा
(पृष्ठ 3 का शेष)

सामान्य रही । दूध, सब्जी एवं चारा की सप्लाई पर कुछ असर पड़ा । रेलवे ने अमृतसर तथा जिला के अन्य स्टेशनों पर विशेष एमरजैंसी कंट्रोल रूम खोले हुए थे । बैंकों तथा अन्य वाणिज्यक संस्थानों में कामकाज सामान्य रूप से हुआ । सुरक्षा के विशेष प्रबन्ध थे । जिला के अन्य क्षेत्रों में बंद का आंशिक प्रभाव रहा ।

फैडरेशन का दावा : चंडीगढ़ से 'वि.प्र.' के अनुसार आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन (मनजीत ग्रुप) के महासचिव श्री सर्वजीत सिंह सोहल तथा तालमेल समिति के सचिव हरमिंदर सिंह गिल ने दावा किया है कि राज्य सरकार, भेहता व चावला ग्रुप की ओर से डाली गई रुकावटों के बावजूद उनके संगठन द्वारा आह्वान किए गए बंद को ऐतिहासिक सफलता मिली है । आज यहां एक बयान में उन्होंने कहा कि अमृतसर, तरनतारन, पट्टी, मजीठा, अजनाला, गुरदासपुर, बटाला, फिरोजपुर, मक्खू, जीरा, धर्मकोट, मोगा, फरीदकोट, कोटकपूरा, भटिंडा, जैतो मंडी, मुक्तसर, पटियाला, रोपड़, आनंदपुर साहब, संगरूर, कपूरथला, जालंधर आदि शहरों में दुकानें व कारोबार बंद रहे । उन्होंने विचार प्रकट किया कि सरकार ने सुरक्षा कर्मियों के साथ कुछ बसें चलाने की अवश्य कोशिश की । उन्होंने कहा कि सरकार को बंद की सफलता से सबक सीखना चाहिए और भाई मनजीत सिंह को रिहा कर देना चाहिए । उन्होंने दावा किया कि भाई मनजीत सिंह का दामन बिल्कुल साफ है और सरकार स्वार्थी हितों के लिए उन्हें बदनाम कर रही है ।

कश्मीर-घाटी में हिंसा
(पृष्ठ 3 का शेष)

पिछले माह डल गेट क्षेत्र में उग्रवादियों द्वारा सुरक्षा बलों पर राकेटों से हमले के बाद यह दूसरी घटना है ।

वरिष्ठ सेना और सुरक्षा बलों के उच्चाधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं । उग्रवादियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान लगातार जारी है ।

पूर्व मंत्री रिहा :इसी दौरान राज्य के पूर्व सूचना मंत्री श्री अली मोहम्मद सागर को गत दिवस

पंजाब में हिंसा
(पृष्ठ 3 का शेष)

जून की मध्य रात्रि को पुलिस के साथ मुठभेड़ में मरने वाले 2 आतंकवादियों में से एक की पहचान हो गई है । उसका नाम सर्वजीत सिंह उर्फ छब्बा बताया जाता है । वह के.सी.एफ. से सम्बद्ध दर्दांत आतंकवादी था । वह हत्या, लूटपाट तथा धन ऐंठने की अनेक वारदातों में पुलिस को वांछित था । जिला पुलिस प्रमुख श्री अनिल कुमार शर्मा ने उक्त आशय की जानकारी दी है ।

एक आतंकवादी द्वारा आत्म-समर्पण : फिरोजपुर जिला के फाजिल्का सदर थाना के अधीन दीपांवाली गांव में पुलिस के साथ संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद बलबीर सिंह उर्फ बीरा नामक एक आतंकवादी ने आत्म-समर्पण कर दिया । वह के.एल.एफ. से सम्बद्ध था । उसके कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

कार से आतंक : मोहाली (नवांशा) : यहां स्थित पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड कार्यालय के समीप खड़ी एक लावारिस फिएट कार नं. पी.जे.एल. 8340 के रहस्यमयी ढंग से यहां खड़े होने के कारण लोगों में आतंक फैल गया । कार के पहियों से हवा निकली हुई थी और कार का दरवाजा खुला था और नीचे चप्पल का एक जोड़ा गिरा हुआ था । सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका पर पहुंच कर कार की घेराबंदी कर ली तथा कार की तलाशी ली । बाद में पता चला कि उक्त कार एल.आई.सी. में कार्यरत एक अधिकारी की है जिसे वह शराबी हालत में रात के समय यहां छोड़ गया था । बाद में कार मालिक के हवाले कर दी गई ।

लावारिस शव मौजूद

हैदराबाद, 2 जुलाई (न्यू.ट्रू.): सूत्रों के अनुसार उस्मानिया जनरल अस्पताल के शवगृह में इस समय 90 ऐसे शव पड़े हैं, जिनका कोई दावेदार नहीं । गत वर्ष इन्हीं दिनों तक ऐसे 62 शव यहां मौजूद थे ।.

इन 90 शवों में से 70 ऐसे हैं जो पुलिस विभाग तथा कानूनी कार्रवाई से सम्बन्धित हैं, 15 ऐसे व्यक्तियों के शव हैं जो इलाज के दौरान चल बसे थे तथा कैंसर रोग से मृत व्यक्तियों के भी 5 शव यहीं पड़े हैं ।

उस्मानिया शवगृह में केवल 36 शव ही ट्रे में

राष्ट्रीय युवा नीति की घोषणा 15 अगस्त को

नई दिल्ली, 2 जुलाई (प.स.): राष्ट्रीय मोर्चा सरकार ने आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 'राष्ट्रीय युवा नीति' घोषित करने का फैसला किया है ।

इसके अलावा सरकार ने अगले दो महीनों के भीतर अनेक महत्वपूर्ण मसलों पर कार्रवाई करने का भी फैसला किया है । पंचायती राज संस्थाओं तथा नगर पालिकाओं से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक को संसद के आगामी वर्षाकालीन सत्र में पेश किया जाएगा । कमजोर वर्गों के लिए एक व्यापक राष्ट्रीय आवास नीति भी इसी सत्र में संसद में पेश की जाएगी ।

नौकरियों में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण संबंधी विधेयक भी वर्षाकालीन सत्र में लाया जाएगा । इसके साथ ही गैस के इस्तेमाल संबंधी नीति की समीक्षा की जाएगी । एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार केंद्रीय मंत्रिपरिषद ने आज अपनी बैठक में इन सभी मसलों पर विचार किया । बैठक में राष्ट्रीय मोर्चे के चुनाव घोषणा पत्र के कार्यान्वित की योजना की समीक्षा की गई ।

सरकार द्वारा गठित अंतर्राज्यीय परिषद की पहली बैठक आगामी चार अगस्त को बेंगलूर में करने के फैसले का अनुमोदन किया गया । इसके साथ ही कृषि नीति संबंधी प्रस्ताव के प्रारूप तथा भूमि सुधार संबंधी कदमों के बारे में सरकारिया आयोग की सिफारिशों पर विचार करने का फैसला किया गया ।

जालंधर समेत 16 नगरों से टी.वी. का दूसरा चैनल जारी होगा

नई दिल्ली, 2 जुलाई (पस) :सरकार ने आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान जालंधर समेत 16 अतिरिक्त शहरों से दूरदर्शन का दूसरा चैनल शुरू करने का फैसला किया है । सूचना और प्रसारणमंत्री पी. उपेन्द्र ने यह जानकारी विदेशमंत्री इंद्र कुमार गुजराल को दी है, जिन्होंने जालंधर दूरदर्शन केंद्र से दूसरा चैनल शुरू किए जाने का आग्रह किया था । एक सरकारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है ।

भारत-यार्कशायर मैच ड्रा

मोहाली, 2 जुलाई (प.स.): भारत और यार्कशायर के बीच तीन दिवसीय क्रिकेट मैच आज यहां हार-जीत के फैसले के बिना समाप्त हो गया । आज तीसरे और अंतिम दिन यार्कशायर ने अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 225 रन बनाए । इससे पहले भारत ने अपनी दूसरी पारी में दो विकेट पर 136 रन बना कर पारी समाप्ति की घोषणा कर दी थी । भारत ने अपनी पहली पारी दो विकेट पर 294 पर समाप्त की थी । जवाब में यार्कशायर ने अपनी पहली पारी में बिना विकेट खोए 88 रन बना कर पारी की घोषणा कर दी थी ।

राम जन्म भूमि विवाद पर टकराव जन-आंदोलन को जन्म देगा : अडवानी

नई दिल्ली, 2 जुलाई (प.स.): भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष लाल कृष्ण अडवानी ने चेतावनी दी है कि यदि राम जन्म भूमि के प्रश्न पर हिन्दू समाज और सरकार में टकराव होता है तो यह देश के सबसे बड़े जन-आंदोलन को जन्म दे सकता है । श्री अडवानी ने 'पांचजन्य' को एक विशेष भेंट वार्ता में कहा कि यह आंदोलन शुरू हो अथवा नहीं, यह सरकार के विवेक पर निर्भर करता है । उन्होंने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद द्वारा राम जन्म भूमि मंदिर निर्माण के आंदोलन में हम पूरी शक्ति के साथ शामिल होंगे और यह देखेंगे कि सभी राष्ट्रीय शक्तियों के सम्मिलित प्रयासों से मंदिर अवश्य बने । श्री अडवानी ने मंदिर निर्माण को राष्ट्रीय सम्मान का प्रश्न बताया और कहा कि इस मुद्दे पर हिन्दू समुदाय के झुकने या पराजित होने का अर्थ होगा कि राष्ट्रीय शक्तियां हमेशा के लिए दबी-घुटी रह जाएंगी । उन्होंने कहा कि अब केंद्र सरकार पर स्थिति को सम्मानजनक ढंग से सुलझाने की जिम्मेदारी है ।

प्योर ड्रिंक्स लि. के अध्यक्ष दलजीत सिंह का देहांत

नई दिल्ली, 2 जुलाई (वार्ता): प्योर ड्रिंक्स लिमिटेड के अध्यक्ष दलजीत सिंह का आज यहां दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया । वह 67 वर्ष के थे । श्री दलजीत सिंह के परिवार में दो पुत्र तथा चार पुत्रियां हैं । वह पूर्व सांसद चरनजीत सिंह के बड़े

Punjabi Sansar



घड़ियाला में मारे गए कस्थात धियार व गोली-सिक्का जिसमें तथा 420 कारतूस शामिल (छाया : एल्फा)

3 सुरक्षा कर्मियों, 1 जादू-टोना करने वाले सहित 10 की हत्या

गुट संघर्ष में एक आतंकवादी मरा : तरनतारन के निकट बैंक से 61000 रुपए लूटे

जालंधर में अकाली नेता (मान) पर फायरिंग

चंडीगढ़, 3 जुलाई (प.स., वार्ता): पंजाब में पिछले चौबीस घंटे में तीन सरक्षा कर्मियों और एक आतंकवादी समेत 11 व्यक्ति मारे गए जबकि आतंकवादियों ने एक बैंक से 61000 रुपए लूट लिए । जबकि अकाली दल मान के नेता मास्टर अमरीक सिह की हत्या का प्रयास किया गया ।

हमले में सी.आर.पी. के दो जवान मारे गए : फरीदकोट जिले में कल रात आतंकवादियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस के एक वाहन पर घात लगा कर हमला कर दिया, जिसमें दो जवान मारे गये तथा दो अन्य घायल हो गए । पुलिस ने यह जानकारी दी । मृतकों में एक पुलिस सब इंस्पैक्टर अमरीक सिह और कांस्टेबल जवाहर लाल शामिल हैं । इस हमले में लासनायक शिव कमार और प्रकाश चंद घायल हए हैं । पुलिस दल मोगा में ड्यूटी करके लौट रहा था ।

पुलिस कांस्टेबल की हत्या : मजीठा पुलिस जिले में आज आतंकवादियों ने गांव बटाला के निकट एक पुलिस पार्टी पर हमला करके एक पुलिस कांस्टेबल करनैल सिह की हत्या कर दी । हमले में गरमीत सिह नाम का एक अन्य कांस्टेबल घायल भी हो गया । पुलिस पार्टी पर हमला उस समय हुआ जब पार्टी एक बैंक की सुरक्षा ड्यूटी पर जा रही थी ।

प्राप्त विवरण के अनुसार आतंकवादियों ने गांव के खाली घरों में छिपकर हमला किया । यह घर उन हिन्दुओं के हैं, जो गांव से पलायन कर गए हैं । आतंकवादी मृत कांस्टेबल की राइफल लेकर चम्पत हो गए । घायल कांस्टेबल को अमृतसर के गुरु तेग बहादर अस्पताल में दाखिल करवाया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

शव मिला : इस बीच पुलिस ने मजीठा के जंडियाला थाना क्षेत्र में बनचारी गांव से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया । इस स्थान से ए.के. 47 राइफल्स के दो खाली कारतूस भी मिले हैं ।

गश्ती दल पर हमला : मजीठा पुलिस जिले में कल रात मन्नावाल के निकट नेशनमैंट रेलवे पुलिस और होमगार्ड के गश्ती दल पर आतंकवादियों ने घात लगा कर हमला किया, परन्तु इस वारदात में कोई हताहत नहीं हुआ ।

61,000 रुपए लूटे : तरनतारन पुलिस जिले के गांव घोतिया में स्थित स्टेट बैंक आफ इंडिया की शाखा से आज आतंकवादियों ने 61,000 रुपए लूट लिए ।

गुट संघर्ष में एक मरा : तरनतारन पुलिस जिले के घड़ियाला गांव में आज आतंकवादियों के आपसी गुटसंघर्ष में एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया ।

जादू टोना करने वाले की हत्या : तरनतारन के वल्टोहा गांव में कल रात आतंकवादियों ने एक व्यक्ति बगीचा सिह को गोली से मार दिया । पुलिस के अनुसार 16 आतंकवादियों के एक गिरोह ने बगीचा सिह को उसके घर से बाहर निकाला और एक पेड़ से बांध दिया । आतंकवादियों ने उसकी गतिविधियों के बारे में कुछ पूछताछ की और फिर उसे गोली मार दी । सूत्रों के अनुसार बगीचा सिह का चोरी और पैसा एंठने वाले एक गिरोह के साथ संबंध था । तथाकथित भिंडरांवाले टाइगर्स फोर्स की ओर से घटनास्थल पर पर्ची भी मिली जिसमें हत्या की जिम्मेदारी स्वीकार की गई है । वि.प्र. के अनुसार आतंकवादी जाते समय गांव वालों से यह कह गए कि यह व्यक्ति जादू टोने और तबीज बनाकर देता था, इसलिए उसे 'सोध' दिया गया है । शव के निकट से ए.के. 47 राइफल के पांच चले हुए कारतूस बरामद हुए हैं ।

3 सैनिक घायल : आज रात्रि थाना खेमकरण के गांव भूरे कोने के निकट एक सैनिक वाहन में जा रहे जवानों पर उग्रवादियों द्वारा घात लगा कर हमला किए जाने से सेना के 3 जवान गम्भीर रूप से घायल हो गए । पुलिस ने कहा है कि इन सैनिकों को खेमकरण के बी.एस.एफ. अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है ।

गुट संघर्ष में एक और आतंकवादी मरा : आतंकवादियों ने तरनतारन पुलिस जिले के धारीवाल गांव में एक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने इस हत्या का कारण आपसी रंजिश बताया है ।

घुसपैठिया मारा गया : खेमकरण सैक्टर में हुई मुठभेड में एक घुसपैठिया मारा गया ।

मास्टर अमरीक सिह पर हमला : जालन्धर से डल्ल के अनुसार अकाली दल (मान) की जालन्धर (शहर) इकाई के प्रधान मास्टर अमरीक सिह को आज दो अज्ञात व्यक्तियों ने उस समय गोली मार दी जब वह स्थानीय बस्ती नौ स्थित अपनी अकैडमी की सीढ़ियां चढ़ रहे थे । जब मास्टर अमरीक सिह ने पीछे मुड़ कर देखा तो एक युवक रिवाल्वर लिए हुए खड़ा था, किन्तु इससे पहले कि वह उस पर झपटते, वह अपने एक साथी के साथ फरार हो गया । घटना के तुरन्त बाद घायल अवस्था में मास्टर अमरीक सिह स्वयं ही अपना स्कूटर चला कर सिविल अस्पताल के आपात कक्ष में पहुंचे जहां डाक्टरों ने तुरन्त जांच व इलाज शुरू कर दिया । एक्सरे के अनुसार गोली पहले पीठ के निचले भाग में रीढ़ की हड्डी के पास लगी और चल कर पेट की ओर पहुंच गई । डाक्टरों के अनुसार उसकी हालत खतरे से बाहर है । सूचना मिलते ही एस.एस.पी. जालन्धर श्री अरोड़ा तथा अन्य उच्च अधिकारी घटनास्थल व सिविल अस्पताल गए । पुलिस डिवीजन नं. 5 में केस रजिस्टर कर जांच शुरू कर दी गई है । मास्टर अमरीक सिह को लगी गोली .32 बोर की बताई गई है । अकाली दल (मान) जालन्धर के नेता को गोली मारे जाने की यह दूसरी घटना है । इससे पूर्व मेजर बलदेव सिह घुम्मन की 23 जून को हत्या कर दी गई थी । इस बीच मान अकाली दल के स्थानीय नेताओं ने कहा कि एस.एस.पी. जालन्धर उन्हें सुरक्षा प्रदान करें तथा उनके असला के लाइसैंस के आवेदन तुरन्त निपटाए जाएं ।



जिला जालंधर (शहरी) के अकाली दल (मान) के प्रधान मास्टर अमरीक सिह जिन्हें आतंकवादियों ने मंगलवार को जालंधर में गोली मार कर घायल कर दिया। (छाया : जैमिनी)

घर से बाहर निकाल कर हत्या कर दी : बटाला से कोछड़ के अनुसार पुलिस जिला बटाला के गांव शालेचक्क में गत रात लगभग 11 बजे दो आतंकवादियों ने एक घर से एक युवक प्रीतम सिह को जबरदस्ती बाहर निकाल कर कुछ दूर ले जाकर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी । आधिकारिक सूत्रों के अनुसार घटनास्थल से ए.के. 47 के 2 चले हुए कारतूस बरामद हुए हैं ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

ो इंका राष्ट्रीय होगी : राजीव

थी तब दिल्ली, पंजाब, असम, ा और मिजोरम 'वस्तुतः जल रहे ावा कि उनके प्रधानमंत्री बनने के र इन सभी स्थानों पर "सामान्य कर दी गई । श्री गांधी ने कहा कि 9 में जब श्री विश्वनाथ प्रताप सिह ी गद्दी सम्भाली थी, तब पंजाब को के अन्य भागों की स्थिति सामान्य सिह पर सभी मोर्चों पर 'समस्याएं का आरोप लगाया ।

ब्दुल्ला द्वारा राजनीति त्मक रूप से संन्यास

, 3 जुलाई : जम्मू-कश्मीर के ी डा. फारूक अब्दल्ला ने क्रियात्मक से संन्यास ले लिया है । सूत्रिज्ञ सूत्रों ोंने इंगलैंड में एसैक्स स्थान पर एक लया है और अपनी पत्नी मौली और ड ले जा चुके हैं । अब वे फ्रांस जाने । बताया जाता है कि फारूक कश्मीर से इसलिए अलग हो रहे हैं क्योंकि सरकार ने राज्य में राजनीतिक पहल दिया है । एक अन्य कारण यह भी ार्टी के बहुत से वर्कर पार्टी छोड़ कर मिल गए हैं ।

ी महिलाओं के लिए परीन लेना हानिकर

टन, 3 जुलाई (पस): अमरीका के औषधि विभाग ने गर्भवती महिलाओं ो दी है कि वे गर्भ के अंतिम तीन भूल कर भी एस्पिरीन दवा नहीं खाएं जरूरी हो तो अपने डाक्टर से सलाह

ोन फाऊंडेशन आफ अमरीका के . थामस वाएट ने बताया कि प्रतिदिन 5 करोड़ लोग एस्पिरीन खाते हैं । रीन के गुण-दोषों पर तेरह वर्ष तक अध्ययन के बाद खाद्य और औषधि निर्देश दिए हैं कि एस्पिरीन दवा और से युक्त अन्य उत्पादों पर चेतावनी ी चाहिए कि गर्भवती महिलाओं को अंतिम तीन महीनों में एस्पिरीन का हीं करना चाहिए, क्योंकि गर्भ की इस एस्पिरीन खाने से शिशु पर बुरा असर ।



पैट्रोल पम्प रविवार को 5 घंटे खुला करेंगे

नई दिल्ली, 3 जून (वार्ता): सरकारी तौर पर घोषणा की गई है कि पैट्रोल पम्प रविवार को प्रातः 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक खुला करेंगे ।

यह निर्णय गत दो रविवारों को पैट्रोल पम्प बंद

मैं सैक्स के मामले में कमजोर था, इसलिए मेरी पत्नी ने आत्महत्या की : पति का बयान

पटियाला, 3 जुलाई (भूषण): श्री कल्याण सिह भाटिया की सुपत्नी अरविन्दर कौर की मौत की गुत्थी और भी उलझ गई है । उसका शव वृन्दावन उद्यान मैसूर के सरोवर से बरामद हुआ है । वह अपने पति जसविन्दर पाल सिह के साथ हनीमून मनाने मैसूर गई थी और होटल में ठहरी हुई थी । उसकी शादी को केवल तीन मास हुए थे ।

अरविन्दर कौर के पति ने इसे आत्महत्या की घटना बताया है और पुलिस को अपने बयान में कहा है कि वह सैक्स के मामले में कमजोर था और बीमार रहता था । शायद यही कारण हो कि उसने निराश होकर अपनी जिन्दगी खत्म कर ली । उसके बयान के अनुसार वे 25 जून की रात को सवा दस बजे होटल के कमरे में सो गए । लगभग 3 बजे वह बाथरूम में गया और वापिस आकर सो गया । उस समय अरविन्दर कौर अपने पलंग पर सो रही थी । प्रातः साढ़े आठ बजे जब उसकी आंख खुली तो अरविन्दर कौर वहां नहीं थी । उसकी लाश साढ़े 3 बजे बाद दोपहर वृन्दावन उद्यान के सरोवर से बरामद हुई ।

उसने यह भी कहा कि वह इस त्रासदी के लिए अपने को दोषी मानता है, क्योंकि वह अपनी पत्नी को सुखी न रख सका और न ही उसे पर्याप्त यौन सुख दे सका ।

अरविन्दर कौर के पिता कल्याण सिह भाटिया ने जो जबलपुर (मध्य प्रदेश) में आबाद है, इस घटना को हत्या का केस बताया है । कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक के नाम अपने बयान में कहा है कि उसका दामाद जसविन्दर पाल सिह जो नान्देड़ में रहता है, 24 जून को अरविन्दर को मैसूर ले गया जहां वह कर्नाटक टूरिज्म होटल वृन्दावन गार्डन में ठहरे । उसकी बेटी अरविन्दर कौर बी.एस.सी. होम साईंस पास थी । यदि आत्महत्या माना जाए तो उस पर ससुराल वालों ने इतना अत्याचार किया होगा कि वह जीवन समाप्त करने को बाध्य हो गई, परन्तु जिन हालात में मृत्यु हुई, उनसे प्रकट है कि उसकी हत्या की गई और फिर लाश सरोवर में फैंकी गई । उस समय वह नाइटी और चप्पल पहने हुए थी ।

एक और रहस्योद्घाटन यह हुआ है कि अरविन्दर कौर ने दिसम्बर में अपनी माता को पत्र

(शेष पृष्ठ 6 पर)





Punjabi Parichay

लन्धर 4.7.1990

...ड़ में मारे जाते हैं ।

सूत्रों ने बताया कि इन कदमों ने पाकिस्तान ...क्षित कश्मीरी उग्रवादियों के इरादों पर पानी ...दिया है । अब वह भारतीय सीमा में प्रवेश के ... ऐसे मौसम का इंतजार कर रहे हैं, जब वे घने ...नों तथा नालों के रास्तों से घुसपैठ कर सकेंगे ।

...गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों से पूछताछ के ...न पता चला है कि उग्रवादियों को भारत की ... में भेजने की एक रणनीति उन्हें बरसात के ...म के दौरान भेजना है क्योंकि उस समय गश्त के ... में आम तौर पर ढील आ जाती है ।

...सूत्रों ने कहा कि इस बार गश्त में कोई ढील नहीं ...दी जाएगी तथा सीमा पार करने की कोशिश ... वाले उग्रवादियों को गिरफ्तार करने के लिए ...ओं का उपयोग किया जाएगा ।

...भाजपा द्वारा आन्दोलन की चेतावनी : ...ीय जनता पार्टी ने आज यहां चेतावनी दी कि ... केन्द्र और राज्य सरकारों ने कश्मीर मसले को ...करने की दिशा में गंभीर प्रयास नहीं किया तो ... आंदोलन का सहारा लेगी ।

...बम्मू की दो दिवसीय यात्रा की समाप्ति के बाद ...दाताओं से बातचीत करते हुए पार्टी के ...चिव श्री केदारनाथ साहनी ने इस पर क्षोभ ... किया कि केन्द्र और राज्य सरकारें राज्य की ... के प्रति गंभीर नहीं हैं । उन्हें यही पता नहीं है ...स हालात में वहां क्या किया जाना चाहिए ।

...ाई मजदूर यूनियनों को ...कत्रित करने के प्रयास

...ालन्धर, 3 जुलाई : गत दिवस पटियाला में ... सफाई मजदूर यूनियन द्वारा एक बैठक ...जित की गई, जिसमें विभिन्न सफाई मजदूर ...नों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया । यह ...ारी देते हुए श्री निहाल चंद दीवाना मजदूर ...ने बताया कि मीटिंग में पंजाब प्रदेश सफाई ...र संगठन तथा पंजाब वाल्मीकि सभा के ...ठन पर जोर दिया गया । इस उद्देश्य के लिए ...आठ सदस्यीय समिति बनाई गई जो शीघ्र ही ... का दौरा करेगी तथा सफाई मजदूरों को प्रदेश ...र एकत्र करने का प्रयास करेगी ।

... इंका उग्रवाद के विरुद्ध ...ड़ाई जारी रखेगी : बिट्टा

...मृतसर, 3 जुलाई (मनोहर): पंजाब यूथ ...(इ) के प्रधान मनिंद्र जीत सिंह बिट्टा ने कहा ... वह उग्रवाद के विरुद्ध अपनी लड़ाई जारी ... । आज यहां पत्रकारों के साथ बातचीत में श्री ... ने कहा कि पंजाब यूथ कांग्रेस द्वारा अगले दिनों ... की एकता एवं अखंडता के लिए सभाएं की ... ।

...रद्द परीक्षाएं 7 को

...मृतसर, 3 जुलाई : गत अप्रैल तथा मई माह ...हिक नकल के कारण रद्द की गई परीक्षाएं ...ी 7 जुलाई को जिला अमृतसर, गुरदासपुर ...ालंधर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में आयोजित ...एंगी ।

...नी की सीमा में रह कर ...ध करूंगा : केसर सिंह

...लंधर, 3 जुलाई : पंजाब जनता दल के नेता ...र सिंह ने एक बयान में कहा है कि उनके ...स्टेशन कमांडर जालंधर छावनी ने छावनी ... धारा 239 के अधीन जो पाबंदी लगाई गई, ...सका विरोध करेंगे क्योंकि यह मौलिक ...रों के विरुद्ध है तथा वह इसका विरोध करते ...लंधर छावनी की सीमा में ही रहेंगे ।

...होंने आरोप लगाया कि स्टेशन कमांडर ने ...घड़ंत कहानी बनाई है और उसको सिरे ...के लिए कुछ झूठे हल्फ़िया बयान लिए गए हैं ...ष्ट अधिकारियों के विरुद्ध बोलने वालों का ... करने की कोशिश की गई है ।

पति का बयान

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

पिता-पुत्र की हत्या : मुसाफिर के अनुसार लुधियाना के निकटवर्ती गांव आलमगीर में कुछ व्यक्तियों ने बाप-बेटे की गोलियां मारकर हत्या कर दी । पता चला है कि कल रात कुछ अज्ञात व्यक्ति रंजीत सिंह के घर दीवार फांद कर दाखिल हो गए और रंजीत सिंह और उसके पुत्र रछपाल सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी । रंजीत सिंह अभी-अभी लम्बी कैद काट कर आया था ।

शव मिला : लुधियाना से धीमान के अनुसार थाना पायल के क्षेत्र करमसर कालेज के नजदीक पुलिस को आज एक 20 वर्षीय सिख युवक की लाश मिली है । उसके दोनों हाथ पीछे की ओर काले कपड़े से बंधे हैं । एक टांग में गोली लगी हुई है और शरीर के दूसरे भागों में भी घाव हैं । उसकी पहचान नहीं हो सकी है । पुलिस जांच कर रही है ।

मुठभेड़ : थाना डेहलों के गांव भीखी के नजदीक आज सुबह पुलिस और आतंकवादियों के बीच जोरदार मुकाबला हुआ और दोनों ओर से काफी देर तक फायरिंग होती रही । अंधेरे का लाभ उठा कर आतंकवादी भागने में सफल हो गए लेकिन जिस जिप्सी में वे सवार थे उसे वहीं छोड़ गए ।

अपहरणकर्त्ताओं की खोज जारी : परसों रात इस जिला के गांव सरूप नगर से श्री डी.एस. मांगट डी.जी.पी. पंजाब (आप्रेशन) के बहनोई राजेंद्र सिंह और उनके बेटे शमशेर सिंह का आतंकवादियों द्वारा अपहरण किए जाने के सम्बन्ध में पुलिस ने उस क्षेत्र के 20 व्यक्तियों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की । पता चला है कि अभी तक कोई सुराग नहीं मिला हालांकि कुत्तों का स्क्वैड भी खोज में लगाया गया था । इस अपहरण में प्रयोग की गई कार सरहंद में मिल गई है । अपहरण करने वालों ने इनको छोड़ने के बदले 4 आतंकवादियों को छोड़ने की मांग की है, उनके अभी तक नामों का पता नहीं लग सका । यह उल्लेखनीय है कि आतंकवादियों ने श्री मांगट के बेटे को, जो पटियाला में मैडीकल कालेज में शिक्षा ग्रहण कर रहा था, मार दिया था ।

समराला से 'अश्विनी' के अनुसार कल श्री मांगट ने उच्च पुलिस अधिकारियों के साथ स्थानीय नहरी विश्राम गृह में कई घंटों तक मीटिंग की जिसमें पटियाला रेंज के आई.जी., डी.आई.जी. समेत जिला पुलिस उच्चाधिकारी शामिल हुए ।

गिल दिल्ली गए : प.स. के अनुसार इस बीच प्रदेश पुलिस प्रमुख के.पी.एस. गिल तथा ए.डी.जी. (गुप्तचर) ओ.पी. शर्मा दिल्ली चले गए हैं । हालांकि सरकारी सूत्रों ने यही बताया है कि वे गृहमंत्रालय के अधिकारियों से पहले से निर्धारित बैठक में भाग लेने के लिए गए हैं, लेकिन जानकार सूत्रों से पता चला है कि संभवतः वे श्री मांगट के सम्बन्धियों को छुड़ाने सम्बन्धी गृहमंत्रालय से निर्देश लेने हेतु दिल्ली गए हैं ।

2 सुरक्षा कर्मी घायल : पटियाला जिले के मावीकला गांव में गत रात आतंकवादियों ने तीन सुरक्षा कर्मियों पर हमला करके उनमें से दो कांस्टेबल केसर सिंह और होमगार्ड सुदेश कुमार को घायल कर दिया । सुरक्षा कर्मी बंद के दौरान अपनी ड्यूटी निभा कर सामाना वापस लौट रहे थे ।

रात्रि कर्फ्यू की अवधि बढ़ी : फिरोजपुर से बागी के अनुसार जिला मैजिस्ट्रेट ने एक आदेश के द्वारा भारत-पाक सीमा के साथ लगते 16 गांवों में रात के 8 बजे से सुबह के पांच बजे तक पहले से लगे हुए कर्फ्यू की अवधि को एक जुलाई से 31 जुलाई तक बढ़ा दिया है । जिन गांवों में कर्फ्यू लगा है उनके नाम है पल्लाह मेघा, दुलचीके, कुवाला, निजामवाला, मुट्ठियांवाला, कमालवाला, ठेठवाला, मेघा जामा, मेघा मस्तीके, भागसिंहवाला, लंडेयाना, आलेवाला, सुलतानवाला तथा उसमान वाला हैं ।



मक्का में 2000 मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

सऊदी अरब के शाह फहद ने दुर्घटना के बाद कल मीना में अधिकारियों और हज सुरक्षा बल के कार्मिकों से विचार-विमर्श किया । शाह फहद ने कहा कि यह खुदा की इच्छा थी और उसकी इच्छा ही सब से बड़ी है । मौतों के बारे में उन्होंने कहा कि यदि उनकी मृत्यु वहां नहीं हुई होती तो कहीं अन्यत्र होती ।

एक सूत्र ने अपना नाम गुप्त रखने के अनुरोध के साथ कहा कि बिजली व्यवस्था गड़बड़ा जाने से सुरंग के अन्दर हवा की आवागमन प्रणाली ठप्प हो गई । परिणामस्वरूप गर्मी बढ़ने और दम घुटने से भगदड़ मच गई ।

सभी भारतीय सुरक्षित : नई दिल्ली (वार्ता) : चालीस हज़ार से भी अधिक भारतीय हज यात्री सऊदी अरब के पवित्र मक्का नगर में कल दो दुर्घटनाओं एक भगदड़ और एक अग्निकांड में चमत्कारिक रूप से सुरक्षित बच गए । अधिकारियों ने आज यहां बताया कि मक्का नगर के मीना स्थान पर शिविर डाले करीब 29 हजार भारतीय हज यात्रियों के तम्बू में भीषण आग लग गई लेकिन उसमें कोई भी हताहत नहीं हुआ । जिस समय आग लगी, भारतीय हज यात्री अराफात पर्वत गए हुए थे । अराफात पर्वत पर जाना हज यात्रा के दौरान का एक धार्मिक कृत्य है ।

'बसपा' वर्करों द्वारा रेल कर्मियों की पिटाई

कानपुर, 3 जुलाई (वार्ता): बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की कल लखनऊ में आयोजित रैली से लौट रहे सैंकड़ों उत्तेजित कार्यकर्त्ताओं ने बिना टिकट साथियों के पकड़े जाने पर कानपुर सैंट्रल रेलवे स्टेशन के निकट पटरी पर अवरोधक डाल कर कानपुर दिल्ली रेल मार्ग को कई घंटे तक अवरुद्ध रखा और रेल कर्मियों के साथ मारपीट की ।

श्रीलंका सरकार हथियारों के लिए विश्व के बाज़ारों में पहुंची

न्यूयार्क, 3 जुलाई (आई.ए.एन.एस.): लिट्टे के विरुद्ध अपने तीन सप्ताह के युद्ध के दौरान श्रीलंका सरकार हथियारों की प्राप्ति के लिए विश्व के बाज़ारों में भटकती रही । अमरीका के एक शस्त्र विशेषज्ञ के अनुसार श्रीलंका को इस समय हथियारों की बहुत आवश्यकता है । वह हैलीकाप्टर, बारूदी सुरंगों पर चलने वाले वाहन, सशस्त्र कारें, रात को सैनिक कार्रवाई करने वाले वाहन, हथियार तथा अन्य विस्फोटक प्राप्त करने चाहता है ।

श्रीलंका सरकार इस समय चीन, पाकिस्तान, ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया तथा सिंगापुर आदि से हथियारों के लेन-देन की कार्रवाई में व्यस्त है ।

चीफ इंजीनियर के पद के लिए भी इंजीनियर पात्र नहीं पाया

चंडीगढ़, 3 जुलाई (संघी): विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि चंडीगढ़ प्रशासन में चीफ इंजीनियर के पद पर नियुक्ति के लिए यू.टी. कैडर के जिन 3 सुपरिटैंडिंग इंजीनियरों ने अपना दावा पेश किया था, उनके मामले पर विचार करने के लिए गृह सचिव श्री आर.एन. पराशर की अध्यक्षता में गठित की गई चार सदस्यीय समिति ने किसी को भी इस पद के लिए योग्य नहीं पाया ।

यह पद पंजाब से डैपुटेशन पर कार्यरत श्री एस.एस. विरदी को चंडीगढ़ हाऊसिंग बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किए जाने से लगभग 3 माह पूर्व रिक्त हो गया था, जिस पर प्रशासन के एस.ई. (इलैक्ट्रिकल्ज) श्री के.के. जैरथ ने ... याचिका दायर कर प्रशासन को इ... पर किसी इंजीनियर को बुलाने ... कैडर के किसी इंजीनियर से भर... करने की मांग की । इसी बीच ... अन्य एस.ई. श्री पूरणजीत सिंह ... एच.एस. जौहल (हार्टीकल्चर) ने ... अपना दावा पेश कर दिया । इ... विचार करने के लिए प्रशासन ... स्थापित की गई थी, उसने अपनी ... ये तीनों सुपरिटैंडिंग इंजीनियर ची... के लिए पात्र नहीं हैं ।

सुविज्ञ सूत्रों के अनुसार रिपो... इस पद के लिए लोक निर्माण विभ... से संबंधित सुपरिटैंडिंग इंजीनिय... का पात्र है । इसी बीच प्रशास... श्री जैरथ की याचिका पर अपना ... कर पा सकने के कारण केस की ... तक के लिए स्थगित कर दी गई ...

गो-हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए : किशोर चंद

अमृतसर, 3 जुलाई : पंजाब ब्राह्मण सभा के प्रधान पं. किशोर चंद ने एक वक्तव्य में कहा है कि अमृतसर में गो-हत्या करने वाले अभियुक्तों को तुरन्त गिरफ्तार किया जाए । उन्होंने कहा कि गो-हत्या करने वाले कुछ अभियुक्तों द्वारा पंजाब के राज्यपाल से जनप्रतिनिधि के रूप में भेंट करने और वास्तविकता को झुठलाने की कोशिश करने का पता चला है । उन्होंने कहा कि यदि अभियुक्त शीघ्र गिरफ्तार न किए गए तो ब्राह्मण सभा आंदोलन चलाएगी ।

भुट्टो की पार्टी व मुस्लिम कांफ्रैंस में ठनी

नई दिल्ली, 3 जुलाई (वार्ता): पाक अधिकृत कश्मीर के 'राष्ट्रपति' पद को लेकर प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और मुस्लिम कांफ्रैंस में ठन गई है । राजनयिक सूत्रों से यहां प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमती बेनजीर की पार्टी के रजा मोहम्मद हुसैन राठौर के 'प्रधानमंत्री' चुने जाने के बाद पाक अधिकृत कश्मीर में भी वही खींचतान की स्थिति उत्पन्न हो गई है जो कि इस्लामाबाद में प्रधानमंत्री भुट्टो और राष्ट्रपति गुलाम इसहाक खां मुस्लिम कांफ्रैंस में है ।

पाक अधिकृत कश्मीर के 'राष्ट्रपति' मुस्लिम कांफ्रैंस के सरदार अब्दुल कयूम ने नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री राठौर को पद की शपथ तक दिलवाने से जब इन्कार कर दिया तो संवैधानिक दांवपेच का लाभ उठाकर 'संसद' के अध्यक्ष ने शपथ दिलवाई ।

घपलेबाज़ी के आरोप में दो चुंगी कर्मी निलम्बित

फगवाड़ा, 3 जुलाई (खोसला) : स्थानीय नगरपालिका के 2 कर्मचारियों को चुंगी में घपलेबाज़ी करने पर निलम्बित कर दिया गया है । बताया जाता है कि पिछले दिनों यहां का एक डाक्टर 48 हजार रुपए की एक्सरे मशीन लाया था । चुंगी कर्मचारियों की मिलीभगत से उस एक्सरे मशीन की चुंगी 48 सौ रु. पर ली गई ।

एसिड से घायल पत्रकार की विमान में मृत्यु

इस्लामाबाद, 3 जुलाई (प.स.): पाकिस्तान के एक पत्रकार की आज उस वक्त मृत्यु हो गई, जब उसे इलाज के लिए एक विमान में लंदन भेजने की तैयारी हो रही थी । यह पत्रकार पेशावर में एसिड फैंके जाने पर बुरी तरह जल गया था ।

पाक सेनाध्यक्ष द्वारा अग्रिम मोर्चों का दौरा

इस्लामाबाद, 3 जुलाई (पस) : पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष जनरल मिर्ज़ा असलम बेग ने कल सिंध में अग्रिम मोर्चों का दौरा कर सेना से किसी भी प्रकार की चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा ।

पिछले दो महीने के दौरान जनरल बेग और सेना के उच्च अधिकारी कई अग्रिम मोर्चों पर जा चुके हैं ।

होशियारपुर में ... समय बद...

होशियारपुर, 3 जुलाई (अ... जिला मैजिस्ट्रेट ने एक हुकम द्वा... पालिका सीमा के अंदर दुकानों ... 7 बजे निश्चित किया है । त... पान-सिगरेट विक्रेता, हलवाई, ... आदि 10 बजे तक दुकानें खोल... सीमा के बाहर दुकानें बंद करने... शाम तक है । लेकिन जहां पु... तैनात है, वहां ठेके, ढाबे, पान-... हलवाई, कैमिस्ट रात के 9 बजे... जहां पुलिस आदि तैनात न हो... दुकानें 8 बजे तक खुली रहेंगी ।

भारत द्वारा नेपाल क... उत्पादों की सप्ल...

काठमांडू, 3 जुलाई (पस... निगम और नेपाल तेल निगम के... समझौता होने के बाद भारत ने ए... को पैट्रोलियम उत्पादों की आप... दी ।

श्रीलंका वायुसेना के है... जाफना किले से घायल...

कोलम्बो, 3 जुलाई (वार्ता): ... का एक हैलीकाप्टर आज तड़के ... आफ तमिल ईलम (लिट्टे) के ... जाफना किले में उतरा और 7 ... किले से निकालने में सफल रहा ...

सैनिक अधिकारियों ने यह ... बताया कि अमरीका में नि... हैलीकाप्टर, जिसके चालक वि... विद्यारत्ने थे, किले में उतरा ज... और हैलीकाप्टरों ने बमबारी जारी... के उग्रवादियों का ध्यान बंटा रहे... बताया कि इस बचाव अभियान ... विमानों और हैलीकाप्टरों ने ए... उड़ान भरी । हवाई अड्डे का ... गया ।

अधिकारियों ने कहा कि हैली... के अन्दर से न केवल गम्भीर ... निकाला बल्कि उसमें फंसे दो सौ ... खाद्य सामग्री, दवाइयां और हथिय...

ये सैनिक पिछले 11 जून से ... हैं । उग्रवादियों ने किले की जल ... है । श्रीलंका सरकार ने इस संघ... विराम की सम्भावनाओं से इन्का...

अधिकारियों ने कहा कि ब... डाक्टर भी था जिसने किले में अन्य... किया ।

सूत्रों ने कहा कि बाकी घायल... एक और हैलीकाप्टर को किले में ...

तथाकथित शहीदों के नाम पर गुरुद्वारे बनाने के लिए 'जजिया' वसूल किया जा रहा है

अमृतसर, 3 जुलाई (नारंग) : जानकार सूत्रों द्वारा पता चला है कि तरनतारन के नूरदी बालाचक थंडू बहला, कदगिल, चंडेर, मलमोड़ी, जहांगीर, भुल्लर, सरहाली खुर्द, रसूलपुर, सखीरा, वराना, सुधा खुरियां, अलाहीनपुर, शिगारपुर, नौरंगाबाद अलावा 90 के लगभग अन्य ऐसे गांव हैं, जहां पर आतंकवादियों ने "खालसा-पंचायतें" शुरू कर दी हैं । इन 160 से ज्यादा गांवों में हिन्दू तो रहते ही नहीं, खाते-पीते सिख परिवारों ने भी इन गांवों से पलायन शुरू कर दिया है । इन गांवों में रात दो एक ...

Punjabi Sanatan

स्वयंभू एरिया कमांडर सहित 5 दुर्दांत उग्रवादी मरे : पंजाब में 9 की हत्या

ग्रामीणों ने बब्बर खालसा के उग्रवादी को पीट-पीट कर मार डाला

बैंक मैनेजर, चौकीदार का अपहरण : भारी संख्या में शस्त्र मिले

चंडीगढ़, 4 जुलाई (प.स., वार्ता): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान विभिन्न स्थानों पर 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जबकि मुठभेड़ में 1 तथा गुट संघर्ष में 4 आतंकवादी मारे गए । ग्रामीणों ने बब्बर खालसा के एक उग्रवादी को पीट-पीट कर मार डाला । इस बीच राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के कमांडो दस्तों ने तरनतारन क्षेत्र में विशेष अभियान के अंतर्गत भारी परिमाण में हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया । उग्रवादियों ने एक बैंक मैनेजर और बैंक के एक चौकीदार का अपहरण कर लिया ।

गुट संघर्ष में 2 आतंकवादियों समेत 3 मरे : अमृतसर (वार्ता, नारंग, प.स.): जिला के कत्थूनंगल थाने के कोट हरदो राम गांव में कल रात आतंकवादियों ने सरपंच सुखपाल सिंह, उनके भाई गोपाल सिंह और साले केवल सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों ने पहले चबिडा देवी गांव में केवल सिंह का उसके घर से अपहरण किया और उसे कोट हरदो राम में सरपंच सुखपाल सिंह के घर ले गए । इसके बाद आतंकवादी उन दोनों को गोपाल सिंह के घर ले गए । वहां उन्होंने तीनों के हाथ पीछे से बांध दिए । उन्हें उत्पीड़ित किया गया और बाद में गोली मार कर हत्या कर दी गई । घटनास्थल से ए.के. 47 के कारतूस बरामद हुए । पुलिस ने इस वारदात को निजी गुट संघर्ष का परिणाम बताया है । पुलिस के अनुसार केवल सिंह तथा गोपाल सिंह हत्या तथा डकैती की अनेक वारदातों में संलिप्त थे ।

एक की हत्या : मजीठा पुलिस जिला के गांव मत्तेवाल में आतंकवादियों ने आज प्रातः 9 बजे एक पटवारी वेद प्रकाश शर्मा की गोली मार कर हत्या कर दी । घटना के समय उक्त पटवारी गांव में अपने ब्रेटे की दुकान पर बैठा था ।

हमले में सैनिक मरा : खेमकरण थाने के भुरे कोने गांव के निकट कल रात आतंकवादियों ने सेना के दो वाहनों पर घात लगा कर हमला किया, जिससे सेना का एक जवान चनन सिंह मारा गया तथा तीन अन्य घायल हो गए । आतंकवादियों ने ए.के. 47 चीनी राइफल और जनरल परपज मशीनगन से हमला किया । सेना का काफिला पट्टी से खेमकरण जा रहा था । सेना के जवानों ने भी जवाब में गोली चलाई, जिससे आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठा कर भाग गए ।

क्रास फायरिंग में 2 मरे, हथियार बरामद : वल्टोहा थाने के मनीके गांव में कल रात राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के कमांडो और एक आतंकवादी गिरोह के बीच हुई गोलीबारी में दो लड़के मारे गए ।

पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों के छिपने के बारे में सूचना मिलने पर राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के कमांडो ने सुरक्षा बल की मदद से कश्मीर सिंह के घर पर छापा मारा । दोनों ओर से फायरिंग हुई । इस दौरान कश्मीर सिंह के दो नौकर मेजर सिंह (12) तथा कोमल सिंह (10) मारे गए । मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवादी घायल हो गया लेकिन आतंकवादी गिरोह घायल आतंकवादी के साथ भागने में सफल हो गया । मारे गए दोनों लड़के सगे भाई थे ।

खोजबीन के दौरान मकान से दो राकेट प्रक्षेपक, एक बम, दो स्टिक बम, चार किलोग्राम विस्फोटक, एक पिस्तौल, 400 कारतूस और एक मैगजीन बरामद हुआ ।

बैंक भवन जला दिया : पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने कल रात मजीठा पुलिस जिले के चिमारी गांव में पंजाब नैशनल बैंक की एक इमारत में आग लगा दी । आग के कारण बैंक का महत्वपूर्ण रिकार्ड जल गया ।

6 आतंकवादी गिरफ्तार : अमृतसर जिला के खैराबाद गांव में पुलिस ने एक टूथपेस्ट पर छापा मारकर छह आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । उनके कब्जे से दो दोनाली बंदूकें तथा एक एयरगन बरामद हुई है । लूटपाट तथा धन ऐंठने की अनेक वारदातों में पुलिस को उक्त आतंकवादियों की तलाश थी ।

पाक प्रशिक्षित तीन आतंकवादी काबू : अमृतसर जिला के अटारी सैक्टर में रानिया सीमा चौकी के निकट बी.एस.एफ. ने कल रात पाक प्रशिक्षित तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इनके नाम हरिन्द्र सिंह उर्फ हिंदा, जसवंत सिंह तथा जसबीर सिंह बताए जाते हैं ।

एरिया कमांडर सहित 2 उग्रवादी मारे गए : आज सायं पुलिस जिला मजीठा में दो दर्दांत उग्रवादी मारे गए, जिनमें एक भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान का स्वयंभू एरिया कमांडर अजीत सिंह उर्फ बजीर सिंह भी शामिल है । अजीत सिंह सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया, जबकि बब्बर खालसा के बलविन्दर सिंह को ग्रामीणों ने पीट-पीट कर मार डाला ।

मजीठा पुलिस जिले के अध्यक्ष श्री पी.एस. गिल ने बताया कि अजीत सिंह उन तीन उग्रवादियों में शामिल था, जिन्होंने थाना कत्थूनंगल के गांव भेलोवाल के निकट पुलिस कमांडो के गश्ती वाहन पर घात लगा कर हमला किया था । जैसे ही कमांडो ने जवाबी फायरिंग की, अजीत सिंह मारा गया जबकि उसके दो साथी घनी घास और गन्ने के खेतों का लाभ उठाते हुए भाग निकले । मृत उग्रवादी के कब्जे से एक ए.के. 47 चीनी राइफल, 2 भरी हुई मैगजीनें, भारी मात्रा में गोली-सिक्का और एक मोटर साइकल बरामद हुआ है । गांव सैदो लैहल का निवासी अजीत सिंह हत्याओं और धन ऐंठने के कई मामलों में पुलिस को वांछित था ।

बब्बर खालसा गिरोह के बलविन्दर सिंह को जंडियाला थाना के गांव धीरेकोट के ग्रामीणों ने उस समय पीट-पीट कर मार डाला, जब वह वहां अपने एक साथी के साथ एक ग्रामीण से 50,000 रुपए की फिरौती वसूल करने गया था ।

पुलिस चीफ ने बताया कि गांव वालों, जो गत सप्ताह पुलिस की उनके साथ मीटिंग से प्रेरित हो गए थे, ने अच्छी प्रतिक्रिया दिखाते हुए आतंकवादियों को पकड़ लिया । बलविन्दर सिंह को लाठियों, पत्थरों व हाकियों से पीट-पीट कर मार डाला गया जबकि दूसरा आतंकवादी बच निकलने में सफल हो गया । उसके पास एक हथियार था ।

एक सप्ताह में यह इस प्रकार की दूसरी घटना है । गत दिनों मजीठा पुलिस थाना के गांव लाहौरके में गांव वालों ने इसी प्रकार एक दुर्दांत आतंकवादी को पीट-पीट कर मार डाला था ।

बैंक मैनेजर, चौकीदार का अपहरण : उग्रवादियों के एक तीन सदस्यीय गिरोह ने आज दोपहर थाना पट्टी के गांव सभरावां के निकट पंजाब रोडवेज की एक बस से स्टेट बैंक आफ इंडिया पट्टी के मैनेजर श्री धर्मकांत और उसी बैंक के चौकीदार

(शेष पृष्ठ 6 पर)

गुरजंट सिंह के पिता, बहनोई, उसके भाई का अपहरण

बाघा पुराना, 4 जुलाई (ज्ञान): गत रात्रि कुछ अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने गांव बुधसिंह वाला में से खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के स्वयंभू जनरल गुरजंट सिंह बुधसिंह वाला के पिता नछत्तर सिंह और

नीचे उड़ रहे शत्रु-विम
वायु सेना की प्रक्षेपास्त्र

नई दिल्ली, 4 जुलाई (प.स.): भारतीय वायुसेना ने सामरिक महत्व के स्थानों पर अत्याधुनिक प्रक्षेपास्त्रों से लैस ऐसी इकाइयां स्थापित की हैं, जो दुश्मन के नीची उड़ान भरने वाले लड़ाकू विमानों का तुरन्त पता लगाकर फौरन कार्रवाई कर सकें ।

वायुसेना के सूत्रों के अनुसार सतह से आकाश में मार करने वाली मौजूदा शस्त्र प्रणाली को और अधिक शक्तिशाली बनाने के उद्देश्य से कई प्रक्षेपास्त्र इकाइयां गठित की गई हैं । इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि नीची उड़ान भरने वाले लड़ाकू विमान वायुसेना की पैनी राडार नजर से बच न पाए ।

सूत्रों के अनुसार कम ऊंचाई पर उड़ने वाले लड़ाकू विमानों का पता लगाने के लिए वायुसेना की क्षमता बढ़ाई गई है । इसके लिए नीची उड़ान भरने वाले लड़ाकू विमानों को पकड़ने वाले विशेष राडार लगाए गए हैं । इनमें देश में निर्मित 'इन्द्र राडार' भी शामिल है ।

'इन्द्र राडार' को पूरी तरह वायुसेना में शामिल कर लिया गया है । बैंगलूर में स्थित इलैक्ट्रानिक एवं राडार विकास संस्थान द्वारा विकसित और भारत इलैक्ट्रानिक्स द्वारा निर्मित 'इन्द्र राडार' देश में बना इस किस्म का पहला ऐसा राडार है जो 'एफ-16' जैसे अत्याधुनिक एवं नीची उड़ान भरने वाले लड़ाकू विमानों का भी

सूत्रों के अनुसार द्वितीय राडार का भी 'इन्द्र प्रथम' की तुलना है । इसमें अत्याधु सक्षम इलैक्ट्रानिक उ के साथ इसमें एक टे उड़ान भरने वाले शत्रु सकता है और उसे 'ल एक बार उसे स्क्रीन बाद इन्द्र प्रणाली क विमान का पीछा करते रखती है ।

सतह से वायु में म में भी अत्याधुनिक रा हुई है । ये मिसाइ प्रणाली पर आधारित मिसाइल को दागने के नहीं है, मिसाइल स्व नष्ट करेगी ।

सूत्रों के अनुसार विकास करने के साथ देशों में शामिल हो गय अत्याधुनिक राडार क

एयर बस ए-320 की उड़ानें पुनः चालू करने का फैसला

नई दिल्ली, 4 जुलाई (वार्ता) : केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने सभी एयर बस ए-320 विमानों को इस महीने के तीसरे सप्ताह से चरणबद्ध ढंग से इंडियन एयर लाइन्स की विमान सेवा में फिर से शामिल करने का फैसला किया है ।

मंत्रिमंडल ने यह फैसला रामदास विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों को कल मंजूर करने के बाद किया । उल्लेखनीय है कि बेंगलूर में एयर बस ए-320 की दुर्घटना के पांच दिन बाद 19 फरवरी से इंडियन एयर लाइन्स की उड़ानों में एयर बस ए-320 विमानों का उपयोग बंद कर दिया गया था ।

केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री आरिफ मोहम्मद खान ने आज संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करते हुए कहा कि इंडियन एयर लाइन्स शुरू में दो एयर बस ए-320 विमानों को मुख्य मार्ग की उड़ानों में शामिल करेगी । ये मुख्य मार्ग हैदराबाद-दिल्ली, हैदराबाद-बम्बई तथा हैदराबाद-मद्रास हैं ।

सुझाव : रामदास समिति ने सुझाव दिया है कि इन विमानों को उड़ाने वाले पायलट दूसरे किस्मों के विमानों को न उड़ाएं ।

राष्ट्रीय म
कार्यका

जयपुर, 4 जुलाई (राजीव गांधी का मानना सरकार पांच साल का अ पाएगी ।

भरतपुर से कल रात बातचीत करते हुए श्री गां में केंद्र सरकार के प्रति सं लोगों को लगने लगा है कि गई है । किन्तु जहां तक हम नहीं चाहते कि यह स इससे उन्हें मौका नहीं जाएगा ।

एक सवाल के जवाब यही वजह है कि हम न तो मांग कर रहे हैं और न ही की । श्री गांधी ने कहा कि रणनीति है कि अपने सं जाए । इसके लिए कांग्रेस भी किया जा रहा है ता सदस्यता की बीमारी को

श्री गांधी ने कहा कि



इंका अध्यक्ष श्री राजीव गांधी के राजस्थान के तीन दिवसीय जनसम्पर्क कार्यक्र मंगलवार को भरतपुर पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया ।

ब्रिटेन आतंकवादियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए भारत को अधिक सहयोग देगा : मुफ्ती

जेनेवा, 4 जुलाई (वार्ता) : केन्द्रीय गृहमंत्री मुफ्ती महम्मद सईद ने कहा है कि भारत और ब्रिटेन आतंकवाद के खिलाफ पहले से निकट सहयोग करने पर सहमत हो गए हैं तथा दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियां इस संबंध में अपने तालमेल को बेहतर बनाएंगी ।

श्री सईद ने लंदन में ब्रिटेन के विदेशमंत्री डेविड वैडिंगटन से भेंट की थी । उन्होंने लंदन से वापसी की यात्रा पर जेनेवा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि ब्रिटिश नेता ने उन्हें आश्वासन दिया है कि ब्रिटेन में कश्मीर और पंजाब के उग्रवादियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा ।

उन्होंने कहा कि कुछ भारतीय अधिकारियों को वहां यह अध्ययन करने के लिए भेजा जाएगा कि ब्रिटिश पुलिस आयरिश रिपब्लिकन आर्मी के उग्रवादियों से किस प्रकार निपटती है । श्री सईद ने कहा कि वह प्रसिद्ध स्कॉटलैंड यार्ड भी देखने गए तथा वहां अपनाई जाने वाली तकनीक और तरीकों से बेहद प्रभावित हुए ।

नई दिल्ली (प.स.): श्री सईद ने कहा कि ब्रिटेन ने भारत को आश्वासन दिया है कि वह अपने वहां पंजाब और कश्मीर के आतंकवादियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए अपने कानूनों में संशोधन करेगा । गृहमंत्री ने ट्यूनीशिया, मोरक्को और ब्रिटेन की अपनी सरकारी यात्रा के बाद

वी. पी. सिंह द्वारा हेगड़े का इस्तीफ़ा मंज़ूर

नई दिल्ली, 4 जुलाई (प.स.): प्रधानमंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने योजना आयोग के उपाध्यक्ष पद से श्री राम कृष्ण हेगड़े का इस्तीफा आज स्वीकार कर लिया । उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री श्री मधु डंडवते से उपाध्यक्ष का पदभार तब तक सम्भालने को कहा है, जब तक श्री हेगड़े के उत्तराधिकारी की नियुक्ति नहीं हो जाती । एक सरकारी प्रवक्ता ने आज रात यह जानकारी दी ।

श्री हेगड़े ने बेंगलूर के कथित भूमि घोटाले पर जनदीप सिंह आयोग की रिपोर्ट सरकार को सौंपे जाने

Punjabi Sanatan

ी अधिक होने की सम्भावना है ।
व सहकारिता राज्यमंत्री नितीश
विशेष भेंट में बताया कि खाद्यान्न के
का अनुमान इस आधार पर लगाया
ी बार किसानों को उनकी उपजों का
क समर्थन मूल्य दिया गया है । इसके
भी इस वर्ष बेहतर है ।

कहा कि राष्ट्रीय मोर्चे की सरकार ने
ोगिक नीति की तरह कृषि सम्बन्धी
तैयार किया है, जिसके अंतर्गत कृषि
ति को बढ़ाने, आयात को कम करने
को उनके उत्पादनों का लाभकारी
ी बात कही गई है ।

मंत्री ने कहा कि किसानों को कृषि
समुचित लाभ मुहैया कराया
त मात्रा में उन्नत किस्म के बीज, खाद
क औषधियां वितरित की जाएंगी ।
बरानी खेती पर विशेष जोर दिया
अधिकाधिक कृषि योग्य भूमि को
उपलब्ध कराई जाएगी ।

कुमार ने कहा कि खाद्यान्न उत्पादन में
थ उनकी सरकार दूध, अंडा, मछली
ागवानी की ओर विशेष ध्यान दे रही

यों को दी जाने वाली राशि 1000 रुपए सिक की जाए

ी, 4 जुलाई (प.स.): कश्मीरी
प्रतिनिधित्व करने वाली जम्मू और
मिति ने सरकार से कहा है कि उन्हें
सिक सहायता राशि 500 रुपए से
0 रुपए की जाए । आज यहां जारी
मिति के प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली
ने कल उनके एक शिष्टमंडल को यह
या है कि राजधानी में रहने वाले
वितरित की जाने वाली सहायता के
ए एक नया फार्मूला बनाया जाएगा ।

ाओं में अध्ययन कक्ष के लिए 15 लाख

4 जुलाई (प.स.) पंजाब सरकार ने
र्ष के दौरान अनुसूचित जाति की
अध्ययन कक्ष स्थापित करने के लिए
धारित किए हैं । कल्याण विभाग के
के अनुसार यह कार्रवाई राज्य के
क के लोगों में सामाजिक चेतना लाने
ी गई है ।

हिंदू राज्य घोषित करने की ग को लेकर जलूस

जुलाई (एएफपी): नेपाल को हिंदू
रने की मांग के समर्थन में कल यहां
हजार हिंदुओं ने शांतिपूर्वक जलूस
क्षदर्शियों ने कहा कि हिंदू विद्वान,
ाजिक कार्यकर्त्ताओं, पूर्व प्रधानमंत्री
ने भगवान शिव के स्वर्ण मंदिर से
क तीन किलोमीटर का जलूस

कि इन लोगों ने न्यायाधीश बी.एन.
स सम्बन्ध में एक ज्ञापन भी दिया ।
पाल के नए संविधान पर काम कर

धिकांश लोग हिंदू हैं ।



कों से अपील

है कि माननीय राज्यपाल
इयों तथा उनकी समस्याओं
डी. रैस्ट हाऊस, लुधियाना

लोग घायल हो गए । दोनों गुट स्थानीय ईदगाह में, जिसके संबंध में हाईकोर्ट में मुकद्दमा चल रहा है, नमाज पढ़ने के अधिकार को लेकर एक-दूसरे पर पथराव करने लग पड़े थे ।

पंजाब में हत्याएं
(पृष्ठ 3 का शेष)

का अपहरण कर लिया । पुलिस ने कहा है कि बस पट्टी से सभरावां जा रही थी कि उग्रवादियों ने रास्ते में चीनी असाल्ट राइफलों ए.के. 47 के साथ बस को रोका और दोनों को खींच कर बाहर निकाल लिया । उनका अभी तक कुछ पता नहीं चल सका । पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी है ।

2 उग्रवादियों के शव मिले : अमृतसर से सभाष नारंग के अनसार थाना झब्बाल के गांव असल भैडारी के पास खेतों में से 2 उग्रवादियों के गोलियों से छलनी शव बरामद किए गए हैं ।

दाई की हत्या : बाघापुराना (मित्तल) : कल रात कुछ आतंकवादियों ने यहां से कुछ मील दूर गांव संगतपुरा में एक दाई अमरकौर (45) की गोली मारकर हत्या कर दी । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार आतंकवादी अमरकौर को एक गर्भवती महिला को दिखने के बहाने अपने साथ ले गए और गांव के बाहर उसे गोलियां मार दीं । आज प्रातः गोलियों से छलनी उसकी लाश बरामद हुई । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

शव मिला : होशियारपर (अश्विनी) : पुलिस ने हरियाणा क्षेत्र के ग्राम धामिया में चो से एक व्यक्ति का शव बरामद किया है । मृतक की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी ।

डाक्टर की हत्या : बटाला (कोछड़) पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव अकरपुरा में गत रात्रि लगभग साढ़े बारह बजे चार सशस्त्र आतंकवादी जमींदार दलीप सिंह के घर में जबरी दाखिल हो गए और उसके डाक्टर बेटे अमरजीत उर्फ अम्बा (28) को यह कह कर अपने साथ ले गए कि इसके साथ जरूरी बातचीत करनी है । गांव के बाहर ले जाकर उन्होंने उसकी हत्या कर दी ।

जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के चार चले हुए कारतूस व के.सी.एफ. का एक लैटरपैड मिला है, जिस पर सुखविंदर सिंह पप्पू व तरसेम सिंह बेला के नाम लिखे हुए हैं । पत्र में लिखा है कि कुछ समय पूर्व उक्त डाक्टर ने गांव के एक गुरुद्वारे में शराब पीकर आग लगाई थी, इस लिए उसे 'सोधा' गया है ।

शव मिला : जालंधर (प.स.) : पुलिस ने जालंधर छावनी के निकट से एक शव बरामद किया है । मृतक का नाम बाँबी बताया जाता है । शव पर चोट का कोई निशान नहीं है । पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : फिरोजपर (कंतोड़) : जिला पुलिस ने दो आतंकवादियों को हथियारों एवं गोली-सिक्का के साथ गिरफ्तार किया है । इस सन्दर्भ में एस.एस.पी. श्री अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि धर्मकोट पुलिस ने एक आतंकवादी अजीत सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल, दो मैगजीन, एक स्कटर तथा 30 हजार रुपए नकद बरामद किए । अजीत सिंह एक दर्दांत आतंकवादी टंडे का साथी था । टंडे ने ए.के. 47 राइफलें खरीदने के लिए अजीत सिंह को उक्त धनराशि दी थी । गिरफ्तार किए गए दूसरे आतंकवादी का नाम कश्मीर सिंह बताया जाता है । उसके-कब्जे से एक रिवाल्वर बरामद हुआ है ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : मलोट (जालंधरी) : मलोट पुलिस ने निकटवर्ती झोरड़ गांव से 3 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । उनसे 3 पिस्तौल तथा 15 कारतूस भी बरामद हुए हैं । पकड़े गए आतंकवादियों के नाम गुरप्रीत सिंह, कुलवंत सिंह तथा लछमन सिंह बताए जाते हैं ।

अपहृतों का कोई सुराग नहीं : लुधियाना, (प.स.) : पुलिस महानिदेशक (आप्रेशन) श्री डी.एस. मांगट के दो रिश्तेदारों का अभी कोई पता नहीं चला है । आतंकवादियों ने लुधियाना जिला के गांव सरूप से इन दोनों का अपहरण कर लिया था ।

दो घुसपैठिए मारे गए : श्रीगंगानगर जिले के सीमांत क्षेत्र गजसिंहपुर सीमा क्षेत्र में बी.एस.एफ. के साथ फायरिंग में 2 पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए ।

राज्यपाल को विशुद्ध शाकाहारी निजी सचिव की तलाश !

रोपड़, 4 जुलाई (राकेश): पंजाब राजभवन के विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि पंजाब के राज्यपाल श्री बीरेन्द्र वर्मा को ऐसे निजी सचिव की तलाश है जो शराब, अंडा, मीट व सिगरेट का प्रयोग न करता हो, लेकिन अभी तक उन्हें ऐसा सचिव नहीं मिल रहा है । पंजाब के वर्तमान प्रशासनिक अधिकारियों में



जालंधर की ईदगाह में मुसलमान ईद-उल-जुहा की नमाज अदा करते हुए । (छाया : कपूर)

ईद-उल-जुहा हर्षोल्लास से मनाई गई

नई दिल्ली, 4 जुलाई (वार्ता) : देश भर में आज पारम्परिक ढंग से ईद-उल-जुहा मनाई गई । मुस्लिम भाइयों ने मस्जिदों में जाकर नमाज अदा की और अल्लाह से दुआएं मांगी । राजधानी में भी हजारों मुस्लिमों ने जामा मस्जिद में जाकर नमाज अदा की ।

इस मौके पर नायब इमाम अहमद बुखारी ने मुस्लिम भाइयों को भाई चारे, साम्प्रदायिक, सद्भाव और आपसी मेल-मोहब्बत की सीख दी । अन्य समुदाय के लोगों ने मुस्लिम भाइयों से गर्मजोशी से मिल कर उन्हें बकरीद की मुबारकबाद दी ।

जामा मस्जिद के इमाम ने मक्का की दर्घटना पर खेद व्यक्त किया । उल्लेखनीय है कि कल मक्का में भगदड़ मच जाने से 2000 से अधिक हज यात्रियों की मृत्यु हो गई ।

फगवाड़ा, जालंधर, लुधियाना मालेरकोटला, पठानकोट, कादियां, संगरूर, अमृतसर, चंडीगढ़, अम्बाला आदि में मुसलमानों ने मस्जिदों में विशेष नमाजें अदा कीं । इस अवसर पर हिन्दू व सिखों ने मुसलमान भाइयों को गले मिल कर बधाइयां दीं ।

मुफ्ती ने दावत दी : गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद ने ईद उल जुहा के मौके पर आज एक दावत दी । प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह तथा उनके मंत्रिमंडल के अनेक सदस्यों ने इसमें शिरकत की । श्री सईद प्रधानमंत्री के विशेष दत की हैसियत से यूरोप तथा कुछ मुस्लिम देशों की तेरह दिवसीय यात्रा के बाद आज ही यहां लौटे हैं ।

बिजली बोर्ड पर प्रतिशोध की भावना से तबादले करने का आरोप

बटाला, 4 जुलाई (कोछड़): पंजाब राज्य बिजली बोर्ड कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी की एक आपात् बैठक मे संघ के महासचिव व उप-महासचिव साथी भजेंद्र सिंह व जगजीत सिंह जोगा ने बिजली बोर्ड पर आरोप लगाया कि वह यूनियन नेताओं व कार्यकर्त्ताओं के स्थानांतरण प्रतिशोध की भावना से कर रहा है और 5 हजार से अधिक दैनिक कामगार ड्यूटी से निकाल दिए गए हैं । उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कर्मचारियों के वेतनमानों व भत्तों का मामला भी लटकता आ रहा है, जिसके लिए बोर्ड ने 30 जून तक निर्णय देने का वचन दिया था ।

यूनियन नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि बिजली बोर्ड के अधिकारियों ने अपनी हठधर्मी न छोड़ी तो बोर्ड के एक लाख कर्मचारी आगामी मास कार्य ठप्प करने को मजबूर होंगे ।

युवक द्वारा आत्महत्या

फगवाड़ा, 4 जुलाई (अशोक) : आज तड़के स्थानीय जी.टी. रोड के निकट कश्मीर सिंह नामक 23 वर्षीय अविवाहित नौजवान द्वारा गले में फंदा डाल कर आत्महत्या करने की सूचना मिली है ।

कनिष्ठ डाक्टरों की हड़ताल जारी

जम्मू, 4 जुलाई (वार्ता) : जम्मू मैडिकल कालेज से सम्बद्ध सभी अस्पतालों के कनिष्ठ डाक्टरों और चिकित्सा कार्य में सहायता करने वाले कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल आज आठवें दिन भी जारी रही ।

वरिष्ठ डाक्टरों ने भी पहली बार आज काले बिल्ले लगाकर हड़ताल के प्रति अपना प्रदर्शन व्यक्त किया ।

हिमाचल में भी असम जैसी स्थिति पैदा हो जाएगी : पराशर

हमीरपर, 4 जुलाई (शेखर): हिमाचल इंका अध्यक्ष श्री नारायण चंद पराशर ने प्रदेश की जनता से सम्बन्धित कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किए जाने के लिए तत्काल राज्य विधानसभा का सत्र बुलाने की मांग की है ।

श्री पराशर ने यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि गैर हिमाचलियों को राज्य में भूमि खरीद की अनुमति दिए जाने के सरकार के निर्णय के कारण विधानसभा का सत्र तुरन्त बुलाना अत्यन्त आवश्यक है । उनके अनुसार इस निर्णय से इस शांतिपूर्ण राज्य में भी असम जैसी स्थिति पैदा हो सकती है, जिसकी तमाम जिम्मेदारी राज्य सरकार विशेषकर भारतीय जनता पार्टी की होगी ।

उन्होंने सभी हिमाचलियों से सरकार के इस निर्णय का विरोध करने का आग्रह करते हुए कहा कि

क्रय-विक्रय की जिम्मेवारी दुकानदार की बजाए ग्राहक पर डाली जाए

लुधियाना, 4 जुलाई (महिन्द्रा): लुधियाना होजरी संघ की आम सभा ने पंजाब सरकार से मांग की है कि किसी वस्तु की जिसमें होजरी माल भी शामिल है, क्रय-विक्रय की जिम्मेवारी दुकानदार या होजरी-निर्माता पर डालने की बजाए, माल खरीदने वाले पर डाली जाए । इससे बिक्री-कर की आय में भारी वृद्धि होगी । होजरी संघ की इस बैठक में 400 के लगभग होजरी-निर्माता तथा डीलर शामिल हुए । बैठक में कहा गया कि ग्राहक अर्थात् खरीदार जब भी कोई माल खरीदता है तो वह बिल या कैश मीमो के बिना ही माल की खरीद के लिए दुकानदार को विवश करता है तथा कई बार दुकानदार या होजरी-निर्माता माल बेचने के लालच में बिल या कैशमीमो जारी नहीं करता । यदि पंजाब सरकार बिल या कैशमीमो की जिम्मेवारी खरीदार पर डाल दे तो न खरीदार और न ही दुकानदार या निर्माता बिल या कैशमीमो के बिना अपना माल बेच सकेगा तथा बिक्री-कर की आय कई गुणा बढ़ जाएगी ।

संघ के प्रधान श्री नवीन सूद जिन्हें इस आम सभा में दूसरी बार सर्व सम्मति से 2 वर्ष के लिए पुनः प्रधान चुन लिया गया, ने इस बैठक के प्रस्ताव जारी करते हुए बताया कि आबकारी एवं बिक्री-कर अधिकारियों से एक प्रस्ताव के जरिए अपील की गई कि किसी दुकानदार व डीलर की दुकान पर छापा मारने से पूर्व इस बाजार का कोई प्रतिनिधि साथ शामिल कर लिया जाए तथा छापा मारने की अनुमति उच्च अधिकारियों से प्राप्त की जाए । एक अन्य प्रस्ताव के अनुसार दुकानदारों को एस.टी.-22 फार्म उनकी आवश्यकतानुसार सप्लाई करने का प्रबन्ध किया जाए ।

टोहरा को अस्पताल से छुट्टी मिली

लुधियाना, 4 जुलाई (प.स.) : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष श्री गुरचरण सिंह टोहरा, जो कि लुधियाना के निकट बिगत 13 मई को आतंकवादी हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए थे, को आज स्थानीय मोहन देई अस्पताल से छुट्टी दे दी गई । अस्पताल के डायरैक्टर डा. सी.एम. सिंह ने बताया कि अब श्री टोहरा स्वस्थ हैं और चल-फिर भी सकते हैं । उनके बाएं हाथ की सर्जन उतरने में अभी पांच-छह माह लगेंगे । गोली लगने से उनका अंगूठा काट देना पड़ा था । उल्लेखनीय है कि इस हमले में श्री टोहरा के साथ यात्रा कर रहे पूर्व विधायक तथा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य श्री हरदयाल सिंह राजला और कार ड्राईवर श्री सरदूल सिंह की मृत्यु हो गई थी और सुरक्षा कर्मी श्री चांद खां घायल हो गए थे ।

जद शिकायत समितियां पुनर्गठित करने की मांग करेगा

टांडा, 4 जुलाई (बाबा सिंह): गत दिवस टांडा में पंजाब जनता दल के प्रधान श्री तेजा सिंह टिवाना ने पार्टी के कार्यकर्त्ताओं और प्रतिष्ठितों की एक बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि उन्हें पार्टी का पंजाब का प्रधान इसलिए बनाया गया है कि 117 क्षेत्रों में पार्टी प्रधान बना कर संगठन को सुदृढ़ किया जाए । उन्होंने कहा कि पार्टी में गुटबंदी शीघ्र ही दूर कर दी जाएगी । उन्होंने कहा कि देश के अरबपतियों से हमारा संघर्ष शुरू है, शीघ्र ही महंगाई दूर कर दी जाएगी । उन्होंने कहा कि जनता दल सभी शिकायत निवारण कमेटियां तोड़ कर नई बनाने की मांग करेगा, क्योंकि इन कमेटियों में भ्रष्ट अधिकारियों ने कई अपने लोग शामिल कर लिए हैं ।

शिव सेना द्वारा मान के वक्तव्य की निन्दा

पटियाला, 4 जुलाई (भूषण): उत्तरी क्षेत्र शिव सेना (बाल ठाकरे) के प्रधान श्री जगदीश तांगड़ी व प्रचार सचिव श्री पवन कुमार गुप्ता ने एक संयुक्त वक्तव्य में शिरोमणि अकाली दल (मान) के प्रधान श्री सिमरनजीत सिंह मान के उस वक्तव्य की निन्दा की है, जिसमें उन्होंने बाबरी मस्जिद की रक्षा के लिए जत्था भेजने की बात कही थी ।

उन्होंने कहा कि श्री मान देश में साम्प्रदायिक तनाव पैदा कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि उन्हें राम

आपरेशन रिसर्च ग्रुप के एक सर्वेक्षण हर तीसरे भारतीय ने महाभारत का किया तथा दूरदर्शन को इससे पचास करो आय हुई । राष्ट्रीय कार्यक्रम के अंतर्ग होने वाले धारावाहिकों से होने वाली अ एक चौथाई हिस्सा है ।

सर्वेक्षण के अनुसार दूरदर्शन को विज्ञा वाली आय में महाभारत से हुई आय रही । इसने हिन्दी फिल्मों तथा चित्रहार दूसरे और तीसरे नम्बरों पर धकेल दिय

सर्वेक्षण के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के मुकाबले शहरों में लगभग

बेकर, एडवर्ड सैमीफाइ

लंदन, 4 जुलाई (डी.पी.ए.): गत बोरिस बेकर ने आज विम्बलडन में हो इंगलैंड टैनिस चैम्पियनशिप प्रतियोगिता अमरीका के बैड गिलबर्ट को 6-4, 6-4 हरा कर सैमीफाइनल में प्रवेश किया । विश्व में द्वितीय स्थान प्राप्त है और उस को हराने में कुल 95 मिनट लिए । मै कारण 2 घंटे लेट शुरू हुआ ।

तृतीय स्थान प्राप्त स्टीफन एडबर्ड भ देश स्वीडन के क्रिश्चियन बर्ग स्ट्राम 6-2, 6-4 से हरा कर सैमीफाइनल में

कच्चे तेल पर असम रायल्टी में वृद्धि की सं

नई दिल्ली, 4 जुलाई (इंफा): केन्द्र तेल पर असम को दी जाने वाली रायल्टी प्रति मीट्रिक टन तक वृद्धि किए जाने की है । इस आशय की घोषणा पैट्रोलियम गुरुपद स्वामी की 5 जुलाई को विदेश यात्रा पर इसी सप्ताह किए जाने की संभावन स्वामी 9 जुलाई को स्वदेश लौटने वाले प्रधान मंत्री ने उन्हें अपनी अमरीका य छोड़ कर आने को कहा है । उनके बुला कारण पता नहीं चल सका, परन्तु असम में वृद्धि करने की मांग इसका एक कारण है ।

उल्लेखनीय है कि असम में सत्तारूढ़ का ध्यान अपनी लम्बित चली आ रही मां दिलाने के लिए 27 जून को बंद का आयो था । इनमें से एक मांग रायल्टी की वृद्धि असम सरकार ने यह मांग भी की है कि उत्पादित किया जाने वाला सारा कच्चा ते ही संशोधित किया जाए । असम प्रति व 50 लाख मी.ट. कच्चे तेल का उत्पा है ।

'अपनी मंडी' व्यवस्थ अच्छे परिणाम

चंडीगढ़, 4 जुलाई (वि.प्र.): पंजाब द्वारा शुरू की गई 'अपनी मंडी' व्यवस्था परिणाम सामने आए हैं और किसानों व उप को काफी लाभ हुआ है । राज्य के विकास श्री अमरीक सिंह पनी के अनुसार इस समय राज्य के 25 बड़े शहरों में चल प्रतिमास 50 लाख का व्यापार इन मंडि रहा है । ये मंडियां काफी लोकप्रिय हो

रेलवे आरक्षण 4 जुला

अमृतसर/जालंधर शहर से चलने वा ट्रेनों में आरक्षण निम्नलिखित तिथियों से है :

शहर	प्र.श्रे. ए.क.	द्वि.श्रे. ए.क.	प्रथम श्रेणी	ए चे
पश्चिम एक्सप्रेस (2926)				
बम्बई सै.	6-7	9-7	-	9-
दिल्ली	6-7	9-7	-	7-
सुपरफास्ट (2460)				
दिल्ली	-	-	7-	
दादर एक्सप्रेस (1058)				
दादर	11-7		-	
फलाइंग मेल (4648)				
मुजफ्फरपुर	11-7		10-7	
शाने-पंजाब (2498)				
नई दिल्ली	-	-	-	9-
छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस (8238)				
बिलासपुर	8-7		-	
दिल्ली	6-7		-	
हावड़ा ब्रुन्नीकेट (3050)				
हावड़ा	-	-	5-7	
लखनऊ	-	-	5-7	
हावड़ा मेल (3006)				
हावड़ा	7-7	18-7	-	
लखनऊ	7-7	10-7	-	

Punjabi Tribune

पंजाब में एक परिवार के 4 सदस्यों, 2 सुरक्षा कर्मियों समेत 12 लोगों की हत्या

पुलिस चौकी पर राकेटों व राइफलों से हमला, 2 घुसपैठिये मरे, बैंक लूटने का प्रयास

एक आतंकवादी द्वारा आत्महत्या, 3 अन्य गुट संघर्ष में मरे

चंडीगढ़, 5 जुलाई (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान परिवार के 4 सदस्यों व 2सुरक्षा कर्मियों समेत 12 लोगों की हत्या कर दी गई । इस दौरान एक आतंकवादी ने आत्महत्या कर ली तथा 3 अन्य गुट संघर्ष में मारे गए । आतंकवादियों ने एक चौकी पर राकेटों व राइफलों से हमला किया और एक बैंक लूटने का भी प्रयास किया । बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में दो घुसपैठिये भी मारे गए ।

हमले में एक सुरक्षा कर्मी मरा : जालंधर (न.न.ए.): गत रात थाना नकोदर के गांव भंडेर में पुलिस के एक गश्ती दल पर कुछ आतंकवादियों ने घात लगा कर हमला किया । इस दौरान एक एस.पी.ओ. सुरिन्दर कुमार मौका पर मारा गया और सात अन्य सुरक्षा कर्मी घायल हो गए ।

इस संबंध में पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार गत रात साढ़े नौ बजे के करीब पुलिस के एक गश्ती दल पर गांव भंडेर के निकट अंधेरे में छुप कर बैठे कुछ आतंकवादियों ने घात लगा कर गोलियां बरसाईं । एस.पी.ओ. सुरिन्दर कुमार मौका पर ही मारा गया । घायलों में पंजाब पुलिस के हवलदार मोहन लाल, सिपाही जगन्नाथ, होमगार्ड के चार जवान गुरनाम राम, तीर्थ राम, रमेश लाल व अवतार सिंह तथा एस.पी.ओ. देवराज शामिल हैं । पुलिस को घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के चले हुए अनेक कारतूस मिले हैं ।

पुलिस व सुरक्षा बल के जवानों ने घटना की सूचना मिलते ही उक्त क्षेत्र की घेराबंदी करके हमलावर आतंकवादियों की तलाश सरगर्मी से शुरू कर दी है ।

पंच की हत्या : मुक्तसर से 'दीपक' के अनुसार कल रात नौ बजे के लगभग यहां से कुछ मील दूर मलोट के निकट गांव शामखेड़ा में आतंकवादियों ने फायरिंग करके पंचायत सदस्य बलवंत सिंह की हत्या कर दी । इस संदर्भ में प्राप्त विवरण के अनुसार छः आतंकवादी बलवंत सिंह के घर गए तथा मांग की कि सरकार की ओर से दी गई बंदूक वह उनके हवाले कर दे । बलवंत सिंह ने जवाब दिया कि उसके पास कोई बंदूक नहीं है । इस पर आतंकवादियों ने उसे गोली मार दी । इसके बाद आतंकवादी बलवंत सिंह के लड़के किशन सिंह को बुरी तरह पीट कर भाग गए ।

सेवानिवृत्त हैड-कांस्टेबल की हत्या : बाघापुराना से 'मित्तल' के अनुसार कल रात लगभग 12 बजे दो आतंकवादियों ने बाघापुराना की बस्ती खेता सिंह में सेवानिवृत्त हैड-कांस्टेबल प्रीतम सिंह (50) की उनके घर में घुस कर गोलियां मार कर हत्या कर दी । घटना के समय श्री सिंह सो रहे थे । श्री सिंह जिला फिरोजपुर में कार्यरत थे और छः माह पूर्व ही सेवानिवृत्त हुए थे । वह आतंकवादियों की हिटलिस्ट में थे । इससे पूर्व भी उन पर हमले हो चुके थे लेकिन वह बाल-बाल बच गए थे ।

आतंकवादी द्वारा आत्महत्या : लुधियाना (धीमान, महेन्द्रा): पुलिस के साथ कल रात यहां एक मुठभेड़ के दौरान एक आतंकवादी गुरसेवक सिंह ने आत्महत्या कर ली, जबकि दो अन्य भाग गए । पुलिस के अनुसार यहां से करीब 38 किलोमीटर दूर कमालपुर गांव में पुलिस के एक गश्ती दल ने साइकिल पर जा रहे तीन व्यक्तियों को रुकने को कहा तो उन लोगों ने पुलिस दल पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । इस पर पुलिस ने भी जवाबी गोलियां चलाईं । दो आतंकवादी भाग गए । तीसरे आतंकवादी ने पास के एक मकान में घुस कर अपने-आपको गोली मार ली । उसके पास से पांच बम और एक देसी पिस्तौल बरामद किया गया है ।

एक की हत्या : बटाला (कोछड़, चौधरी) : पुलिस जिला बटाला के थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव हरपुरा में गत रात लगभग दस बजे दो अज्ञात आतंकवादियों ने एक ट्यूबवैल पर फायरिंग करके वहां बैठे फौजा सिंह (45) नामक व्यक्ति की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह हत्या 12 बोर की बंदूक से की गई है । घटनास्थल से इस बंदूक के दो चले हुए कारतूस बरामद हुए हैं ।

परिवार के चार सदस्यों व नौकर की हत्या : गत रात थाना सदर बटाला के गांव चाहलकलां में उग्रवादियों ने एक ही परिवार के चार सदस्यों व एक नौकर की हत्या कर दी । पता चला है कि रात नौ बजे दस उग्रवादी उक्त गांव में तेग सिंह के घर आए और उसके मकान को चारों तरफ से घेर लिया । बाद में उन्होंने तेग सिंह के तीन लड़कों सुखविन्द्र सिंह, सतनाम सिंह और हरपाल सिंह, तेग सिंह की पत्नी बलबीर कौर व नौकर कर्म सिंह की ए.के. 47 चीनी असाल्ट से गोलियां मार कर हत्या कर दी । (शेष पृष्ठ 6 पर)



पुलिस थाना सदर बटाला के गांव चाहलकलां में बुधवार रात को आतंक... गए (1) दलबीर कौर और उसके तीन बेटे, (2) सुखवंत सिंह, (3... (4) हरपाल सिंह तथा (5) उनके कामगार कर्म सिंह के शव, (6) घाय... (7) बिलखता हुआ परिवार ।

एयर बस कम्पनी द्वारा दी गई धमकी के कारण ही एयर बस 320 की उड़ानें पुनः शुरू करने का निर्णय

नई दिल्ली, 5 जुलाई (जी.एस. चावला): पता चला है कि सरकार द्वारा एयर बस 320 की उड़ानों को पुनः आरम्भ करने का कारण एयर बस कम्पनी द्वारा सरकार पर अरबों रुपए का मानहानि का केस चलाने तथा यूरोप की अन्य विमान कम्पनियों को भारत को दी जाने वाली सहायता का बहिष्कार करने के लिए प्रेरित किए जाने की दी गई धमकी है ।

पिछले कुछ सप्ताहों, जब से बंगलौर में एयर बस दुर्घटनाग्रस्त हुई है, सरकार विभिन्न दबावों के अंतर्गत कार्य कर रही है । इस फ्रैंच कम्पनी के साथ पूरे सौदे को समाप्त करने के भी प्रयास हो रहे थे, तथा इस सौदे में ली गई दलाली की सी.बी.आई. से जांच के आदेश भी दिए जा चुके हैं । ऐसा लगता है कि राजनीतिक दबावों के कारण ही मंत्री श्री आरिफ मोहम्मद खान तथा उनके सहयोगी गलत दिशा में जाकर न केवल फ्रांस की सरकार को अपितु यूरोप की समस्त विमान कम्पनियों को अलग-थलग कर रहे हैं ।

लेकिन अब सरकार द्वारा लिए गए इस नए निर्णय के कारण सी.बी.आई. के जासूस इस सौदे में आगामी जांच करने से पूर्व कम से कम दो बार सोचेंगे । असल में वे अदालत में चार्जशीट दाखिल कर चुके हैं तथा इसमें विभिन्न वरिष्ठ अधिकारियों, सामान्य लोगों तथा कई अन्य देशों में कम्पनी के उत्पादन के संबंध में संदेह पैदा करने के आरोप में अदालत में ले जाएगी ।

भारत द्वारा सोवियत संघ से किराए पर विमान लेने में भी समस्या पैदा हुई है । सोवियत संघ ने अपने विमान भारत को देने तथा उन्हें भारतीय निर्देशन के अंतर्गत अनेकरूटों पर उड़ाने में हिचकिचाहट दिखाई है । भारत सरकार अमरीकी बोईंग कम्पनी से भी इंडियन एयर लाइन्स तथा एयर इंडिया के लिए शीघ्र विमान उपलब्ध करवाने का आश्वासन लेने में असमर्थ रही है । शायद बोईंग कम्पनी एयर बस कम्पनी से किसी प्रकार के विवाद में नहीं पड़ना चाह रही लेकिन सरकार ने एयर बस 320 की उड़ानों को पुनः आरम्भ करने से पूर्व बंगलौर विमान दुर्घटना की चल रही न्यायिक जांच की भी प्रतीक्षा नहीं की है और राम दास समिति द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर ही इन उड़ानों को पुनः आरम्भ कर दिया है । अब श्री आरिफ मोहम्मद खान भी इस सौदे में ली गई दलाली की बात नहीं कर रहे लेकिन विमान यात्रियों तथा विशेषज्ञों के अनुसार सरकार को इन विमानों की उड़ान पर पुनः लगाने से पूर्व उनकी सुरक्षा संबंधी स्पष्ट विवरण देना चाहिए था, क्योंकि सरकार ने पहले अपने ही

पामेला 'बोर्डेस फोटो-पत्रकार बनी



भाजपा के सहारे टिकी साम्प्रदायिकता को नहीं रोक सकती

सीकर (राजस्थान), 5 जुलाई (वार्ता): पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के सहारे टिकी सरकार फिरकापरस्ती को नहीं रोक सकती । श्री गांधी ने कल जयपुर से सीकर एक्सप्रैस के दूसरे दर्जे के डिब्बे में यात्रा करके सीकर पहुंचने पर एक समारोह में कहा कि इस सरकार से सद्भाव कायम करने की उम्मीद नहीं की जा सकती ।

उन्होंने कहा कि छः महीने में कश्मीर में जो भी हुआ है, उसे सारे देश और दुनिया ने देखा । सरकार की नीतियों की वजह से समाज कमजोर हो रहा है और दरारें पैदा हो रही हैं ।

श्री गांधी ने कहा कि देश में तनाव के माहौल को देखते हुए दोस्ती और भाईचारे की सख्त जरूरत है । आज की परिस्थितियों में कांग्रेस (इ) पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है और वह उसे पूरा करने के लिए पूरी तत्परता से प्रयास करेगी । श्री गांधी के साथ द्वितीय श्रेणी में सर्वश्री बलराम जाखड़, हरकिशन लाल भगत, जगन्नाथ पहाड़िया और प्रदेश कांग्रेस (इ) अध्यक्ष परस राम मदेरणा के अलावा अन्य कई नेता भी थे । रास्ते में हर स्टेशन पर अपार जनसमूह ने श्री गांधी का स्वागत किया और उन्होंने उसे सम्बोधित किया ।

सम्बोधित किया । बच्चे ... पर लिखा था, "वायदे ... पंजाब-कश्मीर में शांति च... महंगी शिक्षा, शिक्षा छोड़के...

श्री गांधी सीकर से पा... कल्याण आरोग्य सदन अस्प... भी गए ।

पाक द्वारा उग्रवा... भारत-पाक संब...

नई दिल्ली, 5 जुलाई (... इंद्र कुमार गुजराल ने कट्टरव... द्रव्यों के तस्करों, आतंक... आधुनिक राष्ट्रों के लिए पै... भारत की चिन्ता व्यक्त की है... यहां अमरीकी सीनेट की वि... सदस्य लेन कैन्सटन के साथ... विशेष संदर्भ में इस उपमहाद्वी... बातचीत में यह चिन्ता व्यक्त...

विदेश मंत्री ने श्री कैन्सटन... और जम्मू-कश्मीर के विष... आतंकवादियों को पाकिस्तान... जाने के कारण भारत और पा...

Punjabi Sanjatani

...यों, 2
...ी हत्या
...टने का प्रयास
...र्ष में मरे

...कांस्टेबल की हत्या : ...अनुसार कल रात लगभग ...ों ने बाघापुराना की बस्ती ...ड-कांस्टेबल प्रीतम सिंह ...स कर गोलियां मार कर ...समय श्री सिंह सो रहे थे । ...ें कार्यरत थे और छः माह ...। वह आतंकवादियों की ...र्व भी उन पर हमले हो ...ल बच गए थे ।

...त्महत्या : लुधियाना ...के साथ कल रात यहां एक ...कवादी गुरसेवक सिंह ने ...र दो अन्य भाग गए । ...रीब 38 किलोमीटर दूर ...के एक गश्ती दल ने ...व्यक्तियों को रुकने को ...दल पर गोलियां चलानी ...स ने भी जवाबी गोलियां ...भाग गए । तीसरे ...क मकान में घुस कर ...। उसके पास से पांच ...बरामद किया गया है ।

...ला (कोछड़, चौधरी) : ...गोहरगोबिन्दपुर के गांव ...ा दस बजे दो अज्ञात ...ौल पर फायरिंग करके ...रामक व्यक्ति की हत्या ...सार यह हत्या 12 बोर ...स्थान से इस बंदूक के ...हुए हैं ।

...दस्यों व नौकर की ...तदर बटाला के गांव ...एक ही परिवार के चार ...कर दी । पता चला है ...उक्त गांव में तेग सिंह ...को चारों तरफ से घेर ...सिंह के तीन लड़कों ...और हरपाल सिंह, तेग ...व नौकर कर्म सिंह की ...गोलियां मार कर हत्या

(पृष्ठ 6 पर)

...स फोटो-...



पुलिस थाना सदर बटाला के गांव चाहलकलां में बुधवार रात को आतंकवादियों द्वारा कत्ल किए गए (1) दलबीर कौर और उसके तीन बेटे, (2) सुखवंत सिंह, (3) सतविंदर सिंह और (4) हरपाल सिंह तथा (5) उनके कामगार कर्म सिंह के शव, (6) घायल बच्चा गुरविंदर सिंह, (7) बिलखता हुआ परिवार । (छाया : कोछड़)

भाजपा के सहारे टिकी सरकार साम्प्रदायिकता को नहीं रोक सकती : राजीव

सीकर (राजस्थान), 5 जुलाई (वार्ता): पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के सहारे टिकी सरकार फिरकापरस्ती को नहीं रोक सकती । श्री गांधी ने कल जयपुर से सीकर एक्सप्रैस के दूसरे दर्जे के डिब्बे में यात्रा करके सीकर पहुंचने पर एक समारोह में कहा कि इस सरकार से सद्भाव कायम करने की उम्मीद नहीं की जा सकती ।

उन्होंने कहा कि छः महीने में कश्मीर में जो भी हुआ है, उसे सारे देश और दुनिया ने देखा । सरकार की नीतियों की वजह से समाज कमजोर हो रहा है और दरारें पैदा हो रही हैं ।

श्री गांधी ने कहा कि देश में तनाव के माहौल को देखते हुए दोस्ती और भाईचारे की सख्त जरूरत है । आज की परिस्थितियों में कांग्रेस (इ) पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है और वह उसे पूरा करने के लिए पूरी तत्परता से प्रयास करेगी । श्री गांधी के साथ द्वितीय

सम्बोधित किया । बच्चे तख्तियां लिए हुए थे जिन पर लिखा था, "वायदे नहीं, हमें क्रांति चाहिए, पंजाब-कश्मीर में शांति चाहिए ।" "महंगी रोटी, महंगी शिक्षा, शिक्षा छोड़के मांगे भिक्षा ।"

श्री गांधी सीकर से पांच किलो मीटर दूर श्री कल्याण आरोग्य सदन अस्पताल में रोगियों को देखने भी गए ।

पाक द्वारा उग्रवादियों को मदद भारत-पाक संबंधों में बाधा

नई दिल्ली, 5 जुलाई (वार्ता): विदेश मंत्री श्री इंद्र कुमार गुजराल ने कट्टरवादी ताकतों द्वारा मादक द्रव्यों के तस्करों, आतंकवादियों के समर्थन से आधुनिक राष्ट्रों के लिए पैदा किए गए खतरे पर भारत की चिन्ता व्यक्त की है । श्री गुजराल ने आज यहां अमरीकी सीनेट की विदेश संबंध समिति के सदस्य लेन कैल्सटन के साथ भारत-पाक संबंधों के

Punjabi Sahit.com

स...
अ...
पुंछ अ...
बमवि...

जम्मू, 5 ज... के राज्यपाल श्री... कश्मीर घाटी ... घोषित कर दिया...

एक सरका... राज्यपाल ने इस... करके कश्मीर घ... बारामूला, बड़... श्रीनगर जिलों ... कानून-1990, ... गया था, के अंत... है । प्रवक्ता ने ... राजौरी के वास्त... लगते 20 किलो... घोषित कर दिया...

जम्मू-कश्मी... राज्य सरकार को ... सरकारी गजट में... राज्य अथवा राज... घोषित कर सके...

इसके अलाव... अथवा पुलिस ... हैडकांस्टेबल से ... सकती है कि वह ... स्थिति और सामा... की आशंका से पू... बल प्रयोग करे, ... हो ।

इस कानून ... व्यक्तियों के एक... विस्फोटक सामग्... मैजिस्ट्रेट और पु... अंतर्गत यह भी अ... भी हथियारों के ज... को मिटा दें, वहां... की आशंका है ... प्रशिक्षण देने वाले... स्थान को नए क...

श्री सक्सेना ... कह दिया था कि ... बगैर पाकिस्तानी...

मारुति...

(6) दैनिक पंजाब केसरी, जालन्धर 6.7.1990



आतंकवादियों ने कल रात जालंधर जिला के भंडेर गांव में गश्त कर रहे सुरक्षा कर्मियों पर हमला किया जिससे एक सुरक्षा कर्मी की मृत्यु हो गई तथा सात अन्य घायल हो गए । चित्र में जालंधर सिविल अस्पताल में उपचाराधीन (ऊपर बाएं से) सर्वश्री जगन्नाथ, मोहन लाल और तीर्थ राम तथा (नीचे बाएं) रमेश लाल एवं (दाएं) गुरनाम राम । (छाया : कपूर)



बाघापुराना में बुधवार रात को आतंकवादियों के हाथों मारे गए सेवानिवृत्त हैड कांस्टेबल प्रीतम सिंह का शव । (इनसैट) श्री सिंह की पुरानी तस्वीर । (छाया : शर्मा)

पंजाब में हत्याएं
(पृष्ठ 3 का शेष)

दो लुटेरों के शव बरामद : पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव बडाला ग्रंथियां के निकट स्थित नहर के किनारे से पुलिस ने आज प्रातः दो शव बरामद किए हैं । जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार गोलियों से छलनी शवों के हाथ पीछे बंधे थे । मौका से 12 बोर हथियार के चले हुए चार कारतूस व खालिस्तान कमांडो फोर्स की चिट्ठी मिली है जिस पर लिखा है कि दोनों मृतक भिखीविंड क्षेत्र के हैं और ये लूटमार, जबरी धन बटोरने व महिलाओं की इज्जत लूटने के कामों में जुटे हुए थे । इसीलिए इन्हें 'सोधा' गया है । पुलिस के अनुसार अभी तक इनकी शिनाख्त नहीं हो सकी और यह वारदात आतंकवादियों के आपसी गुट संघर्ष का परिणाम है ।

पुलिस चौकी पर हमला : अमृतसर (प.स.): पट्टी थाना क्षेत्र के सभरावां गांव में कल रात सुरक्षा बलों ने पुलिस चौकी पर आतंकवादियों द्वारा किए राकेट हमले को विफल कर दिया । पुलिस के अनुसार करीब दो दर्जन आतंकवादियों के गिरोह ने पुलिस चौकी पर करीब दो घंटे तक किए हमले में रूस निर्मित राकेटों, ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों और अन्य अत्याधुनिक हथियारों का खुल कर उपयोग किया । राकेटों से हालांकि कुछ नजदीकी मकान क्षतिग्रस्त हुए लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ ।

बैंक लूटने का प्रयास : आतंकवादियों ने कल सभरावां में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा को लूटने का प्रयास किया । आतंकवादी अपने साथ बैंक के मैनेजर धर्मकांत और चौकीदार को अपहृत करके ले आए थे लेकिन पट्टी थाने के थानेदार और पुलिस उप-अधीक्षक के नेतृत्व में सुरक्षा बल की टुकड़ी को वहां मौजूद देख कर दोनों को छोड़ कर भाग गए ।

युवक की हत्या : अमृतसर जिला के पडरीकलां गांव में कल रात आतंकवादियों ने कर्म सिंह नामक एक युवक की हत्या कर दी । भिंडरांवाला टाइगर फोर्स आफ खालिस्तान ने घटनास्थल पर छोड़े एक पत्र में उक्त वारदात की जिम्मेदारी ली है । पत्र में कहा गया है कि कर्म सिंह पुलिस द्वारा बनाई गई 'स्नेक कैट' फोर्स का सदस्य था । उसे निर्देश दिया गया था कि वह उनके संगठन में घुसपैठ करके सुखबिन्दर सिंह उर्फ संधा तथा संगठन के अन्य नेताओं की हत्या करें ।

आकपा नेता बाल-बाल बचे : अमृतसर जिला के भिखीविंड कस्बे में आतंकवादियों के एक गिरोह ने माकपा नेता श्री चरणजीत सिंह फुला पर फायरिंग की लेकिन वह बाल-बाल बच गए । उन पर उस समय हमला किया गया, जब वह अपने गनमैन के साथ बस स्टैंड पर खड़े थे । आतंकवादी स्कूटर पर आए थे । बताया जाता है कि श्री फुला ने निकटवर्ती एक अस्पताल में छिप कर अपनी जान बचाई ।

दो घुसपैठिए मरे : अमृतसर जिला में राजाताल सीमा चौकी के निकट बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में एक पाक घुसपैठिया मारा गया । एक अन्य घुसपैठिया फिरोजपुर जिला में बी.एस.एफ. के [illegible] । उसके तो साथी बच कर भाग निकले ।

एक की हत्या : दो आतंकवादियों ने कल रात मजीठा पुलिस जिला के **देरीवाल** गांव से भजन सिंह नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया तथा बाद में निकटवर्ती महतपुर गांव के करीब गोली मार कर उसकी हत्या कर दी ।

स्कूटर छीना : अमृतसर से 'वि.प्र.' के अनुसार आज प्रातः 6 बजे के करीब तीन आतंकवादियों ने स्थानीय कम्पनी बाग से पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति से स्कूटर (नं. पी.बी.ए. 2388) छीन लिया ।

चौकीदार की हत्या : बल्टोहा पुलिस थाना के अंतर्गत घड़ियाला गांव में कुछ संदिग्ध लोगों ने एक वृद्ध चौकीदार को पीट-पीट कर मार डाला ।

6 उग्रवादी गिरफ्तार : अमृतसर से नारंग के अनुसार सुल्तानविंड में छापा मार कर थाना सदर पुलिस ने छः उग्रवादियों गज्जन सिंह, भूपिंदर सिंह, रणजीत सिंह, गुरनाम सिंह, बलविन्दर सिंह और मंगल सिंह को गिरफ्तार करके उनसे 315 बोर की 2 और 12 बोर की 2 राइफलें कारतूसों सहित बरामद की हैं ।

राइफल ले गए : मीरा कोट (अमृतसर) में उग्रवादी केहर सिंह राजपूत की 12 बोर की बन्दूक छीन कर ले गए ।

नैशनल सिक्योरिटी गार्ड सरगर्म : तरनतारन, खेमकरण, झब्बाल और पट्टी में नैशनल सिक्योरिटी गार्डों ने छापामार अभियान के दौरान काफी संख्या में शस्त्र बरामद किए हैं ।

एक आतंकवादी का शव मिला : फिरोजपुर (प.स.): फिरोजपुर शहर के निकटवर्ती एक गांव से पुलिस ने गोलियों से छलनी एक आतंकवादी का शव बरामद किया है ।

5 आतंकवादी गिरफ्तार : पटियाला (भूषण): जिला पुलिस ने पटियाला सदर थाना क्षेत्र से दो आतंकवादियों राम सिंह तथा निर्मल सिंह को गिरफ्तार किया है । इनके कब्जे से एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल, दो मैगजीन तथा 55 कारतूस बरामद हुए हैं । दोनों आतंकवादी के.एल.एफ. से सम्बद्ध थे । अनेक मामलों में पुलिस को उनकी तलाश थी । पुलिस ने एक और आतंकवादी निशान सिंह को गिरफ्तार किया है । उसने लोगों को धमकी पत्र लिख कर लगभग एक लाख रुपया एकत्र किया था । पुलिस ने जुल्का गांव के ठाकर सिंह को एक पिस्तौल की साथ गिरफ्तार किया है । पटियाला शहर के अजीत नगर से रंधीर सिंह को एक बंदूक के साथ पकड़ा गया है ।

लुधियाना से 'प.स.' के अनुसार पंजाब पुलिस के महानिदेशक (आप्रेशन) श्री डी.एस. मांगट के दो अपहृत संबंधियों की तलाश जारी है । सुरक्षा बलों ने आज इस संदर्भ में कई स्थानों पर छापे भी मारे ।

योजना आयोग का पुनर्गठन नहीं होगा

नई दिल्ली, 5 जुलाई (वार्ता): सरकारी सूत्रों ने श्री राम कृष्ण हेगड़े के इस्तीफे के कारण योजना आयोग के पुनर्गठन की किसी भी सम्भावना से स्पष्ट इंकार किया है । श्री हेगड़े ने आयोग के उपाध्यक्ष पद से रविवार को इस्तीफा दे दिया था ।

'श्री राम अस्पताल निर्माण में बाधाएं सहन नहीं होंगी'

लुधियाना, 5 जुलाई (राजपाल): श्री सनातन धर्म महोत्सव कमेटी (रजि.), लुधियाना ने श्री राम लीला कमेटी (रजि.) द्वारा बनवाए जा रहे भगवान श्री राम चैरिटेबल ट्रस्ट अस्पताल के निर्माण में नगर निगम लुधियाना की ओर से पैदा की जा रही रुकावटों का कड़ा नोटिस लिया है और इसे धार्मिक मामलों में सीधा हस्तक्षेप बताया है । महोत्सव कमेटी के चेयरमैन श्री मदन लाल चोपड़ा ने कहा है कि इस

वीरेन्द्र वर्मा
(पृष्ठ 3 का शेष)

जाएगा । एक प्रश्न के उत्तर में [illegible] ने कहा कि पंजाब में विधानसभा के चुनाव, शिरोमणि कमेटी, पंचायतों और नगर पालिकाओं के चुनावों के पश्चात् उस समय ही सम्भव होंगे जब कानून और व्यवस्था की स्थिति में पूरी तरह सुधार हो जाएगा । उन्होंने बताया कि स्थिति में सुधार होने के पश्चात् विधान भा चुनावों के लिए 1 अक्तूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी तथा 3 नवम्बर को चुनाव कराए जाएंगे ।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री वर्मा ने कहा कि पंजाब के सभी सीमावर्ती जिलों में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड पहुंच चुके हैं । उन्होंने बताया कि इन सुरक्षा गार्डों को सभी सीमावर्ती गांवों में नियुक्त कर दिया जाएगा । एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि सतर्कता विभाग ने उन्हें कुछ आई.ए.एस. तथा अन्य अधिकारियों के भ्रष्टाचार में संलिप्त होने के बारे में सूचना दी है । इन अधिकारियों में बिजली बोर्ड के अध्यक्ष एम.एस. वसंत तथा एक अन्य अधिकारी जे.एस.ठेकर का नाम शामिल है । उन्होंने बताया कि इन अधिकारियों के विरुद्ध जांच कार्रवाई जा रही है । उन्होंने कहा कि वह अधिकारियों में भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिए कटिबद्ध हैं । एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि पंजाब समस्या राजनीतिक और कानून-व्यवस्था दोनों प्रकार की है ।

श्री वर्मा ने बताया कि राज्य तथा जिला स्तर की शिकायत निवारण समितियों के पुनर्गठन के बारे में शीघ्र ही चंडीगढ़ में विचार-विमर्श किया जाएगा । एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने अकाली दल (मान) के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान के इस आरोप को गलत बताया कि उन्होंने (वर्मा) सांसद बीबी राजेन्द्र कौर बुलारा के साथ अभद्र व्यवहार किया है । राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने केवल श्रीमती बुलारा की खन्ना में हुए पुलिस मुकाबले की जांच करवाने तथा उग्रवादियों पर मुकद्दमे चलाने की मांग अस्वीकार की थी, क्योंकि अनेक हत्याओं के हत्यारों पर जब मुकद्दमा चलाया जाता है तो वे गवाहों की भी हत्याएं करवा देते हैं । उन्होंने कहा कि यह हत्यारे लोकतांत्रिक समाज पर एक कलंक हैं ।

राज्यपाल ने कहा कि आज से पंजाब बंद की घोषणा नहीं करने दी जाएगी । सरकार मैरिट के आधार पर देखेगी कि बंद होना चाहिए या नहीं । उन्होंने कहा कि उग्रवादियों की इच्छा नहीं चलने दी जाएगी । उन्होंने बताया कि डी.जी.पी. (आप्रेशन) डी.एस. मांगट के संबंधियों के बारे में अभी कोई सुराग नहीं मिला है । उन्होंने पुलिस प्रमुख के.पी.एस. गिल के बारे में छपे इस समाचार को आधारहीन बताया कि वह पंजाब छोड़ कर जा रहे हैं ।

श्रीलंका
(पृष्ठ 3 का शेष)

ई.पी.आर.एल.एफ. के नए नेता श्री के प्रेमचंद्रन ने आरोप लगाया है कि लिट्टे के 250 उग्रवादी मद्रास में खुलेआम घूम रहे हैं और उनमें से अधिकतर मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे हैं । ये उग्रवादी हथियार खरीदने के लिए तमिलनाडु में धन जमा कर रहे हैं और हथियार उत्तर-पूर्वी श्रीलंका को भेज रहे हैं । ई.पी.आर.एल.एफ. के नेता के. पदमनाभ की हत्या का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि लिट्टे वालों को उनके मद्रास में होने की सूचना अवश्य किसी गुप्तचर एजैंसी से मिली । यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें यह सूचना देने में 'रा' का हाथ हो सकता है, श्री प्रेमचंद्रन ने कहा कि लिट्टे और ई.पी.आर.एल.एफ. समेत सभी ग्रुपों में 'रा' के एजैंट हो सकते हैं । उन्होंने श्रीलंका में दोनों पक्षों से युद्धविराम की अपील की ।

श्रीलंका सरकार ने आज प्रांतीय परिषद कानून में संशोधन के लिए एक विधेयक पेश किया । इस विधेयक पर आज चर्चा हो रही है और कल इस पर मतदान होना है । विधेयक में राज्यपाल को अधिकार दिया गया है कि वह किसी ऐसे सदस्य के

जय श्री राम

सब प्रभु प्रेमी भाई-बहिनों को शुभ सूचना दी जाती है कि व्यास पूजा के उपलक्ष्य में बाल्मीकीय रामायण का पाठ शुक्रवार प्रातः 6 बजे आरंभ होगा, जिसकी समाप्ति गुरु पूर्णिमा के दिन शनिवार 7.7.90 प्रातः 9 से 12 बजे तक रामायण का भोग, संकीर्तन, प्रवचन तथा पूजन होगा। आप सब भाई-बहिन आ कर इस पवित्र गंगा में स्नान करें और जीवन का लाभ उठाएं ।

विनीत :—
श्री राम सभा शरणम
524-R, माडल टाऊन मार्ल रोड,
जालंधर शहर

"1990 में 45वां गुरुपूर्णिमा 7 जुलाई भक्ति ज्ञान सम्मेलन भंडारा"

सद्गुरु देव म. मं. श्री 108 श्री

Punjabi Canada

'आपरेशन व्हाइट' कार्रवाई में कुख्यात आतंकवादी फारा और राणा मारे गये

2 कमांडो भी वीरगति को प्राप्त : पंजाब में अन्यत्र 1 उग्रवादी व 2 घुसपैठिये मरे

थानेदार सहित 7 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 6 जुलाई (पस, वार्ता): नैशनल सिक्योरिटी गार्डस के कमांडो ने 'आपरेशन व्हाइट' के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के दो कुख्यात आतंकवादियों स्वयंभू लैफ्टीनैंट जनरल अमर सिंह फारा तथा एरिया कमांडर रणजीत उर्फ राणा को मार डाला । तरनतारन पुलिस जिले में आतंकवादियों से हुई इस पहली मुठभेड़ में 2 कमांडो भी वीरगति को प्राप्त हुए । पंजाब में अन्यत्र एक आतंकवादी और 2 घुसपैठिये भी मार गिराए गए जबकि उग्रवादियों ने एक थानेदार सहित 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि फारा और राणा के सिरों पर क्रमशः 50000 व 30000 रुपये के इनाम थे ।

2 आतंकवादी गिरोह ध्वस्त : अमृतसर (पस) : पुलिस ने दो आतंकवादी गिरोहों को तहस-नहस करते हुए उनके 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया है तथा चोरी के हथियार और गोली सिक्का बरामद किया है । जिलाधीश श्री सर्बजीत सिंह तथा एस.एस.पी. श्री संजीव गुप्ता ने इन आतंकवादियों को शहर के निकट गांव माहल में ग्रामवासियों के सामने पेश किया जिन्होंने पत्रकारों की उपस्थिति में उनकी शिनाख्त की ।

चार आतंकवादी बलविंदर सिंह, बग्गा सिंह उर्फ बग्गी, कलविंदर सिंह उर्फ काका तथा बलबीर सिंह एक गिरोह के सदस्य हैं जिसके 3-4 सदस्य फरार हैं । अन्य सात आतंकवादी गज्जन सिंह, भूपिन्दर सिंह उर्फ बिट्टू, रणजीत सिंह उर्फ राणा, गुरनाम सिंह उर्फ गामा, मंगल सिंह, बलविंदर सिंह और भूपिंदर सिंह दूसरे गिरोह के सदस्य हैं । 10 आतंकवादी 5 हत्याओं, जबरन धन ऐंठने तथा लूट के 17 मामलों में गिरफ्तार किए गए हैं । भूपिंदर सिंह जो एक जेल वार्डन का लड़का है, को मां-बाप द्वारा अच्छे चालचलन की गारंटी देने पर छोड़ दिया गया था ।

गिरोह के सदस्यों से बरामद असले में 2 बारह बोर की दुनाली बंदूकें, एक बारह बोर की बंदूक, एक बारह बोर की पिस्तौल, एक 315 बोर की राइफल, 2 एयरगनें तथा गोली सिक्का शामिल है ।

वे अजनाला थाने के गांव बग्गा में 4 व्यक्तियों की हत्याओं तथा भित्ते विंड में नक्सलवादी नेता सर्बजीत सिंह की हत्या में संलिप्त है । लूटे गए माल में नकदी, गहने, टेपरिकार्डर, वी.सी.आर., कैमरे, कीमती कपड़े तथा हथियार शामिल हैं । उन्होंने एक बारात भी लूटी थी ।

जिलाधीश ने प्रभावित गांवों के निवासियों को संबोधित करते हुए बताया कि माहल, गमुसला, खैराबाद तथा गिल्लांवाली आदि गांवों के लोगों के इन गिरोहों के आतंक के कारण गत कई सप्ताहों से रातें जाग कर काटी हैं ।

2 घुसपैठिये मरे : अमृतसर और फिरोजपुर जिलों में सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पाकिस्तान से आए 2 घुसपैठियों को मार गिराया । जवानों द्वारा चुनौती दिए जाने पर लगभग 6 घुसपैठिये वापस पाकिस्तान की ओर भाग गए ।

सीमा क्षेत्र में कर्फ्यू की अवधि में वृद्धि : जिला मैजिस्ट्रेट ने अमृतसर जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा पर पांच सौ मीटर क्षेत्र में रात के कर्फ्यू की अवधि दो महीने के लिए बढ़ा दी है । सीमा पार से अवांछित तत्वों की घुसपैठ रोकने के लिए प्रतिदिन शाम छह बजे से सुबह छह बजे तक इस क्षेत्र में तीन सितम्बर तक हर तरह की गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है ।

जिला मैजिस्ट्रेट ने सभाओं, प्रदर्शनों, बैठकें अथवा पांच या पांच से अधिक लोगों के एकत्र होने, लाऊड स्पीकर के इस्तेमाल, आपत्तिजनक नारे लगाने, आपत्तिजनक रिकार्ड और टेप बजाने तथा अधिकारियों की अनुमति के बिना सम्पत्ति किराए पर देने और बेचने पर लगी निषेधाज्ञा को भी दो महीने के लिए बढ़ा दिया है ।

मुठभेड़ में 2 आतंकवादी, 2 कमांडो मारे गए : नैशनल सिक्योरिटी गार्ड (एन.एस.जी.) के जवानों ने तरनतारन पुलिस जिला क्षेत्र में बरनाला गांव के निकट एक फार्म हाऊस पर छापा मारा । तभी आतंकवादियों ने गोलियां चला दीं जिससे दो गार्ड घटनास्थल पर ही मारे गए तथा पांच अन्य घायल हो गए । लेकिन जब आतंकवादियों ने भागने की कोशिश की तो गार्डों के साथ हुई मुठभेड़ में 2 आतंकवादी मारे गए ।

पुलिस ने बताया कि यह मुठभेड़ तीन घंटे से भी अधिक समय तक चली । पिछले पखवाड़े में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के "ब्लैक कैट कमांडो" को इस आतंकवाद प्रभावित इलाके में तैनात किए जाने के बाद दोनों के बीच यह पहली प्रमुख मुठभेड़ है । पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ एक फार्म हाऊस से शुरू हुई थी और एक गन्ने के खेत में समाप्त हुई ।

पुलिस का कहना है कि इस मुठभेड़ में आतंकवादी गिरोह का नेतृत्व भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स के मुखिया सुखविन्दर सिंह संधा या खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के गुरजंट सिंह ने किया ।

एक मारे गए आतंकवादी की शिनाख्त रणजीत सिंह उर्फ राणा के रूप में हुई है । पांच आतंकवादी फरार होने में सफल हो गए । मुठभेड़ के स्थल से एक जनरल परपज मशीन गन, एक ए.के. 74 चीनी राइफल, जिसके साथ लांचर लगा हुआ था, एक रिवाल्वर, एक एच.ई. 36 हथगोला, तीन छोटे राकेट, 13 स्टिक ग्रेनेड, लगभग 2000 कारतूस तथा जी.पी.एम.जी. की तीन ड्रम मैगजीनें बरामद हुई हैं ।

एक हत्या : मजीठा पुलिस जिला क्षेत्र के लोपोके गांव में दो आतंकवादी जोगिन्दर सिंह नामक व्यक्ति के घर गए और गोलियां चलाकर उनकी हत्या कर दी ।

शव बरामद : तरनतारन पुलिस जिला क्षेत्र के पड्डू कल्लार गांव में कल रात गोलियों से छलनी हुआ एक शव बरामद हुआ है । तथाकथित भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स ने इस हत्या की जिम्मेदारी स्वीकार की है ।

6 आतंकवादी गिरफ्तार : अमृतसर पुलिस ने 6 आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनके पास से कुछ शस्त्र और गोला-बारूद बरामद किया है ।

1 की हत्या : 1 घायल : फिरोजपुर जिले के बारा बरयेम सिंह गांव में आतंकवादियों ने गज्जन सिंह नामक व्यक्ति को गोली चलाकर मार डाला । उनका शव कल शाम उनके फार्म हाऊस से बरामद किया गया । इस गोलीबारी में केवल सिंह नामक एक व्यक्ति भी घायल हो गया ।

2 व्यक्तियों की हत्या : फरीदकोट जिले के मट्टा गांव में कुछ आतंकवादी भजन सिंह नामक एक व्यक्ति के घर पर गए और गोली चलाकर उनकी हत्या कर दी । जिले के ही गुरु सराय गांव में कल रात कुछ आतंकवादियों ने बलवंत सिंह नामक व्यक्ति को मार डाला ।

आतंकवादी गिरफ्तार : फिरोजपुर पुलिस ने अजीत सिंह नामक एक आतंकवादी को गिरफ्तार कर उसके पास से एक ए.के. 47 राइफल और कुछ राउंड गोला-बारूद बरामद किया ।

आतंकवादी मरा : फरीदकोट जिले में एक आतंकवादी को गोली मार कर मार डाला गया । मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

थानेदार की हत्या : बटाला से कोछड़ के अनुसार एक आतंकवादी ने आज सुबह यहां से थोड़ी दूर स्थित गांव जैतो सरजा के पास पंजाब पुलिस के एक सब-इंस्पैक्टर ज्ञान चंद की एक हल्की मिनी बस में गोली मार कर हत्या कर दी । प्राप्त विवरण के अनुसार घटना सुबह 11 बजे हुई । मृतक जिला मजीठा के थाना मैहता के गांव उदोके में तैनात था । वह आज सुबह गांव उदोके से बटाला आने के लिए मिनी बस में सवार हुआ । उसकी सीट के साथ ही एक संदिग्ध आतंकवादी आकर बैठ गया । एक अन्य आतंकवादी स्कूटर पर सवार होकर मिनी बस के पीछे-पीछे चल पड़ा । जिस समय मिनी बस जालंधर-बटाला रोड पर गांव जैतो सरजा के समीप पहुंची आतंकवादी ने अपनी रिवाल्वर निकाल कर श्री ज्ञान चंद पर गोली चला दी । उन्हें तीन गोलियां लगीं तथा घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई । इसके बाद आतंकवादी बस से उतरा और अपने साथी के स्कूटर पर बैठकर फरार हो गया । घटना के समय मिनी बस में 30-35 सवारियां थीं तथा उनमें भारी भगदड़ मच गई । पुलिस आतंकवादियों की तलाश कर रही है ।

हत्या : बटाला से प्राप्त एक अन्य सूचना के अनुसार आतंकवादियों ने गांव हरपुर में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतक की शिनाख्त फौजा सिंह के रूप में की गई है ।

पुलिस वर्दियां, नकली दाढ़ियां बरामद : पटियाला (भाषण) : पुलिस ने कल रात पटियाला जिले के राजपुरा क्षेत्र में केबल सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में छापा मार कर दिल्ली पुलिस की वर्दियां, नकली दाढ़ियां, भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स के लैटर पैड, दिल्ली ट्रांसपोर्ट अथारिटी के जाली रूट परमिट, दिल्ली, अमृतसर व कपूरथला के ट्रांसपोर्ट कार्यालयों के जाली वाहन स्टैम्प तथा रजिस्ट्रेशन फार्म, एस.एस.पी. होशियारपुर के जाली स्टैम्प बरामद किए हैं ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री एस.के. शर्मा ने बताया कि एक व्यक्ति फरार हो गया जबकि केवल सिंह और उसका भाई महेन्द्र सिंह निवासी खड्डा, थाना टांडा जिला होशियारपुर घटनास्थल पर ही गिरफ्तार कर लिए गए । केवल सिंह के पास से एक ए.के. 47 राइफल, एक मैगजीन और 50 कारतूस जबकि महेन्द्र सिंह के कब्जे से एक 455 बोर का रिवाल्वर और 12 कारतूस बरामद हुए हैं ।

प्रारंभिक पूछताछ के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि भाग निकलने वाले आतंकवादी का नाम जगजीत सिंह उर्फ ब्रिल्ला है जो होशियारपुर जिले के गांव कमालपुर का रहने वाला है और भिंडरांवाला

(शेष पृष्ठ 8 पर)



(1-2) पुलिस जिला बटाला में थाना कादिया के गांव बडाला ग्रंथियां के निकट बीरवार की सुबह गुट संघर्ष में मारे गए आतंकवादियों के शव तथा (3) गांव हरपुरा में आतंकवादियों द्वारा मारे गए फौजा सिंह का शव । (छाया : कोछड़)

पंजाब के 39 पी.सी.एम.एस. (प्रथम श्रेणी) अधिकारी तबदील

होशियारपुर, 6 जुलाई (अश्विनी): राज्य सरकार ने स्वास्थ्य विभाग के 39 और पी.सी.एम.एस. (प्रथम श्रेणी) अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं । इससे पूर्व भी 68 पी.सी.एम.एस. (प्रथम श्रेणी) अधिकारियों के तबादले किए जा चुके हैं । तबादलों का विवरण इस प्रकार है : गुरबक्श सिंह प्रिंसीपल एफ.पी.टी. आर.सी. अमृतसर को इसी पद पर खरड़ व खरड़ के सुदर्शन देव को प्रिंसीपल एफ.पी.टी.आर.सी. अमृतसर, सुरज भल्ला एस.एम.ओ. पंजाब मैंटल अस्पताल अमृतसर को सहायक सिविल सर्जन अमृतसर, अजायब सिंह सहायक सिविल सर्जन अमृतसर को डी.एच.ओ. अमृतसर, बी.आर. जिंदल एस.एम.ओ. सिविल अस्पताल रामा को डी.एच.ओ. संगरूर, एच.एस. खुर्रा एस.एम.ओ. इम्यूनाइजेशन फरीदकोट को सहायक सिविल सर्जन फरीदकोट, अमरीक सिंह एस.एम.ओ. सिविल अस्पताल लुधियाना को सहायक सिविल सर्जन लुधियाना, पवित्र कौर एस.एम.ओ. माता कौशल्या अस्पताल पटियाला को एस.एम.ओ. सिविल अस्पताल लुधियाना, परमपाल सिंह बराड़ एस.एम.ओ. पी.एच.सी. ठठ्ठी भाई को एस.एम.ओ. (आरथो) के.एल. सिंगला एस.एम.ओ. सिविल अस्पताल मालेरकोटला को एस.एम.ओ. (सर्जरी) ई.एस.आई. अस्पताल मोहाली, गुलाबजीत सिंह एस.एम.ओ. पी.एच.सी. चब्बाल को एस.एम.ओ. पी.एच.सी. शुतराना, बिनोद कुमार पाठक एस.एम.ओ. एस.एच.सी. अमरोली को एस.एम.ओ. (मैडीकल) ई.एस.आई. अस्पताल अमृतसर, अजीत पाल सिंह एस.एम.ओ. सिविल अस्पताल दसूहा को एस.एम.ओ. सिविल अस्पताल रामां, हरभजन सिंह एम.ओ. पुलिस लाइन डिस्पैंसरी रोपड़ को एस.एम.ओ. पी.एच.सी. राजोके, गुरदयाल सिंह एम.ओ. खुड्डियां कलां को एस.एम.ओ. चब्बाल, गुरजंट सिंह एस.एम.ओ. भटिंडा को एस.एम.ओ. पी.एच.सी. बढ़लाडा, जतिन्द्र कुमार बजाज एम.ओ. सिविल अस्पताल जालंधर को एस.एम.ओ. पी.एच.सी. कौली, ज्योति सरूप लामा ई.एस.आई. डिस्पैंसरी नम्बर 8 लुधियाना को एस.एम.ओ. पी.एच.सी. ठठ्ठी भाई, वी.पी. गोयल एम.ओ. ई.एस.आई. डिस्पैंसरी गोराया को एस.एम.ओ. सिविल अस्पताल मालेरकोटला, डा. विजय कुमार अहूजा एम.ओ. सिविल अस्पताल नाभा को एस.एम.ओ. पी.एच.सी. हथौड़, अजीत सिंह

गांधी जी के पत्र नीलाम होंगे

लंदन, 6 जुलाई (वार्ता): महात्मा गांधी द्वारा अपने बड़े बेटे हरि लाल को लिखे 76 अप्रकाशित पत्रों के एक महत्वपूर्ण पत्र संग्रह को यहां का एक नीलाम घर आगामी 19 जुलाई को 'नीलाम' करेगा । जानकार लोगों का मत है कि इनमें जीवन के कुछ पहलुओं पर गांधी जी के

Punjab Sahapedia

सीमा शुल्क चोरी रोकने के लिए कस्टम्स स्टाफ को आधुनिक हथियार दिये गये

अमृतसर, 6 जुलाई (पस) : तस्करों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने की खातिर बेहतर तालमेल के लिए जोनल कस्टम्स हैडक्वार्टर्स का दर्जा बढ़ा दिया गया है तथा इसे सब कलैक्टरेट बना कर इसका अधिकार क्षेत्र पंजाब और जम्मू-कश्मीर राज्यों तक बढ़ा दिया है । यह जानकारी आज यहां कस्टम्स व सैंट्रल एक्साइज कलैक्टरेट चंडीगढ़ के कलैक्टर श्री एस.पी. श्रीवास्तव ने दी ।

उन्होंने पत्रकारों को बताया कि सब कलैक्टरेट के प्रभारी अधिकारी एडीशनल कलैक्टर होंगे । इसके अंतर्गत 4 डिवीजन फिरोजपुर, अमृतसर तथा पठानकोट में कार्य करेंगे । श्री श्रीवास्तव ने कहा कि कस्टम्स स्टाफ को सीमा शुल्क चोरी की गतिविधियों की रोकथाम के लिए सैल्फ लोडिंग राइफलें, रात्रि में देखने वाले उपकरण तथा ड्रैगन लाइटें आदि उपलब्ध कराई गई हैं । इस स्टाफ का अपना दूरसंचार नैटवर्क होगा ।

भिखी विंड में आतंकवादियों द्वारा कस्टम्स स्टाफ के तीन कर्मचारियों की हत्या तथा उनके कार्यालय को आग लगाने की घटना का जिक्र करते हुए श्री श्रीवास्तव ने कहा कि पंजाब पुलिस से बातचीत कर फैसला किया गया है कि कस्टम्स उप कार्यालयों की 24 घंटे सुरक्षा की जाएगी तथा अधिकारियों को भी सुरक्षा प्रदान की जाएगी । उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने अपनी ताजा रणनीति के अधीन बैंकों, पुलिस थानों तथा कस्टम्स कार्यालयों को अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया है ।

श्री श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि सब कलैक्टरेट कस्टम्स स्टाफ ने इस वर्ष जून तक 120 मामलों में 2.90 करोड़ रुपए का सोना बरामद किया है जबकि इसी अवधि में बी.एस.एफ. व पुलिस आदि सुरक्षाबलों ने 37 मामलों में 10.65 करोड़ का सोना बरामद किया है । जून माह तक "काफेपोसा" के अंतर्गत सात नजरबंदियों की गई तथा तस्करी के अपराध में 11 व्यक्ति गिरफ्तार किए गए । इसी अवधि में 35 मामलों में मुकद्दमे दायर किए गए जिनमें से 15 मामलों में अभियुक्तों को सजा हुई जबकि दो मामलों में वे छोड़ दिए गए । मुखबिरों को 62 लाख रुपए के इनाम दिए गए । एक कस्टम्स अधिकारी, जिसके खिलाफ 'काफेपोसा' के अंतर्गत केस दर्ज किया गया था, फरार है ।

आबकारी से 35.92 करोड़ का राजस्व : श्री श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि अमृतसर में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होने के बावजूद केन्द्रीय आबकारी डिवीजन ने 1989-90 में 35.92 करोड़ रुपए का राजस्व वसूल किया है जो गत वर्ष से 21.97 प्रतिशत अधिक है । उन्होंने कहा कि कर ढांचे में परिवर्तन के कारण इस वर्ष कम आय होने की संभावना है ।

सतर्कता विभाग
(पृष्ठ 3 का शेष)

हालत को सुधारने के लिए विशेष योजना बनाकर वहां पर रह रहे लोगों का जीवन सुरक्षित किया जाए, क्योंकि हर वर्ष किले की खस्ता दीवारें गिरने से कीमती जानें चली जाती हैं ।

इस बीच चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने सैंकड़ों की संख्या में सर्कट हाऊस के बाहर एकत्र होकर राज्यपाल के आगमन पर लगभग एक घंटा प्रदर्शन किया तथा पंजाब सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाए । प्रदर्शनकारियों के एक प्रवक्ता ने बताया कि यह प्रदर्शन इसलिए किया गया क्योंकि कर्मचारियों को राज्यपाल से भेंट करने नहीं दी गई । जब प्रदर्शन शुरू हुआ तो कर्मचारियों के एक शिष्टमंडल को राज्यपाल से भेंट करने की अनुमति दे दी गई । उन्होंने राज्यपाल के समक्ष कर्मचारियों के बोनस आदि की मांगें रखीं, जिसपर उनके शिष्टमंडल को 9 जुलाई के दिन चंडीगढ़ बुला लिया गया । प्रवक्ता ने बताया कि उनकी हड़ताल आज भी जारी रहेगी तथा हड़ताल समाप्त करने का फैसला 9 जुलाई के बाद ही होगा ।

कृषि पर आधारित उद्योग अधिक लगाए जाने चाहिएं : पंजाब के 200 से अधिक प्रमुख उद्योगपतियों की बैठक को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल श्री वर्मा ने कहा कि यहां कृषि पर आधारित उद्योग अधिक लगाए जाने चाहिएं क्योंकि यहां कृषि-उपज अधिक है । ऐसा होने से युवकों को रोजगार मिलेगा और उनकी निराशा में कमी आएगी ।

राज्यपाल ने कहा कि पंजाब में बैंकों में प्रतिवर्ष एक हजार करोड़ रुपया जमा होता है । इस धनराशि का पंजाब में केवल 44 प्रतिशत खर्च होता है जबकि शेष 56 प्रतिशत अन्य प्रदेश ले जाते हैं । उन्होंने कहा कि उनकी राय है कि सारी धन-राशि यहीं खर्च हो ताकि पंजाब का उद्योग फले-फूले ।

राज्य स्तर पर होने वाली उद्योगपतियों की यह इंस्पैक्टरी राज की लानत से हमें मुक्ति दिलाए । आतंकवादियों से तो बचा जा सकता है, मगर इंस्पैक्टरों से बचना और छुपना कठिन होता है ।

महेन्द्रा ने खबर दी है कि उद्योगकारों की सभा को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल महोदय ने केन्द्र सरकार की आलोचना की कि केन्द्र को जितना सहयोग पंजाब के उद्योगों को देना चाहिए था, उतना नहीं दिया जा रहा । उन्होंने कहा कि पंजाब की 56 प्रतिशत अर्थ-व्यवस्था कृषि पर और 13 प्रतिशत उद्योग पर आधारित रहती है । मगर सरकारी असहयोग के कारण यहां सम्पूर्ण औद्योगीकरण नहीं हो सका । उन्होंने उद्योगकारों को परामर्श दिया कि वे पढ़े-लिखे युवकों को रोजगार दें ताकि उनमें आशा की किरण पैदा हो । उन्होंने कहा कि वह उद्योग को यूरोप की तर्ज पर चलाना चाहते हैं ताकि यहां औद्योगिक क्रांति आ सके ।

पुलिस को 'खुला हाथ' देने की मांग

अमृतसर, 6 जुलाई (नारंग) : भारतीय जनता युवा मोर्चा अमृतसर के अध्यक्ष श्री राकेश शालीबान ने पंजाब में रोजाना 15-20 निर्दोष व्यक्तियों की हत्याओं पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए पंजाब के राज्यपाल से मांग की कि इन हत्याओं को रुकवाने के लिए पुलिस व अर्धसैनिक बलों को खुला हाथ दिया जाए ताकि वे इसे लौह हाथों से कुचल सकें ।



शुक्रवार को बटाला के निकट संदिग्ध आतंकवादी के हाथों एक मिनी बस में मारे गए पंजाब पुलिस के एक सब-इंस्पैक्टर ज्ञान चन्द का शव ।

आपरेशन व्हाइट
(पृष्ठ 3 का शेष)

टाइगर्स फोर्स का सक्रिय सदस्य है । उन्होंने कई अपराधों की स्वीकारोक्ति करते हुए पटियाला के असिस्टैंट सब-इंस्पैक्टर गुरचरण सिंह की हत्या और उसका सर्विस रिवाल्वर छीनने की वारदात में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है । उन्होंने होशियारपुर में एक ईंट भट्ठे पर 6 व्यक्तियों की हत्या की जिम्मेदारी भी ली है । पुलिस को अन्य कई वारदातों का सुराग लगने की उम्मीद है ।

3.60 लाख रुपए लूटे : रोपड़ जिले में कल रात आतंकवादियों ने कराना स्थित एक शराब के ठेके से 3 लाख 60 हजार रुपए लूट लिए ।

सीमा क्षेत्र में पाबंदी : श्रीगंगानगर (जिला) जिला कलैक्टर जे.एन. भटनागर ने उपखंड श्रीगंगानगर, श्रीकरणपुर एवं रायसिंहनगर में लगती हुई भारत-पाक अंतर्राष्ट्रीय सीमा से एक किलोमीटर की पट्टी में धारा 144 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं । उन आदेशों के तहत रात्रि 8 बजे से प्रातः 5 बजे तक उक्त क्षेत्र में कोई व्यक्ति आवागमन नहीं कर सकेगा एवं न ही पटाखे चलाएगा ।

खूंखार आतंकवादी गिरफ्तार : श्रीगंगानगर (प.स.) : भारत-पाक सीमा पर हिन्दमलकोट से पुलिस ने पंजाब के कुख्यात आतंकवादी गुरबचन सिंह उर्फ चन्ना को गिरफ्तार किया है । गुरबचन उर्फ चन्ना फिरोजपुर के जिले सुल्तानवाला गांव का रहने वाला है । उसका संबंध बब्बर खालसा से है । पुलिस ने गुरबचन से एक स्टेनगन, एक खाली मैगजीन, 56 कारतूस तथा ढाई किलो विस्फोटक पदार्थ बरामद किए हैं । पकड़े गए आतंकवादी का पंजाब की अनेक आतंकवादी वारदातों में हाथ होने की जानकारी मिली है । इस खूंखार आतंकवादी का संबंध अनुपगढ़ में पकड़े गए आतंकवादियों से होने की भी पुष्टि हुई है ।

टोनी गिरफ्तार : गुरदासपुर (विनोद) : पुलिस ने आज नवप्रीत सिंह उर्फ टोनी निवासी बाहिया ग्राम को गिरफ्तार कर जबरन धन वसूल करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है । उसके तीन साथी अविश सिंह रंधावा, बाकर सिंह तथा शिंदर पाल सिंह फरार बताए गए हैं । उसके कब्जे से एक 315 बोर की पिस्तौल तथा एक चुराया हुआ स्कूटर बरामद किया गया है । टोनी इस गिरोह का सरगना था ।

हमारी नजर सत्ता पर नहीं को मजबूत बनाने में जु

चुरु (राजस्थान), 6 जुलाई (वार्ता) : कांग्रेस (इ) अध्यक्ष श्री राजीव गांधी ने कहा है कि उन्हें नहीं लगता कि विश्व हिंदू परिषद 30 अक्तूबर से राम जन्म भूमि मंदिर का निर्माण शुरू करेगी । श्री गांधी ने राजस्थान के तीन दिन के दौरे के आखिरी दिन कल सीकर से पैसेंजर ट्रेन से चुरु जाते हुए संवाददाताओं को एक भेंट में कहा कि भारतीय जनता पार्टी इसे अगले चुनाव तक मुद्दा बनाए रखना चाहती है । उन्होंने कहा कि मंदिर के शिलान्यास का कार्यक्रम भी ठीक चुनाव के पहले रखा गया था और चुनाव होते ही निर्माण की तिथि स्थगित कर दी गई । "मुझे लगता है कि 30 अक्तूबर से मंदिर निर्माण की तिथि फिर स्थगित कर दी जाएगी ।" श्री गांधी ने कहा कि मंदिर का निर्माण शुरू करने के मामले में उनकी पार्टी कोई भी रुख अख्तियार करने से पहले देखेगी कि सरकार क्या करती है ?

उन्होंने कहा कि वह केंद्र सरकार को गिराने के इच्छुक नहीं हैं । जनता ने उसे जो जिम्मेदारियां सौंपी हैं, उन्हें निभाना चाहिए । उन्होंने कहा कि चुनाव में कांग्रेस (इ) कमजोर साबित हुई है और हम सत्ता से नजर हटाकर संगठन को मजबूत करने में लग गए हैं । उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि उनका मानना है कि संगठन की कमजोरी के कारण ही पार्टी हारी है । बोफोर्स के मामले में दुष्प्रचार का मुकाबला नहीं कर पाना संगठन की कमजोरी ही थी ।

श्री गांधी ने यह पूछे जाने पर कि संगठन की दृष्टि से कमजोर होने के बावजूद जनता दल सत्ता में कैसे आ गया, कहा कि वह नकारात्मक बुनियाद पर सत्ता में आया है । उन्होंने कहा कि ये लोग विभिन्न राज्यों में अलगाववादियों का समर्थन हासिल कर सत्ता में आए हैं । उन्होंने कहा कि संगठन की कमजोरियों का आभास उन्हें पहले से था । इसकी वजह भी मालूम थी लेकिन इसे दूर करना आसान नहीं था । इसका

युवा मोर्चा आज धरना देगा

नई दिल्ली, 6 जुलाई (प.स.) : भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्त्ता कल यहां वोट क्लब पर कश्मीर समस्या को लेकर धरना देंगे । अखिल भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष प्रो. राजनाथ सिंह और दिल्ली जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष श्री विजय जौली ने आज यहां संवाददाताओं को बताया कि इस धरने का आयोजन भारतीय जनता पार्टी के 'देश बचाओ-भारत बचाओ' अभियान के अंतर्गत किया गया है ।

कश्मीरी पलायनकर्त्ताओं को 1000 रु. मासिक पैंशन देने की मांग

होशियारपुर, 6 जुलाई (अश्विनी) : हिन्दू शिव सेना पंजाब के उपप्रधान श्री अश्विनी शर्मा ने केन्द्र सरकार से मांग की है कि कश्मीर से पलायन करके देश के अन्य भागों में जाने वाले सभी परिवारों को प्रतिमास 1 हजार रुपए मासिक पैंशन व मुफ्त राशन उपलब्ध किया जाए । श्री शर्मा ने बताया कि 7 जुलाई को हिन्दू शिव सेना होशियारपुर के बकर जम्मू में राहत सामग्री वितरित करने के लिए जाएगी ।

गेहूं तथा धान के समर्थन मूल्य में वृद्धि से अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतें बढ़ेंगी

नई दिल्ली, 6 जुलाई (जी.एस. चावला) : कुछ अर्थशास्त्रियों का मत है कि गेहूं का समर्थन मूल्य 15 रुपए प्रति क्विंटल और बढ़ाए जाने के निर्णय से जरूरी वस्तुओं की कीमतें बढ़ेंगी । उल्लेखनीय है कि सरकार गेहूं का समर्थन मूल्य 35 रुपए प्रति क्विंटल

विश्व बैंक सरकार को यह सुझाव दे रहा है कि बजट घाटे को कम करने के लिए कृषि अनुदान कम घटाए जाएं । दूसरी ओर गेहूं तथा धान के समर्थन मूल्य बढ़ाए जाने से बजट घाटे में वृद्धि होगी और जरूरी चीजों की कीमतें बढ़ेंगी । इसका प्रभाव आम

HAVAN AND S

Punjab Sanatan

रविवार 8 जुलाई, 1990 तदनुसार 24 आषाढ़ 2047

With Model Examination Papers
(Covers Complete Course)
Available with your local Book-sellers

अकाली नेता शिव सिंह बेला और 2 सुरक्षा कर्मियों सहित पंजाब में 8 लोगों की हत्या

अमृतसर क्षेत्र के एक व्यापारी का अपहरण : सीमा सुरक्षा बल की गश्ती टुकड़ी पर हमला

2 उग्रवादियों को लोगों ने मार डाला : 2 गुट संघर्ष में,1 मुठभेड़ में मरा

चंडीगढ़, 7 जुलाई (प.स., वार्ता) : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 2 सुरक्षा कर्मियों व अकाली नेता समेत 8 लोगों की हत्या कर दी गई और 5 आतंकवादी मारे गए । इस दौरान एक व्यापारी का अपहरण हुआ । उग्रवादियों ने बी.एस.एफ. की एक गश्ती टुकड़ी पर भी हमला किया ।

अकाली नेता व उनके अंगरक्षक की हत्या : रोपड़ (वार्ता) : आतंकवादियों ने आज प्रातः आनंदपुर साहिब में अकाली दल (ल) के नेता और एस.जी.पी.सी. के सदस्य श्री शिव सिंह बेला तथा उनके अंगरक्षक की गोलियां मारकर हत्या कर दी । बताया जाता है कि आतंकवादी श्री बेला के घर में घुस गए और उनसे बातचीत करने लगे । इसी दौरान आतंकवादियों ने अत्याधुनिक हथियार निकाल लिए और श्री बेला और उनके अंगरक्षक पर गोलियों की बौछार कर दी । उन दोनों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

2 सुरक्षा कर्मियों की हत्या : फगवाड़ा (खोसला, कौड़ा) : आज प्रातः लगभग साढ़े 11 बजे फगवाड़ा और गोराया के बीच कार सवार 2 उग्रवादियों ने फगवाड़ा थाना सदर के ए.एस.आई. अवतार सिंह और होम गार्ड जवान सुरजीत सिंह की गोलिया मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि अवतार सिंह और सुरजीत सिंह स्कूटर पर सवार होकर गोराया से फगवाड़ा को आ रहे थे कि गांव चचारडी के निकट पीछे से आ रही सफेद रंग की एक मारुति कार में सवार 2 युवकों ने ए.के. 47 से उन पर गोलियां चलाई, जिनसे मौके पर ही दोनों की मौत हो गई । आक्रमणकारी जाती बार ए.एस.आई. का सर्विस रिवाल्वर भी साथ ले गए । घटना के बाद दोनों आतंकवादी वापिस गोराया की ओर चले गए । घटना की सूचना मिलते ही जालंधर के पुलिस अधीक्षक घटनास्थल पर पहुंच गए तथा आतंकवादियों की तलाश की जा रही है ।

बताया जाता है कि जब आतंकवादी सुरक्षा कर्मियों पर फायरिंग कर रहे थे तो इस दौरान एक बस भी गोलियों की चपेट में आ गई जिससे दो यात्री घायल हो गए । इनमेंसे एक की पहचान मुख्तियार कौर के रूप में हुई है । वह लुधियाना जिला के चीमा गांव की रहने वाली है । यह बस लुधियाना से जालंधर आ रही थी ।

पति-पत्नी की हत्या : बटाला से कोछड़ के अनुसार पुलिस जिला बटाला के गांव खोखा फौजियां में आतंकवादियों ने सतपाल सिंह उर्फ पाला (45) एवं उसकी पत्नी बलविंदर कौर की हत्या कर दी । जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 6 चले हुए कारतूस बरामद किए गए हैं । बताया जाता है कि आतंकवादी पहले सतपाल सिंह के घर आए और उसकी पत्नी को साथ लेकर ट्यूबवैल पर पहुंचे, जहां सतपाल सिंह पहले से ही उपस्थित था । वहां उन्होंने दोनों की हत्या कर दी ।

एक की हत्या : इसी जिले के गांव घनियां के बांगर में चार आतंकवादियों ने एक डेरे पर फायरिंग करके सेवा सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

होमगार्ड कमांडेंट के अपहरण का प्रयास : बटाला की कादियां रोड स्थित अर्बन एस्टेट क्षेत्र से आज सुबह 6 बजे कार सवार 4 आतंकवादियों ने पंजाब होमगार्ड पहली बटालियन गुरदासपुर के कमांडेंट अमर सिंह का अपहरण कर लिया । पुलिस और बी.एस.एफ. को सूचना मिलने पर तुरंत आतंकवादियों का पीछा किया गया जिस पर आतंकवादी लगभग 15 किलोमीटर दूर गांव अर्जुनपुरा के निकट कमांडेंट को छोड़कर फरार हो गए । पुलिस ने कार नं. पी.सी.डब्ल्यू. 1758 कब्जे में ले ली है । आतंकवादियों की तलाश जारी है ।

गश्ती दल पर घात लगाकर हमला : इसी जिले के गांव धारीवाल सोइया में गत रात गश्त लगा रही बी.एस.एफ. पार्टी पर आतंकवादियों के एक गिरोह ने घात लगाकर हमला किया । जवानों द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर आतंकवादी भाग गए । किसी भी ओर से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है ।

एक की हत्या : भटिंडा (प.स.) : जिला के भगता गांव में आतंकवादियों ने लेख राज नामक एक व्यक्ति के घर में घुसकर उसके बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी ।

गुट संघर्ष में 2 आतंकवादी मरे : अमृतसर (वार्ता) : मजीठा पुलिस जिला के मंदरांवाल गांव में कल रात आतंकवादियों ने अपने ही दो साथियों को गोलियों से उड़ा दिया । उन दोनों के शव आज प्रातः पुलिस ने बरामद किए ।

महिलाओं ने एक आतंकवादी मार डाला : ब्यास थाने के फेरूमान गांव में कल रात कुछ महिलाओं ने एक आतंकवादी को पकड़ कर उसे पत्थर मार-मार कर मार डाला । पुलिस ने बताया कि दो आतंकवादी जोगिन्दर कौर के घर में जबरदस्ती घुस गए और उसे नकदी तथा गहने देने को कहा । जोगिन्दर कौर ने शोर मचा दिया तथा एक आतंकवादी को पकड़ लिया ।

जब पड़ोस की महिलाएं जोगिन्दर कौर के मकान की ओर दौड़ी तो दूसरा आतंकवादी जो एके 47 राइफल से लैस था, डर कर भाग गया । महिलाओं ने उसके साथी पर ईंटें तथा पत्थरों से हमला बोल दिया । उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । उसका नाम बलबीर सिंह था और वह उसी गांव का रहने वाला था ।

राइफल ले गए : अजनाला थाना के अधीन भोईवाल गांव में आतंकवादियों ने जागर सिंह के घर में घुस कर उसकी लाइसेंसी राइफल व कारतूस छीन लिए ।

एक का अपहरण : मजीठा पुलिस जिले में गांव जेठूवाल में आतंकवादियों ने ईंट भट्ठा मालिक श्री योगेश्वर दयाल का अपहरण कर लिया ।

एस.पी.ओ. घायल : रैया (फौजी) : ब्यास के निकट लिद्दड़ गांव में स्थित एस.पी.ओ. चौकी पर कल रात आतंकवादियों ने हमला कर दिया जिससे एक एस.पी.ओ. नरेन्द्र पाल घायल हो गया ।

मुठभेड़ में एक आतंकवादी मरा : मजीठा पुलिस जिला के खजाला गांव में कल रात पांच आतंकवादियों के गिरोह की पुलिस के साथ मुठभेड़ हुई जिसमें एक आतंकवादी मारा गया तथा दो पुलिस कर्मी घायल हो गए । मृतक आतंकवादी की अभी तक शिनाख्त नहीं हुई । वह भिडरावाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान के हरदेव सिंह काला गिरोह से सम्बद्ध था । घटनास्थल से एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल, दो मैगजीन तथा भारी परिमाण में गोली सिक्का बरामद हुआ है । घायल पुलिस कर्मियों के नाम—मंजीत सिंह तथा हरभजन सिंह बताए जाते हैं । आतंकवादी ट्रैक्टर पर सवार थे ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)



5-6 जुलाई की मध्य रात्रि को 5 सशस्त्र आतंकवादियों ने जिला फिरोजपुर के बचित्तर सिंह और उसके बेटे गुरदेव सिंह के घर पर हमला कर दिया । साहसी बा आधा घंटा मुकाबिला करके एक आतंकवादी मेजर सिंह को मार गिराया और उनक चित्र नं. (1) साहसी बाप-बेटा बचित्तर सिंह और गुरदेव सिंह, (2) मारा गय (3) आतंकवादियों से छीनी दो बंदूकें ।

लाल डेंगा का निधन



नई दिल्ली, 7 जुलाई (पस) : मिजोरम के भूतपूर्व मुख्यमंत्री तथा मिजो लिबरेशन फ्रंट के अध्यक्ष श्री लालडेंगा का आज दोपहर लंदन में निधन हो गया । श्री लालडेंगा कैंसर से पीड़ित थे तथा वे न्यूयार्क एक अस्पताल में कैंसर का इलाज करवा रहे थे किंतु उनकी हालत निरंतर बिगड़ती जा रही थी । लालडेंगा के निकटवर्ती सूत्रों के अनुसार श्री लडेंगा को उनकी इच्छानुसार भारत लाया जा था । आज दोपहर में न्यूयार्क से उन्हें लंदन या गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई ।

सेना से टक्कर लेने से खाड़कुओं की मु और पंजाबियों का जीवन भी नष्ट हो जा

चंडीगढ़, 7 जुलाई (परवाना): गोआ के भूतपूर्व ले. गवर्नर कर्नल प्रताप सिंह गिल ने पंजाब के खाड़कुओं को खबरदार करते हुए कहा है कि यदि उन्होंने भारतीय सेना के जवानों पर दोबारा हमला किया तो उससे केंद्रीय सरकार को पंजाब को सेना के हवाले करने का बढ़िया बहाना मिल जाएगा । इससे खाड़कुओं की मुसीबत भी बढ़ेगी और पंजाब के लोगों का जीवन भी नष्ट हो जाएगा । उग्रवादी भारतीय सेना से टक्कर नहीं ले सकेंगे ।

कर्नल गिल ने क डायरैक्टर-जनरल पुलिस मांगट के दो रिश्तेदारों को जाकर अच्छा काम नहीं कि डी.जी.पी. किसी को भी प भेज सकता है, परन्तु इस नहीं कि वह अपनी सरकार की रिहाई के आदेश दे स राज्यपाल या मुख्य सचिव के कहा कि खाड़कुओं को जल्द नहीं करने चाहिएं । उन्हे संकोच करना चाहिए ।

गर्मियों में पुरुषों में संतानोत्पत्ति की क्षमता घट जाती है

बोस्टन, 7 जुलाई : अनुसंधानकर्त्ताओं के अनुसार पुरुषों में जाड़ों की अपेक्षा गर्मियों में वीर्य का निर्माण कम होता है । सम्भवतः यही कारण है कि वसन्त ऋतु के दौरान शिशुओं की जन्म दर अपेक्षाकृत काफी कम रहती है । टैक्सास में सैन एंटोनियो में ऐसे 131 लोगों पर प्रयोग किए गए जो गर्मियों के दिनों में कम से कम 4 घंटे धूप में काम करते थे । जांच में पाया गया कि गर्मियों के उन महीनों में उनके वीर्य की मात्रा तथा उसमें शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी ।

डा. सी. ब्रान्दन चेनाल ने गत दिवस यह जानकारी देते हुए बताया कि जांच से यह पता चला कि गर्मियों में पुरुषों में संतानोत्पत्ति की क्षमता घट जाती है । इस सम्बन्ध में भ्रूमध्य रेखा पर स्थित अनेक क्षेत्रों में भी अध्ययन किया गया व इस बात के संकेत मिले हैं ।

5 उग्रवादी

लखनऊ, 7 जुलाई बिलासपुर क्षेत्र में गत बृहस्प सिख उग्रवादियों को गिर मुख्यालय से प्राप्त जानक उग्रवादी बिलासपुर क्षेत्र के साथ निहंगों के भेस में रह पास से एक राइफल, ए पिस्तौलें तथा एक फिएट

नाव उलटने

क्वेटा (पाकिस्तान), दक्षिण-पश्चिम पाकिस्तान झील में एक नाव के उलट मृत्यु हो गई और आठ सरकारी समाचार पत्र पा प्रकाशित खबर के अनुसार व्यक्ति सवार थे ।

न्यायमूर्ति वैंकटरमैया की हेगड़े को च

नई दिल्ली, 7 जुलाई (जी.एस.चावला): भारत के भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस ई.एस. वैंकटरमैया ने कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री तथा योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष श्री आर.के. हेगड़े द्वारा उत्पन्न विवाद की पोल खोल दी है । श्री हेगड़े ने जस्टिस कुलदीप सिंह आयोग की रिपोर्ट पर यह बयान दे कर विवाद खड़ा कर दिया था कि जस्टिस कुलदीप सिंह बंधे हाथों वाली एक कठपुतली है तथा उनकी यह रिपोर्ट राजनीति प्रेरित है ।

श्री रमैया ने श्री हेगड़े को चुनौती दी है कि वह जस्टिस कुलदीप सिंह की नियुक्ति बारे अपने आरोपों को सिद्ध करें । उनकी नियुक्ति एक सदस्यीय आयोग के रूप में की गई थी कि वह भूमि सम्बन्धी सौदों पर लगाए गए आरोपों की जांच करे जो कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में श्री हेगड़े के कार्यकाल के दौरान हुए ।

जब इस आयोग की नियुक्ति की गई थी तो श्री वैंकटरमैया भारत के मुख्य न्यायाधीश थे तथा तब उन्होंने जस्टिस कुलदीप सिंह को एक सदस्यीय बढ़ रहा है तथा श्री हेगड़े का बचाना असम्भव हो जाएगा । इसी कारण से श्री हेगड़े का त्यागपत्र तुरंत ही स्वीकार कर लिया गया ।

श्री हेगड़े द्वारा न्यायपालिका से विवाद खड़ा कर देने के कारण सरकार को समर्थन देने वाले बागपंथी दल भी परेशान हो उठे थे । सी.पी.आई.(एम) नेता श्री हरकिशन सिंह सुरजीत से जब श्री हेगड़े के बारे में पूछा गया तो वह आयोग के विरुद्ध ही उबल पड़े । हेगड़े पर भला कौन विश्वास करेगा ? उसे आरोपों के घेरे में खड़ा कर दिया गया है तथा एक दोषी व्यक्ति का कोई भी विश्वास नहीं करेगा ।

सरकार भी श्री हेगड़े के लिए प्रैस का समर्थन जुटाने का भरपूर प्रयास करती रही तथा चुने हुए कुछ समाचार पत्रों पर इस सम्बन्ध में दबाव भी डाला गया । यह भी सर्वविदित है कि श्री हेगड़े ने रिपोर्ट देख ली थी तथा इसी सम्बन्ध में वह कुछ प्रख्यात न्यायविदों से विचार भी करते रहे । वास्तव में श्री हेगड़े रिपोर्ट के बारे में पूरी तरह से जानते थे तथा अगले ही दिन (मंगलवार को) वह रिपोर्ट प्रस्तुत भी

वैंकटरमैया ने श्री हेगड़े के खंडन किया है जिसमें उन्हो कुलदीप सिंह को कांग्रेस (इ) एक सदस्यीय आयोग के रूप जो भूमि सम्बन्धी स्कैंडल की हेगड़े तथा उनके दामाद कंपि गए हैं । श्री रमैया ने कहा कि की पूर्ति के लिए श्री हेगड़े को न्यायिक संस्थानों का अपमान था ।

गत सोमवार को श्री बातचीत करते हुए कहा थ न्यायाधीश श्री आर.एस. पा जांच के लिए श्री कुलदीप सिं इन्कार कर दिया था तो उन वैंकटरमैया ने कांग्रेस (इ) के यही कार्य कर दिया । श्री हेग इस जांच रिपोर्ट में उनके लिए (यह रिपोर्ट केन्द्र सरकार द्वारा

श्रीलंका के जंगलों में सेना और तमिल विद्रोहियों में घमासान लड़ाई : 62 विद्रोही मारे गए

कोलम्बो, 7 जुलाई (वार्ता, पस) : पूर्व श्रीलंका के लों में आज सेना और तमिल विद्रोहियों के बीच रदस्त लड़ाई छिड़ गई । सैनिकों ने विद्रोहियों के महत्वपूर्ण अड्डे को घेर कर समुद्र और जंगल के ए वहां से भागने के रास्ते बंद कर दिए हैं ।

थानों पर हमलों के बाद लड़ाई शुरू हुई । छापामारों ने 600 पुलिस कर्मियों का अपहरण कर लिया । अधिकतर पुलिस कर्मियों की गोली मार कर हत्या कर दी गई और छापामारों ने इनके शव जला दिए ।

Punjabi Sanjtani

हेगड़े को चुनौती
(पृष्ठ 1 का शेष)

फाइल सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत कर देनी थी, क्योंकि वह एक ऐसे दल से सम्बन्धित है जो यह दावा करता है कि वह एक 'खुली सरकार' चला रहा है । उन्होंने कहा, "मैंने श्री पाठक का ऐसा कोई भी पत्र नहीं देखा जो कुलदीप सिंह को आयोग के अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति बारे हो ।"

श्री वैंकेटरमैया ने कहा कि पहले तो श्री हेगड़े ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश से सलाह नहीं की गई, तब उन्होंने कहा कि मुख्य न्यायाधीश ने अपनी स्वीकृति दे कर अपना 'जनादेश' जारी कर दिया तथा उसके बाद यह कह दिया कि मुख्य न्यायाधीश ने यह सब दबाव अधीन किया, श्री रमैया ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि श्री हेगड़े का इनमें से आखिर कौन सा कथन सही है । उन्होंने इस बात का दावा किया कि एक सदस्यीय आयोग के अध्यक्ष के रूप में जस्टिस कुलदीप सिंह की नियुक्ति बारे केवल एक ही मुख्य न्यायाधीश ने उनके नाम की सिफारिश की और वह मुख्य न्यायाधीश वह स्वयं ही थे तथा इस मामले में वह कभी भी किसी दबाव अधीन नहीं रहे ।

श्री रमैया ने स्पष्ट चुनौती दी कि अगर श्री हेगड़े के विचार में कोई पत्राचार हुआ है तथा उन्हें उसकी जानकारी है तो वह उन पक्षों को प्रस्तुत कर सकते हैं । उन्होंने कहा कि जस्टिस कुलदीप सिंह ने सुप्रीमकोर्ट के बैंच में शामिल होने की स्वीकृति देकर एक प्रकार से त्याग किया । उन्होंने श्री हेगड़े के इस दावे का भी खंडन किया कि गत 20 वर्षों के दौरान केवल कुलदीप सिंह को ही पदोन्नत कर सुप्रीमकोर्ट में लाया गया है । इससे पहले वह पंजाब के एडवोकेट जनरल तथा भारत के एडीशनल सॉलिस्टर जनरल थे ।

पूर्व मुख्य न्यायाधीश का कहना था कि अगर हर कोई यही मांग करने लगे कि किस जज ने उसके विरुद्ध क्या रिपोर्ट दी है, वह उसे दिखाई जाए तो लोकतंत्र के लिए आने वाले दिन निश्चय ही काले होंगे ।

श्री हेगड़े द्वारा भूमि सम्बन्धी किसी भी स्कैंडल से इन्कार करने पर श्री रमैया ने उन्हें आड़े हाथों लेते हुए कहा कि एक निजी दल को फिर किस प्रकार 110 एकड़ सरकारी भूमि पर बाड़ लगाने की अनुमति दे दी गई थी ?

श्री रमैया ने कहा कि श्री हेगड़े का यह कहना सर्वथा अनुचित था कि जस्टिस कुलदीप सिंह को पदोन्नति के बाद ठक्कर-नटराजन आयोग के सम्मुख पेश होने को बाध्य किया जाए । उन्होंने कहा कि एडीशनल सालिस्टर जनरल के रूप में श्री कुलदीप सिंह को आयोग के समक्ष उपस्थित होना ही था ।

उन्होंने कहा कि वह श्री हेगड़े को वर्ष 1966 से जानते हैं, जब वह उपमंत्री थे । श्री हेगड़े द्वारा कानूनी मुद्दों को राजनीतिक रंग दिया जाना एक अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण है । कोई भी जज किसी भी राजनीतिक दल के सम्मुख पेश होने को बाध्य नहीं है ।

अतिंदरपाल रिहा
(पृष्ठ 1 का शेष)

श्री अतिंदर पाल को तिहाड़ जेल से एक बड़े जलूस में 25 किलोमीटर से ज्यादा दूरी तय कर अनेक गुरुद्वारों में ले जाया गया । श्री खन्ना ने अदालत को बताया था कि जेल से निकलने के समय से ही उनकी पूरी सुरक्षा के लिए दिल्ली प्रशासन और पुलिस ने समुचित प्रबंध किए हैं ।

पंजाब की मौजूदा राजनीतिक स्थिति के बारे में पूछने पर श्री सिंह ने कहा कि वह सारे मसले का अध्ययन किए बगैर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते । उन्होंने कहा कि लम्बे समय तक जेल में रहने के कारण उन्हें बाहर की स्थिति की जानकारी नहीं है ।

उन्होंने कहा 'यदि मैं अभी कोई टिप्पणी करूंगा तो हो सकता है कि बाद में उससे हटना पड़े और यह मैं करना नहीं चाहता ।' किसी राजनीतिक पार्टी से जुड़ने के सम्बन्ध में पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि मुख्य रूप से वह पंथ के साथ हैं ।

श्री सिंह ने कहा कि पंजाब मसले पर उनका दृष्टिकोण साफ है । उन्होंने कहा कि अब वह तत्काल पंजाब जाएंगे तथा जनता के समक्ष अपना दृष्टिकोण रखेंगे । उन्होंने कहा 'इस रिहाई पर होने वाली प्रतिक्रिया और पंजाब की जनता का रुख देखने के बाद ही मैं अपने अगले कदम के बारे में विचार करूंगा ।'

गुरुद्वारा बंगला साहब में एक समारोह में श्री अतिन्दर पाल सिंह ने कहा कि जज़्बात की राजनीति से सिखों का कोई भला नहीं हो सकता । उन्होंने कहा कि हर बात के लिए सरकार को दोषी ठहराना ठीक नहीं । सिखों को आत्म निरीक्षण करना चाहिए और देखना चाहिए कि हमने कहां गलती की है । उन्होंने सिख नेतृत्व पर अवसरवादी राजनीति चलाने का आरोप लगाया ।



फोगाड़ा के निकट उग्रवादियों के हाथों मारे गए (ऊपर) ए.एस.आई. अवतार सिंह तथा (नीचे) हौलदार जवान सुरजीत सिंह के शव ।
(छाया : खोसला)

अकाली नेता
(पृष्ठ 1 का शेष)

बस जला दी : तरनतारन पुलिस जिला के नौशहरा पन्नुआं के निकट आतंकवादियों ने पंजाब रोडवेज की एक बस को आग लगा दी । पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने भिखीविंड से तरनतारन की ओर जा रही बस को रोक लिया तथा अपहरण करके उसे निकटवर्ती गांव में ले गए । वहां पर यात्रियों को उतार कर उन्होंने बस को आग लगा दी ।

शव बरामद : पुलिस ने अमृतसर के दयालनगर क्षेत्र से एक युवक का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है ।

लोगों ने एक और आतंकवादी मार गिराया : फिरोजपुर (बागी) : जिला के मल्लांवाला थाना के अधीन गांव भागोके के दो लोगों ने कल रात दो बजे के लगभग पांच आतंकवादियों का करीब 40 मिनट तक कड़ा मुकाबला किया और इस दौरान एक आतंकवादी को गोलियों से मार डाला । मृतक आतंकवादी का नाम मेजर सिंह बताया जाता है । उसके 4 अन्य साथी भाग निकले ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री अनिल कुमार शर्मा ने आज पत्रकारों को बताया कि 5 आतंकवादी एक किसान बचित्तर सिंह के बेटे का अपहरण करने तथा उससे बंदूक लूटने के उद्देश्य से उसके घर गए । मेजर सिंह घर के भीतर दाखिल हो गया, जबकि 4 अन्य आतंकवादी बाहर खड़े रहे । बचित्तर सिंह तथा उसका बेटा घर की छत पर सो रहे थे । आतंकवादियों के घर में घुस आने पर वे जाग गए और उन्होंने आतंकवादियों को चुनौती दी । बचित्तर सिंह व उसके बेटे ने 12 बोर की बंदूक से गोलियां चलाईं । 40 मिनट तक मुकाबला हुआ । इस दौरान मेजर सिंह नामक आतंकवादी मारा गया । शेष चार भाग निकले । श्री शर्मा ने बताया कि भागने वाले चारों आतंकवादियों की पहचान हो गई है । उन्हें शीघ्र ही पकड़ लिया जाएगा । श्री शर्मा ने गांव के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वे इसी तरह एकजुट होकर आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष करें । उन्होंने बताया कि बहादुरी दिखाने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा ।

दो घुसपैठिये मरे : फाजिल्का सैक्टर में बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में 2 घुसपैठिये मारे गए ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : सुरक्षा बलों ने फिरोजपुर जिला के सोंटेवाल गांव में 2 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । एक अन्य आतंकवादी को संगरूर जिला से गिरफ्तार किया गया है । इन आतंकवादियों के कब्जे से कुछ हथियार व गोली सिक्का भी बरामद हुआ है ।

लुटेरा काबू : पटियाला (भूषण) : जिला पुलिस ने एक लुटेरे महेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया है । अपने स्थानीय डी.एल.एफ. कालोनी में बिजली कार्यालय से खिलौना पिस्तौल की नोक पर एस.डी.ई. से 43,492 रुपए लूट लिए थे । पुलिस ने उसका पीछा करके उसे दबोच लिया तथा सारी धनराशि बरामद कर ली ।

वी. पी. सिंह
(पृष्ठ 1 का शेष)

के दूरदर्शन केन्द्र का शिलान्यास करने के आधा घंटा पहले सभा स्थल पर प्रदर्शन कर रहे थे और 'विश्वनाथ प्रताप सिंह वापस जाओ' के नारे लगा रहे थे ।

लाठी चार्ज में प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मंत्री श्याम सुरत उपाध्याय, प्रदेश कांग्रेस (इ) अध्यक्ष अशोक बाजपेयी तथा अन्य को हल्की चोट आई ।

प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आज झूसी (इलाहाबाद) में गोविंदबल्लभपंत सामाजिक विज्ञान संस्थान के संग्रहालय के लिए एक करोड़ रुपए केंद्रीय अनुदान के रूप में देने की घोषणा की । इसी संस्थान के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने पांच लाख रुपए की सहायता देने की घोषणा की ।

नई सरकार उम्मीदों पर पूरी नहीं उतरी

लुधियाना, 7 जुलाई (मसाफिर) : सीनियर अकाली नेता (बादल) जगदेव सिंह तलवंडी ने इस खबर का खंडन किया है कि उन्होंने कल पंजाब के राज्यपाल श्री वीरेन्द्र वर्मा के साथ अपनी भेंट के दौरान पंजाब में चुनाव न करवाए जाने पर ज़ोर दिया ।

श्री तलवंडी ने कहा कि पंजाब समस्या का हल राष्ट्रपति शासन नहीं है । मैंने अपनी भेंट के दौरान विधानसभा चुनाव करवाए जाने पर ज़ोर दिया था । उन्होंने कहा कि अफसरशाही जनता की कठिनाइयों को दूर नहीं कर सकती । उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार उग्रवाद के लिए जिम्मेदार है । अकाली नेता ने नई सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि पंजाब समस्या के हल के लिए उसने कुछ नहीं किया । सरकार पर जनता ने बड़ी आशाएं लगाई हुई थीं, जो पूरी नहीं हो सकीं । प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह दो बार पंजाब आए, उनका बड़ी श्रद्धा के साथ स्वागत किया गया ।

सरकारी संस्कृत महाविद्यालय नाभा (पटियाला) में प्रवेश आरम्भ :—

इस संस्था में प्राज्ञ, विशारद, शास्त्री एवं प्रभाकर कक्षाओं का प्रवेश तिथि 11.7.90 से आरम्भ है ।

—प्रधानाचार्य

(Advt-Sushil Jain)

PLASTIC SURGERY
COSMETIC SURGERY OF FACE, CHEAK, LIP, BLACK PATCH, WHITE PATCH (LEUCODERMA), OBESITY, HAIR TRANSPLANTATION FOR BALDNESS & EYE BROWS.
LIPOSUCTION
To suck out extra deposit fat in obesity
Dr. B.P.SINGH, M.S
PLASTIC & COSMETIC SURGEON
BHUPINDER NURSING HOME
MILAP ROAD, JALANDHAR
Ph: Hosp.:55828, 3376, Resi.: 74569

आयुर्वेद में नई खोज
शुगर व ब्लड शुगर के लिए
मिलें या सम्पर्क करें:
DIABNIL Co.

*SAVE YEAR *EXAM JULY 90.
ADMISSION GUIDANCE U.P./Rajasthan
L L.B
3 YEARS PROFESSIONAL/B.A. 40% eligible
Prospectus Rs. 10/- by M.O.
ANAND COLLEGE
Opp. Thana Sadar
B.O. Sharifpura, Amritsar.

सेहत व तन्दरुस्ती के लिए

डा० नागी
पिहोवा : हर मंगलवार : पंजाब नैशनल बैंक के पास ।
कैथल : हर बुधवार : जनता लॉज, पिहोवा चौक ।
यमुनानगर : हर शुक्रवार : नटराज होटल, जगाधरी रोड ।
बवासीर, पेट गैस का पक्का इलाज (समय 9-5)
हैड आफिस : गली दर्जियां वाली, अम्बाला शहर

आवश्यकता है
1. दो पोल्ट्री सुपरवाईज़र
2. दो मुंशी
3. एक चौकीदार
4. दस फार्म हैल्पर्स
पहले दो पदों के लिए 2 वर्ष का अनुभव जरूरी । वेतन अनुभव

Punjabi Sanstahi



स्फोट में मारा गया (1) चरण सिंह, (2) चरण का घायल हुए वे हैं (3) सालिग राम, (4) प्रकाश चंद, जंग बहादुर, (8) शिव दयाल और (9) जान
(छाया : ओम भंडारी)

फतेहगढ़ चूड़ियां में लोग महाभारत देख रहे थे कि

जबरदस्त विस्फोट हुआ : 2 लोग मरे, 32 घायल

पंजाब में अन्यत्र 3 सुरक्षा कर्मियों सहित 14 व्यक्तियों की हत्या

4 आतंकवादी मुठभेड़ में, 2 गुट संघर्ष में मरे

चंडीगढ़, 8 जुलाई (प.स., वार्ता): बटाला पुलिस जिला के फतेहगढ़ चूड़ियां कस्बे में आज प्रातः एक शक्तिशाली बम फटने से दो लोगों की मृत्यु हो गई तथा 32 अन्य व्यक्ति घायल हुए । इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान अन्यत्र तीन सुरक्षा कर्मियों समेत 14 लोगों की हत्याएं हुई । इस दौरान 6 आतंकवादी भी मारे गए ।

बम विस्फोट से 2 मरे : पुलिस जिला बटाला में सीमावर्ती कस्बे फतेहगढ़ चूड़ियां में आज प्रातः साढ़े नौ बजे के लगभग एक शक्तिशाली बम विस्फोट होने से दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गई तथा 32 अन्य लोग घायल हुए । ये सब लोग स्थानीय तकिया चौक में दो दुकानों पर लगे टैलीविजन सैटों पर 'महाभारत' की अंतिम कड़ी देख रहे थे । दुकानों के निकट खड़े एक साइकिल पर उक्त बम रखा गया था । विस्फोट से आसपास की कुछ दुकानें भी क्षतिग्रस्त हुई । घायलों को फतेहगढ़ चूड़ियां तथा अमृतसर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है । एक मृतक का नाम चरण सिंह बताया जाता है । वह मजीठा क्षेत्र के वीरम वडाला गांव का निवासी था ।

अमृतसर के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में उपचार के लिए गम्भीर रूप से घायल जिन लोगों को भेजा गया है, उनके नाम सालिग राम (50), प्रकाश चंद (45), रछपाल सिंह (25), मंगल दास (30), जंग बहादुर (30), शिव दयाल (22), इन्द्रजीत उर्फ बिल्ला (20) तथा जान मसीह (50) बताए जाते हैं ।

डी.एस.पी. के अंगरक्षक की हत्या : इसी पुलिस जिले के थाना श्री गोबिन्दपुर के गांव भोभा के निकट से पुलिस को आज सुबह एक युवक का गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ है जिसकी शिनाख्त अवतार सिंह निवासी गांव गग्गड़ थाना मेहता के रूप में हुई है । पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक बाबा बकाला के डी.एस.पी. का अंगरक्षक व होमगार्ड था । गत रात तीन हीरो हांडा सवार 7-8 सशस्त्र आतंकवादी उसे घर से ले गए थे और भोभा के निकट गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी ।

ट्रैक्टर छीना : थाना सदर बटाला के गांव विजवां से गत रात 3 सशस्त्र आतंकवादी जोगिन्दर सिंह नामक व्यक्ति के घर से उसका स्वराज ट्रैक्टर पी.ए.जी. 410 छीन कर ले गए ।

होमगार्ड जवान की हत्या : गुरदासपुर (विनोद): गत रात 4 अज्ञात आतंकवादियों ने गुरदासपुर नगर के गांव अमीपुर में एक होमगार्ड जवान की गोली मार कर हत्या कर दी । अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाने आए मृतक हरेन्द्र सिंह के दादा फौजा सिंह ने बताया कि गत रात्रि लगभग 12 बजे एक आतंकवादी दीवार फांद कर उनके घर में घुस आया तथा अंदर से दरवाजा खोल दिया, जिससे उसके 3 अन्य साथी भी अंदर आ गए । इन आतंकवादियों ने उसके पोते तथा होमगार्ड के जवान हरेन्द्र सिंह को अपने साथ चलने को कहा और जबरदस्ती उसे घर से बाहर ले गए ।

फौजा सिंह के अनुसार उसने उग्रवादियों से हरेन्द्र सिंह को छोड़ने के लिए बहुत मिन्नतें कीं मगर उन्होंने थोड़ी दूर ले जा कर उसे गोली मार दी । मृतक गुरदासपुर सदर में तैनात था ।

मृतक के निकट से खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक पत्र भी मिला है, जिसमें उसे पंथ का विरोधी करार दिया गया है तथा सभी होमगार्ड जवानों को कड़ी चेतावनी दी गई है कि वे अपनी नौकरी छोड़ कर घर बैठ जाएं अन्यथा उनका भी यही हश्र होगा । मृतक का पिता भी होमगार्ड में है । घटना के समय वह अपनी ड्यूटी पर गया हुआ था ।

चौकीदार की हत्या : अमृतसर (सोनी) : अमृतसर शहर के बाहरी क्षेत्र दशमेश नगर के निकट जौड़ा फाटक के करीब कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक चौकीदार सीता राम की किसी तेज़ धार हथियार से हत्या कर दी । सीता राम का शव आज सुबह पुलिस ने कब्जे में लिया ।

गुट संघर्ष में 2 आतंकवादी मरे : पुलिस जिला तरनतारन के गांव कंग के बाहर आतंकवादियों की आपसी लड़ाई में 2 आतंकवादी मारे गए । दोनों आतंकवादियों के गोलियों से छलनी शव आज प्रातः पुलिस ने कब्जे में लिए । घटना के सम्बन्ध में मिले विवरणों में कहा गया है कि गांव कंग के बाहर दो आतंकवादी गुटों में झगड़ा हो गया तथा उन्होंने एक-दूसरे के हथियार छीनने का प्रयास किया । इस दौरान एक गुट से सम्बद्ध आतंकवादियों ने दूसरे गुट के आतंकवादियों पर फायरिंग कर दी जिससे दो आतंकवादियों की मृत्यु हो गई । इन दोनों की शिनाख्त सुखराज सिंह तथा जगरूप सिंह के रूप में हुई है ।

तेज़धार हथियारों से हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के थाना झब्बाल के गांव सराती कलां में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने सूबा सिंह नामक एक व्यक्ति की तेज़ धार हथियारों से हत्या कर दी । पुलिस ने इस वारदात को निजी दुश्मनी का परिणाम बताया है ।

महिला की हत्या : तरनतारन क्षेत्र के गांव कंदगिल में आतंकवादियों ने गोलियां मार कर महिला हरबंस कौर की हत्या कर दी । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दो आतंकवादी महेंद्र सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में जबरदस्ती दाखिल हो गए तथा उसकी पत्नी हरबंस कौर पर गोलियों की बौछार कर दी । हरबंस कौर की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

एक की हत्या : पुलिस जिला तरनतारन के गांव पंडोरी रणसिंह में दो आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर कुलवंत सिंह उर्फ कंता को घसीट कर बाहर निकाल लिया तथा गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी ।

महिला का शव मिला : अमृतसर जिला के थाना छहर्टा के गांव कोटली नसीर खां के बाहर पुलिस को एक महिला का गोलियों से छलनी शव मिला है । महिला की पहचान कुलवंत कौर के रूप में हुई है । वह झब्बाल थाना के खैरदीन गांव के निवासी सरदूल सिंह की पत्नी थी ।

होमगार्ड जवान की हत्या : कल सत जडियाला गुरु रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे लाइनों पर पहरा दे रहे होमगार्ड जवानों पर आतंकवादियों ने फायरिंग की जिससे होमगार्ड जवान हरविन्द्र सिंह घायल हो गया । अस्पताल ले जाते समय उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया ।

4 की हत्या : अमृतसर जिला के टांगरा कस्बे से अपहृत 2 लोगों सरूप सिंह तथा हरजिन्द्र सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई । उनके शव खेतों से बरामद हुए हैं । आतंकवादियों ने इसी गांव में पंचायत सदस्य श्री मन्ना तथा उनके मित्र लोका की भी हत्या कर दी ।

दो अपहृत लोग रिहा : अमृतसर जिला से विगत 22 जून को सी.आई.ए. स्टाफ के ए.एस.आई. श्री कश्मीरा सिंह के अपहृत भाई तथा भतीजे को आतंकवादियों ने रिहा कर दिया है ।

हथियार व रुपए लूटे : 3 आतंकवादियों ने तरनतारन जिले के जेबवाल गांव स्थित कोआपरेटिव बैंक की शाखा के गार्ड से दोनाली बंदूक, 15 कारतूस तथा कैशियर से 252 रुपए लूट लिए ।

एक और व्यक्ति की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के गांव दयालपुर में कल देर रात आतंकवादियों ने गुरबचन सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

एक का अपहरण : आतंकवादियों ने तरनतारन में सैतावाली गली से एक व्यक्ति दलजीत सिंह का उसके घर से अपहरण कर लिया ।

2 घुसपैठिये मरे : अमृतसर जिला के खेमकरण सैक्टर में बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में 2 पाक घुसपैठिये मारे गए ।

पाक नागरिक काबू : अमृतसर जिला के अटारी सैक्टर में पुल कंजरी सीमा चौकी के निकट से बी.एस.एफ. ने कल रात एक पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा है जो कि पाकिस्तानी सेना की फील्ड इंटैलीजैंस यूनिट के लिए काम करता था । प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान पकड़े गए पाक नागरिक ने बताया है कि फील्ड इंटैलीजैंस यूनिट ने उसे प्रशिक्षण दिया था और पंजाब में तोड़फोड़ करने के लिए भेजा था । उसने यह भी बताया है कि उसने पंजाब में कुछ आतंकवादी गुटों से भी मुलाकात करनी थी और नई रणनीति अपनाए जाने के सम्बन्ध में उन्हें निर्देश देने थे । (शेष पृष्ठ 6 पर)

ानने को बाध्य नहीं, संसद
ा लूंगा : अतिंदर पाल सिंह

'अलगाववादी' नहीं कहा जाना चाहिए क्योंकि 'अलग क्षेत्र' का सुझाव श्री नेहरू जैसे नेताओं ने ही दिया है ।

श्री अतिन्दरपाल सिंह ने कुछ उग्रवादी संगठनों द्वारा अपनी आलोचना के संदर्भ में कहा कि अगले दो-तीन दिनों बाद वह पुनः स्वर्ण मंदिर आएंगे और तब वह सभी तरह की आशंकाएं दूर करने को तैयार हैं । श्री अतिन्दरपाल सिंह ने सिखों के आंतरिक मामलों में प्रैस द्वारा हस्तक्षेप किए जाने की भी आलोचना की । जब उनसे पूछा गया कि क्या वह खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन के प्रमुख थे, तो श्री अतिन्दरपाल सिंह ने कहा कि "सरकार ने मेरा नाम उक्त संगठन के साथ जोड़ दिया तथा मुझे झूठे मामलों में फंसा कर मुझ पर 5 लाख रुपए का इनाम घोषित किया ।"

श्री अतिन्दरपाल सिंह ने बताया कि 1984 में मैं भूमिगत हो गया था, ज्यादातर मोहाली में रहा और रघबीर सिंह के फर्जी नाम पर सरकारी ठेकेदार के रूप में कार्य करता रहा । सितम्बर 1988 में उन्हें गिरफ्तार किया गया । श्री अतिन्दरपाल सिंह ने कहा कि अनेक युवक अभी जेलों में बंद हैं, इसलिए मैं अपनी रिहाई पर अधिक प्रसन्न नहीं ।

'वार्ता' के अनुसार श्री अतिन्दरपाल सिंह ने अकाली दल (मान) के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान की इस ज़िद पर अड़े रहने के लिए आलोचना की है कि वह बड़ी किरपाण के साथ ही शपथ लेने संसद भवन में प्रवेश करेंगे । उन्होंने कहा कि इस बात में कोई शक नहीं कि किरपाण सिखों की अस्मिता का प्रतीक है, लेकिन गुरुओं ने ऐसा कोई नियम नहीं बनाया है कि किरपाण किस साइज की हो । उन्होंने कहा मैं निर्दलीय सदस्य के रूप में लोकसभा के लिए चुना गया हूं और श्री मान के नियमों और शर्तों को मानने के लिए बाध्य नहीं हूं ।

को प्रतिष्ठापूर्ण
नारायण अवार्ड

भाग लिया ।

अमर शहीद रमेश चंद्र अवार्ड दो पत्रकारों श्री ओ.पी. खन्ना तथा श्री ओ.पी. ग्रोवर की विधवाओं को प्रदान किया गया, जिसके अंतर्गत प्रत्येक को 2100 रुपए इस यूनियन की ओर से तथा 1100 रुपए हिन्द समाचार पत्र समूह की ओर दिए गए ।

इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए श्री करंजिया ने लाला जगत नारायण तथा श्री रमेश चंद्र को, जिन्होंने राष्ट्रीय एकता व अखंडता के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए, भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की । श्री माधो राम मिश्रा, सम्पादक 'आज' ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज प्रैस को धन और राजनीतिक शक्ति दोनों तरफ से चुनौती मिल रही है । इससे पूर्व यूनियन के अध्यक्ष डा. शांति स्वरूप शर्मा ने प्रतिनिधियों व मुख्य अतिथि का स्वागत किया । सचिव श्री देवी दयाल नन्हा ने रिपोर्ट पढ़ी जिसमें यूनियन की उपलब्धियों का जिक्र था । उन्होंने उन सभी पत्रकारों के नामों की सूची घोषित की, जो 25 वर्षों से भी अधिक समय से पत्रकारिता के व्यवसाय में सेवारत हैं, जिन्हें मुख्यमंत्री की ओर से सम्मानित किया गया ।

भावना का संकेत

फैसला करें कि क्या चाहते हैं ।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि राम जन्म भूमि एवं बाबरी मस्जिद के सवाल को हम बातचीत के जरिये हल करना चाहते हैं और इस मसले पर बातचीत के लिए

वी.पी. सिंह व देवी लाल के बीच खाई पाटने में रणजीत सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

नई दिल्ली, 8 जुलाई (वि.प.): विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह और उपप्रधानमंत्री श्री देवी लाल के मध्य दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे मतभेदों की आंधी कुछ थम गई है । दोनों नेताओं के बीच बढ़ रही खाई को कम करने में श्री देवी लाल के छोटे पुत्र श्री रणजीत सिंह तथा सांसद श्री सोमपाल सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है ।

श्री देवी लाल, जो कि बेंगलूर के प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र में उपचार कराने गए हुए थे, राजधानी वापस लौट आए हैं । वे पिछले लगभग एक माह से दक्षिण भारत के दौरे पर थे । उपचार कराने के बहाने उनका दक्षिण भारत का दौरा दो कारणों से था । एक तो वे श्री वी.पी. सिंह से काफी क्षुब्ध थे, दूसरा वे उत्तर भारत के साथ-साथ दक्षिण भारतीय राज्यों के किसानों के साथ अपना सीधा सम्पर्क जोड़ना चाहते थे ।

मतभेदों को पूरी तरह खत्म करने के उद्देश्य से दोनों नेता आज रात्रि भोज पर मिले । जब श्री वी.पी. सिंह मालदीव के दौरे पर गए थे, उन्होंने बेंगलूर में श्री देवी लाल से मिलने की कोशिश की थी, लेकिन उनकी भेंट नहीं हो पाई । सूत्रों के अनुसार श्री वी.पी. सिंह, कैबिनेट सचिव श्री विनोद पांडे और संयुक्त सचिव श्री भूरे लाल तथा श्री रणजीत सिंह और सांसद सोमपाल सिंह की एक बैठक हुई, जिसमें श्री रणजीत सिंह ने प्रस्ताव रखा था कि वह अपने पिता को मना लेंगे अगर प्रधानमंत्री उन्हें पूरा महत्व दें । तब श्री वी.पी. सिंह के आग्रह पर श्री रणजीत सिंह और सोमपाल सिंह बेंगलूर गए और जिन्दल फार्म पर उन्होंने 'ताऊ' से भेंट की और उन्हें शांत किया । मतभेद दूर करने के प्रयासों को देखते हुए श्री ओम प्रकाश चौटाला तुरन्त बेंगलूर गए थे तथा श्री देवी लाल से मिले । बताया जाता है कि 'ताऊ' ने श्री चौटाला की सारी बातों को अनसुना कर दिया । सूत्रों के अनुसार ऐसा दिखाई देता है कि 'ताऊ' अपने छोटे पुत्र रणजीत सिंह के काफी करीब होने लगे हैं । दूसरी ओर रणजीत सिंह को राज्यसभा में लिए जाने की सम्भावना है ताकि मंत्रिमंडल के आगामी विस्तार में उन्हें मंत्री बनाया जा सके ।

5 होटलों समेत कई भवन जल कर राख

श्रीनगर, 8 जुलाई (प.स.): गत रात्रि यहां लगी आग में 5 होटलों सहित कई भवन जल कर आंशिक रूप से राख हो गए । आग रात्रि 8.20 बजे पी.टी.आई. के सामने स्थित तालाबंद होटल रूबी से शुरू हुई और शीघ्र ही इसने कई घरों, होटल सबीना, होटल आर्डियन, होटल सुरती, प्रीमियर होटल और मोटर मार्कीट की दुकानों को घेरे में ले लिया । कर्फ्यू के कारण लोग आग बुझाने में सहायता न कर सके ।

कार-बस टक्कर : पति-पत्नी मरे, बच्चे घायल

जालन्धर, 8 जुलाई (ननए): आज शाम जालन्धर-अमृतसर जी.टी. रोड पर स्थित गांव दयालपुर के निकट एक कार और बस में भिड़ंत हो गई जिसके परिणामस्वरूप कार सवार रमेश कुमार और उसकी पत्नी संतोष घटनास्थल पर ही दम तोड़ गई, जबकि उनके तीन बच्चे गम्भीर घायल हो गए । उन्हें सिविल अस्पताल जालन्धर में भर्ती करवा दिया गया है ।

सरकार के कुछ और खर्चों में शीघ्र कटौती होगी

नई दिल्ली, 8 जुलाई (वार्ता): संकटग्रस्त वित्तीय हालत एवं भुगतान संतुलन की खराब स्थिति को देखते हुए सरकार द्वारा जल्द ही गैर-ज़रूरी व्यय में कटौती के लिए कुछ और उपायों की घोषणा किए जाने की सम्भावना है ।

सरकार विभिन्न मंत्रालयों तथा विभागों के व्यय में दस प्रतिशत की कटौती के अलावा मंत्रालयों के विदेशी दौरे से संबंधित बजट में 20 प्रतिशत कटौती करने और विदेशों में स्थित भारतीय पूंजीनिवेश केन्द्र के कार्यालय बंद करने के आदेश जारी कर चुकी है ।

टैक्सला के अद्वितीय
प्रस्ताव का लाभ उठाएँ !

कर्मियों

स्त्र मिले

ारी : अधिकारी
र के लिए तैयार

दिए गए

यह लोग सुरक्षा बलों द्वारा
तौरान कथित ज्यादतियां किए
थे ।

यापक खोज निरन्तर
लाधीश श्री गुलाम अब्बास
आज लगातार तीसरे दिन भी
रहे । श्री फारूक की खोज
को ढूंढने के लिए बड़े पैमाने
री है ।

कि अधिकारियों ने श्रीनगर
कि वह अपहरणकर्त्ताओं से
के साथ सीधा सम्पर्क करें
ववादियों को रिहा करने की
किया जा सके ।

दारी लेने वाले प्रतिबंधित
लिबरेशन फ्रंट ने अभी तक
धा सम्पर्क नहीं किया है ।

य प्रशासन को पूर्ण विश्वास
शीघ्र ही ढूंढ लिया जाएगा
और भी तेज कर दिया गया
तथा श्रीनगर में संदिग्ध
ठिकानों पर लगातार छापे

3 वर्षीय श्री फारूक अहमद
अकाली नेता बलवंत सिंह समेत 4 की हत्या : चंडीगढ़ से सघी के अनुसार आज दोपहर यहां के घनी आबादी वाले सैक्टर 20 व 32 के चौक के निकट आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके पंजाब के पूर्व वित्तमंत्री तथा अकाली दल (बादल) के वरिष्ठ नेता श्री बलवंत सिंह, उनके दो अंगरक्षकों सुरक्षा कर्मियों तथा कार ड्राईवर की हत्या कर दी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार श्री बलवंत सिंह जब दोपहर के समय यहां के सैक्टर 34 में स्थित अपने कार्यालय से लंच के लिए सैक्टर 27 में स्थित अपने घर जा रहे थे, तो रास्ते में मारुति कार सवार अज्ञात व्यक्तियों ने सैक्टर 20 व 32 के चौक के निकट गोलियां चलाकर उनकी कार के टायर पंक्चर कर दिए जिस कारण कार ड्राईवर को कार रोकने पर मजबूर होना पड़ा। कार के रुकते ही आतंकवादियों ने अपनी मारुति कार से नीचे उतरकर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं। श्री बलवंत सिंह, उनके दो अंगरक्षकों-सब इंस्पैक्टर श्री हरनेक सिंह व कांस्टेबल हरजिन्द्र सिंह और ड्राईवर किशन चन्द की मौका पर ही मृत्यु हो गई।

श्री बलवंत सिंह की कार के पीछे उनकी एस्कार्ट कार भी चल रही थी। श्री सिंह की कार के टायर पंक्चर हो जाने पर जब ड्राईवर ने कार को रोका तो एस्कार्ट कार भी उनकी कार से टकरा गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों की सफेद मारुति कार का नम्बर मौका पर जमा लोग पढ़ नहीं पाए। आतंकवादियों की गिनती तीन बताई जाती है। पुलिस को अभी तक आतंकवादियों का कोई सुराग नहीं मिला। श्री बलवंत सिंह की कार पर एक 47 राइफल की गोलियों के 27 निशान पाए गए। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार में सवार आतंकवादियों में से एक पगड़ीधारी था।

श्री बलवंत सिंह की एस्कार्ट कार के पीछे ही सैक्टर 34 में स्थित पुलिस स्टेशन के इंस्पैक्टर श्री विजय पाल अपनी पुलिस वैन में सवार होकर उधर से गुजर रहे थे। उन्होंने श्री बलवंत सिंह तथा तीन अन्य लोगों को अपनी वैन में पी.जी.आई. पहुंचाया। वहां पहुंचने से पहले ही चारों की मौत हो चुकी थी। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने जगह-जगह नाकाबंदी की और कई स्थानों पर छापे मारे लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।

बताया जाता है कि श्री बलवंत सिंह की एस्कार्ट कार में उनके मुख्य सुरक्षा अधिकारी इंस्पैक्टर श्री बख्शीश सिंह सहित 3 कांस्टेबल भी सैल्फ लोडिंग राइफलों के साथ सवार थे। हालांकि श्री बलवंत सिंह के मुख्य सुरक्षा अधिकारी ने यह दावा किया है कि उसने अपनी रिवाल्वर से आतंकवादियों पर गोलियां चलाईं, जिससे आतंकवादियों की कार का एक शीशा टूट गया लेकिन कांस्टेबलों की ओर से कोई गोली न चलाए जाने के मामले को लेकर कई तरह की आशंकाएं उत्पन्न हो गई हैं। पता चला है कि चंडीगढ़ पुलिस श्री बलवंत सिंह की एस्कार्ट कार में सवार सुरक्षा कर्मियों से भी इस घटना के बारे में पूछताछ कर रही है।

बताया जाता है कि श्री बलवंत सिंह का शव गोलियों से इतना क्षत-विक्षत हो गया था कि उन्हें पहचान पाना भी कठिन था। पुलिस ने इस मामले के संदर्भ में कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। यह भी मालूम हुआ है कि श्री बलवंत सिंह का मुख्य सुरक्षा अधिकारी हमेशा उनके साथ ही कार में सवार होता था लेकिन आज वह उनकी एस्कार्ट कार में बैठा था। मुख्य सुरक्षा अधिकारी का कहना है कि उसे आज श्री बलवंत सिंह ने ही एस्कार्ट कार में बैठने को कहा था।

'वार्ता' के अनुसार श्री बलवंत सिंह (61) आतंकवादियों की हिट लिस्ट में थे। कुछ अकाली नेताओं के साथ उन पर भी केन्द्र सरकार से मिल कर कथित रूप से 'आपरेशन ब्लू स्टार' कराने का षड्यंत्र रचने का संदेह किया जाता रहा। वह उस समय चर्चा में आए, जब उन्होंने श्री सुरजीत सिंह बरनाला के साथ मिलकर स्वर्गीय संत हरचंद सिंह लौंगोवाल को तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी के साथ पंजाब समझौता करने के लिए मनाया था। श्री बलवंत सिंह 1985 में बरनाला मंत्रिमंडल में दूसरे स्थान पर रखे गए और 1987 में सरकार को बर्खास्त किए जाने तक उन्होंने उसे अनेक मुश्किलों से उबारने में सहायता की।

बरनाला मंत्रिमंडल बर्खास्त किए जाने के बाद श्री सिंह अकाली दल लौंगोवाल छोड़ कर अकाली दल (बादल) में चले गए थे लेकिन अभी तक वह चुप्पी साधे हुए थे। राज्य सरकार ने उन्हें भारी सुरक्षा उपलब्ध कराई थी। उनके परिवार में पत्नी और एक बेटा है।

कपूरथला जिला के सैदपुर गांव में 2 मई, 1929 को जन्मे श्री बलवंत सिंह ने अकाली राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह पहली बार 1962 में नकोदर से कांग्रेस की टिकट पर पंजाब विधानसभा के लिए चुने गए। 1967 में वह अकाली टिकट पर पुनः निर्वाचित हुए और आबकारी एवं कराधान मंत्री बने। वह 1969, 1977, 1980 तथा 1985 में भी अकाली टिकट पर प्रदेश विधानसभा के लिए चुने गए। 1969 में गुरनाम सिंह मंत्रिमंडल में उन्हें वित्तमंत्री बनाया गया। वह जून, 1971 तक इस पद पर रहे। 1977 में प्रकाश सिंह बादल मंत्रिमंडल में भी उन्हें वित्त मंत्रालय सौंपा गया। एमरजैंसी के दौरान वह नागरिक अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहे। उस दौरान वह 17 माह तक जेल में रहे। वह ला ग्रेजुएट के अलावा अर्थ शास्त्र में पोस्ट ग्रेजुएट भी थे। विश्व बैंक की कार्यप्रणाली तथा कराधान और औद्योगिक ढांचे के अध्ययन के लिए वह अमरीका तथा जापान भी गए। वह अकाली दल चुनाव घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष भी रहे। इसी कारण वह अकाली दल की राजनीतिक व आर्थिक नीतियों के मुख्य रचयिता थे।

अंतिम संस्कार : चंडीगढ़ से 'वि.प्र.' के अनुसार श्री बलवंत सिंह का अंतिम संस्कार बुधवार 2 बजे सैक्टर 25 के श्मशान घाट में किया जाएगा। उनकी शव-यात्रा दोपहर बाद 1 बजे सैक्टर 27 में स्थित उनकी कोठी नं. 1015 से शुरू होगी।

हत्याकांड की निन्दा : नई दिल्ली से 'वार्ता' के अनुसार प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री श्री बलवंत सिंह की आतंकवादियों द्वारा की गई हत्या पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। श्री सिंह ने शोक संतप्त परिवार को भेजे संदेश में आज कहा कि इस हत्या की निन्दा के लिए शब्द पर्याप्त नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के कायरतापूर्ण कृत्यों से आतंकवादी पंजाब के लोगों के शांति के साथ रहने के इरादे को नाकाम करना चाहते हैं।

गृहमंत्री श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद ने पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री बलवंत सिंह की आतंकवादियों द्वारा हत्या की भर्त्सना की है। श्री सईद ने, जो इस समय कश्मीर घाटी की यात्रा पर हैं, एक शोक संदेश में कहा कि इस नृशंस हत्या की सभी को कड़ी निन्दा करनी चाहिए।

भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री श्री कृष्ण लाल शर्मा ने उग्रवादियों द्वारा श्री बलवंत सिंह की हत्या को एक भीरुतापूर्ण कार्रवाई बताया है तथा इसकी निन्दा की है। उन्होंने कहा कि उग्रवादियों ने सिद्ध कर दिया है कि जो भी व्यक्ति उनके साथ पूरी तरह से सम्बद्ध नहीं होता, वे उसकी हत्या कर देते हैं। श्री बलवंत सिंह एक अत्यन्त सुलझे हुए राजनीतिज्ञ थे।



उग्रवादियों ने मंगलवार को चंडीगढ़ में पंजाब के भूतपूर्व वित्तमंत्री एवं वरिष्ठ अकाली नेता श्री बलवंत सिंह की हत्या कर दी। (1) उस कार का आंतरिक दृश्य, जिसमें श्री बलवंत सिंह घटना के समय सवार थे। पिछली सीट पर उनकी पगड़ी गिरी नजर आ रही है, (2) श्रीमती बलवंत सिंह अपने पति (इन्सैट श्री बलवंत सिंह का पुराना चित्र) के शव के पास पत्थर की प्रतिमा बनी बैठी हुई दिखाई दे रही हैं, (3) श्री बलवंत सिंह का इकलौता बेटा अपनी एक वृद्ध रिश्तेदार के गले लग कर विलाप करते हुए, (4) अधिकारी श्री बलवंत सिंह के शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाते हुए, (5) स. बलवंत सिंह के ड्राइवर तथा 2 अंगरक्षकों के शव एक वैन में पड़े दिखाई दे रहे हैं। (छाया : पुरी)

पंजाब के राज्यपाल श्री वीरेन्द्र वर्मा ने श्री बलवंत सिंह की हत्या की तीव्र निंदा की है। श्री वर्मा, जोकि फिरोजपुर तथा फरीदकोट के दो दिवसीय दौरे पर हैं, ने एक वक्तव्य में कहा है कि इस जघन्य हत्याकांड की राजनीतिक व धार्मिक नेताओं समेत सभी द्वारा आलोचना की जानी चाहिए। श्री वर्मा ने कहा कि हिंसा से पंजाब की आर्थिक दशा पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़े हैं और हर कीमत पर इसे रोका जाना चाहिए। श्री वर्मा ने इस वारदात में मरने वाले 3 अन्य लोगों के परिवारों से भी गहरी सहानुभूति प्रकट की है।

माकपा की पंजाब इकाई ने भी श्री बलवंत सिंह और तीन अन्य की हत्या की कटु आलोचना की है। माकपा की पंजाब इकाई के सचिवालय के सदस्य श्री चरण सिंह विरदी ने एक वक्तव्य में सभी लोकतांत्रिक व धर्म निरपेक्ष ताकतों से आग्रह किया है कि इस जघन्य हत्याकांड की निंदा की जाए। उन्होंने कहा है कि अकालियों को इस वारदात से सबक सीखना चाहिए तथा आतंकवाद के विरुद्ध सिख समुदाय को जागृत करने के लिए आगे आना चाहिए।

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री बी.डी. गुप्ता तथा हरियाणा कांग्रेस (इ) अध्यक्ष श्री शमशेर सिंह सुर्जेवाला ने भी श्री बलवंत सिंह तथा तीन अन्य की हत्या की निंदा की है तथा शोकाकुल परिवारों से अपनी गहरी सम्वेदनाएं व्यक्त की हैं।

लुधियाना से महेन्द्रा के अनुसार पूर्व केन्द्रीय गृहमंत्री श्री बूटा सिंह तथा पंजाब इंका अध्यक्ष श्री बेअंत सिंह ने पंजाब के पूर्व वित्तमंत्री श्री बलवंत सिंह की उग्रवादियों के हाथों हत्या पर गहरा दुख प्रकट करते हुए कहा कि उनका पंजाब की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान है। उनकी सेवाओं की उपेक्षा नहीं की जा सकती।

फगवाड़ा से 'अशोक' के अनुसार अकाली दल (लौंगोवाल) के वरिष्ठ नेता जत्थेदार जीवन सिंह उमरानंगल, पंजाब भाजपा अध्यक्ष श्री मदन मोहन मित्तल, महासचिव चौ. स्वर्णा राम, जगदीश राय मोंगा व जत्थेदार तोता सिंह सहित अनेक नेताओं ने श्री बलवंत सिंह की हत्या की कड़ी निन्दा की है।

सरपंच की हत्या : अमृतसर (प.स.) : कत्थूनंगल थाने के अन्तर्गत झंडे गांव में आतंकवादियों के एक गिरोह ने कल रात सरपंच संतोख सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी।

अपहृत होमगार्ड जवान की हत्या : अमृतसर जिला के गांव जौड़ा से पिछले दिनों अपहृत होमगार्ड जवान रणधीर सिंह का आज तड़के वल्टोहा थाना के अधीन अमरकोट गांव से शव बरामद हुआ।

मुठभेड़ में एक आतंकवादी मरा : तरनतारन थाने के अन्तर्गत पट्टी क्षेत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड कमांडो दल तथा आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया।

राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के कमांडो दल पर ट्रैक्टर में जाते हुए आतंकवादियों ने गोलियां चलानी शुरू कर दीं। जवाबी कार्रवाई में एक आतंकवादी मारा गया। बाकी आतंकवादी भाग निकले।

सुरक्षा कर्मियों पर हमले : घरिंडा थाने के अन्तर्गत भारत-पाक सीमा पर पुलिस के एक गश्ती दल पर आतंकवादियों ने कल रात हमला किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार गश्ती दल पर तीन बार अलग-अलग स्थानों पर हमला किया गया, लेकिन हर बार पुलिस कर्मियों ने हमले को विफल कर दिया।

कल रात थाने के अन्तर्गत घनुपुरकले में विशेष पुलिस अधिकारी चौकी पर आतंकवादी हमले को विफल कर दिया गया।

लूटपाट : अमृतसर से कमलेश के अनुसार गत दिवस दोपहर 2 बजे के लगभग तीन उग्रवादी पिस्तौल की नोक पर शहर की अन्तर्यामी कालोनी में बलविंदर सिंह के घर से एक लाख रुपए के स्वर्णाभूषण, वी.सी.आर. और उनका नया बजाज चेतक स्कूटर ले गए। बताया गया है कि उग्रवादी पैदल आए। उन्होंने घर का दरवाजा खटखटाया और घर की बहू सुखविन्द्र कौर ने जब दरवाजा खोला तो उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर स्टोर की चाबियां लेकर माल निकाल लिया और बाद में उन्हीं के नए बजाज स्कूटर पर चढ़ कर भाग गए और धमकी दे गए कि वे फिर आएंगे। यह भी कह गए कि गुरुद्वारा अटारी साहब में 25 जुलाई को आकर वे एक लाख रुपया दे जाएं वरना उनके परिवार को 'साफ' कर दिया जाएगा?

मुठभेड़ में 3 आतंकवादी और मरे : अमृतसर से 'वि.प्र.' के अनुसार पुलिस जिला मजीठा के लोपोके थाना के अधीन गांव कमासके में पुलिस व सुरक्षा बलों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए पांच आतंकवादियों को कल शाम लगभग 6 बजे घेर लिया। इसके बाद दोनों तरफ से फायरिंग हुई। कई घंटे तक चले मुकाबले के दौरान तीन आतंकवादी मारे गए। इनकी अभी तक पहचान नहीं हुई। मौका से एक ए.के. 47 राइफल दो 12 बोर की राइफलें तथा अनेक कारतूस बरामद हुए हैं।

3 उग्रवादियों के शव मिले : अमृतसर से नारंग के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के गांव तुड़ के पास आज 3 उग्रवादियों के गोलियों से छलनी शव बरामद हुए हैं। बताया जाता है कि ये हत्याएं उग्रवादियों की आपसी शत्रुता का परिणाम हैं।

2 प्रवासी श्रमिकों की हत्या : पुलिस जिला तरनतारन के ही गांव पुनिया के निकट खेतों में कार्य कर रहे 2 प्रवासी श्रमिकों की उग्रवादियों द्वारा हत्या कर दिए जाने का समाचार मिला है।

एक और उग्रवादी का शव मिला : पुलिस जिला मजीठा के गांव डंगरा के निकट खेतों से एक उग्रवादी का शव बरामद किया गया है। मृतक उग्रवादी ग और उग्रवादियों ने आपसी रंजिश के कारण उसकी हत्या कर दी।

एक व्यक्ति का अपहरण : आज रात्रि 9-10 बजे कोट खालसा फाटक अमृतसर से उग्रवादियों ने एक व्यक्ति राज कुमार उर्फ मल्ला का अपहरण कर लिया।

एस.पी.ओ. का शव मिला : पुलिस ने आज मजीठा पुलिस जिला के छापियांवाली गांव से एस.पी.ओ. अमरजीत सिंह का शव बरामद किया है। इससे पूर्व रैय्या से उसका अपहरण कर लिया गया था।

3-4 उग्रवादी घायल : आज सायं पुलिस जिला अमृतसर में गांव सराय अमानत खान में सुरक्षा बलों के साथ हुए संघर्ष में 3 से 4 उग्रवादी घायल हो गए। पुलिस की सूचनाओं के अनुसार सुरक्षा बलों की फायरिंग से उग्रवादी भाग निकले, पुलिस को खून के निशानों से उग्रवादियों के भाग जाने का पता चला। पुलिस दल क्षेत्र में तलाशी लेरहे हैं। उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों पर घात लगा कर हमला किया था।

(शेष पृष्ठ 6 पर)



मुफ्ती का पंजाब में चुनावों बारे वायदा करने से इन्कार

चंडीगढ़, 10 जुलाई (एन.एस. परवाना): केंद्रीय गृहमंत्री श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद ने इस बात [illegible] नहीं करेगी। हम देश को टूटने नहीं देंगे। जो लोग देश को तोड़ने के प्रयास कर रहे हैं वे अपने इरादों में [illegible]

श्री सईद ने कहा कि सरकार ने 59वां वैधानिक संशोधन लागू ले लिया है। आपेक्षित [illegible] यह अलग बात है कि दूसरे पक्ष ने सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दिखाई है।









विगत दिवस कपूरथला जिला के गांव लिट्टां में उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान मारे गए भुलत्थ थाने के एस.एच.ओ. श्री जगजीत सिंह का मंगलवार को जालन्धर मे अंतिम संस्कार कर दिया गया । (ऊपर दाएं) पंजाब के पुलिस प्रमुख श्री के.पी.एस. गिल मृतक को श्रद्धांजलि देते हुए तथा (बाएं) श्री जगजीत सिंह का शव । (नीचे) दिवंगत एस.एच.ओ. के परिवार के सदस्य शोकाकुल मुद्रा में । (छाया : प्यारे)





(ऊपर) कपूरथला जिला के गांव लिट्टां में सोमवार शाम को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक फार्म हाऊस में मारे गए 3 आतंकवादियों के शव तथा (नीचे) फार्म हाऊस की तलाशी के दौरान बरामद हथियार तथा अन्य दस्तावेज । (छाया : शर्मा)

बलवंत सिंह की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

लाइनमैन सहित 3 की हत्या : बटाला (कोछड़) : पुलिस जिला बटाला के गांव अलीवाल के निकट चार सशस्त्र आतंकवादियों ने गोलियां मार कर एक युवक तेजपाल सिंह उर्फ तेजू (18) की हत्या कर दी । घटनास्थल से पुलिस ने ए.के. 47 के चले हुए 6 कारतूस बरामद किए हैं । मृतक थाना धारीवाल के गांव खानोवाल का रहने वाला था । आतंकवादी उसे उसके घर से जब्री अपने साथ बाहर ले गए थे ।

इसी जिला में थाना कादियां के गांव नत्थू खैरा में आतंकवादी बिजली बोर्ड के एक लाइनमैन नरेन्द्र सिंह (30) को उसके घर से जब्री बाहर ले गए और कुछ दूर जाकर गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 के चले हुए दो कारतूस मिले हैं ।

इसी जिला में थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव कीड़ी अफगानां में चार-पांच अज्ञात लोगों ने गांव के कुएं पर जाकर तेजधार हथियारों से एक व्यक्ति शिंगारा सिंह की हत्या कर दी ।

इसी जिला के थाना कलानौर में पुलिस ने एक युवक तरसेम सिंह उर्फ बऊ, निवासी गांव बल्ल को गिरफ्तार किया है । उसके पास से 1 पिस्तौल और 3 कारतूस बरामद किए गए हैं ।

युवक घायल : पुलिस जिला बटाला कादियां क्षेत्र के गांव काहनुवान के निकट आज प्रातः दो सशस्त्र आतंकवादियों ने गोलियां मार कर एक लड़के अश्विनी कुमार को गंभीर रूप से घायल कर दिया । उसे अमृतसर के अस्पताल में दाखिल करवाया गया है । पुलिस सूत्रों के अनुसार वह कादियां का निवासी है और साइकिल पर गांव में टाफियां बेचने के लिए जा रहा था ।

एक की हत्या : गुरदासपुर : जिला के कमालपुर गांव में कल रात आतंकवादियों ने ट्यूबवैल पर सोए एक व्यक्ति राममूर्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

कई महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले : कपूरथला (शर्मा) : जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आज यहां पत्रकारों को गत दिवस गांव लिट्टां के निकट हुई मुठभेड़ की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि मुठभेड़ में मारे गए अखिल भारतीय सिख छात्र संघ जिला कपूरथला के प्रधान सुरजीत सिंह संधू के फार्म हाऊस से पुलिस को बहुत महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं, जिनसे आतंकवादियों का पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार करने में बहुत सहायता मिलेगी । इन दस्तावेजों से कई भेद तथा उच्च कोटि के राजनीतिज्ञों तथा व्यक्तियों से इन आतंकवादियों से संबंधों तथा सम्पर्कों की जानकारी प्राप्त हुई है । पुलिस ने बहुत से चित्र भी अपने कब्जे में लिए हैं जिनमें राजनीतिक नेता कथित आतंकवादियों को सम्मानित कर रहे हैं । जिला जालंधर के एक गांव के सरपंच का पत्र भी मिला है, जिसमें तीन व्यक्तियों को 'सोधने' सम्बन्धी संधू को लिखा हुआ है । लोगों से रुपए प्राप्त करने के लिए धमकी भरे पत्र लिखने के लिए रखे गए लगभग 200 लैटर हैड तथा सिख छात्र संघ की लगभग दो दर्जन रसीद बुकें भी पुलिस ने अपने कब्जे में ली हैं ।

थानेदार का अंतिम संस्कार : जालंधर (प.स.) : कपूरथला जिला में कल सुरक्षा बलों तथा उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ के दौरान मारे गए भुलत्थ थाने के एस.एच.ओ. श्री जगजीत सिंह का आज यहां पूरे पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया । इस अवसर पर प्रदेश के पुलिस प्रमुख श्री के.पी.एस. गिल भी मौजूद थे ।

बेनज़ीर की गद्दी को खतरा

(पृष्ठ 3 का शेष)

सुश्री भुट्टो और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की सिंध में थोड़े-थोड़े समय बाद होने वाले रक्तपात को रोक पाने में असफलता ने उनकी (बेनजीर) शासन करने की योग्यता ही नहीं अपितु एक राष्ट्रीय नेता के तौर पर विश्वसनीयता पर भी प्रश्न चिन्ह लगा दिया है ।

बेनज़ीर रवाना : इस्लामाबाद (प.स.): श्रीमती बेनज़ीर भुट्टो पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका के पांच देशों की यात्रा पर आज बगदाद के लिए रवाना हो गईं । उनकी यात्रा का मुख्य उद्देश्य जम्मू-कश्मीर में जनमत संग्रह कराने के पाकिस्तानी रवैये के प्रति इस्लामी सम्मेलन संगठन के देशों का समर्थन जुटाना है ।

श्रीमती भुट्टो ने इसी उद्देश्य से गत मई से आठ मुस्लिम देशों का दौरा किया था लेकिन उनके हाथ कुछ भी नहीं लगा था । श्रीमती भुट्टो सम्भवतः इस बार भी अपने दौरे के दौरान भारत के खिलाफ आग उगलेंगी और अपनी बेबसी का रोना रोएंगी ।

पाक प्रधानमंत्री की इस यात्रा का महत्व इस बात के मद्देनज़र और भी बढ़ गया है कि काहिरा में केवल बीस दिन बाद इस्लामी सम्मेलन संगठन के विदेश मंत्रियों की बैठक शुरू हो रही है ।

श्रीमती भुट्टो इस बार अनेक संघीय मंत्रियों और महत्वपूर्ण विभागों के सचिवों के जत्थे के साथ समर्थन जुटाने के लिए रवाना हुई हैं । समझा जाता है कि कुछ ही दिनों बाद संघीय मंत्री कश्मीर मसले पर भारत के खिलाफ कूटनीतिक हमले को पैना बनाने के इरादे से अनेक देशों की यात्रा करेगा ।

यहां राजनयिक हल्कों में इस यात्रा को इसलिए भी काफी महत्व दिया जा रहा है क्योंकि प्रधानमंत्री अपने साथ अनेक विभागों के मंत्रियों और सचिवों

कश्मीरी उग्रवादियों द्वारा वार्ता की इच्छा

(पृष्ठ 3 का शेष)

से उग्रवादियों ने अपहरण कर लिया था ।

सी.बी.आई. अधिकारी की हत्या, बच्चा घायल : श्रीनगर के शालाकदल में आज सायं उग्रवादियों ने सी.बी.आई. के एक अधिकारी की हत्या कर दी है ।

सूत्रों के अनुसार कश्मीर घाटी के तराल क्षेत्र में बम विस्फोट के कारण 10 वर्षीय एक बच्चा बुरी तरह घायल हो गया । उसकी पहचान बिलाल अहमद के रूप में हुई है ।

2 संदिग्ध उग्रवादी मरे, 1 फरार : जम्मू से 'नि.स.' के अनुसार साम्बा क्षेत्र में एक मुकाबले के दौरान 2 संदिग्ध उग्रवादी मारे गए हैं, जबकि एक अन्य अंधेरे का लाभ उठाते हुए फरार होने में सफल हो गया ।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार तीन संदिग्ध युवक सीमावर्ती साम्बा तहसील के रास्ते पाकिस्तान में घुसने की चेष्टा कर रहे थे कि बी.एस.एफ. की एक नाका पार्टी ने उन्हें चुनौती देकर गोली चला दी । इस मुकाबले में इनमें से 2 युवक मारे गए तथा तीसरा भाग निकला । इनके पास से एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए ।

संदेह किया जाता है कि यह युवक पंजाब के आतंकवादियों के लिए हथियार लेने जा रहे थे ।

शस्त्र बरामद : सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों के तीन ठिकानों पर छापे मार कर एक राकेट लांचर, दो राकेट, छः ए.के. 47 राइफलें व उनके 500 कारतूस, बारह मैगज़ीन, 70 कारतूसों के साथ तीन पिस्तौल, 35 हथगोले, 15 बारूदी सुरंगें, विस्फोटकों की पांच थैलियां तथा साइनायड की 50 टैबलेट्स बरामद कीं ।

सुरक्षा बलों ने आज श्रीनगर में प्रतिबंधित 'हिजबुल मुजाहिदीन' के एक प्रमुख नेता को गिरफ्तार कर उसके पास से एक मशीनगन, तीन पिस्तौल तथा उनकी चार मैगज़ीनें बरामद कीं ।

जे.के.एस.एल.एफ. के 2 शीर्षस्थ उग्रवादी गिरफ्तार : सुरक्षा बलों को जम्मू-कश्मीर छात्र मुक्ति मोर्चा के दो चोटी के आतंकवादियों को गिरफ्तार करके अपनी आतंकवाद विरोधी कार्रवाइयों में जबरदस्त सफलता मिली है । गिरफ्तार आतंकवादियों में एक छात्र मुक्ति मोर्चा का कार्यवाहक अध्यक्ष जावेद अहमद शाला भी है । इसकी गिरफ्तारी के कारण ही श्रीनगर के उपायुक्त के पुत्र फारूक अहमद शाह की कल बिना शर्त रिहाई कराई जा सकी ।

सीमा सुरक्षा बल के विशेष कार्य बल के कर्मियों ने दोनों उग्रवादियों को उस समय दबोच लिया जब वे एक होटल के बाहर स्कूटर रिक्शा पर सवार हो रहे थे । सीमा सुरक्षा बल के सूत्रों के अनुसार, दोनों आतंकवादियों का फारूक की रिहाई के लिए जम्मू-कश्मीर छात्र मुक्ति मोर्चा से बातचीत चलाने का काम निबटाने के लिए उपयोग किया गया ।

शाला उर्फ मुन्ना को 23 वर्षीय इंजीनियर फारूक अहमद शाह की रिहाई के लिए जम्मू-कश्मीर छात्र मुक्ति मोर्चा के आतंकवादियों के साथ लगभग गिड़गिड़ा कर याचना करनी पड़ी । शाला ने आतंकवादियों को बताया कि उसकी जिंदगी खतरे में है । दूसरे गिरफ्तार आतंकवादी का नाम मुश्ताक अहमद खान उर्फ पोप्पा बताया गया है । उन दोनों के पास से दो चीन में बनी पिस्तौलें भी बरामद की गई हैं ।

जम्मू-कश्मीर छात्र मुक्ति मोर्चा ने कल दावा किया था कि उसने फारूक को 'बिना शर्त' रिहा कर दिया । सीमा सुरक्षा बल के सूत्रों ने बताया कि छह जुलाई को अपहरण होने के फौरन बाद सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों पर दबाव बढ़ा दिया था ।

नैकां सांसदों से त्यागपत्र देने को कहा गया : इस बीच गैर-कानूनी घोषित जम्मू और कश्मीर लिबरेशन फ्रंट ने नैशनल कांफ्रैंस के सांसदों से कहा है कि वे अपनी सीटों से तुरंत इस्तीफा दें । फ्रंट के एक बयान में कहा गया है कि इन सदस्यों को कश्मीरी जनता का प्रतिनिधित्व करने का हक नहीं है ।

सईद द्वारा घुसपैठ रोकने पर विचार : केंद्रीय गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद ने आज यहां सेना और प्रशासन के अधिकारियों से सीमा पार से घुसपैठ रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर विचार-विमर्श किया । मुफ्ती ने कहा कि राज्य को अशांत परिस्थितियों से बुरी तरह से प्रभावित वर्गों के लिए अवसर प्रदान करने के लिए घाटी में विकास कार्यों की गति में तेजी आनी चाहिए । गृहमंत्री आज यहां चंडीगढ़ से यहां पहुंचे । मौसम सही न होने की वजह से वह कारगिल रवाना न हो सके तथा जम्मू वापस लौट गए ।

'प.स.', 'वा' के अनुसार श्री सईद ने कहा कि



हिन्दू शि... पलायन ... सामग्री ... गया । ... श्री अश्वि... होने से प...

लाल ...

नई ... राज्यमंत्री ... और पूर्व ... लेंगे । इ... आज रात ... को कल ... एजवाल ... उसी दिन ... एजवाल ... राजकीय ...

उच्च ...

मतदान ... आच...

चंडीगढ़ ... जन-प्रतिनि... मतदान केंद्रों ... या नहीं ? ... न्यायालय में ... श्री एम.एस. ... का विषय ब... सुनवाई कर ... इस याचिका ... सांसद चुने ... आरोप था कि ... 'ग्रीन ब्रिगेड' ... कब्जे करके ... बारे और भी ...

इस संद... मांग करते ह... एस.सी. मोह... उल्लेख नहीं ... पर हुआ था ... यदि मतदान ... न हुआ हो, प... भ्रष्ट आचरण ... यह अपराध त... धारा 123 ... अदालत की ... थी ।

त्रिपुरा ...

अगरतला ... त्रिपुरा उपजा... गठजोड़ ने त्रि... ज़िला परिषद ... प्रारम्भिक बढ़... यहां बताया ... उपजाति युवा ... सीट मिली । ... सीटें जीतीं । ... कामयाब रहा ...

बी.एड. ... 16 त...

चंडीगढ़, ... विश्वविद्यालय ... जाने वाली परी... तक स्वीकार ... परीक्षा पूर्व नि... होगी ।

क्रूर व्यक्ति ...



रोपड़ जिले के महेन्द्र सिंह, जिसने गत 6 जुलाई को पटियाला में डी.एल.एफ. कालोनी में पंजाब बिजली बोर्ड के कार्यालय से 43 हजार रुपए लूटे थे, से बरामद की गई एक ए.के. 47 राइफल और गोली सिक्का । महेन्द्र सिंह से लूटा हुआ रुपया भी पुलिस ने बरामद कर लिया था । (फोटो : राजू)

Dr. J.T. Bhatia—

आज टैलीविज़न पर



टी.बी. बीमारी के प्रसिद्ध डा. और गरीबों के सच्चे हमदर्द Dr. J. T. Bhatia, Bhatia Hospital, Jalandhar वाले आज शाम 6.30

गुमशुदा की तलाश



मेरी बहन श्रीमती बिमला देवी उम्र 50 साल, कद 5'-4" रंग गोरा दिमागी परेशानी की वजह से 4.7.90 से लापता हैं । पहुंचाने वाले को सफर खर्च के अलावा 200 रु. शुक्राना





ली नेता श्री बलवंत सिंह का बुधवार को
1) शव यात्रा से पूर्व दिवंगत अकाली नेता
ए रखी गई, (2) श्री बलवंत सिंह का पुत्र
हथियार उलटे करके दिवंगत नेता को
स्थित श्री प्रकाश सिंह बादल एवं अन्य
(छाया : पुरी)

वंत सिंह की अंत्येष्टि, ा हत्या की निंदा

हास सब से पहले श्री बलवन्त सिंह की कोठी पर
वे और उन्होंने शोक संतप्त परिवार से हार्दिक
दना व्यक्त की । श्री बादल के साथ उनकी
ी श्रीमती सुरेन्द्र कौर बादल भी थीं । पंजाब के
पाल श्री वीरेन्द्र वर्मा की तरफ से मुख्य सचिव
एस.एल. कपूर और विदेशमंत्री श्री इन्द्र कुमार
राल की तरफ से वित्त आयुक्त (योजना) श्री
ीत सिंह चट्ठा ने भी श्री बलवन्त सिंह की देह पर
चढ़ाए । आई.जी. पुलिस (प्रशासन) श्री
.पी. जोशी ने पंजाब के पुलिस प्रमुख श्री
ी.एस. गिल की तरफ से फूल चढ़ाए ।
ांजलि भेंट करने वालों में संघ शासित क्षेत्र
गढ़ के गृह सचिव श्री आर.एन. पराशर और
युक्त श्री कृष्ण मोहन भी मौके पर पहुंचे हुए
। श्री बलवन्त सिंह के ड्राइवर श्री किशन चन्द
भी आज यहां श्मशानघाट में श्री बलवन्त सिंह के
ा ही अन्तिम संस्कार कर दिया गया ।

हत्या की निंदा : शिरोमणि गुरुद्वारा
न्धक कमेटी के प्रधान श्री गुरचरण सिंह टोहरा
ा युवा अकाली दल के प्रधान श्री शेर सिंह
छेड़ी जो कि श्री बलवन्त सिंह के अन्तिम संस्कार
मौके पर मौजूद नहीं थे, ने एक संयुक्त बयान में
बलवन्त सिंह की हत्या पर गहरा दुख व्यक्त
या है तथा इसे कायरतापूर्ण कार्रवाई करार देते हुए
की आलोचना की है ।

नई दिल्ली से 'प.स.' के अनुसार विदेशमंत्री श्री

(शेष पृष्ठ 8 पर)

फूट और बढ़ी : ाव अवश्यम्भावी

ने से पूर्व उन्हें अपने दामन में झांक लेना चाहिए
क्योंकि उन्होंने तो अमरीक सिंह के बच्चों की भी
ी जाकर खैरियत नहीं पूछी ।

.पी. सिंह अगले मास नेपाल जाएंगे

काठमांडू, 11 जुलाई (पस): वरिष्ठ
धकारियों के अनुसार भारतीय प्रधानमंत्री
पी. सिंह के अगले मास के शुरू में नेपाल जाने की
भावना है । यह पग दोनों देशों के सम्बन्धों को
बूत बनाने के लिए उठाया जा रहा है । यात्रा की
रीखें तय होने के बाद यात्रा की औपचारिक
णा की जाएगी ।

यास में ट्रक गिरने से 9 मरे

शिमला, 11 जुलाई (प.स.) : आज कुल्लू से
0 किलोमीटर दूर पतलीकुल के निकट
ल्लू-मनाली सड़क पर एक ट्रक के ब्यास नदी में
र जाने से 9 व्यक्तियों के मारे जाने की आशंका
।

आशंका है कि सभी व्यक्ति नदी के तेज बहाव में
ड़ गए हैं । ट्रक लाहौल-स्पीति से किन्नौर जा रहा
। मृतकों के बारे में अभी किसी प्रकार की
नकारी प्राप्त नहीं हुई है ।

कीमत देने का फैसला

श्री पटेल ने स्पष्ट किया कि 15 रु. की बढ़ी हुई
मत उन किसानों को ही दी जाएगी जिन्होंने गेहूं

चंडीगढ़ के थाने पर राकेट से हमला, पिता-पुत्र सहित 8 लोगों की हत्या

सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ों में 4 उग्रवादी मारे गए

6 उग्रवादी काबू, 4 अन्य फरार, 2 व्यक्तियों का अपहरण

चंडीगढ़, 11 जुलाई (प.स., वार्ता): चंडीगढ़ के एक थाने में आज राकेट से हमला किया गया, जबकि पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान पिता-पुत्र और होमगार्ड के एक जवान समेत 8 लोगों की हत्या कर दी गई । इस दौरान मुठभेड़ों में 4 आतंकवादी मारे गए, 4 भाग निकले तथा 6 अन्य को गिरफ्तार किया गया । उग्रवादियों ने दो लोगों का अपहरण भी किया ।

थाने पर राकेट से हमला : चंडीगढ़ (संघी): आज रात्रि यहां के सैक्टर 26 में स्थित थाने पर उग्रवादियों ने राकेट से हमला कर दिया, जिससे सी.आर.पी. के 4 जवान व होम गार्ड के 2 जवान घायल हो गए । घायलों में सी.आर.पी.एफ. की चौथी बटालियन के इंस्पैक्टर सवेर सिंह, लांस नायक एन.सी. वलेडा, नायक के. राघवन और नायक विक्रम गर्ग तथा होमगार्ड के सुभाष चंद्र और गगन नाथ शामिल हैं । घायलों को पी.जी.आई. में दाखिल करवा दिया गया है ।

सी.आर.पी.एफ. के डी. आई. जी. श्री आर.के. मेहता ने बताया कि रात्रि लगभग 10 बजे पुलिस स्टेशन की तीसरी मंज़िल पर जवान सोने की तैयारी कर रहे थे कि अचानक उन्होंने बम धमाके की आवाज सुनी । खतरा भांपते हुए उन्होंने हवाई फायरिंग की और 14-15 गोलियां चलाईं ।

बताया जाता है कि थाने पर राकेट से हमला थाने के पिछवाड़े से किया गया, जिससे तीसरी मंज़िल के 3 कमरों की छतें गिर गईं । हमलावरों के बारे में कुछ पता नहीं चल सका ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार उग्रवादियों को आशंका थी कि पुलिस ने उनके किसी साथी को पकड़ रखा है, उसे छुड़ाने के उद्देश्य से उग्रवादियों ने थाने पर हमला किया ।

'वार्ता' के अनुसार थाने पर बम धमाका होने से 3 व्यक्ति मारे गए ।

मुठभेड़ में आतंकवादी मरा : जालंधर (प.स.) : नकोदर थाना के अन्तर्गत खीवा गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । उसका नाम सोहन सिंह उर्फ राणा बताया जाता है । पुलिस ने घटनास्थल से एक बंदूक तथा सात कारतूस बरामद किए हैं ।

मुकाबले के बाद 4 आतंकवादी फरार : जालंधर जिला के मलूसियां क्षेत्र के गांव बल के निकट पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद 4 आतंकवादी भाग निकले । पुलिस इन आतंकवादियों की तलाश कर रही है ।

आश्रयदाता काबू : जालंधर सदर पुलिस स्टेशन के अन्तर्गत अठोला गांव से पुलिस ने आतंकवादियों के एक आश्रयदाता अवतार सिंह को गिरफ्तार किया है ।

मुठभेड़ में एक और आतंकवादी मरा : गुरदासपुर (वार्ता) : जिला के ठट्ठा गांव के निकट से सीमा पार करके पाकिस्तान जाने का प्रयास करने वाले एक अज्ञात आतंकवादी को सुरक्षा बलों ने मार गिराया । क्षेत्र की छानबीन करने पर आज प्रातः उसका शव बरामद किया गया ।

एक की हत्या : संगरूर (वार्ता) : जिला के अलोर गांव में आज तीन आतंकवादियों ने एक घर में घुसकर तेजा सिंह नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी ।

पिता-पुत्र की हत्या : अमृतसर (प.स.) : पुलिस जिला मजीठा के गांव झंडेर में कल रात आतंकवादियों ने एक आढ़ती सुखबीर सिंह तथा उसके बेटे हरपाल सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी । खालिस्तान कमांडो फोर्स ने इस वारदात की जिम्मेदारी ली है ।

एक की हत्या : पुलिस जिला मजीठा के गांव भिंडर में कल रात आतंकवादियों ने गुरबिन्द्र सिंह उर्फ गिंदी की गोली मारकर हत्या कर दी ।

शव मिला : पुलिस जिला मजीठा के गांव धर्मू चक से कल रात पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया ।

2 उग्रवादी मारे गए : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार थाना भिखीविंड के गांव कच्चा पक्का के निकट पुलिस और उग्रवादियों में आधा घंटा तक हुई फायरिंग में 2 उग्रवादी मारे गए ।

अपहरण करने की कोशिश : थाना बी डिवीजन अमृतसर के क्षेत्र डायमगंज में रात्रि पौने सात बजे एक सफेद रंग की मारुति कार में सवार उग्रवादियों ने देसराज नामक लड़के का अपहरण करने की कोशिश की । उसके साथियों ने जब हस्तक्षेप किया तो उग्रवादयों ने गोली मार कर देसराज को घायल कर दिया ।

हमले में दो कमांडो घायल : अमृतसर जिला के बल्टोहा थाना के अंतर्गत गांव कोटली वासवा के निकट आतंकवादियों ने घात लगा कर हमला किया, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के 2 कमांडो घायल हो गए । उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

टैक्सी ड्राईवर घायल : बटाला (कोछड़) : पुलिस जिला बटाला के थाना सदर बटाला के क्षेत्र रंगड़ नंगल के निकट गत सायं लगभग पांच बजे तीन आतंकवादियों ने फायरिंग करके एक टैक्सी ड्राईवर सुरजीत सिंह को गंभीर रूप से घायल कर दिया तथा उसकी टैक्सी (न. पी.सी.यू.-6371) लेकर फरार हो गए ।

घायल ने दम तोड़ा : पुलिस जिला बटाला

(शेष पृष्ठ 8 पर)



(1) पंजाब के पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल बुधवार को जालंधर में पुलिस कंट्रोल को उद्घाटन करते हुए । (2) श्री गिल नई पुलिस गश्ती गाड़ियों को रवाना करते हुए (3, 4) पिछले दो महीनों में जिला जालंधर पुलिस द्वारा पकड़े गए हथियार । (इन्सैट) पुलिस कंट्रोल रूम में टैलेक्स कक्ष का निरीक्षण करते हुए श्री गिल । (छाया : कपूर)

पुलिस का यह संकल्प है कि उग्रवाद के विरुद्ध लड़ाई अंतिम विजय तक लड़ी जाएगी : गिल

जालन्धर, 11 जुलाई (ढल्ल): पंजाब के पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने आज पुलिस का यह संकल्प दोहराया कि उग्रवाद के विरुद्ध लड़ाई अंतिम विजय तक लड़ी जाएगी ।

श्री गिल जो आज यहां पुलिस लाइन्ज में संवाददाताओं से वार्ता कर रहे थे, ने बताया कि राज्य में मई मास में पुलिस मुकाबलों में 93 उग्रवादी और जून मास में 101 उग्रवादी मारे गए थे । इनमें 20 नामी उग्रवादी शामिल थे । दूसरी ओर मई में उग्रवादियों के हाथों कुल 20 पुलिस कर्मियों सहित 195 व्यक्ति और जून में 30 पुलिस कर्मियों सहित 168 व्यक्ति मारे गए ।

श्री गिल ने दावा किया कि 9 जुलाई को ज़िला अमृतसर में मेहता थाना के क्षेत्र में जिस उग्रवादी गिरोह ने 5 सुरक्षा कर्मियों की हत्या की थी, उसकी पहचान कर ली गई है ।

जब उग्रवादी गिरोह इंडियन लाइन्ज जिसने जालन्धर में अकाली दल (मान) के नेता मेजर बलदेव सिंह घुम्मन की हत्या करने तथा मास्टर अमरीक सिंह को घायल करने की जिम्मेदारी ली है, बारे पूछा गया तो श्री गिल ने कहा कि कुछ गिरोह उभरते हैं और समाप्त हो जाते हैं लेकिन जहां तक पुलिस का संबंध है, वह उग्रवादियों के विरुद्ध लड़ाई में कोई समझौता या ढील नहीं करेगी ।

इससे पूर्व श्री गिल ने स्थानीय पुलिस लाइन्ज़ में माडल ज़िला पुलिस कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया जोकि बम्बई व दिल्ली के ढंग का बनाया गया है । यह कंट्रोल रूम ज़िला के 19 पुलिस स्टेशनों, 60 ग्रामीण पुलिस चौकियों तथा 24 एस.पी.ओ. पिकेट्स से सम्पर्क रखेगा । इसका चंडीगढ़ के पुलिस कंट्रोल रूम से भी हॉट लाइन द्वारा सीधा संबंध होगा । यह कंट्रोल रूम एच.एफ. लिंक व टैली प्रिंटर्ज लिंक द्वारा सभी ज़िला व रेंज मुख्यालयों से भी सम्बद्ध है । इस कंट्रोल रूम के साथ 26 मोबाइल वैन जुड़े हैं जिनमें 10 सी.आर.पी.एफ. फिक्सन भी

एस.एस.पी. जालन्धर श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि गत दो मास (मई व जून) में ज़िला में उग्रवादियों के विरुद्ध अभियान के दौरान 20 ए.के. 47 राइफलें, 3 राकेट लांचर, 29 ए.के. 47 मैगजीन, 5690 कारतूस, 35 डैटोनेटर, 17 पिस्तौल, 2 राइफलें, 36 हैंड ग्रेनेड, 10 बोतल बम, 4 रिमोट कंट्रोल और 9.4 किलो ग्राम विस्फोटक पाऊडर बरामद हुआ ।

पद स्वीकारने से इंकार

बम्बई, 11 जुलाई (प.स.): जनता दल की महाराष्ट्र इकाई की अध्यक्ष श्रीमती मृणाल गोरे ने राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी के उपाध्यक्ष का पद स्वीकार करने से आज इंकार कर दिया । श्रीमती गोरे ने बताया कि उन्होंने पार्टी के अध्यक्ष एस.आर. बोम्मई को टैलीफोन से बेंगलूर बात कर अपने निर्णय से अवगत करा दिया है ।

रोजगार के मौलिक अधिकार के लिए कदम शीघ्र : दंडवते

कलकत्ता, 11 जुलाई (पस): केन्द्रीय वित्त मंत्री मधु दंडवते ने आज बताया कि राष्ट्रीय मोर्चा सरकार रोजगार के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाने की दिशा में जल्दी ही कदम उठाएगी । श्री दंडवते यहां दिवंगत समाजवादी नेता शिवनाथ बैनर्जी के 94वें जन्म दिन पर आयोजित एक समारोह में बोल रहे थे । उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मोर्चा सरकार अपने घोषणा पत्र के अनुसार संविधान में संशोधन करके काम के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाने के लिए कृतसंकल्प है ।

श्री दंडवते ने आज फिर कहा कि राष्ट्रीय मोर्चा सरकार निजी क्षेत्र की कम्पनियों से बदला लेने की नीति नहीं अपना रही है । उसका प्रयास सिर्फ यही है कि देश की अर्थ-व्यवस्था को सही राह पर लाया जाए ।

मुठभेड़ में 6 उग्रवादी मारे गए

अम्बाला छावनी, 11 जुलाई (कोहली): आज सायं ज़िला अम्बाला के गांव बापूर में उग्रवादियों और सुरक्षा बलों में हुई मुठभेड़ में 6 व्यक्ति मारे गए । बताया जाता है कि मुठभेड़ सायं साढ़े 4 बजे शुरू हुई और रात्रि साढ़े 10 बजे यह समाचार देने

हेगड़े जालसाजी करने के दोषी हैं ।

उन्होंने राष्ट्रीय मोर्चा सरकार से श्री हेगड़े के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवा के भारतीय दण्ड संहिता 420 सहित कई धाराओं के तहत मुकद्दमा चलाने को कहा । डा. स्वामी ने कहा कि उच्च स्तर पर जालसाजी और भ्रष्टाचार मिटाने की प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की प्रतिबद्धता की यह परीक्षा की घड़ी है ।

इन्सैट 1-डी का व्यावसायिक उपयोग 15 से शुरू होने की सम्भावना

बेंगलूर, 11 जुलाई (प.स.): भारत के नए उपग्रह इन्सैट 1-डी से व्यावसायिक उपयोग आगामी 15 जुलाई की रात से शुरू कर दिए जाने की सम्भावना है । उच्च पदस्थ सूत्रों ने यह जानकारी दी । इस उपयोग के संबंध में अधिकृत तौर पर घोषणा हालांकि अभी नहीं की गई है, बताया जाता है कि इन्सैट 1-डी सामान्य परीक्षणों के बाद अब पूरी तरह काम कर रहा है । सूत्रों के अनुसार उपग्रह से व्यावसायिक उपयोग संबंधी कार्यक्रमों की औपचारिक रूप से 'लोंचिंग' 16 और 17 जुलाई को किए जाने की आशा है ।

अपहरण के विरोध में वकीलों ने हड़ताल की

लुधियाना, 11 जुलाई (महिन्द्रा) : पंजाब पुलिस के महानिदेशक (आपरेशन) डी.एस. मांगट के रिश्तेदार राजेन्द्र सिंह तथा उनके पुत्र शमशेर सिंह एडवोकेट जिनका उग्रवादियों ने उनके गांव सखरपुर (नमराला) से अपहरण किया था इस कांड के विरुद्ध रोषस्वरूप लुधियाना के वकीलों ने एक दिन की पूर्ण हड़ताल की । वकील किसी अदालत में पेश नहीं हुए । युवा वकील परिषद के महासचिव श्री प्रदीप शर्मा ने यह जानकारी देते हुए इस कांड की आलोचना की तथा सरकार से अपील की कि वह उनके वकील भाई का शीघ्र पता करें, अन्यथा परिषद् सरकार के विरुद्ध आंदोलन शुरू करेगी ।

पंजाब में ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

के गांव काहनवान के निकट कल आतंकवादी हमले में घायल अश्विनी कुमार ने आज अस्पताल में दम तोड़ दिया ।

घर में घुसकर हत्या : गुरदासपुर जिला के कम्मपुर गांव के निकट कल रात आतंकवादियों ने एक घर में घुसकर राजन कुमार नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

एक का अपहरण : गुरदासपुर जिला के जगोवाल बांगर गांव से आतंकवादियों ने सेवा सिंह नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया ।

5 खतरनाक आतंकवादी गिरफ्तार : लुधियाना से 'महिन्द्रा' के अनुसार जिला लुधियाना की पुलिस ने अर्ध सैनिक बलों की सहायता से मौजा सवदीकलां में जैमल सिंह उर्फ जग्गा के ट्यूबवैल से पांच खतरनाक आतंकवादियों को उस समय गिरफ्तार किया जब वे वहां बैंक लूटने का कार्यक्रम बना रहे थे । पुलिस प्रवक्ता के अनुसार गिरफ्तार आतंकवादियों के नाम हैं : बोपाराय का हरबंत सिंह, मौजा दाद के मनजिंदर सिंह और मनजीत सिंह, मौजा तहाड़ा का अलबेल सिंह और सवदीकलां का जैमल सिंह । इनके कब्जे से दो पिस्तौल, तीन डेटोनेटर, तीन राकेट, देसी बम तथा गोली सिक्का आदि बरामद किए गए ।

इन आतंकवादियों ने यह स्वीकार किया है कि इनका सम्बन्ध सरजन्ट सिंह राजस्थानी की खालिस्तान कमांडो फोर्स से है । इन्होंने कांग्रेसी नेता जगरूप सिंह व उनके दो सुरक्षा गार्डों की हत्या की वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है तथा अन्य कई हत्याओं तथा बम धमाकों आदि की अनेक घटनाओं में भी शामिल होना स्वीकार किया है ।

शैलर मालिक के बेटे का अपहरण : पटियाला (प.स.) : मोटरसाईकिल सवार आतंकवादियों ने कल शाम शहर के एक चावल शैलर मालिक श्री राम के बेटे संतोष कुमार का अपहरण कर लिया । आतंकवादियों ने उसकी रिहाई के लिए दस लाख रुपए की फिरौती मांगी है ।

होमगार्ड जवान मारा गया : बाघा पुराना से प्राप्त विज्ञप्ति की सूचना है कि बाद दोपहर थाना निहालसिंहवाला के गांव मैदो की पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा को लूटने की कोशिश उस समय नाकाम बना दी गई, जब मारुति वैन में सवार 4 उग्रवादियों ने होमगार्ड पर हमला किया । जवाबी फायरिंग में एक उग्रवादी और होमगार्ड का जवान घायल हो गए । उग्रवादी अपने घायल साथी को साथ ले जाने में सफल हो गए, जबकि घायल होमगार्ड अस्पताल के मार्ग में ही दम तोड़ गया ।

अजिताभ द्वारा दायर केस की सुनवाई 19 को

लंदन, 11 जुलाई (पस) इंगलैंड की हाईकोर्ट अजिताभ बच्चन द्वारा स्वीडिश समाचार पत्र "डेजन्स नाइटेर" के विरुद्ध दायर मानहानि के केस की सुनवाई 19 जुलाई को करेगी । यह केस बोफोर्स तोप सौदे में दलाली के आरोपों से संबंधित है ।

एटेश की जनता से अपील की कि सभी लोग मिल-जुल कर इस समस्या का सर्वमान्य हल खोजें

एटेश की जनता से अपील की कि सभी लोग मिल-जुल कर इस समस्या का सर्वमान्य हल खोजें । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भी इस दिशा में प्रयत्नशील हैं । अदालत में मुकद्दमा लम्बित है, इसलिए जल्दबाजी में कोई निर्णय नहीं किया जाना चाहिए ।

नाहर का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

धर्मशाला, 11 जुलाई (वेद) : बिलासपुर के अतिरिक्त जिलाधीश श्री महाराज लाल नाहर का आज राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया । मृतक की वृद्धा मां, उसका विवाहित बेटा, दो विवाहित बेटियां और विधवा धर्मपत्नी बिलख-बिलख कर रो रहे थे ।

होशियारपुर (अश्विनी) : बाल्मीकि सभा होशियारपुर के प्रधान श्री मोहिन्द्र पाल ने श्री एम.एल. नाहर की हत्या की कड़ी निंदा की है ।

स्व. श्री नाहर बाल्मीकि बिरादरी में लोकप्रिय थे । वह जालंधर के अली मोहल्ला के निवासी थे ।



सी.पी.आई. (एम.) की राज्य समिति के सदस्य थे. अविवाहित थे ।

वह गत रविवार को फगवाड़ा के निकट एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे । उन्हें फगवाड़ा के एक प्राइवेट अस्पताल में प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराई गई थी, फिर यहां सिविल अस्पताल लाया गया था । दूसरे दशक के अंत में हुई 'लाहौर बम साजिश' के सबसे कम आयु के अभियुक्त पं. किशोरी लाल का जन्म एक स्कूल अध्यापक के घर हुआ था । वह भारत नौजवान सभा के सदस्य थे । उन्होंने अपने जीवन के करीब तीन दशक जेल में गुजारे । उन्होंने गोआ लिबरेशन मूवमैंट में भी भाग लिया था । सी.पी.आई. (एम.) के एक प्रवक्ता ने बताया है कि पं. किशोरी लाल का शव पार्टी के यहां राज्य मुख्यालय में लाया गया है ताकि लोग उनको श्रद्धांजलियां अर्पित कर सकें । उनकी अंत्येष्टि कल बाद दोपहर 3 बजे की जाएगी ।

आसाम स्टेट लाटरीज

पूर्वज्योति

वीकली लाटरी

ड्रा प्रति बुधवार टिकट 1/- रु०

14वें ड्रा का परिणाम, जो 11.7.90 को जजों के समक्ष गुवाहाटी में निकाला गया :-

PH-319951

1st Prize (1) Rs. 1,00,000/-

2nd Prize (160) Rs. 5,000/- each (On last five digits in respective series)
PE-21914 PE-83128 PE-47145 PE-56268
PG-49344 PG-32232 PG-05996 PG-12510
PH-93683 PH-52697 PH-81599 PH-41571
PJ-56960 PJ-76391 PJ-73275 PJ-84348

3rd Prize (160) Rs. 1,000/- each (On last five digits in respective series)
PE-72534 PE-91196 PE-62316 PE-35700
PG-70453 PG-43534 PG-56457 PG-58599
PH-37763 PH-76328 PH-70131 PH-56159
PJ-63177 PJ-21984 PJ-45832 PJ-93321

4th Prize (400) Rs. 500/- each (On last 5 digits.)
24211 72515 33676 35210 10134 63189 73430 49539 77456 29309

5th Prize (4000) Rs. 50/- each (On last 4 digits.)
3702 3838 6082 5450 9056 4866 3841 1840 0886 4174

6th Prize (4,000) Rs. 20/- each (On last 3 digits.)
5862 7131 7367 8118 8692 5765 3213 7666 3539 2595

7th Prize (40,000) Rs. 10/- each (On last 3 digits.)
097 139 263 388 438 570 678 737 874 943

अगला ड्रा 18.7.90 को ।

नोट : विजेताओं को परामर्श है कि नम्बर अंतिम रूप से अधिकृत गजट से मिला लें ।

निदेशक,
असम राज्य लाटरीज,
गुवाहाटी ।

आर्गेनाइजिंग एजेंट पूर्वांचल ट्रेड सैंटर,
19-ए, अंसारी रोड, दरियागंज,
नई दिल्ली-110 002. फोन : 3274172.



ctor Sooraj R. Barjatya's
lock Buster Rajshri's
MAINE PYAR KIYA"
CINEMASCOPE
: 20th Wk. : at Defence-Jelandhar Cantt.
ay : Malhar-Ludhiana.
ular Wk. : Gagan-Amritsar.
ashing Wk. : Radhika-Rewari,
Abohar.



कृपया 18 साल से कम उमर इस फिल्म को न देखें महेश भट्ट की एक गर्म फिल्म जिसे Senser ने (A) सर्टीफिकेट से पास किया । English फिल्म Fatal Attractions पर आधारित
Super Musical Action.



13 जुलाई से पिकाडली-चंडीगढ़, स्वर्ण-जम्मू और लुधियाना फरीदाबाद । अर्श सी अपार सफलता के बाद कुलजीत पाल पेश करते हैं



पंजाब में 2 बैंक गार्डों सहित 6 लोगों की हत्या : रेलगाड़ी पर हमला

अम्बाला में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में स्वयंभू जनरल रवेल सिंह फौजी सहित 5 उग्रवादी मरे

अन्य मुकाबलों में 2 उग्रवादी मरे, 3 पकड़े गए, हथियार बरामद

चंडीगढ़, 12 जुलाई (प.स., वार्ता): पंजाब और हरियाणा में पिछले 24 घंटों के दौरान 7 आतंकवादी मारे गए । इनमें तथाकथित 'भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान' का स्वयंभू लै. जनरल रवेल सिंह भी शामिल है । इस बीच दो बैंक गार्डों सहित 6 लोगों की हत्या हुई । सुरक्षा बलों ने 3 दर्जन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया तथा उनसे हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया है । आतंकवादियों ने अमृतसर क्षेत्र में भुरी एक्सप्रेस पर भी फायरिंग की ।

मुठभेड़ में पांच उग्रवादी मरे : अम्बाला (शर्मा, कोहली): रात साय यहां से 35 किलोमीटर दूर हरियाणा-पंजाब सीमा पर बाहरपुर गांव में पंजाब पुलिस, हरियाणा पुलिस तथा सी.आर.पी.एफ. की एक संयुक्त टुकड़ी के साथ हुए मुकाबले में पांच उग्रवादी मारे गए । इस दौरान हरियाणा पुलिस की नगल चौकी के इंचार्ज श्री सतबीर कण्डू, पंजाब पुलिस के सहायक सब-इंस्पैक्टर श्री कुलदीप कुमार तथा सी.आर.पी.एफ. कांस्टेबल श्री सुरेश रावत भी घायल हो गए । उन्हें पटियाला के राजेन्द्रा अस्पताल में दाखिल कराया गया ।

प्राप्त विवरण के अनुसार दस जुलाई की शाम को पटियाला जिले के मझौगन गांव में राहेन कौशर मालिक श्री राम के बेटे संतोष कुमार (22) को उग्रवादी अपहृत करके ले गए । उन्होंने संतोष कुमार की रिहाई के लिए दस लाख रुपए की फिरौती मांगी थी । संतोष कुमार के पिता ने पुलिस को सूचना दे दी । पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी । कल शाम पटियाला जिला पुलिस को यह जानकारी मिली कि उग्रवादी अपहृत संतोष कुमार को साथ लेकर अम्बाला जिला के बाहरपुर गांव में पहुंचे हुए हैं । पटियाला जिला पुलिस ने उस गांव में उग्रवादियों के ठिकाने को घेर लिया । इसकी जानकारी हरियाणा पुलिस तथा सी.आर.पी.एफ. को भी दी गई । हरियाणा पुलिस व सी.आर.पी.एफ. ने भी मौके पर पहुंच कर उग्रवादियों के ठिकाने की घेराबंदी कर ली । पटियाला जिला के पुलिस प्रमुख श्री एस.के. शर्मा ने सभी कर्मियों की संयुक्त टुकड़ी का नेतृत्व किया । अम्बाला के जिलाधीश श्री एस.एस. नागरा तथा एस.पी. श्री दया सिंह भी घटनास्थल पर पहुंच गए । इस बीच उग्रवादियों ने संतोष कुमार की गोली मार कर हत्या कर दी तथा फेंक उसे शव सुरक्षा कर्मियों पर फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर पांच आतंकवादी मारे गए ।

पटियाला से 'भूषण' के अनुसार उक्त मुठभेड़ लगभग चार घंटे तक चली । दोनों तरफ से दो हजार चक्र से भी अधिक गोलियां दागी गईं । जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. शर्मा ने बताया कि मारे गए उग्रवादियों में से चार 'भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान' से सम्बद्ध थे । गिरोह का सरगना स्वयंभू लै. जनरल रवेल सिंह उर्फ फौजी पूर्व सैनिक था । अमृतसर जिला के पक्खोवाल गांव का निवासी रवेल सिंह पुलिस को हत्याओं के सी से भी अधिक मामलों में वांछित था । रवेल सिंह का गिरोह पटियाला जिला के भूनेहड़ी क्षेत्र में सक्रिय था । इसे गिरोह ने क्षेत्र में अनेक लोगों से धन ऐंठा था और हथियार छीने थे । मुठभेड़ में मारे गए एक अन्य उग्रवादी की पहचान कुंदन सिंह के रूप में हुई ।

बैंक गार्ड की हत्या : बाघापुराना (मिलन): फरीदकोट जिला के थाना निहालसिंहवाला के अधीन पैदी गांव में बैंक आफ इंडिया की शाखा लूटने आए तीन उग्रवादियों ने फायरिंग करके वहां तैनात होमगार्ड जवान करनैल सिंह की हत्या कर दी । अन्य बैंक गार्ड द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने से एक उग्रवादी घायल हो गया । उग्रवादी मारुति कार में भागते समय अपने घायल साथी को भी ले जाने में सफल रहे ।

रेलगाड़ी पर हमला : अमृतसर (प.स.): आतंकवादियों ने कल रात यहां से आठ किलोमीटर दूर मानांवाला क्षेत्र में भुरी एक्सप्रेस रेलगाड़ी पर अंधाधुंध गोलियां बरसाईं, जिससे रेलवे पुलिस का एक जवान राजेश्वर प्रसाद घायल हो गया ।

फगवाड़ा से 'अशोक' के अनुसार भुरी एक्सप्रेस पर हमला करने वाले आतंकवादियों की संख्या सम्भवतः 6 थी । फायरिंग से यात्रियों में भारी आतंक उत्पन्न हो गया । रेलगाड़ी पर गोलियों से कई सुराख हो गए । रेलवे अधिकारियों ने कुछ देर ही ब्यास स्टेशन पर रेलगाड़ी रुकवाने के बाद गंतव्य के लिए रवाना करवा दी । वारदात की सूचना मिलते ही रेलवे व पुलिस के अनेक वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए । रेलवे ने इस घटना के बाद फिरोजपुर डिवीजन के सभी छोटे-छोटे स्टेशनों पर सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध कर दिए हैं व रेलवे लाइनों, रेलवे स्टेशनों, रेलवे पुलिस चौकियों इत्यादि पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था व सतर्कता के आदेश जारी किए हैं ।

मुठभेड़ में दो आतंकवादी मरे : अमृतसर से 'वि.प्र.' के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के थाना भिखीविंड के गांव मिनहाला के बाहर नहर के किनारे राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के कमांडो दस्ते तथा सी.आर.पी.एफ. जवानों ने कल रात लगभग 11 बजे मुठभेड़ के दौरान दो आतंकवादियों को मार गिराया । उनकी अभी तक पहचान नहीं हुई है । घटनास्थल से एक रिवाल्वर तथा एक ग्रेनेड बरामद किए हैं ।

सुरक्षा कर्मी की हत्या : अमृतसर जिला के थाना छेहर्टा के गांव बासरके में पंजाब नैशनल बैंक की शाखा पर तैनात दो सुरक्षा गार्डों पर आज दोपहर तीन बजे के लगभग आतंकवादियों ने अचानक हमला किया और अंधाधुंध गोलियां चलाईं । इससे एक सुरक्षा गार्ड गुरचरण सिंह की मृत्यु हो गई तथा एक अन्य जख्मी हो गया । भागते समय आतंकवादी दोनों सुरक्षा गार्डों की राइफलें भी ले गए ।

वो दुर्दांत आतंकवादी पकड़े गए : अजनाला-रमदास मार्ग पर जगदेव खुर्द गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ कल रात हुई मुठभेड़ में भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर सरबजीत सिंह उर्फ शब्बा और उसके साथी सविन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया । मजीठा पुलिस जिले के पुलिस प्रमुख पी.एस. ग्रेवाल ने बताया कि शब्बा के सिर पर 40,000 रुपए का इनाम था । उसकी लगभग 50 हत्याओं और अन्य आतंकवादी अपराधों के सिलसिले में तलाश थी । इसी आतंकवादी गिरोह ने पिछले एक वर्ष में फतेहगढ़ चूड़ियां के अधीन पड़ते अजनाला गांव में 11 लोगों तथा अमृतसर जिला के निकट 11 बस यात्रियों की हत्याएं की थीं । इसके अलावा यह गिरोह पक्का तारा सिंह गांव में एक ही सम्प्रदाय के पांच लोगों तथा गांव भर सिख्खियां में चार लोगों की हत्याओं के मामलों में भी संलिप्त था । यह गिरोह मुख्यतः अजनाला, रमदास, मजीठा तथा फतेहगढ़ चूड़ियां में सक्रिय था ।

पुलिस ने मुठभेड़ स्थल से दो ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें, दो बंदूकें, एक पिस्तौल, आठ हैंडग्रेनेड तथा गोली-सिक्कों के दो बैग बरामद किए हैं ।

एक और दुर्दांत आतंकवादी ढेर : अमृतसर जिला के मेहता थाना के अधीन राम दीवाली गांव में कल आधी रात के समय पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक दुर्दांत 'खूंखार' आतंकवादी जगजीत सिंह उर्फ जग्गी को गिरफ्तार किया । उसके दो दुर्दांत साथी रघुपाल सिंह तथा राजेन्द्र सिंह मौका पर मारे गए । पकड़े गए आतंकवादी से दो किलो विस्फोटक, एक स्कार्पियो, एक पैजेरो, जो छठी भन, एक मैगजीन तथा ए.के. 47 के अनेक जीवित व खाली कारतूस बरामद हुए हैं । यह आतंकवादी गिरोह लोगों को अपहृत कर धन ऐंठता था । इसी गिरोह ने कई बार सुनसान स्थानों पर बस रोक कर यात्रियों को लूटा था । इसी गिरोह ने कई बार सुनसान स्थानों पर बस रोक कर यात्रियों को लूटा था । इसी गिरोह ने कई बार सुनसान स्थानों पर बस रोक कर यात्रियों को लूटा था ।

दुकानदार घायल : अमृतसर के बाहरी क्षेत्र छेहर्टा में कल रात आतंकवादियों ने एक दुकानदार श्री देसराज का अपहरण करने का प्रयास किया । दुकानदार द्वारा विरोध करने पर आतंकवादी उसे

(शेष पृष्ठ 8 पर)

मुख्यमंत्रियों को निर्माताओं से सीधे सीमेंट खरीदने का निर्देश

नई दिल्ली, 12 जुलाई (प.स.) केंद्रीय उद्योग मंत्री अजीत सिंह ने सभी मुख्यमंत्रियों को सीमेंट निर्माताओं से सीधे सीमेंट खरीदने के लिए कहा है ।

श्री सिंह ने आज मुख्यमंत्रियों को लिखे एक पत्र में कहा कि वे अपने राज्य उपभोक्ता क्षेत्र उपक्रम को सीमेंट के कोटे का आवंटन करें ताकि वे सीधे निर्माता से सीमेंट का उठान कर के वितरण करा सकें ताकि उसके मूल्यों में कमी हो सके ।

मानवाधिकार या अमानवाधिकार संगठन !

मोहाली, 12 जुलाई (वर्मा) : पंजाब के राज्यपाल श्री वीरेन्द्र वर्मा ने आज यहां कहा कि हालांकि आतंकवाद सरकार ने उन्हें पंजाब का गवर्नर अवश्य बना दिया है, परन्तु वह यहां गवर्नरी करने नहीं आए बल्कि सच्चाई जानने आए हैं । उन्होंने कहा कि वह पिछले 45 वर्षों से जनता की सेवा करते आ रहे हैं और करते रहेंगे । उन्होंने कहा कि वह पंजाब को सबसे ऊपर समझते हैं और पंजाबियों का सम्मान करते हैं ।

श्री वीरेन्द्र वर्मा आज यहां वह स्थान देखने आए थे, जहां 8 जुलाई को पुलिस मुकाबले में कुलवंत सिंह नामक युवक मारा गया था । इस स्थान पर श्री वर्मा कुछ मौके के गवाहों से भी मिले ।

इस अवसर पर श्री वर्मा ने लोगों को विश्वास दिलाया कि उन्होंने उच्च-स्तर इंसाफ करने की कोशिश की है तथा अब भी वह इंसाफ करेंगे ।

देरी ही जनसभा को संबोधित कर श्री वर्मा जाने लगे तो वहां मानवाधिकार संगठन की भीमली नजीबीत और पर उस समय बरस पड़े, जब उन्होंने अपना परिचय देते हुए कहा कि मैं मानवाधिकार संगठन से हूं । इस पर श्री वर्मा ने गुस्से में कहा कि आप मानवाधिकार से नहीं बल्कि अमानवाधिकार से हैं । आप उन लोगों की तो बात करते हैं जो पुलिस मुकाबले में मारे जाते हैं, परन्तु उन लोगों की बात नहीं करते, जिन्हें आतंकवादियों द्वारा मार दिया जाता है ।

उल्लेखनीय है कि पंजाब में अपनी तरह की यह पहली घटना है, जब राज्यपाल ने घटनास्थल पर आकर लोगों से सच्चाई जानने की कोशिश की । उनके मोहाली आकर लोगों की शिकायत सुनने की प्रशंसा करते हुए कुछ अकाली नेताओं ने कहा कि राज्य में सबसे बड़ी अदालत राज्यपाल होता है और वह अदालत आज जनता को न्याय देने के लिए जनता के बीच आई है ।

सख्त कदम उठाने के निर्देश

नई दिल्ली, 12 जुलाई (प.स.): प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक ने आवश्यक वस्तुओं के स्टाक को नियमित रूप से बनाए रखने तथा इन वस्तुओं की जमाखोरी करने वालों के खिलाफ कड़े कदम उठाने का फैसला किया है । बैठक में विशेष रूप से चीनी, चाय, सीमेंट तथा खाद्य तेलों के मूल्यों की समीक्षा की गई ।

एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से इन वस्तुओं के मूल्यों की समीक्षा करते हुए उक्त चीजों की जीमसी में कमी लाने के लिए सख्त कदम उठाने का निर्देश दिया है ।

बैठक में खाद्य तथा सामाजिक आपूर्ति मंत्रालय की तरफ से आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों के सम्बन्ध में एक विवरण प्रस्तुत किया गया । इसके अनुसार चीनी के दामों में 0.9 प्रतिशत, सीमेंट में 5.1 प्रतिशत, चाय में 2.5 प्रतिशत तथा खाद्य तेलों में 14.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है ।

उग्रवादी संगठनों ने ली बलवंत सिंह की हत्या की जिम्मेदारी



जालंधर, 12 जुलाई : चार उग्रवादी संगठनों के प्रमुखों सरजंट सिंह, बधसिंह वाला (के.एल.एफ.) सुखदेव सिंह बब्बर (बब्बर खालसा), परमजीत सिंह पंजवड़ (के.सी.एफ.) तथा दलजीत सिंह बिट्टू (आल डोआबा सिख स्टूडेंटस फैडरेशन) द्वारा जारी किए गए एक प्रैस नोट में इन संगठनों ने पंजाब के भूतपूर्व विरासती तथा अकाली दल (बादल) के वरिष्ठ नेता श्री बलवंत सिंह व उनके गनमैन तथा कार ड्राईवर की हत्या करने की जिम्मेदारी अपने पर ली है । जिम्मेदारी लेने की खबर 'अजीत' अखबार से साभार ली गई है ।

DOABA COLLEGE, JALANDHAR CITY

ADMISSION FOR MANAGEMENT DIPLOMA COURSES OF VOCATIONAL STUDIES. STARTS w.e.f. 18.7.1990.

1. Diploma in Business Management.
2. Diploma in Marketing Management.
3. Diploma in Personnel Management & Industrial Relations.
4. Diploma in Export Management.

Minimum qualification—Graduation in any discipline, Seats are limited in each Diploma, Girls are eligible, Admission on merit-Cum interview basis. Classes run between 5.00 P.M. to 8.00 P.M. through lout the session.

CONTACT THE CO-ORDINATOR.

ALSO WANTED LECTURERS WITH M.COM., M.B.A., M.A. (ECO.) with Diploma qualification.

Punjab Satluj

दल के
नियुक्त

सुरेन्द्र मोहन घोषणा पत्र
के अध्यक्ष बनाए गए

खाली छोड़े गए

कुछ समय बाद समाप्त कर दिया

ी घोषणा के साथ ही श्री बोम्मई ने
ों की अंतरिम नियुक्ति कर दी है लेकिन
अनुसार पार्टी के नियमित अध्यक्ष और
ों का चुनाव अक्तूबर तक पूरा हो

ई ने मई के आखिरी सप्ताह में अंतरिम
जाने के बाद से ही पदाधिकारियों की
क्रिया शुरू कर दी थी लेकिन कुछ ग्रुपों
कुछ नेताओं की अनिच्छा की वजह से
विलम्ब हो गया । इससे संगठनात्मक
धारित कार्यक्रम के अनुसार हो पाने के
दिखाई दे रहे ।

उपाध्यक्ष पहले वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र
ाने की पेशकश की गई थी लेकिन वह
ए । बाद में महाराष्ट्र प्रदेश जनता दल
णाल गोरे को यह पद देने की पेशकश
न उन्होंने भी ठुकरा दिया । इस वजह
तयों में विलंब हुआ ।

पाध्यक्ष पद पर श्री शकीलुर्रहमान की
ई जो एक शिक्षा शास्त्री, उर्दू लेखक हैं
विश्वविद्यालय दरभंगा के कुलपति रह
से पूर्व श्री रामकृष्ण हेगड़े इस पद पर थे
ना आयोग के उपाध्यक्ष बनने के बाद
स्तीफा दे दिया था ।

ाल रेड्डी दल के अंतरिम अध्यक्ष पद
र थे और नेताओं के दबाव की वजह से
पक्ष में मैदान से हट गए थे । वह भी
ने के इच्छुक नहीं थे । श्री रेड्डी को
ने के लिए राजी कर लिया गया लेकिन
ट नहीं है कि पहले की तरह वह पार्टी के
हेंगे या नहीं ।

ला को महासचिव बनाए जाने का भी
खेमों द्वारा विरोध किया जा रहा था ।
का नाम प्रधान महासचिव पद के लिए
ा था । श्री चौटाला हरियाणा प्रदेश
अध्यक्ष भी हैं ।

ा ने इस्तीफा
दिया ?

ी, 12 जुलाई (वार्ता): समझा जाता है
राज्यमंत्री श्रीमती मेनका गांधी ने आज
श्वनाथ प्रताप सिंह को अपना इस्तीफा
श्रीमती मेनका गांधी ने सम्पर्क किए
या कि आज दोपहर उन्होंने प्रधानमंत्री
लिखा है लेकिन उन्होंने इस पत्र का
इन्कार कर दिया । जानकार सूत्रों ने
देने की बात कही है । यह पूछे जाने
आज सुबह मंत्रिमंडल की बैठक में
ा नामंजूर कर दिया गया, श्रीमती
ी की कि सुबह इस्तीफा नामंजूर किए
त अफवाह होगी, अलबत्ता उन्होंने
नमंत्री को पत्र लिखा । उल्लेखनीय है
कुछ दिनों से केंद्रीय पर्यावरण मंत्री
य और श्रीमती मेनका गांधी के बीच
लेकर विवाद चल रहा है और पर्यावरण
न के श्रीमती मेनका के प्रस्ताव को श्री
मंजूर करने से यह विवाद चरम सीमा



अम्बाला जिला के बाहपुर गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 5 उग्रवादी मारे गए । चित्र में (1) से (5) मृतक उग्रवादियों के शव तथा (6) मुठभेड़ के दौरान घायल हरियाणा के ए.एस.आई. श्री सतबीर कुंडु । (छाया : शर्मा)



मृत आतंकवादियों से मिले हथियार और गोली-सिक्का । (छाया : राजू)





चंडीगढ़ के सैक्टर 26 में स्थित थाने में बुधवार की रात को हुए विस्फोट से नष्ट हुई थाने की तीसरी मंज़िल का बाहरी तथा (नीचे) अंदर का दृश्य । (छाया : पुरी)

लिट्टे द्वारा सैनिक छावनी पर हमला,
46 सैनिक मरे : टैलीविजन केन्द्र नष्ट

कोलम्बो, 12 जुलाई (वार्ता): श्रीलंका के उत्तरी क्षेत्र में एक सैनिक छावनी पर लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम (लिट्टे) के हमले में 46 सरकारी सैनिकों के मारे जाने की आशंका है । के प्रमुख ठिकाने पर कब्ज़े के दौरान मारे गए ।

विज्ञप्ति के अनुसार उग्रवादियों के ठिकानों पर से 17 शव, अनेक हथियार और बड़ी मात्रा में गोली-बारूद बरामद हुआ है । श्री विजयरत्ने ने

पंजाब में 2 बैंक गा
लोगों की हत्या : रेलग

अम्बाला में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में स्वयंभू जनरल

अन्य मुकाबलों में 2 उग्रवादी मरे, 3

चंडीगढ़, 12 जुलाई (प.स., वार्ता): पंजाब और हरियाणा में पिछले 24 घंटों के दौरान 7 आतंकवादी मारे गए । इनमें तथाकथित 'भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ़ खालिस्तान' का स्वयंभू लै. जनरल रवेल सिंह भी शामिल है । इस बीच दो बैंक गार्डों सहित 6 लोगों की हत्या हुई । सुरक्षा बलों ने 3 दर्जन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया तथा उनसे हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया है । आतंकवादियों ने अमृतसर क्षेत्र में मुरी एक्सप्रैस पर भी फायरिंग की ।

मुठभेड़ में पांच उग्रवादी मरे : अम्बाला (शर्मा, कोहली): रात सात यहां से 35 किलोमीटर दूर हरियाणा-पंजाब सीमा पर बाहपुर गांव में पंजाब पुलिस, हरियाणा पुलिस तथा सी.आर.पी.एफ. की एक संयुक्त टुकड़ी के साथ हुए मुकाबले में पांच उग्रवादी मारे गए । इस दौरान हरियाणा पुलिस की नगल चौकी के इंचार्ज श्री सतबीर कुण्डु, पंजाब पुलिस के सहायक सब-इंस्पैक्टर श्री कुलदीप कुमार तथा सी.आर.पी.एफ. कांस्टेबल श्री सुरेश रावत भी घायल हो गए । उन्हें पटियाला के राजेन्द्रा अस्पताल में दाखिल कराया गया ।

प्राप्त विवरण के अनुसार दस जुलाई की शाम को पटियाला जिले के मशीगन गांव से राईस शैलर मालिक श्री राम के बेटे संतोष कुमार (22) को उग्रवादी अपहृत करके ले गए । उन्होंने संतोष कुमार की रिहाई के लिए दस लाख रुपए की फिरौती मांगी थी । संतोष कुमार के पिता ने पुलिस को सूचना दे दी । पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी । कल शाम पटियाला जिला पुलिस को यह जानकारी मिली कि उग्रवादी अपहृत संतोष कुमार को साथ लेकर अम्बाला जिला के बाहपुर गांव में छिपे हुए हैं । पटियाला जिला पुलिस ने उक्त गांव में उग्रवादियों के ठिकाने को घेर लिया । इसकी जानकारी हरियाणा पुलिस तथा सी.आर.पी.एफ. को भी दी गई । हरियाणा पुलिस व सी.आर.पी.एफ. ने भी मौके पर पहुंच कर उग्रवादियों के ठिकाने की घेराबंदी कर ली । पटियाला जिला के पुलिस प्रमुख श्री एस.के. शर्मा ने सुरक्षा कर्मियों की संयुक्त टुकड़ी का नेतृत्व किया । अम्बाला के जिलाधीश श्री एस.पी. लाम्बा तथा एस.पी. श्री दया सिंह भी घटनास्थल पर पहुंच गए । इस बीच उग्रवादियों ने संतोष कुमार की गोली मार कर हत्या कर दी तथा घेरा डाले हुए सुरक्षा कर्मियों पर फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर पांच आतंकवादी मारे गए ।

पटियाला से 'भूषण' के अनुसार उक्त मुठभेड़ लगभग चार घंटे तक चली । दोनों तरफ से दो हजार चक्र से भी अधिक गोलियां दागी गईं । जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. शर्मा ने बताया कि मारे गए उग्रवादियों में से चार 'भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान' से सम्बद्ध थे । गिरोह का सरगना स्वयंभू लै. जनरल रवेल सिंह उर्फ फौजी पर्व सैनिक था । अमृतसर जिला के पकवोके गांव का निवासी रवेल सिंह पुलिस को हत्याओं के सौ से भी अधिक मामलों में वांछित था । रवेल सिंह का गिरोह पटियाला जिला के भुनेहड़ी क्षेत्र में सक्रिय था । इस गिरोह ने क्षेत्र में अनेक लोगों से धन ऐंठा था और हथियार छीने थे । मुठभेड़ में मारे गए एक अन्य उग्रवादी की पहचान कुंदन सिंह के रूप में हुई है ।

बैंक गार्ड की हत्या : बाघापुराना (मित्तल): फरीदकोट जिला के थाना निहालसिंहवाला के अधीन मैदो गांव में बैंक आफ़ इंडिया की शाखा लूटने आए तीन उग्रवादियों ने फायरिंग करके वहां तैनात होमगार्ड जवान करनैल सिंह की हत्या कर दी ।

रेलगाड़ी पर हमला : अमृतस आतंकवादियों ने कल रात यहां से आठ दूर मानांवाला क्षेत्र में मुरी एक्सप्रैस रे अंधाधुंध गोलियां बरसाईं, जिससे रेलवे एक जवान राजेश्वर प्रसाद घायल हो ग

फगवाड़ा से 'अशोक' के अनुसार मु पर हमला करने वाले आतंकवादियों सम्भवत: 6 थी । फायरिंग से यात्रिय आतंक उत्पन्न हो गया । रेलगाड़ी पर कई सुराख हो गए । रेलवे अधिकारियों ही ब्यास स्टेशन पर रेलगाड़ी रुकवाने के के लिए रवाना करवा दी । वारदात मिलते ही रेलवे व पुलिस के अनेक वरिष्ठ घटनास्थल पर पहुंच गए । रेलवे ने इस बाद फिरोज़पुर डिवीजन के सभी छोटे-छो पर सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध कर दिए हैं व रेल रेलवे स्टेशनों, रेलवे पुलिस चौकियों इ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था व सतर्कता के आ किए हैं ।

मुठभेड़ में दो आतंकवादी मरे : अ 'वि.प्र.' के अनुसार पुलिस जिला तरनतार भिखीविंड के गांव मिनहाला के बाहर नहर राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के कमांडो द सी.आर.पी.एफ. जवानों ने कल रात लग बजे मुठभेड़ के दौरान दो आतंकवादियो गिराया । उनकी अभी तक पहचान नहीं घटनास्थल से एक रिवाल्वर तथा एक माउ है ।

सुरक्षा कर्मी की हत्या : अमृतस थाना छहर्टा के गांव बासरके में पंजाब नै की शाखा पर तैनात दो सुरक्षा गार्डों पर अ

मुख्यमंत्रियों को निर्माताओं
सीमैंट खरीदने का नि

नई दिल्ली, 12 जुलाई (प.स.): केन्द्र मंत्री अजीत सिंह ने सभी मुख्यमंत्रियों निर्माताओं से सीधे सीमैंट खरीदने के है ।

श्री सिंह ने आज मुख्यमंत्रियों को लिख कहा कि वे अपने एक सार्वजनिक क्षेत्र सीमैंट खरीदने की जिम्मेदारी दें और खरी सीमैंट का समान रूप से वितरण कराए मूल्यों में कमी हो सके ।

मानवाधिकार य

मोहाली, 12 जुलाई (वर्मा) : राज्यपाल श्री वीरेन्द्र वर्मा ने आज यह हालांकि भारत सरकार ने उन्हें पंजाब बना कर भेजा है, परंतु वह यहां गवर्नरी आए बल्कि सच्चाई जानने आए हैं । उ कि वह पिछले 45 वर्षों से जनता की सेव रहे हैं और करते रहेंगे । उन्होंने कहा कि को सबसे ऊपर समझते हैं और पंजाबियों करते हैं ।

श्री वीरेन्द्र वर्मा आज यहां वह स्थान थे, जहां 8 जुलाई को पुलिस मुकाबले में नामक युवक मारा गया था । इस स्थान कुछ मौके के गवाहों से भी मिले ।

इस अवसर पर श्री वर्मा ने लोगों दिलाया कि उन्होंने उस भर इंसाफ

Punjabi Sanstari

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

गोली मार कर घायल करने के बाद भाग गए ।

मारुति कार ले गए: अमृतसर सदर थाना के अंतर्गत गांव इब्बां कलां में एक जमींदार जगीर सिंह के मकान पर कल रात चार आतंकवादी आ धमके तथा उनकी मारुति कार ले गए ।

पिता-पुत्र की हत्या : फरीदकोट जिला के बास कंडी गांव में आतंकवादियों ने कल रात एक घर में घुस कर चानन सिंह तथा उसके बेटे की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

सेवानिवृत्त एस.आई. की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव खोखर फौजियां में गत रात लगभग 11.30 बजे चार सशस्त्र आतंकवादियों ने एक डेरे पर जा कर फायरिंग की और दिल्ली पुलिस के एक सेवानिवृत्त सब-इंस्पैक्टर करतार सिंह (71) की हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 के सात चले हुए कारतूस बरामद हुए हैं ।

एक अन्य हत्या : थाना धारीवाल के गांव बूलेवाल में गत रात तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने एक व्यक्ति हरदीप सिंह (55) को ज़बरदस्ती उसके घर से दूर ले जा कर गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी ।

इंका नेता पर हमला : थाना डेरा बाबा नानक के गांव भुल्लर अठवाल के निकट आतंकवादियों ने कांग्रेस (इ) के ब्लाक प्रधान श्री सुरेन्द्र कुमार की कार पर फायरिंग की । श्री सुरेन्द्र कुमार के अंगरक्षकों द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर आतंकवादी भाग गए ।

डी.एस.पी. पर घात लगा कर हमला : थाना फतेहगड़ चूड़ियां के गांव पब्बाराली के निकट गत रात आतंकवादियों ने गश्त पर जा रहे डी.एस.पी. गुरमिंदर सिंह व एस.एच.ओ. पृथीपाल सिंह के वाहनों पर घात लगा कर फायरिंग की । सुरक्षा कर्मियों द्वारा मुकाबला करने पर आतंकवादी फरार हो गए । कार को काफी क्षति पहुंची है ।

सुरक्षा चौकी पर फायरिंग : थाना कालानौर के गांव भंडाल स्थित सुरक्षा चौकी पर गत रात आतंकवादियों ने फायरिंग की । जवाबी फायरिंग होने पर आतंकवादी फरार हो गए । किसी प्रकार की कोई क्षति नहीं हुई ।

हमलावरों द्वारा प्रयुक्त कार बरामद : चंडीगढ़ से 'संघी' के अनुसार पंजाब के पूर्व वित्तमंत्री श्री बलवंत सिंह, उनके दो गनमैनों व कार ड्राइवर की हत्या करने के लिए आतंकवादियों की ओर से प्रयोग की गई सफेद मारुति कार वारदात के दो दिन बाद स्थानीय पुलिस ने सैक्टर 18 के मकान नं. 219 के पास लावारिस खड़ी बरामद कर ली है । इस कार में से पुलिस को ए.के. 47 राइफल के चले हुए 18 कारतूस मिले हैं । कार पर पी.सी.एस.-2949 नम्बर लिखा हुआ है । पुलिस इस नम्बर के जाली होने की आशंका से कार के इंजन नम्बर व चैसिस नम्बर की मदद से कार के असली रजिस्ट्रेशन नम्बर का पता लगाने में लगी हुई है ।

बताया जाता है कि वारदात करने के बाद आतंकवादी इस कार को सैक्टर 18 के उक्त मकान के पास इस तरह से खड़ी कर गए, जिससे ऐसा लगे कि यह कार आसपास के ही रहने वाले किसी व्यक्ति से सम्बन्धित है । जब 2 दिन तक किसी ने इस कार को वहां से नहीं हटाया, तब जाकर किसी ने पुलिस को इस लावारिस कार के बारे सूचना दी । बताया जाता है कि इस कार से पुलिस को अंगुलियों के कई निशान मिले हैं, जिसकी मदद से इस अपराध में संलिप्त आतंकवादियों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है । पुलिस अभी तक श्री बलवंत सिंह की एस्कार्ट कार में सवार सुरक्षा गार्डों से भी वारदात के बारे पूछताछ करने में लगी हुई है ।

जख्मी सुरक्षा कर्मियों को अस्पताल से छुट्टी मिली : चंडीगढ़ के सैक्टर 26 में स्थित ईस्ट पुलिस स्टेशन में कल रात बम धमाके से घायल हुए सी.आर.पी.एफ. के 4 व होमगार्ड के 2 जवानों को आज अस्पताल से छुट्टी दे दी गई । डाक्टरों के अनुसार सी.आर.पी.एफ. के जवान धमाके से पुलिस स्टेशन की तीसरी मंजिल के तीन कमरों की छत गिर जाने से मलबे में दब कर घायल हुए, जबकि होमगार्ड जगन कुछ खिड़कियों के शीशे टूट जाने पर उनके टुकड़े लगने से घायल हुआ ।

इस धमाके के बारे पुलिस अभी विस्फोटक विशेषज्ञों की रिपोर्ट का इंतज़ार कर रही है लेकिन अब तक की गई जांच के आधार पर बताया जाता है कि यह धमाका राकेट लांचर से नहीं, बल्कि बम के फटने से हुआ है । यह भी आशंका व्यक्त की जा रही है कि इस बम को पुलिस स्टेशन की तीसरी मंजिल में रखने में पुलिस विभाग से ही सम्बन्धित किसी व्यक्ति का हाथ हो सकता है ।

दान के लिए अपील



मेरा लड़का कपिल देव, आयु 10 वर्ष ऐसे जटिल रोग से पीड़ित है जिसका इलाज इटली में संभव है और इस पर लगभग 6 लाख रुपए खर्च होंगे ।

मैं एक गरीब आदमी हूं जिसका वेतन केवल 500/- है । अतः दानी सज्जनों से प्रार्थना है कि वह इस

कूड़े के ढेर न उठाने पर प्रदर्शन की धमकी

अमृतसर, 12 जुलाई (सग्गू): नगर सुधार परिषद के प्रचार मंत्री सुरेन्द्र जैन ने बताया है कि यदि स्वास्थ्य अधिकारी ने नगर में कूड़े-गंदगी के ढेर उठाने का आदेश न दिया और स्वच्छता की ओर ध्यान न दिया तो 18 जुलाई को उनके कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा ।

औद्योगिक नीति के विरुद्ध आंदोलन होगा

नई दिल्ली, 12 जुलाई (वार्ता) : सीटू सरकार द्वारा हाल ही में घोषित नई औद्योगिक नीति को

चौटाला पुनः मुख्यमंत्री

(पृष्ठ 0 का शेष)

यह भी पता चला है कि बैठक में पार्टी का कोई केंद्रीय प्रेक्षक मौजूद नहीं था ।

गुप्ता केंद्रीय राजनीति में आएंगे : बनारसी दास गुप्ता ने केंद्रीय राजनीति में व्यापारी वर्ग के प्रतिनिधि के रूप में सक्रिय होने की घोषणा की है ।

आज प्रातः मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र देने के बाद जारी एक बयान में श्री गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह, उप-प्रधानमंत्री श्री देवी लाल और पार्टी हाई कमान की इच्छानुसार वह हरियाणा के मुख्यमंत्री का पद छोड़ कर केंद्रीय राजनीति में प्रवेश करेंगे ।

श्री गुप्ता ने कहा कि गत 22 मई को मुख्यमंत्री का पद सम्भालने से पहले भी उन्होंने केंद्रीय राजनीति में आने की इच्छा व्यक्त की थी लेकिन श्री देवी लाल के कहने तथा हरियाणा जनता दल की स्थिति देखते हुए उन्होंने राज्य में रहना स्वीकार किया था ।

उन्होंने कहा कि 'आज स्थिति में कुछ परिवर्तन आने के पश्चात्' श्री देवी लाल ने उन्हें केंद्र की राजनीति में आने का निमंत्रण दिया । बयान के अनुसार श्री देवी लाल ने श्री गुप्ता को बताया कि प्रधानमंत्री और पार्टी हाई कमान की भी यही इच्छा है ।

श्री चौटाला ने शपथ लेने के बाद भारतीय जनता पार्टी को सरकार में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया । उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा केंद्र और हरियाणा में जनता दल का सहयोगी दल है, उसे हम साथ लेकर आते रहे हैं और आगे भी चलते रहेंगे ।

उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि वह साथियों से परामर्श के बाद मंत्रिमंडल के विस्तार का फैसला करेंगे । उन्होंने बताया कि वह आज शपथ लेने वाले मंत्रियों के विभागों की घोषणा विधिवत् निर्णय के बाद चंडीगढ़ में करेंगे ।

उन्होंने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि वह पार्टी के 'एक व्यक्ति एक पद' के सिद्धांत का पालन करेंगे और प्रदेश जनता दल अध्यक्ष पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और राज्य के मुख्यमंत्री तीनों पदों में से किसी एक पद पर ही रहेंगे और बाकी पदों से इस्तीफ़ा दे देंगे । यह पूछे जाने पर कि वह कौन सा पद रखेंगे, उन्होंने कहा कि यह फैसला मेरे ऊपर है ।

यह पूछे जाने पर कि क्या वह प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की सहमति से मुख्यमंत्री बने हैं, श्री चौटाला ने कहा कि बिना उनकी सहमति से वह संसार की बड़ी से बड़ी सत्ता स्वीकार नहीं करेंगे । उन्होंने कहा कि मैं श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की छवि निखारने के लिए अपना सर्वस्व कुर्बान कर दूंगा । उन्होंने कहा कि आज वह प्रधानमंत्री से मुलाकात करेंगे ।

श्री देवी लाल और श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के बीच गत रविवार को हुए कथित समझौते के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उनकी जानकारी में दोनों में कभी कोई मतभेद था ही नहीं, इसलिए समझौते का सवाल ही नहीं पैदा होता ।

उन्होंने कहा कि वह पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्त्ता हैं और इसीलिए हाईकमान के कहने पर उन्होंने मुख्यमंत्री पद से 22 मई को इस्तीफा दिया

मेहम की चौबीसी द्वारा उप-प्रधानमंत्री देवी लाल से पगड़ी वापस मांगने के संबंध में श्री चौटाला ने कहा कि देवी लाल जी जहां भी जाते हैं उन्हें लोग पगड़ी देते हैं और हजारों पगड़ियां पड़ी हैं, एक पगड़ी की कौन पूछे ?

भाजपा विरोध रैलियां करेगी : चंडीगढ़ से 'संघी' के अनुसार भाजपा हरियाणा के अध्यक्ष डा. मंगलसेन ने ओम प्रकाश चौटाला को पुनः मुख्यमंत्री बनाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि राज्य के जनता दल विधायक दल ने चौटाला को पुनः अपना नेता चुन कर प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह के मुंह पर तमाचा मारने जैसी बात की है । उन्होंने कहा कि वी.पी. सिंह ने मेहम उपचुनाव कांड की निष्पक्ष जांच के लिए चौटाला को मुख्यमंत्री पद छोड़ने को कहा था । यह जांच शुरू भी नहीं हो पाई और चौटाला ने पुनः मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाल ली ।

डा. मंगलसेन ने कहा कि उनकी पार्टी चौटाला को पुनः मुख्यमंत्री बनाने के मामले पर रोष व्यक्त करने के लिए 16 जुलाई को राज्य के प्रत्येक जिले में विरोध रैली का आयोजन करेगी । उन्होंने आशंका व्यक्त की कि जनता दल राज्य विधानसभा के मध्यावधि चुनाव कराना चाहता है और चूंकि चौटाला बूथ कब्जों और मतदान में हेराफेरी कराने के माहिर समझे जाते हैं इसलिए बनारसी दास गुप्ता से इस्तीफा दिला कर उन्हें मुख्यमंत्री बना दिया गया है ।

डा. मंगलसेन ने शिमला से प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए यह भी कहा कि देश की राजनीति में आज का दिन लोकतंत्र की हत्या का दिन माना जाएगा ।

वी.पी. सिंह व देवी लाल में 'सौदा' हुआ था : 'जी.एस. चावला' के अनुसार हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री श्री बी.डी. गुप्ता का त्यागपत्र तथा श्री ओम प्रकाश चौटाला को पुनः मुख्यमंत्री बनाने बारे प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह और उप-प्रधानमंत्री श्री देवी लाल में 'सौदा' हुआ था तथा श्री देवी लाल प्रधानमंत्री पर यह दबाव डालने में सफल रहे हैं कि श्री चौटाला को फिर से मुख्यमंत्री बनाया जाए ।

श्री देवी लाल की तरकीबों के समक्ष जिस प्रकार प्रधानमंत्री ने सिर झुकाया है और आज जो घटनाक्रम हुआ है, उससे राजनीतिक क्षेत्रों में बड़ी हलचल हुई है । इस सारे घटनाक्रम को प्रधानमंत्री के एक निकटस्थ जद नेता ने श्री देवी लाल की 'ब्लैकमेलिंग' की संज्ञा दी है । इस नेता का कहना है कि अल्पमत सरकार होने के कारण प्रधानमंत्री इस सबके प्रति जानबूझ कर आंखें मूंद कर बैठे हैं । श्री देवी लाल का श्री रामकृष्ण हेगड़े के साथ समझौता, औद्योगिक नीति को उनका समर्थन, प्रधानमंत्री से समझौता अपने पुत्र श्री चौटाला को मुख्यमंत्री बनाने की तरकीबें थीं ।

मेहम मुद्दे पर मंत्रिमंडल और पार्टी के जिन लोगों ने श्री वी.पी. सिंह का साथ दिया था उनमें इस बात को लेकर अत्यधिक रोष है कि श्री सिंह मूल्यों पर आधारित राजनीति की बातें भूल गए हैं और उन्होंने श्री देवी लाल के समक्ष आत्म-समर्पण कर दिया है । जद सूत्रों के अनुसार श्री अरुण नेहरू, श्री आरिफ मोहम्मद खां, श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद तथा श्री शरद यादव इस सारे घटनाक्रम से खुश नहीं हैं । श्री देवी लाल के समक्ष आत्म-समर्पण करने से पूर्व प्रधानमंत्री ने इनमें से किसी के साथ बातचीत नहीं की ।

वी.पी. सिंह सरकार की समर्थक पार्टियां भाजपा

Punjab Sanjani





ज रोपड़ की प्रिंसीपल कुमारी बी.के. ग्रेवाल की
ल (इन्सैट एक पुराना चित्र) का शव, (2) वह
(3) कुमारी ग्रेवाल के सम्बन्धी तथा परिचित
) प्रिंसीपल कुमारी ग्रेवाल को विभिन्न दलों के
(छाया : महेन्द्र जैन)

आतंकवादियों द्वारा महिला कालेज की प्रिंसिपल सहित 8 व्यक्तियों की हत्या

बिजली बोर्ड कार्यालय से 80,000 रुपए लूटे

चंडीगढ़, 13 जुलाई (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात से आतंकवादियों ने एक सुरक्षा कर्मी और एक महिला कालेज की प्रिंसीपल सहित 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा बिजली बोर्ड के एक कार्यालय से 80,000 रुपए लूट लिए, जबकि होमगार्ड का एक जवान हथियारों सहित ड्यूटी से फरार हो गया ।

सी.आर.पी. जवान मारा गया : केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल का लांस नायक सदानंद फरीदकोट जिले के पीर मोहम्मद गांव के पास आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में मारा गया ।

शव मिला : गोलियों से बिंधा शव तरनतारन पुलिस जिले के अलीदापुर गांव के समीप खेतों में मिला ।

एस.पी.ओ. चौकी पर हमला : तरनतारन पुलिस जिले के गांव पंढाल में स्थित एस.पी.ओ. चौकी पर 8 आतंकवादियों के एक गिरोह ने भारी फायरिंग की लेकिन जब सुरक्षाबलों ने प्रत्युत्तर में फायरिंग की तो आतंकवादी भाग निकले । दोनों ओर से कोई भी हताहत नहीं हुआ ।

कंडक्टर से नकदी छीन ली : अमृतसर जिले के गांव भागपुर के निकट आतंकवादियों ने पंजाब रोडवेज की एक बस रोककर कंडक्टर से नकदी छीन ली और फरार हो गए ।

घायल एस.पी.ओ. चल बसा : आतंकवादियों ने कल गोली चला कर जिला अमृतसर के गांव बासरके में एक विशेष पुलिस अधिकारी एस.पी.ओ. गुरचरण सिंह की हत्या कर दी तथा दूसरे एस.पी.ओ. प्रेम दास को घायल कर दिया था । दोनों पंजाब नैशनल बैंक की शाखा पर तैनात थे तथा उन्होंने आतंकवादियों की बैंक लूटने की कोशिश नाकाम कर दी थी । आज सुबह अस्पताल में प्रेम दास ने भी दम तोड़ दिया ।

महंत की हत्या : अमृतसर से सोनी के अनुसार आज सुबह 9 बजे तरनतारन के क्षेत्र मुहल्ला नरदी में आतंकवादियों ने एक डेरे में घुसकर एक महंत की हत्या कर दी । प्राप्त विवरण के अनुसार तीन आतंकवादी डेरा ठाकरां में जबरदस्ती घुस आए और डेरे के प्रमुख बाबा जीवन सिंह के पुत्र महंत गुरनाम सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी । बाद में आतंकवादी फरार हो गए ।

जिम्मेदारी ली : इसी बीच भिंडरावाला टाइगर फोर्स ने गत दिवस खुमानो के निकट घात लगाकर सी.आर.पी.एफ. के 2 जवानों को मारने तथा 5 को घायल करने की जिम्मेदारी ली है ।

बस यात्री से 64310 रु. लूटे : बटाला से कोछड़ के अनुसार पुलिस जिला बटाला में कस्बा कलानौर के निकट एक यात्री बस को चार सशस्त्र आतंकवादियों ने रोककर उसमें सवार एक व्यक्ति कुलबंत सिंह से 64310 रु. छीन लिए तथा इसके बाद वे फरार हो गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह घटना आज दोपहर 2 बजे हुई । कुलबंत सिंह उस क्षेत्र में अंग्रेजी शराब के एक ठेके में कर्मचारी है । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

80,000 लूट लिए : पटियाला जिला में गनौर स्थित पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के कार्यालय से कल शाम तीन आतंकवादियों ने 80,000 रुपए लूट लिए ।

संतोष कुमार का अंतिम संस्कार कर दिया गया : पटियाला से भूषण के अनुसार संतोष कुमार, जिसकी अपहरण के पश्चात बधवार को आतंकवादियों ने पुलिस के साथ मुठभेड़ होने पर हत्या कर दी थी, का कल उसके गांव मसीन में अंतिम संस्कार कर दिया गया । अंतिम संस्कार में आसपास के गांवों के सैंकड़ों लोग शामिल हुए ।

आतंकवादी गिरफ्तार : लुधियाना पुलिस ने एक आतंकवादी जरनैल सिंह उर्फ़ जग्गा को गिरफ्तार कर उसके पास से दो राकेट और कुछ डैटोनेटर्स बरामद किए हैं । संगरूर पुलिस ने कुलबीर सिंह नामक एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है ।

दो अज्ञात शव मिले : मलोट से बहादर चन्द के अनुसार लाम्बी पुलिस थाने के गांव अधानियां के बाहर खेतों से दो अज्ञात शव मिले हैं । पुलिस ने शवों को कब्ज़े में लेकर छानबीन आरंभ कर दी है ।

लापता अध्यापक का स्कूटर मिला : कपूरथला से शर्मा के अनुसार सुलतानपुर लोधी के 10 जुलाई से अचानक लापता हो गए सरकारी अध्यापक श्री जोगिन्द्र पाल मोगला का स्कूटर गत दिवस मंड के गांव आलीकलां के निकट से लावारिस खड़ा मिल गया है । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । यह अध्यापक 10 जुलाई को गांव शेरपुर सद्दा में स्कूटर पर पढ़ाने गया था परन्तु वह न तो स्कूल पहुंचा तथा न ही वापस अपने घर पहुंचा । किसी ने अध्यापक को देखा भी नहीं है । वह गत 11 वर्षों से इसी स्कूल में पढ़ा रहा था ।

महिला की हत्या : भटिंडा से सोच के अनुसार कल रात यहां के निकटवर्ती गांव बारकंडी से आतंकवादियों के एक गिरोह ने हरबंस कौर नामक एक महिला का अपहरण करके उसकी हत्या कर दी । सरकारी सूत्रों के अनुसार आज महिला का शव फरीदकोट जिले के गांव बिसानंदी के निकट खेतों में पड़ा हुआ मिला ।

ए.के. 47 छोड़कर भाग गए : भटिंडा जिले के किली निहालसिंहवाला गांव के पास एक मुठभेड़ के बाद आतंकवादी एक ए.के. 47 राइफल और 200 कारतूस छोड़कर भाग गए ।

होमगार्ड जवान फरार : पंजाब होमगार्ड का एक जवान बगीचा सिंह फिरोज़पुर जिले के मदोके सुरक्षा चौकी से अपनी 303 बोर की सरकारी राइफल और 50 कारतूसों के साथ फरार है ।

पैट्रोल पार्टी पर हमला : फिरोज़पुर जिले के गांव माछीवुगड़ा के निकट कल रात आतंकवादियों द्वारा बी.एस.एफ. पैट्रोल पार्टी पर किए गए हमले में एक बी.एस.एफ. जवान घायल हो गया ।

घायल कर दिया : रोपड़ जिले के गांव चल्लीकलां में कल रात दो आतंकवादियों ने नछत्तर सिंह के घर में घुसकर उसे फायरिंग करके घायल कर दिया ।

चोरी की गई जीप बरामद : मोहाली पुलिस ने अटारी निवासी समरजीत नामक युवक को गिरफ्तार करके उसके कब्ज़े से कल यहां फेस 3-बी 2 से चोरी हुई जीप नं. एच.पी.एस. 6197 तथा 20000 रुपए बरामद कर लिए है । पुलिस के अनुसार उक्त युवक ने पहले फेस 3-बी 1 के गुरुद्वारा सच्चा धाम से एक कृपाण छीनी थी व फिर किसी का साइकल छीन कर नंगी तलवार हाथ में लेकर फेस 3-बी 2 में एक जीप छीन ली थी । यह युवक अपना साइकल वहीं छोड़ गया था । पुलिस ने आधे घंटे में ही चोरी की गई जीप व उसके टूल बाक्स में रखे 20000 रु. बरामद कर लिए ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

केवल सिखों की रह गई है : मान

खेलना है", अत्यन्त शर्मनाक बात है क्योंकि कृपाण सिखों का धार्मिक शस्त्र है ।

श्री मान ने मांग की कि केंद्र सिखों पर अत्याचार बंद करे, बाकी भगौड़े सैनिकों को रिहा करके बहाल करे ।

इस अवसर पर अकाली दल मान मुस्लिम विंग के अध्यक्ष मुहम्मद अशरफ ने श्री मान को 5100 रुपए की थैली और सरोपा भेंट किया ।

जनसभा में उस समय हैरानी पैदा हो गई, जब गत 10 वर्षों से लापता एक व्यक्ति, जो पहले हिन्दू और कालिका सदस्य था, अपने मुस्लिम लिबास और मुस्लिम नाम के साथ अचानक स्टेज पर प्रकट हुआ । उसने भी श्री मान को 5100 रुपए की थैली और सरोपा भेंट किया । बताया जाता है कि उसने एक पूर्व मंत्री की बेटी के साथ गुप्त विवाह कर रखा है तथा मुसलमान बन चुका है ।

श्री मान ने कहा कि यदि सरकार पंजाब में शांति चाहती है तो झूठे पुलिस मुकाबले बना कर निर्दोष सिख युवकों को कत्ल करने का सिलसिला बंद करे । श्री मान ने घोषणा की कि जिस गांव या शहर में पुलिस सिख युवकों के विरुद्ध झूठे मुकाबले व करती है, वहां लोगों को चाहिए कि वे ऐसी रिपोर्ट सारे स्थानीय जत्थेदारों के पास दर्ज कराएं ताकि दोषी पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा सके । उन्होंने सिखों से अपील की कि वे ऐसे नेताओं से चौकस रहें जो केंद्र की कठपुतली बने हुए हैं तथा कौम की खातिर वाहेगुरु की बजाय दिल्ली के तख्त के आगे सिजदे करते हैं ।

धूरी से सिंगला के अनुसार, श्री सिमरनजीत सिंह मान ने कहा है कि हमने सबसे पहले जिन्दा और भुल्ला को फांसी के फंदे से छुड़वाना है । फिर धर्मी फौजियों व अन्य सिखों को रिहा करवाना है ।

बनारसी दास गुप्ता को राज्यसभा का सदस्य बनाए जाने की सम्भावना, मेहम में शीघ्र उपचुनाव नहीं

चंडीगढ़, 13 जुलाई (एन.एस. परवाना) : सुविज्ञ सूत्रों ने रहस्योद्घाटन किया है कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री श्री बी.डी. गुप्ता को राज्यसभा का सदस्य बनाए जाने की संभावना है । यदि वह सांसद गया था, उनको फिर से किन्हीं जिलों का पुलिस प्रमुख लगाया जाएगा, पर उनको पुनः भिवानी व रोहतक नहीं भेजा जाएगा ।

मास्टर हरि सिंह और श्री ओ.पी. सिहाग को

अगले दिन 10 जुलाई को चंडीगढ़ में हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक थी । बैठक के बाद कुछ मंत्रियों ने जद विधायकों को संकेत दिया कि दिल्ली चलो ताकि श्री देवी लाल जिनका भार अब 9 किलो कम

Punjab Archive

Punjabi Sanjari

ाने के

यागपत्र

क शामिल

र-विमर्श

प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप
अध्यक्ष एस.आर. बोम्मई के
यहां पहुंचने के बाद उनसे एक
। बताया जाता है कि दोनों
ाश चौटाला को हरियाणा का
के बाद उत्पन्न राजनीतिक
विचार-विमर्श किया ।
ानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह
खंडन किया कि उन्होंने श्री
को श्री चौटाला के पक्ष में
पद से हटने को कहा था । श्री
देखते हुए श्री बोम्मई के साथ
हत्वपूर्ण समझी जा रही है ।
ज रात सम्पर्क किए जाने पर
कल प्रैस कांफ्रैंस बुलाएंगे ।
ई प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप
बेंगलूर से यहां पहुंचे ।
रियाणा की राजनीतिक स्थिति
मर्श के लिए बुलाया था ।
नेता चंद्रशेखर ने भी आज



नेहरू











उग्रवादियों ने शुक्रवार को रोपड़ में गवर्नमैंट कालेज रोपड़ की प्रिंसीपल कुमारी बी.के. ग्रेवाल की हत्या कर दी । (1) प्रिंसीपल कुमारी बी.के. ग्रेवाल (इन्सैट एक पुराना चित्र) का शव, (2) वह कमरा जहां उग्रवादियों ने प्रिंसीपल की हत्या की, (3) कुमारी ग्रेवाल के सम्बन्धी तथा परिचित महिलाएं श्मशान भूमि में शोकमग्न बैठी हैं, (4) प्रिंसीपल कुमारी ग्रेवाल को विभिन्न दलों के नेता व अन्य अंतिम श्रद्धांजलि भेंट करते हुए । (छाया : महेन्द्र जैन)

अब पंजाब समस्या केवल सिखों की समस्या ही बन कर रह गई है : मान

मालेरकोटला, 13 जुलाई (आजिज) : अकाली दल मान के प्रधान श्री सिमरनजीत सिंह मान ने कहा है कि जब किसी कौम पर अत्याचार किए जाते हैं और वह वक्त की सरकार की हिंसा का पूरी तरह शिकार हो जाती है, तो इतिहास साक्षी है कि ऐसे हालात में कौमें जाग जाती हैं । श्री मान ने कहा कि केंद्र ने दरबार साहब को क्षतिग्रस्त करने के बाद 1984 में सिखों पर अत्याचार करके पूरी कौम को ललकारा है । उसके अत्याचार व हिंसा के खिलाफ पूरी कौम उठ खड़ी हुई । परिणामस्वरूप अब पंजाब समस्या केवल सिखों की समस्या ही बन कर रह गई है । ठीक इसी प्रकार कश्मीर समस्या भी मुसलमानों की समस्या बन गई है । जिस प्रकार केंद्रीय सरकार पंजाब में सिखों पर अत्याचार कर रही है, उसी प्रकार कश्मीरी मुसलमानों पर अत्याचार किया जा रहा है ।

श्री मान गत रात यहां एक जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि जिस प्रकार 1984 में केंद्रीय सरकार ने दरबार साहब पर हमला करके सिखों को ललकारा था, उसी प्रकार आज वह बाबरी मस्जिद को गिराने की कोशिश में है । उन्होंने कहा कि यदि ऐसा हुआ तो देश का ढांचा बिखर जाएगा क्योंकि सिखों का तो कोई देश नहीं है परन्तु मुसलमानों के बाधा सीमा से आगे असंख्य देश हैं । बाबरी मस्जिद गिराए जाने के बाद उन देशों की जो प्रतिक्रिया होगी, भारत के लिए उसका नुक्सान पूरा करना कठिन हो जाएगा । हमारी पार्टी ने फैसला कर रखा है कि हम बाबरी मस्जिद के लिए हर खेलना है", अत्यन्त शर्मनाक बात है क्योंकि कृपाण सिखों का धार्मिक शस्त्र है ।

श्री मान ने मांग की कि केंद्र सिखों पर अत्याचार बंद करे, बाकी भगौड़े सैनिकों को रिहा करके बहाल करे ।

इस अवसर पर अकाली दल मान मुस्लिम विंग के प्रधान मुहम्मद अशरफ ने श्री मान को 5100 रुपए की थैली और सरोपा भेंट किया ।

जनसभा में उस समय हैरानी पैदा हो गई, जब गत 10 वर्षों से लापता एक व्यक्ति, जो पहले हिन्दू और पालिका सदस्य था, अपने मुस्लिम लिबास और मुस्लिम नाम के साथ अचानक स्टेज पर प्रकट हुआ । उसने भी श्री मान को 5100 रुपए की थैली और सरोपा भेंट किया । बताया जाता है कि उसने एक भूतपूर्व मंत्री की बेटी के साथ गुप्त विवाह कर रखा है तथा मुसलमान बन चुका है ।

श्री मान ने कहा कि यदि सरकार पंजाब में शांति चाहती है तो झूठे पुलिस मुकाबले बना कर निर्दोष सिख युवकों को कत्ल करने का सिलसिला बंद करे । श्री मान ने घोषणा की कि जिस गांव या शहर में पुलिस सिख युवकों के विरुद्ध झूठे मुकाबले व केस बनाती है, वहां लोगों को चाहिए कि वे ऐसी रिपोर्ट हमारे स्थानीय जत्थेदारों के पास दर्ज कराएं ताकि दोषी पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा सके । उन्होंने सिखों से अपील की कि वे ऐसे नेताओं से चौकस रहें जो केंद्र की कठपुतली बने हुए हैं तथा कुर्सी की खातिर वाहेगुरु की बजाय दिल्ली के तख्त के

आ

प्रि

बि

चंडीगढ़
कल रात से
एक महिला
की हत्या कर
से 80,00
एक जवान
गया ।

सी.आ
रिज़र्व पुलिस
जिले के पीर
साथ मुठभेड़

शव मि
पुलिस जिले
मिला ।

एस.पी.
तरनतारन
एस.पी.ओ.
गिरोह ने भा
प्रत्युत्तर में
निकले । दो

कंडक्ट
जिले के गां
पंजाब रोड
नकदी छीन

घायल
आतंकवादि
अमृतसर के
अधिकारी ए
तथा दूसरे ए
था । दोनों
थे तथा उन्ह
कोशिश ना
में प्रेम दास

महंत
अनुसार आ
मुहल्ला नूर
एक महंत
अनुसार ती
घुस आए
महंत गुरना
दी । बाद
जिम्मे

बन

श्रीनगर में कर्फ्यू लागू

(पृष्ठ 3 का शेष)

जे.के.एल.एफ. तथा पीपुल्स लीग के थे ।

इनके अतिरिक्त 12 अन्य आतंकवादी भी गिरफ्तार कर लिए गए हैं ।

भारी मात्रा में शस्त्र बरामद : नई दिल्ली (वार्ता) : सुरक्षा बलों ने कश्मीर घाटी की घनी आबादी वाले मुहल्लों के कुछ मकानों से पिछले दो दिनों में शस्त्रास्त्रों के भंडार बरामद किए हैं ।

गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद ने कहा कि श्रीनगर के सफाकदल क्षेत्र के एक मकान से आज की तलाशी में 13 ए.के. 47 राइफल, 2 मशीनगन, 2 पिस्तौल, 10 जापानी बाकी-टॉकी सैट और एक बंकर में छिपा कर रखे गए कई हजार कारतूस बरामद किए ।

गृहमंत्री ने संवाददाताओं को बताया कि गुप्तचर एजेंसियों ने हथियारों के इन जखीरों का पता लगाया और सुरक्षा बलों ने इन्हें समय रहते कार्रवाई करके बरामद कर लिया । इन हथियारों की सप्लाई पाकिस्तान से की गई थी ।

मुफ्ती मोहम्मद सईद ने कहा कि गुप्तचर सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पाकिस्तान में प्रशिक्षित उग्रवादियों की भारत में घुसपैठ आने वाले दिनों में बढ़ेगी । उन्होंने कहा कि जुलाई के उत्तरार्द्ध और अगस्त में इस स्थिति का सामना करने के लिए सुरक्षा बल पूरी तरह से तैयार हैं ।

गृहमंत्री ने बताया कि पकड़े गए उग्रवादियों से पूछताछ के दौरान मिली सूचना के मुताबिक अब घुसपैठ कर रहे उग्रवादियों को आधुनिकतम हथियारों के इस्तेमाल और सुरक्षा बलों को ज्यादा समय तक मुठभेड़ में उलझे रखने की विशेष ट्रेनिंग दी गई है ।

उन्होंने कहा कि उग्रवादियों से निपटने में अब लोगों से भी सहयोग मिल रहा है । यही कारण है कि अनेक मामलों में लिप्त उग्रवादी पकड़े जा रहे हैं ।

गृहमंत्री ने कहा कि आर्थिक तंगी से परेशान स्थानीय लोग सामान्य स्थिति बहाल करने के काम में प्रशासन की मदद कर रहे हैं । उनका कहना था कि इस स्थिति में राजनीतिक दलों के लिए प्रशासन और लोगों के बीच कड़ी के रूप में काम करने का मौका है ।

जहां तक घाटी में स्थित केंद्रीय सरकार जैसी बैंक, डाक तार विभाग, बीमा कम्पनियों के

पंजाब में ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

प्रिंसीपल की हत्या : रोपड़ से राकेश शर्मा के अनुसार वीरवार रात 9 बजे रोपड़ राजकीय महाविद्यालय की प्रिंसीपल कुमारी बेअंत कौर ग्रेवाल (55) की आतंकवादियों ने हत्या कर दी । कुमारी ग्रेवाल उस समय अपने सरकारी निवास में टी.वी. देख रही थीं । पता चला है कि आतंकवादियों ने आकर कुछ देर तक उनसे बातचीत की और फिर उन्हें गोलियां मार दीं । उन्हें दो गोलियां लगीं । एक गोली उनके मुंह के भीतर तथा दूसरी गोली उनके सिर पर लगी । उन्हें कुछ समय पहले धमकी पत्र मिल चुके थे । आज दोपहर कुमारी ग्रेवाल का अंतिम संस्कार कर दिया गया । उनके भाई ने चिता को आग दिखाई । इस अवसर पर भाजपा के प्रधान मदन मोहन मित्तल, पंजाब के शिक्षा सचिव राजेन्द्र सिंह, डी.पी.आई. (कालेज) मोहन सिंह, रोपड़ के उपायुक्त आर.सी. नायर आदि उपस्थित थे ।



चंडीगढ़ पुलिस द्वारा कब्जे में की गई वह मारुति कार, जिसे आतंकवादियों द्वारा पंजाब के भूतपूर्व वित्तमंत्री श्री बलवंत सिंह की हत्या करते समय प्रयुक्त किया गया । (छाया : पुरी)

व्यापारिक गतिविधियां

चंडीगढ़ मंडल की जमा राशि में 330 करोड़ की वृद्धि

चंडीगढ़, 13 जुलाई (संघी) : स्टेट बैंक आफ इंडिया के चंडीगढ़ मंडल की जमा राशि 2463 करोड़ रुपए तक पहुंच चुकी है ।

उक्त जानकारी देते हुए चंडीगढ़ मंडल के मुख्य महाप्रबंधक श्री जी.एच. दियोलालकर ने बताया कि 4 मार्च, 1990 को समाप्त हुए वर्ष में मंडल की जमा राशि में 330 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई है ।

3 मंत्रियों द्वारा त्यागपत्र

(पृष्ठ 3 का शेष)

लिए आमंत्रित किया गया था । मगर वामपंथी दलों के नेताओं ने उनके इस वक्तव्य को स्वीकार करने से इंकार कर दिया है । इन नेताओं ने अपनी स्पष्ट तथा तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तेजी के साथ हरियाणा की राजनीति ने पलटा खाया तथा श्री चौटाला को मुख्यमंत्री की गद्दी पर बिठा दिया गया उससे राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार की साख को एक गहरा धक्का लगा है । इस बार भी भाजपा नेता श्री लाल कृष्ण आडवानी शामिल नहीं हुए जबकि वित्त मंत्री श्री मधु दंडवते उपस्थित थे ।

वामपंथी दलों के नेताओं में सी.पी.आई. (एम) के श्री हरकिशन सिंह सुरजीत तथा सी.पी.आई. के श्री इन्द्रजीत गुप्ता ने यह मुद्दा उठाया और श्री वी.पी. सिंह को स्पष्ट शब्दों में कह दिया कि श्री चौटाला को फिर से मुख्यमंत्री बनाया जाना उन्हें तब तक स्वीकार नहीं करना चाहिए था, जब तक मेहम कांड की प्रस्तावित न्यायिक जांच बारे कोई स्पष्टीकरण न दे दिया जाता । उन्होंने कहा कि उन्हें श्री देवीलाल के दबाव के सामने भी नहीं झुकना चाहिए था । इन नेताओं ने कहा कि इससे राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार के नाम पर एक कलंक लग गया है तथा देश की जनता सरकार के साथ बहुत बुरी तरह से पेश आएगी । यह नेता चाहते हैं कि श्री वी.पी. सिंह इस मुद्दे पर कोई कड़ा रुख अवश्य अपनाएं ।

विश्वस्त सूत्रों के अनुसार इस मामले पर प्रधानमंत्री बहुत बुरी तरह से हताश हो गए हैं तथा यही कह कर अपनी स्थिति को स्पष्ट कर रहे हैं कि श्री चौटाला को मुख्यमंत्री बनाने से पूर्व उनकी राय नहीं ली गई । इस मामले की प्रतिक्रिया से वह बुरी तरह से हिल उठे हैं, वह न केवल अपने विरोधियों बल्कि अपने समर्थकों तक को मुंह दिखाने के काबिल नहीं रहे । मगर वामपंथी दलों के नेताओं का कहना है कि जो कुछ भी हुआ वह न्यायसंगत नहीं था तथा इससे जनता दल में भी फूट पड़ने की आशंका बढ़ गई है ।

मगर पूर्व मुख्यमंत्री श्री बनारसी दास गुप्ता का यह बयान कि प्रधानमंत्री ने उनका त्यागपत्र स्वीकार कर लिया था, श्री वी.पी. सिंह के उस वक्तव्य को भी सफेद झूठ करार देता है जो उन्होंने वामपंथी दलों के नेताओं के सामने दिया था ।

जनता दल में भी इस मामले की अत्यधिक तीव्र

मद्रास उच्च न्यायालय से अपने आदेश पर रोक लगाने की अपील दायर की जाएगी

नई दिल्ली, 13 जुलाई (वार्ता) : भारतीय ओलिम्पिक संघ के महासचिव आर.एल. आनंद और सी.एल. मेहता ने बताया है कि मद्रास उच्च न्यायालय की एक बड़ी खंडपीठ के समक्ष एक अपील दायर की जाएगी जिसमें इसी न्यायालय के पहले वाले आदेश पर रोक लगाने की मांग की जाएगी ।

न्यायालय ने श्री बी.एस. आदित्यन को संघ का अध्यक्ष बने रहने के संबंध में आदेश दिया था ।

दोनों महासचिवों ने यहां एक वक्तव्य में कहा कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने 29 जून को दिए फैसले में सांसद विद्याचरण शुक्ला को अगले आदेश तक संघ का अध्यक्ष स्वीकार किया है ।

पंजाब के कुछ एस.पी. आपरेशन्स तबदील

होशियारपुर, 13 जुलाई (अश्विनी) : पंजाब सरकार ने राज्य के तीन एस.पी. (आपरेशन्स) तबदील कर दिए हैं । एक डी.एस.पी. को पदोन्नत करके एस.पी. (आपरेशन्स) बना दिया गया है ।

जिला होशियारपुर के एस.पी. (आपरेशन्स) श्री एस.पी.एस. बसरा को पुलिस जिला मजीठा का नया एस.पी. (आपरेशन्स) नियुक्त किया गया है । मजीठा के वर्तमान एस.पी. (आपरेशन्स) श्री एच.आर. बंगा को इसी पद पर फिरोजपुर तबदील कर दिया गया है । फिरोजपुर के एस.पी. (आपरेशन्स) श्री एस.एस. गिल को पी.ए.पी. की 39वीं बटालियन का सहायक कमांडैंट बनाकर बहादुरगढ़ (पटियाला) भेज दिया गया है । मजीठा के उप-पुलिस कप्तान (डिटैक्टिव) श्री हरजीत सिंह को पदोन्नत करके पुलिस जिला तरनतारन का एस.पी. (आपरेशन्स) लगाया गया है ।

श्री बसरा के स्थान पर अभी तक जिला होशियारपुर में कोई नया एस.पी. (आपरेशन्स) नियुक्त नहीं किया गया ।

अमीर सिंह हत्याकांड के एक

Punjabi Sanatan

हैं कि हिन्दू भाई सिख धारा को सम्मान
सिख भी देश में सम्मान पूर्वक रह सकें ।
श्री मान से पूछा कि यदि वह सिखों को
अलग मानते हैं तो फिर हिन्दुओं को
ड़ने का उपदेश देकर सिख धारा का

हम इस सत्य को स्वीकार करने से परन्तु कमजोरियां
किस जाति में नहीं हैं । क्या श्री मान यह भूल गए हैं
कि श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी ने उस समय सिखों में
पनप रही कमजोरी को दूर करने के लिए मसन्दों को
आग में जलाने की सजा दी थी ।

पर यह घोषणा की थी कि "सिख गुरु-साहिबान
हमारे प्राचीन धर्मशास्त्रों और पुराणों से उस ज्ञान
और दर्शन को गुरमुखी में लाए क्या हम पूर्वजों की
इस साझी विरासत को त्याग देंगे ।" श्री मान को यह
भी मालूम होना चाहिए कि विश्व हिन्दू परिषद के

नाम ही हिन्दुत्व है :-
"तिलक जंजू राखा प्रभ ताका
कीनो बडो कलू में साका
धर्म हेत साका जिन कीया
(शेष पृष्ठ 10 पर)



नई दिल्ली में संवाददाताओं को श्री
ए त्यागपत्र को स्वीकार न किए जाने
श्री जयपाल रेड्डी भी दिखाई दे रहे
(छाया : प्रैस ट्रस्ट)

पटियाला क्षेत्र में उग्रवादियों द्वारा डेरे में घुस कर अंधाधुंध फायरिंग से 8 लोग मरे : 15 अन्य घायल

बटाला के एस.एस.पी. हमले में बाल-बाल बचे, 3 लोगों की हत्या

3 आतंकवादी गुट संघर्ष में मरे : एक ग्रामीणों ने मार डाला

चंडीगढ़, 14 जुलाई (प.स., वार्ता) : पटियाला जिला में आज दोपहर आतंकवादियों ने एक डेरे में घुसकर अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे 8 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई तथा 15 अन्य घायल हुए । इसके अतिरिक्त पंजाब में अन्यत्र पिछले 24 घंटों के दौरान विभिन्न वारदातों में एक हैड कांस्टेबल समेत 3 लोगों की हत्या हुई तथा होमगार्ड के एक जवान को घायल कर दिया गया । इस बीच 4 आतंकवादी भी मारे गए । उग्रवादियों ने बटाला के एस.एस.पी. पर घात लगा कर हमला किया, जिसमें वह बाल-बाल बच गए ।

फायरिंग से 8 मरे : पटियाला (प.स.) : आतंकवादियों के एक गिरोह ने आज दोपहर जिला के चलहेड़ी कला गांव में एक डेरे में घुस कर वहां एकएक श्रद्धालुओं पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे 8 व्यक्तियों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई तथा 15 अन्य लोग घायल हुए । इनमें से कुछ की हालत गंभीर है ।

पुलिस के अनुसार 4 आतंकवादी दो स्कूटरों पर आए तथा डेरे में घुस कर आटोमैटिक हथियारों से वहां एकत्र श्रद्धालुओं पर फायरिंग करने लगे । वारदात के बाद आतंकवादी भाग जाने में कामयाब रहे । मृतकों में से 4 की शिनाख्त हुई है । इनमें डेरे का मालिक फकीर सिंह भी शामिल है । अन्य मृतकों के नाम हरबंस कौर, गुरमीत सिंह तथा सरबन सिंह हैं ।

पटियाला से 'भूषण' के अनुसार आतंकवादियों ने दो डेरों पर फायरिंग की । ये वारदातें लगभग एक बजे हुई । घटना के समय उक्त डेरों में आसपास के गांवों के लगभग अढ़ाई सौ लोग मौजूद थे । इन डेरों के महंत मंगलवार तथा शनिवार के दिन लोगों के प्रश्नों के उत्तर दिया करते थे । खबर मिलते ही जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. शर्मा और जिलाधीश श्री बी.सी. गुप्ता तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए । पुलिस ने सारे क्षेत्र की नाकाबंदी कर ली है और आतंकवादियों की तलाश की जा रही है ।

गुट संघर्ष में दो आतंकवादी मरे : बटाला (कोछड़) : यहां के निकटवर्ती गांव हसनपुरा के निकट से सदर पुलिस बटाला ने गोलियों से छलनी एक शव बरामद किया है । इसकी पहचान गांव संग्रामवाला के कुलदीप सिंह (25) के रूप में हुई है । पुलिस प्रवक्ता के अनुसार घटनास्थल से ए.के. 47 के 4 चले कारतूस तथा एक चिट्ठी मिली है, जिसमें कुलदीप सिंह को एक लुटेरा बताया गया है । पुलिस के अनुसार यह घटना आतंकवादियों के गुट संघर्ष का परिणाम है ।

इसी पुलिस जिले के थाना हरगोबिन्दपुर के गांव धर्मकोट के निकट स्थित एक ट्यूबवैल से पुलिस ने गोलियों से छलनी एक शव बरामद किया है । इसकी पहचान नहीं हो पाई है । घटनास्थल से ए.के. 47 के 6 चले हुए कारतूस मिले हैं । पुलिस प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आतंकवादी मृतक के एक साथी का अपहरण करके ले गए हैं । घटनास्थल से शराब की कुछ खाली बोतलें भी मिली हैं । पुलिस ने यह संभावना व्यक्त की है कि यह घटना भी आतंकवादियों के गुट संघर्ष का परिणाम है ।

शव बरामद : अमृतसर (वार्ता) : मजीठा पुलिस जिला के खासी ग्राम के निकट एक खेत से सेवा सिंह नामक एक व्यक्ति का गोलियों से बिंधा हुआ शव मिला है । सेवा सिंह का उसके घर से अपहरण कर लिया गया था ।

ग्रामीणों ने एक आतंकवादी को मार डाला : अमृतसर शहर के निकट स्थित बल सिकन्दर ग्राम के निवासियों ने उस समय एक आतंकवादी को पीट-पीट कर मार डाला, जब वह एक व्यक्ति से धन ऐंठने का प्रयास कर रहा था । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार एक आतंकवादी तारा सिंह नामक व्यक्ति के घर में घुस आया तथा बंदूक की नोक पर पैसा मांगने लगा । तारा सिंह ने उक्त आतंकवादी को 'जफ्फा' मार लिया तथा शोर मचा दिया । आसपास के लोग वहां एकत्र हो गए और उन्होंने आतंकवादी को पीट-पीट कर मार डाला । मृतक आतंकवादी की पहचान स्वर्ण सिंह के रूप में हुई है ।

बटाला के एस.एस.पी. बाल-बाल बचे : अमृतसर से 'सोनी' के अनुसार बटाला के नव-नियुक्त एस.एस.पी. श्री सीता राम पर आज शाम लगभग साढ़े सात बजे आतंकवादियों ने कथूनंगल थाना के अधीन गांव सानेवाल में घात लगाकर हमला किया । इस हमले में श्री सीता राम बाल-बाल बच गए । इस वारदात में एक पुलिस कर्मी श्री बलविन्द्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए । उन्हें उपचार के लिए अमृतसर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है । श्री सीता राम पर उस समय हमला हुआ जब वे बटाला से अमृतसर अपनी कार में आ रहे थे । उल्लेखनीय है कि श्री सीता राम पर आतंकवादियों का यह दूसरा हमला है । इससे पहले हमले में वह गोली लगने से घायल हो गए थे ।

बाद में श्री सीता राम ने पत्रकारों को बताया कि आतंकवादियों ने उनकी कार पर हमला करने के लिए तीन जगह घात लगाई हुई थी । आतंकवादियों की निश्चित गिनती का अभी पता नहीं चल सका ।

बस जला दी : अमृतसर जिला के बल्टोहा थाना के अन्तर्गत गांव तूत बंगाला में आतंकवादियों ने पंजाब रोडवेज की एक बस से यात्रियों को नीचे उतार दिया और फिर बस को आग लगा दी । बताया जाता है कि उक्त बस में चार एस.पी.ओ. भी सवार थे, जो आतंकवादियों को देख कर अपने हथियार वहीं फैंक कर भाग गए ।

1 लाख रुपया लूटा : अमृतसर जिला के जंडियाला कस्बे में गहरी मंडी क्षेत्र से दो आतंकवादियों ने आज प्रकाश सिंह नामक आढ़ती से एक लाख रुपया लूट लिया ।
(शेष पृष्ठ 10 पर)

चौटाला के हटने का कोई सवाल ही नहीं उठता : देवी लाल

नई दिल्ली, 14 जुलाई (वार्ता): उप-प्रधानमंत्री देवी लाल ने आज प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह से अपना इस्तीफ़ा वापस लेने की तथा मंत्रिमंडल से कल इस्तीफ़ा देने वाले तीनों केंद्रीय मंत्रियों के खिलाफ़ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की मांग की है ।

उप-प्रधानमंत्री ने यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि इन मंत्रियों ने इस्तीफ़ा देकर और अखबारों में बयान देकर पार्टी अनुशासन को तोड़ा है ।

श्री देवी लाल ने कहा कि उन्होंने टैलीफोन पर प्रधानमंत्री से बात की और उन्हें कहा कि राष्ट्रीय मोर्चे की सरकार को कोई खतरा नहीं है और इस्तीफा देने वाले मंत्रियों के खिलाफ निश्चित रूप से कार्रवाई की जानी चाहिए ।

श्री देवी लाल ने कहा कि पार्टी के विधायकों ने हरियाणा के मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला को सर्वसम्मति से अपना नेता चुना है, इसलिए उनके हटने का कोई सवाल ही नहीं उठता । उन्होंने कहा कि इसके अलावा निवर्तमान मुख्यमंत्री बनारसी दास गुप्ता ने ही नेता पद के लिए उनके नाम का प्रस्ताव किया ।

उप-प्रधानमंत्री ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि कुछ 'निहित स्वार्थी लोग' अब मेहम का मामला उछाल रहे हैं और ऐसा करके वे उनको और श्री चौटाला को चोट पहुंचाना चाहते हैं ।

उन्होंने कहा कि सिमरनजीत सिंह मान और अतिन्दरपाल सिंह जैसे अकाली नेताओं के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले खत्म किए जा सकते हैं तो मेहम पर इतना विवाद क्यों खड़ा किया जा रहा है ।

उन्होंने कहा कि जो लोग उनकी आलोचना कर रहे हैं वे सब शहरी लोग हैं, जो नहीं चाहते कि गांव का आदमी सत्ता में आए । इस्तीफा देने वाले तीनों केंद्रीय मंत्री शहरी हैं ।

उप-प्रधानमंत्री ने कहा कि शुरू में जनमोर्चा में सिर्फ 12 सदस्य थे, पर अब केंद्रीय मंत्रिमंडल में उसके 15 सदस्य शामिल हैं । उन्होंने कहा कि इस्तीफ़ा देने वाले मंत्री उन्हें निकालना चाहते थे । उनका कहना था कि या तो वे रहेंगे या देवी लाल ।

श्री देवी लाल ने मांग की कि राज्यपाल और राजनयिकों समेत सभी महत्वपूर्ण सरकारी पदों पर पचास प्रतिशत गांव के लोग होने चाहिएं । उन्होंने कहा कि अगर सरकार पचास प्रतिशत बजट ग्रामीण क्षेत्रों के लिए रख सकती है तो इन पदों पर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को रखने में क्या दिक्कत है ।

उप-प्रधानमंत्री ने कहा कि "शहरी लोग उन्हें हटाने के लिए उनके खिलाफ़ एकजुट हो गए, पर मुझे विश्वास है कि वे सफल नहीं होंगे ।"

छोटी-सी बात ... रंगा

जो लोग देवीलाल के विरुद्ध निराधार कुप्रचार कर रहे हैं, उस समय वे जन्मे भी नहीं होंगे जबकि मैं राजनीति में आया था ।

—ओम प्रकाश चौटाला



भाई साहब, उनका आशय 'मूल्यों पर आधारित राजनीति' से है या 'मुद्दों पर आधारित राजनीति' से है ।

वारे एक सप्ताह : वीरेन्द्र वर्मा

ए उन्होंने कहा कि आठ वर्षों की बीमारी
समाप्त नहीं हो सकती, क्योंकि मुझे
भी एक महीना ही हुआ है । उन्होंने
शक मैं एक राजनीतिक पार्टी से
लेकिन मैं पंजाब का राज्यपाल भी हूं
का प्रतिनिधित्व करता हूं ।

हा कि सरकारी जमीनों पर कोई भी
द्धारा नहीं बनने दिया जाएगा । श्री
के बेरोज़गारी की समस्या दूर करने के
र बेरोज़गार युवकों का एक ट्रेनिंग
जाएगा और उसमें इन युवकों को
अर्द्ध पुलिस बलों में भर्ती किया
होंने कहा कि सीमैंट के जो मूल्य बढ़
ारे में मैंने केन्द्र सरकार को लिख दिया

दिल्ली पहुंचे : देवी
से लम्बी मंत्रणा

, 14 जुलाई (प.स.): विवादों से घिरे
ख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला आज
नमंत्री एवं अपने पिता चौधरी देवी
पर सिरसा से यहां पहुंचे और उनसे
त की । उप-प्रधानमंत्री निवास में
ा जनता दल के वरिष्ठ नेता श्री चंद्र
तक छोड़ने आए तो पत्रकारों ने उनसे
आप मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे रहे
ाब में श्री चौटाला ने कहा, "आपसे
कहना ।" इस बीच जनता दल के
शेखर ने आज शाम उप-प्रधानमंत्री
उनके आवास पर भेंट की । दोनों
व करीब आधा घंटा बातचीत हुई ।
ने बातचीत का ब्यौरा देने से इन्कार

क रोक दिया : मार्क्सवादी
र्टी के नेता और पश्चिम बंगाल के
ीत बसु ने आज रात लंदन से
ी देवी लाल से टैलीफोन पर बातचीत
प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह को
कहा कि वह इस मामले में 17 जुलाई
ला न लें । उल्लेखनीय है कि श्री बसु
ो स्वदेश लौट रहे हैं ।

को सुधारने का प्रयास करें : शर्मा

ी अपनी 'राजनीतिक रणनीति' की
समीक्षा करनी पड़ेगी ।

ग (पस) :भारतीय जनता पार्टी के

दिल्ली लौट रहे हैं । सूत्रों के अनुसार जनता दल के अध्यक्ष एस.आर. बोम्मई भी कल श्री अडवानी से वर्तमान संकट के बारे में बातचीत करेंगे ।

Punjabi Sansar

द आवाज उठाई थी ।
स्थान के दर्शन के
ह जी ने अयोध्या नगरी
न्म स्थान माना है, इन

सब कोई भाखत नेत
गरी पुरी समेत''
सेवा लाखों सिख, अपने
कन्धे से कन्धा मिला
श्री मान के तथाकथित
ी उंगलियां इस तूफानी

न गिरफ्तार

वार्ता): भारतीय किसान
लखनऊ में प्रस्तावित
संध्या पर अब तक
तां गिरफ्तार किए जा
ंचायत आयोजित करने
इन्कार कर दिया था ।
त्तर प्रदेश से किसान
लखनऊ आना जारी
र गिरफ्तार किया गया
रह लखनऊ तक पहुंच
किया जा रहा है ।

के राज्यपाल

र्घटना में मृत्यु

(वार्ता): जम्मू-कश्मीर
क्सेना के दामाद सुरेश
क सड़क दुर्घटना में मृत्यु
के थे और गुजरात राज्य
उनका शव आज सुबह



टनीतिज्ञ एवं भारत के
द्र कुमार गुजराल के
के सच्चे-सुच्चे सेवक
रेखों की ओर से उनका

पटियाला क्षेत्र में फायरिंग

(पृष्ठ 1 का शेष)

दो घुसपैठिए मरे : अमृतसर जिला के खेमकरण सैक्टर में दो घुसपैठियों को बी.एस.एफ. के जवानों ने गोली से उड़ा दिया ।

गुट संघर्ष में एक और आतंकवादी मरा : अमृतसर जिले में आतंकवादियों की आपसी लड़ाई के कारण गुरु-प्रताप सिंह नामक एक आतंकवादी तब मारा गया जब वह बाथ गांव से कमालपुर जा रहा था ।

बैंक लूटा : आतंकवादियों ने कल रात अमृतसर जिला के बासरके गांव में सहकारी बैंक की एक शाखा से 1,15,447 रुपए लूट लिए । इसी गांव में दो दिन पहले आतंकवादियों ने पंजाब नैशनल बैंक की शाखा को लूटने का प्रयास करते समय दो बैंक गार्डों की हत्या कर दी थी ।

हैड कांस्टेबल की हत्या : खरड़ (शशि) : स्कूटर सवार दो आतंकवादियों ने कल रात साढ़े आठ बजे के लगभग गांव मंडी खरड़ में सी.आई.डी. के हैड कांस्टेबल श्री स्वर्ण सिंह की ए.के. 47 राइफल से गोलियां मारकर हत्या कर दी । यह वारदात उस समय हुई जब श्री सिंह अपने घर के बाहर मोटरसाईकिल खड़ा करके भीतर प्रवेश करने लगे थे । इस वारदात में श्री सिंह की बुढ़ मां भी घायल हो गई । उसे पी.जी.आई. चंडीगढ़ में दाखिल कराया गया है ।

एक और व्यक्ति की हत्या : रोपड़ जिला के संत मांजरा गांव में आतंकवादियों ने शेर सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

होमगार्ड जवान घायल; 3 आतंकवादी काबू : जालंधर (प.स.) : जालंधर जिले में कल रात दो विभिन्न वारदातों में होमगार्ड का एक जवान घायल हो गया और पुलिस ने तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस के अनुसार होमगार्ड जवान अमरीक सिंह उस समय घायल हो गया, जब कुछ आतंकवादियों ने कल रात नूरमहल थाने की बिल्गा पुलिस चौकी पर गोली चलाई । पुलिस द्वारा गोली चलाने पर आतंकवादी भाग गए । घायल जवान को क्रिश्चियन मैडिकल अस्पताल लुधियाना में दाखिल कराया गया है ।

भोगपुर थाने के सिकंदरपुर गांव के निकट नाका पार्टी के साथ मठभेड़ के बाद पुलिस ने तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने इनके नाम दरबारा सिंह उर्फ़ बाबा, गुरनाम सिंह उर्फ़ गामा और गुरनाम सिंह बताए हैं । इनके पास से ए.के. 47 राइफल, एक पिस्तौल व सात मैगज़ीन बरामद हुए हैं ।

महिला का अपहरण : भटिंडा (वार्ता) : जिला के महियांवाल गांव से आतंकवादियों ने कल रात एक घर में घुसकर एक महिला का अपहरण कर लिया ।

4 लुटेरे काबू : होशियारपुर (अश्विनी) : उच्च पुलिस क्षेत्रों ने रहस्योद्घाटन किया है कि सदर पुलिस ने नाकाबन्दी करके लूटमार करने वाले 4 व्यक्तियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से भारी परिमाण में शस्त्रास्त्र बरामद किए हैं । एस.एस.पी. श्री रवीन्द्र सिंह उप्पल ने बताया कि बलबीर सिंह उर्फ़ लोधी से एक रिवाल्वर 32 बोर, 6 कारतूस, मलकीयत सिंह से 30 बोर का पिस्तौल और 7 कारतूस, मुख्तयार सिंह से 12 बोर का पिस्तौल, 8 कारतूस और चौथा अभियुक्त अमृतसर का रामस्वरूप ब्राह्मण है । रामस्वरूप आतंकवादियों से दुखी होकर यहां गुरु नानक नगर में रह रहा था और उसने स्वयं लूटमार का धंधा आरंभ कर दिया था । उससे 12 बोर का पिस्तौल कारतूस सहित बरामद किया गया । इनसे पूछताछ जारी है ।

आतंकवादियों ने कार राजपुरा से छीनी थी : चंडीगढ़ से 'संघी' के अनुसार पंजाब के पूर्व वित्तमंत्री व अकाली दल (बादल) के वरिष्ठ नेता श्री बलवंत सिंह, उनके 2 अंगरक्षकों तथा कार ड्राइवर की विगत 10 जुलाई को यहां हुई हत्या के मामले में संलिप्त आतंकवादियों का पता लगाने में हालांकि चंडीगढ़ पुलिस को कोई सफलता प्राप्त नहीं हुई है, लेकिन आतंकवादियों की ओर से इस वारदात में प्रयोग की गई मारुति कार का असली नम्बर पता लगाने में आज पुलिस कामयाब हो गई ।

उक्त कार वारदात के 2 दिन बाद यहां के सैक्टर 18 के एक घर के बाहर से लावारिस पड़ी हुई बरामद हुई थी, जिस पर उस वक्त पी.सी.एस.-2949 की नम्बर प्लेट लगी हुई थी । छानबीन के बाद पता चला है कि यह नम्बर प्लेट जाली थी । इस कार का असली नम्बर 999 है । यह कार आतंकवादियों ने गत 21 जून को राजपुरा से पिस्तौल की नोक पर छीनी थी ।

जानकार सूत्रों के अनुसार पुलिस उस हुलिये वाले नवयुवक की तलाश कर रही है, जिसके बारे इस कार को छीने जाने के बारे दर्ज रिपोर्ट में जानकारी दी गई थी । यह भी बताया जाता है कि पुलिस श्री बलवंत सिंह की एस्कार्ट कार में बैठे पुलिस कर्मियों से भी आज यह पूछताछ करती रही कि आखिर उन्होंने आतंकवादियों का पीछा क्यों नहीं किया ।

बताया जाता है कि इस वारदात के अगले दिन 11 जुलाई की रात को यहां के सैक्टर 26 में स्थित ईस्ट पुलिस स्टेशन में हुए बम विस्फोट के मामले में चंडीगढ़ पुलिस के कई कर्मियों से पूछताछ की जा रही है लेकिन इस बारे पुलिस को अभी तक कोई सफलता प्राप्त नहीं हुई ।



पुलिस जिला बटाला में निजी गुट संघर्ष के कारण दो आतंकवादी मारे गए । चित्र में (ऊपर) गांव हसनपुरा में मरे कुलदीप सिंह तथा (नीचे) गांव धर्मकोट में मरे अज्ञात आतंकवादी का शव । (छाया : कोछड़)

सरकार पंजाब को ...

(पृष्ठ 1 का शेष)

उसके बाद उसी बिल की रकम पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त जुर्माना वसूल किया जाता है, जोकि सरासर गलत है, क्योंकि नगरपालिका पानी के बिलों में सबसे एक वर्ष का अग्रिम बिल ले रही है । ज्ञापन में मांग की गई है कि जुर्माना लेना तत्काल बंद किया जाए । बेरोजगारी दूर करने के लिए भारत-पाक-हुसैनीवाला सीमा व्यापार के लिए खोली जाए ।

ज्ञापन में मांग की गई है कि लोकतांत्रिक ढांचे के अन्तर्गत जब तक प्रदेश में परिस्थितियां अनुकूल नहीं हो जातीं, चुनाव किसी भी हालत में न करवाए जाएं । मूल्य वृद्धि पर चिन्ता व्यक्त करते हुए भाजपा ने मांग की है कि सरकार चीनी व मिट्टी के तेल को डी-कंट्रोल घोषित करे व प्रथम चरण में बिक्री व चुंगी कर को पूर्ण रूप से समाप्त करे ।

शहर में खाना पकाने वाली गैस एजैंसी की कथित काला बाजारी के सम्बन्ध में मांग की गई है कि इसकी किसी स्वतंत्र एजैंसी से जांच करवाने के साथ-साथ शहर की जनसंख्या के दृष्टिगत दो और नई एजैंसियां खोली जाएं ।

भारत ने स्कारलैंड को 7



नई दिल्ली में शनिवार को पर्यावरण तथा वनमंत्री श्री नीलमणि रौत्रेय श्री आरिफ़ मुहम्मद खां (ऊपर) तथा श्री सतपाल मलिक को अपने इस्तीफ़ों पर पुनर्विचार करने के लिए मनाने का प्रयास करते हुए । (छाया : पी.टी.आई.)

वी. पी. द्वारा इस्तीफे की पेशकश

(पृष्ठ 1 का शेष)

इस्तीफा मंजूर नहीं किया है । श्री बोम्मई ने यह जानकारी प्रैस में दी ।

उन्होंने साथ ही यह विश्वास व्यक्त किया कि नया नेता चुनने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी ।

श्री बोम्मई ने साफ तौर पर कहा कि श्री ओम प्रकाश चौटाला जिस तरह हरियाणा के दोबारा मुख्यमंत्री बनाए गए वह तकनीकी और कानूनी तौर पर भले ही गलत नहीं हो, पर वह किसी भी तरह उपयुक्त नहीं हैं । श्री बोम्मई ने इस बात से इंकार किया कि उन्होंने श्री चौटाला को दिल्ली बुलाने के लिए कोई वायरलैस संदेश भेजा था ।

श्री बोम्मई ने कहा कि उन्हें इस बात की कोई सूचना नहीं थी कि हरियाणा के मुख्यमंत्री बनारसी दास गुप्ता अपने पद से हट रहे हैं और उनकी जगह श्री चौटाला दोबारा मुख्यमंत्री बन रहे हैं । यदि उन्हें इस बात की जानकारी होती तो वह श्री चौटाला को महासचिव क्यों बनाते ।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री बोम्मई ने कहा कि यदि परिस्थितियों की मांग हुई तो मैं श्री चौटाला के खिलाफ कार्रवाई करने में भी नहीं हिचकूंगा ।

क्या श्री देवी लाल ने उप-प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है, यह पूछे जाने पर श्री बोम्मई ने कहा, "मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं है ।"

क्या मौजूदा संकट के समाधान के लिए आपके पास कोई फार्मूला है, इस पर श्री बोम्मई ने कहा, "मेरे पास सभी समस्याओं को हल करने के लिए फार्मूला है । लेकिन इसे आज नहीं कल बताऊंगा ।"

श्री बोम्मई ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि सामान्यतया जनता दल कांग्रेस (इ) की तरह राज्यों पर मुख्यमंत्री नहीं थोपता लेकिन हरियाणा में जो स्थिति है उसे सामान्य नहीं कहा जा सकता ।

क्या आप श्री चौटाला को दोबारा मुख्यमंत्री बनाए जाने के पीछे उप-प्रधानमंत्री देवीलाल के तर्कों से सहमत हैं, इस पर श्री बोम्मई ने कहा कि "नहीं — मैं श्री देवीलाल तर्कों से सहमत नहीं हूं ।"

क्या पार्टी और सरकार के सामने जो मौजूदा संकट है, उससे आप उबार ले जाएंगे, इस पर श्री बोम्मई ने कहा कि पार्टी एकजुट है और मोर्चे की सरकार केन्द्र में बरकरार रहेगी ।

आप श्री चौटाला से किस पद से इस्तीफ़ा देने को कहेंगे, यह पूछे जाने पर श्री बोम्मई ने कहा कि, "उनके पास कोई एक पद रहेगा ।" फिर हंसते हुए कहा, "श्री चौटाला को मुख्यमंत्री, प्रदेश जनता दल अध्यक्ष और राष्ट्रीय महासचिव तीनों पद खाली करने पड़ सकते हैं ।"

श्री बोम्मई ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि श्री चौटाला को मुख्यमंत्री बनाने में काफी जल्दबाज़ी से काम लिया गया । क्या आपने प्रो. शेर सिंह को हरियाणा राज्य विधायक दल की परसों की बैठक में भारतीय जनता पार्टी ने जनता दल में आंतरिक कलह को 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताया और कहा कि जो कुछ हो रहा है । वह राष्ट्र हित में नहीं है ।

पार्टी के महासचिव केदार नाथ साहनी ने कहा वर्तमान संकट से उबरने के लिए सबसे अच्छी बात यही होगी कि जनता दल के नेता एक साथ बैठ कर कोई रास्ता निकालें और लोगों से चुनाव में किए वायदों के मुताबिक कदम उठाएं । उन्होंने आशा व्यक्त की कि चौटाला प्रकरण से जनता में उत्पन्न क्षोभ और आक्रोश को जनता दल दूर कर सकेगा ।

प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष राजीव गांधी ने वर्तमान स्थिति का आकलन करने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ विचार-विमर्श किया । पार्टी ने फिलहाल श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के इस्तीफे पर कोई प्रतिक्रिया व्यक्त करने से इंकार कर दिया ।

पार्टी के प्रवक्ता एम.जे. अकबर ने कहा कि, "हम प्रतिक्रिया तब व्यक्त करते जब श्री सिंह ने अपना इस्तीफा राष्ट्रपति को भेजा होता ।"

श्री अकबर और राज्यसभा सदस्य श्री आर.के. धवन ने कल रात श्री चन्द्र शेखर से भेंट की । श्री अकबर के अनुसार उन्होंने श्री चन्द्र शेखर से अलग से बात की ।

कांग्रेस (समाजवादी) ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल के तीन सदस्यों और प्रधानमंत्री के इस्तीफे पर गहरी चिंता जताई है । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (स) के महासचिव बी. किशोरचन्द एस. देव ने इस्तीफे के पीछे श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की भावना की प्रशंसा करने के साथ ही इस बात पर दुख जाहिर किया कि राष्ट्रीय मोर्चा का घटक होने के बावजूद इस बड़े घटनाक्रम से पहले उनकी पार्टी को विश्वास में नहीं लिया गया ।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस (इ) सांसद राम नरेश यादव ने आरोप लगाया कि ओम प्रकाश चौटाला को उप-प्रधानमंत्री और श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की सहमति से ही फिर से मुख्यमंत्री बनाया गया है । ऐसा करके प्रधानमंत्री अपने पद पर बने रहने का अधिकार खो चुके हैं ।

इंका को स्थिति का लाभ नहीं उठाने देंगे — रामाराव : हैदराबाद (पस) : राष्ट्रीय मोर्चा के अध्यक्ष नंदमुरि तारक रामाराव ने आज यहां कहा कि श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह को प्रधानमंत्री के रूप में काम करते रहना चाहिए और किसी भी हालत में कांग्रेस (इ) को वर्तमान स्थिति का लाभ नहीं उठाने देना चाहिए ।

भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक निर्धारित समय से एक दिन बाद

नई दिल्ली, 14 जुलाई (प.स.): श्रीलंका की घटनाओं को लेकर द्रमुक पार्टी द्वारा बीस जुलाई के तमिलनाड बंद के निर्णय को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक

PLOTS/HOUSES

or immediate possession ideally located in
ar Mehrauli Freehold residential Two plots and
t (2 Bed room single-storey) Houses all 111
with all basic amenities.

Maharani Forests (P) Limited
GL-1, Ansal Bhawan, 16, K.G. Marg,
New Delhi-110001.
Tel. : 3317203, 3317010, 3319070.

nstitute of Vocational Studies
yanand Model Senior Secondary School)
Dayanand Nagar, Jalandhar.
open for Admission to DAV Management
One Year Diploma in Nursery Teachers' Training
Women only.
alification B.A./B.Sc./B.Com. High School/Plus
be considered if found suitable.
Paper giving full Particulars alongwith I.P.O. for Rs.
in favour of Joint Director, DAV Institute of
tudies, Jalandhar.
Kanwal Sud
Joint Director

SION NOTICE (B.E.M.S.) 1990-91+
(For Remaining Seats)
L INSTITUTE & HOSPITAL OF ELECTROPATHY

Punjab Sanatani

हो की स्थिति मजबूत किए जाने
कदम के रूप में देख रहे हैं ताकि
तरफदारी करने वालों को
कें ।

तीन अन्य मंत्रियों द्वारा
मंत्री इंद्र कुमार गुजराल, विदेश
कशोर सिंह, वाणिज्य राज्यमंत्री
द्य आपूर्ति राज्यमंत्री श्री राम
णा के मुख्यमंत्री चौधरी ओम
द से हटाए जाने की मांग करते
द पद से त्यागपत्र दे दिया ।

पर अब तक राष्ट्रीय मोर्चा
देने वाले मंत्रियों की संख्या 13
इनसे पूर्व त्यागपत्र देने वाले
सर्वश्री अरुण नेहरू (वाणिज्य),
न (नागरिक उड्डयन), सत्यपाल
र्य), सुबोध कांत सहाय (गृह),
मानव संसाधन विकास), भाग्य
भजन बेहरा (पैट्रोलियम),
उपमंत्री) और श्री अजय सिंह

ा-विवाद को हल करने के लिए

वरिष्ठ नेताओं के साथ ही भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष लाल कृष्ण अडवानी और श्री अटल बिहारी वाजपेयी से भी विचार-विमर्श किया ।

श्री चौटाला के आलोचक इस बात के लिए दबाव डाल रहे हैं कि अगर वह (चौटाला) इस्तीफा नहीं दें तो उन्हें पार्टी से निकाल दिया जाए ।

मामला जनता दल के अध्यक्ष एस.आर. बोम्मई पर पहले ही छोड़ा जा चुका है ।

कानूनमंत्री दिनेश गोस्वामी और परिवहन मंत्री के.पी. उन्नीकृष्णन ने श्री चौटाला के बारे में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में कहा कि यह जनता दल का आंतरिक मामला है ।



राष्ट्रीय मोर्चा के अध्यक्ष एन.टी. रामाराव रविवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह द्वारा इस्तीफा वापस लिये जाने की घोषणा करते हुए । चित्र में एस.आर. बोम्मई, एम. करुणानिधि तथा शरत चन्द्र सिन्हा भी दिखाई दे रहे हैं । (छाया : प्रैस ट्रस्ट)

पार्टी विधायकों से सलाह करूंगा : चौटाला हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री ओम प्रकाश चौटाला ने आज नई दिल्ली में उप-प्रधानमंत्री के निवास स्थान पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यदि पार्टी हाईकमान ने उन्हें इस्तीफा देने के

समर्थक विधायकों ने संकेत दिया है कि यदि जनता दल नेतृत्व ने श्री चौटाला के विरुद्ध कोई कार्रवाई की तो ये विधायक हरियाणा में नई क्षेत्रीय पार्टी बनाने बारे सोचेंगे । श्री देवी लाल के एक सहायक ने चेतावनी दी कि श्री चौटाला को यदि जनता दल से

सही साबित हो जाए तो लेंगे ।

चंद्रशेखर का स्टैं
नेता श्री चंद्रशेखर ने आज विश्वनाथ प्रताप सिंह आश्वासन नहीं दिया कि पहले भी ओम प्रकाश मुख्यमंत्री नहीं बना संवाददाताओं को बताय आश्वासन नहीं दिया गय ही बदल जाती है ।''

जब उनसे पूछा गया सही है या गलत, तो उ कोई टिप्पणी नहीं कर और उप-प्रधानमंत्री के परिणाम है । उन्होंने व दो मापदंड नहीं हो सक

वी.पी. सिंह-देवी
प्रधानमंत्री कार्यालय ने किया कि शुक्रवार को

(शेष

पंजाब में एक परिवार के 4 सदस्यों सहित 7 लोगों की हत्या : 2 आतंकवादी मुठभेड़ में, 3 गुट संघर्ष में मरे

चंडीगढ़, 15 जुलाई (प.स., वार्ता) पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 5 आतंकवादी मारे गए । इस बीच एक परिवार के 4 सदस्यों समेत 7 लोगों की हत्या हुई तथा कुछ स्थानों पर लूटपाट भी की गई ।

एक ही परिवार के 4 सदस्यों सहित 5 की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के माडल टाऊन क्षेत्र में बी.एस.एफ. के सेवानिवृत्त डी.एस.पी. रछपाल सिंह के घर में गत रात लगभग 11 बजे 6 सशस्त्र आतंकवादियों ने जबरी दाखिल होकर एक ही परिवार के 4 सदस्यों सहित 5 लोगों की हत्या कर दी ।

मृतकों में दो भाई दिलबाग सिंह रंधावा (31), बलराज सिंह रंधावा (25), इनकी दादी ईशर कौर (71), श्रीमती रजिन्द्र कौर उर्फ राजी (21) व इनका नौकर वीरू (20) शामिल हैं । राजी दिलबाग सिंह की पत्नी थी और कुछ माह पूर्व ही इनका विवाह हुआ था । आतंकवादी कार्रवाई के समय घर में यही पांच लोग थे ।

प्राप्त विवरण के अनुसार आतंकवादियों ने पहले घर में ही फायरिंग करके ईशर कौर, रजिन्द्र कौर उर्फ राजी व नौकर वीरू को गोलियां मार दीं और फिर दोनों भाइयों दिलबाग सिंह व बलराज सिंह को जबरी घर के निकट वाली गली में ले गए । वहां जाकर गोलियां मार कर उन दोनों की हत्या कर दी गई । दोनों भाई जमींदारी व टैंट हाऊस का काम करते थे ।

उल्लेखनीय है कि पुलिस जिला बटाला की पुलिस लाईंस व कंट्रोल रूम घटनास्थल से लगभग 50 गज की दूरी पर स्थित है । यह भी ज्ञात हुआ है कि फायरिंग में नौकर वीरू ने गोलियां लगने से घायल होने के बावजूद भाग कर निकटवर्ती पुलिस चौकी में सूचना दी और बाद में अस्पताल जाकर उसकी मृत्यु हो गई ।

जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार मौका से ए.के. 47 के चले हुए 32 कारतूस मिले हैं । घटनास्थल पर खोजी कुत्ता दल मंगवाया गया है और आसपास के एक दर्जन गांव सील करके आतंकवादियों की खोजबीन की जा रही है ।

3 घायल : पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव धर्मकोट के निकट आतंकवादियों ने घात लगा कर एक कार पर फायरिंग करके तीन लोगों सुरिन्द्र सिंह, कार ड्राईवर हरदीप सिंह व सुरिन्द्र सिंह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । इन्हें सिविल अस्पताल बटाला में भर्ती कराया गया है । प्राप्त विवरण के अनुसार सुरिन्द्र सिंह की पत्नी गर्भवती राजरानी को प्रसव के लिए कार द्वारा रात लगभग 9 बजे डेरा बाबा नानक अस्पताल ले जाया जा रहा था कि रास्ते में आतंकवादियों ने फायरिंग कर दी । निकट स्थित सुरक्षा चौकी पर तैनात बी.एस.एफ. के जवानों ने तुरन्त घायलों को सिविल अस्पताल बटाला पहुंचाया । बताया जाता है कि गोलियों की आवाज और आतंक के कारण ही राजरानी ने एक लड़की को कार में ही जन्म दे दिया ।

गुट संघर्ष में 2 मरे : पुलिस जिला बटाला में थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव कोटला सुबा सिंह में गत रात 4 आतंकवादी 2 संदिग्ध व्यक्तियों तारा मसीह व भजन सिंह को जबरी घरों से दूर ले गए तथा उन्हें गोलियों से उड़ा दिया । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों ने बताया कि मौका से ए.के. 47 के 6 चले हुए कारतूस ब के.सी.एफ. का एक पत्र मिला है जिस पर लिखा है कि ये दोनों लटेरे थे । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह आतंकवादियों के गुट संघर्ष की घटना है ।

हत्या के आरोप में 1 गिरफ्तार : बटाला पुलिस ने काहनूवान के एक युवक जसपाल सिंह उर्फ जस्सा को गिरफ्तार करके अकाली नेता श्री धर्म सिंह की हत्या की सूची सलाह लेने का दावा किया है । यह जानकारी देते हुए जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों ने बताया कि उसने हत्या में संलिप्त अपने अन्य साथियों के बारे में पुलिस को काफी जानकारी भी दी है जिसके आधार पर पुलिस हत्यारों की खोजबीन कर रही है । उल्लेखनीय है कि श्री धर्म सिंह की गत 18 जून को साथ उनके निवास के सामने ही गोलियां मार कर हत्या कर दी गई थी ।

मकानों पर हमले : आतंकवादियों ने कल रात गुरदासपुर जिला के शाहपुर गराया गांव में कांस्टेबल अमरीक सिंह के मकान पर फायरिंग की । इसी जिला के ढिलवां गांव में भी आतंकवादियों ने ज्ञान कौर नामक एक महिला के घर पर फायरिंग की । उक्त दोनों वारदातों में कोई हताहत नहीं हुआ ।

मुठभेड़ में 2 आतंकवादी मरे : अमृतसर (प.स.): पुलिस जिला तरनतारन में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के कमांडो द्वारा आतंकवादियों के विरुद्ध कल रात बड़े पैमाने पर शुरू किए गए अभियान के दौरान सरहाली थाना के रानीवाला गांव के समीप मुठभेड़ में भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान से सम्बद्ध दो कथित आतंकवादी मारे गए । इस दौरान 3 या 4 आतंकवादी बच कर भाग निकले । मृत आतंकवादियों के पास से दो ए.के. 47 असाल्ट राइफलें, दो मैगजीन तथा लगभग 300 कारतूस बरामद हुए ।

शव मिला : झब्बाल थाना के मन्नां गांव के समीप से कल रात एक व्यक्ति का बलदेव सिंह का शव बरामद हुआ है । वह ठीकरीवाल का रहने वाला था और पिछले दो दिनों से लापता था ।

गुट संघर्ष में 1 आतंकवादी मरा : जंडियाला थाना के थोथियां गांव से एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव आज बरामद हुआ । पुलिस को शक है कि वह आतंकवादी गुटों की आपसी लड़ाई में मारा गया ।

ए.एस.आई. की हत्या : तरनतारन के बाहरी क्षेत्र में स्थित गांव चंदरों में आज आतंकवादियों ने बस अड्डे पर पंजाब पुलिस के एक ए.एस.आई. श्री अमरजीत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार उक्त ए.एस.आई. अमृतसर में पूछताछ केंद्र में तैनात था तथा श्री हरगोबिन्दपुर क्षेत्र में एक दर्दांत आतंकवादी को मार गिराने में उसने बहादरी दिखाई थी, जिस कारण उसे पदोन्नत किया गया था । बताया जाता है कि तभी से उक्त ए.एस.आई. आतंकवादियों की हिट लिस्ट में था । पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने कल रात तरनतारन से उसका अपहरण कर लिया था । आतंकवादियों ने रात भर उसे उत्पीड़ित किया और आज चंदरों बस अड्डे पर लाकर उसे गोली मार दी ।

लूटपाट : फरीदकोट (प.स.): जिला के मुक्तसर थाना के अधीन गोनियाना गांव से आतंकवादियों ने ईंटों के एक भट्ठे से साढ़े तीन हजार रुपया लूट लिया ।

फरीदकोट जिला में ही एक अन्य गांव से आतंकवादियों ने एक घर से 50 हजार रुपया नकद तथा कुछ गहने लूट लिए ।

स्कूटर छीना : होशियारपुर (अश्विनी): जिला के पंडोरी बीबी गांव से आतंकवादियों ने गुरदेव सिंह नामक एक व्यक्ति से स्कूटर छीन लिया ।

पैट्रोल पम्प लूटा : सुनाम (नागपाल): कल शाम यहां से लगभग 10 किलोमीटर दूर मेहना चौक के निकट आतंकवादियों ने एक पैट्रोल पम्प लूट लिया । अभी तक यह पता नहीं चला कि आतंकवादी कितने रुपए लूट कर ले गए हैं ।

रुपए छीने : आतंकवादियों ने सुनाम क्षेत्र में कल कुछ राहगीरों से 5800 रुपया लूट लिया ।

सुनाम से लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर बिहारवाल गांव में जगन्नाथ नामक एक व्यक्ति के

(शेष पृष्ठ 6 पर)

को कश्मीर में जनमत संग्रह के
मुस्लिम देशों से समर्थन न मिला

जुलाई (प.स.): पाकिस्तान
भुट्टो पांच मुस्लिम देशों के
हैं । उन्हें कश्मीर में जनमत
में सफलता नहीं मिली।
इन देशों के नेताओं को
ावादियों को समर्थन देने हेतु
लता नहीं मिली । भारत
वजूद के इस प्रयास में विफल

को, अल्जीयर्स और बहरीन
दमन की कार्रवाई संबंधी
व नहीं पड़ा । बगदाद में
ने श्रीमती भुट्टो से कहा
ई है परन्तु भारत भी हमारा
ट किया कि कश्मीर के मसले
ना रिश्ता खराब करना नहीं

सैन ने इस बात पर जोर
पक्ष नहीं लेगा । वह शांति
ा है कि बातचीत से कश्मीर

जाबेर अल अहमद अल
शों के संगठन के अध्यक्ष भी
कि भारत और पाकिस्तान
ए और शांतिपूर्ण तरीके से

कश्मीर समस्या हल की जाए ।

मोरक्को, अल्जीयर्स एवं बहरीन के नेताओं ने भी इसी आशय के विचार व्यक्त किए । इन देशों का भी भारत से अच्छा संबंध है । उन्होंने दोनों देशों को सलाह दी कि वे आपस में बैठ कर इस समस्या का हल ढूंढ लें ।

लेकिन श्रीमती भुट्टो और पाकिस्तान के अधिकारियों ने इस दौरे को सफल, अत्यधिक लाभप्रद और पूरी तरह संतोषजनक बताया । उनका दावा है कि इन देशों के नेताओं ने पाकिस्तान

(शेष पृष्ठ 6 पर)

द्वारा पार्टी
की धमकी

ाई (मनमोहन): जानकार
उच्च कमान हरियाणा के
श चौटाला के बारे में कोई

श्रीलंका सेना तमिल अलगाव
गृहयुद्ध जीतने में अक्ष

त्रिकोमाली, 15 जुलाई (वार्ता): श्रीलंका सेना के एक प्रमुख कमांडर का कहना है कि सेना अलगाववादी तमिलों के साथ गृहयुद्ध में नहीं जीत सकती । देश के पूर्वी भाग में सेना के कमांडर मेजर जनरल जी.एच.डी. सिल्वा ने कल कहा कि समस्या को हल करने का "राजनीतिक समाधान ही एकमात्र उपाय है ।"

उन्होंने कहा कि तमिल उग्रवादी सेना के खिलाफ शक्तिशाली बारूदी सुरंगों का इस्तेमाल करके तथा छापामार कार्रवाई करते हुए 'मारो और भागो' की रणनीति अपना रहे हैं ।

तमिल उग्रवादियों द्वारा बिछाई गई सुरंगों को हटाने में 36 सैनिक पहले ही अपने पैर गंवा चुके हैं । उग्रवादियों द्वारा बिछाई गई ये सुरंगें लकड़ी के छोटे-छोटे डिब्बों में विस्फोटक भरकर बनाई गई हैं । सैनिकों द्वारा शुक्रवार को त्रिकोमाली कोलम्बो राज मार्ग पर धातु के दो डिब्बों में जमीन में दबा 40 किलोग्राम विस्फोटक बरामद किए जाने से उग्रवादियों की बढ़ती गतिविधियों का पता चलता है । मेजर जनरल डी. सिल्वा ने कहा कि इलाके पर नियंत्रण बनाए रखना कठिन होता जा रहा है ।

कमांडर डी. सिल्वा ने ये विचार एक भेंटवार्ता में व्यक्त किए । इस भेंट वार्ता में दो अन्य सैनिक कमांडरों से भी बातचीत की गई । उनके विचार में इस संघर्ष में बड़ी संख्या में नागरिक भी मारे गए हैं ।

मेजर जनरल डी
हमला करते हैं तो उ
चले जाते हैं तो वे ब
कहा कि प्रत्येक क्षेत्र क
पर्याप्त संख्या में सैनि

मेजर जनरल डी.
आम नागरिकों को
कोशिश करनी चाहि
आसानी से आम न
क्योंकि ये लोग या तो
या भय के कारण
त्रिकोमाली में राह
अधिकारी का कहन
जनता में है । मुझे
भेंटवार्ता में मेजर ज
तथा ब्रिगेडियर जन
श्रीलंका सेना के सा
की ताकत बढ़ी है
लड़ने की तकनीक

35 की हत्
तमिल ईलम (लिट्टे)
उतार कर बंधक बन
नागरिकों की हत्या
रिहाई के लिए वे ब

सक्सेना द्वारा जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन लागू करने की सिफारिश

जम्मू, 15 जुलाई (वार्ता, प.स.): जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल श्री गिरीश चन्द्र सक्सेना ने आज राष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरमन से राज्य में राज्यपाल शासन समाप्त होने के बाद राष्ट्रपति शासन लागू कर दिए जाने की सिफारिश कर दी है ।

शीर्षस्थ अधिकारिक सूत्र के अनुसार राज्यपाल ने कहा है कि अब इसके अतिरिक्त अन्य कोई भी विकल्प शेष नहीं रह गया है ।

जे. के. एल. एफ. द्वारा 'नागरिक कर्फ्यू' का आह्वान किया गया है तथा सी.आर.पी.एफ. पर आज प्रातः उग्रवादियों ने हमला कर दिया । सुरक्षा बलों ने दो पाक नागरिक गिरफ्तार कर लिए हैं तथा घुसपैठ रोकने के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अत्यंत सतर्कता बरतने के साथ सीमा की सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई है ।

19 जुलाई से राष्ट्रपति शासन की सम्भावना : जम्मू-कश्मीर में आगामी 19 जुलाई से राष्ट्रपति शासन लागू कर दिए जाने की पूर्ण

विरोधस्वरूप डा. फारूक अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली इंका-नैकां गठबंधन सरकार द्वारा त्यागपत्र दे दिए जाने के बाद गत 19 जनवरी को राज्य में राज्यपाल शासन लागू कर दिया गया था ।

राज्य के इतिहास में अब दूसरी बार राष्ट्रपति शासन लागू किया जाएगा । इससे पूर्व तत्कालीन राज्यपाल श्री जगमोहन की सिफारिश पर गत 7 सितम्बर 1986 को राज्य में पहली बार राष्ट्रपति शासन लागू किया गया था । मगर नवम्बर 1986 में ही राजीव-फारूक समझौते के बाद वहां इंका-नैकां गठबंधन की सरकार ने शासन सम्भाल लिया था ।

जे.के.एल.एफ. द्वारा 'नागरिक कर्फ्यू' का आह्वान : इसी दौरान प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जे.के.एल.एफ.) ने आगामी 18 व 19 जुलाई को कश्मीर घाटी में 'नागरिक कर्फ्यू' का आह्वान किया है । यह 'कर्फ्यू' इस्लामाबाद में भारत तथा पाकिस्तान के मध्य विदेश सचिव स्तर की वार्ताओं

सका ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों ने आज सुबह बाजाबायम में गश्ती दल पर हमला किया । आतंकवादियों का निशाना चूक गया और हथगोला बिजली के एक खम्भे पर जाकर लगा । विस्फोट में कोई हताहत नहीं हुआ ।

2 पाक नागरिक गिरफ्तार : सुरक्षा बलों द्वारा आर.एस. पुरा सैक्टर में 2 पाक नागरिकों को उस समय गिरफ्तार कर लिया गया जब वे धौलियार राष्ट्रीय सीमा से भारतीय क्षेत्र में घुस आए थे ।

इनमें से एक की पहचान कराची के मंसूर अहमद के रूप में हुई है । उससे भारतीय तथा पाक करंसी भी बरामद की गई ।

घुसपैठ के 108 नाके सील : वास्तविक नियंत्रण रेखा के निकट से घुसपैठ के प्रमुख मार्गों के हिमाच्छादित होने में मात्र आठ सप्ताह का समय है इसलिए पाकिस्तान इस बात को लेकर काफी परेशान है कि छह हजार प्रशिक्षित कश्मीरी युवकों

हाल ही में दिल्ली के सम्वाददाताओं के एक दल ने कश्मीर घाटी के कुछ सीमांत क्षेत्रों का दौरा किया तथा उग्रवादियों की घुसपैठ को रोकने के लिए सीमा सुरक्षा बल द्वारा उठाए गए कदमों का अवलोकन किया ।

यद्यपि घाटी के सीमांत क्षेत्रों में घसपैठ को रोकने के लिए कंटेदार बाड़ आदि लगाने का काम शुरू किया गया है लेकिन दुर्गम पहाड़ियों में कंटेदार बाड़ लगाने का काम काफी मुश्किल और जोखिम भरा है । फिर भी सुरक्षा बल के जवान वर्षा, धूप और बर्फीले मौसम को झेलते हुए रात-दिन घुसपैठियों पर नजर रखे हुए हैं ।

एक दिन में दस बार भी मकाबले हुए : अधिकारी ने बताया कि पांच कि.मी. लम्बी सुरक्षा पट्टी में घुसपैठियों के साथ मुठभेड़ की घटनाएं रोजमर्रा की बात है तथा कभी-कभी तो एक दिन में दस-दस बार भी ऐसी घटनाएं हो जाती हैं ।

उन्होंने बताया कि कई घुसपैठिये मुठभेड़ों के बाद सीमावर्ती क्षेत्रों के घने जंगलों में शरण ले लेते हैं । बल के अधिकारी ने कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर में प्रशिक्षण लेकर मार्च और अप्रैल में सीमा पार कर आने वालों की संख्या 6 हजार से भी अधिक है ।

उन्होंने कहा कि सैनिक अत्याधुनिक शस्त्रों से लैस प्रशिक्षित उग्रवादियों को घाटियों में घुसने का मौका नहीं दे रहे हैं ।

सुरक्षा कर्मियों द्वारा दिन में गश्त, रात में घात : उन्होंने बताया कि दुर्गम क्षेत्रों में सरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है । ये सुरक्षा कर्मी दिन में गश्त करते हैं तथा रात को घात लगाते हैं ।

यह पूछे जाने पर कि सीमा सील किए जाने तथा उग्रवादी गुटों को पकड़ लिए जाने के बावजूद घाटी में उग्रवादियों के मारे जाने तथा गोलीबारी की घटनाओं में वृद्धि क्यों हो रही है, अधिकारी ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में जो प्रशिक्षित उग्रवादी किसी प्रकार

(शेष पृष्ठ 6 पर)

SUMMER
S·A·L·E

Punjabi Sonline

(6) दैनिक पंजाब केसरी, जालन्धर 16.7.1990



माडल टाऊन बटाला में स्थित एक घर में आतंकवादियों ने फायरिंग करके एक परिवार के चार सदस्यों (1) दिलबाग सिंह, (2) राजेंद्र कौर उर्फ राजी, (3) ईशर कौर तथा (4) बलराज सिंह की हत्या कर दी । थाना डेरा बाबा नानक के गांव धर्मकोट के निकट आतंकवादियों की फायरिंग से (5) सुरेंद्र सिंह, (6) हरदीप सिंह और (7) सुरेंद्र सिंह घायल हो गए । (छाया : कोछड़)

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

भट्ठे से संदिग्ध आतंकवादी एक फोर्ड ट्रैक्टर ले कर फरार हो गए ।

संदिग्ध आतंकवादियों ने गत शाम सुनाम-संगरूर लिंक रोड पर स्थित जगन्नाथ नामक एक अन्य व्यक्ति के भट्ठे पर आकर 700 रुपए लूट लिए और फरार हो गए । फरार होने से पहले वे जगन्नाथ की बंदूक भी ले गए ।

मैडीकल हाल से रुपए लूटे : चंडीगढ़ से 'संधी' के अनुसार आज दोपहर यहां के सैक्टर 16 में स्थित विक्रम मैडीकल हाल से दो अज्ञात युवकों ने पिस्तौल की नोक पर मैडीकल हाल के मालिक से 1600 रुपए नकद व उसका स्कूटर (नं. सी.ए.टी. 9006) छीन लिया ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों युवक, कोई दवाई लेने के बहाने उक्त मैडीकल हाल पर आए और उसके मालिक को पिस्तौल दिखा कर कैश बाक्स में पड़ी सारी राशि उनके हवाले कर देने के बाद वे मैडीकल हाल के मालिक से स्कूटर की चाबियां मांग कर उसी पर सवार हो कर फरार हो गए ।

टिकैत गिरफ्तार

लखनऊ, 15 जुलाई (वार्ता): बेगम हजरत महल पार्क में भारतीय किसान यूनियन की प्रस्तावित पंचायत में भाग लेने आ रहे अध्यक्ष चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत सहित लगभग 22 हजार किसान अब तक गिरफ्तार किए जा चुके हैं ।

राम मंदिर निर्माण के गंभीर परिणाम निकलेंगे : चंद्रशेखर

लखनऊ, 15 जुलाई (वार्ता): जनता दल के वरिष्ठ नेता चन्द्रशेखर ने आज कहा कि अयोध्या में प्रस्तावित श्रीराम मंदिर निर्माण के गंभीर परिणाम होंगे । श्री चन्द्रशेखर राष्ट्रीय एकता तथा अखंडता

बेनज़ीर को ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

के विचारों के प्रति सहमति जताई और कश्मीर संबंधी उनके विचारों को ठीक बताया ।

श्रीमती भुट्टो ने दावा किया कि कुछ स्थानों पर इन देशों के नेताओं ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे पाकिस्तान के प्रति किसी आक्रामक रुख का विरोध करेंगे ।

पाकिस्तान की प्रधानमंत्री श्रीमती बेनजीर भुट्टो ने इस दौरे को 'शांति यात्रा' का दूसरा पग बताते हुए इस मौके का लाभ भारत पर आरोप लगाने के लिए किया ।



पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा में 800 में से 742 अंक प्राप्त कर प्रदेश भर में प्रथम आने वाली भारतीय विद्या मंदिर हाई स्कूल लुधियाना की छात्रा कु. गीतू (बाएं) तथा 732 अंक प्राप्त कर इसी परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली गवर्नमैंट हाई स्कूल धर्मकोट रंधावा (जिला गुरदासपुर) की छात्रा कु. नरेंद्र कौर ।

हैदराबाद (सिंध) में बम विस्फोट से 50 मरे

हैदराबाद (पाकिस्तान), 15 जुलाई (ए.पी.): पाकिस्तान के इस जातीय हिंसाग्रस्त शहर में आज सात बम विस्फोटों में कम से कम 50 लोग मारे गए और 125 जख्मी हुए । यह जानकारी यहां अस्पताल और पुलिस के अधिकारियों ने दी ।

जम्मू-कश्मीर में ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

सीमा पार कर घाटी में प्रवेश करने में सफल हो गए थे, वे अपने साथ अत्याधुनिक शस्त्र लाए थे । जिनमें राकेट लांचर, राकेट, ए.के. 47 राइफलें तथा क्लाशिनकोव राइफलें भी शामिल थीं ।

घाटी में 4,000 पाक प्रशिक्षित उग्रवादी : उन्होंने बताया कि घाटी में प्रशिक्षित उग्रवादियों की संख्या लगभग चार हजार है, जिनमें से अधिकांश ने अत्याधुनिक हथियार चलाने का एक से तीन सप्ताह का प्रशिक्षण प्राप्त किया हुआ है ।

सीमा सुरक्षा बल के एक अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट श्रीनगर और अनन्तनाग में सक्रिय था जबकि हिजबुल मुजाहिदीन बारामूला और कपवाड़ा जिले में पांव फैला रहे हैं ।

अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तानी अधिकारी अब प्रतिबंधित जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के बजाय हिजबुल मुजाहिदीन के कार्यकर्ताओं को अधिक उकसा रहे हैं क्योंकि वे पाकिस्तान में कट्टरपंथियों के नजदीक माने जाते हैं ।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी रेंजर और कुछ अन्य सुरक्षा कर्मी उग्रवादियों को सीमा पार कर घाटी में घुसने में मदद दे रहे हैं ।

उन्होंने बताया कि पाकिस्तान ने पैदल सेना की दो डिवीजन भी तैनात कर रखी हैं इनमें से एक उड़ी और दूसरी गिलगित में है ।

17,500 फुट की ऊंचाई पर भी चौकी कायम : इस पूरे सीमांत क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल वास्तव में एक चुनौतीपूर्ण भूमिका निभा रहा है । रात हो या दिन अथवा किसी भी तरह के खराब मौसम में उग्रवादियों की चुनौती का मुकाबला करने के लिए हर समय कमर कस कर तैयार है । इसकी अनेक चौकियां दुर्गम पहाड़ियों पर स्थापित की गई हैं, जहां से हमारे जवान पाकिस्तान से आने वाले घुसपैठियों पर बराबर नजर रखे रहते हैं । इनमें से कई चौकियां 12 हजार फुट से लेकर 13 हजार 500 फुट तक की ऊंची पहाड़ियों पर स्थित हैं । इनमें से एक चौकी तो 17 हजार 500 फुट की ऊंचाई पर स्थापित की गई है ।

सीमा सुरक्षा बल के सूत्रों के अनुसार आम तौर पर उग्रवादियों द्वारा रात के समय घुसपैठ तथा घात लगाकर हमले करने की कार्रवाई की जाती है । सुरक्षा बल तथा उग्रवादियों के साथ अधिकांश मुठभेड़ें भी रात के समय में ही होती हैं ।

दिन के समय उग्रवादी बीहड़ जंगलों में छुपे रहते हैं तथा रात होते ही वे जंगलों से निकलकर भारतीय सीमा में घुसपैठ करने की कोशिश में जुट जाते हैं ।

उग्रवादियों की घुसपैठ के एक नए तरीके का भी पता चला है । अब वे ऊंची-ऊंची ढलान वाली पहाड़ियों से घिसट पर कश्मीर घाटी की सीमा में घुसने का प्रयास करते हैं । यह भी पता चला है कि घाटी में घुसपैठ की हरकतें बर्फ पिघलने के बाद ज्यादा होती हैं ।

सुरक्षा बलों के सामने घुसपैठ रोकने की चुनौती : सुरक्षा बल के सूत्रों ने सम्वाददाताओं को बताया कि यद्यपि पाकिस्तान से आने वाले उग्रवादियों ने घुसपैठ के लिए नए मार्गों का इस्तेमाल करना शुरू किया है, लेकिन उग्रवादियों के लिए यह बड़ा जोखिम का काम होता है और ऐसे लोगों की



हरियाणा के जनता दल के वर्कर गुजरात भ
को पार्टी से निकालने की मांग के समर्थन में प्रदश

वी. पी. सिंह द्वारा त्यागपत्र वापस

(पृष्ठ 3 का शेष)

सिंह और उप-प्रधानमंत्री देवी लाल के बीच कोई मुलाकात हुई थी । कार्यालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि एक राष्ट्रीय दैनिक में इस सिलसिले में प्रकाशित खबर एकदम निराधार है । बगैर तथ्यों की जांच किए इस तरह की रिपोर्ट प्रकाशित करना खेद की बात है । इस खबर में कहा गया था कि इस मुलाकात में दोनों नेताओं में गर्मागर्मी हुई और दोनों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए ।

चौटाला पद छोड़ दें : बोम्मई : जनता दल के अध्यक्ष एस.आर. बोम्मई ने कहा है कि वह राष्ट्रीय मोर्चे के समर्थक दलों भारतीय जनता पार्टी और वामपंथी दलों की इस 'नेक सुलाह' से पूरी तरह सहमत हैं कि हरियाणा के मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला को अपने पद से हट जाना चाहिए ।

भारतीय जनता पार्टी ने आज स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय मोर्चा सरकार को अपनी विश्वसनीयता बरकरार रखने के लिए चौटाला प्रकरण के बारे में दो टूक फैसला करना होगा ।

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष लाल कृष्ण अडवानी अपनी बिहार यात्रा बीच में ही छोड़ कर आज सुबह सीमा सुरक्षा बल के एक विशेष विमान से दिल्ली पहुंचे । श्री बोम्मई और राष्ट्रीय मोर्चे के अध्यक्ष एन.टी. रामाराव श्री अडवानी के निवास स्थान पर गए और उनसे अलग-अलग काफी देर तक बातचीत की । श्री बोम्मई और श्री अडवानी के बीच लगभग एक घंटे तक बातचीत हुई । इस बातचीत में भाजपा के वरिष्ठ नेता अटल बिहारी बाजपेयी भी उपस्थित थे । श्री बाजपेयी भी आज सुबह ही विदेश यात्रा से यहां पहुंचे ।

बोम्मई द्वारा संवेदना : जनता दल अध्यक्ष एस.आर. बोम्मई ने आज दोपहर के खाने पर बंद कमरे में गुजरात और उड़ीसा के मुख्यमंत्रियों चिमन भाई पटेल तथा बीजू पटनायक एवं उद्योग मंत्री अजीत सिंह से ताजा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की । बैठक के बाद गुजरात भवन में श्री बोम्मई ने संवाददाताओं को बताया कि विभिन्न नेताओं से विचार-विमर्श जारी है और जब इसके बारे में कोई सहमति हो जाएगी तो वे स्वयं प्रैस को इसकी

Punjabi Sanskriti



...के साथ मुठभेड़ में 5 आतंकवादी मारे
... वह व्यक्ति जिसे आतंकवादियों के
...ी.एस. गिल घटनास्थल का निरीक्षण
(छाया : भंडारी)

तरनतारन क्षेत्र में 6 घंटे भीषण मुठभेड़ के बाद 5 उग्रवादी और 2 सुरक्षा कर्मी मरे

3 आतंकवादी गुट संघर्ष में : 2 अन्य मुकाबले में मरे

एक ही परिवार के 8 सदस्यों सहित अन्यत्र 12 हत्याएं

चंडीगढ़, 16 जुलाई (प.स., वार्ता): तरनतारन क्षेत्र में आज सुरक्षा बलों ने भीषण मुठभेड़ के दौरान 5 आतंकवादियों को मार गिराया । इस मुकाबले में 2 सुरक्षा कर्मियों की भी जानें गईं । पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान अन्यत्र 5 उग्रवादी मारे गए, जबकि विभिन्न वारदातों में एक परिवार के 8 सदस्यों समेत 12 लोगों की हत्या हुई ।

मुठभेड़ में 5 आतंकवादी, 2 सुरक्षा कर्मी मरे : अमृतसर (वि.प्र., वार्ता) : तरनतारन पुलिस जिला के रूड़ेवाल गांव के निकट आज सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 5 आतंकवादी तथा 2 सुरक्षा कर्मी मारे गए । अभी तक मरने वाले आतंकवादियों की शिनाख्त नहीं हुई है । बताया जाता है कि ये पांचों आतंकवादी 'बब्बर खालसा' से सम्बद्ध थे । मारे गए 2 सुरक्षा कर्मियों की पहचान ए.एस.आई. दलीप सिंह तथा कांस्टेबल चरणजीत सिंह के रूप में हुई है । मुकाबले के दौरान उक्त दोनों सुरक्षा कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए थे । बाद में अस्पताल में जाकर उन्होंने दम तोड़ दिया । मुठभेड़ में एक अन्य कांस्टेबल अमरजीत सिंह भी गंभीर रूप से घायल हुआ है । घटनास्थल से 2 हथगोले, एक ए.के. 47 राइफल, एक ए.के. 74 राइफल, 6 मैगजीन, 1268 कारतूस, एक राइफल, एक रिवाल्वर, एक जनरल परपज मशीनगन तथा दो ड्रम मैगजीन बरामद हुए हैं ।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पुलिस को यह सूचना मिली थी कि 8 आतंकवादी उक्त गांव में एक जमींदार बलदेव सिंह के फार्महाऊस पर छिपे हुए हैं । प्रातः लगभग 9 बजे बी.एस.एफ., राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड्स के कमांडो दस्तों, पुलिस तथा सी.आर.पी. के अधिकारियों और जवानों ने उक्त फार्महाऊस को घेर लिया । इस पर आतंकवादियों ने भीतर से फायरिंग शुरू कर दी तथा सुरक्षा कर्मियों पर हथगोले फैंके । सुरक्षा कर्मियों ने भी बाहर से फायरिंग की । दोपहर दो बजे तक मुकाबला चलता रहा । इसके बाद आतंकवादी फार्महाऊस से निकलकर भाग गए । सुरक्षा कर्मियों ने उनकी पीछा किया तथा पांच आतंकवादियों को मार गिराया । तीन आतंकवादी भाग गए । उनकी तलाश की जा रही है । उक्त आतंकवादियों ने फार्महाऊस में एक अध्यापक जोगिन्दर पाल को अपहृत करके रखा हुआ था तथा उसकी रिहाई के लिए 10 लाख रुपए की मांग की थी । सुरक्षा बलो ने उसे भी रिहा करवा लिया ।

बाद में मारे गए उग्रवादियों में से दो की शिनाख्त हो गई है, उनमें से एक बब्बर खालसा का स्वयंभू एरिया कमांडर निशान सिंह और उसका भाई बलदेव सिंह शामिल है । निशान सिंह के सिर पर 25000 रुपए का ईनाम घोषित था ।

पुलिस हवलदार के परिवार के 8 लोगों की हत्या : गुरुहरसहाय (कमल भंडारी) : गत रात यहां से 10 किलोमीटर दूर थाना ममदोट के अंतर्गत गांव गुत्तड़डंडी में आतंकवादियों ने पंजाब पुलिस के एक हवलदार कश्मीर सिंह के परिवार के 8 सदस्यों की गोली मारकर हत्या कर दी । बताया जाता है कि रात करीब डेढ़ बजे 2 आतंकवादियों ने कश्मीर सिंह के घर का दरवाजा खटखटाया और पूछा कि यहां कहीं पुलिस की नाका पार्टी तो नहीं है । घर वालों ने कहा नहीं है । करीब आधे घंटे बाद 10 आतंकवादियों की एक टोली ए.के. 47 राइफलों से लैस होकर कश्मीर सिंह के घर में दाखिल हो गई और घर में सोए हुए सदस्यों पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । इसके परिणामस्वरूप 8 सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई और घर के 7 अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए । मरने वालों में कश्मीर सिंह का पिता आत्म सिंह (65 साल), कश्मीर सिंह के 4 भाई इकबाल सिंह (26), सतनाम सिंह (24), अमीर सिंह (28), दिलीप सिंह (23), कश्मीर सिंह की पत्नी पाछो (28), उसकी भाभी भगवान कौर (28) और कश्मीर सिंह की पुत्री परमजीत (8) शामिल हैं । सभी घायलों को फिरोजपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

घटना वाली जगह से ए.के. 47 के 91 चले हुए कारतूस मिले हैं घटना की जानकारी गांव वालों ने सुबह 6 बजे पुलिस को दी । फिरोजपुर के एस.एस.पी. अनिल शर्मा, डी.आई.जी. श्री अजीत सिंह मौके पर पहुंच गए हैं । हवलदार कश्मीर सिंह और उसके एक अन्य भाई ने खेतों में भाग कर अपनी जान बचाई । इस घटना की जिम्मेदारी खालिस्तान कमांडो फोर्स द्वारा लिखी एक चिट्ठी के अनुसार भाई वस्सन सिंह जफ्फरवाल, भाई मसीबत सिंह बैरड, भाई जफ्फर सिंह संतवाला, भाई बघेल सिंह ने ली है ।

मुठभेड़ में 2 आतंकवादी मरे : फरीदकोट जिला के खेड़ा गांव में कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए । घटनास्थल से दो ए.के. 47 राइफलें, 4 मैगजीन तथा 140 कारतूस बरामद हुए हैं ।

प्राप्त विवरण के अनुसार 5 आतंकवादी संदिग्ध अवस्था में घूम रहे थे । गश्ती दल द्वारा रोके जाने पर उन्होंने गोली चला दी । जवाबी कार्रवाई में दो आतंकवादी मौके पर ही मारे गए तथा तीन अन्य भाग गए । मारे गए आतंकवादियों की शिनाख्त फाजिल्का के अमर सिंह उर्फ अमान तथा सुरजीत सिंह के रूप में हुई है । ये दोनों आतंकवादी खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बद्ध थे । उक्त आतंकवादियों का गिरोह फरीदकोट जिला में सक्रिय था तथा करीब 25 मामलों में पुलिस को इस गिरोह के सदस्यों की तलाश थी ।

थाने पर हमला, 2 की हत्या : बाघापुराना (मित्तल) : कल रात 9 बजे के लगभग आतंकवादियों ने फरीदकोट जिला के निहालसिंह वाला कस्बा में पुलिस थाने पर हमला कर दिया । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर आतंकवादी भाग गए । भागने से पहले आतंकवादियों ने थाने के पिछवाड़े में खाली ग्राऊंड में झोंपड़ पट्टियों में रहने वाली एक महिला जमुना देवी तथा थाने के निकट स्थित एक दुकान मालिक गुरप्रीत सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

किसान की हत्या : कल शाम आतंकवादियों ने बाघापुराना के निकटवर्ती आलमवाला गांव में एक किसान प्रीतम सिंह के घर में घुसकर गोलियां मारकर उसकी हत्या कर दी ।

4 आतंकवादी काबू : फरीदकोट जिला के बाघापुराना थाना के अन्तर्गत महल कलां गांव के निकट से पुलिस ने संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद 4 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । उनसे 3 बंदूकें, एक पिस्तौल, कुछ गोली सिक्का तथा 16 सौ रुपए नकद बरामद हुए हैं ।

2 और आतंकवादी पकड़े गए : भटिंडा (प.स.) : जिला के दयालपुरा तथा बुर्ज ढिलवां गांवों से दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है ।

एक व्यक्ति घायल : लुधियाना (वार्ता) : जिले के आरियां गांव में आतंकवादियों ने सेना के एक सेवानिवृत्त सूबेदार को गोली मार कर घायल कर दिया । आतंकवादियों ने उन पर उस समय गोलियां चलाईं जब उन्होंने अपनी लाइसैंसशुदा बंदूक छीनने का प्रतिरोध किया ।

गुट संघर्ष में 2 मरे : रोपड़ (प.स.) : जिला के सोहाना गांव में आतंकवादियों ने दयाल सिंह नामक एक संदिग्ध व्यक्ति का अपहरण कर लिया तथा गांव के बाहर ले जाकर उसकी हत्या कर दी । इसी जिला के संतो माजरा गांव में

(शेष पृष्ठ 6 पर)

अकाली दल (ब) द्वारा संघर्ष का मार्ग अपनाने का निर्णय : वडाला

जालंधर, 16 जुलाई (ढल्ल): अकाली दल (ब) ने केंद्र सरकार के रवैए व कथित असफल पंजाब नीति के कारण मायूस हो कर सिखों की जायज़ मांगों के प्रति ध्यान खींचने के लिए संघर्ष का रास्ता अपनाने का निर्णय किया है ।

यह जानकारी आज दल के महासचिव श्री कुलदीप सिंह वडाला ने दी और बताया कि उक्त निर्णय कल किसी अज्ञात स्थान पर हुई दल की कार्यकारिणी की बैठक में किया गया । जिसके अनुसार पहले सभी जिला मुख्यालयों पर डिप्टी कमिश्नरों के कार्यालयों पर धरने व रैलियां आयोजित की जाएंगी जिनमें से पहली रैली अगस्त को जालंधर में होगी जिसे सम्बोधन करने के लिए जनता दल नेता श्री चंद्रशेखर को आमंत्रित किया जाएगा जिन पर सिखों को अभी भी भरोसा है । इन जिला स्तरीय धरनों के बाद सितम्बर मास में राज्य स्तरीय धरना व रैली चंडीगढ़ में आयोजित की जाएगी ।

एक प्रस्ताव में बैठक ने मत व्यक्त किया कि सिख न केवल सरकार बल्कि अन्य राजनीतिक दलों से भी मायूस हैं क्योंकि इनमें से कोई भी उनकी मांगों को निपटाने की बात करना तो दूर, साधारण 'हाय का नारा' भी नहीं मार रहा । इसके कारण सिखों की भावना में अलगावपन बढ़ रहा है । बैठक महसूस करती है कि सिख देश में सबसे छोटा अल्पसंख्यक वर्ग हैं किन्तु उन्हें किसी ओर से कोई आशा की किरण नज़र नहीं आ रही, न किसी ओर से सहानुभूति

उसका मत है कि राज्यपाल स्वयं कुछ भी विचार कर समस्या का समाधान ढूंढने की स्थिति में नहीं हैं । वह पुरानी मशीनरी को भी नहीं बदल सके जो राजीव सरकार ने दमन की नियत से तैयार की थी । झूठे मुकाबले पुनः तेज हो गए हैं जबकि राज्यपाल ने शुरू में यह सब बंद करने का आश्वासन दिया था । राज्यपाल किस प्रकार अपने निर्णय बदलते हैं, इसका उदाहरण देते हुए श्री वडाला ने कहा कि पहले राज्यपाल ने राज्य में पूर्व गठित विभिन्न कमेटियों, जिनमें मुख्यतः जिला स्तरीय योजना बोर्ड आदि भी शामिल हैं, को तोड़ने का आदेश दे दिया था ताकि वास्तविक प्रतिनिधि उनमें शामिल किए जा सकें किन्तु कुछ ही दिनों बाद पुरानी कमेटियां ही बरकरार रखने का आदेश दे दिया गया ।

कार्यकारिणी के अनुसार प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह भी पंजाब व सिख समस्या के समाधान के लिए जो घोषणाएं कर चुके हैं, उन पर कायम नहीं रहे । उन्होंने सभी भगौड़े सैनिकों को रिहा करने का वचन दिया था जो आज तक पूरा नहीं किया गया ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

सिंध के अल्पसंख्यक हिन्दुओं का जीना दुश्वार : भारी संख्या में भारत की ओर पलायन

अमृतसर, 16 जुलाई (अशोक सोनी): भारत में कश्मीरी मुसलमानों पर किए जा रहे कथित अत्याचारों बारे अंतर्राष्ट्रीय मंच पर शोर मचाने वाले

रविवार को अटारी रेलवे स्टेशन पर कुछ सिंधी हिंदुओं से जो विवरण प्राप्त हुए हैं, वे पाकिस्तान के अन्दर के विस्फोटक हालात का पूरा चित्र खींचते



Photocopy of the resignation letter of Aran Nehru, Satyapal Malik, and Arif Khan

...नेहरू, सत्यपाल मलिक और आरिफ
...मद खान के त्यागपत्र की फोटो प्रतिलिपि ।

...सुरक्षा कर्मियों, ...हित 16 मरे

...जहां आज सवेरे सात बजे से कर्फ्यू में 10 घंटे ...ढील दी गई, उधर डिग्री और प्रोफैशनल ...ज जिन्हें आज चार दिन बाद खुलना था आज भी

Punjab Sanjaan



तरनतारन पुलिस जिला के रूड़ीवाल गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 5 आतंकवादी मारे गए । चित्र में (1) से (5) आतंकवादियों के शव, (6) वह व्यक्ति जिसे आतंकवादियों के चंगुल से छुड़ाया गया, (7) पंजाब के पुलिस प्रमुख श्री के. पी. एस. गिल घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए तथा (8) घटनास्थल से बरामद हथियार । (छाया : भंडारी)

चौटाला के कारण जनता दल व सरकार की छवि को धक्का पहुंचा है : नेहरू, आरिफ व मलिक ने अपने त्यागपत्र में कहा

नई दिल्ली, 16 जुलाई : केन्द्रीय मंत्रियों श्री अरुण नेहरू, श्री आरिफ मोहम्मद खान तथा श्री सत्यपाल मलिक ने श्री ओम प्रकाश चौटाला को पुनः हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर अपना विरोध प्रकट करते हुए प्रधानमंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह को अपना जो संयुक्त त्यागपत्र भेजा था उनमें कहा गया है कि श्री चौटाला को पुनः मुख्यमंत्री बनाए जाने से पार्टी की छवि को गहरा आघात लगा है ।

इस पत्र में कहा गया है कि "देश की राजनीतिक संस्कृति, परम्पराओं तथा कार्य व्यापार में एक सुधार लाने के लिए हमें ऐतिहासिक घटनाक्रमों ने एक साथ मिलकर संघर्ष करने का अवसर प्रदान किया था । इस साढ़े 3 वर्ष के संघर्ष में जनता का समर्थन और आपसी सहयोग हमारे अस्तित्व का मुख्य शक्तिस्रोत रहा । हमने इस दौरान कई मूल्यवान सबक भी सीखे । हमने इस बीच अलग-अलग कार्य करने के बजाय सामूहिक रूप से कार्य करने, संसद व न्यायपालिका जैसे संस्थानों की गरिमा को बनाए रखने के महत्व को समझा था तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पवित्रता को बनाए रखने में राजनीतिक दलों तथा सरकार की प्रतिबद्धता के प्रति जनता के मन में विश्वास की भावना बहाल करने की आवश्यकता को अनुभव किया था ।

हमारा उद्देश्य किसी प्रकार के नैतिक मुद्दों को उठाना नहीं है । हम तो केवल उन आशाओं व लोकतंत्र की रक्षा, राजनीतिक सुधारों तथा अन्य आदर्शों, जिनके वास्ते हम जनमोर्चा तथा बाद में जनता दल में शामिल हुए थे, के लिए हम सरकार से त्यागपत्र देने के बाद ही बेहतर कार्य कर सकते हैं । इसलिए हम मंत्रिमंडल से अपना त्यागपत्र दे रहे हैं ।

"हम सरकार को और पार्टी को उन आश्वासनों को पूरा करने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करते रहेंगे जिनके लिए जनता ने हमें जनादेश दिया था ।"



Punjabi Sanatani



होशियारपुर के एस.एस.पी. श्री आर.एस. उप्पल जिला में पिछले ढाई मास के दौरान आतंकवादियों से बरामद हथियारों की जानकारी पत्रकारों को देते हुए । (छाया : मरवाहा)

तरनतारन क्षेत्र में ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

आतंकवादियों ने शेर सिंह नामक एक अन्य संदिग्ध व्यक्ति को गोली से उड़ा दिया । पुलिस ने उक्त दोनों घटनाओं को आतंकवादियों के गिरोहों की लड़ाई का परिणाम बताया है ।

एक की हत्या : रोपड़ जिला के बरसाल गांव में आतंकवादियों ने आत्मा सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुसकर उसकी हत्या कर दी । इस वारदात में श्रीसिंह की पत्नी तथा नौकर भी घायल हो गया ।

हमले में घायल : कपूरथला (शर्मा) : मारुति कार में सवार कुछ सशस्त्र व्यक्तियों ने कर्म सिंह (45) नामक एक व्यक्ति को आज प्रातः यहां से 10 किलोमीटर दूर गांव भंडाल बेट के निकट गोलियां मारकर घायल कर दिया । उक्त व्यक्ति स्कूटर पर ढिलवां जा रहा था । पुलिस ने इस वारदात को दो गुटों की निजी दुश्मनी का परिणाम बताया है । पुलिस ने अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है ।

निजी शत्रुता में एक मरा : थाना सुलतानपुर लोधी के गांव तोती में 14 जुलाई की रात को लगभग साढ़े 12 बजे सशस्त्र व्यक्तियों ने संता सिंह के घर में घुस कर नकदी तथा जेवरात लूटने के बाद उसकी हत्या कर दी । पुलिस ने इसे निजी शत्रुता का मामला बताया है ।

एक व्यक्ति का अपहरण : फिरोजपुर जिला के सुरसिंहवाला गांव से कल रात आतंकवादियों ने चूहड़ सिंह नामक एक व्यक्ति का उसके घर से अपहरण कर लिया । इससे पूर्व आतंकवादियों ने उसी गांव से लछमन सिंह नामक व्यक्ति से एक बंदूक छीन ली थी । इस बीच फिरोजपुर पुलिस ने एक होमगार्ड जवान बगीचा सिंह को गिरफ्तार किया है जो मुदीके गांव की विशेष पुलिस चौकी से फरार हो गया था ।

दो घुसपैठिए मरे : अमृतसर के खेमकरण क्षेत्र में पाकिस्तान से घुसपैठ करने वाले दो अज्ञात व्यक्ति सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ मुठभेड़ में मारे गए ।

निजी शत्रुता में एक मरा : मजीठा पुलिस जिले के किलोमेखा गांव में आतंकवादियों ने कल रात बलकार सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी । पुलिस ने इस हत्या को आपसी रंजिश का मामला बताया है ।

मुठभेड़ में दो सुरक्षा कर्मी घायल : जालंधर (प.स.): जिला के करतारपुर कस्बे में आज दोपहर आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान दो सुरक्षा कर्मी—सब-इंस्पैक्टर शिव नारायण तथा कांस्टेबल जीत सिंह घायल हो गए । पुलिस के अनुसार दो आतंकवादी कपूरथला के सहायक सिविल सर्जन डा. सतीश चन्द के घर दाखिल हो गए तथा उनकी पत्नी से पांच लाख रुपए की मांग की । डा. सतीश चंद्र उस समय घर पर नहीं थे । उनकी पत्नी ने शोर मचा दिया और वहां लोग इकट्ठे हो गए । इस बीच दोनों आतंकवादी भाग निकले । पुलिस ने उनका पीछा किया । आतंकवादी एक क्वार्टर में जा घुसे । वहां से उन्होंने पुलिस कर्मियों पर गोलियां चलाईं, जिससे दो पुलिस कर्मी घायल हो गए । इसके बाद पुलिस ने एक आतंकवादी को काबू कर लिया जबकि उसका साथी बच कर भाग निकला ।

रुपए लूटे : पटियाला (राजू): यहां से बीस किलोमीटर दूर बलबेहड़ा गांव में पंजाब प्रदेश बिजली बोर्ड के सब-आफिस से ए.के. 47 राइफल व रिवाल्वरों से लैस तीन आतंकवादियों ने लगभग 29 हजार रुपया लूट लिया । आतंकवादी आफिस के एक कर्मचारी का स्कूटर छीन कर फरार हो गए । आतंकवादियों ने पंजोला गांव के निकट उक्त स्कूटर छोड़ दिया तथा जनक राज नामक एक अन्य व्यक्ति का स्कूटर छीन कर भाग गए ।

गहने लूटे : तीन अज्ञात लोगों ने पटियाला जिला के चलेला गांव में कल रात गुरपाल सिंह नामक एक व्यक्ति के घर से सोने के गहने लूट लिए ।

पांचों मृत आतंकवादियों की शिनाख्त : पटियाला से 'भूषण' के अनुसार अम्बाला जिला में विगत 11 जुलाई को पटियाला के जिला पुलिस प्रमुख के नेतृत्व में सुरक्षा कर्मियों के साथ मुठभेड़ के दौरान मारे गए पांचों आतंकवादियों की शिनाख्त कर ली गई है । इनके नाम अवतार सिंह, गुरमेल सिंह, रवेल सिंह उर्फ फौजी, निर्मल सिंह निम्मा तथा कुंदन सिंह कुंद बताए जाते हैं । पुलिस ने आज बताया कि ये आतंकवादी अमृतसर के तरनतारन क्षेत्र तथा पंजाब के कुछ अन्य जिलों में हत्या के बीसियों मामलों में संलिप्त थे । इस बीच पटियाला पुलिस ने एक दुर्दांत आतंकवादी गुरदयाल सिंह सैनी को गिरफ्तार किया है तथा उससे एक विदेशी बंदूक तथा 25 कारतूस बरामद किए हैं ।

बंदूक छीनी : राजपुरा (मासूम): स्कूटर सवार चार आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर चलहेड़ी गांव के सरपंच श्री हरि सिंह से लाइसैंसशुदा दोनाली बंदूक छीन ली ।

लूटपाट : मोहाली (वर्मा): कुछ अज्ञात लोगों ने कल रात यहां के फेज-5 में बंदूक की नोक पर शराब की एक दुकान से दस हजार रुपया लूट लिया । एक अन्य घटना में कुछ अज्ञात व्यक्ति स्थानीय फेज आठ की गुरु हरराय मार्कीट में एक दुकान के शटर तोड़ कर दो हजार रुपए नकद तथा लगभग पांच हजार रुपए का सामान ले गए ।

राष्ट्रीय मोर्चे के घटक दलों के चार मंत्रियों द्वारा वी.पी. सिंह को पत्र

नई दिल्ली, 16 जुलाई (वार्ता): राष्ट्रीय मोर्चा के घटक दलों के चार मंत्रियों ने प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह से कहा है कि वह वर्तमान संकट के हल के लिए जो भी उचित कदम समझे उठाएं । सर्वश्री के.पी. उन्नीकृष्णन (कांग्रेस स.), पी. उपेन्द्र (तेलगू देशम), दिनेश गोस्वामी (असम गण परिषद) तथा मुरासोली मारन (द्रमुक) ने एक वक्तव्य में प्रधानमंत्री को पूर्ण समर्थन तथा सहयोग का आश्वासन दिया है । उन्होंने प्रधानमंत्री से कहा है कि जिन लोगों ने हमारे प्रति विश्वास व्यक्त किया है

मान

(पृष्ठ 3 का शेष)

तरह से अलग होना चाहते हैं या फिर भारत के अन्दर एकता चाहते हैं । इससे कम कुछ नहीं होगा ।

केन्द्रीय गृहमंत्री श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद के इस बयान कि पंजाब में चुनाव कराने की मांग करने वाले पहले आतंकवादियों से शान्ति स्थापना की अपील करें, पर टिप्पणी करते हुए अकाली नेता ने कहा कि चुनाव की मांग करना हर भारतीय का अधिकार है । गृहमंत्री हमारे ऊपर यह शर्त क्यों लगा रहे हैं । उनके पास शासन के सभी अधिकार हैं वह कश्मीरियों को हथियार डालने के लिए क्यों नहीं कहते ।

श्री मान ने कहा कि वह विरोध मार्च के बाद पार्टी के संगठनात्मक ढांचे में परिवर्तन करेंगे । जो लोग विरोध मार्च और पार्टी बैठकों में भाग नहीं ले रहे हैं उनकी छुट्टी कर दी जाएगी । श्री मान का इशारा महासचिवों श्री जी.एस. बराड़ और श्री सुखिंदर सिंह चड्ढा की ओर था । श्री मान ने कहा कि महासचिवों के पद कम भी किए जा सकते हैं । युवाओं को प्रतिनिधित्व दिया जाएगा ।

श्री मान ने बताया कि उनके ध्यान में यह बात लाई गई है कि उनकी पार्टी के कुछ लोग जनता से पैसे बटोरने में लगे हुए हैं । पर उनकी चेतावनी से ये लोग हट गए हैं । उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब में लूटमार करने वालों को दिल्ली में एक संत के डेरे पर इस काम का प्रशिक्षण दिया जा रहा है । प्रशिक्षण पंजाब के दो सेवानिवृत्त वरिष्ठ पुलिस अधिकारी दे रहे हैं । ऐसा ही प्रशिक्षण जहानखेला में भी दिया जा रहा है ।

श्री मान ने कहा कि अब उनकी पार्टी के पास धन की कमी नहीं है । अब गिरफ्तार सिख युवकों के केस लड़ने के लिए उच्चन्यायालय और उच्चतम न्यायालय के विशेष वकील नियुक्त किए जाएंगे ।

बरनाला, (सिंधवानी): अकाली दल मान के प्रधान श्री सिमरनजीत सिंह मान ने यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रश्नों के उत्तर में कहा कि श्री अतिन्दरपाल सिंह सांसद अपने को स्वतंत्र कहते हैं । उनकी रिहाई से अकाली राजनीति पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ा । संगरूर क्षेत्र के सांसद श्री राजदेव सिंह से मतभेदों बारे पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उसकी कृपाण तथा पंथक मसलों बारे एक अलग राय है । वह जनता दल के नीचे लगकर शीघ्र ही राजनीतिक शक्ति प्राप्त करना चाहता है जबकि हम चाहते हैं कि जब तक हमारे अस्तित्व को स्वीकार करके, सिखों की हत्याएं बंद नहीं की जाती तब तक हम उनके साथ नहीं चल सकते ।

उनसे पूछा गया कि आप से पूर्व ज्ञानी जैलसिंह तथा अकालियों में गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान जत्थेदार गुरचरण सिंह टोहरा, तलवंडी सहित कई अकाली नेता लोकसभा तथा राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं । परन्तु उन्होंने कभी तीन फुट लम्बी कृपाण सदन में ले जाने की मांग नहीं की । आप इस बात पर क्यों अड़े हुए हैं । श्री मान ने कहा कि यदि कोई बाप तथा दादा अपनी भूमि गिरवी रख दे, तो क्या लड़के या पोते भी उसी मार्ग पर चलते रहें, तथा वह उस भूमि को न छुड़ाएं । मुझे कौम ने जत्थेदार बनाया है । इसलिए मेरे लिए सदन में कृपाण ले जाना जरूरी है तथा संविधान की धारा 25 के अधीन मुझे यह अधिकार भी प्राप्त है । श्री मान ने कहा कि वर्ष 1929 से लेकर आज तक हमारे साथ किए गए वायदे पूरे नहीं किए गए । अब हम अपने हक लेकर ही रहेंगे ।

श्री मान ने प्रैस भेंट का अधिक समय मार्क्सी नेता कामरेड हरकिशन सिंह सुरजीत पर टिप्पणी करने में ही लगाया ।

बलवीर चंद प्रधान निर्वाचित

लुधियाना, 16 जुलाई (नेपाल): लुधियाना फूड ग्रेन डीलर्ज एसोसिएशन की गत दिवस यहां एक मीटिंग में सर्वसम्मति से श्री बलवीर चंद प्रधान चुने गए । यह जानकारी देते हुए श्री चंद्र मोहन लिखी युवा आढ़ती ने बताया कि चेयरमैन श्री इंद्रजीत को चुना गया ।

जालंधर निवासी से 2.15 किलो सोना पकड़ा गया

नई दिल्ली, 16 जुलाई (प.स.): कस्टम अधिकारियों ने आज जालंधर के निवासी त्रिलोक सिंह से इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 2.15 किलोग्राम सोना पकड़ा, जो बिस्कुटों के रूप में था ।

सपूत द्वारा पिता की हत्या

लुधियाना, 16 जुलाई (मुसाफिर): गत रात्रि माधोपुरी के कूचा नं. एक में एक युवा 'सपूत' ने अपने पिता मोहन की हत्या कर दी । पुलिस अभियुक्त की तलाश कर रही है ।

नाहर का हत्यारा पागल नहीं : सिंह

चौटाला द्वारा त्यागपत्र

(पृष्ठ 3 का शेष)

मुलायम सिंह यादव और बाबू राम निर्धा शामिल थे ।

श्री देवी लाल ने विदेशमंत्री इन्द्र कुमार गुजराल के इस्तीफे पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि श्री गुजराल का इस्तीफा बुरा हुआ । प्रधानमंत्री ने जब अपना इस्तीफा वापस ले लिया, तब श्री गुजराल को इस्तीफा नहीं देना चाहिए था । इससे हमारी अंतर्राष्ट्रीय छवि धूमिल हुई है । उन्होंने श्री गुजराल के इस्तीफे को भी मंजूर करने की वकालत की ।

श्री देवी लाल ने साफ-साफ कहा कि श्री चौटाला पार्टी के हित में इस्तीफा देंगे, जिन्हें हरियाणा के विधायकों ने एकमत से अपना नेता चुना था । उन्होंने इस बात पर हैरानी जाहिर की कि मोर्चे के सहयोगी दलों ने भी श्री चौटाला के दोबारा मुख्यमंत्री बनने के विरोध में टिप्पणी की ।

श्री देवी लाल ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि "मैंने प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह को पहले भी 'डिफेंड' किया है और आगे भी करूंगा क्योंकि मेरी आदत है, मैं अपने आदमी को 'डिफेंड' करता हूं ।"

श्री देवी लाल ने इससे पूर्व आज रात अपने निवास पर पत्रकारों से कहा कि जनता दल के पांच प्यारे पार्टी के मौजूदा संकट के हल करने के लिए जो भी फैसला करेंगे, वह हमें मंजूर होगा । ये पांच प्यारे हैं : पार्टी अध्यक्ष एस.आर. बोम्मई, चंद्रशेखर, बीजू पटनायक, चिमन भाई पटेल और अजीत सिंह ।

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष लाल कृष्ण अडवानी ने आज रात कहा कि अच्छा हुआ कि श्री ओम प्रकाश चौटाला जनमत के सामने झुक गए । उन्होंने कहा कि इससे सत्तारूढ़ दल का संकट टल गया है । भाजपा नेता ने आशा व्यक्त की कि इस प्रकरण से जनता दल का नेतृत्व सबक लेगा ।

जनता दल के संकट के हल के बारे में कांग्रेस (इ) ने कोई प्रतिक्रिया व्यक्त करने से आज इंकार कर दिया । कांग्रेस (इ) के महासचिव वी.एन गाडगिल से सम्पर्क किए जाने पर कहा कि यह जनता दल का अंदरूनी मामला है और हम इस पर कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं करना चाहते हैं ।

जनता दल के वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर ने आज रात कहा कि वे चौटाला मसले के समाधान के लिए पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति द्वारा किए गए फैसले से 'खुश' हैं । श्री चंद्रशेखर ने कहा कि यह अच्छी बात है कि संकट टल गया है । इस तरह का विवाद पार्टी की छवि के लिए शुभ बात नहीं है ।

उड़ीसा के मुख्यमंत्री बीजू पटनायक ने आज रात कहा कि चौटाला-प्रकरण से जनता दल की छवि को कोई नुक्सान नहीं पहुंचा है । श्री पटनायक इस मामले के सुलझ जाने के एकदम बाद संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे । उन्होंने कहा कि जिस ढंग से संकट दूर किया गया उससे पार्टी की छवि निखरी ही है ।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी दोनों ने हरियाणा के मुख्यमंत्री पद से श्री ओम प्रकाश चौटाला के हट जाने के फैसले का स्वागत किया है । माकपा नेता हरकिशन सिंह सुरजीत ने इसे एक स्वागत योग्य कदम बताते हुए आशा व्यक्त की कि इससे जनता दल के संकट का समाधान निकालने में मदद मिलेगी । भाकपा के महासचिव इंद्रजीत गुप्त ने भी आशा जताई कि श्री चौटाला के इस फैसले से जनता दल का संकट दूर करने में आसानी होगी ।

सांसदों को ज़िला विकास बोर्ड का सदस्य बनाने का फैसला

चंडीगढ़, 16 जुलाई (वि.प्र.): पंजाब के राज्यपाल श्री वीरेंद्र वर्मा के निर्देश पर जिला विकास योजना बोर्ड में राज्य के सांसदों को सदस्य के रूप में शामिल करने का फैसला किया गया है । सम्बद्ध सांसद अपने जिलों के बोर्डों का सदस्य होगा ।

शाम को दिल्ली बाजार–(16 जुलाई, एन.एन.एस.)

दिल्ली क्लाथ 62.00, हिंद मोटर 42.00, रिलायंस 97.00, चांदी (999) टंच हाज़िर (प्रति किलो) 6650, चांदी सिक्का (प्रति सैंकड़ा) 7250, सोना बिट्टर (प्रति 10 ग्राम) 3220, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3300, मिल डिलिवरी : वनस्पति यू.पी. (प्रति टीन) 478-487, वनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 478-485, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 252.00, तेल सोयाबीन (प्रति 10 किलो) 273, मूंगफली तेल (10 किलो) 313, तिल तेल (10 किलो) 277, तेल बिनौला (10 किलो) 277, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 240, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 143, फैट्टी एसिड आयल (क्विंटल) 1860, सरसों वायदा (20 किलो) दिल्ली नवम्बर 207.50, गुड़ वायदा (40 किलो) मुजफ्फरनगर दिसं. 142.50 रुपए ।

अमृतसर सर्राफा–16 जुलाई (सोनी)

सोना स्टैंडर्ड 3240, सोना बिट्टर 3180, स्वर्ण आभूषण 3050, चांदी तेजाबी 6800, चांदी थोबी 6700, सिक्का 7400 रुपए ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

नाम परिवर्तन

I Jasbir Singh S/o Sh. Tara Singh r/o 40-A, New Colony, Near Mota Singh Nagar, Jalandhar have changed my name to Jasbir Singh Kainth. All concerned please note.

रोजगार

सरकारी दफ्तरों और भारतीय रेलवे में क्लर्कों की नौकरी के इच्छुक दसवीं पास, 18 से 25 वर्षीय लड़के, लड़कियां जानकारी और फार्म मंगवाने हेतु 5/- रुपए का मनिआर्डर शीघ्र भेजें । Employment Guidance Institute, 6865/4, Ambala City.

पोल्ट्री

Punjabi Sanatani



बधाई देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री के मुख्यमंत्री श्री चिमन भाई की बैठक में किया गया ।

को दूर करने के की बैठक आज

त हो जाए । इससे दोनों देशों के रा कम हो जाएगा ।

ने कहा है कि कश्मीर कोई मसला किस्तान ने संकेत दिया है कि वह ा को भी उठाने का विचार कर रहा

ी प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो ने आज ल यहां शुरू होने वाली विदेश में कश्मीर मामले से संबंधित सभी किस्तान उठा लेगा । यहां एक न में उन्होंने कहा कि कश्मीर में ही तनाव पैदा हुआ है और इस र्ण बातचीत के जरिए हल करने की

करने में मदद मिलेगी : नई धानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने शेष पृष्ठ 6 पर)

की वी.पी. ह से भेंट

7 जुलाई (वार्ता): जम्मू-कश्मीर ासन की अवधि समाप्त होने से ले पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला तिक प्रक्रिया बहाल किए जाने की लगाने के लिए आज यहां लगभग नमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के । राज्य में शांति एवं सामान्य ने के प्रयास में धर्म निरपेक्ष तथा तों को शामिल करने की राष्ट्रीय हालकी कोशिशों को देखते हुए यह वपूर्ण मानी जा रही है । बताया हीने बाद लन्दन से कल यहां लौटे ी सिंह के साथ घाटी की स्थिति पर

पंजाब में 2 मुठभेड़ों में 7 उग्रवादी मरे, अन्यत्र 3 सुरक्षा कर्मियों सहित 15 लोगों की हत्या

शस्त्रास्त्र लूटने के मामले में 2 कांस्टेबल काबू : 4 आतंकवादी हथियारों सहित काबू

एस.पी.ओ. नौकरी छोड़ कर भागा : बिजली बोर्ड का दफ्तर लूटा

चंडीगढ़, 17 जुलाई (प.स., वार्ता): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान पांच आतंकवादी मारे गए जबकि 3 सुरक्षा कर्मियों समेत 15 लोगों की हत्या हुई । इस बीच चार आतंकवादियों को हथियारों समेत गिरफ्तार किया गया है । फिरोजपुर छावनी में रेलवे पुलिस का शस्त्रागार लूटने के मामले में रेलवे पुलिस के दो कांस्टेबलों को भी पकड़ा गया है ।

मुठभेड़ में 5 आतंकवादी मरे : कपूरथला (शर्मा): जिला के ढिलवां थाना के अधीन किशनसिंह वाला गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान 5 आतंकवादी मारे गए । जिला पुलिस प्रमुख श्री अजीत सिंह ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि उक्त आतंकवादी दोपहर सवा 11 बजे के लगभग गांव भंडाल बेट के एक व्यक्ति कर्म सिंह को गोलियां मार कर जख्मी करने के बाद सफेद मारुति वैन में भाग गए थे । पुलिस ने जिला में जगह-जगह पर नाके लगाए हुए थे तथा कई वाहनों की चैकिंग की थी । रात लगभग साढ़े नौ बजे पुलिस की एक नाका पार्टी ने गांव किशन सिंह वाला के निकट एक सफेद मारुति वैन को रोका । भीतर बैठे आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किये जाने पर 5 आतंकवादी मारे गए । एक आतंकवादी भागने में सफल हो गया । मुठभेड़ लगभग एक घंटा तक चली । मारे गए आतंकवादियों में से एक की पहचान जसविन्द्र सिंह के रूप में हुई है । पुलिस ने घटनास्थल से एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल, दो मैगजीन, दो बंदूकें, दो रिवाल्वर, कुछ गोली-सिक्का तथा मारुति वैन अपने कब्जे में ली है ।

दो पुलिस कर्मियों समेत 3 की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव भाम में गत रात तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने एक घर में जबरी दाखिल होकर दो लोगों की हत्या कर दी । मृतकों में हवलदार सरबजीत सिंह (45) व उसका बेटा कांस्टेबल राजेंद्र सिंह (24) शामिल हैं । सरबजीत सिंह पी.ए.पी. जालंधर में कार्यरत था और राजेंद्र सिंह जहानखेलां में ट्रेनिंग ले रहा था । ये दोनों गांव में छुट्टी पर आए हुए थे ।

जिला पुलिस सूत्रों के अनुसार घटनास्थल से ए.के. 47 के 8 चले हुए कारतूस मिले हैं । इस मामले में तीन व्यक्तियों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है ।

श्री हरगोबिन्दपुर थाना के ही गांव भरथांवाला स्थित एक डेरा में तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने फायरिंग करके एक जमींदार के बेटे रघबीर सिंह उर्फ बीरा की हत्या कर दी । जिला पुलिस सूत्रों के अनुसार घटनास्थल से ए.के. 47 के तीन चले हुए कारतूस मिले हैं ।

शेलर मालिक की हत्या : बटाला



आतंकवादियों ने रोपड़ में सरकारी कालेज के लाइब्रेरियन श्री जितेंद्र सोनी की गोली मार कर हत्या कर दी । चित्र में (बाएं) श्री सोनी का शव तथा (दाएं) उनके परिवार के सदस्य विलाप करते हुए । (इन्सैट) श्री सोनी का पुराना चित्र । (छाया : महेन्द्र)

(कोछड़): पुलिस जिला बटाला के कस्बा कादियां के मुहल्ला प्रताप नगर में आज सायं लगभग साढ़े सात बजे दो सशस्त्र उग्रवादियों ने फायरिंग करके सिद्धू राईस मिल्ज के मालिक सतनाम सिंह (45) की हत्या कर दी । श्री सिद्धू कादिया राईस शैलर्स एसोसिएशन के प्रधान थे । उग्रवादियों द्वारा उन्हें पहले भी धमकियां दी गई थी । प्राप्त विवरणों के अनुसार दो उग्रवादी सायं को इनके घर के आगे आकर रुके और श्री सिद्धू को कहा कि उनके स्कूटर का पैट्रोल समाप्त हो गया है । इस पर श्री सिद्धू एक युवक को घर के अन्दर ले गए और एक बोतल उसे पैट्रोल दे दिया । जब वे उसे घर के बाहर छोड़ने गेट पर आए तो उस उग्रवादी के साथी ने ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल से श्री सिद्धू की हत्या कर दी । श्री सिद्धू को घायलावस्था में पहले कादियां के अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन वहां कोई डाक्टर न होने के कारण उन्हें बटाला के सिविल अस्पताल में ले गए, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया ।

सरपंच की हत्या : रोपड़, (वार्ता): जिला के सिसवां गांव में आतंकवादियों ने कल रात सरपंच बिशन सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

लाइब्रेरियन की हत्या : रोपड़ (महेन्द्र): आज प्रातः यहां आतंकवादियों ने एक लाइब्रेरियन श्री जितेन्द्र सोनी की गोली मार कर हत्या कर दी । श्री सोनी स्थानीय सरकारी कालेज में कार्यरत थे । उनकी हत्या उस समय की गई जब वह स्थानीय सरकारी गर्ल्ज सीनियर सैकेंडरी स्कूल के बाहर खड़े थे । वह अपनी पत्नी श्रीमती वेद सोनी, जो कि उक्त स्कूल में अध्यापिका हैं, को स्कूटर पर छोड़ने आए थे । उल्लेखनीय है कि अभी पांच दिन पहले ही आतंकवादियों ने इसी कालेज की महिला प्रिंसीपल की भी उनके निवास स्थान पर हत्या कर दी थी ।

रेलवे पुलिस के दो कांस्टेबल काबू : फिरोजपुर (वार्ता): जिला पुलिस ने पिछले माह फिरोजपुर छावनी में रेलवे पुलिस का शस्त्रागार लूटे जाने के संदर्भ में रेलवे पुलिस के दो कांस्टेबलों सुखजिन्द्र सिंह तथा गुरनाम सिंह को गिरफ्तार किया है । एक अन्य कांस्टेबल गुरदीप सिंह, जिसने

(शेष पृष्ठ 6 पर)

अरुण और आरिफ ने लाखों डकारे : देवी लाल ने प्रधानमंत्री को भेजे पत्र में आरोप लगाया था

नई दिल्ली, 17 जुलाई : उपप्रधानमंत्री श्री देवी लाल ने गत दिनों प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह को व्यक्तिगत पत्र भेज कर केन्द्रीय मंत्री श्री अरुण नेहरू तथा श्री आरिफ मोहम्मद खान के विरुद्ध भ्रष्टाचार के गम्भीर आरोप लगाए थे । श्री देवी लाल ने अपने इस पत्र में इन आरोपों की किसी एजैंसी से जांच करवाने की भी मांग की है । श्री देवी लाल ने अपने पत्र में लिखा है : प्रिय प्रधानमंत्री जी, आजकल राजनीति में नैतिकता व सच्चरित्रता की बात इसलिए मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप इन आरोपों की किसी भी एजैंसी से, जिसे आप चाहें, जांच करवाएं ताकि हम संसद तथा जनता का सामना कर सकें ।"

My Dear Prime Minister,
These days the morality and propriety in politics is very much in the news and some of our colleagues have gone to the Press on the issue of propriety of the unanimous election of the leader by the Haryana Janata Dal Legislature Party. I would like to bring to your notice that much more damaging acts, immorality and impropriety are being committed under our very nose by some of the same gentlemen who are raising the banner of revolt and declaring themselves to be the guardians of propriety and morality. In this connection, I may be permitted to bring to your notice serious irregularities committed in the purchase of phosphoric acid and DAP only during the previous season but even in our

जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन कल

नई दिल्ली, 17 जुलाई (प.स.) :

Punjab Satkartani

(6) दैनिक पंजाब केसरी, जालन्धर 18.7.1990

गत अंक से आगे
(पृष्ठ 3 का शेष)

आतंकवादियों को शस्त्रागार लूटने में कथित रूप से मदद दी थी, बाद में आतंकवादियों के संगठन में शामिल हो गया था ।

4 आतंकवादी हथियारों समेत पकड़े गए : फाजिल्का (लना): फाजिल्का सदर थाना पुलिस ने 4 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इनके नाम कश्मीर सिंह, कारज सिंह, अवतार सिंह तथा गुरदयाल सिंह हैं । इनसे 3 ए.के. 47 राइफलें, 4 हथगोले तथा 575 कारतूस बरामद हुए हैं ।

फायरिंग में 1 मरा : अमृतसर (वार्ता): तरनतारन पुलिस जिले में तातोवाल ग्राम के गुरुद्वारे में छिपे आतंकवादियों और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्डों के बीच हुई गोलीबारी में लाभ सिंह नामक एक व्यक्ति मारा गया । इससे पूर्व आतंकवादियों ने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्डस के वाहन पर गोली चला कर एक ड्राईवर को घायल कर दिया था ।

एक और अपहृत व्यक्ति की हत्या : मजीठा पुलिस जिला के लाखोवाल गांव से कल रात अपहृत एक व्यक्ति बलदेव सिंह का शव इसी जिला के थनिया गांव से आज बरामद हुआ है ।

एस.पी.ओ. नौकरी छोड़ कर भागा : अमृतसर जिला के बेरोवाल थाना के अधीन नागोके गांव में स्थित सरक्षा चौकी से एक एस.पी.ओ. दीपकपाल सिंह दो सैल्फ लोडिंग राइफलें तथा पचास कारतूस लेकर भाग गया ।

चौकीदार की हत्या : आतंकवादियों ने तरनतारन पुलिस जिला में कल रात खेड़ा गांव में सरदारा सिंह नामक चौकीदार की गोली मार कर हत्या कर दी । उसका शव आज सवेरे खेत में पड़ा मिला ।

शव मिला : तरनतारन पुलिस जिला में वेराना ग्राम के समीप स्वर्णजीत सिंह का शव पड़ा मिला । उसका गत शनिवार को इसी जिला के धोतियां गांव से अपहरण कर लिया गया था ।

महिला की हत्या : तरनतारन पुलिस जिले में भिखीविंड में पुल रोड से जोगिन्दर सिंह की पत्नी अमरजीत कौर का तीन आतंकवादियों ने उसके घर से अपहरण कर लिया । बाद में आतंकवादियों ने उस महिला की कल रात गोली मार कर हत्या कर दी ।

अपहृत व्यक्ति की हत्या : मजीठा पुलिस जिले के लाखोवाल गांव में गत दो आतंकवादियों ने अमरीक सिंह और लोहीराम का उनके घरों से अपहरण कर लिया । अमरीक सिंह का गोलियों से छलनी शव आज सवेरे इसी पुलिस जिले में थनिया ग्राम के पास पड़ा मिला ।

एक और व्यक्त का हत्या : अमृतसर शहर में न्यू प्रताप कालोनी में आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर परमिन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

रुपए लूटे : मोगा (आजाद): कल रात दो बजे के लगभग मोगा-लधियाना रोड पर स्थित गांव अजीतवाल में तीन आतंकवादी बिजली बोर्ड के कार्यालय से 1,08,223 रुपए लूट कर ले गए । बताया जाता है कि तीन आतंकवादी स्वराज माजदा गाड़ी में आए तथा कार्यालय के बाहर सो रहे चौकीदार से कार्यालय की चाबियां मांगी । चौकीदार ने बताया कि चाबियां कीमती लाल नामक एक व्यक्ति के पास हैं । आतंकवादी कीमती लाल को उसके घर से अपने साथ ले आए तथा कार्यालय को खोल लिया । फिर वे भीतर सो रहे कैशियर को जगा कर उससे उक्त धनराशि लूट कर भाग गए ।

दो व्यक्तियों की हत्या : बलाचौर से सुभाष जोशी के अनुसार आज यहां निकटवर्ती गांव रियाना में स्कूटर सवार दो उग्रवादियों ने होमगार्ड के एक जवान अजीत सिंह और एक दूसरे व्यक्ति की ए.के. 47 राइफल से फायरिंग करके हत्या कर दी ।

दो आतंकवादियों के शव मिले : गुरदासपुर जिला के डेरा बाबा नानक सैक्टर में कल रात पाकिस्तान की ओर से सीमा पार करके भारत में दाखिल होने वाले दो आतंकवादी बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में मारे गए । आज प्रातः उनके शव बरामद हुए ।

चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

चंडीगढ़, 17 जुलाई (वि.प्र.): पंजाब चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी संघ ने आज दूसरे दिन भी काम छोड़ हड़ताल की । संघ के एक प्रवक्ता के अनुसार आज भी विभिन्न स्थानों पर कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में रैलियां कीं । शिमला में भी इसी प्रकार की एक रैली की गई । कर्मचारियों की प्रमुख मांग है कि उनका मासिक वेतन कम से कम 1000 रुपए किया जाए ।

'संघी' के अनुसार पंजाब सिविल सचिवालय चतुर्थ श्रेणी संघ की महासभा की एक बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि यदि पंजाब सरकार ने उनकी मांगें स्वीकार न कीं तो वे कल से तीन दिन के लिए अपने कार्य समय के दौरान काले बिल्ले लगा कर

विदेश सचिवों की वार्ता आज
(पृष्ठ 3 का शेष)

आशा व्यक्त की है कि भारत और पाकिस्तान के बीच कल इस्लामाबाद में होने वाली विदेश सचिव स्तर की वार्ता से तनाव दूर करने में मदद मिलेगी । श्री सिंह ने संसद सदस्यों को लिखे एक पत्र में कहा है कि इस्लामाबाद वार्ता के बाद सम्भवतः पाकिस्तान यह महसूस करेगा कि दोनों देशों के बीच तनाव दूर करने के लिए शिमला समझौते का कोई विकल्प नहीं है । प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-शिमला समझौते के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है जिसमें सभी विवादों को किसी तीसरे पक्ष के बीच में लाए बिना आपसी बातचीत के जरिए शांतिपूर्ण ढंग से हल करने का प्रावधान है । उन्होंने कहा कि पाकिस्तान द्वारा भड़काने वाली तमाम कारवाइयों के बावजूद भारत ने लगातार संयम बरता है और उसने शांति के लिए अपनी ओर से एक प्रस्ताव भी किया है ।

वी. पी. सिंह
(पृष्ठ 3 का शेष)

लगता कि देश में संकट के समय में उनके इस्तीफा देने से अनिश्चितता का माहौल बना है ? श्री सिंह ने कहा कि किसी भी पद का आधार विश्वास होता है और मुझे लगा कि इस पर कुछ प्रश्नचिन्ह लग गए हैं, इसलिए इस्तीफे की ज़रूरत पड़ी ।

श्री सिंह ने कहा कि यह सोचना बड़ा भारी झूठ है कि हम जनतांत्रिक मर्यादाओं को सरकार के नीचे दबा देंगे और सरकार चला कर देश को बचा लेंगे । उन्होंने कहा, "जनतांत्रिक परम्पराओं को सरकार के ऊपर मान कर अगर उनकी रक्षा की जाए तो हम देश को ज्यादा मज़बूत करेंगे । जनतांत्रिक प्रक्रियाओं को सरकार की चेरी बना लें और सोचें कि हम देश को मज़बूत करेंगे तो देश कमज़ोर होगा ।" श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री पद पर वह जनता, राष्ट्रीय मोर्चा, जनता दल और सहयोगी दलों के विश्वास के आधार पर आए । इस पर प्रश्नचिन्ह लगने की स्थिति में मेरा मानना था कि इस विश्वास को पुनः प्राप्त करना आवश्यक हो गया है ।

बिजली बोर्ड के इंजीनियरों द्वारा पंजाब भर में हड़ताल

पटियाला, 17 जुलाई (भूषण): पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के इंजीनियरों ने आज सारे राज्य में दो घंटे के लिए कलम-छोड़ हड़ताल की ।

भटिंडा, फिरोजपुर, अमृतसर, गुरदासपुर, रोपड़ और अन्य क्षेत्रों से प्राप्त समाचारों के अनुसार सहायक इंजीनियर से लेकर मुख्य इंजीनियर स्तर तक के लगभग 2500 इंजीनियरों ने इस हड़ताल में

गुमशुदा की तलाश



मेरा भानजा विपन कमार खोसला सुपुत्र स्वर्गीय श्री कलवन्त राय खोसला उम्र 11-12 साल, कद 3½ फुट, 13.7.90 से लापता है । पहचान वाले को 500 रुपए शुक्राना दिया जाएगा ।

भारत भूषण भंडारी,
मेन बाजार, धर्मकोट (फिरोजपुर)
फोन नं. 16, 182

गंडामल खोसला सिंगलपुरा रोड,
नई आबादी, गुरदासपुर मंडी (पंजाब)

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

टैलीफोन

Wanted Immediately one Telephone connection. Write with details to Post Box No. 44, Phagwara-144 401.

तीर्थ यात्रा

डीलक्स कोच नेपाल, अयोध्याजी, 18 तीर्थ, 22 जुलाई से, किराया 600/- । यशपाल मोहिल (काला घड़ीसाज़), लाडवा (कुरुक्षेत्र) ।

रोज़गार

प्रवेश सूचना

प्राकृशास्त्री, शास्त्री I, II, III वर्ष के लिए (पंजाब यूनिवर्सिटी के नवीन पाठ्यक्रम अनुसार) प्रवेश 15.7.90 से आरंभ, भोजन, निवास, पुस्तकें निःशुल्क, नियमावलि मंगवाएं । प्रधान : बा. हरदित्तगिर संस्कृत महाविद्यालय, दशनामी अखाड़ा, सरहिंद शहर, जि. पटियाला ।

नाम परिवर्तन





ा में सर्किट हाउस में सभी राजनीतिक
ग्रथ मृत्यु सचिव श्री एस.एल. कपूर भी
।

ुलिस की देश : वर्मा

ार का कार्य शहीदों के नाम को कलंकित
े सामान है ।
वर्मा ने कहा कि इस बात के आदेश जारी कर
ए हैं कि सरकारी भूमि में किसी भी धर्म स्थान
र्माण करने की अनुमति न दी जाए तथा इस
े लिए किसी को भी लोगों से अवैध धन न
दिया जाए ।

न-समस्याओं के समाधान का : राज्यपाल ने आज प्रातः यहां सर्किट
में आयोजित सर्वदलीय बैठक को सम्बोधित
ए अपने इस संकल्प को दोहराया कि जनता
स्याओं का समाधान किया जाएगा तथा लोगों
ा दिलासा जाएगा । उन्होंने यह भी विश्वास
कि लोगों को राज्य की विकास गतिविधियों
शम्मिलित किया जाएगा । उन्होंने कहा कि
की ओर से सहन की जा रही समस्याओं का
अध्ययन करने के लिए वह उत्सुक हैं और
समय से लटकती आ रही पंजाब की टेढ़ी
को हल करने के भी इच्छुक हैं । आपने कहा
पंजाब के मुख्य सचिव श्री एस.एल. कपूर
राज्य भर का दौरा कर रहे हैं और लोगों को
र उनके विचार जान रहे हैं । इससे राज्य में
एवं सुखद वातावरण स्थापित करने में
ा मिलेगी ।
वर्मा ने आतंकवादी कार्रवाइयों को समाप्त
एवं राज्य में से हिंसा को समाप्त करने के लिए
दलों के सहयोग की मांग की । उन्होंने कहा
स्त जिला अधिकारियों को अनुदेश दिए गए हैं
लोगों की शिकायतें दूर करने के लिए सुगमता
लब्ध हों ताकि लोग यह अनुभव करें कि
न उनके कल्याण के लिए कार्यरत है ।
यह भी कहा कि प्रशासन एवं लोगों के मध्य
ाप्त की जा रही है और इस सम्बन्ध में शीघ्र
छे परिणाम सामने आएंगे । फील्ड
रियों से भी कहा गया है कि वे लोगों की
तें सुनने के लिए प्रतिदिन एक घंटा अलग
ा करें ताकि उन्हें चंडीगढ़ के चक्कर न लगाने
राज्यपाल ने कहा कि वह स्वयं चंडीगढ़ में जब
त होंगे तो सायं साढ़े 3 बजे से रात के साढ़े 8
क लोगों को मिला करेंगे । लोगों में सुरक्षा की
पैदा करने के लिए गश्ती सुरक्षा दलों द्वारा
लों, स्कूलों एवं कालेजों में प्रतिदिन दो तीन
श्त को तेज किया जाएगा ।
हां तक ईंटों एवं सीमैंट के मूल्यों पर रोक
का सम्बन्ध है, राज्यपाल पंजाब ने डिप्टी
नरों से कहा कि वे जमाखोरों, चोर बाजारों
ुनाफाखोरों पर छापे मारें और जो अपराधी
जाएं, उनके लाईसैंस रद्द कर दिए जाएं और
उचित कार्रवाई की जाए ।
न्होंने कहा कि समाज व राष्ट्र विरोधी तत्वों
पराधियों से निपटते समय किसी भी निर्दोष को
(शेष पृष्ठ 6 पर)

भारत द्वारा पंजाब व दखलंदाजी पर चिंता

धिमंडलों की बैठक करने का फैसला किया,
7-सूत्री प्रस्ताव पर नुक्ता-दर-नुक्ता चर्चा
।
ारत के विदेश सचिव मुचकुंद दुबे ने कहा कि
ापसी मतभेद और टकराव के सारे स्रोतों को
करने का हर सम्भव प्रयास करना चाहिए ।
ने कहा कि भारत और पाकिस्तान इसलिए
भाग्यशाली हैं क्योंकि उनके बीच आपसी
ों को सामान्य रखने के लिए शिमला समझौते
हत मानदंड निर्धारित किए गए हैं, जिसके
वरूप दो दशक तक इस क्षेत्र में शांति एवं
त्व कायम रहा ।
श्री दुबे ने कहा कि दोनों देशों के बीच घटनाओं
ले सबक, उनके अनभवों से हुए शिमला
ौते और शिमला समझौते पर हुए हस्ताक्षर की
(शेष पृष्ठ 6 पर)

पंजाब में 3 सुरक्षा कर्मियों सहित 12 की हत्या : 2 आतंकवादी सुरक्षा बलों ने मार गिराए, 3 गुट संघर्ष में मरे

दो पुलिस अधिकारियों के 4 रिश्तेदारों का अपहरण : एस. पी. ओ. चौकी पर हमला

दो बैंकों, डाकघर व अस्पताल के खजांची से 16 लाख लूटे

चंडीगढ़, 18 जुलाई (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 3 सुरक्षा कर्मियों समेत 12 लोगों की हत्या हुई और 2 आतंकवादी मुठभेड़ में तथा 3 अन्य गुट संघर्ष में मारे गए । इस बीच उग्रवादी अपने दो साथियों को पुलिस की हिरासत से छुड़ा कर ले गए । विभिन्न वारदातों में आतंकवादियों ने दो बैंकों, अस्पताल के खजांची तथा डाकघर से लगभग 16 लाख रुपया लूट लिया । तरनतारन क्षेत्र में दो पुलिस अधिकारियों के चार रिश्तेदारों का अपहरण भी किया गया है ।

3 सुरक्षा कर्मियों समेत 5 की हत्या : लुधियाना (महेन्द्रा, धीमान) : आतंकवादियों ने आज तड़के जगराओं के निकट एक टैम्पो पर अंधाधुंध फायरिंग की जिससे टैम्पो में सवार 3 सुरक्षा कर्मियों समेत 5 लोगों की मृत्यु हो गई । इनमें से 4 की शिनाख्त हुई है । इनके नाम हेड कांस्टेबल तरसेम सिंह, कांस्टेबल धर्म सिंह और बलकार सिंह तथा ड्राइवर निर्मल सिंह हैं । उक्त टैम्पो में जालन्धर से अखबारों के बंडल फिरोजपुर भेजे जा रहे थे । आतंकवादी भागने में सफल हो गए ।

खजांची से रुपए लूटे : आतंकवादियों ने आज प्रातः लुधियाना में दयानंद मार्ग पर स्थानीय दयानंद मैडिकल कालेज अस्पताल के खजांची श्री सुंदर लाल को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और उससे 1,17 लाख रुपया लूट लिया । खजांची उक्त धनराशि बैंक में जमा करवाने के लिए अस्पताल की एम्बुलैंस में जा रहा था । इस वारदात में एम्बुलैंस का ड्राइवर संत राम भी घायल हो गया ।

2 उग्रवादी काबू : लुधियाना में समराला चौक के निकट दो उग्रवादी एक सीमैंट डीलर के घर घुस गए । घर वालों ने उन दोनों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया ।

दो लोगों की हत्या : पटियाला (वार्ता, राज) स्कूटर सवार 2 आतंकवादियों ने कल रात जिला के शम्भू गांव में स्थित शिव मंदिर के निकट अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे दो लोगों की मृत्यु हो गई तथा एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया । मृतकों के नाम फकीर दास तथा टोपन राम बताए जाते हैं । घायल जस्सा राम को राजपुरा सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

गुट संघर्ष में 3 आतंकवादी मरे : अमृतसर (वि.प., वार्ता) : तरनतारन पुलिस जिला के बलेर गांव के निकट निजी गुट संघर्ष के कारण दो आतंकवादी मारे गए । इनके गोलियों से छलनी शव आज प्रातः बरामद हुए । 'भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान' ने इस वारदात की जिम्मेदारी ली है ।

मजीठा पुलिस जिला के खलचियां गांव के निकट आतंकवादियों ने आज प्रातः अपने ही एक साथी को गोली से उड़ा दिया । मृतक की अभी तक शिनाख्त नहीं हुई ।

बैंक से 3 लाख रुपया लूटा : कल सवार 4 आतंकवादियों ने आज प्रातः अमृतसर शहर में भगतांवाला क्षेत्र में स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से 3 लाख रुपया लूट लिया । आतंकवादी बैंक गार्ड के दो हथियार तथा कुछ कारतूस भी ले गए ।

दो महिलाओं की हत्या : अमृतसर शहर के कटड़ा शेर सिंह क्षेत्र में कल रात राज कुमारी (65) तथा राज रानी (60) नामक दो महिलाओं की तेजधार हथियारों से हत्या कर दी गई । उक्त दोनों महिलाएं आपस में रिश्तेदार थीं । प्रातः घर के नौकर ने उक्त दोनों महिलाओं के शव बैडरूम में खून से लथपथ पड़े देखे और फिर पुलिस को सूचित किया । हमलावर ने घर में पड़े गहने तथा नकदी को हाथ तक नहीं लगाया ।

सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादी मार गिराए : अमृतसर जिला के हरिके क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों बलविन्द्र सिंह तथा देश सिंह को मार गिराया । इससे पूर्व आतंकवादियों के एक गुट ने आज प्रातः पुलिस के एक वाहन पर हमला करके इन दोनों को छुड़ा लिया था । पुलिस ने इनका पीछा किया और उन्हें रुकने के लिए कहा । जब वे नहीं रुके तो पुलिस ने उन्हें गोली मार दी । पुलिस इन्हें गांव छब्बा में हथियारों की बरामदगी के संदर्भ में ले कर जा रही थी ।

एस.पी.ओ. चौकी पर हमला : आतंकवादियों ने कल रात अमृतसर के निकटवर्ती गांव संगना में एस.पी.ओ. चौकी पर हमला किया । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर आतंकवादी भाग गए । इस वारदात में कोई हताहत नहीं हुआ ।

4 लोगों का अपहरण : आतंकवादियों ने तरनतारन पुलिस जिला में कल रात दो पुलिस अधिकारियों के 4 सम्बन्धियों का अपहरण कर लिया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार आतंकवादियों ने सरहाली थाना के अन्तर्गत बत्तियां गांव से महेन्द्र सिंह तथा जसपाल सिंह नामक दो लोगों का अपहरण कर लिया । अपहर्ताओं में पट्टी में तैनात एक पुलिस अधिकारी का भाई तथा साला शामिल है ।

तरनतारन सदर थाना के अधीन कक्का कंडीला गांव से आतंकवादियों ने गुरदासपुर जिला के फतेहगढ़ चूड़ियां में कार्यरत एक पुलिस अधिकारी के दो बेटों का अपहरण कर लिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों ने उक्त चारों लोगों की रिहाई के बदले भारी धनराशि, कुछ आतंकवादियों को
(शेष पृष्ठ 6 पर)



(1 से 5) जालन्धर से फिरोजपुर अखबारों के बंडल ले जा रही मैटाडोर को जगराओं के पास बुधवार तड़के आतंकवादियों द्वारा की गई फायरिंग से मारे गए तीन सुरक्षा कर्मियों तथा मैटाडोर के ड्राइवर व उसके सहायक के शव, (6) उलटी पड़ी मैटाडोर । *(छाया : शर्मा स्टूडियो)*



जालन्धर में रेलवे रोड पर स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा, जहां से बुधवार को 3 सशस्त्र उग्रवादी लगभग 11 लाख रुपए लूट ले गए । *(फोटो : शिव जैमिनी)*

हमारे सब्र का प्याला भर गया है, अब आंदोलन छेड़ा जाएगा : बादल

अजनाला, 18 जुलाई (प.स.): अकाली दल (बादल) के अध्यक्ष श्री प्रकाश सिंह बादल ने आज चेतावनी दी है कि पंजाब समस्या प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने के लिए केंद्र पर जोर देने के उद्देश्य से वह आन्दोलन छेड़ेंगे ।

इस सीमांत नगर में पत्रकारों तथा जनसभा को सम्बोधित करते हुए अकाली नेता ने कहा कि पंजाबियों की राजनीतिक, आर्थिक तथा क्षेत्रीय मांगों के प्रश्न पर उनकी पार्टी 'मूकदर्शक' नहीं बनी रह सकती । उन्होंने कहा कि "हमारे सब्र का प्याला पहले ही भर चुका है ।"

श्री बादल ने कहा कि पंजाब का संकट दिन-प्रतिदिन गंभीर हो रहा है । उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र 'जानबूझ कर' पंजाब समस्या सुलझाने में देरी कर रहा है । उन्होंने स्पष्ट किया कि अब संघर्ष के अलावा कोई विकल्प नहीं । एक प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री बादल ने कहा कि संघर्ष
(शेष पृष्ठ 6 पर)



जनता दल के नवनियुक्त पदाधिकारियों की बुधवार को दिल्ली में आयोजित पहली बैठक में उपप्रधानमंत्री श्री देवी लाल प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह और दल के अध्यक्ष श्री बोम्मई का स्वागत करते हुए । *(छाया : पी. टू.)*

बोम्मई पंजाब में शांति मार्च करेंगे

नई दिल्ली, 18 जुलाई (वार्ता): जनता दल के अध्यक्ष श्री एस.आर. बोम्मई पंजाब की स्थिति को सामान्य बनाने के प्रयास में मदद के लिए अगले महीने पंजाब में शांति मार्च करेंगे । दल के पदाधिकारियों की बैठक के बाद पार्टी के प्रवक्ता श्री जयपाल रेड्डी ने बताया कि श्री बोम्मई इसी प्रकार का शांति मार्च बाद में जम्मू और कश्मीर में भी करेंगे ।

बैठक में प्रधानमंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहा कि पंजाब समस्या के हल के लिए सरकारी प्रयास के अतिरिक्त जनता को भी इसमें शामिल करने की आवश्यकता है ।

प्रधानमंत्री ने जनता दल में शामिल सभी घटक दलों को समेकित करने का आह्वान किया । उन्होंने चौटाला के मामले को लेकर दल और सरकार में पैदा संकट का कोई जिक्र नहीं किया कि कहा कि चूंकि दल ने चुनाव जीत लिए हैं, इसलिए घटक दलों का समेकीकरण जरूरी है । बैठक में श्री देवी लाल, श्री अजीत सिंह भी उपस्थित थे । महंगाई की चर्चा करते हुए श्री सिंह ने कहा कि सरकार विभिन्न चीजों की कीमतें कम करने का प्रयास कर रही है ।

प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बाद में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि चुनाव वायदों को पूरा करने के जन-संघर्ष में जनता दल के सभी तत्व शामिल हो गए हैं । श्री सिंह संवाददाताओं के इस प्रश्न का उत्तर दे रहे थे कि क्या हरियाणा के फिर कोई संकट पैदा होने का सवाल ही नहीं उठता ।

श्री देवी लाल ने कहा कि सरकार टिकाऊ तथा प्रभावी होगी और उसने जनता से किए वादों को पूरा करना शुरू कर दिया है ।

श्री सिंह ने कहा कि सरकार के सभी मंत्री और वह स्वयं पार्टी से दिशा-निर्देश लेंगे । उन्होंने कहा कि पार्टी को भी चाहिए कि वह लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सरकार का मार्ग-दर्शन करे ।

श्री बोम्मई ने बताया है कि प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह इस बात पर राजी हो गए हैं कि विभिन्न सरकारी विभागों के कामकाज की समीक्षा के लिए केन्द्रीय मंत्री तथा दल के पदाधिकारियों की माह में कम से कम एक बार बैठक होगी । इस कदम से पार्टी के संगठन और सरकार के बीच सहयोग सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी । पार्टी के प्रवक्ता एस. जयपाल रेड्डी ने पत्रकारों से कहा कि श्री बोम्मई ने इस बात की जरूरत पर जोर दिया कि प्रमुख नीतिगत फैसले किए जाने की प्रक्रिया में पार्टी को शामिल किया जाना चाहिए ।

एक रिकार्ड यह भी !

कुड्डालोर (तमिलनाडु), 18 जुलाई (वार्ता): आमतौर पर लोग समझते हैं कि महिलाएं ही ज्यादा देर तक बोल सकती हैं लेकिन

दल के अंदर से ही खतरा है : अडवानी

श्री अडवानी ने कहा कि अगर यह स्थिति अगले

तरह ह्रास हुआ था, अब उनके मूल्यों को दोबारा

Nagri Sanatani



लुधियाना में आतंकवादियों ने दयानंद मैडिकल कालेज अस्पताल की एम्बुलैंस पर हमला करके उसमें सवार दो लोगों को घायल कर दिया तथा तीन लाख रुपया लूट लिया । चित्र में (ऊपर बाएं) घायल खजांची सुन्दर लाल तथा (दाए) ड्राईवर संत राम और (नीचे) अस्पताल की एम्बुलैंस । (छाया : कम्बोज)



पुलिस जिला बटाला में आतंकवादियों ने गत दिवस तीन लोगों की हत्या कर दी । चित्र में (ऊपर) गांव भोम में मारे गए हैड कांस्टेबल सरबजीत सिंह, (मध्य) कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह तथा (नीचे) गांव भरथ में मरने वाले रघबीर सिंह के शव । (छाया : कोछड़)

आतंकवाद : पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

छोड़ने तथा हथियार दिए जाने की मांग की है ।

छुरा घोंप कर हत्या : मजीठा पुलिस जिला के वरपाल गांव में आतंकवादियों ने दयाल सिंह नामक एक व्यक्ति की चाकुओं से गोद कर हत्या कर दी ।

एक की हत्या : बटाला (कोछड़) : पुलिस जिला बटाला में थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव भोमा में गत रात 9 सशस्त्र आतंकवादी एक घर में जबरी दाखिल हो गए और रणजीत सिंह (25) को उसके घर से बाहर ले गए और वहां पर उसकी हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार घटनास्थल से ए.के. 47 के 6 चले हुए कारतूस मिले हैं ।

महिला का शव मिला : धूरी (सिंगला) : संगरूर जिला के हिम्मत सिंह वाला गांव में नहर के किनारे से एक महिला का गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ है ।

दो उग्रवादी पकड़े गए : संगरूर जिला के लौंगोवाल थाना की पुलिस ने कश्मीर सिंह तथा हरभजन सिंह नामक दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । हरभजन सिंह से एक ए.के. 47 राइफल तथा 50 कारतूस बरामद हुए हैं ।

बैंक से 11 लाख रुपए लूटे गए : जालन्धर (प. स.) : सफेद मारुति कार में सवार 4 आतंकवादियों ने आज दोपहर जालंधर शहर में न्यू रेलवे रोड पर स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से लगभग 11 लाख रुपया लूट लिया । पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने बैंक में घुसकर पहले हवा में गोलियां चलाईं और फिर स्टाफ तथा ग्राहकों को नीचे लेट जाने का निर्देश दिया । इसके बाद आतंकवादियों ने कैशियर से लगभग 10 लाख रुपया छीन लिया । उन्होंने एक ग्राहक से भी 72 हजार रुपया लूट लिया । लूटपाट के बाद [illegible] में बिना किसी प्रतिरोध के सुरक्षित बच निकले ।

डाकखाना लूटा : जालंधर के निकटवर्ती गांव लम्बा पिंड में दो उग्रवादी यहां के डाकघर में घुस गए और वहां से 10 हजार रुपए लूट कर स्कूटर पर फरार हो गए ।

शराब का ठेका लूटा : नकोदर (गगन) : नकोदर थाने के अंतर्गत गांव उग्गी में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने शराब के एक ठेके को लूट लिया । आतंकवादी करीब दस हजार रुपए की शराब व नकदी वहां से ले गए ।

दो घुसपैठिए मरे : करनपुर (राजस्थान) से 'दता' के अनुसार बी.एस.एफ. ने कल रात गजसिंहपुर के निकट सीमा पार करके भारत में घुसने का प्रयास करने वाले 2 संदिग्ध लोगों को मार गिराया । इस बीच बी.एस.एफ. ने करनपुर क्षेत्र में 4 बंगलादेशी नागरिकों को भारत में प्रवेश करते हुए पकड़ लिया । उनसे कुछ पाक करंसी भी मिली है ।

बादल

(पृष्ठ 3 का शेष)

कार्यक्रम तथा उसकी तिथि की शीघ्र ही घोषणा कर दी जाएगी । श्री बादल ने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी का आन्दोलन शांतिपूर्ण तथा लोकतांत्रिक होगा और देश की विभिन्न राजनीतिक पार्टियों का ध्यान पंजाबियों की उचित मांगों की ओर दिलाने पर जोर दिया जाएगा । श्री बादल ने खेद के साथ कहा कि केंद्र पंजाब समस्या समझने तथा उसे सुलझाने के प्रति गंभीर नहीं है ।

श्री बादल ने दावे के साथ कहा कि केंद्र पंजाब समस्या सुलझाने में सक्षम है तथा अकाली और अन्य दल इस संदर्भ में कोई खास भूमिका नहीं निभा सकते । अकाली नेता ने कहा कि पंजाब की समस्याएं मुख्यत: सिखों से जड़ी हुई हैं और केंद्र इन्हें अनदेखा कर रहा है । श्री बादल ने खेद व्यक्त किया कि श्री वी.पी. सिंह ने सत्ता सम्भालते समय जो घोषणाएं की थीं, उन पर भी अमल नहीं हुआ । श्री बादल ने श्री सिमरनजीत सिंह मान के इस बयान का खंडन किया कि केंद्र उन्हें (श्री बादल को) अपने 'इशारे पर नचा' रहा है । श्री बादल ने कहा कि "ऐसे बयान देकर कुछ स्वार्थी तत्व मेरी छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं ।" श्री बादल ने स्पष्ट किया कि कोई सरकार मुझे न तो खरीद सकती है तथा न ही लोगों की इच्छाओं के विपरीत मेरी पार्टी से कोई समझौता कर सकती है ।

आतंकवादी हिंसा के प्रति अपने स्टैंड को तो श्री बादल ने स्पष्ट नहीं किया लेकिन प्रश्नों के जवाब में उन्होंने इतना ही कहा कि 'हत्या की राजनीति' एक दुखद पहलू है । उन्होंने यह भी कहा कि पिछले 40 वर्षों से शांतिपूर्ण तथा लोकतांत्रिक तरीकों से लोगों की मांगें नहीं माने जाने के परिणामस्वरूप ही हिंसा की प्रवृत्ति पनपी है ।

श्री बादल ने उग्रवादियों के साथ बातचीत किए जाने का समर्थन किया लेकिन पत्रकारों द्वारा जोर दिए जाने के बावजूद भी वे 'उग्रवादियों' और 'हत्यारों' के बीच अंतर नहीं स्पष्ट कर पाए । श्री बादल ने कहा कि 'सरकार को बिना शर्त सबसे बात करनी चाहिए ।' जब श्री बादल से यह पूछा गया कि मांगें माने जाने पर क्या आतंकवाद समाप्त हो जाएगा, उन्होंने जवाब दिया कि मांगें मंजूर हो जाने से अधिकतर पंजाबी संतुष्ट हो जाएंगे ।

कश्मीर का व्यापार लगभग चौपट हो गया है

लुधियाना, 18 जुलाई (आहूजा): कश्मीर के व्यापारी वर्ग ने कहा है कि हम भारत के नागरिक हैं, हम भारत में ही रहना चाहते हैं । श्रीनगर से लुधियाना आए कुछ व्यापारियों, जोकि यहां कुछ मशीनरी इत्यादि खरीदने आए थे, ने बताया कि कश्मीर में हालात अब पहले से बेहतर हो रहे

मान दल के सांसद विरोध मार्च में भाग नहीं ले रहे : चीमा

चंडीगढ़, 18 जुलाई (वि.प्र.): अकाली दल (मान) की कार्य समिति के सदस्य भाई रणजीत सिंह चीमा ने कहा है कि हमारी पार्टी के सांसद विरोध मार्च में भाग नहीं ले रहे हैं और वे घरों में बैठ कर आराम कर रहे हैं । स्पष्ट है कि उनको लोकसेवा से प्रेम नहीं है । 'श्री सिमरनजीत सिंह मान पर नुक्ताचीनी करने वाले लोग सरकार के इशारों पर नाच रहे हैं ।'

भारत-सोवियत सहयोग बढ़ेगा : वी.पी. सिंह

नई दिल्ली, 18 जुलाई (पस) : प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने सोवियत राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाच्योव के 'बहआयामी और प्रगतिशील समाज' बनाने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा है कि भारत और सोवियत संघ के सम्बन्ध इतने मजबूत हैं कि वे किसी भी परिवर्तन के साथ निभ सकते हैं ।

श्री सिंह ने सोवियत साप्ताहिक "न्यू टाइम्स" को दिए गए एक इंटरव्यू में कहा कि हम पेरोस्त्राइका का स्वागत करते हैं । हम सोवियत समाज को और प्रगतिशील बनाने में सोवियत जनता के योगदान और उनके नेताओं के प्रयासों की सराहना करते हैं ।

श्री सिंह अगले सोमवार को सोवियत संघ की सरकारी यात्रा पर जा रहे हैं । उन्होंने कहा कि पेरोस्त्राइका की सफलता से भारत और सोवियत संघ के बीच व्यापार और आर्थिक सहयोग बढ़ेगा तथा लोगों के बीच आपसी सम्पर्क बढ़ेंगे ।

विदेश सचिवों की बैठक

(पृष्ठ 3 का शेष)

पृष्ठभूमि सार्थक बनी रहेगी क्योंकि हम आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं ।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार अपनी उचित चिंता प्रकट करने के लिए इस समझौते को अपना आधार एवं माध्यम मानती है । उन्होंने कहा कि आपसी संबंधों का वर्तमान नकारात्मक रवैया खत्म होना चाहिए । हम लोगों ने आपसी बातचीत का दरवाजा खुला रखा है ।

चूंकि बातचीत बिना किसी पूर्व निर्धारित विषय सूची के शुरू हुई है, इसलिए दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों ने विचार-विमर्श के मुद्दे के निर्धारण पर बातचीत का पहला दौर शुरू किया । आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि दोनों देशों के बीच तनाव कम करने के लिए विश्वास कायम करने के भारत के प्रस्ताव पर आमतौर पर सहमति व्यक्त की गई ।

पाकिस्तान युद्ध नहीं छेड़ेगा : पाकिस्तान के राष्ट्रपति गुलाम इसहाक ने आज भारतीय विदेश सचिव श्री मुचकुंद दुबे से, जिन्होंने उनसे भेंट की, बताया कि उनका देश भारत के विरुद्ध युद्ध नहीं छेड़ेगा और कोई ऐसी बात भी नहीं करेगा, जिससे युद्ध भड़के ।

शाम को श्री दुबे प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो से मिले । राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ श्री दुबे की मुलाकातों के दौरान पाकिस्तान में भारतीय उच्चायुक्त जे.एन. दीक्षित भी उपस्थित थे ।

दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल के बीच बातचीत का दूसरा दौर कल सुबह होगा ।

इसके बाद भारतीय विदेश सचिव का पाक विदेशमंत्री साहबजादा याकूब खान और पाक प्रधानमंत्री के सुलाहकार इकबाल अखुन्द से मिलने का कार्यक्रम है ।

सूत्रों के मुताबिक इस दौरान भारतीय पक्ष ने फिर कहा कि पाकिस्तान अगर कश्मीर में दखल देना बंद कर दे तो दोनों देशों के बीच तनाव कम करने और विश्वास का वातावरण बनाने में काफी हद तक मदद मिलेगी ।

दूसरी ओर पाकिस्तान प्रतिनिधिमंडल ने इस बात से इंकार किया कि उनका देश कश्मीर घाटी में अलगाववादी और तोड़ फोड़ की गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है ।

अज़ीज़ संजीव वधावन



जहां भी हो, फौरन घर चले आओ, तुम्हारी मां की हालत बहुत खराब है । हर काम तुम्हारी मर्ज़ी और इच्छा के अनुसार होगा और तुमको कुछ नहीं कहा जाएगा ।

नोट : अगर संजीव किसी सज्जन को मिले, तो घर पहुंचाने या पता देने पर खर्चा के अलावा उचित शुक्राना दिया जाएगा ।

कैलाश वधावन, मुहल्ला ओहरियां, फगवाड़ा

प्रिय तरुण,

घर में सभी अत्यंत दुखी और चिंतित हैं । तुम्हारे सभी साथी भी तुम्हें बहुत याद करते हैं । जल्दी घर लौट आओ । सूचना देने वाले को उचित पुरस्कार दिया जाएगा । पता :-



दिल्ली टैलीफोन : 239825
शिमला टैलीफोन : 6899
बी-7, हाऊसिंग बोर्ड कालोनी,

Punjabi Sanatan



अधीन भरथ गांव के निकट बारूदी सुरंग फटने
11 अन्य पुलिस कर्मी घायल हुए । चित्र में
स्टेबल बलजीत सिंह के शव, (3) पुलिस का
क से गहरा गड्ढा पड़ गया तथा (5 से 11)
र चल रहा है । (छाया : कोछड़)

बटाला क्षेत्र में बारूदी सुरंग फटने से 2 सुरक्षा कर्मी मरे : 11 अन्य घायल

2 सी. आर. पी. के जवानों सहित 3 की हत्या : मानो चाहल फिर बच निकला

4 आतंकवादी मुकाबले में, 2 गुट संघर्ष में मरे, 1 ने ज़हर खाया

चंडीगढ़, 19 जुलाई (प.स., वार्ता): बटाला क्षेत्र में आतंकवादियों द्वारा बिछाई गई एक बारूदी सुरंग फटने से 2 पुलिस कर्मियों की मृत्यु हो गई तथा 11 अन्य घायल हुए । इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 2 सुरक्षा कर्मियों समेत 3 लोगों की हत्या हुई । इस बीच 7 आतंकवादी भी मारे गए ।

विस्फोट से 2 पुलिस कर्मी घायल : बटाला (कोछड़, चौधरी) : कल रात थाना श्रीहरगोविंदपुर के गांव भरथ के पास बारूदी सुरंग फटने से पुलिस के दो कर्मचारी मारे गए और 11 अन्य घायल हो गए । पता चला है कि रात लगभग 10 बजे कुछ आतंकवादियों ने पुलिस चौकी भरथ पर फायरिंग की । यह फायरिंग लगभग 1 घंटा चलती रही । पुलिस की सहायता के लिए उधनवाल से और पुलिस जवान भेजे गए । आतंकवादियों ने भरथ के पास पर लिंक रोड पर बारूदी सुरंग बिछाई हुई थी । जैसे ही पुलिस की गाड़ी इस सुरंग के ऊपर से गुजरी तो जबरदस्त धमाका हुआ जिससे गाड़ी का ड्राइवर कांस्टेबल जसबीर सिंह और कांस्टेबल बलजीत सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा 11 सुरक्षा कर्मी घायल हो गए । इनमें से 8 के नाम ए.एस.आई. नारायण दास, कांस्टेबल जसपाल सिंह, भूपिन्द्र सिंह, रंजीत सिंह, वीरेन्द्र सिंह, जसपाल सिंह, बलजीत सिंह और एस.पी.ओ. जरनैल सिंह बताए जाते हैं । घायलों को स्थानीय सिविल अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है । पुलिस ने सारे क्षेत्र को सील कर दिया है और आतंकवादियों की तलाश जारी है ।

ए.एस.आई. नारायण दास की स्थिति गंभीर बताई जाती है । उन्हें उपचार के लिए अमृतसर के अस्पताल में भेजा गया है । विस्फोट से पुलिस की बुलेट प्रूफ गाड़ी भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई ।

गुट संघर्ष में 1 आतंकवादी मरा : पुलिस जिला बटाला के गांव [illegible] में कल रात आतंकवादियों ने अपने [illegible] पुराने साथी कमलजीत सिंह को गोली से उड़ा दिया । पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार कमलजीत सिंह को आतंकवाद निरोधक कानून के अधीन गिरफ्तार किया गया था, लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया गया ।

पति-पत्नी के शव मिले : बटाला पुलिस जिला के गांव किला लाल सिंह के निकट नहर के किनारे से कल शाम पुलिस ने एक डाक्टर दविन्द्र सिंह तथा उसकी पत्नी परमजीत कौर के शव बरामद किए हैं ।

हमले में 2 और सुरक्षा कर्मियों की जान गई : लुधियाना (महेन्द्रा, धीमान) : जिला के आलमगीर गांव के निकट कल रात आतंकवादियों ने केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल की गश्ती टुकड़ी पर घात लगा कर हमला किया, जिसमें छह जवान घायल हो गए । इन्हें लुधियाना के सी.एम.सी. अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां सब-इंस्पैक्टर नारायण सिंह और नायक राम लाल ने दम तोड़ दिया ।

गहने तथा नकदी लूटी : दो उग्रवादी लुधियाना में भारतनगर चौक की एक गली में एक सर्राफ के घर में घुस गए तथा स्टेनगन से डरा धमका कर घर वालों को एक कमरे में बंद कर दिया । उन्होंने महिलाओं के आभूषण उतरवा लिए तथा एक बच्चे की छाती पर स्टेनगन रखकर अल्मारी की चाबियां प्राप्त कीं । वे वहां से लाखों रुपए की नकदी तथा आभूषण लूटकर फरार हो गए ।

लड़की का अपहरण : लुधियाना से 'मुसाफिर' के अनुसार साहनेवाल के निकट गांव हीरां में एक प्राइवेट बस से एक युवा लड़की का अपहरण कर लिया गया । प्राप्त विवरण के अनुसार उक्त बस मोहाली से लुधियाना की तरफ आ रही थी कि एक मारुति कार (नं. पी.बी. 10-9815) उसके पीछे लग गई । गांव हीरां में कार सवारों ने बस रुकवा ली और लड़की को नीचे उतार लिया । इसके बाद उक्त लोग लड़की को कार में डालकर फरार हो गए । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

नम्बरदार की हत्या : अमृतसर (प.स.) : कल रात आतंकवादियों ने अमृतसर जिला के मेहता थाना के अन्तर्गत पुला गांव में एक नम्बरदार सतनाम सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

कांस्टेबल घायल : अमृतसर जिला के रतौल गांव में कल रात आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान पंजाब पुलिस का एक कांस्टेबल मनमोहन सिंह घायल हो गया ।

मुठभेड़ में तीन दुर्दांत आतंकवादी मरे : अमृतसर जिला के सरहाली थाना के अंतर्गत ददेर साहिब गांव के निकट आज रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान तीन दुर्दांत आतंकवादी मारे गए । ये आतंकवादी 'बब्बर खालसा' से सम्बद्ध थे । इनमें से दो की पहचान खजान सिंह तथा बलराज सिंह के रूप में हुई है । दो अन्य आतंकवादी भाग जाने में सफल रहे । मुठभेड़ लगभग 40 मिनट तक चली । घटनास्थल से एक ए.के. 47 असाल्ट

(शेष पृष्ठ 6 पर)

भारत को विकास सहायता देने के मामले पर अमरीकी प्रशासन का रवैया नर्म हुआ

वाशिंगटन, 19 जुलाई (वार्ता): अमरीकी प्रशासन अब उस विधेयक का विरोध कर रहा है जिसमें भारत को हर प्रकार की विकास सहायता देने पर रोक लगाने की बात कही गई है । यह विधेयक अमरीकी कांग्रेस में लम्बित पड़ा है । कश्मीर और पंजाब में मानवाधिकार के कथित उल्लंघन के विरोध में यह विधेयक पेश किया गया था ।

मानवाधिकार एवं मानवीय मामलों के ब्यूरो के अधिकारी तोशुआ गिल ने कांग्रेस की एशिया और प्रशांत क्षेत्र के मामलों की उप-समिति को बताया कि भारत सरकार द्वारा मानवाधिकार संगठनों को कश्मीर में आने की अनुमति को देखते हुए विधेयक का अब उतना महत्व नहीं रह गया है । पूर्वी एवं दक्षिण एशियाई मामलों की उप-विदेशमंत्री तेरेसिता सी. शैफर ने एशिया एवं प्रशांत क्षेत्र के मामलों की उपसमिति को बताया कि दक्षिण एशिया में अमरीका इस बात को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है कि भारत और पाकिस्तान में युद्ध न हो । उन्होंने कहा कि दोनों देशों के विदेश सचिवों के बीच चल रही वार्ता स्वागत योग्य है क्योंकि अमरीका चाहता है कि कश्मीर समस्या को राजनीतिक वार्ता के जरिए सुलझाया जाए ।

कांग्रेस सदस्य डैन बर्टन और वाली हर्जर, जो भारत सरकार के कटु आलोचक समझे जाते हैं, ने आरोप लगाया है कि भारतीय सुरक्षा बलों ने ज्यादतियां की हैं । श्री बर्टन का कहना है कि विधेयक का कुछ और सदस्यों ने भी समर्थन किया है । उन्होंने एमनेस्टी इंटरनैशनल को भारत में आने की अनुमति दिए जाने का स्वागत किया किन्तु आरोप लगाया है कि एमनेस्टी को कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । सुश्री शैफर ने भी भारत सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि उनका मानना है कि बाहरी दुनिया को सच्चाई का पता लगाने से रोकने में भारत की दिलचस्पी नहीं है । उन्होंने श्री स्टीफन सोलार्ज को बताया कि इस महीने में पंजाब में करीब 1900 व्यक्ति मारे गए । इनमें से करीब 80 प्रतिशत लोग आतंकवादियों ने मारे ।

यह पूछे जाने पर कि क्या भारतीय नागरिकों को

कुमार गुजराल स्वयं एमनेस्टी इंटरनैशनल के सदस्य हैं ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

बेनज़ीर-खर टकराव से पी.पी.पी. में संकट

इस्लामाबाद, 19 जुलाई (वार्ता): पाकिस्तान में क्योंकि नेता मुस्तफा खर देश की प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो से खुले संघर्ष की ओर बढ़ रहे हैं और इसके साथ ही सत्तारूढ़ पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पी.पी.पी.) के सामने एक बार फिर आंतरिक संकट उत्पन्न हो गया है ।

कुछ महीने पूर्व पी.पी.पी. में शामिल हुए तथा लाहौर में सम्पन्न प्रांतीय उप-चुनाव में पार्टी की विजय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले श्री खर का दावा है कि उन्हें नैशनल असैम्बली के कुछ सदस्यों का समर्थन प्राप्त है और वह असैम्बली में अल्प बहुमत वाली पी.पी.पी. के लिए चुनौती पेश कर सकते हैं ।

श्री खर ने यहां संवाददाताओं से कहा कि वह पी.पी.पी. नेतृत्व को चुनौती नहीं देना चाहते लेकिन "यदि मुझे मजबूर किया गया तो ऐसा करने में नहीं हिचकूंगा क्योंकि मैं जनता के लिए काम कर रहा हूं और मेरा विश्वास राजनीतिक प्रक्रिया में है ।

श्री खर ने इस बात की पुष्टि की कि हाल ही में उनकी नैशनल असैम्बली के कुछ सदस्यों के साथ लाहौर में एक बैठक हुई थी । बैठक में इन सदस्यों ने कहा कि वे पार्टी के अंदरूनी घटनाक्रम को लेकर असंतुष्ट हैं ।

दूसरी ओर बेगम बेनज़ीर भुट्टो ने पांच देशों की यात्रा के बाद यहां लौटने पर संवाददाताओं से कहा कि उनकी सरकार को कोई खतरा नहीं है, क्योंकि जनता उनके साथ है ।

इस बीच संयुक्त विपक्ष पी.पी.पी. सरकार के खिलाफ एक बार फिर शक्ति प्रदर्शन की योजना बना रहा है । वह हैदराबाद में हाल ही के बम विस्फोटों में निर्दोष लोगों के मारे जाने के विरोध में 27 जुलाई को एक प्रदर्शन आयोजित करेगा । यहां एक बैठक में संयुक्त विपक्ष ने देश में खास तौर पर

छत्तीसगढ़ एक्सप्रैस में विस्फोट के 3 अभियुक्त गिरफ्तार

मुरादाबाद, 19 जुलाई (वार्ता): मेरठ में पिछले माह छत्तीसगढ़ एक्सप्रैस में हुए बम विस्फोट के सिलसिले में रेलवे पुलिस ने तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है । आधिकारिक प्रवक्ता के अनुसार इन लोगों को जालन्धर, यमुनानगर और अम्बाला से गिरफ्तार किया गया है । इनके पास कुछ विस्फोटक पदार्थ भी मिले हैं ।



...कया कि कश्मीर मामले ...य सम्बन्ध मज़बूत करे

उल्लंघन किए जाने के कारण ही कश्मीर में स्थिति खराब हुई । इन मानदंडों में एक-दूसरे देश के मामले में हस्तक्षेप नहीं करना, हिंसा को भड़कावा नहीं देना तथा किसी की भी एकता एवं अखंडता खत्म करने की कोशिश न करना शामिल है ।

सूत्रों ने कहा कि श्री दुबे ने पंजाब और कश्मीर की स्थिति के पीछे पाकिस्तान की सक्रिय भूमिका के बहुत सारे ठोस और अकाट्य साक्ष्य पेश किए ।

सूत्रों के अनुसार श्री दुबे ने पाकिस्तानी पक्ष से कहा कि भारत शिमला समझौते को किसी एक की समस्याओं का समाधान ढूंढने का आधार नहीं मानता बल्कि इसे द्विपक्षीय संबंधों को निर्देशित करने वाला एक ढांचा मानता है ।

बाद में श्री दुबे ने भारतीय संवाददाताओं से कहा कि दोनों पक्षों के बीच विचार-विमर्श 'फलदायक और उद्देश्यपूर्ण' रहा और यह वार्ता स्पष्ट एवं रचनात्मक तरीके से हुई । उनका कहना था कि पाकिस्तानी विदेश सचिव से उनकी दो दिन कल मिला कर 12 घंटे से भी अधिक समय की बातचीत हुई और इसमें दोनों देशों के संबंधों को प्रभावित करने वाले सभी पहलू शामिल थे ।

श्री दुबे ने कहा कि भारत ने जो सात सूत्रीय प्रस्ताव रखा था, उस पर तो खास तौर पर विचार-विमर्श हुआ ही, दोनों पक्षों ने और भी कई सुझाव दिए ।

राज्यपाल आज कपूरथला आएंगे

कपूरथला, 19 जुलाई (शर्मा) : राज्यपाल पंजाब श्री वीरेन्द्र वर्मा अब कल 20 जुलाई को कपूरथला के रैस्ट हाऊस में सुबह पहुंच रहे हैं ।

...क अनोखे प्रयास में भाग लेते हुए एक किशोर
यह प्रयास एक ही स्थान और एक ही समय पर
। 400 लोगों ने आज्ञा लगा 'गिलीज बुक आफ

के

गई

मारे गए

स्फोट

ताई जाती है तथा
के प्रबन्ध किए जा

गभग 11.10 बजे
ौचालय में हुआ ।
यल अथवा हताहत
ों घटनास्थलों पर
ाधिकारी पहुंच गए
सरगर्मी से तलाश

नेताओं ने इन बम
उच्चाधिकारियों से
ह किया है । इनमें
परिषद्, जनता दल,
ों के नेता भी शामिल

स्फोटों के विरोध में
कानें बंद रहीं ।



पुलिस जिला बटाला के श्रीहरगोबिन्दपुर थाना के अधीन भरथ गांव के निकट बारूदी सुरंग फटने से पुलिस के दो कांस्टेबलों की मृत्यु हो गई तथा 11 अन्य पुलिस कर्मी घायल हुए । चित्र में (1) मृतक कांस्टेबल जसबीर सिंह तथा (2) कांस्टेबल बलजीत सिंह के शव, (3) पुलिस का क्षतिग्रस्त वाहन, (4) वह स्थान, जहां विस्फोटक से गहरा गड्ढा पड़ गया तथा (5 से 11) घायल पुलिस कर्मी, जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है । (छाया : कोछड़)

भारत ने पाक को स्पष्ट किया कि कश्मीर मामले पर शोर मचाने की बजाय सम्बन्ध मज़बूत करे

इस्लामाबाद, 19 जुलाई (वार्ता): भारत ने पाकिस्तान को साफ कह दिया है कि वह कश्मीर के राजनीतिक भविष्य को लेकर चिल्लपों मचाने की बजाय मौजूदा द्विपक्षीय संबंधों को मज़बूत करने की कोशिश करे ।

भारत की ओर से यह बात विदेश सचिव

उल्लंघन किए जाने के कारण ही कश्मीर में स्थिति खराब हुई । इन मानदंडों में एक-दूसरे देश के मामले में हस्तक्षेप नहीं करना, हिंसा को भड़कावा नहीं देना तथा किसी की भी एकता एवं अखंडता खत्म करने की कोशिश न करना शामिल है ।

सूत्रों ने कहा कि श्री दुबे ने पंजाब और कश्मीर

बटाला क्षेत्र में बारूदी सुरं

2 सुरक्षा कर्मी मरे : 11 अ

2 सी. आर. पी. के जवानों सहित 3 की हत्या : मानोचा

4 आतंकवादी मुकाबले में, 2 गुट संघर्ष में मरे,

चंडीगढ़, 19 जुलाई (प.स., वार्ता): बटाला क्षेत्र में आतंकवादियों द्वारा बिछाई गई एक बारूदी सुरंग फटने से 2 पुलिस कर्मियों की मृत्यु हो गई तथा 11 अन्य घायल हुए । इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 2 सुरक्षा कर्मियों समेत 3 लोगों की हत्या हुई । इस बीच 7 आतंकवादी भी मारे गए ।

विस्फोट से 2 पुलिस कर्मी घायल : बटाला (कोछड़, चौधरी) : कल रात थाना श्रीहरगोबिंदपुर के गांव भरथ के पास बारूदी सुरंग फटने से पुलिस के दो कर्मचारी मारे गए और 11 अन्य घायल हो गए । पता चला है कि रात लगभग 10 बजे कुछ आतंकवादियों ने पुलिस चौकी भरथ पर फायरिंग की । यह फायरिंग लगभग 1 घंटा चलती रही । पुलिस की सहायता के लिए उधनवाल से और पुलिस जवान भेजे गए । आतंकवादियों ने भरथ के पास पर लिंक रोड पर बारूदी सुरंग बिछाई हुई थी । जैसे ही पुलिस की गाड़ी इस सुरंग के ऊपर से गुजरी तो जबरदस्त धमाका हुआ जिससे गाड़ी का

गहने तथा नकदी लूटी : दो उग्रवादी लुधियाना में भारतनगर चौक की एक गली में एक सर्राफ के घर में घुस गए तथा स्टेनगन से डरा धमका कर घर वालों को एक कमरे में बंद कर दिया । उन्होंने महिलाओं के आभूषण उतरवा लिए तथा एक बच्चे की छाती पर स्टेनगन रखकर अल्मारी की चाबियां प्राप्त कीं । वे वहां से लाखों रुपए की नकदी तथा आभूषण लूटकर फरार हो गए ।

लड़की का अपहरण : लुधियाना से 'मुसाफिर' के अनुसार साहनेवाल के निकट गांव हीरां में एक प्राइवेट बस से एक युवा लड़की का अपहरण कर लिया गया । प्राप्त विवरण के अनुसार उक्त बस मोहाली से लुधियाना की तरफ आ रही थी कि एक मारुति कार (नं. पी.बी. 10-9815) उसके पीछे लग गई । गांव हीरां में कार सवारों ने बस रुकवा ली और लड़की को नीचे उतार लिया । इसके बाद उक्त लोग लड़की को कार में डालकर फरार हो गए । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

कल रा
थाना
सतना

रतौल
मुठभे
मनमो

अमृत
साहि
मुठभे
ये आ
से दो
रूप
सफल
चली

Punjabi Sanjani

आतंक : पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

राइफल, उसके दो मैगजीन व 153 कारतूस, एक .303 की राइफल, उसके 12 कारतूस और एक रिवाल्वर तथा उसके छः कारतूस बरामद हुए हैं ।

एक आतंकवादी ज़हर खाकर मरा : अमृतसर जिला के बह गाव के निकट आज शाम एक आतंकवादी सरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान घायल हो गया । बाद में उसने ज़हर खाकर आत्महत्या कर ली । मृतक का नाम निशान सिह बताया जाता है । घटनास्थल से एक पिस्तौल तथा एक बम बरामद हुआ है ।

मानोचाहल फिर बच निकला : अमृतसर से वार्ता के अनुसार दर्दात उग्रवादी और पंथक कमेटी का सदस्य गरबचन सिह मानोचाहल और उसके साथी आज पुलिस के हाथों से फिर बच निकले । पुलिस को सूचना मिली थी, जिस पर पुलिस ने पुलिस जिला मजीठा के सीमांत गांव समाना में और तरनतारन में नाकाबंदी कर रखी थी लेकिन वह और उसके साथी फिर बच निकले । सक्षिप्त मुकाबले में एक कास्टेबल घायल हो गया । मानोचाहल पर एक लाख रुपए का इनाम है ।

मुठभेड़ में 1 आतंकवादी मरा : फिरोज़पुर (वार्ता) : फिरोज़पुर शहर के निकट कल रात सरक्षा बलों ने मुठभेड़ के दौरान एक आतंकवादी को मार गिराया । अभी तक उसकी पहचान नहीं हुई है । प्राप्त विवरण के अनुसार जब नाका पार्टी ने तीन सदिग्ध लोगों को रुकने के लिए कहा तो उन्होंने ए.के. 47 राइफलों से फायरिंग शुरू कर दी । सरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर एक आतंकवादी मारा गया । उसके दो अन्य साथी भाग गए । घटनास्थल से एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद हुए हैं ।

गुट संघर्ष में 1 आतंकवादी मरा : फिरोजपुर जिला के वहीवाल गांव के निकट नहर से एक आतंकवादी का गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ है । मृतक का नाम नायब सिह उर्फ नैबा बताया जाता है । शव के साथ ए.के. 47 राइफल के 80 जीवित कारतूस, दो मैगजीन तथा एक हथगोला भी बंधा हुआ था । यह वारदात आतंकवादियों के निजी गुट संघर्ष का परिणाम बताई जाती है ।

दो घुसपैठिए मरे : फिरोजपुर जिला के ममदोट सैक्टर में सीमा पार करके भारत में घुसने का प्रयास करने वाले दो पाक नागरिकों को बी.एस.एफ के जवानों ने मार गिराया ।

छात्रों द्वारा धरना

फगवाड़ा, 19 जुलाई (अशोक): फगवाड़ा के रामगढ़िया कालेज के 10+1 तथा 10+2 के विद्यार्थियों की तरफ से आज फिर कालेज के आगे धरना दिया गया ।

बिना पूर्व परीक्षा सितम्बर/मार्च में
मैट्रिक Pb./Delhi H. P. करें
+1 फेल Bhopal
+2 करें Delhi

भाजपा समीक्षा करेगी

(पृष्ठ 3 का शेष)

किया गया उससे भाजपा बहत खिन्न है ।

मद्रास में बैठक करने के पीछे भाजपा का एक बड़ा उद्देश्य यह भी है कि दक्षिण भारत में उसकी स्थिति मजबूत हो । केरल में पहले ही पार्टी अपना स्थान बना चुकी है और अब तमिलनाडु में भी अपने पैर जमाना चाहती है ।

सूत्रों के अनुसार बैठक में श्रीलंका और वहां के तमिलों की समस्याओं के बारे में विशेष रूप से चर्चा की जाएगी । पार्टी के नेताओं का मत है कि अलगाववादियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का किसी भी सरकार को अधिकार है लेकिन इसमें बेकसूर नागरिक को नहीं मारा जाना चाहिए । श्रीलंका के उत्तर-पर्वी प्रांत में जिस तरह तमिल नागरिक हताहत हुए हैं, उस पर भाजपा गहरी चिंता व्यक्त करेगी और इसके बारे में एक प्रस्ताव भी पास करेगी ।

भाजपा की बैठक में पहली बार सरकार की नई औद्योगिक नीति पर औपचारिक रूप से चर्चा होगी तथा इसके बारे में एक प्रस्ताव पास किया जाएगा ।

बैठक में कश्मीर की स्थिति पर खुलकर चर्चा होगी । सूत्रों के अनुसार भाजपा का मानना है कि कश्मीर के बारे में सरकार सख्त कार्रवाई करने से हिचकिचा रही है । यहां तक कि जिन 137 सरकारी अधिकारियों ने जम्मू-कश्मीर सरकार के विरुद्ध जापन दिया था, उनके विरुद्ध भी कोई कार्रवाई नहीं की गई । जिस ढंग से जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल जगमोहन को वापस बलाया गया, उससे भी भाजपा बहत नाराज है । कश्मीर संबंधी घटनाक्रम जगमोहन प्रकरण पर खुलकर बात होगी । कश्मीर के बारे में एक प्रस्ताव भी पास किया जाएगा ।

बैठक में भाजपा इस बात पर भी गहरी चिंता व्यक्त करेगी कि सरकार आवश्यक वस्तुओं की महंगाई को रोकने में सफल नहीं हो पा रही है । बैठक में राम जन्म भूमि के बारे में कोई प्रस्ताव नहीं लाया जाएगा लेकिन सामान्य चर्चा के दौरान इस मुद्दे के उठने की संभावना है ।

भाजपा द्वारा चुनावों की तैयारी : भारतीय जनता पार्टी के सचिव श्री जगदीश प्रसाद माथुर ने आज यहां बताया कि उनकी पार्टी लोकसभा के लिए अचानक होने वाले किसी चुनाव की तैयारी में लगी हुई है और वह यह चुनाव अकेले लड़ने को तैयार है । श्री माथुर ने संवाददाताओं को बताया कि उनकी पार्टी लोकसभा के अगले चुनाव अपने ही बूते पर लड़ेगी, हालांकि सीटों के बंटवारे की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता । उन्होंने कहा कि प्रत्येक पार्टी अपने पैरों पर खड़े होने की योजना बनाती है और इसमें कोई बराई नहीं है कि भारतीय जनता पार्टी भी अगर ऐसा ही सोचती है ।

वर्षांत तक मूल्यों पर नियंत्रण कर लिया जाएगा : शास्त्री

नई दिल्ली, 19 जुलाई (प.स.): केंद्रीय वित्त उपमंत्री श्री अनिल शास्त्री ने आज यहां कहा कि बजट घाटे को नियंत्रित कर साल के अंत तक ज़रूरी चीजों की कीमतों पर काबू पा लिया जाएगा । श्री शास्त्री ने बताया कि मुद्रा स्फीति की दर जनवरी तक घट जाएगी । यह स्थिति दृढ़ उपायों से ही सम्भव होगी । उन्होंने कहा कि सरकार की प्रमुख चिंता

पाक गुप्तचर एजैंसी द्वारा ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

आतंकवादियों ने अपनी गतिविधियां तेज़ करने के लिए नशीले पदार्थों के स्मगलरों से सम्पर्क पैदा कर लिए हैं । भारत में नशीले पदार्थों का मुख्य सप्लायर पाकिस्तान है और इस काम में पाकिस्तान की एक गुप्तचर एजैंसी, अफगान मुजाहिदीन और भारतीय स्मगलर काफी सक्रिय हैं ।

जहां तक कश्मीर घाटी में आतंकवादी गतिविधियों का सम्बन्ध है, बताया जाता है कि वहां पाकिस्तान ने अपने विशेष कमांडो ग्रुप भेज रखे हैं जो कि कश्मीरियों के वेश में कश्मीरी विद्रोहियों के सहयोग से सक्रिय हैं । दूसरी ओर पंजाब तथा जम्मू-कश्मीर में काफी संख्या में फ्रंट लाईन कम्पनियां भी आतंकवादियों की मदद कर रही हैं । लूटमार का रुपया इन कम्पनियों में जमा होता है और ज़रूरत पड़ने पर आतंकवादी यह रुपया उनसे लेते हैं । सरकार को इस तरह की कुछ फ्रांईनैंस कम्पनियों का पता भी चल गया है ।

पंजाब में आतंकवाद : पंजाब में आतंकवाद समय-समय पर आतंकवादियों की अपनी योजना, पाकिस्तान के निर्देश और रणनीति के अनुसार चलता है तथा इस पर पाकिस्तान में बैठे प्रमुख आतंकवादियों का काफी प्रभाव होता है । आतंकवादी संगठनों ने इस बीच अपनी रणनीति में कुछ परिवर्तन किया है । यह संगठन यह अनुभव करते हैं कि उनके रास्ते में मुख्य रुकावट सुरक्षा बल, पुलिस, होमगार्ड व मुखबिर हैं । बताया जाता है कि पंजाब में निर्दोष लोगों की एक लम्बे समय से की जा रही हत्याओं के कारण जनता में बड़े विरोध से अब आतंकवादी सरगने चिंतित हैं तथा अब उन्होंने निर्दोष लोगों की हत्याएं कम करने का निर्णय किया है । बताया जाता है कि इस निर्णय का कुछ उग्रवादी संगठनों द्वारा विरोध किया जा रहा है । जिन संगठनों ने अब हत्याएं कम करने का निर्णय किया है, वह अब केवल चुने हुए 'लोगों' की ही हत्याएं करेंगे ।

पंजाब में सबसे खतरनाक गुरजन्ट सिह राजस्थानी का गिरोह है । सूत्रों के अनुसार इस गिरोह के पास बहत ही आधुनिक शस्त्र हैं ।

दूसरी ओर लूटमार करने वालों का भी पूरा ज़ोर है । लूटमार करने वाले भी कई गिरोह बना रहे हैं । कुछ गिरोह पैसे लेकर दूसरे गिरोह के विरुद्ध काम करते हैं । लूटमार और जबरी उगराही के मामले में लोग अब पुलिस के पास जाने की अपेक्षा इस तरह के गिरोह को पैसे देकर अपनी सुरक्षा करना ठीक समझते हैं । बताया जाता है कि पंजाब के कुछ राजनीतिक नेताओं का इस तरह के गिरोहों को संरक्षण प्राप्त है, जो कि ऐसे लूटेरों को पकड़ने नहीं देते । पुलिस के पास इस तरह के कई केस भी आए हैं जिनमें पैसे लेकर एक गिरोह ने दूसरे गिरोह के सदस्यों की हत्या की ।

पंजाब में विदेशों से हथियारों की सप्लाई के साथ तथाकथित खालिस्तान के पक्ष में छपी हुई सामग्री भी भेजी जा रही है । ऐसी ही एक किताब "स्वतन्त्र खालसा राज की स्थापित के लिए पंथक कमेटी का नीति पत्र", सिख इन्टरनैशनल सैंटर, 84-वैस्टबॉर्न पार्क रोड, लंदन डब्ल्यू-2,5 पी.एल. (यू.के.) से छप कर कौंसिल आफ़ खालिस्तान, 64-वैस्टबॉर्न टैरस, लंदन डब्ल्यू 2,3 यू.ज. (यू.के.) द्वारा जारी की गई है । पंजाबी में छपी 22 पृष्ठों की इस किताब की कुछ प्रतियां पाकिस्तान के रास्ते पंजाब में आई हैं । इस किताब में पंथक कमेटी की योजना, संघर्ष का रूप, पंजाब में वर्तमान संघर्ष चलाने के कुछ गंभीर ऐतिहासिक कारण, नव-मानवी राज की

भारत को विकास सहायता

(पृष्ठ 3 का शेष)

पाक लोकतंत्र खतरे में : उप-विदेशमंत्री ने चेतावनी दी है कि पाकिस्तान यदि सिध सूबे में व्यापक साम्प्रदायिक स्थिति पर काबू नहीं पा सका तो उसका लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा । उन्होंने मानवाधिकार तथा एशिया और प्रशांत मामलों की उप-समितियों की संयुक्त सुनवाई के दौरान कल यह बात कही । वंश प्रशासन के एक अन्य प्रवक्ता जोश्आ गिल्डर ने पाकिस्तान के अहमदिया समुदाय की बेपनाह दुश्वारियों और परेशानियों की ओर ध्यान खींचा । उप-विदेशमंत्री ने कहा कि भारत ही नहीं बल्कि पाकिस्तान भी साम्प्रदायिक संघर्षों और स्थानीय स्तर पर कानून-व्यवस्था की स्थिति के खराब होने की गिरफ्त में जकड़ा हुआ है । उन्होंने सिध में हिंसा की वारदातों का ज़िक्र किया जिसके चलते सैंकड़ों लोग मारे जा चुके हैं, सैंकड़ों परिवारों को अपना घर-बार छोड़ कर पलायन करना पड़ा है । श्री गिल्डर ने अहमदिया समुदाय पर जारी हमलों का ज़िक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तान में जातीय संघर्ष आए दिन की बात हो गई है । उन्होंने खास कर सिध प्रांत का उल्लेख किया जहां कानून-व्यवस्था की स्थिति खरी तरह चरमरा गई है । इस साल सिध में अब तक 300 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं । श्री गिल्डर ने सिंधियों और मुहाजिरों के बीच संघर्ष का भी ज़िक्र किया । उन्होंने कहा कि इस तरह के संघर्ष से प्रांत में अस्थिरता पैदा हो गई है । उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी अदालतों में इससे मामले हैं कि उनके निपटाने में सालों लग जाएंगे लेकिन कल मिला कर पिछले दो वर्षों में वहां मानवाधिकारों की स्थिति में सुधार हुआ है ।

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की हड़ताल जारी

चंडीगढ़, 19 जुलाई (वि.प्र.) : चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन पंजाब की आज चौथे दिन भी काम छोड़ हड़ताल जारी रही । सिविल सचिवालय पंजाब में काम करने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने आज काले बिल्ले लगाकर सरकारी व्यवहार के विरुद्ध विरोध व्यक्त किया ।

भारतीय आर्य प्रतिनिधि सभा का गठन

नई दिल्ली, 19 जुलाई (प.स.): आर्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकर्त्ता सम्मेलन में देशभर से आए एक हजार से ज्यादा प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से भारतीय आर्य प्रतिनिधि सभा के गठन का ऐतिहासिक निर्णय लिया ।

दिल्ली के मावलंकर हाल में सम्पन्न इस सम्मेलन में आर्य जगत के युवा संन्यासी स्वामी

साथ सिख हैं ।

सरकार से बातचीत बारे बस्सन सिह ज़फ़रवाल ने लिखा है कि उनकी जो भी बातचीत होगी, वह केवल अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर होगी और किसी लोकतांत्रिक और अमन-पसन्द देश में होगी, जिसमें संयुक्त राष्ट्र महासचिव और लोकतंत्र और अमन-पसंद देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे । बातचीत केवल खालिस्तान के बारे में ही होगी । इस तरह की कई अन्य किताबें भी पंजाब में भेजी गई हैं जो कि पंजाब में ज़हर घोल रही हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि आने वाला समय पंजाब के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर में बहुत खतरनाक होगा ।

Punjab Sentinel

प्रदर्शनकारियों ने कुछ स्थानों पर दुकानों को नुक्सान भी पहुंचाया । यहां सब्जी मंडी की कुछ दुकानों से सब्जी उठा कर सड़क पर फैंक दी । माल रोड पर कॉफी हाऊस के दरवाजे को भी उस समय क्षति पहुंची जबकिआंदोलनकारियों ने कॉफी हाऊस के दरवाजे को बंद करवा दिया ।

कटोच, शौकिया राम कश्यप ने फल उत्पादकों पर हुए लाठीचार्ज और महिलाओं से किए गए दुर्व्यवहार की भर्त्सना की और इस बात पर खेद प्रकट किया कि फल उत्पादकों को ऊपरी क्षेत्रों में शिमला आने से रोकने के लिए कुफ्री व ठियोग में ही बसों को रोक लिया गया ।

नए चेहरों को इसमें शामिल करने के मामले पर विचार किया गया । पता चला है कि इस अवसर पर हरियाणा जद के नए प्रधान की नियुक्ति पर भी विचार किया गया । श्री चौटाला यह पद शीघ्र ही छोड़ने वाले हैं । इस पद के लिए मास्टर हरि सिंह का नाम लिया जा रहा है ।







कुराली में संघ चालक सहित 6 व्यक्तियों की हत्या,

अन्यत्र 4 आतंकवादी व 6 घुसपैठिए मारे गए

चंडीगढ़, 20 जुलाई (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात से आतंकवादियों ने आर.एस.एस. के एक संघचालक तथा एक बस से उतार कर एक यात्री की हत्या कर दी । अन्यत्र भी 4 हत्याएं की गईं । राज्य में 4 आतंकवादी भी मारे गए ।

आर.एस.एस. के संघ चालक की हत्या : रोपड़ से राकेश शर्मा के अनुसार आज सुबह 5.30 बजे यहां से 15 किलोमीटर दूर कुराली में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तहसील संघचालक ठाकर रतन सिंह (65) की दो अज्ञात उग्रवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । ठाकर रतन सिंह उस समय संघ की शाखा में जा रहे थे । उनके शव का पोस्टमार्टम सिविल अस्पताल रोपड़ में हुआ । बाद में कुराली में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया । राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सैकड़ों स्वयं सेवक एवं नेता उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए । कुराली में उनके निधन पर पूर्ण हड़ताल रखी गई । ठाकर रतन सिंह अपने पीछे पत्नी, 2 पुत्र एवं तीन लड़कियां छोड़ गए हैं । उन्हें उग्रवादियों से कई धमकी-भरे पत्र भी मिल चुके थे लेकिन संघ शाखा में जाना उन्होंने नहीं छोड़ा ।



फिरोजपुर शहर के निकट बस्ती कम्बोवाल में पुलिस के साथ मुकाबले में मारा गया खतरनाक आतंकवादी मुख्तयार सिंह उर्फ टल्ली । यह भिंडरांवाला टाइगर फोर्स से संबंधित था । (छाया : सतपाल बागी)

खरड़ से शरण के अनुसार ठाकर रतन सिंह के पांच गोलियां लगीं और उनकी मृत्यु घटनास्थल पर ही हो गई ।

गुट संघर्ष में एक मरा : गुरदासपर से विनोद के अनुसार गत रात दो अज्ञात आतंकवादियों ने गुरदासपुर सदर के गांव तिब्बड़ में एक युवक पलविन्दर सिंह का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार गत रात्रि दो आतंकवादी ए.के. 47 राइफलें लेकर गांव में टहल सिंह के घर आए और उसके पुत्र पलविंदर सिंह के बारे में पूछा । टहल सिंह ने कहा कि वह अंदर सो रहा है । वे उसे उठा कर बाहर ले गए । आज सुबह थाना काहनूवान के सिधवां गांव के सरकारी स्कूल के पास पलविन्दर का गोलियों से छलनी शव मिला है । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह उग्रवादियों की आपसी गुटबंदी का परिणाम है । मृतक आई.टी.आई. का विद्यार्थी था ।

युवक की हत्या : बटाला से कोछड़ के अनुसार पुलिस जिला बटाला में थाना कलानौर के गांव संगतपुरा में 4 सशस्त्र आतंकवादी गत रात्रि एक घर में जबरी दाखिल हो गए और वहां से एक युवक अमरीक सिंह (25) को बाहर ले जाकर उसकी हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार घटनास्थल से ए.के. 47 के 6 चले हुए कारतूस मिले हैं ।

मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए : पुलिस जिला बटाला के थाना डेरा बाबा नानक के गांव रत्ता के निकट आज शाम बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए ।

जिला पुलिस के सूत्रों के अनुसार मुठभेड़ उस समय हुई जब आतंकवादियों ने बी.एस.एफ. पैट्रोल पार्टी पर घात लगा कर हमला कर दिया । मृतक आतंकवादियों की पहचान नहीं हो पाई है । पुलिस के अनुसार आतंकवादियों के कुछ साथी अंधेरे का लाभ उठा कर भागने में सफल हो गए । मृतक आतंकवादियों के निकट से कुछ गोली-सिक्का बरामद किया गया है ।

2 घुसपैठिए मरे : वार्ता के अनुसार डेरा बाबा नानक सैक्टर में कल रात बी.एस.एफ के साथ मुठभेड़ में दो घुसपैठिए मारे गए ।

एक की हत्या : बाघापुराना से 'ज्ञान' के अनुसार कल रात भटिंडा जिले के गांव भगता भाईका में कुछ संदिग्ध आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । हत्या करने के पश्चात् आतंकवादी भागने में सफल हो गए ।

गश्ती दल पर फायरिंग : आतंकवादियों ने फरीदकोट जिले के मोगा सब-डिवीजन में पुलिस गश्ती दल पर फायरिंग की किंतु कोई घायल नहीं हुआ । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर हमलावर बच निकले ।

सरपंच बाल-बाल बचा : जिला फरीदकोट के चंदेरवाल गांव का सरपंच जागीर सिंह आतंकवादियों द्वारा कल रात किए हमले में बाल-बाल बच गया । सरपंच द्वारा गोली चलाने पर आतंकवादी भाग निकले ।

आतंकवादी मारा गया : तरनतारन पुलिस जिले के सवहार गांव में हुई मुठभेड़ में कल रात एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया । उसके कब्जे से एक छड़ी बम और एक रिवाल्वर बरामद किया गया ।

पुलिस पार्टी पर हमला : आतंकवादियों ने तरनतारन पुलिस जिले के पलासौर गांव के निकट पुलिस पार्टी पर घात लगा कर हमला किया जिससे सहायक इंस्पैक्टर जगबीर सिंह घायल हो गया ।

चावल मिल-मालिक का अपहरण : एक अन्य घटना में आतंकवादियों ने जंडियाला कस्बे में एक

(शेष पृष्ठ 10 पर)

ट व 13 राज्य मंत्रियों को शपथ दिलाई गई



ल, मुख्यमंत्री श्री हुकम सिंहतथा राज्य जद के प्रधान याणा राजभवन, चंडीगढ़ में राज्य मंत्रिमंडल के नए यों के साथ ।

चौटाला के प्रति अपना पूर्ण विश्वास व्यक्त किया था और जद में शामिल होने की घोषणा की थी । तब

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि जिन दो कैबिनेट व दो राज्य मंत्रियों की छुट्टी की गई है,उनसे वह कोई अन्य अच्छा काम लेंगे । ऐसी बात नहीं है कि ये लोग योग्य नहीं हैं । इनको मंत्री न बनाने के पीछे कोई विशेष कारण नहीं है ।

श्री हुकम सिंह ने घोषणा की कि यदि भाजपा उनके मंत्रिमंडल में आना चाहे तो उसका स्वागत है । इस बारे उनकी पार्टी के केन्द्रीय नेता भाजपा वालों से बातचीत करेंगे ।

शपथ ग्रहण समारोह में राज्य जद प्रधान व पूर्व मुख्यमंत्री श्री ओम प्रकाश चौटाला श्री हुकम सिंह के साथ मंच पर उपस्थित थे । पूर्व मुख्यमंत्री श्री बी.डी. गुप्ता, सांसद श्री हरमोहन धवन के अलावा कुछ इका नेता भी समारोह में मौजूद थे ।

राज्यमंत्री के रूप में मंत्रिमंडल में पहली बार जिन विधायकों को जब शपथ दिलाई गई तो उनके समर्थकों ने उनको फूल-मालाओं से लाद दिया । इस अवसर पर हुए शोर-शराबे के दौरान राज्यपाल श्री मंडल ने स्वयं लोगों से शांति की अपील की ।

अब विश्वसनीय कीमत
सिर्फ पंजाब

...लूर दर्घटना में मरने वालों की संख्या
9 बताई थी । प्रैस सलाहकार ने उन्हें
ख्या 90 थी । प्रधानमंत्री ने दिल्ली को
दर्जा देने के बारे में विधेयक पेश करने
ो, लेकिन सूचना और प्रसारण मंत्री ने
कि विधेयक पेश हो चुका है ।

ख्यां : प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह
ा सम्मेलन आज करीब ढाई घंटा चला,
प में एक रिकार्ड है ।
ा सम्मेलन निर्धारित समय से 15
से सवा ग्यारह बजे शुरू हुआ और पौने
ा हुआ । इसमें शुरू के एक घंटे में सारे
जनता दल के हाल के संकट के बारे में
ेस का संचालन कर रहे अधिकारी ने
य पर सवालों को नियंत्रित करना चाहा
े कहा, 'उन्हें पूछने दीजिए । मैं हर
ाब दूंगा ।' एक पत्रकार की इसी
ायत पर श्री सिंह ने कहा, 'आप
उत्पन्न होने तक सवाल पूछते
ाब देने के लिए बैठा हूं ।'
के सिटी फ्रंट सभागार में किसी
यह पहला संवाददाता सम्मेलन था ।
मुख्यतः फिल्म समारोहों के लिए
हैं । सम्मेलन के दौरान एक पत्रकार
े का अवसर न मिलने पर क्षुब्ध होकर
कआउट किया । इस सवाल पर कि
ामंत्री की छवि 'निरीह और अक्षम'
है, श्री सिंह ने कहा 'मैं तो पहले दिन से
क्षम व्यक्ति को न्यौता देता आ रहा
ा ही नहीं ।' यह पूछने पर कि क्या
ीफ़ा प्रधानमंत्री पर दबाव डालने के
ी सिंह ने टिप्पणी की, 'क्या राजनीति
ा है ?'

द्विपक्षीय समस्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

दिन की बातचीत के बारे में श्री दबे ने
ामलों के प्रति बेहतर समझ बनी है ।
कि बातचीत उपयोगी रही लेकिन
ी आगे बढ़ना है ।'
दियों तथा अलगाववादियों को
पाकिस्तान के शामिल होने के भारत
ारे में श्री खां ने कहा, "हम भारत के
ान देंगे । हम हिंसा में विश्वास नहीं
ही राजनीतिक विवादों को ताकत के
ने में विश्वास करते हैं ।" श्री दबे ने
ने इन गतिविधियों में पाकिस्तान के
के बारे में उसे अकाट्य प्रमाण सौंपे

भारत ने कश्मीर में अलगाववादी
बढ़ावा देने में पाकिस्तान के शामिल
के लिए कोई तटस्थ व्यवस्था करने के
ार फिर नामंजूर कर दिया । भारत
इस मामले में तीसरे पक्ष को शामिल
ुद्ध है । यह प्रस्ताव पाकिस्तान ने
की कल सम्पन्न बैठक में रखा था ।
व्यवस्था का प्रस्ताव सब से पहले
ति के विशेष दूत राबर्ट गेट्स ने मई
त तथा पाकिस्तान यात्रा के दौरान
रत ने श्री गेट्स का प्रस्ताव नामंजूर
था कि वह तीसरे पक्ष को शामिल
विरुद्ध है और वह अपने तरीके

आतंक : पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

चावल मिल के मालिक बलवंत राय का अपहरण कर लिया । लुधियाना जिले के मोही गांव में कल रात आतंकवादियों ने ओरिएंटल बैंक की शाखा लूटने की असफल कोशिश की ।

शव मिला : अमृतसर के बाहरी क्षेत्र में एक नहर के निकट आज एक व्यक्ति मोहिन्दर सिंह का शव बरामद हुआ । आशंका है कि उसकी हत्या आतंकवादियों ने की है ।

ठेका लूटने का मामला हल करने का दावा : कुराली से शुक्ला के अनुसार स्थानीय पुलिस ने गत 6 जुलाई को यहां के देसी शराब के ठेके से पिस्तौल की नोक पर लूटे गए तीन लाख 64 हजार 424 रुपए के मामले को हल कर उससे संबंधित 6 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लेने में सफलता प्राप्त की है । प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मामले में गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में हरपाल सिंह उर्फ़ बाला उर्फ़ चाचा, परमजीत सिंह, सुरेन्द्र सिंह, कुलवन्त सिंह, शेर सिंह और दीदार सिंह शामिल हैं । पुलिस ने इस वारदात में प्रयुक्त की गई कार नम्बर सी. एच. आई. 7690 एवं लूटी गई राशि भी बरामद कर ली है ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार शराब के ठेके के एक भागीदार ने यह राशि अन्य भागीदारों की नज़र बचा कर अपने कब्जे में कर ली तथा इस संबंध में पूर्ण जानकारी अपने दामाद को दे दी । दामाद ने कुछ आतंकवादियों से सम्पर्क स्थापित किया तथा 6 जुलाई की रात को बस स्टैंड के बिल्कुल सामने हथियारों की नोक पर ठेका शराब देसी पर जिस स्थान पर वह राशि रखी गई थी, उसे लूट कर फरार हो गए । पुलिस ने उक्त भागीदार दामाद तथा चार आतंकवादियों को गिरफ्तार करके मामला नाटक समाप्त कर दिया है । सुरेन्द्र सिंह के पास से दो पिस्तौलें एवं बरामद किया गया है ।

बस यात्री की हत्या : भिखीविंड क्षेत्र में आतंकवादियों ने आज दो बसों को रोक कर एक समुदाय से सम्बन्ध रखने वाले एक यात्री की हत्या कर दी तथा एक अन्य को घायल कर दिया । इसी समुदाय से संबंध रखने वाले छः अन्य यात्रियों ने भाग कर अपनी जान बचाई । मृतक की पहचान तरनतारन के न्यूज पेपर एजेंट श्याम सुन्दर के भाई किशोरी लाल के रूप में हुई है । बाद में आतंकवादियों ने पंजाब रोडवेज की बस को आग लगा दी ।

प्राप्त विवरण के अनुसार क्षेत्र के कच्चा-पक्का गांव के निकट चीनी असालट राइफलों से लैस पांच आतंकवादियों ने भिखीविंड से पट्टी जा रही एक मिनी बस को रोक कर एक समुदाय के लोगों को नीचे उतरने के लिए कहा । जब यात्रियों ने भागने का प्रयत्न किया तो आतंकवादियों ने फायरिंग करके एक को घटनास्थल पर ही मार दिया । उसी समय पंजाब रोडवेज की एक बस वहां पर आ पहुंची । सौभाग्य से उस बस में एक विशेष समुदाय से संबंध रखने वाला कोई यात्री नहीं था । तब आतंकवादियों ने यात्रियों को नीचे उतार कर बस को आग लगा दी ।

सब इंस्पैक्टर के पिता का अपहरण : अमृतसर से वि.प्र. के अनुसार जिला मुख्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार सब इंस्पैक्टर पुलिस नत्था सिंह, जो दमहा जिला होशियारपुर में सी.आई.ए.





(1) राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तहसील खरड़ के प्रमुख ठाकुर रतन सिंह (इन्सैट पराना चित्र) का शव, जिनकी उग्रवादियों ने शुक्रवार को कुराली में हत्या कर दी । (2) शोक संतप्त परिवार (छाया : जैन)

प्रवेश कर रहे तीन घुसपैठिए सुरक्षा बलों के हाथों मारे गए ।

स्कूटर छीन लिया : मंडी गोविन्दगढ़ से 'सेवक' के अनुसार यहां मनीश कुमार नामक एक व्यक्ति से दो युवकों ने पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर नं. पी.बी.-10ए 1296 छीन लिया । युवक खन्ना में किसी का स्कूटर लेकर यहां आया था । यहां चंद्रलोक क्षेत्र से एक मारुति वैन बरामद की गई है । समझा जाता है कि स्कूटर छीनने वाले युवक पहले इसी वैन से यहां आए होंगे ।

लुटेरे आतंकवादियों को धमकी

अमृतसर, 20 जुलाई (वि.प्र.): आतंकवादी संगठन खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के लैटर पैड पर आतंकवादियों गुरजंट सिंह बुध सिंह वाला, पिप्पल सिंह, निशान सिंह मक्खू,इंद्रबीर सिंह, रेशम सिंह थंडे, मनजिंदर सिंह भंड, अनार सिंह, अनूप सिंह फौजी, सुखदेव सिंह छब्बा और मोहिन्दर सिंह ने संयुक्त रूप से लुटेरे आतंकवादियों को चेतावनी दी है कि वे अपनी हरकतों से बाज आ जाएं वरना उन्हें सबक सिखा दिया जाएगा । उक्त सम्बन्धी जारी प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि कुछ लुटेरे आतंकवादियों के नाम पर लोगों को धमकी पत्र लिख रहे हैं और ऐसे ही कुछ लुटेरों ने गांव मांगे से किसी व्यक्ति से दो स्कूटर छीन लिए हैं । इन आतंकवादियों ने धमकी दी है कि अगर उन लुटेरों ने शीघ्र ही स्कूटर उनके मालिकों को वापस न किए तो उन्हें परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए । विज्ञप्ति के अनुसार यह स्कूटर आतंकवादी पिप्पल सिंह के नाम पर छीने गए हैं । विज्ञप्ति में लोगों को सलाह दी गई है कि वे किसी भी धमकी-पत्र से भयभीत न हों बल्कि ऐसे पत्रों के बारे में आतंकवादियों को सूचना दें । आतंकवादी ऐसे लोगों की सहायता करेंगे ।

बढ़ती हुई महंगाई पर चिन्ता व्यक्त

जालन्धर, 20 जुलाई : आज यहां बस्ती गुजां में जिला जालन्धर इंका (शहरी) के सचिव श्री सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में एक आम सभा आयोजित की गई, जिसमें बोलते हुए श्री सुरेंद्र कुमार ने बढ़ रही महंगाई पर चिन्ता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री श्री

सोना व
नई दिल्ली, 20
अभियान के दौरा
बड़े दुःखी
हमारे पूज्य पि
(दुगड़) कसूर
को हो गया है
मिस्त्री गली ल
शनिवार सुबह
रुक्मणी
भूषण कुमार
आशा रानी
संजीव, शोभि
ओसवा
With
sorrow
untimely
Mrs. Aru
Wednesd
Rasar
performe
1990 at
Industrial
Between
Super E
Jalandh
Kay Vee
Jalandh
Ph. : 74
भारी
करते हैं दि
मल्होत्रा
10.7.19
रस्म पगड़ी
बाद 2 से
भवन, सीमे
फव्वारा चौ
श्रीमती प्रका
डा. नरेश म
बस्सी, सुनि
9-ए, रो
कालेज रो
फोन : 5
38
दुःखी ह
हमारे पूज्य

Punjab Archive

प्रयत्न किया तो आतंकवादियों ने फायरिंग करके एक को घटनास्थल पर ही मार दिया । उसी समय पंजाब रोडवेज की एक बस वहां पर आ पहुंची । सौभाग्य से उस बस में एक विशेष समुदाय से संबंध रखने वाला कोई यात्री नहीं था । तब आतंकवादियों ने यात्रियों को नीचे उतार कर बस को आग लगा दी ।

सब इंस्पैक्टर के पिता का अपहरण : अमृतसर से वि.प्र. के अनुसार जिला मुख्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार सब इंस्पैक्टर पुलिस नत्था सिंह, जो दसूहा जिला होशियारपुर में सी.आई.ए. स्टाफ में तैनात है के घर क्षेत्र तरनतारन में चार आतंकवादी इस सूचना पर कि सब इंस्पैक्टर छुट्टी पर घर आया हुआ है रात 10 बजे दाखिल हुए और सब इंस्पैक्टर के घर पर न मिलने पर उसके पिता उत्तम सिंह का अपहरण करके ले गए जिसका अभी तक कोई पता नहीं चल सका है ।

सब इंस्पैक्टर के अपहरण का प्रयास : तरनतारन के क्षेत्र में स्थित गांव पलासौर में सब इंस्पैक्टर जगीर सिंह के घर पांच आतंकवादी रात 9 बजे के लगभग दाखिल हुए और जगीर सिंह एवं उसके दो पुत्रों का अपहरण करके ले गए । थोड़ी दूर जाकर आतंकवादियों ने दोनों लड़कों को छोड़ दिया मगर जगीर सिंह को साथ लेकर आगे चले गए । जगीर सिंह ने थोड़ी दूर जाकर भागने का प्रयास किया जिस पर आतंकवादियों ने गोली चला दी । गोली जगीर सिंह की टांग में लगी, लेकिन वह भागने में सफल हो गया । उसे अमृतसर के अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

एस.पी.ओ. चौकियों पर फायरिंग : तरनतारन के गांव ठठी खड़ा और राजू जौहल सिंह वाला में गत रात एस.पी.ओ. चौकियों पर आतंकवादियों ने फायरिंग की । जवाबी फायरिंग पर आतंकवादी भाग गए । किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है ।

सब-इंस्पैक्टर का अपहरण : पुलिस की एक सूचना के अनुसार आतंकवादियों ने आज खेमकरण के गांव कोने से सुरक्षा बलों के एक सब-इंस्पैक्टर सुर्जन सिंह को अपहरण कर लिया ।

एक और घुसपैठिया मरा : खेमकरण सैक्टर में भी सुरक्षा बलों ने घुसपैठिया मार गिराया ।

सी.पी.आई. कार्यकर्त्ता का अपहरण : झब्बाल क्षेत्र के ढढ कसेल गांव से आज शाम आतंकवादियों ने सी.पी.आई. कार्यकर्त्ता दरबारा सिंह (मानकपुर) का अपहरण कर लिया ।

नौकर की हत्या : फाज़िल्का से धर्मलूना के अनुसार कल रात निकटवर्ती गांव समीमवाला में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने तेज़धार हथियारों से अश्विनी कुमार नामक एक उद्यान मालिक के नौकर दलीप सिंह की हत्या कर दी । दलीप सिंह उस समय उद्यान की रखवाली कर रहा था ।

स्कूटर छीना : सुनाम से 'नागपाल' के अनुसार 2 आतंकवादियों ने आज यहां से पांच किलोमीटर दूर जाखल रोड पर अशोक कुमार नामक व्यक्ति से उसका स्कूटर नं. पी.आई.पी. 1628 छीन लिया ।

आतंकवादी गिरफ्तार : पटियाला से भूषण के अनुसार पुलिस ने गांव खतौली से भिंडरांवाले टाइगर फोर्स से सम्बन्धित दो आतंकवादियों दर्शन सिंह और बटा सिंह को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है । उनके पास से दो बटालें बरामद की गई हैं । बताया जाता

आतंकवादियों को सूचना दें । आतंकवादी ऐसे लोगों की सहायता करेंगे ।

बढ़ती हुई महंगाई पर चिन्ता व्यक्त

जालन्धर, 20 जुलाई : आज यहां बस्ती गुजां में जिला जालन्धर इंका (शहरी) के सचिव श्री सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में एक आम सभा आयोजित की गई, जिसमें बोलते हुए श्री सुरेंद्र कुमार ने बढ़ रही महंगाई पर चिन्ता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह से महंगाई पर नियंत्रण करने या त्यागपत्र देने की मांग की । सभा में इंका नेताओं श्री रामधन भारद्वाज, श्री रमेश चंद्र सभ्बाल एवं श्री राजेंद्र ने भी अपने विचार व्यक्त किए ।

शोक समाचार

जालन्धर, 20 जुलाई : श्री रूप मेहता की पत्नी श्रीमती अरुणकी रस्म उठाला 21 जुलाई को दोपहर एक से दो बजे तक उनके निवास एस.-241, सुपर इंजीनियरिंग वर्क्स, इंडस्ट्रीयल एरिया, जालन्धर में होगी ।

■ **जालन्धर :** श्री मक्खन लाल कोहली, मालिक कोहली ब्रदर्स, बाज़ार कलां का आज देहांत हो गया । शव यात्रा 21 जुलाई को बाद दोपहर 2 बजे उनके निवास स्थान ई. ब्लॉक 114, पक्का बाग, जालंधर से हरनामदासपुरा श्मशान घाट के लिए शुरू होगी ।

■ **जालन्धर :** श्री कृष्ण कुमार कालिया की माता श्रीमती कृष्ण वंती की रस्म पगड़ी 22 जुलाई को दोपहर बाद दो से तीन बजे ई.के. 304, फगवाड़ा गेट, जालन्धर में होगी ।

Punjabi Sahitani

सिंह सैनी को श्रम एवं रोज़गार
।

रूप में पहली बार मंत्रिमंडल में
ष्ण हुडा को पर्यटन विभाग का
ा है जबकि कृषि विभाग में वह
म्बद्ध रहेंगे । श्रीमती माधवी
जूकेशन विभाग का स्वतंत्र चार्ज
सिंह मलिक को परिवहन तथा
ज को पशुपालन विभाग दिया

यों में मनफूल सिंह को प्रिंटिंग
ाग का स्वतंत्र चार्ज तथा
एंड आर.) में श्री जगन्नाथ के
गया है । हसन मोहम्मद को
त्र चार्ज व जन-स्वास्थ्य विभाग
ी. मंत्री के साथ जोड़ा गया है ।
नाव, सांस्कृतिक मामलों व
ा स्वतंत्र चार्ज दिया गया है ।
ाग का स्वतंत्र चार्ज व बिजली
प्रो. सम्पत सिंह के साथ जोड़ा
को अनुसूचित जाति व पिछड़े
ा, कांति प्रकाश भल्ला को
वास व इलैक्ट्रानिक्स विभाग,
ा कल्याण व पर्यावरण विभाग
गया है । एच.सी. कम्बोज को
त्र चार्ज व विकास एवं पंचायत
के साथ जोड़ा गया है । सुरेंद्र
एवं वन्य जीवन संरक्षण का
ा है ।

र्चा व वामपंथी
में मतभेद

। जुलाई (जी.एस. चावला):
तथा इसको समर्थन देने वाली
मतभेद पैदा हो रहे हैं ।
सरकार की आर्थिक और
खुश नहीं हैं ।
ने धीरे-धीरे उक्त नीतियों की
ी है । उनका मानना है कि
तथा अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के
नीतियां अपनाई हैं । उक्त
सरकार के रुख को लेकर
त हैं ।
श्चम बंगाल के मुख्यमंत्री श्री
ी को कहा था कि सरकार की
ात हैं तथा उन्हें अपनी
करनी चाहिएं ।

cords, Hit Music of 1950
DIL
आमिर खान, माधुरी दीक्षित,
पम खेर, सैयद जाफरी, देवेन
वर्मा ।
8th Week :
Shingar-Ludhiana,
Mini Arora-Ludhiana.
5th Week :
Jyoti-Jalandhar,
Adarsh-Amritsar,
Hari-Jammu,
K.C.-Chandigarh.
2रा सप्ताह :
Mini Gagan-Fradibad.
भारी रश :
पायल-गुड़गांव

दाखिल करवा दिया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

एस.पी.ओ. चौकियों पर फायरिंग : तरनतारन के गांव ठठी खड़ा और राजू जौहल सिंह वाला में गत रात एस.पी.ओ. चौकियों पर आतंकवादियों ने फायरिंग की । जवाबी फायरिंग पर आतंकवादी भाग गए । किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है ।

सब-इंस्पैक्टर का अपहरण : पुलिस की एक सूचना के अनुसार आतंकवादियों ने आज खेमकरण के गांव कोने से सुरक्षा बलों के एक सब-इंस्पैक्टर सुर्जन सिंह का अपहरण कर लिया ।

एक और घुसपैठिया मरा : खेमकरण सैक्टर में भी सुरक्षा बलों ने घुसपैठिया मार गिराया ।

सी.पी.आई. कार्यकर्त्ता का अपहरण : झब्बाल क्षेत्र के ढंढ कसेल गांव से आज शाम आतंकवादियों ने सी.पी.आई. कार्यकर्त्ता दरबारा सिंह (मानकपुर) का अपहरण कर लिया ।

नौकर की हत्या : फाज़िल्का से धर्मलूना के अनुसार कल रात निकटवर्ती गांव समीमवाला में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने तेज़धार हथियारों से अश्विनी कुमार नामक एक उद्यान मालिक के नौकर दलीप सिंह की हत्या कर दी । दलीप सिंह उस समय उद्यान की रखवाली कर रहा था ।

स्कूटर छीना : सनाम से 'नागपाल' के अनुसार 2 आतंकवादियों ने आज यहां से पांच किलोमीटर दूर जाखल रोड पर अशोक कुमार नामक व्यक्ति से उसका स्कूटर नं. पी.आई.पी. 1628 छीन लिया ।

आतंकवादी गिरफ्तार : पटियाला से भूषण के अनुसार पुलिस ने गांव खतौली से भिंडरांवाले टाइगर फोर्स से सम्बन्धित दो आतंकवादियों दर्शन सिंह और बटा सिंह को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है । उनके पास से दो बन्दूकें बरामद की गई हैं । बताया जाता है कि दोनों मारे जा चुके दर्दांत आतंकवादी रवेल सिंह फौजी के साथी हैं । उन्होंने लूटपाट के अनेक मामलों में संलिप्तता स्वीकार की है । पुलिस ने गांव खतौली से ही दलबीर सिंह नामक एक व्यक्ति को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है ।

अकाली दल कार्यकर्त्ता की कार पर हमला : जालन्धर से विलम्ब से मिली एक सूचना के अनुसार अकाली दल (बादल) की युवा शाखा के कार्यकर्त्ता राजेन्द्र सिंह सैदल तथा उनके दो अन्य साथी आतंकवादियों द्वारा गत बुधवार की रात किए गए हमले में उस समय बच गए, जब ये लोग फाज़िल्का से जालन्धर लौट रहे थे । जिला फिरोज़पुर में जीरा के समीप फेरोके गांव में उनकी मारुति कार पर गोलियां चलाई गई थीं ।

जालंधर पुलिस ने हरजीत सिंह नामक एक दर्दांत आतंकवादी को गिरफ्तार किया है । वह अमृतसर जिले में हरिके का रहना वाला है, लेकिन आजकल जालंधर की बस्ती गज़ां में रहता है। पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया है कि जून के अंत में उसने अपने एक साथी जसविंदर सिंह खालसा के साथ कपूरथला के गांव लखन-के-पड्डे के सरपंच की हत्या की थी ।

तीन घुसपैठिए मारे गए : राजस्थान की कर्णपुर तहसील की नक्की चौकी के निकट भारत में

माता श्रीमती कृष्ण वंती की रस्म पगड़ी 22 जुलाई को दोपहर बाद दो से तीन बजे ई.के. 304 फगवाड़ा गेट, जालन्धर में होगी ।

श्री एच.
की

प्रख
की मा
उनक
हम उनके महान मिशन
परिवार,
पेशावर सोप एंड कैमि
गुड़गांव
हरबंस लाल राम प्रका
ला. बिशन

Punjab Sanatani

सम्मति पर पहुंचने
के सभी वर्गों से
मस्या को सलझाने
य नहीं लेगी ।
सरकार समस्या

बातचीत संविधान के दायरे में ही हो सकती है । उन्होंने कहा कि यह समस्या सिख समस्या नहीं है अपितु पूरे पंजाब की समस्या है ।

गृह राज्यमंत्री ने कहा "हमारे इरादे अच्छे हैं

सलझाने में लोगों की भागीदारी के वास्ते पंजाब में प्रत्येक जिले के लिए एक 'जिला कार्य योजना' तैयार की है ।

श्री सहाय ने कहा कि कार्य योजना के तहत सचिव स्तर के एक अधिकारी को प्रत्येक जिले में

पंचायतों के सहयोग से काम करेगा ।

केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री ने कहा कि योजना के तहत गुरदासपुर जिले के विभिन्न विकास कार्यों के लिए 40 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)



न ने शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में पं. हरि
पं. जसराज को सम्मानित किया । आंध्र प्रदेश के तूफान व बाढ़
धन एकत्र करने के उद्देश्य से आयोजित समारोह में उक्त दोनों
स्तुत किया । (छाया : पी.टी.)

3 महिलाओं, 2 निरंकारी बाप-बेटे सहित पंजाब में 14 लोगों की हत्या

कांस्टेबल ने जान पर खेल कर 12 साथियों की जान बचाई

राजस्थान सीमा पर 4 घुसपैठिए मरे

चंडीगढ़, 21 जुलाई (वार्ता, प.स.) : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान आतंकवादियों ने तीन महिलाओं, निरंकारी पिता-पुत्र सहित 14 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि एक पुलिस कांस्टेबल ने अपनी जान पर खेलकर अपने 12 साथियों को आतंकवादियों के हमले से बचा लिया । राजस्थान के साथ लगती भारत-पाक सीमा पर 4 घुसपैठिए मारे गए ।

महिला, 2 युवतियों की हत्या : तरनतारन पुलिस जिले के गांव पदरी कलां में कल रात आतंकवादियों ने एक महिला तथा दो युवतियों की हत्या कर दी । प्राप्त विवरण के अनुसार आतंकवादी पहले गांव में मंगल सिंह नामक एक व्यक्ति के घर गए तथा उसकी पत्नी छिन्दो को घर से बाहर निकाल लिया । तब उन्होंने वीरो (16) तथा मिन्दो (17) नामक दो युवतियों को उनके घरों से बाहर बुला लिया तथा तीनों को गांव से बाहर ले गए । गांव के बाहर जाकर आतंकवादी तीनों की हत्या करके भाग गए ।

पट्टी से हमारे संवाददाता के अनुसार घटनास्थल से खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक पत्र मिला है जिसमें इन हत्याओं की जिम्मेवारी ली गई है तथा आरोप लगाया गया है कि इन महिलाओं का चरित्र ठीक नहीं था । घटनास्थल से ए.के. 47 के कुछ चले हुए कारतूस बरामद हुए हैं ।

रिटायर्ड होम गार्ड जवान की हत्या : इसी पुलिस जिले के गांव लालपुरा में कल रात आतंकवादियों ने पंजाब होमगार्ड के एक रिटायर्ड जवान सुर्जन सिंह (60) की हत्या कर दी ।

एक व्यक्ति का अपहरण : इसी पुलिस जिले के गांव मानाकलारा के निकट से कल रात आतंकवादियों ने दरबारा सिंह नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया ।

हैड कांस्टेबल की हत्या : अमृतसर में आज रात्रि पंजाब पुलिस के एक हैड कांस्टेबल दिलजीत सिंह की उसके कोट हरनामदास में स्थित घर में घुस कर हत्या कर दी । यह हैड कांस्टेबल यहां थाना डिविजन 'ब' में तैनात था ।

अपहृत इंस्पैक्टर का सुराग नहीं : मिजोरम में तैनात तरनतारन जिला पुलिस क्षेत्र के पूरे गांव निवासी केन्द्रीय आरक्षी पुलिस बल के इंस्पैक्टर सुर्जन सिंह का अभी तक कोई पता नहीं चला है । उनका गुरुवार को घर पर से अपहरण कर लिया गया था ।

सरपंच की हत्या : मजीठा पुलिस जिला क्षेत्र के माहोक गांव में आतंकवादियों ने गांव के सरपंच बलबीर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के नौ खोल बरामद किए गए ।

पुलिस कांस्टेबल की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला क्षेत्र के भिखीविंड कस्बे में आतंकवादियों ने पंजाब पुलिस के कांस्टेबल किशन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । वह इन दिनों छुट्टी पर थे ।

मृत आतंकवादी की शिनाख्त : बटाला से कोछड़ के अनुसार पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव रत्ता के निकट गत सायं बी.एस.एफ के साथ मुठभेड़ में मारे गए दो आतंकवादियों में से एक की शिनाख्त गांव पन्नुआं के अमरजीत सिंह के रूप में हुई है । यह जानकारी देते हुए जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों ने बताया कि दूसरे मृत आतंकवादी की शिनाख्त नहीं हो सकी । मौका से एक 32 बोर का रिवाल्वर, एक पिस्तौल, 2 चले व 6 जीवित कारतूस मिले हैं । इस मुठभेड़ में बी.एस.एफ. की एक जीप भी क्षतिग्रस्त हुई बताई गई है, जबकि आतंकवादियों के कुछ सशस्त्र साथी बच कर भागने में सफल रहे बताए गए हैं ।

दो घुसपैठिए मारे गए : गत रात्रि ममदोट सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल के साथ मुकाबले में दो पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए ।

एक की हत्या : कल रात आतंकवादियों ने फरीदकोट जिले के नसिन कलां गांव में एक व्यक्ति मेजर सिंह की हत्या कर दी । मेजर सिंह का गोलियों से छलनी शव आज एक मैदान से बरामद किया

(शेष पृष्ठ 10 पर)

ं में एकता अभियान तेज : बादल
लिए ठेकेदार को अधिकार दिए

न.एस. परवाना) :
ा का अभियान जोर
कि इस सम्बन्ध में
प्रकाश सिंह बादल
न श्री तोता सिंह के
है । इसके अलावा
ण कमेटी के प्रधान
ब)की कार्यसमिति के
के मध्य भी बातचीत
पन्न पक्षों पर विचार

दल ने कई अकाली
य मोर्चा सरकार भी
ड़ी है और वह पंजाब
है। अतः अब एक ही
दल इकट्ठे होकर
ं और नीति कार्यक्रम
को उसका प्रधान चुन

तीत में श्री टोहरा से
रनजीत सिंह मान से
नेता अनुभव करते हैं
इकट्ठे नहीं हो जाते
भा के चुनाव कराए जा
स्या का हल किया जा

सकता है ।

इस दौरान श्री बादल ने पंथक एकता के बारे सुरजन सिंह ठेकेदार को अन्य अकाली दलों से बातचीत करने के पूरे अधिकार दिए हैं । इस सम्बन्ध में श्री बादल ने श्री ठेकेदार को लिखित रूप में कहा है कि "इस वक्त पंजाब विशेष रूप से खालसा पंथ की हालत को देखते हुए सारे अकाली दलों में एकता कायम करने की आवश्यकता है । पंथ के लिए आपने बड़ी कुर्बानियां दी हैं अतः आप ही अकाली दल के नेता हैं, आप हमेशा पंथ के हितों के लिए संघर्ष करते रहे हैं । मैं अकाली दल (ब) की तरफ से आपको आग्रह करता हूं कि आप पंथक एकता की कोशिशें शुरू करें । आपको एकता प्रयास के पूर्ण अधिकार दिए जाते हैं ।"

यहां यह बात उल्लेखनीय है कि अकाली दल (मान) के प्रधान श्री सिमरनजीत सिंह मान ने कुछ दिन पूर्व श्री बादल के इस सुझाव को ठोस प्रस्ताव की संज्ञा दी थी कि केन्द्र सरकार के सामने सारे अकाली दल मिल कर पंजाब का मामला संयुक्त रूप से पेश करें ।

राष्ट्रीय मोर्चा सरकार अपने पूरे कार्यकाल तक बनी रहेगी : देवी लाल

नई दिल्ली, 21 जुलाई (प.स.) : उप-प्रधानमंत्री देवी लाल ने आज जोर देकर कहा कि राष्ट्रीय मोर्चा सरकार अपने पूरे कार्यकाल तक बनी रहेगी । उन्होंने पार्टी की हाल की घटनाओं का भी स्वागत किया क्योंकि इससे आलोचकों को जनता दल और मोर्चा की शक्ति की सराहना करने और उसका अन्दाज लगाने में मदद मिलेगी । श्री देवी लाल ने एक भेंट में बताया कि हमारी सरकार न सिर्फ अपना कार्यकाल पूरा करेगी बल्कि उसके बाद भी बनी रहेगी ।

श्री देवी लाल ने यह कहे जाने पर कि आपने चौटाला प्रकरण के बारे में पार्टी आलाकमान का फैसला मान कर 'पर्याप्त सदाशयता' का परिचय दिया, जवाब में उन्होंने कहा कि सदाशयता का परिचय तो श्री चौटाला तथा पचास विधायकों ने दिया । यह एक राजनीतिक घटना थी और आला कमान ने जैसा उचित समझा उसे कारगर ढंग से निपटाया ।

क्या यह 'प्रकरण' अब पूरी तरह निपटा लिया गया है, यह पूछे जाने पर श्री देवी लाल का जवाब था—कौन-सा प्रकरण और कैसा निपटाना ? हां, आप लोगों को लिखने के लिए काफी 'मसाला' जरूर मिल जाता है । लिखते जाइए । परेशानी तो सिर्फ उन्हें होती है, जो लिखते हैं ।

व्यक्ति या पार्टी मुझे बहकाने की बात सोचे तो यह उसकी भूल है । यहां तक मेरे सहयोगियों को भी बहकाया नहीं जा सकता ।"

श्री चंद्रशेखर के बारे में श्री देवी लाल ने कहा, "चंद्रशेखर राष्ट्रीय स्तर के नेता हैं और आज से नहीं काफी अर्से से हैं । मुझे उनकी दोस्ती और सद्भावना का लाभ हमेशा से मिलता रहा है । मेरे विचार से हम एक-दूसरे को इतनी अच्छी तरह जानता हैं कि अलग होने का सपना भी नहीं ले सकते । एक अन्य प्रश्न के उत्तर में श्री देवी लाल ने कहा कि मैं जन्म से देहाती हूं और संसार से विदा भी देहाती के रूप में ही लूंगा । मेरा राजनीतिज्ञ होना गौण बात है । उप-प्रधानमंत्री तो जनता के आदेश से बन गया । यदि मेरे ग्रामीण होने से गलतफहमी होती है तो वह निश्चित रूप से दूर हो जाएगी । शायद अखबार नवीसों में ज्यादातर शहरी हैं ।

वादी मरे

.स., वार्ता) : श्रीलंका
सुरक्षा बलों ने लिट्टे के
गिराया । इस बीच
ला तथा अन्य सैनिक
।
00 किलोमीटर लम्बे
री भाग को विस्फोट से
ारी प्रशासकीय और
। उनका कहना है कि
ना मार्ग के उत्तरी भाग
ढ़ाया ताकि जाफना
सेना की बढ़त रोकी जा

: बादल

केन्द्र द्वारा प्रतिष्ठा का
हुए । यदि इससे ही
जिद न की जाए ।
का स्टैंड तो आनन्दपुर

FIRST EVER
CLEARENCE SALE
IN PUNJAB
BY 20%

Punjabi Sanstari

आतंक : पंजाब में
(पृष्ठ 1 का शेष)

गया ।

अपहरण कर लिया : आतंकवादियों ने फिरोजपुर जिले में लौहगढ़ गांव से एक व्यक्ति जसवंत सिंह का अपहरण कर लिया ।

निरंकारी पिता-पुत्र की हत्या : सुनाम से नागपाल के अनुसार 2 आतंकवादियों ने यहां कल रात लगभग 8 बजे निरंकारी मिशन के मुख्य

ADMISSION NOTICE 1990–91

LIMITED SEATS

Admission Open for 10+1 Class in Science/Humanities Group AT

D.A.V. Centenary Public School (Affiliated to C.B.S.E., New Delhi) MALERKOTLA (Pb.)

Phone : 2636

B.B. Gakhar
Manager

Harish Sharma
PRINCIPAL

जैन मन्दिर राजपुरा में ज्ञान वर्षा





जैन धर्म-दिवाकर, आचार्य-सम्राट पूज्य **श्री आत्माराम रामजी महाराज** के प्रमुख शिष्य श्रमण संघीय सलाहकार पूज्य श्री ज्ञान मुनि जी महाराज, तपस्वी श्री सन्तोष मुनि जी महाराज तथा व्याख्यात्री, **महासाध्वी श्री पुष्पा जी महाराज** ठाणे 4 राजपुरा में चातुर्मास के लिए 29 जून को पधार चुके हैं ।

प्रात: पौने आठ से पौने नौ बजे तक श्रद्धेय श्री ज्ञानमुनि जी महाराज अपनी ज्ञान वर्षा करते हैं । 4 से 5 बजे तक दोपहर को महासाध्वी श्री पुष्पा जी महाराज अपना प्रवचन फरमाते हैं ।

आइए, सन्त समागम से लाभ उठाइये, हमें सेवा का लाभ दीजिए ।

धन्यवाद

शिमला में एरियल रोपवे

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा निम्न एलाइनमैंट्स पर हिमाचल प्रदेश में शिमला शहर में एरियल रोपवे सिस्टम की स्थापना के लिए ठोस तकनीकी और वित्तीय पृष्ठ भूमि रखने वाली इच्छुक पार्टियों से पेशकशें आमंत्रित हैं ।

जाखू से लेडीज़ पार्क
लेडीज़ पार्क से टूटी कंडी

प्राजैक्ट के लिए व्यवहार्यता रिपोर्ट तथा अन्य प्रासंगिक जानकारी/दस्तावेज निदेशक (पर्यटन) हिमाचल प्रदेश सरकार, डेजी बैंक एस्टेट, शिमला-171001 के कार्यालय से 500/- रुपए बैंक ड्राफ्ट द्वारा प्रति दस्तावेज सैट, चुकाने पर प्राप्त किए जा सकते हैं, जो सचिव (पर्यटन) हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला के नाम में देय हो । सभी पक्षों में पूर्ण पेशकशें, बोलीदाताओं की शर्तों और नियमों के साथ, सचिव (पर्यटन), हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला-171002 के पास **31.7.1990** को सायं 3 बजे तक पहुंच जानी चाहिएं । शर्तों और नियमों के संबंध में निर्णय जिन पर प्राजैक्ट को अंतिम रूप से पूरा किया जाना है, पेशकशों के मूल्यांकन तथा बोलीदाताओं के साथ बातचीत यदि अपेक्षित हो, के बाद लिया जाएगा । यह केवल प्रारम्भिक पूछताछ है जो सचिव (पर्यटन) पर किसी एक पेशकश/पेशकशों के सैट को स्वीकार करने को बाध्य नहीं करेगी ।

–हिम लोक सम्पर्क

285/18.6.90

मिलिटरी इंजीनियर सर्विस

जबकि एम इ एस-313329, श्री सैम्युअल (Samual), खानसामा, चौकीदार, स्थायी जबकि जी.ई. (पी) गुरदासपुर के अधीन, सेवा करते हुए, 7 फरवरी, 89 से आज तक ड्यूटी से अनुपस्थित है ।

जबकि उक्त श्री सैम्युअल को सी.सी.एस. (सी.सी. और ए.) नियम-1965 के नियम-14 के अधीन, गैरिजन इंजीनियर (पी) गुरदासपुर मैमोरेंडम नं. क्यू-313329/सैम्युअल/12/ ई. आई. सी. दिनांक 4 जुलाई, 1988 के अनुसार, अपनी छुट्टी का गलत कारण बताते हुए सरकार से धोखाधड़ी करने और 7 फरवरी-88 से जानबूझ कर फरार रहने के लिए चार्जशीट किया गया ।

जबकि कर्मचारी का बचाव बयान जी. ई (पी) गुरदासपुर को प्राप्त नहीं हुआ और मौखिक जांच का आदेश दिया गया जिसमें कर्मचारी (एम.ई.एस.-313329 श्री सैम्युअल) ने



राजपुरा के गांव शामदू में शिव डेरा के बाबा फकीरदास जिनकी आतंकवादियों ने हत्या कर दी । इन्सैट में उनका पुराना चित्र । (नीचे) आतंकवादियों द्वारा मारा गया बाबा का शिष्य टोपन दास । (छाया : सामय)

प्रचारक डा. शुभकरण (50) और उनके पुत्र नरेश कुमार (20) की गोलियां मारकर उस समय हत्या कर दी जब वे सिविल अस्पताल के निकट चौक में अपनी दवाइयों की दुकान बन्द कर रहे थे । इस घटना से एक मिनट पूर्व ही बिजली चली गई थी । इन हत्याओं के रोष स्वरूप शहर में आज पूर्ण हड़ताल रही । दोनों का आज मुक्ति संस्कार कर दिया गया । अंतिम शवयात्रा में हजारों लोग शामिल हुए । संत निरंकारी मंडल की ओर से मंडल के महासचिव गोविन्द सिंह ने पुष्प भेंट किए ।

सन्देह है कि आतंकवादियों ने घटना में वही स्कूटर प्रयुक्त किया है, जो कल जाखल रोड पर अशोक कुमार नामक एक व्यक्ति से छीना गया था । यह स्कूटर सामाना से बरामद हुआ है । सामाना में भी आतंकवादियों ने दो व्यक्तियों को गोलियों का निशाना बनाया ।

स्कूटर छीना : पटियाला से राज के अनुसार कल शाम गांव आलमपुर के निकट भट्ठे माजरा के रहने वाले एक व्यक्ति देसराज से कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने उसका स्कूटर नं. पी.सी.एल. 6421 छीन लिया ।

एक की हत्या : पटियाला जिले के बौबीपुर गांव में कुछ आतंकवादी मंगत राम नामक व्यक्ति के घर में घुसे और गोलियां चलाकर उनके बेटे राम सिंह की हत्या कर दी और उनको घायल कर दिया ।

घर से बाहर निकालकर मार डाला : एक अन्य घटना में कपूरथला जिले के लाखन कराड़ गांव में आतंकवादियों ने चमन लाल उर्फ ठेकेदार को उनके घर से बाहर घसीटा और बाद में गोली चलाकर मार डाला ।

कपूरथला से शर्मा के अनुसार आतंकवादी जाते समय अपने साथ बिल्ला नामक एक व्यक्ति को अपहृत करके ले गए ।

एक और व्यक्ति का अपहरण : फिरोजपुर जिले के गांव नरेशवाला से कल रात आतंकवादियों ने मणिराम नामक एक व्यक्ति का उसके घर से अपहरण कर लिया ।

डी.आई.जी. द्वारा दौरा : इसी बीच जालंधर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी.आर. भट्टी ने आज बलाचौर मंड क्षेत्र का दौरा किया ।

मुठभेड़ : मुक्तसर से दर्दी के अनुसार गत रात यहां से 24 किलोमीटर दूर गांव चक्क मदरसा के निकट पुलिस और आतंकवादियों के मध्य आमने-सामने फायरिंग हुई लेकिन किसी ओर से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है । आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल हो गए ।

लावारिस वैन मिली : बलाचौर से 'जोशी' के अनुसार कल शाम पुलिस ने जगतपुरा तथा संजेवाला गांव के मध्य एक चालीस लावारिस मारुति वैन बरामद की है । वैन का नम्बर 272301 है ।

कांस्टेबल की चौकसी ने 12 साथियों की जान बचाई : कल रात आतंकवादियों ने खेमकरण पुलिस थाने के गांव असल अतार में स्थित सुरक्षा चौकी पर स्थित 12 सुरक्षा कर्मियों की हत्या करके हथियार लूटने का प्रयास किया लेकिन पुलिस कांस्टेबल बलदेव सिंह ने अपनी जान पर खेलकर यह प्रयास विफल कर दिया और साथियों को चौकस कर दिया । प्राप्त विवरण के अनुसार इन आतंकवादियों के साथ होमगार्ड का एक जवान कुलदीप सिंह जो कि उसी चौकी पर तैनात था, मिला हुआ था । कुछ आतंकवादी जब उक्त होमगार्ड के साथ सीढ़ी चढ़ कर ऊपर जाने लगे तो कांस्टेबल बलदेव सिंह ने उन्हें ललकारा । इस पर होमगार्ड का जवान बलवंत सिंह को गोली मार कर उसकी राइफल और लगभग 2500 कारतूस लेकर आतंकवादियों के साथ फरार हो गया ।

4 घुसपैठिए मरे : श्रीगंगानगर जिले के सदुलशहर थाना के अंतर्गत गोबर्धन चैक पोस्ट के पास गत रात सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में पाकिस्तान से जिले में घुसपैठ कर रहे चार संदिग्ध तस्कर मारे गए तथा इनसे भारी मात्रा में मादक द्रव्य, चांदी और हथियार बरामद किए गए । पुलिस महानिरीक्षक अपराध बी.के. थानीव ने आज यहां बताया कि इन तस्करों के कुछ साथी मुठभेड़ के बाद पाकिस्तान सीमा में भागने में सफल हो गए ।

घुसपैठियों के पास से 99 किलो हेरोइन, तीन ए.के. 47 राइफल, दो पिस्तौल और 100 किलो चांदी तथा कुछ विदेशी मुद्रा बरामद हुई ।

उग्रवादियों को शरण देने पर बंदी : बरनाला से 'सिंधवानी' के अनुसार स्थानीय पुलिस ने अकाली दल (मान) के जिला संगरूर के उपप्रधान परमजीत सिंह बरनाला को दंड विधान की धारा 212-216 के अधीन गिरफ्तार कर लिया है । पुलिस के अनुसार वह उग्रवादियों-भगौड़ों को शरण देता था और उनके शस्त्रास्त्र एक जगह से दूसरी जगह लाता, ले जाता था ।

12,000 लूट ले गए : मलोट से गुप्ता के अनुसार गत रात स्थानीय लोहा बाजार में निर्मल सिंह गुरदीप सिंह एंड संज नामक एक दुकान से 2 संदिग्ध आतंकवादी पिस्तौल की नोक पर लगभग 12000 रुपए लूट कर ले गए ।

आडवानी
(पृष्ठ 1 का शेष)

समर्थन वापस नहीं लेंगे : माथुर : भारतीय जनता पार्टी के सचिव जे.पी. माथुर ने आज स्पष्ट किया कि भाजपा का केन्द्र की राष्ट्रीय मोर्चा सरकार से समर्थन वापस लेने का कोई इरादा नहीं है । श्री माथुर पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति की तीन दिवसीय बैठक के पहले दिन आज यहां संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे । उन्होंने संवाददाताओं के प्रश्नों के उत्तर में कहा कि ऐसे किसी प्रस्ताव पर कार्यसमिति की बैठक में विचार नहीं हो रहा है । उन्होंने कहा कि जनता कांग्रेस (इ) को सत्ता से बाहर रखना चाहती है और उनकी पार्टी जनादेश का अनादर नहीं करेगी । श्री माथुर ने कहा कि जनता दल के हाल के संकट से केन्द्र सरकार की स्थिरता पर प्रश्न चिन्ह जरूर लगा है । उन्होंने कहा कि इस बात में कोई शक नहीं है कि प्रधानमंत्री तथा उप-प्रधानमंत्री के बीच कोई समझौता हुआ था । यह पूछे जाने पर कि समझौता किस बात पर हुआ था, श्री माथुर ने कहा कि इस बारे में समाचारपत्रों में सब कुछ आ चुका है ।

यह पूछे जाने पर कि भाजपा की उत्तर प्रदेश इकाई के मुलायम सिंह यादव की सरकार से समर्थन वापस लेने पर कोई विचार हुआ है, श्री माथुर ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र गुप्त की रिपोर्ट के बाद ही इस मामले में विचार किया जाएगा । इसी सिलसिले में राम जन्म भूमि विवाद के बारे में पूछे जाने पर श्री माथुर ने कहा कि यह एक ऐसा मामला है, जो न्यायालय के क्षेत्राधिकार से बाहर है । बार-बार पूछने पर भी श्री माथुर ने इस सवाल का स्पष्ट जवाब नहीं दिया कि क्या भाजपा इस मामले में अदालत के फैसले को मानेगी । उन्होंने कहा कि राम जन्म भूमि जैसे धार्मिक मामलों को अदालत द्वारा नहीं निपटाया जा सकता ।

दमा व एलर्जी
का आधुनिक इलाज

परामर्श करें :
DR. P.C. KATHURIA

Punjabi Sanatani









श्री श्री सुबोध कांत सहाय अमृतसर के और उन्हें सम्बोधित करते हुए (सबसे साथ में जिलाधीश श्री सर्वजीत सिंह दे रहे हैं । (छाया : रवि भंडारी)

त यात्रा आज
ी साथ जाएंगे

ानमंत्री ने कहा कि वह सोवियत संघ और प में हाल ही में आए परिवर्तन की जानकारी त करेंगे । उन्हें उम्मीद है कि इस यात्रा से त राष्ट्रपति के साथ उनका व्यक्तिगत सम्पर्क म हो सकेगा ।

ानमंत्री के साथ जा रहा उच्चस्तरीय धिमंडल इस बात का सबूत है कि भारत इस कितना महत्व देता है । इसमें वित्तमंत्री श्री वते, विदेश मंत्री श्री इंद्र कुमार गुजराल और व मंत्री श्री अरुण नेहरू भी शामिल हैं । ये बिनेट स्तर के मंत्री हैं ।

. सिंह संवाददाता सम्मेलन में
विलम्ब से क्यों पहुंचे ?

ई दिल्ली, 22 जुलाई (जी.एस. चावला): मंत्री वी.पी. सिंह गत दिवस अपने संवाददाता न में 25 मिनट विलम्ब से क्यों पहुंचे ? सरकारी तौर पर स्पष्टीकरण यह दिया गया है ानमंत्री को यह ख्याल था कि उन्हें विज्ञान जाना है जोकि उनके कार्यालय से मात्र तीन की यात्रा की दूरी पर है, पर बाद में उन्हें ख्याल कि उन्हें तो 8 किलोमीटर दूर सिटी फोर्ट जाना न जानकार सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री डलीय सचिव श्री विनोद पांडे की ज्योतिष पर रेत सलाह के कारण वहां विलम्ब से पहुंचे ।

ताया जाता है कि श्री विनोद पांडे ने उन्हें पहले ा था कि उनके सितारे 20 मार्च से 19 जुलाई ेक नहीं हैं तथा उन्हें इस बीच एक गंभीर संकट ामना भी करना पड़ेगा । श्री पांडे ने श्री वी.पी. को सुझाव दिया था कि वह प्रातः 11 बजे के

अमृतसर में बम फटने से 2 मरे, 20 घायल, 3 सुरक्षा कर्मियों सहित 9 की हत्या : 5 उग्रवादी मारे गए

सिरसा क्षेत्र में वारदात की योजना बना रहे 4 आतंकवादी काबू

चंडीगढ़, 22 जुलाई (प.स., वार्ता): अमृतसर में आज रात्रि रेलवे स्टेशन के बाहर बम फटने से 2 व्यक्ति मारे गये और 20 अन्य घायल हो गए । पंजाब में अन्यत्र पिछले 24 घंटों के दौरान 3 सुरक्षा कर्मियों समेत 9 लोगों की हत्या हुई । इस बीच 5 आतंकवादी भी मारे गए । हरियाणा पुलिस ने 4 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । ये किसी वारदात की योजना बना रहे थे । राजस्थान पुलिस ने भी 4 खूंखार आतंकवादियों को पकड़ा है ।

मुठभेड़ में एक आतंकवादी व बी.एस.एफ. का हवलदार मरा : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव सैरोवाल के निकट बी.एस.एफ. के साथ गत रात हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी व बी.एस.एफ. की 28वीं बटालियन का हवलदार प्रेम सिंह (42) मारे गए । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार गत रात लगभग 15 आतंकवादी खेत मजदूरों के भेष में एक ट्रैक्टर-ट्राली में लेकर जा रहे थे कि नाका पर बैठे बी.एस.एफ. जवानों ने उन्हें रुकने का संकेत किया । आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । इससे हवलदार प्रेम सिंह की मौत हो गई । बी.एस.एफ. जवानों द्वारा भी जवाबी फायरिंग की गई । मुठभेड़ लगभग डेढ़ घंटा चली । बाद में मौका से बी.एस.एफ. जवानों ने एक आतंकवादी का शव बरामद किया । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक 303 बोर की राइफल, 3 मैगजीन, 260 जीवित कारतूस व काफी मात्रा में चले हुए कारतूस मिले हैं । जिला पुलिस व बी.एस.एफ. अधिकारी सूचना मिलने पर भारी फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए व आसपास के क्षेत्र में खोजबीन की जा रही है । मृतक आतंकवादी की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

गला-सड़ा शव मिला : बटाला पुलिस जिला के ही थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के कस्बा चमान के निकट खेतों से पुलिस को कल सायं एक गला-सड़ा शव मिला, जिस पर तेजधार हथियारों के निशान थे । इसकी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

एक घायल : इसी पुलिस जिला में थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव दकोहा के निकट गत रात 6 सशस्त्र आतंकवादी एक व्यक्ति बलविंदर सिंह को घायल कर गए, इसे सिविल अस्पताल बटाला में भर्ती कराया गया है । पुलिस सूत्रों के अनुसार उक्त व्यक्ति पिछले कुछ दिनों से लापता था ।

दो उग्रवादी मारे गए : गत रात्रि जिला गुरदासपुर में डेरा बाबा नानक सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल ने उन दो उग्रवादियों को गोली मार दी, जो पाकिस्तान भागने की कोशिश कर रहे थे । बताया जाता है कि चुनौती दिए जाने पर इन उग्रवादियों ने बी.एस.एफ. के जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी । इस पर जवानों ने जवाबी फायरिंग की, जिससे दोनों उग्रवादी मारे गए ।

मुठभेड़ में एक आतंकवादी मरा : जालन्धर (प.स.): जिला के नकोदर थाना के अधीन चक खेला गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान एक आतंकवादी मारा गया । उसका एक साथी बच कर भाग निकला । मृतक की अभी तक पहचान नहीं हुई है । घटनास्थल से दो किलो विस्फोटक, एक ए.के. 47 राइफल, एक पिस्तौल तथा दस खाली कारतूस बरामद हुए हैं ।

सरपंच की हत्या : चार उग्रवादियों ने आज रात्रि जिला जालंधर में गांव वाहु नंगल में एक सरपंच कामरेड फौजा सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

बहादुर पुलिस अधिकारी ने आतंकवादी दबोचा : जालन्धर शहर के बाहरी क्षेत्र में स्थित मकसूदा कस्बे में डी.एस.पी. श्री गजिन्द्र नाथ के मकान में कल रात हथियारों से लैस पांच आतंकवादी घुस आए तथा गहने और नकदी मांगने लगे । एक आतंकवादी ने गोली भी चलाई जो कि दीवार के साथ लगी । इस बीच डी.एस.पी. ने एक आतंकवादी को 'जफ्फा' मार लिया । शेष आतंकवादी अपने साथी को छोड़ कर भाग निकले । बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया । उसकी पहचान रणजीत सिंह के रूप में हुई है ।

एक की हत्या : अबोहर (सदोष): आतंकवादियों ने कल रात विजय कुमार नामक एक व्यक्ति का उस समय अपहरण कर लिया, जब वह स्कूटर पर मुखीरा गांव से फाजिल्का जा रहा था । बाद में आतंकवादियों ने इमिनवाली गांव के निकट गोली मार कर उसकी हत्या कर दी ।

ग्रंथी की हत्या : धूरी (सिंगला): संगरूर जिला के चांगली गांव के खेतों से सुरक्षा के एक ग्रंथी का शव बरामद हुआ है । शव पर गोलियों के निशान हैं ।

मुठभेड़ में दो सुरक्षा कर्मी मरे : फिरोजपुर (वार्ता): जिला के बारिस शाहवाला गांव में कल रात आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान दो सुरक्षा कर्मी मारे गए । इनकी पहचान पंजाब पुलिस के कांस्टेबल हरबंस सिंह तथा सी.आर.पी.एफ. जवान श्याम सुन्दर के रूप में हुई है । मुठभेड़ में हेड कांस्टेबल जयसिंह भी घायल हो गया । आतंकवादी बचकर भाग निकले ।

ए.के. 47 राइफल व कारतूस बरामद : जीरा (शर्मा): प्राप्त सूचना के अनुसार सीमा सुरक्षा बल की बटालियन-30 के कम्पनी कमांडर गुरदीप सिंह, जो 20 जुलाई की रात गश्त पर थे, ने सूचना मिलने पर बकीलांवाला गांव के इकबाल सिंह के मकान की तलाशी ली और वहां से

(शेष पृष्ठ 8 पर)





पुलिस जिला बटाला के गांव सैरोवाल के निकट आतंकवादियों से मुठभेड़ में मारा गया सीमा सुरक्षा बल का हवलदार प्रेम सिंह । (नीचे) इस मुठभेड़ में एक आतंकवादी भी मारा गया, जिसकी पहचान नहीं हो सकी । (छाया : कोछड़)

बैठक में हंगामा

नई दिल्ली, 22 जुलाई (प.स.): कांग्रेस (इ) महासमिति की बैठक में आज उस समय जोरदार हंगामा हुआ, जब श्री यशपाल कपूर बोल रहे थे । वह असंतुष्ट नेताओं द्वारा गठित कांग्रेस फोरम फार एक्शन के सक्रिय सदस्य हैं । श्री कपूर के भाषण के दौरान लगातार टोकाटोकी होती रही । कुछ सदस्य नारेबाजी करके सभी फोरमों को बंद करने की मांग कर रहे थे । पार्टी अध्यक्ष श्री राजीव गांधी ने एक

इंका द्वारा संगठनात्मक चुनावों का रास्ता साफ करने के लिए कई संविधान-संशोधन मंजूर

नई दिल्ली, 22 जुलाई (वार्ता, प. स.) : कांग्रेस (इ) अध्यक्ष राजीव गांधी ने महंगाई के मुद्दे पर कांग्रेस सेवा दल से सरकार के खिलाफ आंदोलन शुरू करने को कहा है ।

अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की बैठक से ठीक पहले कांग्रेस ध्वजारोहण करते हुए श्री गांधी ने कहा कि राष्ट्रीय मोर्चा सरकार के सत्ता में आने के बाद देश में साम्प्रदायिकता, जातिवाद और अलगाववाद बढ़ा है । श्री गांधी ने कांग्रेस जनों से इन प्रवृत्तियों को समाप्त करने की दिशा में पूरी शक्ति लगाने का आह्वान किया ।

श्री गांधी ने कहा कि आगे आने वाले समय में कांग्रेस को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा । पार्टी जनों को कड़े संघर्ष के लिए तैयार हो जाना चाहिए ।

श्री गांधी ने आज शाम विट्ठलभाई पटेल भवन के प्रांगण में शाम तीन बजे ध्वजारोहण किया । पारम्परिक रूप से ध्वजारोहण प्रातः होता है लेकिन इस बार अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की बैठक से पहले प्रातः कार्य समिति की बैठक रखी गई थी ।

दिल्ली में इस बैठक का पारम्परिक स्थल तालकटोरा स्टेडियम उपलब्ध नहीं होने के कारण बैठक का आयोजन मावलंकर हाल में रखा गया ।

संगठनात्मक चुनाव : श्री राजीव गांधी ने कहा कि इस बार संगठनात्मक चुनाव निश्चित रूप से कराए जाएंगे चाहे कितनी ही बाधाएं उत्पन्न क्यों न की जाएं ।

अखिल भारतीय कांग्रेस समिति ने आज पार्टी के



रविवार को नई दिल्ली में प्रारंभ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (इ) की बैठक में भाग लेने वाले नेता एवं कार्यकर्त्ता मई, 1989 से लेकर आज तक मरने वाले कांग्रेसी नेताओं को भावभीनी श्रद्धांजलि भेंट करते हुए । (छाया : प्रैस ट्रस्ट)

संगठनात्मक चुनावों का रास्ता साफ करने के लिए पार्टी के संविधान में कई संशोधनों को सर्वसम्मति से स्वीकृति दे दी । संशोधनों पर हुई चार घंटे की चर्चा में अधिकांश वक्ताओं ने 18 वर्ष के अंतराल के बाद होने वाले चुनाव का स्वागत किया और कांग्रेसजनों द्वारा बनाए गए सभी मंचों और फोरमों को समाप्त करने की मांग की ।

पार्टी संविधान में संशोधन का प्रस्ताव कांग्रेस (इ) महासचिव बलराम जाखड़ ने पेश किया । इसके साथ ही प्रक्रियागत और इनसे संबद्ध कुछ अन्य संशोधन भी उन्होंने पेश किए ।

इस संदर्भ में तीन महत्वपूर्ण संशोधन इस प्रकार हैं :– अनुच्छेद पांच-ए में संशोधन–मौजूदा प्रावधान के तहत कोई व्यक्ति 25 व्यक्तियों को सदस्य बना कर या 25 रुपए का शुल्क देकर सक्रिय सदस्य बन सकता है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjab Digital Library

(8) दैनिक पंजाब केसरी, जालन्धर 23.7.1990

आतंक : पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

एक ए.के. 47 राइफल, एक मैगजीन तथा 29 कारतूस बरामद किए । एक गन्ने के खेत की इसी गांव में दो घंटे तक तलाशी ली गई मगर कुछ प्राप्त न हो सका । पुलिस जांच कर रही है ।

पिस्तौल व कारतूस बरामद : ए.एस.आई. श्री बचन सिंह थाना मक्खू ने गश्त के दौरान सुखराज सिंह गांव समरां थाना पट्टी से एक पिस्तौल 12 बोर और 6 कारतूस बरामद किए । अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया गया जो वारदात करने जा रहा था ।

शरण देने पर गिरफ्तार : पुलिस चौकी फतेहगढ़ के इंचार्ज ए.एस.आई. श्री राम प्रकाश ने वजीर सिंह, गुरलाल सिंह, बलकार सिंह व बूटा सिंह को आतंकवादियों को शरण देने के अभियोग में गिरफ्तार किया है ।

गुट संघर्ष में 1 आतंकवादी मरा : अमृतसर (वार्ता): मजीठा पुलिस जिला के बाथ गांव में कश्मीर सिंह नामक एक आतंकवादी आपसी लड़ाई में मारा गया । आज प्रातः गोलियों से छलनी उसका शव बरामद किया गया ।

मां-बेटी की हत्या : अमृतसर जिला के झब्बाल थाना के अन्तर्गत मल्लूवाल गांव में आतंकवादियों ने महिन्द्र कौर तथा उसकी बेटी कुलदीप कौर की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार सरहाली थाना के जमाराय गांव की रहने वाली उक्त दोनों महिलाएं मल्लूवाल गांव में अपने रिश्तेदारों से मिलने आई थीं । आतंकवादी इनका अपहरण करके गांव के बाहर ले गए तथा वहां उनकी गोलियां मार कर हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 के 9 खाली कारतूस बरामद हुए हैं ।

रिपोर्ट का खंडन : पंजाब पुलिस ने इस रिपोर्ट का खंडन किया है कि बीरवार रात को अमृतसर जिला के सामाना गांव में पंथक कमेटी का सदस्य तथा 'भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान' का प्रमुख गुरबचन सिंह मानोचाहल पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान बचकर भाग गया । पुलिस के अनुसार उक्त गांव में ऐसी कोई मठभेड़ नहीं हुई ।



(ऊपर) श्री किशोरी लाल, जिन्हीं उग्रवादियों ने तरनतारन में हत्या कर दी, का शव (मध्य) मृतक के परिवार के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुए अखिल भारतीय हिन्दू शिव सेना के अध्यक्ष श्री सुरेंद्र कुमार बिल्ला । बिच में श्री श्याम सुन्दर शास्त्री भी दिखाई दे रहे हैं तथा (नीचे) मृतक की विधवा । श्रीमती सतोष कुमारी बीमारी की हालत में विलाप करती हुई । (छाया : सोनी)

बम विस्फोट से 2 मरे : अमृतसर (मनोहर, दीपक, सोनी, नारंग, वर्मा): आज शाम पौने आठ बजे के लगभग अमृतसर रेलवे स्टेशन के बाहर मुख्य राजमार्ग पर एक भीषण बम धमाका हुआ, जिसमें एक रिक्शा चालक की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई और 20 अन्य लोग घायल हुए । घायलों में से एक की बाद में मृत्यु हो गई ।

बम धमाके के बाद स्टेशन के बाहर जी.टी. रोड पर चारों ओर भगदड़ मच गई । धमाके के साथ आसपास की दुकानों के शीशे टूट गए । धमाके वाले स्थान पर सड़क पर गहरा गड्ढा पड़ गया । निपटवर्ती क्षेत्र में ट्रैफिक कंट्रोल के लिए खड़े एक पुलिस कर्मी की भी टूट गई । घायलों को अमृतसर के विभिन्न अस्पतालों में पहुंचाया गया है । इनके नाम हैं : अमरीक सिंह (35), रमेश कुमार (27), सुरदेव सिंह (24), इकबाल सिंह (20), अजीत सिंह (40), बलबीर (32), गोपाल सिंह (50), एस. राम (40), कौशल चंद (35), विजय कुमार(25), बलविन्दर सिंह (26), मनजीत सिंह (25), अजय कुमार (24), लखपत (22), संतोख सिंह और स्वर्ण लाल । एक अन्य सायल व्यक्ति की अभी तक पहचान नहीं हुई है । अधिकतर घायल रिक्शा चालक, आटो रिक्शा चालक तथा सब्जी-फेरा व्यक्ति हैं । जानकारी के मुताबिक घायलों में से 7 व्यक्ति को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई ।

एस.एस.पी. श्री बलजीत सूरा ने अस्पताल में बताया कि बम एक थैले में था, जिसे स्टेशन के सामने एक सीमेन्ट सड़क पर रख कर खुद भाग निकला । इस थैले की सूचना एक दुकानदार ने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को दी । पुलिस की एक मोबाइल बैम स्टाफ घटनास्थल पर पहुंची । श्री सूरा ने बताया कि ज्यों ही पुलिस कर्मी थैले के उठाने लगे बम फट गया । धमाके से पुलिस बैम को भी क्षति पहुंची ।

उग्रवादी का चाचे ने शव लिया : जिला अमृतसर के थाना अजनाला के एक गांव चाचे से गोलियों से छलनी एक शव मिला है । बताया जाता है कि यह उग्रवादी था, जो उग्रवादियों की आपसी लड़ाई के कारण मारा गया ।

नदियों में लाशों की तलाश होगी : राष्ट्रीय सरक्षा गार्डस के प्रशिक्षित गोताखोर सब सेन में सतलुज तथा व्यास नदियों में लाशों की खोज करेंगे । इसी आशंका है कि आतंकवादियों ने कुछ पुलिस अधिकारियों के संबंधियों तथा कुछ अन्य लोगों की हत्याएं करके उनके शव नदियों में फेंक दिए ।

गुट संघर्ष में 1 और आतंकवादी मरा : अमृतसर जिला के अजनाला थाना के अधीन एक गांव में गत रात पुलिस ने एक आतंकवादी को मार गिराया । इस संबंध में पुलिस ने इस वारदात को आतंकवादियों के किसी गुट संघर्ष का परिणाम बताया है ।

पुलिस अधिकारी के भाई का अपहरण : तरनतारन के आतरी खेम सिंह गांव जंडियर में एक घर से आतंकवादियों ने कल रात ए.एस.आई. श्री अमरीक सिंह के भाई श्री जसवंत सिंह का अपहरण कर लिया ।

4 आतंकवादी गिरफ्तार : हरियाणा पुलिस ने कल रात सिरसा जिला के डिलानी सिंह गांव से चार आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इनके नाम हरदेव सिंह, बिलवाल सिंह, आत्मा सिंह तथा परमात्मा सिंह हैं । ये आतंकवादी सिरसा के निकट राम तलाई क्षेत्र में पहारेदारी करने के बाद भाग गए थे । पुलिस ने इन चारों को उक्त गांव में एक घर से काबू किया । ये आतंकवादी वहां किसी वारदात की योजना बना रहे थे ।

चार सुधार आतंकवादी पकड़े : श्रीगंगानगर (जिंदल): राजस्थान पुलिस ने भारत-पाक सीमा पर स्थित गांव कालूवाला से पंजाब के चार सुधार आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इनके नाम रणजीत सिंह उर्फ राणा, अमर सिंह, कारज सिंह तथा निर्मल सिंह हैं । ये आतंकवादी सीमा पार करके पाकिस्तान जाने की तैयारी कर रहे थे । इन आतंकवादियों ने पाकिस्तान में बरसन सिंह जफरवाल से मिलकर सीमा पार से हथियार भारत लाने थे । ये आतंकवादी हत्या तथा लूटपाट की अनेक वारदातों में पुलिस को वांछित थे ।

सरपंच से हथियार छीन लिए : सन्ना (शर्मा): गत रात दस बजे यहां से दो कि.मी. दूर गांव रतनहेड़ी में 6 अज्ञात आतंकवादी गांव के सरपंच निर्मल सिंह के घर आए और उसे अपने लाइसैंसी हथियार उनके हवाले करने को कहा, निर्मल सिंह से दो रिवाल्वर और 15 बोर की बंदूक लेकर वे चरण सिंह के घर चले गए । उससे उसकी राइफल छीन कर फरार होगए ।

गुजरात

(पृष्ठ 3 का शेष)

3rd Prize (5) Rs. 2,000/- each SA-498338 SB-355681 SC-559041 SD-184462 SE...
4th Prize (500) Rs. 500/- each (Last 5 digits in all series) 33343 88108 80874 28717 59096 80483 28873 57369 ...
5th Prize (5,000) Rs. 50/- each (Last 4 digits in all ser...) 1664 2678 2150 2271 0672 6624 5145 4144...
6th Prize (5,000) Rs. 20/- each (Last 4 digits in all se...) 4986 5926 6788 6531 0047 8508 2780 5066...
7th Prize (50,000) Rs. 10/- each (Last 3 digits in all ...) 036 149 290 321 468 580 648 773 8...
कृपया परिणाम को स्टेट गजट से मिला लें ।
अगला ड्रा 30.7.90 को ।
आर्गेनाइजर : चूनाचिरल ट्रेड सैंटर,
19-ए, अंसारी रोड, दरिया गंज,
नई दिल्ली-110 002. फोन : 3274172.

Estd :— 1971
ADMISSION NOTICE

Computer Courses
Post Graduate Diploma in
Computer Programming 6 Months
Computer Applications 1 Year

Engineering Courses
Diploma in Computer Engg.
TV Engg.
Industrial Engg.
Degree in E...
Telecommun...
Eligibility 10...







लिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल थियार वितरित करते हुए (मध्य) हथियार श्री जी.आई.एस. भुल्लर तथा (नीचे) इस मीण । (छाया : ओम भंडारी)

सिख छात्र संघ के नेता सहित पंजाब में 7 आतंकवादी मरे

फिरोजपुर में 4 व्यक्तियों का अपहरण : संगरूर में 2 उग्रवादी पकड़े : हथियार लूटे

2 सुरक्षा कर्मियों व पासपोर्ट एजैंट सहित 7 की हत्या

चंडीगढ़, 24 जुलाई (प.स., वार्ता): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान सिख छात्र संघ के एक नेता समेत 7 आतंकवादी मुठभेड़ों तथा निजी गुट संघर्ष की वारदातों में मारे गए । इस बीच 4 लोगों का अपहरण हुआ । उग्रवादियों ने 2 सुरक्षा कर्मियों तथा एक पासपोर्ट एजैंट समेत 7 लोगों की हत्या भी की ।

मुठभेड़ में 2 आतंकवादी मरे : फरीदकोट से 'जिन्दल' और बाघापुराना से 'मित्तल' के अनुसार कल रात फरीदकोट से कुछ ही दूरी पर स्थित गांव कोटला रायका में पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान 2 आतंकवादी मारे गए । प्राप्त विवरण के अनुसार पुलिस ने एक नहर के पुल पर नाकाबन्दी की हुई थी । इस दौरान 2 संदिग्ध व्यक्ति उधर से गुजरे । पुलिस ने जब उन्हें रुकने के लिए कहा तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर दोनों आतंकवादी मारे गए । उनके कब्जे से एक पिस्तौल, एक बन्दूक तथा कुछ कारतूस भी मिले हैं ।

निजी गुट संघर्ष में 2 आतंकवादी मरे : फरीदकोट जिला में 2 और आतंकवादी निजी गुट संघर्ष में मारे गए । जिला पुलिस प्रमुख श्री स्वर्ण सिंह ने बताया कि मृतकों की पहचान मान सिंह तथा उसके पुत्र गुरविन्द्र सिंह के रूप में हुई है । बताया जाता है कि मान सिंह पहले, पुलिस में था लेकिन आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में उसे नौकरी से निकाल दिया गया था ।

आपसी लड़ाई में सिख छात्र संघ नेता मरा : फिरोजपुर से 'बागी' के अनुसार जीरा थाना के अधीन रतौल बेट गांव में कल रात सिख छात्र संघ की फिरोजपुर जिला इकाई के अध्यक्ष सुखराज सिंह (25) को निजी गुट संघर्ष के कारण हत्या कर दी गई । एस. एस. पी. श्री अनिल शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि रात 9 बजे के लगभग 3 अज्ञात युवकों ने सुखराज सिंह को घर से बुलाया तथा उसे गोलियां मार कर भाग गए । सुखराज सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

दो का अपहरण : आतंकवादियों ने फिरोजपुर जिला के फरीदोवाला गांव से बलविन्दर सिंह तथा घल्ल खुर्द गांव से एक स्कूल अध्यापक श्री भगवान दास का अपहरण कर लिया ।

किसान की हत्या : मक्खू से 'चन्द्र शेखर' के अनुसार कल रात आतंकवादियों ने निकटवर्ती जीरा क्षेत्र में एक किसान की गोली मार कर हत्या कर दी ।

ट्रक ड्राइवर की हत्या : बिलम्ब से मिली एक रिपोर्ट के अनुसार रविवार दोपहर को आतंकवादियों ने जीरा-मक्खू रोड पर एक ट्रक पर फायरिंग करके ड्राइवर लखविन्दर सिंह को घायल कर दिया । अस्पताल ले जाते समय घायल ड्राइवर ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया ।

दो और का अपहरण : थाना मल्लांवाला के अधीन गांव दरियेवाला से कल रात तीन आतंकवादियों ने गुरविन्दर सिंह तथा उसके पिता ललकार सिंह का अपहरण कर लिया ।

मुठभेड़ में 2 आतंकवादी मरे : अमृतसर से 'वार्ता' के अनुसार तरनतारन पुलिस जिला के झब्बाल थाना के अधीन सोहल गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान 2 आतंकवादी मारे गए । घटनास्थल से 2 ए. के. 47 राइफलें, 6 मैगजीन तथा बड़ी संख्या में कारतूस बरामद हुए हैं ।

दो सुरक्षा कर्मियों की हत्या : मजीठा पुलिस जिला के अन्तर्गत जयंतीपुर बस स्टैंड से आतंकवादियों ने कल रात दो विशेष पुलिस अधिकारियों का अपहरण कर लिया । गोलियों से छलनी उनके शव आज प्रातः जिले के तलवंडी फुमां तथा चाचोवाल गांव से बरामद हुए ।

एक की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के कैरों गांव में आतंकवादियों ने बख्शीश सिंह नामक एक व्यक्ति को गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

दो घुसपैठियों के शव मिले : खेमकरण सैक्टर में सीमा के निकट से दो अज्ञात लोगों के शव मिले हैं । समझा जाता है कि ये शव पाक घुसपैठियों के हैं ।

डाक्टर का अपहरण : अमृतसर के गांव कासल के निकट से रविकांत नामक डाक्टर का अपहरण कर लिया गया है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

है जो राइफलों तथा ने वाली नहीं : गिल

तावादी विभिन्न मुकाबलों में मारे गए । एक के दौरान 51 सुरक्षा बल अधिकारी तथा वारी भी वीर गति को प्राप्त हुए ।

श्री गिल ने सतलुज-यमुना सम्पर्क नहर योजना के दो वरिष्ठ अधिकारियों की गत दिवस गढ़ में हत्या कर दिए जाने की घटना का उल्लेख ते हुए कहा कि इस प्रकार के हत्याकांडों से राज्य विकास परियोजनाएं बन्द नहीं की जा सकतीं ।

ोंने इस हत्याकांड पर अपनी टिप्पणी करते हुए ा कि एक बड़ी शक्ति के रूप में सरकार ए. के. 47 फलों तथा बम धमाकों से भयभीत होकर झुकने ी नहीं है ।

उन्होंने कहा कि जो लोग यह सोचते हैं कि विदेशी क्तियों से शह पाकर वे भारत में विकास कार्यों को प करवा देंगे, वे अन्धेरे में हैं ।

श्री गिल ने जनता से अपील की है कि वह अपनी म्मेदारियों को पहचान कर आतंकवाद के विरुद्ध लेरी से लड़ें ।

बार्डर रेंज के डी.आई.जी. श्री जी. आई. एस. ल्लर ने इस अवसर पर कहा कि यह लड़ाई वास्तव सत्य तथा असत्य के बीच में है ।

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों से भिड़ंत में 22 आतंकवादी मरे : 12 गिरफ्तार

जम्मू, 24 जुलाई (वार्ता, प.स.): जम्मू-कश्मीर में आज सुरक्षा बलों तथा उग्रवादियों के दो मुकाबलों में 22 उग्रवादी मारे गए हैं तथा जे.के.एल.एफ. के एरिया कमांडर सहित 12 अन्य उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि जम्मू नगर में सुरक्षा व्यवस्था अत्यन्त कड़ी कर दी गई है ।

22 उग्रवादी मरे, 9 अन्य काबू : आज सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर में दो मुकाबलों के दौरान 22 उग्रवादियों को मार गिराया है तथा नौ अन्य आतंकवादियों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है ।

एक आधिकारिक प्रवक्ता के अनुसार वास्तविक नियंत्रण रेखा के निकट 5 कि.मी. की सीमावर्ती सुरक्षा पट्टी के क्षेत्र में आज एक मुकाबले के दौरान सुरक्षा बलों ने बीस पाक प्रशिक्षित उग्रवादियों को मार गिराया है तथा मुकाबले के बाद नौ अन्य उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया है ।

प्रवक्ता ने कहा कि यह उग्रवादी पाकिस्तान से प्रशिक्षण प्राप्त कर वापस लौट रहे थे ।

इनके कब्जे से 21 ए.के. 47 राइफलें, राकेट दागने वाली छः बंदूकें, तीन लाइट मशीनगन, ए.के. 47 राइफल की 40 मैगजीन, मैगजीनों के दो ड्रम, 26 हथगोले, 20 डैटोनेटर व 20 पैंसिल बम भी बरामद किए गए ।

वास्तविक नियंत्रण रेखा पार करके भारतीय क्षेत्र में घुसने पर सीमावर्ती जिला पुंछ की मन्यार वन श्रृंखला में भी सुरक्षा बलों ने एक अन्य मुकाबले के दौरान दो उग्रवादी मार गिराए ।

इज़हार आलम बाल-बाल बचे : कश्मीर रेंज के डी.आई.जी. श्री इज़हार आलम उस समय बाल-बाल बच गए जब सैदाकदल में उग्रवादियों ने उनकी कार पर हथगोलों से हमला कर दिया । उनकी कार भी क्षतिग्रस्त हो गई है ।

इसके अतिरिक्त एक अन्य घटना में सी.आर.पी.एफ. के दो जवान भी मारे गए हैं । इनके बारे में अधिक विवरण प्राप्त नहीं हो सका ।

कई भवन नष्ट : श्रीनगर में आज कई बम विस्फोटों के दौरान बहुत से सरकारी व गैर-सरकारी भवन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं ।

एक विस्फोट में राज्य का सूचना विभाग नष्ट हो गया । इस दौरान कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ ।

श्रीनगर के एक अंग्रेजी दैनिक 'डेली एक्सेल्सियर' का भवन भी बम विस्फोट के कारण नष्ट हो गया ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)



आतंकवाद की घटनाओं के बाद जम्मू में सुरक्षा-प्रबंध मजबूत करके वाहनों की जांच-पड़ताल का क्रम शुरू कर दिया गया है और अनेक स्थानों पर जांच-पड़ताल के लिए अवरोधक लगा दिए गए हैं ।

र्षीय ठोस योजना बनाने के निर्देश मिले : वैरोनिन

किस्तान था । इस बातचीत के विवरण उपलब्ध ों हो सके ।

विश्व शांति के लिए सोवियत संघ, ीन, भारत में निकट सहयोग की ुंजायश : 'वार्ता' के अनुसार प्रधानमंत्री श्वनाथ प्रताप सिंह तथा सोवियत संघ के राष्ट्रपति मखाइल गोर्बाच्योव ने आज इस बात पर सहमति व्यक्त की कि विश्व शांति के हित में सोवियत संघ, ीन और भारत के बीच निकट सहयोग की गुंजायश ै ।

श्री गोर्बाच्योव ने भारतीय प्रधानमंत्री से अपनी ातचीत के दूसरे दिन दक्षिण एशिया के पड़ोसी देशों था चीन से संबंध सुधारने के भारत के प्रयास की सराहना की ।

दोनों नेताओं की 100 मिनट की बातचीत के बाद मिलेगा । सोवियत संघ ने भारत के साथ एक दीर्घकालिक व्यापार समझौता सम्पन्न करने की इच्छा व्यक्त की है । साथ ही भारत के साथ बढ़ रहे आर्थिक सम्बन्धों में भी वह विविधता लाना चाहता है । सोवियत संघ की ओर से इस आशय का प्रस्ताव आज यहां प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह तथा सोवियत राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाच्योव के बीच दूसरे दौर की बातचीत के दौरान किया गया ।

इस बीच दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल व्यापक विचार-विमर्श में व्यस्त हैं । प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत में सोवियत पक्ष का नेतृत्व प्रधानमंत्री निकोलाई रिजकोव कर रहे हैं ।

बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने सोवियत पक्ष को भारतीय उपमहाद्वीप के

कश्मीर में कथित ज़्यादतियों की जांच के लिए आयोग स्थापित : नैयर

लन्दन, 24 जुलाई (आई.ए.एन.एस.): भारतीय उच्चायुक्त श्री कुलदीप नैयर द्वारा गत रविवार लगभग 2 घंटे तक टैलीफोन पर उन्मूलन का आरोप भी लगाया । तब श्री नैयर ने कहा कि जब कानून-व्यवस्था की बदतर स्थिति के दौरान सुरक्षा बल हरकत में आते हैं तो दोनों तरफ से

Punjabi Sarantan

.1990

ना ठेके अलाट
ए गए

ाई (नेपाल): नगर निगम
7 की एक रिपोर्ट में बताया
ठेकेदारों को कई करोड़ के
न्तु इनके संबंध में टैंडर
न ही टैंडर लिए गए जिसके
मुकाबला न हो सका ।
0 ठेकों की राशि हजारों से
। किन्तु इस संबंध में भी
ोर्ट में यह भी लिखा है कि
द्वारा लगाई हुई पाबंदी की
ारी भर्ती कर लिए ।

भारत आने
मंत्रण

ई (प.स.): अफगानिस्तान
बुल्ला को भारत आने का

ातंकवाद के
की वसूली
क : नायर

ई (धीमान): श्री टी.के.ए.
व ने पत्रकारों से बातचीत
बीमार उद्योगों की संख्या
हीं जबकि दूसरे राज्यों में
यह भी दावा किया कि
ात के बावजूद कर्जों की
है और कई नए कारखाने
यर केंद्रीय टूल रूम की
की देखभाल व विकास'
सीय विचार गोष्ठी को
थे ।

सक रूप से
ली मनोहर

प.स.): भारतीय जनता
ी मनोहर जोशी ने आज
अध्यक्ष राजीव गांधी
चुके हैं और उन्हें अपना
रकारों को भी श्री गांधी
नी चाहिएं ।
क राजीव गांधी अपना
आरोप उनके दिमागी
कि राष्ट्रीय मोर्चा की
ान हालत की है, उसके
ाथ-साथ भाजपा भी

ान

rate for 24.7.90
NECC Suggested
zen.

विश्व शांति के लिए

(पृष्ठ 3 का शेष)

भारत-सोवियत सहयोग को विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ाने के बारे में विस्तार से विचार-विमर्श किया ।

दोनों पक्ष व्यापार, वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक समझौते पर हस्ताक्षर करने को सहमत हो गए हैं ।

इस बीच श्री सिंह की मास्को यात्रा के बाद दोनों पक्षों ने रुपया-रुबल व्यापार समझौता करने की दिशा में विशेषज्ञ स्तर की बातचीत जारी रखने का निश्चय किया है । इस आशय का निर्णय आज भारत-सोवियत व्यापार और आर्थिक सहयोग के बारे में वित्तमंत्री प्रोफैसर मधु दंडवते और सोवियत संघ के विदेश व्यापार मंत्री कोरातांतिन कातुशेव में विस्तृत विचार-विमर्श के दौरान हुआ ।

इससे पहले सोवियत संघ के प्रधानमंत्री ने विश्वनाथ प्रताप सिंह को आश्वासन दिया कि रुपया-रुबल पर आधारित दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार सन् 1995 तक जारी रहेगा ।

असफल उम्मीदवारों के लिए अंतिम विशेष अवसर

अमृतसर, 24 जुलाई : गुरु नानक देव विश्वविद्यालय द्वारा गत अप्रैल/मई माह में आयोजित बी.ए., बी.एस.सी., बी. कॉम (भाग III पुराना पाठ्यक्रम) की परीक्षाओं में जो उम्मीदवार अपनी कम्पार्टमैंट तोड़ पाने में असफल रहने के कारण फ़ेल घोषित कर दिए गए थे, उनके लिए विश्वविद्यालय द्वारा सितम्बर-1990 में आयोजित होने वाली परीक्षाओं द्वारा एक विशेष अवसर उपलब्ध करवाया गया है । इन उम्मीदवारों के लिए यह अंतिम अवसर होगा ताकि वे अपनी कम्पार्टमैंट तोड़ सकें । ऐसे उम्मीदवार आगामी 16 अगस्त तक सामान्य शुल्क के साथ अपना प्रवेश पत्र जमा करवा सकते हैं । यह जानकारी आज विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक द्वारा दी गई ।

जालंधर में आयकर छापों के विरोध में हड़ताल

जालंधर, 24 जुलाई : आज प्रातः जालंधर के लोहा बाजार, टांडा रोड में आयकर अधिकारियों ने एक साथ चार व्यापारिक घरानों के व्यावसायिक संस्थानों और निवासों पर छापे मारे । छापों के लिए गवाही के तौर पर पड़ौसी दुकानदारों को कथित रूप से परेशान किया गया । विरोधस्वरूप टांडा रोड के सभी व्यापारियों ने हड़ताल कर दी । आयकर विभाग के रोज़-रोज़ के सर्वे और छापों के कारण व्यापारियों के भारी रोष पाया जाता है ।



आतंक : पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

हथियार लूटे : गुरदासपुर से 'विनोद' के अनुसार आतंकवादियों ने कल रात दीनानगर के एक डाक्टर श्री खेम चन्द के मकान में घुस कर उनके दो सुरक्षा कर्मियों से दो स्टेनगनें छीन लीं । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री खेम चन्द के दो सुरक्षा कर्मी राजेन्द्र कुमार तथा देवेन्द्र सिंह मकान की छत पर सो रहे थे कि चार आतंकवादियों ने छत पर चढ़ कर उनसे स्टेनगनें छीन लीं । वारदात के समय श्री खेम चन्द घर पर नहीं थे । उल्लेखनीय है कि आतंकवादियों ने पिछले साल जून माह में श्री खेम चन्द के बेटे अजय का अपहरण कर लिया था तथा पांच लाख रुपए की फिरौती मांगी थी । आतंकवादियों ने उक्त मांग न माने जाने पर अजय की हत्या कर दी थी और लाश रावी दरिया में फैंक दी थी । इस घटना के बाद श्री खेम चन्द को सुरक्षा कर्मी उपलब्ध करवाए गए थे ।

दो आतंकवादी पकड़े : धूरी (सिंगला): संगरूर जिला पुलिस ने हरभजन सिंह तथा गुलाब सिंह नामक दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । उनके कब्जे से एक ए. के. 47 राइफ़ल, 40 कारतूस तथा एक मैगजीन बरामद हुआ है ।

पासपोर्ट एजैंट की हत्या : जालंधर से 'न. न. ए.' के अनुसार सफेद मारुति कार में सवार 4 आतंकवादियों ने स्थानीय मोता सिंह नगर की मार्किट में आज दोपहर अढ़ाई बजे के लगभग फायरिंग करके एक पासपोर्ट एजैंट श्री बलबीर सिंह उर्फ बिट्टू की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इस वारदात में रामजी दास नामक एक अन्य व्यक्ति घायल भी हुआ है । पुलिस के अनुसार हमलावरों ने अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किया । वारदात के बाद आतंकवादी अपनी मारुति कार नं. (पी. जे. जी. 4196) में फगवाड़ा की ओर भाग गए । मृतक माडल हाऊस का रहने वाला था । घायल रामजीदास स्थानीय आबादपुरा मुहल्ला का निवासी है । उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने जगह-जगह नाकाबंदी करके वाहनों की जांच की लेकिन हमलावरों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है ।

घायल कैशियर ने दम तोड़ा : लुधियाना (धीमान): स्थानीय दयानंद अस्पताल के कैशियर श्री सुन्दर लाल, जिनकी पिछले दिनों आतंकवादियों ने गोलियां मार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था की आज मृत्यु हो गई । श्री सुन्दर लाल पिछले दिनों अस्पताल से एम्बुलैंस में नकदी बैंक ले जा रहे थे कि रास्ते में आतंकवादियों ने गोलियां मार कर जख्मी कर दिया था तथा नकदी छीनकर भाग गए थे ।

फायरिंग से 2 घायल : लुधियाना से 'धीमान' की सूचना है कि आज रात्रि मालीगंज के निकट दरेसी रोड पर उग्रवादियों ने फायरिंग करके कांग्रेसी दुकानदार कृष्ण लाल पेशावरिया और उसके नौकर को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । इस पर भगदड़ मचने से दुकानें बंद हो गईं और उग्रवादी दुकान की सेफ से नगदी लेकर फरार हो गए ।

दुर्घटना में एस.जी.पी.सी. के 4 अधिकारी घायल

तरनत
में

अमृतसर, 24
सब-डिविजन के कस्ब
पन्नुआं, सरहाली, हरी
आतंक का प्रकोप अभी

यह स्थिति इस
सब-डिविजन के एक
कस्बे पिछले तीन दिन
बीस जुलाई को खालि
गए कथित जनरल अ
बरसी थी । कुछ दु
बताया कि इस बंद की
इन कस्बों के दुकानदार
ही पंजाब के किसी भा

उन्होंने यह भी ब
भी कुख्यात आतंकवा
दो दिन उनकी दुकानें
हिम्मत नहीं थी कि व
दरवाज़ा खोल कर अ
निकाल सके ।

लोगों के कहने के
दिन दुकानें खुलती हैं
हैं । कभी किसी उग्र
होता है, कभी किसी के

द्रमुक, लि
उग्रवादियों
नहीं दे रहे

मद्रास, 24 जु
मुख्यमंत्री श्री एम. कर
श्री राजीव गांधी के
बताया है कि द्रमुक त
आतंकवादियों को हथि

आज यहां एक प्रै
कि ऐसे समय पर जब
बलों के साथ संघर्ष
आतंकवादियों को शस

पंजवड़ पर
कराने

जालंधर, 24
फोर्स ने एक प्रैस नोट
'भाई मारू जंग' कराने
पंथ का दुश्मन करार
लन्दन से प्रकाशित
साप्ताहिक में 22 जून
खबर की फोटो कापी
आफ खालिस्तान' के
आरोप लगाया था कि
ही रिश्तेदार परमजी
सूचना देकर कत्ल कर
है कि खालिस्तान क
माध्यम से परमजीत सि
संगतों के समक्ष बेनक

परिण

पटियाला, 24

Punjabi Sanatani

पंजाब में 5 सुरक्षा कर्मियों सहित 23 लोगों की हत्या : मुठभेड़ में 1 उग्रवादी मरा

सुरक्षा कर्मियों के वाहन बमों से उड़ाने का प्रयास : 1 दुर्दांत उग्रवादी जेल से भागा

2 उग्रवादियों की गिरफ्तारी से बड़ी वारदात टली

चंडीगढ़, 25 जुलाई (प.स., वार्ता) : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 5 सुरक्षा कर्मियों समेत 23 लोगों की हत्या हुई । इस बीच 1 उग्रवादी मुठभेड़ में मारा गया तथा 2 अन्य को गिरफ्तार कर लिए जाने से एक बड़ी वारदात टल गई । सुरक्षा कर्मियों के वाहनों को बमों से उड़ाने का प्रयास किया गया । एक दुर्दांत आतंकवादी जेल से भाग भी गया ।

महिला समेत 4 की हत्या : भटिंडा, (प.स., सोच): आतंकवादियों के एक गिरोह ने कल रात स्थानीय नैशनल फर्टिलाइजर्स कालोनी में एक मंदिर में अंधाधुंध फायरिंग करके 4 लोगों की हत्या कर दी। इस वारदात में 11 अन्य व्यक्ति घायल हुए हैं । मृतकों के नाम सीता राम शर्मा, राम देव, विद्यावती सेठ तथा गोवर्धन दास हैं । 6 घायलों के नाम सुंदर अरोड़ा, विजय कुमार, रमा शंकर, आर.के. सेठ, मंजीत सिंह तथा श्रीमती उर्मिला बताए जाते हैं । इन्हें भटिंडा तथा लुधियाना के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आतंकवादियों ने मंदिर को तीन तरफ से घेर कर ए.के. 47 से फायरिंग की । घटना के समय मंदिर में आरती हो रही थी । वारदात के बाद आतंकवादी मंदिर की दीवार फांद कर खेतों के बीच से भाग निकले । सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए । आतंकवादियों की तलाश की जा रही है ।

4 आतंकवादी गिरफ्तार : भटिंडा पुलिस ने 4 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इनमें से 2 दुर्दांत हैं । इन दोनों के नाम जलौर सिंह तथा गुरदेव सिंह उर्फ गेबा हैं । दो अन्य के नाम जोधा सिंह तथा भोला सिंह हैं । इनके कब्जे से दो हथगोले, 3 पिस्तौलें तथा कुछ गोली-सिक्का भी मिला है ।

स्वतंत्रता सेनानी तथा उसके बेटे की हत्या : रोपड़ (शशि): आतंकवादियों ने आज प्रातः खरड़ में स्वतंत्रता सेनानी निरंजन दास तथा उनके लड़के लाजपत राय की ए.के. 47 से फायरिंग करके हत्या कर दी । इस वारदात में श्री निरंजन दास का एक लड़का धर्मपाल बुरी तरह से घायल भी हुआ है । उसे पी.जी.आई. चंडीगढ़ में दाखिल कराया गया है । श्री निरंजन दास रिटेल किरयाना यूनियन खरड़ के प्रधान भी थे । उन्होंने आठ महीने पहले अपने लड़के के नाम अखबारों की एजैंसी भी ली थी ।

प्राप्त सूचना के अनुसार आज प्रातः लगभग पांच बजे श्री निरंजन दास अपने दोनों लड़कों के साथ आर्य कन्या पाठशाला के सामने स्थित अपने राशन डिपो में अखबारों के बंडल खोल रहे थे कि आतंकवादियों ने ए.के. 47 से उन पर फायरिंग की जिससे तीनों गम्भीर रूप से घायल हो गए । तीनों को पी.जी.आई. चंडीगढ़ ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने श्री निरंजन दास तथा श्री लाजपत राय को मृत घोषित कर दिया । इस बीच इस हत्याकांड के विरुद्ध रोष स्वरूप आज खरड़ में बंद रहा ।

एक की हत्या : मोहाली (वर्मा): कल रात लगभग 11 बजे निकटवर्ती गांव सोहाना में स्कूटर सवार 2 आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर निरंकारी रोशन लाल की ए.के. 47 राइफल से गोलियां चला कर हत्या कर दी । इस वारदात में उनका बेटा सुभाष चंद, बहू सविता तथा दस वर्षीय पोता बलविन्दर कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गए । उन्हें पी.जी.आई. चंडीगढ़ में भर्ती कराया गया है । पुलिस ने इस वारदात को आपसी रंजिश का परिणाम बताया है । पुलिस को इस मामले में कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिलने की आशा है ।

2 सुरक्षा कर्मी मरे : अमृतसर (वार्ता): जिला के फब्बन गांव में आतंकवादियों ने कल रात नाकापार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग करके एस.पी.ओ. बलविन्दर सिंह तथा होमगार्ड जवान जसविन्दर सिंह की हत्या कर दी ।

एस.पी.ओ. व उसके बेटे की हत्या : मजीठा पुलिस जिला के चागनके गांव में आतंकवादियों ने कल रात एक घर में घुस कर एस.पी.ओ. रतन सिंह तथा उसके बेटे इंद्रजीत सिंह, जो कि होमगार्ड वालंटियर था, की गोली मार कर हत्या कर दी ।

घायल एस.पी.ओ. ने दम तोड़ा : मजीठा पुलिस जिला के थोबा गांव में आतंकवादियों के साथ कल रात मुठभेड़ में घायल हुए एस.पी.ओ. जसवंत सिंह ने आज प्रातः एस.जी.टी.बी. अस्पताल में दम तोड़ दिया ।

परिवार के 4 सदस्यों की हत्या : अमृतसर जिला के गांव भिट्टेविंड में आतंकवादियों ने कल रात एक घर में घुस कर सरपंच गुलजार सिंह, उनकी पत्नी गुरदेव कौर, बेटे जसबीर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 20 खाली कारतूस मिले हैं ।

सी.आर.पी. के वाहन बमों से उड़ाने का प्रयास : पट्टी से 'सुरेश' के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन में आज सुबह 8.40 बजे के लगभग झंडोके के निकट सी.आर.पी.एफ. की 4-5 गाड़ियों को बमों से उड़ाने का प्रयत्न किया गया । प्राप्त जानकारी के अनुसार झंडोके-शहाबपुरा मार्ग पर कुछ दिन पहले मजदूरों ने पानी को आर-पार करने के लिए सड़क के नीचे पाइप बिछाए थे । उग्रवादियों ने आज यहां बम रख दिए । सी.आर.पी.एफ. की गाड़ियां जब वहां पहुंचीं तो दूर बैठे उग्रवादियों ने रिमोट कंट्रोल से इन बमों को चला दिया । धमाके से सी.आर.पी.एफ. की एक गाड़ी को नुक्सान पहुंचा । 'वार्ता' के अनुसार धमाके से सी.आर.पी.एफ. के 3 जवान भी घायल हो गए ।

मुठभेड़ में 1 आतंकवादी मरा : मजीठा पुलिस जिला के पुल टंक गांव के निकट सुरक्षा बलों ने कल रात मुठभेड़ के दौरान एक आतंकवादी को मार गिराया ।

युवक की हत्या : मजीठा पुलिस जिला के हर्षा छीना गांव में आज रात 4 आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर एक युवक केवल सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 5 खाली कारतूस मिले हैं ।

मंड क्षेत्र में तलाशी : सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों द्वारा अपहृत कुछ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के रिश्तेदारों तथा अन्य व्यक्तियों की लाशों की तलाश में मंड क्षेत्र में तलाशी ली । राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड्स के कमांडो ने सुरक्षा बलों की मदद की । तलाशी अभियान के परिणामों की तत्काल रूप से जानकारी नहीं दी गई ।

4 आतंकवादी पकड़े : अमृतसर से 'अशोक' के अनुसार अमृतसर पुलिस ने 'खालिस्तान

(शेष पृष्ठ 6 पर)



खरड़ में स्वतंत्रता सेनानी श्री निरंजन दास तथा उनके बेटे की बुधवार हत्या किए जाने के विरुद्ध रोष स्वरूप खरड़ के बाजार बंद रहे । पिता-पुत्र की हत्या की गई ।

कश्मीर घाटी में 5 उग्रवादियों व्यक्ति मारे गए : अनेक स्थनों

श्रीनगर, 25 जुलाई (प.स.): कश्मीर घाटी में पिछले 24 घंटे के दौरान 5 उग्रवादियों सहित 9 व्यक्ति मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए । उग्रवादियों की सुरक्षा बल के साथ अनेक स्थानों पर मुठभेड़ हुई । मुठभेड़ में दो सुरक्षा कर्मियों सहित तीन व्यक्ति घायल हो गए । तीसरे दिन भी राज्य के अधिकतर सरकारी दफ्तरों में कामकाज ठप्प रहा ।

एक पुलिस प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि कुपवाड़ा जिले में भारत-पाक सीमा के निकट भारत में घुसपैठ करने का प्रयत्न करते समय सुरक्षा बलों के हाथों 3 उग्रवादी मारे गए जबकि एक घायल हो गया । उनके पास से तीन ए.के. 47 राइफलें, एक लाइट मशीनगन, एक पिस्तौल, पांच राकेट, दो राकेट लांचर, 10 रोप माइन्स, 26 हैंड ग्रेनेड, तीन टैलीस्कोप, तीन रात को देखने वाले यंत्र तथा तीन डैटोनेटर बरामद हुए हैं ।

सरकारी सूत्रों ने बताया है कि 2 अन्य उग्रवादी कल सायं पुंछ सैक्टर प्रदेश में घुसने की कोशि बताया गया है कि जवान कल अलीकदल हमले में घायल हो गया गई ।

दक्षिण कश्मीर के ने एक व्यक्ति की हत्या

पुलिस ने आज प्रा जेहलम से एक शव बर

इस बीच जम्मू-क चंद्र सक्सेना राजधानी पर एक विशेष विमान

शहर के जैनाक आटोरिक्शा चालक इफ्त मार दी गई । अलीकदल

(शेष पृष्ठ



बुधवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंचा कश्मीरी शरणार्थियों का शरणार्थियों ने अपनी समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए निकट धरना देने की योजना बनाई है ।

वर्मा चंडीगढ़ में सुरक्षा प्रबंधों को लेकर अफसरों की बैठक में बरसे : आई.जी., एस.एस.पी. तबदील

चंडीगढ़, 25 जुलाई (एन.एस. परवाना): पता चला है कि आज यहां राज्यपाल पंजाब श्री वीरेन्द्र वर्मा द्वारा पंजाब व हरियाणा की संयुक्त राजधानी चंडीगढ़ में बढ़ रही आतंकवादियों की सरगर्मियों से उत्पन्न गम्भीर स्थिति पर विचार करने के लिए पंजाब व हरियाणा सरकारों तथा चंडीगढ़ प्रशासन के उच्च नागरिक व पुलिस अधिकारियों की बुलाई गई मीटिंग में श्री वर्मा गुस्से के आलम में चंडीगढ़ के अफसरों पर बुरी तरह बरस पड़े और कहने लगे कि पिछले कुछ दिनों के दौरान राजधानी में एक के बाद एक अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों को कत्ल करने की जो दिल हिला देने वाली वारदातें हुई हैं उससे न केवल हम सब लोगों को शर्म आनी चाहिए बल्कि मैं तो स्वयं को अपराधी महसूस कर रहा हूं ।

मीटिंग में हरियाणा के गृहमंत्री प्रो. सम्पत सिंह, गृह सचिव श्री जे.के. दुग्गल, पुलिस महानिदेशक श्री आर.आर. सिंह, राज्यपाल पंजाब के दोनों सलाहकार श्री पी.एस. कोहली, श्री एच.एम. सिंह तथा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (इंटैलीजैंस) श्री ओ.पी. शर्मा शामिल हुए, जबकि चंडीगढ़ प्रशासन का प्रतिनिधित्व सलाहकार श्री बालेश्वर राय, गृह सचिव श्री आर.एन. पराशर, उपायुक्त श्री कृष्ण मोहन, आई.जी. पुलिस श्री गुरचरन सिंह संधू और एस.एस.पी. श्री आर.पी. सिंह ने किया।

राज्यपाल ने चंडीगढ़ के अफसरों से जानना चाहा कि उन्होंने सतलुज-यमुना लिंक नहर के चीफ इंजीनियर श्री एम.एल. सीकरी, जिनकी दो दिन पूर्व आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी, की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाए, जबकि वह (स्वर्गीय सीकरी) बार-बार कहते रहे कि मुझे टैलीफोन पर जान से मार डालने की धमकियां मिल रही हैं । कहा जाता है कि [illegible] वाले भेजे गए मगर वह चूंकि दौरे पर गए हुए थे इसलिए उनसे मुलाकात न हो सकी । फिर भी पुलिस ने श्री सीकरी बारे चौकसी से काम लिया ।

लेकिन इस स्पष्टीकरण से श्री वर्मा की तसल्ली नहीं हुई । राज्यपाल द्वारा पहली बार इस तरह की मीटिंग बुलाई गई थी । मीटिंग में यह आम राय पाई गई कि चंडीगढ़ में रहने वाले अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा सम्बन्धित राज्य सरकारें स्वयं करें, यानी पंजाब की पंजाब वाले और हरियाणा की हरियाणा वाले करेंगे ताकि चंडीगढ़ पुलिस पर बोझ घटाया जा सके । प्रो. सम्पत सिंह का कहना है कि हमने तो यह सिलसिला पहले से ही शुरू कर रखा है ।

मीटिंग में चंडीगढ़ प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि उनके पास फोर्स की कमी है । पता चला है कि इस बारे में केन्द्र से तुरन्त सम्पर्क कर और फोर्स मंगाई जा रही है । मीटिंग में बताया गया कि पंजाब और हरियाणा सरकार मोहाली और पंचकूला के आसपास अपने-अपने क्षेत्र के गांवों की भी सुरक्षा के दृष्टिगत चैकिंग करेंगी । चंडीगढ़ पुलिस ने राजधानी में नाकाबंदी कड़ी कर दी है । मीटिंग में पंजाब के भूतपूर्व वित्तमंत्री श्री बलवन्त सिंह तथा एस.वाई.एल. के चीफ इंजीनियर श्री एम.एल. सीकरी व सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर श्री ए.एल. औलख की हत्या के केसों में की जा रही जांच का भी जायजा लिया गया ।

सरकार कठोर पग उठाएगी : 'प.स.' के अनुसार श्री वर्मा ने कहा कि पंजाब में शांति स्थापना के लिए पचास दिन में सरकार कठोर कदम उठाएगी, जिससे राष्ट्रपति शासन की मौजूदा अवधि समाप्त होने से पूर्व विधानसभा चुनाव कराए जा सकें । राष्ट्रपति शासन की अवधि 11 नवम्बर को समाप्त होगी । राज्यपाल ने यहां संवाददाताओं को बताया कि 31 जुलाई को चंडीगढ़ में उच्च स्तरीय बैठक होगी, जिसमें शांति व्यवस्था के उपाय तय किए जाएंगे ।

श्री वर्मा ने कहा कि सरकार युवा उग्रवादियों को आम माफी देने के लिए राजी है, बशर्ते कि उग्रवादी हिंसा का मार्गत्याग कर संविधान के तहत बातचीत

(शेष पृष्ठ 6 पर)

जनता दल में संकट के बाद इंका पुनः संगठित

नई दिल्ली, 25 जुलाई (जी.एस. चावला) : हाल ही में जनता दल के संकट के बाद इंका पुनः संगठित हो गई है और श्री राजीव गांधी पर उनके पार्टी कार्यकर्त्ता एक आशा की दृष्टि लगाए हुए हैं ।

गत दिवस समाप्त हुई इंका के तीन दिवसीय सत्र में श्री गांधी के नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया गया । इंका के इस सूत्र में पिछले सत्र की अपेक्षा पार्टी कार्यकर्त्ताओं में अधिक जोश देखने को मिला ।

इस सत्र में पारित प्रस्तावों से संकेत मिला है कि पार्टी ने संसद के अगले चुनावों की तैयारियां शुरू कर दी हैं जो किसी भी समय संभव हैं । भाजपा जो कि वी.पी. सिंह सरकार को बाहर से सहायता देने वाली राजनीतिक क्षेत्रों ने महसूस किया है कि इस बार श्री राजीव गांधी पिछले कुछ महीनों की बजाय अधिक आश्वस्त हैं । कुछ मास पूर्व श्री राजीव गांधी की अपनी ही पार्टी में आलोचना की जा रही थी जबकि पिछले तीन महीनों के दौरान उन्होंने अपनी लोकप्रियता में कुछ सफलता पाई है और वह पुनः पार्टी के एक सर्वोच्च नेता उभर कर सामने आए हैं ।

स्वर्ण सिंह को इंका कार्यकारिणी में शामिल किए जाने की संभावना

नई दिल्ली, 25 जुलाई (जी.एस. चावला) :

मध्यावधि चुनाव की कोई सम्भावना नहीं : जयपाल

नई दिल्ली, 25 जुलाई (वार्ता): जनता दल के प्रवक्ता जयपाल रेड्डी ने मध्यावधि चुनाव कराए जाने की सम्भावना से इंकार किया है तथा साथ ही विश्वास व्यक्त किया है कि राष्ट्रीय मोर्चा सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी ।

हरियाणा में असंतुष्टों नए मंच के गठन की घ

चंडीगढ़, 25 जुलाई (राकेश संघी) : जनता दल हरियाणा से निष्कासित विधायकों तथा उप-प्रधानमंत्री श्री देवी लाल व उनके पुत्र श्री ओम प्रकाश चौटाला के विरोधियों से संबंधित तीन गुटों के नेताओं ने आज यहां एक नया संयुक्त मंच कायम करने की घोषणा कर दी । इन सभी असंतुष्ट गुटों के नेताओं की आज यहां लगभग 3 घंटे तक मीटिंग हुई ।

नया मंच बनाने वालों में जनहित मोर्चा, आनंद सिंह डांगी समर्थक तथा भूतपूर्व सिंचाई व बिजली मंत्री श्री वीरेन्द्र सिंह गुट शामिल हैं । मीटिंग के बाद नए मंच के गठन की घोषणा करते हुए इसके संयोजक व राज्य योजना बोर्ड के भूतपूर्व उपाध्यक्ष श्री मूल चंद जैन ने कहा कि यह नया मंच गैर राजनीतिक होगा लेकिन इसकी सारी कार्रवाई राजनीतिक होगी ।

इस बारे में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए जनहित मोर्चा के अध्यक्ष श्री किरपा राम पूनिया ने बताया कि कोई नया राजनीतिक मंच बनाने से दल बदल विरोधी कानून के अंतर्गत उसमें शामिल होने वाले विधायकों को विधानसभा की अध्यक्षता से हाथ धोना पड़ सकता है, इसलिए तकनीकी तौर पर इस नए मंच को गैर राजनीतिक कहा जा रहा है ।

श्री जैन ने बताया कि इस नए मंच के नाम व विधान पर विचार करने के लिए मीटिंग में उनके संयोजकत्व में 5 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है जिसमें वीरेन्द्र सिंह, किरपा राम पूनिया, परमानंद और आनंद सिंह डांगी सदस्य के रूप में शामिल होंगे ।

अपनी रिपोर्ट एक सप्ताह कहा गया है । श्री जैन ने मीटिंग अगस्त के पहले जिसमें इसके नाम व विधा जाएगा ।

श्री जैन ने दावा किय और विधायक मंच से जुड़

आज की मीटिंग में वीरेन्द्र सिंह व श्री चौधरी कादियान, श्री परमानंद, भगवान सहाय रावत (चा बोर्ड के भूतपूर्व सदस्य श्री बिजली बोर्ड के भूतपूर्व सद जनहित मोर्चा के उपाध्यक्ष ने भाग लिया ।

श्रीलंका सेना द्वा बड़े हमले

कोलम्बो, 25 जुलाई (प जाफना के पास स्थित किलीनोच्ची पर आज कब्ज जाने वाली एक सड़क को नगरों पर कब्जे के लिए तीन में कम से कम 49 तमिल सैनिक भी लड़ाई में मरे ।

इसी बीच श्रीलंका सेना

Punjabi Sanjaal

पंजाब में 5 सुरक्षा कर्मियों सहित 23 लोगों की हत्या : मुठभेड़ में 1 उग्रवादी मरा

सुरक्षा कर्मियों के वाहन बमों से उड़ाने का प्रयास : 1 दुर्दांत उग्रवादी जेल से भागा

2 उग्रवादियों की गिरफ्तारी से बड़ी वारदात टली

चंडीगढ़, 25 जुलाई (प.स., वार्ता) : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 5 सुरक्षा कर्मियों समेत 23 लोगों की हत्या हुई । इस बीच 1 उग्रवादी मुठभेड में मारा गया तथा 2 अन्य को गिरफ्तार कर लिए जाने से एक बड़ी वारदात टल गई । सुरक्षा कर्मियों के वाहनों को बमों से उड़ाने का प्रयास किया गया । एक दुर्दांत आतंकवादी जेल से भाग भी गया ।

महिला समेत 4 की हत्या : भटिंडा, (प.स., सोच): आतंकवादियों के एक गिरोह ने कल रात स्थानीय नैशनल फर्टिलाइजर्स कालोनी में एक मंदिर में अंधाधुंध फायरिंग करके 4 लोगों की हत्या कर दी। इस वारदात में 11 अन्य व्यक्ति घायल हुए हैं । मृतकों के नाम सीता राम शर्मा, राम देव, विद्यावती सेठ तथा गोवर्धन दास हैं । 6 घायलों के नाम संदर अरोड़ा, विजय कुमार, रमा शंकर, आर.के. सेठ, मंजीत सिंह तथा श्रीमती उर्मिला बताए जाते हैं । इन्हें भटिंडा तथा लुधियाना के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आतंकवादियों ने मंदिर को तीन तरफ से घेर कर ए.के. 47 से फायरिंग की । घटना के समय मंदिर में आरती हो रही थी । वारदात के बाद आतंकवादी मंदिर की दीवार फांद कर खेतों के बीच से भाग निकले । सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए । आतंकवादियों की तलाश की जा रही है ।

4 आतंकवादी गिरफ्तार : भटिंडा पुलिस ने 4 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इनमें से 2 दुर्दांत हैं । इन दोनों के नाम जलौर सिंह तथा गुरदेव सिंह उर्फ गेबा हैं । दो अन्य के नाम जोधा सिंह तथा भोला सिंह हैं । इनके कब्जे से दो हथगोले, 3 पिस्तौलें तथा कुछ गोली-सिक्का भी मिला है ।

स्वतंत्रता सेनानी तथा उसके बेटे की हत्या : रोपड़ (शशि): आतंकवादियों नेआज प्रातः खरड़ में स्वतंत्रता सेनानी निरंजन दास तथा उनके लड़के लाजपत राय की ए.के. 47 से फायरिंग करके हत्या कर दी । इस वारदात में श्री निरंजन दास का एक लड़का धर्मपाल बुरी तरह से घायल भी हुआ है । उसे पी.जी.आई. चंडीगढ़ में दाखिल कराया गया है । श्री निरंजन दास रिटेल किरयाना यूनियन खरड़ के प्रधान भी थे । उन्होंने आठ महीने पहले अपने लड़के के नाम अखबारों की एजैंसी भी ली थी ।

प्राप्त सूचना के अनुसार आज प्रातः लगभग पांच बजे श्री निरंजन दास अपने दोनों लड़कों के साथ आर्य कन्या पाठशाला के सामने स्थित अपने राशन डिपो में अखबारों के बंडल खोल रहे थे कि आतंकवादियों ने ए.के. 47 से उन पर फायरिंग की जिससे तीनों गम्भीर रूप से घायल हो गए । तीनों को पी.जी.आई. चंडीगढ़ ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने श्री निरंजन दास तथा श्री लाजपत राय को मृत घोषित कर दिया । इस बीच इस हत्याकांड के विरुद्ध रोष स्वरूप आज खरड़ में बंद रहा ।

एक की हत्या : मोहाली (वर्मा): कल रात लगभग 11 बजे निकटवर्ती गांव सोहाना में स्कूटर सवार 2 आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर निरंकारी रोशन लाल की ए.के. 47 राइफल से गोलियां चला कर हत्या कर दी । इस वारदात में उनका बेटा सुभाष चंद, बहू सविता तथा दस वर्षीय पोता बलविन्दर कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गए । उन्हें पी.जी.आई. चंडीगढ़ में भर्ती कराया गया है । पुलिस ने इस वारदात को आपसी रंजिश का परिणाम बताया है । पुलिस को इस मामले में कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिलने की आशा है ।

2 सुरक्षा कर्मी मरे : अमृतसर (वार्ता): जिला के फुब्बन गांव में आतंकवादियों ने कल रात नाकापार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग करके एस.पी.ओ. बलविन्दर सिंह तथा होमगार्ड जवान जसविन्दर सिंह की हत्या कर दी ।

एस.पी.ओ. व उसके बेटे की हत्या : मजीठा पुलिस जिला के वाहनके गांव में आतंकवादियों ने कल रात एक घर में घुस कर एस.पी.ओ. रतन सिंह तथा उसके बेटे इंद्रजीत सिंह, जो कि होमगार्ड वालंटियर था, की गोली मार कर हत्या कर दी ।

घायल एस.पी.ओ. ने दम तोड़ा : मजीठा पुलिस जिला के थोबा गांव में आतंकवादियों के साथ कल रात मुठभेड़ में घायल हुए एस.पी.ओ. जसवंत सिंह ने आज प्रातः एस.जी.टी.बी. अस्पताल में दम तोड़ दिया ।

परिवार के 4 सदस्यों की हत्या : अमृतसर जिला के गांव भिट्टेविड में आतंकवादियों ने कल रात एक घर में घुस कर सरपंच गुलजार सिंह, उनकी पत्नी गुरदेव कौर, बेटे जसबीर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 20 खाली कारतूस मिले हैं ।

सी.आर.पी. के वाहन बमों से उड़ाने का प्रयास : पट्टी से 'सुरेश' के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन में आज सुबह 8.40 बजे के लगभग झंडोके के निकट सी.आर.पी.एफ. की 4-5 गाड़ियों को बमों से उड़ाने का प्रयत्न किया गया । प्राप्त जानकारी के अनुसार झंडोके-शहाबपुरा मार्ग पर कुछ दिन पहले मजदूरों ने पानी को आर-पार करने के लिए सड़क के नीचे पाइप बिछाए थे । उग्रवादियों ने आज यहां बम रख दिए । सी.आर.पी.एफ. की गाड़ियां जब वहां पहुंचीं तो दूर बैठे उग्रवादियों ने रिमोट कंट्रोल से इन बमों को चला दिया । धमाके से सी.आर.पी.एफ. की एक गाड़ी को नुक्सान पहुंचा । 'वार्ता' के अनुसार धमाके से सी.आर.पी.एफ. के 3 जवान भी घायल हो गए ।

मुठभेड़ में 1 आतंकवादी मरा : मजीठा पुलिस जिला के पुल टंक गांव के निकट सुरक्षा बलों ने कल रात मुठभेड़ के दौरान एक आतंकवादी को मार गिराया ।

युवक की हत्या : मजीठा पुलिस जिला के हर्षा छीना गांव में आज रात 4 आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर एक युवक केवल सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 5 खाली कारतूस मिले हैं ।

मंड क्षेत्र में तलाशी : सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों द्वारा अपहृत कुछ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के रिश्तेदारों तथा अन्य व्यक्तियों की लाशों की तलाश में मंड क्षेत्र में तलाशी ली । राष्ट्रीय सुरक्षा गार्डस के कमांडो ने सुरक्षा बलों की मदद की । तलाशी अभियान के परिणामों की तत्काल रूप से जानकारी नहीं दी गई ।

4 आतंकवादी पकड़े : अमृतसर से 'अशोक' के अनुसार अमृतसर पुलिस ने खालिस्तान

(शेष पृष्ठ 6 पर)



खरड़ में स्वतंत्रता सेनानी श्री निरंजन दास तथा उनके बेटे की बुधवा हत्या किए जाने के विरुद्ध रोष स्वरूप खरड़ के बाजार बंद रहे पिता-पुत्र की हत्या की गई ।

कश्मीर घाटी में 5 उग्रवादि

व्यक्ति मारे गए : अनेक स्थनों

श्रीनगर, 25 जुलाई (प.स.): कश्मीर घाटी में पिछले 24 घंटे के दौरान 5 उग्रवादियों सहित 9 व्यक्ति मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए । उग्रवादियों की सुरक्षा बल के साथ अनेक स्थानों पर मुठभेड़ हुई । मुठभेड़ में दो सुरक्षा कर्मियों सहित तीन व्यक्ति घायल हो गए । तीसरे दिन भी राज्य के अधिकतर सरकारी दफ्तरों में कामकाज ठप्प रहा ।

एक पुलिस प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि कुपवाड़ा जिले में भारत-पाक सीमा के निकट भारत में घुसपैठ करने का प्रयत्न करते समय सुरक्षा बलों के हाथों 3 उग्रवादी मारे गए जबकि एक घायल हो गया । उनके पास से तीन ए.के. 47 राइफलें, एक लाइट मशीनगन, एक पिस्तौल, पांच राकेट, दो राकेट लांचर, 10 रोप माइन्स, 26 हैंड ग्रेनेड, तीन टैलीस्कोप, तीन रात को देखने वाले यंत्र तथा तीन डैटोनेटर बरामद हुए हैं ।

सरकारी सूत्रों ने बताया है कि 2 अन्य उग्रवादी कल सायं पुंछ सैक्टर प्रदेश में घुसने की

बताया गया है जवान कल अलीकट हमले में घायल हो ग गई ।

दक्षिण कश्मीर ने एक व्यक्ति की ह

पुलिस ने आज जेहलम से एक शव

इस बीच जम्मू-चंद सक्सेना राजधानी पर एक विशेष विमान

शहर के जैना आटोरिक्शा चालक मार दी गई । अलीक

(शेष



बुधवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंचा कश्मीरी शरणार्थियों शरणार्थियों ने अपनी समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित करने के लि निकट धरना देने की योजना बनाई है ।

वर्मा चंडीगढ़ में सुरक्षा प्रबंधों को लेकर अफसरों की बैठक में बरसे : आई.जी., एस.एस.पी. तबदील

चंडीगढ़, 25 जुलाई (एन.एस. परवाना): पता चला है कि आज यहां राज्यपाल पंजाब श्री वीरेन्द्र वर्मा द्वारा पंजाब व हरियाणा की संयुक्त राजधानी चंडीगढ़ में बढ़ रही आतंकवादियों की सरगर्मियों से उत्पन्न गम्भीर स्थिति पर विचार करने के लिए पंजाब व हरियाणा सरकारों तथा चंडीगढ़ प्रशासन के उच्च नागरिक व पुलिस अधिकारियों की बुलाई गई मीटिंग में श्री वर्मा गुस्से के आलम में चंडीगढ़ के अफसरों पर बुरी तरह बरस पड़े और कहने लगे कि पिछले कुछ दिनों के दौरान राजधानी में एक के बाद एक अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों को कत्ल करने की जो दिल हिला देने वाली वारदातें हुई हैं उससे न केवल हम सब लोगों को शर्म आनी चाहिए बल्कि मैं तो स्वयं को अपराधी महसूस कर रहा हूं ।

मीटिंग में हरियाणा के गृहमंत्री प्रो. सम्पत सिंह, गृह सचिव श्री जे.के. दुग्गल, पुलिस महानिदेशक श्री आर.आर. सिंह, राज्यपाल पंजाब के दोनों सलाहकार श्री पी.एस. कोहली, श्री एच.एम. सिंह तथा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (इंटैलीजैंस) श्री ओ.पी. शर्मा शामिल हुए, जबकि चंडीगढ़ प्रशासन का प्रतिनिधित्व सलाहकार श्री बालेश्वर राय, गृह सचिव श्री आर.एन. पराशर, उपायुक्त श्री कृष्ण मोहन, आई.जी. पुलिस श्री गुरचरन सिंह संधू और एस.एस.पी. श्री आर.पी. सिंह ने किया।

राज्यपाल ने चंडीगढ़ के अफसरों से जानना चाहा कि उन्होंने सतलुज-यमुना लिंक नहर के चीफ इंजीनियर श्री एम.एल. सीकरी, जिनकी दो दिन पूर्व आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी, की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाए, जबकि वह (स्वर्गीय सीकरी) बार-बार कहते रहे कि मझे टैलीफोन पर जान से मार डालने की धमकियां मिल रही हैं । कहा जाता है कि अफसरों ने जवाब दिया कि श्री सीकरी के पास सुरक्षा वाले भेजे गए मगर वह चूंकि दौरे पर गए हुए थे इसलिए उनसे मुलाकात न हो सकी । फिर भी पुलिस ने श्री सीकरी बारे चौकसी से काम लिया ।

लेकिन इस स्पष्टीकरण से श्री वर्मा की तसल्ली नहीं हुई । राज्यपाल द्वारा पहली बार इस तरह की मीटिंग बुलाई गई थी । मीटिंग में यह आम राय पाई गई कि चंडीगढ़ में रहने वाले अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा सम्बन्धित राज्य सरकार स्वयं करें, यानी पंजाब की पंजाब वाले और हरियाणा की हरियाणा वाले करेंगे ताकि चंडीगढ़ पुलिस पर बोझ घटाया जा सके । प्रो. सम्पत सिंह का कहना है कि हमने तो यह सिलसिला पहले से ही शुरू कर रखा है ।

मीटिंग में चंडीगढ़ प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि उनके पास फोर्स की कमी है । पता चला है कि इस बारे में केन्द्र से तुरन्त सम्पर्क कर और फोर्स मंगाई जा रही है । मीटिंग में बताया गया कि पंजाब और हरियाणा सरकारें मोहाली और पंचकुला के आसपास अपने-अपने क्षेत्र के गांवों की भी सुरक्षा के दृष्टिगत चैकिंग करेंगी। चंडीगढ़ पुलिस ने राजधानी में नाकाबंदी कड़ी कर दी है । मीटिंग में पंजाब के भूतपूर्व वित्तमंत्री श्री बलवन्त सिंह तथा एस.बाई.एल. के चीफ इंजीनियर श्री एम.एल. सीकरी व सपरिंटैंडिंग इंजीनियर श्री ए.एस. औलख की हत्या के केसों में की जा रही जांच का भी जायजा लिया गया ।

सरकार कठोर पग उठाएगी : 'प.स.' के अनुसार श्री वर्मा ने कहा कि पंजाब में शांति स्थापना के लिए पचास दिन में सरकार कठोर कदम उठाएगी, जिससे राष्ट्रपति शासन की मौजूदा अवधि समाप्त होने से पूर्व विधानसभा चुनाव कराए जा सकें । राष्ट्रपति शासन की अवधि 11 नवम्बर को समाप्त होगी । राज्यपाल ने यहां संवाददाताओं को बताया कि 31 जुलाई को चंडीगढ़ में उच्च स्तरीय बैठक होगी, जिसमें शांति व्यवस्था के उपाय तय किए जाएंगे ।

श्री वर्मा ने कहा कि सरकार युवा उग्रवादियों को आम माफी देने के लिए राजी है, बशर्ते कि उग्रवादी हिंसा का मार्गत्याग कर संविधान के तहत बातचीत

(शेष पृष्ठ 6 पर)

जनता दल में संकट के बाद इंका पुनः संगठित

नई दिल्ली, 25 जुलाई (जी.एस. चावला) : हाल ही में जनता दल के संकट के बाद इंका पुनः संगठित हो गई है और श्री राजीव गांधी पर उनके पार्टी कार्यकर्त्ता एक आशा की दृष्टि लगाए हुए हैं ।

गत दिवस समाप्त हुई इंका के तीन दिवसीय सत्र में श्री गांधी के नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया गया । इंका के इस सूत्र में पिछले सत्र की अपेक्षा पार्टी कार्यकर्त्ताओं में अधिक जोश देखने को मिला ।

इस सत्र में पारित प्रस्तावों से संकेत मिला है कि

राजनीतिक क्षेत्रों ने महसूस किया है कि इस बार श्री राजीव गांधी पिछले कुछ महीनों की बजाय अधिक आश्वस्त हैं । कुछ मास पूर्व श्री राजीव गांधी की अपनी ही पार्टी में आलोचना की जा रही थी जबकि पिछले तीन महीनों के दौरान उन्होंने अपनी लोकप्रियता में कुछ सफलता पाई है और वह पुनः पार्टी के एक सर्वोच्च नेता उभर कर सामने आए हैं ।

स्वर्ण सिंह को इंका कार्यकारिणी में शामिल

मध्यावधि चुनाव की कोई सम्भावना नहीं : जयपाल

नई दिल्ली, 25 जुलाई (वार्ता): जनता दल के प्रवक्ता जयपाल रेड्डी ने मध्यावधि चुनाव कराए जाने की सम्भावना से इंकार किया है तथा साथ ही

हरियाणा में असंतुष्ट

नए मंच के गठन की

चंडीगढ़, 25 जुलाई (राकेश संधी) : जनता दल हरियाणा से निष्कासित विधायकों तथा उप-प्रधानमंत्री श्री देवी लाल व उनके पुत्र श्री ओम प्रकाश चौटाला के विरोधियों से संबंधित तीन गुटों के नेताओं ने आज यहां एक नया संयुक्त मंच कायम करने की घोषणा कर दी । इन सभी असंतुष्ट गुटों के नेताओं की आज यहां लगभग 3 घंटे तक मीटिंग हुई ।

नया मंच बनाने वालों में जनहित मोर्चा, आनंद सिंह डांगी समर्थक तथा भूतपूर्व सिंचाई व बिजली मंत्री श्री वीरेन्द्र सिंह गुट शामिल हैं । मीटिंग के बाद नए मंच के गठन की घोषणा करते हुए इसके संयोजक व राज्य योजना बोर्ड के भूतपूर्व उपाध्यक्ष श्री मूल चंद जैन ने कहा कि यह नया मंच गैर राजनीतिक होगा लेकिन इसकी सारी कार्रवाई राजनीतिक होगी ।

इस बारे में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए जनहित मोर्चा के अध्यक्ष श्री किरपा राम पूनिया ने बताया कि कोई नया राजनीतिक मंच बनाने से दल बदल विरोधी कानून के अंतर्गत उसमें शामिल होने वाले विधायकों को विधानसभा की अध्यक्षता से हाथ धोना पड़ सकता है, इसलिए तकनीकी तौर पर इस नए मंच को गैर राजनीतिक कहा जा रहा है ।

श्री जैन ने बताया कि इस नए मंच के नाम व विधान पर विचार करने के लिए मीटिंग में उनके संयोजकत्व में 5 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है जिसमें वीरेन्द्र सिंह, किरपा राम पूनिया,

अपनी रिपोर्ट एक सप्त कहा गया है । श्री जैन मीटिंग अगस्त के पहल जिसमें इसके नाम व वि जाएगा ।

श्री जैन ने दावा कि विधायकों का समर्थन और विधायक मंच से

आज की मीटिंग वीरेन्द्र सिंह व श्री चौध कादियान, श्री परमान भगवान सहाय रावत बोर्ड के भूतपूर्व सदस बिजली बोर्ड के भूतपू जनहित मोर्चा के उपा ने भाग लिया ।

श्रीलंका सेना

बड़े हम

कोलम्बो, 25 जुला जाफना के पास सि किलीनोच्ची पर आज जाने वाली एक सड़क नगरों पर कब्जे के लि में कम से कम 49 सैनिक भी लड़ाई में

Punjabi Sahitya

1990

...पहले वे बखारा और ...के लिए जाएंगे ।

...मग्री मिलती रहेगी :

...न्द्र कुमार गुजराल ने यहां ...के परिणाम को 'अत्यंत ...हा है कि भारतीय पक्ष को ...गुजराल ने कल रात यहां ...कि प्रधानमंत्री विश्वनाथ ...यत राष्ट्रपति मिखाइल ...र्ता में द्विपक्षीय संबंधों के ...विमर्श किया गया । एक ...कहा कि भारत को सोवियत ...आपूर्ति बरकरार रहेगी ।

...कि सरकार बदल जाने से ...कोई असर नहीं पड़ेगा और ...ने सोवियत संघ की यह यात्रा

...न : भारत ने सोवियत संघ ...संबंधों तथा रुपया–रुबल ...आपसी व्यापार प्रणाली को ...झौते पर संतोष व्यक्त किया ...दंडवते ने सोवियत संघ के ...ों के मंत्री के साथ बातचीत के ...व्यक्त किया । बातचीत डेढ़

...E
...ar
...E

Mr. Prem Ladies Specialist

...: Herbal Treatment,
...l Grooming.
...we are :
...OUNTAIN,

...ापन

...तीर्थ यात्रा

...ांव, बरसाना, गोवर्धन, मथुरा, ...लिए 10 अगस्त को बसें जा रही ...म.डी. सभ्रवाल, ग्रेटवे माडल स्कूल, ...धर, फोन : 75666.

पोल्ट्री

...elhi Egg rate for 25.7.90, ...t trays. NECC Suggested ...80 per dozen.

रोज़गार

...तरों और भारतीय रेलवे में क्लर्कों की ...दसवीं पास, 18 से 25 वर्षीय लड़के, ...री और फार्म मंगवाने हेतु 5/- रुपए ...शीघ्र भेजें। Employment ...stitute, 6865/4, Ambala

...(JDC)

...करी के चाहवान जानकारी फार्म मुफ्त ...पए वाला एड्रैस किया लिफाफा भेजें । ...n Bhandar, Chowk Pragdass,

शिक्षा

...द्वारा B.Ed., B.T.C./J.B.T., ...Matric, B.A., LL.B, Vaid ...करें । नियमावली के लिए 10/- ...भेजें । S.G. College, Railway ...ala City.

...ाने की गारंटी मैट्रिक, +1, +2 (पंजाब ...कम्पार्टमैंट की कक्षाएं शुरू हैं । ...0 रु. । के.एस. माडल स्कूल, शिवाजी ...ा । फोन : 60419.

...पत्राचार मैट्रिक, इंटर +2 मैट्रिक ...., नियमानुसार R.M.P. डाक्टर बनें । ...यूट, झूला रोड, ऋषिकेश ।

...(JD)

...डल मैट्रिक +2 B.A., B.Com., B.Sc. ...ng, M.A. M.Com., M.Sc., LL.B. ...M. गारंटी से पास करें । सम्पर्क ...जी. कालेज, मलिकपुर (सोनीपत), ...न एंड कालेज, मोरपट्टी नरवाना, नालंदा ...ला मार्कीट, पानीपत, H.P. कालेज, ...ज, अस्पताल राऊंड, नाहन (हिमाचल) ।

...(Govt. valid 15 days) Matric / ...B.Com./ B.Sc./ M.A./M.Com/

...ने कहा कि जिस तरह अब तक मौजूदा वित्तीय व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाता रहा है उसी तरह आगे भी यह नीति जारी रहनी चाहिए ।

सूचना माध्यम के क्षेत्र में आपसी सहयोग के लिए भारत और सोवियत संघ ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं । दोनों पक्षों ने जनसंचार के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने तथा दोनों देशों की समाचार एजेंसियों में सूचनाओं के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करने का संकल्प किया है ।

समझौते में कहा गया है कि दोनों पक्ष अपने कानूनों के तहत एक-दूसरे देश के मान्यताप्राप्त पत्रकारों को अधिकतम सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे ।

आतंक : पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

कमांडो फोर्स' से संबंधित 4 आतंकवादियों नरेन्द्र सिंह उर्फ बिट्टू (निवासी संगतपुरा थाना मजीठा), भूपिंदर सिंह उर्फ मक्का (निवासी बासरके गिल्लां थाना छहर्टा), हरभजन सिंह उर्फ जज (निवासी संगतपुरा) तथा गुरनाम सिंह उर्फ गामा (निवासी पंडोरी थाना झब्बाल) को गिरफ्तार किया है । ये आतंकवादी खालिस्तान कमांडो फोर्स के लैटरपैड पर चिट्ठियां भेज कर अमृतसर जिला में लोगों से पैसा वसूल करते थे । एस.एस.पी. श्री संजीव गुप्ता ने एक संवाददाता सम्मेलन में उक्त आशय की जानकारी दी ।

विवरण देते हुए श्री गुप्ता ने बताया कि उक्त आतंकवादियों ने अजनाला और वेरका के इलाकों में एक दुकानदार तथा एक डाक्टर को धमकी-भरी चिट्ठियां भेजी थीं तथा उनसे 50-50 हजार रुपए की मांग की थी । श्री गुप्ता ने बताया कि उक्त दोनों व्यक्तियों ने पुलिस को खबर दे दी और पुलिस ने लोगों की मदद से उक्त चारों आतंकवादियों को दो विभिन्न स्थानों से पकड़ लिया ।

इन आतंकवादियों के कब्जे से दो खिलौना पिस्तौलें, एक 12 बोर का पिस्तौल, एक 355 बोर का पिस्तौल तथा इनके कुछ कारतूस बरामद किए हैं । इसके अलावा उनके कब्जे से खालिस्तान कमांडो फोर्स के कई लैटरपैड भी मिले हैं । पूछताछ के दौरान इन आतंकवादियों ने बताया कि अब तक उन्होंने 6 जगह धमकी-भरे पत्र लिख कर पैसे वसूल किए हैं । श्री गुप्ता ने बताया कि अभी तक इन आतंकवादियों ने 10 हजार रुपए की कुल राशि ही वसूल की थी । 50-50 हजार रुपए की मांग उन्होंने पहली बार की थी ।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री गुप्ता ने बताया कि कुख्यात आतंकवादियों तथा लुटेरों में अब कोई फर्क नहीं है । सभी लोगों से धन ऐंठते हैं और धन न मिलने की स्थिति में हत्याएं करते हैं । एक अन्य प्रश्न के उत्तर में श्री गुप्ता ने बताया कि अमृतसर बाटलिंग कम्पनी के मालिक की हत्या के संबंध में पुलिस को काफी महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं तथा जल्द ही पुलिस को इस मामले को सुलझाने में सफलता मिलेगी ।

ठेके के कर्मचारी की हत्या : संगरूर (वार्ता) : जिला के धूरी नगर में कल रात आतंकवादियों ने शराब के एक ठेके के कर्मचारी ईशर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । आतंकवादी ठेके से सारी धन राशि भी ले गए ।

शव मिला : धूरी से 'जैन' के अनुसार शेरपुर पुलिस ने कल कातरों गांव के अंग्रेज सिंह नामक एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव खेतों से बरामद किया है ।

एक की हत्या : लुधियाना (वार्ता) : जिला के धन खास गांव में आतंकवादियों ने बंत सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।



धूरी में आतंकवादियों के हाथों मारा गया शराब के ठेके का एक कर्मचारी । (छाया : सिंगला)





सुनाम में गत शुक्रवार को उग्रवादियों की गोलियों से मारे गए डा. शुभकरण (ऊपर) और उनके बेटे नरेश कुमार (नीचे) के शव । इन्सैट में उनके पुराने चित्र । (छाया : नागपाल)



फिरोजपुर जिला के थाना मक्खू के गांव फेमीवाला में आतंकवादियों द्वारा की गई फायरिंग में मरने वाले सी.आर.पी.एफ. जवान शाम सुंदर तथा पंजाब पुलिस कांस्टेबल हरबंस सिंह के शव । (छाया : शेखर)

दो आतंकवादी काबू : गुरदासपुर (विनोद): जिला पुलिस प्रमुख श्री बरजिन्दर कुमार ने आज यहां बताया कि कहनूवान पुलिस ने दो उग्रवादियों को गिरफ्तार करके एक बड़ी घटना होने से रोक ली है । उन्होंने बताया कि गत रात गांव मुल्लावान के पास सुरक्षा बलों ने नाकाबंदी की हुई थी । उन्होंने दो संदिग्ध युवकों को आते देखा । इस पर सुरक्षा बलों ने उन्हें ललकारा । दोनों युवक भाग खड़े हुए । जवानों ने उनका पीछा किया और दोनों को गिरफ्तार कर लिया । उनके कब्जे से 1 शक्तिशाली देसी बम और 1 टाइम बम बरामद हुआ है । दोनों उग्रवादियों के नाम तरसेम सिंह हैं । ये गांव सूच के रहने वाले हैं । प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान इन उग्रवादियों ने बताया कि इनकी गांव बेरियां में एस.पी.ओ. चौकी को उड़ाने की योजना थी । पूछताछ जारी है ।

एक और आतंकवादी पकड़ा : सी.आई.ए. स्टाफ गुरदासपुर ने एक आतंकवादी कुलवंत सिंह को गिरफ्तार किया है, जो गांव उमरपुरा का रहने वाला है । उसके कब्जे से एक बन्दूक बरामद हुई है ।

हथियार तस्करों के शव मिले : फिरोजपुर सैक्टर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट से 2 शव बरामद हुए हैं । समझा जाता है कि ये शव हथियारों के तस्करों के हैं ।

पुलिस हिरासत से आतंकवादी भागा : जालंधर (न.न.ए.) : 22 व 23 जुलाई की मध्य रात्रि को थाना लोहियां की हवालात से एक दुर्दांत आतंकवादी सुरनाम सिंह उर्फ सत्ता फरार हो गया । उसकी गिरफ्तारी पर सरकार ने 40 हजार रुपए का इनाम भी घोषित कर रखा था । यहां यह उल्लेखनीय है कि उक्त खतरनाक आतंकवादी को गत 21 जून को नवांशहर की पुलिस ने गिरफ्तार किया था और इसके कब्जे से 9 ए.के. 47 राइफलें, राकेट लांचर, रिमोट कंट्रोल, विस्फोटक पाऊडर व भारी परिमाण में गोली-सिक्का बरामद किया गया था । इस आतंकवादी का संबंध बब्बर खालसा से था । हवालात के संतरी को मुअत्तिल कर दिया गया है ।

आतंकवादी गिरोह की पहचान : जालंधर से 'वि.प्र. के अनुसार गत दिवस स्थानीय मोता सिंह नगर मार्कीट में 2 बजे दोपहर कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कार में आकर गोलीबारी करके एक पासपोर्ट एजेंट बलबीर सिंह की हत्या करने तथा एक अन्य युवक रामजी दास को घायल करने की जो घटना हुई थी, जिला जालंधर पुलिस ने उसमें संलिप्त गिरोह की पहचान कर ली है । इस घटना में स्थानीय मुहल्ला गोपाल नगर का जीवन सिंह और मुहल्ला सुराज गंज का रूपिन्दर जीत सिंह पुत्र मास्टर अमरीक सिंह शामिल हैं ।

एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा के अनुसार उक्त दोनों आतंकवादियों ने मोता सिंह नगर की वारदात के बाद अपनी कार थाना सदर फगवाड़ा के गांव रानीपुर के निकट छोड़ दी थी और वहां से एक व्यक्ति शिवलाल से उसका स्कूटर (नं. पी.ए.यू. 549) छीन लिया था जो कि तीन कि.मी. चलने के बाद गांव बोहानी के पास खराब हो गया था ।

इस बीच शिव लाल ने निकट की पुलिस चौकी में सूचना दी जिस पर एक कांस्टेबल व होमगार्ड जवान मोटर साईकल पर आतंकवादियों के पीछे गए । अचानक उन्होंने गांव बोहानी के बाहर दोनों आतंकवादियों को उक्त स्कूटर सहित किसी के साथ बातें करता देखा किन्तु जब सुरक्षा कर्मियों ने उनके पास ए.के. 47 राइफल देखी तो वे उन्हें ललकारने की बजाए गांव बोहानी में चले गए और कुछ लाइसैंसी हथियारों वाले व्यक्ति अपने साथ ले आए लेकिन तब तक आतंकवादी स्कूटर छोड़कर वहां से भाग चुके थे ।

बाद में वहां पूछताछ के दौरान पता चला कि दोनों आतंकवादी उक्त गांव में बाबा जीत सिंह के डेरे में चले गए और वहां से साइकिल आदि मांगा । जब उन्हें साइकिल नहीं मिल पाया तो वे एक व्यक्ति महेन्द्र सिंह का स्कूटर (नं. पी.ए.जे. 5729) छीन कर फरार हो गए । पुलिस ने उन की तलाश में उस क्षेत्र में कल कई गांवों में जांच पड़ताल की ।

श्री अरोड़ा के अनुसार पुलिस को संदेह है कि यही गिरोह जालंधर में गत सप्ताह रेलवे रोड स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक से 9.40 लाख रुपए, कुछ समय पहले गांव महटां की सहकारी समिति से 45000 रुपए, जालंधर कारपोरेशन कार्यालय से 64000 रुपए तथा लंगड़ोआ में एक बैंक की शाखा से कैश लूटने की घटनाओं में संलिप्त रहा है ।

शव मिला : जालन्धर से 'वार्ता' के अनुसार स्थानीय मोता सिंह नगर के निकट रेल लाइन से एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है ।

वृद्ध दम्पति की हत्या : गत रात थाना बंगा के मुहल्ला गांधी नगर में आतंकवादियों ने एक वृद्ध राम चंद्र (85) और उसकी पत्नी जमुना देवी (80) की गला घोंट कर हत्या कर दी तथा घर से कीमती सामान लूट कर ले गए । पुलिस के अनुसार दोनों पति-पत्नी अकेले घर में रहते थे । ये दोनों बहरे थे । इनके बेटे विदेश में रहते हैं । पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है ।

राज्यपाल बरसे

(पृष्ठ 3 का शेष)

...हों । उग्रवादियों को यह समझना चाहिए कि पाकिस्तान के मन्सूबे क्या हैं ।

आई.जी., एस.एस.पी. बदल दिए : इसी मध्य सरकार ने चंडीगढ़ के पुलिस इंस्पैक्टर जनरल गुरचरण सिंह और एस.एस.पी. आर.पी. सिंह को तत्काल स्थानांतरित करने का आदेश दिया है । शहर में आतंकवादियों द्वारा महत्वपूर्ण व्यक्तियों की हत्याओं में अचानक वृद्धि को देखते हुए यह आदेश दिया गया है । पंजाब के राज्यपाल वीरेन्द्र वर्मा ने आज यहां बताया कि चंडीगढ़ प्रशासन और खासकर पुलिस विभाग की लापरवाही के कारण शहर में आतंकवादी गतिविधियों में तेजी आई है । उन्होंने कहा कि ऐसी कमियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।

श्री वर्मा मृतक श्री सेखड़ी एवं श्री औलख के परिवारों के पास शोक प्रकट करने के लिए पहुंचे थे । उन्होंने पंजाब सरकार के सम्बन्धित अधिकारियों एवं चंडीगढ़ प्रशासन के अधिकारियों की ओर से एस.वाई.एल. के इंजीनियरों को सुरक्षा प्रदान करने में की गई लापरवाही पर अफसोस प्रकट किया ।

वी.पी. सिंह भी आप्रेशन ब्ल्यू स्टार के लिए क्षमा मांग सकते हैं : वर्मा

Distributors wanted in Himachal Pradesh for CTC Leaf Tea (Poly packs). Mfd. by Kathunia Groups Ltd. Apply to : Vandana Enterprise, C & F Agents, Aurwind Market, UNA-(H.P.).

शिक्षा

पत्राचार द्वारा B.Ed., B.T.C./J.B.T., L.T./O.T., Matric, B.A., LL.B. Vaid Visharad करें । नियमावली के लिए 10/- मनीआर्डर द्वारा भेजें । S.G. College, Railway Road, Ambala City.

पास करवाने की गारंटी मैट्रिक, +1, +2 (पंजाब, सी.बी.एस.ई.) कम्पार्टमैंट की कक्षाएं शुरू हैं । प्रासपैक्टस 10 रु. । के.एम. माडल स्कूल, शिवाजी नगर, लुधियाना । फोन : 60419.

RMP (Govt. valid 15 days) Matric/+2/B.A./B.Com./ B.Sc./ M.A./M.Com./ M.Sc./ BAMS (One sitting) OT/LT/JBT/ BTC/B.Ed./MBA Examination Centre Our College. LL.B (Professional) Admission Guidance MBBS/BDS/BE/Polytechnic, D-Pharmacy/B-Pharmacy. Prospectus Rs. 10/- Last date Near, Oxford College, 14, Mall Road, Model Town, Jalandhar. Ravindera College, Lado Wali Road, near Phatik Sant Nagar, Jalandhar.

R.M.P. Registration within 15 days. Guidance for M.B.B.S., B.D.S., B.E., D-Pharmacy, B-Pharmacy-LL.B., B.Ed.-Matric (Punjab), +2 after Matric. Bhopal-Bihar B.A., B.Sc., B.Com. & M.A./M.Sc., M.Com. (one sitting). Prospectus Rs. 15/-. Nalanda College, Balmiki Gate, Jalandhar.

5 आतंकवादी गिरफ्तार : भटिंडा पुलिस ने पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो हैंड ग्रेनेड, एक ए.के. 47 राइफल, एक बारह बोर की गन और ए.के. 47 के 100 कारतूस बरामद किए हैं । उनकी शिनाख्त जलौर सिंह, बाला सिंह, जरनैल सिंह, जोधा सिंह भोला सिंह और गुरदेव सिंह उर्फ गब्बा के रूप में की गई है ।

दोहरी सवारी पर पाबंदी : लुधियाना (निपाल): जिला मैजिस्ट्रेट ने एक आदेश द्वारा प्रातः चार से सात बजे के बीच दोपहिया स्वचालित वाहनों पर दोहरी सवारी पर पाबंदी लगा दी है । महिलाओं और 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों पर पाबंदी लागू नहीं होगी । यह आदेश 27 जुलाई से 25 सितम्बर तक लागू रहेंगे ।

रॉयल गवर्नमेंट आफ भूटान

BOMBAY
मासिक
इन्सटैंट

चौथे ड्रा का परिणाम, जो **27.7.1990** को भूटान में निकाला गया :–

पहला पुरस्कार : (1) नं/रु. 4,00,000/- प्रत्येक	179070
दूसरा पुरस्कार : (9) नं/रु. 5,000/- प्रत्येक	79070
तीसरा पुरस्कार : (90) नं/रु. 500/- प्रत्येक	9070
चौथा पुरस्कार : (900) नं/रु. 50/- प्रत्येक	070
पांचवां पुरस्कार : (9000) नं/रु. 20/- प्रत्येक	70
छठा पुरस्कार : (90,000) नं/रु. 10/- प्रत्येक	0
सातवां पुरस्कार : (2,00,000) नं/रु. 5/- प्रत्येक	1 & 9

चौथे ड्रा के एजैंट्स लक्की डिप का परिणाम

पहला पुरस्कार : (1) नं/रु. 10,000/- (चार अंकों में 1 नं.)	1490
दूसरा पुरस्कार : (9) नं/रु. 500/- प्रत्येक (प्रथम पुरस्कार के अंतिम 3 अंक)	490
तीसरा पुरस्कार : (990) नं/रु. 100/- प्रत्येक (प्रथम पुरस्कार का अंतिम अंक)	0
चौथा पुरस्कार : (9000) नं/रु. 80/- प्रत्येक (सभी शेष कूपन)	1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9

परिणाम की सत्यता के लिए कृपया अधिकृत गज़ट से मिला लें ।

सोल एजैंट्स : **प्रैस्टीज लाटरीज़**
मद्रास, बंगलौर, दिल्ली
उपसचिव, लाटरीज़ निदेशालय,
रायल गव. आफ भूटान, फंटशोलिंग, भूटान



(1) मोहाली में शुक्रवार को आतंकवादियों द्वारा मारे गए भारतीय मजदूर संघ के नेता महत विपाठी का शव (2) घटनास्थल पर फैला खून और वह स्कूटर, जिसे आतंकवादी भागते समय छोड़ गए।

(छाया : नर्बदा)

मानोचाहल व संधा के बच निकलने का खंडन : चंडीगढ़ (वार्ता): आज यहां एक आधिकारिक प्रवक्ता ने इन समाचारों को 'बिल्कुल झूठ' कहते हुए खण्डन किया है कि दर्दात उग्रवादी गुरबचन सिंह मानोचाहल और सुखबिन्दर सिंह संघा गत बुधवार की रात को तरनतारन पुलिस जिले में सुरक्षा बलों के शिकंजे से बच निकले थे । प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि एक समाचार एजैंसी द्वारा कल दिए गए समाचार, जो आज अखबारों में प्रकाशित हुआ है, में कोई सच्चाई नहीं है ।

उसने कहा कि यहां पुलिस मुख्यालय में उपलब्ध विवरणों के अनुसार तरनतारन पुलिस जिले में कोई मुकाबला नहीं हुआ । उसने कहा कि बुधवार की रात लगभग 12.30 बजे तरनतारन शहर में जंडियाला गुरु बाईपास रोड पर नाका पार्टी के साथ हुए मुकाबले में एक व्यक्ति चनन सिंह गंभीर रूप से घायल हुआ था, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है ।

मोटर साइकिल ले गए : होशियारपुर (अश्विनी): थाना बलाचौर के अधीन रकड़ा ढाहा ग्राम के एक व्यक्ति काबुल सिंह के घर से तीन युवक उसका हीरो होंडा मोटर साइकिल नम्बर पी.ए.इ. 442 लेकर फरार हो गए ।

स्वागत

अमृतसर, 27 जुलाई : पंजाब राज्य जनता दल की अनुशासन समिति के प्रधान श्री मुबारक सिंह ने श्री प्रेम कमार की पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार के रूप में नियुक्ति का स्वागत किया है ।



एक्शन का एक नया तूफान धर्मेंद्र लेकर आ रहा है

प्रीतम सिंह मान

Punjabi Sanatani

पंजाब केसरी

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.

रविवार 29 जुलाई, 1990 तदनुसार 14 श्रावण 2047

साधन (सभी विषय एक ही पुस्तक में) प्रत्येक कक्षा के लिए

पूर्ण-सरल-बेमिसाल—वर्षों से आज़माई हुई

आज ही स्थानीय पुस्तक विक्रेता से खरीदें

गिराए गए हैं तथा 42 अन्य को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें एक कट्टर आतंकवादी भी शामिल है ।

इन मारे गए अथवा पकड़े गए आतंकवादियों के कब्जे से 26 ए.के. 47, राइफलें, 3 एस.एल.आर., 4 जी.पी.एम.जी., 8 पिस्तौल, 303 बोर की 2 राइफलें तथा माऊजर रिवाल्वर भी बरामद हुए हैं ।

महानिदेशक श्री ... सी.आर.पी.एफ. नियं... दी । उन्होंने कहा ... सफलताओं का श्रेय ... सामायिक सूचनाओं ... और सुरक्षा बल उग्रवा... अतिरिक्त अपहृत व्य...

5 आतंकवादी मुठभेड़ों में मरे, एक को ग्रामीणों ने मार गिराया : भगौड़े एस.पी.ओ. की लाश मिली

पंजाब में अकाली दल (ब) के नेता, 2 होम गार्डों व दम्पति सहित 11 व्यक्तियों की हत्या

आतंकवादियों ने अपने साथी सत्ता व उसके परिवार के 3 सदस्यों को मार डाला

चंडीगढ़, 28 जुलाई (प.स., वार्ता): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान विभिन्न मुठभेड़ों में 5 आतंकवादी मारे गए जबकि एक आतंकवादी को गांव वालों ने मुकाबले में मार गिराया । हथियार लेकर फरार हुए एक एस.पी.ओ. का शव बरामद हुआ है । इसी बीच आतंकवादियों ने रोपड़ जिला के अकाली दल (ब) के नेता, दो सुरक्षा कर्मियों व एक दम्पति सहित 11 व्यक्तियों की हत्या कर दी और बटाला जिले में पुलिस द्वारा हाल ही में रिहा किए गए एक आतंकवादी व उसके परिवार के 3 सदस्यों को मार डाला ।

गलतफहमीवश दो घायल : कल रात अमृतसर के घनुपुर काले गांव में पुलिस द्वारा गलतफहमीवश की गई फायरिंग में एक हैड कांस्टेबल मंगल सिंह और एक बालक मुकेश कुमार घायल हो गए । एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षा बल ने बंदूकों की आवाज सुनकर यह सोचा कि आतंकवादी गश्ती दल पर हमला करने आ रहे हैं यह सोचकर सुरक्षा बलों ने गोली चला दी ।

सुरक्षा गार्डों से बंदूकें छीन लीं : इस बीच कल रात पट्टी में राज्य बिजली बोर्ड उपकार्यालय में तैनात सुरक्षा गार्डों से आतंकवादियों ने तीन राइफलें और भारी मात्रा में कारतूस छीन लिए । प्रवक्ता ने बताया कि सम्भवतः कांस्टेबल हरजीत सिंह इस अपराध में आतंकवादियों के साथ था फिलहाल वह लापता है ।

आतंकवादी मरा : तरनतारन पुलिस जिले के जोड़ा पुल गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । इसी जिले के मल्लियां गांव में आतंकवादियों ने एक विशेष पुलिस अधिकारी को गोली मारकर घायल कर दिया ।

3 शरणदाता गिरफ्तार : अमृतसर पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है ।

हथियार ढोने वाले गिरफ्तार : सेना के जवानों ने गत रात खेमकरण सैक्टर में दो व्यक्तियों सुरजीत सिंह और भूपिन्दर को गिरफ्तार किया है । वे दोनों सीमा पार से हथियार लाने का काम करते थे ।

दो होमगार्ड जवानों की हत्या : आतंकवादियों ने गत रात मजीठा पुलिस जिले के बग्गा गांव से दो होमगार्ड जवानों का अपहरण कर लिया । उनके गोलियों से छलनी शव आज सुबह इसी पुलिस जिले के गांव ऊधोके से मिले हैं ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार :एक अन्य नाका पार्टी ने दिलबाग सिंह और दीपक पाल सिंह नामक दो आतंकवादियों को गिरफ्तार कर दो बंदूकें और कारतूस बरामद किए हैं । नाका पार्टी वैरोवाल थाना क्षेत्र में उतलगिरी पुल पर तैनात थी ।

हत्या : रैया से 'फौजी' के अनुसार आतंकवादियों ने गत रात यहां से 5 कि.मी. दूर लिद्दड़ गांव के संतोख सिंह को तेजधार हथियार से कत्ल कर दिया । घटनास्थल से पता चला है कि वह घर की छत पर सोया हुआ था । सुबह नजर न आने पर घर वालों ने सोचा कि रोज की तरह कहीं गया होगा और आ जाएगा परन्तु छानबीन करने पर धान के खेतों से उसकी लाश मिली ।

हैड कांस्टेबल व नागरिक घायल : आतंकवादियों ने रात अमृतसर जिले में खंडेवाल गांव के पास एक पुलिस के गश्ती दल पर घात लगा कर हमला किया । हमले में एक हैड कांस्टेबल अमरजीत सिंह और एक नागरिक घायल हो गया ।

एक की हत्या : तरनतारन पुलिस जिले के भिखीविंड क्षेत्र के गांव मड़ी गोहर सिंह में आज आतंकवादियों ने एक अज्ञात व्यक्ति की हत्या कर दी ।

मिनी बस के ड्राइवर की हत्या : उग्रवादियों ने आज दोपहर थाना भिखीविंड के गांव सुरविंड में एक प्राइवेट मिनी बस के ड्राइवर हरदयाल सिंह की फायरिंग करके हत्या कर दी । पुलिस ने कहा है कि ड्राइवर जब गांव में पहुंचा तो उग्रवादी उसे उसकी बस से बाहर खींच कर ले गए और उसे एक पटड़ी पर ले गए, जहां उसे गोली मार दी गई ।

तीन जवान घायल : तरनतारन पुलिस के गांव गग्गुबुआ के निकट आज रात्रि उग्रवादियों ने सी.आर.पी.एफ. के गश्ती वाहन पर घात लगा कर हमला किया, जिससे तीन जवान घायल हो गए । सड़क के दोनों किनारों पर छिपे उग्रवादियों ने गश्ती पार्टी पर गोलियां चलाईं ।

14,000 रुपए लूट लिए : चार उग्रवादियों ने आज दोपहर अमृतसर नगर के बाहर जी.टी. रोड पर स्थित एक पैट्रोल पम्प से 14,000 रुपए से अधिक की राशि लूट ली ।

ग्रामीणों ने आतंकवादी मार गिराया : फिरोजपुर (बागी): फिरोजपुर जिले के ग्रामीणों ने एक बार फिर आतंकवादियों का डट कर मुकाबला करने में बहादुरी का परिचय देते हुए शुक्रवार की सुबह फिरोजपुर सदर के गांव हरिपुर में एक आतंकवादी को मार गिराया और दो अन्य को दबोच लिया । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अनिल शर्मा ने इस साहसपूर्ण घटना का विवरण देते हुए बताया कि फिरोजपुर की बस्ती टैंकांवाली का एक दूध विक्रेता विनोद कुमार उर्फ काला अपने नौकर बन्ता के साथ मोटर साइकल पर सवार होकर गांवों में दूध इकट्ठा करने जा रहा था कि दो सशस्त्र आतंकवादियों ने फिरोजपुर छावनी से 3 कि.मी. दूर गांव सत्येवाला के पास उनका अपहरण कर लिया । श्री शर्मा ने बताया कि आतंकवादियों ने इसी गांव से एक ट्रक पर कब्जा कर लिया और चारों ट्रक द्वारा हरिपुरा गांव पहुंचे । यहां ट्रक में कुछ खराबी आने पर आतंकवादियों ने एक ग्रामीण सोहन सिंह से बंदूक की नोक पर उसका ट्रैक्टर छीन लिया । सोहन सिंह के परिवार के सदस्यों ने लाठियां और लाइसैंसी बंदूकें लेकर आतंकवादियों का पीछा किया तथा उन्हें खेतों

(शेष पृष्ठ 10 पर)

छोटी सी बात ... रंगा

मैं सत्ता नहीं चाहती—मैं तो जनता का प्रेम चाहती हूं ।

—श्रीमती इमेल्डा मार्कोस

(फिलिपीन्स के भूतपूर्व राष्ट्रपति स्व. मार्कोस की पत्नी)



भाई साहब, हमारे नेता जब सत्ता से बाहर हो जाएं तो उन्हें भी यही बात कहनी चाहिए ।

देवी लाल राजनीति में परिवारवा... देने वाले सब से खतरनाक व्यक्ति...

नई दिल्ली, 28 जुलाई (का.प्र.): मेहम विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में श्री ओम प्रकाश चौटाला के विरुद्ध चुनाव लड़ने वाले श्री आनंद सिंह डांगी ने प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह से उप प्रधानमंत्री श्री देवी लाल के विरुद्ध धोखाधड़ी और जालसाजी का मुकद्दमा तुरंत दर्ज करके उन्हें अविलम्ब पद से हटाने की मांग की है ।

श्री डांगी ने यह मांग पत्रकार श्री अरुण शोरी के एक अंग्रेजी दैनिक में छपे लेख के संदर्भ में की है । उनके अनुसार लेख में कहा गया है कि किस ढंग से श्री देवी लाल अपने ही लिखित रूप में दिए गए बयानों को प्रतिदिन बदलते हैं तथा झूठ बोलते हैं । पिछले कुछ समय में श्री देवी लाल ने अपने स्वार्थों की सिद्धि के लिए पार्टी, सरकार और देश के साथ बहुत बड़ा धोखा किया है । श्री डांगी ने इसी लेख का हवाला देते हुए कहा है कि श्री देवी लाल कहते हैं कि श्री चौटाला से उनका किसी प्रकार का संबंध नहीं तो फिर उन्होंने पिछले दिनों पुत्र मोह में आकर ऐसा खेल क्यों खेला कि श्री चौटाला को मुख्यमंत्री बनाने के लिए सारा देश एवं राष्ट्रीय मोर्चा सरकार एक ओर और चौटाला एक ओर हो गए । क्या इससे यह प्रमाणित नहीं हुआ कि वह भारतीय राजनीति में परिवारवाद को बढ़ावा देने वाले सबसे खतरनाक व्यक्ति हैं । उन्होंने कहा कि श्री देवी लाल आज भारतीय जनता पार्टी तथा दूसरे सहयोगी दलों पर सरकार तोड़ने के आरोप लगा रहे हैं, जबकि आज अगर मोर्चा सरकार को किसी से खतरा है तो वह श्री देवी लाल से है, क्योंकि आज भारत में सही-सही आवाज उठाने वाले चाहे वह प्रैस हो या कोई लोकतंत्र में विश्वास रखने वाला मंत्री या राजनेता, वे सब श्री देवी लाल के दुश्मन हैं, क्योंकि उन्हें आज पुत्रहित के बिना कुछ और ठीक से नज़र नहीं आ रहा ।

श्री डांगी ने श्री देवी लाल की उस टिप्पणी पर दुख व्यक्त किया जिसमें उन्होंने कहा कि यदि उनका बस चले तो वह शहरी लोगों से वोट का अधिकार छीन लें । श्री डांगी ने कहा कि श्री देवी लाल कहते हैं कि मेहम में सब बाहर के लोगों ने किया है ।

उनकी यह बात सच ... वाला अभय सिंह बा... करने एवं करवाने व... उनकी पुलिस सभी त... की जनता तथा देश व... अमीर सिंह की हत्या ... पुलिस द्वारा किए गए ... से जांच करवाए जाने ... देवी लाल और उनका ... आपको निर्दोष मान... करवाता । हरियाणा ... कर सकती, क्योंकि इ... अधिकारी मेहम के स...

10 किलो हे...

जयपुर, 28 जुला... अनुसार आज सुबह ... एक पाकिस्तानी नागरि... पकड़ी गई है जिसका ... 10 करोड़ रुपए है ।

उद्योगों पर नियं... सरकार पी...

नई दिल्ली, 28 जु... अरुण नेहरू ने स्पष्ट कि... अनावश्यक दबावों से ... नियंत्रणों को समाप्त क... में किसी भी तरह का ... नेहरू ने आज यहां ... परिषद के पुरस्कार ... औद्योगिक नीति की आ... कहा कि आर्थिक विकास ... अलग नहीं रखा जा सक...

वाणिज्य मंत्री ने ... आर्थिक विकास के हि... उद्योगों पर से नियंत्रण ... रहेगी ।

वी.पी. सिंह का कोई विकल्प नहीं, मेरे मतभेद पैदा करने की कोशिशें की

नई दिल्ली, 28 जुलाई (प.स.): उप-प्रधानमंत्री देवी लाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह का कोई विकल्प नहीं है । उनकी छवि एक 'ईमानदार राजनीतिज्ञ' की है । श्री सिंह के नेतृत्व में यह सरकार देश के करोड़ों किसानों-मजदूरों को सामाजिक-आर्थिक न्याय दिलाने में पूरी तरह कामयाब होगी ।

श्री देवी लाल ने लम्बी अंतरंग वार्ता के दौरान यह विचार व्यक्त किया । उन्होंने कहा, "विश्वनाथ प्रताप सिंह का विकल्प क्या है । उन्हें लोग ईमानदार मानते हैं । उनकी छवि औरों के मुकाबले साफ है। आप बताएं, उनकी जगह कौन ले सकता है ।"

उप-प्रधानमंत्री ने कहा, "मुझ में और पी. एम. में मतभेद पैदा करने की लगातार कोशिश चल रही है । लेकिन हम दोनों एक ही लक्ष्य के लिए काम कर रहे हैं। वह है शहरों और गांवों के बीच के असंतुलन को समाप्त कर समाज के कमजोर लोगों को ऊपर उठाना ।

श्री देवी लाल ने कहा कि केन्द्र में मोर्चे की सरकार ने किसानों के 10 हजार रुपए तक के कर्जे माफ किए, आम बजट का पचास प्रतिशत गांवों के समुचित विकास के लिए आबंटित किया । किसानों को उनके उत्पादों के बेहतर एवं लाभकारी मूल्यों की घोषणा की, अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया तथा भूमि सुधार कानूनों को संविधान की नौवीं सूची में शामिल किया ।

उप-प्रधानमंत्री ने कहा कि पहली बार किसी सरकार ने अपने चुनाव घोषणा पत्र सभी मंत्रालयों के सचिवों को इस निर्देश के साथ भेजे कि वे फैसले करते समय इसमें किए गए वायदों को ध्यान में रखें ।

उन्होंने कहा कि मोर्चे की सरकार संसद के अगले अधिवेशन में शहरी सम्पत्ति की हदबन्दी के लिए एक विधेयक लाने वाली है तथा समाज के कमजोर वर्गों हरिजन, आदिवासी, अल्पसंख्यक, पिछड़े वर्गों और महिलाओं को 60 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए संविधान में संशोधन करने पर गम्भीरता से विचार कर रही है । इसके अलावा अगले सत्र में ही कृषि नीति विषयक संकल्प पेश किया जाएगा । श्री देवी लाल ने कहा कि उनकी सरकार समाजवादी विचारक डा. राम मनोहर लोहिया के सपनों को साकार करने के लिए काम करेगी ।

हाल के राजनीतिक संकट से संबंधित सवालों के जवाब में उप-प्रधानमंत्री देवी लाल ने कहा कि चौटाला प्रकरण के नाम पर जिन केन्द्रीय मंत्रियों ने इस्तीफा दिया था, उनके खिलाफ पार्टी अध्यक्ष को अनुशासन की कार्रवाई करनी चाहिए । हरियाणा

श्री देवी लाल ने सं... राष्ट्रीय मोर्चे में कुछ ऐसे त... के मुद्दे पर नीचा दिखाने ... ऐसा करने में कामयाबी ... नीतियों एवं कार्यक्रमों के ... है, उसमें बड़े से बड़ा जोख... तरह तैयार हैं ।

श्री देवी लाल ने कह... सरकार की स्थिरता के लि... देने को तैयार हूं । मैं औ... 'पेराट्रूपर्स' नहीं, जो पर्दे के ... ही सहयोगियों की टांग ... करते हैं । मुझे इस देश के ... और झुग्गी-झोपड़ियों में र... है ।"

श्री देवी लाल ने कहा ... सरकार को टूटने से बचाने ... के निर्देश पर मुख्यमंत्री पद ... लिए क्या फरक पड़ता है ... चौटाला हो अथवा हुकम ... वफादार सिपाही है । किस... में जो नीतियां पार्टी क... जाएगा ।"

श्री देवी लाल ने एक प्रश्... किया कि "यदि चौटाला ... महासचिव बनने योग्य हैं ... क्यों नहीं हैं ।" एक अ...

सब्बत !

आतंक : पंजाब में
(पृष्ठ 1 का शेष)

में घेर लिया जहां ग्रामीणों और आतंकवादियों में जम कर गोलीबारी हुई, जिससे एक आतंकवादी मारा गया । विनोद कुमार और सत्ता भी घायल हो गए परन्तु दूसरा आतंकवादी बच निकला ।

दम्पति की हत्या : फिरोजपुर जिले के जलालाबाद गांव में आतंकवादियों के एक गिरोह ने हरबंस सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुसकर उसकी तथा उसकी पत्नी अमरजीत कौर की गोली मार कर हत्या कर दी ।

दो घुसपैठिए मारे गए : गत रात्रि जिला फिरोजपुर के ममदोट सैक्टर में दो घुसपैठियों ने जब पाकिस्तान से भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश की तो सीमा सुरक्षा बल ने उन्हें गोली मार दी, जिससे वे तत्काल मारे गए । उनके सहयोगी पाकिस्तान वापस भाग गए ।

आतंकवादियों ने अपना साथी छुड़ा लिया : गत रात एक पुलिस दल जब एक आतंकवादी को लेकर हथियारों की बरामदगी के लिए जा रहा था तो फरीदकोट जिले में भाना गांव के पास आतंकवादियों ने पुलिस दल को घेर कर अपने साथी को छुड़ा लिया और फरार हो गए । छुड़ाए गए आतंकवादी का नाम भूपिन्दर सिंह उर्फ पम्मी है ।

3 आतंकवादी मरे : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव बजमान के निकट गत रात पुलिस व सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए । यह जानकारी देते हुए जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों ने बताया कि मृतक आतंकवादियों के निकट से तीन एस.एल.आर., 150 जीवित कारतूस मिले हैं । मृतकों की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी । तीनों बरामद राइफलें सुरक्षा बलों से लूटी गई लगती हैं, जिनकी जांच की जा रही है ।

एक ही परिवार के 4 सदस्यों की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना कलानौर के गांव दुल्ला नंगल में गत रात सशस्त्र आतंकवादियों के एक गिरोह ने एक घर में जबरी दाखिल होकर एक ही परिवार के चार सदस्यों की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतकों में श्रीमती अमरीक कौर, उसकी बेटी राजविन्दर कौर व दो बेटे सतनाम सिंह उर्फ सत्ता और रछपाल सिंह शामिल हैं । हमले में ए.के. 47 राइफल का प्रयोग किया गया । घटनास्थल से इसके कारतूस बरामद हुए हैं ।

'वार्ता' के अनुसार पुलिस ने बताया कि सतनाम सिंह सत्ता को लूटमार और डकैतियों की कुछ वारदातों के सिलसिले में पूछताछ किए जाने के बाद दो सप्ताह पूर्व ही रिहा किया गया था ।

जिम्मेवारी ली : भिडरांवाला टाईगर्ज फोर्स के एक प्रैस नोट, जिस पर इसके प्रमुख गुरबचन सिंह मानोचाहल व राजबीर सिंह गुरदासपुरी, एरिया कमांडर रजिन्द्र सिंह रंका, चंचल सिंह कपूरथला का नाम लिखा है, में सतनाम सिंह उर्फ सत्ता सहित इसके परिवार के चार सदस्यों को मारने की जिम्मेदारी ली गई है ।

भगौड़े एस.पी.ओ. का शव मिला : पुलिस ने आज विशेष पुलिस अधिकारी (एस.पी.ओ.) सुरिन्दर सिंह का गोलियों से छिदा शव बरामद किया है । सुरिन्दर सिंह अपने दो साथियों सहित गत 10 मई को निक्को सराय ग्राम स्थित चौकी छोड़ कर चला गया था । उसका शव आज उसके गांव मोभा मांजा में पड़ा पाया गया । ये तीनों विशेष पुलिस अधिकारी अपने साथ 6 राइफलें और एक वाकी-टाकी सैट भी ले गए थे ।

अकाली दल (ब) के नेता की हत्या : रोपड़ जिले के अमराली गांव में आज दो आतंकवादियों ने अकाली दल (बादल) की जिला इकाई के महासचिव व मार्कफैड मोरिंडा के चेयरमैन श्री मलकीयत सिंह की हत्या कर दी । आतंकवादियों ने उन्हें उनके घर से बाहर बुला कर गोली मार दी जिससे उनकी मृत्यु हो गई ।

कांस्टेबल पर हमला : मोहाली (वर्मा): चंडीगढ़ की सीमा से लगते जिला रोपड़ के गांव नया ग्राओं में गत रात 12.30 बजे तीन आतंकवादियों ने सतनाम सिंह नामक कांस्टेबल को गोली मार कर जख्मी कर दिया । पुलिस के अनुसार सतनाम सिंह मजीठा के एस.एस.पी. पं. सीता राम की नया ग्राओं स्थित कोठी पर तैनात था । रात को जब वह पेशाब करने के लिए बाहर निकला तो उसने तीन संदिग्ध व्यक्तियों को कोठी के आसपास टहलते हुए देखा । इस पर उसने जैसे ही उनसे पूछताछ की तो उन्होंने गोली चला दी, जो उसकी दाहिनी टांग में लगी, उसे उपचार के लिए पी.जी.आई. ले जाया गया है जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

4 आतंकवादी गिरफ्तार : रोपड़ जिला पुलिस ने चार आतंकवादियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक स्टेनगन, एक .303 की राइफल, एक 12 बोर की दुनाली बंदूक, एक 12 बोर की पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किए हैं । उनकी शिनाख्त रणजीत सिंह, स्वर्ण सिंह, रणबीर सिंह और जसवन्त सिंह के रूप में की गई है ।

मुठभेड़ में आतंकवादी मरा : रोपड़ जिले के गांव झंझेड़ी के निकट पुलिस गश्ती दल ने आज एक मुठभेड़ में एक आतंकवादी को मार गिराया । उसके दो साथी बच कर निकलने में सफल हो गए । अन्तिम सूचना मिलने तक पुलिस उनका पीछा कर रही थी ।

महिला की हत्या : आतंकवादियों ने गत रात लुधियाना जिले के सहौड़ा गांव में अमर कौर नामक एक महिला की हत्या कर दी ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार : पुलिस ने कल रात जालन्धर जिले में चुगिट्टी गांव के पास एक मुठभेड़ के बाद तीन आतंकवादियों निर्मल सिंह, बलदेव सिंह और तरसेम सिंह को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक बंदूक, एक पिस्तौल, एक एयरगन और 12 कारतूस बरामद किए हैं । लगभग आधे घंटे की गोलीबारी के बाद आतंकवादियों ने आत्म समर्पण कर दिया ।

टैम्पो चालक की हत्या : पटियाला (भूषण): आतंकवादियों ने गत रात सरहिंद-चुनी रोड पर एक टैम्पो ड्राइवर राजेन्द्र सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । राजेन्द्र सिंह चंडीगढ़ का निवासी है । आतंकवादियों ने उसे रुकने का इशारा किया था लेकिन जब उसने उनके इशारे की उपेक्षा कर दी तो उन्होंने ए.के. 47 चीनी राइफल से गोलियां चला कर उसे मार डाला । पुलिस ने इस सम्बन्ध में बस्सी पठानां थाने में हत्या का केस दर्ज किया है ।

बंदूक चोरी हो गई : होशियारपुर (अश्विनी): थाना मुकेरियां के गांव मोली में एक महिला गुरमीत कौर के घर से 12 बोर की एक बंदूक चोरी होने की सूचना मिली है । मुकेरियां पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

दोहरी सवारी पर प्रतिबंध : होशियारपुर (अश्विनी): अतिरिक्त जिला मैजिस्ट्रेट श्री राजपूत ने एक आदेश द्वारा जिला-भर में प्रातः 5 से 7 बजे तक स्कूटर, मोटर साइकिल आदि दोपहिया तथा तिपहिया वाहनों पर दोहरी सवारी पर पाबंदी लगा दी है तथापि 12 साल के बच्चे और महिला को साथ बिठाने पर पाबंदी नहीं होगी ।

आतंकवादी काबू : भटिंडा पुलिस ने जगरूप सिंह नामक एक आतंकवादी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देसी पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए हैं ।

गांव में हत्या : जिला भटिंडा के गांव गोविन्दपुरा में आज तड़के एक व्यक्ति, जिसकी शिनाख्त मग्घर सिंह के रूप में की गई है, की हत्या कर दी गई ।

सुरेन्द्र लौटा : मलोट से "केवल" के अनुसार फिरोजपुर जिले के मारू निधाना गांव से अपहृत किए गए सुरेन्द्र कुमार को आतंकवादियों ने आज छोड़ दिया । सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि उसे आतंकवादियों ने सुबह आंखों पर पट्टी बांध कर मुक्तसर के खेतों में छोड़ा ।

नाक

पुराना ज़ुकाम, नज़ला, छींकों का आना, नाक में हड्डी, मस्सा बढ़ जाना, नाक बन्द, बहते रहना, सांस फूलना, स्नोफीलिया बढ़ जाना, गले में रेशा गिरना, टांसिल्स होना, कान बहना, चेहरे पर कील मुंहासे छाईयां, अनचाहे बाल होना, बीस वर्षों की रिसर्च के बाद बिना आप्रेशन कम्प्यूटराइज्ड सफल इलाज, पूरा हाल लिखें या मिलें :

अग्रवाल होम्यो क्लीनिक्स,
आश्रम मार्ग, माडल टाऊन, पानीपत

विशाल जागरण और भंडारा

जालन्धर आयरन स्क्रैप मर्चेंट्स एसोसिएशन टांडा रोड जालन्धर की ओर से [illegible] के दरबार में लंगर

आवश्यकता है

दादरी (गाज़ियाबाद) स्थित साल्वैन्ट प्लांट व तेल मिल के लिए शिफ़्ट इंचार्ज, शिफ़्ट कैमिस्ट, इलैक्ट्रीशियन (साल्वैन्ट प्लांट), मिस्त्री



(ऊपर) पुलिस जिला बटाला के गांव बजमान के निकट शुक्रवार की रात को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए तीन आतंकवादियों के शव तथा (नीचे) उनके पास से बरामद हुए हथियार व गोली-सिक्का । *(छाया : कोछड़)*

इस्लामी विदेश मंत्रियों की बैठक में कश्मीर का मुद्दा उठेगा

बहरीन, 28 जुलाई (प.स.): इस्लामी विदेश मंत्रियों की अगले सप्ताह काहिरा में होने वाली बैठक में कश्मीर एक अतिरिक्त विषय होगा लेकिन ऐसी सम्भावना है कि सदस्य देश इस समस्या के द्वि-पक्षीय समाधान के लिए भारत और पाकिस्तान से अपील करेंगे ।

मुफ्ती
(पृष्ठ 1 का शेष)

श्री मुफ्ती ने कहा कि गत वर्ष के बाद से सिख उग्रवादियों को पाकिस्तानी मदद का स्वरूप और आकार बदल गया है । अब वह उन्हें आधुनिकतम हथियार दे रहा है । अब पाकिस्तान उन्हें चीनी ए.के. 47 राइफलें, अमरीकी एम-46 राइफलें और इसराइली ऊज़ी मशीनगनें दे रहा है । पाकिस्तानी एजैंसियां भारत से गए हुए उग्रवादी सरगनों को शरण दे रही हैं तथा उन्हें वहां से कार्रवाई करने में मदद दे रही हैं । उन्होंने कहा कि सरकार आतंकवाद को खत्म करने के लिए कृतसंकल्प है और वह देश की एकता तथा अखंडता पर आंच न आने देगी । उन्होंने बताया कि घुसपैठ रोकने के लिए सीमा पर कांटेदार तार लगाई गई है तथा वहां तेज रौशनी की व्यवस्था की गई है । 120 किलोमीटर सीमा पर तार लगा दी गई है तथा 110 किलोमीटर में प्रकाश व्यवस्था कर दी गई है । 226 किलोमीटर सीमा पर कांटेदार तार तथा 217 किलोमीटर सीमा पर प्रकाश की व्यवस्था युद्ध-स्तर पर की जा रही है ।

शिलान्यास मेरी रज़ामंदी से नहीं किया गया : शहाबुद्दीन

नई दिल्ली, 28 जुलाई (वार्ता): बाबरी मस्जिद आंदोलन समन्वय समिति के संयोजक सैयद शहाबुद्दीन ने इस बात से इन्कार किया है कि अयोध्या में शिलान्यास उनकी रज़ामंदी से किया गया । श्री शहाबुद्दीन ने आज यहां एक वक्तव्य में कहा कि पूर्व गृहमंत्री बूटा सिंह का इस सिलसिले में आरोप निराधार है । उन्होंने कहा कि श्री बूटा सिंह साफ झूठ बोल रहे हैं ।

देवी लाल
(पृष्ठ 1 का शेष)

मोर्चे की सरकार को ये राष्ट्रीय समस्याएं विरासत में मिली हैं । हमारी सरकार इन मसलों का हल ढूंढने की दिशा में पूरी ईमानदारी से कार्य कर रही हैं ।

श्री देवी लाल ने कांग्रेस (इ) अध्यक्ष एवं भूतपूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के इस आरोप को 'बचकाना' बताया कि मोर्चे की सरकार देश में अलगाववाद, जातीयता और क्षेत्रवाद जैसी प्रवृत्तियों को बढ़ावा दे रही है । उन्होंने कहा कि जिन कारणों से इन प्रवृत्तियों को पिछले चालीस वर्षों में बढ़ावा मिला है मोर्चे की सरकार उन कारणों को दूर करने के लिए ठोस कदम उठा रही है ।

उन्होंने कहा कि "चालीस वर्षों में जो समस्याएं फली-फूली उन्हें हल करने के लिए मोर्चे की सरकार को कम से कम चालीस माह तो दे दीजिए ।"

श्री देवी लाल ने कहा कि जो लोग मध्यावधि चुनाव की बात कर रहे हैं वे मौजूदा राजनीतिक स्थिति का आकलन नहीं कर पा रहे हैं ।

उन्होंने कहा, "इस बात में कोई दम नहीं कि जनता दल के अन्दरूनी झगड़ों के कारण निकट भविष्य में मध्यावधि चुनाव की स्थिति पैदा हो सकती है ।" फिर उन्होंने जोड़ा "मध्यावधि चुनाव का सवाल ही पैदा नहीं होता । जिसके कारण यह होगा उसकी ही मौत आएगी ।"

क्या पंजाब में अगले नवम्बर तक चुनाव हो पाएंगे, इस सवाल के जवाब में श्री देवी लाल ने कहा, "पंजाब में चुनाव होगा कि नहीं, यह हालात पर निर्भर होगा ।" क्या हाल के राजनीतिक संकट से पार्टी की ताकत बढ़ी है यह पूछने पर उन्होंने कहा, "हमारी शक्ति बढ़ी है और पार्टी को टूटने से बचाने के लिए बड़ी से बड़ी कुर्बानी दे दूंगा ।"

श्री चौटाला के साथ जो हुआ उसे आपने कैसे सहन कर लिया, इस पर श्री देवी लाल बोले, "चौटाला यदि मेरा बेटा नहीं होता तो मैं इस लड़ाई को अंतिम अंजाम तक ले जाता ।"

पार्टी और सरकार के बीच कैसा रिश्ता होना चाहिए इस सवाल के जवाब में श्री देवी लाल ने कहा, "रिश्ता आपसी सहयोग का होना चाहिए । पार्टी को अपनी सरकार के कार्य कलापों पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए । पार्टी संगठन को चलाना संगठन के प्रधान का काम है ।"

हाल के पार्टी के अन्दरूनी संकट में पार्टी अध्यक्ष की भूमिका के बारे में आप कुछ कहेंगे, श्री देवी लाल ने कहा, "संगठन और सरकार दोनों के हित में इस पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा ।" उन्होंने आशा व्यक्त की कि पार्टी अध्यक्ष श्री बोम्मई बिना किसी पूर्वाग्रह के संगठन को मजबूत बनाएंगे ।

राष्ट्रीय एकता परिषद की बैठक सितम्बर में

Punjabi Bhartahi

पंजाब में 6 आतंकवादी मुठभेड़ों में मरे, 1 अन्य ने जहर खा कर आत्महत्या कर ली

3 जगह सुरक्षा बलों पर फायरिंग के बाद उग्रवादी बच कर भाग निकले

अन्यत्र सरपंच समेत 8 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 29 जुलाई (प.स., वार्ता): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान विभिन्न स्थानों पर 7 आतंकवादी मारे गए । 3 जगह सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान उग्रवादी बच कर भाग निकले । इस बीच 8 लोगों की हत्या हुई ।

मुठभेड़ों में 4 आतंकवादी मरे : फिरोजपुर (बागी) : जिला फिरोजपुर में सुरक्षाबलों के साथ दो मुठभेड़ों के दौरान 4 आतंकवादी मारे गए । पहली मुठभेड़ धर्मकोट थाना के अधीन







(1) फिरोजपुर के दोधी और उसके कर्मचारी का अपहरण करने वाला आतंकवादी जिसे गांव हरिपुरा के देहातियों ने गोलियों का जवाब गोलियों से देकर मार डाला और दोनों अपहृतों को आजाद करा लिया । इसकी पहचान नहीं हो सकी (2) दोधी प्रमोद कुमार और (3) उसका कर्मचारी सतपाल जो गोलियों के आदान-प्रदान में घायल हो गए, अस्पताल में उपचाराधीन हैं । (फोटो वार्ता)

भिडरकला गांव के निकट हुई । पुलिस तथा सी.आर.पी.एफ. की संयुक्त नाका पार्टी ने कल रात 10 बजे के लगभग 4 संदिग्ध लोगों को जब रुकने का संकेत किया तो आतंकवादियों ने गोलियां चला दीं । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर दो आतंकवादी मारे गए । दो अन्य बचकर भाग निकले । मारे गए आतंकवादियों की अभी तक शिनाख्त नहीं हुई । घटनास्थल से एक राइफल, एक बंदूक तथा कुछ गोली सिक्का भी बरामद हुआ है ।

दूसरी मुठभेड़ अबोहर थाना के अधीन मलकपरा गांव के निकट हुई । सुरक्षा कर्मियों ने 3 संदिग्ध लोगों को जब रुकने का संकेत किया तो आतंकवादियों ने ए.के. 47 से फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर दो आतंकवादी मारे गए । एक अन्य आतंकवादी भाग गया । मृतकों की अभी तक शिनाख्त नहीं हुई । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

एक आतंकवादी द्वारा आत्महत्या : रोपड़ (प.स.) : जिला के चाहेरी गांव में एक अज्ञात आतंकवादी ने कल सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मोहाली के उप पुलिस अधीक्षक ने स्कूटर पर जा रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया लेकिन आतंकवादियों ने गोली चला दी । सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर एक आतंकवादी घायल हो गया । घायल आतंकवादी ने तुरंत सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली । दूसरा आतंकवादी स्कूटर छोड़कर भाग निकला । स्कूटर से भारी मात्रा में गोला बारूद बरामद किया गया ।

मुठभेड़ में एक और आतंकवादी मरा : कपूरथला (शर्मा) : जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अजीत सिंह ने आज यहां प्रेस सम्मेलन में बताया कि आज सवह 10 बजे थाना सभानपुर के गांव मुंडर के निकट पुलिस तथा सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया, जिसकी अभी तक पहचान नहीं हुई है । पुलिस ने घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, तीन मैगजीन, एक चीनी स्टिक बम तथा 166 गोलियां बरामद की हैं ।

अजीत सिंह ने बताया कि डी.आई.जी. जालन्धर रेंज के आदेश के अनुसार जिला जालन्धर तथा कपूरथला की पुलिस पार्टियां व सुरक्षा बल उक्त क्षेत्र में खोजबीन के विशेष अभियान पर थे । इस बीच सुरक्षा बलों ने डेरा सौदागर सिंह के निकट घास की गठड़ी उठाए एक संदिग्ध व्यक्ति को रुकने का संकेत किया लेकिन उसने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस द्वारा फायरिंग किए जाने से उक्त आतंकवादी मारा गया ।

श्री अजीत सिंह ने कहा कि कोट करार खां में फायरिंग करने वाले आतंकवादियों ने गलों में विशेष प्रकार के थैले डाले हुए थे । आज मरने वाले आतंकवादी के गले में भी वैसा ही थैला पड़ा था जिसमें मैगजीन तथा बम रखे हुए थे । यह थैला बुलेट प्रूफ है । उन्होंने आशंका प्रकट की कि कोट करार खां तथा दयालपुर की वारदातों में मृतक आतंकवादी शामिल था ।

आढ़ती को घायल कर रुपए लूटे : भटिंडा (मोंच, शंकर): भटिंडा की अनाज मंडी में आतंकवादियों ने राम लाल नामक एक आढ़ती को गोली मार कर घायल कर दिया तथा उससे दो हजार रुपया लूट कर ले गए ।

एक की हत्या : अमृतसर (वार्ता): तरनतारन पुलिस जिला के खेमकरण कस्बे में गत रात आतंकवादियों ने ओम प्रकाश मेहता नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । 'प.स.' के अनुसार मृतक स्वतंत्र पत्रकार था । बताया जाता है कि मृतक का बेटा भाग सिंह चंडीगढ़ में सी.आई.डी. में कार्यरत है । वह आजकल खेमकरण में सपरिवार अपने पिता से मिलने आया हुआ था । आतंकवादी उसी की तलाश में श्री मेहता के मकान में घुसे थे । भाग सिंह तथा परिवार के अन्य सदस्यों ने भाग कर अपनी जान बचाई ।

मुठभेड़ : अमृतसर के बाहरी क्षेत्र कोट खालसा में पुलिस तथा गुरुद्वारे में बैठे आतंकवादियों के बीच लगभग एक घंटे तक फायरिंग हुई । इस दौरान कोई हताहत नहीं हुआ ।

सुरक्षा कर्मियों को चेतावनी : ट्रैक्टर पर सवार कुछ आतंकवादियों ने खेमकरण तथा बल्टोहा के सीमावर्ती गांवों में विशेष पुलिस अधिकारियों, होमगार्ड जवानों तथा नवगठित टास्कफोर्स के जवानों को नौकरी छोड़ने की चेतावनी दी । सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों का पीछा किया लेकिन वे भाग निकले ।

एक की हत्या : मजीठा पुलिस जिले में नंगल गुरु गांव में आतंकवादियों ने दलबीर सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

घायल सुरक्षा कर्मी ने दम तोड़ा : तरनतारन पुलिस जिले में ही कल गागूबुआ गांव के निकट केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का एक जवान घायल हो गया था, उसने आज सवेरे अमृतसर में दम तोड़ दिया । मृतक का नाम एस.एस. रेड्डी बताया जाता है ।

एक और घायल चल बसा : अमृतसर में रेलवे स्टेशन के बाहर हुए बम विस्फोट से घायल सुरजीत सिंह की भी कल रात मृत्यु हो गई ।

सरपंच की हत्या : अमृतसर से 'प.स.' के अनुसार तरनतारन पुलिस जिला के कोहर गांव के सरपंच अनोख सिंह को आतंकवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया, बाद में अस्पताल जा कर श्री सिंह ने दम तोड़ दिया ।

सुरक्षा कर्मी की हत्या : आतंकवादियों ने आजअपराह्न अमृतसर जिला में मुल्तानविंड रोड पर अकाल तख्त के पूर्व जत्थेदार किरपाल सिंह के सुरक्षा कर्मी गुरमीत सिंह की छुरा घोंप कर हत्या कर दी । श्री सिंह मोटर साइकिल पर अपने घर लौट रहे थे ।

फायरिंग : अमृतसर से 'कमलेश' के अनुसार यहां से 15 किलो मीटर दूर मजीठा कस्बा में

(शेष पृष्ठ 6 पर)



(1) ब्यास के निकट गांव लिट्टड़ में आतंकवादियों के हाथ (छोड़ा : फौजी), (2) जिला कपूरथला के थाना सभानपुर पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए अज्ञात आतंकवादी की पास से बरामद हथियार ।

मान कृपाण मुद्दे को लेक गुमराह कर रहे हैं : अ

अमृतसर, 29 जुलाई (प.स.) : सांसद श्री अतिंदरपाल सिंह ने अकाली दल (मान) के प्रधान श्री सिमरनजीत सिंह मान पर कृपाण मुद्दे को लेकर सिख पंथ को गुमराह करने का आरोप लगाया है ।

आज यहां अकाल तख्त पर लोगों के समूह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर श्री मान इस कृपाण मुद्दे के प्रति वास्तव में गंभीर हैं तो उन्हें इसे विस्तृत मुद्दा बनाना चाहिए तथा जेलों और विमानों में कृपाण लेकर जाने की मांग भी करनी चाहिए । उन्होंने आरोप लगाया कि श्री मान कृपाण को केवल संसद में ले जाने की बात करके राजनैतिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं ।

श्री अतिंदरपाल ने कहा कि वह आज यहां श्री मान तथा उनकी पार्टी के सदस्यों द्वारा उनके (अतिंदरपाल) विरुद्ध लगाए गए आरोपों का सामना करने आए हैं और उन्होंने मान दल के नेताओं को यहां आकर सिख पंथ की सर्वोच्च सीट के सामने आरोपों सम्बन्धी प्रमाण प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया है । उन्होंने कहा कि अगर उन पर आरोप सिद्ध होते हैं तो वह सिख पंथ की परम्पराओं के अनुसार सजा भुगतने के लिए तैयार हैं । उन्होंने बताया कि उन पर यह सब आरोप केवल कीचड़ उछालने के उद्देश्य से लगाए गए हैं क्योंकि आज यहां

अपने आ
आने का
यहां आ
महासचि
नेताओं
आरोप दो

उल्ले
सदस्यों ने
'सरकारी
बताते हुए
श्री अतिंद
हुए अपने
संकेत कर
सिद्ध करे
आधारित
सिख पंथ
जवाबदेह

श्री
कुछ उग्र
आरोप ल
उन्होंने क
सभी अक
तैयार हो

यदि किसी अकाली नेता ने

लुधियाना, 29 जुलाई (धीमान, मुसाफिर) : मान अकालीदल के प्रधान श्री सिमरनजीत सिंह मान आज स्वयं वरिष्ठ अकाली नेता सुरजन सिंह ठेकेदार से मिलने यहां आए । इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि श्री बादल एक तरफ तो एकता की बात करते हैं और दूसरी तरफ निम्न स्तर पर आकर ठेकेदार के विरुद्ध आरोप लगा रहे हैं कि वह दलबदल हैं । श्री बादल जैसे पुराने राजनीतिज्ञ को ऐसी बातों से संकोच करना चाहिए ।

इस अवसर पर श्री ठेकेदार ने श्री मान को सरोपा भेंट किया । उन्होंने घोषणा की कि 31 जुलाई को रोष-मार्च के सम्बन्ध में जब श्री मान यहां आएंगे तो सभा लुधियाना सर्कल अकाली जत्था मान अकाली दल में शामिल हो जाएगा । इनमें सर्वश्री स्वर्ण सिंह, अजीत सिंह, अनूप सिंह, शिवतार सिंह,

उजागर
हैबो
करते हु
एमनैस्टी
पंजाबी
विरोध
डालना
बिना सं
पंथ
प्रकाश
जाएगा
इस
लाख रु
आज
के 6वी
हजार स

गुवाहाटी रिफाइनरी के महाप्रबन्धक, उनका पुत्र व ड्राइवर उल्फा उग्रवादियों द्वारा रिहा

गुवाहाटी, 29 जुलाई (वार्ता) : भारतीय तेल निगम की गुवाहाटी रिफाइनरी के महाप्रबन्धक एच.के.एल. दास, उनके पुत्र अमरनाथ तथा ड्राइवर अनूप दत्ता को आज अपरान्ह असम संयुक्त मुक्ति वाहिनी (उल्फा) ने रिहा कर दिया ।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि तीनों को श्री दास के सरकारी आवास पर अपरान्ह पौने तीन बजे छोड़ दिया गया । उनका आवास तेल शोधक प्रतिष्ठान परिसर में ही स्थित है ।

श्री दास व अन्य बंधकों का स्वास्थ्य ठीक था, वे जिस वाहन में लाए गए थे, वह उन्हें घर के सामने छोड़ कर तेजी से निकल गया । उनकी रिहाई के तुरन्त बाद असम के गृहमंत्री श्री भृगु कुमार फूकन श्री दास के निवास स्थान पर पहुंचे और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली । उन्होंने राज्य सरकार की ओर से प्रत्येक सहयोग का आश्वासन दिया ।

'उल्फा' के तीन नेताओं को कल अर्धरात्रि के बाद जेल से रिहा कर दिया गया । उल्फा ने श्री दास सहित तीन बंधकों को छोड़ने के बदले असम सरकार से अपने साथियों की रिहाई की मांग की थी । उल्फा ने गत 16 जुलाई को श्री दास, उनके बेटे और ड्राइवर का अपहरण किया था ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उल्फा ने अपने साथियों हीरक ज्योति महंत, अनादर ठकराई और बिपुल रामा की रिहाई और बंधकों की रिहाई में 12 घंटे का अन्तर रखने की मांग की थी ।

सूत्रों के अनुसार उल्फा के कार्यकर्ता अपने तीनों साथियों को ले जाने के लिए गत अर्धरात्रि के ठीक बाद दो कारों से जेल पहुंचे । जेल से रिहाई के बाद तीनों कार्यकर्ताओं को लेकर उनके साथी 12 बजकर 40 मिनट पर अज्ञात स्थान के लिए रवाना हो गए ।

गत 16 जुलाई को अपहरण के बाद वाहनों की जांच और खोजबीन के लिए जो उपाय किए जा रहे थे उन्हें प्रायः वापस ले लिया गया है ताकि उल्फा के लोग आसानी से अपने मुकाम पर पहुंच जाएं ।

नेपाल में मृत्यु दंड समाप्त

काठमांडू, 29 जुलाई (ए.पी.): नेपाल ने मृत्यु दंड समाप्त कर दिया है । विधि एवं न्याय मंत्रालय ने आज यहां यह घोषणा करते हुए बताया कि हत्या करने, हत्या के मामले में शामिल होने अथवा विघटनकारी गतिविधियों में संलिप्त होने पर दिए जाने वाला मृत्यु दंड समाप्त कर दिया गया है ।

घेघा रोग के बारे में जानकारी

1. घेघा अवटु-ग्रन्थि का एक रोग है जिसे गले के आगे वाले भाग में फुलाव से पहचाना जा सकता है ।
2. घेघा आहार में आयोडीन की कमी के कारण होता है ।
3. घेघा किसी भी आयु वर्ग के स्त्री-पुरुष को हो सकता है लेकिन यह

मार्क्सी पार्टी, भाजपा द्वारा मोर्चा सरकार में 'शामिल होने से इन्कार

कलकत्ता, 29 जुलाई (प.स.): पश्चिम बंगाल

Punjabi Sanjrani

कश्मीर घाटी में 12 उग्रवादियों सहित 23 मरे, 9 विघटनकारी गिरफ्तार

जिला डोडा में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था : आतंकवादियों द्वारा विध्वंसक योजना तैयार

सुरक्षा बलों पर 2 स्थानों पर हमले : शस्त्र व विस्फोटक जब्त

जम्मू, 29 जुलाई (वार्ता, प.स.): कश्मीर घाटी में गत 24 घंटे के दौरान 12 उग्रवादियों सहित 23 व्यक्ति मारे गए हैं तथा सुरक्षा बलों द्वारा पाक प्रशिक्षित 9 विघटनकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि जिला डोडा में आतंकवादियों की सम्भावित विध्वंसक गतिविधियों के दृष्टिगत सुरक्षा प्रबन्ध कड़े कर दिए गए हैं ।

12 उग्रवादियों सहित 21 मरे, 9 विघटनकारी गिरफ्तार : कश्मीर घाटी में पिछले चौबीस घंटे के दौरान 12 उग्रवादियों समेत 21 लोग मारे गए तथा सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान में प्रशिक्षित नौ विघटनकारियों को गिरफ्तार कर लिया है । वास्तविक नियंत्रण रेखा से भारत में प्रवेश करने की कोशिश में 12 उग्रवादी मारे गए ।

एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों से एक हल्की मशीनगन, एक राकेट लांचर, नौ ए.के. राइफलें, पांच राकेट और भारी संख्या में कारतूस और पिस्तौल पकड़े गए ।

कल देर रात उत्तरी कश्मीर के बारामूला में पत्तन्हल्लन-पट्टन के पास सुरक्षा बलों तथा आतंकवादियों के बीच गोलीबारी में फंस कर एक ट्रक ड्राइवर और क्लीनर मारे गए । मगर अपुष्ट सूत्रों ने इसमें संदेह व्यक्त किया है तथा कहा है कि इस बारे में परस्पर-विरोधी रिपोर्टें मिली हैं, जिनकी पुलिस अभी जांच कर रही है ।

कि उग्रवादियों ने उसकी हत्या की है ।

जिला अनन्तनाग की एक नहर में से भी एक वृद्ध व्यक्ति का शव बरामद किया गया है । खानबल में भी जम्मू के भरत सिंह नामक एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव पाया गया । बारामूला में भी आज सायं जेहलम नदी में सड़ी-गली एक लाश बरामद की गई है ।

बस उड़ाने का प्रयास : उग्रवादियों ने राज्य पथ परिवहन निगम की एक बस को भी बम से उड़ाने का प्रयास किया । इस दौरान बस को मामूली सी क्षति पहुंची । यह बस वासु से श्रीनगर जा रही थी ।

आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार जेहलम नदी से आज गोलियों से छलनी एक शव बरामद किया

(शेष पृष्ठ 6 पर)



(1) रैया के निकट गांव लिट्ड में आतंकवादियों के हाथों मारे गए सन्तोख सिंह का शव । (छाया : फौजी), (2) जिला कपूरथला के थाना सुभानपुर के गांव मुनारे के निकट रविवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए अज्ञात आतंकवादी की लाश, (3) आतंकवादी की लाश के पास से बरामद हथियार । (छाया : शर्मा)

मान कृपाण मुद्दे को लेकर सिख पंथ को गुमराह कर रहे हैं : अतिन्दरपाल सिंह

अमृतसर, 29 जुलाई (प.स.) : सांसद श्री अतिंदरपाल सिंह ने अकाली दल (मान) के प्रधान श्री सिमरनजीत सिंह मान पर कृपाण मुद्दे को लेकर सिख पंथ को गुमराह करने का आरोप लगाया है ।

आज यहां अकाल तख्त पर लोगों के समूह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर श्री मान इस कृपाण मुद्दे के प्रति वास्तव में गंभीर हैं तो उन्हें अपने आरोपों को प्रमाणित करने के लिए किसी ने भी आने का साहस नहीं किया है । उन्होंने बताया कि यहां आने से पूर्व वह अकाली दल (मान) के महासचिव श्री राम सिंह सहित पार्टी के अनेक नेताओं से मिले थे तथा उन्हें यहां आकर अपने आरोप दोहराने के लिए कहा था ।

उल्लेखनीय है कि श्री मान तथा उनकी पार्टी के

मंत्रिमंडल की बैठक में ज में देवी लाल के विरुद्ध

नई दिल्ली, 29 जुलाई (प.स.): केंद्रीय मंत्रिमंडल की आज हुई बैठक में उप-प्रधानमंत्री श्री देवी लाल द्वारा एक कथित जाली पत्र प्रधानमंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह को भेजने की कई मंत्रियों ने आलोचना की । उन्होंने मांग की कि इस मामले में

Punjabi Sarathi

आतंक : पंजाब में
(पृष्ठ 3 का शेष)

काफी देर तक पुलिस व उग्रवादियों में गोलीबारी होती रही । बताया गया है कि गत सप्ताह पुलिस चौकी पर उग्रवादियों ने गोलीबारी की थी । पुलिस की जवाबी गोलीबारी से वे भाग खड़े हुए थे और दोबारा आने की धमकी दे गए थे । गत रात्रि उग्रवादी फिर आए और पुलिस चौकी पर गोलीबारी करते रहे, पुलिस ने जवाबी फायरिंग कर उन्हें भगा दिया ।

एक और आतंकवादी मरा : पटियाला (भूषण): यहां से 15 किलो मीटर दूर तरेरे गांव में पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान एक दुर्दांत आतंकवादी हरभजन सिंह मारा गया । इससे पूर्व आज प्रातः हरभजन सिंह तथा उसके एक साथी सुखराम ने धर्मखेड़ी गांव के सरपंच कुंदन सिंह पर हमला किया था । श्री सिंह ने भी अपनी लाइसैंसी बंदक से फायरिंग की थी । क्रास फायरिंग के दौरान अंग्रेज सिंह नामक एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी । हमले के बाद आतंकवादी भाग गए थे । जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. शर्मा के नेतृत्व में पुलिस पार्टी ने उक्त आतंकवादियों का पीछा किया तथा पटियाला-संगरूर सड़क पर बाजरे में छिपे आतंकवादियों को घेर लिया । मुठभेड़ में हरभजन सिंह मारा गया । उसका साथी बच कर भाग गया ।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. शर्मा के नेतृत्व में पुलिस पार्टी ने आतंकवादियों का पीछा किया तथा उन्हें घेर लिया । बाजरे के खेतों में छिप कर आतंकवादियों ने एक घंटे तक पुलिस के साथ मुकाबला किया । इस दौरान हरभजन सिंह मारा गया । उसका साथी बच कर भाग निकला । उसकी तलाश की जा रही है ।

'प.स.' के अनुसार हरभजन सिंह भिंडरांवाले टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान के साथ संबंधित दुर्दांत आतंकवादी था और वह पटियाला जिला ग्रामीण कांग्रेस के भूतपूर्व महामंत्री कैप्टन सुरेंद्र शर्मा, बीबीपुर ग्राम पंचायत के प्रधान, एक पुलिस कांस्टेबल और क्षेत्र के एक महंत सहित दस लोगों की हत्याओं के लिए जिम्मेवार था ।

3 आतंकवादी पकड़े : पटियाला जिला पुलिस ने 3 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है इनके नाम तेज सिंह, गुरप्यार सिंह (दोनों भटिंडा जिला निवासी) तथा अमरीक सिंह (पटियाला जिला निवासी) हैं । उनके कब्जे से एक बन्दूक, एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस मिले हैं । जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. शर्मा के अनुसार पुलिस ने सामाना थाना के अधीन गांव डेरा मियाल कलां के निवासी दर्शन सिंह को गिरफ्तार किया है । उस पर दुर्दांत आतंकवादियों को शरण देने का आरोप है ।

एक की हत्या : फिरोजपुर जिला के मक्खू कस्बे में आतंकवादियों ने महेन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी ।

गांवों में तलाशी : बलाचौर (जोगी): होशियारपुर जिला के बलाचौर सब डिवीजन के 8 गांवों में पुलिस तथा अर्द्ध सैनिक बलों ने असामाजिक तत्वों की धरपकड़ के लिए घर-घर की तलाशी ली ।

4 आतंकवादी गिरफ्तार : लुधियाना (धीमान, महेंद्रा): जिला पुलिस ने 4 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । उनके नाम गड़गज सिंह, सतपाल उर्फ सत्ती, परमजीत सिंह उर्फ पम्पा तथा सुरेन्द्र सिंह उर्फ छिन्दा हैं । इनके कब्जे से एक बन्दूक, एक पिस्तौल, एक रिवाल्वर, कुछ कारतूस और एक स्कूटर बरामद हुआ है ।

दो आतंकवादी बच निकले : जालन्धर (प.स.): नकोदर थाना के अधीन गिद्दड़पिंडी गांव के निकट पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान 2 आतंकवादी बचकर भाग गए । पुलिस के अनुसार आतंकवादी लूटपाट के उद्देश्य से मनमोहन सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस गए । घर वालों द्वारा शोर मचाए जाने पर निकटवर्ती चौकी से पुलिस वहां पहुंच गई । पुलिस के साथ कुछ देर तक मुकाबला करने के बाद आतंकवादी अंधेरे में भाग गए ।

शव मिला : बटाला (कोछड़) : पुलिस जिला बटाला में थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव छिछरेवाल के निकट से आज प्रातः गोलियों से छलनी एक शव बरामद हुआ है ।

सूबेदार घायल : गुरदासपुर (वार्ता): जिला के हरचोवाल गांव के निकट आतंकवादियों ने सेना के एक वाहन पर घात लगा कर हमला किया और एक सूबेदार को घायल कर दिया ।

संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा समितियां गठित : भट्टी

होशियारपुर, 29 जुलाई (अश्वनी): जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी.आर. भट्टी ने सम्बाददाताओं को बताया कि रेंज में गत दिवस होने वाली घटनाओं का संज्ञान लिया गया है । अब शीघ्र कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी । उन्होंने बताया कि जालन्धर रेंज के तहत सभी जिलों के प्रभावित तथा संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा समितियां गठित कर दी गई हैं तथा शांति स्थापना के लिए शीघ्र ही स्पैशल फोर्स की भरती की जाएगी ।

चिंडा देवी में सावन मेला आज

अमृतसर, 29 जुलाई (कमलेश) : यहां से 25 किलोमीटर दूर ऐतिहासिक कस्बा चंबिडा देवी में 30 जुलाई सोमवार को दुर्गा अष्टमी पर सावन मेला चामुंडा देवी के मंदिर में बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है ।

आतंक : जम्मू-कश्मीर में
(पृष्ठ 3 का शेष)

गया । उग्रवादियों ने बारामूला कस्बे के बाहरी क्षेत्र में एक युवक की गला दबा कर हत्या कर दी ।

2 शव मिले : जिला बारामूला के पट्टन क्षेत्र के निकट से सुरक्षा बलों ने गोलियों से छलनी 2 शव बरामद किए हैं, । इनकी शिनाख्त एक वाहन के चालक व सहचालक के रूप में हुई है तथा इनके नाम ज्ञात नहीं हो सके । यह भी नहीं पता चल सका कि उनकी हत्या किस वजह से की गई ।

सुरक्षा बलों पर हमले : श्रीनगर से प्राप्त सूचना के अनुसार अज्ञात उग्रवादियों ने हरि पर्वत के निकट सुरक्षा बलों की एक चौकी पर कुछ गोलियां चलाईं । लेकिन सुरक्षा बलों ने जवाब में कोई कार्रवाई नहीं की ।

नातीपुरा के निकट भी उग्रवादियों और सुरक्षा बलों के बीच कुछ देर गोलीबारी हुई । इसमें कोई हताहत नहीं हुआ ।

जिला डोडा में कड़ी सुरक्षा : इसी दौरान जम्मू क्षेत्र के जिला डोडा में सुरक्षा व्यवस्था अत्यन्त कड़ी कर दी गई है । इस आशय की रिपोर्टें भी प्राप्त हुई हैं कि निकटवर्ती अनन्तनाग जिले में आतंकवादी डोडा में घुस आए हैं तथा वे किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहे हैं, जिससे कश्मीर घाटी में वे सुरक्षा बलों पर अपना दबाव बढ़ा सकें ।

शीर्ष गुप्तचर सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों ने जिला डोडा की बनिहाल तहसील में से हमला करने की विध्वंसकारी योजना बनाई है । यह स्थान जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय शाह मार्ग पर स्थित है ।

सूत्रों के अनुसार लद्दाख क्षेत्र के जिला कारगिल में भी उग्रवादी अपना आधार बनाने की कोशिश कर रहे हैं ।

कर्फ्यू स्थिति : श्रीनगर में आज प्रातः 6 बजे से 12 घंटे के लिए तथा जम्मू में प्रातः 5 बजे से 15 घंटे के लिए और अन्य क्षेत्रों में विविध अवधिकाल के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई । इस दौरान दुकानें व व्यापारिक प्रतिष्ठान खुले और यातायात भी सामान्य रूप से चलता रहा ।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार राज्य में स्थिति लगभग शांत तथा नियंत्रण में है और किसी विशेष अप्रिय घटना का कोई समाचार नहीं है ।

प्रधानमंत्री द्वारा समीक्षा : नई दिल्ली (प.स.): प्रधानमंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने जम्मू-कश्मीर की ताजा स्थिति पर आज यहां राज्य जनता दल के वरिष्ठ नेताओं के साथ विचार-विमर्श किया । यह विचार-विमर्श गृहमंत्री श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद द्वारा आयोजित दोपहर के भोज के दौरान किया गया ।

इस अवसर पर मंत्रिमंडल की राजनीतिक मामलों की समिति के सदस्य प्रो. मधु दंडवते और श्री इंद्र कुमार गुजराल, जनता दल के अध्यक्ष एस.आर. बोम्मई भी मौजूद थे । यह विचार-विमर्श ढाई घंटे तक चला ।

मान
(पृष्ठ 3 का शेष)

उन्होंने मांग की कि राज्यपाल को वापिस बुलाया जाए ।

उन्होंने कहा कि केन्द्र ने एक और ग्रुप बनाया है जिसमें सांसद राजदेव सिंह, अतिन्दरपाल सिंह, कुछ कथित सिख बुद्धिजीवी, शिवसेना, कांग्रेस (इ), दोनों कम्युनिस्ट पार्टियां और भाजपा भी शामिल की गई हैं । अफसोस की बात तो यह है कि कम्युनिस्ट भी फिरकापरस्तों के साथ हो गए हैं और उनकी बोली बोलने लगे हैं ।

दूरदर्शन धारावाहिक बहरीन में दिखाए जाएंगे

बहरीन, 29 जुलाई (वार्ता): दरदर्शन पर प्रसारित होने वाले धारावाहिकों के अब बहरीन में भी दिखाए जाने की सम्भावना है ।

इस बात का संकेत कल भारतीय सूचना और प्रसारण मंत्री पी. उपेन्द्र और बहरीन के सूचना और प्रसारण मंत्री तारिक अल मोईद की वार्ता से मिला

भारत में हथियार और प्रशिक्षित
पाक प्रयासों को विफल कर दि

रांची, 29 जुलाई (प.स.): केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री श्री सुबोध कांत सहाय ने केन्द्र सरकार के दृढ़ संकल्प को पुनः दोहराया है कि पाकिस्तान द्वारा भारतीय क्षेत्र में हथियार, गोली बारूद और प्रशिक्षित आतंकवादियों को भेजने के किसी भी प्रयास को विफल कर दिया जाएगा । उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी में स्थिति खराब करने के लिए जिम्मेदार कट्टर पंथी मुजाहिदीन संगठन को पूरी तरह कुचल दिया जाएगा । उन्होंने कहा कि जे.के.एल.एफ. के उग्रवादियों द्वारा घाटी में की गई युद्धबंदी स्वागत योग्य है जो लोगों के लिए लाभदायक साबित हुई है ।

श्री सहाय ने कहा कि पूर्व राजनीतिक नेतृत्व अपनी 'दिशाहीन पहुंच' के कारण कश्मीरियों की भावनाओं को संतुष्ट करने में बुरी तरह विफल रहा

कार्रवाई की मांग
(पृष्ठ 3 का शेष)

लाल इस कथित जालसाज़ी के संबंध में जांच करवाने के भी विरुद्ध नहीं हैं ।

सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री इस बात पर सदृढ़ थे कि ऐसी कार्रवाइयों से सरकार और पार्टी की छवि को कोई लाभ नहीं पहुंचता । उन्होंने मांग की कि उक्त 'मूल' पत्र उन्हें दिया जाए, उन्हें फोटो प्रतिलिपि नहीं चाहिए ।

जनता दल के अध्यक्ष प्रधानमंत्री, उप-प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री प्रो. मधु दंडवते, गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद, वाणिज्य मंत्री अरुण नेहरू और नागर विमानन मंत्री आरिफ मोहम्मद खां से व्यक्तिगत रूप से मिले ।

सूत्रों के अनुसार श्री बोम्मई से मुलाकात में मंत्रियों ने कहा कि श्री देवी लाल द्वारा मात्र "माफी मांगने" पर से उन्हें संतोष नहीं होगा ।

सूत्रों ने बताया कि मंत्रिमंडल की बैठक में वरिष्ठ मंत्रियों ने उप-प्रधानमंत्री को लेकर बार-बार संकटपूर्ण स्थिति पैदा होने पर क्षोभ जाहिर किया । उनका मत था कि इसका सरकार की विश्वसनीयता पर बुरा असर पड़ रहा है ।

श्री बोम्मई ने श्री देवी लाल से मुलाकात में उन्हें बताया कि उन्होंने हाल में अखबारों को दी गई भेंट वार्ताओं में श्री सिंह के बारे में जो प्रतिकूल टिप्पणियां की हैं, उससे प्रधानमंत्री नाराज़ हैं ।

उप-प्रधानमंत्री के एक सहायक ने श्री बोम्मई को बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री से कोई शिकायत नहीं और वह श्री सिंह को पूर्ण समर्थन देते रहेंगे ।

श्री बोम्मई के अलावा कपड़ा मंत्री शरद यादव और जल संसाधन मंत्री मनुभाई कोटाडिया ने भी श्री देवी लाल से उनके निवास पर भेंट की ।

अतिन्दर पाल सिंह
(पृष्ठ 3 का शेष)

पटियाला (भूषण): पटियाला क्षेत्र के सांसद श्री अतिंदरपाल सिंह ने गत दो दिनों में अपने समर्थकों के साथ विधानसभा क्षेत्र डकाला के बीस देहात का दौरा किया । इसमें सिख छात्र संघ और भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्त्ता भी उनके साथ थे ।

श्री अतिंदरपाल सिंह ने अपने भाषणों में श्री सिमरनजीत सिंह मान पर करारी चोटी की और संगतों से अपील की कि वे किसी एक व्यक्ति के पीछे लगने की बजाय सिखी सिद्धांतों के साथ लगें और सिखी पर मंडरा रहे सरकारी अत्याचार को समाप्त कराने तथा लोकतांत्रिक मूल्य बहाल कराने के लिए एक हो जाएं । जो लोग रोज अपना दृष्टिकोण और अपने बयान बदलते रहते हैं, वे पंथ पर आए संकट को दूर नहीं कर सकते ।

राष्ट्रपति ने लोकसभा सचिवालय की फाइलें मंगवाईं

नई दिल्ली, 29 जुलाई (वार्ता) : राष्ट्रपति श्री

सुप्रसिद्ध ज्योतिषी
पं. एस.एम. स्वामी (देवी उपासक व तांत्रिक) जन्म-पत्रिका, हस्तरेखा, अंक विद्या व लक्की स्टोन विशेषज्ञ ।
अपने जीवन की जटिल समस्याओं के समाधान व मार्ग दर्शन के लिए मिलें:
होटल महाराजा, फोन : 31725,
कमरा नं. 6, भदौड़ हाऊस, लुधियाना
समय प्रातः 7 से सायं 7 बजे तक

CAR STEREOS & SPEAKERS
Available on wholesale rates.
Contact : SOUND PLAZA,
Shop No. 5, Sewak Bhawan,
16/2, W.E.A., Karol Bagh,
New Delhi-110 005.

31 जुलाई से 6 अगस्त तक
भारत के सुप्रसिद्ध ज्योतिषी लुधियाना में
विजय भदौरिया
Lucky Stone Specialist
अपने भविष्य एवं जीवन की समस्याओं का हल जानने के लिए मिलें ।
स्थान : म.नं. 51, होटल सरताज, भदौड़ हाऊस, लुधियाना ।
Phones : 37725/26625.
समय : सुबह 9 से 1 तथा 4.00 से 7.30 बजे शाम तक ।

क्लासीफाइड विज्ञापन

Punjabi Sansar







मेजर सिंह वल्द गुरबचन सिंह और ट मुठभेड़ में मारे गए (3) आतंकवादी शव । (5) ममदोट क्षेत्र में मुठभेड़ में (छाया : बागी, धीमान)

पंजाब में मुठभेड़ों के दौरान 'एरिया कमांडर' सतनाम सिंह सत्ता समेत 8 आतंकवादी मरे

हमले में वल्टोहा के थाना प्रभारी बाल-बाल बचे, एक उपचाराधीन उग्रवादी अस्पताल से भागा

अन्यत्र एक अखबारी एजैंट समेत 11 की हत्या

चंडीगढ़, 30 जुलाई (प.स., वार्ता) : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 8 आतंकवादी मारे गए । इनमें खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर सतनाम सिंह सत्ता भी शामिल है । इस बीच वल्टोहा के थाना प्रभारी हमले में बाल-बाल बच गए, एक उपचाराधीन कैदी अस्पताल से भाग गया तथा एक पुलिस चौकी पर फायरिंग की गई । विभिन्न स्थानों पर एक अखबारी एजैंट समेत 11 लोगों की हत्याएं हुईं ।

मुठभेड़ में 2 आतंकवादी मरे : अमृतसर (प.स., वि.प्र.) : पुलिस जिला तरनतारन के पट्टी क्षेत्र के गांव लखाना में कल रात पुलिस तथा आतंकवादियों के एक गिरोह के बीच 40 मिनट तक जबरदस्त मुठभेड़ हुई । इस दौरान दो आतंकवादी मारे गए । इनमें से एक की पहचान सतनाम सिंह उर्फ सत्ता के रूप में हुई है । वह खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू 'एरिया कमांडर' था । सतनाम सिंह तरनतारन क्षेत्र में अनेक वारदातों में संलिप्त था । पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 40 हजार रुपए का ईनाम रखा था । दूसरे आतंकवादी का नाम शिंदर सिंह बताया जाता है । उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपए का ईनाम था ।

पुलिस ने बताया कि यह मुठभेड़ उस समय हुई जब सुरक्षा बलों ने गांव के बाहर स्थित एक फार्म हाऊस पर इस बात की सूचना मिलने पर धावा बोला कि 16 से 18 आतंकवादियों के एक गिरोह की वहां बैठक हो रही है । पुलिस ने बताया कि दो आतंकवादी तो मुठभेड़ में मारे गए लेकिन अन्य गांव में इधर-उधर भाग गए । गांव को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के जवानों ने घेर लिया है । घटनास्थल से एक ए.के. 74 और एक ए.के. 47 राइफल, छः मैगजीनें, एक रिवाल्वर और बड़ी मात्रा में कारतूस बरामद हुए । बरामद ए.के. 47 राइफल पर "खालिस्तान कमांडो फोर्स" के एक स्वयंभू लै. जनरल सुरजीत सिंह झाकड़ का नाम खुदा हुआ है ।

बिहार की राजधानी पटना के मुख्य बाजारों में दुकानें तथा व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे, जबकि सड़कों पर वाहन सामान्य रूप से चल रहे थे । बाकी इलाकों में दुकानें आमतौर पर खुली रहीं । बिहार सरकार ने सुरक्षा के व्यापक इन्तजाम किए थे तथा पूरे राज्य में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई थी । गड़बड़ी की आशंका वाले इलाकों में अर्द्धसैनिक बलों द्वारा गश्त जारी रही ।

गुजरात के पालनपुर कस्बे में हिंसा भड़कने के बाद सुबह दस बज कर बीस मिनट पर अनिश्चिकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया । पुलिस ने बताया कि उत्तेजित भीड़ ने दो दुकानों को आग लगाने के अलावा व्यापक पैमाने पर पथराव किया, जिसके बाद प्रशासन को कर्फ्यू लगाना पड़ा ।

अहमदाबाद के बापूनगर इलाके में गोमतीपुर के कुछ भागों में आज सुबह लूटपाट और आगज़नी की घटनाओं के बाद पांच बजे से कर्फ्यू लगा दिया गया । पुलिस ने बापूनगर क्षेत्र में हिंसक भीड़ पर काबू पाने के लिए सात गोलियां चलाईं । पुलिस ने बताया कि इससे कोई हताहत नहीं हुआ ।

बड़ोदरा के वाडी क्षेत्र में कल देर रात पुलिस की गोली से एक व्यक्ति मारा गया । पुलिस ने बताया कि अहमदाबाद में कल छुरेबाज़ी की घटनाओं में चार लोग मारे गए थे ।

'भारत बन्द' का पश्चिम बंगाल में आज कोई असर नहीं दिखाई दिया तथा राज्य भर में जनजीवन सामान्य रहा । कलकत्ता महानगर तथा जिला मुख्यालयों में बसें, ट्राम तथा अन्य वाहन सामान्य दिनों की भांति चल रहे थे । दुकानें व बाजार खुले रहे तथा अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों में भी सामान्य रूप से कामकाज शुरू हो गया है ।

'भारत बन्द' का आज सुबह उड़ीसा में मामूली असर पड़ा । राज्य में सड़कें सुबह से ही व्यस्त थीं और निजी तथा सार्वजनिक गाड़ियां सामान्य रूप से चल रही थीं । दुकानें, बाज़ार और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान रोजाना के ही समय पर खुल गए । सरकारी और प्राइवेट दफ्तरों में हाज़री सामान्य थी । स्कूल और कालेज खुले रहे ।

'भारत बन्द' का मध्य प्रदेश में आज सुबह से व्यापक असर दिखाई दिया । जिला मुख्यालयों से मिली सूचनाओं के अनुसार राज्य के नगरों, कस्बों

नई दिल्ली, 24 अ
नेता चंद्रशेखर ने कहा
पार्टियों की वर्तमान सद
चमत्कार ही राष्ट्रीय मो
कर सकता है और उसे

पत्रकारों से अनौप
श्री चंद्रशेखर ने कहा कि
अप्रत्याशित घट सकत
नेतृत्व परिवर्तन चाहता

चुनाव करवा
बेहत

भुवनेश्वर, 24 अ
मुख्यमंत्री श्री बीजू पट
राष्ट्रीय मोर्चा सरकार
करने में असफल रहती
महीनों में चुनाव करव
पत्रकार सम्मेलन में क
चुनाव करवा लें, उतन
रहेगा । उन्होंने आशा
चुनाव में लोग किसी
देंगे ।

श्री बीजू पटनायक
किया कि वह नेता चुनने

आ

Punjabi Samachar

समेत 9 की हत्या : मुठभेड़ में एक उग्रवादी मरा

नानकसर रेलवे स्टेशन के निकट गाड़ी पर फायरिंग, ड्राइवर, फायरमैनों का अपहरण

आतंकवादियों द्वारा फ्लाइंग मेल पर फायरिंग से एक यात्री की मौत

चंडीगढ़, 21 अक्तूबर : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान विभिन्न वारदातों में अकाली दल (बादल) के एक वरिष्ठ नेता श्री शशपाल सिंह तथा माकपा नेता श्री बरकत सिंह समेत 9 लोगों की हत्या हुई और आतंकवादियों ने मजीठा पुलिस जिला में बुटारी के निकट फ्लाइंग मेल पर फायरिंग की जिससे एक यात्री की मृत्यु हो गई । उग्रवादियों ने नानकसर रेलवे स्टेशन के निकट एक अन्य ट्रेन पर फायरिंग की और उसके ड्राइवर, फायरमैनों का अपहरण कर लिया । इस बीच प्रदेश में एक उग्रवादी भी मारा गया ।

ट्रेन पर फायरिंग, 1 मरा :अमृतसर (वार्ता): आतंकवादियों ने कल रात मजीठा पुलिस जिले में उत्तरी रेलवे के अमृतसर-जालन्धर सैक्शन के बुटारी रेलवे स्टेशन के निकट अमृतसर जाने वाली फ्लाइंग मेल पर गोलियां चलाईं ।

गोली से घायल तरसेम सिंह नामक एक व्यक्ति ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया । पुलिस की एक रिपोर्ट के अनुसार आतंकवादियों ने बुटारी रेलवे स्टेशन के निकट फिश प्लेटें भी हटा दी थीं । इसके परिणामस्वरूप गाड़ी को पीछे लौटाना पड़ा । पटरी की मुरम्मत के बाद गाड़ी आधी रात को अमृतसर पहुंची । इलाके में धरपकड़ अभियान जारी है ।

उग्र भीड़ पर फायरिंग: राजकीय रेलवे पुलिस (जी.आर.पी.) ने 150 लोगों की उस भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पन्द्रह चक्र से अधिक गोलियां चलाईं, जिसने बाबा बकाला में रेल की पटरी [illegible] थी । रेलवे सूत्रों ने यहां यह जानकारी दी । भीड़ ने एक रेलगाड़ी के डिब्बों की आठ खिड़कियां तोड़ दीं । यह भीड़ खुंखार आतंकवादी संगत सिंह लाडी का शव सौंपे जाने की मांग कर रही थी । इसी क्षेत्र में गत दिवस हुई एक मुठभेड़ में लाडी मारा गया था । अवरोध के कारण बम्बई जाने वाली फ्रंटियर मेल दो घंटा विलम्ब से तथा अमृतसर जाने वाली सुपर फास्ट लगभग पौने दो घंटे विलम्ब से चली ।

अकाली नेता की हत्या : आतंकवादियों ने आज शाम अमृतसर में राजा सांसी हवाई अड्डे के निकट अकाली दल (बादल) के वरिष्ठ नेता तथा पंजाब के पूर्व मंत्री श्री शशपाल सिंह के फार्म हाऊस में घुस कर उनकी हत्या कर दी ।

72 वर्षीय श्री शशपाल सिंह ने 1985 में प्रदेश विधानसभा चुनाव में राजासांसी निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस (इ) के श्री इकबाल सिंह को पराजित किया था । श्री सुरजीत सिंह बरनाला के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में श्री शशपाल सिंह को जनस्वास्थ्य तथा पशुपालन राज्यमंत्री नियुक्त किया गया था । बाद में श्री सिंह अकाली दल (लौंगोवाल) छोड़ कर अकाली दल (बादल) में शामिल हो गए थे ।

डी.आई.जी. बार्डर रेंज श्री जी.आई.एस. भुल्लर ने बताया है कि श्री शशपाल सिंह पर उस समय हमला हुआ, जब वह जीप पर अपने गनमैन के साथ फार्म हाऊस से बाहर आ रहे थे । उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । आतंकवादी फार्म हाऊस के निकट ही झाड़ियों के पीछे छिपे हुए थे । बताया जाता है कि श्री शशपाल सिंह के गनमैन ने भी गोली चलाई लेकिन आतंकवादी भाग गए । पुलिस तथा सी.आर.पी.एफ. ने सारे क्षेत्र को घेर कर आतंकवादियों की तलाश शुरू कर दी है ।

उग्रवादी गिरफ्तार : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार खेमकरण के एस.एच.ओ. ने जस्सोवाल गांव से एक उग्रवादी को गिरफ्तार करके उससे स्टिक ग्रेनेड बरामद किया ।

'ठेका' लूटा : थाना रामबाग अमृतसर के निकट आज रात्रि उग्रवादियों ने शराब के एक ठेके से 8000 रुपए लूट लिए । ठेका थाने के बिल्कुल निकट है ।

मुठभेड़ में एक आतंकवादी मरा : तरनतारन पुलिस जिला के गांव पुल खेलां के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । उसका एक साथी बच कर भाग गया । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए ।

पैट्रोल पम्प लूटा : आतंकवादियों ने आज भिखीविंड में एक पैट्रोल पम्प से 6780 रुपए लूट लिए ।

एक की हत्या : लुधियाना (प.स.): आतंकवादियों ने नीवां बुट्टा गांव में अमोलक सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

एक की हत्या : फरीदकोट (प.स.): आतंकवादियों ने कोठा सधवां गांव में बलदेव सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

महिला घायल : फरीदकोट जिला में बगरोरी गांव में आतंकवादियों ने पुष्पा रानी नामक एक महिला को गोली मार कर घायल कर दिया ।

होमगार्ड जवान की हत्या : रोपड़ (वार्ता): आतंकवादियों ने कल रात मरहोली गांव में पंजाब होमगार्ड के एक जवान गुरमुख सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

एक और व्यक्ति की हत्या : आतंकवादियों ने रोपड़ जिला में ही बरजूवाला गांव में कल रात मोहिंदर सिंह के घर में घुस कर उसकी गोली मार कर हत्या कर दी ।

दम्पति की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव चौड़ा में कल रात 2 आतंकवादियों ने एक डेरे में जबरदस्ती दाखिल होकर फायरिंग की, जिससे सुखविन्दर सिंह (35) तथा उसकी धर्मपत्नी दलबीर कौर (30) की मृत्यु हो गई । पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के चले हुए कारतूस बरामद हुए हैं । मृतक काहनूवान के निवासी थे और उक्त गांव में अपने एक सम्बन्धी के घर आए हुए थे ।

माकपा नेता की हत्या : जालंधर : माकपा के प्रदेश कार्यालय के एक प्रवक्ता ने सूचना दी है कि अमृतसर जिला की अजनाला तहसील के गांव मोतले में माकपा नेता तथा सरपंच कामरेड बरकत सिंह (45) की आज प्रातः आठ बजे आंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । श्री सिंह पंजाब खेत मजदूर यूनियन के तहसील प्रधान भी थे । इस बीच माकपा की जिला अमृतसर शाखा के सचिव कामरेड राजेश्वर सिंह ने इस वारदात की सख्त निंदा की है । उन्होंने कहा कि कम्युनिस्ट हर कुर्बानी देकर देश की एकता और अखंडता के लिए संघर्ष कर रहे हैं और भविष्य में भी करते रहेंगे ।

गाड़ी पर फायरिंग : लुधियाना (मुसाफिर): लुधियाना-फिरोजपुर रेलवे सैक्शन पर नानकसर

(शेष पृष्ठ 10 पर)

गुरुपद स्वामी द्वारा पैट्रोलियम उत्पाद मूल्यों में कटौती की सम्भावना रद्द

बेंगलूर, 21 अक्तूबर (पस.): केंद्रीय पैट्रोलियम मंत्री श्री एम.एस. गुरुपद स्वामी ने खाड़ी संकट हल हो जाने के बाद भी पैट्रोलियम उत्पादों के मूल्यों में किसी कटौती की संभावना रद्द कर दी है । उन्होंने मूल्य वृद्धि को उचित ठहराते हुए कहा कि सरकार के पास देश के निरन्तर कम हो रहे विदेशी मुद्रा भंडार को बचाने के लिए पैट्रोलियम उत्पादों की खपत कम करने के लिए और कोई रास्ता नहीं था ।

नई दिल्ली (वार्ता): पैट्रोलियम मंत्री एम.एस. गुरुपद स्वामी ने स्पष्ट किया है कि पैट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति में कटौती करने का सरकार का हाल का निर्णय पिछले वर्ष की मांग तथा खपत के वर्तमान रुख पर आधारित है ।

इसके साथ ही कटौती सिर्फ चालू वित्त वर्ष के बाकी छह महीनों के लिए लागू रहेगी ।

श्री गुरुपद स्वामी ने बताया कि 1989-90 में पैट्रोल की मांग में वृद्धि दर नौ प्रतिशत थी और खपत के वर्तमान रुख के आधार पर इस वर्ष मांग वृद्धि दर छह प्रतिशत हो गई है । इसलिए पैट्रोल की आपूर्ति पर आठ अक्तूबर से प्रभावी 15 प्रतिशत की कटौती पिछले वर्ष की मांग वृद्धि दर तथा इस वर्ष के खपत रुख पर आधारित है । सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों तथा सरकारी वाहनों में पैट्रोल के इस्तेमाल में 20 प्रतिशत की कटौती है ।

पैट्रोलियम मंत्री ने कहा कि इसी तरह हाई स्पीड डीजल की आपूर्ति में 15 प्रतिशत की कटौती पिछले वर्ष मांग की 8% वृद्धि दर तथा खपत रुख के अनुसार इस वर्ष मांग में सात प्रतिशत की संभावित वृद्धि दर पर आधारित है । उन्होंने कहा कि कोयला क्षेत्र की आपूर्ति में कोई कटौती नहीं की गई है ।

रेलवे के लिए हाई स्पीड डीजल की आपूर्ति में पिछले वर्ष की खपत पर सिर्फ 10 प्रतिशत की कटौती की गई है । सरकारी वाहनों तथा राज्य सड़क उपक्रमों के लिए हाई स्पीड डीजल की आपूर्ति में 20 प्रतिशत की कटौती की जाएगी ।

श्री गुरुपद स्वामी ने स्पष्ट किया कि कृषि क्षेत्र को लाइट डीजल की आपूर्ति में कोई कटौती नहीं की गई है । उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं के लिए खाना पकाने की गैस की आपूर्ति में कोई कटौती नहीं है । सरकार ने सिर्फ गत आठ अक्तूबर से खाना पकाने की गैस के नए कनैक्शन देने पर रोक लगा दी है ।

उन्होंने कहा कि उर्वरकों के उत्पादन में इस्तेमाल के लिए नेप्था की आपूर्ति में कोई कटौती नहीं की गई है लेकिन उर्वरक उत्पादन इकाइयों में ईंधन के रूप में नेप्था के इस्तेमाल पर 15 प्रतिशत की कटौती की गई है ।

खालिस्तान लिबरेशन आर्गनाइजेशन अब राजनीतिक दल बनेगा

पटियाला, 21 अक्तूबर (भूषण): खालिस्तान लिबरेशन आर्गनाइजेशन (के.एल.ओ.) अब एक पंजीकृत राजनीतिक दल के रूप में कार्य करेगा तथा इसका पुनर्गठन अब निचले स्तर से किया जाएगा । इस आशय का निर्णय आज यहां श्री अमृत शाहबाज सिंह की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में लिया गया । पार्टी की कार्यकारिणी ने श्री अतिन्दर पाल सिंह सांसद को इस पार्टी को नए आधार पर संगठित करने के लिए अधिकृत भी किया ।

सील, धर-पकड़ जारी, जरूरत पड़

मुजफ्फरनगर, 21 अक्तूबर (वार्ता): अयोध्या में राम जन्म भूमि मंदिर निर्माण के लिए कार सेवा में जाने वालों को रोकने के हेतु मुजफ्फरनगर जिले से लगने वाली हरियाणा, सहारनपुर, बिजनौर, हरिद्वार तथा मेरठ की सीमाओं को सील कर दिया गया है और इसके लिए विशेष चैकपोस्टें बनाई गई हैं । जिले की सभी शिक्षण संस्थाओं को भी 28 अक्तूबर तक बंद कर दिया गया है ।

जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सभी सीमाओं पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है । श्री सिंह तथा पुलिस अधीक्षक लालता प्रसाद मिश्र ने कल जिले का दौरा करके स्थिति का जायजा लिया ।

मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पर कल सायं छह साधुओं को उस समय गिरफ्तार कर लिया गया जब वे देहरादून एक्सप्रैस से अयोध्या जाने के लिए मेरठ जा रहे थे । जिले में अभी तक इस सिलसिले में 89 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है । जिलाधिकारी ने कहा कि इसी बीच शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार किया जा सकता है ।

मेरठ : अयोध्या विवाद को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर मेरठ जिला प्रशासन ने हर संभावित स्थिति से निपटने के लिए अपनी तैयार पूरी कर ली है और इसके लिए सेना के प्रमुख अधिकारियों से भी प्रशासन का सम्पर्क लगातार बना हुआ है । एक वरिष्ठ अधिकारी ने आज यहां बताया कि सेना के मेरठ क्षेत्र में तेरह जिले आते हैं और जरूरत पड़ने पर इन सब में सेना को सहायता के लिए बुलाया जा सकता है । सेना और केंद्रीय सुरक्षा बलों के अधिकारियों ने कल शहर के मुहल्लों में जाकर स्थिति का मुआयना किया था ।

छपरौली कस्बे में कल सक्रिय कार्यकर्त्ताओं की बाजार बन्द रहे और थाने जिला प्रशासन ने दावा कि तक लगभग सात हजार दिया गया ।

फैजाबाद : फैजाबाद बनाए रखने के लिए अब किए जा चुके हैं जिनमें बि शामिल हैं । सेना ने कल मार्च भी किया ।

राम जन्म भूमि का फैजाबाद मंडल के आयु सरकार के आदेश के तह राम जन्म भूमि और अधिगृहित कर ली । श्रीवास्तव के अनुसार आसपास की अधिगृहीत केंद्र सरकार के स्वामित्व

श्री श्रीवास्तव ने फैजा के मार्ग में परिवर्तन सुलतानपुर, गोंडा तथा ब वाली बसों की संख्या बहु

वाहनों और यात्रियों फैजाबाद जिले की सीमाओं इलाकों में आठ निगरानी हैं । इन पर पुलिस के सा रहेंगे ।

झांसी : अयोध्या में निर्माण के लिए झांसी म सेवकों को रोकने के सीमावर्ती क्षेत्रों पर भारी



पंजाब के राज्यपाल श्री वीरेंद्र वर्मा रविवार को मोगा में नेता जी सुभाष च अनावृत्त करने के बाद आयोजित एक समारोह की अध्यक्षता करते हुए । उच्चाधिकारी भी बैठे दिखाई दे रहे हैं ।

केंद्र को विधानसभा से पहले पालि चुनाव कराने की सिफारिश करूं

मोगा, 21 अक्तूबर (आजाद, बांसल): पंजाब के राज्यपाल ने आज यहां घोषणा की कि सतलुज व ब्यास नदी के बीच मंड क्षेत्र की 10 हजार एकड़ भूमि हल जोतने वालों के नाम कर दी जाएगी । जो लोग वहां 1984 से पहले से खेती कर रहे हैं उन्हें सिंचाई योग्य भूमि 6000 रु. तथा बंजर जमीन भूमि 3000 रु. प्रति एकड़ की दर से दी जाएगी । अनुसूचित जाति के किसानों को भूमि आधे रेट पर दी जाएगी । जिन्होंने 1984 से 1989 तक जमीन पर हल जोता है उन्हें सिंचाई योग्य भूमि 20 हजार तथा बंजर भूमि 10 हजार रु. की दर से दी जाएगी तथा अनुसूचित जाति के लोगों को यह भूमि आधे दामों पर दी जाएगी ।

श्री वर्मा स्वतंत्रता संग्राम भवन के सामने नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा का अनावरण करने के पश्चात् स्वतंत्रता सेनानियों तथा क्षेत्र के लोगों की सभा को संबोधित कर रहे थे ।

उन्होंने कहा कि साम्प्रदायिक घृणा के परिणामस्वरूप उठाई गई घोर तकलीफों के बावजूद हम इस बुराई से अभी तक पीछा नहीं छुड़ा सके । उन्होंने कहा कि देश इतनी अधिक सामाजिक बुराइयों में जकड़ा जा चुका है कि हम इस देश की सलामती के लिए प्राण न्योछावर करने वालों की कुर्बानियों से कोई भी संबंध है ।

श्री वर्मा ने कहा कि विधानसभा चुनावों से पूर्व स्थानीय निकायों के चुनाव उन्होंने कहा कि इन चुनाव मुख्द्वारा प्रबंधक कमेटी के चु

राज्यपाल ने बताया कि कराने तथा शांति की बहाली को विचार-विमर्श के लिए वि के नेताओं को आमंत्रित किय जानने के बाद वह अपनी रि सप्ताह में प्रधानमंत्री को भेज

उन्होंने बड़ी भावुकता से विडम्बना है कि अंग्रेजों जलियांवाला बाग में आजादी मौत के घाट उतार दिया था में पिछले दस सालों में देश द्रो भी अधिक स्त्रियों को विधवा अनेक बच्चों को अनाथ । उन कुछ उस पंजाब में हो रहा है आजादी की लड़ाई में बढ़-चढ़ क काले पानी की यातनाएं सही

(शेष पृष्ठ

Punjabi Sanatani

मोरारजी की अपील

बम्बई, 22 अक्तूबर (वार्ता): पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने आज भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष लाल कृष्ण अडवानी से अपनी रथ यात्रा रद्द करने और देश को विनाश से बचाने की अपील की है ।

21 अक्तूबर को हुई हिन्दू-मुस्लिम धर्माचार्य बैठक में भाग लेने वाले सभी 13 हिन्दू धर्माचार्यों पर सरकार की तरफ से तरह-तरह के दबाव डाले गए ।

श्री अग्निहोत्री ने कहा कि हिन्दू धर्माचार्यों को अध्यादेश का स्वागत करने, दूरदर्शन पर अध्यादेश

(शेष पृष्ठ 6 पर)



चंडीगढ़ में सोमवार रात को आतंकवादियों द्वारा की गई फायरिंग में मारे गए (1) महेंद्र सेठी, (2) एक अन्य युवक तथा (3) एक वृद्ध के शव । (4) एक मृतक के पिता को सांत्वना दे रहे लोग, (5) गोलियों से घायल एक बच्चा जो पी.जी.आई. में उपचाराधीन है । (छाया : पुरी)

चंडीगढ़ में स्थिति को बिगड़ते देख कर सेना को बुला लिया गया ।

उग्र छात्रों के हमले में क्षेत्र के एस.एच.ओ. इंस्पेक्टर ओम प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए । उनको भी पी.जी.आई. में भर्ती कराया गया है ।

मृतकों में एक 21 वर्षीय युवक महेंद्र सेठी है जिसकी आज ही सरकारी नौकरी लगी थी । अन्य मृतकों में एक 70 वर्षीय वृद्ध भी शामिल है, जो सैक्टर 37 में अनशनकारियों के टैंट के पास केले बेच रहा था ।

इस घटना के बाद पी.जी.आई. में कोहराम मच गया तथा अनेक लोग अपने बच्चों को ढूंढने के लिए इधर-उधर दौड़ते रहे । पी.जी.आई. में भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सफेद रंग की मारुति कार में आए अज्ञात आतंकवादियों ने सैक्टर-37 में अनशनकारी आरक्षण विरोधियों पर चलती कार से गोलियां बरसाईं ।

बताया जाता है कि आतंकवादियों की कार अभी कुछ दूरी पर ही गई थी कि लोगों ने वहां से गुजर रही पुलिस नियन्त्रण कक्ष की एक वैन को इस कार का पीछा करने को कहा, पर पुलिस वालों ने घटनास्थल पर वैन को रोक कर घायलों को पी.जी.आई. पहुंचाने का काम शुरू कर दिया ।

घटना की खबर मिलते ही घटनास्थल पर सैंकड़ों छात्र जमा हो गए व दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं । थोड़ी ही देर बाद छात्रों ने पथराव शुरू कर दिया । छात्रों ने वहां से गुजर रही सी.टी.यू. की 2 बसों को रोक कर पहले इनके शीशे तोड़े और फिर वहां खड़े स्कूटरों से पैट्रोल निकाल कर इन बसों को आग लगा दी ।

वामपंथी दलों गिरफ्तारी न ह

नई दिल्ली, 22 अक्तूबर

वामपंथी दलों ने भारतीय जनता पा कृष्ण अडवानी की अयोध्या रथया और उन्हें गिरफ्तार करने की मांग किए जाने पर सरकार को समर्थ धमकी दी है ।

इन दलों ने आज यहां एक पारित कर कहा कि रथयात्रा के अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के म और भय को देखते हुए यह कदम

मार्क्सवादी पार्टी के नेता सुरजीत ने पत्रकारों को बताया सरकार समस्या का समाधान ढू प्रयास कर रही है और इस काम में के साथ सहयोग करना चाहिए ।

वामपंथी दलों के नेताओं ने एक लगाया कि भारतीय जनता पार्टी परिषद को देश की एकता और अख में कोई दिलचस्पी नहीं है । नेताओ देश की एकता और अखंडता को ब हमें हर कुर्बानी के लिए तैयार रह

श्री सुरजीत ने कहा कि उ विश्वनाथ प्रताप सिंह से भेंट कर इ में वामपंथी दलों की भूमिका से पु है ।

वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने वा के अलावा श्री एम. बासव पुनै डी.डी. शास्त्री (फारवर्ड ब्लाक), श्र तथा श्री नानी भट्टाचार्य (आर.ए

रेल रोको आह्वान का मिश्रित प्रभाव : 4 छात्रों द्वारा आत

चंडीगढ़, 22 अक्तूबर : आरक्षण विरोधी छात्रों द्वारा आज रेल-रोको आह्वान का मिश्रित प्रभाव हुआ और मण्डल आयोग की सिफारिशों के विरुद्ध गत 24 घंटों के दौरान 4 और छात्रों ने आत्म बलिदान का प्रयास किया, जबकि विभिन्न

छात्रों की हालत खतरे से बाहर : इसी बीच पता चला है कि गत 29 सितम्बर को यमुनानगर में आत्मदाह का प्रयास करने वाली 17 वर्षीया छात्रा कुमारी मंजु, कुरुक्षेत्र में 7 अक्तूबर को आत्मदाह का प्रयास करने वाले 15 वर्षीय छात्र मुनीष व 17

नगर के बाहरी भागों में जनजीवन सामान्य रहा । अनाज मंडी में काम होता रहा, बसें सामान्य रूप से चलती रहीं तथा आरक्षण विरोधी छात्रों द्वारा रेल रोकने के सभी प्रयास असफल कर दिए गए ।

कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं : अम्बाला

गवर्नमैंट गर्ल्ज़ हाई स्कूल, एस.डी. स्कूल तथा शिश भारती स्कूल की आज सुबह 9 बजे से ही रेलवे लाइ लगातार पांच घंटे कोई भी रेलगा रेलवे स्टेशन से आगे नहीं जाने दी

Punjabi Sahara

नीति के मतभेदों के अतिरिक्त यह तथ्य भी पाया गया कि गोयनका परिवार के साथ उनके वैचारिक मतभेद भी उभर आए थे । यह मतभेद विशेष तौर पर श्रीमती सरोज गोयनका के साथ उत्पन्न हुए ।

उनके अनुसार श्री वी.पी. सिंह ने कहा था कि विवादास्पद स्थल पर स्थित ढांचे का मुसलमानों के लिए बहुत महत्व है, मगर वह स्थल हिन्दुओं के लिए पावन है । तब उन्होंने श्री राजमोहन गांधी की इस राय का समर्थन किया था कि ढांचेनुमा इस मस्जिद

श्री राव के अनुसार, 'प्रधानमंत्री ने तीन सूत्रीय फार्मूले का कतई अनुमोदन नहीं किया, हालांकि उन्होंने इसके निर्माण में सक्रिय सहयोग दिया था ।'

ऐसा प्रस्ताव भी किया गया था कि ढांचे तथा

(शेष पृष्ठ 6 पर)

फिरोज़पुर क्षेत्र में आतंकवादियों द्वारा पंजाब मेल पर फायरिंग, 2 सुरक्षा कर्मियों समेत 4 यात्री मरे, 6 घायल

चंडीगढ़, 30 अक्तूबर : आतंकवादियों ने कल रात फिरोजपुर के निकट पंजाब मेल पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे दो सुरक्षा कर्मियों समेत 4 यात्रियों की मृत्यु हो गई तथा 6 अन्य घायल हुए । इस बीच पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान अन्यत्र विभिन्न वारदातों में चार लोगों की हत्या हुई और 2 उग्रवादी भी मारे गए ।

ट्रेन पर फायरिंग, 4 मरे : फिरोजपुर, (धीमान, बागी) : आतंकवादियों ने कल रात साढ़े 9 बजे के लगभग फिरोजपुर से बम्बई जाने वाली पंजाब मेल पर यहां से 10 किलो मीटर दूर कासू बेगू और गोलेवाल रेलवे स्टेशन के बीच अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे 4 लोगों की मृत्यु हो गई तथा 6 अन्य व्यक्ति घायल हुए । मृतकों में रेलवे सुरक्षा बल का सब-इंस्पैक्टर के.सी. कार पुजारी, जी.आर.पी.एफ. का हैड-कांस्टेबल खैर सिंह (32) तथा एक महिला सरला रानी शामिल हैं । चौथे मृतक की अभी तक पहचान नहीं हुई है ।

पंजाब में अन्यत्र 4 की हत्या, 2 उग्रवादी भी मरे

बताया जाता है कि ट्रेन के ड्राईवर ने तुरंत पंजाब मेल को फरीदकोट रेलवे स्टेशन पहुंचाया, जहां से घायलों को मैडीकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया । फरीदकोट से 'जिदल' के अनुसार मृतक सरला रानी कोटकपूरा की निवासी थी । 'प.स.' के अनुसार इस वारदात में 6 लोगों की मृत्यु हुई है । घायल होने वाले लोगों के नाम ए. हुसैन और परमेश्वर सिंह (दोनों रेलवे सुरक्षा बल कर्मी) तथा श्रीमती कांता रानी, श्रीमती रमेश रानी, नवीन वधवा तथा जिले सिंह बताए जाते हैं । इन सब की हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

बैंक लूटा : खरड़ (शशि) : कल शाम साढ़े चार बजे के लगभग चार आतंकवादियों ने कुराली थाना के अंतर्गत आने वाले गांव सियालबा माजरी में स्थित पंजाब नैशनल बैंक की शाखा से हथियारों की नोक पर 1.10 लाख रुपया लूट लिया । उक्त आतंकवादी मारुति कार में आए थे और बैंक लूटने के बाद गांव में नारे लगाते हुए कार में ही भाग गए ।

एक की हत्या : आतंकवादियों ने कल रात रोपड़ जिला के तारागढ़ गांव में छोटू राम नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

महंत की हत्या : अमृतसर (प.स.): आतंकवादियों ने कल रात तरनतारन पुलिस जिला के पलासर गांव में एक डेरा के महंत कस्तूरी लाल की गोलियां मार कर हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 6 चले हुए कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

गुट संघर्ष में 2 मरे : तरनतारन पुलिस जिला में सुरसिंह वाला गांव में गिरोहों की आपसी लड़ाई में हरपाल सिंह और सीता देवी को आतंकवादियों ने गोलियों से मार दिया । खालिस्तान कमांडो फोर्स के जफरवाल गुट ने इस वारदात की जिम्मेदारी ली है ।

शव मिला : अमृतसर शहर के कपूर नगर क्षेत्र से पुलिस ने सिर विहीन शव बरामद किया है । पुलिस के अनुसार उक्त व्यक्ति की पहले गोलियां मार कर हत्या की गई तथा बाद में सिर काट दिया गया ।

एक की हत्या : बटाला (वार्ता) : आतंकवादियों ने कल रात रूपेवाली गांव में हरदेव सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

मृतक आतंकवादियों की शिनाख्त : लुधियाना से 'महेन्द्रा' और 'धीमान' के अनुसार कल सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में सघोल गांव के निकट मरने वाले पांचों आतंकवादियों की पहचान कर ली गई है । इनके नाम पटियाला जिला के गांव कृष्णगढ़ निवासी ईश्वर सिंह, रोपड़ जिला निवासी जगजीत सिंह व रणजीत सिंह और लुधियाना जिला निवासी कर्म सिंह तथा नेत्र सिंह बताए जाते हैं । ये सभी खालिस्तान कमांडो फोर्स के सदस्य थे । ईश्वर सिंह एरिया कमांडर था और उस पर एक लाख रुपए का ईनाम था । ईश्वर सिंह के गिरोह ने पटियाला तथा लुधियाना जिलों में लगभग 80 लोगों की हत्याएं की थीं । यह गिरोह कई अन्य अपराधों में भी संलिप्त था ।

छोटी सी बात ... रंगा

मुझे समर्थन देने की पेशकश करने वाले इंका सांसदों को मैंने कह दिया है कि मैं मूर्ख नहीं हूं ।

—चंद्रशेखर



भाई साहब, वह इस बात को समझते हैं कि उन्हें भी कहीं कांग्रेसी दूसरा चरण सिंह न बना दें ।

नोट : एक व्यक्ति को 2 कम्बल

ओसवाल टैरीवूल मफलर केवल 20/-

ओसवाल 100% प्योर [illegible] केवल 30/-

बच्चों के आइटम्स वूल

ओसवाल स्कूल ड्रैस वूलन पुलोवर
लायन जीन्स निक्कर/शर्ट
ओसवाल वूलन पुलोवर/बैगी/टैरीवूल
ओसवाल रेज़ वूल पैडल सूट/मंकी सूट
LION ऐसिड वाश/ब्लू जीन्स/फेडिड जीन्स पैंट
ओसवाल मोहेयर वूल BOND-BOY लूजर/पुलोवर
ओसवाल PLAY-BOY वूलन सूट/पैडल सूट
जेम्स बोण्ड 007 L.T. जैकेट/कमांडो कोट

लड़कियों/लेडीज़

ओसवाल गोल्डी वूलन लेडीज कोटी/कार्डिगन
ओसवाल वूलन सेल्फ डिज़ाइन डिम्पी बैगी
मार्टिना U.S. स्टाईल जीन्स स्कर्ट/बिब स्कर्ट
ओसवाल वूलन नगीना कोटी/बैगी
ओसवाल अंगूरा वूल/रिजवूल कोटी/बैगी
लवलीना इम्ब्रायडरी सलवार सूट 225 डिजायनों में

- OXFORD एक्जीक्यूटिव ट्रैक सूट/जोगिंग सूट (मी
- OXFORD एक्सट्रा ओर्डिनरी ट्रैक सूट/जोगिंग सू
- स्काटलैंड यार्ड कमांडो कोट/जैकेट, विद कैप
- ब्लैक कैट कमांडो कोट/जैकेट विद कैप
- माईकल जैक्सन जीन्स/एसिडवाश जैकेट

लुधियाना

होटल गुलमोर, फिरोजपुर रोड

FICTION ADS (ADVANCE)

Punjabi Sanatani

पंजाब में कांस्टेबल व महिला समेत 8 लोगों की हत्या, 4 आतंकवादी मारे गए

पुलिस इंस्पैक्टर के बेटे समेत 3 लोगों का अपहरण

चंडीगढ़, 6 अक्तूबर : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान एक पुलिस कांस्टेबल तथा महिला समेत 8 लोगों की हत्या हुई तथा एक पुलिस इंस्पैक्टर के बेटे समेत 3 व्यक्तियों का अपहरण कर लिया गया ।

कांस्टेबल की हत्या : रोपड़ (वार्ता) : आतंकवादियों ने फूलखुर्द गांव के निकट आज प्रात: खाड पुलिस के कांस्टेबल साधू सिंह को गोलियों से भार दिया । हमले में हैड-कांस्टेबल श्री रमेश चंद्र घायल हो गया। घटना के समय वे दोनों ड्यूटी पर जा रहे थे ।

घायल ने दम तोड़ा : रोपड़ जिला के फूल खुर्द गांव में आज आतंकवादियों द्वारा फायरिंग किए जाने से काका सिंह नामक एक व्यक्ति घायल हो गया था । उसने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया ।

पुलिस इंस्पैक्टर के बेटे का अपहरण : बटाला (कोछड़) : आतंकवादियों ने कल शाम थाना डेरा बाबा नानक में तैनात पुलिस इंस्पैक्टर श्री राजवंत सिंह के बेटे विक्रमजीत सिंह (21) का अपहरण कर लिया । अपहरण की जिम्मेदारी खालिस्तान लिबरेशन फोर्स ने ली है । उक्त आतंकवादी संगठन द्वारा घटनास्थल पर छोड़े गए एक पत्र में स्पष्ट किया गया है कि मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी तूफान सिंह उर्फ तूफान से बरामद हथियार लौटाने पर ही विक्रमजीत सिंह को छोड़ा जाएगा ।

डी.एस.पी. पर फायरिंग : थाना डेरा बाबा नानक के गांव रायचक के निकट आतंकवादियों ने कल रात डी.एस.पी. श्री जी.एस. संधू की गाड़ी पर फायरिंग की । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर आतंकवादी भाग गए । इस वारदात में कोई हताहत नहीं हुआ ।

बारूदी सुरंग फटी : थाना कादियां के गांव बुड्ढा कोट के निकट आज प्रात: लगभग 10 बजे आतंकवादियों ने बारूदी सुरंग विस्फोट किया । विस्फोट से पहले ही पुलिस का वाहन वहां से गुजर चुका था, इसलिए कोई क्षति नहीं हुई ।

मुठभेड़ में कांस्टेबल घायल : लुधियाना (धीमान) : सूचना मिली है कि ढोलेवाल चौक की एक वर्कशाप में 4 युवक एक टैम्पू लेकर आए । अभी वह टैम्पू पहुंचा ही था कि एक पुलिस वैन आ गई । उसने पूछा कि यह टैम्पू किसका है । इस पर उन युवकों ने पुलिस पर फायरिंग आरम्भ कर दी जिससे एक पुलिस कांस्टेबल घायल हो गया । बाकी पुलिस वाले युवकों से गुत्थमगुत्था हो गए । मौका देख उनमें से दो ने पिस्तौल दिखा कर एक ट्रक रोका और तीन आतंकवादी उसमें सवार होकर अम्बाला की ओर चले गए । चौथे को पुलिस ने काबू कर लिया, जिससे पूछताछ जारी है ।

रुपए छीने : लुधियाना के भारत नगर स्थित डाकखाने में एक व्यक्ति 15 हजार रुपए के राष्ट्रीय बचत सर्टिफिकेट खरीदने आया । वह फार्म भरने के बाद यह राशि जमा कराना चाहता था कि इतने में एक आतंकवादी ने रिवाल्वर की नोक पर रुपयों का बैग छीन लिया और भाग गया ।

डाकघर लूटा : लुधियाना से 'महिन्द्रा' के अनुसार निकटवर्ती हटूर गांव के डाकघर में दो लुटेरे घुस गए तथा पिस्तौल की नोक पर वहां से 2025 रुपए लूट कर ले गए । लूटेरे जाते समय अपना स्कूटर वहीं छोड़ गए तथा एक अन्य व्यक्ति गुरमीत सिंह का स्कूटर छीन कर उस पर फरार हो गए ।

घायल आतंकवादी ने दम तोड़ा : गुरदासपुर के बाटा चौक में कल के बम विस्फोट के बाद जनता द्वारा बुरी तरह से पीटे गए और गम्भीर रूप से घायल एक आतंकवादी ने आज अस्पताल में दम तोड़ दिया । इससे पूर्व उसके एक साथी को लोगों ने मार डाला था ।

शव मिला : पुलिस के अनुसार गुरदासपर जिला पुलिस मुख्यालय के अहाते की दीवार से लगे पेड़ पर अधेड़ उम्र के एक अज्ञात व्यक्ति का शव आज सुबह लटका हुआ पाया गया ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

दयालपुर के निकट ब



जालंधर, 6 अक्तूबर (द्वल्न) : आज यहां से 13 कि.मी. दूर करतारपुर के निकट जी.टी. रोड पर अमृतसर से आ रही पंजाब रोडवेज अमृतसर डिपो की बस नं. पी.बी.-12/9019 और फिल्लौर से अमृतसर जा रही मैटाडोर पी.जे.जे. 6162 में टक्कर हो जाने से मैटाडोर में सवार बच्चों, महिलाओं व पुरुषों समेत 26 सवारियां तथा मैटाडोर-ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गए जिनमें से ड्राइवर समेत 6 व्यक्तियों की मृत्यु मौके पर हो गई जबकि चार व्यक्ति जालंधर सिविल अस्पताल लाते हुए रास्ते में दम तोड़ गए या अस्पताल में पहुंचते ही चल बसे । बस के ड्राइवर राजिन्दर सिंह तथा छोटी-मोटी चोटों वाली बस की सवारियों की मरहम-पट्टी करतारपुर सिविल अस्पताल में ही कर दी गई जबकि मैटाडोर की 16 घायल सवारियों को सिविल अस्पताल जालंधर में दाखिल कराया गया है जहां आधी दर्जन घायलों की दशा गंभीर बताई गई है । बस ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है ।

घायलों के अनुसार ये सभी फिल्लौर के भण्डारी मुहल्ला के वासी प्यारा लाल के लड़के राजिन्दर उर्फ बिन्दर जिसकी मंगनी अमृतसर में की गई थी, की मंगेतर को चुन्नी चढ़ाने की रस्म अदा करने जा रहे थे ।

मृतकों में राजिन्दर, उसके पिता प्यारा लाल, चाचा रतन चन्द, बीजे पुरुषोत्तम लाल जो लुधियाना में रहता है, मूल चन्द (अम्बाला), चाची दर्गा देवी, चाचा किशन लाल, दादी बचनी देवी व बालविन्दर सिंह बिल्ला ड्राइवर तथा मैटाडोर का मालिक वेद प्रकाश शामिल हैं ।

पंजाब रोडवेज
(3) राजेंद्र कु
(8) मूल चंद

मुखर्जी की मृत्यु के बारे में उच्चायोग के अधिकारी की जवाब तलबी : नैयर द्वारा जांच का स्वागत

लंदन, 6 अक्तूबर (आई.ए.एन.एस., पस) : भारत के भारतीय उच्चायोग के एक आमात्य श्री धीरेन्द्र सिंह से मुख्य न्यायाधीश श्री सव्यसाची मुखर्जी, जिनका गत माह लंदन के एक अस्पताल में निधन हो गया था, के इलाज के सम्बन्ध में उनके कार्यकलापों एवं व्यवहार के बारे में स्पष्टीकरण मांगा गया है । जानकारसूत्रों ने बताया कि श्री धीरेन्द्र सिंह के आचरण की यह जांच न्यायिक जांच से पूर्व सरकारी स्तर पर की जा रही है । श्री धीरेन्द्र सिंह के विरुद्ध यह कार्रवाई इस प्रकार के संकेतों के आधार पर की गई है कि भारत द्वारा कराई जाने वाली किसी न्यायिक जांच को ब्रिटेन में कई बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है ।

बताया जाता है कि सबसे बड़ी बाधा तो अस्पतालों द्वारा अपने रोगियों के बारे में सूचनाएं जारी करने की बात है । डाक्टर राय पौडर जिनकी देखरेख में श्री मुखर्जी का उपचार किया गया था, ने कहा कि वह इलाज का विवरण किसी अन्य को नहीं दे सकते हैं । वह यह सिर्फ श्रीमती मुखर्जी को ही उन्हें बता सकते हैं ।

नैयर द्वारा न्यायिक जांच का स्वागत : इस बीच भारतीय उच्चायुक्त श्री कुलदीप नैयर ने श्री मुखर्जी के उपचार में बर्ती गई भारी लापरवाही के बारे में उच्च स्तरीय न्यायिक जांच का स्वागत किया है । श्री नैयर ने न्यायिक जांच में अपना पर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया है तथा कहा है कि इस जांच से भारतीय उच्चायोग आरोपों के घेरे से बाहर निकल आएगा ।

श्री नैयर ने कहा कि उच्चायोग के डाक्टरों के दल में से डाक्टर अमर सिंह रायन को कहा गया है कि उन पर से उच्चायोग का विश्वास खत्म हो गया है तथा उन्हें अब उच्चायोग से कोई भी चिकित्सा का काम नहीं दिया जाएगा । लेकिन उन्हें पैनल से इसलिए नहीं हटाया जा रहा है क्योंकि सरकार ने न्यायिक जांच के आदेश दे दिए हैं ।

खबरों में कहा गया था कि श्रीमती रत्ना मुखर्जी ने आरोप लगाया था कि डा. अमरसिंह लंदन के रॉयल फ्री हास्पिटल में श्री मुखर्जी को भर्ती किए जाने के कई घंटों बाद पहुंचे ।

स्व. श्री मुखर्जी को उनके रिश्तेदार तुरन्त निकटवर्ती रायल फ्री हास्पीटल में उपचार के लिए लेकर गए थे । श्री मुखर्जी अमरीगटन से स्वदेश लौटते हुए अपने रिश्तेदार बोस परिवार के साथ ठहरने गए थे ।

श्री मुखर्जी जब वहां पहुंचने के कुछ समय बाद ही बेहोश हो गए तो बोस परिवार श्री मुखर्जी को अस्पताल ले गए ।

श्री सव्यसाची मुखर्जी का गत 25 सितम्बर को अस्पताल में निधन हो गया ।

इस बीच श्री मुखर्जी का उपचार करने वाले डाक्टर एम्मा मुखर्जी ने कहा कि जिस अस्पताल में श्री मुखर्जी को उपचार के लिए भर्ती किया गया था वह ब्रिटेन के सबसे बढ़िया अस्पतालों में से एक है । डा. एम्मा मुखर्जी ने यह बात श्री नैयर को भेजे पत्र में कही है । उल्लेखनीय है कि मुखर्जी जब अपने मित्र के घर पर बेहोश हो गए थे तो डा. एम्मा मुखर्जी को उनके उपचार के लिए बुलाया गया था तथा वह वहां 5 मिनट में पहुंच गई थीं । उन्होंने जांच के बाद श्री मुखर्जी की दशा अत्यन्त गंभीर देखी तथा उन्हें निकटतम अस्पताल में पहुंचाने के लिए एम्बुलैंस मंगवाई । वहां सबसे निकट रॉयल फ्री अस्पताल ही था जो ब्रिटेन के सबसे बढ़िया अस्पतालों में से एक है ।

डा. मुखर्जी ने कहा कि एम्बुलैंस 10 मिनट में आ गई थी तथा उन्होंने इस बीच अस्पताल के

(शेष पृष्ठ 6 पर)



जस्टिस रंगनाथ मिश्र भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शनिवार को राष्ट्रपति भवन दिल्ली में शपथ ग्रहण करते हुए । उन्हें राष्ट्रपति आर. वैंकटरमन ने शपथ दिलाई । (छाया : पी.टी.)

राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद विवाद से

नई दिल्ली, 6 अक्तूबर (जी.एस. चावला) : यहां सरकारी क्षेत्रों द्वारा किए गए आकलन के अनुसार राम जन्म भूमि मंदिर-बाबरी मस्जिद विवाद के कारण देश अत्यंत गम्भीर संकट के कगार पर खड़ा है । वामपंथी दलों के नेता भी स्थिति पर गहराई से नजर रखे हुए हैं । यह समझा जा रहा है कि आगामी कुछ सप्ताह देश के लिए अत्यंत नाजुक होंगे ।

जहां सरकारी क्षेत्र इस संकटपूर्ण स्थिति से चिंतित है, वहां प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह के नेतृत्व में देश का राजनीतिक नेतृत्व इस मामले में एक सतही रुख अपनाता हुआ-सा प्रतीत होता है तथा उनका पूरा ध्यान इस समय आरक्षण के मामले पर लगा है, जिसने कि इ
हिला कर रखा हुआ

भाजपा के अध्य
रथयात्रा से उत्पन्न
मंत्रालय की अनेक
इनमें से कई बैठकों
की । सरकारी क्षेत्र
स्थिति के प्रति चि
स्थिति को शांत
गम्भीर रवैया नहीं

गृह मंत्रालय
रथयात्रा तथा विज

प्रधानमंत्री द्वारा घोषित आ
राज्य का तेजी से विकास ह

चंडीगढ़, 6 अक्तूबर (संधी) : पंजाब के राज्यपाल श्री वीरेन्द्र वर्मा ने गत दिवस लोकसभा में आर्थिक पगों की प्रधानमंत्री की घोषणा को द्रुत सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए समृद्ध और राज्य के प्रशासन में महत्वपूर्ण जन प्रतिनिधियों को सम्मिलित करके राजनीतिक प्रक्रिया की बहाली की ओर एक बड़ा पग बताया है । श्री वर्मा ने कहा कि आर्थिक पैकेज से इस सीमांत राज्य में सामाजिक-आर्थिक समृद्धि का एक नया युग शुरू होगा और सर्वपक्षीय विकास, जो गत एक दशक या इससे अधिक समय के दौरान आतंकवादियों की गतिविधियों के कारण रुक गया था, आश्वस्त बनेगा ।

आज एक बयान में राज्यपाल ने कहा कि इन आर्थिक उपायों से पंजाब के लोगों की प्रति व्यक्ति आय में और वृद्धि होगी उन्होंने लोगों से अपने मतभेद भुलाकर
करने का आग्रह
कैमिकल कम्पलैक्
मिलों तथा अन्य
समाधान करने में

श्री वर्मा ने क
तेज करने से प्रदेश
अतिरिक्त पानी
वर्मा ने आशा व्य
तथा अन्य सामा
द्वारा उठाए गए प
करेंगे, अपितु लो
सहयोग देंगे ।

श्री वर्मा ने
त्यागने तथा राज
आग्रह किया ।

स्वस्थ लड़का होगा या लड़की

अगली भारत और दिल्ली में सर्वप्रथम टैस्ट की शुरूआत करने वाले लूम्बा क्लीनिक में पिछले 15 वर्षों से आधुनिक विदेशी मशीनों पर नीवनतम वैज्ञानिक विधियों द्वारा हारमोनमाल और बायोकैमिकल स्टडीज द्वारा टैस्ट किया जाता है।

इस टैस्ट द्वारा यह भी जानकारी दी जाती है कि बच्चा स्वस्थ लड़का होगा या लड़की

कुरुक्षेत्र में छात्रा द्वारा आत्मघात के बाद त

चंडीगढ़, 6 अक्तूबर : आरक्षण विरोधी छात्र आंदोलन अभी भी जारी है । कुरुक्षेत्र में कल रात एक छात्रा ने आत्मघात कर लिया । चंडीगढ़ में भी

घरनास्थल पर गए और उन्हें चेतावनी दी कि अगर भविष्य में उन्होंने तोड़-फोड़ का कोई प्रयास किया तो वह उसके परिणाम भुगतने को तैयार रहें । उन्होंने

यहां के सैक्टर 19
आया एक युवक द
पी लेने पर उपचार

Punjabi Sanatani

5 आतंकवादी गुट संघर्ष में मरे : पत्रकार व 5 सुरक्षा कर्मियों सहित पंजाब में 22 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 23 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान आतंकवादियों द्वारा एक पत्रकार व 5 सुरक्षा कर्मियों सहित 22 लोगों की हत्या कर दी गई । आतंकवादियों ने सुरक्षा गश्ती दलों पर हमले कर कई जवानों व कुछ नागरिकों को घायल कर दिया । इस बीच गुट संघर्षों में पांच आतंकवादियों के मारे जाने की सूचना है ।

पत्रकार की हत्या : बटाला से 'चौधरी' के अनुसार 'लोक मार्ग' बटाला के सम्पादक श्री कविराज सिंह रंधावा की गत रात स्थानीय दशमेश नगर स्थित उनके घर के बाहर गोली मार कर हत्या कर दी गई । बताया जाता है कि कविराज सिंह जब 'शौच के लिए अपने पुराने घर जा रहे थे तो आतंकवादियों ने उनके घर के बाहर उन्हें गोली मार दी । वह घायल होकर वहीं गिर पड़े । लोग, यहां तक कि उनके घर के सदस्य भी इतने भयभीत हो गए कि कोई भी अपने घर से बाहर नहीं निकला । उनका शव सारी रात गली में ही पड़ा रहा । पत्रकारों और सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने श्री रंधावा की हत्या की निंदा की है ।

वार्ता के अनुसार कविराज सिंह रंधावा जालंधर से प्रकाशित "नवां जमाना" और "लोक लहर" के लिए भी कार्य करते थे । श्री रंधावा के निधन पर रोष व्यक्त करते हुए आज शहर के सभी प्रिंटिंग प्रैस बंद रखे गए ।

कोछड़ के अनुसार मृतक रंधावा की पत्नी श्रीमती अमरजीत कौर ने बिलखते हुए बताया कि वह लगभग 8 बजे घर से गली में गए थे, उनके बाहिर जाते ही गोलियां चलने की आवाज आई जिस पर सारी कालोनी ने बत्तियां बंद कर दी । उन्होंने भी सभी लाईटें बंद करके अपने बच्चों आदि को कमरे में बंद कर दिया । सारी रात कालोनी से कोई बाहर नहीं निकला । तड़के 5 बजे ज्ञात हुआ कि कवि राज रंधावा का गोलियां लगा शव पड़ा है ।

कविराज रंधावा अपने पीछे विधवा पत्नी (35), 12 से 6 वर्ष तक की चार पुत्रियां व 2 छोटे पुत्र व एक वृद्ध माता छोड़ गए हैं । आज बाद दोपहर 2 बजे मृतक रंधावा की अंत्येष्टि के अवसर पर शहर के सैकड़ों प्रतिष्ठित नागरिकों सहित अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों के अनेकों प्रमुख नेता व सभी पत्रकार उपस्थित थे ।

लाठियां मार कर हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के थाना सदर के गांव भागोवाल में गत रात कुछ अज्ञात लोग एक घर से तीन भाइयों को जबरी ले गए व कुछ दूर जाकर लाठियां मार-मार कर एक की हत्या कर दी व दो को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । मृतक का नाम पूर्ण सिंह (20) तथा घायलों के नाम सरबजीत सिंह व सतनाम सिंह बताए गए हैं ।

बैंक कर्मियों द्वारा प्रदर्शन : गत दिवस पंजाब नैशनल बैंक अलीवाल के गनमैन की आतंकवादियों द्वारा हत्या किए जाने के विरोध में आज बटाला के बैंक कर्मचारियों ने श्री कृष्ण लाल के नेतृत्व में यहां प्रदर्शन किया । विरोध स्वरूप स्टेट बैंक को छोड़ कर बटाला में सभी बैंक बंद रखे गए ।

एक अन्य हत्या : पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव धन्ने चीमा में रेलवे लाईन के निकट आज सुबह लगभग 11 बजे 2 सशस्त्र आतंकवादियों ने एक व्यक्ति सरदूल सिंह (40) की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतक गांव ततले का रहने वाला था । हत्यारों ने वारदात में .30 बोर की बंदूक का इस्तेमाल किया । घटनास्थल से इसके 4 चले हुए कारतूस मिले हैं ।

कांस्टेबल सहित 3 की हत्या : पुलिस जिला बटाला में थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव पब्बा गली के निकट से पुलिस ने गोलियों से छलनी तीन शव बरामद किए हैं । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार इनकी शिनाख्त पुलिस कांस्टेबल कुलविन्द्र सिंह सहित गांव मालेवाल के जसबीर सिंह व गांव शाहपुर जाजन के कश्मीर सिंह के रूप में हुई है । मृतक कांस्टेबल आजकल श्री हरगोबिन्दपुर में तैनात था और घटनास्थल के निकट गांव रूपावाली निवासी था व गांव छुट्टी पर गया हुआ था । पुलिस सूत्रों के अनुसार सशस्त्र आतंकवादियों ने इन्हें अलग-अलग गावों से जबरी घटनास्थल पर एकत्र किया व गोलियां मार कर हत्या कर गए । मौका से ए.के. 47 के 6 चले हुए कारतूस मिले हैं ।

गुरदासपुर के दुकानदार आतंकित : गुरदासपुर से राजेश्वरी के अनुसार स्थानीय बाटा चौक तथा कलबूतरी गेट के दुकानदारों तथा रेहड़ीवालों को आतंकवादियों द्वारा लगातार मिल रही धमकियों के कारण उनमें आतंक व्याप्त है । उल्लेखनीय है गत 5 अक्तूबर को दो आतंकवादियों ने शहर के प्रमुख बाटा चौक में बी.एस.एफ. की कार पर बम फैंका था, जिसमें सुरक्षा बल के एक जवान सहित 3 लोग घायल हो गए थे । लोगों ने एक आतंकवादी को बाटा चौक में ही पीट-पीट कर मार डाला था जबकि दूसरा छूट कर भागने में सफल हो गया था । लेकिन लोगों द्वारा पीछा किए जाने पर दूसरे आतंकवादी को नगरपालिका के निकट पकड़ कर पीटा गया था । बाद में उस आतंकवादी की मौत अस्पताल में हो गई थी । अब इस बदले की कार्रवाई स्वरूप आतंकवादी सरेआम आते हैं तथा रेहड़ी वालों और दुकानदारों को अंजाम भुगतने की धमकी देकर चले जाते हैं । दुकानदार किसी बड़े अनिष्ट की आशंका से भयभीत है । प्रमुख बाटा चौक जिसमें पहले बहुत चहल-पहल हुआ करती थी, अब लोगों की इस चौक में भीड़ कम हो गई है । दुकानदार भी 6 बजे दुकानें बंद करनी शुरू कर देते हैं । वर्णनीय है कि कलबूतरी गेट बाजार नगरपालिका के पास पड़ता है जहां लोगों ने दूसरे आतंकवादी को पीटा था ।



बटाला में आतंकवादियों ने पत्रकार कविराज सिंह रंधावा की हत्या कर दी । चित्र में श्री रंधावा का शव तथा (नीचे) उनकी बिलखती पत्नी व छोटे-छोटे बच्चे । (छाया : कोछड़)

बैंक से 20000 रु. लूटे : तीन मोटर साईकल सवार आतंकवादियों ने गत सायं गुरदासपुर जिले में नौहरा मज्जा सिंह गांव में पंजाब नैशनल बैंक की शाखा से 20000 रुपए लूट लिए ।

7 लोगों की हत्या : आतंकवादियों ने फिरोजपुर जिले के हलवारे गांव में सात लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी । मारे गए सभी लोग एक मकान में किराएदार के रूप में रह रहे थे । उनके नाम हरभजन सिंह, गुरप्रीत सिंह, जीता सिंह, बाकू राम, निर्मल रानी, जतिन्द्र पाल और दर्शन लाल बताए गए हैं ।

दो घुसपैठिए मरे : फिरोजपुर जिले की भारत-पाक सीमा पर पिछली रात दो पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए ।

हवलदार की हत्या : टांडा (गुप्ता) यहां से 8 कि.मी. दूर कंधाली नारंगपुर गांव में आतंकवादियों ने एक हवलदार जोगा सिंह की हत्या कर दी । प्राप्त विवरण के अनुसार हवलदार जोगा

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjabi Sanjha

e Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.
रविवार 7 अक्तूबर, 1990 तदनुसार 22 आश्विन 2047

OUR COMMITMENT TO QUALITY
IS AS STRONG AS EVER
Available with your local Book-Sellers.
टडन आर्ट्स,
चौक बाजार कलां, जालंधर ।
फोन : 72248.

जाब में कांस्टेबल व महिला समेत 8
गों की हत्या, 4 आतंकवादी मारे गए
लस इंस्पैक्टर के बेटे समेत 3 लोगों का अपहरण

, 6 अक्तूबर : पंजाब में पिछले 24 घंटों के पुलिस कांस्टेबल तथा महिला समेत 8 त्या हुई तथा एक पुलिस इंस्पैक्टर के बेटे क्तियों का अपहरण कर लिया गया ।

बल की हत्या : रोपड़ (वार्ता): यों ने फूलखुर्द गांव के निकट आज प्रात: न के कांस्टेबल साधू सिंह को गोलियों से । हमले में हैड-कांस्टेबल श्री रमेश चंद्र या। घटना के समय वे दोनों ड्यूटी पर

र ने दम तोड़ा : रोपड़ जिला के फूल आज आतंकवादियों द्वारा फायरिंग किए सिंह नामक एक व्यक्ति घायल हो गया बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया ।

इंस्पैक्टर के बेटे का अपहरण : खड़): आतंकवादियों ने कल शाम थाना नानक में तैनात पुलिस इंस्पैक्टर श्री राजवंत सिंह के बेटे विक्रमजीत सिंह (21) का अपहरण कर लिया । अपहरण की जिम्मेदारी खालिस्तान लिबरेशन फोर्स ने ली है । उक्त आतंकवादी संगठन द्वारा घटनास्थल पर छोड़े गए एक पत्र में स्पष्ट किया गया है कि मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी तूफान सिंह उर्फ तूफान से बरामद हथियार लौटाने पर ही विक्रमजीत सिंह को छोड़ा जाएगा ।

डी.एस.पी. पर फायरिंग : थाना डेरा बाबा नानक के गांव रायचक के निकट आतंकवादियों ने कल रात डी.एस.पी. श्री जी.एस. संधु की गाड़ी पर फायरिंग की । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर आतंकवादी भाग गए । इस वारदात में कोई हताहत नहीं हुआ ।

बारूदी सुरंग फटी : थाना कादियां के गांव बुड्ढा कोट के निकट आज प्रात: लगभग 10 बजे आतंकवादियों ने बारूदी सुरंग विस्फोट किया । विस्फोट से पहले ही पुलिस का वाहन वहां से गुज़र चुका था, इसलिए कोई क्षति नहीं हुई ।

मुठभेड़ में कांस्टेबल घायल : लुधियाना (धीमान): सूचना मिली है कि ढोलेवाल चौक की एक वर्कशाप में 4 युवक एक टैम्पू लेकर आए । अभी वह टैम्पू पहुंचा ही था कि एक पुलिस वैन आ गई उसने पूछा कि यह टैम्पू किसका है । इस पर उन युवकों ने पुलिस पर फायरिंग आरम्भ कर दी जिसमें एक पुलिस कांस्टेबल घायल हो गया । बाकी पुलिस वाले युवकों से गुत्थमगुत्था हो गए । मौका देख उनमें से दो ने पिस्तौल दिखा कर एक ट्रक रोका और तीन आतंकवादी उसमें सवार होकर अम्बाला की ओर चले गए । चौथे को पुलिस ने काबू कर लिया, जिससे पूछताछ जारी है ।

रुपए छीने : लुधियाना के भारत नगर स्थित डाकखाने में एक व्यक्ति 15 हज़ार रुपए के राष्ट्रीय बचत सर्टिफिकेट खरीदने आया । वह फार्म भरने के बाद यह राशि जमा कराना चाहता था कि इतने में एक आतंकवादी ने रिवाल्वर की नोक पर रुपयों का बैग छीन लिया और भाग गया ।

डाकघर लूटा : लुधियाना से 'महिन्द्रा' के अनुसार निकटवर्ती हटूठर गांव के डाकघर में दो लुटेरे घुस गए तथा पिस्तौल की नोक पर वहां से 2025 रुपए लूट कर ले गए । लुटेरे जाते समय अपना स्कूटर वहां छोड़ गए तथा एक अन्य व्यक्ति गुरमीत सिंह का स्कूटर छीन कर उस पर फरार हो गए ।

घायल आतंकवादी ने दम तोड़ा : गुरदासपुर के बाटा चौक में कल के बम विस्फोट के बाद जनता द्वारा बुरी तरह से पीटे गए और गम्भीर रूप से घायल एक आतंकवादी ने आज अस्पताल में दम तोड़ दिया । इससे पूर्व उसके एक साथी को लोगों ने मार डाला था ।

शव मिला : पुलिस के अनुसार गुरदासपुर जिला पुलिस मुख्यालय के अहाते की दीवार से लगे पेड़ पर अधेड़ उम्र के एक अज्ञात व्यक्ति का शव आज सुबह लटका हुआ पाया गया ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

दयालपुर के निक

जालंधर, 6 अक्तूबर (ढल्ल) : आज यहां से 13 कि.मी. दूर करतारपुर के निकट जी.टी. रोड पर अमृतसर से आ रही पंजाब रोडवेज अमृतसर डिपो की बस नं. पी.बी.-12/9019 और फ़िल्लौर से अमृतसर जा रही मैटाडोर पी.जे.जे. 6162 में टक्कर हो जाने से मैटाडोर में सवार बच्चों, महिलाओं व पुरुषों समेत 26 सवारियां तथा मैटाडोर-ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गए जिनमें से ड्राइवर समेत 6 व्यक्तियों की मृत्यु मौके पर हो गई जबकि चार व्यक्ति जालंधर सिविल अस्पताल लाते हुए रास्ते में दम तोड़ गए या अस्पताल में पहुंचते ही चल बसे । बस के ड्राइवर राजिन्दर सिंह तथा छोटी-मोटी चोटों वाली बस की सवारियों की मरहम-पट्टी करतारपुर सिविल अस्पताल में ही कर दी गई जबकि मैटाडोर की 16 घायल सवारियों को सिविल अस्पताल जालंधर में दाखिल कराया गया है जहां आधी दर्जन घायलों की दशा गंभीर बताई गई है । बस ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है ।

घायलों के अनुसार ये सभी फिल्लौर के भण्डारी मुहल्ला के धोबी प्यारा लाल के लड़के राजिन्दर उर्फ बिन्दर जिसकी मंगनी अमृतसर में की गई थी, की मंगेतर को चुन्नी चढ़ाने की रस्म अदा करने जा रहे थे ।

मृतकों में राजिन्दर, उसके पिता प्यारा लाल, चाचा रतन चन्द, जीजे पुरुषोत्तम लाल जो लुधियाना में रहता है, मूल चन्द (अम्बाला), चाची दुर्गा देवी, चाचा किशन लाल, दादी बचनी देवी व बलविन्दर सिंह बिल्ला ड्राइवर तथा मैटाडोर का मालिक वेद प्रकाश शामिल हैं ।



पंजा
(3)
(B)

राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद विव

नई दिल्ली, 6 अक्तूबर (जी.एस. चावला) : यहां सरकारी क्षेत्रों द्वारा किए गए आकलन के अनुसार राम जन्म भूमि मंदिर-बाबरी मस्जिद विवाद के कारण देश अत्यंत गम्भीर संकट के कगार पर खड़ा है । वामपंथी दलों के नेता भी स्थिति पर गहराई से नज़र रखे हुए हैं । यह समझा जा रहा है कि आगामी कुछ सप्ताह देश के लिए अत्यंत नाजुक होंगे ।

जहां सरकारी क्षेत्र इस संकटपूर्ण स्थिति से चिंतित है, वहां प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह के नेतृत्व में देश का राजनीतिक नेतृत्व इस मामले में एक सतही रुख अपनाता हुआ-सा प्रतीत होता है तथा उनका पूरा ध्यान इस समय आरक्षण के मामले पर लगा है,
हिला क
भा
रथयात्रा
मंत्रालय
इनमें से
की ।
स्थिति
स्थिति
गम्भीर
गृह
रथयात्रा

प्रधानमंत्री द्वारा घोषित
राज्य का तेजी से विका

चंडीगढ़, 6 अक्तूबर (संधी) : पंजाब के राज्यपाल श्री वीरेन्द्र वर्मा ने गत दिवस लोकसभा में आर्थिक पगों की प्रधानमंत्री की घोषणा को द्रुत सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए समृद्ध और राज्य के प्रशासन में महत्वपूर्ण जन प्रतिनिधियों को सम्मिलित करके राजनीतिक प्रक्रिया की बहाली की ओर एक बड़ा पग बताया है । श्री वर्मा ने कहा कि आर्थिक पैकेज से इस सीमांत राज्य में सामाजिक-आर्थिक समृद्धि का एक नया युग शुरू होगा और सर्वपक्षीय विकास, जो गत एक दशक या इससे अधिक समय के दौरान आतंकवादियों की गतिविधियों के कारण रुक गया था, आश्वस्त बनेगा ।

आज एक बयान में राज्यपाल ने कहा कि इन आर्थिक उपायों से पंजाब के लोगों की प्रति व्यक्ति आय में और वृद्धि होगी उन्होंने लोगों से अपने
मतभेद
करने का
कैमिकल
मिलों तथ
समाधान
श्री व
तेज करने
अतिरिक्त
वर्मा ने आ
तथा अन्य
द्वारा उठाए
करेंगे, अि
सहयोग दें
श्री व
त्यागने त
आग्रह किय

ी की मृत्यु के बारे में उच्चायोग के अधिकारी
जवाब तलबी : नैयर द्वारा जांच का स्वागत

6 अक्तूबर (आई.ए.एन.एस., पस) : उच्चायोग के एक आमात्य श्री धीरेन्द्र र न्यायाधीश श्री सव्यसाची मुखर्जी, ाह लंदन के एक अस्पताल में निधन हो लाज के सम्बन्ध में उनके कार्यकलापों के बारे में स्पष्टीकरण मांगा गया है । ने बताया कि श्री धीरेन्द्र सिंह के ह जांच न्यायिक जांच से पूर्व सरकारी ा रही है । श्री धीरेन्द्र सिंह के विरुद्ध स प्रकार के संकेतों के आधार पर की रत द्वारा कराई जाने वाली किसी को ब्रिटेन में कई बाधाओं का सामना ता है ।

ाता है कि सबसे बड़ी बाधा तो अपने रोगियों के बारे में सूचनाएं बात है । डाक्टर राय पौंडर जिनकी मुखर्जी का उपचार किया गया था, ने इलाज का विवरण किसी अन्य को हैं । वह यह सिर्फ श्रीमती मुखर्जी ता सकते हैं ।

ा न्यायिक जांच का स्वागत : य उच्चायुक्त श्री कुलदीप नैयर ने चार में बर्ती गई भारी लापरवाही के स्तरीय न्यायिक जांच का स्वागत यर ने न्यायिक जांच में अपना पूर्ण आश्वासन दिया है तथा कहा है कि च्चायोग आरोपों के घेरे से बाहर

कहा कि उच्चायोग के डाक्टरों के अमर सिंह रायन को कहा गया है चायोग का विश्वास खत्म हो गया च्चायोग से कोई भी चिकित्सा का ाएगा । लेकिन उन्हें पैनल से इसलिए नहीं हटाया जा रहा है क्योंकि सरकार ने न्यायिक जांच के आदेश दे दिए हैं ।

खबरों में कहा गया था कि श्रीमती रत्ना मुखर्जी ने आरोप लगाया था कि डा. अमरसिंह लंदन के रॉयल फ्री हास्पिटल में श्री मुखर्जी को भर्ती किए जाने के कई घंटों बाद पहुंचे ।

स्व. श्री मुखर्जी को उनके रिश्तेदार तुरन्त निकटवर्ती रायल फ्री हास्पीटल में उपचार के लिए लेकर गए थे । श्री मुखर्जी वाशिंगटन से स्वदेश लौटते हुए अपने रिश्तेदार कोस परिवार के साथ ठहरने गए थे ।

श्री मुखर्जी जब वहां पहुंचने के कुछ समय बाद ही बेहोश हो गए तो कोस परिवार श्री मुखर्जी को अस्पताल ले गए ।

श्री सव्यसाची मुखर्जी का गत 25 सितम्बर को अस्पताल में निधन हो गया ।

इस बीच श्री मुखर्जी का उपचार करने वाले डाक्टर एम्मा मुखर्जी ने कहा कि जिस अस्पताल में श्री मुखर्जी को उपचार के लिए भर्ती किया गया था वह ब्रिटेन के सबसे बढ़िया अस्पतालों में से एक है । डा. एम्मा मुखर्जी ने यह बात श्री नैयर को भेजे पत्र में कही है । उल्लेखनीय है कि मुखर्जी जब अपने मित्र के घर पर बेहोश हो गए थे तो डा. एम्मा मुखर्जी को उनके उपचार के लिए बुलाया गया था तथा वह वहां 5 मिनट में पहुंच गई थीं । उन्होंने जांच के बाद श्री मुखर्जी की दशा अत्यन्त गंभीर देखी तथा उन्हें निकटतम अस्पताल में पहुंचाने के लिए एम्बुलैंस मंगवाई । वहां सबसे निकट रॉयल फ्री अस्पताल ही था जो ब्रिटेन के सबसे बढ़िया अस्पतालों में से एक है ।

डा. मुखर्जी ने कहा कि एम्बुलैंस 10 मिनट में आ गई थी तथा उन्होंने इस बीच अस्पताल के

(शेष पृष्ठ 6 पर)



जस्टिस रंगनाथ मिश्र भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शनिवार को राष्ट्रपति भवन दिल्ली में शपथ ग्रहण करते हुए । उन्हें राष्ट्रपति आर. वैंकटरमन ने शपथ दिलाई । (छाया : प्रै.ट्र.)

य लड़का होगा या लड़की

न और दिल्ली में सर्वप्रथम टैस्ट की शुरूआत करने वाले लूम्बा क्लीनिक में वर्षों से आधुनिक विदेशी मशीनों पर नीवनतम वैज्ञानिक विधियों द्वारा और बायोकैमिकल स्टडीज द्वारा टैस्ट किया जाता है।

ा यह भी जानकारी दी जाती है कि बच्चा स्वस्थ लड़का होगा या लड़की ाए 4 नैयर किये जाते हैं और रिपोर्ट भी उसी दिन दे दी जाती है ।

कुरुक्षेत्र में छात्रा द्वारा आत्मघात के बाद

चंडीगढ़, 6 अक्तूबर : आरक्षण विरोधी छात्र आंदोलन अभी भी जारी है । कुरुक्षेत्र में कल रात एक छात्रा ने आत्मघात कर लिया । चंडीगढ़ में भी धरनास्थल पर गए और उन्हें चेतावनी दी कि अगर भविष्य में उन्होंने तोड़-फोड़ का कोई प्रयास किया तो वह उसके परिणाम भुगतने को तैयार रहें । उन्होंने

यहां के सैक्ट
आया एक यु
पी लेने पर उ

Punjabi Jagran

ड़ और हासी कस्बा म

कमेटी ने घोषणा की है कि दशहरा फंड में प्राप्त

उपचाराधीन हैं । (छाया : कपूर)

छात्र नेताओं से बातचीत करने का जिम्मा सौंपा है ।





त्या व उसके भाई को
की लाश, (3) उसका
(छाया : काम्बोज)

आतंकवादियों द्वारा एक ही परिवार की 3 महिलाओं, जूनियर इंजीनियर, शराब के ठेकेदार सहित 12 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 30 सितम्बर (वार्ता, प.स.): आतंकवादियों ने पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान एक ही परिवार की तीन महिलाओं, जूनियर इंजीनियर व शराब के ठेकेदार सहित 12 लोगों की हत्या कर दी । दो पुलिस अधिकारियों के 3 रिश्तेदारों सहित 4 लोगों का अपहरण कर लिया गया । इसी बीच मुठभेड़ में दो आतंकवादी भी मारे गए ।

लुधियाना में हत्या : लुधियाना (मुसाफिर,धीमान): आज दोपहर एक बजे भारत नगर चौक के पास दो आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी जिसमे दो सगे भाइयों में से एक राजेन्द्र कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा भाई बलदेव प्रकाश सख्त घायल हो गया । यह बात उल्लेखनीय है कि इस चौक में हर वक्त पुलिस मौजूद रहती है, मगर किसी पुलिस कर्मचारी ने आतंकवादियों का पीछा नहीं किया और न ही उन पर गोली चलाई । इस घटना के बाद सारा बाजार फौरन बंद हो गया ।

एजेंसियों के अनुसार मृतक समाचारपत्रों का विक्रेता था ।

शराब के ठेकेदार की हत्या : थाना डेहलों के एक गांव में भी आतंकवादियों ने शराब के ठेके पर फायरिंग करके एक व्यक्ति नरेन्द्र सिंह उर्फ भोला की हत्या कर दी और फरार हो गए । एजेंसियों के अनुसार मृतक शराब की दुकानों का ठेकेदार था ।

पुलिस चौकी पर हमला : 25 आतंकवादियों के गिरोह ने गुरदासपुर सदर थाना में हेमराजपुर की विशेष पुलिस चौकी पर हमला किया । दोनों तरफ से गोलियों के आदान-प्रदान में कोई हताहत नहीं हुआ ।

जूनियर इंजीनियर की हत्या : आतंकवादियों ने गत रात बटाला पुलिस जिले के थाना कादियां के गांव भागी नंगल के निकट पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के जूनियर इंजीनियर श्री सुभाष चंद्र की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार वह अपने स्कूटर पर बडाला यंथियां गांव से ड्यूटी देकर लौट रहे थे कि आतंकवादियों ने उन पर गोलियां चलाई जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई । इस बीच श्री सुभाष चन्द्र की हत्या के विरोध में कादियां कस्बे में आज हड़ताल कर दी गई ।

सहायक प्रिंसीपल के भाई का अपहरण : एक अन्य घटना में आतंकवादियों ने गत रात यहां से कुछ दूर गांव शेखू पुरा से हरदेव सिंह व उनके पुत्र हरजिंदर सिंह का अपहरण कर लिया । हरदेव सिंह फिल्लौर पुलिस ट्रेनिंग के सहायक प्रिंसीपल गुरमेज सिंह बल के भाई बताए जाते हैं । इस अपहरण कांड की जिम्मेदारी भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स 'लै. जनरल' हरदेव सिंह कालिया ने ली है तथा इन दोनों की रिहाई के बदले में अमृतसर में गिरफ्तार कुछ आतंकवादियों की रिहाई की मांग की है ।

एस.एच.ओ. के साले का अपहरण : अपहरण की एक अन्य घटना में आतंकवादियों ने सरूपवाली गांव से एक एस.एच.ओ. जरनैल सिंह के साले का अपहरण कर लिया ।

हथियार छीने : फिरोजपुर (कंतोड़): गत रात लगभग 11 बजे चार अज्ञात व्यक्तियों ने मल्लांवाला थाना के गांव मरखई के निवासी बरजिंदर सिंह से एक 12 बोर की बंदूक व उसके 20 कारतूस तथा एक 32 बोर का रिवाल्वर व उसके 14 कारतूस छीन लिए । यह हथियार लाइसैंस शुदा थे ।

लाश बरामद : गत रात थाना गिल खुर्द के गांव करमिट्ठी के निवासी गुरबख्श सिंह के बाजरा के खेतों में एक 27 वर्षीय सिख युवक की गोलियों से छलनी लाश बरामद हुई है ।

2 आतंकवादी मरे : दो सशस्त्र आतंकवादियों ने फरीदकोट जिले के चारिके गांव में बाघा पुराना की एक नाका पार्टी पर हमला किया । सुरक्षा बलों द्वारा मुकाबला किए जाने पर दोनों आतंकवादी घटना स्थल पर ही मारे गए । उनके पास से 12 बोर की एक बंदूक जिसकी नाली कटी हुई थी, एक 12 बोर की पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

विरुद्ध प्रदर्शन की चेतावनी

एंगे" आदि के नारे लगा
में पीली पट्टियां धारण
क यात्रा की अगवाई कर
ई उक्त श्री राम ज्योति
रिजन बालिका कु. सीमा
किया ।

रुद्ध प्रदर्शन की
कमलेश) गत 10 वर्षों के
ा न तो कोई राजनैतिक
जलूस देखने को मिला
राम ज्योति शोभा-यात्रा
कि दूरदर्शन ने इस भव्य
ारण में न केवल ब्लैक
एरिया कमांडर सहित 3 आतंकवादी मरे : गुरदासपुर (गुप्ता): आज शाम काहनुवान थाना के गांव सरस के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 50 से अधिक हत्याओं में वांछित खालिस्तान कमांडो फोर्स का एरिया कमांडर जसबीर सिंह उर्फ बाबा बुलेट तथा उसके दो साथी मारे गए । जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. गोयल ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद यहां आकर पत्रकारों को बताया कि धारीवाल थाना प्रभारी एक पुलिस पार्टी के साथ गांव कुंडा की ओर जा रहा था कि रास्ते में आतंकवादियों ने बारूदी सुरंग बिछा रखी थी । पुलिस की गाड़ी अभी गुजरी ही थी कि सुरंग फट गई । सभी पुलिस कर्मी बाल-बाल बच गए । इसके बाद पुलिस कर्मियों ने तीन आतंकवादियों को वहां से भागते हुए देखा । पुलिस ने छः किलोमीटर तक पीछा करने के बाद सरस के पास आतंकवादियों को घेर लिया । आधा घंटा तक चली मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए । इस दौरान एक पुलिस कर्मी राजेन्द्र सिंह भी घायल हुआ । घटनास्थल से एक ए.के. 74 राइफल, एक 303 की राइफल, एक बंदूक तथा बड़ी संख्या में कारतूस बरामद हुए हैं । श्री गोयल ने बताया कि जसबीर सिंह गांव बबरी का निवासी था । मरने वाले दो अन्य आतंकवादियों की अभी तक पहचान नहीं हुई ।

3 लोगों की हत्या : गुरदासपुर से 'विनोद' के अनुसार कुछ आतंकवादियों ने आज रात लगभग 8.50 बजे पठानकोट सदर थाना के गांव रामफूल प्यारा के निकट दो व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर व एक अन्य को घायल कर दिया ।

आतंकवादियों ने आज रात के लगभग आठ बजे गुरदासपुर सदर थाना के गांव केठो के निकट एक पुलिस कांस्टेबल राम सिंह की गोली मार कर उस समय हत्या कर दी, जब वह शहर से अपने गांव साइकिल पर जा रहा था । वह आतंकवादियों की हिटलिस्ट में था ।

एक की हत्या : गुरदासपुर से 'विनोद' और पठानकोट से 'महेन्द्र पाल' के अनुसार कल रात पठानकोट सदर के गांव इट्टी में मोटरसाइकिल सवार तीन संदिग्ध लोगों ने सुरेन्द्र कुमार नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी । इस वारदात में हेमराज तथा प्रताप सिंह नामक दो लोग घायल भी हुए हैं । पुलिस ने इस वारदात को जमीन के झगड़े से सम्बद्ध बताया है ।

बी.एस.एफ. की चौकी पर फायरिंग : पुलिस जिला बटाला के गांव तनधोई में आज सायं 2 मोटर साइकलों पर सवार 4 सशस्त्र आतंकवादियों ने बी.एस.एफ. चौकी पर अंधाधुंध फायरिंग की । प्राप्त सूचना के अनुसार बी.एस.एफ. के 2 जवान मामूली रूप से घायल हो गए ।

When Hot Water
is a Must
Durable Water
Heater
Comes First

दिया । वह रखी के सम्बन्धों को (किरण कुमार, विनोद मेहरा, शैलेन्द्र सिंह, जितेन्द्र, संजय दत्त, शेखर सुमन, अमिताभ बच्चन और राज बब्बर के साथ) उस बोरियत की प्रतिक्रिया बताता है, जो उसे कथित रूप से 'सामान्य सैक्स' से हो चुकी है ।

लुधियाना की मंडियां–19 अक्तूबर (नेपाल)

गेहूं 240-245, मक्की 235-245, मक्का 230-240, तोरिया 850-900, सरसों 950-1000, बाजरा 230-235, जौ 230-240, सरसों का तेल (सूरज) 450, चना देसी 800-830, चना रूसी 900-925, दाल चना 885-895, देसी काबली चना 1000-1025, काबली चना आयातित 1175-1200, मोठ 610-640, लोबिया सफेद 900-1000, मटर देसी 680-730, मटर आयातित 850-900, मूंग पालिशी 800-925, मूंग देसी 600-700, मूंग धुली 925-1100, उड़द साबुत 780-960, दाल उड़द धुली 950-1100, साबुत अरहर 620-650, दाल अरहर 1050-1150, राजमा चित्रा 1070-1200, राजमा लाल 1400-1500, काले मसूर 830-830, दाल मलका मसूर 850-900, चावल बासमती 1100-1800, बासमती (444) 1750, चावल परमल 450-650, वनस्पति 545-565, मैदा 290-310, सूजी 295-300, रिजल्टेंट गेहूं आटा 265-275, एग मार्का लोट्स गेहूं आटा (10 किलो) 34, चीनी (बी) 875-885, चीनी (सी) 865-875, चीनी (डी) 855-865, खांडसारी देसी 770-800, सल्फर चीनी 810-820, गुड़ 600-650, शक्कर 650-700, धान नई 205-233, सीमैंट (प्रति बोरी) 102-105, मुर्गी दाना प्रैस्टीज 232, स्वास्तिक 232, बेसन (सूरज 70 किलोग्राम) 710 रुपये ।

संघ द्वारा खंडन

नई दिल्ली, 19 अक्तूबर (प.स.): राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने आकाशवाणी और दूरदर्शन पर बार-बार दी जा रही इस खबर को आज निराधार बताया कि सरसंघ चालक बाबा साहेब देवरस और प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह में राम जन्म भूमि के मसले पर सलाह-मशविरा हुआ है ।

रस्म पग

आप जी को बड़े दुःखी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारे प्यारे श्री रजिन्दर मोहन कालिया (ज्योतिषी) 12 अक्तूबर 1990 दिन शुक्रवार को परलोक सिधार गए हैं । पगड़ी की रस्म 22 अक्तूबर 1990 दिन सोमवार को दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक आर्य समाज मन्दिर, गली नम्बर 1, माडल टाऊन, अमृतसर में होगी ।

दुखी हृदय :–
बिमल कालिया (पत्नी)
विक्की कालिया (पुत्र)
47, महिन्दरा कालोनी, कचहरी रोड, अमृतसर

रस्म किर

बड़े दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य श्री राम कंवर बंसल जी दिनांक 9.10.90 को स्वर्ग सिधार गए हैं । उनकी रस्म पगड़ी दिनांक 21.10.90 को दोपहर 2 बजे हमारे निवासस्थान मकान नं. 217/9, हरि प्रसाद कालोनी, पुरानी सब्जी मंडी में होगी ।

बंसल ब्रिक्स इंडस्ट्रीज़, बंसल सेल्ज़ कार्पोरेशन, यमुनानगर ।

श्रीमती कस्तूरी (माता)
श्रीमती शीला रानी (पत्नी)
हुकम चन्द गुप्ता (भाई)
अनिल कुमार, अश्विनी कुमार (पुत्र)
सुदेश, कमलेश, रीटा (पुत्रियां)
डा. एस.एम. गर्ग, श्री मुकेश जिंदल (दामाद)

RASAM PAG

Punjabi Sanatani



...नगर में न्यू जवाहर नगर गोलीकांड में घायल हुए तीन व्यक्तियों को गुरुतेग बहादुर ...ताल में दाखिल करवाया गया जिनमें से दो ने दम तोड़ दिया । (नीचे) सुरक्षा प्रबंधों की मांग ...लेकर प्रदर्शन करते हुए लोग । (छाया : रवि भंडारी)

इससे नगर में भारी तनाव व्याप्त हो गया । आरक्षण विरोधी ... करवा रहे थे तो दलित सेना के बहुत से वर्कर भी बाजारों में इकट्ठे हो कर मंडल कमीशन के हक में

...गिरफ्तार किया है । कर्फ्यू में आज शाम 4 बजे से ... बजे तक ढील दी गई । कुछ स्थानों पर लोगों ... पुलिस कर्मियों पर पथराव किया ।

लै. जनरल संगत सिंह उर्फ़ लाडी व एरिया कमांडर दलबीर सिंह समेत 5 आतंकवादी मारे गए

चंडीगढ़, 20 अक्तूबर (वार्ता) : पंजाब में गत ...घंटों के दौरान "खालिस्तान कमांडो फोर्स" के ... लैफ्टीनैंट जनरल संगत सिंह उर्फ लाडी तथा ...र खालसा' के एरिया कमांडर दलबीर सिंह ... 5 आतंकवादी मारे गए । आतंकवादियों ने ...-बेटे व 2 महिलाओं सहित 9 लोगों की हत्या ... तथा 2 बसों को जला डाला जबकि एक ...वादी पुलिस की हिरासत से फरार हो गया ।

...प-बेटे की हत्या : अमृतसर (सोनी): ...र जिले में गत रात आतंकवादियों ने गांव ... ऊधोके में एक व्यक्ति गुरमुख सिंह और उसके ...क्खा सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । ...मुख्यालय में प्राप्त विवरण के अनुसार गत रात ... 8.30 बजे 8-9 आतंकवादी थाना खालरा के ...डी ऊधोके में गुरमुख सिंह के घर में घुसे और ... की नोक पर गुरमुख सिंह और उसके लड़के ... सिंह (अमृतसर कंट्रोलरूम के अनुसार दोनों ...) को घर से बाहर ले आए और कुछ दूरी पर ले ... दोनों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । ... ने सुबह सूचना मिलने पर दोनों लाशों को ... लिया । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के ...ली कारतूस और एक पर्ची मिली है, जिस पर ...वादी बस्सन सिंह जफरवाल का नाम दर्ज है, ... कहा गया है कि मारे गए दोनों व्यक्ति पुलिस ...विर थे ।

...ट-पीट कर हत्या : थाना सदर तरनतारन ... रूड़े आसल में गत रात पांच आतंकवादी एक ... वज़ीर सिंह को उसके घर से बाहर ले आए और फिर उसकी बेतहाशा पिटाई की, जिससे वज़ीर सिंह की मृत्यु हो गई । घटना गत रात 10 बजे हुई बताई गई है ।

आतंकवादी मरा : थाना झब्बाल के गांव थाठगढ़ में गत रात आतंकवादियों और सुरक्षा बलों में हुए एक मुकाबले में एक आतंकवादी के मारे जाने का समाचार है । मृतक आतंकवादी की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी । मृतक के पास एक 9 एम.एम. का माऊजर तथा कुछ चले व अनचले कारतूस मिले हैं । पुलिस के अनुसार सुरक्षा बल

पंजाब रोडवेज़ की 2 बसें जला दीं : आतंकवादी हिरासत से फरार : बाप-बेटे व 2 महिलाओं सहित 9 लोगों की हत्या

और पुलिस की एक पार्टी एक पुष्ट सूचना के आधार पर गांव थाठगढ़ के बाहर फार्म हाऊसों की तलाशी लेने गई हुई थी कि पाला नामक व्यक्ति के फार्म हाऊस में छुपे हुए आतंकवादियों ने छापामार पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक आतंकवादी मारा गया ।

एक अन्य आतंकवादी मारा गया : रैय्या से 'फौजी' के अनुसार आज बाद दोपहर यहां से कुछ मील दूर गांव पड्डे के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुए मुकाबले में एक आतंकवादी मारा गया तथा उसका एक साथी फरार होने में सफल हो गया । मृतक आतंकवादी की शिनाख्त खालिस्तान कमांडो फोर्स के एक खतरनाक आतंकवादी संगत सिंह लाडी उर्फ टिम्मोवाल के रूप में हुई है । प्राप्त विवरण के अनुसार आज बाद दोपहर 2 संदिग्ध व्यक्ति एक हरे रंग की मारुति कार डी.ए.के. 1894 में अमृतसर की ओर जा रहे थे । बाबा बकाला के डी.एस.पी. श्री दर्शन सिंह ने एक पुलिस दल के साथ वहां नाका लगाया हुआ था । अचानक डी.एस.पी. ने देखा कि कार का नम्बर वही है जो कार एक दिन पहले छीनी गई थी । इस पर उन्होंने पुलिस दल के साथ कार का पीछा करना शुरू कर दिया । लगभग एक किलोमीटर दूर जाकर आतंकवादी कार छोड़ कर खेतों की ओर भाग निकले । पुलिस ने पीछा किया । थोड़ी दूर गांव पड्डिया के पास आतंकवादी मास्टर राम जी नामक एक व्यक्ति के ट्यूबवैल के पास जाकर छुप गए । यहां उनका पुलिस दल व सुरक्षा बलों के साथ मुकाबला शुरू हो गया । मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया जबकि उसका दूसरा साथी फरार हो गया । पुलिस ने घटनास्थल से एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल, कुछ कारतूस तथा खालिस्तान के कुछ लैटरपैड बरामद किए हैं ।

मृतक लै. जनरल था ! : 'वार्ता' के अनुसार मृतक आतंकवादी संगत सिंह मजीठा पुलिस जिले में गांव चीमा बाठ के निकट मारा गया । संगत सिंह "खालिस्तान कमांडो फोर्स" का लैफ्टीनैंट जनरल था और उसके सिर पर पांच लाख रुपए का इनाम था । वह 100 से भी अधिक हत्याओं में

(शेष पृष्ठ 8 पर)

शिलान्यास फार्मूले की तरह कार सेवा को भी अनुमति का संकेत

नई दिल्ली, 20 अक्तूबर (दिनेश शर्मा): राम मंदिर-बाबरी मस्जिद विवाद का हल ढूंढने में जुटे सरकारी पक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के मध्य एक नए फार्मूले पर गंभीरता से विचार चल रहा है । सूत्रों के अनुसार सरकारी पक्ष ने अपने फार्मूले के अंतर्गत कार सेवा का प्रथम चरण उक्त शिलान्यास स्थली पर शुरू कराने का सुझाव रखा है जिसे पिछली उत्तर प्रदेश व केंद्र सरकार ने निर्विवाद स्थल बता कर शिलान्यास करने की राम मंदिर मुक्ति यज्ञ समिति को अनुमति दी थी । इस भूमि के टुकड़े पर बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी को भी एतराज नहीं है । सरकार द्वारा प्रस्तुत फार्मूले में कार सेवा के प्रथम चरण में मात्र उस क्षेत्र में नींव भरने का सुझाव रखा गया है तथा इतना कार्य होने के बाद थोड़े समय के लिए कार सेवा रोकने और सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद ही दूसरा चरण शुरू करने का प्रस्ताव रखा गया है ।

पता चला है कि राष्ट्रीय मोर्चा के अध्यक्ष श्री रामाराव की मध्यस्थता से चल रही वार्ता में भाजपा से आग्रह किया गया है कि वह वि.हि. परिषद व राम कार सेवा समिति को इसके लिए राजी कर लें । इस बीच बाबरी एक्शन कमेटी को भी आशान्वित किया जा रहा है कि वह कार सेवा के प्रथम चरण का विरोध न करे क्योंकि विवादित मस्जिद के ढांचे को स्पर्श नहीं किया जाएगा ।

इस फार्मूले पर तीनों कोणों पर फिलहाल विचार चल रहा है । समझा जाता है कि 23 अक्तूबर इस पर सहमति हो जाएगी जबकि 24 अक्तूबर को अडवानी का रथ उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगा । सूत्रों का कहना है कि अडवानी के रथ को उत्तर प्रदेश में भी नहीं रोका जाएगा ।

...स्थ लड़का होगा या लड़की

...री भारत और दिल्ली में सर्वप्रथम टैस्ट की शुरुआत करने वाले लुम्बा क्लीनिक में ...तार 15 वर्षों से आधुनिक विदेशी मशीनों पर नीवनतम वैज्ञानिक विधियों द्वारा ...सोमाल और बायोकैमिकल स्टडीज द्वारा टैस्ट किया जाता है ।

राम जन्म भूमि मंदिर के मामले में सरकार व वि.हि.प. में टकराव अपरिहार्य

नई दिल्ली, 20 अक्तूबर (जी.एस. चावला): ...

विवादास्पद भूखंड घोषित किया गया है तथा सरकार द्वारा घोषित फार्मूले के अनुसार यह भूखंड न तो

Punjabi Sanatani

आतंक : पंजाब में

(पृष्ठ 1 का शेष)

संलिप्त था ।

महिला की हत्या : मजीठा पुलिस जिले के लाल्ला गांव से आतंकवादियों ने एक महिला का कल रात उसके घर से अपहरण कर लिया । गोलियों से छिदा उसका शव सुबह बरामद किया गया ।

आपसी रंजिश में 2 मरे : इसी जिले के ताशपुर गांव में आज तड़के आतंकवादी गिरोहों की आपसी रंजिश में एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया ।

मजीठा पुलिस जिले के गांव मेहम रामपुर में भी गत रात एक आतंकवादी को किसी दूसरे आतंकवादी गिरोह के सदस्यों ने गोलियां मार कर मार डाला ।

एक अन्य महिला की हत्या : आतंकवादियों ने गत रात मजीठा पुलिस जिले के गांव नागली में एक व्यक्ति चानन सिंह के घर में घुस

संशोधन

20.10.90 के पंजाब केसरी के पृष्ठ 2 पर प्रकाशित भूटान दीवाली बम्पर के 108वें ड्रा के परिणाम में 5वां पुरस्कार में 73800 की बजाय 73809 पढ़ें ।

Bata

GRAND CLEARENCE SALE

SALE SALE

FROM 22/10/90

AT PUSHP PALACE

JALANDHAR (NEAR FRIEND'S CINEMA)

VISIT WITH YOUR FAMILY FOR LATEST LEATHER & CANVAS FOOT WEARS AT REDUCED PRICES

Bata



गुरदासपुर जिले में थाना कहनूवान के अंतर्गत गांव मरसपुर में हुई मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादियों (1) खालिस्तान कमांडो फोर्स के एरिया कमांडर जसबीर सिंह उर्फ बुलेट (2) हरदयाल सिंह निवासी भुरी सैन तथा (3) लखबीर सिंह निवासी सिच्चेवान की लाशें । (छाया : विनोद)

कर उसकी पत्नी दलीप कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

आतंकवादी हिरासत से फरार : एक आतंकवादी जिसकी शिनाख्त बलविंदर सिंह के रूप में की गई है, गत सोमवार की रात को उस समय पुलिस हिरासत से फरार हो गया जब उसे जालंधर जिले में सरहाल कलां के निकट शस्त्रों की बरामदगी के लिए ले जाया जा रहा था । उसे अकाली दल (बादल) के मंत्रालय विधायक श्री बलवंत सिंह सरहाल पर हुए हमले में संलिप्त होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था । अकाली नेता इस हमले में घायल हो गए थे जबकि उनका एक अंगरक्षक मारा गया था और एक अन्य घायल हो गया था ।

बस को आग लगा दी : बटाला (कोछड़) : पुलिस जिला बटाला के अंतर्गत थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव ध्यानपुर के लिए अमृतसर से जा रही एक बस (नं. पी.बी.ए. 9639) को गांव बोलेवाल के निकट कल शाम लगभग साढ़े छह बजे आतंकवादियों ने आग लगा कर जला दिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार आग लगाने से पूर्व आतंकवादियों ने यात्रियों को बस से बाहर निकाल दिया था ।

एक और बस जला दी : इसी पुलिस जिला के थाना कादियां के गांव रेतला छीना से गांव कालू सोहल जा रही पंजाब रोडवेज बटाला की बस (नं. पी.बी.एल. 1115) को 3 आतंकवादियों ने आग लगा कर जला दिया । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों ने बताया कि यह वारदात आज प्रात: 9 बजे हुई । वारदात के समय बस में कोई यात्री नहीं था ।

मुठभेड़ के दौरान आतंकवादी भागे : इसी पुलिस जिला के थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव धंदोई के निकट बी.एस.एफ. व पंजाब पुलिस के साथ मुठभेड़ में आतंकवादी एक हीरो होंडा मोटर साइकिल, एक टी.वी.एस. सुजुकी मोटर साइकिल, एक रिवाल्वर तथा ए के. 47 का एक मैगजीन छोड़ कर भाग गए । एस.एस.पी. श्री सीता राम ने बताया कि बी.एस.एफ. व पुलिस आतंकवादियों की तलाश कर रही है ।

एरिया कमांडर की लाश मिली : बटाला पुलिस जिले के गांव मियाकोट के निकट खेतों से 'बब्बर खालसा' के 'एरिया कमांडर' एवं कुख्यात आतंकवादी दलबीर सिंह का शव बरामद हुआ है ।

कांस्टेबल व एक अन्य की हत्या : आतंकवादियों ने गुरदासपुर जिले के कोठे धराला गांव के निकट पंजाब पुलिस के एक कांस्टेबल राम सिंह और एक अन्य व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

3 व्यक्तियों की हत्या : आतंकवादियों ने इसी जिले में झंडेपुर गांव के निकट तीन व्यक्तियों सोमराज, दिलीप सिंह और राममूर्ति की हत्या कर दी ।

गोली मार कर हत्या : एक अन्य घटना में गत रात गुरदासपुर जिले के ईंटी गांव में एक व्यक्ति सुरेन्द्र कुमार की गोली मार कर हत्या कर दी गई ।

फ्रूट विक्रेता की हत्या : लुधियाना से प्राप्त के अनुसार थाना खमानों के ऐतिहासिक गांव सराभा के बस अड्डे से एक किलोमीटर दूर दर्शन फ्रूट विक्रेता की लाश मिली है । उसके सिर में गोलियां लगी हुई थी ।

एक अन्य हत्या : एक अन्य घटना गांव कोटला अजनेर में हुई । कुछ अज्ञात युवक एक व्यक्ति परमात्मा सिंह के घर आए और परमात्मा सिंह व उसके नौकर को साथ ले गए । बाद में पुलिस को गांव के जोहड़ से परमात्मा सिंह की लाश मिल गई जबकि उसके नौकर को छोड़ दिया गया । बताया जाता है कि उग्रवादियों को संदेह था कि मृतक ने एक केस में उनके विरुद्ध शहादत दी थी ।

तीन आतंकवादी गिरफ्तार : लुधियाना पुलिस ने पजेहा गांव के निकट तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार कर कुछ हथियार बरामद किए । इन आतंकवादियों के नाम हैं—बलबीर सिंह, बलविंदर सिंह और परमिंदर सिंह ।

लुटेरों का गिरोह काबू : कपूरथला (शर्मा) : जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह सन्धु ने बताया कि पुलिस ने नाकाबंदी में चोरों तथा लुटेरों के एक गिरोह के तीन सदस्यों अमरजीत सिंह, अपार सिंह तथा रविन्द्र सिंह को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से एक देसी 12 बोर पिस्तौल, पांच कारतूस, एक स्कूटर, एक क्विंटल 26 किलो तांबे की तारें, अंगूठियां, घड़ियां आदि बरामद किए हैं ।

लाश मिली : फिरोजपुर जिले के डोलेवाल गांव से गत रात चानन सिंह नामक एक व्यक्ति की लाश बरामद हुई है ।

विजय वर्मा आदि को मारपीट पर 6 व्यक्तियों पर फर्द जुर्म

लुधियाना, 20 अक्तूबर (महिन्द्रा) : स्थानीय न्यायिक दंडाधिकारी श्री ए.एस. कथूरिया ने श्री विजय वर्मा एडवोकेट तथा उनके दो साथियों को अग्र नगर लुधियाना के निकट मारपीट करने तथा उन्हें अवैध हिरासत में रखने के मुकद्दमे में सराभा नगर थाना के उपनिरीक्षक गुरनाम सिंह, अग्र नगर के एक प्रापर्टी डीलर कुलदीप सिंह घई तथा चार अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध फर्द जुर्म लगा दी है ।

इन 6 अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप यह है कि उन्होंने उक्त वकील श्री विजय वर्मा तथा उनके साथियों को मारपीट करने के पश्चात उन्हें सराभा नगर थाना में ले जाकर अवैध हिरासत में रखा । केस की सुनवाई अग्रिम शहादतों के लिए स्थगित कर दी गई है ।

राम जन्मभूमि की देखरेख मधुकर गुप्ता करेंगे

नई दिल्ली, 20 अक्तूबर (प.स.) : केंद्र सरकार ने राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद से संबंधित विवादास्पद सम्पत्ति के प्रबंध और देखरेख के लिए फैजाबाद के मंडल आयुक्त मधुकर गुप्ता को अधिकृत किया है । श्री गुप्ता की यह नियुक्ति कल जारी किए गए राष्ट्रपति के अध्यादेश के अंतर्गत की गई जिसमें विवादास्पद सम्पत्ति केंद्र सरकार द्वारा अधिगृहीत करने का प्रावधान किया गया है ।

सरकारी प्रवक्ता ने आज इस अध्यादेश के प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि केंद्र द्वारा अधिगृहीत की गई उक्त सम्पत्ति के लिए स्वयं सरकार अथवा उसके द्वारा अधिकृत की गई संस्था या व्यक्ति को इस बात को सुनिश्चित करना होगा कि अध्यादेश प्रभावी होने से पूर्व इसमें जो गतिविधियां चल रही थीं, वे जारी रहेंगी । सरकार ने इस बात को स्पष्ट किया है कि उक्त विवादास्पद मामले के शीघ्र निपटारे के लिए जो वर्तमान समय में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के विचाराधीन है, अनुच्छेद-143 के अंतर्गत उच्चतम न्यायालय के सुपुर्द किया जा सकता है । एक प्रश्न के जवाब में सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में शीघ्र ही राष्ट्रपति का निर्देश जारी होने की सम्भावना व्यक्त की ।

सेना द्वारा फ्लैग मार्च : फैजाबाद (प.स.) : फैजाबाद जिले के लगभग आधा दर्जन कस्बों में आज सेना के सशस्त्र जवानों ने फ्लैग मार्च किया ।

सीमा सील : गाजियाबाद (वार्ता) : अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण हेतु कार सेवा में जाने वालों को रोकने के लिए दिल्ली-उत्तर प्रदेश सीमा यहां सील कर दी गई है । दिल्ली-गाजियाबाद सीमा पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस और पी. ए.सी. के जवान हर आने-जाने वाले व्यक्ति की जांच-पड़ताल कर रहे हैं, जिससे लोगों को घंटों परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।



होशियारपुर में शनिवार को पंजाब के राज्यपाल श्री वीरेन्द्र वर्मा द्वारा बुलाई गई विभिन्न दलों की बैठक का बहिष्कार करके आते हुए इक्का प्रतिनिधि । (छाया : बी.पी. कपूर)

राज्यपाल वर्मा

(पृष्ठ 1 का शेष)

विश्व हिन्दू परिषद पर अपने स्टैंड से पीछे हटने का आरोप लगाया । राज्यपाल ने नगरपालिकाओं और नगर निगमों के चुनाव के बारे में प्रश्न के उत्तर में कहा कि 22 अक्तूबर को वह इस बारे भी केन्द्रीय नेताओं से बातचीत करेंगे। अगर अनुमति दी तो उसी दिन ही घोषणा कर दी जाएगी । गन्ने के समर्थन मूल्य की घोषणा भी उसी दिन कर दी जाएगी ।

सलाहकार समिति की पहली बैठक 24 अक्तूबर को चंडीगढ़ में बुलाई गई है । जब उनसे प्रशासन में भ्रष्टाचारी अफसरों के विरुद्ध कार्रवाई के बारे पूछा गया तो उन्होंने निकट बैठे मुख्य सचिव श्री एस.एल. कपूर से पूछा कि उन्होंने क्या कार्रवाई की है तो उन्होंने कहा कि इस वक्त मेरे पास कोई आंकड़े नहीं हैं ।

जब बिजली बोर्ड के अध्यक्ष श्री एन.एस. बसंत के विरुद्ध जांच के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि वरिष्ठ सलाहकार कठपालिया ने श्री बसंत का मामला कानून विभाग को भेजा है । वहां से रिपोर्ट आने पर फैसला किया जाएगा । श्री बसंत ने मुझे बताया था कि यदि मुझे सभी आरोपों से बरी घोषित किया जाए तो वह स्वयं ही त्यागपत्र देने को तैयार हैं, मगर मैंने उनकी बात मानी नहीं । खाद्य एवं आपूर्ति सचिव श्री बिन्दरा के मध्य साधारण मतभेद थे जो मैंने दूर करवा दिए हैं ।

आज की बैठक से कांग्रेस के बाईकाट को ड्रामाबाजी बताया । उन्होंने कहा कि राजनीतिक

Estd. :— 1971 **ADMISSION NOTICE** Ph. : 21309

Computer Courses

Post Graduate Diploma in Computer Programming — 6 Months

Engineering Courses

Diploma in Computer Engg.

Degree in Electronics &

भूतपूर्व अकाली मंत्री शशपाल सिंह, माकपा नेता समेत 9 की हत्या : मुठभेड़ में एक उग्रवादी मरा

नानकसर रेलवे स्टेशन के निकट गाड़ी पर फायरिंग, ड्राइवर, फायरमैनों का अपहरण

आतंकवादियों द्वारा फ्लाइंग मेल पर फायरिंग से एक यात्री की मौत

चंडीगढ़, 21 अक्तूबर : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान विभिन्न वारदातों में अकाली दल (बादल) के एक वरिष्ठ नेता श्री शशपाल सिंह तथा माकपा नेता श्री बरकत सिंह समेत 9 लोगों की हत्या हुई और आतंकवादियों ने मजीठा पुलिस जिला में बटारी के निकट फ्लाइंग मेल पर फायरिंग की जिससे एक यात्री की मृत्यु हो गई । उग्रवादियों ने नानकसर रेलवे स्टेशन के निकट एक अन्य ट्रेन पर फायरिंग की और उसके ड्राइवर, फायरमैनों का अपहरण कर लिया । इस बीच प्रदेश में एक उग्रवादी भी मारा गया ।

ट्रेन पर फायरिंग, 1 मरा :अमृतसर (वार्ता): आतंकवादियों ने कल रात मजीठा पुलिस जिले में उत्तरी रेलवे के अमृतसर-जालन्धर सैक्शन के बटारी रेलवे स्टेशन के निकट अमृतसर जाने वाली फ्लाइंग मेल पर गोलियां चलाईं ।

गोली से घायल तरसेम सिंह नामक एक व्यक्ति ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया । पुलिस की एक रिपोर्ट के अनुसार आतंकवादियों ने बटारी रेलवे स्टेशन के निकट फिश प्लेटें भी हटा दी थीं । इसके परिणामस्वरूप गाड़ी को पीछे लौटाना पड़ा । पटरी की मरम्मत के बाद गाड़ी आधी रात को अमृतसर पहुंची । इलाके में धरपकड़ अभियान जारी है ।

उग्र भीड़ पर फायरिंग: राजकीय रेलवे पुलिस (जी.आर.पी.) ने 150 लोगों की उस भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पन्द्रह चक्र से अधिक गोलियां चलाईं, जिसने बाबा बकाला में रेल की पटरी रोक दी थी । रेलवे सूत्रों ने यहां यह जानकारी दी । भीड़ ने एक रेलगाड़ी के डिब्बों की आठ खिड़कियां तोड़ दीं । यह भीड़ खूंखार आतंकवादी संगत सिंह लाडी का शव सौंपे जाने की मांग कर रही थी । इसी क्षेत्र में गत दिवस हुई एक मुठभेड़ में लाडी मारा गया था । अवरोध के कारण बम्बई जाने वाली फ्रंटियर मेल दो घंटा विलम्ब से तथा अमृतसर जाने वाली सुपर फास्ट लगभग पौने दो घंटे विलम्ब से चली ।

अकाली नेता की हत्या : आतंकवादियों ने आज शाम अमृतसर में राजा सांसी हवाई अड्डे के निकट अकाली दल (बादल) के वरिष्ठ नेता तथा पंजाब के पूर्व मंत्री श्री शशपाल सिंह के फार्म हाऊस में घुस कर उनकी हत्या कर दी ।

72 वर्षीय श्री शशपाल सिंह ने 1985 में प्रदेश विधानसभा चुनाव में राजासांसी निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस (इ) के श्री इकबाल सिंह को पराजित किया था । श्री सुरजीत सिंह बरनाला के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में श्री शशपाल सिंह को जनस्वास्थ्य तथा पशुपालन राज्यमंत्री नियुक्त किया गया था । बाद में श्री सिंह अकाली दल (लौंगोवाल) छोड़ कर अकाली दल (बादल) में शामिल हो गए थे ।

डी.आई.जी. बार्डर रेंज श्री जी.आई.एस. भुल्लर ने बताया है कि श्री शशपाल सिंह पर उस समय हमला हुआ, जब वह जीप पर अपने गनमैन के साथ फार्म हाऊस से बाहर आ रहे थे । उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । आतंकवादी फार्म हाऊस के निकट ही झाड़ियों के पीछे छिपे हुए थे । बताया जाता है कि श्री शशपाल सिंह के गनमैन ने भी गोली चलाई लेकिन आतंकवादी भाग गए । पुलिस तथा सी.आर.पी.एफ. ने सारे क्षेत्र को घेर कर आतंकवादियों की तलाश शुरू कर दी है ।

उग्रवादी गिरफ्तार : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार खेमकरण के एस.एच.ओ. ने जस्सोवाल गांव से एक उग्रवादी को गिरफ्तार करके उससे स्टिक ग्रेनेड बरामद किया ।

'ठेका' लूटा : थाना रामबाग अमृतसर के निकट आज रात्रि उग्रवादियों ने शराब के एक ठेके से 8000 रुपए लूट लिए । ठेका थाने के बिल्कुल निकट है ।

मुठभेड़ में एक आतंकवादी मरा : तरनतारन पुलिस जिला के गांव पुल खेला के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । उसका एक साथी बच कर भाग गया । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए ।

पैट्रोल पम्प लूटा : आतंकवादियों ने आज भिखीविंड में एक पैट्रोल पम्प से 5780 रुपए लूट लिए ।

एक की हत्या : लुधियाना (प.स.): आतंकवादियों ने नीवां बट्टा गांव में अमोलक सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

एक की हत्या : फरीदकोट (प.स.): आतंकवादियों ने कोठा सधवां गांव में बलदेव सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

महिला घायल : फरीदकोट जिला में बगरारी गांव में आतंकवादियों ने पुष्पा रानी नामक एक महिला को गोली मार कर घायल कर दिया ।

होमगार्ड जवान की हत्या : गोगा (वार्ता): आतंकवादियों ने कल रात मरहोली गांव में पंजाब होमगार्ड के एक जवान गुरमुख सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

एक और व्यक्ति की हत्या : आतंकवादियों ने रोपड़ जिला में ही बरजुवाला गांव में कल रात मोहिंदर सिंह के घर में घुस कर उसकी गोली मार कर हत्या कर दी ।

दम्पति की हत्या : बटाला (गुरदासपुर): पुलिस जिला बटाला के थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव चीड़ा में कल रात 2 आतंकवादियों ने एक डेरे में जबरदस्ती दाखिल होकर फायरिंग की, जिससे सुखविन्दर सिंह (35) तथा उसकी धर्मपत्नी दलबीर कौर (30) की मृत्यु हो गई । पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के चले हुए कारतूस बरामद हुए हैं । मृतक काहनूवान के निवासी थे और उक्त गांव में अपने एक सम्बन्धी के घर आए हुए थे ।

माकपा नेता की हत्या : जालंधर : माकपा के प्रदेश कार्यालय के एक प्रवक्ता ने सूचना दी है कि अमृतसर जिला की अजनाला तहसील के गांव मोतले में माकपा नेता तथा सरपंच कामरेड बरकत सिंह (45) की आज प्रात: आठ बजे आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । श्री सिंह पंजाब खेत मजदूर यूनियन के तहसील प्रधान भी थे । इस बीच माकपा की जिला अमृतसर शाखा के सचिव कामरेड राजेश्वर सिंह ने इस वारदात की सख्त निंदा की है । उन्होंने कहा कि कम्युनिस्ट हर कुर्बानी देकर देश की एकता और अखंडता के लिए संघर्ष कर रहे हैं और भविष्य में भी करते रहेंगे ।

गाड़ी पर फायरिंग : लुधियाना (मुसाफिर): लुधियाना-फिरोजपुर रेलवे सैक्शन पर नानकसर

(शेष पृष्ठ 10 पर)

कारसेवकों को रोकने के लिए यू.
सील, धर-पकड़ जारी, जरूरत पड़

मुजफ्फरनगर, 21 अक्तूबर (वार्ता): अयोध्या में राम जन्म भूमि मंदिर निर्माण के लिए कार सेवा में जाने वालों को रोकने के हेतु मुजफ्फरनगर जिले में लगने वाली हरियाणा, सहारनपुर, बिजनौर, हरिद्वार तथा मेरठ की सीमाओं को सील कर दिया गया है और इसके लिए विशेष चैकपोस्टें बनाई गई हैं । जिले की सभी शिक्षण संस्थाओं को भी 28 अक्तूबर तक बंद कर दिया गया है ।

जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सभी सीमाओं पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है । श्री सिंह तथा पुलिस अधीक्षक लालता प्रसाद मिश्र ने कल जिले का दौरा करके स्थिति का जायजा लिया ।

मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पर कल सायं छह साधुओं को उस समय गिरफ्तार कर लिया गया जब वे देहरादून एक्सप्रेस से अयोध्या जाने के लिए मेरठ जा रहे थे । जिले में अभी तक इस सिलसिले में 89 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है । जिलाधिकारी ने कहा कि इसी बीच शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार किया जा सकता है ।

मेरठ : अयोध्या विवाद को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर मेरठ जिला प्रशासन ने हर संभावित स्थिति से निपटने के लिए अपनी तैयार पूरी कर ली है और इसके लिए सेना के प्रमुख अधिकारियों से भी प्रशासन का सम्पर्क लगातार बना हुआ है । एक वरिष्ठ अधिकारी ने आज यहां बताया कि सेना के मेरठ क्षेत्र में तेरह जिले आते हैं और जरूरत पड़ने पर इन सब में सेना को सहायता के लिए बुलाया जा सकता है । सेना और केंद्रीय सुरक्षा बलों के अधिकारियों ने कल शहर के मुहल्लों में जाकर स्थिति का मुआयना किया था ।

छपरौली कस्बे में कल सक्रिय कार्यकर्त्ताओं की बाजार बन्द रहे और थाने जिला प्रशासन ने दावा कि तक लगभग सात हजार दिया गया ।

फैजाबाद : फैजाबाद बनाए रखने के लिए अब किए जा चुके हैं जिनमें वि शामिल है । सेना ने कल मार्च भी किया ।

राम जन्म भूमि का फैजाबाद मंडल के आयु सरकार के आदेश के तहत राम जन्म भूमि और अधिगृहित कर ली । श्रीवास्तव के अनुसार आसपास की अधिगृहीत केंद्र सरकार के स्वामित्व

श्री श्रीवास्तव ने फैजा के मार्ग में परिवर्तन सुलतानपुर, गोंडा तथा ब वाली बसों की संख्या बढ़ा

वाहनों और यात्रियों फैजाबाद जिले की सीमाओं इलाकों में आठ निगरानी है । इन पर पुलिस के सा रहेंगे ।

झांसी : अयोध्या में प्र निर्माण के लिए झांसी म सेवकों को रोकने के सीमावर्ती क्षेत्रों पर भारी



पंजाब के राज्यपाल श्री वीरेन्द्र वर्मा रविवार को मोगा में नेता जी सुभाष चं अनावृत्त करने के बाद आयोजित एक समारोह की अध्यक्षता करते हुए । उ उच्चाधिकारी भी बैठे दिखाई दे रहे हैं ।

केंद्र को विधानसभा से पहले पालि
चुनाव कराने की सिफारिश करूं

मोगा, 21 अक्तूबर (आजाद, बांसल): पंजाब के राज्यपाल ने आज यहां घोषणा की कि सतलुज व ब्यास नदी के बीच मंड क्षेत्र की 10 हजार एकड़ भूमि हल जोतने वालों के नाम कर दी जाएगी । जो लोग वहां 1984 से पहले से खेती कर रहे हैं उन्हें सिंचाई योग्य भूमि 6000 रु. तथा बंजर जमीन भूमि 3000 रु. प्रति एकड़ की दर से दी जाएगी । अनुसूचित जाति के किसानों को भूमि आधे रेट पर दी जाएगी । जिन्होंने 1984 से 1989 तक जमीन पर हल जोता है उन्हें सिंचाई योग्य भूमि 20 हजार तथा बंजर भूमि 10 हजार रु. की दर से दी जाएगी तथा अनुसूचित जाति के लोगों को यह भूमि आधे दामों पर दी जाएगी ।

श्री वर्मा स्वतंत्रता संग्राम भवन के सामने नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा का अनावरण करने के पश्चात् स्वतंत्रता सेनानियों तथा क्षेत्र के लोगों की सभा को संबोधित कर रहे थे ।

उन्होंने कहा कि साम्प्रदायिक घृणा के परिणामस्वरूप उठाई गई घोर तकलीफों के बावजूद हम इस बुराई से अभी तक पीछा नहीं छुड़ा सके । उन्होंने कहा कि देश इतनी अधिक सामाजिक बुराइयों में जकड़ा जा चुका है कि हम इस देश की सलामती के लिए प्राण न्योछावर करने वालों की कुर्बानियों से कोई भी संबंध

श्री वर्मा ने कहा कि विधानसभा चुनावों से पूर्व स्थानीय निकायों के चुनाव उन्होंने कहा कि इन चुनाव मुख्यारा प्रबंधक कमेटी के चु

राज्यपाल ने बताया कि करने तथा शांति की बहाली को विचार-विमर्श के लिए वि के नेताओं को आमंत्रित कि जानने के बाद वह अपनी रि सप्ताह में प्रधानमंत्री को भेज

उन्होंने बड़ी भावुकता से विडम्बना है कि अंग्रेजों जलियांवाला बाग में आजादी मौत के घाट उतार दिया था में पिछले दस सालों में देश द्रो भी अधिक स्त्रियों को विधवा अनेक बच्चों को अनाथ । उन कुछ उस पंजाब में हो रहा है आजादी की लड़ाई में बढ़-चढ़ क काले पानी की यातनाएं सही

(शेष पृष्ठ

गुरुपद स्वामी द्वारा पैट्रोलियम उत्पाद मूल्यों में कटौती की सम्भावना रद्द

बेंगलूर, 21 अक्तूबर (पस.): केंद्रीय पैट्रोलियम मंत्री श्री एम.एस. गुरुपद स्वामी ने खाड़ी संकट हल हो जाने के बाद भी पैट्रोलियम उत्पादों के मूल्यों में किसी कटौती की संभावना रद्द कर दी है । उन्होंने मूल्य वृद्धि को उचित ठहराते हुए कहा कि सरकार के पास देश के निरन्तर कम हो रहे विदेशी मुद्रा भंडार को बचाने के लिए पैट्रोलियम उत्पादों की खपत कम करने के लिए और कोई रास्ता नहीं था ।

नई दिल्ली (वार्ता): पैट्रोलियम मंत्री एम.एस. गुरुपद स्वामी ने स्पष्ट किया है कि पैट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति में कटौती करने का सरकार का हाल का निर्णय पिछले वर्ष की मांग तथा खपत के वर्तमान स्तर पर आधारित है ।

इसके साथ ही कटौती सिर्फ चालू वित्त वर्ष के बाकी छह महीनों के लिए लागू रहेगी ।

श्री गुरुपद स्वामी ने बताया कि 1989-90 में पैट्रोल की मांग में वृद्धि दर नौ प्रतिशत थी और खपत के वर्तमान स्तर के आधार पर इस वर्ष मांग वृद्धि दर छह प्रतिशत हो गई है । इसलिए पैट्रोल की आपूर्ति पर आठ अक्तूबर से प्रभावी 15 प्रतिशत की कटौती पिछले वर्ष की मांग वृद्धि दर तथा इस वर्ष के खपत स्तर पर आधारित है । सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों तथा सरकारी वाहनों में पैट्रोल के इस्तेमाल में 20 प्रतिशत की कटौती है ।

पैट्रोलियम मंत्री ने कहा कि इसी तरह हाई स्पीड डीजल की आपूर्ति में 15 प्रतिशत की कटौती पिछले वर्ष मांग की 8% वृद्धि दर तथा खपत स्तर के अनुसार इस वर्ष मांग में सात प्रतिशत की संभावित वृद्धि दर पर आधारित है । उन्होंने कहा कि कोयला क्षेत्र की आपूर्ति में कोई कटौती नहीं की गई है ।

रेलवे के लिए हाई स्पीड डीजल की आपूर्ति में पिछले वर्ष की खपत पर सिर्फ 10 प्रतिशत की कटौती की गई है । सरकारी वाहनों तथा राज्य सड़क उपक्रमों के लिए हाई स्पीड डीजल की आपूर्ति में 20 प्रतिशत की कटौती की जाएगी ।

श्री गुरुपद स्वामी ने स्पष्ट किया कि कृषि क्षेत्र को लाइट डीजल की आपूर्ति में कोई कटौती नहीं की गई है । उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं के लिए खाना पकाने की गैस की आपूर्ति में कोई कटौती नहीं है । सरकार ने सिर्फ गत आठ अक्तूबर से खाना पकाने की गैस के नए कनैक्शन देने पर रोक लगा दी है ।

उन्होंने कहा कि उर्वरकों के उत्पादन में इस्तेमाल के लिए नेप्था की आपूर्ति में कोई कटौती नहीं की गई है लेकिन उर्वरक उत्पादन इकाइयों में ईंधन के रूप में नेप्था के इस्तेमाल पर 15 प्रतिशत की कटौती की गई है ।

खालिस्तान लिबरेशन आर्गनाइजेशन अब राजनीतिक दल बनेगा

पटियाला, 21 अक्तूबर (भूषण): खालिस्तान लिबरेशन आर्गनाइजेशन (के.एल.ओ.) अब एक पंजीकृत राजनीतिक दल के रूप में कार्य करेगा तथा इसका पुनर्गठन अब निचले स्तर से किया जाएगा । इस आशय का निर्णय आज यहां श्री अमृत शाहबाज सिंह की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में लिया गया । पार्टी की कार्यकारिणी ने श्री अतिन्दर पाल सिंह सांसद को इस पार्टी को नए आधार पर संगठित करने के लिए अधिकृत भी किया ।

सरकार द्वारा विवादास्पद भूमि का अधिग्रहण मंदिर निर्माण आंदोलन की एक बड़ी जीत : आडवानी

Punjabi Sanatan

यारपुर के जिलाधीश को निदेश दिया कि
यापित करने के लिए जिस भूमि का चयन
या है, उसे अधिग्रहण करने के लिए तत्काल
क कार्रवाई आरम्भ की जाए ।

आतंक : पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

स्टेशन के निकट आज रात्रि साढ़े 10 बजे
दियों ने एक यात्री गाड़ी पर अंधाधुंध फायरिंग
र गाड़ी को रोक कर ड्राइवर एवं फायरमैनों का
ण कर लिया ।

पिस्तौल दिखा कर पिस्तौल ले गए : (पूर्णचंद): निकटवर्ती गांव रहादन में दो अज्ञात
त पैदल ही दोपहर लगभग 12 बजे बलबीर
के घर आए । उस समय बलबीर सिंह घर पर
था । वे पिस्तौल दिखा कर बलबीर सिंह को
ौल उसके बेटे से ले गए ।

एक व्यक्ति की हत्या : निकटवर्ती एक
में दो सशस्त्र व्यक्ति शाम को भारी सिंह के घर
मोटर साइकल पर आए और उसे बाहर बुला कर
लियां चला कर उसकी हत्या कर गए । बताया
ता है कि इस व्यक्ति ने दो आतंकवादियों की मौत
संबंध में पुलिस के पक्ष में गवाही दी थी । हत्या
सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई
र जांच आरम्भ कर दी ।

एक की हत्या : फिरोजपुर (वार्ता): आतंकवादियों ने कल रात सत्तोवाली गांव में गुरनाम
सह नामक एक व्यक्ति की उसके घर पर ही गोली
ार कर हत्या कर दी ।

कार सेवकों को

(पृष्ठ 3 का शेष)

जारी है । दक्षिण वाराणसी के विधायक श्री श्याम
देव चौधरी को कल रात्रि गिरफ्तार कर लिया गया
और उनका अभी तक कोई अता-पता नहीं ।

पालिका कर्मचारियों का आज से

प्रदर्शनों, धरनों का कार्यक्रम

फगवाड़ा, 21 अक्तूबर (अशोक): पंजाब नगर पालिका कर्मचारी महासंघ ने राज्य सरकार द्वारा पालिका कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त होने का

डीज़ल मूल्य-वृद्धि वापस न लिए जाने पर आंदोलन की चेतावनी

चंडीगढ़, 21 अक्तूबर : कामरेड कृपाल सिंह घग्घा, प्रधान पंजाब ट्रक आपरेटर्स यूनियन ने एक बयान द्वारा डीज़ल के बढ़े रेटों के विरुद्ध ज़ोरदार प्रोटैस्ट किया है । उन्होंने कहा कि डीज़ल की कीमतों में की गई वृद्धि तुरन्त वापस ली जाए । यह वृद्धि जहां किसानों के हितों को भी आघात पहुंचाती है, वहां बस आदि से यात्रा करने वाले लोगों पर भी बोझ डालती है । उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यह वृद्धि वापस नहीं ली गई तो पंजाब ट्रक आपरेटर्स यूनियन अन्य संगठनों के साथ मिल कर ज़ोरदार आंदोलन छेड़ देगी ।

विजय वल्लभ सूरीश्वर का जन्म दिवस मनाया गया

जालंधर, 21 अक्तूबर (अविनाश): शांति के अग्रदूत, साम्प्रदायिक एकता के प्रबल प्रचारक, पंजाब केसरी जैन आचार्य श्री विजय वल्लभ सूरीश्वर का 121वां जन्म दिवस देश भर में श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक सम्प्रदाय की ओर से श्रद्धा व उत्साह से मनाया गया । आचार्य जी का जन्म कार्तिक सुदि 2, सम्वत् 1927 को बड़ोदरा (गुजरात) में हुआ था ।

प्राप्त सूचनाओं के अनुसार यह समारोह आचार्य श्री के जन्म स्थान बड़ोदरा, बम्बई और श्री वल्लभ स्मारक दिल्ली में जैनाचार्य श्री विजयेन्द्र दिन्न सूरी की पावन निश्रा में 19 अक्तूबर को मनाया गया । रात दिवस लुधियाना में भी इस सन्दर्भ में एक समारोह आयोजित किया गया । श्री आत्मानन्द जैन सभा जालंधर की ओर से श्री विजय वल्लभ सूरीश्वर के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में आज एक समारोह महावीर भवन, कपूरथला रोड, जालंधर में तपस्वी पन्यास प्रवर श्री बसन्त विजय एवं पन्यास प्रवर शान्तिदूत श्री नित्यानन्द विजय के सान्निध्य में आयोजित हुआ, जिसमें पंजाब भर से बड़ी संख्या में जैन श्रद्धालु शामिल हुए ।

समारोह पन्यास श्री बसन्त विजय के मंगलाचरण से आरम्भ हुआ । पन्यास श्री नित्यानन्द विजय ने अपने प्रवचन में आचार्य श्री

अक्तूबर तक के लिए बन्द कर दिए गए हैं । इ
निर्णय द्वारा इन क्षेत्रों में सभी प्रकार के स्कूल
के भी आदेश जारी किए गए हैं ।

कटासराज के लिए ज
28 को रवाना होग

अमृतसर, 21 अक्तूबर (वार्ता): 2
तीर्थ यात्रियों का जत्था पाकिस्तान में कटास
की छः दिवसीय यात्रा के लिए 28 नव
रवाना होगा । अखिल भारतीय हिंदू शिव
अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र कुमार बिल्ला ने एक प्रैस
में कहा है कि ये तीर्थ यात्री पूर्णिमा को कट
अमरकंड (भगवान शिव के मंदिर) में पूज
जत्था तीन दिसम्बर को भारत लौटेगा ।

मलेशिया की सत्तारूढ़
को बहुमत मिला

कुआलालम्पुर, 21 अक्तूबर
प्रधानमंत्री महातेर मुहम्मद ने आठवें आ
मलेशिया की संसद में सामान्य बहुम
पांच वर्ष की तीसरी अवधि के लिए देश
चलाने का अधिकार प्राप्त कर लिया है
रात्रि तक संसद की 180 सीटों में
परिणाम घोषित हुए थे । 65 वर्षीय म
दलीय राष्ट्रीय मोर्चा गठबंधन ने इस
हासिल कर ली हैं । उनका प्रतिद्वंद्
गठबंधन सिर्फ 29 सीटें प्राप्त कर स

कार्यालय एग्ज़
पीडब्ल्

टैंडर नोटिस नं.

एग्जैक्टिव इंजीनियर, कंस्ट्र
के लिए 50/- रुपए प्रत्येक क
निर्माण संस्थाओं से **30.10.**
हैं । टैंडर उसी तिथि और स

टैंडर फार्म संस्थाओं को

Punjabi Sanatani

कहा कि राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद विवाद के बारे में संविधान की अनुरक्षा के प्रश्न पर न तो ई समझौता किया जाएगा और न ही सरकार के ड में कोई कमज़ोरी आएगी । उन्होंने कहा कि धान को बनाए रखने के लिए "कोई भी कीमत दा नहीं है चाहे वह पद छोड़ने या सरकार के पतन

मार्क्सवादी नेता हरकिशन सिंह सुरजीत और जनता दल अध्यक्ष एस.आर. बोम्मई भी मौजूद थे ।

बैठक में बोलते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने कहा कि राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद विवाद के संबंध में बिहार

वाले सैंकड़ों व्यक्तियों को रोका है ।

वी.पी. सिंह ने और समय मांगा : प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने राम जन्म भूमि बाबरी मस्जिद विवाद का कोई मान्य हल निकालने

सरकार द्वारा आज बुलाई गई बैठक में मुख्यमंत्रियों के बीच मतभेद खुल कर सामने आ गए । जानकार सूत्रों के अनुसार बैठक में भाजपा के मुख्यमंत्रियों ने कहा कि भाजपा नेता लाल कृष्ण अडवानी की रथ यात्रा को रोकने का अर्थ है हिन्दू भावना के साथ

आतंकवादियों द्वारा 10 सुरक्षा कर्मियों, अकाली नेता सहित 14 व्यक्तियों की हत्या : 6 आतंकवादी, 1 घुसपैठिया भी मरा

चंडीगढ़, 22 अक्तूबर (वार्ता, पस) : पंजाब में 24 घंटों के दौरान आतंकवादियों ने 10 सुरक्षा र्मियों व अकाली नेता सहित 14 लोगों की हत्या दी । इसी बीच एक घुसपैठिया और 6 ंकवादी भी मारे गए ।

लुधियाना (धीमान, महिन्द्रा) : कल रात यहां से किलोमीटर दूर नानकसर रेलवे स्टेशन पर ोज़पुर से लुधियाना आ रही 6 एल.एफ. यात्री ी में आतंकवादियों ने इसके ड्राईवर श्री ीचरण और 2 फायरमैन सर्वश्री वेद प्रकाश व लाल का अपहरण कर लिया था, के पश्चात् स व इन आतंकवादियों के बीच 2 जगह भयानक बले में बी.एस.एफ. के नाइ नायक सतबीर और कांस्टेबल कुन्दन सिंह घटनास्थल पर मारे तथा बी.एस.एफ. के व पंजाब पुलिस के एक इंस्पैक्टर व 12 कांस्टेबल गम्भीर रूप से घायल हो गए । इनमें से एक को स्थानीय सी.एम.सी. अस्पताल व अन्य को सिविल अस्पताल जगराओं में दाखिल करवाया गया । एक की हालत अधिक गम्भीर है ।

ट्रेन पर हमला : बताया जाता है कि जब संबंधित गाड़ी लगभग 8.15 रात नानकसर पहुंची तो आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलियां चलानी आरम्भ कर दीं । इसमें यात्रा करने वाले दो यात्रियों के अनुसार उन्हें यूं लगा कि गोलियां गाड़ी की छत के ऊपर से गुज़र रही हैं । इस फायरिंग से न तो कोई यात्री घायल हुआ और न ही रेल डिब्बों को क्षति पहुंची । आतंकवादी रेल ड्राईवर व दोनों फायरमैनों का अपहरण करके ले गए ।

6 सुरक्षा कर्मी घायल : कुछ देर पश्चात् उन्होंने पुलिस को स्वयं ही फोन कर दिया और वे रेलवे स्टेशन के नज़दीक एक फाटक के पास घात लगा कर बैठ गए । जब पुलिस वाले तीन वाहनों में वहां से गुजरे तो उन्होंने अंधाधुंध फायरिंग कर दी । इससे पंजाब पुलिस के 6 कांस्टेबल घायल हो गए । आतंकवादी रेल ड्राईवर व दोनों फायरमैनों को वहीं छोड़ गए ।

2 सुरक्षा कर्मियों की हत्या : 7 घायल: वहां से कुछ दूर जाकर बाड़े गांव में एक भवन का सहारा लेकर वहां दूसरी बार घात लगा कर बैठ गए । जैसे ही बी.एस.एफ. वालों की एक पार्टी वहां से गुजरी उस पर भी अंधाधुंध फायरिंग की गई । इससे उनके दो अधिकारी घटनास्थल पर मारे गए और 7 घायल हो गए । एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस व बी.एस.एफ. वालों ने जिस बहादुरी व बुद्धि से काम लिया, उसके कारण कई मानवीय जीवन व शस्त्रास्त्र बच गए ।

इस घटना की सूचना मिलने के तुरन्त पश्चात् रेलवे अधिकारी मैडीकल टीम सहित घटनास्थल पर पहुंचे और इस गाड़ी व इंजन को लुधियाना रात 2.15 बजे लेकर पहुंचे । गम्भीर घायलों में सब-इंस्पैक्टर सोहन लाल, कांस्टेबल जोध सिंह व कंवल जीत सिंह, होम गार्ड कर्मी बलविन्द्र सिंह व इन्द्र जीत सिंह हैड-कांस्टेबल ओम प्रकाश, नायक मिलाप सिंह और सिपाही एच.एल. टीपू, शरत बैनर्जी और रमेश शामिल हैं ।

3 लोगों की हत्या : आतंकवादियों ने आज लुधियाना जिले में दौलतपुर गांव में तीन व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतकों की शिनाख्त चरनजीत सिंह, रतन सिंह और निर्भय सिंह के रूप में की गई है ।

4 आतंकवादी मरे : तरनतारन पुलिस जिला में डुगरी गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में आज 4 आतंकवादी मारे गए । मृतकों में पास से 4 हथियार बरामद हुए हैं ।

सिपाही की हत्या : मजीठा थाना क्षेत्र के तरसिक्का गांव में कल रात आतंकवादियों ने सिपाही जसवंत सिंह के घर में घुस कर उसकी हत्या कर दी ।

अपहृत एस.पी.ओ. की लाश मिली : मजीठा पुलिस जिले में मेहलमपुर गांव में आज एक विशेष पुलिस अधिकारी (एस.पी.ओ.) हरनाम सिंह का शव मिला है । कुछ दिन पहले मृतक का उसके घर से अपहरण कर लिया गया था ।

राइस मिल पर फायरिंग : आतंकवादियों ने गत रात तरनतारन कस्बे में एक राइस मिल पर भारी फायरिंग की । सुरक्षा बलों की जवाबी फायरिंग पर वे फरार हो गए ।

बारूदी सुरंग से 4 पुलिस कर्मी मरे : 8 ज़ख्मी : अमृतसर (वर्मा) : गत रात उग्रवादियों ने जिनकी संख्या 8 बताई जाती है, ब्यास के नजदीक एस.पी.ओ. चौकी पर हमला कर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । चौकी के कर्मचारियों ने वायरलैस पर थाना ब्यास से सहायता मांगी । जब थाने से पुलिस फोर्स एक गाड़ी में सवार होकर घटनास्थल की ओर रवाना हुई तो रास्ते में उग्रवादियों ने बारूदी सुरंग बिछा रखी थी, जो गाड़ी के गुजरने पर एकदम फट गई, जिसके परिणामस्वरूप एक सब-इंस्पैक्टर, एक ए.एस.आई. एक एस.पी.ओ. व एक होमगार्ड का जवान मौके पर ही दम तोड़ गए । जबकि 8 पुलिस कर्मचारी सख्त ज़ख्मी हुए । उन्हें नज़दीकी अस्पताल में पहुंचा दिया गया । मरने वालों में

(शेष पृष्ठ 6 पर)

मोरारजी की अपील

बम्बई, 22 अक्तूबर (वार्ता): पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने आज भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष लाल कृष्ण अडवानी से अपनी रथ यात्रा रद्द करने और देश को विनाश से बचाने की अपील की है ।

मंदिर निर्माण में रुकावट डाली गई तो भयंकर परिणाम होंगे : अडवानी की सरकार को फिर चेतावनी

नवादा, 22 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): भारतीय ता पार्टी के अध्यक्ष लाल कृष्ण अडवानी ने आज चेतावनी दी कि सरकार ने यदि अयोध्या में राम र के निर्माण में रुकावट डाली और टकराव का ा अपनाया तो उसके भयंकर परिणाम होंगे । श्री अडवानी ने आज अपनी रथ यात्रा के क्रम में से रवाना होने के बाद हतुआ चौक पर एक ल जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि सारा देश राममय हो गया है । ऐसी हालत में निर्माण को कोई नहीं रोक सकता । उन्होंने के हतुआ कस्बा बिहार का ऐसा स्थान है, जहां रथ दोबारा गुजर रहा है । यह इस स्थान की ता की निशानी है । कल श्री अडवानी के गया समय भी रथ इस स्थान से गुजरा था । रथ के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर सड़क के दोनों ौजूद लोगों ने रथ का भव्य स्वागत किया और र फूलों की वर्षा की ।

ससे पूर्व कल गया में भाजपा अध्यक्ष ने एक भा को सम्बोधित करते हुए कहा कि अयोध्या म मंदिर निर्माण के मुद्दे पर उनकी पार्टी -थलग नहीं पड़ गई है । दरअसल इस मुद्दे ने को जनता के और करीब ला दिया है । प्रमाण यह है कि लगभग सभी राजनीतिक दल रथ यात्रा का स्वागत कर रहे हैं । श्री ी ने कहा कि उनकी रथ यात्रा का उद्देश्य दिर निर्माण के लिए जनता का समर्थन जुटाना ल्कि मुसलमानों को बाबरी मस्जिद के बारे में त से वाकिफ कराना है ।

अडवानी ने कहा कि 'सही बात यह है कि भाजपा अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण नहीं, पुनर्निर्माण कराना चाहती है । इस मंदिर को बाबर ने तोड़ दिया था ।' उन्होंने कहा, 'महात्मा गांधी देश में राम राज्य लाना चाहते थे, लेकिन कांग्रेस सरकार ने इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया । अब उनकी पार्टी इस दिशा में काम कर रही है ।

मान गिरफ्तार

अमृतसर, 22 अक्तूबर (वार्ता): अकाली दल (मान) के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान को आज यहां पांच अन्य व्यक्तियों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया ।

अकाली दल (मान) के महासचिव भाई राम सिंह के अनुसार श्री मान को उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह अपने सैनिकों के साथ एक बैठक के बाद स्वर्ण मंदिर परिसर से बाहर निकल रहे थे । श्री मान को स्वर्ण मंदिर के आसपास के 100 मीटर के क्षेत्र में हथियार लेकर चलने पर लगी पाबंदी की अवहेलना करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है । उनके साथ उस समय उनके सुरक्षा गार्ड थे । बाद में उन्हें पुलिस वैन द्वारा कोतवाली भेज दिया गया ।

सभी को दस दिन न्यायिक हिरासत में रखने का आदेश दे दिया गया है ।

'वि.प्र.' के अनुसार श्री मान के साथ जो पांच साथी गिरफ्तार किए गए हैं, उनमें श्री अजीत सिंह हुदल और श्री चरण सिंह मान अकाली दल कार्यकारिणी के सदस्य तथा श्री मान के तीन सुरक्षा गार्ड श्री सुजन सिंह, श्री सुखदेव सिंह और गुरमीत सिंह शामिल हैं ।

उच्चतम न्यायालय द्वारा अडवानी की रथ यात्रा पर रोक लगाने सम्बन्धी याचिका खारिज

दिल्ली, 22 अक्तूबर (पस.): उच्चतम य ने भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष लाल डवानी की सोमनाथ से अयोध्या तक की रथ र रोक सम्बन्धी याचिका आज खारिज कर थ न्यायाधीश रंगनाथ मिश्र और न्यायमूर्ति

यदि यह यात्रा जारी रही तो और अधिक दंगे होने तथा इससे बड़े पैमाने पर अव्यवस्था फैल जाएगी । याचिका में कमेटी ने अनुरोध किया था कि भारतीय जनता पार्टी को निर्देश दिया जाए कि वह जनहित में

प्रधानमंत्री के प्रसारण पर भाजपा की तीखी प्रक्रिया

नई दिल्ली, 22 अक्तूबर (वार्ता): भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्र के नाम प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के आज रात प्रसारित संदेश में "राम राज्यवाद" की तुलना खालिस्तान आदि जैसी अलगाववादी मांगों से किए जाने पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की है ।

रेल रोको आह्वान क

चंडीगढ़, 22 अक्तूबर : आरक्षण विरोधी छात्रों द्वारा आज रेल-रोको आह्वान का मिश्रित प्रभाव हुआ और मण्डल आयोग की सिफारिशों के विरुद्ध गत 24 घंटों के दौरान 4 और छात्रों ने आत्म बलिदान का प्रयास किया जबकि निम्न

छात्रों की ह

बीच पता चला है कि में आत्मदाह का प्रय कुमारी मंजू, कुरुक्षे



चंडीगढ़ में सोमवार रात को आतंकवादियों द्वारा की गई फायरिंग एक अन्य युवक तथा (3) एक वृद्ध के शव । (4) एक मृतक के (5) गोलियों से घायल एक बच्चा जो पी.जी.आई. में उपचाराध

Punjabi Sanatani



(1) बटाला में बम विस्फोट से ध्वस्त कबाड़ी की दुकान (2) शैल बम के अवशेष, जिसे तोड़ते समय विस्फोट हुआ (3) फौजी सरवन कुमार (4) विजय कुमार के चिथड़े उड़े शव (5) घायल जोगिंदर पाल । (छाया : कोछड़)



अमृतसर में राजा सांसी के निकट आतंकवादियों के हाथों मारे गए अकाली दल (बादल) के नेता श्री शशपाल सिंह का शव, इनसैट उनका पुराना चित्र । (छाया : रवि भंडारी)

आतंक : पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

सब-इंस्पैक्टर का नाम मुख्त्यार सिंह, ए.एस.आई. सुखतेज सिंह, कांस्टेबल मेजर सिंह और एस.पी.ओ. सुरिन्द्र सिंह शामिल हैं ।

घायल सुरक्षा कर्मियों में ए.एस.आई. अजीत सिंह भी शामिल हैं । पता चला है कि आतंकवादियों ने विस्फोट के बाद पुलिस दल पर फायरिंग भी की थी ।

गुट संघर्ष में 2 मरे : अमृतसर शहर के बाहरी क्षेत्र में बासरके गांव में कल रात आतंकवादियों ने दो व्यक्तियों स्वर्ण सिंह और उसके पुत्र गेजा सिंह की हत्या कर दी । पुलिस ने सूचना देते हुए इसे दो गुटों की आपसी दुश्मनी का मामला बताया ।

आतंकवादी गिरफ्तार : संदिग्ध आतंकवादी जगत सिंह को कल रात तरनतारन जिला पुलिस ने खेमकरण सीमावर्ती क्षेत्र के देसोवाल गांव में गिरफ्तार कर लिया ।

बंदूकें छीनीं : आतंकवादियों ने शहर के बाहर खासा गांव में भजन सिंह नामक व्यक्ति से उसकी दो लाइसैंसशुदा बंदूकें छीन लीं ।

ठेका लूटा : आतंकवादियों ने गत रात शहर में एक शराब के ठेके से 8000 रुपए लूट लिए ।

6 सुरक्षा कर्मी घायल : बल्टोहा पुलिस थाने के अंतर्गत गांव दिबीपुर में आज शाम 6 सुरक्षा कर्मी उस समय घायल हो गए जब आतंकवादियों ने सुरक्षा कर्मियों पर घात लगा कर हमला किया । घायलों में 4 जवान सी.आर.पी.एफ. की 66वीं बटालियन के तथा दो पंजाब पुलिस के हैं । दो पुलिस कर्मियों संतोख सिंह तथा मेजर सिंह की स्थिति गम्भीर है ।

बैंक जला दिया : आतंकवादियों ने गत रात जंडियाला थाना के गांव फतेहपुर राजपूतां में एक सहकारी बैंक के भवन को आग लगा दी । आग में बैंक का रिकार्ड नष्ट हो गया ।

शशपाल सिंह का अंतिम संस्कार : वरिष्ठ अकाली नेता तथा पंजाब के भूतपूर्व मंत्री श्री शशपाल सिंह का यहां से 15 कि.मी. राजासांसी में उनके फार्म में पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया । आतंकवादियों ने कल श्री शशपाल सिंह की उनके फार्म के बाहर हत्या कर दी थी । उनके दामादों मेजर जनरल एस.एस. रंधावा तथा भारत सरकार के अतिरिक्त वित्त सचिव श्री के.एस. बैंस ने चिता को अग्नि भेंट किया । पंजाब के राज्यपाल तथा पंजाब सरकार की ओर से मुख्य सचिव श्री एस.एल. कपूर ने तथा जिला प्रशासन व इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट की ओर से जिलाधीश श्री सर्वजीत सिंह ने चिता पर फूलमालाएं चढ़ाईं ।

'वि.प्र.' के अनुसार अंतिम संस्कार के समय कई कांग्रेसी और अकाली नेता भी मौजूद थे जिनमें मेजर सिंह उबोके पूर्व मंत्री, हरभजन सिंह सूंध, डा. रतन सिंह और ओंकार सिंह मत्तेनंगल भी शामिल हैं ।

निंदा : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष श्री जी.एस. टोहरा तथा सचिव श्री मनजीत सिंह कलकत्ता ने आज यहां एक बयान में कहा कि अकाली नेताओं की हत्या सिखों के राजनीतिक संघर्ष को गुट संघर्ष में बदलने का एक 'गहरा षड्यंत्र' है ।

चपड़ासी चाहिए

कम से कम मैट्रिक पास चपड़ासी चाहिए । उम्मीदवार हिन्दी, पंजाबी और मैट्रिक दर्जा तक अंग्रेजी जानता हो । उर्दू जानने वाले को पहल दी जाएगी ।

अपने हाथ से लिखी दर्खास्त के साथ फौरन खुद मिलें :

एडवर्टाइजमैंट मैनेजर,
दी हिन्द समाचार लिमिटिड,
जालन्धर ।



श्री आत्मा राम जी महाराज

श्री एस.एस. जैन सभा सिविल लाइन्ज, लुधियाना का चुनाव 21.10.90 को हुआ जिसमें श्री अभय कुमार जैन एवं श्री नेमी नाथ जैन, एडवोकेट लुधियाना को क्रमशः प्रधान एवं मन्त्री चुना गया । जनरल सभा ने प्रधान को कार्यकारिणी मनोनीत करने का पूर्ण अधिकार दिया । प्रधान ने निम्नलिखित कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किए :—



श्री आनन्द ऋषि जी महाराज

1. श्री अशोक शीतल, निवासी समिटरी रोड, लुधियाना
2. श्री ज्ञान चंद जैन, निवासी कालेज रोड, लुधियाना
3. श्री त्रिलोक जैन, निवासी कालेज रोड, लुधियाना
4. श्री प्रेम जैन, निवासी हीरा सिंह रोड, लुधियाना
5. श्री सतीश कुमार जैन, निवासी पटेल नगर, लुधियाना
6. श्री पवन कुमार जैन, निवासी माल रोड, लुधियाना
7. श्री अजीत कुमार जैन, निवासी कैलाश सिनेमा के पास, लुधियाना
8. श्री अजीत कुमार जैन, निवासी माया नगर, लुधियाना ।

PERMANENT SPECIAL INVITEES

1. श्री जानकी दास जैन, निवासी झांसी रोड, लुधियाना
2. श्री रमेश जैन, निवासी कालेज रोड, लुधियाना

पदाधिकारी

1. **उपप्रधान** : श्री केदार नाथ जैन, निवासी सुखराम नगर, लुधियाना
2. **मन्त्री** : श्री जगी लाल जैन, निवासी किचलू नगर, लुधियाना
3. **कोषाध्यक्ष** : अशोक कुमार जैन, निवासी सिविल लाईन, लुधियाना ।

प्रधान
अभय कुमार जैन
संगत रोड, लुधियाना फोन : 24009, 21751.

मन्त्री
नेमी नाथ जैन एडवोकेट
लुधियाना ।

एस.एस. जैन बिरादरी सिविल लाइन्ज, लुधियाना ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

सार्वजनिक सूचना

मेरा लड़का निर्मल मेरे कंट्रोल से बाहर है । उसने मेरी मर्ज़ी के खिलाफ़ शादी कर ली है । मैं उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं । उसके साथ किसी लेन-देन तथा अन्य कार्य का मैं जिम्मेवार नहीं हूंगा । प्रो. शिव नाथ राए, गोपीचन्द आर्य महिला कालेज, अबोहर ।

व्यक्तिगत

वेद पांच हैं, चार नहीं; निःशुल्क ज्ञान के लिए कृपया लिखें : सर्वमंगला सेवा आश्रम, मनीमाजरा, चंडीगढ़, पिन-160101.

पोल्ट्री

NECC Delhi Eng rate for 22.10.90

अकाली नेता की हत्या : आतंकवादियों ने गुरदासपुर जिले में गांव काहनूवाल के अकाली नेता सुखजिंदर सिंह को गोलियां मार कर हत्या कर दी । श्री सुखजिंदर सिंह अपनी पत्नी के साथ स्कूटर पर चौड़ामाजरा गांव को जा रहे थे कि आतंकवादियों ने उन पर गोलियां चला दीं । श्री सुखजिंदर सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि उनकी पत्नी सुरिन्द्र कौर घायल हो गई जिसे अस्पताल में दाखिल किया गया है ।

रात्रि कर्फ्यू की अवधि बढ़ी : गुरदासपुर के जिला मैजिस्ट्रेट ने बटाला, गुरदासपुर और पठानकोट के 70 गांवों में रात से सुबह तक के कर्फ्यू की मियाद बढ़ा दी है ।

आज यहां जारी अधिकृत प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार यह कर्फ्यू कार्यकारी मैजिस्ट्रेट, सुरक्षा बलों, पुलिस, होमगार्ड और आवश्यक सेवाओं के कार्यरत कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा । इन कर्मचारियों को ड्यूटी परमिट दिए जाएंगे ।

घुसपैठिये की लाश मिली : गुरदासपुर जिले के डेरा बाबा नानक सैक्टर में गत रात एक पाकिस्तानी घुसपैठिये की गोलियों से छलनी लाश मिली है ।

बी.एस.एफ. मुख्यालय पर राकेट फैंके बटाला (कोछड़, चौधरी) : पुलिस जिला बटाला में कस्बा कादियां स्थित बी.एस.एफ. 48 बटालियन के मुख्यालय पर गत रात लगभग 12.30 बजे आतंकवादियों के गिरोह ने 3 राकेट फैंके व फायरिंग की । जवानों द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर आतंकवादी फरार हो गए । जिला पुलिस ने अधिकृत सूत्रों के अनुसार राकेट खेतों में गिर कर नष्ट हो गए । कोई हताहत नहीं हुआ ।

बैंक लूटा : प्रहरी की हत्या : पुलिस जिला बटाला के एस.पी. (मुख्यालय) श्री आर.एल. भगत ने बताया कि थाना सदर बटाला के क्षेत्र अलीवाल स्थित पंजाब नैशनल बैंक की शाखा से आज सुबह लगभग 11.30 बजे दो स्कूटरों पर आए । चार सशस्त्र आतंकवादी 1,56,677 रुपए लूट कर ले गए । वे गनमैन अवतार सिंह (35) निवासी प्रेम नगर बटाला की हत्या कर उसकी दुनाली बंदूक तोड़ कर फैंक गए लेकिन 25 जीवित कारतूस लेकर फरार हो गए ।



(1-2) अमृतसर जिला के बासरके गिल्लां गांव में आतंकवादियों के हाथों मारे गए पिता-पुत्र सरवन सिंह तथा सरैन सिंह के शव, (3) गांव मेहसनपुरा में मरने वाले हरनाम सिंह और (4) गांव तरसिक्का में मारे गए जसवंत सिंह की लाशें (छाया : रवि भंडारी)

कांस्टेबल की हत्या : रोपड़ से 'शशि' के अनुसार आज सुबह खेतों में छुपे चार आतंकवादियों ने मोटर साइकिल पर सवार दो कांस्टेबलों तारा सिंह व चरनजीत सिंह पर उस समय गोलियों की बौछार कर दी जब वह गार्ड ड्यूटी पर गांव गरांगर के एक बैंक की ओर जा रहे थे । तारा सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि चरनजीत सिंह ने मोटर साइकिल भगा कर अपनी जान बचाई । आतंकवादी मृतक कांस्टेबल की एस.एल.आर. अपने साथ ले गए ।

कल रात भी कार में सवार एक पुलिस गश्ती दल पर गांव पपराली के निकट आतंकवादियों ने गोलियों की बौछार कर एक हैड-कांस्टेबल रण सिंह तथा दो कांस्टेबलों अवतार सिंह व गुरदीप सिंह को गंभीर घायल कर दिया । इन तीनों को उपचार के लिए चंडीगढ़ के पी.जी.आई. में दाखिल कराया गया है ।

ट्रैक्टर छीना : होशियारपुर (अश्विनी): बलाचौर के निकटवर्ती गांव एमाचाहल में एक व्यक्ति पुरुषोत्तम लाल से पिस्तौल की नोक पर उसका ट्रैक्टर छीने जाने की सूचना मिली है । बताया जाता है कि पुरुषोत्तम लाल अपने ट्रैक्टर नं. पी.जे.डी. 1594 पर बलाचौर से वापस गांव आ रहा था कि एम्पर के निकट उसे एक व्यक्ति ने रोक

अपहृत व्यक्ति घर लौटा : जालन्धर पुलिस की ही एक विज्ञप्ति के अनुसार अमर सिंह, सुपुत्र उजागर सिंह निवासी गांव चीमा थाना करतारपुर जिसका गत 10 अक्तूबर को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने अपहरण कर लिया था, गत 21 अक्तूबर को सही-सलामत घर पहुंच गया है । विज्ञप्ति के अनुसार यह आतंकवादियों के छिपने के ठिकानों पर नियमित छापे मारे जाने का परिणाम है ।

रेल रोको

(पृष्ठ 3 का शेष)

पंजाब बंद के लिए है अथवा अमृतसर बंद के लिए ।

शिक्षण संस्थान 31 तक बंद : होशियारपुर (अश्विनी): जिला प्रशासन ने होशियारपुर की पालिका सीमा में प्राइवेट व सरकारी स्कूल, कालेज और आई.टी.आई. व पालिटैक्निक संस्थाएं तथा जिला के अन्य स्थानों के कालेज व आई.टी.आई. 31 अक्तूबर तक बंद करने का हुक्म दिया है । इस बीच रिजर्वेशन विरोधी छात्रों ने जिला कचहरी के बाहर धरना दिया । 11 छात्र और छात्राओं ने क्रमिक भूख-हड़ताल शुरू कर दी । बी.पी. सिंह, शरद यादव और रामविलास पासवान के विरुद्ध नारे लगाए । प्रशासन ने दावा किया कि आज रेल सेवाएं सामान्य रूप से चल रही हैं ।

विशेष प्रभाव नहीं : फगवाड़ा (अशोक) : आरक्षण विरोधी आन्दोलन छात्रों की आज 'रेल रोको' अपील का मुख्य रेलवे मार्गों पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ा, तथापि अधिकांश मेल, एक्सप्रैस व पैसेंजर यात्री ट्रेनें आज चार घंटे तक विलम्ब से चलीं । रेलवे सूत्रों के अनुसार डीलक्स मेल 2½ घंटे, अमृतसर-दादर एक्सप्रैस तीन घंटे, अमृतसर-लुधियाना एक्सप्रैस दो घंटे विलम्ब से चलीं । सूत्रों के अनुसार रेलवे ने आज मुख्य व ब्रांच रेलवे मार्गों पर रेल यातायात सामान्य बनाए रखने हेतु अनेक कड़े पग उठा रखे थे व संवेदनशील क्षेत्रों, रेलवे पुलों, रेलवे लाइनों, रेलवे स्टेशनों व यात्री ट्रेनों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल नियुक्त कर दिए थे ।

वामपंथी दलों की धमकी

(पृष्ठ 3 का शेष)

जाता है कि श्री तिवारी की मार्फत श्री मुलायम सिंह यादव के जरिए श्री वी.पी. सिंह को आश्वस्त किया जा रहा है कि यदि इस मुद्दे पर भाजपा अपना समर्थन वापस लेती है तो कांग्रेस (इ) शक्ति परीक्षण के समय वी.पी. सरकार को गिरने से बचाएगी । इस संबंध में श्री ज्योति बसु व राजीव गांधी में भी महत्वपूर्ण भेंटवार्ता हुई बताई जाती है । सम्भवतः इसी जोड़-तोड़ में वी.पी. ने आज अडवानी की गिरफ्तारी का मन बनाया है । वी.पी. के लिए दुविधा यह भी है कि श्री मुलायम सिंह यादव ने 25 को श्री अडवानी को हर कीमत पर गिरफ्तार करने की घोषणा दोहराई है । ऐसी विषम स्थिति में वी.पी. को आगे कुआं और पीछे खाई देख कर 'रिस्क' उठाने की विवशता ढोनी पड़ रही है ।

वी.पी. सिंह की कुर्सी बचाने के लिए साजिश रची गई : इंका

नई दिल्ली, 22 अक्तूबर (वार्ता): कांग्रेस (इ) ने आज आरोप लगाया कि राम-जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद मसले पर राष्ट्रपति का अध्यादेश और उसकी समीक्षा साम्प्रदायिक सौहार्द खत्म करने और प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह की कुर्सी बचाने के लिए केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी की ओर से तैयार एक बड़ी 'साजिश' का हिस्सा है ।

कांग्रेस कार्यसमिति की यहां हुई बैठक में पारित एक प्रस्ताव में कहा गया है कि अयोध्या में विवादग्रस्त जमीन के सरकारी अधिग्रहण के लिए 20 अक्तूबर को जारी अध्यादेश इस मसले पर उस आम सहमति को नाकाम करता है, जो राष्ट्रीय एकता परिषद की बैठक में बनी थी । कार्य समिति के अनुसार भाजपा ने पहले अध्यादेश को नामंजूर किया, फिर उसे 'थोड़ी प्रगति', इसके बाद 'सकारात्मक घटनाक्रम' और अंत में 'विजय' बताया । प्रस्ताव में कहा गया है कि भाजपा को अपना दोमुंहापन साबित करने के लिए और कुछ करने या कहने की जरूरत नहीं है ।



मजीठा पुलिस जिला के बडाला कलां गांव में आतंकवादियों से घायल पुलिस जवान (1) सोहन लाल, (2) सुरजीत सिंह, (5) अजीत सिंह, (6) कुलदीप सिंह, (7) सुरेंद्र अमृतसर के एस.जी.टी.बी. अस्पताल में उपचार चल रहा

बिना मेहनत धन कमाने के उग्रवादी संगठनों में शा

अमृतसर, 22 अक्तूबर (वार्ता): पंजाब में बिना अधिक मेहनत किए आसानी से धन कमाने के लालच में बड़ी संख्या में युवक उग्रवादी संगठनों की ओर आकर्षित हो रहे हैं । यह जानकारी उप-महानिरीक्षक (सीमा रेंज) जी.आई.एस. भुल्लर ने दी ।

श्री भुल्लर ने बताया कि आतंकवादी गांवों में जाते हैं और युवा तथा हट्टे-कट्टे लड़कों को अपने

तक आतंक

सतपाल करता था द्वारा दिए करता था

परमजी आतंकवादी के बारे में

(6) दैनिक पंजाब केसरी, जालन्धर 23.10.1990



(1) बटाला में बम विस्फोट से ध्वस्त कबाड़ी की दुकान (2) शैल बम के अवशेष, जिसे तोड़ते समय विस्फोट हुआ (3) फौजी सरवन कुमार (4) विजय कुमार के चिथड़े उड़े शव (5) घायल जोगिंदर पाल. । (छाया : कोछड़)

अमृतसर में राजा सांसी के निकट आतंकवादियों के हाथों मारे गए अकाली दल (बादल) के नेता श्री शशपाल सिंह का शव, इनसैट उनका पुराना चित्र । (छाया : रवि भंडारी)

आतंक : पंजाब में
(पृष्ठ 3 का शेष)

सब-इंस्पैक्टर का नाम मुख्त्यार सिंह, ए.एस.आई. सुखतेज सिंह, कांस्टेबल मेजर सिंह और एस.पी.ओ. सुरिन्द्र सिंह शामिल है ।

घायल सुरक्षा कर्मियों में ए.एस.आई. अजीत सिंह भी शामिल है । पता चला है कि आतंकवादियों ने विस्फोट के बाद पुलिस दल पर फायरिंग भी की थी ।

गुट संघर्ष में 2 मरे : अमृतसर शहर के बाहरी क्षेत्र में बासरके गांव में कल रात आतंकवादियों ने दो व्यक्तियों स्वर्ण सिंह और उसके पुत्र गेजा सिंह की हत्या कर दी । पुलिस ने सूचना देते हुए इसे दो गुटों की आपसी दुश्मनी का मामला बताया ।

आतंकवादी गिरफ्तार : सी.आई.ए. स्टाफ जालन्धर ने एक खतरनाक आतंकवादी प्रकाश सिंह उर्फ सैक्रेटरी पुत्र हंसा सिंह निवासी गांव मीरपुर थाना पुलिस सदर बटाला को गिरफ्तार किया है तथा उसके कब्जे से एक .303 की बन्दूक और 16 कारतूस बरामद किए हैं । पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि उसने अपने साथियों के साथ पठानकोट के निकट सुन्दर चक गांव में लगभग 5 व्यक्तियों की हत्या, गुरदासपुर जिले में दीनानगर के पास 4 लोगों की हत्या तथा सुक्खा चिड़ा गांव के निकट बी.एस.एफ. के वाहन को विस्फोट से उड़ाया था, जिसमें कुछ जवान घायल हुए थे । वह खालिस्तान कमांडो फोर्स के सुखविन्दर सिंह पप्पू उर्फ गोरा निवासी ढडियाला नजारा के गिरोह का सदस्य है ।

अपहृत व्यक्ति घर लौटा : जालन्धर पुलिस की ही एक विज्ञप्ति के अनुसार अमर सिंह, सुपुत्र उजागर सिंह निवासी गांव चीमा थाना करतारपुर जिसका गत 10 अक्तूबर को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने अपहरण कर लिया था, गत 21 अक्तूबर को सही-सलामत घर पहुंच गया है । विज्ञप्ति के अनुसार यह आतंकवादियों के छिपने के ठिकानों पर नियमित छापे मारे जाने का परिणाम है ।

ठेका लूटा : आतंकवादियों ने गत रात शहर में एक शराब के ठेके से 800 रुपए लूट लिए ।

6 सुरक्षा कर्मी घायल : वल्टोहा पुलिस थाने के अंतर्गत गांव दिर्बीपुर में आज शाम 6 सुरक्षा कर्मी उस समय घायल हो गए जब आतंकवादियों ने सुरक्षा कर्मियों पर घात लगा कर हमला किया । घायलों में 4 जवान सी.आर.पी.एफ. की 66वीं बटालियन के तथा दो पंजाब पुलिस के हैं । दो पुलिस कर्मियों संतोख सिंह तथा मेजर सिंह की स्थिति गम्भीर है ।

बैंक जला दिया : आतंकवादियों ने गत रात जंडियाला थाना के गांव रतेहपुर राजपूतां में एक सहकारी बैंक के भवन को आग लगा दी । आग में बैंक का रिकार्ड नष्ट हो गया ।

शशपाल सिंह का अंतिम संस्कार : उन्होंने श्री शशपाल सिंह की हत्या की निंदा करते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं से सिख पंथ और इसके हितों की हानि हो रही है । दोनों नेताओं ने मृतक के परिवार के प्रति सहानुभूति व्यक्त की है ।

डी.एस.पी. पर हमला : आतंकवादियों ने गुरदासपुर सदर के डी.एस.पी. श्री जैमल सिंह पर हमले का असफल प्रयास किया । पुलिस के अनुसार डी.एस.पी. गांव पठानवाल में एस.पी.ओ. चौकी का निरीक्षण करके लौट रहे थे कि कुछ आतंकवादियों ने उनके वाहन पर घात लगा कर हमला किया । हमले में कांस्टेबल रमेश कुमार घायल हो गया । इससे पूर्व की डी.एस.पी. के सुरक्षा गार्ड जवाबी कार्रवाई करते आतंकवादी वहां से फरार हो गए ।

अकाली नेता की हत्या : आतंकवादियों ने गुरदासपुर जिले में गांव काहनुवाल के अकाली नेता सुखजिंदर सिंह को गोलियां मार कर हत्या कर दी । श्री सुखजिंदर सिंह अपनी पत्नी के साथ स्कूटर पर चौड़ामाजरा गांव को जा रहे थे कि आतंकवादियों ने उन पर गोलियां चला दीं । श्री सुखजिंदर सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि उनकी पत्नी सुरिन्द्र कौर घायल हो गई जिसे अस्पताल में दाखिल किया गया है ।

रात्रि कर्फ्यू की अवधि बढ़ी : गुरदासपुर के जिला मैजिस्ट्रेट ने बटाला, गुरदासपुर और पठानकोट के 70 गांवों में रात से सुबह तक के कर्फ्यू की मियाद बढ़ा दी है ।

आज यहां जारी अधिकृत प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार यह कर्फ्यू कार्यकारी मैजिस्ट्रेट, सुरक्षा बलों, पुलिस, होमगार्ड और आवश्यक सेवाओं के कार्यरत कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा । इन कर्मचारियों को ड्यूटी परमिट दिए जाएंगे ।

घुसपैठिये की लाश मिली : गुरदासपुर जिले के डेरा बाबा नानक सैक्टर में गत रात एक पाकिस्तानी घुसपैठिये की गोलियों से छलनी लाश मिली है ।

बी.एस.एफ. मुख्यालय पर राकेट फैंके बटाला (कोछड़, चौधरी) : पुलिस जिला बटाला में कस्बा कादियां स्थित बी.एस.एफ. 48 बटालियन के मुख्यालय पर गत रात लगभग 12.30 बजे आतंकवादियों के गिरोह ने 3 राकेट फैंके व फायरिंग की । जवानों द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर आतंकवादी फरार हो गए । जिला पुलिस ने अधिकृत सूत्रों के अनुसार राकेट खेतों में गिर कर नष्ट हो गए । कोई हताहत नहीं हुआ ।

बैंक लूटा : प्रहरी की हत्या : पुलिस जिला बटाला के एस.पी. (मुख्यालय) श्री आर.एल. भगत ने बताया कि थाना सदर बटाला के क्षेत्र अलीवाल स्थित पंजाब नैशनल बैंक की शाखा से आज सुबह लगभग 11.30 बजे दो स्कूटरों पर आए । चार सशस्त्र आतंकवादी 1,56,677 रुपए लूट कर ले गए । वे गनमैन अवतार सिंह (35) निवासी प्रेम नगर बटाला की हत्या कर उसकी दुनाली बंदूक तोड़ कर फैंक गए लेकिन 25 जीवित कारतूस लेकर फरार हो गए ।

रेल रोको
(पृष्ठ 3 का शेष)

पंजाब बंद के लिए है अथवा अमृतसर बंद के लिए ।

शिक्षण संस्थान 31 तक बंद : होशियारपुर (अश्विनी): जिला प्रशासन ने होशियारपुर की पालिका सीमा में प्राइवेट व सरकारी स्कूल, कालेज और आई.टी.आई. व पालिटैक्निक संस्थाएं तथा जिला के अन्य स्थानों के कालेज व आई.टी.आई. 31 अक्तूबर तक बंद करने का हुक्म दिया है । इस बीच रिजर्वेशन विरोधी छात्रों ने जिला कचहरी के बाहर धरना दिया । 11 छात्र और छात्राओं ने क्रमिक भूख-हड़ताल शुरू कर दी । वी.पी. सिंह, शरद यादव और रामविलास पासवान के विरुद्ध नारे लगाए । प्रशासन ने दावा किया कि आज रेल सेवाएं सामान्य रूप से चल रही हैं ।

विशेष प्रभाव नहीं : फगवाड़ा (अशोक) : आरक्षण विरोधी आन्दोलन छात्रों की आज 'रेल रोको' अपील का मुख्य रेलवे मार्गों पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ा, तथापि अधिकांश मेल, एक्सप्रैस व पैसेंजर यात्री ट्रेनें आज चार घंटे तक विलम्ब से चलीं । रेलवे सूत्रों के अनुसार डीलक्स मेल 2½ घंटे, अमृतसर-दादर एक्सप्रैस तीन घंटे, अमृतसर-लुधियाना एक्सप्रैस दो घंटे विलम्ब से चलीं । सूत्रों के अनुसार रेलवे ने आज मुख्य व ब्रांच रेलवे मार्गों पर रेल यातायात सामान्य बनाए रखने हेतु अनेक कड़े पग उठा रखे थे व संवेदनशील क्षेत्रों, रेलवे पुलों, रेलवे लाइनों, रेलवे स्टेशनों व यात्री ट्रेनों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल नियुक्त कर दिए थे ।

वामपंथी दलों की धमकी
(पृष्ठ 3 का शेष)

जाता है कि श्री तिवारी की मार्फत श्री मुलायम सिंह यादव के जरिए श्री वी.पी. सिंह को आश्वस्त किया

Punjabi Sanatan

एडवर्टाइजमेंट मैनेजर,
दी हिन्द समाचार लिमिटिड,
जालन्धर ।

निंदा : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष श्री जी.एस. टोहरा तथा सचिव श्री मनजीत सिंह कलकत्ता ने आज यहां एक बयान में कहा कि अकाली नेताओं की हत्या सिखों के राजनीतिक संघर्ष को गुट संघर्ष में बदलने का एक 'गहरा षड्यंत्र' है ।


श्री आत्मा राम जी महाराज


श्री आनन्द ऋषि जी महाराज

श्री एस.एस. जैन सभा सिविल लाइन्ज़, लुधियाना का चुनाव 21.10.90 को हुआ जिसमें श्री अभय कुमार जैन एवं श्री नेमी नाथ जैन, एडवोकेट लुधियाना को क्रमशः प्रधान एवं मन्त्री चुना गया । जनरल सभा ने प्रधान को कार्यकारिणी मनोनीत करने का पूर्ण अधिकार दिया । प्रधान ने निम्नलिखित कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किए :—

1. श्री अशोक शीतल, निवासी समिटरी रोड, लुधियाना
2. श्री ज्ञान चंद जैन, निवासी कालेज रोड, लुधियाना
3. श्री त्रिलोक जैन, निवासी कालेज रोड, लुधियाना
4. श्री प्रेम जैन, निवासी हीरा सिंह रोड, लुधियाना
5. श्री सतीश कुमार जैन, निवासी पटेल नगर, लुधियाना
6. श्री पवन कुमार जैन, निवासी माल रोड, लुधियाना
7. श्री अजीत कुमार जैन, निवासी कैलाश सिनेमा के पास, लुधियाना
8. श्री अजीत कुमार जैन, निवासी माया नगर, लुधियाना ।

PERMANENT SPECIAL INVITEES

1. श्री ज्ञानकी दास जैन, निवासी झांसी रोड, लुधियाना
2. श्री रमेश जैन, निवासी कालेज रोड, लुधियाना

पदाधिकारी

1. **उपप्रधान** : श्री केदार नाथ जैन, निवासी सुखराम नगर, लुधियाना
2. **मन्त्री** : श्री जंगी लाल जैन, निवासी किचलू नगर, लुधियाना
3. **कोषाध्यक्ष** : अशोक कुमार जैन, निवासी सिविल लाईन, लुधियाना ।

प्रधान
अभय कुमार जैन
संगत रोड, लुधियाना फोन : **24009, 21751.**

मन्त्री
नेमी नाथ जैन एडवोकेट
लुधियाना ।

एस.एस. जैन बिरादरी सिविल लाइन्ज, लुधियाना ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

सार्वजनिक सूचना

मेरा लड़का निर्मल मेरे कंट्रोल से बाहर है । उसने मेरी मर्ज़ी के खिलाफ शादी कर ली है । मैं उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं । उसके साथ किसी लेन-देन तथा अन्य कार्य का मैं जिम्मेवार नहीं हूंगा । प्रो. शिव नाथ राए, गोपीचन्द आर्य महिला कालेज, अबोहर ।

Notice having been given of loss of Policy 5734153 on the life of Sh. Radhey Ram Jakhar, VPO Maujgarh. Duplicate policy will be issued unless objection is lodged with this office within thirty days of its publication. R.K. Aggarwal, Branch Manager, LIC of India, Abohar.

व्यक्तिगत

बेटा पांच है, चार नहीं; निःशुल्क ज्ञान के लिए कृपया लिखें : सर्वमंगला सेवा आश्रम, मनीमाजरा, चंडीगढ़, पिन-160101.

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 22.10.90, 63/- without trays. NECC suggested retail price 8.40 per dozen.

आवश्यकता

आवश्यकता है एक स्वीपर, दो ट्रेंड या तजुर्बेकार नर्सों की । पाल हस्पताल, प्रताप बाग, जालंधर शहर ।

Cambridge College (School upto



(1-2) अमृतसर जिला के बासरके गिल्ला गांव में आतंकवादियों के हाथों मारे गए पिता पुत्र सरवन सिंह तथा सरैन सिंह के शव (3) गांव मेहसनपुरा में मरने वाले हरनाम सिंह और (4) गांव तरसिक्का में मारे गए जसवंत सिंह की लाशें (छाया : रवि भंडारी)

कांस्टेबल की हत्या : रोपड़ से 'शशि' के अनुसार आज सवेरे खेतों में छुपे चार आतंकवादियों ने मोटर साइकिल पर सवार दो कांस्टेबलों तारा सिंह व चरनजीत सिंह पर उस समय गोलियों की बौछार कर दी जब वह गार्ड ड्यूटी पर गांव गरांगर के एक बैंक की ओर जा रहे थे । तारा सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि चरनजीत सिंह ने मोटर साइकिल भगा कर अपनी जान बचाई । आतंकवादी मृतक कांस्टेबल की एस.एल.आर. अपने साथ ले गए ।

कल रात भी कार में सवार एक पुलिस गश्ती दल पर गांव पपराली के निकट आतंकवादियों ने गोलियों की बौछार कर एक हैड-कांस्टेबल रण सिंह तथा दो कांस्टेबलों अवतार सिंह व गुरदीप सिंह को गंभीर घायल कर दिया । इन तीनों को उपचार के लिए चंडीगढ़ के पी.जी.आई. में दाखिल कराया गया है ।

ट्रैक्टर छीना : होशियारपुर (अश्विनी): बलाचौर के निकटवर्ती गांव एमाचाहल में एक व्यक्ति पुरुषोत्तम लाल से पिस्तौल की नोक पर उसका ट्रैक्टर छीने जाने की सूचना मिली है । बताया जाता है कि पुरुषोत्तम लाल अपने ट्रैक्टर नं. पी.जे.डी. 1594 पर बलाचौर से वापस गांव आ रहा था कि एम्पर के निकट उसे एक व्यक्ति ने रोक लिया और कहा कि उसे काठगढ़ से कुछ लोगों को लाना है इसलिए वह अपना ट्रैक्टर उसके हवाले कर दे । जब पुरुषोत्तम लाल ने इन्कार किया तो उसने पिस्तौल तान लिया । गोली से डर कर उसने ट्रैक्टर दे दिया और खाली घर लौट आया । अभी तक वह आदमी उसका ट्रैक्टर वापस लेकर नहीं आया । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

मन्त्रिमंडल पर राष्ट्रपति को अध्यादेश और उसकी समीक्षा साम्प्रदायिक सौहार्द खत्म करने और प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह की कुर्सी बचाने के लिए केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी की ओर से तैयार एक बड़ी 'साजिश' का हिस्सा है ।

कांग्रेस कार्यसमिति की यहां हुई बैठक में पारित एक प्रस्ताव में कहा गया है कि अयोध्या में विवादग्रस्त जमीन के सरकारी अधिग्रहण के लिए 20 अक्तूबर को जारी अध्यादेश इस मसले पर उस आम सहमति को नाकाम करता है जो राष्ट्रीय एकता परिषद की बैठक में बनी थी । कार्य समिति के अनुसार भाजपा ने पहले अध्यादेश को नामंजूर किया, फिर उसे 'थोड़ी प्रगति', इसके बाद 'सकारात्मक घटनाक्रम' और अंत में 'विजय' बताया । प्रस्ताव में कहा गया है कि भाजपा को अपना दोमुंहापन साबित करने के लिए और कुछ करने या कहने की जरूरत नहीं है ।

बुद्धिजीवियों से
सम्मेलन में गठित
और पूर्व प्रधानमं
कई वरिष्ठ नेता अ
के अध्यक्ष लाल
की अपील कर रहे
नहीं हुई तो कानू
कहा कि यदि इस
वह बीच-बचाव

राष्ट्रीय मोर्चा
अध्यक्ष लाल कृष्ण
स्थिति का जायजा
के रवैये की पुष्टि

प्रधानमंत्री वि
अध्यक्ष मंडल की
बैठक के बाद मोर्चा
बैठक की जानकारी



मजीठा पुलिस जिला के बडाला कलां गांव में आतंकवादियों द्वारा कि से घायल पुलिस जवान (1) सोहन लाल, (2) सुरजीत सिंह, (3 सिंह, (5) अजीत सिंह, (6) कुलदीप सिंह, (7) सुरेंद्र सिंह त अमृतसर के एस.जी.टी.बी. अस्पताल में उपचार चल रहा है ।

बिना मेहनत धन कमाने के ला
उग्रवादी संगठनों में शामि

अमृतसर, 22 अक्तूबर (वार्ता) : पंजाब में बिना अधिक मेहनत किए आसानी से धन कमाने के लालच में बड़ी संख्या में युवक उग्रवादी संगठनों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। यह जानकारी उप-महानिरीक्षक (सीमा रेंज) जी.आई.एस. भुल्लर ने दी ।

श्री भुल्लर ने बताया कि आतंकवादी गांवों में जाते हैं और युवा तथा हट्टे-कट्टे लड़कों को अपने संगठनों में शामिल करने के लिए फुसलाते हैं । शुरू में इन लड़कों को एक जगह से दूसरी जगह हथियार ले जाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है । यदि लड़का मेहनती और उनके प्रति सच्चा लगता है तो उसे गिरोह में शामिल कर 'रैंक' दे दिया जाता है ।

उन्होंने कहा कि आतंकवादी सामान्यतः किसी

तक आतंकवादी सं

सतपाल अपने म
करता था । उसने
द्वारा दिए गए किसी
करता था ।

परमजीत सिंह
आतंकवादी उनकी
के बारे में कोई बात
राइफल चलाने का
किसी भी हत्या के
थे ।

सतपाल ने सवाद
के बाद बताया कि
अपहृत लोगों के सम

Punjabi Sanatan

आतंक : पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

सब-इंस्पैक्टर का नाम मुख्त्यार सिंह, ए.एस.आई. सुखतेज सिंह, कांस्टेबल मेजर सिंह और एस.पी.ओ. सुरिन्द्र सिंह शामिल हैं ।

घायल सुरक्षा कर्मियों में ए.एस.आई. अजीत सिंह भी शामिल हैं । पता चला है कि आतंकवादियों ने विस्फोट के बाद पुलिस दल पर फायरिंग भी की थी ।

गुट संघर्ष में 2 मरे : अमृतसर शहर के बाहरी क्षेत्र में बासरके गांव में कल रात आतंकवादियों ने दो व्यक्तियों स्वर्ण सिंह और उसके पुत्र गेजा सिंह की हत्या कर दी । पुलिस ने सूचना देते हुए इसे दो गुटों की आपसी दुश्मनी का मामला बताया ।

आतंकवादी गिरफ्तार : संदिग्ध आतंकवादी जगत सिंह को कल रात तरनतारन जिला पुलिस ने खेमकरण सीमावर्ती क्षेत्र के देसोवाल गांव में गिरफ्तार कर लिया ।

बंदूकें छीनीं : आतंकवादियों ने शहर के बाहर खासा गांव में भजन सिंह नामक व्यक्ति से उसकी दो

चपड़ासी चाहिए

कम से कम मैट्रिक पास चपड़ासी चाहिए । उम्मीदवार हिन्दी, पंजाबी और मैट्रिक दर्जा तक अंग्रेजी जानता हो । उर्दू जानने वाले को पहल दी जाएगी ।

अपने हाथ से लिखी दर्खास्त के साथ फौरन खुद मिलें :

एडवर्टाइजमैंट मैनेजर,
दी हिन्द समाचार लिमिटिड,
जालन्धर ।

ठेका लूटा : आतंकवादियों ने गत रात शहर में एक शराब के ठेके से 8000 रुपए लूट लिए ।

6 सुरक्षा कर्मी घायल : वल्टोहा पुलिस थाने के अंतर्गत गांव दिबीपुर में आज शाम 6 सुरक्षा कर्मी उस समय घायल हो गए, जब आतंकवादियों ने सुरक्षा कर्मियों पर घात लगा कर हमला किया । घायलों में 4 जवान सी.आर.पी.एफ. की 66वीं बटालियन के तथा दो पंजाब पुलिस के हैं । दो पुलिस कर्मियों संतोख सिंह तथा मेजर सिंह की स्थिति गम्भीर है ।

बैंक जला दिया : आतंकवादियों ने गत रात जंडियाला थाना के गांव फतेहपुर राजपूतां में एक सहकारी बैंक के भवन को आग लगा दी । आग में बैंक का रिकार्ड नष्ट हो गया ।

शशपाल सिंह का अंतिम संस्कार : वरिष्ठ अकाली नेता तथा पंजाब के भूतपूर्व मंत्री श्री शशपाल सिंह का यहां से 15 कि.मी. राजासांसी में उनके फार्म में पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया । आतंकवादियों ने कल श्री शशपाल सिंह की उनके फार्म के बाहर हत्या कर दी थी । उनके दामादों मेजर जनरल एस.एस. रंधावा तथा भारत सरकार के अतिरिक्त वित्त सचिव श्री के.एस. बैंस ने चिता को अग्नि भेंट किया । पंजाब के राज्यपाल तथा पंजाब सरकार की ओर से मुख्य सचिव श्री एस.एल. कपूर ने तथा जिला प्रशासन व इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट की ओर से जिलाधीश श्री सर्बजीत सिंह ने चिता पर फूलमालाएं चढ़ाई ।

'वि.प्र.' के अनुसार अंतिम संस्कार के समय कई कांग्रेसी और अकाली नेता भी मौजूद थे जिनमें मेजर सिंह उबोके पूर्व मंत्री, हरभजन सिंह संघ, डा. रतन सिंह और ओंकार सिंह मत्तेनंगल भी शामिल हैं ।

निंदा : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष श्री जी.एस. टोहरा तथा सचिव श्री मनजीत सिंह कलकत्ता ने आज यहां एक बयान में कहा कि अकाली नेताओं की हत्या सिखों के राजनीतिक संघर्ष को गुट संघर्ष में बदलने का एक 'गहरा षड्यंत्र' है ।



श्री आत्मा राम जी महाराज



श्री आनन्द ऋषि जी महाराज

श्री एस.एस. जैन सभा सिविल लाइन्ज, लुधियाना का चुनाव 21.10.90 को हुआ जिसमें श्री अभय कुमार जैन एवं श्री नेमी नाथ जैन, एडवोकेट लुधियाना को क्रमशः प्रधान एवं मन्त्री चुना गया । जनरल सभा ने प्रधान को कार्यकारिणी मनोनीत करने का पूर्ण अधिकार दिया । प्रधान ने निम्नलिखित कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किए :—

1. श्री अशोक शीतल, निवासी समिटरी रोड, लुधियाना
2. श्री ज्ञान चंद जैन, निवासी कालेज रोड, लुधियाना
3. श्री त्रिलोक जैन, निवासी कालेज रोड, लुधियाना
4. श्री प्रेम जैन, निवासी हीरा सिंह रोड, लुधियाना
5. श्री सतीश कुमार जैन, निवासी पटेल नगर, लुधियाना
6. श्री पवन कुमार जैन, निवासी माल रोड, लुधियाना
7. श्री अजीत कुमार जैन, निवासी कैलाश सिनेमा के पास, लुधियाना
8. श्री अजीत कुमार जैन, निवासी माया नगर, लुधियाना ।

PERMANENT SPECIAL INVITEES

आतंकवादियों के गिरोह ने 3 राकेट फैंके व फायरिंग की । जवानों द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर आतंकवादी फरार हो गए । जिला पुलिस ने अधिकृत सूत्रों के अनुसार राकेट खेतों में गिर कर नष्ट हो गए । कोई हताहत नहीं हुआ ।

बैंक लूटा : प्रहरी की हत्या : पुलिस जिला बटाला के एस.पी. (मुख्यालय) श्री आर.एल. भगत ने बताया कि थाना सदर बटाला के क्षेत्र अलीवाल स्थित पंजाब नैशनल बैंक की शाखा से आज सुबह लगभग 11.30 बजे दो स्कूटरों पर आए । चार सशस्त्र आतंकवादी 1,56,677 रुपए लूट कर ले गए । वे गनमैन अवतार सिंह (35) निवासी प्रेम नगर बटाला की हत्या कर उसकी दुनाली बंदूक तोड़ कर फैंक गए लेकिन 25 जीवित कारतूस लेकर फरार हो गए ।









(1-2) अमृतसर जिला के बासरके गिल्लां गांव में आतंकवादियों के हाथों मारे गए पिता-पुत्र सरवन सिंह तथा सरैन सिंह के शव, (3) गांव मेहसनपुरा में मरने वाले हरनाम सिंह और (4) गांव तरसिक्का में मारे गए जसवंत सिंह की लाशें (छाया : रवि भंडारी)

कांस्टेबल की हत्या : रोपड़ से 'शशि' के अनुसार आज सुबह खेतों में एक चार आतंकवादियों

रोका अपील का मुख्य रेलवे मार्गों पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ा, तथापि अधिकांश मेल, एक्सप्रैस व पैसेंजर यात्री ट्रेनें आज चार घंटे तक विलम्ब से चलीं । रेलवे सूत्रों के अनुसार डीलक्स मेल 2½ घंटे, अमृतसर-दादर एक्सप्रैस तीन घंटे, अमृतसर-लुधियाना एक्सप्रैस दो घंटे विलम्ब से चलीं । सूत्रों के अनुसार रेलवे ने आज मुख्य व ब्रांच रेलवे मार्गों पर रेल यातायात सामान्य बनाए रखने हेतु अनेक कड़े पग उठा रखे थे व संवेदनशील क्षेत्रों, रेलवे पुलों, रेलवे लाइनों, रेलवे स्टेशनों व यात्री ट्रेनों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल नियुक्त कर दिए थे ।

वामपंथी दलों की धमकी

(पृष्ठ 3 का शेष)

जाता है कि श्री तिवारी की मार्फत श्री मुलायम सिंह यादव के ज़रिए श्री वी.पी. सिंह को आश्वस्त किया जा रहा है कि यदि इस मुद्दे पर भाजपा अपना समर्थन वापस लेती है तो कांग्रेस (इ) शक्ति परीक्षण के समय वी.पी. सरकार को गिरने से बचाएगी । इस संबंध में श्री ज्योति बसु व राजीव गांधी में भी महत्वपूर्ण भेंटवार्ता हुई बताई जाती है । सम्भवतः इसी जोड़-तोड़ में वी.पी. ने आज अडवानी की गिरफ्तारी का मन बनाया है । वी.पी. के लिए दुविधा यह भी है कि श्री मुलायम सिंह यादव ने 25 को श्री अडवानी को हर कीमत पर गिरफ्तार करने की घोषणा दोहराई है । ऐसी विषम स्थिति में वी.पी. को आगे कुआं और पीछे खाई देख कर 'रिस्क' उठाने की विवशता ढोनी पड़ रही है ।

वी.पी. सिंह की कुर्सी बचाने के लिए साजिश रची गई : इंका

नई दिल्ली, 22 अक्तूबर (वार्ता) : कांग्रेस (इ) ने आज आरोप लगाया कि राम-जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद मसले पर राष्ट्रपति का अध्यादेश और उसकी समीक्षा साम्प्रदायिक सौहार्द खत्म करने और प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह की कुर्सी बचाने के लिए केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी की ओर से तैयार एक बड़ी 'साजिश' का हिस्सा है ।

कांग्रेस कार्यसमिति की यहां हुई बैठक में पारित एक प्रस्ताव में कहा गया है कि अयोध्या में विवादग्रस्त जमीन के सरकारी अधिग्रहण के लिए 20 अक्तूबर को जारी अध्यादेश इस मसले पर उस आम सहमति को नाकाम करता है, जो राष्ट्रीय एकता परिषद की बैठक में बनी थी । कार्य समिति के अनुसार भाजपा ने पहले अध्यादेश को नामंजूर किया, फिर उसे 'थोड़ी प्रगति', इसके बाद 'सकारात्मक घटनाक्रम' और अंत में 'विजय' बताया । प्रस्ताव में कहा गया है कि भाजपा को अपना दोमुंहापन साबित करने के लिए और कुछ करने या कहने की जरूरत नहीं है ।







Punjabi Sanatani

ने आज दुकानें बंद रखीं तथा
ं का काम भी ठप्प रहा ।
क्षण संस्थानों को प्रशासन ने
तकाल के लिए बंद करने के
ए थे । शहर में स्थिति

ना द्वारा फ्लैग मार्च :
के कई भागों में आज
गैर किसी ढील के जारी रहा
ार्च किया ।
24 अक्तूबर को पूरे सैक्टर
ा मार्ग सहित सैक्टर 17 व
ड़कों पर प्रात: 5 बजे से लेकर
ं जारी रखने का निर्णय किया
क में कर्फ्यू प्रात: 10 बजे से
ागू रहेगा । मगर यह कर्फ्यू
म्बन्धित कर्मियों व सरकारी
ोगा ।
नगर में नारेबाज़ी करने,
सार्वजनिक स्थानों पर 5 या
एकत्र होने व दोहरी सवारी
को 31 अक्तूबर तक जारी
ख्या गया है ।

खिलाफ केस : पता चला है
सैक्टर 38 में एक पुलिस
आग लगाने का प्रयास कर रहे
ा वाले पुलिस गार्ड के खिलाफ
थानीय पुलिस ने केस दर्ज कर

कई स्थानों पर पथराव व
ोने के कारण कई बार पुलिस
ड़ा । कुछ स्थानों पर आंसू
ो । आज दोपहर जनरल
कट्ठे हुए छात्रों ने जब पुलिस

27 फ्रांसीसी को रिहा करेगा

ूबर (ए.पी.): इराकी नैशनल
सद्दाम हुसैन के सभी 327
ड़ने के प्रस्ताव की आज पारित
नकारी आज यहां सरकारी
इसी बीच ईराक ने आज 19
। वे आज अम्मान पहुंचे ।

ों का अपहरण

ूबर (वार्ता): नक्सलवादी
आंध्र प्रदेश सरकार के तीन
त राज्य के करीमनगर जिले
अपहरण कर लिया ।
ग के बारे में अभी तक कुछ

दिल्ली लौटे

त्तूबर (वार्ता): कांग्रेस (इ)
अपनी सद्भावना यात्रा बीच में
लौट आए हैं ।

से एक मरा 4 घायल

चंडीगढ़, 23 अक्तूबर (संधी): आज रात लगभग 10.30 बजे सैक्टरों 37-38 की मध्यवर्ती सड़क पर पंजाब पुलिस द्वारा की गई फायरिंग से एक युवक राज कुमार की मौत हो गई जबकि 4 अन्य घायल हो गए । घायलों में सांधा सिंह, प्रीत सिंह, प्रदीप शर्मा भी हैं । इनमें से प्रदीप की हालत नाजुक है ।

बताया जाता है कि जब पंजाब पुलिस की बस यहां पहुंची तो उत्तेजित छात्रों ने उसे घेर कर पथराव शुरू कर दिया । इस पर पुलिस ने गोली चला दी ।



(ऊपर) सोमवार को चंडीगढ़ में उग्रवादियों की गोलियों से मारे गए युवकों के सामूहिक अंतिम संस्कार का करुणामय दृश्य । (नीचे बाएं) शोकाकुल परिवारों की महिलाएं । (नीचे दाएं) बी.पी. सिंह मुर्दाबाद के नारे लगाती महिलाएं । (छाया : पुरी)

उपस्थित नहीं था ।

कुमारी पूजा के माता-पिता अध्यापक हैं तथा उस समय वे अपनी ड्यूटी पर गए हुए थे । इस घटना का समाचार फैलते ही पिंजौर के सभी बाजार बंद हो गए ।

बताया जाता है कि कुमारी पूजा ने मण्डल आयोग की सिफारिशों के विरुद्ध रोष व्यक्त करने के लिए ही आत्महत्या की है ।

'वार्ता' के अनुसार मृतका पूजा मक्कड़ कालका के हिन्दू हाई स्कूल की छात्रा थी तथा अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई ।

5 आतंकवादी गुट संघर्ष में मरे : पत्रकार व 5 सुरक्षा कर्मियों सहित पंजाब में 22 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 23 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान आतंकवादियों द्वारा एक पत्रकार व 5 सुरक्षा कर्मियों सहित 22 लोगों की हत्या कर दी गई । आतंकवादियों ने सुरक्षा गश्ती दलों पर हमले कर कई जवानों व कुछ नागरिकों को घायल कर दिया । इस बीच गुट संघर्षों में पांच आतंकवादियों के मारे जाने की सूचना है ।

पत्रकार की हत्या : बटाला से 'चौधरी' के अनुसार 'लोक मार्ग' बटाला के सम्पादक श्री कविराज सिंह रंधावा की गत रात स्थानीय दशमेश नगर स्थित उनके घर के बाहर गोली मार कर हत्या कर दी गई । बताया जाता है कि कविराज सिंह जब 'शौच के लिए अपने पुराने घर जा रहे थे तो आतंकवादियों ने उनके घर के बाहर उन्हें गोली मार दी । वह घायल होकर वहीं गिर पड़े । लोग, यहां तक कि उनके घर के सदस्य भी इतने भयभीत हो गए कि कोई भी अपने घर से बाहर नहीं निकला । उनका शव सारी रात गली में ही पड़ा रहा । पत्रकारों और सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने श्री रंधावा की हत्या की निंदा की है ।

वार्ता के अनुसार कविराज सिंह रंधावा जालंधर से प्रकाशित "नवां जमाना" और "लोक लहर" के लिए भी कार्य करते थे । श्री रंधावा के निधन पर रोष व्यक्त करते हुए आज शहर के सभी प्रिंटिंग प्रेस बंद रखे गए ।

कोछड़ के अनुसार मृतक रंधावा की पत्नी श्रीमती अमरजीत कौर ने बिलखते हुए बताया कि वह लगभग 8 बजे घर से गली में गए थे, उनके बाहर जाते ही गोलियां चलने की आवाज आई जिस पर सारी कालोनी ने बत्तियां बंद कर दीं । उन्होंने भी सभी लाईटें बंद करके अपने बच्चों आदि को कमरे में बंद कर दिया । सारी रात कालोनी में कोई बाहर नहीं निकला । तड़के 5 बजे ज्ञात हुआ कि कवि राज रंधावा का गोलियां लगा शव पड़ा है ।

कविराज रंधावा अपने पीछे विधवा पत्नी (35), 12 से 6 वर्ष तक की चार पुत्रियां व 2 छोटे पुत्र व एक वृद्ध माता छोड़ गए हैं । आज बाद दोपहर 2 बजे मृतक रंधावा की अंत्येष्टि के अवसर पर शहर के सैकड़ों प्रतिष्ठित नागरिकों सहित अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों के अनेकों प्रमुख नेता व सभी पत्रकार उपस्थित थे ।

लाठियां मार कर हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के थाना सदर के गांव भागोवाल में गत रात कुछ अज्ञात लोग एक घर से तीन भाइयों को जबरी ले गए व कुछ दूर जाकर लाठियां मार-मार कर एक की हत्या कर दी व दो को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । मृतक का नाम पर्ण सिंह (20) तथा घायलों के नाम सरबजीत सिंह व सतनाम सिंह बताए गए हैं ।

बैंक कर्मियों द्वारा प्रदर्शन : गत दिवस पंजाब नैशनल बैंक अलीबाल के गनमैन की आतंकवादियों द्वारा हत्या किए जाने के विरोध में आज बटाला के बैंक कर्मचारियों ने श्री कृष्ण लाल के नेतृत्व में यहां प्रदर्शन किया । विरोध स्वरूप स्टेट बैंक को छोड़ कर शेष सभी बैंक बंद रखे गए ।

एक अन्य हत्या : पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव धन्ने चीमा में रेलवे लाइन के निकट आज सुबह लगभग 11 बजे 2 सशस्त्र आतंकवादियों ने एक व्यक्ति सरदूल सिंह (40) की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतक गांव ततले का रहने वाला था । हत्यारों ने वारदात में .30 बोर की बंदूक का इस्तेमाल किया । घटनास्थल से इसके 4 चले हुए कारतूस मिले हैं ।

कांस्टेबल सहित 3 की हत्या : पुलिस जिला बटाला में थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव पध्धा राली के निकट से पुलिस ने गोलियों से छलनी तीन शव बरामद किए हैं । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार इनकी शिनाख्त पुलिस कांस्टेबल कुलविन्द्र सिंह सहित गांव मालेवाल के जसबीर सिंह व गांव शाहपुर जाजन के कश्मीर सिंह के रूप में हुई है । मृतक कांस्टेबल आजकल श्री हरगोबिन्दपुर में तैनात था और घटनास्थल के निकट गांव रूपावाली निवासी था व गांव छुट्टी पर गया हुआ था । पुलिस सूत्रों के अनुसार सशस्त्र आतंकवादियों ने इन्हें अलग-अलग गांवों से जबरी घटनास्थल पर एकत्र किया व गोलियां मार कर हत्या कर दी । मौके से ए.के. 47 के 6 चले हुए कारतूस मिले हैं ।

गुरदासपुर के दुकानदार आतंकित : गुरदासपुर से राजेश्वर के अनुसार स्थानीय बाटा चौक तथा नहरी गेट के दुकानदारों तथा रेहड़ीवालों को आतंकवादियों द्वारा लगातार मिल रही धमकियों के कारण उनमें आतंक व्याप्त है । उल्लेखनीय है कि गत 5 अक्तूबर को दो आतंकवादियों ने शहर के प्रमुख बाटा चौक में वी.एम.एफ. की कार पर बम फेंका था, जिसमें सुरक्षा बल के एक जवान सहित 13 लोग घायल हो गए थे । लोगों ने एक





बटाला में आतंकवादियों ने पत्रकार कविराज सिंह रंधावा की हत्या कर दी । चित्र में श्री रंधावा का शव तथा (नीचे) उनकी बिलखती पत्नी व छोटे-छोटे बच्चे । (छाया : कोछड़)

आतंकवादी को बाटा चौक में ही पीट-पीट कर मार डाला था जबकि दूसरा छूट कर भागने में सफल हो गया था । लेकिन लोगों द्वारा पीछा किए जाने पर इस आतंकवादी को नगरपालिका के निकट पकड़ कर पीटा गया था । बाद में उस आतंकवादी की मौत अस्पताल में हो गई थी । अब इस बदले की कार्रवाई स्वरूप आतंकवादी सरेआम आते हैं तथा रेहड़ी वालों और दुकानदारों को अंजाम भुगतने की धमकी देकर चले जाते हैं । दुकानदार किसी बड़े अनिष्ट की आशंका से आशंकित है । प्रमुख बाटा चौक जिसमें पहले बहुत चहल-पहल हुआ करती थी, अब लोगों की इस चौक में भीड़ कम हो गई है । दुकानदार भी 6 बजे दुकानें बंद करनी शुरू कर देते हैं । वर्णनीय है कि रूसवूरगी गेट बाजार नगरपालिका के पास पड़ता है जहां लोगों ने दूसरे आतंकवादी को पीटा था ।

बैंक से 20000 रु. लूटे : तीन मोटर साईकल सवार आतंकवादियों ने गत सायं गुरदासपुर जिले में तहरा मल्हा सिंह गांव में पंजाब नैशनल बैंक की शाखा में 20000 रुपए लूट लिए ।

7 लोगों की हत्या : आतंकवादियों ने फिरोजपुर जिले के हलवारे गांव में सात लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी । मारे गए सभी लोग एक मकान में किराएदार के रूप में रह रहे थे । उनके नाम हरभजन सिंह, गुरप्रीत सिंह, जीता सिंह, राज राम, निर्मल रानी, जतिन्द्र पाल और दर्शन लाल बताए गए हैं ।

दो पुलिसिए मरे : फिरोजपुर जिले की भारत-पाक सीमा पर पिछली रात दो पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए ।

हवलदार की हत्या : टांडा (गुप्ता) यहां से 8 कि.मी. दूर कंधाली नारंगपुर गांव में आतंकवादियों ने एक हवलदार जोगा सिंह की हत्या कर दी । प्राप्त विवरण के अनुसार हवलदार जोगा

(शेष पृष्ठ 6 पर)

आरक्षण विरोधियों द्वा
बी.पी. सिंह के पुतले
कारण अपने आप लग

कर्फ्यू : 'बनवा
विरोधियों ने रेलवे स्टे
बस अड्डे का रिकार्ड

प्रशासन द्वारा क
बनाए रखने के लिए
कर दिया गया है
संवेदनशील क्षेत्रों में

मगर बाद की ए
बाद 3.15 बजे लगाया
हटा दिया गया ।

छात्र की मृत्यु
आरोप : जालंधर (
सायं जालंधर छावनी क्षे
एक छात्र सदर बाजार
गिर कर उसी समय द

मगर इंका कार्यक
वशिष्ठ ने आरोप लगा
आयोग की सिफारिशों
की है । छावनी क्षेत्र में
फैलते ही आतंक व्याप्त
बंद हो गए ।

पुलिस का कहना
साथ झुला झूल रहा थ
बसा । आज प्रात: उस
गया ।

इसी दौरान आरक्ष
दिन भी छावनी क्षेत्र में
दिए । नगर के माडल
के छात्रों ने भी आज
सीनियर सैकेण्डरी स्कूल
+2 की श्रेणियों के छात्रों
किया ।

पंजाब बंद का आ
आरक्षण विरोधी ब्रिगे
सायं चंडीगढ़ में आरक्ष
हत्या के विरोध में गु
आह्वान किया है ।

ब्रिगेड के अध्यक्ष
यह बंद पुलिस की की
आयोग की रिपोर्ट के वि
जा रहा है । उन्होंने क
दौरान रेल व बस सेवा प
उन्होंने सरकारी कर्मियों
का बहिष्कार करने का

उन्होंने दावा कि
होशियारपुर, जालंधर
करतारपुर, बंगा, अमृतस
कार्यकर्त्ताओं ने भाग लिय

छात्र-छात्राओं द्व
(कोछड़) : आज स्थानीय
व्वायज़ कालेज, आर.आर
फ़ार गर्ल्ज़ व बेरिंग का
कालेजों में आरक्षण नीति

Punjabi Sanjatani

से अपना समर्थन वापस ले लिया है । शिव सेना के प्रवक्ता अशोक देशमुख ने बताया कि समर्थन वापस लेने सम्बन्धी पत्र राष्ट्रपति को भेजा जा चुका है । उन्होंने कहा कि श्री लालकृष्ण अडवानी की गिरफ्तारी के बाद यह फैसला लिया गया । लोकसभा में शिव सेना के तीन और हिन्दू महासभा के एक सदस्य महंत अवैद्य नाथ जी हैं ।

आंदोलन : बम्बई : श्री लालकृष्ण अडवानी की गिरफ्तारी के विरोध में महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्त्ताओं ने रास्ता रोको आंदोलन शुरू कर दिया है । नासिक से प्राप्त खबर के अनुसार श्री अडवानी की गिरफ्तारी के विरोध में शहर में जगह-जगह पार्टी कार्यकर्त्ताओं ने विरोध बोर्ड लगा दिए हैं ।

पथराव व आगजनी : अहमदाबाद (प.स.) पुराने अहमदाबाद शहर के दरियापुर और कालूपुर में आज श्री लालकृष्ण अडवानी की गिरफ्तारी की खबर फैलते ही पथराव और आगजनी की घटनाएं हुईं, जिसके बाद वहां अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया । इससे पूर्व पुराने अहमदाबाद शहर में प्रातः छुरेबाजी की घटना में 6 लोगों की मृत्यु हो गई थी । दिल्ली चकला इलाके में एक स्कूटर और एक गद्दे की दुकान में आग लगा दी गई । श्री अडवानी की गिरफ्तारी के बाद भारतीय जनता पार्टी की शहरी इकाई ने अहमदाबाद शहर में बंद का आह्वान किया । प्रदेश भाजपा के नेताओं की एक बैठक हुई, जिसमें भावी कार्रवाई के बारे में विचार किया गया ।

पूरे राज्य में एहतियात के तौर पर सुरक्षा प्रबन्ध कड़े कर दिए गए हैं । प्रदेश भाजपा के नेता अन्य बातों के अलावा इस बात पर विचार कर रहे हैं कि राज्य के सांझा मंत्रिमंडल से पार्टी को हटना चाहिए अथवा नहीं ।

मुख्यमंत्री चिमनभाई पटेल ने वरिष्ठ सरकारी और पुलिस अधिकारियों के साथ एक बैठक में किसी भी सम्भावित स्थिति से निपटने के बारे में विचार-विमर्श किया ।

लूटपाट : भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष लालकृष्ण अडवानी की गिरफ्तारी से उत्तेजित भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने आज बिहार के समस्तीपुर शहर में लूटपाट और तोड़फोड़ की । समस्तीपुर पुलिस सूत्रों के अनुसार लोगों ने आज सवेरे मारवाड़ी बाजार में लगभग दस मिष्ठान और फलों की दुकान को लूट लिया । सूत्रों के अनुसार कुछ लोगों ने समस्तीपुर रेलवे स्टेशन से एक रेल इंजन अपहरण कर लिया और उसे बिना किसी आदमी के चलाकर छोड़ दिया । बाद में यह इंजन एक खड़ी यात्री गाड़ी से टकरा गया, जिससे चार लोग घायल हो गए । घायलों को एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती किया गया ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि कुछ लोगों ने रेलवे जलपान गृह और टैलीफोन केंद्र में तोड़फोड़ की । कुछ लोगों ने समस्तीपुर बाजार में खड़ी अग्नि शमन दस्ता की एक गाड़ी में आग लगाने का प्रयास किया ।

रैड अलर्ट

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष लाल कृष्ण अडवानी की गिरफ्तारी के मद्देनजर बिहार के संवेदनशील क्षेत्रों में 'रैड अलर्ट' घोषित करके सख्त निगरानी रखी जा रही है । गृह आयुक्त जे.एल. आर्य ने बताया कि जिला अधिकारियों को हिदायत दी गई है कि वे कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थिति से सख्ती से निपटें । उन्होंने बताया कि अभी तक राज्य के किसी क्षेत्र से किसी अप्रिय घटना का समाचार नहीं मिला है ।

बिहार में 1000 भाजपा, वि.हि.प., संघ और बजरंग दल वर्कर गिरफ्तार किए गए हैं । बी.एस.एफ. ने मुजफ्फरपुर में फ्लैग मार्च किया । इसी बीच बिहार के सभी नगरों में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है ।

अडवानी की अपील : भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष श्री लाल कृष्ण अडवानी ने देशवासियों से अपील की है कि वे उनकी गिरफ्तारी से उत्तेजित न हों तथा शांति बनाए रखें लेकिन राम मंदिर के पुनर्निर्माण और कारसेवा में किसी प्रकार की ढील न आने दें । अपनी गिरफ्तारी के समय समस्तीपुर में श्री अडवानी ने यह संदेश दिया । भाजपा ने आज यहां यह संदेश प्रसारित किया ।

श्री अडवानी ने कहा, "सोमनाथ से अयोध्या की यह यात्रा मैंने राम मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए शुरू की थी । इस यात्रा को जैसा हार्दिक सहयोग और समर्थन देश के सभी क्षेत्रों में प्राप्त हुआ, उसने मुझे विभोर कर दिया । देश को एक रखने की राम की शक्ति का रोमांचकारी अनुभव भी इस यात्रा के दौरान सभी देशवासियों को हुआ । इस यात्रा से जो सद्भाव उत्पन्न हुआ, वह इस देश की महान परम्परा और समन्वयात्मक दृष्टिकोण का ज्वलंत प्रमाण है । श्री अडवानी ने कहा कि मैं उन सभी का बहुत आभारी हूं जिन्होंने इस यात्रा को इतना सफल बनाया । मैं अपने देशवासियों से अपील करता हूं कि वे हर परिस्थिति में शांति बनाए रखें और मेरी गिरफ्तारी से किसी भी रूप में उत्तेजित न हों । भारतवासी राम मंदिर के पुनर्निर्माण के अपने संकल्प पर दृढ़ रह कर कार सेवा में किसी प्रकार की ढील न आने दें ।"

फोन पर परिवार से वार्ता : श्री अडवानी ने आज रात डुमरा के रैस्ट हाऊस से अपने परिवार वालों से फोन पर बात की । सूत्रों के अनुसार श्री अडवानी अपने परिवार वालों से सीधी फोन पर बात नहीं कर पाए । उनकी बातचीत "आप्रेटर" के जरिए हुई । उनके परिवार वालों की आवाज तो श्री अडवानी सुन रहे थे लेकिन वे श्री अडवानी की बात नहीं सुन पाए । श्री अडवानी वहां से जो बोलते थे उसे "आप्रेटर" दिल्ली में बताती जाती थी ।

दिल्ली में भाजपा सूत्रों ने दावा किया है कि उत्तर प्रदेश में 50 हजार कार सेवक गिरफ्तार किए जा चुके हैं ।

भाजपा आज राज्यपाल सलाहकार परिषद की बैठक का बायकाट करेगी

चंडीगढ़, 23 अक्तूबर (वि.प्र.): पंजाब भाजपा के प्रधान श्री मदन मोहन मित्तल ने घोषणा की है कि भाजपा अध्यक्ष श्री लाल कृष्ण अडवानी की गिरफ्तारी के रोष स्वरूप उनकी पार्टी कल चंडीगढ़ में प्रस्तावित, 'राज्यपाल सलाहकार परिषद की पहली बैठक का बायकाट करेगी । पंजाब सरकार

घोषणा मंगलवार को पटना के एक पत्रकार सम्मेलन में करते हुए । (छाया : प्र.ट्र.)

राष्ट्रपति द्वारा निर्णय....

(पृष्ठ 3 का शेष)

सुविज्ञ सूत्रों के अनुसार वी.पी. सिंह ने कुछ वामपंथी नेताओं के साथ सलाह करके तीन दिन पहले ही अपनी योजना बना ली थी । लोकसभा में बहुमत सिद्ध करने की उनकी योजना बहुत सोची-समझी है ताकि वह स्वयं को मध्यावधि चुनावों के लिए तैयार कर सकें, जो अपरिहार्य दिखाई देते हैं । वी.पी. सिंह भाजपा के समर्थन वापस लेने को यह दर्शाने के लिए इस्तेमाल करेंगे कि वह अल्पसंख्यकों के संरक्षक हैं । वह इस नारे को पूरी बुलंदी तक ले जाएंगे ताकि इसे मध्यावधि चुनाव में इस्तेमाल किया जा सके ।

वी.पी. सिंह संसद में विश्वास प्रस्ताव पारित कराने के लिए दोहरी रणनीति अपनाएंगे : उनके साथी इंका और भाजपा में पिछड़ी श्रेणियों से संबंधित सांसदों से सम्पर्क बनाए हुए हैं । एक गणना के अनुसार लोकसभा में इंका के ऐसे 67 और भाजपा के 27 सदस्य हैं । वी.पी. के समर्थकों को आशा है कि इनमें से कुछ सांसद उनका साथ अवश्य देंगे ।

दूसरी रणनीति कांग्रेस (इ) का मुकाबला करने के संबंध में है, जिसमें ऐसी स्थिति पैदा कर दी जाए कि मध्यावधि चुनाव की हालत में इंका को भाजपा की सहयोगी पार्टी के रूप में पेश किया जा सके । इस कदम के अंतर्गत लोकसभा में एक प्रस्ताव लाकर स्पष्ट किया जाएगा कि भाजपा ने साम्प्रदायिक मुद्दे के कारण अपना समर्थन वापस लिया है । प्रस्ताव में देश को साम्प्रदायिक स्थिति से चुनौती का सामना करने और इसका धर्म निरपेक्ष स्वरूप बरकरार रखने के लिए सभी पार्टियों से सहयोग की मांग की जाएगी । यह एक बहुत चतुराई-पूर्ण कदम होगा क्योंकि इंका न तो इस प्रस्ताव का विरोध कर पाएगी और न ही मतदान करने से पीछे हट सकेगी । प्रस्ताव की भाषा इस प्रकार की होगी कि कांग्रेस (इ) कठिन परिस्थिति में पड़ जाएगी । यदि इंका इस प्रस्ताव का समर्थन करती है तो वी.पी. सिंह बहुमत को जीत लेंगे और यदि इंका इसका विरोध करती है तो वी.पी. सिंह जनता के समक्ष इंका को साम्प्रदायिक संगठन के रूप में प्रस्तुत करने के लिए चुनाव मैदान में आ जाएंगे ।

इन परिस्थितियों में राष्ट्रपति की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है । उन्हें निर्णय लेना होगा कि वी.पी. सिंह को लोकसभा में बहुमत सिद्ध करने का मौका दिया जाए या उन्हें वैकल्पिक सरकार के लिए प्रयास करना चाहिए ।

कालका में

(पृष्ठ 3 का शेष)

फ्रंट के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने रेलवे स्टेशन पर प्रातः 7 बजे माल गाड़ी को रोक लिया और उसे आगे जाने की आज्ञा नहीं दी । पुलिस ने छात्र-छात्राओं को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और 20 छात्रों व 14 छात्राओं को हिरासत में लेकर पुलिस पटियाला चली गई । जिसके रोष स्वरूप नगर के सभी बाजार, बैंक व दफ्तर छात्राओं ने जबरदस्ती बंद करवा दिए और प्रशासन ने लगभग 7 घंटे बाद छात्रों से समझौता करके आंदोलनकारी छात्रों को रिहा कर दिया ।

इसके तुरन्त बाद छात्रों ने रेलवे स्टेशन को घेर लिया व पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज किया । छात्रों का नेतृत्व आई.डी.एस.एफ. पंजाब के सचिव श्री हमीर सिंह, छात्र नेता संजय वर्मा व परमवीर कर रहे थे । छात्रों ने आज ट्रैफिक जाम किया व चंडीगढ़ में छात्रों पर हुई फायरिंग की निंदा की । छात्रों ने प्रशासन से सुरक्षा की मांग की है ।

2 बसें क्षतिग्रस्त : अमृतसर (प.स.) : असंख्य आरक्षण विरोधियों जिनमें अधिकांश छात्र थे, ने आज जिलाधीश कार्यालय के बाहर 2 बसों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया । वह यह बसें बस अड्डे से लेकर आए थे ।

आन्दोलनकारियों ने इससे पूर्व रोष जलूस निकाला तथा कल गिरफ्तार किए गए लगभग 80 छात्रों को रिहा करने की मांग को लेकर जिलाधीश कार्यालय के बाहर जम कर प्रदर्शन किया ।

मण्डल आयोग विरोधी मोर्चा के एक अन्य दल ने आज सभी प्रकार के शिक्षण संस्थानों को जबरदस्ती बंद करवा दिया । वे चंडीगढ़ में आरक्षण विरोधी छात्रों की निर्मम हत्या के प्रति विरोध प्रकट कर रहे थे । कुछ बाजारों को भी जबरदस्ती बंद करवाया गया, जो बाद में खुल गए ।

'मोनी' के अनुसार मंडल आयोग विरोधी संघर्ष मोर्चा ने एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा है कि कल गिरफ्तार किए गए छात्रों ने सैंट्रल जेल में भूख हड़ताल शुरू कर दी है ।

मोर्चा के प्रधान श्री रंधावा और उपप्रधान श्री चुघ ने राजनीतिक दलों से आह्वान किया है कि वे प्रशासन की छात्रों के विरुद्ध इस कार्रवाई के प्रत्युत्तर में छात्रों की सहायता करें । उधर छात्रों ने कहा है कि वे अपनी जमानतें बिल्कुल नहीं कराएंगे तथा प्रशासन को उन्हें रिहा करना ही होगा ।

छात्र रिहा : बाद के समाचारों के अनुसार प्रशासन ने कल प्रातः रेल रोको अभियान में संलिप्त जिन छात्रों व युवकों को पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के बाद जेल भेजा था, आज शाम उन्हें बिना शर्त रिहा कर दिया है । यह बात आज यहां मंडल आयोग विरोधी संघर्ष मोर्चा के उपप्रधान श्री तरुण चुघ ने जेल से रिहा होने के बाद बताई ।

लुधियाना से 'महिंद्रा' के अनुसार गत दिवस गिरफ्तार किए गए सभी आरक्षण विरोधी आंदोलनकारी रिहा कर दिए गए । आज पुलिस ने क्रांति चौक में अमर छात्र ज्योति संगठन द्वारा ज्योति प्रज्ज्वलित करने का प्रयास पुलिस ने विफल कर दिया ।

पूर्ण बंद रहा : शिमला (प.स.) : मंडल आयोग की सिफारिशों के विरोध में शिमला शहर में आज पूर्ण बंद रहा । बंद का आह्वान भारतीय अनारक्षण संघ ने किया ।

गन्ने की नई कीमतें घोषित

चंडीगढ़, 23 अक्तूबर : पंजाब के राज्यपाल श्री वीरेन्द्र वर्मा ने 1990-91 मौसम के लिए गन्ने के संशोधित मूल्यों की घोषणा की है । सी.ओ.जे.-64,

चंडीगढ़ कांड

(पृष्ठ 3 का शेष)

एक पागलपन है । राज्यपाल ने इस कठिन समय में लोगों को संयम में रहने की अपील की है ।

'प.स.' के अनुसार कम्युनिस्ट पार्टी पंजाब शाखा के सचिव प्यारा सिंह दियोसी ने आज यहां एक वक्तव्य में कहा है कि यह हमला पंजाब में कानून और व्यवस्था की बिगड़ती हालत का प्रत्यक्ष प्रमाण है ।



होशियारपुर जिले में थाना टांडा के गांव कंधाली नारंगपुर में आतंकवादियों द्वारा मारे गए हवालदार जोगा सिंह का शव । (छाया : झावर)

आतंक : पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

सिंह पुलिस लाईन होशियारपुर में तैनात था और आजकल छुट्टी पर अपने गांव आया हुआ था । रात के लगभग 9 बजे 5-6 आतंकवादी उसके घर आए और उसके पिता से जोगा सिंह के बारे में पूछा । पिता द्वारा कुछ भी न बताए जाने पर उन्होंने साथ वाले कमरे का दरवाजा खटखटाया । हवलदार को संदेह हो गया और उसने दरवाजा नहीं खोला । आतंकवादियों ने दरवाजे की सुराखों से ही फायरिंग करके हवलदार की हत्या कर दी और फरार हो गए । आतंकवादी उसकी पत्नी को धमकी दे गए कि यदि पुलिस को सूचना दी गई तो सारे परिवार को खत्म कर दिया जाएगा । पुलिस जांच कर रही है ।

फार्म हाऊस में हत्या : आतंकवादियों ने होशियारपुर जिले के बस्सी अल्लादीन गांव में एक व्यक्ति आत्मा सिंह की उसके फार्म हाऊस में गोली मार कर हत्या कर दी ।

2 आतंकवादियों के शव मिले : 2 आतंकवादियों के गोलियों से क्षत-विक्षत शव रोपड़ जिले में एक बीज फार्म से बरामद हुए । ये दोनों संभवतः गिरोहों के आपसी संघर्ष के शिकार हुए ।

घायल कांस्टेबल चल बसा : कांस्टेबल तारा सिंह जो दो दिन पहले रोपड़ जिले के बरंग गांव के निकट आतंकवादियों द्वारा घायल कर दिया गया था, की गत रात चंडीगढ़ के पी.जी.आई. में मृत्यु हो गई ।

2 लोगों की हत्या : आतंकवादियों ने गत रात भटिंडा जिले के दोनों गांव में दो लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतकों की शिनाख्त चाय की दुकान वाले जगीर सिंह और एक मजदूर काकू सिंह के रूप में की गई है ।

2 आतंकवादी मरे : 2 व्यक्ति गुरचरण सिंह और कुलवंत सिंह तरनतारन पुलिस जिले के लेमकरण सीमावर्ती क्षेत्र में रतोके गांव में आतंकवादियों की गोली का शिकार बने । पुलिस को संदेह है कि यह उग्रवादियों की आपसी रंजिश का मामला है ।

महिला की हत्या : आतंकवादियों ने कत्थूनंगल थाने के बस्ती रूपवाली गांव के जोगिन्द्र सिंह की पत्नी सुक्खी का अपहरण करने के बाद उसे मार डाला ।

आतंकवादी का शव बरामद : मजीठा पुलिस जिले में एक अज्ञात आतंकवादी गुट संघर्ष में मारा गया । उसका गोलियों से छलनी शव आज जिले के अर्जुन मांगू गांव से मिला है ।

पुलिस दल पर हमला : नागरिक मरा : आतंकवादियों ने अमृतसर शहर के बाहर बेरका बस स्टैंड के निकट एक पुलिस गश्ती दल पर घात लगा कर हमला किया और एक पुलिस कांस्टेबल तथा चार नागरिकों को घायल कर दिया । एक घायल नागरिक, जिसकी शिनाख्त बलदेव सिंह के रूप में की गई है, की बाद में मृत्यु हो गई ।

हमले में 6 जवान घायल : आतंकवादियों ने गत रात अमृतसर जिले में दोबीपुर के निकट एक सुरक्षा गश्ती दल पर घात लगा कर हमला किया और 4 सी.आर.पी.एफ. के जवानों व 2 पुलिस कांस्टेबलों को घायल कर दिया ।

ए.एस.आई. व हैड कांस्टेबल की हत्या : (वार्ता): पटियाला में आज रात नाभा गेट में आतंकवादियों ने ए.एस.आई. बलदेव सिंह और उसके भतीजे हैड कांस्टेबल शिगारा सिंह की गोलियों से हत्या कर दी ।

पुलिस दल के सदस्य निलम्बित : नवांशहर (शर्मा): पिछले दिनों श्री बलवंत सिंह सरहाल को घायल करने तथा उनके एक गनमैन की हत्या करने के आरोप में बलजिद्र सिंह पुत्र अजीत सिंह जट्ट गांव ताहरपुर को गिरफ्तार किया गया था । इस केस में शस्त्र आदि प्राप्त करने हेतु जब पुलिस इस अभियुक्त को ले जा रही थी तो वह भाग निकला । पुलिस अधिकारियों ने लापरवाही के आरोप में पुलिस दल के एक ए.एस.आई. तथा दूसरे सदस्यों को निलम्बित कर दिया है ।

बेनज़ीर के विरुद्ध एक और केस

कराची, 23 अक्तूबर (प.स.): बर्खास्त प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो के खिलाफ आज सत्ता के दुरुपयोग का एक और मामला दायर किया गया तथा उनके पति की हिरासत की अवधि भी बढ़ा दी गई है ।

लाहौर के एक न्यायाधिकरण के सामने श्रीमती बेनज़ीर भुट्टो के खिलाफ सरकारी नौकरियों में गैर-कानूनी नियुक्ति का मामला दायर किया गया ।

मंदिर अवश्य बनेगा

कपूरथला, 23 अक्तूबर (चा.): भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रधान श्री जंगल महाजन ने कहा है कि

रखने का आह्वान किया गया है ।

जम्मू (प.स.): भाजपा की प्रदेश शाखा ने श्री अडवानी की गिरफ्तारी के विरोध में आज से जम्मू क्षेत्र में दो दिन के बन्द का आह्वान किया है । शिव सेना ने भी इसका समर्थन किया है ।

चंडीगढ़ (परवाना) : हरियाणा के मुख्यमंत्री मास्टर हुकम सिंह ने भाजपा प्रधान की गिरफ्तारी के पश्चात राज्य प्रशासन को चौकस कर दिया है । आज सुबह नई दिल्ली से लौटने के पश्चात उन्होंने इस सिलसिले में हरियाणा जनता दल के प्रधान श्री ओम प्रकाश चौटाला, अपने साथी मंत्रियों और कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया ।

संघी के अनुसार भाजपा, विश्व हिन्दू परिषद एवं श्री राम जन्म भूमि कार सेवा समिति चंडीगढ़ के पदाधिकारियों सहित लगभग 250 कार्यकर्त्ताओं ने आज यहां श्री अडवानी को गिरफ्तार किए जाने के विरोध में जलूस निकाल कर धारा-144 का उल्लंघन करते हुए गिरफ्तारियां दीं । गिरफ्तारियां देने वालों में काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं ।

लगभग 2 घंटे बाद गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों को रिहा कर दिया गया ।

आर.एस.एस. की पंजाब शाखा ने श्री अडवानी की गिरफ्तारी को देश की एकता पर कड़ा प्रहार बताया है ।

पंजाब इंका के वरिष्ठ नेता श्री यश ने कहा है कि मोर्चा सरकार से समर्थन वापस लेने के निर्णय पर भाजपा को बाद में पछतावा होगा ।

पटियाला (भूषण): श्री अडवानी की गिरफ्तारी के विरोध में यहां से 40 किलो मीटर दूर मंडी गोबिन्दगढ़ में आज पूर्ण बंद रहा ।

अमृतसर (नारंग): भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. बलदेव प्रकाश, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांतीय प्रचारक श्री विश्वनाथ, राष्ट्रीय सुरक्षा समिति पंजाब के प्रधान डा. बलदेव चावला, विश्व हिन्दू परिषद पंजाब के प्रधान श्री जी.एन. यादव, कार सेवा समिति पंजाब के संयोजक स्वामी आत्मानंद, हिन्दू शिव सेना पंजाब के प्रधान श्री सुरेंद्र डोगरा, महासचिव श्री संजय शर्मा, भारतीय मजदूर संघ पंजाब के प्रधान श्री विश्वामित्र, विभिन्न आर्य समाजों के प्रतिनिधि डा. रामनाथ शर्मा, ब्राह्मण प्रतिनिधि सभा पंजाब के प्रधान पं. किशोर चंद, श्री दुर्गाणा तीर्थ के प्रधान श्री गोपीचंद भाटिया, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रधान श्री राकेश शालीवान, महिला हितकारिणी सभा की अध्यक्षा श्रीमती सरिता नारंग व कई अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने 'भारत बंद' का समर्थन करते हुए लोगों से अपील की है कि वे अपने कारोबार बंद रखें । उन्होंने श्री लाल कृष्ण अडवानी की गिरफ्तारी, रथयात्रा को रोकने तथा श्री राम मंदिर के निर्माण में बाधा डालने की सरकार की कार्रवाई को महापाप कहा है ।

लुधियाना (धीमान): भारतीय जनता पार्टी प्रधान श्री अडवानी को बिहार में गिरफ्तार किए जाने की सभी धार्मिक एवं राजनीतिक क्षेत्रों में जबरदस्त आलोचना की जा रही है । राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पंजाब के उपप्रधान श्री लाजपत राय पूर्व विधायक ने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र पर सर्वाधिक सख्त चोट और भारत को खंड-खंड करने का प्रयत्न है । अखिल भारतीय हिन्दू शिव सेना प्रधान श्री सुरेन्द्र बिल्ला ने कहा कि वी.पी. सिंह सरकार जो हर फ्रंट पर बुरी तरह असफल हुई है, का यह सर्वाधिक कलंकित कारनामा है । उसने हिन्दुओं के धार्मिक मामलों में सीधा हस्तक्षेप करके करोड़ों राम भक्तों की भावनाओं को रौंदा है और जन-जन के दिलों को आहत किया है ।

जालंधर (ढल्ल): श्री अडवानी को उनके कुछ अन्य भाजपा सहयोगियों सहित बिहार सरकार द्वारा गिरफ्तार किए जाने पर भाजपा, विश्व हिन्दू परिषद, श्री राम मंदिर कार सेवा समिति आदि क्षेत्रों द्वारा तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त की गई है ।

जिला भाजपा जालंधर शहरी की श्री सुरेन्द्र नाथ मुरगई की अध्यक्षता में हुई एक आपात बैठक में श्री अडवानी की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की गई और इसे सरकार की श्री राम विरोधी भावना व मुस्लिम तुष्टीकरण की नीति का द्योतक करार दिया गया । इस बारे में पारित प्रस्ताव में भाजपा सहित राम मंदिर निर्माण समर्थक संगठनों द्वारा श्री राम मंदिर के निर्माण को सरकार द्वारा जबरदस्ती रोकने की कार्रवाई के विरुद्ध रोष व्यक्त करने के लिए आह्वान किए गए भारत बंद की काल का समर्थन करते हुए नागरिकों से इसे सफल बनाने की अपील की गई । प्रस्ताव में सभी राम भक्तों को कल अपने-अपने क्षेत्र में बंद सफल बनाने के लिए सक्रिय होने का भी आह्वान किया गया है ।

श्री राम मंदिर कार सेवा समिति जालंधर महानगर के संयोजक श्री बलबीर शर्मा तथा विश्व हिन्दू परिषद ने श्री अडवानी की राम रथयात्रा को रोकने की कार्रवाई को हिन्दू भावनाओं से खिलवाड़ करार दिया है और जनता से अपील की है कि वह इस चुनौती को स्वीकार करे और रोष व्यक्त करने के लिए कल भारत बंद को सफल बनाएं ।

इस बीच भाजपा, श्री राम कार सेवा समिति,

इश्तहार जेर आर्डर 5 रूल 20 सी.पी.सी. ब अदालत जनाब श्री बी.डी. शर्मा सहायक समाहर्त्ता प्रथम वर्ग एवं तहसीलदार हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश)

दरखास्त बराय किए जाने इन्तकाल मकफूल उल-खबरी लच्छमण

(1) श्री ख्याली राम पुत्र श्री चौधरी राम पुत्र वजीरा वासी पटनौण मौजा लगवालती तहसील व जिला हमीरपुर

———प्रार्थी

बनाम

(1) श्री लच्छमन पुत्र श्री वजीरा वासी पटनौण मौजा लगवालती तहसील व जिला हमीरपुर

———प्रत्यार्थीगण

उपरोक्त मुकद्दमा अनवानवाला के बारे में फ्रीकदोयम 50 वर्ष से लापता है जिस कारण नोटिस की तामील न हो रही है । अतः इस अदालत को पूर्ण विश्वास हो गया है कि उसकी तामील साधारण तरीका से घर पर न हो सकती है । अतः इश्तहार जेर धारा 5 रूल 20 सी.पी.सी. द्वारा फ्रीकदोयम को सूचित किया

Punjabi Sakhi



मारे गये : एक मेजर और सैनिक जवान शहीद

भारी परिमाण में हथियार बरामद, बैंक से 5.94 लाख रुपये लूटे गए

पंजाब में अन्यत्र 7 सुरक्षा कर्मियों समेत 23 की हत्या

चंडीगढ़, 24 अक्तूबर : खेमकरण क्षेत्र में कल दोपहर बाद सेना के जवानों ने मुठभेड़ में 5 आतंकवादियों को मार गिराया । इस मुकाबले में एक मेजर समेत 2 सैन्य कर्मी भी शहीद हुए । इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान विभिन्न वारदातों में 7 सुरक्षा कर्मियों व एक न्यूज पेपर एजेंट समेत 23 लोगों की हत्या हुई तथा बैंक से 5.94 लाख रुपया लूटा गया । इसके अलावा एक आतंकवादी आपसी लड़ाई में और एक अन्य क्रास फायरिंग में मारा गया ।

मुठभेड़ में 2 सैन्य कर्मी, 5 आतंकवादी मरे : अमृतसर (सोनी, वार्ता): कल दोपहर बाद खेमकरण सैक्टर के सीमांत गांव नूरवाल मनावा में सेना के साथ मुठभेड़ में 5 आतंकवादी मारे गए । इस दौरान एक मेजर और एक कांस्टेबल की भी मृत्यु हो गई । चार अन्य घायल जवानों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है ।

प्राप्त विवरण के अनुसार कल बाद दोपहर एक बजे के लगभग सैनिकों ने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को सीमा के आसपास घूमते देखा । सैनिकों ने उन्हें चुनौती दी तो उन्होंने फायरिंग कर दी । सैनिकों ने भी जवाबी फायरिंग की । शाम 5 बजे तक चले मुकाबले के दौरान 5 आतंकवादी तथा 2 सैन्य कर्मी मारे गए । मृतक आतंकवादियों के नाम जगीर सिंह, नछत्तर सिंह, गुरमुख सिंह, सुखदेव सिंह और गुरबख्श सिंह उर्फ साबा है । ये आतंकवादी तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के अनार सिंह पाड़ा गिरोह से सम्बद्ध थे । मरने वाले मेजर का नाम ए. नायर तथा कांस्टेबल का नाम दर्गा चन्द बताया जाता है । घटनास्थल से 3 ए.के. 47 राइफलें, एक ए.के. 74 राइफल, एक सैल्फ लोडिंग राइफल, 3 छड़ी बम, एक माऊजर और लगभग 6 हजार कारतूस बरामद हुए हैं । मुठभेड़ में 4 आतंकवादी बचकर भाग निकले । घायल सैनिकों के नाम नायब सूबेदार चरण प्रसाद तथा देवेन्द्र सिंह, लांस नायक चन्द्रमा सिंह तथा कांस्टेबल एम. सिंह बताए जाते हैं ।

'प.स.' के अनुसार मुठभेड़ उस समय हुई जब उक्त आतंकवादियों ने सेना के काफिले पर हमला किया । इस महीने आतंकवादियों ने कल दूसरी बार सेना पर बड़ा हमला किया था । इससे पूर्व आतंकवादियों ने 17 अक्तूबर को फिरोजपुर जिला में मुक्तसर के निकट सैनिकों को ले जा रही विशेष रेल गाड़ी को बम से ध्वस्त कर दिया था और फिर आटोमैटिक हथियारों से फायरिंग की थी जिससे 4 सैनिकों की मृत्यु हो गई थी और 15 अन्य घायल हुए थे ।

पिता-पुत्र की हत्या : रैया से 'फौजी' के अनुसार यहां से दस किलो मीटर दूर मुच्छल गांव में कल रात आतंकवादियों ने एक घर में घुसकर एस.पी.ओ. गोपाल सिंह तथा उसके बेटे पुलिस कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार राजेन्द्र सिंह कम्युनिस्ट नेता श्री सतपाल डांग का गनमैन था ।

4 लोगों की हत्या : आतंकवादियों ने कल रात झब्बाल गांव में सरेन्द्र सिंह तथा दो महिलाओं मनजीत कौर और जिन्दर कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी । तरनतारन पुलिस जिला के मनन गांव में भी आतंकवादियों ने दीवान चंद नामक एक डिपो होल्डर की गोलियां मार कर हत्या कर दी । तरनतारन पुलिस जिला के अंतर्गत भागडियां गांव में आतंकवादियों ने तीन अलग-अलग घरों से तीन हथियार छीन लिए ।

कांस्टेबल समेत 2 की हत्या : तरनतारन पुलिस जिले के चोला साहिब गांव में आतंकवादियों ने कल रात अंधाधुंध गोलियां चला कर पुलिस कांस्टेबल दिलबाग सिंह की हत्या कर दी तथा होम गार्ड के जवानों हरजिन्दर सिंह और बलवीर सिंह को घायल कर दिया । इसी पुलिस जिले के ढुंढिठयां गांव चनन सिंह की कल रात गोली मार कर हत्या कर दी गई । उनका शव जिले के पाखो गांव से मिला ।

2 पुलिस कर्मियों समेत 5 की हत्या : पटियाला (भगण): आतंकवादियों ने कल रात यहां नाभा गेट के निकट शेरांवाली गली में हैड-कांस्टेबल शिंगारा सिंह के घर में घुस कर शिंगारा सिंह, उनके संबंधी ए.एस.आई. गुरदेव सिंह, तेरह वर्षीय कंवलजीत सिंह, भिस्ती चरण सिंह तथा इलाका सां की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इस वारदात में हरजिन्दर सिंह तथा एस. सिंह नामक दो व्यक्ति घायल भी हुए हैं । उन्हें स्थानीय राजेन्द्रा अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

रेलवे गैंगमैन की हत्या : लुधियाना (वार्ता): आतंकवादियों ने लुधियाना जिले में कल रात जगराओं और अजितवाल रेलवे स्टेशनों के बीच के रेलवे क्रासिंग पर तैनात रेलवे गैंगमैन हरबंस सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

मोटर साइकल ले गए : धूरी (लिगला): तीन आतंकवादी यहां से 5 किलोमीटर दूर घेला गांव में अरविन्द कुमार नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर हीरो होंडा मोटर साइकल ले गए ।

चौकीदार की हत्या : भीखी (वार्ता): गांव गमटीवाला में दो आतंकवादियों ने गांव के चौकीदार मिट्ठू सिंह की कल रात उसके घर में गोली मार कर हत्या कर दी ।

न्यूज पेपर एजेंट की हत्या : तपा मंडी (बरनाला): आज शाम यहां आतंकवादियों ने न्यूजपेपर एजेंट श्री साधा राम की उनके घर के बाहर गोलियां मार कर हत्या कर दी । आतंकवादी पैदल ही आए थे और वारदात के बाद पैदल ही भाग गए ।

बैंक लूटा : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के कस्बा श्री हरगोबिन्दपुर में गत रात सशस्त्र आतंकवादियों ने वहां स्थित पंजाब नैशनल बैंक की शाखा से 594491 रु. लूट लिए ।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रात के करीब 11 बजे 15 सशस्त्र आतंकवादी एक घर से शाखा प्रबन्धक विजय कुमार, शाखा सहायक प्रबन्धक राजेन्द्र कुमार व कैशियर त्रिलोचन सिंह को तथा एक अन्य घर से क्लर्क नरेन्द्र सिंह को ले गए और बैंक में जाकर नगदी लूट ली । क्लर्क के अलावा तीनों व्यक्ति एक ही मकान में रहते हैं ।

ज्ञात हुआ है कि रात को 11 बजे के करीब जब विजय कुमार अपने घर की खिड़की बंद करने लगा था तो बाहर से किसीने उसका हाथ पकड़ लिया व कहा कि दरवाजा खोलो । हम 15 आदमी हैं तथा हमारे पास हथगोले भी हैं । इस पर विजय कुमार ने कहा कि मेरा हाथ तो तुमने पकड़ रखा है मैं दरवाजा कैसे खोल सकता हूं । उसने कहा कि मकान में बैंक के जो दो अन्य कर्मचारी हैं उनको कहो कि दरवाजा खोलें । विजय कुमार के आवाज लगाने पर मकान में रहने वाले राजेन्द्र कुमार व त्रिलोचन ने आकर दरवाजा खोला । आतंकवादियों के पूछने पर इन्होंने कहा कि बैंक की चाबी क्लर्क नरेन्द्र सिंह के पास है । इस पर इन तीनों को वे लोग नरेन्द्र सिंह के घर ले गए व वहां से चारों को बैंक ले जाकर पैसा लूट लिया ।

हत्या : गत रात पुलिस थाना सदर बटाला के गांव सदारंग में तीन अज्ञात आतंकवादियों ने एक व्यक्ति संतोख सिंह (40) की गोलियां मार कर हत्या कर दी । हत्या के लिए ए.के. 47 राइफल का प्रयोग किया गया था ।

हमले में सुरक्षा कर्मी घायल : पुलिस जिला बटाला के थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के क्षेत्र हरचोवाल के निकट बी.एस.एफ. की 28वीं बटालियन की जीप पर आज शाम साढ़े 5 बजे आतंकवादियों ने फायरिंग करके एक जवान एम.बी. गोर्के को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । उसे सिविल अस्पताल बटाला में भर्ती कराया गया है । सुरक्षा बल आतंकवादियों की तलाश कर रहे हैं ।

6 लोगों की हत्या : फरीदकोट (जिदल) कल रात आतंकवादियों ने यहां से 8 किलोमीटर दूर

(शेष पृष्ठ 6 पर)





भारत बंद के अवसर पर जालंधर में भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने प्रदर्शन किया और वी.पी. सिंह से त्यागपत्र की मांग की । (नीचे) जालंधर में बंद का एक दृश्य । (छाया : शिव जैमिनी)

के लिए अयोध्या
द न टूटेंगे: जोशी

ने कहा, "यह एकदम निराधार, शरारतपूर्ण झूठ है । वह हमारे यहां से एक को भी नहीं पकेंगे ।"

यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार आपातकाल घोषणा करके और भाजपा के सांसदों को तार करके अपना बहुमत सिद्ध कर सकती है, ने कहा कि, "अगर ऐसा हुआ तो यह लोकतंत्र र्बर हत्या होगी । आपातस्थिति की घोषणा का सवाल ही पैदा नहीं होता ।"

यह पूछे जाने पर कि क्या राष्ट्रीय मोर्चा की ार के नेतृत्व में परिवर्तन होने की स्थिति में ा समर्थन देगी, डा. जोशी ने कहा, "तब का देखा जाएगा ।" यह पूछे जाने पर कि क्या ास मत लेने के समय भाजपा के सांसद ैस्थित होंगे, उन्होंने कहा, "हमें देखना है कि समय किस तरह की परिस्थिति पैदा होती है । संसद की बैठक बुलाई जाएगी और जिस तरह स्ताव लाया जाएगा, उसे देख कर हम अपनी ीति बनाएंगे । हमें देखना है कि प्रधानमंत्री तरह अपना बहुमत सिद्ध करते हैं ।

भारतीय जनता पार्टी को 'परा विश्वास' है कि नमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह लोकसभा में

(शेष पृष्ठ 6 पर)

लों पर आधारित
गठन का सुझाव

नीतिक जीवन भी स्वच्छ है ।

ी बादल ने कहा कि भाजपा द्वारा राष्ट्रीय मोर्चा ार से समर्थन वापस ले लिए जाने के बाद अब राष्ट्रपति के पाले में है । अब तो उनकी तसल्ली ही निर्भर करता है । अच्छा तो यही रहेगा कि फैसला संसद में किया जाए कि अब सांसदों का त बी.पी. सिंह के साथ है या नहीं । संसद का तीन दिनों के भीतर भी बुलाया जा सकता

उन्होंने कहा कि इस समय स्थिति यह है कि सारे में अराजकता फैली हुई है । राष्ट्रीय स्तर की ी राजनीतिक पार्टियां वोटों की खातिर देश को ही के कगार पर ले आई है । चाहे इंका हो, पा हो या जद हो—सभी पार्टियां 'वोट बैंक' की ख देख कर फैसले करती है तथा जनता का शोषण रही है । यही कारण है कि पंजाब, कश्मीर और म में स्थिति बिगड़ रही है । कोई भी राजनीतिक ी समस्या को हल करने का प्रयास नहीं करती है परंतु उसे लम्बा खींचने का प्रयास करती रही है । समय देश में अल्पसंख्यक अपने आपको असुरक्षित भव कर रहे है । देश के कई भागों में अप्रत्यक्ष ायन शुरू हो गया है । श्री बादल के अनुसार रयाणा में भी पलायन के समाचार मिले है ।

श्री बादल ने कहा कि देश में लोकसभा के यावधि चुनावों का भी कोई लाभ नहीं है क्योंकि समय देश में साम्प्रदायिक तनाव इस सीमा तक

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjabi Sanatan

हाल की कार्रवाइयों से वह प्रधानमंत्री के बारे में अपनी राय बदल डालने को मजबूर हो रहे हैं ।

श्री चंद्रशेखर ने इस सिलसिले में यह कह कर अपना रुख स्पष्ट किया कि कुछ लोग नेतृत्व में परिवर्तन की मांग कर रहे हैं और उनकी मांग में काफी दम भी है । यह पूछे जाने पर कि क्या देवी लाल के साथ उनकी बातचीत के दौरान नेतृत्व में परिवर्तन के मुद्दे पर भी चर्चा हुई, श्री चंद्रशेखर ने उत्तर दिया कि "नहीं, इस मुद्दे पर कोई चर्चा नहीं हुई ।" श्री चंद्रशेखर के निवास पर उपस्थित लोगों में अन्य व्यक्तियों के अलावा जनता पार्टी के

गरीब-उत्थान के मामले पर स्पष्ट ध्रुवीकरण होगा । उन्होंने कहा कि लोकसभा की सात नवम्बर की कार्रवाई को पूरे देश की जनता बहुत बारीकी से देखेगी और राजनीतिक दलों और सांसदों के सदन में किए आचरण के अनुसार भविष्य के लिए अपना मत तय करेगी ।

श्री पासवान ने कहा कि श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के इस्तीफे, बर्खास्तगी या जनता दल में नेतृत्व परिवर्तन की मांग करने वाले आगामी सात नवम्बर को अपनी कलई खुलने से भयभीत हैं ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पाकिस्तान में कल पांचवें आम चुनावों में 217 सदस्यों की नैशनल असैम्बली में से 204 मुस्लिम सीटों के लिए मतदान हुआ था । गैर-सरकारी सूत्रों के अनुसार आज घोषित परिणामों में इत्तेहाद ने 105 स्थान हासिल किए हैं।

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन को मात्र 45 स्थान प्राप्त हुए हैं । हक परस्त नामक पार्टी 15 स्थान लेकर तीसरे सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है । जम्हूरी वतन पार्टी को एक सीट मिली है ।



पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती बेनजीर भुट्टो गत दिवस कराची से 500 किलो मीटर दूर नौदेरो में स्थित एक मतदान केन्द्र में अपना वोट डालने से पूर्व मतपत्र को दिखाते हुए । (फोटो : प्रै.ट्र.)

सत्रह क्षेत्रों में निर्दलीय उम्मीदवार विजयी रहे । अन्य पार्टियों में जमायत उल उलेमा-ए इस्लाम को 6, जमायत उल उलेमाए पाकिस्तान को दो और पाकिस्तान नैशनल पार्टी, पख्तूनखवा,

हारने वालों में प्रमुख हैं : अवामी नैशनल पार्टी के प्रमुख खान अबुल वली खां, पाकिस्तान डैमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख नवाबजादा नसरुल्लाह खां, भंग संसद के अध्यक्ष मलिक मेराज खालिद और जमात उल उलेमाए पाकिस्तान के प्रमुख शाह अहमद नूरानी ।

इत्तेहाद को अपनी लगभग 90 फीसदी सीटें अकेले पंजाब सूबे से मिली हैं । इसलिए अगले प्रधानमंत्री बनने के लिए इसी प्रांत के ताकतवर नेता

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पंजाब में 2 एरिया कमांडरों सहित 8 आतंकवादी मरे : अन्यत्र 11 हत्याएं : 3 निहंग जीवित जला दिए

चंडीगढ़, 25 अक्तूबर : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान विभिन्न वारदातों में 2 'एरिया कमांडरों' समेत 8 आतंकवादी मारे गए तथा 11 व्यक्तियों की हत्या हुई । इसी दौरान बारूदी सुरंग फटने से 12 पुलिस कर्मी घायल हो गए तथा एक युवक से एक लाख रुपए छीन लिए गए । प्रदेश में 5 दुर्दांत आतंकवादियों को हथियारों समेत गिरफ्तार भी किया गया है । इस बीच उग्रवादियों ने कल रात 3 निहंगों को जीवित जला दिया ।

मुठभेड़ में 2 दुर्दांत आतंकवादी मरे : अमृतसर (प.स., सोनी): कत्थूनंगल थाना के अंतर्गत महमूदपुरा गांव में आज सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो दुर्दांत आतंकवादी मारे गए । मृतकों के नाम हरभजन सिंह मस्ताना और कुलदीप सिंह बलपुरियां बताए जाते हैं । ये दोनों खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के स्वयंभू 'एरिया कमांडर' थे और इनकी गिरफ्तारी पर 40-40 हजार रुपए का ईनाम था । ये दोनों रेशम सिंह थांडे गिरोह से सम्बद्ध थे ।

मजीठा पुलिस जिला प्रमुख श्री पी.एस. गिल ने बताया कि उक्त दोनों आतंकवादी मजीठा तथा बटाला पुलिस जिलों में सक्रिय थे और सौ से अधिक हत्याओं में पुलिस को उनकी तलाश थी । ये दोनों कई बैंक डकैतियों में भी शामिल थे । बताया जाता है कि ये आतंकवादी पहले 'भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान' के हरदेव सिंह कालिया गिरोह में 'किल्लर स्क्वैड' के सदस्य थे लेकिन बाद में वे खालिस्तान लिबरेशन फोर्स में शामिल हो गए ।

घटनास्थल से दो ए.के. 47 असाल्ट राइफलें, 4 मैगजीन, बड़ी संख्या में कारतूस व गोली-सिक्का तथा एक बम बरामद हुआ है ।

मुठभेड़ उस समय हुई, जब सुरक्षा बल उक्त गांव में तलाशी ले रहे थे कि फार्म हाऊस में छिपे आतंकवादियों ने उन पर फायरिंग की । सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग की । इस बीच आतंकवादियों ने भाग कर गन्ने के खेतों में शरण ले ली और वहां से सुरक्षा बलों पर फायरिंग करते रहे । मुठभेड़ के दौरान उक्त दोनों आतंकवादी मारे गए ।

दो और आतंकवादी मुठभेड़ में मरे : तरनतारन पुलिस जिला के बासरके गांव में आज प्रातः सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो अज्ञात आतंकवादी मारे गए । प्रातः साढ़े आठ बजे मुठभेड़ उस समय शुरू हुई, जब सुरक्षा बल उक्त गांव में तलाशी ले रहे थे । मुठभेड़ शाम देर तक चली । उक्त आतंकवादी एक फार्म हाऊस में छिपे हुए थे । घटनास्थल से 3 ए.के. 47 असाल्ट राइफलें तथा कुछ गोली-सिक्का भी बरामद हुआ है ।

हमले में 12 पुलिस कर्मी घायल : पुलिस जिला मजीठा के थाना ब्यास के अंतर्गत बलकलां गांव में आज दोपहर बाद 2 बजे के लगभग आतंकवादियों ने पुलिस पार्टी पर हमला किया, जिससे 12 पुलिस कर्मी घायल हो गए । इनमें से 4 गम्भीर रूप से जख्मी हुए हैं । बताया जाता है कि आतंकवादियों ने घात लगा कर पुलिस वाहन पर हमला किया था । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग



होशियारपुर जिला के जौड़ा गांव में मुठभेड़ के बाद आतंकवादियों से बरामद जनरल पर्पज मशीनगन तथा अन्य गोली सिक्का (छाया : झावर)

किए जाने पर आतंकवादी भाग गए ।

3 निहंगों को जिन्दा जला दिया : आतंकवादियों ने कल रात तरनतारन पुलिस जिले के अलोवाल गांव में तरना दल के तीन निहंगों को जिन्दा जला दिया और एक निहंग को घायल कर दिया । तरनतारन से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार खालिस्तान कमांडो फोर्स कम से कम बीस आतंकवादियों का एक गिरोह निहंगों के एक 'डेरा' में घुसा और उनमें से तीन को पकड़ कर उन पर मिट्टी का तेल छिड़क कर आग लगा दी । मारे गए दो निहंगों के नाम जगीर सिंह व करम सिंह हैं । बाद में भागते समय आतंकवादियों ने गोली चलाई जिससे एक निहंग घायल हो गया । उसका नाम गुरनाम सिंह बताया जाता है ।

युवक की हत्या : आज प्रातः अमृतसर शहर की बाहरी आबादी कोट बाबा दीप सिंह में आतंकवादियों ने एक युवक सरबजीत सिंह (25) की गोलियां मार कर हत्या कर दी । थाना 'बी' डिवीजन के इलाका चौक बाबा भौरीवाला में आज सुबह रवीन्द्र सिंह नामक एक युवक को गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया ।

शव बरामद : थाना मजीठा के गांव ददुआना से पुलिस ने गोलियों से छलनी एक शव बरामद किया है । मृतक की अभी तक पहचान नहीं हुई ।

घुसपैठिया मरा : घरिंडा थाना के सीमांत गांव रोड़ांवाली में कल रात सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने एक घुसपैठिए को मार गिराया । मृतक की शिनाख्त नहीं हुई ।

कांस्टेबल का शव मिला : तरनतारन पुलिस जिले के चक सिकन्दर गांव से पंजाब पुलिस के एक जवान का शव बरामद हुआ है । शव पर गोलियों के निशान थे ।

विस्फोट से सुरक्षा कर्मी मरा : तरनतारन पुलिस जिला के खेमकरण सैक्टर में बारूदी सुरंग फटने से बी.एस.एफ. के एक कर्मी की मृत्यु हो गई तथा 2 अन्य घायल हुए ।

इंका नेता घायल : आतंकवादियों ने आज रात अमृतसर के पुतलीघर क्षेत्र में इंका के लेबरसैल के नेता श्री बख्शी राम खोसला को गोली मार कर घायल कर दिया । पुलिस के अनुसार श्री खोसला पर उस समय हमला हुआ, जब वह आजाद नगर में स्थित अपने घर लौट रहे थे । श्री खोसला को श्री गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है । श्री खोसला इंटक के अध्यक्ष भी रह चुके हैं ।

एक अन्य वारदात में आतंकवादियों ने अमृतसर के भीतरी क्षेत्र में ढाब बस्ती राम में पृथपाल सिंह नामक एक दुकानदार को गोली मार कर घायल कर दिया । उन पर उस समय हमला हुआ, जब क्षेत्र में लाईट बंद थी ।

ढाब बस्ती राम में हत्या : प्रितपाल सिंह

(शेष पृष्ठ 8 पर)

इतिहास तो किताबों में लिखा है !
आज उसे हम अखबार में लिखेंगे !!

ओसवाल फैशन हाऊस का नाम इतिहास के सनुहरी पन्नों पर नहीं लिखा जाएगा, चाहे ओसवाल फैशन अपने समस्त स्टॉक को कितना ही सस्ता क्यों न बेचे, लेकिन आने वाले 100 सालों में भी पंजाब की जनता ओसवाल फैशन का नाम नहीं भुला पाएगी, क्योंकि आज ओसवाल अपने सभी गोदामों के माल को कौड़ियों के भाव में लुटा रहे हैं ।

अब की बार ओसवाल पेश करते हैं 50,000 से भी ज्यादा वूलन हौजरी का वो फैंसी स्टाक जो कि ओसवाल फैशन हाऊस ने देश-विदेश की फैशनेबल जनता के लिए तैयार किया था लेकिन देश के मौजूदा हालात को मद्देनज़र रखते हुए ओसवाल ने इस वूलन हौजरी स्टॉक को पंजाब में ही सेल लगा कर बेचने का फैसला किया है ।

ओसवाल सेल



Punjabi Sanatani

त : गुजरात के विभिन्न हिस्सों में हिंसा की
जारी है जबकि कल की हिंसा में मरने वालों
7 हो गई है । एक व्यक्ति ने कल रात यहां
अस्पताल में दम तोड़ा । वह अहमदाबाद में
ायरिंग में घायल हो गया था। फायरिंग में
ो गए दूसरे व्यक्ति की हालत चिंताजनक
है । वैसे राज्य के पांच शहरों और
ाद नगर के कुछ हिस्सों में लागू कर्फ्यू में
ग-अलग समय के लिए ढील दी गई ।

ब ने गोधरा के सईदवाड़ा क्षेत्र में कल रात
थराव कर रही और तेजाब फैंक रही भीड़
-बिखर करने के लिए तीन गोलियां चलाई
ू गैस के 6 गोले छोड़े । फायरिंग से किसी के
होने की खबर नहीं है ।

दाबाद शहर के मारगपुर चकला के निकट
दुकानों के ताले तोड़ने का प्रयास कर रही
तितर-बितर करने के लिए आज सुबह एक
लाई ।

र गुजरात के पालनपुर कस्बे में कल लगाए
श्चितकालीन कर्फ्यू में आज सुबह सात बजे से
ट के लिए ढील दी गई । धनेरा और
र में आज से केवल रात का कर्फ्यू लागू
।

बंगाल : हावड़ा जिला में पिलखाना कस्बे में
डके संघर्षरत गुटों को तितर-बितर करने के
लिस द्वारा गोली चलाए जाने से 3 लोग मारे
र 10 व्यक्ति घायल हो गए । राज्य के गृह
मनीश गुप्ता ने कहा 2 लोगों की मृत्यु तो
स्थल पर ही हो गई जबकि एक व्यक्ति ने
ाल में दम तोड़ा । पुलिस ने गुटों को
-बितर करने के लिए 16 चक्र गोलियां
। संघर्षरत गुटों ने एक-दूसरे पर लोहे की
आदि से हमला किया ।

र्नाटक : कर्नाटक के हुबली कस्बे में आज सुबह
गा दिया गया । वहां कल रात छुरेबाजी की
ओं में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी तथा दो
लोग घायल हो गए थे । राज्य के कर्फ्यूग्रस्त
य पट्टन, कोलार, मूलबगाल और सोक्वरपेट
में स्थिति तनावपूर्ण किन्तु नियंत्रण में बताई
।

ड़ीसा : उड़ीसा के बालासोर जिले के धाम नगर
में कल दो गुटों के बीच संघर्ष, जिसमें एक व्यक्ति
द्वारा घोंप हत्या कर दी गई थी और कई अन्य
न कर दिए गए थे, के बाद निषेधाज्ञा लागू कर दी
है । विलम्ब से मिली सूचना के अनुसार
नगर थाना क्षेत्र में दोबल गांव में हुई । यह
भारत बंद के दौरान हुआ ।

केरल : केरल के कोट्टायम जिले में पलाई के निकट
ाम में एक भीड़ पर बम फैंके जाने से कम से कम 3
क्ति घायल हो गए जिनमें से एक सिपाही है । बम
ल रूप से आर.एस.एस. वर्करों द्वारा फैंका
।

या बस अड्डा दूसरी ओर बनाने की मांग

फिल्लौर, 25 अक्तूबर : फिल्लौर में नया बस
ड्डा बनाने के लिए जो जगह चुनी गई है, वह
फिल्लौर से अढ़ाई-तीन किलो मीटर दूर है, जिससे
गरिकों को आने-जाने में काफी परेशानी का
ामना करना पड़ेगा । बहुत से लड़के प्रतिदिन
धियाना में पढ़ने आते हैं, उनको भी परेशानी
ोगी । यह अड्डा लुधियाना की ओर बनाने की
ांग की जा रही है ।

ढाबे आदि 10 बजे तक खुले रखने का आदेश

लुधियाना, 25 अक्तूबर (महिन्द्रा): जिला
मैजिस्ट्रेट श्री एस.एस. चन्नी ने एक आदेश द्वारा
जिला भर में रैस्टोरैंट तथा ढाबे आदि रात के 10 बजे
तक खुले रखने का आदेश जारी किया है । इसी
आदेश द्वारा खंड मुख्यालयों में रैस्टोरैंट एवं ढाबे रात्रि
के 9 बजे तक खुले रखे जाएंगे । यह आदेश 31
अक्तूबर तक लागू रहेगा ।

गिरधारी लाल पुरी का देहांत

नई दिल्ली, 25 अक्तूबर (वार्ता): वयोवृद्ध
स्वतंत्रता सेनानी एवं महात्मा गांधी तथा बादशाह

गई ।

दुकानदार की हत्या : पुलिस जिला तरनतारन के गांव चोटाला में उग्रवादियों ने एक दुकानदार का अपहरण करने के पश्चात् गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी ।

ए.एस.आई. घायल : आतंकवादियों ने अमृतसर शहर के बाहरी क्षेत्र में सुल्तान विंड रोड पर कल रात फायरिंग करके ए.एस.आई. बलवीर सिंह को घायल कर दिया । श्री सिंह मजीठा पुलिस जिला के एस.एस.पी. श्री पी.एस. गिल के रीडर के रूप में कार्यरत हैं । उन पर उस समय फायरिंग की गई, जब वह ड्यूटी देने के बाद जिप्सी में अपने घर लौट रहे थे । उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

3 आतंकवादी मरे : फिरोजपुर (वार्ता) आज दोपहर जिला के पाटली गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 3 आतंकवादी मारे गए । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक स्प्रिंग फील्ड राइफल, एक माऊजर तथा कुछ गोली सिक्का भी बरामद हुआ है ।

2 की हत्या : आतंकवादियों ने कल रात फिरोजपुर जिला के पछराम गांव में एक घर में घुस कर दीवान चन्द तथा एक महिला सत्या की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

एक को नहर में डुबो दिया : आतंकवादियों ने आज फिरोजपुर जिला में अवतार सिंह नामक एक व्यक्ति को उसके घर से अपहृत करके सरहिन्द फीडर कैनाल में डुबो दिया ।

दो की हत्या : आतंकवादियों ने फिरोजपुर जिला के खसरा धीर गांव में शराब के एक ठेकेदार जसवन्त सिंह और बस्ती खेमेवाला गांव में लखविन्दर सिंह नामक दो लोगों की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

3 आतंकवादियों द्वारा आत्म समर्पण : फरीदकोट (प.स.) तीन दुर्दांत आतंकवादियों ने कल रात जिला में संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद आत्म समर्पण कर दिया । इनके नाम मक्खन सिंह, राज कुमार तथा सतनाम सिंह बताए जाते हैं । जिला पुलिस प्रमुख के अनुसार ये तीनों सूचीबद्ध आतंकवादी हैं । ये आतंकवादी अनेक अपराधों में संलिप्त थे ।

2 घुसपैठिए मरे : गुरदासपुर (प.स.) डेरा बाबा नानक सैक्टर में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 घुसपैठिए मारे गए ।

2 उग्रवादी गिरफ्तार : गुरदासपुर से विनोद व पठानकोट से महेन्द्र पाल के अनुसार जिला पुलिस ने मुठभेड़ के बाद 2 कुख्यात आतंकवादियों को हथियारों सहित गिरफ्तार कर लिया है । यह उग्रवादी पठानकोट क्षेत्र में कुछ हत्याओं में संलिप्त थे और कुछ अन्य हत्याएं भी करने की योजना बना रहे थे ।

जिला पुलिस अधीक्षक श्री सुमन्त कुमार गोयल के अनुसार गत रात पठानकोट सदर के गांव फिरोजपुर कुंडा के पास पुलिस ने नाकेबंदी के दौरान स्कूटर व मोपेड पर आ रहे 6 युवकों को रुकने का संकेत किया, मगर उन्होंने पुलिस पर गोली चला दी जिसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की तथा काफी देर तक चलने वाली इस मुठभेड़ के बाद 2 उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि 4 अन्य फरार होने में सफल हो गए । इन उग्रवादियों के कब्जे से एक रिवाल्वर, 6 कारतूस, एक ए.के. 47 राइफल व उसकी मैगजीन के 6 कारतूस, छीने हुए 2 स्कूटर व एक मोपेड भी बरामद की गई है ।

श्री गोयल के अनुसार इन आतंकवादियों की पहचान अवतार सिंह निवासी बाठ व हरदयाल सिंह निवासी तेसियां गांव के रूप में हुई है । इन दोनों ने आरम्भिक पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि कुछ दिन पूर्व गुरुद्वारा बाठ साहब में कुछ अन्य उग्रवादी किसी दूसरे जिले से भारी मात्रा में हथियार लेकर आए थे तथा उन्हें पठानकोट में हत्याओं के आदेश दिए थे । इन्हीं आदेशों के अधीन 18-19 अक्तूबर को इन्होंने पठानकोट सदर के 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी थी । इस गिरोह में संलिप्त सभी उग्रवादियों की शिनाख्त कर ली गई है ।

रुपए व गहने लूटे : बटाला (कोछड़) पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के क्षेत्र अंदर नगर में कल संदिग्ध व्यक्ति कलवंत सिंह के

के अधीन रखने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है । दोनों राज्यों के जनता दल नेताओं को प्रधानमंत्री और पार्टी अध्यक्ष द्वारा आवश्यक निर्देश दिए जा चुके हैं ।

कहा जाता है कि दोनों राज्यों में जनता दल के स्थानीय नेतृत्व ने कांग्रेस (इ) से सम्पर्क किया है । इसमें कोई हैरानगी नहीं होगी यदि इन दोनों राज्यों में इंका और जनता दल में आपसी सहयोग हो जाए तथा भाजपा को परिदृश्य से बाहर रखने के लिए एक नया गठबंधन बन जाए । यह बात दूसरे चरण की है । सबसे पहले तो राजस्थान में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार को गिराना है । इसके बाद मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश की ओर ध्यान केंद्रित किया जाएगा । इन दोनों राज्यों में भाजपा की बहुमत वाली सरकार है ।

सरकार को कोई खतरा नहीं—पटेल : गुजरात के मुख्यमंत्री चिमन भाई पटेल ने आज रात नई दिल्ली में कहा कि भाजपा द्वारा राज्य में जनता दल से सहयोग समाप्त कर देने के निर्णय के बावजूद उनकी सरकार को कोई खतरा नहीं है ।

सरकार बनी रहेगी—शेखावत : जयपुर : राजस्थान के मुख्यमंत्री भैरो सिंह शेखावत

मिट्टी का तेल कम मिलेगा

होशियारपुर, 25 अक्तूबर (अश्विनी): पंजाब सरकार ने उन उपभोक्ताओं को मिट्टी का तेल कम मात्रा में देने का निर्णय किया है जिनको एल.पी.जी. के कुनैक्शन मिले हुए हैं ।

मुफ्ती द्वारा कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा

नई दिल्ली, 25 अक्तूबर (वार्ता): गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद ने भाजपा के कल के 'भारत बंद' के बाद देश के विभिन्न भागों में हुई हिंसक घटनाओं को देखते हुए आज कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की ।

अडवानी की गिरफ्तारी के विरुद्ध उड़ीसा के जद अध्यक्ष द्वारा इस्तीफा

भुवनेश्वर, 25 अक्तूबर (प.स.): जनता दल की उड़ीसा प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कृष्ण जगदेव ने मंगलवार को बिहार में भाजपा अध्यक्ष लाल कृष्ण अडवानी की "दुर्भाग्यपूर्ण और अलोकतांत्रिक गिरफ्तारी" पर रोष व्यक्त करने के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है । श्री जगदेव 1986 में जनता दल में शामिल होने से पहले भाजपा में थे ।

निर्दोषों के उत्पीड़न के विरुद्ध वकीलों द्वारा हड़ताल

इलाहाबाद, 25 अक्तूबर (वार्ता): इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वकील राज्य में की जा रही अंधाधुंध गिरफ्तारियों और निर्दोष व्यक्तियों के उत्पीड़न के विरोध में आज भोजनावकाश के बाद हड़ताल पर चले गए ।

बंद करके फरार हो गए । इसी प्रकार शुक्रपुरा मुहल्ला में भी कुछ लुटेरे एक व्यक्ति मुरजीत सिंह के घर में दाखिल हो गए, लेकिन घर वालों द्वारा शोर मचाने पर वे भाग गए ।

जिम्मेदारी : बब्बर खालसा के लैटरपैड पर जारी एक प्रैस नोट में कुतबी नंगल गांव में कवलजीत सिंह तथा बटाला में पत्रकार कविराज सिंह रधावा की हत्या की जिम्मेदारी 4 आतंकवादी संगठनों ने ली है । उक्त प्रैस नोट पर बब्बर खालसा के सुखदेव सिंह बब्बर, चढ़त सिंह बब्बर, धर्म सिंह कास्तीवाल, सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के दलजीत सिंह बिट्टू, खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के गुरजंट सिंह बुध सिंह वाला तथा खालिस्तान कमांडो फोर्स के परमजीत सिंह पंजवड़ के हस्ताक्षर हैं ।

एक लाख रुपए छीने : लुधियाना (धीमान) स्थानीय कृष्णा नगर का एक व्यक्ति जगदीश सिंह एक लाख रुपए का ड्राफ्ट बनवाने के लिए एक स्थानीय बैंक में गया, मगर किसी कारण ड्राफ्ट न बन सका और फिर वह अपने एक रिश्तेदार के घर चला गया । इस बीच उसके पीछे 2 संदिग्ध

Punjabi Sahitani

शोकग्रस्त :

दीपक कुमार (बेटा) नत्थू लाल (पिता)
सुरेश कुमार (दामाद) दर्शन, राजीव (भाई)
(कोई अलग कार्ड नहीं)



रस्म पगड़ी एवं उठाला

अत्यंत दुखी हृदय से सूचित करते हैं कि हमारे पूजनीय **श्री हरिवंश लाल सेखड़ी** दिनांक 23.10.1990 को स्वर्ग सिधार गए हैं । रस्म पगड़ी एवं उठाला आज 26.10.1990 शुक्रवार को समिति केंद्र, घुमार मंडी, लुधियाना में दोपहर 2 से 3 बजे होगा ।



शोकाकुल :

डा. विजय सेखड़ी, (सिटी नर्सिंग होम, लुधियाना),
नीरेन्द्र सेखड़ी, विनय सेखड़ी (सुपुत्र)
महाराज कृष्ण सेखड़ी (भाई)
निर्मल सेखड़ी (पत्नी), मधु, वीना, सुनीता (पुत्रवधुएं)
नरेश सहगल, बन्धना नय्यर(पुत्रियां) मोहन सहगल, वीरेन्द्र नय्यर (
सन्तोष चोपड़ा, सरला चोपड़ा (बहनें)

नोट : अलग से कार्ड नहीं भेजे जा रहे ।

रस्म किरया

बड़े दुखी हृदय से सूचित किया जाता है कि मेरी धर्मपत्नी **श्रीमती चंद्र कांता** (अध्यापिका, गवर्नमैंट स्कूल, मुक्तसर) जो तिथि 21.10.90 अचानक परलोक सिधार गई हैं, उनकी आत्मिक शांति के लिए **श्री राधा स्वामी सत्संग** तिथि 28.10.90 रविवार को सुबह 10.30 से 11.30 बजे हमारे निवास स्थान, गली गोपाल सिंह, मुक्तसर में होगा ।



शोकग्रस्त :

कृष्णा देवी राज
दर्शना कुमारी सुपुत्र स्वर्गीय श्री मुख्तियार
सुभाष चंद्र अ
सुदर्शन पाल
कालड़ा परिवार, फाजिल्का

नोट : अलग से कार्ड नहीं भेजे जा रहे ।

स्मृति में

यद्यपि 1985 में आज के दिन प्रकृति ने हम से छीन लिया था, फिर भी हमारे प्रिय श्री **राजीव पांडे** अभी भी हमारे दिलों में वास करते हैं :



रूमी पांडे (पत्नी)
दीपक पांडे (भाई)
राकेश पांडे (भाई)
गौरव पांडे (बेटा)
सिद्धार्थ पांडे (बेटा)

भारत ज्योति मैकेनिकल,
बी-18, फोकल प्वाईंट, लुधियाना-141010
फोन : 70770, 70771, 70772
वूल इंडिया,
113, इंडस्ट्रीयल एरिया-ए, लुधियाना
फोन : 62920, 62903

रस्म किरया

आपको बड़े दुखी हृदय से सूचित किया जाता है कि मेरी **पुत्रवधू श्रीमती कुसुम गुप्ता** (पत्नी श्री विनोद गुप्ता) प्रभु की इच्छानुसार



13 की हत्या : इंका नेता पर हमला

चंडीगढ़, 26 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात से चार आतंकवादी मारे गए जबकि आतंकवादियों ने एक थानेदार सहित 13 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा एक इंका नेता की हत्या का प्रयास किया ।

डाक्टर की दुकान पर बम फैंका : अमृतसर (सोनी): पुलिस जिला तरनतारन में की गई दो विभिन्न वारदातों में आतंकवादियों ने आज सुबह एक डाक्टर के क्लीनिक पर बम धमाका किया जिसमें डाक्टर घायल हो गया तथा एक व्यक्ति का अपहरण करके उसकी हत्या कर दी । प्राप्त विवरण के अनुसार आतंकवादियों ने आज सुबह 11.30 बजे तरनतारन के एक डाक्टर चरणजीत सिंह की दुकान पर बम फैंका जिसके फटने से उक्त डाक्टर के पैरों में घाव आ गए ।

अपहरण करके हत्या कर दी : इसी प्रकार तरनतारन के ही गांव रोडपुर के निवासी खैराती लाल, जो कि अपने किसी परिचित नरेन्द्र सिंह, निवासी गुरु-का-खूह के फार्म पर आया हुआ था, का आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया । बाद में उसका शव गांव चौटाला के निकट पड़ा मिला । शव के निकट से ए.के. 47 की गोलियों के खोल भी मिले हैं । निकट ही एक स्कूटर नं. पी.एच.ओ. 4320 पड़ा हुआ भी मिला है ।

गुट संघर्ष में एक मरा : तरनतारन के थाना झब्बाल के गांव तक सिकंदर के निकट एक कलीन शेवन व्यक्ति का शव मिला है । पुलिस के अनुसार यह हत्या आतंकवादियों की गुटबाजी का परिणाम है ।

कमीशन एजेंट की हत्या : आतंकवादियों ने मजीठा पुलिस जिले में रामदास में कल रात एक कमीशन एजेंट तरलोक चंद की गोली मार कर हत्या कर दी ।

आतंकवादी मारा गया : मजीठा थाने के ढोडियां कलेर गांव में कल रात सुरक्षा बलों से हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । आतंकवादी के पास से एक ए.के. 47 राइफल और काफी संख्या में कारतूस बरामद हुए ।

एक अन्य की हत्या : अमृतसर शहर के ढाब बस्ती क्षेत्र में आतंकवादियों ने पृथ्वीपाल सिंह उर्फ पाली की दुकान पर कल रात गोली चलाकर उसे घायल कर दिया । बाद में उसकी मृत्यु हो गई ।

इंका नेता की हत्या का प्रयास : दो आतंकवादियों ने अमृतसर शहर के पास छहटा कांग्रेस (इ) अध्यक्ष बख्शी राम को गोली मारकर घायल कर दिया । उन्हें एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

शव बरामद : पुलिस ने आज शाम अमृतसर के विजय नगर क्षेत्र से धर्म सिंह नामक एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है ।

मारे गए आतंकवादियों की पहचान हुई : अमृतसर जिले के बासरके गांव के सीप कल रात 12 घंटे तक सुरक्षा बलों के साथ चली

(शेष पृष्ठ 8 पर)







Punjabi Sanatani

ं ईंगा-

ी सदस्या

प्रयास

र तक के सभी शिक्षण संस्थान
थ खुले और आरक्षण विरोधी
लन जारी रखने का निर्णय किया

ला दण्डाधिकारी श्री एस.के.
न यहां जारी एक आदेश के
जले के ग्रामीण क्षेत्रों के सभी
ों में अध्यापन कार्य जारी रहेगा
र सैकेंडरी स्कूल तथा कालेज,
हैं, इस महीने की 31 तारीख

फ्यू लागू

गया था ।
ने और शिलान्यास स्थल के
ध पर विश्व हिंदू परिषद और
के समर्थकों ने कल आपत्ति
किन्तु कहीं कोई गड़बड़ी नहीं

त के लगभग अयोध्या की
सी परिक्रमा शुरू होने वाली है,
ो आधी रात तक चलेगी ।
कर्फ्यू लगाने का एक कारण
में भाग लेने से रोकना भी है
र सेवक और परिक्रमा करने
में दिक्कत होगी । हालांकि

धिकारी श्री एस.के.
री एक आदेश के
मीण क्षेत्रों के सभी
पन कार्य जारी रहेगा
स्कूल तथा कालेज,
हीने की 31 तारीख

लागू

ालान्यास स्थल के
व हिंदू परिषद और
कों ने कल आपत्ति
ों कोई गड़बड़ी नहीं

भग अयोध्या की
ा शुरू होने वाली है,
रात तक चलेगी ।
ाने का एक कारण
ने से रोकना भी है
और परिक्रमा करने
ा होगी । हालांकि
में ही रखने और
लकड़ी की बल्लियां
किए गए हैं ।
देर रात गए इस बात
ौर फैज़ाबाद में सेना

गुट संघर्ष में एक मरा : तरनतारन के थाना झब्बाल के गांव चक सिकदर के निकट एक कलीन शेवन व्यक्ति का शव मिला है । पुलिस के अनुसार यह हत्या आतंकवादियों की गुटबाजी का

मारे गए आतंकवादियों की पहचान हुई : अमृतसर जिले के बासरके गांव के समीप कल रात 12 घंटे तक सुरक्षा बलों के साथ चली

(शेष पृष्ठ 8 पर)



(1) आतंकवादियों द्वारा अमृतसर के पुतलीघर क्षेत्र में घायल किए गए छहर्टा इंका के नेता बख्शी राम खोसला अस्पताल में उपचाराधीन । (2) आतंकवादियों द्वारा मारे गए ढाब बस्ती राम के प्रिथीपाल सिंह का शव । (3) आतंकवादियों द्वारा मारे गए रामदास के त्रिलोक चन्द का शव । *(छाया : रवि)*

Punjabi Sanstani

में साम्प्रदायिक हिंसा से मरने वालों की संख्या

ावर में सेना तैनात : अहमदाबाद में कर्फ़्यू

त, वार्ता) : भारतीय
वार को आयोजित
के बाद राजस्थान के

व्यक्ति मारे गए और कम से कम तीस घायल हो गए । एक प्रवक्ता ने बताया कि पुराने शहर की नई सड़क और आसन तपा फतेहसागर इलाकों में कल पथराव और आगजनी के बाद पुलिस ने गोली चलाई ।

पूरे जोधपुर शहर में सेना ने फ्लैग मार्च किया ।

अडवानी ने फोन पर परिजनों से बात की

नई दिल्ली, 26 अक्तूबर (पस) : भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष लालकृष्ण अडवानी ने कल रात दुमका के रैस्ट हाऊस से अपने परिजनों से फोन पर बात की । श्री अडवानी के परिवार के सूत्रों के अनुसार श्री अडवानी की आवाज स्पष्ट सुनाई नहीं दे रही थी लेकिन उन्होंने अपने परिवार के लोगों से कहा कि वे उन्हें सुविधाएं देने अथवा उन्हें रिहा कराने के बारे में सरकार से किसी किस्म का कोई अनुरोध न करें ।

श्री अडवानी की पत्नी श्रीमती कमला अडवानी ने बताया कि श्री अडवानी ने उनसे कहा "मेरी सुविधा के लिए सरकार से कुछ न मांगें । मुझे छोड़ने के लिए भी न कहें और न इस बारे में कोई याचिका दायर करें ।" श्रीमती अडवानी के अनुसार श्री अडवानी मुश्किल से पांच मिनट बात कर पाए ।

अडवानी से उनकी पुत्री मिलीं : श्री अडवानी से मिलने के लिए उनकी पुत्री प्रतिभा अडवानी और दामाद कैलाश अड्डानी को आज बिहार सरकार के विमान से दुमका जिले में मसानजोर स्थित निरीक्षण बंगले में ले जाया गया ।

एक स्पष्टीकरण

जालंधर, 26 अक्तूबर : गत 25 अक्तूबर को जालंधर में दोपहर के समय आरक्षण विरोधी फ्रंट के जलूस के दौरान गोली चलने की जो घटना हुई थी, वह भाटिया क्लाथ हाऊस (दिल्ली वाले), रैनक बाजार की दुकान पर हुई थी ।

...ना पहन कर अयोध्या में तैयार ...सरकार पर : स्वामी आत्मानंद

...वामी जी ने कहा ...न्द समाज अपने ... राम मन्दिर ...लिए अहिंसा से ...य है किन्तु अगर ...ारी सरकार पर ...जत्थों का बाना ...के लिए अयोध्या

...सार राम मंदिर ...नी की रथयात्रा ...स्वीकार करते ...सहमति हो गई ...भाजपा नेता श्री ...ता विजयाराज ...तो भाजपा का ...आंदोलन की ...जपा कार्यकर्ता ...ने का हरसंभव ...मोर्चे पर भी 7 ...ला लेने में कोई

...से कल 27 ...ल सिंह में एक ...जा रहा है । ...मि मन्दिर के ...करने एवं सही ...है । इसमें कई ...तक नेता भाग

...मति की तरफ से ...29 चौराहों पर ...किया जाएगा, ...: 9.44 बजे से ... । यहां यह ...अयोध्या में श्री ...र्माण का पुनीत ...क होगा ।

...ोर चन्द प्रधान ...प्रकाश कालिया ...ण फैडरेशन ने ...तावनी दी है कि ...ी राम मंदिर की ...ी ब्राह्मण सभा ...निर्माण-कार्य में ...कन्धा मिला कर

... : लुधियाना ...न्म भूमि मन्दिर ...युवा कार सेवक, ...सख भी हैं, जाने ...क का एक-एक ...यह जानकारी

जलूस निकाला । उन्होंने वहां वी.पी. सिंह का पुतला भी जलाया । पुलिस ने इन कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया मगर बाद में उन्हें छोड़ दिया गया ।

शिव सेना की एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार कल महासचिव श्री रवीन्द्र अरोड़ा के नेतृत्व में 101 कार सेवकों का जत्था अयोध्या के लिए रवाना होगा ।

माता चिन्तपूर्णी से जत्था रवाना : चिन्तपूर्णी (स) : माता चिन्तपूर्णी (हिमाचल) से आशीर्वाद एवं आदेश लेकर 30 अक्तूबर को राम जन्म भूमि मन्दिर निर्माण में सहयोग देने के लिए पण्डित अमरनाथ बिहारी के साथ 111 कार सेवकों का एक जत्था आज जालन्धर होते हुए रेल गाड़ी से गुप्त रूप से अयोध्या पहुंचने के लिए विदा हुआ ।

जालंधर (वि.प्र.) : अयोध्या में श्री राम मन्दिर के निर्माण में भाग लेने के लिए नगर से जत्थे जाने का जो सिलसिला 21 अक्तूबर से शुरू है, उसके अधीन सबसे बड़ा जत्था जो 1000 कार सेवकों पर आधारित होगा, 28 अक्तूबर को अयोध्या के लिए रवाना होगा ।

समिति के एक प्रवक्तानुसार उक्त निर्णय आज यहां श्री राम कार सेवा समिति जालंधर की ओर से बुलाई गई एक बैठक में किया गया जिसमें आधी दर्जन से अधिक सहयोगी संगठनों तथा एक दर्जन के लगभग मन्दिरों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया । बैठक की अध्यक्षता समिति के संयोजक श्री बलबीर शर्मा ने की । बैठक में रा. स्वयं सेवक संघ के महानगर संघचालक श्री कृष्ण धीर, भाजपा प्रधान श्री सुरेन्द्र नाथ मुरगई, भा. मजदूर संघ के श्री करतार सिंह, श्री राम युवा दल के श्री विनोद शर्मा, भा. जनता युवा मोर्चा के प्रधान डा. रमेश काम्बोज, सेवा भारती के श्री पन्ना लाल तथा विद्यार्थी परिषद के श्री संदीप नारंग ने भाग लिया ।

बैठक में पारित एक प्रस्ताव में नागरिकों से अपील की गई कि वह 28 अक्तूबर को उक्त जत्थे को विदाई देने के लिए प्रातः 10 बजे शीतला मन्दिर पहुंचें और साथ ही कार सेवक के रूप में 28 अक्तूबर या उसके बाद जाने के लिए नाम लिखवाएं ।

प्रस्ताव में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कार सेवकों की गिरफ्तारियों की कड़ी निन्दा की गई और कहा गया कि यह गिरफ्तारियां लखनऊ हाईकोर्ट बैंच की उत्तर प्रदेश सरकार को इस हिदायत की उल्लंघना है कि वह किसी यात्री को अयोध्या जाने से न रोके और केवल किसी कानून की उल्लंघना करने पर ही गिरफ्तार करे । प्रस्ताव में वी.पी. सिंह द्वारा दूरदर्शन आदि के दुरुपयोग तथा राम मन्दिर निर्माण के काज बारे भ्रामक प्रचार की भी निन्दा की गई ।

प्रवक्ता ने बताया कि 21 अक्तूबर से आज तक 700 से अधिक कार सेवक जा चुके हैं जबकि 28 अक्तूबर के बाद भी जत्थे भेजने का क्रम जारी रहेगा ।

दो की हत्या : मोगरकोटला (आजिज़): यहां से 12 कि.मी. दूर कपकलां के निकट टैम्पू पर सवार आतंकवादियों ने बैलों से भरे एक अन्य टैम्पू को रोककर उसमें सवार मुहम्मद खलील और मुहम्मद नसीर की खेतों में ले जाकर हत्या कर दी । टैम्पू में एक 14 वर्षीय लड़का मुहम्मद हनीफ भी सवार था जिसे थोड़ी दूर ले जाकर 50 रुपए देकर छोड़ दिया गया । टैम्पू का ड्राइवर भाग निकला ।

2 आतंकवादी मारे गए : फिरोज़पुर (बागी): जिले के टिब्बी खुर्द गांव के निकट सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए । सुरक्षा बलों ने गांव के निकट नाका लगा रखा था । जब सुरक्षा बलों ने दो व्यक्तियों को आते देखा तो उन्हें रुकने के लिए कहा गया, जिस पर दोनों ओर से फायरिंग शुरू हो गई तथा दोनों आतंकवादी मारे गए । उनमें से एक की पहचान बलदेव सिंह गांव खाई फेमेकी (फिरोज़पुर) के रूप में हुई है । पुलिस को उसकी विभिन्न घटनाओं में तलाश थी । आतंकवादियों के शवों के निकट से 2 पिस्तौल तथा कुछ गोली सिक्का बरामद हुआ है ।

गेटमैन की हत्या : आतंकवादियों ने फरीदकोट जिले के नानकसर और अजितवाल रेलवे स्टेशन के बीच चुआर चाक गांव के निकट रेलवे के एक गेटमैन रूल्दू राम की गोली मार कर हत्या कर दी ।

तीन का अपहरण : कपूरथला जिले के ठट्ठा गांव में से आतंकवादियों ने कल रात कांस्टेबल गुरमेल सिंह के पुत्र हरपाल सिंह तथा दलजीत सिंह एवं चरणजीत सिंह नामक दो अन्य व्यक्तियों का अपहरण कर लिया । उग्रवादियों ने 50 लाख रुपए फिरौती मांगी है ।

फिरौती मांगी : गुरदासपुर जिले के धारीवाल से कल शाम आतंकवादियों ने कुलदीप राज नामक एक व्यक्ति का उसकी दुकान से अपहरण कर लिया । खालिस्तान कमांडो फोर्स के एक गुट, जिसका नेतृत्व राजबीर सिंह करता है, ने अपहरण की जिम्मेदारी स्वीकार की है तथा 2 लाख रुपए की फिरौती मांगी है ।

एक की हत्या : नकोदर (गगन): गत रात साढ़े आठ बजे के करीब नकोदर थाना के गांव तलवंडी भरी में दो आतंकवादियों ने गांव के बाहर एक डेरे पर सतनाम सिंह (45) की उस समय गोलियां मार कर हत्या कर दी, जब दोनों आतंकवादी उसे अपने स्कूटर पर गांव उरगी चिट्टी ले जाने के लिए मजबूर कर रहे थे । श्री सतनाम सिंह द्वारा इंकार करने के कारण आतंकवादियों ने उसे ए.के. 47 की दो गोलियां मार कर मार दिया ।

गश्ती वाहन पर हमला : बटाला (कोछड़): अधिकृत सूत्रों के अनुसार थाना सदर बटाला के गांव नथवाल के निकट गत सायं आतंकवादियों ने उक्त थाना के इंस्पैक्टर अजैब सिंह के गश्ती वाहन पर घात लगा कर हमला किया । जवाबी फायरिंग पर आतंकवादी भाग गए । किसी के हताहत होने का समाचार नहीं है ।

सरपंच के घर पर फायरिंग : बटाला पुलिस लाइन के सामने गत रात लगभग 8.30 बजे आतंकवादियों ने गांव कतवी नंगल के सरपंच हरबंस सिंह के घर पर फायरिंग की । जिला पुलिस के सूत्रों के अनुसार सरपंच द्वारा जवाबी फायरिंग करने से आतंकवादी फरार हो गए । उल्लेखनीय है कि आतंकवादियों ने उक्त सरपंच के घर पर गत 11 सितम्बर को फायरिंग करके सरपंच एवं उसकी पत्नी को घायल कर दिया था ।

2 की हत्या : लुधियाना के भूरे गांव में कल आतंकवादियों ने हुकम चंद नामक एक दुकानदार तथा हरजीत कौर नामक एक महिला की हत्या कर दी ।

थानेदार की हत्या : लुधियाना (धीमान, महेंद्रा): दो उग्रवादियों ने आज शाम औद्योगिक क्षेत्र 'ए' में दो थानेदारों डोगर राम और धर्म सिंह पर फायरिंग कर दी । परिणामस्वरूप श्री सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि डोगर राम को सी.एम.सी. में भर्ती करवा दिया गया है । दोनों पुलिस अधिकारी डिवीजन नं. 6 में बैठक में शामिल होने के बाद बाहर ही निकले थे कि उन पर पैदल ही आए उग्रवादियों ने हमला कर दिया । पुलिस के अनुसार उग्रवादी जनकपुरी की ओर निकल गए । क्षेत्र की नाकाबंदी करके तलाशी शुरू कर दी है ।

अंधाधुंध फायरिंग, 2 मरे : फगवाड़ा (कौड़ा) : आज रात 8.15 बजे के लगभग लोग जब मुहल्ला शिवपुरी में टी.वी. प्रोगाम देख रहे थे तो 5-6 सशस्त्र व्यक्तियों ने आकर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी, जिससे 2 व्यक्ति मौके पर ही मारे गए तथा एक महिला सख्त घायल हो गई । उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जाती है ।

पुलिस के अनुसार हमलावरों ने ए.के. 47 राइफलों का प्रयोग किया । मुहल्ला शिवपुरी हरिजन बस्ती है ।

'प.स.' के अनुसार मृतकों में एक महिला हरजिंदर कौर तथा उसका भाई अवतार सिंह ...

पटियाला मज़बूत

पटियाला, 26 अक्तूबर (राजू): पटियाला के निर्धारित 55 ओवरों में 7 विकेट पर 203 रन के जवाब में खेल समाप्ति के समय अमृतसर ने अपनी पहली पारी में पंजाब अंतर्जिला कटोच ट्राफी सुपर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले दिन आज यहां 8 विकेट पर 111 रन बना लिए ।

पटियाला के मुनीश बाली ने 10 ओवरों में 30 रन की कीमत पर चार विकेट साफ करके अमृतसर की पारी को झकझोर दिया ।

संक्षिप्त स्कोर : पटियाला 7 विकेट पर 203 (दर्शन सिंह 46, मुनीश जोशी 39, संजीव कपूरिया अवि. 20, हरिंदर सिंह 20, अश्विनी 19, महेशइंद्र सिंह 13, शविंदर बातिश 12, चमन लाल 3-29, मदन लाल 2-50) तथा अमृतसर 44 ओवरों में 8 विकेट पर 111 (कृष्ण मोहन 37, राजेश सेखड़ी 25, तरुण तलवार 14, मुनीश बाली 4-30) ।

सुपर लीग दौर के एक अन्य मैच में चंडीगढ़ के 6 विकेट पर 247 रन के जवाब में लुधियाना ने खेल समाप्ति के समय 50 ओवर खेल कर 6 विकेट पर 182 रन बना लिए थे ।

संक्षिप्त स्कोर : चंडीगढ़ 6 विकेट पर 247 (भूपेंद्र जूनियर 65, मुनीश अग्रवाल 64, गुरप्रीत सिंह 54, मुनीश अरोड़ा अवि. 26) तथा लुधियाना 6 विकेट पर 182 (विनोद शर्मा 59, चरणजीत सिंह 37, राकेश सैनी अवि. 25, आर. पुरुषार्थी 18, भारती विज अवि. 22) ।

बोधोत्सव समारोह आज



जालंधर, 26 अक्तूबर (ढल्ल): श्री 108 महंत स्वामी मोहनदास जी बैरागी का 60वां बोधोत्सव कल 27 अक्तूबर गोपाष्टमी को राजा मोहन द्वार रघुनाथ मंदिर, बाबा मोहनदास ट्रस्ट, निकट मिल्क प्लांट, जालंधर में बड़ी श्रद्धा से मनाया जाएगा । हवन यज्ञ प्रातः 7 बजे होगा । श्री रामायण जी के पाठ का भोग प्रातः 9 बजे होगा । बोधोत्सव समारोह 9.30 बजे प्रातः होगा । तत्पश्चात भण्डारा होगा । इस अवसर पर असंख्य श्रद्धालु, सन्त, महात्मा पधार रहे हैं ।

आतंक : जम्मू-कश्मीर में

(पृष्ठ 3 का शेष)

निकटवर्ती क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया ।

श्री सक्सेना ने बताया कि घाटी की पांच कि.मी. वाली सीमा पट्टी में 312 उग्रवादी मारे गए जबकि विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ों में 80 उग्रवादी मरे । एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि इस अवधि के दौरान उग्रवादियों के खिलाफ कार्रवाई में 107 सुरक्षा कर्मी भी मारे गए ।

अधिकांश गिरफ्तार 14 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के : श्री सक्सेना ने बताया कि उग्रवादियों ने घाटी में 377 नागरिकों की हत्या की है जबकि शेष 188 नागरिक उग्रवादियों तथा सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी में मारे गए ।

उन्होंने कहा कि जन सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तार 802 लोगों में गैर-कानूनी घोषित जमायते-इस्लामी के कुछ शीर्ष नेता भी शामिल हैं । पांच किलोमीटर की सीमा पट्टी में गिरफ्तार 970 उग्रवादियों में प्रशिक्षण प्राप्त करने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर जा रहे तथा वहां से लौट रहे उग्रवादी भी शामिल हैं । वास्तविक नियंत्रण रेखा के निकट गिरफ्तार लोगों में अधिकतर 14 वर्ष से 18 वर्ष की उम्र के लड़के हैं ।

उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी में ज्यादतियों के आरोप में जिन 66 सुरक्षा अधिकारियों को निलम्बित किया गया था, उन्हें आरोप पत्र दिए गए हैं । सुरक्षा बलों के दो अधिकारियों के खिलाफ दो निर्दोष लोगों की हत्या के सम्बन्ध में हत्या के मामले भी दायर किए गए हैं ।

कुछ रेलगाड़ियों के समय में परिवर्तन

जालंधर, 26 अक्तूबर : उत्तर रेलवे की एक विज्ञप्ति के अनुसार मीरथल तथा भंगाला स्टेशनों के मध्य कुछ अवरोधों के कारण जालंधर-पठानकोट मार्ग के मध्य में 28 अक्तूबर को कुछ रेलगाड़ियां रद्द की गई हैं । यह हैं : 1 जेएमपी./6जेएमपी, 4609/4610, इसके अतिरिक्त 28 अक्तूबर को ट्रेन नम्बर 2373, 6031, 2981, 2988 का मार्ग परिवर्तन भी किया गया है ।

समय परिवर्तन : निम्नलिखित गाड़ियों के समय में 26 अक्तूबर से अस्थायी परिवर्तन किया गया है । इसके अनुसार 5 जेएफ जालंधर से अपरान्ह 3.20 बजे रवाना होकर सायं 6.55 पर फिरोज़पुर पहुंचेगी । 8 जेएफ फिरोज़पुर से सायं 4.00 बजे रवाना होगी तथा जालंधर सायं 7.10 ...

रस्म पग...

बड़े दुखी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारे ... कुमार अग्रवाल 17 अक्तूबर 1990को एक ट्रक ... परलोक सिधार गए हैं । रस्म किरया और पगड़ी 2... 1990 (रविवार) दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक माई ... धर्मशाला सरहिन्द मंडी में होगी ।

शोक संतप्त :

कृष्ण कुमार
भारत मोटर ट्रांसपोर्ट कम्पनी जी.टी. रोड, सर...
फोन : 113 घर : 913.

—Bhushan Sirhindi

अंतिम संस्...

मेजर स्वर्ण सिंह जी जौहल भूतपूर्व ... प्रबंधक कमेटी गुरु गोबिन्द सिंह कालेज स... जडियाला (जालंधर), जो कि 25.10.199... अकाल चलाना कर गए हैं, का अंतिम ... 28.10.90 दिन रविवार को 12 बजे ... श्मशान घाट माडल टाऊन, जालंधर में ... जाएगा ।

—जौहल परिवार
74, न्यू जवाहर नगर, जालंधर

चौथा/उठा...

हमारे पूज्य श्री बी.एन. बजाज का दुखदायी ... 25.10.90 को हो गया है, रस्म चौथा एवं उठाल... दिनांक 27.10.90 (शनिवार) को सायं 4 से 5 ब... समाज, बाजार श्रद्धानंद, अमृतसर में होगा ।

—: शोक संतप्त :—

सुमित्रा देवी—पत्नी
प्रेम चावला/सुभाष चावला—पुत्री/दामाद
आर.के. बजाज—पुत्र
हरीश बजाज/एस.के. बजाज—पुत्रवधू/पुत्र
मधु बजाज/एन.के. बजाज—पुत्रवधू/पुत्र
संगीता बजाज/ए.के. बजाज—पुत्रवधू/पुत्र
निशा बजाज/के.के. बजाज—पुत्रवधू/पुत्र
(नोट : कार्ड अलग से नहीं भेजे जा रहे हैं ।

रस्म किर...

मैं जानता हूं तेरी जलवागाह अब आसमां ...
फिर भी ज़मीन पे सजदे किए जा रहा हूं मैं ...

अत्यन्त दुखी मन से सूचित किया जाता है कि हमारे ... पूजनीय पिता, सुप्रसिद्ध समाज सेवी डा. हंसराज धीर ... को स्वर्ग सिधार गए हैं । रस्म किरया 28.10.90 (... दोपहर 1 से 2 बजे तक एस.डी. माडल स्कूल, निक... बाजार, फगवाड़ा में सम्पन्न होगी ।

शोक संतप्त परिवार

Er. सुरजीत धीर (O.N.G.C.)
श्री शिव के. धीर
मै. अरुण इंडस्ट्रीज़, फगवाड़ा
डा. जवाहर धीर

रस्म पग...

हम अत्यन्त दुखी हृदय के साथ सूचित कर... हमारे भूतपूर्व प्रधान लायन कृष्ण कांस... 17.10.90 को अकस्मात और असामयिक स्... हो गया है । उनकी रस्म पगड़ी 28.1... रविवार दोपहर 1 बजे जनता कालेज फार... अहमदगढ़ के प्रांगण में होगी ।

शोकग्रस्त :

लायन्ज़ एवं लियो क्लब, अहमदगढ़
डिस्ट्रिक्ट—321 डी
(अलग से कार्ड नहीं भेजे जा रहे)

भोग और अंतिम ...

भारी दुख के साथ हम आपको सूचित करते हैं कि स. शशपाल सिंह जी रविवार 21 अक्तूबर—90 को स्वर्ग सिधार गए हैं । रस्म भोग रविवार, 28 अक्तूबर, 90 ...

Punjabi Sanjatani

बब्बर खालसा' गिरोह के स्वयंभू एरिया कमांडर निम्मा समेत 3 आतंकवादी मरे

5 व्यक्तियों का अपहरण : 345 बोरी गेहूं व 8.11 लाख रुपये लूट लिए : बस जला दी

सिनेमा मालिक सहित 9 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 27 अक्तूबर (प.स., वार्ता): पंजाब में गत रात से 'बब्बर खालसा' गिरोह के स्वयंभू एरिया कमांडर निर्मल सिंह उर्फ निम्मा सहित 3 आतंकवादी मारे गए । आतंकवादियों ने एक सिनेमा मालिक सहित 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी, बैंक से लगभग 7.23 लाख, दो चुंगियों से 88 हजार रुपए तथा एक बेयर हाउस से 345 बोरी गेहूं लूट ली । इसी बीच एक दुकानदार व डाक्टर सहित 5 लोगों का अपहरण कर लिया गया ।

निम्मा मारा गया : अमृतसर (अशोक सोनी): 'बब्बर खालसा' गिरोह का स्वयंभू एरिया कमांडर खूंखार आतंकवादी निर्मल सिंह उर्फ निम्मा, जो थाना कत्थुनंगल के गांव झंडे का निवासी था, गत रात पुलिस के साथ मुकाबले में मारा गया । उसकी लाश के पास से पुलिस ने एक ए.के. 47 राइफल, दो मैगजीनें तथा भारी मात्रा में चले हुए और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं । 'ए' श्रेणी का यह कुख्यात आतंकवादी पुलिस को 100 से अधिक हत्याओं और सुरक्षा बलों पर हुए 20 से करीब हमलों की वारदातों में वांछित था । यह जानकारी आज यहां पुलिस जिला मजीठा के एस.पी. (हैड क्वार्टर) श्री एच.आर. बंगा ने दी है ।

श्री बंगा ने घटना का विवरण देते हुए बताया कि गत रात लगभग 10.30 बजे कुछ आतंकवादियों ने थाना कत्थुनंगल के गांव बरयाम नांगल की एस.पी.ओ. चौकी पर हमला किया । जवाब में एस.पी.ओ. चौकी पर तैनात जवानों ने भी फायरिंग की और वायरलैस पर थाना कत्थुनंगल को आतंकवादियों के मुकाबले के लिए और कुमक भेजने का संदेश दिया । थोड़ी देर में वहां सहायता आ पहुंची और उन्होंने भी मुकाबला करना शुरू कर दिया । श्री बंगा ने बताया कि यह मुकाबला लगभग डेढ़ घंटे तक चला जिसके बाद हमलावर आतंकवादी भाग गए । उन्होंने बताया कि सुबह जब घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तो वहां झाड़ियों के बीच से एक संदिग्ध आतंकवादी की लाश मिली जिसके पास एक ए.के. 47 राइफल व अन्य असला भी पड़ा था । बाद में इसकी शिनाख्त निर्मल जीत सिंह निम्मा पुत्र अजीत सिंह के रूप में हुई । वह 100 से अधिक हत्याओं और पुलिस बलों पर हमलों के मामलों में वांछित था । इन हमलों में 30.12.89 को जेठूवाल के निकट जम्मू से लौट रहे सैनिक काफिले पर हमला, जिसमें एक नायब सूबेदार व दो जवान मारे गये थे तथा आधा दर्जन



(1 से 3) फिरोजपुर जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी लखबीर सिंह, बलजीत सिंह तथा सेवक सिंह, (4-5) इसी जिले में वीरवार को सुरक्षा बलों के हाथों मारा गया आतंकवादी बलदेव सिंह तथा एक अन्य आतंकवादी जिसकी पहचान नहीं हो सकी । (छाया : सुनील)

घायल हो गये, तीन बार सी.आर.पी.एफ. पर बम फैंकने और चार बार घात लगा कर हमला, 9.1.90 को एस.एस.पी. मजीठा पर, 15.7.90 को एस.एस.पी. बटाला पं. सीता राम पर हमले के अतिरिक्त ए.एस.पी. रेड्डी और नरेंद्र पाल सिंह पर किये गये हमले तथा गत माह की बी.एस.एफ. की एक पार्टी पर घात लगा कर किये गये हमले शामिल हैं । इन हमलों में निम्मा ने सक्रिय रूप से भाग लिया था ।

श्री बंगा ने बताया कि यह एस.पी.ओ. चौकियों के बचाव तथा आतंकवादियों से निपटने की नई तकनीक का ही परिणाम है कि गत अढ़ाई माह में पुलिस जिला मजीठा को मिली यह तीसरी बड़ी सफलता है ।

एजेंसियों के अनुसार निम्मा पर एक लाख रुपये का इनाम था । मजीठा पुलिस जिला प्रमुख श्री पी.एस. गिल ने बताया कि निम्मा पहले कांगड़ में था और दो वर्ष पूर्व बब्बर खालसा गिरोह में शामिल था ।

सिनेमा मालिक की हत्या : तरनतारन पुलिस जिले में पट्टी कस्बा के निकट आतंकवादियों ने गत रात एक व्यक्ति राजिन्दर सिंह की हत्या कर दी तथा उनके भाई बलविंदर सिंह को घायल कर दिया । मृतक एक सिनेमा हाल का मालिक था । भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स गिरोह के आतंकवादियों ने राजिन्दर सिंह, उनके भाई बलविंदर सिंह और कर्मचारी सन्ती का गत रात तरनतारन के नूरदीन मोहल्ले में उनके घर से अपहरण कर लिया था । बाद में राजिन्दर सिंह का गोलियों से छलनी शव मिला जबकि बलविंदर सिंह अचेतनावस्था में पाया गया । कर्मचारी के बारे में अभी कुछ पता नहीं चल सका है ।

दुकानदार का अपहरण : पट्टी (पाठक): गत रात लगभग 6 बजे आतंकवादियों ने पुरानी कैरों रोड से दर्शन लाल नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया । दर्शन लाल पट्टी में कपड़े की दुकान करता था । गत सायं जब वह अपनी दुकान बंद करके घर जा रहा था तो गली के बाहर खड़े दो व्यक्तियों ने उसे जबरदस्ती मार कर साथ ले जाने की कोशिश की लेकिन दर्शन लाल उनसे उलझ गया और शोर मचाना शुरू कर दिया । इस पर मोहल्ले के कुछ लोग उसे छुड़ाने के लिए आगे बढ़े तो आतंकवादियों के दर खड़े दो अन्य साथी ए.के. 47 राइफलें लिए आगे आ गए । उसे छुड़ाने आए लोग डर के मारे भाग गए । बाद में आतंकवादी दर्शन लाल को घसीट कर गंदे नाले की तरफ ले गए । उन्होंने जाते समय 4-5 फायर भी किए । समीपवर्ती थाने से पांच मिनट बाद पुलिस भी पहुंच गई तथा उसने पूरे इलाके को घेरे में लेकर छानबीन शुरू कर दी । अभी तक दर्शन लाल का कुछ पता नहीं चला ।

भट्ठा मालिक के लड़के का अपहरण : 'वि.प्र.' के अनुसार दो आतंकवादियों ने आज दोपहर के लगभग पौने एक बजे अमृतसर शहर के बाहरी इलाके छहटां के एक भट्ठा मालिक श्री राम प्रकाश के युवा पुत्र विनोद कुमार का अपहरण कर लिया । कहा जाता है कि विनोद कुमार अपने हीरो होंडा मोटर साइकिल पर छहटां से अमृतसर की ओर आ रहा था कि सड़क पर खड़े दो आतंकवादियों ने उसे रोक लिया और उसी के मोटर साइकिल पर बिठा कर उसे सीमा क्षेत्र की ओर ले गए ।

मुकाबले में होमगार्ड शहीद : आज अमृतसर-मेहता रोड पर गांव नवां पिंड में आतंकवादियों ने ओरियंटल बैंक आफ कामर्स की शाखा को लूटने का प्रयास किया । इस मौके पर हुए मुकाबले में होमगार्ड जवान झिरमल सिंह मारा गया । वह बैंक में गार्ड ड्यूटी पर तैनात था ।

हत्या : तरनतारन पुलिस जिले के पिड्डी गांव में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति जोगिन्दर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी तथा एक अन्य बलविन्दर सिंह को घायल कर दिया ।

एक अन्य अपहरण : अमृतसर शहर में आजाद नगर मुहल्ले में भी एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया गया । अपहृत व्यक्ति का नाम विनोद कुमार बताया गया है ।

बम विस्फोट से आतंकवादी मरा : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में कस्बा श्री हरगोबिन्दपुर के निकट गत सायं बम विस्फोट होने से आतंक फैल गया । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार जांच से ज्ञात हुआ है कि कोई संदिग्ध युवक साईकल पर विस्फोटक सामग्री ले जा रहा था, जब वह थाना के निकट पहुंचा तो बम विस्फोट हो गया और संदिग्ध युवक के चिथड़े उड़ गए व साईकल के कई टुकड़े हो गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार सम्भावना है कि संदिग्ध युवक साईकल पर [illegible] गंतव्य तक पहुंचने से पूर्व ही बम विस्फोट हो गया व संदिग्ध युवक मारा गया । मृतक की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी ।

7 लाख 23 हजार लूटा : पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के कस्बा कोटली सूरत मल्ली स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक की ब्रांच से

(शेष पृष्ठ 8 पर)



अयोध्या में शिलान्यास स्थल पर शनिवार को ड्यूटी पर तैनात

वी.पी. सिंह लोकसभा भंग करने करेंगे : चन्द्रशेखर जिम्मेवारी नि

नई दिल्ली, 27 अक्तूबर (वार्ता): राजनीतिक सहयोगियों के बीच आज प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने जहां लोकसभा भंग करने की सम्भावनाओं से इंकार किया, वहीं जनता दल के वरिष्ठ नेता चंद्र शेखर ने राष्ट्रीय मोर्चा संसदीय दल की चार नवम्बर की बैठक में नेतृत्व परिवर्तन का संकेत देते हुए कहा कि वह पार्टी द्वारा दी गई कोई जिम्मेवारी निभाने को तैयार हैं ।

दूसरी तरफ पूर्व उप-प्रधानमंत्री देवी लाल ने प्रधानमंत्री से लम्बी मुलाकात की ।

प्रधानमंत्री ने मंत्रिपरिषद की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि वह लोकसभा भंग करने की सिफारिश नहीं कर रहे हैं, वह धर्म निरपेक्षता, न्याय पालिका की मर्यादा और कानून के शासन की रक्षा के लिए वचनबद्ध हैं और विश्वास मत प्राप्त नहीं होने की स्थिति में विपक्ष में बैठेंगे ।

प्रधानमंत्री ने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों को सम्बोधित करते हुए कहा है कि यदि उन्हें विश्वास मत प्राप्त न हुआ तो राष्ट्रीय मोर्चा विपक्ष में बैठेगा । उन्होंने कहा कि वैकल्पिक सरकार तभी बन सकती है, जब कांग्रेस (इ) और भाजपा एक साथ मिल जाएं ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय मोर्चा और जनता दल के नेतृत्व ने भाजपा द्वारा समर्थन वापस लिए जाने पर उनको इस्तीफा नहीं देने का निर्देश दिया और संस [illegible] उन्होंने कहा [illegible] चाहते तो भा [illegible] समझौता कर [illegible] व्यक्त किया कि [illegible] भूमि देने की [illegible] की । वे न्याय [illegible] नहीं तैयार थे

संसदीय आगामी चार न [illegible] संसदीय दल की

श्री चंद शेख [illegible] कहा है कि पार्टी [illegible] मध्यावधि चुनाव [illegible] है । एक प्रश्न [illegible] जीतने के लिए प [illegible] होगा और इसका [illegible] सकता है । उन [illegible] राष्ट्रीय मोर्चा संस [illegible] चुनाव किए जाने [illegible] किया । एक प्रश्न [illegible] कि वह स्वयं मध्या [illegible] हैं । मौजूदा राज [illegible]

(शेष

मानोचाहल और जफरवाल भारत में प्रवेश कर गए !

अमृतसर, 27 अक्तूबर (मनोहर): 29 अप्रैल 1986 को स्वर्ण मंदिर में 'खालिस्तान' की घोषणा करने वाली पंथक कमेटी के दो सदस्य गुरबचन सिंह मानोचाहल तथा वस्सन सिंह जफरवाल तीन वर्ष बाद पाकिस्तान से भारत के प्रांत पंजाब में अपने कुछ साथियों समेत घुसपैठ कर चुके हैं । पंथक कमेटी (पुरानी) के 2 सदस्य अरूड़ सिंह तथा उसमान सिंह वाला पुलिस मुठभेड़ों में मारे जा चुके हैं जबकि एक अन्य सदस्य भाई धन्ना सिंह पकड़ लिया गया था और अब वह रिहा होकर शायद विदेश निकल चुका है । मानोचाहल और जफरवाल अपने धड़े की अगली रणनीति तय करने आए हैं । दरअसल पहले वे पाकिस्तान में बैठ कर ही निर्देश दिया करते थे मगर अब खुद अपने गिरोहों की गतिविधियां देखने पहले हैं ।

बाबा मानोचाहल इस समय भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स का संस्थापक जनरल है और [illegible] पर दो-दो तीन-तीन टोलियां बनाई जाती हैं और अपने प्रमुख को वे बीच की टोली में चलने को कहते हैं । दोनों धड़ों में ही यह भी भय पाया जाता है कि हाल ही में 'सैनिकों' पर हमले उन्हें महंगे न पड़ जाएं ।

'भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स' के एक धड़े का जनरल सुखविन्द्र सिंह संधा डा. सोहन सिंह के साथ जा मिला है जबकि टाइगर्स फोर्स (छीना धड़ा) का

(शेष पृष्ठ ८ पर)

पाक जाने की कोशिश में 2 उग्रवादी गिरफ्तार

जयपुर, 27 अक्तूबर (वार्ता): राजस्थान के गंगानगर जिले से पाकिस्तान जाने का प्रयास कर रहे दो आतंकवादियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है ।

कश्मीर हिंसा में प उग्रवादियों द्वारा बंद का

श्रीनगर, 27 अक्तूबर (प.स.): कश्मीर घाटी में उग्रवादियों ने पिछले चौबीस घंटे के दौरान कई स्थानों पर सुरक्षा बलों पर राकेटों से हमले किए और गोलियां चलाईं । घाटी में इस दौरान पांच व्यक्ति मारे गए तथा सात घायल हुए । मृतकों में एक उग्रवादी है । कुछ प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों के आह्वान पर नागरिक कर्फ्यू के दौरान आज घाटी में सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा ।

चार की हत्या : पुलिस सूत्रों के अनुसार सुरक्षा बलों ने निशात क्षेत्र से आज अपरान्ह एक नाले से एक शव बरामद किया । अनन्तनाग जिले में बिजबेहड़ा पुल के निकट सुरक्षा बलों और उग्रवादियों के बीच संघर्ष में एक व्यक्ति मारा गया । मृतक का नाम नजीर अहमद था । पुलिस की एक विज्ञप्ति के अनुसार कंगन क्षेत्र में पट्टरेखान गांव में उग्रवादियों ने दिलपाजीर नामक एक व्यक्ति [illegible] की गोली मार कर हत्या कर दी । नेल्लीमार रोड पर उग्रवादियों ने आज शाम सैयद काबुसा नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । श्रीनगर शहर में सुरक्षा बलों ने आज पाक प्रशिक्षित छः उग्रवादियों को गिरफ्तार किया, इनमें से तीन प्रतिबंधित जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट और तीन हिजबुल मुजाहिदीन के हैं ।

उग्रवादी मारा गया : एक उग्रवादी कल

रात नानावानी, क [illegible] सुरंग फटने से मार

राकेटों से ह अनुसार उग्रवादियो [illegible] अर्द्ध सैनिक बलों प [illegible] तीन स्थानों पर भी [illegible] कड़ी निगरानी वाले [illegible] भारी संख्या में विस्फो [illegible] से 19,742 रुपए

आगजनी तरह दुकानें जल कर [illegible] वजीरबाग में एक म [illegible] दी गई । सूत्रों के [illegible] और खलीफापर में [illegible] गोलियां चलाई गई [illegible] मुहम्मद शेख के घर [illegible] उड़ाने की कोशिश क [illegible]

अन्दरूनी क्षेत्रों [illegible] के बीच मुठभेड़ के म [illegible]

बंद : उग्रवा [illegible] आज श्रीनगर और [illegible] और व्यापारिक प्र [illegible]

Punjabi Sanstha

निकट गत सायं आतंकवादियों ने एक पंजाब रोडवेज अमृतसर की यात्री बस पी.बी.एन. 4030 रोक कर यात्री नीचे उतार दिए और बस को आग लगा कर जला दिया, जिला पुलिस सूत्रों के अनुसार बस में आग पराली भर कर लगाई गई ।

2 व्यक्तियों की हत्या : आतंकवादियों ने गत रात बटाला पुलिस जिले में संतोख राय गांव में दो अज्ञात व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी ।

मृतकों की शिनाख्त बलबीर सिंह और उसके पुत्र हंसराज के रूप में की गई है ।

डाक्टर का अपहरण : थाना सदर बटाला के अंतर्गत गांव जटपुर सेखवां स्थित एक क्लीनिक से गत 14 अक्तूबर को हरपाल सिंह नामक एक आर.एम.पी. डाक्टर का आतंकवादियों द्वारा अपहरण कर लिया गया । अभी तक इस डाक्टर का कुछ पता नहीं चला ।

दम्पति की हत्या : आज सायं 5 बजे धारीवाल थाना के गांव सतकोहा निवासी वीर सिंह व उसकी पत्नी हरजीत कौर के गोलियों से छलनी शव गांव के बाहर खेतों से बरामद हुए हैं । पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि दम्पति को आतंकवादी कब से गए थे और उनकी हत्या कब की गई ।

इंका नेता पर हमला : गुरदासपुर (विनोद): आज शाम कुछ अज्ञात आतंकवादियों ने जिला इंका कार्यकारिणी के सदस्य श्री धर्मदत्त तथा उनके गनमैन पुरुषोत्तम लाल को उस समय गोली मार कर जख्मी कर दिया जबकि वह अपनी मारुति कार पर गुरदासपुर से टिब्बर गांव में अपने ईंटों के भट्ठे पर जा रहे थे । यह घटना गांव बब्बेहाली के पास हुई । श्री धर्मदत्त की दशा चिंताजनक बताई जाती है । वह पहले भी आतंकवादियों की हिटलिस्ट में थे ।

अपहरण : गुरदासपुर जिले में दिड़ियां गांव से गत रात आतंकवादियों ने एक व्यक्ति कुलदीप कुमार का अपहरण कर लिया ।

घायल महिला चल बसी : फगवाड़ा (अशोक): गत रात्रि स्थानीय शिवपुरी मुहल्ला में आतंकवादियों की गोली से घायल हुई हरजीत कौर नामी विवाहिता युवती सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना में दम तोड़ गई । इस तरह गोलीकांड में मरने वालों की संख्या तीन हो गई । हरजिन्द्र कौर और उसका भाई अवतार सिंह घटनास्थल पर ही मारे गए थे । प्राप्त विवरण के अनुसार हरजिन्द्र कौर 'पछां' दिया करती थी और इस काम के लिए उसने घर में मंदिर भी बनवा रखा था । 5-6 हथियारबंद आतंकवादियों ने उन पर उस समय हमला किया जब वे लोग रात 8.15 बजे टैलीविजन पर चित्रहार देख रहे थे । हरजीत कौर का एक लड़का गोलियों की बौछार के दौरान दरवाजे के पीछे छिप गया तथा उसकी जान बच गई ।

ट्रक ड्राइवर गिरफ्तार : एक अन्य घटना में गत रात्रि लगभग 10 बजे पुलिस को उस समय गोली चलानी पड़ी जब एक ट्रक वाले ने पुलिस के इशारे पर ट्रक रोकने की बजाय तेज कर लिया । पुलिस ने ट्रक के टायर पंक्चर करके ट्रक रुकवा लिया और ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया ।

आतंकवादी मरा : होशियारपुर जिले में गांव हाडोवाल के निकट सुरक्षा बलों ने जब दो स्कूटर सवार आतंकवादियों को चुनौती दी तो उन्होंने गोलियां चलानी शुरू कर दीं । सुरक्षा बलों द्वारा की जवाब में गोलियां चलाने से एक आतंकवादी मारा गया जबकि दूसरा फरार हो गया । उसके पास से ए.के. 47 की एक मैगजीन, 450 बोर का एक माऊजर तथा कुछ कारतूस बरामद हुए हैं ।

3 की हत्या, 88000 रु. लूटे : लुधियाना (धीमान): विभिन्न वारदातों में आतंकवादियों ने 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी, 88000 रुपए और शस्त्र लूट लिए ।

4 आतंकवादी कार में सवार होकर कल रात यहां से 12 किलोमीटर दूर, गांव जगियाना के नजदीक जी.टी. रोड पर स्थित महसूल चुंगी पर आए और पिस्तौल दिखा कर 59 हजार 372 रुपये और एक पुलिस गार्ड की राइफल भी लूट कर ले गए । यहीं आतंकवादी गांव मुंडिया चंडीगढ़ रोड पर महसूल चुंगी पर गए और वहां से भी पिस्तौल दिखा कर 29343 रुपए नकद व एक राईफल ले गए ।

थाना माहनेवाल के गांव बुकड़ा के नजदीक बलबीर सिंह नामक युवक, जो लुधियाना की एक होजरी में कार्य करता है, स्कूटर पर वापिस जा रहा था कि दो आतंकवादियों ने उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी । स्थानीय शिमलापुरी आबादी में दो युवक श्री वीरेंद्र सिंह के घर आए, उसे बाहर बुला

पंजाब रोडवेज अमृतसर की यात्री बस पी.बी.एन. 4030 रोक कर यात्री नीचे उतार दिए और बस को आग लगा कर जला दिया, जिला पुलिस सूत्रों के अनुसार बस में आग पराली भर कर लगाई गई ।

2 व्यक्तियों की हत्या : आतंकवादियों ने गत रात बटाला पुलिस जिले में संतोख राय गांव में दो अज्ञात व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी ।

मृतकों की शिनाख्त बलबीर सिंह और उसके पुत्र हंसराज के रूप में की गई है ।

डाक्टर का अपहरण : थाना सदर बटाला के अंतर्गत गांव जटपुर सेखवां स्थित एक क्लीनिक से गत 14 अक्तूबर को हरपाल सिंह नामक एक आर.एम.पी. डाक्टर का आतंकवादियों द्वारा अपहरण कर लिया गया । अभी तक इस डाक्टर का कुछ पता नहीं चला ।

दम्पति की हत्या : आज सायं 5 बजे धारीवाल थाना के गांव सतकोहा निवासी वीर सिंह व उसकी पत्नी हरजीत कौर के गोलियों से छलनी शव गांव के बाहर खेतों से बरामद हुए हैं । पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि दम्पति को आतंकवादी कब से गए थे और उनकी हत्या कब की गई ।

इंका नेता पर हमला : गुरदासपुर (विनोद): आज शाम कुछ अज्ञात आतंकवादियों ने जिला इंका कार्यकारिणी के सदस्य श्री धर्मदत्त तथा उनके गनमैन पुरुषोत्तम लाल को उस समय गोली मार कर जख्मी कर दिया जबकि वह अपनी मारुति कार पर गुरदासपुर से टिब्बर गांव में अपने ईंटों के भट्ठे पर जा रहे थे । यह घटना गांव बब्बेहाली के पास हुई । श्री धर्मदत्त की दशा चिंताजनक बताई जाती है । वह पहले भी आतंकवादियों की हिटलिस्ट में थे ।

अपहरण : गुरदासपुर जिले में दिड़ियां गांव से गत रात आतंकवादियों ने एक व्यक्ति कुलदीप कुमार का अपहरण कर लिया ।

घायल महिला चल बसी : फगवाड़ा (अशोक): गत रात्रि स्थानीय शिवपुरी मुहल्ला में आतंकवादियों की गोली से घायल हुई हरजीत कौर नामी विवाहिता युवती सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना में दम तोड़ गई । इस तरह गोलीकांड में मरने वालों की संख्या तीन हो गई । हरजिन्द्र कौर और उसका भाई अवतार सिंह घटनास्थल पर ही मारे गए थे । प्राप्त विवरण के अनुसार हरजिन्द्र कौर 'पछां' दिया करती थी और इस काम के लिए उसने घर में मंदिर भी बनवा रखा था । 5-6 हथियारबंद आतंकवादियों ने उन पर उस समय हमला किया जब वे लोग रात 8.15 बजे टैलीविजन पर चित्रहार देख रहे थे । हरजीत कौर का एक लड़का गोलियों की बौछार के दौरान दरवाजे के पीछे छिप गया तथा उसकी जान बच गई ।

ट्रक ड्राइवर गिरफ्तार : एक अन्य घटना में गत रात्रि लगभग 10 बजे पुलिस को उस समय गोली चलानी पड़ी जब एक ट्रक वाले ने पुलिस के इशारे पर ट्रक रोकने की बजाय तेज कर लिया । पुलिस ने ट्रक के टायर पंक्चर करके ट्रक रुकवा लिया और ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया ।

आतंकवादी मरा : होशियारपुर जिले में गांव हाडोवाल के निकट सुरक्षा बलों ने जब दो स्कूटर सवार आतंकवादियों को चुनौती दी तो उन्होंने गोलियां चलानी शुरू कर दीं । सुरक्षा बलों द्वारा की जवाब में गोलियां चलाने से एक आतंकवादी मारा गया जबकि दूसरा फरार हो गया । उसके पास से ए.के. 47 की एक मैगजीन, 450 बोर का एक माऊजर तथा कुछ कारतूस बरामद हुए हैं ।

3 की हत्या, 88000 रु. लूटे : लुधियाना (धीमान): विभिन्न वारदातों में आतंकवादियों ने 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी, 88000 रुपए और शस्त्र लूट लिए ।

4 आतंकवादी कार में सवार होकर कल रात यहां से 12 किलोमीटर दूर, गांव जगियाना के नजदीक जी.टी. रोड पर स्थित महसूल चुंगी पर आए और पिस्तौल दिखा कर 59 हजार 372 रुपये और एक पुलिस गार्ड की राइफल भी लूट कर ले गए । यहीं आतंकवादी गांव मुंडिया चंडीगढ़ रोड पर महसूल चुंगी पर गए और वहां से भी पिस्तौल दिखा कर 29343 रुपए नकद व एक राईफल ले गए ।

थाना माहनेवाल के गांव बुकड़ा के नजदीक बलबीर सिंह नामक युवक, जो लुधियाना की एक होजरी में कार्य करता है, स्कूटर पर वापिस जा रहा था कि दो आतंकवादियों ने उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी । स्थानीय शिमलापुरी आबादी में दो युवक श्री वीरेंद्र सिंह के घर आए, उसे बाहर बुला

ओ.पी. शर्मा द्वारा दी छात्रों की धरने पर बैठने की कथित रूप से स्कूल से मुअत्तिल करने के कारण हुआ लेकिन छावनी क्षेत्र के पुलिस इंस्पैक्टर श्री देविन्द्र सिंह की होशियारी से इस क्षेत्र की स्थिति सामान्य हो गई । परन्तु सभी स्थानीय सरकारी, केंद्रीय व गैर-सरकारी स्कूल बंद हो गए ।

घटनास्थल से विक्रांत के अनुसार लड़की के पिता ने बताया है कि लड़की आजकल कालेज बंद रहने पर क्षुब्ध-सी रहा करती थी तथा अक्सर कहा करती थी कि जिन्दा रह कर क्या करना है, नौकरी तो मिलने से रही । उन्होंने बताया कि टी.वी. पर समाचार देखते हुए लड़की ने प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह को देख कर उन्हें खूब बुरा-भला कहा । बाद में वह खाना बना कर ऊपर अपने पढ़ने वाले कमरे में चली गई तथा स्वयं पर मिट्टी का तेल छिड़क कर स्वयं को आग लगा ली । मृतका की तीन बहनें तथा एक छोटा भाई है ।

घायल युवक चल बसा : नई दिल्ली : जाट कालेज सोनीपत के 18 वर्षीय राजेश जोशी की आज यहां अस्पताल में मृत्यु हो गई । बी.ए. प्रथम वर्ष के इस छात्र ने सरकार की आरक्षण नीति के विरुद्ध उत्तरी दिल्ली के गांव खेड़ाकला में अपने घर में आग लगा कर आत्मदाह का प्रयत्न किया था और 100% जल गया था ।

घायल चल बसा : वाराणसी : सत्य प्रकाश पांडे नामक एक व्यक्ति ने आज रात नगर के सर सुन्दर लाल अस्पताल में दम तोड़ दिया । उसने 24 अक्तूबर को आत्मदाह कर लिया था । वह आजमगढ़ का निवासी था ।

छात्र द्वारा आत्मदाह : ग्वालियर (वार्ता): मध्य प्रदेश शिवपुरी में आज 18 वर्षीय एक छात्र ने केंद्र सरकार की आरक्षण नीति के विरोध में आत्मदाह कर लिया । पुलिस के अनुसार नरेन्द्र श्रीवास्तव नामक इस छात्र ने आज सुबह शिवपुरी में अपने ऊपर मिट्टी का तेल डाल कर आग लगा ली । नरेन्द्र द्वारा आत्मदाह किए जाने की खबर फैलते ही शिवपुरी में आरक्षण विरोधी छात्रों ने प्रदर्शन कर राज्य परिवहन निगम की दो बसों में आग लगा दी तथा बाजार बंद हो गए ।

'शाम की रेलगाड़ियां पुनः बहाल

बटाला, 27 अक्तूबर (प.स.): उत्तर रेलवे के फिरोजपुर डिविजन ने अमृतसर-पठानकोट तथा अमृतसर-कादियां सैक्शन पर पिछले दिनों आतंकवादियों द्वारा रेल लाइनें उड़ाने तथा रेलगाड़ियों पर फायरिंग की घटनाओं के दृष्टिगत रद्द की शाम की रेलगाड़ियां पुन: बहाल कर दी हैं, लेकिन अमृतसर-डेराबाबा नानक सैक्शन पर रेलगाड़ियां रद्द रहेंगी । उक्त रेलगाड़ियां गत 18 अक्तूबर को रद्द की गई थीं ।

वी.पी. सिंह बौखला कर हिन्दू-मुसलमानों के दिलों में जहर भर रहे हैं : मेहता

लुधियाना, 27 अक्तूबर : शिव सेना पंजाब के संगठन सचिव परमिन्द्र मेहता ने कहा है कि श्री राम मंदिर निर्माण की बात को वी.पी. सिंह खालिस्तान, कश्मीर आदि मसलों से जोड़ रहे हैं जबकि श्री राम मंदिर निर्माण को लेकर देश के करोड़ों हिन्दुओं ने श्री राम रथ यात्रा को देश के मुस्लिम क्षेत्रों से भी शांति पूर्वक निकाला है तथा हम मस्जिद तोड़ कर मंदिर बनाने की बात नहीं करते । अयोध्या में जिस स्थान पर मंदिर बनाया जा रहा है, वहां पर चालीस वर्षों से नमाज नहीं पढ़ी गई । मेरा दावा है कि यदि मुसलमानों को भी अयोध्या की सही स्थिति से अवगत कराया जाए तो वे भी हमारे साथ सहमत होंगे । आज भी देश के वे मुसलमान जो कुरान में लिखे को मानते हैं कि किसी के स्थान पर जबरदस्ती बनाई गई मस्जिद पर किया गया सिजदा अल्ला मियां कबूल नहीं करते, वे हिन्दुओं के साथ मिल कर श्री राम मंदिर कार सेवा में लगे हैं ।

श्री मेहता ने कहा कि वी.पी. सिंह अपने ग्यारह महीने के शासन काल की असफलताओं को देख कर इतना बौखला चुके हैं कि अपनी घटिया नीतियों से देश के हिन्दू व मुसलमान के दिलों में एक-दूसरे के प्रति जहर भर रहे हैं ।

सरकार कश्मीरी उग्रवादियों से बिना शर्त बातचीत करे

नई दिल्ली, 27 अक्तूबर (प.स.): पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने आज कहा कि जम्मू-कश्मीर की समस्या के लिए उग्रवादियों से

होशियारपुर, 27 अक्तूबर (अश्विनी) : इंका सांसद श्री कमल चौधरी ने बताया है कि पार्टी के लोकसभा सदस्यों की बैठक चार नवम्बर को दिल्ली में बुलाई गई है जिसमें आजकल की स्थिति पर विचार किया जाएगा । उन्होंने बताया कि 7 नवम्बर को लोकसभा के एक दिवसीय अधिवेशन के सम्बन्ध में इंका सांसदों को तीन पंक्तियों का एक सचेतक (व्हिप) जारी कर दिया गया है । विभिन्न वरिष्ठ नेताओं का पार्टी के सभी सदस्यों के साथ सम्पर्क कायम है ।

श्री चौधरी ने कहा कि वी.पी. सिंह और उनके साथ किसी एक इंका सांसद का भी समर्थन प्राप्त नहीं कर सकेंगे । उन्होंने कहा कि कांग्रेस स्वयं सरकार बनाने में रुचि नहीं रखती परन्तु मध्यावधि चुनाव के विरुद्ध है । श्री कमल चौधरी ने बताया कि अभी चुनाव हुए एक साल भी नहीं बीता । यदि वी.पी. सिंह की जिद के कारण चुनाव हुए तो देश का करोड़ों रुपए का नुक्सान होगा और पाकिस्तान भी देश में गड़बड़ करा सकता है ।

श्री चौधरी ने कहा कि श्री वी.पी. सिंह स्वयं त्यागपत्र देकर जनतादल या मोर्चा के किसी वरिष्ठ नेता के लिए मार्ग प्रशस्त कर दें ताकि वह नई

कांशी राम वी.पी. को समर्थन देंगे

नई दिल्ली, 27 अक्तूबर (वार्ता): बहुजन समाज पार्टी में प्राय: सहमति हो गई है कि सम्भावित मध्यावधि चुनावों में श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह को समर्थन दिया जाए । सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के बुलावे पर बसपा के अध्यक्ष श्री कांशी राम प्रधानमंत्री से मिलने गए । बाद में पार्टी सांसदों से विचार-विमर्श के दौरान श्री सिंह को समर्थन देने की सहमति उभरी ।

ईराकी मामले पर सुरक्षा परिषद में मतभेद उभरे

संयुक्त राष्ट्र, 27 अक्तूबर (डी.पी.ए.): संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में आज दो घंटे की बहस के दौरान ईराकी मामले पर मतभेद उभर कर सामने आए । खाड़ी संकट को हल करने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव से नई राजनयिक पहल करने की मांग संबंधी गुट निरपेक्ष देशों के एक प्रस्ताव को सुरक्षा परिषद में पश्चिमी देशों के प्रतिनिधियों ने अमान्य कर दिया तथा उम्मीद है कि इसकी जगह परिषद के स्थायी सदस्यों के एक दूसरे प्रस्ताव को मान लिया जाए । क्यूबा, यमन, कम्बोडिया और मलेशिया ने संयुक्त रूप से यह प्रस्ताव किया था जिसे पश्चिमी देशों के प्रतिनिधियों ने यह कह कर अमान्य कर दिया कि ईराक ने कुवैत से हटने के बारे में कोई संकेत नहीं दिया है ।

सरकार बना सके और देश चुनाव से बच जाए ।

इंका सांसद ने कहा कि वी.पी. सिंह ने लोगों का ध्यान पुरानी समस्याओं से हटाने के लिए देश में नई समस्याएं खड़ी कर दी हैं । उन्होंने कहा कि पंजाब, जम्मू-कश्मीर और असम पहले ही ऐसी समस्याएं थीं जिनका उनसे कोई हल नहीं निकल रहा था । मगर अब उन्होंने मंडल आयोग की रिपोर्ट लाग करके एक और महत्वपूर्ण समस्या खड़ी कर दी है जिसने सारे देश को झंझोड़ कर रख दिया है । अब मन्दिर-मस्जिद विवाद और खड़ा हो गया है जो देश को विनाश की ओर धकेल रहा है ।

उन्होंने कहा कि श्री सिंह हमेशा मूल्यों की राजनीति की बात करते थे मगर भाजपा द्वारा समर्थन वापिस लेने के बाद मूल्यों को भूल गए हैं और अपनी गद्दी बचाने के लिए हर प्रकार के हथकंडे अपना रहे हैं ।

'शेखावत को 8 नवम्बर को विश्वास मत लेने का निर्देश

जयपुर, 27 अक्तूबर (वार्ता): राजस्थान के राज्यपाल प्रो. देवी प्रसाद चट्टोपाध्याय ने मुख्यमंत्री श्री भैरों सिंह शेखावत को निर्देश दिए हैं कि वे आठ नवम्बर को राज्य विधानसभा में विश्वास का मत हासिल करें । प्राप्त अधिकृत जानकारी के अनुसार राज्यपाल ने आज रात श्री शेखावत को इस आशय का पत्र भेजा । यह पत्र श्री शेखावत को मिल गया है । उल्लेखनीय है कि जनता दल आलाकमान के निर्देशों पर राजस्थान सरकार में शामिल दल के मंत्रियों ने कल शाम अपने इस्तीफे मुख्यमंत्री को सौंप कर राज्यपाल को सूचित किया था कि उनकी पार्टी ने शेखावत सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है और अब उनकी सरकार अल्पमत में रह गई है ।

अडवानी स्वस्थ और प्रसन्नचित्त

कलकत्ता, 27 अक्तूबर (प.स.): भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष लाल कृष्ण अडवानी 'स्वस्थ और प्रसन्नचित्त हैं ।' श्री अडवानी को इन दिनों बिहार सीमा पर दमका के सानजोर निरीक्षण भवन में नजरबंद रखा गया है । श्री अडवानी की पुत्री श्रीमती प्रतिभा और उनके दामाद श्री कैलाश, जिन्होंने कल उनसे दमका में भेंट की थी, ने यह जानकारी आज संवाददाताओं को कलकत्ता हवाई अड्डे पर दी ।

हाईकोर्ट ने रिपोर्ट मांगी

पटना, 27 अक्तूबर (प.स.): पटना उच्च न्यायालय ने भाजपा अध्यक्ष लालकृष्ण अडवानी की गिरफ्तारी और 'रामरथ' की जब्ती के मामले में बिहार सरकार को रिपोर्ट देने को कहा है । न्यायालय ने इस संबंध में भारत सरकार के वकील को भी इस बीच पूरी जानकारी प्राप्त कर लेने के लिए कहा है ।

NAVYUG SAREE KENDRA
CAR PARKING, PATIALA
(Managed by SHYAM LAL NAVYUG)
ANNOUNCES THE OPENING OF THEIR
NEW EXCLUSIVE GENTS SHOWROOM
NEWYUG
DEPARTMENTALS
1st Floor, Navyug Bhawan, Adalat Bazar, Patiala
INAUGURATION BY :
Dr. H. K. MANMOHAN SINGH,
Vice Chancellor, Punjabi University
TODAY, the 28th, OCTOBER, 1990 at 10.15 A.M.
Other Entrance : Friends Textiles, Adalat Bazar, Patiala.
KADS

हिमाचल पथ परिवहन निगम ऊना
नीलामी सूचना
सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि हिमाचल पथ परिवहन निगम ऊना की ओर से ऊना बस स्टैंड में स्थित निम्नलिखित दुकानों व स्टालों को लाइसैंस-फी पर देने के लिए खुली नीलामी दिनांक 5.11.90 को 2.00 बजे सायं क्षेत्रीय कार्यालय ऊना में, जो कि तीन साल के लिए किराए पर देनी है, को नीलाम किया जाएगा । शर्त

Punjabi Sanjani

दुर्दांत उग्रवादी खजाला व एक अन्य सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए

डी.एस.पी. के सम्बन्धियों सहित 6 व्यक्तियों का अपहरण

कांस्टेबल, सरपंच समेत 6 की हत्या

चंडीगढ़, 28 अक्तूबर : दुर्दांत उग्रवादी जसविन्द्र सिंह खजाला और एक अन्य उग्रवादी आज रात्रि सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए, जबकि विभिन्न वारदातों में एक पुलिस कांस्टेबल और पूर्व सरपंच समेत 6 लोगों की हत्या हुई, बटाला में शिव सेना नेता के घर के निकट से बम बरामद हुआ और एक डी.एस.पी. के 2 रिश्तेदारों सहित 6 लोगों का अपहरण कर लिया गया ।

एक की हत्या : अमृतसर (सोनी) : कल रात आतंकवादियों ने अमृतसर जिला के सैदो लेहल गांव में कश्मीर सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । घटनास्थल से आतंकवादियों द्वारा छोड़ी गई एक चिट्ठी भी मिली है जिसमें कहा गया है कि कश्मीर सिंह लूटखसूट की वारदातों में संलिप्त था ।

ठेका लूटा : कल रात अमृतसर शहर के बाहरी क्षेत्र में मैंटल अस्पताल के करीब मोटर साईकिल सवार आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर शराब के एक ठेके से अढ़ाई हजार रुपया लूट लिया ।

बस जला दी : आतंकवादियों ने तरनतारन पुलिस जिला में मानोचाहल गांव के निकट पंजाब रोडवेज की एक बस को आग लगा दी । इससे पहले आतंकवादियों ने यात्रियों की जबरन बस से उतार दिया था ।

मुठभेड़ में 1 आतंकवादी मरा : मिखीविंड थाना के अंतर्गत बलेर गांव में आज शाम सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया । उसके 2 साथी भाग गए । घटनास्थल से चोरी की एक राइफल, 10 कारतूस तथा 2 छड़ी बम भी बरामद हुए हैं । मुठभेड़ दो घंटे से भी ज्यादा देर तक चली ।

युवक की हत्या : आतंकवादियों ने मजीठा पुलिस जिला के रमन चक गांव में बलबीर सिंह नामक एक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी ।

एरिया कमांडर मारा गया : गुरदासपुर (प.स.): कादियां पुलिस थाना के अंतर्गत धबई गांव में आज शाम सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में खालिस्तान कमांडो फोर्स का एरिया कमांडर जसविन्द्र सिंह खजाला मारा गया । उसकी गिरफ्तारी पर एक लाख रुपए का इनाम था । मुठभेड़ लगभग 2 घंटे तक चली । इस दौरान पंजाब पुलिस के 2 कांस्टेबल भी घायल हुए । पुलिस को बटाला तथा श्री हरगोबिन्दपुर क्षेत्रों में हुए अनेक अपराधों में खजाला की तलाश थी । घटनास्थल से एक ए.के. 74 राइफल, 3 मैगजीन और तीन छड़ी बम भी बरामद हुए हैं । खजाला के तीन साथी बच कर भाग गए । खजाला खालिस्तान कमांडो फोर्स के लै. जनरल जस्सा सिंह उर्फ आहलुवालिया का निकट सहयोगी था ।

बम नाकारा किया : बटाला (कोछड़) : चक्करी बाजार बटाला में स्थानीय शिव सेना प्रधान राकेश शर्मा के घर के नीचे साईकल पर रखे बम को गत रात्रि लगभग पौने 11 बजे सिटी पुलिस ने नाकारा करके अनेक जानें बचा लेने का दावा किया है । जिला पुलिस ने अधिकृत सूत्रों ने आज प्रातः पत्रकारों को बताया कि गत रात कुछ लोगों ने एक साईकल के कैरियर कर बड़ी संख्या में नई कापियां पड़ी देखीं और आसपास इसका कोई दावेदार न पाकर उन्होंने सिटी पुलिस को खबर कर दी । सिटी पुलिस के एक ए.एस.आई. श्री जुझार सिंह ने आकर कापियों का निरीक्षण किया तो देखा कि कापियों को मध्य से चौकोर काट कर उसमें बम रखा हुआ था । पहले उस पर पानी डाला गया, फिर उक्त ए.एस.आई. ने एक छत पर चढ़ कर 4 फायर करके बम नष्ट कर दिया । विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि आसपास की इमारतें हिल गईं व बम में रखे गए लोहे के नट-बोल्ट उड़ कर कई फुट दूर जाकर गिरे । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों ने बताया कि सम्भवतः यह टाईम बम था और यह किसी कारण निर्धारित समय पर चल नहीं सका ।

अपहरण : पुलिस जिला बटाला से थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव छिछरवाल में सशस्त्र आतंकवादियों ने दो युवकों नरिन्द्र सिंह व इन्द्र पाल सिंह का अपहरण कर लिया । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार ये दोनों डेरा बाबा नानक में तैनात डी.एस.पी. श्री गुरमिन्दर सिंह संधु के रिश्तेदार हैं ।

ठेका जला दिया : पुलिस जिला बटाला के थाना डेरा बाबा नानक ने गांव धर्मकोट रंधावा में आतंकवादियों ने देसी शराब का ठेका व एक अन्य दुकान को आग लगा दी ।

एस.पी.ओ. चौकी पर फायरिंग : पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव अटवाल में एस.पी.ओ. चौकी पर आतंकवादियों ने फायरिंग की, सुरक्षा कर्मियों ने भी जवाबी फायरिंग की । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार फायरिंग दो घंटे तक चली । बाद में आतंकवादी फरार हो गए, इस वारदात में कोई हताहत नहीं हुआ ।

4 और लोगों का अपहरण : इसी पुलिस

(शेष पृष्ठ 6 पर)





चक्री बाजार बटाला में साइकिल पर रखे बम को नाकारा किए जाने के बाद उसके बिखरे अवशेष तथा प्रयुक्त साइकिल । (नीचे) मध्य से चौकोर काटी गई कापियां जिनमें बम रखा था । नाकारा किए जाने के बाद बिखरे नट-बोल्ट आदि । (छाया : कोछड़)

वी.पी. सिंह के 100 जद सांसदों के समर्थन के दावे को चुनौती

नई दिल्ली, 28 अक्तूबर (प.स., वार्ता): जनता दल के असंतुष्ट सदस्यों ने प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह को एक सौ से ज्यादा सांसदों के समर्थन के दावे को चुनौती दी है । जनता दल के वरिष्ठ सांसद राज मंगल पांडे ने आज यहां संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए । उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें प्रधानमंत्री पद से तुरन्त हटा दिया जाना चाहिए ताकि पार्टी और देश की एकता को बचाया जा सके ।

श्री पांडे और सांसद जय प्रकाश सहित जिन सांसदों ने कल प्रधानमंत्री के आवास में आयोजित जलपान बैठक में भाग लिया था, कहा कि पांच सांसद ऐसे भी थे जिन्होंने बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री को देश और पार्टी के हित में तुरन्त इस्तीफा दे देना चाहिए । श्री पांडे ने कहा कि पार्टी को नया नेता चुनने के लिए श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह को प्रधानमंत्री पद से हटाया जाएगा लेकिन अभी वह यह नहीं बता सकते हैं कि उनके साथ कितने सांसद हैं और उनके नाम क्या हैं ।

संवाददाता सम्मेलन में असन्तुष्ट सांसदों में श्री पांडे और जय प्रकाश के अलावा, सर्वश्री ललित विजय सिंह, धर्मेश वर्मा, नकुल नाईक, देसाई चौधरी, कल्याण सिंह कालवी, हरमोहन धवन, दिग्विजय सिंह और बाल गोपाल मिश्र शामिल थे ।

वी. पी. सिंह का भाज... राजनीतिक रंग देकर सम...

नई दिल्ली, 28 अक्तूबर (वार्ता): प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आज भारतीय जनता पार्टी पर सीधा जवाबी प्रहार करते हुए कहा कि राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद विवाद सुलझ सकता था लेकिन कुछ लोगों ने इसमें राजनीतिक रंग देकर अड़ंगा डाल दिया । युवा जनता दल के कार्यकर्ताओं को आज दोपहर अपने निवास में सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एक दल ने श्री राम को मन्दिर में से उठाकर मतदान पेटी में रखने की कोशिश की है ताकि उसे राजनीतिक लाभ मिल सके ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अयोध्या में श्री राम के मन्दिर निर्माण पर मुसलमानों को भी कोई एतराज नहीं है । "राम का मन्दिर अयोध्या में नहीं हो तो और कहां बनेगा ? जंगल में खुली जमीन है । मन्दिर वहां बना लिया जाए ।"

श्री सिंह ने कहा कि अयोध्या विवाद सुलझाने के लिए साधु-संतों से बातचीत चल रही थी, जिससे समाधान की उम्मीद बंधी थी क्योंकि दोनों पक्ष एक-दूसरे के करीब आ गए थे लेकिन इसमें राजनीति फिर घुस आई ।

उन्होंने कहा कि दो भाइयों में भी तकरार हो जाए तो दो ही विकल्प रह जाया करते हैं, एक तो यह कि दोनों आपस में सलाह-मशविरा करके किसी समझौते पर पहुंच जाएं और दूसरा यह कि कानून का द्वार खटखटाएं और उसके फैसले को मान लें । श्री सिंह ने कहा कि लेकिन एक पक्ष ने खुद ही सोच लिया कि उसने अपनी बात ही मनवानी है, नहीं मानी गई तो सरकार को गिरा देंगे ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि तब सवाल यह उठा कि असूलों को छोड़ा जाए या सरकार को गिरने दिया जाए । मैंने तय किया कि असूलों पर डटे रहना है ।

उन्होंने हंसी के... है, मैं जब मुख... वित्त मंत्री बना... मंत्री बता तो पि... हूं तो फिर वैसी...

प्रधानमंत्री... बार व्यवस्था... किया । उन्हों... बार सत्ता परि... इस बार व्यवस...

"मैं जान... मुस्लिमों...

श्री सिंह ने... सामाजिक औ... बदलना होगा... में हैं वे साथ... जन्नत का वाय... इतना वायदा... जो झोंपड़ी दी... भिन्न-भिन्न... पाएंगे । प्रधा... मुसलमानों के... "जान दे दूंगा...

श्री सिंह... राज तो मंजिल... लड़ाई आई तो... कि राज क्या है... सकता है लेकि...

प्रधानमंत्री...

4 छात्रों द्वारा आत्म बलिदान द्वारा व्यापक तोडफोड़ व आग...

चंडीगढ़, 28 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): मंडल आयोग की सिफारिशों के विरोध में एक छात्र ने पानीपत में आत्मदाह का प्रयास किया, जबकि बिलासपुर के एक छात्र ने शिक्षण संस्थान न खुलने पर असंतोष व्यक्त करते हुए आत्मघात की कोशिश की । पठानकोट और अमृतसर में एक-एक छात्र ने आत्मघात का प्रयास किया । इसी दौरान जालन्धर में कल आत्मदाह करने वाली छात्रा का आज अंतिम संस्कार कर दिया गया ।

छात्र द्वारा आत्मदाह का प्रयास : जिला पुलिस थाने के अधीन उग्रखेरी गांव में गत सायं एक छात्र द्वारा मंडल आयोग की सिफारिशों के विरोध में आत्महत्या का प्रयास किया गया । उसे पानीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है । आदर्श निकेतन स्कूल में नवीं कक्षा के इस छात्र का शरीर 35% जल चुका है ।

गत सायं कुछ आरक्षण विरोधियों ने जिला भिवानी में सोखी गांव के निकट हरियाणा रोडवेज की एक बस को आग लगा दी ।

छात्रा की अत्येष्टि, तोड़-फोड़ व आगजनी, लाठीचार्ज : जालन्धर (वार्ता, प.स.): स्थानीय एस.डी. कालेज फार विमैन की छात्रा राजदीप कौर का आज दोपहर बाद किशनपुरा के श्मशान घाट में अन्तिम संस्कार कर दिया गया । उसने गत रात अपने आप को आग लगाकर आरक्षण नीति के विरोध में अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी । इस दौरान नगर के कई क्षेत्रों से आरक्षण विरोधियों द्वा... जाने की भी स...

मृतका... श्मशान घाट... जाने वाले अस... की और दुकान... तरह से क्षति... भगत सिंह चौ... द्वारा क्षतिग्रस्त...

पुलिस ने... गली नम्बर 4... एक व्यक्ति की... अग्नि शमन द... थी । हरजीत... मिलने यहां आ...

पुलिस के... अन्य दल ने... दुकानों को पथ... के.एम.वी. क... एक्सटैंशन का... आग समय रह...

आरक्षण... बस पर भी प... दिए ।

श्मशानघ... उग्र गुट को ख... करना पड़ा । ... तथा ईंटों की व... से दोनों पक्षों...

'वि.प्र.' के... में पुलिस ने... करवाया था...

वाजपेयी द्वारा खंडन

भोपाल, 28 अक्तूबर (वार्ता): भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने आज

मध्यावधि चुनावों बारे जनता दल नेताओं में मतभेद : बीजू द्वारा नेतृत्व परिवर्तन का विरोध : देवी लाल कोई नया गुल खिला सकते हैं

नई दिल्ली, 28 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): राम...

Punjabi Sanatani

, 22-A, Old Jawahar Nagar, City.

u Ram, Residence of Village ar, Distt. Kangra (HP) has ne name of my son from Bishan ay Kumar Dogra.

किराए पर

ई चालू हालात में दर्जी की दुकान मेन आबादी में किराए पर लेने के लिए नर्ज़, सामने एस.डी. कालेज, जालंधर ।

आवश्यकता

चार पत्रों में सभी प्रकार के विज्ञापन देने :–H.B. Advg. Agency, Garha o. Kheti Daftar), Near Bus andhar.

है (1) वैल्डर (Welder) तथा (Pressman), (3) Foreman f Compresser, Moulding Presses, मिलें सुबह 10 बजे से . Broadway Exports (Mittal 26, Sodal Nagar, Industrial dhar City.

Heart Public School, Vijay alandhar. Wanted trained (1) Science, English, Nursery, rs. Meet personally. Principal

ately require experienced Central Air-conditioning Welders, Electricians, Handsome salary as per tact : Mehan Industries, 680, Nagar, Jalandhar.

lady Doctor, Nurses, t., Lab. Technician. Contact Suptt. Kataria Maternity . Nagar, Jalandhar City.

WANTED
TY GUARDS
ASSISTANTS

कलानौर के गांव भंगवां के सरपंच सोहन सिंह के घर से आतंकवादी कल रात 2 बोल्ट एक्शन राइफलें, एक .303 की राईफल, एक एस.एल.आर. व एक दोनाली बंदूक लूट कर ले गए । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार ये हथियार सरपंच को ग्रामीण सुरक्षा योजना के अंतर्गत दिए गए थे । इनमें से एक बोल्ट एक्शन राईफल प्रात: खेतों में पड़ी मिली है ।

बटाला से 'कोछड़' के अनुसार पुलिस ज़िला बटाला के एस.एस.पी. श्री सीता राम ने बताया है कि जसविन्द्र सिंह खजाला पंजाब पुलिस में कांस्टेबल रह चुका है और पिछले वर्ष वह ड्यूटी छोड़ कर भाग गया था ।

पूर्व सरपंच की हत्या : रोपड़ (वार्ता): आतंकवादियों ने कल रात बिजराबाद गांव के पूर्व सरपंच श्री गुरदेव सिंह की पैसाली गांव में गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

कांस्टेबल की हत्या : पटियाला (वार्ता) : आतंकवादियों ने आज प्रात: राजपुरा में रेलवे क्रासिंग के निकट पंजाब पुलिस के एक कांस्टेबल लखबीर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

घायल : संगरूर (वार्ता): आतंकवादियों ने टिब्बा शेरपुर गांव में देवेन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया ।

दो की हत्या : बाघा पुराना (मित्तल): 4 सशस्त्र आतंकवादियों ने थाना निहालसिंहवाला के अंतर्गत गांव रोता में एक पंचायत सदस्य श्री गुरदीप सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बाद में इन्हीं आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर काला सिंह तथा उसकी पत्नी गुरमीत कौर को भी गोलियां मार कर घायल कर दिया । बाद में गुरमीत कौर ने अस्पताल में दम तोड़ दिया ।

एक और व्यक्ति घायल : भटिंडा (वार्ता) : आतंकवादियों ने पंगोली गांव में बलदेव सिंह नामक एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर

आज कल उनके मुख्य वी.पी. सिंह ने गत रात भेजा है कि वह इस संक श्री यादव को मना लें कितना प्रभाव डाल पा क्योंकि श्री यादव के लि तथा वह जानते हैं कि व करने की कोशिश क रवैया 30 अक्तूबर के वह राम जन्म भूमि मु

लालू प्रसाद यादव अपना मन बना सकेंगे करते रहे हैं और समझा रखेंगे । गुजरात के मु कल राजधानी में पहुंच देवी लाल को आश्वास समर्थन करेंगे परन्तु उ कांग्रेस (इ) का समर्थन सरकार बचाए रखना लगते हैं तथा कांग्रेस उ समर्थन दे सकती है । में अहमदाबाद में माधव चुका है ।

रांची और हिंसाके बा

नई दिल्ली, 28 अक्तू उपद्रव के बाद सेना बुल को देखते ही गोली मार है । हैदराबाद में छुरे गया । राजस्थान के भ बुला ली गई । गुजरात कर्फ्यू लगा दिया गया है शिव सेना के स्थानीय अ मथुरा तथा गोरखपुर किया

Punjabi Sanatani

हैं ।

भूमि के बारे में केन्द्र के रवैये के खिलाफ होगा ।

जाने का सिलसिला कल भी जारी रहा ।

ली । ज़िला शिव सेना प्रमुख ने दावा किया है कि विनय कुमार ने उन्हें बताया था कि वह इसलिए यह कदम उठा रहा है क्योंकि केंद्र सरकार अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण में बाधा डाल रही है ।

अमृतसर (नारंग): हिन्दू शिव सेना पंजाब की तरफ से आज प्रात: 501 राम भक्तों का जत्था अयोध्या की तरफ रवाना हुआ । यह जानकारी देते

सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 7 उग्रवादी मरे : पंजाब में अन्यत्र भाकपा वर्कर सहित 12 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 29 अक्तूबर : सुरक्षा बलों ने आज शाम लुधियाना जिला में खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के स्वयंभ एरिया कमांडर ईश्वर सिंह समेत 7 आतंकवादियों को मार गिराया । इस बीच पंजाब में पिछले 24 घंटे के दौरान विभिन्न वारदातों में एक भाकपा वर्कर सहित 12 लोगों की हत्या हुई ।

मुठभेड़ में 5 आतंकवादी मरे : लुधियाना (वार्ता): सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान आज शाम लुधियाना जिला के उच्चांपिंड गांव के निकट 5 आतंकवादी मारे गए । प्रदेश के पुलिस प्रमुख श्री के.पी.एस. गिल ने मुठभेड़ का विवरण देते हुए बताया कि मुठभेड़ से पहले उक्त आतंकवादियों ने एक सहकारी समिति से 70 हजार रुपया लूट लिया था और कुछ कर्मचारियों का अपहरण कर लिया था । सूचना मिलने पर लुधियाना, पटियाला तथा रोपड़ जिलों की पुलिस ने तालमेल कायम करके संयुक्त कार्रवाई के दौरान उक्त पांचों आतंकवादियों को घेर लिया । दो घंटे तक चली मुठभेड़ के दौरान 5 आतंकवादी मारे गए । घटनास्थल से तीन ए.के. 47 राइफलें, एक सैल्फ लोडिंग राइफल, दो पिस्तौलें, लूटी गई धन राशि तथा पांच हीरो होंडा मोटर साइकिल बरामद हुए हैं ।

लुधियाना से 'धीमान' के अनुसार लगभग 20 आतंकवादियों का एक गिरोह बध गांव में किसी वारदात की योजना बना रहा था । पटियाला पुलिस को जब इसकी सूचना मिली तो उसने लुधियाना जिला पुलिस से सम्पर्क किया । लुधियाना जिला पुलिस प्रमुख श्री परमजीत सिंह संधू भारी पुलिस फोर्स के साथ उक्त गांव में पहुंच गए । इस बीच आतंकवादी वहां से संघोल गांव की ओर भागे । पुलिस ने पीछा करके आतंकवादियों को घेर लिया । इस बीच पटियाला जिला पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई । मुठभेड़ के दौरान पांच आतंकवादी मारे गए । मरने वालों में के.एल.एफ. का स्वयंभ एरिया कमांडर ईश्वर सिंह भी शामिल है ।

एक की हत्या : आतंकवादियों ने कल रात लुधियाना के जनता नगर क्षेत्र में सरबजीत सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

पंचायत सदस्य की हत्या : आतंकवादियों ने कल रात लुधियाना जिला के रानोवाली गांव में पंचायत सदस्य श्री गेजा सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

कश्मीर घाटी में 5 उग्रवादियों समेत 7 मरे

श्रीनगर, 29 अक्तूबर (वार्ता): गत 24 घंटों के दौरान कश्मीर घाटी में 5 उग्रवादियों सहित 7 व्यक्ति मारे गए और सी.आर.पी.एफ. के 7 जवान घायल हो गए जबकि सुरक्षा बलों ने 15 उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से भारी मात्रा में शस्त्र और गोली-सिक्का बरामद किया ।

शहर में आज कर्फ्यू में सुबह पांच बजे से तेरह घंटे की ढील दी गई । अनंतनाग से प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार कल 400 मकानों और दुकानों में आग लगने की घटना के बाद लगाया गया कर्फ्यू आज तड़के उठा लिया गया । चारचुल्ला क्षेत्र में स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के सिग्नल शिविर पर कल रात उग्रवादियों ने राकेटों से हमला कर 7 सुरक्षा कर्मियों को घायल कर दिया ।

इसके अलावा, कर्फ्यूग्रस्त अनन्तनाग में आज लगातार दूसरे दिन भी सेना और अर्धसैनिक बलों की टुकड़ियों ने सड़कों पर गश्त लगाई ।

उग्रवादियों ने आज अनंतनाग जिले में एक पुल को आग लगा दी ।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने आज शाम यहां संवाददाताओं को बताया कि पाकिस्तान से प्रशिक्षण प्राप्त पांच उग्रवादियों को कल रात कुपवाड़ा के पांच कि.मी. कर्फ्यूग्रस्त पट्टी इलाके में मार गिराया गया और पंद्रह को गिरफ्तार कर लिया गया ।

कर्मचारी समन्वय समिति के आह्वान पर की जा रही हड़ताल के कारण आज 45वें दिन भी राज्य के सरकारी कर्मचारियों ने कामकाज नहीं किया ।

कांस्टेबल की हत्या : आतंकवादियों ने लुधियाना जिला में मीरपुर गांव से पुलिस कांस्टेबल नेत्र सिंह का अपहरण कर लिया तथा बाद में गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी ।

भाकपा वर्कर की हत्या : अमृतसर (वार्ता): आतंकवादियों ने कल रात तरनतारन पुलिस जिला के सुरसिंहवाला गांव में भाकपा वर्कर श्री लखबीर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

महिला की हत्या : आतंकवादियों ने सुरसिंहवाला गांव में ही एक महिला की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतका की अभी तक पहचान नहीं हुई ।

2 उग्रवादी मारे गए : पुलिस ज़िला तरनतारन के गांव सहागपुरा के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुए मुकाबले में 2 मोटर साइकल सवार उग्रवादी मारे गए । उनकी शिनाख्त नहीं हो सकी । उनके कब्जे से एक अफगानी राइफल, एक रिवाल्वर और गोली-सिक्का बरामद हुआ है ।

दो की हत्या : संगरूर (वार्ता): आतंकवादियों ने कट्टू गांव में शराब के एक ठेके पर फायरिंग करके दो लोगों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतकों के नाम निर्मल सिंह तथा जगीर सिंह बताए जाते हैं ।

एक और व्यक्ति की हत्या : आतंकवादियों ने संगरूर जिला के ही भूरे गांव में एक फार्म हाऊस में घुस कर बलबीर सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

एक की हत्या : पटियाला (वार्ता): आतंकवादियों ने सोमियां गांव में गुरबचन सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

4 लोग घायल : भटिंडा (वार्ता): आतंकवादियों ने कल रात गंडेवाला गांव में फायरिंग करके तीन भाइयों बलबीर सिंह, जालंधर सिंह तथा सुखवंत सिंह और उनकी मां को घायल कर दिया ।

एक व्यक्ति की हत्या : फिरोजपुर (वार्ता): आतंकवादियों ने कल रात बस्ती मच्छियां गांव में

(शेष पृष्ठ 6 पर)

पाक के चुनाव में धांधली हुई : फ्रांसीसी पर्यवेक्षक

इस्लामाबाद, 29 अक्तूबर (डी.पी.ए.): फ्रांस के एक पर्यवेक्षक दल ने आज कहा कि पाकिस्तान में गत सप्ताह हुए राष्ट्रीय चुनावों में इस्लामी जम्हूरी इत्तेहाद ने धांधली करके भारी विजय हासिल की । फ्रांसीसी टीम की रिपोर्ट अमरीका के नैशनल डैमोक्रेटिक इंस्ट्रीट्यूट द्वारा प्रायोजित बहुराष्ट्रीय पर्यवेक्षक दल तथा कनाडा के एक पर्यवेक्षक दल की उन रिपोर्टों से भिन्न हैं, जिनमें कहा गया था कि चुनाव निष्पक्ष हुए ।

देवी लाल की ज़ैल सिंह से फोन पर वार्ता

नई दिल्ली, 29 अक्तूबर (वार्ता): पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने पूर्व उप-प्रधानमंत्री देवी लाल से आज टैलीफोन पर बात की । श्री देवी लाल के निकटवर्ती सूत्रों ने कहा कि दोनों में कल अयोध्या में प्रस्तावित 'कार सेवा' के बारे में बात हुई । केंद्रीय कपड़ा मंत्री श्री शरद यादव और बहुजन समाज पार्टी के अध्यक्ष कांशी राम, आज प्रात: श्री देवी लाल से मिले ।

अरुण शोरी को सम्पादक-पद से हटा दिया गया

नई दिल्ली, 29 अक्तूबर (प.स.): अरुण शोरी को इंडियन एक्सप्रैस के सम्पादक-पद से हटा दिया गया है । वैसे पत्र के प्रबन्धकों ने अभी तक इस आशय की घोषणा नहीं की है लेकिन श्री शोरी ने आज रात बताया कि उन्हें हटा दिया गया है । उन्होंने बताया कि उन्हें हटाने का कोई कारण नहीं बताया गया है ।

यहां यह उल्लेखनीय है कि हिन्द समाचार पत्र समूह के समाचारपत्रों में दो दिन पूर्व इस आशय का समाचार प्रकाशित हुआ था ।

जालन्धर में अ
दोनों पूजनीय
श्री अवैध ना
गिरफ्तारी पर
तथा उ.प्र. सर

कल शिव
एक विशाल र
उप प्रधान पं
महासचिव य
जालन्धरी तथ
में राम नाम
नर-नारियों ने
पुरुषोत्तम श्री
कि अयोध्या में
भक्तजनों पर

अमृतसर
सेना के प्रधान
सरकार चाहे
ले, अयोध्या
होगा ।

होशियार
सेना के मैंब
आन्दोलन के
जिसका नेतृत्व
रहे थे । इस
अर्थी भी जल
उप-प्रधान अ
में सेना के वर्क
दौरान विश्व
जारी प्रैस नोट
कल तक एक
रवाना हो चुके



विश्व हिन्दू
श्रीशचन्द्र दी
अंजलि पण्ड
शुक्रवार को
जवान ज्यो

लखनऊ व इलाहाबाद में हिंसा भड़कने के बाद सेना

लखनऊ कानपुर समेत कई हिस्सों में कर्फ्यू

Punjab Sanatan

य जनता पार्टी के सभी सांसदों को नैतिकता के पर त्यागपत्र दे देना चाहिए । श्री यादव ने "अभी भी समय है कि भाजपा राम मि-बाबरी मस्जिद विवाद के बारे में अपनाए पने मौजूदा रवैये पर पुनर्विचार करे । वह सेवा का कार्यक्रम रद्द कर दे और आंदोलन ले ले ।

श में ताजा राजनीतिक स्थिति की समीक्षा के ार्क्सवादी पार्टी की सर्वोच्च समितियां पोलित ौर केंद्रीय समिति की बैठकें यहां होंगी । केंद्र ीय मोर्चा सरकार का बिना शर्त समर्थन कर र्क्सवादी पार्टी के पोलित ब्यरो की बैठक एक नवम्बर तथा केंद्रीय समिति की बैठक पांच ह नवम्बर को बुलाई गई है ।

ार्क्सवादी नेतृत्व वाले वामपंथी मोर्चे ने, लोकसभा में 52 सदस्य हैं, पहले ही घोषणा है कि वह प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के और देश में वर्तमान स्थिति को देखते हुए परिवर्तन के खिलाफ हैं ।

ांग्रेस (इ) नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी पर लगाया है कि वह अपने राजनीतिक स्वार्थ के ोगों की धार्मिक भावनाएं भड़का रही है । स युवा कांग्रेस (इ) द्वारा आयोजित ायिक विरोधी युवा सम्मेलन' में कांग्रेस (इ) ने लोगों से अपील की कि राम मि-बाबरी मस्जिद के मामले पर भाजपा तथा टों द्वारा भड़काने की नीयत से किए जा रहे पर ध्यान न दें ।

काली दल (फेरुमान) के अध्यक्ष महंत स ने राष्ट्रपति रामास्वामी वेंकटरमन से किया है कि वह पड़ोसी देश की राजनीतिक ों और देश में कानून एवं व्यवस्था की ी स्थिति को देखते हुए जल्दी ही एक राष्ट्रीय गठित करें ।

ग्रेस (इ) ने राष्ट्रीय सरकार बनाने के भारतीय ार्टी के नेता अटल बिहारी वाजपेयी के को नामंजूर कर दिया है ।

ग्रेस (इ) सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने ां लोकसभा ध्यक्ष रविराय से भेंट कर उनसे किया कि सात नवम्बर को लोकसभा के होने शेष अधिवेशन में पार्टी द्वारा सरकार के प्रस्तुत अविश्वास प्रस्ताव को प्राथमिकता ।

के एक गिरोह ने चार राकेट फैंके तथा फायरिंग की । एक राकेट चौकी पर गिरने से एक एस.पी.ओ. हरदीप सिंह घायल हो गया । इसे सिविल अस्पताल गुरदासपुर में भर्ती कराया गया है । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों ने बताया कि तीन अन्य राकेट चौकी से दूर गिरे ।

नायब तहसीलदार का अपहरण :पुलिस बिला बटाला में थाना कलानौर के गांव गोसल के निकट से आतंकवादियों ने कलानौर तहसील के नायब तहसीलदार कश्मीरी लाल का अपहरण कर लिया । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार श्री कश्मीरी लाल का अपहरण 23 अक्तूबर को उस समय किया गया, जब वह अपने कार्यालय के एक सेवादार के साथ ड्यूटी देने के बाद गुरदासपुर स्थित अपने घर जा रहे थे । अभी तक श्री कश्मीरी लाल का कोई सुराग नहीं मिला ।

एक की हत्या : आतंकवादियों ने कल रात बटाला पुलिस जिला के चाहलकला गांव से करनैल सिंह (35) नामक एक व्यक्ति का उसका घर से अपहरण कर लिया तथा कोटला मज्जा सिंह गांव के निकट ले जाकर ए.के. 47 से गोलियां चला कर उसकी हत्या कर दी ।

बैंक लूटा :गुरदासपुर से 'विनोद' के अनुसार आज दोपहर दो आतंकवादियों ने गुरदासपुर ज़िले के गांव कला संगल में सैंट्रल को-आप्रेटिव बैंक से 6008 रुपए लूट लिए । भागते समय आतंकवादी बैंक कर्मचारी कश्मीर सिंह का हीरो होंडा मोटर साइकिल भी ले गए ।

दकोहा में हत्या : जालंधर (वार्ता): आज रात्रि गांव दकोहा जिला जालंधर में दो उग्रवादियों ने सरूप सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में दाखिल होकर ए.के. 47 राइफल से गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी ।



अयोध्या में विवादित राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद

सौराष्ट्र में भावनगर जिले के रात ग्यारह बजे के बाद से अनिश्चि लगा दिया गया है । वहां बड़े पैम और लूटपाट की घटनाएं हुई थीं आज अहमदाबाद में आधिकारि है । पुलिस ने लूटपाट और आग को तितर-बितर करने के लिए छोड़े ।

पुलिस ने बताया कि उत्तरी ग कस्बे में भी कर्फ्यू जारी है ।

सौराष्ट्र में जामनगर में और पालनपुर, दिस्सा, धनेरा में भी एह रात का कर्फ्यू जारी है । अह उपद्रवग्रस्त क्षेत्रों से कर्फ्यू आज हटा लिया गया है क्योंकि स्थिति स

बिहार के रांची नगर में डो कर्फ्यू की अवधि अनिश्चितकाल है जबकि शहर में हुई विस्फोट की हुए अन्य क्षेत्रों में कोई ढील नहीं

अधिकृत सूत्रों के अनुसार रहमतनगर में उत्पन्न तनाव क सुबह आठ बजे से कर्फ्यू लगा दि

इस बीच पिछले शुक्रवार की घटनाओं में मरने वालों की संख्या है ।

प्रमुख स्थानों पर अर्धसैनिक जवान गश्त लगा रहे हैं जबकि नहीं निकल रहे हैं । आगजनी अ में अब तक 300 से अधिक किया गया है ।

पटना में भाजपा के एक प्र किया कि बिहार में करीब दस ह गिरफ्तार किया गया है । इनमें राम नारायण राम और विध अधिकारी शामिल हैं ।

प्रशासन ने चेतावनी दी असामाजिक तत्वों के साथ जाएगा । सेना के जवानों ने फ्लैग मार्च किया ।

सेना सतर्क : हैदराबाद से छुरेबाजी की घटनाओं में 10 व से व्याप्त तनाव को देखते हुए इलाकों में सतर्क रहने को कह

Punjabi Sanatani

नीति के मतभेदों के अतिरिक्त यह तथ्य भी पाया गया कि गोयनका परिवार के साथ उनके वैचारिक मतभेद भी उभर आए थे । यह मतभेद विशेष तौर पर श्रीमती सरोज गोयनका के साथ उत्पन्न हुए ।

उनके अनुसार श्री वी.पी. सिंह ने कहा था कि विवादास्पद स्थल पर स्थित ढांचे का मुसलमानों के लिए बहुत महत्व है, मगर वह स्थल हिन्दुओं के लिए पावन है । तब उन्होंने श्री राजमोहन गांधी की इस राय का समर्थन किया था कि ढांचेनुमा इस मस्जिद

श्री राव के अनुसार, 'प्रधानमंत्री ने तीन सूत्रीय फार्मूले का कतई अनुमोदन नहीं किया, हालांकि उन्होंने इसके निर्माण में सक्रिय सहयोग दिया था ।'

ऐसा प्रस्ताव भी किया गया था कि ढांचे तथा

(शेष पृष्ठ 6 पर)

फिरोज़पुर क्षेत्र में आतंकवादियों द्वारा पंजाब मेल पर फायरिंग, 2 सुरक्षा कर्मियों समेत 4 यात्री मरे, 6 घायल

चंडीगढ़, 30 अक्तूबर : आतंकवादियों ने कल रात फिरोजपुर के निकट पंजाब मेल पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे दो सुरक्षा कर्मियों समेत 4 यात्रियों की मृत्यु हो गई तथा 6 अन्य घायल हुए । इस बीच पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान अन्यत्र विभिन्न वारदातों में चार लोगों की हत्या हुई और 2 उग्रवादी भी मारे गए ।

ट्रेन पर फायरिंग, 4 मरे : फिरोजपुर, (धीमान, बागी) : आतंकवादियों ने कल रात साढ़े 9 बजे के लगभग फिरोजपुर से बम्बई जाने वाली पंजाब मेल पर यहां से 10 किलो मीटर दूर कासू बेगू और गोलेवाल रेलवे स्टेशन के बीच अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे 4 लोगों की मृत्यु हो गई तथा 6 अन्य व्यक्ति घायल हुए । मृतकों में रेलवे सुरक्षा बल का सब-इंस्पैक्टर के.सी. कार पुजारी, जी.आर.पी.एफ. का हैड-कांस्टेबल खैर सिंह (32) तथा एक महिला सरला रानी शामिल हैं । चौथे मृतक की अभी तक पहचान नहीं हुई है ।

पंजाब में अन्यत्र 4 की हत्या, 2 उग्रवादी भी मरे

बताया जाता है कि ट्रेन के ड्राईवर ने तुरंत पंजाब मेल को फरीदकोट रेलवे स्टेशन पहुंचाया, जहां से घायलों को मैडीकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया । फरीदकोट से 'जिदल' के अनुसार मृतक सरला रानी कोटकपूरा की निवासी थी । 'प.स.' के अनुसार इस वारदात में 6 लोगों की मृत्यु हुई है । घायल होने वाले लोगों के नाम ए. हुसैन और परमेश्वर सिंह (दोनों रेलवे सुरक्षा बल कर्मी) तथा श्रीमती कांता रानी, श्रीमती रमेश रानी, नवीन वधवा तथा जिले सिंह बताए जाते हैं । इन सब की हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

बैंक लूटा : खरड़ (शशि) : कल शाम साढ़े चार बजे के लगभग चार आतंकवादियों ने कुराली थाना के अंतर्गत आने वाले गांव सियालबा माजरी में स्थित पंजाब नैशनल बैंक की शाखा से हथियारों की नोक पर 1.10 लाख रुपया लूट लिया । उक्त आतंकवादी मारुति कार में आए थे और बैंक लूटने के बाद गांव में नारे लगाते हुए कार में ही भाग गए ।

एक की हत्या : आतंकवादियों ने कल रात रोपड़ जिला के तारागढ़ गांव में छोटू राम नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

महंत की हत्या : अमृतसर (प.स.): आतंकवादियों ने कल रात तरनतारन पुलिस जिला के पलासर गांव में एक डेरा के महंत कस्तूरी लाल की गोलियां मार कर हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 6 चले हुए कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

गुट संघर्ष में 2 मरे : तरनतारन पुलिस जिला में सुरसिंह वाला गांव में गिरोहों की आपसी लड़ाई में हरपाल सिंह और सीता देवी को आतंकवादियों ने गोलियों से मार दिया । खालिस्तान कमांडो फोर्स के जफरवाल गुट ने इस वारदात की जिम्मेदारी ली है ।

शव मिला : अमृतसर शहर के कपूर नगर क्षेत्र से पुलिस ने सिर विहीन शव बरामद किया है । पुलिस के अनुसार उक्त व्यक्ति की पहले गोलियां मार कर हत्या की गई तथा बाद में सिर काट दिया गया ।

एक की हत्या : बटाला (वार्ता) : आतंकवादियों ने कल रात रूपेवाली गांव में हरदेव सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

मृतक आतंकवादियों की शिनाख्त : लुधियाना से 'महेन्द्रा' और 'धीमान' के अनुसार कल सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में सघोल गांव के निकट मरने वाले पांचों आतंकवादियों की पहचान कर ली गई है । इनके नाम पटियाला जिला के गांव कृष्णगढ़ निवासी ईश्वर सिंह, रोपड़ जिला निवासी जगजीत सिंह व रणजीत सिंह और लुधियाना जिला निवासी कर्म सिंह तथा नेत्र सिंह बताए जाते हैं । ये सभी खालिस्तान कमांडो फोर्स के सदस्य थे । ईश्वर सिंह एरिया कमांडर था और उस पर एक लाख रुपए का ईनाम था । ईश्वर सिंह के गिरोह ने पटियाला तथा लुधियाना जिलों में लगभग 80 लोगों की हत्याएं की थीं । यह गिरोह कई अन्य अपराधों में भी संलिप्त था ।

छोटी सी बात ... रंगा

मुझे समर्थन देने की पेशकश करने वाले इंका सांसदों को मैंने कह दिया है कि मैं मूर्ख नहीं हूं ।

—चंद्रशेखर



भाई साहब, वह इस बात को समझते हैं कि उन्हें भी कहीं कांग्रेसी दूसरा चरण सिंह न बना दें ।

नोट : एक व्यक्ति को 2 कम्बल

ओसवाल टैरीवूल मफलर केवल 20/-

ओसवाल 100% प्योर [illegible] केवल 30/-

बच्चों के आइटम्स वूल

ओसवाल स्कूल ड्रैस वूलन पुलोवर
लायन जीन्स निक्कर/शर्ट
ओसवाल वूलन पुलोवर/बैगी/टैरीवूल
ओसवाल रेज़ वूल पैडल सूट/मंकी सूट
LION ऐसिड वाश/ब्लू जीन्स/फेडिड जीन्स पैंट
ओसवाल मोहेयर वूल BOND-BOY लूजर/पुलोवर
ओसवाल PLAY-BOY वूलन सूट/पैडल सूट
जेम्स बोण्ड 007 L.T. जैकेट/कमांडो कोट

लड़कियों/लेडीज़

ओसवाल गोल्डी वूलन लेडीज कोटी/कार्डिगन
ओसवाल वूलन सेल्फ डिज़ाइन डिम्पी बैगी
मार्टिना U.S. स्टाईल जीन्स स्कर्ट/बिब स्कर्ट
ओसवाल वूलन नगीना कोटी/बैगी
ओसवाल अंगूरा वूल/रिजवूल कोटी/बैगी
लवलीना इम्ब्रायडरी सलवार सूट 225 डिजायनों में

- OXFORD एक्जीक्यूटिव ट्रैक सूट/जोगिंग सूट (मी
- OXFORD एक्सट्रा ओर्डिनरी ट्रैक सूट/जोगिंग सू
- स्काटलैंड यार्ड कमांडो कोट/जैकेट, विद कैप
- ब्लैक कैट कमांडो कोट/जैकेट विद कैप
- माईकल जैक्सन जीन्स/एसिडवाश जैकेट

लुधियाना

होटल गुलमोर, फिरोजपुर रोड

FICTION ADS (ADVANCE)

Punjabi Sanatani

5 उग्रवादी मारे गए, सुरक्षा कर्मी समेत 3 की हत्या, 2 बैंक लूटे

2 व्यक्तियों का अपहरण : उमरानंगल के पौत्र डी.एस.पी. परमराज सिंह के मकान पर फायरिंग : 2 सुरक्षा चौकियों पह हमला

चंडीगढ़, 31 अक्तूबर : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान एक सुरक्षा कर्मी समेत 3 लोगों की हत्या हुई, 5 आतंकवादी भी मारे गए, 2 लोगों का अपहरण हुआ, 2 बैंक लूटे गए और 2 सुरक्षा चौकियों पर राकेटों तथा अन्य अत्याधुनिक हथियारों से हमले हुए । इस दौरान उग्रवादियों ने खन्ना में अकाली नेता श्री जीवन सिंह उमरानंगल के पौत्र डी.एस.पी. श्री परमराज सिंह धालीवाल के मकान पर भी फायरिंग की ।

गुट संघर्ष में एक आतंकवादी मरा : अमृतसर (वि.प्र.): पुलिस जिला तरनतारन के थाना सरहाली के अन्तर्गत दर्गापुर गांव में 4 आतंकवादियों ने सुखविन्दर सिंह उर्फ पप्पू को कल रात उसके मकान के बाहर ही गोलियों से मार दिया । जाने से पहले आतंकवादी गांव में लोगों से यह कह गए कि पप्पू लूटपाट की वारदातें करता था, इसलिए उसे 'सोध' दिया गया है । पुलिस के अनुसार उक्त वारदात आतंकवादियों के आपसी संघर्ष का परिणाम है । पुलिस ने बताया कि उक्त लुटेरा आतंकवादी पिछले डेढ़ साल से अपने घर से गायब था और लूटपाट की अनेक वारदातों में संलिप्त था ।

कांस्टेबल की हत्या : थाना सरहाली के कैरों गांव में पंजाब एंड सिंध बैंक की ब्रांच पर ड्यूटी देने के लिए जा रहे पुलिस कांस्टेबल संजीव कुमार तथा होमगार्ड जवान जसवंत सिंह पर आज प्रातः दस बजे के लगभग आतंकवादियों ने छब्बा गांव के निकट फायरिंग की । गोलियां लगने से संजीव कुमार की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । जसवंत सिंह को घायलावस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

एक उग्रवादी मारा गया : अमृतसर से नारंग के अनुसार सी.आर.पी.एफ. ने गांव कसेल में कश्मीर सिंह के फार्म पर छापा मारा । इस दौरान उग्रवादियों के साथ जवाबी फायरिंग से एक अज्ञात उग्रवादी मारा गया जबकि उसके 6 साथी फरार हो गए । मृतक के शव के निकट एक ए.के. 47 राइफल 3 मैगजीनें, 19603 गोलियां और 450 रुपए नगद मिले हैं ।

3 उग्रवादी मारे गए : गांव सांधना में और फोर्स भेजी गई । संघर्ष के बाद वहां से 3 उग्रवादियों के शव, दो स्टिक बम, ए.के. 47 राइफल और दो मैगज़ीन भी मिले हैं । संघर्ष में सी.आर.पी. के 2 जवान हरबन अली और सुरेन्द्र देव वर्मा हैं ।

वाहन जला दिया : आतंकवादियों के कल रात तरनतारन पुलिस जिला के माड़ी ओघां गांव में स्थित सैनिक शिविर में एक वाहन को आग लगा दी ।

बैंक लूटा : आतंकवादियों ने आज मजीठा पुलिस जिला के बोपाराय गांव में स्थित पंजाब नैशनल बैंक की शाखा से 2.56 लाख रुपया लूट लिया । आतंकवादी बैंक गार्डों की दो राइफलें भी ले गए ।

कैशियर को लूटा : आतंकवादियों ने मजीठा पुलिस जिला के गांव चौगावां में बिजली बोर्ड कार्यालय के एक कैशियर से 14 हजार रुपया लूट लिया ।

शराब विक्रेता घायल : पटियाला (प.स.): आतंकवादियों ने सलेना गांव में एक शराब विक्रेता को गोली मार कर घायल कर दिया ।

राकेट फैंके : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव जैतोसर्जा में आज तड़के लगभग 3 बजे आतंकवादियों के एक गिरोह ने बी.एस.एफ. की चौकी पर तीन राकेट फैंके व फायरिंग की । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि तीनों राकेट चौकी से दूर गिर कर फट गए । बी.एस.एफ. के जवानों ने भी जवाबी फायरिंग की । आतंकवादी फरार हो गए । किसी प्रकार की क्षति की सूचना नहीं । मौका से ए.के. 47 के 58 [illegible]

हथगोला फैंका : पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव अक्करपुरा में स्थित एस.पी.ओ. चौकी पर गत रात्रि लगभग सवा नौ बजे आतंकवादियों के एक गिरोह ने एक हथगोला फैंका व फायरिंग की । जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि हथगोला चौकी के निकट फटा, जिससे चौकी की बिल्डिंग को मामूली क्षति पहुंची । जवानों द्वारा जवाबी फायरिंग से आतंकवादी फरार हो गए । मौका से एक एच.ई. 36 हथगोला, ए.के. 47 के 460 व एल.एम.जी. के 136 चले हुए कारतूस मिले हैं । हथगोले को बाद में जवानों ने नष्ट कर दिया ।

फायरिंग : लुधियाना (धीमान): आतंकवादियों ने खन्ना में वरिष्ठ अकाली नेता श्री जीवन सिंह उमरानंगल के पौत्र डी.एस.पी. श्री परमराज सिंह धालीवाल के मकान के बाहर अंधाधुंध गोलियां चलाईं, लेकिन किसी नुक्सान की खबर नहीं है । श्री धालीवाल के गनमैन जब बाहर आए तो आतंकवादी वहां से भागने में सफल हो गए ।

46 हजार रुपया लूटा : आतंकवादियों ने

(शेष पृष्ठ 6 पर)





(ऊपर) पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल फिरोजपुर क्षेत्र में इस वर्ष जनवरी से अक्तूबर तक पकड़े गए हथियारों का निरीक्षण करते हुए । उनके साथ श्री अजीत सिंह डी.आई.जी. फिरोजपुर रेंज, श्री अनिल शर्मा एस.एस.पी. तथा श्री गुरदीप सिंह जिला लोक सम्पर्क अधिकारी व अन्य भी दिखाई दे रहे हैं । (नीचे) श्री गिल संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ।

इस साल पंजाब में एक हजार आतंकवादी मारे गए : गिल

फरीदकोट, 31 अक्तूबर (प.स.): पंजाब पुलिस के प्रमुख श्री के.पी.एस. गिल ने कहा है कि आतंकवाद पर काबू पाने के काम को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है । श्री गिल ने आज यहां पुलिस लाइन्स में आयोजित एक समारोह में यह जानकारी दी । आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में मारे गए पुलिस कर्मियों के परिवारों को सम्मानित करने तथा उन्हें वित्तीय मदद देने के लिए उक्त समारोह आयोजित किया गया था ।

एक पुलिस अधिकारी ने दावा किया कि यह सुरक्षा बलों की गत पांच वर्षों के दौरान सबसे बड़ी प्राप्ति है । संघा के साथियों विक्रमजीत सिंह नरला (अमृतसर क्षेत्र का प्रमुख), मंजीत सिंह उर्फ माधो (कपूरथला जिले का प्रमुख) तथा बलजीत सिंह (पटियाला जिले का प्रमुख) पर पांच-पांच लाख रुपए का पुरस्कार घोषित था । पांचवें आतंकवादी की पहचान बलविंदर सिंह के रूप में हुई है । एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार समझा जाता है कि संघा के चार साथियों में से एक उसका भाई था ।

बताया जाता है कि जब सुरक्षा बलों ने क्षेत्र को घेरा डाला तो उस समय यह आतंकवादी एक फार्म हाऊस में गुप्त बैठक कर रहे थे ।

मुठभेड़ के विवरण के बारे में अमृतसर से प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा बल जब उस क्षेत्र में खोजबीन में लगे थे तो भुल्लर गांव के बाहरी इलाके में खेतों में छिपे पांच आतंकवादियों ने उन पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । घटनास्थल से भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स का लैटरपैड भी बरामद हुआ है ।

तीन की हत्या : तरनतारन के गांव वडाला डोगर में कुछ आतंकवादियों ने बलजिंदर सिंह, निर्भय सिंह तथा दर्शन सिंह नामक तीन व्यक्तियों की उनके घरों से बाहर निकाल पर गांव के बाहर ले जाकर उनकी हत्या कर दी । भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स ने इन हत्याओं की जिम्मेदारी ली है ।

हैड-कांस्टेबल को बचा लिया : तरनतारन पुलिस जिले के सीमावर्ती लोपोके क्षेत्र में कल रात सुरक्षा बलों ने एक हैड-कांस्टेबल पुलिस की तुरंत कार्रवाई करके आतंकवादियों के चंगुल से बचा लिया ।

पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने गांव लोपोके से हैड-कांस्टेबल नरेन्द्र कुमार तथा एक पोस्टमास्टर रोशन लाल का अपहरण कर लिया था तथा उन्हें एक जीप में लेकर भाग रहे थे । पुलिस ने आतंकवादियों का पीछा करके जीप के टायर को क्षतिग्रस्त कर दिया । इस पर हैड-कांस्टेबल जीप से कूद कर भाग गया । बाद में पुलिस के साथ आतंकवादियों की मुठभेड़ भी हुई, लेकिन आतंकवादी भाग निकले ।

दो घुसपैठिए मरे : खेमकरण सैक्टर में सीमा रेखा के पास सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो घुसपैठिए मारे गए ।

दो डाकघर लूटे : तरनतारन क्षेत्र के गांव कैरों में उग्रवादियों ने डाकघर के स्टाफ को कमरे में बंद करके डाकघर के 3500 रुपए लूट लिए । इसी क्षेत्र में गांव चोहला साहिब में उग्रवायिदों ने एक अन्य डाकघर से 50 रुपए लूट लिए ।

बस पर अंधाधुंध फायरिंग : बालिका मरी : हरिके पुलिस थाने के गांव खड़ा के निकट आज आतंकवादियों ने पंजाब रोडवेज की एक बस पर फायरिंग करके एक सात वर्षीया लड़की अमनदीप कौर (जीरा) को मार डाला तथा लड़की के पिता हरभजन सिंह तथा बस चालक स्वर्ण सिंह सहित तीन को घायल कर दिया । बस अमृतसर से फिरोजपुर जा रही थी तथा इसमें तीन सुरक्षा गार्ड भी थे । पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने पहले बस को रोकने का प्रयास किया, लेकिन जब चालक ने बस रोकने के स्थान पर और तेज कर दी तो आतंकवादियों ने बस पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी । घायलों में एक सुरक्षा गार्ड विजयपाल सिंह है ।

व्यापारी का शव मिला : पट्टी (पाठक): यहां से कुछ दूर गांव पडिगानी के निकट पशुओं के एक व्यापारी निहाल सिंह का गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ है । कल उसे कुछ लोग एक भैंस दिखाने हेतु अपने साथ लेकर गए थे ।

अनाज व्यापारी का अपहरण करने का प्रयास : एक अन्य घटना में आतंकवादियों ने आज सुबह अनाज मंडी के एक व्यापारी विशाल कुमार का उसके घर से अपहरण किए जाने का असफल प्रयास किया । उसने एक गली की नुक्कड़ में छिप कर अपनी जान बचाई ।

भुल्लर के पिता तथा भाई का अपहरण : फिरोजपुर जिले के मक्खू पुलिस थाने के गांव सस्तावल से आतंकवादियों ने आज पी.ए.पी. जालंधर में तैनात इंस्पैक्टर जनरल एम.एस. भुल्लर के पिता रंगा सिंह तथा भाई का अपहरण कर लिया । पुलिस के अनुसार अपहरण का कारण मालूम नहीं हो सका है क्योंकि आतंकवादियों ने अपनी कोई मांग नहीं रखी है ।

महिला की हत्या : आतंकवादियों ने फिरोजपुर जिले के गगरोहा गांव में मुखत्यार कौर नामक एक महिला की हत्या कर दी ।

आतंकवादी गिरफ्तार : होशियारपुर जिले में सुरक्षा बलों ने कल रात गुरदीप सिंह नामक एक संदिग्ध आतंकवादी को गिरफ्तार किया । उसके कब्जे से एक पिस्तौल मिली है ।

डाकघर से 7427 रुपए लूटे : जालंधर के माडल टाऊन स्थित डाकघर से आज कुछ आतंकवादियों ने 7427 रुपए तथा 16,000 रुपए के दो चैक लूट लिए ।

आतंवादी मारा गया : कपूरथला जिले के सुरा गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में प्रीतम सिंह नामक एक आतंकवादी मारा गया ।

एरिया कमांडर मारा गया : गुरदासपुर जिले के सोहल गांव में सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ के पश्चात् खालिस्तान कमांडो फोर्स (जफरवाल गुट) का स्वयंभू एरिया कमांडर बलदेव सिंह मारा गया । उस पर 50,000 रुपए का पुरस्कार घोषित था तथा वह 23 से अधिक हत्याओं में वांछित था । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक रिवाल्वर, दो हैंडग्रेनेड तथा कुछ गोली-सिक्का बरामद हुए हैं ।

कांस्टेबल की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना कलानौर के गांव नड़ावाली के निकट से पुलिस ने एक पुलिस कांस्टेबल रमेश कुमार (21) का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों ने बताया कि वह थाना कलानौर के गांव औझला में ग्रामीण सुरक्षा योजना के अंतर्गत स्थापित सुरक्षा चौकी पर तैनात था । यहां से आतंकवादी वीर-शुक्र की रात को इसका अपहरण करके ले गए थे ।

पिता-पुत्र की हत्या : पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव टडियाला नत्त के निकट गत रात पांच सशस्त्र आतंकवादियों ने इसी गांव के

(शेष पृष्ठ 8 पर)

फिल्म अभिनेत्री रेखा ने भारी मात्रा में नींद की गोलियां खा लीं...

नई दिल्ली, 3 नवम्बर (दि.टा.) अपने पति मुकेश अग्रवाल की आत्महत्या के बाद अफवाहों, चर्चाओं और कैरियर के उतार-चढ़ाव के बीच डूबती-उतरती फिल्म अभिनेत्री रेखा ने पिछले सप्ताह तनाव से छुटकारा पाने के लिए नींद की गोलियां बड़ी मात्रा में खा लीं ।

इससे उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें तुरन्त एक प्राइवेट नर्सिंग होम में ले जाया गया, जहां उनका उपचार किया गया । पांच दिन बाद उन्हें नर्सिंग होम से छुट्टी दे दी गई ।



गुमनाम पुष्पांजलि को रेखा की ओर से प्रेषित समझ कर हटवा दिया गया था । वैसे भी मुकेश परिवार की ओर से रेखा को खासा तिरस्कृत किया गया ।

रेखा-मुकेश प्रकरण में महत्वपूर्ण यह है कि मुकेश ने अपनी वसीयत में अपनी पत्नी रेखा के नाम



Punjabi Sanatani

और तीन विश्वविद्यालयों में
मान रूप से शुरू हो गया ।

राष्ट्रपति से भेंट

म्बर(प.स.): कांग्रेस (इ) के
ने आज शाम यहां राष्ट्रपति
से भेंटकर उनसे आग्रह किया
यक सद्भाव तथा कानून और
बनाए रखने के लिए केंद्र
उठानेको कहें । श्री गांधी ने
दिया, जिसमें कहा गया कि
आपका अधिकार है कि आप
तुरंत कदम उठाने को कह
राजीव गांधी के नेतृत्व में
इ) प्रतिनिधिमंडल ने आज
। राष्ट्रपति के साथ लगभग
के दौरान श्री गांधी ने उनका
हुई सम्प्रदायिक तथा कानून
न की ओर खींचा । केंद्र में
समर्थन वापस लेने के बाद
ष्ट्रपति से मिले ।

ल भी मिले : वित्तमंत्री
मंत्री इंद्र कुमार गुजराल ने
में राष्ट्रपति रामास्वामी
की ।

कड़ी आलोचना

वम्बर (वार्ता): भारत ने
नाओं के बारे में पाकिस्तानी
कड़ी आलोचना करते हुए
ोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत किया
क मामलों में हस्तक्षेप हैं ।

(35) नामक महिला की हत्या कर दी । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार लीलो पुलिस थाना श्रीहरगोबिन्दपुर में सफाई सेविका का कार्य करती थी ।

नम्बरदार की हत्या : पुलिस जिला बटाला में थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव मान संदल में आतंकवादियों ने नम्बरदार खज़ान सिंह की गोलियां मार कर गत रात हत्या कर दी । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों ने बताया कि हत्या में ए.के. 47 राइफल प्रयुक्त की गई है व इसके कुछ चले कारतूस मिले हैं ।

त्रासदी टली : गत सायं अमृतसर-पठानकोट 5 ए.बी.पी. यात्री रेलगाड़ी बटाला से पठानकोट के लिए 3 घंटे लेट भेजी गई । रेलवे सूत्रों से प्राप्त विवरण के अनुसार सूचना मिली थी कि शूगर मिल बटाला के निकट रेल लाईन पर आतंकवादियों का गिरोह घात लगा कर छिपा बैठा है, जिस कारण गाड़ी रोक कर जिला पुलिस को सूचित कर दिया गया । एस.एस.पी. श्री सीता राम व बी.एस.एफ. अधिकारियों ने तुरंत सारे क्षेत्र की छानबीन करने के उपरान्त रेलगाड़ी की सुरक्षा-व्यवस्था सुनिश्चित बना कर आगे भेजा । उल्लेखनीय है कि इसी यात्री रेल गाड़ी पर शूगर मिल के निकट गत 16 अक्तूबर को आतंकवादियों ने फायरिंग करके लगभग 12 यात्रियों को घायल कर दिया था, जिनमें से दो की मृत्यु हो गई थी और गत वीर-शुक्र की रात लगभग 10.30 बजे इसी क्षेत्र में रेलवे पैट्रोलिंग गाड़ी पर भी आतंकवादियों ने फायरिंग की थी । अमृतसर-पठानकोट 5 ए.बी.पी. रेलगाड़ी बटाला से सायं 6.44 पर रवाना होती है और यात्रियों ने मांग की है कि इसका समय बदल कर सायं 5 बजे किया जाए । रेलवे सूत्रों के अनुसार जिला पुलिस की तुरंत कार्रवाई के कारण एक बड़ी त्रासदी टल गई है ।

अनुसार ढील के दौर
तरह सभी बाज़ार खु

जयपुर में आज प
थाना क्षेत्रों में एक
आधिकारिक सूत्रों के
अब तक 2200 लोग
हुई गोली-बारी के वि
आज पूरी तरह बंद

मध्य बम्बई के अ
रात दो गुटों को तित
गोलियां चलाईं, जिस
हो गए । पुलिस के अ
का इलाज निकटवर्ती
रहा है । एक को
कस्तूरबा गांधी अस्प
अस्पताल के सूत्रों ने
बताई है ।

वाराणसी शहर
अखबारों के वितर
अखबारों के कार्याल
दिया है तथा संवाद
दफ्तरों के टैलीफोन व
कर्फ्यू में किसी प्रक
प्रशासनिक अधिकारि
घंटे की ढील देने की
करने की सूचना पुलि
दी । पुलिस ने लाउड
कि आज कोई ढील
घरों से बाहर नहीं नि

पत्रकारों द्वार

Punjabi Sa

गुरदासपुर के गांव पंडोरी महंतां में उग्रवादियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग करके 19 की हत्या

पठानकोट के सिनेमाघर में बम फटा, 15 घायल : 5 का अपहरण

अन्यत्र 10 की हत्या : 3 आतंकवादी भी मारे गए

चंडीगढ़, 4 नवम्बर (प.स.): उग्रवादियों ने आज रात्रि जिला गुरदासपुर के गांव पंडोरी महंतां में अंधाधुंध फायरिंग करके 19 व्यक्तियों की हत्या कर दी । उग्रवादियों ने अन्यत्र 4 सुरक्षा कर्मियों समेत 10 व्यक्तियों की हत्या कर दी और 5 का अपहरण कर लिया । पठानकोट में एक सिनेमा घर में बम फैंका गया, जिससे 15 लोग घायल हो गए । 3 उग्रवादी भी मारे गए ।

उग्रवादियों द्वारा 19 की हत्या, 17 घायल : गुरदासपुर (प.स.): उग्रवादियों ने आज रात्रि जिला गुरदासपुर के गांव पंडोरी महंतां में 19 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा 17 अन्य को घायल कर दिया ।

प्राप्त सूचना में कहा गया है कि उग्रवादियों के एक बड़े गिरोह ने राह जाते लोगों को रोका और उन्हें लाइन में खड़ा करके ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से अंधाधुंध गोलियों की बौछाड़ करके उनकी हत्या कर दी । मृतकों में पंजाब पुलिस का एक कांस्टेबल दिनेश कुमार भी शामिल है, जो दीनानगर में तैनात था ।

गुरदासपुर से विनोद के अनुसार आज रात्रि लगभग 8 बजे गुरदासपुर-पंडोरी महंतां सड़क पर उग्रवादियों ने नाकाबंदी कर रखी थी । जब वहां काफी लोग जमा हो गए तो उग्रवादियों ने गोलियों की बौछाड़ करके 18 व्यक्तियों की हत्या कर दी और कइयों को घायल कर दिया । मृतकों के शव आज सिविल अस्पताल गुरदासपुर में लाए गए हैं । अभी तक मृतकों के नामों का पता नहीं चल सका ।

सिनेमा में बम फैंका : 15 घायल : पठानकोट (महेंद्र): आज सायं लगभग 4 बजे स्थानीय जगत सिनेमा में बस अड्डे की ओर से बम फैंका गया जिससे 15 व्यक्ति घायल हो गए । इनमें 15 वर्षीय लड़के मोहन सिंह की दशा गम्भीर बताई जाती है ।

बताया जाता है कि दो व्यक्ति एक स्कूटर पर आए । एक ने स्कूटर स्टार्ट रखा और दूसरे ने बम फैंका । दोनों फरार होने में सफल हो गए ।

दो एस.पी.ओ. चौकियों पर फायरिंग : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना श्री हरगोबिन्दपुर व थाना कादियां के क्षेत्रों में ग्रामीण सुरक्षा योजना के अंतर्गत गांव तारा चक्क व हरपुरा में स्थापित एस.पी.ओ. चौकियों पर गत रात आतंकवादी गिरोहों ने आक्रमण करके फायरिंग कर दी । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार इन चौकियों पर तैनात सुरक्षा जवानों की जवाबी फायरिंग से आतंकवादी फरार हो गए । दोनों ओर से किसी प्रकार की क्षति की खबर नहीं है ।

एक की हत्या : तरनतारन पुलिस जिले के पंगोटा गांव के निकट देसा नामक एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव मिला । इस हत्या की जिम्मेदारी भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स ने ली है ।

1 की हत्या : अमृतसर से अशोक सोनी के अनुसार थाना बल्टोहा के गांव पुनिया में अजीत नामक एक व्यक्ति को आतंकवादियों ने गोलियां मार कर मार डाला । शव के निकट आतंकवादी एक पत्र भी छोड़ गए हैं जिस पर भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स के संघा गिरोह का नाम दर्ज है और मृतक पर आरोप लगाया गया है कि वह लूटखसूट की वारदातों में संलिप्त था ।

बस को आग लगा दी : इसी जिले के गांव कैरों में कुछ अज्ञात आतंकवादियों ने पंजाब रोडवेज की बस नम्बर पी.जे.जी. 4333, जो पट्टी डिपो की थी, को यात्रियों से खाली करवा कर आग लगा दी ।

महिला की हत्या : पुलिस जिला मजीठा के गांव सैसरा खुर्द में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति नामक सिंह के घर में घुस कर उसकी पत्नी हरबंस कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

बस पर फायरिंग : एक मरा : अमृतसर जिले के गांव अगवां में आतंकवादियों ने आज कलानौर से डेराबाबा नानक जा रही एक बस पर फायरिंग करके एक व्यक्ति की हत्या कर दी तथा दो अन्य को घायल कर दिया ।

घायल चल बसा : कल अमृतसर जिले के हरिके के निकट एक बस पर आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले के कारण घायल हुआ एक यात्री आज अस्पताल में दम तोड़ गया ।

गुट संघर्ष में एक मरा : अमृतसर जिले के गांव ढंढ के निकट से पुलिस को एक आतंकवादी का गोलियों से छलनी शव मिला है । पुलिस के अनुसार यह आतंकवादियों के गुट संघर्ष का परिणाम है ।

थाने पर हमला : अमृतसर जिले के भिखीविंड में आज आतंकवादियों द्वारा पुलिस थाने पर किए गए हमले को सुरक्षा बलों ने असफल कर दिया । हमले में होमगार्ड का एक जवान रछपाल सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया ।

तीन व्यक्तियों का अपहरण : एक अन्य वारदात में अशोक कुमार धीर, नरेश कुमार उर्फ कुक्की और कमल उर्फ बिल्ला का कल रात कपूरथला जिले में सुल्तानपुर लोधी के बाहरी क्षेत्र से अपहरण कर लिया गया । बताया जाता है कि तीनों सुल्तानपुर के निवासी थे तथा तीनों मित्र थे ।

पिता-पुत्र का अपहरण : अपहरण की एक अन्य घटना में फिरोजपुर जिले में बस्ती सस्तियांवाला से घिल्ला और उसके पिता रंगा सिंह का अपहरण कर लिया गया ।

दो आतंकवादी मारे गए : आतंकवादियों ने फरीदकोट जिले में दीनाग्राम के निकट एक पुलिस दल पर घात लगा कर हमला किया । यह पुलिस दल राजा खान नामक एक आतंकवादी को हथियारों को बरामद कराने के लिए अपनी निगरानी में ले जा रहा था । घात लगा कर किए गए हमले के बाद हुई मुठभेड़ में राजा खान और एक अन्य आतंकवादी धारा सिंह मारा गया ।

घुसपैठिया मरा : फाजिल्का सैक्टर में सुरक्षा बलों से हुई एक मुठभेड़ में एक घुसपैठिया मारा गया ।

बी.एस.एफ. जवान की हत्या : ट्रैक्टर पर सवार आतंकवादियों ने पटियाला जिले में छितराना ग्राम के निकट गश्त पर तैनात सीमा सुरक्षा बल के एक जवान अरविन्द की गोली मार कर हत्या कर दी । इस घटना में हैडकांस्टेबल तारा चंद और कांस्टेबल कमल घायल हो गए ।

एक की हत्या : रोपड़ जिले के मतौर गांव में ओम प्रकाश नामक एक व्यक्ति की आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी ।

तीन की हत्या : होशियारपुर (वि.प्र.): गत रात्रि दसूहा उपमंडल के अधीन पडोंरी ग्राम में एक होम गार्ड, एक एस.पी.ओ. व एक अन्य व्यक्ति की हत्या किए जाने की सूचना प्राप्त हुई है । जिला पुलिस कंट्रोल रूम से प्राप्त सूचना में कहा गया कि ए.के. 47 से लैस सात-आठ आतंकवादियों ने सोखड़ ग्राम से एक एस.पी.ओ. रघुबीर सिंह व एक अन्य व्यक्ति दलजीत सिंह का अपहरण कर लिया व उनको लेकर पडोंरी ग्राम में चले गए । पडोंरी ग्राम में एक होम गार्ड मोहिन्द्र सिंह, जो दसूहा के डी.एस.पी. का गनमैन था, के घर जाकर आतंकवादियों ने उसे भी घर से बाहर बुला लिया । आतंकवादी तीनों को पडोंरी ग्राम के बाहर एक खेत में ले गए व तीनों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच आरम्भ कर दी है । एक अन्य सूचना में कहा गया है कि मृतक एस.पी.ओ. रघुबीर सिंह दसूहा के एस.डी.एम. का गनमैन था लेकिन पुलिस कंट्रोल रूम के सूत्रों ने इस बात की पुष्टि नहीं की ।

आतंकवादी मारा गया : मोगा (आजाद): आज शाम गांव मुदकी के निकटवर्ती ग्राम लोहाम में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 100 से अधिक हत्याओं में वांछित के.एल.ओ. का आतंकवादी कंवलजीत सिंह टुंडा मारा गया जबकि उसके साथी बच कर निकल भागने में सफल हो गए । टुंडा पर 40,000 रुपए का ईनाम घोषित था । वह बाघा पुराना के गांव चनुआवे का निवासी था । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल तथा काफी

(शेष पृष्ठ 8 पर)



रविवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय मोर्चा संसदीय दल के अधिवेशन का



श्री देवी लाल, जिन्होंने रविवार को श्री वी.पी. सिंह से प्रधानमंत्री पद छोड़ में वरिष्ठ जनता दल नेता श्री चन्द्रशेखर के साथ पत्रकारों से घिरे हुए



जनता दल के कुछ नेता रविवार को नई दिल्ली में "साम्प्रदायिक सद्भावना" उपवास शुरू करने से पूर्व राजघाट पर । इन नेताओं में (बाएं से) सर्वश्री स अजीत सिंह, जार्ज फर्नांडीज, रशीद मसूद और शरद यादव भी दिखाई दे रहे

राष्ट्रपति लोकसभा भंग करने के विरुद्ध

नई दिल्ली, 4 नवम्बर (प.स.): राष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरमन ने आज रात्रि स्पष्ट किया कि यदि 7 नवम्बर को श्री वी.पी. सिंह विश्वास मत प्राप्त करने में असफल रहते हैं तो वह वैकल्पिक सरकार बनाने की सम्भावनाएं खोजे बिना नौवीं लोकसभा को भंग करने के विरुद्ध हैं । भूतपूर्व कानून मंत्री और जनता दल के असंतुष्ट संसत्सदस्य श्री अशोक सेन ने आज यह जानकारी दी, जिन्होंने छः सदस्यीय शिष्टमंडल के साथ राष्ट्रपति से भेंट करके उन्हें आग्रह किया था कि वह लोकसभा को भंग करने की प्रधानमंत्री की किसी भी सलाह को स्वीकार न करें । राष्ट्रपति ने यह भी स्पष्ट किया कि जब कोई और विकल्प सामने न रह जाएगा, लोकसभा तभी भंग की जाएगी ।

राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि वह सरकार का कोई परामर्श तब तक मानने के लिए आबद्ध हैं, जब तक यह आभास मिलता हो कि सरकार को लोकसभा में बहुमत का समर्थन प्राप्त है ।

श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी ने भी आज राष्ट्रपति से भेंट की थी । श्री स्वामी ने भी कहा है कि राष्ट्रपति का कहना है कि वर्तमान स्थितियों में लोकसभा भंग करना अंतिम विकल्प होगा ।

देश के विभिन्न भागों में लोगों की मृत्यु, अयोध्या

नई दिल्ली, 4 नवम्बर (प.स.): अयोध्या से सम्बद्ध हिंसा की घटनाओं में कल रात से अब तक देश के विभिन्न हिस्सों में 10 और व्यक्तियों की मृत्यु हुई है । इस बीच कई शहरों में सेना द्वारा फ्लैग मार्च किया गया । कर्फ्यूग्रस्त शहरों में चरणबद्ध रूप से कर्फ्यू में ढील दी जा रही है । गुजरात में 6 और मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश तथा आंध्र प्रदेश में एक-एक व्यक्ति के मरने की रिपोर्ट मिली है । 30 अक्तूबर से अब तक हिंसा में कुल 250 लोगों की जानें गई हैं । इस बीच अयोध्या में आज शांति रही ।

अयोध्या में पुलिस कार्यालय के विरुद्ध डा. मीरा शर्मा ने आगरा में आत्महत्या कर ली ।

जिला के बाहरी इलाके कल रात हत्या की घटना के दर्जन खोखों में आग भी लग

चार और मरे : गुजरात के पालनपुर, अहमद में पिछले 24 घंटे के दौरान मारे जाने के बाद राज्य में मरने वालों की संख्या 60

कल पालनपुर में क चाकूबाज़ी की घटनाओं में ती 11 अन्य घायल हो गए व्यक्ति की मृत्यु की पुष्टि की कर्फ्यू जारी रहा ।

दूर संचार कर्मियों की कलम छोड़ हड़ताल

कुंजी अजीत सिंह, मुलायम सिंह यादव के हाथ में

Punjabi Sanatani

ीय स्वयं सेवक संघ, राष्ट्रीय सुरक्षा
हिन्दू परिषद्, ब्राह्मण सभा, आर्य
सामाजिक व धार्मिक संगठनों के
ओर से शहीदों को श्रद्धांजलियां
प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह, मुलायम
.आर.पी.एफ. 58 बटालियन के
भुल्लर की तुलना जनरल डायर से
क श्री राम मंदिर निर्माण हर कीमत
और उसके लिए हर कुर्बानी दी
देश में सैंकड़ों मंदिर जलाने की

): गत रात्रि मोगा में विश्व हिन्दू
था शिव सेना की तरफ से अयोध्या
रने वाले कार सेवकों पर कथित
गोली चलाने के रोष में शहर में

ज्ञापन

पोल्ट्री

elhi Egg rate for 4.11.90
t trays. NECC suggested
10 per dozen.

आवश्यकता

क थर्मोस टैंक लौरी की (R.F.O. या
ी) जिसमें 12 से 14 टन तक माल
छी चालू हालत में हो । सम्पर्क करें :
न 59525-55525-55526
पंजाब केसरी, जालंधर ।

lady typist. Contact : S.V.
Akal Market, Chaura Bazar,

curity Guards for Taxtile
ferably Panchkula resident.
rtax Suitings, 365, Industrial
, Panchkula.

प्रदर्शन का दृश्य तथा (नीचे) प्रदर्शनकारियों ने वी.पी. सिंह का पुतला जलाया ।

(छाया : रवि भंडारी)

आतंक : पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

कारतूस मिले हैं । मुठभेड़ में पंजाब पुलिस का इंस्पैक्टर मोहिन्दर प्रताप सिंह तथा बी.एस.एफ. का एक जवान घायल हो गए ।

फिल्लौर (भाखड़ी): फिल्लौर में गत जिस शराब के ठेके से आतंकवादियों द्वारा 12 हजार रुपए लूटने की जो सूचना मिली थी, वह पुलिस जांच के पश्चात् कहानीमात्र निकली है । पुलिस सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि सुरिन्दर सिंह व लखपत राय नामक कर्मचारियों ने स्वयं ही शराब के ठेके की राशि खुर्द-बुर्द करने की योजना बनाई थी ।

पुलिस कांस्टेबल की हत्या : लुधियाना जिले के गांव फुहेरा के निकट आतंकवादियों ने एक पुलिस कांस्टेबल प्रीतम सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

डाकघर जल दिया : आतंकवादियों ने जालन्धर शहर में एक डाकघर को आग लगा दी, जिससे कुछ रिकार्ड तथा भवन के दरवाजे इत्यादि जल गए ।

देश के विभिन्न ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

गई । पुलिस के अनुसार कल रात बड़ोदरा के पानीगेट इलाके में चाकू लगने से एक व्यक्ति घायल हो गया ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पांच सौ लोगों की एक क्रुद्ध भीड़ ने एक धार्मिक स्थल को गिरा दिया । बड़ोदरा ग्रामीण इलाकों में पोर गांव में एक खोखा जला दिया गया । इस सिलसिले में दस व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है ।

अहमदाबाद के विभिन्न इलाकों में दिन के समय कर्फ्यू में बारी-बारी से ढील दी गई ।

अलीशेर एक स्ट्रोक से बाज

रफीक अली को 22220
दिया गया । तीसरा स्थान
रहा ।

एमेच्योर वर्ग में चंडीग
प्रथम रहा ।

क्या संजय गांधी
आंदोलन अभी

पटियाला, 4 नवम्बर (
संजय गांधी ने हैबीटाट आं
पटियाला शहर को देश
घोषित किया था । इसके
अफसरशाही की बैठकें हुई
वहीं रहा तथा धीरे-धीरे य
चली गई ।

परन्तु कल यहां पूर्व स
स्थानीय पत्रकारों में एक
जिसमें हैबीटाट-सामंजस्
कार्रवाई रिलीज़ की गई
हैबीटाट आंदोलन अभी

इस बैठक की अध्यक्ष
शामिल होने वाले सदस्यों
तनवर, श्री गुलाब सिंह,
सिंह, महेशेन्द्र बहादुर क

बैठक में 15 सूत्रीय
राज्यपाल को पेश किए
सरकार द्वारा स्वीकृत ध
खर्च की जा सके ।

समिति ने इस बात प
में मैडीकल यूनिवर्सिटी
सचिवालय बनाया जाए,
माजरा परिसर को शि
ट्रेनिंग सैंटर और 5 नर्सि
जाएं ।

Punjabi Sanatan

के सहारनपुर जिला में स्थित सरसावा गैस्ट हाऊस से यहां लाया गया । उन्हें विगत 29 अक्तूबर को लखनऊ हवाई अड्डे पर उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह कारसेवा के लिए अयोध्या जा रहे थे ।

जिम्मेदारियां हैं । इस समय देश निराशा की स्थिति में डूबा हुआ है और मैं समस्याओं को सुलझाने का प्रयास करूंगा ।' जब श्री चंद्र शेखर से प्रश्न किया गया कि क्या कांग्रेस (इ) उनका हश्र श्री चरण सिंह जैसा नहीं करेगी, तो उन्होंने तुरन्त कहा, "आप

दूसरी तरफ श्री वी.पी. सिंह की अध्यक्षता में जनता दल संसदीय पार्टी की जो बैठक हुई उसमें प्रधानमंत्री को यह अधिकार दिया गया है कि वह 'वर्तमान राजनीतिक संकट' से उबरने के लिए कदम



जनमोर्चा के भूतपूर्व सदस्य सर्वश्री सतपाल मलिक, वी.सी. शुक्ला, अ गुजराल और मुफ्ती मुहम्मद सईद सोमवार को नई दिल्ली में जनता दल स में । मीटिंग ने श्री वी.पी. सिंह के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त किया है ।

विभिन्न मुठभेड़ों में फौजी सहित 11 उग्रवादी मरे, पंजाब में अन्यत्र 7 सुरक्षा कर्मियों सहित 19 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 5 नवम्बर (वार्ता, प.स.) : पंजाब में गत रात से दर्दांत आतंकवादी फौजी सहित 11 आतंकवादी मारे गए जबकि आतंकवादियों ने 7 सुरक्षा कर्मियों, 2 बहनों तथा एक बालक सहित 19 व्यक्तियों की हत्या कर दी ।

फौजी सहित 7 आतंकवादी मारे गए : तरनतारन पुलिस जिले के गांव झंड के निकट एक फार्म हाऊस पर सुरक्षा बलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स का एरिया कमांडर दुर्दांत आतंकवादी बलकार सिंह उर्फ फौजी तथा उसके 6 साथी मारे गए ।

पंजाब पुलिस प्रमुख श्री के.पी.एस. गिल ने बताया कि यह मुठभेड़ आठ घंटे तक चली । उन्होंने बताया कि घटनास्थल से एक जी.पी. मशीनगन, एक एल.एम.जी., 4 ए.के. 47 राइफलें दो रिवाल्वर, दो राकेट लांचर, एक राकेट तथा काफी गोली सिक्का मिला है । श्री गिल ने बताया कि बलकार सिंह जोकि 100 हत्याओं में वांछित था, पर 2 लाख का पुरस्कार घोषित था ।

महिला की हत्या : मजीठा पुलिस जिले के गांव कत्थूनंगल में आतंकवादियों ने कल रात सुमित्रा देवी नामक एक महिला की हत्या कर दी ।

पांच उग्रवादी गिरफ्तार : अमृतसर सदर थाना क्षेत्र से पुलिस ने पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है ।

दो बहनों और बालक की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के गांव पूहला में आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर जोगिन्दर कौर, उसकी बहन सुखदेव कौर तथा सुखदेव कौर के 4 वर्षीय पुत्र की हत्या कर दी ।

आतंकवादी मारा गया : अमृतसर (वि.प्र.): पुलिस जिला तरनतारन के थाना वेरोवाल के गांव बनियां के निकट पुलिस पार्टी और आतंकवादियों के मध्य आज सुबह 8-9 बजे मुठभेड़ हुई जिसमें एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया ।

होमगार्ड जवान फरार : पुलिस जिला तरनतारन के थाना भिखीविंड के गांव बहुविंड में सुरक्षा चौकी से एक होमगार्ड जवान अवतार सिंह जिसकी गत रात 10-12 बजे तफड़्पूटी थी, अपनी राइफल और गोली सिक्के सहित फरार हो गया ।

रेल लाइन उड़ा दी : चीफ कंट्रोलर रेलवे पुलिस ने पुलिस को सूचना दी है कि अमृतसर-खेमकरण रेलवे लाइन को आतंकवादियों ने घड़ियाला और खेमकरण के मध्य बम धमाका करके उड़ा दिया है और लगभग चार फीट रेल पटरी का टुकड़ा टूटा हुआ पाया गया है । पांच स्लीपर भी जले हुए मिले हैं । इस स्थिति को देख कर रेलगाड़ी को घड़ियाला स्टेशन पर रोक दिया गया ।

दो घुसपैठिए मरे : डेरा बाबा नानक क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने तीन से सदो घुसपैठियों को मार दिया।

एक आतंकवादी मारा गया : आज तरनतारन के गोइंदवाल में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया । घटनास्थल से एक ए.के. 47 मिली है ।

गुट संघर्ष में एक मरा : अमृतसर के बाहरी क्षेत्र चब्बा के निकट आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में भूपिन्दर सिंह नामक एक आतंकवादी मारा गया ।

टुंडा मारा गया : फिरोजपुर जिले के गांव लोहम में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी रंजीत सिंह टुंडा (खालिस्तान लिबरेशन फोर्स) मारा गया ।

घटनास्थल से पुलिस की तीन वर्दियां मिली हैं । मुठभेड़ में पुलिस का सब-इंस्पैक्टर मोहिन्दर प्रताप सिंह तथा बी.एस.एफ. का एक जवान घायल हो गए । (शेष पृष्ठ 8 पर)

छोटी सी बात ... रंगा



मैं तो हर समय अपनी सेवाएं देने को तैयार रहा हूं ।

—चंद्रशेखर

भाई साहब, यह तो मानना ही पड़ेगा कि चंद्रशेखर इस बात को जानते हैं कि खबरों में किस प्रकार चर्चित रहा जा सकता है ।

चन्द्रशेखर आज राजीव से मुलाकात करेंगे

नई दिल्ली, 5 नवम्बर (वार्ता): कांग्रेस (इ) ने श्री चन्द्रशेखर को जनता दल का नेता चुन लिए जाने का स्वागत किया है । कांग्रेस (इ) के प्रवक्ता श्री वी.एन. गाडगिल ने आज यहां उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि श्री राजीव गांधी और श्री चन्द्रशेखर कल प्रातः मुलाकात करेंगे ।

क्या कांग्रेस सरकार में शामिल होगी, इस सवाल का जवाब देते हुए श्री गाडगिल ने कहा, "कल तक इंतजार करें, देखते हैं कल दोनों नेताओं के बीच क्या सहमति होती है ?" क्या कांग्रेस (इ) सरकार बनाने का दावा पेश करेगी, इस प्रश्न के उत्तर में श्री गाडगिल ने कहा, "अभी ऐसे सवालों का समय नहीं आया ।"

दो और केंद्रीय मंत्रियों ने इस्तीफे दिए

नई दिल्ली, 5 नवम्बर (प.स.): दो और केंद्रीय मंत्रियों ने आज वी.पी. सिंह मंत्रिमंडल से इस्तीफे दे दिए हैं । अब तक 7 केंद्रीय मंत्री त्यागपत्र दे चुके हैं ।

केंद्रीय संचार मंत्री श्री जुनेश्वर मिश्र ने आज प्रातः प्रधानमंत्री कार्यालय को अपना त्यागपत्र भेज दिया । अपने त्यागपत्र में श्री मिश्र ने कहा है कि "देश की वर्तमान स्थिति को देखते हुए मैं मंत्रिमंडल में नहीं रह सकता । इसलिए त्यागपत्र दे रहा हूं ।"

केंद्रीय जल संसाधन राज्यमंत्री श्री मनु भाई कोटडिया ने भी मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया है ।

आज राष्ट्रपति ने 6 मंत्रियों के त्यागपत्र स्वीकार कर लिए हैं । राष्ट्रपति भवन द्वारा यह जानकारी दी गई है ।

फैजाब हजा

अयोध्या, 5 नवम्

विवादास्पद तीर्थ स्थल प की अनुमति दे दी गई । 'राम महायज्ञ' भी पूरी श गया है ।

सुरक्षा बलों की क सेवकों के जत्थे, जिनम शामिल थे, 'रामधुन' ग गुजरे । हनुमान गढ़ी मे हुई थीं जहां विश्व हिंद उनकी अच्छी तरह से च

इससे पूर्व कार से प्रशासन में इस आशय कार सेवकों को दर्शन दे जाया गया ।

इस बीच अयोध्या मे घंटे के लिए ढील दी गई

विश्व हिंदू परिषद के आज यहां कहा कि "सरय के लिए दस लाख स्वयं से राम जन्मभूमि आन्दोल जाएगी ।"

उन्होंने आज यहां च संवाददाताओं से बातचीत स्वयं सेवक बजरंग दल शाखाओं द्वारा भर्ती किए राम जन्मभूमि आंदोलन राम कार सेवक समिति दिल्ली में होने वाली मीटि

ओसवाल फैशन मेले की तरफ
कोई ट्रेन से आ रहा है—कोई बस से आ रहा
कारों, स्कूटरों और साइकिलों का तो कहना ही क्या
पैदल ही आ रहा है । कहना यह है कि हर कोई ओसव
ओसवाल साहब का कहना है, "मैं चाहता हूं कि मेरा संदेश पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश की ज

Punjabi Sanatani

आतंक : पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

महंत की हत्या : धूरी (जैन): तीन आतंकवादियों ने गत रात थाना शेरपुर के गांव चांगली में डेरे के एक महंत दीप चंद (58) को गोलियां मार कर मार दिया । महंत के पुत्र हरी देव के अनुसार आतंकवादियों ने आकर कहा कि उन्हें थाने लेकर जाना है । वह महंत जी को अपने साथ गांव के बाहर ले गए तथा हत्या कर दी ।

हथियार ले गए यहां से 6 किलो मीटर दूर गांव धनौरी कलां में कल रात तीन आतंकवादी गुरदयाल सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में उसकी राइफल तथा कारतस छीन कर ले गए ।

कांस्टेबल की हत्या : अहमदगढ़ (परी): आतंकवादियों ने यहां से 2 किलो मीटर दूर पुलिस कांस्टेबल प्रीतम सिंह की गांव पोहीड़ में हत्या कर दी । प्रीतम सिंह थाना भदौड़ में तैनात था । इससे पहले इसका अपहरण कर लिया गया था ।

दो पुलिस कर्मियों की हत्या : अहमदगढ़ के भट्ठा मालिक नन्द किशोर जोकि यहां से 10 किलो मीटर दूर गांव फरवाली में अपने भट्ठे पर बैठे थे, का एक सफेद रंग की मारुति कार में आए 4 उग्रवादियों ने अपहरण कर लिया । जब वे नन्द किशोर को लेकर जा रहे थे तो उनका सामना पुलिस ए.एस.आई. प्रकाश सिंह और हवालदार नारंग सिंह से हो गया । उग्रवादियों ने उन पर ए.के. 47 से अंधाधुंध फायरिंग करके उनकी हत्या कर दी । बाद में नन्द किशोर को गुजरवाल में जाकर छोड़ दिया ।

ड्राइवर सहित 2 की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव अगवान के निकट गत रविवार को प्रातः लगभग 11.30 बजे मोटर साइकिल व स्कूटर सवार 4 सशस्त्र आतंकवादियों ने पंजाब रोडवेज की एक यात्री बस पी.बी.एन. 1125 रोक कर इसके ड्राइवर पूर्ण सिंह (45) व एक यात्री लक्खा मसीह (30) की हत्या कर दी । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों ने पहले ड्राइवर की हत्या की । जब एक यात्री लक्खा मसीह ने उन्हें रोका तो उसकी भी गोलियां मार कर हत्या कर दी । हत्या में ए.के. 47 राइफल प्रयुक्त की गई है । बस कलानौर से डेरा बाबा नानक जा रही थी ।

2 शव मिले : इसी जिला में थाना सदर बटाला के गांव रियाली कलां के निकट से आज प्रातः पुलिस को गोलियों से छलनी 2 शव मिले हैं । जिला पुलिस के अधिकारिक सूत्रों के अनुसार इनकी पहचान गुरमीत सिंह तथा रघबीर सिंह के तौर पर हुई है । हत्याएं ए.के. 47 से की गई है ।

बाप-बेटा घायल : पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के क्षेत्र में शुगर मिल के निकट गुरदासपुर-बटाला मार्ग पर आज सायं लगभग 6.45 बजे आतंकवादियों ने फायरिंग करके राय साहब मेहता और उनके पुत्र रंजीत मेहता को गम्भीर घायल कर दिया । रंजीत मेहता घायलावस्था में भी अपनी मारुति चला कर यहां अस्पताल पहुंच गए । दोनों व्यक्ति, जो अमृतसर के रहने वाले हैं, अस्पताल में उपचाराधीन हैं । रंजीत मेहता ने बताया कि आतंकवादियों ने मार्ग पर ट्रक खड़े करके नाका लगा रखा था । पहले उन्होंने गंदी गालियां निकालीं और बाद में गोलियां चलानी शुरू कर दी थीं ।

सिपाही तथा 2 एस.पी.ओ. की हत्या : आतंकवादियों ने आज शाम 4.30 बजे बटाला-जालन्धर सड़क पर बटाला के निकट घात लगा कर हमला करके कांस्टेबल बाबा सिंह तथा 2 एस.पी.ओ. कुलबंत सिंह तथा हरजीत सिंह की हत्या कर दी तथा एस.पी.ओ. सेवा राम को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । यह सभी कपूरथला जा रहे थे ।

जमींदार के पुत्र का अपहरण : पटियाला (भूषण): थाना घग्घर के शाहपुर गांव में सात सशस्त्र उग्रवादी आधी रात के वक्त जमींदार जागीर सिंह के घर दाखिल हो गए और उसके लड़के गमदूर सिंह को पकड़ कर उसका अपहरण करके ले गए । उग्रवादी जाते हुए इस परिवार को गांव की सुरक्षा के लिए मिली दो सरकारी राइफलें और एक लाइसैंस वाली दोनाली बंदूक भी छीन कर ले गए ।

बंद का बहुत कम प्रभाव : सुखविंदर सिंह संधा नामक उग्रवादी के मारे जाने पर पांच आतंकवादी संगठनों द्वारा किए गए तीन दिन के बंद के आह्वान का आज यहां बहुत कम प्रभाव हुआ । स्थानीय बस अड्डे पर पैप्सू रोड परिवहन निगम की बसें रोकी गईं लेकिन प्राइवेट बसें चलती रहीं ।

पटवारी की हत्या : लुधियाना (धीमान): थाना कापेकोट के गांव ब्रिक नकलियां में आतंकवादियों ने गांव के पटवारी जसवन्त सिंह की गोलियां चला कर कल रात आठ बजे के लगभग हत्या कर दी । थाना सुधार के गांव रायेकलां में आतंकवादी एक मारुति वैन और एक स्कूटर छीन कर ले गए ।

नरसंहार : बी.टी.एफ. ने जिम्मेदारी ली : गुरदासपुर (विनोद): गत शाम यहां से कुछ दूर आतंकवादियों ने एक ही समुदाय के जिन 17 व्यक्तियों की हत्या कर दी थी, उसकी जिम्मेदारी भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान ने ली है ।

विवरण : पुलिस ने इस घटना की जो जानकारी दी है, उसके अनुसार गत शाम लगभग 6.30 बजे लगभग 20-25 आतंकवादियों के एक गिरोह जो कि एक ट्रक पर सवार था, ने गुरदासपुर से 3 किलोमीटर दूर गुरदासपुर-पंडोरी धाम सड़क पर गांव गोदपोकर के निकट नाकाबंदी कर रखी थी । आतंकवादी सड़क से गुजरने वाले एक ही समुदाय के लोगों को रोक कर निकटवर्ती बाग में ले जाते रहे और लगभग 7.20 पर उन्होंने ए.के. 47 से अंधाधुंध फायरिंग करके 17 लोगों को मार दिया ।

पुलिस थाने में इस घटना की सूचना लगभग 7.15 पर तिलक राज नामक एक व्यक्ति ने दी । उसने बताया कि वह हैड कांस्टेबल दर्शन कुमार को उसके गांव स्कूटर पर छोड़ने जा रहा था । जब आतंकवादियों ने उन्हें रोका तो वह स्कूटर वहीं छोड़ कर भाग खड़ा हुआ, परन्तु आतंकवादियों ने दर्शन कुमार को पकड़ लिया ।

घटना की सूचना मिलते ही थानेदार अपने सुरक्षा गार्डों सहित घटनास्थल पर पहुंच गए लेकिन तब तक आतंकवादी हत्याकांड कर चुके थे । उन्होंने भागते हुए पुलिस पार्टी पर भी फायरिंग की, लेकिन पुलिस कर्मी बच गए । पुलिस पार्टी ने तब घटना की सूचना मुख्यालय को दी और बड़ी संख्या में सुरक्षा बल वहां पहुंच गए । छानबीन करने पर बाग में से 12 तथा साथ लगते खेतों में से 5 शव बरामद हुए । घटनास्थल के निकट ही एक कमरे में 10 प्रवासी मजदूर रहते थे, जो कि भाग्यवश बच गए ।

पहचान : गुरदासपुर अस्पताल में मृतकों की पहचान राकेश कुमार (गुरदासपुर), चरण दास (धारीवाल खिच्चियां), बीर सिंह (गाजीकोट), हैड कांस्टेबल दर्शन लाल (भट्टियां), सतपाल (गुरदासपुर), दलबीर (गोदपोरा), उसका ससुर नन्द लाल (लालपुर), ध्यान चंद (धारीवाल खिच्चियां), बीरा (सरना), नीटू (अवासा), सतपाल (भट्टियां), दर्शन लाल (पंडोरी भैंसा), तिलक राज (भीखा), अनन्तराम (नगलभूर), कांस्टेबल सुरेश कुमार (भखोवाल), तिलक राज (भखोवाल) तथा बलकार सिंह के रूप में हुई है ।

ज़िला पुलिस प्रमुख श्री सुमेध गोयल के अनुसार घटनास्थल से भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स का एक पत्र मिला है जिसमें लिखा है कि यह हत्याएं फोर्स के प्रमुख सुखविन्दर सिंह संधा, जोकि गत दिनों सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में मारा गया था, की हत्या के प्रतिकार स्वरूप की गई हैं ।

अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष डा. बलदेव प्रकाश ने कल पंजाब के गुरदासपुर जिले के गांव में आतंकवादियों द्वारा नरसंहार करके 17 निर्दोष लोगों को शहीद करने तथा बम विस्फोट से पठानकोट के सिनेमाघर में 15 व्यक्तियों को जख्मी करने तथा इसके अतिरिक्त कई अन्य निर्दोषों की हत्या एवं अपहरण की घटनाओं पर गहरे दुख एवं आक्रोश की अभिव्यक्ति करते हुए इसे भारत सरकार के माथे पर कलंक बताया है । उन्होंने कहा, भाजपा बार-बार मांग कर रही है कि पंजाब के संवेदनशील इलाकों में सेना की तैनाती की जाए, सुरक्षा पट्टी बनाई जाए तथा पुलिस एवं अन्य सुरक्षा कर्मियों को आधुनिक हथियार दिए जाएं, परन्तु सरकार सुन ही नहीं रही ।

इसी तरह भाजपा अमृतसर के वरिष्ठ नेताओं स्वामी हीरानंद, हरीश तनेजा, राकेश शालीवान ने भी पंजाब में तुरंत सेना की नियुक्ति की मांग की है । उधर हिंदू शिव सेना के श्री सुरेन्द्र डोगरा, श्री संजय शर्मा, श्री ओम प्रकाश अरोड़ा ने भी मांग की है कि पंजाब को तुरंत सेना के हवाले किया जाए ।

आढ़ती, सरपंच, उसके बेटे की हत्या : बंगा (खोसला): आज रात्रि 8 बजे उग्रवादियों ने मुकंदपुर रोड पर नई अस्थायी दाना मंडी के अन्दर दो जगह फायरिंग करके तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी, जिनके नाम 60 वर्षीय तीर्थ राम अग्रवाल (आढ़ती एसोसिएशन बंगा के प्रधान), जंडियाला के सरपंच अजीत सिंह (55), सरपंच के लड़के कुलविंद्र सिंह (35) बताए गए हैं । सरपंच और उनका बेटा धान बेचने आए हुए थे । उग्रवादियों ने पल्लेदारों को एक तरफ हटने को कहा और भाग गए । फायरिंग की आवाज सुनते ही सी.आर.पी.एफ. के जवान दाना मंडी में गए । लोग वहां से भय के मारे भाग गए । मंडी में सुरक्षा का कोई प्रबन्ध नहीं । मुकंदपुर दाना मंडी में पहले भी एक आढ़ती श्री चरण दास की हत्या की जा चुकी है ।

यू. पी. सरकार ने कार सेवकों के आगे घटने टेके

जनता दल दोफाड़

(पृष्ठ 3 का शेष)

चंद्र शेखर आज राष्ट्रपति से मिलेंगे : श्री चंद्र शेखर ने बताया कि वह सम्भवतः कल राष्ट्रपति से भेंट करेंगे और वैकल्पिक सरकार के गठन की सम्भावनाओं का पता लगाएंगे । उन्होंने यह भी बताया कि वह कल सवेरे कांग्रेस (इ) अध्यक्ष श्री राजीव गांधी से भी मुलाकात करेंगे । उन्होंने यह नहीं बताया कि वह श्री गांधी से किस विषय पर बात करेंगे । एक प्रश्न के उत्तर में श्री चंद्र शेखर ने कहा कि उनकी सरकार स्थिर होगी । एक अन्य प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री चंद्र शेखर ने कहा कि उनकी सरकार वे सभी वायदे पूरे करेगी, जो हमने जनता से किए हैं ।

चंद्र शेखर तथा देवी लाल लगभग दो दर्जन सांसदों के साथ सूरजकुंड टूरिस्ट काम्पलैक्स में चले गए हैं जहां वे अपनी योजना पर विचार करेंगे । उन्हें आशा है कि इस रात कुछ और सांसद उनके खेमे में आ जाएंगे । आज की मीटिंग से लगता है कि यू.पी. के मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव तथा गुजरात के मुख्यमंत्री चिमन भाई पटेल ने अपना सारा जोर चंद्र शेखर और देवी लाल की जोड़ी के पीछे लगा दिया है । इस बात का कुछ राज्यों पर भी प्रभाव पड़ सकता है ।

देवी लाल गुट, जिसे हरियाणा में दलबदली से निपटने का काफी अनुभव है, सांसदों को 7 नवम्बर तक व्यस्त रखने के प्रबंध कर रहा है । आज सायं ओम प्रकाश चौटाला ने हरियाणा भवन में 150 लोगों के लिए डिनर का प्रबन्ध किया है जिसमें सांसदों के अतिरिक्त अन्य लोग भी बुलाए जाने वाले हैं ।

चंद्र शेखर के समर्थकों ने एक प्रस्ताव किया है कि राष्ट्रीय मोर्चा की तरह कोई फ्रंट बनाया जाए जिसमें इंका, जनता दल से अलग हुआ गुट, अन्नादरमुक और नैशनल कांफ्रैंस जैसी पार्टियां शामिल हों तथा यह फ्रंट सरकार बनाने का दावा करे । परन्तु इंका ने इस प्रस्ताव को अभी तक स्वीकार नहीं किया है ।

'जी.एस. चावला' के अनुसार वी.पी. सिंह गुट प्रयास कर रहा है कि राष्ट्रपति चंद्र शेखर को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित न करें । उनकी रणनीति है कि राजीव गांधी भले ही सरकार बना लें मगर चंद्र शेखर या देवी लाल को प्रधानमंत्री नहीं बनने दिया जाए । जनता दल अध्यक्ष एस.आर. बोम्मई ने राष्ट्रपति से भेंट करके उन्हें आश्वासन दिया है कि वी.पी. सिंह संसद में 7 नवम्बर को विश्वास मत प्राप्त कर स्थायी सरकार बना सकते हैं । उन्होंने चंद्र शेखर को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किए जाने का विरोध करते हुए कहा कि यह पार्टी सरकार प्रणाली के सिद्धांतों के विरुद्ध होगा तथा इससे दलबदलुओं को प्रोत्साहन मिलेगा । उन्होंने राष्ट्रपति से यह भी आग्रह किया कि चंद्र शेखर और उनके समर्थकों को एक अलग पार्टी न माना जाए ।

राष्ट्रपति कोई भी निर्णय लेने से पूर्व संविधान विशेषज्ञों से परामर्श कर रहे हैं । वह कोई ऐसा कदम नहीं उठाना चाहेंगे जिससे उन्हें आलोचना का केंद्र बनना पड़ा । सम्भवतः वह सरकार बनाने के संबंध में सबसे पहले इंकाध्यक्ष राजीव गांधी की इच्छा जानना चाहेंगे । यद्यपि चंद्र शेखर को कांग्रेस (इ) ने समर्थन देने का आश्वासन दिया है लेकिन फिर भी उन्हें राष्ट्रपति को यकीन दिलाना होगा कि उन्हें इंका बिना शर्त समर्थन देने को तैयार है । राजीव गांधी राष्ट्रपति के समक्ष कौन-सा रुख अपनाते हैं बहुत कुछ इस पर निर्भर करता है ।

इंका ने अभी इस मुद्दे पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया । इंका संसदीय दल की मीटिंग कल के लिए स्थगित कर दी गई है । इंका मध्यावधि चुनाव से बचना चाहती है तथा यदि चंद्र शेखर को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित नहीं किया जाता तो वह

जालन्धर निवासियो खुशखबरी !!!
1500 रु. दें और आज ही खरीदें
आकर्षक रंगों में
लूना
कायनेटिक स्पार्क
बाकी आसान किस्तों में
Main Authorised Dealers :
Chowdhury Auto Division

सीमैंट
उपलब्ध है
ISI मार्का
मिनी सीमैंट प्लांट द्वारा उत्पादित
तारा सीमैंटस प्रा. लि.
निज़ामपुर रोड,

Punjabi Samachar



नेता तथा इंका अध्यक्ष श्री राजीव
(छाया : पै.ट्र.)

बैठक आज, परीक्षण होगा

अवरोधक खड़े कर दिए हैं और चौकसी
। अवरोधक पार्लियामैंट स्ट्रीट, रैडक्रास
न्द्रीय सचिवालय बस टर्मिनल क्षेत्र में
ए गए हैं । पुलिस सूत्रों के अनुसार
के विघटित गुट के नेता श्री चन्द्रशेखर के
ु में स्थित आवास पर सुरक्षा के विशेष
गए हैं । सूत्रों का कहना है कि देवी लाल
पर तैनात सुरक्षा कर्मियों की संख्या भी
है ।

वास प्रस्ताव की तैयारी : र्मा के अनुसार कल लोकसभा के
में भारी हंगामा होने की सम्भावना है ।
अध्यक्ष श्री रविराय के खिलाफ जनता
ष्टों का गुट कल अविश्वास का प्रस्ताव
री कर रहा है । इन सांसदों का आरोप
भा अध्यक्ष श्री रविराय ने श्री चंद्र शेखर
24 सहयोगियों को निर्दलीय घोषित
द्र शेखर और प्रधानमंत्री के पद के बीच
का प्रयास किया है ।

दल संसदीय दल के निष्कासित 25
प्रत्येक ने लोकसभा के सैक्रेटरी जनरल
लग पत्र लिख कर मांग की है कि उन्हें
(सोशलिस्ट) के सदस्य के रूप में दर्ज
। सदस्यों ने बिना तथ्यों का पता लगाए
य घोषित किए जाने पर विरोध प्रकट



पंजाब में 2 परिवारों के 6 सदस्यों, 2 कांस्टेबलों सहित 12 लोगों की हत्या

5 आतंकवादी मरे : एरिया कमांडर सहित 4 खूंखार उग्रवादी गिरफ्तार

2 ट्रेनों पर फायरिंग : 2 घटनाओं में 2.10 लाख रु. लूटे

चंडीगढ़, 6 नवम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात से आतंकवादियों ने विभिन्न वारदातों में 2 परिवारों के 6 सदस्यों व 2 पुलिस कांस्टेबलों सहित 12 लोगों की हत्या कर दी । मजीठा पुलिस जिले में 'बब्बर खालसा' गिरोह केएक स्वयंभू एरिया कमांडर समेत 4आतंकवादी गिरफ्तार किए गए हैं । उग्रवादियों ने 2 रेल गाड़ियों पर फायरिंग की । इसी बीच 5 आतंकवादी भी मारे गए ।

रेलगाड़ी पर फायरिंग : अमृतसर से 'सोनी' के अनुसार आज शाम आतंकवादियों ने पट्टी से अमृतसर आ रही एक यात्री गाड़ी के इंजन पर भीषण फायरिंग की लेकिन किसी प्रकार के जानी नुक्सान होने की सूचना नहीं है । प्राप्त विवरण के अनुसार अमृतसर-खेमकरण सैक्शन में पट्टी से अमृतसर आ रही एक यात्री गाड़ी के इंजन पर आतंकवादियों ने जबरदस्त फायरिंग की ताकि ड्राइवर को आतंकित कर गाड़ी रुकवा ली जाए और यात्रियों की सामूहिक हत्या की जा सके । पता चला है कि आतंकवादियों की योजना इसलिए सिरे नहीं चढ़ सकी क्योंकि गाड़ी के इंजन को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंची और ड्राइवर गाड़ी को सफलतापूर्वक निकाल लाया । सूचना के अनुसार यह घटना गांव जंडोकी सरहाली और गांव रूड़े असल के मध्य आज शाम पांच बजे हुई थी ।

कांस्टेबल मारा गया : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार गाड़ी जब अमृतसर पहुंची तो उसके एक डिब्बे में जी.आर.पी. के कांस्टेबल जुगल किशोर का रक्त-रंजित शव पड़ा मिला । सारा डिब्बा रक्त से भरा पड़ा था ।

अमृतसर-देहरादून गाड़ी पर फायरिंग: आज सायं 7.52 बजे बुटारी-ब्यास रेलवे स्टेशनों के मध्य अमृतसर-देहरादून यात्री गाड़ी पर उग्रवादियों ने फायरिंग की । तत्काल किसी प्रकार की किसी क्षति की कोई सूचना नहीं मिल सकी ।

एक उग्रवादी मारा गया : आज एस.एच.ओ. तरनतारन और एस.पी. आप्रेशन तरनतारन से अमृतसर एक जीप में आ रहे थे तो मार्ग में उग्रवादियों ने घात लगा कर उन पर हमला कर दिया, लेकिन जवाबी फायरिंग में एक उग्रवादी मारा गया, जिसके कब्जे से एक ए.के. 47, हैंडग्रेनेड और कुछ गोली-सिक्का बरामद किया गया ।

एक और उग्रवादी मारा गया : एक अन्य वारदात में एस.एच.ओ. पट्टी और थाना कैरों के इंचार्ज जब अपनी जीपों में जा रहे थे तो लोहका के निकट उग्रवादियों ने उन पर फायरिंग की, जवाबी फायरिंग से एक उग्रवादी मारा गया । मृतक उग्रवादी के कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल, 4 स्टिक बम और हीरो होंडा बरामद किया गया है । इस वारदात में एक सुरक्षा कर्मी भी घायल हुआ ।

आतंकवादी मरा : सुरक्षा बलों ने गत रात तरनतारन पुलिस जिले में बनियां गांव के निकट हुई मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवादी को मार गिराया ।

गुट संघर्ष में 1 मरा : आतंकवादी गिरोहों के आंतरिक संघर्ष में गत रात अमृतसर जिले में छोटा हरीपुर के निकट एक आतंकवादी मारा गया । मृतक की शिनाख्त उपेन्द्र सिंह के रूप में की गई है ।

नागरिक मरा : मजीठा पुलिस जिले के ब्यास के निकट गत सायं आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच हुए मुकाबले में एक नागरिक गोली लगने से मारा गया ।

कांस्टेबल की हत्या : आतंकवादियों ने गत रात मजीठा पुलिस जिले में मेहमा गांव में एक पुलिस कांस्टेबल गुरमीत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

ठेकेदार की हत्या : आतंकवादियों द्वारा भूतपूर्व पंचायत सदस्य प्यारा सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई । आतंकवादियों ने उनका कल रात अमृतसर जिले में में नौशहरा ढल्ला गांव से अपहरण कर लिया था । उनकी लाश आज खेतों से बरामद हुई ।

'वि.प्र.' के अनुसार इस लाश के करीब दो खतरनाक आतंकवादियों कश्मीर सिंह खटकर और बलविन्दर सिंह निवासी गग्गोबुआ के नामों से एक चिट्ठी मिली है जिसमें लिखा है कि प्यारा सिंह सीमा क्षेत्र में कांटेदार तारें लगाने के ठेके लेता था इसलिए इसे सोध दिया गया है ।

एरिया कमांडर समेत 4 आतंकवादी काबू : 'बब्बर खालसा' गिरोह का स्वयंभू एरिया कमांडर सुखविन्दर सिंह उर्फ सुक्खा तथा उसके साथी गुरमीत सिंह को आज सुबह मजीठा पुलिस जिले में रायपुर गांव के निकट एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद दबोच लिया गया । उनके पास से एक ए.के. 47 राइफल तथा एक .32 बोर की पिस्तौल बरामद हुई है । मजीठा पुलिस चीफ परमजीत सिंह गिल ने कहा कि ये आतंकवादी धन ऐंठने और हत्याओं के कई मामलों में संक्षिप्त हैं ।

एक अन्य लिस्टिड आतंकवादी लखबीर सिंह उर्फ बीरा तथा उसका तरलोचन सिंह गत रात जिले में ख्याला गांव के निकट हुई मुठभेड़ के बाद पकड़ लिए गए । श्री गिल ने बताया कि उनके पास से एक राकेट लांचर, एक ए.के. 47 राइफल तथा भारी मात्रा में गोली बारूद बरामद हुआ है । पुलिस चीफ ने बताया कि लखबीर सिंह, जो कि हत्याओं की 20 से भी अधिक वारदातों में संलिप्त है, तरनतारन और मजीठा पुलिस जिलों में सक्रिय था ।

'वि.प्र.' के अनुसार ये दोनों आतंकवादी भी बब्बर खालसा के सक्रिय सदस्य हैं । एक का नाम रघुबीर सिंह उर्फ बलबीर सिंह बीरा गांव खलचियां तथा दूसरा गांव गेहरी का रहने वाला तरलोक सिंह है ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

कश्मीर घाटी में उग्रवादियों द्वारा सुरक्षा बलों पर राकेटों से

Punjabi Sanatani

990







...योध्या से लौटे कार ...ने संबोधित किया । ...या : रवि भंडारी)

...हीद होने ...क हैं

...है । इसके अलावा ...ीय सिख संगठन की ...व स्वयं सेवक संघ की ...ब्राह्मण फैडरेशन की ...हामंडलेश्वर स्वामी ...ो श्रद्धांजलि देते हुए ...पर अयोध्या से कार ...क्तों का अभिनन्दन, ...नगर संघ चालक ...रेया बाने पहना कर ...न्ध राम की खाते हैं, ...यह देश नहीं है, देश ...नभेदी नारे लगते

...लुधियाना में आल ...) के वर्करों ने एक ...सिंह तथा यादव के ...आ विभिन्न बाजारों ...परमिन्दर मेहता ने ...सामने यादव का ...मानों से अपील की ...ी बी.पी. सिंह की ...मुस्लिम लड़ाई न ...ौकस रहें ।

...यहां कार समिति ...रा श्रीमती वेदवती ...के मंदिर में एक ...जन हुआ जिसमें ...त्याचारों की निन्दा ...ा वर्मा ने उपस्थित ...ों की जानकारी दी ...उस समय गोलियां ...मा भारती जी की ...थे ।

...परिषद पंजाब के ...हिलाओं से कहा कि ...लिए अयोध्या चलने ...र महिलाओं ने 14 ...एक विशाल जलूस

...न

...for 6.11.90 ...C suggested

.../Pharmacist ...न्न मैडीकल कोर्स ...ia Education ...ad, Patna.

...। रुपए 18.70 ...। राम भगत जैन ...केस II, चंडीगढ़ ।

.../प्लाट

...का डबल स्टोरी ...काऊ है । मिले :

...की जायदाद व

आतंक : पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

आपसी लड़ाई में 1 मरा : 'वि.प्र.' के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के थाना पट्टी के गांव डबली के एक भूतपूर्व पंचायत सदस्य दयाल सिंह को चार आतंकवादी उसके घर से बुलाकर ले गए और खेतों में ले जाकर गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार यह हत्या आतंकवादी गिरोहों की आपसी लड़ाई का परिणाम है ।

बंद : अमृतसर (वर्मा): खूंखार उग्रवादी सुखविन्द्र सिंह संघा व उसके कुछ साथियों के सी.आर.पी.एफ. के साथ गांव भुल्लर में मुठभेड़ के दौरान मारे जाने के कारण आज भी अमृतसर के कई क्षेत्र सुल्तान विंड रोड, ईस्ट मोहन नगर, चौक बाबा भौड़ीवाला, कोट बाबा दीप सिंह, छत्ती खुई, बाजार पापड़ां, चौक बाबा साहब, चौक करोड़ी आदि मुकम्मल तौर पर बन्द रहे । आज खालिस्तान कमांडो फोर्स व भिंडरांवाला टाइगर फोर्स द्वारा शहर की दीवारों पर एक पोस्टर चिपकाया गया, जिस पर मानोचाहल, गुरजंट सिंह राजस्थानी, सुखविन्द्र सिंह लड्डू, कुलवंत सिंह आफरके व दविन्दर सिंह आदि के नाम थे । पोस्टर में लोगों को अपना कारोबार मुकम्मल बन्द रखने का आदेश दिया गया है । शहर में बाकी हिस्सों में कामकाज आमतौर पर नार्मल रहा । तरनतारन, झब्बाल, भिखीविंड, अमरकोट, खालड़ा, पट्टी, जंडियालागुरु, रैय्या, बाबा बकाला, ब्यास, खडूर साहिब व खेमकरण से प्राप्त सूचना के अनुसार वहां भी सारा कामकाज ठप्प रहा ।

पांच ट्रक जलाए : समराला (अश्विनी): मोरिंडा के समीप गत रात्रि 5 ट्रकों को आग लगा कर जला दिए जाने की सूचना है । इन ट्रकों को आज प्रातः भी आग लगी हुई थी तथा धुआं निकल रहा था । इसके कारण यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ । यातायात आज प्रातः लगभग आठ बजे तक भी ठप्प था ।

2 बसें जलाईं : अहमदगढ़ (पुरी): सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन के 5 व 6 नवम्बर के पंजाब बंद के आह्वान के दौरान यहां से निकट दो बसों को आग लगा दी गई व कई जगह यातायात रोका गया । ज्ञात हुआ है कि गत रात करीब 10 बजे यहां से 9 कि.मी. दूर गुरुद्वारा राड़ा साहिब बस स्टैंड पर कुछ सशस्त्र युवकों ने दो बसों को आग लगा दी । इसके बाद इन युवकों ने निकटवर्ती सरहिन्द नहर पर पुल के पास 8 ट्रकों को सड़क के बीच खड़ा करके इनके टायरों पर गोलियां मार दीं । इस कारण सारी रात लुधियाना-मालेरकोटला मार्ग पर यातायात बंद रहा । इस बंद के आह्वान पर अहमदगढ़, डेहलों, कुप तथा राड़ा साहिब में पूर्ण बंद रहा ।

4 बसें फूंक डालीं : लुधियाना से 'धीमान' के अनुसार गांव राड़ा साहब में 2 उग्रवादियों ने 4 बसों को आग लगा दी । जिससे वह जल कर राख हो गई । इनमें 2 बसें पंजाब रोडवेज की और 2 प्राइवेट मिनी बसें थीं । बताया जाता है कि उन्होंने पहले बसों पर गोलियां चलाईं और फिर आग लगा दी । उसके बाद 2 किलो मीटर दूर भिक्खी मोड़ पर गए और वहां खड़े 4 ट्रकों पर फायरिंग की उनको भी काफी हानि पहुंचाई गई ।

बंदूक छीनी : पटियाला (राजू): गत सायं 2 सशस्त्र आतंकवादियों ने नाभा में पांडुसरा मोहल्ले में एक व्यक्ति गुरदेव सिंह जाट के घर में घुस कर उसकी दुनाली बंदूक छीन ली और फरार हो गए ।

पिता की हत्या, पुत्र घायल : आतंकवादियों ने गत सायं फरीदकोट जिले में भक्तपुर गांव के निकट गुरचरण सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । वारदात में मृतक का पुत्र घायल हो गया ।

हैड-कांस्टेबल घायल : मोहाली (वर्मा): आज सुबह लगभग 9.30 बजे आतंकवादियों ने यहां फेस-7 में पटियाला के परमजीत सिंह नामक हैडकांस्टेबल को गोली मार कर घायल कर दिया । परमजीत सिंह यहां अपने मित्र से मिलने आया था कि एक आतंकवादी ने घर में घुस कर उस पर रिवाल्वर से गोली चला दी । उसकी पीठ में तीन गोलियां लगी हैं । वारदात के समय एक अन्य आतंकवादी घर के बाहर स्कूटर स्टार्ट किए खड़ा रहा । वारदात के बाद आतंकवादी फरार हो गए ।



उग्रवादियों ने सोमवार की रात्रि को बंगा में नई अस्थायी दाना मंडी में अंधाधुंध फायरिंग करके 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी । (1) श्री तीर्थ राम अग्रवाल, जो बंगा आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान थे, का शव । (2) जंडियाला के सरपंच अजीत सिंह उर्फ चांदी (55) तथा (3) उसके लड़के कुलविन्द्र सिंह के शवों के पास बैठे संबंधी विलाप करते हुए । (छाया : खोसला)

गुलशन सिंह ने अपने 70 हजार रुपए भी रणजीत को अपने बैग में ही रखने के लिए दे दिये । जब दोनों आढ़ती अपने स्कूटरों पर मनसूरपुर ग्राम जा रहे थे तो एक स्कूटर पर सवार दो लुटेरों ने उन्हें बिशनपुर के पास रोक लिया व पिस्तौल तान कर बैग छीन लिया और मनसूरपुर ग्राम की तरफ फरार हो गए ।

मृतकों का अंतिम संस्कार : गुरदासपुर (विनोद): बीते दिन गुरदासपुर से 3 किलो मीटर दूर गांव गोत पोकर के पास जिन 17 व्यक्तियों की आतंकवादियों द्वारा हत्या कर दी गई थी, उन सभी का मृतकों के गांवों और तीन जो गुरदासपुर निवासी थे, का अंतिम संस्कार कर दिया गया । शहर में इन हत्याओं के विरोध में जोरदार हड़ताल रही, परन्तु किसी अप्रिय घटना से बचाव रहा । जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. गोयल ने लोगों से अपील की है कि वे प्रशासन को सहयोग दें ताकि पुलिस तथा सुरक्षा बल आतंकवाद से लड़ सकें ।

दो परिवारों के 6 लोगों की हत्या : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार गत रात थाना श्री हरगोबिंद पुर के एक गांव हरचोवाल के निकट आतंकवादियों ने दो परिवारों के 6 व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी । प्राप्त विवरण के अनुसार आतंकवादियों ने गांव ठकरवाल के सरपंच सुखवंत सिंह की पत्नी सुरिन्दर कौर और उनके दो लड़कों यादवेन्द्र तथा पप्पू का अपहरण कर लिया तथा गांव हरचोवाल के निकट लाकर उनकी हत्या कर दी । इसी तरह उन्होंने यहां एक अन्य परिवार के तीन सदस्यों को लाकर गोली मार कर हत्या कर दी । इन व्यक्तियों की शिनाख्त ज्ञान सिंह तथा उनके दो लड़कों मनजीत सिंह और बलजीत सिंह के रूप में हुई है । पुलिस ने घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के चले हुए कारतूस बरामद किए हैं ।

रोडवेज कर्मियों द्वारा हड़ताल : गत दिवस थाना डेरा बाबा नानक के गांव अगवान के पास आतंकवादियों की फायरिंग से एक ड्राइवर पूरण सिंह के मारे जाने के रोष में आज यहां रोडवेज कर्मचारियों ने हड़ताल रखी । उन्होंने कल भी हड़ताल की थी ।





(ऊपर) खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू-लैफ्टिनेंट जनरल रणजीत सिंह टुंडा गांव चुन्नीवाला थाना बाघापुराना जिला फरीदकोट जो गांव लोहाम घल खुर्द जिला फिरोजपुर में रविवार रात को पुलिस मुकाबले में मारा गया । उसके सिर पर एक लाख रुपए का पुरस्कार था । (नीचे) टुंडा के कब्जे से सशस्त्रास्त्र के अतिरिक्त पुलिस वर्दियां भी बरामद हैं ।



सोमवार की रात को आतंकवादियों ने लुधियाना 'हाई-वे' पर मोरिंडा से आगे कुछ ट्रकों को आग लगा दी । जले हुए ट्रकों के चित्र । (छाया : पुरी)

वी.पी. ने कुर्सी बचाने के लिए लोगों को बांट दिया : राजीव

नई दिल्ली, 6 नवम्बर (वार्ता): इंका अध्यक्ष श्री राजीव गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह ने 'अपनी कुर्सी बचाने के लिए' लोगों को जाति, सम्प्रदाय, धर्म और भाषा के आधार पर बांट दिया है ।

उन्होंने यहां कांग्रेस (इ) संसदीय दल की मीटिंग को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्री सिंह का कुछ और महीनों का शासन राष्ट्र को विनाश व अराजकता के कगार पर लाकर छोड़ देगा जिससे बचना आवश्यक है । भूतपूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की वर्तमान गिरी हुई हालत में रक्षा करना प्रत्येक कांग्रेसजन का कर्त्तव्य है ।

उन्होंने कहा कि आज यह मुद्दा है कि क्या राष्ट्र श्री सिंह की सरकार के अधीन बचा रहेगा ? उन्होंने कहा, "मैं नहीं समझता कि भारत में कभी कोई ऐसा प्रधानमंत्री रहा है जिसका दिमाग इस विनाशकारी ढंग से काम करता हो कि उसने अपनी कुर्सी बचाने के लिए लोगों को विभाजित कर दिया हो ।"

इंका संसदीय दल की आज दो बार प्रधान श्री राजीव गांधी की अध्यक्षता में बैठक हुई ।

राज्यों का मिट्टी के तेल का आबंटन बढ़ाने का निर्णय

नई दिल्ली, 6 नवम्बर (वार्ता): तेल एवं प्राकृतिक गैस विभाग ने चालू मास के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को मिट्टी के तेल का आबंटन बढ़ाने का निर्णय किया है । सरकारी सूत्रों के अनुसार कई राज्यों ने मिट्टी का तेल कम होने की शिकायत की थी ।

दूरसंचार विभाग के कर्मियों की कलम-औजार छोड़ो हड़ताल जारी : कामकाज ठप्प

चंडीगढ़, 6 नवम्बर (संघी): आज चौथे दिन भी नगर में दूरसंचार सेवाएं पूर्णतः ठप्प रहीं । सर्कल सचिव टैग्रीग्राफ्स पंजाब कामरेड आर.एल. मोदगिल व सचिव हरियाणा टैलीग्राफ्स कामरेड नफे सिंह ने बताया कि क्षेत्र में पूर्ण हड़ताल रही । उन्होंने बताया कि पंजाब के 16 व हरियाणा के 13 टैलीग्राफ कार्यालयों में आज भी कलम-औजार छोड़ो हड़ताल रखी गई ।

कामरेड एच.एस. ढिल्लों जिला सचिव चंडीगढ़ टैलीफोन्स ने बताया कि किसी भी टैलीफोन एक्सचेंज में कोई भी काल नहीं बुक की गई तथा लाईन मैन स्टाफ ने भी कोई मुरम्मत कार्य नहीं किया ।

इस हड़ताल का आह्वान केंद्र सरकार की भेदभाव पूर्ण नीति के विरोध में किया गया है, जिसके अनुसार महानगर टैलीफोन निगम लिमिटिड के कर्मचारियों को तो 100 रुपए अंतरिम राहत के रूप में जारी कर दिए गए मगर अन्य कर्मियों को इस सुविधा से वंचित रखा गया ।

जालन्धर : नैशनल फैडरेशन आफ टैलीफोन इम्प्लाईज फैडरेशन आफ नैशनल आर्गेनाइजेशन टैलीकॉम इम्प्लाईज तथा भारतीय टैलीकॉम इम्प्लाईज क्लास III एंड IV नामक तीनों परिषदों के संयुक्त आह्वान पर शुरू की गई कलम-औजार छोड़ो हड़ताल आज यहां चौथे दिन में प्रविष्ट हो गई । टैलीग्राफ कार्यालयों, टैलीफोन एक्सचेंजों तथा विभाग के प्रशासनिक कार्यालयों में सारा काम ठप्प होकर रह गया । इस दौरान न तो कोई ट्रंक काल और न ही कोई टैलीग्राम ही बुक की गई । न ही किसी प्रकार का मुरम्मत कार्य किया गया ।

टैलीकमयूनिकेशन बिल्डिंग के बाहर सारे टैलीकॉम स्टाफ द्वारा एक विशाल रैली आयोजित की गई जिसमें 1.9.90 से सभी कर्मियों के लिए बम्बई व दिल्ली के कर्मचारियों की भांति ही 100 रुपए की अंतरिम राहत राशि तुरन्त जारी करने की मांग की गई ।

इस रैली को कामरेड हरबीर कौर, टैलीकॉम इम्प्लाईज के संयोजक एस.एन. महाजन, टैलीफोन

फगवाड़ा (अशोक) : आज निरंतर चौथे दिन भी दूरसंचार कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में हड़ताल की व टैलीफोन एक्सचेंज के समक्ष धरना दिया । इस अवसर पर आयोजित रैली को संबोधित करते हुए कर्मचारी नेता स. अमर सिंह व सुरजीत सिंह ने चेतावनी दी कि यूनियन की मांगें मानी जाने तक संघर्ष जारी रहेगा ।

लुधियाना (महिन्द्रा): टैलीफोन कर्मचारियों की हड़ताल के कारण कल सारा दिन कामकाज ठप्प रहा । इस प्रकार नए कनैक्शन देने तथा खराब टैलीफोन ठीक करने का काम भी निलम्बित रहा । टैलीफोन अधिकारी इस हड़ताल के कारण अपने-अपने कार्यालय में हाथ पर हाथ रख कर बैठे रहे ।

नकोदर (गगन): आज लगातार चौथे दिन भी नकोदर, शाहकोट तथा नूरमहल की टैलीफोन एक्सचेंजों के कर्मियों ने अपनी मांगों के समर्थन में पूर्ण हड़ताल रखी । टैलिकाम कर्मचारी यूनियन नकोदर के प्रधान श्री प्यारे लाल शर्मा व सचिव श्री कांशीराम ने सरकार से मांग की है कि उनकी मांगें तुरन्त मानी जाएं नहीं तो हड़ताल लगातार जारी रहेगी । इस हड़ताल ने टैलीफोन उपभोक्ताओं को बहुत परेशान किया है और सामान्य कामकाज पर बहुत असर हुआ है ।

होशियारपुर (अश्विनी): टैलिकाम विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल के कारण आज चौथे दिन भी स्थानीय टैलीफोन एक्सचेंज व तार घर में कामकाज पूर्णतः ठप्प रहा ।

हड़ताली कर्मचारियों के एक प्रवक्ता ने बताया कि होशियारपुर में एस.टी.डी. सेवा भी कार्य नहीं कर रही है ।



राज्यपाल की सलाहकार प...

चंडीगढ़, 6 नवम्बर (वि.प्र.): पंजाब के राज्यपाल की सलाहकार परिषद की 9 नवम्बर को प्रस्तावित बैठक स्थगित कर दी गई है । अब यह बैठक 23 नवम्बर को होगी । यह जानकारी आज यहां सरकारी तौर पर दी गई है । यह बैठक केंद्र में हो रही राजनीतिक उथल-पुथल के दृष्टिगत स्थगित की गई है ।

स्मृति ग्रन्थ : राज्यपाल श्री वीरेन्द्र वर्मा कल यहां 7 नवम्बर को एक समारोह में स्वाधीनता सेनानी डा. दीवान सिंह कालेपानी बारे एक 'स्मृति

उच्च न्यायालय से

जमानत स्वीकार

चंडीगढ़, 6 नवम्बर (गुप्ता): पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री जे.बी. गर्ग ने लुधियाना निवासी जगमोहन सिंह की जमानत स्वीकार कर ली है । उस पर हत्या के प्रयास, दंगा करने तथा सरकारी कर्मियों पर शरारतपूर्ण हमला करने के आरोप में केस दर्ज था ।

याचिका विचारार्थ स्वीकार : उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने सुरेंद्र कुमार नामक व्यक्ति की याचिका विचारार्थ स्वीकार कर ली है । इस व्यक्ति ने हरियाणा के कल्याण विभाग में तहसील कल्याण अधिकारियों के पदों हेतु चुने गए व्यक्तियों की नियुक्ति सरकार द्वारा रोक लिए जाने को चुनौती थी । याचिकादाता इस पद के लिए चुना गया था ।

चुनौती : उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने उस याचिका पर प्रतिवादी पक्ष को नोटिस जारी किया है, जिस द्वारा गुड़गांव के सैक्टर-23, अर्बन एस्टेट, में प्लाटों का मूल्य प्रति गज 193.11 रुपए बढ़ाए जाने को चुनौती दी गई थी । खंडपीठ ने इस याचिका के निपटारे तक बढ़े हुए मूल्य की वसूली रोक दी है ।

सैनिक द्वारा फायरिंग करने से 1 मरा, 1 घायल

जालन्धर, 6 नवम्बर (वार्ता): गत रात्रि एक सैनिक द्वारा लोगों की भीड़ पर अपनी स्टेनगन से फायरिंग किए जाने से एक व्यक्ति बलकार सिंह मारा गया और एक घायल हो गया । लोगों की भीड़ सैनिक के एक साथी को आदमपुर थाने में ले जाना चाहती थी । पुलिस सूत्रों के अनुसार दो सैनिक गांव धनदूर में एक गुजर के डेरे में गए और कुछ स्त्रियों की बेइज्जती करने की कोशिश की । दोनों सैनिकों को इस पर पकड़ लिया गया और उनकी जम कर पिटाई की गई । इस पर एक सैनिक भाग गया, जबकि उसका साथी बेहोश हो गया । जब गांव वाले बेहोश सैनिक को आदमपुर थाने में ले जा रहे थे तो भाग गया सैनिक स्टेनगन लेकर वापस आ गया और उसने फायरिंग करनी शुरू कर दी । पुलिस ने दोनों सैनिकों को हिरासत में ले लिया है ।



प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह मंगलवार को अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ राष्ट्रपति से भेंट के उपरांत संवाददाताओं को संम्बोधित करते हुए । (छाया : प्रै.ट्र.)



उत्तर भारत आरक्षण विरोधी फ्रंट द्वारा मंगलवार को लुधियाना में शांति मार्च निकाला गया तथा मिनी सचिवालय में अपनी मांगों के संबंध में ए.डी.सी. को एक ज्ञापन दिया गया । (फोटो : जगमोहन कम्बोज)

चंद्रशेखर

(पृष्ठ 3 का शेष)

आज श्री चन्द्र शेखर से भेंट कर उन्हें अपना समर्थन देने का आश्वासन दिया ।

वैकल्पिक सरकार : श्री चंद्र शेखर ने आज शाम देर गए अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि लोकसभा अध्यक्ष द्वारा 25 सांसदों को 'निर्गुट सदस्य' घोषित कर दिए जाने से केंद्र में 'वैकल्पिक सरकार' के गठन के उनके प्रयासों को कोई आघात नहीं पहुंचेगा । श्री चंद्र शेखर ने कहा कि उन्होंने आज लोकसभा अध्यक्ष श्री रवि राय से भेंट कर उन्हें 58 सांसदों द्वारा हस्ताक्षरित एक ज्ञापन दिया है । ज्ञापन में इन सभी सदस्यों ने यह मांग की है कि उन्हें सदन में जनता दल (सोशलिस्ट) के रूप में मान्यता दी जाए । जब उनसे पूछा गया कि क्या एक निर्गुट सदस्य प्रधानमंत्री बन सकता है तो श्री चंद्र शेखर ने कहा उन्हें पता है कि ऐसी स्थिति में कोई 'संवैधानिक रोक' नहीं है । श्री चंद्र शेखर ने जोर देकर कहा कि मध्यावधि चुनाव रोक लिए गए हैं और इसी सप्ताह 'वैकल्पिक सरकार' बना ली जाएगी । एक अन्य प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री चंद्र शेखर ने कहा, "वह मंडल आयोग की रिपोर्ट तथा जनता दल द्वारा किए गए अन्य वायदों पर कायम रहेंगे । श्री चंद्र शेखर ने कहा कि अब समय यह देखने का नहीं है कि कौन कांग्रेसी है और कौन गैर-कांग्रेसी, बल्कि यह समय देश को संकट से चलाने का है ।"

Punjabi Sanjam

चंडीगढ़, 7 नवम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात से आतंकवादियों ने 4 सुरक्षा कर्मियों सहित 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा एक बैंक से 2.07 लाख रुपए लूट लिए, जबकि सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया ।

शव मिला : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव सरूपवाली के निकट से आज प्रातः पुलिस को गोलियों से छलनी एक युवक का शव मिला है । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार इसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है ।

तीन की हत्या : धूरी (सिंगला): सेधा चौक बरनाला में गत रात्रि साढ़े सात बजे दो स्कूटर सवार अज्ञात व्यक्तियों ने गोलियां चला दीं, जिससे एक सिपाही देवेन्द्र सिंह घटनास्थल पर ही दम तोड़ गया जबकि होमगार्ड हरनेक सिंह व एक दुकानदार जो घायल हो गए थे, की अस्पताल में जाकर मौत हो गई । रात्रि 12 बजे सी.आर.पी. की एक जिप्सी, जो संगरूर से लुधियाना जा रही थी, नहर में गिर गई, जिसमें 5 जवान सवार थे । इनमें से 4 जवान तो तैर कर निकल गए । मगर एक जवान का अभी तक पता नहीं चल सका । यह जीप बबनपुर में नहर में गिरी थी । उनकी सात एस.एल.आर. भी नहीं मिलीं, जबकि जिप्सी निकाल ली गई । एक अन्य समाचार के अनुसार सी.आर.पी. के जवान उग्रवादियों का पीछा कर रहे थे ।

सुरक्षा बलों पर हमला : फरीदकोट पुलिस जिले के थाना सादिक के गांव खनियां में आतंकवादियों द्वारा कल रात सुरक्षा बलों पर किए गए एक हमले में पुलिस हैड-कांस्टेबल लछमन सिंह तथा होमगार्ड जवान बलकार सिंह घायल हो गए ।

कार छीन ली : चंडीगढ़ (संघी): तीन पगड़ीधारी युवकों द्वारा आज सुबह लगभग 11 बजे यहां के सैक्टर 35 एवं 36 के चौक से पिस्तौल की नोक पर एक मारुति कार छीन लिए जाने का समाचार मिला है । उक्त युवक कार छीनकर मोहाली की ओर फरार हो गए ।

चौकीदार की हत्या करके कैश लूट लिया : कुछ अज्ञात युवकों ने कल रात यहां के इंडस्ट्रीयल एरिया में स्थित फ़ूड पैकेट बनाने वाली एक कम्पनी के एक चौकीदार की तेज हथियारों से हत्या कर दी और फैक्टरी के कैश बाक्स में पड़े हुए लगभग 20,000 रुपए लूटकर ले गए ।

कैशियर को घायल कर दिया : कपूरथला जिले के भोलत्थ पुलिस थाने के गांव रामगढ़ में आतंकवादियों ने न्यू बैंक आफ इंडिया के एक कैशियर पुष्पिन्दर कुमार को गोली मार कर घायल कर दिया ।

2.07 लाख लूटे : जालन्धर सदर थाने के गांव कहला में कल रात 4 आतंकवादियों ने एक सहकारी बैंक से 2.07 लाख रुपए लूट लिए ।

कैश लूट लिया : आज दोपहर बाद जालन्धर के बाहरी क्षेत्र गढ़ा में स्थित एक डाक घर से दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने कैश लूट लिया ।

तीन घुसपैठिए मरे : अमृतसर जिले के खालड़ा सैक्टर में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए ।

कांस्टेबल का शव मिला : तरनतारन पुलिस जिले के गांव नरली के निकट से आज एक कांस्टेबल दलबीर सिंह का शव मिला है ।

एक की हत्या : लुधियाना जिले के गांव भानी अरोड़ा में से आज सुबह मारुति कार सवार चार आतंकवादियों ने काका सिंह का उसके घर से अपहरण करके, उसे गांव के बाहर ले जाकर गोलियां मार कर मार दिया ।

पट्टी की अनाज मंडी में फायरिंग : पट्टी (पाठक): गत रात 12 बजे के लगभग स्थानीय अनाज मंडी में आतंकवादियों ने एक व्यापारी विशाल कुमार पर फायरिंग की, परन्तु वह बाल-बाल बच गया । आतंकवादी मंडी में लगभग आधा घंटा तक फायरिंग करते रहे । उन्होंने गालियां भी निकालीं ।

मुठभेड़ : आतंकवादी तथा कांस्टेबल मारे गए : तरनतारन पुलिस जिले के गांव जंडू के सरहाली के निकट सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवादी तथा पुलिस कांस्टेबल कुलबीर सिंह मारे गए । पुलिस के अनुसार घटनास्थल से एक ए.के. 47 तथा एक स्कूटर बरामद हुआ है ।

फ्रंटियर मेल पर फायरिंग : तरनतारन पुलिस जिले के गांव बुटारी के पास कल रात आतंकवादियों ने फ्रंटियर मेल रेलगाड़ी पर फायरिंग की, लेकिन किसी के हताहत होने का समाचार नहीं है ।

होशियारपुर (वि.प्र.): जिला पुलिस ने तीन आतंकवादियों हरनेक सिंह, स्वर्ण सिंह व रणधीर सिंह को गिरफ्तार किया है । पुलिस सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों से पांच राकेट, एक राकेट लांचर व कुछ अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है ।

लुधियाना पुलिस ने तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनके पास से एक ए.के. 47 तथा एक बंदूक बरामद की है ।

अमृतसर, (अशोक सोनी): तरनतारन पुलिस ने गत महीने फिरोजपुर जिले में एक सैनिक रेल गाड़ी में धमाका करने वाले एक कुख्यात आतंकवादी हरभजन सिंह उर्फ काला (20) जो कि स्वयंभू लै. जनरल भी है, को कल पकड़ लेने में सफलता प्राप्त की है । कल शाम खेमकरण सैक्शन पर अमृतसर से खेमकरण को जा रही यात्री रेल गाड़ी पर फायरिंग करने वाले आतंकवादियों में से एक को मार गिराया गया है और पुलिस ने 5 नवम्बर को बल्टोहा के क्षेत्र में मारे गए 6 आतंकवादियों की शिनाख्त कर लिए जाने का भी दावा किया है ।

मारे गए आतंकवादियों की पहचान हुई : आज शाम तरनतारन के एस.एस.पी. द्वारा जारी की गई एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया गया है कि 5 नवम्बर को बल्टोहा क्षेत्र में आतंकवादियों के साथ सुरक्षा बलों के हुए मुकाबले में मारे गए 6 आतंकवादियों की पहचान तीन सूचीबद्ध आतंकवादियों बलकार सिंह, स्वयंभू मेजर जनरल सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा, मुख्त्यार सिंह उर्फ मुस्सा उर्फ फौजी के रूप में तथा तीन अन्यों की पहचान हाकिम सिंह उर्फ हक्कू, गुलजार सिंह उर्फ छप्पार तथा गुरमुख सिंह उर्फ गोरा के रूप में हुई है । प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार मारा गया आतंकवादी हाकिम सिंह दुर्दांत आतंकवादी था, जिस पर 50 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित था और वह 80 से 100 हत्याओं में दोषी था ।

काला काबू : पट्टी की पुलिस ने एक अन्य दुर्दांत आतंकवादी हरभजन सिंह उर्फ काला (20) को काबू करने में सफलता प्राप्त की है, जो स्वयं को खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का लै. जनरल कहता है और यह निशान सिंह मक्खू के गिरोह से सम्बन्धित है । इस पर 50 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित है । यह कपूरथला जिला का सूचीबद्ध आतंकवादी है । जांच के दौरान उसने बताया कि उसने 100 से अधिक हत्याएं की हैं और इसके अतिरिक्त उसने फिरोजपुर जिले में धमाका करके सैनिक रेल गाड़ी को भी विस्फोट करके उड़ा दिया था । उसके पास

प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आज लोकसभा में कहा कि बोफोर्स से सम्बन्धित कागज़ात राष्ट्रपति को अपने पास देख लेने चाहिएं ।

प्रस्ताव पर हुई चर्चा का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि बोफोर्स सौदे की जांच में काफी प्रगति हो चुकी है और निर्णय निकट है । इस सम्बन्ध में आगे की कार्रवाई अगली सरकारों को करनी होगी ।

भाजपा के श्री लाल कृष्ण अडवानी ने इस पर कहा कि पिछला चुनाव बोफोर्स के मुद्दे पर हुआ था । आपके पास इसकी जितनी भी जानकारी है,

रोकने का निर्णय लिया था

जनता दल से अलग
चंद्रशेखर ने प्रधानमंत्री के
पर राष्ट्र को तबाही के कग
लगाया और कहा कि यदि प्र
छोड़ेंगे तो सदस्य उन्हें हटा
करेंगे ।

श्री चंद्रशेखर ने वर्तम
चुनावों का इस आधार पर
बहुत ज्यादा खून-खराबा
राष्ट्रीय सरकार का समर्थ



श्रीनगर में दो स्थानों पर सुरक्षा बलों की चौकियों पर राकेटों से हमला : सैनिक वाहन पर गोलीबारी

श्रीनगर, 7 नवम्बर (प.स., वा.): आतंकवादियों ने गत सायं से कश्मीर घाटी में दो स्थानों पर सुरक्षा बलों की चौकियों पर राकेटों से हमला किया जबकि एक स्थान पर सेना के वाहन पर घात लगाकर हमला किया । दो अन्य स्थानों पर सुरक्षा बलों व आतंकवादियों में मुठभेड़ भी हुई । इन सभी घटनाओं में कोई हताहत नहीं हुआ ।

आतंकवादियों ने एक महिला की हत्या कर दी तथा सुरक्षा बलों ने 10 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इनके कब्जे से शस्त्रास्त्र तथा गोली सिक्का बरामद हुआ है ।

राकेटों से हमले : अधिकृत सूत्रों ने बताया है कि आज प्रातः गन्देरबल में आतंकवादियों ने सी.आर.पी. के शिविर पर राकेट से हमला किया परन्तु निशाना चूक जाने के कारण यह राकेट वहां जाकर घर के भवन से टकरा गया । डाक घर के भवन से टकरा गया । डाक घर को कुछ क्षति हुई है । इसके तुरन्त बाद आतंकवादियों ने स्वचालित शस्त्रों से फायरिंग शुरू कर दी जिसके उत्तर में सुरक्षा बलों ने भी गोलियां चलाईं । किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है ।

आतंकवादियों ने गत रात निकटवर्ती परिम्पोरा की सी.आर.पी. की चौकी पर राकेटों से हमला किया । इसके बाद आतंकवादियों ने फायरिंग की जिसके जवाब में सी.आर.पी. ने भी गोलियां चलाईं । इस हमले में राकेट से वहां खड़े एस.एफ. के एक वाहन को क्षति पहुंची है । किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है ।

सैनिक वाहन पर हमला : गत सायं आतंकवादियों ने बाई पास रोड पर तंगपोरा पुल के निकट सेना के एक वाहन पर गोलियां चलाईं । जवाबी कार्रवाई किए जाने पर आतंकवादी भाग गए । करीब 5 मिनट तक हुई इस गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ ।

दो स्थानों पर मुठभेड़ : कल सायं सुरक्षा बलों तथा आतंकवादियों में दो स्थानों पर मुठभेड़ हुई । एक मुकाबला श्रीनगर के निचले क्षेत्र राजौरी कदल में हुआ जहां पर आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर अचानक हमला किया था । दूसरी भिड़ंत रैनावाड़ी में 'विक्टरी क्रासिंग' के निकट हुई । किसी प्रकार की क्षति की सूचना नहीं है ।

कर्फ्यू में ढील : श्रीनगर शहर में अधिकारियों ने आज प्रातः 5 बजे से 13 घंटे के लिए कर्फ्यू में ढील दी । इस अवधि में दुकानें तथा अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठान खुले रहे तथा विभिन्न मार्गों पर यातायात भी सामान्य रहा ।

इस बीच आज 54वें दिन भी सरकारी कार्यालयों में काम-काज ठप्प रहा क्योंकि राज्य के कर्मियों की हड़ताल पूर्ववत जारी है । इस गतिरोध की स्थिति में शीघ्र ही किसी सुधार की सम्भावना नहीं है ।

आटो रिक्शा वालों की हड़ताल : आटो रिक्शा चालकों ने आज हड़ताल रखी । ये लोग कल की बाग क्षेत्र में एक आटो रिक्शा चालक व एक सवारी के सुरक्षा बलों की गोली से मारे जाने के मामले पर रोष व्यक्त कर रहे थे । उधर सरकारी प्रवक्ता का कहना है कि आतंकवादियों व सुरक्षा बलों में भिड़ंत के दौरान गोली लगने से इन दोनों की मौत हुई है ।

महिला की हत्या : पुलिस सूत्रों के अनुसार

(शेष पृष्ठ 6 पर)

आखिर जोड़तोड़ की राज
बेनकाब हो ही गई : चंद्र

नई दिल्ली, 7 नवम्बर (जी.एस. चावला): श्री चंद्रशेखर, जिन्हें कि राष्ट्रपति श्री वेंकटरमन द्वारा कल नई सरकार का गठन करने के लिए आमंत्रित किए जाने की संभावना है, ने लोकसभा में वी.पी. सिंह सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के तत्काल बाद आज शाम यहां एक भेंट में कहा, "जोड़-तोड़ की राजनीति आखिर बेनकाब हो ही गई । इस अवसर पर भी सम्बन्धित लोगों को सबक सीख लेना चाहिए ।"

आज दोपहर में संसद के सैंट्रल हाल में जब चंद्रशेखर डाक्टर सुब्रह्मण्यम स्वामी के साथ बैठे हुए थे और यह बात लगभग स्पष्ट सी हो गई थी कि वी.पी. सिंह सरकार अब केवल कुछ घंटों की ही मेहमान है, तो जनता दल के अनेक सांसद जो अभी तक तटस्थ से ही बने हुए थे, उनके निकट आने लगे तथा उनके प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त करने सम्बन्धी शपथ पर आकर हस्ताक्षर करने लगे थे । इस संवाददाता ने स्वयं 7 मिनट के श्री चंद्रशेखर के प्रति अपनी नि देखा ।

श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी, जि सरकार को गिराने के लिए अपनी थी, ने कहा कि "लोग इस असह लगी रहने वाली भ्रष्ट सरकार लोग राहत की सांस ले रहे हैं

श्री ओम प्रकाश चौटाला का वी.पी. सिंह ने अपने सारे कार्य ए में किए । अनेक महत्वपूर्ण सरक अकेले ही लिए तथा किसी से भी मंत्रिमंडल को तो मात्र औपचारि सूचना दी जाती थी । उन्होंने सा को बढ़ावा दिया तथा अपने रा लिए विभिन्न जातियों में खाई उ भी वह ही जिम्मेदार हैं ।"

राजस्थान में शेखावत मंत्रिमंडल का भाग्य निर्णय आज : जद से 22 विधायक टूटे

जयपुर, 7 नवम्बर (वार्ता, प.स.): राजस्थान के मंत्री श्री भैरों सिंह शेखावत के मंत्रिमंडल का निर्णय कल होगा । वे कल विधानसभा के एक विशेष अधिवेशन में विश्वास मत प्राप्त ।

जनता दल विधायक दल द्वारा भाजपा मंत्रिमंडल समर्थन वापस लिए जाने के कारण विश्वास-मत करने की आवश्यकता पड़ी । 200 सदस्यीय सभा में जनता दल के मूल रूप में 55 विधायक जनता दल अब विघटित हो गया है और लगभग विधायकों ने श्री दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में की का समर्थन करने की इच्छा प्रकट की है । शेखावत ने कम से कम छः निर्दलीयों का समर्थन करने का दावा किया है । सदन में भाजपा के विधायक हैं ।

भाजपा ने विधानसभा के सचिवालय में शेखावत में मंत्रिमंडल द्वारा विश्वास मत प्राप्त करने पक्ति का प्रस्ताव भेजा है । विधानसभा में पक्षी दल कांग्रेस (इ) के 50 सदस्य हैं, इंका मंडल के विरुद्ध अपना अविश्वास प्रस्ताव भेजा विधानसभा के कुल 9 निर्दलीय सदस्यों में से 2 (इ) के साथ बताए जाते हैं । जनता दल विधायक दल के नेता भूतपूर्व राजस्व मंत्री नाथी सिंह हैं और इसके सदन में 30 सदस्य हैं । जनता दल ने सरकार के विरुद्ध मतदान करने की घोषणा की है । मार्क्सी पार्टी के एकमात्र सदस्य द्वारा सरकार के विरुद्ध मतदान किए जाने की सम्भावना है । सदन के सभी राजनीतिक दलों ने कल के विशेष अधिवेशन के सम्बन्ध में विशेष सचेतक जारी कर दिए हैं ।

इसी मध्य विधानसभा के अध्यक्ष हरि शंकर भावरा ने घोषणा की है कि जनता दल से श्री दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में अलग हुए दल को राज्य विधानसभा के सदन में निर्दलीय पार्टी माना है ।

सचेतक का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध दल-बदल कानून लागू होगा

नई दिल्ली, 7 नवम्बर (प.स.): यद्यपि रात्रि देर गए तक मतदान की पद्धति का ठीक पता न चल सका लेकिन जनता दल के सूत्रों के अनुसार लोकसभा में सरकार के विश्वास मत प्राप्त करने के प्रस्ताव के विरुद्ध जनता दल के अलग हुए 56 सांसदों ने मतदान किया । इनमें वे 25 संसत्सदस्य भी शामिल हैं, जिन्हें कल लोकसभा के अध्यक्ष ने निर्गुट करार दिया था । पार्टी ने लोकसभा के अध्यक्ष से सम्पर्क किया था कि वे पार्टी के सचेतक का उल्लंघन करने पर अन्य 31 सांसदों को अयोग्य घोषित कर दें ।

आज रात्रि देर गए जनता दल द्वारा उन 31 सांसदों के विरुद्ध लोकसभा के अध्यक्ष के पास याचिका दायर की गई कि पार्टी के सचेतक का उल्लंघन करके सरकार के विरुद्ध मतदान करने वाले सांसदों को अयोग्य घोषित किया जाए ।

लोकसभा के अध्यक्ष के कार्यालय के अनुसार

टी सी बात ... रंगा

त एक धर्मनिरपेक्ष
इसीलिए है क्योंकि यहां की
कांश जनता हिन्दू है ।
—लाल कृष्ण अडवानी



अयोध्या और मंडल आयोग क

नई दिल्ली, 7 नवम्बर (वार्ता, प.स.): भारतीय जनता पार्टी के सदस्य श्री विजय कुमार मल्होत्रा ने प्रधानमंत्री पर प्रहार करते हुए कहा कि उन्होंने भाजपा की आलोचना करने के लिए अयोध्या को मुद्दा बना लिया है । उन्होंने कहा कि सरकार न तो धर्मनिरपेक्षता की नीति पर चल रही है और न ही संविधान के प्रति प्रतिबद्ध है । उन्होंने कहा कि यदि यह धर्म निरपेक्ष होती तो यह एक विशेष समुदाय को प्रसन्न करने की बजाए सभी नागरिकों को एक समान समझती ।

श्री मल्होत्रा ने प्रधानमंत्री द्वारा मंडल आयोग की सिफारिशें लागू करने के दावे की आलोचना करते हुए कहा कि यदि प्रधान मंत्री पिछड़ी श्रेणियों की भलाई के प्रति ईमानदार होते तो पहले उनके जीवनयापन का प्रबन्ध करते और भूतपूर्व इंका सरकार द्वारा 1986 में सरकारी नौकरियों पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाते ।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री यह जानते हुए भी लोगों को मूर्ख बना रहे थे कि मंडल आयोग की रिपोर्ट को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी तथा इसके क्रियान्वयन पर रोक लगा दी जाएगी ।

वाक आऊट : नैशनल कांफ्रेंस के सदस्य लोकसभा अध्यक्ष श्री रवि राय द्व श्री विजय कुमार मल्होत्रा को प्र किए गए विश्वास प्रस्ताव पर बो दिए जाने के विरोध में आज लोकस कर गए । नैकां संसदीय दल के सोज़ ने कहा कि भाजपा को संविधान में विश्वास नहीं है ।

मार्क्सी नेता श्री सोमनाथ चै भाजपा ने सरकार से इसलिए समर्थ क्योंकि इसके अध्यक्ष को गिरफ्ता था और रथयात्रा रोक दी गई थी । क्या कांग्रेस (इ) या श्री चंद्रशेखर मंदिर के निर्माण की आज्ञा देंगे । उनकी पार्टी श्री वी.पी. सिंह का इस रही है क्योंकि उन्होंने मंदिर के निरपेक्षता पर सैद्धांतिक स्टैंड लि कहा कि पंजाब के मुद्दे और श्री गिरफ्तारी को लेकर मार्क्सी पार्टी साथ मतभेद थे । परन्तु पार्टी ने मह धर्म निरपेक्षता का भविष्य इन मतभे

श्री चैटर्जी ने कहा कि इंका विवादास्पद स्थल पर जानबूझ कर



Punjabi Sanatani

लख एक पत्र में कहा है कि
नाने की स्थिति में नहीं हैं ।
न में वामपंथी दलों को
कार बनाने का निमंत्रण दिया

ने 'जनता दल से अलग हुए
योग से सरकार बनाने के
या है और कहा है कि यह
का उल्लंघन है । मार्क्सी
ब्नाक और आर.एस.पी. के
कहा है कि इस गुट को न तो
न ही नई सरकार बनाने के
है । उन्होंने बी.पी. सिंह
प्रस्ताव में पराजय पर खेद
कि यह इंका, भाजपा और
अघोषित गठबंधन है ।

क संसदीय दल ने भी कहा है
सरकार बनाते हैं तो यह बाहर
गा । अध्राद्रमुक के फैसले की
पार्टी के नेता श्री आर. मुथैया
ामीनाथन द्वारा जारी एक प्रैस
। श्री मुथैया ने कहा कि जनता
ी चन्द्र शेखर के अनुरोध और
हासचिव सुश्री जयललिता के
खर का सरकार बनाने में बाहर
फैसला किया गया है ।

ने आज अन्य के अतिरिक्त श्री
और भूतपूर्व कानून मंत्री श्री
टिंग की । बाद में इंका नेता श्री
मिले थे । समझा जाता है कि
पद के लिए श्री चन्द्र शेखर का
रे में उन्हें बता दिया था ।

ने एक मीटिंग में अन्ना द्रमुक के
समाज पार्टी के अध्यक्ष श्री कांशी
क्त किया था ।

र की ओर से संसत्सदस्य श्री
आज यहां यह जानकारी देते हुए
शेष पृष्ठ 6 पर)



नई दिल्ली में स्थित गुजरात भवन में चन्द्रशेखर, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मुलायम सिंह यादव, गुजरात के मुख्यमंत्री चिमन भाई पटेल तथा हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री श्री ओम प्रकाश चौटाला के बीच बीरवार को बैठक हुई । यह चित्र इसी अवसर का है । (छाया : प्रै.ट्र.)

लै. जनरल जसविंदर सिंह व एरिया कमांडर सूबा सिंह समेत 7 उग्रवादी मरे : जालन्धर के 2 युवकों समेत 8 की हत्या

लुधियाना में बैंक से 14 लाख रुपए लूटे : बालघर का अपहरण

चंडीगढ़, 8 नवम्बर : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान खालिस्तान कमांडो फोर्स के लै. जनरल जसविन्दर सिंह उर्फ जोगा तथा दुष्ट सोध कमांडो फोर्स के एरिया कमांडर सूबा सिंह समेत सात आतंकवादी मारे गए, 8 लोगों की हत्या हुई तथा चार बैंकों से लगभग 17 लाख रुपया लूट लिया गया । इस बीच एक व्यक्ति का अपहरण भी हुआ ।

आतंकवादी मरा : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के थाना डेरा बाबा नानक के अंतर्गत गांव रत्ता के निकट पुलिस तथा बी.एस.एफ. की संयुक्त टुकड़ी के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया और उसका साथी बच कर भाग गया । एस.एस.पी. श्री सीता राम ने बताया कि मारे गए आतंकवादी की शिनाख्त सूबा सिंह के रूप में हुई है । वह 'दुष्ट सोध कमांडो फोर्स' का एरिया कमांडर था । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल तथा दो मैगजीन भी बरामद हुए हैं । मुठभेड़ दोपहर एक बजे शुरू हुई और शाम 4 बजे तक चली ।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सूबा सिंह पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवादी था और 25 से अधिक हत्याओं में वांछित था ।

मुठभेड़ में एक दुर्दांत आतंकवादी मरा : पुलिस जिला बटाला के अंतर्गत दयालगढ़ गांव में कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान खालिस्तान कमांडो फोर्स (जफरवाल गुट) का स्वयंभू लै. जनरल जसविन्दर सिंह उर्फ जोगा सिंह मारा गया । इस घटना में अनूप कौर नामक एक युवती की भी मृत्यु हो गई ।

एक की हत्या : पुलिस जिला बटाला के गांव भोमा में कल रात किशन सिंह नामक एक व्यक्ति का शव एक वृक्ष से लटका हुआ पाया गया ।

दो आतंकवादी मरे : फरीदकोट (वार्ता): झंडेयाना गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए । एक मृतक आतंकवादी की पहचान बिरपाल सिंह के रूप में हुई है । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, 2 मैगजीन तथा एक राइफल भी बरामद हुई है ।

बैंक से 14 लाख रुपया लूटा : लुधियाना (भाम्बी, धीमान): आज दोपहर पौने दो बजे के लगभग तीन आतंकवादियों ने पंजाब नैशनल बैंक सराभा नगर से 14 लाख रुपए लूट लिए । बताया जाता है कि तीन युवक बैंक में आए और गनमैन महेन्द्र सिंह से गन छीन ली और बैंक के अन्दर जा कर 14 लाख रुपए लूट कर फरार हो गए । बताया जाता है कि लुटेरे एक मारुति कार में सवार हो कर आए थे और डाका डालने के बाद उसी कार में फरार हो गए ।

बैंक अधिकारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस को सूचना दी गई थी । पुलिस घटनास्थल पर पहुंच भी गई लेकिन आतंकवादी उनके सामने ही रुपए लेकर फरार हुए । उन्होंने विवरण देते हुए कहा कि पहले आतंकवादी मैनेजर के कमरे में गए, फिर उसको साथ लेकर सहायक मैनेजर के कमरे में गए तथा उसको साथ लेकर खजांची के पास पहुंचे । वहां से फिर उन्होंने स्ट्रांग रूम में जा कर रुपया लूटा । लूटपाट के दौरान आतंकवादियों ने बैंक स्टाफ को हाथ खड़े रखने तथा वहां मौजूद महिलाओं को एक तरफ खड़े रहने के निर्देश दिए ।

बिजली बोर्ड कार्यालय लूटा : लुधियाना से 'महेन्द्रा' के अनुसार थाना रायकोट के अंतर्गत बस्सियां गांव में मारुति कार सवार तीन आतंकवादी बिजली बोर्ड के कार्यालय में घुस गए तथा पिस्तौल की नोक पर कैश बाक्स ले गए । तुरंत यह पता नहीं चल सका कि कैश बाक्स में कितनी राशि थी ?

स्कूटर सवार 2 आतंकवादियों ने लुधियाना में डा. शाम सिंह रोड पर स्थित पोल्टरी फीड की दुकान से

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanatani

विश्वास मत



कश्मीर घाटी में 30 उग्रवादी गिरफ्तार, 7 मरे : 4 सुरक्षा कर्मियों सहित 5 घायल : एक सब इंस्पैक्टर बर्खास्त

श्रीनगर, 8 नवम्बर (वार्ता, प.स.) : कश्मीर घाटी में गत 24 घंटों के दौरान सेना द्वारा व्यापक रूप से तलाशी लिए जाने के परिणामस्वरूप 30 2 उग्रवादियों सहित 7 व्यक्ति मारे गए ।

सुरक्षा कर्मी मारा गया : सरकारी सूचनाओं में कहा गया है कि विभिन्न स्थानों पर हुई नहीं बताया गया ।

हमले व संघर्ष : इसी दौरान सुरक्षा बलों पर उग्रवादियों ने कई स्थानों पर हमले किए तथा

व अमृतसर महिला कांग्रेस की वरिष्ठ उपप्रधान श्रीमती कौशल्या शर्मा ने टिप्पणी करते हुए कहा कि वी.पी. सिंह की गलत नीतियों के कारण ही महंगाई इस हद तक बढ़ी । साधारण जनता को अपना घर चलाना भी मुश्किल हो गया था । पंजाब स्टेट सिविल आयुर्वेदिक मैडीकल एसोसिएशन के प्रधान डाक्टर हरपाल सिंह अजनाला, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव श्री लखपत राय अर्जुन व भूतपूर्व सचिव डाक्टर तिलक राज सरपाल ने अपने अलग बयानों में कहा कि वी.पी. सिंह ने लोगों की सारी आशाओं पर 11 महीनों में ही पानी फेर दिया था ।

'अशोक' के अनुसार केन्द्र में वी.पी. सिंह की सरकार का बिस्तर गोल हो जाने की खबर पाकर आज प्रात: छात्रों ने नगर की सड़कों पर ढोल बजा कर भंगड़े डाले । यह छात्र वी.पी. सिंह के विरुद्ध नारेबाजी भी कर रहे थे । कुछ छात्र अपने हाथों में पानी की बोतलें उठा कर अपने साथियों पर झूम-झूम कर वर्षा कर रहे थे ।

आतंक : कश्मीर में
(पृष्ठ 3 का शेष)

संघर्ष हुआ ।

3 सुरक्षा कर्मी व एक नागरिक घायल : प्रवक्ता के अनुसार जिला कुपवाड़ा में आज प्रात: उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों पर हमला कर 3 सुरक्षा कर्मियों व एक नागरिक को घायल कर दिया ।

सब-इंस्पैक्टर बर्खास्त : जम्मू-कश्मीर सरकार ने पुलिस के एक सब-इंस्पैक्टर परवेज अहमद को बर्खास्त कर दिया है । उस पर आरोप लगाया गया है कि वह प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जे.के.एल.एफ. के एक 'एरिया कमांडर' व उसके साथियों को श्रीनगर जाते हुए कुद क्षेत्र में उन्हें आश्रय व सहायता देता रहा । तब वह उग्रवादी जम्मू में 2 व्यक्तियों की हत्या करके वापिस जा रहे थे ।

परवेज अहमद पर जे.के.एल.एफ. के जम्मू क्षेत्र के एरिया कमांडर मोहम्मद हुसैन उर्फ काका हुसैन की सहायता करने तथा उसे भागने में मदद देने का आरोप भी लगाया गया है ।

स्कूल राख : पाम्पौर में एक अग्निकांड के दौरान लड़कियों का एक हायर सैकेंडरी स्कूल भी जल कर राख हो गया ।

कर्फ्यू व हड़ताल की स्थिति : आज कश्मीर घाटी तथा श्रीनगर के अन्य क्षेत्रों में प्रात: 5 बजे से 13 घंटे तथा विविध अवधि काल के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई ।

दूसरी तरफ सरकारी कर्मियों की हड़ताल आज 55वें दिन भी जारी रहने के कारण सामान्य कामकाज पर विपरीत प्रभाव पड़ा । मगर बैंकों में सामान्य कामकाज जारी रहा ।

अधिकारी बाल-बाल बचे : इसी दौरान जिला श्रीनगर के पुलिस अधीक्षक मसूद अहमद चौधरी व सी.आर.पी.एफ. के कमांडैंट बाल-बाल बच गए ।

बम विस्फोट : आज सायं लगभग 4.50 बजे यहां फैशनेबल रैज़ीडैंसी रोड पर मुनीर मंज़िल शापिंग-कम-आफिस परिसर में एक बम फटा । चार मंज़िला इस भवन में पी.टी.आई. और इंडियन प्रैस के कार्यालय हैं । इससे कोई विशेष क्षति नहीं हुई । इससे पूर्व दो अन्य बम विस्फोटों में बल गार्डन में सुपिरटैंडिंग इंजीनियर जनस्वास्थ्य विभाग तथा सफाकदल में पालिका भवन क्षतिग्रस्त हो गए ।

आतंक : पंजाब में
(पृष्ठ 3 का शेष)

60 हजार रुपए की राशि लूट ली ।

आतंकवादी काबू : फगवाड़ा (अशोक): फगवाड़ा पुलिस ने गत रात्रि भुल्लाराई के निकट चार संदिग्ध आतंकवादियों को नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 12 बोर की तीन पिस्तौलें व दस जीवित कारतूस बरामद किए । गिरफ्तार आतंकवादियों की शिनाख्त कुलवंत सिंह भानोकी, जसविन्दर लाल चाचोली, हुसन लाल चाचोकी व भीम दास के रूप में हुई है ।

एक आतंकवादी मरा : अमृतसर (वार्ता): मजीठा पुलिस जिला के बटाला गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स (बलविंदर शाहपुर गुट) से जुड़ा एक आतंकवादी लखबीर सिंह मारा गया । जिला पुलिस प्रमुख श्री परमजीत सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में बीरा घायल हुआ था । बाद में उसकी मृत्यु हो गई । बीरा के दो भाई भी पिछले साल मुठभेड़ में मारे गए थे ।

एक की हत्या : अमृतसर से 'सोनी' के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के थाना पट्टी के गांव जौड़ा में कल रात आतंकवादियों ने रवेल सिंह नामक एक व्यक्ति को बिजली का करंट लगा कर मार दिया तथा उसके बेटे देविन्दर सिंह का अपहरण कर लिया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार आधा दर्जन आतंकवादी रवेल सिंह के घर में घुस गए और मांग की कि वह उन्हें डेढ़ लाख रुपया दें । रवेल सिंह ने इतनी धनराशि देने में अपनी असमर्थता प्रकट की । इस पर आतंकवादियों ने उसे बिजली का करंट लगा दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई । आतंकवादी देविन्दर सिंह को अपने साथ ले गए । पुलिस के अनुसार यह वारदात आतंकवादियों के निजी गुट संघर्ष का परिणाम है ।

गश्ती दल पर फायरिंग : अमृतसर से नारंग के अनुसार आज रात्रि यहां घी मंडी क्षेत्र में ढींगरा अस्पताल के पास उग्रवादियों ने सी.आर.पी.एफ. की एक गश्ती पार्टी पर फायरिंग की । गश्ती दल द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने से उग्रवादी भाग निकले ।

एक आतंकवादी मरा : मजीठा पुलिस जिला के मोटेवाल गांव के निकट आज शाम सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में प्रीतम सिंह नामक एक दुर्दांत आतंकवादी मारा गया । उसके दो साथी बच कर भाग गए । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल तथा एक मैगजीन भी बरामद हुई है ।

ठेके के 2 कर्मियों की हत्या : कोटकपूरा (नि.सं.): कल रात 12 आतंकवादियों के एक गिरोह ने यहां से 12 किलोमीटर दूर गांव रामेयाना में शराब के एक ठेके के दो कर्मचारियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतकों के नाम सोहन लाल तथा राम बताए जाते हैं ।

कमीशन एजैंट को लूटा : धूरी (सिंगला): स्कूटर सवार दो आतंकवादियों ने भिवानीगढ़ की अनाज मंडी में कमीशन एजैंट ज्ञान चन्द से बीस हजार रुपए लूट लिए । जैन के अनुसार इस वारदात में 14,900 रुपए लूटे गए । एक अन्य घटना में धूरी से पांच किलोमीटर दूर भसौड़ा गांव के निकट घात लगा कर बैठे आतंकवादियों ने एक ट्रक पर फायरिंग की । इससे कोई हताहत नहीं हुआ ।

एक और बैंक लूटा : बाघा पुराना (ज्ञान): दो आतंकवादियों ने निकटवर्ती गांव सुखानंद में स्थित मोगा सैंट्रल कोआपरेटिव बैंक की शाखा से 0000 रुपए लूट लिए ।

दो बैंक लूटे : रोपड़ (वार्ता): आतंकवादियों ने चुड़ माजरा गांव में स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से 90 हजार रुपया लूट लिया । लूट के बाद आतंकवादी बैंक के बाहर पड़े एक स्कूटर पर भाग गए । आतंकवादियों ने इसी जिला के हरा गांव में ग्रामीण बैंक की शाखा से बीस हजार रुपया लूट लिया ।

एक आतंकवादी और मरा : जालंधर (वार्ता): कल रात डोली के धूरे गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया । घटनास्थल से एक पिस्तौल तथा ए.के. 47 के कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

जालन्धर में फायरिंग से 2 मरे, 1 घायल : जालन्धर (वार्ता): आज रात्रि लगभग 8.15 बजे जालन्धर में रेलवे स्टेशन के निकट एक चौक में उग्रवादियों ने मोटर साइकिल पर जा रहे 2 युवकों पर ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल से अंधाधुंध फायरिंग करके उनकी हत्या कर दी । फायरिंग में एक युवक जसबीर राम घायल हो गया । मृत युवकों के नाम अमर पाल सिंह उर्फ गब्बर तथा राजेन्द्र सिंह बताए जाते हैं । घायल की दशा भी नाजुक बताई जाती है । भीड़भाड़ भरा चौक होने के बावजूद उग्रवादी फरार हो गए ।



जालन्धर में मदन फ्लोर मिल चौक में कुछ संदिग्ध लोगों ने बीरवार रात को दो लोगों की हत्या कर दी तथा एक अन्य व्यक्ति को घायल कर दिया । चित्र में (1-2) दोनों मृतकों अमरपाल सिंह उर्फ गब्बर तथा राजेन्द्र सिंह के शव और (3) घायल जसबीर राम, जोकि अस्पताल में उपचाराधीन है ।
(छाया : शिव जैमिनी)

बस किराया वृद्धि का कारण ग्रीन ब्रिगेड

हिसार, 8 नवम्बर (नांदवाल): पूर्व इंका विधायक श्री इंद्र सिंह नैन ने आरोप लगाया है कि हरियाणा सरकार ने बस भाड़ा में जो 20 प्रतिशत की वृद्धि की है, उसकी जिम्मेदार ग्रीन ब्रिगेड है न कि कोई और । आज यहां एक बयान में उन्होंने कहा कि वास्तविक कारण तो यह है कि ग्रीन ब्रिगेड के अवांछित तत्वों द्वारा राज्य परिवहन की बसों को जलाया गया, जिससे सरकार को यह कदम उठाना

चन्द्रशेखर का दावा
(पृष्ठ 3 का शेष)

बताया कि उनकी पार्टी द्वारा मोर्चा बनाने का कोई प्रस्ताव नहीं है । उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी, अकाली दल का एक धड़ा और कुछ निर्दलीय भी उनकी सरकार का समर्थन करेंगे । उन्होंने कहा कि लोकसभा के अध्यक्ष श्री रवि रे ने उनकी पार्टी जनता दल (एस) को एक अलग पार्टी के रूप में मान्यता नहीं दी है ।

इसी मध्य चंद्र शेखर गुट ने अपना नाम जनता दल (सोशलिस्ट) रख लिया है ।

यहां जनता पार्टी का भी जनता दल (एस) में विलय होने की सम्भावना है । जनता पार्टी की कार्यकारिणी की 12 नवम्बर को यहां हो रही बैठक में इस संबंध में अंतिम निर्णय किया जाएगा । पार्टी के अध्यक्ष श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि उनकी पार्टी श्री चंद्र शेखर को पूर्ण सहयोग देगी । जब उनसे यह पूछा गया कि क्या वह मंत्रिमंडल के निर्माण में शामिल होंगे तो उन्होंने कहा कि यह बाद

OCM
UNIFORMS



WORSTED, SERGE,
BLAZER and ALL
KINDS OF WINTER
UNIFORMS

A Product of VXL India Ltd.

OCM

गुमशुदा की तलाश

स. सतनाम सिंह, आयु लगभग 80 वर्ष, कद 5 फुट 3 इंच, रंग गेहुंआ, क्रीम कलर का पाजामा व कोका कोला रंग की बुशर्ट, पगड़ी व सफेद रंग के कपड़े के जूते पहने है, घर से 12.9.90 को बाजार

Punjabi Sanatani

अकाली दल (बादल) दिल्ली के प्रधान अवतार सिंह हित और दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के प्रधान जसवंत सिंह शान शामिल हैं ।

61 जनता दल (एस) के सदस्य हैं ।

बाद में उनके निवास स्थान पर श्री चन्द्रशेखर

किया गया । उनके समर्थक वहां बैंड बाजे बजाकर खुशियां मना रहे थे । श्री शेखर बड़ी मुश्किल से

सांसद, उनके मित्र, प्रैस फोटोग्राफर और सम्वाददाता बैठे थे ।

लोगों से बधाई स्वीकार करने के बाद श्री शेखर ने अपने दो पुराने मित्रों श्री राजवन्त सिंह और श्री बेनी माधव के साथ फोटो खिंचवाए ।

सम्वाददाताओं के एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि वह आज सायं अपने साथ शपथ लेने वाले मंत्रियों के नामों और संख्या का फैसला करेंगे ।

श्री चन्द्रशेखर के निवास स्थान पर आज सब से पहले पहुंचने वालों में सर्वश्री ओम प्रकाश चौटाला, यशवन्त सिन्हा, कमल मोरारका तथा सुबोध कांत सहाय थे । श्री चौटाला श्री चन्द्रशेखर को बधाई देने नीली मर्सिडीज़ कार में आए थे । श्री यशवन्त सिन्हा और श्री हरमोहन धवन ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए आगोश में ले लिया ।

राष्ट्रपति से भेंट करने के बाद श्री चन्द्रशेखर ने श्री राजीव गांधी के निवास स्थान पर उनके साथ लगभग आधा घंटे बातचीत की । इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री श्रीचिमनभाईपटेलभी उपस्थित थे । इसके बाद वह सीधे श्री देवी लाल से मिलने चले गए ।

मनोनीत प्रधानमंत्री श्री चंद्रशेखर ने श्री देवी लाल के निवास स्थान पर सम्वाददाताओं से बातचीत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वह शेष चार वर्ष का कार्यकाल पूरा करेंगे, "परन्तु यह स्थिति पर निर्भर है ।"

श्री चंद्रशेखर ने कहा कि वह शोषण के शिकार

जातियों और कबीलों के
व्यतीत करना सुनिश्चित
के मनों से संदेहों को निक
में से यह भावना समाप्त
सुविधाओं से वंचित किय

उन्होंने कहा कि ना
काम देश के सामने प्रम
है । उन्होंने कहा कि "
कर रहा हूं । मैं हमेशा

कुछ मंत्री भी श
चंद्रशेखर ने अपने आवा
द्वारा प्रधानमंत्री पद की श
कुछ मंत्री पद और गो
करेंगे । उन्होंने अपने
कल शपथ लेने वाले म
बताने से इन्कार कर दिय
भी उन्होंने कहा कि 'क
वह लोकसभा में बीस
सिद्ध करेंगे । उन्होंने
के साथ मंत्रिमंडल में
विचार-विमर्श किया ज

चंद्रशेखर के
लेंगे : नई दिल्ली से
नए प्रधानमंत्री श्री चंद्र
शपथ लेंगे, इसके बा
स्थिति बनी हुई है
संवाददाताओं को बता

बटाला क्षेत्र में उग्रवादियों ने 9 बस यात्रियों की हत्या कर दी : 4 घायल : 9 आतंकवादी भी मारे गए

चंडीगढ़, 9 नवम्बर : आतंकवादियों के एक गिरोह ने आज शाम बटाला क्षेत्र में एक बस पर फायरिंग करके 9 यात्रियों की हत्या कर दी तथा चार अन्य व्यक्तियों को घायल कर दिया । इसके अलावा पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान नौ आतंकवादी मारे गए तथा दो अन्य पकड़े गए । उग्रवादियों ने तीन अन्य लोगों को भी गोलियों का निशाना बनाया तथा दो महिलाओं समेत 4 व्यक्तियों का अपहरण किया । इस बीच बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. श्री उदयवीर सिंह आतंकवादी हमले में बाल-बाल बच गए ।

9 बस यात्रियों की हत्या : बटाला (कोछड़) पुलिस जिला बटाला के थाना सदर बटाला के क्षेत्र में नत्त गांव के निकट बटाला-जालन्धर रोड पर 10 आतंकवादियों ने आज शाम पौने पांच बजे के लगभग एक यात्री बस का अपहरण कर लिया तथा उसे एक सम्पर्क मार्ग पर ले गए । फिर आतंकवादियों ने बस में बैठे यात्रियों पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे 7 यात्रियों की मृत्यु हो गई और 4 अन्य व्यक्ति घायल हुए । घायलों को बटाला के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

छः मृतकों की शिनाख्त ब्यास निवासी 46 वर्षीय क्लिफ फोर्ड जोसेफ, धारीवाल निवासी 26 वर्षीय ओम प्रकाश, अम्बाला निवासी 42 वर्षीय मनोहर लाल, 35 वर्षीय ओम प्रकाश, गुरदासपुर के गाज़ीकोट गांव निवासी 26 वर्षीय पुलिस कांस्टेबल रमेश कुमार तथा कपूरथला के नडाला गांव निवासी 23 वर्षीय कुलवंत राज शर्मा के रूप में हुई है । चार घायलों के नाम जालंधर के सीतानगर निवासी मोहन लाल, जालंधर के संतोखपुरा निवासी ज्ञान चन्द, ब्यास निवासी नर्स श्रीमती रोजलीन मल्ल तथा जालंधर के नाला महल निवासी दया चंद मेहता बताए जाते हैं । श्री मेहता की हालत गंभीर है ।

उन्हें अमृतसर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

'प.स.' के अनुसार यह घटना ऐतिहासिक गुरुद्वारे अचल साहिब के निकट हुई और उग्रवादी स्कूटर पर सवार थे । फायरिंग बड़ी निकट से की गई, जिससे 14 व्यक्ति घायल भी हो गए । दो घायलों की बटाला के अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

डी.आई.जी. बाल-बाल बचे : बटाला पुलिस जिला के कलानौर कस्बे के निकट ट्रैक्टर सवार आतंकवादियों ने बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. (आंतरिक सुरक्षा) श्री उदयवीर सिंह

अन्यत्र 3 लोगों की जानें गईं : 2 महिलाओं सहित 4 व्यक्तियों का अपहरण : 2 उग्रवादी भी काबू : सीमा सुरक्षा बलों के डी.आई.जी. हमले में बाल-बाल बचे

की कार पर घात लगाकर हमला किया । पुलिस सूत्रों के अनुसार श्री उदयवीर सिंह के साथ जा रहे सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर आतंकवादी भाग गए । इस घटना में दोनों तरफ से कोई हताहत नहीं हुआ । बताया जाता है कि श्री उदयवीर सिंह पर उस समय हमला हुआ, जब वह कलानौर से डेरा बाबा नानक की तरफ जा रहे थे ।

गुट संघर्ष में एक मरा : पुलिस जिला बटाला के थाना डेरा बाबा नानक के गांव सरवाली के निकट गत रात्रि आतंकवादियों ने दलबीर सिंह उर्फ भुट्टो नामक एक व्यक्ति को गोलियों से मार दिया, जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार भुट्टो आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त होने के कारण पुलिस हिरासत में था और आजकल जमानत पर रिहा था । पुलिस के अनुसार यह वारदात आतंकवादियों के निजी गुट संघर्ष का परिणाम है ।

मुठभेड़ में 3 आतंकवादी मरे : गुरदासपुर (विनोद गुप्ता): सुरक्षा बलों ने आज प्रातः एक अपंग डाक्टर के घर में छापे के दौरान हुई मुठभेड़ में 3 आतंकवादियों को मार दिया । यह मुठभेड़ धारीवाल के गांव बल में हुई । एस.एस.पी. श्री गोयल के अनुसार मुठभेड़ के स्थान पर से एक ए.के. 74 राइफल, दो माउजर पिस्तौलें, बड़ी संख्या में जिंदा तथा चले हुए कारतूस बरामद किए गए । इस मुठभेड़ में मारे गए तीन उग्रवादियों में से दो की पहचान हो गई । इनके नाम रणजोध सिंह व दिलबाग सिंह बताए गए हैं । यह दोनों ही तथाकथित खालिस्तानलिबरेशन आर्मी से सम्बन्धित थे तथा धारीवाल के थाना कंग के रहने वाले थे ।

2 उग्रवादी गिरफ्तार : गत रात्रि गुरदासपुर सदर पुलिस ने गांव अमीरपुर के पास नाकाबंदी के दौरान दो आतंकवादियों ध्यान सिंह (निवासी मुस्तफापुर) और सलविन्द्र सिंह निवासी सुजानपुर) को गिरफ्तार करके उनसे एक पिस्तौल, कुछ कारतूस तथा एक स्कूटर (नं. पी-बी-10-बी 8700) बरामद किया है ।

एक की हत्या : 'वार्ता' के अनुसार आतंकवादियों ने कल रात गुरदासपुर जिला के बल गांव में एक धर्मस्थल में किशन सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

नेपाल में नया संविधान लागू सभी अधिकार जनता को

काठमाडू, 9 नवम्बर (वार्ता): नेपाल नरेश बीरेन्द्र ने आज यहां नेपाल के नए संविधान को लागू करते हुए कार्य पालिका के सभी अधिकार जनता को सौंप दिए हैं । अब इस परम्परा से बंधे पर्वतीय देश में दलीय राजनीतिक लोकतंत्र के लिए मार्ग खुल गया है । सरकार ने आज राष्ट्रीय अवकाश की घोषणा की है ।

नया दस्तावेज पुराने पंचायत संविधान की जगह लेगा, जिसके अंतर्गत पिछले 30 वर्षों से राजनीतिक पार्टियों पर प्रतिबंध था । संविधान की रूपरेखा सुप्रीमकोर्ट के जज विश्वनाथ उपाध्याय की

अध्यक्षता में एक पैनल
ने इसमें संशोधन किया

इसके लागू किए ज
वर्षीय नरेश बीरेन्द्र अप
हैं, जो उन्हें अपने पित
उपरांत जनवरी 1972
बैठने पर प्राप्त हुए थे

संविधान पहले 1
जाना था, परंतु नरेश के
परिवर्तन चाहते थे, इसे स

(शेष पृष्ठ

भाजपा द्वारा अकेले 500 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी : अयोध्या आंदोलन तेज़ किया जाएगा

नई दिल्ली, 9 नवम्बर (दि. श.): भाजपा हाई कमान ने आज अपनी प्रादेशिक इकाइयों को चुनाव के लिए तैयार रहने के पक्के निर्देश दे दिए हैं । यहां आयोजित तीन दिवसीय बैठक के पहले दिन जिन दो

का सुझाव रखा, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृति दे दी गई ।

पार्टी नेताओं का मत था कि आगामी चुनावों में



ओस

ओसवाल फै

Punjabi Sanatani

में करवा कर B.A.M.S. (one sitting) Matric/+2 (Punjab/Patna) गारंटिड B.A./B.Com./B.Sc., M.A./M.Sc. र्ष में करें) B.Ed., LL.B., Professional सीटिंग में करें । Last date near, ectus Rs. 10/-. Guru Amar Dass e, Hospital Road, Opposite Malri Nakodar.

बचाओ–पत्राचार मैट्रिक, इंटर, मध्यमा/ स B.A., B.Ed. करें । नियमानुसार RMP बनें । आदर्श इंस्टीच्यूट, झूला रोड, ।

चार द्वारा B.Ed., B.T.C., J.B.T., L.T., Matric, B.A., LL.B., Vaid Visharad नियमावली हेतु 15/- M.O. द्वारा भेजें । y Gandhi College, Angra House, a Shimla-171002.

MP (Govt. Valid) Matric/+2 /B.A./ ./ B.Sc./M.A./ M.Sc./ M.Com./ S/ MBA/one sitting/B.Ed./ OT/ BT/BTC/ Examination Centre our ge./LL.B. Professional. D.Pharma/ rma./ Polytechnic/BAMS (Regular) Admission Guidance. Last date near. d College, 47-L, Near Gurudwara, l Town, Jalandhar. Ravindera ge, EG. 34, Near Lado Wali Phatik. Nagar, Jalandhar.

FROM THIS DIWALI"
now of Property Investments. May r hard-earned money with our mind e know once you will come for ever.
ROPERTY DEVELOPERS
AMBALA CANTT.
359, 25697, 25985.
(437283)

उसके सांसदों की संख्या 82 है । रूप में श्री अडवानी को 2250 रुपए वेतन, मुफ्त सरकारी बंगला, चालक सहित कार और सरकार की ओर से निजी स्टाफ में 16 व्यक्ति मिलेंगे ।

आतंक : पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

एक की हत्या, 4 का अपहरण : फिरोजपुर (वार्ता): आतंकवादियों ने कल रात बेरीवाल गांव में शाम सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । भागने से पहले आतंकवादी मृतक शाम सिंह के बेटे अजीत सिंह तथा दो पुत्रवधुओं सुखविन्द्र कौर और मंजीत कौर को अपहृत करके ले गए । इसी जिला के गुजरां गांव से भी कल रात आतंकवादी ज्ञान सिंह नामक एक व्यक्ति का अपहरण करके ले गए ।

एक आतंकवादी मरा : कपूरथला (वार्ता): अकबरपुरा गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया । उसके दो साथी बच कर भाग गए ।

एक आतंकवादी मरा : फरीदकोट (वार्ता): सुरक्षा बलों ने भलेयाना गांव के निकट कल रात मुठभेड़ के दौरान एक अज्ञात आतंकवादी को मार गिराया उसके तीन साथी बच कर भाग गए । घटनास्थल से एक रिवाल्वर, ए.के. 47 का एक मैगजीन तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए ।

3 आतंकवादी और मरे : अमृतसर (वार्ता): सुरक्षा बलों ने कल रात अमृतसर शहर के बाहरी क्षेत्र सुल्तान विंड में नहर के पुल पर मुठभेड़ के दौरान 3 अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया । घटनास्थल से दो ए.के. 47 राइफलें, एक बंदूक तथा कुछ गोली सिक्का भी बरामद हुआ है ।

एक की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के खेमकरण कस्बे में कल रात आतंकवादियों ने एक डाक्टर श्री देस राज की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

सोवियत संघ अपने नाम से 'सोवियत' शब्द हटाएगा

टोकियो, 9 नवम्बर (पस) : सोवियत यूनियन अपने नाम से सोवियत और सोशलिस्ट शब्द हटा देगा । जापान के क्योदो न्यूज सर्विस ने बीरवार को मास्को से सूचना दी है अब इसका नाम "यूनियन आफ सावर्न रिपब्लिक्स" हो जाएगा ।

डीज़ल की सप्लाई पर कोई कट नहीं होगा

जालन्धर, 9 नवम्बर : ग्रामीण क्षेत्रों के पैट्रोल पम्पों पर डीज़ल की सप्लाई पर कोई कट नहीं होगा और इन पम्पों पर गत वर्ष की तरह पूरी मात्रा में डीज़ल सप्लाई होगा । इसी बात की घोषणा श्री एन.एस. कंग, डिप्टी कमिश्नर, जालन्धर एवं चेयरमैन जिला सलाहकार कौंसिल ने एक बैठक में की । उन्होंने बताया कि नाप-तोल विभाग को अनदेश दिए गए हैं कि वह गैस सिलैंडरों के तोल की जांच करे ताकि किसी खपतकार को कम तोल का सिलैंडर न मिले ।

श्री कंग ने बताया कि नई गठित जिला सलाहकार कौंसिल जिला के विकास के कामों को देखने के साथ-साथ लोगों की शिकायतें भी दूर करेगी । कौंसिल लोगों एवं सरकार के मध्य में कड़ी का काम करेगी । कौंसिल की बैठक मास में एक बार हुआ करेगी । इस सलाहकार कौंसिल के सदस्य जिला सीनियर पुलिस कप्तान, अकाली दल मान, कांग्रेस (इ) के तीन-तीन प्रतिनिधि, जनता पार्टी, सी.पी.आई., सी.पी.एम., अकाली दल लौंगोवाल, अकाली दल बादल, बहुजन समाज पार्टी में से दो-दो सदस्य, एक स्वतंत्रता सेनानी, एक भूतपूर्व सैनिक, एक मुस्लिम जाति का सदस्य, एक महिला प्रतिनिधि और एक पिछड़ी श्रेणी का प्रतिनिधि होगा ।

योजना आयोग के सदस्यों द्वारा इस्तीफा देने का फैसला

नई दिल्ली, 9 नवम्बर (प.स.): सरकार परिवर्तन के बाद योजना आयोग के सभी पूर्णकालिक सदस्यों ने इस्तीफा देने का निर्णय लिया है । एक सदस्य श्री एल.सी. जैन ने कहा कि कल वे नए प्रधानमंत्री को शपथ ग्रहण समारोह के बाद अपने इस्तीफे दे देंगे ताकि नए आयोग का गठन किया जा सके । आयोग के कुल 9 पूर्णकालिक सदस्य हैं ।

नवाज़ शरीफ़ मंत्रिमंडल के 18 सदस्यों द्वारा शपथ ग्रहण

इस्लामाबाद, 9 नवम्बर (वार्ता): पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ़ के मंत्रिमंडल के 18 सदस्यों ने आज यहां शपथ ग्रहण की । राष्ट्रपति भवन के ऐवाने-सदर में एक समारोह में राष्ट्रपति गुलाम इसहाक खान ने इन मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई । साहिबज़ादा याकूब खान, जो गत तीन सरकारों में विदेशमंत्री थे और स्वर्गीय जिया उल हक के बेटे एज़ाज़ उल हक भी शपथ ग्रहण करने वाले मंत्रियों में शामिल हैं । नैशनल असैम्बली के दो अध्यक्षों फख़्र इमाम और हमीद नासिर चट्ठा को भी मंत्री बनाया गया है । मंत्रियों के विभागों की बाद में घोषणा की जाएगी ।

जद (एस)-इंका गठजोड़ के विरुद्ध लोकसभा से त्यागपत्र

नई दिल्ली, 9 नवम्बर (प.स.): हरियाणा के जनता दल के असंतुष्ट नेता श्री गुरदयाल सिंह सैनी ने सरकार बनाने के लिए जनता दल (एस) द्वारा कांग्रेस (इ) से समर्थन मांगने के विरुद्ध विरोध-स्वरूप लोकसभा से त्यागपत्र दे दिया है । श्री सैनी ने अपना त्यागपत्र लोकसभा के अध्यक्ष को भेज दिया है ।

Sanatan
Punjabi

Punjabi Sanatani

मंत्री जनेश्वर मिश्र, श्री पी.जे. कुरियन, श्री फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न



के रूप में शपथ ग्रहण शनिवार को नई दिल्ली धी की समाधि पर । (छाया : प्रे.ट्र.)

में लाल रेत पर खिली हुई धूप में पद की शपथ ली ।

सफेद कुर्ता और जैकेट पहने दाढ़ी रखे हुए 63

नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में शनिवार को राष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरमन श्री चंद्रशेखर को (ऊपर) प्रधानमंत्री पद की तथा (नीचे) श्री देवी लाल को उप-प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाते हुए । (छाया : प्रे.ट्र.)

उपप्रधानमंत्री राष्ट्रपति के साथ समारोह में उपस्थित लोगों से मिलने गए । श्री वी.पी. सिंह

दयालपुर में अंधाधुंध फायरिंग से 5 मरे, बस, टैम्पू रोक कर 8 की हत्या : अन्यत्र 5 उग्रवादियों समेत 10 मारे गए

चंडीगढ़, 10 नवम्बर (प.स., वार्ता): उग्रवादियों ने आज रात्रि अमृतसर-जालन्धर मुख्य मार्ग पर स्थित गांव दयालपुर में अंधाधुंध फायरिंग करके 5 निर्दोष व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि जालन्धर से फिरोजपुर जा रही एक बस को रोक कर उसके 4 यात्रियों को मार डाला । उग्रवादियों ने कल बटाला-गुरदासपुर रोड पर एक टैम्पू में सवार 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी थी । मुठभेड़ में 5 उग्रवादी मारे गए ।

4 की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में बटाला-गुरदासपुर मार्ग पर उधनवाल गांव के निकट आतंकवादियों के एक गिरोह ने कल रात लगभग 8 बजे एक टैम्पू से 4 लोगों को जबरी उतार कर गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी । उक्त टैम्पू (नं. पी.जे.डी. 9522) गुरदासपुर अंडे छोड़ कर बटाला आ रहा था ।

जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों ने सड़क पर 2 ट्रक खड़े करके टैम्पू को रोक लिया और उसके ड्राईवर को छोड़ अन्य 4 लोगों को नीचे उतार कर 100 गज दूर ले गए और गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी । 2 की शिनाख्त बटाला के एक अंडा स्टोर के नौकर गजरा यादव (18) व अमृका यादव (17) के रूप में हुई है । दो अन्य मृतकों में से एक के पास से कालेज का शिनाख्ती कार्ड व बी.ए. द्वितीय वर्ष के सर्टीफिकेट मिले हैं, जिन पर बलवंत सिंह ठाकुर सपुत्र स्वर्ण सिंह, निवासी पंडवीन, जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश लिखा है । चौथे मृतक की पहचान नहीं हो सकी । पुलिस को संदेह है कि कल जिस आतंकवादी गिरोह ने बटाला-जालन्धर मार्ग पर 7 बस यात्रियों की हत्या की थी, उसी ने टैम्पू सवार लोगों की भी जान ली है ।

स्पष्टीकरण : बटाला पुलिस जिला के प्रमुख श्री सीता राम ने इस खबर का खंडन किया है कि बटाला-जालन्धर मार्ग पर नत्त गांव के निकट आतंकवादियों ने कल 9 बस यात्रियों की हत्या की थी । उन्होंने बताया कि इस वारदात में 7 बस यात्री मरे हैं । उक्त बस बटाला से जालन्धर जा रही थी । इस बीच पोस्टमार्टम के बाद सभी मृतकों के शव बटाला सदर थाना में रख दिए गए हैं और उनके वारिसों को सूचित कर दिया गया है ।

एक आतंकवादी मरा : पुलिस जिला बटाला के गांव लौह चक के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में आज शाम 4 बज के लगभग एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया । घटनास्थल से कुछ हथियार भी बरामद हुए हैं ।

एक की हत्या : अमृतसर (सोनी): तरनतारन पुलिस जिला के थाना सरहाली के अंतर्गत गांव गुज्जरपुरा में आतंकवादियों ने कल एक व्यक्ति अजीत सिंह को उसके घर से बाहर निकाल कर गोलियां मार दीं । श्री अजीत सिंह की मौका पर ही मृत्यु हो गई । मौके के करीब से पुलिस ने ए.के. 47 राइफल के 5 खाली कारतूस बरामद किए ।

महिला का शव मिला : अमृतसर-अटारी सेक्शन पर अरिंडा गांव के निकट रेलवे लाइन से आज एक प्रौढ़ महिला का शव बरामद हुआ है । घटनास्थल से ए.के. 47 के 5 खाली कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

4 आतंकवादी मरे : तरनतारन (वार्ता): आज शाम कैरों गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में चार अज्ञात आतंकवादी मारे गए । जिला पुलिस प्रमुख श्री नरेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि मुठभेड़ लगभग 3 घंटे तक चली । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, 2 ए.के. 74 राइफलें और 2 स्टिक बम बरामद हुए हैं । मुठभेड़ उस समय हुई, जब सुरक्षा बल उक्त गांव में तलाशी ले रहे थे । आतंकवादी एक मकान में छिपे हुए थे ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : होशियारपुर (वि.प्र.): जिला पुलिस ने गत रात्रि माहिलपुर के पास भुल्लेवाल नंगरा मोड़ में एक संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात दो आतंकवादियों, जो एक मारुति वैन में सवार थे, को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार पकड़े गए आतंकवादियों के नाम गुरमेल सिंह उर्फ़ फौजी व काबुल सिंह हैं । पुलिस सूत्रों के अनुसार इनके कब्ज़े से एक पिस्तौल, कुछ कारतूस, तीन डैटोनेटर व दो टैंक भेदी बारूदी सुरंगें पकड़ी गई हैं । पुलिस ने कुछ दिन पूर्व गिरफ्तार किए गए दो अन्य आतंकवादियों से 2 हथगोले भी बरामद किए ।

बैंक लूटा : लुधियाना (महिन्द्रा): आज प्रातः लगभग 11 बजे बोपाराय में पंजाब नैशनल बैंक की शाखा को लूटने का समाचार मिला है । बताया जाता है कि 4 आतंकवादी एक मारुति कार में आए और खजांची से 219436 रु. राइफल की नोक पर छीने और फरार हो गए ।

एक की हत्या : वार्ता के अनुसार आज प्रातः आतंकवादियों ने लुधियाना जिला के सेहर गांव में निर्मल सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)



जालंधर के माडल टाऊन क्षेत्र में शनिवार को मिल्कबार चौक में आतंकवादियों द्वारा की गई फायरिंग में मरने वाले व्यक्ति परमजीत सिंह का शव । (छाया : जैमिनी)

थाईलैंड का अपहृत विमान कलकत्ता में उतरा

कलकत्ता, 10 नवम्बर (प.स.): थाई इंटरनैशनल एयरवेज का एक अपहृत विमान, जिसमें 205 यात्री और चालक दल के 16 सदस्य सवार थे, आज सायं लगभग 3.30 बजे कलकत्ता में उतरा । आधिकारिक सूत्रों के अनुसार विमान बैंकाक से मयनमार की राजधानी यांगोन (रंगून) जा रहा था और यांगोन में उतरने ही वाला था कि इसका 4 अपहरणकर्त्ताओं ने अपहरण कर लिया । अपहरणकर्त्ताओं की आयु बीस-बीस वर्ष बताई जाती है और वे बर्मी नागरिक हैं ।

हवाई अड्डे के सूत्रों के अनुसार विमान के पायलट ने अपनी अंगुलियों से बार-बार 'H' का चिन्ह बना कर सुरक्षा कर्मियों को संकेत दिया था, जिन्होंने तत्काल विमान को चारों ओर से घेर लिया ।

कलकत्ता हवाई अड्डे पर लगे साढ़े 9 घंटे के 'नाटक' के बाद अपहरणकर्त्ताओं ने सभी 215 विमान यात्री और चालक दल के 16 सदस्यों को बिना कोई क्षति पहुंचाए रिहा कर दिया और अपहरणकर्त्ताओं ने आत्म-समर्पण कर दिया । अपहरणकर्त्ता छात्र थे ।

अपहरणकर्त्ताओं से बातचीत करने के लिए नई दिल्ली से अधिकारियों की एक विशेष टीम रात्रि को यहां पहुंची थी, जिसने नागरिक विमानन सचिव श्री विनोद पांडे के नेतृत्व में अपहरणकर्त्ताओं से वार्ता की ।

अपहरणकर्त्ताओं ने मांग की कि बर्मा में लोकतंत्र बहाल किया जाए, सैनिक शासन समाप्त किया जाए और सभी राजनीतिक कैदी रिहा किए जाएं ।

पटनायक द्वारा एकता प्रयास शुरू

नई दिल्ली, 10 नवम्बर (प.स.): उड़ीसा के मुख्यमंत्री बीजू पटनायक ने आज जनता दल और चंद्र शेखर के नेतृत्व वाले जनता दल (एस) में एकता के प्रयास शुरू कर दिए । वह आज प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे और बाद में प्रधानमंत्री को उनके आवास पर मिले । श्री पटनायक ने उपप्रधानमंत्री श्री देवी लाल और गुजरात के मुख्यमंत्री श्री चिमन भाई से भी भेंट की ।

more than a HOTEL
'S A WAY OF LIFE

कश्मीर घाटी में पांच सुरक्षा कर्मी



रूप में शपथ ग्रहण
वार को नई दिल्ली
की समाधि पर
(छाया : प्रै.ट्र.)

र दुःख व्यक्त
.): अकाली दल
त सिंह मान ने कल
कवादियों के मारे
बयान में श्री मान
दौर सरकार की
। राज्यपाल श्री
जिम्मेदारी लेनी
कारियों को उनके
ति खराब होने के
कि सम्भवतः श्री
या होगा कि उनके
ग हैं जो हिंसा को
राष्ट्रपति शासन

दयालपुर में अंधाधुंध फायरिंग से 5 मरे, बस, टैम्पू रोक कर 8 की हत्या : अन्यत्र 5 उग्रवादियों समेत 10 मारे गए

चंडीगढ़, 10 नवम्बर (प.स., वार्ता): उग्रवादियों ने आज रात्रि अमृतसर-जालन्धर मुख्य मार्ग पर स्थित गांव दयालपुर में अंधाधुंध फायरिंग करके 5 निर्दोष व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि जालन्धर से फिरोजपुर जा रही एक बस को रोक कर उसके 4 यात्रियों को मार डाला । उग्रवादियों ने कल बटाला-गुरदासपुर रोड पर एक टैम्पू में सवार 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी थी । मुठभेड़ में 5 उग्रवादी मारे गए ।

4 की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में बटाला-गुरदासपुर मार्ग पर उद्यनवाल गांव के निकट आतंकवादियों के एक गिरोह ने कल रात लगभग 8 बजे एक टैम्पू से 4 लोगों को जब्री उतार कर गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी । उक्त टैम्पू (न. पी.जे.डी. 9522) गुरदासपुर अंडे छोड़ कर बटाला आ रहा था ।

जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों ने सड़क पर 2 ट्रक खड़े करके टैम्पू को रोक लिया और उसके ड्राईवर को छोड़ अन्य 4 लोगों को नीचे उतार कर 100 गज दूर ले गए और गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी । 2 की शिनाख्त बटाला के एक अंडा स्टोर के नौकर गजरा यादव (18) व अमुका यादव (17) के रूप में हुई है । दो अन्य मृतकों में से एक के पास से कालेज का शिनाख्ती कार्ड व बी.ए. द्वितीय वर्ष के सर्टीफिकेट मिले हैं, जिन पर बलवंत सिंह ठाकुर सुपुत्र स्वर्ण सिंह, निवासी पंडवीन, जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश लिखा है । चौथे मृतक की पहचान नहीं हो सकी । पुलिस को संदेह है कि कल जिस आतंकवादी गिरोह ने बटाला-जालन्धर मार्ग पर 7 बस यात्रियों की हत्या की थी, उसी ने टैम्पू सवार लोगों की भी जान ली है ।

स्पष्टीकरण : बटाला पुलिस जिला के प्रमुख श्री सीता राम ने इस खबर का खंडन किया है कि बटाला-जालन्धर मार्ग पर नत्त गांव के निकट आतंकवादियों ने कल 9 बस यात्रियों की हत्या की थी । उन्होंने बताया कि इस वारदात में 7 बस यात्री मरे हैं । उक्त बस बटाला से जालन्धर जा रही थी । इस बीच पोस्टमार्टम के बाद सभी मृतकों के शव बटाला सदर थाना में रख दिए गए हैं और उनके वारिसों को सूचित कर दिया गया है ।

एक आतंकवादी मरा : पुलिस जिला बटाला के गांव लौह चक के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में आज शाम 4 बजे के लगभग एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया । घटनास्थल से कुछ हथियार भी बरामद हुए हैं ।

एक की हत्या : अमृतसर (सोनी): तरनतारन पुलिस जिला के थाना सरहाली के अंतर्गत गांव गुज्जरपुरा में आतंकवादियों ने कल एक व्यक्ति अजीत सिंह को उसके घर से बाहर निकाल कर गोलियां मार दीं । श्री अजीत सिंह की मौका पर ही मृत्यु हो गई । लाश के करीब से पुलिस ने ए.के. 47 राइफल के 5 खाली कारतूस बरामद किए ।

महिला का शव मिला : अमृतसर-अटारी सैक्शन पर अरिंडा गांव के निकट रेलवे लाइन से आज एक प्रौढ़ महिला का शव बरामद हुआ है । घटनास्थल से ए.के. 47 के 5 खाली कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

4 आतंकवादी मरे : तरनतारन (वार्ता): आज शाम कैरों गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में चार अज्ञात आतंकवादी मारे गए । जिला पुलिस प्रमुख श्री नरेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि मुठभेड़ लगभग 3 घंटे तक चली । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, 2 ए.के. 74 राइफलें और 2 स्टिक बम बरामद हुए हैं । मुठभेड़ उस समय हुई, जब सुरक्षा बल उक्त गांव में तलाशी ले रहे थे । आतंकवादी एक फार्म हाऊस में छिपे हुए थे ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार : होशियारपुर (वि.प्र.): जिला पुलिस ने गत रात्रि माहिलपुर के पास भुल्लेवाल गुजरां ग्राम में एक संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात दो आतंकवादियों, जो एक मारुति वैन में सवार थे, को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार पकड़े गए आतंकवादियों के नाम गुरमेल सिंह उर्फ फौजी व काबुल सिंह हैं । पुलिस सूत्रों के अनुसार इनके कब्जे से एक पिस्तौल, कुछ कारतूस, तीन डेटोनेटर व दो टैंक भेदी बारूदी सुरंगें पकड़ी गई हैं । पुलिस ने कुछ दिन पूर्व गिरफ्तार किए गए दो अन्य आतंकवादियों से 2 हथगोले भी बरामद किए ।

बैंक लूटा : लुधियाना (महिन्द्रा): आज प्रातः लगभग 11 बजे बोपाराय में पंजाब नैशनल बैंक की शाखा को लूटने का समाचार मिला है । बताया जाता है कि 4 आतंकवादी एक मारुति कार में आए और खजांची से 219436 रु. राइफल की नोक पर छीने और फरार हो गए ।

एक की हत्या : 'वार्ता' के अनुसार आज प्रातः आतंकवादियों ने लुधियाना जिला के सेहर गांव में निर्मल सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)



जालंधर के माडल टाऊन क्षेत्र में शनिवार को मिल्कबार चौक में आतंकवादियों द्वारा की गई फायरिंग में मरने वाले व्यक्ति परमजीत सिंह का शव । (छाया : जैमिनी)

विमान कलकत्ता में उतरा

कलकत्ता, 10 नवम्बर (प.स.): थाई इंटरनैशनल एयरवेज का एक अपहृत विमान, जिसमें 205 यात्री और चालक दल के 16 सदस्य सवार थे, आज सायं लगभग 3.30 बजे कलकत्ता में उतरा । आधिकारिक सूत्रों के अनुसार विमान बैंकाक से मयनमार की राजधानी यांगोन (रंगून) जा रहा था और यांगोन में उतरने ही वाला था कि इसका 4 अपहरणकर्त्ताओं ने अपहरण कर लिया । अपहरणर्त्ताओं की आयु बीस-बीस वर्ष बताई जाती है और वे बर्मी नागरिक हैं ।

हवाई अड्डे के सूत्रों के अनुसार विमान के पायलट ने अपनी अंगुलियों से बार-बार 'H' का चिन्ह बना कर सुरक्षा कर्मियों को संकेत दिया था, जिन्होंने तत्काल विमान को चारों ओर से घेर लिया ।

कलकत्ता हवाई अड्डे पर हुए साढ़े 8 घंटे के 'नाटक' के बाद अपहरणकर्त्ताओं ने सभी 215 विमान यात्री और चालक दल के 16 सदस्यों को बिना कोई क्षति पहुंचाए रिहा कर दिया और अपहरणकर्त्ताओं ने आत्म-समर्पण कर दिया । अपहरणकर्त्ता छात्र थे ।

अपहरणकर्त्ताओं से बातचीत करने के लिए नई दिल्ली से अधिकारियों की एक विशेष टीम रात्रि को यहां पहुंची थी, जिसने नागरिक विमानन सचिव श्री विनोद पांडे के नेतृत्व में अपहरणकर्त्ताओं से वार्ता की ।

अपहरणकर्त्ताओं ने मांग की कि बर्मा में लोकतंत्र बहाल किया जाए, सैनिक शासन समाप्त किया जाए और सभी राजनीतिक कैदी रिहा किए जाएं ।

पटनायक द्वारा एकता प्रयास शुरू

नई दिल्ली, 10 नवम्बर (प.स.): उड़ीसा के मुख्यमंत्री बीजू पटनायक ने आज जनता दल और चंद्र शेखर के नेतृत्व वाले जनता दल (एस) में एकता के प्रयास शुरू कर दिए । वह आज प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे और बाद में प्रधानमंत्री को उनके आवास पर मिले । श्री पटनायक ने उपप्रधानमंत्री श्री देवी लाल और गुजरात के मुख्यमंत्री श्री चिमन भाई से भी भेंट की ।

more than a HOTEL
S A WAY OF LIFE

कश्मीर घाटी में पांच सुरक्षा कर्मी और चार आतंकवादी मारे गए

श्रीनगर, 10 नवम्बर (वार्ता, प.स.): कश्मीर । है । सूत्रों के अनुसार बाकी उग्रवादी फरार होने में

Punjabi Sanatani

नकद, एक बी.डी.ओ., सोने की बालियां और चूड़ियां ले गए ।

बैंक लूटने का प्रयास विफल : जगराओं से प्राप्त एक सूचना के अनुसार 4 आतंकवादियों ने केनरा बैंक की शाखा को लूटने का प्रयास किया लेकिन बैंक के चौकीदार दर्शन सिंह ने आतंकवादियों के प्रयास को विफल बना दिया । बताया जाता है कि दर्शन सिंह आतंकवादियों से गुत्थम गुत्था हो गया । आतंकवादी दर्शन सिंह को गोली मार कर भाग गए ।

5 की हत्या : जालन्धर से 'वार्ता' के अनुसार छः आतंकवादियों ने आज शाम दयालपुर गांव में अंधाधुंध फायरिंग करके 5 लोगों की हत्या कर दी । इस वारदात में 2 अन्य व्यक्ति घायल भी हुए हैं ।

एक अन्य सूचना के अनुसार उग्रवादियों ने सबसे पहले गांव में एक दर्जी की दुकान पर अंधाधुंध फायरिंग की, जहां 3 व्यक्ति घटनास्थल पर ही मारे गए । उसके बाद उग्रवादियों ने गांव में एक मकान के बाहर वाले कमरे में फायरिंग की, जहां बिहार का एक प्रवासी श्रमिक रहता था । उसकी भी तत्काल मृत्यु हो गई । मृतकों के नाम सतपाल, बिहारी मज़दूर, रामपाल, गुरदेव सिंह, हरमिन्दर सिंह बताए गए हैं । इस वारदात में 4 घायलों मनजीत कौर, जोगेंद्र सिंह, विजय कुमार और केवल कृष्ण में से 2 की हालत अत्यन्त शोचनीय बताई जाती है ।

एक की हत्या : जालन्धर (न.न.ए.): आज दोपहर बाद पौने दो बजे माडल टाऊन के मिल्क बार चौक में स्कूटर सवार 2 उग्रवादियों ने एक व्यक्ति परमजीत सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । उग्रवादी मृतक के बैग से 3 हजार रुपए निकाल कर फरार हो गए । बताया जाता है कि परमजीत सिंह एक रिक्शा पर जा रहा था कि उग्रवादियों ने स्कूटर उसके निकट ले जा कर बैग छीनने की कोशिश की मगर जब उसने बैग देने से इंकार कर दिया तो उन्होंने गोली मार दी । जब उसे घायलावस्था में अस्पताल ले जाया जा रहा था तो रास्ते में उसकी मौत हो गई ।

4 बस यात्रियों की हत्या : फिरोज़पुर (कन्तोड़): आज शाम लगभग 4 बजे यहां से 18 कि.मी. दूर सुरसिंहवाला गांव के पास आतंकवादियों ने जालन्धर से फिरोज़पुर आ रही एक बस का जब अपहरण करने का प्रयास किया तो बस के रुकते ही बस में सभी यात्री निकल कर भाग निकले जिस पर आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी, जिसमें मोहन सिंह (नकोदर), तथा अरुण कुमार आर्य (फाज़िल्का) नामक दो व्यक्ति मारे गए । शेष यात्री भागने में सफल हो गए । आतंकवादियों ने बस का पीछा एक मारुति कार में किया था । बाद में आतंकवादी, जिनकी संख्या पांच बताई जा रही है, कार वहीं छोड़ कर एक ट्रैक्टर छीन कर भाग गए ।

प.स. के अनुसार मरने वालों की संख्या चार है ।

बस कांड की घायल लड़की चल बसी : दसूहा (शावर): यहां 15 अगस्त को हुए बस कांड में घायल हरप्रीत कौर आज डी.एम.सी. लुधियाना में दम तोड़ गई । उल्लेखनीय है कि उक्त कांड में हरप्रीत की बहन जसबीर कौर पहले ही मारी जा चुकी है ।

थाना धारीवाल के गांव बल में मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी (ऊपर) रणजोध सिंह, (मध्य) दिलबाग



उग्रवादियों ने शनिवार की रात्रि को अमृतसर-जालन्धर मुख्य मार्ग पर स्थित गांव दयालपुर में अंधाधुंध गोलियां चला कर 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी और 7 अन्य को घायल कर दिया । (1) गांव में दर्जी की दुकान, जहां 3 व्यक्तियों की हत्या की गई । (2) बिहारी श्रमिक का कमरा, जहां वह उग्रवादियों की गोली से मारा गया । (3 से 7) फायरिंग से मारे गए सतपाल, एक बिहारी श्रमिक, राम पाल, गुरदेव सिंह, हरमिन्दर सिंह के शव । (8 से 10) घायलों के चित्र (11) उग्रवादियों की फायरिंग से घायल हुई छोटी बच्ची मनजीत कौर । (छाया : सैमनी)



पुलिस ज़िला बटाला में गांव दयालगढ़ के निकट मुठभेड़ में मारा गया (1) आतंकवादी जसविन्दर सिंह उर्फ जोगा बिशनंदी और इसके साथ इसी गांव की (2) अनूप कौर । गांव सरूपवाला के निकट आतंकवादियों के हाथों मारा गया (3) अज्ञात युवक । शुक्रवार को बटाला-जालंधर मुख्य मार्ग से अपहृत बस के यात्री, जो आतंकवादियों द्वारा मारे गए, (4) क्लीफ़र्ड जोज़फ, (5) मनोहर लाल वर्मा, (6) ओम प्रकाश, (7) कुलदीप राज शर्मा, (8) पुलिस कांस्टेबल रमेश कुमार, (9) ओम प्रकाश, (10) जीत कुमार । जो घायल हुए, (11) दयाचंद मेहता, (12) मोहन लाल, (13) ज्ञान चन्द । शुक्रवार को ही गांव उप्पलवाल के निकट मारा गया टैम्पू सवार, (14) गजरा यादव, (15) अमका यादव, (16) बलवंत सिंह ठाकुर, (17) बलवन्त सिंह । (छाया : कोछड़)

जद की अपने सांसदों को चेतावनी

नई दिल्ली, 10 नवम्बर (प.स.): जनता दल ने आज चेतावनी दी है कि अगर पार्टी का कोई भी सांसद चंद्र शेखर के नेतृत्व वाले जद में शामिल हुआ तो उसे दलबदल विरोधी कानून के अंतर्गत निष्कासित कर दिया जाएगा ।

पार्टी के प्रवक्ता श्री एस. जयपाल रेड्डी ने कहा कि जनता दल का विभाजन 5 से 7 नवम्बर के मध्य हुआ था और जो भी व्यक्ति इसके पश्चात दलबदल करता है, उसके विरुद्ध संविधान की 10वीं सूची के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी ।

टाइम्स आफ इंडिया के प्रैस को आग लगा दी गई

पटना, 10 नवम्बर (वार्ता): आरक्षण समर्थकों

बेरोज़गारी से तंग आकर आत्महत्या का प्रयास

चंडीगढ़, 10 नवम्बर (संधी): आज शाम यहां के एक 27 वर्षीय व्यक्ति शीश पाल ने बेरोज़गारी से तंग आकर अपने कपड़ों पर मिट्टी का तेल छिड़क कर आग लगा कर आत्महत्या करने का प्रयास किया । उसे उपचार हेतु यहां के पी.जी.आई. में दाखिल करवाया गया है। उसका 30 प्रतिशत शरीर जल गया है ।

निरंकारी बाबा द्वारा सांप्रदायिक हिंसा की निंदा

नई दिल्ली, 10 नवम्बर (वार्ता): निरंकारी मुखिया बाबा हरदेव सिंह ने धर्म और जाति के नाम पर समाज में साम्प्रदायिक हिंसा और तनाव की निंदा

यू. पी. में 5 मंत्रियों द्वारा इस्तीफ़ा

लखनऊ, 10 नवम्बर (वार्ता): राष्ट्रीय स्तर पर जनता दल के विभाजन के बाद उत्तर प्रदेश में पांच मंत्रियों ने मुलायम सिंह यादव मंत्रिमंडल से इस्तीफ़ा दे दिया है । इनमें सिंचाई व उद्योगमंत्री रेवती रमण सिंह, शिक्षा मंत्री सच्चिदानन्द वाजपेयी, खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री दिवाकर विक्रम सिंह, खेल एवं वन मंत्री मुहम्मद असलम खां तथा स्वास्थ्य मंत्री मुख्तार अनीस शामिल हैं ।

विचार है कि सरकार बड़ी कठिनाई से कुछ मास ही चलेगी ।

मेजर शाम लाल लखनपाल प्रैस सचिव इंडियन एक्स सर्विसिस लीग पंजाब व चंडीगढ़ ने कहा कि श्री चन्द्रशेखर की अपनी प्रतिष्ठा बहुत अच्छी है, इसलिए कुछ सुधार की आशा की जा सकती है । वी.पी. सिंह सरकार ने सारे राष्ट्र का भविष्य अंधकारमय कर दिया । उन्होंने नए प्रधानमंत्री पर जोर दिया कि वह पूर्व सैनिकों की पुरानी मांग 'एक रैंक एक पैंशन' पूरी कर दें ताकि वे उनके साथ जुड़ जाएं ।

भारतीय जनता पार्टी पंजाब के उपप्रधान चौधरी सत्य प्रकाश ने जानकारी दी कि 1978 में श्री चन्द्रशेखर जनता पार्टी के अध्यक्ष के रूप में एक दिन यहां आए तो स्थानीय यूनिट के प्रधान होने के नाते सारा दिन वह उनके साथ रहे । उस समय उन्होंने 30 बैठकों में जिन उच्चस्तरीय विचारों को प्रकट किया था, उससे वह स्वयं बहुत प्रभावित हुए थे । अगर श्री चन्द्रशेखर अब श्री राम जन्म भूमि मन्दिर समस्या सद्भावना से हल कर दें तो वह सारे राष्ट्र की शुभ कामनाएं प्राप्त कर लेंगे ।

कांग्रेस के पंजाब विधान मंडल पार्टी के पूर्व महामंत्री श्री ओम प्रकाश गुप्ता ने कहा कि श्री चन्द्रशेखर ने उनकी पार्टी जो एक-मात्र धर्म निरपेक्ष पार्टी है, का समर्थन लेकर बुद्धिमत्ता का परिचय दिया है । मंडल कमीशन व राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद के झगड़े श्री वी.पी. सिंह की अपनी उपज हैं । उन्होंने 'बांटो व राज करो' की नीति अपनायी । उन्होंने कहा कि श्री वी.पी. सिंह और राज्यपाल श्री वीरेन्द्र वर्मा ने पंजाब पुलिस वालों की जांच करवाई, जिससे पुलिस का मनोबल गिरा । इससे प्रशासन का भट्ठा बैठ गया ।

कालेज के स्नातकोत्तर के छात्र श्री कृष्ण मंगा ने सुप्रीमकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से अपील की कि वे श्री वी.पी. सिंह के विरुद्ध हत्या का मुकद्दमा चलवाएं क्योंकि जिन नवयुवकों, युवतियों ने मंडल कमीशन कांड में आत्महत्याएं की उनमें से कई लिखित रूप से यह आरोप लगा गए कि उनकी आत्महत्या के लिए श्री वी.पी. सिंह जिम्मेदार है ।

श्री ज्ञान चन्द धवन उपचेयरमैन बुल एंड बुलन एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल ने कहा कि श्री वी.पी. सिंह जिस हालत में देश को छोड़ गए हैं, उसे सामान्य करना अभी किसी के लिए भी सम्भव नहीं होगा । सर्वश्री देसराज सैनी उपप्रधान जिला कांग्रेस शहरी व राधेश्याम आहूजा प्रदेश महासचिव युवक कांग्रेस ने कहा कि वी.पी. सिंह सरकार भारत को दीवालिया बना गई है, इसके दौर में जगह-जगह हत्याएं, साम्प्रदायिक उपद्रव हुए । ऐसी हालत में मध्यावधि चुनाव करवाना गलत कदम होता ।

अकाली दल (बादल) ने श्री चन्द्रशेखर के प्रधानमंत्री चुने जाने का स्वागत किया है । एक बयान में दल के प्रमुख अवतार सिंह ने आशा व्यक्त की कि प्रधानमंत्री सिखों की विशेषकर पंजाब की समस्या को हल करेंगे ।

असम के मुख्यमंत्री प्रफुल्ल कुमार महंत ने श्री चन्द्रशेखर को बधाई देते हुए एक संदेश में कहा कि हम आपसे राष्ट्रीय और राज्य के संदर्भ में लाभदायक सहयोग की आशा करते हैं । उन्होंने श्री देवी लाल को भी बधाई दी ।

अकाली दल (मा. तारा सिंह) के अध्यक्ष जत्थेदार रछपाल सिंह ने प्रधानमंत्री श्री चन्द्रशेखर से सिख समुदाय के जख्मों पर मलहम लगाने के लिए अमृतसर में दरबार साहब की यात्रा करने का आग्रह किया है । उन्होंने नए प्रधानमंत्री को बधाई दी है ।

बंगला देश के राष्ट्रपति इरशाद ने श्री चन्द्रशेखर को अपने बधाई संदेश में आशा व्यक्त की है कि दोनों पड़ौसी देशों में मैत्रीपूर्ण संबंध आगे बढ़ेंगे ।

Punjabi Sanatan



उग्रवादियों ने शनिवार की रात्रि को अमृतसर-जालन्धर मुख्य मार्ग पर स्थित गांव दयालपुर में अंधाधुंध गोलियां चला कर 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी और 7 अन्य को घायल कर दिया । (1) गांव में दर्जी की दुकान, जहां 3 व्यक्तियों की हत्या की गई । (2) बिहारी श्रमिक का कमरा, जहां वह उग्रवादियों की गोली से मारा गया । (3 से 7) फायरिंग से मारे गए सतपाल, एक बिहारी श्रमिक, राम पाल, गुरदेव सिंह, हरमिन्दर सिंह के शव । (8 से 10) घायलों के चित्र (11) उग्रवादियों की फायरिंग से घायल हुई छोटी बच्ची मनजीत कौर । (छाया : जैमिनी)

Punjabi Sanatani

धानमंत्री के सूचना सलाहकार श्री
नेकाल बाहर करने की भी प्रबल
इसी वर्ष मई माह में इस कार्यालय
यह अभी भी स्पष्ट नहीं हो सका है
धान सचिव श्री बी.जी. देशमुख
क अपने कार्यकाल की अवधि पूर्ण
द पर बने रहेंगे अथवा उन्हें भी
जाएगा ।

ंशोधन

जाब केसरी के पृष्ठ 2 पर प्रकाशित
ड्रा के परिणाम में छठा पुरस्कार में
की बजाए 5618 पढ़ें ।

आडियो कैसेट के लिए
गीतकार गाना गाने
रूरत है ।
:

क एंड मूवीज़

, डी.डी.ए. फ्लैट,
लाबी बाग,
दिल्ली-7.
: 732738.





थाना धारीवाल के गांव बल में मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी (ऊपर) रणजोध सिंह, (मध्य) दिलबाग सिंह और (नीचे) जिसकी अभी पहचान नहीं हो सकी । (छाया : विनोद)

गुमशुदा रजिस्ट्रियों की तलाश

10.11.90 को कचहरी रोड अमृतसर पर हमारा काले रंग का चमड़े का हैंड बैग कहीं गिर गया है जिसमें तीन रजिस्ट्रियां दलीप कौर, पुष्पा आहूजा और बंसी लाल आहूजा, कृष्णा स्क्वैयर शिवाला भाईयां, अमृतसर की थीं तथा इनके साथ इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट और सिटी टाऊन प्लानर के नोटिस भी थे । पहुंचाने वाले को 1000/- रुपए नकद इनाम दिया जाएगा ।

मनजीत सिंह
556-A, ईस्ट मोहन नगर, अमृतसर

स्वास्थ्य विभाग
चंडीगढ़ प्रशासन
चंडीगढ़

उसे दलबदल वि
कर दिया जाएगा

पार्टी के प्रव
कि जनता दल का
हुआ था और जो
करता है, उसके
अंतर्गत कार्रवाई

टाइम्स अ
को आ

पटना, 10
ने आज रात्रि यहां
आग लगा दी, जि
प्रिंट स्टॉक और क
कर राख हो गए
अखबार के 7 कर्म
कई स्थानों पर आ
शेखर और इंका के
भी जलाए ।

निम्न व
देने के लिए
रुपए (केवल
मोहरबंद अ
तक जारी कि
सामने खोले
अन्य विवरण
राशि के बि

Punjabi Sanatani

मगर उनका लहजा फिर भी इटालियन ही रहा था ।

उन्हें यह भली-भांति एहसास था कि वे वहां अवांछित

उन्होंने कहा कि वह कामना करते हैं कि केंद्र में नई सरकार पायदार हो ।

बताया कि भारत सरकार उन्हें राजनीतिक शरण देने पर भी विचार कर रही है ।

एरिया कमांडर जरनैल सिंह उर्फ़ हैप्पी समेत 3 आतंकवादी मरे : अन्यत्र 10 की हत्या : 2 एस. पी. ओ. शस्त्र लेकर फरार

चंडीगढ़, 11 नवम्बर : मजीठा क्षेत्र में सुरक्षा बलों के बीच घिर जाने पर खालिस्तान कमांडो फोर्स के एरिया कमांडर जरनैल सिंह उर्फ हैप्पी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली । इसके अलावा पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 2 आतंकवादी मारे गए तथा एक परिवार के 3 सदस्यों समेत 10 लोगों की हत्या हुई ।

परिवार के तीन सदस्यों की हत्या : अमृतसर (वार्ता): भिडरांवाला टाइगर्स (मानोचाहल गुट) से सम्बद्ध आतंकवादियों ने आज मजीठा पुलिस जिला के मत्तेवाल गांव में परिवार के तीन सदस्यों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतकों के नाम अजीत सिंह, उसकी पत्नी गुरमीत कौर तथा बेटी राजवंत कौर हैं ।

दुर्दांत आतंकवादी ज़हर खा कर मरा : मजीठा पुलिस जिला के सैदपुर गांव में सुरक्षा बलों के बीच घिर जाने पर 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' के पंजबड़ गुट के स्वयंभू एरिया कमांडर जरनैल सिंह उर्फ़ हैप्पी ने ज़हर खा कर आत्महत्या कर ली । जरनैल सिंह हत्या के 30 से अधिक मामलों में पुलिस को वांछित था और उसकी गिरफ्तारी पर 40 हजार रुपए का ईनाम था ।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि हैप्पी पाक प्रशिक्षित दुर्दांत आतंकवादी था और हाल ही में वह बड़े परिमाण में हथियार लेकर पाकिस्तान से लौटा था । वह खालिस्तान कमांडो फोर्स के जनरल कंवरजीत सिंह सुल्तानविंड का भतीजा था ।

घायल चल बसा : अमृतसर शहर में कैरों मार्कीट के निकट कल गोली लगने से घायल कालेज छात्र तेजिन्द सिंह ने कल देर रात अस्पताल में दम तोड़ दिया ।

आतंकवादी का शव मिला : मजीठा पुलिस जिला के जीत कलां गांव से एक अज्ञात आतंकवादी का शव बरामद हुआ है । पुलिस के अनुसार यह वारदात आतंकवादियों की आपसी लड़ाई का परिणाम है ।

34 संदिग्ध व्यक्ति काबू : बी.एस.एफ. ने अमृतसर सैक्टर में शुक्रवार शाम को 34 संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया । ये लोग सीमा पार करके पाकिस्तान जाने का प्रयास कर रहे थे । बी.एस.एफ. सूत्रों के अनुसार 33 लोगों को महवा सीमा चौकी क्षेत्र से और एक अन्य को काहनगढ़ सीमा चौकी क्षेत्र में पकड़ा गया है ।

दो लोगों की हत्या : मजीठा पुलिस जिला के वरपाल गांव में आतंकवादियों ने गुरनाम सिंह उर्फ़ बुल्ला तथा बलदेव सिंह नामक दो लोगों की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

घुसपैठिया मरा : खेमकरण सैक्टर में बी.एस.एफ. ने कल रात एक घुसपैठिए को मार गिराया ।

2 एस.पी.ओ. फरार : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार जयंतीपुरा की एस.पी.ओ. चौकी के दो एस.पी.ओ. जोगा सिंह और मेजर सिंह सैल्फ लोडिंग राइफलें, 50-50 गोलियां और 3-3 मैगज़ीन लेकर फरार हो गए ।

ए.एस.आई. घायल: बाबा बकाला में आज सायं लगभग 6 बजे उग्रवादियों ने फायरिंग करके ए.एस.आई. कुलवंत सिंह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । उसे अमृतसर के अस्पताल में दाखिल कराया गया है । कुलवंत सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त पर था ।

एक की हत्या : रोपड़ (वार्ता): आतंकवादियों ने हुसैनपुर गांव में हाकम सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

1.76 लाख रुपए लूटे : रोपड़ जिला के मोरिंडा कस्बे में आतंकवादियों ने एक स्पिनिंग मिल से 1.76 लाख रुपए से अधिक की धनराशि लूट ली ।

उग्रवादी गिरफ्तार : पठानकोट से गुप्ता के अनुसार डी.एस.पी. श्री गोपाल सिंह ने बताया कि गांव बोबियां दी खाड़ी के निकट नाका पार्टी ने दो हीरो होंडा मोटर साइकिल सवारों को रुकने का जब संकेत किया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग के दौरान एक उग्रवादी फरार हो गया जबकि प्रीतम सिंह उर्फ़ पीता पकड़ा गया । उससे 38 बोर का अमरीकी रिवाल्वर बरामद हुआ है । पीता कई वारदातों में संलिप्त बताया जाता है ।

एक आतंकवादी मरा : बटाला (कोछड़): बटाला पुलिस जिला के धर्मकोट रंधावा गांव के निकट सरक्षा बलों ने कल रात एक अज्ञात आतंकवादी को मुठभेड़ में मार गिराया । उसका एक साथी बच कर भाग गया । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल तथा दो मैगज़ीन भी बरामद हुए हैं ।

मरने से पूर्व उक्त आतंकवादी ने अपना शिनाख्ती कार्ड व फोटो फाड़ दिया था । पुलिस कर्मियों द्वारा उक्त कार्ड को जोड़ा गया । उस पर सुरजीत सिंह पुत्र पूर्ण सिंह गांव धर्मांबाद (डेरा बाबा नानक) लिखा पाया गया है । अभी यह ज्ञात नहीं हो सका कि यह शिनाख्ती कार्ड सही है या जाली है ।

मंत्रणा : आज प्रातः लगभग 11½ बजे पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने यहां माडल टाऊन स्थित पुलिस लाईंस में जिला पुलिस व बी.एस.एफ. अधिकारियों से मंत्रणा की और उन्हें आवश्यक निर्देश दिए ।

2 की हत्या : संगरूर (वार्ता): आतंकवादियों ने कल रात खुरानी गांव में अवतार सिंह तथा नंद सिंह नामक दो लोगों की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

एक की हत्या : फरीदकोट (प.स.): आतंकवादियों ने लांपो गांव में सीता नामक एक घरेलू नौकरानी की गोलियां मार कर हत्या कर दी और भाग गए ।

तोड़फोड़ : जालन्धर (प.स.): कुछ शरारती तत्वों ने अकालपुरा गांव में एक धर्मस्थल में घुस कर पवित्र पुस्तक के पन्ने फाड़ दिए, लाऊड स्पीकर को नुक्सान पहुंचाया और धार्मिक चित्र विकृत कर दिए । बाद में वे लोग एक अन्य धर्म स्थल में गए और वहां से नकदी लूट कर भाग गए ।



जापान का राज सिंहासन, जिसे ताकमीकूरा कहा जाता है, टोक्यो के राज प्रासाद में सोमवार को होने वाली उन धार्मिक रस्मों की प्रतीक्षा कर रहा है जिनके पूरा होने पर सम्राट अकीहितो इस पर आसीन होंगे । (छाया : पै.ट्र.)

32 लाख का सोना जब्त

नई दिल्ली, 11 नवम्बर (प.स.): सीमा शुल्क अधिकारियों ने आज इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर दो विमान यात्रियों से 32 लाख रुपए मूल्य का लगभग 10 किलो सोना पकड़ा । एक यात्री ने, जो तनजानिया का नागरिक है, सोना लोहे के ट्रक के साथ वैल्ड किया हुआ था । जद्दा से आए एक यात्री ने टैलीविजन सैट में सोना छुपाया हुआ था ।

Punjabi Sanatan

पंजाब में 6 सुरक्षा कर्मियों तथा पत्रकार समेत 24 लोगों की हत्या

लै. जनरल चंचल सिंह सहित 3 दुर्दांत आतंकवादी मरे

चंडीगढ़, 12 नवम्बर : गुरदासपुर जिला में आज सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में खालिस्तान लिबरेशन आर्मी के स्वयंभू लै. जनरल चंचल सिंह को मार गिराया । एक अन्य दुर्दांत आतंकवादी तथा पंथक कमेटी के प्रमुख गुरबचन सिंह मानोचाहल का निकट सहयोगी जसविन्द्र सिंह बटाला क्षेत्र में निजी गुट संघर्ष के कारण मारा गया । इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान विभिन्न वारदातों में छः सुरक्षा कर्मियों तथा पत्रकार समेत 24 व्यक्ति मारे गए ।

3 सुरक्षा कर्मियों समेत 8 की हत्या : भटिंडा (प.स.): आतंकवादियों ने आज प्रातः भटिंडा के कोठी लाल सिंह क्षेत्र में एक परिवार के पांच सदस्यों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । उन पर उस समय फायरिंग की गई, जब वे एक दुकान पर बैठे थे । मृतकों के नाम मक्खन लाल, सोहन लाल, प्रकाश चंद, प्रवीण कुमार तथा जीवन कुमार बताए जाते हैं ।

बाद में इन्हीं आतंकवादियों ने निकटवर्ती एक तालाब से मछलियां पकड़ रहे भारतीय वायु सेना के तीन कर्मियों सीता राम, एन.एस. जेम्स तथा ए.के. राकेश की भी गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

एक पत्रकार की हत्या : एक अन्य घायल : अमृतसर (अशोक, पस.) आज दोपहर साढ़े बारह बजे के लगभग तीन आतंकवादियों ने अमृतसर के दो पत्रकारों श्री बलबीर सिंह सग्गू (56) तथा श्री नरेन्द्र शर्मा को गोलियां मार दीं, जिससे श्री सग्गू की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई तथा श्री शर्मा घायल हो गए । प्राप्त विवरण के अनुसार इन पत्रकारों को गोलियां गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के पिछड़वाड़े में अमृतसर छावनी सड़क पर एक वीरान स्थान पर मारी गईं । श्री नरेन्द्र शर्मा को बाद में अस्पताल में भर्ती कराया गया । उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है । उनकी गर्दन के पिछले भाग तथा बाजू में गोलियां लगीं । श्री सग्गू की गर्दन से गोली आर-पार हो गई थी । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया । श्री सग्गू अपने पत्नी तथा तीन बेटियां छोड़ गए हैं ।

दो की हत्या : मजीठा पुलिस जिला के पंडोरी महानी गांव में आतंकवादियों ने बलदेव सिंह तथा गुरनाम सिंह नामक 2 लोगों की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

सुरक्षा कर्मी की हत्या : अमृतसर जिला के घरिंडा थाना के अन्तर्गत महावा गांव में आतंकवादियों ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के एक जवान रवेल सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । उक्त जवान मध्य प्रदेश में तैनात था और आजकल गांव छुट्टी पर आया हुआ था ।

दो की हत्या : अमृतसर जिला के हरिके थाना के अन्तर्गत निडोरे गांव में आतंकवादियों ने पूर्व सरपंच दर्शन सिंह तथा उसके बेटे जोगिन्दर सिंह की उनके घर पर ही गोलियां मार कर हत्या कर दी । बाद में वे घर से एक लाइसैंसी हथियार लेकर भाग गए ।

3 घुसपैठिए मरे : अमृतसर जिला के अजनाला सैक्टर में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन पाक घुसपैठिए मारे गए ।

आतंकवादी भागे : सीमा सुरक्षा बल ने खेमकरण सब-सैक्टर के अंतर्गत कालिया सीमा चौकी क्षेत्र में पाकिस्तान की ओर से घुसने वाले कुछ आतंकवादियों को कल रात जब चुनौती दी तो वे वापस भाग गए ।

एस.पी.ओ. चौकी पर फायरिंग : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार आज रात्रि लगभग 10.30 बजे कुछ उग्रवादियों ने एस.पी.ओ. चौकी अटारी पर कम से कम 20 गोलियां चलाईं, जिसके उत्तर में एस.पी.ओ. ने 35 गोलियां चलाईं । उग्रवादी अंधेरे में भाग निकले ।

मुठभेड़ में आतंकवादी मरा : गुरदासपुर (विनोद) : आज प्रातः थाना धारीवाल के गांव छीना के पास सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक दुर्दांत आतंकवादी चंचल सिंह ततला मारा गया । वह खालिस्तान लिबरेशन आर्मी का स्वयंभू लैफ्टीनैंट

(शेष पृष्ठ 6 पर)



प्रधानमन्त्री श्री चन्द्रशेखर सोमवार को बम्बई में भूतपूर्व प्रधानमन्त्री श्री ... उनके निवास पर ।

बिजनौर के साम्प्रदायिक दंगों की न्यायिक जांच हो : राजीव

बिजनौर, 12 नवम्बर (वा.,पस.): कांग्रेस (इ) अध्यक्ष श्री राजीव गांधी ने बिजनौर नगर तथा इसके आसपास के क्षेत्रों में हाल ही में हुए दंगों की न्यायिक जांच किए जाने की मांग की है ।

यहां शहर तथा निकटवर्ती गांवों में उपद्रवग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करने के बाद कल रात यहां एक संवाददाता सम्मेलन में श्री राजीव गांधी ने कहा कि इन दंगों में जो लोग मारे गए हैं, उनके परिवारों को एक एक लाख रुपए का मुआवजा प्रदान किया जाए, न कि बीस-बीस हजार रुपए, जैसा कि उन्हें बताया गया है ।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि दंगा पीड़ित परिवारों को बड़े पैमाने पर आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की आवश्यकता है । उन्होंने कहा कि उतनी धनराशि की व्यवस्था इंका नहीं कर सकती है लेकिन फिर भी अपनी शक्ति के अनुसार इसमें अपना योगदान करने का पार्टी ने निर्णय किया है । इस सम्बन्ध में शीघ्र ही एक कमेटी का गठन किया जाएगा ।

जब उनसे पूछा गया कि क्या अभी भी दंगा पीड़ित क्षेत्रों में तनाव व्याप्त है तो श्री राजीव गांधी ने कहा कि "अभी भी काफी है ।" उन्होंने कहा भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह और भूतपूर्व केंद्रीय गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद बिजनौर तथा देश के अन्य भागों में हुई दुखद घटनाओं के लिए सर्वाधिक जिम्मेदार हैं ।

उन्होंने कहा कि लोगों में सुरक्षा की भावना पैदा करने तथा शांति स्थापित करने की सर्वाधिक आवश्यकता है । श्री राजीव गांधी ने कहा कि उन्हें लोगों ने जो कुछ बताया है, उसे वह प्रशासन की नजरों में लाएंगे तथा उस सम्बन्ध में आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह करेंगे ।

श्री राजीव गांधी ने कहा कि जो लोग राजनीति के लिए धर्म को प्रयोग कर रहे हैं, उन्हें अपने तौर-तरीके बदल लेने चाहिएं । बिजनौर या अन्य स्थानों पर जो साम्प्रदायिक उपद्रव हुए, वह कुछ माह पूर्व से उत्पादन किए जा रहे साम्प्रदायिक तनाव के परिणामस्वरूप ही हुए । उन्होंने भूतपूर्व वी.पी. सिंह सरकार पर दोहरे मापदंड अपनाए रखने का भी आरोप लगाया ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)



अमृतसर के पत्रकार श्री बलबीर सग्गू का शव (बाएं) । उनकी आतंकवादियों ने सोमवार को हत्या कर दी । (दाएं) उनका पुराना चित्र । (छाया : पं. के.)

कुछ राज्यों के राज्यपाल बदले जाने की संभावना

नई दिल्ली, 12 नवम्बर (टाई) : अधिकांश राज्यपालों को शीघ्र ही बदले जाने की संभावना है । उन्हें इस्तीफा देने को कहा जाएगा ताकि नई सरकार नए राज्यपालों की नियुक्ति कर सके । केन्द्र में नियुक्ति पर श्री वी.पी. सिंह से अप्रसन्नता व्यक्त की थी । क्या वे पुलिस थानों के एस.एच.ओ. हैं कि उनका सामूहिक रूप से तबादला किया जा सकता है । समझा जाता है उन्होंने प्रधानमंत्री से यह सवाल

श्री चन्द्रशेखर के निकट सूत्रों के अनुसार वह तत्कालीन सरकार द्वारा राज्यपालों के थोक में तबादले किए जाने तथा राज्यपाल के पद का राजनीतिकरण किए जाने से परेशान हो गए थे ।

जद कार्यालय को ताला, पार्टी का ... गया : सांसद सैनी पर कड़ी नि...

कुरुक्षेत्र, 12 नवम्बर (धमीजा) : सांसद चौ. गुरदयाल सिंह सैनी द्वारा त्यागपत्र दे दिए जाने के बाद यहां काफी राजनीतिक हलचल हुई हो गई है । जनता दल के स्थानीय कार्यालय को ताला लगा दिया गया है और पार्टी का झंडा भी उतार दिया गया है ।

जद कार्यकर्ताओं ने आज इस कार्यालय में एक बैठक करनी थी, मगर कार्यालय हटा दिए जाने के कारण उन्हें अपनी बैठक सैनी समाज भवन में ही करनी पड़ी तथा वहीं पर उन्होंने अपना पार्टी कार्यालय बना दिए जाने का भी फैसला किया है ।

बताया जाता है कि जद कार्यालय को ताला लगाने और उसे बंद करने का आदेश श्री सैनी ने ही दिया है । यह कार्यालय भवन भी उनका अपना ही है ।

इस बैठक में जहां कार्यकर्ताओं ने श्री सैनी के इस साहसिक कदम का स्वागत किया वहीं कुछ ने इसे पसन्द भी नहीं किया । कार्यकर्ता असमंजस की सी स्थिति में है कि वे श्री सैनी का समर्थन करें या फिर जद (समाजवादी) पार्टी में रह कर ही कार्य करें । इस बैठक में स्थानीय विधायक श्री अशोक कुमार अरोड़ा तथा पार्टी के कई पदाधिकारी भी मौजूद थे ।

इसी दौरान सूत्रों के अनुसार श्री सैनी के निवास स्थान गांव कैथला पर पुलिस व सी.आई.डी. की निगरानी भी कड़ी कर दी गई है । उनसे मिलने आने वालों पर भी गहरी न...

बताया जाता है कि ... यह आदेश जनता दल ... नेता ने ही दिया है ।

मोर्चा दोनों सद... विपक्ष का...

नई दिल्ली, 12 न... दोनों सदनों में, लोकसभा ... तथा राज्यसभा में एम.... में मान्यता प्राप्त विपक्ष ... करेगा । इस संबंध में ... संसदीय मामलों के मंत्री ... राज्यसभा के अध्यक्षों ... है । मोर्चा सूत्रों ने कहा ... प्राप्त विपक्ष बनाए जा... सभी शर्तें पूरी करता है ...

भारत-पाक के ... बनेंगे : न...

इस्लामाबाद, 12 ... के प्रधानमंत्री श्री नवाज ... भारत का प्रधानमंत्री ... है । अपने संदेश में उ... प्रकट की है कि दोनों दे... तथा एक-दूसरे की स... अच्छे पड़ौसियों जैसे स...

सीमावर्ती जिलों में आतंकवादियों के ... गए अभियान के बढ़िया परिणाम निक...

अमृतसर, 12 नवम्बर (प.स.): पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने आज कहा है कि सीमावर्ती जिलों में आतंकवादियों के विरुद्ध चलाए गए आक्रामक अभियान के बढ़िया परिणाम निकाले हैं । पिछले दिनों में अमृतसर तथा गुरदासपुर जिलों में स्थिति में काफी सुधार हुआ है लेकिन अभी बहुत-सा कार्य किया जाना शेष है ।

यहां सी.आर.पी.एफ. मुख्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए श्री गिल ने कहा कि आतंकवादियों के विरुद्ध अभियान दो मास पूर्व आरम्भ किया गया था तथा यह अभी जारी रहेगा । श्री गिल पिछले दो दिनों से स्थिति की समीक्षा के लिए क्षेत्र के सभी पुलिस जिलों का दौरा कर रहे हैं । उन्होंने स्वीकार किया कि बटाला पुलिस जिले में स्थिति अभी नियंत्रण में नहीं है । अपने दावे के ...

बुलेट प्रूफ ट्रैक्ट... गिल ने बताया कि पं... मुकाबला सुचारू ढंग से ... ट्रैक्टरों को प्रयुक्त करेंगे ... तथा खेतों में बहुत स...

एक प्रश्न के उत्त... आतंकवादियों द्वारा नि... वृद्धि का कारण गांवों में ... भी है । उन्होंने इस बा... हुई सभी आतंकवाद ... आतंकवादी सुखविन्दर ... आतंकवादियों द्वारा बद... है । एक अन्य प्रश्न के ... सुरक्षा बलों एवं अल्प... दिनों में हुई वृद्धि के प...

Punjabi Sanatani

एक जनसभा भी आयोजित की गई ।

फगवाड़ा (अशोक): दूरसंचार कर्मचारियों की हड़ताल आज दसवें दिन में दाखिल होने पर आज भी फगवाड़ा में टैलीफोन एक्सचेंज का कामकाज पूरी तरह ठप्प रहा व फगवाड़ा शहर का सम्बन्ध बाहरी शहरों से लगभग कटा रहा ।

अमृतसर (कमलेश): यहां भी तृतीय व चतुर्थ श्रेणी टैलिकाम स्टाफ 3 नवम्बर से कलम छोड़ हड़ताल पर है । कर्मचारी नेताओं का कहना है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मान ली जाती, कर्मचारी अपना आंदोलन जारी रखेंगे ।



भारतीय स्टेट बैंक के चंडीगढ़ मंडल के उप-महाप्रबन्धक श्री निर्मल कुमार ने गत दिवस मोगा में आयोजित एक समारोह में श्री सतपाल उप्पल के काव्य संग्रह 'रथ बदलो' का विमोचन किया ।



श्री एन.एल. गुप्ता, जो बम्बई गुड्स ट्रांसपोर्ट कम्पनीज एसोसिएशन (बम्बई) के अध्यक्ष चुने गए ।



श्री रमेश लखनपाल, जिन्हें जिला लुधियाना युवा इंका का महासचिव नियुक्त किया गया है ।

रेलवे पार्सल सेवा शीघ्र खोलने का आश्वासन

लुधियाना, 12 नवम्बर (आहूजा): रेलवे विभाग ने फैडरेशन आफ पंजाब हौजरी एसोसिएशन के एक शिष्टमंडल को आश्वासन दिया है कि कलकत्ता व देश के अन्य शहरों के लिए रेलवे क्यू.टी.एस. व पार्सल सेवा दो दिन बाद खोल दी जाएगी । यह जानकारी आज फैडरेशन के प्रधान श्री पी.एस. चुग व महामंत्री श्री पी.एल. मल्होत्रा ने दी । उल्लेखनीय है कि यह सेवा गत अक्तूबर के तीसरे सप्ताह बंद कर दी गई थी ।

गत दिवस इस संबंध में फैडरेशन का एक शिष्टमंडल रेलवे के क्षेत्रीय अधिकारी व अन्य अधिकारियों से मिला तथा एक ज्ञापन दिया । ज्ञापन में कहा गया है कि हौजरी का सीजन 3-4 माह ही चलता है अगर समय पर ग्राहक को माल न पहुंचे तो खरीदने व बेचने वाले को भारी नुक्सान होता है । उल्लेखनीय है कि राज्यों में गड़बड़ी के कारण ट्रांसपोर्ट भी माल की बुकिंग नहीं कर रही है । फैडरेशन के अनुसार रेलवे स्टेशन पर लगभग एक करोड़ का माल रुका पड़ा है ।

श्यामा शर्मा को हिमाचल जनता दल (एस) का अध्यक्ष बनाने की संभावना

नई दिल्ली, 12 नवम्बर (विशेष): कुमारी श्यामा शर्मा को हिमाचल प्रदेश जनता दल (समाजवादी) का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने की सम्भावना है । जनता दल (स) के केंद्रीय नेताओं ने यह संकेत दिया है । कुमारी श्यामा शर्मा प्रधानमंत्री श्री चंद्रशेखर तथा श्री यशवंत सिन्हा के काफी निकट बताई जाती हैं ।

जानकार सूत्रों के अनुसार भूतपूर्व मुख्यमंत्री ठाकुर राम लाल नौ नवम्बर को पार्टी के केंद्रीय नेताओं से सम्पर्क करने के लिए राजधानी आए थे परन्तु केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें कोई महत्व नहीं दिया ।



धारीवाल के गांव छीना में कल रात आतंकवादियों ने सी.आर.पी. के कांस्टेबल प्रितपाल सिंह और उसके चचेरे भाई गोपाल सिंह की, जो पंजाब पुलिस का कांस्टेबल था, गोलियां मार कर हत्या कर दी । प्रितपाल सिंह श्रीनगर में तैनात था जबकि गोपाल सिंह अमृतसर में तैनात था । दोनों अपनी बहिन की शादी, जो 4 दिसम्बर को होनी थी, की तैयारी के सिलसिले में छुट्टी पर घर आए हुए थे । बताया जाता है कि आतंकवादियों ने उन्हें उनके घरों से, जो साथ-साथ स्थित है, निकाल कर गोली मारी । उनके घर वालों ने आतंकवादियों से कहा कि वे पुलिस की नौकरी छोड़ देंगे और उनकी जान बख्श दी जाए लेकिन आतंकवादियों ने उनकी एक न सुनी ।

दुर्दांत आतंकवादी मरा : बटाला (प.स.): आज तड़के बटाला के निकट निजी गुट संघर्ष के कारण दुर्दांत आतंकवादी जसविन्द्र सिंह मारा गया । वह पंथक कमेटी के प्रमुख गुरबचन सिंह मानोचाहल के बाद दूसरे नम्बर पर था । प्रदेश के पुलिस प्रमुख श्री के.पी. एस. गिल ने बताया कि जसविन्द्र सिंह की गिरफ्तारी पर 40 हजार रुपए का ईनाम था । वह अनेक अपराधों में पुलिस को वांछित था । पुलिस के अनुसार जसविन्द्र सिंह को मारने की जिम्मेदारी खालिस्तान कमांडो फोर्स ने ली है ।

मां-बेटे की हत्या : बटाला में कोछड़ के अनुसार 4 आतंकवादियों ने आज तड़के 4 बजे के लगभग फतेहगढ़ चूड़ियां थाने के अंतर्गत पब्बाराली गांव में एक डेरे में महिन्द्र कौर तथा उसके बेटे भगवान सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 के चले हुए 11 कारतूस मिले हैं ।

बंद : पिछले दिनों सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान मारे गए आतंकवादी सुखविन्द्र सिंह संघा के भोग के दृष्टिगत आज बंद के आह्वान के कारण बटाला, डेरा बाबा नानक, कोदिया, श्री हरगोबिन्दपुर तथा कलानौर आदि क्षेत्रों में बंद रहा । अमृतसर-पठानकोट सड़क को छोड़ कर किसी अन्य मुख्य सड़क या सम्पर्क मार्ग पर आज बसें नहीं चली ।

एक आतंकवादी मरा : पुलिस जिला बटाला के थाना कादियां के अंतर्गत ढपई गांव के निकट आज दोपहर गन्ने के खेतों में पुलिस के साथ हुए मुकाबले में एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया । घटनास्थल से एक ए.के. 74 राइफल तथा कुछ गोली-सिक्का भी बरामद हुआ है ।

एक की हत्या : होशियारपुर (वि.प्र.): दसूहा थाना के अधीन मियां दा पिंड में एक व्यक्ति जागीर सिंह के डेरे पर आतंकवादियों द्वारा गत रात्रि फायरिंग किए जाने की सूचना मिली है । ए.के. 47 से लैस आतंकवादियों ने खिड़की में से फायरिंग की, जिससे जागीर सिंह का लड़का कपूर सिंह घायल हो गया, उसे सिविल अस्पताल दसूहा ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया ।

जेवर लूटे : एक अन्य घटना में कुछ सशस्त्र लुटेरों ने होशियारपुर जिला के हरयाना के पास नंगल ईशर ग्राम में एक महिला बलबीर कौर के घर जबरदस्ती दाखिल होकर पिस्तौल की नोक पर सोने के जेवर, ढाई सौ रुपए व कुछ दूसरा सामान लूट लिया । बलबीर कौर ने पुलिस के पास दर्ज करवाई एफ.आई.आर. में आरोप लगाया कि लुटेरों के साथ उसके ग्राम का एक व्यक्ति भी उसके घर आया था । पुलिस ने जांच शुरू कर दी है ।

एक की हत्या : फिरोजपुर (वार्ता): जलालाबाद पूर्वी क्षेत्र में कल रात आतंकवादियों ने ईंट भट्ठे के एक अकाउंटेंट सुरेन्द्र कुमार की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

5 ठेके नष्ट कर दिए, 2 की हत्या : अहमदगढ़ (पुरी): आतंकवादियों ने कल रात अहमदगढ़ के निकटस्थ गांवों बरमपुर, बुटारी, अम्मत, टडारी, महेरना में शराब के 5 ठेके नष्ट कर दिए । बताया जाता है कि 20 के लगभग आतंकवादी एक ट्रक में आए और ट्रक की टक्कर मार कर ये ठेके तोड़ दिए । वहां पड़ी अधिकतर शराब की बोतलें तबाह हो गईं । आतंकवादियों ने बरमपुर में ठेके के दो कर्मचारियों की हत्या भी कर दी । अहमदगढ़ और देहलों थाना क्षेत्रों में सभी शराब ठेके बंद करने की आतंकवादियों ने चेतावनी दे रखी है ।



फिल्लौर क्षेत्र में स्थित एक गुरुद्वारे में आतंकवादियों द्वारा कत्ल किए गए गुरुद्वारे के पाठी (ऊपर) बाबा राम सिंह तथा एक सेवादार (नीचे) इकबाल सिंह के शव । (छाया : तरसेम)



उग्रवादी संगठन के.सी.एफ. का कथित एरिया कमांडर जरनैल सिंह उर्फ हैप्पी, जिसने गत दिवस तरनतारन पुलिस जिला के कैरों गांव में पुलिस के घेरे में आने पर सायनाईड खा कर आत्महत्या कर ली थी ।

8 आतंकवादी गिरफ्तार : पटियाला (भूषण): जिला पुलिस ने सेना के एक हवलदार अमीर सिंह उर्फ फौजी समेत 8 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । अमीर सिंह जालंधर छावनी में तैनात था । पटियाला जिला के मरुपैया गांव का निवासी अमीर सिंह आजकल छुट्टी पर आया हुआ था । अमीर सिंह तथा उसके तीन साथियों शेरजंट सिंह, टहल सिंह तथा ईश्वर सिंह को बस्सी पठाना क्षेत्र से संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया । चार अन्य आतंकवादियों दलजीत सिंह, राजेन्द्र सिंह, हरलोचन सिंह तथा अवतार सिंह को नाकाबंदी के दौरान जुल्का थाना क्षेत्र से पकड़ा गया । प्रारंभिक पूछताछ के दौरान उक्त आतंकवादियों ने यह स्वीकार किया है कि वे पटियाला तथा हरियाणा क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं ।



फगवाड़ा की सराय रोड के घने क्षेत्र में सोमवार को बरामद हुआ देसी बम, जिसे पुलिस द्वारा रेत के बोरों से ढक कर निष्क्रिय कर दिया गया । (छाया : अशोक)

बम से आतंक : फगवाड़ा (अशोक): आज प्रातः सात बजे स्थानीय सराय रोड क्षेत्र में शराब के ठेके के पास खड़ी एक खाली रेहड़ी के निकट एक देसी बम बरामद होने से पूरे क्षेत्र में भारी आतंक उत्पन्न हो गया । बताया जाता है कि स्थानीय पुलिस के गश्ती दल के हवलदार शिंगारा सिंह ने उक्त बम देखा व पुलिस उच्चाधिकारियों को सूचित किया । स्थानीय पुलिस उपाधीक्षक श्री मनजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने क्षेत्र को घेर लिया । पूरा क्षेत्र खाली करवा कर बम को नाकारा करने हेतु सैनिक विशेषज्ञ बुलाए गए । इससे पूर्व रेत की बोरियां बम के आसपास लगा दी गईं । बाद में बम विशेषज्ञों ने बम को नाकारा कर दिया । यहां यह उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में सब्जी की रेहड़ियां खड़ी होती हैं । श्री सिंह ने बताया कि बम एक लकड़ी के बाक्स में फिट था जिसके दो सैल व तारें बाहर को निकली हुई थीं । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । स्थानीय एस.डी.एम. श्री कुलबीर सिंह ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया ।

लगभग चार घंटे तक पूरे शहर में आतंक उत्पन्न करने वाले 'देसी बम' की जांच के उपरान्त वह बसनुमा वस्तु मात्र किसी की शरारत निकली ।

मुकाबला हार गया । किलकर ने युवा जर्मनी के बोलफ्राम को और धर्म सिंह यादव ने फिलिपाइन्स के रिचर्ड गैस्टपे को 13-9, से हराया । धनसंजयन क्यूबा के एनरिक कैरियन से हार गया ।

नगर निगम ने अपनी ही इमारत गिरा कर आमदनी बंद कर ली

अमृतसर, 12 नवम्बर (दीपक): एक तरफ तो अमृतसर नगर निगम के पास कर्मचारियों का वेतन तक देने के लिए पैसे इसलिए नहीं हैं कि आय के साधन कम हैं परन्तु दूसरी तरफ निगम अपने ही हाथों आय के साधनों को तहस-नहस करने पर लगा हुआ है । अधिकारी शायद यह भी भूल गए हैं कि वे अपने ही हाथों निगम की इमारत गिरा रहे हैं । बटाला रोड गगन सिनेमा के बाहर एक भूमि मालिक को खुश करने के लिए इलाका के एक उच्च निगम कर्मी ने निगम के उस कांटे और कमरे को गिरा दिया, जिससे निगम को दो हजार रुपए प्रति माह की आमदनी थी । यह कांटा निगम द्वारा बोली पर जाता था परन्तु इस कांटे का मालिक उसी भूमि का मालिक है । न तो इस कांटे की बिक्री की बोली हुई और न कोई टैंडर लगा । कांटे के साथ वाले कमरे में निगम के दो कर्मी इस इलाका के जन्म-मरण का हिसाब रखने के लिए लोगों की सुविधाओं के लिए कई वर्षों से तैनात थे परन्तु अब उनका सामान सड़क पर पड़ा है ।

1.20 करोड़ की चांदी की छड़ें बरामद

नई दिल्ली, 12 नवम्बर (प.स.): राजस्व गुप्तचर निदेशालय तथा जयपुर कस्टम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से की गई कार्रवाई के दौरान 1710 किलो वजन की तस्करी की चांदी की 53 छड़ें बरामद की गई हैं । यह छड़ें उदयपुर की एक भूमिगत फैक्टरी से बरामद की गईं ।

शाम को दिल्ली बाजार—(12 नवम्बर, एन.एन.एस.)

दिल्ली क्लाथ 148.00, हिन्द मोटर 38.00, रिलायंस 213.00, चांदी डिलीवरी (प्रति किलो) 6530, चांदी (999) टंच हाजिर (प्रति किलो) 6525, चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 7500, सोना बिट्टूटर (प्रति 10 ग्राम) 3350, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3450, मिल डिलिवरी : वनस्पति यू.पी. (प्रति टीन) 474-483, वनस्पति हरियाणा और पंजाब (प्रति टीन) 475-482, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 280.00, तेल सोयाबीन टैंकर (प्रति 10 किलो) 255, मूंगफली तेल टैंकर (10 किलो) 310, तिल तेल टैंकर (10 किलो) 261, तेल बिनौला (10 किलो) 265, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 205, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 126, फैट्टी एसिड आयल (क्विंटल) 2070, गुड़ वायदा मुजफ्फरनगर, दिसम्बर 49.55 रुपए ।

चौथी बर

कबीरा जब हम पैदा हुए जंग हंसे हम रोए ।
ऐसी करनी कर चले हम हंसे जग रोए ।।

हमारे पूज्य श्री जोगिन्द्र सिंह जी गुलाटी, जो आज ही के दिन 13.11.1986 को प्रभु चरणों में लीन हो गए थे । उनकी चौथी पुण्य तिथि पर हम श्रद्धांजलि के फूल अर्पित करते हैं ।

श्रीमती अजीत कौर (पत्नी) व
समस्त गुलाटी परिवार, लुधियाना

OUR RESPECTFUL HO

SHRI JOGINDER LAL GAGNEJA
AN INDUSTRIALIST & A PHILANTHROPIST WHO LEFT US ON 13TH NOVEMBER 1989.
"ONE WHO SEES ME EVERYWHERE AND SEES EVERYTING IN ME, I AM NEVER LOST NOR IS HE EVER LOST TO ME". —GITA
DEEPLY MURNED BY THE FAMILY MEMBERS AND STAFF MEMBERS OF RAJEEV INDUSTRIAL CORP., LUDHIANA.

पंजाब राज्य बिजली ब

Punjabi Sanjatani

विभिन्न मुठभेड़ों में 7 आतंकवादी मरे, पंजाब में अन्यत्र 10 व्यक्तियों की हत्या

लुधियाना के निकट बैंक से 4 लाख रुपए लूटे : तरनतारन में बम विस्फोट से 5 घायल

चंडीगढ़, 13 नवम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब मे रात से 7 आतंकवादी मारे गए, जबकि तंकवादियों ने 10 व्यक्तियों की हत्या कर दी । नतारन में हुए एक बम विस्फोट में पांच व्यक्ति यल हो गए । इसके अतिरिक्त आतंकवादियों ने बैंक से 4 लाख रुपए लूट लिए ।

खेमकरण सैक्टर में चार पाकिस्तानी घुसपैठिए भेड़ में मारे गए ।

एक की हत्या : फरीदकोट जिले के गांव ड़ा में से कल रात आतंकवादियों ने स्वर्ण सिंह क एक व्यक्ति का अपहरण करके उसकी हत्या दी ।

आतंकवादी मारा गया : फरीदकोट जिले वानियां गांव के निकट सुरक्षा बलों और तंकवादियों के बीच हुई एक मुठभेड़ में एक तंकवादी मारा गया । घटनास्थल में एक बंदूक, गोलियां तथा एक स्कूटर बरामद किया गया । मारे गए आतंकवादी की पहचान लुधियाना ले के उत्तम सिंह के रूप में हुई है । बताया जाता है उसके दो साथी भागने में सफल हो गए है ।

आठ हजार लूट लिए : उग्रवादियों ने दकोट जिले के सुखा नामक स्थान से केंद्रीय कारी बैंक से कल बंदूक दिखा कर आठ हजार आठ अस्सी रुपए लूट लिए ।

की हत्या : आतंकवादियों ने फरीदकोट के भालियाना गांव में एक शराब के ठेके के दो कारियों की गोली मार कर हत्या कर दी । कों के नाम बेदराम तथा महावीर बताए गए

पुलिस अधिकारी पर हमला : सिपाही गया : नूरमहल (सिंह): गत शाम पांच बजे गभग यहां से 16 कि.मी. दूर रुड़का कला गांव कट सफेद रंग की मारुति कार में सवार कुछ कवादियों ने जिला जालंधर के एस.पी. (डी) श्री कृष्ण बेदी की कार पर हमला कर दिया । श्री तो बाल-बाल बच गए लेकिन उनका ड्राइवर ही सुखविंदर सिंह (20) घटनास्थल पर ही गया । आतंकवादी फरार हो गए । लेखनीय है कि श्री बेदी आतंकवादियों की लिस्ट में हैं तथा उन पर पहले भी हमला हो चुका उनके लड़के की भी आतंकवादी हत्या कर चुके

तीन आतंकवादी मारे गए : जिला संगरूर ांव जीतवाला के समीप आज तीन घंटे तक चली मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने तीन अज्ञात आतंकवादियों को मार दिया । एक चीनी राईफल, एक सैल्फ लोडिंग राइफल तथा एक बंदूक मौके से बरामद की गई है ।

विवरण : अहमदगढ़ से पुरी के अनुसार एस.एस.पी. संगरूर ज्ञान सिंह ने बताया कि आज दोपहर डेढ़ बजे के लगभग मालेरकोटला के डी.एस.पी. एक गश्ती दल के साथ थाना अहमदगढ़ के गांव चित्तगढ़ जा रहे थे कि सामने से एक मारुति कार उन्हें देख कर वापस मुड़ गई । गश्ती दल द्वारा पीछा करने पर मुठभेड़ आरम्भ हो गई, जोकि लगभग 4 घंटे तक चली, जिसमें तीन अज्ञात आतंकवादी मारे गए । मुठभेड़ में एक ए.एस.आई. और एक कांस्टेबल घायल हो गए । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक एस.एल. आर. तीन 12 बोर की बंदूकें तथा 35,000 रुपए नकद मिले हैं ।

बैंक डकैती : लुधियाना (धीमान): यहां से 30 किलो मीटर दूर बडोंदी में बैंक लूटने की सूचना मिली है । बताया जाता है कि 4 सशस्त्र उग्रवादी एक सफेद मारुति कार में आए और पंजाब एंड सिंध बैंक की ब्रांच में दाखिल हो गए । पिस्तौल की नोक पर बैंक के खजांची से 35751 रुपए लूट लिए और उसी कार में फरार हो गए ।

4 लाख लूट लिए : इसके अतिरिक्त नियाड गांव के इंडियन ओवरसीज बैंक पर भी डाका डाला गया । जिसमें आतंकवादी 4 लाख रुपए लेकर फरार हो गए । इसके अतिरिक्त लुधियाना की एक सहकारी संस्था से 20 हजार रुपए लूट लिए और भाग गए ।

तीन की हत्या : उग्रवादियों ने तीन देहातों महरीना, ब्रह्मपुरा और ललतों में शराब के ठेकों को भी लूट लिया और उनकी तमाम बोतलें तोड़ डालीं । महरीना में ठेका के कारिंदे सरवन सिंह को मार डाला । ब्रह्मपुरा के ठेके के दो कारिंदों मेहा सिंह और हरि सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई जबकि ललतों के ठेके को बुरी तरह तोड़ डाला । मगर वहां कोई जीव हानि नहीं हुई । गांव ललतों से ही एक देहाती से उग्रवादी उसकी कार यह कह कर ले गए कि निकटवर्ती गांवों में पुलिस मुकाबला हुआ है । इसलिए कार की चाबी दे दो वहां जाना है । गांव पक्खोवाल में एक व्यक्ति तारा सिंह से उसकी दोनाली बंदूक बंदूक छीन कर ले गए । उल्लेखनीय है कि जिला में एक सप्ताह के दौरान बैंक डकैतियां में 20 लाख रुपए लूटे हैं ।

एक की हत्या : नाभा (जैन): गत रात लगभग 9.30 बजे यहां संदिग्ध आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके नूर मोहम्मद नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

बी.एस.एफ. चौकी पर हमला : बटाला (कोछड़): आतंकवादियों ने गत रात थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव वीला बजू में बी.एस.एफ. चौकी पर फायरिंग की तथा एक हथगोला फैंका, जिससे चौकी के नीचे स्थित तीन दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं तथा पहरा दे रहा संतरी मलबे में फंस गया । फिर भी उसे कोई गंभीर चोट नहीं आई है । शेष जवान गश्त पर गए हुए थे ।

एक की हत्या : आतंकवादियों ने कल रात बटाला पुलिस जिले के छोगा गांव के स्वर्ण सिंह नाम के एक व्यक्ति का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी ।

काका मारा गया : बटाला पुलिस जिले के गांव ढपई में कल रात सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू लै. ज. गुरमीत सिंह उर्फ काका मारा गया ।

कांस्टेबल घायल : गुरदासपुर जिले के गांव विहेला भुज में एक बम विस्फोट में बी.एस.एफ. का एक कांस्टेबल प्रेमनाथ घायल हो गया ।

गुट संघर्ष में एक मरा : तरनतारन पुलिस जिले के गांव अरोवाल बचेड़ी में कल रात कुछ आतंकवादियों ने एक अन्य आतंकवादी टक्कर सिंह का अपहरण करके उसकी हत्या कर दी । यह आतंकवादियों के गुट संघर्ष का मामला बताया जा रहा है ।

श्री [illegible] की अंत्येष्टि कर दी गई : अमृतसर (अशोक): यहां के प्रमुख पत्रकार श्री

(शेष पृष्ठ 6 पर)



तराई क्षेत्र में आतंकवादियों कथित मुखबिरों की हत्याअ

खटीमा (नैनीताल), 13 नवम्बर (नि.स.): ज्ञात हुआ है कि अब तराई क्षेत्र में खूंखार आतंकवादी गिरोहों ने संगठित होकर पुलिस के कथित मुखबिरों की हत्याएं करने का सिलसिला प्रारम्भ कर दिया है ।

सम्पूर्ण तराई क्षेत्र में विगत कुछ माह से इन गिरोहों ने एक दर्जन से भी अधिक लोगों को पुलिस की मुखबिरी के तहत मार डाला है । सूत्रों के अनुसार वर्तमान में मेजर सिंह और बलदेव सिंह आतंकवादी गिरोह तराई में आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त हैं जोकि संगठित होकर संदिग्ध मुखबिरों के सफाए में लगे हैं ।

गत अप्रैल मई माह में पांच लोगों की ए.के. 47 राइफलों से गोलियां मार कर हत्या कर दी गई थी । इसके अतिरिक्त मुखबिर के शक में जनपद नैनीताल के सीतारगंज थानांतर्गत क्षेत्र में दो व्यक्तियों को मौत के घाट उतारा जा चुका है । सितम्बर, अक्तूबर में खटीमा के ग्राम पिंडरिया एवं ग्राम सुनफर में दो महिलाओं व तीन पुरुषों की शक के आधार पर हत्या कर दी गई ।

आतंकवादियों द्वारा की गई हत्या वाले स्थान पर पंजाबी व हिन्दी मिश्रित भाषा में लिखा पत्र छोड़ दिया जाता है जिसमें मृतक को मुखबिर बताया गया होता है । आतंकवादियों द्वारा फार्म मालिकों से धन ऐंठने तथा अपहरण के क्रम भी जारी है । असहाय व असुरक्षा की भावना से ग्रस्त सिख परिवार विवश होकर आतंकवादियों को आश्रय ही नहीं अपितु उनके लिए मुखबिरी तक करने पर मजबूर है ।

उल्लेखनी
कटाई के पश्च
रखते हुए आ
बढ़ाया जा

नवीनत
समीप सीता
खालिस्तान
आतंकवादि
की हत्या क

जानका
उसके घर में
और सिर्फ
एकत्र संगत
47 से चार
हत्या के उप
हुए उसके
चेतावनी दी
पुलिस को
दिया जाए
निकल गए

पुलिस के
पुलिस क्षेत्र
भयंकर नरस
में एरिया क
सिंह, भाई
नाम दर्ज थे
लैटर हैड पर

खाड़ी संकट को देखते नौसेना ने सतर्कता बढ़ा

नई दिल्ली, 13 नवम्बर (प.स., वार्ता): भारत में निर्मित हो रहे लगभग चालीस अत्याधुनिक युद्धपोत 1998-99 तक भारतीय नौसेना में शामिल हो जाएंगे ।

नौसेनाध्यक्ष वाइस एडमिरल एच. जानसन ने आज यहां संवाददाताओं से बातचीत के दौरान बताया कि कुछ अत्याधुनिक युद्धपोतों के विकास का कार्य भी शुरू किया जा रहा है । विमान वाहक युद्धपोत के डिजाइन पर कार्य हो रहा है, लेकिन उक्त युद्ध पोत आगामी शताब्दी के आरम्भ में सन् 2003 में प्राप्त होने की आशा है । एक प्रश्न के उत्तर में वाइस एडमिरल जानसन ने बताया कि खाड़ी संकट और सम्भावित संघर्ष को देखते हुए नौसेना के युद्धपोतों एवं विमानों ने अपनी 'सतर्कता' बढ़ा दी है । अगर खाड़ी में कोई संघर्ष होता है तो उसका कुछ न कुछ असर हमारे क्षेत्र पर भी पड़ सकता है । खासतौर पर ऐसे समय में जबकि हम अपनी जरूरत का चालीस प्रतिशत तेल आयात करते हैं । नौसेनाधिकारियों

का ख्याल है
सेना भेजता
महत्वपूर्ण भू
है । हालांकि
सरकार करेगी
अध्ययन शुरू

वाइस एड
के निकटभा
जरूरी हो गय
उन तेल पा
पाकिस्तान
बातचीत के
अधिकारी
अगर पाकिस
संघर्ष से आने
और अधिक
हमें उस

सी.बी.आई. द्वारा भ्रष्टाचार के आरो अधिकारियों सहित 117 कर्मचारियों

नई दिल्ली, 13 नवम्बर : केंद्रीय जांच ब्यूरो (सी.बी.आई.) ने सितम्बर माह में जांच के लिए 85 केस हाथ में लिए जिनमें 85 राजपत्रित अधिकारियों

ब्यूरो द्वा
की एक निजी
जिन्होंने तीन

ोपोर में घर-घर की तलाशी लेने के लिए सेना तलब : कश्मीर घाटी में 2 मरे

ीनगर, 13 नवम्बर (वार्ता, पस.): सोपोर में र का तलाशी लेने के लिए सेना को बुला लिया है जबकि कल बिजबेहड़ा में एक अग्निकांड में दो यों की मृत्यु हो गई ।

दिन भी जारी रही । पुलिस के अनुसार घाटी के किसी भी भाग से कल रात से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है ।

Punjabi Sanatan

ा लेन के
ी में 2 मरे

ुलिस के अनुसार घाटी के
त से किसी अप्रिय घटना की

ांच बजे से कर्फ्यू में ढील दी

ा ने बताया कि उग्रवादियों
ल विभाग के मुख्यालय के
पर बम फैंका जिससे एक
व्यक्ति घायल हो गए ।
में पैदल चलने वालों की
क्षा बलों ने जवाबी फायरिंग
ी शिनाख्त एजाज अहमद
प में की गई है ।

नन्तनाग में एक स्थान पर
ाग लगाने का प्रयास किया
दो हथगोले फैंके । सतर्क
र आतंकवादियों को भागने
ा ।

चंद्रशेखर
धाई

म्बर (प.स.): अमरीका के
ने आज नए प्रधानमंत्री श्र
देश भेजा तथा कहा वि
मरीका द्विपक्षीय संबंधों को
लिए मिल कर काम करते



अमृतसर के पत्रकार श्री बलबीर सग्गू, जिनकी सोमवार को आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी का मंगलवार को अमृतसर में अंतिम संस्कार कर दिया गया । (1) श्री सग्गू का एक पुराना चित्र, (2) उनका शव, (3) शव यात्रा का दृश्य, (4) उनकी पत्नी, पत्नी तथा अन्य सम्बन्धी विलाप करते हुए, (5) इस अवसर पर उपस्थित राजनीतिक दलों के नेता, (6) श्री सग्गू का पुत्र तथा अन्य सम्बन्धी अंतिम अरदास करते हुए । (छाया : रवि)

देवी लाल की राजीव से भेंट

नई दिल्ली, 13 नवम्बर (वार्ता): उपप्रधानमंत्री श्री देवी लाल ने आज शाम यहां कांग्रेस (इ) अध्यक्ष श्री राजीव गांधी से उनके निवास स्थान पर भेंट की ।

श्री देवी लाल से सम्पर्क किए जाने पर उन्होंने श्री राजीव गांधी के साथ हुई बातचीत का ब्योरा देने से इंकार कर दिया ।

श्री देवी लाल ने इस भेंट को औपचारिक बताया । उन्होंने जनता दल(स) और कांग्रेस (इ) नेताओं को कल रात्रि भोज के लिए आमंत्रित किया है । आमंत्रित नेताओं में श्री राजीव गांधी भी शामिल हैं ।

सी.बी.आ
अधिकारि

नई दिल्ली,
(सी.बी.आई.) ने
केस हाथ में लिए
सहित 117 सर
संलिप्त थे

ब्यूरो की
किए गए महत्वप
विभाग के दो
आरोप है कि उन्हो
1563631 रु
उनकी आय के
अधिक है ।

एक अन्य म
(म.प्र.) के एक
कैशियर ने कथित
तथा यात्रा भत्ते में
था ।

एक केस
कापरिशननईदिल्ल
डायरैक्टर, एक
एक जनरल मैनेज
अन्य अधिकारियो
आधिकारिक स्थि
बुलाए बिना एक
आर्डर दिए थे तथा
पर 3886989

एयर इंडिया के
पर आरोप है कि उ
है जो उसकी आय

Punjabi Sarafan

(पृष्ठ 3 का शेष)

समाप्त करने अथवा गुरुद्वारे के अंदर चले जाने का अनुरोध किया ।

इस बीच जालंधर के एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने लोगों से शांति व भाईचारा बनाए रखने की अपील की है ताकि उक्त निंदनीय घटना की जांच में भी सहायता मिले ।

एक अन्य उच्च पुलिस अधिकारी के अनुसार गत कुछ दिनों से उग्रवादी घटनाओं का रुख ऐसा है, जो यह बताता है कि इन घटनाओं का उद्देश्य हिंदुओं में अधिक आतंक पैदा करना तथा हिंदू-सिखों में टकराव पैदा करना है । किंतु शायद ऐसा न देख कर अपने उक्त उद्देश्य की पूर्ति के लिए अब पवित्र बीड़ को जला कर भड़काहट पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है । यह भी एक मत है कि गत कुछ दिनों से प्रशासन क्योंकि उग्रवादियों के भोग आदि नहीं होने दे रहा, इसलिए उन्होंने अपनी ऐसी गतिविधियां तेज कर दी हों ।

एक उच्च पुलिस-सूत्रों के अनुसार इस बात की प्रबल सम्भावना है कि पाकिस्तान की नई सरकार ने पंजाब में हिंदू-सिखों को लड़ाने की अब तक की कोशिशें असफल रहने के नए प्रयास के साधन के रूप में उग्रवादियों को उपरोक्त घटनाएं करने के लिए कहा हो । सूत्र ने बताया कि घटना के समय अजीत नगर गुरुद्वारा का ग्रंथी आधे घंटे से बाहर था जबकि आदर्श नगर गुरुद्वारा का ग्रंथी तो बाहर गया हुआ था किन्तु वहां एक सेवादार था, जिसने धुआं उठते देख लिया और आग बुझा दी ।

एक अन्य सूत्र के अनुसार इस तरह की शरारत करने के पीछे यह उद्देश्य भी हो सकता है कि शहर में हिंदुओं को हानि पहुंचा कर उसकी प्रतिक्रिया के रूप में देश के अन्य भागों में सिखों को नुक्सान पहुंचा कर एक-दूसरे को लड़ाया जा सके ।

एक अनुमान यह है कि राम जन्मभूमि के मामले में जो विवाद चल रहा है, उसमें अल्पसंख्यकों को जो नुक्सान पहुंचा है, उसका बदला पंजाब में हिंदू-सिखों को लड़ा कर लिया जा सके ।

शांति समिति की बैठक आज : जिला मैजिस्ट्रेट जालंधर ने कल बुधवार को सुबह 9.00 बजे जिला शांति समिति की एक बैठक स्थानीय सर्किट हाऊस में बुलाई है ।

शांति की अपील : जालन्धर के सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने जनता से शांति, साम्प्रदायिक एकता और सद्भाव बनाए रखने की अपील करते हुए उनसे आग्रह किया है कि वे शरारती तत्वों द्वारा फैलाई जाने वाली अफवाहों पर विश्वास न करें ।

जिला कांग्रेस कमेटी (इ) जालंधर शहरी के प्रधान श्री डी.पी. सहगल ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए लोगों से शांति व भाईचारा बनाए रखने की अपील की है ।

भाजपा नेताओं वैद्य ओम प्रकाश दत्त, जिला प्रधान श्री सुरिन्दर मुरगई, वरिष्ठ उप-प्रधान श्री कृष्ण लाल ढल्ल, महासचिव श्री मनोरंजन कालिया ने भी इस घटना को शरारतपूर्ण तथा घोर निंदनीय करार दिया है, जिसका उद्देश्य पंजाब में दंगे करवाना है । उन्होंने प्रशासन से कहा है कि वह इस शरारत को बेनकाब करने के सभी उपाय करें । उन्होंने सभी वर्गों से अपील की कि वे अब भी भड़काहट में न आ कर देश विरोधी तत्वों की शरारत को असफल बना दें ।

राज्यपाल की अपील : चंडीगढ़ से वि.प्र. के अनुसार पंजाब के राज्यपाल श्री वीरेन्द्र वर्मा ने इस दुखद कांड पर दुःख प्रकट करते हुए कहा कि इस घृणित अपराध के लिए जिम्मेदार लोगों को पकड़ने के लिए सभी उपाय किए जाएंगे तथा अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी । उन्होंने लोगों से अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखने का आग्रह किया । उन्होंने प्रशासन को शांति और साम्प्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के निर्देश दिए हैं ।

(पृष्ठ 3 का शेष)

बलबीर सिंह सग्गू (51) जिनकी कल आतंकवादियों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी थी, की आज दोपहर बाद स्थानीय गुरुद्वारा शहीदां श्मशान घाट में अंत्येष्टि कर दी गई । चिता को आग उनके बड़े भाई श्री अजीत सिंह ने दी । श्री सग्गू की शव यात्रा दोपहर बाद एक बजे उनके निवास सुल्तानविंड गेट से चली । शव यात्रा में उनके निकट सम्बन्धियों के अतिरिक्त राजनीतिक दलों के नेताओं श्री सतपाल डांग, डा. बलदेव चावला, श्री देव दत्त शर्मा, प्रो. दरबारी लाल, श्री फूल चंद गांधी तथा पत्रकार शामिल हुए । प्रशासन की ओर से एस.पी. सिटी पंडित विद्या सागर शामिल हुए ।

अमृतसर के पत्रकारों ने श्री सग्गू की हत्या की भर्त्सना की है । श्री सुरेन्द्र कुमार बिल्ला, डा बलदेव चावला ने भी श्री सग्गू की हत्या की निंदा की है और प्रशासन से मांग की है कि श्री सग्गू के परिवार को एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाए ।

एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया : अमृतसर जिले के गांव डडी के निकट एक अज्ञात आतंकवादी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया ।

एक घायल : अमृतसर से नारंग के अनुसार आज सुलतानविंड रोड पर तीन आतंकवादियों ने शराब के ठेके पर फायरिंग करके एक व्यक्ति लच्छी राम को घायल कर दिया ।

4 घुसपैठिए मारे गए : आज खेमकरण सैक्टर में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 4 पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए ।

अज्ञात शव बरामद : पुलिस ने तरनतारन पुलिस जिले में काड गिल गांव के निकट आज सुबह नहरों से छलनी एक अज्ञात शव बरामद किया ।

तरनतारन में बम विस्फोट : अमृतसर से पुलिस के हवाले से प्राप्त एक सूचना के अनुसार जिला अमृतसर के तरनतारन कस्बे के सदर बाजार में आज तीसरे पहर हुए एक शक्तिशाली बम विस्फोट में पांच लोग घायल हो गए ।



नृशंस के शिकार आतंकवादियों के हाथों मारे गए एक पुलिस ड्राइवर सुखविंदर सिंह का शव । (छाया : के.पी. सिंह)

4 उग्रवादी गिरफ्तार : सुरक्षा कर्मियों ने फिरोजपुर जिले में कोहाबा गांव के निकट मामूली मुठभेड़ के बाद चार उग्रवादियों को पकड़ लिया । इनके कब्जे से दो ए.के. 47 असाल्ट राइफलें, 50 कारतूस, कारतूसों के खोल, 500 ग्राम विस्फोटक, छह फ्यूज और 50 मीटर लम्बी तार मिली है ।

एक आतंकवादी गिरफ्तार : पठानकोट (महेंद्र): सरदार गुरपाल सिंह बस्सी डी.एस.पी. पठानकोट ने बताया कि सदर पुलिस की एक पार्टी जिसका नेतृत्व श्री प्रदीप कुमार एस.एच.ओ. कर रहे थे, ने गांव बावेआं लाहड़ी के पास नाका के दौरान दो व्यक्तियों को, जो एक हीरो हांडा मोटर साइकिल पर थे, रुकने को कहा तो उन्होंने पुलिस पार्टी पर गोली चला दी । जवाब में पुलिस ने भी गोली चला दी और इस मुठभेड़ के पश्चात प्रीतम सिंह उर्फ पीता नामक दुर्दांत आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका दूसरा साथी भागने में सफल हो गया । पुलिस ने प्रीतम सिंह से एक 32 बोर का रिवाल्वर 2 जिन्दा कारतूस बरामद किए हैं । पुलिस के अनुसार प्रीतम सिंह कई हत्याओं में संलिप्त है तथा बी.एस.एफ. की चौकी पर हमला करने के केस में भी वांछित है ।

सूचना

भारतीय स्टेट बैंक
10 नवम्बर, 1990

जन्म भूमि स्थली को 6 दिसम्बर से पहले-पहले हिन्दुओं को सौंप कर टकराव से बचें । यह सवाल अब सिर्फ किसी एक वर्ग, पार्टी, संस्था का न रह कर देश की अस्मिता का बन गया है ।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में हुए नरसंहार के शहीदों की अस्थियोंयुक्त कलश 15 नवम्बर से मोगा से दो-भागों में, एक जालंधर, होशियारपुर, कपूरथला, अमृतसर, गुरदासपुर, दूसरा भाग फिरोजपुर, भटिंडा, संगरूर, लुधियाना, पटियाला, चंडीगढ़ जैसे बड़े शहरों के अलावा 500 स्थानों पर जाएगा । विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता इसके साथ-साथ चलेंगे । श्री मदनजीत सिंह ने दूरदर्शन को चेतावनी देते हुए कहा कि वह एक-पक्षीय खबरें प्रसारित करने से बाज आए, नहीं तो परिषद गंभीर पग उठाने पर मजबूर होगी ।

सरकार को चेतावनी : कमलेश के अनुसार श्रीराम युवा दल की एक बैठक श्री अरुण खन्ना की प्रधानगी में शिवालय भाइयां में हुई जिसमें अयोध्या में शहीद हुए कार सेवकों को श्रद्धांजलि भेंट की गई और तमाम रामभक्तों को आह्वान किया गया कि 21 नवम्बर को अमृतसर में शहीदों के अस्थि कलशों के पहुंचने पर भरपूर पुष्पांजलि भेंट करें । श्री खन्ना ने कहा कि जो भी अगला कार्यक्रम हमारे नेताओं ने दिया है, राम युवा दल उस पर तन-मन-धन से अमल करेगा । उन्होंने सरकार को चेतावनी दी कि वह करोड़ों हिन्दुओं की भावनाओं को समझे और पिछली सरकार जैसी गलती न दोहराए और तुरन्त अयोध्या में राम मंदिर-निर्माण की घोषणा करे ।

राम-भक्त चैन से नहीं बैठेंगे

(पृष्ठ 3 का शेष)

प्रकाश हरियाणा (होशियारपुर) लापता हैं । तीन कार सेवक फैजाबाद के अस्पताल में भर्ती हैं ।

उन्होंने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद एवं कार सेवा समिति देशवासियों को विश्वास दिलाती है कि कोई कोई भी रणनीति अपनानी पड़े और कितने भी बलिदान देने पड़ें, श्री राम जन्म स्थान पर श्री राम जी के भव्य मंदिर का निर्माण अवश्य होगा । उन्होंने देश के मुसलमान भाइयों से अनुरोध एवं अपील की कि वे इंडोनेशिया के मुसलमानों के समान अपना मजहब अलग होने पर भी अपना सम्बन्ध अपने पूर्वजों से जोड़े और भारत में इस्लामिक पद्धति के अनुसार अबादत करते हुए बाबर की बजाए श्री राम जी से अपना सम्बन्ध जोड़ें ।

उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि अब तक 84 लाशों का स्पष्ट पता लग चुका है । उन्होंने कहा कि यह देश के लोकतंत्र की विचित्र विडम्बना है कि जहां देश की 80% आबादी राम मंदिर निर्माण की प्रबल समर्थक है, वहां भाजपा को छोड़ कर अन्य राजनीतिक दल अपनी अन्य मजबूरियों के कारण जनता के विपरीत स्टैंड लिए हैं । उन्होंने कहा कि 30 अक्तूबर को कार सेवा तो हुई किन्तु वह अधूरी रही और इसे पूर्ण करने के लिए संघर्ष जारी है ।

सद्भावना पखवाड़ा आज से

अमृतसर, 13 नवम्बर (वर्मा): अ.भा. कांग्रेस सेवा दल के आदेशों के अनुसार देश भर में कांग्रेस सेवा दल यूनिटों की ओर से 14 नवम्बर से 30 नवम्बर तक सद्भावना पखवाड़ा मनाने का निर्णय किया गया है । इस सम्बन्ध में धार्मिक स्थानों पर प्रार्थना सभाएं सर्वधर्म सम्मेलन व सर्वधर्म एकता के लिए प्रचार करने की हिदायतें दी गई हैं ।

अयोध्या में केवल 16 लोग मरे : गृह विभाग का दावा

लखनऊ, 13 नवम्बर (वार्ता): गृह विभाग ने कहा है कि अयोध्या में गत 30 अक्तूबर व दो नवम्बर की घटनाओं में केवल 16 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है । इस सम्बन्ध में 12 व्यक्तियों की एक सूची जारी की गई है । चार मृतकों के बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है ।

नई केंद्र सरकार से सम्पर्क नहर शीघ्र पूरी करने को कहूंगा : हुकम

चंडीगढ़, 13 नवम्बर (वार्ता): हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री हुकम सिंह ने कहा है कि वह सतलुज-यमुना सम्पर्क नहर के पंजाब क्षेत्र में निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने बारे नई केंद्रीय सरकार से आग्रह करेंगे । नहर निर्माण में हो

हड़ताल के कारण आम कामकाज बहुत प्रभावित हुआ है तथा व्यापारी वर्ग भारी परेशान है । विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने सरकार से इन कर्मचारियों की मांगें स्वीकार करने की अपील की है ।

सभी के अनुसार डाक तार विभाग की कर्मचारी यूनियनों की समन्वय समिति और केन्द्र सरकार के कर्मचारियों की समन्वय समिति ने दूरसंचार कर्मियों की हड़ताल को पूर्ण समर्थन देते हुए भूख हड़तालीं कर्मचारियों के साथ 24 घंटे के क्रमिक अनशन में बैठने का फैसला किया है । दूरसंचार कर्मचारियों का क्रमिक अनशन आज दूसरे दिन में प्रवेश कर गया । आज यहां हड़तालीं कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया व रैली आयोजित की जिसे कई कर्मचारी नेताओं ने संबोधित किया । इस बीच उनकी हड़ताल 11वें दिन में प्रवेश कर गई है । पंजाब व हरियाणा में सभी तार कार्यालयों का कामकाज ठप्प हो गया है । टैलीफोन सेवाएं भी पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ में अस्त-व्यस्त होकर रह गई है ।

नकोदर (गगन): नकोदर, नूरमहल व शाहकोट के टैलीकॉम कर्मियों की आज 11वें दिन भी हड़ताल रही । इस हड़ताल के कारण आम कामकाज पर बुरा असर पड़ा है और व्यापारी वर्ग बेहद दुखी है । टैलीकॉम यूनियन के स्थानीय प्रधान श्री प्यारे लाल शर्मा व सैक्रेटरी श्री काशी राम ने कहा है कि जब तक हमारी मांगें नहीं मानी जाती, हमारा संघर्ष जारी रहेगा ।

लुधियाना : (नेपाल): तार तथा टैलीफोन विभाग के कर्मचारियों की कलम छोड़/एल छोड़ हड़ताल आज 11वें दिन में दाखिल हो गई है जिससे टैलीफोन विभाग का कामकाज बुरी प्रकार प्रभावित हो रहा है । जिन लोगों के टैलीफोन खराब हो गए हैं, वे खराब ही चले आ रहे हैं, जिससे लोग भारी दुखी हैं तथा वे टैलीफोन बन्द रहने की अवधि में किराए में छूट की मांग करेंगे, जो कि टैलीफोन 7 दिन या 15 दिन बन्द रहने पर मिल सकती है । तार विभाग का कामकाज बिल्कुल ठप्प पड़ा है ।

आयकर-छूट सीमा 50 हजार रु. करने की मांग

पटियाला, 13 नवम्बर (भूषण): पंजाब गवर्नमैंट कालेज लैक्चरर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी ने केंद्रीय सरकार से मांग की है कि आय-कर छूट-सीमा 22 हजार रु. से बढ़ा कर 50 हजार रु. की जाए । टीचरों को 5 हजार रुपए कर छूट दी जाए ताकि वे पुस्तकें, पत्रिकाएं आदि खरीद सकें ।

चीन श्रीलंका को आधुनिक सैनिक साज सामान देगा

कोलम्बो, 13 नवम्बर (वार्ता): चीन, श्रीलंका को अत्याधुनिक सैनिक साज-सामान देने जा रहा है, जिसका उपयोग वह तमिल विद्रोहियों के खिलाफ देश के उत्तर पूर्ववर्ती क्षेत्र में चल रही छापामार लड़ाई में किया जाएगा । श्रीलंका के एक प्रमुख दैनिक ने प्रतिरक्षा और कूटनीतिक सूत्रों के हवाले से इस बात की जानकारी दी है । सूत्रों के अनुसार दोनों देशों ने एक समझौते पर दो महीने पहले जो हस्ताक्षर किए हैं, उसके तहत श्रीलंका को चीन अगले साल के शुरू तक तोप नौकाएं देगा

गैस ब्लैक में बेचने के आरोप में केस दर्ज

होशियारपुर, 13 नवम्बर (अश्विनी): बलाचौर पुलिस ने एक व्यक्ति जसविन्दर सिंह के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 7 के अधीन केस दर्ज कर लिया है । पुलिस सूत्रों ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध कंकिंग गैस ब्लैक में बेचने की शिकायतें प्राप्त हुई थीं ।

इसी बीच होशियारपुर नगर में गैस डीलरों ने आज दूसरे दिन भी हड़ताल की । हड़ताल के कारण लोग काफी परेशान हैं ।

लुधियाना में गैस सिलैंडरों की सप्लाई शुरू

लुधियाना, 13 नवम्बर (धीमान, महिन्द्रा): स्थानीय प्रशासन और कंकिंग गैस डीलरों के

Punjabi Sahitya

एरिया कमांडर सहित 7 आतंकवादी मरे, पंजाब में अन्यत्र 3 सुरक्षा कर्मियों सहित 10 हत्याएं

दो बैंक लूटे : सीमा सुरक्षा बल की चौकी पर हमला : 6 उग्रवादी काबू

चंडीगढ़, 14 नवम्बर : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान के एरिया कमांडर मुख्तियार सिंह तथा उसके निकटवर्ती साथी सुखचैन सिंह समेत 7 आतंकवादी मारे गए, 3 सुरक्षाकर्मियों समेत 10 लोगों की हत्या हुई, दो बैंक लूटे गए, बी.एस.एफ. चौकी पर हमला हुआ तथा छः उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया ।

2 आतंकवादी मरे : अमृतसर (वार्ता): तरनतारन पुलिस जिला में पट्टी से भिखीविंड जा रही सी.आर.पी.एफ. की एक गश्ती टुकड़ी पर आज प्रातः आतंकवादियों के एक गिरोह ने हमला किया । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर दो आतंकवादी मारे गए । उनके अन्य साथी बचकर भाग गए । घटनास्थल से एक जनरल परपज मशीनगन, दो राइफलें तथा भारी परिमाण में गोला-बारूद बरामद हुआ है । मुठभेड़ में दो सुरक्षा कर्मी घायल भी हुए हैं । उन्हें श्री गुरु तेगबहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है । मरने वाले आतंकवादियों को पहचान भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान के एरिया कमांडर मुख्तियार सिंह तथा सुखचैन सिंह के रूप में हुई है ।

2 और आतंकवादी मरे : अमृतसर जिला के बुच्चर खुर्द गांव में आज शाम सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 अज्ञात आतंकवादी मारे गए । घटनास्थल से एक लाईट मशीनगन, एक ए.के. 47 राइफल तथा 145 कारतूस बरामद हुए हैं ।

शव बरामद : तरनतारन पुलिस जिला के धारिड़ा व पट्टी के मध्यवर्ती क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है ।

टैंक क्षतिग्रस्त : अमृतसर जिला के खेमकरण क्षेत्र में मस्तगढ़ गांव के निकट आतंकवादियों ने विस्फोट करके सैनिक काफिले के तीन टन वजनी एक टैंक के पिछले हिस्से को क्षति पहुंचाई । इससे कोई हताहत नहीं हुआ ।

कांस्टेबल ड्यूटी छोड़कर भागा : तरनतारन पुलिस जिला में बलासौर रोड पर हरि राम के शैलर में स्थित सुरक्षा चौकी से कल रात कांस्टेबल हरदयाल सिंह हैड कांस्टेबल इकबाल सिंह को घायल करने के बाद स्टेनगन, बाकी-टाकी सैट तथा दो मैगजीन लेकर भाग गया ।

बैंक लूटा : कल रात आतंकवादियों ने मजीठा पुलिस जिला के तरसिक्का गांव में स्थित पंजाब नैशनल बैंक की शाखा से 1.90 लाख रुपया लूट लिया । बताया जाता है कि आतंकवादियों ने तरसिक्का गांव से अपने घरों को जा रहे 4 बैंक कर्मियों का अपहरण कर लिया तथा उनसे बैंक की चाबियां छीन लीं । बाद में आतंकवादी बैंक से धनराशि लूटकर भाग गए ।

आपसी लड़ाई में एक आतंकवादी मरा : तरनतारन पुलिस जिला के बां गांव में निजी लड़ाई के कारण उसबीर सिंह नामक एक आतंकवादी मारा गया ।

एक और बैंक लूटा : जालंधर (न) : कल गांव टोवा में देहाती विकास बैंक की ब्रांच से कुछ अज्ञात उग्रवादी लुटेरे 57417 रुपए लूट कर फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर के जांच शुरू कर दी है ।

स्कूटर छीना : जालंधर (विशेष): आज शाम करीब 4 बजे दो सशस्त्र नौजवानों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति कृपाल सिंह से उसका सफेद रंग का बजाज स्कूटर छीन लिया ।

रुपए लूटे : लुधियाना (धीमान): लुधियाना के निकट ताजपुर रोड पर आज ट्रैक्टर सवार दो आतंकवादी आए और पिस्तौल दिखा कर 974 रुपए लूट कर ले गए ।

स्कूटर छीन कर भागे : लुधियाना के बसंत पार्क क्षेत्र से कुछ संदिग्ध व्यक्ति एक युवक से स्कूटर छीन कर भाग गए ।

एक की हत्या : बटाला (कोछड़): आतंकवादियों ने कल शाम 6 बजे डेरा बाबा नानक थाने के गांव खुशहालपुर में हरपाल सिंह (32) नामक एक व्यक्ति को घर से बाहर बुलाया और गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 के चले हुए 7 कारतूस मिले हैं ।

शव बरामद : फतेहगढ़ पांडिया थाने के गांव कोटली में पुलिस ने एक शव बरामद किया है । शव पर तेजधार हथियारों के निशान पाए गए हैं ।

बी.एस.एफ. चौकी पर हमला : आतंकवादियों के एक गिरोह ने कल रात डेरा बाबानानक थाने के गांव मोलेवाली में बी.एस.एफ. चौकी पर हथगोले फैंके । हथगोले निशाने पर नहीं गिरे, जिससे कोई नुक्सान नहीं हुआ ।

एक और शव मिला : पुलिस जिला बटाला के गांव हरचांवाल से पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया है ।

मुठभेड़ में दो आतंकवादी मरे : फिरोजपुर (वार्ता): मल्लांवाला गांव के निकट आतंकवादियों के एक गिरोह ने हथियारों की बरामदगी के लिए बलदेव सिंह नामक एक आतंकवादी को ले जा रही पुलिस पार्टी पर घात लगाकर हमला किया । मुठभेड़ में बलदेव सिंह तथा एक अन्य अज्ञात आतंकवादी मारा गया । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल बरामद हुई है ।

3 लोगों की हत्या : फिरोजपुर जिला के चक हर्ज बेखां गांव में आतंकवादियों ने कल रात एक घर में घुसकर किक्कर सिंह, उसके बेटे बलविन्दर सिंह तथा सम्बन्धी गुरनाम सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

दो लोगों का अपहरण : कपूरथला (वार्ता): आतंकवादियों ने रायपुर रियाना तथा मिर्जापुर गांवों से दो लोगों दालम सिंह तथा रमेश कुमार का अपहरण कर लिया ।

6 आतंकवादी गिरफ्तार : पुलिस ने बटाला क्षेत्र से 4 तथा फरीदकोट क्षेत्र से 2 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । उनसे कुछ गोली-सिक्का भी मिला है ।

दो पुलिस अधिकारियों की हत्या : पटियाला (राजु) : कल शाम आतंकवादियों ने यहां से 28 किलोमीटर दूर मामाना में फायरिंग करके गश्त पर जा रहे पुलिस सब इंस्पैक्टर हरबंत सिंह की हत्या कर दी । आतंकवादी उक्त वारदात के बाद वहां से गुजर रहे दो लोगों से मोटरसाइकिल तथा स्कूटर छीन कर भाग गए ।

होमगार्ड जवान की हत्या : संगरूर (वार्ता): कल दुग्गा गांव के निकट आतंकवादियों ने होमगार्ड जवान मलकीयत सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।



(1) जालंधर में शरारतियों द्वारा रैनक बाजार में जलाई एक कपड़े की ... हुए संघर्ष में घायल युवक ।





उत्तरी दिल्ली में बुधवार को दो समूहों द्वारा भारी पथराव और ... उठी ।

मेरे समर्थकों को खरीदने की कोशिश की गई : वी.पी. सिंह

न्यूयार्क, 14 नवम्बर (प.स.): पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आज कहा कि श्री चंद्र शेखर का समर्थन बढ़ाने के लिए उनके समर्थक सांसदों को व्यापारियों ने धन का प्रलोभन देकर खरीदने की कोशिश की । न्यूयार्क टाइम्स के साथ एक भेंट में श्री सिंह ने इस सवाल पर कोई टिप्पणी नहीं की कि श्री चंद्र शेखर की सरकार कितने समय तक चलेगी । उन्होंने कहा, "यह तो कांग्रेस पार्टी ही तय

राजीव की चंद्र शेखर से भेंट : 16 को विश्वास मत के मुद्दे पर वार्ता

नई दिल्ली, 14 नवम्बर (प.स.): कांग्रेस (इ) अध्यक्ष राजीव गांधी ने आज यहां प्रधानमंत्री चंद्र शेखर से मुलाकात की । समझा जाता है कि दोनों नेताओं ने वर्तमान राजनीतिक स्थिति के बारे में विचार-विमर्श किया । श्री गांधी और श्री चंद्र शेखर ने 16 नवम्बर को लोकसभा में पेश किए जाने वाले विश्वास प्रस्ताव के मुद्दे पर भी बातचीत की ।

श्री चंद्र शेखर ने कहा कि उनकी सरकार को कांग्रेस (इ) का समर्थन पूरी तरह बिना शर्त है । जनता दल (एस) संसदीय पार्टी की बैठक में उन्होंने जनता दल के दो-फाड़ होने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह को दोषी ठहराया ।

उन्होंने देश की राजनीतिक स्थिति की चर्चा करते हुए कहा कि हम विभिन्न समस्याओं का समाधान विनम्रता किन्तु दृढ़ता से ढूंढने का प्रयास करेंगे । संकट की इस घड़ी में हम सभी सम्बद्ध चाहते ।

श्री देवी लाल ने बैठक में कहा कि उनके भरसक प्रयत्नों के बावजूद जनता दल को दो-फाड़ होने से नहीं बचाया जा सका ।

श्री चंद्रशेखर ने कहा कि उनकी सरकार अपने राजनीतिक विरोधियों के प्रति प्रतिशोधात्मक नीति नहीं अपनाएगी ।

मंत्रिमंडल विस्तार 16 के बाद : दल के मुख्य सचेतक श्री हरमोहन धवन ने बताया कि चंद्रशेखर मंत्रिमंडल का विस्तार 16 नवम्बर के बाद होगा ।

इससे पूर्व उड़ीसा के जद (एस) नेता भगत चरण दास ने कहा कि वी.पी. सिंह सरकार से इस्तीफा देने वाले सभी मंत्री नए मंत्रिमंडल में लिए जाएंगे ।

देशवासियों से अपील : इसी मध्य प्रधानमंत्री श्री चंद्रशेखर ने आज देशवासियों से भावनात्मक अपील की है कि वे देश में साम्प्रदायिक

दिल्ली में छुरेबाज़ी, आगज़नी, ... मरे : सदर बाजार, बाड़ा हिन्दू रा...

Punjabi Sanatani



...ार को उपद्रवग्रस्त सदर बाजार क्षेत्र का दौरा ...होने से पूर्व हाथ उठा कर लोगों को आश्वासन (छाया : प्रै. ट्र.)





...ार क्षेत्र में पुलिस कर्मी गश्त लगाते हुए तथा ...न यूनिटें। (छाया : प्रै. ट्र.)





फिरोज़पुर क्षेत्र में उग्रवादियों द्वारा 7 बस यात्रियों की हत्या

सीमा पार करके पाकिस्तान जा रहे 3 भारतीय नागरिकों को बी.एस.एफ. ने मार गिराया

पंजाब में अन्यत्र 10 लोगों की जानें गईं, 8 उग्रवादी भी मरे

चंडीगढ़, 15 नवम्बर : फिरोजपुर जिला में आतंकवादियों ने कल शाम 7 बस यात्रियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान विभिन्न वारदातों में 3 भारतीय नागरिक सीमा पार करके पाकिस्तान जाने की कोशिश करते समय सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारे गए तथा उग्रवादियों ने 10 और लोगों की जानें लीं । इस बीच राज्य में अलग-अलग घटनाओं में 8 आतंकवादी भी मारे गए ।

7 बस यात्रियों की हत्या : फिरोज़पुर (धीमान) : कल सायं लगभग 5 बजे एक मारुति कार में सवार चार उग्रवादियों ने फिरोज़पुर से धर्मकोट जा रही पंजाब रोडवेज़ की एक बस (नं पी.यू.जी. 1698) का अपहरण कर लिया । यह घटना गांव कटोरा के निकट हुई । जब इन उग्रवादियों ने उक्त बस को रोका,तभी मोगा से पंजाब रोडवेज़ की एक अन्य बस (नं. पी.यू.यू. 3508) भी वहां पहुंच गई तथा उग्रवादियों ने इस बस को भी रोक लिया और बन्दूक की नोक पर इनका अपहरण करके गांव तलवंडी जल्लेखां वाला में ले गए । वहां मोगा से आई बस खराब हो गई और वह रुक गई । मगर उग्रवादी दूसरी बस को आगे ले गए तथा लगभग 4 फ्लांग दूर जा कर उसे रोक लिया । वहां एक और मारुति कार में सवार 6 अन्य उग्रवादी प्रतीक्षा में थे । जैसे ही वह बस वहां रुकी, सभी उग्रवादियों ने इस बस को घेर कर इस पर अंधाधुंध फायरिंग करनी शुरू कर दी । फायरिंग से बस में सवार 7 यात्री मारे गए तथा पांच अन्य घायल हो गए । आतंकवादियों ने बाद में बस को आग लगा दी । मृतकों में से केवल 4 की ही पहचान हो सकी है । इनके नाम विजय कुमार (गली नं. 6, न्यू टाऊन, मोगा), संजीव कुमार (जलालाबाद), सुरेन्द्र तथा तीर्थ राम (दोनों ही कोट ईसेखां निवासी) बताए जाते हैं । जिन घायलों की पहचान हुई है, उनके नाम पुरुषोत्तम लाल, सुरेन्द्र कुमार व हरबंस लाल (तीनों ही कोट ईसेखां निवासी) तथा राजकुमार और कुलवंत राय (दोनों जालन्धर निवासी) बताए जाते हैं । उग्रवादियों द्वारा बस को आग लगा दिए जाने से तीन शव बुरी तरह जल गए जिस कारण इनकी पहचान नहीं हो सकी ।

इस दौरान फिरोजपुर के जिलाधीश तथा पुलिस अधीक्षक ने शांति समिति की एक बैठक का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक दलों के नेता तथा प्रतिनिधि शामिल हुए । इस बैठक में जनता से साम्प्रदायिक सद्भावना, आपसी भाई-चारा तथा शांति बनाए रखने की अपील की गई । इस घटना के शोक-स्वरूप आज ज़ीरा पूर्णतः बंद रहा । इस बीच 4 घायलों को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई । पांचवें घायल की हालत गम्भीर होने के कारण उसे लुधियाना के सी.एम.सी. में भेज दिया गया है ।

दो भाइयों की हत्या : फिरोज़पुर से 'कंतोड' के अनुसार निकटवर्ती कस्बा तलवंडी भाई में आतंकवादियों ने कल शाम एक 'धर्म कंडे' पर बैठे दो भाइयों सुरेश तथा राजेश की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

बताया जाता है कि कार में सवार होकर चार आतंकवादी उक्त धर्मकंडे पर आए । 2 आतंकवादी कार से नीचे उतर आए तथा 2 अन्य कार में ही बैठे रहे । उक्त दोनों भाइयों ने दो आतंकवादियों को पकड़ कर नीचे गिरा दिया, जिससे आतंकवादियों के हाथों से ए.के. 47 राइफल छूट गई । इस दौरान कार में बैठे आतंकवादियों ने फायरिंग करके दोनों भाइयों की हत्या कर दी । बाद में चारों आतंकवादी फरार हो गए ।

पाकिस्तान जाने का प्रयास करने वाले 3 भारतीय मरे : फिरोजपुर जिला में सीमा पार करके पाकिस्तान जाने का प्रयास करने वाले तीन भारतीय नागरिकों को सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने मुठभेड़ में मार गिराया । ये तीनों आतंकवादियों के लिए हथियार और गोली सिक्का लाने के लिए सीमा पार जा रहे थे । घटनास्थल से एक पिस्तौल तथा 13 कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

2 आतंकवादी मरे : बटाला (कोछड़) : आज दोपहर बाद थाना कलानौर के गांव दोस्तपुर में पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में 2 आतंकवादी मारे गए । बताया जाता है कि सुरक्षा कर्मियों ने जब उक्त क्षेत्र में कुछ संदिग्ध लोगों को रुकने का संकेत किया तो उन्होंने खेतों में छिप कर सुरक्षा कर्मियों पर फायरिंग की । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग से 2 आतंकवादी मारे गए । मुठभेड़ प्रातः साढ़े दस बजे शुरू हुई और दोपहर बाद अढ़ाई बजे तक चली । घटनास्थल से एक जनरल पर्पज़ मशीनगन, एक बुलेटप्रूफ जैकेट, दो माऊज़र तथा 50 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री बरामद हुई है । मारे गए आतंकवादियों की पहचान नहीं हुई ।

एक की हत्या : कल रात कादियां के निकटवर्ती एक गांव से आतंकवादियों ने याकूब मसीह (40) नामक एक व्यक्ति का उसके घर से अपहरण कर लिया तथा बाद में गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी । मौके से एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल तथा 8 कारतूस मिले हैं ।

शव मिला : कस्बा श्रीहरगोबिन्दपुर के बाहरी क्षेत्र में स्थित एक नहर से पुलिस ने एक शव बरामद किया है । मृतक की अभी तक पहचान नहीं हुई । पुलिस को संदेह है कि उक्त व्यक्ति का गला घोंटने के बाद उसे नहर में फेंका गया है ।

एक और की हत्या : पुलिस जिला बटाला के मंजगांव में आतंकवादियों ने आज दिनेश कुमार नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

दो आतंकवादी मरे : कपूरथला (शर्मा) : थाना भुलत्थ के गांव माडल टाऊन तलवाड़ा के निकट कल शाम पुलिस के घेरे में आ जाने पर एक अज्ञात आतंकवादी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली । उसका साथी फायरिंग करते हुए भाग गया । एक अन्य आतंकवादी कश्मीरा सिंह कल रात सुभानपुर थाना के ठीकरीवाल गांव के निकट पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया । उसका साथी बच कर भाग गया । घटनास्थल से एक रिवाल्वर और 8 कारतूस बरामद हुए हैं ।

2 आतंकवादी मरे : अमृतसर (सोनी, वार्ता): तरनतारन पुलिस जिला के सुरसिंहवाला गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो अज्ञात आतंकवादी मारे गए । घटनास्थल से एक लाईट मशीनगन, एक ए.के. 47 राइफल तथा 145 कारतूस बरामद हुए हैं ।

दो की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के गांधीविंड गांव में कल रात आतंकवादियों ने पूरन सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इसी पुलिस जिला के नदोर गांव में कल रात ही आतंकवादियों ने जोगिन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

एक का अपहरण : थाना वल्टोहा के गांव सराय में गत रात्रि हथियारों से लैस तीन आतंकवादी पलविन्दर सिंह के घर में घुस गए और एक बंदूक, एक राइफल, एक पिस्तौल तथा 15 कारतूस छीन लिए । बताया जाता है कि आतंकवादियों ने हथियार छीनने के बाद पलविन्दर सिंह तथा उसके घर आए उसके भतीजे जसबीर सिंह के बाजू बांध दिए और उन्हें घर से बाहर ले आए । अंधेरे में बलविन्दर सिंह तथा जसबीर सिंह आतंकवादियों के चंगुल से छूट कर भाग गए, लेकिन आतंकवादियों ने जसबीर सिंह को पुनः काबू कर लिया और उसे अपने साथ ले गए । पुलिस के अनुसार यह दो परिवारों की आपसी लड़ाई का मामला प्रतीत होता है, जिसमें आतंकवादियों की मदद ली गई ।

शव मिला : अमृतसर जिला के कच्चा पक्का गांव से पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

जालन्धर में स्थिति शांत : तीसरे दिन भी बिना ढील के कर्फ्यू जारी

जालंधर, 15 नवम्बर (वा., प.स.): जालंधर नगर में आज तीसरे दिन भी कर्फ्यू बिना किसी ढील के जारी रहा । अकाली दल (बादल) के अध्यक्ष श्री प्रकाश सिंह बादल तथा अकाली दल (मान) के अध्यक्ष श्री सिमरनजीत सिंह मान आज उन दो धर्मस्थलों में गए जहां गए संगठनों को मानने इस बारे में तभी विचार किया जाएगा जब दोनों पवित्र ग्रंथों को जल प्रवाह के लिए गोइंदवाल ले जाया जाएगा ।

आज श्री बादल ने आदर्शनगर में प्रभावित धार्मिक स्थल को देखने के उपरान्त अजीत नगर में उप-प्रधान श्री चमन लाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई, जिसमें यशपाल ठाकरे, रजिन्द्र जालंधरी, रमेश हिंदू तथा डा. नीलम राणा ने मुख्य रूप से भाग लिया । इन सभी नेताओं ने संयुक्त बयान में जालंधर में हुई घटनाओं की कड़े शब्दों में निंदा की

Punjabi Sanatani

...चंद्र शेखर ने दंगा पीड़ितों के लिए राहत ...5 लाख रुपए देने की घोषणा की है ।

...ज दिल्ली के उप-राज्यपाल श्री अर्जुन सिंह ...नक बलों को कर्फ्यूग्रस्त क्षेत्रों में फ्लैग मार्च ... आदेश दिया ।

...नदों की टीम का दौरा : राष्ट्रीय मोर्चा ...की टीम कल राजधानी के सदर बाज़ार के ...इलाकों का जायज़ा लेने घटनास्थल पर ... टीम में श्री जयपाल रेड्डी, श्रीमती ...डवते, श्री राज मोहन गांधी, श्री तारीफ़ ...हम्मद अफज़ल और श्रीमती विजया ...गी ।

...य जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री से ...कि वह देश में हिंसा और कल दिल्ली के ...र और जालन्धर में हुई हिंसा जैसी ...ी पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त कदम ...र्टी के महासचिव कृष्ण लाल शर्मा ने एक ...ल सदर बाजार में हुए दंगे पर गहरी ...की ।

...ार्मिक पुस्तकों की पवित्रता भंग करने ... पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह ...द्वारा रचा गया षड्यन्त्र है और इसमें ...ा हाथ होने से इन्कार नहीं किया जा ...शर्मा ने इन घटनाओं की उच्च स्तरीय ...की ।

...ग्रस्त इलाकों का आज भारतीय जनता ... दल व इंका नेताओं ने अलग-अलग ...बाद क्षेत्र की घटनाओं के लिए शरारती ...ा की और पुलिस और प्रशासन की ... अचम्भा व्यक्त किया । भाजपा, ...नातन धर्मी नेता सामूहिक दौरे पर ...इंकाई जत्था सांसद श्री एच.के.एल. ... में ईदगाह रोड की ओर गया ।

...राष्ट्रीय सचिव डा. विजय कुमार ...प्रधान श्री मदन लाल खुराना, सांसद ...स, प्रदेश अकाली दल (बादल) के ... अवतार सिंह हित, प्रदेश सनातन ...भा के प्रधान श्री मनोहर लाल कुमार ...द्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष श्री ...मूहिक रूप से घायलों व मृतकों के ... की । कटरा धोबियां, ईदगाह, ...ती खटीकां में जले गुरुद्वारे व ...न मंदिर का दौरा करने के बाद ... कि दिल दहलाने वाले दृश्यों, ...ी, लूटपाट व फायरिंग से इलाके में ... ।

...राज्यपाल श्री अर्जुन सिंह से भेंट ...ने सारे कांड की हाईकोर्ट के जज से ...ाने, ईस्ट आफ कैलाश के गुरुद्वारे ...ने की घटना की भी न्यायिक जांच ...ा अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई

...ा जाता है कि सेठ
... सेठ की शादी के
...र्टी राजिन्दर पैलेस,
...स्थगित कर दी गई

...हर ।

...ापन

...योतिष

...नने के लिए प्रसिद्ध तांत्रिक से
...ामिस्ट, राजमहल होटल चौक,

...श्यकता

...A. English, M.Sc. Lady
...ady Typist. Handsome
...immediately. Principal
...umarmandi, Ludhiana

बनकीब करने की मांग की ।

चन्द्रशेखर के हस्तक्षेप पर कर्फ्यू लगा : पत्रकार सम्मेलन में श्री मल्होत्रा और श्री खुराना के अतिरिक्त श्री हित व श्री शान ने बताया कि पुलिस साढ़े आठ घंटे तक ढिलाई बरतती रही । यदि तीन बजे के बाद दंगा भड़कते ही कर्फ्यू लगा दिया जाता तो जानमाल की हानि बच सकती थी । उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल व मुख्य सचिव श्री कपूर से कहा गया, किन्तु वे सोच विचार ही करते रहे, उधर दंगाइयों का हौसला बढ़ता रहा । पुलिस की कार्रवाई भी 6 बजे के बाद शुरू हुई । वह भी तब, जब एक एस.आई. बुरी तरह घायल हो गया । बाद में रात्रि साढ़े आठ बजे श्री मल्होत्रा और श्री खुराना ने प्रधानमंत्री श्री चन्द्रशेखर से मिलकर स्थिति की रिपोर्ट दी तथा प्रशासन व पुलिस की लापरवाही की शिकायत की । प्रधानमंत्री द्वारा सख्ती से दंगे के कुचलने का निर्देश दिए जाने के बाद कर्फ्यू लगा ।

पत्रकार सम्मेलन में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान श्री शान तथा अकाली दल के प्रधान श्री अवतार सिंह हित ने यह भी बताया कि गत 4 नवम्बर को गुरुद्वारा में दो समुदायों की बैठक के बाद तलवारों के वितरण व नारों का आगाज शुरू हुआ । उन्होंने तभी उपराज्यपाल व दिल्ली प्रशासन के सचिव श्री विजय कपूर से भेंट करके संकेत दिया था कि 14 नवम्बर का जलूस अशांति भड़काने वाला होगा, फिर भी बिना इजाज़त के तलवारें, कुल्हाड़े व खंजर उठाए लोगों को जलूस निकालने क्यों दिया गया ?

दंगा से एक सुनियोजित षड्यंत्र का परिणाम—सरकारी प्रवक्ता : उत्तर दिल्ली के सदर बाजार क्षेत्र में कल बड़े पैमाने पर हुआ दंगा एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा था । एक सरकारी प्रवक्ता ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि गुप्तचर एजैंसियों के पास इस बात के पर्याप्त प्रमाण हैं कि पाकिस्तान की गुप्तचर सेवा इन्टर सर्विस इंटैलिजैंस ने अनेक लोगों को तोड़फोड़ तथा विघटनकारी गतिविधियों में प्रशिक्षित करके भारत भेजा है । प्रवक्ता के अनुसार गुप्तचर एजैंसियों की सूचना के अनुसार इन्हीं प्रशिक्षित विघटनकारियों ने पिछले मंगलवार को दक्षिण दिल्ली और जालंधर के धार्मिक स्थलों में धार्मिक पुस्तक जलाने का प्रयास किया था । प्रवक्ता ने बताया कि यह हिन्दू और सिख समुदाय में तनाव पैदा करने की व्यापक साजिश का एक हिस्सा है ।

प्रवक्ता ने बताया कि गुप्तचर एजैंसियों की सूचना के अनुसार पाकिस्तान की गुप्तचर एजैंसी ने करीब 200 व्यक्तियों को प्रशिक्षित करके भारत में सिखों को भड़काने तथा तोड़फोड़ के लिए लोगों को नुक्सान के इरादे से भेजा है ।

सहकारिता विभाग में उच्चाधिकारियों के तबादले

होशियारपुर, 15 नवम्बर (अश्विनी) पंजाब सरकार ने सहकारिता विभाग के कई सहायक व उप-रजिस्ट्रारों को पदोन्नत करके उप व संयुक्त रजिस्ट्रार बना दिया है । जगमोहन सिंह बैंस को पदोन्नति के पश्चात् संयुक्त रजिस्ट्रार फिरोज़पुर मंडल व प्यारा लाल सड़ोया को पदोन्नत करके प्रबन्ध निदेशक पी.सी.यू. चंडीगढ़ लगाया गया है । फिरोज़पुर के संयुक्त रजिस्ट्रार सम्पूर्ण सिंह को मुख्यालय चंडीगढ़ में तबदील कर दिया गया है ।

वीरेन्द्र कुमार को पदोन्नत करके उप-रजिस्ट्रार होशियारपुर, उज्जल सिंह को प्रबन्ध निदेशक सैंट्रल कोआप्रेटिव बैंक अमृतसर, शरणजीत सिंह को प्रबंध निदेशक सैंट्रल कोआप्रेटिव बैंक फिरोज़पुर, करनैल सिंह को डैपुटेशन पर पंजाब स्टेट कोआप्रेटिव बैंक चंडीगढ़ में नियुक्त किया गया है ।

मेजर सिंह ग्रेवाल उप-रजिस्ट्रार होशियारपुर को सहकारी कताई मिल मलोट का प्रबन्ध निदेशक, संजीव सिंह सन्धु को उप-रजिस्ट्रार गुरदासपुर व जगप्रीत सिंह पुरी उप-रजिस्ट्रार गुरदासपुर को डैपुटेशन पर पंजाब राज्य कृषि विकास बैंक चंडीगढ़ में लगाया गया है ।

उपभोक्ता फोरम
(पृष्ठ 3 का शेष)

मगर श्री शर्मा चाहते हैं कि श्री साहनी को तत्काल पदमुक्त कर दिया जाए ।

लेकिन श्री वर्मा ने पुलिस विभाग को अपने इस

आतंक : पंजाब में
(पृष्ठ 3 का शेष)

एक की हत्या : आतंकवादियों के अमृतसर जिला के लिड्ड गांव में पूर्व सैनिक जोगिन्दर सिंह की कल रात गोलियां मार कर हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 के 9 खाली कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

हथियार छीने : आतंकवादियों ने होशियारपुर जिला में महेन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति से एक बंदूक छीन ली । आतंकवादियों ने लुधियाना जिला में भी एक व्यक्ति से एक रिवाल्वर, एक राइफल तथा कुछ कारतूस छीन लिए ।

युवक की हत्या : अमृतसर शहर के इलाका गली कम्बों में आतंकवादियों ने गोपाल वर्मा नामक एक व्यक्ति की कल रात गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

फायरिंग : आतंकवादियों ने सुल्तानविंड के निकट जी.टी. रोड पर पंजाब ब्राह्मण सभा के प्रधान पं. किशोर चंद की फैक्टरी पर आज शाम फायरिंग की । पं. किशोर चंद के गनमैनों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर आतंकवादियों की मारुति वैन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई । आतंकवादी वैन छोड़ कर भाग जाने में सफल हो गए । इस वारदात में कोई हताहत नहीं हुआ ।

2 उग्रवादी मारे गए : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार आज खेमकरण-खालड़ा रोड पर पुलिस की फायरिंग से 2 उग्रवादी मारे गए, जिनकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी । बताया जाता है कि एस.पी. (आप्रेशन) पट्टी और एस.एच.ओ. वल्टोहा खेमकरण से खालड़ा की ओर जा रहे थे कि मार्ग में उग्रवादियों ने घात लगा कर उन पर हमला कर दिया । गोलियों के आदान-प्रदान में 2 उग्रवादी मारे गए । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक ए.के. 74 राइफल, 2 मैगजीन, एक ए.एल.आर. और उसके 3 मैगजीन भी मिले हैं ।

दरबार साहब के निकट एक घायल : आज सायं दरबार साहब के निकट प्रसिद्ध हलवाई खूबी राम के लड़के गिरधारी लाल को उग्रवादियों ने गम्भीर रूप से घायल कर दिया, उसे अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है ।



(ऊपर) कपूरथला जिला के ठीकरीवाल गांव में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी कश्मीरा सिंह का शव और (नीचे) इसी जिला के गांव माडल टाऊन तलवाड़ा में ज़हर खाकर मरने वाले अज्ञात आतंकवादी की लाश । (छाया : चोपड़ा)



पुलिस जिला बटाला के नत्त गांव के निकट आतंकवादियों द्वारा पिछले दिनों बस पर की गई फायरिंग से घायल हुए जयचंद मेहता निवासी नीला महल जालंधर, जिनका अमृतसर के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में उपचार चल रहा है । (छाया : रवि भंडारी)

मुगाबे को नेहरू पुरस्कार

नई दिल्ली, 15 नवम्बर (प.स.): जिम्बाब्वे के

चंद्रशेखर
(पृष्ठ 3 का शेष)

चार वामपंथी दलों ने प्रधानमंत्री श्री चंद्रशेखर द्वारा कल लोकसभा में रखे जाने वाले विश्वासमत के विरोध का फैसला किया है ।

इन वामपंथी दलों में कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया (मार्क्सी), दी कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया, दी आल इंडिया फारवर्ड ब्लाक तथा रैवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी शामिल हैं । इन दलों के संसद में 52 सदस्य हैं ।

68 सांसदों व 195 समर्थकों का दावा : प्रधानमंत्री श्री चंद्रशेखर ने दावा किया है कि 68 सांसद उनके साथ हैं तथा 195 इंका सदस्यों का उन्हें समर्थन प्राप्त है ।

श्री चंद्र शेखर के अनुसार उन्हें अन्नाद्रमुक के 11, नैशनल कांफ्रैंस के 3, मुस्लिम लीग के दो और केरल कांग्रेस के एक सदस्य का समर्थन भी प्राप्त है ।

भाजपा विरोध में मतदान करेगी : भाजपा संसदीय दल ने आज तय किया कि उनके सदस्य कल लोकसभा में प्रधानमंत्री चंद्र शेखर के विश्वास मत के खिलाफ़ मतदान करेंगे । पार्टी के अध्यक्ष श्री लाल कृष्ण अडवानी ने बताया कि उनकी पार्टी के संसदीय दल ने आज शाम अपनी बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला किया है ।

चंद्रशेखर के विरुद्ध मतदान करेंगे: कांशी राम : इलाहाबाद (प.स.): बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कांशी राम ने आज कहा कि यह बात बिल्कुल बेबुनियाद है कि उनकी पार्टी संसद में 16 नवम्बर को श्री चंद्रशेखर के समर्थन में मतदान करेगी । श्री कांशी राम यहां से 20 किलोमीटर दूर गोहनिया में एक सभा को संबोधित कर रहे थे ।

उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने श्री चंद्रशेखर को कोई आश्वासन नहीं दिया है तथा उनकी पार्टी के सांसद 16 नवम्बर को श्री चंद्रशेखर के विरुद्ध मतदान करेंगे ।

श्री कांशी राम ने कहा कि श्री चंद्रशेखर प्रधानमंत्री बनने के बाद उनके आवास पर आए थे और उन्होंने मुझे अपने मंत्रिमंडल में लेने की पेशकश की जिसको मैंने ठुकरा दिया ।

उन्होंने कहा कि श्री देवी लाल व श्री चंद्रशेखर हरदम मंडल आयोग की सिफारिशें लागू करने के विरोधी रहे हैं और उन लोगों का यह प्रचार कि बहुजन समाज पार्टी उनको सहयोग दे रही है बिल्कुल बेबुनियाद व गलत है ।

जिला लुधियाना में डीज़ल, पैट्रोल के नमूने भरे गए

लुधियाना, 15 नवम्बर (महिन्द्रा): आज जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक श्री सुदर्शन गोयल ने आयल कम्पनियों के तालमेलकर्त्ताओं के साथ मिल कर जिला लुधियाना में डीज़ल आयल और पैट्रोल में मिलावट की शिकायतों के संबंध में छापे मारे और कुल 11 नमूने लिए । ये छापे जगरांव, खन्ना, माछीवाड़ा, साहनेवाल में मारे गए ।

जद सांसदों को प्रलोभन ... रहा है : वी.पी. ...

नई दिल्ली, 15 नवम्बर ... प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने ... लगाया कि प्रधानमंत्री चंद्र शेखर ... सांसदों को अपनी ओर मिलाने के लिए ... हैं तथा डरा-धमका रहे हैं । लोकसभा ... वाले विशेष सत्र की पूर्व संध्या पर ... संसदीय दल को सम्बोधित करते हुए ... कि सदस्यों को अपनी ओर मिलाने ... जारी है, मगर मुझे गर्व है कि सभी प्रका... और धमकी के बावजूद आप लोग मजबू... हैं । श्री सिंह ने कहा कि उन्होंने शुरू ... तरह के लोगों को शामिल किया । बह... हमें सचेत भी किया कि हर तरह के लोग ... शामिल नहीं किया जाए । मगर हम ... ज्यादा सुगठित है । दल के महासचिव ... बताया कि आज की बैठक में 75 सा... लिया, जिसमें लोकसभा के जनता दल ... थे ।

बाल दिवस मनाय...

अमृतसर, 15 नवम्बर : जिला ... मजदूर सैल की ओर से पं. जवाहर लाल ... जन्म दिवस एसमा मिल्ज राम तीर्थ रोड ... गया, जिसकी अध्यक्षता श्री इंद्रजीत काक... इस समारोह में सर्वश्री हरजिन्दर सिंह ठेके... शहरी यूथ कांग्रेस, गुलज़ार सिंह (खास... देहाती यूथ कांग्रेस, एस.एस. पांधी महा... अतिरिक्त अन्य यूथ नेताओं ने पं. नेहरू को ... देवता बताते हुए उनके जीवन पर रोशनी ...

जालन्धर में कर्फ्यू
(पृष्ठ 3 का शेष)

दुकानें बंद हो गईं : अमृतसर (अ... लगभग तीन दर्जन सिख युवकों ने आज अप... ढाई बजे शहर के विभिन्न बाजारों से गुज... प्रदर्शन किया व दुकानें बंद करने को कहा, ... अधिकांश दुकानें बंद हो गईं ।

'कमलेश' के अनुसार राष्ट्रीय सिख ... प्रधान सरदार महिन्दर सिंह गेहेले ने सरकार ... की है कि वह तुरन्त उन पाकिस्तानी एजै... पकड़े, जिन्होंने जालन्धर में पवित्र बीड़ों को ... पहुंचाया है ।

राजीव दोषी : लुधियाना (महेंद्रा): अ... दल मान जिला जत्था ने कल 16 नवम्बर को ... में पूर्ण बंद की काल दी है । इस संदर्भ में हुई ... की अध्यक्षता हीरा सिंह गावडिया ने की ... सर्कल जत्थेदार और कार्यकारिणी के सदस्य श... हुए । बैठक में कल 10 बजे नगर में ... निकालने का भी फैसला किया गया और जिला ... को ज्ञापन दिया जाएगा । इस बीच अकाली ... सुर्जन सिंह ठेकेदार और अजीत सिंह ने संयुक्त ... में व्यापारियों और उद्योगपतियों से अपील की ... वह इस बंद को सफल बनाएं । उन्होंने जाल... दिल्ली में पवित्र बीड़ों के अपमान के लिए रा... गांधी और इंका को दोषी ठहराया जो सत्ता में अ... नया खेल खेल रहे हैं ।

कार्यालय कमांडैंट, 34वीं बट., बी.एस.एफ., ममदोट, जिला फिरोजपुर

टैंडर नोटिस

कमांडैंट, 34वीं बट., बी.एस.एफ., ममदोट, जिला फिरोजपुर (पंजाब) द्वारा भ... के राष्ट्रपति की ओर से स्वीकृत ठेकेदारों/सप्लायरों/निर्माताओं से निम्न निर्माण का... लिए, निर्माण मैटीरियल और भवन रख-रखाव स्टोर यथा ईंटें, लोहा, स्टोन एग्री... ब्रिक एग्रीगेट, रेत और हार्डवेयर स्टोर्ज टिम्बर पेंट्स और इलैक्ट्रिकल सर्विस और सि... स्टोर की सप्लाई के लिए मोहरबंद टैंडर आमंत्रित हैं । स्टोर्ज की अनुमानित ला... प्रत्येक कार्य के समक्ष लिखी है :

क्र.	कार्य का नाम	आकलन	धरोहर राशि
1.	बी.ओ.पी. माबोके-34 बट. बी.एस.एफ. में टायलैट ब्लाक बनाना	71,000/- रु.	3,500/- रु.
2.	बी.ओ.पी. गट्टी हयात -34 बट. बी.एस.एफ. में टायलैट ब्लाक बनाना	71,000/- रु.	3,500/- रु.
3.	बी.ओ.पीज. और. बट. है.क्व. ममदोट में रिहायशी		

Punjabi Sanjani

शेखर से मिलकर स्थिति की
सन व पुलिस की लापरवाही की
धानमंत्री द्वारा सख्ती से दंगे के
दिए जाने के बाद कर्फ्यू लगा ।
न में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के
था अकाली दल के प्रधान श्री
ने यह भी बताया कि गत 4
में दो समुदायों की बैठक के बाद
व नारों का आगाज़ शुरू हुआ ।
ज्यपाल व दिल्ली प्रशासन के
पूर से भेंट करके संकेत दिया था
जलूस अशांति भड़काने वाला
इजाज़त के तलवारें, कुल्हाड़े व
को जलूस निकालने क्यों दिया

सुनियोजित षड्यंत्र का
री प्रवक्ता : उत्तर दिल्ली के
ल बड़े पैमाने पर हुआ दंगा एक
का हिस्सा था । एक सरकारी
जानकारी देते हुए बताया कि
पास इस बात के पर्याप्त प्रमाण
ी गुप्तचर सेवा इन्टर सर्विस
क लोगों को तोड़फोड़ तथा
धियों में प्रशिक्षित करके भारत
अनुसार गुप्तचर एजैंसियों की
हीं प्रशिक्षित विघटनकारियों ने
दक्षिण दिल्ली और जालंधर के
र्मिक पुस्तक जलाने का प्रयास
ने बताया कि यह हिन्दू और
नाव पैदा करने की व्यापक
सा है ।
या कि गुप्तचर एजैंसियों की
किस्तान की गुप्तचर एजैंसी ने
यों को प्रशिक्षित करके भारत में
था तोड़फोड़ के लिए लोगों को

युवक की हत्या : अमृतसर शहर के इलाका गली कम्बों में आतंकवादियों ने गोपाल वर्मा नामक एक व्यक्ति की कल रात गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

फायरिंग : आतंकवादियों ने सुल्तानविंड के निकट जी.टी. रोड पर पंजाब ब्राह्मण सभा के प्रधान पं. किशोर चंद की फैक्टरी पर आज शाम फायरिंग की । पं. किशोर चंद के गनमैनों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर आतंकवादियों की मारुति वैन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई । आतंकवादी वैन छोड़ कर भाग जाने में सफल हो गए । इस वारदात में कोई हताहत नहीं हुआ ।

2 उग्रवादी मारे गए : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार आज खेमकरण-खालड़ा रोड पर पुलिस की फायरिंग से 2 उग्रवादी मारे गए, जिनकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी । बताया जाता है कि एस.पी. (आप्रेशन) पट्टी और एस.एच.ओ. वल्टोहा खेमकरण से खालड़ा की ओर जा रहे थे कि मार्ग में उग्रवादियों ने घात लगा कर उन पर हमला कर दिया । गोलियों के आदान-प्रदान में 2 उग्रवादी मारे गए । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक ए.के. 74 राइफल, 2 मैगज़ीन, एक ए.एल.आर. और उसके 3 मैगज़ीन भी मिले हैं ।

दरबार साहब के निकट एक घायल : आज सायं दरबार साहब के निकट प्रसिद्ध हलवाई खूबी राम के लड़के गिरधारी लाल को उग्रवादियों ने गम्भीर रूप से घायल कर दिया, उसे अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है ।



सदस्यों का उन्हें
श्री चंद्र शेख
11, नैशनल कां
केरल कांग्रेस के
है ।

भाजपा वि
भाजपा संसदीय व
सदस्य कल लोक
विश्वास मत के वि
अध्यक्ष श्री लाल कृ
पार्टी के संसदीय व
सर्वसम्मति से यह

चंद्रशेखर
कांशी राम
समाज पार्टी के रा
आज कहा कि यह
उनकी पार्टी संसद
के समर्थन में मतद
से 20 किलोमीटर
संबोधित कर रहे थे

उन्होंने कहा कि
को कोई आश्वासन
सांसद 16 नवम्ब
मतदान करेंगे ।

श्री कांशी रा
प्रधानमंत्री बनने के
और उन्होंने मुझे
पेशकश की जिसक

उन्होंने कहा कि
हरदम मंडल आयो
विरोधी रहे हैं और
बहुजन समाज पा
बिल्कुल बेबुनियाद

Punjabi Sahitani

इन्हों प्रशिक्षित विघटनकारियों ने
को दक्षिण दिल्ली और जालंधर के
धार्मिक पुस्तक जलाने का प्रयास
ता ने बताया कि यह हिन्दू और
तनाव पैदा करने की व्यापक
हस्सा है ।
ताया कि गुप्तचर एजैंसियों की
पाकिस्तान की गुप्तचर एजैंसी ने
तयों को प्रशिक्षित करके भारत में
तथा तोड़फोड़ के लिए लोगों को
भेजा है ।

ा विभाग में
कारियों के तबादले

15 नवम्बर (अश्विनी) पंजाब
रता विभाग के कई सहायक व
पदोन्नत करके उप व संयुक्त
ा है । जगमोहन सिंह बैंस को
ात् संयुक्त रजिस्ट्रार फिरोज़पुर
ल सड़ोया को पदोन्नत करके
ी.सी.यू. चंडीगढ़ लगाया गया
संयुक्त रजिस्ट्रार सम्पूर्ण सिंह को
में तबदील कर दिया गया है ।
ार को पदोन्नत करके
यारपुर, उज्जल सिंह को प्रबन्ध
कोआप्रेटिव बैंक अमृतसर,
बंध निदेशक सैंट्रल कोआप्रेटिव
नैल सिंह को डैपुटेशन पर पंजाब
क चंडीगढ़ में नियुक्त किया गया

ाल उप-रजिस्ट्रार होशियारपुर
मिल मलोट का प्रबन्ध निदेशक,
को उप-रजिस्ट्रार गुरदासपुर व
उप-रजिस्ट्रार गुरदासपुर को

गम्भीर रूप से घायल कर दिया, उसे अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है ।



(ऊपर) कपूरथला जिला के ठीकरीवाल गांव में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी कश्मीरा सिंह का शव और (नीचे) इसी जिला के गांव माडल टाऊन तलवाड़ा में ज़हर खाकर मरने वाले अज्ञात आतंकवादी की लाश । (छाया : चोपड़ा)



पुलिस जिला बटाला के नत्त गांव के निकट

प्रधानमंत्री बनने के
और उन्होंने मुझे
पेशकश की जिसको

उन्होंने कहा कि
हरदम मंडल आयोग
विरोधी रहे हैं और
बहुजन समाज पार्टी
बिल्कुल बेबुनियाद

जिला लुधि
पैट्रोल के

लुधियाना, 1
जिला खाद्य एवं पूर्ति
आयल कम्पनियों के
कर जिला लुधियाना
मिलावट की शिकाय
कुल 11 नूमने लि
माछीवाड़ा, साहनेवा

कमांडैंट,
के राष्ट्रपति की
लिए, निर्माण
ब्रिक एग्रीगेट.
स्टोर की सप्ल
प्रत्येक कार्य के

Punjabi Sarat



क्ष श्री राजीव गांधी, प्रधानमंत्री श्री चन्द्रशेखर, पूर्व प्रधानमंत्री श्री
एम. के सांसद श्री सोमनाथ चटर्जी । (छाया : प्रै.ट्र.)

उन्होंने कहा कि वह अपनी सरकार की सीमाओं को समझते हैं और जो लोग उन्हें जानते हैं, वे यह भी समझते हैं कि "मैं किसी के हाथ की कठपुतली नहीं बन सकता ।"

स्वयं उनके बारे में क्या राय रही है !

श्री दंडवते ने याद दिलाया कि जब दल-बदल

(शेष पृष्ठ 10 पर)

आतंकवादियों द्वारा 2 मंदिरों में तोड़-फोड़ : चंडीगढ़ में 2 बम विस्फोटों से 40 घायल : पंजाब में 14 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 16 नवम्बर (वार्ता, प.स.): आतंकवादियों ने गत रात तरनतारन पुलिस जिले के एक गांव में 2 मंदिरों को भारी क्षति पहुंचाई । गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में 14 लोगों की हत्या कर दी गई तथा 85000 रुपए लूट लिए गए । 4 आतंकवादी भी मारे गए, जिनमें से एक गंगानगर जिले में सीमा पार करने का प्रयास करते हुए मारा गया ।

मृतकों में इंका नेता, डी.एस.पी. के 2 गनमैन, 2 महिलाएं व 2 ठेके के कारिंदे शामिल : ट्रेन पर फायरिंग : 85,000 रुपए छीने : 4 आतंकवादी भी मारे गए ।

चंडीगढ़ में 2 बम विस्फोट, 40 घायल : आज सायं चंडीगढ़ की दो प्रतिष्ठित क्लबों में दो बम विस्फोट हुए जिससे 40 लोग घायल हो गए । एक शक्तिशाली विस्फोट सैक्टर 9 में स्थित सैंट्रल क्लब में हुआ जिसमें 18 व्यक्ति घायल हो गया । उन्हें यहां जनरल हस्पताल में दाखिल किया गया है । इसके साथ ही पंजाब व हरियाणा सचिवालय के बिल्कुल पास चंडीगढ़ क्लब में एक अन्य बम विस्फोट हुआ जिसमें क्लब के 22 सदस्य घायल हो गए जिन्हें पी.जी.आई. ले जाया गया है । चंडीगढ़ के वरिष्ठ अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए ।

दोनों क्लबों की इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं तथा हालों में टूटा कांच बिखरा पड़ा था तथा चारों तरफ खून के दाग थे । बम विस्फोट से दरवाजे, खिड़कियों तथा लकड़ी का फर्नीचर टूट गया ।

सैंट्रल क्लब के एक सदस्य श्री आर.सी. मनचंदा के अनुसार क्लब के मुख्य हाल तथा दो कमरों में महिलाओं सहित लगभग 150 लोग ताश खेल रहे थे, जब बाहर दीवार में रखा बम फट गया । इससे दीवार के निकट मेजों पर बैठे लोग बुरी तरह घायल हो गए । वहां छः महिलाओं सहित 18 व्यक्ति घायल हुए लेकिन चमत्कारी ढंग से बच गए ।

चंडीगढ़ क्लब में घायल होने वाले अधिकांश लोग नौकरीपेशा हैं । यहां भी बम बाहरी दीवार में रखा गया । विस्फोट से खिड़कियां और फर्नीचर नष्ट हो गया । यहां कम से कम 22 लोग घायल हुए ।

मंदिरों में तोड़फोड़ : उग्रवादियों के गढ़ तरनतारन पुलिस जिले के गांव सुरसिंह में गत रात कुछ शरारती तत्वों ने दो मंदिरों को क्षति पहुंचाई । पुलिस के अनुसार कुछ शरारती तत्व, जिनकी संख्या ज्ञात नहीं हो सकी, जबरन दो मंदिरों में इनके द्वार तोड़कर घुस गए तथा मूर्तियों को उखाड़ने का प्रयास किया । उन्होंने दीवार पर लगे चित्रों के फ्रेम भी तोड़ डाले तथा मंदिरों के द्वारों को आग लगा दी । एक मंदिर देवी दुर्गा का और दूसरा भगवान शिव का ।

दो पूजास्थलों को क्षति पहुंचाने का समाचार अमृतसर शहर में फैलते ही तनाव व्याप्त हो गया । कुछ युवकों ने शहर में जलूस निकाला तथा दुकानें बंद करा दीं ।

महिला की हत्या : आतंकवादी गत रात पुलिस जिला मजीठा के गांव बटाला में एक महिला राजवंत कौर को उसके घर से खींच कर बाहर ले आए और गोली मारकर उसकी हत्या कर दी

आतंकवादी का शव मिला : इसी पुलिस जिले में एक अन्य घटना में आज रामदिवाली गांव से अजीत सिंह नामक एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है । पुलिस को संदेह है कि वह आतंकवादी गिरोहों की आपसी लड़ाई में मारा गया है ।

एरिया कमांडर सहित 3 आतंकवादी गिरफ्तार : पुलिस ने आज मजीठा पुलिस जिले में ही संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद तीन आतंकवादियों को दबोच लिया । उनकी शिनाख्त के.सी.एफ. (पंजवड़) गिरोह के एरिया कमांडर धर्म सिंह उर्फ बाबा, जगतार सिंह उर्फ जग्गा और मुख्त्यार सिंह के रूप में हुई है । गिरफ्तार आतंकवादियों के पास से एक ए.के. 47 राइफल, एक लम्बी रेंज की माउजर

(शेष पृष्ठ 10 पर)

मैंने इंका से समर्थन प्राप्त करने का कोई प्रयास नहीं किया : वी.पी. सिंह

नई दिल्ली, 16 नवम्बर (पस) : पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आज लोकसभा में कहा कि उन्होंने अपनी सरकार को बचाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया और इस सम्बन्ध में लगाए गए सारे आरोप पूरी तरह असत्य हैं ।

श्री सिंह विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान हस्तक्षेप कर रहे थे और कांग्रेस (इ) के नेता श्री राजीव गांधी के द्वारा लगाए गए आरोप का उत्तर दे रहे थे । श्री गांधी ने आरोप लगाया कि श्री सिंह के मंत्रिमंडल के दो सदस्य श्री नाथू राम मिर्धा और श्री जार्ज फर्नांडीज ने 'हमारे' पास संकेत भेजे थे और श्री मिर्धा ने तो उनसे बात भी की थी ।

यह सिलसिला उस समय शुरू हुआ, जब प्रो. मधु दंडवते सदन में विश्वास प्रस्ताव के विरोध में बोल रहे थे । श्री दंडवते को टोकते हुए श्री गांधी ने कहा कि आपकी सरकार को बचाने के लिए दो मंत्रियों ने कांग्रेस (इ) का समर्थन के लिए संकेत भेजे थे । इस पर सदन में भारी शोर-शराबा हुआ और श्री दंडवते ने इसका खंडन किया, लेकिन श्री गांधी ने दो मंत्रियों का नाम लिया । वे मंत्री थे श्री नाथू राम मिर्धा और श्री जार्ज फर्नांडीज ।

नोक झोंक : श्री गांधी ने चुनौती दी कि श्री मिर्धा इस बारे में सदन में अपनी स्थिति स्पष्ट करें । इस पर श्री मिर्धा ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस (इ) के नेताओं से देश की मौजूदा स्थिति से निबटने के सिलसिले में सहयोग की बात जरूर कही थी लेकिन सरकार को बचाने के लिए मदद मांगने जैसी कोई बात नहीं हुई ।

पूर्व रेल मंत्री जार्ज फर्नांडीज ने कहा कि मेरी आज तक राजीव गांधी से कभी कोई बात नहीं हुई, समर्थन मांगने की बात तो बहुत दूर की है । इस पर श्री राजीव गांधी ने टोका, "आपकी बात इसके बारे में फोन पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शरद पवार से हुई और उन्होंने मुझे फोन पर बताया ।"

इसके जवाब में श्री फर्नांडीज ने कहा कि फोन पर श्री पवार से मेरी जो बातें हुईं, अगर वे सब सदन में

(शेष पृष्ठ 10 पर)

दूरसंचार कर्मियों की वार्ता अधूरी रही

नई दिल्ली, 16 नवम्बर (प.स.): दूरसंचार कर्मचारियों की अनिश्चित कालीन हड़ताल का आज चौदहवां दिन था जबकि हड़ताली महासंघों के नेताओं की गृह तथा वित्त मंत्रालयों के अधिकारियों से बातचीत अधूरी रही ।

महासंघों के अनुसार सरकार द्वारा अपनाए 'कठोर' रवैये के कारण कोई सकारात्मक नतीजे नहीं हासिल किए जा सके ।

Punjabi Samachar



















बेकमैन्स की



पुलिस ने बताया कि वे दो दर्जन से भी अधिक हत्याओं, दो बैंक डकैतियों तथा धन लूटने की कई घटनाओं में संलिप्त हैं ।

एक अन्य महिला की हत्या : चार आतंकवादियों ने गत रात अमृतसर जिले के खडूर साहब कस्बे से गुरमीत कौर नामक एक महिला का अपहरण कर लिया और बाद में कस्बे के बाहर ले जाकर गोली मारकर उसे मार डाला ।

घायल चल बसा : पुलिस के अनुसार गिरधारी लाल नामक व्यक्ति, जिसे शहर में गत रात गोली मार कर घायल कर दिया गया था, की अस्पताल में मृत्यु हो गई है ।

शव मिला : तरनतारन पुलिस जिले में गांव कड़ियाला से जसबीर सिंह नामक एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ है । मृतक फिरोजपुर जिले के गांव बा का निवासी था ।

एस.पी.ओ. चौकी पर हमला : आतंकवादियों ने गत सायं अमृतसर जिले में बासरके भाणी गांव में एक एस.पी.ओ. चौकी पर हमला कर दिया । हमले में एक व्यक्ति बूटा सिंह, जो उधर से गुजर रहा था, घायल हो गया ।

एक व्यक्ति की हत्या : आतंकवादियों ने आज सवेरे अमृतसर जिले के नदौध गांव के निकट एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

गुरुद्वारे के निकट हत्या : दो आतंकवादियों ने अमृतसर शहर में गुरुद्वारा भाई चंदा सिंह के निकट एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

डाक्टर का शव मिला : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार थाना बैरोवाल के गांव खोजेके में सरकंडों से डाक्टर रघुवीर सिंह पुत्र कश्मीर सिंह का शव मिला है । शव के निकट 12 बोर के पिस्तौल के चले हुए कारतूस मिले हैं । उग्रवादी उनका बजाज स्कूटर लेकर फरार हो गए थे ।

जवाबी फायरिंग में एक मरा : जिला अमृतसर के थाना भिखीविंड के निकट उग्रवादियों ने पुलिस की जीप पर फायरिंग की । जवाबी फायरिंग के दौरान एक व्यक्ति निरंजन सिंह मारा गया, जबकि अवतार सिंह कांस्टेबल घायल हो गया । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 20 खोल मिले हैं ।

जिप्सी ले गए : जी.टी. रोड पर वन मंडल के कार्यालय के अंदर दाखिल होकर चौकीदार को पिस्तौल दिखा कर वहां मौजूद जिप्सी पी.बी. 02 ए-8401 लेकर फरार हो गए ।

अमृतसर नगर के कूचा कम्बोआं से उग्रवादियों ने एक व्यक्ति से उसका हीरो होंडा मोटर साइकल 3181 छीन लिया । एक अन्य घटना में उग्रवादी पी.बी. 02-9489 स्कूटर पिस्तौल की नोक पर छीन कर ले गए ।

उग्रवादी मारा गया : जिला अमृतसर के गांव बासरके में मुकाबले के दौरान एक उग्रवादी मारा गया । उससे ए.के. 74 राइफल बरामद हुई है ।

2 ठेका कर्मचारियों की हत्या : आतंकवादियों ने गत सायं रोपड़ जिले के ओविड गांव में शराब के एक ठेके पर हमला कर दिया और ठेके के दो कर्मचारियों की गोली मार कर हत्या कर दी ।

चंद्र शेखर
(पृष्ठ 1 का शेष)

यह बात याद रखें कि इस भारत भूमि की अखंडता, सार्वभौमिकता और गौरव के सवाल पर कोई समझौता करना न तो उचित होगा और न ही सम्भव होगा ।

उन्होंने पिछड़े वर्गों को आरक्षण के मामले में कहा कि यदि जाति के नाम पर कोई आरक्षण होता है तो उस पर नाराजगी नहीं होनी चाहिए लेकिन जिस तरह से आर्थिक विकास हुआ है, उसमें दूसरे वर्ग के गरीब लोगों की भावनाओं को भी ध्यान में रखना होगा । उन्होंने कहा कि यदि अशांति होती है, अराजकता होती है तो गरीब ही उससे परेशान होता है । गरीब गरीब है, चाहे वह किसी भी जाति या धर्म का हो । उन्होंने कहा कि गरीबी मिटाने के लिए सभी गरीबों को मिल कर एक साथ काम करना होगा ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह जानते हैं कि आज देश की आर्थिक हालत खराब है और हम कई कठिनाइयों से घिरे हुए हैं लेकिन लोगों के मन में यह विश्वास होना चाहिए कि हमारे देश में एक ऐसी शक्ति भी है, जिसके सहारे हम इस कठिनाई से पार पा सकते हैं । उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में दुनिया के सामने ऐसा कहा गया जैसे भारत बेबस हो और जैसे हमारे पास कोई रास्ता न हो । उन्होंने कहा कि आज हमें एक नया संकेत देना पड़ेगा, दुनिया को यह कहना पड़ेगा कि भारत अपने पैरों पर स्वावलम्बन और स्वदेशी के नारे को लेकर फिर खड़ा हो सकता है ।

उन्होंने कहा कि सरकार पूरी कोशिश करेगी कि दुनिया के सब देशों से सहयोग करे लेकिन खास तौर से अपने पड़ौसियों के साथ हम मित्रता का व्यवहार रखेंगे । उनके साथ मिलजुल कर एक नया

अल्पकालिक निविदा सूचना

निम्न कार्यों के लिए पीएसईबी, पी.डब्ल्यू.डी. और एस.ई.एस. के स्वीकृत

Punjabi Sanatan

व ऐसे व्यक्ति को प्रधानमंत्री पद पर लम्बे समय बिठाए रखने का खतरा कब तक मोल ले सकते

और इस प्रकार वह सरकार के साथ एक स्टेपनी रह हैं, जिसे कि उन्होंने अत्यन्त चतुराई के साथ विहीन बना रखा है ।

और ऐसे समय में : और ऐसी स्थिति में कारी सेवाओं में कार्यरत अधिकारियों की क्या त होगी अनुमान लगाइए ? आप रक्षा मंत्रालय लाहकार हैं और आपको इस बात के सभी संकेत रहे हों कि यह सरकार दो या तीन महीने से क नहीं चल पाएगी । मान लीजिए अमरीकी स द्वारा की गई सुनवाई के दौरान यह बात ने आई कि पाकिस्तान के पास 6 एटम बम है । अब ऐसी सरकार जो देश में तीन या 4 माह ही ने वाली हो उस सरकार का मंत्री या प्रधानमंत्री से पूछता है कि "हमारे पास कितने बम हैं ?" क्या आपको इस प्रश्न का जवाब देना हिए ?

यह केवल एक कल्पना मात्र ही नहीं है । यह एक तविकता है । हमारे देश में जिस प्रकार की कार है उसमें हमारे देश की अर्थ व्यवस्था की ति क्या होगी कुछ कहा नहीं जा सकता । जबकि ा के उस पार पाकिस्तान में हमारे से बिल्कुल सरकार इस्लाम के नाम पर सत्तारूढ़ हुई है । एक ऐसी सरकार है जो बेनज़ीर की सरकार के रीत कट्टर भारत-विरोधी भावनाओं को का कर सत्ता में आई है और इस सरकार की डोर सेना के हाथ में हैं...। (देव फीचर्स)

राम मंदिर निर्माण ...

(पृष्ठ 1 का शेष)

ी और चन्द्रशेखर पर आरोप लगाया कि उन्होंने र प्रदेश के मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की र्सना करने के स्थान पर उनकी पीठ ठोंक कर लम तुष्टिकरण को बढ़ावा दिया है और हिन्दुओं उग्रवादी बनाने के लिए उकसाया है ।

स्वामी वामदेव ने कहा कि अयोध्या में निहत्थे रसेवकों के मारे जाने पर देश की हिन्दू जनता में वाद पनपेगा और उसके लिए भाजपा को ड़कर सभी राजनैतिक दल उत्तरदायी होंगे ।

आतंकवाद पंजाब में

(पृष्ठ 1 का शेष)

। इन पर एक-एक लाख रुपए का इनाम था । मुठभेड़ में मरने वाले आतंकवादियों में इन दो के ावा दो और की पहचान भी कर ली गई है । के नाम नरिन्दर सिंह और सेवा सिंह हैं । नरिन्दर विशेष पुलिस अधिकारी था । लेकिन गत माह थूनंगल थाने के नागकलां में वह अपने छः योगियों की हत्या कर फरार हो गया था । दो य आतंकवादियों की शिनाख्त नहीं हो पाई है । घायलों में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडैंट .पी. भारद्वाज भी शामिल हैं ।

बैंक लूटा : मजीठा पुलिस जिला के रैय्या गांव स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से



पुलिस जिला मजीठा के गांव गोरेनंगल में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के मध्य शनिवार को हुए मुकाबले में सी.आर.पी. के दो कर्मी मारे गए तथा 9 अन्य जवान घायल हो गए । चित्र में 1 से 6 तक घायल सुरक्षा कर्मी व 7 और 8 सी.आर.पी. के शहीद जवानों के चित्र । (फोटो : पंजाब केसरी)

जालन्धर में तनाव जारी

(पृष्ठ 1 का शेष)

विक्रांत के अनुसार तरनतारन पुलिस जिला में भगवान शिव और दुर्गा माता के मंदिरों को क्षति पहुंचाए जाने पर रोष प्रकट करते हुए हिन्दू महासभा जालन्धर के सचिव श्री रवि शर्मा एवं प्रधान विजय पाठक ने अपने वक्तव्य में कहा है कि धार्मिक स्थानों को असामाजिक तत्वों द्वारा पहुंचाई जाने वाली क्षति समाज को कमजोर कर रही है और सरकार भी इस संबंध में चुप्पी साधे बैठी है । उन्होंने कहा कि सरकार को हिन्दुओं तथा सिखों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले शरारती तत्वों के

रखने का आग्रह किया है ।

कपूर के अनुसार ब्लाक युवक कांग्रेस कमेटी, राम बाग अमृतसर की एक बैठक श्री विजय साहनी महामंत्री जिला युवक कांग्रेस की अध्यक्षता में हुई जिसमें जालन्धर में गुरु महाराज की पवित्र बीड़ों के अपमान की निन्दा की गई और कहा गया कि यह काम शरारती तथा देश द्रोही ताकतों ने किया है ।

वर्मा के अनुसार प्रमुख कम्युनिस्ट नेता का. सतपाल डांग ने आज एक प्रैस बयान में सरकार से मांग की है कि हिन्दुओं व सिखों को लड़ाने की पाकिस्तान की नापाक साजिश के लिए हथटोका बनने वाले तत्वों को कड़ी सज़ा दी जाए । का. डांग ने कहा कि कुछ वर्ष पहले भी हिन्दू व सिखों को

जालंधर न
घोषणा :

जालन्धर, 17 नव
जालन्धर श्री एन.एस
नगर निगम जालन्धर
के अधीन चुनाव प्रक्रि
है । चुनाव प्रक्रिया

माले में चंद्र
शरीफ़

इस्लामाबाद, 1
प्रधानमंत्री नवज़ श
चंद्रशेखर के बीच
सम्मेलन हो रहा है,
सरकारी सूत्रों का क
कोई विषय सूची नि
सम्भवतः दोनों देश
परस्पर विश्वास पै
करेंगे । दोनों देशों
बीच तनाव घटाने
लेकिन उनकी दो
सहमति नहीं बन
तीसरे दौर की बात

दिल्ली

नई दिल्ली, 17
ने हरियाणा और पं
हिंसक गतिविधियों
बरतने को कहा है
दंगों में और एक पू
वारदातों में पाकिस
के बाद राजधानी
निगरानी बढ़ा दी
चेतावनी दी है कि
वस्तु को हाथ नहीं
दिखाई दे तो नज़
करें । पिछले दि
स्थानों पर हुई सा
से प्रशिक्षण प्राप्त

मेरठ

मेरठ, 17
तक तनावपूर्ण खा
व्यक्ति की साम्प्रद
नगर में तनाव पै

अलीगढ़
से अनिश्चित
है । पुलिस सूत्रों
कल यहां हुई हिं
है । इनमें एक

घायल च
नगर में हुई छुरे
की अज सवेरे अ

Punjabi Sanatani

बलाचौर में धार्मिक प्रवचन सुन रहे लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग, 6 मरे

पंजाब में अन्यत्र 9 सुरक्षा कर्मियों सहित 22 लोगों की हत्या, 2 आतंकवादी मरे : बी. एस. एफ. ने 3 घुसपैठियों को मार गिराय

चंडीगढ़, 18 नवम्बर : होशियारपुर जिला के बलाचौर कस्बे में आतंकवादियों ने कल रात सत्संग में धार्मिक प्रवचन सुन रहे लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे 6 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई। इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान सुरक्षा कर्मियों समेत 22 लोगों की हत्या हुई तथा आतंकवादी भी मारे गए।

लोगों की हत्या : होशियारपुर (प.स.) आतंकवादियों के कल रात बलाचौर कस्बे की [illegible] में सत्संग में बैठे लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग [illegible] नानक दुख भंजन सत्संग घर के प्रमुख बलवंत सिंह टांडेवाले और पांच अन्य व्यक्ति [illegible]। मोटरसाइकिल पर सवार आतंकवादियों [illegible] के पीछे से गोलियां बलाईं। 5 अन्य [illegible] पहचान अजीत सिंह, संतोख सिंह, सुरजीत [illegible] सिंह तथा करतार कौर के रूप में हुई [illegible] अजीत सिंह बाबा बलवंत सिंह [illegible] था। बाबा बलवंत सिंह नेत्रहीन थे। [illegible] में 2 अन्य लोग घायल भी हुए हैं। [illegible] आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफल [illegible] किया। जब आतंकवादियों ने फायरिंग [illegible] समय बाबा बलवंत सिंह धार्मिक प्रवचन [illegible]



[illegible] सिंह, जिनकी शनिवार रात को बलाचौर [illegible] आतंकवादियों ने हत्या कर दी।

अंतिम संस्कार : चंडीगढ़ से 'संघी' के अनुसार टांडा डेरा के मुखिया संत बलवंत सिंह, जिनकी कल रात आतंकवादियों ने बलाचौर में गोलियां मार कर हत्या कर दी थी, का अंतिम संस्कार 19 नवम्बर को उनके डेरा पर दोपहर 2 बजे किया जाएगा।

5 सुरक्षा कर्मियों की हत्या : अमृतसर (वार्ता) मजीठा पुलिस जिला के हाकर कलां गांव में कल रात आतंकवादियों ने 5 सुरक्षा कर्मियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 4 आतंकवादी उक्त गांव में स्थित सुरक्षा चौकी पर आए और उन्होंने तीन विशेष पुलिस अधिकारियों जगतार सिंह, रणजीत सिंह और शाम मसीह एवं दो होमगार्ड जवानों इकबाल सिंह तथा दर्शन सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी। एक एस.पी.ओ. ने भाग कर अपनी जान बचाई तथा एक अन्य एस.पी.ओ. आतंकवादियों के साथ भाग गया। समझा जाता है कि वह उक्त आतंकवादियों से मिला हुआ था। आतंकवादी चौकी से एक सैल्फ लोडिंग राइफल, 3 बंदूकें तथा कुछ गोली-सिक्का भी ले गए।

2 पुलिस कर्मियों की हत्या : आतंकवादियों ने अमृतसर जिला के चीमा कलां गांव में पुलिस सब-इंस्पैक्टर मुख्तियार सिंह तथा चीमा खुर्द गांव में कांस्टेबल विरसा सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी। श्री मुख्तियार सिंह फरीदकोट में नियुक्त था और विरसा सिंह अमृतसर शहर में मजीठा पुलिस जिला प्रमुख श्री परमजीत सिंह गिल के निवास स्थान पर तैनात था।

होम गार्ड जवान की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के पखोके गांव में आतंकवादियों ने कल रात होमगार्ड जवान बलबीर सिंह की उसके घर पर ही हत्या कर दी।

मुठभेड़ में 2 आतंकवादी मरे : तरनतारन पुलिस जिला के असल उतार गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 अज्ञात आतंकवादी मारे गए। घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक ए.एल.आर., एक मैगज़ीन तथा कुछ कारतूस बरामद हुए हैं।

एक की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के एक गांव में आतंकवादियों ने कल रात हैड-कांस्टेबल प्रभ सिंह के घर में घुस कर उनके भतीजे विक्रम जीत सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी। तरनतारन सदर थाना में तैनात उक्त हैड-कांस्टेबल ने भाग कर अपनी जान बचाई। आतंकवादी हैड-कांस्टेबल के घर को आग लगा कर भाग गए।

शव मिला : तरनतारन पुलिस जिला के निजार गांव से पुलिस ने एक शव बरामद किया है। मृतक की पहचान डाक्टर रघुबीर सिंह के रूप में हुई है।

एक की हत्या : मजीठा पुलिस जिला के चौहान गांव में आतंकवादियों ने कल रात मंजीत सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

किसान की हत्या : मजीठा पुलिस जिला के तरसिक्का गांव में आज शाम आतंकवादियों ने गुरमीत सिंह नामक एक किसान की गोलियां मार कर हत्या कर दी। पुलिस ने इसे निजी दुश्मनी की घटना बताया है।

2 घुसपैठिये मरे : अमृतसर जिला के खेमकरण सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने 2 घुसपैठियों को मार गिराया।

एक की हत्या : आतंकवादियों ने तरनतारन पुलिस जिला के चक केहर गांव में [illegible] सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसके रिश्तेदार विक्रम सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

दम्पति की हत्या : फिरोजपुर (वार्ता): आतंकवादियों ने बुटुर गांव में एक घर में घुस कर करतार सिंह तथा उसकी पत्नी मंजीत कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

घुसपैठिया मरा : फिरोज़पुर जिला के ममदोट सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने कल रात भारतीय क्षेत्र में घुसने का प्रयास करने वाले एक पाक घुसपैठिये को मार गिराया।

शव मिला : फिरोजपुर के निकट से एक व्यक्ति का शव मिला है।

दो भाइयों की हत्या : भटिंडा (वार्ता): आतंकवादियों ने मेहराज गांव में बलवंत सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसके दो बेटों बलदेव सिंह तथा गुरमेल सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी। भागने से पहले आतंकवादी घर से एक बंदूक तथा 25 कारतूस भी ले गए।

4 की हत्या : बटाला (कोछड़) पुलिस जिला बटाला के गांव भम्बोई में से गत रात आतंकवादियों ने एक पुलिस कांस्टेबल जोगिन्दर सिंह (25), जोकि फिल्लौर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा था तथा [illegible] सिंह (20) का अपहरण करके उनकी हत्या कर दी। इसी जिले के गांव कुत्तियां वाली में आतंकवादियों के इसी गिरोह ने सुरदल सिंह (17) नामक एक व्यक्ति को घर से बाहर बुला कर उसकी हत्या कर दी। मृतक का भाई पुलिस कांस्टेबल है। कुछ समय पूर्व मृतक के पिता की भी आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी। [illegible] गांव में इसी गिरोह ने एक रिटायर्ड पुलिस कांस्टेबल प्रीतम सिंह (60) की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार इन घटनाओं में ए.के. 47 राइफल प्रयुक्त की गई है। आतंकवादियों ने कादियां के निकट पुलिस कांस्टेबल बलकार सिंह की गोली मार कर घायल कर दिया।

घायल कर दिया : इसी जिले के गांव [illegible]लोपुर के निकट आतंकवादियों ने एक व्यक्ति [illegible]रभजन सिंह को गोलियां मार कर घायल कर दिया।

बसें नहीं चलीं : उधर आज दूसरे दिन भी यहां बटाला से गांवों के लिए बसें नहीं चलीं। यह हड़ताल के.सी.एफ. के लै. जनरल सर्वजीत सिंह उप्पल के एक मुठभेड़ में मारे जाने के विरोध-स्वरूप की गई। निकटवर्ती कस्बे नौशहरा मन्ना सिंह, [illegible]हनुवान, कादियां तथा श्रीहरगोबिन्दपुर भी आज बंद रहे। खालिस्तान नैशनल आर्मी ने 21 नवम्बर को जिला गुरदासपुर बंद रखने का आह्वान किया है।

महिला की हत्या : लुधियाना (महिन्द्रा): गत रात्रि दोराहा के खादी भंडार के प्रभारी अजायब सिंह के घर पर उग्रवादियों ने फायरिंग की। पुलिस ने बताया कि इस फायरिंग से अजायब सिंह की धर्मपत्नी भिंडर कौर की मृत्यु हो गई तथा अजायब सिंह स्वयं घायल हो गए। उग्रवादी घटना के बाद फरार हो गए। एक अन्य सूचना के अनुसार उग्रवादी पायल थाना के गांव हराईच में प्रविष्ट हो गए तथा सरपंच केसर सिंह से एक पिस्तौल, नम्बरदार सिकंदर सिंह से एक बन्दूक तथा भैरों माजरा गांव में एक व्यक्ति से 32 बोर का रिवाल्वर छीन कर ले गए।

डबवाली में मातम : सिरसा (संजय) 17 नवम्बर को डबवाली के जिस घर में शाम को भगवती माता का जागरण होना था, उस घर में 17 नवम्बर को सुबह सात बजे ही मातम छा गया। उक्त परिवार के पांच व्यक्ति उन 11 व्यक्तियों में शामिल थे, जिन्हें कल सुबह उग्रवादियों ने किलियांवाली गांव में गोलियों का निशाना बनाया था।

डबवाली के राजकीय कन्या विद्यालय के पास स्थित श्री राम लाल के मकान पर जागरण होना था। श्री राम लाल आर.एस.एस. की शाखा में जाते समय जागरण के निमंत्रण पत्र अपने साथियों को देने के लिए साथ ले गए थे। ये कार्ड घटनास्थल पर बिखरे पड़े थे। उग्रवादियों की गोलियों से श्री राम लाल, उनके दो युवा बेटे 14 वर्षीय जीवन कुमार व 16 वर्षीय रवि कुमार के साथ-साथ राम लाल के भाई फिरंगी लाल का 14 वर्षीय लड़का रविन्द्र कुमार तथा दूसरे भाई हरबंस लाल का 20 वर्षीय लड़का महेंद्र मारे गए।

17 नवम्बर की दोपहर को जब सिरसा से पत्रकारों का दल डबवाली घटना स्थल पर पहुंचा तो सभी मृतकों का पोस्ट-मार्टम घटनास्थल पर ही एक कनात के पीछे करने के बाद लाशें वारिसों को सौंपी जा चुकी थीं। चालीस हजार की आबादी वाले डबवाली नगर का यही दुर्भाग्य है कि 1966 में पंजाब व हरियाणा बनाते समय इस नगर को इस प्रकार बांट दिया गया कि इस नगर की कुछ गलियां पंजाब में व शेष नगर हरियाणा में शामिल कर दिया गया। यही बात इस नगर के लिए विडम्बना साबित हुई है क्योंकि दो राज्य सरकारों में बंटे इस नगर की सुरक्षा व्यवस्था नगण्य है। कल की घटना इसका जीता-जागता सबूत है। हरियाणा के डबवाली क्षेत्र के लोग साथ लगते पंजाब के डबवाली नगर, जिसे किलियांवाली के नाम से पुकारा जाता है, में स्थित वाटर वर्क्स पर सुबह शाखा लगाते थे, जहां उनकी सुरक्षा का प्रबन्ध किसी भी सरकार द्वारा नहीं किया जाता था। उल्लेखनीय है कि आर.एस.एस. की मोगा शाखा पर गत वर्ष उग्रवादियों द्वारा गोलियां चलाने के बाद यह नीति गत निर्णय लिया गया था कि पंजाब में आर.एस.एस. की शाखाओं पर पुलिस का पहरा रहेगा? मगर डबवाली में ऐसा कभी भी नहीं हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सूचना मिल[illegible] बाद हरियाणा पुलिस 15-20 मिनट [illegible] घटनास्थल पर पहुंची लेकिन पंजाब पुलिस डे[illegible] बाद पहुंची। जिस कारण उग्रवादी भाग निक[illegible]

17 नवम्बर को तीन बजे के लगभग [illegible] डबवाली नगर डबवाली के श्रीराम बाग में इ[illegible] हो चुका था। हर तरफ मातम फैला था क[illegible] डबवाली के 11 मृतकों का अंतिम संस्कार कि[illegible] रहा था। इस अवसर पर उपस्थित दस हज[illegible] अधिक लोगों की आंखों में आंसू थे। डबवाली [illegible] पूरी तरह बंद था तथा शाम को स्थानीय गांधी [illegible] में एक शोक सभा हुई, जिसे भाजपा सांसद [illegible] कुमार मल्होत्रा, आर.एस.एस. के क्षेत्रीय प्रचार [illegible] सोहन सिंह, दिल्ली प्रांत के प्रचारक श्री प्रेम गो[illegible] भाजपा के प्रदेश मंत्री जगदीश मित्तल, भाजपा [illegible] महावीर प्रसाद रातुसरिया, वैद्य श्रीनिवा[illegible] जगदीश चोपड़ा ने सम्बोधित किया। इस अ[illegible] पर शहीद स्मारक बनाने का निर्णय लिया ग[illegible] सहायता समिति भी बनाई गई।

कड़े कदम उठाए जाएं : शर्मा दिल्ली (दिनेश): किलियांवाली गांव में राष्ट्रीय सेवक संघ के 11 सदस्यों की निर्मम हत्या तथ[illegible] वर्करों को घायल किए जाने की घटना पर भा[illegible] जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांस[illegible] कृष्ण लोल शर्मा ने दुख व्यक्त करते हुए इसे प्रशासन एवं पुलिस की विफलता बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री चंद्र शेखर से मांग की वह पाकिस्तान सरकार को तुरन्त अल्टीमेटम [illegible] यदि पाक की नई सरकार भारत की नई सरक[illegible] मैत्री और सहयोग चाहती है, तो अदि[illegible] आतंकवादियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण व घुसपै[illegible] रोक लगाए।

श्री शर्मा ने कहा कि पाकिस्तान से घुसपैठ[illegible] से छुपी नहीं है। पंजाब के राज्यपाल श्री वीरेन्[illegible] ने माना है कि ऐसे तत्व हिन्दू, सिखों व मुसलम[illegible] दंगे कराने के लिए योजनाबद्ध रूप से भारत में [illegible] कर गए हैं, फिर भी पंजाब व हरियाणा सरक[illegible] अतिरिक्त केंद्र ने इसे गम्भीरता से नहीं लि[illegible] परिणामस्वरूप 11 संघ वर्करों की जान चली [illegible] दिल्ली सदर क्षेत्र के दंगे और दक्षिणी दिल्ली [illegible] ग्रंथ की प्रति जलाने का प्रयास, बलाचौर में सत्[illegible] गोलीबारी की घटनाएं सिद्ध करती हैं कि गु[illegible] तथा सुरक्षा विभाग नाकारा साबित हो रहा है।

[illegible]वश संघ को शारीरिक रूप से समाप्त [illegible] का सुनियोजित षड्यंत्र चल रहा है: धीर

[illegible], 18 नवम्बर (ढल्ल): राष्ट्रीय स्वयं [illegible]लन्धर महानगर के संघ चालक श्री [illegible] एक वक्तव्य में गत दिवस फरीदकोट [illegible] कांग्रेस (एस.) ने संघ कार्यकर्ताओं की हत्या करने वाले उग्रवादियों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की है।

खबरदार, सम्भल कर !

इस्ताम्बूल, 18 नवम्बर (रा.): एक टर्किश डाक्टर ने अपने घरों की छतों पर काम-क्रीड़ाएं करने वालों को स्वास्थ्य संबंधी चेतावनी दी है कि वे यह सब सम्भल कर किया करें क्योंकि इस दौरान उनके छत से गिरने की पूरी-पूरी सम्भावना बनी रहती है।

पाकिस्तान ने शिमला समझौते को नकार दिया, कश्मीर पर रुख कड़ा हुआ

नई दिल्ली, 18 नवम्बर (प.स.): पाकिस्तान की नवाज शरीफ सरकार कूटनीतिक मंच पर कश्मीर के [illegible] उपमहाद्वीप के विभाजन के सिद्धान्तों और संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों के अनुसार कश्मीर समस्या के

डीज़ल+नमक=मिट्टी का तेल

कलकत्ता, 18 नवम्बर (क.): एक लि[illegible] डीज़ल में 100 ग्राम सादा नमक मिला देने [illegible] वह मिट्टी के तेल में परिवर्तित हो जाता है।

इस समय नगर में जिन व्यक्तियों को मि[illegible] का तेल उपलब्ध नहीं हो रहा है, उनमें डीज़ल [illegible] इसी प्रकार मिट्टी का तेल बनाने का यह तरी[illegible]

Punjabi Samanta

6 मरे

मार गिराया

शियों के अनुसार सूचना मिलने के
पुलिस 15-20 मिनट बाद
हुंची लेकिन पंजाब पुलिस डेढ़ घंटे
स कारण उग्रवादी भाग निकले ।
र को तीन बजे के लगभग सारा
चक्कर के श्रीराम बाग में इकट्ठा
हर तरफ मातम फैला था क्योंकि
मृतकों का अंतिम संस्कार किया जा
अवसर पर उपस्थित दस हजार से
आंखों में आंसू थे । डबवाली नगर
तथा शाम को स्थानीय गांधी चौक
आ हुई जिसे भाजपा सांसद विजय
आर एस.एस. के क्षेत्रीय प्रचारक श्री
ली प्रांत के प्रचारक श्री प्रेम गोयल,
मंत्री जगदीश मित्तल, भाजपा नेता
रानुरिया, वैद्य श्रीनिवास व
ने सम्बोधित किया । इस अवसर
क बनाने का निर्णय लिया गया ।
भी बताई गई ।

न उठाए जाएं : शर्मा : नई
किलियांवाली गांव में राष्ट्रीय स्वयं
1 सदस्यों की निर्मम हत्या तथा 10
ल किए जाने की घटना पर भारतीय
राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद श्री
ने दुख व्यक्त करते हुए इसे राज्य
लिस की विफलता बताया है ।
श्री श्री चंद्र शेखर से मांग की है कि
सरकार को तुरन्त अल्टीमेटम दें कि
ई सरकार भारत की नई सरकार से
द्योग चाहती है, तो अविलम्ब
दिए जा रहे प्रशिक्षण व घुसपैठ पर

कहा कि पाकिस्तान से घुसपैठ किसी
। पंजाब के राज्यपाल श्री वीरेन्द्र वर्मा
से तत्व हिन्दू, सिखों व मुसलमानों में
ए योजनाबद्ध रूप से भारत में प्रवेश
भी पंजाब व हरियाणा सरकारों के
ने इसे गम्भीरता से नहीं लिया ।
11 रघ वर्करों की जान चली गई ।
व के दो और दक्षिणी दिल्ली में धर्म
ाने का प्रयास, बलाचौर में सत्संग में
घटनाएं सिद्ध करती हैं कि गुप्तचर
ाग नकारा साबित हो रहा है ।







(1) शनिवार की प्रातः किलियांवाली के एक पार्क में उग्रवादियों द्वारा मारे गए लोगों की डबवाली के श्मशान घाट पर सामूहिक अंत्येष्टि की गई, (2) उग्रवादियों द्वारा मारे गए एक युवक के परिवार के लोग विलाप करते हुए, (3) किलियांवाली का वह पार्क जहां उग्रवादियों ने यह जघन्य हत्याकांड किया था । *(फोटो : संजय अरोड़)*

Punjabi Sanatani

नमक=मिट्टी का तेल

केंद्र में शीघ्र ही भाजपा की सरकार

सीमा पार से आतंकवादियों को भारत में दाखिल करवाने के लिए पाक रेंजरों द्वारा भारतीय चौकी पर फायरिंग

मुठभेड़ में 1 आतंकवादी मरा, शेष हथियार छोड़कर वापस भागे

चंडीगढ़, 19 नवम्बर : अमृतसर जिला में बुर्ज सीमा चौकी के निकट से हथियारों समेत आतंकवादियों को भारत में दाखिल करवाने के लिए पाक रेंजरों ने आज तड़के भारतीय चौकी पर फायरिंग की । मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया और उसके अन्य साथी हथियार छोड़कर वापस भाग गए । इस बीच पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 2 उग्रवादी मारे गए तथा 2 लोगों की हत्या हुई । बटाला में उग्रवादियों ने 4 राकेट फैंके, जिससे लोगों में आतंक फैल गया ।

पाक रेंजरों द्वारा फायरिंग : अमृतसर (प.स.): अमृतसर जिले के सीमावर्ती इलाके में सीमा सुरक्षा बल की एक चौकी पर पाकिस्तानी रेंजरों द्वारा गोली चलाकर उसकी आड़ में भारत में आतंकवादियों की घुसपैठ कराने के प्रयास पर भारत ने पाकिस्तान से कड़ा विरोध व्यक्त किया है । भारतीय अधिकारियों ने मांग की है कि पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ तुरंत ही एक 'फ्लैग बैठक' हो, जिसमें आज की घटना पर विचार किया जाए । आज की इस घटना में सुरक्षाबल की गोली से एक घुसपैठिया मारा गया ।

अजनाला सैक्टर की बुर्ज सीमा चौकी के पास आज सुबह पाकिस्तान ने कुछ आतंकवादियों को भारतीय सीमा में प्रवेश कराने का प्रयास किया लेकिन सीमा पर कठोर नाकाबंदी के कारण यह प्रयास विफल हो गया । बताया गया है कि सीमा सुरक्षा बल की ओर से फायरिंग के बाद करीब छह घुसपैठिये वापिस पाकिस्तानी सीमा में भाग गए । भागते समय बड़ी मात्रा में शस्त्र और गोला-बारूद घटनास्थल पर छोड़ गए ।

जालन्धर में बी.एस.एफ. द्वारा जारी की गई एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार सीमा सुरक्षा बल को यह सूचना मिली थी कि आज तड़के 2 बजे के लगभग पंथक कमेटी के सदस्य बसन सिंह जफरवाल के नेतृत्व वाले खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बद्ध आतंकवादियों का गिरोह पाकिस्तान से हथियार लेकर भारतीय क्षेत्र में दाखिल हो रहा है । इसी सूचना के आधार पर सीमा सुरक्षा बल ने कड़ी नाकाबंदी की थी । जवानों ने जब सीमा के निकट कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को घूमते देखा तो उन्हें चुनौती दी । आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । बटाने के लिए बुर्ज सीमा चौकी पर फायरिंग शुरू कर दी । भारतीय चौकी पर गोलियों के कम से कम 9 निशान देखे गए । मुठभेड़ में मरने वाले आतंकवादी का शव उसके साथी पुन: पाकिस्तान ले गए । खून से सने उसके जूते मुठभेड़ स्थल पर ही छूट गए । घटनास्थल से एक जनरल परपज मशीनगन, 2 ए.के. 74 राइफलें तथा 8 मैगजीन बरामद हुए हैं ।

शव मिला : मजीठा पुलिस जिला के खलचियां गांव के निकट से पुलिस ने एक शव बरामद किया है । मृतक की अभी तक पहचान नहीं हुई । पुलिस के अनुसार यह वारदात निजी गुट संघर्ष का परिणाम है ।

बटाला में आतंक : बटाला (कोछड़) औद्योगिक नगर बटाला के लोग रविवार को यहां 4 शक्तिशाली विस्फोट होने के बाद आतंक के बीच रात भर नहीं सोए । पुलिस द्वारा प्रारम्भिक जांच से पता चला है कि खालिस्तान कमांडो फोर्स (जफरवाल) से सम्बद्ध कुछ आतंकवादियों ने बटाला पुलिस जिले के बासरपुरा गांव के निकट विगत शुक्रवार को खालिस्तान कमांडो फोर्स के सुप्रीम जनरल सरबजीत सिंह उप्पल की मौत के विरुद्ध रोष स्वरूप रविवार रात को लगभग 4 राकेट चलाए । पुलिस के अनुसार लोगों को आतंकित करने के लिए बटाला के शहरी क्षेत्र में जालन्धर-अमृतसर बाईपास पर स्थित संत दर्शन सिंह के डेरे के निकट से हवा में राकेट फैंके गए । विस्फोट इतने शक्तिशाली थे कि उनकी आवाज सारे शहर में सुनाई दी । धमाके से कई मकानों की खिड़कियों के शीशे टूट गए ।

पंजाब में अन्यत्र 2 उग्रवादी मरे, 2 लोगों की हत्या

बंद : इस दौरान आज बटाला तथा इसके आसपास के कस्बों कादियां, श्री हरगोबिन्दपुर, काहनूवान, फतेहगढ़ चूड़ियां तथा कलानौर में पूर्ण बंद रहा । खालिस्तान कमांडो फोर्स ने सरबजीत सिंह उप्पल की मौत के विरुद्ध रोष स्वरूप बंद का आह्वान किया है । आज बंद का तीसरा दिन था । कल रात शहर में दो सौ से अधिक पोस्टर चिपके हुए देखे गए, जिनमें 19 तथा 20 नवम्बर को बंद रखने के 'निर्देश' दिए गए हैं । इन पोस्टरों के नीचे खालिस्तान कमांडो फोर्स के चीफ बसन सिंह जफरवाल, जसविन्दर सिंह तथा पंथक कमेटी के एक सदस्य सीतल सिंह मंडियाला के हस्ताक्षर हैं । सूचना मिलने पर पुलिस ने पोस्टर हटा दिए लेकिन कुछेक स्थानों पर ये पोस्टर अभी भी लगे हुए हैं । बटाला क्षेत्र में आतंकवादियों के भय से सड़क यातायात भी बंद रहा । समूचे पुलिस जिला में कोई बस नहीं चली । इस बीच सरबजीत सिंह उप्पल के मारे जाने के विरोध में पंजाब रोडवेज बटाला डिपो के कर्मचारी आज तीसरे दिन भी हड़ताल पर रहे ।

शव बरामद : बटाला पुलिस जिले के गांव बोधे दी खुई के निकट से पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया है । शव पर गोलियों के निशान पाए गए । मृतक की पहचान गांव रंगीलापुरा के सुखदेव सिंह (22) के रूप में हुई है । आतंकवादियों ने कुछ समय पहले सुखदेव सिंह का उसके घर से अपहरण कर लिया था । खालिस्तान कमांडो फोर्स के मतनाम सिंह भूम्बली ने इस हत्याकांड की जिम्मेदारी ली है ।

एक व्यक्ति घायल : बटाला पुलिस जिला में पड़ी बचियां गांव के निकट कल रात आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में एक व्यक्ति क्रास फायरिंग में फंस कर घायल हो गया । उसका नाम बलदेव सिंह बताया जाता है ।

एक आतंकवादी मरा : भटिंडा (वार्ता) कल शाम आतंकवादियों के एक गिरोह ने हथियारों की बरामदगी के सिलसिले में ले जाए जा रहे एक आतंकवादी जग्गा सिंह को छुड़ाने के लिए अहमदपुर तथा कलोहरी गांवों के मध्य पुलिस पार्टी पर हमला किया । क्रास फायरिंग में जग्गा सिंह मारा गया ।

कांस्टेबल की हत्या : जालन्धर (प.स.) कल रात भावता गांव के निकट आतंकवादियों द्वारा गोली चलाने से कांस्टेबल तस्वीर सिंह मारा गया और विशेष पुलिस अधिकारी गुरमेल सिंह घायल हो गया ।

एक व्यक्ति घायल : जालंधर जिला के भैणी गांव में गुरदर्शन सिंह नामक एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया गया ।

रुपए लूटे : लुधियाना (प.स.): बोपाराय कलां गांव में आतंकवादियों ने को-आप्रेटिव सोसायटी से 21 हजार रुपए लूट लिए ।

सरपंच घायल : लुधियाना से धीमान के अनुसार कल रात स्थानीय गिल रोड पर आतंकवादियों ने सरपंच ज्ञान चंद पर फायरिंग करके उन्हें गम्भीर रूप से घायल कर दिया । जाती बार आतंकवादी सरपंच की बन्दूक भी ले गए । उनको स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया ।

रिवाल्वर छीना : पटियाला (प.स.): कल रात कदराबाद गांव में आतंकवादियों ने लाभ सिंह नामक एक व्यक्ति की लाइसैंसी रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस छीन लिए ।

आतंकवाद को कुचलने की मांग : पटियाला से 'भूषण' के अनुसार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की पंजाबी विश्वविद्यालय इकाई ने प्रदेश में हाल ही में आतंकवादी गतिविधियों में बढ़ौत्तरी पर गहरी चिंता व्यक्त की है तथा प्रदेश सरकार से यह मांग की है कि आतंकवाद को कुचलने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं । आज यहां एक वक्तव्य में इकाई के अध्यक्ष कंवर राकेश सिंह ठाकुर तथा सचिव श्री अनिरुद्ध वर्मा ने जालंधर तथा कुछ अन्य स्थानों पर धर्मस्थलों में कुछ शरारती तत्वों द्वारा गड़बड़ किए जाने की वारदातों की भी

चंद्रशेखर सरकार का हश्र चरण सिंह जैसा नहीं होगा : गाडगिल

नई दिल्ली, 19 नवम्बर (पस) : राष्ट्रपति रामास्वामी वेंकटरमन, उपराष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा और प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की 73वीं वर्षगांठ पर आज उनकी समाधि शक्ति स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की ।

शक्तिस्थल पर सबसे पहले पहुंचने वालों में उपराष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री एक साथ पहुंचे और पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद उन्होंने 15 मिनट तक भक्ति संगीत सुना ।

इस अवसर पर पूर्व मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों, सांसदों और पार्टी नेताओं सहित अनेक गण्यमान्य व्यक्ति मौजूद थे ।

पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व राष्ट्रपति

में क

गुरदासपुर, 19 नवम्बर (
में दो समुदायों के मध्य आम
और पुलिस द्वारा फायरिंग
स्थिति नियंत्रण में न होने पर
लगा दिया गया ।

आज सुबह स्थानीय सर
छात्र संघ से संबंधित विद्यार्थि
ग्रंथ साहिब की पवित्र पुस्त
पिछले दिनों खालिस्तान कम
सर्वजीत सिंह उप्पल के एक
रोष स्वरूप कालेज में हड़ता
निकाला और नगर में जाक
करवानी आरम्भ कर दी ।
एकत्र होकर दुकानें बंद न क
नगरवासी पुराना अड्डा च
गए । छात्र संघ के सदस्य
थे । नगर के लोग भी
लाए । पुलिस भी मौके प
तक तनाव की स्थिति बनी
टकराव होते-होते बचा ।
के भीतर की बजाय शहर
निकालने के लिए मना लि

जलूस जब आगे बढ़ने ल
छात्र संघ के कुछ युवकों
आरम्भ कर दी और तनाव
ओर से लाठियों, बोतलों
कर प्रयोग हुआ । इसी दौ
हनुमान चौक की ओर से न
दिया । वहां पर भी दोन
चली । डी.ए.वी. स्कूल
एक भवन से कुछ अज्ञात ल
फायरिंग भी की । पूरे न
गई । स्थिति को बिगड़ते
लगभग 300 फायर किए
तथा एस.एस.पी. एस.के.
पहुंच गए । दोपहर बाद
कर्फ्यू लगा दिया गया ।

दो घायलों को अस्पता
है । पुलिस के अनुसार
नियंत्रण में है ।

केन्द्र ने कपू
बातचीत के

नई दिल्ली, 19 नव
मंत्रालय ने पंजाब के मुख्य
तथा पुलिस महानिदेशक
में बातचीत के लिए आ

एक सरकारी प्रवक्त
बैठक में पंजाब की कानू
पर विचार किया जाए

Punjabi Sanatani

...दरें नर्सरी स्टाफ तथा दाइयां,

...रों आदि के लिए क्रमशः 3 रु. से ...4 रु. प्रति डाइट संशोधित की ...न विभाग ने मैंटल अस्पताल ...त वार्डन को 50 रु. मासिक ...भत्तों सहित, यदि कोई हों तथा ...को 75 रु. मासिक विशेष भत्ता ...यदि कोई हों, देने का फैसला किया

...मा पार से ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

...रक्षित तत्वों की कार्रवाई है । ...दायों से शांति एवं सद्भाव बनाए ...किया ।

... पिछले दिनों जालन्धर-बटाला ...दियों की गोलीबारी से 7 बस यात्री ...ई घायल हो गए थे । गम्भीर रूप ...महल जालन्धर का एक व्यक्ति भी ...सका नाम जय चंद मेहता है, जबकि ... उसका नाम दया चंद मेहता ...ा । जय चंद मेहता श्री गुरु तेग ... अमृतसर में उपचाराधीन हैं ।

...घायल : फिरोजपुर (प.स.) : ... कल ममदोट के निकट करतार सिंह ...नी को गोली मार कर घायल कर

...क चोरी

...क नं. 5657-PJI टाटा ...को आधी रात को समराला चौक, ...ोरी हो गया है । पहुंचाने वाले को ...ना दिया जाएगा ।

...शोक कुमार

...मालिक ट्रक)

लुधियाना, 19 नवम्बर (राजपाल): पंजाब सरकार द्वारा नगर निगमों व नगर पालिकाओं के चुनावों की घोषणा के बाद जहां राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं, वहां कई सोए हुए आज़ाद शेर भी अब जाग पड़े हैं और इन चुनावों में अपना भविष्य आज़माने के लिए भाग-दौड़ करने लगे हैं ।

वी.पी. सिंह सरकार के जुल्मों के सताए हुए संगठित छात्रों ने अब अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिए पंजाब के चुनाव मैदान में कूदने का निर्णय किया है । यह जानकारी देते हुए स्टूडैंट्स सोशल वैल्फेयर कांग्रेस के अध्यक्ष श्री संजीव अरोड़ा ने बताया कि इस संस्था की ओर से लुधियाना नगर निगम की 50 सीटों पर प्रतिभाशाली, साहसी व समाज सेवक छात्रों को खड़ा किया जाएगा । श्री अरोड़ा ने बताया कि पंजाब के अन्य शहरों की नगर निगमों व नगर पालिकाओं की सदस्यता के लिए छात्र उम्मीदवार खड़े करने का निर्णय शीघ्र ही लिया जाएगा ।

हड़ताली कर्मियों को 100 रुपए उन्नति दे दी गई

लुधियाना, 19 नवम्बर (महिन्द्रा): सी.एम.सी. अस्पताल के स्टाफ तथा कर्मचारियों की जो हड़ताल चल रही है, उस बारे अस्पताल के लोक-सम्पर्क अधिकारी श्री दास ने कहा है कि स्टाफ के प्रत्येक सदस्य को 100 रुपया उन्नति दे दी गई है । जिन स्टाफ सदस्यों का वेतन एक हजार रुपए से अधिक होगा, उनको 10 प्रतिशत वृद्धि के अनुसार वेतन मिलेगा ।

श्रीमद् भागवत् सप्ताह की कथा

अमृतसर, 19 नवम्बर (कमलेश): निर्मल स्वामी के सतगुरु की याद में निर्मल निकेतन माता रोड पर 18 नवम्बर से 25 नवम्बर तक श्रीमद् भागवत् पुराण की कथा स्वामी स्वरूपा नन्द जी महाराज कर रहे हैं । वह इस अवसर पर धार्मिक प्रवचन भी करेंगे ।

अभिशाप हो ।

बाढ़ राहत प्रशिक्षण कोर्स

चंडीगढ़, 19 नवम्बर (वि.प्र): पंजाब सरकार ने बाढ़ राहत के सम्बन्ध में आगामी मार्च मास में 15 दिन का प्रशिक्षण कोर्स लगाने का फैसला किया है । एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार इच्छुक कर्मचारी अपने नाम 31 दिसम्बर तक राज्य के राजस्व विभाग को दे सकते हैं ।

सम्पत सिंह

(पृष्ठ 3 का शेष)

पाकिस्तान-भारत सीमा पर सुरक्षा पट्टी बनाने, पाक घुसपैठ रोकने, संवेदनशील इलाकों में सेना तैनात करने, सीमावर्ती क्षेत्रों में नागरिकों को आत्म सुरक्षा हेतु हथियार व लाईसैंस देने की मांग की ।

प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री से यह भी मांग की कि वह पाक सरकार को अल्टीमेटम दें कि वह तुरंत अपने देश में चल रहे आतंकवादियों के शिविरों को समाप्त करें अन्यथा भारत-पाक सम्बन्धों में टकराव आ सकता है । उन्होंने कहा कि भारतीय गुप्तचर एजैंसियों को भारत में अस्थिर करने की पाकिस्तान की साजिशों को बेनकाब करने के आदेश देने में प्रधानमंत्री अपने प्रभाव का प्रयोग करें ।

अपनी रिपोर्ट में प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पंजाब सरकार अब आतंकवादियों की गतिविधियों के सम्बन्ध में इतनी असंवेदनशील हो गई है कि राज्यपाल व उनके सलाहकार ने इस हत्याकांड को गम्भीरता से नहीं लिया । इसके विपरीत अभी तक मुआवजा देने की भी घोषणा नहीं की गई ।

भेंट के उपरांत डा. विजय कुमार मल्होत्रा ने पत्रकारों को बताया कि यदि एक स्वयं सेवक श्री केवल कृष्ण ने एक आतंकवादी को दबोच कर उससे गुत्थम-गुत्था न होते तो अन्य 13 स्वयं सेवक भी काल का ग्रास हो गए होते । श्री केवल कृष्ण ने अपने शरीर पर 20 गोलियां झेलीं तथा शहीद हो

मात दे दी है । उन्होंने कहा कि ...
जिन्हें निर्देश दिया गया था कि क...
जेब में एक पत्थर तो क्या एक ...
रखेगा तो ऐसे में अंधाधुंध फायरिं...
कि वास्तव में हिन्दुस्तान में बहुसं...
जो अत्याचार मुलायम सिंह यादव...
करवाया है उसके लिए अपने ...
करने की होड़ पुलिस अधिकारि...
है । उसे हिन्दू समाज आने वाले...
भी क्षमा नहीं करेगा ।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के ...
अशोक प्रभाकर ने श्रद्धांजलि ...
रहस्योद्घाटन किया कि अयोध्या ...
कार सेवकों की संख्या सरकार द्वा...
कई गुणा अधिक थी, जिसे प्रदेश...
कर उजागर नहीं कर रही । सैंक...
रेत के बोरे बांधकर सरयू नदी में...

उन्होंने कहा कि विश्व ...
प्रकाशित सूची के अनुसार 5...
सेवक जिनकी मृत देह मिली थी...
हुए हैं जबकि चार सौ से अधिक...
होने वालों की संख्या भी सैंकड़ों ...

राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के सं...
अग्रवाल ने कहा कि श्री राम वि...
को भली-भांति समझ लेना चाहि...
निर्माण के लिए जो भी सरक...
उसका भी हश्र वही होगा जो रा...
नाथ प्रताप सिंह सरकार का...

गत वर्ष मोगा में राष्ट्रीय ...
शाखा पर आतंकवादियों द्वारा...
फायरिंग, जिसमें 25 के करीब ...
घायल हुए थे, में उनकी स्मृति...
शहीदी पार्क का नाम दिया ग...
नवम्बर को अस्थि कलश ...
फरीदकोट, फिरोजपुर, भटिंडा...
रोपड़ व चंडीगढ़ सहित कुल 6...
हुई 12वें दिन लुधियाना में ...

Punjabi Sanatani

अमृतसर में उग्रवादियों की अंधाधुंध फायरिंग से 14 मरे, अन्यत्र अकाली नेता सहित 16 की हत्या : मुठभेड़ों में 6 आतंकवादी मारे गए

दिन-दिहाड़े बैंक से 5 लाख रुपए लूटे : यात्री-गाड़ी पर फायरिंग

उग्रवादियों को छुड़ाने के लिए पुलिस अधिकारी के बेटे का अपहरण

अमृतसर क्षेत्र में बम विस्फोट से रेल लाईन क्षतिग्रस्त, 5 बोगियां पटरी से उतरीं, 5 यात्री घायल

चंडीगढ़, 20 नवम्बर : अमृतसर शहर में आज शाम देर गए उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके 14 लोगों की हत्या कर दी तथा लगभग 20 लोगों को घायल कर दिया । इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24 घंटों में अलग-अलग वारदातों में 6 आतंकवादी मारे गए तथा एक अकाली नेता समेत 16 और लोगों की जानें गईं । इस दौरान एक बैंक से लगभग 5 लाख रुपया लूट लिया गया तथा उग्रवादियों ने अपने कुछ साथियों को छुड़ाने के लिए एक पुलिस अधिकारी के बेटे का अपहरण कर लिया । अमृतसर के एक क्षेत्र में बम विस्फोट से रेल लाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे यात्री गाड़ी की 5 बोगियां पटरी से उतर जाने के कारण 5 लोग घायल हो गए । उग्रवादियों ने एक ट्रेन पर भी फायरिंग की ।

14 लोगों की हत्या : अमृतसर (सुभाष चंद्र): रात लगभग 8.30 बजे यहां आबादी इस्लामाबाद में उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी और 20 अन्य को घायल कर दिया । इसके साथ ही आबादी छोटा हरिपुरा में भी उग्रवादियों की फायरिंग में 5 लोग मारे गए । घायलों को स्थानीय श्री गुरुतेग बहादुर अस्पताल में दाखिल कराया गया ।

घायलों में जोगेन्द्रपाल, रमेश लाल, राम रत्न, भोला नाथ और कृष्ण लाल शामिल हैं ।

मृतकों की पहचान बलेदव राज, तोती, रवि कुमार, खोमती लाल, जीवन लाल, हरबंस लाल, कृष्ण नाथ, रघुवीर सिंह, राज कुमार, बलदव राज तथा 8 वर्षीय लड़की शब्बा के रूप में हुई है । 12 वर्षीय एक लड़के तथा 18 वर्षीय एक अन्य व्यक्ति की पहचान अभी नहीं हो सकी ।

'सोनी' के अनुसार उग्रवादियों की संख्या 5 थी और वे स्कूटरों तथा मोटर साइकिलों पर सवार थे । सबसे पहले उन्होंने ए.के. 47 राइफलों से इस्लामाबाद क्षेत्र में शराब की एक दुकान के बाहर फायरिंग की और फिर बाजार से गुजरने वाले लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग की । 4 घायलों की स्थिति गम्भीर बताई जाती है । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया । उग्रवादियों की तलाश की जा रही है ।

'पी.स.' के अनुसार पुलिस ने बताया कि 4 उग्रवादी इस्लामाबाद क्षेत्र की ओर से पैदल ही आए थे और उन्होंने क्षेत्र की बिजली पहले ही बंद कर दी थी । पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूबा होने के कारण उग्रवादी पकड़े नहीं जा सके । सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों का पीछा भी किया लेकिन उग्रवादी झब्बाल क्षेत्र की ओर भाग गए ।

घटना की खबर मिलते ही हजारों लोग अस्पताल के बाहर एकत्र हो गए और उन्होंने प्रधानमंत्री श्री चंद्र शेखर और कांग्रेस (ई) अध्यक्ष श्री राजीव गांधी के विरुद्ध नारेबाजी की । शहर में अत्यधिक तनाव फैल गया है । इस बीच हिन्दू शिव सेना पंजाब के प्रधान श्री सुरेन्द्र डोगरा, उपप्रधान ओम प्रकाश अरोड़ा, विश्व हिंदू परिषद के स्थानीय नेता श्री राकेश शास्त्री वान तथा वरिष्ठ नेता श्री संजय शर्मा ने बुधवार को अमृतसर बंद का आह्वान किया है ।

भाजपा के महामंत्री हरीश तनेजा, राष्ट्रीय सुरक्षा समिति पंजाब के प्रधान डा. बलदेव चावला, आर्य समाज के नेता अमरनाथ शर्मा, ब्राह्मण सभा के पंडित किशोर चंद और कई हिन्दू संगठनों ने भी कल 21 नवम्बर को अमृतसर बंद की अपील की है ।

घायल चल बसा : एक व्यक्ति जिसका सिंह हाल ही में नगर में हुई फायरिंग में घायल हो गया था, उसकी आज श्री गुरु तेग बहादुर अस्पताल में घावों की ताव न सहते हुए मृत्यु हो गई ।

रेलगाड़ी पर फायरिंग : उग्रवादियों ने आज सायं पुलिस जिला तरनतारन में अमृतसर-खेमकरण प्रखंड पर गांव दरस निवारण के निकट अमृतसर जा रही यात्री गाड़ी पर फायरिंग की । यद्यपि किसी प्रकार की प्राणहानि का समाचार नहीं है लेकिन रेलगाड़ी को गोलवा स्टेशन पर रोक लिया गया ।

अकाली नेता की हत्या : अमृतसर (वार्ता): आतंकवादियों ने कल रात मजीठा पुलिस जिला के बटाला जौहल गांव में अकाली दल (बादल) के नेता सरपंच गुरमीत सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

मुठभेड़ में आतंकवादी मरा : आज प्रातः मजीठा पुलिस जिला के कमालपुर गांव के निकट सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में एक आतंकवादी को मार गिराया । घटनास्थल से एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं । मृतक आतंकवादी की पहचान नहीं हुई ।

दो की हत्या : आतंकवादियों ने मजीठा पुलिस जिले के बाछोवाड गांव में दारा सिंह नामक एक व्यक्ति से उसकी कार मांगी । जब दारा सिंह ने कार देने से इंकार किया तो आतंकवादियों ने गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी । तरनतारन पुलिस जिला के बल्टोहा क्षेत्र में आतंकवादियों ने दारा सिंह नामक एक अन्य व्यक्ति की भी गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

पीट-पीट कर मार डाला : जंडियाला थाना के अन्तर्गत अकालगढ़ धपियां गांव में आतंकवादियों ने बलविंदर सिंह नामक एक व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या कर दी ।

ए.एस.आई. के बेटे का अपहरण : आतंकवादियों ने कल रात तरनतारन पुलिस जिला के सरहाली थाना के अन्तर्गत खारा गांव में पुलिस के ए.एस.आई. हरजिन्द्र सिंह के बेटे राजविन्द्र सिंह का अपहरण कर लिया । पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने राजविन्द्र सिंह की रिहाई के बदले में अपने कुछ साथियों को छोड़े जाने की मांग की है ।

बैंक कर्मियों से रुपए छीने : कल शाम आतंकवादियों ने ब्यास के निकट एक बस से दो बैंक कर्मियों को जबरदस्ती नीचे उतार लिया तथा उनसे रुपयों से भरा बैग छीन कर ले गए । बैग में 35 हजार रुपए थे ।

गला घोंटकर महिला की हत्या : अमृतसर शहर के प्रताप नगर क्षेत्र में एक अज्ञात महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी गई ।

विस्फोट से 5 बोगियां पटरी से उतरीं : अमृतसर से 'सोनी' के अनुसार अमृतसर-खेमकरण सैक्शन पर घड़ियाला के निकट बम विस्फोट से रेल लाईन क्षतिग्रस्त हो गई तथा खेमकरण से अमृतसर आ रही यात्री गाड़ी की 5 बोगियां पटरी से उतर गईं । इस घटना में 5 यात्री घायल हो गए ।

महिला की हत्या : अमृतसर जिला के शाखियाला गांव में आतंकवादियों ने कश्मीर कौर नामक एक महिला की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

घुसपैठिया मरा : अमृतसर जिला के लोपोके क्षेत्र में बी.एस.एफ. ने एक अज्ञात पाकिस्तानी घुसपैठिये को मार गिराया । घटनास्थल से दो ए.के. 74 राइफलें तथा कुछ गोली-सिक्का भी मिला है ।

एक की हत्या : आतंकवादियों ने कल रात भंताल गांव में मेजर सिंह नामक एक व्यक्ति की उसके घर पर ही कुंदधार हथियार से हत्या कर दी ।

परिवार के 3 सदस्यों समेत 6 की हत्या : बटाला (खोछड़): कल रात बटाला पुलिस जिला में अलग-अलग स्थानों पर आतंकवादियों ने एक परिवार के 3 सदस्यों समेत 6 लोगों की हत्या कर दी । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार थाना डेरा बाबा नानक के गांव रत्ते में लगभग 15 आतंकवादियों के एक गिरोह ने एक डेरे पर अंधाधुंध फायरिंग करके दो भाइयों की हत्या कर दी । मृतकों की पहचान बलदेव सिंह (35) तथा राजविन्द्र सिंह (25) के रूप में हुई है । आतंकवादियों ने एक अन्य वारदात में उक्त दोनों भाइयों के पिता साध सिंह को शिकड़ी

(शेष पृष्ठ 6 पर)



पंजाब के राज्यपाल श्री वीरेन्द्र वर्मा मंगलवार को चंडीगढ़ में राज्य सलाहकार परिषद् की दूसरी बैठक की अध्यक्षता करते हुए ।

वर्मा द्वारा जालन्धर में देश-विरोधी नारों की तीखी आलोचना

प्रशासन की अयोग्यता पर खेद व्यक्त

चंडीगढ़,20 नवम्बर (वार्ता): पंजाब के राज्यपाल श्री वीरेन्द्र वर्मा ने प्रदर्शनकारियों द्वारा जालन्धर में लगाए गए पाकिस्तान व खालिस्तान समर्थक उन नारों की कटु आलोचना की है, जो पवित्र बीड़ों के जले हुए अवशेषों को गोइंदवाल साहब में बहाने के लिए ले जाते हुए जलूस के रूप में लगाए गए थे ।

राज भवन में राज्य सलाहकार परिषद की एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए आज श्री वर्मा ने जालन्धर प्रशासन की इस अयोग्यता तथा विफलता पर खेद व्यक्त किया कि वह इन नारों को रोकने में असफल रहा । उन्होंने कहा कि ऐसे नारों से सभी समुदायों के बीच मैत्री, सद्भाव तथा रिश्ते-नाते समाप्त हो जाएं ।

राज्यपाल का कहना था कि जालन्धर, फिल्लौर, सुरसिंहवाला तथा दिल्ली में जो कुछ भी हुआ, वह सब देश की एकता व अखंडता को भंग करने के पाकिस्तानी षड्यंत्र का ही एक हिस्सा था ।

धार्मिक स्थलों को अपवित्र किए जाने की के विरोध में उग्रवादियों द्वारा बंद के आह्वान में शामिल होने के लिए ट्रांसपोर्ट कर्मचारियों द्वारा हड़ताल करने पर भी श्री वर्मा ने अप्रसन्नता व्यक्त की । उन्होंने इन हड़तालों कर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की बात भी कही ।

इससे पूर्व सर्वसम्मति से पारित एक प्रस्ताव में निर्दोषों की हत्याओं की तीव्र निन्दा भी की गई ।

केंद्रीय का वि

नई दिल्ली,20 चंद्र शेखर द्वारा अ चरण के दौरान क जाने की सम्भावन जनता दल (स) के

केंद्रीय मंत्रिम केवल इसीलिए हु सांसद मुख्यमंत्री समर्थन प्राप्त करने इंका की सहायता है । इसी कारण रवानगी कल सुबह दी है ।

जिन सांसदों के की सम्भावना है, राजमंगल पांडे, य राम, राव बीरेन्द्र मालवीय, सुबोध सरवर हुसैन के मंत्रिमंडल में लिए सूची में सुब्रह्मण्य सैफुद्दीन सोज भी

शपथ ग्रह प्रसारण : (प.स.) चंद्रशेखर मंत्रिमंड मंत्रियों के शपथ ग्र दूरदर्शन पर किया

दूरदर्शन के एक बताया कि प्रातःका राष्ट्रपति भवन से शुरू होगा । शपथ होगा ।

नजीब द्वार गुप्त

काबुल, 20 राष्ट्रपति डा. नजीब के समाधान के लि वार्ता शुरू कर दी है हुमायू मुकम्मल नजीबुल्लाह, मुजा नेताओं से बातचीत

Punjabi Sanatani



बाबा बलवंत सिंह टांडा उड़मुड़ वाले जिनकी गत दिवस आतंकवादियों ने बलाचौर में हत्या कर दी थी, का सोमवार को टांडा में अंतिम संस्कार कर दिया गया । चित्र में (बाएं) नेत्रहीन बाबा बलवंत सिंह के पार्थिव शरीर के पास उनकी पत्नी श्रीमती रणजीत कौर बैठी दिखाई दे रही हैं । (दाएं) अंतिम संस्कार के समय उपस्थित लोगों का भारी समूह । (छाया : बाबा सिंह)

आतंकवाद पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

गांव के निकट गोलियों से मार दिया । मृतक इस गांव में अपनी बेटी से मिलने आया था । आतंकवादियों ने कल रात एक अन्य वारदात में रत्ते गांव में हरभजन सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा उसके ट्रैक्टर को आग लगा दी । आतंकवादियों ने कोठे गांव में स्वर्ण सिंह तथा कादर मसीह नामक दो व्यक्तियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

बंद : इस दौरान बटाला, कादियां, श्रीहरगोबिन्दपुर, नौशहरा मझा सिंह, डेरा बाबा नानक, फतेहगढ़ चूड़ियां तथा कलानौर में आज भी पूर्ण बंद रहा । आतंकवादियों ने खालिस्तान कमांडो फोर्स (जफरवाल) के लै. जनरल सरबजीत सिंह उप्पल की मौत के विरुद्ध रोषस्वरूप दो दिनों के लिए बंद का आह्वान किया था । आज बंद का दूसरा दिन था । आज यहां बैंक तथा शिक्षा संस्थान भी बंद रहे । पंजाब रोडवेज बटाला के कर्मियों ने भी उप्पल की मौत के विरुद्ध रोष व्यक्त करने के लिए आज चौथे दिन हड़ताल की । अमृतसर-पठानकोट रोड को छोड़ कर अन्य सभी मार्गों पर यातायात बंद रहा ।

3 आतंकवादी मरे : पुलिस जिला बटाला में दो अलग-अलग मुठभेड़ों में 3 आतंकवादी मारे गए । जिला पुलिस प्रमुख श्री सीता राम ने बताया कि पहली मुठभेड़ आज दोपहर अढ़ाई बजे के लगभग बटाला सदर थाना के अंतर्गत मीरपुर गांव के निकट हुई । उक्त क्षेत्र में खोजबीन के लिए जा रहे सुरक्षा कर्मियों पर आतंकवादियों ने घात लगा कर हमला किया । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया । घटनास्थल से एक राइफल, चले हुए कुछ कारतूस तथा खालिस्तान कमांडो फोर्स के कुछ लैटरपैड बरामद हुए हैं ।

श्री सीता राम ने बताया कि दूसरी मुठभेड़ थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव काजनपुरा तथा कोहाली के मध्य हुई । बताया जाता है कि एस.पी. (डिटैक्टिव) श्री गुरदयाल सिंह ढिल्लों तथा एस.पी. (आप्रेशन) श्री जे.पी. सिंह पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ उक्त क्षेत्र में छानबीन के लिए जा रहे थे कि उन्होंने हीरो होंडा मोटर साइकिल पर सवार दो संदिग्ध युवकों को देखा । जब आतंकवादियों को चुनौती दी गई तो उन्होंने गन्ने के खेतों में छिप कर भारी शस्त्रास्त्रों से अंधाधुंध फायरिंग की । सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों पर काबू पाने के लिए उक्त खेतों में हथगोले फैंके तथा लाइट मशीनगनों से फायरिंग की । अंततः बुलेट प्रूफ गाड़ियां मंगा कर खेतों में ले जाई गई तथा दोनों आतंकवादियों को मार गिराया गया । मुठभेड़ दोपहर बाद 3 बजे शुरू हुई तथा शाम 5 बजे तक चली । घटनास्थल से ए.के. 74 राइफल, 2 मैगजीन, दो माऊजर तथा 2 राकेट ग्रिनेड बरामद हुए हैं ।

गुरदासपुर में तनाव : कर्फ्यूग्रस्त गुरदासपुर में आज भी स्थिति तनावपूर्ण रही । शहर में आज दूसरे दिन भी कर्फ्यू में कोई ढील नहीं दी गई । कल यहां विभिन्न गुटों में झड़पों के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया था । जिला मैजिस्ट्रेट श्री जगपाल सिंह संधू ने बताया कि कल प्रातः कर्फ्यू में 7 से 9 बजे तक दो घंटे की ढील दी जाएगी । इस दौरान यदि शांति रही तो ढील बढ़ा दी जाएगी ।

इस बीच पुलिस ने उन युवकों की तलाश में कुछ स्थानों पर छापे मारे, जिन्होंने निकटवर्ती गांवों के दोधियों को गुरदासपुर शहर में आने से रोका तथा दूध जमीन पर गिरा दिया था । पुलिस के अनुसार कुछ युवकों को हिरासत में लिया गया है ।

अधिकारियों ने अयोध्या में मारे गए लोगों की अस्थियों का कलश लेकर कार सेवकों को आज शहर में प्रवेश नहीं करने दिया । अधिकारियों ने एलान किया कि कुछ समय तक शहर में धार्मिक जलूसों पर रोक लगी रहेगी । शांति कमेटी की बैठक में यह निर्णय लिया गया ।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पांच आतंकवादी उक्त बैंक में आए । एक आतंकवादी ने बैंक गार्ड अवतार सिंह को जफ्फा मार लिया तथा शेष आतंकवादियों ने मैनेजर के पास जाकर सारी रकम उनके हवाले करने को कहा । आतंकवादियों ने बैंक से 5,08,429 रुपए लूट लिए तथा भागते समय बैंक गार्ड की बंदूक भी ले गए ।

बताया जाता है कि उक्त आतंकवादी रुपए लूटने के बाद कार में जब लुधियाना की तरफ जा रहे थे तो मेहना के निकट उनकी कार एक टैंकर से टकरा गई । तीन आतंकवादी तो पैदल ही भाग गए लेकिन दो अन्य ने एक बस रोक ली तथा कंडक्टर से पूछा कि बस में कोई पुलिस कर्मचारी तो नहीं । उस बस में पुलिस का एक ए.एस.आई. निरंजन सिंह सादे कपड़ों में सफर कर रहा था । उसको संदेह हुआ । उसने अपना रिवाल्वर निकाल लिया । आतंकवादियों ने निरंजन सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । निरंजन सिंह ने भी जवाबी फायरिंग की, जिससे जगदीप सिंह एक आतंकवादी मारा गया । निरंजन सिंह को गम्भीर हालत में सी.एम.सी. लुधियाना में भर्ती कराया गया है । बस में सवार एक लड़की हरबंस कौर भी गोली लगने से घायल हो गई । अफरा-तफरी में बाकी सवारियां भाग गईं । मृतक आतंकवादी का साथी भी भाग निकला ।

एक आतंकवादी मरा : जालन्धर (प.स.): फिल्लौर में आज दाना मंडी के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया ।

आतंकवादी भाग निकले : जालन्धर जिला के नवांशहर थाना के अन्तर्गत मल्लो माजरा गांव के निकट पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान साइकिल सवार 3 आतंकवादी अपने साइकिल छोड़ कर भाग गए । नवांशहर थाना के अंतर्गत ही गरचा गांव में कश्मीर सिंह नामक एक व्यक्ति के घर से मोटर साइकिल सवार 2 आतंकवादियों ने .32 बोर का रिवाल्वर तथा 6 कारतूस छीन लिए ।

बंदूक ले गए : फिल्लौर से 'भाखड़ी' के अनुसार निकटवर्ती गांव सुमराड़ी में कल रात 8 बजे के लगभग दो आतंकवादियों ने हरबंस सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुसकर दोनाली बंदूक छीन ली ।

डी.आई.जी. भट्टी फिल्लौर में : फिल्लौर (तरसेम): जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी. आर. भट्टी ने आज डेरा ईशरसर का दौरा करके भौरा साहिब का भी निरीक्षण किया । वह गुरुद्वारे के नए संत प्यारा सिंह से मिले और संत बाबा राम सिंह और उनके सेवादार पर हुए हमले के बारे में विवरण प्राप्त किए ।

स्कूटर लेकर फरार : होशियारपुर (वि.प्र.): थाना टांडा के अधीन तलवंडी उड्डीयां ग्राम में दो आतंकवादियों ने एक व्यक्ति रवेल सिंह के घर दाखिल होकर पिस्तौल की नोक पर बजाज चेतक (नं. पी.जे.एक्स. 6832) छीन लिया व फरार हो गए । घटना के समय घर में केवल एक महिला ही मौजूद थी ।

एक की हत्या : फिरोजपुर (प.स.): आतंकवादियों ने ममदोट गांव में करतार सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

ठेकेदार की हत्या : रोपड़ (प.स.): दो आतंकवादियों ने आज दोपहर एस.वाई.एल. के एक ठेकेदार की उसके कार्यालय में ही गोली मारकर हत्या कर दी ।

पंजाबियों से सद्भावना बनाए रखने की अपील

अमृतसर, 20 नवम्बर (अशोक): जिला अमन कमेटी ने एक प्रस्ताव में पंजाबियों से पाकिस्तान व देश की दुश्मन शक्तियों से सचेत रहते हुए आपसी सद्भावना तथा भाईचारा बनाए रखने की अपील की है । गत सायं इस कमेटी की बैठक की अध्यक्षता जिलाधीश श्री सर्बजीत सिंह ने की ।

दिल्ली में कर्फ्यू में ढील के दौरान स्थिति शांतिपूर्ण

मास से गैस का कोई सिलैंडर नहीं मिला है और गैस एजेंसियों पर चक्कर काट-काट कर थक चुके हैं । लोग मांग कर रहे हैं कि गैस की होम डिलिवरी ही दी जाए क्योंकि गोदामों से तो सिफारिशी लोग ही सिलैंडर लेने में सफल हो जाते हैं ।

नगर की जनता डिप्टी कमिश्नर से मांग कर रही है कि गैस के सिलैंडरों की सप्लाई में तुरंत सुधार किया जाए ताकि प्रत्येक नागरिक को गैस समय पर मिल सके ।

मार्कीट फीस चुराने वाले व्यापारियों को जुर्माना

फगवाड़ा, 20 नवम्बर (अशोक): गत रात्रि मार्कीट कमेटी की एक विशेष टीम ने सचिव धर्मपाल सिंह के नेतृत्व में फिल्लौर के निकट कुछ व्यापारियों को मार्कीट फीस की चोरी करते हुए पकड़ा तथा उनसे बीस हजार रुपए जुर्माना वसूल किया । श्री सिंह ने आशा प्रकट की कि मार्कीट फीस में इस वर्ष कम से कम 40% की और वृद्धि होगी ।

शरारती तत्व 50 हजार का कीमती सामान ले गए

फगवाड़ा, 20 नवम्बर (अशोक): गत रात्रि स्थानीय संतनामपुरा मुहल्ला में कुछ शरारतियों ने एक घर के ताले तोड़ कर एक वी.सी.आर. व सोने के गहनों सहित लगभग पचास हजार रुपए का सामान चुरा लिया । घटना के समय घर में कोई नहीं था ।

ट्रक-ट्रैक्टर टकराने से एक मरा, 3 घायल

अमृतसर, 20 नवम्बर (वार्ता): गत रात मन्नावाला खुर्द के निकट एक ट्रैक्टर व ट्रक में आमने-सामने टक्कर हो जाने के कारण एक व्यक्ति मारा गया तथा 3 अन्य घायल हो गए ।

पुलिस के अनुसार घायलों को अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है जबकि मृतक की पहचान ट्रैक्टर चालक गुरदीप सिंह के रूप में हुई है ।

अमृतसर कांग्रेस ने चुनाव लड़ने वालों से आवेदन मांगे

अमृतसर, 20 नवम्बर (वर्मा): पंजाब सरकार की ओर से नगर निगम व कमेटियों के चुनावों बारे चाहे कोई नोटीफिकेशन बकायदा तौर पर अभी तक जारी नहीं किया गया तथा चुनाव करवाने के बारे में पंजाब सरकार अभी भी दुविधा में है लेकिन राजनीति क्षेत्रों में इस बारे गतिविधियां तेज होती चली जा रही हैं ।

अमृतसर जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) के प्रधान श्री प्रताप चन्द भंडारी के अनुसार नगर निगम के चुनाव लड़ने वाले इच्छुक कार्यकर्ता अपने आवेदन 24 नवम्बर की रात तक कांग्रेस कमेटी को भेज दें । साधारण हल्के के उम्मीदवार दो सौ रुपए व आरक्षित हल्के के उम्मीदवार अपने आवेदन के साथ सौ रुपए भेजें । यह आवेदन ब्लाक प्रधानों को भी दिए जा सकते हैं । ब्लाक प्रधान यह सब आवेदन 25 नवम्बर तक कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में जमा करवा देंगे ।

दिसम्बर के लिए 9.08 लाख टन चीनी

नई दिल्ली, 20 नवम्बर (प.स.): सरकार ने दिसम्बर माह में खुले बाजार में बिक्री के लिए 5.75 लाख टन चीनी जारी करने की घोषणा की है । एक विज्ञप्ति के अनुसार अगले माह 3.33 लाख टन लेवी की चीनी जारी की जाएगी । इसे मिला कर देश में खपत के लिए 9.08 लाख टन चीनी अगले माह उपलब्ध होगी ।

पिस्तौल की नोक पर 50 हजार नकद और ज़ेवर लूट ले गए

लुधियाना, 20 नवम्बर (धीमान): कल रात चौक सैदां में भापा हैंडलूम के मालिक श्री राकेश जैन के मकान व कारखाने में जबरदस्त डकैती की घटना हुई । बताया जाता है कि 5 डाकू आए। दो इस भवन में दाखिल हो गए और उन्होंने पिस्तौल की नोक पर 50 हजार नकद और भारी मात्रा में ज़ेवर लूट लिए ।

श्री यादव ने आरोप लगाया कि पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने भारतीय जनता पार्टी से सांठ-गांठ करके राज्य सरकार को गिराने का षड्यंत्र रचा । उन्होंने कहा कि राम जन्म भूमि के मामले में पूर्व प्रधानमंत्री ने विश्व हिन्दू परिषद और भाजपा को धोखा दिया, किन्तु इन दोनों संगठनों ने अपना गुस्सा मुझ पर उतारा ।

उन्होंने यह भी कहा कि वह पहले ही सार्वजनिक रूप से बता चुके हैं कि उनकी सरकार को गिराने की साजिश रची जा रही है लेकिन आज वह इस साजिश का पर्दाफाश करने की स्थिति में हैं ।

मुख्यमंत्री ने कहा यह सच है कि एक ओर भाजपा और विश्व हिन्दू परिषद को आश्वासन दिए गए तो दूसरी ओर बाबरी एक्शन कमेटी के कुछ नेताओं से भी बातचीत जारी रखी गई । उन्होंने कहा कि ये बातचीत विवाद को हल करने के लिए नहीं बल्कि ऐसी स्थिति पैदा करने के लिए थी ताकि समाधान निकलने ही न पाए ।

उन्होंने विगत आठ महीनों में नेताओं से बातचीत का तिथिवार ब्यौरा दिया तथा जोर देकर कहा कि अयोध्या के इस गम्भीर मामले में तत्कालीन प्रधानमंत्री ने राज्य सरकार को कभी विश्वास में नहीं लिया और वह मामले को उलझाते ही रहे । श्री यादव ने आरोप लगाया कि उन पर हिन्दू विरोधी होने के आरोप लगाए गए । राज्य में अराजकता तथा साम्प्रदायिक तनाव भड़काने की हर सम्भव कोशिश की गई ।

बैंक से 5 लाख रुपए लूटे : आतंकवादियों ने कल लुधियाना जिला के सिधवां बेट थाना के अन्तर्गत भुंदरी गांव में सहकारी बैंक की शाखा से लगभग पांच लाख रुपया लूट लिया । उल्लेखनीय है कि इससे एक दिन पहले आतंकवादियों ने इसी जिला के सिधवां बेट गांव में एक सहकारी बैंक से साढ़े तीन लाख रुपया लूटा था ।

बस कांड का एक और घायल चल बसा : जालंधर : गत दिवस फिरोज़पुर-बस कांड में आली मुहल्ला जालंधर का युवक राज कुमार (22) सुपुत्र रामजी दास उग्रवादियों की फायरिंग और बस को आग लगा दिए जाने से गम्भीर रूप से घायल हो गया था, उसकी कल बाद दोपहर दयानंद अस्पताल लुधियाना में मृत्यु हो गई । मृतक के वारिसों ने आरोप लगाया है कि पुलिस उन्हें राज कुमार का शव देने में आनाकानी कर रही है ।

दिल्ली में हुए हाल के दंगों में इंका का हाथ ?

नई दिल्ली, 22 नवम्बर (आ.): यह वाकई रहस्यपूर्ण है कि भिंडरांवाला के भतीजे जसबीर सिंह रोडे, कांग्रेस (इ) द्वारा चन्द्रशेखर की प्रधानमंत्री के रूप में स्थापना के केवल कुछ दिन बाद ही राजधानी में 14 नवम्बर को मुसलमानों की ईदगाह रैली में भाग लेने के लिए कैसे पहुंच गए । जसबीर सिंह रोडे को तत्कालीन गृहमंत्री बूटा सिंह ने राजीव गांधी के शासन के दौरान, विदेश से आयात करके, जहां श्री रोडे ने भारत विरोधी संगठन बना रखा था, अकाल

लालू प्रसाद यादव द्वारा विधानसभा में विश्वास मत प्राप्त : पक्ष में 202 मत पड़े

पटना, 22 नवम्बर (वार्ता): बिहार के मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने आज विधानसभा में विश्वास मत प्राप्त कर लिया ।

सदन में लगभग दो घंटे तक अफरा-तफरी के बाद हुए मतदान में प्रस्ताव के पक्ष में 202 और विरोध में 108 मत पड़े । विश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद सदन की कार्रवाई अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई ।

इससे पूर्व विधानसभा में आज अपनी नौ माह पुरानी सरकार के प्रति विश्वास मत का प्रस्ताव पेश करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने कांग्रेस (इ) पर राज्य में राजनीतिक अस्थिरता और सत्ता पर कब्ज़ा करने के लिए 'सिद्धांत-विहीन गुटबंदी' का आरोप लगाया तथा विधानसभा में पेश विश्वास मत के प्रस्ताव को पूरी तरह संवैधानिक बताया है । श्री प्रसाद ने कहा कि यह बड़े ही आश्चर्य की बात है कि उत्तर प्रदेश में जहां कई शहरों में कर्फ्यू लगा रहा, किसी राजनीतिक दल या नेता ने राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग नहीं की बल्कि कांग्रेस (इ) ने ही उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव मंत्रिमंडल को बचाने का काम किया, जो बिहार में विधि व्यवस्था की दुहाई देकर राष्ट्रपति शासन की मांग कर रही है ।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष लाल कृष्ण अडवानी की गिरफ्तारी और राष्ट्रीय मोर्चा सरकार से भाजपा का समर्थन वापस लिए जाने के बाद से कांग्रेस (इ) के नेताओं ने समाचारपत्रों के माध्यम से राज्य में राजनीतिक अस्थिरता का माहौल कायम करने की कोशिशें की हैं जिसके कारण सरकार को सदन में विश्वास मत प्रस्ताव पेश करना पड़ा है ताकि अस्थिरता का माहौल समाप्त किया जा सके ।

श्री लालू प्रसाद ने कहा कि भाजपा अध्यक्ष लाल कृष्ण अडवानी की रथ-यात्रा से पूरे देश में साम्प्रदायिकता और धार्मिक कट्टरता को प्रश्रय मिल रहा था, जिसके कारण उन्हें गिरफ्तार करना पड़ा था । उन्होंने कहा कि श्री अडवानी की गिरफ्तारी के बाद भी पूरे प्रदेश में सरकार साम्प्रदायिक सौहार्द का माहौल बनाए रखने में सफल हुई, जिससे बिहार का नाम उज्ज्वल हुआ है । सरकार राज्य में साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने और भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिए वचनबद्ध है ।

उन्होंने कहा कि केंद्र में विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार को अपदस्थ कर बिहार में सरकार को गिराने की कोशिश कर रहे नेताओं और राजनीतिक दलों की हाल की गतिविधियों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि कौन कितना साम्प्रदायिकता विरोधी और सामाजिक न्याय का पक्षधर है ।

बिहार विधानसभा में आज जनता दल के आठ सदस्यों को 'असम्बद्ध' करार देने के अध्यक्ष गुलाम सरवर के फैसले को लेकर काफी शोरगुल हुआ ।

मंत्रिमंडल से हाल ही में बर्खास्त रघुनाथ झा ने यह मसला उठाते हुए अध्यक्ष से जानना चाहा कि किन नियमों और प्रावधानों के तहत उन लोगों को असंबद्ध घोषित किया गया और बाद में किन परिस्थितियों में दस असम्बद्ध सदस्यों में से दो को दल में शामिल कर लिया गया। श्री झा असम्बद्ध सदस्यों में से एक हैं ।

श्री झा ने सभाध्यक्ष से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का भी अनुरोध किया ।

असम्बद्ध घोषित विधायकों द्वारा उठाए गए कानूनी मुद्दों पर विधानसभा अध्यक्ष गुलाम सरवर अपने फैसले से कल सदन को अवगत कराएंगे ।

बिहार विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के नौ सदस्य लालू प्रसाद यादव सरकार के विश्वास मत प्रस्ताव के खिलाफ मतदान करने के पार्टी के फैसले का विरोध करते हुए सदन से बाहर चले गए । इन 9 विधायकों ने बाद में संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया कि उनके साथ पार्टी के कुल 39 में से 13 सदस्य हैं । पार्टी के फैसले का विरोध करने वाले विधायकों में पार्टी से निलंबित विधायक समरेश सिंह और इंदर सिंह नामधारी शामिल हैं । श्री नामधारी बिहार प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष भी रह चुके हैं ।

पंजाब कक्ष आकर्षण का केन्द्र

नई दिल्ली, 22 नवम्बर : यहां चल रहे इंडिया इंटरनैशनलट्रेड फ़ेयर में पंजाब मंडप लोगों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है । इसका प्रवेश द्वार गोल्डन टैम्पल जैसा दिखाई देता है और हर बाहरी दीवार पर पंजाब की प्रगति को दर्शाने वाले चित्र हैं । पावर हाऊस, बैलों की जोड़ी, नलकूप, भंगड़ा आदि का चित्रण प्रगति का जीवंत चित्र प्रस्तुत करता है ।

प्रदर्शनी को इस ढंग से सजाया गया है कि उसे देख कर दर्शक को पंजाब द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में की गई प्रगति की झलक मिल जाती है । संघोल की खुदाई में मिले पुराने अवशेष, परम्परागत दस्तकारी, हौज़री का सामान एक खंड में दिखाया गया है । दूसरे खंड में कपड़ा, खेलों का सामान, फ़र्नीचर, भवन निर्माण सामग्री, खिलौने, घड़ियां आदि प्रदर्शित की गई हैं । उनके सामने इलैक्ट्रानिक सामान, कम्प्यूटर, टैलीविजन सैट, दूर संचार उपकरण रखे गए । इसी खंड में राज्य की औद्योगिक प्रगति की झलक मिलती है ।

न्यायमूर्ति मिश्र ने महिलाओं बारे टिप्पणी वापस ली

नई दिल्ली, 22 नवम्बर (वार्ता): उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रंगनाथ मिश्र ने महिलाओं के बारे में अपनी हाल की वह टिप्पणी वापस ले ली है जिसके कारण देश के विभिन्न महिला संगठनों ने उनकी तीखी आलोचना की थी ।

उन्होंने कहा है कि वह महिलाओं को बहुत सम्मान की दृष्टि से देखते हैं और भविष्य में उनके हितों के लिए आवाज उठाते रहेंगे ।

दूर संचार कर्मी
(पृष्ठ 3 का शेष)

कार्यकुशलता बढ़ाने पर भी बल दिया । कर्मचारी संगठनों के नेताओं ने केंद्रीय मंत्री के हस्तक्षेप पर आभार प्रकट किया और उन्हें पूर्ण सहयोग का विश्वास दिलाया ।

विभाग के चार लाख कर्मचारी मांग कर रहे थे कि महानगर टैलीफोन निगम लिमिटेड के कर्मचारियों की तरह उन्हें भी 100 रुपए मासिक तदर्थ भत्ता दिया जाए ।

कर्मचारियों के महासंघ ने बम्बई और दिल्ली

दक्षेस समापन समारोह का टी.वी. पर सीधा प्रसारण

नई दिल्ली, 22 नवम्बर (प.स.): माले में चले रहे दक्षेस शिखर वार्ता के समापन समारोह का कल सवेरे नौ बजे दूरदर्शन पर सीधा प्रसारण किया जाएगा । दूरदर्शन सूत्रों ने यह जानकारी दी ।

शोक समाचार

हमारे सर्वप्रिय श्री
दुखदायी निधन 14.11.
पगड़ी 25.11.90 रवि
गली नं. 9, बाग रामानंद,
बजे से 3 बजे तक होगी
शोक
भगवान दास वर्मा—दा
कमला प्रसाद वर्मा—पि
बॉबी, बंटी—बेटे
सत नारायण, अवतार
1523, गली नं. 2,

हम बड़े दुखी हृद
कि हमारी प्रिय श्रीम
22 नवम्बर को स्व
रस्म पगड़ी व उठ
नवम्बर, 1990 को
उपासरा, गढ़ी गेट, हो
शोक
राजकुमार जैन
अनिल जैन-अलका,
अजय जैन-मीना
अंकित जैन
रविन्द्र जैन (दामाद
अशोक जैन (दामा

आप जी को बड़े दु
सूचित किया जाता है कि
राजेश कुमार तथा सु
तिथि 14.11.9
आतंकवादियों की गोलि
हो गए हैं । उनकी आ
के लिए रखे गए श्री गु
पाठ का भोग व रस्म
25.11.90, दिन
1.00 बजे दोपहर ह
स्थान, नई आबादी,
तलवंडी भाई (फि
होगी ।
दुखी हृदय
वेद प्रकाश गुप्ता (
माया देवी गुप्ता (
शशि बाला गुप्ता
कंचन बांसल (भा
विनोद कुमार गर्ग
मै.

कबीरा
ऐसी व

बड़े दुखी हृ
जाता है कि हम
देव जी (संस्था

Punjabi Sanatan

ं बढ़ जाएगी

म्बर (प.स.): सरकारी सूत्रों
की उपलब्धता अगले 8 से
जाएगी क्योंकि आयात किए
ा खेप शीघ्र भारत पहुंचने
डीज़ल की बढ़ी हुई मांग भी
की कमी दर करने के लिए
ाई स्पीड डीज़ल गत सप्ताह
ाया था । नवम्बर के अंत
ज़ल तथा दिसम्बर में 5.60
पहुंच रहा है । सरकार ने
ा है कि देश में डीज़ल की
0% कटौती और रबी फसल
सानों की बढ़ी हुई मांग के
ध्धता सीमित हो गई है ।

संबंध में निर्णय शीघ्र

के अनुसार अगले कुछ महीने
क संबंध में कुछ महत्वपूर्ण
नयम मंत्री सत्य प्रकाश
सचिव डा. माधव गोडबले,
कार्यकारी निदेशक आर.के.
ों के वरिष्ठ अधिकारियों के
महत्वपूर्ण समझा जा रहा
बैठक को पैट्रोलियम की
लिए बुलाई गई बैठक
त्रों ने बताया कि बैठक
हत्वपूर्ण फैसले की दिशा में
सकती है ।

अधिक प्रभावी

र विचार

वार्ता): दक्षिण एशियाई
दक्षेस) के सातों नेता
गिरॉवारू द्वीप पर आज
के दौरान दक्षिण एशियाई

बरियाना चौ के पास नाकाबंदी के दौरान दो साइकलों पर सवार तीन आतंकवादियों अजमेर सिंह, दलबीर सिंह व हरजिन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया गया । इनके कब्जे से तीन पिस्तौलें, भारी संख्या में कारतूस, छह डैटोनेटर व आठ किलो बारूद बरामद किया गया । प्रवक्ता ने बताया कि एक अन्य आतंकवादी गरनाम सिंह को राम कालोनी कैम्प के पास से गिरफ्तार किया गया । उसके कब्जे से एक पिस्तौल, दो डैटोनेटर व 2 किलो बारूदी पाऊडर बरामद किया गया । प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए चारों आतंकवादियों से पूछताछ की जा रही है ।

गुट संघर्ष में एक आतंकवादी मरा : पटियाला (राजू) : पुलिस ने बस्सी पठाना थाना के अन्तर्गत नंदपुर कलौर गांव से एक आतंकवादी का शव बरामद किया है । जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. शर्मा ने बताया कि यह वारदात आतंकवादियों के निजी गुट संघर्ष का परिणाम है ।

युवक घायल : कल रात पटियाला जिला के बनूड़ थाना के अन्तर्गत कालूमाजरा गांव में आतंकवादी अवतार सिंह नामक एक युवक के घर रात 11 बजे के लगभग आए तथा उसे अपने साथ ले गए । थोड़ी दूर जाने के बाद आतंकवादियों ने अवतार सिंह को गोली मार दी । उसे घायलावस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है । पुलिस ने इस वारदात को आतंकवादियों के निजी गुट संघर्ष का परिणाम बताया है ।

एक की हत्या : लुधियाना (धीमान): स्कूटर सवार 2 आतंकवादियों ने लुधियाना जिला के रज्जोआना खुर्द गांव में स्कूल की ग्राऊंड में हाकी खेल रहे एक व्यक्ति हंसपाल की गोलियां मार कर हत्या कर दी । हंसपाल पी.डब्ल्यू.डी. में क्लर्क था ।

बैंक से 5 लाख रुपए लूटे : आतंकवादियों ने कल लुधियाना जिला के सिधवां बेट थाना के अन्तर्गत भुंदरी गांव में सहकारी बैंक की शाखा से लगभग पांच लाख रुपया लूट लिया । उल्लेखनीय है कि इससे एक दिन पहले आतंकवादियों ने इसी जिला के सिधवां बेट

हाने के बाद सदन को कार्य
लिए स्थगित कर दी गई ।

इससे पूर्व विधानसभा में
पुरानी सरकार के प्रति विश्वा
करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री
(इ) पर राज्य में राजनीतिक
पर कब्ज़ा करने के लिए 'सिद्ध
आरोप लगाया तथा विधानस
के प्रस्ताव को पूरी तरह संवैध
प्रसाद ने कहा कि यह बड़े ही
उत्तर प्रदेश में जहां कई शह
किसी राजनीतिक दल या ने
लागू करने की मांग नहीं की ब
उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह
बचाने का काम किया, जो बि
की दुहाई देकर राष्ट्रपति शा
है ।

उन्होंने कहा कि भारतीय
लाल कृष्ण अडवानी की गि
मोर्चा सरकार से भाजपा क
जाने के बाद से कांग्रेस
समाचारपत्रों के माध्यम से
अस्थिरता का माहौल कायम
जिसके कारण सरकार को
प्रस्ताव पेश करना पड़ा है
माहौल समाप्त किया जा सके

श्री लालू प्रसाद ने कहा कि
कृष्ण अडवानी की रथ-य
साम्प्रदायिकता और धार्मिक
रहा था, जिसके कारण उन्हें
था । उन्होंने कहा कि श्री अड
बाद भी पूरे प्रदेश में सरकार स
माहौल बनाए रखने में सफल
नाम उज्ज्वल हुआ है ।
साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए
समाप्त करने के लिए वचनब

Punjab Samachar

पंजाब में विभिन्न मुठभेड़ों में 3 उग्रवादी 2 घुसपैठिये मरे

दरोगा और महंत सहित 4 व्यक्तियों की हत्या, रोपड़ बस हत्याकांड के मृतकों की पहचान कर ली गई

चंडीगढ़, 23 नवम्बर (वार्ता): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान 3 आतंकवादी तथा 2 घुसपैठिए मारे गए । इसी बीच आतंकवादियों द्वारा एक दरोगा व एक महंत सहित 4 लोगों की हत्या कर दी गई । जिला रोपड़ के गांव परोल में आतंकवादियों द्वारा मारे गए 13 बस यात्रियों में से 12 की शिनाख्त कर ली गई है ।

मृतक बस यात्रियों की शिनाख्त : कराली (नबंदा, शुक्ला): गत रात्रि चंडीगढ़ से थोड़ी दूर स्थित जिला रोपड़ के गांव परोल में जिन 13 बस यात्रियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी थी उनमें से 12 लोगों की शिनाख्त कर ली गई है जबकि एक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी । वह प्रवासी मजदूर प्रतीत होता है । मृतकों में 22 वर्षीय राज कुमार सुपुत्र हेम राज निवासी मुल्लांपुर, गीरब दास जिला रोपड़, 40 वर्षीय पं. जगत राम सुपुत्र मंगत भगत, हरियाणा पुलिस का हवालदार ग्राम खिज़राबाद, 25 वर्षीय अभिमन्यु सुपुत्र रघबीर सिंह चंडीगढ़ पुलिस का सिपाही, ग्राम खिज़राबाद, 30 वर्षीय पवन कुमार सुपुत्र पं. नाथ राम, हरियाणा पुलिस का कर्मचारी, ग्राम खिज़राबाद, 22 वर्षीय रमेश चंद्र सुपुत्र अनंत राम, ग्राम खिज़राबाद, परस राम ग्राम चांदपुर राव, सोहन लाल ग्राम सियालबा माजरी, बाबू राम सुपुत्र मेहम राज, ग्राम पाछी, जिला सीकर (राजस्थान), भूपिन्दर सिंह गांव सियालबा माजरी, सिकन्दर लाल सुपुत्र धर्म पाल हरियाणा रोडवेज़ का कर्मचारी, जसविंदर सिंह सुपुत्र चरण सिंह, ग्राम सियालबा माजरी, कलवंत राय सुपुत्र परमानंद, ग्राम माणकपुर शरीफ, जिला रोपड़ शामिल हैं ।

घटना का विवरण : प्राप्त जानकारी के अनुसार ए.के. 47 राइफलों से लैस लगभग आधा दर्जन अज्ञात नवयुवकों ने ग्राम परोल के निकट चंडीगढ़ से खिज़राबाद तक चलने वाली 3 सी.टी.यू. की बसों को सड़क के बीच ट्राली खड़ी कर रोक लिया तथा एक समुदाय के लोगों को बस नं. सी.एच.यू.8904 में बिठा लिया जबकि दो बसों को वापस भेज दिया । बाद में इस बस को गांव से कुछ दूर लेजाकर उसमें सवार यात्रियों पर अंधाधुंध गोलियां चला कर उनकी हत्या कर दी । एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल से ए.के. 47 असाल्ट राइफल के चले हुए कारतूसों के लगभग 150 खोल बरामद हुए हैं ।

घटना के तुरंत बाद कराली क्षेत्र में गांव डगराली में पुलिस द्वारा छापे मारे जाने के दौरान स्कूटर व मोटर साइकल पर सवार चार नौजवानों ने पुलिस के एक दल पर गोलियां चलाईं । पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में हमलावर अपने वाहन वहीं छोड़ कर साथ लगते जंगल में जा छिपे । वाहनों को जब्त कर लिया गया है ।

आज मोहाली में सिविल हस्पताल में मृतकों का पोस्टमार्टम करने के बाद उनके शव उनके परिवार वालों को सौंप दिए गए । इस हत्या कांड के विरोध में आज कराली में बंद आयोजित किया गया ।



गत दिवस मक्खू के पास दो बस यात्रियों की हत्या में संलिप्त तीन उग्रवादी सुरक्षा बलों द्वारा मार दिए गए : (1) खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर सोन, (2) अंग्रेज सिंह उर्फ फौजी तथा (3) जसबीर सिंह, (4) इन उग्रवादियों से मिले हथियार । (छाया : बागी)

चंडीगढ़ से 'संपी' के अनुसार दो घायल बस यात्रियों को आज सुबह उपचार के लिए यहां पी.जी.आई. में दाखिल कराया गया है । इनके नाम तरसेम लाल (38) व अजमेर सिंह है । बताया जाता है कि आतंकवादियों के घटनास्थल से चले जाने के बाद ये दोनों घायल व्यक्ति बस से उतर कर अपने घरों को चले गए थे । इनमें इतना डर समा चुका था कि ये उपचार के लिए घर से ही नहीं निकले । आज उजाला होने पर ही वे पी.जी.आई. में लाए गए ।

3 आतंकवादी मरे : होशियारपुर (वि.प्र.): गत दिवस जिला होशियारपुर में पुलिस के साथ मुकाबले में 3 उग्रवादी मारे गए । एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एक उग्रवादी गुरमेज सिंह उर्फ फौजी को हथियार बरामद करने के लिए ले जाया जा रहा था । जब दुआबा के निकट दो उग्रवादियों ने, जो मोटर साइकल पर सवार थे उसे छुड़ाने के लिए पुलिस पर घात लगा कर हमला कर दिया । इस पर पुलिस ने जवाबी फायरिंग शुरू कर दी जिससे गुरमेज सिंह और उसे छुड़ाने आए दोनों साथी मारे गए । पुलिस के 2 कांस्टेबल भी घायल हुए हैं । पुलिस को घटना स्थल से एक ए.के. 47 राइफल, 2 मैगजीन, 52 खाली कारतूस, 15 जिंदा कारतूस, 7.65 एम.एम. का एक पिस्तौल, 3 डैटोनेटर, एक मोटर साइकल, डेढ़ किलो बारूदी पाउडर और एक बारूदी सुरंग भी बरामद हुई है ।

घुसपैठिया मरा : गत रात भारत-पाक सीमा पर खेमकरण सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल की एक नाका पार्टी के साथ मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया । उसके पास से एक ए.के. 47 राइफल तथा कुछ कारतूस बरामद हुए हैं । सूचना के अनुसार उसके दो साथी भागने में सफल हो गए ।

आतंकवादी व घुसपैठिया मरे : फिरोजपुर जिले के नाकारिया गांव के पास दो संदिग्ध आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाईं । जवाब में सुरक्षा बलों के गोलियां चलाने से एक आतंकवादी मारा गया । इसी जिले में भारत-पाक सीमा के ममदोट सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल जवानों की गोली से एक पाक घुसपैठिया मारा गया ।

फिरोजपुर में दुकानें बंद करने का समय निश्चित : फिरोजपुर से 'बागी' के अनुसार जिला मैजिस्ट्रेट फिरोजपुर श्री सुरेश कुमार ने आज यहां एक आदेश जारी कर सभी दुकानदारों को अपनी दुकानें सायं 6.30 बजे तथा होटलों, ढाबों व हलवाई की दुकानों को रात्रि 8.30 बजे तक बंद करने के निर्देश दिए हैं । यह आदेश अगले आदेशों तक लागू रहेगा ।

असामाजिक तत्वों द्वारा गुरुद्वारों में चोरी : पटियाला (भूषण): यहां से 30 कि.मी. दूर राजपुरा-चंडीगढ़ रोड पर स्थित ढकांस खुर्द और ढकांस कलां गांवों में गत रात दो गुरुद्वारों में चोरी की घटनाओं के बाद जिला मैजिस्ट्रेट श्री एस.पी. करकरा ने आज जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक स्थानों के इर्द-गिर्द शारीरिक रूप से योग्य व्यक्तियों द्वारा 24 घंटे गश्त लगाए जाने के आदेश दिए हैं । ढकांस कलां गांव के गुरुद्वारे से अपराधी कैश बाक्स चुरा कर ले गए, जबकि ढकांस खुर्द के गुरुद्वारे से ट्रंक का ताला तोड़ कर उसमें पड़े रूमाले और कपड़े निकाल कर ले गए । ये वस्तुएं गुरुद्वारे से तीन किलोमीटर

(शेष पृष्ठ 8 पर)

जो कोई भी पंथक एकता की राह में रुकावट बनेगा, उसे भयंकर परिणाम भुगतने पड़ेंगे : फैडरेशन

लुधियाना, 23 नवम्बर (महेन्द्र): आनन्दपुर साहब में 25 नवम्बर के दिन 6 प्रमुखों की जो पंथक एकता के लिए बैठक हो रही है, उसकी तैयारियां पूर्ण हो गई हैं । अकाली सूत्रों ने बताया कि 6 प्रमुखों की बैठक के परिणामों की जानकारी प्राप्त करने के लिए पांच हजार से दस हजार अकाली नेताओं के समर्थक एकत्रित हो गए हैं । छः प्रमुखों की बैठक में भाग लेने के लिए 25 धार्मिक प्रतिनिधियों के संगठनों को भी निमंत्रण पत्र जारी किए गए ।

आल इंडिया सिख छात्र संघ (मनजीत) ने गत दिवस लुधियाना के पत्रकार सम्मेलन में भी घोषणा कर दी कि फैडरेशन के प्रतिनिधि इस बैठक में भाग लेंगे तथा जो कोई भी पंथक एकता की राह में रुकावट बनेगा, उसे भयंकर परिणाम भुगतने पड़ेंगे । फैडरेशन के नेताओं ने यह भी घोषणा की थी कि 6 प्रमुख नेताओं को पंथक एकता का निर्णय किए बिना बैठक से उठने न दिया जाएगा तथा यदि पंथक एकता न हुई तो फैडरेशन पथ को अपना कार्यक्रम देगी ।

पंथक एकता के लिए आंतरिक तौर पर कई सुझाव विचाराधीन हैं । गुप्तचर सूत्रों के अनुसार अकाली नेतृत्व सिमरनजीत सिंह मान को सौंपी जा रही है तथा कहा जा रहा है कि पंथ के इस नाजुक समय में वह मास्टर तारा सिंह बन कर उन जैसी भूमिका निभाएं । जत्थेदार गुरचरण सिंह टोहरा अपना पहले जैसा रोल अदा कर रहे हैं । 17 नवम्बर के दिन जालधर में पांच प्रमुखों की कमेटी गठत की गई थी तथा इस कमेटी के संयोजक सिमरनजीत सिंह मान नियुक्त हुए थे लेकिन चंडीगढ़ की बैठक में अकाली यह देख कर आश्चर्यचकित रह गए, जब जत्थेदार टोहरा भी वहां बैठक में पहुंच गए । उन्हें भी पांच प्रमुखों की बैठक में शामिल कर लिया गया तथा इस प्रकार आनन्दपुर साहब की बैठक में छः प्रमुख शामिल हो रहे हैं ।

ज्ञात हुआ है कि जत्थेदार टोहरा ने प्रकाश सिंह बादल को भी राजी कर लिया है कि वह छः प्रमुखों की बैठक में होने वाले निर्णयों को स्वीकार करेंगे । कहा जाता है कि छः प्रमुखों ने अभी तक जगदेव सिंह तलवंडी से परामर्श नहीं किया लेकिन जत्थेदार तलवंडी सभी गतिविधियों पर दृष्टि रखे हुए हैं । यह भी ज्ञात हुआ है कि अकाल तख्त के भू.पू. जत्थेदार प्रो. दर्शन सिंह भी इस बैठक की सफलता के लिए सक्रिय हैं लेकिन उनके समर्थकों को इस बात पर क्रोध है कि प्रो. दर्शन सिंह तथा जत्थेदार तलवंडी को पंथक

(शेष पृष्ठ 8 पर)

बुनियादी आर्थिक क्षेत्रों में सहयोग के फैसले के साथ दक्षेस शिखर सम्मे

माले, 23 नवम्बर (वार्ता, प.स.): सात देशों के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस) का शिखर सम्मेलन बुनियादी आर्थिक क्षेत्रों में सहयोग शुरू करने और संगठन की गतिविधियों को जनसंचार माध्यमों, जैव-प्रौद्योगिकी (बायो-

देशों में आने-जाने की सुविधा तीन माह के भीतर उपलब्ध हो जाएगी । यह सुविधा देने का फैसला 1988 में इस्लामाबाद में दक्षेस शिखर सम्मेलन में किया गया था ।

दक्षेस नेताओं ने मानव संसाधन विकास, क्षय

भारत ने इस सम्बन्ध में प्रशिक्षण सुविधा का प्रस्ताव किया है जिसका अन्य सदस्य देशों ने स्वागत किया । सम्मेलन में कहा गया कि विभिन्न सदस्य देशों में एकत्रित जैनेटिक संसाधनों के रख-रखाव के क्षेत्र में सहयोग से सभी सदस्यों को फायदा होगा ।

सम्मेलन के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि पद सम्भालने के तुरन्त बाद मुझे पड़ोसी देशों के सहयोगियों से परिचित होने का सुखद अवसर मिला है । ऐसी बैठकों से उनकी इस धारणा की पुष्टि हुई है कि एक-दूसरे की समस्याओं और

कि दक्षेस में विवादास्पद मु कोई मदद मि के समापन प बहुत अच्छी

Punjabi Sanatani



फाजिल्का के गांव नुकेरियां में पुलिस मुकाबले में मारे गए एक अज्ञात आतंकवादी की लाश ।
(छाया : पं.के.)

आतंक : पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

की दरी पर जली हुई पाई गई हैं । पुलिस अपराधियों की तलाश कर रही है । ये घटनाएं चोरों के गिरोह की कार्रवाई बताई जाती हैं ।

एक हत्या : फरीदकोट जिले के बदनी खुर्द गांव में कल रात आतंकवादियों ने गुरबचन सिंह नामक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

महंत की हत्या : संगरूर जिले के नामल गांव में महंत मुक्ता नंद पुरी की आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी ।

दरोगा की हत्या : पुलिस ने बताया कि अमृतसर नगर के बाहरी छोर पर स्थित सुल्तानविंड गांव में आतंकवादियों ने सहायक दरोगा अवतार सिंह की कल रात गोली मार कर हत्या कर दी । सहायक दरोगा ने कल ही इस गांव की चौकी का कार्यभार संभाला था । कार्यभार सम्भालने के बाद कल शाम से ही वह लापता था । गोलियों से छलनी लाश आज तड़के मिली । उग्रवादी उसकी सर्विस रिवाल्वर भी ले गए । ए.के. 47 के 17 खाली कारतूस घटनास्थल से बरामद किए गए हैं ।

4 उग्रवादी गिरफ्तार : इस बीच मेहता थाना के राजवां गांव के पास संक्षिप्त मुठभेड़ में चार उग्रवादी पकड़े गए । इनके नाम निरवैर सिंह, अमरीक सिंह, मनप्रीत सिंह और सुखवीर सिंह हैं ।

बम विस्फोट से 2 घायल : आज तरनतारन कस्बे में किरयाना की एक दुकान में हुए बम विस्फोट से 2 लोगों के घायल होने की सूचना है ।

बम विस्फोट में दुकान मालिक जीवन प्रसाद और एक ग्राहक मोहिन्दर सिंह घायल हुए हैं । उन्हें तरनतारन के सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया है ।

एक की हत्या : अमृतसर (नारंग): आज [illegible] कुमार नामक व्यक्ति की हत्या कर दी । बताया जाता है कि ये आतंकवादी संदीप कुमार के घर आए और खाना बनाने को कहा । जब उनके घर वाले खाना बनाने लगे तो आतंकवादी संदीप को बंदूक की नोक पर घर से बाहर ले गए व एक सम्प्रदाय के लोगों के घर बताने को कहा । उसके आना-कानी करने पर इन्होंने उसे गोली मार दी ।

बस जलाई : एक अन्य सूचना के अनुसार आज सायं पुलिस थाना सरहाली के गांव बुर्ज राय में अज्ञात व्यक्तियों ने पंजाब रोडवेज की बस को आग लगा दी ।

मृत आतंकवादियों की शिनाख्त : फिरोजपुर से 'धीमान' के अनुसार फिरोजपुर जिले के सहरा बेट के निकट वीरवार को दो बस यात्रियों की हत्या में संलिप्त तीन आतंकवादी, जो मुठभेड़ में मार गिराए गए थे, उनकी शिनाख्त कर ली गई है । श्री अनिल कपूर शर्मा एस.एस.पी. फिरोजपुर के अनुसार उनके नाम हैं—अंग्रेज सिंह उर्फ फौजी निवासी वराभाविंड थाना जीरा, सोनू निवासी मनियाला और जसबीर सिंह निवासी मसानिया (दोनों जालन्धर जिला) । सोनू खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के कारज सिंह पीर मोहम्मद गिरोह का एरिया कमांडर था ।

HOW TO BUY
THE BEST ALPHA TV
SHORT OF
GOING TO JAPAN

'बोडो सिक्योरिटी फोर्स को कबायली मंत्री का संरक्षण'

नई दिल्ली, 23 नवम्बर (स्टे.): केंद्रीय गृह मंत्रालय की गुप्तचर संस्थाओं तथा चाय बागानों के संघ का विचार है कि असम गण परिषद की सरकार का एक कबायली मंत्री ही नए उग्रवादी संगठन बोडो सिक्योरिटी फोर्स को संरक्षण दे रहा है ।

इसी संगठन ने गत दिनों 20 नवम्बर तक उसे 7.5 करोड़ रुपया दे दिए जाने अथवा परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहने की धमकी दी थी ।

एक जांचकर्त्ता का कहना था कि यह मंत्री इस संगठन को अपने निर्वाचन क्षेत्र की सुरक्षा तथा अपने

[illegible] का मामला गंभीर ह

नई दिल्ली, 23 नवम्बर (दिनेश श भारतीय जनता पार्टी के अखिल भारतीय महास श्री केदारनाथ साहनी ने पंजाब में निरंतर हो नरसंहार तथा जम्मू-कश्मीर में पनप रहे उग्रवा लिए पिछली एवं वर्तमान सरकारों को दोषी ब हुए आरोप लगाया कि इस समस्या के समाधान उग्रवाद उन्मूलन के लिए जो कारगर कदम चाहिए उनकी मात्र घोषणाएं ही की परिणामस्वरूप निर्दोषों का कत्लेआम जारी पाकिस्तान की करतूतों पर श्वेत पत्र जारी कर मांग टालकर इंका सरकार ने जो भूल की थी तरह सुरक्षा पट्टी बनाने, उग्रवादियों के खिलाफ कार्रवाई करने और पाकिस्तान सरकार अल्टीमेटम देने में नई सरकारों द्वारा दिखा ढिलाई से पंजाब का मामला गम्भीर होता ज है ।

गांधी नगर में जन चेतना मंच द्वारा आय समारोह में कश्मीरी शरणार्थियों में कम्बल वि करते हुए श्री साहनी ने यह भी कहा कि क विस्थापितों की समस्या का मूल दिवंगत अब्दुल्ला की अलगाववादी नीतियों का नती जिस षड्यंत्र को भारत के प्रथम प्रधानमं जवाहर लाल नेहरू भी नहीं समझ पाए । कश भारतीय सेना के बढ़ते कदम को रोकना, संवि धारा-370 का समावेश आदि कुछ ऐसी बातें आज तक कश्मीर को भारत से अलग-थलग हैं । पं. नेहरू व शेख अब्दुल्ला के बाद डा. अब्दुल्ला, श्रीमती इंदिरा गांधी, राजीव गांधी उन्हीं नीतियों का अनुसरण किया परिणामस्वरूप कश्मीरी हिन्दू अपने ही

शिमला व आसपास के

Punjabi Sanatani

सम्मेलन नहीं होने देगी

सरकार ने अत्यन्त गंभीरता से लिया है । इस सारे षड्यंत्र का उद्देश्य प्रदेश में साम्प्रदायिक तनाव पैदा करना तथा कानून-व्यवस्था को पंगु बनाना है । इस सारी स्थिति का लाभ लेने के लिए विदेशी ताकतों के हाथों में खेलने वाले तत्वों ने जो षड्यंत्र रचा है, कल प्रस्तावित सम्मेलन भी उसी का एक भाग है । इस सम्मेलन का एक मात्र उद्देश्य यह है कि अव्यवस्था फैलाने के लिए एक कार्यक्रम की घोषणा की जाए ।

एकता के नाम पर होने वाले इस सम्मेलन में अलगाववादी विचारधारा को बढ़ावा दिया जाएगा । विज्ञप्ति के अनुसार सरकार को सूचना मिली है कि इस एकता सम्मेलन में विभिन्न आतंकवादी संगठनों के नेताओं की तरफ से दिए गए राष्ट्रद्रोही संदेश भी पढ़े जाने का कार्यक्रम है । अवांछित तत्व आनन्दपुर साहिब में प्रस्तावित इस सम्मेलन को राष्ट्र विरोधी नारे बुलन्द करने के लिए प्रयोग करना चाहते हैं । "इस सारी स्थिति में सरकार मूक दर्शक बन कर बिल्कुल नहीं बैठेगी । कल 25 नवम्बर को प्रस्तावित यह सम्मेलन नहीं होने दिया जाएगा ताकि अवांछित एवं राष्ट्रद्रोही तत्वों के साथ कड़ाई से निपटा जा सके ।

सरकारी कदम भड़काने वाली कार्रवाई : अपनी गिरफ्तारी से पूर्व श्री सिमरनजीत सिंह मान ने सम्मेलन के दृष्टिगत अकाली नेताओं की गिरफ्तारी की निंदा की । उन्होंने कहा कि सरकार की यह कार्रवाई भड़काने वाली है । हमने तो आनंदपुर साहिब के सम्मेलन में हिंदू-सिख एकता कायम करने और सरकार की दमनात्मक मशीनरी से निपटने का कार्यक्रम तय करना था । यह सम्मेलन तो हिंदू-सिख एकता का आह्वान करने वाला था, जिसके लिए कि पंजाब संघर्ष मोर्चा अपना काम जारी रखेगा ।

इस बीच अकाली दल (ली) के पूर्व उप-प्रधान

(शेष पृष्ठ 8 पर)

का विधायकों ने राजीव से र्थन वापस लेने की मांग की

पार्टी के अन्य विधायक भी दुविधा में पड़ गए हैं । विधायकों को ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की फब्तियों का शिकार होना पड़ रहा है । परिणामस्वरूप अनेक विधायकों को अपने दौरे रद्द करने पड़े हैं । समर्थन के मुद्दे पर श्रीमती बाजपेयी और श्री तिवारी समर्थकों में आपसी खींचतान सड़कों तक जा पहुंचने से भी प्रदेश के ब्लाक स्तरीय इकाई नेता चिन्तित हैं ।

डीज़ल सप्लाई में कटौती का आदेश वापस

नई दिल्ली, 24 नवम्बर (प.स.): डीज़ल की आपूर्ति पर दस प्रतिशत की कटौती संबंधी पूर्व सरकार के आदेश को वापस ले लिया गया है । नया आदेश 26 नवम्बर से लागू होगा । कटौती का आदेश 21 जून को लागू किया गया था, जो एक जुलाई से प्रभावी हुआ था । यह घोषणा केंद्रीय पैट्रोलियम एवं रसायन मंत्री श्री सत्य प्रकाश मालवीय ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में की । श्री मालवीय ने कहा कि इस कटौती को वापस लेने संबंधी निर्णय सरकारी विभागों के वाहनों पर लागू नहीं होगा ।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में पैट्रोलियम मंत्री ने कहा कि राज्यों को डीज़ल की आपूर्ति की मात्रा में बढ़ोत्तरी कर दी जाएगी । उन्होंने कहा कि सरकार डीज़ल की आपूर्ति पूर्ववत् कर देना चाहती है । खाना पकाने की गैस की आपूर्ति में 15% की कटौती को वापस लेने अथवा नहीं लेने संबंधी प्रश्न के उत्तर में श्री मालवीय ने कहा कि इस बारे में समीक्षा की जा रही है ।

छुरेबाज़ी में 2 मरे

हैदराबाद, 24 नवम्बर (प.स.): सिकंदराबाद में आज तड़के छुरेबाज़ी की एक घटना में दो व्यक्ति मारे गए तथा एक अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गया ।

बम विस्फोट में तरनतारन के पुलिस अधीक्षक (आप्रेशन), 3 अन्य सुरक्षा कर्मियों की मृत्यु

पंजाब में अन्यत्र 2 होमगार्डों सहित 8 व्यक्तियों की हत्या : 1 उग्रवादी भी मरा

तरनतारन में कर्फ़्यू : पुलिस द्वारा कई जगहों पर छापे

चंडीगढ़, 24 नवम्बर : तरनतारन पुलिस जिला के पुलिस अधीक्षक (आप्रेशन) श्री हरजीत सिंह तथा तीन अन्य सुरक्षा कर्मियों की आज प्रात: बम विस्फोट में मृत्यु हो गई । तरनतारन में कर्फ़्यू लगाकर उक्त वारदात के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को पकड़ने के लिए कई स्थानों पर छापे मारे गए हैं । इस बीच पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 2 होमगार्ड जवानों समेत 8 लोगों की हत्या हुई ।

पुलिस अधीक्षक समेत 4 सुरक्षा कर्मियों की हत्या : अमृतसर (वार्ता, प.स.) : तरनतारन के पुलिस अधीक्षक (आप्रेशन) हरजीत सिंह, उनके गनमैन हैडकांस्टेबल तरसेम सिंह तथा 2 अन्य सुरक्षा कर्मियों की आज सुबह बम विस्फोट में मृत्यु हो गई । पुलिस के अनुसार यहां से 25 किलोमीटर दूर तरनतारन कस्बे में पुलिस अधीक्षक के निवास के बाहर मारुति जिप्सी में शक्तिशाली विस्फोट हुआ ।

पुलिस के अनुसार मृत गनमैन के शरीर के टुकड़े चारों तरफ बिखर गए तथा मारुति जिप्सी का मलबा काफी दूर जाकर गिरा । मारुति जिप्सी पुलिस अधीक्षक के निवास से करीब बीस मीटर दूर ही पहुंची थी कि बम विस्फोट हो गया । विस्फोट में श्री हरजीत सिंह की पसलियां टूट गईं । अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई । दो घायल कांस्टेबलों तरसेम लाल तथा मंजीत सिंह ने बाद में अमृतसर अस्पताल में दम तोड़ दिया । मारुति जिप्सी का ड्राईवर कांस्टेबल लक्खा सिंह भी विस्फोट से घायल हो गया था । उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

समझा जाता है कि विस्फोट मारुति जिप्सी के दाईं तरफ हुआ । श्री हरजीत सिंह भी मारुति जिप्सी में इसी तरफ बैठे हुए थे । विस्फोट के समय श्री हरजीत सिंह 5 अन्य सुरक्षा कर्मियों के साथ अपने कार्यालय जा रहे थे । पुलिस अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट भूमिगत सुरंग से नहीं हुआ बल्कि आतंकवादियों ने सड़क के किनारे पर बम छिपा रखा था और श्री हरजीत सिंह की जिप्सी जब वहां से गुजरी तो रिमोट कंट्रोल से बम विस्फोट किया गया । अधिकारियों के अनुसार आतंकवादियों द्वारा यह अब तक का सबसे शक्तिशाली बम विस्फोट था । इसकी आवाज 5 किलोमीटर के घेरे में सुनी गई । उन्हें यह भी आशंका है कि शायद विस्फोट में प्लास्टिक सुरंगों का इस्तेमाल किया गया है । आतंकवादियों ने ये सुरंगें हाल ही में सीमा पार से हासिल की हैं । बताया जाता है कि आज प्रात: विस्फोट से पूर्व श्री हरजीत सिंह के बेटे को स्कूल ले जाने वाला वाहन तथा श्री सिंह के काफिले की दो जीपें भी इसी स्थान से गुजरी थीं, लेकिन वे सुरक्षित रहीं ।

श्री हरजीत सिंह आतंकवादियों की हिटलिस्ट में थे । उन्होंने 3 नवम्बर को उस अभियान का नेतृत्व किया था, जिसमें तरनतारन इलाके के भूल्लर गांव में भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स का सुखविन्दर सिंह संधा मारा गया था । इसके बाद श्री हरजीत सिंह को कई धमकी पत्र मिले थे । बताया जाता है कि तरनतारन में आतंकवादियों ने कई स्थानों पर पोस्टर भी चिपकाए थे, जिनमें श्री हरजीत सिंह की हत्या करने की शपथ ली गई थी ।

श्री हरजीत सिंह तथा 3 अन्य सुरक्षा कर्मियों की हत्या करने वाले आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तरनतारन में कर्फ़्यू लगाकर कई स्थानों पर छापे मारे गए हैं । इस बीच अंतिम संस्कार के लिए श्री हरजीत सिंह का शव फरीदकोट जिला में उनके पैतृक गांव ले जाया गया है ।

हरजीत सिंह असिस्टैंट सब इंस्पैक्टर के रूप में पंजाब पुलिस में भर्ती हुए थे । वह अपने पीछे पत्नी तथा 2 अव्यस्क बच्चे छोड़ गए हैं । इससे पहले भी आतंकवादियों ने तरनतारन पुलिस जिला के पुलिस अधीक्षक (आप्रेशन) श्री अवतार सिंह की हत्या कर दी थी ।

5 लोगों की हत्या : पट्टी से 'नि.स.' के अनुसार 20-25 सशस्त्र आतंकवादियों ने कल रात साढ़े आठ बजे स्थानीय वार्ड नम्बर 3 में दो घरों में दाखिल होकर तीर्थ राम, उनके बेटे विजय कुमार तथा 2 भाइयों लखविन्दर कुमार और केवल कुमार का अपहरण कर लिया । इसके बाद इन्हीं आतंकवादियों ने प्रेम कुमार नामक एक होमगार्ड जवान का भी अपहरण किया और फिर उक्त पांचों लोगों की गोलियां मारकर हत्या कर दी । पोस्टमार्टम के बाद मृतकों का अंतिम संस्कार कर दिया गया ।

बस जला दी : चंडीगढ़ से पट्टी आ रही बस को आतंकवादियों ने कल रात 8 बजे गांव के निकट रोक लिया और सवारियों को नीचे उतार कर बस को आग लगा दी ।

होमगार्ड जवान समेत 3 की हत्या : कल रात आतंकवादियों ने मजीठा पुलिस जिला के धरियां गांव में होमगार्ड जवान बख्शीश सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी । इसी पुलिस जिला के चुंग गांव में भी आतंकवादियों ने दलबीर सिंह नामक एक किसान की गोलियां मारकर हत्या कर दी । तरनतारन पुलिस जिला के भिखीविंड गांव में आतंकवादियों ने संदीप कुमार नामक व्यक्ति की उसके घर पर ही गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

पुलिस चौकी पर हमला : सुरक्षा बलों ने अमृतसर जिला के नागोके पुलिस चौकी पर किए गए हमले को नाकाम कर दिया । बाद में घटनास्थल से एक रॉकेट और कुछ कारतूस बरामद किए गए ।

एक आतंकवादी द्वारा आत्महत्या : मुक्तसर (दर्दी) : कल रात थाना सदर की एक पुलिस पार्टी गश्त पर जा रही थी कि गांव कोठाके के पास 2 संदिग्ध युवक सामने से आते दिखाई दिए । गश्ती पार्टी ने जब उन्हें रुकने के लिए कहा तो

(शेष पृष्ठ 8 पर)

50 पी.सी.एम.एस. अधिकारियों की सेवाएं समाप्त

होशियारपुर, 24 नवम्बर (अश्वनी कपूर) : पंजाब सरकार ने राज्य के 50 से अधिक पी.सी.एम.एस. (प्रथम श्रेणी) मैडीकल अधिकारियों की सेवाएं समाप्त कर दी हैं । यह जानकारी देते हुए पंजाब के स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग के सचिव श्री अशोक कुन्द्रा ने बताया कि उक्त कार्रवाई डाक्टरों द्वारा बिना स्वीकृत अवकाश के ड्यूटी से गैरहाज़िर रहने, प्राइवेट प्रैक्टिस करने व भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के पश्चात् की गई है । श्री कुन्द्रा के अनुसार कुछ मैडीकल अफसरों के विरुद्ध भ्रष्टाचार के मामले भी विजिलैंस विभाग ने दर्ज किए हैं ।

एक विशेष भेंट में श्री कुन्द्रा ने कहा कि राज्य में इस वर्ष 160 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को अपग्रेड करने का निर्णय किया गया है । इनमें से 80 को अपग्रेड करके सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाकर वहां चार-चार विशेषज्ञ डाक्टर तैनात कर दिए गए हैं । स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि राज्य में परिवार कल्याण व स्वास्थ्य विभागों के अलग-अलग निदेशक नियुक्त करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है ।

श्री कुन्द्रा ने बताया कि राज्य की नई दवा खरीद नीति तैयार कर ली गई है व इसकी घोषणा दिसम्बर के आरंभ में कर दी जाएगी । राज्य के अस्पतालों के लिए खरीदी गई घटिया दवाओं के स्कैंडल की जांच कर रही समिति ने अपनी अन्तिम रिपोर्ट भी प्रस्तुत कर दी है व इस रिपोर्ट का अध्ययन किया जा रहा है । इस वर्ष लगभग 10 करोड़ रुपए की दवाइयां खरीदी जाएंगी ।

घटना की जांच सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश करेंगे

नई दिल्ली, 24 नवम्बर (प.स.): राष्ट्रपति श्री रामास्वामी वेंकटरमन ने पत्रकारों से हुई कथित मारपीट की घटना की जांच उच्चतम न्यायालय के किसी वर्तमान या अवकाश प्राप्त न्यायाधीश से कराने का आदेश दिया है । कथित मारपीट 21 नवम्बर को राष्ट्रपति भवन में नई केंद्रीय मंत्रि परिषद के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान हुई थी ।

राष्ट्रपति भवन से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि राष्ट्रपति ने भारत के प्रमुख न्यायाधीश रंगनाथ मिश्र से उच्चतम न्यायालय के एक वर्तमान या अवकाश प्राप्त न्यायाधीश को मनोनीत करने का अनुरोध किया है । इससे पहले यह जांच गृह मंत्रालय से कराने का आदेश दिया गया था ।

शेखर सरकार को इंका 'रिमोट कंट्रोल' से चला रही है : अडवानी

मैंगलूर, 24 नवम्बर (प.स.): भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष लालकृष्ण अडवानी ने कल यहां कहा कि कांग्रेस (इ) समर्थित चंद्रशेखर सरकार जनादेश प्राप्त करने के लिए जनता के समक्ष जाने से घबराई हुई है, क्योंकि राम जन्मभूमि मसले के कारण भाजपा को जनादेश मिलने की अच्छी सम्भावना है । श्री अडवानी ने कल रात यहां एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी चाहती थी कि जब विश्वनाथ प्रताप सिंह सरकार ने लोकसभा में विश्वास का मत खोया था, उस समय राष्ट्रपति चुनाव की घोषणा करते । श्री अडवानी ने कहा कि सच्ची धर्म-निरपेक्षता का मतलब आबादी के कुछ वर्गों का तुष्टिकरण नहीं है बल्कि सभी लोगों के साथ समानता से व्यवहार करना और उन्हें बराबरी का न्याय देना है । उन्होंने कहा कि भाजपा को छोड़ कर अन्य सभी राजनीतिक दल 'दिखावटी' धर्म-निरपेक्षता का ढिंढोरा पीटते हैं ।

श्री अडवानी ने कहा कि कांग्रेस (इ) के अलावा अन्य कोई भी राजनीतिक दल चंद्रशेखर की सरकार नहीं चाहता है । उन्होंने कहा कि इस सरकार को कांग्रेस (इ) 'रिमोट कंट्रोल' से चला रही है । श्री अडवानी ने दावा किया कि कोई भी राजनीतिक दल अयोध्या में श्री राम मंदिर के निर्माण के खिलाफ नहीं है ।

कोयम्बटूर : श्री अडवानी ने यहां कहा कि उनकी पार्टी ने विश्वनाथ प्रताप सिंह द्वारा सरकार से अपना समर्थन वापस लेने का फैसला गत जून-जुलाई में ही ले लिया था । यह फैसला अयोध्या मसले के बाद जल्दबाजी में नहीं किया गया ।

Punjabi Sa

बुश ने थैचर को टैलीफोन करके कहा "हम आपको चाहते हैं"

लंदन, 24 नवम्बर (ए.पी.): दुनिया भर के ताओं ने ब्रिटेन की प्रधानमंत्री मारग्रेट थैचर की पलब्धियों की सराहना की है । अमरीकी राष्ट्रपति ार्ज बुश ने उन्हें अपना महत्वपूर्ण दोस्त बताया है ौर सोवियत राष्ट्रपति ने शीत युद्ध समाप्त कराने में नकी भूमिका की तारीफ की है ।

उधर ईराक ने कहा है कि वह इस बात को लेकर खी नहीं हैं कि श्रीमती थैचर सत्ता से जा रही हैं । ीमती थैचर ने गुरुवार को अपने इस्तीफे की घोषणा ी थी ।

सऊदी अरब में तैनात अमरीकी सैनिकों की ौकियों का दौरा कर रहे अमरीकी राष्ट्रपति ने ीमती थैचर को टैलीफोन करके कहा, 'हम आपको ाहते हैं' श्रीमती थैचर के दस डाऊनिंग स्ट्रीट ार्यालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि अमरीकी ष्ट्रपति श्रीमती थैचर के त्यागपत्र से 'बहुत चलित' हैं ।

हिन्दू विश्वकोष में 'अयोध्या' को प्रथम स्थान

टोरन्टो, 24 नवम्बर (आई.ए.एन.एस.) : ट्सबर्ग स्थित हिन्दू हेरीटेज रिसर्च फाऊंडेशन रा इस समय 33 खण्डों में प्रकाशित होने वाला न्दू विश्वकोष तैयार किया जा रहा है तथा इसमें थम प्रविष्टि के रूप में 'अयोध्या' को स्थान प्राप्त गा । इसके अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती के नुसार इस कोष का प्रथम खण्ड वर्ष 1993 में काशित होने की सम्भावना है ।

फाऊंडेशन के मुख्य सम्पादक डा. के.एल. षागिरी राव के अनुसार इस विश्वकोष में अयोध्या' को वर्णमाला के आधार पर प्रथम स्थान या जाएगा । उन्होंने कहा, 'हम विस्तृत इतिहास ी खोज करेंगे तथा बाद में बात करेंगे कि किस कार मुसलमानों ने हमारे धर्म तथा संस्कृति को नष्ट रने का प्रयास किया । इस प्रविष्टि में विश्व हिन्दू रिषद द्वारा अयोध्या में बाबरी मस्जिद स्थल पर न्दिर बनाने के वर्तमान संघर्ष के विवरण भी ामिल किए जाएंगे ।'

इससे पूर्व कैथोलिक, बौद्ध तथा इस्लाम धर्म पर ी विश्वकोष प्रकाशित हो चुके हैं तथा पंजाब श्वविद्यालय ने सिख धर्म पर भी एक विश्वकोष यार करने का काम अपने हाथों में लिया है ।

आतंक : पंजाब में

(पृष्ठ 1 का शेष)

उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस पार्टी ने भी जवाबी फायरिंग की । दोनों ओर से काफी देर तक गोलियां चलती रहीं । जब आतंकवादियों ने स्वयं को चारों ओर से घिरा पाया तो उनमें से एक ने साइनाइड का कैप्सूल खा लिया, जिससे उसकी वहीं मौत हो गई । दूसरे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । उसका नाम सुखविंदर सिंह है । इन आतंकवादियों के कब्जे से 2 रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस बरामद हुए ।

महिला ने आतंकवादियों को भगाया : धूरी (जैन): कल रात पौने आठ बजे स्थानीय शिवपुरी मुहल्ला में कुछ आतंकवादियों ने फायरिंग की । एक महिला ने अपने मकान की छत पर चढ़ कर जब जवाबी फायरिंग की तो आतंकवादी भाग गए ।

रुपए ले गए : आज प्रातः नौ बजे के लगभग दो अज्ञात व्यक्ति धूरी की सट्टा मार्कीट के निकट प्रमोद कुमार जैन के साइकिल पर पड़ा बैग लेकर भाग गए । बैग में दस हजार रुपया था ।

हथियार ले गए : धूरी से 'सिंगला' के अनुसार मीमसा गांव में कुछ अज्ञात व्यक्ति बलवंत तथा बच्चन सिंह नामक दो लोगों के घरों से दो राइफलें ले गए ।

बंद : कुराली (शुक्ला): रोपड़ जिला में विगत वीरवार को 13 बस यात्रियों की हत्या के विरुद्ध रोषस्वरूप आज कुराली में बंद रहा । कुराली के आसपास सम्पर्क मार्गों पर बसें भी नहीं चलीं । सी.टी.यू. की कोई बस भी इस इलाका में नहीं आई, जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी । इस दौरान पता चला है कि पुलिस ने एक ऐसे अज्ञात व्यक्ति को पकड़ा है, जिसने तीन दिन पहले यह आशंका व्यक्त की थी कि कुराली के इलाके में कोई बड़ी घटना हो सकती है ।

ई.सी.जी. मशीन में नल के पानी का कमाल

पुणे, 24 नवम्बर (वार्ता): हृदय की धड़कन मापने वाली इलैक्ट्रो कार्डियो ग्राम (ई.सी.जी.) मशीन में इलैक्ट्रोड जेली के स्थान पर नल के पानी का इस्तेमाल कर न केवल ई.सी.जी. पर आने वाले खर्च में कमी की जा सकती है, बल्कि इससे समान नतीजे प्राप्त किए जा सकते हैं ।

यह दावा है पुणे स्थित आर्म्ड फोर्सेज मैडिकल कालेज (ए.एफ.एम.सी.) के जूनियर असिस्टैंट

कश्मीर घाटी में 4 लोगों की हत्या

श्रीनगर, 24 नवम्बर (प.स.): उग्रवादियों ने तंगमर्ग में आज सुबह 4 व्यक्तियों की हत्या की और श्रीनगर की घनी बस्ती वाले तीन इलाकों में उनकी सुरक्षा बल से मुठभेड़ हुई । श्रीनगर के सीमावर्ती गांवों में गश्त तेज कर दी गई है । वहां पाक प्रशिक्षित उग्रवादियों के छुपे होने की खबरें मिली हैं । पुलिस ने आज बताया कि उत्तरी कश्मीर में पर्वतीय विश्राम स्थल तंगमर्ग से गोलियों से छलनी दो शव मिले ।

सरकारी खबरों के अनुसार आज दोपहर एक अज्ञात व्यक्ति को उग्रवादियों ने बारामूला जिले में सुबल में गोली मार कर घायल कर दिया । एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि आज शहर के विभिन्न हिस्सों में तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया । प्रवक्ता ने कहा कि कल बारामूला जिले में वाडीपोडा पर उग्रवादियों और सुरक्षा बलों के बीच फायरिंग में लड़की वहीदा बानू घायल हो गई । प्रवक्ता ने आज सुबह कुपवाड़ा जिले में लाबगैर पर उग्रवादियों द्वारा सुरक्षा बल के एक वाटर टैंक पर हमले की खबर की पुष्टि की । इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ ।

फयान में कल रात कुछ उपद्रवियों ने राज्य पर्यटक विकास निगम के डाक बंगले के एक कमरे में आग लगा दी ।

सुरक्षा बलों ने आज सुबह मेथन, शकरपुरा, कालपुरा, बधोरा, गोपालपुरा, माचू तथा आसपास के गांवों को घेरे में ले लिया और निवासियों को घरों से बाहर आ जाने के लिए कहा क्योंकि घर-घर में जाकर तलाशी लेने की कार्रवाई शुरू की जानी थी ।

उग्रवादियों ने आज सुबह श्रीनगर के भीतरी भाग में नवाकदल के निकट रैनावाड़ी और रैगटेंग में विक्ट्री क्रासिंग पर अत्याधुनिक किस्म के हथियारों से सुरक्षा बलों की चौकियों पर हमले किए । अधिकारियों के अनुसार हमलों में कोई भी हताहत नहीं हुआ ।

करफाली मुहल्ले में आज सुबह एक विस्फोट के कारण बैंक की एक शाखा के कार्यालय को नुक्सान पहुंचा । जिस इमारत में कार्यालय था, वह नैशनल कांफ्रैंस के एक कार्यकर्त्ता की है ।

सैदाकदल व रैनावाड़ी इलाके में एक अन्य विस्फोट में भी एक मकान क्षतिग्रस्त हो गया ।



भूटान नरेश श्री जिग्मे सिग्मे वांगचुक के [illegible] आगमन पर इंका अध्यक्ष श्री राजीव गांधी [illegible] हाथ मिलाते हुए । (छाया : [illegible])

गैस सिलैंडर फटने से दम्पति की मौत

नई दिल्ली, 24 नवम्बर (प.स.): पूर्वी दिल्ली [illegible] यमुना विहार में आज सुबह एक मकान में रसोई [illegible] के सिलैंडर फटने से एक दम्पति की मृत्यु हो [illegible] अग्निशमन विभाग के सूत्रों के अनुसार घटना [illegible] पर श्री उदित नारायण ओझा (58) और [illegible] पत्नी श्रीमती उषा ओझा (48) मृत पाए [illegible]

आरक्षण नीति के विरुद्ध छात्रा द्वारा आत्मदाह

लखनऊ, 24 नवम्बर (प.स.): आरक्षण [illegible] विरोध में यहां हो रही घटनाओं को देखते हुए [illegible] प्रशासन ने राजधानी लखनऊ के चार स्कूलों [illegible] आगामी 30 नवम्बर तक के लिए बंद करने [illegible] आदेश दिए हैं ।

इस बीच 12वीं कक्षा की एक छात्रा रंजना [illegible] ने आज सरकार की आरक्षण नीति के विरोध में [illegible] गोमती नगर स्थित अपने घर में आत्मदाह [illegible] लिया । उसकी तत्काल मृत्यु हो गई । [illegible] शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है ।

धरपकड़ ...

(पृष्ठ 1 का शेष)

श्री हरबंस सिंह घुम्मन ने भी इन गिरफ्तारियों [illegible] निंदा की है ।

गिरफ्तार किए गए नेताओं में श्रीमती सुख[illegible]

Punjabi Sanatani

आतंकवादियों द्वारा जालन्धर में कई जगह फायरिंग : 15 मरे, अनेक घायल

पंजाब में अन्यत्र 13 आतंकवादी मरे, 6 लोगों की हत्या : तरनतारन में कर्फ्यू खत्म, सौ लोग हिरासत में : आतंकवादी हमले में बस यात्री बाल-बाल बचे

चंडीगढ़, 25 नवम्बर : मारुति कारों में सवार आतंकवादियों ने आज शाम जालन्धर शहर में चार स्थानों पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे 12 लोगों की मृत्यु हो गई तथा कई अन्य घायल हुए । इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान गुट संघर्ष व मुठभेड़ों में 13 आतंकवादी मारे गए तथा एक होमगार्ड जवान व दो भाइयों समेत 6 लोगों की हत्या हुई । इस बीच तरनतारन में कल निश्चितकाल के लिए लगाया गया कर्फ्यू आज दोपहर उठा लिया गया । इस दौरान पुलिस जिला तरनतारन के एस.पी. आप्रेशन श्री हरजीत सिंह तथा अन्य सुरक्षा कर्मियों की हत्या के सिलसिले में भिन्न स्थानों पर छापों के दौरान 100 लोगों को हिरासत में लिया गया । अमृतसर शहर में कल रात एक सिनेमाघर में बम विस्फोट हुआ लेकिन इस वारदात में कोई हताहत नहीं हुआ । बटाला क्षेत्र में पुलिस की सूझबूझ के कारण आतंकवादी हमले में 4 यात्री बाल-बाल बच गए ।

15 लोगों की हत्या, कई घायल : जालंधर (वार्ता, प.स.) आतंकवादियों ने आज शाम जालंधर शहर में 5 जगह अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे कम से कम 15 लोगों की मृत्यु हो गई तथा कई अन्य व्यक्ति घायल हुए । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार तीन मारुति कारों में सवार आतंकवादियों ने जालंधर शहर में मोता सिंह नगर, मसंद चौक, न्यू बारादरी, प्रीत नगर तथा संत नगर में ए.के. 47 राइफलों से अंधाधुंध गोलियां चलाईं । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार प्रीतनगर में दो लोगों की मृत्यु हो गई तथा एक व्यक्ति घायल हुआ । मोता सिंह नगर में एक व्यक्ति गोलियों का शिकार हुआ ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों ने सबसे पहले मोता सिंह नगर में फायरिंग की । इसके बाद उन्होंने शहर में 4 अन्य स्थानों पर गोलियां चलाईं । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार न्यू बारादरी में फायरिंग से एक व्यक्ति की मृत्यु हुई । आतंकवादियों की सही गिनती का अभी तक पता नहीं चला । बताया जाता है कि उक्त आतंकवादियों ने भागने से पहले सफेद और लाल रंग की दो मारुति कारें भी छीनीं । पुलिस सारे क्षेत्र को सील करके आतंकवादियों की तलाश कर रही है । घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है । जालन्धर से 'डल्ला' के अनुसार आतंकवादियों ने पुलिस की वर्दियां पहनी हुई थीं । सब से पहले उन्होंने माडल टाउन के मसंद चौक में मौत का खेल खेलना शुरू किया । उन्होंने मास्टर तारा सिंह नगर के निवासी युवा डाक्टर जतिन्दर कुमार अरोड़ा की कार छीनी । मृतक जतिन्दर की पत्नी व बच्चे भी साथ थे । उसकी पत्नी ने मिन्नतें कीं कि वे कार ले लें, गहने भी ले लें लेकिन उसके पति को कुछ मत कहें, मगर आतंकवादियों ने कार भी छीन ली और इन सभी को कार से निकालने के बाद जतिन्दर कुमार को गोली मार दी और वह वहीं दम तोड़ गया । इन आतंकवादियों ने एक सैनिक गाड़ी को कूल रोड के चौक में घेरा और उसमें बैठे सैनिकों पर फायरिंग कर दी, जिससे दो सैनिक मारे गए । उन्होंने एक अन्य कार पर भी फायरिंग की, जिसमें श्री प्राण नाथ धवन, उनका बेटा, बहू तथा उनके बच्चे बैठे थे । गोलियां लगने से श्री प्राण नाथ धवन की मृत्यु हो गई और उनकी बहू रितु धवन घायल हो गई ।

इस बीच सारे शहर में उक्त वारदात की खबर जंगल की आग की तरह फैल गई और सिविल अस्पताल के बाहर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई । पुलिस के लिए क्षुब्ध लोगों पर काबू पाना कठिन हो रहा था । जिलाधीश श्री एन.एस. कंग, एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा तथा अन्य उच्चाधिकारी अस्पताल में पहुंच गए तथा स्थिति पर नियंत्रण के लिए उचित निर्देश दिए । घायलों के लिए रक्त की आवश्यकता को पूरा करने हेतु भी अनेक लोग अस्पताल में पहुंच गए । इस बीच कुछ क्रुद्ध युवकों ने प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी की तथा सिविल अस्पताल के बाहर दुकानों पर पथराव भी किया ।

जालन्धर में स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल मंगवा लिए गए हैं । पुलिस ने जालन्धर के सिविल अस्पताल को जाने वाले सभी मार्गों को 'सील' कर दिया है, जहां घायलों के लिए रक्तदान करने वाले लोगों की भारी संख्या में भीड़ एकत्रित हो गई थी । इस क्षेत्र में एक संदिग्ध व्यक्ति की क्रुद्ध भीड़ द्वारा पिटाई के पश्चात सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी । भीड़ द्वारा पीटे गए युवक को सिविल अस्पताल में मामूली घावों के साथ दाखिल करवाया गया है । फायरिंग की घटना के पश्चात शहर में भी कड़े सुरक्षा प्रबन्ध कर दिए गए हैं । उच्च पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी अस्पताल में घायलों के बारे में जानकारी प्राप्त करने गए ।

[illegible] के अनुसार मृतकों के नाम इस प्रकार हैं : अशोक कुमार (मुहल्ला करार खां), रोशन लाल (मुहल्ला सिराजगंज), हनी धीर (सुल्तानपुर लोधी), प्रदीप कुमार, सुदेश कुमार, राम कृष्ण, प्रेम नाथ, डा. जितेंद्र अरोड़ा, संजीव धवन, वीरेन्द्र कुमार शर्मा व धर्मवीर और 2 सैनिक भी मारे गए हैं ।

घायलों के नाम इस प्रकार हैं : रितु धवन, धर्मपत्नी संजीव धवन, कश्मीरी लाल कांस्टेबल (प्रीतनगर), रमेश चंद्र (लाडोबाली रोड), हरजिंदर पाल सिंह (संतनगर), राजेन्द्र सिंह, हरीश चंद्र (बैंक स्टाफ का सदस्य सिविल इस्पताल), बहादर गोरखा, अरुण माथुर, किशोर सिंह, [illegible] लाल नारंग (खजाना कर्मचारी), राजेन्द्र तथा [illegible] वर्षीया बालिका ।

तीन घायलों सर्वश्री किशन लाल, हरीश और राजेन्द्र कौर को उनकी गम्भीरावस्था के [illegible] सी.एम.सी. लुधियाना भेज दिया गया है ।

बंद का आह्वान : इस बीच जालन्धर कांड के विरुद्ध शिव सेना की स्थानीय इकाई ने नवम्बर को 'जालन्धर बंद' का आह्वान किया इकाई के प्रधान श्री विनय कुमार जालन्धरी ने आशय की जानकारी दी । इस दौरान ब्राह्मण जालन्धर के प्रधान श्री मनमोहन कालिया जालन्धर गोली कांड की निन्दा की है तथा सरकार आग्रह किया है कि पंजाब को तुरन्त सेना के किया जाए ।

गुट संघर्ष में 3 आतंकवादी अमृतसर (प.स., वार्ता): पुलिस जिला तरनतार तूत गांव के निकट निजी गुट संघर्ष के कारण आतंकवादी मारे गए । आज प्रातः गोलि छलनी उनके शव बरामद किए गए । मृत नाम करतार सिंह, दलबीर सिंह तथा सुरेन्द्र बताए जाते हैं । खालिस्तान कमांडो फो आतंकवादियों ने कल रात रसूलपुर गांव से इन का अपहरण कर लिया था । खालिस्तान फोर्स ने इन तीनों को लूटपाट की वारदातों में जिम्मेदार ठहराया था । घटनास्थल से एक 47 राइफल तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए

दो भाइयों की हत्या : मजीठा पुलिस के मानक नंगल गांव में उग्रवादियों ने एक घर कर अयोध्या नाथ तथा उनके भाई बंता की मार कर हत्या कर दी ।

एक की हत्या, दो घायल : उग्रवा कल रात मजीठा पुलिस जिला के बाबा बकाल के निकट एक मारुति वैन पर घात लगा कर किया, जिससे ड्राईवर भूपिन्दर सिंह की मृत्यु तथा दो अन्य व्यक्ति करमजीत सिंह व रमेश घायल हुए । घायलों को ब्यास के सिविल अ

(शेष पृष्ठ 6 पर)



जालन्धर में रविवार शाम को आतंकवादियों द्वारा की गई फायरिंग में मृत लोगों के शव । (छाया : कपूर)

Punjabi Sanatani

पेट्रोलियम मूल्यों में वृद्धि पर पुनर्विचार किया जाएगा : मालवीय

नई दिल्ली, 25 नवम्बर (प.स.): केंद्र सरकार ने मोर्चा सरकार द्वारा किए गए उस फैसले की समीक्षा करने पर विचार कर रही है, जिसमें खाड़ी संकट के कारण पैट्रोलियम पदार्थों के मूल्यों में वृद्धि की गई थी । विभागों को एक निर्देश जारी कर 23 अक्तूबर के बाद किए गए फैसलों की समीक्षा करने की इच्छा व्यक्त की थी ।

श्री मालवीय ने एक अन्य सवाल के जवाब में

मंगलवार व बुधवार को पंजाब बंद का आह्वान

जालन्धर, 25 नवम्बर (प.स.): आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के वरिष्ठ उपप्रधान जसबीर सिंह घुम्मन तथा उपप्रधान अवतार सिंह बोपाराय ने आनन्दपुर साहब में आज सिख सम्मेलन न करने देने की सरकारी कार्रवाई के खिलाफ रोष व्यक्त करने के लिए 28 नवम्बर (बुधवार) को पंजाब बंद का संयुक्त बैठक में लिया गया है ।

श्री मुखजिंदर सिंह ने कहा कि यह अत्यन्त बात है कि साम्प्रदायिकता का प्रचार करने वा यात्रा की अनुमति दे दी गई थी, पर सिख सम्मे रोक लगा दी गई है । यह पूछे जाने पर कि स उक्त कार्रवाई किस उद्देश्य से की होगी उन

मालवीय

श जारी कर 23 अक्तूबर के
ों की समीक्षा करने की इच्छा

एक अन्य पत्रकार सम्मेलन में
र ने राम जन्म भूमि-मस्जिद
शुरू कर दिया है ।
प्रधानमंत्री ने आज इस मुद्दे पर
तक नेताओं से बातचीत भी की
ने इस बातचीत का ब्यौरा नहीं
ने कहा कि न्यायालय से बाहर
मंत्री शीघ्र ही धार्मिक नेताओं
ी ।

श में मध्यावधि
ांगे : भंडारी

नवम्बर (प.स.): भारतीय
यक्ष श्री सुन्दर सिंह भंडारी ने
अगले साल मई तक मध्यावधि
वना है, क्योंकि चंद्र शेखर की
ाए रखना कांग्रेस के लिए घाटे
। श्री भंडारी ने यहां पत्रकारों
कहा कि हाल तक जो लोग
रोधी थे, वे मध्यावधि चुनाव
ाथ हो गए हैं और अब देखना
ब तक बनी रहती है ?

ारा आवश्यक
की धमकी

ल्ली नहीं लौटेंगे ।" उन्होंने
ये पर आश्चर्य व्यक्त किया
के बारे में मेरा सारा उत्साह

त जुलाई में सपरिवार दिल्ली
अभी तक पूरी तरह तैयार
लों में प्रशिक्षित स्टैनोग्राफर,
खने वाले लोग तथा निजी
हीं कराए गए । यहां तक कि
त आवास भी नहीं मिला है ।
आयोग इस वर्ष 24 जुलाई
से इस वर्ष मई में मैहम
क्षेत्र से उम्मीदवार अमीर
णों की जांच करने के लिए
इस क्षेत्र से सत्तारूढ़ जनता
ओम प्रकाश चौटाला भी
ुनाव तब स्थगित कर दिया



जालन्धर में रविवार सायं को उग्रवादियों द्वारा की गई अंधाधुंध फायरिंग से हुए घायल व्यक्ति, जो सिविल अस्पताल जालन्धर में उपचाराधीन हैं । (छाया : कपूर)



जालन्धर में रविवार सायं को उग्रवादियों द्वारा की गई अंधाधुंध फायरिंग में मरने वाले लोगों के सम्बन्धी विलाप करते हुए । (छाया : प्यारे लाल)

चंद्रशेखर सरकार ज्यादा दिन नहीं चलेगी : बोम्मई

बेंगलूर, 25 नवम्बर (प.स.): जनता दल के अध्यक्ष एस.आर. बोम्मई ने आज यहां कहा कि कांग्रेस (इ) के समर्थन से बनी चंद्रशेखर सरकार ज्यादा दिन चलने वाली नहीं है । उन्होंने पार्टी के कार्यकर्त्ताओं से चुनाव के लिए तैयार रहने का आह्वान भी किया ।

पंजाब भर में 500 अ

चंडीगढ़, 25 नवम्बर (प.स.): आनन्दपुर साहब में आज प्रस्तावित सिख सम्मेलन सरकार द्वारा इस पर प्रतिबंध लगाने के निर्णय कि गत 3 अक्तूबर को अकाली दल (मान), बहुजन समाज पार्टी, सिख वकीलों व बुद्धिजीवियों तथा विध्वंसात्मक गति से देश की सम्प्रभु

जालन्धर, 25 सिख स्टुडैंट्स फैडरे सिंह घुम्मन तथा उ आनन्दपुर साहब में की सरकारी कार्रव लिए 28 नवम्बर आह्वान किया है

आज यहां पत्रक राज्य में सिखों के गिरफ्तारियों की कार्रवाई नागरिक है ।

प्रैस तथा मैडी गया है ।

उन्होंने कहा तारपीडो करने क एकता प्रयासों को

एक अलग बय अडीशनल सचिव सम्मेलन के दृष्टि है ।

इस आशय की जानकारी आज यहां पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार श्री पी.एस. गिल ने दी है । उन्होंने कहा कि जिन आतंकवादियों के खिलाफ 'टाडा' के तहत केस दर्ज किए गए हैं, उनको अभी रिहा नहीं किया जाएगा । उल्लेखनीय है कि अकाली दल (मान) के प्रधान श्री सिमरनजीत सिंह मान को पटियाला में किए गए एक भाषण के सम्बन्ध में 'टाडा' के तहत गिरफ्तार किया गया था ।

ज्ञात हुआ है कि आज यहां अकाली दल (मान) की कार्य समिति की बैठक हुई, जिसमें इस बात पर विचार किया गया कि यदि श्री मान को रिहा नहीं किया जाता तो उनकी रिहाई के बारे में सरकार को अल्टीमेटम दिया जाए ।

इस बीच अकाली (लौं) की कार्य समिति, जिला अलीदारों तथा पार्टी सलाहकारों की एक आपात बैठक 5 दिसम्बर को यहां बुलाई गई है । पार्टी के महासचिव श्री मंजीत सिंह खेरा के अनुसार इस बैठक में श्री तोता सिंह के स्थान पर पार्टी का नया प्रधान चुन लिया जाएगा । श्री तोता सिंह कुछ दिन पूर्व एक तरह से अकाली दल (मान) में शामिल हो गए हैं ।

आज यहां जब श्री तोता सिंह से उनकी स्थिति बारे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह तो 24 नवम्बर से अकाली दल (लौं) का अध्यक्ष पद छोड़ चुके हैं तथा अपनी जगह श्री जवाहल सिंह को कार्यवाहक प्रधान मनोनीत कर चुके हैं । उन्होंने आशा व्यक्त की कि विभिन्न अकाली धड़ों में एक सप्ताह के भीतर एकता हो जाएगी । उन्होंने इस सम्बन्ध में और कुछ कहने से इन्कार कर दिया ।

सूत्रों के अनुसार श्री तोता सिंह के इस प्रकार अचानक मान धड़े में चले जाने का उनकी पार्टी के नेताओं ने काफी बुरा मनाया है । 3 दिसम्बर की प्रस्तावित बैठक में इस सारे मामले पर विचार किया जाएगा ।

अल्टीमेटम : इस बीच अकाली दल (मान) की कार्य समिति ने पंजाब सरकार को अल्टीमेटम दिया है यदि श्री सिमरनजीत सिंह मान सहित सभी गिरफ्तार अकाली व धार्मिक नेताओं को 8 दिसम्बर तक रिहा न किया गया तो 9 दिसम्बर को पटियाला में कार्य समिति की बैठक बुला कर सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन, सहयोगी संगठनों तथा मिलिटैंट्स के साथ विचार-विमर्श करके अगली रणनीति की घोषणा की जाएगी ।

कार्य समिति ने शिरोमणि कमेटी के चुनाव सर्वसम्मति से होने का स्वागत किया है । कार्य समिति का कहना है कि इस सम्बन्ध में श्री मान के एकता अभियान पर अच्छी प्रतिक्रिया हुई है । समिति ने श्री टोहरा व श्री तोता सिंह की भूमिका की भी प्रशंसा की है ।

पार्टी ने मांग की है कि देश में रक्तपात रोकने के लिए भाजपा नेताओं श्री एल.के. अडवानी, अटल बिहारी वाजपेयी व श्रीमती विजयाराजे सिंधिया को 'रासुका' के तहत नजरबंद किया जाए । पंजाब में सेना तैनात करने के अभियान का विरोध करते हुए पार्टी ने असम में राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने को अनुचित करार दिया है । बाबरी मस्जिद के बारे में पार्टी का कहना है कि उसके गिर्द कंटीली तार लगा कर वहां सेना तैनात कर दी जाए । मस्जिद को कोई क्षति नहीं होनी चाहिए ।

मिलिटैंसी से निपटने में पुलिस पूरी तरह विफल रही : वर्मा

पटियाला, 30 नवम्बर (भूषण): पंजाब के विभिन्न भागों में निर्दोष लोगों की हत्याओं की बढ़ रही घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए पंजाब के राज्यपाल श्री वीरेन्द्र वर्मा ने अमृतसर, जालंधर तथा लुधियाना में मिलिटैंट्स द्वारा की गई फायरिंग के मामलों की जांच के आदेश दिए हैं ताकि अक्षम पुलिस अधिकारियों का पता लगाया जा सके ।

आज यहां से 25 कि.मी. दूर नाभा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री वर्मा ने कहा कि यह अत्यंत खेद की बात है कि पंजाब पुलिस राज्य में मिलिटैंसी से निपटने में पूरी तरह से विफल रही है । उन्होंने कहा कि राज्य में पुलिस प्रशासन का एक व्यापक नैटवर्क होने के बावजूद भी पुलिस मिलिटैंट्स को काबू करने के काम में खरी नहीं उतरी है ।

श्री वर्मा ने कहा कि स्थिति पर काबू पाने के लिए राज्य पुलिस की ओवरहालिंग की जा रही है ।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के साथ भेंट में

यहां जारी एक बयान में श्री वर्मा ने इस बात पर खेद व्यक्त किया है कि चंडीगढ़ जैसे संवेदनशील मुद्दे पर समाचार पत्रों में गलत धारणा दी गई और मुझे गलत तरीके से उद्धृत किया गया ।

श्री वर्मा ने कहा कि उन्होंने तो केंद्र सरकार को पंजाब के राजनीतिक दलों के इस संयुक्त विचार से अवगत कराया था कि "चंडीगढ़ का पंजाब को अविलम्ब हस्तांतरण किया जाए ताकि यह समस्या सुलझाई जा सके ।" श्री वर्मा ने कहा कि वह तो राज्य में राष्ट्रपति के एक प्रतिनिधि मात्र हैं तथा राज्यपाल के तौर पर वह संवेदनशील मामलों पर कुछ नहीं कर सकते ।

मेजर द्वारा शपथ ग्रहण

लन्दन, 30 नवम्बर (ए.पी.): ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने श्री जान मेजर को आज प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई । शपथ बकिंघम पैलेस में प्रिवी कौंसिल की एक बैठक में



Punjabi Sahitaarchive.com



...ब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ...नंद अस्पताल लुधियाना में सी.आर.पी. के ...स्टेबल का हालचाल पूछते हुए । उनके साथ ...धीश श्री एस.एस. चन्नी भी खड़े दिखाई दे रहे । यह हैडकांस्टेबल लुधियाना में गत वीरवार को हुई फायरिंग में घायल हो गया था ।

(छाया : भाखड़ी)



...र को बरनाला के बस अंड्डे पर मिलिटैंट्स द्वारा ...फायरिंग में मारे गए (ऊपर) अखबारी हॉकर ...त सिंह तथा (नीचे) सतपाल के शव ।

(छाया : पं.के.)

को घायल कर दिया ।

मृतकों के नाम हैं : जरनैल सिंह, उसका भाई गुरमुख सिंह और नौकर साधु सिंह । घायलों में सरपंच की पत्नी और दो रिश्तेदार भी हैं ।

2 अज्ञात मिलिटैंट भी मरे : जिला तरनतारन के खेमकरण पुलिस थाने के साथ लगते क्षेत्र में पुलिस ने एक मुकाबले के दौरान दो अज्ञात मिलिटैंटों को मार गिराया ।

ग्रंथी सहित 5 की हत्या : मिलिटैंटों ने अलग-अलग वारदातों में पांच व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी । तरनतारन पुलिस थाने के बालासुर गांव के निकट धारु गांव के एक गुरुद्वारे के ग्रंथी गोबिन्द सिंह का अपहरण करने के बाद मिलिटैंटों ने उसकी हत्या कर दी ।

मजीठा के मेहंदीपुर गांव में एक व्यक्ति तथा घरिंडा पुलिस थाने के छोटा मकना गांव में एक और व्यक्ति की मिलिटैंटों ने हत्या कर दी ।

बटाला जिले के लेहर कठी गांव में एक युवक का गोलियों से छलनी शव बरामद किया गया । घटनास्थल से ए.के. 47 के कुछ खाली कारतूस भी बरामद किए गए ।

मिलिटैंटों ने अमृतसर क्षेत्र के घरिंडा पुलिस थाने के ओघना गांव में एक किसान हरभजन सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

चार व्यक्तियों का अपहरण : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार आज पट्टी से तरनतारन आ रही एक बस से मिलिटैंटों ने चार व्यक्तियों का अपहरण कर लिया । जब इनमें से तीन व्यक्ति फरार हो गए तो मिलिटैंटों ने गालियां चला दीं, जिससे तीनों व्यक्ति घायल हो गए । मिलिटैंट एक व्यक्ति का अपहरण करके ले गए ।

स्त्री की हत्या : पुलिस जिला बटाला के थाना श्रीहरगोबिंदपुर के बाहर एक बस पर मिलिटैंटों ने गोलियां मारकर एक स्त्री की हत्या कर दी ।

2 जवान घायल : पुलिस जिला बटाला में आज सायं एक अन्य घटना में बी.एस.एफ. के 2 जवान उस समय घायल हो गए, जब मिलिटैंटों ने श्री हरगोबिंदपुर थाने के क्षेत्र भामा के निकट उनके वाहन पर घात लगा कर हमला किया ।

सरवन सिंह का द...
बार-बार धमकियां...
व्यक्तियों ने उसको...
करने के लिए कहा...
के घटनास्थल पर...
अज्ञात व्यक्ति उस...
निकले । बताया ...
को दस बजे घटना...
साढ़े 12 बजे तक...
था ।

जालन्धर ... की ...

जालन्धर, 30...
(ब) जालन्धर की श...
बैठक आगामी 4...
टाऊन गुरुद्वारे में बु...
सिख छात्र महासंघ...
ढिल्लों की हत्या की...
के लिए रणनीति त...

मद्रास में ... तमिल उग्र...

मद्रास, 30 नव...
थिलाई नगर स्थित...
मार कर पुलिस ने 1...
को पकड़ लिया, जो...
ईलम से सम्बद्ध ब...

देश के लिए ... उठा पाना...

पटना, 30 न...
उपमंत्री दिग्विजय ...
अर्थ-व्यवस्था की हा...
बोझ उठा पाना सम...
संवाददाताओं से बा...
संसाधन जुटा कर देश...
करने के पुरज़ोर प्रया...
कि विदेशी ऋण अ...

Punjabi Sanatani

90 between 1.00

ce at the following
be given suitable

PANY
AR-144 027.
78810.

ापन

पोल्ट्री

Egg rate for 30.11.90
trays. NECC suggested
per dozen.

ला शुरू

न रंगदार VCR, ट्रांज़िस्टर,
रिहायश उपलब्ध । दाखले
नैशनल इलैक्ट्रानिक्स ट्रेनिंग
ड, पठानकोट ।

श्यकता

क अंग्रेजी, गणित, विज्ञान
: संजय गांधी कालेज, छोटा

निक सूचना

ल्ल कौर मेरे कहने में नहीं है,
ल्ल व अचल सम्पत्ति से बेदखल
ी बुरे काम व लेन-देन की मैं
भजन कौर पत्नी सुरजीत सिंह,

कर दिया मगर वह घायलावस्था में ही भाग निकलने में सफल हो गया ।

डाक्टर की हत्या : मोगा (आजाद) : आज शाम साढ़े 6 बजे मोगा की अकालसर रोड पर दो स्कूटर सवार मिलिटैंटों ने विश्व हिन्दू परिषद से संबंधित डाक्टर राजेन्द्र विजन की गोलियों से हत्या कर दी । डाक्टर अपनी जिप्सी में घर की तरफ मुड़ रहे थे कि उन पर हमला किया गया ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डा. राजेंद्र विजान का कार चालक गम्भीर रूप से घायल हुआ है । उसे दो गोलियां लगी हैं । डाक्टर तथा उनके चालक को मिलिटैंट्स ने उस समय गोलियां मारीं जब वे बाजार से अपने 'क्लीनिक-कम-रैज़ीडैंस' में प्रवेश कर रहे थे । डा. विजान विश्व हिन्दू परिषद पंजाब के वरिष्ठ उपप्रधान थे । इस बीच पंजाब शिवसेना के नेता श्री जगदीश चंदरपुरी ने इस हमले की निंदा की है । कल विभिन्न संगठनों ने मोगा बंद का आह्वान किया है ।

4 सी.आर.पी. जवान मरे : इसी दौरान अकालसर रोड पर रेलवे फाटक के निकट कुछ मिलिटैंटों ने सी.आर.पी. की एक गाड़ी पर फायरिंग करके 4 जवानों की हत्या कर दी और दो को घायल कर दिया । पुलिस ने इलाके की नाकाबंदी कर ली है ।

'प.स.' के अनुसार डा. विजन की हत्या करके भाग रहे मिलिटैंटों का सुरक्षा बलों के साथ मुकाबला हो गया, जिसमें सी.आर.पी.एफ. के 4 जवान घायल हो गए ।

74,508 रुपए लूटे व हथियार छीने : मिलिटैंटों ने कल रापेड़ जिले के मियांपुर में एक सहकारी बैंक में से 74,508 रुपए लूट लिए । तीन अन्य घटनाओं में मिलि ने एक स्टेनगन, दो 12 बोर की डी.बी.बी.एल. बन्दूकें और एक कार्बाइन छीन ली ।

6500 रुपए छीने : नवांशहर (शर्मा) राहों रोड के डाकखाना से यहां के हरि (उस्ताद) नाई ने

कार्रवाई करने तथा
प्रयोग करने की मांग
प्रधानमंत्री को बताय
महीनों से बढ़ा है ।
से हिन्दुओं के पलाय
नेताओं ने कहा कि
प्रशासन का मनोब
मिलिटैंटों के पास अ
प्रदेश की सुरक्षा पर्
जिस पर अंकुश लग
कार्रवाई न की तो पंज
असुरक्षा की भावना
एवं श्री खुराना ने यह
बातचीत करने वा
पेशकश करने से मि
जब तक ये तत्व हथि
का कोई लाभ नहीं

51 उग्रव

एक ला

श्रीनगर, 30 न
गत 24 घंटे के दौरान
को गिरफ्तार किया
एक जम्मू-कश्मीर
लूटे । पुलिस के एक
को बताया कि सुरक्ष
बड़गाम जिले में कल
किया । उसने बताय
घर-घर की तलाशी
हिरासत में लिया गया
के दौरान एक पिस्
कारतूस बरामद किए
के दौरान दो मशीनग
लांचर और दो राकेट
उग्रवादियों ने सोपोर
परिसर को आग लगा

Punjab Sahitari

ा चंद्रशेखर ने पंजाब, कश्मीर और
ा सुरक्षा बल (बी.एस.एफ.) के जवानों
भाव से कर्त्तव्य पालन की सराहना की
द्रशेखर ने कहा कि बी.एस.एफ. के
अधिकारियों ने अपनी इच्छा शक्ति और
ाबित कर दिया है कि हम न केवल

शेखर ने आज स्पष्ट किया कि अयोध्या में आगामी 6 दिसम्बर को कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने नहीं दी जाएगी । उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था लागू करने के लिए राज्य सरकार केंद्र के निर्देश के

(शेष पृष्ठ 8 पर)

बजे से सारे शहर में से कर्फ्यू समाप्त कर दिया जाएगा । इस आशय की जानकारी आज शाम एक आधिकारिक प्रवक्ता ने जिलाधीश श्री एन.एस. कंग के हवाले से दी ।

सर में दो जगह बम विस्फोट, 1 मरा, कई घायल : 'ए' श्रेणी का मिलिटैंट जहर खाकर मरा, एक अन्य को ग्रामीण ने मार गिराया

ढ़, 1 दिसम्बर : अमृतसर में मिलिटैंटों
शाम दो बम विस्फोट किए गए, जिससे
की मृत्यु हो गई तथा कई अन्य लोग
। इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24
शन एक होमगार्ड समेत 10 लोगों की
। इस बीच 'ए' श्रेणी के एक मिलिटैंट ने
र आत्महत्या कर ली तथा एक अन्य को
ग ने मार गिराया ।

बम विस्फोटों से 1 मरा, कई
: अमृतसर (नारंग): मिलिटैंटों ने आज
तसर शहर के ख्वाल मंडी क्षेत्र में बम
किया, जिससे एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई
न्य व्यक्ति घायल हुए । अमृतसर क्षेत्र में
स्टैंड पर भी एक बम धमाका हुआ, जिससे
घायल हो गए ।

विस्फोटों में घायल होने वाले लोगों में से 5
न चंद्र शेखर, रणजीत सिंह, बलविन्दर
न सिंह तथा विशेषर नाथ के रूप में हुई

ली घर क्षेत्र में एक विशेष सम्प्रदाय के लोगों
ब छोड़ कर चले जाने की चेतावनी वाले
दिखाई देने के पश्चात क्षेत्र में और सुरक्षा बल
ए गए हैं ।

हरण के बाद 3 लोगों की हत्या :
(वार्ता): कल रात अमृतसर जिला के गांव
डाली से मिलिटैंटों ने 3 लोगों का अपहरण
ा तथा बाद में भुंगे गांव के निकट गोलियां
उनकी हत्या कर दी । मृतकों के नाम
सिंह, मदन लाल तथा करतार सिंह बताए
।

हंग समेत 2 की हत्या : कल रात
पुलिस जिला के करतारपुर गांव में मिलिटैंटों
सिंह नामक एक निहंग की गोली मार कर
र दी । तरनतारन पुलिस जिला के शाम
निकट गुरबख्श सिंह नामक एक व्यक्ति की
टों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

यल ने दम तोड़ा : तरनतारन शहर के
ता मुहल्ला में मिलिटैंटों ने गुरबख्श सिंह
एक व्यक्ति को घायल कर दिया था । आज
स्पताल में उसने दम तोड़ दिया ।

क की हत्या : संगरूर (प.स.) कल रात मिलिटैंटों ने संगरूर जिला के भुल्लेवाल गांव में जरनैल सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । धूरी से जैन के अनुसार 4 मिलिटैंट उक्त गांव में श्री जरनैल सिंह के घर में घुस गए तथा उससे राइफल मांगी । राइफल मिलने के बाद वे जरनैल सिंह को भी अपने साथ बाहर ले गए तथा सौ गज दूर ले जाकर उन्होंने जरनैल सिंह पर गोलियां चला दी, जिससे श्री सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई ।

दुकानदार की हत्या : फरीदकोट (वार्ता): कल शाम मिलिटैंटों ने फरीदकोट जिला के दोधार गांव में एक किरयाना व्यापारी इन्द्रजीत सिंह की उसकी दुकान पर ही गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

पंजाब में अन्यत्र होमगार्ड समेत 10 लोगों की हत्या

'ए' श्रेणी का मिलिटैंट ज़हर खाकर मरा : पटियाला (भूषण, राजू): आज तड़के 'ए' श्रेणी के एक मिलिटैंट ने पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला के एक होस्टल में पुलिस के बीच घिर जाने पर ज़हर खाकर आत्महत्या कर ली । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पटियाला पुलिस ने सूचना मिलने पर जालन्धर पुलिस की एक पार्टी के साथ विश्वविद्यालय परिसर में लड़कों के होस्टल नं. 7 पर छापा मारा । वहां पर 'ए' श्रेणी का दर्दांत मिलिटैंट निर्मल सिंह उर्फ निम्मा अपने एक साथी के साथ एक कमरे में सोया हुआ था । जब पुलिस ने कमरे का दरवाजा खटखटाया तो मिलिटैंटों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी । जवाबी फायरिंग से निर्मल सिंह घायल हो गया लेकिन उसका साथी बच कर भाग गया । जब पुलिस निर्मल सिंह को अस्पताल ले जा रही थी, तो निर्मल सिंह ने ज़हर खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई । जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. शर्मा ने बताया कि निर्मल सिंह की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपए का इनाम था और अनेक मामलों में पुलिस को उसकी तलाश थी । वह पटियाला जिला के भादसों थाना के नोहरा गांव का निवासी था । निर्मल सिंह का संबंध खालिस्तान कमांडो फोर्स के साथ था । पुलिस ने उक्त होस्टल के एक अन्य कमरे से मनजिन्द्र सिंह नामक एक युवक को भी गिरफ्तार किया, उससे एक रिवाल्वर, 6 कारतूस तथा एक डैटोनेटर भी बरामद हुआ है ।

इसी बीच उक्त विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डा. एच.के. मनमोहन सिंह ने पुलिस के इस दावे का खंडन किया है कि होस्टल पर छापा मारने से पूर्व उन्हें इसकी सूचना दी गई थी । दूसरी ओर विश्वविद्यालय के छात्रों ने विश्वविद्यालय परिसर में पुलिस प्रवेश के विरुद्ध रोष स्वरूप विश्वविद्यालय के मुख्य गेट के बाहर दो घंटे तक यातायात ठप्प रखा ।

एक ग्रामीण ने मिलिटैंट को मार गिराया : पटियाला जिला के पातड़ां पुलिस थाना के अंतर्गत हरयो कलां गांव में मलकीयत सिंह नामक एक जमींदार ने कल रात साढ़े 10 बजे के लगभग अपने घर में घुस आए तीन मिलिटैंटों में से एक को गोली से मार गिराया । मृतक की पहचान हरयो खुर्द निवासी करनैल सिंह के रूप में हुई है । उक्त मिलिटैंट के दो अन्य साथी ट्रैक्टर पर भाग गए ।

फायरिंग : धूरी से सिंगला के अनुसार यहां से कुछ मील दूर भसौड़ में एक फैक्टरी के हड़ताली वर्करों पर मिनी बस में सवार संदिग्ध लोगों ने फायरिंग की जिससे मदन लाल, जोगा सिंह तथा एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया । घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है । पुलिस ने मिनी बस कब्जे में ले ली है तथा कुछ संदिग्ध लोगों को पकड़ लिया है ।

होमगार्ड जवान की हत्या : बटाला से 'नि.स.' के अनुसार कल दोपहर थाना कलानौर के गांव बख्शीवाल के निकट मिलिटैंटों ने एक एस.पी.ओ. चौकी पर हमला किया । मुठभेड़ के दौरान होमगार्ड जवान लखविन्दर पाल (18) की मौका पर ही मृत्यु हो गई । मृतक थाना धारीवाल के विर्क तलवंडी गांव का निवासी था ।

महिला की मौत : कल रात थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव भाम के निकट सुरक्षा बलों तथा मिलिटैंटों में हुए मुकाबले के दौरान फायरिंग की लपेट में आकर सुरेन्द्र कौर (42) नामक एक महिला की मृत्यु हो गई । मृतका का पति फौजी है । मुकाबले में बी.एस.एफ. का एक सब इंस्पैक्टर सुरेन्द्र सिंह भी घायल हो गया ।

लुधियाना में बंद : लुधियाना (महिन्द्रा, धीमान): अखिल भारतीय आरक्षण विरोधी मोर्चा, शिव सेना (उत्तरी भारत), भाजपा शहरी लुधियाना

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पने ही स्रोतों चैकिंग' जारी

र स्थित अपने सदस्यों से इसकी पुष्टि करेंगे',

चित्ती मां
(जगत माता)

चित्ती मां मनुष्यता की भलाई के लिए अपने प्रेम तथा आशीर्वाद भरे हाथ बढ़ाते हैं ।

इन पर प्रभु की अपार कृपा हुई है । इनके शरीर को परमात्मा ने दास की पदवी बख्शी है



Punjab Sanatani

प्रमखों की बैठक बुला कर उसमें इस विवाद से जुड़े सभी तात्कालिक और दीर्घकालिक मुद्दों पर विचार किया जाए ।

श्री गांधी ने कहा कि अयोध्या में जो कुछ हुआ वहीं सब कुछ 6 दिसम्बर को फिर से होने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए । पत्र में कांग्रेस (इ) अध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि अयोध्या की घटनाओं के बारे में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पूरी तरह से अंधेरे में रखा गया है ।

श्री गांधी ने कहा कि राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद विवाद देश के जनमानस में एक कैंसर बन गया है और यह देश की एकता और अखंडता और सार्वभौमिकता के लिए खतरा हो गया है । इसलिए इस विवाद को यथाशीघ्र किसी भी तरह से समाप्त किया जाना चाहिए । हमें देश के संविधान, कानून और धर्म निरपेक्ष आधार के अनुसार उसका हल ढूंढना ही होगा ।

श्री गांधी ने आरोप लगाया कि श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार ने अपने शासनकाल के 11 महीने पीड़ाजनक अनिश्चितता और अनिर्णय में बर्बाद कर दिए । श्री सिंह ने अपने राजनीतिक सहयोगियों द्वारा दिए गए समय में इस समस्या का कोई समाधान नहीं निकाला बल्कि समाज के एक वर्ग को दूसरे वर्ग के खिलाफ लड़ाने में अपनी शक्ति गंवाई । उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने एक सम्प्रदाय के दबाव में आकर राष्ट्रपति से अधिसूचना जारी कराई और केवल 24 घंटे के अंदर दूसरे सम्प्रदाय के दबाव में आकर उसको वापस ले लिया । उन्होंने कहा कि नई सरकार ने हमें मौका दिया है कि देश की राजनीति के इस आत्मघाती साम्प्रदायिककरण को समाप्त करें ।

मुखर्जी की मृत्यु के कारणों की शीघ्र जांच कराई जाए : नैयर

लंदन, 1 दिसम्बर (प.स.): श्री कुलदीप नैयर ने ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त का कार्यभार छोड़ने के बाद भारत सरकार से कहा है कि वह भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश सव्यसाची मुखर्जी की मृत्यु के कारणों की न्यायिक जांच शीघ्र पूरी करवाए । श्री नैयर ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि जनता के सामने सारे तथ्य आने चाहिएं ताकि उसे सच्चाई का पता चल सके ।

बी.एस.एफ. की कड़ी

और बैंक कर्मचारी संघ के आह्वान पर आज लुधियाना आंशिक रूप से बंद रहा । शहर के आंतरिक क्षेत्रों में तो दुकानें आंशिक तौर पर बंद रहीं लेकिन बाहरी क्षेत्रों में कारोबार पूरी तरह बंद रहा । बंद की यह काल लुधियाना में हुई हत्याओं के विरुद्ध प्रोटैस्ट स्वरूप की गई थी । सिविल लाइन्स और औद्योगिक क्षेत्र में काम पूरी तरह जारी रहा । कई बैंक और आयकर दफ्तर भी बंद रहे । बस सेवाएं जारी रहीं । कई व्यापारिक संस्थान प्रात: काल बंद थे लेकिन बाद में खुल गए ।

कारों पर फायरिंग : कल रात मिलिटैंटों ने लुधियाना के भारत नगर चौक में एक पुलिस अधिकारी की कार पर और आत्म पार्क में एक प्राइवेट कार पर फायरिंग की । दोनों वारदातों में कोई हताहत नहीं हुआ ।

4.67 लाख लूटे : कल रात लुटेरों ने लुधियाना जिला के थाना जगराओं के गांव पव्विया में सहकारी बैंक से 4 लाख 67 हजार रुपए लूट लिए और फरार हो गए । बताया जाता है कि लुटेरे एक मारुति कार में आए और पिस्तौल की नोक पर पहले बैंक के मैनेजर महेंद्र सिंह को साथ लिया और फिर खजांची राम गोपाल के घर गए और उसको वहां से साथ लिया और बैंक पहुंचे । पिस्तौल की नोक पर बैंक खुलवाया और रुपए लेकर मारुति कार में फरार हो गए ।

'धीमान' के अनुसार बैंक लूटने वालों की संख्या 4 थी । उन्होंने मैनेजर को गांव छछराड़ी में और खजांची को गांव राय तलवंडी में जगाया ।

निन्दा : विश्व हिन्द परिषद के महामंत्री श्री चिरंजीव सिंह ने मोगा में श्री राजेंद्र विजान की हत्या की कड़ी निन्दा करते हुए इसे मानवता की हत्या बताया । उन्होंने पंजाबियों को ऐसे तत्वों के विरुद्ध संगठित होकर संघर्ष करने की काल दी । उन्होंने कहा कि अकाली और सिख धार्मिक नेता भी निर्दोषों की हत्याओं की निन्दा करें ।

पाक और 10000 सैनिक सऊदी अरब भेजेगा

इस्लामाबाद, 1 दिसम्बर (ए.पी.): पाकिस्तान कम से कम दस हजार और सैनिकों को सऊदी अरब भेजने पर राजी हो गया है ।

रछपाल की मांग

तहत ही काम करेगी ।

श्री चंद्र शेखर आज के बाद दिल्ली लौट पत्रकारों से बातचीत क देश बहुत ही नाजुक दौर प्रत्येक पार्टी तथा नेता तालमेल से काम लेना

प्रधानमंत्री ने एक आगामी 6 दिसम्बर त ढूंढ लिया जाएगा तथा उ पुनरावृत्ति नहीं होने दी पिछले दो नवम्बर को आकर्षित किया गया त हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण था

श्री चंद्र शेखर ने ब ने मंडल आयोग की घोषणा की है, उसमें साथ ही यह भी कहा रूप से कमजोर लोग है जाएगा और उनकी स्थि जा सकता ।

आयोग की सिफ घोषणा के बाद उ मंडल-विरोधी आंदोल बताते हुए श्री चंद्र शे ऐसा कोई भी कदम न स्थिति खराब हो ।

श्री चंद्र शेखर से (इ) के साथ गठजोड़ कब तक चलेगी तो सरकार की दीर्घावधि चिन्ता नहीं है । उन्हे है कि देश की समस हो । उन्होंने कहा कि सभी दलों की आम सह

उनसे जब यह प गठजोड़ करके सरका नहीं है तो उन्होंने इस कि यह अवसरवादित कांग्रेस ने बिना शर्त कहा गया कि उत्तर प्र दिया गया है तो उन्हो बिना शर्त समर्थन दि

Punjabi Sa



(ऊपर) अमृतसर शहर में मिलिटैंटों के हाथों मारे गए एक पुलिस कर्मी का शव तथा (नीचे) अमृतसर में दो बम विस्फोटों में घायल हुए 4 व्यक्ति, जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है । *(छाया : भंडारी)*

विजय लक्ष्मी पंडित की राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि

नई दिल्ली, 2 दिसम्बर (वार्ता, पा.स.) : प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व राजनयिक श्रीमती विजय लक्ष्मी पंडित का आज प्रातः यहां विद्युत शव दाह गृह में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया । अंतिम रस्में उनके नाती श्री अर्जुन मेहता ने अदा कीं ।

उप-राष्ट्रपति डा. शंकर दयाल शर्मा, प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी, पैट्रोलियम एवं रसायन मंत्री सत्यप्रकाश मालवीय, दिल्ली के उप-राज्यपाल अर्जुन सिंह, आंध्र के मुख्यमंत्री डा. चेन्ना रेड्डी, सांसद वैजयंती माला तथा कई अन्य गण्यमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे । अंतिम संस्कार दिन में 11 बज कर 35 मिनट पर हुआ ।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव और दिल्ली की जामा मस्जिद के शाही इमाम सैयद अब्दुल्ला बुखारी भी अंत्येष्टि में शामिल हुए ।

शाही इमाम के वहां पहुंचते ही श्री राजीव गांधी उनकी अगवानी के लिए आगे बढ़े और उन्हें श्रीमती पंडित के पार्थिव शरीर तक ले गए ।

इंका नेता, 4 सुरक्षा कर्मियों सहित 12 लोगों की हत्या : 8 मिलिटैंट भी मारे गए

एक मिलिटैंट पुलिस हिरासत से फरार, हरगोबिन्दपुर में एक व्यक्ति का अपहरण

चंडीगढ़, 2 दिसम्बर : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान एक कांग्रेसी नेता तथा 4 सुरक्षा कर्मियों समेत 12 लोगों की हत्या हुई व 8 मिलिटैंट मारे गए । इस बीच एक व्यक्ति का अपहरण हुआ और एक मिलिटैंट पुलिस हिरासत से भाग गया ।

दो मिलिटैंट मरे : अमृतसर (वार्ता) तरनतारन पुलिस जिला के कोटली बसावा सिंह गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए । मृतकों की अभी तक पहचान नहीं हुई । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल, एक ए.के. 74 राइफल, कुछ स्टिक ग्रिनेड तथा भारी परिमाण में गोली सिक्का बरामद हुआ है ।

गुट संघर्ष में 1 मरा : तरनतारन पुलिस जिला के कैरों गांव में कल रात निजी गुट संघर्ष के कारण एक मिलिटैंट मारा गया ।

हैड-कांस्टेबल की हत्या : अमृतसर शहर में कल रात मिलिटैंटों ने पुलिस हैड-कांस्टेबल परमजीत सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी । मिलिटैंट श्री परमजीत सिंह को उनके घर से अपहृत करके डायमंड एविन्यू क्षेत्र में ले गए तथा वहां पर उनकी हत्या कर दी ।

महिला का शव मिला : तरनतारन पुलिस जिला के घुर्कविंड गांव में मिलिटैंटों ने एक अज्ञात महिला की ए.के. 47 राइफल से गोलियां चलाकर हत्या कर दी ।

एक की हत्या : मिलिटैंटों ने अमृतसर जिले में बलदेव सिंह उर्फ देवदत्त नामक व्यक्ति को उसके घर से बाहर बुलाया और कल रात कोटली गांव के निकट उसकी हत्या कर दी ।

शव मिला : अमृतसर जिला के कड़क गांव के निकट एक व्यक्ति का गोली से छलनी शव आज बरामद हुआ । उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

घुसपैठिया मरा : खेमकरण सैक्टर में कल रात सीमा पार कर रहा एक घुसपैठिया बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में मारा गया ।

एक गिरफ्तार : अमृतसर पुलिस ने बसरके गांव से कुलदीप सिंह नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है तथा उससे एक पिस्तौल भी बरामद हुआ है ।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : फिल्लौर (भाखड़ी) : जालन्धर जिला के नूरमहल थाना के अधीन कंगनीवाला गांव के निकट कल रात 9 बजे के लगभग सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए । घटनास्थल से एक जनरल परपज मशीनगन, एक ए.के. 47 राइफल, छोटा राकेट, 7 बाडर तथा 6 कारतूस बरामद हुए हैं । मरने वाले मिलिटैंटों की अभी तक पहचान नहीं हुई । मुठभेड़ लगभग डेढ़ घंटा तक चली ।

2 मिलिटैंट और मरे : 'वार्ता' के अनुसार जालन्धर जिला के सभरावां गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 अज्ञात मिलिटैंट मारे गए । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल तथा एक माऊजर बरामद हुआ है ।

एक व्यक्ति की हत्या : रोपड़ (वार्ता) : कल रात मिलिटैंटों ने रोपड़ जिला के छोटा सुरतपुर गांव में जसपाल सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

दो सुरक्षा कर्मी मरे : रोपड़ जिला के चमकौर साहिब में मिलिटैंटों ने कांग्रेस (इ) सर्कल प्रधान श्री हरजीत सिंह के मकान पर फायरिंग की, जिससे दो सुरक्षा कर्मियों की मृत्यु हो गई । मृतकों के नाम जगजीत सिंह तथा सुरेन्द्र सिंह बताए जाते हैं ।

महिला की हत्या : मिलिटैंटों ने रोपड़ जिला के मनाना गांव में अजायब कौर नामक एक महिला की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

हवलदार की हत्या : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार कल रात कुछ मिलिटैंटों ने थाना कादियां के गांव सेखों में पंजाब पुलिस के एक हवलदार जसबीर सिंह (33) की गोलियां मारकर हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 के चले हुए 6 कारतूस मिले हैं ।

शव बरामद : थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव पब्बारानी के निकट से पुलिस ने एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है । मृतक की अभी तक पहचान नहीं हुई ।

एक का अपहरण : 'वार्ता' के अनुसार बटाला पुलिस जिले के श्री हरगोबिन्दपुर क्षेत्र से मिलिटैंटों ने प्रिंस भल्ला नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया ।

एक मिलिटैंट फरार : बटाला पुलिस जिला के किकर पिंड से एक मिलिटैंट उस समय पुलिस की हिरासत से भाग गया, जब उसे हथियारों की बरामदगी के सिलसिले में ले जाया जा रहा था । सम्बद्ध पुलिस कर्मियों के विरुद्ध लापरवाही का मामला दर्ज कर लिया गया है ।

मुकाबले में एक और मिलिटैंट मरा : गुरदासपुर से 'विनोद' के अनुसार आज दोपहर कहनुवान के निकट राजबेला गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में जगजीत सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया । उसका एक साथी बचकर भाग गया । मृतक से एक पिस्तौल तथा ए.के. 47 का एक मैगजीन बरामद हुआ है । यह जानकारी जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. गोयल ने दी है ।

घायल ने दम तोड़ा : मण्डी डबवाली से 'आजाद' के अनुसार किलियांवाली कांड में घायल हुए एक व्यक्ति जगदीश ने आज सिरसा अस्पताल में दम तोड़ दिया ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)



Punjabi Sanatani

1988 में सामाना में 19 लोगों की हत्या तथा पटियाला के थापर इंजीनियरिंग कालेज में 17 छात्रों की हत्या में संलिप्त था । इसके अतिरिक्त पंजाबी विश्वविद्यालय में डा. रविंदर सिंह रवि, सामाना में तीन सुरक्षा कर्मियों तथा नाभा के निकटवर्ती धंगेड़ी गांव में 2 व्यक्तियों की हत्याओं के मामलों में भी पुलिस को निम्मा की तलाश थी । निम्मा मोगा में आर.एस.एस. के 25 वर्करों की हत्या के मामले में भी वांछित था ।

कांग्रेसी नेता की हत्या : लुधियाना (वार्ता): कल रात मिलिटैंटों ने लुधियाना जिले के बिमरी गांव में कांग्रेस (इ) हरिजन सैल के महासचिव दर्शन सिंह की उनके घर के बाहर ही गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

3 मिलिटैंट गिरफ्तार : लुधियाना से 'धीमान' के अनुसार जिला पुलिस ने यहां से लगभग 12 किलो मीटर दूर साहनेवाल के नज़दीक मुठभेड़ के बाद 3 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है । इनके नाम चरणजीत सिंह (जिला अमृतसर), जतिन्दर पाल सिंह उर्फ ज्योति तथा सुखदीपक सिंह (दोनों लुधियाना जिला निवासी) बताए जाते हैं । ये मिलिटैंट जसपाल बंगड़ गांव में बैंक से 4 लाख रुपया तथा बिलासपुर के एक बैंक से 1.20 लाख रुपया लूटने की वारदातों में संलिप्त थे । पुलिस को कुछ अन्य घटनाओं में भी उनकी तलाश थी ।

Punjabi Sanjari

पंजाब में जुडिशियल मैजिस्ट्रेट, बैंक मैनेजर समेत 8 लोगों की हत्या

गुट संघर्ष व मुठभेड़ों में 5 मिलिटैंट भी मरे

चंडीगढ़, 3 दिसम्बर : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान एक जुडिशियल मैजिस्ट्रेट व बैंक मैनेजर समेत 8 लोगों की हत्या हुई तथा गुट संघर्ष और मुठभेड़ों में 5 मिलिटैंट भी मारे गए ।

जुडिशियल मैजिस्ट्रेट की हत्या : लुधियाना (धीमान, महेन्द्र): आज जगराओं में मिलिटैंटों ने तहसील के पास जुडिशियल मैजिस्ट्रेट श्री एन.सी. पराशर की उस वक्त गोली मार कर हत्या कर दी जब वह अपने दफ्तर जा रहे थे । मिलिटैंट मारुति कार में आए और वारदात करके भाग गए । आज जगराओं में वकीलों और व्यापारियों ने इस हत्या के विरुद्ध हड़ताल की ।

वकीलों द्वारा हड़ताल का निर्णय : चंडीगढ़ से 'गुप्ता' के अनुसार पंजाब तथा हरियाणा उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन ने जगराओं में जुडिशियल मैजिस्ट्रेट श्री एन.सी. पराशर की हत्या के विरुद्ध रोषस्वरूप 4 दिसम्बर को हड़ताल करने का निर्णय लिया है । आज यहां एसोसिएशन की आपात् बैठक में उक्त आशय का प्रस्ताव पारित किया गया । बैठक में श्री पराशर की हत्या की निंदा की गई तथा कहा गया कि यह वारदात न्यायिक प्रणाली की आजादी पर हमला है ।

रिटायर्ड पी.सी.एस. अधिकारी की हत्या : लुधियाना जिला के हेडोन गांव में मिलिटैंटों ने रिटायर्ड पी.सी.एस. अधिकारी श्री सुरत सिंह ग्रेवाल को गोली मार कर घायल कर दिया । पुलिस के एक प्रवक्ता ने आज बताया कि श्री ग्रेवाल की बाद में मृत्यु हो गई ।

इस तरह लुटेरा मिलिटैंट पकड़ा गया : लुधियाना नगर में मोहनदेई अस्पताल में दो लुटेरे खजांची के कमरे में गए और उससे कैश मांगा । उसके पास उस वक्त 3½ लाख रुपए थे । श्री भल्ला ने एक लुटेरे को जफ्फा मार लिया और वह उससे गुत्थमगुत्था हो गए । दूसरे लुटेरे ने गोली चला कर श्री भल्ला को घायल कर दिया और डेढ़ लाख रुपया लूट कर ले गया । इसी बीच फोकल प्वाइंट की पुलिस अस्पताल पहुंची तो उसने एक व्यक्ति को अस्पताल के प्रांगण में लेटे देखा । पहले तो पुलिस ने समझा की कोई मरीज है लेकिन उसका कम्बल उतार कर देखा तो वह खून से लथपथ था । उससे लूट का रुपया भी मिल गया । पकड़े गए मिलिटैंट का नाम ज्ञान सिंह बताया जाता है ।

घायल चल बसा : अबोहर (सदोष): विगत दिनों यहां निकटवर्ती एक फार्म हाऊस में मिलिटैंटों की फायरिंग से घायल हुए किसान बलजीत सिंह ने कल रात अस्पताल में दम तोड़ दिया । इस बीच सुरक्षा बलों ने उक्त वारदात के लिए जिम्मेदार मिलिटैंटों की व्यापक तलाश शुरू कर दी है ।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : फरीदकोट (वार्ता): कल रात फरीदकोट जिला के थड़ीवाला गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो अज्ञात मिलिटैंट मारे गए । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल तथा 315 बोर की एक राइफल बरामद हुई है ।

गुट संघर्ष में एक मिलिटैंट मरा : होशियारपुर (वार्ता): आज तड़के होशियारपुर जिला के मदीपुर गांव में निजी गुट संघर्ष के कारण गुरमीत सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया ।

एक की हत्या : अमृतसर (वार्ता): तरनतारन पुलिस जिला के डाले चक गांव में मिलिटैंटों ने इन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति की उसके घर के बाहर गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

2 मिलिटैंट मरे : 'प.स.' के अनुसार तरनतारन पुलिस जिला के पौवाल गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए । मृतकों की अभी तक पहचान नहीं हुई ।

शिनाख्त : तरनतारन पुलिस जिला के गांव कोटली वसावा सिंह के निकट कल मुठभेड़ में मरने वाले दो मिलिटैंटों की पहचान सतनाम सिंह उर्फ सत्ता तथा कुलवंत सिंह के रूप में हुई है ।

बंदूकें और कारतूस ले गए : जंडियाला गुरु से 'जैन' के अनुसार थाना मेहता के अन्तर्गत गांव टांकेपुर से कल रात मिलिटैंट सैल्फ डिफैंस योजना के तहत ग्रामीणों को दी गई तीन बंदूकें तथा 135 कारतूस छीन कर ले गए । मेहता थाना में मामला दर्ज करवा दिया गया है ।

युवक का अपहरण : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार यहां निकटवर्ती सुल्तानविंड गांव से आज रात मिलिटैंटों ने प्रेम कुमार नामक एक युवक का अपहरण कर लिया ।

शव मिला : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार 21 वर्षीय दलबीर कौर सुपत्नी गुरजीत सिंह, जो गत 4 दिनों से लापता थी, का गोलियों से छलनी शव आज पिंडोरण सिंह से मिला ।

बैंक मैनेजर सहित दो लोगों की हत्या : सरहद से नि.ह. के अनुसार मिलिटैंटों ने कल शाम साढ़े सात बजे के लगभग निकटवर्ती दौल गांव में सरपंच राम अमरा की उसके घर पर ही गोलियां मार कर हत्या कर दी । मिलिटैंटों ने कल रात 8 बजे के लगभग भजौली गांव में बलबीर सिंह नामक एक व्यक्ति को उसके घर से बाहर बुलाया तथा ए.के. 47 से गोलियां चला कर उसकी हत्या कर दी । मृतक सहकारी बैंक परोल में मैनेजर के पद पर आसीन था । 'वार्ता' के अनुसार श्री बलबीर सिंह

(शेष पृष्ठ 6 पर)

उत्तरी भारत शीत लहर की लपेट में

चंडीगढ़, 3 दिसम्बर (वा.): हिमाचल प्रदेश के विभिन्न भाग आज कड़ी शीत की लपेट में हैं । आज मनाली में तापमान शून्य से 1.5 डिग्री कम रहा । कल्पा में तापमान 0.7 डिग्री रहा । इन क्षेत्रों में आज जमा देने वाली ठंड में लोग ठिठुरते रहे ।

ऊना, बिलासपुर, चम्बा में भी आज तापमान सामान्य से बहुत कम रहा ।

आज अमृतसर पंजाब में सबसे ठंडा शहर रहा जहां न्यूनतम तापमान 2.2 डिग्री रहा । यह सामान्य तापमान से 4 डिग्री नीचे रहा ।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पंजाब में अगली 2 रातों में कुछ स्थानों पर पाला पड़ने की संभावना है । पटियाला में आज न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री सैल्सियस रहा । यह सामान्य से 2 डिग्री कम था । हरियाणा के विभिन्न भाग भी आज शीत लहर की लपेट में रहे । अम्बाला में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2 डिग्री कम था ।

चंडीगढ़ और इसके आसपास के क्षेत्र भी आज शीत लहर की लपेट में रहे ।

डांगे की हालत फिर बिगड़ी

बम्बई, 3 दिसम्बर (पस) : वयोवृद्ध कम्युनिस्ट नेता श्रीपाद अमृत डांगे की हालत अब फिर बिगड़ गई है ।

हिंदुजा अस्पताल के सूत्रों के मुताबिक श्री डांगे 'अर्द्धबेहोशी' की हालत में हैं ।

...की नियुक्ति होगी : वर्मा

राज्यपाल ने कहा कि वह भ्रष्टाचार के विरुद्ध हैं । इस सम्बन्ध में कुछ अधिकारियों को डिसमिस भी किया जा चुका है । पंजाब बिजली बोर्ड के चेयरमैन श्री एन.एस. वसंत सम्बन्धी केस महाअधिवक्ता पंजाब को भेजा गया है । उसकी

Punjabi Sanatani

रिपोर्ट के अनुसार मिलिटेंट ने घर में दाखिल होकर निरंजन सिंह की पत्नी को बंधक बना लिया तथा उसे गोली मारने की धमकी देकर उस कमरे का दरवाजा खुलवा लिया, जहां सेफ पड़ा था । इस दौरान एक मिलिटैंट ने एक गोली भी चलाई, जो सेफ के आर-पार हो गई । बाद में मिलिटैंट सेफ में से लगभग डेढ़ लाख रुपए मूल्य के सोने के गहने निकाल कर ले गए ।

बताया जाता है कि बाद में उक्त मिलिटैंट बलविंदर सिंह के घर गए तथा वहां से लगभग 10 तोला सोने के गहने ले गए । मिलिटैंटों ने बलविंदर सिंह के 2 किराएदारों को भी लूटा । मिलिटैंट खाकी वर्दियां पहने थे और रात 1 बजे से तड़के 4 बजे तक लूटपाट करते रहे । पुलिस को मामले की सूचना दे दी गई है ।

महिला की हत्या : धूरी से 'जैन' के अनुसार कल रात यहां से 10 किलोमीटर दूर बंगावाली गांव में मिलिटैंटों ने बंसो नामक एक महिला की उसके घर पर ही गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

रुपए छीन लिए : धूरी शहर में मिलिटैंटों ने शराब के दो ठेकों के कारिंदों पाल सिंह और राजेश कुमार से 14,600 रुपए छीन लिए और भाग गए । दोनों कारिंदे संगरूर रोड के ठेके से त्रिवेणी रोड के ठेके की ओर जा रहे थे ।

बंद : पटियाला (भूषण) : खालिस्तान कमांडो फोर्स के निर्मल सिंह उर्फ निम्मा के मारे जाने के विरुद्ध रोषस्वरूप आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन के आह्वान पर पटियाला में आज बंद रहा । पंजाबी विश्वविद्यालय के छात्रों ने यहां विश्वविद्यालय के बाहर लगभग डेढ़ घंटे तक यातायात रोका । शहर में सभी शिक्षा संस्थान बंद रहे । सरकारी तथा प्राइवेट बस सेवाएं भी ठप्प रहीं । जिला बार एसोसिएशन के आह्वान पर आज वकीलों ने अदालतों का बहिष्कार किया ।

नाभा से 'जैन' के अनुसार निर्मल सिंह उर्फ निम्मा

Punjabi Sanatani

बटाला के पुलिस अधीक्षक के घर पर फ़ायरिंग, एक सुरक्षा कर्मी की मौत : पंजाब में अन्यत्र 11 हत्याएं

एक मिलिटैंट गुट संघर्ष में, 2 अन्य मुठभेड़ में मारे गये

अमृतसर, बटाला, पटियाला में बम विस्फोट, 2 घायल

चंडीगढ़, 4 दिसम्बर : रोपड़ जिला में मिलिटैंटों ने कल रात बटाला पुलिस जिला के एस.एस.पी. श्री सीता राम के मकान पर फायरिंग की, जिससे एक होमगार्ड की मृत्यु हो गई । इस बीच पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 11 लोगों की हत्या हुई तथा 3 मिलिटैंट भी मारे गए ।

एस.एस.पी. के मकान पर फायरिंग : चंडीगढ़ से 'संघी' के अनुसार चंडीगढ़ के निकट जिला रोपड़ में स्थित ग्राम नया गांव में कल रात मिलिटैंटों ने बटाला पुलिस जिला के एस.एस.पी. श्री सीता राम के मकान पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे वहां तैनात होम गार्ड जसबीर सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया । लगभग 24 वर्षीय जसबीर सिंह को उपचार के लिए पी.जी.आई. में दाखिल कराया गया, जहां आज प्रातः उसकी मृत्यु हो गई ।

प्राप्त समाचारों के अनुसार होमगार्ड जसबीर सिंह एस.एस.पी. के मकान पर लगी फ्लड लाईट को ठीक करने के लिए रात लगभग एक बजे छत पर गया । निकटवर्ती खेतों में छिपे मिलिटैंटों ने समझा कि उक्त होमगार्ड फ्लड लाईट से उन्हें देखने का प्रयास कर रहा है । इस पर मिलिटैंटों ने गोलियां चलानी शुरू कर दीं । एक गोली जसबीर सिंह के सिर पर लगी । श्री सीता राम के घर पर मिलिटैंटों ने तीसरी बार हमला किया है । वार्ता के अनुसार हमले के समय श्री सीता राम अपने घर पर ही मौजूद थे ।

पुलिस कांस्टेबल की हत्या : बटाला (नि.स.): श्री हरगोबिन्दपुर थाना के अंतर्गत सीमा खुड्डी गांव में कल रात मिलिटैंटों ने पुलिस कांस्टेबल अमरीक सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । उक्त कांस्टेबल जिला कपूरथला में नियुक्त था और आजकल छुट्टी पर अपने गांव आया हुआ था ।

शव मिला : बटाला सदर थाना के अंतर्गत मड़ियांवाला गांव से पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है ।

बम विस्फोट : बटाला पुलिस जिला के माड़ी बच्चियां गांव में गवर्नमैंट सीनियर हायर सैकेंडरी स्कूल की इमारत में स्थित बी.एस.एफ. चौकी के निकट बम विस्फोट हुआ । धमाके से स्कूल के प्रिंसीपल के कमरे समेत 3 कमरे गिर गए । मलबे से बी.एस.एफ. के कुछ जवान घायल हो गए । यह घटना दोपहर बाद साढ़े चार बजे के लगभग हुई । उस समय स्कूल में छुट्टी हो गई थी । पुलिस सूत्रों के अनुसार धमाका टाइम बम से हुआ ।

दो लोगों का अपहरण : फरीदकोट (वार्ता): मिलिटैंटों का एक गुट फरीदकोट जिले के माड़ी मुस्तफ़ा गांव में प्रीतम सिंह नामक व्यक्ति के घर घुसा और उनके भाई और एक अन्य रिश्तेदार का कल रात अपहरण करके ले गया ।

एक मिलिटैंट मरा : अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर जिला के महाने के गांव के बाहर स्थित एक फार्म हाऊस के निकट छिपे कुछ मिलिटैंटों ने कल रात सुरक्षा बलों पर फायरिंग की । जवाबी फायरिंग से एक मिलिटैंट मारा गया । अभी तक उसकी शिनाख्त नहीं हुई । उसके अन्य साथी बच कर भाग गए ।

गुट संघर्ष में एक मिलिटैंट मरा : तरनतारन पुलिस जिला के ठट्ठे गांव में कुछ मिलिटैंटों ने अपने प्रतिद्वंद्वी गुट से सम्बद्ध एक अज्ञात मिलिटैंट को गोलियों से मार दिया । 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' ने इस वारदात की जिम्मेदारी ली है ।

बम विस्फोट से 2 घायल : आज सुबह आठ बजे के लगभग अमृतसर शहर के कहरी इलाका सुन्दर नगर में गुरुद्वारा के बाहर हुए बम विस्फोट में एक महिला परमजीत कौर (28) तथा एक युवक नरेन्द्र कुमार (17) घायल हो गए । प्राप्त सूचना के अनुसार किसी शरारती ने गुरुद्वारा के बाहर एक प्लास्टिक का लिफाफा रखा हुआ था, जिसमें कुछ भरा हुआ था । परमजीत कौर, जो गुरुद्वारा के एक कर्मचारी की पत्नी है, सुबह सफाई करते हुए गुरुद्वारा से जब बाहर आई तो उसने प्लास्टिक का उक्त लिफाफा उठा लिया, जिससे उसमें पड़ा बम फट गया । धमाके से परमजीत कौर बुरी तरह से जख्मी हो गई । विस्फोट के कारण निकट से गुजर रहा युवक नरेन्द्र कुमार भी घायल हो गया । दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है । महिला की हालत नाजुक बताई जाती है ।

लोगों द्वारा मिलिटैंट की पिटाई : अमृतसर के इलाका कटड़ा मोती राम में आज प्रातः 9 बजे केलगभग लोगों की भीड़ ने एक मिलिटैंट को उस समय काबू कर लिया, जब वह पिस्तौल की नोक पर एक स्कूटर छीनने की कोशिश कर रहा था । लोगों ने उक्त मिलिटैंट को पकड़ कर उसकी बेतहाशा पिटाई की, जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया । सूचना मिलने पर घायल मिलिटैंट को पुलिस उठा कर ले गई तथा उपचार के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया ।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि आज तड़के अमृतसर के इलाका चौरस्ती अटारी में कुछ मिलिटैंटों ने केदारनाथ नामक एक व्यक्ति की उसके घर पर ही गला घोंट कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार मिलिटैंट चोरी के उद्देश्य से उक्त घर में घुसे थे । लोगों ने बताया कि केदारनाथ की हत्या के बाद मिलिटैंट भाग निकले । इलाका के कुछ युवकों ने मिलिटैंटों का पीछा किया तथा कटड़ा मोती राम में एक मिलिटैंट को काबू कर लिया । भीड़ ने उक्त मिलिटैंट की पिटाई शुरू कर दी । जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया । लोगों का कहना है कि कुछ युवक तो उक्त मिलिटैंट को जला देने के चक्कर में थे कि इस दौरान पुलिस पहुंच गई ।

कुछ लोगों का कहना है कि घायल मिलिटैंट की जेब में पुलिस का परिचय पत्र मिला है । पुलिस ने घटनास्थल से 9 एम.एम. का एक पिस्तौल भी बरामद किया है, जिसके बल पर उक्त मिलिटैंट स्कूटर छीनने का प्रयास कर रहा था । बताया जाता है कि घायल होने से पूर्व उक्त मिलिटैंट ने अपनी जान बचाने तथा लोगों को आतंकित करने के लिए कुछ गोलियां भी चलाई थीं । घायल मिलिटैंट का नाम हरविन्दर सिंह है और वह पुलिस लाइन्स में काम करता है । इस बीच अमृतसर पुलिस कंट्रोल रूम के अनुसार श्री केदार नाथ की हत्या और कटड़ा मोती राम में मिलिटैंट की पिटाई की घटना का आपस में कोई संबंध नहीं । कंट्रोल रूम के अनुसार हत्या की घटना रात के समय हुई, जबकि कटड़ा मोती राम की घटना आज सुबह हुई ।

एक की हत्या : 'वार्ता' के अनुसार मिलिटैंटों ने आज प्रातः तरनतारन पुलिस जिला के कच्चा पक्का गांव में फायरिंग करके एक अज्ञात व्यक्ति की हत्या कर दी ।

एक और मिलिटैंट मरा : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार यहां निकटवर्ती सुल्तानविंड गांव में आज रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया । उक्त मिलिटैंट विगत 23 नवम्बर को सुल्तानविंड में एक ए.एस.आई. अवतार सिंह की हत्या के लिए जिम्मेदार बताया जाता है । घटनास्थल से उक्त मृतक ए.एस.आई. की रिवाल्वर तथा पुलिस बैल्ट बरामद हुई है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

मुसलमानों को बाबरी मस्जिद नामक ढांचा स्वेच्छा से हिंदुओं को सौंप देना चाहिए : साठे

नई दिल्ली, 4 दिसम्बर (इ.टा.) : इंका नेता श्री बसन्त साठे के अनुसार मुसलमानों को स्वेच्छा से बाबरी मस्जिद नामक ढांचा हिन्दुओं को सौंप देना चाहिए क्योंकि अन्धा भी उसके निर्माण को देख कर यही कहेगा कि वह मूलतः हिन्दू भवन का ही ढांचा है ।

मस्जिद का निर्माण किया गया... और इस तथ्य से इंकार भी नहीं किया जा सकता । मैं सोचता हूं कि उस समय हमने भी (इंका ने) यह कभी नहीं चाहा था कि जनता के लिए न्यायालय का कोई निर्णय अथवा आदेश प्राप्त किया जाता क्योंकि तब यह सब जनता की भावनाओं से एक खिलवाड़ ही माना जाता और

Punjabi Sanatani



मिलिटैंटों के हुक्मनाम

सरकार

(8) दैनिक पंजाब केसरी, जालन्धर 5.12.1990

मिलिटैंसी पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

मुठभेड़ उस समय हुई, जब सुरक्षा बल उक्त क्षेत्र में छानबीन कर रहे थे ।

एक व्यक्ति घायल : तरनतारन शहर में आज प्रातः शिव कुमार नामक एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया गया ।

एक और व्यक्ति की हत्या : अमृतसर के सुल्तानविंड क्षेत्र में मिलिटैंटों ने प्रेम कुमार नामक एक व्यक्ति की आज प्रातः गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

बम विस्फोट में 2 घायल : अमृतसर क्षेत्र में एक गुरुद्वारे के बाहर बम धमाका हुआ, जिससे एक महिला समेत 2 लोग घायल हो गए । घायलों के नाम नरेन्द्र कुमार तथा परमजीत कौर बताए जाते हैं ।

दो लोगों की हत्या : 'प.स.' के अनुसार मिलिटैंटों ने भिखीविंड थाना के अंतर्गत ठट्ठा गांव में दविन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । खालिस्तान कमांडो फोर्स ने इस वारदात की जिम्मेदारी ली है । घटनास्थल से मिली एक पर्ची में कहा गया है कि दविन्द्र सिंह ने एक पलायनकर्त्ता की जमीन खरीदी थी, इसीलिए उसकी हत्या की गई है । तरनतारन पुलिस जिला के मल्लियां गांव में ईंट-भट्ठे के मुंशी शिव राम की भी गोलियां मार कर हत्या कर दी गई ।

बैंक लूटा : रोपड़ (वार्ता): आज प्रातः बूर माजरा गांव में पंजाब एंड सिंध बैंक से कुछ मिलिटैंटों ने 66 हजार रुपया लूट लिया ।

एक की हत्या : फिरोज़पुर (वार्ता): कल रात मिलिटैंटों ने मंसूर देवा गांव में सुरजीत सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।



अमृतसर के सुन्दरनगर में सोमवार प्रातः बम फटने से घायल हुए (ऊपर) नरेन्द्र कुमार तथा (नीचे) परमजीत कौर, जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है । (छाया : पं.के.)

एक की हत्या, एक अन्य घायल : कल रात मिलिटैंटों ने फिरोज़पुर जिला के बस्ती खालिकवाली में एक घर से कर्म सिंह नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया तथा उसे निकटवर्ती गांव बजीदपुर में नत्था सिंह के घर ले गए । वहां पर मिलिटैंटों ने उक्त दोनों लोगों पर गोलियां चलाईं, जिससे कर्म सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई तथा नत्था सिंह घायल हो गया ।

अपहरण व लूटपाट का असफल प्रयास : फिरोज़पुर से 'बागी' के अनुसार कल रात 14 मिलिटैंटों के एक गिरोह ने ममदोट थाना के अंतर्गत दिले राम गांव में सेवा निवृत्त सैनिक अधिकारी खज़ान चंद के घर में घुस कर 2 युवकों तथा 2 युवतियों के अपहरण तथा गहने लूटने का असफल प्रयास किया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार उक्त चारों युवक-युवतियों के विवाह 2 दिसम्बर से 6 दिसम्बर तक निर्धारित थे । घर में लगभग 150 संबंधी तथा ग्रामीण मौजूद थे । कल रात मिलिटैंटों का एक गिरोह घर में घुस आया और अंधाधुंध फायरिंग करने लगा । इस बीच श्री खज़ान चंद तथा उनके एक भाई कांस्टेबल देस राज ने अपनी लाइसैंसी राइफलों से मिलिटैंटों का मुकाबला किया । 45 मिनट तक चले मुकाबले में एक मिलिटैंट घायल हो गया । अन्य मिलिटैंट अपने घायल साथी लेकर भाग गए ।

सफाई मजदूर की हत्या : लुधियाना (धीमान): आज रात लगभग 9 बजे स्थानीय आबादी संतोख नगर की गली नम्बर 2 में मिलिटैंटों ने ए.के. 47 राइफल से फायर करके एक म्युनिसिपल सफाई मजदूर लोगो नामक को सख्त घायल कर दिया । वह अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ गया । वह वारदात के समय अपनी पत्नी के साथ पैदल जा रहा था । महिन्द्रा के अनुसार यह वारदात विष्णुपुरी की गली नम्बर एक में हुई ।

बम धमाका : पटियाला से 'राज' के अनुसार आज रात सवा आठ बजे के लगभग यहां बारादरी गार्डन्स के रॉक गार्डन में स्थापित नंगी औरत का बुत बम विस्फोट से टुकड़े-टुकड़े हो गया । 100 साल पहले पटियाला के महाराजा राजेन्द्र सिंह ने फ्रांस से उक्त बुत तैयार करवा कर यहां स्थापित करवाया था । उक्त कलात्मक बुत रॉक गार्डन में लोगों के आकर्षण का केंद्र था । पुलिस ने घटनास्थल को घेर कर जांच शुरू कर दी है ।

जद (स) सांसदों की सूची पेश

नई दिल्ली, 4 दिसम्बर (वार्ता): प्रधानमंत्री श्री चंद्र शेखर ने आज लोकसभा अध्यक्ष को और वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने राज्यसभा के सभापति को अपनी पार्टी के सांसदों की सूची सौंप दी ।

श्री चंद्र शेखर लोकसभा में और श्री यशवंत सिन्हा राज्यसभा में जनता दल (स) के नेता हैं ।

बलात्कारी को फांसी

सज़ा बरकरार

नई दिल्ली, 4 दिसम्बर (प.स.): उ न्यायालय ने एक 6 वर्षीया बालिका से बल करके उसकी हत्या करने वाले एक मुज सुनाई गई फांसी की सज़ा की संवैधानिक चुनौती देने वाली याचिका आज खारिज कर

न्यायमूर्ति एस.आर. पांडियन और न्य के.जे. रेड्डी की खंडपीठ ने जुम्मन खां की सज़ा के खिलाफ दायर पुनर्विचार करने के को ठुकरा दिया । न्यायमूर्ति पांडियन न्यायमूर्ति रेड्डी ने कहा कि शेर सिंह, बच और अलाउद्दीन के मामलों में उच्चतम न्याय मौत की सज़ा को संवैधानिक ठहराया है और सहमत हैं ।

उन्होंने कहा कि हमारी राय में बचन मामले में बहुमत से दिए गए फैसले पर पु करने की कोई ज़रूरत नहीं है ।

मिल्कफैड से अपनी कि

सुधारने को कहा गय

चंडीगढ़, 4 दिसम्बर : पंजाब स मिल्कफैड पंजाब को सलाह दी है कि वह कमियों को दूर करे ताकि दूध उत्पादकों साल दूध के उचित मूल्य प्रदान किए जा स

बकाया राशि की अदायगी न क

स्कूल कर्मचारियों में भारी

जालंधर, 4 दिसम्बर : पंजाब राज्य प्राप्त स्कूल टीचर्स यूनियन जिला जालंधर श्री भूपेन्द्र शर्मा ने अपने एक वक्तव्य में क डी.पी.आई. (स.) पंजाब के दफ्तर में 12 ल से अधिक के बकाया के केस लटक रहे है जालंधर के मान्यता प्राप्त स्कूलों के कर्मच बकाया राशि की अदायगी न करने पर भ हैं । इनमें जिला के 34 स्कूल ऐसे है, जिनके बी.एड. अध्यापकों के नए वेतनमान के बक 1986 से 1989 तक के महंगाई भत्ता, अंतरि तथा लैबोरटरी सहायक के नए वेतनमान कुछ केस हैं ।

श्री शर्मा ने शिक्षा सचिव तथा राज्यपाल महोदय से अपील की है कि वह इ की अदायगी शीघ्र करवाएं । श्री शर्मा के अक्तूबर से दिसम्बर तक की त्रिमासिक जिला के स्कूलों को प्राप्त न होने से कर्म परेशान है ।

जालन्धर, लुधिया

जांच जारी, दोष

मानसा, 4 दिसम्बर (मेहता): आज क एक चीनी मिल का उद्घाटन करने के बा के साथ बातचीत के दौरान पंजाब के राज वीरेन्द्र वर्मा ने कहा कि उन्होंने केन्द्र सरक प्रार्थना की थी कि पंजाब के तीन सीमा अमृतसर, गुरदासपुर तथा फिरोजपुर में के उद्देश्य से ही सेना को तैनात किया ज जनता में विश्वास की भावना बहाल हो

उन्होंने कहा कि वह गोली चलाने के प मगर इसके अतिरिक्त भटके हुए युवकों को पर वापिस लाने का अन्य कोई रास्ता है ।

पंजाब में मिलिटैंसी की घटनाओं में हु उन्होंने कहा कि आरक्षण तथा भूमि-बाबरी मस्जिद मामलों के कारण दस्तों को अन्य राज्यों में भिजवा दिया जिसकी वजह से राज्य में मिलिटैंसी में भा है ।

लुधियाना, जालन्धर व अमृतस नरसंहारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने



श्रीमद् विजय इन्द्र दिन्न सूरीश्वर जी महाराज

श्री वीतरागाय नमः

कुरुक्षेत्र में शुभ संदेश

जैन दिवाकर गच्छाधिपति जैनाचार्य श्रीमद् विजय इन्द्र दिन्न सूरीश्वर जी महाराज ठाणे 4

एवं साध्वी श्री सुमिता श्री जी म. ठाणे 9 का दिनांक 6.12.90 दिन वीरवार को सुबह साढ़े आठ बजे अमीन रोड जैन राइस मिल्स से नगर प्रवेश—आप सब आमंत्रित हैं ।

निवेदन—एस. एस. जैन सभा, कुरुक्षेत्र

प्रधान	संयोजक	मंत्री
नेम कुमार जैन	शुभ कुमार जैन	सुरेंद्र कुमार जैन

"अंतर्राष्ट्रीय स्वयं सेवा दिवस"

दिनांक, 5 दिसम्बर 1990

प्रति वर्ष दिनांक 5 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय स्वयं सेवा दिवस मनाया जाता है । इसको मनाने की प्रेरणा संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा द्वारा वर्ष 1986 में अपने 40वें अधिवेशन में लिए गए संकल्प से प्राप्त हुई है ।

इस आयोजन का उद्देश्य जन-सामान्य में निःस्वार्थ भाव से स्वयं सेवी भावना के साथ, समाज सेवा की भावना को जगाना है । समाज के सभी नागरिकों मुख्यतः युवा वर्ग को आह्वान है कि इस दिन अपने को विभिन्न सामाजिक हित के कार्यों जैसे सफाई अभियान, वृक्षारोपण, बीमार तथा अपाहिजों की देख-भाल, निरक्षरता दूर करने तथा जनसंख्या नियंत्रण इत्यादि में अर्पित करें । विभिन्न समाजसेवी संस्थान, धार्मिक संगठन, विद्यालय, युवा संगठन, चैरिटी संस्थाएं, सांस्कृतिक समुदाय, क्लब, बुद्धिजीवी वर्ग इत्यादि इस दिन कार्य शिविरों, सम्मेलनों, सैमिनार, भाषण प्रतियोगिताएं इत्यादि, हर सम्भव माध्यम से स्वयं सेवा की भावना को जागृत करने का प्रयास करें ।

आइए, हम सब संकल्प करें कि अपने जीवन का कुछ न कुछ समय स्वयं सेवी कार्यों के लिए अवश्य अर्पित करेंगे ।

प्रचारित : **खेल एवं युवा कल्याण निदेशालय, हरियाणा**

Punjabi Sanatani



...र्व पूर्व महाराजा राजेन्द्र सिंह ने फ्रांस से ...ला के किसी दुश्मन ने यह प्रतिमा ...हाराजा राजेन्द्र सिंह की हसीन यादगार (छाया : भूषण)

झब्बाल क्षेत्र में 11 घंटे तक चली भीषण मुठभेड़ में 4 मिलिटैंट मारे गए, एक सुरक्षा कर्मी की भी मौत

पंजाब में अन्यत्र 12 लोगों की हत्या, 3 और मिलिटैंट मरे

चंडीगढ़, 5 दिसम्बर : तरनतारन पुलिस जिला के झब्बाल थाना के अंतर्गत माड़ी मल्लियां गांव में आज 11 घंटे तक चली एक भीषण मुठभेड़ में 4 मिलिटैंट मारे गए । मुकाबले में एक सुरक्षा कर्मी की भी मौत हो गई । इस बीच पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 12 लोगों की हत्या हुई तथा 3 और मिलिटैंट भी मारे गए ।

एक सुरक्षा कर्मी व 4 मिलिटैंट मरे : अमृतसर (प.स., वार्ता): झब्बाल थाना के अंतर्गत माड़ी मल्लियां गांव में आज सुरक्षा बलों के साथ 11 घंटे तक चली एक भीषण मुठभेड़ में 4 अज्ञात मिलिटैंट मारे गए । मुकाबले के दौरान पुलिस ए.एस.आई. जसबीर सिंह की भी मृत्यु हो गई । श्री जसबीर सिंह निकटवर्ती गांव कच्चा पक्का में पुलिस चौकी के इंचार्ज थे । घटनास्थल से एक जनरल परपज़ मशीनगन, एक ए.के. 47 राइफल, एक सैल्फ़ लोडिंग राइफल, भारी परिमाण में गोली-सिक्का तथा एक वायरलैस सैट बरामद हुआ है । पुलिस कंट्रोल रूम के अनुसार मुठभेड़ आज प्रातः 6 बजे तब शुरू हुई जब सुरक्षा बल उक्त क्षेत्र में तलाशी ले रहे थे । मुकाबला शाम 5 बजे तक चला ।

प्रदेश के पुलिस प्रमुख श्री के.पी.एस. गिल ने बताया कि मारे गए 4 मिलिटैंटों में से 3 की पहचान हुई है । उनके नाम बलविन्दर सिंह, जगीर सिंह तथा अवतार सिंह उर्फ छोटा ब्रह्मा बताए जाते हैं । बलविन्दर सिंह खालिस्तान कमांडो फोर्स का लै. जनरल था । उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपए का ईनाम था । मरने वाले चौथे मिलिटैंट की लाश बुरी तरह से झुलस गई है, इस लिए उसकी पहचान नहीं की जा सकी ।

बलविन्दर सिंह गांव गग्गू बुआ का निवासी था । मुठभेड़ स्थल से जो वायरलैस सैट बरामद हुआ है, वह अवतार सिंह होम गार्ड का पद छोड़ते समय अपने साथ चुरा कर ले गया था ।

सुरक्षा बलों को फार्म हाऊस से भारी गोलीबारी कर रहे मिलिटैंटों के हमले को रोकने के लिए हथगोलों तथा दो इंच की मोर्टर तोपों का उपयोग करना पड़ा ।

स्कूली छात्रा की हत्या : मिलिटैंटों ने आज दोपहर तरनतारन पुलिस जिला के दोबुर्जी गांव में एक स्कूली छात्रा सतविन्दर कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

स्त्री की हत्या : एक अन्य घटना में पुलिस जिला मजीठा के गांव बगेवाल में एक स्त्री जगीर कौर किसी तेज़धार शस्त्र से मारी गई ।

तीन की हत्या : अमृतसर जिला के नागोके गांव से मिलिटैंटों ने तरसेम सिंह नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया तथा बाद में गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी । मिलिटैंटों ने धूमा गांव में लखविन्दर सिंह नामक एक और व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मिलिटैंटों ने बुटारी गांव में भी एक अज्ञात व्यक्ति को गोलियों से मार दिया ।

एक की हत्या : मिलिटैंटों ने लुधियाना से अमृतसर आ रही एक कार पर फायरिंग की, जिससे सुखविन्दर सिंह की मृत्यु हो गई तथा दलबीर सिंह नामक एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया ।

2 मिलिटैंटों के शव मिले : तरनतारन पुलिस जिला के भागुपुर गांव से पुलिस ने 2 अज्ञात व्यक्तियों के शव बरामद किए हैं । शवों पर गोलियों के निशान थे । पुलिस के अनुसार मृतक कई अपराधों में संलिप्त थे और वे निजी गुट संघर्ष के कारण मारे गए ।

प्रेमी-प्रेमिका की हत्या : अमृतसर से वि.प्र. के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के गांव चौसलवाड़ के निकट आज मिलिटैंटों ने एक युवक गुरमीत सिंह तथा उसकी प्रेमिका भोली की गोलियां मार कर हत्या कर दी । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार उक्त युवक-युवती आज जब पट्टी से चौसलवाड़ गांव की ओर आ रहे थे तो कुछ मिलिटैंटों ने उनका अपहरण कर लिया तथा बाद में गोलियां मार कर उन दोनों की हत्या कर दी । पुलिस ने घटनास्थल से ए.के. 47 के चले हुए 11 कारतूस बरामद किए हैं ।

मृतक मिलिटैंट की शिनाख्त : एस.एस.पी. अमृतसर के कार्यालय से आज शाम जारी की गई एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार गत रात्रि गांव सुल्तानविंड में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में जो मिलिटैंट मारा गया था, उसकी शिनाख्त कर ली गई है । मृत मिलिटैंट खालिस्तान कमांडो फोर्स का सक्रिय सदस्य परमजीत सिंह उर्फ पम्पा उर्फ फौजी था, जो गांव सुल्तानविंड में ही रहता था ।

विज्ञप्ति में बताया गया है कि 4 दिसम्बर की रात को सुरक्षा बल गांव सुल्तानविंड में तलाशी ले रहे थे कि पट्टी मलको में स्थित एक फार्म हाऊस से सुरक्षा बलों पर मिलिटैंटों ने फायरिंग की । सुरक्षा बलों ने तुरंत पोजीशनें लेकर जवाबी फायरिंग की । मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि उसका साथी कमरे के पिछवाड़े की खिड़की के शीशे तोड़ कर भाग निकला ।

प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि परमजीत सिंह अनेक अपराधों में संलिप्त था । उसने 28 अगस्त को दोबुर्जी के पास चुंगी पर फायरिंग की थी, जिससे 3 कर्मचारी घायल हो गए थे । उसने 14 सितम्बर को सुल्तानविंड पुलिस चौकी में तैनात हैड-कांस्टेबल आत्मा सिंह को घायल किया था । उसने 11 अक्तूबर को सुल्तानविंड रोड के निकट 100 फुटी सड़क पर पुलिस पार्टी पर हमला करके हैड-कांस्टेबल गेजा सिंह की हत्या की थी । इस वारदात में दो अन्य सुरक्षा कर्मी घायल भी हुए थे । परमजीत सिंह ने 13 अक्तूबर को सुल्तानविंड गांव के निकट पुलिस पार्टी पर हमला किया था, जिससे पंजाब पुलिस के एक हैड-कांस्टेबल तथा एस.पी.ओ. की मृत्यु हो गई थी । 23 नवम्बर को उसने ए.एस.आई. अवतार सिंह की हत्या करके उसकी सर्विस रिवाल्वर तथा पुलिस बैल्ट छीन ली थी ।

बम विस्फोट से 1 घायल : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार तरनतारन में आज रात कपड़े की एक दुकान में बम फटने से दुकान मालिक श्री वैष्णो दास घायल हो गए । गम्भीर स्थिति में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

मोटर साइकिल छीना : अमृतसर की माल

(शेष पृष्ठ 6 पर)

जालंधर गोली कांड का एक और घायल चल बसा : अभियुक्तों का सुराग लगा

जालंधर, 5 दिसम्बर (न.न.अ.): गत 25 नवम्बर को जालंधर में मिलिटैंटों की फायरिंग से घायल हुए व्यक्तियों में से एक और कृष्ण लाल नारंग (संत नगर) ने आज दम तोड़ दिया । इस प्रकार इस गोलीकांड में मरने वालों की संख्या 17 हो गई है ।

इस बीच एक पुलिस उच्चाधिकारी ने आज दावा किया कि पुलिस ने 25 नवम्बर को हुए गोलीकांड के अभियुक्तों का सुराग लगा लिया है । उन्हें बहुत जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा । उन्होंने उन अभियुक्तों के नाम बताने से इन्कार कर दिया परन्तु कहा कि ये खालिस्तान कमांडो फोर्स के मिलिटैंट थे । इस उच्चाधिकारी ने बताया कि लुधियाना में 12 लोगों की गई हत्याओं के लिए भी यही ग्रुप जिम्मेवार है । उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से अभियुक्तों के बारे में अभी कुछ बताना जनहित में नहीं । सुरक्षा बलों और पुलिस को पूरी तरह चौकस रहने का निर्देश दिया गया है और सुरक्षा बल आ रहे हैं जिससे सुरक्षा प्रबन्ध और बेहतर हो सकेंगे ।



पिछले दिनों जालन्धर जिला के नूरमहल कस्बे के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए 2 मिलिटैंटों से बरामद जनरल परपज़ मशीनगन, ए.के.-47 राइफल, राकेट लांचर तथा गोली-सिक्का । (छाया : सिंह)

बिहार मंत्रिमंडल में 58 नए मंत्री लिए गए

पटना, 5 दिसम्बर (वार्ता): बिहार के दस माह पुराने लालू प्रसाद यादव मंत्रिमंडल का आज विस्तार कर इसमें 58 नए मंत्रियों को शामिल किया गया । त्रिस्तरीय मंत्रिमंडल में शामिल नए मंत्रियों में 25 कैबिनेट स्तर के, 27 राज्य स्तर के और आठ उपमंत्री हैं । इसके साथ ही राज्य मंत्रिपरिषद् के सदस्यों की संख्या बढ़ा कर 75 हो गई है ।

बिहार में अब तक का यह सबसे बड़ा मंत्रिमंडल होगा । इससे पूर्व मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री समेत ग्यारह सदस्य थे ।

राज्यपाल युनुस सलीम ने राजभवन में आयोजित एक सादे समारोह में नए मंत्रियों को पद

...ाब में मिलिटैंटों ... वापस लौट गए

...न्होंने पाकिस्तान वापिस जा कर शस्त्र ... काम भी जोरों से शुरू कर दिया है । ... सरकार अब फिर पूरे जोर से ट्रेनिंग कैम्प ... चाहती है क्योंकि बेनजीर सरकार के ... कैम्प केवल पंजाब (पाकिस्तान) में ही ... अब पाकिस्तान में नवाज शरीफ की ...नने से जिया-उल-हक के समय की सभी ...न शुरू हो गई है परन्तु इस समय इसमें ...ाई यह है कि पंजाब से बहुत कम युवक ... जाना चाहते हैं क्योंकि ए.के. 47, ... ए.के. 110 और ए.सी. 104 राईफल ...टों के लिए आम बात हो गई है और इन ...ारे जानकारी युवक घर बैठे भी ले लेते ... पाकिस्तान में बैठे मिलिटैंट पाकिस्तानी ... सहयोग से बड़े शस्त्र जिसमें मिजाइल, ...र, विमानभेदी मशीनगन, टैंक भेदी ...की ट्रेनिंग युवकों को देना चाहते हैं ताकि ...हने पर भारतीय सेना से भी मुकाबला ...सके । इस सम्बन्ध में अफगानिस्तान के ... नेताओं से भी सम्पर्क पैदा कर लिया गया ...ग का कार्य अफगान मुजाहिदीन के साथ ...ामिल होकर पूरा होगा । इससे एक तो ...तान में मुजाहिदीन की लड़ाई तेज हो ...ौर इन युवकों को ट्रेनिंग भी मिल

(शेष पृष्ठ 6 पर)

...को आज अयोध्या

कश्मीर में एक घुसपैठिया मरा : 22 उग्रवादी गिरफ्तार :

Punjabi Sanatani

ी सेना के कई उच्च
थे और आतंकवाद के
। परन्तु नवाज शरीफ
ख असलम बेग जो शुरू
धियां चला रहे हैं, अब
खते हैं और वह अपने
ाभ उठाना चाहते हैं ।
अपनी सेना से संबंधित
जिन्हें 2 वर्ष तक सिख
ई है, भारत में भेजने का
ा का विषय यह है कि
ग भारत में प्रवेश किस
हुए और आज तक ऐसा
हीं गया । बीते दिनों
ा और अमृतसर में हुई
क हिस्सा है, जिससे लोगों
ना हुआ है ।
में ट्रेनिंग लेने में युवकों की
कों से भी बातचीत की गई
खालिस्तान के लिए चल
ाधन पाकिस्तान है और
ना बंद कर दे इस बारे भी
युवकों को पाकिस्तान ले
च और झूठे स्वप्न दिखाए
स्तान पहुंच जाते हैं तो उन्हें
ा जाता है और कई तरह
भी किए जाते हैं । उन्हें
ाता है और उन्हें वहां शक
। मामूली बात पर विरोध
में बंद कर दिया जाता है
लिखा होता है । इसलिए
वक हिचकिचाहट कर रहे

थाओं पर काबू पाने के लिए
को पूरी तरह सील करना
ई प्रमुख स्मगलर इस समय
लगे हुए हैं । दूसरी ओर
ड़ रुपए की स्मगलिंग सीमा
व आठ-दस लाख का सामान
की स्मगलिंग कहां से होती है
है, इसका पता लगाना भी

मुठभेड़ में एक मिलिटेंट मरा : बटाला (कोछड़): कादियां थाना के अंतर्गत नत्त गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया । उसके कुछ अन्य साथी बच कर भाग गए । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल तथा 20 कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

एक की हत्या : पटियाला (प.स.): मिलिटैंटों ने खेड़ी बीर सिंह गांव में सुरमुख सिंह नामक एक व्यक्ति की उसके घर पर ही गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

नकदी व गहने लूटे : फरीदकोट (प.स.): मिलिटैंटों ने घोलियां खुर्द गांव में एक घर से 4.65 लाख के गहने व नकदी लूट ली ।

कांस्टेबल की हत्या : धूरी से 'जैन' व 'सिगला' के अनुसार खेतों में छिपे मिलिटैंटों ने यहां से 6 किलो मीटर दूर हथन गांव के निकट सुरक्षा कर्मियों पर घात लगा कर हमला किया, जिससे पुलिस कांस्टेबल जगदीश राय की मौका पर ही मृत्यु हो गई । हमले में एक होमगार्ड बाल-बाल बच गया । मिलिटैंट उक्त दोनों सुरक्षा कर्मियों की राइफलें तथा कारतूस भी ले गए ।

रुपए लूटे : धूरी के निकटवर्ती बंदरावा गांव में मिलिटैंटों ने यासीन नामक एक व्यक्ति से 25 हजार रुपए छीन लिए । स्कूटर सवार दो मिलिटैंटों ने आज धूरी के निकट दत्त अर्जुन कालेज के क्लर्क से 4 हजार रुपए छीन लिए ।

महिला की हत्या : गुरदासपुर (प.स.): मिलिटैंटों ने खान मलिक गांव में निर्मल कौर नामक एक महिला की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

शव मिला : फिरोज़पुर (वार्ता): पुलिस ने कल शाम ममदोट सैक्टर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है ।

हथियार लूटे : लुधियाना (धीमान): आज दोपहर गांव सहोवाल में 8-9 मिलिटैंट आए और अवतार सिंह, लछमन सिंह, सरदारा सिंह और फिर महेंद्र सिंह के घर गए तथा उनके घरों से बारी-बारी पिस्तौल की नोक पर पिस्तौल छीने, फिर एक और व्यक्ति इकबाल सिंह के घर से उसकी दुनाली लाइसैंसी बंदूक छीनी और फरार हो गए । जिला में अपनी प्रकार की यह पहली घटना है कि दिन के वक्त

जानकारी देना समाचार माध्यमों की जिम्मेदारी
और पत्रकार अपनी जान की बाज़ी लगा कर भी
जिम्मेदारी को निभाएंगे । 'आकाशवाणी से पंज
और समाचार माध्यमों की भूमिका' विषय पर अ
रात प्रसारित परिचर्चा में भाग लेते हुए इन पत्रक
ने पंथक कमेटी द्वारा हाल ही में पत्रकारों के लि
आचार संहिता जारी किए जाने की निन्दा की
परिचर्चा में वरिष्ठ पत्रकार अक्षय कुमार जै
जागरण के प्रभारी सम्पादक कमलेश
आकाशवाणी के पूर्व महानिदेशक कृष्ण चंद्र श
तथा पंजाब केसरी के महेंद्र खन्ना ने भाग लिया
संयोजन दैनिक हिन्दुस्तान के पूर्व सम्पादक वि
कुमार ने किया । नव भारत के पूर्व सम्पादक अ
कुमार जैन ने कहा कि पत्रकारों ने सरकार
आचार संहिता बनाए जाने की कोशिशों का
हमेशा विरोध किया है, तो वह पंथक कमेटी
आचार संहिता को क्यों स्वीकार करेंगे ? उन
कहा कि जब सत्ता परिवर्तन होता है तो ऐसी त
सिर उठाती हैं, उनसे भयभीत नहीं होना चाहि
श्री जैन ने कहा कि ऐसे तत्वों के अत्याचारों के ब
जन-संचार माध्यमों से पूरी जानकारी दी
चाहिए ।

बिजली गिरने से 8 मरे

अहमदाबाद, 5 दिसम्बर (वार्ता): गुजरा
खेडा और अहमदाबाद जिलों में वर्षा के दौ
बिजली गिरने से एक महिला समेत कम से क
व्यक्तियों की कल शाम मृत्यु हो गई । सौराष्ट्र,
प्रदेश, गुजरात और मध्य गुजरात के कई हिस्
कल शाम बेमौसमी बरसात हुई ।

बाबरी मस्जिद को क्ष
पहुंचने का आरोप

नई दिल्ली, 5 दिसम्बर (वार्ता): बाबरी म
आंदोलन समन्वय समिति ने आज आरोप लगा
सुरक्षा बलों ने अयोध्या में बाबरी मस्जिद को
क्षति पहुंचाई है । प्रधानमंत्री को लिखे एक
समिति ने कहा है कि सुरक्षा बल तथा वहां आने
लोग मस्जिद का प्लस्तर उखाड़ रहे और ईं
कर ले जा रहे हैं । इससे मस्जिद को और भी
क्षति पहुंची है ।

Punjabi Sanatani

आकाशवाणी के चंडीगढ़ केन्द्र निदेशक राजेन्द्र तालिब की हत्या

पंजाब में 1 मिलिटैंट मारा गया : 5 अन्य काबू : एक व्यक्ति का अपहरण

2 राकेट और कुछ अन्य शस्त्रास्त्र भी पकड़े गए

चंडीगढ़, 6 दिसम्बर : मिलिटैंटों ने आज प्रात: चंडीगढ़ में आल इंडिया रेडियो के स्टेशन डायरैक्टर श्री राजेन्द्र कुमार तालिब की गोलियां मारकर हत्या कर दी । इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान एक मिलिटैंट मारा गया, 5 अन्य शस्त्रास्त्रों समेत पकड़े गए और फिरौती के लिए एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया गया ।

आल इंडिया रेडियो के स्टेशन डायरैक्टर की हत्या : चंडीगढ़ से 'सची' के अनुसार दो मिलिटैंटों ने आल इंडिया रेडियो चंडीगढ़ के स्टेशन डायरैक्टर श्री राजेन्द्र कुमार तालिब की आज सुबह दस बजे के करीब सैक्टर-19 में उनके घर पर ही गोलियां मार कर हत्या कर दी । प्राप्त समाचारों के अनुसार लगभग 22 से 25 साल की उम्र के दो मिलिटैंट जब श्री तालिब से किसी बहाने मुलाकात करने के लिए उनके घर आए तो उस समय श्री तालिब अपने बेटे राजीव तथा गनमैन सब-इंस्पैक्टर बलवंत सिंह के साथ घर के आंगन में धूप सेंक रहे थे । उक्त दोनों मिलिटैंटों ने जब उनसे कहा कि वे किसी मामले में उनसे सलाह-मशविरा करना चाहते हैं तो श्री तालिब ने अपने बेटे को उनके लिए कुर्सियां लाने के लिए घर के अन्दर भेज दिया । मौका पा कर एक मिलिटैंट ने पिस्तौल निकाल ली और नजदीक से श्री तालिब पर तीन गोलियां चला दीं । उनका गनमैन अपनी कुर्सी पर ही बैठा रह गया । जब उक्त दोनों मिलिटैंट श्री तालिब की हत्या करने के बाद भागने लगे तो गनमैन ने पीछे से उन पर अपनी रिवाल्वर से एक फायर किया लेकिन मिलिटैंट श्री तालिब के घर के पिछवाड़े में स्थित बाजार में खड़े अपने स्कूटर पर बैठ कर भाग गए । श्री तालिब की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । वह 54 वर्ष के थे । उनकी बेटी कुमारी रश्मि की आगामी दस दिसम्बर को शादी होने वाली थी । घटना के समय श्री तालिब अपने बेटे के साथ इस विवाह की तैयारियों के बारे में ही विचार-विमर्श करने में लगे हुए थे ।

श्री तालिब इसी साल गत अप्रैल माह में आल इंडिया रेडियो चंडीगढ़ में स्टेशन डायरैक्टर के तौर पर पदोन्नत हुए थे । वह अपने पीछे पत्नी, एक बेटा तथा एक बेटी छोड़ गए हैं । श्री तालिब का घर सैक्टर-19 की रेहड़ी मार्कीट के बिल्कुल सामने है, जहां सुबह से ही काफी भीड़ लगनी शुरू हो जाती है । लोगों ने जब इस क्षेत्र में गोलियां चलने की आवाज़ सुनी तो वहां भाग-दौड़ मच गई, लेकिन किसी ने भी मिलिटैंटों का पीछा करने का कोई विशेष प्रयास नहीं किया । कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि मिलिटैंट नीले रंग के स्कूटर पर बैठ कर फरार हुए, जिस पर पी.बी.-12-6910 नम्बर लिखा हुआ था । कुछ प्रत्यक्षदर्शियों का यह भी आरोप था कि श्री तालिब के गनमैन के पास न तो कोई रिवाल्वर था और न ही उसने मिलिटैंटों पर कोई गोली चलाई ।

इस बारे एस.एस.पी. चंडीगढ़ श्री आर.पी. सिंह ने बताया कि उक्त वारदात के बाद गनमैन का रिवाल्वर पुलिस ने अपने कब्जे में लिया था और जांच करने पर उसमें से एक खाली कारतूस मिला जिससे गनमैन के इस बयान की पुष्टि होती है कि उसने एक फायर किया और इलाका में भीड़ होने के कारण वह ज्यादा गोलियां नहीं चला सका । पुलिस ने पंजाब तथा हरियाणा के साथ लगती चंडीगढ़ की



(ऊपर) आकाशवाणी चंडीगढ़ के स्टेशन डायरैक्टर श्री आर. के. तालिब के चंडीगढ़ स्थित निवास स्थान में वह स्थान (कुर्सी), जहां वीरवार को मिलिटैंटों ने उनकी गोली मार कर हत्या की । (इन्सैट में) श्री तालिब (ऊपर बाएं) केंद्रीय सूचना व प्रसारण राज्यमंत्री श्री सुबोध कांत सहाय तालिब की धर्मपत्नी व परिवार के सदस्यों को सान्त्वना देते हुए तथा (नीचे बाएं) श्री तालिब की सुपुत्री रश्मि विलाप करते हुए, जिसकी 10 दिसम्बर को शादी रखी गई है ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

नाकेबंदी कर दी है तथा वारदात के लिए जिम्मेवार मिलिटैंटों की तलाश की जा रही है । 'प.स.' के अनुसार पुलिस ने श्री तालिब के गनमैन को गिरफ्तार कर लिया है तथा उस से व्यापक पूछताछ कर रही है ।

54 वर्षीय श्री तालिब जालंधर, जयपुर व श्रीनगर के आल इंडिया रेडियो स्टेशन में विभिन्न पदों पर काम करने के बाद 1977 में प्रोग्राम एग्जीक्यूटिव के तौर पर आल इंडिया रेडियो के

(शेष पृष्ठ 6 पर)

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए सत्याग्रह शुरू : सैंकड़ों कार सेवक गिरफ्तार

अयोध्या, 6 दिसम्बर (वार्ता) : श्री राम जन्म भूमि स्थल पर राम मंदिर के निर्माण के लिए आज से शुरू हुआ सत्याग्रह चाकबाजी की एक घटना को छोड़ कर शांतिपूर्ण रहा तथा कल 1452 कार सेवकों ने अपनी गिरफ्तारियां दीं, जिनमें 225 महिलाएं शामिल हैं ।

कुल 17 जत्थों में श्री राम जन्म भूमि की ओर बढ़ रहे इन कार सेवकों को विवादित स्थल से लगभग 500 मीटर पहले आवा राज मंदिर के निकट गिरफ्तार कर लिया गया । वहां मौजूदा फैजाबाद के जिलाधिकारी के चंद्रमौलि की इस घोषणा के बाद "मैं आपकी गिरफ्तारी ले रहा हूं" कार सेवकों को उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन की बसों में बिठा कर जिले से बाहर ले जाया गया ।

गिरफ्तारियां समाप्त होने के बाद वहां मौजूद अतिरिक्त जिला मैजिस्ट्रेट उमेश चंद्र तिवारी ने बताया कि पुरुष कार सेवकों को नैनी जेल में इलाहाबाद ले जाया गया है, जबकि महिलाओं को थोड़ी दूर फैजाबाद जिले में छोड़ दिया गया है । उन्होंने बताया कि आज कुल 29 बसों का इस्तेमाल किया गया ।

आज गिरफ्तारी देने वाले प्रमुख व्यक्तियों में जगद्गुरु रामानुजाचार्य, स्वामी वासुदेवाचार्य, स्वामी चिन्मयानन्द, भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजनाथ सिंह तथा राजस्थान की भारतीय जनता पार्टी की दो महिला विधायक उज्जवला अरोड़ा और सुश्री कांता व्यास शामिल हैं ।

गिरफ्तारी देने वाला पहला जत्था राजस्थान की महिलाओं का था, जिसका नेतृत्व उज्जवला अरोड़ा कर रही थीं । जत्था दोपहर 12 बजे देवराहा बाबा छावनी रामघाट से रवाना हुआ और लगभग एक घंटे बाद आवा राज मंदिर के निकट पहुंचा । वहां तैनात सुरक्षा बलों ने इस जत्थे को श्री राम जन्म भूमि स्थल की ओर जाने से रोक दिया । इस पर जत्थे के आगे चल रहे स्वामी वासुदेवाचार्य और स्वामी चिन्मयानन्द ने पहले अपनी गिरफ्तारी दी, उसके बाद जत्थे में शामिल महिलाओं को बस में बिठा कर ले जाया गया ।

इस जत्थे के बाद दिल्ली और बिहार की

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjabi Sanatani

(6) दैनिक पंजाब केसरी, जालन्धर 7.12.1990

मिलिटैंसी : पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

डीगढ़ स्टेशन में आए । श्री तालिब उर्दू के अच्छे ायर थे । हाल ही में सिटी क्लब चंडीगढ़ की ओर उन्हें सम्मानित भी किया गया था । चंडीगढ़ शासन ने भी साहित्य के क्षेत्र में उनके बढ़िया गदान के लिए कई बार उन्हें सम्मानित किया ।

अंत्येष्टि आज : श्री तालिब का अंतिम स्कार 7 दिसम्बर को सुबह साढ़े दस बजे यहां क्या जाएगा ।

गनमैन निलम्बित : श्री राजेन्द्र कुमार ालिब के गनमैन सब-इंस्पैक्टर बलवंत सिंह को मिलिटैंटों का ठीक तरह से मुकाबला न करने के ारोप में निलम्बित कर दिया गया है । इस बीच रकारी तौर पर यह बताया गया है कि इस वारदात के सम्बन्ध में पूछताछ के लिए 40 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया है । मिलिटैंटों के संभावित ठिकानों पर छापे मारे जा रहे हैं । पुलिस ने कई मिलिटैंटों के फोटो इस वारदात के प्रत्यक्षदर्शियों को दिखाए लेकिन कोई भी उन्हें पहचान नहीं सका । यह भी बताया गया है कि वारदात के बाद दोनों मिलिटैंट अलग-अलग दिशाओं की तरफ फरार हुए ।

निंदा : प्रधानमंत्री श्री चन्द्रशेखर ने श्री राजेन्द्र कुमार तालिब की हत्या की निंदा की है तथा दिवंगत के परिवार के प्रति सहानुभूति व्यक्त की है । पंजाब के राज्यपाल श्री वीरेन्द्र वर्मा तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री हुकम सिंह ने भी श्री तालिब की हत्या पर गहरा दुख प्रकट किया है तथा उनके परिवार से अपनी सम्वेदना व्यक्त की है । पंजाब भाजपा ने मीडिया से जुड़े लोगों को मिलिटैंटों द्वारा धमकियां दिए जाने पर चिंता व्यक्त की है तथा कहा है कि सरकार मीडिया कर्मियों को सुरक्षा देने में विफल रही है । पार्टी के महासचिव श्री जगदीश राय मोंगा ने श्री तालिब की हत्या की आलोचना की है तथा मांग की है कि मिलिटैंटों की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए पंजाब में सेना तैनात की जाए ।

गुट संघर्ष में 1 मिलिटैंट मरा : अमृतसर (वार्ता) : तरनतारन पुलिस जिला के सुर सिंह गांव में निजी गुट संघर्ष के कारण भाई बगीचा सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया । खालिस्तान कमांडो फोर्स ने इस वारदात की जिम्मेदारी ली है ।

शव मिला : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार चौक मेहता क्षेत्र से पुलिस ने आज एक शव बरामद किया है । मृतक पुलिस वर्दी में है लेकिन उसने बैल्ट नहीं लगाई हुई । मृतक की बाएं बाजू पर एच.एस. सेखों लिखा है ।

4 मिलिटैंट गिरफ्तार : फिरोजपुर (प.स.) : जिला पुलिस ने कब्रवाला के निकट से मुठभेड़ के बाद 4 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है । उनके नाम भाई अजायब सिंह, भाई केवल सिंह, भाई बलविंदर सिंह तथा भाई संतोख सिंह बताए जाते हैं ।

एक व्यक्ति का अपहरण : भटिंडा (वार्ता): जिला के गोनियाना मंडी से 3 मिलिटैंटों ने पवन कुमार नामक एक युवक का अपहरण कर लिया तथा उसे छोड़ने के बदले में 2 लाख रुपए की मांग की है ।

शराब का ठेका जला दिया : बाघापुराना (मित्तल) : कल रात कुछ शरारती तत्वों ने यहां से 8 किलोमीटर दूर गांव माड़ी मुस्तफा में शराब के एक ठेके को आग लगा दी । उन्होंने हजारों रुपए मूल्य की शराब की बोतलें भी तोड़ दीं ।

दो बन्दूकें छीनी : पटियाला (राजू): 4 अज्ञात लोगों ने सरहिन्द थाना के अंतर्गत बनारी कलां गांव में चूहड़ सिंह के बेटे भाग सिंह तथा अर्जुन सिंह के बेटे ज्ञान सिंह से 2 बन्दूकें छीन लीं ।

ठेके से रुपए छीने : लुधियाना (धीमान): थाना पायल के गांव धोड़ानीकलां में दो मिलिटैंट देसी शराब के ठेके पर आए और इसके कर्मी गुरबख्श सिंह को पिस्तौल दिखा कर नौ सौ रुपए छीन कर ले गए । पुलिस जांच कर रही है ।

एक मिलिटैंट काबू : गुरदासपुर (विनोद): पठानकोट पुलिस ने चक्की बैंक के निकट से बलदेव सिंह नामक एक मिलिटैंट को गिरफ्तार करके पठानकोट में बम धमाकों की साजिश विफल बना दी । बलदेव सिंह से दो राकेट, दो इगनिशन फ्यूज, आठ पैकेट विस्फोटक तथा कुछ गोली-सिक्का भी बरामद किया गया है । बलदेव सिंह के.सी.एफ. के पंजबड़ गुट का सक्रिय सदस्य बताया जाता है ।

वेंकटरमन

(पृष्ठ 3 का शेष)

राष्ट्रपति ने जवानों से कहा कि, "आप लोगों पर देश की रक्षा की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है । आपको देश के संविधान व सम्प्रभुता के रक्षक के रूप में दृढ़ संकल्प होना चाहिए ।"

आज का यह समारोह इस रैजीमैंट के पुराने अधिकारियों के लिए पुनर्मिलन का अवसर भी था । यह अधिकारी विदेशों से तथा देश से इस समारोह में विशेष रूप से भाग लेने के लिए आए थे । उनमें से अनेक अपने पुत्रों तथा नई पीढ़ी को उन टैंकों का संचालन करते हुए गर्व अनुभव कर रहे थे जिन टैंकों का कभी उन्होंने स्वयं संचालन किया था ।

बाद में राष्ट्रपति ने सेना डाक सेवा द्वारा इस अवसर पर जारी प्रथम डाक आवरण जारी किया ।

पत्रकारों द्वारा शिकायत : विभिन्न दैनिक समाचारपत्रों के मान्यता प्राप्त संवाददाताओं ने पंजाब के राज्यपाल श्री वीरेन्द्र वर्मा को एक ज्ञापन देकर जिला लोक सम्पर्क कार्यालय द्वारा नाभा में राष्ट्रपति के आगमन के समाचारों का संकलन करने के लिए पास जारी करने के सम्बन्ध में उनके साथ किए गए अपमानजनक व्यवहार की शिकायत की । इस ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि दक्कन हॉर्स के द्विशताब्दी समारोह में केवल 'कुछ चुने हुए लोगों' को पास दिए गए । सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कई संवाददाताओं की उपेक्षा की गई तथा केवल 'जान-पहचान' वालों को ही पास दिए गए ।



अयोध्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

महिलाओं का जत्था गिरफ्तारी देने इसके बाद श्री राजनाथ सिंह के ने जिले के कार सेवकों ने गिरफ्तारी कार्यक्रम के तहत मिर्जापुर और से कार सेवकों को गिरफ्तारियां देनी

शांतिपूर्ण ढंग से चल रहे सत्या गड़बड़ी पैदा हो गई, जब मोहम्म एक युवक ने हरी राम दास नामक ए मार दिया, जिससे उनके हाथ में मा पुलिस ने बताया कि उस युवक को कर लिया गया । युवक को देखने कोतवाली के सामने भीड़ एकत्र हो कुछ ने कोतवाली पर पत्थर फैंके, तुरन्त नियंत्रण में कर लिया गया तिवारी ने बताया कि दुराई कुआं क्षेत्रों में तनाव को देखते हुए पर्याप्त बलों को तैनात कर दिया गया है, जि पुलिस बल और उत्तर प्रदेश पुलि शामिल हैं ।

पहला जत्था आने से पूर्व हनुमानगढ़ी के निकट नारेबाजी किया । उनका आरोप था कि उ श्री राम जन्म भूमि मंदिर जाने की गई । बाद में वे वहां से हट गए

जिलाधिकारी चंद्रमौलि ने बताया कि आज की खास बात यह के साथ-साथ दर्शन चलता रहा कुछ युवकों ने श्री राम जन्म भू नारेबाजी की थी । उनके हाथों में कहा कि इनकी संख्या 20-25 आदि ले लिए गए और दर्शन करा जाकर छोड़ दिया गया । श्री परिसर में किसी भी व्यक्ति को कि का स्पष्ट शब्दों में खंडन किया

कार सेवक आज सुबह से छावनी में एकत्र होने लगे थे । परिषद के नेताओं ने सम्बोधित कि महंत अवैद्यनाथ, सांसद उमा भा गोपाल दास शामिल हैं । सुश्री वहां पहुंचने पर कार सेवकों में गया ।

महंत अवैद्यनाथ, सुश्री उम वक्ताओं ने कार सेवकों से शां अपील की तथा किसी भी हालत अपनाने का आग्रह किया । गिरफ्तारी का सिलसिला सुबह था, लेकिन इसे आगे बढ़ा दिया परिषद के नेता ओंकार भावे ने ब बजे निकलने के कारण ऐसा कि

प.स. के अनुसार आज 2000 कार सेवकों को पुलिस जिनमें 500 महिलाएं भी शा

जिला प्रशासन की ओर

क्लासीफाइड विज्ञापन

हकलाना

हकलाना/तुतलाना बेहतरीन ईलाज कराएं । तजुर्बा 26 साल । लिखें : पब्लिक स्पीकिंग इंस्टीच्यूट, टाउन मनीमाजरा, चंडीगढ़ ।

प्रवेश सूचना

परीक्षा फार्म उपवैद्य, वैद्यविशारद, आयुर्वेदिक रत्न (इलाहाबाद यूनिवर्सिटी) भेजे जा रहे हैं । सम्पर्क करें : Principal Central College of Education, 126, Rani Ka Bagh, Amritsar.

तीर्थ यात्रा

तीनधाम, सप्तपुरी, द्वादसज्योतिर्लिंग, गया श्राद्ध, गंगासागर, कन्याकुमारी, नासिक, गोदावरी (पशुपतिनाथ, नेपाल) सेमी, सुपर डीलक्स बस द्वारा रवानगी 25 दिसम्बर, किराया 1900/-, 2300/- हरिराम मल्होत्रा, नालागढ़ (हिमाचल

गुमशुदा

खाकी रंग का डिब्बा, जिसमें Super Color Lab के लिफाफे में फोटो और नैगेटिव हैं, जो M.M. Malviya Road, Near Art Gallery, Amritsar में गुम हो गया है । पहुंचाने वाले को 500/- रु. नकद । सम्पर्क करें : Super Color Lab., 10-Hall Bazar, Amritsar. Ph. : 32089.

जमीन/जायदाद/प्लाट

अम्बाला शहर बलदेव नगर के पास चंडीगढ़ मेन रोड पर प्लाट बिकाऊ है । 110/- गज । श्याम प्रापर्टीज, नारायणगढ़ रोड, बलदेव नगर, अम्बाला शहर । Ph. : 58868, Resi : 42213.

अम्बाला शहर अर्बन एस्टेट, सैक्टर 8, 9 तथा सैक्टर 2 में प्लाट बेचने व खरीदने के लिए सम्पर्क करें : सिटी प्रापर्टी एडवाईजर, विक्रम मार्कीट, देव

Punjabi Sanatani





...जिनकी बीरवार को मिलिटैंटों ने ...कर दिया गया । (1) शव यात्रा ...के राज्यपाल श्री बीरेन्द्र वर्मा तथा (छाया : पुरी)

...के प्रत्येक ...लियां करेंगे

...भेंट पर विचार व्यक्त कर रहे थे ।

...विकास मंच के नाम पर श्री बंसी लाल ...यों का उल्लेख करते हुए श्री चौटाला ने ...द जद (एस.) के अन्दर मंच बना कर ...इस तरह की सरगर्मियां करता है तो ...इसे पार्टी अनुशासन का उल्लंघन ...श्री बंसी लाल का मामला इंका का ...ना है अत: वह इस बारे अधिक कुछ नहीं

...ता ने दावा किया है कि हरियाणा की ...सी लाल को कोई महत्व देगी और न ही ...ल की बात सुनेगी । श्री चौटाला ने ...हुए कहा कि, "मुझे इस बात की खुशी है ...लाल अब आसमान से उतर कर जमीन ...गों से बातचीत करने लग पड़े हैं ।"

...ने कहा कि श्री बंसी लाल अपने को ...ा कहते हैं पर जनता से मिलने के लिए ...कर्मी साथ लेकर जाते हैं लोकतंत्र में ...ते पसन्द नहीं करते हैं ।

...प्रधानमंत्री कौन ?

...7 दिसम्बर (क.): राजधानी दिल्ली में ...श्री खुशवंत सिंह एकमात्र ऐसे पत्रकार ...टकुलों तथा कहकहे लगा देने वाली ...सितारे की भांति जगमगा रहे हैं ।

...में जब खुशवंत सिंह एक कटनथिक के ...पर रात्रि भोज के लिए उपस्थित थे तो ...न्य विशिष्ट व्यक्तियों में वाणिज्य मंत्री ...स्वामी तथा कर्ण सिंह भी शामिल थे । ...वह अपनी पत्नी सहित कार में वापस ...उन्होंने उन्हें कर्ण सिंह के साथ हुई ...त के बारे में बताना शुरू किया । ...बताया कि उन्हें किसी ज्योतिषी ने ...वह एक दिन देश के प्रधानमंत्री

वरिष्ठ अकाली नेता के निकट सम्बन्धी, 4 बस यात्रियों सहित 13 लोगों की हत्या

रेलवे वर्क्स से 2 लाख रुपए लूटे : 2 मिलिटैंट, 2 घुसपैठिए मुठभेड़ में मरे, चंडीगढ़ में तालिब की अंत्येष्टि

अमृतसर में मिलिटैंटों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग : 1 मरा, 5 घायल

चंडीगढ़, 7 दिसम्बर (वार्ता, पस) : मिलिटैंटों ने गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में भूतपूर्व शिक्षा मंत्री तथा वरिष्ठ अकाली नेता श्री सुखजिंदर सिंह के एक निकट संबंधी सहित 13 लोगों की हत्या कर दी । मृतकों में 4 बस यात्री भी शामिल हैं । इसके अलावा मिलिटैंटों ने अमृतसर शहर में आज रात अंधाधुंध फायरिंग करके 1 व्यक्ति को मार डाला तथा 5 घायल कर दिए तथा रेल डीजल कम्पोनैंट वर्क्स के कार्यालय से 2 लाख रुपए लूट लिए । मिलिटैंटों ने कई स्थानों से शस्त्र भी लूटे । मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट और 2 घुसपैठिये भी मारे गए । इसी बीच चंडीगढ़ में आज आकाशवाणी केन्द्र के निदेशक श्री आर.के. तालिब का अंतिम संस्कार कर दिया गया ।

तालिब का अंतिम संस्कार : चंडीगढ़ से 'वि.प्र.' के अनुसार आकाशवाणी चंडीगढ़ केंद्र के निदेशक श्री आर.के. तालिब का आज यहां अंतिम संस्कार कर दिया गया । उनकी कल यहां सैक्टर 19 में हत्या कर दी गई थी । अंतिम संस्कार के समय भाजपा, कांग्रेस (इ), जनता दल (स), अकाली दल आदि राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि, श्री तालिब के रिश्तेदार पंजाब, हरियाणा व केंद्र शासित चंडीगढ़ प्रदेश के कई सरकारी अधिकारी और पत्रकार भारी संख्या में पहुंचे हुए थे । इनमें पंजाब में राज्यपाल श्री बीरेन्द्र वर्मा, उनके दो सलाहकार श्री पी.एस. कोहली, श्री बालेश्वर राय, चंडीगढ़ के गृह सचिव श्री आर.एन. पराशर, उपायुक्त श्री कृष्ण मोहन, आई.जी. पुलिस चंडीगढ़, श्री आर.एस. गुप्ता, एस.एस.पी. श्री आर.पी. सिंह आदि के नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं । जैसे ही श्री तालिब की चिता को उनके बेटे राजीव खरबंदा ने अग्नि के भेंट किया तो उस अवसर पर उपस्थित लोगों की आंखों से आंसू बहने लगे ।

चंडीगढ़ प्रशासन के कई कर्मचारियों ने इस अवसर पर आकाशवाणी की समाचार सेवा की महानिदेशक श्रीमती विमला भल्ला के खिलाफ नारे लगाए । कर्मचारियों ने यह नारे मीडिया के जरिये मिलिटैंटों के प्रति भारत सरकार की तुष्टीकरण नीति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए लगाए ।

इस अवसर पर केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री श्री सुबोध कांत सहाय, भारत सरकार के सूचना व प्रसारण सचिव के प्रिंसीपल आफिसर और पी.आई.पी. चंडीगढ़ की ओर से श्री तालिब के पार्थिव शरीर पर फूल मालाएं चढ़ाई गईं । इनके अतिरिक्त पंजाब व हरियाणा सरकारों व चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से भी पुष्प-मालाएं अर्पित की गईं ।

चंडीगढ़ प्रशासन के कुछ स्टाफ कलाकारों ने गुस्से भरे लहजे में एक अवसर पर श्रीमती विमला भल्ला को घेर लिया और उनसे पूछने लगे कि सरकारी मीडिया के बारे मिलिटैंटों के प्रति भारत सरकार की क्या नीति है । जिसका वह कोई स्पष्ट उत्तर न दे सकीं । नागरिक उड्डयन मंत्री श्री हरमोहन धवन जो कि लोकसभा में चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हैं, की ओर से इंडियन एयर लाइन्स के दो अधिकारियों ने श्री तालिब की देह पर फूल मालाएं चढ़ाई ।

इसी बीच पंजाब सरकार ने इस मौके पर राजपाल श्री बीरेन्द्र वर्मा की ओर से श्री तालिब के परिवार को 1.25 लाख रुपए की सहायता देने की घोषणा की । सरकारी तौर पर बताया गया है कि कल 8 दिसम्बर को यहां प्रैस क्लब में राज्यपाल पंजाब के सलाहकार श्री पी.एस. कोहली द्वारा जो "प्रैस से मिलिए" कार्यक्रम किया जाना था वह अब शोक सभा में बदल दिया गया है । श्री कोहली स्वयं इस समारोह में उपस्थित होंगे लेकिन "प्रैस से मिलिए" कार्यक्रम नहीं हो सकेगा ।

इस बीच पता चला है कि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री सुबोध कांत सहाय ने श्री तालिब के सुपुत्र श्री राजीव खरबंदा को अपने विभाग में ट्रांसमीशन एग्जीक्यूटिव के पद पर तैनात कर दिया है । श्री तालिब की हत्या के बाद आकाशवाणी चंडीगढ़ केंद्र के कर्मचारियों में डर और खौफ पाया जा रहा है ।

चंडीगढ़ प्रशासन ने भी श्री तालिब के परिवार को 1.25 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया है । यह भी निर्णय लिया गया है कि जिस मकान में श्री तालिब रहते थे उसे उनके पुत्र को आवंटित कर दिया जाए जिसकी चंडीगढ़ में आकाशवाणी में नियुक्ति की गई है ।

स्थानीय आकाशवाणी केंद्र से आज दूसरे दिन भी सामान्य प्रसारण निलम्बित रखा गया । यहां से विविध भारती प्रसारण की नियमित व्यापारिक सेवा की बजाय शोक संगीत और भक्ति गीत प्रसारित होते रहे ।

'वार्ता' के अनुसार आकाशवाणी चंडीगढ़ केंद्र के स्टाफ के सदस्यों ने आरोप लगाया कि बार-बार अनुरोध किए जाने के बावजूद उनकी सुरक्षा के प्रबन्ध नहीं किए गए । उन्होंने कहा कि श्रीमती भल्ला जब पिछली बार इस शहर में आई थीं तो स्टाफ ने उस समय भी सुरक्षा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था परन्तु अभी तक कुछ भी नहीं किया गया है ।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय सूचना व प्रसारण राज्यमंत्री श्री सुबोध कांत सहाय कल जब यहां श्री तालिब के परिवार से सहानुभूति व्यक्त करने आए थे तो वह स्टाफ से नहीं मिले । हालांकि उन्होंने उनकी शिकायतें सुनने का आश्वासन भी दिया था । अब श्रीमती भल्ला भी यही व्यवहार कर रही हैं । उत्तेजित स्टाफ के सदस्य तब शांत हुए जब श्रीमती भल्ला ने उन्हें आश्वासन दिया कि दिल्ली प्रस्थान करने से पहले वह अवश्य मिलेंगी ।

स्कूटर छीना : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार मिलिटैंटों ने नगली नौशहरा गांव के निकट एक व्यक्ति से उसका स्कूटर नं. पी.बी. 02-4009 छीन लिया ।

अमृतसर में अंधाधुंध फायरिंग, 1 मरा : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार मिलिटैंटों ने आज रात शहर के मकबूलपुरा क्षेत्र में अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई तथा 5 अन्य घायल हो गए ।

'प.स.' के अनुसार घायलों में पंजाब पुलिस का कास्टेबल नरेन्द्रपाल सिंह, पंजाब बिजली बोर्ड के कर्मचारी बलविंदर सिंह, कश्मीर सिंह और अमरीक सिंह भी हैं । मृतक की पहचान नहीं हो सकी लेकिन 'नारंग' का कहना है कि मृतक का नाम बलविंदर सिंह है ।

सिपाही घायल : वार्ता के अनुसार मिलिटैंटों ने आज रात तरनतारन पुलिस जिले में चब्बा गांव के पास एक कांस्टेबल को घायल कर दिया ।

चब्बा में घायल सिपाही का नाम सतदेव सिंह (1471 नम्बर) है । वह पुलिस बस पर फायरिंग से घायल हुआ ।

नदियों में नौकाओं पर पाबंदी : अमृतसर जिला प्रशासन ने जिले में सतलुज व ब्यास नदियों में चार फरवरी तक दो माह की अवधि के लिए प्राइवेट नौकाओं के उपयोग पर पाबंदी लगा दी है । जिला मैजिस्ट्रेट के आदेश में कहा गया है कि यह पाबंदी इसलिए लगाई गई है ताकि मिलिटैंट अमृतसर, फिरोजपुर व कपूरथला जिलों के सीमा क्षेत्रों में और इनके आसपास अपराध करने के लिए नौकाओं का उपयोग न कर सकें ।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा : तरनतारन

(शेष पृष्ठ 8 पर)

अयोध्या में 850 कारसेवकों द्वारा गिरफ्तारी, एक साधु द्वारा आत्मदाह

लखनऊ, 7 दिसम्बर (वार्ता, प.स.) : अयोध्या में विवाद ग्रस्त राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद परिसर में कार सेवा करने के अधिकार के लिए किया जा रहा सत्याग्रह आज दूसरे दिन भी शांतिपूर्वक जारी रहा ।

एक सरकारी प्रवक्ता ने यहां पत्रकारों को बताया कि आज दोपहर तक तीन जत्थों में लगभग 850 सत्याग्रहियों ने गिरफ्तारी दी । पहले जत्थे का नेतृत्व सांसद अवैद्यनाथ कर रहे थे, जबकि दूसरे जत्थे का नेतृत्व विधायक ओम प्रकाश पासवान ने किया ।

प्रवक्ता ने बताया कि श्रद्धालुओं द्वारा विवादास्पद परिसर में राम जन्म भूमि के दर्शन किया जाना जारी है । एक प्रश्न के उत्तर में प्रवक्ता ने बताया कि कल अयोध्या में विश्व हिन्दू परिषद के तत्वावधान में पहले दिन किए गए सत्याग्रह में कुल 1427 सत्याग्रही गिरफ्तार किए गए, जिनमें 340 महिलाएं हैं । प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार सभी महिलाओं को कल ही अयोध्या में रिहा कर दिया गया था, जबकि गिरफ्तार पुरुषों को इलाहाबाद ले

चंद्रास्वामी विश्व हिन्दू परिषद और राम कार सेवा समिति की मंदिर निर्माण की मांग का पूरा समर्थन करते हैं । श्री चंद्रास्वामी इस बीच न तो स्वयं बोले और न ही किसी प्रश्न का जवाब दिया । इस अवसर पर राम कार सेवा समिति के महंत नृत्य गोपाल दास, परमहंस, राम चंद्र दास और हरिद्वार महामंडलेश्वर के स्वामी प्रकाशानंद भी उपस्थित थे ।

बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कर्णाटक तांत्रिक चंद्रा स्वामी ने कहा कि श्री राम मंदिर का निर्माण श्री राम जन्म भूमि स्थल पर ही होना चाहिए । श्री चंद्रा स्वामी ने कहा कि विवादित पूजा स्थल को देखने से साफ जाहिर होता है कि वह पहले

(शेष पृष्ठ 8 पर)

'सरकार मान व मिलिटैंट्स से बात क्यों नहीं करती'

चंडीगढ़, 7 दिसम्बर (एन.एस. परवाना) : अकाली दल (मान) ने कहा है कि यदि सरकार पंजाब समस्या हल करने को गंभीर है तो वह पार्टी प्रधान श्री सिमरनजीत सिंह मान को रिहा क्यों नहीं करती और मान तथा मिलिटैंटों से सीधी बातचीत क्यों ...ी

...पर परा विश्वास रखती है । बयान के अंत में विचौलियों को चेतावनी दी गई है कि "वे संघर्ष को कमजोर करने से बाज आएं ।"

सचिव श्री चनण सिंह सिद्धू ने प्रधानमंत्री

Punjabi Gaurav

मिलिटैंसी पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

पुलिस जिले के थाना भिक्खीविंड के गांव सरविंड के निकट आज दोपहर बाद लगभग 1.30 बजे मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया । घटनास्थल से एक मोटर साइकल, एक राइफल, 5 कारतूस, ए.के. 47 के 3 मैगजीन, एक सायनाइड कैप्सूल बरामद हुआ है ।

विस्फोट से वाहन उड़ाने का प्रयास : तरनतारन पुलिस जिले में आज पट्टी थाना के गांव पाठ में सी.आर.पी.एफ. के एक वाहन को विस्फोट द्वारा उड़ाने का असफल प्रयास किया गया । बम इस वाहन से थोड़ी दूरी पर ही फट गया था । किसी प्रकार की कोई क्षति नहीं हुई ।

शव मिला : मजीठा पुलिस जिले के गांव बुआवास में पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है ।

लड़की की हत्या : तरनतारन पुलिस जिले के दबुर्जी गांव में गिरोहियों ने गुरशरण नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर अंधाधुंध गोलियां चलाई जिससे गुरशरण सिंह की पुत्री सतविन्दर कौर मारी गई ।

एस.पी.ओ. फरार : तरनतारन पुलिस जिले में बडाला चौकी पर तैनात एक विशेष पुलिस अधिकारी नौकरी छोड़ कर भाग गया और अपने साथ सर्विस रिवाल्वर भी ले गया ।

अकाउंटेंट व महिला सरपंच की हत्या : मिलिटैंटों ने गत रात तरनतारन पुलिस जिले के पाखोके गांव में एक अकाउंटेंट तथा एक महिला सरपंच की गोली मार कर हत्या कर दी । मिलिटैंटों का एक गिरोह ब्लाक डिवैल्पमैंट कार्यालय के अकाउंटेंट कर्म सिंह को जुरा गांव में उसके घर से घसीट कर ले गया तथा बाद में वही गिरोह एक महिला सरपंच जसबीर कौर को मल्लियां गांव स्थित उनके घर से घसीट कर ले गया और दोनों की पाखोके गांव के बाहर ले जाकर हत्या कर दी ।

डिराइफलें लूटीं : मिलिटैंटों का एक गिरोह गत रात मजीठा पुलिस जिले के गांव भीमा चाठ से ग्राम सुरक्षा योजना से सम्बन्धित 9 राइफलें लूट कर ले गया ।

अमृतसर बंद रहा : अमृतसर और उपनगरीय इलाकों में आज पूर्ण बंद के कारण सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त रहा । बंद का आह्वान अखिल भारतीय सिख छात्र फैडरेशन के सचिव हरमिंदर सिंह गिल की गिरफ्तारी के विरोध में किया ।

दुकानें, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, बैंक, स्कूल, कालेज और अन्य शिक्षा संस्थान बंद रहे । बंद के दौरान कहीं से किसी अप्रिय वारदात का समाचार नहीं है । तरनतारन, पट्टी, खेमकरण, रैया, अजनाला और अमृतसर जिले के अन्य नगरों से भी पूर्ण बंद का समाचार मिला है ।

अमृतसर में दूध की आपूर्ति आज तड़के सामान्य थी लेकिन आठ बजे सुबह के बाद बंद कर दी गई । फैडरेशन के कई कार्यकर्त्ता बंद को लागू करने के लिए सड़कों पर खड़े थे । इसी बीच एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि श्री गिल को न्यायिक हिरासत की अवधि 19 दिसम्बर तक बढ़ा दी गई है । मिलिटैंटों को शह देने और हथियारों की आपूर्ति करने के आरोप में श्री गिल को गिरफ्तार किया गया था ।

मिलिटैंट मरा : बटाला (कोहड़) सुरक्षा बलों ने आज तड़के बटाला पुलिस जिले के थाना उलनीर के अंतर्गत गांव नाड़ियानी के निकट मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट को मार गिराया । पुलिस के अनुसार मुठभेड़ के स्थान से एक 38 बोर का रिवाल्वर तथा जेब्ज चले हुए व खाली कारतूस बरामद हुए हैं । मृतक का एक साथी फरार होने में सफल हो गया ।

2 घुसपैठिए मरे : भारत-पाक सीमा के डेरा बाबा नानक सैक्टर में दो पाकिस्तानी घुसपैठिये मारे गए । आधिकारिक सूत्रों के अनुसार अभी तक इनकी शिनाख्त नहीं हो सकी है ।

स्कूटर छीना : एक अन्य घटना में दो अज्ञात व्यक्तियों ने गत सायं बटाला सदर थाना के गांव दयालगढ़ के निकट से एक व्यक्ति हरभजन लाल का चेतक स्कूटर नं. पी.बी. 06-6035 छीन लिया ।

मिलिटैंट हथकड़ी समेत फरार : गुरदासपुर (विनोद): बीती रात जिला पुलिस गुरदासपुर में पुलिस पार्टी के चंगुल से एक प्रमुख मिलिटैंट हथकड़ी समेत भागने में सफल हो गया । पुलिस सूत्रों के अनुसार खालिस्तान कमांडो फोर्स का प्रमुख मिलिटैंट बलदेव सिंह तुंगको जिसे कल ही पठानकोट पुलिस ने भारी परिमाण में बारूद और विस्फोटक सामग्री सहित गिरफ्तार करके उसकी बम-धमाका करने की योजना को असफल बना दिया था, रात लगभग आठ बजे पुलिस पार्टी और शस्त्रास्त्र बरामद करने के लिए ले जा रही थी कि बाठ साहब के पास छिपे कुछ मिलिटैंटों ने उस पर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस पार्टी ने भी जवाबी फायरिंग की । इस बीच बलदेव सिंह भागने में सफल हो गया । फायरिंग कर रहे मिलीटैंट भी अंधेरे का लाभ उठा कर भाग गए ।

कांस्टेबल की हत्या : थाना कान्हवान के अंतर्गत गांव भुसां में मिलिटैंटों ने एक पुलिस कांस्टेबल वीरेन्द्र सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी और उसके बहनोई सुखविन्दर सिंह को घायल कर दिया । मृतक जहानखेलां में पुलिस-प्रशिक्षण ले रहा था और भाई के विवाह के सिलसिले में छुट्टी पर आया हुआ था ।

2 घायल : 68000 रु. लूटे : आज प्रातः लगभग 10 बजे दो अज्ञात स्कूटर सवार मिलिटैंटों ने पठानकोट शहर के बाहर फतेवार क्षेत्र के सादी बोर्ड के दो कर्मचारियों को घायल कर दिया और 68 हजार रुपया लूट कर ले गए । एक घायल की दशा गम्भीर बताई जाती है ।

4 बस यात्रियों की हत्या : 'वार्ता' के अनुसार आज जिला संगरूर के थाना दिड़बा के गांव राय धरना में मिलिटैंटों ने एक बस पर फायरिंग करके 4 यात्रियों की हत्या कर दी व एक को घायल कर दिया । उन्होंने अन्य यात्रियों, ड्राइवर व कंडक्टर को बस से उतार कर बाद में बस को आग लगा दी । बस चंडीगढ़ से लहरागागा जा रही थी ।

टूरिस्ट बस के कंडक्टर की हत्या : विलम्ब से प्राप्त आधिकारिक सूचना के अनुसार दो मिलिटैंटों ने गत बुधवार को संगरूर जिले में सोहेवाल गांव के निकट एक प्राइवेट टूरिस्ट बस के कंडक्टर की गोली मारकर हत्या कर दी । उसके बाद उन्होंने यात्रियों को बस से नीचे उतार कर इसे आग लगा दी ।

फैक्टरी मैनेजर की हत्या : दो मिलिटैंट आज सुबह-सुबह रोपड़ जिले के कुराली थानांतर्गत गांव चुनाला में एक जूस फैक्टरी में गए और इसके मैनेजर श्री एच.एस. दिओल की गोली मार कर हत्या कर दी ।

स्वयं को मिलिटैंट बताने वाला युवक काबू : भटिंडा (गांच) : भटिंडा पुलिस ने जाल बिछा कर आज सनील कुमार नामक एक युवक को गिरफ्तार किया है जो स्वयं को मिलिटैंट बताता था । सनील कुमार जो एक पैराएट है तथा उसके साथी सुरेन्द्र कुमार ने एक हिन्दू परिवार को धमकीपूर्ण टेलिफोन कर 50000 रुपयों की मांग की थी । यह पत्र उन्होंने मसंद सोध खालिस्तान कमांडो फोर्स के लैटरहैड पर लिखा था । एस.एस.पी. श्री राजेन्द्र सिंह के अनुसार पुलिस ने सुनील कुमार का पीछा करते हुए गोली भी चलाई थी परन्तु वह भागता हुआ अपनी मां राम आसरी के क्वार्टर में घुस गया जो सिविल अस्पताल भटिंडा में नर्सिंग विभाग की अधीक्षक है । वह घर में अपने कपड़े बदल कर इस प्रकार बाहर आ गया था, जैसे कि वह निर्दोष हो । वीरेन्द्र कुमार फरार होने में सफल हो गया था । एस.एस.पी. ने आज सुनील कुमार को सम्बाददाताओं के समक्ष पेश किया तथा पुलिस द्वारा मिलिटैंटों को पकड़ने के लिए बिछाए गए जाल का विवरण दिया ।

2 अन्य गिरफ्तार : एस.एस.पी. ने बताया कि संगरूर जिले में सरहाना गांव के दो व्यक्ति बरखवा सिंह और लाखू सिंह भी गिरफ्तार किए गए हैं जिन्होंने दो भाइयों की हत्या के लिए मिलिटैंटों को 2 लाख रुपए दिए थे । बलदेव सिंह और जी. सिंह नामक इन दो भाइयों की लगभग 20 दिन पूर्व भटिंडा के महाराज गांव में मिलिटैंटों ने हत्या कर दी थी । अभियुक्तों को इस बात का गुस्सा था कि मृतकों ने उनकी बहन को उसकी ससुराल से निकाल दिया था ।

हथियारे गिरोह का सदस्य गिरफ्तार : श्री राजेन्द्र सिंह ने बताया कि कावल सिंह नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है जो कथित रूप से हत्यारों और लुटेरों के एक गिरोह का सदस्य था । यह गिरोह मंगलकलां गांव में पं. पाला राम, दिलेर वाला गांव में एक महिला महेंद्र कौर तथा बोहा गांव के एस.पी.ओ. बाबू सिंह की हत्याओं तथा कई शस्त्र लूटने व पुलिस पार्टियों पर फायरिंग करने की घटनाओं में संलिप्त है । उसके पास से एक 12 बोर की बंदूक और कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं । एस.एस.पी. ने बताया कि उसके दो साथी अभी तक फरार हैं ।

अकाली नेता के रिश्तेदार की हत्या : मिलिटैंटों ने कपूरथला जिले के गांव रामगढ़ में वरिष्ठ अकाली नेता श्री सुखजिंदर सिंह के एक निकट रिश्तेदार श्री बलविन्दर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

ठेका व 3 पैट्रोल पम्प लूटे : राजपुरा (मासूम): गत रात्रि थाना घनौर के गांव जंड मंगोली के शराब के ठेके पर साढ़े नौ बजे पगड़ीधारी नौजवान आए । उन्होंने पहले 25 रुपए देकर शराब का आधा लिया फिर गिलास लेने के लिए ठेके के कर्मचारी से दरवाजा खुलवाया और पिस्तौल की नोक पर उससे 1100 रुपए छीन लिए गए साथ ही उसे डरा कर उससे ईंटों से वहां पड़ी शराब की सभी बोतलें तुड़वा दीं । इसी तरह महमूदपुर में दो स्कूटर सवार मिलिटैंटों ने शराब के ठेके के कर्मचारी को चेतावनी दी व वहां रखी सभी बोतलें तुड़वा दीं कि आगे से ठेका मत खोलना । कर्मचारी को अपंग होने के कारण छोड़ दिया । एक अन्य समाचार के अनुसार कल मारुति कार सवार 3 नौजवानों ने पिस्तौल की नोक पर पीपलकपूरा में कार सर्विस स्टेशन से 1100 रुपए तथा बस सर्विस स्टेशन से लगभग 5900 रुपए और फिर बनूड़ सर्विस स्टेशन से 500 रुपए चुरा कर ले गए ।

दो लाख रुपए छीने : पटियाला (राज): आज लगभग पौने दो बजे स्टेनगनों से लैस चार व्यक्ति एक मारुति वैन में आए और यहां रेलवे डीजल हम्पानी वर्क्स के कार्यालय में घुस कर कैशियर से दो लाख रुपए छीन कर फरार हो गए ।

लूटा : कल सायं मिलिटैंट वर्कशाप कार्यालय से 1,21 लाख रुपए तथा रेलवे प्रोटैक्शन फोर्स से तीन राइफलें लूट कर ले गए हैं ।

हत्या : एक घटना में लुधियाना जिले के भाटनी गांव में मिलिटैंटों ने बीकर सिंह नाम के एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

ट्रैक्टर ले गए : धुरी से मिली के अनुसार 2 साइकल सवारों ने किला हकीमां गांव के खेतों में नाजर सिंह को पिस्तौल दिखाकर पी.जे.एस. 2231 ट्रैक्टर छीन लिया ।

हथियार छीने : 6 मिलिटैंट बहड़वाल गांव में भूतपूर्व कैप्टन बलदेव सिंह से एस.एल.आर. तथा दर्शन सिंह से रिवाल्वर ले गए ।

अयोध्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

मंदिर ही था, जिसे तोड़ कर मौजूदा ढांचा खड़ा किया गया है ।

इस बीच विवादास्पद गुरु चंद्रास्वामी के अचानक अयोध्या आने के बारे में विश्व हिंदू परिषद के नेता आचार्य गिरिराज किशोर ने कहा कि परिषद के साथ चंद्रास्वामी का कोई संबंध नहीं है । उन्होंने कहा कि अगर चंद्रास्वामी सत्याग्रह में भाग लेना भी चाहें तो उन्हें इसमें शामिल नहीं किया जाएगा । उन्होंने कहा कि चंद्रास्वामी की यहां विश्व हिंदू परिषद के नेताओं के साथ कोई बातचीत नहीं हुई है । उन्होंने कहा कि चंद्रास्वामी के अयोध्या आने के पीछे उनका क्या मकसद है, इस बारे में वह कुछ नहीं कह सकते ।

कार सेवक रिहा : गोरखपुर (वार्ता): श्री राम मुक्ति यज्ञ समिति के अध्यक्ष महंत अवैद्यनाथ समेत गोरखपुर के कार सेवकों को अयोध्या में गिरफ्तार करने के बाद आज यहां लाकर रिहा कर दिया गया ।

पैप्सी प्रोजैक्ट की देखरेख के लिए समिति गठित

नई दिल्ली, 7 दिसम्बर (वार्ता) : केंद्र ने पंजाब में पैप्सी फूड लिमिटेड प्रोजैक्ट के विस्तारित स्तर की देखरेख के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है ।

केंद्रीय खाद्य संसाधन मंत्री तुकम देव नारायण यादव ने यह जानकारी आज पंजाब के एक सांसद एच.एस. हंसपाल को दी, जिन्होंने आज यहां मंत्रालय की सलाहकार समिति की बैठक में पैप्सी परियोजना की गतिविधियों के बारे में पूछा ।

श्री यादव ने कहा कि समिति में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का भी एक सदस्य शामिल है । सरकारी सूत्रों के अनुसार पैप्सी फूड लिमिटेड ने कोई खाद्य संसाधन इकाई राज्य में नहीं खोली है हालांकि उसने इसके लिए वादा किया था ।

विदेशी मंडियों की तलाश के लिए सुविधाओं की मांग

लुधियाना, 7 दिसम्बर (धीमान) : खाड़ी संकट के कारण स्थानीय हौजरी निर्यातकों को करोड़ों रुपयों की हानि हो चुकी है । गत 10 वर्षों के सतत प्रयास से जो विदेशी मंडियां हाथ में आई थी, वे निकल चुकी हैं अब नई मंडियों के लिए नए सिरे से संघर्ष आरम्भ करना पड़ रहा है । यह जानकारी श्री हरबंस लाल अग्रवाल चेयरमैन फैडरेशन आफ हौजरी इंडस्ट्रियल एंड ट्रेडर्स ने उद्योग के [illegible]

बबला के नेतृत्व में अमृ... आज मौन जलूस

अमृतसर, 7 दिसम्बर (कमलेश) सेना अमृतसर के प्रधान श्री प्रमोद कुमा... अध्यक्षता में एक बैठक श्री दुर्ग्याणा तीर्थ... कल 8 दिसम्बर को निकाले जाने वाले म... रूपरेखा तैयार की गई ।

श्री बबला ने कहा कि सरकार पंजा... जानबूझ कर टालमटोल की नीति अपन... निर्दोष हिन्दुओं को मिलिटैंटों के रहम... छोड़ा हुआ है कि जब चाहे, जहां चाहे... मौत के घाट उतार दे ।

श्री बबला ने कहा कि कल हम सुब... दुर्ग्याणा तीर्थ से एक जत्था लेकर, जि... हाथ बंधे होंगे और सिर पर कफन बां... कमिश्नर की कोठी पर जाएंगे और प्रश... कि हमें गोली मार दो और इसके बाद... शांति स्थापित करने के प्रयास करो ।

श्री बबला ने कहा कि मौन जलूस... बजे श्री दुर्ग्याणा तीर्थ से चलेगा और ह... गेट, रियाल्टो चौक से होता हुआ डिप... की कोठी पर जाएगा और उन्हें ज्ञापन...

पंजाब समस्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

'घटनात्मक माध्यमों' से आश्वासन... उनका देश भारत के मामलों में हस्त... रहा लेकिन यह सर्वविदित है कि वास्त... रहा है ।

कांग्रेस (इ) के नेता मीटिंग शुरू हो... पहले प्रधानमंत्री से अलग से भी मिले...

भाजपा शिष्टमंडल प्रधानमंत्री से... भेंट करने वाला है । इसके बाद राष्... राजनीतिक पार्टियों के नेताओं से... जाएगी । तब तक समझा जाता है कि... प्रशासन में जो रद्दोबदल करना चाहती... निर्णय ले लेगी ।

पटेल की प्रधानमंत्री से मु... गुजरात के मुख्यमंत्री श्री चिमनभाई... यहां प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर से मुलाकात... जाता है कि दोनों नेताओं ने पंजाब, ... असम तथा अयोध्या की स्थिति पर वि... किया । लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं क... महासचिव बलराम जाखड़ ने भी आज ... भेंट की ।

ताश खेलते हुए ही ढेर

फतेहाबाद, 7 दिसम्बर (मदान) यहां से करीब 38 किलोमीटर दूर गांव... उस समय ताश खेलने वालों में सन्नाटा... चौपाल में ताश खेलते हुए ही उनका... वर्षीय अमर सिंह नामक व्यक्ति वहीं... गया ।

गैस टैंक में विस्फो...

पटियाला, 7 दिसम्बर (राज): आ... एक प्राईवेट वर्कशाप में एक गैस टैंक में... आने से नगर में सनसनी फैल गई । इ... घंटे भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ है ।

संस्कृत से भेदभाव का...

चंडीगढ़, 7 दिसम्बर (वि.प.): अ... संस्कृत विकास परिषद ने आरोप लगाया... कई राज्यों की सरकारें संस्कृत भ... अध्यापकों व छात्रों की समस्याओं के प्रति... नहीं दे रही । कई राज्यों में संस्कृत अ... कई पद रिक्त पड़े हैं मगर सरकारें ज... उन्हें भर नहीं रहीं । इसके अलावा... अध्यापकों की पदोन्नति भी नहीं की ज...

इरकान ने रेलमंत्री को 1... का लाभांश चैक भेंट

नई दिल्ली, 7 दिसम्बर : भारतीय... कम्पनी (इरकान) के अध्यक्ष श्री आर.... कल यहां रेलमंत्री श्री जनेश्वर मिश्र को... तरफ से 1,03,90,000 करोड़ रुपए... चैक भेंट किया । यह कम्पनी रेल... अंतर्गत एक सार्वजनिक क्षेत्र का संस्थ... अवसर पर रेलवे बोर्ड के सदस्य, रेलवे... के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे ।

फार्मासिस्ट एसो. का...

जालन्धर, 7 दिसम्बर (ढल्ल) सिविल अस्पताल जालन्धर में जिला... सरकारी फार्मासिस्टों की एक बैठक... पंजाब स्टेट फार्मासिस्ट एसोसिएशन... चुनाव सम्पन्न हुआ : प्रधान श्री अमृ... सैक्रेटरी श्री हरिन्दर सिंह, वित्त सचिव... सिंह, वरिष्ठ उपप्रधान श्री जसविन्दर... सलाहकार श्री अमरीक सिंह, ऑडीट...

SHOW ROOM/SALE HOUSE
Available
For Hosiery Sale/Exhibition Two side open Show room at
Bhadaur House. 33933, 28381.
Contact :
DHIR & CO.

Punjabi Sanatani

नहीं की गई थी ? तब सेना ने अपने काम के दौरान भेदभाव किया था ? क्या तब सेना ने केवल हिन्दुओं को ही बचाया था और सिखों को बाढ़ में बह जाने के लिए सेना को तैनात कर दिए जाने से हिन्दुओं द्वारा पलायन भी रुक जाएगा और सिख भी सुरक्षित अनुभव करने लगेंगे ।

करने व मिलिटैंसी पर काबू पाने के लिए राजनीतिक प्रक्रिया की बात छोड़ कर अन्य कोई उपाए सुझाएं ।



2 मिलिटैंट मुठभेड़ में, 3 गुट संघर्ष में मरे; अन्यत्र 6 माह के बच्चे सहित 3 व्यक्तियों की हत्या

पंजाब में विभिन्न स्थानों से 4.70 लाख रुपये लूटे

चंडीगढ़, 8 दिसम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान मिलिटैंटों ने एक 6 माह के बच्चे सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा विभिन्न स्थानों से लगभग 4.70 लाख रुपए लूट लिए । सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ों में 2 मिलिटैंट तथा 3 मिलिटैंट आपसी शत्रुता में मारे गए ।

बैंक से 2.30 लाख रु. लूटे : बटाला से कोछड़ के अनुसार 2 मिलिटैंटों ने आज 10.30 बजे के करीब थाना सदर बटाला के कस्बा भागेवाल में पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से 2 लाख 30 हजार रुपए लूट लिए । वे गनमैन अमरजीत सिंह से 12 बोर की दोनाली बंदूक भी ले गए । पुलिस के अनुसार जब बैंक मैनेजर गुरबक्श सिंह बैंक के द्वार खोल कर अंदर गए तो कम्बल ओढ़े हुए दो मिलिटैंट भी पैसे निकलवाने के बहाने अन्दर चले गए तथा हथियार दिखा कर रकम लूट ली । वे साइकिलों पर फरार हुए । उनके जाने के बाद बी.एस.एफ. व पुलिस पहुंच गई तथा इलाके में उनकी तलाश शुरू कर दी । याद रहे कि कस्बे में बी.एस.एफ. की बटालियन का हैडक्वार्टर है ।

मिलिटैंट मरा : थाना श्रीहरगोबिंदपुर के गांव माड़ी-बुच्चियां के निकट गत रात सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले में दो साइकिल सवार मिलिटैंटों में से एक मारा गया जबकि दूसरा बच कर भाग निकला । जिला पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि घटनास्थल से एक पिस्तौल तथा कुछ चले व अनचले कारतूस मिले हैं ।

स्कूटर छीना : होशियारपुर (अश्विनी): गत रात्रि लगभग 8 बजे 2 मिलिटैंटों ने स्थानीय भंगी चो के पुल पर गांव सहोता के एक व्यक्ति रणजीत सिंह से उसका बजाज चेतक स्कूटर छीन लिया और फरार हो गए । बताया जाता है कि रणजीत सिंह स्कूटर खड़ा करके पेशाब करने लगा था कि पीछे से दो मिलिटैंट आए और मारपीट करके स्कूटर ले गए ।

कार छीनी : लुधियाना (धीमान): इस औद्योगिक महानगर में आतंकवाद की दो घटनाओं की सूचना मिली है । कल रात माडल टाऊन में दो मिलिटैंटों ने एक डाक्टर से पिस्तौल दिखा कर मारुति कार छीन ली और भाग गए ।

1 लाख रु. छीने : एक साइकिल पार्ट्स निर्माता की फैक्टरी के कैशियर श्री रविन्दर कुमार जब बैंक से रुपया लेकर ला रहे थे तो एक लाख रुपए छीन कर मिलिटैंट भाग गए । वह वेतन बांटने के लिए बैंक से उपरोक्त राशि निकलवा कर फैक्टरी जा रहा था । पुलिस जांच कर रही है ।

अपहृत युवक लौटा : 'महिन्द्रा' के अनुसार स्थानीय अर्जीनवीस हकीकत राय का नौजवान बेटा कुलदीप राय, जो उनके गांव मौजा अयाली से अपहरण कर लिया गया था, वह तीन दिन के बाद मुक्त होकर घर लौट आया है । पुलिस के अनुसार अपहरणकर्त्ता इस युवक (प्रापर्टी डीलर) को एक कार में ले गए । कुलदीप राय से वे 5 लाख रुपया मांग रहे थे । इस दौरान कुलदीप राय को बिल्कुल मारपीट नहीं की गई तथा दर्व्यवहार भी नहीं हुआ, अपितु उसे देसी घी के साथ रोटी खिलाई गई । पता चला है कि आपस में कुछ लेन-देन हुआ है ।

नम्बरदार की हत्या : समराला से 'भारद्वाज' के अनुसार गत रात चार मिलिटैंट गांव झाड़ साहब में नम्बरदार कर्म सिंह के घर आए तथा उससे रिवाल्वर मांगा । जब उसने कहा कि उसका रिवाल्वर तो पहले ही लूट लिया गया है तो मिलिटैंटों ने उसे कहा कि वह उनके साथ जीप में बैठ जाए । जाते समय वे परिवार वालों को थाने जाने के विरुद्ध चेतावनी दे गए । नम्बरदार की आज सुबह गांव के निकट लाश पड़ी मिली ।

गुट संघर्ष में साला-बहनोई मरे : मिलिटैंट गिरोहों के आपसी संघर्ष में कुछ मिलिटैंट गत रात तरनतारन पुलिस जिले के गांव ठठे में गुरदयाल सिंह के घर से उसे व उसके बहनोई जसबीर सिंह को बुला कर ले गए तथा बाद में उनकी गोली मार कर हत्या कर दी ।

लुधियाना में बसों के समय निश्चित : लुधियाना के जिला मैजिस्ट्रेट श्री एस.एस. चन्नी ने आदेश जारी किए हैं कि लुधियाना से शाम के छः बजे से सुबह छः बजे तक कोई टूरिस्ट/प्राइवेट बस बाहर नहीं जाएगी । यह आदेश 6.12.90 से 4.1.91 तक प्रभावी रहेंगे ।

साहसी परिवार : गुरुहैरसहाय (भंडारी): गत रात यहां से 8 किलोमीटर दूर पंजेकी गांव में दो मिलिटैंटों ने इंद्र सिंह नामक एक किसान के खेतों से उसका ट्रैक्टर छीन कर ले जाने का प्रयास किया किन्तु ट्रैक्टर स्टार्ट नहीं हुआ । इतने में वहां इंद्र सिंह का पुत्र बंता सिंह आ गया और उसने एक मिलिटैंट को जफ्फा मार कर पकड़ लिया । हाथापाई के दौरान दूसरे मिलिटैंट ने गोली चला दी जिससे इन्द्र सिंह और उसकी पत्नी मत्तोबाई गंभीर घायल हो गए । बंता सिंह ने एक मिलिटैंट से उसकी एस.एल.आर. छीन ली । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । घटनास्थल से 76 एम.एम. के कुछ चले हुए कारतूस मिले हैं ।

बंदूक ले गए : धूरी से सिंगला के अनुसार 2 मिलिटैंट गांव दहाड़ी (थाना अमरगढ़) के हरनेक सिंह फौजी से 12 बोर की बंदूक तथा 22 कारतूस ले गए ।

बस कांड का विवरण : लहरागागा से खोसर के अनुसार मिलिटैंटों ने गत शाम कालका से लहरागागा आ रही पंजाब रोडवेज़ की चंडीगढ़ डिपो की बस पी.जे.जी. 7534 को यहां से निकट गांव रायधराना के पास रोक कर एक समुदाय के लोगों को भाग जाने के लिए कहा तथा दूसरे समुदाय के लोगों पर बस में ही फायरिंग करके 4 लोगों की हत्या कर दी तथा एक को गंभीर घायल कर दिया । इसके उपरांत बस को आग लगा दी । मृतकों की शिनाख्त लहरागागा के मोहन लाल, लीला सिंह तथा कानपुर से आए ज्ञान चंद के रूप में की गई है । चौथी लाश की शिनाख्त नहीं हो सकी । भाग्य से ज्ञान चंद जो लहरागागा शादी पर आ रहा था, का 12 वर्षीय बेटा बाबी बच गया । उसने बताया कि जब मिलिटैंटों ने फायरिंग करनी शुरू की तो वह सीट के नीचे घुस गया तथा बस को आग लगाने के बाद वह कूद कर बाहर आ गया । मिलिटैंट एच.वाई.जी. 578 नम्बर की मारुति वैन में थे, जो उन्होंने गत सायं ही बादलगढ़ गांव के निकट से छीनी थी । वे उसे घटनास्थल के पास छोड़ गए । जाते समय वे एक किलोमीटर की दूरी पर पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के टैम्पो के ड्राइवर को घायल कर गए तथा टैम्पो ले गए । बस कांड के विरोध में आज लहरागागा में हड़ताल रही । लोगों ने प्रदर्शन भी किया । सुनाम भी लगभग बंद रहा ।

1.40 लाख रु. लूटे : मिलिटैंटों ने गत सायं संगरूर जिले में गांव चाननवाल स्थित स्टेट बैंक आफ पटियाला की शाखा से 1.40 लाख रुपए से भी अधिक लूट लिए ।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा : बाघापुराना से 'ज्ञान' के अनुसार आज सबह फरीदकोट जिले के

(शेष पृष्ठ 10 पर)

योध्या में राम मंदिर के प्रति इसका रवैया करेगा : सिंघल

की नीति ही मुद्दे का हल कर सकती है । कहा जाता है कि आप बातचीत की मेज पर बहुत दृढ़ रहते हैं और जरा-सा भी नहीं झुकते । आप समझौता चाहते भी हैं या नहीं ?

उ. :—हमें केवल एक ही समझौते में दिलचस्पी है और वह यह है कि मन्दिर हिन्दुओं को बहाल किया जाए । आप सब लोग चाहते हैं कि हम जन्म भूमि से

सके । यह कहां तक सच है ?

उ. :—राम के लिए मन्दिर राजनीतिक मुद्दा नहीं बल्कि राष्ट्रीय मुद्दा है । यह राष्ट्रीय स्वाभिमान से जुड़ा हुआ है । मैं औरंगजेब को भी समझ सकता हूं क्योंकि वह इस देश में जन्म लेने के कारण एक भारतीय था, परन्तु यह बाबर कौन था ? वह फारस से आया एक आक्रमणकारी था । मैं जो कहता हूं कि

उ. :—हां, यह देश के हित में है । हिन्दू अपनी संकुचित जातिवाद की विचारधारा को दरकिनार कर मन्दिर निर्माण के लिए संयुक्त हो गए हैं । अब संकुचित राजनीतिक हितों की खातिर जाति के आधार पर उन्हें विभाजित करना सम्भव नहीं होगा । हमने बहुसंख्यकों की कीमत पर

Punjabi Sanjha



ा एक दुकान में लगाई गई
चारी बुझाते हुए ।
(छाया : प्रै.ट्र.)

सिफारिशें लागू
हीं लेंगे : वी.पी.

ड), 8 दिसम्बर (वार्ता):
प्रताप सिंह ने आज कहा
पंथी पार्टियां तब तक दम
ज्य सरकारें मंडल आयोग
हीं करतीं । चेंगई अन्ना.
लों में कई जनसभाओं को
विश्वनाथ प्रताप सिंह ने
क्षता और सामाजिक न्याय
कार का त्याग किया है ।
की प्रवृत्ति के प्रति आगाह
न प्रवृत्तियों को बढ़ने दिया
हो जाएंगे । उन्होंने
ार गिराने के केंद्र सरकार
नी दी और कहा कि अगर
इसके विरुद्ध खड़ा हो

हैं । पुलिस प्रमुख श्री स्वर्ण सिंह के अनुसार यह मिलिटैंट खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के एरिया कमांडर चंद सिंह नंगल का निकट साथी था तथा पुलिस को कई हत्याओं व अन्य वारदातों में वांछित था ।

बाप-बेटे की हत्या : मक्खू से 'चंद्रशेखर' के अनुसार गत रात किल्ली बोदला गांव में आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन के सरगर्म नेता जरनैल सिंह वाइयां व उसके छः माह के पुत्र गुरसेवक सिंह की दो मिलिटैंटों ने हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार यह मिलिटैंटों की आपसी शत्रुता का मामला है । प्राप्त विवरण के अनुसार रात लगभग 11 बजे दो मिलिटैंट जिन्होंने खाकी वर्दी पहनी हुई थी तथा मुंह-सिर ढंके हुए जरनैल सिंह के घर आए तथा उन्होंने बाकी कमरों के सांकल लगा दिए तथा जरनैल सिंह के बैडरूम के बाहर गए । जरनैल सिंह ने शक पड़ने पर पहले ही अंदर से सांकल लगा ली थी । मिलिटैंटों ने फायरिंग करके दरवाजा तोड़ दिया और अन्दर चले गए । उन्होंने बहुत निकट से गोली चला कर पहले जरनैल सिंह, फिर उसके पुत्र की हत्या कर दी । जरनैल सिंह की पत्नी सिमरो ने बताया कि उसने मिलिटैंटों की काफी मिन्नतें कीं परन्तु उन्होंने एक न सुनी । कुछ माह पहले ही जरनैल सिंह के दो अन्य रिश्तेदार भी मार दिए थे । पोस्टमार्टम के बाद लाश वारिसों के हवाले कर दी गई तथा आज मक्खू बंद रहा । फैडरेशन के फिरोजपुर यूनिट के महासचिव जरनैल सिंह प्रधान, गुरनायब सिंह तथा सर्कल मक्खू के महासचिव अजीत सिंह ने इन हत्याओं की निंदा की है ।

लाश मिली : पुलिस ने कल पटियाला जिले में थाना बस्सी पठाना के गांव आमलपुर में ओम प्रकाश नामक एक व्यक्ति की लाश बरामद की है ।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : जालंधर पुलिस ने दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है और उनसे दो पिस्तौल बरामद किए हैं ।

कांस्टेबल घायल : मिलिटैंटों ने गत रात तरनतारन पुलिस जिले के गांव चाब्बा के निकट एक

अध्यक्ष एवं भूतपूर्व प्रधानमंत्री राज
की हैसियत से बहरीन गए हैं ।
भारतीय दूतावास सूत्रों के अनुसार
श्री शाह की पौने घंटे की बैठक में
भारत एवं जार्डन की द्विपक्षीय सम्ब
हुई । श्री भंडारी के बगदाद में ई
सद्दाम हुसैन और विदेश मंत्री तारि
करने की सम्भावना है ।

खज़ांची की आंखों में
कर 73425 रु. ल

मथुरा, 8 दिसम्बर (प.स.): ए
के खज़ांची का ब्रीफ़केस दो हथिय
भगत सिंह पार्क स्थित जिला अस्पत
लूट लिया । उसमें 73,425 रु
37,441 रुपए के चैक थे । पुलि
लुटेरों ने पिसी हुई लाल मिर्च उसकी
कर ब्रीफ़केस लूट लिया ।

प्रतिबंध वापस लेने

चंडीगढ़, 8 दिसम्बर (वि.प्र.):
पिछड़ा वर्ग सैल के प्रधान एम.पी.
भारतीय विद्यार्थी परिषद चंडीगढ़ ने
की है कि शहर में दोपहिया मोटर
सवारी करने पर लगाया गया प्रतिब
जाए । परिषद के आह्वान पर आ
कालेज के छात्रों ने कक्षाओं का ब
छात्रों की मांग थी कि दोहरी सवारी
प्रतिबन्ध वापस लिया जाए ।

जनता नेताओं
बजाए संतों प

अयोध्या, 8 दिसम्बर (वा

Punjabi Sanatani

पंजाब में 3 एरिया कमांडरों समेत 7 मिलिटेंट मारे गए

3 लोगों की हत्या, 3 व्यक्तियों का अपहरण, बैंक से 1.11 लाख रुपया लूटा

चंडीगढ़, 11 दिसम्बर : पंजाब में पिछले 24 [illegible] के दौरान 3 एरिया कमांडरों समेत 7 मिलिटेंट मारे गए, 3 लोगों की हत्या हुई, 3 व्यक्तियों का अपहरण हुआ तथा बैंक से 1.11 लाख रुपया लूट लिया गया ।

एरिया कमांडर समेत 2 मिलिटेंट ज़हर खाकर मरे : भटिंडा (सोच): स्थानीय जोगी नगर में सुरक्षा बलों के बीच घिर जाने पर खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के एरिया कमांडर गुरतेज सिंह तथा उसके एक साथी ने ज़हर खाकर आत्महत्या कर ली । जिला पुलिस प्रमुख श्री राजेन्द्र [illegible] ने बताया कि कल रात सुरक्षा कर्मियों ने उक्त [illegible] में दो संदिग्ध युवकों को साइकिल पर घूमते हुए [illegible] । जब उन्हें रुकने के लिए कहा गया तो उनमें से [illegible] ने फायरिंग कर दी और फिर उन्होंने भागने का [illegible] किया । सुरक्षा कर्मियों ने दोनों को घेर [illegible] । इस पर उन दोनों मिलिटेंटों ने ज़हर खाकर आत्महत्या कर ली । बाद में एक मिलिटेंट की [illegible] गुरतेज सिंह के रूप में हुई । गुरतेज सिंह 5 सुरक्षा कर्मियों तथा दो अखबारी हाकरों समेत लगभग 12 लोगों की हत्या के मामलों में वांछित [illegible] । संदेह है कि कल यहां बस स्टैंड के निकट दो और [illegible] को घायल करने के मामले में भी गुरतेज सिंह [illegible] था ।

एक की हत्या : मानसा (गर्ग) स्कूटर सवार [illegible] मिलिटेंटों ने भटिंडा जिला के अकालिया गांव में [illegible] डेरे में घुस कर महंत दर्शन सिंह की ए.के. 47 राइफल से गोलियां चला कर हत्या कर दी ।

एक और एरिया कमांडर मरा : फरीदकोट (वार्ता): कल रात मुहल्ला खुर्द गांव में [illegible] बलों के साथ मुठभेड़ में खालिस्तान कमांडो [illegible] का एरिया कमांडर बलदेव सिंह मारा गया । [illegible]स्थल से एक ए.के. 47 राइफल तथा सौ [illegible] भी बरामद हुए हैं ।

मुठभेड़ में एक मिलिटेंट मरा : फरीदकोट [illegible] के लंगियाना गांव में कल रात सुरक्षा बलों के [illegible] मुठभेड़ में स्वर्ण सिंह नामक एक मिलिटेंट मारा [illegible] । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, [illegible] कारतूस तथा 10 डैटोनेटर बरामद हुए हैं ।

3 मिलिटेंट काबू : फरीदकोट जिला के [illegible] सिंह वाला गांव के निकट से सुरक्षा बलों ने [illegible] के बाद 3 मिलिटेंटों को गिरफ्तार किया । [illegible] कब्जे से 2 पिस्तौलें, एक बंदूक तथा भारी [illegible] में गोली-सिक्का मिला है ।

बैंक लूटा : बाघापुराना से 'मित्तल' के [illegible] आज प्रातः 11 बजे के लगभग हथियारबंद [illegible] मिलिटेंटों ने थाना मेहना के अंतर्गत चूहड़ चक [illegible] में बैंक आफ इंडिया की शाखा से 1.11 लाख [illegible] लूट लिया । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया [illegible]

दो लोगों का अपहरण : फिरोजपुर (बागी): [illegible] मिलिटेंटों ने विगत शनिवार शाम साढ़े छह बजे के [illegible] लुधियाना-फिरोजपुर रोड पर तलवंडी भाई [illegible] के निकट बाटा शू कम्पनी का माल ले जा रहे [illegible] ट्रक को रोक लिया तथा उसमें सवार बाटा शू [illegible] के मैनेजर गोपाल कृष्ण (फिरोजपुर शहर) तथा इस कम्पनी के सेल्ज़मैन रवि कुमार (फिरोजपुर छावनी) का अपहरण कर लिया । मिलिटेंटों ने ट्रक ड्राइवर को कोई हानि नहीं पहुंचाई तथा उसे माल समेत जाने दिया । बाद में ट्रक ड्राइवर ने बताया कि मिलिटेंटों ने उक्त दोनों कर्मियों की रिहाई के बदले में 20 लाख रुपए की मांग की है । ड्राइवर ने बताया कि उसने मिलिटेंटों से आग्रह किया था कि उक्त दोनों कर्मी गरीब हैं और इतनी बड़ी फिरौती नहीं दे सकते लेकिन मिलिटेंटों ने उसका आग्रह नहीं माना और कहा कि फिरौती बाटा शू कम्पनी अदा करे ।

एक और व्यक्ति का अपहरण : 'वार्ता' के अनुसार मिलिटेंटों ने फिरोजपुर सदर थाना के अंतर्गत मलवाल गांव में परमजीत सिंह नामक एक व्यक्ति का उसके घर से अपहरण कर लिया ।

रात्रि कर्फ्यू : गुरदासपुर (विनोद) : जिला मैजिस्ट्रेट श्री जगपाल सिंह संधू के एक आदेश के अनुसार जिले में भारत-पाक सीमा के साथ लगते 204 गांवों में शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक कर्फ्यू रहा करेगा । यह आदेश 31 जनवरी, 1991 तक लागू रहेंगे ।

हथियार छीन लिए : लुधियाना (धीमान): पता चला है कि निकटवर्ती गांव से 4-5 मिलिटेंट गांव की सुरक्षा समिति से लगभग आधा दर्जन राइफलें छीन कर ले गए । दोराहा के निकट शराब के दो ठेके जला दिए गए । नूरपुर में मिलिटेंटों ने सरपंच गुरसेवक सिंह से उसकी बंदूक छीन ली । अन्य व्यक्तियों हरि सिंह से बंदूक तथा प्यारा सिंह से पिस्तौल छीन ली ।

वृद्ध पति-पत्नी की हत्या : मलोट (गोयल) आज सुबह मलोट थाने के गांव सरावा बोधना में 2 अज्ञात मिलिटेंटों ने करनैल सिंह (85) और उसकी पत्नी सुरजीत कौर (80) की उनके घर में घुस कर हत्या कर दी और भाग गए ।

मिलिटेंट घायल : कपूरथला (शर्मा): कल शाम स्थानीय शालीमार बाग के निकट गुट संघर्ष के कारण तरलोचन सिंह उर्फ तोची नामक एक मिलिटेंट गोली लगने से घायल हो गया । तरलोचन सिंह को उपचार के लिए सी.एम.सी. लुधियाना ले जाया गया है ।

एक जख्मी : कोटकपुरा से शर्मा तथा गर्ग के अनुसार आज यहां मिलिटेंटों ने आसा सिंह नामक एक आढ़ती को उसके घर पर ही गोली मार कर घायल कर दिया । घटनास्थल से 5 खाली कारतूस तथा खालिस्तान कमांडो फोर्स का लैटरहैड भी मिला है ।

गुट संघर्ष में एरिया कमांडर समेत 3 मिलिटेंट मरे : अमृतसर (प.स., वार्ता): कल रात मजीठा पुलिस जिला के अबदल गांव में निजी गुट संघर्ष के कारण बब्बर खालसा का एरिया कमांडर बलकार सिंह तथा उसके दो साथी सविन्दर सिंह और [illegible] सिंह मारे गए । मृतक मिलिटेंट कई अपराधों में पुलिस को वांछित थे ।

इसी बीच मजीठा पुलिस जिला के एस.एस.पी. श्री पी.एस. गिल ने बताया कि मारे गए उक्त मिलिटेंटों ने पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री सीता राम की हत्या का विफल प्रयास किया था । वे तलवंडी फुम्मन, लोहारका, चाचोवाल तथा चाटीविंड क्षेत्र में पुलिस तथा सी.आर.पी. के काफिले पर हमलों में भी संलिप्त थे । इन हमलों में 5 सुरक्षा कर्मियों की मृत्यु हो गई थी ।

अपहृत महिला सरपंच रिहा : तरनतारन पुलिस जिले के गल्लियां गांव से कल रात एक महिला सरपंच जसबीर कौर का उसके घर से अपहरण कर लिया गया । बाद में श्रीमती जसबीर कौर को छोड़ दिया गया ।

ठेका लूटा, स्कूटर छिना : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार आज सायं लगभग साढ़े आठ बजे यहां चमरंग रोड पर दो मिलिटेंटों ने एक व्यक्ति से उसका वैस्पा स्कूटर छीना और उसी स्कूटर पर सवार होकर मिलिटेंटों ने चमरंग रोड पर स्थित शराब का एक ठेका लूट लिया । मिलिटेंट ठेके से 1200 रुपए भी लूट कर फरार हो गए ।

3 लुटेरे काबू : मोहाली (वर्मा) : स्थानीय पुलिस ने तीन ऐसे युवकों को हिरासत में लिया है, जो खिलौना पिस्तौलें दिखाकर यहां लोगों को लूटते थे । पता चला है कि ये तीनों युवक सम्पन्न परिवारों से हैं । पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है ।

मिलिटेंट फरार : बंगा (खोसला): कल रात्रि बस अड्डे के बाहर सफेद रंग की मारुति कार में सवार मिलिटेंटों ने हवाई फायरिंग की । पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की लेकिन मिलिटेंट अंधेरे में भागने में सफल हो गए ।



कराची में गत दिवस बंगला देश के शरणार्थी धरना देते हुए । वह पुलिस द्वारा 6 बंगला देशी नागरिकों को गिरफ्तार किए जाने का विरोध कर रहे थे । गत कुछ वर्षों के दौरान नौकरी की तलाश में हज़ारों बंगला देशी पलायन कर पाकिस्तान में घुस आए हैं । (छाया : प्रै. ट्र.)

सरकार बल प्रयोग के बिना पंजाब समस्या के हल के लिए कृत-संकल्प : चंद्रशेखर

सिसौली (उत्तर प्रदेश), 11 दिसम्बर (प.स., वार्ता): प्रधान मंत्री चंद्र शेखर ने आज कहा कि उनकी सरकार पंजाब समस्या को बल प्रयोग के बिना हल करने के लिए कृत संकल्प है लेकिन वह मिलिटेंटों की गोलियों की धमकी के आगे नहीं झुकेगी । उन्होंने कहा कि इसके साथ ही सरकार जाति और धर्म के आधार पर देश के विभाजन की अनुमति भी नहीं देगी । वह भारतीय किसान यूनियन के महेंद्र सिंह टिकैत के गढ़ सिसौली में एक जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे ।

श्री चंद्र शेखर ने कहा है कि कुछ बाहरी ताकतें देश को धर्म एवं जाति के आधार पर विभाजित करने की कोशिशों को बढ़ावा दे रही है । श्री चंद्र शेखर ने कहा कि संघर्ष धर्म या जाति से नहीं बल्कि गरीबी, बेरोज़गारी और निरक्षरता से है । एक तरफ देश में पिछड़ापन, भुखमरी और विषमताएं हैं, दूसरी तरफ भगवान के नाम पर लोगों को भड़काया जा रहा है ।

प्रधान मंत्री ने कहा कि कुछ लोग जरूर देश को विनाश के कगार पर ले जाने को तुले हैं लेकिन देश के 80 करोड़ लोगों की ताकत उनको ऐसा करने नहीं देगी ।

उन्होंने यह भी घोषणा की कि सरकार गांवों में विकास गतिविधियों को बढ़ावा देकर गांवों और शहरों के बीच खाई को कम करने के लिए वचनबद्ध है । जनसभा को उपप्रधान मंत्री देवी लाल [illegible] प्रदेश के मुख्य मंत्री मुलायम सिंह यादव और श्री टिकैत ने भी सम्बोधित किया ।

शेर सिंह योजना आयोग के सदस्य : पूर्व केंद्रीय मंत्री शेर सिंह को योजना आयोग का सदस्य बनाया गया है । उप-प्रधानमंत्री देवी लाल ने आज यहां अपने भाषण में कहा कि आयोग में ग्रामीण प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए यह नियुक्ति की गई है ।

हर स्वरूप राज्यपाल बनेंगे : उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को सत्ता में भागीदारी देने के लिए उत्तर प्रदेश के श्री हर स्वरूप सिंह को राज्यपाल पद पर नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है ।

उप-प्रधानमंत्री देवी लाल ने आरोप लगाया कि देश को बांटने के लिए राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद का विवाद उठाया जा रहा है । इस विवादास्पद मामले को लम्बे समय तक नहीं उठाया गया, मगर चुनाव में राजनीतिक लाभ उठाने के उद्देश्य से हाल में इस मसले को उठाया गया । उन्होंने कहा कि इस प्रकार के विवादास्पद मामले में पूंजीपतियों के समर्थक शहरी लोग उठा रहे हैं । राजनीतिक जात में किसानों का दबाव बढ़ने से इन लोगों में जलन पैदा हुई है ।

उन्होंने किसानों से अपील की कि राजनीतिक जात में अपना वर्चस्व बनाने के लिए वह अपना संघर्ष जारी रखें । [illegible]

सरकारी कार्यालयों में हिन्दी के समाचारपत्र बंद

चंडीगढ़, 11 दिसम्बर (वि.प्र.): पंजाब के [illegible] सम्पर्क विभाग ने आज से चंडीगढ़ में [illegible] सरकारी कार्यालयों में, जालन्धर, चंडीगढ़ व [illegible] से छपने वाले सभी हिन्दी समाचारपत्रों [illegible] आपूर्ति फिलहाल बंद कर दी है । आज यहां [illegible] सचिवालय के प्रैस रूम तथा प्रशासनिक [illegible] के कार्यालयों में कोई हिन्दी का [illegible] समाचारपत्र नहीं देखा गया ।

सूत्रों से पता चला है कि यह कार्रवाई [illegible] मिलिटेंटों के दबाव में आकर की गई है । [illegible] सम्भवतः कुछ दिन बाद पुनः स्थिति की समीक्षा [illegible] जाएगी ।

जीन्स पहनने वाली लड़कियों को धमकियां

चंडीगढ़, 11 दिसम्बर (संघी): नगर के सभी प्रमुख शिक्षा संस्थानों के बाहर भी आज से पुलिस चौकसी बढ़ा दी गई है ।

बताया जाता है कि यह पग कुछ शिक्षा संस्थानों की छात्राओं को सलवार, कमीज़ एवं सिर पर चुन्नी लेने के अतिरिक्त और कोई वेशभूषा पहन कर कालेजों में न आने के बारे में दी जा रही धमकियों के दृष्टिगत उठाया गया है ।

कुछ अज्ञात युवकों ने कल जीन्स पहन कर कालेज आ रही कुछ छात्राओं को उनके कालेज के पास ही रोक कर इस तरह के कपड़े भविष्य में पहन कर न आने की धमकियां दी थीं, जबकि इस तरह की धमकियां आज नगर के 2 और महिला [illegible]

सुरक्षा बल

अमृतसर, 11 दिसम्बर [illegible] सेना की मदद से मिलिटेंटों [illegible] कर दिया है । इन मिलिटेंटों [illegible] जारी करके सरकारी काम [illegible]

एक सरकारी प्रवक्ता ने [illegible] प्रधानमंत्री श्री चन्द्रशेखर ने [illegible] राजनीतिक दलों के नेताओं [illegible] मंत्रणा के बाद प्रदेश सरकार [illegible] के निर्देश दिए थे । इस [illegible] आधिकारिक बैठक में निर्ध[illegible] तहत ही मिलिटेंटों के विरुद्ध [illegible] है ।

सेना का मुख्य काम सीमा [illegible] सील करना और सीमा पार [illegible] की तस्करी को रोकना है । [illegible] ने अमृतसर जिला से बाहर [illegible] पर नाकाबंदी मज़बूत कर दी [illegible] पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की [illegible] तथा तरनतारन पुलिस जिले [illegible]

सचेतक का उल्लंघ[illegible] सांसदों को 20 दि[illegible]

नई दिल्ली, 11 दिसम्ब[illegible] के अध्यक्ष रवि राय ने जनता [illegible] सांसदों को अपना उत्तर भेजने [illegible] और समय दिया है, जिन्होंने प[illegible] करके विश्वनाथ प्रताप सिंह स[illegible] चंद्र शेखर सरकार का समर्थ[illegible] दल के इन सांसदों को अय[illegible] लोकसभा के अध्यक्ष को ए[illegible] लोकसभा सचिवालय के सू[illegible] सांसदों को 31 दिसम्बर तक [illegible] गया था । इनमें 30वें सां[illegible] नवम्बर को विश्वनाथ प्रत[illegible] खिलाफ तथा 7वें सांसद हैं, जि[illegible] चंद्र शेखर सरकार के पक्ष में [illegible]

इसी मध्य दिल्ली उच्च [illegible] व्यक्त की है कि उन 25 [illegible] 'यथा-स्थिति' बनाई रखी जाए [illegible] अध्यक्ष ने 'असम्बद्ध' घोषित कि[illegible] संसदीय पार्टी में पांच नवम्बर [illegible] लोकसभा अध्यक्ष ने इन सां[illegible] घोषित कर दिया था । न्यायमू[illegible] तथा न्यायमूर्ति एस.एन. सप[illegible] टिप्पणी की ।

आकाशवाणी [illegible] निर्देश : राज[illegible]

चंडीगढ़, 11 दिसम्बर ([illegible] संगठनों बब्बर खालसा, खालि[illegible] खालिस्तान कमांडो फोर्स, आल[illegible] फैडरेशन और भिंडरांवाला [illegible] खालिस्तान ने एक तीन पृष्ठ [illegible] जिसमें उन्होंने आकाश[illegible] केंद्र-निदेशक श्री आर.के. [illegible] जिम्मेदारी कबूल की है, मगर [illegible] 'सांकेतिक' थी । उनकी श्री [illegible] परिवार के साथ कोई निजी श[illegible] 'मातृभाषा के लिए कार्रवाई' [illegible] थी । निकट भविष्य में 'पंजाब[illegible] गढ़ पर अगला वार किया जा[illegible] यकीनी बनाया जाएगा कि पंज[illegible] उपयुक्त स्थान तथा दर्जा मिले[illegible]

यद्यपि बयान में कहा गया [illegible] भाषा के विरुद्ध नहीं, परन्तु [illegible] छुपाया नहीं गया, विशेषकर [illegible] के आकाशवाणी एवं दूरदर्शन [illegible] बारे घृणा को । दरअसल [illegible] निशाना ये मीडिया ही हैं । य[illegible] है कि जो आचार-संहिता पहल[illegible] चुकी है, वह दिल्ली के प्रैस प[illegible]

आकाशवाणी और दूरद[illegible] चंडीगढ़) के लिए 12 निर्देश [illegible]

Punjabi Sanatani

डा. सिंह और श्रीमती अमिता मोदी के खिलाफ हत्या का षड्यंत्र रचने के आरोप थे ।

केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने उच्च न्यायालय से आग्रह किया है कि सत्र न्यायाधीश ओम प्रकाश के उस आदेश को निरस्त किया जाए जिसके तहत डा. सिंह

संजय से इस्तीफा नहीं : नई दिल्ली, अगस्त दल (स) के प्रवक्ता श्री सत्य प्रकाश मालवीय ने कहा कि राज्यमंत्री डा. संजय सिंह से इस्तीफा मांगने का प्रश्न ही नहीं उठता क्योंकि उनके विरुद्ध कोई आपराधिक मामला किसी अदालत में लम्बित नहीं है ।

पैतृक गांव इब्राहीम पट्टी भी गए । नए-नए लिपे-पुते घरों से लोगों ने बाहर निकल कर उनका अभिनंदन किया । पूरे गांव में उल्लास का वातावरण था और लोग गौरवान्वित थे कि उनके गांव का एक व्यक्ति

(शेष पृष्ठ 6 पर)

पंजाब में 7 सुरक्षा कर्मियों समेत 18 लोगों की हत्या, 5 मिलिटैंट भी मारे गए

चंडीगढ़, 12 दिसम्बर : फरीदकोट जिला में आज मुठभेड़ के दौरान 6 सुरक्षा कर्मी तथा 2 दुर्दांत मिलिटैंट मारे गए । इसके अतिरिक्त पंजाब में विभिन्न वारदातों में हैडकांस्टेबल समेत 18 लोगों की हत्या हुई । इस बीच दो और मिलिटैंट मुकाबले में तथा एक अन्य गुट संघर्ष में मारा गया ।

मुठभेड़ में 6 सुरक्षा कर्मी व 2 मिलिटैंट मरे : फरीदकोट (प.स., वार्ता): आज यहां रशीक खुर्द गांव में मुठभेड़ के दौरान 6 सुरक्षा कर्मी तथा 2 मिलिटैंट मारे गए । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सीमा सुरक्षा बल तथा केंद्रीय आरक्षी पुलिस बल के जवान संयुक्त रूप से उक्त गांव में छानबीन कर रहे थे कि झाड़ियों के पीछे छिपे मिलिटैंटों ने ए.के. 47 राइफलों से अंधाधुंध फायरिंग कर दी, जिससे 6 सुरक्षा कर्मियों की मृत्यु हो गई । अन्य सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के 2 एरिया कमांडर चांद सिंह तथा कुलदीप सिंह उर्फ़ कीपा भी मारे गए । कुलदीप सिंह लुधियाना के जगराओं क्षेत्र में सक्रिय था । मुठभेड़ में केंद्रीय आरक्षी पुलिस बल का कमांडिंग आफिसर जगजीत सिंह भी घायल हो गया । घटनास्थल से दो ए.के. 47 राइफलें, भारी परिमाण में गोली-सिक्का तथा 55 हजार रुपए नकद बरामद हुए हैं ।

फिरोज़पुर रेंज के पुलिस उप-महानिरीक्षक श्री अजीत सिंह ने आज शाम पत्रकारों को बताया कि सुरक्षा कर्मियों ने प्रात: साढ़े आठ बजे के लगभग खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के दो एरिया कमांडरों चांद सिंह तथा कुलदीप सिंह को रशीक खुर्द गांव के निकट स्कूटर पर घूमते हुए देखा । जब उन्हें रुकने का संकेत किया गया तो वे सुरक्षा कर्मियों पर फायरिंग करने के बाद भाग गए और गन्ने के खेतों में जा छिपे । सुरक्षा कर्मी जब खेतों तथा झाड़ियों की छानबीन कर रहे थे, तो वहां छिपे मिलिटैंटों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी, जिससे 6 सुरक्षा कर्मी मारे गए । श्री अजीत सिंह ने बताया कि बाद में अतिरिक्त सुरक्षा बलों ने घटनास्थल पर पहुंच कर उक्त मिलिटैंटों को घेर लिया । 8 घंटे तक चले मुकाबले में दोनों मिलिटैंट मारे गए । ये मिलिटैंट फरीदकोट, भटिंडा तथा फिरोज़पुर जिलों में सक्रिय थे ।

बैंक लूटा : बाघापुराना से 'मित्तल' के अनुसार मिलिटैंटों ने दौलतपुर गांव में स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से 70 हजार रुपया लूट लिया ।

मिलिटैंट गिरफ्तार : फरीदकोट जिला पुलिस ने 3 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है तथा उनके कब्ज़े से कुछ हथियार व गोली-सिक्का भी बरामद किया है । पकड़े गए मिलिटैंटों के नाम जगराज सिंह उर्फ राजा, जफर हुसैन उर्फ़ अजीत खां तथा काला सिंह बताए जाते हैं ।

हेड-कांस्टेबल की मौत : लुधियाना (धीमान): जगराओं थाना के अन्तर्गत गांव लंकर में स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक से ड्यूटी देने के बाद जब एक हैड-कांस्टेबल तथा दो कांस्टेबल घर जा रहे थे तो कुछ मिलिटैंटों ने उन पर फायरिंग की जिससे हैड कांस्टेबल चरणजीत सिंह मारा गया । मिलिटैंट उसकी एस.एल.आर. साथ ले गए ।

एक अन्य घटना में गांव जस्सोवाल में 5-6 मिलिटैंटों ने शराब के ठेके की बहुत सी बोतलें तोड़ दीं और फरार हो गए । जिला में इस सप्ताह के दौरान इस प्रकार की यह 7वीं घटना है ।

एक और जवान घायल : थाना जगराओं के गांव कौंके से सूचना मिली है कि बी.एस.एफ. के लगभग 1 दर्जन जवान अपनी ड्यूटी देकर जब वापिस आ रहे थे तो एक धार्मिक स्थान के अंदर से उन पर फायरिंग की गई, जिससे एक जवान गम्भीर रूप से घायल हो गया । उसे स्थानीय सी.एम.सी. अस्पताल में दाखिल कराया गया है । अपराधियों की तलाश जारी है ।

2 मिलिटैंट काबू : वार्ता के अनुसार लुधियाना जिला पुलिस ने 2 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है तथा उनके कब्ज़े से कुछ हथियार व जाली सिक्का बरामद किया है ।

किसान की हत्या : पटियाला (राज): मिलिटैंटों ने कल रात साढ़े छह बजे के लगभग पातड़ां थाना के अंतर्गत खासपुर गांव में गुरतेज सिंह नामक एक किसान की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

सुरक्षा कर्मी घायल : मिलिटैंटों ने कल रात रोपड़ जिला के माछीवाड़ा के निकट सुरक्षा कर्मियों पर हमला किया, जिससे सीमा सुरक्षा बल का हैड-कांस्टेबल गुलाम अहमद घायल हो गया ।

दुकानदार की हत्या : रोपड़ (वार्ता): मिलिटैंटों ने आज प्रात: बेला गांव में अशोक कुमार नामक एक दुकानदार की गोली मार कर हत्या कर दी । अशोक कुमार दुकानदारों के संघ का प्रधान था ।

शराब की दुकान के 2 कर्मियों की हत्या : फिरोज़पुर (वार्ता) मिलिटैंटों ने खोसा रणधीर सिंह गांव में कल रात शराब की दुकान पर काम करने वाले 2 कर्मचारियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

आरक्षण के विरोध में युवक द्वारा आत्मदाह

नई दिल्ली, 12 दिसम्बर (वार्ता): दक्षिण दिल्ली के सादिक नगर में आज शाम एक बेरोज़गार युवक ने मंडल आयोग की सिफारिशों के विरोध में आत्मदाह कर लिया । पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 20 वर्षीय युवक योगेश ने अपने शरीर पर मिट्टी का तेल छिड़क कर आग लगा ली, जिससे उसकी तत्काल मृत्यु हो गई । युवक स्नातक था और उसके पिता गृह मंत्रालय में सीनियर क्लर्क हैं ।

पिछले 24 घंटों में सुरक्षा बल का एक जवान और पाकिस्तान प्रशिक्षित दस घुसपैठियों समेत 16 व्यक्ति मारे गए जबकि सुरक्षा बलों ने 21 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया । इनमें प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों के दो प्रमुख भी शामिल हैं ।

अल्ताफ मुगल गिरफ्तार : अल्ताफ मुगल नामक दुर्दांत उग्रवादी जिसे पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की पुत्री डा. रुबिया सईद के एवज में 4 अन्यों के साथ रिहा किया गया था, को श्रीनगर के नवाब बाजार से आज गिरफ्तार कर लिया ।

मारे गए दस उग्रवादियों के निकट से पुलिस ने एक यूनिवर्सल मशीनगन, पांच यू.एम.जी. मैगजीन, एक रॉकेट लांचर, तीन ए.के. 47 राइफलें, 3 पिस्तौलें और अन्य शस्त्र बरामद किए ।

कुछ अज्ञात उग्रवादियों ने पुलवामा जिले के पम्पोर में पंजाब नैशनल बैंक के निकट सुरक्षा बलों पर हमला करके एक नागरिक को मार डाला । उग्रवादियों ने करम नगर में आज सुबह सुरक्षा बल के गश्ती दल पर हमला किया । सुरक्षा बलों ने जवाबी गोलियां चलाईं, जिसमें दो व्यक्ति मारे गए । पुलिस ने बताया कि उग्रवादियों ने अनन्तनाग में मट्टन चौक, चानी चौक, लाल चौक, नई बस्ती और जंगलात मंडी में सुरक्षा बलों पर गोलियां



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ (बाएं) मुहाजिर नेता अलताफ एक जनसभा में जनता द्वारा अभिनंदन स्वीकार करते हुए ।

सीमावर्ती क्षेत्रों में सेना की तैनाती का स्वागत मगर इंका की चुप्पी चर्चा का विषय बनी

अमृतसर, 12 दिसम्बर (कमलेश): पं. किशोर चंद प्रधान पंजाब ब्राह्मण सभा ने एक बयान में

निर्दोष लोगों की जानें गईं, वहीं कांग्रेस पार्टी जिसके समर्थन से चंद्र शेखर सरकार केंद्र में शासित हुई, ने

जस्टिस चावला बोफोर्स- की सुनवाई जारी र

नई दिल्ली, 12 दिसम्बर (वार्ता): दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एम.के. चावला एक वकील

करूंगा । अगर वह मुझ में विश्वास नहीं

Punjab Sanatani

कश्मीर में

(पृष्ठ 3 का शेष)

न के लिए दिल्ली में प्रस्तावित सर्वदलीय
ो फिजूल कह कर उसमें भाग लेने से इंकार
या है ।

भिन्न मसलों पर मतभेदों के बावजूद उग्रवादी
त पर एकमत हैं कि जब तक घाटी से सुरक्षा
टाये नही जाते और सरकार संयुक्त राष्ट्र के
का पालन नही करती तब तक उससे
त नही की जाएगी । उग्रवादियों ने कहा कि
बातचीत हो तो वह संयुक्त राष्ट्र के प्रावधान
हो और जैनेवा अथवा न्यूयार्क में होनी
।

र आज सुबह उग्रवादियों ने हब्बाकदल और
दल में भी उस समय हथगोले फैंके और
ी चलाई जब सुबह पांच बजे से कर्फ्यू में तेरह
ी ढील दी गई थी । सुरक्षा बलों ने 21
दियों को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार किए
ातकवादियों में जे.के.एस.एल.एफ. का
री प्रमुख तथा एक एरिया कमांडर शामिल
गिरफ्तार उग्रवादियों में प्रमुख के दो पाक
त अंगरक्षक भी शामिल हैं ।

क्षा कर्मियों ने कुपवाड़ा, बारामूला और
ाम जिलों में स्थित उग्रवादियों के ठिकानों से
थियारों और गोली बारूद का जखीरा बरामद
है । सरकारी प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए
ा कि शेष उग्रीस उग्रवादी श्रीनगर, बारामूला,
म, पुलवामा और कुपवाड़ा से गिरफ्तार किए
।

टी में सुबह पांच बजे से जारी तेरह घंटे की
ढील के दौरान दुकानें और व्यापारिक
ठान खुले और सड़कों पर यातायात सामान्य
।

तम में 24 घंटों में 21 उग्रवादी पकड़े गए

ुवाहाटी, 12 दिसम्बर (वार्ता): सेना और
ने "यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट आफ असम" के
दियों के धरपकड़ अभियान के तहत पिछले
घंटों में असम के विभिन्न भागों से कम से कम
संदिग्ध उग्रवादियों को गिरफ्तार किया तथा
कुछ आपराधिक दस्तावेज बरामद किए ।
ारी सूत्रों ने आज बताया कि तलाशी अभियान
रान कुछ मोटर साइकिल, हथियार, ध्वान के
ोरे और छिपाए गए 45 हजार नगद रुपए
द किए गए ।

जली के तीन ट्रांस्फार्मर चोरी

मृतसर, 12 दिसम्बर (वर्मा): विगत रात
ग रोड में अमृतसर नगर निगम के दो बड़े
ार्मर व बिजली बोर्ड का एक ट्रांस्फार्मर
तविंड रोड में चोरी होने की सूचना प्राप्त हुई
बताया जाता है कि चोरों ने बाकायदा क्रेनों को
ग करके ट्रांस्फार्मर चोरी किए । नुक्सान का
ा कई लाख रुपए बताया जाता है । इस
सिले में पुलिस थाना बी-डिवीजन में रिपोर्ट दर्ज
ा दी गई है ।

S.O.S.

मेरी जान बचाएं

यह पत्थर है एक 30 वर्षीय शादीशुदा सरीफ
ान कैंसियल की, जिसके दोनों गुर्दे नकारा हो गए हैं
वह चारपाई पर पड़ा जिंदगी के अन्तिम पल गिन
है । आप उसकी जान कोई अच्छा सुझाव देकर,
इलाज के लिए पैसे या एक गुर्दा दान देकर या एक
दान करने वाला कोई दानी सज्जन ढूंढकर बचा
है । डाक्टरों का कहना है कि एक गुर्दा दान करने
ी दानी की जिन्दगी को कोई खतरा नहीं होता ।
गुर्दा दानी को 50,000/- रु. की सारी सहायता
ा वचन देते हैं । शीघ्र सम्पर्क करें ।

फ्रैंडी जोजफ

न क्रिश्चियन वैल्फेयर एसोसिएशन,
संसारपुर, जालन्धर

विज्ञापन

नाम परिवर्तन

गुरचरण सिंह सपुत्र स. मनजीत सिंह, वासी
र शहर भौसि करता हूं मेरा नाम अब गुरचरन
कृपया मुझे इसी नाम से जाना जाए । गुरचरन
पुत्र मनजीत सिंह, O/S अमृतसरी गेट,
र शहर ।

रोज़गार

वे, बैंकों, एयरफोर्स तथा फौज में 7000
की जरूरत है । आयु 16-25, योग्यता दसवीं
प्रासपैक्टस तथा फार्म हेतु 10/- मनीआर्डर
Mukesh Career Guidance, Mahil
(Jalandhar).

चंद्रशेखर द्वारा

(पृष्ठ 3 का शेष)

करके आगे कदम उठाने चाहिएं ।

राजीव गांधी ने अपनी पार्टी के नेताओं के समक्ष अब यह बात स्पष्ट कर दी है कि उनकी पार्टी श्री चंद्रशेखर की सरकार का तब तक समर्थन करती रहेगी जब तक कि वह राष्ट्रीय तथा जनहित की नीतियों पर चलती रहेगी ।

उन्होंने कहा कि इसके प्रतिकूल बातें होने पर उनकी पार्टी अपना समर्थन वापस लेने में जरा भी नहीं हिचकिचाएगी ।

अब यह बात स्पष्ट हो गई है कि कांग्रेस (इ) ने श्री चंद्रशेखर का समर्थन किसी गुप्त समझौते के आधार पर नहीं बल्कि बी.पी. सिंह को सत्ता से हटाने की अपनी जल्दबाजी के कारण किया था । श्री बी.पी. सिंह ने प्रधानमंत्री के रूप में राजीव गांधी की विश्वसनीयता तथा छवि को पूरी तरह हानि पहुंचाने का प्रयास किया था और इसके लिए उन्होंने हर तरह के तौर-तरीके अपनाए थे ।

राजीव गांधी को इस बात की भी सूचना मिली थी कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शरद पवार बी.पी. सिंह से सम्पर्क बनाए हुए हैं । बी.पी. सिंह को यह आशा थी कि पवार इका छोड़ कर 20 इका सांसदों के साथ जनता दल में शामिल हो जाएंगे लेकिन श्री बी.पी. सिंह को उस समय निराशा हुई जबकि एक भी इका सांसद दल-बदल कर जनता दल में शामिल नहीं हुआ और इसी वजह से राजीव गांधी ने बी.पी. सिंह सरकार को गिराने का फैसला किया और परिस्थितियां कुछ इस प्रकार की बन गईं कि बी.पी. सिंह सरकार को सत्ता से हटना पड़ा तथा राजीव गांधी को चंद्रशेखर का समर्थन करना पड़ा ।

बी.पी. सिंह सरकार को हटाने का अभियान इका ने बी.पी. सिंह की सरकार के गिरने से 2 माह पहले शुरू कर दिया गया था और यह कार्य राजीव गांधी के तीन विश्वस्त लोगों को सौंपा गया । राजीव गांधी तथा चंद्रशेखर को निकट लाने में डा. सुब्रह्मण्यम स्वामी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । इन दोनों की पहली भेंट इस स्वामी ने एक फार्म हाउस में करवाई थी ।

कांग्रेस (इ) नेतृत्व इस बात से भी उत्साहन महसूस कर रहा है कि राष्ट्रीय मामलों में उसकी पार्टी किसी प्रकार की सक्रिय भूमिका निभा पाने की स्थिति में फिलहाल नहीं रह गई है । एक विपक्षी दल के रूप में इका देश की ज्वलंत समस्याओं पर तो आवाज उठा सकती थी तथा जनता के सामने जा सकती थी परन्तु अब वह इन मामलों को लेकर जनता के सामने भी नहीं जा सकती है क्योंकि वह वर्तमान सतारूढ़ सरकार की समर्थक होने के कारण उसकी नीतियों का विरोध भी नहीं कर सकती है तथा सरकार में शामिल न होने के कारण सरकार के रोजमर्रा के काम में अपनी भूमिका भी नहीं निभा सकती है ।

इका के कार्यकर्त्ताओं व नेताओं में यह धारणा है कि पार्टी ने अब जनता के सामने जाने का अवसर खो दिया है क्योंकि बी.पी. सिंह सरकार से हटने के बाद तथा भाजपा अध्यक्ष श्री लाल कृष्ण अडवानी मध्यावधि चुनावों की सम्भावना के दृष्टिगत जन-सम्पर्क अभियान पर निकले हुए हैं । इन नेताओं का विचार है कि मध्यावधि चुनाव मार्च में हो सकते हैं । पार्टी के लोगों के मन में यह प्रश्न उठ रहा है कि इका इन स्थितियों में किस प्रकार अपने पांव जमा पाएगी । ऐसा प्रतीत होता है कि इका नेताओं को इन सब बातों के दृष्टिगत वर्तमान स्थितियों में पार्टी की भूमिका की समीक्षा करने के लिए विवश होना पड़ सकता है ।

इन इका नेताओं की चिंता का एक प्रमुख कारण यह है कि अगर चंद्रशेखर किसी भी बड़ी राष्ट्रीय समस्या को हल करने में सफल हो गए तो उसका श्रेय इका को नहीं मिलेगा । चंद्रशेखर ही उसका श्रेय ले जाएंगे लेकिन अगर चंद्रशेखर विफल होते हैं तो फिर उसका दोष इका को भी लगेगा ।

खाद्य राज्यमंत्री सरवर हुसैन के कार्यालय में आग

नई दिल्ली, 12 दिसम्बर (वार्ता): केंद्रीय खाद्य एवं आपूर्ति राज्य मंत्री सरवर हुसैन के कृषि भवन स्थित कार्यालय में आज शाम आग लग जाने से अनेक कागजात, दस्तावेज और फाइलें क्षतिग्रस्त हो गईं । पुलिस सूत्रों ने आग लगने का कारण शायद बिजली की गड़बड़ी बताया है । यह आग लगभग पांच बजे कक्ष संख्या 158 में लगी, जहां श्री हुसैन के निजी सहायक और अन्य कर्मचारी बैठते हैं । आग से कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ । आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की आठ गाड़ियां घटना स्थल पर पहुंच गईं और उन्होंने लगभग 20 मिनट में आग पर काबू पा लिया । दुर्घटना के समय श्री हुसैन कार्यालय में नहीं थे ।

पंजाब के सीमा क्षेत्र में सेना

(पृष्ठ 3 का शेष)

आज देश के शीर्ष स्तर पर पहुंचा । भोले-भोले ग्रामवासियों ने उन्हें अपनी फरियाद के संबंध में

मिलिटैंसी पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

एक की हत्या : मानसा से 'मेहता' के अनुसार 4 मिलिटैंटों ने बुढलाडा थाने के गांव डोड फुल्लूवाला में अकाली दल (बादल) के भगीरथ सिंह को गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

रिवाल्वर छीने : मिलिटैंटों ने मानसा के निकटवर्ती दानेवाल गांव में इका नेता तथा मार्कीट कमेटी बुढलाडा के पूर्व चेयरमैन बोध सिंह और एक डाक्टर से रिवाल्वर छीन लिए ।

4 गिरफ्तार : धुरी से 'सिंगला' के अनुसार संगरूर जिला पुलिस ने निर्मल सिंह उर्फ निम्मा, परविन्दर सिंह, राजेन्द्र सिंह तथा गुरमेल सिंह नामक 4 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया तथा उनके कब्जे से एक बन्दूक, एक विदेशी पिस्तौल, 2 रिवाल्वर, 17 कारतूस तथा 2 स्कूटर बरामद किए । उक्त मिलिटैंट कई वारदातों में संलिप्त थे ।

मार्क्सी नेता का बेटा घायल : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार पुलिस जिला बटाला के थाना श्री-हरगोबिन्दपुर के गांव पीरुशाह में मिलिटैंटों ने मार्क्सी पार्टी के किसान विंग के प्रधान भजन सिंह के घर पर हमला कर दिया, जिससे उसका लड़का भाग सिंह घायल हो गया । भजन सिंह ने बताया कि उनके परिवार के सदस्यों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर मिलिटैंट भाग गए । भाग सिंह को बटाला के अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

बी.एस.एफ. जीप पर हमला : श्री हरगोबिन्दपुर थाना के अन्तर्गत सरोवा गांव के निकट मिलिटैंटों ने घात लगाकर बी.एस.एफ. की गाड़ी पर हमला किया, जिससे एक जवान घायल हो गया । घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

दो लोगों की हत्या : गुरदासपुर (वार्ता) मिलिटैंटों ने दानीवाली गांव में एक घर में घुस कर लाभ सिंह उर्फ लल्ली तथा प्रीतम सिंह नामक 2 लोगों को गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

एक व्यक्ति को पीट-पीट कर मार दिया : अमृतसर (वार्ता, प.स.): मिलिटैंटों ने कल रात तरनतारन पुलिस जिला के बेहला गांव में जसवंत सिंह नामक एक व्यक्ति को पीट-पीट कर मार दिया ।

एक की हत्या : मिलिटैंटों ने आज मजीठा पुलिस जिला के कोट खजर गांव में जागीर सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसके बेटे करनैल सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मरा : मजीठा पुलिस जिला के सिंगपुरा गांव में कल रात जरनैल सिंह नामक एक मिलिटैंट निजी गुट संघर्ष के कारण मारा गया । बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने जरनैल सिंह को हयातपुरा गांव में स्थित उसके घर से अपहृत कर लिया था और फिर बाद में उसे गोलियां मार दीं ।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : मजीठा पुलिस जिला के जोड़ गांव में आज सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मारे गए । घटनास्थल से दो राइफलें तथा कुछ गोली-सिक्का भी बरामद हुआ है । मजीठा पुलिस कंट्रोल रूम के अनुसार लगभग 3 घंटे तक चली मुठभेड़ में पुलिस कमांडेंट जगीर सिंह, जोकि एस.पी. आप्रेशन का ड्राइवर है, भी घायल हो गया । घटनास्थल से जो राइफलें बरामद हुई हैं, वे चीमा खाऊ गांव के लोगों से छीनी गई थीं ।

3 बस यात्रियों का अपहरण : मिलिटैंटों ने आज रात तरनतारन से अमृतसर जा रही एक बस में सवार 3 यात्रियों का अपहरण कर लिया ।

संघ के वर्कर की हत्या : अमृतसर से 'सुभाष' के अनुसार आज रात्रि यहां भटाला रोड पर स्थित फ्रैंडज कालोनी में 3 मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति सतपाल कपूर पुत्र भूरी लाल की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का कार्यकर्त्ता था ।

शव मिला : जालन्धर (प.स.): पुलिस ने आज स्थानीय बस्ती दानेशमंदां के निकट से गोलियों से छलनी शव बरामद किया है । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के कुछ खाली कारतूस भी मिले हैं । पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

घायल मिलिटैंट ने बम तोड़ा : कपूरथला (शर्मा): जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अजीत सिंह संधू ने आज यहां बताया कि मिलिटैंटों की आपसी लड़ाई में 10 दिसम्बर सायं को कपूरथला में गोली लगने से गम्भीर रूप से घायल हुए तरलोचन सिंह की गत रात्रि सी.एम.सी. लुधियाना में मृत्यु हो गई । शव का आज स्थानीय सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम हुआ है ।

मुलायम सिंह को चप्पलें व काले झंडे दिखाए गए

बलिया, 12 दिसम्बर (वार्ता) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव को आज यहां

शेषन ने कार्यभार संभाला

नई दिल्ली, 12 दिसम्बर (वार्ता): भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी टी.एन. शेषन ने भारत के नौवें मुख्य चुनाव आयुक्त का पदभार आज सभाल लिया । तमिलनाडु कैडर के आई.ए.एस. अधिकारी श्री शेषन इस नियुक्ति से पहले कैबिनेट सचिव और योजना आयोग के सदस्य सचिव भी रहे हैं ।

इससे पूर्व आर.वी.एस. पेरीशास्त्री मुख्य चुनाव आयुक्त थे । हाल ही में उनका निधन हो गया था ।

मुख्य चुनाव आयुक्त के पद पर उनकी नियुक्ति से पहले प्रशासनिक सेवा की एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी सुश्री वी.एस. रमादेवी कार्यवाहक मुख्य चुनाव आयुक्त का कामकाज संभाल रही थीं । उन्हें वापस विधि विभाग में भेज दिया गया है, जहां वह पहले भी सचिव थीं । स्वर्गीय पेरीशास्त्री भी मुख्य चुनाव आयुक्त बनने से पहले विधि विभाग के सचिव थे ।

ईराक ने कुवैत में नई सीमा रेखा बनाई

वाशिंगटन, 12 दिसम्बर : ईराक ने कुवैत के अन्दर रूमालिया तेल क्षेत्र के दक्षिण की ओर एक नई अंतरराष्ट्रीय सीमा बना ली है ताकि शेष कुवैत से हटा जा सके । यह बात पिछले दिनों ईराक के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन, जार्डन के शाह हुसैन, यासर अराफात तथा यमन के उप-प्रधानमंत्री के मध्य हुई बातचीत के समय उपस्थित एक सूत्र ने बताई है ।

यह एक कंटीली तार वाली सीमा है, जिस पर कस्टम की चौकियां भी हैं । यहां कुवैत के दूतावास ने भी इन समाचारों की पुष्टि की है । इससे यह भी सम्भावना बढ़ गई है कि ईराक जनवरी से पूर्व ही कुवैत से अपनी सेना हटा ले ।

सूत्रों के अनुसार सद्दाम हुसैन उन दो द्वीपों पर कब्जा रखना चाहते हैं, जिन्हें वह इस संकट से पूर्व कुवैत से पट्टे पर लेना चाहते थे । उधर कुवैती डिप्लोमैटिक सूत्रों के अनुसार कुवैत ईराक के साथ सभी विवादित मुद्दों पर बातचीत करने के लिए तैयार है लेकिन वह अमरीका के दबाव के कारण ईराक के शेष संबंधी दावों पर बातचीत नहीं करेगा ।

भार्गव ने गृह विभाग के सचिव का कार्यभार सम्भाला

नई दिल्ली, 12 दिसम्बर (वार्ता): योजना आयोग के सचिव पी.वी. कृष्णा स्वामी को आज उर्वरक विभाग का सचिव बनाया गया । श्री स्वामी तमिलनाडु के 1958 के बैच के आई.ए.एस. अधिकारी हैं । राजस्व विभाग के सचिव आर.एल. मिश्र को स्वास्थ्य तथा कल्याण मंत्रालय में विशेष अधिकारी बनाया गया है । उनका दर्जा सचिव का होगा । वह अपना नया कार्यभार 31 दिसम्बर 1990 को सम्भालेंगे, जब श्री आर. श्रीनिवास अवकाश ग्रहण करेंगे । श्री राज कुमार भार्गव ने आज गृह विभाग के सचिव का कार्यभार सम्भाल लिया । उन्होंने गृह राज्यमंत्री सुबोध कांत सहाय तथा मंत्रिमंडल सचिव नरेश चंद्र से भेंट की । श्री भार्गव पहाले उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव थे ।

केन्द्र में सांझा सरकार बनाने का सुझाव

नई दिल्ली, 12 दिसम्बर (वार्ता) : कांग्रेस (इ) के वरिष्ठ सांसद ए.वी. कुलकर्णी ने कहा है कि देश में स्थायित्व के लिए कांग्रेस (इ) को केन्द्र में श्री चंद्रशेखर के साथ सांझा सरकार बनानी चाहिए । श्री कुलकर्णी ने, जो महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शरद पवार के राजनीतिक गुरु समझे जाते हैं, आज संवाददाताओं के साथ अनौपचारिक बातचीत में कहा कि सांझा सरकार का गठन न केवल कांग्रेस (इ) और जनता दल (स) बल्कि देवगौड़ा में भी है ।

तुलसी के खिलाफ बार कौंसिल को शिकायत की गई

चंडीगढ़, 12 दिसम्बर (वि.प्र.) : पंजाब-हरियाणा उच्च-न्यायालय के वकील श्री नवीन सिंह गिल तथा श्री सुरजीत सिंह ने उच्च-न्यायालय की बार कौंसिल के समक्ष भारत के एडीशनल सालिसिटर जनरल श्री के.टी.एस. तुलसी के खिलाफ व्यावसायिक कदाचार की शिकायत की है । यह शिकायत विशेष रूप से दिल्ली उच्च-न्यायालय में बाबरी मांग समझौते की एफ.आई.आर. रद्द करने बारे एक केस की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति एम.के. चावला के समक्ष श्री तुलसी द्वारा सरकारी पक्ष प्रस्तुत करने के तरीके के सम्बन्ध में है ।

शिकायत में कहा गया है कि श्री तुलसी अपने मवक्किलों के प्रति अपनी ड्यूटी निभाने की अपेक्षा विरोधियों से मिल गए हैं, इस केस में गत सरकार ने जो कुछ 10 माह में अर्जित किया श्री तुलसी ने क्षणों में उसे धूल में मिलाने का प्रयास किया है । उनकी यह कारगुजारी इस आदर्श व्यवसाय से धोखा है ।

"हैरानी की बात है कि एक विदेशी अदालत तो सी.बी.आई. का केस बरकरार रख रही है जबकि अपने देश की अदालत में सी.बी.आई. का वकील उसके खिलाफ हो गया है ।"

यह मांग की गई है कि श्री तुलसी को इस

जूनियर इंजीनि ठप्प : मांगे मान

अमृतसर, 12 दिसम्बर (क जूनियर इंजीनियरों की हड़ताल दाखिल हो गई है । जूनियर इंजी के कार्यालय के बाहर धरना दि एच.एस. गिल, टी.एन. सूरी, एम.एस. भिंडर, जी. के. मुलता भुल्लर ने संबोधित किया । इन सरकार ने जिस ढंग से इंजीनिय साथ निपटने का निर्णय किया आलोचना की और कहा कि सरक कौंसिल के साथ बातचीत करने है क्योंकि हमारी जायज मांगों

वायुदूत के वि निर्णय शीघ्र ह

नई दिल्ली, 12 दिसम्ब सरकार जल्द फैसला करेगी कि एयर लाइन्स अथवा एयर इंडिया जाए अथवा उसे सहायक सेवा दिया जाए ।

नागर विमानन मंत्री हरम यहां बताया कि पहले कदम में अधिक तर्कसंगत बनाने का फै उन्होंने कहा कि वायुदूत को 1 तक 100 करोड़ रुपए की

समाचारपत्रों को दु

इंडियन एयर लाइन्स ने समाचा की दुलाई के हिस्से में आठ प्र रियायत देने की आज यहां घोष बताया कि पहली जनवरी से प्रतिशत की छूट मिला करेगी ।

इसी मध्य इंडियन एयर दिसम्बर से अपनी उड़ानों की जिससे यात्रियों को विभिन्न प्रमु सप्ताह 13 हजार से अधि उपलब्ध होंगी । इंडियन एय यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनु सीटें दिल्ली-बम्बई, मद्रास हैदराबाद और श्रीनगर आ आवागमन के लिए उपलब्ध हो

पंजाब बंद का वि का निर्ण

अमृतसर, 12 दिसम्बर (प समिति, हिन्दू शिव सेना, ब्राहम भारतीय ब्राह्मण सेवा संगठन मिलिटैंटों द्वारा पंजाब बंद के वि विरोध करने का निर्णय किया सुरक्षा समिति के प्रधान डा. आज यहां दी । उन्होंने पंजाब जाने का भी स्वागत किया है ।

सोवियत उपप्रध भारतीय राजदू

मास्को, 12 दिसम्बर (वा प्रथम उपप्रधानमंत्री लेव खो भारतीय राजदूत एलफ्रेड गोन्सा तास के अनुसार अधिकारि बीच व्यापार एवं आर्थिक स विचार-विमर्श किया । इस दौर इस लाख टन गेहूं देने की पेशक हुआ ।

इलाहाबाद हाईकं भवन में बाहरी प्रवेश बं

इलाहाबाद, 12 दिसम्बर उच्च न्यायालय के मुख्य भवन म गलियारों में बाहरी व्यक्तियों के प्रतिबंध लगा दिया गया ।

न्यायालय परिसर में गत घटना को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान इस घटना में आरक्षण-समर्थकों तोड़-फोड़ तथा मारपीट की थी, वकील, अधिकारी और कर्मचारी तथा सैकड़ों वाहन क्षतिग्रस्त कर

न्यायालय के मुख्य भवन में प्रवेश पर रोक लगाने की व्यवस्था में पहली बार की जा रही है ।

आब्ज़र्वर न्यूज़ चैनल का शिका

नई दिल्ली, 12 दिसम्बर सैंसर की गाज़ फिर गिरी है औ 'आब्ज़र्वर न्यूज़ चैनल' 'वीडियो उत्तर प्रदेश की हथियार मंडी पर

पपाल वीरेन्द्र वर्मा तथा पंजाब के मुख्य सचिव
एल. कपूर शामिल थे ।

प्रधानमंत्री ने आज रात यहां पत्रकारों से
चीत करते हुए कहा कि वह एक सप्ताह के अंदर
कार्य योजना घोषित करने वाले हैं वह सभी को
कार्य होगी तथा इसे सभी सम्बद्ध पक्षों से
चीत कर अंतिम रूप दिया जाएगा ।

हिन्दी बुलेटिनों का प्रसारण आज से :
र्ता' के अनुसार श्री चंद्र शेखर ने कहा कि सरकारें
सी भी धमकी के आगे आसानी से समर्पण नहीं
तीं । जब उनसे पूछा गया कि यहां से तथा
काशवाणी के जालन्धर केंद्र से हिन्दी के समाचार
टिनों का प्रसारण मिलिटैंटों की धमकियों के
रण बंद कर दिया गया है तो प्रधानमंत्री ने कहा कि
की के अंतर्गत बंद किए गए इन बुलेटिनों का
ारण कल से शुरू हो जाएगा ।

'एन.एस. परवाना' के अनुसार प्रधानमंत्री आज
यहां बड़े व्यस्त रहे । वह लगभग तीन घंटे तक
धानी में ठहरे । हवाई अड्डे से वह सीधे
धानी गए, जहां उन्होंने उड़ीसा के राज्यपाल श्री
दत्त शर्मा के सुपुत्र श्री विक्रम के विवाह के
प्शन समारोह में भाग लिया । इस अवसर पर
ाब के राज्यपाल श्री वर्मा, हरियाणा के राज्यपाल
धनिक लाल मंडल तथा भाजपा अध्यक्ष श्री
.के. अडवानी व कई अन्य नेता पहुंचे थे, लेकिन
तो भूतपूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी ज़ैल सिंह और न ही
-प्रधानमंत्री श्री देवी लाल वहां पहुंच सके ।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि
किस्तान के बारे में राज्यपाल पंजाब श्री वर्मा जो
छ कह रहे हैं, मैं उससे पूरी तरह सहमत हूं लेकिन
स मौके पर मैं कोई ऐसी बात नहीं करना चाहता,
ससे पाकिस्तान और भारत के संबंध बिगड़
ए । मैं युद्ध और मौत के सख्त खिलाफ हूं । मौत
मुझे नफ़रत है ।

उन्होंने रहस्योद्घाटन किया कि कुछ दिन पहले
किस्तान के प्रधानमंत्री मियां नवाज़ शरीफ ने खुद
झे फोन किया था और कल भी मुझे उनका फोन
ला है .। श्री चंद्र शेखर ने बातचीत के बारे में
ताने से इन्कार कर दिया ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पंजाब समस्या के
माधान के लिए मेरी सरकार के दरवाजे हरेक के
ए खुले हैं । मैंने अकाली नेताओं को भी बातचीत
लिए बुलाया था, परन्तु वे मुझे मिलने के लिए नई
ल्ली नहीं आए ।

समारोह के उपरांत श्री चंद्र शेखर पंजाब राज
वन चले गए, जहां उन्होंने राज्यपाल श्री वर्मा तथा
ज्य के उच्चाधिकारियों से कानून-व्यवस्था की



*किस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री तथा विपक्ष की नेता
जीर भुट्टो शुक्रवार को कराची की जेल में बंद
ने पति आसिफ जरदारी से मिलने के बाद बाहर
ती हुई । उनके साथ उनका बेटा बिलावल
दारी तथा बेटी बख्तावर भी हैं ।(छाया : प्रैस ट्रस्ट)*

उन्होंने कहा कि कोई भी विवाद हो, यदि उसके हल के लिए सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाकर कोई पक्ष आगे आता है, तो सरकार चार कदम आगे बढ़ कर

(शेष पृष्ठ 8 पर)

रही है । उन्होंने कहा कि इसके साथ ही सरकार इस तरह का अभास दे रही है कि पांच लाख से अधिक गैस पीड़ितों के लिए समझौते की राशि अपर्याप्त है ।

सेवानिवृत्त पुलिस उप-निरीक्षक, महिला व महंत सहित 8 लोगों की हत्या : 2 मिलिटैंट मरे

चंडीगढ़, 14 दिसम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान 2 मिलिटैंट मारे गए जबकि एक रिटायर्ड ए.एस.आई., एक महिला व एक महंत सहित 8 लोगों की हत्या कर दी गई ।

दो मिलिटैंट मरे : बाघापुराना से 'ज्ञान मित्तल' के अनुसार थाना निहालसिंहवाला के गांव खोटे में सुरक्षा बलों के साथ हुए एक मुकाबले में दो मिलिटैंट मारे गए । मृतकों की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी । एस.एस.पी. श्री स्वर्ण सिंह के अनुसार इन दोनों को सुरक्षा बलों के जवानों ने रुकने को कहा था, पर उन्होंने रुकने की बजाय फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा बलों की जवाबी फायरिंग से दोनों मिलिटैंट मारे गए । घटनास्थल से एक ए.के. 74 असाल्ट राइफल, एक दुनाली बंदूक और कुछ कारतूस मिले हैं ।

महिला को घायल कर दिया : समराला से 'भारद्वाज' के अनुसार गत रात यहां से कुछ मील दूर बनवारी कलां गांव में मिलिटैंटों ने एक महिला सुरजीत कौर पत्नी गुरदेव सिंह को गोली मारकर घायल कर दिया । इन मिलिटैंटों ने जगतार सिंह नामक एक व्यक्ति के घर से 250 रुपए तथा सोहन सिंह के घर से 150 रुपए छीन लिए ।

एक हत्या : मिलिटैंटों ने गत रात तरनतारन पुलिस जिले के गांव थंडे में एक व्यक्ति मुख्तयार सिंह की उसके घर में ही गोली मारकर हत्या कर दी ।

रिटायर्ड ए.एस.आई. की हत्या : एक मोटर साइकल सवार मिलिटैंट ने तरनतारन पुलिस जिले के मियांविंड गांव में एक रिटायर्ड असिस्टैंट सब-इंस्पैक्टर बचन सिंह को गोली मारकर हत्या कर दी ।

गला काट दिया : एक महंत जिसकी शिनाख्त कल्याण के रूप में की गई है, की कल रात तरनतारन पुलिस जिले के गांव अल्लादीनपुर में गला काट कर हत्या कर दी गई । पुलिस ने इसे आपसी शत्रुता का मामला बताया है ।

पति-पत्नी की हत्या : 'प.स.' के अनुसार मिलिटैंटों ने आज रात अमृतसर शहर के सुल्तानविंड क्षेत्र में न्यू कपूर नगर में एक व्यक्ति महेन्द्र सिंह और उसकी पत्नी गुरमीत कौर की हत्या कर दी ।

एक शव मिला : 'वार्ता' के अनुसार पुलिस ने आज शाम तरनतारन पुलिस जिले के गांव खारा में एक व्यक्ति प्रेम सिंह का शव बरामद किया ।

अपहरण : कपूरथला जिले के रास्ता खुलतानपुर गांव में स्थित चावल मिल से कल नरेन्द्र कुमार नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया गया ।

गैंगमैनों को धमकी : नवांशहर (शर्मा): नवांशहर और गढ़शंकर के मध्य रेलवे लाइन पर सुरक्षा ड्यूटी पर लगे दो गैंगमैनों राजपाल और रामपाल को आज प्रातः 5.30 बजे दो स्कूटरों पर आए चार व्यक्तियों ने उन्हें ड्यूटी पर न आने की धमकी दी तथा उनके सामान वाले दो थैले, जिनमें झंडियां, किताबें आदि थीं, छीन लिए । एक जे.जे. गाड़ी, जो उस समय गढ़शंकर की ओर से आ रही थी, को रोककर इन कर्मचारियों ने ड्राइवर और गार्ड को घटना की जानकारी दी । स्टेशन मास्टर नवांशहर ने तरन्त पुलिस एवं रेलवे अधिकारियों को सूचित कर दिया । यह गाड़ी इसी कारण जालन्धर के लिए आधा घंटा लेट चली ।

शराब पीने पर हत्या : मालेरकोटला (अ.जी.ज): गत दिवस निकटवर्ती गांव मतोई का एक व्यक्ति जगदीश कुमार अपने साथियों सहित शराब पी रहा था कि उसे दो अज्ञात व्यक्तियों ने चेतावनी दी कि वह शराब न पीए । ख्याल है कि जब वह रात को अपने गांव गया तो उन्हीं दो व्यक्तियों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी ।

निम्मा के साथी का न्यायिक रिमांड : पटियाला (भूषण): पंजाबी विश्वविद्यालय में एम.एस.सी. कैमिस्ट्री का छात्र मनजिंदर सिंह, जो 30 नवम्बर और एक दिसम्बर की रात को पुलिस तथा खालिस्तान कमांडो फोर्स के निर्मल सिंह निम्मा के बीच हुए मुकाबले के बाद गिरफ्तार किया गया था का आज श्री आर.के. जैन सब डिवीजनल मैजिस्ट्रेट पटियाला ने न्यायिक रिमांड दे दिया है । पुलिस के अनुसार निर्मल सिंह निम्मा, जिसके सिर पर एक लाख रुपए का इनाम था, पंजाबी विश्वविद्यालय के लड़कों के सात नम्बर होस्टल में मनजिंदर सिंह के कमरे में ठहरा हुआ था, जब जालन्धर से आए एक

(शेष पृष्ठ 8 पर)

कीमतों में कमी लाने के लिए केंद्र सरकार जल्दी ही एक कार्ययोजना बनाएगी : सुब्रह्मण्यम

बेंगलूर, 14 दिसम्बर (प.स.): केंद्रीय कानून एवं वाणिज्य मंत्री डा. सुब्रह्मण्यम स्वामी ने आशा व्यक्त की है कि अगले वर्ष फरवरी तक कीमतों में कमी लाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार जल्दी ही एक कार्य योजना बनाएगी ।

कर्नाटक जनता पार्टी द्वारा यहां कल आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने बढ़ती कीमतों में कमी लाने के लिए पहले ही प्रयास शुरू कर दिए हैं । उन्होंने कहा कि सरकार देश में बेरोजगारी

लिए कांग्रेस (इ) से ली सहायता के बारे में उन्होंने कहा कि उसका उद्देश्य देश बचाना था ।

श्री स्वामी ने देश के मौजूदा हालात की ओर संकेत करते हुए कहा कि शांति और सामान्य स्थिति बहाल होते ही कांग्रेस (इ) और जनता दल (स) नेता एक साथ बैठकर भावी कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार-विमर्श करेंगे । उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार कश्मीर, असम, पंजाब के मिलिटैंटों से बातचीत के लिए तैयार है लेकिन वह देश की एक

Punjabi Sanatan

ल्यों की रक्षा
ने आज यहां
ारिक गठन
ा की चुनौती
वषय पर गत
चारी यूनियन
ऐसे मंच की
गया था ।
एवं एडीटर्स
चक्रवर्ती को
उन्हें इसकी
धिकृत किया
में आज यहां
क में 'राष्ट्रीय
ी घोषणा की

ा अपना
निर्देश

र्ा): सरकार ने
जार्ज जौसेफ को
पदभार विशेष
। सरकारी सूत्रों
वित्त मंत्रालय ने

को 2,813 करोड़ व पंजाब सीड कारपोरेशन को 8,55,35 करोड़ का घाटा उठाना पड़ा ।

1.10 करोड़ रु. की चांदी पकड़ी

नई दिल्ली, 14 दिसम्बर (प.स.): दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा के दस्ते ने कल रात उत्तरी दिल्ली में एक ट्रक से 1.10 करोड़ रुपए की चांदी बरामद की । पुलिस उपायुक्त एवं विशेष शाखा के प्रभारी जे.पी. सिंह ने आज सम्वाददाताओं को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस सिलसिले में ट्रक चालक रमेश प्रसाद पाण्डे उर्फ रामेश्वर पाण्डे सहित तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार किए गए अन्य व्यक्तियों के नाम हरदीप सिंह उर्फ कुलविन्दर सिंह और सर्वजीत सिंह हैं ।

मिलिटैंसी : पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

पुलिस दल ने कमरे में छापा मारा था । संक्षिप्त मुठभेड़ के उपरांत निर्मल सिंह निम्मा ने सायनाइड खाकर आत्म हत्या कर ली थी ।

मनजिंदर सिंह को एक अन्य कमरे में पाया गया था और उसके पास से एक रिवाल्वर और एक [illegible] बरामद हुआ था । पुलिस ने शस्त्र कानून,

AMBALA CITY
FOR INDU
PLOT AVAI
(BROK
KOTLA

दिल्ल
दूसरी मंजिल, आई

'भाग्यनिधि' और 'सर्वोदय' को दो नई लाटरियों के लिए निविदाएं 19.12.90 के (बधवार) और 27.1.91

Punjabi Sarafani

मास में समाप्त होने वाली है । वह गत 10 वर्षों से राज्य बिजली बोर्ड के अध्यक्ष पद पर काम कर रहे हैं ।

गिरफ्तार होने वालों में तमिलनाडु के 2 तथा केरल के 6 कार सेवकों सहित राय बरेली के भू.पू. विधायक सुरेन्द्र बहादुर सिंह तथा भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आर.जी. त्रिपाठी शामिल हैं ।

से पहले ही मंदिर बन गया तो यह चुनावी मुद्दा नहीं होगा ।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में श्री अडवानी ने कहा कि वह देश में सभी भाजपा सरकारों की कारगुजारी से संतुष्ट हैं ।

जाने वाली राजधानी एक्सप्रैस को कानपुर के निकट बम से उड़ा दिए जाने की सूचना मिलते ही कल रात पूरा रेल पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया । बाद में यह सूचना अफवाह साबित हुई ।

पुलिस उप महानिरीक्षक रेलवे एच.पी. त्रिपाठी

विश्वास पैदा करने के 'आप्रेशन ब्लू कत्लेआम' के लिए

श्री मान का अपील के मद्देनजर उन्होंने राज्य में सा पंजाब के सभी पक्ष भुला कर' नया अ थी । उनका कहन विषय सूची प्राप्त ह द्वारा विचार-विमश लोकसभा की सदस्य दल (मान) के अध्य महायुद्ध के दौरान कार्रवाई के बारे में प्रकार जर्मनी यहूदि चीन से क्षमा मांग सिखों से संसद में क्ष करना चाहिए ।

श्री मान ने ब भाषणों में जिस तरह चंडीगढ़ में पत्रकारो शुरूआत है लेकि चाहिए । अतीत

पंजाब में 4 व्यक्तियों की हत्या; शराब के 9 ठेके जला दिए; 4 मिलिटैंट मारे गए

चंडीगढ़, 15 दिसम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात से मिलिटैंटों ने 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि 4 मिलिटैंट मारे गए । मिलिटैंटों ने शराब के 9 ठेकों को आग लगा दी ।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : तरनतारन पुलिस जिले के गांव गोपाला के निकट आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मारे गए जबकि उनके तीन साथी भागने में सफल हो गए । घटनास्थल से दो स्टेनगनें तथा काफी गोली-सिक्का मिला है । यह हथियार कुछ मास पूर्व फिरोजपुर स्थित रेलवे पुलिस के शस्त्रागार से लूटे थे ।

पति-पत्नी की हत्या : मिलिटैंट अमृतसर शहर की न्यू कपूर कालोनी में एक गुरुद्वारा के अध्यक्ष मोहिन्दर सिंह के घर में घुसे और गोलियां चलाकर श्री सिंह और उनकी पत्नी गुरमीत कौर को मार डाला ।

एक की हत्या : एक अन्य वारदात में मिलिटैंटों ने तरनतारन पुलिस थाना के खारा ग्राम से प्रेम सिंह नामक व्यक्ति का उसके घर से अपहरण करने के बाद में उसकी पन्डोरी तख्तमल गांव के पास गोली मार कर हत्या कर दी ।

शराब के 9 ठेकों को आग लगा दी : अहमदगढ़ (पुरी) : गत रात मिलिटैंटों ने निकटवर्ती गांवों में शराब के 9 ठेके क्षतिग्रस्त कर दिए ।

बताया जाता है कि रात के समय मिलिटैंटों ने एक ट्रक में सवार होकर झम्मट, बुटारी, नैहन, सिचोरा, तम्बोट, कुंडामी, लाम्परां, खानपुर, सरीनह गांवों में घुस कर वहां स्थित शराब के ठेकों को पहले ट्रक की टक्करों से क्षतिग्रस्त किया तथा बाद में उन्हें आग लगा दी । इन ठेकों में शराब का भारी स्टॉक मौजूद था । थाना नैहलो के गांवों में ठेके इस प्रकार

जबरदस्ती बंद करवाने की यह दूसरी बड़ी घटना है । अब तक शराब के 18 ठेके क्षतिग्रस्त किए जा चुके हैं ।

एक की हत्या : पटियाला जिले के खरान गांव में एक व्यक्ति मारा गया ।

खबर गलत : होशियारपुर (अश्विनी): जिला पुलिस के प्रवक्ता ने जालंधर दूरदर्शन की ओर से गत शाम प्रसारित की जाने वाली इस खबर का खण्डन किया है कि जिला होशियारपुर में तीन बस यात्रियों की मिलिटैंटों ने हत्या कर दी, जबकि कुछ घायल भी किए । प्रवक्ता ने कहा कि यह खबर गलत है । जिला में ऐसी कोई घटना नहीं घटी ।

पिस्तौल बरामद : धूरी (सिंगला): जिला

(शेष पृष्ठ 8 पर)



अहमदाबाद के गड़बड़ग्रस्त क्षेत्र में सेना फ्लैग मार्च करते हुए । (छाया : पै. ट्र.)

अयोध्या में मंदिर तो बनेगा ही, भले ही वह लाशों पर बने : क

यमुनानगर, 15 दिसम्बर (ओझा): गत दिवस यमुनानगर में श्री राम मन्दिर निर्माण हेतु कारसेवा में भाग लेकर अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की अस्थि-कलश रथ यात्रा का आगमन हुआ जिसको श्री राम कारसेवा समिति, भाजपा, विश्व हिन्दू परिषद तथा बजरंग दल ने संयुक्त रूप से आयोजित किया ।

अस्थि-कलश रथ यात्रा जिला यमुनानगर में सप्ताह तक रही । मात्र यमुनानगर में इस रथ यात्रा के शहर में प्रवेश को सरकार ने रोका तथा आठ महिलाओं सहित 88 श्री राम भक्तों को गिरफ्तार किया । गिरफ्तार किए गए श्रद्धालुओं में स्थानीय विधायिका डा. कमला वर्मा, श्री शिव प्रताप बजाज संयोजक श्री राम कारसेवा समिति, श्री अशोक शर्मा सांसद तथा श्री कर्नैल शर्मा जिला अध्यक्ष युवा भाजपा तथा महिलाओं में श्रीमती सपना तलवाड़ पार्षद तथा श्रीमती विजय बब्बर प्रमुख थीं ।

इन गिरफ्तार किए गए सभी व्यक्तियों को 25 किलो मीटर दूर अम्बाला-यमुनानगर जिला सीमा पर सुनसान स्थान पर रखा गया तथा आधी रात के बाद उस समय छोड़ा जब उन्होंने रात को श्रीराम नाम का संकीर्तन कर दोनों ओर से ट्रैफिक जाम कर दिया ।

पुलिस तथा प्रशासन के इस बर्बरतापूर्ण रवैये के विरुद्ध रोषस्वरूप बाजार बंद रखा गया तथा पुनः अस्थि कलश शोभा यात्रा का आयोजन किया गया । इस प्रकार जन आक्रोश के समक्ष पुलिस को झुकना पड़ा और शांतमय वातावरण में यह शोभा-यात्रा सम्पन्न हुई ।

यात्रा समाप्ति के पश्चात उन शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई । इस समारोह में बोलते हुए भू.पू. मंत्री डा. कमला वर्मा (भाजपा विधायिका) ने कहा कि हम श्री राम मन्दिर के निर्माण के पश्चात भारत में श्री राम राज्य की स्थापना करना चाहते हैं और यह सरकार मन्दिर निर्माण में बाधा बन रही है । उन्होंने कहा कि मन्दिर तो बनेगा ही, भले ही यह लाशों पर बने । शांतिपूर्वक शहीदों की अस्थि-कलश रथ यात्रा के समय सेवकों को गिरफ्तार कर नगर के वातावरण को तनावपूर्ण करने पर श्रीमती वर्मा ने निंदा करते हुए कहा कि इस प्रकार शांतमय वातावरण में पुलिस ने लोगों व महिलाओं को गिरफ्तार कर कानून व लोकतंत्र की हत्या की है । उन्होंने दावा किया कि जो सरकार श्री राम मन्दिर निर्माण में बाधा बनेगी, उसका शीघ्र ही पतन हो जाएगा । उन्होंने श्री राजीव गांधी, श्री वी.पी. सिंह सरकारों का

नई किसान तैयार

इंदौर, 15 दि देवी लाल ने आज मसौदा तैयार हो च आगामी सत्र में ही यहां पत्रकारों से बा

श्री देवी लाल विश्वनाथ प्रताप सि मनाए जाने की घो कम करने के लिए

Punjabi Sanatani

न हो गई थी । उन्होंने
नं. 7 जारी था, जबकि
हुई थी । यह त्रुटि सायं
9.30बजे तक जारी
स मामले के पीछे किसी
की सम्भावना रद्द कर

हसा में 6 मरे, घायल

म्बर (वार्ता): हैदराबाद
भी आज उपद्रव हुआ और
में 6 व्यक्ति मारे गए ।
क प्रमुख वकील के घर पर
ला किया, जिसमें वकील
ाल में आप्रेशन के बाद
ई गई है । इस घटना में दो
मारे गए । एक व्यक्ति
लगने से मारा गया । इस
। मंगलहाट इलाके में ही
को चाकू लगा था, उनकी
ी गई । मुशीराबाद इलाके
कने के लिए पुलिस ने गोली
क्त घायल हो गया । इसी
ौर पथराव से 15 व्यक्ति

हटाने पर जद
ैका में ठनी

दिसम्बर (मनमोहन शर्मा):
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के
पर जनता दल (एस) और

कि श्री राजीव गांधी ने
र और जनता दल (एस) के
को यह निर्देश दिया है कि
उनके पद से मुक्त कर दिया
द प्रधानमंत्री श्री चंद्रशेखर ने
ा कर दी कि मुलायम सिंह

संस्था हार्ट केयर फाउंडेशन आफ इंडिया बीमारी से पीड़ित गरीब लोगों को पेसमेकर मुफ्त लगाने का प्रबंध किया है । उल्लेखनीय है कि एक पेस मेकर लगाने का खर्च लगभग 35 हजार रुपए है ।

मिलिटैंसी पंजाब में

(पृष्ठ 1 का शेष)

संगरूर पुलिस ने सात व्यक्तियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से एक 315 बोर की पिस्तौल, दो कारतूस, तस्करी का कुछ अन्य सामान बरामद किया है ।

पूर्व सरपंच ने 2 मिलिटैंटों को मार गिराया : पुलिस ने बताया कि तीन उग्रवादी फिरोजपुर जिले के नवा जीरा गांव में पूर्व सरपंच बलकार सिंह के मकान में घुसे और उससे उसकी राइफल मांगी, जो उन्हें गांव रक्षा योजना के तहत दी गई थी । बलकार सिंह अन्दर गया और भरी हुई बंदूक लाकर तीन में से दो मिलिटैंटों को मार गिराया । तीसरा मिलिटैंट भाग निकला । मारे गए मिलिटैंटों के नाम भाई लद्दी और भाई अमरजीत सिंह हैं । उनके पास से एक 315 बोर की और एक 270 बोर की राइफल बरामद की गई है ।

कंडक्टर से 6000 रुपए लूटे : आज शाम भटिंडा जिले के गांव खरावाला के निकट दो मिलिटैंटों ने पी.आर.टी.सी. की एक बस को रोक कर कंडक्टर से 6000 रुपए लूट लिए ।

ज़रदारी को नैशनल असैम्बली की बैठक में भाग लेने की मंज़ूरी मिली

कराची, 15 दिसम्बर (प.स.): विशेष अदालत ने आज पूर्व प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो के पति आसिफ अली ज़रदारी को इस्लामाबाद में नैशनल असैम्बली की बैठक में हिस्सा लेने की इजाज़त दे दी । यह जानकारी अधिकारियों ने दी । बैठक सोमवार को होगी । श्री ज़रदारी अभी नज़रबंद हैं । उन्हें पिछले अक्तूबर में एक व्यापारी से फिरौती लेने के इरादे से उसे अपहृत करने के अभियोग में गिरफ्तार किया गया था ।

गांधी के उकसाने पर ही इसमें जान फूंकने की कोशिश कर रहे हैं ।

संघ नेताओं का कहना था कि वर्तमान संघर्ष केन्द्र सरकार के सिख विरोधी तथा साम्प्रदायिक रवैये की ही एक प्रतिक्रिया है और सिख इन छोटे-मोटे प्रलोभनों अथवा सुविधाओं से सन्तुष्ट नहीं हो सकते ।

गोर्बाच्योव ने नोबल पुरस्कार की राशि बच्चों की बेहतरी के लिए दान कर दी

मास्को, 15 दिसम्बर (वार्ता) : सोवियत राष्ट्रपति गोर्बाच्योव ने कल क्रेमलिन में आयोजित सादे समारोह में नोबेल शांति पुरस्कार का मैडल, डिप्लोमा और नकद राशि प्राप्त की । उन्होंने नकद राशि स्वास्थ्य केन्द्रों को उपलब्ध कराने की घोषणा भी की ।

पुरस्कार की सात लाख 15 हजार डालर (लगभग 12.87 करोड़ रुपए) की नकद राशि को दान देने की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि देश में बच्चों के स्वास्थ्य केन्द्रों में इस राशि का सदुपयोग किया जाना चाहिए और सर्वप्रथम वहां जहां प्राकृतिक आपदा ने लोगों को प्रभावित किया है । राष्ट्रपति ने हाल ही में इटली के फियूजी पुरस्कार में प्राप्त चार लाख 50 हजार डालर (लगभग 81 लाख रुपए) की धनराशि भी बाल स्वास्थ्य केन्द्रों को देने की घोषणा की ।

500 कार सेवक अयोध्या रवाना

जालन्धर, 15 दिसम्बर (नि.स.): विश्व हिन्दू परिषद के स्थानीय कार्यालय से सूचना दी गई है कि राम मंदिर कार सेवकों का एक जत्था, जिसमें 500 लोग शामिल हैं महंत राम प्रकाश दास के नेतृत्व में अयोध्या के लिए प्रस्थान कर गया है । यह जत्था किसान मेल से अयोध्या गया है ।

51 कार सेवक रवाना : अमृतसर (कमलेश): श्री त्रिलोक चंद शर्मा के नेतृत्व में 51 कार सेवकों का एक जत्था अयोध्या में सत्याग्रह करने

Punjabi Sanatani

पंजाब में एक मैजिस्ट्रेट समेत 4 लोगों की हत्या, 5 मिलिटैंट भी मारे गए

चंडीगढ़, 16 दिसम्बर (वार्ता): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान जुडिशियल मैजिस्ट्रेट समेत 4 लोगों की हत्या हुई तथा 5 मिलिटैंट भी मारे गए । इस बीच 3 मिलिटैंटों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया ।

मैजिस्ट्रेट की हत्या : पटियाला (भूषण): आज प्रातः सवा दस बजे के लगभग पटियाला जिला के बस्सी पठानां थाना के अन्तर्गत ननवाल गांव में दो अज्ञात व्यक्तियों ने ज्युडिशियल मैजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री अमर सिंह घुम्मन की उनके घर पर ही गोलियां मार कर हत्या कर दी । श्री घुम्मन का हाल ही में खरड़ से सुनाम तबादला हुआ था लेकिन अभी तक उन्होंने कार्यभार नहीं सम्भाला था । आजकल वह छुट्टी पर अपने गांव गए हुए थे । सूचना मिलते ही जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. शर्मा घटनास्थल पर पहुंच गए । 'वार्ता' के अनुसार श्री घुम्मन एग्जीक्यूटिव मैजिस्ट्रेट थे ।

दो मिलिटैंट मारे गए : लुधियाना (मुसाफिर): जगराओं क्षेत्र के गांव कुड़े के निकट नाका पार्टी से मुकाबिले में दो मिलिटैंट मारे गए । पुलिस ने नाका लगा रखा था । दो युवक स्कूटर पर आए । जब उनको रोका गया तो उन्होंने गोली चला दी । जवाबी फायरिंग पर वे दोनों मारे गए । उनके पास से चेतक बजाज स्कूटर और एक 12 बोर की राइफल बरामद हुई । मिलिटैंटों की पहचान नहीं हो सकी ।

एक की हत्या : लुधियाना से 'प.स.' के अनुसार लुधियाना जिला के समराला कस्बे से जमालपुर गांव जा रहे स्कूटर सवार एक व्यक्ति की मिलिटैंटों ने कल रात गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

दो दम्पति घायल : लुधियाना जिला के सीसी कलां गांव में मिलिटैंटों ने दो दम्पतियों को गोलियां मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । घायलों के नाम जसविन्द्र सिंह तथा ज्ञान कौर और करमजीत सिंह तथा बलविन्द्र कौर बताए जाते हैं ।

गुट संघर्ष में 1 मिलिटैंट मरा : अमृतसर (प.स.,वार्ता): अमृतसर शहर के दोबुर्जी क्षेत्र में कल रात निजी गुट संघर्ष के कारण गुरविन्द्र सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया । पुलिस के अनुसार पंजाब पुलिस के भूतपूर्व कांस्टेबल प्रीतम सिंह का बेटा गुरविन्द्र सिंह कई मामलों में वांछित था । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 11 खाली कारतूस, एक मैगजीन तथा कुछ जीवित कारतूस भी बरामद हुए हैं । घटनास्थल से एक मिलिटैंट संगठन द्वारा छोड़ी गई एक पर्ची भी मिली है, जिसमें कहा गया है कि गुरविन्द्र सिंह लूटपाट तथा धन ऐंठने में संलिप्त था ।

एक ही हत्या : अमृतसर जिला के पंडोरी तखमल गांव में मिलिटैंटों ने प्रेम सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

बैंक लूटा : फरीदकोट (प.स.): मिलिटैंटों ने दौलतपुर गांव में पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से 78 हजार रुपया लूट लिया ।

लाइसैंसी रिवाल्वर छीन लिया : होशियारपुर (वि.प्र.): ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से लैस 2 मिलिटैंटों ने गत दिवस खालसा कालेज गढ़दीवाला में एक प्रोफैसर हरबंस सिंह धामी से उनका लायसैंसी रिवाल्वर 14 कारतूसों सहित छीन लिया । पुलिस के अनुसार मिलिटैंट लगभग पौने 12 बजे कालेज परिसर में गए और क्लास को पढ़ा रहे प्रो. धामी से उनका रिवाल्वर छीन लिया तथा फरार हो गए ।

मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मरा : कपूरथला (वार्ता): कल रात जिला के बाभुवाल गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तरसेम सिंह उर्फ सेमा नामक एक मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद हुए हैं ।

गुट संघर्ष में एक और मरा : रोपड़ (वार्ता): कल रात जिला के पपली गांव में सुरेश नामक एक व्यक्ति को गोलियों से मार दिया गया । पुलिस के अनुसार यह निजी गुट संघर्ष की वारदात है । बताया जाता है कि बाद में हमलावरों ने मृतक की लाश जला दी ।

3 मिलिटैंट गिरफ्तार: रोपड़ जिला के सज्जू माजरा गांव में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के बाद तीन मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया । उनके नाम निहाल सिंह, सुबेग सिंह तथा सुरेन्द्र सिंह बताए जाते हैं । उनके कब्जे से दो पिस्तौलें भी बरामद हुई हैं ।

दुकानदार की हत्या : चंडीगढ़ से संधी के अनुसार मिलिटैंटों ने आज दोपहर डेरा बस्सी में सोहन लाल नामक एक दुकानदार को उसकी दुकान पर ही गोलियां मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । सोहन लाल ने पी.जी.आई. ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया । (शेष पृष्ठ 8 पर)



म में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए । श्री देवी लाल ने वहां लोगों ने भेंट किया । (छाया : प्रै. ट्र.)

Punjabi Sanatani

ंग की है कि यदि
ले की सुनवाई जारी
दिन की मोहलत देनी
ा की धारा 406 के
लत में स्थानांतरित
नय में अर्जी पेश कर

नता दल द्वारा दायर
न्यायमूर्ति श्री चावला
, उससे नहीं लगता है

ा दल के वकील
ाय के एक मौखिक
ही ठुकरा चुके हैं ।
ा की इन याचिकाओं

ल कर नष्ट

(प.स.): पूर्वी दिल्ली
शाम करीब 500
तबाह हो गई ।

चार

: श्री जीत कमार जैन
देहांत 15 दिसम्बर
सम्बर को प्रातः 10
ना ओसवाल', 95,
होगी । रस्म पगड़ी
बजे जैन स्थानक,
।

मुलायम सिंह खुद इस्तीफा दे दें : त्रिपाठी : नई दिल्ली (वा): कांग्रेस (इ) समिति के सदस्य लोकपति त्रिपाठी ने आज कहा कि मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव को इस्तीफा दे देना चाहिए क्योंकि उत्तर प्रदेश की जनता उनसे 'नफरत' करने लगी है। श्री त्रिपाठी ने संवाददाताओं से कहा कि अयोध्या मसले पर श्री मुलायम सिंह यादव की 25 सद्भावना यात्राओं से साम्प्रदायिक तनाव और बढ़ा है । उन्होंने कहा इस तनाव के कारण 15 जिलों में साम्प्रदायिक दंगे भड़के ।

मिलिटैंसी पंजाब में...

(पृष्ठ 3 का शेष)

थाने पर हमला : बटाला (नि.स.): मिलिटैंटों ने कल रात फतेहगढ़ चूड़ियां थाने पर फायरिंग की । जवाबी फायरिंग किए जाने पर मिलिटैंट भाग गए । इस वारदात में कोई हताहत नहीं हुआ ।

3 मिलिटैंट काबू, हथियार बरामद : पट्टी थाना के गांव दयाल राजपूतां के निकट से सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के बाद 3 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया तथा उनसे भारी परिमाण में हथियार बरामद किए । पकड़े गए हथियारों में एक राकेट, एक राकेट लांचर, दो ऐंटी टैंक प्लास्टिक सुरंगें, 4 हथगोले, एक छड़ी बम, 4 राइफल फिल्लर, 5 किलो ग्राम विस्फोटक, एक कार्बाइन, एक .303 की राइफल, एक.ए.के. 47 राइफल, 2 स्कटर तथा भारी संख्या में कारतूस शामिल हैं । मिलिटैंट उक्त हथियार बोरों में भरकर अपने स्कूटरों पर ले जा रहे थे कि डी.एस.पी. पट्टी के नेतृत्व में सुरक्षा बलों की नाकापार्टी ने उन्हें घेर लिया । गिरफ्तार मिलिटैंटों

लौटने का एक परिणाम यह हो
नैशनल कांफ्रैंस को संगठित करने
सकते हैं । जम्मू-कश्मीर में यह तो
जा सकता है कि राजनीतिक प्रक्रिया
से स्थिति में एकदम सुधार आ जाए
रही स्थितियों में सुधार के लिए एक
सकता है । इससे जनता के मन में
में सहायता मिलेगी कि कश्मीर घाटी
का बोलबाला नहीं है । मौजूदा
डाक्टर फारूक अब्दुल्ला के
जिम्मेदारी आ गई है । जम्मू-कश्मी
आने वाले दिनों में उनकी भूमिका
कर सकती है बशर्ते कि वह इस
हों ।

महान आत्मा, प्रसिद्ध
किशोर जी त्रिखा M.A.
कालेज), जो 17.12.88 व
हुए छोड़ कर इस संसार से
तिथि पर हम उन्हें अपने श्र

श्री

यशवीर-निशा त्रिखा, नरेश-
दिव्या त्रिखा, उज्ज्वल त्रिखा,
चिकी त्रिखा व नन्हीं बेबी त्रि
M/s. N.M. W

Punjabi Sanatan

शामिल न किए जाने के विरोध में ही इस हड़ताल का आह्वान किया है ।

द्वारा 3 सैनिकों को घायल कर दिया गया था ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

3 मिलिटैंट मारे गए; 4 व्यक्तियों की हत्या; बैंक से 22,000 लूटे

चंडीगढ़, 18 दिसम्बर (वार्ता., प.स.) : पंजाब में कल रात से तीन मिलिटैंट मारे गए, जबकि मिलिटैंटों ने चार व्यक्तियों की हत्या कर दी और एक बैंक से 22,000 रुपए लूट लिए ।

भाकपा कार्यकर्त्ता की हत्या : पटियाला (भूषण) : आज सुबह पातड़ां पुलिस थाने के गांव दुग्गल के निकट दो अज्ञात मिलिटैंटों ने भाकपा कार्यकर्त्ता सतपाल (धागा) की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतक उस समय कार में कहीं जा रहा था ।

ग्रंथी की हत्या : कल रात पुलिस थाना मूलेपुर के गांव बजरियां में तीन हथियारबंद मिलिटैंटों ने गुरुद्वारा के ग्रंथी हरनेक सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । वार्ता के अनुसार यह मिलिटैंटों के गुट संघर्ष का मामला है ।

दो गिरफ्तार : बलाचौर (जोशी) : बलाचौर पुलिस ने आज एक नाके के दौरान सतविंदर सिंह और हरदीप सिंह (दोनों गांव सैलर) को गिरफ्तार करके उनके पास से एक पिस्तौल तथा एक स्कूटर नं. पी.सी.पी. 6939 बरामद किया है ।

2 सी.पी.आई. कार्यकर्त्ताओं की हत्या : कपूरथला (शर्मा) : थाना भुलत्थ के गांव तलवंडी कूका के निकट मंडे में गत रात्रि लगभग पांच अज्ञात सशस्त्र मिलिटैंटों ने सी.पी.आई. के कार्यकर्त्ता जैमल सिंह (55) तथा सज्जन सिंह उर्फ फौजी की ए.के. 47 राइफलों से गोलियां मार कर हत्या कर दी । घटनास्थल पर मिले पत्र में इन दोनों हत्याओं की जिम्मेवारी दुर्दांत मिलिटैंट के.सी.एफ. के जसपाल सिंह उर्फ पाला वासी लखन-के-पड्डे ने ली है । बताया जाता है कि रात्रि लगभग 11 बजे पहले मिलिटैंट सज्जन सिंह उर्फ फौजी के डेरे पर गए तथा उसको साथ लेकर जैमल सिंह के डेरे पर गए । जैमल सिंह को बाहर बुला कर दोनों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । पत्र में एक पुलिस अधिकारी को भी धमकी दी गई है । पुलिस क्षेत्र में मिलिटैंटों की खोज कर रही है ।

22,000 रुपए लूटे : रोपड़ : जिले के गांव खाट मलवाल में स्थित सैंट्रल को-आप्रेटिव बैंक की शाखा से मिलिटैंटों ने लगभग 22,000 रुपए लूट लिए ।

महिला की हत्या : मानसा (मेहता) : गत रात यहां से लगभग 10 किलोमीटर दूर गांव भैनीवाला में मिलिटैंटों ने गुरशरण कौर पुत्री गुरदयाल सिंह की हत्या कर दी । तीन मिलिटैंट उनके डेरे पर आए तथा गुरशरण कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मरा : फिरोजपुर (धीमान) : कल रात सदर थाने के गांव बजीदपुर में नहर के निकट से एक अज्ञात मिलिटैंट का शव मिला है । बताया जाता है कि यह मिलिटैंटों के गुट संघर्ष का परिणाम है । एस.एस.पी. के अनुसार मृतक मिलिटैंट की आयु लगभग 25 वर्ष है । उसके पास से उसका एक चित्र, 17 कारतूस बरामद हुए हैं ।

मिलिटैंट मारा गया : बटाला (कोछड़) : बटाला पुलिस जिले में गलोवाली गांव के पास सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । मृतक के साथी भागने में सफल रहे । घटनास्थल से एक ए.के. 74 राइफल, एक 303 राइफल और एक प्वाइंट राइफल तथा 23 कारतूस बरामद हुए हैं ।

मिलिटैंट गिरफ्तार : सुरक्षाबलों ने तरनतारन पुलिस जिले में जगदीश लाल नाम के एक मिलिटैंट को गिरफ्तार किया तथा उसके पास से 303 बोर की एक पिस्तौल जब्त की ।

पूरक परीक्षाएं अब 22 को

अमृतसर, 18 दिसम्बर (कमलेश) : गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी के एक प्रैस नोट में बताया गया है कि बी.ए., बी.एस.सी. की पूरक परीक्षाओं की तिथि बदल कर अब 22 दिसम्बर कर दी गई है ।

आदेश न मानने पर दो वरिष्ठ अधिक

Punjabi Sanatani

दस मिनट तक हुई गोलीबारी में श्रीमती रफीक | नहीं चले ।

पिता-पुत्र, दो भाइयों और 3 सिपाहियों सहित 12 की हत्या; 1 मिलिटैंट मारा गया

चंडीगढ़, 19 दिसम्बर (वार्ता, प.स.) : पंजाब में कल रात से मिलिटैंटों ने पिता-पुत्र, दो भाइयों, 3 सिपाहियों और तीन भाई बहनों सहित 12 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया ।

6 व्यक्तियों की हत्या : भुलत्थ (भोगला) : मिलिटैंटों ने गत रात यहां से कुछ दूर चचोकी तथा दाउदपुर गांवों में 2 भाइयों सहित 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी । प्राप्त विवरण के अनुसार रात 7.30 बजे के लगभग चचोकी गांव में एक मजहबी सिख परिवार के घर 6 मिलिटैंट आए तथा उन्होंने अंधाधुंध फायरिंग करके एक बाप, बेटे तथा दो भाइयों की हत्या कर दी । मृतकों की पहचान हजारा सिंह (65), सुखदेव सिंह (40) (बाप, बेटा), सूरत सिंह (50) तथा प्रकाश सिंह (60) (दोनों भाई) के रूप में हुई है । इसके पश्चात् मिलिटैंट तीन कि.मी. दूर गांव दाउदपुर में गए तथा वहां 2 सिपाहियों अवतार सिंह (24) तथा दलजीत सिंह (21) की हत्या कर दी ।

कपूरथला से शर्मा के अनुसार घटनास्थल पर मिले पत्र में इन हत्याओं की जिम्मेदारी के.सी.एफ. के जसपाल सिंह उर्फ पालावासी लखबीर के गुट ने ली है । सूचना मिलते ही जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह संधू भारी फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए । क्षेत्र में छापे मारे जा रहे हैं ।

50,000 के आभूषण इत्यादि लूट लिए : कपूरथला में कल रात लुटेरों ने कमलजीत सिंह नामक एक वकील के घर से 50,000 रुपए के स्वर्ण आभूषण तथा अन्य सामान लूट लिया । पुलिस के अनुसार उस समय पति-पत्नी कहीं गए हुए थे ।

अपहृत को छुड़ा लिया : सुल्तानपुर लोधी की भगवती राइस मिल से गत 13-14 दिसम्बर की रात को पिस्तौल की नोक पर अपहृत हुआ मिल का एक भागीदार नरेन्द्र कुमार पुलिस के भारी दबाव के कारण बिना फिरौती दिए 17 दिसम्बर को अपने घर वापिस आ गया है । जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह संधू ने बताया कि अपहरणकर्त्ताओं ने फिरौती के 20 लाख रुपए मांगे थे । थाना सुल्तानपुर लोधी के एस.एच.ओ. हरजीत सिंह बराड़ ने पुलिस तथा सुरक्षा बलों के साथ मंड में एक बड़ा अभियान आरम्भ कर दिया तथा पांच अपहरणकर्त्ताओं के नामों आदि का पता लगा कर कई प्रकार से दबाव डालना आरम्भ किया तो मंड में दरीसां में रखे हुए अपहृत नरेन्द्र कुमार को रात्रि के समय छोड़ दिया गया । अपहरणकर्त्ताओं में दो मंड

(शेष पृष्ठ 6 पर)



(1-2) कपूरथला जिला के गांव दाउदपुर में मंगलवार रात को मिलिटैंटों के हाथों मारे गए सिपाही दलजीत सिंह और अवतार सिंह के शव, (3-6) गांव चचोकी में मिलिटैंटों के हाथों मारे गए हजारा सिंह, शिव देव सिंह, सूरत सिंह और प्रकाश सिंह के शव । (छाया : चोपड़ा)

Punjabi Sanatan

(6) दैनिक पंजाब केसरी, जालन्धर 20.12.90

मिलिटैंसी : पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

के तथा तीन जिला अमृतसर के रहने वाले हैं ।

तस्कर की हत्या : बाघा पुराना (ज्ञान) आज सुबह यहां से कुछ दूर गांव सगतपुरा में मिलिटैंटों ने जसबीर सिंह उर्फ बीरा नामक एक तस्कर की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा एक महिला को घायल कर दिया । बाद में मिलिटैंट एक अध्यापक का स्कूटर छीन कर फरार हो गए ।

साहस दिखाने वाला सरपंच पुरस्कृत : फिरोजपुर (धीमान) : पिछले सप्ताह जिले के गांव नवा जीरा में जिस सरपंच बलकार सिंह ने दो मिलिटैंटों को मार गिराया था, उसे जिला के उपायुक्त ने साहस दिखाने के लिए 10 हजार रुपए देकर पुरस्कृत किया है ।

बंद : भटिंडा : मिलिटैंटों तथा अकाली दल (मान) द्वारा, गत 10 दिसम्बर को दो मिलिटैंटों के मारे जाने के रोषस्वरूप आज भटिंडा तथा जिले के कुछ अन्य कस्बों में लगभग पूर्ण बंद रहा । बसें इत्यादि भी नहीं चली ।

परिवार के तीन सदस्यों की हत्या : सरहिंद (राकेश) गत रात थाना फतेहगढ़ साहब के गांव बराड़ में मिलिटैंटों ने एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या कर दी तथा एक अन्य को घायल कर दिया । प्राप्त विवरण के अनुसार 2 मिलिटैंट, जिन्होंने कम्बल लिए हुए थे, रात 8.30 बजे के लगभग गांव के एक व्यक्ति निशान सिंह के घर दाखिल हुए तथा अंधाधुंध फायरिंग करके निशान सिंह के पहलवान पुत्र रविंदर सिंह (18) होशियार सिंह (15) तथा एक लड़की राजवंत कौर (13) की हत्या कर दी । निशान सिंह की एक अन्य लड़की गुरमीत कौर (8) को घायल कर दिया, जिसे राजेन्द्र अस्पताल पटियाला में दाखल करवाया गया है । पुलिस को घटनास्थल से खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का एक मैटर पैड मिला है, जिस पर गुरजंट सिंह, बुधसिंह जाबा के हस्ताक्षर हैं । इसमें उक्त हत्याओं की जिम्मेदारी ली गई है । पुलिस को घटनास्थल से 303 बोर की राइफल के 150 चले हुए कारतूस मिले हैं ।

घायल कर दिया : फिरोजपुर जिले के मल्लावाला गांव में मिलिटैंटों ने दलजीत सिंह नामक व्यक्ति के घर में अचानक घुस कर गोलियां चलाईं । इस घटना में उसका बेटा महावीर सिंह घायल हो गया ।

तीन मिलिटैंट गिरफ्तार : सुरक्षा बलों ने लुधियाना में मुठभेड़ के बाद तीन मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया । बारह बोर की दो पिस्तौलें और एक 303 बोर की पिस्तौल भी उनसे बरामद की गई ।

2 डाकघर लूट लिए : लुधियाना (धीमान): आज दोपहर बाद लुधियाना में लुटेरों की ओर से 2 डाकघर लूट लिए गए । पहली घटना सफेदों चौक साहल डाकघर में हुई, जहां से लुटेरे लगभग 15 हजार रुपए लूट कर ले गए, जबकि दूसरी घटना सराभा नगर मार्केट के पोस्ट आफिस की है । वहां से भी लुटेरे हजारों रुपए ले जाने में सफल हो गए ।

ट्रक सहित वनस्पति ले गए : लुधियाना से बरेटा की ओर एक ट्रक वनस्पति घी लेकर जा रहा था । जिसमें घी के 600 टीन लदे हुए थे । दोराहा के निकट जब ड्राइवर और कंडक्टर पेशाब करने के लिए रुके तो उस वक्त कुछ लुटेरे जबरदस्ती ट्रक में सवार हो गए और ट्रक को लेकर फरार हो गए । ट्रक में अतिरिक्त वनस्पति घी की कीमत 30 हजार रुपए आंकी गई है ।

असलहा ले गए : निकटवर्ती गांव बालियांवाली खुर्द में कुछ गनधारी लुटेरों ने एक व्यक्ति मनजीत सिंह के घर में दाखिल होकर उसकी 315 बोर की राइफल छीन ली । इसी तरह एक अन्य गांव के हरनेक सिंह के घर से उसकी 12 बोर की राइफल और 12 बोर का रिवाल्वर छीन कर ले गए ।

कांस्टेबल की हत्या : अमृतसर से 'प.स.' के अनुसार आज रात मिलिटैंटों ने बेरका कालोनी में पंजाब पुलिस के कांस्टेबल हरचरण सिंह की हत्या कर दी । वह मजीठा पुलिस लाइन्स में तैनात था ।

मिलिटैंट मारा गया : सुरक्षाबलों ने मजीठा पुलिस जिले में बेंडाला गांव के निकट मुठभेड़ में एक मिलिटैंट को मार गिराया । उसके पास से एक राइफल और 35 गोलियां बरामद की गई ।

शव बरामद : अमृतसर में सुलतानविंड बाई पास के समीप से एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया गया ।

चौकी पर हमला : बटाला पुलिस जिले के एक गांव की विशेष पुलिस अधिकारी चौकी पर मिलिटैंटों के एक दल ने कल रात हमला कर दिया । ड्यूटी पर तैनात जवानों द्वारा जवाबी फायरिंग के बाद हमलावर भाग खड़े हुए ।

2500 रुपए लूट लिए : खन्ना (शर्मा): आज रात 7 बजे 2 लुटेरों ने यहां बृज लाल नामक व्यक्ति के घर से 2500 रुपए लूट लिए तथा एक स्कूटर पर फरार हो गए ।

5073 इंकाई गिरफ्तार

कलकत्ता, 19 दिसम्बर (प.स.): आज यहां धारा 144 का उल्लंघन करने पर 5073 इंका वर्कर तथा नेता गिरफ्तार किए गए । उनमें 140 महिलाएं भी थीं ।

FROM TODAY

मल्होत्रा की अध्यक्षता में बैठक

(पृष्ठ 3 का शेष)

गए जहां उन्होंने बैठक की कार्रवाई प्रधानमंत्री को बतानी थी ।

प्रशासन को जनता तक पहुंचना होगा : आज इस बैठक से पूर्व राज्यपाल जन. मल्होत्रा ने पंजाब सरकार के प्रशासनिक सचिवों की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि सीमांत क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुलझाने के लिए प्रशासन को उन तक पहुंचना होगा । सबसे पहले इन लोगों के मन से यह बात निकालनी होगी कि वहां प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं है । उन्होंने कहा कि राज्य प्रशासन को सुधारा जाएगा तथा सक्रिय किया जाएगा ताकि राज्य में शांति कायम की जा सके ।

उन्होंने कहा कि मिलिटैंटों की कार्रवाइयों को रोकने के लिए हर सम्भव प्रयास किया जाएगा ताकि राज्य में विधानसभा चुनाव कराए जा सकें । उन्होंने प्रशासनिक सचिवों से सहयोग की अपील की । मुख्य सचिव श्री एस.एल. कपूर ने राज्यपाल को हर तरह के सहयोग का आश्वासन दिया ।

मल्होत्रा द्वारा जनता पर सेना न थोपने का आश्वासन : चंडीगढ़ (प.स.): पंजाब के राज्यपाल जनरल ओ.पी. मल्होत्रा ने आश्वासन दिया है कि पंजाब की जनता पर सेना 'थोपी' नहीं जाएगी ।

राज्यपाल ने इस आशय का आश्वासन सांसद श्री अतिंदर पाल सिंह को दिया है । श्री अतिंदर पाल सिंह ने कल राज्यपाल से भेंट की थी ।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री अतिंदर पाल सिंह ने कहा कि राज्यपाल ने यह आश्वासन दिया है कि उन सभी परिस्थितियों की जांच करेंगे, जिनके तहत हाल ही में राज्य के कुछ भागों में सेना तैनात करनी पड़ी है । उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सेना को नागरिक क्षेत्रों में तैनात किया गया तो पंजाब देश से अलग हो जाएगा तथा इसकी सारी जिम्मेदारी राज्य व केन्द्र सरकार की होगी ।

पंजाब समस्या के समाधान हेतु प्रशासन में द्वारा प्रत्येक वर्ग को दिए जाने के आश्वासन के सम्बन्ध में श्री अतिन्दर पाल सिंह ने कहा कि जनता है सरकार इस मामले में गंभीर नहीं है । उन्होंने कहा कि 1984 से जो ताकतें संघर्ष कर रही हैं संघर्ष चलाने उनका 'राजनीतिक नेतृत्व' स्वीकार किया जाना चाहिए । यदि ऐसा नहीं किया जाता और सरकार किसी अन्य से बात करती है तो पंजाब समस्या नहीं सुलझ सकती ।

पंजाब के असली नेतृत्व से बातचीत की जानी चाहिए तथा कोई निर्णय लिया जाना चाहिए ।

पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल को तबदील किए जाने के सम्बन्ध में श्री अतिंदर पाल सिंह ने राज्यपाल को कहा कि आज आवश्यकता नीतियां बनाने की है । उन्होंने राज्यपाल के समक्ष हड़तालों की समस्या के विभिन्न पक्षों के मामले भी रखे ।

नानाजी देशमुख सक्रिय राजनीति में पुनः लौटे

भोपाल, 19 दिसम्बर (वि.टा.): भाजपा के वरिष्ठ नेता नानाजी देशमुख, जो 12 वर्ष पूर्व सक्रिय राजनीति से अलग हो गए थे, पुनः सक्रिय राजनीति में वापस आ गए हैं। उन्होंने शपथ ली । इस भाजपा शासित राज्य के किए गए और तथा उन्हें दिए गए सम्मान से यह सम्भावनाएं प्रबल हुई हैं । विश्लेषक किया जाता है कि देश में फैली वर्तमान साम्प्रदायिक हिंसा की लहर और उत्तेजक वातावरण के कारण वह पुनः राजनीति में आने पर विवश हुए हैं । अभी यह पता नहीं चला है कि नानाजी देशमुख का यह निर्णय उनका अपना है या आर.एस.एस. के निर्देशों पर यह निर्णय किया गया है । भाजपा सूत्रों के अनुसार श्री देशमुख निकट भविष्य में देश का भ्रमण करेंगे ।

नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

जालन्धर छावनी, 19 दिसम्बर : श्री नानक चंद ट्रस्ट द्वारा डा. संजीव धवन की देखरेख में द्वितीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर 23 दिसम्बर को प्रात: 9.30 बजे से नानक चंद धर्मशाला, मोहल्ला नम्बर 19, जालन्धर छावनी में आयोजित किया जाएगा । शिविर में डा. जसवंत सिंह धिंद, डा. राकेश चौधरी, डा. आशुतोष गुप्ता, डा. पी.सी. अनेजा, डा. अनूप, डा. विनय अग्रवाल व डा. (श्रीमती) किरण गुप्ता मरीजों की जांच करेंगे । ई.सी.जी. एवं शुगर की जांच की भी सुविधा उपलब्ध होगी । मरीजों को दवाइयां मुफ्त दी जाएंगी ।

स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस

जालन्धर, 19 दिसम्बर : आर्य समाज, अड्डा होशियारपुर, जालन्धर में 23 दिसम्बर को प्रात: 8 से 12 बजे तक स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस आयोजित किया जाएगा ।

चुनाव सूचना

जालन्धर, 19 दिसम्बर : पंजाब मैडीकल रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन (रजिस्टर्ड) की जालन्धर शाखा के चुनाव में श्री रवीन्द्र साहनी अध्यक्ष, श्री चंद्र मोहन गोस्वामी उपाध्यक्ष, श्री उपेन्द्र चांडला सचिव, श्री परमिंदर सिंह कार्यवाहक सचिव, सर्वश्री मनमोहन सिंह, सुनील सूद, विपन बधावन व ए.के. शर्मा संयुक्त सचिव, श्री के.जी. धीर कोषाध्यक्ष व श्री अशोक शर्मा प्रैस सचिव चुने गए ।

•जालन्धर : राष्ट्रीय हमलोक सेवा समिति के महावीर मंदिर चौक महां, जालन्धर में सायंकाल एक

15 महिलाओं समेत 27 लिट्टे छापामार मरे

कोलम्बो, 19 दिसम्बर (वार्ता): लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम (लिट्टे) के 27 छापामार आज सुबह सैनिक कमांडो कार्रवाई में मारे गए, जिसमें 15 महिलाएं भी थीं । सैनिक प्रवक्ता ने कहा कि यह घटना उत्तरी जाफना प्रायद्वीप में हुई । कमांडो ने मलक्कम और कुरुम्बासिटी के बीच स्थित लिट्टे के अड्डे को नष्ट कर दिया और राकेट लांचरों सहित अनेक हथियार बरामद किए । प्रवक्ता ने कहा कि इस अड्डे का संचालन महिलाओं द्वारा किया जा रहा था । सेना के दो वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के विद्रोहियों द्वारा मारे जाने के बाद यह कार्रवाई की गई ।

हिन्दी समाचारों का प्रसारण पुनः शुरू

फगवाड़ा, 19 दिसम्बर (खोसला): आकाशवाणी जालन्धर द्वारा कुछ समय पूर्व हिन्दी समाचारों का बंद किया गया प्रसारण पुनः शुरू कर दिया गया है । आकाशवाणी जालन्धर द्वारा कल सायं 6.20 बजे वाला हिन्दी का प्रादेशिक समाचार बुलेटिन कई दिनों बाद प्रसारित किया गया । उल्लेखनीय है कि चंडीगढ़ व जालन्धर रेडियो स्टेशनों से मिलिटैंट संगठनों की धमकियों व चंडीगढ़ के रेडियो स्टेशन निदेशक श्री तलविंद की हत्या के बाद उक्त हिन्दी समाचार बंद कर दिए गए थे ।

लाहौर में ईरानी अधिकारी की हत्या

इस्लामाबाद, 19 दिसम्बर (प.स.): अज्ञातधारियों ने आज पाकिस्तानी पंजाब की राजधानी लाहौर में एक ईरानी अधिकारी की एक होटल में गोली से हत्या कर दी । एक और ईरानी सख्त घायल हो गया ।

इसी बीच क्वेटा से 50 किलो मीटर दूर सिबिन में एक विस्फोट से एक व्यक्ति मारा गया ।





मंगलवार को दसूहा के शिव मंदिर में किन्हीं अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मारे गए पुजारी गीता राम उर्फ रामजी दास तथा उसके पुत्र लल्लू के शव ।

(छाया : जावर)

निजी शत्रुता में पुजारी व एक अन्य की हत्या

दसूहा, 19 दिसम्बर (जावर): आज प्रात: स्थानीय 'ठंडी खुई' क्षेत्र में स्थित शिव मंदिर के एक पुजारी सीता राम उर्फ रामजी दास (70) तथा एक अन्य व्यक्ति मधु सूदन उर्फ लल्लू (18) की तेजधार हथियारों से हत्या कर दिए जाने की सूचना मिली है ।

ज्ञात हुआ है कि बाऊ राम नामक एक श्रद्धालु आज प्रात: जब मंदिर आया तो उसने इन दोनों के रक्त से लथपथ शव देखे ।

जिला के एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी ने आज घटना स्थल का दौरा किया । उन्होंने इस हत्या को निजी शत्रुता का परिणाम बताया है ।

हत्यारों का पता चला : पुलिस अधीक्षक श्री सैनी ने बताया कि ठंडी खुई मंदिर के पुजारी और उसके बेटे की हत्या बारे पुलिस ने पता लगा लिया है । उन्होंने कहा कि एक अन्य महंत कैलाश गिरि और उसके साथी कृपा राम ने यह हत्या की है । उनका पुजारी के साथ जमीन और मंदिर बारे झगड़ा चल रहा था । दोनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कोशिश कर रही है ।

वेतन कटौती का आदेश रद्द

मद्रास, 19 दिसम्बर (प.स.): मद्रास उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने स्टेट बैंक आफ इंडिया के उस परिपत्र को रद्द कर दिया है, जिसमें 16 अक्तूबर 1989 को काम नहीं करने वाले कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने का आदेश दिया गया था ।

न्यायमूर्ति एस. नयनार सुन्दरम और न्यायमूर्ति के.ए. धनिकाचलम ने स्टेट बैंक कर्मचारी यूनियन की याचिका स्वीकार करते हुए कहा कि यदि हड़ताल गैर-कानूनी न हो तो कर्मचारियों को वेतन पाने से वंचित नहीं किया जा सकता ।

कपूर जम्मू-कश्मीर सरकार के मुख्य सचिव

जम्मू, 19 दिसम्बर (वार्ता): दिल्ली के मुख्य सचिव वी.के. कपूर को जम्मू-कश्मीर सरकार का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है । वह 1 जनवरी को पदभार ग्रहण करेंगे । वह 1957 बैच के आई.ए.एस. अधिकारी हैं ।



पंजाब युवा इंका की ओर से अमृतसर शांति यात्रा में इंका नेता मणि भारतीय युवा इंका के महामंत्री प्र पंजाब युवा इंका के प्रधान मनिन्दर भाग लेते हुए ।

मान की शर्तें कोई सर मान सकती : ब

अमृतसर, 19 दिसम्बर (सारस राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. बलदेव प्रक अकाली दल (मान) के अध्यक्ष श्री सि मान की समझौते की शर्तें कोई भी स कीमत पर नहीं मान सकती । फरमाया है कि उनकी शर्तें है आत्म-निर्णय करने का अधिकार, की निगरानी में पंजाब में चुनाव बातचीत करनी चाहिए । डा. बलदे कि ये सभी बातें भारतीय संविधान और कोई भी सरकार संविधान की जाकर किसी से भी कोई बातचीत नहीं कर सकती ।

राज्यों की योजनाओं रूप देने का काम

नई दिल्ली, 19 दिसम्बर (प.स.) आयोग आगामी 26 दिसम्बर से रा योजनाओं को अंतिम रूप देने करेगा । आयोग द्वारा विभिन्न रा सलाह-मशविरा करके कार्यक्रम त है ।

कर बढ़ाने के सरका की भाजपा द्वारा

नई दिल्ली, 19 दिसम्बर (प.स जनता पार्टी ने कहा है कि सरकार लगाए गए 1340 करोड़ रुपयों के करो बढ़ जाएगी तथा इसका बोझ आ पड़ेगा ।

भाजपा के उपाध्यक्ष सुन्दर सिंह यहां एक वक्तव्य में कहा कि संसद होने से कुछ समय पूर्व लगाए गए कम एक सौ इक्कतीस चीजों के दाम सीतल पेय से लेकर हथकरघा की वस्तु हैं । श्री भंडारी ने कर बढ़ाने के सरक कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि कहना बचकानापन है कि इसका बोझ पर पड़ेगा । इससे पता चलता है कि ज्ञान कितना सीमित है, क्योंकि मूल बोझ उपभोक्ताओं को ही ढोना होता

जनगणना के स्थानीय निकायों टालने का सुझा

नई दिल्ली, 19 दिसम्बर (वार्ता बार फिर सभी राज्यों और केंद्र शासि स्थानीय निकायों के चुनाव अगले स टालने का सुझाव दिया है ताकि वि चल रही प्रशासनिक कार्य 1991 जनगणना सुव्यवस्थित और समुचित किया जा सके । सरकारी सूत्रों ने क कि यह सुझाव जनगणना आयोग की दो माह के भीतर दूसरी बार दिया गय

मुख्यमंत्रियों और केंद्र शासित प्रशासकों को यह सुझाव इसलिए दोब क्योंकि दो माह पूर्व दिए गए इसी तरह मुख्यमंत्रियों और प्रशासकों ने जवाब दे नहीं दिखाई । केंद्र सरकार के इस प्र चलता है कि वह जनगणना के साथ-स निकायों के चुनाव नहीं कराना चाहती साल नौ और 28 फरवरी के बीच जम्मू छोड़ कर भारत के अन्य सभी भागों में कार्य किया जाएगा तथा मार्च के पहले स समीक्षा की जाएगी ।

मिलिटैंटों को रजत मित्त नुक्सान न पहुंचाने की चेत

जालन्धर, 19 दिसम्बर (पस.): संगठन होने का दावा करने वाली इंडि आर्मी ने मिलिटैंटों को थी एस.पी. मित्त पौत्र रजत मित्तल को कोई नुक्सान न चेतावनी दी है । रजत मित्तल का गत को अपहरण कर लिया गया था ।

आई.एन.ए. के कार्यकारी चीफ भाई आज यहां प्रैस के लिए जारी एक बयान सिंह बिट्टू (ए.आई.एस.एस.एफ.) त सिंह (पथक कमेटी) के परिवार के सदस्य किया है कि वे उन्हें निर्दोष लोगों की हत्याएं रोकें, अन्यथा वे (परिवार के सदस्य) अ का पहला निशाना बनेंगे ।

Punjabi Sahitya

इरादों की कहीं ज्यादा अहमियत है ।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि अभी मध्यावधि चुनाव कराने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

प्रधानमंत्री को त्यागना होगा है ।

उन्होंने कहा कि बोफोर्स मामला भ्रष्टाचार का एक मामला है और इसकी जांच चल रही है । उन्होंने कहा कि सरकार का इस जांच को रोकने का

है ।

मंडल आयोग की रिपोर्ट के सम्बन्ध में श्री चन्द्रशेखर ने स्पष्ट किया कि इस पर अभी उच्चतम

परिवार के तीन सदस्यों सहित त्या, एक मिलिटैंट मारा गया

सम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में ं ने एक ही परिवार के तीन त्तियों की हत्या कर दी, जबकि गया और चार मिलिटैंटों को या ।

ीन सदस्यों की हत्या : ले के बारिंग गांव में कल रात सिंह के घर में घुस कर उसकी था प्रीतम कौर की तीन वर्षीया यां मार कर हत्या कर दी । न सिंह, जिसने ग्रामीण सुरक्षा ली राइफल से मिलिटैंटों पर भागने से पूर्व जिंदा जला कर के घर में भी आग लगा दी ।

तरनतारन के छब्बा गांव ने जोगिन्दर सिंह नामक एक दी ।

रा गया : सुरक्षा बलों ने ा गांव में एक अज्ञात मिलिटैंट घटनास्थल से एक ए.के. 47 न और कुछ गोली-बारूद मिला

को घायल कर दिया : तेहाबाद में मिलिटैंटों ने विशेष मरजीत सिंह को गोली मारकर

नवयुवती की हत्या : ोगावां कस्बे में मिलिटैंटों ने कल दयाल सिंह तथा एक नवयुवती ना घोंटकर हत्या कर दी ।

हत्या : फिरोज़पुर : कल रात में मिलिटैंटों ने गुरचरण सिंह के घर में घुसकर उसकी पत्नी ली मारकर हत्या कर दी ।

गिरफ्तार : पटियाला : ने कल रात 4 मिलिटैंटों को के पास से 2 ए.के. 47 राइफलें, इफल तथा एक पिस्तौल तथा मद किए हैं ।

अपहरण : दो बन्दूकधारियों र के सराभानगर क्षेत्र से एक ाल का अपहरण कर लिया ।

अपहरणकर्त्ता दुकानदार की कार में उसे लेकर भाग गए ।

अनेक हत्या केसों का पता लगाने का दावा : पठानकोट (महेन्द्र) : श्री एस.के. गोयल एस.एस.पी. गुरदासपुर ने बताया कि पिछले दिनों सदर पुलिस की हिरासत से जो बलदेव सिंह तुंगवाली नामक मिलिटैंट भाग गया था, उसके कब्ज़े से पुलिस ने 10 हाई पावर बम, 2 राकेट लांचर तथा गोली-सिक्का बरामद किया था । उन्होंने बताया कि पुलिस ने गुरदासपुर के सेवा सिंह, जो डी.जी.पी. प्रीतम सिंह भिंडर का चाचा था, के कत्ल, पठानकोट जगत सिनेमा में फैंके गए बम तथा अन्य कई कत्ल केसों का पता भी लगा लिया है । बलदेव सिंह तुंगवाली इनमें मुख्य अभियुक्त था । डी.एस.पी. पठानकोट गुरपाल सिंह के नेतृत्व में कई स्थानों पर तुंगवाली को पकड़ने के लिए छापे मारे गए हैं, परन्तु अभी तक वह पकड़ा नहीं जा सका ।

चूक गए चंद्रशेखर!

नई दिल्ली, 22 दिसम्बर (प.स.): प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने मंत्रिमंडल का विस्तार चुनाव के बाद करने की सम्भावना व्यक्त करके आज सम्वाददाताओं को अचानक ही हैरत में डाल दिया ।

प्रधानमंत्री ने इस सम्बन्ध में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि निकट भविष्य में यह विस्तार नहीं किया जाएगा, यह तो चुनाव के बाद ही होगा । श्री चंद्रशेखर के इतना कहते ही प्रैस से मिलिए कार्यक्रम में सम्वाददाताओं ने ज़ोरदार ठहाका लगाया तो प्रधानमंत्री को अपनी इस चूक का अहसास हुआ ।

उन्होंने तत्काल कहा कि मंत्रिमंडल का विस्तार संसद के शीतकालीन अधिवेशन के बाद किया जाएगा । प्रधानमंत्री से मंत्रिमंडल के विस्तार के सम्बन्ध में पूछे गए सवाल में पहले मध्यावधि चुनाव के बारे में प्रश्न किया गया था । इस सवाल पर उन्होंने कहा था कि मध्यावधि चुनाव की कोई सम्भावना नहीं है ।

उत्तर-पश्चिमी भा शीत लहर की बाहों

चंडीगढ़, 22 दिसम्बर (वार्ता): उत्तर-पश्चिमी भारत आज भी शीत लहर की बाहों में कांपता रहा तथा चंडीगढ़ में भी कल रात सर्वाधिक ठंडी रही ।

नगर में कल तापमान 5 डिग्री सैल्सियस रिकार्ड किया गया जो सामान्य से 2 डिग्री कम था जबकि आज का तापमान 6.6 डिग्री सैल्सियस रहा । दूसरी तरफ मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि पंजाब के अधिकांश क्षेत्रों में अगली दो रातों के दौरान 'पाला' पड़ने की सम्भावना है ।

पंजाब में जिला अमृतसर 2 डिग्री सैल्सियस तापमान के साथ सर्वाधिक ठंडा क्षेत्र रहा । यह तापमान सामान्य से 3 डिग्री कम है ।

जम्मू क्षेत्र में भी वर्तमान शीत लहर के प्रकोप में कोई कमी नहीं आई । जम्मू नगर में आज न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सैल्सियस रहा जो सामान्य से 4 डिग्री कम था । यह स्थिति गत तीन दिनों से बनी हुई है ।

वर्तमान जंग में जन-सहयोग से ही विजय प्र

अमृतसर, 22 दिसम्बर (वार्ता): पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री डी.एस. मांगट ने आज कहा है कि मिलिटैंटों के विरुद्ध वर्तमान जंग में केवल साधारण जनता के सहयोग से ही विजय प्राप्त की जा सकती है ।

पत्रकारों के साथ एक अनौपचारिक बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि वह सबसे पहले इस जंग में सभी प्रकार का जन-सहयोग प्राप्त करने के लिए ही कदम उठाएंगे । उनका कहना था कि यह इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि इसी से प्रेरित होकर लोग मिलिटैंसी की गतिविधियों बारे सुरक्षा बलों को सूचना देनी आरम्भ करेंगे । उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जन-सहयोग प्राप्त करने की प्रक्रिया में असामाजिक तत्वों तथा मिलिटैंटों से सख्ती से निपटना जारी रखा जाएगा ।

जनसहयोग प्राप्त करने बारे अपनाई जाने वाली योजना के संबंध में श्री मांगट ने बताया कि पुलिस बल के उच्चाधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करेंगे तथा वहां की समस्याएं जानने के लिए ग्रामीण लोगों व वृद्धों से बैठकें भी आयोजित करेंगे । इसके अलावा शिकायत निवारण के लिए सभी उपयुक्त कदम भी उठाए जाएंगे ।

श्री मांगट ने पदभार ग्रहण करने के बाद गत दिवस पुलिस जिला तरनतारन के संवेदनशील क्षेत्रों का दौरा किया तथा वहां के निवासियों से बातचीत भी की । उन्होंने कहा कि यह उनकी हार्दिक इच्छा है कि विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक व धार्मिक संगठनों के नेता तथा प्रैस के सदस्य आगे आकर उनकी सहायता करें, उनको मार्ग-दर्शन दें तथा उनकी कमज़ोरियों बारे उनको बताएं ।

राज्य की वर्तमान स्थिति बारे श्री मांगट का कहना था कि कुछ दिन पूर्व पंजाब में जो स्थिति थी, उसके विपरीत आज हालात बहुत अच्छे हैं । उन्होंने बताया कि अपने कल के दौरे के दौरान उन्होंने लोगों के विभिन्न वर्गों से बातचीत के दौरान पाया कि पट्टी तथा भिखीविंड के क्षेत्रों के निवासियों के दिलों में हाल ही में जो आतंक व्याप्त था, वह अब समाप्त हो चुका है तथा लोग अब अपने-आपको अधिक सुरक्षित अनुभव करने लगे हैं ।

कुछ वर्गों द्वारा पंजाब पुलिस की स्क्रीनिंग करने की मांग बारे श्री मांगट ने कहा कि इसकी ऐसी कोई आवश्यकता नहीं, क्योंकि पुलिस अभी एक बीमार रोगी की भांति निष्क्रिय नहीं हुई । पंजाब पुलिस बारे उन्होंने कहा कि यह देश-भर में एक ऐसा सशक्त तथा संगठित बल है, जिसने अर्धसैनिक बलों के साथ बहुत शानदार तालमेल कायम किया है । उन्होंने यह भी बताया कि चाहे इस समय बल की संख्या 'पर्याप्त' है, मगर फिर भी इसमें वृद्धि किए जाने की योजना है तथा राज्य पुलिस के विभिन्न पदों पर नई भर्ती की जाएगी । इसके अतिरिक्त केंद्र से यह आग्रह भी किया गया है कि राज्य के अत्याधिक संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात करने के लिए अर्ध-सैनिक बलों की अतिरिक्त कम्पनियां पंजाब में भेजी जाएं ।



पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री डी.एस. मां सुल्तानपुर लोधी क्षेत्र में मारे गए 5 मिलिटैंटों के हुए । चित्र में उनके साथ कपूरथला के पुलिस दिखाई दे रहे हैं ।

पुलिस थाने कार्यरत हैं और इन क्षेत्रों को मिलिटैंसी-ग्रस्त कहा जा सकता है ।

उन्होंने यह तथ्य भी स्वीकार किया कि अधिकांश पुलिस थानों में अपेक्षित प्रतिरोध क्षमता कम है । इस बारे उनका कहना था कि यह क्षमता बहुत शीघ्र बढ़ जाएगी, क्योंकि इन पुलिस थानों में तैनात अधिकांश पुलिस कर्मी इस समय प्रशिक्षणरत हैं । इस सिलसिले में नए पुलिस थाने स्थापित करने के साथ वर्तमान थानों को भी पुनर्गठित करने की

प्लाट बिकाऊ

याणा के प्रगतिशील शहर कुरुक्षेत्र में
द्वारा मंजूरशुदा स्कीम नं. 78 के तहत
प्रस्तावित महेश नगर

Punjabi Sanarani

लन में कहा कि विश्व हिन्द परिषद ने कुछ
ावेज और अन्य सामग्री सौंपी है । पूरी सामग्री
सौ से अधिक पृष्ठों में है ।
परिषद के दस्तावेज में 21 परिशिष्ट, 22
ाफ और 6 नक्शे हैं, जबकि बाबरी मस्जिद
वाई कमेटी के दस्तावेज 40 से अधिक पृष्ठों में

गृह मंत्रालय 26 दिसम्बर को बाबरी मस्जिद
वाई कमेटी के दस्तावेज विश्व हिन्द परिषद को
परिषद के दस्तावेज बाबरी कमेटी को देगा ।
पक्ष अगले साल 6 जनवरी तक एक-दूसरे के
वेजों के अध्ययन के बाद जवाबी पत्र दे
।



*अनिल अम्बानी, जिनकी सगाई हाल ही में
का मुंह मीठा कराते हुए ।*

(शेष पृष्ठ 8 पर)

बैठक में आर्थिक स्थिति पर विचार करने के अलावा

के एक जैसे उत्तर होना स्वाभाविक ही है ।

एक भाजपा व एक इंका नेता सहित पंजाब में 16 लोगों की हत्या : 5 मिलिटैंट भी मरे

चंडीगढ़, 23 दिसम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान एक भाजपा नेता, एक इंका नेता, 4 सुरक्षा कर्मियों समेत 16 लोगों की हत्या कर दी गई । विभिन्न घटनाओं में 5 मिलिटैंट भी मारे गए ।

2 मिलिटैंट मरे : मिलिटैंट गिरोहों की आपसी लड़ाई में गत रात मजीठा पुलिस जिले के जोड़े गांव में एक गिरोह के दो सदस्य गोलियां मार कर मार डाले गए । उनके गोलियों से छलनी शव आज बरामद हुए हैं ।

इंजीनियर व उसका बेटा घायल : मिलिटैंटों ने आज बाद दोपहर अमृतसर शहर के रानी का बाग क्षेत्र में सतलज-यमुना सम्पर्क नहर के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर श्री धर्मपाल और उनके पुत्र रमण कुमार को गोली मार कर घायल कर दिया । उन्हें गम्भीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती किया गया है । श्री धर्मपाल छुट्टी पर थे ।

अपहरण के बाद हत्या : एक अन्य घटना में मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति महेंद्र सिंह का तरनतारन जिले में मींदर गांव से उसके घर से अपहरण करने के बाद हुंडल गांव के बाहर ले जाकर गोली मार कर उसकी हत्या कर दी ।

सब-इंस्पैक्टर की हत्या :6 मिलिटैंटों ने आज बाद दोपहर अमृतसर जिले के गांव मुच्छल के निकट पुलिस के एक सब-इंस्पैक्टर मान सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतक होशियारपुर जिले में तैनात था और छुट्टी पर आया हुआ था ।

भाजपा नेता व गनमैन की हत्या : जैतो (अशोक पराशर): मिलिटैंटों ने आज सायं यहां डा. धर्मवीर भाटिया (50) सचिव भाजपा जिला फरीदकोट तथा उनके गनमैन की गोली मार कर हत्या कर दी । सूचना के अनुसार डा. भाटिया आज सायं 6 बजे अपने गनमैन के साथ क्लीनिक से घर जा रहे थे तो गली के मोड़ पर छुपे मिलिटैंटों ने उन पर अंधाधुंध गोलियां चला कर दोनों व्यक्तियों की हत्या कर दी । मिलिटैंट गनमैन का हथियार भी साथ ले गए ।

इस घटना के रोष-स्वरूप कल जैतो बंद का आह्वान किया गया है ।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा : गुरदासपुर (विनोद): एक मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने रात गुरदासपुर जिले में घोग कला गांव के निकट एक अज्ञात मिलिटैंट को मार गिराया । मुठभेड़ के स्थल से एक बन्दूक और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं । मृतक मिलिटैंट का एक साथी फरार होने में सफल हो गया । मिलिटैंट स्कूटर पर थे । घटनास्थल से स्कूटर भी मिला है ।

2 अन्य मिलिटैंट मारे गए : सुरक्षा बलों ने गत रात फरीदकोट जिले के थाना लाम्बी के अंतर्गत एक गांव में दो अज्ञात मिलिटैंटों को मुठभेड़ में मार गिराया । मुठभेड़ तब हुई जब क्षेत्र की तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाई गई थीं । मृतक मिलिटैंटों के शवों के पास से 38 का एक रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस मिले हैं ।

बेटे की हत्या : बाप घायल : मिलिटैंटों ने गत रात फरीदकोट जिले के गांव तलवाला में एक व्यक्ति स्वर्ण सिंह के घर में घुस कर गोलियां चलाई तथा उसके पुत्र सुखमिन्दर सिंह की हत्या कर दी । स्वर्ण सिंह भी गोली लगने से घायल हो गया ।

ट्रक मार कर ठेके गिरा दिए : बरनाला से सिधवानी ने खबर दी है कि यहां से 4 किलो मीटर दूर गांव सुरजीतपुर से मिलिटैंटों ने एक ट्रक छीन लिया और बाद में इस पर सवार होकर शेखा, रनीके, बादशाहपुर के शराब के ठेकों को इस ट्रक से टक्करें मार कर गिरा दिया । गांव रंगियां के एक शराब के ठेके पर एक भट्या सोया हुआ था, उसे बाहिर निकाल कर इस शराब के ठेके को आग लगा दी । बरनाला से 3 किलो मीटर दूर कोलको संधेडा में एक व्यक्ति हीरा सिंह के घर में यही मिलिटैंट ज़बरदस्ती दाखिल हो गए और वहां से एक राइफल और कुछ कारतूस छीन लिए । फिर थाना शेरपुर के कुछ देहात के ठेके गिरा दिए । इसके बाद ट्रक को सुल्तानपुर गांव के पास छोड़ गए । इससे शराब के ठेकेदारों में हलचल मची हुई है । उनका कहना है कि शराब के ठेकों की नीलामी से सरकार को वार्षिक 381.25 करोड़ की आय होती है ।

बंदूकें छीनीं, ठेका जला दिया : मालेरकोटला (अज़ीज़): चार सशस्त्र युवक गांव टखरकलां के निवासी दर्शन सिंह और रुल्दू राम के घरों में जा घुसे और वहां से 12 बोर की दो बंदूकें छीन लीं । पता चला है कि गांव बेज़नवाला के निकट शराब के ठेके पर जाकर तमाम बोतलें तोड़ डालीं और खोखे को आग लगा दी ।

शव बरामद : होशियारपुर में दशमेश नगर मोहल्ला के निकट गत रात एक अज्ञात व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ है ।

इंका नेता की हत्या : मोहाली (वर्मा): आज प्रातः यहां स्थानीय फेस-6 के निकट चंडीगढ़ की सीमा में मोहाली स्पोर्ट्स क्लब के अंदर कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने मोहाली ब्लाक कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष श्री वेद प्रकाश यादव की गोली मार कर हत्या कर दी । श्री यादव मोहाली स्पोर्ट्स क्लब के संस्थापक थे तथा

(शेष पृष्ठ 8 पर)

आज यह सब आधुनिक चिकित्स
है उसका श्रेय चौ. देवी लाल को
में हरियाणा के मंत्रियों में सर्व
प्रकाश भारद्वाज तथा कृष्ण हुड्डा

जम्मू-कश्मीर व 'लगभग काबू'

रांची, 23 दिसम्बर (
राज्यमंत्री श्री सुबोध कांत स
पत्रकारों से बातचीत करते हुए
इस समय जम्मू-कश्मीर के
नियंत्रण में है और गुमराह युवक
धारा में लाने के प्रयास हो रहे हैं
कि चंद्रशेखर ही एकमात्र ऐसे ने
की स्थिति को सामान्य बनाने में

एक प्रश्न के उत्तर में श्री
कश्मीर में लोगों के मन से आज
समाप्त हो गया है । उन्होंने क
की सरकार बनने के बाद व
जनजीवन तथा नागरिक प्रशास
है ।

(शेष पृष्ठ 8 प

दिल्ली के एक स्टूडियो में करोड़ों की

नई दिल्ली, 23 दिसम्ब
दिल्ली के एक निजी फिल्म स्टूडि
के बाद आग लगने से करोड़ों रु
हो गई । 6 दमकलों ने दो पारी
समय में आग पर काबू पाया ।
भारतीय जनता पार्टी के सांसद
कि एयरकंडीशन इकाई में आग
अयोध्या की 30 अक्तूबर
घटनाओं पर कैसेटें 'प्राण जाए प
कर विवाद खड़ा कर दिया था
की सम्भावनाओं से इंकार नहीं
में शिकायत दर्ज करा दी है ।

भोज राजनीति से इंका हाईकमान नाराज़

प लगाया कि ताऊ देवी लाल और उनके पुत्र
ला ने राज्य में भ्रष्टाचार फैला रखा है । जनता
ोनों हाथों से लूटा जा रहा है ।
कांग्रेस उच्च कमान के सूत्रों के अनुसार इंका
त में साम्प्रदायिक दंगों की बढ़ती हुई घटनाओं
फी परेशान है । वहां की स्थिति का अध्ययन

करने के लिए पांच सदस्यीय जांच दल भेजा जा रहा है ।

इंका के महासचिव श्री वी.एन. गाडगिल ने यह स्वीकार किया कि गुजरात की बिगड़ती हुई हालत से इंका हाई कमान को काफी परेशानी हो रही है । यदि वहां स्थिति न सुधरी तो उच्च कमान को कोई सख्त कदम उठाना पड़ेगा । इंका ने चिमन भाई पटेल का समर्थन तो किया था, मगर हम उनके पाप ढोने के लिए तैयार नहीं हैं । समझा जाता है कि गुजरात इंका ने 'चिमन भाई हटाओ' अभियान चलाने के लिए उच्च कमान से अनुमति मांगी है ।

जहां तक उत्तर प्रदेश का प्रश्न है, कांग्रेस अध्यक्ष ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री श्री नारायण दत्त तिवारी और अन्य नेताओं को मुलायम सिंह यादव के

दूसरी बरसी

हमारे पूज्य देवता स्वरूप **श्री सुदर्शन लाल** जी गत वर्ष आज ही के दिन (24.12.1988) को इस नश्वर संसार को त्याग कर प्रभु चरणों में जा विराजे । उनकी दूसरी बरसी पर हम सभी परिवारजन उस पुण्यात्मा को अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं



Punjabi Sanatani

मिलिटैंसी : पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

क्लब के अंदर ही रहत थे । वह बास्केटबाल के कोच थे और शिवालिक पब्लिक स्कूल व सतलुज पब्लिक स्कूल चंडीगढ़ में कोच रह चुके थे । सूचना मिलते ही चंडीगढ़ के एस.एस.पी. जी.एस.एस. सैनी सहित कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए । रिवाड़ी के निवासी श्री यादव अपने पीछे पत्नी व दो बच्चों को छोड़ गए हैं ।

5 व्यक्तियों की हत्या : पटियाला (राज): चार सशस्त्र मिलिटैंटों ने गत रात यहां से 30 कि.मी. दूर गांव तलवंडी मलिक के चार निवासियों को उनके घर से बाहर लाकर गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी । मृतकों की शिनाख्त विश्वामित्र व उनके पुत्र कुलदीप कुमार तथा पंडित तारा चंद व उनके पुत्र रमेश कुमार के रूप में की गई है । इन चारों व्यक्तियों की हत्या खत्रीवाला गांव के निकट ले जाकर की गई ।

तलवंडी मलिक गांव में ही एक व्यक्ति पवन कुमार को गोली मार कर घायल कर दिया गया । पवन कुमार गांव गाजेवास में राज्य बिजली बोर्ड के सब-स्टेशन अटैंडैंट के रूप में कार्यरत है, उसे यहां राजिन्द्रा अस्पताल में गम्भीर अवस्था में लाया गया है । मिलिटैंटों ने इसी गांव में 12 बोर की 5 बन्दूकें भी छीन लीं । मिलिटैंटों की लूट और हत्याओं का सिलसिला काफी देर तक चलता रहा था ।

सामाना से 'वर्मा' के अनुसार मिलिटैंटों की संख्या तीन थी । उन्होंने एक अन्य व्यक्ति गांव के पूर्व मुख्याध्यापक माली राम को भी गोली मार कर हत्या कर दी । इस प्रकार मरने वालों की संख्या पांच है ।

फैक्टरी मालिक का अपहरण : इससे पूर्व गत सायं लगभग 7.30 बजे मिलिटैंटों ने भवानीगढ़ रोड पर एक फैक्टरी मालिक शाम लाल की कार रोक ली और गोली मार कर उनके ड्राइवर बीरबल को घायल कर दिया । फैक्टरी मालिक का अपहरण कर लिया गया तथा ड्राइवर से फिरौती की 15 लाख रुपए की रकम इकट्ठी करने का प्रबंध करने को कहा गया है । बीरबल यहां अस्पताल में उपचाराधीन है ।

पातड़ां बस अड्डे पर फायरिंग : 2 घायल : दो सशस्त्र मिलिटैंटों ने आज दोपहर 12 बजे के करीब पातड़ां मंडी (यहां से 55 कि. मी. दूर) के बस स्टैंड पर सरेआम गोलियां चलाईं, गोलियां लगने से एक समाचारपत्रों का हॉकर भगवान दास तथा एक अन्य व्यक्ति राम विलास घायल हो गए ।

मिलिटैंटों की फायरिंग तथा पुलिस व होम गार्डों की उन्हें गिरफ्तार करने में विफलता, हालांकि वे घटनास्थल पर ही मौजूद थे, के रोष स्वरूप दुकानदारों ने हड़ताल कर दी तथा सड़क यातायात जाम कर दिया । दुकानदारों ने लगभग 3 घंटे तक ट्रैफिक जाम रखा और उसके बाद होम गार्डों ने लोगों को तितर-बितर करने के लिए हवा में गोलियां चलाईं । पुलिस ने आरोप लगाया है कि क्रुद्ध भीड़ ने होम गार्डों की बंदूकें छीनने का प्रयास किया था परन्तु पातड़ां के नागरिकों ने इस आरोप का खंडन किया है । कहा जाता है कि राम विलास ने मिलिटैंटों पर काबू पाने का भी प्रयास किया था परन्तु पुलिस कर्मचारी मूकदर्शक बने रहे थे । होमगार्डों की फायरिंग के बाद ट्रैफिक जाम करने वाले लोग छंट गए थे ।

इस बीच भारतीय जनता युवा मोर्चा के वरिष्ठ नेता एवं बजरंग दल पटियाला जिला के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार अग्रवाल ने पातड़ां में पंजाब पुलिस के 'नपुंसक' रवैये की निन्दा की है और प्रधानमंत्री से पंजाब में विशेष कर पटियाला जिले में पुलिस स्क्रीनिंग की मांग की है ।

एस.एच.ओ. के भाई का अपहरण : मानसा (मेहता): पता चला है कि मानसा के निकट गांव कदमगढ़ औतनवाली के निवासी गुवार सिंह, जो पुलिस थाना मलोट के एस.एच.ओ. रघबीर सिंह के भाई हैं, का गत वीरवार को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने अपहरण कर लिया है । मानसा सदर थाना ने केस दर्ज कर लिया है ।

सी.आर.पी. के वाहन पर फायरिंग : अहमदगढ़ (पूरी): आज प्रातः लगभग 4 बजे यहां से 7 कि.मी. दूर डेहलों के निकट लुधियाना से धूरी अखबार ले जा रहे एक वाहन के साथ सुरक्षा की दृष्टि से जा रही सी.आर.पी.एफ. की एक मोटर गाड़ी पर मिलिटैंटों ने घात लगा कर हमला कर दिया । सी.आर.पी.एफ. के जवानों द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर मिलिटैंट भाग गए । कोई हताहत नहीं हुआ । बताया जाता है कि जहां पर यह हमला हुआ वहां भैंसे के कई ट्रक खड़े थे । ये गोलियां कई ट्रकों और निकट के मकानों में भी लगीं । एक घर का लोहे का दरवाजा चीर कर गोली अंदर चली गई ।

तीन सुरक्षा कर्मियों सहित चार की हत्या : कुछ मिलिटैंटों ने आज रात जालंधर जिले में लोहियां थाना के अंतर्गत गांव नल्ल के निकट घात लगा कर हमला किया, जिसमें तीन सुरक्षा कर्मी और एक नागरिक मारे गए ।

पुलिस सूत्रों ने मृतकों की शिनाख्त पुलिस कांस्टेबल मल्कीयत सिंह तथा दो होमगार्डों महेन्द्र सिंह व इंद्रजीत सिंह के रूप में की है । चौथे मृतक नागरिक की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी । पुलिस के अनुसार मृतक एक मंदिर में सुरक्षा ड्यूटी देने के बाद गांव की पुलिस चौकी पर वापस जा रहे थे कि उन पर हमला कर दिया गया । पुलिस के उच्चाधिकारी तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गए और क्षेत्र को घेर कर मिलिटैंटों की तलाश शुरू कर दी । सूत्रों के अनुसार मिलिटैंटों ने हमले में ए.के. 47 राइफलों का प्रयोग किया था, क्योंकि घटना स्थल से इनके कई खाली कारतूस मिले हैं ।

एक घायल : मुक्तसर (दर्दी): आज सायं 7 बजे जलालाबाद रोड पर स्थित पैट्रोल पम्प पर दो अज्ञात व्यक्ति आए और फायरिंग शुरू कर दी । फायरिंग में स्वतंत्रता सेनानी श्री महंगा सिंह के सुपुत्र हरिन्दर सिंह घायल हो गए । उन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया है तथा डाक्टरों ने उनकी हालत खतरे से बाहर बताई है ।

नक्सलियों द्वारा अपहृत भाजपा विधायक को मार डालने की धमकी

वारंगल, 23 दिसम्बर (प.स.): पीपुल्स वार ग्रुप के नक्सलियों ने धमकी दी है कि यदि सरकार



आर्य समाज, दाल बाजार, लुधियाना में स्वामी श्रद्धानंद, स्वामी सुमनयति, प. वेदप्रकाश शास्त्री तथा श्री रोशन लाल (नीचे) उपस्थिति का एक दृश्य ।

विहिप और बाबरी कमेटी

(पृष्ठ 3 का शेष)

सरकार को अवगत करा दिया गया है ।

उन्होंने कहा कि दस जनवरी को होने वाली बातचीत में विशेषज्ञों को भी शामिल किए जाने का प्रयास होगा । सरकार को आज प्रस्तुत किए गए दस्तावेज के बारे में पूछे जाने पर श्री सूर्य कृष्ण ने बताया कि इनमें स्थल संबंधी प्रमाण, स्थल की धार्मिक पवित्रता, हिन्दुओं और मुसलमानों के धर्म ग्रंथों से प्रमाण, राजस्व संबंधी ब्यौरा, पुरातात्विक और ऐतिहासिक प्रमाण तथा परिषद के दावों का मच्चाई संबंधी तर्क शामिल हैं । श्री सूर्य कृष्ण ने संवाददाताओं को कवरिंग लैटर की प्रतियां भी उपलब्ध कराई ।

दस्तावेज के साथ दिए गए कवरिंग लैटर में कहा गया है कि धर्मस्थान मुक्ति यज्ञ समिति और परिषद ने अयोध्या स्थित राम जन्मभूमि, मथुरा स्थित कृष्ण जन्मभूमि और वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ की सम्पूर्ण मुक्ति और जीर्णोद्धार की मांग की है ।

पत्र में कहा गया है, "अगर हिंदुओं की यह न्यायोचित मांग अविलम्ब नहीं मानी गई तो हिंदू उन सभी पूजा स्थलों की मुक्ति तथा पुनरुद्धार पर विवश होंगे, जिन्हें विदेशी हमलावरों ने नष्ट कर दिया था या परिवर्तित कर दिया था ।

श्री श्रीशचन्द्र दीक्षित ने कहा कि अगर इन तीन पूजा स्थलों की 'मुक्ति' की मांग मान ली जाती है तो धर्मस्थान मुक्ति यज्ञ समिति भंग कर दी जाएगी ।

अखिल भारतीय बाबरी मस्जिद समिति ने 6 अलग-अलग खंडों में अस्सी दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं । लखनऊ के वकील एम.एस. सिद्दीकी के अनुसार 18 दस्तावेजों के प्रथम खंड में पता चलता है कि अयोध्या का पौराणिक इतिहास केवल एक मिथक है और वर्तमान अयोध्या वह अयोध्या नहीं है, जिसका जिक्र संत वाल्मीकि ने किया है । इस खंडन में जवाहर लाल नेहरू के इस विचार की प्रति भी संलग्न है कि रामायण एक मिथकीय रचना है ।

दूसरे खंड में शामिल 6 दस्तावेजों से पता

श्रीमती मेनका गांधी जी
का 25 दिसम्बर 1990 को,
अमृतसर की पावन धरती पर आने का
हार्दिक स्वागत



जनता दल (स) के जिले के प्रधान श्री बलबीर सिंह
जाने-माने लीडर अमृतसर की आम जनता से



अपील करते हैं कि श्रीमती गांधी के विचार सुनने के लिए टाऊन हाल अमृतसर में 10 बजे सुबह भारी संख्या में पहुंचें ।

जारीकर्त्ता :—ओम प्रकाश सेठ, हरबंस लाल भगत, अशोक मसीह, प्रदुमन सिंह कंडा, मुख्तयार सिंह जौड़ा ।



श्रीमती मेनका गांधी

क्रांति की
आंधी
श्रीमती मेनका गांधी
केंद्रीय राज्यमंत्री
भारत की महान नेता
के



शिवकंवर सिंह संधू
चेयरमैन जनता दल (एस.)
मुहिम कमेटी, पंजाब

Punjab Sanatani

कहा कि समाज और धर्म के बीच विवाद पैदा नहीं किया जाना चाहिए । श्री साठे के इस बयान के बाद एक समुदाय विशेष आश्चर्यचकित रह गया है ।

उन्होंने कहा कि पार्टी हिन्दू कट्टरवाद और मुस्लिम कट्टरवाद दोनों की आलोचना करती है ।

श्री केसरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अब खुल्लम-खुल्ला हिन्दू राष्ट्रवाद की बात करने लगी है, जो गलत बात है । उन्होंने कहा कि हम गांधी के राम को मानते हैं, अडवानी के राम को नहीं ।

मुलायम सिंह के काफिले पर पथराव

आगरा, 24 दिसम्बर (वार्ता): उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की कारों के काफिले पर आज आगरा के धासरान क्षेत्र में कुछ व्यक्तियों ने उस समय पथराव किया जब वह कुछ शहर के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर रहे थे ।

अतिरिक्त जिलाधिकारी कुलदीप सेठ ने यहां संवाददाताओं को बताया कि पथराव में किसी को चोट नहीं आई लेकिन मुख्यमंत्री के साथ चल रहे केंद्रीय श्रम एवं कल्याण राज्यमंत्री रामजी लाल सुमन की कार के कुछ शीशे टूट गए । उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में 4 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है ।

इसी बीच आज शहर के कर्फ्यूग्रस्त आठ पुलिस थाना क्षेत्रों में अलग-अलग समय पांच-पांच घंटे की ढील दी गई ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

भारत में दाखिल हो रहे थे । यह जासूस भारतीय क्षेत्र में सैनिक ठिकानों तथा सेना की गतिविधियों के बारे में विशेष सूचनाएं लेने के लिए भेजे गए थे । (छाया: बागी)

अनुमान लगा लेना गलत है कि उनकी पार्टी

सतनाम सिंह चंगियाड़ा सहित 5 मिलिटैंट मरे : पंजाब में अन्यत्र 22 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 24 दिसम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान दर्दांत सतनाम सिंह चंगियाड़ा समेत 5 मिलिटैंट मारे गए । मिलिटैंटों ने पटियाला जिले में एक ही समुदाय के 7 लोगों तथा अन्यत्र 3 सरक्षा कर्मियों, हॉकर व इंका वर्कर सहित 20 लोगों की हत्या कर दी । इसके अलावा जालन्धर शहर में आज रात मिलिटैंटों और सी.आर.पी. के बीच दोतरफा फायरिंग में 2 नागरिक मारे गए । सीमा पार करते हुए दो पाकिस्तानी जासूस भी दबोच लिए गए ।

इंका कार्यकर्त्ता की हत्या : मिलिटैंटों के एक गिरोह ने गत रात रोपड़ जिले के सहेरी क्षेत्र में एक इंका कार्यकर्त्ता काका सिंह की उसके घर में घुस कर हत्या कर दी ।

6 मिलिटैंट गिरफ्तार : रोपड़ (राकेश) जिला पुलिस चीफ श्री मुहम्मद मुस्तफा के अनुसार रोपड़ पुलिस ने गत रात नाकाबंदी के दौरान 6 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है, जिनकी शिनाख्त रजीत सिंह (पीर सोहना), छिंदर सिंह (बुर्जवाला), अमरीक सिंह (रंगियां), अवतार सिंह (छड़ियां), लखबीर सिंह (ग्रांगां) तथा मनजीत सिंह (खेत) के रूप में की गई है । ये सभी गांव रोपड़ जिले के हैं । प्रारम्भिक पूछताछ में इन्होंने लगभग दो दर्जन डकैतियों, लूटमार आदि केसों में संलिप्तता स्वीकार की है । इनके पास से 2 पिस्तौल, एक कट गन व एक हीरो होंडा मोटर साइकल भी मिली है ।

2 पाक जासूस गिरफ्तार : फिरोजपुर (प.स.): सीमा सुरक्षा बल की एक पार्टी ने आज भारत-पाक सीमा के ममदोट सैक्टर में दो पाकिस्तानी जासूसों को संदिग्ध परिस्थितियों में सीमा पार करने का प्रयास करते समय गिरफ्तार कर लिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार इन घुसपैठियों ने, जिनकी शिनाख्त मुहम्मद युसुफ और मुख्तयार अहमद के रूप में की गई है और दोनों पाकिस्तान में कसूर जिले के निवासी हैं, ने स्वीकार किया है कि वे

सीमा पार करते हुए 2 पाक जासूस पकड़े गए

प्रशिक्षित जासूस हैं तथा उन्हें पाकिस्तान की गुप्तचर संस्था आई एफ यू ने 'गुप्त अभियान' पर भेजा था ।

पूछताछ के दौरान उन्होंने रहस्योद्घाटन किया कि उनका गुप्त अभियान भारतीय सेना और पंजाब में इसकी वर्तमान तैनाती के बारे में अधिकतम जानकारी इकट्ठी करना है । मुख्तयार अहमद ने रहस्योद्घाटन किया कि वह गत पांच वर्षों से जासूस के रूप में काम कर रहा है तथा वह फिरोजपुर के छावनी क्षेत्र में स्थायी रूप से बसने के लिए आया था । मुहम्मद युसुफ को अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार करने तथा सूचनाएं भेजने का 40 वर्ष का अनुभव है ।

किसानों के लिए मिलिटैंटों का नया हुक्म : पता चला है कि मिलिटैंटों ने सीमावर्ती फिरोजपुर व फरीदकोट जिलों में किसानों को निर्देश दिए हैं कि वे कम से कम अपनी 4 से 6 हैक्टेयर भूमि में गन्ने की खेती करें अन्यथा उनसे कड़ाई से पेश आया जाएगा । यह जानकारी आज यहां कई किसानों ने दी । समझा जाता है कि यह निर्देश इसलिए दिए गए हैं ताकि मिलिटैंट अपनी कार्रवाइयों के दौरान गन्ने के खेतों में छिप सकें ।

अपहरण के बाद हत्या : धूरी (सिंगला): आठ मिलिटैंटों ने गत रात यहां से लगभग 8 कि.मी. दूर गांव घनौरी कलां में 24 वर्षीय आदर्शकुमार का घर से अपहरण कर लिया तथा आज प्रात: गांव के बाहर एक पेड़ से लटकती हुई उसकी लाश मिली है ।

होमगार्डों की राइफलें छीन लीं : एक अन्य सूचना के अनुसार कल रात थाना टाहा के गांव खोखर में स्थित राम प्रकाश के ईंटों के भट्ठे से 3 मिलिटैंटों ने भट्ठे पर तैनात तीन होमगार्डों से उनकी 303 की राइफलें छीन लीं और भाग गए ।

एक की हत्या, 2 घायल : थाना गढ़शंकर गांव पट्टी सूरज सिंह में एक व्यक्ति दौलतराम की हत्या कर दी गई और एक अन्य व्यक्ति राम प्रकाश और एक होमगार्ड दौलतराम घायल हो गए । कार्यवाहक पुलिस अधीक्षक श्री भजन सिंह बाजवा ने बताया कि इस वारदात के संदर्भ में तीन लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है ।

मिलिटैंट मरा : भटिंडा जिले में आज तड़के बुवाजा सिंह गांव में सुरक्षा बलों से हुई मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । उससे एक दुनाली बंदूक और कुछ कारतूस मिले हैं ।

कार में शव मिला : लुधियाना जिले के

(शेष पृष्ठ 8 पर)

ठेके तोड़े : मिलिटैंटों ने गत रात बुगरा, रवीके बादशाहपुर, हत्थन, मुबारकपुर तथा चुंग में देसी ठेकों में बोतलें तोड़ी । उन्होंने हत्थन में फायरिंग भी की ।

सरपंच की हत्या : दोराहा (आनंद): अज्ञात व्यक्तियों ने आज प्रात: यहां से 4 कि.मी. दूर कताबा साहब के निकट पंजेता के सरपंच दर्शन सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । वह गांव से एम.जी.एन. 7978 मारुति कार में आ रहा था । दो वर्ष पूर्व निजि दुश्मनी में उसके भाई की हत्या कर दी गई थी । सरपंच के परिवार में नवीं कक्षा में पढ़ रहा लड़का ही सबसे बड़ा पुरुष सदस्य बचा है ।

मिलिटैंट मरा : बटाला (कोछड़) गत रात थाना सदर के गांव बझा सिंह के निकट पुलिस तथा बी.एस.एफ. के साथ मुकाबले में एक मिलिटैंट मारा गया तथा दो बच निकले । एस.एस.पी. श्री सीता राम ने बताया कि घटनास्थल से 12 बोर की दुनाली बंदूक तथा कुछ चले हुए व कुछ खाली कारतूस मिले हैं ।

लाश मिली : थाना कादियां के गांव बटाला यथियां के निकट 22-23 वर्ष के एक युवक की वृक्ष से लटकती हुई लाश मिली है ।

हाकर व गनमैन की हत्या : होशियारपुर (अश्विनी): 3 मिलिटैंटों ने जिनके पास ए.के. 47 राइफलें थीं आज प्रात: लगभग 10 बजे गढ़दीवाला के निकट अखबारों में एक हाकर विश्वामित्र और उसके गनमैन गुरमेल सिंह की हत्या कर दी । जबकि विश्वामित्र का दूसरा गनमैन बच गया । बताया गया है कि विश्वामित्र जियासालोतरा गांव से दोनों गनमैनों के साथ ठंडा जेडा गांव की ओर अखबारें देने जा रहे थे कि रास्ते में मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर विश्वामित्र और उसके गनमैन की हत्या कर दी । दूसरा गनमैन बच गया ।

होशियारपुर में कर्फ्यू

होशियारपुर (अश्विनी): जिले में आतंकवादियों द्वारा 2 व्यक्तियों की हत्या के बाद आज यहां कर्फ्यू लगा दिया गया है । यह कर्फ्यू शहर के 8 पुलिस थाना क्षेत्रों में लगाया गया है । इसके अलावा 5 अन्य थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू में 5 घंटे की ढील दी गई है ।

छोटी सी बात ... रंगा

मैं एक शेर की तरह मरना पसंद करता हूं न कि एक चूहे की तरह जीवन बिताना ।

—एम. करुणानिधि



भाई साहब, शायद श्री करुणानिधि ने वह कहानी नहीं पढ़ी है जिसमें एक चूहे ने एक शेर के प्राणों की रक्षा की थी ।

तिक केन्द्र
रबल्लभ
ालन्धर

उस्ताद अमीनुद्दीन डागर	गायन
उस्ताद विलायत खान	सितार
डा. ल. सुब्रामन्यम	वायलिन
श्रीमती गिरिजा देवी	गायन
पं. राम नारायण	सारंगी
पं. शिव कुमार शर्मा	सन्तूर

रबल्लभ संगीत सम्मेलन

. 1990

परवीन सुल्ताना	गायन
उस्ताद हफीज़ अहमद खान	गायन
प्रभा आत्रे	गायन
सिंह बन्धु	गायन
श्री अजय चक्रवर्ती	गायन
पं. बृज नारायण	सरोद
श्री विक्रम जसानी	सितार
व अन्य कलाकार	

STUDIO RED

NO WAITING AVAILABL
IMM
b
CH
SU
PI



Malaap 1290

NORT
NORTON HOU
Branch: Kuru

Punjabi Sanatani

मिलिटैंसी : पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

पायल थाना के अंतर्गत गांव कटाना साहब में एक कार से एक अज्ञात शव बरामद हुआ है ।

महिला की हत्या : लुधियाना (धीमान) पुलिस के अनुसार एक दर्जन मिलिटैंट जो ट्रक में सवार थे गांव पमाल के चतुर सिंह के घर गए, जहां शराब का ठेका भी चलाया जाता था और उसकी पत्नी महेन्द्र कौर की गोली मार कर हत्या कर दी ।

3 मिलिटैंट काबू : थाना रायकोट के गांव वश्मी में पुलिस ने नाकाबंदी की थी कि तीन व्यक्ति दिखाई दिए । चैलेंज किए जाने पर उन्होंने पुलिस पर अंधाधुंध फायरिंग आरम्भ की । सुरक्षा बलों के भी जवाबी गोलियां चलाईं । इस मुकाबले में 3 मिलिटैंटों ने हथियार डाल कर गिरफ्तारी दे दी । इनके नाम हैं : हरजीत सिंह उर्फ जग्गा, जगजीत सिंह और अमरीक सिंह । इनके कब्जे से 2 दोनाली बंदूकें और एक देसी पिस्तौल बरामद हुए ।

रजत मित्तल घर लौटा : लुधियाना (प्रदीप, धीमान): इंका नेता श्री सतपाल मित्तल का पौत्र रजत मित्तल आज 7.10 बजे अपने घर लौट आया है । रजत ने आते ही अपना बस्ता जो वह स्कूल से अपने साथ ले गया था, कोठी के बाहर खड़े चौकीदार को दिया और स्वयं भागा-भागा कोठी के अन्दर चला गया । घर के लोग अचानक रजत को अपने बीच देख कर अत्यधिक प्रसन्न हुए और उनकी आंखों में खुशी के आंसू आ गए । श्री सतपाल मित्तल का कहना है कि आज गुरु गोबिन्द सिंह का जन्म उत्सव था । मेरे पौत्र का घर लौटना मुझे गुरु जी की ओर से दिया गया उपहार है । उसने बताया कि उसे कोई व्यक्ति मार्केट में छोड़ गया था ।

श्री मित्तल ने पोते के घर लौटने की खबर प्रधानमंत्री श्री चंद्रशेखर को फोन पर दी । कांग्रेस (इ) अध्यक्ष श्री राजीव गांधी, श्री भजन लाल, श्री बेअंत सिंह, श्री ओम प्रकाश शर्मा ने श्री मित्तल को बधाई दी ।

याद रहे रजत मित्तल का गत 17 दिसम्बर को उसके स्कूल से अपहरण कर लिया गया था ।

चालक को गोलियां मार कर मारुति वैन छीनी : समराला (वि.प्र.): कल सायं यहां से निकटवर्ती गांव घुलाल के समीप दो क्लीनशेव मिलिटैंटों द्वारा एक मारुति वैन के चालक को गोलियां मार कर उसकी वैन छीने जाने का समाचार है । घटना का विवरण इस प्रकार है कि मोहाली में स्थित एक मंदिर में उक्त मिलिटैंट रात भर रहे तथा उक्त मंदिर के निकटतम होटल में उन्होंने खाना भी खाया और दूसरे दिन उक्त होटल वालों से लुधियाना जाने के लिए यह कह कर एक कार की मांग की कि उनकी बहन बीमार है । जब वे किराये पर उक्त वैन लेकर लुधियाना की ओर जा रहे थे तो घुलाल गांव के निकट उन्होंने चालक को गोलियां मारीं और चालक को नीचे गिरा कर उक्त वैन लेकर फरार हो गए । बताया जाता है कि रणजीत सिंह नामक वह चालक साहस के साथ एक बस द्वारा निकटवर्ती स्थानीय सिविल अस्पताल में पहुंचा, जहां से उसे प्राथमिक उपचारोपरांत चंडीगढ़ के पी.जी.आई. अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है ।

भाजपा नेता का अंतिम संस्कार : जैतों से अशोक के अनुसार भाजपा के फरीदकोट जिला महासचिव श्री धर्मवीर भाटिया, जिनकी गत रात मिलिटैंटों ने हत्या कर दी थी, का आज यहां भारी संख्या में लोगों की उपस्थिति में अंतिम संस्कार कर दिया गया । उनके बड़े लड़के श्री [illegible] सिंह भोला ने उनकी चिता को अग्नि भेंट की । इस अवसर पर पंजाब भाजपा अध्यक्ष श्री मदन मोहन मित्तल, उपाध्यक्ष श्री जगदीश राय मोंगा, फरीदकोट जिला भाजपा अध्यक्ष श्री राज कुमार गिरधर तथा अन्य नेता भी उपस्थित थे । उनकी हत्या के विरुद्ध रोष प्रकट करने के लिए आज जैतों पूर्ण बंद रहा ।

एक ही समुदाय के 7 लोगों की हत्या : गत रात लगभग 11.30 बजे लगभग एक दर्जन मिलिटैंट पटियाला जिले में घग्गा थाना के गांव ब्रास में गए और गांव के कुछ घरों में घुस कर एक ही समुदाय के 7 लोगों को बाहर ले आए और निकट से गोलियां चला कर उनकी हत्या कर दी । मृतकों की शिनाख्त डीला राम, बोरिया राम, बुध राम, रगरूप राम, राम प्रताप, चरनजीत तथा राम कुमार के रूप में की गई है ।

पटियाला से 'राजू' के अनुसार यह वारदात रात के लगभग 10 बजे हुई तथा मरने वाले सातों व्यक्ति ब्राह्मण समुदाय के हैं । मिलिटैंट जफरवाल के नेतृत्व वाली पंथक कमेटी से संबंधित बताए गए हैं क्योंकि हत्याओं के बाद वे जो पत्र गांव में छोड़ गए हैं उस पर जफरवाल गुट के कुलवंत सिंह व सतनाम सिंह सत्ता के हस्ताक्षर हैं । इस पत्र में हत्या की जिम्मेवारी अपने ऊपर ली गई है । उन्होंने गत शनिवार को इसी जिले के तलवंडी गांव में अल्पसंख्यक समुदाय के 4 व्यक्तियों की हत्या करने की भी जिम्मेवारी ली है । गत रात की घटना इस जिले के सामाना उपमंडल में पिछले 24 घंटों के दौरान अपनी ही प्रकार की दूसरी घटना है । सुरक्षा बलों ने घग्गा और पातड़ां थाना क्षेत्रों में घर-घर की तलाशी लेने का अभियान शुरू कर दिया है ।

आधिकारिक सूत्रों ने आज सायं यहां बताया कि हत्याओं के बाद मिलिटैंट ग्राम सरपंच जागीर से उसका रिवाल्वर भी छीन कर ले गए । उसके बाद उन्होंने गांव के ठेके को पूरी तरह नष्ट कर दिया और शराब की बोतलें फोड़ डालीं । इस घटना के कारण क्षेत्र के गांवों में आतंक फैल गया है ।

तेल डीलर पर हमला : मानसा (छोटू राम) : एक स्थानीय तेल विक्रेता श्री जनक राज को कल शाम एस.डी. गर्ल्स कालेज के पास किसी अज्ञात व्यक्ति ने गोली चला कर घायल कर दिया । हमलावर भागने में सफल हो गया । श्री जनक राज को स्थानीय सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी दशा खतरे से बाहर बताई जाती है ।

कालेज लैक्चरार की हत्या : मिलिटैंटों ने गत रात अमृतसर जिले के थाना वेरोवाल के अंतर्गत गांव रूड़ीवाला में एक कालेज लैक्चरार श्री हरबल देव सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । खालिस्तान कमांडो (पंजवड़ ग्रुप) ने इस हत्या की जिम्मेवारी ली है । मृतक कपूरथला के डी.एस.पी. मदन गोपाल का भाई था । मृतक का नाम हरसुखदेव सिंह भी बताया गया है ।

कांस्टेबल की हत्या : पंजाब पुलिस के एक कांस्टेबल बलजीत सिंह की गत रात जंडियाला थाना के गांव नारायणगढ़ में गोली मार कर हत्या कर दी गई । मृतक मजीठा पुलिस लाइन्स में तैनात था और छुट्टी पर आया हुआ था ।

एक अन्य कांस्टेबल की हत्या : मिलिटैंटों ने आज बाद दोपहर मजीठा पुलिस जिले में फतहवाल गांव के निकट एक फार्म हाऊस से सी.आर.पी. एफ. की एक कोम्बिंग पार्टी पर गोलियां चला कर एक कांस्टेबल की हत्या कर दी । मिलिटैंट भागने में सफल हो गए । क्षेत्र में अतिरिक्त बल भेज दिया गया है तथा मिलिटैंटों को पकड़ने के लिए कोम्बिंग आपरेशन शुरू कर दिया गया है ।

चंगियाड़ा समेत 3 मिलिटैंट मरे : एक जवान भी मरा : प्रातः दस बजे के लगभग पुलिस और सी.आर.पी. की कुमुक फतुवाल गांव में गश्त कर रही थी । उन्हें कुछ लोगों के गन्ने के खेत में छिपे होने की आशंका हुई । इस पर पुलिस और सी.आर.पी. के जवान आगे बढ़े तो मिलिटैंट खेतों से निकल कर भागे और साथ लगते घरों में छिप गए । वहां से छिपते-छिपाते एक किलानुमा घर में जा घुसे और सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी । इनकी फायरिंग से सी.आर.पी. का एक जवान राम लाल मारा गया । सुरक्षा बलों ने किलानुमा मकान को चारों ओर से घेर लिया और जवाबी फायरिंग शुरू कर दी । दोनों ओर से सायं 7 बजे तक फायरिंग होती रही जब किले के अन्दर से फायरिंग बंद हो गई तो सुरक्षा बल अन्दर पहुंच गए । वहां लैफ्टीनैंट जनरल सतनाम सिंह चंगियाड़ा और उसके दो साथियों की लाशें मिलीं । चंगियाड़ा पर 10 लाख रुपए का ईनाम था । वह कम से कम 300 हत्याओं में वांछित था । वह गांव जम्सरवाल के 12 लोगों, हर्शाछीना के 6 लोगों, तेहड़ा कलां के 5 लोगों, इनायतपुर में बस से निकाल कर 11 यात्रियों, गुजरपुर में 9 व्यक्तियों, छीनाकलां में 6 व्यक्तियों, पंवाई सड़क पर 5 प्रवासी श्रमिकों और घोरसावरी में 7 व्यक्तियों और कम से कम 20 सुरक्षा कर्मियों की हत्याओं, अनेक बैंक डकैतियों, फिरौतियों, अपहरणों तथा बलात्कारों के मामलों में वांछित था । घटना स्थल से 2 ए.के. 47 राइफलें तथा एक राकेट लांचर मिला है । अभी तक छानबीन जारी है ।

मुठभेड़ में सी.आर.पी.एफ. और पंजाब पुलिस का नेतृत्व सी.आर.पी.एफ. के इंस्पैक्टर जनरल श्री आर.के. शर्मा ने किया । सुरक्षा बलों ने मुकाबले में मीडियम मशीनगनों और दो इंच के मोर्टारों का प्रयोग किया ।

3 मिलिटैंट गिरफ्तार : 'नारंग' के अनुसार सुरक्षा बलों की एक नाका पार्टी ने तीन मिलिटैंटों जागीर सिंह, गुरनाम सिंह और कुक्कू सिंह को गिरफ्तार करके उनसे दो स्टिक बम, दो पिस्तौल, एक राइफल और एक स्कूटर बरामद किए ।



सोमवार को गढ़दीवाला के निकट जीया सहोता में मिलिटैंटों के हाथों मारे गए अखबारी हॉकर विश्वमित्र तथा होमगार्ड्स के जवान गुरमेल सिंह के शव । (छाया : झावर)

संदिग्ध व्यक्ति पकड़ा गया : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार आज रात बसंत एवेन्यू में एक संदिग्ध व्यक्ति पकड़ा लेकिन उसका साथी फरार हो गया । लोगों ने इस व्यक्ति को पुलिस वैन नम्बर 8 के हवाले करने से इन्कार कर दिया और कहा कि जब तक कोई उच्चाधिकारी नहीं आता तब तक अभियुक्त को पुलिस के हवाले नहीं किया जाएगा क्योंकि हो सकता है कि पुलिस उसे छोड़ दे ।

कार छीनी : चंडीगढ़ से मंघी के अनुसार आज 2 अज्ञात युवकों ने पिस्तौल की नोक पर यहां के सैक्टर 44 से अशोक सिंह नामक व्यक्ति की कार छीन ली ।

गोलियों से छलनी लाश मिली : भटिंडा जिले के गंगा गांव से गोली से छलनी बलविंदर सिंह का शव मिला । उसकी पत्नी लापता है ।

पातड़ां से 'वर्मा' के अनुसार ब्राश गांव में नरसंहार के विरोध में आज पातड़ां, दिड़बा, घग्गा व सामाना में मुकम्मल बंद रहा ।

निंदा : फगवाड़ा (अशोक) पंजाब भाजपा के महासचिव श्री, स्वर्णा राम व जिला भाजपा अध्यक्ष श्री राम स्वरूप अरोड़ा ने गत सायं जैतों में श्री धर्मवीर सिंह भाटिया की निर्मम हत्या की कड़ी निन्दा की है । दोनों नेताओं ने पंजाब के राज्यपाल से राज्य के सभी राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक नेताओं की सुरक्षा के कठोरतम प्रबंध करने की मांग की है ।

नकोदर बस स्टैंड की चैकिंग : नकोदर (गगन): नकोदर के डी.एस.पी. श्री प्रितपाल सिंह बिर्क के नेतृत्व में नकोदर बस स्टैंड की अचानक ही बहुत जबरदस्त चैकिंग की गई । प्रत्येक बस व यात्री की पूरी चैकिंग के बाद ही छोड़ा गया । अभी तक यह नहीं पता चल सका कि पुलिस को इस चैकिंग के दौरान कोई संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु मिली है या नहीं । विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि यह चैकिंग किसी सूचना पर की गई थी ।

मुठभेड़ में मृतकों की संख्या 5 हो गई : आज प्रातः गोलियों से छलनी एक और लाश मिलने से गत रात्रि मिलिटैंटों द्वारा जालन्धर जिले में थाना लोहिया के गांव नाल में सुरक्षा बलों पर किए गए हमले में मरने वालों की संख्या 5 हो गई है । गत रात तीन सुरक्षा कर्मियों व एक नागरिक की हत्या कर दी गई थी । मृतक गुरमेल सिंह की लाश आज गांव के तालाब में पड़ी मिली है ।

जालन्धर में दो हत्याएं : जालन्धर (प.स.): आज रात कार में सवार कुछ मिलिटैंटों ने सुराजगंज क्षेत्र में अंधाधुंध फायरिंग करके दो व्यक्तियों की हत्या कर दी और एक जोड़े को घायल कर दिया ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री सुरेश अरोड़ा के अनुसार मृतकों में से एक श्री आर.के. धवन, जो स्थानीय गुरु तेग बहादुर नगर का निवासी था, और लौंगमैन स्टूडियो का एक फोटोग्राफर शामिल हैं ।

मृत फोटोग्राफर का नाम अमृत पाल उर्फ काला है ।

मिलिटैंटों ने ए.के. 47 राइफलों का प्रयोग किया । श्री अरोड़ा ने बताया कि घटनास्थल से कुछ चले हुए कारतूस बरामद किए हैं ।

एस.पी. (आप्रेशन्स) ने बताया कि मिलिटैंटों ने सुराजगंज में पहले सी.आर.पी. पर फायरिंग की जिससे एक जवान घायल हो गया । इसके बाद मिलिटैंटों और सी.आर.पी. में दोतरफा फायरिंग हुई जिसकी लपेट में आकर दो व्यक्ति मारे गए ।

रशदी ने मुस्लिम धर्म अपनाया

लन्दन, 24 दिसम्बर (प.स.): विवादास्पद पुस्तक 'सैटेनिक वर्सेज' के लेखक सलमान रशदी ने आज मुस्लिम धर्म अपना लिया और अपनी पुस्तक से उन अंशों को भी हटा लिया जिनके लिए उसे ईरान ने फांसी की सजा सुनाई थी । ब्रिटेन के इस लेखक ने मुस्लिम विद्वानों के सम्मुख इस आशय की घोषणा की ।

लाहौल घाटी में रिकार्ड संख्या में विदेशी पर्यटक आए

केलांग, 24 दिसम्बर : गत दिन पुलिस अधीक्षक श्री जगत राम ने बताया कि चालू वर्ष में लाहौल घाटी में आने वाले विदेशी पर्यटकों की रिकार्ड संख्या रही । उन्होंने कहा कि गत नवम्बर मास के अन्त तक 4,381 विदेशी पर्यटक लाहौल घाटी में आए जबकि वर्ष 1989 में 2,240 विदेशी पर्यटक ही घाटी में आए थे ।

पंजाब-सिंध बैंक के अधिकारी 27 को हड़ताल करेंगे

पटियाला, 24 दिसम्बर (भूषण): पंजाब तथा सिंध बैंक के सभी अधिकारी देश भर में 27 दिसम्बर को अपनी मांगों के संबंध में एक दिन की हड़ताल करेंगे ।

डिज़्नीलैंड बारे चौटाला का आरोप

आठवीं योजना

(पृष्ठ 3 का शेष)

जिन्हें उनके लक्ष्य को बरकरार रखते हुए राज्यों को हस्तांतरित किया जा सकता है ।

आठवीं योजना और सालाना योजनाओं के लिए राज्यों को केंद्रीय सहायता देने के मुद्दे पर आयोग ने गाडगिल फार्मूले के इन बदलावों को जारी रखने का फैसला किया जिन्हें राष्ट्रीय विकास परिषद ने यहां अपनी पिछली बैठक में मंजूरी दी थी ।

आयोग इस सिलसिले में पैदा होने वाली किसी भी विसंगति या भेदभाव हटाने के लिए राज्यों से विचार-विमर्श करेगा । यह वायदा पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने किया था ।

बैठक में फैसला किया गया कि आम जनता को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने के लिए गरीबी निवारण योजनाओं, रोजगार पैदा करने, पेयजल, निरक्षरता निवारण और महिला कल्याण की तरजीह दी जानी चाहिए । श्री धारिया ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण और गांवों तक सड़क पहुंचाने पर भी खास ध्यान दिया जाएगा ।

श्री चंद्र शेखर ने योजना के काम में जनता की अधिक भागीदारी की जरूरत बताई । उन्होंने कहा कि देश आजादी के बाद 43 बरसों में लोगों को आर्थिक और सामाजिक न्याय देने में नाकाम रहा है ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में मौजूदा राजनीतिक और सामाजिक अशांति का मूल कारण सामाजिक और आर्थिक विषमता ही है । उन्होंने आम जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सक्षम लोगों से आगे आने का आह्वान किया ।

प्रधानमंत्री चंद्र शेखर ने योजना आयोग को निर्देश दिया कि वह सरकारी क्षेत्र की इकाइयों के कामकाज की समीक्षा कर उनकी क्षमता और लाभ बढ़ाने के उपाय सुझाएं ।

श्री चंद्र शेखर ने आयोग की बैठक में कुछ इकाइयों की अक्षमता पर चिन्ता जताई ।

प्रधानमंत्री ने दुख के साथ कहा कि सरकारी क्षेत्र की लगभग 75 इकाइयां बगैर चेयरमैन के काम कर रही हैं ।

योजना आयोग के सदस्यों के बीच कार्य का विभाजन

नई दिल्ली, 24 दिसम्बर (वार्ता): योजना आयोग के उपाध्यक्ष मोहन धारिया ने आयोग के सात पूर्णकालिक सदस्यों के बीच कार्य के विभाजन की आज घोषणा की है ।

प्रोफेसर एस.आर. हशीम को वित्तीय संसाधन, सम्भाव्यता योजना, विकास नीति, निरीक्षण, परियोजना, मूल्यांकन, अनुसंधान और सांख्यिकी से सम्बन्धित काम सौंपा गया है ।

प्रोफेसर शेर सिंह कृषि, सिंचाई, पंचायती राज, सहकारिता, ग्रामीण और कुटीर उद्योग तथा खाद्य संसाधन से सम्बद्ध मसलों को देखेंगे जबकि सदस्य सचिव ए.एन. वर्मा को उद्योग, अन्तर्राष्ट्रीय अर्थ व्यवस्था, दूरसंचार, परमाणु ऊर्जा, अन्तरिक्ष, योजना समन्वयन तथा प्रशासन का कामकाज सौंपा गया है ।

प्रो. बी.एस. भल्ला को ग्रामीण विकास, रोजगार, पर्यावरण, वानिकी, न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम, परिवहन और ऊर्जा की जिम्मेदारी सौंपी गई । आयोग की एकमात्र महिला सदस्य श्रीमती ज्योत्स्ना बेन शाह महिला एवं बाल, समाज कल्याण, स्वास्थ्य एवं पोषण, परिवार कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग से सम्बन्धित योजनाओं का काम देखेंगी । प्रो. सी.एन.आर. राव को विज्ञान एवं तकनीक और उच्च तकनीकी शिक्षा तथा डा. स्वामीनाथन को शिक्षा, नगर विकास, आवास, जल आपूर्ति, सूचना और संस्कृति की जिम्मेदारी दी गई है ।

लोगों में प्रशासन की साख बढ़ रही है : मल्होत्रा

चंडीगढ़, 24 दिसम्बर (वि.प्र.): पंजाब के राज्यपाल जन. (रिटायर्ड) ओ.पी. मल्होत्रा ने विचार व्यक्त किया है कि उनके आने के बाद से राज्य की जनता में प्रशासन की साख बढ़नी शुरू हो गई है । विशेषकर सीमांत क्षेत्रों में तो यह स्थिति अवश्य है । आज यहां एक सामाजिक समारोह में श्री मल्होत्रा ने कहा कि वह कल 25 दिसम्बर को जालंधर जा रहे हैं जहां वह समाचारपत्रों के सम्पादकों से मिलेंगे ।

पंजाब को स्वायत्तता ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

के अंतर्गत राज्यों को अधिक वित्तीय अधिकार दिए जा सकते हैं तथा पंजाब के मामले में धारा-356, जिसके अनुसार राज्यों में राष्ट्रपति शासन लागू किया जा सकता है, सम्भवतः लागू नहीं होगी ।

पंजाब के ही मामले में, इसके अतिरिक्त, राजीव गांधी-लौंगोवाल समझौता भी पूर्ण रूप से लागू किया जा सकता है ।

प्रधानमंत्री कह चुके हैं कि मिलिटैंट ग्रुपों ने उनके सुझाव पर कोई अनुकूल प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की । कहा जाता है कि सिमरनजीत सिंह मान को गुरबचन सिंह मानोचाहल वाली पंथक कमेटी का समर्थन प्राप्त है परन्तु डा. सोहन सिंह की पंथक कमेटी अधिक शक्तिशाली है तथा डा. सोहन सिंह सम्भवतः सरकार के किसी भी सुझाव को स्वीकार नहीं करेंगे ।

राजीव-लौंगोवाल समझौते के संबंध में प्रधानमंत्री तथा उप-प्रधानमंत्री देवी लाल में कुछ विचार-विमर्श हुआ है क्योंकि नदी-जल तथा क्षेत्रीय मुद्दों में हरियाणा भी एक पार्टी है तथा सभी संबंधित पार्टियों की सहमति के बिना कुछ भी नहीं किया जा सकता है । एक सुझाव यह भी है कि नदी-जल

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का मनीष कुमार, उम्र 23 वर्ष, कद 5'- 0", रंग गंदमी, 11.12.90 से गुम है । उसे आखिरी बार लुधियाना रेलवे स्टेशन पर देखा गया । पहुंचाने वाले को खर्चे के अलावा 1000/- शुक्राना दिया जाएगा ।

द्वारका दास अग्रवाल

H.No. 369/5, चौक लक्ष्मणसर, अमृतसर, फोन : 48251.

क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

भविष्य जानने, नग धारण करने हेतु मिलें : तिलकराज ज्योतिषाचार्य, 35/6, मुहल्ला नम्बर 8,

नाम परिवर्तन

I, Parshanta Devi W/o. Brij Bhushan, G-53, Kalkaji, New Delhi-19 have changed my name to Mrs. Sarita

गुट संघर्ष में 2 मिलिटैंट मरे, एक को लोगों ने पीट कर मार डाला : पंजाब में अन्यत्र पुलिस कर्मी सहित 10 की हत्या

चंडीगढ़, 25 दिसम्बर (प.स., वा.): पंजाब में गत रात से मिलिटैंटों ने विभिन्न स्थानों पर एक पुलिस कर्मी सहित 10 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि दो मिलिटैंट गुट संघर्ष में मारे गए व एक मिलिटैंट को लोगों ने पीट-पीट कर मार डाला । इसी बीच आज गुरदासपुर में एक बम विस्फोट भी हुआ परन्तु किसी जान-माल की क्षति की सूचना नहीं है ।

पीट-पीट कर मिलिटैंट को मार डाला : लुधियाना : प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात इस जिला के जगरांव पुलिस थाना के तहत गांव हंस कलां में ग्रामीणों ने एक मिलिटैंट को पीट-पीट कर मार डाला । मिलिटैंट की शिनाख्त नहीं हो पाई है ।

एक शव मिला ; एक की हत्या : गत रात जिला लुधियाना के गांव सिधवां कला से एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है । मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई ।

इसी जिले के गांव झंडेवाला में मिलिटैंटों ने गुरनाम सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

दो की हत्या : 'महिन्द्रा' के अनुसार पुलिस ने आज यहां बताया है कि जिला के थाना दाखा के गांव मौजा में चार मिलिटैंटों ने हरजिंदर सिंह नामक व्यक्ति के घर में जाकर उसकी व उसके साढ़ू तारा सिंह की हत्या कर दी । वे तारा सिंह को उसके गांव सिधवां कलां से साथ लेकर आए थे ।

फेयर प्राइस दुकान मालिक की हत्या : अमृतसर : आज सायं अमृतसर शहर की आज़ाद नगर कालोनी में स्कूटर सवार दो मिलिटैंटों ने फेयर प्राइस दुकान के मालिक जयपाल सिंह की उस समय हत्या कर दी जब वह दुकान बंद कर रहा था । अधिकृत सूचना के अनुसार, जयपाल सिंह की उसी समय मौत हो गई ।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मरा : तरनतारन : पुलिस जिला तरनतारन के गांव तूत में मिलिटैंटों ने आज प्रातः तेजा सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी । यह घटना मिलिटैंटों के गुट संघर्ष का परिणाम बताई गई है ।

एक की हत्या : पुलिस जिला तरनतारन के गांव सरली कलां में गत रात मिलिटैंटों ने रछपाल सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

अपहरण का प्रयास : जंडियाला गुरु (नि.स.): गत सायं दो अज्ञात व्यक्तियों ने यहां मंगत राम टक्कर के कारखाने में आकर उनको जब्री अपने साथ ले जाने का प्रयास किया, परन्तु इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी और पुलिस मौके पर पहुंच गई । पुलिस को देख कर ये अज्ञात व्यक्ति श्री टक्कर का स्कूटर लेकर भाग गए और पुलिस ने इनका पीछा किया, पर ये लोग अंधेरे का लाभ उठा कर स्कूटर छोड़ कर भाग निकले । पुलिस ने स्कूटर अपने कब्ज़े में ले लिया है ।

दो की हत्या : पटियाला से 'राजू' के अनुसार फतेहगढ़ साहिब में जोड़ मेले के सम्बन्ध में व्यापक सुरक्षा प्रबंधों के बावजूद गत रात मिलिटैंटों ने मेला स्थल से छः किलोमीटर दूर आलमपुर पुल के निकट हमला करके दो व्यक्तियों की हत्या कर दी ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार करीब छः मिलिटैंटों ने पुल के निकट एक मारुति वैन से, रोपड़ निवासी मलकीयत सिंह को निकाल कर उनकी हत्या कर दी । इस वैन का चालक वाहन को भगा कर तुरन्त बस्सी पठानां पुलिस थाने में पहुंचा ।

मिलिटैंटों ने उसी स्थान पर एक पुलिस कर्मचारी की भी हत्या की । मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है ।

पूर्ण बंद रहा : सामाना (वार्ता) विगत 2 दिनों के दौरान निकटवर्ती गांवों तलवंडी तथा ब्रास में एक ही समुदाय के 11 व्यक्तियों की हत्या कर दिए जाने व एक मिल मालिक शामलाल के अपहरण की घटना के रोष स्वरूप कल तथा आज सामाना व पातड़ां पूर्णतः बंद रहे । इस दौरान यहां के लगभग 500 व्यक्तियों के एक शिष्टमंडल ने चंडीगढ़ में राज्यपाल ओ.पी. मल्होत्रा से मिल कर पटियाला में सेना तैनात करने की मांग की है । दूसरी तरफ निकटवर्ती गांवों के लगभग 300 परिवारों ने पलायन करके सामाना, पातड़ां व चीका में शरण ले ली है ।

स्कूटर छीना : बरनाला (सिंधवानी) : आज बाद दोपहर डेढ़ बजे दो अज्ञात युवकों ने पिस्तौल की नोक पर स्थानीय खुड्डी रोड पर शैलर मालिक राज कुमार से उनका हरे रंग का स्कूटर (पी.सी.एल.[illegible]) छीन लिया और फरार हो गए । इस सम्बन्ध में पुलिस के पास रिपोर्ट दर्ज कराई गई है ।

बम विस्फोट : गुरदासपुर : आज दोपहर के समय यहां तिबड़ी रोड पर एक दुकान के समक्ष बम विस्फोट हुआ । यह बम एक साइकल के कैरियर पर रखा हुआ था । बम धमाके से जान-माल की किसी क्षति की सूचना नहीं है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

नहीं जानते कि इस प्रकार की अटकलबाजी क्यों होती है । प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने राज्य की अशांत हालत के बारे में राज्य सरकार को आगाह किया था । उसे बर्खास्त करने का कोई प्रश्न नहीं है ।

हैलीपैड पर यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि यह देखना तमिलनाडु सरकार का काम है कि तटवर्ती जिलों में श्रीलंका के तमिल उग्रवादियों की गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए वह जो कदम उठा रही है, उससे राज्य के लोग असंतुष्ट नहीं हों ।



गत दिवस जिला अमृतसर के गांव फत्तूवाल में मारे गए दुर्दांत [illegible] चंगियाड़ा का शव, (2) व (3) उसके साथी मिलिटैंटों के शव त[illegible] एक जवान का शव ।

कश्मीर घाटी में 5 मरे, 5 घायल : श्रीनगर के पट्टन क्षेत्र में सेना बुला ली गई

श्रीनगर, 25 दिसम्बर (वार्ता, प.स.): कश्मीर घाटी में पिछले 24 घंटे के दौरान विभिन्न घटनाओं में एक उग्रवादी सहित पांच व्यक्ति मारे गए तथा पांच अन्य व्यक्ति घायल हुए, जबकि चार उग्रवादियों ने आत्म-समर्पण किया और पांच को पुलिस ने गिरफ्तार किया । दूसरी तरफ श्रीनगर के पट्टन क्षेत्र में आज उग्रवादियों की तलाश के लिए सेना को बुला लिया गया है ।

प्रवक्ता के अनुसार उग्रवादियों ने आज पुराने कश्मीर में शाम के समय बस अड्डे के निकट मोटर चालक संघ के कार्यालय तथा बड़शाह चौक में हथगोले से हमला किया, जिससे एक पुलिस अधिकारी, एक सुरक्षा कर्मी व 3 अन्य नागरिक बुरी तरह से घायल हो गए । इनमें से एक नागरिक बाद में घावों की ताव न सहता हुआ अस्पताल में चल नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

प्रवक्ता ने बताया कि उग्रवादियों ने कुपवाड़ा जिले के कैलम्पोड़ा गांव में सुरक्षा बलों के एक काफ़िले पर गोलियां चलाईं, जिसमें एक जवान घायल हो गया । जवाब में सुरक्षा बलों ने गोलियां चलाईं और गोलीबारी में एक नागरिक मारा गया । सलपोड़ा के निवासी इस नागरिक का नाम गुलाम नबी बेग बताया गया है ।

उन्होंने बताया कि उग्रवादियों ने कल इसी जिले में चम्पोरा गांव में सुरक्षा बल के गश्ती दल पर गोलियां चलाईं । जवाब में सुरक्षा बल ने भी गोली चलाई, जिसमें एक व्यक्ति मारा गया । गोलीबारी के कारण एक गोशाला और मकान क्षतिग्रस्त हो गए ।

जनता दल (स) चुनावों के लिए तैयार है : मालवीय

नई दिल्ली, 25 दिसम्बर (प.स.): जनता दल (समाजवादी) देश में मध्यावधि चुनाव के लिए तैयार है ।

पार्टी प्रवक्ता श्री सत्य प्रकाश मालवीय ने आज यहां यह जानकारी दी । वह कांग्रेस (इ) कोषाध्यक्ष सीता राम केसरी के एक बयान पर पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे । श्री केसरी ने कहा है कि उनकी पार्टी किसी भी समय चुनाव के लिए तैयार है ।

श्री मालवीय ने कहा कि हरेक राजनीतिक पार्टी को चुनावों के लिए तैयार रहना चाहिए ।

यह पूछे जाने पर कि कांग्रेस (इ) नेता ने ऐसा बयान क्यों दिया, जबकि वह केंद्र में जनता दल (स) की सरकार को समर्थन दे रही है, श्री मालवीय ने कहा कि हम अपने पैरों पर खड़े हैं और कांग्रेस हमारा समर्थन कर रही है ।

खाड़ी [illegible] को [illegible]

दोहा, 25 दि[illegible] सहयोग परिषद (जी[illegible] सदस्य देशों की रक्ष[illegible] व्यवस्था बनाए जाने[illegible] संकट तथा विभिन्न[illegible] नेताओं की चार दिव[illegible] हो गई ।

सऊदी अरब के[illegible] खलीफा बिन हमद [illegible] शेख जबर अल अहम[illegible] लगभग सभी नेताओं[illegible] संयुक्त सैन्य व्यवस्[illegible] किया ।

छोटी सी बात ... रंगा

वह (चन्द्रशेखर) काफी बढ़िया काम कर रहे हैं पर

Punjabi Sanatani



को जालंधर में हुए गोलीकांड में मारे गए अमृतपाल सिंह काला और आर.के. धवन का एक पुराना चित्र

टैंसी : पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

मरा : फरीदकोट : मिलिटैंटों के लिटैंट रणजोध सिंह की हत्या कर ा गोलियों से छलनी शव कल गांव दबड़ी खाना के निकट से

की हत्या : मुक्तसर से 'दीपक ज सायं 4 बजे के करीब यहां से 16 ा में शराब के एक ठेके के मालिक काला की मिलिटैंटों ने गोलियां दी । यह घटना बस अड्डे के पास

बू : होशियारपुर : गत रात मिलिटैंट दिलबाग सिंह को काबू

पुर : जिला फिरोजपुर के गांव लिटैंटों ने मोहन सिंह नाम के एक कर दी । बताया गया है कि व्यक्ति के घर गए तथा उसे गोली ा ।

मरा : भारत-पाक सीमा पर एक घुसपैठिया भारत में प्रवेश ीरान सुरक्षा बलों से हुई भिड़ंत में भड़ंत भारतीय क्षेत्र में हुई थी ।

ाण में शस्त्रास्त्र पकड़े, दो फ. ने जिला फिरोजपुर के गांव दो तस्करों को गिरफ्तार करके शस्त्रास्त्र तथा गोली-बारूद

ूस पकड़े : फिरोजपुर से देरी से के अनुसार गत शनिवार को रोजपुर सैक्टर से दो पाकिस्तानी है ।

मल्होत्रा

(पृष्ठ 3 का शेष)

डायरैक्टर जनरल श्री प्रकाश सिंह ने राज्यपाल को एक माडल पर अंतर्राष्ट्रीय सीमा की स्थिति से अवगत कराया तथा अन्य मामलों की जानकारी दी । बाद में बी.एस.एफ. अधिकारियों ने राज्यपाल को 'आफिसर्ज़ मैस' में भोज भी दिया ।

मेनका

(पृष्ठ 3 का शेष)

पंजाब की वर्तमान स्थिति की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि वह मिलिटैंटों से भी कहेंगी कि वह अन्याय के विरुद्ध रोष प्रकट करें, आवाज़ उठाएं किन्तु बन्दूक नहीं उठाएं । उन्होंने कहा कि एक ओर तो आम आदमी अन्याय के सामने दब्बू बनता रहा है तथा दूसरी ओर कुछेक ने बंदूक उठा ली है । यह दोनों स्थितियां अवांछनीय हैं । उन्होंने कहा कि श्री चन्द्रशेखर पंजाब समस्या के समाधान के प्रति गम्भीर एवं सक्रिय हैं और पंजाबियों को उन पर भरोसा करना चाहिए ।

श्रीमती मेनका ने कहा कि अब पंजाब में राष्ट्रपति शासन की अवधि नहीं बढ़ाई जाएगी । उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह चुनाव से पहले तो यही कहते रहे कि पंजाब के लोगों को चुनी हुई सरकार दिलवाएंगे, किन्तु वह पंजाब में चुनाव करवाने के लिए पश्चिमी बंगाल तथा तमिलनाडु से ही सलाह लेते रहे, जबकि पंजाब की बात उन्हें पंजाबियों से करनी चाहिए थी ।

मेनका बी.एस.एफ. परिसर गईं : यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया है कि आज केंद्रीय पर्यावरण राज्यमंत्री श्रीमती मेनका गांधी ने यहां बी.एस.एफ. परिसर का भी दौरा किया ।

गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए सीमा सुरक्षा बल की तैनाती का कोई असर नहीं पड़ेगा, श्री चन्द्रशेखर ने कहा मुझसे हर किसी व्यक्ति के विचारों पर प्रतिक्रिया की अपेक्षा नहीं की जानी चाहिए । केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री सुबोध कांत सहाय के इस वक्तव्य के बारे में कि कुछ राजनीतिज्ञ सत्ता में बने रहने के लिए आतंकवादियों को संरक्षण दे रहे हैं और श्री सहाय द्वारा हाल ही में तमिलनाडु सरकार को आरोपों से बरी करने के बारे में दिए गए कथित बयान के संबंध में श्री चन्द्रशेखर ने कहा, "मैं नहीं जानता । मैंने श्री सहाय का वक्तव्य नहीं पढ़ा है ।"

एक संवाददाता ने जब यह पूछा कि आपने पांडिचेरी का दौरा क्यों रद्द कर दिया, श्री चंद्रशेखर ने केन्द्र शासित उस क्षेत्र की राजनीतिक समस्या का हवाला दिया और उल्टा यह सवाल किया, "मुझे वहां क्यों जाना चाहिए । मैं नहीं चाहता कि मेरे दौरे से वहां का माहौल और विषाक्त हो ।"

श्री चन्द्रशेखर ने कांची मठ में तीनों शंकराचार्यों से भेंट की । उन्होंने इस सवाल का सकारात्मक जवाब दिया कि क्या शंकराचार्यों के साथ बातचीत के दौरान राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद के विवाद पर भी चर्चा हुई ।

उन्होंने कहा कि उनसे देश के विभिन्न राज्यों में उथल-पुथल की स्थिति के बारे में चर्चा हुई, बातचीत का उद्देश्य देश में शांति एवं सद्भावना के लिए तीनों शंकराचार्यों का आर्शीवाद प्राप्त करना था ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि व्यक्तिगत रूप से वे इस बातचीत से संतुष्ट हैं ।

प्रधानमंत्री चंद्र शेखर ने आज धार्मिक नेताओं से अपील की कि वे जन्म भूमि समस्या के समाधान के लिए सार्थक बातचीत करने की दिशा में पहल करें ।

पूर्व सरकार के फैसलों की समीक्षा : प्रधानमंत्री श्री चंद्र शेखर ने कहा कि 23 अक्तूबर को भाजपा द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह सरकार का समर्थन वापस लेने के बाद सरकार द्वारा किए गए फैसलों की उनकी सरकार समीक्षा कर रही है । श्री चंद्र शेखर ने कहा कि विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार ने भाजपा द्वारा समर्थन वापस लेने और सत्ता से हटने के बीच के समय में सैंकड़ों फैसले किए । उन्होंने कहा कि हम पूरी स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं, इसमें कुछ और समय लगेगा ।

राष्ट्रपति से भेंट : मद्रास (प.स.): प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने आज राष्ट्रपति रामास्वामी वेंकटरमन से यहां राजभवन में मुलाकात की । इसे शिष्टाचार के नाते भेंट बताया गया क्योंकि दोनों ही नेता इत्तफाक से राजभवन में ही ठहरे हुए हैं । श्री

क्रांति की आंधी

श्रीमती मेनका गांधी



प्रधानमंत्री श्री वरिष्ठ शंकर बातचीत कर

राज्यस

नई दिल्ली सभापति डा. जनता दल (स तौर पर मान्य के प्रवक्ता स संवाददाताओं यह सूचना रा अंक में प्रकाश

गोब प

मास्को, राष्ट्रपति मि पुनर्गठित का

Punjabi Sanatani

सूत्रों ने बताया कि दोनों पक्षों के दस्तावेजों की आठ हजार फोटो प्रतियां तैयार करनी पड़ीं और गृह मंत्रालय ने यह काम बहुत कम समय में पूरा कर लिया । गृह मंत्रालय को ये दस्तावेज 23 दिसम्बर को सौंपे गए थे ।

कंगन में सुरक्षा बलों के एक गश्ती दल पर गोलियां चलाईं । सुरक्षा बलों ने भी गोलियों से जवाब दिया । पांच मिनट तक चले मुकाबले में एक किशोर घायल हो गया । उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है ।

आम आदमी लगातार मूल्य वृद्धि के बोझ से दुहरा होता रहा और जबरदस्त मुद्रा-स्फीति, खस्ता हाल औद्योगिक उत्पादन तथा लगातार बढ़ते व्यापार घाटे ने जर्जर अर्थ-व्यवस्था को और दयनीय बना दिया है ।

उपाय कर रहा है । इन में दो मुख्य उपाय लायबिल्टी फार हैजर्ड्स कैमीकल्ज पर्यावरण संरक्षण कानून ।

जहां तक पहले कानून का सम्बन्ध विधेयक तो कल से शुरू होने वाले ल शीतकालीन सत्र में पास कर दिया जाए पर्यावरण संरक्षण विधेयक जल्दी ही मं सामने विचार के लिए रखा जाएगा । श्री ने बताया कि पहले कानून के अधीन कैमीकल्ज वाली औद्योगिक इकाइयों प्रदूषण से प्रभावित व्यक्ति को 25000 मुआवजा किसी भी ऐसी दुर्घटना के 2 अन्दर अदा करना होगा ।

उन्होंने बताया कि प्रदूषण नियंत्रण के नियमों की उल्लंघना करने वालों के विरु के लिए विशेष पर्यावरण अदालतें स्थ जाएंगी, जिनकी शुरूआत राज्यस्तरीय होगी और बाद में जिला स्तरीय अदालतें जाएंगी । एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने इकाइयां प्रदूषण पैदा करती हैं, उन्हें प्रदूष



केंद्रीय वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री श्री एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए

प्रमुख उद्योगपति सतीश थापर का लुधियाना में अपहरण : 4 मिलिटैंट मारे गए, 9 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 26 दिसम्बर : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान एक सुरक्षा कर्मी समेत 9 लोगों की हत्या हुई, 4 मिलिटैंट मारे गए तथा एक बैंक से दो लाख रुपया लूटा गया । इस बीच मिलिटैंटों ने आज रात लुधियाना के प्रमुख उद्योगपति श्री सतीश थापर का अपहरण कर लिया ।

प्रमुख उद्योगपति सतीश थापर का अपहरण : लुधियाना से 'धीमान' के अनुसार आज रात कार सवार कुछ मिलिटैंटों ने यहां के प्रमुख उद्योगपति श्री सतीश थापर का जोगियाना गांव के निकट से अपहरण कर लिया । बताया जाता है कि मिलिटैंटों, जो कि कार में श्री थापर का पीछा कर रहे थे, ने अपनी कार श्री थापर की कार के आगे ला खड़ी की तथा श्री थापर के ड्राइवर को कार से बाहर धकेल दिया । इसके बाद मिलिटैंट श्री थापर को उन्हीं की कार में अपहृत करके ले गए ।

घटना के समय श्री थापर जोगियाना गांव में स्थित अपनी फैक्टरी से घर लौट रहे थे ।

बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने फायरिंग भी की । श्री सतीश थापर, थापर एग्रो इंडस्ट्रीज़ के चेयरमैन भी हैं । उल्लेखनीय है कि आज ही लुधियाना में राज्यपाल श्री ओ.पी. मल्होत्रा ने स्थानीय सर्किट हाऊस में उद्योगपतियों के एक प्रतिनिधिमंडल को यह आश्वासन दिया था कि जिला में कानून एवं व्यवस्था के प्रबन्ध मज़बूत किए जा रहे हैं और आज ही उक्त वारदात हो गई ।

'मुसाफिर' के अनुसार मिलिटैंटों की गिनती 5 थी और उनमें से एक मोटरसाइकल पर सवार था । उक्त मिलिटैंट श्री थापर के अपहरण के बाद अपना मोटर साइकल घटनास्थल पर ही छोड़ गए ।

3 लोगों की हत्या : लुधियाना (वार्ता): मंडिआला गांव में कल रात मिलिटैंटों ने राजिन्दर सिंह और अवतार सिंह नामक दो व्यक्तियों की हत्या कर दी । इसी जिले के मल्लाह गांव में कल मलकीयत सिंह नामक एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव उस के घर के पास पाया गया ।

6 ठेके तबाह : समराला (भारद्वाज): मिलिटैंटों ने कल बराली, होदों, जसपालों, टवाट, [illegible]दीपुर तथा रजून गांवों में शराब के 6 ठेकों को [illegible]ड़ कर तबाह कर दिया ।

तलाशियां : बी.एस.एफ. तथा पुलिस ने



अमृतसर में मिलिटैंटों द्वारा मारे गए दुकानदार जयपाल सिंह का शव । (छाया : पं.के.)

आज सवेरे समराला के कुछ मुहल्लों तथा निकटवर्ती गांवों में तलाशियां लीं ।

शव मिला : जालन्धर (वार्ता): जालन्धर शहर के हंसराज स्टेडियम के निकट से कल रात एक अज्ञात गोरखे का शव बरामद हुआ ।

दो मिलिटैंट काबू : फिरोजपुर (वार्ता): पुलिस ने फिरोजपुर जिले में कल रात मंगल सिंह और जरनैल सिंह नामक दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर उनके पास से ए.के. 47 राइफल की 853 गोलियां बरामद कीं ।

मुठभेड़ में 3 मिलिटैंट मरे : बटाला (वार्ता): बटाला पुलिस जिला के रसूलपुर गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 3 अज्ञात मिलिटैंट मारे गए । उनके दो साथी बच कर भाग गए । घटनास्थल से दो बंदूकें, एक माऊजर तथा लगभग 100 जीवित एवं खाली कारतूस बरामद हुए हैं ।

ए.एस.आई. की हत्या : फरीदकोट (वार्ता): 4 मिलिटैंट आज खोसा पंडो गांव में स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में आए और वहां तैनात सुरक्षा कर्मी को काबू करके उससे बंदूक छीन ली । इस बीच ए.एस.आई. गुरजंट सिंह जब पैट्रोलिंग करता हुआ वहां पहुंचा तो मिलिटैंटों ने उसे गोली मार दी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । इसके बाद मिलिटैंट बैंक से दो लाख रुपया लूट कर भाग गए ।

दो की हत्या : कपूरथला (शर्मा): थाना कोतवाली के अंतर्गत गांव बूह में गत सायं लगभग साढ़े सात बजे पांच सशस्त्र मिलिटैंटों ने रसाल सिंह के घर में फायरिंग करके दो लोगों की हत्या कर दी और एक महिला को घायल कर दिया । गांव में स्थित पुलिस चौकी के जवानों की ओर से जवाबी फायरिंग करने पर मिलिटैंट भाग गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार कुछ दिन पूर्व कपूरथला में मिलिटैंटों के आपसी झगड़े में मारे गए तरलोचन सिंह वासी बूह के भाई रसाल सिंह के घर पांच मिलिटैंट गांव के ही एक व्यक्ति जरनैल सिंह को साथ लेकर आए तथा फायरिंग आरम्भ कर दी जिसमें मृतक तरलोचन सिंह का फूफा मेजर सिंह तथा साथ आया जरनैल सिंह मारा गया । फायरिंग से तरलोचन सिंह की मां चन कौर भी घायल हो गई । एक सूचना के अनुसार मिलिटैंटों ने पुलिस चौकी पर भी फायरिंग की परन्तु जवाबी फायरिंग पर वे भाग गए ।

निरंकारी की हत्या : धूरी (सिंगला): 3 मिलिटैंटों ने कल रात 9 बजे के लगभग भट्टियां कलां गांव में निरंकारी सलाया सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

ठेकों को आग : मिलिटैंटों ने मीमसा, बमाल तथा भट्टियां गांव में शराब के 3 ठेकों में तोड़फोड़ की और फिर उन्हें आग लगा दी ।

एक की हत्या : पटियाला (राजू): कल रात 3 अज्ञात व्यक्तियों ने यहां से 40 किलो मीटर दूर

(शेष पृष्ठ 8 पर)

11 बच्चों की मां होने वाले दामाद के साथ भाग गई

बटाला, 26 दिसम्बर (कोछड़): अपनी ही बेटी का दुल्हनी जोड़ा मां पहन कर होने वाले दामाद के साथ गत दिवस भाग गई । बताया जाता है कि शहर के बाहरी क्षेत्र की एक आबादी से एक 11 बच्चों की लगभग 45 वर्षीय महिला श्रीमती सत्तो अपने ही होने वाले दामाद के साथ गत दिन भाग गई । इसकी बेटी का कुछ समय बाद विवाह था । इसके पति ने मुहल्ले वालों से कहा कि सत्तो दो बार पहले भी अन्य पुरुषों के साथ चली जाती रही है लेकिन वह अनुनय विनय करके वापिस ले आता रहा है लेकिन अब यह अपमान सहन नहीं होता । अब वह उसे कभी वापस घर नहीं लाएगा ।

1445 सत्याग्रही गिरफ्तार

छोटी-सी बात ... रंगा

बिहार में मंत्रिमंडल मुख्यमंत्री लालू यादव के परिवार जितना ही बड़ा है ।
—एक असंतुष्ट जनता दल सदस्य



पंजाब में हिंसा और खून खराबे

चंडीगढ़, 26 दिसम्बर (प.स.): भारत के एक सम्पन्न राज्य पंजाब में हिंसा तथा अफरातफरी का एक और वर्ष समाप्त हो रहा है । इस वर्ष अब तक हिंसा की आंधी में 3775 लोगों की जानें गई हैं जो एक रिकार्ड है । मरने वालों में आधी से अधिक संख्या निर्दोष नागरिकों की है ।

राज्य में मिलिटैंसी के इस दशक में 10450 लोग अब तक मारे जा चुके हैं तथा इनमें 2900 मिलिटैंट्स हैं । अभी तक इस हिंसा के समाप्त होने के कोई आसार नज़र नहीं आ रहे हैं ।

मिलिटैंटों की गतिविधियां जो कि सरकारी रिकार्ड के अनुसार 1980 में दरबारा सिंह के नेतृत्व वाली इंका सरकार के दौर में शुरू हुई थीं, पंजाब-हरियाणा की संयुक्त राजधानी चंडीगढ़ में भी तेज़ हो गई है । जिस कारण गत सप्ताह उच्चस्तरीय बैठक के बाद वहां बड़ी संख्या में अर्द्ध सैनिक बल तैनात किए हैं ।

चंडीगढ़ शहर के इतिहास का यह पहला अवसर है कि दिल्ली में उच्चस्तरीय बैठक में इस शहर की सुरक्षा के मामले पर विचार-विमर्श किया गया हो तथा अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात करने का फैसला किया गया हो ।

चंडीगढ़ में मिलिटैंसी की जो बड़ी घटनाएं हुई हैं उनमें वरिष्ठ अकाली नेता तथा पूर्व वित्त मंत्री श्री बलवंत सिंह की दिन-दिहाड़े हत्या भी शामिल है ।

सतलुज-यमुना सम्पर्क नहर के चीफ इंजीनि एम.एल. सीकरी तथा अधीक्षण अभियंता श्री औलख की दिन के समय ही उनके कार्यालयों कर दी गई थी ।

इस वर्ष चंडीगढ़ में 25 हत्याएं हुईं वालों में आल इंडिया रेडियो के च केंद्र-निदेशक श्री आर.के. तालिब, चंडीगढ़ अ दल (ब) के प्रधान श्री रणजीत सिंह रियाड़ मंदिर अमृतसर के पूर्व ग्रंथी भाई बख्शीश सिं छः आरक्षण विरोधी युवक भी शामिल हैं ।

चंडीगढ़ शहर के इतिहास में एक और

इस वर्ष कुल 37

इस वर्ष हुई । यह घटना थी अकाली दल (मा आह्वान पर 72 घंटे का बंद । बंद का आ दल ने विविध मांगों को लेकर किया था ।

वर्ष 1990 के दौरान पंजाब में तीन राज्य ने शासन किया । वर्ष के शुरू में श्री निर्मल क मुखर्जी राज्यपाल बने और 14 जून तक काम- देखते रहे । उनके बाद श्री वीरेन्द्र वर्मा ने राज्य का पद सम्भाला लेकिन साल खत्म होते-होते दिसम्बर को उन्हें हिमाचल प्रदेश भेज दिया

Punjabi Sanatan

न के लिए
ावना : साठे
पूर्व केंद्रीय मंत्री
स्थिरता पर जोर
यह सरकार कुछ
मध्यावधि चुनाव
ऊत की जा सकती

2 द्वारा निम्न
मंत्रित हैं ।
की पैकिंग के
बिछाई गई,
सहित और

ा को 90 दिनों
ाशि के रूप में

न्त बाद डिप्टी
में उसी दिन

आज प्रातः इस संबंध में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई ।

लुटेरे को मार दिया : पटियाला जिला के अमलेहड़ी गांव के निवासी गुरमीत सिंह को दो मिलिटैंटों ने बलौरी खुर्द गांव में गोलियों से मार दिया । गुरमीत सिंह पर लूटपाट एवं धन ऐंठने की वारदातों में संलिप्त होने का आरोप लगाया गया है ।

रात्रि कर्फ्यू : पटियाला से 'भूषण' के अनुसार सामाना उपमंडल में सामाना-खनौरी क्षेत्र के 60 गांवों में रात्रि कर्फ्यू लागू कर दिया गया है तथा बी.एस.एफ. की पांच कम्पनियां तैनात की गई हैं । पिछले कुछ दिनों में जिला के दो गांवों में एक ही समुदाय के 11 लोगों की हत्या के बाद अधिकारियों ने सुरक्षा के प्रबन्ध मज़बूत कर दिए हैं । इससे पूर्व क्षेत्र के लोगों ने कल चंडीगढ़ में पंजाब के राज्यपाल से मुलाकात की थी और क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की बिगड़ रही स्थिति के दृष्टिगत सेना तैनात करने की मांग की थी । क्षेत्र के लोग अपर्याप्त सुरक्षा प्रबन्धों के विरुद्ध रोषस्वरूप पिछले दो दिनों से हड़ताल पर हैं ।

इस बीच आलमपुर गांव में विगत सोमवार को मिलिटैंटों द्वारा जिस पुलिस कर्मी की हत्या कर दी गई थी, उसकी पहचान कर ली गई है । मृत सब-इंस्पैक्टर जसवंत सिंह रोपड़ थर्मल प्लांट में नियुक्त था । दूसरी ओर मिलिटैंटों ने सामाना के निकट से जिस फैक्टरी मालिक शाम लाल का अपहरण कर लिया था, अभी तक उसे छोड़ा नहीं गया । मिलिटैंट शाम लाल की रिहाई के लिए उसके परिवार से 15 लाख रुपए की मांग कर रहे हैं ।

बंद : जंडियाला गुरु (नि.स.): मिलिटैंटों की धमकी के कारण शहर में आज दूसरे दिन भी बंद रहा । रिक्शा वालों को बंद से छूट दी गई ।



श्रीमती गांधी ने कहा कि पंजाब के लोगों को अ
अपनी सरकार चुनने का अधिकार देना ही हो
उन्होंने यह भी कहा कि कई बार चुनाव उन ले
भी जिम्मेदारी की भावना बहाल कर देते हैं, उ
पटड़ी से उतरे नजर आते हैं जैसा कि लालडे
मामले में हुआ ।

जब उनसे प्रधानमंत्री के इस वक्तव्य ब
पंजाब समस्या के समाधान के लिए संविध
संशोधन भी किया जा सकता है, प्रश्न पूछा ग
वह यह कह कर टाल गईं कि संविधान में
संशोधन की रूपरेखा क्या है, इसका उन्हें पत
तो वह क्या कह सकती हैं । जब पूछा ग
संशोधन जो भी हो, क्या वह केवल पंजाब पर
होगा या सभी राज्यों पर, तो उन्होंने पुनः इस
का उत्तर टाल दिया ।

जब भाजपा के राजनीति व धर्म को मिर
प्रयासों बारे प्रश्न किया गया तो श्रीमती मेनक
ने कहा कि यह देश के लिए बहुत खतरनाक

मिलिटैंटों से अपील : फिरोज़पुर
श्रीमती मेनका गांधी ने आज यहां एक जन
सम्बोधित करते हुए मिलिटैंटों से अपील क
निर्दोष लोगों की हत्याएं बंद करें । श्रीमती
कहा कि पंजाब समस्या सुलझाने के लि
मिलिटैंटों से बातचीत के लिए तैयार है
मिलिटैंटों को भी व्यापक राष्ट्रीय हित में सक
रुख अपनाना चाहिए । श्रीमती गांधी ने स्प
कि उन्होंने वी.पी. सिंह सरकार से इसलिए
दिया था, क्योंकि श्री सिंह ने चुनावों के दौरा
तथा अन्य मामलों के संदर्भ में किए गए व
पूरा नहीं किया था ।

युवकों को आगे आने की अ
नकोदर : पंजाब के हालात को सुखद बना
युवकों को आगे आना चाहिए क्योंकि युवक

Punjabi Samachar

दलों का कोई प्रावधान नहीं है । केवल सत्ता पक्ष

के सदस्य और विपक्ष के नेता लाल कृष्ण अडवानी ने

(शेष पृष्ठ 8 पर)

अकाली नेता, डी.एस.पी., उसकी पत्नी, 2 गनमैनों सहित पंजाब में 13 की हत्या; 6 मिलिटैंट भी मरे

चंडीगढ़, 27 दिसम्बर : मिलिटैंटों ने आज दोपहर बाद मोगा के निकट एक डी.एस.पी., उनकी पत्नी तथा 2 गनमैनों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान विभिन्न वारदातों में अकाली नेता समेत 9 लोगों की जानें गईं तथा 6 मिलिटैंट भी मारे गए ।

डी.एस.पी., उसकी पत्नी व 2 गनमैनों की हत्या : मोगा (आज़ाद) : आज दुपहर बाद 3 बजे के लगभग मिलिटैंटों ने यहां से कुछ मील दूर गांव चूहड़चक के निकट अंधाधुंध फायरिंग करके डी.एस.पी. श्री सुरजीत सिंह, उनकी पत्नी मंजीत कौर तथा 2 गनमैनों की हत्या कर दी ।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पटियाला में तैनात विजिलैंस के डी.एस.पी. सुरजीत सिंह फिएट कार में अपनी पत्नी तथा 2 गनमैनों के साथ चूहड़चक गांव में एक भोग समारोह में हिस्सा लेने के लिए आए हुए थे । जब वे यहां से पटियाला वापस जा रहे थे तो गांव चूहड़चक तथा काऊके के मध्य ट्रैक्टर सवार मिलिटैंटों ने उनकी कार पर फायरिंग की, जिसके परिणाम स्वरूप उक्त चारों की मृत्यु हो गई । मृतक गनमैनों की पहचान हैडकांस्टेबल भाग सिंह तथा कांस्टेबल वेद प्रकाश के रूप में हुई है । वारदात के बाद मिलिटैंट एक ईंट भट्ठे से लाल रंग की मारुति कार (नं. पी.ए.आर. 186) भी ले गए । वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं ।

3 मिलिटैंट मरे : मुक्तसर (दर्दी, दीपक) : कल रात गिद्दड़बाहा के निकट दौला और पियूरी गांवों के मध्य सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 3 मिलिटैंट मारे गए । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पुलिस की एक टुकड़ी मलोट में मेनका गांधी के जलसे में ड्यूटी देकर रात को अपने वाहन में लौट रही थी कि स्कूटर सवार 3 मिलिटैंटों ने उस पर फायरिंग की । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर तीनों मिलिटैंट मारे गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार इन मिलिटैंटों ने उक्त स्कूटर भटिंडा से छीना था और दौला गांव में शराब का ठेका लूटा था । मिलिटैंटों के कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल, 2 रिवाल्वर तथा काफी गोली सिक्का भी मिला है ।

एक की हत्या, लूटपाट : तीन-चार मिलिटैंटों ने कल रात लगभग एक बजे मुक्तसर में अबोहर रोड पर अजीत सिंह नगर में जरनैल सिंह (50) नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । जरनैल सिंह डेरी का काम करता था । मिलिटैंटों ने बाबू राम चावला के घर से 1600 रुपए तथा 23 तोले सोने के गहने, राजकुमार के घर से 16 हजार रुपए तथा 10 तोले सोने के गहने, सुरेन्द्र के घर से 15 तोले सोने के गहने, रूप चंद के घर से 8200 रुपए तथा 10 तोले सोने के गहने और लूना राम के घर से 8 हजार रुपए लूट लिए । मिलिटैंटों ने इलाके में लगभग 2 घंटे तक लूटपाट करने से पूर्व टैलीफोन की मुख्य लाइनें काट दी थीं और चौकीदार को बांध दिया था ।

सरपंच की हत्या : बटाला (कोछड़) : पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव तलवंडी झुंगलां में रात मिलिटैंटों ने फायरिंग करके गांव शेरपुर के सरपंच अमरीक सिंह (35) की हत्या कर दी । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों ने बताया कि घटना के समय सरपंच खेतों में काम कर रहा था । वारदात में ए.के. 47 राइफल प्रयुक्त की गई है ।

मां-बेटे की हत्या : पुलिस जिला बटाला में थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव धनिए के बांगर में गत रात 8 मिलिटैंटों ने एक घर में फायरिंग करके एक महिला श्रीमती सविंदर कौर (40) व उसके लड़के जसविंदर सिंह (23) की हत्या कर दी और छोटे बेटे मेजर सिंह (19) को गम्भीर घायल कर दिया । उसे सिविल अस्पताल बटाला में भर्ती कराया गया है । मृतक जसविंद्र सिंह सैनिक था और घर छुट्टी पर आया हुआ था । पुलिस जिला बटाला के एस.पी. मुख्यालय श्री आर.एल. भगत ने बताया कि अभी तक की जांच के अनुसार यह वारदात परिवार की अपनी पुरानी शत्रुता का परिणाम लगती है क्योंकि सैनिक ने पहले किसी की हत्या आदि की थी । वारदात में ए.के. 47 राइफल प्रयुक्त की गई है व इसके चले हुए 11 कारतूस मौका से मिले हैं ।

ठेका जला दिया : मिलिटैंटों ने बटाला सदर के गांव काला नंगल में शराब के एक ठेके को पहले लूट लिया और फिर उसे आग लगा दी ।

अकाली नेता की हत्या : कपूरथला

(शेष पृष्ठ 8 पर)

IN MEMORIAM

Punjabi Sanatan

(8) दैनिक पंजाब केसरी, जालन्धर 28.12.90

मिलिटैंसी : पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

(शर्मा): थाना सदर कपूरथला के अंतर्गत गांव कोट करार खां में कल रात साढ़े 7 बजे ए.के. 47 राइफलों से लैस 8 मिलिटैंटों ने अकाली दल (बादल) के एक नेता जत्थेदार संतोख सिंह को घर से बाहर बुला कर गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक जत्थेदार संतोख सिंह का डेरा गांव से बाहर स्थित है । मिलिटैंटों ने डेरा पर आकर मृतक के भाई राजबीर सिंह (जो कि इस समय आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन भाई मंजीत सिंह गुट की कार्यकारिणी का सदस्य है) के सम्बन्ध में पूछा । राजबीर सिंह उस समय घर पर नहीं था । इसके बाद मिलिटैंटों ने जत्थेदार संतोख सिंह को बाहर बुला कर उसकी हत्या कर दी । मृतक जत्थेदार संतोख सिंह ने 1985 में अकाली दल के टिकट पर करतारपुर क्षेत्र से विधानसभा का चुनाव लड़ा था । पुलिस घटना स्थल पर पहुंची तथा खोजी कुत्ते घटना स्थल पर ले जाए गए परन्तु वह नहर तक जाकर रुक गए । पुलिस क्षेत्र में छानबीन कर रही है ।

मिलिटैंट का शव मिला : लुधियाना (वार्ता): जगराओं पुलिस ने आज एक मिलिटैंट का शव खेतों से बरामद किया है । पुलिस ने इसे निजी गुट संघर्ष की वारदात बताया है ।

मिलिटैंट मारा गया : लुधियाना से 'महिद्रा' के अनुसार गांव गिल के निकट खेतों में छिपे हुए कुछ मिमिटैंटों और पुलिस व सुरक्षा बलों के जवानों में हुए मुकाबले में एक मिलिटैंट मारा गया ।

'धीमान' के अनुसार थाना सदर के एस.एच.ओ. जीप में जा रहे थे तो दो मिलिटैंटों ने उन पर फायरिंग की । लेकिन बाद में जवाबी फायरिंग पर वे निकटवर्ती खेतों में जा छिपे जबकि पुलिस की कार्रवाई में एक मिलिटैंट मारा गया । एस.एस.पी. ने स्वयं घटनास्थल पर जाकर मिलिटैंटों के विरुद्ध कार्रवाई का नेतृत्व किया । रात्रि 9 बजे तक की सूचना के अनुसार मुकाबला जारी था ।

दो घुसपैठिये मरे : फिरोजपुर (प.स.): फाज़िल्का सैक्टर में सुरक्षा बलों ने दो घुसपैठियों को मार गिराया ।





(ऊपर) मुक्तसर में अबोहर रोड पर मिलिटैंटों के हाथों मारे गए जरनैल सिंह का शव तथा (नीचे) उनके संबंधी विलाप करते हुए । (छाया : दीपक पाल)

एक व्यक्ति घायल : अमृतसर (प.स.): मजीठा पुलिस जिला के खब्बे राजपूतां गांव में मिलिटैंटों ने निर्मल सिंह नामक एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया ।

धमकीपूर्ण पत्र : अमृतसर की अत्याधुनिक कालोनियों ग्रीन एवेन्यू, बसंत एवेन्यू और कैनेडी एवेन्यू की लगभग 300 कोठियों में धमकीपूर्ण पत्र मिले हैं कि वे दो दिन के अंदर-अंदर 15-15 लाख रुपए कालोनियों से एकत्रित करके दें, अन्यथा बच्चों सहित सोध दिया जाएगा । इस प्रकार तरनतारन के सराफों को दो दिन के अंदर-अंदर 15 लाख रुपए और सुनारों को तीन दिन के अंदर-अंदर 2 लाख रुपए देने की धमकी दी गई है ।

तरनतारन रोड पर छः मिलिटैंटों ने एक शैलर मालिक का अपहरण कर लिया और उसकी रिहाई के लिए 15 लाख रुपए की मांग की है ।

जत्थेदारनी की हत्या : आज अमृतसर के बाबा भौड़ी वाला थाने में दो मिलिटैंटों ने जत्थेदारनी हरजीत कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

एक मिलिटैंट का शव मिला : तरनतारन पुलिस जिला के अलाउद्दीन गांव में नहर से एक मिलिटैंट का शव मिला है । पुलिस ने इसे निजी गुट संघर्ष का मामला बताया है ।

डाकखाना लूटा : मजीठा पुलिस जिला के सठियाला गांव में मिलिटैंटों ने डाकघर से 6156 रुपए लूट लिए ।

6 संदिग्ध व्यक्ति काबू : भटिंडा (सोच): सुरक्षा बलों ने कल रात भटिंडा के निकट नाकाबंदी के दौरान दो अलग-अलग गिरोहों से सम्बद्ध 4 संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । ये व्यक्ति धमकी पत्र लिख कर लोगों से धन ऐंठते थे । जिला पुलिस प्रमुख श्री राजेन्द्र सिंह ने आज पत्रकारों को बताया कि पकड़े गए व्यक्तियों के नाम गुरप्रीत सिंह, रूपिन्द्र सिंह, सुखमिंद्र सिंह तथा कंता सिंह हैं । गुरप्रीत सिंह नैशनल फर्टिलाइजर्स का कर्मचारी है । उक्त संदिग्ध व्यक्तियों से 3 पिस्तौलें तथा एक रिवाल्वर बरामद हुआ है ।

श्री राजेन्द्र सिंह ने बताया कि सुखमिंदर सिंह तथा कंता सिंह ने एक अन्य व्यक्ति रणजोध सिंह के साथ मिल कर सुखानंद गांव में एक बैंक से 30 हजार रुपया लूटा था और दबड़ी खन्ना गांव से पिता-पुत्र का अपहरण कर दो लाख रुपए की फिरौती वसूल की थी । श्री राजेन्द्र सिंह ने बताया कि जिला पुलिस ने कुलवंत सिंह तथा बिक्कर सिंह नामक 2 अन्य संदिग्ध व्यक्तियों को भी हथियारों समेत गिरफ्तार किया है ।

बैंक लूटा : जालंधर (प.स.): मिलिटैंटों ने आज कोटली अराई गांव में सैंट्रल कोआप्रेटिव बैंक की शाखा से 17 हजार रुपया लूट लिया ।

2 की हत्या : थाना सदर बटाला के क्षेत्र अलीवाल में मिलिटैंटों ने आज शाम किरयाना की एक दुकान पर फायरिंग करके दुकानदार मदन मोहन (35) व एक अन्य व्यक्ति गुरदास लाल की हत्या कर दी । मदन मोहन बटाला के पुरियां मुहल्ला का निवासी था । गुरदास लाल वन विभाग में कार्यरत था ।

चंद्रशेखर

(पृष्ठ 3 का शेष)

भाजपा अध्यक्ष पर साम्प्रदायिक आग भड़काने के लिए कार्यकर्त्ताओं को प्रशिक्षित करने का आरोप लगाया । उन्होंने कहा कि श्री अडवानी भारत के हिटलर हैं ।

श्री सोज के भाषण के समय भाजपा सदस्यों ने काफी टोकाटाकी की । श्री सोज ने कहा कि धर्म निरपेक्ष पार्टियों को चुनाव आयोग से भाजपा की मान्यता समाप्त करने की मांग करनी चाहिए ।

श्री चंद्रशेखर ने सदस्यों से साम्प्रदायिक स्थिति पर होने वाली बहस को गम्भीरता से लेने तथा इस समस्या को हल करने के उपाय सुझाने में सहयोग देने

पंथक कमेटी सशर्त वार्ता के

पटियाला, 27 दिसम्बर (प.स.): डा. सोहन सिंह के नेतृत्व वाली पंथक कमेटी ने भारत के प्रधानमंत्री श्री चंद्र शेखर की मिलिटैंटों से बातचीत के लिए पेशकश के विभिन्न पहलुओं पर विचार व्यक्त किया है ।

कमेटी ने आज यहां दी गई अपनी सात पृष्ठों की प्रैस विज्ञप्ति में कहा है कि चूंकि श्री चंद्र शेखर ने अपनी पेशकश पर प्रतिक्रिया की आकांक्षा की है, इसलिए हमारे लिए इस मामले पर अपने विचार स्पष्ट करना आवश्यक है । कमेटी ने साथ में चेतावनी दी है कि इस विज्ञप्ति में बिना कोई परिवर्तन किए इसे जारी किया जाए ।

सबसे पहले पंथक कमेटी स्पष्ट करना चाहती है कि हम सैद्धांतिक रूप से वार्ता के विरुद्ध नहीं हैं । सिख धर्म मानव मूल्यों को ऊंचा दर्जा देता है । खालसा किसी भी मामले में, जो वार्ता द्वारा हल किया जा सकता है, अनावश्यक खून बहाने का समर्थन नहीं करता । यह स्पष्ट होना चाहिए कि खालसा का मानवतावाद मोहनदास कर्मचंद गांधी के 'नपुंसक' फासीवाद के आधार रूप से भिन्न है । नीले घोड़े पर सवार (गुरु गोबिन्द सिंह के संदर्भ में) हमारे दिलों में यह महान सत्य का बीज बोया है कि जब सभी उपाय समाप्त हो जाएं तो तलवार का उपयोग न्यायोचित है ।

यह अवसर ब्राह्मणवाद ने ही प्रदान किया है कि खालसा को मानवीय मूल्य तलवार के साए तले लाने का सम्मान प्राप्त हुआ है । कमेटी ने कहा कि आज खालसा एक संकटमय लेकिन खूबसूरत दौर से गुजर रहा है, जबकि हमें अपने अस्तित्व को बनाए रखने के लिए तलवार का सहारा लेना पड़ा है । परन्तु हमें यह अत्यन्त खेद के साथ कहना पड़ता है कि इतिहास ने हमारा टकराव एक ऐसे शत्रु से करा दिया है, जिसकी आत्मा ही नहीं है, जिसमें निडर योद्धा की चेतना नहीं है, जिसमें न तो शांति का प्रयास करने और न ही दूसरे का दृष्टिकोण समझाने की परम्परा है ।

कमेटी ने कहा कि इसे ब्राह्मणवादी शक्तियों द्वारा दशकों तक खालसा पर अत्याचार और अन्याय किए जाने के बाद शस्त्र उठाने पड़े हैं । यदि इसके बावजूद भी चंद्रशेखर या भारतीय शासक सोचते हैं कि खालसा हथियार उठाने के अलावा भी कोई दृष्टिकोण रखता है और यह दृष्टिकोण बातचीत द्वारा हल किया जा सकता है, तो खालसा ऐसी बातचीत के विरुद्ध नहीं होगा ।

परन्तु पंथक कमेटी वार्ता की किसी भी पेशकश का पूर्ण रूप से अध्ययन करेगी तथा इसे अपने दृष्टिकोण से परखेगी । कमेटी ने कहा कि व

Punjabi Sanatani

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

नाम परिवर्तन

शिक्षा

गारंटिड पत्राचार मैट्रिक इंटर, दसवीं पास

पंजाब में मार्क्सवादी नेता सहित 18 हत्याएं : 1 मिलिटैंट भी मरा

चंडीगढ़, 28 दिसम्बर : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान मार्क्सवादी नेता तथा स्वतंत्रता सेनानी जंगीर सिंह और 3 सुरक्षा कर्मियों समेत 18 लोगों की हत्या हुई और अमृतसर में बम धमाके से 5 लोग घायल हुए । इस बीच एक मिलिटैंट भी मारा गया ।

माकपा नेता की हत्या : संगरूर से गर्ग और धूरी से सिंगला के अनुसार कल रात 10 बजे के लगभग यहां से कुछ मील दूर कौलसेड़ी गांव में मिलिटैंटों ने माकपा के वरिष्ठ नेता और स्वतन्त्रता सेनानी श्री जंगीर सिंह कौलसेड़ी की गोलियां मारकर हत्या कर दी । प्राप्त विवरण के अनुसार लगभग 18 मिलिटैंट ट्रक में सवार होकर कामरेड जंगीर सिंह के निवास स्थान पर आए तथा उनके गनमैनों से कहा कि उन्होंने जंगीर सिंह से कोई विशेष बात करनी है, इसलिए जंगीर सिंह को जगाया जाए । गनमैनों ने जंगीर सिंह को जगा दिया । इस बीच मिलिटैंटों ने घर के भीतर दाखिल होकर जंगीर सिंह के लड़के को रस्सियों से बांध दिया और फिर अंधाधुंध फायरिंग करके 80 वर्षीय जंगीर सिंह की हत्या कर दी । वारदात के बाद मिलिटैंट फरार हो गए ।

जंगीर सिंह पंजाब किसान सभा के उपाध्यक्ष तथा जिला शिकायत कमेटी के सदस्य थे । बताया जाता है कि वह मिलिटैंटों की हिटलिस्ट में थे । सूचना मिलते ही जिला पुलिस प्रमुख तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए । वरिष्ठ मार्क्सी नेताओं, जिनमें कामरेड भान सिंह भोरा, सरवण सिंह, भगत राम पासला तथा चन्द सिंह आदि शामिल हैं, ने इस वारदात की तीव्र निंदा की है । जंगीर सिंह प्रजा मंडल तथा अकाली आंदोलन में भी जुड़े रहे थे । कई वर्षों तक वह शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के सदस्य भी रहे । 1950 में वह कम्युनिस्ट पार्टी में शामिल हुए थे । 'वार्ता' के अनुसार मिलिटैंट भागते समय जंगीर सिंह के गनमैनों से दो स्टेनगनें, 6 मैगजीन, एक राइफल तथा 50 कारतूस भी ले गए । वे एक गनमैन गुरमेल सिंह को भी अपहृत करके ले गए ।

ठेका जला दिया : कल रात मिलिटैंटों ने गांव भुल्लर हेड़ी में शराब का एक ठेका जला दिया ।

मिलिटैंट गिरफ्तार : कल रात संगरूर पुलिस ने दलीप सिंह नामक एक मिलिटैंट को गिरफ्तार किया तथा उसके कब्जे से एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल और लगभग 100 कारतूस बरामद किए ।

बम धमाके में 5 लोग घायल : अमृतसर (वि.प्र.) : आज प्रात: अमृतसर के बाहरी इलाके सुल्तानविंड में स्थित एक गुरुद्वारे के निकट झुग्गियों में हुए एक धमाके में 5 लोग घायल हो गए । घायलों में 14 वर्षीया युवती संतरा, 50 वर्षीय महिला गंगो, पांच वर्षीय बालक मुमताज, 35 वर्षीया महिला मिड्डी और 20 वर्षीया युवती मीतो शामिल हैं । सभी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर है ।

युवक की हत्या : अमृतसर के राम तीर्थ रोड पर स्कूटर सवार एक युवक ने एक अन्य स्कूटर सवार युवक रविन्द्र सिंह सुपुत्र कुलदीप सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी । बताया गया है कि मृत युवक लुधियाना में पढ़ता था लेकिन यह पता नहीं चल सका कि वह अमृतसर किस लिए आया था ।

'वार्ता' के अनुसार रविन्द्र सिंह लुधियाना में पंजाब कृषि विश्वविद्यालय का छात्र था और जब उस पर फायरिंग हुई तो वह अमृतसर में खालसा कालेज के पिछवाड़े में स्थित डेरी फार्म के निकट परमजीत कौर तथा मंदीप कौर नामक दो युवतियों से बातें कर रहा था । फायरिंग के बाद उक्त दोनों युवतियां भाग गईं ।

मिलिटैंट मरा : रैय्या में स्थित सी.आर.पी.एफ. का सैक्टर कमांडर जब गांव जसपाल की ओर जा रहा था तो मिलिटैंटों ने फायरिंग की । सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर एक मिलिटैंट मारा गया और उसके साथी को पकड़ लिया गया । पकड़े गए मिलिटैंट के कब्जे से एक पिस्तौल, कुछ कारतूस, 3 डैटोनेटर और खालिस्तान कमांडो फोर्स के कुछ लैटर पैड मिले हैं । उसका नाम संतोख सिंह बताया जाता है और वह जसपाल गांव का निवासी है । संतोख सिंह पंजाब राज्य बिजली बोर्ड का कर्मचारी बताया जाता है । मारे गए मिलिटैंट की शिनाख्त उसकी जेब से मिले परिचय पत्र से अमरजीत सिंह निवासी गांव बुटारी के रूप में हुई है । वह एक प्राईवेट ट्रांसपोर्ट कम्पनी में इंस्पैक्टर था ।

कांस्टेबल की हत्या : मिलिटैंटों ने कल रात मजीठा पुलिस जिला के नांगली गांव में पुलिस कांस्टेबल तरसेम सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

दो शव मिले : तरनतारन पुलिस जिला के जल्लेवाल गांव में पुलिस ने गोलियों से छलनी शव बरामद किए हैं ।

एक की हत्या : मिलिटैंटों ने तरनतारन पुलिस जिला के ही भैनी गांव में शिंगारा सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

चाटीविंड में हत्या : अमृतसर से 'तारंग' के अनुसार आज सायं अमृतसर के गांव चाटीविंड के मनजीत सिंह पुत्र फतेह सिंह की उसके घर के बाहर तीन मिलिटैंटों ने हत्या कर दी । बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने उसके घर में आकर उसके लड़के को कहा कि वह अपने पिता को बाहर भेजे । जब मनजीत सिंह घर से बाहर निकला तो मिलिटैंटों ने अंधाधुंध फायरिंग करके उसकी हत्या कर दी ।

2 होमगार्ड जवानों की हत्या : मिलिटैंटों ने आज तरनतारन पुलिस जिला के ढंड कसेल गांव में दो होमगार्ड जवानों प्रीतम सिंह और भगवान सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । भागते समय मिलिटैंट मृतक सुरक्षा कर्मियों के हथियार भी ले गए ।



कामरेड जंगीर सिंह, जिनकी बीरवार रात को मिलिटैंटों ने संगरूर जिले के कौलसेड़ी गांव में गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

5 मिलिटैंट काबू : फिरोजपुर (वार्ता): जिला पुलिस ने 5 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है तथा उनके कब्जे से 9 बंदूकें बरामद की हैं ।

ईंट भट्ठा मालिक का अपहरण : भटिंडा (प.स.): मिलिटैंटों ने कल गंगा गांव से ईंट-भट्ठा मालिक दर्शन कुमार का अपहरण कर लिया ।

महिला की हत्या : रोपड़ (वार्ता): मोटर साइकिल पर सवार मिलिटैंटों ने आज खरड़ में संतोष नामक एक महिला की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

रुपए लूटे : मोहाली से 'वर्मा' के अनुसार 3 अज्ञात युवकों ने आज दोपहर यहां के फेज़ 1 में स्थित पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के कार्यालय से रिवाल्वर की नोक पर 61 हजार रुपया लूट लिया । प्राप्त समाचारों के अनुसार लुटेरे कार में सवार होकर उक्त कार्यालय में आए और सभी कर्मचारियों को ए.के. 47 राइफल व रिवाल्वर दिखाकर हाथ ऊपर उठाने को कहा । इसके बाद लुटेरे कैशियर से 61 हजार रुपया लेकर भाग गए ।

2 शव बरामद : पटियाला (भूषण, वार्ता): यहां से 30 किलो मीटर दूर सरहिन्द क्षेत्र के मोहल्लियां गांव से दो लोगों के गोलियों से छलनी शव बरामद हुए हैं । मृतकों की पहचान मेजर सिंह तथा जगराज सिंह के रूप में हुई है । मेजर सिंह आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन का कार्यकर्त्ता था तथा सरहिन्द क्षेत्र के गांव माधोपाल का निवासी था । जगराज सिंह बस कंडक्टर था ।

शराब का ठेका जला दिया : आज तड़के कुछ शरारती तत्वों ने पटियाला जिला के बास गांव में शराब के एक ठेके को जला दिया ।

एक की हत्या : पटियाला जिला के भादसों थाना के अंतर्गत भयूरां गांव में मिलिटैंटों ने कुलवंत सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उससे उसका लाइसैंसी रिवाल्वर मांगा । इंकार करने पर मिलिटैंटों ने कुलवंत सिंह को गोली मारकर घायल कर दिया । अस्पताल ले जाते समय कुलवंत सिंह ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया ।

रिवाल्वर छीना : मिलिटैंटों ने कल रात पटियाला जिला के मुल्लेपुर गांव में राय सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर एक रिवाल्वर तथा 25 कारतूस छीन लिए ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanjhi

9 मामलों
या गया

अशोक): शहर एवं
के तुरंत निवारण के
आयोजित किए जाने
ता के लिए काफी

विज्ञप्ति के अनुसार
र्बजीत सिंह ने गत
बार' की अध्यक्षता
धत 49 शिकायतों
कारियों को आदेश
विज्ञप्ति के अनुसार
दिसम्बर से शुरू
र सप्ताह बुधवार
ता है । अब तक
दरबारों में 153
ा है ।

ावेज...

दावे के समर्थन में
वे इतिहासकारों,
विद्वानों से भी
रा कुछ दस्तावेज
के यह उनके दावे

क दलों, धार्मिक
विवाद के स्थायी
ल की । उन्होंने
ज किए जाने पर

जामा मस्जिद के
के प्रतिनिधि तथा

महासचिव श्री भूपिन्द्र सिंह लौंगियां की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई । बब्बर खालसा इंटरनैशनल ने एक प्रैस विज्ञप्ति जारी करके लौंगियां की हत्या की जिम्मेदारी ली है । प्रैस विज्ञप्ति में आरोप लगाया गया है कि लौंगियां मिलिटैंट संगठनों में गुटबाजी को बढ़ावा देता था और मिलिटैंटों के नाम पर धन ऐंठता था । प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि लौंगियां का शव पटियाला जिला के गांव घुमंदगढ़ में खेतों में पड़ा है । पुलिस ने इस दावे की पुष्टि नहीं की लेकिन इतना जरूर कहा है कि कल रात कुछ अज्ञात लोग लौंगियां को अपहृत करके ले गए थे और अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिला ।

सी.आई.डी. इंस्पैक्टर की हत्या का दावा : बब्बर खालसा इंटरनैशनल द्वारा जारी की गई प्रैस विज्ञप्ति में सी.आई.डी. इंस्पैक्टर बलबीर सिंह की हत्या करने का भी दावा किया गया है । यह भी दावा किया गया है कि बलबीर सिंह का शव अट्टोवाली गांव के निकट एक खड्डे में पड़ा है ।

प्रैस विज्ञप्ति में यह भी कहा गया है कि उनका लक्ष्य खालिस्तान है और इससे कम कुछ स्वीकार नहीं होगा । प्रैस विज्ञप्ति पर सुखदेव सिंह बब्बर, बलविंदर सिंह, दलजीत सिंह, अमरीक सिंह कोहली, हरप्रीत सिंह तथा जगतार सिंह के हस्ताक्षर हैं ।

क्रास फायरिंग में 2 मरे : फरीदकोट (प.स.): खुखराना गांव के निकट आज तड़के मिलिटैंटों तथा सुरक्षा बलों के बीच क्रास फायरिंग में दो लोगों भरपूर सिंह तथा बॉबी की मृत्यु हो गई । उक्त दोनों व्यक्तियों को उस समय गोलियां लगीं, जब वे अपनी मारुति कार में जा रहे थे । मिलिटैंट भागने में सफल रहे ।

एक की हत्या : जालन्धर (प.स.): करतारपुर थाना के अंतर्गत जल्ला सिंह गांव में मिलिटैंटों ने गज्जन सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । भागते समय मिलिटैंट मृतक की बंदूक तथा

हार्दिक शोक के साथ हम
पूज्य पिता जी **श्री फतेह च**
गुजराल नगर, जालन्धर सिटी
दिसम्बर, 1990 को हो गया

रस्म पगड़ी सोमवार दिनांक
आर्य समाज मंदिर, ग्रेटर कैला
क्लब), नई दिल्ली पर अपरान्ह 3
होगी ।

निवास : **शोकग्रस्त**
N-49, ग्रेटर कैलाश-1 श्रीमती
नई दिल्ली-110048 **बलराम**
फोन : **6414510** **जुगल**

रस्म

बड़े दुःखी हृदय से सूचित कि
कि हमारे पूजनीय **श्री राम मूर्ति**
26 दिसम्बर 90 को स्वर्गवास
उनकी रस्म चौथा/उठाला, 29
90 शनिवार सायं 3 से 4 बजे तक
हाल, मजीठ मंडी, अमृतसर में हो

शोकग्रस्त : तृप्ता रानी (ध

नन्द लाल कपूर
सत पाल कपूर भाई **सतीश**
नवल
राजीव
संगीता मेहरा बेटी जीया लाल
नीलम कपूर, मीनू कपूर, सिम्मी
(NARANG)

Punjabi Sanatani

गिल कलपति पंजाब कृषि विश्वविद्यालय ने कहा कि हमारा शिक्षण ढांचा गिरावट की ओर जा रहा है जिस कारण छात्रों में अनुशासन हीनता बढ़ रही है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

जाता है कि एक पंथक एवं दमदमी टकसाल वार्ता शुरू करने पर सहमत हैं किन्तु पाकिस्तान में बैठे कुछ मिलिटैंट नेता पाकिस्तानी अधिकारियों के दबाव के कारण वार्ता शुरू करने का विरोध कर रहे हैं ।

के साथ हुई बातचीत की रिपोर्ट दमदमी टकसाल के अध्यक्ष बाबा ठाकुर सिंह, कुछ मिलिटैंट संगठनों, जी.एस. टोहरा व तोता सिंह आदि को प्रस्तुत करेंगे । यह भी सम्भावना है कि श्री मान मिलिटैंट

राजधानी के राजनी
अनुसार चंद्रशेखर सरक
नहीं मान सकेगी कि
(शेष

मिलिटैंटों के 4 संदिग्ध पाकिस्तानी गाइड व 3 मिलिटैंट मारे गए : पंजाब में 7 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 29 दिसम्बर (वार्ता, पस) : अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सीमा सुरक्षा बल के पीछे तैनात सेना के जवानों ने पंजाब के मिलिटैंटों के 4 संदिग्ध पाकिस्तानी गाइडों को मार गिराया । गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में तीन मिलिटैंट मारे गए जबकि 7 लोगों की हत्या कर दी गई तथा एक रेलवे स्टेशन जला दिया गया ।

सेना ने 4 संदिग्ध पाकिस्तानी गाइड मार गिराए : सेना के जवानों ने गत रात अमृतसर जिले के खेमकरण सैक्टर में सीमावर्ती मेंहदीपुर गांव में मिलिटैंटों के 4 संदिग्ध पाकिस्तानी गाइडों को मार गिराया । अमृतसर में एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि पंजाब में सीमा पार से घुसपैठ की रोकथाम के लिए जब से सेना को सीमावर्ती जिलों में सीमा सुरक्षा बल के पीछे तैनात किया गया है तब से सेना की यह पहली सशस्त्र मुठभेड़ है । प्रवक्ता ने बताया कि यह चारों घुसपैठिये सीमा सुरक्षा बल की सुरक्षा पंक्ति को भेद कर भारत में प्रवेश कर गए थे, जब सेना के जवानों ने उन्हें चुनौती दी तो वे पाकिस्तान की ओर भाग लिए । इस पर जवानों ने गोलियां चला कर उन्हें वहीं पर मार गिराया ।

पुलिस निरीक्षक का रिवाल्वर छीना : एक अन्य घटना में मिलिटैंटों ने गत रात अमृतसर जिले के कोट खालसा गांव में पुलिस इंस्पैक्टर शान सिंह से उनका सर्विस रिवाल्वर छीन लिया ।

घायल कर दिया : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार मिलिटैंटों ने सुल्तानविंड रोड पर अकाली कालोनी में गुरचरण सिंह नामक एक व्यक्ति को गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया ।

घायल व्यक्ति अकाली दल (बादल) अमृतसर का महासचिव है तथा वह गत 14 दिसम्बर को जमानत पर रिहा हुआ था ।

शव मिला : बटाला (कोहड़) बटाला पुलिस जिले में रंगड़ नंगल गांव के निकट से आज गोलियों से छलनी एक अज्ञात शव बरामद हुआ है ।

गुरुद्वारे के निकट एक और शव मिला : पटियाला (राज.) यहां से 32 कि.मी. दर गुरुद्वारा फतेहगढ़ साहब सरहिंद से लगभग डेढ़ किलोमीटर खेतों से पुलिस ने गोलियों से छलनी एक अन्य अज्ञात शव बरामद किया है । इससे गुरुद्वारा के निकट मिलने वाले शवों की संख्या तीन हो गई है । आज मिला शव गांव अट्टांवाली के राजस्व क्षेत्र से मिला है । यह शव लगभग 35 वर्षीय युवक का है । शव से एक फोटो मिला है जिस पर मृतक का नाम बलबीर सिंह सिपाही नम्बर 337228 डीईपी कम्पनी एम.ई.एस. लिखा हुआ है । इसके अनुसार यह कम्पनी सेना के रैजीमैंट केंद्र में है । आफिसर कमांडिंग सहेगा अरोड़ा का नाम भी लिखा है । पुलिस शव की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है ।

ठेका जला दिया : मिलिटैंटों ने गत रात पटियाला जिले के ब्रास गांव में शराब के एक ठेके को जला दिया ।

घायल चल बसा : मिलिटैंटों ने गत रात पटियाला जिले के गांव मतुरां में सुरजीत सिंह के घर में घुस कर और गोलियां मार कर एक व्यक्ति कुलवंत सिंह को घायल कर दिया, जिसकी बाद में मृत्यु हो गई ।

सिख छात्र नेता का शव बरामद : पुलिस ने सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन (मंजीत गुट) के महासचिव भाई भूपिंदर सिंह लौंगियां का शव बरामद किया है । बब्बर खालसा ने कल इस हत्या की ज़िम्मेदारी ली थी । पुलिस ने कल देर रात पटियाला जिले के मोहल्लियां गांव के निकट यह शव बरामद किया ।

अपहरण : मिलिटैंटों ने फिरोज़पुर जिले के धाराकोट के निकट राजकुमार नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया ।

होमगार्ड व नागरिक की हत्या : छः

(शेष पृष्ठ 8 पर)

-२
आपके घ
शराबी को बिन
से पुराने शराबी
जगह 10 से
भटिंडा : हर मंग
जालंधर : हर बु
अमृतसर : हर वी
लुधियाना : हर
नई दिल्ली : हर
अस्पताल ।
चंडीगढ़ : हर र
नोट : सिर्फ दवा
मिलें :
स्थाय
जरूरी

स मरीज़ !
+

सेल सेल सेल
भारी छूट
1 जनवरी 1991 से
Discount 20%
Discount 20%

Punjabi Sanatan

...म्भव स्वायत्तता दी जाए : नरूला

...) : पूर्व-मुख्य
...पंजाब समस्या
... करते हुए कहा
...ढ़, नदी पानी के
...को जानबूझ कर
...जनैतिक स्वार्थों
...न्दाज कर दिया

... भारतीय सिख
...ता करते हुए

...ाब समस्या हल
...षणा की जाए द
...एं जिनके अधीन
... गए हैं । भारत
...संभव स्वायत्तता
... द्वारा चंडीगढ़,
...नी नई राजधानी
...पी. के अतिरिक्त
...ते हैं । विदेशी
...ई सिख विरोधी
...कर सरकार को
...चाहिए ।
... दंगों का उल्लेख

करते हुए कहा कि उस समय के बोये बीज अब फूट निकले हैं और देश में रहने वाले नेकनीयत लोगों के लिए आमतौर पर व सारे संसार में बसे पंजाबियों के लिए विशेष बेचैनी का कारण बने हैं ।

जस्टिस नरूला ने कहा कि यह ठीक है कि सरकार की सहायता के बिना भारी उद्योग स्थापित नहीं किए जा सकते, पर लघु उद्योग जो पहले ही पंजाब में भारी संख्या में चल रहे हैं को और प्रोत्साहन देना कोई कठिन कार्य नहीं ।

सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए डा. खेम सिंह गिल कलपति पंजाब कृषि विश्वविद्यालय ने कहा कि हमारा शिक्षण ढांचा गिरावट की ओर जा रहा है जिस कारण छात्रों में अनुशासन हीनता बढ़ रही है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

प्रावधान है, जबकि शेष सभी मामलों में पंजाब को पूर्ण स्वायत्तता प्रदान करने का उल्लेख है । यह भी पता चला है कि श्री सिमरनजीत सिंह मान ने इस बात पर भी ज़ोर दिया है कि पंजाब में तैनात सुरक्षा कर्मियों को वहां से हटा दिया जाए । समझा जाता है कि प्रधानमंत्री श्री चंद्र शेखर ने श्री मान के इस सुझाव को स्वीकार कर लिया है कि तीन महीने के अंदर पंजाब में राज्य विधानसभा के चुनाव करवाए जाएं । उन्होंने इस संबंध में उच्च अधिकारियों को कुछ निर्देश भी दिए हैं ।

सरकारी क्षेत्रों के अनुसार मिलिटैंट संगठनों में वर्तमान संवैधानिक ढांचे के अंतर्गत सरकार से वार्ता शुरू करने के प्रश्न पर कुछ मतभेद हैं । समझा जाता है कि एक पंथक एवं दमदमी टकसाल वार्ता शुरू करने पर सहमत हैं किन्तु पाकिस्तान में बैठे कुछ मिलिटैंट नेता पाकिस्तानी अधिकारियों के दबाव के कारण वार्ता शुरू करने का विरोध कर रहे हैं ।

...का चुनाव होने की सम्भावना ज...

चंडीगढ़, 29 दिसम्बर (एन.एस. परवाना): विश्वस्त सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री चंद्रशेखर व अकाली नेता सिमरनजीत सिंह मान के मध्य पंजाब समस्या के समाधान के लिए बातचीत का जो सिलसिला शुरू हुआ है उसका एक सकारात्मक परिणाम यह निकलने की सम्भावना उत्पन्न हो गई है कि पंजाब में राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाई नहीं जाएगी और आगामी 10 मई से पूर्व ही राज्य में विधानसभा के चुनाव करवा दिए जाएंगे ।

इन सूत्रों के अनुसार श्री मान अब श्री चंद्रशेखर के साथ हुई बातचीत की रिपोर्ट दमदमी टकसाल के अध्यक्ष बाबा ठाकुर सिंह, कुछ मिलिटैंट संगठनों, जी.एस. टोहरा व तोता सिंह आदि को प्रस्तुत करेंगे । यह भी सम्भावना है कि श्री मान मिलिटैंट नेताओं से स्वयं भी सीधा सम्...
इन सूत्रों के अनुसार श्री मान...
किसी हद तक सफल भी हो...
समस्या के समाधान के लि...
सरकार के साथ वार्ता की मेज...
अंतिम समझौता हो सके ।

उल्लेखनीय है कि श्री मा...
इस बात पर विशेष बल दि...
मिलिटैंटों नाल ही मुकनी ...
नौगोसिएशन टेबल ते लै आ...

राजधानी के राजनीतिक...
अनुसार चंद्रशेखर सरकार ...
नहीं मान सकेगी कि सिखों...

(शेष पृष्ठ

मिलिटैंटों के 4 संदिग्ध पाकिस्तानी गाइड व 3 मिलिटैंट मारे गए : पंजाब में 7 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 29 दिसम्बर (वार्ता, पस) : अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सीमा सुरक्षा बल के पीछे तैनात सेना के जवानों ने पंजाब के मिलिटैंटों के 4 संदिग्ध पाकिस्तानी गाइडों को मार गिराया । गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में तीन मिलिटैंट मारे गए जबकि 7 लोगों की हत्या कर दी गई तथा एक रेलवे स्टेशन जला दिया गया ।

सेना ने 4 संदिग्ध पाकिस्तानी गाइड मार गिराए : सेना के जवानों ने गत रात अमृतसर जिले के खेमकरण सैक्टर में सीमावर्ती मेंहदीपुर गांव में मिलिटैंटों के 4 संदिग्ध पाकिस्तानी गाइडों को मार गिराया । अमृतसर में एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि पंजाब में सीमा पार से घुसपैठ की रोकथाम के लिए जब से सेना को सीमावर्ती जिलों में सीमा सुरक्षा बल के पीछे तैनात किया गया है तब से सेना की यह पहली सशस्त्र मुठभेड़ है । प्रवक्ता ने बताया कि यह चारों घुसपैठिये सीमा सुरक्षा बल की सुरक्षा पंक्ति को भेद कर भारत में प्रवेश कर गए थे। जब सेना के जवानों ने उन्हें चुनौती दी तो वे पाकिस्तान की ओर भाग लिए । इस पर जवानों ने गोलियां चला कर उन्हें वहीं पर मार गिराया ।

पुलिस निरीक्षक का रिवाल्वर छीना : एक अन्य घटना में मिलिटैंटों ने गत रात अमृतसर जिले के कोट खालसा गांव में पुलिस इंस्पैक्टर शान सिंह से उनका सर्विस रिवाल्वर छीन लिया ।

घायल कर दिया : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार मिलिटैंटों ने सुल्तानविंड रोड पर अकाली कालोनी में हरचरण सिंह नामक एक व्यक्ति को गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया । घायल व्यक्ति अकाली दल (बादल) अमृतसर का महासचिव है तथा वह गत 14 दिसम्बर को जमानत पर रिहा हुआ था ।

शव मिला : बटाला (कोछड़): बटाला पुलिस जिले में रंगड़ नंगल गांव के निकट से आज गोलियों से छलनी एक अज्ञात शव बरामद हुआ है ।

गुरुद्वारे के निकट एक और शव मिला : पटियाला (राज): यहां से 32 कि.मी. दूर गुरुद्वारा फतेहगढ़ साहब सरहिंद से लगभग डेढ़ किलोमीटर खेतों से पुलिस ने गोलियों से छलनी एक अन्य अज्ञात शव बरामद किया है । इससे गुरुद्वारा के निकट मिलने वाले शवों की संख्या तीन हो गई है । आज मिला शव गांव अट्टांवाली के राजस्व क्षेत्र से मिला है । यह शव लगभग 35 वर्षीय युवक का है । शव से एक फोटो मिला है जिस पर मृतक का नाम बलबीर सिंह सिपाही नम्बर 337228 डीईपी कम्पनी एम.ई.एस. लिखा हुआ है । इसके अनुसार यह कम्पनी सेना के रैजीमैंट केंद्र में है । आफिसर कमांडिंग महेश अरोड़ा का नाम भी लिखा है । पुलिस शव की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है ।

ठेका जला दिया : मिलिटैंटों ने गत रात पटियाला जिले के बास गांव में शराब के एक ठेके को जला दिया ।

घायल चल बसा : मिलिटैंटों ने गत रात पटियाला जिले के गांव मतुरां में सुरजीत सिंह के घर में घुस कर और गोलियां मार कर एक व्यक्ति कुलवंत सिंह को घायल कर दिया, जिसकी बाद में मृत्यु हो गई ।

सिख छात्र नेता का शव बरामद : पुलिस ने सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन (मंजीत गुट) के महासचिव भाई भूपिंदर सिंह लौंगियां का शव बरामद किया है । बब्बर खालसा ने कल इस हत्या की ज़िम्मेदारी ली थी । पुलिस ने कल देर रात पटियाला जिले के मोहल्लियां गांव के निकट यह शव बरामद किया ।

अपहरण : मिलिटैंटों ने फिरोज़पुर जिले के धाराकोट के निकट राजकुमार नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया ।

होमगार्ड व नागरिक की हत्या : छः

(शेष पृष्ठ 8 पर)

...21
...ade
...REN
...S &
...ARS
...
...ana

...श
आपके घर ...
शराबी को बिना ...
से पुराने शराबी भी...
जगह 10 से 2
भटिंडा : हर मंगलव...
जालंधर : हर बुध...
अमृतसर : हर वीर...
लुधियाना : हर शुक्र...
नई दिल्ली : हर श...
अस्पताल ।
चंडीगढ़ : हर रविव...
नोट : सिर्फ दवा के ...
मिलें : ...
स्थायी ...
जरूरी ...

Punjabi Sahitari

के गांव पूरणा में एक होमगार्ड चेत सिंह तथा एक नागरिक, जिसकी शिनाख्त जगीर सिंह के रूप में की गई है, की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

स्टेशन फूंक दिया : मिलिटैंटों ने गत रात फिरोज़पुर-लुधियाना रेलवे सैक्शन पर शलानी रेलवे स्टेशन को आग लगा दी ।

मिलिटैंट द्वारा आत्महत्या : मानसा (मेहता): मानसा उपमंडल के गांव नौरां के निकट कल पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया तथा तीन अन्य फरार होने में सफल हो गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना सरदूलगढ़ के एस.एच.ओ. पुलिस बल के साथ जब गश्त कर रहे थे तो उन्होंने चार मिलिटैंटों को देख कर उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन मिलिटैंटों ने गोलियां चलानी शुरू कर दीं तो पुलिस को भी जवाब में गोलियां चलानी पड़ीं । पता चला है कि मुठभेड़ के दौरान एक मिलिटैंट ने सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली, जबकि उसके तीन साथी भागने में सफल हो गये । पुलिस ने घटनास्थल से एक 32 बोर का रिवाल्वर और कुछ चले व अनचले कारतूस बरामद किए हैं । एस.एस.पी. भटिंडा श्री राजेंद्र सिंह ने बताया कि ये मिलिटैंट झंडाकलां गांव के स्वर्ण सिंह के अपहरण में संलिप्त थे । स्वर्ण सिंह को बाद में रिहा कर दिया गया था ।

मिलिटैंट मरा : भटिंडा में एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव बुर्ज नन्ना डल्ला के पास

शरणदाता गिरफ्तार : फरीदकोट जिले में गत रात गांव थरा में मिलिटैंटों को शरण देने वाला भाई रमन सिंह गिरफ्तार किया गया है ।

लाश मिली : बाघापुराना से 'ज्ञान' के अनुसार आज पुलिस को यहां से थोड़ी दूर एक लाश मिली है ।

चंद्रशेखर

(पृष्ठ 1 का शेष)

सामना करने के लिए तैयार है क्योंकि उसके पास करोड़ों लोगों की शक्ति है । उन्होंने कहा कि यदि हम धर्म, जाति और भाषा के नाम पर लड़ना बंद कर दें तो अन्य समस्याओं से अधिक कारगर तरीके से निपटा जा सकता है । उन्होंने कहा कि आपस में लड़ते रहने के कारण हम अपनी शक्ति व्यर्थ में ही नष्ट कर देते हैं ।

दो आई.ए.एस. अधिकारी

(पृष्ठ 1 का शेष)

200 नई बसें खरीदने के लिए छः करोड़ रुपए की व्यवस्था करने का निर्णय किया है । इसमें आधी राशि ऋण के रूप में होगी तथा शेष अनुदान के रूप में होगी ।

वनस्पति घी का कारखाना : मंत्रिमंडल ने प्रदेश में एक वनस्पति घी का कारखाना व एक सीमैंट

Punjabi Sanatani

कर सत्ता में आना चाहती है ।

ल ने कहा कि भाजपा के पास चूंकि ी नहीं है, इसलिए वह धर्म के नाम पर

(शेष पृष्ठ 8 पर)

श्री शुक्ल ने कहा कि लोग अब उनकी असलियत जान गए हैं, इसीलिए शिव सेना को मंदिर निर्माण के लिए आगे आना पड़ रहा है और वह बारह जनवरी के बाद अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण कराएगी ।

में 8 लोगों की हत्या : 2 मिलिटैंट भी मारे गये

30 दिसम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में के दौरान होमगार्ड के एक जवान सहित त्या कर दी गई जबकि 2 मिलिटैंट भी

र्ष में मिलिटैंट मरा : नस जिले के कंग गांव में गत रात एक रोधी गिरोह के सदस्यों ने गोली मार । मृतक की शिनाख्त बलजीत सिंह के है ।

ली : तरनतारन थाना क्षेत्र में पुलिस ी गोलियों से छलनी लाश बरामद की

के बाद हत्या : एक किसान, त बलदेव सिंह के रूप में की गई है, की तरनतारन पुलिस जिले में कोट बुड्ढा मार कर हत्या कर दी गई । उसकी नी लाश आज व्यास नदी के किनारे ई है । एक आधिकारिक प्रवक्ता ने क का तीन दिन पूर्व अपहरण कर लिया गया था ।

होमगार्ड व नागरिक की हत्या : छः मिलिटैंटों ने गत रात फिरोजपुर जिले के भरसना गांव में एक होमगार्ड जे. सिंह तथा एक नागरिक की खेतों में ले जाकर गोली मार कर हत्या कर दी । जिला पुलिस चीफ श्री अनिल शर्मा ने कहा कि हत्यारों की शिनाख्त हो चुकी है तथा उन्हें पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है ।

2 की हत्या 2 घायल : मिलिटैंटों ने गत रात फरीदकोट जिले में शराब के एक ठेके पर गोलियां चला कर दो व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए ।

हत्या : बटाला (कोछड़) : छः मिलिटैंटों ने गत रात बटाला पुलिस जिले में थाना डेरा बाबा नानक के गांव भगवानपुरा में एक व्यक्ति जसवंत सिंह की, उसके घर के बाहर गोली मार कर हत्या कर दी ।

चौकीदार घायल : प्रेम लाल नामक एक

(शेष पृष्ठ 8 पर)

ARWAL TEXTILES
ITTY
SHAWLS
Pashmina, Fancy &
Embroidered Shawls
Gent's Lohis

Dear Four Square Sm
It is with great pleas
for the festive seaso
1990 has been a gre
but for your discer
On our part it has
same high quality
This naturally ha
Four Square fami
And now to refle
heightened the
I am sure you w
accompanimen
pleasure from
It is our way
Best regards

Sanatani
Punjabi

हत्या कर दी ।

बंदूक ले गए : मिलिटैंट रोपड़ जिले में कंधुआला गांव के सरपंच हरवंत सिंह से उसकी .12 बोर की बंदूक छीन कर ले गए ।

स्कूटर ले गए : राजपुरा (संगरूर) : आज सुबह थाना लालड़ू के गांव तेमल्हेड़ी के निकट दो अज्ञात नौजवानों ने पिस्तौल की नोक पर राम प्रसाद नामक एक युवक से उसका प्रिया स्कूटर नम्बर पी.बी. 11-1937 छीन लिया ।

मिलिटैंट की लाश मिली : लुधियाना (महेन्द्रा) थाना सुधार स्थित गांव डांगू के गुरचेत सिंह, जो संगरूर और लुधियाना में कई केसों में वांछित था, की लाश गांव रकबा के खेतों से मिली है । लाश गोलियों से छलनी थी । पुलिस का ख्याल है कि उसे विरोधी गिरोह ने मार डाला है ।

Punjabi Sahitani